सम्पूर्ण कल्याणों को उत्पन्न करने वाले स्वर्नदी श्री गंगा जी की सगी बहन उमा नाम से अलङ्कृत अपनी मातुः श्री के चरण कमलों को मैं सादर प्रणाम करता हूँ ॥५॥

बिन्दुमाधवपादाब्जरोलम्बीकृतविग्रहम् ।
ज्यायांसं भ्रातरं भट्टदिवाकरमुपास्महे ॥ ६ ॥

श्री बिन्दु माधव प्रभु के चरण कमल में भ्रमर के समान स्नेह मय शरीर को धारण करने वाले अपने बड़े भाई श्री दिवाकर भट्ट जी की मैं उपासना करता हूँ ॥६॥

हेमाद्रिमाधवमते प्रविचार्य सम्यगालोच्य तत्त्वमथ तीर्थकृतां परेषाम् ।
श्रीरामकृष्णतनयः कमलाकराख्यः काले यथामति विनिर्णयमातनोति ॥ ७ ॥

हेमाद्रि और माधव के मतों को अच्छीप्रकार से विचार कर तथा अन्य धर्मशास्त्रकारों के मतों को भी मन्थन कर मैं श्री रामकृष्ण का पुत्र कमलाकर अपनी बुद्धि के अनुसार और समय को देखते हुए धर्मशास्त्र का निर्णय करता हूँ ॥७॥

सन्ति यद्यपि विद्वांसस्तन्निबन्धाश्च कोटिशः ।
तथाऽप्यमुष्य वैदग्धीं केचिद्विज्ञातुमीशते ॥ ८ ॥

यद्यपि धर्मशास्त्र के अनेकों विद्वान् विद्यमान हैं और उनके बनाये हुए अनेकों ग्रन्थ हैं तथापि इसकी विशेषता को कुछ विद्वान् अवश्य जान सकेगें ॥८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Funding: MIDF

(अथ कालनिर्णयः)

तत्र संक्षेपतः कालः षोढा—अब्दो, ऽयनम्, ऋतुः, मासः, पक्षो, दिवस इति ।

संक्षेप से काल छः तरह का है—वर्ष, अयन, ऋतु, मास, पक्ष और दिन ।

(अथ माधवमतम्)

तत्राब्दो माधवमते पञ्चधा—सावनः, सौरः, चान्द्रो, नाक्षत्रो, बार्हस्पत्य इति ।

माधव के मत से वही अब्द—पाँच प्रकार का है—१ सावन, २ सौर, ३ चान्द्र, ४ नाक्षत्र और ५ बार्हस्पत्य ।

गुरोर्मध्यमराशिभोगेन बार्हस्पत्यः । स च ज्योतिःशास्त्रे प्रसिद्धः ।

गुरु के मध्यमराशि के भोगने से बार्हस्पत्य होता है । वह ज्योतिःशास्त्र में प्रसिद्ध है ।

(अथ हेमाद्रिमतम्)

हेमाद्रिस्त्वन्त्ययोर्धर्मशास्त्रेऽनुपयोगात्त्रिस्त्र एव विधा आह । तत्र वक्ष्यमाणैः सावनादिद्वादशमासैस्तत्तदब्दम् ।

हेमाद्रिने तो अन्त्य नाक्षत्र और बार्हस्पत्य को धर्मशास्त्र में अनुपयुक्त (अप्रयोजन) होने से सावन, सौर और चान्द्र से ही वर्ष के भेद तीन माना है । उसमें—वक्ष्यमाण (आगे कहे हुए) सावन आदि बारह मासों को ही अब्द कहा है ।

(अथ मलमासमतम्)

मलमासे तु सति षष्टिदिनात्मक एको मास इति द्वादशमासत्वमविरुद्धम् ।

तथा च व्यासः—'षष्ट्या तु दिवसैर्मासः कथितो बादरायणैः ॥' इति ।

मलमास हो तो साठ दिन का एक महिना होता है । ऐसा स्वीकार करने से बारह महिना होने से कोई आपत्ति नहीं है ।

इसी बात को व्यास जी ने कहा है—साठ दिन का एक मास (महिना) होता है ।

(अथाब्दानां षष्टिभेदाः)

तत्र चान्द्रोऽब्दः षष्टिभेदः तदाह गर्गः—'प्रभवो विभवः शुक्लः प्रमोदोऽथ प्रजापतिः ।

अङ्गिराः श्रीमुखो भावो युवा धाता तथैव च ॥
ईश्वरो बहुधान्यश्च प्रमाथी विक्रमो वृषः ।
चित्रभानुः सुभानुश्च तारणः पार्थिवोऽव्ययः ॥
सर्वजित्सर्वधारी च विरोधी विकृतः खरः ।
नन्दनो विजयश्चैव जयो मन्मथदुर्मुखौ ॥
हेमलम्बो विलम्बोऽथ विकारी शार्वरी प्लवः ।
शुभकृच्छोभनः क्रोधी विश्वावसुपराभवौ ॥
प्लवङ्गः कीलकः सौम्यः साधारणविरोधकृत् ।
परिधावी प्रमादी च आनन्दो राक्षसोऽनलः ॥
पिङ्गलः कालयुक्तश्च सिद्धार्थो रौद्रदुर्मती ।
दुन्दुभी रुधिरोद्गारी रक्ताक्षी क्रोधनः क्षयः ॥ इति ।

उसमें—चान्द्र वर्ष के साठ भेद कहे हैं—प्रभव, विभव, शुक्ल, प्रमोद, प्रजापति, अंगिरा, श्री मुख, भाव, युवा, धाता, ईश्वर, बहुधान्य, प्रमादी, विक्रम, वृष, चित्रभानु, सुभानु, तारण, पार्थिव, अव्यय, सर्वजित्, सर्वधारी, विरोधी, विकृत, खर, नन्दन, विजय, जय, मन्मथ, दुर्मुख, हेमलंब, विलंब, विकारी, शार्वरी, प्लव, शुभकृत्, शोभन, क्रोधी, विश्वावसु, पराभव, प्लवंग, कीलक, सौम्य, साधारण, विरोधकृत

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

परिधावी, प्रमादी, आनन्द, राक्षस, अनल, पिंगल, कालयुक्त, सिद्धार्थ, रौद्र, दुर्मति, दुन्दुभी, रुधिर, उद्गारी, रक्ताक्षी, क्रोधन और क्षय।

(अथ प्रभवादीनां निर्णयः)

यद्यपि ज्योतिषे गुरोर्मध्यमराशिभोगेन प्रभवादीनां माघादौ प्रवृत्तिरुक्ता, तथापि प्रभवादीनां चान्द्रत्वमप्यस्ति। 'चान्द्राणां प्रभवादीनां पञ्चके पञ्चके युगे' इति माधवोक्तेः तेन चान्द्रः प्रभवादिश्चैत्रसिते प्रवर्तते वार्हस्पत्यस्तु माघादौ। तयोर्विनियोगो ज्योतिर्निबन्धे ब्रह्मसिद्धान्ते—

"व्यावहारिकसंज्ञोऽयं कालः स्मृत्यादिकर्मसु। योज्यः सर्वत्र तत्रापि जैवो वा नर्मदोत्तरे॥"

आर्ष्टिषेणः–स्मरेत्सर्वत्र कर्मादौ चान्द्रसंवत्सरं सदा। नान्यं यस्माद्वत्सरादौ प्रवृत्तिस्तस्य कीर्तिता॥ इति।

लेकिन ज्योतिष शास्त्र में गुरु के मध्यम राशि भोग से प्रभव आदियों का माघ आदि में प्रवृत्ति कही है, फिर भी––प्रभव आदियों का चान्द्रत्व भी है।

माधव मत से चान्द्रप्रभव आदियों का पाँचवें-पाँचवें युग में मान कहा है। इससे चान्द्र प्रभवादि चैत्र के शुक्ल पक्ष में प्रवृत्ति होती है। बार्हस्पत्य की तो माघ के आदि में होती है। उन दोनों का विनियोग ज्योतिर्निबन्ध के ब्रह्मसिद्धान्त में कहा है—

स्मृत्यादि कर्मों में व्यावहारिक संज्ञक काल मानना चाहिये। नर्मदा के उत्तर वार्हस्पत्यवर्ष मानना। आर्ष्टिषेण का मत है––संपूर्ण कर्मों के आदि में निरन्तर चान्द्र से वत्सर की याददाश्त रखे, अन्य की नहीं। क्योंकि––वत्सर के आदि में उसकी प्रवृत्ति कही है।

(अथ अयननिर्णयः)

अयनं तु सौरर्तुत्रयात्मकम्। 'सौरर्तुत्रितयं प्रदिष्टमयनम्' इति दीपिकोक्तेः। तत् द्विविधं दक्षिणमुत्तरं चेति। कर्के संक्रान्तिर्दक्षिणायनम्, मकरेऽन्त्यम्।

सूर्य की तीन ऋतुओं को अयन कहा है। दीपिका में भी इसी बात को लिखा है। वह दो प्रकार का है–दक्षिणायन और उत्तरायण। (उसमें) कर्क–संक्रान्ति दक्षिणायन तथा मकर संक्रान्ति में अन्त्य–उत्तरायण होता है।

(अनयोर्विनियोगः)

अनयोर्विनियोगमाह मदनरत्ने सत्यव्रतः—'देवताऽऽरामवाप्यादिप्रतिष्ठोदङ्मुखे रवौ। दक्षिणाशामुखे कुर्वन् न तत्फलमवाप्नुयात्॥'

इनका विनियोग मदनरत्न में सत्यव्रत ने कहा—देवता, आराम—बगीचा, वापी—बावली, आदि की प्रतिष्ठा उत्तरायण सूर्य में करे। दक्षिणायन में करने से उस प्रतिष्ठा से कोई फल नहीं होता है।

वैखानसः–'मातृभैरववाराहनरसिंहत्रिविक्रमाः। महिषासुरहन्त्र्यश्च स्थाप्या वै दक्षिणायने॥' वै शब्दोऽप्यर्थे, न तु दक्षिणायन एवेति नियमः। पूर्ववचने दक्षिणायने निषिद्धाया देवप्रतिष्ठाया देवविशेषे प्रतिप्रसवमात्रात्।

वैखानस ने कहा है कि—माता, भैरव, वाराह, नरसिंह, त्रिविक्रम, महिषासुरहन्त्री-देवी की प्रतिष्ठा दक्षिणायन में करे।

श्लोक में (वै) यह अक्षर आया है। वह अपि के अर्थ में है। इसलिए 'दक्षिणायन' में ही प्रतिष्ठा-स्थापना करे। यह नियम नहीं है।

पहले कहे हुए देवताऽरामवाप्यादि प्रतिष्ठोदङ्मुखे रवौ। दक्षिणाशामुखे कुर्वन् न तत्फलमाप्नुयात्॥ इस वचन से देवता विशेष में दक्षिणायन में देव प्रतिष्ठा निषेध का निषेध प्रतिप्रसवमात्र का होने से।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(गृहप्रवेश-देवताप्रतिष्ठादि उत्तरायणे)

रत्नमालायाम्–'गृहप्रवेशत्रिदशप्रतिष्ठाविवाहचौलव्रतबन्धपूर्वम् ।
सौम्यायने कर्म शुभं विधेयं यद् गर्हितं तत् खलु दक्षिणे च ॥ इति ।

रत्नमाला में कहा है—व्रतबन्ध–यज्ञोपवीत, गृहप्रवेश, देवता प्रतिष्ठा, विवाह, चौल-मुण्डन, आदि शुभकार्य उत्तरायण में करे। दक्षिणायन में जो गर्हित-निन्दित कर्म हैं, उन्हें ही निश्चय करे।

(काश्यां विशेषः)

अस्यापवादः काशीखण्डे–सदा कृतयुगं चास्तु सदा चास्तूत्तरायणम् । सदा महोदयश्चास्तु काश्यां निवसतां सताम् ॥ इत्ययनम् ।

इसका अपवाद कहा है—काशी में रहने वाले सत्पुरुषों के लिए—निरन्तर कृतयुग है, सदा उत्तरायण तथा सदा महान् उदय है।

(अथ ऋतुनिर्णयः)

ऋतुर्मासद्वयात्मा । मलमासे तु मासद्वयात्मक एको मासः, तेन मासद्वयात्मकत्वमविरुद्धम् । स द्वेधा चान्द्रः सौरश्च । चैत्रारम्भो वसन्तादिश्चान्द्रः । मीनारम्भो, मेषारम्भो वा सौरः । मीन-मेषयोर्मेषवृषयोर्वा वसन्तः, इति बौधायनोक्तेः ।

दो महीने को ऋतु कहते हैं। मलमास में तो दो महीने को एक महीना कहते हैं। इससे मास-द्वयात्मक को ऋतु कहने में कोई आपत्ति नहीं है।

वह ऋतु दो प्रकार की है चान्द्र और सौर। चैत्र से वसन्त आदि ऋतु आरंभ होती है। वह चान्द्र संज्ञक है। मीन या मेष से आरंभ होती है, वह सौर है। बौधायनमत से—मीन, मेष या मेष या वृष से वसन्त का प्रारंभ होता है।

(अनयोर्विनियोगमाह)

त्रिकाण्डमण्डनः—'श्रौतस्मार्तक्रियाः सर्वाः कुर्याच्चान्द्रमासर्तुषु ।
तदभावे तु सौरर्तुष्विति ज्योतिर्विदां मतम् ।'

त्रिकाण्ड मण्डन ने कहा है—श्रौत और स्मात सब क्रियाओं का प्रारंभ चान्द्र ऋतुओं में करे। या अभाव में तो सौर ऋतुओं से करे–यह ज्योतिर्विदों का मत है।

(अथ ऋतुनामानि)

स द्विविधोऽपि षोढा । वसन्तो, ग्रीष्मो, वर्षाः, शरद्, हेमन्तः, शिशिरः । इति ऋतुः ।

वह ऋतु दो प्रकार की होती हुई भी उसके छः भेद हैं—वसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद्, हेमन्त और शिशिर।

(अथ मासनिर्णयः)

मासश्चतुर्द्धा । सावनः, सौरः, चान्द्रो, नाक्षत्र इति । त्रिंशद्दिनः सावनः । अर्कसंक्रान्तेः संक्रान्त्यवधिः सौरः । यद्यपि हेमाद्रिमाधवकालादर्शाद्यालोचनेन, 'मेषसंक्रान्त्यां समाप्तायाममा-वास्याकत्वं चैत्रत्वम्' इति लक्षणाच्च मेषसंक्रान्तेश्चैत्रत्वं प्रतीयते, तथापि मेषसंक्रमे दर्शद्वये सति वैशाखस्यैवाधिक्यात् पूर्वभावित्वेन मीनस्यैव चैत्रत्वं युक्तम् । एवं मेषादयो वैशाखाद्याः । अतो मीनसंक्रान्तिमध्यस्थपौर्णमासीकत्वम्, तादृशाद्यतिथिकत्वं वा चैत्रत्वमिति लक्षणात् मीन एव सौरश्चैत्रः । एवं वैशाखादयोऽपि मेषाद्या ज्ञेयाः ।

मास के चार भेद हैं—सावन, सौर, चान्द्र और नाक्षत्र। तीस दिन के समय को सावन कहते हैं। सूर्य की संक्रान्तिसे लेकर उसी संक्रान्ति के अवधि तक समय को सौर कहते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यद्यपि हेमाद्रि, माधव, कालादर्श आदि के मतों को देखने से 'मेष संक्रान्ति की समाप्ति 'अमावास्या' तक चैत्र ही कहा है। इस लक्षण से मेष संक्रान्ति की अवधि तक चैत्र है, यह प्रतीति होती है। फिर भी मेष की संक्रान्ति में दो 'अमावास्या' हो जाय तो वैशाखमास की आधिक्यता से और पूर्वभावित्व होने से मीन को हो चैत्रत्व कहना युक्ति संगत है। इसीप्रकार मेष आदि संक्रान्ति से वैशाख आदि जानना युक्तिसंगत है।

इसलिए मीनसंक्रान्ति के मध्य में पूर्णिमा न हो वह या वर्ष की आदि की तिथि जिसके प्रारंभ में हो उसे चैत्र कहा है। इस लक्षणसे मीन ही सौर चैत्र है। इसीप्रकार वैशाख आदि को मेष आदि जानना चाहिये।

(अथ संक्रान्तिनिर्णयः)

(सौरमासप्रसङ्गात् संक्रान्तिनिर्णय उच्यते।) तत्र 'पूर्वतोऽपि परतोऽपि संक्रमात् पुण्यकालघटिकास्तु षोडश' इति सामान्यतः पुण्यकालः सर्वैरुक्तः।

उस संक्रान्ति के पूर्व और पर सोलह सोलह घड़ी पुण्यकाल सामान्य रीति से सबों ने कहा है।

(अथ कमलाकरादिमतम्)

विशेषस्तूच्यते। अत्र मामकाः सङ्ग्रहश्लोकाः—"प्रागूर्ध्वा दश, पूर्वत षडवनिः, तद्वत्पराः, पूर्वतस्त्रिंशत् षोडश, पूर्वतोऽथ परतः, पूर्वाः पराः स्युर्दश।

पूर्वाः षोडश, चोत्तरा ऋतुभुवः पश्चात् खवेदाः, पुनः पूर्वाः षोडश, चोत्तराः पुनरथो पुण्यास्तु मेषादितः॥'

अस्यार्थः।—मेषे प्रागूर्ध्वं च दशघटिकाः पुण्यकालः। इति। वृषे पूर्वाः षोडश। मिथुने पराः षोडश। कर्के पूर्वास्त्रिंशत्। सिंहे पूर्वाः षोडश। कन्यायां पराः षोडश। तुलायां प्रागूर्ध्वा दश। वृश्चिके पूर्वाः षोडश। धनुषि पराः षोडश। मकरे चत्वारिंशत्पराः। इदं च हेमाद्रिमतेनोक्तम्। माधवमते त्वत्र परा विंशतिः पुण्याः। कुम्भे पूर्वाः षोडश। मीने पराः षोडशेति।

विशेष तो कहते हैं—इस में मेरे (कमलाकर भट्ट के) संग्रह श्लोक हैं—जिनका ये अर्थ हैं—(१) मेष संक्रान्ति में—पूर्व (पहले) और बाद दश घड़ी पुण्यकाल है। (२) वृष संक्रान्ति में—पूर्व सोलह घड़ी पुण्यकाल है। (३) मिथुन संक्रान्ति में—पर सोलह घड़ी पुण्यकाल है। (४) कर्क संक्रान्ति में—पहले तीस घड़ी पुण्यकाल है। (५) सिंह संक्रान्ति में—पहले सोलह घड़ी पुण्यकाल है। (६) कन्या संक्रान्ति में—पर सोलह घड़ी पुण्यकाल है। (७) तुला संक्रान्ति में—पहले और बाद में दश-दश घड़ी पुण्यकाल है। (८) वृश्चिक संक्रान्ति में—पहले सोलह घड़ी पुण्यकाल है। (९) धनु संक्रान्ति में—पर सोलह घड़ी पुण्यकाल है। (१०) मकर संक्रान्ति में—पर चालीस घड़ी पुण्यकाल है। यह हेमाद्रि मत से कहा है। माधवमत से मकर संक्रान्ति में—पर बीस घड़ी पुण्य काल है। (११) कुंभ संक्रान्ति में—पहले सोलह घड़ी पुण्यकाल है। (१२) मीन संक्रान्ति में—पर सोलह घड़ी पुण्यकाल है।

'याप्युत्तरा पुण्यतमा मयोक्ता सायं भवेत्सा यदि साऽपि पूर्वा।
पूर्वा तु योक्ता यदि सा विभाते साऽप्युत्तरा रात्रिनिषेधतः स्यात्॥'
अर्वाङ् निशीथाद्यदि संक्रमः स्यात्पूर्वेऽह्नि पुण्यं परतः परेऽह्नि।
आसन्नयामद्वयमेव पुण्यं निशीथमध्ये तु दिनद्वयं स्यात्॥
कर्के झषेऽप्येवमितिह्युवाच हेमाद्रिसूरिश्च तथाऽपरार्कः।
झषः प्रदोषे यदि वाऽर्धरात्रे परेऽह्नि पुण्यं त्वथ कर्कटश्चेत्॥
प्रभातकाले यदि वा निशीथे पूर्वेऽह्नि पुण्यं त्विति माधवार्यः॥

अत्र मूलवचनानि माधवापरार्कहेमाद्र्यादिषु द्रष्टव्यानि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कमलाकर भट्ट कहते हैं कि जो मैंने उत्तर (पर) जो भी पुण्यतमा संक्रान्ति कही हैं। वह संक्रान्ति यदि (सायंकाल) सूर्यास्त के पहले समय हो तो उतना ही पहले (पूर्व) घड़ी तक पुण्यकाल होता है। जिस संक्रान्ति का पहले (पूर्व) पुण्यकाल हो वह यदि सूर्योदय के समय हो तो उतनी घड़ी पुण्यकाल बाद में होता है। क्योंकि रात्रि में संक्रान्ति जन्य पुण्य का निषेध कहा है।

यदि आधीरात के पूर्व संक्रान्ति हो तो पहले रोज के दो याम (दो प्रहर) में पुण्यकाल होता है। यदि आधीरात के मध्य में (पर) संक्रान्ति हो तो पर दिन के दो प्रहर में पुण्य काल होता है। इसी प्रकार कर्क संक्रान्ति तथा मीन संक्रान्ति में जानना चाहिये। यह हेमाद्रि और अपरार्क ने कहा है।

यदि मीन संक्रान्ति प्रदोष समयमें या आधीरात के समय हो तो दूसरे दिन में पुण्यकाल होता है। यदि कर्कसंक्रान्ति प्रातःकाल में या रात्रि (आधीरात) में हो तो पूर्वदिन में पुण्यकाल होता है—यह माधव आचार्य का मत है। यहाँ मूलवचन माधव, अपरार्क, हेमाद्रि आदि में देखने चाहिये।

(अथ संक्रान्तिषु दानविशेषाः)

सर्वासु संक्रान्तिषु दानविशेषो हेमाद्रौ दानकाण्डे उक्तः—विश्वामित्रः—

'मेषसंक्रमणे भानोर्मेषदानं महाफलम्। वृषसंक्रमणे दानं गवां प्रोक्तं तथैव च॥

वस्त्रान्नपानदानानि मिथुने विहितानि तु। घृतधेनुप्रदानं च कर्कटेऽपि विशिष्यते॥

ससुवर्णं छत्रदानं सिंहेऽपि विहितं तथा। कन्याप्रवेशे वस्त्राणां वेश्मनां दानमेव च॥

तुलाप्रवेशे तिलानां (धान्यानां) गोरसानामपीष्टदम्। अन्नकीचलिते भानौ दीपदानं महाफलम्॥ (अन्नकी = वृश्चिकः)।

धनुष्प्रवेशे वस्त्राणां यानानां च महाफलम्। झषप्रवेशे दारूणां दानमग्नेस्तथैव च॥

कुंभप्रवेशे दानं तु गवामम्बुतृणस्य च। मीनप्रवेशे स्थानानां मालानामपि चोत्तमम्॥' इति।

मेष आदि संक्रान्ति में दोनों का विशेष महत्व हेमाद्रि दानकाण्ड में कहा है—

(१) मेष संक्रान्ति में—मेष दान का महान् फल है। (२) वृष संक्रान्ति में—गौवों का दान महत्वफल को देने वाला है। (३) मिथुन संक्रान्ति में—वस्त्र, अन्न और सवारी के दान का विधान कहा है। (४) कर्क संक्रान्ति में—'घृतधेनु' (घी से निर्मित गौ) का दान विशेष कर कहा है। (५) सिंह संक्रान्ति में—सुवर्ण सहित छाते का दान कहा है। (६) कन्या संक्रान्ति प्रवेश में—कपड़ों (वस्त्रों) और घर (वेश्म) का दान कहा है। (७) तुला संक्रान्ति में—तिल (धान्य) और गोरस का दान कहा है। जो कि अभीष्ट फल देने वाला है। (८) वृश्चिक संक्रान्ति में—दीप दान का महाफल कहा है। (९) धनु संक्रान्ति में—वस्त्रों को तथा यानों के देने का महाफल है। (१०) मकरसंक्रान्ति में—लकड़ियों के और अग्नि के दान का फल है। (११) कुंभ संक्रान्ति में—गौवों को जल तथा तृणों (घास) को देने को कहा है। (१२) मीन संक्रान्ति में—स्थानों को तथा मालाओं के दान का उत्तम फल कहा है।

(अथ संक्रान्तावुपवासनिर्णयः)

अत्रोपवासमाह हेमाद्रावापस्तम्बः—

'अयने विषुवे चैव त्रिरात्रोपोषितो नरः। स्नात्वा यस्त्वर्चयेद्भानुं सर्वकामफलं लभेत्॥

हेमाद्रि निबन्ध में आपस्तम्ब ने कहा है—कि अयन (दक्षिणायण और उत्तरायण) में तथा विषुव (मेष और तुला) संक्रान्ति में जो प्राणी तीन रात उपवास तथा स्नान कर श्री सूर्य का पूजन करता है, उसके सारे मनोरथ परिपूर्ण होते हैं।

अशक्तौ तु वृद्धवसिष्ठः—"अयने संक्रमे चैव ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः। अहोरात्रोपितः स्नात्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते॥

अशक्ति में—तो वृद्ध वसिष्ठ ने कहा है कि—अयन (दक्षिणायन तथा उत्तरायण) में संक्रान्ति में, चन्द्रमा और सूर्यग्रहण में अहोरात्र (दिन-रात) उपवास तथा स्नान करे तो संपूर्ण पापों से, छुटकारा पाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्रोपवासः संक्रमदिने, (संक्रान्तिदिने) दानादि तु पुण्यकालदिन इत्याचार्यचूडामणिः। विधिलाघवात्पुण्यकालदिन एवोभयमिति वृद्धाः। इदं च पुत्रिगृहस्थातिरिक्तविषयम्।

यहाँ उपवास है—वह संक्रमदिन में और दानादि तो पुण्यकाल दिन में करे। यह आचार्य चूड़ामणि का कहना है।

विधिलाघव से पुण्यकाल दिन में ही उभय (उपवास तथा स्नान) करे—यह वृद्ध कहते हैं। लेकिन यह अपुत्र युक्त गृहस्थ परक समझना चाहिये।

(अथ पुत्रिणां गृहिणामुपवासनिषेधकथनम्)

आदित्येऽहनि संक्रान्तौ ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः। उपवासो न कर्तव्यः पुत्रिणा गृहिणा सदा॥ इति जैमिनिवचनात्।

जैमिनी के वचन से पुत्रवाले गृहस्थ को सदा सूर्य वार (रविवार) दिन में, संक्रान्ति में, चन्द्रमा तथा सूर्यग्रहण में उपवास नहीं करना चाहिये।

(अथ संक्रान्तौ श्राद्धकथनम्)

अत्र श्राद्धमुक्तं हेमाद्रौ विष्णुधर्मे—'श्राद्धं संक्रमणे भानोः प्रशस्तं पृथिवीपते।'

संक्रान्ति पर हेमाद्रि में विष्णुधर्म ने कहा है—कि हे पृथिवीपते, सूर्य की संक्रान्ति में श्राद्ध करना प्रशस्त है।

अपरार्केऽपि विष्णुः—'आदित्यसंक्रमश्चैव[1] विशेषेणायनद्वयम्। व्यतीपातोऽथ जन्मर्क्षं चन्द्रसूर्यग्रहस्तथा॥ एतांस्तु श्राद्धकालान् वै काम्यांनाह[2] प्रजापतिः।' इति।

अपरार्क में विष्णु ने कहा कि—सूर्य की संक्रान्ति में विशेष कर दोनों अयन में, व्यतीपात में, जन्म नक्षत्र में, चन्द्र और सूर्यग्रहण में श्राद्ध करना चाहिये। ये काम्य श्राद्ध हैं, ऐसा प्रजापति का कहना है।

द्वादशादिदिनैरर्वागयनांशप्रवृत्तावपि पुण्यं वक्तुमयनग्रहणम्। अन्यथा संक्रमेण सिद्धेरयनग्रहणं व्यर्थं स्यादित्यपरार्कः।

बारह आदि दिनों के पूर्व अयनांश के प्रवेश में भी पुण्य कहने के लिए अयन ग्रहण है। अन्यथा संक्रम सिद्धि अयन ग्रहण व्यर्थ होगा—यह अपरार्क का मत है।

हेमाद्रावपि गालवः—'अयनांशकतुल्येन काले नैव स्फुटं भवेत्। मृगकर्कादिगे सूर्ये याम्योदगयने सति॥ तदा संक्रान्तिकाले स्युरुक्ता विष्णुपदादयः।' इति।

हेमाद्रि में भी गालव का मत है—अयनांशक के तुल्य काल में ही मृग तथा कर्क के सूर्यमें, दक्षिणायन और उत्तरायण स्पष्ट होगा। तब संक्रान्तिकाल में 'विष्णुपद' आदि नाम कहे गये हैं।

अयनांशकच्युतिरूपे संक्रान्तिकालेऽपि विष्णुपदादयः प्रवर्तन्ते। तेन प्रयुक्तं पुण्यकालादि तत्रापि ज्ञेयमिति स एव व्याचख्यौ। तच्च मेषायनं वृषायनमित्यादि सर्वत्र ज्ञेयम्।

अयनांशक च्युतिरूप में संक्रान्ति काल में भी विष्णुपद आदि की प्रवृत्ति होती है। उससे अयनांश प्रयुक्त पुण्यकाल आदि उसमें भी जानना चाहिये। ऐसी व्याख्या उन्होंने की है और भी मेषायन' तथा 'वृषायन' आदि सर्वत्र संक्रान्तियों में जानना आवश्यक है।

माधवीयेऽपि जाबालिः—'संक्रान्तिषु यथा कालस्तदीयेऽप्ययने तथा। अयने विंशतिः पूर्वा मकरे विंशतिः परा॥ इति।

मकरायने पूर्वा विंशतिघटिकाः पुण्याः। मकरसंक्रान्तौ तु पश्चाद्विंशतिः। अन्यत्रायने तत् संक्रान्तिवदित्यर्थः।

---

१. निर्णयसिन्धु में—ऐसा श्लोक मिलता है—आदित्यसंक्रमश्चैव विषुवं चायनद्वयम्।

२. काम्यान् आह—की जगह 'नित्यानाह' यह पाठ शुद्ध है। ऐसा कृष्णंभट्टी की टीका में लिखा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

माधवीय में भी जाबालिका ने कहा है—संक्रान्तियों में जैसा पुण्यकाल होता है, तद्वत् ही अयन में पुण्यकाल होता है। मकर अयन में बीस घड़ी पहले और मकर में बीस घड़ी बाद पुण्यकाल होता है। अन्यत्र अयन में उस संक्रान्तिवत् अर्थ है।

(अथ विष्णुपदादिस्वरूपम्)

विष्णुपदादिस्वरूपं दीपिकायामुक्तम्—'हर्यङ्घ्रिर्वृषसिंहवृश्चिकघटेष्वर्कस्य यः संक्रमः, कन्यामीनधनुर्नृयुक्षुषडशीत्यास्य, तुलामेषयोः। प्रोक्तं तद्विषुवं, झषेऽयनमुदक्कर्कटके दक्षिणम् ॥ इति। हर्यङ्घ्रिः– विष्णुपदम्। नृयुक्-मिथुनम्।

विष्णुपदादिका स्वरूप दीपिका में कहा है—वृष, सिंह, वृश्चिक और कुंभ संक्रान्ति को विष्णुपद कहा जाता है। कन्या, मीन, धनु तथा मिथुन की संक्रान्ति की 'षडशीत्यायन' संज्ञा है। तुला और मेष की संक्रान्ति की 'विषुव' संज्ञा है। 'मकर' संक्रान्ति को उत्तरायण एवं 'कर्क' संक्रान्ति को दक्षिणायन कहा जाता है।

(अथ पिण्डरहितं श्राद्धम्)

अत्र च पिण्डरहितं श्राद्धं कुर्यात्। तथा चापरार्के मात्स्ये—'अयनद्वितये श्राद्धं विषुवद्वितये तथा। संक्रान्तिषु च सर्वासु पिण्डनिर्वापणादृते ॥ इति।

संक्रान्ति पर पिण्डरहित श्राद्ध करे। अपरार्क में मत्स्यपुराण का मत है-दोनों अयनों में, दोनों विषुवों में तथा सब संक्रान्ति में पिण्ड रहित श्राद्ध करे।

श्राद्धशूलपाणिस्त्वस्य निर्मूलत्वात्, समूलत्वेऽपि-"ततः प्रभृति संक्रान्तावुपरागादिपर्वसु। त्रिपिण्डमाचरेच्छ्राद्धमेकोद्दिष्टं मृतेऽहनि॥' इति मात्स्योक्तेर्ग्रहणाग्रहणवद्विकल्प एवेत्याह। तन्न। अस्य पार्वणानुवादकत्वेन पिण्डाविधायकत्वात्। पिण्डो–व्यक्तिः। अन्यथैकपदे पिण्डानुवादे त्रित्वविधौ वषट्कर्तुः प्रथमभक्ष्यवद्वैरूप्यापत्तेः। तथा चोभयसमूलत्वे पिण्डरहितं पार्वणं कर्तव्यमित्युभयवचनयोरर्थः। त्रिपिण्डशब्देनैकोद्दिष्टव्यावर्तनमात्रम्।

श्राद्ध शूलपाणि ने तो कहा है कि यह वचन निर्मूल है। यदि इसे समूल मान भी ले तो—

उससे लेकर संक्रान्ति, चन्द्र और सूर्य के पर्वों में 'त्रिपिण्डश्राद्ध करे तथा 'एकोद्दिष्ट' नासक श्राद्ध मरणदिन पर करे। यह मत्स्यपुराण के कहने पर ग्रहण[1]—और अग्रहणवत् विकल्प ही कहा है। यह ठीक नहीं है।

अन्यथा अर्थ पद स्वीकार करोगे तो क्योंकि–इस वचन का पार्वणानुवादत्व से पिण्डका अविधायकत्व है। अर्थात् पिण्डका विधायक नहीं है। पिण्ड—व्यक्ति का है। प्रकट करना नहीं तो पिण्ड के अनुवाद में और त्रित्व विधि में वषट् कर्ता को प्रथम भक्षणवत् वैरूप्यता की आपत्ति होगी और उभय समूलत्व में पिण्ड रहित पार्वण करना चाहिये। वे यह दोनों वचनों का अर्थ है। त्रिपिण्ड शब्द से एकोद्दिष्ट का व्यावर्तन मात्र है।

(अथ मङ्गलकृत्येषु विशेषमाह)

ज्योतिर्निबन्धे नारदः—'त्याज्याः सूर्यस्य संक्रान्तेः पूर्वतः परतस्तथा। विवाहादिषु कार्येषु नाड्यः षोडश षोडश ॥' एतत्पुण्यकालोपलक्षणम्।

मांगलिक कृत्यों में ज्योतिर्निबन्ध में नारद ने कहा है—विवाह आदि कार्यों में सूर्य संक्रान्ति के पूर्व (पहले) तथा पर में सोलह सोलह नाड़ी का त्याग करे। यह पुण्य समय का उपलक्षण है।

'भानोः संक्रान्तिभोगश्च कुलिकश्चार्धयामकः। इति ज्योतिःशास्त्रे वर्ज्येषु परिगणनात्। अयनव्यतिरिक्तासु दशसु संक्रान्तिषु रात्रौ स्नानश्राद्धादि न कार्यम्।

---

१. ज्योतिष्टोम संस्थाभूत अतिरात्र में—कहा है कि 'अतिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति' अतिरात्र में षोडशी ग्रहण करे। 'नातिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति'—अतिरात्र में षोडशी ग्रहण न करे। इस विधि और निषेध से षोडशी संज्ञक पात्र ग्रहण में विकल्प मिलता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्य की संक्रान्ति का भोग कुलिक तथा अर्धयाम त्याग दे। यह ज्योति-शास्त्र के वर्जित प्रमाणों में परिगणन है। अयन (दक्षिणायन तथा उत्तरायण) संक्रान्ति को छोड़कर दश संक्रान्तियों में रात के समय स्नान, श्राद्ध आदि न ही करना चाहिए।

'अह्नि संक्रमणे कृत्स्नमहः पुण्यं प्रकीर्तितम्। रात्रौ संक्रमणे भानोर्दिनार्धं स्नानदानयोः॥
अर्धरात्रादधस्तस्मिन् मध्याह्नस्योपरि क्रिया। ऊर्ध्वं संक्रमणे चोर्ध्वमुदयात्प्रहरद्वयम्॥
पूर्णे चेदर्द्धरात्रे तु यदा संक्रमते रविः। प्राहुर्दिनद्वयं पुण्यं मुक्त्वा मकरकर्कटौ॥'

इति वृद्धवसिष्ठादिवचनैरहः पुण्यत्वोक्त्या,

दिन में संक्रान्ति हो तो सारा दिन पुण्य कहा है। रात में संक्रान्ति सूर्य की हो तो दिन के आधे में स्नान और दान कहा है। आधोरात से पूर्व संक्रान्ति हो तो मध्याह्न काल के बाद कर्म करे। संक्रान्ति आधीरात के बाद हो तो सूर्योदय से दो प्रहर तक पुण्य काल है। पूरी आधीरात के समय रात्रि के आठवें मुहूर्त में संक्रान्ति हो तो दो दिन पुण्य काल होता है। केवल 'मकर' और 'कर्क' को छोड़कर। यह वृद्ध वसिष्ठ आदि वचनों से दिन में कहा गया है।

'रात्रौ संक्रमणे भानोर्दिवा कुर्यात्तु तत्क्रियाम्। पूर्वस्मात्परतो वाऽपि प्रत्यासन्नस्य तत् फलम्॥'

इति वसिष्ठवचनाच्चार्थाद्रात्रौ स्नानादिनिषेधप्रतीतेः।

रात में संक्रान्ति सूर्य की हो तो दिन में उसकी क्रिया करे। इस 'वसिष्ठ' वचन से आधी रात में स्नान आदि का निषेध प्रतीत होता है।

यानि तु-'विवाहव्रत-संक्रान्तिप्रतिष्ठाऋतुजन्मसु। तथोपरागपातादौ स्नाने दाने निशा शुभा॥' इति।

जो कहा है—विवाह में, यज्ञोपवीत में, संक्रान्ति में, प्रतिष्ठा में, ऋतु[1] में, जन्म में, उपराग में पात आदि में स्नान और दान में रात शुभ है।

'राहुदर्शनसंक्रान्तिविवाहात्ययवृद्धिषु। स्नानदानादिकं कुर्युर्निशि काम्यव्रतेषु च॥'

इत्यादीनि विष्णुगोभिलादिवचनानि, तानि मकरकर्कसंक्रान्तिविषयाणि। 'मुक्त्वा मकरकर्कटौ' इति तयोर्दिवानुष्ठानस्य पर्युदस्तत्वादिति हेमाद्रिमाधवादयः।

राहु दर्शन में, संक्रान्ति में, विवाह में, अत्यय (मरण में, वृद्धि में और काम्य व्रतों में) तथा रात में स्नान-दान आदि करे इत्यादि विष्णुगोभिलीय आदि का वचन है। वे मकर और कर्कसंक्रान्ति विषयक हैं। हेमाद्रि माधव आदि ने 'मुक्त्वा मकरकर्कटौ' मकर और कर्कसंक्रान्ति छोड़कर दिन में अनुष्ठान का निषेध है।

वस्तुतस्तु प्रागुक्तवचनेन तयोर्दिनद्वयपुण्यत्वादेरेव पर्युदासान्मकरकर्कटयोरपि 'स्नानं दानं परेऽहनि' इत्यादिभिरहः पुण्यत्वोक्तेरहःपुण्यत्वानुपपत्त्या कल्प्यरात्रिनिषेधस्य च प्रत्यक्षरात्रि-विधिना बाधात्सर्वसंक्रातिषु रात्रावनुष्ठानविकल्पः। स च देशाचाराद् व्यवतिष्ठत इति युक्तः पन्थाः। अयनयोस्तु वक्तव्यो विशेषः श्रावणे माघे च वक्ष्यते।

तथ्य तो यह है कि—(कमलाकर भट्ट मत से) पूर्व में कहे हुए वचन से 'मकर और कर्क की संक्रान्ति में भी दोनों दिन पुण्य का निषेध हो जाने से स्नान और दान दूसरे दिन करे। इस वाक्य से दिन में पुण्यत्व कहा है। पुण्यत्व की अनुपपत्ति की कल्पना से रात्रिनिषेध का प्रत्यक्ष रात्रिविधि से बाध होने से सब संक्रान्तियों में रात्रि में अनुष्ठान का विकल्प है। वह देशाचार द्वारा स्थित है यही युक्त रास्ता है। इन मकर और कर्क की संक्रान्ति के बारे में श्रावण और माघ मास का जो निर्णय करेंगे उसमें आगे कहेंगे।

ज्योतिर्निबन्धे गर्गः—"यस्य जन्मर्क्षमासाद्य रविसंक्रमणं भवेत्। तन्मासाभ्यन्तरे तस्य वैरक्लेशधनक्षयाः॥

१. 'विवाहव्रतसंक्रान्तिप्रतिष्ठामृतिजन्मसु'—ऐसा पाठ भी किसी पुस्तक में मिलता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तगरसरोरुहपत्रै रजनीसिद्धार्थलोध्रसंयुक्तैः । स्नानं जन्मर्क्षगते रविसंक्रमणे नृणां शुभदम् ॥"

हेमाद्रौ—अह्नि चेद्रात्रियुग्मं स्याद्रात्रौ चेद्वासरद्वयम् । संक्रान्तिः पद्मिनी ज्ञेया दानाध्ययनकर्मसु ॥

ज्योति निबन्ध में गर्ग मत है—जिन प्राणी के जन्म नक्षत्र में सूर्य संक्रान्ति हो उस मास के भीतर उसे शत्रुता, क्लेश (दुःख) तथा धन का क्षय होता है। वह प्राणी तगर, कमल, हलदी, पीलीसरसों को लोध्र जल से संयुक्त (संमिश्रण) कर उसी जल से स्नान करे तो शुभप्रद है । यह हेमाद्रिने कहा है।

(अथ गौडमतम्)

यत्तु गौडाः—संक्रान्त्यां पक्षयोरन्ते द्वादश्यां श्राद्धवासरे । सायं सन्ध्यां न कुर्वीत कुर्वंश्च पितृहा भवेत् ॥

इति कर्मोपदेशिन्यां व्यासोक्तेः सायं पुण्यकाले सन्ध्यानिषेधमाहुस्तन्निर्मूलम् । अन्यच्च बहु वक्तव्यं विस्तरभीतेर्नोच्यते । इति संक्रान्तिनिर्णयः ।

जो गौडों ने कहा है—संक्रान्ति में, दोनों पक्षों के अन्त में, द्वादशी में और श्राद्धदिन में सायंकाल सन्ध्या न करे। करेंगे तो पितृयोंकेलिए मारनेवाला होता है। यह कर्मोपदेशनी में व्यास के कथन से सायं-कालपुण्यकाल में सन्ध्या का निषेध कहा है, वह निर्मूल है।

(अथ चान्द्रादिमासनिर्णयः)

पक्षयुगजश्चान्द्रो मासः । सद्वेधा । शुक्लादिरमान्तः, कृष्णादिः पूर्णिमान्तश्चेति ।

चान्द्रमास दो पक्ष के योग से होता है। वह दो प्रकार का है—शुक्लपक्ष की प्रतिपदा से अमावास्या तक तथा कृष्णपक्ष की प्रतिपदातिथि से पूर्णिमातिथि तक।

तथा च त्रिकाण्डमण्डनः—'चान्द्रोऽपि शुक्लपक्षादिः, कृष्णादिर्वेति च द्विधा । इत्युक्त्वा देशभेदेन तद्व्यवस्थामाह—

कृष्णपक्षादिकं मासं नाङ्गीकुर्वन्ति के च न । येऽपीच्छन्ति न तेषामपीष्टो विन्ध्यस्य दक्षिणे ॥ इति ।

विन्ध्यस्य दक्षिणे कृष्णादिनिषेधादुत्तरतो द्वयोरभ्यनुज्ञा गम्यते । तत्रापि शुक्लादिर्मुख्यः, कृष्णादिर्गौणः । शास्त्रेषु चैत्रशुक्लप्रतिपद्येव चान्द्रसंवत्सरारम्भोक्तेः ।

त्रिकाण्ड मण्डन ने भी कहा है—चान्द्रमास भी शुक्लपक्ष आदि तथा कृष्णपक्ष आदि भेद से दो प्रकार का है। यों कहकर देशभेद से उसकी व्यवस्था कहा है—कि कोई लोग (आचार्य) कृष्णपक्ष आदिमास को नहीं अंगीकार करते हैं। जो इच्छा भी करते हैं वे विन्ध्य के दक्षिण नहीं चाहते हैं। विन्ध्य के दक्षिण में कृष्णादि का निषेध होने से उत्तर में दोनों के स्वीकार करने की आज्ञा प्राप्त होती है। उसमें भी शुक्लादि मुख्य हैं, कृष्णादि गौण हैं। शास्त्रों में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही चान्द्र संवत्सर का आरंभ माना है।

तदुक्तं दीपिकायाम्—'चन्द्रोऽब्दो मधुशुक्लप्रतिपदारम्भः' इति । नहि ये कृष्णादिं मन्यन्ते, तेषां वत्सरारम्भो भिद्यते । अतः शुक्लादिर्मुख्यः, कृष्णादिना मलमासासम्भवाच्च । चन्द्रस्य सर्वनक्षत्रभोगेन नाक्षत्रो मासः ।

सावनादीनां व्यवस्थोक्ता हेमाद्रौ ब्रह्मसिद्धान्ते—अमावास्यापरिच्छिन्नो मासः स्याद् ब्राह्मणस्य तु । संक्रान्तिपौर्णमासीभ्यां तथैव नृपवैश्ययोः ॥'

दीपिका में भी कहा है—चान्द्रवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होता है। वे लोग कृष्णादि को नहीं मानते हैं। उनका वत्सरारम्भ भिन्न है। इसीलिए शुक्लादि मुख्य हैं। कृष्णादि में मलमास असंभव है।

चन्द्रमा के सब नक्षत्रों के भोग से नाक्षत्रमास होता है। सावन आदि की तो व्यवस्था हेमाद्रि के ब्रह्मसिद्धान्त में कहा है—ब्राह्मण के लिए तो अमावास्या तक, क्षत्रिय तथा वैश्य को संक्रान्ति और पूर्णिमा तक मास मानना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र ब्राह्मणादीनां यत्र कर्मविशेषे वचनान्तरेण 'वसन्ते ब्राह्मणोऽग्नीनादधीत, इत्यादिवत् मास उक्तः, तत्र दर्शान्तत्वमात्रं नियम्यते, न तु सर्वकर्मसु दर्शान्त एवेति । वृष्ट्याद्यर्थं सौरभरे हीषादि निधन नियमवद्विधिलाघवात् त्रैवर्णिकानां सर्वकर्मसु मासविशेषविधेः सावनादीनां शूद्रानुलोमादिपरत्वापत्तेश्चेति गुरुचरणाः ।

इसमें यहाँ पर ब्राह्मण आदियों के कर्म विशेष में वचनान्तर से वसन्त में ब्राह्मण अग्नि का स्थापन करे । इत्यादिके सदृश मास कहा है, वहाँ पर दर्श (अमावास्या) के अन्त मात्र का नियम है। सभी कर्मों में दर्शान्त को ही स्वीकार करने का नियम नहीं है । क्योंकि वृष्टि आदि प्रयोजन के लिए 'सौभर नामक' साम से 'हीष्' आदि सामवेद के अन्तिम भाग के नियम की तरह विधिलाघव समझना चाहिए। त्रैवर्णिकों का सब कर्मों में मास विशेष विधि से सावन आदि का शूद्र अनुलोम आदि परक की आपत्ति होगी—यह गुरुचरणों का मत है।

ज्योतिर्गर्गः—'सौरो मासो विवाहादौ यज्ञादौ सावनः स्मृतः । आब्दिके पितृकार्ये च चान्द्रो मासः प्रशस्यते ॥'

ज्योतिर्गर्ग का मत है-विवाहादि में सौरमास, यज्ञादिमें सावनमास तथा पिता के आब्दिक कार्य में चान्द्रमास प्रशस्त है ।

ऋष्यशृङ्गः—विवाहव्रतयज्ञेषु सौरं मासं प्रशस्यते । पार्वणे त्वष्टकाश्राद्धे चान्द्रमिष्टं तथाऽब्दिके ॥

ऋष्यशृङ्ग का मत है कि—विवाह, व्रत और यज्ञों में सौरमास प्रशस्त है। पार्वण, अष्टकाश्राद्ध तथा वार्षिकश्राद्ध में चान्द्रमास उत्तम है।

स्मृत्यन्तरे—"एकोद्दिष्टविवाहादौ ऋणादौ सौरसावनौ ।"

स्मृत्यन्तर में कहा है कि—एकोद्दिष्ट विवाह आदि में तथा ऋणादिमें सौर और सावन मास स्वीकार करे ।

ज्योतिर्गर्गः—आयुर्दायविभागश्च प्रायश्चित्तक्रिया तथा । सावनेनैव कर्तव्या शत्रूणां चाप्युपासना ॥

ज्योतिर्गर्ग का कहना है कि आयुर्दा, दायविभाग, प्रायश्चित्तक्रिया तथा शत्रुओं की उपासना ये सब कार्य सावन मास में ही करने चाहिये ।

विष्णुधर्मे—नक्षत्रसत्राण्ययनानि चैन्दोर्मासेन कुर्याद्भगणात्मकेन । इति ।

विष्णुधर्म में कहा है कि—नक्षत्रसत्र, अयन ये सब नक्षत्रों के भोगरूप चान्द्रमास में करे ।

ब्राह्मे–तिथिकृत्येषु च कृष्णादिं व्रते शुक्लादिमेव च । विवाहादौ च सौरादिं मासं कृत्ये विनिर्दिशेत् ॥

ब्राह्मपुराण में कहा है कि—तिथिकृत्य में कृष्णादि, व्रत में शुक्लादि और विवाहादि कृत्य में सौरादि मास का निर्देश कहा है।

(अथ मलमासः)

तत्रैकमात्रसंक्रान्तिरहितः सितादिश्चान्द्रो मासो मलमासः । एकमात्रसंक्रान्तिराहित्यमसंक्रान्तत्वेन संक्रान्तिद्वयत्वेन च भवतीति । मलमासो द्वेधा। अधिमासः, क्षयमासश्चेति । तदुक्तं काठकगृह्ये—यस्मिन्मासे न संक्रान्तिः संक्रान्तिद्वयमेव वा । मलमासः स विज्ञेयो मासः स्यात्तु त्रयोदश ॥ इति ।

एकमात्र संक्रान्ति रहित सितादि चान्द्रमास मलमास है। एकमात्र संक्रान्ति रहित अर्थात् संक्रान्ति का अभाव हो या दो संक्रान्ति हो उसे मलमास कहा जाता है ।

मलमास दो प्रकार का है—प्रथम अधिकमास, दूसरा क्षयमास । उसी को काठकगृह्य में कहा है—जिस मास में संक्रान्ति न हो या दो संक्रान्ति हो वह तेरहवाँ मास मलमास जानना चाहिये ।

सत्यव्रतोऽपि—राशिद्वयं यत्र मासे संक्रमेत दिवाकरः । नाधिमासो भवेदेष मलमासस्तु केवलम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सत्यव्रत ने भी कहा है—सूर्य भगवान् जिस मास में दो राशियों को संक्रमण करें वह मास अधिकमास नहीं होता है। वह तो केवल मलमास होता है।

(अधिकमासस्य कालनियममाह)

वसिष्ठः—'द्वात्रिंशद्भिर्गतैर्मासैर्दिनैः षोडशभिस्तथा। घटिकानां चतुष्केण पतत्यधिकमासकः॥' इति।

एतच्च सावनादिमानेन संभवार्थं, नतु नियमार्थम्। अन्यथा षोडशदिनाधिकद्वात्रिंशन्मासानन्तरं कृष्णपक्षनियमेन शुक्लादित्वभङ्गापत्तेः तेन न्यूनाधिककाले मलमासपातेऽपि न दोषः। अत एवोक्तं माधवीये—'मासे त्रिंशत्तमे भवेत्' इति।

अधिकमास के काल का नियम वसिष्ठ जी ने कहा है—बत्तीस मास, सोलह दिन चार घड़ी के व्यतीत होने पर अधिकमास होता है। यह बात सावन आदि मान से संभवार्थ है, नियमार्थ नहीं है। अन्यथा सोलह दिन अधिक बत्तीसमास के अनन्तर कृष्णपक्ष के नियम से शुक्लपक्षादित्व भंग हो जायगा। उससे न्यूनाधिककाल में मलमास के आने पर भी दोष नहीं होता है। इसलिए माधवीय ने कहा है कि—तीस मास पर मलमास होता है।

(अथ ज्योतिःशास्त्रमतेन क्षयमासः)

क्षयमासोऽपि ज्योतिःशास्त्रे—'असंक्रान्तिमासोऽधिमासः स्फुटं स्याद् द्विसंक्रान्तिमासः क्षयाख्यः कदाचित्।

क्षयः कार्तिकादित्रये, नान्यतः स्यात् तदा वर्षमध्येऽधिमासद्वयञ्च॥'' एकः क्षयात्पूर्वं, परतश्चैकतः, इत्यधिमासद्वयं भवतीत्यर्थः।

ज्योतिःशास्त्र में भी क्षयमास का विधान है। जिस महिने में संक्रान्ति न हो वह अधिक मास होता है तथा जिस मास में कदाचित् दो संक्रान्ति हो वह क्षयमास हो जाता है। उसमें—क्षयमास कार्तिक, मार्गशीर्ष और पौषमास में होता है। अन्य मास में नहीं होता है। जिस साल में क्षयमास हो जाता है उसमें दो अधिक मास होते हैं। एक क्षय मास के पहले दूसरा बाद में।

अत्र विशेषमाह जाबालिः—'मासद्वयेऽब्दमध्ये तु संक्रान्तिर्न यदा भवेत्।

प्राकृतस्तत्र पूर्वः स्यादधिमासस्तथोत्तरः॥' इति। उत्तरे एव कालाधिक्यं, न पूर्वस्मिन्नित्यर्थः।

यहाँ पर विशेष बात जाबालिऋषि ने कहा है कि—जिस साल में दो मास में संक्रान्ति यदि न हो तो उन दोनों महीनों में प्रथम प्राकृत तथा दूसरा अधिक मास होता है। उत्तर में अर्थात् दूसरे में ही कालाधिक्य होता है प्रथम में नहीं होता है।

यत्तु ब्रह्मसिद्धान्ते—'चैत्रादर्वाङ्नाधिमासः परतस्त्वधिको भवेत्॥' इति। तत्र चैत्रात्पूर्वमसंक्रान्तद्वये पूर्वो नाधिकः, किं तु पर इत्यर्थः।

जो[1] ब्रह्मसिद्धान्त में यह कहा है कि—चैत्र महीने से पूर्व अधिक मास नहीं होता ऊपर में होता है।

उसका अर्थ यों है—चैत्र मास से पूर्व संक्रान्ति दो महीने में न हो तो प्रथम अधिक मास नहीं होता लेकिन पर में होता है।

यच्च ज्योतिःसिद्धान्ते—'घटकन्यागते सूर्ये वृश्चिके वाऽथ धन्विनि। मकरे वाऽथ कुम्भे वा नाधिमासो विधीयते॥' इति।

ज्योतिषसिद्धान्त में कहा है कि—घट (तुला), कन्या, वृश्चिक, धनु, मकर तथा कुम्भ के सूर्य हो तो अधिक मास नहीं होता है।

---

१. जहाँ सिद्धान्त से विपरीत बात को कहना होता है वहाँ 'यत्तु' शब्द का प्रयोग होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत् वृश्चिकादिचतुष्टये मलमासे सति पूर्वं तुलाकन्यागते सूर्ये क्षयात्पूर्वभाव्यधिमासस्य कालाधिक्यमात्रनिषेधार्थं नत्वधिकमासस्य ।

'दशानां फाल्गुनादीनां प्रायो माघस्य च क्वचित् । नपुंसकत्वं भवतीत्येष शास्त्रविनिश्चयः ॥' इति हेमाद्रौ विष्णुधर्मविरोधात् ।

मलमासेऽष्टकादिनिषेधानुपपत्तेश्च । 'मकरे वाथ कुम्भे वा' इति दृष्टान्तार्थम् । प्राप्त्यभावात् ।

उस वृश्चिक, धनु, मकर और आदि चतुष्टय में मलमास होने पर पहले तुला तथा कन्या के सूर्य पर क्षयमास के पूर्व निषेध होने वाले अधिक मास से कालाधिक का ही निषेध करता है। अधिक मास का नहीं। फाल्गुन आदि दश तथा क्वचिद् माघमास ये प्रायः ग्यारह महीने ही नपुंसक होते हैं। अर्थात् संक्रान्ति रहित होते हैं। यह शास्त्र का निश्चय है। यह हेमाद्रि में विष्णुधर्मोत्तर का विरोध है। एवं मलमास में अष्टकादि श्राद्ध का निषेध की भी अनुपपत्ति होगी। पहले कहे हुए मकर तथा कुम्भ में। दृष्टान्त के लिए है, अधिक मास नहीं होता है यह वचन।

अभाव—(निषेध) के लिये नहीं है। इनमें दोनों में संक्रान्ति होने पर भी अधिक मास, कहीं होता है।

(अथ क्षयस्यागमनकालः)

सिद्धान्तशिरोमणौ—'गतोऽब्ध्यद्रिनन्दैर्गते शाककाले तिथीशैर्भविष्यत्यथाङ्गाक्षसूर्यैः ।
गजाद्र्यग्निभूमिस्तथा प्रायशोऽयं कुवेदेन्दुवर्षैः क्वचिद् गोकुभिश्च ॥ इति ।

अब्धयः—चत्वारः, अद्रयः—सप्त, नन्दाः—नव, एषां प्रातिलोम्येन पाते ९७४ । तैर्मिते वर्षे कश्चित् क्षयमासः पूर्वं जात इत्यर्थः । तिथयः—पञ्चदश, ईशाः—एकादश, १११५ एवं मिते याते कश्चिद्भविष्यतीत्यर्थः । अंग ६, अक्ष ५, सूर्याः १२, एकत्र १२५६, गजाः ८, अद्रयः ७, अग्नयः ३, भूः १, एकत्र १३७८, कुः १, वेदाः ४, इन्दुः १, एकत्र १४१, गावः ९, कुः १, एकत्र १९, एतैर्मिते वर्षे याते कश्चिद्भविष्यतीत्यर्थः ।

सिद्धान्तशिरोमणि में लिखा है—अब्धि चार, अद्रि सात, नन्द नौ, अर्थात् (९७४) शक व्यतीत होने पर पहले कोई क्षयमास हो गया और तिथि पन्द्रह, ईश ग्यारह, अर्थात् (१११५) शाक व्यतीत होने पर पहले क्षयमास होगा। एवं अङ्ग छः, अक्ष पाँच, सूर्य बारह, अर्थात् १२५६ शाके व्यतीत हो जाने पर तथा गज आठ, अद्रि सात, अग्नि तीन, भू एक, अर्थात् १३७८ शक बीत जाने पर एवं कु एक, वेद चार, इन्दु एक, अर्थात् १४१ वर्ष व्यतीत होने पर गो नौ, कु एक, अर्थात् १९ वर्ष व्यतीत होने पर कोई क्षयमास होगा।

(अथ मलमासे कार्याकार्यं निरूप्यते)

तत्र जावालिः—'नित्यनैमित्तिके कुर्याच्छ्राद्धं कुर्यान्मलिम्लुचे । तिथिनक्षत्रवारोक्तं काम्यं नैव कदाचन ।' अयश्च काम्यनिषेध आरम्भसमाप्तिविषयः ।

'असूर्या नाम ये मासा न तेषु मम संमतः । व्रतानां चैव यज्ञानामारम्भश्च समापनम् ॥'

इति तेनैवोक्तत्वात् । असूर्या अधिकमासा इत्यर्थः । तत्र 'मण्डलं तपते रवेः' इति वचनात् । कारीर्यादेः काम्यस्य त्वारम्भसमाप्ती भवत एवेत्यादिरन्यत्र विस्तरः ।

काठकगृह्येऽपि—'मलेऽनन्यगतिं कुर्यान्नित्यां नैमित्तिकीं क्रियाम् ॥' इति ।

तानि नैमित्तिकानि दीपिकायामुक्तानि—'यन्नैमित्तिकमग्निनष्टचनुगताग्न्याधानमर्चासु वा संस्कारादिविलोपने सति पुनः प्रोक्तं प्रतिष्ठादिकम्' इति । गत्यन्तरयुतं तु सोमादि हेयमेव ।

इसके बाद मलमास में होने और न होनेवाले कार्यों का कथन करते हैं। जावालि ने कहा है मलमास में नित्य नैमित्तिक कार्य जातकर्म आदि तथा श्राद्ध करे। एवम् तिथि, नक्षत्र तथा वार में कहे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हुए काम्य कर्म कभी भी न करे। यह काम्य निषेध आरंभ समाप्ति विषयक है। जो महीनें असूर्य (अधिक मास) हैं उनमें व्रत तथा यज्ञों का प्रारम्भ एवं समाप्ति होना सम्मत नहीं है। यह बात जाबालि ने कही है। यहाँ पर यह वचन है कि 'मलमासों में सूर्य का मंडल तपता है। कारीरी आदि काम्य यज्ञों का आरंभ और समाप्ति होती ही हैं। इसका अन्यत्र विस्तार है। काठकगृह्य में भी कहा है मलमास में उस नित्य-नैमित्तिक क्रियाको करे जो पुनः न हो सके। अब नैमित्तिक कर्मों को दीपिका में कहा है 'अग्नि के नष्ट हो जाने पर अग्नि स्थापन तथा संस्कारादि के लोप हो जाने पर फिर कहे हुए प्रतिष्ठा आदि नैमित्तिक कर्म मलमास में भी करे। क्योंकि इनको उसी समय करना चाहिये। एवं जो सोमादि पुनः हो सकते हैं, उन्हें न करे।

(तत्र कर्तव्यान्युक्तानि)

कालादर्शे—'द्वादशाहसपिण्डान्तं कर्म ग्रहणजन्मनोः। 'सीमन्ते पुंसवे श्राद्धं द्वावेतौ, जातकर्म च ॥
रोगे शान्तिरलभ्ये च योगे श्राद्धं व्रतानि च। प्रायश्चित्तं निमित्तस्य वशात्पूर्वं परत्र च ॥
अब्दोदकुम्भमन्वादि महालययुगादिषु। श्राद्धं दर्शेऽप्यहरहः श्राद्धमूनादिमासिकम् ॥
मलिम्लुचान्यमासेषु मृतानां श्राद्धमाब्दिकम्। श्राद्धं तु पूर्वदृष्टेषु तीर्थेष्वेवं युगादिषु ॥
मन्वादिषु च यद्दानं दानं दैनन्दिनं च यत्। तिलगोभूहिरण्यानां सन्ध्योपासनयोः क्रिया ॥
पर्वहोमश्चाग्रयणं साग्नेरिष्टिश्च पर्वणि। नित्याग्निहोत्रहोमश्च देवताऽतिथिपूजनम् ॥
स्नानं च स्नानविधिनाऽऽप्यभक्ष्यापेयवर्जनम्। तर्पणं च निमित्तस्य नित्यत्वादुभयत्र च ॥ इति।

एतौ पुंसवनसीमन्तौ। एतच्च गर्भाधानाद्यन्नप्राशनान्तसंस्कारोपलक्षणम्।

तदुक्तं दीपिकायाम्—'गर्भाधानमुखं च चौलविधितः प्राग्जातयागं विना कृच्छ्रेष्वाग्रयणं गजेन्द्रपुरतश्छाया मघानङ्गयोः। तीर्थेन्दुक्षययोश्च पित्र्यमधिके मास्येवमाद्याचरेत् ॥' इति।

अलभ्ये योगेऽर्धोदयपद्मकादौ काम्यान्यपि व्रतादीनि कार्याणीत्यर्थः। पूर्वं परत्र-मले शुद्धे चेत्यर्थः। महालयशब्देन मघात्रयोदश्युच्यत इति माधवः। दर्शश्राद्धं मलेऽपि कार्यम्।

मलमास में करने योग्य कर्म कालादर्श में कहे हैं। द्वादशाह, सपिंडपर्यन्त कर्म, ग्रहण, जन्म, सीमन्त पुंसवनमें होने योग्य श्राद्ध, सीमन्त, जातकर्म, रोग में शांति, अलभ्य योगमें श्राद्ध, व्रत एवं प्रायश्चित के लिये कर्म के पूर्व मलमास में पिछले शुद्धमास में करना चाहिये। क्षयतिथि के रोज घटदान, मन्वादि, महालय, युगादि एवं अमावस्या में श्राद्ध, नित्यश्राद्ध, ऊनादि मासिक श्राद्ध मलमास में करे। दूसरे महीनों में मरे हुओं का वार्षिकश्राद्ध करे। पहले कहे हुए तीर्थों युगादियों में भी श्राद्ध करे। मन्वादियों में जो दान है—तिल, गौ, भूमि, सुवर्ण आदि का दान, नित्यदान, संध्या उपासन क्रिया पर्वहोम, आग्रयण, पर्व में साग्निक को इष्टि, प्रतिदिन अग्निहोत्र होम, देवता तथा अतिथि पूजन, स्नानविधि द्वारा स्नान, अभक्ष्य तथा अपेय का वर्जन भी मलमास में करे। नित्य हो जाने मात्र से लोक परलोक के लिये तर्पण का त्याग न करे। इनमें श्लोकों में पुंसवन एवं सीमन्त है। गर्भाधानादि अन्नप्राशन पर्यन्त संस्कार का उपलक्षण है उसीको दीपिका में कहा है 'गर्भाधानादि संस्कार, चौल विधि से पूर्व के जातकर्म, कृच्छ्रों में आग्रयण अगहनी पूर्णिमा का यज्ञ, गजच्छाया यज्ञ, मघा, त्रयोदशी, तीर्थ और इन्दुक्षय अमावास्या में पितरों का श्राद्ध इत्यादि कार्य मलमास में करने चाहिये। अर्धोदय पद्मकादि अलभ्य योगों में काम्य व्रतादि भी मलमास के पूर्व या शुद्ध महिने में करे। माधव का मत है महालय शब्द से मघा त्रयोदशी का ग्रहण करे। मलमास में दर्शश्राद्ध करे।

यत्तु ऋष्यशृङ्गः—'संवत्सरातिरेकेण मासो यः स्यान्मलिम्लुचः। तस्मिंस्त्रयोदशे श्राद्धं न कुर्यादिन्दुसंक्षये ॥ इति, तत् काम्यदर्शश्राद्धविषयम्। 'काम्यं नैव कदाचन' इति वचनात्। दर्शे च काम्यं श्राद्धं 'कन्यां कन्यावेदिनश्च' इत्यादिना याज्ञवल्क्येनोक्तम्, नित्यं तु मलेऽपि भवत्येव।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'दर्शेऽप्यहरहः श्राद्धं, दानं च प्रतिवासरम् । गोभूतिलहिरण्यानां मासेऽपि स्यान्मलिम्लुचे ॥' इति मात्स्योक्तेरिति हेमाद्र्यादयः।

जो ऋष्यश्रृङ्ग ने कहा है—वर्ष के बाद जो मलमास हो तो उसके तेरहवें मास में अमावास्या के रोज श्राद्ध न करे—यह काम्यदर्शश्राद्ध विषयक है। क्योंकि कभी भी काम्यश्राद्ध न करे—यह वचन है। अमावास्या में काम्यश्राद्ध और कन्या के सूर्य में श्राद्ध न करे—यह याज्ञवल्क्य ने कहा है। नित्यश्राद्ध तो मलमास में भी होता है। मत्स्यपुराण में हेमाद्रि आदि ने कहा है—अमावास्या में नित्य श्राद्ध, गौ, भूमि, तिल तथा सोने का दान, ये मलमास मास में भी होते हैं।

दिवोदासीयेऽपि—'अनिन्दुरिन्दुपूर्णा च हरिवारो बुधाष्टमी ।
नाधिमासे परित्याज्याः सीमन्तान्नाशने शिशोः ॥' इति ।

अनिन्दुः—दर्शः । 'द्विविधमप्यमाश्राद्धं न कार्यम्' इति त्वपरार्कः । तत्र यद्विहितं कर्म उत्तरे मासि कारयेत् । इत्युक्तेः । 'षष्ट्या तु दिवसैर्मासः' इति शुद्धमासकरणेऽपि शास्त्रार्थोपपत्तेर्दर्शश्राद्धं मले न कार्यमिति प्राचीनगौडाः, शूलपाणिश्च ।

दिवोदासीय ने भी कहा है—'अमावास्या, पूर्णिमा, द्वादशी, बुधाष्टमी ये सब सीमन्त और बालक का अन्नप्राशन मलमास में न त्याग करे।' अपरार्क ने कहा है-दोनों तरह का श्राद्ध अमावास्या को न करे। क्योंकि उसके जो विहित कर्म है उसे उत्तर मास में करावे ऐसा कहा है। प्राचीन गौडों का कहना है कि साठ दिन का एक महिना होता है। शुद्ध मास के दिन भी शास्त्र चरितार्थ है, तो मलमास में दर्शश्राद्ध न करे। शूलपाणि ने भी कहा है।

संवत्सरप्रदीपेऽपि—'एकराशिस्थिते सूर्ये यदा दर्शद्वयं भवेत् ।
दर्शश्राद्धं तदाऽऽदौ स्यात् न परत्र मलिम्लुचे ॥'

अत्रापि (नित्यकाम्यभेदेन) प्राग्वद् व्यवस्था। यद्यपि कालादर्शे—सर्वं वार्षिकं मासद्वये कार्यम्' इत्युक्तम्, तथापि हेमाद्रिमाधवापरार्कादिमतात् प्रथमाब्दिकम् त्रयोदशे मलमासे, द्वितीयाद्याब्दिकं तु शुद्धमासे एव कार्यम्।

संवत्सरप्रदीप में भी कहा है—सूर्य एक राशि में स्थित हो यदि दो अमावस्या हो तो दर्शश्राद्ध आदि में होता है, दूसरी में नहीं होगा। यहाँपर भी पूर्ववद् व्यवस्था है। लेकिन कालादर्श में लिखा है—सम्पूर्ण वार्षिक श्राद्ध दोनों मासों में करे। यों कहा है, फिर भी हेमाद्रि, माधव, अपरार्क मत से प्रथमाद्विक श्राद्ध को तेरहवें मास मलमास में करे। द्वितीयाद्विक तो शुद्धमास में ही करे।

'असंक्रान्तेऽपि कर्त्तव्यमाब्दिकं प्रथमं द्विजैः। तथैव मासिकं श्राद्धं सपिण्डीकरणं तथा ॥' इति हारीतोक्तेः । 'आब्दिकं प्रथमं यत्स्यात्तत्कुर्वीत मलिम्लुचे। त्रयोदशे (चतुर्दशे) तु सम्प्राप्ते कुर्वीत पुनराब्दिकम् ॥' इति स्मृत्यन्तरोक्तेश्च। पुनराब्दिकं द्वितीयादिवार्षिकम्। त्रयोदशे मासेऽतीते चतुर्दशाद्यदिने कुर्यादित्यर्थः ।

क्योंकि द्विजों को हारीत ने कहा है असंक्रान्ति में भी प्रथमाद्विकश्राद्ध, मासिकश्राद्ध और सपिंडीकरणश्राद्ध करना चाहिए। स्मृत्यन्तर में भी कहा है—प्रथमाद्विकश्राद्ध मलमास में भी करे। फिर दूसरा आब्दिक तेरहवें महीने के समाप्त हो जाने पर फिर आद्विक करे। अर्थात् द्वितीयादि वार्षिक श्राद्ध तेरह महीने के बीतने पर चौदहवें महीने के आद्य दिन में करे।

यत्तु सत्यव्रतः—'वर्षे वर्षे तु यच्छ्राद्धं मातपित्रोर्मृतेऽहनि। मलमासे न तत्कार्यं व्याघ्रस्य वचनं तथा ॥' इति, तद् द्वितीयादिवार्षिकविषयम् ॥ 'आब्दिकं प्रथमं यत्स्यात्तत्कुर्वीत मलिम्लुचे।' इति पूर्वोक्तवचनात्। तेन यत्र द्वादशं मासिकं शुद्धमासे भवति, तत्र त्रयोदशेऽधिके एवाऽऽद्याब्दिकं कार्यम्। यत्र त्वधिकमध्ये द्वादशं मासिकं, तत्र तस्य द्विरावृत्तिं कृत्वा चतुर्दशे शुद्धे एव प्रथमा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ब्दिकमिति निष्कर्षः। तेन द्वितीयादिशुद्धमासे एव पृथ्वीचन्द्रोदये दिवोदासीये मदनपारिजाते चैवम्। मलमासमृतानां तु यदा स एवाधिकः स्यात्तदा तत्रैव प्रतिसांवत्सरिकं कार्यम्। यथाऽऽह पैठीनसिः—'मलमासे मृतानां तु श्राद्धं यत्प्रतिवत्सरम्। मलमासेऽपि कर्तव्यं नान्येषां तु कथंचन ॥' इति।

जो सत्यव्रत ने कहा कि जो श्राद्ध माता-पिता की मृत्यु के दिन पर प्रतिवर्ष होता है, वह व्याघ्र मत से मलमास में न करे। यह कहना उनका द्वितीयादि वार्षिक परक है। क्योंकि पूर्व में कहे हुए वचन से प्रथमाब्दिक श्राद्ध मलमास में भी करने को कहा है। जहाँ द्वादश मास शुद्ध मास में हो वहाँ तेरहवें मास के अधिक में ही जिसका द्वादश मास अधिक मास के मध्य में हो वहाँ उस मास की द्विरावृत्ति कर शुद्ध चौदहवें में ही प्रथमाब्दिक करे—यह निष्कर्ष है। इससे द्वितीयाब्दिक श्राद्ध शुद्धमास में ही करे यह बात पृथ्वीचन्द्रोदय, दिवोदासीय और मदनपारिजात में कही है। मलमास में मृतकों का जब वही अधिक मलमास आये तब ही प्रति सांवत्सरिक करे। यही बात पैठीनसि ने कहा है—मलमास में मरे हुओं का प्रतिवार्षिक श्राद्ध मलमास में भी करे, दूसरों का किसीप्रकार न करे।

हेमाद्रौ व्यासोऽपि—'मलमासमृतानां तु सौरं मानं समाश्रयेत्।
स एव दिवसस्तस्य श्राद्धपिण्डोदकादिषु ॥'

यत्तु वृद्धवसिष्ठः—'श्राद्धीयाहनि सम्प्राप्ते अधिमासो भवेद्यदि। मासद्वयेऽपि कुर्वीत श्राद्धमेवं न मुह्यति ॥' यच्च व्यासः—'उत्तरे देवकार्याणि पितृकार्याणि चोभयोः।' इति तन्मासिकादिविषयम्। 'यौगादिकं मासिकं च श्राद्धं चापरपक्षिकम्। मन्वादिकं तैर्थिकं च कुर्यान्मासद्वयेऽपि च ॥' इति स्मृतिचन्द्रिकोक्तेः। तैर्थिकम्-तीर्थश्राद्धम्। तच्च दैवात् तीर्थप्राप्तौ मासद्वयेऽपि कार्यमिति त्रिस्थलीसेतौ भट्टाः।

जो वृद्धवसिष्ठ ने कहा कि यदि श्राद्ध दिन पर अधिकमास हो तो दोनों मासों में श्राद्ध करे। ऐसा करने से मोह को प्राप्त नहीं होता है। जो व्यास ने कहा कि—'दूसरे मास में देवताओं के कर्म और दोनों में पितरों के कर्म करे। ये वचन मासिकादि श्राद्ध परक हैं। स्मृतिचन्द्रिका में कहा है—यौगादिक, मासिकश्राद्ध, कृष्णपक्षश्राद्ध, मन्वादितिथिश्राद्ध तथा तीर्थश्राद्ध को दोनों महीने में करे। दैवात् तीर्थ की प्राप्ति में दोनों मास में करे। यह बात त्रिस्थलीसेतु में भट्टों ने भी कहा है।

केचित्तु—'प्रतिमासं मृताहे च श्राद्धं यत्प्रतिवत्सरम्। मन्वादौ च युगादौ च तन्मासोरुभयोरपि ॥' इति मरीचिवचनात् 'वर्षे वर्षे तु यच्छ्राद्धं मातापित्रोर्मृतेऽहनि। मासद्वयेऽपि तत्कुर्याद्व्याघ्रस्य वचनं यथा ॥' इति गालवोक्तेश्च प्रत्याब्दिकं मासद्वये कार्यमित्याहुः। तत्तुच्छम्। प्रतिमासं मृताहे क्रियमाणं मासिकम्, प्रतिसंवत्सरं क्रियमाणं कल्पादिश्राद्धम्, इति मरीचिवचसो मदनरत्ने व्याख्यानात्। गालवीयस्य च 'मासद्वयात्मके त्वयमासे' इति माधवेन व्याख्यानात्।

यच्च कैश्चिदुक्तं प्रथमाब्दिकं मासद्वये कार्यम्। 'आब्दिकं प्रथमं यत्स्यात्तत्कुर्वीत मलिम्लुचे। त्रयोदशे च सम्प्राप्ते कुर्वीत पुनराब्दिकम् ॥' इति यमोक्तेरिति। तदपि चिन्त्यम्। पुनराब्दिकं द्वितीयादिवार्षिकं त्रयोदशेऽतीते चतुर्दशे कुर्यात्।

कोई सज्जन कहते हैं—प्रत्येक मास में मरणदिन में तथा जो प्रतिसंवत्सरश्राद्ध मन्वादि और युगादि का श्राद्ध, दोनों महिनों में होते हैं। यह मरीचि का वचन है। माता पिता के मरण दिन तथा साल साल पर जो श्राद्ध होता है, उसको व्याघ्र के कथनानुसार दोनों महीनों में करे। इसे गालव ने कहा है।

श्राद्ध दोनों महिनों में करे। उनका यह कहना तुच्छ है। प्रत्याब्दिक प्रतिमास मरण दिन में जो किया जाय वह मासिक और हर साल मृत के दिन जो किया जाय वह कल्पादि श्राद्ध होता है। यह मदनरत्न में मरीचि वचन का व्याख्यान है तथा गालवीय के वचन में वे दो मास लिये हैं। 'मास-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्वयात्मक क्षयमास हो' यह माधव ने अर्थ लिखा है। जो किसी ने यह कहा कि—प्रथमाब्दिक दोनों मास में करना कहा है। यह प्रथमाब्दिकश्राद्ध मलमास में करे। लेकिन तेरहवें मास में पुनराब्दिक श्राद्ध करे। यह यम ने कहा है, वह भी चिन्तनीय है। क्योंकि पुनराब्दिक पद का अर्थ है—द्वितीयादि वार्षिक तेरहवें महीने के बीतजाने पर चौदहवें मास में करे।

अन्यथा—सांवत्सरं न वर्धेत श्राद्धं तत्र मृतेऽहनि। इति पैठीनसिविरोधः स्यादिति हेमाद्रौ पृथ्वीचन्द्रोदये च। एतेन 'न वर्धेत' न छिन्द्यात्, शुद्धेऽपि कुर्यादेव इत्यनन्तभट्टव्याख्या मानाभावात्परास्ता। पूर्वव्याख्यायां तु हारीतीये प्रथमग्रहणमेव मानम्।

अन्यथा पैठीनसि के वचन का विरोध हो जायगा सांवत्सरिक श्राद्ध नहीं बढ़ सकता उसे मरण दिन में ही करे यह बात हेमाद्रि तथा पृथ्वीचन्द्रोदय में लिखी है। इससे प्रमाणाभाव से अनन्तभट्ट व्याख्या भी खंडित हुई 'न वर्धेत' इसका यों अर्थ है कि उसको न बढ़ावे किन्तु शुद्धमास में ही करे। पूर्व व्याख्या से तो हारीत वचन में प्रथम पद का ग्रहण ही प्रमाण है।

यदपि निर्णयामृते पूर्वोक्तकालादर्शवचनात् मलमासे श्राद्धदिनस्य वन्ध्यत्वनिरासार्थं पित्रुद्देशेन ब्राह्मणान् भोजयित्वा शुद्धमासे सपिण्डकं श्राद्धं कुर्यात्। 'पिण्डवर्जमसंक्रान्ते संक्रान्तौ पिण्डसंयुतम्। प्रतिसंवत्सरं श्राद्धमेवं मासद्वयेऽपि च॥' इति वृद्धपराशरोक्तेरिति तदपि चिन्त्यम्। पूर्वोक्तवचनस्य क्षयपूर्वभाव्यधिकमासविषयत्वात्। तत्र हि मासद्वये श्राद्धमुक्तम्। तदाह सत्यतपाः— 'एक एव यदा मासः संक्रान्तिद्वयसंयुतः। मासद्वयगतं श्राद्धं मलमासेऽपि शस्यते॥' इति। मासद्वयगतं पूर्वसंक्रान्तिगतं क्षयगतञ्च। मलमासे—क्षयमासे, अपिशब्दात् तत्पूर्वाधिमासे चेति हेमाद्रिः। दीपिकाऽपि—'तत्प्राक् सङ्ख्यधिमासको यदि भवेत्तत्रत्यसांवत्सरं तस्मिञ्छुद्धतया क्षये च वचनात्कुर्याद् द्वयोः कोविदः॥ इति। कालादर्शेऽप्येतद्विषय एवेत्यलं बहुना।

जो निर्णयामृत में पूर्वोक्त कालादर्श वचन से मलमास में श्राद्धदिन के वंध्यत्वनिराशार्थ पिता के उद्देश्य से ब्राह्मणों को भोजन करा कर शुद्ध मास में सपिंडक श्राद्ध करे। क्योंकि वृद्धपाराशर ने कहा है—वर्जित असंक्रान्ति में अपिंड संक्रान्ति हो तो पिण्डसहित श्राद्ध करे। प्रति संवत्सरश्राद्ध ही दोनों मासों में करे—वह भी चिन्तनीय है। क्योंकि पूर्वोक्त वचन का विषय वह अधिकमास है जो क्षयमास से प्रथम हो। उसमें दोनों महिनों में श्राद्ध कहा है। उसी बात को सत्यतपा ने कहा है—'जब संक्रान्तिद्वय से युक्त जब एक मास हो तो उस मलमास में अर्थात् क्षयमास में भी दोनों महिनों का श्राद्ध उत्तम है। हेमाद्रि ने इसका यों अर्थ लिखा है—पूर्व संक्रान्तिवाले महिने का तथा क्षयमास का श्राद्ध, ये दोनों करे। दीपिका में भी लिखा है—यदि अधिकमास हो तो उसका श्राद्ध प्रथम सांवत्सरिक शुद्धमास में तथा क्षयमास में बुद्धिमान् करे। कालादर्श में भी यही कहा है। अब विस्तार करना निष्प्रयोजन है।

(मलमासे वर्ज्यान्युक्तानि)

**कालादर्शे-'अनित्यमनिमित्तञ्च दानं च महदादिकम्। अग्न्याधानाध्वरापूर्वतीर्थयात्राऽमरेक्षणम्॥
देवारामतडागादिप्रतिष्ठामौञ्जिबन्धनम्। आश्रमस्वीकृतिः काम्यवृषोत्सर्गश्च निष्क्रमः॥
राज्याभिषेकः प्रथमश्चचूडाकर्म व्रतानि च। अन्नप्राशनमारम्भो गृहाणां च प्रवेशनम्॥
स्नानं विवाहो नामातिपन्नं यत्र देवमहोत्सवः। व्रतारम्भसमाप्ती च कर्म काम्यं च पाप्मनाम्॥
प्रायश्चित्तं तु सर्वस्य मलमासे विवर्जयेत्। उपाकर्मोत्सर्जनं च पवित्रदमनार्पणम्॥
अवरोहश्च हैमन्तः सर्पाणां बलिरष्टकाः। ईशानस्य बलिर्विष्णोः शयनं परिवर्तनम्॥
दुर्गेन्द्रस्थापनोत्थाने ध्वजोत्थानं च वज्रिणः। पूर्वत्र प्रतिषिद्धानि परत्रान्यच्च दैविकम्।'
इति। अत्र मूलवचनानि हेमाद्रिमाधवादिभ्यो ज्ञेयानि।**

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मलमास में वर्जित कर्मों को कहते हैं। कालादर्श में लिखा है—जो नित्य कर्म न हों, कोई निमित्त जिनका न हो महादान, अग्न्याधान, यज्ञ, अपूर्व तीर्थयात्रा, देवदर्शन, देवता, बगीचा, तालाब आदि की प्रतिष्ठा, यज्ञोपवीत, संन्यास आदि आश्रमों का स्वीकार, काम्य वृषोत्सर्ग, निष्क्रमण, राज्याभिषेक, प्रथम चूडाकरण, व्रत, अन्नप्राशन, गृहारंभ और प्रवेश, स्नान, विवाह, नामकरण, देव महोत्सव, व्रतारंभ तथा समाप्ति, काम्यकर्म एवं पापों का प्रायश्चित्त, ये सब मलमास में वर्जित हैं। उपाकर्म, उत्सर्ग, पवित्रदमनार्पण, हेमन्त ऋतु का उत्सव, सर्पों की बलि, अष्टकाश्राद्ध, ईशानबलि, विष्णुशयन और करवट लेना, दुर्गा तथा इन्द्र स्थापन, ध्वजोत्स्थापन ये सब क्षयमास या अधिकमास में वर्जित हैं। इन सबके मूल प्रमाण वचन हेमाद्रि तथा माधव आदि से जानने चाहिये।

दिवोदासीयेऽपि—'यात्रोत्सवं च देवादिशपथं दिव्यमेव च। मलमासे न कुर्वीत व्यासस्य वचनं यथा॥' इति। अयं निर्णयः क्षयमासेऽपि ज्ञेयः।

दिवोदास ने भी लिखा है—यात्रा, उत्सव, देवादि की शपथ दिव्यकर्म, मलमास में व्यास के वचनानुसार न करे। यही निर्णय क्षयमास में भी जानना चाहिये।

'रविसंक्रमहीने यो वर्ज्यावर्ज्यविधिः स्मृतः। स एव तु द्विसंक्रान्ते मलमासेप्युदीरितः॥ इति काठकगृह्योक्तेः।

काठकगृह्य में कहा है सूर्यसंक्रान्ति से हीन मास में जो वर्जित और अवर्जित विधि कही है, वही विधि ही दो संक्रान्तिवाले मलमास में कही गयी है।

(क्षयमासे मृतानां प्रत्याब्दिके विशेषनिर्णयः)

क्षयमासे मृतानां प्रत्याब्दिके विशेषो हेमाद्रौ—तिथ्यर्धे प्रथमे पूर्वो द्वितीयेऽर्द्धे तथोत्तरः। मासाविति बुधैश्चिन्त्यो क्षयमासस्य मध्यगौ॥ आब्दिकवद्वर्धापनेऽपि ज्ञेयम्।

यन्मलमासे वर्ज्यमुक्तं, तच्छुक्रगुर्वोरस्तादिष्वपि ज्ञेयम्। तदाह बृहस्पतिः—'बाले वा यदि वा वृद्धे शुक्रे वाऽस्तंगते गुरौ। मलमास इवैतानि वर्जयेद्देवदर्शनम्॥' इति। 'अनादिदेवतां दृष्ट्वा शुचः स्युर्नष्टभार्गवे। मलमासेऽप्यनावृत्ततीर्थयात्रां विवर्जयेत्॥' आवृत्ततीर्थे दोषाभावमात्रं, न तु फलमिति वाचस्पतिमिश्राः।

पूर्वदिशासे पश्चिमदिशा में एक लंबी रेखा आठ अंगुलकी दे। तदनन्तर पूर्वदिशा से चार यव अर्थात्—आधा अङ्गुल हटाकर दूसरी लंबीरेखा उस रेखासे हटाकर दक्षिण दिशाकी तरफदे। फिर पश्चिमदिशासे दक्षिणवाली रेखासे अधोभागसे पाँच अङ्गुल पर चिह्न करे और पूर्वदिशासे अर्थात्—ऊपर से एक अङ्गुल छोड़ कर उसी रेखापर चिह्न करे। एक अङ्गुलसे एक सीधी रेखा चार अङ्गुल, एक यव की दक्षिणतरफ वैसे ही पाँचवें भागसे दूसरीरेखा टेढ़ी दे जो ऊपरवाली रेखा ४ अङ्गुल और १ यव में मिले। ऐसाकरनेसे मध्यवाली रेखा होगी। इससे केतुपीठ बन जाता है।

प्रकारान्तर पक्षसे—(१) कोटी पाँच अङ्गुल लंबी। (२) वज्र का त्रिकोण-लंबाई दो अङ्गुल (३) भुजा चार अङ्गुल का। (४) सम चतुरस्र एक अङ्गुल की मध्य में मुष्टिका।

(सूर्यकुण्ड)

२७ अङ्गुल ६: यूका के आधेको प्रकालद्वारा नाप कर मध्य बिन्दुसे एक गोलाकारवृत्त बनावे। इस कुण्डका नाम सूर्यकुण्ड होता है।

(चन्द्रकुण्ड)

३३ अङ्गुल ७ यव और ४ यूका आधा १६।७।६।५। को प्रकालसे नापकर मध्य बिन्दुसे एकगोलाकार वृत्त बनावे। तदनन्तर उस वृत्तमें (क) ईशानकोण से एक सीधी रेखा दे जो अग्निकोणमें मिले। (ख) अग्निकोणसे एक सीधी रेखादे

---

(१) तत्र खङ्गाकृतौ फलकस्य चतुरङ्गुलो भुजः। पञ्चङ्गुला कोटिः। खङ्गाग्रत्रिकोणे अङ्गुलद्वयमित्त लम्बः। चतुरङ्गुला भूमिः। उपरि समचतुरस्रा अङ्गुलैकामुष्टिका। एवं कृते पञ्चविंशत्यङ्गुलक्षेत्रफलात्मकं खङ्गाकृति केतु-मण्डलं भवति।

क्षेत्रफल—(क) भुज और कोटी का २० (ख) त्रिभुज का क्षेत्रफल ४ (ग) मुष्टिका क्षेत्रफल १ कुल २५ क्षेत्रफल हुआ।

(१) ३८ अङ्गुल दो यव और तीन यूकाका आधा कर प्रकालसे नापकर मध्य बिन्दुमे एक गोलाकार वृत्त करे। उस वृत्तमें दिक् साधनार्थ पूर्वदिशा (मुख) से एक लंबी लकीर दे जो पश्चिम (पुच्छ) दिशामें मिले। तदनन्तर उत्तर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Funding: MIDF

जो नैऋर्त्यकोणमें मिले। (ग) नैऋर्त्यकोणसे एक सीधी रेखा दे जो वायव्यकोणमें मिले। (घ) वायव्यकोणसे एक सीधी-रेखा दे जो ईशानकोणमें मिले। ऐसा करनेसे वृत्तके भीतर एक चतुरस्र बनेगा उस चतुरस्र को चन्द्रकुण्डसे कहा जाता है।

(भौम कुण्ड)



(मंगलकुण्ड)

४२ अङ्गुल तथा १ यव का आधा कर प्रकाल द्वारा मध्य बिन्दु से एक गोलाकार वृत्त बनावे। तदनन्तर पूर्व दिशा (मुख) से एक सीधी रेखा दे जो पश्चिम दिशा (पुच्छ) में मिले। फिर दक्षिणदिशा (दक्षपार्श्व) एक सीधी रेखा दे जो उत्तरदिशा (वामपार्श्व) में मिले। वायव्यकोण से एक टेढ़ी रेखा दे जो दक्षिणदिशा में मिले। ईशानकोण से एक टेढ़ी रेखा दे दक्षिणदिशा में मिले। ऐसा करने से त्रिकोणकुण्ड बन जाता है।

अथवा—नैर्ऋत्यकोण से एक सीधी रेखा दे जो वायव्यकोण में मिले। नैर्ऋत्यकोण से एक टेढ़ी रेखा दे जो उत्तरदिशा में मिले। वायव्यकोण से एक टेढ़ी रेखा दे जो उत्तरदिशा में मिले। ऐसा करनेसे त्रिकोणकुण्ड बन जाता है।

(बुधकुण्ड का प्रथमप्रकार)



मध्य बिन्दु से चार अङ्गुल हटाकर दक्षिणदिशा की तरफ एक रेखा सीधी ३६ अङ्गुल की दे। [अर्थात् मध्य बिन्दु से चार अङ्गुल हटाकर १८ अङ्गुल इधर और १८ अङ्गुल उधर रेखा देने से ३६ अङ्गुल होगा] वैसे ही मध्य विन्दु से चार अङ्गुल हटाकर उत्तरदिशा की तरफ एक रेखा सीधी दे जो ३६ अङ्गुल की होगी।

तदनन्तर—दोनों रेखाओं की समाप्ति पर उत्तरदिशा की ओर एक रेखा पूर्व से पश्चिमदिशा की तरफ दे जिसका नाप २४ अङ्गुल होगा।

[तात्पर्य यह है कि २४ अङ्गुल की जो रेखा दी जायगी उस रेखा का आधा १२ अङ्गुल होगा। उस बारह अङ्गुल के मध्य विन्दु वाली रेखा के अन्तिम सिरे पर रखने पर पूर्वदिशा की तरफ १२ अङ्गुल रेखा का नाप होगा और पश्चिमदिशा की तरफ भी १२ अङ्गुल रेखा का नाप होगा। यों निश्चयात्मक हो जाने पर मध्य विन्दु से चार अङ्गुल हटाकर दक्षिण दिशा की तरफ जो ३६ अङ्गुलात्मक रेखा दी है और ४ अङ्गुल हटाकर उत्तर दिशा की तरफ जो रेखा दी है उन रेखाओं के मध्य में चार २ अङ्गुल और आ जायगा। ऐसी स्थिति में दोनों छोर में अलग अलग आठ अङ्गुल बचेगा।] इसीप्रकार अन्य प्रकारों में व्यवस्था समझ लेनी चाहिये] फिर मध्यविन्दुमें एक सीधी दे जो दोनों रेखाओंके बराबरके नापकी हो। इसतरह कुल लंबी ३६ अङ्गुलात्मक तीन रेखा हुई ऐसा पूर्ण ज्ञानहोनेपर मध्यवालीरेखाके अन्तिमसिरेसे एक रेखा सीधी उत्तरदिशाकी तरफ २४ अङ्गुल की दे।

दिशा (वामपार्श्व) से एक लकीर लंबी दे जो दक्षिणदिशा (दक्षपार्श्व) में जाकर मिले। फिर दक्षिणसे उत्तरवाली जो रेखा (लकीर) दिक्साधनकेलिये दी है उस लकीरका चार भाग कर उसके चतुर्थ भाग पर (अर्थात् तीसरे चिह्न पर) प्रकालको रख उत्तरदिशासे दूसरावृत्त प्रथमवृत्तकी तरह बनावे। (यह ध्यान रखे की दूसरे वृत्त की रेखा पुच्छ (पश्चिम दिशा) और मुख (पूर्वदिशा) की रेखा को स्पर्श करती आरही है या नहीं) तदनन्तर तीसरे चिन्ह से एक सीधी रेखा पूर्वदिशा और पश्चिमदिशा की तरफ देनेसे अर्धचन्द्र (चन्द्रमा) कुण्ड बन जाता है। तात्पर्य यह है कि—यहाँ पर जो दो वृत्त बनाये गये हैं उस दूसरे वृत्त से ही अर्धचन्द्र बनेगा। प्रथमवृत्तके मध्यसे नहीं बनेगा।

अथवा—एककुण्डपक्षमें वृत्तका दिक्साधन कर उस वृत्तमें दो चिन्ह और करने से चारभाग होंगे। उसके तीसरे चिन्ह से पूर्वदिशाकी तरफ दूसरा वृत्त बनावे। तदनन्तर तीसरे चिन्हसे ही दक्षिणोत्तर एक सीधी रेखादेनेसे अर्धचन्द्र-कुण्ड बन जाताहै।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तदनन्तर—पूर्वदिशासे पश्चिमदिशावाली रेखाके दोनों कोनेसे एक एक टेढ़ी रेखा दे जो कि उत्तरदिशामें जाकर मिले ऐसा करने से बाणकुण्ड बन जाता है।



(दूसराप्रकार)

मध्य विन्दुसे ५ अङ्गुल दक्षिणदिशाकी तरफ हटाकर एक सीधी रेखादे जो रेखा ३६ अङ्गुलात्मक होगी। तद्वत् मध्यविन्दु से ५ अङ्गुल हटाकर उत्तरदिशाकी तरफ एक रेखा सीधी ३६ अङ्गुलात्मक दे। अर्थात्—मध्यविन्दुसे ५ अङ्गुल हटा कर पूर्वदिशाकी तरफ ३६ अङ्गुलकी एकसीधी रेखादे। तद्वत् मध्यबिन्दुसे पश्चिमदिशाकी तरफ ५ अङ्गुल हटाकर ३६ अङ्गुलकी एकरेखा सीधी दे। तदनन्तर–उत्तरदिशाकीतरफ मध्य विन्दुवाली रेखाको २३ अङ्गुल या २४ अङ्गुल एकसीधीरेखा उत्तरदिशाकी परफ बढ़ा दे। फिर उत्तरदिशाकी तरफ जहाँ ३६ अङ्गुलात्मक रेखायें समाप्त हो चुकी हैं वहाँसे पूर्वदिशासे पश्चिमदिशाकी तरफ १८ अङ्गुशकी एक सीधी रेखा दे। फिर इस १८ अङ्गुलकी रेखा के दोनों छोर से एक एक टेढ़ी रेखा दे जो जो उत्तरदिशामें मिले। ऐसाकरनेसे प्रकारान्तर बाणकुण्ड बनेगा।

(तीसराप्रकार कुण्डरत्नावलीका)

५८ अङ्गुल और ७ यूका के आधे को प्रकाल से नाप कर मध्यविन्दु से ४ अङ्गुल, ५ यव और ५ यूका हटाकर एक सीधी रेखा दक्षिणोत्तर (पूर्व दिशाकी तरफ) दे। जिसकी लंबाई ३८।३।५।१।२।४। अङ्गुल होगी। जिसे 'दण्ड-बृहज्ज्या' शब्दसे कहसकते हैं। तद्वत्—मध्य विन्दुसे दक्षिणोत्तर (पश्चिम दिशाकी तरफ) ५ अङ्गुल, ५ यव और ५ यूका हटाकर एक सीधी रेखा दे। जिसका नाम ३८।५।१।२।४ अङ्गुल होता है।



तदनन्तर मध्यविन्दुमें एकरेखा दक्षिणोत्तरदे जो रेखा पूर्व-रेखाओंके बराबर हो अर्थात् ३८।५।१।२।४ अङ्गुल की अर्थात् तीनों रेखायें बराबर की हुई ऐसा निश्चय होजानेपर उत्तरदिशाकी तरफ मध्य रेखाकी समाप्तिपर बायीं तरफसे ८ अङ्गुल, ३ यव और ४ यूका की एक रेखा दे। ७ यवकी एकसीधी रेखा पूर्वसे पश्चिमकी तरफ दे। दूसरी दाहिनी तरफ ८ अङ्गुल ३ और ४ यूका की एक रेखा दे। (अथात्–वृत्तका आठ भाग कर पूर्व-मुख, अग्निकोण अंश (स्कन्ध) दक्षिणपार्श्व, निर्ऋतिकोण-श्रोणी (कटी) पश्चिम—पुच्छ, वायव्यश्रोणी (कटी) उत्तरपार्श्व, ईशानअंश (स्कधं) तरफ —मुख (पूर्वदिशा) के समीप स्कन्धसे एकसीधी रेखादे जो पुच्छके समीप श्रेणी (कटि) में मिले। उस रेखा का मध्य और मध्यबिन्दुसे जो रेखाकी समाप्ति हुई है–मध्य एक होगा। इसके मध्यसे पूर्वदिशाकी तरफ ८ अङ्गुल ३ यव और ४ यूकापर एकचिन्ह करे। वैसे ही मध्य से पश्चिमकी तरफ ८ अङ्गुल ३ यव और ४ यूका पर चिन्ह करे) फिर फिर उत्तरदिशाकी तरफ पार्श्वका बायेंका आधा और दाहनेके आधे पर एक रेखा दे। तद्वत् दक्षिणकी तरफ दे। फिर मध्य विन्दुवालीरेखाके अन्तिमसिरेसे एक सीधी रेखा जो उत्तर दिशाकी तरफ जाय। जिसका नाम १५।७।४।७।२।४ है। यदि मध्यशर २।१।६।७।५४ को १५।७।४।७।२ से घटा दे तो उपरका हिस्सा रेखा का नाप हुआ। तदन्तर दाहिनी तरफ (दक्षिण तरफ) पार्श्वका चार भाग करे। आदिके दो भाग छोड़ कर मध्यके भाग अन्तिम सिरेसे दक्षिणदिशा वाली रेखाके अन्तिमसिरे से एक टेढ़ी रेखा जो मध्य के अष्टाखिज्याके भीतर मध्यवाली रेखाके कोनेमें मिले। वैसे ही उत्तरवाली रेखा के अन्तिम सिरे से एक टेढ़ी रेखा दे। फिर मध्यकी बची रेखा मिटा दे और वृतादि मिटानेसे वाणकुण्ड बनेगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(गुरू कुण्ड)

३२ अंगुल

१८ अंगुल

२८ अंगुल

६४।६।३।८६

यहलघुपीठ मालाकाप्रकारहै।

(गुरु कुण्ड)

३६ अङ्गुल, ३ यव और ७ यूका का आधा (१८।१।७।४) कर प्रकालले नापकर मध्य विन्दुसे एक गोलाकार वृत्त बनावे। तदनन्तर वृत्तके बराबर के चौबीस चिह्न कर ७ चिह्नको छोड़ कर एक रेखा सीधी (पूर्वदिशाकी तरफ) दक्षिणोत्तर वृत्तके भीतरदे इस रेखा वृत्तके भीतर दे जिसका नाप ३१।४।६।२।५। होगा। सात रेखा छोड़कर (पश्चिमदिशाकी तरफ) दक्षिणोत्तर दे। फिर दोनों कोनोंको (जिसके मध्यमें तीन तीन रेखा रहेगी) रेखा द्वारा मिला दे। इन दो रेखाओं का नाप अलग अलग १७ अङ्गुल, १ यव, ७ यूका और ४ लिक्षा होता है।

तात्पर्य यह है कि—दक्षिणदिशा के समीप दक्षपार्श्वसे एकसीधी रेखादे जो उत्तरदिशाके समीप वामांशमें मिले। जिसका नाप (३१।४।६।२।५) होगा। फिर दक्षश्रोणीसे एकरेखा सीधी देंगे जो वामपार्श्वमें मिलेगी। जिस रेखाका नाप (३१।४।६।२।५) होगा। जिसको 'वृहज्जा' से पुकारा जाता है। तदनन्तर वामपार्श्व एकसीधी रेखा देंगे जो वामांशमें मिलेगी जिसका नाम १८।१।७।४ होगा जिसको 'लघुज्या' से कहा जाता है। फिर दक्षश्रोणीसे एकसीधी रेखा दें जो दक्षपार्श्व में मिलेगी इस रेखाका नाम १८।१।८।४ है जिसे लोग 'लघुज्या' कहते हैं। ऐसाकरनेसे आयत गुरुकुण्ड बन जाता है!

(दूसरा प्रकार)

जो रेखा ऊपर ३१।४।६।२।५। की है वह इस दूसरे प्रकार में ३२ अङ्गुलकी रहेगी जिसे 'वृहज्ज्या' शब्द से कहा जाता है। दूसरी रेखा जो ऊपर १८।१।७।४ की कही है वह यहाँ दूसरे प्रकार में १८ अङ्गुल की कही है जिसे 'लघुज्या' शब्द से कह सकते हैं।

(शुक्रकुण्ड)

३१ अङ्गुल और १ यवके आधे ध्यासको प्रकालसे नापकर एक वृत्त गोलाकार बनाकर उस वृत्तके बराबर पाँचभाग कर (क) पूर्वदिशासे एक टेढ़ी रेखा दक्षपार्श्व में मिला दे। (ख) दक्षपार्श्वसे एक टेढ़ी रेखा नैर्ऋत्यकोणमें मिलादे। (ग) नैर्ऋत्यकोणसे एक सीधीरेखा वामश्रोणीमें मिलादे। (घ) वामश्रोणीसे एक टेढ़ी वामांशमें मिलादे। (ङ) वामांशसे एक टेढ़ी रेखा पूर्वदिशावाली रेखामें मिला दे। ऐसाकरनेसे 'पञ्चास्रकुण्ड' बन जाता है।

(दूसराप्रकार)

एक चतुरस्र २४ अङ्गुल का बनाकर उस चतुरस्रके बाहर चारों दिशाओं में पूर्व, पच्छिम, दक्षिण, उत्तर २४ अङ्गुलका सातवाँ भाग प्रत्येकदिशामें बढ़ाकर चतुरस्रको मध्य और चतुरस्रके बाहरके बढ़े हुए हिस्सेमें प्रकाल रख एक वृत्त गोलाकार बनाकर पूर्वोक्त व्यवस्था से ५ रेखा करने से पञ्चास्रकुण्ड बन जाता है।

(शनिकुण्ड)

मध्य केन्द्र से २६।२।५ के आधे से (१४।५।२।) से एक गोलाकार वृत्त बनाकर उस वृत्तके दक्षपार्श्वको केन्द्र मानकर दक्षिणदिशा को केन्द्र मानकर प्रथमवृत्तके आधेसे प्रकाल घुमानेसे अर्थात् प्रथमवृत्तके मध्यमें पिनसिन रखे दक्षिण दिशामें प्रकालका शंकु रखकर घुमा देनेसे दूसरा वृत्त बनेगा। तात्पर्य यह है कि दूसरे वृत्त के आधे में चला जायगा। फिर उन दोनों वृत्तों में ज्या दक्षिणोत्तर मध्य से दे। तदनन्तर दोनों वृत्तोंके बाहर मध्य हिस्सेसे ४ अङ्गुल, ७ यव और १ यूका बायों तरफ और ४ अङ्गुल, ७ यव और १ यूका दाहिनी तरफ बढ़ा दे। इसपूर्ण रेखाका नाप ५३।५।७ होगा और केवल दोनोंतरफ का मिलाकर षष्ठांश ९।६।१ होगा अर्थात्—५३।५।७। से ९।६।१ घटादेंगे तो भीतर वृत्तोंकी ज्याका नाप ४३।७।६ होगा। फिर बायें वृत्तके आठ भाग बराबर बराबरके करे। (१) पूर्वदिशाको मुख कहे। (२) अग्निकोणको ड्डश (स्कन्ध) कहे। (३) दक्षिणदिशाको पार्श्व कहे। (४) निर्ऋतिकोणको श्रोणी कहे। (५) पश्चिमदिशाको पुच्छ कहे। वायव्यकोणको श्रोणी (कटी) कहे। (६) उत्तरदिशाको पार्श्व

(शनि कुण्ड)



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कहे । ईशानको ङ्कुश (स्कन्ध) कहे । इसी प्रकार दाहिने वृत्त में भी आठ भाग की कल्पना करे ।

तदनन्तर—बायें पार्श्वमें बढ़ीरेखा (४।७।१) के अन्तिमसिरेसे एक टेढ़ी रेखा दे जो अश और पार्श्वका जो मध्य है उसमें मिले । वैसे ही दाहिने तरफ रेखा (४।७।१) के अन्तिमसिरेसे अंश और पार्श्वका जो मध्य हो उस मध्य रेखामें मिलादे । फिर कारीगरसे कहकर कुण्डरत्नावलीके नकशे (सिद्धरूप को) को दिखा कर उपरीभाग में अर्थात् पार्श्व और ङ्कुश के मध्यमें जो रेखा टेढ़ीदी है वहाँ से धनुष्यके रूपको कुछ उठा दे और दूसरीतरफ वृत्त के ऊपरीभागसे स्कन्ध और पार्श्वके मध्यवाली टेढ़ी रेखासे धनुषका आकार बनावे । फिर सब नीचे के भागको मिटादेनेसे धनुधाकारकुण्ड बन जाता है । यही पक्ष उत्तम है।

(शनि कुण्ड)



मध्यकेन्द्रसे—दक्षिणदिशाकी तरफ १०।४।५। अङ्गुल हटाकर एकचिन्ह करे । इसचिन्हसे एक वृत्त १४।५।२ का बनावे । तदनन्तर मध्यकेन्द्रसे दक्षिणदिशाकी तरफ १०।४।५ अङ्गुल हटाकर १४।५।२ का वृत्त बनावे । तदनन्तर वृत्तके बराबर बराबरके आठ भाग करे । (१) पूर्वदिशा—मुख होगा (२) अग्निकोण ङ्कुश (स्कन्ध) होगा (३) दक्षिणदिशा पार्श्व (४) निर्ऋतिकोण श्रोणी (५) पश्चिम दिशा पुच्छ (६) वायव्यकोण—श्रोणी कटी (७) उत्तरदिशा—पार्श्व (८) ईशानकोण—ङ्कुश (स्कन्ध) होगा । इसीप्रकार बायें वृत्त में भी कल्पना करे । तदनन्तर वृत्तके भीतर ठीक मध्यसे एक रेखा दक्षिणोत्तर लंबी सीधी दे । फिर वृत्तके बाईं तरफ (दक्षिणोत्तर लंबी रेखा के अन्तिम सिरे से) दक्षिण दिशा से एक रेखा लंबी—४।७।१।बढा दे । वैसे ही उत्तर दिशा से एक लंबी रेखा ४।७।१। बढ़ा दे । तदनन्तर—दक्षिणदिशामें पार्श्व और स्कन्धके मध्यमें चिन्ह कर —४।७।१। वाली रेखाके अन्तिमसिरेसे एक रेखा टेढ़ी ले जाकर पार्श्व और स्कन्धके मध्य चिन्ह में मिला दे । वैसेही उत्तर दिशामें—पार्श्व और स्कन्ध के मध्यमें चिन्ह कर ४।७।१ वाली—रेखाके अन्तिमसिरे एक रेखाके अन्तिमसिरेसे एक रेखा टेढ़ी ले जाकर पार्श्व और स्कन्धके मध्यचिन्ह में मिला दे । ऐसाकरनेमें धनुषाकारकुण्ड—बन जायगा । इसमें यह बात ध्यान रखना चाहिये कि—कारीगरसे कहकर पार्श्व और स्कन्ध के मध्य में जो टेढ़ी रेखा दे वहाँ से ऊपरकी तरफ (ऊपर के भाग में) अर्थात् पूर्वदिशाकी तरफ धनुषके रूपका आकार कुछ उठा कर बनावे । यह व्यवस्था दक्षिणतरफकी हुई । वैसेही उत्तरभागकी भी व्यवस्था कारीगरसे करा लें तदनन्तर पश्चिमका वत्तका भाग मिटा दे । यह प्रथा उत्तम नहीं मालूम होती है ।

(शनि कुण्ड)



यह लघुपीठ माला का प्रकार है।

(आगन्तुक चतुरस्र प्रदर्शनाय क्षेत्रम्)



नोट—कुण्डरत्नावली में जो १ श्लोक है उसकी जगह 'मध्याद् व्यासाग्नि ३ भागे स्वरविलवविहीने कृते' ऐसा बढ़ा जाय तो अच्छा मालुम होता है । व्यास २६।२।४ का तृतीयांश निकाल कर ६।६।१ को द्वादशांश–अर्थात् स्वमति व्यास का (२६।२।४) का जो द्वादशांशहो उसको तृतीयांश मे घटा दे को ७।२।५ होगा ।

[(२) २६।२।४। का आधा १४।५।२ हुआ १४।५।२ को २६।२।४ में जोड़ेगें तो ४३।७।६ होगा । अर्थात्—साद्‌र्धव्यासार्ध होगा । उसमें षष्ठांश जोड़ेगें तो ६।६।१ को ५३।५।७ होगा । इतनी बढ़ी वृत्तोंमें और बाहर ज्या होगी । २६।२।४ का चतुर्थांश ७।२।५ होगा ।]

नोट—व्यास २६।२।४ होगा उसका आधा १४।५।२ होगा व्यास का तृतीययांश ६।६।१ है इसका द्वादशांश ०।६।४। तृतीयांश और द्वादशांश का जोड़ १०।४।५ होगा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अ ब=४२॥ अङ्गुल, अ क=३॥ अङ्गुल, क ब=२१ अङ्गुल, □ क इ उ ब=संग्राहार्धफलम्=७३ अङ्गुल ४ यव, इ प क=वृत्तपादफलम्=७८।४, प च ज त्रिभुजफलम्–अ क इ त्रिभुज फल=कोणांशफलम् $\frac{७७}{४}=\frac{४९}{८}=\frac{१५}{८}$ +४६=$\frac{२०३}{८}$=अङ्गुल २५। यव ३। ज्यास्पृक् सूत्रान्तश्चतुरस्रम्=प फ ज उ□तत्फलम् अर्थात्—चतुरस्रफलम्= ११०। यह आधेका फलहै। अर्थात्–मध्यसे साढ़े चौबीस अङ्गुल का एक आधा चाप बनावे। इसका फल—२८७।३ होगा। उसी मध्यसे दूसरीतरफ साढ़े चौबीसका आधा चाप बनावे। उसका फल भी २८७।३ होगा। दोनों चापका फल ५७६ होगा। मध्यसे जो एक रेखा पूर्व पश्चिम होगी वह १७ अङ्गुल की होगी।

अर्थात्—प और उ व्यासार्धवृत्तम्। एतत् वृत्तबहिर्गतं यद् चतुरस्रं तदेवागन्तुकं समचतुरस्रम्। तत्रैको भुजः अगु०। ४८४=२२×२२=आगन्तुक चतुरस्रफलम्। ३८०=वृत्तफलम्। यस्य व्यासः=२२।१०४।

(राहुकुण्डका प्रथमप्रकार)

३८ अङ्गुल ३ यव और २ यूकाके आधेको (१६ । १ । ५) प्रकालसे नापकर मध्य विन्दुसे एक गोलाकारवृत्त बनावे। तदनन्तर (१) मुखसे एकसीधी रेखा दे जो वामश्रोणीमें मिले। (२) दशांशसे एक सीधी रेखादे जो पुच्छमें मिले। (३) वामांशसे एक सीधी रेखादे जो दक्षपार्श्वमें मिले। (४) वामपार्श्वसे एकसीधी रेखा दे जो दक्षश्रोणीमें मिले। ऐसाकरनेसे मध्यमें एक चतुरस्र बनजाता है। फिर वामपार्श्वसे एक टेढ़ी रेखादे जो वामांशसे मिले। अर्थात् वामांशवाली रेखा और मुखवाली रेखाके सन्धिमें जाकर मिले। वैसेही दक्षश्रोणीसे एक टेढ़ी रेखादे जो दक्षपार्श्वमें मिले। अर्थात्—पुच्छवालीरेखा और दक्षपार्श्ववाली सन्धिमें जाकर मिले। फिर—जो रेखा वामांशसे दक्षपार्श्वकोणमें गई है उस रेखामें अर्थात्—वामांश और मुखकी सन्धिसे और दक्षपार्श्व पुच्छवाली रेखाकी सन्धि के—बीचके हिस्सेका मध्य साधन कर दो वृत्तार्ध बनावे। अर्थात्—आधे वृत्त बनाने से शूर्पकुण्ड बन जाता है।

दूसरा प्रकार—३६ अङ्गुल ६ यूकका आधा नापकर मध्यबिन्दुसे एक गोलाकार वृत्त बनावे। तदनन्तर पूर्ववत् सब क्रियाकरे। केवल वामांशवाली रेखामें जो दो वृत्तार्ध (शूर्पके आकारकी तरह बने हैं) वे इस दूसरे प्रकारमें न बनकर केवल उतनी जमीनका मध्यसाधनकर मध्यमें प्रकालरख ईशानवालीसन्धिसे घुमाकर दूसरीसन्धिमें मिला देनेसे शूर्पकुण्ड बन जाता है।



यह लघुपीठ माला का प्रकार है।



यह लघुपीठ माला का प्रकार है।

---

(१) संग्राहोर्धे सार्धरामेण चापेन्तर्जोर्हः स्याद् वृत्तपादोदिकङ्कात्। सूत्राद्रौद्राद्वाह्ममौर्व्यर्हमेवं वृत्तं दद्याज्ज्यास्पृगेवं परार्धम्॥ चापे यदर्धं तत्र सार्धत्र्यङ्गुलेन संग्राहः भागः कर्तव्यः। ततः दशाङ्गुलात्सूत्रादन्तर्ज्यार्हः वृत्तपादः कर्तव्यः। तथा तत्र एकादशाङ्गुलेन सूत्रेण चापज्यास्पृक् बाह्यज्यार्हं वृत्तं दद्यात्। तथा च व्यासं ग्राहचिन्हयोरन्तरं २१ एकविंशत्यङ्गुलं भवति। एवमेव द्वितीयार्धं भवति। अन्तर्बहिर्ज्यार्हत्वं तदसत्वार्थम्! अत्र फलं संग्राहार्धफलम्—७३।४। वृत्तपादफलम्—७८।४। ज्यास्पृक् सूत्रान्तश्चतुरस्रफलम् तत्र एका कोटिः ११ परा कोटिः १० कोणांशफलम् २६ तत्रागन्तुके चतुरस्रे अंशत्रयं ७८ त्यक्त्वा शेषांशो ग्राह्यः २६। तथा च ७३।४। एवं ७८।४ एवं ७८।४ एवं ११० एकत्र २२८ एवं परार्धस्य २८८ मिलितम्—५७६।

नोट—जोड़ में २८८।७३।४, ७८।४, ११; २५।३, २८८।३ आता है। पाँच यव का फरक पड़ता है।

नोट—मुद्रित संस्काररत्नमाला, संस्कारगणपति, कुण्डरत्नावली, लिखित–ग्रहपीठमाला आदि भी देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

राहु कुण्ड—तात्पर्य यह है–दक्षश्रोणीसे रेखाका नाप २७ अङ्गुल ४ यव है। दक्षपार्श्व से वामांशकी रेखाका नाप १५ अङ्गुल है और चतुरस्रके भीतर वाली रेखा पुच्छ और मुखकी रेखाका नाप अलग अलग २३ अङ्गुल है। दक्ष-श्रोणी और वामपार्श्व वाली रेखा जो चतुरस्र के बाहर पड़ेगी वह अलग २६ अङ्गुल २ यव है, अर्थात् दोनों छोर दक्षश्रोणी और वामपार्श्व १२ अङ्गुल ४ यव है। वामांशवाली रेखाका अर्थात् चतुरस्रका मध्य (१५ अङ्गुलका आधा ७॥ अङ्गुल का) साधनकर प्रकालसे घुमा दे तो धनुषाकारकुण्ड बनजाता है। यह लघुपीठमालाका प्रकार है। अथवा—२८ अङ्गुल दक्षश्रोणीवाली रेखा, दक्षपार्श्वकी रेखा २० अङ्गुल की। मुख और पुच्छ की रेखा जो चतुरस्र के भीतर है वह अलग अलग २४, २४ अङ्गुल की है। इसमें इतनेही बननेसे शूर्प बनजाता है। यह लघुपीठमालाका दूसरा प्रकार है।

(केतु कुण्ड का प्रथम प्रकार)



(१) (क) मध्य विन्दु से ३ अङ्गुल हटाकर एक सीधी रेखा पूर्व से पश्चिम अर्थात्—दक्षिण दिशा में दे जिसका नाप ४५ अङ्गुल होगा। (२) मध्य बिन्दु से ४ अङ्गुल हटाकर एक सीधी रेखा पश्चिम से पूर्व अर्थात्—उत्तर दिशा में दे जिसका नाप ४५ अङ्गुल होगा। [अर्थात्–मध्य विन्दु से ४ अङ्गुल हटाकर साढ़े बाइस अङ्गुल की रेखा पूर्व दशा में और साढ़े बाइस अङ्गुल पश्चिम दिशा में (दक्षिण दिशा में) दे। वैसे ही साढ़े बाइस अङ्गुल की सीधी रेखा पश्चिम दिशा में और २२॥ अङ्गुल पूर्व दिशा में (उत्तर दिशा में) दे] (३) तदनन्तर दक्षिण दिशा वाली रेखा में—पूर्व दिशा से ९ अङ्गुल पर एक चिह्न करे। (४) उस चिह्न से फिर ९ अङ्गुल पर दूसरा चिह्न करे ऐसा करने से दो चिह्न नव नव अंगुल के अलग २ हुए। वैसे कुल जगह १८ अङ्गुल हुई। (४) तदनन्तर जो पूर्व दिशा से ९ अङ्गुल पर चिन्ह किया है उस चिह्न से २४ अङ्गुल की एक सीधी रेखा दक्षिण दिशा की तरफ ले जाय। (५) दक्षिण दिशा वाली रेखा के पूर्व दिशा से एकटेढ़ी रेखा दे जो दक्षिण दिशा में २४ अङ्गुल वाली रेखा के अन्तिम सिरे में मिले। वैसे ही दूसरे ९ अङ्गुलात्मक चिह्न से एक टेढ़ी रेखा दे जो २४ अङ्गुल वाली रेखा के अन्तिम सिरे में मिले। ऐसा करने से केतु कुण्ड ध्वजाकर बन जाता है। (क) मध्य विन्दु को स्पर्श करती हुई एक रेखा मुख से प्रारंभकर (पूर्व दिशा से) पुच्छ (पश्चिम दिशा तक) में मिला दे।

(दूसरा प्रकार)

जैसे मण्डप १६ हाथ है तो फी भाग ५ हाथ ८ अङ्गुल होगा। तो वायव्यकोण का भाग भी ५ हाथ ८ अङ्गुल का होगा उसका मध्य दो हाथ १६ अङ्गुल होगा। उस मध्य से (२१ । ०। ० । ६) इकीस अङ्गुल ६ लिक्षा उत्तर की तरफ हटकर एक चिह्न कहे उस चिन्ह से २९ अङ्गुल शून्य यव ६ यूका एक गोलाकार वृत्त बनाकर उस मध्य से (यह मध्य की दण्ड बृहज्या ५८ । १ । ४ होगी) दो अङ्गुल और ५ यूका हटाकर एक रेखा दे जो पूर्व में पश्चिम दिशा की तरफ हो अर्थात् दक्षिण दिशा की तरफ हो। वैसे ही उसी मध्य से २ अङ्गुल और ५ यूका हटाकर उत्तर की तरफ एक पूर्व से पश्चिम एक रेखा दे। जिन दोनों रखाओं का नाम अलग अलग ५८ । ० । ३ होगा। तदनन्तर पूर्व दिशा से एक रेखा दक्षिणोत्तर देकर दोनों रेखाओं के अग्रभाग को मिला दे। वैसे ही पश्चिम दिशा से दक्षिणोत्तर दोनों रेखाओं के अग्रभाग से रेखा द्वारा मिला दे।

तदनन्तर दक्षिण दिशा वाली रेखा का ४ भाग बराबर बराबर करे। फी भाग १४ अङ्गुल, ४ यव, शून्य यूका और छः बालाग्र होगा। अर्थात् दक्षिण दिशा का अग्रपूर्व दिशा से एक चिन्ह १४ । ४ । ० । ६ पर करे। तदनन्तर दूसरा चिन्ह वहाँ से १४ । ४ । ० । ६ पर मध्य से करे। वही रेखा का मध्य होगा। तदनन्तर पूर्व दिशा जो १४ । ४ । ० । ६ पर चिह्न किया है वहाँ से एक सीधी रेखा दक्षिण दिशा की तरफ दे जिसका नाप २३ । ० । ४ होगा। अर्थात् वहाँ से जो रेखा चलेगी वह अग्निकोण (दक्षांश) परिधिके २४ अंश में सगेगी। फिर पूर्व दिशा से एक टेढ़ी रेखा दे

नोट—३५ अङ्गुल की जो रेखा दक्षिण दिशा में दी गई है। जिसे 'दण्ड बृहज्या' शब्द से कह सकते हैं। उस रेखा के पाँच भाग करे। फी भाग ७ अङ्गुल का होगा।

नोट—व्यास ५८ । १ । ४ । गुणलव १९ । ३ । १ । ३ । इनांश १ । ४ । ७ । ३ । गुणलव और द्वादंश का जोड़ २१ । ० । ० । ६ । होगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जो दक्षिण दिशा में दी हुई रेखा के अन्तिम सिरे में मिले। और मध्य में पश्चिम दिशा से एक टेढ़ी रेखा दे जो दक्षिण वाली रेखा के अन्तिम सिरे में मिले। ऐसा करने से ध्वजाकार कुण्ड बनेगा।

(तीसरा प्रकार केतु कुण्ड का कुण्डरत्नावली से)

५८ अगुल, १ यव और ४ यूका के आधे को १४।४।३। प्रकाल से नाप कर मध्यविन्दु से दो अङ्गुल और ५ यूका हटा कर एक रेखा दक्षिण दिशा की तरफ (पूर्व से पश्चिम दिशा की तरफ दे। तद्वत् मध्य बिन्दु से दो अङ्गुल और ५ यूका हटाकर उत्तर दिशा की तरफ (पूर्व से पश्चिम दिशा की तरफ) दे। इस रेखा नाप अलग अलग ५८ अङ्गुल, ३ यूका होगा जिसे ध्वजदण्ड वृहज्ज्या शब्द से कहा जाता है। तदनन्तर पूर्व दिशा से दोनों रेखाओं को मिला दे रेखा द्वारा दक्षिणोत्तर। वैसी ही पश्चिम तरफ मिला दे दक्षिणोत्तर। ध्वजदण्ड बृहज्ज्या से दक्षिण दिशावाली रेखा जो है जिसका नाप ५८।३। है उसका चार भाग करे प्रत्येक भाग अर्थात्—फी भाग १४ अङ्गुल, ४ यव, शून्य यूका और छः बालाग्र होगा। अर्थात्—पूर्व दिशा से—१४।४।०।६। पर चिन्ह करे। वह प्रथम चिन्ह से १४।४।०।६। पर दूसरी चिन्ह करे। तदनन्तर प्रथम चिन्ह से—एक रेखा दक्षिण दिशा की तरफ दे जिस रेखा का नाप लंबाई २३।०।७।४ होगा। फिर—पूर्व दिशा के कोने से एक टेढ़ी रेखा दे जो दक्षिण दिशा में बढ़ी हुई रेखा में (२३।६।७।४) में मिले। वैसे ही दक्षिण दिशा से एक रेखा रेखा २३।०।७४ वाली में मिले। ऐसा करने से केतु कुण्ड बन जाता है।

(केतु कुण्ड)



विशेष—कुण्डरत्नावली में जो श्लोक है—मध्यात् घायोर्दिशायां ततिगुण ३ लवके स्वेन भागेन हीने कृते। ऐसा पढ़ा जाय तो उत्तम मालुम होता है। व्यास ५८।१।४ तृतीयांश १६।३।१।४ स्वद्वादशांश हुआ। व्यास ५८।१।४ का १२ वाँ भाग ४।६।६।३ हुआ इसको तृतीयायांश से घटाने से १४।४।३।०। होगा। यही पक्ष उत्तम है।

अर्थात् मध्य केन्द्र से १४।४।३। का एक वृत्त बनाकर उस वृत्त में पूर्व-और पश्चिम एक रेखा लंबी दे जिसकी लंबाई ५८।१।१४। होगी। इस रेखा के मध्य भाग से एक रेखा दक्षिण की तरफ (२ अङ्गुल और २ यूका हटाकर होगी। इस रेखा का जो होगा उस मध्य में पूर्व दिशा की तरफ १४।४।३। पर एक चिन्ह होगा। इसकी लंबाई दक्षिण की तरफ—२३।०।७।४ होगी।

(ग्रहकुण्डों मे योनि का स्थान निर्देश)

कुण्डरत्नावल्याम्—पश्चास्यं च त्र्यस्रकं बाणकुण्डं दीर्घाम्नायास्त्रीति सौम्याग्रिकाणि। चापं शूर्पं पश्चिमज्यं च केतुर्दण्डाग्रः स्यात्सौमिकं चोत्तरास्यम्॥निर्णयसिन्धुटीकायाम्—यष्टिर्बाणैः सौम्यदिश्यग्र एव त्र्यस्रं ताद्दकृशूर्पकं पश्चिमास्यम्। बार्हस्पत्यं सौम्यदीर्घं धनुस्तत्पश्चाद् दिगज्यं शुक्रियं सौम्यकोणम्॥

नोट—(१) मध्य विन्दु की रेखा का नाप ५८ अङ्गुल ३ यूका होगा जिसे दण्ड बृहज्ज्या शब्द से कहते हैं। और २५।१।४।४ वाली रेखा का नाप मध्य बिन्दु से होगा। दक्षिण दिशा वाली रेखा से तो १३।०।०।४ होगा। पूरी रेखा का नाप दक्षिण से उत्तर जायगी। अर्थात्—पूर्वदिशा से जो मध्य १४।४।०।६ पर करेंगे वही रेखा पूरी ५०।३।१ की होगी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ओः ॥ महारुद्रादौ तदङ्गत्वेन ग्रहशान्त्यनुष्ठानं यदि क्रियेत पृथक् प्रयोगेणैव चिकीर्षति तदा आम्नात्पूर्वं स्वातन्त्र्येण, ग्रहशान्तिं कुर्यात्। यदि तु महारुद्रप्रयोगेण सह समानतन्त्रेणैवानुष्ठानमभिलषति तदा तत्रापि ग्रहयागस्य तदङ्गत्वेऽङ्गानां तन्त्रेणैवानुष्ठानम्। न च शङ्क्यमिदम्- अङ्गप्रधानयोस्तन्त्रता न दृष्टा इति। वैमृधस्य पौर्णमासाङ्गत्वेऽपि पौर्णमासेन समानतन्त्रत्वस्य आपस्तम्बेन विहितत्वात् "समानतन्त्रमेके समामनन्ति" (३.१५.२) इति। एवं 'वैश्वदेवं चरुं निर्वपेत्' आग्नेयवत् तं बर्हिषं कृत्वा शम्यया क्षेत्रेण "इदमहमकं च जुहोमी" ति (१०-१-१)। तत्र वैश्वदेविकतन्त्रस्य प्रधानतायां सर्वाण्यङ्गानि प्रसङ्गेनोपकुर्वन्ति इति न पृथक् क्रियन्ते इति शास्त्रदीपिकादौ प्रसङ्गसिद्धेरुपपादितत्वात्। एवं च अङ्गप्रधानयोस्तन्त्रता प्रसङ्गश्चेत्युभयमपि भवत्येव। अतएव रुद्रयागादौ ग्रहयागस्य समानतन्त्रेणानुष्ठानेन न कोऽपि दोषः। एवं च तदुक्तग्रन्थमध्ये यद्यपि तन्त्राभावो महता प्रयासेन साधितः स न युक्तः। पूर्वं तन्त्राभावं प्रसाध्यानन्तरं समानतन्त्रप्रयोगस्य लेखनेन पूर्वोत्तरग्रन्थविरोधाद्धी उपेक्ष्य एवेति॥

श्री विश्वनाथशर्मा जोडे,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पाराशरस्मृतौ—मन्त्रो हि बीजं सर्वत्र क्रिया तच्छक्तिरुच्यते । मन्त्रतन्त्रसमायुक्तो यज्ञ इत्यभिधीयते ॥ मन्त्रः पुमान् क्रिया स्त्री च तदुक्तं मिथुनं स्मृतम् । मन्त्रक्रियाजुष्टमेव मिथुनं यज्ञ उच्यते । अग्निर्जिह्वा भगवतो वेदा अंगा सदाध्वरे । अस्थीनि समिधः प्रोक्ता रोमा दर्भाः प्रकीर्तिताः ॥ स्वाहाकारः शिरः प्रोक्तं प्राणा एव हवींषि च । सर्ववेदक्रिया भोक्ता मन्त्राः पत्न्यः प्रकीर्तिताः ॥ एवं यज्ञवपुर्विष्णुविदित्वैनं हुताशने ।



हमारे शास्त्रों में यज्ञादि में प्रयुक्त मन्त्रों का अत्यन्त महत्व है । मन्त्रोंको 'बीज' तथा क्रिया को उसकी 'शक्ति' माना है । मन्त्र एवं तन्त्र (क्रिया) का समवेत स्वरूप ही यज्ञ है । मन्त्र पुरुषस्वरूप और क्रिया स्त्री स्वरूपा है । दोनों मिलकर ही युगल मूर्ति बनते हैं । मन्त्र एवं क्रिया का युगलरूप ही यज्ञ कहलाता है । यज्ञ में अग्नि भगवान की जिह्वा, वेद अंग, समिधा अस्थि, कुशा रोम, स्वाहाकार शिर, हवि (आहुति) प्राणस्वरूप है । वैदिक क्रियाएँ भोग वस्तु तथा मन्त्र यज्ञ की पत्नी भगवान विष्णु के इस यज्ञमय शरीर का सम्यक् ज्ञान दारा ही हवन करना श्रेयस्कर होता है । बिना पूर्णमीमांसा के उस विषय के विशेषज्ञों की पूर्व कालिक व्यवस्थाओं की उपेक्षा करके किये गये स्वेच्छाचार को कर्मकाण्ड में अक्षम्य अपराध बतलाया है । ऐसा करने मात्र से यज्ञ पुरुष के उन अंगों पर चोट पहुँचती है जिनका दुरुपयोग अविवेक से किया जाता है ।

विष्णुयागादि हवनात्मकमें ग्रहहोम पूर्वक यागोंका अनुष्ठान होता है । उनमें शास्त्रीय दृष्टि से व्याहृति पूर्वक 'आ कृष्णेन' इत्यादि मन्त्रों दारा ग्रहवेदि पर स्थापन होता है । वहाँ इस प्रकारका संकल्प पढ़ा जाता है—सग्रहमखं विष्णुयागम्, इत्यादि पढ़कर प्रधान संकल्प किया जाता है ।

तदनन्तर हवनारंभ में उन मन्त्रोंसे 'होमो ग्रहादिपूजायां शतमष्टाधिकं भवेत् । अष्टाविंशतिरष्टौ वा यथाप्राप्तिविधीयते ॥ इत्यादि से ग्रहजन्य मन्त्रोंसे एक सौ आठ, अठाइस, या आठ आहुति देनी चाहिये । इसतरह वचन मिलते हैं। इन मन्त्रोंसे प्रधान आहुति के पूर्व आहुति प्रथम ही दिन होती है।

यदि पाँच कुण्ड, नौ कुण्ड, सात कुण्ड, आदि बनेंगे तो ग्रह मन्त्रोंसे आहुति का विभाग किसप्रकार होगा यह अत्यन्त विचारणीय प्रश्न है। विष्णु आदि प्रतिष्ठा में तो पाँच या नौ कुण्डों में ग्रहमन्त्रों का विभाग लिखा मिलता है । उसमें भी कुछ आहुति किसी २ कुण्ड में नहीं होती है ।

पद्मनाभशास्त्री

विद्याधरशर्मा

३।१।४०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ये ग्रहमन्त्र चौवालिस या पैंतालिस हो सकते हैं। यदि खण्डदीक्षितकृत रुद्रयागपद्धति के अनुसार ही ग्रहों का स्थापन करेंगे तो शेष आदि पचास या इक्यावन देवता और हो सकते हैं। पर यह एक देशीय पक्ष होने से हमारे श्री प्रातःस्मरणीय पूज्यतम श्री १०६ पिताजी (महामहोपाध्याय श्री पण्डित विद्याधर जी गौड अग्निहोत्री) को मान्य नहीं था। यह पठित कर्मकाण्डी याज्ञिकगण जानते हैं।

शान्तिमयूख भविष्यपुराण, द्वैतनिर्णय, लिखितकोटिहोमपद्धति, निर्णयसिन्धु की कृष्णंभट्टी, हेमाद्रि आदि ने ग्रहयज्ञको तीन प्रकार का माना है। अयुत, लक्ष और कोटिहोमभेद से। इसमें व्याहृति को ही प्रधान मानकर होम हो ऐसा स्वीकार किया है। 'आ कृष्णेन' इत्यादि मन्त्रों द्वारा आहुति नहीं हो सकती। क्योंकि ग्रहमन्त्रों का विभाग कैसे होगा। कोटिहोमपद्धति। ये ग्रहमन्त्रेरेवायुतलक्षहोमाद्याहुस्तन्निर्मूलम्। नवग्रहमन्त्राणां विभागासंभवात्। भविष्योत्तरेऽपि–होमो व्याहृतिभिश्चैव सर्वस्तत्र विधीयते। नृसिंहपुराणे—ततो व्याहृतिभिः पश्चाज्जुहुयात्तु तिलादिकम्। यावत्प्रपूर्यते संख्या लक्षं वा कोटिरेव च॥ वाशब्दात् अयुतमपि।

कोटिहोम में एक कुण्ड और सौ कुण्ड आदि विधान मिलता है। यदि एक कुण्डपक्ष स्वीकार करेंगे तो होम बहुत कालीन साध्य होगा। सौ कुण्डपक्ष स्वीकार करने पर इस की समाप्ति शीघ्र ही होगी।

इसमें प्रधान ग्रह होंगे। यदि कथंचित् ग्रहशान्त्यर्थ कामनाकेलिये कोटिहोमादि किये जाय तो 'नवग्रह आकार वाले नौ कुण्डोंमें अयुतादि हवन व्याहृति द्वारा हो सकते हैं। इसमें मध्यप्रदेश का सूर्यकुण्ड आचार्य होगा। सौ और दस कुण्डपक्ष में—नैर्ऋत्यकोण का कुण्ड आचार्य कुण्ड होगा।

स्कन्द पुराणोक्त रुद्र यन्त्रम्



जहाँ मन्त्र आदि की पूर्ण व्यवस्था शास्त्रीय दृष्टि से न हो वहाँ व्याहृति समस्त से हवन का विधान करना मिलता है। अतः शतमुखादि-कोटिहोम में व्यस्त और समस्त दोनों पक्ष समुच्चय कर हवन याज्ञिक करते हैं।

यदि व्याहृति को गायत्री का अङ्ग माने तो प्रथमाहुति गायत्री से शेष आहुति व्याहृति से ही होगी।

कामदेवकृत विष्णुयागकारने ग्रहयज्ञ को चार प्रकार सहस्र, अयुत, लक्ष और कोटिहोम भेद से माना है। इसमें प्रधान विष्णु हैं। मन्त्र 'सहस्रशीर्षा' के सोलह ही केवल हैं।

'अथर्वपरिशिष्टोक्तादि द्वारा गायत्री कोटिहोमादि करना मिलता है। इसमें प्रधान देवता गायत्री रहेगी। इसमें षडंगादिन्यास अक्षरन्यासादि अनावश्यक ही से हैं। (षडंगन्यासः कार्यो न वा कार्यः। न्यासविधेरवैदिकत्वादिति गृह्यपरिशिष्टे स्पष्टम्। एतेन अक्षरन्यासपदन्यासादीनां मुद्रादिविधेः शापमोचनादिविधेश्च तान्त्रिकत्वेनाऽवैदिकत्वादनावश्यकत्वं वेदितव्यम्। धर्मसिन्धु) 'नासान् करोतु वा मा वा गायत्रीमेव चाभ्यसेत्। ध्यात्वा निर्व्याजया वृत्या सच्चिदानन्दरूपिणीम्॥ देवीभागवत। हवन समय व्याहृतिपूर्वक या अव्याहृतिपूर्वक हवन करे इसमें विकल्प मिलता है।

शान्तिरत्न निबन्धकार श्री कमलाकर ने 'अथ कोटिहोमः' के अनन्तर' 'गायत्र्याद्युतहोमः' की हेडिग देकर स्वतन्त्र प्रयोगात्मक रूप से लिखा है कि 'होमयेत् शतसाहस्रं मन्त्रैश्च यथाक्रमम्। चतुर्विंशतिगायत्र्या मा नस्तोकेति षट् तथा। त्रिंशद् ग्रहादिमन्त्रैश्च चत्वारि विष्णुदैवतैः॥ कूष्माण्डैर्जुहुयात्पञ्च किरिकया तु षोडश। हुनेद्दशसहस्राणि जातवेदस इत्यृचा॥ पञ्चैव तु सहस्राणि जुहुयादिन्द्रदैवतैः॥ ये वचन वहाँ पर बृहत्पाराशरस्मृति से उद्धृत किये हैं। ऐसा लिखा है।

गायत्रीमन्त्र से—चौवीस हजार, 'मा नस्तोके' इस मन्त्र से छः हजार ग्रहमन्त्रों से तीस हजार, विष्णुसंज्ञक मन्त्रोंसे

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चार हजार, (विष्णुसंज्ञक बहुत मन्त्र हैं किन मन्त्रों से और कितने मन्त्रों से आहुति हो यह वहाँ स्पष्ट नहीं लिखा है) कूष्माण्डसंज्ञक मन्त्रों से (यद् देवा देवहेडनम् इत्यादि) पाँच हजार किरिक के एक ही मन्त्र से सोलह हजार, जातवेदसे सुनवाम इस मन्त्र से दस हजार, इन्द्र देवतावाले मन्त्र से पाँच हजार (इन्द्र के बहुत मन्त्र हैं किस मन्त्र से दे यह वहाँ नहीं लिखा है) आहुति होगी! इस प्रकार कुल एक लाख आहुति होगी।

इससे मालुम होता है कि व्याहृतिद्वारा कोटिहोम में, केवल गायत्री कोटिहोम में या पुरुषसूक्त मन्त्रों द्वारा कोटिहोम में बृहत्पाराशरस्मृति के द्वारा आहुति का विधान ग्रन्थकार को सम्मिलित कर अभीष्ट नहीं है। श्री रामकृष्ण भट्ट ने लिखित कोटिहोमपद्धति में लिखा है यत्तु मात्स्ये—एव प्रदेशान्तरे प्रकारान्तरेण लक्षहोम उक्तः—

'गायत्र्या दशसाहस्रं मा नस्तोकेन षट् पुनः। त्रिंशद् ग्रहादिमन्त्रैश्च चत्वार्येव च वैष्णवैः॥ कूष्माण्डैर्जुहुयात्पञ्च किरिकानां तु षोडश। होतव्या दश साहस्रं ऋचा वै जातवेदसा॥ श्रिया मन्त्रेण होतव्यं सहस्राणि चतुर्दश। शेषाः पञ्च सहस्रास्तु होतव्यास्त्विन्द्र देवता इति।

गायत्रीमन्त्र से दस हजार, 'मा नस्तोके तनये' से छः हजार, ग्रहादि मन्त्रों से तीस हजार, विष्णुसंज्ञक मन्त्रों से चार हजार, कूष्माण्डसंज्ञक मन्त्रोंसे पाँच हजार, किरिकसंज्ञक मन्त्रों से सोलह हजार, 'जातवेदसे सुनवाम' इस ऋचा से दस हजार, श्रियसंज्ञक मन्त्र से चौदह हजार और इन्द्रदेवताक मन्त्र से पाँच हजार आहुति दे। (कुछ मन्त्रों का उल्लेख नहीं मिलता)

यच्च देवीपुराणे—गायत्र्या ग्रहमन्त्रैश्च कूष्माण्डैर्जातवेदसा। ऐन्द्रवारुणवाह्वेयैर्वायुयाम्यसवैष्णवैः। होमं शतसहस्रं तु कुर्यादष्टोत्तरं तथा।

और जो गायत्रीमन्त्र, ग्रहमंत्र, कूष्माण्डसूक्त, जातवेदससूक्त, ऐन्द्र, वारुण, वासव, आग्नेय, याम्य, सौम्य, वैष्णव मन्त्रों से एक लाख, आठ (अष्टोत्तर शतसहस्र) होम करना चाहिये।

यच्च ब्रह्माण्डपुराणे—गायत्र्या त्र्यंबकेनाथ शंभवायेत्यथापि च। जातवेदस मन्त्रेण महेन्द्रेणापि चैव हि॥ सहस्रशीर्षेण तथा हिरण्येन तथापि च। रुद्रमन्त्रैस्तथा तोये पञ्चरात्रागमोदितैः। लक्षहोमं प्रकुर्वीत कोटिहोममथापि वा। इति राजकर्तृकलक्षहोमादिविषयम्।

और जो गायत्री, त्र्यम्बक, शम्भवाय, जातवेदस, महेन्द्र सहस्रशीर्षा तथा हिरण्य रुद्रमन्त्र, तोयमन्त्र-जिनका पाञ्चरात्र आगम ग्रन्थों में उल्लेख है उनसे लक्ष एवं कोटिहोम करना चाहिये।

लिखित कोटिहोम पद्धतिकार रामकृष्णभट्ट ने लिखा है कि इन मत्स्यपुराणादि वचनों के पूर्व 'यत्तु' (जहाँ सिद्धान्त से विपरीत बात को कहना होता है वहाँ 'यत्तु' शब्द का प्रयोग होता है) शब्द को लिखते हुए लिखा है कि ये वचन राजर्तृकपरक हैं। मत्स्यपुराण में इसप्रकरण से भिन्न प्रकरण में और भिन्न प्रदेश में लक्षहोम में वचन कहा है। इन वचनों से यहाँ ज्ञात होता है कि ब्राह्मण और वैश्य इन मन्त्र से अयुतादि होम न करें। जैसे—श्रौतयज्ञों में दर्शपूर्णमासयाग ब्राह्मणादि त्रैवर्णिको को, वाजपेययज्ञ ब्राह्मण और क्षत्रियको, राजसूययज्ञ क्षत्रिय को सौत्रामणियज्ञ ब्राह्मण को, अश्वमेधयज्ञ सार्वभौम क्षत्रिय को, सत्रयज्ञ ब्राह्मण को तथा पुरुषमेध ब्राह्मण और क्षत्रिय को अधिकार है।

अतः मेरी व्यक्तिगत दृष्टि में पराशरस्मृति आदि के वचनों के साथ पुरुषसूक्त आदि को जोड़कर या अलग जो हवन हैं वह सर्वथा अप्रमाणिक, शास्त्रविरुद्ध तथा लोक विरुद्ध है।

दूसरी बात—यह है कि चलमण्डप जिस याग के लिए बनता है वही याग उसमें होता है। क्योंकि चल मण्डप उसी याग का अंग होता है। जहाँ कहीं व्याहृति, गायत्री या प्रधान पुरुषसूक्त है। वहाँ पुरुषसूक्त आदि मन्त्रों से कोटिमोहादि करने को लिखा है। अतः वही याग उस मण्डप में हो सकता है। क्योंकि एक देवताक एक द्रव्य एक कालिक एक कर्तृक एक देशवाले याग हों तो दो, तीन आदि याग एक मण्डप में एक कुण्ड में युगपत् हो सकते हैं। भिन्न देवताक भिन्न द्रव्य भिन्न कालिक याग नहीं हो सकते। अतः बृहत्पाराशर स्मृति आदि वचनों को जो कोई आधुनिक समुच्चय कर रहे हैं। वह सर्वथा अप्रामाणिक हैं। यहाँ समुच्चय का कोई कारण नहीं दिखता। अतः आहुति आदि से हवन करना निबन्धकारों को इष्ट है। बृहत्पाराशरस्मृति के वचन केवल राजकर्तृक (राजशब्दोऽभिषिक्तक्षत्रिय-वाची) या कुछ ही अंश में शक्तारूढ़ राजाओं के लिए है। इस बात को कई जगह कहा है।

एक समय (संवत् २००१ सन् १९४४) काशी में 'सार्धद्वयकोटिहोमात्मक एकविंशत्युत्तरशतमुखमहा-रुद्रयज्ञ' इस नाम द्वारा शतमुख महारुद्रयज्ञ होने जा रहा था। उस समय आपसीय निर्णय विद्वानों में होकर उपरोक्त यज्ञ न होकर ग्यारह प्रधान आचार्यों द्वारा ग्यारह अतिरुद्र और पाँच महारुद्र अलग अलग प्रधान वेदी, मण्डप या छायामण्डप, वास्तु, योगिनी, क्षेत्रपाल और ग्रहवेदी बनाकर हुए थे। यह सर्व विदित है। अतः शास्त्रीयमार्ग से ही होमादि करने से देश तथा समाज का कल्याण हो सकता है।

—दौलतराम गौड

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ निर्णयसिन्धुः

(भाषा-टीका-सहित)

सहस्रब्राह्मणभोजनविधिकथनम्

दौलतराम गौड

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

❀ अथ दानचन्द्रिकोक्तसहस्रभोजनप्रयोगः ❀

कर्ता सभ्योपदिष्टमात्मशुध्यर्थं पूर्वोत्तराङ्गसहितं प्रायश्चित्तं विधाय तदुत्तरमुपकल्पितदशांशद्रव्यं ब्राह्मणेभ्यो दत्वा मया यदुपकल्पितं द्रव्यं तत्प्रोक्षणेन शुद्धिं कुर्विति ब्राह्मणानामनुज्ञां लब्ध्वा तत् द्रव्यं प्रोक्षयेत् ।

कृतमङ्गलस्नानः सपत्नीकः प्राङ्मुख उपविश्याचम्य प्राणानायम्य पवित्रधारणं कृत्वा आ नो भद्राः—इत्यादि पठित्वा लक्ष्मीनारायणादिदेवान् प्रणम्य देशकालौ सङ्कीर्त्य—मम पञ्चमहापातकादिनिवृत्तिकामो गोवधपरदारा परद्रव्यापहारकादिकायिकवाचिकमानसिकतच्छरीरावच्छिन्नसमस्तपापक्षयपूर्वकनानाविधमनोभीष्टसिध्यनन्तरं षष्टिवर्षसहस्राणि विष्णुलोकनिवासान्ते ब्रह्मानन्दावाप्तिकामः श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं सहस्रसंख्यापरिमितब्राह्मणान् यथाशक्त्या यथोपपन्नान्नेन यथाकालं सदक्षिणाकं भोजयिष्ये । तदङ्गत्वेन स्वस्तिपुण्याहवाचनं मातृकापूजनं वसोर्धारापूजनमायुष्यमन्त्रजपं नान्दीश्राद्धमाचार्यादिऋत्विग्वरणं भवानीशङ्करादिदेवानां स्थापनं होमं च करिष्ये । तत्रादौ निर्विघ्नतासिध्यर्थं गणेशाम्बिकयोः पूजनं करिष्ये । तदर्थमाचार्यादिअष्टौ ऋत्विजान् वृणुयात् । तत्राचार्यः यजमानेनवृतोहमाचार्यकर्म करिष्ये—इति सङ्कल्पपूर्वकसर्षपविकिरणादिविष्णो देवयजनं रक्षस्वेत्यन्तं कुर्यात् । ततः शुचौ देशे सुशोभनां चतुरस्त्रां सुपुष्पैर्भूषितां मण्डपिकां कृत्वा तन्मध्ये हस्तमात्रां वप्रद्वययुतां प्रादेशोच्चां वेदिं विधाय तत्र लिङ्गतोभद्रं विरच्य तत्र ब्रह्मादिमण्डलदेवानां स्थापनं तत्र कलशं संस्थाप्य तदुपरि महान्तं पूर्णपात्रं निधाय तत्र वस्त्रादौ शतकर्णिकात्मकं पद्मरूपं पीठं विरचयेत् । तत्र पद्मस्य मध्यकर्णिकायां कर्षपरिमितां सौवर्णीं भवानीशङ्करप्रतिमां मध्ये तद्दक्षिणतो विष्णुं प्रतिमोत्तरतो ब्रह्माणं चावाहयेत् । तद्बहिस्थचतुर्दलेषु प्रागादिक्रमेण—गणेशम्, दुर्गाम्, क्षेत्रपालम्, अभयङ्करञ्चावाहयेत् । तद्बहिस्थषोडशदलेषु प्रागादिक्रमेण गौर्यादिषोडशमातृरावाहयेत् । तद्बहिस्थैकत्रिंशद्दलेषु-ध्रुवम्, अध्वरम्, सोमम्, अपः, अनिलम्, नलम्, प्रत्यूषम्, प्रभासम्—इत्यष्टौ वसून्, वीरभद्रम्, शंभुम्, गिरीशम्, अजैकपादम्, अहिर्बुध्न्यम्, पिनाकिनम्, भुवनाधीश्वरम्, कपालिनम्, विशाम्पतिम्, स्थाणुम्, भगम्—इत्येकादशरुद्रान्, धातारम्, अर्यमणम्, मित्रम्, वरुणम्, ईशम्, भगम्, इन्द्रम्, विवस्वन्तम्, पूषणम्, पर्जन्यम्, त्वष्टारम्, विष्णुम्—इति द्वादशादित्यान् स्थापयेत् ।



तद्बहिस्थाष्टाचत्वारिंशद्दलेषु—सूर्यम्, सोमम्, भौमम्, बुधम्, गुरुम्, शुक्रम्, शनिम्, राहुम्, केतुम्—इति नवग्रहान्, इन्द्रम्, अग्निम्, यमम्, नैर्ऋतम्, वरुणम्, वायुम्, कुवेरम्, ईशानम्, ब्रह्माणम्, अनन्तम्—इति दशदिक्पालान्, कश्यपम्, अत्रिम्, भरद्वाजम्, विश्वामित्रम्, गौतमम्, जमदग्निम्, वसिष्ठम्, इति सप्तर्षीन्, प्राग्भागस्थसमुद्रम्, दक्षिणभागस्थसमुद्रम्, पश्चिमभागस्थसमुद्रम्, उदक्भागस्थसमुद्रम्—इति चतुःसमुद्रान्, भूर्लोकम्, भुवर्लोकम्, स्वर्लोकम्—इति त्रीन् लोकान्, गङ्गाम्, यमुनाम्, गोदावरीम्, सरस्वतीम्, तापीम्, पयोष्णीम्, रेवाम्—इति सप्त नदीः, सत्वम्, रजः, तमः, इति गुणत्रयान्, ऋग्वेदम्, यजुर्वेदम्, सामवेदम्—अथर्ववेदम् इति चतुर्वेदान्, आत्मानं चावाहयेत् ।

ततः भवानीशङ्करादीन् षोडशोपचारैः पूजयेत् । प्रतिमापूजने पवमानी स्वस्त्ययनीत्यादि—अभिषेके विशेषः ।

ततः—ॐ देव देव जगन्नाथ विश्वसाक्षि जगद्गुरोः । गृहाणेमां कृतां पूजां प्रसीद परमेश्वर ॥

इति पूजनं देवाय समर्प्य ग्रहमखं समाप्य प्रधानहोमार्थं कुण्डं स्थण्डिलं वा विधाय स्वगृह्योक्तविधिनाग्निं प्रतिष्ठाप्य भवानीशङ्करं रुद्रमन्त्रेण सहस्रसङ्ख्याकाभिः समिदाज्यचरुतिलमिश्रयवाहुतिभिः, अधिदेवं विष्णुमष्टोत्तरशतसंख्या-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

काभिः, प्रत्यधिदेवं ब्रह्माणं पूर्वोक्तसंख्याकाभिः, पूर्वोक्ताभिः प्रजापतिं सहस्राहुतिभिः समस्तव्याहृतिभिः द्विनवत्यधिकनवशतसंख्याकाभिः पूर्वोक्ताभिः परमात्मानं प्रणवेनाष्टसंख्याकाभिः पूर्वोक्ताभिः गणेशाद्यावरणदेवतास्तत्तन्नाममन्त्रेण एकैकयाज्या ब्रह्मादिमण्डलदेवतास्तत्तन्मन्त्रेण एकैकयाज्या हुत्वा शेषेण स्विष्टकृतमित्यादि आज्यभागपर्यन्तं कुर्यात् । याजुषाणां तु वरुणं दिव्यान्तं कुर्यात् । अथर्त्विजः पूर्वोक्तरुद्रमन्त्रेण पूर्वोक्तद्रव्यैर्यथाद्रव्यविभागसहस्रमाहुतीर्जुहुयुः । स च विभागः प्रतिद्रव्यं मूलसंख्याचतुर्थांशसंख्याकः । एवमग्रेऽपि । ततो विष्णवे ब्रह्मणे च पूर्ववत् । अन्वाधानोक्तसंख्यया तान्येव द्रव्याणि हुत्वा समस्तव्याहृतिभिः चतुर्विंशत्यधिकशतसंख्याका आहुतीः पूर्वोक्तैरेव द्रव्यैः एकैक ऋत्विक् जुहुयात् । ततः प्रणवेन द्वौ द्वावृत्विजौ एकैकां समिधं हुत्वा अन्यौ द्वौ आज्येन एकैकमाहुतिं जुहुयात् । ततः—अपरौ द्वौ चरुणा अवशिष्टौ तिलमिश्रयवैः । ततः—आचार्यः गणपत्याद्यावरणदेवताभ्यो ब्रह्मादिमण्डलदेवताभ्यश्च प्रत्येकमेकैकयाज्याहुतिं हुत्वा स्विष्टकृदादिहोमशेषं समापयेत् । अङ्गहोमादि याजुषाणाम् । ततो यजमानः—आचार्यादीन्समभ्यर्च्य विभवानुसारेण तेभ्योऽपि दक्षिणां दत्वा अन्येभ्यो भूयसीं दत्वा होमकर्म देवाय समर्प्य लेह्यपेह्यादिषड्रसमन्नं देवायादौ निवेद्य तेनैवान्नेन यावद् तृप्तिमाचार्यादीन्संभोज्य यथाशक्ति अंशतः भोजनाङ्गत्वेन दक्षिणां दद्यात् । ततः—सहस्रब्राह्मणान् पूजापूर्वकमेकस्मिन्दिने भोजयेत् । अथवा—बहुषु दिनेषु ब्राह्मणभोजनं ततस्तेभ्यः यथाशक्ति दक्षिणां च दद्यात् । दीनान्धकृपणादीनामपि प्रत्यहं भोजनं दत्वा प्रत्यहं स्वयं समाहितमनाः सुहृद्युक्तो भुञ्जीत । पूर्णे सहस्रभोजने तु पुनस्तथैव ग्रहमखरहितपूर्ववत् होमः कार्यः । इति दानचन्द्रिकोक्तसहस्रभोजनप्रयोगः ।

(अथ भविष्यपुराणोक्तसहस्रब्राह्मणभोजनविधौ देवतास्थापनादिक्रमकथनम्)

सहस्रभोजनस्येह विधिं नारायणे मुनिः । सर्वेषामेव पुण्यानामब्रवीत्पुण्यमुत्तमम् ॥
यदा चित्तं च वित्तं च भक्तिरात्मनि जायते । तदानीमेव कर्तव्यं प्रीतये परमात्मनः ॥
आषाढं चैव माघं च मलमासं तथैव च । गुरुभार्गवयोरस्तं हित्वान्यस्मिन् शुभे दिने ॥
कृत्वादौ मङ्गलस्नानं शुद्धः सन्भार्यया सह । कृत्वादौ द्रव्यशुध्यर्थं प्रायश्चित्तं यथाविधि ॥
दशांशद्रव्यमादाय विप्रेभ्यो विनिवेदयेत् । द्रव्यं संप्रोक्षयेत्पश्चात्संपादितं तदाज्ञया ॥
गणेशं पूजयेत्पूर्वं मातॄणां पूजनं ततः । कृत्वाभ्युदयिकं श्राद्धं स्वस्तिवाचनपूर्वकम् ॥
आचार्यं पूजयेत्पश्चाद्वस्त्रालङ्कारभूषणैः । ऋत्विजो वरयेदष्टौ वस्त्रगन्धैश्च पूजयेत् ॥
पुष्पमण्डपिकां कृत्वा चतुरस्रां सुशोभनाम् । कृत्वेशस्य सुवर्णेन प्रतिमां कर्षसंमिताम् ॥
सशक्तिकस्य देवस्य भवानीशङ्करस्य च । तस्याधिदेवताविष्णुर्ब्रह्मा प्रत्यधिदेवता ॥
कृत्वा तु प्रतिमाशुद्धिमग्न्युत्तारणपूर्वकम् । षोडशैरुपचारैश्च तत्तन्मन्त्रैः प्रपूजयेत् ॥
ऋग्भिश्च पावमानीभिरभिषिच्य यथाविधि । पुष्पमण्डपिकामध्ये स्थापनं तण्डुलोपरि ॥
प्रतिमां तत्र संस्थाप्य कलशे चाम्बरावृते । समन्ताद्देवदेवस्य क्रमेणैव तु पूर्वतः ॥
तत्तन्मन्त्रेण नाम्ना वा पूजयेदङ्गदेवताः । कर्णिकायां भवानीशो ह्यधिप्रत्यधिसंयुतः ॥
तद्बहिश्चैव चत्वारस्तद्बहिः षोडशक्रमात् । एकत्रिंशद्बहिश्चाष्टचत्वारिंशत्तथा क्रमात् ॥
पद्मस्य दलवच्छ्रस्ताः कर्णिकाशतसङ्ग्रहाः । दशां देवताः ऋषयः सप्त सागराः भुवनत्रयम् ॥
नद्यः सप्त गुणाश्चैव वेदाश्चात्मेत्यनुक्रमात् । गन्धपुष्पादिभिश्चैव समभ्यर्च्य यथाविधि ॥
यथाशक्ति कृतं सर्वमर्चनं विनिवेदयेत् । देवदेव जगन्नाथ विश्वसाक्षिन्नमोऽस्तु ते ॥
गृहाणेमां कृतां पूजां प्रसीद भगवन् गुरो । ग्रहयज्ञविधानेन ग्रहपूजां समाप्य च ॥
ऋत्विग्भिः सह वै होमं ततः कुर्याद्यथाविधि । कुण्डे वा स्थण्डिले वापि स्वगृह्य विधिना चरेत् ॥
कृत्वाज्यभागपर्यन्तमुपलेपादिकं ततः । समिदाज्येन चरुणा यवैस्तिलसमन्वितैः ॥
सहस्रं चाहुतीस्तत्र व्याहृतीभिस्ततः क्रमात् । जुहुयादृत्विगेकैकश्चतुर्विंशोत्तरं शुभम् ॥
प्रणवेनाहुतिं चैकां मन्त्रेणैव पृथक् पृथक् । देवतानां च सर्वेषां नामभिर्जुहुयाद् घृतम् ॥
ततः स्विष्टकृतं हुत्वा होमशेषं समापयेत् । आचार्यादीन्समभ्यर्च्य गन्धपुष्पाक्षतादिभिः ॥
दद्याद्वित्तानुसारेण दक्षिणां च यथोचिताम् । लेह्यं पेह्यं तथा चोष्यं खाद्यं चैव षड्रसान् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देवायादौ निवेद्याथ द्विजवर्यान्समर्चयेत् । भक्ष्यभोज्यादिकं दद्यात्तृप्तिर्यस्य यथा भवेत् ॥
दक्षिणां च यथाशक्त्या सर्वेषां च समांशतः । ततश्च भोजयेद्विप्रान् सहस्रं सम्यगेव हि ॥
एकस्मिन्नेव काले वा भवेद्वापि दिने दिने । भवेद्यावत्सहस्रं तु तावदेव हि भोजयेत् ॥
तेभ्योऽपि दक्षिणां दद्याद् भुञ्जानेभ्यः स्वशक्तितः । दीनान्धकृपणादींश्च भोजयित्वा स्वयं ततः ॥
समाहितमनाः कर्ता भुञ्जीयात्सह बन्धुभिः । एवं यः कुरुते सम्यक्सहस्रद्विजभोजनम् ॥
समाप्ते तु पुनर्होमं कर्तव्यः पूर्ववत्क्रमात् । ब्रह्महा च सुरापी च परद्रव्यापहारकः ॥
मातृगामी च गोघ्नश्च परदाररतः सदा । ज्ञानतोऽज्ञानतो वापि पापकारी यथेच्छया ॥
सदाचारविहीनस्तु दमदानविवर्जितः । ईदृशोऽपि नरो यः स्यात्सहस्रद्विजभोजनम् ॥
कुरुते सद्य एवेह स पुनाति न संशयः । ब्रह्मानन्दपदं गच्छेत्तेन पुण्येन चैव हि ॥
सहस्रभोजनाच्चैव नानाविधमनोरथान् । भुक्ते सकामान्सकलान् भोगानपि च पुष्कलान् ॥
अपुत्रो लभते पुत्रं कन्यार्थी चापि कन्यकाम् । यं यं कामयते कामं तं तं [1]प्राप्नोत्यसंशयम्[2] ॥

१—भारते—ब्राह्मणानां सहस्रं तु संभोज्य भारतर्षभ । नरः पापात्प्रमुच्येत पापेष्वभिरतोपि यः ॥
भोजयित्वा दशशतं नरो वेदविदां नृप । न्यायविद्धर्मविदुषां स्मृतिभाष्यविदां तथा ॥
न याति नरकं घोरं संसाराश्च न सेवते । सर्वकामसमायुक्तः प्रेत्य चाप्यश्नुते सुखम् ॥

२—अनेन चैकस्मिन्नेवदिने सहस्रादिभोजनं कार्यमिति प्रतीयते । शिष्टास्तु—अनेकदिनैरपि समापयन्ति । तत्र मूलं विचारणीयमिति दानमयूखे ।

(अथ बौधायनोक्तप्रयोगः)

उदगयनादिकाले स्वग्रहादौ सपत्नीको यजमानः कृतमङ्गलस्नातो युग्मान् ब्राह्मणान् सुप्रक्षालितपाणिपादानाचम्यासनं दत्वा गन्धवस्त्रादिना संपूज्य करसंपुटं कृत्वा मम सङ्कल्पसिद्धिरस्त्विति वाचयीत । सङ्कल्पसिद्धिरस्त्विति प्रति वदेत् । तौ च त्रिवृदन्नेन संभोज्याशिषो गृहीत्वा ताम्बूलादि दत्वा प्रदक्षिणानमस्कारान् कृत्वा पुण्याहवाचनं कुर्यात् । आचम्य 'मम पञ्चमहापातकादिनिवृत्तिकामः गोवधपरदारापरद्रव्यापहारकादिकायिकवाचिकमानसिकस्वशरीराधिष्ठितसमस्तपापक्षयपूर्वकनानाविधमनोभीष्टसिध्यर्थं षष्टिवर्षसहस्राणि विष्णुनिवासान्ते ब्रह्मानन्दावाप्तिकामः श्रीपरमेश्वरप्रीत्यर्थं स्वशक्त्यानुसारेण यथोपपन्नान्नेन सदक्षिणासहितसहस्रसंख्यापरिमितब्राह्मणभोजनं करिष्ये' इति सङ्कल्प्य तदङ्गगणपत्याद्याचार्यादिवरणान्तं मधुपर्केण संपूज्य आचार्यं ब्रह्मादिमण्डलदेवतान्संपूज्य तत्र सहस्रात्मानमीश्वरं च सौवर्णीं प्रतिमां च संपूज्य तत्र द्वादशविप्रान् अभ्यर्च्य तेन एकस्मै स्वाहेत्यादिं याजुषानुवाकान् दश दश संख्याकान् पठेत् । ततः षड्विप्रान् सदन्नेन सन्तर्प्य तैः पुण्याहं स्वस्ति ऋद्धिमिति वाचयीत । ततः आचार्यः देवयजनोल्लेखनप्रभृति आज्यभागान्तं कृत्वा पक्वान्नेन जुहोति विष्णोर्नुकमिति पुरानुवाक्यामनूच्य विष्णोरराटमसीति याज्यया जुहुयात् । विष्णव इदं न ममेतित्यागः । अथाज्याहुतीर्जुहोति-ॐकेशवाय स्वाहा इदं केशवाय न मम । ॐनारायणाय स्वाहा इदं नारा० । ॐमाधवाय स्वाहा इदं माधवायन० । ॐगोविन्दाय स्वाहा इदं गोविन्दा० । ॐविष्णवे स्वाहा इदं विष्ण० । ॐमधुसूदनाय स्वाहा इदं मधु० । ॐत्रिविक्रमाय स्वाहा इदं त्रिवि० । ॐवामनाय स्वाहा इदं वाम० । ॐश्रीधराय स्वाहा इदं श्रीधरा० । ॐहृषीकेशाय स्वाहा इदं हृषीके० । ॐ पद्मनाभाय स्वाहा इदं पद्मना० । ॐदामोदराय स्वाहा इदं दामोद० । ततः स्विष्टकृत्प्रभृति आधेनुवरदानान्तं कृत्वा द्वादशब्राह्मणेभ्यः पयोदनं मुद्गोदनं दध्योदनं च दत्वा तेषु वस्त्रयुगं कुण्डलद्वयमङ्गुलीयकानि उपानहौ छत्रं च प्रत्येकं दत्वाऽन्नशेषमाज्यशेषं पक्वशेषं च जायापतिभ्यामश्नीयाताम् । ततः सहस्रसंख्याकान् ब्राह्मणान् हृष्टमानसैः संभोजयेत् । ततः सुहृदादीन् भोजयेत् । साङ्गतासिध्यर्थं दीनान्धकृपणादींश्च भोजयेत् । यथाविभवेन भूयसीं दद्यात्तेन सर्वकल्मषैर्महापातकैः प्रमुच्यते ब्रह्मानन्दयुतविष्णुलोकं गच्छतीत्याह बौधायनः । काम्ये तु वेदपारगान् द्विजान् भोजयेत् ।

इति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अथ व्रतोद्यापनानुक्तौ विचारः)

व्रतोद्यापनानुक्तौ तु पृथ्वीचन्द्रोदये नन्दिपुराणे—'कुर्यादुद्यापनं तस्य समाप्तौ यदुदीरितम् । उद्यापनं विना यत्तु तद् व्रतं निष्फलं भवेत् ॥ यदि चोद्यापनन्नोक्तं व्रतानुगुणतश्चरेत् । वित्तानुसारतो दद्यादनुक्तोद्यापने व्रते ॥ गाश्चैव काञ्चनं दद्यात् व्रतस्य परिपूर्तये ।

जहाँ व्रतोद्यापन को न कहा हो वहाँ पृथ्वीचन्द्रोदय में नन्दिपुराण का कथन है—व्रत की समाप्ति पर जो उद्यापन कहा है उस उद्यापन को करे। क्योंकि उद्यापन के विना व्रत निष्फल हो जाता है। यदि व्रतोद्यापन न कहा हो तो व्रतानुकूल जप आदि करे तथा वित्तानुसार दान दे। व्रत की परिपूर्णता के लिये गौ तथा सुवर्ण का दान दे।

(अथाशक्तौ विचारः)

अशक्तौ तु नारदीये—'सर्वेषामप्यलाभे तु यथोक्तकरणं विना । विप्रवाक्यं स्मृतं शुद्धं व्रतस्य परिपूर्तये ॥ वृथा विप्रवचो यस्तु गृह्णाति मनुजः शुभम् । अदत्त्वा दक्षिणां पापः स याति नरकं ध्रुवम् ॥'

उद्यापनकी अशक्तता होने पर नारदपुराण का कथन है—यदि कुछ भी न हो तो व्रत की समाप्ति के लिये शुद्ध ब्राह्मणवाक्य प्रमाण करे। जो मनुष्य विना दक्षिणा को दिये व्यर्थ ही ब्राह्मण के शुभ वचन को ग्रहण करता है, वह निश्चित पापी नरक को जाता है।

(अथ सर्वकर्मसु दक्षिणाविचारः)

भारते-'वेदोपनिषदे चैव सर्वकर्मसु दक्षिणा । सर्वत्र तु मयोद्दिष्टा भूमिर्गावोऽथ काञ्चनम् ॥'

भारत में लिखा है—मैंने वेद, उपनिषद् तथा सब कर्मों में भूमि, गौ तथा काञ्चन दक्षिणा कही है।

(अथ देवकार्येषु रजतदाने विचारः)

वैजवापः—'शिवनेत्रोद्भवं यस्माद्रजतं पितृवल्लभम् । अमङ्गलं तद्यत्नेन देवकार्येषु वर्जयेत् ॥'

वैजवापका कथन है—शिवनेत्रों से पैदा हुई चाँदी पितरों को प्यारी है। इससे अमंगल होने से उसको देवकार्य में वर्जित करे।

(अथ परान्नभोजने फलविचारः)

टोडरानन्दे देवीपुराणे—'व्रते च तीर्थेऽध्ययने श्राद्धेऽपि च विशेषतः ।
परान्नभोजनाद्देवि यस्यान्नं तस्य तत्फलम् ॥'

टोडरानन्द में देवीपुराण का कथन है—हे देवि, व्रत, तीर्थ, अध्ययन, विशेषकर श्राद्ध में तथा परान्न भोजन में (श्वशुरान्नं गुरोरन्नं मातुलान्नं तथैव च। पितृव्यभ्रातृपुत्राणां परान्नं नैव दोषकृत् ॥ इति निर्मूलम्) जिसका अन्न होता है—उसी को फल मिलता है।

पृथ्वीचन्द्रोदयेऽग्निपुराणे—'नित्यस्नायी मिताहारो गुरुदेवद्विजार्चकः । क्षारं क्षौद्रं च लवणं मधु मांसानि वर्जयेत् ॥'

पृथ्वीचन्द्रोदय में अग्निपुराण का कथन है—नित्यस्नायी, परिमित आहार, गुरु, देव, द्विज और अर्चक, इन सबको क्षार, निमक, मधु तथा मांस वर्जित हैं।

(अथ क्षारपदार्थाः)

क्षारास्तु तत्रैवोक्ताः—'तिलमुद्गादृते शिम्ब्यं सस्ये गोधूमकोद्रवौ । धान्यकं देवधान्यं च शमीधान्यं तथैवच । स्विन्नधान्यं तथा पण्यं मूलं क्षारगणः स्मृतः ॥'

क्षार भी वहीं पर कहे हैं—तिल तथा मूँग को त्यागकर शिम्ब्य-छीमी वाले अन्न, धान्य-गेहूँ, कोदों, धान्य-गेहूँ, चना, मटर आदि, स्विन्नधान्य-उबाला हुआ और खरीदा हुआ, मूली, सलजम, गाजर आदि पण्य धान्य-शमीधान्य-छीमीवाला अन्न, देवधान्य-हवन में प्रयुक्त होने वाले अन्न, जैसे—यव, चावल, तिल आदि, शमीधान्य-छीमीवाला अन्न मटर मूंग आदि ये सब क्षार कहे हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अथ व्रते गोधूमादिकथनम्)

गोधूमानां तु तत्रैव प्रतिप्रसवः–'व्रीहिषष्टिकमुद्गाश्च कलायाः सतिलं पयः। श्यामाकाश्चैव नीवारा गोधूमाद्या व्रते हिताः ॥' कूष्माण्डालाबुवार्ताकपालङ्कीज्योत्स्निकास्त्यजेत्। चरुभैक्षं सक्तुकणाः शाकं दधि घृतं मधु ॥ श्यामाकाः शालिनीवारा यावकं मूलतण्डुलम्। हविष्यव्रतनक्तादावग्निकार्यादिके हितम्। मधु मांसं विहायान्यद् व्रते च हितमीरितम् ॥' इति। शमीधान्यम्–माषादि। पालङ्की–मध्यदेशे 'पोई' इति प्रसिद्धा। ज्योत्स्निका–पटोलिका (कोशातकी)। मिताक्षरायां गौतमः—'चरु-भैक्ष-सक्तुकण-यावक-शाक-पयो-दधि-घृत–मूल-फलोदकानि–हवींष्युत्तरोत्तरप्रशस्तानि। पयो दधि घृतं च गव्यम्' इति। अन्ये च विशेषा एकादशीचातुर्मास्यादिप्रकरणे वक्ष्यन्ते।

गेहूँ का तो वहीं निषेध का निषेध है। लाल चावल, साँठी चावल, मूँग, मटर, तिल सहित दूध, सांवा, तिन्नी तथा गोधूम आदि श्यामाक, सब व्रत में हितकर हैं। कूष्माण्ड–कोढा पाक वाला, लौकी, बैंगन तथा पालक इनको त्याग दे। चरु भिक्षान्न, सत्तू, टूटा हुआ धान, शाक, दही, घृत, मधु, श्यामाक, शालीधान्य, यव, मूल, तण्डुल, हविष्यान्न ये सब व्रत नक्त आदि में, एवं अग्निकार्यादि में हित हैं। मदिरा और मांस को छोड़कर अन्य व्रत में हित कहा है। मिताक्षरामें गौतम ने कहा है–चरु भिक्षान्न, सत्तूकण, यव, साग, दूध, दही, मूल, फल, जल और हवि ये उत्तरोत्तर प्रशस्त (श्रेष्ठ) हैं। इनमें से विशेष अन्य एकादशी तथा चातुर्मास्यादि प्रकरण में कहेंगे।

(अथ गृहीतव्रतत्यागे विचारः)

गृहीतव्रतत्यागे तु मदनरत्ने छागलेयः—पूर्वं व्रतं गृहीत्वा यो नाचरेत् काममोहितः।
जीवन् भवति चाण्डालो, मृतः श्वा चाभिजायते ॥'

गृहीत व्रत त्याग में मदनरत्न में छागलेय ने कहा है—कि जो मनुष्य व्रत को ग्रहणकर काम से मोहित होकर न करे तो पहले वह इसी जीवन में चाण्डाल होता है और मरने पर कुत्ता हो जाता है।

(तत्र क्रोधाद्यागमने प्रायश्चित्तकथनम्)

तत्र प्रायश्चित्तमुक्तं पृथ्वीचन्द्रोदये अग्निगरुडपुराणयोः—'क्रोधात्प्रमादाल्लोभाद्वा व्रतभङ्गो भवेद्यपि। दिनत्रयं न भुञ्जीत मुण्डनं शिरसोऽथवा ॥' इति। प्रायश्चित्ताम्नातादतिक्रान्तव्रतानुष्ठानं नास्तीति गम्यते।

उसका प्रायश्चित्त भी पृथ्वीचन्द्रोदय में अग्निपुराण और गरुड़पुराण में लिखा है—यदि क्रोध से प्रमाद से या लोभ से व्रत भंग हो जाय तो तीन दिन भोजन न करे या मुण्डन करा दे, अर्थात्—शास्त्र में कहे हुए प्रायश्चित्त के विना भंग हुआ व्रत न करे।

यत्तु—प्रायश्चित्तं ततः कृत्वा पुनरेव व्रती भवेत्—इति वचनादतिक्रान्तमपि व्रतं कार्यमेवेति शूलपाणिः, तत् मध्ये व्रतलोपे व्रतशेषसत्त्वे ज्ञेयम्। एतच्च शक्तविषयम्।

जो यों कहा कि फिर प्रायश्चित्त को कर व्रतवाला हो जाय। शूलपाणि का कहना है—अतिक्रांत व्रत को भी करे। उसके मध्य में व्रत के लोप में व्रत के शेष दिन हो तो जाने। यह बात भी सामर्थ्यवान् के लिये है।

(अथाशक्तौ उपवासे विचारः)

अशक्तौ तु कालहेमाद्रौ पुराणान्तरे—उपवासासमर्थश्चेदेकं विप्रं तु भोजयेत्। तावद्धनादि वा दद्याद् भुक्तश्चेद् द्विगुणं तथा ॥ भुक्तः-कृतभोजनः। ब्राह्मणभोजनं विनेतिशेषः। 'सहस्रसंमितां देवीं जपेद्वा प्राणसंयमान्। कुर्याद् द्वादशसंख्याकान् यथाशक्त्यातुरो नरः ॥' इति।

अशक्ति में तो कालहेमाद्रि में तथा पुराणान्तर में कहा है—यदि उपवास को करने में समर्थता न हो तो एक ब्राह्मण को भोजन करावे या उतना धन आदि दे। जो ब्राह्मण के विना भोजन कराये भोजन कर ले तो द्विगुणित धन दे या आतुर मनुष्य सहस्र–हजार संख्या परिमित गायत्री जप करे या यथाशक्ति व्रतभंग से व्याकुल प्राणायाम करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्योदयं विना नैव स्नानदानादिकः क्रमः । इति मार्कण्डेयपुराणाद् । 'प्रत्यूषोऽहर्मुखं कल्यम्'

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इति कोशादरुणोदयमारभ्य सूर्यांशुप्रवृत्तेस्तत्रैव निषेधः। तेन मतभेदाद्व्यवस्थेति केचित्। कैमुतिकन्यायेनारुणोदयवेधस्यैवेयं स्तुतिरिति तु माधवः।

मार्कण्डेयपुराण मत से सूर्योदयके विना स्नानदानादि का क्रम नहीं होता है। 'प्रत्यूषोऽहर्मुखं कल्यम्' इस कोश से अरुणोदय से प्रारम्भकर ही सूय की किरणें प्रवृत्त होती हैं, उसी में निषेध है। उससे किसी के मतसे व्यवस्थामें भेद है। माधव का कहना है—कैमुतिकन्याय से (जिस जगह पदार्थ की सिद्धि हो जाती है वहाँ कैमुतिकन्याय लगता है। जैसा—प्रकृति में विहित पदार्थ के अभाव से प्रतिनिधि द्रव्य लेने पर सभी अंगों का अनुष्ठान प्रतिनिधि में अर्थात् सिद्ध है) अरुणोदय में ही वेध की यह स्तुति है।

यस्तु 'दिक्पञ्चदशभिस्तथा' इति वेधः, स उपवासातिरिक्तविषय इति माधवः।

जो दश और पन्द्रह घड़ी में वेध कहा है वह उपवासातिरिक्त विषय है—यह माधव मत है।

सर्वप्रकारवेधोऽयमुपवासस्य दूषकः। सार्धसप्तमुहूर्तस्तु योगोऽयं बाधते व्रतम्॥ इति निगमादित्यलम्।

यह सब प्रकार का वेध उपवास का दूषक है। यह साढे सात मुहूर्त का योग व्रत को बाधता है—इस निगम से।

तत्र माधवमते वैष्णवैररुणोदयविद्धा त्याज्या। यदा त्वेकादश्येव शुद्धा सती वर्धते, द्वादशी वा उभयं वा, तदा परोपोत्ष्या।

वहाँ पर माधव मत में वैष्णवगण अरुणोदय विद्धा त्याग दें। उसमें तो जब एकादशी ही शुद्ध होकर बढ़े या द्वादशी बढ़े या दोनों वृद्धि गत हो तो परदिन उपवास करे।

एकादशी द्वादशी वाऽधिका चेत्त्यज्यतां दिनम्।
पूर्वं ग्राह्यं तूत्तरं स्यादिति वैष्णवनिर्णयः॥ इति माधवोक्तेः।

एकादशी या द्वादशी अधिक हो तो पूर्वदिन त्याग दे, दूसरा दिन (उत्तर दिन) ग्रहण करे। यह वैष्णवों का निर्णय है। यह माधव का कहना है।

स्मार्तैस्तु सूर्योदयविद्धा त्याज्या। यदा त्वेकादशी शुद्धा सती वर्धते, द्वादशी च समा न्यूना वा, तदा गृहस्थैः पूर्वा, यतिभिरुत्तरा कार्या।

स्मार्त लोग तो सूर्योदयविद्धा त्याग दें। जब शुद्ध होकर एकादशी बढ़े तो तथा द्वादशी उसके समान या कम हो तो गृहस्थगण पहले करें तथा संन्यासीगण उत्तरा करें।

प्रथमेऽहनि सम्पूर्णा व्याप्याहोरात्रसंयुता। द्वादश्यां च तथा तात दृश्यते पुनरेव च॥ पूर्वा कार्या गृहस्थैश्च यतिभिश्चोत्तरा विभो॥ इति स्कान्दोक्तेः।

स्कन्दपुराण में कहा है—हे तात, पहले दिन सम्पूर्ण अहोरात्रयुक्त व्यापिनी एकादशी हो फिर द्वादशी में भी एकादशी हो तो गृहस्थगण पूर्वा संन्यासीगण उत्तरा करे।

वर्धमानोऽप्येवमाह। उभयवृद्धौ तु शुद्धा विद्धा वा सर्वेषां परैव। सम्पूर्णैकादशी यत्र प्रभाते पुनरेव सा। सर्वैरेवोत्तरा कार्या परतो द्वादशी यदि॥ इति नारदोक्तेः।

वर्धमान ने भी यही कहा है। उभयवृद्धि में तो, शुद्धा या विद्धा हो तो सबों को परा (दूसरी) ही करनी चाहिए। जहाँ संपूर्ण एकादशी हो और प्रातःकाल फिर वही हो तो सबों को उत्तरा करनी चाहिये। यदि पर द्वादशी हो तो। यह नारद ने कहा है।

द्वादशीमात्रवृद्धौ तु शुद्धायां पूर्वैव। न चेदेकादशी विष्णोर्द्वादशी परतः स्थिता। उपोष्यैकादशी तत्र यदीच्छेत्परमं पदम्॥ इति नारदोक्तेः।

क्योंकि नारद का कथन है—द्वादशीमात्र वृद्धि में तो शुद्धा में पूर्वा ही ले द्वादशी परमें स्थित हो तो परमपद इच्छुक विष्णुकी एकादशी दिनमें पर द्वादशी हो तो उसमें उपवास न करे।

द्वादशीमात्रवृद्धौ तु शुद्धाविद्धे व्यवस्थिते। शुद्धा पूर्वोत्तरा विद्धा स्मार्तनिर्णय ईदृशः॥' इति माधवोक्तेश्च। मदनरत्नेऽप्येवम्।

द्वादशी मात्र की वृद्धि में तो शुद्धा और विद्धा की व्यवस्था में पूर्वा शुद्धा होती है। उत्तरा विद्धा की होती है। इसप्रकार का स्मार्त निर्णय है। यह माधव ने कहा है। मदनरत्न में भी यही बात कही है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'विद्धाऽप्यविद्धा विज्ञेया परतो द्वादशी न चेत् । अविद्धाऽपि च विद्धा स्यात्परतो द्वादशी यदि ॥' इति हेमाद्रौ पद्मपुराणवचनं, तदेकादश्या वृद्धौ ज्ञेयम् ।

जो हेमाद्रिमें पद्मपुराणका वचन है कि—यदि पर द्वादशी न हो तो विद्धा भी अविद्धा होती है और अविद्धा भी विद्धा होती है यदि पर द्वादशी हो तो । उसीको एकादशी की वृद्धिमें जानना चाहिये । अतः स्मार्तों को अविद्धा एकादशी का त्याग युक्त नहीं है ।

तदुक्तं माधवेन—'एकादशी द्वादशी चेत्युभयं वर्द्धते यदा ।
तदा पूर्वदिनं त्याज्यं स्मार्तैर्ग्राह्यं परं दिनम् ॥' इति ।

उसीको माधवने कहा है—जब एकादशी और द्वादशी इन दोनोंकी वृद्धि हो तो स्मार्तलोग पूर्वदिनको त्याग कर पर दिन ग्रहण करें ।

विद्धैकादश्यां द्वादशीमात्रवृद्धौ च सर्वेषां परैव । तत्र चैकादशीमात्रवृद्धौ गृहिणः पूर्वा, यतेरुत्तरा । पूर्वोक्तपाद्मोक्तेः ।

विद्धा एकादशी में तथा द्वादशीमात्र वृद्धिमें सबों को परा ही है । वहाँ पर (विद्ध) एकादशीमात्रकी वृद्धिमें गृहस्थगण पूर्वा और संन्यासी परा पूर्वोक्त (विद्धाऽप्यविद्धा ज्ञेया) पद्मपुराणवचन से करे ।

'एकादशी विवृद्धा चेच्छुक्ले कृष्णेऽविशेषतः । उत्तरां तु यतिः कुर्यात् पूर्वामुपवसेद् गृही ॥' इति प्रचेतसोक्तेः । एतच्छुद्धाविद्धातुल्यमिति माधवः ।

प्रचेताने भी कहा है—शुक्ल या विशेषकर कृष्णपक्ष में एकादशी की वृद्धिहो तो उत्तरा (दूसरी) यति और पूर्वा में गृहस्थ उपवास करें । यह शुद्धा विद्धा तुल्य है । यह माधवमत हैं ।

त्रयोदश्यां न लभ्येत द्वादशी यदि किञ्चन ।
उपोष्यैकादशी तत्र दशमी मिश्रिताऽपि च ॥' इति स्कान्दात् ।

स्कन्दका कथन है–त्रयोदशीमें कुछ भी द्वादशी न मिले तो दशमीमिश्रित एकादशीमें भी उपवास करे ।

'अविद्धानि निषिद्धैश्च न लभ्यन्ते दिनानि तु ।
मुहूर्तैः पञ्चभिर्विद्धा ग्राह्यैवैकादशी तिथिः ॥' इति ऋष्यशृङ्गोक्तेश्च ।

मुहूर्तपञ्चकमरुणोदयमारभ्य ज्ञेयम् । अन्यथोत्तरेऽह्नि एकादश्यभावासम्भवात् । तथा च स एव ।

ऋष्यशृंगका कहना है—निषिद्धोंसे अविद्ध दिन नहीं मिलते हैं । इससे पाँच मुहूर्तों से मिश्रित से विद्धा एकादशी तिथि ग्रहण करनी चाहिये ।

अरुणोदय से पाँच मुहूर्त जानना चाहिये । अन्यथा उत्तर—दूसरे दिन एकादशीके अभावका असंभव हो जायगा । उसीतरहसे उसने पुनः कहा है ।

'सर्वत्रैकादशी कार्या द्वादशीमिश्रिता नरैः । प्रातर्भवतु वा मा भूद्यस्मान्नित्यमुपोषणम् ॥' इति ।

मनुष्योंको सब जगह द्वादशी युक्त एकादशी करनी चाहिये प्रातःकाल हो या न हो । क्योंकि उपोषण नित्य है ।

यदपि हेमाद्रिणा 'शुद्धसमा शुद्धन्यूना वा अधिकद्वादशिका चेत्सर्वेषां परैव' इत्युक्तं, तदपि वैष्णवविषयम् । स्मार्तानां तु पूर्वैवेत्यविरोधः ।

जो यह हेमाद्रिने कहा है—शुद्धके समान, शुद्धसे न्यून या अधिक द्वादशीवाली एकादशी हो तो सबोंके मतसे परा ही होती है, वह भी वैष्णवविषयक है । स्मार्तों को तो पूर्वा ही है इसमें किसीका विरोध नहीं है ।

(अष्टादशैकादशीभेद कथनम्)

हेमाद्रिमते तूच्यते । तत्र—'शुद्धा विद्धा द्वयी नन्दा, त्रेधा न्यूनसमाधिकैः ।
षट्प्रकारा पुनस्त्रेधा द्वादश्यूनसमाधिकैः ।' इत्यष्टादशैकादशीभेदाः ।

हेमाद्रिमतसें कहता हूँ—एकादशीके अठारह भेद है—(शुद्धन्यूना न्यूनद्वादशिका १, शुद्धन्यूना समद्वादशिका २, शुद्धन्यूनाऽधिकद्वादशिका ३, शुद्धसमा न्यूनद्वादशिका ४, शुद्ध समासमद्वादशिका ५, शुद्धसमाऽधिकद्वादशिका ६, शुद्धाऽधिका न्यूनद्वादशिका ७, शुद्धाऽधिका समद्वादशिका ८, शुद्धाऽधिकाऽधिक-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्वादशिका ६, इति शुद्धाया नवभेदाः। विद्धन्यूना न्यूनद्वादशिका १, विद्धन्यूना समद्वादशिका २, विद्धन्यूना अधिक द्वादशिका ३, विद्धसमा न्यूनद्वादशिका ४, विद्धसमा समद्वादशिका ५, विद्धसमा अधिकद्वादशिका ६, विद्धाधिका न्यूनद्वादशिका ७, विद्धाधिका समद्वादशिका ८, विद्धाधिका अधिकद्वादशिका ९ इति विद्धाया नवभेदाः। सर्वं मिलित्वाऽष्टादशभेदाः)। शुद्धा, विद्धा और शुद्धाविद्धा इसप्रकार तीन भेद हुए। फिर—न्यून, सम और अधिक कथन को मानकर छः भेद हुए। इसीतरह फिर द्वादशी से न्यून, द्वादशी से सम और द्वादशी से अधिक, ये तीन भेद हैं।

तत्र शुद्धाऽधिका न्यूनद्वादशिका, शुद्धाऽधिका समद्वादशिका च सकामैः पूर्वा, निष्कामैरुत्तरा कार्या। 'प्रथमेऽहनि सम्पूर्णा' इति पूर्वोक्तस्कान्दात्।

उसमें शुद्धा अधिक हो और न्यून द्वादशी हो। शुद्धा अधिक हो समद्वादशी हो तो सकामी मनुष्य पूर्वा और निष्कामी उत्तरा-परा करें। 'प्रथमेऽहनि संपूर्णा' इस पूर्वोक्त स्कन्द वचन से।

ऊनद्वादशिकायां तु विष्णुप्रीतिकामैरुपवासद्वयं कार्यम्[1]।

ऊन द्वादशी में तो विष्णु की प्रीति के इच्छुक उपवासद्वय करे।

'सम्पूर्णैकादशी यत्र प्रभाते पुनरेव सा। लुप्यते द्वादशी, तस्मिन्नुपवासः कथं भवेत्॥ उपोष्ये द्वे तिथी तत्र विष्णुप्रीणनतत्परैः॥' इति वृद्धवसिष्ठोक्तेः।

वृद्धवसिष्ठने कहा है—जिस पक्ष में संपूर्ण एकादशी हो फिर प्रातःकाल वही हो तो तथा द्वादशीका लोप हो तो उपवास कैसे होगा। तब विष्णुकी प्रसन्नतार्थ दो तिथियों में उपवास करना चाहिये।

शुद्धन्यूना शुद्धाधिका शुद्धसमा विद्धन्यूना विद्धसमा वाऽधिकद्वादशिका चेत्सर्वेषां परैवेति हेमाद्रिः।

शुद्धन्यूना, शुद्धाधिका, शुद्धसमा, विद्धन्यूना या विद्धसमा और अधिकद्वादशिका हो तो सबोंके मतमें परा ही होती है, यह हेमाद्रिका मत है।

मदनरत्ने तु शुद्धाधिका परा। 'सम्पूर्णैकादशी यत्र' इति पूर्वोक्तेः। अन्या पूर्वा।

'शुद्धा यदा समा हीना समा हीनाऽधिकोत्तरा।

एकादशीमुपवसेन्न शुद्धां वैष्णवीमपि॥' इति स्कान्दात्। शुद्धा = एकादशी। उत्तरा = द्वादशी।

मदनरत्न में तो कहा है—'संपूर्णैकादशी यत्र' इस पूर्वोक्त वचन से शुद्धाधिका (अधिक द्वादशिका) परा ही होती है अन्या (शुद्ध न्यूनाशुद्ध समा वाऽधिकद्वादशिका) पूर्वा (पहली) होती है।

स्कन्दका वचन है—जब शुद्धा—एकादशी सम-(द्वितीय सूर्योदय पर्यन्त हो) या हीन हो या उत्तरा-द्वादशी सम, हीन या अधिक हो तो शुद्धा का ही उपवास करें। द्वादशी का उपवास न करें।

'न चैदेकादशी विष्णो।' इति नारदोक्तेश्च।

यत्तु—अविद्धाऽपि च विद्धा स्यात्' इति पाद्मं तच्छुद्धाधिकापरम्।

'न चेदेकादशीविष्णो' इस नारदवाक्यसे जो कि अविद्धा भी विद्धा होती है यह पद्मपुराण का वचन है। वह शुद्धाधिका परक है।

यत्तु—सम्पूर्णैकादशी त्याज्या परतो द्वादशी यदि।

उपोष्या द्वादशी शुद्धा द्वादश्यामेव पारणम्॥ इत्यादि, तद्वैष्णवपरम्। स्मार्तानां तु पूर्वैवेत्युक्तम्। विद्धन्यूना समद्वादशिका तु मुमुक्षूणां पुत्रवतां च परा। अन्येषां पूर्वा। पुत्रवतोऽपि पूर्वेति

१—यहाँ यह सन्देह है कि एकाधिकारिक दो उपवास किसप्रकार कर सकता है। एकनिमित्तके लिए दो आवृत्ति करना उचित नहीं है, किन्तु इसे सही और यति इस भेद से निहितपक्ष का अनुवाद मानना चाहिए, ऐसा होने पर किसी एक दूसरे अधिकारी की कल्पना नहीं करनी पड़ेगी। तिथि इस द्विवचन में द्वन्द्वसमास के एक शेष होने पर इतरेतरयोग की प्रतीति होती है। अतः उसके अवरोध से दूसरे अधिकारी का होना भी उचित है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मदनरत्ने । विद्धन्यूना न्यूनद्वादशिका च सैव सर्वैः कार्येति हेमाद्रिः । मुमुक्षूणां पराऽन्येषां पूर्वेति मदनरत्ने ।

जो सम्पूर्ण एकादशीका त्याग करे यदि परद्वादशी हो तो, शुद्ध द्वादशी में उपवास तथा द्वादशीमें ही पारणा करे इत्यादि वैष्णवपरक है ।

स्मार्तों की तो पूर्वा ही है—यह कहा है । विद्धन्यूना समद्वादशिका तो मुमुक्षुओं को तथा पुत्रवालोंको परा और अन्योंको (पुत्रवद्भिन्नगृहिणाम्) पूर्वा है । मदनरत्न में कहा है—पुत्रवान् भी पूर्वा करें । हेमाद्रि कहना है--विद्धन्यूना और न्यूनद्वादशिका, सबोंको करना चाहिये । मदनरत्नमें लिखा है--मुमुक्षुओं को परा तथा अन्योंको पूर्वा है ।

विद्धसमा समद्वादशिकोनद्वादशिका च मुमुक्षुभिः पराऽन्यैः पूर्वा कार्या ।

विद्धसमा समद्वादशिका और ऊनद्वादशिका को करना चाहिये । मुमुक्षुओंको परा तथा अन्य पूर्वा करें ।

'दशमीमिश्रिता पूर्वा द्वादशी यदि लुप्यते ।

शुद्धैव द्वादशी राजन्नुपोष्या मोक्षकाङ्क्षिभिः ॥' इति व्यासोक्तेः । मोक्षकांक्षिग्रहणादन्येषां पूर्वैव ।

व्यासने कहा है--यदि द्वादशी तिथि वृद्धि को प्राप्त न हो तो हे राजन्, दशमी मिश्रित पूर्वा करे । शुद्ध ही द्वादशी को तो मोक्ष की इच्छावाले उसमें उपवास करें । मोक्षाकांक्षीके ग्रहणसे अन्योंकी पूर्वा ही है ।

'सर्वत्रैकादशी कार्या द्वादशीमिश्रिता नरैः ।

प्रातर्भवतु वा मा वा यतो नित्यमुपोषणम् ॥' इति पाद्मोक्तेः । विद्धाधिका समद्वादशिका सर्वेषां पूर्वैव ।

पद्मपुराणमें कहा है--सर्वत्र मनुष्यों को द्वादशी मिश्रित एकादशी करना चाहिये । प्रातःकाल हो या न हो क्योंकि उसमें उपवास नित्य है । विद्धाधिका तथा समद्वादशिका सबोंको पूर्वा ही है ।

'पारणाहे न लभ्येत द्वादशी कलयाऽपि चेत् । तदानीं दशमीविद्धाऽप्युपोष्यैकादशी तिथिः ॥' इति ऋष्यशृङ्गोक्तेश्च ।

माधवमते तु अत्र गृहिणां पूर्वा, यतेरुत्तरा । विद्धाधिका न्यूनद्वादशिका मोक्षपापक्षय-विष्णुप्रीतिकामैः परा कार्या । गृहस्थेन तु नक्तं कार्यम् ।

ऋष्यश्रृंगने भी कहा है--पारणामें द्वादशी एक कला भी न मिलती हो तो एकादशी (दशमीविद्धा एकादशी) में उपवास करे । समद्वादशिका तो सबोंकी पूर्वा ही है ।

यदि पारणाके दिन एक कला भी द्वादशी न मिले । अर्थात्—पारणादिन में द्वादशी के अलाभ में तो दशमीविद्धा एकादशी को उपवास करे ।

माधवमतमें—यहाँ पर गृहस्थोंको पूर्वा तथा यतिको उत्तरा है । विद्धाधिका (समद्वादशिकाऽधिका-द्वादशिका च सर्वेषां परैवेति पाठः) न्यूनद्वादशी का मोक्ष तथा पापक्षयविष्णुप्रीतिकामनावाले परा करें तथा गृहस्थ तो नक्त (नक्तभोजन) करे ।

'एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी ।

उपवासं न कुर्वीत पुत्रपौत्रसमन्वितः ॥' इति कौर्मे 'दिनक्षये उपवासनिषेधात् ।

कूर्मपुराण में लिखा है—यदि एकादशी और द्वादशी हो तथा रात्रिशेष में त्रयोदशी हो तो पुत्र-पौत्रसे युक्त उपवास न करें । दिनक्षयमें उपवास का निषेध है ।

'दशम्यैकादशीविद्धा द्वादशी च क्षयं गता ।

क्षीणा सा द्वादशी ज्ञेया नक्तं तु गृहिणः स्मृतम् ॥' इति वृद्धशातातपोक्तेश्च ।

वृद्धशातातपने भी कहा है--यदि दशमी तिथि एकादशी से विद्धा हो और द्वादशीका क्षय हो तो वह द्वादशी क्षीणा जाननी चाहिये, उसमें गृहस्थको नक्तव्रत (नक्तभोजन) कहा है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गृहिणः पूर्वत्रोपवासः। एकादश्याः शुद्धन्यूनत्वे शुद्धसमत्वे वा द्वादश्या न्यूनसमत्वयोरेकादश्यामुपवासः।

गृहस्थ को पहले में उपवास करना चाहिये। एकादशी में शुद्धन्यून या शुद्धसमत्व में द्वादशी के न्यून समत्व में तो एकादशीमें उपवास करे।

यानि तु—'दशम्यनुगता हन्ति द्वादशं द्वादशीफलम्। धर्मापत्यधनायूंषि त्रयोदश्यां तु पारणम् ॥' इति कौर्मादीनि दशमीवेधत्रयोदशीपारणयोर्निषेधकानि तानि विहितभिन्नपराणि। अत्र मूलवचनानि तद्व्यवस्था चाऽऽकरे ज्ञेया।

और जो दशमी में वेध और त्रयोदशी में पारणा के निषेध वचन हैं वह विहित वचनों से भिन्न दूसरे वचन हैं। 'दशमीसे अनुगता एकादशी, त्रयोदशी में पारणा, बारह द्वादशी के फल को नष्ट करती है तथा धर्म, पुत्र, धन और आयु का नाश करती है। यहाँ पर मूल वचनों को एवं उनकी व्यवस्था को आकर ग्रन्थ में समझना चाहिये।

यत्तु कालहेमाद्रौ—'बहुवाक्यविरोधेन सन्देहो जायते यदा। द्वादशी तु तदा ग्राह्या त्रयोदश्यां तु पारणम् ॥' इति मार्कण्डेयोक्तेः'

'सन्दिग्धेषु च वाक्येषु द्वादशीं समुपोषयेत्। तथा—

'विवादेषु च सर्वेषु द्वादश्यां समुपोषणम्। पारणं च त्रयोदश्यामाज्ञेयं मामकी मुने ॥' इति पाद्मोक्तेश्च वेधसन्देहे ज्योतिर्विदां विप्रतिपत्तौ वा परा कार्येत्युक्तम्, तद्वैष्णवविषयमित्यलं बहुना।

जो कालहेमाद्रि में मार्कण्डेयने कहा है—जब बहुत वाक्यके विरोधसे यदि सन्देह हो जाय तो द्वादशी ग्रहण करे और त्रयोदशी में पारणा करे।

संदिग्ध वाक्यों में द्वादशीको उपवास करे। और पद्मपुराण का वचन है—हे मुने, मेरी यह आज्ञा है—सब विवादोंमें द्वादशीको उपवास तथा त्रयोदशी में पारणा करे। वेध के सन्देह में या ज्योतिर्विदोंके या विप्रतिपत्तिमें परा करे-यों कहा है। वह वैष्णवविषयक है। इसमें विस्तार करना व्यर्थ है।

(अथात्रोपयुक्तं किञ्चिदुच्यते)

अथात्रोपयुक्तं किञ्चिदुच्यते। तत्र दशम्यामेकादशीयोगे दशमीमध्य एव भोजनं कार्यम्। 'एकादश्यां न भुञ्जीत' इति तस्या एव निमित्तत्वात्। 'निषेधस्तु निवृत्त्यात्मा कालमात्रमपेक्षते ॥' इति देवलोक्तेश्च।

उसके बाद उपयुक्त कुछ कहना है। दशमी में एकादशी के योग में 'दशमी के मध्यमें ही भोजन करे। एकादशी में न भोजन करे क्योंकि उसका ही निमित्त होनेसे। देवलने भी कहा है-निषेध निवृत्यात्मक होने के कारण कालमात्र की अपेक्षा करता है।

केचित्तु एकादशीव्रताङ्गत्वेन पूर्वेद्युरेकभक्तविधानाद्विधिस्पृष्टे च निषेधानवकाशान्न काम्यव्रताङ्गे भोजननिषेधः प्रवर्तते। तेनैकादशीमध्येऽपि पूर्वदिने भोजनमित्याहुः।

कोई कहते हैं एकादशी व्रतांग होनेसे पहले दिन (दशम्यामेकभक्तस्तु मांसमैथुनवर्जितः। एकादशीमुपवसेत्पक्षयोरुभयोरपि। देवतास्तस्य तुष्यन्ति कामितं चास्य सिध्यति ॥) एकभक्त के विधान से विधि के स्पर्श में निषेध का अवकाश न होने से काम्यव्रतांग में भोजन का निषेध प्रवृत्त नहीं होता है। उससे एकादशी के मध्य में भी पूर्व दिन भोजन कहा है।

१–एकभक्तविधौ चानृतवदनादिनिवृत्तिवद् व्रताङ्गतया द्वितीयभोजननिवृत्तिरेव विधीयते लाघवात्, न तु तद्विशेष्यं भोजनमपि गौरवात्। तेन शुद्धाधिकद्वादश्यामुपवासद्वयं भवति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अथाधिकारीविचारः)

अत्राधिकारी माधवीये कात्यायनेनोक्तः—'अष्टवर्षाधिको मर्त्यो ह्यशीतिन्यूनवत्सरः।
एकादश्यामुपवसेत्पक्षयोरुभयोरपि ॥' इति।

माधवीय में कात्यायन ने अधिकारी कहा है—आठ वर्ष से अधिक और अस्सी वर्ष की अवस्था से न्यून अवस्थावाला मनुष्य दोनों पक्षोंकी एकादशी में उपवास को करे।

भविष्ये––'ब्रह्मचारी च नारी च शुक्लामेव सदा गृही ॥' इति।

भविष्य का कथन है—ब्रह्मचारी और विधवा स्त्री सदैव शुक्ला में ही उपवास करें।

यत्तु विष्णुः––'पत्यौ जीवति या नारी उपोष्य व्रतमाचरेत्।
आयुष्यं हरते भर्तुर्नरकं चैव गच्छति ॥' इति तद्भर्त्रननुज्ञाविषयमिति प्रागुक्तम्।

जो विष्णु ने कहा है––पतिके जीवनकालमें जो नारी उपवासको करती है वह पतिकी आयु को हरती है तथा नरकमें जाती है। वह पतिकी आज्ञाके बिना होनेपर है। यह बात पूर्व भी कही जा चुकी है।

(उपवासाशक्तौ विचारः)

उपवासासामर्थ्ये तु मार्कण्डेयकौर्मयोः–'एकभक्तेन नक्तेन तथैवायाचितेन च।
उपवासेन दानेन न निर्द्वादशिको भवेत् ॥'

अत्र—एकभक्तेन यो मर्त्य उपवासव्रतं चरेत्। इत्येकभक्तादिषूपवासशब्दस्तद्धर्मातिदेशार्थः। तेन तत्प्रयुक्ताः सर्वे धर्माः तत्स्थानापन्नेऽपि भवन्ति। सङ्कल्पमन्त्रे चैकभक्तादिपदेनोहः कार्य इति मदनरत्ने। तथाऽसामर्थ्ये प्रतिनिधिना कारयेदिति प्रागुक्तम्।

उपवासकी असामर्थ्य में तो मार्कण्डेयपुराण और कूर्मपुराणमें यों कहा है—दिन में एक बार [1]हविष्यान्न भोजन से तथा बिना मांगे अन्न से उपवास एवं दान के द्वारा एकादशी का व्रत होता है। वह निर्द्वादशिक नहीं होता है। यहाँ पर एकभक्त के द्वारा जो मनुष्य उपवासरूपी व्रत को करता है। इस वचन में एक भक्त आदि में उपवासशब्द का प्रयोग है उपवास के धर्मो का अतिदेश करनेवाला है। अर्थात् ले आनेवाला है। इसलिये उपवास में प्रयुक्त सभी धर्म उसके स्थानापन्न में भी होते हैं। संकल्पमन्त्र में एक भक्तादिपदसे ऊह करना चाहिये। यह मदनरत्न में कहा है। सामर्थ्याभाव तो प्रतिनिधिसे करवा दे। यह बात पूर्व कही गई है।

(अथ व्रताकरणे प्रायश्चित्ताकथनम्)

व्रताकरणे प्रायश्चित्तमाह माधवीये कात्यायनः—
'अर्के पर्वद्वये रात्रौ चतुर्दश्यष्टमी दिवा। एकादश्यामहोरात्रं भुक्त्वा चान्द्रायणं चरेत् ॥' इति।

व्रतके न करनेपर प्रायश्चित्त माधवीयमें कात्यायनने कहा है—रविवार, अमावास्या और पूर्णिमा द्वय पर्व में, रात्रिमें, चतुर्दशी तथा अष्टमीको दिनमें, एकादशी में अहोरात्र भोजन करने पर [2]चान्द्रायण व्रत करे।

(अथ काम्यव्रतविधिप्रकारः)

अथ काम्यव्रतविधिः लघुनारदीये––'दशम्यादि महीपाल त्रिदिनं परिवर्जयेत्। गन्धताम्बूल-पुष्पादि स्त्रीसंभोगं महायशाः ॥'

लघुनारदीयमें कहा है कि—हे महीपाल, दशमीसे तीन दिनतक गन्ध, पुष्प, ताम्बूल आदि तथा स्त्री-सम्भोग त्याग करें।

१–'नक्तम्=हविष्यान्नम्, इति नक्तमुक्तम्, तदसंभवे अयाचितमेकभक्तं वा कार्यमित्यत्र तात्पर्यम्। अत्र च एक भक्तेन नक्तेन बालवृद्धातुरः क्षिपेत्। पयोमूलफलैर्वाऽपि न निर्द्वाशिको भवेत् ॥

२–प्रमादादिनाऽकरणे यवमध्यम्, नास्तिक्यादिना तु पिपीलिकामध्यम्, प्रतिनिमित्तं नैमित्तिकावृत्तिश्च। अशक्तस्याकामतश्चार्धं कल्प्यम्। दक्षिणा तु शक्तस्य कामतो वा त्यागेऽष्टगावः। अशक्तादेश्च तत्सः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अथ दशम्यां विधिकथनम्)

तत्र दशम्यां विधिः कौर्मे—

'कांस्यं मांसं मसूरांश्च चणकान् कोरदूषकान्। शाकं मधु परान्नं च त्यजेदुपवसन् स्त्रियम् ॥'

तथा—'शाकं मांसं मसूरांश्च पुनर्भोजनमैथुने। द्यूतमत्यम्बुपानं च दशम्यां वैष्णवस्त्यजेत् ॥'

उसमें दशमीविधिमें कूर्मपुराणमें कहा है—कांस्यपात्रमें भोजन, मांस, मसूर, चना, कोदों, शाक, मधु, परान्न और स्त्री इनको उपवासवाला मनुष्य त्याग दे तथा शाक, मांस, मसूर, पुनर्भोजन, मैथुन, जुआ तथा अधिक अम्बुपान इनको वैष्णव दशमी में त्याग दे।

मदनरत्ने नारदीये—'अक्षारलवणाः सर्वे हविष्यान्ननिषेविणः।
अवनीतल्पशयनाः प्रियासङ्गमवर्जिताः ॥'

मदनरत्नमें नारदपुराण का वचन है—सब तरह का [1]क्षार और निमक न खाकर हविष्यान्न का सेवन करे। भूमिमें शयन करे। स्त्री के साथ संगम न करें।

(अथ व्रतघ्नान्याह)

हेमाद्रौ देवलः—असकृज्जलपानाच्च सकृत्ताम्बूलचर्वणात्।
उपवासः प्रणश्येत दिवास्वापाच्च मैथुनात्।

हेमाद्रिमें देवलने कहा है—बार बार जलपान से एक बार पान खानेसे, दिनमें सोने से तथा मैथुन से उपवास नष्ट हो जाता है।

(अथाशक्तौ विशेषः)

अशक्तौ तु मदनरत्ने देवलः—'अत्यये चाम्बुपानेन नोपवासः प्रणश्यति।' अत्यये = कष्टे।

अशक्तिमें तो मदनरत्नमें देवलने कहा है—कष्टमें जलपान करने पर उपवासका नाश नहीं होता है।

विष्णुरहस्ये—'गात्राभ्यङ्गं शिरोऽभ्यङ्गं ताम्बूलं चानुलेपनम्।
व्रतस्थो वर्जयेत्सर्वं यच्चान्यत्र निराकृतम् ॥'

विष्णुरहस्य में लिखा है—शरीर एवं शिरमें तेल लगाने वाला, ताम्बूल तथा अनुलपेन करनेवाला, व्रतस्थी सब त्याग दे और जो अन्यत्र निराकरण किया है उसे भी त्याग दे।

(एषु प्रायश्चित्तमुक्तम्)

एषु प्रायश्चित्तमुक्तं निर्णयामृते संग्रहे—'स्तेनहिंसकयोः सख्यं कृत्वा स्तैन्यं च हिंसनम्। प्रायश्चित्तं व्रती कुर्याज्जपेन्नामशतत्रयम् ॥ मिथ्यावादे दिवास्वापे बहुशोऽम्बुनिषेवणे। अष्टाक्षरं व्रती जप्त्वा शतमष्टोत्तरं शुचिः ॥ प्रणवं पूर्वमुच्चार्य नमो नारायणः पदम्। चतुर्थ्यन्तं वदेत्पश्चान्मनुरष्टाक्षरो मतः ॥ ॐ नमो नारायणायेत्यष्टाक्षरः।

निर्णयामृत तथा संग्रहमें प्रायश्चित्त कहा है—यदि व्रती चोर और हिंसक की मित्रता कर चोरी एवं हिंसा करे तो तीनसौ नाम (नाम्नां=विष्णुनाम्नां शतत्रयं न त्वेवमेव नाम शतत्रय=वारम्। संख्यायाः पृथक्त्वनिवेशात्) मन्त्र का जपकर प्रायश्चित्त करे। झूठ बोलनेपर, दिन में सोनेपर और बहुत बार जलको पीने पर एकसौ आठ वार अष्टाक्षर मन्त्र से 'ॐनमो नारायणाय' इस मन्त्र से जप करने से शुद्ध हो जाता है। प्रणवपूर्वक नमो नारायण पद चतुर्थ्यन्त उच्चारण करे। यह अष्टाक्षर मन्त्र माना गया है।

वहींपर पैठीनसिने कहा है—ताम्बूलचर्वण में, स्त्रीसंभोगमें एवं मांससेवन में यदि व्रत लोप हो जाता है। तो उस उपवास को न करके कृष्णा एकादशी की तरह किञ्चित् भोजन करे।

१—अक्षारलवणा इति पाठेऽक्षाराश्च लवणाश्चेति विग्रहः। अक्षारलवणा इति पाठेऽपि क्षाराश्च लवणानि चेति समासानन्तरं नञ् समासः। समान एवार्थः। क्षारलवणं खारीति प्रसिद्धम्। तन्निषेधोऽयमिति केचित्। तन्न, क्षारलवणपदयोः एकवैयर्थ्यात्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत्रैव पैठीनसिः—'ताम्बूलचर्वणे स्त्रीसंभोगे मांसनिषेवणे ।
व्रतलोपो न चेत्कुर्यात्कृष्णावद्बुजिवर्जनम् ॥' इति ।

कृष्णैकादशीवद्भोजननिषेधमात्रपरिपालने तु ताम्बूलचर्वणादावपि न दोष इत्यर्थः । सम्भोगे ऋतुकालादन्यत्र ।

कृष्ण एकादशी की तरह भोजननिषेधमात्रपरिपालनमें तो ताम्बूलचर्वणादिमें भी दोष नहीं है–यह अर्थ है । संभोग तो ऋतुकाल से अन्यत्र का निषेध कहा है ।

रेतःसेकात्मसम्भोगमृतेऽन्यत्र क्षयः स्मृतः ॥' इति कात्यायनोक्तेः ।

कात्यायन ने कहा है कि—ऋतुकाल के अन्यत्र समय में संभोग करने से व्रत क्षय होता है ।

हेमाद्रौ वसिष्ठः—उपवासे तथा श्राद्धे न कुर्याद्दन्तधावनम् ।
दन्तानां काष्ठसंयोगो दहत्यासप्तमं कुलम् ॥ काष्ठग्रहणान्मृल्लोष्ठाद्यानिषेध इति हेमाद्रिः ।

हेमाद्रिमें वसिष्ठने कहा है—उपवास तथा श्राद्धमें दन्तधावन न करे । दाँतों में काष्ठका संयोग सात कुलोंको दग्ध करदेता है । हेमाद्रिका मत है--काष्ठग्रहणसे सिट्टी ढेला आदि का निषेध नहीं है ।

विष्णुरहस्ये—श्राद्धोपवासदिवसे खादित्वा दन्तधावनम् ।
गायत्र्या शतसंपूतमम्बु प्राश्य विशुद्ध्यति ॥

विष्णुरहस्यमें लिखा है--जो श्राद्ध और उपवास दिनमें दतवन करताहै वह सौ बार गायत्री से शुद्ध जल को पीकर शुद्ध हो जाता है ।

निर्णयामृते व्यासः--वर्जयेत्पारणे मांसं व्रताहेऽप्यौषधं सदा । इति ।

निर्णयामृत में व्यास का कथन है—सदा पारणा में मांस और व्रतदिन में औषधी त्याग करे । मुख्यरूपसे व्रतदिन में मांस–वसा–रुधिर–आदिका त्याग करे ।

(एकादश्यां श्राद्धप्राप्तौ)

एकादश्यां श्राद्धप्राप्तौ माधवीये कात्यायन आह---उपवासो यदा नित्यः श्राद्धं नैमित्तिकं भवेत् । उपवासं तदा कुर्यादाघ्राय पितृसेवितम् ॥ मातापित्रोः क्षये प्राप्ते भवेदेकादशी यदि । अभ्यर्च्य पितृदेवांश्च आजिघ्रेत्पितृसेवितम् ॥ इति । हेमाद्र्यादिसर्वनिबन्धेष्वप्येवम् । एतेनैकादशी-निमित्तकं श्राद्धं द्वादश्यां कार्यमिति वदन्तः परास्ताः ।

एकादशीमें श्राद्ध की प्राप्तिमें माधवीय में कात्यायन ने कहा है--यदि उपवास नित्य है और श्राद्ध नैमित्तिक है तो पितरोंको दिये हुए पदार्थ का आघ्राणकर उपवास करे । यदि माता-पिता की क्षयतिथि दिन एकादशी हो तो पितर एवं देवताओं का अर्चन कर पितरों को दिये हुए पदार्थों को सूँघ लेवे । हेमाद्रि आदि सब ग्रन्थनिबन्धों में भो ऐसा ही है । इससे एकादशी निमित्त श्राद्धको द्वादशी तिथि में करे । यह कहनेवाले परास्त हुए ।

किञ्च महालये--स पक्षः सकलः पूज्यः श्राद्धषोडशकं प्रति । इति श्रुतं षोडशत्वम्, पौषैका-दश्यांच मन्वादिश्राद्धं, क्षयाहापरिज्ञाने च तत्पक्षैकादश्यां विहितं श्राद्धं बाधितमेव स्यात् ।

और भी महालयमें कहा है—सोलहश्राद्धका संपूर्णपक्ष पूज्य है । ऐसा सुना है षोडशत्व और पौष एकादशी में मन्वादिश्राद्ध सुना गया है । क्षयाह की जानकारी न होने से तो उस पक्ष की एकादशी में विहित श्राद्ध बाधित ही होता है ।

यदपि स्मृतिचन्द्रिकास्थं पठन्ति---अन्नाश्रितानि पापानि तद्भोक्तुर्दातुरेव वा । मज्जन्ति पितरस्तस्य नरके शाश्वतीः समाः ॥ इति । तस्यापि रागप्राप्तिभुजिगोचरस्य वैधं श्राद्धं गोचरयतां महत्साहसमित्यलम् ।

जो स्मृतिचन्द्रिकामें दिये हुए प्रमाण को पढ़ते हैं भोक्ता तथा दाता के पाप अन्नमें रहते हैं । जो व्रत

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

में अन्न को खाता है उसके पितर बहुत समय तक नरकों में डूबते रहते हैं। यह वचन रागप्राप्त भोजनके निषेध को वैध श्राद्ध माननेवालों का बड़ाही साहस है। अर्थात् उनका प्रलाप ही है।

योऽपि—अकृतश्राद्धनिचता जलपिण्डं विना कृताः। इति लघुनारदीये एकादश्यां श्राद्धादिनिषेधः स मातापितृभिन्नविषयः। पूर्ववाक्ये तद् ग्रहणात्। यद्वाश्राद्धनिचयः=श्राद्धे प्रतिग्रहः।

लघुनारदीय में लिखा है—एकादशीके दिन जो श्राद्धका निषेध है। वह माता-पिताके श्राद्धसे भिन्न समझना चाहिये। क्योंकि पूर्ववाक्यमें माता-पिता का ग्रहण किया गया है अथवा श्राद्ध का प्रतिग्रह लेनेवाले के लिये यह निषेध है। श्राद्ध करनेवाले के लिये नहीं है।

(अथाव्रतघ्नान्याह)

मदनरत्ने देवलः-सर्वभूतभयं व्याधिः प्रमादो गुरुशासनम्।
अव्रतघ्नानि पठ्यन्ते सकृदेतानि शास्त्रतः॥

अब व्रत के नष्ट न करनेवालोंको कहता है। मदनरत्नमें देवलने कहा है कि—सब भूतों से व्रत करने में या मदनरत्न मतसे सर्पादिकों से भय, व्याधिरहित, प्रमाद तथा गुरुशासन (आज्ञा)। ये सब एक बार शास्त्रानुसार अव्रतघ्न होते हैं।

स्कान्देऽपि-अष्टौ तान्यव्रतघ्नानि आपो मूलं फलं पयः।
हविर्ब्राह्मणकाम्या च गुरोर्वचनमौषधम्॥ इदं चातिसंकष्टविषयम्।

स्कन्दपुराणमें भी कहा है—ये आठ व्रतघ्न नहीं होते हैं—जल, मूल, फल, दूध, हवि, ब्राह्मणेच्छा, गुरु का वचन तथा औषध-यह अतिसंकटविषयपरक है।

नारदीये-अनुकल्पो नृणां प्रोक्तः चीणानां वरवर्णिनि। मूलं फलं पयस्तोयमुपभोग्यं भवेच्छुभे॥ नत्वेव भोजनं कैश्चिदेकादश्यां बुधैः स्मृतम्॥ इति।

नारदपुराणमें कहा है—हे वरवर्णिनि, चीण मनुष्योंके लिए व्रत में ये अनुकल्प कहे गये हैं। हे शुभे, मूल-मूली आदि, फल, दूध, जल उपभोग्य हैं। इसतरह एकादशी को किसी भी बुद्धिमानों ने भोजन नहीं कहा है।

(अस्यापवादः)

शयने च समुत्थाने मत्पार्श्वपरिवर्तने। नरो मूलफलाहारी हृदि शल्यं ममार्पयेत्॥ इदं चातिसंकटविषयम्। एते चाविरोधिनो निर्णयाः सर्वव्रतेषु ज्ञेयाः।

इसका अपवाद (निषेध) भी है-मेरे सोने, जागने और करवट लेनेपर जो मनुष्य कन्द मूल या फलहारी होता है वह मेरे हृदयमें बाण अर्पण करता है। यह अत्यन्त सङ्कटविषयक है। सब व्रतोंमें ये सब अविरोधी निर्णय जानना चाहिये।

(अथैकादश्यां सङ्कल्पकथनम्)

तत्रैकादश्यां सङ्कल्पः—गृहीत्वाडुम्बरं पात्रं वारिपूर्णमुदङ्मुखः।
उपवासं तु गृह्णीयाद्यद्वावार्येऽव धारयेत्॥ इति माधवीये वाराहोक्तेः।

वहाँ पर एकादशीमें संकल्प यों है—जलसे भरे उदुम्बर पात्रको ग्रहणकर उत्तरमुख हो उपवासका ग्रहण करे या जलमात्र ग्रहण करे। यह माधवीय में वाराहने कहा है।

(अथ मन्त्रकथनम्)

मन्त्रस्तु विष्णुः—एकादश्यां निराहारः स्थित्वाऽहमपरेऽहनि।
भोक्ष्यामि पुण्डरीकाक्ष शरणं मे भवाच्युत॥ इति।

विष्णुने मंत्र यों कहा है—हे अच्युत, मैं एकादशी को [1] निराहारमें स्थित होकर दूसरे दिन भोजन करूँगा। हे पुण्डरीकाक्ष, आप मेरी रक्षा कीजिये।

[1] फलाहार इत्याद्यूहो बोध्यः। देशकालौ सङ्कीर्त्य—'विष्णवनुज्ञया एकादशीव्रतमहं करिष्ये' इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अथ शैवादीनां विशेषः)

शैवादीनां तु हेमाद्रौ सौरपुराणे—सावित्र्याप्यथ वा नाम्ना सङ्कल्पं तु समाचरेत् ।
शिवादिगायत्र्यो यजुर्वेदे प्रसिद्धाः ।

शैवादिकोंको तो हेमाद्रिमें सौरपुराण का कथन है–गायत्री या नामसे संकल्प करे। शिव–आदि की भी गायत्री (ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि । तन्नो रुद्रः प्रचोदयात् ॥) यजुर्वेद में प्रसिद्ध है।

(पुष्पाञ्जलिविचारः)

वाराहे—इत्युच्चार्य ततो विद्वान् पुष्पाञ्जलिमथार्पयेत् । ततस्तज्जलं पिबेत् ।

वाराहपुराण में कहा है—इसप्रकार उच्चारणकर पात्र में या हाथ में संकल्प वाक्योचारण सहित जल को धारणकर संकल्प करे। विद्वान् पुष्पाञ्जलि को अर्पण करे। फिर उस जल का पान करे।

(अष्टाक्षरमन्त्रेणाभिमन्त्रितजलस्य पानकथनम्)

अष्टाक्षरेण मन्त्रेण त्रिर्जप्तेनाभिमन्त्रितम् ।
उपवासफलं प्रेप्सुः पिबेत्पात्रगतं जलम् ॥ इति कात्यायनोक्तेः ।

कात्यायन ने कहा है कि—अष्टाक्षर मन्त्र (ॐ नमो नारायणाय) से तीन बार मन्त्र के द्वारा अभिमन्त्रितकर उस पात्रस्थित जल को उपवास के फल की इच्छा करनेवाला पीजाय।

(माधवमते सङ्कल्पविचारः)

मध्यरात्रे उदये वा दशमीवेधे रात्रौ सङ्कल्प इति माधवः ।

माधव का मत है कि—मध्यरात्रि में या उदय में दशमीवेध में रात्रि में संकल्प करे।

(सङ्कल्पार्चनयोः विचारः)

दशम्याः सङ्गदोषेण अर्धरात्रात्परेण तु । वर्जयेच्चतुरो यामान् सङ्कल्पार्चनयोः सदा ॥

नारदपुराण में कहा है कि—आधी रात से पर तो दशमी के संग दोष से सदा संकल्प एवं अर्चन में चारयाम (प्रहर) को वर्जित करे।

(विष्णुपूजने विचारः)

विद्धोपवासेऽनश्नंस्तु दिनं त्यक्त्वा समाहितः । रात्रौ संपूजयेद्विष्णुं सङ्कल्पं च तदाऽऽचरेत् ॥ इति नारदीयोक्तेः ।

विद्धोपवास में दिन को त्यागकर समाहित अर्थात्–सावधान मन से रात्रि में भगवान् विष्णु का पूजन करे तभी संकल्प करे।

(देवस्याग्रे जागरणकथनम्)

तत्रैव पूजामभिधाय—देवस्य पुरतः कुर्याज्जागरं नियतो व्रती ।

वहीं पर ही पूजा को कहकर व्रती नियमपूर्वक होकर देवता के आगे रात्रि में जागरण करे।

(द्वादश्यां निवेदनमन्त्रः)

द्वादश्यां निवेदनमन्त्र उक्तः कात्यायनेन—अज्ञानतिमिरान्धस्य व्रतेनानेन केशव ।
प्रसीद सुमुखो नाथ ज्ञानदृष्टिप्रदो भव ॥ इति ।

कात्यायन ने द्वादशी में निवेदन मन्त्र कहा है—हे केशव, अज्ञानरूपी अन्धकार से अन्धा हुए मुझे इस व्रत से प्रसन्नमुख होकर हे नाथ, ज्ञानरूपी दृष्टि को दें।

(ब्राह्मणभोजनविचारः)

नारदीये—ब्राह्मणान् भोजयेच्छक्त्या दद्याद्वै दक्षिणां ततः ।

नारदीय में कहा है—यथाशक्ति से ब्राह्मणों को भोजन करावें तथा दक्षिणा दे। (ततः स्वबन्धुभिः सार्धं नारायणपरायणः । कृतपञ्चमहायज्ञः स्वयं भुञ्जित वाग्यतः ॥)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(उपवासं कृत्वा तुलसीमिश्रितभोजने हत्याशमनकथनम्)

स्कान्दे—कृत्वा चैवोपवासं तु योऽश्नाति द्वादशीदिने। नैवेद्यं तुलसीमिश्रं हत्याकोटिविनाशनम्।

स्कन्दपुराण में कहा है—जो उपवास को कर द्वादशी दिन में भोजन करता है। अर्थात्—तुलसी मिश्रित नैवेद्य को खाता है उसकी करोड़ों ही हत्या का विनाश होता है।

(द्वादश्यां वर्ज्यानि)

द्वादश्यां च वर्ज्यान्याह बृहस्पतिः—दिवा निद्रां परान्नं च पुनर्भोजनमैथुने।
क्षौद्रं कांस्यामिषं तैलं द्वादश्यामष्ट वर्जयेत्॥

और बृहस्पति ने द्वादशी तिथि में वर्जितों की गणना की है—दिनमें शयन करना, परान्न (दूसरेका अन्न) भक्षण करना, (श्वसुरान्नं गुरोरन्नं मातुलान्नं तथैव च। पितृव्यभ्रातृपुत्राणां परान्नं नैव दोषकृत्॥ —इस वचन का यहाँ उपयोग नहीं हो सकता। इसका तो व्रतादि भिन्न दिन परान्नग्रहण विषयक होने से) फिर से भोजन करना, मैथुन (संभोग) करना, सहत का भक्षण करना, कांस्यपात्र में भोजन करना, मांस भक्षण करना तथा तैल का उपयोग करना ये आठ वस्तु को द्वादशी तिथि में वर्जित[१] करे।

हेमाद्रौ ब्रह्माण्डपुराणे—पुनर्भोजनमध्यायो भार आयासमैथुने।
उपवासफलं हन्युर्दिवा निद्रा च पञ्चमी।

हेमाद्रि में ब्रह्माण्डपुराण का मत है कि—फिर से भोजन करना, पढ़ना, भार (बोझा) उठाना, परिश्रम करना, मैथुन करना तथा दिन में निद्रा करना ये पांचो उपवास के फल का नाश करती हैं।

स्कान्दे—परान्नं कांस्यताम्बूले लोभं वितथभाषणम्। वर्जयेदिति शेषः।

स्कन्दपुराण का मत है—व्रती परान्नभक्षण, कांस्यपात्र को उपयोग में लेना, तांबूल चर्वण करना, लोभ की मात्रा करना तथा मिथ्याभाषण करना, इनका त्याग (द्वादशी में) करे।

(असंभाष्यादिभाषणे विचारः)

विष्णुधर्मे—असम्भाष्यान् हि सम्भाष्य तुलस्यतसिकादलम्।
आमलक्याः फलं वाऽपि पारणे प्राश्य शुद्ध्यति।

विष्णुधर्म में कहा है कि—दिन में असंभाष्य व्यक्तियों से संभाषण—(बहिर्ग्रामाऽन्त्यजान् सूति पतितं च रजस्वलाम्। न स्पृशेन्नाभि भाषेत नेक्षेत व्रतवासरे॥) करने पर तुलसी तथा अतसी (तीसी का पत्र) का दल या आंवले के फल से पारणा में भक्षणकर शुद्ध होता है।

(व्रतादिमध्ये रजस्वलादीनां शब्दश्रवणे विचारः)

बृहन्नारदीये—रजस्वलां च चाण्डालं महापातकिनं तथा। सूतिकां पतितं चैव उच्छिष्टं रजकादिकम्॥ व्रतादिमध्ये शृणुयाद्यद्येषां ध्वनिमुत्तमम्। अष्टोत्तरसहस्रं तु जपेद्वै वेदमातरम्॥

बृहन्नारदीयपुराण का मत है—रजस्वला, चाण्डाल, महापातकी, सूतिका, पतित, उच्छिष्ट तथा रजक (धोबी) आदि का उत्तमध्वनि व्रतादि के मध्य में श्रवण करने पर गायत्री जप को एक हजार बार जप करे।

१—ब्रह्माण्डे—कांस्यं मांसं सुरां क्षौद्रं लोभं वितथभाषणम्। व्यायामं च प्रवासं च दिवास्वापमथाञ्जनम्॥ तिलपिष्टं मसूरं च द्वादशैतानि वैष्णवः॥ द्वादश्यां वर्जयेन्नित्यं सर्वपापैः प्रमुच्यते॥ तथा—कांस्यं मांसं सुरां द्यूतं व्यायामं क्रोध-मैथुने। हिंसामत्यन्तलौल्यं च तैलं निर्माल्यलङ्घनम्। द्वादशां द्वादशैतानि वैष्णवः परिवर्जयेत्। द्वादश्यां पारणं कुर्याद् वर्जयित्वा ह्युपोदकीम्। उपोदकी=पोई। कांस्यं मांसं मसूरं च चणकं कोरदूषकाः। शाकं मधु परान्नं च हन्युरष्टाविमे फलम्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri. Funding: MIDF

(सूतकादौ द्वादशीव्रते विचारः)

एतद् व्रतं सूतकेऽपि कार्यम् । सूतके मृतके वापि न त्याज्यं द्वादशीव्रतम् । इति विष्णूक्तेः ।

इसी व्रत को सूतक में भी करना चाहिये । विष्णु ने कहा है कि—सूतक (जननाशौच) में या मृत्यु में द्वादशी व्रत का त्याग न करे ।

(सूतकान्ते दानादिकथनम्)

तत्र त्यक्तं दानादि सूतकान्ते कार्यम् । सूतकान्ते नरः स्नात्वा पूजयित्वा जनार्दनम् । दानं दत्त्वा विधानेन व्रतस्य फलमश्नुते । इति मात्स्योक्तेः ।

उसमें त्यक्तदानादिक को सूतकान्त में करना चाहिये । मत्स्यपुराण का कथन है कि–मनुष्य सूतकान्त में स्नानकर भगवान् जनार्दन का पूजनकर विधान से दान (ब्राह्मणभोजन का भी ग्रहण करे । क्योंकि इसमें अन्नदान होता है) देकर व्रत के फल को प्राप्त करता है ।

(रजोदर्शने एकादश्यां विचारः)

रजोदर्शनेऽपि कार्यम् । एकादश्यां न भुञ्जीत नारी दृष्टे रजस्यपि । इति पुलस्त्योक्तेः ।

रजोदर्शन में भी करना चाहिये । पुलस्त्य का मत है कि—नारी को रजोधर्म दिखने पर भी एकादशी को भोजन न करे ।

यदा द्वादश्यां श्रवणर्क्षं तदा शुद्धामप्येकादशीं त्यक्त्वा तत्रैवोपवासः कार्यः ।

जब द्वादशी तिथि में श्रवणनक्षत्र हो तब शुद्धा एकादशी का भी त्यागकर उसी में ही उपवास करना चाहिये ।

शुक्ला वा यदि वा कृष्णा द्वादशी श्रवणाऽन्विता । तयोरेवोपवासश्च त्रयोदश्यां च पारणम् ॥ इति नारदीयोक्तेः । एते च नियमाः काम्यव्रते नियताः । नित्यव्रते सति संभवे कार्याः । शक्तिमांस्तु पुनः कुर्यान्नियमं सविशेषणम् । इति कात्यायनोक्तेः ।

नारदपुराण में कहा है कि—शुक्लपक्ष की या कृष्णपक्ष की श्रवणनक्षत्र से युक्त द्वादशीतिथि हो तो उसी में ही उपवास करे तथा त्रयोदशी में पारणा करे । इन सबका नियम काम्यव्रत में नियत है । नित्यव्रत में तो सतिसंभव में करना चाहिये । कात्यायन ने कहा है कि–शक्तिशाली व्यक्ति तो फिर विशेष नियम को करे ।

(अशक्तौ विशेषः)

अशक्तौ तु माधवीये ब्रह्मवैवर्ते—इति विज्ञाय कुर्वीतावश्यमेकादशीव्रतम् ।
विशेषनियमाशक्तोऽहोरात्रं भुजिवर्जितः ॥ इति ।

अशक्ति में तो माधवीय में ब्रह्मवैवर्तपुराण का मत है—इसप्रकार जानकर अवश्य एकादशीव्रत को करे । विशेष नियम के करने में अशक्त हो तो अहोरात्र भोजन न करे ।

(अथाष्टौ महाद्वादश्यः)

तत्र शुद्धाधिकैकादशीयुता द्वादशी उन्मीलिनी संज्ञा । द्वादश्येव शुद्धाधिका वर्द्धते चेत्सा वञ्जुली । वासरत्रयस्पर्शिनी त्रिस्पृशा । अग्रे पर्वणः सम्पूर्णाधिकत्वे पक्षवर्द्धिनी । पुष्यर्क्षयुता जया । श्रवणयुता विजया । पुनर्वसुयुता जयन्ती । रोहिणीयुता पापनाशिनी । अत्र मूलं हेमाद्रौ ज्ञेयम् । एताः पापक्षयमुक्तिकाम उपवसेत् ।

इसके बाद आठ महाद्वादशी का परिगणन करते हैं—(१) उसमें शुद्धाधिक एकादशी के सहित द्वादशी का नाम उन्मीलिनी (एकादशी तु संपूर्णा वर्धते पुनरेव सा । तद्युता द्वादशीत्यर्थः । उन्मीलिनी भृगुश्रेष्ठ कथिता पापनाशिनी ॥) है । यह पहली है । (२) द्वादशी में ही शुद्धाधिक वर्धित हो तो वह वञ्जुली (द्वादश्यामुपवासश्च द्वादश्यामेव पारणम् । वञ्जुली नाम सा प्रोक्ता हत्यायुतविनाशिनी ॥) नामवाली दूसरी है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(३) वासरत्रय स्पर्शनी (तीन दिनतक स्पर्श करती हो) (अरुणोदय-सूर्योदय) आद्या (एकादशी) स्याद् द्वादशी सकलं दिनम्। अन्ते त्रयोदशी प्रात्रस्त्रिस्पृशा सा प्रकीर्तिता ॥) नामवाली तीसरी है। (४) आगे पर्व ही संपूर्णाधिक्य में पक्षवर्धनी (कुहू राके यदा वृद्धिं प्रयाते पक्षवर्धिनी। विहायैकादशीं तत्र द्वादशीं समुपोषयेत् ॥) नाम की चतुर्थ है। (५) पुष्यनक्षत्र से युत जया नाम की पांचवी है। (६) श्रवणनक्षत्र से युक्त विजया नाम की छठी है। (७) पुनर्वसु नक्षत्र से संयुक्त जयन्ती नाम की सातवीं है। (८) रोहिणीनक्षत्र से संयुक्त पापनाशनी नाम की आठवीं है। इसका मूल हेमाद्रि नामक निबन्ध में जानना चाहिये। इन सब आठ-द्वादशियों का पापक्षय तथा मुक्तिकामनावाले उपवास करे।

एकादशीद्वादश्योरेकत्वे तन्त्रेणोपवासः। पार्थक्ये तु शक्तस्योपवासद्वयम्।

एकादशी-द्वादशी के एक होने पर तन्त्र से उपवास करे। पार्थक्य में—(प्रकान्तद्वादश्युपवासस्य प्रधानभूतद्वादश्युपवासानुरोधेनैकादश्युपवाससाङ्गपारणबाध इत्यर्थः) अर्थात्-दोनों के अलग अलग होने पर समर्थ पुरुष दो उपवास करे।

एकादशीमुपोष्यैव द्वादशीं समुपोषयेत्। इति विष्णुरहस्यात्। अशक्तौ तु द्वादश्यामेव।

विष्णुरहस्यमत से—एकादशी में ही उपवास को कर द्वादशी में उपवास करे। अशक्ति में तो द्वादशी तिथि में ही उपवास करे।

एवमेकादशीं भुक्त्वा द्वादशीं समुपोषयेत्।
पूर्ववासरजं पुण्यं सर्वं प्राप्नोत्यसंशयम् ॥ इति तत्रैवोक्तेः।

वहीं पर कहा है कि—इसप्रकार एकादशी को फलाहार कर द्वादशीतिथि को उपवास करता है उसको पहले दिन के पुण्य सब प्राप्त होते हैं। इसमें संशय नहीं है।

यदा त्वल्पा द्वादशी तदोक्तं मात्स्ये—यदा भवति अल्पाऽपि द्वादशी पारणादिने।
उषःकाले द्वयं कुर्यात्प्रातर्मध्याह्निकं तदा ॥

जब अल्पद्वादशी हो तो तब मत्स्यपुराण में यों कहा है कि—यदि पारणदिन में अल्पद्वादशी हो तो प्रातःकालीन तथा मध्याह्निक के दोनों कर्मों को उषःकाल में करे।

नारदीयेऽपि—अल्पायामथ विप्रेन्द्र द्वादश्यामरुणोदये।
स्नानार्चनक्रियाः कार्या दानहोमादिसंयुताः ॥ इति।

नारदपुराण में भी कहा है कि—हे विप्रेन्द्र, अरुणोदयकाल में अल्पद्वादशी (महाहानिकरी ह्येषा द्वादशी लङ्घिता नरैः। करोति धर्महरणमस्नातेव सरस्वती ॥) हो तो उसी समय में स्नान, अर्चन, दान, होम आदि क्रियाओं को करना चाहिये।

सङ्कटे तु माधवीये देवलः—सङ्कटे विषमे प्राप्ते द्वादश्यां पारयेत्कथम्।
अद्भिस्तु पारणां कुर्यात्पुनर्भुक्तं न दोषकृत् ॥ इति।

सङ्कटे = त्रयोदशीश्राद्धप्रदोषादौ।

संकट में तो माधवीय में देवल का कथन है कि-विषम संकट ([1]त्रयोदशी श्राद्ध तथा प्रदोष[2] आदि) के (अर्थात्-पारणा के असंभव में) प्राप्त होने पर द्वादशी में कैसे पारणा होगी। उत्तर यों है—जल से ही पारणा करे। फिर भोजन करने में दोष नहीं है।

१—मृततिथि-गजच्छाया-वारुण्याद्यलभ्ययोगनिमित्तकम्।

२—आदिना स्नानदानादिकमन्यद् वा किञ्चिद् ग्राह्यम्। सकलधार्मिकग्रन्थेषु जलपारणां कृत्वा श्राद्धाद्यनुष्ठानलिखनात्र तल्लोपो युक्तः, नापि श्राद्धापकर्ष इति भावः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र केचिदाहुः—अपकर्षवाक्यानि अनाहिताग्निविषयाणि । अग्निहोत्रादीनां श्रौतत्वेनापकर्षायोगात् इति । द्वादश्यां च प्रथमपादमतिक्रम्य पारणं कार्यम् ।

यहाँ पर कोई कहते हैं—अपकर्षवाक्य अनाहिताग्नि (औपासनहोम, वैश्वदेवादि) विषयक हैं। अग्निहोत्रादियों का श्रौतत्व के अपकर्ष के योग से । द्वादशी में तो प्रथम पाद का अतिक्रमणकर पारणा करनी चाहिये ।

द्वादश्याः प्रथमः पादो हरिवासरसंज्ञितः ।

तमतिक्रम्य कुर्वीत पारणं विष्णुतत्परैः ॥ इति निर्णयामृते मदनरत्ने च विष्णुधर्मोक्तेः ।

निर्णयामृत तथा मदनरत्न में विष्णुधर्म में कहा है कि—द्वादशी तिथि के प्रथमपाद की हरि वासर संज्ञा है । विष्णु में तत्पर (तल्लीन) उसको अतिक्रमणकर पारणा करें ।

(अथ पारणाविचारः)

अत्र केचित्सङ्गिरन्ते—यदा भूयसी द्वादशी तदाऽपि प्रातर्मुहूर्तत्रये पारणं कार्यम् ।

यहाँ पर कहते हैं—जब बहुत सी द्वादशी हो तब भी प्रातःकाल तीन मुहूर्त में पारणा करनी चाहिये।

सर्वेषामुपवासानां प्रातरेव हि पारणम् । इति वचनात्, इति ।

सब उपवासों की पारणा प्रातःकाल ही होती है—इस वचन से ।

अस्मद्गुरवस्तु—बहूनां कर्मकालानां विना कारणं बाधापत्तेः प्रागुक्तवचनैश्च अल्पद्वादश्यामेवापकर्षविधानादपराह्ण एव कार्यम् ।

हमारे गुरुजी का कहना है कि—बहुत से कर्मकालों का अर्थात्—कर्मों के समयों का, बिना कारण बाधापत्ति हो जायगी और पहले कहे हुए वचनों से अल्पद्वादशी में ही अपकर्ष विधान से अपराह्न में ही करना चाहिये ।

प्रातः शब्दस्तु—सायं प्रातर्द्विजातीनामशनं श्रुतिचोदितम् । इतिवदपराह्णवाचित्वेऽप्युपपन्नः । न च वाक्यवैयर्थ्यम्, पुनर्भोजनसायंपारणनिवृत्त्यर्थत्वात्तस्य,—इत्याहुः ।

प्रातः शब्द तो—सायं तथा प्रातःकाल में द्विजातियों को भोजन करना वेद में कहा है । इसतरह अपराह्णवाचित्व में उपपन्न हो जायगा । इससे वाक्य में वैयर्थता नहीं होती है । उनके पुनर्भोजन, सायं पारण निवृत्यर्थक होने से । यों कहा है ।

प्रमादेन एकादश्युपवासातिक्रमेऽपरार्के वाराहे—एकादशी विप्लुता चेद् द्वादशी परतः स्थिता । उपोष्या द्वादशी तत्र यदीच्छेत्परमं पदम् ॥ इति ।

केचित्तु विष्णुना चेदिति पठितम् । अत्राविरोधिनो नियमाः सर्वव्रतेषु बोधव्याः । अन्ये च नवरात्रे वक्ष्यन्ते इति दिक् ।

प्रमाद से एकादशी के उपवासातिक्रम में अपरार्क में वाराहमत है कि—यदि एकादशी तिथि लुप्त हो गयी हो तो और पर द्वादशी स्थित हो तो परमपद प्राप्त करने की इच्छा करनेवाला मनुष्य उसी द्वादशी में उपवास करे । कोई तो 'एकादशी विप्लुता चेद्' की जगह 'एकादशी विष्णुना चेत्' यों पढ़ते हैं ।

यहाँ पर अविरोधि नियमों को सब व्रतों में जानना चाहिये और अन्य वचनों को नवरात्र में कहेंगे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वैष्णवों के अरुणोदय में शुद्ध एकादशी के नौ भेद

सं.	शुद्धभेद	दशमी घ०	प०	एकाद. घ०	प०	द्वादशी घ०	प०	व्रतनिर्णय
१	एकादशी तथा द्वादशी ये दोनों तिथि न्यून हो	५५ ५५	५६ ०	५८ ५७	० ०	५६ ५८	५६ ०	एकादशीतिथि और द्वादशीतिथि दोनों अधिक नहीं है। इसलिए स्मार्त तथा वैष्णव एकादशीमें ही उपवास करें।
२	एकादशीतिथि न्यून और द्वादशी तिथि सम हो	५५ ५५	५६ ०	५८ ५७	० ०	६० ५८	० ०	यहाँ पर पूर्वोक्त प्रकार से व्यवस्था है।
३	एकादशीतिथि न्यून तथा द्वादशी तिथि अधिक हो	५५ ५५	५६ ०	५८ ५८	० ०	६० ६०	१ १	यहाँ पर द्वादशीतिथि अधिक है। इसमें स्मार्तानुयायी एकादशीतिथि में और वैष्णव द्वादशीमें ही उपवास करें—यह माधवमत है। हेमाद्रिमतसे सबोंको द्वादशी में ही उपवास है।
४	एकादशीतिथि सम और द्वादशी तिथि न्यून हो	५५ ५५	५६ ०	६० ५७	० ०	५६ ५८	५६ ०	एकादशीतिथि और द्वादशीतिथि दोनों अधिक नहीं है। अतः स्मार्त एवं वैष्णव दोनों एकादशीतिथिमें ही उपवास करें।
५	एकादशीतिथि तथा द्वादशीतिथि ये दोनों सम हो	५५ ५५	५६ ०	६० ५७	० ०	६० ५८	० ०	यहाँ पर पूर्वोक्त ही व्यवस्था समझना चाहिये।
६	एकादशीतिथि सम और द्वादशी तिथि अधिक हो	५५ ५५	५६ ०	६० ५८	० ०	६० ३ ६०	० १ १	द्वादशीतिथि ही अधिक है। इसलिए स्मार्तानुयायी एकादशीतिथिमें और वैष्णवमतानुयायी द्वादशीतिथि में ही उपवास करें—यह माधवमत है। हेमाद्रिमतसे सबोंको द्वादशीतिथिमें ही उपवास है।
७	एकादशीतिथि अधिक तथा द्वादशी तिथि न्यून हो	५५ ५५	५६ ०	६० ०	० १ १	५६ क्षयः ५८	५८ ०	एकादशीतिथि ही अधिक है। इसलिए स्मार्त एकादशीमें तथा वैष्णव द्वादशीतिथिमें उपवास करें—यह माधवमत है।
८	एकादशीतिथि अधिक और द्वादशी तिथि सम हो	५५ ५५	५६ ०	६० ० ६०	० १ १	५६ क्षयः ५८	५६ ०	यहाँ पर पूर्वोक्त ही व्यवस्था है।
९	एकादशीतिथि तथा द्वादशीतिथि दोनों ही अधिक हों	५५ ५५	५६ ०	६० ६०	१ १	३ ५	५५ ०	यहाँ पर दोनों तिथि—एकादशी और द्वादशी अधिक है। इसलिए स्मार्त वैष्णव पर एकादशीमें उपवास करें।

वैष्णवों के अरुणोदय में दशमीविद्ध एकादशीतिथि के नौ भेद

सं.	विद्धभेद	दशमी घ०	प०	एकाद. घ०	प०	द्वादशी घ०	प०	व्रतनिर्णय
१	एकादशीतिथि और द्वादशीतिथि दोनों तिथियां न्यून हो	५६ ५७	१ ०	५८ ५८	० ०	५६ ५६	५६ ०	यहाँ पर एकादशीतिथि तथा द्वादशीतिथि दोनों अधिक नहीं है। अतः स्मार्त एकादशीतिथि में वैष्णव द्वादशीतिथि में उपवास करें।
२	एकादशी तिथि न्यून तथा द्वादशी सम हो	५६ ५७	१ ०	५८ ५८	० ०	६० ५६	० ०	पूर्ववत् व्यवस्था है।
३	एकादशीतिथि न्यून और द्वादशी तिथि अधिक हो	५६ ५८	१ ०	५८ ५६	० ०	६० १ ६०	० १ १	द्वादशीतिथि अधिक है। स्मार्त एकादशी में तथा वैष्णव द्वादशी में उपवास करें—यह माधवमत है। हेमाद्रिमत से सब द्वादशीमें ही उपवास करें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सं.	विद्धभेद	दशमी घ०	दशमी प०	एकाद. घ०	एकाद. प०	द्वादशी घ०	द्वादशी प०	व्रतनिर्णय
४	एकादशीतिथि सम तथा द्वादशी तिथि न्यून हो	५८ ५७	५६ ०	६० ५८	० ०	५६ ५६	५६ ०	एकादशीतिथि तथा द्वादशीतिथि दोनों अधिक है इसलिए स्मार्त एकादशी में और वैष्णव द्वादशीमें उपवास करें।
५	एकादशीतिथि और द्वादशीतिथि दोनों ही सम हो	५६ ५७	१ ०	६० ५८	० ०	६० ५६	० ०	यहाँ पूर्ववत् व्यवस्था है।
६	एकादशीतिथि सम तथा द्वादशी तिथि अधिक हो	५७ ५८	१ ०	६० ५६	० ०	६० १ ६०	० ० १	यहाँ पर द्वादशीतिथि अधिक है, इसलिए स्मार्त एकादशी में तथा वैष्णव द्वादशी में उपवास करें। यह माधवमत है। हेमाद्रिनिबन्धमत से सबोंको द्वादशी में ही उपवास करनेका विधान मिलता है।
७	एकादशीतिथि अधिक और द्वादशी तिथि न्यून हो	५६ ५८	१ ०	६० ० ६०	० १ १	५६ क्षयः ५८ क्षयः	० ०	यहाँ एकादशीतिथि की अधिकता है अतः स्मार्त गृहस्थ पूर्व एकादशी में और यति, निष्काम गृहस्थ, वानस्थ, विधवा एवं वैष्णव परा में उपवास करें। किसी का मत है कि विष्णुप्रीति कामनावाले स्मार्त दोनों दिन उपवास करें।
८	एकादशीतिथि अधिक तथा द्वादशी तिथि सम हो	५६ ५८	१ ०	६० ० ६०	० १ १	५६ क्षयः ५८ क्षयः	५६ ०	यहाँ पूर्व निर्णय ही समझना चाहिये।
९	एकादशीतिथि और द्वादशीतिथि ये दोनों ही अधिक हो	५६ ५८	१ ०	६० १ ६०	० ० १	५ ४	० ०	यहाँ पर एकादशीतिथि तथा द्वादशीतिथि की दोनों की अधिकता है अतः स्मार्त एवं वैष्णव पर-एकादशी में उपवास करें।

स्मार्तों के सूर्योदय में दशमी रहित शुद्ध एकादशी के नौ भेद

सं.	विद्धभेद	दशमी घ०	दशमी प०	एकाद. घ०	एकाद. प०	द्वादशी घ०	द्वादशी प०	व्रतनिर्णय
१	एकादशीतिथि तथा द्वादशी ये दोनों ही न्यून हो	५६ ५७	५६ ०	५६ ५८	० ०	५६ ५६	० ०	यहाँ पर दोनों ही अधिक हैं। अतः स्मार्त एकादशी तिथि में ही उपवास करें द्वादशीतिथि में नहीं। वैष्णव द्वादशी में उपवास करें।
२	एकादशीतिथि न्यून और द्वादशी तिथि सम हो	५६ ५७	५६ ०	५६ ५८	४५ ०	६० ५६	० ०	यहाँ पूर्व की तरह व्यवस्था है।
३	एकादशीतिथि न्यून तथा द्वादशी तिथि अधिक हो	५६ ५८	५६ ०	५६ ५६	५६ ०	६० १ ६० ०	० ० ० १	यहाँ पर द्वादशीतिथि अधिक है। इसलिए स्मार्तानुयायी एकादशीतिथिमें ही उपवास करें द्वादशीतिथि में नहीं करें—यह माधवमत है। हेमाद्रिमत से सब द्वादशीतिथि में ही उपवास करें। किसी के मत से मुमुक्षु स्मार्त परा में उपवास करें।
४	एकादशीतिथि सम और द्वादशी तिथि न्यून हो	५८ ५७	५६ ०	६० ५८	० ०	५६ ५६	५६ ०	यहाँ एकादशी तथा द्वादशीतिथि दोनों ही अधिक हैं। इसलिए स्मार्त एकादशी में ही और वैष्णव द्वादशी में ही उपवास करें।
५	एकादशीतिथि तथा द्वादशीतिथि ये दोनों सम हो	५८ ५७	५६ ०	६० ५८	० ०	६० ५६	० ०	यहाँ निर्णय पूर्ववत् समझना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सं.	विद्धभेद	दशमी घ०	प०	एकाद. घ०	प०	द्वादशी घ०	प०	व्रतनिर्णय
६	एकादशीतिथि सम और द्वादशी तिथि अधिक हो	५९ ५८	५९ ०	६० ५९	० ०	६० १ ६० ०	० ० ० १	यहाँ द्वादशीतिथि अधिक है। अतः स्मार्त एकादशी तिथि में ही उपवास करें। वैष्णव द्वादशी में उपवास करें—यह माधवमत है। हेमाद्रिमत से तो सब द्वादशी में ही उपवास करें।
७	एकादशीतिथि अधिक तथा द्वादशी तिथि न्यून हो	५९ ५८	५९ ०	६० १ ६०	० ० १	५८ क्षयः ५८ क्षयः	० ०	एकादशीतिथि की ही अधिकता है। अतः स्मार्त गृहस्थ पूर्व एकादशी में, यति, निष्काम गृहस्थ, वनस्थ, विधवा तथा वैष्णव परा में उपवास करें। विष्णुप्रीतिकामनावाले स्मार्त दोनों दिन उपवास करें—यह किसी का मत है।
८	एकादशीतिथि अधिक और द्वादशीतिथि सम हो	५९ ५८	५९ ६०	६० १ ६०	० ० १	५९ क्षयः ५८ क्षयः	० ०	यहाँ पूर्ववत् निर्णय है।
९	एकादशीतिथि तथा द्वादशीतिथि ये दोनों अधिक हो	५९ ५८	५९ ०	६० १ ६० १	० ० ० ०	३ ४	० ०	यहाँ पर एकादशी तथा द्वादशीतिथि की अधिकता है। इसलिए स्मार्त एवं वैष्णव परा ही में उपवास करें।

स्मार्तों के सूर्योदय में दशमीविद्ध एकादशी के नौ भेद

सं.	विद्धभेद	दशमी घ०	प०	एकाद. घ०	प०	द्वादशी घ०	प०	व्रतनिर्णय
१	एकादशीतिथि और द्वादशी तिथि दोनों न्यून हों	२ २	० ०	५७ क्षयः ५६ क्षयः	५९ ०	५७ ५५	० ०	यहाँ एकादशीतिथि तथा द्वादशीतिथि दोनों अधिक हैं। अतः स्मार्तों के लिए एकादशी में और वैष्णव द्वादशी में उपवास करें।
२	एकादशीतिथि न्यून तथा द्वादशी सम हो	२ २	० ०	५७ क्षयः ५६ क्षयः	५९ ०	६० ५५	० ०	पूर्ववत् व्यवस्था है।
३	एकादशीतिथि न्यून और द्वादशी तिथि अधिक हो	१ १	० ०	५८ ५८	५९ ०	६० १ ६० ०	० ० ० १	द्वादशीतिथि अधिक है। इसलिए स्मार्तों को एकादशीतिथि में उपवास है। द्वादशीतिथि में नहीं यह माधवमत है। वैष्णव को द्वादशी में ही उपवास है।
४	एकादशीतिथि सम तथा द्वादशी तिथि न्यून हो	२ २	० ०	५८ क्षयः ५६ क्षयः	०	५८ ५५	५९ ०	यहाँ दोनों ही अधिक हैं। अतः स्मार्त एकादशीतिथि में तथा वैष्णव द्वादशीतिथि में उपवास करें।
५	एकादशीतिथि और द्वादशीतिथि ये दोनों सम हो	२ २	० ०	५८ क्षयः ५६ क्षयः	० ०	६० ५५	० ०	पूर्वोक्त निर्णय है।
६	एकादशीतिथि सम तथा द्वादशी तिथि अधिक हो	२ १	० ०	५८ क्षयः ५८ क्षयः	० ०	० ०	० ०	द्वादशीतिथि अधिक है। स्मार्त एकादशी में उपवास करें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सं.	विद्धभेद	दशमी		एकाद.		द्वादशी		व्रतनिर्णय
		घ०	प०	घ०	प०	घ०	प०	
७	एकादशीतिथि अधिक और द्वादशीतिथि न्यून हो	७ ४	० ०	२ २	० ०	५५ क्षयः ५८ क्षयः	० ०	एकादशीतिथि मात्र की अधिक्यता है इसलिए स्मार्त एकादशी तथा वैष्णवादि द्वादशीतिथि में उपवास करें।
८	एकादशीतिथि अधिक तथा द्वादशीतिथि सम हो	५ ४	० ०	२ २	० ०	५८ क्षयः ५८ क्षयः	० ०	पूर्ववत् निर्णय समझना चाहिये।
९	एकादशीतिथि और द्वादशीतिथि ये दोनों ही अधिक हों	७ २	० ०	४ ३	० ०	३ ४	० ०	यहाँ पर एकादशीतिथि तथा द्वादशीतिथि दोनों ही अधिक है। अतः स्मार्त और वैष्णव परा एकादशी में ही उपवास करें।

(अथ द्वादशीतिथिनिर्णयः)

द्वादशी तु पूर्वैव युग्मवाक्यात्—द्वादशी तु प्रकर्तव्या एकादश्या युता प्रभो। इति स्कान्दाच्च।

युग्मवाक्य (एकादशी से युक्त द्वादशी) से द्वादशी तिथि तो पूर्वा (पहली) ही होती है। स्कन्दपुराणमतसे—हे प्रभो, एकादशी से युक्त द्वादशीतिथि को करना चाहिये।

(अथ त्रयोदशीतिथिनिर्णयः)

त्रयोदशी तु सर्वमते शुक्ला पूर्वा, कृष्णोत्तरा। त्रयोदशतिथिः पूर्वः सितोऽथाऽसितः पश्चात्' इति दीपिकोक्तेः।

सबों के मत से त्रयोदशी तो शुक्लपक्ष में पूर्वा तथा कृष्णपक्षकी त्रयोदशी उत्तरा होती है। दीपिका में कहा है कि—शुक्लपक्षकी त्रयोदशीतिथि पूर्वा तथा कृष्णपक्षकी त्रयोदशीतिथि पीछेवाली होती है।

(माधवमते त्रयोदशीतिथिनिर्णयः)

शुक्ला त्रयोदशी पूर्वा, परा कृष्णा त्रयोदशी। इति माधवाच्च।

माधवमतसे—शुक्लपक्षकी त्रयोदशी पूर्वा (पहली) होती है और कृष्णपक्षकी त्रयोदशी पूर्वा होती है।

(अथ चतुर्दशीतिथिनिर्णयः)

चतुर्दशी तु सर्वमते कृष्णा पूर्वा, शुक्लोत्तरा। उपवासे तु द्वयमपि परेति मदनरत्ने।

चतुर्दशी तो सबों के मत से कृष्णपक्षकी (कृष्णपक्षेऽष्टमी चैव कृष्णपक्षे चतुर्दशी। पूर्वविद्धैव कर्तव्या परविद्धा न कुत्रचित्॥ उपवासादिकार्येषु एष धर्मः सनातनः। इत्यापस्तम्बवाक्यात्।) पूर्वा होती है तथा शुक्लपक्षकी चतुर्दशी उत्तरा होती है। उपवास में (रुद्रोपवासभिन्न उपवास में) तो दोनों ही परा होती हैं। यह मदनरत्न में कहा है।

(पूर्णिमा-अमावास्यातिथिविचारः)

पौर्णमास्यमावास्ये तु सावित्रीव्रतं विना परे ग्राह्ये। भूतविद्धे न कर्तव्ये दर्शपूर्णे कदाचन। वर्जयित्वा मुनिश्रेष्ठ सावित्रीव्रतमुत्तमम्॥ इति ब्रह्मवैवर्तात्।

पूर्णिमातिथि तथा अमावास्यातिथि सावित्री व्रत के विना परा ग्रहण करनी चाहिये। ब्रह्मवैवर्त पुराण का मत है कि—हे मुनिश्रेष्ठ, व्रतों में उत्तम सावित्री व्रत को छोड़कर चतुर्दशी से विद्ध अमावास्या तथा पूर्णिमा कभी भी नहीं करना चाहिये।

(अमायां विशेषयोगकथनम्)

अमायां योगविशेषमाहाऽपरार्के शातातपः—अमावास्यां भवेद्वारो यदा भूमिसुतस्य वै।
जाह्नवीस्नानमात्रेण गोसहस्रफलं लभेत्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अमावास्या में योगविशेष अपरार्क में शातातपने कहा है—अमावास्या में यदि मंगलवार हो तो गङ्गा में स्नान करने से एक हजार गोदान का फल प्राप्त करता है।

अमा वा सोमवारेण रविवारेण सप्तमी। चतुर्थी भौमवारेण विषुवत्सदृशं फलम्॥

या अमावास्या सोमवार से युक्त हो, सप्तमीतिथि रविवार से युक्त हो और चतुर्थी मंगलवार से संपन्न हो तो विषुवत् (मेष तथा तुला संक्रान्ति) सदृश फल होता है।

तत्रैव व्यासः—सिनीवाली कुहूर्वापि यदि सोमदिने भवेत्।
गोसहस्रफलं दद्यात्स्नानं चेन्मौनिना कृतम्॥

वहीं पर व्यास ने कहा है कि—सिनीवाली (जिसमें चन्द्रमा दीखता हो) या कुहू (जिसमें चन्द्रमा न दीखता हो) ये दोनों सोमवार दिन में पडती हो तो मौन होकर स्नान करने से एक हजार गोदान करने का फल मिलता हैं।

(व्यतिपातनिर्णयः)

हेमाद्रौ वृहन्मनुः—श्रवणाश्विधनिष्ठार्द्रानागदैवतमस्तकैः। यद्यमा रविवारेण व्यतीपातः स उच्यते॥ नागदैवतम्=आश्लेषा, मस्तको=मृगशिरः प्रथमपाद इत्यन्ये। स च सर्वेषाम्।

हेमाद्रि में वृद्धमनुका कथन है कि—श्रवण, अश्विनी, धनिष्ठा, आर्द्रा, आश्लेषा तथा मृगशिरा नक्षत्र हों और यदि अमावास्या रविवार से युक्त हो तो उसको व्यतीपात कहते हैं। किसी के मत से—मृगशिर का प्रथमपाद लेना चाहिये। वह सब नक्षत्रों का प्रथमपाद होना चाहिये।

(अथेष्टिकालः)

अथेष्टिकालः। गोभिलः—'पक्षान्ता उपवस्तव्या पक्षादयोऽभियष्टव्याः' इति। उपवासोऽन्वाधानम्। तत्र मध्याह्ने तत्पूर्वं वा पर्वप्रतिपत्सन्धौ तद्दिने यागः।

इसके बाद इष्टि का काल (समय) कहते हैं गोभिलमें कहा है कि—पक्षान्त (अमावास्या और पूर्णिमा) की तिथियों में उपवास (अन्वाधान) करे और पक्ष की आदि तिथि (प्रतिपदा) में यज्ञ करना चाहिये। उपवास माने अन्वाधान। वहाँ पर मध्याह्नकाल में या उसके पूर्व पर्व एवं प्रतिपदा की सन्धि में उसी दिन याग करे।

पूर्वाह्णे वाऽथ मध्याह्ने यदि पर्व समाप्यते।
उपोष्य तत्र पूर्वेद्युस्तदहर्याग इष्यते॥ इति लौगाक्षिवचनात्।

लौगाक्षि वचनसे पूर्वाह्न में या मध्याह्न में यदि पर्व समाप्त होता हो तो पूर्वदिन में उपवास कर उसी दिन में याग करे।

(अत्र द्वेधाविभागः)

अत्र च द्वेधा विभागः—आवर्त्तनात्तु पूर्वाह्णो ह्यपराह्णस्ततः परः।
मध्याह्नस्तु तयोः सन्धिर्यदावर्तनमुच्यते॥ इति मदनरत्ने वचनात्।

मदनरत्न के वचन से यहाँ पर दो तरह का विभाग है। आवर्तन (आवृत्ति) से पूर्वाह्नकाल उसके बाद अपराह्ण काल होता है। पूर्वाह्नकाल तथा अपराह्नकाल की जब सन्धि होती है उसी काल को मध्याह्नकाल कहते हैं—इसी का नाम आवर्तन कहते हैं।

(अत्र लौगाक्षिमतम्)

मध्याह्नादूर्ध्वं सन्धौ माधवमते परेऽह्नि यागः। अपराह्णेऽथ वा रात्रौ यदि पर्व समाप्यते। उपोष्य तस्मिन्नहनि श्वोभूते याग इष्यते॥ इति लौगाक्षिणोक्तेः।

माधवमत से मध्याह्न से ऊर्ध्व सन्धि में दूसरे दिन याग होता है। अपराह्न में या रात में यदि पर्व समाप्त होता हो तो उसी दिन में उपवास कर दूसरे दिन याग करे। यह लौगाक्षि ने कहा है।

(हेमाद्रिमतम्)

हेमाद्रिस्त्वपराह्णसन्धावपि परदिने प्रतिपच्चतुर्थांशे चन्द्रोदये च सति द्वितीयादिष्वत्यन्तक्षये सति पूर्वेद्युर्यागः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri. Funding: MIDF

हेमाद्रिनिबन्धकार का कहना है कि—अपराह्न सन्धि में भी दूसरे दिन प्रतिपदा के चतुर्थांश में तथा चन्द्रोदय होने पर द्वितीया आदि का अत्यन्तक्षय हो जाने पर पूर्वदिन में याग करे।

पर्वणोंऽशे द्वितीये तु यष्टव्यं तु द्विजातिभिः। द्वितीयासहितं यस्माद् दूषयन्त्याश्वलायनाः॥ इति। द्वितीये त्विति कैमुतिकन्यायेन तुर्यांशपरम्। तुरीये त्विति शूलपाणिपाठः स्पष्टार्थ एव।

पर्व के द्वितीय अंश में तो द्विजाति को याग करना चाहिये। जिससे आश्वलायन ने द्वितीया के सहित यज्ञ को दूषित किया है। 'द्वितीये तु' यह पद कैमुतिन्याय[1] से चतुर्थांश परक है। शूलपाणि में पाठ 'तुरीये तु' इस वाक्य का स्पष्टार्थक है।

(बौधायनमतम्)

तथा—भूता पञ्चदशीपूर्णा द्वितीया क्षयगामिनी। चरुरिष्टिरमायां स्याद् भूते कव्यादिकी क्रिया॥ इति बौधायनवचनाच्चेत्यूचिवान्।

और—बौधायनवचन ने ऐसा कहा है कि—चतुर्दशी और अमावास्या पूर्णतिथि हो तथा द्वितीयाक्षयगामिनी हो चरु और इष्टि अमावास्या में करे तथा चतुर्दशी में कव्यादिक्रिया (पिण्डपितृयज्ञ) करे।

(मदनरत्नादिमतम्)

मदनरत्नेऽपि—चतुर्दशी चतुर्यामा अमावास्या न दृश्यते।
श्वोभूते प्रतिपच्चेत्स्यात्पूर्वा तत्रैव कारयेत्॥ इति।

मदनरत्न में भी कहा है कि—चतुर्दशी, चार याम (प्रहर) हो और अमावास्या चार याम न दिखती हो तो दूसरे दिन प्रतिपदातिथि हो तो पूर्वा-(यह प्रधानकाल है। उसके अनुरोध से चतुर्दशी में अन्वाधान करना चाहिये) पहली तिथि में करे।

यत्तु माधवः—यस्तु वाजसनेयी स्यात्तस्य सन्धिदिनात्पुरा।
न क्वाप्यन्वाहितिः, किन्तु सदा सन्धिदिने हि सा॥ इत्याह।

जो माधव ने कहा है कि—जो वाजसनेयी है उसका सन्धि दिन से पहले अन्वाहिति—(अन्वाधान) कहीं भी नही है। लेकिन सदा सन्धि दिन में ही (अन्वाधान) है। यों कहा है।

यच्च कालादर्शेऽप्युक्तम्—आवर्त्तनादधः सन्धिर्यद्यन्वाधाय तद्दिने।
परेद्युरिष्टिरित्याहुर्विप्रा वाजसनेयिनः॥ इति।

जो और कालादर्श में कहा है—वाजसनेयी ब्राह्मणगण यों कहते हैं कि आवर्तन (आवृत्ति) से पहले पूर्व सन्धि हो तो उसीदिन में अन्वाधान कर दूसरे दिन इष्टि करे।

यच्च मदनरत्ने—मध्यन्दिनात्स्यादहनीह यस्मिन् प्राक्पर्वणः सन्धिरियं तृतीया।
सा खर्विका वाजसनेयिमत्या तस्यामुपोष्याऽथ परेद्युरिष्टिः॥ इति।

और जो मदनरत्न में कहा है कि—जिसदिन मध्याह्नकाल से पूर्व पर्व की सन्धि हो वह तृतीया वाजसनेयीमतसे खर्विका है। उसदिन में उपवास को करके दूसरे दिन इष्टि करे।

एतत्पौर्णमासीपरमिति तत्रैव। आवर्त्तनोर्ध्वमर्वागस्ताद्रात्रौ वा समाप्तौ द्वे मध्याह्नादर्वाक् समाप्तौ तृतीयेत्यर्थः। तत्कर्कभाष्यदेवजानी-श्रीअनन्तभाष्यादिसकलतच्छाखीयग्रन्थविरोधाद् वृद्धानादराच्चोपेक्ष्यम्।

वहीं पर लिखा है—यह पौर्णिमातिथिपरक है। आवृत्ति के बाद अस्त से पहले या रात्रि के समाप्ति

१–प्रसिद्ध वस्तु की हानिकर शब्द के द्वारा प्रतिपादन किया। वहाँ अप्रसिद्ध वस्तु की हानि अर्थात् सिद्ध होती है। इसीको कैमुतिकन्याय कहा जाता है। 'स जितस्त्वन्मुखेन्दुः का वार्ता सरसीरुहाम्' (कुवलयानन्दे)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

में दो, और मध्याह्न के पूर्व समाप्ति में तृतीय प्रकार यह अर्थ है। वह[1] कर्कभाष्य, देवजानी, श्रीअनन्तभाष्य आदि तत् शाखीय संपूर्ण ग्रन्थविरोध से तथा वृद्धों के अनादर से उपेक्ष्य है।

(पौर्णमास्यां विशेषकथनम्)

पौर्णमास्यां विशेषमाह कात्यायनः—सन्धिश्चेत्सङ्गवादूर्ध्वं प्राक् पर्यावर्तनाद्रवेः।

सा पौर्णमासी विज्ञेया सद्यस्कालविधौ नरैः॥

कात्यायन ने पौर्णमासीतिथि में विशेष कहा है—संगव के बाद सूर्य के पर्यावर्तन के पूर्व यदि सन्धि हो तो वह पौर्णमासी है। मनुष्यों को सद्यस्काल विधि में वही पूर्णिमा जानना चाहिये।

(अमायां विशेषकथनम्)

अमायां विशेषमाह बौधायनः—द्वितीया त्रिमुहूर्ता चेत्प्रतिपच्चापराह्णिकी।

अन्वाधानं चतुर्दश्यां परतः सोमदर्शनात्॥

बौधायन ने अमावास्यातिथि में विशेष कहा है—द्वितीयातिथि तीन मुहूर्त हो और प्रतिपदा अपराह्णकाल में हो तो अन्वाधान चतुर्दशीतिथि में करे। क्योंकि अग्रिम (दिन में) चन्द्रमा का दर्शन होने से।

(कात्यायनादीनां मतकथनम्)

कात्यायनश्च—यजनीयेऽह्नि सोमश्चेद्वारुण्यां दिशि दृश्यते। तत्र व्याहृतिभिर्हुत्वा दण्डं दद्याद् द्विजातये॥ इति। एतच्च बौधायनवाजसनेयिविषयम्।

और कात्यायन ने भी कहा है—यजनीय दिन में वरुण (पश्चिम) दिशा में सोम (चन्द्रमा) दिखता है तो उसमें व्याहृतियों से हवन कर द्विजाति के लिए दण्ड (छडी) दे। यह बौधायन तथा वाजसनेयी शाखा के लिये है।

तैत्तिरीयश्रुतौ तु चन्द्रदर्शनेऽपि याग उक्तः—'एषा वै सुमनानामेष्टिर्यमद्येजानं पश्चाच्चन्द्रमा अभ्युदेत्यस्मिन्नेवास्मै लोकेर्धुकं भवति' इति।

श्रुत्यन्तरेऽपि—यदहः पश्चाच्चन्द्रमा अभ्युदेति तदहर्यजन्निमाँल्लोकानभ्युदेति' इति। इदं बह्वृचापस्तम्बविषयम्। मदनरत्नेऽप्येवम्। आपस्तम्बभाष्यार्थसङ्ग्रहेऽप्येवम्।

अतः पक्षद्वयस्य स्वसूत्राद्व्यवस्थेति तत्त्वम्। 'दूषयन्त्याश्वलायनाः' इति तु पूर्वाह्णसन्धिविषयमिति माधवः।

तैत्तिरीयश्रुति में तो चन्द्रदर्शन में भी याग कहा है। यह सुमना नाम की इष्टि है जिसे करते हुए पश्चिम में चन्द्रमा उदय होगा उसी में ही इसी लोक में उस यजमान का कल्याण होता है। श्रुत्यन्तर (ऐतरेयब्राह्मण) में भी कहा है कि—जिस दिन पश्चिम दिशा में चन्द्रमा का उदय होगा उसी दिन यज्ञ करनेवाला इन लोकों को प्राप्त कर लेता है। यह बह्वृच आपस्तम्ब विषयक है। मदनरत्न ने भी यही कहा है। आपस्तम्ब भाष्यार्थसंग्रह में भी यही कहा है। इसलिये दोनों पक्ष का अपने-अपने सूत्र से व्यवस्था करे यही तत्त्व है। आश्वलायन तो दूषण करते हैं—यह तो पूर्वाह्न सन्धि विषयक है—यह माधवमत है।

(शेषपर्वणीष्टौ विशेषकथनम्)

शेषपर्वणीष्टौ विशेषमाह माधवीये गार्ग्यः—प्रतिपद्यप्रविष्टायां यदि चेष्टिः समाप्यते।

---

१ वाजसनेयिनामपि पौर्णमास्यां तद्याज्ञिकग्रन्थेषु आवर्त्तनात्प्राक् सन्धौ तद्दिन एव यागोक्तेरितिभावः। कर्कभाष्येत्यादिसकलवाजसनेयियाज्ञिकग्रन्थोपादानं माधवादिवचसां निर्मूलत्वव्यञ्जकम्। 'आवर्त्तनादूर्ध्वमस्तात्पूर्वं समाप्ता पौर्णमासी प्रथमा खर्विका, सूर्यास्तोत्तरं समाप्ता द्वितीया, आवर्तनात्पूर्वं समाप्ता तृतीया। सर्वाऽपि अल्पत्वात् खर्विकेत्युच्यते। अयं च वाजसनेयिनां सन्धिशास्त्रप्राप्तनिर्णयस्य सद्यस्कालत्वस्य चापवादः। तृतीयखर्विकायां वाजसनेयीभिन्नानां यागः। वाजसनेयिनां तु पूर्वेद्युरन्वाधानं, परेद्युर्यागः। स च परेद्युस्तृतीयांशलाभे, न तु चतुर्थांशलाभे, तस्यापराह्णसन्धावेव यागकालत्वात् इति समर्थयन्ते—इति टीकायाम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Funding: MIDF

पुनः प्रणीय कृत्स्नेष्टिः कर्तव्या यागवित्तमैः ॥ गृह्याग्नेर्नायं नियम इति मदनरत्नपारिजातः। एवं पर्वान्त्यांशः प्रतिपदश्च त्रयोंऽशा यागकाल उक्तः। क्वचित्प्रतिपत्तुर्यांशेऽपि यागः।

शेष (अवशिष्ट) पर्व के शेषकाल में याग हो तो (तब) माधवीय में गार्ग्यने विशेष कहा है—प्रतिपदा के प्रवेश न होने पर यदि इष्टि समाप्त हो जाती है तो यागके जानकारों द्वारा फिर से प्रणयन कर संपूर्ण इष्टि करनी चाहिये।

मदनपारिजात का कहना है कि—यह नियम गृह्याग्नि (स्मार्ताग्नि) के लिए नहीं है। इसप्रकार पर्व का अन्त्य अंश (पाद) तथा प्रतिपदा का तीन अंश यागकाल कहा है। कहीं पर प्रतिपदा के तुर्यांश (चतुर्थपाद) में भी याग कहा है।

सन्धिर्यद्यपराह्णे स्याद्यागं प्रातः परेऽहनि।
कुर्वाणः प्रतिपद्भागे चतुर्थेऽपि न दुष्यति ॥

इति वृद्धशातातपोक्तेः। एतत्पूर्णिमापरमिति मदनरत्ने। पर्वणि प्रतिपदः क्षयस्य वृद्धेश्चार्द्धं प्रक्षिप्य सन्धिर्ज्ञेयः।

वृद्धशातातपने कहा कि—यदि सन्धि पञ्चदशी तथा प्रतिपदा अपराह्णकाल की सन्धि हो तो दूसरे दिन प्रातःकाल में प्रतिपदा के रहते हुए यज्ञ करे क्योंकि चतुर्थ भाग में नहीं दोष होता है।

मदनरत्नकारका मत है कि यह ('अपराह्णसन्धौ वृध्यादिना परदिने चन्द्रदर्शनासत्वे तु अमायामपि प्रतिपच्चतुर्थांशे याग इति स्मर्तव्यम्' इति टीकायाम्) पूर्णिमातिथि परक है।

पर्व में प्रतिपदा का क्षय तथा वृद्धि के आधे को मिलाकर (प्रक्षिप्य) सन्धि जाननी चाहिये।

तदाह माधवः—वृद्धिः प्रतिपदो याऽस्ति तदर्धं पर्वणि क्षिपेत्।
क्षयस्यार्धं तथा क्षिप्त्वा सन्धिर्निर्णीयतां सदा ॥ इति।

उसी बातको माधव ने कहा है कि—जो प्रतिपदातिथि की वृद्धि है। उस तिथिकी आधी तिथि को पर्व में मिला दे। वैसे ही क्षय तिथि की आधी मिलाकर सन्धि का सदा निर्णय करे।

कात्यायनोऽपि—परेह्नि घटिका न्यूनास्तथैवाभ्यधिकाश्च याः।
तदर्धक्लृप्त्या पूर्वस्मिन् ह्रासवृद्धी प्रकल्पयेत् ॥ इति। एवं स्मार्तस्थालीपाकेऽपि ज्ञेयम्।

कात्यायन ने भी कहा है कि—दूसरे दिन एक घड़ी कम हो वैसे ही अधिक हो तो उसके आधे की कल्पना कर पर्व में ह्रास तथा वृद्धि की कल्पना करे। इसीप्रकार स्मार्त स्थालीपाक में भी जानना चाहिये।

तत्रेष्टिस्थालीपाकावाधानगृहप्रवेशनीयहोमानन्तरभाविन्यां पौर्णमास्यां प्रारम्भणीयौ न तु दर्शे। यद्यारम्भे मलमासपौषमासगुरुशुक्रास्तादि भवति तदाप्यारम्भः कार्यः।

उसमें इष्टि तथा स्थालीपाकको आधान, गृह प्रवेशनीय होम के अनन्तर भावि पौर्णमासी में प्रारंभ करे। अमावास्या में न करे। यदि आरंभ में मलमास, पौषमास गुरु शुक्र आदि अस्त हो तब भी आरंभ करना चाहिये।

यानि तु—उपरागोऽधिमासश्च यदि प्रथमपर्वणि। तथा मलिम्लुचे पौषे नान्वारम्भणमिष्यते ॥ गुरुभार्गवयोर्मौढ्ये चन्द्रसूर्यग्रहे तथा ॥ इति सङ्ग्रहवचनानि, तानि आलस्यादिनाऽतिक्रान्त-शुद्धकालप्रारम्भ विषयाणि।

जो ये संग्रह वचन हैं—यदि प्रथम पर्व में उपराग (ग्रहण) तथा अधिमास हो और पौषमास में मलमास हो तो गुरु तथा शुक्र के मूढता में चन्द्र-सूर्यग्रहण में अन्वारंभ अभीष्ट नहीं है। ये वचन आलस्यादि से अतिक्रान्त (बीतने पर) शुद्धकाल प्रारंभ विषयक है।

---

१ यत्र चतुर्दशी दशदण्डा, पर्व पञ्चदशदण्डं, प्रतिपत्तु एकोनविंशतिदण्डा, तत्र प्रतिपद्वृद्धेरर्धं दण्डद्वयं पर्वणि क्षिपेत्। ततश्च सप्तदशदण्डा सन्धिः। एवं यत्र चतुर्दशी पञ्चविंशतिदण्डा, पर्व एकोनविंशतिदण्डं, प्रतिपच्चतुर्दशदण्डा तत्र प्रतिपद्ह्रासार्धं सार्धदण्डद्वयं पर्वणि क्षिपेदित्यर्थः। इति टीकायाम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नामकर्म च दर्शेष्टिं यथाकालं समाचरेत्।
अतिपाते सति तयोः प्रशस्ते मासि पुण्यभे ॥ इत्यपरार्के गर्गवचनादिति प्रयोगपारिजाते। उक्तं चैतत् प्रयोगरत्ने भट्टैः। कालादर्शे तु—'नामकर्म च जातेष्टिम्' इति पाठः।

अपरार्क में गर्गवचन से प्रयोग पारिजात में कहा है कि—नामकर्म तथा दर्शेष्टि यथासमय करे। अतिपात (अपने काल में न करने पर) होने से दोनों को (नामकर्म और दर्शेष्टिको) शुद्धमास एवं पुण्यनक्षत्र में करे। यह बात प्रयोगरत्न में भट्टों ने कहा है। कालादर्श में तो 'नाम कर्म च [1]जातेष्टिम्' यह पाठ है। (अर्थात्—नामकर्म च जातेष्टिं यथाकालं समाचरेत्) इसी श्लोक के आधे भाग को पढे)।

(याज्ञिकानां मतम्)

याज्ञिकास्तु—आधानानन्तरा पौर्णमासी चेन्मलमासगा। तस्यामारम्भणीयादीन्न कुर्वीत कदाचन ॥ इति त्रिकाण्डमण्डनवचनाच्छुद्धकाल एव विभ्रेष्टिं कृत्वाऽऽरम्भं कुर्यादित्याहुः।

याज्ञिकलोग तो कहते हैं कि—आधान के बाद पौर्णमासी मलमास में हो तो उसमें आरंभणीयादि इष्टि कभी भी नहीं करनी चाहिये। इसप्रकार त्रिकाण्डमण्डनवचन से शुद्धकाल में ही 'विभ्रेष्टि' को करके आरंभ करना चाहिये। यों कहा है।

कालादर्शे स्मृतिसङ्ग्रहेऽपि—आरम्भं दर्शपूर्णेष्ट्योरग्निहोत्रस्य चादिमम्।
प्रतिष्ठाः पञ्च कूर्माद्याः मलमासे विवर्जयेत् ॥ इति।

कालदर्श में तथा स्मृतिसंग्रह में भी कहा है कि—दर्शेष्टि तथा पौर्णमासेष्टि, अग्निहोत्र का आरंभ पांच कूर्मादि की प्रतिष्ठा मलमास में वर्जित करे।

(अथ विकृतीष्टिकथनम्)

अथ विकृतीष्टिः। तत्रापस्तम्बः—यदीष्टया यदि पशुना यदि सोमेन यजेत सोऽमावास्यायां पौर्णमास्यां च इति।

अत्र प्रकृतितः काले सिद्धेऽपि सद्यस्कालता विधेया। तृतीया साङ्गत्वेनोक्तेः। अत्र पौर्णमास्यमावास्याशब्दाभ्यां तदन्त्यक्षणो गृह्यते। तेन तद्वत्यहोरात्र इत्यर्थमाह रामाण्डारः।

अब विकृतिनामवाली इष्टि कहते हैं—उसमें आपस्तंब ने कहा कि—यदि इष्टि से, यदि पशु से, यदि सोम के द्वारा यज्ञ करना चाहता है तो वह अमावास्या तथा पौर्णमासी में करे। यहाँ पर प्रकृति के समय सिद्ध होनेपर भी सद्यस्काल में विधान करे। यहाँ पर तृतीया (विभक्ति) से अङ्गत्व सहित कहा है। यहाँ पर पौर्णमासी और अमावास्या शब्दों से उनके अन्त्यक्षण का ग्रहण करे। उससे अन्तिम क्षणयुक्त 'अहोरात्र' इस अर्थ को कहा है। यह रामाण्डार का मत है।

माधवोऽपि—इष्ट्यादिविकृतिः सर्वा पर्वण्येवेति निर्णयः। इति।

माधव ने भी कहा कि—इष्टि आदि सब विकृति पर्व में ही होती है। यह निर्णय है।

(अथ विशेषकथनम्)

अत्र विशेषमाह त्रिकाण्डमण्डनः, कात्यायनश्च—आवर्तनात्प्राक् यदि पर्वसन्धिः कृत्वा तु तस्मिन् प्रकृतिं विकृत्याः। तदैव यागः, परतो यदि स्यात्तस्मिन् विकृत्याः प्रकृतेः परेद्युः ॥ इति।

यहाँ पर विशेष त्रिकाण्डमण्डन तथा कात्यायन ने कहा है कि—आवर्तन के पहले यदि पर्व सन्धि हो तो उसमें प्रकृति को करके तब विकृति याग होता है। पर दिन में यदि हो तो उसमें विकृति का अनुष्ठान कर दूसरे दिन प्रकृति का अनुष्ठान करे।

धूर्तस्वाम्यादयोऽप्येवमाहुः। 'यदीष्ट्या' इति साङ्गाया विकृतेः पर्वकालत्वादावर्तनात्प्राक् सन्धौ 'सन्धिमभितो यजेत्' इति प्रकृतेः प्रतिपदि समाप्तिनियमात्। प्रकृत्यनन्तरं प्रतिपदि विकृत्ययोगात् पूर्वेद्युर्विकृतिरित्युक्तं तन्त्ररत्ने पार्थसारथिना।

१–'वैश्वानरं द्वादशकपालं निर्वपेत् पुत्रे जाते' (तैत्तरीयसंहितातृ० का० २।२।५।३) पुत्रे जाते पुत्रोत्पत्तौ निमित्तभूतायां वैश्वानरदेवताकेन द्वादशकपालसंस्कृतपुरोडाशेन पुत्रगतपूतत्वादिकं भावयेदित्यर्थः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यद्यपि 'प्रकृतेः पूर्वत्वादपूर्वमन्ते स्यात्' इत्यापस्तम्बेनोक्तम्, तथाऽपि हेतुवादेन श्रुतिमूलत्वाभावादङ्गं वा समभिव्याहारादितिवदप्रामाण्यमिति तदाशयः। आग्रयणे तु विशेषं वक्ष्यामः।

'अन्वारम्भणीया तु चतुर्दश्यां कार्या' इति हिरण्यकेशिवृत्तौ मातृदत्तीये। अन्येषां पर्वण्येव।

धूर्तस्वामी आदि ने भी यही कहा है। 'यदीष्ट्या' इस वाक्य से सांग विकृति का पर्वकालत्व होने से आवर्तन से पहले सन्धि में (ससन्धिमसितो यजेत्) प्रतिपदा में समाप्ति नियम है। प्रकृति के बाद प्रतिपदा में विकृति के असंभव से पूर्व दिन में विकृति को करना चाहिये यह तन्त्ररत्न में पार्थसारथि ने कहा है। यद्यपि प्रकृति का पूर्वत्व होने से अपूर्व का अन्त में होता है--यह आपस्तम्ब ने कहा है।

फिर भी हेतुवाद से श्रुतिमूलत्व अभाव से 'अङ्गं वा समभिव्याहारात्' [1]इसकी तरह अप्रामाण्य है। यह उसका आशय है।

आग्रयण में तो विशेष कहेगें। 'अन्वारंभणीया' को चतुर्दशी में करना चाहिये। यह हिरण्यकेशिवृत्ति में तथा मातृदत्तीय में लिखा है। अन्यों के मत में पर्व में ही करे।

(पशौ सोमे च कालान्तरकथनम्)

पशौ सोमे च कालान्तरमप्याह बौधायनः—'अमावास्येन वा हविषेष्ट्वा नक्षत्रे वा' इति। शुक्लपक्षे कृत्तिकादिविशाखान्तेषु देवनक्षत्रेष्विति केशवस्वामी व्याचख्यौ।

चातुर्मास्येष्वपि द्वादशाहयथाप्रयोगपक्षयोर्नक्षत्रेष्वप्यारम्भः। यावज्जीवसांवत्सरप्रयोगयोस्तु फाल्गुन्यां चैत्र्यां वाऽऽरम्भः।

पशुयाग और सोमयाग में तो बौधायन ने कालान्तरपक्ष भी कहा है कि—अमावास्या हविके द्वारा याग करके या नक्षत्र में शुक्लपक्ष में कृत्तिका से लेकर विशाखान्तदेव नक्षत्रों में [2]करे—यह केशवस्वामी ने व्याख्या की। चातुर्मास्ययज्ञों में भी द्वादशाह (आद्येऽह्नि-वैश्वदेवं पर्व, चतुर्थे-वरुणप्रघासम्, अष्टमनवमयोः साकमेधम्, द्वादशे शुनासीयम् इत्येकः पक्षः। क्रमेण पर्वचतुष्टयमिति द्वितीयः। फाल्गुन्यां पौर्णमास्यामारभ्य चतुर्षु मासेषु क्रमेणैकैकं पर्वेत्येवं यावज्जीवमिति तृतीयः। एकवर्षं तथा कृत्वा सवनेष्टिपशुसोमान्यतमेन यजेदिति तुरीयः। एकाहचातुर्मास्यप्रयोगोऽपि शाङ्खायनेनोक्तः—अपि वाऽप्येकपर्वणि' इति।) प्रयोग नक्षत्रों में आरंभ करे। यावज्जीव सांवत्सरप्रयोग में फाल्गुन या चैत्र में प्रारंभ करे।

(अथ पशौ विशेषकथनम्)

पशौ तु विशेषमाह कात्यायनः—अर्धादह्नो भवति नियतं पर्वसन्धिः परस्तात्
कृत्वा तस्मिन्नहनि तु पशुं सद्य एव द्व्यहं वा।
आरभ्याऽथ प्रकृतिरथ चेत्पर्वसन्धिः पुरस्तात्
कृत्वा तस्मिन् प्रकृतिमथ तु स्यात्पशुः सद्य एव॥

अधिकारपशुस्त्वग्नीषोमीयेन सवनीयेन वा समानतन्त्र कार्यः' इति त्रिकाण्डमण्डनः।

जैसे-पशुयाग में तो कात्यायन ने विशेष कहा है कि—आधे दिन के बाद पर्वसन्धि नियत हो उसमें उसी दिन या दो दिन तक पशुयाग को कर प्रकृति को करे। पर्व सन्धि पहले हो चुकी है तो तब प्रकृति याग का पहले अनुष्ठान कर उसी दिन पशुयाग कर सद्यस्काल में अनुष्ठान करना चाहिये। त्रिकाण्डमण्डन ने कहा कि—अधिकारपशु (ऐन्द्राग्नपशुयाग) अग्नीषोमीय पशु के साथ अथवा सवनीय पशु के साथ समान क्रिया से करना चाहिये।

१-पिण्डपितृयज्ञको दर्शयाग के पहले अनुष्ठान करना चाहिये। क्योंकि पिण्डपितृयज्ञ दर्शांग है। 'पूर्वेद्युः पितृभ्यो-निष्क्रीय प्रातर्यज्ञं प्रतनुते (तै० ब्रा० १।३।१०) इस श्रुति से दर्शयाग के पूर्व ही पिण्डपितृयज्ञ करे। विशेष देखिये—स्वर्गीय-म० म० श्री विद्याधरजी गौड कृत कात्यायन श्रौतसूत्र अ० ४ क० १ सू० २८-३०।

२-(देवनक्षत्र—कृत्तिकानक्षत्र से लेकर विशाखान्त नक्षत्र तक और यमनक्षत्र—अनुराधा नक्षत्र से भरणी नक्षत्रान्त तक)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सोमे त्वाहाऽऽपस्तम्बः—अमावास्यायां दीक्षायजनीये वाऽमावास्यायां यजनीयो वा स्तुत्यमहः, पौर्णमास्यां दीक्षायजनीये पौर्णमास्यां यजनीये वा स्तुत्यमहः' इति।

सोमयज्ञ में तो आपस्तम्ब ने कहा है कि–अमावास्या में दीक्षा यजनीय में या अमावास्या यजनीय में उसी दिन सुत्या का दिन है। पौर्णमासी में दीक्षा ले या यजनीय में पौर्णमासी में सुत्या का दिन है।

लाट्यायनसूत्रेऽपि—'पूर्वपक्षस्य प्रथमेऽहनि दीक्षेत दृष्ट्वा वा नक्षत्रयोगम्' इति। पूर्वपक्षः = शुक्लपक्षः। नक्षत्रयोगे चेति। अयमर्थः—चैत्र्यादिपूर्णिमायाश्चित्रादिनक्षत्रयोगे दीक्षेतेति। आधानं तु पर्वणि नक्षत्रेषु चोक्तम्। तत्र पर्व 'नक्तं गार्हपत्यमादधाति' इत्यादिकर्मकालव्यापि ग्राह्यम्। दिनद्वये तत्त्वे परं ग्राह्यम्। सङ्कल्पस्य पर्वणि लाभात्। पूर्वनक्षत्रयोगे तदेव ग्राह्यम्। 'यत्र त्रीणि सन्निपतितान्यृतुर्नक्षत्रं पर्व च, तत्समृद्धं 'विप्रतिषेधे ऋतुर्नक्षत्रं च बलीयः' इति हिरण्यकेशिसूत्रात्। ऋतुः 'वसन्ते ब्राह्मणोऽग्नीमादधीत' इत्यादिः।

लाट्यायनसूत्र में भी कहा है कि—पूर्वपक्ष (शुक्ल पक्ष) के प्रथमदिन में दीक्षा ले या पुण्य नक्षत्र योग में। पूर्व पक्षः-शुक्ल पक्ष। नक्षत्रयोग-चैत्री पूर्णिमा से लेकर चित्रादि नक्षत्र योग में दीक्षा ले। आधान को पर्व में तथा नक्षत्रों में कहा है। उसमें पर्व (नक्तं गार्हपत्यमादधाति) नक्त (रात्रि में) गार्हपत्य का आधान करे।

इत्यादि कर्मकालव्यापि ग्रहण करना चाहिये। दो दिन हो तो दूसरे दिन की ग्रहण करनी चाहिये। क्योंकि संकल्प का पर्व में लाभ होने से। पहले नक्षत्र योग में उसी को ग्रहण करना चाहिये। जहाँ पर ऋतु, नक्षत्र तथा पर्व ये तीनों प्राप्त हों वह समृद्ध होता है। विप्रतिषेध (विरोध) में ऋतु तथा नक्षत्र बलवान् हो जाते हैं। यह हिरण्यकेशीसूत्र में है। ऋतु का अर्थ यों है—वसन्त में ब्राह्मण को अग्नि का आधान करना चाहिये। इत्यादि।

रेणुककारिकायां तु—माघादिपञ्चमासेषु श्रावणे चाश्विने तथा।
मार्गशीर्षे शुक्लपक्षे आधानमथ कारयेत्॥ इत्युक्तम्। अत्र मूलं मृग्यम्।

रेणुकारिका में लिखा है कि—माघ आदि से पांच महिनों में श्रावण, आश्विन तथा मार्गशीर्ष के शुक्लपक्ष में आधान करे। यों कहा है। इसमें मूल अन्वेषणीय है।

आधाननक्षत्राणि त्वापस्तम्बसूत्रे—'कृत्तिका-रोहिणी-मृगशीर्ष-पुनर्वसु-पूर्वोत्तरा फाल्गुनी-हस्त-चित्रा-विशाखा-ऽनुराधा-श्रवणोत्तराभाद्रपदा' इति। (कृत्तिका-रोहिणी-मृगशीर्ष-पुनर्वसु-(पुष्य) पूर्वोत्तरा-पूर्वाषाढो-त्तरा-हस्त-चित्रा-विशाखाऽनुराधा-श्रवणोत्तराभाद्रपदा)।

आधान के नक्षत्रों को तो आपस्तंबसूत्र में कहा है—कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, उत्तरा-फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, श्रवण तथा उत्तराभाद्रपदा।

सोमपूर्वाधाने विशेषमाहाऽऽपस्तम्बः—'सोमेन यक्ष्यमाण आदधानो नर्तून् सर्वेन्न नक्षत्रम्' इति। अत्र प्रकरणादाधानकालबाधः। तेन सोमस्य वसन्तकालता न बाध्यते' इति रुद्रदत्तवृत्तौ नारायणवृत्तौ चोक्तम्।

सोमपूर्वक आधान में विशेष आपस्तंब ने कहा है कि—सोमयज्ञ करनेवाला आधान में ऋतु और नक्षत्रों को ध्यान न दें। यहाँ पर प्रकरण से आधान काल (पर्व नक्षत्र आदि) का बाध होता है। उससे सोम के वसन्तकालकी बाधा नहीं होती है। यह रुद्रदत्तवृत्ति में तथा नारायणवृत्ति में भी कहा है।

तन्त्ररत्ने वार्तिके च—'ते वा एते उभये अपहतपाप्मानो ऋतवः। एष वा उद्यन्नादित्य एषां पाप्मनोऽपहन्ता। यद्दैवं कदाचन यज्ञ उपपनमेदथादधीत' इत्यत्रोत्तरायणरूपं दैवं, दक्षिणायन-रूपं च पित्र्यमित्युभयमृतुत्रयं सोमाधाने शतपथे विशिष्य विहितम्। तदेकवाक्यतया शाखान्त-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रेऽपि 'नर्तून् स्तूर्वीत' इत्यत्र सोमकालबाध एव । आधानकालबाधस्य 'यदैवैनं श्रद्धोपनमेत्तदादधीत' इति तस्यां शाखायां वाक्यान्तरेण सिद्धत्वात्सोमकालबाधार्थमेवेदमित्युक्तम् ।

तंत्ररत्न और वार्तिक में कहा है कि—वे दोनों प्रकार की ऋतुवें पापरहित हैं। यह सूर्य उदय होते ही इन ऋतुवों के पापों का नाश करता है। जब कभी इसे यज्ञ में श्रद्धा प्राप्त हो तभी आधान कर ले।' यहाँ उत्तरायणरूप दैव और दक्षिणायनरूप पित्र्य ये दोनों ऋतुत्रय सोम के आधान में शतपथ में विशेषतः विहित हैं। इसलिये एक वाक्यता से दूसरी शाखा में भी 'ऋतुओं का आदर न करे' यहाँ सोमकाल का बाध ही है। 'जब ही इसे श्रद्धा प्राप्त हो तब ही आधान कर ले' इस शाखा में दूसरे वाक्य से आधान काल का बाध सिद्ध होने से सोम काल के बाधनार्थ ही यह है।

धूर्तस्वामी तु–सोमस्यापि य ऋतुस्तस्यापि 'न स्तूर्वीत' इति लिखनादुभयकालबाधं मन्यते ।

धूर्तस्वामी तो सोम का भी जो ऋतु है उसकी परीक्षा न करे—इस लिखन से दोनों काल के बाध को मानते हैं।

श्रीरामाण्डारस्तु—कालान्तरविधानं वा सर्वकालानादरो वेति पक्षद्वयमुक्तवान् ।

श्रीरामाण्डार तो कालान्तरविधान को या सर्वकालों के अनादर को इसप्रकार दोनों पक्ष को कहा।

तत्राद्ये कृत्तिकादिकालानन्तरस्य यथा आधाने वसन्ताद्यबाधेन विधानम्, तथा 'सोमेऽप्युदगयनपूर्वपक्षपुण्याहसन्निपाते यज्ञकालो नादेशः' इति च्छन्दोगसूत्रोक्तोदगयनाबाधेन सोमाभिसन्धिरूपकालान्तरविधानादुदगयनं त्वपेक्ष्यत इत्युक्तम् ।

उसमें आदि में कृत्तिका आदि कालान्तर का जैसे आधान में वसन्तादि अबाध से विधान है। वैसे सोम में भी उत्तरायण पूर्वपक्ष पुण्य दिन के सन्निपात में यज्ञ के काल को आदेश नहीं दिया है। इसप्रकार छन्दोगसूत्र में कहा गया उत्तरायण के अबाध से सोमाभिसन्धिरूपकालान्तर का विधान उत्तरायण की तो अपेक्षा होती है। यों कहा।

द्वितीयपक्षे तु 'यदैवैनं (कालान्तरे) यज्ञ उपनमेत्' इति सर्वकालानादर उक्त इति भारद्वाजसूत्रात्सर्वशब्दस्य विश्वजित्सर्वपृष्ठइतिवद् द्वयोरप्रयोगात्सर्वकालबाध इति । तेन दक्षिणायनेऽपि भवतीत्युक्तम् । षड्गुरुभाष्ये देवत्रातभाष्ये तन्त्ररत्ने च षट्स्वपि ऋतुषु भवतीत्युक्तमिति दिक् ।

दूसरे पक्ष में तो 'यदैवैनं यज्ञ उपनमेत्' जब ही सब समयों (काल) का अनादर कहा—यह भरद्वाज सूत्र से सर्व शब्द का 'विश्वजित् सर्वपृष्ठ' इसकीतरह दोनों का अप्रयोग से सब काल के काल की बाधा होती है। उससे दक्षिणायन में भी होता है। षडगुरुभाष्य में, देवत्रातभाष्य में तथा तन्त्ररत्न में छः ऋतुओं में भी होता है, यों कहा।

(अथ साग्निकमते अमानिर्णयः)

श्राद्धे त्वमावास्या त्रेधा विभक्तदिनतृतीयांशे योऽपराह्णभागस्तद्भागव्यापिनी साग्निकैर्ग्राह्या ।

श्राद्ध में तो अमावस्या तीन प्रकार से विभक्त किये हुए दिन के तीसरे (तृतीयांशे योऽपराह्णभाग इत्यस्य सति सप्तमीवशात्तृतीयांशापराह्णभागयोरैक्यं तात्पर्यम्, पञ्चधाभागस्याप्रवेशात्) हिस्से में जो अपराह्णव्यापिनी हो उसे ले। वह साग्निक अग्निहोत्रियों को ग्राह्य है।

पिण्डान्वाहार्यकं श्राद्धं क्षीणे राजनि शस्यते ।
वासरस्य तृतीयांशे नातिसन्ध्यासमीपतः ॥ इति कात्यायनोक्तेः ।

क्योंकि कात्यायनने कहा है कि—पितरोंके उद्देश्यसे दिया हुआ दर्शश्राद्ध (पिण्डपितृयज्ञोत्तरक्रियमाणं दर्शश्राद्धम्) क्षीण चन्द्रमा में कहा है। दिन के तृतीयभाग में प्रशंसा है, सन्ध्या के अत्यन्त समीप में (सायाह्नस्त्रिमुहूर्तः स्याच्छ्राद्धं तत्र न कारयेत् । राक्षसो नाम सा प्रोक्ता गर्हिता सर्वकर्मसु ॥) नहीं है।

दर्शश्राद्धं तु यत्प्रोक्तं पार्वणं तत्प्रकीर्तितम् ।
अपराह्णे पितृणां च तत्र दानं प्रशस्यते ॥ इति शातातपोक्तेश्च ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शातातप ने भी कहा है—जो अमावास्या का श्राद्ध है उसे पार्वण कहा जाता है। उसके अपराह्ण (अपराह्णः पञ्चधाविभक्तदिनचतुर्थो भागः। वस्तुतस्तु पितृयज्ञादित्रयानुष्ठानार्थं दिवसतृतीय भागरूपापराह्णोऽपेक्षितः) में पितरों को दिया दान प्रशस्त है।

दिनद्वये तत्र सत्त्वे सर्वापराह्णव्यापी दर्शो ग्राह्यः। 'यद्युभयेद्युरेष विहितः सर्वोऽपराह्णस्थितः' इति दीपिकोक्तेः।

यदि अमावास्या दोनों दिन अपराह्ण में हो तो जो सब अपराह्ण में व्याप्त हो, उसे ग्रहण करे। क्योंकि दीपिका में कहा है कि—यदि दोनों दिन श्राद्ध काल हो तो सब अपराह्ण में स्थित को ले।

यत्तु कार्ष्णाजिनिः—भूतविद्धाममावास्यां मोहादज्ञानतोऽपि वा।
श्राद्धकर्मणि ये कुर्युस्तेषामायुः प्रहीयते ॥ इति।

जो कार्ष्णाजिनि ने कहा है कि—चतुर्दशी से विद्धा अमावास्या श्राद्धकर्म में जो मनुष्य मोह या अज्ञान द्वारा करते हैं, उनकी आयु नष्ट होती है।

तदपराह्णे चतुर्दशीवेधपरमिति श्राद्धहेमाद्रिः। अपराह्णाव्याप्तिपरमिति माधवः। दिनद्वयेऽपराह्णव्याप्त्यभावेंऽशतो व्याप्तौ च तिथिक्षये पूर्वेति हेमाद्रिः।

यह अपराह्ण में चतुर्दशी वेधपरक है ऐसा श्राद्धखण्ड में हेमाद्रि ने कहा।

माधव ने कहा कि—वह अपराह्ण-अव्याप्ति परक है। दोनों दिन अपराह्णव्यापिनी न हो और अपराह्ण के किसी भाग में व्याप्त हो या तिथि क्षय हो तो पूर्वा ले—ऐसा हेमाद्रि ने कहा है।

यदा चतुर्दशी यामं तुरीयमनुपूरयेत्।
अमावास्या क्षीयमाणा तदैव श्राद्धमिष्यते ॥ इति। कात्यायनोक्तेः।

चतुर्दश्याश्चतुर्थं यामं दर्शः पूरयेत्। चतुर्दशी यामत्रयं स्यादित्यर्थः। क्षीयमाणा परदिनेऽपराह्णव्यापिनी नेत्यर्थः।

क्योंकि कात्यायन ने कहा है—जिस दिन अमावास्या चतुर्दशी के चतुर्थ प्रहर को पूर्ण कर दे यानी चतुर्दशी तीन प्रहर हो और अमावास्या क्षीण होकर दूसरे दिन अपराह्ण में न हो तो चतुर्दशी में ही श्राद्ध इष्ट है।

(अथ व्यतिरेककथनम्)

व्यतिरेकमाह—वर्द्धमानाममावास्यां लक्षयेदपरेऽहनि।
यामांस्त्रीनधिकान् वापि पितृयज्ञस्ततो भवेत् ॥ ततः श्राद्धं च।

इसका अभाव (विरोध) कहा है कि—दूसरे दिन तीन या अधिक याम तक बढ़ती हुई अमावस्या देखे तो पितृयज्ञ होता है और पश्चात् श्राद्ध होता है।

दिनद्वयेऽपराह्णव्याप्त्यादौ च तिथिवृद्धौ हारीतः—त्रिमुहूर्ता च कर्तव्या पूर्वा खर्वा च बह्वृचैः। कुहूरध्वर्युभिः कार्या यथेष्टं सामगीतिभिः॥ त्रिमुहूर्ताभावे तु पूर्वा नेत्यर्थः।

यदि दोनों (दिनद्वये वैषम्येण एकदेशेनापराह्णव्याप्तौ) दिन अपराह्णव्यापिनी हो या तिथि वृद्धि हो तो हारीत ने कहा है—खर्वा (चन्द्रकला सहित) अमावास्या तीन मुहूर्त होने पर भी बह्वृच शाखावाले पहली में करें और कुहू (चन्द्रकला रहित अमावास्या में) अध्वर्यु करें तथा सामवेदी अपनी इच्छानुसार चाहे जिसे करें। यदि पहले दिन (उत्तरा) तीन मुहूर्त न हो तो न करें।

(अथ पिण्डपितृयज्ञे मतमतान्तरकथनम्)

पिण्डपितृयज्ञस्तु कात्यायनैर्यागदिनात्पूर्वेद्युः कार्यः। 'पूर्वो वाऽङ्गत्वात् पिण्डपितृयज्ञः' इति तत्सूत्रात्।

व्याख्यातं चैतत् कर्काचार्यैः—'पूर्व एव दर्शात् पिण्डपितृयज्ञो, न पश्चात्। कुतः, अङ्गत्वात्।'

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथा च श्रुतिः—'तस्मात्पूर्वेद्युः पितृभ्यः क्रियत उत्तरमहर्देवान् यजन्ते' इति।

'पूर्वेद्युः पितृभ्यो यज्ञं निपृणीय प्रातर्देवेभ्यः प्रतनुते' इति च। तेन तन्मते अङ्गमेवासौ। तदुक्तम्—'अङ्गं वा समभिव्याहारात्' इति। तेन कर्कमते चतुर्दशीयुक्तदर्शे पिण्डपितृयज्ञ इति।

पिण्डपितृयज्ञ तो कात्यायनों के मतसे याग दिन से पूर्व दिन करना चाहिये; क्योंकि कात्यायन का सूत्र है—यज्ञ होने से पिण्डपितृयज्ञ को पहले करे। कर्काचार्य ने इस सूत्र का यों अर्थ किया है—अंग होने से पिण्डपितृयज्ञ, अमावास्या से पहले करे पीछे नहीं। वैसी श्रुति है—उससे पूर्व दिन पितरों के निमित्त यज्ञ करे और दूसरे दिन देवताओं के पूर्व दिन पितरों के लिये यज्ञ करे उससे दूसरे दिन देवताओं के लिये यज्ञ का विस्तार करे क्योंकि उनके मत में पितृयज्ञ देवयज्ञ का अंग ही है। उसे कहा है—समभिव्याहार से अंग को ही प्रथम करे। अतएव कर्क मत में चतुर्दशी युक्त अमावास्या में पिण्डपितृयज्ञ होता है।

श्रीअनन्तभाष्ये तु परेद्युरित्युक्तम्। अत्र द्वेधाप्याचारो दृश्यते। आपस्तम्बानां तु परदिने मुहूर्तमपि दर्शसत्त्वे तत्रैव पितृयज्ञः।

तदाह आपस्तम्बः-'अमावास्यायां यदहश्चन्द्रमसं न पश्यति तदहः पिण्डपितृयज्ञं कुरुते' इति।

श्रीअनन्तभाष्य में तो दूसरे दिन करे यों कहा है। इसमें दोनों प्रकार के आचार को देखा जाता है। आपस्तम्बों के मतमें तो दूसरे दिन में मुहूर्तमात्र भी अमावास्या के रहने पर उसी दिन पितृयज्ञ होता है। उसे आपस्तम्ब ने कहा है—अमावास्या में जिसदिन चन्द्रमा नहीं दिखता है। उस दिन 'पिण्डपितृयज्ञ' को करे।

अस्य रुद्रदत्तीयाव्याख्या—'पिण्डैर्युक्तः पितृयज्ञः पिण्डपितृयज्ञः।' स च कर्मान्तरं न तु दर्शशेषः।

यथा वक्ष्यति—'पितृयज्ञः स्वकालविधानादनङ्गं स्यात्' इति।

तं च यदहश्चन्द्रमसं न पश्यति पञ्चदश्यां प्रतिपदि वा तदहः कुरुते। यदहस्तयोः सन्धिस्तदहरित्यर्थः-इति।

इसकी रुद्रदत्तीया व्याख्या है—पिण्डों से युक्त पितृयज्ञ को 'पिण्डपितृयज्ञ' कहते हैं। वह दूसरा कर्म है, अमावास्या का शेष नहीं है। जैसे कहेंगे कि—अपने कालमें विधान होने से पितृयज्ञ अमावास्या के श्राद्ध का अंग नहीं होता और जिस दिन पूर्णिमा या प्रतिपदा में चन्द्रमा नहीं दिखता उस दिन करे। अर्थात्—जिस दिन उन दोनों की सन्धि हो उस दिन करे—यह अर्थ है।

श्रीरामाण्डारोऽप्याह—'पिण्डपितृयज्ञस्तु पर्वसन्धिमदहोरात्रापराह्णे' इति।

अतः पर्वसन्धिदिने हि पितृयज्ञः।

श्रीरामाण्डार ने भी कहा है—पिण्डपितृयज्ञ तो पर्व की सन्धिवाले अहोरात्र के अपराह्ण में होता है। इसलिये पर्व की सन्धि के दिन पितृयज्ञ करे।

शतपथश्रुतिरपि—'यदैवैष न पुरस्तान्न पश्चाद्दृशेऽथ पितृभ्यो ददाति' इति। पर्वसन्धिदिने हि पूर्वतः पश्चाद्वा चन्द्रो न दृश्यत एवेत्यर्थः।

शतपथ श्रुति में भी कहा है—जब भी यह पर्वसन्धि दिन में पहले या बाद दिन में चन्द्रमा न देखे तब पितरों के लिये दान देता है। अर्थात्—पिण्डपितृयज्ञ को करे।

सत्याषाढोऽपि पितृयज्ञं प्रकृत्य—'दृश्यमाने तूपोष्य श्वोभूते यजते' इत्याह।

सत्याषाढ ने भी पितृयज्ञ के प्रसंग में कहा है कि—चन्द्रमा के दिखाई पड़ने पर चतुर्दशी में उपवास कर फिर प्रातःकाल में यज्ञ को करे।

हेमाद्रिस्तु—'अमावास्याशब्दस्तिथिवचन एव। पूर्वोक्तापस्तम्बसूत्रे यदुक्तं 'न पश्यति' इति, तत्र क्षयोऽभिप्रेतः।

अतश्चतुर्दश्यां चन्द्रस्य क्षीणत्वात्तद्युक्तदर्शे पितृयज्ञः। 'पितृयज्ञं तु निर्वर्त्य विप्रश्चन्द्रक्षये ऽग्निमान्। इति मनूक्तेः। यदुक्तम् 'यदहस्त्वेव दर्शनं नैति चन्द्रमाः-' तत्क्षयापेक्षया ज्ञेयम्। क्षीणे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

राजनि चेत्यपि' इति, 'यदुक्तं दृश्यमानेऽपि, तच्चतुर्दश्यपेक्षया' इति च कात्यायनोक्तेः। 'दृश्यमानेप्येके' इति गोभिलोक्तेश्च।

हेमाद्रिने तो कहा कि—अमावास्याशब्द तिथि अर्थ बोधक ही है। पूर्वोक्त आपस्तम्बसूत्र में जो कहा है—जिस दिन चन्द्रमा न दिखाई पड़े इस वचन से चन्द्रमा का क्षय इष्ट है, इससे चतुर्दशी में चन्द्रमा के क्षीण होने से चतुर्दशीय अमावास्या में पितृयज्ञ करे।

मनु ने कहा है कि—अग्निहोत्री ब्राह्मण होने पर पितृयज्ञ करके अवशिष्ट कर्म करे।

जो यह कहा है कि—जिस दिन चन्द्रमा दर्शन न दे उस दिन तथा क्षीण चन्द्रमा में पितृयज्ञ करे। क्योंकि उसे क्षय की अपेक्षा है। जो यह कहा है—कि चन्द्रमा के दीखने में, पितृयज्ञ करे उसे चतुर्दशी की अपेक्षा से जाने। ऐसा कात्यायन ने कहा है। और गोभिल ने भी कहा है—कोई चन्द्रमा के दीखने में भी पितृयज्ञ कहते हैं।

यस्यां सन्ध्यागतः सोमो मृणालमिव दृश्यते।
अपराह्णे क्षयस्तस्यां पिण्डानां करणं ध्रुवम्॥ इति हारीतोक्तेश्च।

क्योंकि हारीत ने यह कहा है—जिस तिथि में चन्द्रमा सायंकाल मृणाल (कमलतन्तु) के सदृश दिखाई पड़े उसके अपराह्न में क्षय होता है, उसमें निश्चय पिण्डदान करे।

(अथ चन्द्रक्षयकालः)

चन्द्रक्षयकालश्चोक्तः कात्यायनेन—अष्टमेंशे चतुर्दश्याः क्षीणो भवति चन्द्रमाः। अमावास्याष्टमेंशे तु पुनः किल भवेदणुः॥ इति। तेन पूर्वेद्युरेव पितृयज्ञ इत्यूचिवान्।

कात्यायन ने चन्द्रमा का क्षय काल कहा है कि—चतुर्दशी के आठवें भाग में चन्द्रमा क्षीण होता है तथा अमावास्या के आठवें भाग में तो फिर सूक्ष्मरूप हो जाता है, इसलिये पूर्वदिन ही पितृयज्ञ करे। यों कहा।

कर्काचार्यैरपि—'अपराह्णे पिण्डपितृयज्ञः चन्द्रादर्शनेऽमावास्यायाम्' इति कात्यायनसूत्रेऽदर्शनेन क्षय एवोक्तः। 'तस्मिन् क्षीणे ददाति' इति श्रुतेः। अतस्तन्मते चतुर्दशीयुक्तदर्शे पितृयज्ञे सति परदिने यागोर्थात्सिद्धः। तदेतत्सर्वोत्कृष्टमपि हेमाद्रिकर्कादिव्याख्यानमापस्तम्बैरनभ्युपगमात् कातीयबौधायनादिविषयम्।

कर्काचार्य ने भी कहा है—चन्द्रमा के न दीखने पर अमावास्या के अपराह्न में 'पिण्डपितृयज्ञ' करे। कात्यायनसूत्र में भी चन्द्रमा के न दीखने पर ही क्षय कहा है। क्योंकि श्रुति में लिखा है—चन्द्रमा के क्षीण होने पर दे। इससे उक्त हेमाद्रि मत में चतुर्दशीयुक्त अमावास्या में पिण्डपितृयज्ञ के होने पर दूसरे दिन यज्ञ सिद्ध ही है। यह हेमाद्रि तथा कर्क आदि के सर्वोत्कृष्ट व्याख्यान को आपस्तम्बों के न मानने से कात्यायन एवं बौधायन के लिये जानना चाहिये।

आश्वलायनानामपि शेषपर्वणि पिण्डपितृयज्ञः। तथा च सूत्रम्—'अमावास्यायामपराह्णे पिण्डपितृयज्ञः' इति।

आश्वलायनों के यहाँ भी पर्व के शेष में ही 'पिण्डपितृयज्ञ' होता है। ऐसा सूत्र है कि—अमावास्या के अपराह्न में पिण्डपितृयज्ञ होता है।

अत्र नारायणवृत्तिः—'अमावास्याशब्दः प्रतिपत्पञ्चदश्योः सन्धिवचनोऽप्यत्रापराह्णशब्दसमन्वयात्तद्वत्यहोरात्रे वर्तते। तस्यापराह्णे चतुर्थे भागे पिण्डपितृयज्ञः कार्यः। औपवसथ्ये यजनीये वाऽहनि। यदा त्वहोरात्रसन्धौ तिथिसन्धिः स्यात्तदौपवसथ्ये एवाहनि क्रियते' इति। अत एव 'मुहूर्तमप्यमावास्या प्रतिपद्यपि चेद्भवेत्। तदत्तमक्षयं पर्व ज्ञेयं शेषं तु पर्ववत्॥ इति हेमाद्रौ वचनं पिण्डपितृयज्ञपरमुक्तम् प्रयोगपारिजाते।

इसमें नारायण वृत्ति में लिखा है कि—प्रतिपदा और अमावास्या की संधि का वाचक भी अमावास्या शब्द अपराह्न के समन्वय से सन्धिवाले अहोरात्र में है। उस अहोरात्र के चतुर्थ भाग में 'पिण्डपितृयज्ञ' को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

करे या यज्ञ करने योग्य 'औपवसथ्य' के दिन करे और जब अहोरात्र की सन्धि में ही तिथि की सन्धि हो तब 'औपवसथ्य' के दिन ही यज्ञ करते हैं। इसलिये हेमाद्रि का वचन यदि प्रतिपदा में मुहूर्तमात्र भी अमावास्या हो तो उसमें दिया हुआ अक्षय होता है। क्योंकि पर्व का शेष भी पर्व के सदृश होता है। यह वचन प्रयोगपारिजात में पिण्डपितृयज्ञ विषयक कहा है।

अयं च स्मार्ताग्निमता सम्पूर्णे दर्शे श्राद्धव्यतिषङ्गेण कार्यः। व्यतिषङ्गो नामोभयोः सहानुष्ठानम्। एतच्च 'स्थालीपाकेन सह पिण्डार्थमुद्धृत्य, इति सूत्रे वृत्तिकृतोक्तम्।

स्मार्त अग्निवाले इस यज्ञ को पूर्ण अमावास्या में श्राद्ध के व्यतिषंग से करें। दोनों का एक साथ अनुष्ठान को व्यतिषंग कहते हैं। यह बात—स्थालीपाक के साथ पिण्डों के लिये निकालकर श्राद्ध को करे इस सूत्र में वृत्तिकार ने कहा है।

खण्डपर्वणि तु केचिदाहुः—पूर्वेऽह्नि पिण्डपितृयज्ञव्यतिषङ्गेण श्राद्धं कृत्वा परेऽह्नि केवलः पिण्डपितृयज्ञः कार्यः।

खण्डपर्व में तो कोई कहते हैं—पूर्व दिन पिण्डपितृयज्ञ के व्यतिषंग से श्राद्ध को कर दूसरे दिन केवल पिण्डपितृयज्ञ करे।

वृत्तिकृता तु—अान्वष्टक्यं च पूर्वेद्युर्मासि मास्यथ पार्वणम्।

काम्यमाभ्युदयेऽष्टम्यामेकोद्दिष्टमथाष्टमम्॥

इत्युदाहृत्य पूर्वेषु चतुर्षु स्थालीपाकादुद्धृत्याग्नौ करणमित्युक्तेर्दर्शश्राद्धे स्थालीपाको नियत इति गम्यते। स्थालीपाकश्च पितृयज्ञ एवेति पूर्वदिने व्यतिषङ्गः सिद्धः। प्रयोगपारिजाते तु वार्षिकश्राद्धदेरपि व्यतिषङ्ग उक्तः, किमुत दर्शश्राद्धस्य।

क्योंकि वृत्तिकार ने कहा है कि—अान्वष्टकाश्राद्ध पूर्व दिन, प्रति मास पार्वण, अभ्युदय में काम्यश्राद्ध और अष्टमी में आठवाँ एकोद्दिष्ट होता है। यह उदाहरण देकर पहले चारों में, स्थालीपाक में से निकालकर 'अग्नौकरण' करे, इससे ज्ञात होता है कि अमावास्या के श्राद्ध में स्थालीपाक नियत है। पितृयज्ञ को ही 'स्थालीपाक' कहा जाता है। इससे प्रथम में व्यतिषंग (अन्योन्य संबन्ध) सिद्ध हुआ।

प्रयोगपारिजात में तो वार्षिक श्रद्धादिका भी व्यतिषंग कहा है, तो फिर दर्श श्राद्ध का क्यों नहीं होगा।

न्यायविदस्त्वाहुः सूत्रस्य वृत्तेश्च सम्पूर्णदर्शविषयत्वात् खण्डपर्वणि पूर्वदिने केवलं श्राद्धं परदिने च केवलः पितृयज्ञः कार्यः। अत एवोक्तं वृत्तिकृता—'नात्रापूर्वस्थालीपाकश्चोद्यते, सर्वश्राद्धेषु प्रसङ्गात्, इति।

न्याय वेत्ता तो यह कहते हैं कि—सूत्र उसकी वृत्ति को सम्पूर्ण दर्श (अमावास्या) का विषय होने से खण्डपर्व में पहले दिन में केवल श्राद्ध और दूसरे दिन केवल पितृयज्ञ को करें। इसीलिये वृत्तिकार ने कहा है कि यहाँ अपूर्व (कहीं अनूक्त) स्थालीपाक नहीं कहा। क्योंकि सभी श्राद्धोंमें स्थालीपाक का प्रसंग होता है।

प्रयोगपारिजातोक्तिरप्येतद्विषयैव। पूर्वदिने च श्राद्धेऽग्नौकरणमेव, न पाणिहोमः।

चतुर्ष्वाद्येषु साग्नीनां वह्नौ होमो विधीयते।

पित्र्यब्राह्मणहस्ते स्यादुत्तरेषु चतुर्ष्वपि॥ इति परिशिष्टे नियमात्। न च लौकिकाग्नौ पक्वस्य कथं गृह्याग्नौ होमः। 'नान्याग्नौ पक्वमन्याग्नौ जुहुयात्' इति निषेधात्।

१—व्यतिषंग का अर्थ—दोनों का एक काल में अनुष्ठान। जैसे—अमावास्या सोलहदण्ड के आगे आ जाती है। दूसरे दिन सोलहदण्ड तक प्राप्त है। ऐसे स्थल में पूर्व दिन में अपराह्णव्यापिनी होने के कारण दर्शश्राद्ध उसी दिन किया जाता है। वैसे ही दर्शयाग का अंगभूत पिण्डपितृयज्ञ को दर्शयाग के पूर्व दिन में करे। अत्र दर्शयाग तृतीय दिन में किया जाता है। अर्थात्—जिस दिन सूर्योदय में प्रतिपदा होती है। इसप्रकार अनुष्ठान करने से पुण्य मिलता है। अगर अमावास्या एक ही दिन में पांच दण्ड हो और दूसरे दिन उदयकाल में प्रतिपदा आ जाय तो दर्शश्राद्ध, पिण्डपितृयज्ञ दोनों को समान तन्त्र से करते हैं। इसीको सहानुष्ठान या व्यतिषङ्ग कहते हैं।

९२८३२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मैवम् । श्राद्धस्य गृह्यत्वेन स्मार्ताग्नौ पचनाग्नौ वा कर्तव्यत्वात् । तस्मात्पूर्वेद्युः केवलं श्राद्धं, न व्यतिषङ्गः । इदमेव च युक्तम् ।

प्रयोगपारिजात की उक्ति भी इसी विषय की है। पहले दिन श्राद्ध करने पर तो अग्नौकरण ही करे और पाणिहोम न करे।

क्योंकि परिशिष्ट में यह नियम कहा है—प्रथम चार श्राद्धों में अग्निहोत्रियों की अग्नि में होम की विधि है और उत्तर के चार श्राद्धोंमें भी पित्र्य ब्राह्मणके हाथ में। कोई शंका करे कि—लौकिकाग्नि में पकाये हुए अन्न का गृह्याग्नि में कैसे होम होगा; क्योंकि अन्य अग्नि में पकाये हुए अन्न का अन्य अग्नि में होम न करे—ऐसा निषेध है। यह शंका ठीक नहीं; क्योंकि श्राद्ध भी गृह्य है, इससे स्मार्त अग्नि या पाकाग्नि में करना विहित है। इसलिये पहले दिन केवल श्राद्ध करे, व्यतिषंग न करे, यही बात युक्त भी है।

आहिताग्निना तु सर्वाधानिनाऽर्द्धाधानिना वा संपूर्णे खण्डे वा दर्शे श्रौताग्नौ पृथगेव पितृयज्ञः कार्यो न तु दर्शश्राद्धव्यतिषङ्गेणेति विस्तरभीतेर्विरराम: ।

आहिताग्नि चाहे वह सर्वाधानी (सब अग्नियों का आधान किया) हो या केवल स्मार्तकुण्डधारी अर्द्धाधानी हो। केवल स्मार्ताग्निकुण्ड में आधान किया हो वह संपूर्ण या खण्ड अमावास्या में श्रौताग्नि (दक्षिणाग्नि) में पृथक् ही पितृयज्ञ को करे, दर्शश्राद्ध के व्यतिषंग नहीं करे। इसे विस्तार भय से छोड़ते हैं।

(संपूर्ण दर्शे विशेषकथनम्)

सम्पूर्णे दर्शे च विशेषमाह लौगाक्षिः—पक्षान्तं कर्म निर्वर्त्य वैश्वदेवं च साग्निकः ।
पिण्डयज्ञं ततः कुर्यात्ततोऽन्वाहार्यकं बुधः ॥ इति ।

पक्षान्तं कर्म=अन्वाधानम् । अन्वाहार्यकम्=दर्शश्राद्धम् । अयमेव साग्नेर्जीवत्पितृकस्य पिण्डपितृयज्ञकालो ज्ञेयः । तस्यापि कात्यायनेन 'होमान्तमनारम्भो वा' इत्याम्नानात् ।

अमावास्या पूर्ण में विशेष लौगाक्षि ने कहा है—अग्निहोत्री पक्षान्त का कर्म तथा बलिवैश्वदेव को कर पिण्डयज्ञ को करे, फिर विज्ञजन दर्शश्राद्ध करें। पक्षान्तकर्म—अन्वाधान (अग्निहोत्र की अग्नि में समिदाधान) और अन्वाहार्यक (पितरों के सम्मान में अमावास्या के दिन किया जानेवाला श्राद्ध) दर्शश्राद्ध है। यही जीवत्पितृक अग्निहोत्री का पिण्डपितृयज्ञ-काल जाने। कात्यायन ने कहा है—उसे भी होमान्त तक आरम्भ न करे।

(अथ पिण्डपितृयज्ञाकरणे प्रायश्चित्तकथनम्)

पिण्डपितृयज्ञाकरणे प्रायश्चित्तमाह पराशरमाधवीये कात्यायनः—'पितृयज्ञात्यये चैव वैश्वदेवात्ययेऽपि च । भोजने पतितान्नस्य चरुर्वैश्वानरो भवेत् ॥ (अभिष्टा नवयज्ञेन नवान्नप्राशने तथा ।) इत्यलम् ।

पिण्डपितृयज्ञ के न करने पर पराशरमाधवीय में कात्यायन ने प्रायश्चित्त कहा है—पितृयज्ञ तथा बलिवैश्वदेव के न करने पर और पतितान्न भोजन करने पर वैश्वानरचरु (से होम) होता है।

(अथ कुतपकालकथनम्)

प्रकृतमनुसरामः । निरग्निकादिभिस्त्वमावास्याऽपराह्णव्याप्त्यलाभे कुतपकालव्यापिनी ग्राह्या ।
भूतविद्धाऽप्यमावास्या प्रतिपन्मिश्रितापि वा ।
पित्र्ये कर्मणि विद्वद्भिर्ग्राह्या कुतपकालिकी ॥ इति हारीतोक्तेः । इदं च निरग्निकादिविषयम् ।

अब प्रस्तुत प्रकरण का अनुसरण करते हैं। यदि अमावास्या अपराह्णव्यापिनी न मिल सके तो जो अग्निहोत्री नहीं हैं, वे कुतपकालव्यापिनी ग्रहण करें। क्योंकि हारीत ने कहा है—चतुर्दशीविद्धा अमावास्या हो या प्रतिपदा से मिश्रित हो तो बुद्धिमान् मनुष्य पितृकर्म में कुतपकालव्यापिनी को ग्रहण करे और यह जो अग्निहोत्री नहीं हैं उन्हीं के लिये है।

'सिनीवाली द्विजैः कार्या साग्निकैः पितृकर्मणि ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्त्रीभिः शूद्रैः कुहूः कार्या तथा चानग्निकैर्द्विजैः ॥ इति लौगाक्षिवचनात् ।

क्योंकि लौगाक्षि का कथन है—अग्निहोत्री पितृकार्य में सिनीवाली को ग्रहण करे। स्त्री, शूद्र और जो अग्निहोत्री नहीं हैं वे कुहू—अमावास्या को ग्रहण करें।

अत्र साग्निरौपासनाग्निरपीति मदनपारिजाते उक्तम्। कुतपश्चापराह्णव्याप्त्यलाभेऽनुकल्पः।
अपराह्णद्वयाव्यापी यदि दर्शस्तिथिक्षये ।

आहिताग्नेः सिनीवालीनिरग्न्यादेः कुहूर्मता ॥ इति जाबालिना विधानात् ।

मदनपारिजात में कहा है कि—यहाँ अग्नि पद से औपासनाग्नि (य आहिताग्नेर्धर्मः स्यात्स औपासनिकस्य तु—इति वचनात्) भी ग्रहण हैं। कुतपकाल अपराह्ण (दिनद्वये अपराह्णस्पर्शाभावे) में न मिले तो कुतप का अनुकल्प (गौण आदेश) ग्रहण करे।

क्योंकि जाबालि ने कुतप के अभाव में विधान कहा है कि—तिथि क्षय होने पर यदि अमावास्या दोनों अपराह्ण में व्यापिनी हो तो अग्निहोत्री को सिनीवाली तथा अग्निरहित को कुहू ग्रहण करना चाहिये।

तेन साग्नीनां निरग्नीनां चापराह्णव्यापिन्येव मुख्या। तिथिसाम्यवृद्धिक्षयैः समव्याप्तौ खर्वादिना निर्णयः। वैषम्येऽधिका। दिनद्वयेऽपराह्णस्पर्शे कुतपव्यापिनीति माधवः। इदमेव च युक्तम्।

इससे साग्निकों को और अनग्निहोत्रियों को अपराह्णव्यापिनी ही तिथि मुख्य (पूर्वेद्युरेवापराह्णव्याप्तौ पूर्वा। उत्तरेद्युरेव तद् व्याप्तावुत्तरा) होती है। तिथि के साम्य, वृद्धि, क्षय होने से यदि समव्याप्ति हो तो खर्व आदि से निर्णय करे। विषमता हो तो अधिक का। दोनों दिन अपराह्ण में न हो तो कुतपकालव्यापिनी का ग्रहण करे, यह माधव का मत है। यही युक्त है।

हेमाद्रिमते कुतपव्यापिन्येव निरग्न्यादेर्मुख्या। सिनीवाली = दृष्टचन्द्रा। तथा च व्यासः—
दृष्टचन्द्रा सिनीवाली, नष्टचन्द्रा कुहूः स्मृता। इति। पूर्वदिने परदिने एव वा तद्व्यापित्वे सैव ग्राह्या। अंशव्यापित्वे वैषम्येऽधिककालव्यापिनी ग्राह्या। दिनद्वयेंशतः समव्याप्तौ तिथिक्षये पूर्वा, वृद्धौ साम्ये च परा।

हेमाद्रि मत में तो अनग्निहोत्री को कुतपकालव्यापिनी ही मुख्य है। जिस अमावास्या में चन्द्रमा दिखाई पड़े उसे सिनीवाली कहते हैं।

ऐसा व्यास ने भी कहा है—जिसमें चन्द्रमा का दर्शन हो वह सिनीवाली और जिसमें दर्शन न हो वह कुहू कही जाती है।

पहले दिन में या दूसरे दिन में कुतपकालव्यापिनी हो तो वही ग्राह्य है। किसी अंश में व्याप्त होने से विषमता हो तो अधिककालव्यापिनी ले, यदि दोनों दिन अंशतः समानव्यापिनी हो या तिथिक्षय हो तो पहली ले, वृद्धि और साम्य होने पर दूसरी ले।

तिथिक्षये सिनीवाली तिथिवृद्धौ कुहूः स्मृता। साम्येऽपि च कुहूर्ज्ञेया वेदवेदाङ्गवेदिभिः ॥ इति प्रचेतोवचनात्। दिनद्वये सम्पूर्णा कुतपव्याप्तिस्तु तिथिवृद्धावेव भवतीत्यनन्तरवचनात् परैवेति।

क्योंकि प्रचेता ने कहा है—तिथि के क्षय में सिनीवाली तथा तिथि की वृद्धि एवं समानता में कुहू का ग्रहण करे, ऐसा वेद-वेदांग वेत्ताओं ने कहा है।

दोनों दिन संपूर्ण कुतपकाल में व्याप्त तो तिथि वृद्धि में ही होती है, यह आगे के वचन से परवाली ही ग्राह्य है।

(अथ कुतुपलक्षणम्)

कुतपस्तु—अह्नो मुहूर्ता विज्ञेया दश पञ्च च सर्वदा। तत्राष्टमो मुहूर्तो यः स कालः कुतपः

१—रौद्रः श्वेतस्तथा मैत्रस्तथा सारभटः स्मृतः। सावित्रो वैश्वदेवश्च गान्धर्वः कुतुपस्तथा ॥ रौहिणस्तिलकश्चैव विभवो निर्ऋतिर्जयः। शम्बरो विजयश्चैव भेदाः पञ्चदश स्मृताः ॥ तत्रासंभवे तु—कुतुपायान् मुहूर्तांस्त्रीन् यदाचरति भास्करः। स कालः कुतुपस्तत्र पितृणां दत्तमक्षयम् ॥ इत्युक्तो गौणः कुतुपो ग्राह्यः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्मृतः ॥ इति मात्स्योक्तेः । तुलादानपितृदेवप्रीत्यर्थोपवासादौ तु परा ग्राह्येत्यन्यत्र विस्तरः ।

कुतप का लक्षण मत्स्यपुराण में बतलाया है—दिन में सदैव पन्द्रह मुहूर्त होते हैं, उनमें आठवें मुहूर्त को कुतप कहते हैं ।

तुलादान, पितर और देवताओं के प्रीत्यर्थ उपवास आदि में तो दूसरी ग्रहण करे । ऐसा अन्य ग्रन्थों में विस्तार है ।

(अथ दर्शे वार्षिकादिप्राप्तौ विचारः)

दर्शे च मासिकवार्षिकादिश्राद्धप्राप्तौ कालादर्शे विशेष उक्तः—

दर्शस्य चोदकुम्भस्य दर्शमासिकयोरपि । नित्यस्य चाब्दिकस्यापि दार्शिकाब्दिकयोरपि ॥

इत्युक्त्वा—

सम्पाते देवताभेदाच्छ्राद्धयुग्मं समाचरेत् । निमित्ता नियतिश्चात्र पूर्वानुष्ठानकारणम् ॥ इति ।

अमावास्या में मासिक तथा वार्षिकश्राद्ध के पड़ जाने पर तो कालादर्श में विशेष कहा है—अमावास्या एवं घटदान का दर्श तथा मासिक का, नित्यश्राद्ध और वार्षिकश्राद्ध का, दर्शश्राद्ध तथा वार्षिक श्राद्ध का, सम्पात (एक ही दिन सम्मिलन) होने पर देवता भेद से दो श्राद्ध करे । इनमें निमित्त और नियति (धार्मिक कर्तव्य) ही प्रथम श्राद्ध के करने में कारण है । यानी प्रथम जिसका निमित्त और कर्तव्य हो उसे पूर्व करे ।

निर्णयदीपेऽपि—नष्टचन्द्रे यदा काले क्षयाहदिवसो भवेत् । वैश्वदेवं क्षयश्राद्धं कुर्यात्प्राग्दर्शकर्मणः ॥ अमाश्राद्धं चानुपनीतोऽपि कुर्यात् ।

निर्णयदीप में लिखा है—अमावास्या के दिन यदि मरने का दिन हो तो दर्शश्राद्ध से पूर्व बलिवैश्वदेव तथा क्षयाहश्राद्ध को करे । अमावस्या का श्राद्ध अनुपनीत भी करे ।

श्राद्धशूलपाणौ—अमावास्याष्टकाकृष्णपक्षपञ्चदशीषु च । इत्युपक्रम्य

एतच्चानुपनीतोऽपि कुर्यात्सर्वेषु पर्वसु । श्राद्धं साधारणं नाम सर्वकामफलप्रदम् ॥

भार्याविरहितोऽप्येतत्प्रवासस्थोऽपि नित्यशः ।

शूद्रोऽप्यमन्त्रवत्कुर्यादनेन विधिना बुधः ॥ इति मात्स्योक्तेः ।

शूलपाणि में मत्स्यपुराण वचन से कहा है—इनका आरम्भ करके अमावास्या, अष्टका, कृष्णपक्ष की पंचदशी इनको अनुपनीत भी सभी पर्वों में करे । सब कामनाओं का फलप्रद साधारण श्राद्ध को भार्यारहित तथा प्रवासी भी नित्य करे । बुद्धिमान् शूद्र भी मन्त्र रहित इसी विधि से करे ।

(अमाश्राद्धातिक्रमे प्रायश्चित्तकथनम्)

अमाश्राद्धातिक्रमे प्रायश्चित्तमुक्तमृग्विधाने—[१]न्यूषुवाचं जपेन्मन्त्रं शतवारं दिने दिने । अमाश्राद्धं यदा नास्ति तदा सम्पूर्णमेति तत् ॥ अत्र पूर्वोक्तसाग्निकपदेनाऽऽहिताग्निः स्मार्ताग्निमांश्च गृह्यते । विच्छिन्नाग्निकादिश्च निरग्निकः ।

तथा च हेमाद्रिरग्नौकरणप्रकरणे—साग्निरग्नावनग्निस्तु द्विजपाणावथाप्सु वा । कुर्यादग्नौ क्रियां नित्यं लौकिकेनेति निश्चितम् ॥ इति स्मृतिवाक्यमुदाहृत्य 'यस्त्वस्वीकृतौपासनतया समुच्छिन्नाग्नितया भार्याविधुरतया वाऽग्निरहितस्तस्य द्विजपाणौ जलादौ वा होमः' इति व्याचष्टे । मदनपारिजातेऽप्येवम् । इदमेव साग्निकानग्निकस्वरूपं सर्वत्र ज्ञेयम् ।

अमावास्या श्राद्ध के न करने पर ऋग्विधान में प्रायश्चित्त कहा है—'न्यू ३ षु वाचम्' इस मंत्र को प्रतिदिन सौ बार जपे, इस मन्त्र के जपने से अमावास्या में श्राद्ध न किया हो तो सम्पूर्ण हो जाता है ।

१—न्यू ३ षु वाचं प्र महे भरामहे गिर इन्द्राय सदने विवस्वतः । नू चिद्धि रत्नं ससतामिवाविदन्न दुष्टुतिर्द्रविणोदेषु शस्यते ॥ (ऋ० १।५३।१) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अमावास्या के इसप्रकरण में साग्निकपद से जिसने वेद या स्मृति की अग्नि का आधान किया हो उसका तथा निरग्निक पद से जिसकी अग्नि नष्ट हो गई हो उसका ग्रहण है।

ऐसा हेमाद्रि ने अग्नौकरण प्रकरण में लिखा है—साग्निक द्विज अग्नि में एवं निरग्निक ब्राह्मण के हाथ में, जल में या लौकिकाग्नि में सदैव अग्नौकरण कर्म करे। इस स्मृति वाक्य को लिखकर यह व्याख्या की है—जो उपासना के अस्वीकार, अग्नि के नाश या स्त्री के अभाव होने से अग्निरहित है वह ब्राह्मण के हाथ में या जल आदि में होम करे। मदनपारिजात में भी ऐसा ही लिखा है। यही साग्निक तथा निरग्निक का स्वरूप सर्वत्र जानना चाहिये।

(अथ ग्रहणनिरूपणम्)

अथ ग्रहणं निर्णीयते। तत्र चन्द्रग्रहणे यस्मिन् यामे ग्रहणं तस्मात्पूर्वं प्रहरत्रयं न भुञ्जीत। सूर्यग्रहे तु प्रहरचतुष्टयं न भुञ्जीत।

अब ग्रहण का निर्णय करते हैं। चन्द्रग्रहण में जिस प्रहर में ग्रहण लगे उससे पूर्व तीन प्रहरों में भोजन न करे। सूर्यग्रहण में तो (जिस प्रहर में ग्रहण लगे उससे) पूर्व चार प्रहरों में भोजन न करे।

सूर्यग्रहे तु नाश्नीयात्पूर्वं यामचतुष्टयम्। चन्द्रग्रहे तु यामांस्त्रीन् बालवृद्धातुरैर्विना ॥ इति माधवीये वृद्धगौतमोक्तेः।

क्योंकि माधवीय में वृद्धगौतम ने कहा है—सूर्य-ग्रहण में चार प्रहर पूर्व तथा चन्द्र-ग्रहण में तीन प्रहर पूर्व बालक, वृद्ध और आतुर—रोगी को छोड़कर कोई भोजन न करे।

ग्रहणं तु भवेदिन्दोः प्रथमादधि यामतः। भुञ्जीतावर्तनात्पूर्वं प्रथमे प्रथमादधः ॥ इति मार्कण्डेयोक्तेश्च। अधि = ऊर्ध्वम्। न तु चन्द्रग्रहे यामचतुष्टयनिषेध उचितो न तु सूर्यग्रहे, सूर्योदयात्प्राक् भोजनाप्राप्तेः। नैवम्। वचनस्य प्रथमयामे सूर्यग्रहे सति पूर्वेद्युः पूर्वरात्रे भोजननिषेधपरत्वात्।

मार्कण्डेयपुराण में कहा है—जो चन्द्रमा का ग्रहण रात्रि के द्वितीय प्रहर में हो तो मध्याह्न से पूर्व भोजन करे। रात्रि के प्रथम प्रहर में ग्रहण हो तो प्रथम याम के मध्य में भोजन करे।

कोई शंका करे—चन्द्र-ग्रहण में चार प्रहर का निषेध उचित था, सूर्य-ग्रहण में नहीं; क्योंकि सूर्योदय से पूर्व भोजन प्राप्त ही नहीं है यानी कोई भोजन नहीं करता। ऐसा मत कहो; क्योंकि प्रथम याम (प्रहर) में सूर्यग्रहण हो तो प्रथम दिन की रात्रि में भोजन निषेधार्थ यह वचन है।

(अथ चन्द्रादिग्रहणे भोजनविचारः)

चन्द्रग्रहे विशेषमाह माधवीये वृद्धवसिष्ठः—ग्रस्तोदये विधोः पूर्वं नाहर्भोजनमाचरेत्। इति। द्वयोर्ग्रस्तास्ते तु माधवीये व्यासः—अमुक्तयोरस्तगयोरद्याद् दृष्ट्वा परेऽहनि। इति।

चन्द्र-ग्रहण में विशेष माधवीय में वृद्ध-वसिष्ठ ने कहा है कि—यदि चन्द्रमा ग्रस्त होकर उदय हो तो पूर्व दिन भोजन न करे।

सूर्य-चन्द्र दोनों के ग्रस्ताग्रस्त में तो माधवीय में व्यास ने कहा है—यदि चन्द्रमा तथा सूर्य ग्रस्त हुए अस्त हो जायँ तो दूसरे दिन चन्द्रमा तथा सूर्य को देखकर भोजन करे।

विष्णुधर्मेऽपि—अहोरात्रं न भोक्तव्यं चन्द्रसूर्यग्रहो यदा।
मुक्तिं दृष्ट्वा तु भोक्तव्यं स्नानं कृत्वा ततः परम् ॥ अहोरात्रनिषेधः सूर्यग्रस्तास्ते।

१—सूर्येन्दुग्रहणं यावत्तावत्कुर्याज्जपादिकम्। न स्वपेन्न च भुञ्जीत स्नात्वा भुञ्जीत मुक्तयोः ॥ 'निद्रायां जायते रोगो-मूत्रे दारिद्र्यमाप्नुयात्। पुरीषे कृमियोनिः स्यान्मैथुने ग्रामसूकरः ॥ अभ्यङ्गे च भवेत्कुष्ठी भोजने स्यादधोगतिः। वचने च भवेत् सर्पो वधे च नरकं व्रजेत् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विष्णुधर्म में भी लिखा है—जब चन्द्र या सूर्यग्रहण हो तो [1]अहोरात्र [2]भोजन न करे, किन्तु राहु से मुक्त देखकर स्नान को कर भोजन करे। इस वचन में अहोरात्र का निषेध ग्रस्तास्त सूर्य में जानना चाहिये।

मदनरत्ने गार्ग्यः—सन्ध्याकाले यदाराहुर्ग्रसते शशिभास्करौ। तदहर्नैव भुञ्जीत रात्रावपि कदाचन ॥

ग्रस्तास्त होने पर मदनरत्न में गार्ग्य ने कहा है कि—जब राहु चन्द्रमा तथा सूर्य को सन्ध्या के समय ग्रसे तो उस दिन रात्रि में भी कभी भोजन न करे।

सायंसन्ध्यायां सूर्यग्रस्तास्ते पूर्वेऽह्नि रात्रौ च न भोक्तव्यम्। प्रातः सन्ध्यायां चन्द्रस्य ग्रस्तास्ते पूर्वरात्रावुत्तरेऽह्नि च न भोक्तव्यमित्यर्थः। चन्द्रग्रस्तास्ते उत्तरदिने सन्ध्याहोमादौ न दोषः।

इसका यह अर्थ है कि—सायंकाल की सन्ध्या में सूर्य के ग्रस्तास्त होने पर उस दिन तथा उस रात में भोजन न करे। प्रातःकाल की सन्ध्या में चन्द्रमा के ग्रस्तास्त होने पर तो पूर्व रात्रि तथा दूसरे दिन भोजन न करे। चन्द्रमा के ग्रस्तास्त हो जाने पर दूसरे दिन में सन्ध्या-होमादि करने में दोष नहीं है।

दाहोशनाः—ग्रस्ते चास्तंगते त्विन्दौ ज्ञात्वा मुक्त्यवधारणम्। स्नानहोमादिकं कार्यं भुञ्जीतेन्दूदये पुनः ॥ एतदनाहिताग्निविषयम्। 'अपराह्णे व्रतोपायनीयमश्नीत' इति कात्यायनोक्तेर्व्रतस्य श्रौतत्वेन विहितत्वेन च प्रबलत्वात्। 'अद्भिर्व्रतं कुर्यात्' इति निर्णयदीपः। रागप्राप्तभोजने कालनियमोऽयम्। तेन ज्वरादाविव न भोजनम् इति कर्कानुसारिणः। बालवृद्धातुराणां तु ग्रहणयामात्पूर्वमेकयामो निषिद्धः।

इसे उशना ने कहा है—ग्रस्त हुआ चन्द्रमा अस्त हो जाय तो उसकी मुक्ति का निश्चय करके स्नान, होम आदि करे, भोजन तो चन्द्रमा के पुनः उदय हो जाने पर करे।

यह वचन निरग्निक के लिये है। कात्यायन ने कहा है कि—व्रत भोजन जिस अन्न (माषादि) से किया जाता है उसको 'व्रतोपायनीय' कहते हैं। दिन के दूसरे भाग में घी से मिश्रित होष्यमाण द्रव्यातिरिक्त माषादि हविष्य को पत्नी और यजमान अतृप्त होते हुए भोजन करे व्रत हो तो अपराह्न में। इस वचन से वेदोक्तविधि हो जाने से व्रत की प्रबलता है।

निर्णयदीप में लिखा है—जल से ही व्रत कर ले। रागप्राप्त भोजन में ही यह कालका नियम है। इससे ग्रहण में ज्वरादि के तुल्य भोजन न करे, ऐसा कर्कानुसारियों का कथन है। बालक, वृद्ध और रोगी को ग्रहण लगने के प्रहर से प्रथम एक प्रहर निषिद्ध है।

सायाह्ने ग्रहणं चेत् स्यादपराह्णे न भोजनम्। अपराह्णे न मध्याह्ने, मध्याह्ने न तु सङ्गवे ॥ भुञ्जीत सङ्गवे चेत्स्यान्न पूर्वं भोजनक्रिया ॥ इति मार्कण्डेयोक्तेः। इदं च बालादिविषयम्। 'बालवृद्धातुरैर्विना' इति पूर्वोक्तेः। वेधकाले ग्रहणे वा पक्वमन्नं त्याज्यम्।

क्योंकि मार्कण्डेय ने कहा है—सायाह्न में ग्रहण हो तो अपराह्न में, अपराह्न में हो तो मध्याह्न में, मध्याह्न में हो तो संगव में तथा संगव में हो तो उससे पूर्व प्रहर में भोजन न करे। यह बालकों के लिये है। क्योंकि पहले बाल-वृद्ध-आतुरों के विना कह आये हैं। वेधकाल या ग्रहण समय में पकाये हुए अन्न का त्याग करे।

सर्वेषामेव वर्णानां सूतकं राहुदर्शने। स्नात्वा कर्माणि कुर्वीत शृतमन्नं विवर्जयेत् ॥ इति हेमाद्रौ षट्त्रिंशन्मतात्। शृतमिति तदन्तरितस्योपलक्षणम्।

नवश्राद्धेषु यच्छिष्टं ग्रहपर्युषितं च यत्। इति। मिताक्षरायां वचनात्।

१—अहः पूर्वारात्रिरित्याशयेनाह—अहोरात्रमिति। वस्तुतोऽहश्च रात्रिश्चेत्यर्थः।

२—ब्रह्माण्डे—नाश्नीयादथ तत्काले ग्रस्तयोश्चन्द्रसूर्ययोः। मुक्तयोश्च कृतःस्नानः पश्चाद् भुञ्ज्यात्स्ववेश्मनि ॥ इति परान्ननिषेधः। मुक्तावपि भोजनं महानिशातः प्रागेव। 'महानिशा द्वे घटिके रात्रिमध्यमयामयोः। इति मार्कण्डेयोक्तेः। घटिकाचतुष्टयं तु युक्तम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्योंकि हेमाद्रि में षट्त्रिंशत् का मत है—राहु के दर्शन में सभी वर्णों को सूतक है, स्नान करके कर्मों को करे तथा ग्रहण में पकाये अन्न का त्याग करे। श्रृत (पहले का पकाया हुआ) ग्रहण के मध्य में पकाये हुए का उपलक्षण है।

क्योंकि मिताक्षरा में यह वचन है कि—नवश्राद्ध का शेष तथा ग्रहण का वासी अन्न न खाय।

भार्गवार्चनदीपिकायां ज्योतिर्निबन्धे मेधातिथिः—'आरनालं[1] पयस्तक्रं दधि स्नेहाज्यपाचितम्।
मणिकस्थोदकं चैव न दुष्येद्राहुसूतके।

भार्गवार्चनदीपिका एवं ज्योतिर्निबन्ध में मेधातिथि ने कहा है कि—आरनाल, (काञ्जिक) दूध, मठा, दधि, तेल तथा घी में पकाया हुआ अन्न, मणिक (जलकलश) का जल—ये राहु के सूतक में दूषित नहीं होते हैं।

मन्वर्थमुक्तावल्याम्—'अन्नं पक्वमिह त्याज्यं स्नानं सवसनं ग्रहे।
वारि तक्रारनालादि तिलदर्भैर्न दुष्यति॥'

मन्वर्थमुक्तावली में लिखा है कि—ग्रहण में पका अन्न तथा घर में सचैल (वसन सहित) स्नान को त्याग दे। जल, माठा (तक्र), कांजी, तिल तथा कुशा से दूषित नहीं होते हैं।

(ग्रहणे जलपाने प्रायश्चित्तकथनम्)

जले त्वदोषो गाङ्गविषयः—'ग्रहोषितं जलं पीत्वा पादकृच्छ्रं समाचरेत्।' इति तत्रैव चतुर्विंशतिमतेऽन्यजलस्य दोषोक्तेः।

जल में जो दोष नहीं है वह गंगाजल विषय में जाने। क्योंकि ग्रहण में रखे हुए जल को पीकर पादकृच्छ्र करें, यह वहीं पर चतुर्विंशति मत से अन्य जल का दोष कहा है।

(वेधादिकाले भोजने प्रायश्चित्तकथनम्)

वेधकाले ग्रहणे वा भोजने प्रायश्चित्तमुक्तं माधवीये कात्यायनेन—
'चन्द्रसूर्यग्रहे भुक्त्वा प्राजापत्येन शुद्ध्यति। तस्मिन्नेव दिने भुक्त्वा त्रिरात्रेणैव शुद्ध्यति॥' इति।

वेधकाल में या ग्रहण में भोजन के करने पर माधवीय में कात्यायन ने प्रायश्चित्त कहा है। चन्द्रमा तथा सूर्य ग्रहण में भोजन करने पर प्राजापत्यव्रत (षडुपवासतुल्यम्) से शुद्धि होती है। उसी दिन भोजन करे तो तीन रात्रि में ही शुद्धि होती है।

(चन्द्रादिग्रहणे उपवासादिना फलकथनम्)

ग्रहणे च त्रिरात्रमेकरात्रं चोपवासः श्रेयोर्थिना कार्यः।

'एकरात्रमुपोष्यैव स्नात्वा दत्वा च शक्तितः। कञ्चुकादिव सर्पस्य निवृत्तिः पापकोशतः॥

कल्याण चाहनेवाला ग्रहण में तीन रात या एक रात का उपवास करे। हेमाद्रि में लिंगपुराण का वचन है—एक रात्रि उपवास, स्नान तथा यथाशक्ति दान करके पापों के आवरण से इसप्रकार छूटता है जैसे केचुलि से सांप।

त्रिरात्रं समुपोष्यैवं ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः। स्नात्वा दत्वा च विधिवन्मोदते ब्रह्मणा सह॥
इति हेमाद्रौ लैङ्गोक्तेः। इदं च पुत्र्यतिरिक्तविषयम्।

चन्द्र-सूर्य ग्रहण में विधिवत् तीन रात्रि उपवास तथा स्नान-दान करके ब्रह्मा के साथ आनन्द को भोगता है। यह वचन भी पुत्रवाले से भिन्न के लिए है।

(पारणादौ विचारः)

'आदित्येऽहनि संक्रान्तौ ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः। पारणं चोपवासं च न कुर्यात्पुत्रवान् गृही॥' इति जैमिनिवचनात्।

१—आरनालं दधि तथा क्षीरं किलाटं दधिसक्तवः। स्नेहपक्वं च तैलं च न कदाचित्प्रदुष्यति॥ 'आरनालं च तक्रं च ह्यादेयं घृतपाचितम्। उदकं च कुशच्छन्नं न दुष्येद्राहुसूतके॥ स्मृत्यन्तरे—'जले घृते तथा तैले सन्धाने गोरसेषु च। कुशान्तरायं कुर्वीत ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जैमिनी का वचन है कि रविवार, संक्रान्ति तथा चन्द्र-सूर्य ग्रहण में पुत्रवाले गृहस्थ पारणा और उपवास न करें।

यदा तु रवेर्ग्रस्तास्तस्तदा पुत्रिणः प्रहरद्वयं हित्वा बालादिवद्भोजनं, न तूपवासः। 'सायाह्ने-ग्रहणं चेत्स्यात्' इति पूर्वोक्तमार्कण्डेयवचनात्।

जब सूर्य ग्रस्तास्त हों तो पुत्रवाले को दो पहर छोड़कर बालकों की भांति भोजन कर लेना चाहिए। सायाह्न में यदि ग्रहण हो तो उपवास न करे क्योंकि यह पूर्वोक्त वचन मार्कण्डेय का है।

'सायाह्ने सङ्गवेऽश्नीयाच्छारदे सङ्गवादधः। मध्याह्ने परतोऽश्नीयान्नोपवासो रविग्रहे ॥' इति स्मृतेश्चेति हेमाद्रिः।

यह स्मृति भी है ऐसा हेमाद्रि का कहना है कि—यदि सायाह्न में ग्रहण हो तो संगव में, अपराह्न में हो तो संगव से पूर्व, मध्याह्न में हो तो उसके बाद भोजन कर ले तथा सूर्यग्रहण में उपवास न करे। ऐसा हेमाद्रि का कहना है।

शारदोऽपराह्णः। माधवमते तु पुत्रिणोऽपि तत्रोपवास एव। 'अहोरात्रं न भोक्तव्यम्' इति पूर्वोक्तनिषेधस्य तेनापि पालनीयत्वात्। उपवासनिषेधस्तु व्रतरूपोपवासपरः कृष्णैकादशीनिषेध-वदिति। मदनरत्नेऽप्येवम्। इदमेव च युक्तम्।

शारदपद का अपराह्न अर्थ है। माधव मत में तो पुत्रवाले को भी ग्रहण में उपवास ही है; क्योंकि 'अहोरात्र भोजन न करे' यह पूर्वोक्त निषेध पुत्रवाले को भी मानने योग्य है। उपवासका निषेध तो कृष्णपक्ष की एकादशी के सदृश व्रतरूप उपवास विषयक है। मदनरत्न में भी ऐसा ही कहा है तथा यही (बालादि-भिस्तु सर्वं दिनं नक्तं वा भोजनं विना स्थातुमशक्यत्वान्निषेधो न पालनीयः, किं तूक्तकल्पानुकल्पौ कार्याविति भावः) युक्त भी है।

वर्द्धमानस्तु—'अहोरात्रं न भोक्तव्यम्' इति। शातातपीयाग्रे। सूर्याचन्द्रमसोर्लोकानक्षयान् याति मानवः।' इति फलश्रुतेर्मुक्त्यदर्शने उपवासः काम्यः न त्वयं निषेध इत्याह। तन्न। अत्र व्रतत्वेऽपि प्रागुक्तविष्णुधर्मे निषेधावश्यंभावात्।

वर्द्धमान ने जो कहा है—शातातपीय का कथन है कि—'अहोरात्र भोजन न करे' तो मनुष्य सूर्य तथा चन्द्रमा के अक्षय लोकों को जाता है, इस फल के श्रवण से राहु से चन्द्रमा एवं सूर्य की मुक्ति के अदर्शन में जो उपवास है वह काम्य है, निषेध नहीं है। वर्द्धमान का वह कथन ठीक नहीं है; क्योंकि यहाँ व्रत के होने पर भी पूर्वोक्त विष्णुधर्म में निषेध का होना अवश्य है।

(चूडामणियोगकथनम्)

तथा च व्यासः—'रविग्रहः सूर्यवारे सोमे सोमग्रहस्तथा।
चूडामणिरिति ख्यातस्तत्र दत्तमनन्तकम् ॥
वारेष्वन्येषु यत्पुण्यं ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः। तत्पुण्यं कोटिगुणितं योगे चूडामणौ स्मृतम् ॥'

ऐसा व्यास ने कहा—रविवार को सूर्यग्रहण तथा चन्द्रवार को चन्द्रग्रहण हो तो चूड़ामणि योग होता है। उसमें दिया हुआ दान अनन्त फलदायक है। अन्यवारों में चन्द्र-सूर्य के ग्रहण में जो पुण्य होता है, उससे करोड़ गुणा चूड़ामणियोग में कहा है।

(ग्रहणे होमादौ विचारः)

अत्र चाद्यन्तयोः स्नानं कुर्यात्। 'ग्रस्यमाने भवेत्स्नानं ग्रस्ते होमो विधीयते।
मुच्यमाने भवेद्दानं मुक्ते स्नानं विधीयते ॥' इति हेमाद्रौ वचनात्।

यहाँ पर आदि और अन्त में स्नान करे। क्योंकि हेमाद्रि का वचन है—ग्रहण से पूर्व स्नान एवं ग्रहण के समय होम का विधान है। मुक्त होने के समय दान (अश्रोत्रियः श्रोत्रियो वा पात्रं वाऽपात्रमेव वा। विप्रब्रुवो वापि विप्रो ग्रहणे दानमर्हति ॥ 'तथोपरागपातादौ स्नाने दाने निशा शुभा।' 'स्नानं दानं तपः श्राद्धमनन्तं राहुदर्शने। आसुरी रात्रिरन्यत्र तस्मात्तां परिवर्जयेत् ॥) तथा मुक्त होनेपर स्नानका विधान कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Funding: MIDF

स्नानं स्यादुपरागादौ मध्ये होमः सुरार्चनम् । इति ब्रह्मवैवर्ताच ।

ब्रह्मवैवर्त्त का भी वचन है—ग्रहण के आदि में स्नान, मध्य में होम तथा देवपूजा को करे ।

(ग्रहणे सूतकादौ विचारः)

सर्वेषामेव वर्णानां सूतकं राहुदर्शने । सचैलं च भवेत्स्नानं सूतकान्नं च वर्जयेत् ॥ इति वृद्धवसिष्ठोक्तेश्च । सचैलत्वं मुक्तिस्नानपरमिति मदनरत्ने उक्तम् ।

वृद्ध वसिष्ठ ने भी कहा है—राहु के दर्शन में सभी वर्णों का सूतक और सचैल स्नान होता है तथा सूतक में अन्न (ग्रहणकाले ततः प्राग्वा पक्कमन्नम्) का त्याग करे । सचैल स्नान मुक्तिस्नान विषयक है । यह मदनरत्न में कहा है ।

(ग्रहणे स्नानाकरणे विचारः)

भार्गवार्चनदीपिकायां चतुर्विंशतिमते—'मुक्तौ यस्तु न कुर्वीत स्नानं ग्रहणसूतके । स सूतकी भवेत्तावत् यावत्स्यादपरो ग्रहः ॥' इदं च स्नानममन्त्रकं कार्यमिति स्मृतिरत्नावल्याम् ।

भार्गवार्चनदीपिका में चतुर्विंशति का मत है—जो मनुष्य ग्रहण के सूतक तथा मुक्ति में स्नान नहीं करता वह तब तक सूतकी होता है जब तक दूसरा ग्रहण नहीं आता है । इस स्नान को मन्त्र-रहित ही करे, ऐसा स्मृतिरत्नावली में लिखा है ।

(ग्रहणे गङ्गादिमहानदीषु स्नानकथनम्)

तत्र तीर्थविशेषो भारते—'गङ्गास्नानं तु कुर्वीत ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः ।
महानदीषु चाऽन्यासु स्नानं कुर्याद्यथाविधि ॥'

ग्रहण-स्नान के लिए तीर्थविशेष भारत में लिखा है—चन्द्र-सूर्य के ग्रहण में गंगा में स्नान करे, गंडकी महानदियों में शास्त्रोक्तविधि से स्नान करे ।

(ग्रहणे कार्तिकमासादौ स्नानकथनम्)

महानदीष्वपि मासविशेषे काश्चिच्छ्रेष्ठाः—प्रयागं देविका रेवा सन्निहत्या च वारणम् ।
सरस्वती चन्द्रभागा कौशिकी तापिकी तथा ।
सिन्धुर्गण्डकिका चैव सरयूः कार्तिकादितः ॥ मूलं हेमाद्रौ स्पष्टम् ।

महानदियों में भी मास विशेष में कोई-कोई श्रेष्ठ कही गयी हैं । प्रयाग, देविका, रेवा, सन्निहत्या, वरुणा, सरस्वती, चन्द्रभागा, कौशिकी, तापी, सिंधु, गण्डकी तथा सरयू ; ये कार्तिक[1] आदि मासों में क्रम से ग्रहणस्नान के लिए उत्तम हैं । इसका मूल हेमाद्रि में स्पष्ट है ।

(चन्द्र-सूर्यग्रहणादौ फले तारताम्यताकथनम्)

व्यासः—'इन्दोर्लक्षगुणं पुण्यं रवेर्दशगुणं ततः । गङ्गातोये तु सम्प्राप्ते इन्दोः कोटी रवेर्दश ॥ गवां कोटिसहस्रस्य यत्फलं लभते नरः । तत्फलं लभते मर्त्यो ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः ॥'

व्यास ने कहा है—चन्द्रग्रहण में लाख गुणा तथा सूर्यग्रहण में उससे दशगुणा स्नान का पुण्य होता है । चन्द्रग्रहण में गंगाजल (सर्वं भूमिसमं दानं सर्वे ब्रह्मसमा द्विजाः । सर्वं गङ्गासमं तोयं राहुग्रस्ते दिवाकरे ॥) मिल जाय तो करोण गुणा तथा सूर्य ग्रहण में दसकरोड़गुणा पुण्य होता है । मनुष्य को हजार करोड़ गौओं के दान से जो फल मिलता है, वही फल चन्द्र-सूर्य ग्रहण में गंगास्नान से मिल जाता है ।

१ देवीपुराणे—कार्तिके ग्रहणं श्रेष्ठं गङ्गा-यमुनसङ्गमे । मार्गे तु ग्रहणं प्रोक्तं देविकायां महामुने ॥ पौषे तु नर्मदा पुण्या माघे सन्निहिता शुभा । फाल्गुने वरुणा पुण्या चैत्रे पुण्या सरस्वती ॥ वैशाखे तु महापुण्या चन्द्रभागा सरिद्वरा । ज्येष्ठे तु कौशिकी पुण्या आषाढे तापिका नदी । श्रावणे सिन्धुनामा तु तथा भाद्रे तु गण्डकी । आश्विने शरयूः श्रेष्ठा तथा पुण्या तु नर्मदा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(असंभवे कूपादौ ग्रहणे स्नानविचारः)

असम्भवे तु माधवीये शंखः—'वापीकूपतडागेषु गिरिप्रस्रवणेऽपि च। नद्यां नदे देवखाते सरसीषूद्धृताम्बुनि ॥ उष्णोदकेन वा स्नायाद् ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः ॥'

गंगा या नदियाँ न मिलें तो माधवीयशंख ने कहा है—बावड़ी, कूआँ, तालाब, पर्वत के झरने, नदी, नद, देवखात (पुष्कर आदि प्राकृतिक जलाशय), सरोवर, खीचे जल या उष्ण जल में चन्द्र-सूर्यग्रहण में स्नान करे।

(ग्रहणे नद्यादिस्नाने तारतम्यताकथनम्)

अत्र तारतम्यमाह मार्कण्डेयः—'शीतमुष्णोदकात्पुण्यमपारक्यं परोदकात्। भूमिष्ठमुद्धृतात्पुण्यं ततः प्रस्रवणोदकम् ॥ ततोऽपि सारसं पुण्यं ततो पुण्यं नदीजलम्। तीर्थतोयं ततः पुण्यं महानद्यम्बु पावनम् ॥ ततस्ततोऽपि गङ्गाम्बु पुण्यं पुण्यं स्ततोऽम्बुधिः ॥' इति। उष्णोदकमातुरविषयम्।

इनका तारतम्य क्रम से महत्त्व है। मार्कण्डेय ने कहा है—उष्ण जल से शीतल जल, पराये जल से अपना जल, उद्धृत जल से भूमि जल, भूमि जल से पर्वत के झरने का जल, झरने के जल से सरोवर जल, सरोवर जल से नदी जल, नदी जल से तीर्थजल, तीर्थ जल से महानदी जल, महानदी जल से गंगाजल तथा गंगाजल से समुद्र जल पवित्र होता है। उष्ण जल रोगी के लिए है।

(ग्रहणे नर्मदादिजलस्पर्शे महत्पुण्यकथनम्)

तथा—गोदावरी महापुण्या चन्द्रे राहुसमन्विते। सूर्ये च राहुणा ग्रस्ते तमोभूते महामुने ॥ नर्मदातोयसंस्पर्शे कृतकृत्या भवन्ति ते ॥

और चन्द्रग्रहण में गोदावरी महापुण्यदायक है। हे महामुने, सूर्यग्रहण में नर्मदा जल का स्पर्श हो जाय तो मनुष्य कृतार्थ हो जाता है।

(ग्रहणे समुद्रस्नाने विशिष्टतमफलकथनम्)

'पृथ्वीचन्द्रोदये प्रभासखण्डे–'गावो नागास्तिला धान्यं रत्नानि कनकं मही। सम्प्रदाय कुरुक्षेत्रे यत्फलं लभते नरैः। तदिन्दुग्रहणेऽम्भोधौ स्नानाद् भवति षड्गुणम् ॥'

पृथ्वीचन्द्रोदय के प्रभासखण्ड में लिखा है—गौ, हाथी, तिल, अन्न, रत्न, सुवर्ण एवं भूमिदान करने से जो फल कुरुक्षेत्र में मनुष्यों को मिलता है, उससे छः गुणा ग्रहण में समुद्रस्नान से होता है।

(सूर्य-चन्द्रग्रहणस्नाने महत्फलकथनम्)

तत्रैव सौरपुराणेऽम्बुधिस्नानमुपक्रम्य—'दानानि यानि लोकेषु विख्यातानि मनीषिभिः। तेषां फलमवाप्नोति ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः ॥'

वही सौरपुराण में समुद्रस्नान का उपक्रम करके लिखा है—मनीषियों ने संसार में जितने दान प्रसिद्ध किये हैं, उन सबका फल चन्द्र-सूर्यग्रहण में मनुष्य प्राप्त करता है।

(सूर्यग्रहणे गङ्गापुष्करादितीर्थविचारः)

देवीपुराणे—'गङ्गा कनखलं पुण्यं प्रयागे पुष्करं तथा। कुरुक्षेत्रं महापुण्यं राहुग्रस्ते दिवाकरे ॥'

देवीपुराण में लिखा है—सूर्यग्रहण में गंगा, कनखल, प्रयाग और पुष्कर पवित्र हैं तथा कुरुक्षेत्र महापवित्र है।

(ग्रहणादौ स्नानासंभवे तीर्थस्मरणविचारः)

स्नानासम्भवे स्मरणं कार्यम्। 'स्मृत्वा शतक्रतुफलं दृष्ट्वा सर्वाघनाशनम्। स्पृष्ट्वा गोमेधपुण्यं तु पीत्वा सौत्रामणेर्लभेत् ॥ स्नात्वा वाजिमखं पुण्यं प्राप्नुयादविचारतः। रविचन्द्रोपरागे च अयने चोत्तरे तथा ॥' इति मार्कण्डेयोक्तेः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्नान के असम्भव में तो तीर्थ स्मरण करे। मार्कण्डेयपुराण में कहा है—सूर्य-चन्द्र ग्रहण तथा उत्तरायण के सूर्य में तीर्थस्मरण से सौ यज्ञ का फल, देखने से सब पापों का नाश, स्पर्श से 'गोमेधयज्ञ' का फल, पीने से 'सौत्रामणि' यज्ञका फल एवं स्नान से 'अश्वमेध' का फल मनुष्य को विना विचारे हो जाता है।

(ग्रहणे श्राद्धाकरणे विशेषफलकथनम्)

अत्र श्राद्धमाह ऋष्यशृङ्गः—'चन्द्रसूर्यग्रहे यस्तु श्राद्धं विधिवदाचरेत्।
तेनैव सकला पृथ्वी दत्ता विप्रस्य वै करे ॥'

ग्रहण में ऋष्यशृंग ने श्राद्ध का करना कहा है—जो मनुष्य चन्द्र-सूर्यग्रहण में श्राद्ध को करता है, उसने ब्राह्मणों के हाथ में मानो सम्पूर्ण भूमि दे दी है।

(ग्रहणे श्राद्धाकरणे महत्कष्टम्)

भारते—'सर्वस्वेनापि कर्तव्यं श्राद्धं वै राहुदर्शने।
अकुर्वाणस्तु नास्तिक्यात्पङ्के गौरिव सीदति ॥'

भारत में लिखा है कि—ग्रहण में सब वस्तुसे श्राद्धको करे। नास्तिकता से जो नहीं करता है वह पंक में गौ के तुल्य दुःखी होता है।

(ग्रहणे श्राद्धकरणे महत्फलकथनम्)

विष्णुः—राहुदर्शनदत्तं हि श्राद्धमाचन्द्रतारकम्। इदं चामान्नेन हेम्ना वा कार्यं, नत्वन्नेन।

विष्णु का वचन है कि—ग्रहण में दिया हुआ श्राद्ध तब तक स्वर्ग में रहता है जब तक सूर्यचन्द्र रहेंगे। यह आमान्न या सुवर्ण से करे। अन्न से न करे।

आपद्यनग्नौ तीर्थे च चन्द्रसूर्यग्रहे तथा। आमश्राद्धं प्रकुर्वीत हेमश्राद्धमथापि वा ॥ इति शातातपोक्तेरिति हेमाद्रिमाधवादयः।

शातातप ने कहा है—आपत्तिकाल में अग्नि के अभाव में तीर्थ एवं चन्द्र-सूर्य के ग्रहण में आमान्न से या सुवर्ण से श्राद्ध करे। यह हेमाद्रि तथा माधवादि का कथन है।

(पाकाभावे श्राद्धविचारः)

अपरार्कस्तु—एतद्द्विजानां पाकाभावे द्रष्टव्यं तीर्थश्राद्धवत्।
पाकाभावे द्विजातीनामामश्राद्धं विधीयते। इति सुमन्तूक्तेः।

अपरार्क ने तो कहा है—द्विजातियों को यह श्राद्ध तीर्थश्राद्ध के तुल्य पाकाभाव में जानना चाहिये; सुमन्तु ने कहा है कि—पाकाभाव में आमान्न से श्राद्ध को करे।

(गजच्छायायोगे श्राद्धादिकथनम्)

'सैंहिकेयो यदा सूर्यं ग्रसते पर्वसन्धिषु। गजच्छाया तु सा प्रोक्ता तस्यां श्राद्धं प्रकल्पयेत्। घृतेन भोजयेद्विप्रान् घृतं भूमौ समुत्सृजेत्।' इति वायवीयोक्तेश्चेत्याह।

वायुपुराण में कहा है—पर्व की सन्धियों में जब राहु सूर्य को ग्रसे तो उसे गजच्छाया कहते हैं। उसमें श्राद्ध करे। घृत से ब्राह्मण को भोजन करावे और पृथ्वी पर घी डाले।

(ग्रहणे भोक्तुर्दोषकथनम्)

विज्ञानेश्वरोऽप्याह—'ग्रहणश्राद्धे भोक्तुर्दोषो दातुस्त्वभ्युदयः' इति।

विज्ञानेश्वर ने भी कहा—ग्रहणश्राद्ध में भोजन करनेवालों को दोष है और देनेवाले दाता का तो अभ्युदय होता है।

(ग्रहणादौ भोजने पुनः पुरुषत्वं नास्तीतिकथनम्)

सूतके मृतके भुङ्क्ते गृहीते शशिभास्करे।
छायायां हस्तिनश्चैव न भूयः पुरुषो भवेत् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आपस्तम्ब ने भोजन का निषेध किया है। सूतक में, मरण में, सूर्य-चन्द्रग्रहण तथा गजच्छाया में जो भोजन को करता है वह फिर पुरुष नहीं होता है।

इत्यापस्तम्बेनभोजननिषेधात्। अयं च निषेधः श्राद्धभोक्तुर्हस्तिच्छायासाहचर्यात्। अत्र ग्रहणनिमित्तकश्राद्धेनैवामासंक्रान्त्यादिनैमित्तिकानां सिद्धिः। 'दार्शिकालभ्ययोरपि' इति कालादर्शोक्तेः।

यह निषेध गजच्छाया के साहचर्य से श्राद्ध खानेवाले को है। यहाँ ग्रहण के निमित्त किये हुए श्राद्ध से ही अमावास्या और संक्रान्ति आदि के निमित्त किये हुए श्राद्धों की भी सिद्धि जाननी चाहिये। कालदर्श में कहा है—अमावास्या तथा संक्रान्ति में भी श्राद्ध करे।

(आशौचमध्येऽपि स्नान-श्राद्धादिकथनम्)

अत्राशौचमध्येऽपि स्नानश्राद्धादिकार्यमेव। 'सूतके मृतके चैव न दोषो राहुदर्शने।
तावदेव भवेच्छुद्धिर्यावन्मुक्तिर्न दृश्यते॥' इति माधवीये वृद्धवसिष्ठोक्तेः।

ग्रहण में आशौच के मध्य में भी स्नान एवं श्राद्धादि करे। माधवीय में वृद्धवसिष्ठ का वचन है कि—सूतक, मरण और चन्द्रग्रहण—इनमें दोष नहीं जब तक मुक्ति न हो तब तक मनुष्य शुद्ध हो जाता है।

स्मार्तकर्मपरित्यागो राहोरन्यत्र सूतके। इति व्याघ्रपादोक्तेश्च।

व्याघ्रपाद ने कहा है—राहु के सूतक से अन्य दूसरे सूतक में स्मार्त कर्म को न करे।

कालादर्शे अङ्गिराः—'सर्वे वर्णाः सूतकेऽपि मृतके राहुदर्शने।
स्नात्वा श्राद्धं प्रकुर्वीरन् दानं शाठ्यविवर्जितम्॥'

कालादर्श में अंगिरा का वचन है—सूतक, मरण और चन्द्रग्रहण में सम्पूर्ण वर्ण स्नान को कर श्राद्ध करे तथा कृपणता छोड़कर दान करे।

मदनपारिजातेऽप्येवम्। तेन 'स्नानमात्रं प्रकुर्वीत दानश्राद्धविवर्जितम्।' इति निर्मूलं वदन्तो गौडाः परास्ताः। इयं च शुद्धिरविशेषान्मन्त्रदीक्षापुरश्चरणादिसर्वस्मार्तकर्मविषया। मदनरत्नेऽप्येवम्।

मदनपारिजात में भी ऐसा ही लिखा है। इससे श्राद्ध और दान को छोड़कर केवल स्नान करे। इसे निर्मूल कहनेवाले गौड परास्त हुए। यह शुद्धि विशेषता के अभाव से मन्त्र दीक्षा, पुरश्चरण आदि सब स्मार्त कर्मों में जाननी चाहिये। मदनरत्न में भी ऐसा ही लिखा है।

(ग्रहणनिमित्तक-रजस्वलास्नाने विचारः)

रजस्वलायास्तु भार्गवार्चनदीपिकायां सूर्योदयनिबन्धे—'न सूतकादिदोषोऽस्ति ग्रहे होमजपादिषु। ग्रस्ते स्नायादुदक्याऽपि तीर्थादुद्धृत्य वारिणा॥' इति।

अत्र—'स्नाने नैमित्तिके प्राप्ते नारी यदि रजस्वला। पात्रान्तरिततोयेन स्नानं कृत्वा व्रतं चरेत्॥' इति मिताक्षरोक्तो विधिर्ज्ञेयः।

रजस्वला के लिए तो भार्गवार्चनदीपिका में सूर्योदय निबन्ध में लिखा है—ग्रहण में होम-जप आदि में रजस्वला को सूतकादि दोष नहीं होता है, ग्रहण लगने पर वह तीर्थ में से जल निकालकर स्नान करे। यहाँ पर—ग्रहण में नैमित्तिक स्नान प्राप्त होने पर यदि स्त्री रजस्वला हो जाय तो पात्र में रक्खे हुए जल से स्नान करके व्रत को करे—इत्यादि विधि मिताक्षरा में कही हुई जाननी चाहिये।

(ग्रहणे रात्रावपि श्राद्धादिकथनम्)

तथा ग्रहणे रात्रावपि श्राद्धादिकार्यम्। 'ग्रहणोद्वाहसंक्रान्तियात्रार्तिप्रसवेषु च।
दानं नैमित्तिकं ज्ञेयं रात्रावपि तदिष्यते॥' इति अपरार्के व्यासोक्तेः,

ग्रहण के दिन रात्रि में भी श्राद्धादि करना चाहिये। अपरार्क में व्यास का वचन है—ग्रहण, विवाह, संक्रान्ति, यात्रा, रोग तथा प्रसव में दान नैमित्तिक है, उसका रात्रि में भी विधान है।

चन्द्रग्रहे तथा रात्रौ स्नानं दानं प्रशस्यते। इति देवलोक्तेश्च।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देवल ने भी कहा है—चन्द्रग्रहण में रात्रि में भी स्नान-दान प्रशस्त है।

(दिने चन्द्रग्रहो रात्रौ च सूर्यग्रहणे विचारः)

यदा तु ज्योतिःशास्त्रगम्ये दिने चन्द्रग्रहो रात्रौ च सूर्यग्रहः तदा स्नानादि न कार्यम्।

जब ज्योतिःशास्त्र से दिन में चन्द्रग्रहण तथा रात में सूर्यग्रहण हो तब स्नान आदि उससमय में न करे।

'सूर्यग्रहो यदा रात्रौ दिवा चन्द्रग्रहस्तथा। तत्र स्नानं न कुर्वीत दद्याद्दानं च न क्वचित् ॥' इति षट्त्रिंशन्मतात्।

षट्त्रिंशत् का मत है—जब सूर्य ग्रहण रात में तथा चन्द्रग्रहण दिन में हो तो स्नान और दान न करे।

(ग्रहणदिने वार्षिकप्राप्तौ विचारः)

ग्रहणदिने वार्षिकश्राद्धप्राप्तौ तु प्रयोगपारिजाते गोभिलः—'दर्शे रविग्रहे पित्रोः प्रत्याब्दिकमुपस्थितम्। अन्नेनासम्सम्भवे हेम्ना कुर्यादामेन वा सुतः ॥' इति।

ग्रहण के दिन वार्षिकश्राद्ध की प्राप्ति हो तो प्रयोगपारिजात में गोभिल ने कहा है—अमावास्या सूर्यग्रहण में यदि माता-पिता का श्राद्ध उपस्थित हो जाय तो पुत्र पक्वान्न से सम्भव न हो तो सुवर्ण या आमान्न से करे।

अत्र रविपितृसुतशब्दाः प्रदर्शनार्थाः, न्यायसाम्यात्। तेन चन्द्रग्रहणेऽपि सपिण्डादिवार्षिकमन्नादिना तद्दिने एव कार्यमिति मदनपारिजाते व्याख्यातम्। पृथ्वीचन्द्रोदयेऽप्येवम्।

यहाँ से, न्याय की समता से रविवार, पिता, पुत्र के वाचक क्रम से रवि, पितृ, सुत ये शब्द दिखाने के लिए हैं। इससे चन्द्रग्रहण में भी सपिंड आदि वार्षिक श्राद्ध अन्न आदि से उसी दिन करे, यह मदनपारिजात में लिखा है। पृथ्वीचन्द्रोदय में भी ऐसा ही लिखा है।

तेन यानि—आमश्राद्धं प्रकुर्वीत मासंवत्सरादृते। अन्नेनैवाब्दिकं कुर्याद्धेम्ना चामेन न क्वचित् ॥' इति मरीचिलौगाक्ष्यादिवचनानि, तानि ग्रहणदिनातिरिक्तविषयाणि। निर्णयामृतेऽप्येवम्।

इससे मरीचि लौगाक्षि आदि के जो वचन हैं—मासिक एवं वार्षिक श्राद्ध को छोड़कर आमान्न से श्राद्ध करे और वार्षिक श्राद्ध पक्वान्न से ही करे। सुवर्ण और आमान्न से भी न करे। यह ग्रहण दिन से अतिरिक्त के लिए हैं। निर्णयामृत में भी ऐसा ही कहा है।

('ग्रहणात्तु द्वितीयेऽह्नि'—इत्यादिश्लोकानां निर्मूलत्वकथनम्)

यानि तु—ग्रहणात्तु द्वितीयेऽह्नि रजोदोषात्तु पञ्चमे। 'ग्रस्तोदये यदा चन्द्रे प्रत्यब्दे समुपस्थितम् ॥ तद्दिने चोपवासः स्यात् प्रत्यब्दं तु परेऽहनि।

जो यह वचन है कि—ग्रहण से दूसरे रोज रजोदोष से पाँचवें दिन तथा चन्द्रमा के ग्रस्तोदय में वार्षिक श्राद्ध आ जाय तो उसीदिन उपवास करे और दूसरे दिन श्राद्ध करे।

तथा—'ग्रस्तावेवास्तमानं तु रवीन्दू प्राप्नुतो यदि। प्रत्यब्दं तु तदा कार्यं परेऽहन्येव सर्वदा ॥ चन्द्रसूर्योपरागे च तथा श्राद्धं परेऽहनि ॥' इत्यादीनि वचनानि, तानि महानिबन्धेषु काप्यनुपलम्भान्निर्मूलानि, प्रत्युत पूर्वोक्तनिबन्धेषु तद्दिने एव श्राद्धमुक्तमित्यलम्।

वैसे ही जो सूर्य तथा चन्द्रमा ग्रस्त हुए ही अस्त हो जायँ तो वार्षिक श्राद्ध दूसरे दिन करे। चन्द्र-सूर्य के ग्रहण में दूसरे दिन श्राद्ध करे—ये सब वचन हैं, वे महानिबन्धों में कहीं भी नहीं मिलने से निर्मूल हैं; बल्कि पूर्वोक्त ग्रन्थों में उसी दिन श्राद्ध करना कहा है।

(अथ सूर्यग्रहणे दीक्षाविचारः)

ग्रहणादिसप्तदिनपर्यन्तं रामगोपालाद्यागमदीक्षोक्ता शिवार्चनचन्द्रिकायां ज्ञानार्णवे—'मन्त्राद्यारम्भणं कुर्याद् ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः। ग्रहणाद्वाऽपि देवेशि कालः सप्तदिनावधि ॥' इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ग्रहण से सात दिन तक राम-गोपाल आगम आदि मन्त्रों की दीक्षा (मन्त्रोपदेश) करे। शिवार्चन-चन्द्रिका के ज्ञानार्णव में कहा है—हे पार्वती, 'चन्द्र-सूर्य के ग्रहण में या ग्रहण से सात दिन तक मन्त्र आदि का आरम्भ करे।

रत्नसागरे—'सत्तीर्थेऽर्कविधुग्रासे तन्तुदामनपर्वणि ।
मन्त्रदीक्षां प्रकुर्वाणो मासर्क्षादीन्न शोधयेत् ॥'

रत्नसागर में लिखा है—अच्छे तीर्थ में, चन्द्र-सूर्य ग्रहण में पवित्रारोपण, दमनारोपण (दवणा) काल में मन्त्र की दीक्षा मन्त्रोपदेश करता हुआ (महादीक्षा तथा दीक्षा उपदेशस्तथा परः। युगे युगे च कर्तव्य उपदेशः कलौ युगे ॥ 'चन्द्रसूर्यग्रहे तीर्थे सिद्धक्षेत्रे शिवालये। मन्त्रमात्रप्रकथनमुपदेशः स उच्यते ॥) पुरुष मास एवं नक्षत्रों की शुद्धि नहीं करे।

अत्र सूर्यग्रहणमेव मुख्यम्। 'सूर्यग्रहणकाले तु नान्यदन्वेषितं भवेत्। सूर्यग्रहणकालेन समो नान्यः कदाचन ॥ न मासतिथिवारादिशोधनं सूर्यपर्वणि।' इति तत्रैव कालोत्तरवचनात्।

यहाँ सूर्यग्रहण ही मुख्य है। वहीं आगे यह वचन है—सूर्यग्रहण के समय अन्य कुछ का अन्वेषण नहीं करे। सूर्य ग्रहणकाल के समान दूसरा समय नहीं है। सूर्य ग्रहण में मास, तिथि, वार आदि का शोधन न करे। (मन्त्रशास्त्रे—गुरोरभावे विप्रेन्द्र मन्त्रग्रहणमुच्यते। कृष्णपक्षे त्रयोदश्यां दक्षिणामूर्तिसन्निधौ ॥ ताडपत्रे मनुं (ग्राह्यमन्त्रम्) लिख्य स्थापयीत तदग्रतः। क्षीरखण्डादि नैवेद्यं स्थापयीत ततः शिवे ॥ ताडपत्रं समालोच्य पठेदष्टोत्तरं शतम्। एवं गृहीतो मन्त्रश्चेद् गुरोरपि विशिष्यते ॥ गुरौ संभाविता दोषाः प्रायेण तु कलौ युगे। एवं गृहीते मन्त्रस्य सिद्धिर्भवति पार्वती ॥)

(चन्द्रग्रहणे दीक्षाविचारः)

'चन्द्रग्रहे तु या दीक्षा या दीक्षा व्रतचारिणाम्। वनस्थस्य च या दीक्षा दारिद्र्यं सप्तजन्मसु ॥' इति। तत्रैव योगिनीतन्त्रे:निषेधाच्च।

योगिनीतन्त्र में यह निषेध है—चन्द्रग्रहण के समय की जो दीक्षा, व्रताचरण करनेवाले तथा वानप्रस्थ की जो दीक्षा है वह सात जन्म तक दरिद्रता देनेवाली होती है।

(ग्रहणे जन्मराश्यादौ निषिद्धत्वकथनम्)

ग्रहणं च जन्मराश्यादौ निषिद्धम्। तदुक्तं ज्योतिषे—'त्रिषट्दशाऽऽयोपगतं नराणां शुभप्रदं स्याद् ग्रहणं रवीन्द्वोः। द्विसप्तनन्देषुषु च मध्यमं स्याच्छेषेष्वनिष्टं कथितं मुनीन्द्रैः ॥' इति। आयः = एकादश। नन्दाः = नव। इषुः = पञ्च।

ग्रहण जन्मराशि आदि में निषिद्ध है। ऐसा ज्योतिष में कहा है—जन्मराशि से तीसरे, छठे, दशवें, ग्यारहवें तथा पाँचवें सूर्य या चन्द्रग्रहण हो तो मनुष्य को शुभदायक है। दूसरे, सातवें, और नवें मध्यम है। शेष राशियों में श्रेष्ठमुनियों ने अनिष्टदायक कहा है।

मदनरत्ने गर्गः—'जन्मसप्ताष्टरिःफाङ्कदशमस्थे निशाकरे। दृष्टोऽरिष्टप्रदो राहुर्जन्मर्क्षे निधनेऽपि च ॥ रिःफं = द्वादश, ह्यङ्काः = नव। निधनं = सप्तमतारा।

मदनरत्न में गर्गने कहा है—जन्म से सातवीं, आठवीं, बारहवी, नवीं और दशवीं राशि पर चन्द्रग्रहण (दिवाकरोऽपि ग्राह्यः) हो। जन्मनक्षत्र या जन्मनक्षत्र से आठवें नक्षत्र पर हो तो अशुभकारक है।

पृथ्वीचन्द्रोदये विष्णुधर्मे—'यन्नक्षत्रगतो राहुर्ग्रसते शशिभास्करौ।
तज्जातानां भवेत्पीडा ये नराः शान्तिवर्जिताः ॥'

पृथ्वीचन्द्रोदय के विष्णुधर्म में कहा है कि—जिस नक्षत्र में गया राहु चन्द्र तथा सूर्य को ग्रसता है उस नक्षत्र में उत्पन्न मनुष्यों को पीड़ा होती है, यदि वे शान्ति को नहीं करते हैं।

तत्रैव पुराणान्तरे—'सूर्यस्य संक्रमो वाऽपि ग्रहणं चन्द्रसूर्ययोः। यस्य त्रिजन्मनक्षत्रे तस्य रोगोऽथ वा मृतिः ॥ तस्य दानं च होमं च देवार्चनजपौ तथा। उपरागाभिषेकं च कुर्याच्छान्तिर्भविष्यति ॥ स्वर्णेन वाऽथ पिष्टेन कृत्वा सर्पस्य चाकृतिम्। ब्राह्मणाय दद्देत्तस्य न रोगादिश्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत्कृतः ॥' जन्मनक्षत्रं तत्पूर्वोत्तरे च त्रिजन्मनक्षत्रमित्युच्यते। जन्मदशमैकोनविंशतितारा इति केचित्। सर्पस्य = तदाकारस्य राहोरित्यर्थः।

वही पुराणान्तर में कहा है—सूर्य की संक्रान्ति या सूर्य-चन्द्र ग्रहण जिसके जन्मनक्षत्र में या जन्म-नक्षत्र से पूर्व तथा उत्तर के नक्षत्र में हो तो उसे रोग या मरण होता है। उसके लिए दान, होम, (विभवे दानहोमौ तदभावे एकैकं, चकारद्वयात्) देवार्चन, जप तथा ग्रहण में मन्त्रों से अभिषेक करे तो उसकी शान्ति हो जायगी। सर्प के तुल्य सुवर्ण या आटा से निर्मित राहु की प्रतिमा ब्राह्मण को दे, इससे उसे रोग आदि नहीं होते हैं। जन्मनक्षत्र और जन्म के पूर्व तथा उत्तर के नक्षत्र 'त्रिजन्म नक्षत्र' कहे जाते हैं। कोई कहते हैं—जन्म का दसवाँ तथा उन्नीसवाँ तारा निषिद्ध है।

अद्भुतसागरे भार्गवः—'यस्य राज्यस्य नक्षत्रे स्वर्भानुरुपरज्यते। राज्यभङ्गं सुहृन्नाशं मरणं चात्र निर्दिशेत् ॥' राज्यस्य नक्षत्रम् = अभिषेकनक्षत्रमिति तत्रैव व्याख्यातम्।

अद्भुतसागर में भार्गव ने कहा है कि—जिसके राज्याभिषेक के नक्षत्र में ग्रहण हो उसका राज्यभंग, मित्रों का नाश या मरण होता है।

भार्गवार्चनदीपिकायां ज्योतिःसागरे—'सौवर्णं कारयेन्नागं पलेनाथ पलार्धतः। तदर्धेन तदर्धेन फणायां मौक्तिकं न्यसेत् ॥ ताम्रपात्रे निधायाथ घृतपूर्णे विशेषतः। कांस्ये वा कान्तिलौहे वा न्यस्य दद्यात्सदक्षिणम् ॥ चन्द्रग्रहे तु रूप्यस्य बिम्बं दद्यात्सदक्षिणम्। नागं रुक्ममयं सूर्यग्रहे बिम्बं च हेमजम् ॥ तुरङ्गरथगोभूमितिलसर्पिश्च काञ्चनम्।'

भार्गवार्चनदीपिका में ज्योतिःसागर ने कहा है—एक पल, आधा पल, उससे आधा या उससे भी आधे पल सुवर्ण का सर्प बनाकर उसके फण पर मोती रक्खे और घी से भरे ताँबा, काँसा या कान्तिसार लोहे के पात्र में उसको रखकर दक्षिणासहित ब्राह्मण को दे दे। चन्द्रग्रहण में चाँदी का चन्द्रबिम्ब बनाकर दक्षिणा के साथ ब्राह्मण को दे।

सूर्यग्रहण में सुवर्ण का नागबिम्ब और सूर्यबिम्ब बनाकर दक्षिणा सहित ब्राह्मण को दे। घोड़ा, रथ; भूमि, गो, तिल, घृत तथा सुवर्ण ब्राह्मण को दान दे।

कालविवेकेऽपि—'सुवर्णनिर्मितं नागं सतिलं कांस्यभाजनम्। सदक्षिणं सवस्त्रं च ब्राह्मणाय निवेदयेत् ॥ सौवर्णं राजतं वाऽपि बिम्बं कृत्वा स्वशक्तितः। उपरागभवक्लेशच्छिदे विप्राय कल्पयेत् ॥

कालविवेक में भी लिखा है—सुवर्ण का नाग तिलयुत कांस्यपात्र और वस्त्र सहित दक्षिणा सहित ब्राह्मण को दे।

अपनी शक्ति के अनुसार सुवर्ण या रजत का सूर्य-चन्द्रबिम्ब बनाकर ग्रहणजन्य क्लेश की निवृत्ति के लिए ब्राह्मण को दे।

(मन्त्रपाठद्वारा प्रार्थना)

मन्त्रस्तु—'तमोमय महाभीम सोमसूर्यविमर्दन। हेमताराप्रदानेन मम शान्तिप्रदो भव ॥

उसका मन्त्र यह है—अन्धकाररूप महाभीम चन्द्र-सूर्य का मर्दन करनेवाले राहु! सुवर्णतारा दान से मुझे शान्ति प्रदान करें।

विधुन्तुद नमस्तुभ्यं सिंहिकानन्दनाच्युत। दानेनानेन नागस्य रक्ष मां वेधजाद्भयात् ॥'

सिंहिकानन्दन (पुत्र), अच्युत ! हे विधुन्तुद, नागके इस दान से ग्रहणजनित भय से मेरी रक्षा करो।

अत्र शान्तिरप्युक्ता हेमाद्रौ मात्स्ये—'यस्य राशिं समासाद्य भवेद् ग्रहणसम्भवः।
स्नानं तस्य प्रवक्ष्यामि मन्त्रौषधिसमन्वितम् ॥

मत्स्यपुराणोक्त इसकी शान्ति भी हेमाद्रि में कही है—जिसकी राशि पर ग्रहण सम्भव हो, मन्त्र तथा औषधियुक्त उसका स्नान बताता हूँ।

चन्द्रोपरागं सम्प्राप्य कृत्वा ब्राह्मणवाचनम्। सम्पूज्य चतुरो विप्रान् शुक्लमाल्यानुलेपनैः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्रग्रहण में ब्राह्मण से स्वस्तिवाचन कराकर सफेद पुष्प, माला तथा चन्दन से चार ब्राह्मणों का पूजन करे।

पूर्वमेवोपरागस्य समानीयौषधादिकम्। स्थापयेच्चरः कुम्भान् ब्राह्मणान् सलिलान्वितान्॥

ग्रहण के पूर्व ही औषधि आदि लाकर जल से पूर्ण अव्रणवाले चार कुम्भों को स्थापित करे।

गजाश्वरथ्यावल्मीकसङ्गमाद् ह्रदगोकुलात्। राजद्वारप्रदेशाच्च मृदमानीय निक्षिपेत्॥

और उन कुम्भों में हाथी, घोड़ा, रथ, संगम, तालाब, गोशाला एवं राजद्वार से मिट्टी लाकर प्रक्षेप करे।

पञ्चगव्यं पञ्चरत्नं पञ्चत्वक् पञ्चपल्लवम्। रोचनं पद्मकं शङ्खं कुङ्कुमं रक्तचन्दनम्॥ शुक्तिस्फटिक-तीर्थाम्बुसितसर्षपगुग्गुलान्। मधुकं देवदारुं च विष्णुक्रान्तां शतावरीम्। बलां च सहदेवीं च निशाद्वितय-मेव च। गजदन्तं कुङ्कुमं तथैवोशीरचन्दनम्॥ एतत्सर्वं विनिक्षिप्य कुम्भेष्वावाहयेत्सुरान्।

पञ्चगव्य, पञ्चरत्न, बटादि पांच वृक्षों की छाल, पञ्चपल्लव, गोरोचन पद्माख, शंख, कुंकुम, रक्तचन्दन, सीपी, स्फटिक, तीर्थजल, सफेद सरसों, गुग्गुल, मुलेठी, देवदारु, विष्णुकान्ता, शतावरी, बला, सहदेवी, दोनों हल्दी, हाथीदाँत, कुंकुम, उशीर, चन्दन,—इन सबोंको उन कुम्भों में छोड़कर—

सर्वे समुद्राः सरितः तीर्थानि जलदा नदाः॥ आयान्तु यजमानस्य दुरितक्षयकारकाः॥

देवताओं का आवाहन करे—यजमान के पापनाशक सब समुद्र, नदी, तीर्थ, मेघ, नद,—ये सब घटों से आवें।

योऽसौ वज्रधरो देव आदित्यानां प्रभुर्मतः। सहस्रनयनः शक्रो ग्रहपीडां व्यपोहतु॥

आदित्यों के स्वामी, वज्रधारी सहस्रनयन (हजार नेत्रवाले) इन्द्र, ग्रह पीड़ा को दूर करें।

मुखं यः सर्वदेवानां सप्तार्चिरमितद्युतिः। चन्द्रोपरागसम्भूतामग्निः पीडां व्यपोहतु॥

सब देवताओं के मुख कान्ति और सात जिह्वावाले अग्निदेव चन्द्रग्रहण जनित पीड़ा को दूर करें।

यः कर्मसाक्षी लोकानां धर्मो महिषवाहनः। यमश्चन्द्रोपरागोत्थां ग्रहपीडां व्यपोहतु॥

जो कर्म साक्षी, महिषवाहन, धर्मराज, चन्द्रग्रहण जनित पीड़ाको दूर करें।

रक्षो गणाधिपः साक्षान्नीलाञ्जनसमप्रभः। खड्गहस्तोऽतिभीमश्च ग्रहपीडां व्यपोहतु॥

राक्षसगण के स्वामी, नीलाञ्जन के सदृश कान्तिवाले, खड्गधारी, अति भयानक निर्ऋति, ग्रहण जनित पीड़ा का नाश करे।

नागपाशधरो देवः सदा मकरवाहनः। स जलाधिपतिर्देवो ग्रहपीडां व्यपोहतु॥

नागपाशधारी मकरवाहन जलाधिपति वरुणदेव ग्रहणकी पीड़ाको नष्ट करें।

प्राणरूपो हि लोकानां सदा कृष्णमृगप्रियः। वायुश्चन्द्रोपरागोत्थां ग्रहपीडां व्यपोहतु॥

लोंको के प्राणरूप कृष्णमृगों के प्रिय वायुदेव ग्रहण जन्य पीड़ाको दूर करें।

योऽसौ निधिपतिर्देवः खड्गशूलगदाधरः। चन्द्रोपरागकलुषं धनदोऽत्र व्यपोहतु॥

निधियों के स्वामी खड्ग-शूल-गदाधारी कुबेर, चन्द्रग्रहणके पापका नाश करें।

योऽसाविन्दुधरो देवः पिनाकी वृषवाहनः। चन्द्रोपरागपापानि स नाशयतु शङ्करः॥

चन्द्रबिम्बधारी पिनाकपाणि वृषवाहन शंकर चन्द्रग्रहणके पापों का नाश करें।

त्रैलोक्ये यानि भूतानि स्थावराणि चराणि च। ब्रह्मविष्ण्वर्करुद्राश्च दहन्तु मम पातकम्॥

जो तीनों लोकोंके स्थावर-जंगम प्राणी, ब्रह्मा, विष्णु, सूर्य, रुद्र,—ये सब मेरे पापोंको नष्ट करें।

एवमावाहयेद्देवान्मन्त्रैरेभिश्च वारुणैः। एतानेव तथा मन्त्रान् स्वर्णपट्टे विलेखयेत्॥ ताम्रपट्टेऽथ वाऽऽलिख्य नववस्त्रे तथैव च। मस्तके यजमानस्य निदध्युस्ते द्विजोत्तमाः॥

इसप्रकार इन मन्त्रों से और वरुण मन्त्रोंसे देवताओं का आवाहन करे और वे ब्राह्मण इन्हीं मन्त्रोंको सोने वा तांबेके पत्र पर या नये वस्त्र पर लिखकर यजमानके मस्तक पर रखें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कलशान् द्रव्यसंयुक्तान्नानारूपसमन्वितान् । गृहीत्वा स्नापयेत् गूढं भद्रपीठोपरि स्थितम् ॥ पूर्वैरेव तु मन्त्रैश्च यजमानं द्विजोत्तमाः । अभिषेकं ततः कुर्यान्मन्त्रैर्वारुणसूक्तकैः ॥

द्रव्यों से संयुक्त नानारूप समन्वित सुन्दर उन कलशों को लेकर भद्रपीठ पर बैठे हुए उस यजमान का पूर्वोक्त मन्त्रों से श्रेष्ठ ब्राह्मण स्नान करावें। फिर वरुण सूक्तोंसे अभिषेक करें।

आचार्यमर्चयेत्पश्चात्स्वर्णपट्टं निवेदयेत् । आचार्यदक्षिणां दद्यात् गोदानं च स्वशक्तितः ॥

तदनन्तर आचार्य का अर्चन करके उन्हें सुवर्णपत्र दें और अपनी शक्ति के अनुसार दक्षिणा और गोदान दे।

होमं वाऽपि प्रकुर्वीत तिलैर्व्याहृतिभिस्तथा । दानं च शक्तितो दद्याद्यदीच्छेदात्मनो हितम् ॥

व्याहृतियों से तिल होम भी करे और यदि अपना हित चाहे तो यथाशक्ति अनुसार दान भी दे।

सूर्यग्रहे सूर्यनामयुक्तान्मन्त्रांश्च कीर्तयेत् । अनेन विधिना यस्तु ग्रहणे स्नानमाचरेत् । न तस्य ग्रहणे दोषः कदाचिदपि जायते ॥' इति ग्रहणशान्तिः ।

सूर्यग्रहण में सूर्य के नाम वाले मंत्रों को पढ़े। जो इस विधि से ग्रहण में स्नान करता है उसे ग्रहण का दोष कभी भी नहीं लगता है।

(ग्रहणदर्शने विचारः)

भार्गवार्चनदीपिकायां ब्रह्मसिद्धान्ते—'सर्वैः पटस्थितं वीक्ष्यं खस्थं तैलाम्बुदर्पणैः ।
ग्रहणं गुर्विणी जातु न पश्येत पटं विना ॥

भार्गवार्चनदीपिका में ब्रह्मसिद्धान्त का वचन है कि—सब लोग आकाश (खस्थ) स्थित कपड़े की ओट में ग्रहण को तेल, जल तथा दर्पण के द्वारा देखें। गर्भवती स्त्री कपड़ों के ओट किये बिना कभी भी न देखे।

(मङ्गलकृत्येषु विधिविशेषकथनम्)

तथा मङ्गलकृत्येषु विधिविशेषो हेमाद्रौ—'त्रयोदश्यादितो वर्ज्यं दिनानां नवकं ध्रुवम् ।
माङ्गल्येषु समस्तेषु ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः ॥

इसीप्रकार मंगलकार्यों में विधि-विशेष हेमाद्रि में कहा है—चन्द्रग्रहण में त्रयोदशी से लेकर नवदिन तक निश्चय सब मंगल कार्योंको त्याग करे।

(प्रकारान्तरप्रकारः)

प्रकारान्तरं तत्रैवोक्तम्—द्वादश्यादितृतीयान्तो वेध इन्दुग्रहे स्मृतः । एकादश्यादिकः सौरे चतुर्थ्यन्तः प्रकीर्तितः ॥' इदं च पूर्णग्रासे । 'त्र्यहं खण्डग्रहे तयोः' इति तत्रैवोक्तेः । इदं च ग्रस्तास्ते त्रिदिनं पूर्वम्' इति नारदेन ग्रस्तास्ते विशेषोक्तेर्ग्रस्तास्तभिन्नग्रहणपरम् ।

प्रकारान्तर में भी वही बतलाया है—चन्द्रग्रहण में द्वादशी से तृतीया तक तथा सूर्यग्रहण में एकादशी से चतुर्थी तक वेध होता है। यह वेध सम्पूर्ण ग्रास में जानना चाहिये क्योंकि खण्डग्रहण[1] में उसी ही ग्रन्थ में तीन दिन का वेध कहा है। यह वेध की ग्रस्तास्त से भिन्न ग्रहणमें है; क्योंकि नारद ने कहा है कि—ग्रस्तास्त[2] ग्रहण में तीनदिन पूर्व वेध होता है।'

ज्योतिर्निबन्धे च्यवनः—'ग्रहणोत्पातभं त्याज्यं मङ्गलेषु ऋतुत्रयम् । यावच्च रविणा भुक्त्वा मुक्तं भं दग्धकाष्ठवत् ॥' अन्यानि चाग्नेयादिमण्डलानि तत्फलं वर्णविकारादिफलं च दैवज्ञेभ्यो ज्ञेयम् ।

ज्योतिर्निबन्ध में च्यवन का कथन है—ग्रहण तथा उत्पात नक्षत्र को तीन ऋतुओं तक मंगलकार्यों में जली हुई लकड़ी के समान त्याग दे, जब तक सूर्य उस नक्षत्र को भोगकर न छोड़े। अन्य आग्नेय आदि मण्डल, उनके फल और वर्णविकारादिके फल ज्योतिषियोंसे जानना चाहिये।

१. 'खण्डग्रहे त्वेतयोः प्राक् पश्चाच दिनं तथा ग्रहणदिनं निन्द्यम्' इति दीपिकायाम् ।

२. ग्रस्तोदये तूत्तरं त्रिदिनम्—इति केचित् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(ग्रहणे मोक्षपर्यन्तं मन्त्रजपकथनम्)

पुरश्चरणचन्द्रिकायाम्—'चन्द्रसूर्योपरागे च स्नात्वा प्रयतमानसः ।
स्पर्शादिमोक्षपर्यन्तं जपेन्मन्त्रं समाहितः ॥

पुरश्चरणचन्द्रिका में कहा है—चन्द्र-सूर्यग्रहणमें पवित्र मन से स्नान करके स्पर्श[1] से मोक्ष पर्यन्त मन को संयमितकर मन्त्र का जप करे ।

(जपादशांशतो होमादिकथनम्)

जपादशांशतो होमस्तथा होमात्तु तर्पणम् । तर्पणस्य दशांशेन मार्जनं कथितं किल ॥

मन्त्र के जपका दशांशहोम, होमका दशांश तर्पण तथा तर्पण का दशांश मार्जन कहा है ।

तत्रैव देवतारूपं ध्यात्वात्मानं प्रपूज्य च । नमोन्तं मन्त्रमुच्चार्य तदन्ते देवताभिधाम् ॥

द्वितीयान्तामहं पश्चादभिषिञ्चाम्यनेन तु । तोयैरञ्जलिना शुद्धैरभिषिञ्चेत्स्वमूर्द्धनि ॥ मार्जनस्य दशांशेन ब्राह्मणानपि भोजयेत् ।

वहीं पर कहा है कि—जिस मन्त्र को जपे, उसके देवता का ध्यान तथा अपने आत्मा का पूजन कर अन्त में नमः पद के साथ मन्त्र का उच्चारण करके द्वितीया विभक्ति के साथ देवता का नामोच्चारण करे यानी 'ॐ सूर्याय नमः सूर्यमहमभिषिञ्चामि' इसप्रकार मन्त्र कहकर स्नान करावे, फिर इसी मंत्र से अञ्जलि से पवित्र जल लेकर अपने मस्तक पर छिड़के और मार्जन के दशांश ब्राह्मणों को भी भोजन करावे ।

जपोऽर्चापूर्वको होमस्तर्पणं चाभिषेचनम् । भूदेवपूजनं पञ्चप्रकारोक्ता पुरस्क्रियाः ॥'

क्योंकि पाँच प्रकार का आदरप्रदर्शन करना लिखा है—पूजनपूर्वक जप, होम, तर्पण, अभिषेक और ब्राह्मण पूजन ।

(अथ होमाशक्तौ जपे विचारः)

तथा—होमाशक्तौ जपं कुर्याद्धोमसंख्याचतुर्गुणम् ।
एवं कृते तु मन्त्रस्य जायते सिद्धिरुत्तमा ॥'

होम की सामर्थ्य न हो तो होम की संख्या से चतुर्गुण (चतुर्गुणमिति विप्रपरम्) जप करे । ऐसा करने पर उत्तम सिद्धि की होती है ।

(कुरुक्षेत्रप्रतिग्रहे प्रायश्चित्तकथनम्)

ग्रहणप्रसङ्गात्कुरुक्षेत्रप्रतिग्रहे प्रायश्चित्तमुच्यते । तत्रारुणस्मृतौ—'प्रतिग्राही कुरुक्षेत्रे न भूयः पुरुषो भवेत् ।

ग्रहण के प्रसंग से कुरुक्षेत्र से प्रतिग्रह लेने का प्रायश्चित्त कहा है । अरुणस्मृति में कहा है—कुरुक्षेत्र में दान लेने वाला कभी पुरुष नहीं होता है ।

तथापि मनसः शुद्धै प्रायश्चित्तं समाचरेत् । तप्तकृच्छ्रद्वयं कुर्यादैन्दवेन समन्वितम् ॥

सत्रेण वा यजेताथ जपेद्वा लक्षसप्तकम् । वापीकूपतडागादिखननैर्विसृजेद्धनम् ॥ इति ।

फिर भी मन की शुद्धि के लिये प्रायश्चित्त को करना चाहिये ।

ऐन्दव—चान्द्रायण सहित दो तप्तकृच्छ्र (तत्प्रत्याम्नायः प्राजापत्यत्रयम्) व्रत करे, उदारता से दान करे अथवा सात लाख मन्त्र का जप करे या बावड़ी, कूप, तालाब आदि खोदने के लिये धन दे ।

एतच्च—'यद्गर्हितेनार्जयन्ति कर्मणा ब्राह्मणा धनम् । तस्योत्सर्गेण शुद्ध्यन्ति दानेन तपसैव च ॥ इति मनूक्तेरुत्सर्गोचरं ज्ञेयमिति दिक् ।

यह (ग्रहणभोजनेऽप्येतदेव प्रायश्चित्तम् । 'न भूयः पुरुषो भवेत्' इत्युक्तेः) प्रायश्चित्त भी मनु के ब्राह्मण निन्दितकर्मसे जिस धन को इकट्ठा करते हैं । उसके त्यागसे, दान और तपको करने से शुद्ध होते हैं—इस वचन से उस धन के त्याग के पश्चात् जानना चाहिये ।

---

१. अतश्च ग्रस्तोदये ग्रस्तास्ते च न पुरश्चरणम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(ग्रहणे पूर्वसंकल्पितद्रव्यस्य विचारः)

ग्रहणान्तरितस्य पूर्वसङ्कल्पितद्रव्यस्य द्वैगुण्यं भवतीति शिष्टाः ।

पठन्ति च ब्रह्मवैवर्त्ते—'दातव्यमिति नो कार्यां वक्तव्यं कुत्रचित्क्वचित् ।
अहोरात्रमतिक्रम्य तद्दानं द्विगुणं भवेत् ॥

शिष्टजन कहते हैं कि—ग्रहण के पूर्व संकल्पित द्रव्य यदि नहीं दिया गया तो ग्रहण के बाद उसको दूना करके देना चाहिये। ब्रह्मवैवर्त्तमें भी कहा है—काशीमें या किसी अन्य क्षेत्र में दूँगा, यों कभी नहीं कहना चाहिये; क्योंकि अहोरात्र के पश्चात् वह दान दूना हो जाता है।

दशोत्तरं पर्वसु स्याच्छतं चन्द्रग्रहे भवेत् ।
सूर्यग्रहे सहस्रं तन्मरणेऽनन्तकं स्मृतम् ॥ इति । अत्र मूलं चिन्त्यम् ।

पर्व में दशगुणा चन्द्रग्रहण में सौगुणा, सूर्यग्रहण में हजार गुणा तथा मरने पर अनन्तगुणा हो जाता है। इसका मूल विचारणीय है।

(ग्रहणविषये केचित् बौद्धतुल्या आहुः)

अत्र केचिद्बौद्धतुल्या आहुः—'ग्रहणस्य निमित्तत्वेन तन्निश्चयस्य प्रयोजकत्वात् ज्योतिःशास्त्रादिना जातस्य ज्ञानस्य निमित्तत्वे प्राप्तेऽपि—

स्नानं दानं तपः श्राद्धमनन्तं राहुदर्शने । चन्द्रसूर्योपरागे तु यावद्दर्शनगोचरे ॥

इति जावाल्यादिवचनेषु दृशिप्रयोगाच्चाक्षुषज्ञानस्यैवोपसंहारन्यायेन निमित्तत्वम् । अन्यथा दृशौ लक्षणा स्यात् । तेन मेघाच्छादनेऽन्धादीनां जन्मसप्ताष्टेत्यादिनिषिद्धदर्शनानां च स्नानश्राद्धादौ नाधिकारः' इति ।

इसमें बौद्धों के तुल्य कोई कहते हैं—(स्नान, दान, जप आदि में) ग्रहण निमित्त है और ग्रहण का निश्चय किये बिना स्नानादि नहीं हो सकते हैं। यद्यपि ज्योतिःशास्त्र आदि से हुआ ग्रहणका ज्ञान, निमित्त हो सकता है, फिर भी जाबालि आदि के राहु के दर्शन में स्नान, दान, तप, श्राद्ध अनन्त फल दायक होते हैं। चन्द्र-सूर्यग्रहण में जब तक ग्रहण दृष्टि का विषय हो यानी ग्रहण दिखाई पड़े—इस वचन में दृशि (राहु के दृश्यमान होने पर) प्रयोग होने के कारण चाक्षुषज्ञान ही उपसंहारन्याय से निमित्त हुआ अन्यथा दृशि में लक्षणा माननी पड़ेगी। इससे मेघ लगे रहने पर अन्धे आदि को और जन्म, सातवीं, आठवीं राशि वाले को (जिन्हें ग्रहण देखना निषिद्ध है उनका) स्नान, श्राद्ध आदि में अधिकार नहीं होगा।

कल्पतरुरप्याह—'दर्शनशब्देन चाक्षुषज्ञानं गृह्यते, न ज्ञानमात्रम् । अज्ञातस्य निमित्तत्वासम्भवान्निमित्तमहिम्नैव ज्ञानलाभेन दर्शनपदवैयर्थ्यापत्तेः । तेन चाक्षुषधीयोग्यः कालः पुण्यः । योग्यत्वं च प्रयत्नानपनेयचाक्षुषज्ञानप्रतिबन्धकराहित्यम् । तेन मेघच्छन्ने योग्यताऽभावान्न स्नानादि' इति ॥ निर्णयामृतेऽप्येवम् । तदेतत्तुच्छम् ।

कल्पतरु ने भी कहा है—दर्शन शब्द से चाक्षुष ज्ञान का ग्रहण है सामान्य ज्ञान का नहीं है। अज्ञात की निमित्तता असम्भव है, निमित्त की महिमा से ही ज्ञान का लाभ हो जाने से दर्शनपद के व्यर्थ होने की आपत्ति होगी। इससे चाक्षुषज्ञान के योग्य काल पुण्यदायक है। उसकी योग्यता यही है कि प्रयास से नहीं हटाने योग्य चाक्षुषज्ञान का जो प्रतिबन्धक न हो। इससे मेघसे ढके हुए में नेत्रों से देखने की योग्यता नहीं है, इसलिये स्नान आदि नहीं होते हैं। निर्णयामृत में भी इसीप्रकार लिखा है। ये सब कथन (बौद्धों के सदृश) तुच्छ है।

यदि चाक्षुषज्ञानं निमित्तं स्यात्तदा—'सूर्यग्रहो यदा रात्रौ दिवा चन्द्रग्रहस्तथा ।
तत्र स्नानं न कुर्वीत दद्याद्दानं न च क्वचित् ॥

इति वाक्यं व्यर्थं स्यात् । चाक्षुषज्ञानाभावेन प्राप्त्यभावात् तत्पूर्वकत्वाच्च निषेधस्य ।

यदि चाक्षुषज्ञान (देखना ही) निमित्त होता तो यह वाक्य व्यर्थ हो जायगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जब सूर्यग्रहण रातमें हो तथा चन्द्रग्रहण दिन में हो उसमें स्नान नहीं करना चाहिये और कुछ भी दान न दे। क्योंकि चाक्षुष ज्ञानाभाव से स्नान आदि की प्राप्ति नहीं है, और निषेध प्राप्त होने पर ही होता है।

न चेदं ग्रस्तास्तपरम्। रविचन्द्रयोरस्तानन्तरं रात्रिदिवाग्रहणत्वादिति वाच्यम्। तत्रपदस्य ग्रहपरत्वेऽधिकरणत्वायोगान्निमित्तपरत्वे च तद्ग्रहनिमित्तकस्नानदानादेरस्तात्प्रागप्यभावापत्तेः। अथ तत्रेति रात्रिदिने उच्येते सा वैश्वदेवीतिवद्गुणभूते अपि। तन्न। तादृशमन्त्रलिङ्गाभावात्। तयोर्निमित्तत्वेऽधिकरणत्वे वाऽन्यप्रयुक्तस्नानाद्यभावापत्तेश्च।

(कोई शंका करे कि) यह (निषेध) ग्रस्तास्त परक है, क्योंकि सूर्य तथा चन्द्रमा के अस्त के बाद होनेवाली रात एवं दिनका ग्रहण है, यह शंका ठीक नहीं है। क्योंकि ग्रहपर है, तत्रपद का अधिकरण असंभव है, निमित्तपरक मानने पर अस्त से पूर्व भी उस ग्रहण निमित्त स्नान, दान आदि नहीं होंगे।

कोई कहे कि लगे हुए वचनमें तत्र पदसे 'सा वैश्वदेवी' (तप्ते पयसि दध्यानयति सा वैश्वदेवी) इसके समान गौण भी रात्रि-दिन कहे हैं, वह ठीक नहीं, क्योंकि ऐसा कोई (वैश्वदेवीशब्दार्थान्वयेन मान्त्रवर्णिक देवतासम्बन्धिनि यागे विनियोगलाभात्पयोलाभः, न त्विह तथा किञ्चिदस्तीत्यर्थः) मन्त्र-लिङ्ग नहीं है। और उन (रात्रि-दिन) को निमित्त अधिकरण मानने पर दूसरे कारण से होनेवाले भी स्नान आदि का अभाव हो जायगा।

किं च—नेक्षेतोद्यन्तमादित्यं नास्तं यन्तं कदाचन। नोपरक्तं न वारिस्थं न मध्यं नभसो गतम्॥ इति मनुवचनं बाध्येत, 'दृष्टोऽरिष्टप्रदो राहुः' इत्यादि च। न चात्र विहिते दर्शने निषेधाप्रवृत्तिवत्पर्युदसनीयताऽपि न युक्तेति वाच्यम्। दर्शनस्य निमित्तत्वानुवादेन विधेयत्वाभावात्। एतच्चाग्रे वक्ष्यामः।

तथा इस मनु के उदय और अस्त होते समय, राहु से ग्रस्त जल में स्थित और मध्याह्न समय सूर्य को न देखे। यह वचन बाधित हो जायगा और ग्रहणके समय देखा हुआ राहु रोग देता है। इत्यादि का भी बाध होगा।

कोई शंका करे कि जैसे यहाँ शास्त्र विहित दर्शन में निषेध की अप्रवृत्ति के समान पर्युदास भी युक्त नहीं, यह शंका ठीक नहीं, क्योंकि [1]दर्शन का निमित्तत्व के अनुवाद से विधेयत्व असंभव होने से यह आगे कहेंगे।

तत्त्वे वा दर्शनस्य विधौ तत्र स्नानविधौ च विरुद्धत्रिकद्वयापत्तेः। अस्तु सकृद्दर्शनविधानेन सङ्कोच इति चेन्न। 'मुक्तिं दृष्ट्वा ततः स्नायात्' इति मुक्तिस्नानेऽपि चाक्षुषज्ञानस्य निमित्तत्वापत्तेः। अस्तु किं नश्छिन्नमिति चेत्। न, ग्रस्तास्ते—

तयोः परेद्युरुदये दृष्ट्वाऽभ्यवहरेच्छुचिः। इति दर्शनोत्तरं भोजनविधानादन्धस्य पूर्ववेधकाल इव यावद्दर्शनं भोजननिषेधापत्तिः। मध्येऽन्धीभूतस्य सुतरां यावच्चक्षुःप्राप्त्युपवासप्रसङ्गश्च। अथान्नलोलुपतया तत्र ज्ञानमात्रं विवक्ष्यते। तत्तत्पूर्वमपि निर्लज्जेन स्वीक्रियताम्।

ऐसे हो दर्शन का विधि और उस समय स्नान का विधि में परस्पर विरुद्ध त्रिकद्वय आपत्ति होगी। शंका करे कि एकवार दर्शनविधि से संकोच करेंगे, यह भी ठीक नहीं; क्योंकि राहु से मुक्ति देखकर स्नान करे, इस मुक्ति स्नान में भी चाक्षुषज्ञान के निमित्त की आपत्ति हो जायगी। कोई शंका करे कि ठीक है, हमारा क्या नुकसान होगा। यह भी ठीक नहीं, क्योंकि सूर्य-चन्द्र के ग्रस्तास्त में ग्रहण के दूसरे

१. दर्शन की विधि अगर माने तब दर्शन का उपादेयत्व विधेयत्व गुणत्व यह तीन होते हैं। अगर उसी दर्शन को अनुवाद करे तो तब दर्शन का उद्देश्यत्व, अनुवादत्व, मुख्यत्व हो जायगा। जो उपादेय होगा उसका उद्देश्यत्व असंभव और विधेयत्व होगा उसका अनुवादत्व असंभव गुणत्व मुख्यत्व परस्पर विरुद्ध हैं। यही दोष लगेगा। इस दोष की निवृत्ति करने के लिए वाक्यभेद, (भिन्न वाक्य) मानना पड़ेगा। तब वाक्यभेद नाम का दोष हो जायगा। इसी बात को माधव ने कहा है—उपादेयविधेयत्वगुणत्वाख्यं त्रिकं यजेः। उद्देश्यानूक्तिमुख्यत्वत्रिकं तस्य गुणं प्रति॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिन उदय होने पर देख शुद्ध होकर भोजन करे, इस वचन से दर्शन के बाद भोजन का विधान है, इससे अन्धे मनुष्य को जैसे पूर्ववेध काल में भोजन का निषेध है, वैसे ही चन्द्र-सूर्य दर्शन पर्यन्त भोजन का निषेध हो जायगा। और जो मनुष्य बीच में अन्धा होगया है उसे जबतक नेत्र प्राप्ति न हो जाय तब तक उपवास का प्रसंग हो जायगा। अगर अन्नलोलुप से वहाँ ज्ञानमात्र का ही विवक्षा है तो उससे पूर्व भी निर्लज्ज स्वीकार कर लो।

एतेन यत्केनचिदुक्तं स्पर्शस्नानं मुक्तिस्नानं च यस्य दर्शनं तेनैव कार्यं नान्येन क्त्वाप्रत्ययेन समानकर्तृकत्वावगतेरिति, तन्निरस्तम्। का तर्हि तस्य गतिः? दृशेरुद्देश्यविशेषणत्वाद् ग्रहैकत्ववदविवक्षयाऽर्थतः सिद्धज्ञानमात्रानुवादत्वे सर्वं सुस्थम्। अङ्गुल्याद्यनादेश्यग्रहव्यावृत्त्या वा दर्शनस्यार्थवत्त्वम्। न चोक्तयोग्यतापि साध्वी, दर्शनोत्तरं मेघच्छन्ने योग्यताऽभावापत्त्या दानाद्यभावापत्तेः। तेन तत्तद्रेखावच्छेदेन ज्योतिःशास्त्रावेद्यत्वमेव योग्यता।

किं च—रजसो दर्शने नारी त्रिरात्रमशुचिर्भवेत्। इत्यत्राप्यन्धस्त्रीणामाशौचाभावप्रसङ्गः।

इससे जो किसी ने यह कहा है—कि ('दृष्ट्वा' में) क्त्वा प्रत्यय से समानकर्तृकत्वाज्ञान होने से स्पर्श स्नान और मुक्ति स्नान जिसने देखा हो वही मनुष्य करे, अन्य न करे। यह निराकृत है। कोई कहे कि तब क्या उसकी गति होगी (तो उसका समाधान यह है कि) दर्शन का उद्देश्य विशेषण होने से ग्रह के एकत्व के समान उसकी अविवक्षा से अर्थतः सिद्ध ज्ञानमात्र का अनुवाद मानने से सब ठीक है। अंगुलि आदि से अनिर्दिष्ट ग्रहण के निषेध करने से ही दर्शन पद सार्थकता है।

पूर्वोक्त दर्शन की योग्यता भी ठीक नहीं है; क्योंकि दर्शन के पश्चात् मेघों से आच्छन्न (ढक) जाने पर दर्शन योग्यता के अभाव होने से दान आदि का अभाव हो जायगा। इससे ज्योतिष शास्त्र के द्वारा उस रेखा में ग्रहण का जो अज्ञान है उसकी अदर्शन की योग्यता हैं। रज के देखने से स्त्री तीन रात अपवित्र होतीहै, इसवचन में भी अन्धी स्त्रियोंको आशौच का अभाव हो जायगा।

यत्तु वर्धमानेनोक्तम्—ज्ञानोत्तरं ह्यधिकारो न ज्ञानकाले। स्नानकाले ज्ञानाभावात्। एवं दर्शनोत्तरं मुक्तिपर्यन्तमस्त्येव योग्यतेति, तदपि प्रतिज्ञामात्रम्। किञ्च ग्रस्तास्ते—'तयोः परेद्युरुदये दृष्ट्वाभ्यवहरेच्छुचिः। इत्यादिवाक्यवैयर्थ्यापत्तिः। चाक्षुषज्ञानान्यथानुपपत्त्यैवार्थादुदये स्नानसिद्धेः। न तु मुक्तिस्नाने शास्त्रीयमेव ज्ञानं निमित्तं न चाक्षुषम्। चन्द्रसूर्यग्रहे नाद्यात् तस्मिन्नहनि पूर्वतः। राहोर्विमुक्तिं विज्ञाय स्नात्वा कुर्वीत भोजनम्॥' इति वृद्धगौतमेन विज्ञायेति ज्ञानमात्रोक्तेः।

वर्द्धमान ने जो यह कहा है कि—ज्ञानोत्तर ही (अर्थात्—चाक्षुषज्ञानोत्तर) स्नानका अधिकार है, ज्ञानकाल में (न चाक्षुषज्ञानकाले चाक्षुषज्ञानरूपस्याङ्गस्याधिकारसम्पादकत्वादिति भावः) नहीं है। क्योंकि

१—ज्योतिष्टोमप्रकरणमें 'ग्रहं संमार्ष्टि' ऐसा वेद वाक्य है। इस वाक्य का तात्पर्य सोमयाग में ऐन्द्रवायवादि अनेक ग्रह हैं। उलूखल के समान लकड़ी से बनाया हुआ पात्रविशेष का 'ग्रह' नाम है। उन ग्रहों की शुद्धि करनी चाहिये। यहाँ पर एक ही ग्रह को संमार्जन करे या सभी ग्रहों को। 'ग्रहम्' शब्द के बाद एक वचन है। अतः प्रत्यय श्रुति से एक ही ग्रह को संमार्जन करने पर शास्त्रार्थ संपन्न हो जाता है। ग्रह बहुत्व वाचक पद नहीं है।

सिद्धान्त यह है कि—ग्रह को उद्देश्य करके संमार्जन का विधान करते हैं। एक वचन ग्रह का विशेषण है। इसलिये वचन की विवक्षा नहीं करते हैं। यदि वचन की विवक्षा करें तो दूसरे वाक्य से प्राप्त ग्रह को उद्देश्य करके एकत्व तथा संमार्जन दोनों विधान करें तो वाक्य भेद नाम से दोष हो जायगा। कुमारिल भट्ट ने कहा है कि—प्राप्ते कर्मणि नानेको विधातुं शक्यते गुणः। अतः उद्देश्यविशेषण का शास्त्रों में विवक्षा नहीं करते हैं। यहाँ पर भी एकवचन ग्रह का विशेषण होने के कारण अविवक्षित है। तब सभी ग्रहों का संमार्जन करें।

संमार्ष्टि ग्रहमित्येको ग्रहःशोध्य उताऽखिलः। एक उद्देश्यसंख्याया उपादेयवदादरात्॥ प्राधान्यात्तद्गुणात्वत्तेरेकत्व मनपेक्षितम्। तद्विधौ वाक्यभेदोऽतो द्रव्योक्त्या सर्वशोधनम्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्नानकाल में ज्ञानका अभाव है (ज्ञानरूपाङ्गाभावान्नान्धादेरधिकारः) इसीप्रकार दर्शन के बाद मुक्ति पर्यन्त योग्यता है ही। यह कहना प्रतिज्ञामात्र है; क्योंकि सूर्य-चन्द्रके ग्रस्तास्त में दूसरे दिन दोनों को देख एवं शुद्ध होकर भोजन करे—इत्यादि वाक्य व्यर्थ हो जायगा। क्योंकि चाक्षुषज्ञान अन्यथानुपपत्ति से ही अर्थात् उदयमें स्नान सिद्ध है। कोई शंका करे कि (यह शंका ठीक नहीं है) मुक्ति के स्नान में शास्त्रीयज्ञान ही निमित्त है, चाक्षुषज्ञान नहीं, क्योंकि—चन्द्रसूर्यग्रहणमें उसदिन भोजन न करे किन्तु राहु से मुक्ति जानकर तथा स्नान कर भोजन करे यहाँ वृद्ध गौतम ने विज्ञाय पद से ज्ञानमात्र कहा है।

यत्तु—मुक्तिं दृष्ट्वा तु भोक्तव्यं स्नानं कृत्वा ततः परम्। इति तदपि ज्ञानमात्रपरम्। मेघमालादिदोषेण यदि मुक्तिर्न दृश्यते। आकालय्य तु तत्कालं स्नात्वा भुञ्जीत वाग्यतः॥ इति गौडनिबन्धे वचनात्।

जो गौडनिबन्धमें यह वचन है कि—राहु से मुक्ति देख स्नानकर तथा भोजन करे—वह भी ज्ञानमात्र परक है। यदि मेघपंक्ति आदि दोष से मुक्ति न दिखती है तो उस (मुक्ति के) को शास्त्र से जानकर, स्नानोत्तर मौन होकर भोजन करे। यह कहना उचित नहीं हैं।

मैवम्। अज्ञानस्य निमित्तत्वाभावेन निमित्तमहिम्नैव ज्ञानलाभे वाक्यवैयर्थ्यात्, ग्रस्तास्तेऽपि तदापत्तेश्च।

क्योंकि जब अज्ञान के निमित्त न होने से निमित्त की महिमा से ही ज्ञानका लाभ हो जाने पर वाक्य व्यर्थ हो जायगा तथा ग्रस्तास्त में भी भोजन की प्राप्ति हो जायगी।

किञ्च दर्शनं पुंसो विशेषणमुपलक्षणं वा ?॥ नाद्यः। दर्शनावच्छिन्ने काले स्नानतुलादानादेर्बाधात्। दर्शनविच्छेदे कृतमपि स्नानादि न ग्रहणनिमित्तं स्यात्। नान्त्यः। 'यावद्दर्शनगोचरे' इति यावत्पदवैयर्थ्यप्रसङ्गात्। दृष्टग्रहणोत्तरमपि स्नानाद्यापत्तेश्च। ज्ञानपक्षेऽप्येष दोषस्तुल्य इति चेत् मूर्खोऽसि। यदि ज्ञानवाचकं पदं श्रूयेत, ततस्तस्यान्वयो विचार्येत। दृशिस्तु श्रूयत इति वैषम्यम्। कथं तर्हि ज्ञानं लभ्यते ?। 'संक्रान्तौ स्नायात्' इतिवदर्थादित्यवेहि। अश्रुतत्वादेवनोद्देश्यविशेषणविवक्षाकृतो वाक्यभेदोऽपि। अस्तु तर्हि दृष्टं ग्रहणं निमित्तमिति चेत्। ग्रस्तास्तेऽस्तोत्तरं स्नानापत्तेः। विशिष्टोद्देशे वाक्यभेदाच्च। तवाप्येतत्तुल्यमिति चेत् 'यावद्दर्शनगोचरे' इति वचनेन तन्निषेधात्॥ तवत्वन्यग्रह इव ग्रस्तास्तेऽपि स्यात्।

दर्शन पुरुष का विशेषण है या उपलक्षण। प्रथम पक्ष भी नहीं बनता। क्योंकि दर्शन काल में स्नान तथा तुलादान आदि नहीं हो सकते हैं (ग्रहण की ओरसे नेत्र को हटाने आदि से) दर्शन के विच्छेद होने पर किया हुआ स्नान आदि ग्रहण का निमित्त नहीं होगा। अन्त्यपक्ष भी ठीक नहीं है। क्योंकि 'जब तक दर्शन का विषय हो इस वचनमें यावत् पद व्यर्थ हो जायगा और देखे हुए ग्रहणोत्तर भी स्नान आदि करने पड़ेगे। यदि कहो कि—ज्ञानपक्ष में भी यही दोष समान है, तो मूर्ख हो; यदि ज्ञानवाचकपद सुना होता तो उसका अन्वय विचार किया जाता। दृशधातु श्रूयमाण है यही विषमता है।

ज्ञान का लाभ कैसे होगा, संक्रान्ति में स्नान करे (यहाँ जैसे संक्रान्ति का ज्ञान होता है, वैसे निःसंदेह यहाँ भी दर्शन से दर्शन का ज्ञान होगा) यह जानना चाहिए।

वाक्य में न सुनने से, उद्देश्यविशेषण विवक्षा कृत वाक्यभेद भी नहीं हो जायगा। अस्तु, दृष्ट ग्रहण ही निमित्त मान लेगे (यदि ऐसा कोई कहे तो) ग्रस्तास्तोत्तर स्नान की आपत्ति हो जायगी तथा विशिष्टोद्देश्य मानोगे तो वाक्यभेद हो जायगा। (यदि कहो कि) तुम्हारे मत में भी यह तुल्य है (वह ठीक नहीं) जबतक दर्शन का विषय हो इस वचनसे (हमारे मत में दर्शनके न होने पर स्नान) निषेध है। तुम्हारे मतमें तो अन्य ग्रहणके तुल्य ग्रस्तास्तमें भी (स्नान) होजायगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

किञ्च दर्शनस्य विधिरनुवादो[1] वा ? । आद्ये ग्रहणोद्देशेन दर्शनविधिरुत दर्शनविशिष्टस्नानविधिरुत स्नानोद्देशेन दर्शनविधिः ? । नाद्यः । ग्रहोद्देशेन स्नानविधाने दर्शनविधाने च वाक्यभेदात् । एतेन द्वितीयोऽपि परास्तः । न तृतीयः । स्नानस्याप्राप्तेः दर्शनस्य निमित्तत्वेनाविधेयत्वाच्च । अन्यथा [2]सोमवमनादौ प्रसञ्जनविधिः केन वार्येत । अथ नानावाक्येषु क्वचिद्दर्शनविशिष्टस्नानविधिः । क्वचिच्च प्राप्तं दर्शनं निमित्तीकृत्य स्नानमात्रविधिः, तन्न । स्नानस्य प्रधानस्य प्राप्तौ तदङ्गदर्शनप्राप्तिः, तस्यां च निमित्ते सति स्नानमित्यन्योन्याश्रयात् । एवं दर्शनविधौ सति तन्निमित्तकस्नानविधिः । सति च प्रधानस्नानविधौ तदङ्गदर्शनविधिः । एवमधिकारे प्रयोजकत्वे च योज्यम् । क्त्वार्थपूर्वकालविधौ चास्त्येव वाक्यभेदः । अन्यथा स्नानोत्तरमपि दर्शनमङ्गं स्यात् । न द्वितीयः । तत्रापि दर्शनग्रहयोर्निमित्तत्वे स्नानद्वयापत्तेः । दर्शनावृत्तौ नैमित्तिकावृत्तिप्रसङ्गाद्दर्शनविशिष्टग्रहणस्य विशिष्टस्यानुवादे वाक्यभेदापत्तेः । न च हविरार्तिवद्विशिष्टं निमित्तमिति वाच्यम् । आर्तिमात्रस्य हि निमित्तत्वे निमेषाद्यार्तेरपि तत्त्वापत्तेर्नैमित्तिकत्वभङ्गाद्युक्तं विशिष्टोद्देश्यत्वम् । इह तु ग्रहणमात्रस्य निमित्तत्वे न काचित् क्षतिः । तस्माद्दर्शनवाक्यानां ग्रस्तास्तविषयत्वादनादेश्यग्रहपरत्वाद्वा ज्ञानस्य चार्थतः प्राप्तेस्तदेव निमित्तम् । तेन मेघाद्याच्छादने अन्धादेश्च स्नानादि भवत्येवेत्यलं वेदबाह्यैस्संलापेन । इति ग्रहणनिर्णयः ।

कदाचित् कोई कहे कि—शुक्रास्तादि में चैत शुक्लपक्ष की प्रतिपदा के अन्तर (मध्य) का अभाव है अतः उसके मध्य में ही अनुष्ठान होगा। मलमास में तो शुद्ध प्रतिपदा के मध्य में होने से शुद्ध में ही वत्सरारम्भ युक्त होगा, यों कहोगे तो उसमें तुम भ्रम में हो। क्योंकि दूसरी प्रतिपदा का होना प्रयोजक नहीं है। उसमें दो वार करना होगा तथा दो वर्षेश की आपत्ति हो जायगी। अर्थात्-दो वार अर्चन-पूजन करना होगा तथा वर्षेश के राजा भी दो होंगे। चैत्रशुक्लादि मलमास पूर्व वर्ष में नहीं होता—इस बात को ब्रह्मा भी नहीं कह सकते।

(अथ तैलाभ्यङ्गः)

अत्र तैलाभ्यङ्गो नित्यः। वत्सरादौ वसन्तादौ बलिराज्ये तथैव च। तैलाभ्यङ्गमकुर्वाणो नरकं प्रतिपद्यते॥ इति वसिष्ठोक्तेः।

यहाँ पर तैलाभ्यंग नित्य है। वसिष्ठ ने कहा है—वत्सरादि में, वसन्तादि में वैसे ही बलिराज्य में तैलाभ्यंग को न करने वाला नरक में जाता है।

(नवरात्रारंभः)

अस्यामेव नवरात्रारम्भः। तदुक्तं मार्कण्डेयपुराणे—शरत्काले महापूजा क्रियते या च वार्षिकी इति। तत्र परयुतैव ग्राह्या।

इसी 'प्रतिपदा तिथि में ही नवरात्र का आरम्भ होता है'। उसी बात को मार्कण्डेयपुराण में कहा है—शरद्काल में तथा वार्षिकारम्भ में (प्रति वर्ष) महापूजा करे। उसमें परयुता का ही ग्रहण करे।

अमायुक्ता न कर्तव्या प्रतिपच्चण्डिकार्चने। मुहूर्तमात्रा कर्तव्या द्वितीयादिगुणान्विता॥ इति देवीपुराणात्।

अमायुक्ता प्रतिपदा का ग्रहण चण्डिका के अर्चन (पूजन) में करे। द्वितीया आदि गुणान्वित मुहूर्त मात्र हो तो उसी में करना चाहिये। यह देवीपुराण का मत है।

तिस्रोह्येताः पराः प्रोक्तास्तिथयः कुरुनन्दन। कार्तिकाश्वयुजोर्मासोश्चैत्रे मासि च भारत॥ इति हेमाद्रौ ब्राह्मोक्तेः। पराः = परयुताः। अत्र विशेषः पारणादिनिर्णयश्च शारदनवरात्रे वक्ष्यते।

हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण का मत है—हे कुरुनन्दन, हे भारत, ये तीनों तिथियाँ परा (पर युता) कही हैं—कार्तिक, आश्विन तथा चैत्रमास की प्रतिपदा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चण्डिकार्चनविषयक संपूर्ण विधि तथा निषेधों की यहाँ पर प्रवृत्ति है। यहाँ पर विशेष तथा पारणा-निर्णय शारदानवरात्र में कहेंगे।

(प्रपादानम्)

अत्र प्रपादानमुक्तमपरार्के भविष्ये—अतीते फाल्गुने मासि प्राप्ते चैत्रमहोत्सवे। पुण्येऽह्नि विप्रकथिते प्रपादानं समारभेत्। इत्युपक्रम्य—ततश्चोत्सर्जयेद्विद्वान् मन्त्रेणानेन मानवः। 'प्रपेयं सर्वसामान्या भूतेभ्यः प्रतिपादिता॥ अस्याः प्रदानात्पितरस्तृप्यन्तु हि पितामहाः।' अनिवार्यं ततो देयं जलं मासचतुष्टयम्॥ इति। तथा—प्रपां दातुमशक्तेन विशेषाद्धर्ममीप्सुना। प्रत्यहं धर्मघटको वस्त्रसंवेष्टिताननः॥ ब्राह्मणस्य गृहे देयः शीतामलजलः शुचिः।

यहाँ पर अपरार्क में भविष्यपुराण मत से प्रपादान को कहा है—फाल्गुनमास के व्यतीत होने पर चैत्रमास के महोत्सव के प्राप्त होने पर ब्राह्मण के कथनानुसार पुण्य दिन में प्रपादान का शुभारम्भ करे। इसप्रकार फिर कहा कि-तदनन्तर विद्वान् इस मन्त्र से उत्सर्जन (त्याग) करे—यह प्रपा सब प्राणियों (पश्वादिसाधारण्यलाभः) के लिए सर्व सामान्य है। इस प्रदान से पितर तथा पितामहादि तृप्त हों। अतः अनिवार्य चार मास तक सबों को जल देना चाहिये और जो विशेष धर्म को चाहने वाला प्रपा को देने में अशक्त है वह प्रतिदिन वस्त्र से वेष्टित मुख वाले धर्म घट जो पवित्र शीतल निर्मल जल से भरकर ब्राह्मण के घर में दे।

तत्र मन्त्रः—एष धर्मघटो दत्तो ब्रह्मविष्णुशिवात्मकः। अस्य प्रदानात्सकला मम सन्तु मनोरथाः॥ अनेन विधिना यस्तु धर्मकुम्भं प्रयच्छति। प्रपादानफलं सोऽपि प्राप्नोतीह न संशयः॥ इति।

उसमें मन्त्र यों है—ब्रह्मा, विष्णु तथा शिवात्मक रूप यह धर्म घट को देता हूँ। इसके देने से मेरे सारे मनोरथ परिपूर्ण हो।

इस विधि से जो धर्म कुम्भ को देता है। वह भी इस संसार में प्रपादान के फल को प्राप्त करना है। इससे सन्देह नहीं है।

(अथ दोलोत्सवादिकर्म)

चैत्रशुक्लतृतीयायां गौरीमीश्वरसंयुतां सम्पूज्य दोलोत्सवं कुर्यात्।

तदुक्तं निर्णयामृते देवीपुराणे—'तृतीयायां यजेद्देवीं शङ्करेण समन्विताम्। कुङ्कुमागरुकर्परमणिवस्त्रसुगन्धकैः॥ स्रग्गन्धधूपदीपैश्च दमनेन विशेषतः। आन्दोलयेत्ततो वत्स शिवोमातुष्टये सदा॥ इति।

चैत्र शुक्ल तृतीया में गौरी तथा शिव का एक साथ पूजनकर दोलोत्सव (झूला-पालना) करे। उसी बात को निर्णयामृत में देवीपुराण का मत है कि—तृतीयातिथि में शंकर से समन्वित देवी का पूजन करे। कुंकुम (केशर) अगरु (अगर) कपूर, मणि, वस्त्र, सुगन्ध, माला, धूप, दीपों से विशेषकर दमनक (दौना) जो तुलसी पत्र की तरह सुगन्धित होता है। हेवत्स, सदा शिव तथा उमा की प्रसन्नता के लिये आन्दोलित—झुलावें।

अत्र चतुर्थीयुता ग्राह्या। मुहूर्तमात्रसत्त्वेऽपि दिने गौरीव्रतं परे॥ इति माधवोक्तेः।

यह चतुर्थी युता ग्रहण करे। माधव ने कहा है कि—मुहूर्त मात्र के रहने पर भी दिन में गौरीव्रत में परा लेवे।

(अथ सौभाग्यशयनव्रतम्)

अत्र सौभाग्यशयनव्रतमुक्तं मात्स्ये—वसन्तमासमासाद्य तृतीयायां जनप्रिये।
सौभाग्याय सदा स्त्रीभिः कार्यं पुत्रसुखेप्सुभिः॥ इति। तत्रापि परयुतैव। इयं च मन्वादिरपि।

यहाँ पर सौभाग्यशयनव्रत को मत्स्यपुराण में कहा है—हे जनप्रिये, निरन्तर वसन्तमास की तृतीया को पुत्र सुख की इच्छा चाहने वाली स्त्रियाँ सौभाग्य के लिए करें। उसमें भी (गौरीव्रत होने से) पर यता (चतुर्थी युक्त) ले। यह तिथि मन्वादि भी है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अथ मन्वादिनिर्णयः)

अत्रैव प्रसङ्गात्सर्वमन्वादिर्निर्णीयते । ताश्चोक्ता दीपिकायाम्—

तिथ्यग्नी न तिथिस्तिथ्याशे कृष्णेभोऽनलो ग्रहः ।
तिथ्यर्कौ न शिवोऽश्वोऽमातिथी मन्वादयो मधोः ॥ इति ।

तिथिः = पूर्णिमा । अग्निः = तृतीया । नेति । वैशाखे नास्तीत्यर्थः । आशा = दशमी । कृष्णेभः = कृष्णाष्टमी । अनलः = तृतीया । ग्रहो = नवमी । अर्कौ = द्वादशी । नेति । मार्गशीर्षे नेत्यर्थः । शिवः = एकादशी । अश्वः = सप्तमी । मधोश्चैत्रादारभ्यैता मन्वादय इत्यर्थः । अत्र मूलवचनानि हेमाद्र्यादेर्ज्ञेयानि । एताश्च मन्वादयो, हेमाद्रिमते शुक्लपक्षस्थाः पौर्वाह्णिकाः, कृष्णपक्षस्था आपराह्णिका ग्राह्याः ।

यहाँ पर ही प्रसंग से सब मन्वादि तिथियों का निर्णय करते हैं। दीपका में कहा है कि—चैत्रमास की पूर्णिमा तिथि तथा तृतीया तिथि, ज्येष्ठमास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा, आषाढमास की पूर्णिमा तिथि और दशमी तिथि, श्रावण मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि, भाद्रपदमास की तृतीया तिथि, आश्विनमास की नवमी तिथि, कार्तिकमास की पूर्णिमा तिथि तथा द्वादशी तिथि, पौषमास की एकादशी तिथि, माघमास की सप्तमी तिथि और फाल्गुनमास की अमावास्या तथा पूर्णिमा तिथि। ये सब मन्वादि तिथि चैत्रमास में आरम्भ होती हैं। परन्तु वैशाख और मार्गशीर्षमास में नहीं होती है। इसका 'मूल हेमाद्रि आदि निबन्धों में जानना चाहिये। इन मन्वादि तिथियों को हेमाद्रिमतमें शुक्लपक्ष की पूर्वाह्णव्यापिनी तथा कृष्णपक्ष की अपराह्णव्यापिनी ग्रहण करनी चाहिये।

पूर्वाह्णे तु सदा ग्राह्याः शुक्ला मनुयुगादयः । दैवे कर्मणि पित्र्ये च कृष्णे चैवापराह्णिकाः ॥ इति गारुडवचनात् ।

गरुडपुराण के वचन से कहा है कि—मन्वादि और युगादि तिथियाँ शुक्लपक्ष की सदा पूर्वाह्ण में ग्रहण करें। देव तथा पितृकर्म में कृष्णपक्ष में अपराह्णव्यापिनी तिथि लें।

अथो मन्वादियुगादिकर्मतिथयः पूर्वाह्णिकाः स्युः सिते विज्ञेया अपराह्णिकाश्च बहुले' इति दीपिकोक्तेश्च ।

दीपिका में और भी कहा है कि—मन्वादि तथा युगादि कर्मकारक तिथियाँ शुक्लपक्ष में पूर्वाह्णिका ले तथा (बहुले) कृष्णपक्ष में अपराह्णिकी लें।

कालादर्शे त्वपराह्णव्यापित्वं मन्वादिषूक्तम् तत्तु अयुक्तमिति युगादिनिर्णये वक्ष्यामः ।

कालादर्श में तो कहा है कि—अपराह्णव्यापित्व जो मन्वादि तिथियों को कहा है वह अयुक्त है। यह हम युगादि निर्णय में कहेंगे।

(अत्र श्राद्धकथनम्)

अत्र श्राद्धमुक्तं मात्स्ये—कृतं श्राद्धं विधानेन मन्वादिषु युगादिषु ।
हायनानि द्विसाहस्रं पितॄणां तृप्तिदं भवेत् ॥ इति मन्वादिश्राद्धं मलमासे सति मासद्वयेऽपि कार्यम् । मन्वादिकं तैर्थिकं च कुर्यान्मासद्वयेऽपि च ॥ इति स्मृतिचन्द्रिकोक्तेः ।

और यहाँ पर श्राद्ध मत्स्यपुराण में कहा है कि—मन्वादि और युगादियों में जिसने विधान से श्राद्ध किया है। उसके पितरों की तृप्ति दो हजार वर्षों तक होती है। मन्वादिश्राद्ध मलमास हो तो दोनों महिनों में भी करना चाहिये।

स्मृतिचन्द्रिका में कहा है कि—मन्वादिश्राद्ध तथा तीर्थश्राद्ध दोनों महिनों में करे।

१—आश्वयुक् शुक्लनवमी कार्तिके द्वादशी तथा । तृतीयाचैत्रमासस्य तथा भाद्रपदस्य च ॥ फाल्गुनस्य त्वमावास्या पुष्यस्यैकादशी सिता । आषाढस्यापि दशमी माघमासस्य सप्तमी ॥ श्रावणस्याष्टमी कृष्णा तथाऽऽषाढी च पूर्णिमा । कार्तिकी फाल्गुनी चैत्री ज्यैष्ठी पञ्चदशी सिता ॥ मन्वन्तरादयश्चैता दत्तस्याऽक्षयकारकाः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(पिण्डरहितं श्राद्धम्)

अत्र पिण्डरहितं श्राद्धं कुर्यात् । तदुक्तं कालादर्शे—विषुवायनसंक्रान्तिमन्वादिषु युगादिषु । विहाय पिण्डनिर्वापं सर्वं श्राद्धं समाचरेत् ॥ इति ।

यहाँ पर पिण्डरहित श्राद्ध करे । इसी बात को कालादर्श में कहा है कि—तुला तथा मेष एवं अयनसंक्रान्ति में, मन्वादि और युगादि में पिण्ड के निर्वापको (पिण्ड) छोड़कर सब श्राद्ध करे ।

(मन्वादिश्राद्धमकरणे प्रायश्चित्तकथनम्)

मन्वादिश्राद्धं च नित्यम् अकरणे प्रायश्चित्तदर्शनात् । तदुक्तमृग्विधाने—त्वं[1] सुवः प्रतिमन्त्रं च शतवारं जले जपेत् । मन्वादयो यदा न्यूनाः कुरुते नैव चापि यः ॥ इति । एवं प्रायश्चित्तवीप्सादिदर्शनं तानि षण्णवतिश्राद्धानि नित्यानि । तानि तु—अमायुगमनुक्रान्तिधृतिपातमहालयाः । अन्वष्टक्यं च पूर्वेद्युः षण्णवत्यः प्रकीर्तिताः ॥ इत्युक्तानि । चकारादष्टकाग्रहणम् ।

मन्वादिश्राद्ध नित्य है न करने पर प्रायश्चित्त कहा है । ऋग्विधान में कहा है कि—जब मन्वादि तिथियाँ न्यून हो और उन तिथियों में श्राद्धादि न करे तो 'त्वं सुवः' इस मन्त्र को सौ वार जल में जप करे ।

इसप्रकार जहाँ पर प्रायश्चित्त वीप्सादि (वारंवार) दर्शन (देखा गया) है वहाँ पर षण्णवति—(छानवे) श्राद्ध नित्य है । वे ये हैं—अमावास्या बारह, युग—चार, मन्वादि चौदह, संक्रान्ति—बारह, वैधृति—बारह, व्यतिपात—बारह, महालय—सोलह, अन्वष्टका—बारह, चकार से दो अष्टका ग्रहण करे । इस प्रकार ९६ श्राद्ध हुए ।

(चैत्रशुक्लतृतीयायां मत्स्यजयन्ती)

चैत्रशुक्लतृतीयैव मत्स्यजयन्ती । अत्रैव प्रसंगाद्दशावतारजयन्त्यो निर्णीयन्ते । तत्र पुराणसमुच्चये—

(दशावतारजयन्तीनिर्णयः)

मत्स्योऽभूद्धुतभुग्दिने मधुसिते कूर्मो विधौ माधवे वाराहो गिरिजासुते नभसि यद्भूते सिते माधवे ।
सिंहो भाद्रपदे सिते हरितिथौ श्रीवामनो माधवे रामो गौरितिथावतः परमभूद्रामो नवम्यां मधोः ॥
कृष्णोऽष्टम्यां नभसि सितपरे, चाश्विने यद्दशम्यां बुद्धः, कल्की नभसि समभूच्छुक्लषष्ठ्यां क्रमेण ॥
अह्नो मध्ये वामनो रामरामौ मत्स्यः क्रोडश्चापराह्णे विभागे ।
कूर्मः सिंहो बौद्धकल्की च सायं कृष्णो रात्रौ कालसाम्ये च पूर्वे ॥ इति ।

चैत्रशुक्ल तृतीया में ही मत्स्यजयन्ती करे । यहाँ पर ही प्रसंगवश दशावतार जयन्ती का निर्णय करते हैं—इसपर पुराणसमुच्चय में लिखा है कि—चैत्र शुक्ल तृतीया को मत्स्यावतार, वैशाख कृष्णपक्ष की अमावास्या को कूर्मावतार, श्रावणशुक्लपक्ष की षष्ठी को वाराहावतार, वैशाख शुक्ल चतुर्दशी को नृसिंहावतार, भाद्रपद शुक्ल द्वादशी को वामनावतार, वैशाख शुक्लपक्ष की तृतीया को परशुरामावतार, चैत्र शुक्ल नवमी को रामावतार, श्रावण कृष्णपक्ष की अष्टमी को श्रीकृष्णावतार, आश्विन शुक्ल दशमी को बुद्धावतार और श्रावणशुक्ल षष्ठी को कल्की अवतार हुए । वामन, परशुराम तथा राम ये मध्याह्न में मत्स्य और वाराह अपराह्न में, कूर्म, नृसिंह, बुद्ध तथा कल्की ये सायंकाल में, एवं श्रीकृष्ण अर्धरात्रि में हुए ।

केचित्तु स्फुटान् श्लोकान् पठन्ति । तथा—चैत्रे तु शुक्लपञ्चम्यां भगवान्मीनरूपधृक् ।
ज्येष्ठे तु शुक्लद्वादश्यां कूर्मरूपधरो हरिः । चैत्रेऽकृष्णे नवम्यां तु हरिर्वाराहरूपधृक् ।
नरसिंहश्चतुर्दश्यां वैशाखे शुक्लपक्षके । मासि भाद्रपदे शुक्लद्वादश्यां वामनो हरिः ।
राधशुद्धतृतीयायां रामो भार्गवरूपधृक् । चैत्रे शुक्लनवम्यां तु रामो दशरथात्मजः ।
नभस्ये तु द्वितीयायां बलभद्रोऽभवद्धरिः । श्रावणे बहुलेऽष्टम्यां कृष्णोऽभूल्लोकरक्षकः ।

१—ॐ त्वं सुवः प्रतिमानं पृथिव्या ऋष्ववीरस्य बृहतः पतिर्भूः । विश्वमाप्रा अन्तरिक्षं महित्वा सत्यमद्धा नकिरन्यस्त्वावान् । ऋ० १।५२।१३ ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्येष्ठे शुक्लद्वितीयायां बौद्धः कल्की भविष्यति ॥ इति ।

कोई तो स्फुट श्लोकों को यों पढ़ते हैं (१) चैत्र शुक्ल पञ्चमी तिथि में तो मत्स्यरूप धारण कर उत्पन्न हुए । (२) ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी तिथि से कच्छप रूप को धारण कर हरि उत्पन्न हुए । (३) चैत्र शुक्लपक्ष की नवमी तिथि में वाराहरूप धारण कर हरि पैदा हुए । (४) वैशाखशुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि में नरसिंहरूपधारी हरि पैदा हुए । (५) भाद्रपद शुक्ल की द्वादशी तिथि में वामनरूप धारण कर हरि उत्पन्न हुए । (६) वैशाख शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि को राम परशुरामजी के रूप में उत्पन्न हुए । (७) चैत्र शुक्लनवमीमें राम दशरथ के रूप में उत्पन्न हुए । (८) भाद्रपद की द्वितीया में बलभद्र ही के रूपमें हरि उत्पन्न हुए । (९) श्रावण कृष्णपक्ष की अष्टमी को लोक रक्षक श्रीकृष्ण जी का जन्म हुआ । (१०) ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया तिथि में बौद्ध तथा कल्की का अवतार होगा । (भाद्रपद में बौद्धावतार, ज्येष्ठ मास में कल्की अवतार मानते हैं)

कोङ्कणास्तु वाराहपुराणस्यत्वेन वाक्यानि पठन्ति—आषाढे शुक्लपक्षे तु एकादश्यां महातिथौ ।
जयन्ती मत्स्यनाम्नीति तस्यां कार्यमुपोषणम् ॥
नभोमासि तृतीयायां हरिः कमठरूपधृक् । नभस्यशुक्लपञ्चम्यां वाराहस्य जयन्तिका ॥
वैशाखे तु चतुर्दश्यां नृसिंहः समपद्यत । मासि भाद्रपदे शुक्लैकादश्यां वामनो हरिः ॥
वैशाखे शुक्लपक्षे तु तृतीयायां भृगूद्वहः । चैत्रे नवम्यां रामोऽभूत्कौशल्यायां परः पुमान् ॥
श्रावणे बहुलेऽष्टम्यां वासुदेवो जनार्दनः । पौषशुक्ले तु सप्तम्यां कुर्याद्बौद्धस्य पूजनम् ॥
माघशुक्लतृतीयायां कल्किनः पूजनं हरेः । प्रातः प्रातस्तु मध्याह्ने सायं सायं तथा निशि ॥
मध्याह्ने मध्यरात्रौ च सायं प्रातरनुक्रमात् ॥ इति ।

कोङ्कणस्थ सज्जन वाराहपुराण के ही वाक्यों को पढ़ते हैं । (१) आषाढ़मास की शुक्लपक्ष की ही महातिथि एकादशी में मत्स्यनाम वाली जयन्ती होती है । उसमें उपवास करना चाहिये । (२) श्रावण मास की तृतीया में कमठरूप (कच्छप) धारी हरि उत्पन्न हुए । (३) भाद्रपद मास की शुक्ल पञ्चमी तिथि में वाराह की जयन्ती होती है । (४) वैशाखमास की चतुर्दशी में ही नृसिंह पैदा हुए । (५) भाद्रपदमास के शुक्लपक्ष की एकादशी में वामनरूप धारी हरि पैदा हुए । (६) वैशाख शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि में परशुराम हुए । (७) चैत्र शुक्लपक्ष की नवमी तिथि में कौशल्या पुत्र राम हुए । (८) श्रावण शुक्लपक्ष की अष्टमी में वासुदेव जनार्दन की उत्पत्ति है । (९) पौषमास के शुक्लपक्ष में बौद्धका पूजन करे । (१०) माघमास के शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि को कल्की रूप हरि का पूजन होता है । मध्याह्न में जिसका जन्म हो उसका बहुत सबेरे, रात्रि में जिसका जन्म हो साम होते ही और मध्यरात्रि में जिसका जन्म हो सायंकाल में इस क्रम से पूजा करे ।

तदत्र समूलतत्वनिर्णये सति कल्पभेदेन व्यवस्था द्रष्टव्या । एताश्च तदुपासकानां नित्याः, अन्येषां तु काम्याः । जन्माष्टम्यादौ तु विशेषं वक्ष्यामः ।

यहाँ पर समूलनिर्णय होने पर कल्पभेद से व्यवस्था देखनी चाहिये । ये तिथियाँ उन तिथियों के उपासकों को नित्य हैं । अन्यों को तो कामना पर है । जन्माष्टमी आदि में तो विशेष कहेंगे ।

(चैत्रशुक्लपञ्चमी कल्पादिः)

चैत्रशुक्लपञ्चमी कल्पादिः । तदुक्तं हेमाद्रौ मात्स्ये—
ब्रह्मणो या दिनस्यादिः कल्पादिः सा प्रकीर्तिता । वैशाखस्य तृतीया या कृष्णा या फाल्गुनस्य च ॥
पञ्चमी चैत्रमासस्य तथैवान्त्या तथा परा । शुक्ला त्रयोदशी माघे कार्तिकस्य तु सप्तमी ॥
नवमी मार्गशीर्षस्य सप्तैताः संस्मराम्यहम् । कल्पानामादयो ह्येता दत्तस्याक्षयकारकाः ॥
अत्र सर्वोऽपि निर्णयो मन्वादिवज्ज्ञेयः ।

चैत्र शुक्लपञ्चमी तिथि तो कल्पादि है । उसी बात को हेमाद्रि निबन्ध में मत्स्यपुराण के वचन से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कहा है—ब्रह्मा के दिन की आदि तिथि को ही कल्पादि कहा है। वैशाखमास की तृतीया, फाल्गुनमास के कृष्णपक्ष की तृतीया, चैत्रमास की पञ्चमी, वैसे ही अन्त्या-अमावास्या, माघमास के शुक्लपक्ष की त्रयोदशी, कार्तिकमास की जो सप्तमी तथा मार्गशीर्षमास की नवमी इन सातों को मैं स्मरण करता हूँ। ये कल्पों की आदि तिथि हैं। इनमें दान देने से अक्षय होता है। यहाँ पर सबका निर्णय मन्वादिवत् जानना चाहिये।

हेमाद्रौ ब्राह्मे—शुक्लायामथ पञ्चम्यां चैत्रे मासि शुभानना।

श्रीर्ब्रह्मलोकान्मानुष्यं सम्प्राप्ता केशवाज्ञया॥ ततस्तां पूजयेत्तत्र यस्तं लक्ष्मीर्न मुञ्चति॥

हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण का मत है कि—चैत्रशुक्ल पञ्चमी तिथि में केशव की आज्ञा से शुभानना श्री (लक्ष्मी) ब्रह्मलोक से मनुष्यलोक में आई हैं। अतः वहाँ पर जो उस लक्ष्मी का पूजन करता है उसे लक्ष्मी नहीं त्यागती है।

(चैत्रशुक्लाष्टम्यां भवन्या उत्पत्तिः)

चैत्रशुक्लाष्टम्यां भवान्या उत्पत्तिः। तत्र नवमीयुता ग्राह्या। अष्टमी नवमीयुक्ता नवमी चाष्टमीयुता। इति ब्रह्मवैवर्तात्।

चैत्रशुक्ल अष्टमी को भवानी की उत्पत्ति है। वह तिथि नवमी तिथि से युक्त ग्रहण करना चाहिये। ब्रह्मवैवर्तपुराण मत है कि—अष्टमी तिथि नवमी तिथि से युक्त हो तथा नवमी तिथि अष्टमी तिथि से युक्त हो।

(अथ भवानीयात्रा)

अत्र भवानीयात्रोक्ता काशीखण्डे—भवानीं यस्तु पश्येत शुक्लाष्टम्यां मधौ नरः।

न जातु शोकं लभते सदानन्दमयो भवेत्॥ इति।

यहाँ पर भवानी यात्रा काशीखण्ड में कही है—जो मनुष्य चैत्र शुक्ल अष्टमी तिथि में भवानी को देखता है, उसे शोक नहीं होता है। वह सदा आनन्दित रहता है।

(अशोककलिकाप्राशनकथनम्)

अत्रैवाशोककलिकाप्राशनमुक्तं हेमाद्रौ लैङ्गे—अशोककलिकाश्चाष्टौ ये पिबन्ति पुनर्वसौ।

चैत्रे मासि सिताष्टम्यां न ते शोकमवाप्नुयुः॥

यहीं पर अशोक वृक्ष की कलिका का प्राशन हेमाद्रि में लिंगपुराण मत से कहा है—जो पुनर्वसु नक्षत्र में तथा चैत्रमास के शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि में अशोक वृक्ष की आठ कली को पीसकर जो पीते हैं वे लोग कभी भी शोक को प्राप्त नही होते हैं।

(अथ प्राशनमन्त्रकथनम्)

प्राशनमन्त्रस्तु—त्वामशोक नराभीष्टं मधुमाससमुद्भवम्।

पिबामि शोकसन्तप्तो मामशोकं सदा कुरु॥ इति।

प्राशन मन्त्र तो यह है कि—हे अशोक, चैत्रमास में प्रादुर्भूत तुम मनुष्यों को अभीष्ट करनेवाले शोक सन्तप्त मुझको सदा शोक से रहित करो। अतः मैं पीता हूँ।

(अथ विशेषकथने फलकथनम्)

अत्र विशेषः पृथ्वीचन्द्रोदये विष्णुः—पुनर्वसुबुधोपेता चैत्रे मासि सिताष्टमी।

प्रातस्तु विधिवत्स्नात्वा वाजपेयफलं लभेत्॥ इति।

यहाँ पर विशेष पृथ्वीचन्द्रोदय में विष्णु ने कहा है—पुनर्वसु तथा बुधवार से युक्त चैत्रमास के शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि को प्रातःकाल विधिवत् स्नान करता है उसे 'वाजपेययज्ञ' का फल मिलता है।

तिथितत्त्वे कालिकापुराणे—चैत्रे मासि सिताष्टम्यां यो नरो नियतेन्द्रियः।

स्नायाल्लौहित्यतोयेषु स याति ब्रह्मणः पदम्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चैत्रं तु सकलं मासं शुचिः प्रयतमानसः। लौहित्यतोये यः स्नायात्स कैवल्यमवाप्नुयात् ॥ लौहित्यो ब्रह्मपुत्रः।

तिथितत्त्व में कालिकापुराण मत है कि—चैत्रमास के शुक्लपक्ष की अष्टमी में जो मनुष्य जितेन्द्रिय होकर ब्रह्मपुत्र के जल से स्नान करता है। वह ब्रह्मलोक जाता है। जो मन से पवित्र होकर चैत्रमास भर ब्रह्मपुत्र के जल से स्नान करता है। वह 'कैवल्यपद' (मोक्षपद) प्राप्त करता है।

(अथ मन्त्रकथनम्)

मन्त्रस्तु—ब्रह्मपुत्र महाभाग शन्तनोः कुलसम्भव।
अमोघगर्भसम्भूत पापं लौहित्य मे हर ॥

स्नानमन्त्र यों है—शन्तनु के कुल से प्रादुर्भूत हे महाभाग, हे [1]लौहित्य! हे ब्रह्मपुत्र! अमोघगर्भ से संभूत, मेरे पाप को हरो।

(चैत्रशुक्लरामनवमीविचारः)

चैत्रशुक्लनवमी रामनवमी। तदुक्तमगस्त्यसंहितायात्—चैत्रे नवम्यां प्राक्पक्षे दिवापुण्ये पुनर्वसौ।
उदये गुरुगौरांशेः स्वोच्चस्थे ग्रहपञ्चके ॥
मेषे पूषणि संप्राप्ते लग्ने कर्कटकाह्वये। आविरासीत्स कलया कौशल्यायां परः पुमान् ॥
तस्मिन् दिने तु कर्तव्यमुपवासव्रतं सदा। तत्र जागरणं कुर्याद्रघुनाथपरो भुवि ॥ इति।
इयं च मध्याह्नयोगिनी ग्राह्या। चैत्रशुक्ले तु नवमी पुनर्वसुयुता यदि।
सैव मध्याह्नयोगेन महापुण्यतमा भवेत् ॥ इति तत्रैवोक्तेः।

चैत्र शुक्लपक्ष की नवमी रामनवमी होती है। उसी बात को अगस्त्यसंहिता में कहा है—चैत्रमास के शुक्लपक्ष की नवमी तिथि में पवित्र पुनर्वसु नक्षत्र में गुरुनवांश[2] में पाँच ग्रहों के उच्चराशि में स्थित होने पर मेष में सूर्य के प्राप्त होने पर तथा कर्क लग्न में कौशल्या महारानी से पर ब्रह्म परमात्मा का आविर्भाव हुआ। उसी दिन तो सदा उपवास रूपीव्रत करना चाहिये। उसीदिन रघुनाथ का भक्त पृथिवी (खट्वादिव्यावृत्तिः) पर जागरण करे। यह तिथि मध्याह्नकाल व्यापिनी ग्रहण करें।

चैत्रमास की शुक्ल नवमी तिथि यदि पुनर्वसु नक्षत्र युक्त हो कर यही मध्याह्न के योग से महापुण्यप्रद होती है। यह वहाँ पर ही कहा है।

तथा—चैत्रमासे नवम्यां तु जातो रामः स्वयं हरिः।
पुनर्वस्वृक्षसंयुक्ता सा तिथिः सर्वकामदा ॥
श्रीरामनवमी प्रोक्ता कोटिसूर्यग्रहाधिका।

और चैत्रमास की नवमी तिथि में तो स्वयं हरि राम के रूप से उत्पन्न हुए। यदि [3]पुनर्वसु नक्षत्र से नवमी तिथि संयुक्त हो तो संपूर्ण कामनों को देनेवाली होती है। यह रामनवमी करोड़ों सूर्यग्रहों से अधिक (फलदायक) होती है।

तथा—केवलापि सदोपोष्या नवमीशब्दसंग्रहात्। तस्मात्सर्वात्मना सर्वैः कार्यं वै नवमीव्रतम् ॥
पूर्वेद्युरेव मध्याह्नयोगे कर्मकालव्याप्तेः सैव ग्राह्या। दिनद्वये मध्याह्नव्याप्तौ तदभावे वा पूर्वदिने पुनर्वस्वृक्षयुक्तामपि त्यक्त्वा परैव कार्या।

और केवल नवमी शब्द के संग्रह से सदा उपवास करे। इसकारण सबप्रकार से नवमी व्रत को अवश्य ही करे। पहले दिन ही मध्याह्न के योग में कर्मकाल की व्याप्ति (प्राप्ति में) ही ग्रहण करें। दोनों

१ कालिकापुराणे—लोहितात्सरसो जातो लौहित्याख्यस्ततो भवत्।
२ गौरांशवोरितिपाठे गौरांशुश्चन्द्रः।
३ पुनर्वसुनक्षत्र का ग्रहण तो प्रशस्त अर्थ प्रेरक है। तिथिः शरीरं देवस्य तिथौ नक्षत्रमाश्रितम्। तस्मात्तिथिं प्रशंसन्ति न नक्षत्रं तिथिं विना ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिन मध्याह्न व्याप्ति में या उसके अभाव में पूर्व दिन में पुनर्वसु नक्षत्र से युक्ता को भी त्यागकर दूसरे दिन ही करे।

तदुक्तं माधवीयेऽगस्त्यसंहितायाम्—नवमी चाष्टमीविद्धा त्याज्या विष्णुपरायणैः।
उपोषणं नवम्यां च दशम्यां चैव पारणम् ॥ इति।

इसी बात को माधवीय में अगस्त्यसंहिता का वचन है कि—विष्णुपरायण भक्तगण अष्टमी तिथि से विद्धा नवमी तिथि का त्याग करे। उपवास नवमी तिथि में करें और पारणा तो दशमीतिथि में ही करें।

अष्टमीविद्धा सऋक्षाऽपि नोपोष्येति माधवः।

माधव का मत है कि—अष्टमीविद्धा नवमीतिथि पुनर्वसु नक्षत्र से युक्त भी हो तो उसमें उपवास न करे।

रामार्चनचन्द्रिकायामपि—विद्धैव चेद्दक्षयुक्ता व्रतं तत्र कथं भवेत्।
विद्धा निषेधश्रवणान्नवमी चेति वाक्यतः ॥
वैष्णवानां विशेषात्तु तत्र विष्णुपरैरपि। दशम्यादिषु वृद्धिश्चेद्विद्धा त्याज्यैव वैष्णवैः ॥
तदन्येषां च सर्वेषां व्रतं तत्रैव निश्चितम् ॥ इति।

रामार्चनचन्द्रिका में भी लिखा है कि—नवमी तिथि अष्टमी तिथि से विद्धा ही हो और श्रवण नक्षत्र से युक्त हो उसमें व्रत कैसे होगा। क्योंकि विद्धा के निषेध श्रवण से नवमी तिथि के वाक्य से विशेष करके वैष्णवों के विष्णु भक्तगण भी दशमी आदि की वृद्धि में भी विद्धा को त्याग ही दें। एवं वैष्णवोंसे इतर सभी लोग विद्धा व्रत नवमी में ही उसी दिन करे।

अत्र 'दशम्यादिषु वृद्धिश्चेत्' इति 'तदन्येषाम्'। इति वचनात् यदा प्रातस्त्रिमुहूर्ता नवमी, दशमी च क्षयवशात् सूर्योदयात् प्रागेव समाप्यते, तदा स्मार्तानां तत्रैव एकादशीनिमित्तोपवासात् नवमीव्रताङ्गपारणालोपः स्यात्। अतोऽष्टमीविद्धैव स्मार्तैः कार्या। वैष्णवानां त्वरुणोदयविद्धैकादश्या हेयत्वान्न पारणालोपप्रसङ्ग इति द्वितीयैव तैः कार्येति सूचयति। दशमीवृद्ध्यभावेऽष्टमीविद्धाया एव मध्याह्नव्यापित्वे क्षये च वैष्णवैरपि विद्धैवोपोष्येत्यर्थसिद्धम्। इदं च व्रतं संयोगपृथक्त्वन्यायेन काम्यं नित्यं च।

'दशम्यादिषु वृद्धिश्चेत्', 'तदन्येषाम्' इन वचनों से यदि प्रातःकाल नवमी तिथि तीन मुहूर्त्त हो और दशमी तिथि क्षय के वश से सूर्योदय के पूर्व ही समाप्त हो गयी हो तो स्मार्तों को उसी दिन एकादशी निमित्त उपवास से नवमी व्रतांग पारणा लोप हो जायगी। इसलिए अष्टमी विद्धा ही स्मार्तों को करना चाहिये। वैष्णवों को तो अरुणोदय विद्धा एकादशी का हेय होने से पारणा का लोप प्रसंग नहीं होगा। अतः द्वितीया ही वे लोग करें यह सूचित करते हैं। दशमी की वृद्धि के अभाव में अष्टमी विद्धा का ही मध्याह्नव्यापित्व में और क्षय में वैष्णवगण भी विद्धा ही का उपवास करें यह अर्थ से सिद्ध है और यह व्रत संयोग[1] पृथकत्व न्यास से काम्य और नित्य हैं।

तदुक्तं हेमाद्रावगस्तिसंहितायाम्—उपोषणं जागरणं पितॄनुद्दिश्य तर्पणम्। तस्मिन् दिने तु कर्तव्यं ब्रह्मप्राप्तिमभीप्सुभिः ॥

हेमाद्रि में अगस्तिसंहिता का वचन है कि—ब्रह्म प्राप्ति की इच्छा करनेवाला उसी दिन ही उपवास, जागरण और पितरों को उद्देश्यकर तर्पण करना चाहिये।

१—खादिरो यूपो भवति। खादिरं वीर्यकामस्य यूपं कुर्यात्। इसमें पहला वाक्य क्रत्वर्थ है। अर्थात् फलरहित कर्मानुष्ठान करते समय पशुयाग में खैर वृक्ष से यूप बनाना चाहिये। यहाँ पर विहित खदिर का स्वतः कोई फल नहीं है। परन्तु उस याग का जो फल है वही खदिर का भी है। दूसरे वाक्य में प्रतिपादित खदिर फलयुक्त है। अर्थात्—जो व्यक्ति खदिर वृक्ष से यूप बनावेगा उसको वीर्यरूपफल मिलेगा। अर्थात्—इस वाक्य में खदिर का वीर्यफल स्वतन्त्र बताया है। एक ही खदिर का फल संबन्धाभाव तथा फलसंबन्ध प्रतिपादन करने से संयोगपृथक्त्व कहा जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सर्वेषामप्ययं धर्मो भुक्तिमुक्त्यैकसाधनः ॥ अशुचिर्वापि पापिष्ठः कृत्वेदं व्रतमुत्तमम् । पूज्यः स्यात्सर्वभूतानां यथा रामस्तथैव सः ॥

सबों का यही धर्म है। जो भुक्ति तथा मुक्ति का एक साधन है। अशुचि (अपवित्र) हो या पापी हो इस उत्तम व्रत को करके राम के सदृश वह सब प्राणियों का पूज्य होता है।

यस्तु रामनवम्यां तु भुङ्क्ते मोहाद्विमूढधीः । कुम्भीपाकेषु घोरेषु पच्यते नात्र संशयः ॥

जो रामनवमी के दिन मोह से मूर्ख बुद्धिवाला भोजन करता है वह भयंकर कुंभीपाक नरकों में जाता है। इसमें संशय नहीं है।

तथा—अकृत्वा रामनवमीव्रतं सर्वव्रतोत्तमम् । व्रतान्यन्यानि कुरुते न तेषां फलभाग्भवेत् ॥

तद्वत् ही कहा है—सब व्रतों में उत्तम व्रत रामनवमी व्रत को न करके अन्य व्रतों को करता है उसको उनके व्रत का फल नहीं होता है।

प्राप्ते श्रीरामनवमीदिने मर्त्यो विमूढधीः । उपोषणं न कुरुते कुम्भीपाकेषु पच्यते ॥

श्री रामनवमी दिन के प्राप्त होनेपर खराब बुद्धिवाला मनुष्य उपवास नहीं करता है वह कुंभीपाक नरकों में पकता (पड़ता) है।

अत्र केचित्तदुपासकानामेवेदं व्रतं नित्यं, न त्वन्येषामित्याहुः । अन्ये तु अकरणे दोषश्रवणात् तस्मात्सर्वात्मना सर्वैः कार्यं वै नवमीव्रतम् । इति पूर्वोक्तवचनाच्च जन्माष्टम्यादिवदिदमपि सर्वेषां नित्यम् । अन्यथा जन्माष्टम्यादावपि तदुपासकानामेव नित्यतां वक्तुः को वारयितेत्याहुः ।

यहाँ पर कोई कहते हैं कि—उपासकों का ही यह नित्य व्रत है। अन्य लोगोंका नहीं है। क्योंकि अन्य-मत से तो नहीं करने पर दोष श्रवण है। इसकारण से सबलोगों को निश्चय नवमी व्रत को करना चाहिये और इस पूर्वोक्त वचन से जन्माष्टमी की तरह यह भी सबों को नित्य है। अन्यथा जन्माष्टमी आदि में भी उसके उपासकों का ही नित्यता कहनेवालों को कौन रोक सकता है।

(अथ रामप्रतिमादिदानकथनम्)

अत्र विशेषो हेमाद्रावगस्त्यसंहितायाम्—आचार्यं चैव सम्पूज्य वृणुयात्प्रार्थयेन्निशि । श्रीरामप्रतिमादानं करिष्येऽहं द्विजोत्तम । भक्त्याचार्यो भव प्रीतः श्रीरामोऽसि त्वमेव च ॥

यहाँ पर विशेष हेमाद्रि में अगस्त्यसंहिता का कथन है कि—आचार्य का ही पूजनकर रात में वरण तथा प्रार्थना करे। हे द्विजोत्तम, मैं श्रीराम प्रतिमा का दान करूँगा। भक्ति से प्रसन्न होकर आचार्य हों और आप ही श्री राम हो।

तथा—स्वगृहे चोत्तरे देशे दानस्योज्ज्वलमण्डपम् । शङ्खचक्रहनूमद्भिः प्राग्द्वारे समलङ्कृतम् ॥

और भी—अपने घर से उत्तर देश (दिशा) में शुद्ध मण्डप दान के लिये निर्माण करे। (उसके) पूर्वद्वार में—शंख, चक्र तथा हनुमान जी को अलंकृत करे।

गरुत्मच्छार्ङ्गबाणैश्च दक्षिणे समलङ्कृतम् । गदाखड्गाङ्गदैश्चैव पश्चिमे सुविभूषितम् ॥

दक्षिणद्वार में—गरुड़, शार्ङ्ग, (धनुष) और वाण से अलंकृत करे। पश्चिमद्वार में—गदा, खड्ग, (तलवार) तथा अंगद (बाजूबन्द) से विभूषित करे।

पद्मस्वस्तिकनीलैश्च कौबेरे समलङ्कृतम् । मध्ये हस्तचतुष्काढ्यं वेदिकायुक्तमायतम् ॥

उत्तरद्वार में—पद्म, स्वस्तिक और नील (नील वर्ण) से अलंकृत करें। उसका मध्य भाग चार हाथ का हो वह वेदिका से युक्त आयतन हो।

ततः सङ्कल्पयेदेवं राममेव स्मरन्मुने । अस्यां रामनवम्यां च रामाराधनतत्परः ॥
उपोष्याष्टसु यामेषु पूजयित्वा यथाविधि । इमां स्वर्णमयीं रामप्रतिमां च प्रयत्नतः ॥
श्रीरामप्रीतये दास्ये रामभक्ताय धीमते । प्रीतो रामो हरत्वाशु पापानि सुबहूनि मे ॥
अनेकजन्मसंसिद्धान्यभ्यस्तानि महान्ति च । ततः स्वर्णमयीं रामप्रतिमां पलमात्रतः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तदनन्तर हे मुने, इसप्रकार राम का स्मरण करते हुए संकल्प यों करे। इस रामनवमी में राम की आराधना में तत्पर हो उपवास कर आठो यामों में यथाविधि पूजाकर इस स्वर्णमयी राम प्रतिमा को प्रयत्न से श्रीराम की प्रसन्नता के लिए बुद्धिमान् राम के भक्त के लिये देता हूँ। इससे राम प्रसन्न होकर मेरे अनेक जन्मों के किये हुए अभ्यस्त बड़े बहुत से पापों को शीघ्र ही हर लेंगे।

निर्मितां द्विभुजां दिव्यां वामाङ्कस्थितजानकीम्। बिभ्रतीं दक्षिणकरे ज्ञानमुद्रां महामुने ॥
वामेनाधः करेणारादेवीमालिङ्ग्य संस्थिताम्। सिंहासने राजतेऽत्र पलद्वयविनिर्मिते ॥

तदनन्तर पलमात्र सोने की राम प्रतिमा को जिसके दो भुजा हों दिव्यरूपवाले हों, उसके बायीं गोदी में जानकी हो। हे महामुने, दक्षिण हाथ में ज्ञान[1]मुद्रा को धारण करती हुई बायें हाथ से नीचे समीप में देवी का आलिंगन कर स्थित हो सिंहासन पर पलद्वय से निर्मित सिंहासन पर सुशोभित हों।

तथा—अशक्तो यो महाभागः स तु वित्तानुसारतः। पलेनाथ तदर्धेन तदर्धार्धेन वा मुने ॥
सौवर्णं राजतं वापि कारयेद्रघुनन्दनम्। पार्श्वे भरतशत्रुघ्नौ धृतच्छत्रकरावुभौ ॥

और हे मुने, जो महानुभाव, अशक्त हो वह अपने वित्तानुसार से पलभर, आधे पल या उससे भी कम अर्थात् आधे से भी कम सोने या चांदी की रघुनन्दन की मूर्ति करावें। जिनके हाथों में छत्र को धारण किये हुए भरत तथा शत्रुघ्न पास में हो।

चापद्वयसमायुक्तं लक्ष्मणं चापि कारयेत्। दक्षिणाङ्गे दशरथं पुत्रावेक्षणतत्परम् ॥

लक्ष्मण को भी दो चापों (धनुष) से युक्त करावे। दक्षिण अंग में पुत्रों के देखने में तत्पर दशरथ को निर्माण करे।

मातुरङ्कगतं राममिन्द्रनीलसमप्रभम्। पञ्चामृतस्नानपूर्वं सम्पूज्य विधिवत्ततः ॥

माता की गोदी में इन्द्रनील के तुल्य प्रभा (कान्ति) वाले राम हो। तदनन्तर विधिवत् पञ्चामृत स्नानपूर्वक पूजन[2] करे।

कौशल्यामन्त्रस्तु—रामस्य जननी चासि रामरूपमिदं जगत्। अतस्त्वां पूजयिष्यामि लोकमातर्नमोऽस्तु ते। नमो दशरथायेति पूजयेत्पितरं ततः ॥

कौशल्या का मन्त्र है—तुम राम की माता हो तथा यह संसार राम का ही रूप है। अतः तुम्हारी पूजा करूँगा। हे लोकमातः, तुम्हारे लिए नमस्कार है। तदनन्तर 'नमो दशरथाय' इस मन्त्रसे पिताकी पूजा करे।

अत्र दशावरणपञ्चावरणादिपूजाऽन्यत्र ज्ञेया।

यहाँ पर दशावरण तथा पंचावरण आदि की पूजा अन्यत्र से जानना चाहिये।

अशोककुसुमैर्युक्तमर्घ्यं दद्याद्विचक्षणः। दशाननवधार्थाय धर्मसंस्थापनाय च ॥ राक्षसानां विनाशाय दैत्यानां निधनाय च। परित्राणाय साधूनां जातो रामः स्वयं हरिः ॥

बुद्धिमान् व्यक्ति को चाहिये कि—अशोक पुष्पों से (दत्वा पुष्पाञ्जलिं पूर्वं गृहीत्वा शङ्खमुत्तमम्। फलपुष्पाम्बुसंपूर्णं युक्तं च तुलसीदलैः) युक्त अर्घ्य को दे। रावण के वध के लिये तथा धर्मसंस्थापन के लिये, राक्षसों के विनाश के लिये, दैत्यों के निधन के लिये, साधु—दूसरे के कार्यों को साधन करनेवाले की रक्षा के लिये, स्वयं हरि राम रूप में उत्पन्न हुए।

गृहाणार्घ्यं मया दत्तं भ्रातृभिः सहितोऽनघ। पुष्पाञ्जलिं पुनर्दत्त्वा यामे यामे प्रपूजयेत् ॥

हे अनघ, भाइयों के साथ मेरे द्वारा दिये हुए अर्घ को ग्रहण करो। फिर विधिवत् पुष्पाञ्जलि देकर प्रत्येक याम (प्रहर) में पूजन करे।

१—तर्जन्यङ्गुष्ठकौ सक्तावग्रतो हृदि विन्यसेत्। वामहस्ताम्बुजं वामजानोर्मूर्द्धनि विन्यसेत्। ज्ञानमुद्रा भवेदेषा श्रीरामस्य सदा प्रिया ॥

२—पूजा दीक्षावतां मूलमन्त्रेण, अन्येषां तु पुरुषसूक्तविष्ण्वादिसूक्तैः नाममन्त्रेण वा। स्त्रीशूद्राणां तु नाममन्त्र एव।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिवैवं विधिवत्कृत्वा रात्रौ जागरणं ततः। ततः प्रातः समुत्थाय स्नानसन्ध्यादिकाः क्रियाः॥ समाप्य विधिवद्रामं पूजयेद्विधिवन्मुने।

यह सब दिन में ही करके रात में जागरण करे। तदनन्तर प्रातःकाल उठकर स्नान-सन्ध्या आदि क्रियाओं को विधिवत् समाप्त कर हे मुने, विधिवत् राम की पूजा करे।

ततो होमं प्रकुर्वीत मूलमन्त्रेण मन्त्रवित्॥ पूर्वोक्तपद्मकुण्डे वा स्थण्डिले वा समाहितः। लौकिकाग्नौ विधानेन शतमष्टोत्तरं ततः॥ साज्येन पायसेनैव स्मरन् राममनन्यधीः। ततो भक्त्या सुसन्तोष्य आचार्यं पूजयेन्मुने॥ ततो रामं स्मरन्दद्यादेवं मन्त्रमुदीरयन्। 'इमां स्वर्णमयीं रामप्रतिमां समलङ्कृताम्॥ चित्रवस्त्रयुगच्छन्नां रामोऽहं राघवाय ते। श्रीरामप्रीतये दास्ये तुष्टो भवतु राघवः॥'

तदनन्तर हवन मूलमन्त्र से मन्त्रवेत्ता करे। पहले कहे हुए पद्मकुण्ड में या स्थण्डिल में समाहित मन से लौकिक अग्नि द्वारा एक सौ आठ बार घृत सहित पायस से ही राम को एकाग्रमन से स्मरण करता हुआ हवन करे। तदनन्तर भक्ति से हे मुने, सन्तुष्टकर आचार्य का पूजन करे। तदनन्तर राम का स्मरणकर मन्त्र को कहता हुआ कहे कि—यह स्वर्णमयी अलंकृत चित्र विचित्र वस्त्रों से युक्त राम प्रतिमा को राम के रूप में श्री राम की प्रीति के लिए देता हूँ। इससे राघव प्रसन्न हों।

इति दत्त्वा विधानेन दद्याद्वै दक्षिणां शुभम्। ब्रह्महत्यादिपापेभ्यो मुच्यते नात्र संशयः॥ इति।

यों विधान से (विप्रान्संभोज्य विधिवत् साचार्यः पारयेद् व्रतम्) तथा आचार्य सहित विधि से ब्राह्मणों को भोजन कराकर व्रत का आचरण करें। ब्रह्महत्यादि पापों से मुक्ति मिल जाती है। इसमें कोई संशय नहीं[1] है।

इयं मलमासे न कार्या। 'मुजप्तमप्यजप्तं स्यान्नोपवासः कृतो भवेत्। इति, 'न कुर्यान्मलमासे तु महादानं व्रतानि च॥' इति च माधवीये सङ्ग्रहवचनात्।

इसको (रामनवमी को) मलमास में नहीं करना चाहिये। माधवीय में संग्रह का वचन है कि—किया हुआ जप नहीं जपने के तुल्य होता है तथा किया हुआ उपवास नहीं उपवास के बराबर होता है और महादान, व्रतादि भी मलमास में नहीं करना चाहिये।

ननु रामनवमीव्रतस्य नित्यत्वादेकादशीवन्मलमासेऽपि कर्त्तव्यता स्यादिति चेत्, अत्र ब्रूमः नैकादश्युपवासस्य व्रतत्वेन प्राप्तिः।

कहो कि—रामनवमी व्रत का नित्यत्व हो जाने से एकादशी के तुल्य मलमास में भी करना चाहियें। ऐसा कहोगे तो इसमें कहते हैं कि—एकादशी उपवास की प्राप्ति व्रतत्व से नहीं है।

१—अथ दुर्दशाग्रस्तानां दशादित्यव्रतं हेमाद्रौ। तच्च—आदित्यवारयुक्तायामेव शुक्लदशम्यां कार्यम्। रविवारेण युक्तायां दशम्यां पूजयेद्दशाः। इत्युक्तेः। तिथिश्च मध्याह्नव्यापिनी। दिनद्वये तत्सत्त्वेऽसत्त्वे च परा, एकदेशव्याप्तौ तु महत्त्वाल्पत्वाभ्यां निर्णयः। विधिश्च रविवारे तादृशतिथियोगे। तत्प्रयोगः—तिथिवारकीर्तनान्ते 'मम दुर्दशानिवृत्तिपूर्वकसुदशाप्राप्त्यर्थं दशादित्यव्रतमहं करिष्ये' इति सङ्कल्प्य तदङ्गतया गणपतिपूजापुण्याहवाचनवृद्धिश्राद्धान्तं कृत्वा सूर्यं पञ्चोपचारैः संपूज्य प्राङ्मुखो बहिर्देशे गोमयोपलिप्ते इङ्गाललिखिता दशदुर्दशापुत्रिकाः पूजयेत्। ताश्च—'दुर्मुखा दीनवदना मलिनाऽसत्यवादिनी। दुर्बुद्धिदायिनी हिंस्रा दुष्टा मित्रविरोधिनी॥ उच्चाटनकरी नाम बहुचिन्ताप्रदायिनी।' एताश्चतुर्थ्यन्तनामभिः एवैकपुत्रिकायामावाह्य षोडशोपचारैः पूज्याः, फलानि दश, दश वराटिका दक्षिणेति। ततः—नित्यं पापरते पापे देवद्विजविरोधिनी। गच्छतां दुर्दशे देवि नीतिशास्त्रविरोधिनि॥ इति प्रत्येकं विसर्जयेत्। ततः शीतोदकेन स्नायात्। अशक्तौ हस्तौ पादौ च प्रक्षालयेत्। ततः शुचि शुभ्रं वस्त्रं परिधाय गृहं प्रविशेत्। ततो भित्तौ काष्ठफलकेन अष्टदलं लिखित्वा तत्र सुगन्धिचन्दनादिना दशपुत्रिका लिखेत्—सद्बुद्धिदा सुखकरी सर्वसमद् प्रदायिनी। पुत्रदा च विजयादशमी धर्मदायिनी॥ इति लिखितसुदशा पुत्रिकाणां पुरःदशग्रन्थियुतं पट्टदोरकं सूत्रदोरकं वा प्रतिष्ठाप्य तत्र रविं पूजयेत्। षोडशोपचारैः पूजां कृत्वा—अशेषसम्पदां पात्रे भर्त्रे त्रिजगतां सदा। जगतः कामदात्रे च जगत्पूज्याय ते नमः॥ इति विसर्जयेत्। ततश्चतुर्थ्यन्तनामभिर्दश सुदशाः तासु पुत्रिकासु पूजयेत्, दशमधुरफलानि ढबुकादिदक्षिणा, नात्र विसर्जनम्। दशभिर्मोदकैर्वायनं, भुञ्जीयात्तैलवर्जितम्। इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ निर्णयसिन्धुः

(भाषा-टीका-सहित)

(संक्षिप्त मण्डपविषयक विचार और पद्मादिकुण्डों के भेदों का कथन)

दौलतराम गौड

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(श्रौत और स्मार्तादिकर्मोंमें कुण्ड तथा मण्डप मुख्य है या गौण)

श्रौत, स्मार्त और तन्त्रिक ये तीन प्रकार के कर्म हैं। पौराणिक कर्म तांत्रिक में ही अन्तर्भूत हैं। पौराणिक कर्मको पृथक् मानने वाले चार प्रकार के कर्म मानते हैं। श्रौत और स्मार्त कर्म के प्रतिपादक आश्वलायन आदि श्रौतसूत्र, गृह्यसूत्र मन्वादिस्मृति और गौतमादि धर्मसूत्र भी हैं। इनमें कुण्ड-मण्डप की परिभाषा देखने में नहीं आती है। परन्तु मण्डप का यज्ञशाला शब्दसे और कुण्ड का वेदी शब्द से व्यवहार होता है। 'वेदं कृत्वा वेदिं करोति' वेद्यामिव हुताशनः, अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्याः—इत्यादि स्थलों में वेदीशब्दसे कुण्ड का ग्रहण है और यज्ञशाला, पत्नीशाला इत्यादि स्थलों मे मण्डप के लक्षण से यज्ञशाला आदि का लक्षण भिन्न हैं। तान्त्रिक तो सम चतुरस्र चार द्वार, चार उपचार मध्य में ऊँचा मण्डप कहते हैं। वैदिक तो एकद्वार, पताका आदि रहित तथा मध्योन्नति रहित मण्डप बनाते हैं। योनी, गर्त आदि सहित कुण्ड तान्त्रिकों को अभिमत है। वैदिकों को कुण्ड में योनि गर्तादि अभिमत नहीं हैं।

(काम्यकर्म में कुण्ड—मण्डपकी आवश्यकता)

नित्यं नैमित्तकं हित्वा सर्वमन्यत्समण्डपम्—कोटिहोमपद्धति और मात्स्योक्तवचन से काम्यकर्म में मण्डप आवश्यक है। नित्य तथा नैमित्तिक कर्म में ऐच्छिक है। नित्यं नैमित्तिकं होमं स्थण्डिले वा समाचरेत्। शारदातिलक मत से नित्य और नैमित्तिक कर्म स्थण्डिल या कुण्ड में करें। परन्तु काम्यकर्म को कुण्ड में ही करे।

(कर्मभेद उनके उदाहरण विभिन्न मतोंसे)

कर्म तीन प्रकार के हैं नित्य नैमित्तिक और काम्य। अहरहः सन्ध्यामुपासीत। पञ्चयज्ञान्न हापयेत् 'यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्' दर्शपूर्णमासाभ्यां यजेत' इत्यादि नित्यकर्म हैं। षण्णवतिश्राद्धादि नैमित्तिक हैं क्योंकि निमित्तवश किये जाते हैं। नित्य और नैमित्तिक कर्म न करने में प्रत्यवाय होता है। जिस कर्म को न करने से प्रत्यवाय न हो और करने से वृद्धि हो उसे काम्य कहते हैं। जैसे—तीर्थयात्रा, व्रत, दान, यज्ञ, शान्तिक तथा पौष्टिक यह मीमांसकमतानुसारिकर्मकाण्डियोंका सिद्धान्त है। यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम्। एतान्यपि तु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा फलानि च॥ कर्तव्यानीति मे पार्थ निश्चितं मतमुत्तमम् (भ० गी० अ० १८) इत्यादि वचन से सिद्ध है कि फलाभिलाषी न होकर क्रियमाणकाम्यकर्म भी निष्कामकर्म होते हैं। यह वेदान्तियों का सिद्धान्त है।

(कुण्ड-मण्डप का प्रयोग)

तीन प्रकार के कर्म होते हैं—दृष्टफल अदृष्टफल और दृष्टादृष्टफलक। वृष्टिकामः कारीर्या यजेत—इत्यादिश्रुतिसे विहित कारीरेष्ट्यादि वृष्टिरूप ऐहिक फल का जनक होनेके कारण वृष्टफलक कर्म है। यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात् इत्यादि विधिबोधित अग्निहोत्रादि अदृष्टफलक कर्म है। दध्नेन्द्रियकामस्य जुहुयात् इत्यादि इन्द्रियकामनाके लिये अग्निहोत्रविधि दृष्टादृष्टफलक है। अग्निहोत्रविधि स्वस्वरूपसे अदृष्टफलको दधिरूप गुणांशसे दृष्ट इन्द्रियफलको भी उत्पन्न करता है। प्रश्न—प्रतियोगी और अभाव का विरोध होने के कारण दृष्ट और अदृष्ट का एकत्र समावेश कैसे होगा। उत्तर—हम दृष्टादृष्टका एकत्र समावेश नहीं कहते हैं। किन्तु दध्नेन्द्रियकामस्य जुहुयात् यह गुणविधि दृष्टादृष्टफलक है इतना ही कहते हैं यह विरुद्ध नहीं है घट और घटध्वंस दोनों का कारण जैसा दण्ड है। इसीप्रकार कुण्ड और मण्डप दृष्ट और अदृष्ट उभयफलक हैं। वप्रगर्तादि अंशसे हविका सम्यक् पाक होता है और होताओंको ज्वालादि संबन्ध नहीं होता इसलिये कुण्ड दृष्टफलक है और नाभी, योनी, कण्ठ आदि अंशसे अदृष्टफलक भी है वहाँ दृष्टफल संभव नहीं है। विधिबलात् नाभ्यादि निर्माण होता है अतः स्वर्गादि अदृष्टफलकी वहाँ कल्पना की जाती है। स स्वर्गः सर्वान् प्रत्यभीष्टत्वात्' इत्यादिशास्त्रसे अश्रुतफल में स्वर्गफल माना जाता है। एवं मण्डप भी आतप वर्षादिका निवारक होने से दृष्टफलक है और स्तंभपरिमाण, स्तंभनिवेशका प्रकार विशेष इतर दारु का संनिवेशप्रकारविशेष इत्यादि नियमांशसे अदृष्टफलक भी है। जैसे—व्रीहीनवहन्ति—यहाँ पर अवहननविधि तण्डुलनिष्पादक होने के कारण दृष्टफलक है और अवहनन से ही निष्पादक करना नखविदलनादिना नहीं करना इत्यादि नियमांशसे अदृष्टफल भी है।

(मण्डप का लक्षण)

मण्डपोऽस्त्री जनाश्रयः अमर०। यद्यपि मण्डपशब्द सामान्य जनाश्रयवाची है तदनुसार उत्सार्य गृहमण्डपान्' लतामण्डपः, सभामण्डपः इत्यादि प्रयोग भी मिलते हैं। तथापि प्रकृतोपयोगी तान्त्रिक परिभाषासिद्ध मण्डपलक्षण कहते हैं—पञ्चरात्रायुक्तरचनावत् यज्ञायतनत्वं मण्डपस्य लक्षणम्। पञ्चरात्रायुक्त रचनावाला यज्ञ का आयतन मण्डप होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विशेषण न कहें तो वैदिक—यज्ञशालादि में अव्याप्ति होगी और विशेष्य न कहें तो देवप्रसादादि में अतिव्याप्ति है इसलिये दोनों आवश्यक है।

(मण्डप का स्वरूप)

मण्डप दो प्रकारका है—स्थिरवास्तुरूप और चलवास्तुरूप। प्रतिष्ठाद्येकैककर्मोपयुक्तोऽस्थिरद्रव्यनिर्मितश्चलः। शिलेष्टकादिनिर्मितः पर्यायेण बहुकर्मोपयुक्तः स्थिरमण्डप इत्युच्यते। अस्थिरद्रव्यनिर्मित चल और स्थिर द्रव्य निर्मित अचल मण्डप होता है। गर्भागारस्य पुरतः सुगनासीति मण्डपः। तत्र नन्दी तु संस्थाप्यो देवस्याभिमुखः स्थितः। तदग्रे नवरङ्गाख्ये मण्डपं रचयेत्सुधीः। तत्परो बलिपीठं च तदग्रे ध्वजदण्डकम्। तत ईशानदिग्भागे यागमण्डपमारचेत्। स्थिरवास्तुविधानेन शिवयागादिसिद्धये। नात्र दार्वादिनियमो भविता द्वारमेकमुदीरितम्। तदा तदा यागकाले तोरणं स्यात् पृथक् पृथक्। यद् द्रव्यं देवसदनं तद् द्रव्येणैव कारयेत्। नात्रोपयुक्तत्वदोषो भवितात्र स्वतः क्वचित्। तत्तत्कर्मसु पार्थक्याद् द्वास्तुहोमादिकं चरेत्॥ (क्रियासार) मण्डपप्रकार प्रकृतोपयोगी तत्तत्कर्मोपयुक्तद्वादशहस्तादि विस्तारवान् प्रान्ते द्वादशभिर्मध्ये चतुर्भिश्च स्तम्भैर्विधृतः मध्योच्छ्रितश्चतुर्दिक्षु क्रमावतीर्णपटलश्चतुर्दिक्षु द्वार-तोरणवान् यथोक्तदारुसन्निवेशवान् किञ्चिदुच्छ्रितभूमिकस्तान्त्रिकाभिमतो मण्डपः।

(कुण्डस्वरूप)

तत्तत्कर्मानुरूपपरिमाणवत् मेखला-गर्त-कण्ठ-योनि-नाभिमत् अग्न्यायतनं तान्त्रिकाभिमतं कुण्डमुच्यते।

(स्थण्डिलस्वरूप)

हवनकर्मपर्याप्तो वालुकादिद्रव्यैरास्तृतश्चतुरेकाद्यङ्गुलोत्सेधो भूभागः स्थण्डिलम्। इसमें कुण्डधर्म मेखलादि कोई मानते हैं कोई नहीं मानते हैं। अतः मेखलादि कृताकृत है।

(न्यूनाधिकप्रमाण भी कुण्ड और मण्डप कर्मोपयोगी होते हैं या नहीं)

शास्त्रमे कुण्डका प्रमाण होमसंख्याके अनुसार विहित है। उसमें भी—मुष्टिमात्रमितं कुण्डं शतार्धे संप्रचक्षते। (शारदा०) एकहस्तमितं कुंड शतार्धे सम्प्रचक्षते। (शारदा०) यह दो प्रकार विहित है। सिद्धान्तशेखरमें—लक्षार्धे त्रिकरं कुंडम्—इत्यादिसे प्रकारान्तरविहित है। इसप्रकार परस्पर विरुद्ध वचनों की व्यवस्था कोटिहोमपद्धतिकार ने की है—एतत् शीघ्रदाहिघृतादिद्रव्यहोमविषयम्। तिलयवादिस्थूलद्रव्यहोमे तु होमसङ्ख्याविशेषाम्नातमेव कुंड ग्राह्यम्। घृतादि होमद्रव्यमे अल्पपरिमाण और स्थूलद्रव्यमे अधिक परिमाण का कुंड होता है। यह व्यवस्था विकल्प जहाँ दो वचनका तुल्यबलबिरोध हो वहाँ माना जाता है। 'तुल्यबलविरोधे विकल्पः'—यह शास्त्रसिद्धान्त है। वह विकल्प दो प्रकारका है—व्यवस्थितविकल्प और तुल्यविकल्प। जहाँ व्यवस्थापक कोई हो उसको व्यवस्थित कहते हैं। जहाँ व्यवस्थापक न हो उसको तुल्यविकल्प कहते हैं। जैसे—उदिते जुहोति, 'अनुदिते जुहोति' यह दो वाक्य हैं। प्रथमश्रुतिसे सूर्योदयानन्तर अग्निहोत्र विहित है और द्वितीयश्रुतिसे सूर्योदयात् प्राक् सिद्ध है। ये दोनो श्रुतियाँ अग्निहोत्र विधायक नहीं हैं। अग्निहोत्र तो—यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्—इसीसे सिद्ध है। किन्तु अग्निहोत्र का अनुवाद करके तदङ्गभूत काल विधायक ये श्रुति हैं इसीलिये इनको गुणविधि कहते हैं। यद्यपि यहाँ विधिवाचक लिङ्गादि नहीं है। तथापि लट्का लिङ्गत्वेन विपरिणाम होता है। इन दोनों श्रुतियों का परस्परविरोध होने पर दोनों तुल्यबल हैं अतः विकल्पका आश्रयण होता है। वह भी जिनके सूत्रमें उदितहोम विहित है उनको उदित होमी होना चाहिये और जिनके सूत्र में अनुदितहोम विहित है उनको अनुदितहोम करना चाहिये। यह व्यस्थित विकल्प है। अतिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति नातिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति इत्यादि मे ब्यवस्थापक न होनेसे तुल्यविकल्प है। अतः अतिरात्रयाग मे षोडशिग्रह ग्रहण ऐच्छिक है। प्रकृतमें कुंडके विषय में न्यूनाधिक व्यवस्थित परिमाण प्रतिपादक वाक्यों में व्यवस्थापक गुरुलघुद्रव्यादि हैं अतः विकल्प माना जाता है। इस प्रकार यावत्संख्याक होममें यावत्परिमाण कुंड विहित है वहाँ उसमें न्यूनाधिक परिमाणवाला कुंड न्यूनाधिक कुंड कहा जाता है। एतादृश न्यूनाधिक परिमाण कुंडका भी कहीं कहीं उपयोग होता है। न्यूनसंख्योदिते कुंडेऽधिको होमो विधीयते। अनुक्तकुंडो न्यूनस्तु नाधिके शस्यते क्वचित्। (कोटिहोमप०) न्यूनसंख्यावाले कुंड में अधिक हवन होता है अधिक संख्यावाले कुंड में न्यूनहवन नहीं होता है। इसीप्रकार अधिक कुंड में न्यूनहोम भी कहीं अभिमत है। कोटिहोमपद्धति में—न्यूनसंख्येऽपि स्थूलद्रव्यपरिमाणाधिक्यादावधिकसंख्योक्तमपि कुंड भवति। अर्थात्परिमाणम्—इति कात्यायनोक्तेः। न्यूनसंख्य होम में भी अधिकहोमसंख्यावाला कुंड होता है—यह लिखा है। कुंडरत्नावली में भी आहुति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तारतम्यसे कुंडविस्तार कहकर अन्तमें कहा है कि—कुंडव्यवस्था पृथुसूक्ष्ममानाद् द्रव्यस्य कार्या सुधिया सुधीभिः। कुंड व्यवस्था द्रव्यके स्थूल और सूक्ष्ममानसे अपनी बुद्धिसे विद्वानों को करनी चाहिये। इससे सिद्ध होता है कि चर्वादिगुरुद्रव्य-होम मे अधिक प्रमाण भी कुंड ग्राह्य है। शताधेरत्निः स्यात्—इत्यादि वचनसे शतार्धे शत सहस्रादि हवन में कुंड का विधान सिद्ध हुआ। परन्तु शतादि आन्तरालिक संख्याकहोम में कुण्डपरिमाण कितना हो इस शंकाको दूर करने के लिये 'न्यूनसंख्यो दिते' यह वचन है। इसलिये नवशत अष्टशतादि अनुक्त कुण्डकहोम सहस्रहोमोदित कुण्ड में नहीं करना किन्तु पूर्वकथितशतसंख्याकहोमकुण्ड में ही करना यह सिद्ध होता है। इसप्रकार 'न्यूनसंख्योदिते' यह वचन अनुक्त कुंडक आन्तरालिक होम में न्यूनकुंड का विधायक हुआ। तब यही वचन अधिक कुंड में गुरुद्रव्यक न्यून होम का निषेध नहीं कर सकता है क्योंकि दो कार्य का विधान करने से वाक्यभेद दोष होता है। पूर्वार्द्ध से न्यूनकुंड में अधिक होमविधान और उत्तरार्द्ध से अधिक कुंड में न्यून होमका निषेध। विधानद्वय करने में 'अनुक्त कुंडो न्यूनस्तु' यह अनुक्त कुंडस्वरूप जो होमका विशेषण है यह बाधित होता है। कदाचित् कहैं कि—'न्यूनाधिकं न कर्तव्यं कुंडं कुर्याद्विनाशनम्' (परशुरा०) इस वचनान्तर के रहते अधिक कुंड उपादेय नहीं हो सकता है तो इसका उत्तर यह है कि—यह वचन भी प्रकृतार्थ साधक नहीं है किन्तु इस वचन का ही नाधिकाङ्ग लक्षण रहित कुंड निषेध में ही तात्पर्य है। इसवचन के पूर्व "आयामखातविस्तारायथातथं तथातथम्" यह वचन है और 'खातेऽधिके भवेद्रोगी हीने धेनुधनक्षयः" यह उत्तर वचन है। इसप्रकार पूर्वापरपर्यालोचनया अलक्षण कुंड का निषेधक ही परशुराम वचन है अधिक कुंड में अल्पाहुति का नहीं यह स्पष्ट है।

कोई विद्वान् 'अनुक्तकुंडो न्यूनस्तु नाधिके शस्यते क्वचित्' यहां क्वचित् शब्द से अधिक कुंडमात्रसे न्यूनहोमका निषेध करते हैं परन्तु वह भी ठीक नहीं है क्योंकि चार हाथके कुंडमें जिसमें दो दो हाथके चार भुजमान हैं वहाँ पर 'खातं क्षेत्रसमं प्राहुः' इत्यादि शास्त्रसे दो हाथ के खात करने पर कुंडावकाशरूप क्षेत्रफल आठ हाथ का होता है एवं द्वित्रि-हस्तादि कुंड में सर्वत्र क्षेत्रफलके आधिक्य होने पर भी द्विहस्त त्रिहस्त चतुर्हस्त कुंड यही व्यवहार प्रामाणिक करते हैं विचार करने पर तत्तद्धोम के प्रति ये भी अधिक कुंड हैं तो क्वचित् शब्दसे यदि अधिककुंडत्वावच्छिन्न में न्यूनहोम-सामान्य निषेध माना जाय तो इन कुंडों का भी निषेध हो जायगा। कोटिहोमपद्धति में स्पष्ट कहा है कि—यद्यपि द्विहस्त-त्रिहस्तादिकुंडेषु हस्तमात्रमेव खातं युक्तम् अन्यथा क्षेत्रफलाधिक्यात्। तथापि वचनादधिकमपि खातं न दोषाय। आगे चलकर लिखा है—एतेन कुंडभूतलमेव क्षेत्रफलमितिवदन्तः परास्ताः। गर्तस्य न्यूनाधिक्येऽपि भूतले प्रमाणाधिक्यन्यून-त्वाद्यसंभवात्। सिद्धस्य भूतलस्य फलत्वायोगाच्च। साध्यस्त्ववकाशः फलत्वेनाभ्युपगन्तुं युक्तम्। न च ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेतेत्यादौ सिद्धस्य स्वर्गस्य कथं फलत्वाभ्युपगम इत्यात्र शङ्कनीयम्। तत्रापि साध्यस्य कर्तृस्वर्गसंबन्धस्यैव फलत्वमिति सन्तोष्टव्यम्।

कुंडभूतल ही क्षेत्रफल है यह भी ठीक नहीं है। जिसप्रकार द्वित्रि हस्तादि कुंड में क्षेत्रफलके आधिक्य होने पर भी न्यूनहोम वचनबलसे होता है। इसीप्रकार चर्वादिगुरुद्रव्यहोम में भी अधिक कुंड ग्रहण शास्त्रकारों को अभिप्रेत है। इससे सिद्ध हुआ कि न्यूनाधिक कुंड भी वचनबलसे कहीं कर्मोपयोगी होता है। एवं न्यूनाधिक मण्डप भी कर्मोपयोगी होता है। विंशद्धस्तप्रमाणेन मंडपं कूटमेव वा (कोटिहोमप०)। लक्षणरहित मंडप को कूटमंडप कहते। यह कूटमंडप सलक्षण मंडपके अभाव में है। सलक्षणमंडपासंभवे छायामात्रं कर्तव्यम्। तत्र अपूर्वप्रयुक्तत्वाद्धर्माणां यवेष्विव व्रीहिधर्माः मंडपपूजादयोऽप्यत्र भवन्ति (कोटिहो० प०)। अलक्षण मंडप में भी यवों में व्रीहिधर्म के सदृश मंडप पूजादि होते हैं। तात्पर्य यह है कि—दर्शपूर्णमासयागमें पुरोडाश के लिये व्रीहि अभिहित हैं। व्रीहि संस्कारके लिये—व्रीहीन् प्रोक्षति। व्रीहीनवहन्ति। इत्यादि श्रुति हैं। व्रीहिके अभावमें यव गृहीत होते हैं। वहाँ यवों का भी प्रोक्षणादि संस्कार हो या नहीं इस संशय में 'व्रीहीन् प्रोक्षति' इत्यादि विधिवाक्यमें यवका ग्रहण नहीं है अतः यवका प्रोक्षणादि संस्कार न हो चाहिये ऐसा पूर्वपक्ष प्राप्त हुआ। सिद्धान्त यह है कि—व्रीहि प्रतिनिधियों का भी प्रोक्षणादि संस्कार होता है असंस्कृत द्रव्ययाग योग्य नहीं होते हैं और अङ्गकर्म से जनित अपूर्वप्रधान कर्मसाध्य परमापूर्व को उत्पन्न करते हैं वही परमापूर्व धर्म पुण्य इत्यादिशब्दों से कहा जाता है। यदि अङ्ग जन्य अपूर्व लुप्त कर दिये जाँय तो परमापूर्व विकल होगा। परमापूर्व विकल होने से स्वर्गादि इष्ट फलका साधक न होगा। इसलिये अङ्गापूर्व के लिये यवो में भी प्रोक्षणादिसंस्कार होता है। इसीप्रकार मंडपप्रतिनिधित्वेन उपादीयमान छायामंडपमें भी अपूर्वोत्पत्तिके लिये वास्तुहोम मंडपपूजादि होते हैं इससे यह सिद्ध हुआ कि छायामंडप भी कर्मोपयोगी है। इससे वह भी सिद्ध हुआ कि अलक्षणमंडपनिन्दापरक वचन सलक्षणमंडपसंभव मे अलक्षण मंडप निषेधपरक हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(स्थण्डिल का स्थान)

कुंडमेवं विधं न स्यात् स्थण्डिले वा समाचरेत्—इत्यादिप्रमाणसे स्थानापन्न स्थण्डिल का भी वही स्थान है जो कुंडका है। तत्स्थानापन्नस्तद्धर्मं लभते, स्थानधर्माणां स्थानान्यतिदेशः, कुंडस्थानापन्न स्थण्डिल भी कुंडस्थानमें ही होता है स्थानान्तर में नहीं। सोमाभावे पूतीकानभिश्रुणुयात्—इत्यादि स्थलमे सोम स्थानापन्न पूतीकाओं में भी क्रय अप्यायनादि सब धर्म होते हैं। अतः हवन प्रधानकर्म में एक कुंडपक्षमें मध्यमें कुंड होना निश्चित है तो कुंडाभाव में स्थण्डिल भी मध्यमें ही होगा। यदि मध्यमें कुंड है और १०० । २०० आहुति भी मंडप में करना है तब भी मध्यस्थित कुंड में अधिक प्रमाण में भी वह होना उचित है। कुंडपार्श्व में स्थण्डिलनिर्माण करके नहीं है।

त्रिदलपद्मकुण्ड



पञ्चदल पद्मकुण्ड



चतुर्दल पद्म कुण्ड



षड्दल पद्मकुण्ड



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

सप्तदल पद्मकुण्ड



अष्टदल पद्मकुण्ड



नवदल पद्मकुण्ड



दशदल पद्मकुण्ड



CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एकादशदल पद्मकुण्ड



द्वादशदल पद्मकुण्ड



षोडशदल पद्मकुण्ड



कुण्डकल्पद्रुमोक्त प्रथम पद्मकुण्ड



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुण्डकल्पद्रुमोक्त द्वितीय पद्मकुण्ड



कुण्डकल्पद्रुमोक्त चतुर्थ पद्मकुण्ड



कुण्डकल्पद्रुमोक्त तृतीय पद्मकुण्ड



कुण्डकल्पद्रुमोक्त पंचम पद्मकुण्ड (क)



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुण्डकल्पद्रुमोक्त पंचम पद्मकुण्ड (ख)



कुण्डकल्पद्रुमोक्त षष्ठ पद्मकुण्ड



कुण्डकल्पद्रुमोक्त सप्तम पद्मकुण्ड



कुण्डकल्पद्रुमोक्त चतुर्दल पद्मकुण्ड



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुण्डतत्त्वप्रदीप का पद्मकुण्ड (क)



कुण्डतत्त्वप्रदीप का पद्मकुण्ड (ख)



(कुण्डसिद्धि के अनुसार पद्मकुण्ड)



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF













Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF













Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(चतुरस्रोपरि–अष्टकोण)

ग्रन्थ नाम	बाह्यचतुरस्रभुज	अन्तश्चतुरस्रभुज	त्र्यस्रभुज	त्र्यस्रलंब	क्षेत्रफल
कुण्डमरीचिका	२८।३।२	२२।३।५।२	६।२।३।२	४।५।१।५	५६०
कुण्डार्णव	२८।४	२२।४।२	६।२।७	४।५।३।४	५०४

(अन्यषडस्रकुण्ड)

ग्रन्थ नाम	पूर्वापर विस्तार	दक्षिणोत्तर विस्तार	पूर्वापरभुज	अन्यभुज	क्षेत्रफल
कुण्डदर्पण	२४	३०	१८	१३।३।२	५७६
कुण्डार्णव	२६।३	३०।२	१५।१	१५।१	५६४
कुण्डतत्वप्रदीप	२५।५।२		१४।६।७	१४।६।७	५७६
रामवाजपेयी	२६।३	३०।२	१५।१	१५।१	५६४

(षट्कोण)

ग्रन्थ	दक्षिणोत्तरदैर्घ्य	समत्र्यस्रभुज	त्र्यस्रलंब	लघुलंब	लघुभुज	क्षेत्रफल
कुण्डमरीचिका	३०	३२	२०	१०	१६	५६०
कुण्डप्रदीप	३६।३।४	३१।४।४	२७।२।५	६।०।३।४	१०।४।१	५७५
कुण्डोदधि	३६।३।४	३१।४।४	२७।२।५	६।०।३।४	१०।४।१	५७५

(सप्तकोणकुण्ड)

ग्रन्थ—	व्यास	अन्तः सप्तास्रभुज	शर	क्षेत्रफल
कुण्डमार्तण्ड	३३।१।२	९।७।७	६।१।५	५७९
कुण्डरत्नाकर	३३।०।२।२	९।७।२।४	६।१।६।३	५७३
रामवाजपेयी	३३।०।७।२	९।७।२।४	६।१।६।३	५७३

(सप्तास्रकुण्ड)

ग्रन्थ—	व्यास	भुज	क्षेत्रफल
कुण्डमार्तण्ड	२९	१२।४।५	५७१
कुण्डमरीचिका	२८।५।४	१२।७।३	६०५
कुण्डप्रदीप	२८।६	१२।२	५४६
कुण्डरत्नाकर	२९।२।४	१२।६।६	५९९
कुण्डार्णव	२८।५।२	१२।७	६०२
कुण्डतत्वप्रदीप	२८।६।४।१	१२।७।५।६	५८८

(पञ्चास्रकुण्ड)

ग्रन्थ—	व्यास	भुज	क्षेत्रफल
कुण्डदर्पण	३०।६।७	१८।४	५८८
कुण्डमार्तण्ड	३१।:।२	१८।२।४	५७६
कुण्डमरीचिका	३०।६	१८।४।१।४	५८६
कुण्डरत्नाकर	३०।७।४	१८।१।२	५६७
कुण्डार्णव	३०।७	१८।४।२	५९०
कुण्डतत्वप्रदीप	३०।७।१।१	१८।४।२।२	५९१
रामवाजपेयी	३०।७।२	१८।४।२	५७७

(पञ्चकोणकुण्ड)

ग्रन्थ—	बाह्यवृत्तव्यास	अन्तर्वृत्तव्यास	त्र्यस्रार्ध	क्षेत्रफल
कुण्डप्रदीप	३७	२२	११।५	५९८

ग्रन्थ—	व्यास	भुज	क्षेत्रफल
कुण्डमार्तण्ड	४५।२।३	२६।५	५८१

(वृत्तान्तर्गत अष्टकोण)

नाम	व्यास	महद्भुज	लघुभुज	क्षेत्रफल
कुण्डमार्तण्ड	३७।२।२	१४।२।०।३	१०।०।५।१	५७४
कुण्डोदधि	३७।२।२	१४।३।२	१०।१।४	५८८

नाम	व्यास	चतुरस्रभुज	क्षेत्रफल
कुण्डतत्वप्रदीप	३१।२।७	२२।१।४	५७५
रामवाजपेयी	३२।०।५	२२।०।३	५७७

(चतुरस्रोपरि–अष्टकोण)

ग्रन्थ	विस्तार	भुज	भुज	क्षेत्रफल
कुण्डदर्पण	२८।२।७	१४।१।३।४	७।०।६।६	६००
कुण्डकौमुदी	२६।३	१४।७	५।६	५६३
कुण्डरत्नाकर	२६।३	१४।७	५।६	५६३

	चतुरस्रभुज	त्र्यस्रलंब	त्र्यस्रार्ध	क्षेत्रफल
कुण्डप्रदीप	२२	४	५।६	५५०

	बाह्यचतुरस्रभुज	अष्टास्रभुज	क्षेत्रफल
कुण्डतत्वप्रदीप	२६।३।१	१०।७।१	५७७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(वृत्तान्तर्गत समषडस्रकुण्ड)

नाम	व्यास	व्यासार्ध	क्षेत्रफल
कुण्डमार्तण्ड	२६।६।४	१४।७।२	५७७
कुण्डकौमुदी	२६।६।२	१४।७।१	५७६
कुण्डरत्नाकर	२६।६।२	१४।७।१	५७६
कुण्डार्णव	२६।६।२	१४।७।१	५७६
कुण्डोद्योत	२६।६।४	१४।७।२	५७७

(वृत्तान्तर्गत–अष्टास्रकुण्ड)

ग्रन्थ	व्यास	भुज	क्षेत्रफल
कुंडमार्तण्ड	२८।४।६	१०।७।४	५७७
कुंडकौमुदी	२८।२	१०।६।१।३	५६४
कुंडरत्नाकर	२८।४।६	१०।७।४।३	५७८
कुंडार्णव	२६	११।०।६	५६४
कुंडोद्योत	२८।४	१०।७।१	५७६

(अर्धचन्द्रकुण्ड)

पुस्तक नाम	व्यास	क्षेत्रफल
कुंडदर्पण	३८।२	५७४
कुंडमार्तण्ड	३८।२।३।२	५७६
कुंडकौमुदी	३८।२।०।४	५७५
कुंडमरीचिका	३८।२	५७१
कुंडप्रदीप	३८।२।४	५७६
कुंडोदधि	३८।२।४	५७६
कुंडरत्नाकर	३८।२।३।१	५७६
	३७।२।४	५४६
कुंडार्णव	३८।१	५७१
कुंडोद्योत	३८।२।३	५७६
कुंडतत्वप्रदीप	३८।२।४	५७६
रामवाजपेयी	३८।१	५७१

(वृत्तकुण्ड)

नाम	व्यास	क्षेत्रफल
कुंडदर्पण	२७	५७२
कुंडमार्तण्ड	२७।०।५।२	५७६
कुंडकौमुदी	२७।०।५।१	५७६
कुंडप्रदीप	२७	५७२
कुंडोदधि	२७।०।४	५७५
		५७५
	२७।०।५।२	५७६
कुंडरत्नाकर	२६।६।५	५५८
कुंडार्णव	२७	५७२
कुंडोद्योत	२७।०।५।२	५७६
कुंडतत्वप्रदीप	२७।०।६	५७६
रामवाजपेयी	२७	५७२

(त्र्यस्रकुण्ड)

	भुज	लंब	क्षेत्रफल
कुंडदर्पण	३६	३२।६	५८६
कुंडमार्तण्ड	३६	३२	५७६
कुंडकौमुदी	३६।२	३१।३।२	५६६
कुंडमरीचिका	३३।७	३४	५७६
कुंडप्रदीप	३६।४	३१।५	५७७
कुंडोदधि	३६।४	३१।५	५७७
	३६।३।६।२	३१।४।५	५७६
कुंडरत्नाकर	३२	३६	५७६
	३५।४	३१।२।२।६	५५५
कुंडार्णव	३४	३३।६	५७८
कुंडोद्योत	३६।३।६	३१।५	५७६
कुंडतत्वप्रदीप	३६।२	३१।४।४	५७२
रामवाजपेयी	३४	३३।६	५७८

(योनिकुण्ड–गजोष्ठात्मिका)

ग्रन्थ	दैर्घ्य	वृत्तार्ध व्यास	क्षेत्रफल
कुंडदर्पण	२८।६	१४।३	५७५
कुंडमरीचिका	२८।६	१४।३	५७५
कुंडप्रदीप	३०।२।४	१५।१।२	५७८
कुंडोदधि	३०।२।४	१५।१।२	५७८
कुंडार्णव	२८।६	१४।३	५७५
कुंडतत्वप्रदीप	२८।४।६	१४।६।२	५७१
राम वाजपेयी	२८।६	१४।३	५७५

(योनीकुण्ड-अश्वत्थपत्रात्मिका)

ग्रन्थ	दैर्घ्य	विस्तार	क्षेत्रफल
कुंडमार्तंड	२६।१।२	२४	५७६
कुंडकौमुदी	२६।१।१।५	२४	५७६
कुंडरत्नाकर	२६।१।१।५	२४	५७६
कुंडार्णव	२८।६।३	२४	५७१
कुंडोद्योत	२६।१।२	२४	५७६
कुंडतत्वप्रदीप	२६।१।२	२४	५६६
कुंडांकुश	२६	२४	५७४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

किन्तु 'एकादश्यां न भुञ्जीत पक्षयोरुभयोरपि।' इत्यादिनिषेधस्य मलमासेऽपि पालनीयत्वात् कृष्णैकादश्यां पुत्रवद्गृहिण इवार्थादुपवासः प्रसज्यते। न त्विह तथेति व्रतत्वेन प्राप्तिर्वाच्या। सा च निषिद्धेत्यप्रसङ्गः। स्पष्टमासविशेषाख्याविहितं वर्जयेन्मले। इति निषेधाच्च। एवं जन्माष्टम्यादावपि बोद्धव्यम्। इति रामनवमी।

किन्तु दोनों पक्षों की एकादशी में भोजन नहीं करना चाहिये। इत्यादि निषेधका मलमास में भी पालन करना योग्य है। कृष्णपक्ष की एकादशी में पुत्रवत् गृहस्थों की तरह अर्थात्—उपवास प्राप्त होगा। ऐसी बात यहाँ पर नहीं है व्रत के करने से प्राप्ति कहोगे तो वह निषिद्ध है। अतः यहाँ उसका (रामनवमी का) प्रसंग नहीं है।

जिसका मास विशेष स्पष्ट न हो उसे मलमासमें वर्जित करे। ऐसा निषेध भी है। इसतरह जन्माष्टमी आदि में भी जानना चाहिये।

(अथ दोलोत्सवः)

चैत्रशुक्लैकादश्यां दोलोत्सव उक्तो ब्राह्मे—चैत्रमासस्य शुक्लायामेकादश्यां तु वैष्णवैः।
आन्दोलनीयो देवेशः सलक्ष्मीको महोत्सवैः॥ इति।

ब्रह्मपुराण में कहा है कि—चैत्र शुक्लपक्ष की एकादशीतिथि में दोलोत्सव (पालना) कहा है। चैत मास के शुक्लपक्ष की एकादशीतिथि में वैष्णव लक्ष्मी के साथ देवेश (विष्णु) को महोत्सवों में झूले पर झुलावे।

(अथ दमनोत्सवः)

चैत्रशुक्लद्वादश्यां दमनोत्सवः। द्वादश्यां चैत्रमासस्य शुक्लायां दमनोत्सवः।
बौधायनादिभिः प्रोक्तः कर्तव्यः प्रतिवत्सरम्॥ इति रामार्चनचन्द्रिकोक्तेः।

चैत्रशुक्ल द्वादशी में दमनोत्सव करे। रामार्चनचन्द्रिका में कहा है कि—चैत्र शुक्ल द्वादशीतिथि में बौधायन आदि के कथनानुसार हरसाल दमनोत्सव (झूला) करना चाहिये।

उर्जे व्रतं मधौ दोला श्रावणे तन्तुपूजनम्।
चैत्रे च दमनारोपमकुर्वाणो व्रजत्यधः॥ इति तत्रैव पाद्मवचनाच्च।

वहीं पर पद्मपुराण का वचन है कि कार्तिक में व्रत, चैत्र में दोला (झूला), श्रावण में तन्तु (डोरा) पूजन और चैत्र में दमनारोप (दौना चढ़ाना) नहीं करनेवाले का अधःपतन होता है।

शिवभक्तादिभिस्तु चतुर्दश्यादौ कार्यम्। तत्र स्यात्स्वीयतिथिषु वह्न्यादेर्दमनार्पणम्। इति तत्रैवोक्तेः।

शिवभक्तादि तो चतुर्दशी आदि में करे। वहाँ पर कहा है कि—अपनी तिथियों में अग्नि आदि का दमनार्पण करे।

(ज्योतिःप्रकाशेऽपि—स्वस्वदेवप्रतिष्ठायां मन्त्रसंग्रहणे तथा।
पवित्रदमनारोपे ग्राह्या तत्तत्तिथिर्बुधैः॥)

ज्योतिषःप्रकाश[1] में भी कहा है कि—देवताओं की अपनी अपनी प्रतिष्ठा में, मन्त्र ग्रहण में, पवित्रारोपण तथा दमनारोपण में उन उन तिथियों को विद्वान् ग्रहण करें।

तिथयस्तु—वह्निर्विरञ्चिर्गिरिजा गणेशः फणी विशाखो दिनकृन्महेशः।
दुर्गाऽन्तको विश्वहरिः स्मरश्च शर्वः शशी चेति तिथीषु पूज्याः॥ इत्युक्ताः।

तिथियों का वर्णन यों है—प्रतिपदातिथि में—अग्निदेव, द्वितीयातिथि में—विरञ्चि (ब्रह्मा), तृतीया तिथि में—गिरिजा (पार्वती), चतुर्थी तिथि में—गणेश, पञ्चमी तिथि में—फणी (सर्प), षष्ठीतिथि में—

१—छिका हुआ अंश हस्तलिखित पुस्तक में नहीं है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विशाख (स्वामी कार्तिकेय), सप्तमीतिथि में—दिनकृत (सूर्य), अष्टमीतिथि में महेश (शिव), नवमीतिथि में—दुर्गा, दशमीतिथि में—अन्तक (यम), एकादशीतिथि में—विश्व (विश्वेदेवा), द्वादशीतिथि में—हरी, त्रयोदशीतिथि में—स्मर (कामदेव), चतुर्दशीतिथि में—शर्व (शिव) तथा पूर्णिमातिथि में चन्द्रमा का पूजन करे।

(दमनारोपणविधिः)

अथागमोक्तदीक्षावतो दमनारोपणविधौ रामार्चनचन्द्रिकायाम् । तत्रैकादश्याम्—

अथ मे विघ्नो भवेदत्र कुरु नाथ दयां मयि ॥
क्रियालोपविघातार्थं यत्त्वया विहितं प्रभो। न मे विघ्नो भवेदत्र कुरु नाथ दयां मयि ॥
सर्वथा सर्वदा विष्णो मम त्वं परमा गतिः । उपवासेन त्वां देव तोषयामि जगत्पते ॥

अनन्तर आगमोक्तदीक्षावालों को दमनारोपणविधि—रामार्चनचन्द्रिका में कहा है—हे प्रभो, उस एकादशीतिथि में क्रियालोप के विघात के लिये जो तुमने विधान कहा है। यहाँपर वह विघ्न मुझे न हो। हे नाथ, मेरे पर दया करो। हे विष्णो, सर्वदा सबप्रकार से तुम मेरी गति हो। हे जगत्पते, हे देव, तुमको उपवास के द्वारा प्रसन्न करता हूँ।

कामक्रोधादयोऽप्येते न मे स्युर्व्रतघातकाः । अद्यप्रभृति देवेश यावद्वैशेषिकं दिनम् ॥
तावद्रक्षा त्वया कार्या सर्वस्यास्य जगत्पते ।

काम, क्रोध आदि मेरे व्रत में घातक न हों। आज से लेकर जबतक विशिष्ट दिन हो तबतक हे देवेश, आप सब संसार (जगत) की रक्षा करें।

इति देवं सम्प्रार्थ्य दमनमादाय पञ्चगव्येन प्रोक्ष्य वारिणा प्रक्षाल्याशोकमूले देवाग्रे वा—
अशोकाय नमस्तुभ्यं कामस्त्रीशोकनाशन। शोकार्तिं हर मे नित्यमानन्दं जनयस्व मे ॥ इत्यशोकम्,

इसप्रकार देवता की प्रार्थनाकर दमन को लेकर पञ्चगव्य से प्रोक्षणकर जल के द्वारा प्रक्षालनकर अशोक के मूल (जड) में या देव के अग्रभाग में रख दे।

कामस्त्रीशोकनाशन—कामदेव की पत्नी के शोक का नाश करनेवाले अशोक के लिए नमस्कार है। मेरे शोकरूपी दुःख का हरण करो। मुझे नित्य आनन्द को देते रहो।

त्रुट्यादिकालपर्यन्तः कालरूपो महाबलः ।
कलते चैव यः सर्वं तस्मै कालात्मने नमः ॥ इति कालम्,

त्रुट्यादि कालपर्यन्त महाबली कालरूप सबको धारण करनेवाले तथा विनाश करनेवाले उस काल स्वरूप को नमस्कार है।

वसन्ताय नमस्तुभ्यं वृक्षगुल्मलताश्रय ।
सहस्रमुखसंवास कामरूप नमोऽस्तु ते ॥ इति वसन्तम्,

हे वृक्ष, गुल्म (तृणस्तंभ) लताश्रय (लता में आश्रय करनेवाले) हजारों प्रकार के सुख से निवास करनेवाले हे कामस्वरूपवसन्त, तुमको नमस्कार है।

कामभस्मसमुद्भूत रतिवाष्पपरिप्लुत ।
ऋषिगन्धर्वदेवादिविमोहक नमोऽस्तु ते ॥ इति दमनं च सम्पूज्य—

कामदेव की भस्म से पैदा हुए, रति के वाष्प (आंसुओं से संयुक्त) ऋषि, गन्धर्व, देवादिकों को मोहन करनेवाले तुमको नमस्कार है। इसप्रकार दमनक की पूजाकरे।

नमोऽस्तु पञ्चबाणाय जगदाह्लादकारिणे । मन्मथाय जगन्नेत्रे रतिप्रीतिप्रियाय ते ॥

इति दमनमुपस्थाय 'ॐ कामाय नमः' इति सम्पूज्य निशायां देवताग्रे पञ्चवर्णैः चन्दनेन वा अष्टदलं कृत्वा बहिश्चतुरस्रं तद्बहिर्वर्तुलत्रयं तद्बहिर्वृत्तं चतुरस्रं च कृत्वा तत्र कुम्भं संस्थाप्योपरि वस्त्रेऽष्टदले दमनं पूजयित्वा—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संसार को आह्लादित (प्रसन्न) करनेवाले, मन्मथ के लिए, संसार के नेता और रतिप्रीतिप्रिय के लिये नमस्कार है। इसप्रकार दमनक का उपस्थान करे। 'ॐ कामाय नमः' इस मन्त्र द्वारा पूजनकर रात्रि में देवता के आगे पांच वर्णों (पांच तरह के रंगों) से या चन्दन से अष्टदल को करे—उसके बाहर चतुरस्र बनावे, उसके बाहर के भाग में तीन वर्तुल (तीन गोलाकार) उसके बाहर वृत्त और चतुरस्र बनाकर उसमें कुंभ का स्थापनकर उसके ऊपर वस्त्र में अष्टदल बनाकर दमनक का पूजन करे।

पूजार्थं देवदेवस्य विष्णोर्लक्ष्मीपते प्रभो। दमन त्वमिहागच्छ सान्निध्यं कुरु ते नमः॥

'ॐ क्लीं कामदेवाय नमः। ॐ ह्रीं रत्यै नमः। इत्यावाह्य दिक्षु पूर्वादितः क्लीं कामाय नमः। (बीजादि नमोऽन्तं सर्वत्र) भस्मशरीराय नमः। अनङ्गाय नमः। मन्मथाय नमः। वसन्तसखाय नमः। स्मराय नमः। इक्षुचापाय नमः। पुष्पास्त्राय नमः। इति पूजयित्वा 'ॐ तत्स्वरूपाय विद्महे कामदेवाय धीमहि। तन्नोऽनङ्गः प्रचोदयात्॥ इत्यष्टोत्तरशतं संमन्त्र्य पूजयित्वा 'ह्रीं नमः' इति पुष्पाञ्जलिं दत्वा—

विष्णो, हे लक्ष्मीपते, हे प्रभो, देवताओं के देव (मालिक) पूजा के लिये हे दमन, आप यहाँ पर आवें तथा समीप में हों। आपको नमस्कार है।

ॐ क्लीं कामदेवाय नमः ? ॐ ह्रीं रत्यै नमः ? इन दोनों मन्त्रों से आवाहनकर पूर्वदिशा में ॐ क्लीं कामाय नमः १ अग्निकोण में—ॐ भस्मशरीराय नमः २ दक्षिणदिशा में—ॐ अनङ्गाय नमः ३ नैर्ऋत्यकोण में—ॐ मन्मथाय नमः ४ पश्चिमदिशा में—ॐ वसन्तसखाय नमः ५ वायव्यकोण में—ॐ स्मराय नमः ६ उत्तरदिशा में—ॐ स्मराय नमः ७ ईशानकोण में—ॐ इक्षुचापाय नमः १ ॐ पुष्पास्त्राय नमः २ ।८। इस प्रकार पूजन करके 'ॐ तत्स्वरूपाय विद्महे कामदेवाय धीमहि। तन्नोऽनङ्गः प्रचोदयात्॥ इसको एक सौ आठ बार जपकर तथा पूजनकर 'ॐ ह्रीं नमः' इस मन्त्र से पुष्पाञ्जलि देकर।

नमोऽस्तु पुष्पबाणाय जगदाह्लादकारिणे। मन्मथाय जगन्नेत्रे रतिप्रीतिप्रियाय ते॥ इति नत्वा—

आमन्त्रितोऽसि देवेश पुराणपुरुषोत्तम। प्रातस्त्वां पूजयिष्यामि सन्निध्यं कुरु केशव॥

क्षीरोदधिमहानागशय्यावस्थितविग्रह । प्रातस्त्वां पूजयिष्यामि सन्निधौ भव ते नमः॥

निवेदयाम्यहं तुभ्यं प्रातर्दमनकं शुभम्। सर्वदा सर्वथा विष्णो नमस्तेऽस्तु प्रसीद मे॥

पुष्पबाण के लिये, जगत् को आह्लाद करनेवाले, मन्यमथरूप के लिए, संसार के नेत्ररूप के लिए तथा रति के प्रियरूप को नमस्कार है। इसप्रकार नमस्कार करके देवेश, हे पुराणपुरुषोत्तम, मैं तुम्हारा आमन्त्रण करता हूँ क्योंकि प्रातःकाल तुम्हारा पूजा करूँगा। अतः हे केशव, सान्निध्य करो। मैं तुम्हारे लिए निवेदन करता हूँ। प्रातःकाल हे विष्णो, सर्वदा तुमको नमस्कार है। मेरे ऊपर प्रसन्न हों।

इति देवं संप्रार्थ्य पुष्पाञ्जलिं दत्वा अस्त्रेण चक्रमन्त्रेण वा रक्षां कुर्यात्। ततः प्रातर्नित्यपूजां कृत्वा पुनर्देवं सम्पूज्य दूर्वागन्धाक्षतयुक्तं दमनमादाय मूलमन्त्रं पठित्वा–

इसप्रकार देवता से प्रार्थनाकर पुष्पाञ्जलि देकर अस्त्र से या चक्र मन्त्र से रक्षा करे। तदनन्तर प्रातःकाल नित्य पूजाकर फिर से देवता की पूजाकर गन्ध, दूर्वा तथा अक्षत (चावल) से युक्त दमन को लेकर मूलमन्त्र को पढ़कर—

देवदेव जगन्नाथ वाञ्छितार्थप्रदायक। हृदिस्थान् पूरयेः कामान्मम कामेश्वरीप्रिय॥

हे देवदेव, हे जगन्नाथ, हे वाञ्छितार्थप्रदायक, हे कामेश्वरीप्रिय, मेरे हृदयस्थ इच्छाओं को पूरण करो।

इदं दमनकं देव गृहाण मदनुग्रहात्। इमां सांवत्सरीं पूजां भगवन्परिपूरय॥ इति मन्त्रान्ते पुनर्मूलमन्त्रेण देवे समर्पयेत्।

हे देव, इस दमन को मेरे अनुग्रह से ग्रहण करो। हे भगवन्, इस सांवत्सरी (अर्थात् प्रतिवर्ष होनेवाली) पूजा को पूरण करो। इसप्रकार मन्त्रान्त में फिर से मूल मन्त्र से देवता के लिए समर्पण करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ततोऽङ्गदेवताभ्यः स्वस्वमन्त्रेण दत्त्वा प्रार्थयेत्—मणिविद्रुममालाभिर्मन्दारकुसुमादिभिः ।
इयं सांवत्सरी पूजा तवास्तु गरुडध्वज ॥

तदनन्तर अंगदेवताओं के लिए अपने अपने मन्त्र से देकर प्रार्थना करे—हे गरुड़ध्वज, मणि, विद्रुम, माला, मन्दार, कुसुम आदियों से यह सांवत्सरी पूजा तुम्हारी हो।

वनमालां यथा विष्णो कौस्तुभं सततं हृदि । तद्वद्दामनकीं मालां पूजां च हृदये वह ॥

जैसे विष्णु के हृदय में वनमाला तथा कौस्तुभमणि निरन्तर रहता है उसीतरह दामन की माला (सुगन्धित वनस्पति की माला) और पूजा को हृदय में वहन करो।

जानताऽजानता वाऽपि न कृतं यत्तवार्चनम् । तत्सर्वं पूर्णतां यातु त्वत्प्रसादाद्रमापते ॥

जानकर या नहीं जानकर जो तुम्हारा पूजन नहीं किया है। हे उमापते, तुम्हारे प्रसाद से वह सब पूर्णता को प्राप्त हो।

जितं ते पुण्डरीकाक्ष नमस्ते विश्वभावन । नमस्तेऽस्तु हृषीकेश महापुरुषपूर्वज ॥

हे पुण्डरीकाक्ष, तुम्हारा जय हो, हे विश्वभावन, तुमको नमस्कार है, हे हृषीकेश, हे महापुरुषपूर्वज, तुमको नमस्कार है।

'मन्त्रहीनम्'—इति च सम्प्रार्थ्य पञ्चोपचारैः पुनः सम्पूज्य पारयेदिति । दीक्षारहितानां तु नाम्नैव समर्पणम् । अत्र च द्वादशीमतन्त्रीकृत्य पारणाहे ग्राह्यम् ।

मन्त्रहीनं क्रियाहीनं विधिहीनं च यद् भवेत् । तत्सर्वं क्षम्यतां देव प्रसीद परमेश्वर ।। इस मन्त्र से प्रार्थनाकर पञ्चोपचार से फिर से पूजनकर नीराजना को कर पार लगे। दीक्षारहितों का तो नाम मन्त्रों से ही समर्पण करे। यहाँ पर द्वादशी (तिथि) को अतन्त्री (न त्यागकर) कर पारणादि ग्रहण करे।

पारणाहे न लभ्येत द्वादशी घटिकाऽपि चेत् । तदा त्रयोदशी ग्राह्या पवित्रदमनार्पणे ॥ इति तत्रैवोक्तेः ।

पारणा के दिन में यदि द्वादशी एक घड़ी भी न प्राप्त हो तो पवित्र दमनार्पण में तो त्रयोदशी (तिथि) ग्रहण करे। यह बात वहाँ पर ही कही है।

गौणोऽपि काल उक्तस्तत्रैव—हरौ न दमनारोपः स्यान्मधौ विघ्नतो यदि ।
वैशाखे श्रावणे वाऽपि तत्तिथौ स्यात्तदर्पणम् ॥

गौणकाल भी वहींपर ही कहा है कि चैत्रमास की द्वादशीतिथि में यदि विघ्न उपस्थित हो जाय तो वैशाख या श्रावण मास में उस तिथि में उसको अर्पण करना चाहिये।

श्रावणावधिशुक्रास्ते कर्तव्यमिति नारदः । इति पाठान्तरम् । इदं च मलमासे न कार्यम् ।

नारद का कहना कि—श्रावणमास की अवधि तक शुक्रास्त में भी करना चाहिये। यह पाठान्तर है और इसको मलमास में नहीं करे।

उपाकर्मोत्सर्जनं च पवित्रदमनार्पणम् । इति कालादर्शे मलमासवर्ज्येषु परिगणनात् ।

कालादर्श में लिखा है कि—उपाकर्म, उत्सर्जन, पवित्रार्पण और दमनार्पण इनका मलमास से अतिरिक्त महीनों में परिगणन है।

उपाकर्म च हव्यं च कव्यं पर्वोत्सवं तथा । उत्तरे नियतं कुर्यात्पूर्वे तन्निष्फलं भवेत् ॥ इति माधवीये प्रजापतिवचनाच्च । शुक्रास्तादौ तु कार्यमेव पूर्वोक्तवचनात् ।

माधवीय में प्रजापति का भी वचन है कि—उपाकर्म, हव्य, (देवताओं का हविर्द्रव्य) कव्य (पितरों का द्रव्य) और पर्वोत्सव उत्तर (शुद्धमास) में निश्चित करे। उसी को पूर्व (मलमास) में करने से निष्फल होता है। पूर्वोक्त वचन से शुक्रास्त आदि में तो करना ही चाहिये।

उपाकर्मोत्सर्जनं च पवित्रदमनार्पणम् । ईशानस्य बलिं विष्णोः शयनं परिवर्तनम् ॥ कुर्याच्छुक्रस्य च गुरोर्मौढ्येऽपीति विनिश्चयः । इति ज्योतिर्निबन्धे वृद्धगार्ग्यवचनाच्च । इति दमनारोपः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्योतिर्निबन्ध में वृद्धगार्ग्य का वचन है कि--उपाकर्म, उत्सर्जन, पवित्रार्पण तथा दमनार्पण, ईशानबलि, विष्णु का शयन तथा परिवर्तन (करवट बदलना भाद्रशुक्ला द्वादशी को होता है) शुक्र और गुरु के अस्त में भी निश्चय करे।

(अथानङ्गव्रतम्)

चैत्रशुक्लत्रयोदश्यामनङ्गव्रतम्। (हेमाद्रौ भविष्ये—
चैत्रोत्सवे सकललोकमनोविनोदे कामं त्रयोदशतिथौ च वसन्तयुक्तम्।
पत्न्या सहार्च्य पुरुषप्रवरोऽथ योषित्सौभाग्यरूपसुतसौख्ययुतः सदा स्यात् ॥)

चैत्रशुक्ल त्रयोदशी में अनङ्गव्रत हेमाद्रि में भविष्यपुराण का मत है कि--संपूर्ण संसार के मन को आनन्द देनेवाले कामत्रयोदशीतिथि में और पत्नी (रति) वसन्त के सहित पूजनकर श्रेष्ठ पुरुष तथा स्त्री सदा सौभाग्यरूप एवं पुत्र सुख से संपन्न रहते हैं।

तत्र सा पूर्वा ग्राह्या। 'त्रयोदशतिथिः पूर्वः सितः' इति दीपिकोक्तेः। चैत्रशुक्लचतुर्दशी पूर्वा ग्राह्या।

उसमें यह पूर्वा[२] ग्रहण करे। दीपिका में कहा है कि--त्रयोदशीतिथि शुक्लपक्ष की पूर्वा ले और चैत्र शुक्लपक्षकी चतुर्दशी पूर्वा (दमनपवित्ररोपणादि में) ग्रहण करे।

मधोः श्रावणमासस्य शुक्ला या तु चतुर्दशी। सा रात्रिव्यापिनी ग्राह्या नान्या शुक्ला कदाचन ॥ इति हेमाद्रौ बौधायनोक्तेः। 'परा पूर्वाह्णगामिनी' इति वा पाठः। अत्र केचित् यथाश्रुतमेवार्थं वर्णयन्ति।

हेमाद्रि में बौधायन ने कहा है कि—चैत्रमास की और श्रावण मास के शुक्लपक्ष की जो चतुर्दशी है वह रात्रिव्यापिनी ग्रहण करे और अन्य शुक्लपक्ष की कभी भी ग्रहण न करे।

या पूर्वाह्णगामिनी परा (मासान्तरवर्तिनी शुक्ला पूर्वाह्णव्यापिनी उत्तराविद्धा) ले यह पाठ है। कोई यहाँ पर यथाश्रुत अर्थ ही का वर्णन करते हैं।

निशि भ्रमन्ति भूतानि शक्तयः शूलभृद्यतः। अतस्तत्र चतुर्दश्यां सत्यां तत्पूजनं भवेत् ॥ इति ब्रह्मवैवर्तात्। हेमाद्रिमाधवादिलिखनमप्येवम्।

ब्रह्मवैवर्तपुराण का मत है कि—रात्रि में भूत, शक्ति तथा शूलधारी-महादेव भ्रमण करते हैं। अतः उस चतुर्दशी के रहने पर ही उनका पूजन करे। इसमें हेमाद्रि माधव आदि का लेख भी यही है।

सम्प्रदायविदस्त्वाहुः—चतुर्दशी तु कर्तव्या त्रयोदश्या युता विभो। इति स्कान्दमुत्सर्गः।

सांप्रदाय के जाननेवालों का कहना है कि--हे विभो, त्रयोदशी से युक्त चतुर्दशी करना चाहिये। यह स्कन्दपुराण का उत्सर्ग[३] है।

तदपवादश्च–तृतीयैकादशी षष्ठी शुक्लपक्षे चतुर्दशी। पूर्वविद्धा न कर्तव्या कर्तव्या परसंयुता ॥ इति नारदीयवचनम्, तदपवादश्च–मधोः श्रावणमासस्य' इति, तत्र अपवादाभावे पुनरुत्सर्गस्य

१—अत्रायं धनुश्चिह्नान्तर्गतो भागो बहुत्रानुपलब्ध्या प्राक्षिप्त इति गम्यते—इति टीकायाम्।

२—कृष्णाष्टमी बृहत्तपा सावित्री वटपैतृकी। कामत्रयोदशी रंभा उपोष्याः पूर्वसंयुताः ॥

३—उत्सर्गविधि--(सामान्यशास्त्र) होममात्र आहवनीय अग्नि में प्राप्त है। आहवनीये जुहोति। उपवाद-शास्त्र--'पदे जुहोति' यह वाक्य पद के स्थल पर अग्निरहित प्रदेश में (हिरण्यमस्मिन्निधायाऽभिजुहोत्यदित्याऽऽत्वा' इति। अस्मिन् सप्तमे पदे हिरण्यं निधाय जुहुयात्) हवन विधान करना है। अतः पदहोम विशेष्यशास्त्र है। सामान्यशास्त्र आहवनीय को बाधा करता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्थितिः इति न्यायेन पूर्वविद्धैव ग्राह्येति सिद्धयति। ब्रह्मवैवर्तं तु सामान्यरूपमन्यत्र सावकाशमिति। तेन पूर्वदिने मुहूर्तत्रयवेधे पूर्वा अन्यथोत्तरेति। चैत्रपूर्णिमा सामान्यनिर्णयात्परैव।

इसका अपवाद है कि—तृतीया, एकादशी, षष्ठी और शुक्लपक्ष में चतुर्दशी पूर्वविद्धा न करे किन्तु पर-तिथि से युक्त करे—यह नारदीय वचन है। उसका उपवाद भी 'मधोः श्रावणमासस्य' है—उसमें अपवाद के अभाव में फिर से उत्सर्ग की स्थिति होती है। इस न्याय से पूर्वविद्धा (पूर्वविद्धात्वस्य रात्रिव्यापित्वव्याप-त्वात्) एतेन 'पूर्वाह्णव्यापित्वस्यापि विधाने वाक्यभेदः। साधुश्रावणशुक्लचतुर्दशीभिन्नानां पूर्वाह्णगानां ग्रहणस्याप्राप्तेरनुवादकत्वासंभवात्' इत्यपास्तम्) ही ग्रहण करे यह सिद्ध है। ब्रह्मवैवर्तपुराण तो सामान्य रूप है अन्यत्र सावकाश (चरितार्थ) होगा। उससे पूर्वदिन में तीन मुहूर्तवेध में पूर्वा ले। अन्यथा उत्तरा ले। चैत्रपूर्णिमा सामान्यनिर्णय से परा ही ले।

अत्र विशेषो निर्णयामृते विष्णुस्मृतौ-'चैत्री चित्रायुता चेत्स्यात्तस्यां चित्रवस्त्रप्रदानेन सौभाग्य-माप्नोति' इति।

यहाँ पर विशेष निर्णयामृत में विष्णुस्मृति का वचन है कि—चैत्रमास की पूर्णिमा चित्रानक्षत्र से युक्त हो तो उस पूर्णिमा में चित्र (रंग विरंगा) वस्त्र प्रदान से सौभाग्य प्राप्त होता है।

तथा ब्राह्मे—मन्दे वाऽर्के गुरौ वाऽपि वारेष्वेतेषु चैत्रिका।
तत्राऽश्वमेधजं पुण्यं स्नानश्राद्धादिभिर्भवेत्॥ इति।

और ब्रह्मपुराण में कहा है कि—शनिवार में या रविवार में या गुरुवार में भी चैत्रमास की पूर्णिमा हो तो उसमें स्नान, श्राद्धादि से अश्वमेध से होनेवाला पुण्य प्राप्त होता है।

(सर्वदेवानां दमनकपूजा)

अत्र सर्वदेवानां दमनपूजोक्ता—तत्रैव वायवीये—संवत्सरकृतार्चायाः साफल्यायाखिलान् सुरान्। दमनेनार्चयेच्चैत्र्यां विशेषेण सदाशिवम्॥ इति।

यहाँ पर सब देवताओं की दमनक पूजा कही है। वहीं पर वायुपुराण में कहा है कि—संवत्सर में की हुई पूजा की सफलता के लिए संपूर्ण देवताओं की चैत्र की पूर्णिमा में दौने से पूजा करे। विशेषकर शिव जी की पूजा करे।

अत्र स्वतिथ्या समुच्चय इति केचित्। स्वीयतिथ्यामकरणेऽत्र दमनपूजनमित्यन्ये। दीक्षिततदित-रविषयत्वेन व्यवस्थेत्यपरे। इयं मन्वादिरपि सा च पूर्वमुक्ता।

यहाँ पर कोई अपनी तिथि से समुच्चय मानते हैं। किसी अन्य का मत है कि—अपनी तिथि में नहीं करने पर यहाँ पर दमनक पूजा करे। वह दीक्षित से इतर विषयत्व से व्यवस्था करे—यह इतरमत है। यह मन्वादि भी है। यह बात पहले कही है।

(अथ महावारुणिसंज्ञकयोगविचारः)

चैत्रकृष्णत्रयोदश्यां महावारुणिसंज्ञको योगो गौडेषु प्रसिद्धः। तदुक्तं वाचस्पतिकृतौ शूलपाणौ च स्कान्दे—वारुणेन समायुक्ता मधौ कृष्णा त्रयोदशी। गङ्गायां यदि लभ्येत सूर्यग्रहशतैः समा॥

चैत्र कृष्ण त्रयोदशी में महावारुणीसंज्ञक योग गौडों में प्रसिद्ध है। यह वाचस्पति कृत शूलपाणि में और स्कन्दपुराण में कहा है—वरुणी से युक्त चैत्रमास के कृष्णपक्ष[1] की त्रयोदशी में यदि गंगा[2] प्राप्त हो जाय तो सौ सूर्यग्रहण के समान होती है।

१—तिथिकृत्यत्वात् कृष्णादिमासो न तु शुक्लादिः। चित्रातः शतभिष एकादशत्वेन पक्षह्रासोऽपि चैत्रोत्तरत्रयो-दश्या असंभवात्। इति टीकायाम्।

२—ब्रह्माण्डपुराणे—दिवा रात्रौ च सन्ध्यायां गङ्गायां च प्रसङ्गतः। स्नात्वाऽश्वमेधजं पुण्यं गृहेऽप्युद्गततज्जलैः।

यत्तु—त्रयोदश्यां तृतीयायां दशम्यां च विशेषतः। शूद्रविट्क्षत्रियाः स्नानं नाचरेयुः कथं च न॥ स्नानं कुर्वन्ति या नार्यश्चन्द्रे शतभिषाङ्गते। सप्त जन्म भवेयुस्ता दुर्भगा विधवा ध्रुवम्॥ इति निषेधद्वयं तु भोगार्थस्नानपरम्। भोगाय क्रियते यत्तु स्नानं वाञ्छिकं नरैः। तन्निषिद्धं दशम्यादौ नित्यनैमित्तिके न तु॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शनिवारसमायुक्ता सा महावारुणी स्मृता । गङ्गायां यदि लभ्येत कोटिसूर्यग्रहैः समा ॥

वह शनिवार से युक्त हो तो महावरुणी होती है। यदि गंगा का लाभ हो जाय तो करोड़ों सूर्यग्रहण के समान है।

शुभयोगसमायुक्ता शनौ शतभिषा यदि । महामहेति विख्याता त्रिकोटिकुलमुद्धरेत् ॥

यदि शनिवार शतभिषानक्षत्र तथा शुभ योग से युक्त हो तो उस वारुणी की 'महामहावरुणी' शब्द से प्रसिद्धि होती है। वह तीन करोड़ कुल का उद्धार करती है।

तत्रैव ज्योतिषे—चैत्रासिते वारुणऋक्षयुक्ता त्रयोदशी सूर्यसुतस्य वारे ।

योगे शुभे सा महती महत्या गङ्गाजलेऽर्कग्रहकोटितुल्या ॥ इति ।

वहीं पर ज्योतिष में कहा है कि—चैत्रमास के कृष्णपक्ष में त्रयोदशी सूर्यपुत्र (शनिवार) के वार में तथा शुभयोग में वह बड़ी से बड़ी (अर्थात्—महामहावारुणी) होती है। वह गंगाजल में सूर्यग्रहण के करोड़ों के तुल्य मानी जाती है।

त्रिस्थलीसेतौ ब्रह्माण्डपुराणे—वारुणेन समायुक्ता मधौ कृष्णा त्रयोदशी ।

गङ्गायां यदि लभ्येत शतसूर्यग्रहैः समा ॥ इति ।

त्रिस्थलीसेतु में ब्रह्माण्डपुराण का मत है कि—शतभिषानक्षत्र से युक्त चैत्रमास के कृष्णपक्ष की त्रयोदशी को यदि गङ्गा (गंगाजल) मिले तो सौ सूर्यग्रहण के समान होती है।

कल्पतरौ ब्राह्मे—मधौ कृष्णात्रयोदश्यां शनौ शतभिषायुता ।

वारुणीति समाख्याता शुभे तु महती स्मृता ॥

कल्पतरु में ब्रह्मपुराण का मत है कि—शनिवार तथा शतभिषानक्षत्र से युक्त चैत्रमास के कृष्णपक्ष की त्रयोदशी हो तो उसे 'वारुणी' नाम से कहा जाता है। वही शुभ योग से युक्त होने पर महावारुणी हो जाती है।

चैत्रकृष्णचतुर्दश्यां विशेषः पृथ्वीचन्द्रोदये पुलस्त्यः—चैत्रकृष्णचतुर्दश्यां यः स्नायाच्छिवसन्निधौ ।

न प्रेतत्वमवाप्नोति गङ्गायां तु विशेषतः ॥ इति ।

अत्र पूर्वा ग्राह्या कृष्णपक्षस्थत्वात् । गौडैस्त्वेतदेव शुक्लचतुर्दश्यामित्येवं देवलीयत्वेन पठितम् ।

चैत्र कृष्णपक्ष की चतुर्दशी में विशेष पृथ्वीचन्द्रोदय में पुलस्त्य का वचन है कि—चैत्र कृष्णपक्ष की चतुर्दशी में जो शंकर (शिव) की सन्निधि (समीप) में स्नान करता है उसे प्रेतत्व (अर्थात्—प्रेत की योनि) नहीं प्राप्त होती है। यदि वह गंगा में निश्चयरूप से स्नान करे तो विशेषकर प्रेतयोनि नहीं मिलती है।

यहाँ पर कृष्णपक्ष की होने से पूर्वा (पहली) ग्रहण करे। गौडों ने तो इसीको ही शुक्लपक्ष की चतुर्दशी' में जो इसप्रकार कहा गया है—वह देवल वचनपरक है।

इति चैत्रमासः ।

(स्कन्दपुराणमत से)

(१) जो व्यक्ति किसी भी पौर्णमासी और नवमीतिथिपर दूध से भगवती दुर्गा को स्नान कराता है। उसे 'वाजपेययज्ञ' का फल मिलता है। (२) जो शुक्लपक्ष की नवमी, चतुर्दशी और अष्टमीतिथि में श्री परमेश्वरी देवी का त्रिकाल पूजन करता है। वह देवी के समीप जाता है। (३) जो नवमीतिथि में उपवासपूर्वक चण्डिका का पूजन करता है वह इस भूतल में राजा होता है। (४) जो जितेन्द्रिय ब्रह्मचारी पवित्र होकर चण्डिका का पूजन करता है। उसे दश 'अश्वमेधयज्ञ' का फल मिलता है। (५) जो पर्वकालों में चण्डिका का पूजन करता है। वह ब्रह्मलोक में बहुत काल तक रहता है। (६) जो पुण्य चार मास में चण्डिका के पूजन से मिलता है वह कार्तिकमास की नवमीतिथि में पूजन से प्राप्त होता है। (७) आश्विनमास के शुक्लपक्ष की नवमीतिथि में जो अर्चन चण्डिका का करता है। उसे हजार 'अश्वमेधयज्ञ' का तथा सौ 'राजसूययज्ञ' का फल मिलता है। (८) जो व्यक्ति महिने महिने पर भक्ति भाव से चण्डिका का पूजन करता है। उसे षाण्मासिक पुण्य का फल नवमीतिथि में करने मात्र से मिल जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(९) जो व्यक्ति कार्तिकमास की पूर्णिमा में, सोमवार में या आश्विनमास में सूक्ष्मधारा द्वारा दुर्गा का अहोरात्र घृत का अभिषेक करता है। उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। (१०) आषाढ़मास की पूर्णिमातिथि में अम्बिका का जो अर्चन करता है। उसे 'अग्निष्टोमयज्ञ' का फल मिलता है और सूर्यलोक में चला जाता है। (११) जो उपवासपूर्वक माघ मास की पूर्णिमा में विधिवत् दुर्गा की पूजा करता है। उसे परमगति की प्राप्ति होती है। (१२) जो दक्षिणायन में अम्बिका का पूजन करता है उसे 'अश्वमेधयज्ञ' का फल होता है। अन्त में विष्णुलोक चला जाता है। (१३) जो उपवासपूर्वक चन्द्र और सूर्यग्रहण में दुर्गा का अर्चन करता है। उसे पुत्र होता है। (१४) शान्तिकामनावाले व्यक्ति सूर्य के ग्रहण में उपवासपूर्वक दुर्गा का अर्चन करें। उससे उसे परमपद मिलता है। (१५) तान्त्रिक वाममार्गी व्यक्ति रुधिर आदि द्वारा पूजन करने से ब्रह्मलोक जाते हैं। (१६) जो व्यक्ति रत्नमयी दुर्गा का पूजन करता है उसे दुर्लभ ब्रह्मत्वपद मिलता है। (१७) इन्द्रनीलमयी दुर्गा का अर्चन करने से विष्णुलोक प्राप्त होता है। (१८) धनार्थी हेममयी दुर्गा का अर्चन करें। (१९) रौप्यमयी दुर्गा का पूजन करने से सारे कार्य सफल होते हैं। (२०) पित्तलमयी अम्बिका अर्चन करने से इच्छित कार्य होते हैं। (२१) कांस्यमयी दुर्गा का पूजन करने से इच्छित लोक मिलता है। (२२) पार्थिवमयी दुर्गा का अर्चन करने से महापण्डित होता है। (२३) स्फटिकमयी अम्बिका का पूजन करने से उसको पेयवस्तु का भण्डार हो जाता है। (२४) रत्नमयी दुर्गा का पूजन करने से वह महान् तेजस्वी प्रतापी होता है। (२५) ताम्रमयी चण्डिका का अर्चन करने से सूर्य की तरह तेजस्वी होता है। (२६) मुक्ताफलमयी देवी का पूजन करने से उसमें शीतलता आती है तथा चन्द्रमा की तरह प्रतापी होता है। (२७) प्रवालमयी देवी का अर्चन करने से उसमें आकर्षण होता है। (२८) त्रपुसीसमयी देवी का पूजन करने से जगत् में उसका प्रभाव होता है। (२९) वारिजा देवी का पूजा करने से अत्यन्त पराक्रमी होता है। (३०) लोहमयी देवी का अर्चन से सिद्धिबल प्राप्त होकर परमपद को प्राप्त होता है। (३१) त्रिलोहिनीदेवी के पूजन से भोगादि से युक्त होता है। (३२) वज्रलोहमयी देवी के अर्चन से मुक्ति प्राप्त होती है। (३३) मणीमयी देवी के पूजन से मन के चाहे सारे कार्य प्राप्त होते हैं। (३४) सोने, बैठने, उठने, मार्ग में चलते हुए, भोजन करते हुए भी जो दुर्गा भगवती का स्मरण करता है। उसके सारे बन्धन छूट जाते हैं। (३५) जो देवी के मन्दिर में भक्ति से नित्य झाड़ू लगाता है वह संपत्ति (ऐश्वर्य) से संपन्न होता है। (३६) देवी के घर में जो गोबर से लीपता है उसे इच्छित फल मिलते हैं। (३७) जो अतिप्रिय दुर्गा को गुग्गल को घृत युक्तकर छमास तक अर्पण करता है उसे एक हजार गोदान करने का फल मिलता है। (३८) जो अगुरु धूप देवी को देता है उसे सब यज्ञों का फल मिलता है। (३९) दुर्गा को गन्ध चढ़ाने से 'ज्योतिष्टोमयज्ञ' का फल मिलता है। (४०) चण्डिका का कृष्णागरु के लेपन से 'वाजपेययज्ञ' का फल मिलता है। (४१) भगवती को कुङ्कुम के लेपन से एक हजार गोदान का फल मिलता है। (४२) परमेश्वरी को चन्दन, अगरु, कस्तूरी और कुंकुम का लेपन करने से एककल्प तक स्वर्ग में रहता है। (४३) जो वेद-वेदाङ्ग के ज्ञाता को सौ सौ सुवर्ण के टुकडों को देने से फल मिलता है वह फल चण्डिका के पूजन करनेमात्र से मिल जाता है। (४४) नवमीतिथि में—बिल्वपत्रों की माला दो या बिल्वपत्र तथा गुग्गुल से देवी का पूजन करने से 'राजसूययज्ञ' का फल मिलता है। (४५) करवीर की माला से अर्चन करने से तथा द्रोणपुष्प की माला द्वारा चण्डिका का अर्चन करने से 'राजसूयज्ञ' का फल तथा अन्त में स्वर्ग भी मिलता है। (४६) वन में होनेवाले पुष्पों की माला द्वारा अर्चन करने से पितृलोक मिलता है। (४७) शमीपुष्प की माला से पूजन करने से एक हजार गोदान का फल मिलता है। अन्त में विष्णुलोक चला जाता है।

(एक लेख से)

मार्कण्डेयपुराण का श्री दुर्गासप्तशती एक अंश है। इसमें सातसौ मन्त्र माने गए हैं। यह तेरह अध्यायों में विभक्त है। जिनकी श्लोक संख्या ५३५ है। ५७ उवाच, ४२ अर्धश्लोक और पांचवे अध्याय के ६६ अवदानों को एक २ मन्त्र मानकर मन्त्र संख्या ७०० मानी गई है। प्राचीन हस्तलिखित पुस्तक में इसकी अक्षर संख्या ९,५३१ दी गई है। श्री अविनाशचन्द्र मुखोपाध्याय ने इसमें पाठभेद और मन्त्रभेद का बंगला लिपी में जो संस्करण प्रकाशित किया है उसमें ३१३ पाठभेदों का उल्लेख है। साथ ही ३३ श्लोक का भी पाठ टिप्पणी के रूप में जगह जगह पर उद्धृत किया है। जो अब सप्तशती से निकाल दिया है। इसीप्रकार दुर्गाभक्तितरंगिणी में सप्तशती की मन्त्रगणना चार प्रणालियों में उल्लेख है। प्रथम कात्यायनीतन्त्र की २—गौडपादीयभाष्य की ३—नागोजीभट्ट की ४—गोविन्द की। तरङ्गिणी में मन्त्रगणना की जो सूचि भी दी गई है जिससे प्रकट होता है कि १०८ मन्त्रों में भेद है। एक सूची

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

में यदि एक श्लोक मन्त्र माना गया तो दूसरी में वह श्लोक मन्त्र नहीं माना गया है। इन पाठभेदों और मन्त्रभेदों के कारण आज सप्तशती की कोई भी प्रति प्रामाणिक नहीं रह गयी है।

(१) मरीचिकल्प मत से दुर्गापाठ के आदि में रात्रि सूक्त तथा अन्त में देवीसूक्त को पढ़े। (२) वाराही तन्त्र मत से—सृष्टि, स्थिति तथा संहार के क्रमों से विभिन्न उद्देश्यों की सिद्धि के लिए पाठ प्रणाली कही गई है। साथ में नवार्णमन्त्र से संपुटित और ऋष्यादिन्यास के सहित। (३) मेरुतन्त्र मतसे—मूलमन्त्र से सम्पुटित दुर्गा पाठ करने को कहा है। साथ ही अलग अलग चरितों का पाठ उद्देश्य-विशेष के लिए है। (४) एक मत से दुर्गा का पाठ उसके छः अंगों के सहित करे। छः अंग ये हैं—कवच, अर्गला, कीलक, प्राधानिक-रहस्य, वैकृतिक-रहस्य और मूर्ति-रहस्य। (५) सप्तशतीरहस्य नामक पुस्तक में सप्तशती का पाठ करने के पहले ग्यारह प्रकार के न्यासों के करने की व्यवस्था बतायी गयी है। (६) सप्तशती के प्रसिद्ध टीकाकार नागोजी भट्ट का मत है कि—पहले कवच, अर्गला और कीलक का पाठ करे, तब ऋष्यादिन्यास के सहित नवार्ण मन्त्र का जप करे इसके बाद रात्रिसूक्त और अन्त में देवीसूक्त का पाठ करे। तदनन्तर एक सौ आठ वार नवार्ण का जप करे। (७) नीलकण्ठ का भी उपरोक्त यही क्रम है। नवार्ण मन्त्र का अन्त में जप करना उनकी प्रक्रिया में नहीं है। नागोजी भट्ट से उनका इतना ही मत भेद है। (८) एक यह भी मत है कि—सप्तशती का पाठ करने के पूर्व उसका शापोद्धार, उत्कीलन आदि करना चाहिये। (९) दूसरा मत यह है कि—सप्तशती का पाठ करने के पहले मार्कण्डेयपुराण का सरस्वतीसूक्त अवश्य पढ़ना चाहिये।

(क) दुर्गाभक्तितरंगिणी में सप्तशती पाठ करने के ९ प्रकार बताये गए हैं। (१) महाविद्या—इसमें पहले दूसरे और तीसरे चरित का क्रमपूर्वक पाठ किया जाता है। (२) महातन्त्री—इसमें पहले पहला चरित फिर अन्तिम चरित और तब मध्यम चरित पढ़ा जाता है। (३) चण्डी—इसमें महाविद्या का ही क्रम ग्रहण किया गया है, नामभेद भर है। (४) सप्तशती—इसमें पहले मध्यम चरित फिर आदि चरित और अन्त में अन्तिम चरित पढ़ा जाता है। (५) मृतसंजीवनी—इसमें पहले अन्तिम फिर आदि और तब मध्यम चरित पढ़ा जाता है। (६) महाचण्डी—इसमें पहले अन्तिम, तब मध्यम और अन्त में आदि चरित। (७) रूपदीपिका—इसमें नवार्णमन्त्र के साथ 'रूपं देहि' इस अर्द्धश्लोक का प्रत्येक श्लोक में संपुटकर के पाठ किया जाता है। (८) चतुःषष्टियोगिनी—इसमें ६४ योगिनियों की योजना करके पाठ करते हैं। (९) परा—इसमें परा बीज की योजना की जाती है। परन्तु इन प्रकारों के अनुसार सप्तशती का पाठ करने का क्या फल होता है इसका उल्लेख नहीं किया गया है। मातृकाभेदतन्त्र में एक सकृद् पाठ का क्रम बताया गया है। इसके अनुसार विनियोग में सप्तशतीमालामन्त्र मानीगयी पाठ के प्रारम्भ और अन्त में एक बीजात्मक नवार्ण मन्त्र जप करने का विधान है। इनके सिवा सप्तशती के पाठ की प्रक्रिया में वृद्धिपाठ शृङ्खला पाठ, सम्पुटपाठ, शतचण्डी, सहस्रचण्डी आदि पाठक्रम भी है।

(आश्विनमासमाहात्म्य से)

(१) सौवर्णीं राजतीं ताम्रीं मृन्मयीं चापि कारयेत्। अभावे यन्त्ररूपेयं तदभावे फलादिकम्॥ आवाहयेच्च तां भक्त्या पूजयेद्विधिपूर्वकम्। (२) जयन्ती मङ्गला काली भद्रकाली कपालिनी। दुर्गा क्षमा शिवाधात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तु ते॥ अनेनैव तु मन्त्रेण जपहोमादिकारयेत्॥ (३) बध्वा मालां घटस्योर्ध्वं दीपं संस्थाप्य भक्तितः। घृताक्तं तैलपूर्णं वा पूजयित्वा न चालयेत्॥ (४) एकवर्षा तु या कन्या पूजार्थं तां वर्जयेत्। गन्धपुष्पफलादीनां प्रीतिस्तवन-पूर्वकम्॥ द्विवर्षकन्यामारभ्य दशवर्षावधिक्रमात्। अत ऊर्ध्वं तु या कन्या वर्जिता सर्वकर्मभिः॥ दुःखदारिद्र्यनाशाय शत्रूणां नाशहेतवे। आयुष्यबलवृध्यर्थं कुमारीं पूजयेन्नरः॥ (५) दुर्गमे दुस्तरे कार्ये भवदुःखविनाशिनीम्। पूजयामि सदा भक्त्या दुर्गां दुर्गार्तिहारिणीम्॥ (६) हीनाधिकाङ्गीकुष्ठाङ्गीविकारा कुलिता तथा। ग्रन्थस्फुटितसर्वाङ्गी रक्तपूय-व्रणाङ्किता॥ वर्जयेत्ताः प्रयत्नेन पूजयेच्छुभलक्षणाम्। (७) ब्राह्मणी सर्वकार्येषु पूजार्थे शूद्रवंशजा। दारुणे चान्त्य-जातीनां पूजयेद्विधिना नरैः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ निर्णयसिन्धुः

(प्राचीन व्यवस्थाओं का संग्रह)

(स्वर्गीय-महामहोपाध्याय श्री पं० विद्याधर जी गौड़ द्वारा लिखित

दौलतराम गौड

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(नवरात्रपारणानिर्णयः)

आश्विनशुक्लनवमी षष्टिदण्डा, द्वितीयदिने च वृद्ध्या २३ पर्यन्तं गता, अनन्तरं दशमी, तदनन्तरदिनेऽपि ३४ यावद् दशमी, तत्र नवरात्रपारणा कदा कर्तव्येति सन्देहे सञ्जाते—पूर्वदिने शेषनवम्यनन्तरं दशमीलाभात् दशम्यामेव पारणविधानात् 'यदा दिनद्वये नवमी तदा उपोष्य तिथ्यन्ते पारणा' इति निर्णयसिन्धुवाक्यात् 'अथ नवमी षष्टिदण्डा द्वितीयदिने शेषयुक्ता दशमी, तत्रापि नवम्या युक्तदशम्यामेव विसर्जनपारणे' इति धर्मसिन्धुवचनाच नवमीविद्धदशम्यामेव पारणम्, न तु शेषदशम्याम्। पूर्वदिने कर्मकालपर्याप्ततिथिलाभात् द्वितीयदिने तदभावान्नवमीवेधस्य क्वचिदपि निषेधाश्रवणाच्चेति युक्तं पश्यामः।

(दुर्गापाठक्रमः)

कवचार्गलाकीलकानां पौर्वापर्यक्रमविचारे इदानीमुपलभ्यमानपुस्तकेषु यः पाठक्रमस्तस्यादरणीयत्वेन मार्कण्डेयपुराणे कवचार्गलयोः पौर्वापर्येण पाठात् 'कृत्वा तु कवचं पुरा' इति विधिबलात् कवचस्य प्रथमपठनीयत्वेन तत्सहचरितस्यार्गलास्तोत्रस्य तदनन्तरमेव पठित्वात् 'इदं स्तोत्रं पठित्वा तु' इति बलाच्च अर्गलास्तोत्रस्य महास्तोत्रपूर्वभावित्वश्रणात् यो निष्कीलां विधायैनामिति कीलकं विना स्तोत्रपाठस्य निषेधश्रवणाच्च कीलकस्यापि महास्तोत्रपूर्वभावित्वमिति प्रथमः कवचं ततोऽर्गला ततः कीलकमित्ययमेव पाठक्रमः साधीयानिति।

(श्वेतयवाङ्कुरशान्तिप्रकारः)

शंखः—इषे चैत्रे जनाः सर्वे कुर्वन्ति शक्तिपूजनम्। तस्याग्रे शुद्धदेशात्तु गृहीता मृत्तिकास्तरेत्॥ सेतुस्तस्या दृढां कृत्वा तत्र बीजानि निर्वपेत्। यवान् पुष्टान् गृहीत्वाथ विविधान्नं न निर्वपेत्॥ शुद्धान् यवान् मन्त्रैश्च मन्त्रयित्वा विकीरयेत्। असितः—तद्दिने चेत्प्ररोहन्ति धनमायुर्हरा भवेत्॥ द्वितीये दृश्यते शस्यं धनदं कीर्त्तिदं भवेत्। तृतीये दृश्यते धान्यं सर्वसिद्धिविधायकम्॥ देवलः—हरिताः कीर्तिदा शस्याः पीता लक्ष्मीः प्रदायकाः॥ कृष्णाश्च पाटलाः श्वेता धनमायुर्हरा स्मृताः॥ कात्यायनः—दुर्गायाः पुरतः शस्यं ज्वालारूपेण ते स्मृताः। ज्वालायां यवमध्ये तु पृथक् श्वेतो भवेद् यदा। अग्न्यादिस्तेयतो दुःखं विदेशाद् स्वजनाद् भयम्। मार्कण्डेयः—यवांकुराश्च ज्वालाया शिरःकेशाः प्रकीर्तिताः। तच्छ्वेतत्वनिवृत्यर्थं शान्तिं वैराजिकं चरेत्॥ इदं विष्णुर्वि चक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। समूढमस्य पां सुरे स्वाहा॥ त्रीणि पदा विचक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्यः। अतो धर्माणि धारयन्॥ विष्णोः कर्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पसे। इद्रस्य युज्यः सखा॥ तद् विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम्॥ जातवेदसे सुनवामसोममराती यतो निदहाति वेदः। स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वानावेव सिंधुः दुरितात्यग्निः॥ मन्त्रान्ते च नमो ब्रूयाद् स्वाहान्ते च निगद्यते। शंखः—वैराजं नामशान्तिश्च ग्रहयज्ञसमन्विता। सप्तशती समायुक्ता कृत्वा विघ्नानि नाशयेत्। देवलः—शान्तिं कृत्वाथ वैराजं पश्चात् शस्यं खनेद् बुधः। गंधादिभिश्च सम्पूज्य सुवर्णस्य शलाकया। खनेद् वा राजवैन्यैः देव्यास्तं केशस्वरूपिणम्। स्वर्णैर्वा राजते केशे वेष्टयित्वा तु धूपयेत्। मार्कण्डेयः—भुजे कण्ठे शिरो देशे यो धारयति चाहतः। तस्य दर्शनमात्रेण भूता वै ब्रह्मराक्षसाः। वेतालाः प्रेतडाकिन्यः शाकिन्यस्तस्करादयः। विषभूतज्वराग्न्यादि विनश्यति न संशयः। जृंभणं दुष्टदमनं भूतप्रेतनिवारणम्। इति रुद्रयामलोक्तशान्तिपटले श्वेतयवोत्पत्तिशान्तिः।

श्री [illegible] शर्मा [illegible]

अथ वैशाखमासः

(मेषसंक्रमणे पुण्यकालकथनम्)

मेषसंक्रमे प्रागपरा दश घटिकाः पुण्यकालः। रात्रौ तु प्रागुक्तम्।

मेष की संक्रान्ति में पहली तथा परा (पिछली) दश, दश, घड़ी पुण्यकाल कहा है। रात्रि में संक्रान्ति हो तो इसका निर्णय पूर्व कह चुके हैं।

(धर्मघटादिदानकथनम्)

अत्र धर्मघटादिदानमुक्तं पृथ्वीचन्द्रोदये पाद्मे—तीर्थे चानुदिनं स्नानं तिलैश्च पितृतर्पणम्।
दानं धर्मघटादीनां मधुसूदनपूजनम्॥ माधवे मासि कुर्वीत मधुसूदनतुष्टिदम्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर धर्मघट आदि का दान पृथ्वीचन्द्रोदय में पद्मपुराण का कथन है कि—तीर्थ में प्रतिदिन स्नान, तिलों द्वारा पितरों का तर्पण, धर्मघट आदि का दान और मधुसूदन का पूजन वैशाखमास में करे इससे मधुसूदन प्रसन्न होते हैं।

(अथ वैशाखस्नानम्)

तत्र पृथ्वीचन्द्रोदये विष्णुस्मृतिपाद्मयोः—तुलामकरमेषेषु प्रातःस्नानं विधीयते। हविष्यं ब्रह्मचर्यं च महापातकनाशनम् ॥ इति सौरमास उक्तः। अन्यत्पक्षद्वयमुक्तं। तत्रैव पाद्मे—मधुमासस्य शुक्लायामेकादश्यामुपोषितः। पञ्चदश्यां च भो वीर मेषसंक्रमणे तु वा ॥ वैशाखस्नाननियमं ब्राह्मणानामनुज्ञया। मधुसूदनमभ्यर्च्य कुर्यात्सङ्कल्पपूर्वकम् ॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में विष्णुस्मृति तथा पद्मपुराण का कथन है कि—तुला, मकर और मेष की संक्रान्ति पर प्रातःस्नान का विधान है। हविष्यान्नभक्षण तथा ब्रह्मचर्य से युक्त होने से महापातक का नाश होता है। इसप्रकार सौरमास को कहा। दूसरे दो पक्षों को कहा। वहाँ ही पर पद्मपुराण का मत है कि—भो वीर, चैत्रमास के शुक्लपक्ष की एकादशीतिथि में, पूर्णिमातिथि में या मेषसंक्रमण (संक्रान्ति) में उपवासकर ब्राह्मणों की आज्ञा से मधुसूदन का पूजनकर संकल्पपूर्वक वैशाख स्नान का नियम करे।

(मन्त्रकथनम्)

तत्र मन्त्रः—वैशाखं सकलं मासं मेषसंक्रमणं रवेः। प्रातः सनियमः स्नास्ये प्रीयतां मधुसूदनः ॥

उसमें मन्त्र का अर्थ यों है—संपूर्ण वैशाखमास तथा मेष के सूर्य में प्रातःकाल नियमपूर्वक स्नान करूँगा। इसलिये मधुसूदन आप प्रसन्न हों।

मधुहन्तुः प्रसादेन ब्राह्मणानामनुग्रहात्। निर्विघ्नमस्तु मे पुण्यं वैशाखस्नानमन्वहम् ॥

मधु को नष्ट करनेवाले आपके प्रसाद से ब्राह्मणों के अनुग्रह से पुण्यदायक वैशाखस्नान प्रतिदिन मेरा निर्विघ्न हो।

माधवे मेषगे भानौ मुरारे मधुसूदन। प्रातःस्नानेन मे नाथ फलदो भव पापहन् ॥ इति।

वैशाख में मेष के सूर्य में हे मुरारे, हे मधुसूदन, हे नाथ, हे पापहन्, प्रातःस्नान से मेरे सब मनोरथ सफल हों।

(अथ तीर्थविशेषे विशेषकथनम्)

तीर्थविशेषोऽपि तत्रैवोक्तः—मेषसंक्रमणे भानोर्माधवे मासि यत्नतः।
महानद्यां नदीतीर्थे नदे सरसि निर्झरे ॥
देवखातेऽथवा स्नायाद्यथा प्राप्ते जलाशये। दीर्घिकाकूपवापीषु नियतात्मा हरिं स्मरन् ॥ इति।
सङ्कल्पे च तत्तत्तीर्थनाम ग्राह्यम्।

तीर्थविशेष में भी वहाँ पर कहा है—मेष की संक्रान्ति के सूर्य में, यत्न से माधवमास में, महानदी में, नदीतीर्थ में, नद में, तालाव में, झरने में, देवखात (   ) में या यथा प्राप्त जलाशय में, कूवें में, वापी में बावड़ी में नियमित मन से हरि को स्मरण करता हुआ स्नान करे। और संकल्प में उन उन तीर्थों का नाम[1] ग्रहण करे।

(अज्ञाते तु विशेषः)

अज्ञाते तु विष्णुतीर्थमिति वदेत्। यदा न ज्ञायते नाम तस्य तीर्थस्य भो द्विजाः।
तत्रेत्युच्चारणं कार्यं विष्णुतीर्थमिदं त्विति ॥

अज्ञान में जिस नदी नद आदि का नाम न मालुम हो तो 'विष्णुतीर्थ' को कहे।

१—तीर्थस्य देवता विष्णुः सर्वत्रापि। इति सर्वत्रपदात्। एवं 'नद्यां नद्यन्तरस्मृतिः, इति निषेधो गङ्गास्मरणे न प्रवर्तते। स्नानकालेऽन्यतीर्थेषु कीर्त्यते जाह्नवीजलैः। विना विष्णुपदीमन्यत्समर्थं नावशोधने ॥ इति स्कान्देनान्यतीर्थे भागीरथीस्मरणकार्यताबोधनात्। केचित्तु गङ्गायमुनाशतद्रुसरस्वतीनां स्मरणे न दोषः। भागीरथ्यामन्यतीर्थं स्मरणं न कार्यम्। प्रयागादिमणिकर्णिकादेः स्मरणं कुर्वन्ति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अथ तीर्थदेवता विष्णुकथनम्)

तीर्थस्य देवता विष्णुः सर्वत्रापि न संशयः ॥ इति तत्रैवोक्तेः ।

हे द्विजगण, जिसका नाम नहीं जाना जाता है वहाँ पर उस तीर्थ का नाम 'विष्णुतीर्थ' का उच्चारण करे । क्योंकि सर्वत्र तीर्थ के देवता विष्णु ही हैं इसमें संशय नहीं है । यह वहाँ पर कहा है ।

(अन्योऽपि विशेषकथनम्)

तथाऽन्योऽपि विशेषस्तत्रैव पाद्मे—तुलसी कृष्णगौराख्या तयाऽभ्यर्च्य मधुद्विषम् ।
विशेषेण तु वैशाखे नरो नारायणो भवेत् ॥

और भी अन्य विशेष वहाँ पर ही पद्मपुराण में कहा है कि—तुलसी कृष्ण (काली) और गौर (सफेद) नामवाली से मधुद्विष (मधुसूदन अर्थात्—मधु-राक्षस के द्वेषी) का अर्चन करे । विशेष तो वैशाखमास में अर्चन करनेवाला मनुष्य नारायण होता है ।

माधवं सकलं मासं तुलस्या योऽर्चयेन्नरः । त्रिसन्ध्यं मधुहन्तारं नास्ति तस्य पुनर्भवः ॥

जो मनुष्य तुलसीपत्र से सुबह, मध्याह्न तथा सायंकाल में मधु (राक्षस) हन्ता नारायण का पूरे वैशाखमास में अर्चन करता है उसका पुनर्जन्म नहीं होता है ।

तथा—प्रातः स्नात्वा विधानेन माधवे माधवप्रियम् । योऽश्वत्थमूलमासिञ्चेत्तोयेन बहुना सदा ॥

और वैशाखमास में सुबह (प्रातःकाल) विधान द्वारा स्नानकर माधव की प्रसन्नता के लिए पीपल के मूल (जड़) में बहुत जल से सदा सेचन करे ।

कुर्यात्प्रदक्षिणं तं तु सर्वदेवमयं ततः । पितृदेवमनुष्यांश्च तर्पयेत्सचराचरम् ॥

तथा सर्वदेवमय उस अश्वत्थ की प्रदक्षिणा करे । वह पितर, देव, मनुष्यों और चर-अचर को तृप्त करता है ।

योऽश्वत्थमर्चयेद्देवमुदकेन समन्ततः । कुलानामयुतं तेन तारितं स्यान्न संशयः ॥

जो अश्वत्थ के चारों तरफ जल से अर्चन करता है । उसने अपने कुल के अयुत कुलों को तार दिया—इसमें संशय नहीं है ।

कण्डूय पृष्ठतो गां तु स्नात्वा पिप्पलतर्पणम् । कृत्वा गोविन्दमभ्यर्च्य न दुर्गतिमवाप्नुयात् ॥

गौ की पीठ को खुजलाकर स्नानोत्तर पिप्पल में तर्पणकर गोविन्द का अर्चन करे तो उसकी दुगति नहीं होती है ।

तथा—एकभक्तमथो नक्तमयाचितमतन्द्रितः । माधवे मासि यः कुर्याल्लभते सर्वमीप्सितम् ॥

और जो मनुष्य आलस्यरहित होकर वैशाखमास में विना मांगे (एकबार भोजन) दिन में या रात में एक बार भोजन जो करता है वह इच्छित सब फलों को प्राप्त कर लेता है ।

वैशाखे विधिना स्नानं देवनद्यादिके बहिः । हविष्यं ब्रह्मचर्यं च भूशय्या नियमस्थितिः ॥
व्रतं दानं दमो देवि मधुसूदनपूजनम् । अपि जन्मसहस्रोत्थं पापं दहति दारुणम् ॥

वैशाखमास में विधि से देवनदी आदि के बाहर स्नान, हविष्य भक्षण, ब्रह्मचर्य और पृथ्वी में शयन, नियम से युक्त होकर, व्रत, दान, इन्द्रियों को दमन (निग्रह) कर मधुसूदन का पूजन करता है । हे देवि, वह हजार जन्म से प्राप्त दारुण पाप को भी दहन करता है ।

मदनरत्ने स्कान्दे–प्रपा कार्या च वैशाखे देवे देया गलन्तिका ।
उपानद् व्यजनछत्रसूक्ष्मवासांसि चन्दनम् ॥
जलपात्राणि देयानि तथा पुष्पगृहाणि च । पानकानि च चित्राणि द्राक्षारम्भाफलान्यपि ॥

मदनरत्न में स्कन्दपुराण का मत है कि—वैशाखमास में पौसरा करना चाहिए तथा निरन्तर देवता को कमण्डल आदि पात्र से जलधारा देनी चाहिये । जूता, पंखा, छत्र, सूक्ष्म वस्त्र, चन्दन, जल पात्र, पुष्प, किसमिस, कदलीफल आदि पदार्थों को देना चाहिये ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तिथितत्त्वे—ददाति यो हि मेषादौ सक्तूनम्बुघटान्वितान् ।
पितॄनुद्दिश्य विप्रेभ्यः सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥

जो मेष संक्रान्ति आदि में सतुवा तथा जल को घडे से युक्तकर पितरों के निमित्त ब्राह्मणों को देता है । वह सब पापों से छूट जाता है ।

तथा—वैशाखे यो घटं पूर्णं सभोज्यं वै द्विजन्मने । ददाति सुरराजेन्द्र स याति परमां गतिम् ॥

और वैशाखमास में जो भोजन सहित जल से भरकर घट को ब्राह्मण को देता है । हे सुरराजेन्द्र, वह परम गति को प्राप्त होता है ।

(संपूर्णस्नानाशक्तौ विचारः)

एवं सम्पूर्णस्नानाशक्तौ त्र्यहं वा स्नायात् । तदुक्तं तत्रैव पाद्मे—त्रयोदश्यां चतुर्दश्यां वैशाख्यां च दिनत्रयम् । अपि सम्यग्विधानेन नारी वा पुरुषोऽपि वा ॥ प्रातःस्नातः सनियमः सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥

इसप्रकार संपूर्ण स्नान के अशक्ति में तीन दिन ही स्नान करे । उसी बात को वहाँपर पद्मपुराण में कहा है कि—त्रयोदशी, चतुर्दशी या वैशाखी पूर्णिमा को तीन दिन भी अच्छे विधान से नारी या पुरुष नियम से प्रातः स्नान करे तो सब पापों से छूट जाते हैं ।

(वैशाखे मलमासे सति काम्यकर्मणां विचारः)

यदा तु वैशाखो मलमासो भवति तदा काम्यानां तत्र समाप्तिनिषेधात् मासद्वयं स्नानं तन्नियमाश्च कर्तव्याः । मासोपवासचान्द्रायणादि तु मलमास एव समापयेत् ।

जब वैशाखमास मलमास होता है तो काम्यकर्मों का वहाँ पर समाप्ति का निषेध होने से दो मास स्नान और उसके नियमों को करना चाहिये । मासोपवास तथा चान्द्रायण आदि व्रत तो मलमास में ही समाप्त करे ।

तदुक्तं दीपिकायाम्—'नियतत्रिंशद्दिनत्वाच्छुभे मास्यारभ्य समापयेत् मलिने मासोपवासव्रतम्' इति ।

उसी बात को दीपिका में लिखा है कि—तीस दिन के नियमित होने से शुभ मास में आरंभकर मलमास में मासोपवास व्रत समाप्त करे ।

(अत्र दानादिविशेषविचारः)

अत्र दानविशेष उक्तोऽपरार्के वामनपुराणे—गन्धाश्च माल्यानि तथा वैशाखे सुरभीणि च ।
देयानि द्विजमुख्येभ्यो मधुसूदनतुष्टये ॥

यहाँ पर दान विशेष—अपरार्क में वामनपुराण मत से कहा है कि—गन्ध, माल्य और पुष्पों को वैशाखमास में मधुसूदन की प्रसन्नता के लिए मुख्य ब्राह्मणों को दे ।

एवं स्नाने कृते तस्योद्यापनं कार्यम् । तदुक्तं तत्रैव—मासमेवं बहिः स्नात्वा नद्यादौ विमले जले। एकादश्यां च द्वादश्यां पौर्णमास्यामथापि वा ॥ उपोष्य नियतो भूत्वा कुर्यादुद्यापनं बुधः ।

इसप्रकार स्नान करने पर उसका उद्यापन करे । वहाँ पर ही उस बात को कहा है कि—इसप्रकार एक महिना बाहर नदी आदि के निर्मल जल में स्नानकर एकादशी, द्वादशी या पूर्णिमातिथि को उपवासकर सावधान मन से बुद्धिमान् व्यक्ति उद्यापन करे ।

मण्डलं कारयेदादौ कलशं तत्र विन्यसेत् ॥ निष्केण वा तदर्धेन तदर्धार्धेन वा पुनः । शक्त्या वा कारयेदेवं सौवर्णं लक्षणान्वितम् ॥

आदि में मण्डल को बराकर उसमें कलश को स्थापन करे । निष्क या निष्क से आधा या उससे भी आधा या शक्ति के अनुसार लक्षणों से युक्त सुवर्ण की प्रतिमा करावे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लक्ष्मीयुक्तं जगन्नाथं पूजयेदासने बुधः । भूषणैश्चन्दनैः पुष्पैर्दीपैर्नैवेद्यसञ्चयैः ॥
एवं सम्पूज्य विधिवद्रात्रौ जागरणं चरेत् । श्वोभूते कृतमैत्रोऽथ ग्रहवेद्यां ग्रहान् यजेत् ॥

विद्वान् व्यक्ति लक्ष्मी के सहित जगन्नाथ की आसन पर पूजा करे। भूषण, चन्दन, पुष्प, दीप, नैवेद्य आदि एकत्रित हुई सामग्रियों से पूजनकर विधिवत् रात में जागरण करे। दूसरे दिन सूर्य देवता की उपासनाकर अर्थात् सन्ध्या आदि से निवृत्त होकर ग्रहवेदी में ग्रहों का यजन करे।

होमं कुर्यात्प्रयत्नेन पायसेन विचक्षणः । तिलाज्येन यवैर्वापि सर्वैर्वाऽपि स्वशक्तितः ॥
अष्टोत्तरसहस्रं वा शतमष्टोत्तरं तु वा । प्रतद्विष्णुरनेनैव इदं विष्णुरनेन वा ॥

ज्ञानी पुरुष प्रयत्न से पायस (खीर) द्वारा होम करे। अपनी शक्ति के अनुसार तिलाज्य से यव या सब वस्तुओं से एक हजार आठ या एक सौ आठ बार 'प्रतद्विष्णुः' या 'इदं विष्णु' हवन करे।

व्रतसम्पूर्तिसिद्धयर्थं धेनुमेकां पयस्विनीम् । पादुकोपानहौ छत्रं गुरवे व्यजनं तथा ॥
शय्यां सोपस्करां दद्यादीपिकां दर्पणं तथा । ब्राह्मणान् भोजयेत्त्रिंशत्तेभ्यो दद्याच्च दक्षिणाम् ॥

व्रत की पूर्ति की सिद्धि के लिये दूधवाली एक गौ, खड़ाऊँ, जूता, छाता और पंखा, सामग्रियों सहित शय्या, दीपक, शीसा आदि गुरु को दे तथा तीस ब्राह्मणों को भोजन कराकर दक्षिणा दे।

कलशान् जलसम्पूर्णान् तेभ्यो दद्याद्यवांस्तथा । एवं कृते माधवस्य उद्यापनविधौ शुभे ॥ फलमाप्नोति सकलं विष्णुसायुज्यमाप्नुयात् ॥

उन ब्राह्मणों को जल से भरे कलशों को तथा यवों को दे। ऐसा करने पर वैशाखमास का शुभ उद्यापन विधि का फल संपूर्ण प्राप्त होता है और विष्णुसायुज्यमुक्ति मिलती है।

एतावत्यशक्तौ तत्रैवोक्तम्—वैशाख्यां विधिना स्नात्वा भोजयेद् ब्राह्मणान् दश ।
कृसरं सर्वपापेभ्यो मुच्यते नात्र संशयः ॥ इति ।

इतना करने की अशक्ति में तो वहीं पर कहा है कि—वैशाख में विधिवत् स्नानकर दश ब्राह्मणों को भोजन करावे। खीचड़ी दान देने से सब पापों से छूट जाता है। इसमें संशय नहीं है।

(अथ अक्षयतृतीया)

वैशाखशुक्लतृतीया अक्षय्यतृतीयोच्यते । सा पूर्वाह्णव्यापिनी ग्राह्या । दिनद्वयेऽपि तद्व्याप्तौ परैव । तदुक्तं निर्णयामृते नारदीये—वैशाखे शुक्लपक्षे तु तृतीया रोहिणीयुता । दुर्लभा बुधवारेण सोमेनापि युता तथा ॥ रोहिणीबुधयुक्तापि पूर्वविद्धा विवर्जिता । भक्त्या कृताऽपि मान्धातः पुण्यं हन्ति पुराकृतम् ॥

वैशाख शुक्ल तृतीया[3] को 'अक्षय तृतीया' कहा जाता है वह पूर्वाह्णव्यापिनी (परविद्धा[4]) ग्रहण करे। दोनोंदिन में भी उसकी प्राप्ति हो तो परा ही ले। उसी बात को निर्णयामृत में नारदीय (नारदपुराण) मत से कहा है कि—वैशाखशुक्ल पक्ष की तृतीया रोहिणी युक्त हो तथा बुधवार या सोमवार से युक्त हो तो दुर्लभ है। रोहिणी, बुधवार से युक्त भी पूर्वविद्धा (द्वितीया वेधस्त्रिमुहूर्तः । परदिने च त्रिमुहूर्तैव ग्राह्या) त्याज्य है। हे मान्धातः, भक्ति द्वारा किया हुआ भी पूर्व पुण्य नष्ट हो जाता है।

गौरी विनायकोपेता रोहिणीबुधसंयुता । विनापि रोहिणीयोगात्पुण्यकोटिप्रदा सदा ॥ इति ।

१—प्र तद्विष्णुः स्तवते वीर्येण मृगो न भीमः कुचरो गिरिष्ठाः । यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा ॥ (ऋ० १।१५४।२)।

२—इदं विष्णुर्वि चक्रमे त्रेधा नि दधे पदम् । समूढमस्य पांसुरे ॥ (ऋ० १।२२।१७)।

३—गौरीव्रत में तो द्वितीयावेध कलाकाष्ठादिरूप से भी त्याज्य है।

४—तत् स्वल्पाऽपि परा । यदा परा न लभ्यते तदा द्वितीयाविद्धापि ग्राह्या । तदलाभे पूर्वा । एकादशी तृतीया च षष्ठी चैव त्रयोदशी । पूर्वविद्धाऽपि कर्तव्या यदि न स्यात्परेऽहनि ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तृतीया चतुर्थी तिथि से युक्त भी हो तो या रोहिणी तथा बुधवार से संयुक्त या रोहिणी के बिना योग के भी सदा करोड़ों पुण्य को देनेवाली होती है।

इयं युगादिरपि। सा चोक्ता रत्नमालायाम्—माघे पञ्चदशी कृष्णा नभस्ये च त्रयोदशी।
तृतीया माधवे शुक्ला नवम्यूर्जे युगादयः॥ इति।

यह (तृतीया) भी युगादि है। उसी बात को रत्नमाला में भी कहा है—माघ मास में कृष्ण पक्ष की अमावास्या, श्रावण मास की त्रयोदशी, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया और कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी ये युगादि हैं।

यत्तु गौडाः—माघस्य पौर्णमास्यां तु घोरं कलियुगं स्मृतम्॥ इति ब्राह्मोक्तेः।'

जो गौडों ने ब्रह्मपुराण के मत से यह कहा है कि—माघ महिने की पूर्णिमा में घोर कलियुग लगा। वैशाख मास की जो तृतीया तिथि, कार्तिक मास का शुक्ल पक्ष की यह नवमी तिथि, श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि और माघ मास की पूर्णिमा तिथि, इस विष्णुपुराणमत से चकार के बल से तामिस्र (कृष्ण) पक्ष के तिथि अनुषंग (सम्बन्ध) में भी पूर्वानुरोध से पौर्णमासीतिथि है यह जाननी चाहिये। 'द्वे शुक्ले' इत्यादि तो निर्मूल कहा है। यह ठीक नहीं है—

वैशाखमासस्य च या तृतीया नवम्यसौ कार्तिकशुक्लपक्षे। नभस्यमासस्य तमिस्रपक्षे त्रयोदशी, पञ्चदशी च माघे॥ इति विष्णुपुराणे चकारेण तमिस्रपक्षानुषङ्गेऽपि पूर्वानुरोधात् पौर्णमास्येव ज्ञेया। 'द्वे शुक्ले' इत्यादिकं तन्निर्मूलमित्याहुः। तन्न। दर्शे तु माघमासस्य प्रवृत्तं द्वापरं युगम्। इति भविष्यविरोधात्। एतेन ब्राह्मानुसारात् पूर्णिमायामेव युगादिश्राद्धं वदन् शूलपाणिः परास्तः। तेन कल्पभेदात् युगभेदाद्वा व्यवस्थेति तत्त्वम्। एतेन—कार्तिके नवमी शुक्ला माघमासे च पूर्णिमा॥ इति बृहन्नारदीयं व्याख्यातम्। निर्मूलोक्तिर्नारदीयाज्ञानकृता।

माघमास की अमावास्या को 'द्वापर युग' प्रवृत्त होता है। क्योंकि इस भविष्यपुराण के कथन का विरोध है। इससे ब्रह्मपुराण के अनुसार पूर्णिमा में ही युगादि श्राद्ध को कहते हुए शूलपाणि परास्त हो गये। उससे कल्पभेद से या युगभेद से व्यवस्था करे—यही तत्त्व है। इससे—

कार्तिकमास के शुक्ल पक्ष की नवमीतिथि तथा माघमास की पूर्णिमातिथि युगादि है। यह बृहन्नारद पुराण में व्याख्या की है। निर्मूल कहना नारद के कथन को न जानकर है।

(मन्वादौ तु श्राद्धकथनम्)

अत्र श्राद्धमुक्तं मात्स्ये—कृतं श्राद्धं विधानेन मन्वादिषु युगादिषु।
हायनानि द्विसाहस्रं पितॄणां तृप्तिदं भवेत्॥ इति।

यहाँ पर मत्स्यपुराण में श्राद्ध कहा है—मन्वादि और युगादियों में जिसने विधान से श्राद्ध को किया है उसके पितरों की तृप्ति दो हजार साल तक होती है।

भारतेऽपि—या मन्वाद्या युगाद्याश्च तिथयस्तासु मानवः।
स्नात्वा हुत्वा च दत्वा वा जप्त्वाऽनन्तफलं लभेत्॥ इति।

भारत में भी कहा है कि—जो मन्वादि और युगादि तिथि हैं उनमें मानव स्नान, हवन, दान तथा जप करके अनन्त फल का लाभ करता है।

श्राद्धेऽपि पूर्वाह्णव्यापिनी ग्राह्या। पूर्वाह्णे तु सदा कार्याः शुक्ला मनुयुगादयः।
दैवे कर्मणि पित्र्ये च कृष्णे चैवापराह्णकाः॥ इति पाद्मोक्तेः।

श्राद्ध में भी पूर्वाह्णव्यापिनी ग्रहण करे। पद्मपुराण में कहा है कि—शुक्लपक्ष की मन्वादि और युगादि सदा पूर्वाह्ण में करे। दैवकर्म में तथा पित्र्यकर्म में अपराह्ण समय में कृष्णपक्ष की करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्वे शुक्ले द्वे तथा कृष्णे युगादी कवयो विदुः ।
शुक्ले पौर्वाह्निके ग्राह्ये कृष्णे चैवापराह्निके ॥ इति हेमाद्रौ नारदीयवचनाच्च ।

हेमाद्रि में नारदपुराण का वचन है कि—दो शुक्ल पक्ष की और दो कृष्णपक्ष की युगादि कवियों ने कही है। शुक्लपक्ष में पूर्वाह्णकाल तथा कृष्णपक्ष में अपराह्णकाल का ग्रहण करे।

दीपिकाऽपि—'कर्मतिथयः पूर्वाह्निकाः स्युः सिते विज्ञेया अपराह्निकाश्च बहुले' इति ।

दीपिका में भी कहा है कि—कर्म की तिथियों का ग्रहण शुक्लपक्ष में पूर्वाह्ण में होता है और कृष्णपक्ष की तिथियों का ग्रहण अपराह्णकाल में होता है।

स्मृत्यर्थसारेऽपि—मन्वादिश्राद्धेषु शुक्लपक्षे उदयव्यापिनी तिथिर्ग्राह्या, कृष्णपक्षेऽपराह्णव्यापिनी—इति ॥

स्मृत्यर्थसार में भी कहा है कि—मन्वादि श्राद्धों में शुक्लपक्ष में उदयव्यापिनी तिथि और कृष्णपक्ष में अपराह्णव्यापिनी ग्रहण करनी चाहिये।

दिवोदासीये गोभिलः—वैशाखस्य तृतीयां यः पूर्वविद्धां करोति वै ।
हव्यं देवा न गृह्णन्ति कव्यं च पितरस्तथा ॥ इति ।

दिवोदासीय में गोभिल का कथन है कि—जो वैशाखमासीय तृतीया को निश्चितरूप से पूर्वविद्धा करता है। उसके देवता हव्य को और पितर कव्य को ग्रहण नहीं करते हैं।

गोविन्दार्णवेऽप्येवम् । तेनेयं पूर्वाह्णव्यापिनी । दिनद्वये तत्त्वे परैवेति धर्मतत्त्वविदो हेमाद्र्यादयः ।

यही बात गोविन्दार्णवकार ने भी कहा है। इससे यह पूर्वाह्णव्यापिनी ग्रहण करे। यदि दो दिन हो तो परा ही ले—यह धर्मतत्त्ववेत्ता हेमाद्रि आदियों ने कहा है।

अनन्तभट्टस्तु—सवैधृतिर्व्यतीपातो युगमन्वादयस्तथा । सन्मुखा उपवासे स्युर्दानादावन्तिमाः स्मृताः ॥ इत्याह । दानादाविति श्राद्धसंग्रहः । उपवासस्त्वग्रे वक्ष्यते । हेमाद्रावप्येवम् । माधवस्तु व्यतीपातः श्राद्धेऽपराह्णव्यापी ग्राह्य इत्याह । स्मृत्यर्थसारे तु कुतुपकालयोगीत्युक्तम् ।

अनन्तभट्ट ने कहा है कि—वैधृति के सहित व्यतीपात, युगादि और मन्वादि उपवास में सन्मुख (प्रथम) तथा दानादि में अन्तिम (दूसरी) ले। यों कहा। दानादि शब्द से श्राद्ध का (पौर्वाह्णिकेत्वऽपराह्णावच्छेदेन कार्यम्) ग्रहण है। उपवास को आगे कहेंगे। हेमाद्रि में भी यही कहा है। माधव ने कहा है कि—व्यतीपात श्राद्ध में अपराह्णव्यापिनी ग्रहण करे। स्मृत्यर्थसार में कुतुपकाल के योग में कहा है।

यत्तु मार्कण्डेयः—शुक्लपक्षस्य पूर्वाह्णे श्राद्धं कुर्याद्विचक्षणः ।
कृष्णपक्षापराह्णे हि रोहिणं तु न लंघयेत् ॥ रोहिणो = नवमो मुहूर्त्तः ।

मदनरत्न में स्कन्दपुराण का मत है कि—हे नृपश्रेष्ठ, ज्येष्ठमास के शुक्लपक्ष में जो शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि है । उसमें निर्जला उपवास कर जल से भरे कुंभों तथा शर्करा (चीनी) के सहित मुख्य ब्राह्मणों को देने से विष्णु की सन्निधि में हर्ष को प्राप्त होता है ।

(अथ दाक्षिणात्यमते ज्येष्ठशुक्लपौर्णमास्यां सावित्रीव्रतकथनम्)

ज्येष्ठपौर्णमास्यां सावित्रीव्रतम् । तदुक्तं स्कान्दभविष्ययोः—ज्येष्ठे मासि सिते पक्षे द्वादश्यां रजनीमुखे । इत्युपक्रम्य—व्रतं त्रिरात्रमुद्दिश्य दिवारात्रिं स्थिरो भवेत् । इति अन्तेऽप्युपसंहृतम् । ज्येष्ठे मासि सिते पक्षे पूर्णिमायां तथा व्रतम् । चीर्णं पुरा महाभक्त्या कथितं ते मया नृप ॥ इति । दाक्षिणात्याश्चैतदेवाद्रियन्ते ।

ज्येष्ठमास को पूर्णिमातिथि में सावित्रीव्रत स्कन्दपुराण तथा भविष्यपुराण में कहा है कि—ज्येष्ठमास के शुक्लपक्ष में द्वादशीतिथि में प्रदोष (रजनीमुख) काल में ऐसा कह कर त्रिरात्रव्रत को उद्देश्य कर दिन और रात में स्थिर रहे । अन्त में उपसंहार (समाप्त) करे । ज्येष्ठमास के शुक्लपक्ष की पूर्णिमातिथि में उस व्रत को महाभक्ति से मैंने पहले किया । हे नृप, अब आपके लिए कहा है । दक्षिणात्यगण इसका आदर करते हैं ।

(अथामावास्यायामपि सावित्रीव्रतम्)

एतच्चामावास्यायामप्युक्तं निर्णयामृते भविष्ये—अमायां च तथा ज्येष्ठे वटमूले महासती । त्रिरात्रोपोषिता नारी विधिनाऽनेन पूजयेत् ॥

इसी को अमावास्या तिथि में भी निर्णयामृत में भविष्यपुराण के मत से कहा है कि—ज्येष्ठमास की अमावास्या में महासति नारी वटके मूल (जड) में त्रिरात्र उपवासकर इस विधि से पूजनकरे ।

(अत्र व्रते मतमतान्तरकथनम्)

मदनरत्ने त्विदं वाक्यम्—'पञ्चदश्यां तथा ज्येष्ठे' इति पठित्वा ज्येष्ठपौर्णमास्यामप्युक्तम् । तथा अशक्ते तु त्रयोदश्यां नक्तं कुर्याज्जितेन्द्रिया । अयाचितं चतुर्दश्याममायां समुपोषणम् ॥ इति । तत्तु पाश्चात्याश्च आद्रियन्ते । हेमाद्रिसमयोद्योतादिषु तु भाद्रपदपूर्णिमायामुक्तम् । तत्तु नेदानीं प्रचरति ।

मदनरत्न में तो यह वाक्य है—'पञ्चदश्यां तथा ज्येष्ठे' इसको पढ़कर ज्येष्ठमास की पूर्णिमा में उपवास को कहा है और अशक्ति में तो त्रयोदशीतिथि में जितेन्द्रिय स्त्री नक्त करे। चतुर्दशीतिथि में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अयाचित और अमावास्या में उपवास करे। इसको पाश्चात्य लोग आदर करते हैं। हेमाद्रि, समयोद्योतादियों में तो भाद्रपदपूर्णिमा में कहा है। वह इससमय नहीं प्रचलित है।

(अत्र गौडमतम्)

गौडास्तु—मेषे वा वृषभे वापि सावित्रीं तां विनिर्दिशेत्। ज्येष्ठशुक्लचतुर्दश्यां सावित्रीमर्चयन्ति याः। वटमूले सोपवासा न ता वैधव्यमाप्नुयुः॥ इति पराशरोक्तेश्चतुर्दश्यां प्रदोषे व्रतम्। दिनद्वये तद्व्याप्तौ परैवेत्याहुः। तन्निर्मूलम्।

गौडों का कहना है कि—मेष या वृष के सूर्य में उस सावित्री को निर्देश करते है। उपवास को रखती हुई स्त्रियाँ ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्दशो तिथि में सावित्री का वटकी जड में अर्चन पूजन करती हैं। वे वैधव्यता को नहीं प्राप्त होती हैं। इसप्रकार पराशर के कहने पर चतुर्दशी प्रदोष में व्रत को कहा है। दोनों दिन में प्राप्त होतो परा ही (दूसरी) करे। यों कहा है। वह निर्मूल है।

(सावित्रीव्रते पूर्णिमादितिथिग्रहणविचार:)

अत्र पूर्णिमामावास्ये पूर्वविद्धे ग्राह्ये। भूतविद्धा न कर्तव्या अमावास्या च पूर्णिमा। वर्जयित्वा नरश्रेष्ठ सावित्रीव्रतमुत्तमम्॥ इति ब्रह्मवैवर्तात्।

यहाँ पर (सावित्रीव्रत) पूर्णिमा और अमावास्या तिथि पूर्वविद्धा ग्रहण करनी चाहिये। हे नरश्रेष्ठ, उत्तम सावित्रीव्रत को छोड़ कर चतुर्दशी से विद्धा अमावास्या तथा पूर्णिमा नहीं करनी चाहिये।

स्कान्देऽपि–भूतविद्धा सिनीवाली न तु तत्र व्रतं चरेत्। वर्जयित्वा तु सावित्रीव्रतं तु शिखिवाहन॥ इति।

स्कन्दपुराण में भी कहा है कि—हेशिखिवाहन, सावित्रीव्रत को छोड़कर चतुर्दशीतिथि से विद्धा अमावास्या में व्रत को न करे।

मदनरत्ने ब्रह्मवैवर्तेऽपि—प्रतिपत्पञ्चमी भूतसावित्री वटपूर्णिमा।
नवमी दशमी चैव नोपोष्याः परसंयुताः॥ इति।

मदनरत्न में ब्रह्मवैवर्तपुराण का भी कथन है कि—प्रतिपदा, पञ्चमी, तद् व्रतसम्बन्धि अमावास्या, तद् व्रतसम्बन्धि पूर्णिमा, नवमी और दशमीतिथि परविद्धा हो तो उपवास न करे।

यदा त्वष्टादशघटिका चतुर्दशी तदा परा ग्राह्या। पूर्वविद्धैव सावित्रीव्रते पञ्चदशी तिथिः। नाड्योऽष्टादश भूतस्य स्युश्चैतच्च परेऽहनि॥ इति माधवः।

जब अठारह घड़ी चतुर्दशी तिथि हो तो परा ग्रहण करनी चाहिये। माधव का मत है कि—सावित्रीव्रत में पञ्चदशी (पूर्णिमा) तिथि पूर्वविद्धा ही ले। यदि चतुर्दशी तिथि अठारह नाडी (घडी) हो तो दूसरे दिन में करे।

वस्तुतस्तु—भूतोऽष्टादशनाडीभिर्दूषयत्युत्तरां तिथिम्। इत्यस्य व्रतान्तरे सावकाशत्वाद्विशेषतः प्रवृत्तपूर्वविद्धाविधायकवचनेन तस्य बाधादष्टादशनाडीवेधेऽपि पूर्वैवेत्ययं पन्थाः साधुः।

अत्र पूर्णिमानुरोधेनैव यथा त्रिरात्रसम्पत्तिर्भवति तथा त्रयोदश्यादि ग्राह्यम्। तस्याः प्रधानत्वात्। अयं निर्णयोऽमायामपि ज्ञेयः। पारणं तु पौर्णिमान्ते कार्यम्।

सिद्धान्त तो यह है कि—चतुर्दशीतिथि अठारह घड़ी से उत्तरा तिथि को दूपित करती है। इसप्रकार इसका व्रतान्तर में सावकाश [1]होने से विशेष कर प्रवृत्त पूर्वविद्धाविधायकवचन से उसका बाध है। अठारह नाड़ी वेध में भी पूर्वा ही है—यह मार्ग साधु है।

---

(१) पूर्णिमातिथि में अनेक व्रतों का अनुष्ठान किया जाता है। उसमें एक सावित्रीव्रत करते हैं। सावित्रीव्रत के प्रसंग में चतुर्दशीविद्धा पूर्णिमा के दिन सावित्रीव्रत किया जाय। अगर उसीदिन अठारहदण्ड चतुर्दशी हो तो दूसरे दिन व्रत करे। इस प्रसंग में कहा है कि–अष्टादश व्यापिनी चतुर्दशी उत्तर तिथि को दूषित करती है। यह वाक्य वटसावित्री व्रत से भिन्न व्रतों में लागू होने के कारण वटसावित्रीव्रत में पूर्वविद्धा तिथि का विधान करने से सावित्री व्रत में लागू नहीं किया जा सकता है। इसको सावकाश और निरवकाश अर्थात् इतर व्रतों में चतुर्दशीतिथि का उत्तरतिथि दोष सावकाश। अगर प्रकृत (वटसावित्री) में भी स्वीकार हो तो पूर्वविद्धा वाक्य का उदाहरण नहीं मिलेगा। इसको निवकाश कहा जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर पूर्णिमा के अनुरोध से ही जैसे त्रिरात्र संपत्ति (व्रत) होती है। वैसे त्रयोदशी आदि ग्रहण करना चाहिए। क्योंकि उसका प्रधानभूत है। यह निर्णय अमावास्या में भी जानना चाहिये। पारणा तो पूर्णिमातिथि के अन्त में करे।

(अथ स्त्रीव्रते विशेषः)

अत्र स्त्रीव्रतेषु विशेषः परिभाषायामुक्तः। अत्र विशेषो भविष्ये—गृहीत्वा वालुकां पात्रे प्रस्थमात्रां युधिष्ठिर। ततो वंशमये पात्रे वस्त्रयुग्मेन वेष्टिते॥ सावित्रीप्रतिमां कुर्यात्सौवर्णीं चापि मृन्मयीम्। सार्धं सत्यवता साध्वीं फलनैवेद्यदीपकैः॥

रजन्या कण्ठसूत्रैश्च शुभैः कुङ्कुमकेसरैः। पूजयेदिति शेषः। रजनी = हरिद्रा। कण्ठसूत्रम् = सौभाग्यतन्तुः। सावित्र्याख्यानकं चापि वाचयीत द्विजोत्तमैः। रात्रौ जागरणं कृत्वा प्रभाते विमले ततः॥ तामपि ब्रह्मणे दत्त्वा प्रणिपत्य क्षमापयेत्।

अनन्तर स्त्रीव्रतों में विशेष परिभाषा में कहा जा चुका है। भविष्यपुराण में यह विशेष कहा है कि–हे युधिष्ठिर, सेर भर वालु को वांसके पात्र में ग्रहण कर उस वंशमय पात्र में दो वस्त्रों से वेष्टित कर सुवर्ण या मट्टी की सावित्री सत्यवती साध्वी की प्रतिमा का निर्माण कर फल, नैवेद्य, दीपक, हरिद्रा, सौभाग्य तन्तु, कुंकुम (रोली) तथा केशर से अर्चन करे।

द्विजोत्तमों से सावित्री के आख्यान (इतिहास) को श्रवण करे। तदनन्तर रात में जागरण कर प्रातः काल स्वच्छ जल में स्नान कर ब्राह्मण के लिए उस मूर्ति को दे तथा प्रणाम कर क्षमा प्रार्थना करे।

मन्त्रस्तु—सावित्रीयं मया दत्ता सहिरण्या महासती। ब्रह्मणः प्रीणनार्थाय ब्राह्मणः प्रतिगृह्यताम्॥ व्रतेनानेन राजेन्द्र वैधव्यं नाप्नुयात्क्वचित्। इति।

मन्त्र तो यह है—ब्रह्मा की प्रसन्नता के लिए सुवर्णवाली महासती सावित्री को मैंने दिया है। अतः हे ब्राह्मण, ग्रहण करो। हे राजेन्द्र, इस व्रत के करने से कभी विधवा को नहीं प्राप्त होती है।

(ज्येष्ठपूर्णिमायां तिलादिदाने फलकथनम्)

ज्येष्ठपौर्णमास्यां विशेष आदित्यपुराणे—ज्येष्ठे मासि तिलान् दद्यात्पौर्णमास्यां विशेषतः।
अश्वमेधस्य यत्पुण्यं तत्प्राप्नोति न संशयः॥

आदित्यपुराण में विशेष ज्येष्ठमास की पूर्णिमा में कहा है कि विशेषकर ज्येष्ठमास की पूर्णिमा तिथि में तिलों को देने से 'अश्वमेधयज्ञ' का जो पुण्य है वही पुण्य प्राप्त होता है। इसमें संशय नहीं है।

विष्णुरपि—ज्यैष्ठी ज्येष्ठायुता चेत्स्यात् तस्यां छत्रोपानत्प्रदानेन नरो नराधिपत्यमाप्नोति–इति।

विष्णु ने भी कहा कि–ज्येष्ठ मासकी पूर्णिमा ज्येष्ठ नक्षत्र से युक्त हो तो उसमें छत्र,[1] और उपानद्[2] (जूता) का दान करने से नर (मनुष्य) मनुष्याधिपति–होता है।

(अथ महाज्यैष्ठी कथनम्)

हेमाद्रौ ज्योतिषे—ऐन्द्रे गुरुः शशी चैव प्राजापत्ये रविस्तथा। पूर्णिमा ज्येष्ठमासस्य महाज्येष्ठी प्रकीर्तिता॥ इयं मन्वादिरपि। सा पौर्वाह्णिकी ग्राह्या। विशेषस्तु चैत्रे उक्तः।

हेमाद्रि में ज्योतिष का कथन है कि–ज्येष्ठा का बृहस्पति तथा चन्द्रमा हो तो और रोहिणी पर सूर्य हो तो ज्येष्ठ महिने की पूर्णिमा को महाज्येष्ठी कहा जाता है। यह मन्वादि भी हैं। वह पौर्वाह्णिकी ग्रहण करे। विशेष बात को तो चैत्रमास में कहा है।

(अथ त्रिविक्रमप्रीत्यर्थमुदकुम्भादिदानमहत्वकथनम्)

तथाऽपरार्के वामनपुराणे—उदकुम्भाम्बुदानं च तालवृन्तं च चन्दनम्। त्रिविक्रमस्य प्रीत्यर्थं दातव्यं ज्येष्ठमासि तु॥ इति।

---

(१) छत्रमन्त्रः—इहामुत्रातपत्राणां कुरु मे केशव प्रभो। छत्रं त्वं प्रीतये दत्तं ब्राह्मणाय मया सह॥
(२) उपानहमन्त्रः—उपानहौ प्रदास्यामि कण्टकादिनिवारणे। सर्वस्थानेषु सुखदे अतः शान्तिं प्रयच्छ मे॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और अपरार्क में वामनपुराण कथन है कि–ज्येष्ठमास में तो जल के घड़े को, जलदान को, ताल-वृत्त–ताडवृत्त के पंखों को और चन्दन को त्रिविक्रम के प्रीत्यर्थ देना चाहिये।

(अथ आषाढमासः)

मिथुनसंक्रान्तौ पराः षोडश घटिकाः पुण्यकालः। रात्रौ तु प्रागेवोक्तम्।

मिथुनसंक्रान्ति में सोलह घड़ी पुण्यकाल पर होता है। रात्रि में तो (संक्रान्ति का पुण्यकाल) पहले कह चुके हैं।

(अथ रथयात्राकथनम्)

आषाढशुक्लद्वितीयायां रथोत्सवः। तदुक्तं तिथितत्त्वे स्कान्दे—आषाढस्य सिते पक्षे द्वितीया पुष्यसंयुता। तस्यां रथे समारोप्य रामं वै भद्रया सह॥ यात्रोत्सवं प्रवर्त्याथ प्रीणयेत द्विजान् बहून्॥ तथा–ऋक्षाभावे तिथौ कार्या यात्रा सा प्रीतये मम।

आषाढशुक्ल द्वितीयातिथि में रथोत्सव होता है। उसी बात को तिथितत्त्व में स्कन्दपुराण के वचन से कहा है कि–आषाढमास के शुक्लपक्ष की पुष्यनक्षत्र द्वितीयातिथि में सुभद्रा के साथ राम को उस रथ पर बैठाकर यात्रा का उत्सव करे तथा बहुत, ब्राह्मणों को प्रसन्न करे और ऋक्ष (पुष्यनक्षत्र) के अभाव में उस तिथि में (आषाढशुक्ल द्वितीया) में मेरी प्रसन्नता के लिए उस यात्रा को करे।

(अथ दशमीपौर्णमासी च मन्वादिः)

आषाढशुक्लदशमी पौर्णमासी च मन्वादिः। सा च पूर्वाह्णव्यापिनीग्राह्येति प्रागुक्तम्।

आषाढशुक्ल दशमीतिथि और पौर्णमासीतिथि मन्वादि है। वह पूर्वाह्णव्यापिनी ग्रहण करना चाहिये–यह पहले कह चुके हैं।

(अथ द्वादश्यादितिथौ पारणाविचारः)

आषाढशुक्लद्वादश्यामनुराधायोगरहितायां पारणं कुर्यात्। तदुक्तं भविष्ये––आभाकासितपक्षेषु मैत्रश्रवणरेवती। सङ्गमे न हि भोक्तव्यं द्वादश द्वादशीर्हरेत्॥ अस्यार्थः–आषाढ-भाद्रपद-कार्तिक-शुक्लद्वादशीषु अनुराधाश्रवणरेवतीयोगे पारणं न कुर्यादिति। अत्र यद्यप्येतावदेवोक्तं तथाप्यनुराधाप्रथमपाद एव वर्ज्यः।

अनुराधा नक्षत्रयोग से रहित आषाढशुक्ल द्वादशीतिथि में पारणा करे। उसी बात को भविष्य पुराण में कहा है कि—आषाढमास, भाद्रपदमास, और कार्तिकमास के शुक्लपक्ष की द्वादशी को–क्रम से अनुराधा, श्रवण तथा रेवती के योग में पारणा न करे। अर्थात्–[1] संगम में भोजन न करे। करने पर बाहर द्वादशी तिथि का फल नष्ट हो जाता है। यहाँ पर यद्यपि इतना ही कहा है तथापि अनुराधा का प्रथम पाद ही वर्जित है।

तदुक्तं विष्णुधर्मे—मैत्राद्यपादे स्वपितीह विष्णुः पौष्णान्त्यपादे प्रतिबोधमेति। श्रुतेश्च मध्ये परिवर्तमेति सुप्तिप्रबोधपरिवर्तनमेव वर्ज्यम्॥ इति। वस्तुतस्तु पूर्ववचनमिदं च निर्मूलमेव।

उसी बात को विष्णुधर्मपुराण में कहा है कि–मैत्र (अनुराधा) के आद्यपाद में भगवान् विष्णु शयन करते हैं। पौष्ण (रेवती) के अन्त्यपाद में जागते है। श्रुत (श्रवण) के मध्य में परिवर्तन (करवट) लेते हैं। इसलिये–सुप्ति (शयन,) प्रबोध (जागना) परिवर्तन (करवट) लेना वर्जित है। सिद्धान्त तो यह है कि–पहले कहा हुआ यह वचन निर्मूल ही है।

(अथ विष्णुशयनोत्सवः)

अत्रैव विष्णुशयनोत्सव उक्तो हेमाद्रौ ब्राह्मे––एकादश्यां तु शुक्लायामाषाढे भगवान् हरिः। भुजङ्गशयने शेते क्षीरार्णवजले सदा॥ इति।

---

(१) सङ्गवे न भोक्तव्यम्, प्रातर्मध्याह्नयोस्तु तद्भवत्येवेति तदर्थः। यत्र दिनं व्याप्यानुराधा द्वादशी च तत्र प्रातरेव पारणा। (सर्वेषामुपवासानाम्) इत्युक्तेः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर विष्णु शयनोत्सव हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण मत है कहा है कि—आषाढशुक्लमास की एकादशी-तिथि में तो भगवान् हरि शेष-की शय्या पर क्षीरसागर के जल में सदा[1] शयन[2] करते हैं।

कल्पतरौ यमः—क्षीराब्धौ शेषपर्यङ्के आषाढ्यां संविशेद्धरिः। निद्रां त्यजति कार्तिक्यां तयोः संपूजयेत्सदा॥ ब्रह्महत्यादिकं पापं क्षिप्रमेव व्यपोहति। हिंसात्मकैस्तु किं तस्य यज्ञैः कार्यं महात्मनः॥ प्रस्वापे च प्रबोधे च पूजितो येन केशवः॥

कल्पतरु में यम का कथन है कि-आषाढ महिने को एकादशी तिथि में शेष पर्यंक में क्षीरार्णव में हरि शयन करते हैं और कार्तिक शुक्लपक्ष की एकादशीतिथि में निद्रा का त्याग करते हैं। अतः आषाढ मास के शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि में और आषाढमास के शुक्लपक्ष की-द्वादशीतिथि में—निरन्तर पूजन करे। इससे ब्रह्महत्यादि पाप जल्दी ही नष्ट हो जाते हैं। जो शयन तथा प्रबोध (जागना) के दिन में केशव का पूजन-अर्चन करता है। उस महात्मा को हिंसात्मक यज्ञों से क्या करना है।

टोडरानन्देऽपि स्कान्दे—आषाढशुक्लैकादश्यां कुर्यात्स्वप्नमहोत्सवम्।

टोडरानन्द में भी स्कन्दपुराण का मत है कि-आषाढ शुक्ल पक्ष की एकादशीतिथि में विष्णु का शयन-महोत्सव करे।

अयं द्वादश्यामप्युक्तः—आभाकासितपक्षेषु मैत्रश्रवणरेवती। आदिमध्यावसानेषु प्रस्वापावर्तनोत्सवाः॥ निशि स्वापो दिवोत्थानं सन्ध्यायां परिवर्तनम्॥ अन्यत्र पादयोगेऽपि द्वादश्यामेव कारयेत्। आभाकाद्येषु मासेषु मिथुने माधवस्य च। द्वादश्यां शुक्लपक्षे च प्रस्वापावर्तनोत्सवः। इति भविष्योक्तेः।

इसको द्वादशीतिथि में भी कहा है—आषाढमास, भाद्रपदमास तथा कार्तिकमास के शुक्लपक्ष की द्वादशीतिथि को-क्रम से-अनुराधा, श्रवण और रेवतीनक्षत्र के आदि, मध्य एवं अन्त के चरण में-शयन, करवट और उत्सव को क्रम से करे।

रात्रि में-शयन कार्य, दिन में उत्थान (जगाने कार्य), तथा सन्ध्या काल में परिवर्तन (करवट) लेने का उत्सव करे। अन्यत्र पाद योग (चरणयोग) में भी द्वादशीतिथि में कराना चाहिए। भविष्यपुराण का मत है कि-आषाढ, भाद्रपद तथा कार्तिकमासों में, मिथुन के सूर्य में माधव का शुक्लपक्ष भी द्वादशी तिथि में क्रम से-शयन, आवर्तन एवं उत्सव (जागरण) करे।

द्वादश्यां सन्धिसमये नक्षत्राणामसम्भवे। आभाकासितपक्षेषु शयनावर्तनादिकम्॥ इति वाराहोक्तेश्च।

वाराहपुराण में कहा है कि—[3]द्वादशीतिथि में-सन्ध्याकाल में, नक्षत्रों के असंभव (उदकाल के पूर्व) में आषाढ़, श्रावण और कार्तिकमास के शुक्लपक्ष में क्रम से शयन, आवर्तन तथा प्रबोध (जागरण) करे।

द्वादश्यामित्यत्रापि पारणाऽहोमात्रं विवक्षितम्। पारणाऽहे पूर्वरात्रे घण्टादीन् वादयन् मुहुः। इति रामार्चनचन्द्रिकोक्तेः।

---

(१) निशि स्वापो दिवोत्थानं सन्ध्यायां परिवर्तनम्। २-भविष्यपुराणे महापूजा ततः कुर्यात् देवदेवस्य चक्रिणः। जातीकुसुममालाभिर्मन्त्रेणानेन पूजयेत्। सुप्ते त्वयि जगन्नाथ जगत्सुप्तं भवेदिदम्। विबुद्धे च विबुध्येत प्रसन्नो मे भवाच्युत॥

(२) भाद्रशुक्लैकादश्यां विष्णोः परिवर्तनमुक्तं भविष्ये-प्राप्ते भाद्रपदे मासि एकादश्यां दिने सिते। कटिदानं (अङ्गपरिवर्तनम्) भवेद्विष्णोर्महापातकनाशनम्॥ तत्र महापूजां कृत्वा परिवर्तनं प्रार्थयेत्-परिवर्तस्व देवेश केशवाच्युत भो प्रभो। त्वयैकापैकादशी देव हितार्थं निर्मिता पुरा। पद्मपुराणे-एकादश्यां तु शुक्लायां कार्तिके मासि केशवम्। प्रसुप्तं बोधयेद्रात्रौ श्रद्धाभक्तिसमन्वितः॥

(३) निशादौ तन्नक्षत्रयोगाभावे सति शयनावर्तनप्रबोधाः। सन्धिसमये—सन्ध्यासमय एव, न तु तत्र नक्षत्रभागयोगे। यस्य यस्य च देवस्य यन्नक्षत्रं तिथिस्तथा। तस्य देवस्य तस्मिंस्तु शयनावर्तनादिकम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'द्वादशीपद' से यहाँ पर पारण का दिन मात्र विवक्षित है। रामार्चनचन्द्रिका में कहा है कि—पारण दिन के पूर्व रात्रि में वारंबार घण्टा आदि को बजावे।

अत्रैकादशीद्वादश्योर्देशभेदेन व्यवस्था। इदं च मलमासे न कार्यम्। ईशानस्य बलिर्विष्णोः शयनं परिवर्तनम्। इति कालादर्शे निषेधात्।

यहाँ पर एकादशी तथा द्वादशी के देशभेद से व्यवस्था है। इसको मलमास में न करे। कालादर्श में लिखा है कि—शंकरदेव को बलि और विष्णु का शयन तथा परिवर्तन (करवट बदलना) निषेध है।

यद्यपि—एकादश्यां तु गृह्णीयात्संक्रान्तौ कर्कटस्य वा। आषाढ्यां वा नरो भक्त्या चातुर्मास्यव्रतक्रियाम्॥ इति हेमाद्रौ ब्रह्मवैवर्ते, तदपि मलमासेऽसति द्रष्टव्यम्।

जो भी—हेमाद्रि में ब्रह्मवैवर्तपुराण का कथन है कि—कर्कराशि की संक्रान्ति में और आषाढमास की एकादशीतिथि में भक्ति से चातुर्मास्यव्रत की क्रिया को ग्रहण करे। वह भी मलमास के न होने पर देखना चाहिये।

मिथुनस्थो यदा भानुरमावास्याद्वयं स्पृशेत्। द्विराषाढः स विज्ञेयो विष्णुः स्वपिति कर्कटे॥ इति तत्रैव मोहचूडोत्तरोक्तेः।

वहीं पर ही मोहचूडोत्तरने कहा है कि—जब मिथुन राशि का सूर्य दो अमावास्या का स्पर्श करे तो उसको दो आषाढ जानना चाहिये और विष्णु कर्क की संक्रान्ति में शयन करते हैं।

(अत्रैव चातुर्मास्यव्रतारम्भः)

अत्रैव चातुर्मास्यव्रतारम्भ उक्तो भारते—आषाढे तु सिते पक्षे एकादश्यामुपोषितः। चातुर्मास्यव्रतं कुर्यात् यत्किञ्चिन्नियतो नरः॥ इति।

यहाँ पर ही भारत में चातुर्मास्य के व्रतका आरंभकर कहा है कि—आषाढमास के शुक्लपक्ष की एकादशीतिथि में उपवास कर मनुष्य सावधानता से चातुर्मास्यव्रत को करे।

(अस्य नित्यत्वमुक्तम्)

अस्य नित्यत्वं तत्रैवोक्तम्। वार्षिकांश्चतुरो मासान् वाहयेत्केनचिन्नरः। व्रतेन नो चेदाप्नोति किल्बिषं वत्सरोद्भवम्॥

इसका नित्यत्व भी वहाँ पर (भारत में) कहा है। मनुष्य साल के चार महीनों पर किसी न किसी व्रत से व्यतीत करे। जो व्रत से नहीं समय व्यतीत करता है वह साल भर से प्रादुर्भूत पापों को प्राप्त करता है।

(असंभवे तु पौर्णमासीतिथौ प्रारंभादिकथनम्)

असम्भवे तुलार्केऽपि कर्तव्यं तत्प्रयत्नतः॥ इति। तेन आषाढशुक्लैकादश्यां पौर्णमास्यां वाऽऽरम्भः। समाप्तिस्तु कार्तिकशुक्लद्वादश्यामेव। तदुक्तं हेमाद्रौ भारते—चतुर्धा गृह्य वै चीर्णं चातुर्मास्यव्रतं नरः। कार्तिके शुक्लपक्षे तु द्वादश्यां तत्समापयेत्॥

असंभव में तो तुला के सूर्य में प्रयत्न से करे। इससे आषाढशुक्ल एकादशी, द्वादशी या पौर्णमासीतिथि में आरम्भ करे। समाप्ति तो कार्तिक शुक्ल द्वादशी में ही करे। उसी बात को हेमाद्रि में भारत का वचन है कि—मनुष्य चारों[1] प्रकार के चातुर्मास्यव्रत को ग्रहण कर कार्तिकशुक्लपक्ष की द्वादशीतिथि में उसको समाप्त करे।

---

(१) चातुर्मास्यव्रतारंभे चत्वारः पक्षाः। आषाढे—शुक्लैकादशी—तद् द्वादशी—तत्पौर्णमासी—कर्क संक्रान्तिभेदात्। 'एकादश्यां तु शुक्लायाम्' इतिवाक्यात्। 'आषाढशुक्लद्वादश्यां पौर्णमास्यामथापि वा। चातुर्मास्य व्रतारंभं कुर्यात्कर्कटसंक्रमे॥ इति वाराहात्'।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अस्यारंभकथने शुक्रास्तादिविचारः)

अस्यारम्भः शुक्रास्तादावपि कार्यः। न शैशवं न मौढ्यं च शुक्रगुर्वोर्न वा तिथेः। खण्डत्वं चिन्तयेच्चादौ चातुर्मास्यविधौ नरः ॥ इति हेमाद्रौ गार्ग्योक्तेः। इदं च द्वितीयारम्भविषयम्[1]। प्रथमारम्भस्तु न भवत्येव। आशौचमध्येऽपि द्वितीयारम्भो भवति। अशुचिर्वा शुचिर्वापि यदि स्त्री यदि वा पुमान्। व्रतमेतन्नरः कृत्वा मुच्यते सर्वपातकैः ॥ इति भार्गवार्चनदीपिकायां स्कान्दोक्तेः। आरब्धे सूतकं न स्यादनारब्धे च सूतकम्—इति विष्णुवचनाच्च।

इसका आरम्भ शुक्रास्त आदि में भी करे। हेमाद्रि में वृद्धगार्ग्य ने कहा है कि—शुक्र तथा गुरु का बाल्य (शैशव), आरंभ (मौढ्य) और तिथि का खण्डत्व (हानि) चिन्ता चातुर्मास्य विधि के आरम्भ में मनुष्य को नहीं करना चाहिये। यह भी द्वितीयारंभविषयक है। प्रथमारंभ तो होता ही नहीं है। आशौच के मध्य में भी द्वितीयारंभ होता है। भार्गवार्चनदीपिका में स्कन्दपुराण का कथन है कि—यदि अपवित्र या पवित्र स्त्री या पुरुष इस व्रत को करके सब पातकों से मुक्त हो जाता है।

विष्णु का भी वचन है कि—आरम्भ में (जिस कार्य को शुरू किया हो) सूतक नहीं होता है और अनारंभ (जिस कार्य को प्रारम्भ नहीं किया हो) में सूतक होता है।

यत्तु—असंक्रान्तं तथा मासं दैवे पित्र्ये च कर्मणि। मलमासमशौचं च वर्जयेन्मतिमान्नरः ॥ इति हेमाद्रौ चातुर्मास्यव्रतप्रकरणे भविष्यवचनं, तत्पूषानुमन्त्रणमन्त्रवदसंबद्धं मध्ये पठितमिति ज्ञेयम्। अन्यथा पित्र्यस्य पूर्वोक्तस्य विवाहादेश्च चातुर्मास्यव्रते कः प्रसङ्गः। प्रकरणनिवेशेऽपि वा प्रथमारम्भविषयं ज्ञेयम्।

हेमाद्रि में चातुर्मास्यव्रतप्रकरण में भविष्यपुराण का जो वचन है कि—जिस महीने में संक्रान्ति (अर्थात्—अधिकमास) न हो, मलमास (क्षयमास), तथा आशौच इनको बुद्धिमान् मनुष्य देव तथा पित्र्यकर्म में वर्जित करे। वह 'पूष्णोहं देव प्रजया पशुभिश्च जनीषीय' पूषानुमन्त्रणमन्त्रवत्[2] असंबद्ध—मध्य में पढा गया यह जानना चाहिये। अन्यथा—पूर्व कहे हुए पितृकर्म का और विवाहादि का चातुर्मास्यव्रत में क्या प्रसंग है। या प्रकरण के निवेश में भी प्रथमारम्भ विषयक जानना चाहिये।

केचित्तु प्रतिवर्षं च चातुर्मास्यव्रतप्रयोगाणां भिन्नत्वादाशौचादिपाते द्वितीयादिप्रयोगो न भवत्येवेत्याहुः। तन्न। प्रतिवर्षं च यः कुर्यादेवं वै संस्मरन् हरिम्। देहान्तेऽतिप्रदीप्तेन विमानेनार्कवर्चसा ॥ मोदते विष्णुलोकेऽसौ यावदाभूतसंप्लवम् ॥ इति हेमाद्रौ भविष्यवचनादित्यास्तां विस्तरः। इदं च शिवभक्तादिभिरपि कार्यम्। शिवे वा भक्तिसंयुक्तो भानौ वा गणनायके। कृत्वा व्रतस्य नियमं यथोक्तफलभाग्भवेत् ॥ इति ब्रह्मवैवर्तात्।

कोई तो प्रतिवर्ष (हरसाल) चातुर्मास्यव्रत प्रयोगों का भिन्नत्व होने से आशौचादि के पात (आने पर) में द्वितीयादि प्रयोग नहीं ही होता है। यों कहते हैं। वह ठीक नहीं है।

जो मनुष्य हरिका स्मरण करता हुआ प्रतिवर्ष कार्य करता है वह सूर्य के तेज के सदृश अतिप्रदीप्त विमान से इसप्रकार बैठकर प्रलयकालपर्यन्त विष्णुलोक में आनन्दित होता है। इतना ही विस्तार बहुत है।

और इस व्रत को शिवभक्त आदि भी करें। ब्रह्मवैवर्तपुराण में कहा है कि—भक्ति से संयुक्त शिव, सूर्य और गणनायक (गणेश) के व्रत का नियम कर यथोक्त फल को प्राप्त करता है।

(अथ व्रतग्रहणप्रकारकथनम्)

व्रतग्रहणप्रकारस्तु हेमाद्रौ भविष्ये—महापूजां ततः कुर्याद्देवदेवस्य चक्रिणः।
जातीकुसुममालाभिर्मन्त्रेणानेन पूजयेत् ॥

---

(१) बहुषु पुस्तकेषु 'इदं च द्वितीयाद्यारंभ विषयकम्' इति पाठो न दृश्यते।
(२) पूषणं नु देवं कन्या अग्निमयक्षत। स इमां देवः पूषा प्रेतो मुञ्चातुनामुत स्वाहा ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

व्रतग्रहण का प्रकार तो हेमाद्रि में भविष्यपुराण का मत है कि—तदनन्तर देवों में देव चक्रपाणी की महापूजा करे। जाती (चमेली) पुष्प की मालाओं द्वारा इस मन्त्र से पूजा करे।

सुप्ते त्वयि जगन्नाथे जगत्सुप्तं भवेदिदम्। विबुद्धे च विबुद्ध्येत प्रसन्नो मे भवाच्युत ॥

हे जगन्नाथ (हे जगदीश्वर), आपके शयन करने पर इससंसार के प्राणी शयन करते हैं और आपके जागने पर वे सब जागते हैं।

एवं तां प्रतिमां विष्णोः पूजयित्वा स्वयं नरः। प्रभाषेचाग्रतो विष्णोः कृताञ्जलिपुटस्तथा ॥

इसलिए हे अच्युत, मेरे ऊपर प्रसन्न हों। स्वयं मनुष्य इसप्रकार उस विष्णु की प्रतिमा का पूजन कर विष्णु के आगे हाथ को जोड़ कर कहे।

चतुरो वार्षिकान्मासान् देवस्योत्थापनावधि। इमं करिष्ये नियमं निर्विघ्नं कुरु मेऽच्युत ॥

चार—साल के महिनों में देवता के उत्पादनावधि कालतक मैं इस व्रत को नियम से करूँगा। हे अच्युत, मेरे व्रत को निर्विघ्न करो।

इदं व्रतं मया देव गृहीतं पुरतस्तव। निर्विघ्नं सिद्धिमायातु प्रसादात्तव केशव ॥

हे केशव, तुम्हारे आगे मैंने इस व्रत को ग्रहण किया है। हे केशव, आपके प्रसाद से निर्विघ्न सिद्धि को प्राप्त होऊ।

गृहीतेऽस्मिन् व्रते देव पञ्चत्वं यदि मे भवेत्। तदा भवतु सम्पूर्णं त्वत्प्रसादाज्जनार्दन ॥

इस व्रत के ग्रहण करने पर यदि मेरा पञ्चत्व (मरण) हो जाय तब आपके प्रसाद से हे जनार्दन, परिपर्ण हो।

गृहीतेऽस्मिन् व्रते देव यद्यपूर्णे म्रितो ह्यहम्। तन्मे भवतु सम्पूर्णं त्वत्प्रसादाज्जनार्दन ॥ इति।

हे देव, इस व्रत के ग्रहण करने पर यदि अपणता में मृत्यु हो जाय तो, हे जनार्दन, आपके प्रसाद से मेरा (व्रत) संपर्ण हो।

(श्रावणादिमासे शाकादिवर्जनकथनम्)

तत्र भार्गवार्चनदीपिकायां नृसिंहपरिचर्यायां च भविष्ये—श्रावणे वर्जयेच्छाकं दधि भाद्रपदे तथा। दुग्धमाश्वयुजे मासि कार्तिके द्विदलं त्यजेत् ॥ इति।

भार्गवार्चनदीपिकामें और नृसिंहपरिचर्या में भविष्यपुराण का वचन है कि-श्रावणमास में शाक, भाद्रपदमास में दधि, आश्विनमास में दूध तथा कार्तिकमास में द्विदल (दाल) का त्याग करे। यों कहा है।

(चातुर्मास्ये द्विदलादिनिषेधविचारः)

स्कान्देऽपि चातुर्मास्यकल्पे—चत्वार्येतानि नित्यानि चतुराश्रमवर्णिनाम्। प्रथमे मासि कर्तव्यं नित्यं शाकव्रतं नरैः ॥ द्वितीये मासि कर्तव्यं दधिव्रतमनुत्तमम्। पयोव्रतं तृतीये तु चतुर्थेऽपि निशामय ॥ द्विदलं बहुबीजं च वृन्ताकं च विवर्जयेत्। नित्यान्येतानि विप्रेन्द्र व्रतान्याहुर्मनीषिणः ॥ जंबीरं राजमाषाश्च मूलकं रक्तमूलकम्। कूष्माण्डं चेक्षुदण्डं च चातुर्मास्ये त्यजेद् बुधः ॥ अत्र मूलं चिन्त्यम्। तथा—विशाखाद्दरा धात्रीं कूष्माण्डं तिन्तिडीं त्यजेत्। जीर्णं धात्रीफलं ग्राह्यं कथञ्चित्कायशोधनम् ॥ इति।

स्कन्दपुराण के चातुर्मास्यकल्प में भी वहा है कि-चार आश्रम के वर्णों को ये चारों नित्य हैं। (१) प्रथम महिने में-शाक व्रत (शाकवर्जनसङ्कल्पः। बहुबीजव्रतं च मासचतुष्टये। राजमाषाः-चवल्या इति महाराष्ट्राः। (चौराइ), (२) दूसरे महिने में-दधिव्रत, तीसरे महिने में-पयोव्रत, चौथे मास में द्विदल-दो दलवाले बहुबीज और वृन्ताक (भंटा) को त्याग दे। ये व्रतों में नित्य हैं—ऐसा विद्वानों ने कहा है।

जंबीर (जंबीरी नींब) राजमाष (बोडा) मूलक (मूली) रक्तमूलक (लालमूली) कूष्माण्ड (कोंढा सफेद) और इक्षुदण्ड को चातुर्मास्य में विद्वान् को त्याग देना चाहिये। इसमें मूल विचारणीय है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और-विशेष कर वदरीफल (वेर) धात्री (आँवला) कूष्माण्ड, तिन्तिणी (दासरिया खट्टा होता है। अभाव में इमली) जीर्ण धात्रीफल (पुराने आंवले का फल) को कथञ्चित् शरीर शोधन के लिए ग्रहण करे।

(जनार्दने शुप्ते सति मञ्चखट्वादिशयनविचारः)

तीर्थसौख्ये स्कान्दे—वार्षिकांश्चतुरो मासान् प्रसुप्ते च जनार्दने।
मञ्चखट्वादिशयनं वर्जयेद्भक्तिमान्नरः॥

तीर्थसौख्य में स्कन्दपुराण का मत है कि—साल के चार मासों में जनार्दन के शयन करने पर भक्तियुक्त मनुष्य मञ्च, खटिया आदि पर शयन न करे।

(मांसमधुपटोलादिभक्षणे विचारः)

अनृतौ वर्जयेद्भार्यां मांसं मधु परौदनम्। पटोलं मूलकं चैव वृन्ताकं च न भक्षयेत्॥ अभक्ष्यं वर्ज्जयेद् दूरान्मसूरं सितसर्षपम्। राजमाषान् कुलित्थांश्च आशुधान्यं च सन्त्यजेत्॥ शाकं दधि पयो माषान् श्रावणादिषु वर्जयेत्॥ अत्र त्यजेदिति वर्जनसङ्कल्परूपः पर्युदासो ज्ञेयः व्रतोपक्रमात्।

अनृतु (बिना ऋतु) में स्त्री को वर्जित करे। मांस, मधु, परौदन (दूसरेसे बना भात) पटोल (परवर) मूलक (मूली) और वृन्ताक (भंटा) को भक्षण न करे। दूर से अभक्ष्य को त्याग दे। मसूर (मसूर), सितसर्षप (सफेद सरसों), राजमाष (वाडा) कुलित्थ (कुलथी) और आशुधान्य (सांवा) को त्याग दे। शाक, दधि, दूध और उडद को श्रावण आदि महिनों में त्याग दे। यहाँ पर 'त्यजेत्' यह वर्जनरूप (सङ्कल्प) पर्युदास [1](निषेध) व्रतापक्रमसे जानना चाहिये।

अत्र केचित्—शाकाख्यं पत्रपुष्पादि इत्यमरकोशस्य शक्यतेऽशितुमनेनेति शाकः, इति क्षीरस्वामिना व्याख्यानात् व्यञ्जनमात्रस्य निषेधमाचक्षते। अन्ये तु शाकशब्दस्य पत्रादिदशविधशाके योगरूढत्वात्, योगाच्च रूढेर्बलीयस्त्वात् सूपादीनामपि त्यागापत्तेश्च तत्प्रत्याचक्षते। तन मूलपत्रकरीराग्रफलकाण्डाधिरूढकाः। त्वक् पुष्पं कवचं चेति शाकं दशविधं स्मृतम्॥ इति क्षीरस्वामिनोक्तस्य शाकस्य निषेध इति। अधिरूढकाः = अङ्कुराः।

यहां पर कोई 'शाकाख्यं पत्रपुष्पादि' इस अमरकोश से जिसके साथ अन्न लगाकर खाया जाय इस व्युत्पत्ति और क्षीरस्वामी के व्याख्यान से व्यञ्जन मात्र का निषेध कहा है। अन्य लोग तो शाक

---

(१) जिस वाक्य में नकार प्रधान के साथ अन्वय होगा वहाँ प्रतिषेध अर्थ होता है। प्रधान के साथ अन्वय—दो कारणों से नहीं होता है तब नकार का अर्थ—पर्युदास होता है। व्रतोपक्रम तथा विकल्प प्राप्ति ये दो कारणों से पर्युदास हो जाता है। जैसे—ब्रह्मचारी का व्रत एवं आरम्भ कर आगे 'नेक्षेतोद्यन्तमादित्यम्' उदयहोते हुए सूर्य को नहीं देखना चाहिये। ऐसे बहुत से धर्मों को प्रतिपादन किया है। इस वाक्य में रहने वाला नकार का अर्थ निषेध नहीं कह सकते हैं। क्योंकि पहले वाक्य में व्रत शब्द के द्वारा कर्तव्य पदार्थों का आरम्भ किया। अब कर्तव्य पदार्थों का निरूपण करना आगे आवश्यक है। तभी एकवाक्यता हो सकती है। परन्तु उत्तरवाक्य में कर्तव्य पदार्थ का निरूपण नहीं किया है। अतः नकार का अर्थ प्रधानभूत भावना के साथ अन्वय न मान कर अनुष्ठयनरूप अर्थ का प्रतिपादन किया जाता है। जैसे—'दीक्षणवर्जनसंकल्पः'। ऐसे स्थलों में नकार का पर्युदास अर्थ है। वैसे ही 'यजतिषु ये यजामहे करोति नानुयाजेषु' इस वाक्य में पर्युदास माना जाता है। होता नामक ऋत्विक् याज्या मन्त्रों का पाठ करता है यागकाल में। अध्ययनकाल में इन मन्त्रों को जैसा संहिता में है वैसा पाठ करता है। परन्तु प्रयोगकाल में उस मन्त्र के आरम्भ में 'ये यजामहे' इस को जोड़ कर-उच्चारण करना चाहिये। इस वाक्य से जितनी याज्यायें हैं सभी में 'ये यजामहे' शब्द प्राप्त हो गया है। श्रौत यागों में इडा भक्षणानन्तर अनुयाज नामक तीन याग किया जाता है उनकी याज्याओं में भी पूर्व वाक्य से 'ये यजामहे' प्राप्त हुआ। तब वेद निवारण करते हैं-अनुयाज व्यतिरिक्त याज्याओं में 'ये यजामहे-कहना चाहिये। इसप्रकार अर्थ वर्णनसे पर्युदास कहा जाता है। अर्थात्—पर्युदास वाक्य में कर्तव्यार्थ का ही बोध होता है न कि निषेध का।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शब्द से पत्रादि दशविध शाक में [1]योगरूढ होने से और योग से रूढी बलवान् है सूपादियों का भी त्यागापत्ति हो जायगी। इससे अन्यथा मल=आलू सलजल मूली आदि, पत्र=पालक, मूली, पोई आदि, करीर=फल, अग्रफल-बोडा, ग्वालिन आदि, कांड=गांठ गोभी, केले का फल, करेमू आदि। अधिरूढ पोई, त्वक्=पेड या मूली, कुम्हडा आदि का साग, कवक=कुन्दरू आदि, क्षीर स्वामी के कहे हुए दश प्रकार के शाक का निषेध है। अधिरूढ=[2]अंकुर=चना, मटर का साग।

वस्तुतस्तु—तत्तत्कालोद्भवाः शाकाः वर्जनीयाः प्रयत्नतः। बहुबीजमबीजं च विकारि च विवर्जयेत्॥ इति भविष्यवचनात्तत्कालोत्पन्नानां दशविधशाकानां निषेधः। तत्र तत्कालोद्भवजातीयत्वं विवक्षितम्। तेनातपादिशोषितानां वर्षान्तरोद्भवानामपि निषेधः।

सिद्धान्त तो यह है कि–उस उस काल में पैदा हुए शाकों को प्रयत्न से वर्जित करे। बहुत बीजवाले, नहीं बीज वाले और विकारी को त्याग दे। इस भविष्यपुराणवचन से उस उससमय से उत्पन्न दशविधशाकों का निषेध है। वहाँ पर उस उस काल में प्रादुर्भूत जातीयत्व की विवक्षा है उससे घाम आदि में सुखाये हुओं का और वर्षा के मध्य में प्रादुर्भूत शाकों का ही निषेध है। क्योंकि उस समय में उत्पन्न का ही निषेध नहीं है गौरव (महत्व) होने से।

अत्र तत्तत्कालोद्भवा इति वीप्सावशात् स्वस्वकालोद्भवानां सर्वेषां निषेध इति निष्कर्षः। बहुबीजमित्यनेकबीजमिति केचित्। इतरावयवापेक्षया, बीजावयवा यत्र, बहवस्तादित्यन्ये। अबीजम्= कदल्यादि। वस्तुतस्तु-इदं महानिबन्धेष्वभावान्निर्मूलमेव।

यहाँ पर उससमय में प्रादुर्भूत इसतरह वीप्सा[3] वशात् अपने अपने समय में प्रादुर्भूत सबों का निषेध है—यह निष्कर्ष है। बहुबीजम्-कोई अनेक बीज कहते हैं। अन्य तो दूसरे अवयवों की अपेक्षा से बीज के अवयव जहाँ बहुत हों उसको बहुबीज कहते हैं। अबीज शब्द से कदली आदि है। सिद्धान्त पक्ष तो यह है कि—यह महानिबन्धों में अभाव (न मिलने से) होने से निर्मूल ही है।

(अथ वृन्ताकादिभक्षणेन हरिदर्शने बाधाविचारः)

आचारप्रदीपे—वृन्ताकं च कालिङ्गं च बिल्वोदुम्बरभिःसटाः।
उदरे यस्य जायन्ते तस्य दूरतरो हरिः॥

आचारप्रदीप में लिखा है कि–वृन्ताक (भंटा), कालिंग (तरबूज) बिल्व, उदुम्बर, भिःसटा (दग्धान्न) ये जिसके उदर में जीर्ण है उस से हरि बहुत दूर हो जाते हैं।

तथाऽपरार्के देवलः—ब्रह्मचर्यं तथा शौचं सत्यमामिषवर्जनम्।
व्रतेष्वेतानि चत्वारि वारिष्ठानीति निश्चयः॥

---

(१) शब्दों का अर्थ कहीं योग से होता है, कहीं रूढी से होता है, योग माने–शब्द की व्युत्पत्ति करते समय जो अर्थ होगा उसे योग कहते हैं। शब्द की व्युत्पत्ति से भिन्न होने पर जो अर्थ होगा वह रूढी होगा। जैसे–मही रुह शब्द वृक्षवाचक है। क्योंकि भूमि से उसकी उत्पत्ति होती है। अनुकूल यह शब्द व्युत्पत्ति से देखे। नदी के तीर के समान। परन्तु लोक में अनादिकाल से अनुकूल में प्रयुक्त है। अतः यह अर्थ रूढी होता है। अब विचारतीय विषय है कि–'वर्षासु रथकारः अग्नीनादधीत' इस वाक्य में प्रतिपादित रथकार शब्द का क्या अर्थ हो सकता है। एक अर्थ–रथं करोतीति रथकारः। इसप्रकार अर्थ करने से जो रथ कहते हैं। उनको रथकारशब्द से कहते हैं। लोक में रथकारशब्द एक जाती में रूढ है। अब रथकार शब्द का योगार्थ और रूढ्यर्थ दो परस्पर विरुद्ध अर्थ हुए। अब किस अर्थ को छोड़ दिया जाय। इसको निर्णय करने के लिए एक नियम बनाया 'रूढियोगमपहरति' अर्थात्–व्युत्पत्ति से अर्थ करने से रूढी बाधक है। अर्थात्–रूढ्यर्थ स्वीकार करना चाहिये। कात्यायनसरलावृत्ति में भी कहा है कि—रथकारस्याधाने, नियतं च और नाभावादिति वात्स्यः–इन सूत्रोंके भाष्योंको भी देखें।

(२) अङ्कुर इति क्षेत्रोद्भिन्न फलमूलादेः, स्वेदोद्भिन्नोङ्कुर इति केचित्। अत्र फलपत्रत्यादेः सर्वस्य न निषेधः, किन्तु फलमूलादेरेव। तेषां व्यञ्जनत्वेन भूयो लोकव्यवहारादिति केचित्। तत्रान्यत्रापि तद्व्यवहारभूयस्त्वादित्यपरे। इति टीकायाम्।

(३) एक ही शब्द को दोवार कहना ही वीप्सा है। जैसे 'अहरहः सन्ध्यामुपासीत, तत् तत्, इत्यादि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और अपरार्क में देवल ने कहा कि—ब्रह्मचर्य, शौच, सत्यता तथा आमिष (मांस) त्याग करना चाहिये। ये व्रतों में चार निश्चित श्रेष्ठ हैं।

(अथामिषकथनम्)

आमिषाणि चोक्तानि रामार्चनचन्द्रिकायां पाद्मे—प्राण्यङ्गचूर्णं चर्माम्बु जम्बीरं बीजपूरकम्। अयज्ञशिष्टमाषादि यद्विष्णोरनिवेदितम्॥ दग्धमन्नं मसूरं च मांसं चेत्यष्टधाऽऽमिषम्। रुच्यं तत्तद्देशलभ्यं सुप्ते देवे विवर्जयेत्॥

रामाचन्द्रचन्द्रिका में पद्मपुराणमतानुसार आमिषोंको कहा है कि-प्रण्यङ्गचूर्ण (मौक्तिकशुक्ति), चर्माम्बु (चमड़ेका जल) जंबीर (जंबीरीनिंबू), बीजपूरक (बिजोरानिंबू) अयज्ञशेष माष आदि, जो विष्णु को अनिवेदित हो, जला हुआ अन्न, मसूर (उड़दी) तथा मांस ये आठ तरह के आमिष हैं। उस उस देश में प्राप्त होने योग्य तथा रुचिकर इन आमिषों को देवशयन में वर्जित करे।

पाद्मे कार्तिकमाहात्म्ये—गोच्छागीमहिषीदुग्धादन्यद् दुग्धादि चामिषम्। धान्यं मसूरिकाः प्रोक्ता अन्नं पर्युषितं तथा। द्विजक्रीता रसाः सर्वे लवणं भूमिजं तथा। ताम्रपात्रस्थितं गव्यं जलं पल्वलसंस्थितम्॥ आत्मार्थं पाचितं चान्नमामिषं तत्स्मृतं बुधैः॥

कार्तिकमाहात्म्य में पद्मपुराण का मत है कि—गौ, बकरी तथा भैंस के दूध से अन्य दुग्धादि आमिष होता है। धान्य (कुसम्बरुः-नेपाली धनिया मोटा) पर्युषित[1] अन्न, ब्राह्मणों से खरीदे सब रस, भूमि से उत्पन्न सब लवण। तांबे[2] के पात्र में स्थित गव्य दुग्धादि, पल्लवस्थित जल और अपने आत्मा के लिये पकाया हुआ अन्न ये सब विद्वानों ने आमिष कहा है।

तथा—निष्पावान् राजमाषांश्च मसूरं सन्धितानि च। वृन्ताकं च कलिङ्गं च सुप्ते देवे विवर्जयेत्॥ सन्धितानि = लवणशाकादीनि। तत्रैव विष्णुधर्मे—चतुर्ष्वपीह मासेषु हविष्याशी न पापभाक्।

और-निष्पाव (बड़ीमटर), राजमाष (बोडाः), मसूर, सन्धितानि-लवण शाक आदि, वृन्ताक (भंटा) और कलिंग ये सब देवता के शयन में वर्जित हैं।

वहीं पर विष्णुधर्म का कथन है कि-हविष्यका भक्षण करने वाला चार महिनों में पाप का भागी नहीं होता है।

(अथ हविष्यकथनम्)

हविष्याणि तु पृथ्वीचन्द्रोदये भविष्ये—हैमन्तिकं सितास्विन्नं धान्यं मुद्गा यवास्तिलाः। कलायकङ्गुनीवारा वास्तुकं हिलमोचिका॥ षष्टिका कालशाकं च मूलकं केमुकेतरत्। कन्दः सैन्धवसामुद्रे गव्ये च दधिसर्पिषी॥ पयोऽनुद्धृतसारं च पनसाम्रहरीतकी। पिप्पली जीरकं चैव नागरङ्गं च तिन्तिणी॥ कदलीलवली धात्रीफलान्यगुडमैक्षवम्। अतैलपक्वं मुनयो हविष्याणि प्रचक्षते॥ इति। सितास्विन्नम्=अनूष्मपक्वम्। धान्यम् = तण्डुलादि। केमुकम्=केमुता इति प्राच्येषु प्रसिद्धः कन्दः। 'कलायस्तु सतीनकः' इत्यमरः। बहुरीति प्रसिद्धं धान्यम्। मदनरत्नेऽप्येवम्।

पृथ्वीचन्द्रोदय में भविष्यपुराण मत से हविष्यों का कहा कि—हैमन्तिक—हेमन्तमें होने वाला, सितास्विन्न (बना अन्न) सितं श्वेतमस्विन्नम् अनूष्मकं किंचिदग्निपाकेन जातस्वेदं स्विन्नं तद्भिन्नं तेन पृथुकादिनिषेधः) धान्य-तण्डुल, मूग ,यव, तिल, कलाय (सतानक, मटरइतिप्रसिद्ध छोटामटर) कंकु।

नीवार—तिन्नी का चावल, वास्तुक-बथुवा, हिलमोचिका हिलंच साग बंगाली खाते हैं, षष्टिका-साठी चावल, कालशाक मूलक (मूलानि न तु मूलशाकः तस्य वृत्ते मादिरोपमत्वात्। केमुकेतरत् (कं

---

(१) यज्ञपात्रे तथा दोहे पाके च परिवेषणे। स्नानतर्पणदानेषु ताम्रे गव्यं न दुष्यति॥ (२) परपाकरतश्च यः तावुभौ पापकर्माणौ' इति निबन्धेऽपि दोपाधिक्यार्थं विप्रभोजनवैश्वदेवाद्यर्थपाकहीनपरपाकनिवृत्तिः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मुकं केमुना इमि प्राच्येषु प्रसिद्धं मूलं तद्भिन्नमितोऽपि च न मूलशाकः । इति प्राच्येषु प्रसिद्ध मूलशाकः । कन्द (सकरकन्द) कन्दः यद्यपि 'अर्शोघ्नः सूरणः कन्दः, इत्युक्तत्वादपि तस्य निषिद्धत्वात्तदन्यो ग्राह्यः । सैन्धव, गौका दूध, दधि, घृत, पनस-कटहर, आम्र, हरीतकी (हरै) पिप्पली, जीरा, नागरंग-नारंगी, (नागरमिति पाठे शुण्ठो) तित्तिणी (अभाव में इमली) केला, लवली (हरफा रेवडी) आंवले का फल, गुड से भिन्न ईखका विकार, विना तेल का बना हुआ, इनको हविष्य कहा है । मदनरत्न में भी यही कहा है ।

अगस्त्यसंहितायां हैमन्ताद्युक्त्वा—नारिकेलफलं चैव कदली लवली तथा ॥ आम्रमामलकं चैव पनसं च हरीतकी ॥ व्रतान्तरप्रशस्तं च हविष्यं मन्यते बुधाः ।

अगस्त्यसंहिता में हैमन्तिकादि को कह कर नारिकेलफल-नारियल, फल, केला, लवली (हरफा रेवडी), आम, आंवला, कटहर और हरड व्रतान्तर में प्रशस्त को भी पण्डितगण हविष्य को मानते हैं ।

(अथान्यन्यपि फलानि उक्तानि)

अन्यान्यपि व्रतान्युक्तानि हेमाद्रौ भविष्ये—स्त्री वा नरो वा मद्भक्तो धर्मार्थं सुदृढव्रतः । गृह्णीयान्नियमानेतान् दन्तधावनपूर्वकान् ॥ तेषां फलानि वक्ष्यामि तत्कर्तॄणां पृथक् पृथक् । मधुरस्वरो भवेद्राजा पुरुषो गुडवर्जनात् ॥ तैलस्य वर्जनाद्राजन् सुन्दराङ्गः प्रजायते । कटुतैल-परित्यागाच्छत्रुनाशः प्रजायते ॥ योगाभ्यासी भवेद्यस्तु स ब्रह्मपदमाप्नुयात् । ताम्बूलवर्जनाद् भोगी रक्तकण्ठश्च जायते ॥ घृतत्यागाच्च लावण्यं सर्वस्निग्धतनुर्भवेत् । शाकपत्राशनाद्भोगी अपक्वादोऽमलो भवेत् ॥ भूमौ प्रस्तरशायी च विप्रो मुनिवरो भवेत् । एकान्तरोपवासेन ब्रह्मलोके महीयते ॥ धारणान्नखरोम्णां च गङ्गास्नानफलं लभेत् । मौनव्रती भवेद्यस्तु तस्याज्ञाऽस्खलिता भवेत् ॥ भूमौ भुङ्क्ते सदा यस्तु स पृथिव्याः पतिर्भवेत् । प्रदक्षिणाशतं यस्तु करोति स्तुतिपाठकः ॥ हंसयुक्तविमानेन स च विष्णुपुरं व्रजेत् । अयाचितेन प्राप्नोति पुत्रान् धर्म्यान्विशेषतः ॥ षष्ठान्नकालभोक्ता यः कल्पस्थायी भवेदिति । पर्णेषु यो नरो भुङ्क्ते कुरुक्षेत्रफलं लभेत् ॥ गुडवर्जी नरो दद्यात्तद्भृतं ताम्रभाजनम् । सहिरण्यं नरश्रेष्ठ लवणस्याप्ययं विधिः ॥ सुप्ते देवे तु यो विष्णोः शिवस्याङ्गमर्चयेत् । पञ्चवर्णैस्तु यो नित्यं स्वस्तिकैः पद्मकैस्तथा ॥ स याति रुद्रलोकं हि गाणपत्यमवाप्नुयात् ॥

हेमाद्रि में भविष्यपुराण के मत से अन्य व्रतों को कहा कि-स्त्री, पुरुष या मेरा भक्त दृढव्रत हो धर्मार्थ दन्तधावन पूर्वक इन नियमों को ग्रहण करे । उनके करने वालों के फलों को अलग—अलग कहता हूँ—(A) हेराजन्, गुड़ के त्यागने से पुरुष 'मधुरस्वर' वाला होता है । (१) हेराजन्, तैल के त्यागने से सुन्दर अंगवाला होता है । (२) कडुवे तेल के त्यागने वालो शत्रुओं का नाश करने वाला होता है । (३) जो योगाभ्यासी है उसे ब्रह्मपद प्राप्त होता है । (४) तांबूल के त्यागने से भोगी तथा लालकण्ठ वाला होता है । (५) घृत के त्याग से लावण्यता और शरीर चिकना होता है । (६) शाकपत्र को खाने वाला भोगी और अपक्वभक्षी निर्मल होता है । (७) भूमि में शयन करने वाला ब्राह्मण मुनियों में श्रेष्ठ होता है । (८) एकान्तर के उपवास से ब्रह्मलोक जाता है । (९) नख तथा रोमों के धारण से गंगास्नान का फल मिलता है । (१०) जो मौनव्रत धारण करता है उसकी आज्ञा कभी भी खलित नहीं होती है । (११) जो भूमिपर सदा खाता है वह पृथीका पति होता है । (१२) स्तोत्र पाठ करने वाला सौप्रदक्षिणा करता है वह हंस युक्तविमान से विष्णुपुर जाता है । (१३) विना मांगे प्राप्त करता है वह विशेषकर धर्मात्मा पुत्रों को प्राप्त करता है । (१४) जो छठें अंशरूपी अन्न को भक्षण करता है वह कल्पतक स्वर्ग में रहता है । (१५) पत्ते पर जो मनुष्य भोजन करता है उसे कुरुक्षेत्र का फल मिलता है । (१६) गुडको त्यागकरने वाला मनुष्य गुड से भरकर तांबे के पात्र को सुवर्ण के सहित दे । हे नर श्रेष्ठ, लवण की भी यही विधि है । देवता के शयन करने पर जो विष्णु तथा शिव के अंग की पूजा जो पांच रंगों के स्वस्तिक-पद्मचिन्हों से करता है वह रुद्रलोक में जाता है और गणपति होता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(कार्तिकमासे व्रतसमाप्तौ एकभक्तादीनिव्रतधारणकृते सति विविधप्रकारेण दानकथनम्)

अथैषां समाप्तौ कार्तिक्यां दानानि। एकभक्तव्रते दम्पती सम्यक् संपूज्य धेनुर्देया, नक्ते वस्त्रयुगम्। एकान्तरोपवासे गौः, भूशयने शय्या, षष्ठकालभोजने गौः, व्रीहिगोधूमादित्यागे हैमव्रीह्यादि, कृच्छ्रे-गोयुग्मं, शाकाशने गौः, पयोव्रते च, दधिमधुघृतव्रतेषु वासो गौश्च, ब्रह्मचर्ये स्वर्णमूर्तिः, ताम्बूलव्रते वासोयुगम्, मौने घृतकुम्भो वस्त्रयुगं घण्टा च, देवाग्रे रङ्गमालिकाकरणे धेनुर्हेमपद्मं च, दीपिकाव्रते दीपिका वासोयुगं च, भूमिभोजने पर्णभोजने च कांस्यपात्रं गौश्च, चतुष्पथदीपे गोग्रासे च गोवृषौ, प्रदक्षिणाशते वस्त्रम्, अनुक्तेषु स्वर्णं गौश्च इत्यादिकं हेमाद्रौ ज्ञेयम्।

अनन्तर इन व्रतों की समाप्ति में कार्तिकी में दान कहे हैं। एक भक्तव्रत में दम्पती की पूजा कर धेनु दे। नक्त व्रत में दो वस्त्र दे। एकान्तर उपवास में गौ दे। भूमिशयन में शय्या दे। षष्ठ काल—भोजन में गौ दे। व्रीहि, गोधूम आदि के त्याग में सुवर्ण के व्रीहि आदि दे। कृच्छ्र में दो गौ दे। शाक भक्षण में गौ दे। पयोव्रत में भी जौ दे। दधि, मधु तथा घृत के व्रतों में वस्त्र और गौ दे। ब्रह्मचर्य में सोने की मूर्ति दे। ताम्बूलव्रत में—दो वस्त्र दे। मौन में— घी का घड़ा, दो वस्त्र और घण्टा दे। देवता के आगे रंगमालिका, गौ और सोने का पद्म दे। दीपिकव्रत में—दीपक (दीयट) तथा दो वस्त्र दे। भूमिपर भोजन करने पर तथा पत्तों पर भोजन करने पर कांसे का पात्र और गौ दे। चौराहे पर दीपक देने पर—तथा गौ को गोग्रास देने पर गौर और बैल दे। सौ प्रदक्षिणा करने पर वस्त्र दे। [1]जिसका दान नहीं कहा है उसमें सुवर्ण तथा गौ दे। इत्यादि हेमाद्रि से जानना चाहिये।

(शयनीबोधनीमध्ये शमीदूर्वादिनानार्चनकथनम्)

तथा च भार्गवार्चनदीपिकायां पाद्मे—शयनी बोधिनी मध्ये शमीदूर्वापमार्गकैः।
भृङ्गराजेन देवांस्तु नार्चयीत कदाचन॥

और भी भार्गवार्चनदीपिका में पद्मपुराण का मत है कि—शयनी (आषाढशुक्ल एकादशी) और बोधिनी (कार्तिकशुक्ल एकादशी) के मध्य में शमी, दूर्वा, अपामार्ग और भृङ्गराज से कभी भी देवताओं की पूजा न करे।

हेमाद्रौ पाद्मे—आषाढादिचतुर्मासानभ्यङ्गं वर्जयेन्नरः। समाप्तौ च पुनर्दद्यात्तिलतैलयुतं घटम्॥

हेमाद्रि में पद्मपुराण का मत है कि—आषाढ—आदि से चार महिने तक मनुष्य को अभ्यङ्ग वर्जित है और समाप्ति पर तिल्ली के तेल के सहित घट को फिर दे।

आषाढादिचतुर्मासं वर्जयेन्नखकृन्तनम्। वृन्ताकं गृञ्जनं चैव मधुसर्पिर्घटान्वितम्॥

आषाढ आदि चार महिने तक नख का कटना, वृन्ताक (बैंगन) और गृञ्जन—गाजर को वर्जित करे।

कार्तिक्यां तत्पुनर्हैमं ब्राह्मणाय निवेदयेत्। अन्यान्यपि केशकर्तनादिवर्जनसङ्कल्पानुरूपाणि पृथ्वीचन्द्रोदये ज्ञेयानि।

कार्तिकपूर्णिमा में फिर से सोने के घडेको ब्राह्मण को दे। अन्य भी केशकर्तन आदि वर्जित सङ्कल्पानुरूपों को पृथ्वीचन्द्रोदय में जानना चाहिये।

टोडरानन्दे स्कान्दे—एकान्तरं द्व्यन्तरं वा कुर्यान्मासोपवासकम्।
अनोदनं फलाहारं नक्तव्रतमथापि वा॥

---

(१) चातुर्मास्यव्रतं कृत्वा 'व्रतान्ते गोवृषप्रदः' इति वाक्यात् धेनुं वा दद्यात्। व्यासः—योऽधीते भारतं पुण्यं ब्राह्मणो नियतव्रतः। चतुरो वार्षिकान् मासान् सर्वपापान् प्रमुच्यते॥ तस्मान्नियमसंयुक्तैः श्रोतव्यं ब्राह्मणैरिदम्। कृष्णप्रोक्तामिमां पुण्यां भारतीमुत्तमां कथाम्॥ श्रावयिष्यन्ति ये विप्रा ये च श्रोष्यन्ति मानवाः। सर्वथा वर्तमाना वै न ते शोच्याः कृताकृते॥ नियमाः—ब्रह्मचर्यहविष्याशनभूशय्यादयः। एवं सङ्कल्पपूर्वकं श्रुत्वा समाप्तौ सतिसामर्थ्ये पर्वसमाप्तौ वाचकं पायसेन भोजयेत्तस्मै रत्नकाञ्चनगोभूरथवस्त्रादि दद्यात्। ततो द्विजान् भोजयित्वा तेभ्यो दक्षिणां दद्यादेवं सर्वपुराणश्रवणविधिरिति टीकायाम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

टोटरानन्द में स्कन्दपुराण का मत है कि-एकान्तर (एक दिन अन्तर हो) या द्व्यन्तर (दो दिन का अन्तर हो) मास का उपवास अनोदन (विना भात का) के फलाहार का या नक्त व्रतकरे।

(अथ तप्तमुद्राधारणादिविचारः)

अत्रैव तप्तमुद्राधारणमुक्तं रामार्चनचन्द्रिकायां भविष्ये—शयन्यां चैव वोधिन्यां चक्रतीर्थे तथैव च। शंखचक्रविधानेन वह्निपूतो भवेन्नरः। इति। 'अतप्ततनूर्न तदामो 'अश्नुते' इति ऋग्वेदात्। 'स होवाच याज्ञवल्क्यः तस्मात्पुमानात्महिताय हरिं भजेत्। सुश्लोकमौलेर्वर्माण्यग्निना सन्दधते'। इति शतपथश्रुतेः।

प्रतद्विष्णो अब्जचक्रे सुतप्ते जन्माम्भोधी तर्तवे चर्षणीन्द्राः। मूले बाह्वोर्दधतेन्ये पुराणा लिंगान्यङ्गे तप्तायुधान्यर्पयेत् इति ॥ सामवेदात्।

यहाँ पर रामार्चनचन्द्रिका में भविष्यपुराण कथन से तप्तमुद्राधारण कहा है कि—शयनी और वैसे ही वोधिनी में चक्रतीर्थ में शंख, चक्र विधान से मनुष्य अग्नि से पवित्र होता है।

अग्निहोत्रं यथा नित्यं वेदस्याध्ययनं यथा। ब्राह्मणस्य तथैवेदं तप्तमुद्रादिधारणम् ॥ इति पद्मपुराणाच्चेति।

पद्मपुराण में कहा है कि-जैसे ब्राह्मण को-अग्निहोत्र नित्य है, वैसेही वेदाध्ययन भी नित्य है और तद्वत् ही तप्तमुद्रा आदि धारण भी नित्य है।

ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यः शूद्रो वा यदि वेतरः। शङ्खचक्राङ्किततनुस्तुलसीमञ्जरीधरः ॥ गोपीचन्दनलिप्ताङ्गो दृष्टश्चेत्तदघं कुतः ॥ इति काशीखण्डात्। तत्प्रकारस्तु रामार्चनचन्द्रिकायां ज्ञेयः।

काशीखण्ड में लिखा है कि-ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या इतर-अन्य जातीय मनुष्य शंख, चक्र और तुलसी की मञ्जरी को तथा गोपीचन्दन को अपने शरीर में धारण करता है उसके पाप नहीं रह जाते हैं। उसका प्रकार रामार्चनचन्द्रिका से जानना चाहिये।

पृथ्वीचन्द्रोदयादयस्तु—यस्तु सन्तप्तशङ्खादिलिङ्गाङ्किततनुर्नरः। स सर्वयातनाभोगी चाण्डालो जन्मकोटिषु ॥ द्विजं तु तप्तशङ्खादिलिङ्गाङ्किततनुर्नरः। सम्भाष्य रौरवं याति यावन्दिद्राश्चतुर्दश ॥ इति बृहन्नारदीयोक्तेः।

पृथ्वीचन्द्रोदय आदि तो कहते हैं कि-जो मनुष्य सन्तप्त-तपाये हुए शंखादि आकारवालों से चिह्नित शरीर धारियों से साथ भाषण करता है वह सब यातनाओं को भोगने वाला होता है तथा करोड़ों जन्म तक चाण्डाल होता है। यह बृहन्नारदीय में कहा है। शंखचक्रादि से अंकित शरीरधारी मनुष्य के साथ संभाषण वर्ण करने वाला ब्राह्मण चौदहों इन्द्र के समय तक रौरव नरक में जाता है।

शङ्खचक्राद्यङ्कनं च गीतनृत्यादिकं तथा। एकजातेरयं धर्मो न जातु स्याद् द्विजन्मनः ॥

शंख-चक्रादि से अंकन तथा गीत-नृत्यादि को करता है (वह एकजातीय धर्म है। वह द्विजातियों का धर्म नहीं हो सकता है।

---

(१) 'तत् पवित्रम् अतप्ततनूः पयोव्रतादिना असन्तप्तगात्रः आमः अपरिपक्वो नाश्नुते न व्याप्नोति' इति ऋग्वेदभाष्ये उक्तः। पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते प्रभुर्गात्राणि पर्येषि विश्वतः। अतप्ततनूर्न तदामो अश्नुते शृतास इद्वहन्तस्तत् समाशत ॥ (ऋ० म० ६ सू० ८३ म० १)।

ऋग्वेद में—पवित्रं ते विततम्-इस मन्त्र में अतप्ततनूं तदामो अश्नुते। यह पाठ आया है। इसपाठ का अर्थ-जो व्यक्ति अपनी भुजाओं में शंख चक्र धारण करने वाले तप्त शंख चक्र के द्वारा अपने शरीर को शुद्ध नहीं करता है। ऐसे अपक्व मनुष्य परमात्मा का परम पूजनीय स्थान को नहीं प्राप्त करता है। एसा अर्थ कहते हैं। अर्थात्-तप्तमुद्राधारण प्रमाण वेद है। याज्ञवल्क्य ने कहा है कि-इसलिये पुरुष अपने कल्याण के लिये विष्णु का भजन करे। भगवान् के कवचों को अपने अवयव में अग्नि के द्वारा स्थापन करना चाहिए। ऐसा शतपथ का प्रमाण देते हैं। वैसा सामवेद में भी है-हे विष्णो, आपके शंख और चक्र को खूब गरम कर संसार समुद्र को पार करने के लिए प्राचीन ज्ञानपूर्ण महर्षियों ने अपनी भुजा के मूल में धारण किया है। एसा प्रतिपादन किया है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शङ्खचक्रे मृदा यस्तु कुर्यात्तप्तायसेन वा। स शूद्रवद्बहिष्कार्यः सर्वस्माद् द्विजकर्मणः॥

जो मृत्तिका से या तपे हुए लोहे से अपने अंगों पर शंख तथा चक्र से अंकन करता है वह शूद्रवत् सब द्विजातिकर्म से बहिष्कृत करना चाहिये।

यथा श्मशानजं काष्ठमनर्हं सर्वकर्मसु। तथा चक्राङ्कितो विप्रः सर्वकर्मसु गर्हितः॥

जैसे श्मशान में उत्पन्न काष्ठ सब कर्मों में गर्हित-निन्दित है। वैसे ही चक्राङ्कित ब्राह्मण सब कर्मों में निन्दित है।

तथा—शिवकेशवयोरङ्काञ्छूलचक्रादिकान् द्विजः। न धारयेत मतिमान् वैदिके वर्त्मनि स्थितः॥ इति विष्ण्वाश्वलायनादिवचनात् ऋग्वेदादिश्रुतीनामन्यार्थत्वादन्यश्रुतीनां चासत्त्वाच्चक्रादिधारणं शूद्रविषयमित्यूचुः। 'नृत्यं चोदरार्थं निषिद्धम्' इति श्रीधरस्वामी।

यद्यपि निषेधस्य प्राप्तिसापेक्षत्वाद्विधिं विना च तदयोगादुपजीव्यविरोधेन 'न तौ पशौ करोति' इतिवत् विकल्पो युक्तस्तथापि 'एकजातेरयं धर्मः' इत्यनेन सामान्यवाक्यानामुपसंहारात् द्विजातिनिषेधो नित्यानुवाद इति तदाशयः। अत्र शिष्टाचार एव सङ्कटपाशनिःसरणसरणिरिति संक्षेपः-

विष्णु तथा आश्वलायन का वचन है कि-शिव तथा केशव के शूल-चक्र आदि से अंकित बुद्धिमान् ब्राह्मण वैदिकमार्ग में स्थित होकर न धारण करे। ऋग्वेदादि श्रुतियों का अन्यार्थत्व होने से (तप्तादिपदस्य कृच्छ्रचान्द्रायणादिपरत्वात्) और अन्यश्रुतियों का असत्वहो जाने से चक्रादि का धारण शूद्र विषयक हैं। यों कहा है। श्रीधरस्वामी ने कहा है कि—उदर के लिए नृत्य निषिद्ध है।

यद्यपि निषेधप्राप्तिका सापेक्षत्व होनेसे विधि के विना उसके असंभव होने के कारण उपजीव्य विरोध से 'न तौ[1] पशौ करोति। इसकी तरह विकल्प युक्त है। फिर भी 'एकजातेरयं धर्मः' इसवाक्य से सामान्यवाक्यों का उपसंहार होने से द्विजाति का निषेध नित्यानुवाद है। यह उनका आशय है। यहाँ पर शिष्टाचार ही संकटरूपीपाश से मुक्ति होने का मार्ग है—यही संक्षेप है।

(अथ कोकिलाव्रतम्)

आषाढपौर्णमास्यां कोकिलाव्रतमुक्तं हेमाद्रौ भविष्ये—आषाढपौर्णमास्यां तु सन्ध्याकाले ह्युपस्थिते। सङ्कल्पयेन्मासमेकं श्रावणे प्रत्यहं ह्यहम्॥ स्नानं करिष्ये नियता ब्रह्मचर्ये स्थिता सती। भोक्ष्यामि नक्तं भूशय्यां करिष्ये प्राणिनां दयाम्॥ इति। अस्य नक्तव्रतत्वात्सायाह्नव्यापिनी ग्राह्या।

आषाढ[2] की पौर्णिमास्या में कोकिलाव्रत हेमाद्रि में भविष्यपुराण मत से कहा है कि-आषाढमास की पूर्णिमातिथि में सन्ध्याकाल के उपस्थित होने पर संकल्प करे-कि—एक महिना श्रावणमास तक प्रतिदिन मैं

(१) पशुयाग में 'न तौ पशौ करोति'। वे दोनों पशुयाग में नहीं करना है। यह निषेध है। प्रत्येक निषेधवाक्य में निषेध्य अर्थ का प्राप्ति अपेक्षित है। अर्थात्-प्राप्त अर्थ का ही निषेध करते हैं। जो मकान के भीतर प्रवेश करता है उसको ही रोका जाता है। जो नहीं आता है उसे नहीं रोका जाता है। अतः जहाँ निषेध होगा वहाँ निषेध पदार्थ की प्राप्ति होगी। प्राप्ति का दो प्रकार है-रागतः, शास्त्रतः। इच्छा से जिसकी प्राप्ति होगी उसका निषेध होगा। जैसे-राग या द्वेष से कोई ब्राह्मण गौ को मारना चाहता है। वहाँ मारना प्राप्त हो गया। उसी हिंसा को 'ब्राह्मणो न हन्तव्यः' इस वाक्य से निषेध किया जाता है। शास्त्रतः प्राप्त अर्थ को निषेध करने से विकल्प अर्थ होता है। दोनों समबल होने के कारण। जैसे-'अतिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति' इस वेदवाक्य के द्वारा अतिरात्रयज्ञ में षोडशिग्रह का ग्रहण करना है। वैसे-नातिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति। इसवाक्य से अतिरात्रयाग में पूर्व वाक्यसे प्राप्त षोडशिग्रह ग्रहण का निषेध है। विधि और निषेध दोनों शास्त्र होने के कारण ऐसे स्थलों में विकल्प माना जाता है। वैसे पशुयाग में उन दोनों की प्राप्ति का वर्णन किया। निषेध भी वर्णन किया। इसलिए वहाँ विकल्प है।

(२) अधिकाषाढपौर्णमास्यारंभः। आषाढौ द्वौ यदा स्यातां कोकिलाव्रतमाचरेत्। इत्युक्तेः। अधिकाषाढपौर्णमासीविरहे तु तत्प्रतिनिधिभूतं श्रावणमभिव्याप्य शुद्धे कार्यम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ब्रह्मचर्य स्थित होकर स्नान करूँगी। नक्तभोजन, पृथ्वीपर शयन तथा प्राणियों पर दया करूँगी। क्योंकि इसका नक्तव्रत होने से सायाह्नव्यापिनी (मयूखमत से सन्ध्याकालव्यापिनी) ग्रहण करे।

(अथ शिवशयनोत्सवकथनम्)

अत्रैव शिवशयनोत्सव उक्तो हेमाद्रौ वामनपुराणे—पौर्णमास्यामुमानाथः स्वपते चर्मसंस्तरे। वैयाघ्रे च जटाभारं समुद्ग्रन्थ्याहिवर्ष्मणा॥ मदनरत्नेऽप्येवम्। इयं प्रदोषव्यापिनी।

यहाँ पर शिव शयनोत्सव हेमाद्रि में वामनपुराण के कथन से कहा है कि—पौर्णमासीतिथि में व्याघ्र चर्म के आसनपर सर्प से जटा के भार का बन्धनकर उमानाथ शयन करते हैं। मदनरत्न में भी यही है। यह प्रदोषव्यापिनी ले।

(अथ व्यासपूजाकर्मणि प्रणामकर्मणि क्षौरकर्मणि च विचारः)

अत्रैव व्यासपूजोक्ता। तत्र त्रिमुहूर्ता चेत्परैवेति संन्यासपद्धतौ। त्रिमुहूर्ताधिकं ग्राह्यं पर्व क्षौरप्रणामयोः। इति वचनात्।

यहाँ पर ही व्यास पूजा कहा है। संन्यासपद्धति में कहा है कि—तीन मुहूर्त हो तो परा ही ले। क्योंकि वचन है कि—पर्व-क्षौर तथा प्रणाम में तीन मुहूर्त से अधिक तिथि का ग्रहण करे।

इति [1]आषाढमासः

---

(१) आषाढपूर्णिमायां किञ्चिद्देयम्—आषाढीकार्तिकीमाघीतिथयः पुण्यसंभवाः। अप्रदानवतो यान्तु यस्यार्थोऽनुमतो गतः॥ आषाढीकार्तिकीमाघी–तिथयोऽतीव पावनाः। स्नानदानविहीनास्ता न नेयाः पाण्डुनन्दन॥

(प्राचीन व्यवस्थाओं का संग्रह)

(स्वर्गीय-महामहोपाध्याय श्री पं० विद्याधर जी गौड द्वारा लिखित)

अवभृथस्नानविचारः—रुद्र-विष्णुयागादिषु कर्मसमापनान्तेऽवभृथस्नानं क्रियते, तद्युक्तं न वेति विचारे युक्तमित्येव प्रतिभाति। ज्योतिष्टोमादिसोमयागेषु कर्मसमाप्त्यनन्तरं नद्यां तडागे वा अवभृथेष्टिं कृत्वा तत्र सर्वैः स्नानं कर्तव्यमिति विधिरस्ति। अयं चावभृथो मुख्यः परिगण्यते। एवं दर्शपूर्णमासयोरप्यवभृथस्नानं विहितम्। "एष वै दर्शपूर्णमासयोरवभृथः यदपां व्युत्सेकः" इति। अत्र नदी-तडागादिष्ववगाहनपूर्वकमुख्यावभृथस्नानाभावेऽपि अपां व्युत्सेकरूपगौणावभृथस्नानं तत्र कर्तव्यत्वेन विहितम्। तद्वत् प्रकृतेऽपि रुद्रादियागे कर्मणः साङ्गत्वसिद्धयेऽन्ते गौणावगाहनस्नानं कृतमपि न दोषाय भवेत्। यद्यपि कुत्रापि विधिर्नावलोक्यते "अवभृथस्नानं कर्तव्यम्", तथापि यागसमाप्त्यनन्तरं पुण्येषु तीर्थेषु तदङ्गत्वेनावभृथस्नाने कृते न कोऽपि दोषः। प्रत्युतावभृथस्नानकरणेनैव कर्मणः साद्गुण्यं भवेदिति शिष्टाचारस्य वर्त्तमानत्वादवश्यमाचरणीयमवभृथस्नानम्। शिष्टाचारस्यापि प्रमाण्यस्य व्यवस्थापनात् मीमांसाशास्त्रे। अतस्तदनुरोधेनावश्यमेवावभृथस्नानमाचरणीयमिति।

मातापित्रोर्मृते संवत्सरपर्यन्तमार्त्विज्यनिषेधः—मातापित्रोर्मृते संवत्सरं यावदनापदि विष्णुयागादौ आर्त्विज्यं न कार्यम्। "आरम्भो वरणं यज्ञे" इति वचनात् ऋत्विजामपि मधुपर्कानन्तरं यद्यप्याशौचाभावो निर्णयसिन्ध्वादावुक्तः, तथापि नायं पक्षः सुसमीचीनः।

आशौचे देवार्चाविषये विचारः—आशौचे संप्राप्ते देवार्चा कार्या न वेति प्रश्ने ब्राह्मणद्वारा कार्या इत्युक्तम्—"ब्राह्मणोऽपि स्वयं पाकं निर्माय विनिवेदयेत्।" इति। निम्नलिखितवचनानुसारेण अन्नादिषु नाशौचसम्भवः। वचनानि च यथा—लवणे मधुमांसे च पुष्पमूलफलेषु च। शाककाष्ठतृणेष्वप्सु दधिसर्पिःपयःसु च॥ तिलौषधाजिने चैव पक्वापक्वे स्वयं ग्रहः। पण्येषु चैव सर्वेषु नाशौचं मृतसूतके॥ इति। स्वममेव स्वाम्यनुज्ञया ग्राह्यं न तद्धस्तादित्यर्थः। क्रये तु तद्धस्तादपि न दोषः। पक्वं लड्डुकादि। अपक्वं तण्डुलादि। "पूर्वसङ्कल्पितान्नेषु न दोषः परिकीर्तितः।" इति।

देवपूजने मन्त्रविनियोगविचारः—'गणानां त्वा' (शु० य० २३।१९) इति प्रकरणानुरोधान्महीधरादिभिरश्वपरतया व्याख्यातोऽप्ययं मन्त्रः स्मृत्या गणपतिपूजने विनियुक्तो गणपतिपरतया व्याख्यायते। एवं 'शन्नो देवीः' (शु० य० ३६।१२), 'त्वां गन्धर्वाः' (शु० य० १२।९८), 'अक्षन्नमीमदन्त' (शु० य० ३।५१) इत्यादीनामपि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

दिवोदासीये तु—रात्रेः प्रथमपादे चेच्छ्रवणं हरिवासरे। तदा पूर्वामुपवसेत्प्रातर्भान्ते च पारणम् ॥ इत्युक्तम्। इदं तु निर्मूलत्वात्पूर्वविरोधाच्चोपेक्ष्यम्। इयं बुधवारेऽतिप्रशस्ता। बुधश्रवणसंयुक्ता सैव चेद् द्वादशी भवेत्। अत्यन्तमहती सा स्याद्दत्तं भवति चाक्षयम् ॥ इति हेमाद्रौ स्कान्दात्।

दिवोदासीय में तो कहा है कि—एकादशीतिथि में रात्रि के प्रथमपाद में यदि श्रवणनक्षत्र हो तब पूर्वा में ही उपवास करे तथा प्रातःकाल नक्षत्रान्त में पारणा करे। यों कहा है। क्योंकि—यह निर्मूल होने से और पूर्व वचनों के विरोध से उपेक्षणीय है।

यह बुधवार में अतिश्रेष्ठ है। हेमाद्रि में स्कन्दपुराण का मत है कि—बुधवार और श्रवणनक्षत्र से युक्त द्वादशी तिथि हो तो वह अत्यन्त श्रेष्ठतम है। उसमें दिया हुआ दान अक्षय को प्राप्त होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

थानि तु पठन्ति—उत्तराषाढसंयुक्ता श्रोणामध्याह्नगाऽपि वा।
आसुरी सैव तारा स्याद्धन्ति पुण्यं पुराकृतम् ॥
उदयव्यापिनी ग्राह्या श्रोणा द्वादशिकायुता। विश्वर्क्षसंयुता सा च नैवोपोष्या शुभेप्सुभिः ॥ इत्यादीनि विष्णुधर्मस्कान्दभविष्यादिवचनानि तानि निर्मूलानि। यदपि स्मृत्यर्थसारे 'उदयव्यापिनी ग्राह्या' इत्युक्तम्,

जो यह पढते हैं कि-उत्तराषाढनक्षत्र से संयुक्त श्रवणनक्षत्र मध्याह्नकाल में भी तो वह आसुरी ही तारा होती है। वह पहले के किये हुए पुण्य को नाश करती है। श्रवणनक्षत्र के सहित द्वादशीतिथि उदयव्यापिनी ग्रहण करे। वह उत्तराषाढनक्षत्र से युक्त हो तो शुभ-फल की इच्छा चाहने वालों को उसमें उपवास नहीं करना चाहिये। इत्यादि विष्णुधर्म, स्कन्द-भविष्यपुराण आदि के जो वचन हैं वे निर्मूल हैं। जो भी स्मृत्यर्थसार में कहा है कि—उदयव्यापिनी ग्रहण करे। यों कहा है।

यच्च बृहन्नारदीये—उदयव्यापिनी ग्राह्या श्रवणद्वादशीव्रते। इति। तद्यदा शुद्धाधिका द्वादशी परदिन एवोदये श्रवणयोगः, पूर्वेऽह्नि च तद्भिन्ने काले योगस्तत्परम्। दिनद्वये उदययोगे पूर्वैव बहुकर्मकालव्याप्तेरित्युक्तं मदनरत्ने। यदा त्वेकादश्येव श्रवणयुता न द्वादशी तदापि पूर्वैव। श्रवणद्वादशीव्रतं तु द्वादश्याः श्रवणयुक्ताया अलाभे एकादश्याश्च तद्युक्तायाः लाभे तत्रैव कार्यम्। यदा न प्राप्यते ऋक्षं द्वादश्यां वैष्णवं क्वचित्। एकादशी तदोपोष्या पापघ्नी श्रवणान्विता ॥ इति मदनरत्ने नारदीयोक्तेः।

और जो मदनरत्न में बृहन्नारदीय पुराण से कहा है कि—व्रत में श्रवण तथा द्वादशी उदयव्यापिनी ग्रहण करे। वह यदि द्वादशीतिथि शुद्ध या अधिक हो तो दूसरे दिन ही उदय में श्रवणयोग है और पूर्वदिन में उससे भिन्नकाल में योग होने से उसी परक है। दोनों दिन में उदय के योग में पूर्वा ही ले। बहुत कर्मकाल व्याप्त है।

जब भी एकादशी में श्रवणनक्षत्र से युक्ता द्वादशी न ग्रहण करे उसमें भी पूर्वाही ग्रहण करे। श्रवण द्वादशीव्रत तो द्वादशी श्रवणयुक्ता के अलाभ में और एकादशी ही और उसके युक्त के लाभ में वहीं पर करना चाहिये।

मदनरत्न में नारदीयपुराण का कथन है कि—यदि कभी वैष्णवी द्वादशीतिथि को श्रवणनक्षत्र न प्राप्त हो तो तब एकादशी श्रवणनक्षत्र युक्त उपवास करे। जो पाप को नाश करने वाली है।

यदा परैवर्क्षयुता तदा परा। तत्र शक्तेनोपवासद्वयं कार्यम्। एकादशीमुपोष्यैव द्वादशीं समुपोषयेत्। न चात्र विधिलोपः स्यादुभयोर्दैवतं हरिः ॥ इति भविष्योक्तेः।

जब परा ही नक्षत्र से युक्त हो तो परा करे। वहाँ पर सामर्थ्यशाली पुरुष को दो उपवास करना चाहिये।

भविष्यपुराण का मत है कि—एकादशी का उपवास कर ही द्वादशी का उपवास करे। इसमें विधि का लोप (एकादशीपारणाहानिप्रयुक्तः) नहीं होता है। क्योंकि दोनों तिथियों को देवता 'हरि' हैं।

यत्तु विष्णुधर्मे—पारणान्तं व्रतं ज्ञेयं व्रतान्ते विप्रभोजनम्।
असमाप्ते व्रते पूर्वे नैव कुर्याद् व्रतान्तरम् ॥ इति। तदेतद्भिन्नपरम्।

जो विष्णुधर्म में कहा है कि—पारणान्त तक व्रत को जानना चाहिये। व्रत के अन्त में ब्राह्मण भोजन करा दे। जबतक व्रत की समाप्ति न हो तबतक दूसरा व्रत न करे। यह इससे भिन्न व्रतों में जाने।

(अत्र गौडमतम्)

अत्र गौडाः—शृणु राजन् परं काम्यं श्रवणद्वादशीव्रतम्। इति स्थूलशीर्षवचनात् काम्यमेवेदम्। तेनाशक्तस्य नित्यैकादशीव्रतमेवेति मन्यन्ते।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर गौडों का कहना है कि—हे राजन्, पर और काम्य श्रवणद्वादशी व्रत को सुनो। इससे यह स्थूलशीर्षवचन से यह काम्य ही परक है। अशक्त का नित्य एकादशी व्रत में ही माना जाता है।

द्वादश्यामुपवासेन शुद्धात्मा नृप सर्वशः। चक्रवर्तित्वमतुलं सम्प्राप्नोत्युत्तमां श्रियम्॥ इति गौडनिबन्धे मार्कण्डेयोक्तेश्च।

और गौडनिबन्ध में मार्कण्डेयपुराण का मत है कि—हे नृप, द्वादशीतिथि के उपवास से सबप्रकार द्वारा शुद्धात्मा मनुष्य श्रेष्ठ चक्रवर्ती होता है और उत्तमा श्री (लक्ष्मी) को प्राप्त करता है।

दाक्षिणात्यास्तु—एकादश्यां नरो भुक्त्वा द्वादश्यां समुपोषणात्। व्रतद्वयकृतं पुण्यं सर्वं प्राप्नोत्यसंशयम्॥ इति वराहवामनपुराणोक्तेः श्रवणद्वादशीव्रतमेवेत्याहुः। भुक्त्वेति फलाद्याहारपं नत्वन्न परम्। 'अन्नाश्रितानि पापानि' इति निषेधात्।

दाक्षिणात्य तो कहते हैं कि—मनुष्य एकादशीतिथि में भोजन कर द्वादशीतिथि में उपवास करके दोनों व्रतों के सारे पुण्य को संशय रहित होकर प्राप्त कर लेता है। यह वाराह और वामनपुराण के वचन से श्रवण द्वादशी का व्रत ही है। यों कहा है।

'भुक्त्वा' इस पद से फलाहार आदि आहारपरक ग्रहण करे। न अन्नपरक ग्रहण ही करे। क्योंकि—'अन्नाश्रितानि पापानि' इससे अन्न के आश्रित पाप होते हैं। इससे निषेध है।

उपवासद्वयं कर्तुं न शक्नोति नरो यदि। प्रथमेऽह्नि फलाहारी निराहारोऽपरेऽहनि॥ इति दिवोदासीये भविष्योक्तेश्च।

दिवादासीय में भविष्यपुराण का मत है कि—यदि मनुष्य दो उपवास को करने में समर्थशाली नहीं होता है तो प्रथमदिन में फलाहारी हो और दूसरे दिन निराहारी हो।

अशक्तौ तु गृहीतैकादशीव्रतो यस्तं प्रति उक्तं मात्स्ये—द्वादश्यां शुक्लपक्षे तु नक्षत्रं श्रवणं यदि। उपोष्यैकादशीं तत्र द्वादश्यां पूजयेद्धरिम्॥ इति। पूजयेन्न तूपवसेदित्यर्थः। अगृहीतैकादशीव्रतश्चेदेकादश्यां भुक्त्वा द्वादश्यामुपवसेत्।

अशक्ति में तो (गौणमुख्योपवासद्वयेऽप्यशक्तौ) एकादशी व्रत के संकल्प को ग्रहण कर रखा हो तो उसके प्रति मत्स्यपुराण में कहा है कि—शुक्लपक्ष की द्वादशीतिथि में यदि श्रवणनक्षत्र हो तो एकादशी में उपवास कर द्वादशीतिथि में हरि की पूजा करे। उपवास न कर पूजन करे—यह अर्थ है। एकादशी व्रत को ग्रहण न किया हो एकादशीतिथि में भोजन कर द्वादशीतिथि में भोजन करे।

एवमेकादशीं भुक्त्वा द्वादशीं समुपोषयेत्। पूर्ववासरजं पुण्यं सर्वं प्राप्नोत्यसंशयम्॥ इति नारदीयोक्तेः। पारणं तूभयान्तेऽन्यतरान्ते वा कुर्यात्।

नारदीयपुराण में कहा है कि—इसप्रकार एकादशीतिथि में भोजन कर द्वादशीतिथि में उपवास करे। पूर्वदिन का सब पुण्य प्राप्त होता है इसमें संशय नहीं है। पारणा तो उभयान्त में (अर्थात् दोनों के अन्त में) या किसी एक के अन्त में करे।

तिथिनक्षत्रनियमे तिथिभान्ते च पारणम्॥ इति स्कान्दात्। तिथिनक्षत्रसंयोगे उपवासो यदा भवेत्। पारणं तु न कर्तव्यं यावन्नैकस्य संक्षयः॥ इति नारदीयादिति हेमाद्रिः। यद्यप्यत्र नक्षत्रमात्रान्तेऽपि पारणं प्रतिभाति, तथापि तिथिमात्रान्ते ज्ञेयम्, नत्वृक्षान्ते। तिथिमध्येऽपि—याः काश्चित्तिथयः प्रोक्ताः पुण्या नक्षत्रयोगतः। ऋक्षान्ते पारणं कुर्यात् विना श्रवणरोहिणीम्॥ इति विष्णुधर्मे श्रवणान्तमात्रे पारणनिषेधात्।

स्कन्दपुराण का मत है कि—तिथि तथा नक्षत्र के नियम में और तिथि तथा नक्षत्र के अन्त में पारणा करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हेमाद्रि में नारदपुराण का मत है कि—तिथि तथा नक्षत्र के संयोग में जब उपवास हो तब पारणा नहीं करनी चाहिये जब तक एक का क्षय न हो।

यद्यपि यहाँ पर नक्षत्रमात्र के अन्त में भी पारणा की प्राप्ति होती है। तथापि तिथिमात्र के अन्त में जानना चाहिये। नक्षत्र के अन्त में नहीं।

तिथिमध्य में तो—नक्षत्र के योग से जो कोई तिथियाँ पुण्यवाली कही गयी हैं। श्रवण तथा रोहिणी के बिना नक्षत्रान्त में पारण करे यह विष्णुधर्म में श्रवणान्तमात्र में पारण का निषेध है।

रोहिण्यां तु—'भान्ते कुर्यात्तिथेर्वापि' इति वह्निपुराणात्तदन्तेऽप्यस्तु, न त्वत्रैवमस्तीति ऋक्षान्तोऽनुकल्प इति।

मदनरत्ने असम्भवे तु—तिथ्यन्ते तिथिभान्ते वा पारणं यत्र चोदितम्।
यामत्रयोर्ध्वगामिन्यां प्रातरेव हि पारणा॥ इति ज्ञेयम्।

रोहिणी में तो नक्षत्रान्त में या तिथि में पारणा करे-यह वह्निपुराण के कथन से उसके अन्त में भी हो। वह यहाँ पर नहीं है। नक्षत्रका अन्त अनुकल्प (गौण) है। मदनरत्न में असंभव में तो कहा है कि—तिथ्यन्त में या तिथि या नक्षत्रान्त में पारणा जहाँ कही गयी है वहाँ तीन प्रहर से अधिक गयी हो तो प्रातःकाल ही पारणा करे। यह जानना चाहिये।

यत्तु मदनरत्ने द्वादशीवृद्धौ श्रवणवृद्धौ वा श्रवणान्त एव पारणं कुर्यात्। पारणं तिथिवृद्धौ तु द्वादश्यामुडुसंक्षयात्। वृद्धौ कुर्यात्त्रयोदश्यां तत्र दोषो न विद्यते॥ इति वह्निपुराणादित्युक्तम्। तत्प्रकरणादेतस्यामेव श्रवणयुक्तैकादश्यां विहितविजयैकादशीव्रतपरं न तु श्रवणद्वादशीव्रतपरमिति मदनरत्ने। गौडास्तु श्रवणद्वादशीपरमाहुः।

जो मदनरत्न में कहा है कि—द्वादशी की वृद्धि में या श्रवण की वृद्धि में श्रवणान्त में ही पारणा करे। तिथिवृद्धि में तो द्वादशी में नक्षत्र के क्षय होनेपर पारणा करे। वृद्धि में तो त्रयोदशी में पारणा करे उसमें दोष नहीं होता है—यह वह्निपुराण में कहा है।

उसप्रकरण से इसमें ही श्रवण से युक्त एकादशीतिथि में विहित विजयैकादशीव्रतपरक है। श्रवण द्वादशीपरक नहीं है—यह मदनरत्न में कहा है। गौड तो कहते हैं कि-श्रवणद्वादशीपरक है।

(अत्र विधिविधानम्)

अत्र विधिर्मदनरत्ने विष्णुधर्मे-'तस्मिन्दिने तथा स्नानं यत्र क्वचन सङ्गमे। तथा-दध्योदनयुतं तस्यां जलपूर्णं घटं द्विजे। वस्त्रसंवेष्टितं दत्त्वा छत्रोपानहमेव च॥ न दुर्गतिमवाप्नोति गतिमग्र्यां च विन्दति।

इसकी विधि मदनरत्न में विष्णुधर्म में कही गयी है। उसदिन किसी [1]संगम में स्नान करे और दधि तथा ओदन (चावल) से युक्त जल से भरा घड़ा एवं वस्त्र से संवेष्टित (ढका) हुआ, छाता तथा जूता ब्राह्मण को देने से उसकी दुर्गति प्राप्त नहीं होती है। लेकिन अग्रिम गति प्राप्त होती है।

मन्त्रस्तु भविष्ये घटे जनार्दनपूजामभिधाय-नमो नमस्ते गोविन्द बुधश्रवणसंज्ञक। अघौघसंक्षयं कृत्वा सर्वसौख्यप्रदो भव॥ प्रीयतां देवदेवेशो मम संशयनाशनः।

मन्त्र तो भविष्यपुराण में कहा है कि—घड़े में जनार्दन की पूजा को कर कहे—हे गोविन्द, आपको नमस्कार है। बुध और श्रवणसंज्ञक द्वादशी में पापों के समूह को नाश कर सब सुखोंको देने वाले हो। हे देवदेवेश, मेरे संशय को नाश करने वाले प्रसन्न हो।

१—भविष्ये—मासि भाद्रपदे शुक्लद्वादशी श्रवणान्विता। सर्वकामप्रदा पुण्या उपवासो महाफलः॥ श्रवणे सङ्गमाः सर्वे परव्युष्टिप्रदाः स्मृताः विशेषा द्वादशीयुक्ते बुधयुक्ते विशेषतः॥ सङ्गमे सरितां स्नात्वा द्वादशीं समुपोषितः। समग्रं समवाप्नोति द्वादशद्वादशीफलम्॥ वरुणासङ्गमे स्नानमुक्तं लिङ्गे—अतःपरं तु संसेव्यं गङ्गावरुणसंगमम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(वामनावतारनिमित्तोपवासकथनम्)

वामनावतारनिमित्तोपवासस्तु व्रतहेमाद्रौ भविष्ये-'द्वादश्यास्ते विधिः प्रोक्तः श्रवणेन युधिष्ठिर। सर्वपापप्रशमनः सर्वसौख्यप्रदायकः ॥ एकादशी यदा सा स्याच्छ्रवणेन समन्विता। विजया सा तिथिः प्रोक्ता भक्तानां विजयप्रदा ॥ इत्युपक्रम्य-अथ काले बहुतिथे गते सा गुर्विणी भवेत्। सुषुवे नवमे मासि पुत्रं सा वामनं हरिम् ॥ इत्युक्त्वा—एतत्सर्वं समभवदेकादश्यां युधिष्ठिर।
तेनेष्टा देवदेवस्य सर्वथा विजया तिथिः ॥ एषा व्युष्टिः समाख्याता एकादश्यां मया तव।
पूर्वमेव समाख्याता द्वादशी श्रवणान्विता। इत्युपसंहारादेकादश्यामेव ॥ व्युष्टिः=फलम्।

वामनावतारनिमित्तक उपवास व्रतहेमाद्रिमें भविष्यपुराण के कथन से कहा है कि—हे युधिष्ठिर, सब पापों को नाश करने वाले और सब सुख को देने वाले। श्रवणके सहित द्वादशी की विधि को आप से कहा। यदि श्रवण नक्षत्र से युक्त एकादशीतिथि हो तो वह तिथि भक्तों को विजय देने वाली होती है। यह प्रारंभ करके अनन्तर बहुत समय के बीत जाने पर वह (अदिति) गर्भवती (गुर्विणी) हो गयी और नवम महिने में उसमें वामन हरि को उत्पन्न किया। ऐसा कहकर हे युधिष्ठिर, यह सब एकादशी तिथि में हुआ। इससे सर्वदा देवों में देव (वामन) की यह विजयातिथि इष्ट है। मैंने आप से एकादशीतिथि का फल कहा। पूर्वही श्रवणनक्षत्र युक्त द्वादशी का फल कहा। इसप्रकार उपसंहार (समाप्ति) करने से एकादशीतिथि में ही उपवास होता है। व्युष्टिमाने=फल।

(वामनोत्पत्तिकथनम्)

भागवतेऽष्टमस्कन्धे तु द्वादश्यां वामनोत्पत्तिरुक्ता—श्रोणायां श्रवणद्वादश्यां मुहूर्तेऽभिजिति प्रभुः। ग्रहनक्षत्रताराद्याश्चक्रुस्तज्जन्मदक्षिणम् ॥ द्वादश्यां सविता तिष्ठन् मध्यन्दिनगतो नृप। विजया नाम सा प्रोक्ता यस्यां जन्म विदुर्हरेः ॥
श्रोणायाम्=चन्द्रे, अभिजित्=श्रवणप्रथमोंऽशः। गौडा अप्येवम्। अत्र कल्पभेदाद्व्यवस्था।

भागवत महापुराण के अष्टमस्कन्ध में तो द्वादशीतिथि में वामन की उत्पत्ति कही है—श्रवण-नक्षत्र सहित श्रोणा (चन्द्र) द्वादशीतिथि में अभिजित् (श्रवण के प्रथम अंश में) मुहूर्त में प्रभु उत्पन्न हुए। उनके जन्म के समय ही ग्रह, नक्षत्र, तारा आदि, हे नृप, द्वादशीतिथि में सूर्य जब मध्याह्न में था उस समय जिसमें हरि का जन्म हुआ उसका नाम विजया तिथि हुआ।

श्रोणा का अर्थ–चन्द्रमा है। अभिजित् का अर्थ—श्रवण नक्षत्र का प्रथम अंश। गौड भी यही कहते हैं। यहाँ पर कल्पभेद से व्यवस्था है।

(तद्विधिकथनम्)

तद्विधिश्च हेमाद्रौ अग्निपुराणे–नदीनां सङ्गमे स्नायादर्चयेदत्र वामनम्। सौवर्णवस्त्रसंयुक्तं द्वादशाङ्गुलमुच्छ्रितम् ॥

उसकी विधि हेमाद्रि में वह्निपुराण के कथन से कही है कि—नदियों के संगम में स्नान करे। वस्त्र के साथ बारह अंगुल ऊँचा सुवर्णपात्र से वामन का पूजन करे।

(ततो विधिवत्सम्पूज्य) हिरण्मयेन पात्रेण दद्यादर्घ्यं प्रयत्नतः। नमस्ते पद्मनाभाय नमस्ते जलशायिने ॥

(तदनन्तर विधिवत् पूजनकर) सुवर्ण के पात्र द्वारा यत्न से अर्घ्य दे। पद्मनाभ के लिए नमस्कार है। जलशायी के लिये नमस्कार है।

तुभ्यमर्घ्यं प्रयच्छामि बालवामनरूपिणे। नमः कमलकिञ्जल्कपीतनिर्मलवाससे ॥

आपको अर्घ्य देता हूँ। बालवामनरूपधारी के लिये नमस्कार है। कमल-किञ्जल्क पीले और निर्मल-वस्त्रधारी के लिये नमस्कार है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

महाहरिवपुस्कन्धधृतस्कन्धाय चक्रिणे । नमः शार्ङ्गसीरबाणपाणये वामनाय च ॥ यज्ञभुक्फलदात्रे च वामनाय नमो नमः । देवेश्वराय देवाय देवसंभूतिकारिणे ॥

शार्ङ्ग, धनुष, बाण जिनके हाथ में है ऐसे वामन को नमस्कार है। यज्ञ के फल को भोजन करने वाले तथा यज्ञ फल को देनेवाले वामन को नमस्कार है। देवेश्वर देव के लिये नमस्कार है। देवताओं की सिद्धि को करने वाले के लिये और सब देवताओं के प्रभु वामन के लिए नमस्कार है।

प्रभवे सर्वदेवानां वामनाय नमो नमः । एवं सम्पूजयित्वा तं द्वादश्यामुदये रवेः ॥ शृङ्गारसहितं तं तु ब्राह्मणाय निवेदयेत् ॥ वामनः प्रतिगृह्णाति वामनोऽहं ददामि ते । वामनं सर्वतोभद्रं द्विजाय प्रतिपादयेत् । इति ।

इसप्रकार पूजन कर द्वादशीतिथि के सूर्योदय में शृंगारसहित उस मूर्ति को ब्राह्मण को निवेदन करे। आपके लिए वामन को ग्रहण करता है। वामन को ही मैं देता हूँ। सर्वतोभद्र में वामन को रखकर ब्राह्मण को दे।

अनन्तभट्टोऽप्याह—श्रवणद्वादश्यां जनार्दननामा विष्णुः पूज्यते । श्रवणैकादश्यां वामनावतारः—इति । श्रवणयुतशुद्धैकादश्यलाभे तु दशमीविद्धाऽपि श्रवणर्क्षयुता कार्या ।

अनन्तभट्ट ने भी कहा कि—श्रवणद्वादशी में जनार्दननामवाले विष्णु की पूजा होती है। श्रवण एकादशी में वामन का अवतार हुआ। श्रवणसहित शुद्ध एकादशी के अलाभ में तो दशमीविद्धा भी श्रवणनक्षत्र से युक्त करे।

दशम्यैकादशी यत्र सा नोपोष्या भवेत्तिथिः । श्रवणेन संयुक्ता सा चेत्स्यात्सर्वकामदा ॥ इति वह्निपुराणादित्युक्तं मदनरत्ने । पूजा च मध्याह्ने कार्या । 'अह्नो मध्ये वामनो रामरामौ' इति पूर्वोक्तवचनात् ।

वह्निपुराण कथन से मदनरत्न में कहा है कि—दशमीविद्धा एकादशीतिथि जहाँ हो उसमें उपवास न करे। यदि वह श्रवणनक्षत्र से युक्त हो सब कामनाओं को देनेवाली होती है। इसकी पूजा मध्यान्हकाल में करे। पहले कहे हुए वचन से दिनमें मध्यभाग में वामन और तथा दोनों राम [1]हुए।

(अथ दुग्धव्रतम्)

अत्रैव दुग्धव्रतं सङ्कल्पयेत् । तदुक्तम्—'दुग्धमाश्वयुजे मासि' इति । अत्रेदं चिन्त्यते-दुग्धव्रते पायसादिवर्ज्यं न वेति । नेति केचित् । नहि प्रकृतिवर्जने विकारवर्जनं युक्तम् । दधिघृतादीनामपि वर्जनापत्तेः । न च यत्र प्रकृतिरसोपलम्भस्तद्वर्जनमिति वाच्यम् । मांसविकारस्यौष्ट्रदध्यादेश्चावर्जनापत्तेः । तस्माद्दध्यादिवत्पायसादि भक्ष्यमिति ।

यहाँ पर ही दुग्धव्रत का संकल्प करे। उसी को कहा है—'दुग्धव्रत' आश्विनमास में होता है। यहाँ पर विचार करते हैं कि—दुग्धव्रत में पायस आदि त्याग करे या न करे। नहीं करे यह किसी का मत है। प्रकृति को त्याग करने में विकार को भी त्याग करना युक्त कहा है। इससे दधि, घृत आदि का भी त्याग करना पडेगा। जहाँ पर प्रकृति रस का आस्वाद हो जाता है ऐसी प्रकृति को भी वर्जन करना चाहिये। ऐसा नहीं कह सकते हैं। मांस का विकार (मांस से बनाया हुआ पदार्थ) का तथा ऊँट के दध्यादि का वर्जन नहीं होगा। इसलिए दध्यादि के समान पयसादि भी भक्ष्य हैं।

अत्र ब्रूमः—यत्र विकारे प्रकृतिरसोपलम्भस्तत्प्रत्यभिज्ञा वा तत्र विकारस्यापि निषेधः । अस्ति च मांसविकारे मांसप्रत्यभिज्ञा मांसत्वानपायात् ।

१—अत्रैव शक्रध्वजोत्थानम्—द्वादश्यां तु सिते पक्षे मासि प्रौष्ठपदेऽपि वा । शक्रमुत्थापयेद्राजा विश्वश्रवणवासव ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्तु—औष्ट्रदध्यादेरनिषेधापत्तिरिति, तन्न । औष्ट्रमिति विकारस्तद्धितेन निषेधात् । तथा च विज्ञानेश्वरः—'औष्ट्रमेकशफं स्त्रैणमारण्यकमथाविकम् । इत्यत्र 'औष्ट्रमिति विकारतद्धिताच्छकृन्मूत्रादीनामपि निषेधः' इत्याह ।

नन्वेवं—सन्धिन्यनिर्दशावत्सागोपयः परिवर्जयेत् । इति सन्धिन्यादिक्षीरनिषेधेऽपि दध्यादिग्रहणं स्यात् । सत्यं प्राप्तम् । वचनेन परं निषेधः ।

सिद्धान्त पक्ष—इसमें हमारा अभिप्राय क्या है—जिस विकार में प्रकृति के रस का उपलंभ हैं या उसका प्रत्यभिज्ञा (वही पदार्थ है ऐसा ज्ञान) है। वहाँ विकार का भी निषेध है। मांस से बने पदार्थ में मांसत्व का नाश नहीं होने से मांस की प्रत्यभिज्ञा हो जाती है। ऊंट के दध्यादि का निषेध नहीं होगा ऐसा जो आपका कथन है यह भी ठीक नहीं है। औष्ट्र शब्द में विकारार्थ तद्धित (प्रत्यय) से निषेध होने से। विज्ञानेश्वर ने भी औष्ट्र, एकशफ (जिसका एक खुरा वाले) स्त्रैण, आरण्यक, आविक (भेड़) इस श्लोक पर औष्ट्र शब्द से विकारार्थ में तद्धित प्रत्यय होने से गोबर, (ऊंट का गोवर) मूत्र आदि का भी निषेध है—ऐसा कहा। अगर इस बात से सन्धिनी (गाभिन) अनिर्दशा (जिस गौ को दस दिन व्याये न हो) जिसका बछडा मृत हो गया हो, ऐसी गौ का दूध का त्याग कर दे। सन्धिन्यादि क्षीर के निषेध में भी दध्यादि का ग्रहण करे। यह ठीक है। दूसरे वचन से निषेध है।

तदाहापरार्के शङ्खः—क्षीराणि यान्यभक्ष्याणि तद्विकाराशने बुधः । सप्तरात्रं व्रतं कुर्यात्प्रयत्नेन समाहितः ॥ इति । व्रतम्=गोमूत्रयावकम् । तस्मात्पायसे दुग्धरसोपलम्भाद्वर्जनम् । अत एवाऽमिक्षायां दधिसत्त्वेऽपि माधुर्योपलम्भात्पयोरूपत्वमुक्तं मीमांसकैः । तदुक्तम्—'पय एव घनीभूतमामिक्षेत्यभिधीयते । इति । दध्यादिषु तदभावादवर्जनम् । इति । एवं=दध्यादिव्रते न तक्रादीनां निषेधः । उक्तोभयहेत्वभावादिति केचित् । पूर्वोक्तशङ्खवचनात् सर्वविकारनिषेध इति युक्तं प्रतीमः । इति दुग्धव्रतम् ।

उसी बात को अपरार्क में शंख ने कहा है कि—जितने भी क्षीर (दूध) भक्ष्य हैं। उनके विकारों को भक्षण करने पर प्रयत्न से समाहित होकर सात दिन तक व्रत ([1]गोमूत्रयावक) करे।

इसकारण से पायस में दूध का रस मिलने से त्याज्य है। इसीलिए [2]आमिक्षा में दधि के रहते हुए भी माधुर्य के उपलंभन से पयोरूपत्व भी मीमांसकों ने कहा है (अभिक्षायाग का धर्म पयोयाग का धर्म है) उसी बात से कहा है—घनीभूत दूध को ही आमिक्षा कहा है। दहि आदि में दूध नहीं मिल से त्याज्य है। इस प्रकार दध्यादिव्रत में तक्रादियों का निषेध नहीं है। कहे हुए दो प्रकार के कारण नहीं होने से अभाव है यह किसी का मत है। पहले कहे हुए शंखवचन से सब विकारों का निषेध है। यही युक्त प्रतीत होता है।

(भाद्रशुक्लचतुर्दश्यां अनन्तव्रत कथनम्)

भाद्रशुक्लचतुर्दश्यामनन्तव्रतम् । तत्र त्रिमुहूर्ताप्यौदयिकी ग्राह्येति माधवः । तदुक्तम्—'उदये त्रिमुहूर्ताऽपि ग्राह्याऽनन्तव्रते तिथिः । इति । 'मध्याह्ने भोज्यवेलायाम्' इति कथायां श्रवणात् 'उपरि हि देवेभ्यो धारयति' इतिवद्विधिकल्पनात् । पूजाव्रतेषु सर्वेषु मध्याह्नव्यापिनी तिथिः । इति माधवीये वचनात् मध्याह्नव्यापिनी ग्राह्येति तु दिवोदासः । व्रतापमार्तण्डेऽप्येवम् । इदमेव च युक्तम् । निर्णयामृते तु घटिकामात्राऽप्यौदयिकीत्युक्तम् ।

भाद्रपदशुक्लचतुर्दशी को अनन्तव्रत कहा है। उस व्रत की तिथिमें उदयकाल में तीन मुहूर्त ले ग्रहण

१—प्रायश्चित्तमयूखे—गोपुरीषाद्यवानशनन्मासमेकं समाहितः । व्रतं तु यावकं कुर्यात्सर्वपापापनुत्तये ॥

२—कात्यायनभूमिकायाम्—नव्यं पयस्ततं कृत्वातापविशिष्टे एव पयसि दधि प्रक्षिप्तं चेत् त द्द्विधा भवति, द्रवीभूतं घनीभूतं च । तत्र यो द्रवीभूतोंऽशः स एव पयस्या आमिक्षेति च पदैर्व्यवह्रियते, द्रवीभूतो वाजिनमिति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

करे। यह माधव मत है। उसी बात को कहा है कि—अनन्तव्रत में उदयकाल में तीन मुहूर्तवाली तिथि भी ग्रहण करे। मध्याह्नकाल में भोजन के समय में पूजा करे-यह कथा में सुना है। मध्याहोत्तर देवताओं को दे। इसप्रकार विधि के कल्प से। इस माधव वचन से सब पूजा व्रत में मध्याह्नव्यापिनी तिथि ले। मध्याह्नव्यापिनी ग्रहण करे यह तो दिवोदास का मत है। प्रतापमार्तण्ड में भी यही कहा है। यही ही युक्त है। निर्णयामृत में तो घटिकामात्र भी औदयिकी ले—यह कहा है।

तथा भाद्रपदस्यान्ते चतुर्दश्यां द्विजोत्तम। पौर्णमास्याः समायोगे व्रतं चानन्तकं चरेत्॥ इति भविष्योक्तेः।

भविष्यपुराण में कहा है कि—हे द्विजोत्तम, भाद्रपद के अन्त की चतुर्दशीतिथि में पौर्णमासी के योग में अनन्तव्रत को करे।

मुहूर्तमपि चेद्भाद्रे पूर्णिमायां चतुर्दशी। सम्पूर्णां तां विदुस्तस्यां पूजयेद्विष्णुमव्ययम्॥ इति स्कान्दाच्चेति। अत्र मूलं चित्यम्।

स्कन्दपुराण में भी कहा है कि—भाद्रपदमास की पूर्णिमातिथि में मुहूर्तमात्र की चतुर्दशी हो तो उसको संपूर्णतिथि जानना चाहिये और उसमें अविनाशी विष्णु का पूजन करे। यहाँ पर मूल (योगमुहूर्तादिवचनानां त्रिमुहूर्तस्तावकत्वेनोपपत्तेः स्वार्थमात्रे मानाभावात्।) चिन्तनीय (विचार करने योग्य) है।

द्व्यहेप्यौदयिकत्वे पूर्णत्वात्पूर्वेति युक्तम्। (तत्त्वं तु विध्यर्थवादयोर्भिन्नार्थत्वे एकवाक्यतायोगासन्दिग्धेषु एकवाक्यत्वात्) इति न्यायेन पूर्वा परा वा मध्याह्नव्यापिन्येव मुख्या।

माधवस्तु सामान्यवाक्यान्निर्णयं कुर्वन् भ्रान्त एव। अनन्तव्रतस्य पुराणान्तरेष्वभावाच्च वचनं निर्मूलमेवेति।)

दो तिथियों के औदयित्व में पूर्ण होने से पूर्वा ही युक्त है। तत्त्व तो यह है कि—सन्धिग्धों में एक वाक्यत्व इस न्याय से पूर्वा या परा मध्याह्नव्यापिनी ही मुख्य है।

माधव तो सामान्यवाक्य से निर्णय को करते हुए भ्रान्त ही हैं। अनन्तव्रत का पुराणान्तरों में अभाव होने से तथा निबन्धान्तरों में अभाव होने से वचन निर्मूल ही है।

(अथागस्त्यार्घः)

अथागस्त्यार्घ्यः। तत्कालो व्रतहेमाद्रौ भविष्ये—कन्यायामागते सूर्ये अर्वाग्वा सप्तमे दिने। कन्यायां समनुप्राप्ते ह्यर्घकालो निवर्तते॥ तेन उदयोत्तरमपि सप्तदिनमध्ये इत्यर्थः। यत्पाद्मे—आसप्तरात्रादुदयाद्यमस्य दातव्यमेतत्सकलं नरेण। यावत्समाः सप्तदशाऽथ वा स्युरथोर्ध्वमप्यत्र वदन्ति केचित्॥ यमस्य=अगस्त्यस्य।

अगस्त्य को अर्घ्य देना कहा है। उसका काल (समय) व्रतहेमाद्रि में भविष्यपुराणमत से कहा है कि—कन्या के सूर्य आने से सात दिन पहले अर्घ्य को दे। कन्या के सूर्य प्राप्त होने पर अर्घ्य का काल समाप्त हो जाता है। उससे उदय के बाद भी सात दिन के मध्य में अर्घ दे—यह अर्थ है।

उदयकालश्च दिवोदासीये उक्तः—उदेति याम्यां हरिसंक्रमाद्रवेरेकाधिके विंशतिमे ह्यगस्त्यः।
स सप्तमेऽस्तं वृषसंक्रमाच्च प्रयाति गर्गादिभिरभ्यभाणि॥

जो पद्मपुराण में कहा है कि—अगस्त्य का और उदय का काल दिवोदासीय में कहा है कि—अगस्त्य मुनि दक्षिणदिशा में सिंह की सूर्यसंक्रान्ति से इक्कीसवें दिन में उदय को प्राप्त होते हैं। वृष की संक्रान्ति से सातवें रोज अस्त हो जाते हैं। यह गर्ग आदि ने कहा है।

(अगस्त्यविधिकथनम्)

अत्र विधिर्विष्णुरहस्ये—काशपुष्पमयीं रम्यां कृत्वा मूर्तिं तु वारुणेः। प्रदोषे विन्यसेत्तां तु पूर्णकुम्भे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्वलङ्कृताम् ॥ कुम्भस्थां पूजयेत्तां तु पुष्पधूपविलेपनैः । दध्यक्षतबलिं दद्याद्रात्रौ कुर्यात्प्रजागरम् ॥

इसकी विधि विष्णुरहस्य में कही है कि—काश के पुष्पों की रमणीय मूर्ति अगस्त्य की बनाकर प्रदोषसमय में उसे अलंकृत कर जलपूर्ण कुंभ में रख दे। कुंभमध्यस्थापित उस मूर्ति का पुष्प, धूप, चन्दन अर्पण कर दधि तथा अक्षत से बलि देकर रात्रि में जागरण करे।

पूजा च वक्ष्यमाणार्घ्यमन्त्रेण कार्या—प्रभाते तां समादाय यायात्पुण्यं जलाशयम् । निशावसाने तां पश्यन् जलान्ते प्रतिमां मुनेः ॥ अर्घ्यं दद्यादगस्त्याय भक्त्या सम्यगुपोषितः ॥

पूजा तो आगे कहे हुए अर्घ्यमन्त्र से करे-प्रातःकाल में उस मूर्ति को ग्रहण कर पुण्यदायक जलाशय में ले जाय। वहाँ निशा की समाप्ति पर उस मुनि की प्रतिमा को देखते हुए जल के मध्य में करके भक्ति से अच्छीप्रकार उपवास को कर अगस्त्य मुनि को अर्घ्य दे।

मात्स्ये तु—'अङ्गुष्ठमात्रं पुरुषं तथैव सौवर्णमत्यायतबाहुदण्डम् ।

मत्स्यपुराण में तो कहा है कि—अंगूठे के बराबर सुवर्ण की मूर्ति बनावे जिसकी बाहु के दण्ड के बराबर लंबी भुजा हो।

पूर्वं काशमयीत्वशक्तौ—चतुर्भुजं कुम्भमुखे निधाय धान्यानि सप्ताङ्कुरसंयुतानि । सकाशपुष्पाक्षतशुक्तियुक्तं मन्त्रेण दद्याद् द्विजपुङ्गवाय । धेनुं बहुक्षीरवतीं च दद्यात्सवस्त्रघण्टाभरणां द्विजाय ॥

पहले काशमयी की अशक्ति में तो—चतुर्भुजी उस मूर्ति को कुंभ के मुख पर स्थापना कर सात अंकुरों से युक्त धान्य काश के पुष्प, अक्षत तथा सीपी से युक्त मूर्ति को मन्त्र के द्वारा श्रेष्ठ ब्राह्मण को दे। वस्त्र, घंटा, आभरण के साथ बहुत दुग्ध को देनेवाली गौ को द्विज (ब्राह्मण) को दे।

भविष्ये—विरूढैः सप्तधान्यैश्च वंशपात्रे निधापितैः । सौवर्णरूप्यपात्रेण ताम्रवंशमयेन वा ॥ मूर्ध्नि स्थितेन नम्रेण जानुभ्यां धरणीं गतः ।

भविष्यपुराण में लिखा है कि—बांस के पात्र में स्थापित अंकुरित सात धान्यों से सुवर्ण या चांदी, तांबे या बांस के पात्र को सिर पर रखकर विनम्र हो जानुओं को भूमि पर रखे।

विष्णुरहस्ये—अगस्त्यः खनमानेति पठन्मन्त्रमिमं मुनेः । अर्घ्यं दद्यादगस्त्याय शूद्रे मन्त्रविधिस्त्वयम् ॥ काशपुष्पप्रतीकाश वह्निमारुतसम्भव । मित्रावरुणयोः पुत्र कुम्भयोने नमोऽस्तु ते ॥

विष्णुरहस्य में कहा है कि—(अगस्त्यः खनमानः खनित्रैः प्रजामपत्यं बलमिच्छमानः । उभौ वर्णावृषिरुग्रः पुपोष सत्या देवेष्वाशिषो जगाम ॥ ऋ० द्वितीयाष्टक चतुर्थाध्याय) इस मन्त्र को पढता हुआ अगस्त्यमुनि के लिए अर्घ्य दे। शूद्र के लिये यही मन्त्र विधि है—हे काशपुष्पप्रतीकाश, वह्निमारुतसंभव, मित्रावरुण के पुत्र अगस्त्य को नमस्कार है।

विन्ध्यवृद्धिक्षयकर मेघतोयविषापह । रत्नवल्लभ देवेश लङ्कावास नमोऽस्तु ते ॥ वातापी भक्षितो येन समुद्रः शोषितः पुरा । लोपामुद्रापतिः श्रीमान् योऽसौ तस्मै नमो नमः ॥

हे विन्ध्यवृद्धिक्षयकर, (विन्ध्याचल पर्वत की वृद्धि का क्षय करने वाले) रत्नवल्लभ; (रत्नों से प्रेम करने वाले), मेघ के जल में विष को हटाने वाले, मेघतोयविषापह, हे देवेश, हे लंकावास (लंका में निवास करने वाले), आपको नमस्कार है। जिसने वातापी (दानव) का भक्षण किया, पूर्वसमय में जिसने समुद्र का शोषण किया और जो लोपमुद्रा के पति हैं, उसके लिए नमस्कार है।

येनोदितेन पापानि विलयं यान्ति व्याधयः । तस्मै नमोऽस्त्वगस्त्याय सशिष्याय च पुत्रिणे ॥
अगस्त्यः खनमानेति विप्रोऽर्घ्यं विनिवेदयेत् । राजपुत्रि महाभागे ऋषिपत्नि वरानने ॥
लोपामुद्रे नमस्तुभ्यमर्घ्यं मे प्रतिगृह्यताम् । दत्त्वैवमर्घ्यं कौरव्य प्रणिपत्य विसर्जयेत् ॥

जिसके उदय से सारे पाप और व्याधियाँ विलय को प्राप्त हो जाती हैं। शिष्य और पुत्र सहित उस अगस्त्य के लिये नमस्कार है। 'अगस्त्यः खनमानः' इस मन्त्र से ब्राह्मण अर्घ्य का निवेदन करे। हे राज-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुत्रि, हे महाभागे, हे ऋषिपत्नि, हे वरानने, हे लोपामुद्रे आपको नमस्कार है। मेरे अर्घ्य को ग्रहण कीजिये। हे कौरव्य, इसप्रकार अर्घ्य देकर प्रणाम कर विसर्जन करे।

अर्चितस्त्वं यथाशक्त्या नमोऽगस्त्यमहर्षये। ऐहिकामुष्मिकीं दत्त्वा कार्यसिद्धिं व्रजस्व मे॥ विसर्जयित्वागस्त्यं तं विप्राय प्रतिपादयेत्।

आपने यथाशक्ति पूजन किया अतः अगस्त्य महर्षि को नमस्कार हैं। ऐहिक (इसलोक के), आमुष्मिक (परलोक) लोक के कार्य सिद्धि को मुझे देकर जाओ। इसतरह अगस्त्य जी का विसर्जन कर ब्राह्मण को दे दे।

अगस्त्यो मे मनस्थोऽस्तु अगस्त्योऽस्मिन् घटे स्थितः। अगस्त्यो द्विजरूपेण प्रतिगृह्णातु सत्कृतः॥

अगस्त्य जी मेरे मन में स्थित हों। अगस्त्य जी इस घर में स्थित हो। अगस्त्य जी ब्राह्मणरूप से सत्कृत होकर ग्रहण करें।

(अथ दानमन्त्रः)

दानमन्त्रः—अगस्त्यः सप्तजन्माघं नाशयित्वावयोरयम्।
अतुलं विमलं सौख्यं प्रयच्छ त्वं महामुने॥

दान का मन्त्र यह है कि—अगस्त्य जी, सात जन्म के पापों को नाशकर, हे महामुने, आप हम दोनों को अतुल निर्मल सुख को दीजिये।

(अथ प्रतिग्रहमन्त्रः)

प्रतिग्रहमन्त्रो विष्णुरहस्ये—"त्यजेदगस्त्यमुद्दिश्य धान्यमेकं फलं रसम्।
होमं कृत्वा ततः पश्चाद्वर्जयेन्मानवः फलम्॥

प्रतिग्रहमन्त्र विष्णुरहस्य में कहा कि—अगस्त्य मुनि के उद्देश्य से एक अन्न, फल और रस त्याग दे। होम कर बाद में पीछे मनुष्य फल का त्याग करे। होम तो अर्घ्यमन्त्र तथा घृत से होता है।

होमश्चार्घ्यमन्त्रेणाज्येन। भविष्ये—दत्त्वाऽर्घ्यं सप्तवर्षाणि क्रमेणानेन पाण्डव। ब्राह्मणः स्याच्चतुर्वेदः क्षत्रियः पृथिवीपतिः॥ वैश्ये च धान्यनिष्पत्तिः शूद्रश्च धनवान् भवेत्। यावदायुश्च यः कुर्यात्स परं ब्रह्म गच्छति॥ इत्यगस्त्यार्घ्यः।

भविष्यपुराण में कहा है कि—हे पाण्डव, इसतरह सात साल तक इसक्रम से अर्घ्य को देकर ब्राह्मण चतुर्वेदी और क्षत्रिय पृथिवीपति होता हैं। वैश्य तो धान्य का अधिपति एवं शूद्र धनवान् होता है। जबतक आयु रहती है तबतक जो अर्घ्य देता है वह परब्रह्म को जाता है। यह अगस्त्य के लिए अर्घ्य है।

(भाद्रपदपूर्णिमायां श्राद्धकथनम्)

भाद्रपौर्णमास्यां प्रपितामहात्परांस्त्रीनुद्दिश्य श्राद्धं कार्यम्। तदुक्तं हेमाद्रौ ब्राह्मणमार्कण्डेययोः—नान्दीमुखानां प्रत्यब्दं कन्याराशिगते रवौ। पौर्णमास्यां तु कर्तव्यं वराहवचनं यथा॥ इति।

[1]भाद्रपदपौर्णमासी में—पिता और प्रपितामह से आगे तीन को उद्देश्य कर श्राद्ध करना चाहिये। इसी बात को हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण और मार्कण्डेयपुराण के कथन से कहा है कि—[2]कन्याराशी में गये हुए सूर्य में नान्दीमुख पितरों का पौर्णमासीतिथि में प्रति वर्ष वाराह के वचनानुसार (श्राद्ध) करे।

नान्दीमुखत्वं चोक्तं ब्राह्मे—पिता पितामहश्चैव तथैव प्रपितामहः। त्रयो ह्यश्रुमुखा ह्येते पितरः परिकीर्तिताः॥ तेभ्यः पूर्वतरा ये च प्रजावन्तः सुखैधिताः। ते तु नान्दीमुखा नान्दी समृद्धिरिति

१—विष्णुधर्मे—गोदाने प्रौष्ठपद्यां च पौर्णमास्यां महाफलम्। मात्स्ये—यत्राधिकृत्य गायत्रीं वर्ण्यते धर्मविस्तरः। वृत्रासुरवधोपेतं तद्भागवतमुच्यते॥ लिखित्वा तच्च यो दद्याद् हेमसिंहसमन्वितम्। पौर्णमास्यां प्रौष्ठपद्यां स याति परमं पदम्॥ अष्टादशसहस्राणि पुराणं तत्प्रकीर्तितम्। २—कन्यागते सवितरि पितृराजानुशासनात्। भवेत्प्रेतपुरीशून्या यावद् वृश्चिकदर्शनम्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कथ्यते ॥ एतच्च प्रत्यब्दमित्युक्तेः पक्षश्राद्धपक्षे सकृन्महालयपक्षे चावश्यकमिति प्रयोगपारिजाते ।

ब्रह्मपुराण में—नान्दीमुखों को कहा है कि—पिता, पितामह, वैसे ही प्रपितामह, ये तीनों पिता अश्रुमुख कहे गये हैं। इनसे पूर्वतर जो हैं वे प्रजावाले तथा सुख से बढे हुए हैं। वे नान्दीमुख हैं और नान्दीसमृद्धि को कहते हैं। यह श्राद्ध प्रतिवर्ष करे। पक्षश्राद्धपक्ष में तथा सकृत् महालयपक्ष में आवश्यक है-यह प्रयोगपारिजात में कहा है।

अत्र मातामहा अपि कार्याः । पितरो यत्र पूज्यन्ते तत्र मातामहा अपि । इति धौम्योक्तेः । पितृशब्दस्य च जनकपरत्वे बहुवचनविरोधेन पितृभावापन्नपरत्वात् । वार्षिके तु वचनान्निवृत्तिः । न च जीवत्पितृकस्यान्वष्टकायां मातृश्राद्धे तदापत्तिः । इष्टापत्तेः । अत एव स उक्तश्राद्धेषु स्वमातृमातामहयोर्दद्यादिति मदनरत्नकालादर्शौ । एतच्च जीवत्पितृकश्राद्धे वक्ष्यामः । केचित्तु अजहल्लक्षणया पित्रादयो यत्र मातामहास्तेनात्र नेत्याहुः । न चात्र नाम्ना नान्दीश्राद्धधर्मातिदेशः । वैष्णवादिशब्दवद्देवतापरस्य कर्मनामत्वाभावात् । नापि नान्दीमुखत्वं पितृविशेषणं पारिभाषिकत्वादिति दिक् ।

यहाँपर मातामह आदि को भी करे। धौम्य ने कहा है कि—जहाँ पर पितरों का पूजन होता है वहाँ पर मातामह आदि का भी होता है। क्योंकि—पितृ शब्द को जनक परक मानने पर बहुवचन विरोध से पितृभावापन्नपरत्व है। वार्षिक में तो वचन से निवृत्ति है। यह कहो कि—जिसके पिता जीवित हैं उसकी अन्वष्टका मातृश्राद्ध में उसकी आपत्ति हो जायगी। इसमें इष्टापत्ति (निषेध) है। इसलिए मातृश्राद्ध को कहा। कहे हुए श्राद्धों में अपनी माता तथा मातामह को दे—यह मदनरत्न और कालादर्श में कहा है। यह जीवत्पितृकश्राद्ध में कहेंगे। कोई तो [1]अजहल्लक्षणा से पिता आदि होंगे। जहाँ-जहाँ वहाँ मातामह आदि नहीं होंगे। यहाँ पर नाम से नान्दीश्राद्ध का धर्मातिदेश नहीं होगा। क्योंकि वैष्णव आदि शब्द की तरह देवतावाची शब्द कर्मनाम का अभाव होने से। नान्दीमुख शब्द पितृशब्द का विशेषण नहीं है। क्योंकि पारिभाषिक है।

तथा निर्णयदीपे गार्ग्यः—पौर्णमासीषु सर्वासु निषिद्धं पिण्डपातनम् । वर्जयित्वा प्रौष्ठपदीं यथा दर्शस्तथैव सा ॥ इति भाद्रपदमासः समाप्तः ।

निर्णयदीप में गार्ग्य के वचन से कहा है कि—सब पूर्णिमा में पिण्डदान निषिद्ध है, केवल भाद्रपद की पूर्णिमा को त्याग करे। क्योंकि—जैसे—अमावास्या है तद्वत् ही भाद्रपद की पूर्णिमा है।

१—लक्षणावृत्ति तीन प्रकार की होती है—जहल्लक्षणा, अजहल्लक्षणा और जहदजहल्लक्षणा। जहाँ पर अपने अर्थ को बिना छोडकर दूसरे अर्थ को समझाता हैं—वहाँ अजहल्लक्षणा। जैसे—यष्टयः प्रविशन्ति—प्रकृत वाक्य में यष्टि (लाठी) प्रवेश अचेतन होने से असंभव है। इसी से यष्टिधारी पुरुष का अर्थ अजहल्लक्षणा से प्राप्त होता है।

पृष्ठ संख्या २४६ पेज की टिप्पणी—

'अग्नये रक्षोघ्ने पुरोडाशमष्टाकपालं निर्वपेत्, यो रक्षोभ्यो बिभीयात्' 'अमावास्यायां निशि यजेत्' यह पाठ काम्येष्टि के प्रसंग में है दर्शपौर्णमासयाग के प्रसंग में नहीं है। अतः निशीष्टि की इति कर्तव्यता में दर्शेष्टि की इति कर्तव्यता सिद्ध नहीं होती है। यह पूर्वपक्ष है। सिद्धान्त यह कि-दर्शयाग का दो दिन अनुष्ठान होता है। अर्थात्-अमावास्या के दिन प्रातःकाल अग्निहोत्र होने के बाद दर्शेष्टि के लिए प्रणयन करते हैं और दूसरे दिन सुबह दर्शेष्टिका अनुष्ठान करते हैं। यह एकपक्ष है। इस प्रसंग में दर्शेष्टिका उपक्रम करने से तन्मध्य पतित 'निशीष्टि' का भी प्रसंग हो जाता है। अतः भिन्न इति कर्तव्यता की आवश्यकता नहीं है। निशि यज्ञे दर्शतन्त्रं नोतास्त्येतन्न दर्शगे। तन्त्रमध्ये विध्यमावादस्त्यर्थात्तद्विधानतः ॥ (जै० न्या० अध्याय १२ पाद २ अधिकरण ५) अत्र अरुचि द्वादश में निशीष्टिविकृतियाग होने से, विकृतियों का शेष पर्व ही अनुष्ठान काल होने से प्रकृत में निशीष्टिका दर्शप्रयोग के मध्य में प्राप्ति ही है नहीं। अतः विचार व्यर्थ हो जायगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ निर्णयसिन्धुः

(श्रावणमास और भाद्रपदमास)

श्लोकसूची

दौलतराम गौड

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अ)

अर्धरात्रे तदूर्ध्वम् २२६
अजा गावः २३१
अभावे कूपवापीनाम् २३१
अष्टोत्तरशतम् २३४
अधमं नाभिमात्रम् २३४
अतो देवेति २३४
अरत्निसंमिताम् २३५
अथातः श्रावणे २३७
अर्धरात्रादधस्तात् २३६
अध्यायानामुमाकर्म २४०
अवृष्ट्यौषधयः २४०
अध्यायामुपाकर्म २४१
अथ चेत् २४२
अध्यायोत्सर्जनम् २४७
अष्टमी कृष्णपक्षस्य २६३
अहोरात्रं तयोः २६३
अर्धरात्रे तु २६४
अभिजिन्नाम् २६६
अतः परम् २६८
अष्टमी शिवरात्रिः २६८
अर्धरात्रे तु २६८
अष्टमी रोहिणीयुक्ता २६६
अर्धरात्रे वसोर्धाराम् २७४
अनेन विधिना २७४
अग·त्ये अदिते २७८
अनग्निपक्वम् २७६
अधिमासे तु २७६
अथ काले २८६
अङ्गुष्ठमात्रं पुरुषम् २६०
अगस्त्यः खनमानेति २६०
अगस्त्यः खनमानेति २६०
अर्चितस्त्वम् २६१
अगस्त्यो मे २६१
अगस्त्यः सत २६१

(आ)

आदौ तु २३०
आषाढान्ते २३३
आमन्त्रितोऽसि २३६
आद्या मधुस्रावणिका २७५
आसमरात्रात् २८६

(इ)

इतिदेवम् २३५
इत्येवमादि २७३

(उ)

उपाकर्मणि च २३२
उदयव्यापिनी तु २३८
उपाकर्म न २३८
उपाकर्मोत्सर्जनम् २४०
उत्कर्षः कालवृद्धौ २४१
उपाकर्मणि च २४१
उपाकर्मापराह्णे २४१
उदये सङ्गवस्पर्शे २४३
उपाकर्मोत्सर्जनं च २४६
उत्सर्जनं च २४६
उपाकर्मणि च २४७
उपाकर्म च २४८
उपाकर्मादिकम् २४८
उपाकर्मणि कर्तव्यम् २४८
उपलिप्ते गृहमध्ये २४८
उदये चाष्टमी २६६
उपोष्यैकादशीम् २८१
उत्तराषाढसंयुक्ता २८३
उदयव्यापिनी ग्राह्या २८३
उदयव्यापिनी ग्राह्या २८३
उपवासद्वयकर्तुम् २८४
उदये त्रिमुहूर्ताऽपि २८८
उदेति याम्याम् २८९

(ए)

एकाशी त्वथवा २३४
एषामसम्भवे २६६
एकदन्तं शूर्पकर्णम् २७६
एह्येहि त्वम् २८०
एकादशी द्वादशी २८१
एकादशीमुपोष्यैव २८३
एकादश्यां नरः २८४
एवमेकादशीम् २८४
एकादशी यदा २८६
एतत् सर्वम् २८६
एषा व्युष्टिः २८६

(ऐ)

ऐन्द्रर्क्षे २७८

(औ)

औग्रमेकशकम् २८८

(ॐ)

ॐ संवत्सरकृतार्चायाः २३५
ॐ नमो वासुदेवाय २७४

(अम्)

अङ्गुष्ठमात्रं पुरुषम् २६०

(क)

कर्कटादौ २३१
कनिष्ठं तु २३३
कला काष्ठा २६८
कला काष्ठा २६६
कन्यादित्ये २७६
कर्तव्या च २७६
कन्यायामागते २८६

(का)

कामक्रोधादयः २३५
कार्या विद्धापि २६६
काशपुष्पमयीम् २८६
काशपुष्पप्रतीकाश २६०

(कु)

कुंभे कर्कटके २२६
कुंभस्थां पूजयेत् २६०

(किम्)

किं पुनर्बुधवारेण २६६

(कृ)

कृत्वा त्रिगुणितम् २३३
कृते मणिमयम् २३४
कृष्णाष्टम्यां भवेद्यत्र २६३

(ग)

गङ्गा च २३१
गङ्गा धर्मद्रवः २३१
गङ्गाम्भसा २३१

(गा)

गायद्भिः किन्नराद्यैः २७४

(गु)

गुरुभार्गवयोर्मौढ्ये २४१

(गो)

गोदावरी भीमरथी २३०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(गौ)
गोर्याश्चतुर्थी २६२
गौर्धेनुः २७३

(ग्र)
ग्रहयोगो गुरुम् २३६

(च)
चक्रपाणिर्हि २३४
चतुर्दश्याम् २३५
चतुर्थी सहिता २७५
चतुर्थी गणनाथस्य २७५
चतुर्भुजं कुंभमुखे २६०

(ज)
जन्माष्टमी व्रतं ये २६४
जन्माष्टमी रोहिणी २६६
जयन्त्यां पूर्वविद्धायाम् २६६
जयन्त्यां पूर्वविद्धायाम् २७०
जन्माष्टमीं पूर्वविद्धाम् २७०
जयन्त्यां पूर्वविद्धायाम् २७३

(जु)
जुहुयाच्च २६१

(ज्ये)
ज्येष्ठायै तु २८०
ज्येष्ठे श्रेष्ठे २८०

(ज्यो)
ज्योत्स्नापते २७४

(त)
तस्माद्भक्तिसमायुक्तैः २३४
ततस्तानि २३५
तन्मासे २३७
तत्र शान्तिम् २६१
ततो होमम् २६१
तदाऽनिष्टम् २६१
तथा भाद्रपदे २६२
तस्मात्तं पूजयेत् २६५
तिथिरष्टगुणं हन्ति २७०
ततोऽष्टम्याम् २७३
तन्मध्ये २७३
तद्वच्च २७३
ततो मन्त्रेण २७४
ततः पुष्पाञ्जलिम् २७४
तस्मिन्दिने तथा २८५
तथा भाद्रपदस्याम् २८६

(ति)
तिथ्यृक्षयोर्यदा २७२
तिथ्यन्ते तिथिभान्ते २७३
तिथ्यन्ते वा २७३
तिथिनक्षत्रयोः २८२
तिथिनक्षत्रनियमे २८४
तिथिनक्षत्रसंयोगे २८४
तिथ्यन्ते २८५

(तु)
तुभ्यमर्घ्यम् २८६

(ते)
तेभ्यः पूर्वतरा २६१

(तृ)
तृतीया नभसः २७५

(त्य)
त्यजेदगस्त्यम् २६१

(त्वम्)
त्वं पूर्वे २७६

(द)
दध्यक्षतैः २७६
दध्योदनयुतम् २८५
दशम्यैकादशी २८७
दत्वाऽर्घ्यम् २६१

(दि)
दिनान्ते पञ्च २२८
दिवसे विदधीत २३७
दिवा वा यदि २६३
द्विवा वा यदि २६३

(दू)
दूर्वाष्टमी सदा २७८

(दे)
देवदेव नमः २३६
देवकीं तत्र २७३

(द्वा)
द्वादश्यां श्रावणे २३३
द्वादशाङ्गुलमानानि २३४
द्वादश्यां तु २८१
द्वादशी श्रवणस्पृष्य २८२
द्वादशी श्रवणस्पृष्टा २८२
द्वादशी श्रावणस्पृष्टा २८२
द्वादश्यामुपवासेन २८४
द्वादश्यां शुक्लपक्षे २८४
द्वादश्यास्ते २८६
द्वादश्यां सविता २८६

(द्वि)
द्वितीयाशेषसंयुक्ताम् २७५

(ध)
धनुर्मीनौ २२८
धनुः सहस्राण्यष्टौ २३०
धनदश्च २३४
धनिष्ठासंयुतम् २३८
धनिष्ठाप्रतिपद्युक्तम् २४३
धनिष्ठा प्रतिपद्युक्तम् २४५

(न)
न करोति २२४
नर्मदोत्तरभागे तु २४०
नन्दाया दर्शने २४८
न करोति यदा २६५
न रात्रौ पारणम् २७२
नवम्या सह २७६
नमो नमस्ते २८५
नदीनां सङ्गमे २८६

(ना)
नान्दीमुखानां प्रत्यब्दम् २६१

(नि)
निवेदयाम्यहम् २३६
नित्ये नैमित्तिके २४०
नित्ये नैमित्तिके २४६

(प)
पञ्चमी नागपूजायाम् २३२
पवित्रारोपणम् २३३
पवित्रकं कुरुष्व २३६
पवित्रारोपणं काले २३६
पर्वण्यौदयिके २४२
पर्वण्यौदयिके २४५

(पा)
पादौ संवाहयन्ती २७४
पारणान्तं व्रतम् २८३
पारणं तिथिवृद्धौ २८५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(पि)
पिता पितामहः २६१
पितरौ यत्र २६१
(पु)
पुष्ये तूत्सर्जनम् २४७
(पू)
पूजयेद्विधिवद्वीर २३२
पूर्वविद्धाष्टमी या २६६
पूजाव्रतेषु २७७
पूजाव्रतेषु २८८
(पौ)
पौषमासस्य रोहिण्याम् २४६
पौर्णमासीषु सर्वासु २६२
(प्र)
प्रथमं कर्कटे २३१
प्रतिपन्मिश्रिते २३६
प्रतिमासं च २७४
प्रत्याब्दिकं तिथौ २८
प्रभवे सर्वदेवानाम् २८७
प्रभाते ताम् २९०
(प्रा)
प्रातः शुक्लतिलैः २७६
(प्रे)
प्रेतयोनिगतानां तु २६६
(बु)
बुधश्रवणसंयुक्ता २८२
(ब्र)
ब्रह्वृचाः श्रवणे २४५
(ब्रा)
ब्राह्मणः क्षत्रियः २३४
ब्राह्मणैः क्षत्रियैः २४६
(भ)
भवेदुपाकृतिः २४१
भद्रायां द्वे २४८
(भा)
भानौ सिंहगते २६१
भान्ते कुर्यात् २७३
भाद्रशुक्लचतुर्थी २७६
(म)
महानद्यो देविका २३०
मयैतत् २३५
मध्यरात्रे निशीथे २६२
महाजयार्थं कुरुताम् २६४
महानिशा तु २७२
मध्यमप्रहरे २७२
मशनिशा तु २७२
महानिशा द्वे २७२
मन्त्रेणानेन २७४
महाहरि २८७
(मा)
मासं पक्षम् २३६
माघे प्रौष्ठपदे २४७
माघे बुधे २६२
मासे नभसि २७५
मासे नभसि २७५
मातृविद्धा प्रशस्ता २६७
मासि भाद्रपदे २७६
मासि भाद्रपदे २८०
मासि भाद्रपदे २८०
(मि)
मिथुनात्कर्कसंक्रान्तिः २२६
(मु)
मुहूर्तेनापि संयुक्ता २७१
मुहूर्तमात्रसत्त्वेऽपि २७४
मुहूर्ते रौहिणे २७८
मुहूर्तमपि २८६
(मै)
मैत्रेणावाहयेत् २८०
(मां)
मां तत्र २७३
(य)
यदि स्यात् २३६
यद्यर्धरात्रात् २३६
यथाशास्त्रं तु २४६
यस्मिन् वर्षे २६५
यस्मिन् वर्षे २६६
यदि द्वितीये २७१
यथा पुत्रम् २७४
यथा शाखा २७६
यस्मिन् दिने २८०
यदा न २८३
यज्ञभुक्फलदात्रे २८७
(या)
यावन्नोदेति २३०
या च पूजयते २७८
(ये)
ये यस्याम् २३२
येन बद्धो बली २४१
येन कुर्वन्ति २६३
येयं भाद्रपदे २७७
येनोदितेन २९०
(याः)
याः शोषमुपगच्छन्ति २३०
याः काश्चित्तिथयः २८४
(र)
रजनी प्रहरम् २७२
(रा)
रात्रेः प्रथमपादे २८२
(रो)
रोहिणी संयुतोपोष्या २६५
रोहिण्यामर्धरात्रे २६५
(लो)
लोपामुद्रे नमः २९०
(व)
वर्षे वर्षे तु २६४
वर्जनीया प्रयत्नेन २६६
वर्जनीया प्रयत्नेन २६६
(वा)
वासरे वा २७३
वार्क्षी मणिमयी २७३
वासुदेव जगन्नाथ २८१
वातापी भक्षितः २९०
(वि)
विष्णुतेजोद्भवम् २३६
विशेषेण महीपाल २८१
विरूढैः सप्तधान्यैः २९०
विन्ध्यवृद्धिक्षयकर २९०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(वे)

वेदोपाकरणे प्राप्ते २३६

(व)

वैश्ये च २६१

(शु)

शुक्ले भाद्रपदे २७७
शुक्लाष्टमीतिथिः २७८
शुक्ले भाद्रपदे २७८
शुचौ देशे २७९

(शू)

शूद्रान्नेन तु २६५
शूद्राश्च २६८

(शे)

शेषो वै २७३

(शो)

शोणसिन्धु २३१

(स)

ससत्या सहितम् २३३
सर्वथा सर्वदा २३५
सहस्रशुक्लपञ्चम्याम् २४०
सर्वेषामेव २४८
समायोगे तु २६५
सप्तमीसंयुता २६९
सप्तमीसंयुताष्टम्याम् २७०
सर्वेष्वेवोपवासेषु १७२
सन्धिन्यर्निदशा २८८

(सा)

साधारणपवित्राणि २३३

(सो)

सोपवासः प्रयत्नेन २६१

(सं)

संक्रान्तिर्ग्रहणम् २३६
संप्राप्तवान् श्रुतीः २४२
संक्रान्तिर्ग्रहणम् २४४
संप्राप्ते श्रावणस्यान्ते २४८
संस्पृश्यैकादशीम् २८२

(सिं)

सिंहे रवौ २४५
सिंहादित्ये शुक्लपक्षे २७६
सिंहः प्रसेनम् २७६
सिंहकर्कयोर्मध्ये २२९
सिंहकर्कटयोर्मध्ये २३०
सिंहराशौ गते २६१

(हि)

हिरण्मयेन २८६

(है)

हैमरौप्यताम्रक्षौमैः २३३

(क्षी)

क्षीरोदधि २३६
क्षीरोदार्णवसंभूत २७४
क्षीराणि यानि २८८

(त्रे)

त्रेतायां द्वापरे २६८

(श्र)

श्रवणः श्रावणयाम् २४२
श्रवणद्वादश्याम् २८७

(श्रा)

श्रावणे पञ्चमी २३२
श्रावणे मासि २३२
श्रावणस्य सिते २३३
श्रावणेन तु २३८
श्रावणी पौर्णमासी २४२
श्रावण्या प्रौष्ठपद्या २४२
श्रावणी दुर्गनवमी २४३
श्रावण्यां श्रवणे २४९
श्रावणे बहुले २६३
श्रावणे वा २६६
श्रावणी दुर्गनवमी २७८

(शृ)

शृणु राजन् २८३
शृङ्गारसहितम् २८७

(श्रो)

श्रोणायां श्रवणद्वादश्याम २८६

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(गोतमादि ऋषियों का स्थापन)

गोतम का आवाहन और स्थापन

आवाहये गोतमविप्रराजं संसारमोहौघविनाशदक्षम् ।
महद्द्युतिं तर्कविचारदक्षं रक्षाध्वरज्ञः सततं शिवाय ॥

ॐ अभि त्वा गोतमा गिरा जातवेदो विचर्षणे । द्युम्नैरभि प्र णोनुमः । (ऋ० प्र० १।७८।१)

भरद्वाज का आवाहन और स्थापन

यज्ञे भरद्वाज महाप्रभाव बहुद्युते त्राहि महामते त्वम् ।
दयार्णवाधीश बहुज्ञदेव रक्षाध्वरं नो भगवन्नमस्ते ॥

ॐ एवा नः स्पृधः समजा समत्स्विन्द्र रारन्धि मिथतीरदेवीः । विद्याम वस्तोरवसा गृणन्तो भरद्वाजा उत इन्द्र नूनम् ॥ (ऋ. म ६।२५।६)

विश्वामित्र का आवाहन और स्थापन

श्रीविश्वमित्राद्भुतशक्तियोगयज्ञे नवसृष्टिविधानिकस्त्वम् ।
आगच्छ योगीश्वर देवदेव गृहाण पूजां भगवन्नमस्ते ॥

ॐ एवा ते वयमिन्द्र भुञ्जतीनां विद्याम सुमतीनां नवानाम् । विद्याम विद्याम वस्तोरवसा गृणन्तो विश्वामित्रा उत त इन्द्र नूनम् ॥ (ऋ. १०।८९।१७)

कश्यप का आवाहन और स्थापन

आवाहये कश्यपमादितेयमृषिं पुराणं परमेष्ठितुल्यम् ।
सप्तर्षिमध्ये प्रतमं महेशं रक्षाध्वरन्नो भगवन्नमस्ते ॥

ॐ ऋषे मन्त्रकृतां स्तोमैः कश्यपोद्वर्धयन् गिरः । सोमं नमस्य राजानं यो जज्ञे वीरुधां पतिरिन्द्रायेन्दो परि स्रव ॥ (ऋ. ९।११४।२६)

जमदग्नि का आवाहन और स्थापन

आवाहयेऽहं जगदग्निमग्र्यं मुनिप्रवीरं श्रुतिशास्त्रभाजम् ।
कृपानिधीनाममितद्युतीनां तेजोवतां बुद्धिमतामृषीणाम् ॥

ॐ प्रसूतो भक्षमकरं चरावपि स्तोमं चेमं प्रथमः सूरिरुन्मृजे । सुते सातेन यद्यागमं वां प्रति विश्वामित्रजमदग्नी दमे ॥ (ऋ. १०।१६७।२४)

इससे वसिष्ठ का आवाहन और स्थापन करे

वसिष्ठयोगिन् सकलार्थवेत्त आगच्छ यज्ञेऽत्र कृपां विधेहि ।
तेजस्विनामग्रसरोग्रबुद्धे विशाध्वरं नो भगवन्नमस्ते ॥

ॐ उतासी मैत्रावरुणो वसिष्ठोर्वश्या ब्रह्मन्मनसोऽधि जातः । द्रप्सं स्कन्नं ब्रह्मणा दैव्येन विश्वे देवाः पुष्करे त्वाददन्त ॥ (ऋ. ७।३३।११)

इससे अत्रिका आवाहन और स्थापन

आवाहयेऽत्रिं तपसान्निधानं सोमात्मजं देव मुनिप्रवीरम् ।
पाहि त्वमस्मान्महतामहिम्ना रक्षाध्वरं नो भगवन्नमस्ते ॥

ॐ अत्रिर्यद्वामवरोहन्नृबीसमजोहवीन्नाधमानेव योषा । श्येनस्य चिज्जवसा नूतनेनागच्छतमश्विना शन्तमेन ॥ (ऋ. ५।७८।४)

अरुन्धती का आवाहन और स्थापन

पुनीहि मां देवि जगन्नुते च तापत्रयोन्मूलनकारिणी च ।
पतिव्रते धर्मपरायणे त्वमागच्छ कल्याणि नमो नमस्ते ॥

ॐ भूर्भुवः स्वः अरुन्धति इहागच्छ इह तिष्ठ अरुन्धत्यै नमः अरुन्धतीमावाहयामि स्थापयामि ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ निर्णयसिन्धुः

(भाषा-टीका-सहित)

(आश्विनमास)

दौलतराम गौड

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(श्राद्धीयनिर्णय)

१—आश्विनमास के कृष्णपक्ष की प्रतिपदातिथि से प्रारंभ कर अमावास्यातिथि तक शक्ति रहने पर प्रति-
दिन श्राद्ध-महालय करे। तिथिवृद्धि में सोलह श्राद्ध करे। तिथिक्षय में चौदह ही श्राद्ध करे। वृद्धि और क्षयाभाव में
पन्द्रह ही करे। २-अशक्त व्यक्ति पञ्चमी, षष्ठी, अष्टमी, दशमी, एकादशी, अमावास्या आदि किसी तिथि में श्राद्ध
करे। ३-अत्यन्त अशक्ति में अनिषिद्ध किसी भी दिन में सकृत् (एकबार) महालयपक्षीयश्राद्ध करे। ४-जो
आश्विनमास के कृष्णपक्ष में पन्द्रहदिन श्राद्ध करते हैं उनको चतुर्दशीतिथि भी विहित है। अर्थात्—उसमें भी श्राद्ध
होता ही है। ५-जो अशक्ति में पञ्चमी, षष्ठी आदि पक्ष में श्राद्ध करते हैं। उनको चतुर्दशी में श्राद्ध का विधान नहीं
मिलता है। ६-सकृत् महालयपक्ष में भी चतुर्दशीतिथि में श्राद्ध करना विहित नहीं है। ७—सकृत् महालयपक्ष में—
प्रतिपदा, षष्ठी एकादशी, चतुर्दशी, शुक्रवार, जन्मनक्षत्र से दशवा तथा उन्नीसवाँ नक्षत्र, रोहिणी, मघा और रेवती
त्याग दे। किसी के मत से त्रयोदशी, सप्तमी, रविवार तथा मंगलवार को भी त्याग करने को कहा है। ८-पिता की मरण
तिथि में सकृन्महालयपक्ष में नन्दा आदि का निषेध नहीं होता है। ९-संन्यासियों का महालय अपराह्णव्यापिनी द्वादशी
तिथि में हो सपिण्डश्राद्ध होता है। अन्यतिथियों में नहीं होता है। १०—शस्त्र विष, अग्नि आदि से मरों का श्राद्ध
एकोद्दिष्टविधि से चतुर्दशीतिथि में होता है। ११-चतुर्दशी में मृतकों का श्राद्ध और पूर्णिमा के मरों का श्राद्ध द्वादशी,
अमावास्या आदि में करे। श्राद्धसागर में कहा है कि—यदि चतुर्दशीतिथि में माता और पिता शस्त्रादि द्वारा मर गये हों तो
चतुर्दशी निमित्त एकोद्दिष्ट कर उसीसमय पार्वणविधि से श्राद्ध करे। कौस्तुभ आदि मत से वार्षिक पार्वण से ही चतुर्दशी
श्राद्ध हो जाता है। अतः अलग न करे। १२-पिता और माता के मरने पर प्रथम वर्ष में महालय कृताकृत है।
१३—महालयश्राद्ध मलमास में नहीं होता है। १४—अपरपक्ष में वार्षिक की प्राप्ति होने पर मृततिथि में वार्षिक कर
तिथ्यन्तर में सकृन्महालय करे। १५-गयाश्राद्ध फलकामना से प्रतिवर्ष कर सकता है। १६-पित्रादि के मरने पर प्रथम
वर्ष में ही जो गयाश्राद्ध करते हैं। यह विचारणीय है। १७-चतुर्दशीतिथि में श्राद्ध करने पर विघ्न उपस्थित हो जाय तो
उसी पक्ष में या अग्रिमादि पक्षों में जब भी श्राद्ध करे वह पार्वणविधि से ही करे एकोद्दिष्ट विधि से न करे। १८-गणपतौ-
जीवमानः पिता यस्य माता यदि विपद्यते। मातुः श्राद्धं सुतः कुर्यान्न कुर्याच्छ्राद्धतर्पणम्॥ १९-प्रयोगपारिजातमें लिखा
है कि-विधवा स्वयं संकल्प कर ब्राह्मण के द्वारा श्राद्ध करावे। २०-दिन में पन्द्रह मुहूर्त होते हैं। एक मुहूर्त दो घडी का
होता है। अष्टममुहूर्त में श्राद्धारंभ होना चाहिये और बारहें मुहूर्त में समाप्त होना चाहिये। २१-जिस तिथिको पार्वण
श्राद्ध करना है वह तिथि दो दिन हो तो जिस दिन से पूर्णतिथि अपराह्ण में हो वह तिथि हो उसी दिन श्राद्ध करे। दिन
का पांच भाग करने से चौथे भाग को अपराह्ण कहते हैं। दोनों दिन संपूर्ण अपराह्णव्यापिनी तिथि हो तो पूर्व दिन करे।
यदि दोनों दिन संपूर्ण अपराह्ण में संबन्ध तिथि का न हो तो जिस दिन अस्तसमय से पूर्व तीन मुहूर्त हो उसी दिन करे।
ऐसा न हो तो पर दिन करे। दोनों दिन अपराह्ण के एक देश में उक्त तिथि हो तो जिस दिन अधिक काल तक श्राद्ध
तिथि हो वही श्राद्धीयतिथि होती है। यह पार्वणश्राद्धतिथिनिर्णय है। २२-एकोद्दिष्टश्राद्ध में मध्याह्णव्यापिनीतिथि
ग्राह्य है। मध्याह्नशब्द से अष्टम और नवम दो मुहूर्त चार घडी का ग्राह्य है। दिन के पन्द्रह मुहूर्त होते हैं। यदि दोनों
दिन मध्याह्णव्यापिनी तिथि हो तो पूर्वदिन श्राद्ध होताहै। यदि दोनों दिन मध्याह्ण में सम्बन्ध न हो तो अस्त के पूर्व
जिस दिन तीन मुहूर्त श्राद्धतिथि हो वह ग्राह्य है। दोनो दिन मध्याह्ण के एकदेश में व्यापिनी हो तो जिस दिन अधिक
व्यापिनी हो उसीदिन एकोद्दिष्टश्राद्ध होता है। पूर्वदिन में होना चाहिये-यह कमलाकर मत है। २२-आमश्राद्ध में
पूर्वाह्णव्यापिनीतिथि ग्राह्य है। आमश्राद्धं तु पूर्वाह्णे-यह विशेष है। अष्टकाश्राद्ध भी पूर्वाह्णव्यापिनीतिथि में होता है।
२४-नित्यश्राद्ध पार्वणविधि से होता है। इसमें विश्वेदेवा, पिण्डदानादि, ब्रह्मचर्यादिनियम, आवाहन, अर्घ्यदानादि
नहीं होते हैं। जिस दिन षड्दैवत् श्राद्धानन्तर पार्वणादि प्राप्त हो उसदिन प्रसंग से इसकी भी सिद्धि है। भिन्न देवता
के एकोद्दिष्टादि की प्राप्ति हो तो एकोद्दिष्टादि करके उसके शेष अन्न से इसको भी करे। समर्थ हो तो दक्षिणा दे असमर्थ
हो तो न दे। २५-श्राद्धांगतर्पण नित्यश्राद्ध में नहीं होता है। २६-महालयश्राद्ध-आश्विनकृष्ण प्रतिपदा से
आश्विनशुक्ल प्रतिपदा तक सोलह होते हैं। आश्विनशुक्ल प्रतिपदा को मातामह का श्राद्ध होता है। तिथिवृद्धि
हो तो अमावास्या पर्यन्त ही होता है। भाद्रपद की पूर्णिमा से अमावास्या तक होते हैं-यह हेमाद्रि मत है। इसमें षड्दैवत,
नवदैवत्य और द्वादशदैवत्य पक्ष है। सकृन्महालयपक्षमें सब पितरों को दिया जाता है। षड्दैवत्य पञ्चगौड में प्रचलित है।
अन्तिमपक्ष दाक्षिणात्य में है। २७-पक्षश्राद्धमें श्राद्धान्तमें तर्पण और सकृन्महालयपक्ष में दूसरे दिन तर्पण होता है।
२८-भाद्रपदपूर्णिमा को भी प्रपितामह के पितृ, पितामह और प्रपितामहका श्राद्ध सपिण्ड सदैव विहित है। इसमें माता-
मह नहीं होते हैं यह सब निबन्धकार मानते है। कमलाकर मतमें मातामह भी हैं। इसमें श्राद्धांगतर्पण परदिनमें होता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है। २६–भाद्रकृष्णपक्ष में जिसदिन भरणीनक्षत्र हो उसदिन षड्दैवत्य अपिण्डश्राद्ध विहित है। २६–भाद्रपदकृष्ण तृतीयाको कृत्तिकानक्षत्र हो तो षडदैवत्य अपिण्डश्राद्ध विहित है। ३१–भाद्रकृष्णषष्ठी को व्यतीपात और भौमवार हो तो उसे कपिलाषष्ठी कहते हैं। उसदिन षड्दैवत्य अपिण्डश्राद्ध विहित है। ३२–महालयश्राद्ध पक्वान्न से ही होता है आमान्न से नहीं होता है। इसमें पिण्डदान अवश्य होता है। ३३–आश्विनकृष्ण नवमीको 'अन्वष्टकाश्राद्ध' होता है। उसमें जीवत्पितृकको एकमातृपार्वण सदैव सपिण्ड का विधान है। सपत्नमाता का और स्त्रीका भी एकोद्दिष्टश्राद्ध होता है। यह अनुपनीत जीवत्पितृक तथा गर्भिणीपति भी कर सकता है। ३४–जिसकी माता पहले मृत हो पश्चात् पिता मरे हो ऐसे मातृ-पितृ पितृक को पितृ, मातृ, मातामह ये तीन पार्वण करने चाहिये। ३५–नवमीश्राद्ध नवमीतिथि में न कर सके तो वृश्चिकसंक्रान्तितक कर सकता है। ३६–आश्विनकृष्ण त्रयोदशी केवल या मघानक्षत्र युक्त हो तो सदैव अपिण्ड षडदैवतश्राद्ध होता है। यह श्राद्ध नित्य है। सपुत्र को निषिद्ध है। केवल मघाश्राद्ध भी प्रशस्त है। परन्तु काम्य है। सांकल्पिक है। श्राद्धान्त में वर्गद्वय का तर्पण होता है। ३७–जिसकी त्रयोदशी मृततिथि है उसको महालय करने में कोई दोष नहीं है चाहे वह सपुत्र भी हो। ३८–आश्विनकृष्ण चतुर्दशी को हस्तनक्षत्र में सूर्य हों या मघानक्षत्र में सूर्य हो तो 'गजच्छायायोग' होता है उसमें षड्दैवत अपिण्डश्राद्ध करना चाहिये। ३६–आश्विनशुक्लप्रतिपदाको मातामह का एक पार्वण सदैव अपिण्ड होता है। इसे जीवत्पितृक तथा अनुपनीत भी कर सकता है। इस श्राद्धको जीवत्पितृक संगवकाल में और मृतपितृक अपराह्णकालमें करें। मातामह सपत्नीक या अपत्नीक का उल्लेख करे—इसमें विकल्प है। श्राद्धान्त में तर्पण होता है। यह श्राद्ध इस तिथिको यदि न कर सके तो वृश्चिकसंक्रान्तितक कर सकता है। ४०–आश्विनकृष्ण चतुर्दशी को शस्त्रहत पितादिका सदैव सपिण्डन एकोद्दिष्ट श्राद्ध होता है। एकोद्दिष्ट यद्यपि अदैव है फिर भी इस एकोद्दिष्ट में विश्वेदेवा वचनबल से होते हैं। ३१–चतुर्दशीतिथिमें–विष, जल, अग्नि, शृंग, दन्त, सर्प, पशु, व्याघ्र, उद्बन्धन आदि दुर्मरण से मृतका श्राद्ध भी होता हैं। ४२–अमावास्या को अनुराधा, विशाखा, स्वाती,पुष्य, आर्द्रा और पुनर्वसु नक्षत्र हो तो श्राद्ध अपिण्ड सदैव षड्दैवत करे। इसमें तर्पण श्राद्ध के पहले होता है। ४३–अमावास्या में श्रवण, अश्विनी, धनिष्ठा, आर्द्रा, आश्लेषा, मृगशिरा तथा व्यतीपात हो तो महाव्यतीपात योग होता है। इसमें भी पूर्ववत् श्राद्ध प्रशस्त है। इसमें तर्पण श्राद्ध के पूर्व होता है। ४४–आश्विनकृष्ण अमावास्याको आह्निक और महालय उपस्थित हो तो पहले आह्निक तदनन्तर महालय होता है। दर्शश्राद्धकी महालयश्राद्ध से सिद्धि है। अलग से करने की आवश्यकता नहीं है। ४५–साग्निक को अमावास्या में पिण्डपितृयाग भी करना पड़ता है और पिण्डपितृयागके बाद दर्शश्राद्धकी विधि है। अतः साग्निकको आह्निक तथा महालय यदि आश्विनकृष्ण अमावास्या को उपस्थित हो तो प्रथम आह्निक फिर महालय अलग पाकसे कर पिण्डपितृयाग कर और बाद में सांकल्पिक दर्शश्राद्ध करे—यों क्रम है। साग्निक को महालय तथा दर्शश्राद्धका तन्त्र या प्रसंग नहीं हो सकता है। क्योंकि—मध्यमें पिण्डपितृयज्ञ पतित है। तन्त्रता करने से महालय तथा दर्शके मध्यपातित्व का बाध हो जाता है। ४६ एकदिनमें अनेक श्राद्ध की प्राप्तिमें तो तर्पण भी तन्त्र से होता है। एकतिथि में अनेक की मृत्यु हो तो मरण क्रमसे श्राद्ध होता है। मरणक्रम अज्ञात हो तो संबन्ध क्रमसे होता है। ४६–तीर्थप्राप्तिमें अवान्तर तीर्थ यदि अनेक प्राप्त हो तो अनेकश्राद्ध भी एक ही दिनमें होते हैं। जैसे––पञ्चकोशीमें––कर्दमेश्वर, भीमचण्डी आदि अनेक तीर्थ की प्राप्ति में एक श्राद्धकर्ता दो व्यक्तिका श्राद्ध करे तो मृतकश्राद्ध प्रथम कर स्नानकरके पीछे मृतकका श्राद्ध पृथक् पाक से करे––यह बहुमत है। श्राद्ध न करके केवल भोजनादि करने में पृथक् पाकका नियम नहीं है। देश, काल, कर्ता आदि के ऐक्यमें पाक भी एक ही होता है, यह संप्रदाय है। 'तन्त्रेण श्रपणं कृत्वा श्राद्धं कुर्यात्पृथक् पृथक्–निर्णयसिन्धु। ५०–पावणदिनमें यदि भाई आदिका एकोद्दिष्ट भी पड़े तो प्रथम पार्वणकरके एकोद्दिष्ट करना चाहिये। ५१–महालयमें तिथिह्रासमें आवृत्ति से दो श्राद्ध और तिथिवृद्धि में भी दो श्राद्ध करे। इसीप्रकार नवरात्रमें भी तिथिह्रास तथा तिथिवृद्धि में पाठावृत्तिका विधान है। ५२–श्राद्धंगतर्पण क्षयाहदिनमें तथा सकृन्महालयश्राद्ध पक्ष में परदिन होता है। दूसरे दिन प्रातः स्नान और सन्ध्याकर श्राद्धांग तर्पण करे। फिर मध्यान्ह-सन्ध्या तथा नित्यतर्पणादि करे। सकृन्महालयपक्षमें यदि सब पितरों का श्राद्ध करे तो सबोंका तर्पण करे। सकृन्महालय पक्षमें सब पितरों का एक ही दिन पिण्डदान शास्त्र से विहित है। दाक्षिणात्यों में प्रचलित भी है। ५३–महालयमें प्रतिदिन पक्षभर श्राद्ध करे तो षड्दैवत्य ही करे। ५४–इसमें जिनका श्राद्ध तोता है। उन्हीं का तर्पण होना चाहिये। श्राद्धांगतर्पण नित्यतर्पण से पृथक् है। अतः इसमें जिनका श्राद्ध होता है उन्हींका तर्पण होता है। ५५–आह्निक श्राद्धादिदिन में जो नित्यतर्पण का निषेध है। वह निर्मूल है या तिलतर्पण निषेधक है–यह निर्णयसिन्धुकार का मत है। ५६–मन्वादि, युगादि, दर्श, संक्रान्ति, पूर्णिमा, व्यतिपात, वैधृति, नक्षत्रादिश्राद्ध, तीर्थश्राद्ध, ग्रहणश्राद्ध

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गं छ्यादिश्राद्ध में श्राद्धके पहले श्राद्धांग तर्पण होता है। इसमें मध्यान्हसन्ध्या और ब्रह्मयज्ञ को करके नित्यतर्पणके साथ दर्शश्राद्धांगतर्पणका तन्त्र से अनुष्ठान होता है। या नित्यश्राद्ध से ही श्राद्धांगतर्पण की सिद्धि है। तर्पणोत्तर श्राद्ध करे। पक्षश्राद्ध, अर्धोदय, गजच्छाया, भरणी, मघा, अष्टका, और अन्वष्टका श्राद्ध में श्राद्धान्तमें तर्पण होता है। ५७–महालयमें श्राद्ध न कर सके तो कार्तिककृष्ण अमावास्या या आश्विनशुक्लपञ्चमी, या वृश्चिक संक्रान्तिके प्रवेशके समय किसी तिथि में करे। ५८–महालय में पाकारंभ के पूर्वतक पत्नीरजस्वला हो जाय तो सकृग्महालय उसदिन न कर सके तो अमावास्या तक करे। यदि अमावास्या तक रजोदोष हो तो आश्विनशुक्लपञ्चमी तक करे। ५९–पाकारंभोत्तर ऋतुमती हो तो उसको गृहान्तर में रखकर श्राद्ध करे। ६०–विधवा को महालयमें भर्त्रादित्रय, स्वपित्रादित्रय, स्वमात्रादित्रय, स्वमातामहादित्रय, स्वमातामह्यादित्रय का अशक्तिमें-भर्त्रादित्रय, स्वपित्रादित्रय, स्व-मात्रादित्रय, स्वमातामहादित्रय सपत्नीक, अत्यशक्ति में—स्वभर्त्रादित्रय, स्वमात्रादित्रय का श्राद्ध करे। ६१–अपुत्रा विधवा प्रतिदिन भर्त्रादित्रय का तर्पण करे। ६२–श्राद्धदिन एकादशीव्रत, काम्योपवासव्रत, शिवरात्रि, जन्माष्टमी आदि हो तो श्राद्धशेषान्न का आघ्राण करे। फलाहार आदि करना हो तो फलाहार से श्राद्ध करे। ६३–श्राद्धशेषान्न भोजन स्वयं अवश्य करना चाहिये। ६४–श्राद्धशेषान्न शूद्रको नहीं देना चाहिये. शूद्रको उस दिन घर में भोजन भी नहीं कराना चाहिये। ६५–श्राद्धशेषान्न भोजन हर एक मनुष्य नहीं कर सकता बिना विशेष संबन्ध के।

(अथ आश्विनकृष्णपक्षः)

(कन्यासंक्रान्तिनिर्णयः)

कन्यासंक्रमे पराः षोडश घटिकाः पुण्याः, शेषं प्राग्वत्।

कन्या के सूर्य में परा सोलह घड़ी पुण्यकाल होता है। शेष बात पहले के तुल्य है।

(अथ महालयः)

अथ महालयः। तत्र पृथ्वीचन्द्रोदये वृद्धमनुः—आषाढीमवधिं कृत्वा पञ्चमं पक्षमाश्रिताः।
कांक्षन्ति पितरः क्लिष्टा अन्नमप्यन्वहं जलम्॥

इसके बाद महालय का विचार करते हैं। उसमें पृथ्वीचन्द्रोदय में वृद्धमनु ने कहा है कि—'[1]आषाढमास की पूर्णिमा से लेकर पांचवें पक्ष में अर्थात्—आश्विनमास के कृष्णपक्ष तक पितरगण बड़े कलेश से अन्न और जल की प्रतिदिन आकांक्षा (इच्छा) करते हैं।

(कन्यायोगे पुण्यतमत्वकथनम्)

कन्यायोगे पुण्यतमत्वमाह शाट्यायनिः—कन्यास्थार्कान्वितः पक्षः सोऽत्यन्तं पुण्यमुच्यते। इति।

कन्या के योग में अत्यन्त पुण्य शाट्यायनि ने कहा है कि—कन्याराशि के सूर्य से युक्त पक्ष अत्यन्त पुण्यवान् कहा गया है।

(अत्र विशेषकथनम्)

अत्र विशेषमाह वृद्धमनुः—मध्ये वा यदि वाऽप्यन्ते यत्र कन्यां व्रजेद्रविः। स पक्षः सकलः श्रेष्ठः श्राद्धषोडशकं प्रति॥ तथा ब्रह्माण्डमार्कण्डेययोः—कन्यागते सवितरि दिनानि दश पञ्च च। पार्वणेनेह विधिना श्राद्धं तत्र विधीयते॥ तथा तत्रैव षोडश दिनान्युक्तानि—कन्यागते सवितरि यान्यहानि तु षोडश। क्रतुभिस्तानि तुल्यानि देवो नारायणोऽब्रवीत्॥

यहाँ पर विशेष वृद्धमनु ने कहा है कि—मध्य[2] में या अन्तमें जब कन्या का सूर्य हो वह सोलह श्राद्धों के प्रति वह पक्ष संपूर्ण श्रेष्ठ है।

१—नागरखण्डे—आषाढ्याः पञ्चमे पक्षे यः श्राद्धं न करिष्यति। शोकनापि दरिद्रोऽपि सोऽन्त्यजत्वमुपैष्यति॥

२—आदित्यपुराणे—आषाढीमवधिं कृत्वा यः स्यात्पक्षस्तु पञ्चमः। श्राद्धं तत्र कुर्वीत कन्यां गच्छतु वा न वा॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ब्रह्माण्ड तथा मार्कण्डेयपुराण में कहा कि—कन्या के सूर्य में पन्द्रहदिनों[1] तक पार्वणविधि से ही वहाँ पर श्राद्धका विधान है।

और वहाँ परही सोलहदिन कहे हैं। कन्या के सूर्यमें जो सोलह दिन हैं वे यज्ञों के सदृश हैं। ऐसा नारायण देव ने कहा है।

(अत्र हेमाद्रिमतम्)

अत्र हेमाद्रिः षोडशत्वं त्रेधा व्याचख्यौ। तिथिवृद्धया पक्षस्य षोडशदिनात्मकत्वे श्राद्धवृद्धयर्थमित्येकः पक्षः, भाद्रपदपूर्णिमया सहेति द्वितीयः, आश्विनशुक्लप्रतिपदा सहेति तृतीयः। अन्त्य एव तु युक्तः। अहः षोडशकं यत्तु शुक्लप्रतिपदा सह। चन्द्रक्षयाविशेषेण सापि दर्शात्मिका स्मृता॥ इति देवलोक्तेः।

यहाँ पर हेमाद्रि ने कहा है कि—सोलहदिन की तीन तरह से व्याख्या की है। प्रथमपक्ष—तिथिकी वृद्धि से पक्षके सोलहदिन हो जाने पर तो एकश्राद्ध के वृद्ध्यर्थ बढ़ जाने से प्रथमपक्ष हो जायगा। दूसरा पक्ष—भाद्रपदपूर्णिमातिथि के साथ हो जाने पर दूसरापक्ष हो जायगा। तीसरा पक्ष—आश्विनशुक्ल प्रतिपदातिथि के साथ हो जाने से तीसरापक्ष हो जायगा। इन तीनों में अन्त्य का ही तो युक्त है।

देवलने कहा है कि—जो शुक्लपक्ष की प्रतिपदा के सहित सोलह दिन है। उसमें चन्द्रमा[2] के क्षय के हो जानेसे प्रतिपदा भी अमावास्या का रूप हो जाती है।

(अत्र पञ्च पक्षाः)

तत्र पञ्च पक्षाः। तदुक्तं हेमाद्रौ ब्राह्मे—आश्वयुक्कृष्णपक्षे तु श्राद्धं कार्यं दिने दिने। त्रिभागहीनं पक्षं वा त्रिभागं त्वर्धमेव वा॥ दिने दिने इति पक्षपर्यन्तत्वमुक्तम्। त्रिभागहीनमिति पञ्चम्यादिपक्षः, भौजङ्गीं तिथिमारभ्य यावच्चन्द्रार्कसङ्गमम्। इति वाक्यात्। अर्धमित्यष्टम्यादिपक्षः। त्रिभागमिति दशम्यादिपक्षः। त्रिभागहीनमिति चतुर्दशीसहितप्रतिपदादिचतुष्टयवर्जनाभिप्रायेणेति कल्पतरुः।

उसमें पांच पक्ष हैं। उन्हींको हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण के वचनसे कहा है कि—आश्विनमासके कृष्णपक्ष में प्रतिदिन श्राद्ध करे। त्रिभाग से हीन अर्थात्—पञ्चमीतिथि से करे या पक्ष भर-(अर्थात् पूरे पन्द्रह दिन) करे। या त्रिभाग-(अर्थात् दशमीतिथि से) करे। या अर्ध अर्थात्-अष्टमी तिथि से करे।

'दिने दिने'—इस वीप्सा से पक्षभर श्राद्ध करे—ऐसा कहा है। 'त्रिभागहीनम्' इससे पञ्चमी आदि पक्ष को कहा है। पञ्चमीतिथि से आरम्भ कर जब तक चन्द्रमा और सूर्यका संगम हो। इस वाक्य से। अर्धम्—इससे अष्टमी आदि पक्ष है। त्रिभागम्—इससे दशमी आदि पक्ष है। त्रिभागहीनम्—से चतुर्दशी तिथि सहित प्रतिपदा आदि चार तिथियोंके त्याग का अभिप्राय है। यह कल्पतरु ने कहा है।

अत्र दिनपदं तिथिपरं वीप्सया तत्पक्षीयतिथित्वं श्राद्धव्याप्यतावच्छेदकम्। तेन पञ्चदशतिथिव्यापि श्राद्धं सिद्ध्यति। तेन चतुर्दशीनिषेधोऽन्यकृष्णपक्षपर इति गौडाः। तन्न। श्राद्धं शस्त्रहतस्यैव चतुर्दश्यां महालये। इत्यादिविरोधात्। यच्च कश्चित्पूरणप्रत्ययलोपेन तृतीयभागहीनं षष्ठ्यादिपक्षं तृतीयभागमेकादश्यादि तदर्धं त्रयोदश्यादि, उत्तरोत्तरं लघुकालोक्तेरिति। तन्न। गौतमादिवचनेन मूलकल्पनालाघवात् पक्षमित्यनन्वयापत्तेश्च।

यहाँ पर 'दिनपद' से तिथिका ग्रहण है। 'दिने दिने' इस पदकी वीप्साके उसपक्षकी सब तिथियाँ श्राद्धकी हैं। उससे पन्द्रहों तिथियों से व्याप्त श्राद्ध सिद्ध होता है। उससे चतुर्दशी का निषेध अन्य कृष्ण

१—दिनपरं चान्द्रदिनपरतया तिथिपरम्। तिथिनैकेन दिवसश्चान्द्रमाने प्रकीर्तितः। एवं 'अहानि' इत्यत्राहः पदमपि तिथिपरमेव।

२—न दृश्यते चन्द्रोस्यामिति व्युत्पत्या धातोरचाक्षुषज्ञानार्थकतया तत्लभ्यदर्शत्वेन शुक्लप्रतिपदोऽप्येकीकाराज्ञापरपक्षत्वविरोध इत्यर्थः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पक्ष परक है—यह गौडों का कहना है। यह ठीक नहीं है। महालयकी चतुर्दशीतिथिमें शस्त्र द्वारा मृतकों का ही श्राद्ध होता है। इत्यादि विरोध है। और जो कोई पूरण (तृतीयाप्रत्यय) का लोप होने से तीसरे भाग से हीन षष्ठ्यादि पक्ष, तृतीयभाग, एकादशी आदि, उसका आधा त्रयोदशी आदि पक्ष उत्तरोत्तर[1] लघुकाल कहा है।

यह ठीक नहीं है। गौतमादि वचनसे मूलकी कल्पना का लाघव है। इससे पक्षकी भी अन्वयापत्ति हो जायगी।

पञ्चम्यूर्ध्वं च तत्रापि दशम्यूर्ध्वं ततोऽप्यति। इति विष्णुधर्मोक्तेः। षष्ठ्याद्येकादश्यादिपक्षावपि ज्ञेयाविति तत्त्वम्।

विष्णुधर्म में कहा है कि—पञ्चमी[2] तथा दशमी के बाद श्राद्ध करे। षष्ठी, एकादशी आदि भी पक्ष भी जानना चाहिये—यह तत्त्व है।

कालादर्शेऽपि—पक्षाद्यादि च दर्शान्तं पञ्चम्यादि दिगादि च। अष्टम्यादि यथाशक्ति कुर्यादापरपक्षिकम्॥ पक्षादिः=प्रतिपत्, दिक्=दशमी, दर्शान्तमिति सर्वत्र।

कालादर्श में लिखा है कि—प्रतिपदासे अमावास्या तक, पञ्चमी आदि से अमावास्या तक, दशमी से अमावास्या तक, अष्टमी आदि में यथाशक्ति अपरपक्ष (कृष्णपक्ष) में श्राद्ध करे। पक्षका आदि का अर्थ—प्रतिपदा है। दिक्-माने दशमी, अमावास्या तक यह सर्वत्र है।

गौतमोऽपि—अथाऽपरपक्षे श्राद्धं पितृभ्यो दद्यात् पञ्चम्यादि दर्शान्तमष्टम्यादि दशम्यादि सर्वस्मिंश्च' इति।

गौतम ने भी कहा है कि—अनन्तर अपरपक्ष (महालय) में पितरों के लिये श्राद्ध दे। पञ्चमी आदि अमावास्या तक, अष्टमी आदि, दशमी आदि सब दिनों में श्राद्ध करे।

तथैकस्मिन्नपि दिने श्राद्धमुक्तं हेमाद्रौ नागरखण्डे—आषाढ्याः पञ्चमे पक्षे कन्यासंस्थे दिवाकरे। यो वै श्राद्धं नरः कुर्यादेकस्मिन्नपि वासरे॥ तस्य संवत्सरं यावत्संतृप्ताः पितरो ध्रुवम्॥ इति।

वैसेही एक दिनमें भी श्राद्ध कहा है हेमाद्रि नागखण्ड के मतसे—आषाढमास की पूर्णिमासे पांचवें पक्षमें कन्या के सूर्यमें जो मनुष्य एकदिन भी श्राद्ध करता है उसके पितर निश्चय एक साल तक तृप्त रहते हैं।

अत्र शक्ताशक्तपरा व्यवस्थेति प्राञ्चः। तन्न। तद्वाचकपदाभावात्। त्रयोदश्यादिपक्ष एव नित्यः। तत्रैव निन्दाश्रुतेः। ब्राह्मे एवकारेण तस्यैव पञ्चमपक्षायोगव्यवच्छेदोक्तेरिति गौडाः। तन्न। एकस्मिन्नपीति विरोधात्। तेन फलभूयार्थिनाऽन्यानि कार्याणीति तत्त्वम्। तत्र चतुर्दशीश्राद्धाभावे पञ्चम्यादिदशम्यादिपक्षौ। तत्सत्त्वे षष्ठ्याद्येकादश्यादिकौ। एवं चतुर्दश्यभावे द्वादश्यादिः। तत्सत्त्वे त्रयोदश्यादिरितिव्यवस्था।

यहाँ पर प्राचीनों का कहना है—शक्त और अशक्तभेद से व्यवस्था है। यह ठीक नहीं है। उसमें तद्वाचक पदका अभाव है। अर्थात्—शक्त और अशक्त वाचक कोई पद नहीं है। त्रयोदश्यादि पक्ष ही नित्य है वहीं पर निन्दा सुनी है। ब्रह्मपुराणमतसे एवकारसे उसी ही को पञ्चमपक्षके अयोग व्यवच्छेदक (अयोगव्यवच्छेदक, अन्ययोग व्यवच्छेदक, अत्यन्तायोग व्यवच्छेदक-अयोग से संबन्ध उसका व्यवच्छेदक माने अभाव) कहा है—यह गौडोंका मत है। यह ठीक नहीं है। एकस्मिन् एकदिनमें भी करे-यह विरोध हैं। उससे फलके अधिकाभिलाषी दूसरे श्राद्धोंको करे—यही तत्त्व है। उसमें चतुर्दशीश्राद्धके अभावमें पञ्चमी आदि तथा दशमी आदि दोनों पक्षों को ग्रहण करे। उसके रहने पर षष्ठी आदि एकादशी आदि ले। इस प्रकार चतुर्दशीके अभावमें द्वादशी आदि ले। उसके रहने पर त्रयोदशी आदि ले—यह व्यवस्था है।

१—नागरखण्डे—उत्तरादयनाद्राजन् श्रेष्ठं स्याद्दक्षिणायनम्। याम्यायनाच्चतुर्मासं तत्र सुप्ते तु केशवे॥ प्रौष्ठपद्याः परः पक्षस्तत्रापि च विशेषतः। पञ्चम्यूर्ध्वं च तत्रापि दशम्यूर्ध्वं ततोऽप्यति॥ मघायुक्ता तु तत्रापि श्रेष्ठा राजन् त्रयोदशी।

२—विष्णुधर्मगौतमाभ्यां स्पष्टमुक्ताः—प्रतिपत्पञ्चमीषष्ठी-अष्टमीदशमी-एकादशीप्रभृति षट् पक्षाः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(विधवाया पार्वणचतुष्टयकथनम्)

विधवायास्तु विशेषः । स्मृतिसङ्ग्रहे—चत्वारः पार्वणाः प्रोक्ता विधवायाः सदैव हि । स्वभर्तृश्वशुरादीनां माता पित्रोस्तथैव च ॥ ततो मातामहानां च श्राद्धदानमुपक्रमेत् ॥ तथा–श्वश्रूणां च विशेषेण मातामह्यास्तथैव च । इति ।

विधवा[1] के लिए तो विशेष स्मृतिसंग्रहमें कहा है कि—विधवा को सदा ही चार पार्वण कहा है। उसका क्रम यों है—अपना पति, श्वशुर आदिका, माता और पिता का, तदनन्तर मातामह आदिका श्राद्ध करे और विशेषकर श्वश्रू (सास) ओंका वैसेही मातामही (नानी) आदिका श्राद्ध करे।

(अशक्तौ विधवा स्वयं संकल्पं कृत्वाऽन्यत्राह्मणद्वारा कारयेत्)

अशक्तौ तु स्मृतिरत्नावल्याम्—स्वभर्तृप्रभृति त्रिभ्यः स्वपितृभ्यस्तथैव च । विधवा कारयेच्छ्राद्धं यथाकालमतन्द्रिता ॥ विधवा स्वयं सङ्कल्पं कृत्वान्यब्राह्मणद्वारा कारयेदित्युक्तं प्रयोगपारिजाते ।

अशक्तिमें तो स्मृतिरत्नावली में कहा है—विधवा पत्नी अपने पति आदि तीन का तथा वैसेही अपने पिता आदि का यथासमय आलस्यादि रहित होकर श्राद्धको करा दे। प्रयोगपारिजातमें लिखा है कि—विधवा स्त्री स्वयं (अपने आप) संकल्पकर अन्य कार्य ब्राह्मण द्वारा करावे।

(सकृन्महालये वर्ज्यतिथ्यादिकथनम्)

सकृन्महालये च वर्ज्यतिथ्याद्युक्तं पृथ्वीचन्द्रोदयप्रयोगपारिजातादिषु । वसिष्ठः—

नन्दायां भार्गवदिने चतुर्दश्यां त्रिजन्मसु । एषु श्राद्धं न कुर्वीत गृही पुत्रधनक्षयात् ॥ जन्मर्क्षं तत्पूर्वोत्तरे च त्रिजन्मानि ।

और सकृत्महालय में त्याज्यतिथि पृथ्वीचन्द्रोदय, प्रयोगपारिजात आदिमें कहा है—वसिष्ठने कहा है कि—नन्दामें, (प्रतिपदा, षष्ठी और एकादशी) शुक्रवारके दिनमें और चतुर्दशी (त्रयोदश्यामिति विवेचने) त्रिजन्म, इनमें श्राद्ध करने से गृहस्थका पुत्र तथा धन क्षय हो जाता है।

जन्मनक्षत्र (अपनी स्त्री और अपने पुत्रोंका) उसके पूर्व और उत्तरमें जो नक्षत्र हो वही त्रिजन्म हैं। रघुनाथ मत से जन्म से दशम तथा उन्नीसवां नक्षत्र होता है।

वृद्धगार्ग्यः—प्राजापत्ये च पौष्णे च पित्र्यर्क्षे भार्गवे तथा । यस्तु श्राद्धं प्रकुर्वीत तस्य पुत्रो विनश्यति ॥ प्राजापत्यम्=रोहिणी, पौष्णम्=रेवती, पित्र्यम्=मघा । अन्यान्यपि प्रत्यरितारादीनि तत्रैव ज्ञेयानि ।

वृद्ध गार्ग्य ने कहा है कि—रोहिणी, रेवती तथा मघा नक्षत्रमें, शुक्रवार में जो श्राद्ध करता है उसके पुत्र का नाश होता है और दूसरे भी दुष्ट दिन वहीं पर देखना चाहिये।

केचित्तु—नन्दाश्वकामरव्यारभृग्वग्निपितृकालभे । गण्डे वैधृतिपाते च पिण्डास्त्याज्याः सुतेप्सुभिः ॥ इति सङ्ग्रहात् ।

नन्दाः=प्रतिपत्षष्ठ्येकादश्यः, अश्वः=सप्तमी, कामः=त्रयोदशी, आरो=भौमः, भृगुः=शुक्रः, अग्निभम्=कृत्तिका, पितृभम्=मघा, कालभम्=भरणी, अत्र पिण्डास्त्याज्या इत्याहुः । तत्र मूलं मृग्यम् । एतच्च सकृन्महालयविषयम् । सकृन्महालये काम्यं पुनः श्राद्धेऽखिलेषु च । अतीतविषये चैव सर्वमेतद्विचिन्तयेत् ॥ इति पृथ्वीचन्द्रोदये नारदोक्तेः ।

किसी का मत है कि—प्रतिपदा, षष्ठी और एकादशी, सप्तमी, त्रयोदशी, मंगलवार, शुक्रवार,

---

१—विधवायाः पार्वणचतुष्टयं पार्वणषट्कं पार्वणद्वयमिति पक्षत्रयम् । पक्षत्रयेऽपि भ्रात्राद्येकोद्दिष्टानि भवन्ति । अत्रेदं बोध्यम्—विधवाया दर्शश्राद्धे पुत्राभावे तद्देवोधिकारः । अपुत्रा पुत्रवत्पत्नी पुत्रकर्म समाचरेत् । इति वचनात् 'पुत्रवत्' इति वतिना प्रकरणानुरोधात् । इत्यादि टीकायाम् । यत्तु–भर्तुः श्राद्धे तु या नारी मौढ्यात्पार्वणमाचरेत् । न तेन तृप्यते भर्ता स्वयं च नरकं व्रजेत् ॥ इति तत्स्वयादि एकोद्दिष्टपक्षप्रशंसार्थं न तु सर्वथा पार्वणनिषेधार्थम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

कृत्तिका, मघा, भरणी, गण्ड, वैधृति, पात, इनमें पुत्राभिलाषी पिण्डदान न करें इनमें [1]मूल अन्वेषणीय है और यह सकृत् महालय पक्ष विषयमें है।

पृथ्वीचन्द्रोदय में नारदने कहा है कि—एकवार पितृपक्षमें, काम्यश्राद्धमें फिर संपूर्णश्राद्धोंमें और भूले हुए श्राद्धोंमें इनका विचार करे।

श्रीनिर्णयशर्मा जोड,

श्री ॥ विधवाकर्तृक नान्दीश्राद्धे पुत्रमात्रे पुत्रेण मातृदिश्य
क्रियते नान्यो दिश्य विधवाऽपि श्राद्धं कुर्यात्। अर्थात् स्वभर्तृ
प्रभृतीनां त्रितयानां स्वभर्तृप्रभृतीन त्रयाणां स्वपितृप्रभृतीन त्रया
णां च इति नवानां श्राद्धं कुर्यात्। उद्देश्यवाचकशब्दो आरणो पदं वि
शेष.। पुत्रश्चेत् स्वमातृ पितामहीति स्वपितृपितामहेति स्वमातामह
ह्येति च ब्रूयात्। विधवा तु श्वश्र्वादिशब्देन पत्न्यादिशब्देन पित्रा
दिशब्देन च उद्देश्यं कथयेत्। "अपुत्रा पुत्रवत्पत्नी पुत्रकर्म समा
चरेत्" इति श्राद्धमयूखोदाहृतवचनात्। अतएव पुत्रकर्तृकनान्दी
श्राद्धवत् विधवाश्राद्धमपि नवदैवत्यम्। अत एव श्राद्धमयूखे "वि
धवायास्तु पुत्राभावे तद्देवाधिकारः। तस्याः "अपुत्रा पुत्रवत्पत्नी पुत्र
कर्म समाचरेत्" इति वचनात् पुत्रपदिति वर्तिता प्रकरणानुरोधात्
श्राद्धे कि मातृलयतोताता पुत्रकर्तृकश्राद्धवदेव देवताः। उद्देश्यत्वं तु वि

(अस्यापवादः)

अस्यापवादो हेमाद्रौ पृथ्वीचन्द्रोदये च—अमापाते भरण्यां च द्वादश्यां पक्षमध्यके। तथा

१—सप्तमी रविभौमभरणीगण्डवैधृतिव्यतिपातेष्विति मयूखः।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF
Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तिथिं च नक्षत्रं वारं च न विचारयेत् ॥ पराशरमाधवीये मदनपारिजातादिषु चैवम्।

इसका अपवाद हेमाद्रि तथा पृथ्वीचन्द्रोदयमें कहा है कि—अमापात (अमावास्या का प्रवेश) भरणी, द्वादशी, पक्ष के मध्य में तिथि, नक्षत्र एवं दिनका विचार नहीं करना चाहिये। पराशर माधवीय और मदनपारिजातादिमें यही ही कहा है।

(पितृमृताहे निषिद्धदिनेऽपि सकृन्महालयः कार्यः)

निर्णयदीपिकायां तु—पितृमृताहे निषिद्धदिनेऽपि सकृन्महालयः कार्यः इत्युक्तम्। आषाढ्याः पञ्चमे पक्षे कन्यासंस्थे दिवाकरे। मृताहनि पितुर्यो वै श्राद्धं दास्यति मानवः॥ तस्य संवत्सरं यावत्सन्तृप्ताः पितरो ध्रुवम्॥ इति नागरखण्डोक्तेः।

निर्णयदीपिकामें तो कहा है कि—पिताके मृतदिनमें (शिष्टाचारसिद्धोऽयं पक्ष इति रघुनाथः।) निषिद्धदिनमें भी सकृत् महालय करे। यों कहा है।

नागरखण्ड में कहा है कि—आषाढकी पूर्णिमासे पांचवें पक्षमें कन्याके सूर्यमें पिताके मृत दिनमें मनुष्य श्राद्ध देगा उसके पितर निश्चय ही एक सालतक तृप्त होते हैं।

या तिथिर्यस्य मासस्य मृताहे तु प्रवर्तते। सा तिथिः पितृपक्षे तु पूजनीया प्रयत्नतः॥

कात्यायन ने कहा है कि—जो तिथि जिस मासकी मरणदिन में हो वही तिथि को पितृपक्ष में प्रयत्नसे पूजनीय होती है।

तिथिच्छेदो न कर्तव्यो विनाऽशौचं यदृच्छया। पिण्डश्राद्धं च कर्तव्यं विच्छित्तिं नैव कारयेत्॥

तिथिका छेदन बिना आशौच के अपनी इच्छा से न करे। पिण्डश्राद्ध करे पर विच्छेद नहीं करना चाहिये।

अशक्तः पक्षमध्ये तु करोत्येकदिने यदा। निषिद्धेऽपि दिने कुर्यात्पिण्डदानं यथाविधि॥ इति कात्यायनोक्तेश्च। अत्र मूलं चिन्त्यम्।

यदि असमर्थ हो तो पक्षमें मध्य में किसी एक दिन निषिद्ध दिनमें भी यथाविधि पिण्डदान करे। यहाँ पर मूल चिन्तनीय है।

(पक्षश्राद्धकरणेऽपि नन्दादिषु न पिण्डदाननिषेधकथनम्)

तथा पक्षश्राद्धकरणेऽपि न नन्दादिषु पिण्डनिषेध इत्याह पराशरमाधवीये कार्ष्णाजिनिः—नभस्यस्यापरे पक्षे श्राद्धं कार्यं दिने दिने। नैव नन्दादिवर्ज्यं स्यान्नैव निन्द्या चतुर्दशी॥ इति।

और पक्षश्राद्ध करने पर भी नन्दादियों में पिण्डनिषेध नहीं है। इसी बातको पराशरमाधवीयमें कार्ष्णाजिनि ने कहा है कि—भाद्रपदमासके अपरपक्ष में (कृष्णपक्ष में) प्रतिदिन श्राद्ध करे। उसमें नन्दा आदि तथा निन्दित चतुर्दशीतिथिका त्याग नहीं है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र श्राद्धमित्येकवचनाद् 'दिने दिने' इति वीप्सावशाच्च सोमयागवदेकस्याभ्यासेनैकप्रयोगपर-मिदम्। अतः 'प्रतिपत्प्रभृतिष्वेकां वर्जयित्वा चतुर्दशीम्।' इति याज्ञवल्कीयं प्रयोगभेदपरं न तु पञ्चम्यादिपक्षविषयम्। 'प्रतिपत्प्रभृतिषु' इति विशिष्योक्तेः। निर्णयदीपे पृथ्वीचन्द्रोदये मदनपारिजाते चैवम्। अन्यकृष्णपक्षपरं याज्ञवल्कीयम्। एतत्परत्वे 'नैव निन्द्याचतुर्दशी' इति विरोधादिति गौडाः। तन्न श्राद्धं शस्त्रहतस्यैव चतुर्दश्यां महालये। इति विरोधात्।

यहाँ पर 'श्राद्धम्' इस एक वचन से और 'दिने-दिने' इस वीप्सा के वशसे 'सोमयाग'[1] के सदृश एक के अभ्यास से अनेक बार प्रयोगपरक यह है। इसलिए प्रतिपदा से लेकर एक चतुर्दशीतिथि का त्याग-कर प्रतिदिन श्राद्धसे करे। यह याज्ञवल्कीय वचन प्रयोगभेद का बोधक है। पञ्चमी आदि पक्षविषयक नहीं है। 'प्रतिपत्प्रभृतिषु'—प्रतिपदा आदि तिथियों में विशेष कहा है। निर्णयदीप में तथा मदनपारिजात में यही कहा है।

गौडों का कहना है कि—याज्ञवल्क्य का कथन अन्यकृष्णपक्ष परक है। क्योंकि—इसमें चतुर्दशी तिथि निन्दनीय नहीं है। यह विरोध है। यह ठीक नहीं है। क्योंकि—श्राद्धमहालय की चतुर्दशीतिथि में शस्त्र द्वारा मृतक का श्राद्ध विधान है। इससे विरोध है।

तत्त्वं तु तिथिनक्षत्रवारादिनिषेधो य उदाहृतः। स श्राद्धे तन्निमित्ते स्यान्नानुषङ्गकृते ह्यसौ॥ इति दिवोदासीये वृद्धगार्ग्योक्तेस्तन्निमित्ते पक्षान्तरे च ज्ञेयः। सकृन्महालये तु वचनान्न निषेधः। अन्यत्र न कोऽपि निषेधः कार्ष्णाजिनिस्मृतेरिति। अतो नन्दादौ सपिण्डकश्राद्धे पुत्रवतोऽप्य-धिकारः।

सिद्धान्त तो यह है कि—तिथि, नक्षत्र, वार आदिका निषेध जो कहा है वह उसके निमित्त (नन्दादि निमित्त के) श्राद्ध का है। तथा अनुषंग (नन्दादिसम्बन्धेन कृते महालयादौ नेत्यन्वयः। यद्वा नन्दादे-निषेध इत्येवार्थः। 'नन्दायां भार्गवदिने, इत्यादिपुत्रवद्गृहिणो निषेधो नन्दादिनिमित्तक एव न तु नन्दादौ पंचम्यादिपक्षेण क्रियमाणे महालये इत्यर्थः) सम्बन्ध पक्षान्तर में ही निषेध नहीं है।

यह दिवोदासीय में वृद्धगार्ग्य ने कहा है कि—तन्निमित्तश्राद्ध में एवं पक्षान्तर (कृष्णपक्षान्तरे। न नन्दासु भृगोर्वारे रोहिण्यां च त्रिजन्मसु। रेवत्यां च मघायां च कुर्यादापरपक्षिकम्॥ इति नारदवचनात्) में निषेध है। यह जानना चाहिये। सकृत् महालय में तो वचन से निषेध है। अन्यत्र (पञ्चम्यादिप्रभृति पक्षों में) तो कोई भी (पञ्चदशषोडशपक्षयोरेव चतुर्दशीग्रहात्तदन्यपक्षे तन्निषेधः स्मर्तव्यः। एतावता प्रथम-पक्षमुपपादितम्।) निषेध कार्ष्णाजिनिस्मृति में नहीं कहा है। इसलिए नन्दादि में (पुत्रगृहिणो निषेधस्य नन्दादिनिमित्त श्राद्ध एव प्राप्तेर्महालयनिमित्तके तदप्राप्तेरित्यर्थः) पुत्रवाले को सपिण्डश्राद्ध में अधिकार है।

अत्रिरपि—महालये क्षयाहे च दर्शे पुत्रस्य जन्मनि। तीर्थेऽपि निर्वपेत्पिण्डान् रविवारादिकेष्वपि॥ पूर्वोक्तनन्दादिनिषेधस्तु मृताहातिक्रमे सकृन्महालये पौर्णमास्यादिमृतश्राद्धे तन्निमित्ते च ज्ञेयः।

अत्रि ने भी कहा कि—महालय में, क्षयाह में, अमावास्यामें, पुत्रके जन्म में, तीर्थ में और रविवार आदिमें भी पिण्डों का निर्वाप (पिण्डदान) करना कहा है। पूर्वोक्त नन्दादि निषेध तो मृताह (केन चिद् हेतुना मृताहस्य सकृन्महालयकालस्यातिक्रमे—इत्यर्थः) के अतिक्रमण में सकृत् महालय में पौर्णमासी (पौर्णमास्यां मृतस्य महालये तिथिर्नास्ति अतस्तस्य सकृन्महालयः नन्दादिनिषिद्धकालं विहाय कस्यां चित् तिथौ कार्य इत्यर्थः। आदिना चतुर्दशीग्रहः) आदि मृतक के श्राद्ध में या उसमें निमित्त (महालयनिमित्ते) में जानना चाहिये।

१—एकसोमयाग में मैत्रावरुणं गृह्णाति, आश्विनं गृह्णाति तथा मैत्रावरुणं यजति, आश्विनं यजति, इसप्रकार यागकर अभ्यास (करना होने से सभी ग्रहों का याग करना एक प्रयोगमें हो जाता है।

२—तत्त्वं तु—इति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(विवाहव्रतचूडासु पिण्डदानादिनिषेधः)

यत्तु स्मृत्यर्थसारे—विवाहव्रतचूडासु वर्षमर्धं तदर्धकम् ।
पिण्डदानं मृदा स्नानं न कुर्यात्तिलतर्पणम् ॥ इति ।

जो स्मृत्यर्थसार में कहा है कि—विवाह, यज्ञोपवीत और चूडाकरण में क्रमसे—एक साल, छ मास और तीनमास तक पिण्डदान, मट्टी से स्नान तथा तिल तर्पण न करे ।

(तस्यात्रापवादकथनम्)

तस्यात्रापवादो दिवोदासीये बृहस्पतिः—तीर्थे संवत्सरे प्रेते पितृयागे महालये । पिण्डदानं प्रकुर्वीत युगादिभरणीमघे ॥ महालये गयाश्राद्धे मातापित्रोः क्षयेऽहनि । कृतोद्वाहोऽपि कुर्वीत पिण्डनिर्वपणं सदा ॥ इति ।

यहाँ पर उसका अपवाद दिवोदासीय में बृहस्पति ने कहा है कि—तीर्थ में, संवत्सर में, प्रेत में, पितृयाग (पित्र्येष्ट्याम्) में, महालय में, युगादि (सति सप्तमी, मृताहे इत्यधिकरणसप्तमी, तथा च न पिण्डनिषेधः) भरणी तथा मघा में, महालय में, गयाश्राद्धमें, माता और पिता के क्षयदिन में कृतोद्वाह में (कर लिया है विवाह को जिसने) भी पिण्डदान सदा करे ।

निर्णयदीपे तु नन्दादिनिषेधः प्रत्यहं भिन्नश्राद्धविषयः । षोडशाहव्यापिश्राद्धप्रयोगैकत्वे तु प्रत्यहं पिण्डदानं कार्यमेवेत्युक्तम् । तदयमर्थः सम्पन्नः—षोडशाहव्यापिश्राद्धैक्ये न पिण्डनिषेधः । मृताहे सकृन्महालयेऽपि तथेति केचित् ॥ तत्रापि निषेधस्तु युक्तः, प्रत्यहं श्राद्धभेदेऽपि व्यतीपातादौ च तथा । अन्यत्र मृताहातिक्रमे महालये च पिण्डनिषेध इति ।

निर्णयदीप में तो नन्दा आदि का निषेध प्रतिदिन से भिन्न श्राद्धविषयक है । सोलहदिनतक रहने वाले श्राद्ध के प्रयोगैकत्व में तो प्रतिदिन पिण्डदान करना चाहिये ही । यों कहा है ।

इसका यह अर्थ सम्पन्न हुआ कि सोलहदिनतक एकश्राद्ध पक्ष में पिण्डदान का निषेध नहीं है । किसी का मत है कि—मृताहदिन में तथा सकृत् महालय में भी वही बात है—अर्थात् निषेध नहीं है । वहाँ पर भी निषेध का होना युक्त है—प्रतिदिन श्राद्धभेदमें भी (अपरपक्षे पौर्णमास्यादिमृते वा) एवं व्यतीपात आदिमें । अन्यत्र मृताह (सकृन्महालये) दिन के अतिक्रमण में और महालय में पिण्डनिषेध है ।

(संन्यासिनां महालयः द्वादश्याम्)

संन्यासिनां तु द्वादश्यां श्राद्धं कार्यम् । यतीनां च वनस्थानां वैष्णवानां विशेषतः । द्वादश्यां विहितं श्राद्धं कृष्णपक्षे विशेषतः ॥ इति पृथ्वीचन्द्रोदये सङ्ग्रहोक्तेः ।

पृथ्वीचन्द्रोदय में संग्रहका कहना है कि—यतियोंका, वानप्रस्थों का विशेष कर वैष्णवों का श्राद्ध कृष्णपक्ष की द्वादशीतिथि में विशेषकर विहित है ।

(अत्र श्राद्धाकरणे गौणकालः)

अत्र पक्षे श्राद्धाकरणे गौणकालमाह हेमाद्रौ यमः—हंसे कन्यासु वर्षासु शाकेनापि गृहे वसन् । पञ्चम्योरन्तरे दद्यादुभयोरपि पक्षयोः ॥ आश्विनकृष्णशुक्लपञ्चम्योर्मध्य इत्यर्थः ।

यहाँ पर पक्षमें श्राद्ध के न करने पर हेमाद्रि में यम ने गौण काल कहा कि—वर्षाऋतु में जब कन्या के सूर्य हों तो घरमें रहता हुआ मनुष्य आश्विन कृष्णपक्ष की पञ्चमी तथा आश्विनशुक्लपक्ष की पञ्चमी के मध्य में शाक से भी श्राद्ध करे ।

तत्राप्यसम्भवे भविष्ये—येयं दीपान्विता राजन् ख्याता पञ्चदशी भुवि । तस्यां दद्यान्न चेद्दत्तं पितॄणां वै महालये ॥

उसमें भी असंभव (आश्विनशुक्लपञ्चम्यन्तं कस्मिंश्चिद्दिने श्राद्धस्याकरणे तुलासंक्रान्तिं यावत्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कश्चिश्चिद्दिने, तत्राप्यसंभवे वृश्चिकसंक्रान्ति[1]यावत्) हो तो भविष्यपुराण में कहा है—हे राजन्, जो यह दीपों से (बहुत दीपोंसे युक्त दीपावली) युक्त पञ्चदशी (कार्तिक अमावास्या नं तु कार्तिकपौर्णमासी) पृथ्वी पर प्रसिद्ध है। उसमें पिण्डदान दे। क्योंकि जिसने महालय में पितरों के लिए पिण्डदान न किया हो।

तत्राप्यसम्भवे भारते—यावच्च कन्यातुलयोः क्रमादास्ते दिवाकरः।
शून्यं प्रेतपुरं तावतावद् वृश्चिकं यावदागतः॥

उसमें भी असंभव हो तो भारत में कहा है कि—जबतक कन्या और तुलाराशि पर क्रम से सूर्य रहता है। जब तक वृश्चिक राशि पर आता है तब तक प्रेतपुर (यमराज की पुरी) शून्य रहता है।

ब्राह्मे–वृश्चिके समतिक्रान्ते पितरो दैवतैः सह। निःश्वस्य प्रतिगच्छन्ति शापं दत्त्वा सुदारुणम्॥

ब्रह्मपुराण में कहा है—वृश्चिकराशि के सूर्यके बीतने (प्राप्तवृश्चिकके महालयश्राद्धं लुप्यते मोहादिना तत्करणेऽपि कर्तुः प्रत्यवायुद्गारान् इत्यत्र तात्पर्यम्) पर देवताओं के सहित पितर श्वांसको छोडकर दारुण शाप को देकर चले जाते हैं।

यत्तु जातूकर्ण्यः—आकांक्षन्ति स्म पितरः पञ्चमं पक्षमाश्रिताः। तस्मात्तत्रैव दातव्यं दत्तमन्यत्र निष्फलम्॥ इति, तत्फलातिशयहानिपरम्। 'कन्यां गच्छतु वा न वा' इति तुर्यपादे वा पाठः। तेन कन्यायोगे प्राशस्त्यमात्रम्। अतः श्राद्धविवेकोक्तं श्राद्धद्वयं हेयम्।

जो जातूकर्ण्य ने कहा है कि—पंचमपक्ष का आश्रयण कर पितर इच्छा करते हैं। इसलिए उसी ही पक्ष में देना चाहिये। अन्यसमय दिया हुआ निष्फल होता है। यह फलातिशय (अधिकफल) के हानि का बोधक है। 'कन्यां गच्छतु वा न वा' इस श्लोक के चतुर्थ चरण का अर्थ यों है—कन्याके सूर्य हो या न हो—यह चौथे चरण का अर्थ है। इससे कन्याके योग (सूर्य) में प्रशंसामात्र है। अतः श्राद्धविवेक में कहे हुए दो श्राद्ध त्यागने योग्य हैं।

(इदं श्राद्धमन्ने नैव कार्यम्)

इदं च श्राद्धमन्नेनैव कार्यं नाऽमान्नादिना। मृताहं च सपिण्डं च गयाश्राद्धं महालयम्। आपन्नोऽपि न कुर्वीत श्राद्धमामेन कर्हिचित्॥ इति स्मृतिदर्पणे गालवोक्तेः।

इस श्राद्ध को अन्नसे ही करे आमान्न आदि से न करे। स्मृतिदर्पण में गालव ने कहा है कि—मृताह (क्षयश्राद्ध) श्राद्ध, सपिण्डन, गयाश्राद्ध तथा महालयश्राद्ध आपत्ति युक्त भी आमान्न से कभी भी न करे। अर्थात्—अन्नसे ही करे।

(अथात्र देवताः)

अथात्र देवताः। सङ्ग्रहे–तातम्बात्रितयं, सपत्नजननी, मातामहादित्रयं सस्त्रि, स्त्रीतनयादि, तातजननी–स्व-भ्रातरः सस्त्रियः। तातम्बात्मभगिन्यपत्यधवयुक्, जायापिता, सद्गुरुः, शिष्याप्ताः पितरो महालयविधौ, तीर्थे, तथा तर्पणे[2]॥

संग्रहमें देवताओं का निर्देश है—तात–पिता से तीन (पितृ, पितामह, प्रपितामह) अम्बा (माता) से तीन (मातृ, पितामही, प्रपितामही) अर्थात्–पिता और माता से तीन तीन, सपत्न जननी सौतेली माता, माता महादि तीन, उनकी स्त्री (मातामही, प्रमातामही, वृद्धप्रमातामही) स्त्री और पुत्र, पिताकी माता, अपने भाई, उनकी स्त्रियाँ, पिताके माता की बहिन, उनकी बहिन, पति–सन्तानयुक्त, अपना गुरु और शिष्य ये महालय, तीर्थ और तर्पणकी विधिमें कह गये है।

१–'न ददाति नरः श्राद्धं पितॄणां चन्द्रसंशये। क्षयिताशाः परीताङ्गाः पितरस्तस्य दूषिताः॥ प्रेतपक्षं प्रतीक्षन्ते गुरुवाञ्छासमन्विताः। कर्षदा जलदं यद्वद्दिवानक्तमतन्द्रिताः॥ प्रेतपक्षेऽप्यतिक्रान्ते यावत्कन्यागतो रविः॥ तावच्छ्राद्धं प्रवाञ्छन्ति दत्तं वै पितरः सुतैः॥ ततस्तुलागतेऽप्येके सूर्ये वाञ्छन्ति पार्थिव। श्राद्धं स्ववंशजैर्दत्तं क्षुत्पिपासासमाकुलाः॥ तस्मिन्नपि व्यतिक्रान्ते काले वृश्चिकगे रवौ। निराशाः पितरो दीनास्ततो यान्ति निजालयम्। मासद्वयं प्रतीक्षन्ते गृहद्वारं समाश्रिताः। वायुभूताः पिपासार्ताः क्षुत्क्षामाः पितरो नृणाम्॥ यावत् कन्यागतः सूर्यस्तुलास्थश्च महीयते। इति नागरखण्डे कन्यामपेक्ष्य तुलायाः स्फुटमनुकल्पत्वेनोक्तेः तत्र दीपावली अतिप्रशस्ता।

२—मनुः-चतुर्णामपि वर्णानां तर्पणं तु भवेत्सदा। वर्णनामिति न षष्ठी। सर्वेभ्यो जलं देयम्। जीवत्पितृकस्यापि तर्पणं भवत्येव। 'जीवत्पितृकोऽतान्' इतिकात्यायनोक्तेः। देवऋषिदिव्यपितृसनकादिमनुष्यान्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अस्यार्थः—तातत्रयी=पितृत्रयी । अम्बात्रयी च । स्मृत्यर्थसारेऽपि—महालये मातृश्राद्धं पृथक् प्रशस्तम् ॥ इति ।

इसका अर्थ—तातत्रयी—पिता आदि तीन, अम्बात्रयी=माता आदि तीन । स्मृत्यर्थसार में भी कहा है कि—महालय में माता का श्राद्ध पृथक्[1] श्रेष्ठ है ।

(अत्र विशेषः)

अत्र विशेषः स्मृतिदर्पणे गालवः—अनेका मातरो यस्य श्राद्धे चापरपक्षिके । अर्घ्यदानं पृथक्कुर्यात्पिण्डमेकं तु निर्वपेत् ॥ जीवन्मातृकस्तु सापत्नमातुरेकोद्दिष्टं कुर्यान्न पार्वणम् ।

श्राद्धदीपकलिकायां तु पार्वणमुक्तम् । अन्वष्टक्यं च यन्मातुर्गयाश्राद्धं महालयम् । पितृपत्नीषु यच्छ्राद्धं कार्यं पार्वणवद्भवेत् ॥ इति बृहन्मनूक्तेः । सस्त्रीति मातामहानां सपत्नीकत्वेऽपि विभवे सति मातामहीनां पृथक्कार्यम् ।

यहाँ पर विशेष स्मृतिदर्पण में गालव ने कहा है कि—जिसके अनेक मातायें हों वह अपरपक्ष के श्राद्धमें अर्घ्यदान अलग अलग करे केवल पिण्ड तो एक ही करे ।

जिसकी माता जीवित हो वह सपत्न माता का एकोद्दिष्ट श्राद्ध करे पार्वण श्राद्ध न करे । श्राद्धदीप[2] कलिकामें तो पार्वणश्राद्ध कहा है ।

बृहद्मनुने कहा है कि—जो माताका अन्वष्टकाश्राद्ध, गयाश्राद्ध, महालयश्राद्ध और पिता की पत्नियों का श्राद्ध पार्वणवत् होता है । मातामह आदि स्त्री के सहित है तब भी सपत्नीकत्व में भी विभव (जिसके पास धन हो) होने पर अलग करे ।

। महालये गयाश्राद्धे वृद्धौ चान्वष्टकासु च । ज्ञेयं द्वादशदैवत्यं तीर्थे प्रौष्ठे मघासु च ॥ इति निगमोक्तेः । हेमाद्रिमते त्वत्र नवदैवत्यमेव । महालये गयाश्राद्धे वृद्धौ चान्वष्टकासु च । नवदैवत्यमत्रेष्टं शेषं षाट्पौरुषं विदुः ॥ इति विष्णुधर्मोक्तेः ।

निगममें कहा है कि—महालयमें, गयाश्राद्धमें वृद्धिश्राद्धमें, अन्वष्टकाश्राद्ध में, तीर्थश्राद्ध में, भाद्रपद तथा मघा के श्राद्धों पर 'द्वादशदैवत्य' श्राद्ध करना चाहिये । हेमादिमत में यहाँ पर नवदैवत्य ही कहा है ।

विष्णुधर्म में कहा है कि—महालयमें, गयाश्राद्धमें, वृद्धिश्राद्ध में और अन्वष्टकाश्राद्ध में 'नवदैवत्य श्राद्ध' करे तथा शेष में—षड्दैवत्यश्राद्ध जानना चाहिये ।

तातभ्राता=पितृव्यः, जननीभ्राता=मातुलः, तत्स्त्रियः=पितृव्यस्त्रीमातुलानीभ्रातृजाया । पितृष्वसृमातृष्वसृस्वभगिन्योऽपत्यभर्तृयुक्ताः । तेन सापत्यायै सधवायै इति प्रयोगो ज्ञेयः । एतासु सतीषु न तद्भर्त्रादिदानम् । द्वारलोपात् । जायापिता=श्वशुरः । श्वश्रूरप्यत्रोपलक्ष्या । अत्र मूलं स्मृतिचन्द्रिकायां ज्ञेयम् ।

पिताका भाई—चाचा । माताका भाई—मामा । चाचा की पत्नी (चाची) तथा मामा, पिता की बहिन, माताकी बहिन, अपनी बहिन ये सब सन्तान-पति से युक्त ग्रहण करे ।

इससे 'सापत्यायै सधवायै' यह प्रयोग जानना चाहिये । इनके होने पर तत्संबन्धिदान और श्राद्ध पति को नहीं होता है-क्योंकि—द्वारलोप से । जायापिता-श्वसुर (पत्नीका पिता) । यहाँ पर सास भी उपलक्षण (प्रकार विशेष) है । इसका मूल[3] स्मृतिचन्द्रिका में जानना चाहिये ।

१—अन्वष्टकासु वृद्धौ च प्रतिसंवत्सरं तथा । महालये गयायां च सपिण्डीकरणात् पुरा ॥ मातुः श्राद्धं सुतः कुर्यादन्यत्र पतिना सह ॥

२—यद्वा कलिकामते सर्वासामेवाद्विकं पार्वणम् । वस्तुतस्तु कलिकावचनं निर्मूलम् ।

३—आदौ पिता ततो माता सापत्नजननी तथा । मातामह्यः सपत्नीकाः स्वपत्नी तदनन्तरम् । सुतभ्रातृपितृव्याश्च मातुलाश्च सपत्नयः । दुहिता भगिनी चैव दौहित्रो भागिनेयकः ॥ पितृष्वसा मातृष्वसा श्वसुरो गुरुरर्थिनः । गयायां तु केचित् पृथगेषां कुर्वन्ति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अत्र पार्वणैकोद्दिष्टयोर्व्यवस्था)

अत्र पार्वणैकोद्दिष्टयोर्व्यवस्थोक्ता हेमाद्रौ पुराणान्तरे—उपाध्यायगुरुश्वश्रूपितृव्याचार्यमातुलाः । श्वशुरभ्रातृतत्पुत्रपुत्रर्त्विक्शिष्यपोषकाः ॥ भगिनीस्वामिदुहितृजामातृभगिनीसुताः । पितरौ पितृपत्नीनां पितुर्मातुश्च या स्वसा ॥ सखिद्रव्यदशिष्याद्यास्तीर्थे चैव महालये । एकोद्दिष्टविधानेन पूजनीयाः प्रयत्नतः ॥ इति । इतरेषां पित्रादीनां पार्वणमर्थसिद्धम् । अत्र क्रमान्यत्वेप्याचाराद्व्यवस्था ।

यहाँ पर पार्वण और एकोद्दिष्ट की व्यवस्था हेमाद्रि में पुराणान्तरवचन से कहा है कि-उपाध्याय, गुरु, सास, चाचा, आचार्य, मामा, श्वसुर, भाई, भाई का लड़का, उसका पुत्र, ऋत्विक् , पालन करनेवाला शिष्य, बहिन, स्वामी, कन्या, जामाता, बहिनके लड़के (भानजे), पिताकी पत्नी के पिता माता, पिता तथा माताकी बहिन, मित्र, द्रव्य देनेवाला और शिष्य आदिका महालय तथा तीर्थमें एकोद्दिष्ट विधान द्वारा प्रयत्नसे पूजनीय हैं । इतर पिता आदिका पार्वण है, यह अर्थसे सिद्ध है । यहाँ पर क्रमभेदसे ही आचार द्वारा व्यवस्था करे ।

(अशक्तौ विशेषः)

अशक्तौ तु पृथ्वीचन्द्रोदये चतुर्विंशतिमते च—एकस्मिन्ब्राह्मणे सर्वानाचार्यादीन्प्रपूजयेत् ।
दश द्वादश वा पिण्डान् दद्यादकरणं न तु ॥

अशक्ति में तो पृथ्वीचन्द्रोदय में चतुर्विंशतिमतसे कहा है कि—एक ब्राह्मण में ही सब आचार्य आदिका पूजन करे । दश[1] या बारह पिण्ड करना ही चाहिये । नहीं करे—ऐसा नहीं है ।

(एकोद्दिष्टस्वरूपकथनम्)

एकोद्दिष्टस्वरूपं चाह याज्ञवल्क्यः—एकोद्दिष्टं दैवहीनमेकार्घ्यैकपवित्रकम् । आवाहनाग्नौकरणरहितं त्वपसव्यवत् ॥ इति । अत्रैकपाको वैश्वदेवतन्त्रं पिण्डं बर्हिश्च एकमिति स्मृत्यर्थसारे उक्तम् ।

एकोद्दिष्ट का स्वरूप याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—एकोद्दिष्टश्राद्ध में विश्वेदेवा नहीं होते हैं । एक अर्घ्यपात्र होता है । एक पवित्र होता है । आवाहन और अग्नौकरण नहीं होता है । अपसव्य से किया जाता है । स्मृत्यर्थसार में लिखा है कि—यहाँ पर एक पाक (महालये गयाश्राद्धे गतासूनां क्षयेऽहनि । तन्त्रेणार्पणं कृत्वा श्राद्धं कुर्यात्प्रयत्नतः ॥) तथा वैश्वदेव का तन्त्र होता है । एक पिण्ड और एक बर्हि होती है ।

(अत्र पाणिहोमः)

अत्र पाणिहोमः पिण्डश्चात्र द्विजान्तिक इत्याह प्रयोगपारिजाते आचार्यः—काम्यसभ्युदयेऽष्टम्यामेकोद्दिष्टमथाष्टमम् । चतुर्ष्वेषु करे होमः पिण्डश्चात्र द्विजान्तिके ॥ इति । पार्वणैकोद्दिष्टयोः समानतन्त्रत्वे तु अग्निसमीप एव ।

यहाँ पर ब्राह्मण के हाथ में होम और ब्राह्मण के समीप में पिण्डदान कहा है । प्रयोगपारिजात में आचार्य ने कहा है कि—काम्य, आभ्युदयिक, अष्टका और आठवाँ एकोद्दिष्ट का हाथमें हवन करे तथा पिण्ड को ब्राह्मण के समीप में दे । पार्वण और एकोद्दिष्ट का समानतन्त्र से हो तो अग्नि के समीपमें ही पिण्डदान करे ।

(अत्र धुरिलोचनौ विश्वेदेवौ)

अत्र धुरिलोचनौ वैश्वदेवौ । अपि कन्यागते सूर्ये काम्ये च धुरिलोचनौ ॥ इति हेमाद्रावादित्यपुराणात् । अत्र प्रतिदिनं भिन्नप्रयोगत्वाद्दक्षिणाभेदो वा प्रयोगैक्यादन्ते एव वा दक्षिणेति हेमाद्रावुक्तम् ।

यहाँ पर धूरि और लोचन नामके दो विश्वेदेवा होते हैं । हेमाद्रिमें आदित्यपुराणका मत है कि—कन्या के (कन्यागतसूर्यनिमित्तके भाद्रपदापरपक्षश्राद्धे) सूर्य में तथा काम्यश्राद्ध में धूरिलोचन नामके विश्वे-

१—पत्नीप्रभृतिगुर्वन्ता दश आचार्यान्तास्तु द्वादश । सपिण्डीकरणादूर्ध्वं यत्र यत्र प्रदीयते । भ्रात्रे भगिन्यै पुत्राय स्वामिने मातुलाय च ॥ मित्राय गुरवे श्राद्धमेकोद्दिष्टं न पार्वणम् । हेमाद्रौ—सपिण्डीकरणादूर्ध्वं पित्रोरेव हि पार्वणम् । पितृव्यभ्रातृमातॄणामेकोद्दिष्टं न पार्वणम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देवा होते हैं। यहाँ पर प्रतिदिन[1] भिन्न प्रयोग होने से दक्षिणा का भेद होता है या प्रयोग के ऐक्यहोने से अन्त में ही दक्षिणा[2] दे ऐसा हेमाद्रिमें कहा है।

(दर्शश्राद्धादिजीवत्पितृकेण पिण्डसहितं कार्यम्)

एतच्च संन्यस्तपितृकादिना जीवत्पितृकेनापि कार्यम्। वृद्धौ तीर्थे च संन्यस्ते ताते च पतिते सति। येभ्य एव पिता दद्यात्तेभ्यो दद्यात्स्वयं सुतः॥ इति कात्यायनोक्तेः।

इसीतरह यह जिसका पिता संन्यास ले चुका फिर भी जीवित हो उसे करना चाहिये। कात्यायन ने कहा है—वृद्धि में, तीर्थ में, पिताके संन्यासी या पतित हो जाने पर पिता जिन लोगों के लिए पिण्डदान करे उन्हीं लोगों के वास्ते पुत्र स्वयं करे।

यत्तु कौण्डिन्यः—दर्शश्राद्धं गयाश्राद्धं श्राद्धं चापरपक्षिकम्। न जीवत्पितृकः कुर्यात्तिलैस्तर्पणमेव च॥ इति, तत्संन्यस्तपित्राद्यतिरिक्तविषयम् काम्यश्राद्धपरं वा। अत्र बहु वक्तव्यं श्रीपितृकृतजीवत्पितृकनिर्णये ज्ञेयम्। एतच्च जीवत्पितृकेन पिण्डरहितं कार्यम्।

जो कौण्डिन्य ने कहा है—दर्शश्राद्ध, गयाश्राद्ध, महालयश्राद्ध तथा तिलों द्वारा तर्पण जिसका पिता जीवित हो न करे। वह संन्यस्त पिता से अतिरिक्त विषयमें है या काम्यश्राद्धपरक है। यहाँ पर बहुत कहना चाहिये था पर श्रीपितृकृत जीवत्पितृकनिर्णयग्रन्थ से जानना चाहिये और यह जीवित पितावाला व्यक्ति इसे पिण्ड रहित करे।

मुण्डनं पिण्डदानं च प्रेतकर्म च सर्वशः। न जीवत्पितृकः कुर्याद् गुर्विणीपतिरेव च॥ इति दक्षेण तस्य पिण्डनिषेधात्। अन्वष्टक्यमातृवार्षिकादौ तु वचनाद्भवतीति वक्ष्यामः।

मुण्डन, पिण्डदान तथा सब प्रेतकर्म को जिसके पिता जीवित हो और जिसकी पत्नी गर्भवती (गुर्वेणी) हो उसका पति न करे। दक्ष के इस वचन से पिण्डका निषेध है। अन्वष्टाश्राद्ध, माताके वार्षिक-श्राद्ध आदि में तो वचन से होता है—यह आगे कहेगें।

तथा छागलेयः—पिण्डो यत्र निवर्तेत मघादिषु कथञ्चन। साङ्कल्पं तु तदा कार्यं नियमाद्ब्रह्मवादिभिः॥ साङ्कल्पस्वरूपं च वक्ष्यते।

और छागलेय ने कहा है कि—जब किसीतरह मघा आदि में जहाँ पर पिण्ड की निवृत्ति हो वहाँ ब्रह्मवेत्तागण सांकल्पिक करे। सांकल्प का स्वरूप आगे कहेगें।

(अत्र श्राद्धाङ्गतर्पणकथनम्)

अत्र श्राद्धाङ्गतर्पणं पक्षश्राद्धे प्रतिदिनं श्राद्धोत्तरम्। सकृन्महालये तु परेऽह्नि कार्यम्।

तदुक्तं नारदीये—पक्षश्राद्धं यदा कुर्यात्तर्पणं तु दिने-दिने। सकृन्महालये चैव परेऽहनि तिलोदकम्॥ गर्गोऽपि—पक्षश्राद्धे हिरण्ये च अनुव्रज्य तिलोदकम्॥ इति।

यहाँ पर श्राद्धांगतर्पण पक्षश्राद्ध में प्रतिदिन श्राद्ध के उत्तर उसीदिन करे। सकृत् महालय में तो दूसरे दिन करे।

इसकी बातको नारदीयमें कहा है—जब पक्षश्राद्ध करे तो प्रतिदिन तर्पण करे। सकृत् महालयमें तो दूसरे दिनमें तिलोदक दे। गर्गने भी कहा है कि—पक्षश्राद्ध में और हिरण्श्राद्ध में तिलोदक बाद में दे।

(निषिद्धदिनेऽपि तर्पणकथनम्)

तथा प्रयोगपारिजाते गर्गः—कृष्णे भाद्रपदे मासि श्राद्धं प्रतिदिनं भवेत्। पितॄणां प्रत्यहं कार्यं

१—कार्ष्णाजिनिः—आदौ मध्येऽवसाने वा यत्र कन्यां रविर्व्रजेत्। सपक्षः सकलः पूज्यः श्राद्धषोडशकं प्रति॥

२—एककर्मणि गुणविशेषे फलविशेषः (का० श्रौ० परि० सू० १ क० १ सू० ११) एककर्म में गुणविशेष होने पर फल विशेष होता है। जैसे—अग्न्याधेय में 'षड्, द्वादश चतुर्विंशति वा ददाति' इत्यादि शतपथ (२।२।२।३) में संख्याविशिष्ट दक्षिणा विकल्प से कही है। उसमें न्यूनसंख्या दक्षिणादान की अपेक्षा से अधिक दक्षिणा देने में फलाधिक्य होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निषिद्धाहेऽपि तर्पणम् । सकृन्महालये श्वः स्यादष्टकास्वन्त एव हि ॥ इदं निषिद्धदिनेऽपि कार्यम् ।

तिथितीर्थविशेषेषु कार्यं प्रेते च सर्वदा । इति स्मृत्यर्थसारोक्तेः ।

तीर्थे तिथिविशेषे च गयायां प्रेतपक्षके । निषिद्धेऽपि दिने कुर्यात्तर्पणं तिलमिश्रितम् ॥ इति स्मृतिरत्नावल्यां वचनाच्च ।

प्रयोगपारिजातमें गर्ग ने कहा है कि—भाद्रपदमास के कृष्णपक्ष में श्राद्ध प्रतिदिन होता है तथा पितरों का प्रतिदिन निषिद्ध दिनमें भी तर्पण करे। सकृत् महालय में दूसरे दिन और अष्टका के अन्त में ही होता है। इसको निषिद्ध दिनमें भी करे। स्मृत्यर्थसारने कहा है कि-तिर्थ में, तिथि के विशेषों में और प्रेतकार्य में सर्वदा तर्पण करे। स्मृतिरत्नावली का कथन है कि—तीर्थ में, तिथिविशेष में, गयामें, प्रेतपक्षमें, निषिद्ध-दिन में भी तिलमिश्रित तर्पण करे।

(एतत् श्राद्धं मलमासे न कार्यम्)

एतच्च श्राद्धं मलमासे न कार्यम्। तदाह भृगुः—वृद्धिश्राद्धं तथा सोममग्न्याधेयं महालयम्। राजाभिषेकं काम्यं च न कुर्याद्भानुलङ्घिते ॥ इति ।

इस श्राद्ध को मलमास में नहीं करना चाहिये। भृगुने कहा है कि—वृद्धिश्राद्ध, सोमयज्ञ, अग्न्याधान, महालय, राज्याभिषेक, काम्यश्राद्ध, मलमास में न करे।

हेमाद्रौ नागरखण्डेऽपि—नभो वाथ नभस्यो वा मलमासो यदा भवेत्। सप्तमः पितृपक्षस्स्या-दन्यत्रैव तु पञ्चमः ॥ एतच्च पित्रोर्मरणे प्रथमाब्दे कृताकृतम् इति त्रिस्थलीसेतौ भट्टाः । इदं च नित्यं काम्यं च ।

हेमाद्रि में नागखण्डमें कहा है कि—श्रावणमास[1] या भाद्रपदमास यदि मलमास हो जाय तो पितृपक्ष (अर्थात् पितरों का पक्ष) सातवाँ होता है अन्य तो पाँचवा होता है।

त्रिस्थलीसेतुमें भट्टों ने कहा है कि—माता तथा पिता के मरने पर पहले साल में यह श्राद्ध कृताकृत (कृतेऽभ्युदयः, अकृते तु न दोषः) है। यह नित्य और काम्य है।

(महालयाकरणे दोषः)

पुत्रानायुस्तथारोग्यमैश्वर्यमतुलं तथा । प्राप्नोति पञ्चमे दत्त्वा श्राद्धं कामान्सुपुष्कलान् ॥ इति जावाल्युक्तेः ।

जावालिने कहा है कि—पांचवें पक्ष में पितरों के लिए श्राद्ध को कर के पुत्र, आयु, आरोग्यता, अतुल ऐश्वर्य और सभी इच्छाओं को प्राप्त कर लेता है।

वृश्चिके समतिक्रान्ते पितरो दैवतैः सह । निःश्वस्य प्रतिगच्छन्ति शापं दत्त्वा सुदारुणम् ॥ इति कार्ष्णाजिनिवचनाच्च ।

और कार्ष्णाजिनि ने कहा है कि—वृश्चिक की संक्रान्ति व्यतीत होने पर देवताओं के साथ पितर स्वांस को त्यागकर बड़े भयंकर शापको देकर चले जाते हैं।

(महालयाकरणे प्रायश्चित्तकथनम्)

तदतिक्रमे प्रायश्चित्तमुक्तमृग्विधाने—दुरो अश्वस्य मन्त्रं च दशवारं द्विमासयोः । महालयं यदा न्यूनं तदा सम्पूर्णमेति तत् ॥ इति । द्विमासयोः=कन्यातुलयोर्महालयश्राद्धं यदा हीनमित्यर्थः।

इसके अतिक्रमण में प्रायश्चित्त ऋविधान में कहा है कि—(दुरो अश्वस्य) इस मन्त्र को दश वार दो महिने तक जप करे। इससे जब महालयश्राद्ध में न्यूनता होती है वह संपूर्ण हो जाती है।

द्विमास का अर्थ यह है कि—कन्या और तुला की संक्रान्ति में जब महालयश्राद्ध हीन हो तो।

१—यदाऽऽधिकमासस्तदा तत्र कन्यार्कसत्त्वात् श्राद्धप्रसंगः। अत्र नव्याः-यातुधानप्रियो मासः कन्यार्के जायते यदा। दैवं पित्र्यं तदा कर्म उत्तरे मासि युज्यते ॥ इति वचनात्तुलार्के कार्यम्।

२—दुरो अश्वस्य दुर इन्द्र गोरसि दुरो यवस्य वसुन इनस्पतिः। शिक्षानरः प्रदिवो अकामकर्शनः सखा सखिभ्य-स्तमिदं गृणीमसि ॥ (ऋ० म० १ सू० १५३ म० २)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(भरणीश्राद्धम्)

अत्र भरण्यां श्राद्धमतिप्रशस्तम् । तदुक्तं पृथ्वीचन्द्रोदये मात्स्ये—भरणी पितृपक्षे तु महती परिकीर्तिता । अस्यां श्राद्धं कृतं येन स गयाश्राद्धकृद्भवेत् ॥

यहाँ पर भरणी में श्राद्ध अतिप्रशस्त (उत्तम) है । पृथ्वीचन्द्रोदय में मत्स्यपुराण का मत है कि—पितृपथ में और भरणीनक्षत्र में श्राद्ध (इदं पिण्डरहितं कार्यम्) श्रेष्ठ कहा गया है । इसमें जिसने श्राद्ध किया वह श्राद्ध गयाश्राद्ध में किये हुए श्राद्ध के बराबर होता है ।

(कपिलाषष्ठीपूजनविधिः)

पृथ्वीचन्द्रोदये श्रीधरीये बृहस्पतिः—नभस्यापरपक्षस्य द्वितीया यदि याम्यभे । तृतीया वाग्निताराभिः सहिता प्रीतिदा पितुः ॥ एतत्पक्षे षष्ठीयोगविशेषेण कपिलासंज्ञा ।

श्रीधररचित पृथ्वीचन्द्रोदय में बृहस्पति ने कहा कि—भाद्रपदमास के कृष्णपक्षकी दूजको यदि भरणीनक्षत्र तथा तृतीया को अग्नितारा (कृत्तिका) नक्षत्र हो तो पिता को प्रीति देने वाली होती है । इस पक्ष में षष्ठीयोग विशेष में कपिलसंज्ञा है ।

तदुक्तं वाराहे—नभस्यकृष्णपक्षे तु रोहिणीपातभूसुतैः । युक्ता षष्ठी पुराणज्ञैः कपिला परिकीर्तिता ॥ व्रतोपवासनियमैर्भास्करं तत्र पूजयेत् । कपिलां च द्विजाग्र्याय दत्त्वा क्रतुफलं लभेत् ॥

उसी बात को वाराहपुराण में कहा है कि—भाद्रपदमास के कृष्णपक्ष की षष्ठीतिथि को रोहिणी नक्षत्र, व्यतीपात तथा मंगलवार हो तो पुराणज्ञोंने उसे 'कपिला' कहा है । उसमें व्रत, उपवास एवं नियम युक्त हो सूर्य का अर्चन करे । ब्राह्मण के लिये कपिला गौ को दान कर यज्ञफल प्राप्त करे ।

पुराणसमुच्चये—भाद्रे मास्यसिते पक्षे भानौ चैव करे स्थिते । पाते कुजे च रोहिण्यां सा षष्ठी कपिला भवेत् ॥ अत्र दर्शान्तत्वेन महालयो भाद्रकृष्णपक्षो ज्ञेय इत्युक्तं निर्णयामृते हेमाद्रौ च । हस्तार्कस्तु फलातिशयार्थः । 'संयोगे तु चतुर्णां वै निर्दिष्टा परमेष्ठिना । इति तत्रैवोक्तेः ।

पुराणसमुच्चय में कहा है कि—भाद्रपदमास के कृष्णपक्ष में जब हस्तनक्षत्र में सूर्य हो, व्यतीपात, मंगलवार और रोहिणी नक्षत्र हो तो वह षष्ठी 'कपिला' होती है । यहाँ पर अमावास्यान्तमास से भाद्रपद कृष्णपक्ष महालय जानना चाहिये । यह निर्णयामृत तथा हेमाद्रि में कहा है । हस्त का सूर्य हो तो फलाधिक्य के लिये है । वहीं पर कहा है कि—परमेष्ठि ने चार के संयोग में कहा है । अर्थात्—हस्त का सूर्य, व्यतीपात, मंगलवार और रोहिणीनक्षत्र का योग ।

अत्र विशेषो हेमाद्रौ स्कान्दे—देवदारुं तथोशीरं कुङ्कुमैलामनः शिलाम् । पत्रकं पद्मकं यष्टिं मधुगव्येन पेषयेत् ॥ क्षीरेणालोडय कल्केन स्नानं कुर्यात्समन्त्रकम् ।

यहाँ पर विशेष हेमाद्रि में स्कन्दपुराण का मत है कि—देवदारु, उशीर (खस) कुंकुम (केशर) इलायची, मैनशिला, (मैनशिल) पत्रक (तेजपत्ता) पद्मक (पद्मकाष्ठ) यष्टि (ज्येष्ठी मधु) और मधु (सहत) को पञ्चगव्य से पीस दे । दूध से आलोडन (मिलाकर) कर कल्क (स्वरस) से समन्त्रक स्नान करे ।

आपस्त्वमसि देवेश ज्योतिषां पतिरेव च ॥ पापं नाशय मे देव वाङ्मनःकायकर्मजम् । पञ्चगव्यकृतस्नानः पञ्चभङ्गैस्तु मार्जयेत् ॥ पञ्चभङ्गैः=पञ्चपल्लवैः ।

तथा—रत्नैर्नानाविधैर्युक्तं सौवर्णं कारयेद्रविम् । शक्तितस्तु पलादूर्ध्वं तदर्धं कर्षतोऽपि वा ॥ सौवर्णमरुणं कुर्यान्नौकां चैव तथा रथम् । तथा—अल्पवित्तोऽपि यः कश्चित्सोऽपि कुर्यादिमं विधिम् ॥

हे देवेश, आप जल स्वरूप हो और ज्योतियों के पितृरूप ही हो, हे देव, वाणी, मन एवं कर्म से उत्पन्न मेरे पाप को नाश करो । पञ्चगव्य से स्नान कर पञ्चपल्लवों से मार्जन करे । अनेकतरह के रत्नों से युक्त सुवर्ण का सूर्य बनाकर यदि शक्ति हो तो पल से ऊपर, उसका आधा या कर्ष ( ) का करे और सुवर्ण का सारथी, नौका और रथ बनावे । और जो कोई भी मनुष्य अल्प धन से भी इस विधि से करे ।

प्रभासखण्डे—स्थापयेदव्रणं कुम्भं चन्दनोदकपूरितम् । रक्तवस्त्रयुगच्छन्नं ताम्रपात्रेण संयुतम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रथो रौक्मपलस्यैव एकचक्रः सुचित्रिकः । सौवर्णपलसंयुक्तां मूर्तिं सूर्यस्य कारयेत् ॥ इति । ततः सूर्यं कपिलां च षोडशोपचारैः सम्पूज्य दद्यात् ।

प्रभासखण्ड में कहा है कि—चन्दन तथा जल द्वारा पूरित व्रणादि रहित सुन्दर कलश को जो दो लालवस्त्रोंसे ढका एवं तांबे के पात्र से सहित हो, एक चक्र (एक पहिना) चित्रित (अनेकों चित्र) हो पल भर चांदी का रथ हो उसमें सोने के पल भर की सूर्य की मूर्ति से युक्त करा दे । तदनन्तर सूर्य और कपिला का षोडशोपचार से पूजनकर दे ।

दिव्यमूर्तिर्जगच्चक्षुर्द्वादशात्मा दिवाकरः । कपिलासहितो देवो मम मुक्तिं प्रयच्छतु ॥

हे देव, आप दिव्यमूर्ति हैं । संसार के चक्षु हैं । आप के बारह रूप हैं । दिन को करने वाले हो । कपिला के सहित आप मुझे मुक्ति दो ।

यस्मात्त्वं कपिले पुण्या सर्वलोकस्य पावनी । प्रदत्ता सह सूर्येण मम मुक्तिप्रदा भव ॥ इति । विशेषान्तरं तत्रैव ज्ञेयमिति दिक् ।

हे कपिले, आप पुण्यात्मा हैं । सारे लोक को पवित्र करने वाली हैं । सूर्य के साथ दान दी गयी आप मुझे मुक्ति प्रदान करो । अन्य विशेष (कपिलाषष्ठीव्रतान्तरम्) वहीं पर जानना चाहिये ।

(इयमेव चन्द्रषष्ठी)

इयमेव चन्द्रषष्ठी । सा चन्द्रोदयव्यापिनी ग्राह्या । उभयत्र तथात्वे पूर्वा । तदुक्तं भविष्ये—

तद्वद्भाद्रपदे मासि षष्ठ्यां पक्षे सितेतरे । चन्द्रषष्ठीव्रतं कुर्यात्पूर्ववेधः प्रशस्यते ॥

इसी को ही 'चन्द्रषष्ठी' कहते हैं । वह चन्द्रोदयव्यापिनी ग्रहण करे । दोनों रोज चन्द्रोदयव्यापिनी हो तो पूर्वा (पहली) ले ।

उसी बात को भविष्यपुराण में कहा है कि—उसी की तरह भाद्रपदमास के कृष्णपक्ष की षष्ठीतिथि को 'चन्द्रषष्ठी' का व्रत करे । उसमें पूर्वतिथि का वेध उत्तम माना है ।

चन्द्रोदये यदा षष्ठी पूर्वाह्ने वा परेऽहनि । चन्द्रषष्ठ्यसिते पक्षे सैवोपोष्या प्रयत्नतः ॥ इति ।

चन्द्रोदय में जब षष्ठी पहले दिन में या दूसरे दिन में हो वही षष्ठी भाद्रपदकृष्णपक्ष की षष्ठी चन्द्र षष्ठी है उसी में ही प्रयत्न से उपवास करे ।

(अष्टम्यां मघावर्षसंज्ञं श्राद्धम्)

इदं अष्टम्यामाश्वलायनेन मघावर्षसंज्ञं श्राद्धमुक्तम् । 'एतेन माघ्यावर्षं प्रौष्ठपद्या अपरपक्षे' इति । सप्तम्यादिषु त्रिष्वहःसु कार्यमिति नारायणवृत्तिः । हरदत्तस्तु मघायुक्तवर्षासु भवं त्रयोदशीश्राद्धमिति व्याचख्यौ । पृथ्वीचन्द्रोदये ब्राह्मे—

आषाढ्याः पञ्चमे पक्षे गया माघ्याष्टमी स्मृता । त्रयोदशी गजच्छाया गयातुल्या तु पैतृके ॥

आश्वलायन ने अष्टमी को मघावर्षसंज्ञकश्राद्ध कहा है कि—भाद्रपद के अपरपक्ष (कृष्णपक्ष) में मघाश्राद्ध करे । इसको सप्तमी, अष्टमी और नवमी तिथियों में करे यह नारायणवृत्ति में कहा है कि—सप्तमी आदि तिथियों में दिन में (अष्टकाः—अन्वष्टकाः, पूर्वेद्युः श्राद्धान्युक्त्वा एतेनेत्युक्तेः । माघ्यावर्षमिति पठित्वा मध्ये वर्षासु भवमिति केचिदाहुः) करे ।

हरदत्त ने कहा है कि—मघानक्षत्र के सहित वर्षाओं में होनेवाले त्रयोदशीश्राद्ध को मघाश्राद्ध की व्याख्या की है ।

पृथ्वीचन्द्रोदय में ब्रह्मपुराण का मत है कि—आषाढ की पूर्णिमा से पञ्चमपक्ष में मघा के सूर्य में जो अष्टमी हो तो (अर्थात्—पितृपक्ष में) त्रयोदशी, गजच्छाया (अष्टमी) ये पितृश्राद्ध में गया के तुल्य है ।

(महालक्ष्मीव्रतकथनम्)

आश्विनकृष्णाष्टम्यां महालक्ष्मीव्रतम् । तत्र निर्णयामृते पुराणसमुच्चये—श्रियोऽर्चनं भाद्रपदे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सिताष्टमीं प्रारभ्य कन्यामगते च सूर्ये। समापयेत्तत्र तिथौ च यावत्सूर्यस्तु पूर्वार्धगतो युवत्याः ॥ इति ।

आश्विनकृष्ण अष्टमी में [1]महालक्ष्मी का व्रत कहा है। उस निर्णयामृत में पुराणसमुच्चय का कथन है कि—भाद्रपद शुक्लपक्ष की अष्टमीतिथि को श्री का अर्चन प्रारंभ कर कन्या के सूर्य आनेके पूर्व समाप्त कर दे या उस तिथि में समाप्त करे जब तक सूर्य कन्या के पूर्वार्ध में गये हो।

तत्रैव-कन्यागतेऽर्के प्रारभ्य कर्तव्यं न श्रियोऽर्चनम् । हस्तप्रान्तदलस्थेऽर्के तद्व्रतं न समापयेत् ॥ पूजनीया गृहस्थानामष्टमी प्रावृषि श्रियः । दोषैश्चतुर्भिः संत्यक्ता सर्वसंपत्करी तिथिः ॥

वहीं पर कहा है कि—कन्या के सूर्य में प्रारंभ कर श्री का अर्चन न करे। हस्तनक्षत्र के चतुर्थपाद में सूर्य हो तो उस व्रत को समाप्त न करे। गृहस्थों को वर्षाऋतु में अष्टमी को श्री का पूजन करना चाहिये। वह अष्टमी तिथि सम्पूर्ण संपत्तिको देने वाली है। उसमें चार दोष त्यागने योग्य है।

तथा—पुत्रसौभाग्यराज्यायुर्नाशिनी सा प्रकीर्तिता। तस्मात्सर्वप्रयत्नेन त्याज्या कन्यागते रवौ ॥ विशेषेण परित्याज्या नवमीदूषिता यदि ॥ इति। दोषचतुष्टयं तत्रैवोक्तम् । त्रिदिने चावमे चैव अष्टमीं नोपवासयेत्। पुत्रहा नवमी विद्धा स्वघ्नी हस्तार्धगे रवौ ॥ इति।

पुत्र, सौभाग्य, राज्य तथा आयु को वह नाश करने वाली कही गयी है। इसलिए सब तरह से कन्या के सूर्य में त्याग देना चाहिये। विशेष कर नवमीतिथि से दूषित हो यदि तो त्याग दे। दोष चतुष्टय को वहीं पर कहा है। तीन दिन में, अवम (दिन में दो तिथियों के अन्त का स्पर्श करना) अष्टमी को उपवास न करे। नवमीतिथि से विद्धा अष्टमी पुत्रका नाश करती है। आधे हस्त में सूर्य हो तो अष्टमी धन का नाश करती है।

(त्रिदिनावमदिनलक्षणम्)

त्रिदिनावमदिनलक्षणं च रत्नमालायाम्—यत्रैकः स्पृशति तिथिद्वयावसानं वारश्चेदवमदिनं तदुक्तमार्यैः। यः स्पर्शाद्भवति तिथित्रयस्य चाह्नां त्रिद्युस्पृक्कथितमिदं द्वयं च नेष्टम् ॥ एते च सर्वे निषेधाः प्रथमारम्भविषयाः। मध्ये तु सति सम्भवे ज्ञेयाः। व्रतस्य षोडशाब्दसाध्यत्वेन मध्ये त्यागायोगात्। इयं चन्द्रोदयव्यापिनी ग्राह्या। तत्रैव पूजाद्युक्तेः। परदिने चन्द्रोदयादूर्ध्वं त्रिमुहूर्त-व्यापित्वे परैव कार्या, अन्यथा पूर्वैव।

त्रिदिन और अवम का लक्षण रत्नमाला में कहा है कि—जहाँ पर एक दिन में दो तिथियों के अन्त का स्पर्श करे। उसे आर्यों ने 'अवम' कहा है। जो वार तीन तिथियों का दिन में स्पर्श करना है-वह त्रिद्युक् (त्रिदिन) कहा है। ये दोनों नेष्ट हैं।

और ये सब निषेध प्रथमारंभविषयक हैं। मध्य में तो सतिसंभव में जानना चाहिये। व्रतका सोलह वर्ष तक साध्य होने से मध्य में त्याग करना अयुक्त है। यह चन्द्रोदयव्यापिनी (चन्द्रोदयव्रते चैव तिथिस्तात्कालिकी स्मृता) ग्रहण करे। उसी में ही पूजादि कहा है। दूसरे दिन चन्द्रोदय के पहले तीन मुहूर्त व्याप्त होने से परा ही करे। अन्यथा तो पूर्वा (कृष्णपक्षेऽष्टमी चैव कृष्णपक्षे चतुर्दशी। पूर्वविद्धैव कर्तव्या परविद्धा न कुत्र चित् ॥) ही ले।

पूर्वा वा परविद्धा वा ग्राह्या चन्द्रोदये सदा। त्रिमुहूर्ताऽपि सा पूज्या परतश्चोर्ध्वगामिनी ॥ इति मदनरत्ने निर्णयामृते च सङ्ग्रहोक्तेः।

मदनरत्न तथा निर्णयामृत में संग्रह का कथन है कि—सदा चन्द्रोदय में पूर्वविद्धा हो या परविद्धा हो ग्रहण करे। तीन मुहूर्त भी हो तो वह पूज्य है पर ऊर्ध्वगामिनी हो तो।

१—काशीखण्डे—महालक्ष्म्यष्टमीं प्राप्य तत्र यात्रा कृता नृणाम्। संपूजितेह विधिवत् पद्मां स च न मुञ्चति ॥ महालक्ष्म्यष्टमी=भाद्रशुक्लाष्टमी। महालक्ष्म्यष्टमी=आश्विनकृष्णाष्टमी तां प्राप्य तावत्पर्यन्तमित्यर्थः।

२—आषाढ्याः पञ्चमे पक्षे गयामध्याष्टमी स्मृता। त्रयोदशी गजच्छाया गयातुल्या तु पैतृके ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अर्धरात्रमतिक्रम्य वर्तते योत्तरा तिथिः। तदा तस्यां तिथौ कार्यं महालक्ष्मीव्रतं सदा ॥ इति महालक्ष्मीव्रतनिर्णयः।

आधी रात का अतिक्रम कर जो तिथि उत्तरा हो तब उस तिथि में सदा महालक्ष्मी व्रत को करे इस वचन से संक्षेप कहा है। यह लक्ष्मी का व्रतनिर्णय है।

(नवम्यामन्वष्टकाश्राद्धकथनम्)

अथ नवम्यामन्वष्टकाश्राद्धम्। तत्र कात्यायनः—अन्वष्टकासु नवभिः पिण्डैः श्राद्धमुदाहृतम्।
पित्रादिमातृमध्यं च ततो मातामहान्तकम् ॥

अब नवमीतिथि में अन्वष्टकाश्राद्ध कात्यायन ने कहा है कि—अन्वष्टाकाओं में नवपिण्डों से श्राद्ध कहा है। (उसका क्रम यों है-) पिता आदिके आदिमें मध्यमें माता आदि और अन्तमें मातामह आदि।

पृथ्वीचन्द्रोदये ब्रह्माण्डे—पितॄणां प्रथमं दद्यान्मातॄणां तदनन्तरम्।
ततो मातामहानां च अन्वष्टक्ये क्रमः स्मृतः ॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में ब्रह्माण्डपुराण के वचन से कहा है कि—पहले पिता आदि को, तदनन्तर माता आदि को फिर मातामह आदि को पिण्ड दे। यही क्रम अन्वष्टका में कहा गया है।

श्राद्धहेमाद्रौ छागलेयः—केवलास्तु क्षये कार्या वृद्धावादौ प्रकीर्तिताः।
अन्वष्टकासु मध्यस्था नान्त्याः कार्यास्तु मातरः ॥

श्राद्धहेमाद्रि में छागलेय का वचन है कि—क्षयाहश्राद्ध में और वृद्धिश्राद्ध में केवल आदि में कहा है। अन्वष्टका में मध्य में तथा अन्त में माताओं का न करे।

दीपिकायां तु मातृश्राद्धमादौ कार्यमित्युक्तम्। मातृयजनं त्वन्वष्टकास्वादित इति हेमाद्रौ।

दीपिका में तो माता का श्राद्ध आदि में करे-यह कहा है। हेमाद्रि में कहा है कि—माता का यजन तो अन्वष्टकाओं में आदि में होता है।

ब्राह्मेऽपि—अन्वष्टकासु क्रमशो मातृपूर्वं तदिष्यते। इति। अत्र शाखाभेदेन व्यवस्थेति पृथ्वीचन्द्रोदयः। जीवत्पितृकविषयमिति निर्णयदीपः। इदं च जीवत्पितृकेनापि कार्यम्।

ब्रह्मपुराण में भी कहा है कि—अन्वष्टकाओं में क्रम से मातृपूर्वक विधान कहा है।

यहाँ पर शाखाभेद से (बह्वृचानां पितृपूर्वकम्। तत्सूत्रे तथोक्तेः) व्यवस्था है, यह पृथ्वीचन्द्रोदय में कहा है। निर्णयदीप में कहा है कि—जीवत्पितृकविषयक (तस्य तर्पणाभावात्) है और इसको जीवत्पितृक भी करें।

तदुक्तं निर्णयामृते मैत्रायणीयपरिशिष्टे—अन्वष्टक्यं गयाप्राप्तौ सत्यां यच्च मृतेऽहनि।
मातुः श्राद्धं सुतः कुर्यात्पितर्यपि च जीवति ॥ इति।

यद्यपि जीवत्पितृकस्य पञ्चाप्यन्वष्टका अवश्यं कर्तव्याः, तथाप्यशक्तस्येयमावश्यकी। प्रौष्ठपद्यष्टका भूयः पितृलोके भविष्यति। इति हेमाद्रौ पाद्मोक्तेः।

उसी बात को निर्णयामृत में मैत्रायणीय परिशिष्ट में कहा है कि-अन्वष्टकाश्राद्ध (भाद्रकृष्णा नवमी) और मरणदिन का श्राद्ध, गया की प्राप्ति के समय माता का श्राद्ध पुत्र करे यदि पिता जीवित हो तब भी।

यद्यपि जीवत्पितृक को अवश्य पांच अन्वष्टका करना चाहिये। फिर भी अशक्त को तो यह (अन्वष्टका) आवश्यक है।

हेमाद्रि में पद्मपुराण का वचन है कि—भाद्रपदमास की अष्टका फिर से पितृलोक में होगी। सब माताओं का ही श्राद्ध कन्या में गये सूर्य में नवमीतिथि को ही देना चाहिये। क्योंकि ब्रह्मा द्वारा प्राप्त वर है। यह सूत ने आवश्यक कहा है।

सर्वासामेव मातॄणां श्राद्धं कन्यागते रवौ। नवम्यां हि प्रदातव्यं ब्रह्मलब्धवरा यतः ॥ इति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्तेनावश्यकत्वोक्तेश्च । अत्र 'सर्वासाम्' इत्युक्तेः स्वमातरि जीवन्त्यामपि सपत्नमातृभ्यो दद्यात् । तन्मरणे सति तस्यै ताभ्यश्च दद्यादित्युक्तं जीवत्पितृकनिर्णये गुरुभिः ।

यहाँ पर 'सर्वासाम्' ऐसा कहने पर अपनी माता के जीवित रहते हुए भी सपत्नमाताओं को दे। उनके मरने पर तो माता के लिए और उन सपत्नमाताओं के लिए दे—यह जीवत्पितृकनिर्णय में गुरु जी ने कहा है।

अत्र सर्वासां नामनिर्देशेनैको ब्राह्मणोऽर्घ्यः पिण्डश्च । नामैक्ये तु द्विवचनादिप्रयोग इत्युक्तं नारायणवृत्तौ । अन्वष्टकाश्राद्धं तद्यागश्च गोभिलीयानां मध्यमायामेव, न सर्वासु ।

यहाँ पर सबों के नाम निर्देश से एक ब्राह्मण, एक [1]अर्घ और एक पिण्ड दे। नामैक्य में तो द्विवचनान्त आदि प्रयोग करे-यह नारायणवृत्ति में कहा है। अन्वकाश्राद्ध और मातृयाग गोभिलियों को मध्यमा में ही है। सब में नहीं है।

अन्वष्टक्यं मध्यमायामिति गोभिलगौतमौ । इति छान्दोगपरिशिष्टात् । अत्र भर्तृमरणोत्तरं पूर्वमृतमातृश्राद्धं न कार्यमिति केचिदाहुः । पठन्ति च श्राद्धं नवम्यां कुर्यात्तन्मृते भर्तरि लुप्यते । इति । तदेतन्निर्मूलत्वान्मूर्खप्रतारणमात्रम् ।

गोभिल और गौतम के मत से अन्वष्टकाश्राद्ध मध्यमा में ही करे-यह छन्दोगपरशिष्ट में कहा है। यहाँ पर पति के मरने के बाद पहले मरी हुई माता का श्राद्ध न करे यह कोई कहते हैं और पढ़ते हैं कि-माता का श्राद्ध नवमीतिथि को करे तथा पति के मरने पर मातृश्राद्ध लुप्त हो जाता है। यह निर्मूल है मूर्खों को प्रतारण (ठगना) करना मात्र है।

श्राद्धदीपकलिकायां ब्राह्मे—पितृमातृकुलोत्पन्ना याः काश्चित्तु मृताः स्त्रियः ।
श्राद्धार्हा मातरो ज्ञेयाः श्राद्धं तत्र प्रदीयते ॥ इति । अत्र देशाचाराद्व्यवस्था ।

श्राद्धदीपकलिका में ब्रह्मपुराण का मत है कि—पिता और माता के कुल से उत्पन्न जो कोई स्त्रियाँ मृत हो जांय वे सब मातायें श्राद्ध में पूजनीय जानना चाहिये उनको श्राद्ध देना चाहिये। यहाँ पी (यस्तु जीवन्त्यां मातरि पितृष्वस्रादिभिः पालितः तद्धनग्राही वा तत्परमिति तु प्रतीमः) देशाचार से व्यवस्था जाननी चाहिये।

(आनुपनीतोऽपि कार्यम्)

इदं चानुपनीतेनापि कार्यम् । तदुक्तं श्राद्धशूलपाणौ मात्स्ये—अमावास्याष्टकाकृष्णपक्षपञ्चदशीषु च । इत्यभिधाय-एतच्चानुपनीतोऽपि कुर्यात्सर्वेषु पर्वसु । श्राद्धं साधारणं नाम सर्वकामफलप्रदम् ॥ भार्याविरहितोऽप्येतत्प्रवासस्थोऽपि नित्यशः । शूद्रोऽप्यमन्त्रवत्कुर्यादनेन विधिना बुधः ॥ इति । तेन साग्नेरेवेदमिति परास्तम् । अन्वष्टकातः पृथगेवेदं मातुः श्राद्धमित्यपि परास्तम् । लाघवेन मूलैक्यादष्टकपदाविशेषाच्च । तेनान्यत्रान्वष्टकाश्राद्धस्याङ्गस्याप्यत्र प्रधानत्वं वचनात् । अवेष्टेरिव राजसूयान्तर्गताया 'एतयान्नाद्यकामं याजयेत्' इति फलार्थत्वम् । अत्राष्टका=अन्वष्टका पूर्वानुरोधात् ।

और इसको अनुपनीत भी करे। उस बात को श्राद्धशूलपाणि में मत्स्यपुराण के मत से कहा है कि—अमावास्या, अष्टका, कृष्णपक्ष की अमावास्या (पञ्चदशी) में यों कह कर लिखा है कि—सब पर्वों में इसको अनुपनीत भी करे। सब कामनाओं के फल को देनेवाला है और साधारण है। इसको भार्याहीन (अविवाहित और जिसकी स्त्री मर गयी हो) प्रवास में (पत्नी के अभाव में) रहने पर भी नित्य करे। ज्ञानी शूद्र भी इसे अमन्त्रक इसी विधि से करे।

इस (भार्याविरहितादियुक्ति) से साग्निक को ही है यह बात परास्त है। अन्वष्टका से अलग

१—अर्घ्यदानं तु पृथक् । 'अनेका मातरो यस्य' इत्युक्तगालववाक्यात् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ही यह माता का श्राद्ध भी है। यह बात परास्त है। लाघव से मूल एक होने से अष्टका का अपवाद न होने से। इससे अन्यत्र अन्वष्टाश्राद्ध के अंगका होने पर भी प्रकृत में प्राधान्य है वचन से।

जैसे राजसूयान्तर्गत अवेष्टिनाम से याग राजसूय का अंग होने पर भी 'एतयान्नाद्यकामं याजयेत्' इस वाक्य के द्वारा ब्राह्मण कर्तृक याग में प्रधान है। वैसे प्रकृति में अन्वष्टका अष्टकाश्राद्ध का अंग होने पर भी पितृपक्षीया अन्वष्टकाश्राद्ध का प्रधानत्व मानना चाहिये। वहाँ पर अष्टका से अन्वष्टका का ग्रहण है पहले कहे हुए वचनानुरोध से।

तथाग्निपुराणे—अन्वष्टकासु वृद्धौ च गयायां च क्षयेऽहनि। अत्र मातुः पृथक् श्राद्धमन्यत्र पतिना सह॥ आपस्तम्बानान्तु—'अष्टकासु च वृद्धौ च' इति भाष्यकारैः पाठादष्टकायां मातृश्राद्धम्। छन्दोगैस्त्वत्र मातृमातामहश्राद्धे न कार्ये किन्तु त्रिपुरुषमेव। न योषिद्भ्यः पृथग्दद्यादवसानदिनादृते। कर्षू समन्वितं मुक्त्वा तथाद्यं श्राद्धषोडशम्॥ प्रत्याब्दिकं च शेषेषु पिण्डाः स्युः षडिति स्थितिः॥ इति छन्दोगपरिशिष्टात्। 'अन्वष्टकासु तेषां कर्षूविधानात्' इति शूलपाणिः।

अग्निपुराण में कहा है कि—अन्वष्टाओं में, वृद्धिश्राद्ध में, गया में और क्षयाहदिन में माता का श्राद्ध अलग होता है अन्यत्र तो पति के साथ होता है।

आपस्तम्बों का कहना है कि—'अष्टकासु च वृद्धौ च, यह भाष्यकारों के पाठ से अष्टका में माता का श्राद्ध कहा है। सामवेदियों का कहना है कि—यहाँ पर माता तथा मातामह का श्राद्ध न करे किन्तु तीन पीढ़ियों का ही करे।

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है कि—जिसका अवसान (मरण-दिन) दिन छोड़कर स्त्रियों को पृथक् (अलग) श्राद्ध न दे। कर्षू (कर्षू का अर्थ तीसरे परिच्छेद के उत्तरार्ध में कहेंगे) से युक्त को त्यागकर आद्य में सोलह श्राद्ध करे। शूलपाणि का मत है कि—अन्वष्टाओं में उनका कर्षू विधान है।

यत्तु—तमिस्रपक्षे नवमी पुण्या भाद्रपदे हि या। चत्वारः पार्वणाः कार्याः पितृपक्षे मनीषिभिः॥ इति, तद्देशाचारतो व्यवस्थितं ज्ञेयम्। इदं जीवत्पितृकेनापि सपिण्डकं कार्यम्।

जो कहा है कि—भाद्रपद कृष्णपक्ष (निर्मूलमिति नव्याः) की नवमीतिथि पवित्र है उसमें पितृपक्ष के चार पार्वण बुद्धिमान् मनुष्य करे। वह देशाचार से व्यवस्था जानना चाहिये। यह जीवत्पितृक भर सपिण्ड करे।

हेमाद्रौ विष्णुधर्मोत्तरे—अन्वष्टकासु च स्त्रीणां श्राद्धं कार्यं तथैव च। इत्युपक्रम्य पिण्डनिर्वपणं कार्यं तस्यामपि नृसत्तम। इति वचनं श्राद्धविधिना पिण्डदाने प्राप्ते पुनस्तत्कीर्तनं यस्य जीवत्पितृकगर्भिणीपतित्वादिना पिण्डदानं निषिद्धं तस्य तत्प्राप्त्यर्थमिति तातचरणाः।

हेमाद्रि में विष्णुधर्मोत्तर का वाक्य है कि—वैसे ही अन्वकाओं में स्त्रियों का श्राद्ध करना चाहिये। ऐसा प्रारंभ कर—हे नृपसत्तम, उसमें भी पिण्ड का निर्वाप करे। यह वचन श्राद्धविधि से पिण्डदान प्राप्त होने पर फिर उसका कीर्तन (कथन) इस हेतु है कि जिसकी पत्नी गर्भिणी हो उसे पिण्डदान करना निषेध है उसको भी पिण्डदान के अधिकारकी प्राप्ति के अर्थके लिये हैं यह हमारे श्री पिताजी का कहना है।

(अत्र सुवासिनीभोजनम्)

अत्र सुवासिनीभोजनमुक्तं मार्कण्डेयपुराणे—मातुः श्राद्धे तु सम्प्राप्ते ब्राह्मणैः सह भोजनम्। सुवासिन्यै प्रदातव्यमिति शातातपोऽब्रवीत्॥ भर्तुरग्रे मृता नारी सह दाहेन वा मृता। तस्याः स्थाने नियुञ्जीत विप्रैः सह सुवासिनीम्॥ तत्रैव मदालसावाक्यम्—

स्त्रीश्राद्धे पुत्र देयाः स्युरलङ्काराश्च योषिते। मञ्जीरमेखलादानकर्णिकाकङ्कणादयः॥ इति।

यहाँ पर सुवासिनी (सौभाग्यवती) का भोजन मार्कण्डेयपुराण में कहा है कि—माता के श्राद्ध में तो ब्राह्मणों के साथ सुवासिनी के लिए भोजन (भोज्यमन्नम्) प्रदान करे। पति के आगे नारी (स्त्री) मर गयी हो या सती हो गयी हों तो उसके स्थान में ब्राह्मणों के साथ सुवासिनी को नियुक्त करे। वहीं पर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मदालसा का यह वाक्य है कि--हे पुत्र, स्त्री के श्राद्ध में योषित् (स्त्री) को अलंकारों को मञ्जीर (मञ्जीर), मेखला (करधनी), कर्णिका (पायल), कंकण (हाथका) देना चाहिये।

(अत्राशक्तावनुकल्पकथनम्)

अत्राशक्तावनुकल्पमाह आश्वलायनः—अनडुहो यवसमाहरेदग्निना वा कक्षमुपोषेदेषा मेऽष्टकेति न त्वेवाष्टकः स्यात्' इति।

हेमाद्रौ पितामहः—अमावास्या व्यतीपातपौर्णमास्यष्टकासु च।
विद्वान् श्राद्धमकुर्वाणो नरकं प्रतिपद्यते॥

यहाँ पर अशक्त में अनुकल्प (नकल) आश्वलायन ने कहा है कि-आठवे प्रहर में अनडुह (बैल) को यवसम (आर्द्रतृण) दे या अग्नि में कक्ष-(शुष्क[1] तृण) को उपोषेत्-जला दे। इससे भी अष्टकाश्राद्ध होता है। हेमाद्रि में 'पितामह ने कहा है कि—अमावास्या, व्यतीपात, पौर्णमासी और अष्टका में जो विद्वान् श्राद्ध नहीं करता है, वह नरक में जाता है।

(अकरणे प्रायश्चित्तकथनम्)

अकरणे च प्रायश्चित्तमुक्तमृग्विधाने—एभिर्द्युभिर्जपेन्मन्त्रं शतवारं तु तद्दिने।
आन्वष्टक्यं यदा न्यून्यं सम्पूर्णं याति सर्वथा॥ इति।

न करने पर ऋग्विधान में प्रायश्चित्त कहा है कि-'एभिर्द्युभिः'[2] इस मन्त्र को उस दिन में सौ वार जप करे तो 'अन्वष्टकाश्राद्ध' न करने में जो न्यूनता आगयी है वह सर्वथा संपूर्ण हो जाती है।

(द्वादश्यां संन्यासिनः श्राद्धम्)

एतत्पक्षे द्वादश्यां विशेषः पृथ्वीचन्द्रोदये वायवीये—संन्यासिनोप्याब्दिकादि पुत्रः कुर्याद्यथाविधि। महालये तु यच्छ्राद्धं द्वादश्यां पार्वणं तु तत्॥ इति।

इस पक्ष की द्वादशीतिथि में विशेष पृथ्वीचन्द्रोदय में वायुपुराण के वचन से कहा है कि—यथाविधि पुत्र संन्यासी पिता का भी आब्दिक (वार्षिक) श्राद्ध करे। महालय में जो श्राद्ध होता है वह द्वादशी में पार्वण होता है।

(त्रयोदशीश्राद्धकथनम्)

अथ त्रयोदशीश्राद्धम्। तत्र चन्द्रिका—त्रयोदशी भाद्रपदी कृष्णा मुख्या पितृप्रिया।
तृप्यन्ति पितरस्तस्यां स्वयं पञ्चशतं समाः॥

इसके बाद त्रयोदशीश्राद्ध है। उसमें चन्द्रिका का कहना है कि—भाद्रपदकृष्णा त्रयोदशी मुख्य है-पितरों को प्रिय है। उस तिथि में श्राद्ध करने से पितर पांचसौ वर्ष तृप्त होते हैं।

मघायुतायां तस्यां तु जलाद्यैरपि तोषिताः। तृप्यन्ति पितरस्तद्वत् वर्षाणामयुतायुतम्॥

मघानक्षत्र युक्त हो तो उसमें जल आदिसे भी प्रसन्न होते हैं। हजारों वर्ष तक पितर तद्वत् तृप्त होते हैं।

प्रयोगपारिजाते शङ्खः—प्रौष्ठपद्यामतीतायां मघायुक्तां त्रयोदशीम्। प्राप्य श्राद्धं तु कर्तव्यं मधुना पायसेन च॥ प्रजामिष्टां यशः स्वर्गमारोग्यं च धनं तथा। नृणां श्राद्धे सदा प्रीताः प्रयच्छन्ति पितामहाः॥ एतन्नित्यमपि।

प्रयोगपारिजात में शंख का वचन है कि-भाद्रपदमास की पूर्णिमातिथि के व्यतीत होने पर मघा सहित त्रयोदशी को प्राप्त कर मधु और पायस से श्राद्ध करना चाहिये। इससे पितामह प्रसन्न होकर इच्छित सन्तान, यश, स्वर्ग, आरोग्यता और धन मनुष्यों को श्राद्ध में देते हैं। यह नित्य भी है।

१—अग्निना वा दहेत्कक्षं श्राद्धकाले उपागते। तृणानि वा गवे दद्यात् पिण्डान्वाऽप्यथ निर्वपेत्॥ इत्यग्रे वचनात् सर्वश्राद्धानुकल्पः।

२—एभिर्द्युभिः सुमना एभिरिन्दुभिर्निरुन्धानो अमतिं गोभिरश्विना। इन्द्रेण दस्युं दरयन्त इन्दुभिर्युतं द्वेषसः समिषा रभेमहि। (ऋ० १।५३।४।)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पृथ्वीचन्द्रोदये विष्णुधर्मे-प्रौष्ठपद्यामतीतायां तथा कृष्णत्रयोदशी । इत्युक्त्वा-एतांस्तु श्राद्धकालान् वै नित्यानाह प्रजापतिः । श्राद्धमेतेष्वकुर्वाणो नरकं प्रतिपद्यते । इत्युक्तेः । एतच्चाऽविभक्तैरपि पृथक् कार्यम् ।

पृथ्वीचन्द्रोदय में विष्णुधर्म में कहा है कि—भाद्रपदकी पूर्णिमा बीतनेवाली और कृष्णपक्षकी त्रयोदशी में यों कहकर कहा है कि—प्रजापति ने इतने श्राद्धकालों को ही नित्य कहा है। जो इनमें श्राद्धको नहीं करता है वह नरक में जाता है। यों कहा है। इसको अविभक्त (जिसका धन आदिका विभाग न हुआ हो) भी अलग करे।

तथा च हेमाद्रौ—विभक्ता वाऽविभक्ता वा कुर्युः श्राद्धं पृथक् सुताः ।
मघासु च ततोऽन्यत्र नाधिकारः पृथग्विना । इति ।

उसी बात को हेमाद्रि में कहा है कि—विभक्त हो या अविभक्त हो मघाश्राद्ध को पुत्र अलग अलग करें तथा मघाओं से अन्यत्र में अलग हुए विना अधिकार नहीं है।

अपरार्के वायवीये—हंसे हस्तस्थिते या तु मघायुक्ता त्रयोदशी ।
तिथिर्वैवस्वती नाम सा छाया कुञ्जरस्य तु ॥

अपरार्क में वायुपुराण का मत है कि—हस्तनक्षत्र के सूर्य में जो मघा के सहित त्रयोदशी है। वह वैवस्वती नाम की तिथि है, वह छायाकुञ्जर भी है।

अत्र च-अपि नः स कुले भूयाद्यो नो दद्यात्त्रयोदशीम् । पायसं मधुसर्पिर्भ्यां प्राक्छाये कुञ्जरस्य च ॥ इति विष्णुमनुवचने केवलत्रयोदशीश्रुतेर्मघागुण इति कल्पतरुः ।

तथा यहाँ पर—हमारे वंश में जो भी हो वह त्रयोदशी और अष्टमीतिथि के आरम्भ में मधु तथा घी के सहित पायस को दे। इस विष्णुमनुवचन से केवल त्रयोदशी के श्रवण से श्रुति का मघा गुण है—यह कल्पतरुमें कहा है।

शूलपाणिस्तु—केवलवाक्यानामर्थवादत्वाद्विधौ मघायोगश्रुतेर्विधिलाघवाद्विशिष्टमेव निमित्तम् इत्याह ।

शूलपाणि ने कहा है कि—केवल वाक्यों का अर्थवाद (प्रशंसामात्र) होने से तथा विधि में मघा योगश्रवण से विधि में लाघव से मघाविशिष्ट ही निमित्त है। यों कहा है।

वस्तुतस्तु—मधुमांसैश्च शाकैश्च पयसा पायसेन च । एष नो दास्यति श्राद्धं वर्षासु च मघासु च ॥ इति वसिष्ठवचने केवलमघाश्रुतेर्विनिगमनाभावादुभयं भिन्नं निमित्तं पूर्वोक्तवचनाच्च योगाधिक्ये फलाधिक्यम् ।

सिद्धान्त तो यह है कि—मधु और [1]मांस से, शाकों से, दूध से और पायससे यह हम लोगों को वर्षा और मघा में श्राद्ध देगा। इस वसिष्ठवचन से केवल मघा के श्रवण से प्रमाणाभाव से उभयभिन्न निमित्त है और पूर्वोक्त-वचन से योगाधिक्य में फलाधिक्य है।

अत एव याज्ञवल्क्यः—तथा वर्षात्रयोदश्यां मघासु च विशेषतः । इति । त्रयोदशीश्राद्धं नित्यम् । अन्यत्काम्यम् ।

इसीलिए याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—यहाँ पर वर्षाकाल की त्रयोदशी में जो विशेषकर मघा नक्षत्र से युक्त हो उसमें श्राद्ध करे। त्रयोदशीश्राद्ध नित्य है। अन्यश्राद्ध तो काम्य है।

अत्र 'त्रयोदश्यां बहुपुत्रा युवमारिणस्तु भवन्ति' इत्यापस्तम्बोक्तेर्युवमारित्वमपत्यदोषं सहिष्णोरपत्यमात्रार्थिनः स्मृत्यन्तरोक्तधनार्थिनो वाधिकार इति कल्पतरुः । अपत्यनिन्दया तदर्थिनोऽनधिकारात् फलान्तरकामस्यैवाधिकार इति हलायुधः । एतत्पिण्डरहितं कार्यम् ।

१—मधु च कलौ वर्ज्यम् 'श्राद्धे मांसं तथा मधु' इति वाक्यात् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर त्रयोदशी में (अर्थात्—महालय की त्रयोदशीश्राद्ध में) युवाओं के बाद जो उत्पन्न हो उनकी अपेक्षा से पूर्वोत्पन्न जो हैं वे मरेंगे। इस व्युत्पत्ति से पुत्रवाले गृहस्थ को अन्यपुत्रों के लाभ के लिए उस श्राद्ध का निषेध है। ऐसा आपस्तम्ब के कहने पर युवावस्था में मरने वाले सहिष्णु अपत्य के लिए या स्मृत्यन्तरोक्त धनार्थ के लिए अधिकारक है। ऐसा कल्पतरु ने कहा है। अपत्य[1] की निन्दा से सन्तान के इच्छुक को अधिकार नहीं है अन्य फलान्तर कामना से ही अधिकार है—यह हलायुध मत है। इसको पिण्ड रहित करना चाहिये।

मघायुक्तत्रयोदश्यां पिण्डनिर्वपणं द्विजः। ससन्तानो नैव कुर्यान्नित्यं ते कवयो विदुः॥ इति बृहत्पराशरोक्तेः। इदं मलमासेऽपि कार्यम्।

बृहत्पराशर ने कहा है कि—मघायुक्त त्रयोदशी में सन्तानवाला द्विज नित्य पिण्डदान न करे। यह कवियों का कहा है। इनको मलमास में भी करे।

मघात्रयोदशीश्राद्धं प्रत्युपस्थितिहेतुकम्। अनन्यगतिकत्वेन कर्तव्यं स्यान्मलिम्लुचे॥ इति काठकगृह्योक्तेः।

काठकगृह्य में कहा है कि—मघात्रयोदशीश्राद्धमें प्रत्युपस्थिति (मघा के युक्त) कारण है। अनन्यगतिकत्व (जिसकी कही गति न हो) होने से मलमासमें भी श्राद्ध करे।

यानि तु अङ्गिराः—त्रयोदश्यां कृष्णपक्षे यः श्राद्धं कुरुते नरः। पञ्चत्वं तस्य जानीयाज्ज्येष्ठपुत्रस्य निश्चितम्॥

जो वचन अंगिरा ने कहे हैं कि—जो मनुष्य कृष्णपक्षकी त्रयोदशी में श्राद्ध करता है उसके ज्येष्ठ पुत्रकी (समनन्तरजनिष्यमाणापेक्षया पूर्वोत्पन्नो ज्येष्ठ इति केचित्। ऋक्षपिण्डप्रदानं तु ज्येष्ठपुत्रो विवर्जयेत्। इतिवत् सर्वज्येष्ठ एवेत्यन्ये) मृत्यु निश्चित होती है।

(त्रयोदशीश्राद्धविचारः)

वामनपुराणे—त्रयोदश्यां तु वै श्राद्धं न कुर्यात्पुत्रवान् गृही। इत्यादीनिवचनानि, तानि पुत्रवद्विषयाणि वा, (महालयस्थभिन्नत्रयोदशीविषयाणि वा, काम्यश्राद्धविषयाणि वा) सपिण्डकश्राद्धविषयाणि वेति केचित्। हेमाद्रिप्रमुखास्त्वेकवर्गश्राद्धविषयाणि।

त्रयोदशीतिथि में पुत्रवाला गृहस्थ निश्चित श्राद्ध न करे। इत्यादि वचन पुत्रवाले गृहस्थ के विषय में हैं (या महालयसे भिन्न त्रयोदशी विषयक है या काम्य श्राद्धविषयक हैं या सपिण्डश्राद्धविषयक है। यह किसी का मत है।) हेमाद्रि आदि प्रमुखों कहना है कि—एकवर्ग श्राद्धविषयक हैं।

श्राद्धं नैवैकवर्गस्य त्रयोदश्यामुपक्रमेत्। न तृप्तास्तत्र ये यस्य प्रजां हिंसन्ति तस्य ते॥ इति कार्ष्णाजिनिस्मृतेः।

कार्ष्णाजिनिस्मृति में कहा है कि—त्रयोदशी में एकवर्ग के श्राद्ध का उपक्रम (आरंभ) न करे। करने मात्रसे जो तृप्त नहीं हो जाते हैं वे पितर उसके प्रजा की हिंसा करते हैं।

यद्यपि पितरो यत्र पूज्यन्ते तत्र मातामहा अपि। इति धौम्योक्तेर्न केवलपितृवर्गस्य प्राप्तिस्तथापि-व्यामोहादिप्राप्तनिषेधोऽयमित्याहुः। वयं तु पश्यामः—पुत्रवद्विषयाण्येवेति।

यद्यपि जहाँ पर पितरों का पूजन होता है वहाँ पर मातामहों का अर्चन होता है। यह धौम्य के कहे हुए कथन से केवल पितृवर्गकी प्राप्ति नहीं की है। तथापि भ्रमसे प्राप्ति का निषेध यह है। यों कहा। हम तो देखते हैं कि यह पुत्रवत् गृहस्थ के विषय में ही है।

असन्तानस्तु यस्तस्य श्राद्धे प्रोक्ता त्रयोदशी। सन्तानयुक्तो यः कुर्यात्तस्य वंशक्षयो भवेत्॥

१—सामान्यकृष्णत्रयोदशी श्राद्धमेव पुत्रवता बहुपुत्रेच्छया न कर्तव्यम्। महालयत्रयोदशी श्राद्धं च पितृवर्गमात्रस्य न कर्तव्यं किन्तु मातामहवर्गस्यापि। तत्रापि पिण्डदानं न कर्तव्यम्, किन्तु मधुघृतप्लुतपायसादिना ब्राह्मण भोजनमात्रमिति। पूर्वोत्तरग्रन्थस्तु सुमतिभिर्लापनीयः। प्रतीत्यादि प्रतीकाभ्यां केवलमघाश्राद्धं केवलत्रयोदशीश्राद्धं च विशिष्टनिमित्तकत्वेन सगतिकत्वेन च शुद्धमास एव कार्यं न मले इति सूचितम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इति हेमाद्रौ नागरखण्डोक्तेः। पूर्ववाक्यमप्यसन्तानस्यवैकवर्गनिषेधकमिति। अत्रमघात्रयोदशी-महालययुगादिश्राद्धानां तन्त्रेण प्रयोगे न तु प्रसङ्गसिद्धिरित्यन्यत्र विस्तरः।

हेमाद्रिमें नागरखण्डमें कहा है कि—जिसके सन्तान नहीं है उसे त्रयोदशी में श्राद्ध प्राप्त कहा है। जिसके सन्तान है अर्थात्—जो सन्तान से युक्त है वह यदि त्रयोदशीतिथि में श्राद्ध करेगा उसके वंश का क्षय (नाश) होगा। पूर्ववाक्य भी असन्तान का ही एकवर्ग का निषेधक है। यहाँ पर मघात्रयोदशी, महालय तथा युगादि श्राद्धों का तन्त्र[1] से प्रयोग में प्रसंग की सिद्धि नहीं है। यह अन्यत्र विस्तार है।

(अथ शस्त्रविषाद्यपघातविपन्नानां चतुर्दशीश्राद्धम्)

अथ चतुर्दशी। पृथ्वीचन्द्रोदये प्रचेताः—वृक्षारोहणलौहाद्यैर्विद्युज्जलविषाग्निभिः।
नखिदंष्ट्रिविपन्ना ये तेषां शस्ता चतुर्दशी॥

अब चतुर्दशी का श्राद्ध कहते हैं। पृथ्वीचन्द्रोदय ने प्रचेता का कथन है कि—वृक्षपर चढकर गिरने से, लोहे आदि से मृत्यु, विजली, जल, विष, अग्नि आदि से मृत्यु, नख और बड़े-बड़े जाडवालों से मारने पर अकालमृत्यु मानी जाती है उनका चतुर्दशी को श्राद्ध करे। (आधुनिक युगमें-बन्दूख, तलवार, छूरा, गंडासा, आदि से मारना, कपडे, तार आदि द्वारा हनन करना, सब मिल कर मट्टीका तेल आदि छिड़क कर आग लगादेना, ऊपर से ढकेलना गंगा आदि नदी में उपायों द्वारा डुबो देना आदि विविध क्रियायें हैं।)

ब्राह्मे—युवानः पितरो यस्य मृताः शस्त्रेण वा हताः। तेन कार्यं चतुर्दश्यां तेषां तृप्तिमभीप्सिता॥

ब्रह्मपुराण में कहा है कि—जिसके पिता आदि युवा अवस्था में मर गये हों या शस्त्र द्वारा अकाल मृत्यु हो या-ग्रह भूतावेश द्वारा मर गये हों उनके तृप्ति की इच्छा करता हुआ उनका कार्य (श्राद्ध) चतुर्दशी तिथि में करे।

नागरखण्डे—अपमृत्युर्भवेद्येषां शस्त्रमृत्युरथापि वा। श्राद्धं तेषां प्रकर्तव्यं चतुर्दश्यां नराधिप॥ एतच्च प्रायोऽनाशकशस्त्राग्निविषोद्बन्धनप्रतपनैश्चेच्छतामिति गौतमोक्तदुर्मरणोपलक्षणम्। एकयोगनिर्देशात्—सर्वेषां तुल्यधर्माणामेकस्यापि यदुच्यते। सर्वेषां तत्समं ज्ञेयमेकरूपा हि ते स्मृताः॥ इत्युशनसोक्तेश्च। तच्च कृतक्रियाणामेवेति वक्ष्यामः।

नागरखण्ड में कहा है कि-जिनकी अपमृत्यु हो या शस्त्र हो गयी हो उनका श्राद्ध हे नराधिप, चतुर्दशी तिथि में करे। यह प्रायः शस्त्र, अग्नि, विष, जल, बन्धन (फांसी) गिरना, आदि से जिनकी मौत हो गयी हो उनका गौतमने दुर्मरण अपलक्षण (दूसरा प्रकार) कहा है।

उशना ने कहा है कि—समानधर्मवाले सबके बीच में एक को जो कहा जाय वह सबों को उसके समान बराबर जानना चाहिये। क्योंकि—वे सब एकरूप कहे गये हैं और उनकी क्रिया हो चुकी है यह आगे रहेगें।

मरीचः—विषशस्त्रश्वापदाहितिर्यग्ब्राह्मणघातिनाम्। चतुर्दश्यां क्रिया कार्या अन्येषां तु विगर्हिता॥ अत्र ब्राह्मणघाती तेन हतो न तु ब्रह्महा, तस्य पतितत्वादिति शूलपाणिः। अत्रोद्देश्यविशेषणस्याविवक्षितत्वात्स्त्रीणामपि शस्त्रादिहतानामेकोद्दिष्टं कार्यं (न पार्वणमिति) श्रीदत्तोपाध्यायः। इदं विषादिहतानामेव न प्रसवादिमृतानामिति वाचस्पतिः।

मरीचि ने कहा है कि—विष, शस्त्र, हिंसक जानवर से मृत्यु, सर्प, तिर्यक्योनि, ब्राह्मणद्वारा जो मृत हों उनकी क्रिया चतुर्दशी में करे। अन्यतिथियों में गर्हित है।

यहाँ पर '[2]ब्राह्मणघाती' पद से ब्रह्महत्यारेका ग्रहण नहीं है। क्योंकि-वह पतित है यह शूलपाणी का कहना है। यहाँ पर उद्देश्य का विशेषण अविवक्षित होने से शस्त्र आदि से मृत स्त्रियों का भी एकोद्दिष्ट करे। पार्वण न करे श्रीदत्तोपाध्याय ने कहा है। वाचस्पति ने कहा है कि—विष आदि से मृतको का ही यह श्राद्ध करे। प्रसव आदि से मृत हैं उनका नहीं करे।

१—अङ्गानामैक्यं प्रधानमात्रभेदस्तन्त्रम्। तेन विश्वेदेवपाकाद्यङ्गानामैक्यं विप्रार्घ्यपिण्डादेर्भेद एव। प्रसङ्गसिद्धिस्थले तु प्रधानमपि न भिद्यते। धर्मसिन्धुः। २—विषादिर्घातो येषामितिविग्रहः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्तु शाकटायनः—जलाग्निभ्यां विपन्नानां संन्यासे वा गृहेऽपि वा। श्राद्धं कुर्वीत तेषां वै वर्जयित्वा चतुर्दशीम् ॥ इति, तत्प्रायश्चित्तार्थजलादिमृतविषयमित्याकरे उक्तम्। अत एव वैधत्वात्सहगमनेऽपि न कार्यमिति हेमाद्रिः।

जो शाकटायन ने कहा है कि—जल और अग्नि से, संन्यास, घर या रास्ते में मृत हों उनका श्राद्ध चतुर्दशी को छोडकर करे। आकर में कहा है कि-यह [1]प्रायश्चित्तार्थ जल आदिसे मृतपरक है। हेमाद्रिने कहा है कि-इसीलिए वैधत्व होने पर सहगमन भी नहीं करना चाहिये।

एतच्च दैवयुक्तमेकोद्दिष्टं कार्यमित्युक्तं प्रयोगपारिजाते—प्रेतपक्षे चतुर्दश्यामेकोद्दिष्टं विधानतः। दैवयुक्तं तु तच्छ्राद्धं पितृणामक्षयं भवेत् ॥ तच्छ्राद्धं दैवहीनं चेत्पुत्रदारधनक्षयः। एकोद्दिष्टं दैवयुक्तमित्येवं मनुरब्रवीत् ॥

यह दैवयुक्त एकोद्दिष्ट करे यह प्रयोगपारिजात में कहा है। पितृपक्ष में चतुर्दशी के विधान से एकोद्दिष्ट करे। वह श्राद्ध दैवयुक्त है। पितरों को अक्षय होता है। यदि उस श्राद्ध को देवहीन करेंगे तो पुत्र, दार तथा धनका क्षय होता है। मनु ने कहा है कि—यह एकोद्दिष्ट दैवयुक्त ही है।

भविष्येऽपि—समत्वमागतस्यापि पितुः शस्त्रहतस्य च। चतुर्दश्यां तु कर्तव्यमेकोद्दिष्टं महालये ॥

भविष्यपुराण का मत है कि—सपिण्डीश्राद्ध करने के बाद (सपिण्डीकृतस्येत्यर्थः—स्मृतिमुक्ताफले) पितृत्वकी प्राप्ति के बाद (पिण्डमेलन के बाद) शस्त्रद्वारा मरने पर पिता का महालय की चतुर्दशीतिथि को एकोद्दिष्टश्राद्ध करना चाहिये।

चतुर्दश्यां तु यच्छ्राद्धं सपिण्डीकरणे कृते। एकोद्दिष्टविधानेन तत्कार्यं शस्त्रघातिनः ॥ इति।

सपिण्डी करने के बाद जो चतुर्दशी को श्राद्ध होगा वह एकोद्दिष्ट के विधान से शस्त्र द्वारा मरे हुए का करना चाहिये।

संवत्सरप्रदीपे हारीतः—विश्वेदेवांश्च तत्रापि पूजयित्वा दितोऽमरान्। ये वै शस्त्रहतास्तेषां श्राद्धं कुर्यादतन्द्रितः ॥ अत्रैकोद्दिष्टवचनानां निर्मूलत्वं, समूलत्वेऽपि पार्वणाशक्तपराणि विष्णवादिवचनैः प्रकरणात् कृष्णपक्षीयपार्वणावगतेरिति शूलपाणिः। तन्न। वाक्येन प्रकरणस्य बाधात्। पित्रादीनां पार्वणं भ्रात्रादीनामेद्दिष्टमिति गौडार्वाञ्चः। तन्न, पितुरित्यनेन विरोधात् विशेषवाक्यवैयर्थ्यापत्तेश्च।

संवत्सरप्रदीपमें हारीत ने कहा है कि—वहाँ पर भी विश्वेदेवदेवताओं का पूजनकर जो निश्चय से शस्त्रद्वारा मृत हों उनका श्राद्ध आलस्य त्याग करे। यहाँ पर एकोद्दिष्ट वचनों का निर्मूलत्व कहा है। यदि समूलत्व भी हो तो पार्वणश्राद्ध करने में असमर्थ परक है। क्योंकि—विष्णवादिवचनों के द्वारा प्रकरण से कृष्णपक्षीय पार्वणश्राद्ध ही निश्चित होता है। यह शूलपाणि का मत है। यह ठीक नहीं है। वाक्य से प्रकरण का बाध है। पित्रादियों का पार्वण और भाई आदियों का एकोद्दिष्ट होता है—यह 'प्राचीन गौड' कहते हैं। यह ठीक नहीं है। क्योंकि 'पितुः' इससे विरोध है और विशेष वाक्य भी व्यर्थ हो जायंगे।

(शस्त्रहतस्यैव चतुर्दश्यामिति नियमो न तु चतुर्दश्यामेव शस्त्रहतस्य)

अत्र शस्त्रहतस्यैव चतुर्दश्यामिति नियमो, न चतुर्दश्यामेव शस्त्रहतस्येति। श्राद्धं शस्त्रहतस्यैव चतुर्दश्यां महालये। इति कालादर्शाद् वार्षिकादीनामकरणापत्तेश्च। तेन महालये एव दिनाकरे पार्वणं मातामहादितृप्त्यर्थं कार्यमेव।

यहाँ पर शस्त्र द्वारा मृत का ही चतुर्दशी में ही नियम है। चतुर्दशी में ही शस्त्र से मरे का श्राद्ध करे यह नियम नहीं है। पितृपक्ष की चतुर्दशीतिथि में शस्त्र के द्वारा मृत का श्राद्ध करे इस कालादर्श से

१—सर्पादिः साहचर्याज्जलाग्न्यादयोऽनुज्ञाता एव ग्राह्या। अतः असाध्यव्याध्यादिपीडितानां जलाग्न्यादि प्रवेशेन भर्तृमरणनिमित्तकाग्निप्रवेशेन च मृतानां नेदं श्राद्धमित्यर्थः। युद्धमृतौ प्रायोनाशके च वैधत्वेऽपि वचनाद् भवतीति बोध्यम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वार्षिक आदि नहीं करने से आपत्ति हो जायगी। इससे महालय में ही दिनान्तर में पार्वण को मातामह आदि की तृप्ति के लिए करे ही।

पितामहोऽपि शस्त्रहतश्चेदेकोद्दिष्टद्वयं कार्यम्। तदुक्तं हेमाद्रौ स्मृत्यन्तरे—एकस्मिन् द्वयोर्वैकोद्दिष्टम्' इति त्रिषु शस्त्रहतेषु पार्वणमेव कार्यम्।

पितामह ने भी कहा है कि—शस्त्र द्वारा मृतक का दो एकोद्दिष्ट श्राद्ध करना चाहिये। उसी बात को हेमाद्रि में स्मृत्यन्तर वचन से कहा है कि—एकतिथि में दो का एकोद्दिष्ट करे। यदि शस्त्र से तीन मर गये हों तो पार्वण ही करे।

यत्तु देवस्वामिनोक्तम् त्रिष्वपि शस्त्रहतेषु पृथगेकोद्दिष्टत्रयं कार्यं न तु पार्वणमाहत्यवचनाभावादिति, तदयुक्तम्।

जो देवस्वामी ने कहा है कि—शस्त्रद्वारा मृतक तीनों (पितृ-पितामह-प्रपितामह) का भी अलग-अलग तीन एकोद्दिष्ट करे, पार्वण न करे। क्योकि कोई प्रमाण नहीं है। यह ठीक नहीं है।

पित्रादयस्त्रयो यस्य शस्त्रैर्यातास्त्वनुक्रमात्। स भूते पार्वणं कुर्यादाह्निकानि पृथक् पृथक्॥

इति बृहत्पराशरोक्तेः—

बृहत्पराशर ने कहा है कि—पिता आदि तीन जिसके शस्त्रों द्वारा मरण को प्राप्त हो गये हैं वह चतुर्दशी को पार्वण करे तथा आह्निक (वार्षिक) आदि श्राद्ध अलग अलग करे।

एकस्मिन् वा द्वयोर्वापि विद्युच्छस्त्रेण वा हते। एकोद्दिष्टं सुतः कुर्यात्त्रयाणां दर्शवद्भवेत्। इति स्मृत्यन्तराच्चेति पृथ्वीचन्द्रोदये उक्तम्। अपरार्के हेमाद्रौ चैवम्।

और स्मृत्यन्तर में कहा है कि—एक या दो विजली या शस्त्र से मृत हो गये हों तो पुत्र एकोद्दिष्टश्राद्ध करे। तीन मृत हो तो दर्शवत् (अमावास्या के सदृश) श्राद्ध करे। पृथ्वीचन्द्रोदय ने भी कहा है। अपरार्कमें और हेमाद्रिमें भी यही है।

(चतुर्दश्यामेव शस्त्रादिना हते सति तस्य वार्षिकमेव पार्वणमेकोद्दिष्टं वा कार्यम्)

यस्तु अत्रैव शस्त्रादिना हतस्तस्य वार्षिकमेव पार्वणमेकोद्दिष्टं वा कार्यम् न तु श्राद्धद्वयं प्रसङ्गसिद्धेरिति पृथ्वीचन्द्रोदये।

जो यहाँ पर ही शस्त्रादि से मृत है उसका वार्षिक ही पार्वण या एकोद्दिष्ट करे, दो श्राद्ध न करे। क्योंकि—प्रसंगसिद्धि (चतुर्दशीश्राद्धं न भवतीति भावः। संक्रान्तिव्यतीपातादिनिमित्तकं तु चतुर्दश्यां पार्वणमेव। चतुर्दशीनिमित्तकं तु पृथक् कार्यं सपिण्डकत्वरूपविरुद्धधर्मसत्त्वात्।) से—यह पृथ्वीचन्द्रोदयमें कहा है।

अत्र श्राद्धाकरणेऽग्रिमापरपक्षे दिनान्तरे पार्वणेनैव कार्यमिति तत्रैवोक्तम्।

यदि श्राद्ध (यदि महालये चतुर्दशी श्राद्धं न कृतं तदा वृश्चिकदर्शनपर्यन्तं कस्मिंश्चिद्दिने कार्यम्) तिथि पर न हो सके तो अग्रिम अपरपक्ष—कृष्णपक्ष या किसीदिनमें पार्वणविधिसे ही करना चाहिये—यह वहाँ पर कहा है।

यद्यपि—शस्त्रविप्रहतानां च शृङ्गिदंष्ट्रिसरीसृपैः। आत्मनस्त्यागिनां चैव श्राद्धमेषां न कारयेत्॥ इति छागलेयाद्यैः शस्त्रादिहतानां श्राद्धं निषिद्धं तथापि प्रमादमृतानां श्राद्धार्हत्वात्कार्यं, वृद्धादिभिन्नबुद्धिपूर्वमृतानां तु न कार्यम्।

यद्यपि-शस्त्र, ब्राह्मण, सींग, दांत वाले, सर्प आदिसे जो मृत हो, जिन्होंने स्वयं ही अपनी आत्माओं का त्याग किया हो ऐसों का श्राद्ध न करे। यह छागलेय आदियों ने शस्त्र आदि द्वारा मृतकों का श्राद्ध निषेध कहा है। तथापि-प्रमादसे मरों का श्राद्धपूज्य होने से करे। वृद्धादिभिन्नों का बुद्धिपूर्वक मृतकोंका तो नहीं करना चाहिये।

यत्तु—चतुर्दश्यां तर्पणीया लुप्तपिण्डोदकक्रिया। इति ब्राह्मे, तद्गौणमिति शूलपाणिः। लक्षणायां मानाभावात्। पतितेनापि कर्तव्यं कर्तव्यं पतितस्य च। इति गयादिवद्विशेषविधिवलात्पतितान-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मपि कार्यमिति नव्यगौडाः। तत्त्वं तु समत्वमागतस्येत्यादिवशात्कृतक्रियाणां कार्यं नान्येषामिति वयं प्रतीमः।

जो ब्रह्मपुराण में कहा है कि—चतुर्दशीतिथिमें मरनेवालों तर्पण करे। पिण्डदान आदि क्रिया न करे। शूलपाणि ने कहा है कि-वह गौण (श्राद्धं निषिद्धामेवातस्तदभावातर्पणमेव कार्यम्) है। लक्षणामें (यथाश्रुतार्थत्वे तु शस्त्रादिहतानां श्राद्धं मुख्यं तर्पणमनुकल्प इति लभ्यते) प्रमाण का अभाव है।

अपतित का भी करे और पतित का भी करे। इसप्रकार गया आदि के सदृश विशेषविधिके बल से पतितों का भी करे—यह नव्यगौडों का कहना है। सिद्धान्त तो यह है कि—समत्वमागतस्य–इत्यादि वशसे जिनकी क्रिया हो चुकी है उनका श्राद्ध करे अन्योंका न करे—यह हमारी समझ है।

यत्तु मनुः—न पैतृयज्ञियो होमो लौकिकाग्नौ विधीयते। न दर्शेन विना श्राद्धमाहिताग्नेर्विधीयते॥ इति, अत्र पूर्वार्धं हेतुत्वेनोक्तम्। तद्यथाश्रुतमेव मन्यन्ते पृथ्वीचन्द्रोदयादयः। आहिताग्नेः पिण्डपितृयज्ञकल्पेन श्राद्धनिषेधार्थमिदं न तु साकल्पाऽदेरपीत्यस्मद्गुरवः। कृष्णपक्षश्राद्धमन्यदिनेषु प्राप्तमाहिताग्नेर्दर्शे नियम्यत इति तु वयम्। दर्शेन पार्वणेन विना श्राद्धं न। तेन क्वापि वार्षिकादावेकोद्दिष्टं नेति हरिहरः। इति चतुर्दशी।

जो मनु ने कहा है कि—पितृयज्ञका हवन लौकिकाग्निमें नहीं होता है। दर्श के विना आहिताग्निके श्राद्ध का विधान नहीं है। यहाँ पर पूर्वार्ध का हेतुत्व कहा है। इसलिये यथाश्रुतही है मानते हैं—पृथ्वीचन्द्रोदय आदि। आहिताग्निका पिण्डपितृयज्ञकल्प (अग्निसाध्येषु दर्शं विना पिण्डपितृयज्ञकल्पं विना साग्निको नाधिकारः) से श्राद्धनिषेधार्थ यह है। साकल्प के लिये नहीं है यह हमारे गुरुजी का कहना है। कृष्णपक्ष का श्राद्ध आहिताग्निको कृष्णपक्षीयश्राद्ध अन्य दिनों में जो प्राप्त है वह दर्शमें चाहिये—इस कथन से नियम करते हैं–यह हमारा मत है। दर्श–पार्वणके विना श्राद्ध न करे। इससे कहीं भी वार्षिक आदिमें एकोद्दिष्ट का विधान नहीं है—यह हरिहर का मत है।

(अमायां गजच्छायानिर्णयः)

अमायां विशेषमाहापरार्के यमः—हंसे करस्थिते या तु अमावास्या करान्विता।
सा ज्ञेया कुञ्जरच्छाया इति बौधायनोऽब्रवीत्॥

अमावास्या में विशेष अपरार्क में यमने कहा है कि—हस्तनक्षत्र के सूर्य में जो अमावास्या हस्त (करः) नक्षत्र से युक्त है। वह गजच्छाया[1] (कुञ्जरच्छाया) जाननी चाहिये, यह बौधायन ने कहा है।

वनस्पतिगते सोमे या छाया प्राङ्मुखी भवेत्।
गजच्छाया तु सा प्रोक्ता तस्यां श्राद्धं प्रकल्पयेत्॥

वनस्पति (अपराह्न) में गये चन्द्रमा में जो पूर्वाभिमुख छाया हो। वह गजच्छाया कही गयी है उस (अमावास्या के अपराह्न में होने वाली) गजच्छाया में श्राद्ध करे।

भारते—आजेन वापि लोहेन मघास्वेह यतव्रतः। हस्तिच्छायासु विधिवत्कर्णव्यजनवीजितम्॥ श्राद्धं दद्यादिति शेषः।

भारत में कहा है कि—अथवा वह नियमपूर्वक व्रत का पालन करके मघानक्षत्र में ही हाथी के शरीर की छाया में बैठकर उसके कानरूपी व्यंजन से हवा लेता हुआ अन्न-विशेष चावल का बना हुआ पायस या लौहशाक से विधिपूर्वक हमारा श्राद्ध करेगा। (महाभारत अनुशासनपर्व ८८ अध्याय श्लोक ८ पृ० ४४)।

(आश्विनशुक्लप्रतिपदि मातामहश्राद्धकथनम्)

आश्विनशुक्लप्रतिपदि दौहित्रस्य मातामहश्राद्धमुक्तं हेमाद्रौ सङ्ग्रहे च—जातमात्रोऽपि दौहित्रो विद्यमानोऽपि मातुले। कुर्यान्मातामहश्राद्धं प्रतिपद्याश्विने सिते॥ इति।

आश्विनशुक्ल प्रतिपदातिथि में दौहित्र (लड़की का लड़का) मातामह का श्राद्ध हेमाद्रि और

१—गजच्छाया द्विविधा–यौगिकी पारिभाषिकी च।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संग्रह में कहा है। उत्पन्न मात्र (उपनयनोत्तरमेवाधिकारो न ततः प्राक्) भी दौहित्र मामा (अपनी मा का भाई) के रहते हुए भी मातामह (नाना) का श्राद्ध आश्विनशुक्ल प्रतिपदातिथि को करे।

(इयं संगवव्यापिनी ग्राह्या)

इयं सङ्गवव्यापिनी ग्राह्या इति निर्णयदीपे उक्तम्—प्रतिपद्याश्विने शुक्ले दौहित्रस्त्वेकपार्वणम्। श्राद्धं मातामहं कुर्यात्सपिता सङ्गवे सदा॥ जातमात्रोऽपि दौहित्रो जीवत्यपि च मातुले। प्रातः सङ्गवयोर्मध्ये आर्यस्य प्रतिपद्भवेत्॥ इति वचनात्। अत्र समूलत्वं विमृश्यम्।

यह संगव (एक देशव्यापिनी) व्यापिनी ग्रहण करे यह निर्णयदीप में कहा है। आश्विनशुक्ल प्रतिपदाको दौहित्र मातामहका एकपार्वण संगव में सदा करे। उत्पन्नमात्र भी दौहित्र मामा के जीते हुए भी प्रातःकाल संगवके मध्यमें मातामह (आर्यस्य) का (अत्र सपत्नीकानामेव देवतात्वम्) श्राद्ध प्रतिपदा को करे। यहाँ पर समूलत्वमें (सङ्गवव्यापिनीग्राह्यत्वाद्येकवचनस्य निर्मूलत्वात् पार्वणत्वादपराह्णव्यापिनी ग्राह्या) मूल अन्वेषणीय है।

(मलमासे इदं श्राद्धं न कार्यम्)

इदं च मलमासे न कार्यम्। स्पष्टमासविशेषाख्याविहितं वर्जयेन्मले। इति निषेधात्।

इसको मलमास में नहीं करना चाहिये। क्योंकि—जहाँ मास विशेष की स्पष्टोक्ति न हो वहाँ मलमास में त्याग दे।

(जीवत्पितृकेणैव मातामहश्राद्धम्)

इदं जीवत्पितृकेणैव कार्यमिति शिष्टाः। इदं च शिष्टाचारात्सपिण्डं कार्यमिति केचित्। पिण्डरहितं तु युक्तम्। जीवत्पितृकस्य—मुण्डनं पिण्डदानं च प्रेतकर्म च सर्वशः। न जीवत्पितृकः कुर्याद् गुर्विणीपतिरेव च॥ इति दक्षेण पिण्डनिषेधात्। अन्वष्टक्यवद्विशेषवचनाभावाच्चेति संक्षेपः। इति महालयनिर्णयः।

इसको जीवत्पितृकही करे। यह शिष्टों का कहना है। इसको शिष्टाचार से सपिण्ड करे—यह किसी का मत है पिण्डरहित ही युक्त है।

जीवत्पितृकको-मुण्डन, पिण्डदान और प्रेतकर्म को जीवत्पितृक और गर्भवती स्त्री का पति न करे, यह दक्षने निषेध किया है। अन्वष्टकावत् विशेष वचनका अभाव है यह संक्षेप है।

(अथाश्विन शुक्लपक्षः)

(आश्विनशुक्लप्रतिपदि नवरात्रारंभनिर्णयकथनम्)

अथाश्विनशुक्लप्रतिपदि नवरात्रारम्भः। तन्निर्णयः। तत्र भार्गवार्चनदीपिकायां देवीपुराणे सुमेधा उवाच—शृणु राजन् प्रवक्ष्यामि चण्डिकापूजनक्रमम्। आश्विनस्य सिते पक्षे प्रतिपत्सु शुभे दिने॥ इत्युपक्रम्योक्तम्। शुद्धे तिथौ प्रकर्तव्यं प्रतिपच्चोर्ध्वगामिनी। आद्यास्तु नाडिकास्त्यक्त्वा षोडश द्वादशापि वा॥ अपराह्णे च कर्तव्यं शुद्धसन्ततिकांक्षिभिः॥ इदं चापराह्णयोगिन्याः प्राशस्त्यं द्वितीयदिने प्रतिपदोऽभावे ज्ञेयम्।

आश्विनशुक्लपक्षकी प्रतिपदातिथि में नवरात्रारंभ होता है। उसका निर्णय कहते हैं। भार्गवार्चनदीपिकामें देवीपुराण का वचन है कि—सुमेधा ने कहा है कि-हेराजन्, सुनो, चण्डिकाके पूजनका क्रम कहता हूँ। आश्विनशुक्लपक्ष की प्रतिपदातिथि के शुभदिन में, यह उपक्रम (प्रारंभ) कर कहा है—शुद्ध (अमास्पर्शरहिते) तिथि में प्रतिपदा ऊर्ध्वगामिनी (अमोर्ध्वगा) हो तो आद्य (पहली), सोलह या बारह नाडी (घड़ी) को त्यागकर शुद्ध (पवित्र) सन्तति की इच्छावाले अपराह्णमें करे और यह अपराह्ण (बारह बजे के बाद) प्राशस्त्य मात्र है। दूसरे दिन प्रतिपदा के अभावपरक जानना चाहिये।

तथा तत्रैव देवीपुराणे डामरतन्त्रे च देवीवचः—अमायुक्ता न कर्तव्या प्रतिवत्पूजने मम।
मुहूर्तमात्रा कर्तव्या द्वितीयादिगुणान्विता॥

वहीं पर देवीपुराण में तथा डामरतन्त्रमें देवी ने कहा है कि—अमावास्या से युक्त प्रतिपदामें मेरा पूजन न करे द्वितीया आदि तिथियों के गुणों से सहित मुहूर्तमात्र में करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(कलशस्थापनादिविचार)

आद्याः षोडश नाडीस्तु लब्ध्वा यः कुरुते नरः । कलशस्थापनं तत्र ह्यरिष्टं जायते ध्रुवम् ॥

जो मनुष्य पहली सोलह घड़ी को प्राप्तकर कलशस्थापन करता है उसे अरिष्ट निश्चय प्राप्त होता है।

मार्कण्डेयदेवीपुराणयोः—पूर्वविद्धा तु या शुक्ला भवेत्प्रतिपदाश्विनी । नवरात्रव्रतं तस्यां न कार्यं शुभमिच्छता ॥ देशभङ्गो भवेत्तत्र दुर्भिक्षं चोपजायते । नन्दायां दर्शयुक्तायां यत्र स्यान्मम पूजनम् ॥ इति ।

मार्कण्डेयपुराण और देवीपुराण में कहा है कि—जो आश्विनमास के शुक्ल की प्रतिपदा पूर्वविद्धा हो तो उसमें शुभ की इच्छा करनेवाला मनुष्य नवरात्रव्रत को न करे। उसमें देशभंग तथा दुर्भिक्ष होता है—अमावास्या के सहित नन्दामें जहाँ मेरा पूजन करता है।

स्कान्देऽपि—प्रतिपद्याश्विने मासि सा शुद्धा शुभदा भवेत् । भाद्रपञ्चदशी कृष्णा तया युक्ता न शस्यते ॥ विरुद्धफलदा सा हि पुत्रदारभयावहा ॥ इति ।

स्कन्दपुराण में भी कहा है कि-आश्विनमास के शुक्लपक्ष की प्रतिपदा शुद्धतिथि हो तो शुभ को देने वाली होती है। भाद्रपदकृष्णपक्ष की अमावास्या प्रतिपदातिथि से युक्त भी हो तो नहीं उत्तम है। वह विरुद्ध फल को देनेवाली पुत्र तथा स्त्री को भय देनेवाली होती है।

तथा-वर्जनीया प्रयत्नेन अमायुक्ता तु पार्थिव । द्वितीयादिगुणैर्युक्ता प्रतिपत्सर्वकामदा ॥

और पार्थिव, अमासहित प्रतिपदा प्रयत्न से छोड़ दे। द्वितीयादितिथि गुणों से युक्त प्रतिपदा सब कामनाओं को देनेवाली होती है।

तथा देवीपुराणे—यो मां पूजयते नित्यं द्वितीयादिगुणान्विताम् ।
प्रतिपच्छारदीं ज्ञात्वा सोऽश्नुते सुखमव्ययम् ॥

और देवीपुराणमें कहा है कि-जो मुझे शारदी (शरदऋतु) जानकर द्वितीयादिगुणों सहित प्रतिपदातिथि में नित्यपूजन करता है वह स्थायी सुखको प्राप्त करता है।

यदि कुर्यादमायुक्तां प्रतिपत्स्थापने मम । तस्य शापायुतं दत्त्वा भस्मशेषं करोम्यहम् ॥

यदि मुझको अमायुक्त प्रतिपदामें स्थापन करता है उसको अयुतशाप देकर भस्मशेष मैं करती हूँ।

आग्रहात्कुरुते यस्तु कलशस्थापनं मम । तस्य सम्पद्विनाशः स्याज्ज्येष्ठः पुत्रो विनश्यति ॥

जो आग्रहसे मेरा कलश का स्थापन करता है उसकी संपत्ति का नाश तथा सब से बड़े पुत्र का नाश करती हूँ।

अमायुक्ता न कर्तव्या प्रतिपच्चण्डिकार्चने । धनार्थिभिर्विशेषेण वंशहानिश्च जायते ॥

चण्डीकाके अर्चनमें अमायुक्त प्रतिपदा धनार्थि विशेषकर न ग्रहण करें। इससे वंशकी हानि होती है।

न दर्शकलया युक्ता प्रतिपच्चण्डिकार्चने । उदये द्विमुहूर्तापि ग्राह्या सोदयगामिनी ॥ इति ।

चण्डिकार्चन में प्रतिपदा अमावास्या युक्त एककला भी ग्रहण न करे। उदयकालमें दो मुहूर्त भी यदि प्रतिपदा हो तो ग्राह्य होती है।

देवीपुराणे—या चाश्वयुजि मासे स्यात्प्रतिपद्भद्रयान्विता । शुद्धा ममार्चनं तस्यां शतयज्ञफलप्रदम् ॥

देवीपुराण में कहा है कि-जो आश्विनमास की प्रतिपदा से भद्रा युक्त हो तो वह शुद्ध है, उसमें मेरा अर्चन सौ यज्ञ के फल को देनेवाला है।

रुद्रयामले—अमायुक्ता सदा चैव प्रतिपन्निन्दिता मता । तत्र चेत्स्थापयेत्कुम्भं दुर्भिक्षं जायते ध्रुवम् ॥ प्रतिपत्सद्वितीया तु कुम्भारोपणकर्मणि ॥ इति । यद्यपि रुद्रयामलं डामरं च निर्मूलं तथाप्यविरोधात्प्रचाराच्च तद्वचनानि लिख्यन्ते ।

रुद्रयामलमें कहा है कि-अमायुक्त प्रतिपदा सदा ही निन्दित है। उसमें यदि कुंभ का स्थापन होता है तो निश्चय दुर्भिक्ष होता है। अतः द्वितीयातिथि के सहित प्रतिपदा कुम्भारोपणकर्म में उत्तम है। यद्यपि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रुद्रयामलतन्त्र और डामरतन्त्र निर्मूल हैं-तथापि विरोध न होनेसे तथा प्रचारसे उन वचनों को लिखते हैं।

तिथितत्त्वे देवीपुराणेऽपि—प्रातरावाहयेद्देवीं प्रातरेव प्रवेशयेत् ।
प्रातः प्रातश्च सम्पूज्य प्रातरेव विसर्जयेत् ॥

तिथितत्त्व में और देवीपुराणमें भी कहा कि–प्रातःकाल[1] देवी का आवाहन करे। [2]प्रातःकालही प्रवेश करे। प्रातःकाल [3]पूजन करे और प्रातःकाल ही विसर्जन करे।

तत्रैव—शरत्काले महापूजा क्रियते या च वार्षिकी । सा कार्योदयगामिन्यां न तत्र तिथियुग्मता ॥

वहीं पर कहा है कि–शरत्कालसे जो वार्षिकी महापूजा की जाती है वह उदयकाल की तिथि में करे। उसमें दो तिथियों की युग्मता नहीं है। (संवत्सर के आदिमें—चैत्रशुक्ल प्रतिपदासे लेकर नवमी तिथितक पूजा का विधान है। वह शरद और वसन्त में तुल्य ही दुर्गोत्सव करे)।

तथा—कुहूकाष्ठोपसंयुक्तां वर्जयेत्प्रतिपत्तिथिम् । राज्यनाशाय सा प्रोक्ता निन्दिता चाश्वपूजने ॥ इति ।

और—अमावास्या की एक घड़ी से संयुक्त प्रतिपदातिथि को त्याग दे। क्योंकि वह राज्य के नाश के लिए कही है। (आश्विनमासीयदेवीपूजन में निन्दित है) या रेवन्तनामवाला देवताओंका अश्व है, अश्व पीडा के शान्त्यर्थ क्रियमाण या उसके पूजन परक है।

एषु वचनेषु कलशस्थापनग्रहणात्तदेव प्रथमे दिने निषिध्यते, न तूपवासादि । तस्य 'प्रतिपद्यप्यमावास्या' इति युग्मवाक्यात्, 'शुक्ला स्यात्प्रतिपत्तिथिः प्रथमतः' इति दीपिकोक्तेः, 'शुक्लपक्षे दर्शविद्धा' इति माधवोक्तेश्च पूर्वदिने प्राप्तस्य बाधे मानाभावादिति केचित् ।

वस्तुतस्तु पूर्वोक्तवाक्येषु चण्डिकार्चनपूजाग्रहणादुपवासादेश्चाङ्गत्वात्प्रधानदेवीपूजादावपि परेति युक्तम् ।

इन बचनों में कलशस्थापनग्रहणसे उसी कलशका ही प्रथमदिनमें निषेध है, उपवास आदिका नहीं है। क्योंकि उसका प्रतिपदा में भी अमावास्या हो, इस युग्मवाक्य से। शुक्ला प्रतिपदातिथि प्रथम होती है—यह दीपिका ने कहा है। माधव ने कहा है कि—शुक्लपक्षमें अमा से विद्धा प्रतिपदा ग्रहण करे। पूर्वदिन में प्राप्त के बाध में प्रमाणाभाव है-यह किसी का मत है। सिद्धान्त तो यह है कि—पूर्वोक्त वाक्यों में चण्डिकार्चनपूजा के ग्रहण से और उपवास आदि का अङ्ग होने से प्रधानदेवी पूजादि में भी परा ही युक्त है।

कलशस्थापनग्रहणं तूपलक्षणम् । अत एव देवलः—व्रतोपवासनियमे घटिकैकापि या भवेत् । सा तिथिस्तद्दिने पूज्या विपरीता तु पैतृके ॥ इति । अत्र घटिका मुहूर्त इति गौडाः ।

यदा तु पूर्वदिने सम्पूर्णा शुद्धा च भूत्वा परदिने वर्धते तदा सम्पूर्णत्वादमायोगाभावाच्च पूर्वैव । यानि च द्वितीयायोगनिषेधकानि वचनानि केचित्पठन्ति तान्यपि शुद्धाधिकनिषेधपराणि । परदिने प्रतिपदोऽत्यन्तासत्त्वे तु दर्शयुताऽपि पूर्वैव ग्राह्या ।

कलशस्थापन ग्रहण तो उपलक्षण (स्वरूपविशेष) है। इसीलिये देवल ने कहा है कि—व्रत तथा उपवास के नियममें एक घडी भी हो तो वह तिथि उसदिन पूज्य है। इसके विपरीत हो तो पितृकर्म में पूज्य है। यहाँ पर घटिका से मुहूर्त को ले—यह गौडों का मत है। जब पूर्वदिन में संपूर्ण तथा शुद्ध होकर दूसरे दिन बढती है तब संपूर्ण हो जाने से अमा के योग के अभावसे ही पूर्वा ही ग्रहण करे। जो द्वितीयायोगके निषेध करनेवाले वचनों को कोई पढते हैं वे भी शुद्धाधिक के निषेध परक हैं। दूसरे दिन प्रतिपदा अत्यन्त (सर्वथा) न रहने पर अमायुक्त भी पूर्वा ही ग्रहण करे।

१—यद्यपि यह पत्रपूजादिविषयक ही है। फिर भी देवीपूजा में इसकी योजना है। कारण इसका बाधक है नहीं। अतः अमायुक्त न करे। २—यहाँ प्रातः शब्द पूर्वाह्ण परकही है। ३—सम्यक् कल्पोदितां पूजां यदि कर्तुं न शक्नुयात्। उपचारांस्तथा दातुं, पञ्चैतान्वितरेत्तदा। गन्धं पुष्पं च धूपं च दीपं नैवेद्यमेव च। अभावे पुष्पतोयाभ्यां तदभावे तु भक्तितः॥ इति संक्षेपपूजोपदर्शनात् विस्तारपूजायाः पूर्वाह्णं विना दुष्करत्वादिनव्यगौडास्तदनुयायिनो दाक्षिणात्याश्च।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तदाह लल्लः—तिथिः शरीरं तिथिरेव कारणं तिथिः प्रमाणं तिथिरेव साधनम् । इति ।

उसी बात को लल्ल ने कहा है कि—तिथि ही शरीर है, तिथि ही कारण है, तिथि ही प्रमाण है और तिथि ही साधन है ।

यानि तु 'अमायुक्ता प्रकर्तव्या' इत्यादीनि नृसिंहप्रसादे वचनानि तानि समूलत्वे सत्येतद्विषयाणि ।

और जो 'अमायक्त प्रतिपदा को करे' इत्यादि नृसिंहप्रसादके वचन हैं, वे समूल हो तो इसी विषय के हैं ।

अत्रेदं तत्त्वम्—पूर्वोक्तवाक्यानां सर्वेषां हेमाद्र्याद्यलिखितत्वेन निर्मूलत्वात्तैश्चान्यनिर्णयस्यानुक्तेः सामान्यनिर्णयात्पूर्ववत्प्राप्तावपि गौडनिबन्धेषु विशेषनिर्णयादौदयिकी ग्राह्या । तत्रापि घटिकैकेत्यस्य द्विमुहूर्तस्तुतित्वोक्तेर्द्विमुहूर्ता ग्राह्या । 'उदिते दैवतं भानौ' इत्यत्र 'द्विमुहूर्तं त्रिरह्नश्च' इति औदयिक्याद्विमुहूर्तत्वनियमात् । तेन 'उदये द्विमुहूर्तापि' इत्याद्यनुसारोऽपि । 'मुहूर्तमात्रा कर्तव्या' इति तु द्विमुहूर्तस्तुतिः । अन्यथा द्विमुहूर्तविधिवैयर्थ्यात् ।

यहाँ पर यही तत्त्व है कि—पूर्वोक्त सब वाक्यों का हेमाद्रि आदि में न लिखने से निर्मूल हैं और उन्होंने अन्य निर्णय भी नहीं किया है । अतः सामान्यनिर्णय (युग्मवाक्य) से पूर्ववत् प्राप्तमें भी गौड निबन्धों में विशेष निर्णय से औदयिकी (उदये द्विमुहूर्ताऽपि ग्राह्या सोदयगामिनी) ग्रहण करे ।

वहाँ पर भी एक घटिका का हो तो दो मुहूर्त करे—स्तुति के लिये हैं । इससे दो मुहूर्त ग्रहण करे । क्योंकि—'सूर्योदय पर 'देवकर्म करे यहाँ पर दो मुहूर्त और तीन दिन इस औदयिक से दो मुहूर्त का नियम है । उससे उदय में दो मुहूर्त भी इसके अनुसार भी मुहूर्त मात्र करे इससे दो मुहूर्त की स्तुति है । अन्यथा द्विमुहूर्तविधि व्यर्थ हो जायगी ।

केचित्तु मुहूर्तमात्रेति वचनात्ततो न्यूनत्वे परा नेत्याहुः । गौडा अप्येवम् । अत्र देवीपूजैव प्रधानम् उपवासादि त्वङ्गम् । 'अष्टम्यां च नवम्यां च जगन्मातरमम्बिकाम् । पूजयित्वाऽऽश्विने मासि विशोको जायते नरः ॥ इति हेमाद्रौ भविष्ये तस्या एव फलसम्बन्धात्, 'नवमीतिथिपर्यन्तं वृद्ध्या पूजाजपादिकम् । इति तत्रैव देवीपुराणात् । 'शरत्काले महापूजा क्रियते या च वार्षिकी ।' इति मार्कण्डेयपुराणाच्च । पूर्ववचनादष्टमीनवमीपूजैव प्रधानमन्यत्सर्वमङ्गमिति गौडाः ।

किसी का कहना है कि—'मुहूर्त मात्रा' इस वचन से न्यून होने पर परा नहीं करे । गौडों ने भी यही कहा है । यहाँ पर देवीपूजा ही प्रधान है, उपवास आदि अंग है । आश्विनमास की अष्टमी और नवमीतिथि में मनुष्य जगन्माता अम्बिका का पूजन कर शोक से रहित हो जाता है । क्योंकि यह हेमाद्रि में भविष्यपुराण के कथन से ही अर्चन का फल संबन्ध है ।

वहीं पर देवीपुराण का मत है कि—नवमीतिथि तक वृद्धिक्रम से पूजा, जप आदि करे और मार्कण्डेय पुराण में भी कहा है कि-शरद्काल में जो मेरी वार्षिकी महापूजा करे । पूर्व वचन से अष्टमी या नवमी पूजा ही प्रधान है । अन्य सब अंग है-यह गौड मत है ।

(एकाहपक्षकथनम्)

एकाहपक्षोऽपि कालिकापुराणे—'यस्त्वेकस्यामथाष्टम्यां नवम्यामथ साधकः ।
पूजयेद्वरदां देवीं महाविभवविस्तरैः ॥ इति ।

एकाहपक्ष भी कालिकापुराण में कहा है कि—साधक मनुष्य जप किसी एकदिन अष्टमी या नवमीतिथि में वर देने वाली देवी का महान् विभव आदि विस्तारों से पूजा करे ।

तत्त्वं तु राजसूयेन्ययागैः समप्रधानायाः सहिताया अप्यवेष्टेः 'एतयान्नाद्यकामं याजयेत्' इत्येक-

---

१—उदिते दैवतं भानौ पित्र्यं चास्तमिते रवौ । द्विमुहूर्तं त्रिरह्नश्च ता तिथिर्हव्यकव्ययोः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्वान्मध्ये विधानाच्च यथा फलार्थो बहिःप्रयोगस्तथा नवरात्रमध्यस्थाया अष्टम्या नवम्या वा फलार्थः पृथक् प्रयोगः।

तत्त्व तो यह है कि—राजसूय में अन्ययागों के साथ सम प्रधान सहित अवेष्टिका ही 'एतयान्नाद्यं कामं याजयेत्' इसप्रकार एकत्वहोने से मध्यमें विधानकरने से (आग्नेयमष्टादशकपालं निर्वपति हिरण्यं दक्षिणा, ऐन्द्रमेकादशकपालमृषभो दक्षिणा, वैश्वदेवं चरुं पिशङ्गी पष्ठौही दक्षिणा, मैत्रावरुणीमामिक्षां वशा दक्षिणा, बार्हस्पत्यं चरुं शितिपृष्ठो दक्षिणा' इति। इस याग को 'अवेष्टि' कहा जाता है। अगर ब्राह्मण इस याग को करेगा तब–'बार्हस्पत्यं मध्ये निधायाऽऽहुतिमाहुतिं हुत्वा तमभिघारयेत्, जैसे फल के लिए राजसूय से भिन्न स्थल में भी स्वतन्त्ररूप से प्रयोग होता है। वैसे भी नवरात्र के अन्तर्गत अष्टमी या नवमी का फल के लिए स्वतन्त्ररूप से पृथक् प्रयोग हो जाता है।

रूपनारायणधृतदेवीपुराणे—महानवम्यां पूजेयं सर्वकामप्रदायिका। सर्वेषु चैव वर्णेषु तव भक्त्या प्रकीर्तिता॥ कृत्वाप्नोति यशोराज्यपुत्रायुर्धनसम्पदः॥' सा च काम्या नित्या च।

रूपनारायण में कहा गया देवीपुराण का वाक्य है कि—सारी कामनाओं को देनेवाली यह पूजा सब वर्णों में महानवमी में करे। यह मैंने तुमको भक्ति से कही है। जो पूजा करेगा उसे यश, राज्य, पुत्र, आयु, धन तथा सम्पत्ति प्राप्त होगी। यह पूजा काम्य और नित्य है।

'एवमन्यैरपि तथा देव्याः कार्यं प्रपूजनम्। विभूतिमतुलां लब्धुं चतुर्वर्गप्रदायकम्॥ इति। यो मोहादथवाऽऽलस्याद्देवीं दुर्गामहोत्सवे। न पूजयति दम्भाद्वा द्वेषाद्वाऽप्यथ भैरवी॥ क्रुद्धा भगवती तस्य कामानिष्टान्निहन्ति वै॥ इति कालिकापुराणे फलनिन्दाश्रुतेः।

कालिकापुराण में इन वचनों से फल की निन्दा सुनी है—इसप्रकार अन्य मनुष्य भी देवी का पूजन करें। जिससे अतुल (अपार) विभूति (ऐश्वर्य), धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष करने के लिए जो मोह या दम्भ तथा द्वेष से दुर्गामहोत्सव में देवी की पूजा नहीं करता है तो भैरवी भगवती क्रुद्ध होकर उसकी सारी कामनाओं को निश्चित नाश कर देती है।

वर्षे वर्षे विधातव्यं स्थापनं च विसर्जनम्। इति तिथितत्त्वे देवीपुराणाच्च।

और तिथितत्त्व में देवीपुराण का मत है कि-प्रतिवर्ष में देवीका स्थापन और विसर्जन करे।

(अत्रोपवासादिकथनम्)

अत्रोपवासादिकमुक्तं हेमाद्रौ भविष्ये—एवं च विन्ध्यवासिन्यां नवरात्रोपवासतः। एकभक्तेन नक्तेन तथैवायाचितेन च॥ पूजनीया जनैर्देवी स्थाने स्थाने पुरे पुरे। गृहे गृहे शक्तिपरैर्ग्रामे ग्रामे वने वने॥ स्नातैः प्रमुदितैर्हृष्टैर्ब्राह्मणैः क्षत्रियैर्नृपैः। वैश्यैः शूद्रैर्भक्तियुक्तैर्म्लेच्छैरन्यैश्च मानवैः॥ इति।

यहाँ पर उपवास आदि हेमाद्रि में भविष्यपुराण कथन से कहा है कि—इसतरह विन्ध्यवासिनी के प्रीत्यर्थ—नवरात्र में उपवास, एकवार रात्रिभोजन, वैसे ही अयाचित भोजन से सब मनुष्य, हर जगह में गाँव-गाँवमें घर-घर में, जंगल-जंगल में, शक्ति से स्नान करने बाद अत्यन्त प्रसन्नता से ब्राह्मण, क्षत्रिय राजा, वैश्य, शूद्र, म्लेच्छ, अन्य मानवगण, भक्ति से देवी का पूजन करे या स्थान स्थान में ब्राह्मण, पुर-पुर में में क्षत्रिय राजा, घर-घर में वैश्य, गांव-गांव में-शूद्र और वन-वन में म्लेच्छ करे। अन्यों से-प्रतिलोमानुलोम का ग्रहण है।

(किरातानां विना मन्त्रैः–तामसीपूजा)

यत्तु रूपनारायणीये भविष्ये—एवं नानाम्लेच्छगणैः पूज्यन्ते सर्वदस्युभिः। इति तत्तामसपूजापरमिति। 'विना मन्त्रैस्तामसी स्यात्किरातानां तु सम्मता। इति तत्रैवोक्तेः।

जो रूपनारायणीय में भविष्यपुराण का मत है कि—इसतरह अनेकतरह के म्लेच्छगण और सब दस्युगण जो पूजा करते हैं, वह [1]तामसपूजापरक हैं।

१—पूजा त्रिविधा–भविष्ये–राजसी सा धूपचारैर्जपयज्ञैर्विना तु या। विना मन्त्रैस्तामसी स्यात्किरातानां तु संमता। तत्र सात्त्विक्यां ब्राह्मणस्यैवाधिकारो राजस्यां क्षत्रियादेश्च।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वहीं कर कहा है कि—विना मन्त्रों के जो पूजा होती है वह तामसी होती है—वह किरातों (म्लेच्छादि का उपलक्षण है, साम्य होने से) के (भिल्लों) के लिए संमत है।

(पूजायास्त्रैविध्यम्)

मदनरत्ने देवीपुराणेऽपि—कन्यासंस्थे रवौ शक्र शुक्लामारभ्य नन्दिकाम्। अयाची ह्यथवैकाशी नक्ताशी वाथवाम्बदः ॥ भूमौ शयीत चामन्त्र्य कुमारीर्भोजयेन्मुदा। वस्त्रालङ्कारदानैश्च सन्तोष्याः प्रतिवासरम् ॥ बलिं च प्रत्यहं दद्यादोदनं मांसमाषवत्। त्रिकालं पूजयेद्देवीं जपस्तोत्रपरायणः ॥ इति। नन्दिका प्रतिपत्तिथिरिति मैथिलाः, षष्ठीति गौडाः।

हे पत्रिके, हे देवि, संसार के कल्याण के हेतु उठो। हमारी संपूर्ण पूजा को ग्रहण करो और वरदान को देनेवाली हो।

मेरुमन्दरकैलासहिमवच्छिखरे गिरौ । जातः श्रीफलवृक्ष त्वमम्बिकायाः सदा प्रियः ॥ इति सम्प्रार्थ्य—

हे श्रीफलवृक्ष, आप मेरुपर्वत, मन्दराचलपर्वत, कैलाशपर्वत तथा हिमवान् पर्वत के शिखर पर उत्पन्न हुए हो अतः आप सदा अम्बिका को प्रिय हो।

ॐ छिन्धि फट् फट् ॐ हुं फट् स्वाहा' इति छित्त्वा सम्पूज्य—'ॐ चामुण्डे चल चल' इति वाद्यघोषेण देवीं तां च गृहे प्रवेश्य—

इसप्रकार प्रार्थना (कृताञ्जलि आदि) कर 'छिन्धि फट् फट् ॐ हुँ फट् स्वाहा' इससे छेदन और पूजन (नाममन्त्र से बिल्वशाखा तथा देवीका आवाहनपूर्वक अर्चन) कर 'चामुण्डे चल चल' इस मन्त्र से वाद्यघोष (मत्स्यपुराणे—गीतवादित्रनिर्घोषं देव्या अग्रे च कारयेत् । घण्टा भवेदशक्तस्य सर्ववाद्यमयी यतः ॥ (बाजों के शब्द) से देवी को तथा शाखा (दोलनादिना शाखां देवीं च गृहमानयेत्) को घर (पूजागृह) में ले आवे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आरोपिताऽसि दुर्गे त्वं मृन्मय्यां श्रीफलेऽपि च। स्थिरा नितान्तं भूत्वा च गृहे त्वं कामदा भव॥ इति स्थिरीकृत्य रम्भादिपत्रिकाः पञ्चगव्येन पञ्चामृतेन च स्नापयित्वा वस्त्रेणावेष्ट्य स्थापयेत्। ततः पूर्ववत्सङ्कल्पं कृत्वा अक्षतानादाय देवीमावाहयेत्।

हे दुर्गे, आप मृत्तिका में तथा श्रीफल में भी आरोपित (स्थापना) की गयी हो। आप घर पर निरन्तर स्थिर होकर इच्छाओं को दो। इसप्रकार स्थिर कर रंभादि पत्रिकाओं को पञ्चगव्य से तथा पञ्चामृत से स्नान कराकर वस्त्र से लपेट कर अक्षत (चावल) लेकर देवीका आवाहन करे।

(देव्यावाहनमन्त्राः)

तत्र मन्त्रः—आवाहयाम्यहं देवि मृन्मय्यां श्रीफले तथा। कैलासशिखराद्देवि विन्ध्याद्रेर्हिमपर्वतात्। आगत्य बिल्वशाखायां चण्डिके कुरु सन्निधिम्। स्थापिताऽसि मया दुर्गे पूजये त्वां प्रसीद मे॥

उसमें मन्त्र यों है—हे देवि, मृत्तिका तथा श्रीफल में मैं देवीका आवाहन करता हूँ। कैलाशशिखर से, विन्ध्यपर्वत से तथा हिमाचलपर्वत से आकर हे चण्डिके, बिल्व की शाखा में सन्निधि (हे दुर्गे भगवति, यहाँ पर आओ) करो। हे दुर्गे, मेरे द्वारा स्थापित हो आपकी मैं पूजा करता हूँ, अतः मेरे पर प्रसन्न हो।

आयुरारोग्यमैश्वर्यं देहि देवि नमोऽस्तु ते। दुर्गे दुर्गस्वरूपाऽसि सुरतेजोमयेऽर्चिते॥

हे देवि, आयु, आरोग्यता तथा ऐश्वर्य दो। अतः आप के लिये नमस्कार है। हे दुर्गे, आप दुर्गे-स्वरूपा हो। देवताओं का तेजरूप होने से पूजित हो।

सदानन्दकरे देवि प्रसीद मम सिद्धये। एह्येहि भगवत्यम्ब शत्रुक्षयजयप्रदे। भक्तितः पूजयिष्यामि त्वां दुर्गे देवि सुरार्चिते।

हे देवि, निरन्तर आनन्द को करनेवाली मेरी सिद्धि के लिए प्रसन्न हो। हे भगवति, हे अम्ब, शत्रुक्षयजयप्रदे,—(शत्रुओंके क्षय को करनेवाली एवं जय को देनेवाली) देवताओं से पूजित हे दुर्गे, हे देवि, आपकी भक्ति से पूजा करता हूँ।

पल्लवैश्च फलोपेतैः पुष्पैश्च सुमनोहरैः॥ पल्लवे संस्थिते देवि पूजये त्वां प्रसीद मे। दुर्गे देवि इहागच्छ सान्निध्यमिह कल्पय। यज्ञभागान् गृहाण त्वं योगिनीकोटिभिः सह॥ इति।

पल्लवों, फलों और सुमनोहर पुष्पों से पल्लव में स्थित आप का हे देवि, पूजा करता हूँ। अतः मुझ पर प्रसन्न हो। हे दुर्गे, हे देवि, यहाँ पर आओ, यहाँ पर सान्निध्य की कल्पना करो। करोड़ों योगिनियों के साथ आप यज्ञ के भागों को ग्रहण करो।

ततो मूलमन्त्रेण पाद्यादिगन्धान्तोपचारैः--अमृतोद्भवं च श्रीवृक्षं शङ्करस्य सदा प्रियम्। बिल्वपत्रं प्रयच्छामि पवित्रं ते सुरेश्वरि॥ इति बिल्वपत्रम्।

तदनन्तर मूलमन्त्रसे पाद्य आदि गन्धान्त उपचारों से अर्चना करे। हे सुरेश्वरि, अमृत से प्रादुर्भूत श्रीशंकर को सदा प्रिय लगने वाला हे सुरेश्वरि, श्रीवृक्ष है। मैं आपके लिए उस वृक्ष से पवित्र बिल्वपत्र को देता हूँ।

(ब्रह्म-विष्णु-शिवादीनां द्रोणपुष्पविचारः)

ब्रह्माविष्णुशिवादीनां द्रोणपुष्पं सदा प्रियम्। तत्ते दुर्गे प्रयच्छामि सर्वकामार्थसिद्धये। इति द्रोणपुष्पं निवेद्य धूपादिदक्षिणान्तां पूजां मूलेन कृत्वा प्रार्थयेत्—

ब्रह्मा, विष्णु, शिव आदि को द्रोणपुष्प (गोमपुष्प) सदा प्रिय है। सब कामनाओं की सिद्धि के लिए आपको हे दुर्गे, देता हूँ। इससे द्रोणपुष्प को निवेदन धूप आदि दक्षिणान्त (पुष्पधूपदीपनैवेद्याचमनताम्बूलदक्षिणाः मूलेन जयन्तीमन्त्रेण 'दुर्गायै नमः' इत्यनेन वा समर्प्य स्तुतिभिः स्तुत्वा प्रणम्य ब्रह्माञ्जलिः प्रार्थयेत्) पूजा को मूलमन्त्र से कर प्रार्थना करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(दुर्गाप्रार्थना)

ॐमहिषघ्नि महामाये चामुण्डे मुण्डमालिनि । आयुरारोग्यमैश्वर्यं देहि देवि नमोऽस्तु ते ॥

हे महिषघ्नि, हे महामाये, हे चामुण्डे हेमुण्डमालिनि, आयु, आरोग्यता एवं ऐश्वर्य को दो । अतः हे देवि, आपके लिए नमस्कार है ।

कुङ्कुमेन समालब्धे चन्दनेन विलेपिते। बिल्वपत्रकृतापीडे दुर्गेऽहं शरणं गतः ॥ रूपं देहि यशो देहि भगं भवति देहि मे। पुत्रान् देहि धनं देहि सर्वान्कामांश्च देहि मे ॥ 'सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये' इति च संप्रार्थ्य–

कुंकुम (केसर) चन्दन और बिल्वपत्र धारण करनेवाली दुर्गे, तुम्हारी शरण में आया हूँ। हे भवति, रूप दो, यश दो, ऐश्वर्य दो, पुत्रों को दो, धन दो और सारी मनोकामनाओं को पूर्ण करो ।

'सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके । शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥' इस श्लोक से प्रार्थना करे ।

(कदल्यादिपत्रेषु ब्रह्माण्याद्यावाहनम्)

पत्रिकाः पूजयेत् । कदल्याम्–ब्रह्माणीम्, दाडिमे–रक्तदन्तिकाम्, धान्ये–लक्ष्मीम्, हरिद्रायाम्–दुर्गाम्, माने–चामुण्डाम्, कवौ–कालिकाम्, बिल्वे–शिवाम्, अशोके–शोकरहिताम्, जयन्त्याम्–कार्तिकीं चावाह्य संपूज्य दुर्गायै बलिं दद्यात् । अत्र शस्त्रादिपूजा वक्ष्यते ।

पत्रिकाओं की पूजा करे—केले में ब्राह्मणी को,[1] अनार में रक्तदन्तिका[2] को, धान्य में–लक्ष्मी को[3], हलदी में—दुर्गा को[4], मान (वंगदेश में मान नाम का प्रसिद्ध कन्द है) में चामुण्डा को[5], कवि ('कवि' इति तु मृग्यम्) में—कलिकाको[6], बिल्व में—शिवाको[7], अशोक में—शोकरहिताको[8] और जयन्ति में—(वानस्पतिविशेष) कार्तिकी को[9] आवाहन कर पूजन कर दुर्गा के[10] लिए वलि दे । शस्त्रादि की पूजा आगे कहेंगें ।

(दुर्गास्तुतिः)

ततः स्तुतिं पठेत् । तदुक्तं शिवरहस्ये—दुर्गां शिवां शान्तिकरीं ब्रह्माणीं ब्रह्मणः प्रियाम् ।
सर्वलोकप्रणेत्रीं च प्रणमामि सदाशिवाम् ॥

तदनन्तर स्तुति को पढे । उसी बात को शिवरहस्य में कहा है कि—दुर्गाको, शिवाको, शान्तिकरी को, ब्रह्माणी को ब्राह्मणप्रिया को, सर्वलोकप्रणेत्री को और सदा शिवाको मैं प्रणाम करता हूँ ।

१—भूताः प्रेतपिशाचाश्च ये वसन्त्यत्र भूतले । ते गृह्णन्तु मया दत्तो बलिरेष प्रसाधितः ॥ पूजिताः गन्धपुष्पाद्यैर्बलिभिस्तर्पितास्तथा । देशादस्माद्विनिष्क्रम्य पूजां पश्यन्तु मत्कृताम् ॥ 'अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूमिपालकाः । भूतानामविरोधेन देवीपूजां करोम्यहम् ॥ 'स्थितेषु तत्र भूतेषु नैवेद्यं मण्डलं तथा । विलुम्पन्ति महालुब्धा न च गृह्णन्ति देवताः । तस्माद्यत्नेन कर्तव्यं भूतानामपसारणम् । रुद्रयामले—लाजचन्दनसिद्धार्थं फलपुष्पकुशाक्षताः । विकिरा इति संप्रोक्ताः सर्वविघ्नविनायकाः ॥ विकिरान्विकिरेत्तत्र सप्त जप्तान् शराणुना । 'भूतप्रेतपिशाचेभ्यो रक्षोभ्यश्च महेश्वरि । देवेभ्यो भानुषेभ्यश्च भयेभ्यो रक्ष मां सदा ॥

१—दुर्गे देवि समागच्छ सान्निध्यमिह कल्पय । रंभारूपेण सर्वत्र शान्तिं कुरु नमोऽस्तु ते ॥ २—महिषासुरयुद्धेषु कविभूतासिसु व्रते । मनुष्याऽनुग्रहार्थाय आगतासि हरप्रिये ॥ ३—हरिद्रे वरदे देवि उमारूपासि सुव्रते । मम विघ्नविनाशाय पूजां गृह्ण प्रसीद मे ।। ४—निशुम्भशुम्भमथने सेन्द्रैर्देवगणैः सह । पूजिताऽसि जयन्ती त्वमस्माकं वरदा भव ॥ ५—महादेवप्रियकरो वासुदेवः प्रिय सदा । उमाप्रीतिकरो वृक्षो बिल्ववृक्ष नमोऽस्तु ते ॥ ६—दाडिम त्वं पुरा युद्धे रक्तबीजस्य संमुखे । उमाकार्यं कृतं तस्मादस्माकं वरदा भव ॥ ७—हरप्रीति करो वृक्षो अशोकः शोकनाशनः । दुर्गाप्रीतिकरो यस्माज्जन्मामशोकं सदा कुरु ॥ ८—यस्य पत्रे वसेद्देवी मानवृक्ष शचीप्रिय । मम चाऽनुग्रहार्थाय पूजां गृह्ण प्रसीद मे ॥ ९—जगतः प्राणरक्षार्थं ब्रह्मणा निर्मितं पुरा । उमाप्रीतिकरं धान्यं तस्मात्त्वं रक्ष मां सदा ॥'पत्रिके नवदुर्गे त्वं महादेव मनोरमे । पूजां समस्तां संगृह्य रक्ष मां त्रिदशेश्वरि ॥ 'धन्योऽहं कृतकृत्योऽहं सफलं जीवितं मम । आगताऽसि यतो दुर्गे माहेश्वरि मदाश्रमम् ॥ 'दुर्गाग्रतो जपेन्मन्त्रमेकचित्तः समाहितः । 'माहात्म्यं भगवत्यास्तु पुराणादिषु कीर्तितम् । पठेच्च शृणुयाद्वापि सर्वकामसमृद्धये ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मङ्गलां शोभनां शुद्धां निष्कलां परमां कलाम्। विश्वेश्वरीं विश्वमातां चण्डिकां प्रणमाम्यहम् ॥

मंगला, शोभना, शुद्धा, निष्कला, परमा, कला, विश्वेश्वरी, विश्वमाता तथा चण्डिको को मैं प्रणाम करता हूँ।

सर्वदेवमयीं देवीं सर्वरोगभयापहाम्। ब्रह्मेशविष्णुनमितां प्रणमामि सदा उमाम् ॥

सर्वदेवमयी को, सब रोगों के भय को दूर करनेवाली को, ब्रह्मा, ईशर (शंकर) तथा विष्णु के द्वारा पूजिता को, एसी उमाको सदा प्रमाण करता हूँ।

विन्ध्यस्थां विन्ध्यनिलयां दिव्यस्थानविलासिनीम्। योगिनीं योगमातां च चण्डिकां प्रणमाम्यहम्॥

विन्ध्याचल में स्थित, विन्ध्यपर्वत जिसका घर है, दिव्यस्थान में निवास करनेवाली, योगिनी तथा योगमाता चण्डिका को मैं प्रणाम करता हूँ।

ईशानमातरं देवीमीश्वरामीश्वरप्रियाम्। प्रणतोऽस्मि सदा दुर्गां संसारार्णवतारिणीम् ॥

ईशानमाता देवी, ईश्वरी और ईश्वरप्रिया को, संसारसागर से पार लगाने वाली दुर्गा को मैं प्रणाम करता हूँ।

य इदं पठते स्तोत्रं शृणुयाद्वापि यो नरः। स मुक्तः सर्वपापैस्तु मोदते दुर्गया सह ॥

जो मनुष्य इस स्तोत्र को पढता है या सुनता है वह सब पापों से मुक्त हो जाता है तथा दुर्गा के साथ आनन्द करता है।

(अथ महाष्टमीनिर्णयः)

अथ महाष्टमी। सा च परयुता। शुक्लपक्षेऽष्टमी चैव शुक्लपक्षे चतुर्दशी। पूर्वविद्धा न कर्तव्या कर्तव्या परसंयुता ॥ इति ब्रह्मवैवर्तात्।

अब महा अष्टमी कहते हैं। वह अष्टमीतिथि परयुता (अर्थात्—पत्रीपूजा के अतिरिक्त देवीपूजा में) ले। ब्रह्मपुराण का मत है कि—शुक्लपक्ष में अष्टमी और शुक्लपक्ष में चतुर्दशी को पूर्वविद्धा न करे। पर तिथि से युक्त करे।

(सप्तमीसंयुता अष्टमीविचारः)

मदनरत्ने स्मृतिसङ्ग्रहे—शरन्महाष्टमी पूज्या नवमीसंयुता सदा।
सप्तमीसंयुता नित्यं शोकसन्तापकारिणीम् ॥

मदनरत्न में स्मृतिसंग्रह का वचन है कि—सदा शरद्काल में नवमीतिथि से युक्त महा-अष्टमी पूज्य होती है। सप्तमीतिथि से युक्त अष्टमीतिथि नित्य शोक तथा सन्ताप को करनेवाली होती है।

जम्भेन सप्तमीयुक्ता पूजिता तु महाष्टमी। इन्द्रेण निहतो जम्भस्तस्माद्दानवपुङ्गवः ॥

सप्तमी से युक्त महा अष्टमी की जम्भ ने पूजा की। इसीकारण दानवों में श्रेष्ठ जंभ को इन्द्र ने मारा।

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन सप्तमीमिश्रिताष्टमी। वर्जनीया प्रयत्नेन मनुजैः शुभकाङ्क्षिभिः ॥

इसकारण से सबप्रकार से सप्तमीमिश्रित अष्टमी को शुभ की इच्छा वाले मनुष्यों को प्रयत्न से त्यागना चाहिये।

सप्तमीं शल्यसंयुक्तां मोहादज्ञानतोऽपि वा। महाष्टमीं प्रकुर्वाणो नरकं प्रतिपद्यते ॥

मोह या अज्ञान से शल्ययुक्त—सप्तमी से युक्त महा-अष्टमी को जो करता है वह नरक में जाता है।

(शल्यस्वरूपकथनम्)

सप्तमी कलया यत्र परतश्चाष्टमी भवेत्। तेन शल्यमिदं प्रोक्तं पुत्रपौत्रक्षयप्रदम् ॥

जहाँ पर कलामात्र सप्तमी से पर अष्टमी हो। उसी को शल्य—यह कहा जाता है। जो पुत्र और पौत्र के क्षय को करने वाली है।

तथा—पुत्रान् हन्ति पशून् हन्ति राष्ट्रं हन्ति सराज्यकम्। हन्ति जातानजातांश्च सप्तमीसहिताष्टमी ॥ तेन वात्र त्रिमुहूर्तवेधः। तदा घटिकामात्राप्यौदयिकी ग्राह्या।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और सप्तमी सहित अष्टमी तो—पुत्रों को नाश करती है। पशुओंको नाश करती है। राष्ट्र (देश) तथा राज्य का नाश करती है और उत्पन्न हुए न उत्पन्न हुओं का नाश करती है।

इससे यहाँ पर तीन मुहूर्त का वेध नहीं है। तब घटिकामात्र भी औदयिकी (उदयकाल की) ग्रहण करे।

व्रतोपवासनियमे घटिकैकापि या भवेत् ॥ इति देवलोक्तेः । गौडा अप्येवमाहुः ।

देवल ने कहा है कि—व्रत और उपवास के नियम में जो एक घडी भी हो। गौड भी यही (नव्य गौडास्तु सूर्योदये कालाकाष्ठादियुतामपीच्छन्ति। 'यस्यां सूर्योदयो भवेत्। इति वचनेणाष्टम्याः सूर्योदयाभावे तु सप्तमीविद्धा ग्राह्या) कहते हैं।

अत एवोक्तं भोजराजेन 'न च सप्तमी शल्यसमोपहता' इति इयं भौमेऽतिप्रशस्ता।

इसीलिये ही भोजराज ने कहा कि—सप्तमी शल्ययुक्त अष्टमी न करे। मदनरत्न में स्मृतिसमुच्चय का वचन है कि—यह मंगलवार में अतिप्रशस्त (अत्यन्त उत्तम) है।

अष्टम्यामुदिते सूर्ये दिनान्ते नवमी भवेत्। कुजवारो भवेत्तत्र पूजनीया प्रयत्नतः ॥ इति मदनरत्ने वचनात्।

मदनरत्न का वचन है कि—अष्टमीतिथि में सूर्योदय के उदय होने पर तथा दिनान्त में नवमी हो तथा उस दिन मंगलवार भी हो तो वह प्रयत्न से पूजनीय होती है।

सप्तमीशल्यसंविद्धा वर्जनीया सदाष्टमी। स्तोकापि सा महापुण्या यस्यां सूर्योदयो भवेत् ॥ इति मदनरत्ने स्मृतिसमुच्चयवचनात्।

मदनरत्न में स्मृतिसमुच्चय का वचन है कि—अष्टमीतिथि सप्तमीतिथिरूपशल्य से संविद्ध त्याग दे। अल्प भी वह महापुण्य को देनेवाली होती है, जिसमें सूर्योदय हो।

अष्टमी नवमीयुक्ता नवमी चाष्टमीयुता। इति पाद्मवचनाच्च। इयमेव मूलयुक्ता चेन्महानवमी संज्ञा। आश्वयुक्शुक्लपक्षे याऽष्टमी मूलेन संयुता। सा महानवमी प्रोक्ता त्रैलोक्येषु सुदुर्लभा ॥ इति हेमाद्रौ स्कान्दात्।

और पद्मपुराण का वचन है कि—अष्टमीतिथि नवमी से युक्त हो या नवमीतिथि अष्टमीतिथि से युक्त हो। यही ही मूलनक्षत्र से युक्त हो तो उसे 'महानवमी' इस नाम से कहा जाता है।

हेमाद्रि का वाक्य है कि—आश्विनशुक्लपक्ष में मूलनक्षत्र से युक्त अष्टमी है। त्रैलोक्य में भी सुदुर्लभ वह महानवमी कही जाती है।

मूलयुक्तापि सप्तमीयुता चेत्त्याज्यैवेत्युक्तं निर्णतामृते दुर्गोत्सवे—मूलेनापि हि संयुक्ता सदा त्याज्याष्टमी बुधैः। लेशमात्रेण सप्तम्या अपि स्याद्यदि दूषिता ॥ इति।

मूलनक्षत्र से युक्त भी सप्तमी युक्त हो तो भी त्याज्य ही है यह निर्णयामृत के दुर्गोत्सव में कहा है कि—लेशोमात्र युक्त सप्तमी से दूषित हो विद्वान् पुरुष—मूलनक्षत्र से युक्त भी अष्टमी को सदा त्याग दें।

महाष्टमी पूर्वेद्युः पूर्वाह्णव्यापित्वे पूर्वाऽन्यथा परैवेति निर्णयदीपमतम्। एतच्च तुच्छत्वादुपेक्ष्यम्।

पहले दिन पूर्वाह्णव्यापि हो तो महा अष्टमी पूर्वा ले। अन्यथा तो परा ही स्वीकार करे। यह निर्णयदीपका मत है। यह तुच्छ (ऋक्षयोग में भी वचन बल से अनादर है) होने से उपेक्ष्य है।

रूपनारायणधृते देवीपुराणे—सप्तमीवेधसंयुक्ता यैः कृता तु महाष्टमी।
पुत्रदारधनैर्हीना भ्रमन्तीह पिशाचवत् ॥

रूपनारायण में देवीपुराण का बचन है कि—जिनों ने सप्तमीवेध से युक्त महा-अष्टमी को किया वे लोग इससंसार में पुत्र, स्त्री तथा धन से हीन होकर पिशाच के सदृश भ्रमण करते हैं।

यत्तु—सप्तम्यामुदिते सूर्ये परतो याष्टमी भवेत्। तत्र दुर्गोत्सवं कुर्यान्न कुर्यादपरेऽहनि ॥ इति विश्वरूपनिबन्धवचनं तदाश्विनकृष्णाष्टमीविषयम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जो—सप्तमी में सूर्य से उदय होने पर जो अष्टमी हो उसमें दुर्गोत्सव करे, दूसरे दिन न करे। यह विश्वरूपनिबन्ध वचन है, वह आश्विनकृष्ण अष्टमीविषयक है।

कन्यायां कृष्णपक्षे तु पूजयित्वाष्टमीदिने। नवम्यां बोधयेद्देवीं गीतवादित्रनिःस्वनैः॥ इति देवीपुराणे तत्रापि पूजोक्तेरिति हेमाद्रौ निर्णयामृते चोक्तम्।

कन्या के सूर्य में कृष्णपक्ष की अष्टमी को रोज पूजाकर नवमीतिथि को देवी का गीत, वादित्र (बाजा) के शब्दों से बोधन (जागरण) करावे। यह देवीपुराण में है। उसमें भी वचन से पूजा कही है—यह हेमाद्रि में निर्णयामृत में कहा है।

यानि तु—भद्रायां भद्रकाल्याश्च मध्ये स्यादर्चनक्रिया।
तस्माद्वै सप्तमीविद्धा कार्या दुर्गाष्टमी बुधैः॥ इति,

जो कि ये वचन हैं कि—भद्रा (सप्तमी) में भद्रवाली की मध्य में अर्चनक्रिया होती है। इसलिए ही सप्तमीविद्धा दुर्गाष्टमी विद्वान् करें।

यच्च मोहचूलोत्तरे ब्राह्मे च—आश्विनस्य सिताष्टम्यामर्धरात्रे तु पार्वती।
भद्रकाली समुत्पन्ना पूर्वाषाढासमायुता॥ इति,

जो मोहचूलोत्तर में ब्रह्मपुराण मत से कहा है कि–आश्विनमास के शुक्लपक्ष की अष्टमी की आधी रात में पूर्वाषाढनक्षत्र से युक्त पार्वती—भद्रकाली उत्पन्न हुई।

तथा—तत्राष्टम्यां भद्रकाली दक्षयज्ञविनाशिनी। प्रादुर्भूता महाघोरा योगिनीकोटिभिः सह॥ इति।'

और इसी अष्टमीतिथि में दक्षयज्ञ को विनाश करने वाली, करोड़ों योगिनियों के साथ महा भयंकर भद्रकाली उत्पन्न हुई।

यच्च मदनरत्ने—महाष्टम्याश्विने मासि शुक्ला कल्याणकारिणी। सप्तम्यापि युता कार्या मूलेन तु विशेषतः॥ इति, तानि परदिनेऽष्टम्यभावविषयाणीति मदनरत्ने उक्तम्।

और जो मदनरत्न में कहा है कि—आश्विनमास के शुक्लपक्ष की कल्याण को करनेवाली महा अष्टमी सप्तमी से तथा विशेष कर मूलनक्षत्र से युक्त ही करे। ये सब वचन दूसरे दिन अष्टमी के अभाव के विषय में हैं। यह मदनरत्न में कहा है।

यत्तु तत्रैव परदिनेऽष्टमीसत्त्वेऽपि पूर्वविद्धाविधायकं वचनम्—यदाष्टमीं तु संप्राप्य ह्यस्तं याति दिवाकरः। तत्र दुर्गोत्सवं कुर्यान्न कुर्यादपरेऽहनि॥ दुर्भिक्षं तत्र जानीयान्नवम्यां यत्र पूज्यते॥ इति, तत्परदिने दशम्यां नवम्यभावविषयम्।

जो—वहीं पर ही दूसरे दिन अष्टमी के रहने पर भी पूर्वाविद्धाविधायक वचन हैं—कि—जब अष्टमी तिथि को प्राप्तकर दिवाकर (सूर्य) अस्त को चला जाता है। उसमें दुर्गोत्सव करे। दूसरे दिन न करे। जहाँ पर नवमीतिथि में पूजा होती है वहाँ दुर्भिक्ष होता है वह वचन दूसरे दिन दशमी में नवमी के अभाव विषयक है।

यदा सूर्योदये न स्यान्नवमी चापरेऽहनि। तदाष्टमीं प्रकुर्वीत सप्तम्या सहितां नृप॥ इति तत्रैव स्मृतिसङ्ग्रहोक्तेः।

वहीं पर स्मृतिसंग्रह ने कहा है कि—जब सूर्योदय में परदिन नवमी न हो तो वहाँपर हेनृप, सप्तमी के सहित अष्टमी को करे।

उत्तरास्तिथयो यत्र क्षयं यान्ति नराधिप। पूर्वाष्टमीं तदा कुर्यादन्यथा त्वशुभं भवेत्॥ इति दुर्गोत्सवोक्तेश्चेति मदनरत्ने।

दुर्गोत्सव में मदनरत्न ने कहा है कि—हे नराधिप, जहाँपर उत्तर तिथियाँ क्षय को प्राप्त हो जायँ तो तब पूर्वा—अष्टमी करे नहीं तो अशुभ होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वस्तुतस्तु इदं वचनद्वयमष्टमीनवम्योः सूर्योदयसम्बन्धपरम्। अत एव 'नवमी च' इति चकाराद्ष्टमी च। तिथय इति बहुवचनादष्टमीनवमीदशम्युक्ताः। अन्यथा पूर्वोक्तविरोधादिति दिक्।

सिद्धान्त तो यह है कि—यह दोनों वचन अष्टमी और नवमी का दोनों दिन सूर्योदय से सम्बन्ध हो। इसलिए 'नवमी च' इसचकार से और अष्टमी से 'तिथयः' इस बहुवचन से अष्टमी, नवमी तथा दशमी कही है। अन्यथा पूर्व में कहे हुए (सप्तमीशल्यसंवद्ध) वचन का विरोध होगा। यही रास्ता है।

यत्तु–अहं भद्रा च भद्राहं नावयोरन्तरं क्वचित्। सर्वसिद्धिं प्रदास्यामि भद्रायामर्चिता ह्यहम्॥ इति देवीपुराणे, तद्विष्टिकरणमध्ये पूजाविधानार्थम्।

जो—देवीपुराण में कहा है कि—मैं भद्रारूप हूँ, भद्रा मेरा स्वरूप है। हम दोनों में कुछ भी अन्तर नहीं है। भद्रा में पूजित मैं सब सिद्धि को देनेवाली होऊँगी। यह वचन विष्टिकरण के (निर्णीत अष्टमी में विष्टिभाग में पूजन करे) मध्य में पूजाविधान के अर्थ के लिए है।

विष्टिं त्यक्त्वा महाष्टम्यां मम पूजां करोति यः। तस्य पूजाफलं न स्यात्तेनाहमवमानिता॥ इति। तत्रैवोक्तेरिति निर्णयामृते।

वहींपर निर्णयामृत का वचन है कि—विष्टि (भद्रा) को छोड़कर जो महा अष्टमी में मेरी पूजा करता है। उसको पूजाफल नहीं होता है। क्योंकि उसने मेरा अपमान किया।

तथा कालिकापुराणे—सप्तम्यां पत्रिकापूजा अष्टम्यां वाप्युपोशणम्।
पूजा च जागरश्चैव नवम्यां विधिवद् बलिः॥ इति।

और कालिकापुराण में कहा है कि—सप्तमीतिथि (दिन की पूजा में इसका कथन है) में पत्रिका पूजाकर और अष्टमी में उपवास, नवमीतिथि में पूजा, जागरण एवं विधिवत् बलि को दे।

(अष्टम्युपवासश्च पुत्रवता न कार्यः)

अष्टम्युपवासश्च पुत्रवता न कार्यः। उपवासं महाष्टम्यां पुत्रवान्न समाचरेत्। यथा तथा वा पूतात्मा व्रती देवीं प्रपूजयेत्॥ इति तत्रैवोक्तेः।

अष्टमी (केवल अष्टमी) तिथि में उपवास पुत्रवाला न करे। जैसे तैसे पवित्र आत्मावाला व्रती देवीकी पूजा करे। यह बात वहींपर कही है।

रूपनारायणीये ब्राह्मे—अत्यर्थं पूजनीया सा तस्मिन्नहनि मानवैः। उपोषितैर्वस्त्रधूपमाल्यरत्नानुलेपनैः॥ पशुभिः पानकैर्हृद्यै रात्रौ जागरणेन च। दुर्गागृहे च शस्त्राणि पूजितव्यानि पण्डितैः॥ वाद्यभाण्डानि चिह्नानि कवचान्यायुधानि च॥

रूपनारायणीय में ब्रह्मपुराण का मत है कि—इसलिए अष्टमीतिथि में विष्टिके के सत्त्वमे अभावे तो शुद्धा में उसदिन मनुष्य उपवास, वस्त्र, धूप, माला, रत्न, अनुलेपन, पशु, मदिरा, मनोहर पान आदि से रात में जागरण से देवीकी पूजा (भजन) करे।

दुर्गाघर (अष्टमी में अस्त्रादि पूजा) में शस्त्र, वाद्य, भाण्ड, चिन्ह, कवच तथा आयुधों का विद्वान् गण–पूजन करें।

(मूलसंयुता महानवमीविचारः)

अत्र विशेषो हेमाद्रौ निर्णयामृते भविष्ये—आश्वयुक्शुक्लपक्षस्य अष्टमी मूलसंयुता।
सा महानवमी नाम त्रैलोक्येऽपि सुदुर्लभा॥

यहाँपर विशेष—हेमाद्रि में और निर्णयामृत में भविष्यपुराण के वचन से कहा है कि—आश्विनशुक्ल पक्षकी मूलनक्षत्र से युक्त अष्टमी भी महानवमी नामवाली त्रैलोक्य में वह सुदुर्लभ है।

कन्यागते सवितरि शुक्लपक्षेऽष्टमीयुता। मूलनक्षत्रसंयुक्ता सा महानवमी स्मृता॥

कन्याके सूर्य में शुक्लपक्ष की अष्टमी से युक्त और मलनक्षत्र से युक्त वह महानवमी कही गयी है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नवम्यां पूजिता देवी ददात्यभिमतं फलम् । सा पुण्या सा पवित्रा च सा धन्या सुखदायिनी ॥

नवमीतिथि में पूजित देवी इच्छित फलको देती है वह पुण्यवाली है तथा वह पवित्र है, वह धन्या है और सुख को देनेवाली है ।

(तस्यां सदा मुण्डमालिनीचामुण्डापूजनम्)

तस्यां सदा पूजनीया चामुण्डा मुण्डमालिनी ॥ (सदेत्युक्तेर्नित्यतापि ।) तस्यां ये ह्युपपूज्यन्ते प्राणिनो महिषादयः। सर्वे ते स्वर्गतिं यान्ति घ्नतां पापं न विद्यते ॥

सदा—ऐसाकहने पर इस व्रत में नित्यता भी है। उसमें सदा चामुण्डा मुण्डमालिनी का पूजन करे। उस दिन महिष आदि प्राणियों का उपयोग होता है वे सब स्वर्ग में जाते हैं और मारनेवाले को पाप नहीं होता है।

(बलिकर्मणि पशुहननविचारः)

यावन्न चालयेद्गात्रं पशुस्तावन्न हन्यते । न तथा बलिदानेन पुष्पधूपविलेपनैः ॥

जब तक शरीर का चालन न करे तब तक पशु का न हनन करे। वैसेही बलिदान[1] से प्रसन्न नहीं होती है तथा पुष्प, धूप एवं विलेपनों से प्रसन्न नहीं होती है।

(स्थाने स्थाने पुरे पुरे ग्रामे वने वने जयाभिलाषी प्रतिपत्प्रभृतितिथिषु पूजनविचारः)

यथा सन्तुष्यते मेषैर्महिषैर्विन्ध्यवासिनी । एवं विन्ध्यवासिन्या नवरात्रोपवासतः ॥ एकभक्तेन नक्तेन स्वशक्त्यायाचितेन च ॥ पूजनीया जनैर्देवी स्थाने स्थाने पुरे पुरे ।

जैसे कि—मेष औ महिषों से विन्ध्वासिनी प्रसन्न होती है। इसप्रकार विन्ध्यवासिनी के नवरात्र के उपवास से, एकभक्त से, नक्त से और अपनी शक्ति के अनुसार अयाचित से देवो के स्थान में तथा नगर-नगर में मनुष्यगण पूजन करें।

गृहे गृहे भक्तिपरैर्ग्रामे ग्रामे वने वने ॥ स्नातैः प्रमुदितैर्हृष्टैर्ब्राह्मणैः क्षत्रियैर्नृपैः । वैश्यैः शूद्रैर्भक्तियुतैर्म्लेच्छैरन्यैश्च मानवैः ॥ स्त्रीभिश्च कुरु शार्दूल तद्विधानमिदं शृणु ।

भक्ति से तत्पर—घर-घर में, गाँव-गाँव में और वन-वन में, ब्राह्मण, क्षत्रिय राजा प्रसन्न मन से, वैश्य, शूद्र, म्लेच्छ अन्य मनुष्यगण भक्ति से युक्त और स्त्रियाँ अर्चन करें। हे शार्दूल, उसके इसविधान को सुनो।

जयाभिलाषी नृपतिः प्रतिपत्प्रभृति क्रमात् ॥ लौहाभिसारिकं कर्म कारयेद्यावदष्टमी ॥ इति ।

जयाभिलाषी (प्रतिपदा अमायुक्ता निषिद्ध है। कुहूकाष्ठोपसंयुक्तां वर्जयेत्प्रतिपत्तिथिम्। राज्यनाशाय सा प्रोक्ता निन्दिता चाश्वपूजने ॥) राजा प्रतिपदा से लेकर क्रमसे लोहाभिसारिककर्म (लोहाभिसारोऽस्त्रभृतां राज्ञां नीराजनविधिः । इत्यमरः) अष्टमीतिथिपर्यन्त कर्म करावे।

(लोहाभिसारिकं कर्मविधानम्)

लौहाभिसारिककर्मविधानं तत्रैवोक्तम्—प्रागुदक्प्रवणे देशे पताकाभिरलङ्कृतम् । मण्डपं कारयेद्दिव्यं नवसप्तकरं परम् ॥ (षोडशहस्तमित्यर्थः ।)

लोहाभिसारिककर्मका विधान वहींपर कहा है कि पूर्वदिशा या उत्तरदिशा के निम्न देश में पताकाओं से अलंकृत (सुशोभित) सुन्दर नव सप्त—सोलह हाथ का मण्डप बनावे।

आग्नेय्यां कारयेत्कुण्डं हस्तमात्रं सुशोभनम् । मेखलात्रयसंयुक्तं योन्याऽश्वत्थदलाभया ॥

उसमें—अग्निकोण में सुन्दर एक हाथ का कुण्ड करे। जिसमें वह तीन मेखला से युक्त हो और अश्वत्थ (पीपल) के पत्ते के सदृश योनी हो।

राजचिह्नानि सर्वाणि शस्त्राण्यस्त्राणि यानि च । आनीय मण्डपे तानि सर्वाण्यत्राधिवासयेत् ॥

राजाके सारे चिन्ह शस्त्र और अस्त्र हैं उन सबों को मण्डप में ले आकर मण्डप में अधिवासन करे।

१—ब्राह्मण-माषभक्तादिद्वारा या कुष्माण्डादि द्वारा बलि दे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ततस्तु ब्राह्मणः स्नातः शुक्लाम्बरधरः शुचिः । ॐकारपूर्वकैमन्त्रैस्तल्लिङ्गैर्जुहुयाद् घृतम् ॥

तदनन्तर ब्राह्मण स्नानकर सफेदवस्त्र पहनकर और पवित्र होकर ओंकारपूर्वक उन नामवालों मन्त्रों से घृत हवन करे।

शस्त्रास्त्रमन्त्रैर्होतव्यं पायसं घृतसंयुतम् । हुतशेषं तुरङ्गाणां राजानमुपहारयेत् ॥

घृत से युक्त पायस (खीर) द्वारा शस्त्रास्त्रमन्त्रों से हवन करे। हुतशेष को तुरंगों (घोड़ों) को दे तथा राजा को उपहाररूप (भेटके रूप) में दे।

लौहाभिसारिकं कर्म तेनैव ऋषिभिः स्मृतम् । धृतपल्ययनानश्वान् गजांश्च समलङ्कृतान् ॥
भ्रामयेन्नगरे नित्यं बन्दिघोषपुरः सरम् । प्रत्यहं नृपतिः स्नात्वा सम्पूज्य पितृदेवताः ॥
पूजयेद्राजचिह्नानि फलमाल्यविलेपनैः । तस्याभिसरणाद्राज्ञो विजयः समुदाहृतः ॥

यही लोहाभिसारिककर्म है उन ही ऋषियों ने कहा है। लगाम जिनके पकड़े हुए हैं ऐसे अगल-बगल के घोड़े जो कि अलंकृत हैं, हाथियों को और बन्दोजनों और बाजे-गाजे के साथ नित्यही नगर में भ्रमण करावे। राजा प्रतिदिन स्नानकर पितरदेवों का पूजनकर फल, माला, चन्दनों से राजचिन्हों की पूजा करे। उसके करने से राजा के विजय को कहा है।

पूजामन्त्रान्प्रवक्ष्यामि पुराणोक्तानहं तव । यैः पूजिताः प्रयच्छन्ति कीर्तिमायुर्यशोबलम् ॥

मैं आपको पुराणोक्त (पुराण में कहे हुए) पूजा के मन्त्रों से कहता हूँ। जिनके अर्चन करने से कीर्ति, आयु, यश और बल मिलता है।

(छत्रमन्त्रः)

अथ मन्त्राः विष्णुधर्मोत्तरोक्ताः। छत्रस्य—यथाऽम्बुदश्छादयति शिवायेमां वसुन्धराम् ।
तथाऽऽच्छादय राजानं विजयारोग्यवृद्धये ॥

इसकेबाद विष्णुधर्मोत्तर में मन्त्रों को कहता हूँ—छत्रका—जिसप्रकार मेघ कल्याणार्थ वसुन्धरा को आच्छादित करता है। वैसेही राजाको विजय एवं आरोग्यताकी वृद्धि के लिए आच्छादित करो।

(चामरमन्त्रः)

चामरस्य—शशाङ्ककरसङ्काश क्षीरडिण्डीरपाण्डुर । प्रोत्सारयाशु दुरितं चामरामरदुर्लभ ॥

चामरमन्त्र—हे चामरामरदुर्लभ, चन्द्रमा के किरणों के तुल्य दूध फेन के सदृश पाण्डुर, देवताओं को भी दुर्लभ आप शीघ्र ही मेरे पाप को दूर करो।

(रेवन्तपूजनमन्त्रः)

अश्वानां वृद्ध्यर्थं रेवन्तपूजनमहं करिष्ये । सूर्यपुत्र महाबाहो छायाहृदयनन्दन । शान्ति कुरु तुरङ्गाणां रेवन्ताय नमो नमः ॥ अनेन मन्त्रेण पूजा ।

अश्वों की वृद्धि के लिए रेवन्त का पूजन मैं करता हूँ। हे सूर्यपुत्र, हे महाबाहो, हे छायाहृदयनन्दन, घोड़ों की शान्ति करो। रेवन्तको नमस्कार है। इस मन्त्र से पूजा करे।

(अश्वस्य मन्त्राः)

अथाश्वस्य—गन्धर्वकुलजातस्त्वं मा भूयाः कुलदूषकः । ब्रह्मणः सत्यवाक्येन सोमस्य वरुणस्य च ॥
प्रभावाच्च हुताशस्य वर्द्धय त्वं तुरङ्गमान् । तेजसा चैव सूर्यस्य मुनीनां तपसा तथा ॥
रुद्रस्य ब्रह्मचर्येण पवनस्य बलेन च । स्मर त्वं राजपुत्रत्वं कौस्तुभं च मणिं स्मर ॥

अब घोड़े की पूजा कहते हैं—आप गन्धर्ववंश में उत्पन्न हो अतः कुलदूषक मत हो। ब्रह्मा, सोम तथा वरुण के सत्यवाक्य से और अग्नि के प्रभाव से आप घोड़ों की वृद्धि करो। सूर्य के तेज से ही और मुनियों के तप से, रुद्रके ब्रह्मचर्य से तथा वायु के बल से, आप राजपुत्रत्व (जाति) का स्मरण करो और कौस्तुभमणिका स्मरण करो।

यां गतिं ब्रह्महा गच्छेन्मातृहा पितृहा तथा । भ्रूणहाऽनृतवादी च क्षत्रियस्य पराङ्मुखः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जो गति ब्राह्मण को मारने से, माता तथा पिता को मारने से, भ्रूण=की हत्या करने वाले, और झूठ बोलनेवाले की होती है वही गति पराङ्मुख क्षत्रिय को भी होती है।

सूर्याचन्द्रमसौ वायुर्यावत्पश्यन्ति दुष्कृतम्। व्रजाश्व तां गतिं क्षिप्रं तच्च पापं भवेत्तव॥

सूर्य, चन्द्रमा तथा वायु ये जब तक दुष्कृत पापों को देखते हैं। वे सब पाप हे अश्व, आपको जल्दी न चलने से लगेंगे।

निष्कृतो यदि गच्छेथा युद्धाध्वनि तुरङ्गम। रिपून् विजित्य समरे सह भर्त्रा सुखी भव॥

हे तुरङ्गम, यदि युद्ध की ध्वनि (शब्द) श्रवणकर तिरोहित होकर गमन करोगे। अतः तुम जल्दी चलो। समर (युद्ध) में शत्रुओं को जीतकर अपने स्वामी के सहित सुखी हो।

(ध्वजस्य मन्त्राः)

अथ ध्वजस्य—शक्रकेतो महावीर्य श्यामवर्णार्चयाम्यहम्।
पत्रिराज नमस्तेऽस्तु तथा नारायणध्वज॥

ध्वजमन्त्र—हे शक्रकेतो, हे महावीर्य, हे श्यामवर्ण, मैं आपकी पूजा करता हूँ। पवित्रराज, हे नारायणध्वज, आप के लिए नमस्कार है।

काश्यपेयारुणभ्रातर्नागारे विष्णुवाहन। अप्रमेय दुराधर्ष रणे देवारिसूदन॥
गरुत्मान्मारुतगतिस्त्वयि सन्निहितो यतः। साश्ववर्मायुधान्योधान् रक्ष त्वं च रिपून् दह॥

हे काश्यपेय-अरुण के भाई, हे नागों के शत्रु, हे विष्णुवाहन, हे अप्रमेय, हे दुराधर्ष, हे देवारिसूदन, तुम गरुड हो तथा वायु की तरह तुम्हारी गति है सारवाले शस्त्रों की रक्षा करो और शत्रुओं का दहन करो।

(पताकाया मन्त्राः)

अथ पताकायाः—हुतभुग्वसवो रुद्रा वायुः सोमो महर्षयः। नागकिन्नरगन्धर्वयक्षभूतगणग्रहाः॥
प्रमथास्तु सहादित्यैर्भूतेशो मातृभि सह। शक्रः सेनापतिः स्कन्दो वरुणश्चाश्रितास्त्वयि॥

इसके बाद पताका मन्त्र—अग्नि, वसु, रुद्र, वायु, सोम, महर्षि, नाग, किन्नर, गन्धर्व, यक्ष, भूतगण, ग्रह, और प्रमथ ये आदित्य के साथ, भूतेश माताओं के साथ, इन्द्र, सेनापति, स्कन्द तथा वरुण ये सब आप में आश्रित हैं।

प्रदहन्तु रिपून् सर्वान् राजा विजयमृच्छतु। यानि प्रयुक्तान्यरिभिरायुधानि समन्ततः॥
पतन्तूपरि शत्रूणां हतानि तव तेजसा।

सब शत्रुओं का नाश करो और राजा के विजय की इच्छा करो। जिन शस्त्रों (आयुधों) को सब तरफ से शत्रुओं ने शस्त्र प्रयोग किया है वे सब आप के तेज से नष्ट होकर उनके ऊपर गिरे।

हिरण्यकशिपोर्युद्धे युद्धे देवासुरे तथा॥ कालनेमिवधे यद्वद्यद्वत्त्रिपुरघातने। शोभितासि तथैवाद्य शोभयास्मांश्च संस्मर॥

हिरण्यकशिपु के युद्ध में, देव तथा असुर के युद्ध में, कालनेमि के वध में और त्रिपुर के घात में जैसी आप की शोभा हुई वैसे ही आज हम लोगों की शोभा करो और स्मरण करो।

नीलान् श्वेतानिमान् दृष्ट्वा नश्यन्त्वाशु नृपारयः। व्याधिभिर्विविधैर्घोरैः शस्त्रैश्च युधि निर्जिताः॥
पूतना रेवती नाम्ना कालरात्रिश्च या स्मृता। दहत्याशु रिपून् सर्वान् पताके त्वं मयार्चिता॥

नील तथा सफेद पताकाओं को देखकर राजा के शत्रुओं को शीघ्र नष्ट करो। अनेक प्रकार की भयंकर व्याधि और शस्त्रों से युद्ध में जीती हुई पूतना, रेवती तथा कालरात्रि नाम वाली जो हैं वे सब शत्रुओं को शीघ्र दहन करे। हे पताके, आपका पूजन मैंने किया।

(गजस्य मन्त्राः)

अथ गजस्य—कुमुदैरावतौ पद्मः पुष्पदन्तोऽथ वामनः। सुप्रतीकोञ्जनो नील एतेऽष्टौ देवयोनयः॥
तेषां पुत्राश्च पौत्राश्च वनान्यष्टौ समाश्रिताः। मन्द्रो भद्रो मृगश्चैव गजः सङ्कीर्ण एव च॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वने वने प्रसूतास्ते यूथानि सुमहान्ति च। पान्तु त्वां वसवो रुद्रा आदित्याः समरुद्गणाः।
भर्तारं रक्ष नागेन्द्र स्वामिवत्प्रतिपाल्यताम् ॥

अब हाथी का मन्त्र कहते हैं—कुमुद, ऐरावण, पद्म, पुष्पदन्त, वामन, सुप्रतीक, अञ्जन और नील ये आठ देवयोनि हैं। उनके पुत्र तथा पौत्र आठ वन में रहते हैं। मन्द, भद्र, मृग, गज और संकीर्ण जो वन-वन में पैदा हुए तथा बड़े यूथों को पैदा किया। आपको पवित्र करें—वसु, रुद्र, आदित्य और मरुद्गण रक्षा करें। हे नागेन्द्र, स्वामी की रक्षा करो और स्वामी की तरह पालन करो।

अवाप्नुहि जयं युद्धे गमने स्वस्ति नो व्रज। श्रीस्ते सोमाद्बलं विष्णोस्तेजः सूर्याज्जवोऽनिलात् ॥ स्थैर्यं मेरोर्जयं रुद्राद्यशो देवात्पुरन्दरात्। युद्धे रक्षन्तु नागास्त्वां दिशश्च सह दैवतैः ॥ अश्विनौ सह गन्धर्वैः पान्तु त्वां सर्वतः सदा ॥ इति।

युद्ध में जय प्राप्त करो तथा गमन में कल्याण हमारा करो। सोम से श्रीलक्ष्मी, विष्णु से बल, सूर्य से तेज, पवन से वेग, मेरु से स्थिरता, रुद्र से जय, इन्द्रदेव से यश तथा युद्ध में नाग रक्षा करें। देवताओं के साथ दिशायें और गन्धर्वों के साथ अश्विनीकुमार सदा सब तरफ आपकी रक्षा करें।

(खड्ग मन्त्राः)

अथ खड्गमन्त्रः—असिर्विशसनः खड्गस्तीक्ष्णधारो दुरासदः। श्रीगर्भो विजयश्चैव धर्मधारस्तथैव च। एतानि तव नामानि स्वयमुक्तानि वेधसा। नक्षत्रं कृत्तिका ते तु गुरुर्देवो महेश्वरः ॥ रोहिण्यश्च शरीरं ते दैवतं च जनार्दनः। पिता पितामहो देवस्त्वं मां पालय सर्वदा ॥

अब खड्गमन्त्र कहते हैं। असि, विशसन, खड्ग, तीक्ष्णधार, दुरासद, श्रीगर्भ, विजय तथा धर्मधार ये सब तुम्हारे नाम हैं। जिनको स्वयं ब्रह्मा ने कहा है।

तुम्हारा कृतिकानक्षत्र है। रुद्रदेव महेश्वर हैं। रोहिणी तुम्हारा शरीर है। जनार्दन देवता है। पिता तथा पितामह देव हैं। तुम सर्वदा मेरी रक्षा करो।

नीलजीमूतसंकाशस्तीक्ष्णदंष्ट्रः कृशोदरः। भावशुद्धो मर्षणश्च अतितेजास्तथैव च ॥

नीलमेघ के सदृश आपका रूप है। तीखी आपकी दाढ है। उदर कृश है। भाव शुद्ध है। सहन करने के योग्य और वैसे ही अत्यन्त तेजवाला है।

इयं येन धृता क्षोणी हतश्च महिषासुरः। तीक्ष्णधाराय शुद्धाय तस्मै खड्गाय ते नमः ॥

जिसने इस पृथ्वी को धारण किया और जिसने महिषासुर को मारा उस तीक्ष्ण धारावाले शुद्धरूप खड्ग के लिये नमस्कार है।

(छुरिकाया मन्त्राः)

अथ छुरिकायाः—सर्वायुधानां प्रथमं निर्मिताऽसि पिनाकिना। शूलायुधाद्विनिष्कृष्य कृत्वा मुष्टिगृहं शुभम् ॥ चण्डिकायाः प्रदत्ताऽसि सर्वदुष्टनिबर्हिणी। तया विस्तारिता चासि देवानां प्रतिपादिता ॥

छूरिकामन्त्र कहते हैं। शंकर ने सब आयुधों के पहले उस तीक्ष्ण धारवाले आयुध से निकाल कर तथा कल्याणकारक मुष्टिग्रह बनाकर सारे दुष्टों को नाश करने वाली चण्डिका को दिया। उससे विस्तार किया। देवताओं से कहा।

सर्वसत्वाङ्गभूतासि सर्वाशुभनिबर्हिणी। छुरिके रक्ष मां नित्यं शान्तिं यच्छ नमोऽस्तु ते ॥

तुम सब प्राणियों की अंगरूपा हो सब अशुभ को नाश करनेवाली हो। हे छूरिके, मेरी नित्य रक्षा करो और शान्ति दो। तुमको नमस्कार है।

(कट्टारकपूजा)

अथ कट्टारकपूजा—रक्षाङ्गानि गजान् रक्ष रक्ष वाजिधनानि च। मम देहं सदा रक्ष कट्टारक नमोऽस्तु ते ॥ कट्टारको मध्यदेशे 'कटारी' इति प्रसिद्धा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कट्टारकपूजा कहते हैं। अंगों की रक्षा करो, हाथियों की रक्षा करो, घोड़े और धनों की रक्षा करो और मेरे शरीर की रक्षा करो। हे कट्टारक, आपके लिए नमस्कार है। कट्टारक को मध्य-प्रदेश में 'कटारी' शब्द से प्रसिद्धि है।

(धनुःपूजा)

अथ धनुःपूजा—सर्वायुधमहामात्र सर्वदेवारिसूदन। चाप मां समरे रक्ष साकं शरवरैरिह। धृतं कृष्णेन रक्षार्थं संहाराय हरेण च। त्रयीमूर्तिगतं देवं धनुरस्त्रं नमाम्यहम्॥

अब धनुःपूजा कहते हैं—हे सब आयुधों में उत्तम, हे सर्वदेवारिसूदन, धनुष तथा बाणों के सहित आप मेरी समर में रक्षा करो। कृष्ण ने रक्षा के हेतु और संहार के लिए शंकर ने धारण किया। तीन मर्तियों में गया आप का तेज है उस धनुष अस्त्र को मैं नमस्कार करता हूँ।

(कुन्तपूजा)

अथ कुन्तपूजा—प्रास पातय शत्रूंस्त्वमनया नाकमायया।
गृहाण जीवितं तेषां मम सैन्यं च रक्षताम्॥

अब कुन्त (भाला) की पूजा कहते हैं। हे प्रास, शत्रुओं का पतन करो। इस देवमाया से उनके जीव को ग्रहण करो मेरी सेना की रक्षा करो।

(चर्मपूजा)

अथ चर्मपूजा—शर्मप्रदस्त्वं समरे चर्म सैन्ये यशोऽद्य मे।
रक्ष मां रक्षणीयोऽहं तापनेय नमोऽस्तु ते॥

अब चर्म (ढाल) पूजा कहते हैं। हे चर्म, तुम संग्राम में सुख देने वाले हो। आज मेरी सेना के यश की रक्षा करो। मैं आपकी रक्षा करने योग्य हूँ। हे तापनेय (शत्रुओं को दुःख देनेवाले), आप के लिए नमस्कार है।

(कनकदण्डमन्त्रः)

अथ कनकदण्डमन्त्रः—प्रोत्सारणाय दुष्टानां साधुसंरक्षणाय च। ब्रह्मणा निर्मितश्चासि व्यवहारप्रसिद्धये॥ यशो देहि सुखं देहि जयदो भव भूपतेः। ताडयस्व रिपून् सर्वान् हेमदण्ड नमोऽस्तु ते॥

अब कनकदण्डमन्त्र कहते हैं। दुष्टों को भगानेवाले और साधुओं की रक्षा करने वाले तथा व्यवहार भी प्रसिद्धि के लिए ब्रह्मा ने निर्माण किया। राजा को यश दो, सुख दो, जय दो और शत्रूओं को ताडन दो। हे हेमदण्ड, तुम्हारे लिए नमस्कार है।

(दुन्दुभिमन्त्राः)

अथ दुन्दुभिमन्त्रः—दुन्दुभे त्वं सपत्नानां घोरो हृदयकम्पनः।
भव भूमिपसैन्यानां तथा विजयवर्द्धनः॥

अब दुन्दुभिमन्त्र कहते हैं। हे दुन्दुभे, तुम राजा के सैन्यों-शत्रुओं के भयंकर हृदय का कंप करने वाले हो और विजयवर्धक हो।

यथा जीमूतघोषेण प्रहृष्यन्ति च बर्हिणः। तथात्र तव शब्देन हर्षोऽस्माकं मुदावहः॥

जैसे मेघ के शब्द से बर्हिण (मयूर) प्रसन्न होते हैं। वैसे ही तुम्हारे शब्द से हम लोगों को प्रसन्नता होती है।

यथा जीमूतशब्देन स्त्रीणां त्रासोऽभिजायते। तथाऽत्र तव शब्देन त्रस्यन्त्वस्मद्द्विषो रणे॥

जैसे मेघ के शब्द से स्त्रियों को त्रास का अनुभव होता है। वैसे ही इस रण में हमारे शत्रुओं को तुम्हारे शब्द से त्रास मिले।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(शंखमन्त्रः)

अथ शंखमन्त्रः—पुण्यस्त्वं शंख पुण्यानां मङ्गलानां च मङ्गलम् ।
विष्णुना विधृतो नित्यमतः शान्तिप्रदो भव ॥

अब शंखमन्त्र कहते हैं। हे शंख, तुम पुण्यों के पुण्यरूप हो तथा मंगलों के मंगलरूप हो विष्णु नित्य धारण करते हैं, इसलिए शान्तिप्रद हो।

(सिंहासनमन्त्राः)

अथ सिंहासनमन्त्रः—विजयो जयदो जेता रिपुघाती शुभङ्करः। दुःखहा धर्मदः (धनदः) शान्तः सर्वारिष्टविनाशनः ॥ एते वै सन्निधौ यस्मात्तव हिंसा महाबलाः। तेन सिंहासने नित्यं देवैर्मन्त्रैश्च गीयसे ॥ त्वयि स्थितः शिवः शान्तस्त्वयि शक्रः सुरेश्वरः। नमस्ते सर्वतोभद्र भद्रदो भव भूपतेः ॥

अब सिंहासनमन्त्र कहते हैं। विजय तथा जय को देने वाला, शत्रु को जीतने वाला, शत्रुओं का घात करनेवाला, शुभ करनेवाला, दुःख का नाश करने वाला, धर्म को देनेवाला, शान्तस्वरूपवाला और सब अरिष्टों का विनाश करने वाला यह निश्चय महावली सिंह तुम्हारे समीप में हैं। इससे देवताओं के मन्त्रों से सिंहासन में तुम्हारा गीत गाते हैं। तुम्हारे में शान्त शिव स्थित हैं। तुम्हारे में सुरेश्वर इन्द्र स्थित हैं, हे सर्वतोभद्र, तुमको नमस्कार है और राजा को कल्याण देनेवाले हो।

त्रैलोक्यजयसर्वस्व सिंहासन नमोऽस्तु ते। तथैव कर्मचिह्नानि स्वानि पूज्यानि शिल्पिभिः ॥

त्रैलोक्यजयसर्वज्ञ, सिंहासन, तुमको नमस्कार है। वैसे ही अपने काम में आने वाले चिन्हों को शिल्पी (कारीगण) गण पूजन करें।

लौहाभिसारिकं कर्म कृत्वैवं मन्त्रपूर्वकम् । कुङ्कुमचन्दनचम्पकचतुःसमैः शैलपिष्टैश्च ।
चर्चितगायत्रीं देवीं कुसुमैरभ्यर्चयेद्बहुभिः ॥ कुमुदैः सपद्मपुष्पैः सधूपदीपैः सनैवेद्यैः ।
मांसैर्बल्युपहारैर्मङ्गलशब्दैः समुच्छलितैः ॥ विहितच्छत्रैर्यानैः स्यन्दनशितशस्त्रधारिजन् लोकैः ।
तुष्टैः पश्वस्त्रादि तु निवेद्यते सर्वमेव भगवत्यै ॥

मन्त्रपूर्वक लोहाभिसारिककर्म (नीराजन से मिलता-जुलता एक सैनिकसंस्कार) (लोहाभिसारोऽस्त्रभृतां राज्ञां नीराजनविधिः' इत्यमरः) अष्टमीतिथि को पूर्वाह्न में नित्य स्नान करे।

कुङ्कुम, चन्दन, (सति संभव में लाल चन्दन) चम्पा और कस्तूरी[1] का दो भाग, चार भाग चन्दन का, केशर का तीन भाग और कपूर का एक भाग इनको शिलाजीत में पीसकर गायत्रीदेवी को लगावे तथा बहुत पुष्पों से पूजा करे। तीक्ष्ण खड्ग धारण करने वाले मनुष्य प्रसन्न होकर कुमुद और पद्मपुष्पों, धूप, दीप, नैवेद्य, मांस, बलि के उपहारों, निरन्तर उत्पन्न होने वाले मंगलशब्दों से, छत्र, यान, रथ तीक्ष्णशस्त्र धारण करने वाले लोक और पशु आदि भगवती के लिये निवेदन करें।

दुर्गा सा पूजनीया च तद्दिने द्रोणपुष्पकैः। ततः खडगं नमस्कृत्य शत्रूणां वधसिद्धये ॥
इच्छेत विजयं राज्यं सुभिक्षं चात्मने नृपः। पुनः पुनः प्रणम्यार्यां संस्मरन् हृदये शिवाम् ॥

उसीदिन द्रोणपुष्पों (गोम) से उस दुर्गा का पूजन करे। तदनन्तर शत्रुओं के वध के लिए खडग को नमस्कार कर राजा अपने लिये विजय, राज्य और सुभिक्ष की इच्छा करे। बारंबार हृदय में आर्या शिवा को स्मरण करता हुआ प्रणाम करे।

सर्वं कृत्वेति कौरव्य अष्टम्यां जागरं निशि। नटनर्तनगीतैश्च कारयेच्च सुमहोत्सवम् ॥

हे कौरव्य—कुरुवंशी, सब अष्टमी[2] की रात में जागरण एवं नटों द्वारा नाच एवं गानों द्वारा महोत्सव को करावे।

१—गारुडे–कस्तूरिकाया द्वौ भागौ चत्वारश्चन्दनस्य च। कुङ्कुमस्य त्रयश्चैकः शशिनः स्याचतुःसमम् ॥ शशी=कर्पूरः। कर्पूरं चन्दनं दर्पं कुङ्कुमे च समांसकम्। सर्वगन्धमिति प्रोक्तं समस्तसुरवल्लभम् ॥ दर्पः=कस्तूरी। २—कालिकापुराणे–पुनः पूजा तथाऽष्टम्यां विशेषेण समाचरेत्। जागरं च स्वयं कुर्याद्बलिदानं महानिशि ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एवं हृष्टैर्निशां नीत्वा प्रभाते अरुणोदये। घातयेन्महिषान्मेषानग्रतो नतकन्धरान् ॥
शतमर्धशतं वापि तदर्धं वा यथेच्छया। सुरासवभृतैः कुम्भैस्तर्पयेत्परमेश्वरीम् ॥

इसतरह प्रसन्नचित्त से रात को व्यतीत कर प्रातःकाल अरुणोदय में सौ, पचास या पचीसों को अपनी इच्छानुसार आगे झुके हुए कन्धोंवाले, महिष (भैंस) तथा मेषों (भेड) की बलि दें। सुरासव से भरे कुम्भों से परमेश्वरी का तर्पण करे।

कापालिकेभ्यस्तद्देयं दासीदासजने तथा। तथोऽपराह्णसमये नवम्यां वै रथे स्थिताम् ॥
भवानीं भ्रामयेद्राष्ट्रे स्वयं राजा सशब्दवान्। कश्चिच्चोपोषितो वीरो विधृतोऽन्येन खड्गवान् ॥
भूतेभ्यस्तु बलिं दद्यान्मन्त्रेणानेन सामिषम्।

वह मांस कापालिकों के लिए तथा दासी-दासजनों के लिए दे। तदनन्तर नवमी के अपराह्ण के समय में रथ में स्थिति कर (बैठाकर) स्वयं राजा भवानी का भ्रमण करावे। कोई उपोषित खड्गधारी वीर अन्य के द्वारा पकड़ लिया गया हो वह मांस सहित इस मन्त्रसे भूतों के लिए आमिष बलि दे।

सरक्तं सजलं चान्नं गन्धपुष्पाक्षतैर्युतम् ॥ त्रींस्त्रीन्वारान् समूलेन दिग्विदिक्षु किरेद् बलिम् ॥

रक्त-रुधिर, जल, अन्न, गन्ध, पुष्प और अक्षतों के सहित तीन-तीन बार मूलमन्त्र से दिशा तथा विदिशाओं में बलि का प्रक्षेप करे।

(बलिदानमन्त्राः)

मन्त्रश्च—बलिं गृह्णन्त्विमं देवा आदित्या वसवस्तथा।
मरुतश्चाश्विनौ रुद्राः सुपर्णा पन्नगा ग्रहाः ॥
असुरा यातुधानाश्च पिशाचोरगराक्षसाः। डाकिन्यो यक्षवेताला योगिन्यः पूतना शिवाः ॥
जृम्भकाः सिद्धगन्धर्वा माला विद्याधरा नगाः। दिक्पाला लोकपालाश्च ये च विघ्नविनायकाः ॥
जगतां शान्तिकर्तारो ब्रह्माद्याश्च महर्षयः। मा विघ्नं मा च मे पापं मा सन्तु परिपन्थिनः ॥
सौम्या भवन्तु तृप्ताश्च भूतप्रेताः सुखावहाः ॥ इति महाष्टमी।

बलि के मन्त्र हैं—दवता, आदित्य, वसु, मरुत, अश्विनीकुमार, रुद्र, सुपर्ण, पन्नग, ग्रह, असुर, यातुधान, पिशाच, उरग, राक्षस, डाकिनी, यक्ष, वेताल, योगिनी, पूतना, शिवा, जृंभक, सिद्ध, गन्धर्व, [1]माला, विद्याधर नाग, दिक्पाल, लोकपाल और विघ्नविनायक हैं संसार के शान्ति को करने वाले ब्रह्मा आदि महर्षिगण हैं वे सब (बलिको ग्रहण करे) तथा मेरे विघ्न को, मेरे पाप को एवं मेरे शत्रुओं का नाश करे। सुख देने वाले सब भूत-प्रेत सौम्य हों तथा तृप्त हों।

(महानवमीनिर्णयः)

महानवमी तु पूर्वयुता ग्राह्या। पूर्वोक्तवचनात्। 'नवमी दुर्गाव्रते श्रावणी' इति दीपिकोक्तेः। श्रावणी दुर्गनवमी दूर्वा चैव हुताशनी। पूर्वविद्धा प्रकर्तव्या शिवरात्रिर्बलेर्दिनम् ॥ इति हेमाद्रौ पाद्मोक्तेश्च।

पहले कहे हुए वचन से तो महानवमी पूर्वयुता ग्रहण करे। दीपिका में कहा है कि—दुर्गाव्रत में नवमीतिथि तथा श्रावणी पूर्वयुता ले और हेमाद्रि में पद्मपुराण का वचन है कि—श्रावणी, दुर्गानवमी, दूर्वाष्टमी, हुताशनी (होली), शिवरात्रि तथा बलिका दिन (वामनद्वादशी) को पूर्वविद्धा करे।

भविष्येऽपि—आश्वयुक्शुक्लपक्षे तु अष्टमी मूलसंयुता। सा महानवमी प्रोक्ता त्रैलोक्येऽपि सुदुर्लभा ॥ इति। मूलमुपलक्षणम्।

भविष्यपुराण में भी कहा है कि—मूलनक्षत्र के सहित आश्विनशुक्लपक्ष की अष्टमी (अर्थात् अष्टमी मूलनक्षत्र से युक्त—नवमीतथि—यह अर्थ है) वह महानवमीतिथि कही गयी है वह त्रैलोक्य में दुर्लभ है। यहाँ मूलनक्षत्र उपलक्षण है।

१—नागा विद्याधरा, इति पाठः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दुर्गापूजासु नवमी मूलाद्यृक्षत्रयान्विता। महती कीर्तिता तस्यां दुर्गा महिषमर्दिनीम् ॥ इति मदनरत्ने लैङ्गात्।

मदनरत्न में लिङ्गपुराण का कथन है कि—दुर्गापूजा में नवमीतिथि—[1]मूल आदि तीन नक्षत्र से अन्वित कही गयी है। उस तिथि में महिषमर्दिनी दुर्गा का अर्चन करने से महती कीर्ति होती है।

अत्र पूजयेदित्यग्रे शेषः। यानि तु—सा कार्योदयगामिन्याम् इत्यादिप्रागुक्तानि तानि नवमीतिथिपराणि। नवम्यां विशेषोक्तेः। वेधश्च मुहूर्तत्रयेणैव ज्ञेयः। यद्यपि हेमाद्रिमते मुहूर्तद्वयात्मकोऽपि वेधोऽस्ति, तथापि सूर्योदय एव सः। सायं तु त्रिमुहूर्त एव। तदुक्तं दीपिकायाम्—'त्रिमुहूर्तगा तु सकला सायम्' इति।

माधवोऽपि—सायं तूत्तरया तद्वन्न्यूनया तु न विध्यते। इति। तेन त्रिमुहूर्तयोगे पूर्वा नवमी, पूर्वोक्तवचनात्। न कुर्यान्नवमीं तात दशम्यां तु कदाचन। इति स्कान्दे परानिषेधाच्च। त्रिमुहूर्तयोगाभावे तु निषिद्धापि परैव कार्येति निष्कर्षः।

यहाँ पर पूजयेत्–यह आगे का शेष है। जो कि यह वचन है–कि उदयगामिनी में करे—इत्यादि पहले कह चुके हैं। वह नवमीतिथि से भिन्न स्थितिपरक है। नवमी में विशेष कहा है और वेध तीन मुहूर्त का ही जानना चाहिये।

यद्यपि हेमाद्रिमत में—दो मुहूर्त का भी वेध हैं। तथापि वह सूर्योदय में ही है। सायंकाल में तो तीन ही मुहूर्त का वेध होता है। उसी बात को दीपिका में कहा है कि—सायंकाल में तीन मुहूर्त तिथि हो तो सम्पूर्ण जाने। माधव ने भी कहा है कि—सायंकाल में तो इससे तीन मुहूर्त के योग में (पूर्वोक्त वचन से पहली) नवमी ले—

और हे तात, नवमीतिथि दशमीतिथि से युक्त कभी भी न करे। यह स्कन्दपुराण में परा निषेध है। तीन मुहूर्त का योग न होने से तो निषिद्धा भी परा ही करे यह निष्कर्ष (सिद्धान्त) है।

यत्तु नवम्यां च जपं होमं समाप्य श्रवणेऽपि च। इति संग्रहोक्तेः। व्रतं च जागरश्चैव नवम्यां विधिवद् बलिः। इति देवीपुराणाच्च।

जो संग्रह में कहा है कि—नवमीतिथि में जप तथा होम नवमी या श्रवण में समाप्त करे और देवीपुराण में भी कहा है कि—व्रत, जागरण तथा विधिवत् बलि नवमी में करे।

(नवम्यां होमबल्यादिनिर्णयः)

नवम्यां होमबल्यादिविहितं, तत्र—आश्वयुक्शुक्लनवमी मुहूर्तं वा कला यदि। सा तिथिः सकला ज्ञेया लक्ष्मी विद्याजयार्थिभिः ॥ इति सौरपुराणात्।

नवमी में होम, बलि आदि विहित है। वहाँपर सौरपुराण का मत है कि–आश्विनशुक्ल नवमीतिथि मुहूर्त या कलामात्र भी यदि तो वह तिथि लक्ष्मी, विद्या और जया को चाहनेवाले संपूर्ण जाने।

सूर्योदये परं रिक्ता पूर्णा स्यादपरा यदि। बलिदानं प्रकर्तव्यं तत्र देशे शुभावहम् ॥

और मदनरत्न में देवीपुराण का वचन है कि—सूर्योदय से पर परातिथि रिक्ता हो अपरातिथि पूर्णा हो तो उसमें देश में बलिदान करे वह शुभ देनेवाला है।

बलिदाने कृतेऽष्टम्यां पुत्रभङ्गो भवेन्नृप। इति मदनरत्ने देवीपुराणाच्च बल्यादौ परा कार्या। उपवासादौ पूर्वेति मदनरत्ने उक्तम्। प्रतापमार्तण्डेऽप्येवम्।

हे नृप, अष्टमीतिथि को बलिदान करने से पुत्र भंग होता है बलि आदि में (यद्यपि—आदिपदं चिन्त्यं होमस्यापि पूर्वेद्युरेवोक्तेः, तथापि बल्यङ्गपुष्पन्यासादिर्बल्यर्थपूजादिर्वा तेन ग्राह्यः। 'अष्टम्यामुदिते सूर्ये

१—पूर्वयाऽषाढया वाऽपि ऋक्षद्वययुताऽथवा। इति वचनात्। मूलाभावे तु कर्तव्या अष्टमीनोपसंयुता। विश्वयुक्ताऽपि कर्तव्या अष्टमी नवमीयुता ॥ इत्युत्तराषाढावाक्यं त्वनर्थकम्। मूलेन पूजयेद्देवीं तथा सलिलदैवते। वैश्वदेवे तु नक्षत्रे पूजिता दुःखदा भवेत् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिनान्ते नवमो भवेत् । प्रभाते बलिदाने तु कियन्मात्रापि लभ्यते ॥ नवम्यां तत्र संपूज्या दुर्गा दुर्गातिनाशिनी । प्रातर्नवम्यां बल्यर्थं पूजाविधानात् परेद्युर्नवमी, वृध्यभावे तु पूर्वेद्युर्नवमी मध्य एव बल्यादिकार्यम् । 'दशम्यां बलिदानं तु दीपने यत्र मानवैः । तद्राष्ट्रं नाशमायाति मारकोपद्रवैः समम् ॥) परा करे । उपवासादि में तो पूर्वाही करे यह मदनरत्न में कहा है । प्रतापमार्तण्ड में भी यही कहा है ।

यत्तु—अष्टम्यां बलिदानेन पुत्रनाशो भवेद् ध्रुवम् । इति कालिकापुराणं, तत्सन्धिपूजापरम् । अष्टमीनवमीसन्धौ तृतीया खलु कथ्यते । इति तत्रैव तदुक्तेः ।

जो कालिकापुराण में कहा है कि—अष्टमीतिथि में बलिदान करने से निश्चित पुत्रका नाश होता है। वह सन्धिपूजा परक है । वही पर उसी बात को कहा है कि—अष्टमी और नवमीतिथि की सन्धि में निश्चय से तृतीयापूजा (सायंपूजा प्रथमा, निशीथपूजा द्वितीया सन्धिपूजा तृतीया) कही है ।

कामरूपनिबन्धे—अष्टम्याः शेषदण्डश्च नवम्याः पूर्व एव च । तत्र या क्रियते पूजा विज्ञेया सा महाफला ॥ अष्टमीमात्रे भवत्येव ।

कामरूपनिबन्ध में कहा है कि—अष्टमीतिथि के अवशिष्ट भाग में और नवमीतिथि के पूर्वभाग में ही की हुई पूजा महाफल को देनेवाली होती है । वह केवल अष्टमी में ही पूजा होती है ।

आश्विने पूजयित्वा तु अर्धरात्रेऽष्टमीषु च । घातयन्ति पशून् भक्त्या ते भवन्ति महाबलाः ॥

आश्विनमासकी अष्टमीतिथि में आधीरात के समय पूजा को करके जो भक्ति से पशुओंका (बहुकुलाचाराभिप्रायं काम्यं वा) हनन कर देते हैं वे महाबली होते हैं ।

तथा—कन्यासंस्थे रवावीषे शुक्लाष्टम्यां प्रपूजयेत् । सोपवासो निशार्धे तु महाविभवविस्तरैः ॥

और—कन्या के सूर्य में शुक्लपक्ष की अष्टमी को उपवासकर निशा (रात्रि) के अर्धभाग (आधीरात) में महाविभव के विस्तारों से पूजा करे ।

तथा—पशुघातश्च कर्तव्यो गवयाजवधस्तथा । इति रूपनारायणीये देवीपुराणात् ।

और—पशुघात करे और गवय (नीलगाय) तथा अज (बकरा) का वध करे । यह रूपनारायणीय में देवीपुराण का कथन है ।

तत्रैव भविष्ये—तस्मादियं महापुण्या नवमी पापनाशिनी ।
उपोष्या सुप्रयत्नेन सततं सर्वपार्थिवैः ॥

वहीं पर भविष्यपुराण का मत है कि—इसकारण से यह नवमी पापनाशिनी तथा महान् पुण्यको देनेवाली है अतः महान् यत्न से सब राजाओं को निरन्तर उपवास करना चाहिये ।

निर्णयदीपे तु महानवमी परदिनेऽपराह्णव्यापित्वे परा, अन्यथा पूर्वा ।

निर्णयदीप में तो कहा है कि-महानवमीतिथि दूसरे दिन अपराह्णव्यापिनी हो तो परा करे । नहीं तो पूर्वा करे ।

आवर्तनात्पूर्वकाले नवमी स्यात्परेऽहनि । दुर्गार्चा तत्र पूर्वेद्युः पूर्वाह्णे त्वष्टमी यदि ॥ इति धौम्यवचनादित्युक्तम् । अस्य तु शारदानवमीविषयत्वं समूलत्वं च विमृश्यम् ।

धौम्यका कथन है कि-आवर्तन (मध्यान्हकाल) के पूर्वसमय में नवमी दूसरे दिन हो तो वरोपर दुर्गा की अर्चा (पूजा) पूर्वदिन करे यदि पूर्वाह्ण में अष्टमी हो तो । यह वचन शारदीय नवमी विषयक है और इसके मूलत्व पर भी विचार करना चाहिये ।

यानि तु—नन्दायां ज्वलते वह्निः पूर्णायां पशुघातनम् । भद्रायां गोकुलक्रीडा तत्र राज्यं विनश्यति ॥ इति, नवम्यामपराह्णे तु बलिदानं प्रशस्यते । दशमीं वर्जयेत्तत्र नात्र कार्या विचारणा ॥ इति, नन्दाया दर्शने रक्षा बलिदानं दशासु च । भद्रायां गोकुलक्रीडा देशनाशाय जायते ॥ इति ब्रह्मवैवर्तनारदादिवचनानि, तानि शुद्धाधिकनिषेधपराणि इति मदनरत्ने ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जो ब्रह्मवैवर्त—नारद—आदिके वचन हैं कि—नन्दा में होला जलती है। पूर्णा में—बलिदान होता है और कार्तिकशुक्ल द्वितीयातिथि में—गोकुलक्रीडा से राज्य का नाश होता है।

नवमी के दिन अपराह्णकाल में बलिदान को उत्तम कहा है दशमीतिथि को त्यागदेना चाहिये इसमें विचार नहीं करना चाहिये। नन्दा में दर्शन, रक्षाबन्धन, दिशाओं में बलिदान तथा भद्रा में गोकुलक्रीडा देश के नाश के लिए होती है। वे वचन शुद्धा (नन्दा, पूर्णा, भद्रा) से अधिक निषेध विषयक हैं। यह मदनरत्न में कहा है।

तथा कालिकापुराणे—नवम्यां बलिदानं तु कर्तव्यं तु यथाविधि ।
जपं होमं च विधिवत्कुर्यात्तत्र विभूतये ॥

और कालिकापुराण में कहा है कि—यथाविधि नवमीतिथि में बलिदान करे। उसमें ऐश्वर्य के लिए विधिवत् जप एवं होम करे।

केचित्तु—पूर्वाषाढायुताष्टम्यां पूजाहोमाद्युपोषणम् । इति पूर्वोक्तदेवीपुराणादष्टम्यां होममाहुः । अन्ये तु द्विविधवाक्यवशादष्टम्यामारभ्य नवम्यां समापयन्ति । समुच्चयस्तु युक्तः । रुद्रयामले तु विकल्प उक्तः, तत्तु निर्मूलम् । दुर्गाभक्तितरङ्गिण्यादिगौडग्रन्थेष्वपि नवम्यां होम उक्तः ।

कोई कहते हैं कि—पूर्वाषाढ के सहित अष्टमीतिथि में पूजा, होम और उपवास करे। यह पूर्वोक्त देवीपुराण से अष्टमी में होम कहा है। अन्यों का कहना है कि—अनेकप्रकार के वाक्यों से अष्टमीतिथि में आरंभ कर नवमीतिथि में समाप्त करते हैं। इनका समुचय (वस्तुतस्तु यद्यपि—जपहोमसमायुक्तः कन्यकां भोजयेन्मुदा। इति वचनात्। प्रत्यहं होमः प्रतीयते तथापि अष्टम्यामेव नवम्यामेव वा कार्यः) युक्त है। रुद्रयामल में विकल्प कहा है, वह तो निर्मूल है। दुर्गाभक्तितरङ्गिणी आदि गौडग्रन्थों में भी नवमीतिथि में होम कहा है।

(होमे विशेषः)

होमे च विशेष उक्तो डामरतन्त्रे—पायसं सर्पिषा युक्तं तिलैः शुक्लैर्विमिश्रितम् । होमयेद्विधिवद्भक्त्या दशांशेन नृपोत्तम ॥

होम (कात्यातन्त्रोक्तमार्गेणायं होम इति मान्त्रिकाः) में विशेष डामरतन्त्रमें कहा है कि-हे नृपोत्तम, घृत और सफेद तिलों से मिश्रित पायस (खीर) का विधिवत् भक्ति से दशांश होम करे।

रुद्राध्याये यथा होमो मन्त्रेणैकेन साध्यते । तथा स्तोत्रजपे होमं श्लोकेनैकेन साधयेत् ॥ यद्वा सप्तशतीं जप्य होममन्त्रो नवाक्षरः । ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे इति नवाक्षर इति केचित् । पूजोक्तो ग्राह्य इति तु युक्तम् ।

एक एक मन्त्र जैसे रुद्राध्याय में (बौधायनोक्तमन्त्र विभाग के द्वारा) होम होता है। वैसे स्तोत्रजप (सप्तशतीस्तोत्रजप) में एक श्लोक से होम का साधन करे। अथवा सप्तशती जप (पाठ) में नवाक्षरमन्त्र से होम करे। किसी का मत है कि—'ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे, यह नवाक्षर मन्त्र है। पूजा में कहा गया ग्रहण करे-यह युक्त है।

रुद्रयामलेऽपि—प्रधानद्रव्यमुद्दिष्टं पायसान्नं तिलास्तथा । किंशुकैः सर्षपैः पूगैर्लाजादूर्वाङ्कुरैरपि ॥ यवैर्वा श्रीफलैर्दिव्यैर्नानाविधफलैस्तथा । रक्तचन्दनखण्डैश्च गुग्गुलैश्च मनोहरैः ॥ प्रतिश्लोकं च जुहुयात्सर्वद्रव्याणि च क्रमात् । नवाक्षरेण वा हुत्वा नमो देव्या इतीति च ॥ इति ।

रुद्रयामल में कहा है कि—पायसान्न, तिल प्रधानद्रव्यों (सप्तशतीस्तोत्र होमपरक) को कहा है। किंशुक (पलाश फूल), सरसों, सुपारी, लावा, दूर्वांकुर, (छोटी दूब) यव, श्रीफल (नारिकेल), नानाप्रकार के फल, लालचन्दन के मनोहर टुकडे, मनोहर गुग्गुलों से क्रम से प्रत्येक श्लोक द्वारा नवाक्षर मन्त्र से या नमो[1] देव्यै-महादेव्यै शिवायै सततं नमः। नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्मृताम् ॥ इस मन्त्र से सब द्रव्यों द्वारा हवन करे।

१—नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः । नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्मृताम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रहस्ये तु—प्रतिश्लोकं तु जुहुयात् पायसं तिलसर्पिषा । इत्युक्तम् ।

रहस्य में तो कहा है कि—तिल और घृत से युक्त पायस द्वारा प्रतिश्लोक से हवन करे । यों कहा है।

दुर्गाभक्तितरङ्गिण्यां तु तिलैर्जयन्तीमन्त्रेण च होम उक्तः—पुरश्चरणकार्ये तु बिल्वपत्रयुतैस्तिलैः । इति । कालिकापुराणाद्बिल्वपत्रैश्चेति स्मार्ताः, तन्न । अन्यत्र मानाभावात् ।

दुर्गाभक्तितरङ्गिणी में तो तिलों (तिलाज्यादियों) पूजयेत्तिलहोमैश्च दधिक्षीरघृतादिभिः । इति देवीपुराणात्) से 'जयन्ती मङ्गला काली भद्रकाली कपालिनी । दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तु ते ॥ इस मन्त्र से होम कहा है । पुरश्चरणकार्य में तो विल्वपत्रों सहित तिलों द्वारा हवन करे—यह कालिकापुराण मत से बिल्वपत्रों से हवन करना स्मार्तोंका कहना है । वह ठीक नहीं है । इसमें अन्यत्र पुराणका अभाव है ।

(बलिदानद्रव्ये उत्तरोत्तरप्राशस्त्यकथनम्)

अथ बलिदानम् । तत्राश्वमेषच्छागमहिषस्वमांसानामुत्तरोत्तरप्राशस्त्यं फलविशेषश्चान्यतोऽवसेय इति दिक् ।

अब वलिदान कहते है । उस वलिदान में मेष, छाग, महिष और अपना मांस उत्तरोत्तर उत्तम कहा है । फलविशेष तो अन्यग्रन्थों से जानना उचित है । यही मार्ग है ।

(बलिदानप्रकारः)

बलिप्रकारस्तु देवीपुराणे—कन्यासंस्थे रवौ शक्तः शुक्लाष्टम्यां प्रपूज्य तु । द्रोणपुष्पैश्च बिल्वाम्रजातीपुन्नागचम्पकैः ॥ पञ्चाब्दं लक्षणोपेतं गन्धपुष्पसमन्वितम् । विधिवत्कालि कालीति जिप्त्वा खड्गेन घातयेत् ॥ (ॐ कालि कालि यज्ञेश्वरि लोहदण्डायै नमः । इति मन्त्रः) । तदुत्थरुधिरं मांसं गृहीत्वा पूतनादिषु । (आदिशब्दाच्चरकीविदारीपापराक्षस्यः) । नैर्ऋतेभ्यः प्रदातव्यं महाकौशिकमन्त्रितम् । मन्त्रस्तु वक्ष्यते । तथा—तस्याग्रतो नृपः स्नायात्कृत्वा शत्रुं तु पैष्टिकम् । खड्गेन घातयित्वा तु दद्यात्स्कन्दविशाखयोः ॥

हुतभुग्वसवः ३६०

(है)
हैमराजतम् ३५०

(हा)
होमं कुर्याद् ३७१

(हं)
हंसे कन्यासु ३०६
हंसे हस्तस्थिते ३२२
हंसे करस्थिते ३२७

(त्र)
त्रयोदशी भाद्रपदी ३२१
त्रयोदश्यां कृष्णपक्षे ३२३
त्रयोदश्यां तु ३२२

(त्रि)
त्रिदिने च ३१६

(त्रै)
त्रैलोक्यजयसर्वस्व ३६३

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(महाभारत अनुशासनपर्व अध्याय अट्ठासी से)

१—तिल, व्रीहि, यव, उडदी, जल तथा फल-मूल के द्वारा श्राद्धको करने से एक महिने तक पितरों की तृप्ति बनी रहती है।

२—जिस श्राद्ध में अधिक तिल की मात्रा होती है, वह श्राद्ध अक्षय होता है—ऐसा मनुजीने कहा है।

३—यदि श्राद्धमें गौ का दही दान किया जाय तो उसके पितर एकसाल तक तृप्त रहते हैं। तद्वत् घी से मिश्रित खीर भी दान करे तो पूर्ववत् व्यवस्था होती है।

४—आश्विनमास के कृष्णपक्षमें मघा और त्रयोदशीतिथिके योग पर हमारे आत्मीय बान्धव घी-मिश्रित दान करेंगे—ऐसी पितर आशा करते हैं।

५—'बहुत से पुत्र प्राप्त करने की इच्छा रखे' उनमें से यदि एक भी पुत्र गयातीर्थ की यात्रा करे जहाँ पर अक्षयवट है जो कि श्राद्ध के फल को अक्षय बनाता है।

६—जो कृत्तिकानक्षत्र के योग में श्राद्ध और पितरों का यजन करता है, वह रोग तथा चिन्ता से रहित होता है।

७—पुत्र की इच्छा करनेवाला रोहिणी में तथा तेज की कामना वाला मृगशिरानक्षत्र में श्राद्ध करे तथा आर्द्रा नक्षत्र में श्राद्ध और दान करनेवाला क्रूरकर्मा होता है।

८—धनकी इच्छावाला पुनर्वसुनक्षत्र में और पुष्टिकी इच्छावाला पुष्यनक्षत्र में श्राद्ध करे। आश्लेषा में श्राद्ध करने से धीर पुत्रों को उत्पन्न करता है। मघा में पिण्ड देने वाला कुटुम्बीजनों में उत्तम होता है। पूर्वाफाल्गुनी में सौभाग्यशाली होता है। उत्तराफाल्गुनी में—सन्तानवाला होता है। हस्तनक्षत्र में—अभीष्टफल भोगता है। चित्रामें रूपवान् पुत्र प्राप्त होते हैं तथा स्वातीनक्षत्र के योग में पितरों की पूजा से वाणिज्य से जीवन निर्वाह करता है। विशाखा में श्राद्ध से पुत्रेच्छा हो तो बहुत पुत्रोंवाला होता है। अनुराधा में तो दूसरे जन्म में राजमण्डल का शासक होता है। ज्येष्ठा में समृद्धिशाली तथा प्रभुत्व प्राप्त करता है। मूल में आरोग्यता, पूर्वाषाढा में उत्तम यश, उत्तराषाढ़ में पितृयज्ञ करनेवाला होता है और शोक से रहित रहता है।

९—सोमरस वेचने वाले को जो श्राद्ध का अन्न देता है वह पितरों के लिये विष्ठा के सदृश होता है।

१०—श्राद्ध में वैद्यको भोजन कराया हुआ अन्न पीव और रक्त के समान पितरों को अग्राह्य होता है।

११—देवमन्दिर में पूजाकर जीविका चलानेवाले को दिया हुआ अन्न और श्राद्ध का दान नष्ट हो जाता है।

१२—एक पति को त्याग कर दूसरा पति करनेवाली स्त्री के पुत्र को दिया हुआ श्राद्ध में अन्नदान राख में डाले हुए हविष्य के समान व्यर्थ होता है।

१३—जो लोग धर्मरहित तथा चरित्रहीन ब्राह्मणको हव्य-कव्य का दान करते हैं, उनका वह दान परलोक में नष्ट हो जाता है।

१४—जो मूर्ख मनुष्य जानकर पंक्तिदूषक ब्राह्मण को श्राद्ध में दान करते हैं, उनके पितर परलोक में निश्चय ही उनकी विष्ठा खाते हैं।

१५—जो मूर्ख ब्राह्मण शूद्रों को वेद का उपदेश करते हैं वे भी अपांक्तेय (अर्थात्—पंक्ति के बाहर) हैं। उनको भी श्राद्ध में भोजन न करावे।

१६—श्राद्ध में—काना मनुष्य पंक्ति में बैठे हुए साठ मनुष्यों को, जो नपुंसक है वह सौ मनुष्यों को और कोढ़ी बैठे हुए जितने मनुष्यों को देखता है दूषित करता है।

१७—जो सिर पर पगडी और टोपी रखकर भोजन करता है, जो दक्षिणदिशा की ओर मुख कर भोजन करता है तथा जो जूता पहनकर खाता है उनका सब भोजन आसुर जानना चाहिये।

१८—जो श्राद्ध तिलों से नहीं होता है या जो क्रोधपूर्वक किया जाता है उसके हवि को यातुधान (राक्षस) तथा पिशाच लुप्त कर देते हैं।

१९—प्रत्येक पिण्ड को देते समय गायत्रीमन्त्र का उच्चारण करे।

२०—जो स्त्री रजोयुक्त हो या जिसके दोनों कान बहरे हों उसको श्राद्ध में नहीं ठहरना चाहिये।

२१—जो वैदिक व्रत का पालक कर रहे हों वे यदि किसी के अनुरोध से श्राद्ध का अन्न ग्रहण करते हैं तो उनका व्रतभंग हो जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ निर्णयसिन्धुः

(भाषा-टीका-सहित)

(कार्तिकमास और मार्गशीर्षमास)

दौलतराम गौड

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अथ विष्णुपूजनम्)

ध्यान—वैकुण्ठे कमनीयरत्नखचिते कल्पद्रुमूले स्थितं नीलेन्दीवरकान्तिसुन्दरतनुं लक्ष्म्या समालिङ्गितम्। गङ्गानीरतरङ्गभूषितपदद्वन्द्वं कृपासागरं कोटीरीकृतबर्हिषिपिच्छमनिशं लक्ष्मीपतिं भावये ॥ आसन—स्फुरत्प्रभं काञ्चनपूरपूरितं शशाङ्कभाविन्दुसमेतमेतत् । हृत्पद्मतुल्यं विधिवन्मयाऽऽहृतं लक्ष्मीपते तुभ्यमिदं वरासनम् ॥ पाद्य—औदुम्बरे सुन्दरभाजनेऽमले रेखाङ्किते पद्मदलानुकारिणि । संस्थापितं पादसुखावहं शुभं मयार्पितं पाद्यमिदं गृहाण ॥ अर्घ्य—पाटीरपूरितकनेकविधैः शुभैश्च दूर्वादलैश्च परिभूषितमेतमीश । लक्ष्मीपते ननु गृहाण करार्घमेहि भक्ताश्च पूरय निकामसकामकामैः ॥ आचमन—आनीतमाचमनवारि परं पुनीतं नाथ त्वदर्थमिदमस्ति दयानिधान । लक्ष्मीश भक्तजनमोदविधानदक्ष आचम्य पूरय च भक्तजनाभिलाषम् ॥ पञ्चामृत—दध्ना घृतेन पयसा मधुनाम्बुमिश्रं गङ्गोदकेन तुलसीसहितेन रम्यम् । पञ्चामृतं त्रिभुवनाधिपदेहशुद्ध्यै स्नानार्हमेतदतिपूततमं गृहाण ॥ शुद्धोदक—एतत्तमालदलनीं कलिन्दजाया आनीतमंबु नितरां तव मोदकारि । हे वैनतेय भुजसंस्थितलम्यधीश निर्णेजनाय दयया भगवन् गृहाण ॥ ततः पुरुषसूक्तेनाभिषेकं कुर्यात् । वस्त्र—युवासुवासा इति मन्त्र पूर्वकं तडित्प्रभं नूतनमम्बरं विभो । हिरण्मयैस्तन्तुततैर्विमिश्रितं दशासु लक्ष्मीधव ते समर्पितम् ॥ यज्ञोपवीत—प्रजापतेरेव समं गृहीतजन्मातिपूतं द्विजचिन्हभूतम् । यज्ञोपवीतं भवदर्थमीश संपादितं धारय मोदयास्मान् ॥ गन्ध[3]—पाटीरसंभूतमभूतपूर्वसौगन्ध्यसम्बन्धुरमेतदीश । लक्ष्मीपते चन्दनचर्चनं ते मोदाय भालेऽर्पितमस्तु वस्तु ॥ पुष्प[4]—बहुविधं कमलावर सुन्दरं समुचितं मकरन्दसमन्वितम् । विकसितं कुसुमं विनिवेदितं कुरु सदा सफलं नयनाञ्जलैः । तदनन्तर केशव आदि चौवीस नामों से तुलसीदल—केशवाय नमः । नारायणाय नमः । माधवाय नमः । गोविन्दाय नमः । विष्णवे नमः । मधुसूदनाय नमः । त्रिविक्रमाय नमः । वामनाय नमः । श्रीधराय नमः । हृषीकेशाय नमः । पद्मनाभाय नमः । दामोदराय नमः । सङ्कर्षणाय नमः । वासुदेवाय नमः । अनिरुद्धाय नमः । पुरुषोत्तमाय नमः । अधोक्षजाय नमः । नारसिंहाय नमः । अच्युताय नमः । जनार्दनाय नमः । उपेन्द्राय नमः । हरये नमः । कृष्णाय नमः । प्रणवाय नमः ।

आवरणपूजा—बिन्दु में—नारायणाय नमः नारायणं पूजयामि । त्रिकोण में-बलाय नमः बलं पूजयामि । प्रबलाय० प्रबलं पू० । महाबलाय० महाबलं पू० । षट्कोण में—विष्वक्सेनाय० विष्वक्सेनमा० । चण्डाय० चण्डं पू० । प्रचण्डाय० प्रचण्डं पू० । जयाय० जयं पू० । विजयाय० विजयं पू० । शुकाय० शुकं पू० । अष्टपत्र में-ध्रुवाय० ध्रुवं पू० । अध्वराय० अध्वरं पू० । सोमाय० सोमं पू० । आपाय० आपं पू० । अनिलाय० अनिलं पू० । अनलाय० अनलं पू० । प्रत्यूषाय० प्रत्यूषं पू० । प्रभासाय० प्रभासं पू० । दशपत्र में-मत्स्याय० मत्स्यं पू० । कूर्माय० कूर्मं० पू० । वराहाय० वराहं पू० । नारसिंहाय० नारसिंहं पू० । वामनाय० वामनं पू० । परशुरामाय० परशुरामं पू० । रामाय० रामं पू० । कृष्णाय० कृष्णं पू० । बुद्धाय० बुद्धं पू० । कल्किने० कल्किनं पू० । द्वादशपत्र में—नन्दाय० नन्दं पू० । सुनन्दाय० सुनन्दं पू० । महानन्दाय० महानन्दं पू० । विमलनन्दाय० विमलनन्दं पू० । अतिनन्दाय० अतिनन्दं पू० । सुधीवनन्दाय० सुधीवनन्दं पू० । शत्रुविमर्दनानन्दाय० शत्रुविमर्दननन्दनं पू० । मित्रविवर्धनन्दाय० मित्रविवर्धननन्दनं पू० । घोषनन्दनाय० घोषनन्दनं पू० । जीवनन्दनाय० जीवनन्दनं पू० । परमजीवनन्दनाय० परमजीवनन्दनं पू० । चौदहपत्रों में—नारदाय नमः नारदं पू० । पराशराय० पराशरं पू० । व्यासाय० व्यासं पू० । शुकाय० शुकं पू० । वाल्मीकिने० वाल्मीकिनं पू० । वसिष्ठाय० वसिष्ठं पू० । शंवराय० शंवरं पू० । देवलाय० देवलं पू० । पर्वताय० पर्वतं पू० । दुर्वासाय० दुर्वासं पू० । जाबालये० जाबालिं पू० । जमदग्नये० जमदग्निं पू० । विश्वामित्राय विश्वामित्रं पू० । भृगुरये० भागुरिं पू० । सोलहपत्रों में—कपिलाय० कपिलं पू० । याज्ञवल्क्याय० याज्ञवल्क्यं पू० । दाल्म्याय० दाल्म्यं पू० । शौनकाय० शौनकं पू० । मार्कण्डेयाय० मार्कण्डेयं पू० । भृगवे० भृगुं पू० । गौतमाय० गौतमं पू० । गालवाय० गालवं पू० । शाण्डिल्याय शाण्डिल्यं पू० । भरद्वाजाय० भरद्वाजं पू० । मौद्गल्याय० मौद्गल्यं पू० । वेदवाहनाय० वेदवाहनं पू० । बृहदश्वाय०

१—अमायां मन्दवारे च वैष्णवर्क्षे तथैव च । रविसंक्रमे व्यतीपाते ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः । विशेषणार्चयेद् विष्णुं यथाशक्त्या वरासने । गुरोरुत्क्रान्तिदिवसे जन्मर्क्षेषु तथा हरेः । इष्टिं च वैष्णवीं कुर्याच्छक्त्या वै द्विजोत्तमः ॥ २—न गौद्रदेशे विप्रेन्द्र ! सधूमे रन्ध्रनालये । न सूतिकागृहे चैव स्थापयेत्कमलापतिम् ॥ ३—चन्दनागुरुह्रीवेरकृष्णकुङ्कुमरोचना । जटामांसी मुरा चैव विष्णोर्गन्धाष्टकं विदुः ॥ घृष्टं च तुलसीकाष्ठं कर्पूरागुरुयोगतः । अथवा कैसरैर्योज्यं हरिचन्दनमुच्यते ॥

४—न भद्रे केतकीपुष्पैः पूजितव्यो जनार्दनः । 'रेवाखण्डे—आरामोपहृतं पुष्पमारण्यं पुष्पमेव च । क्रीतं प्रतिग्रहे लब्धं पुष्पमेव चतुर्विधम् ॥ उत्तमं पुष्पमारण्यं गृहीतं स्वयमेव वा । मध्यमं फलकारामे त्वधमं क्रीतमेव च ॥ प्रतिग्रहेण यल्लब्धं निष्फलं तद्विदुर्बुधाः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बृहदश्वं पू०। जैमिनये० जैमिनिं पू०। अगस्त्याय० अगस्त्यं पू०। श्वेतनन्दाय० श्वेतनन्दनं पू०। भूगृह में पूर्वादिक्रम से–इन्द्राय नमः इन्द्रं पूजयामि। अग्नये० अग्निं पू०। यमाय० यमं पू०। निर्ऋतये० निर्ऋतिं पू०। वरुणाय० वरुणं पू०। वायवे० वायुं पू०। सोमाय० सोमं पू०। ईशानाय० ईशानं पू०। ब्रह्मणे० ब्राह्मणं पू०। अन्ताय० अनन्ताय पू०।

धूप—सौरभ्यमानन्दकरं यदीयं यदीयधूपोऽपि विधूतधूमः। एषोऽस्ति धूपो ज्वलते पुरस्ते मोदावहो माधव जिघ्र जिघ्र ॥ दीप—सद्वर्तिसंपूरित एष दीप आलोककारी तमसां विदारी। प्रज्वालितः स्नेहमये सुपात्रे लक्ष्मीपते चन्द्रमसं गृहाण ॥ नैवेद्य[1]—व्यतीतयामं नवनीतमेतद् द्राक्षादिरम्भासितशर्करा च। निधाय रम्ये कनकस्थपात्रे दत्तं तु नैवेद्यमिदं गृहाण ॥ ऋतुफल—कर्पूरदेव कुसुमक्रमुकैलिकाभिः संपूरितामतिसुधासुधया सुपूराम्। ताम्बूलिकां सुरजनेन निवेषणीयां कृत्वाऽऽनेन भवतु मङ्गलमोददाता ॥ आचमन—संवासितं नवलकेतकवारिपूरैः पात्रे घृतञ्च रजतोत्स्वचित्ते त्वदग्रे। पानीयमम्बुसमुपाहृतमेतदीश पीत्वा निभालय दृशा सततं स्वभक्तान् ॥ ताम्बूल—पूगीसुधैर्लाघनसारदेव पुष्पैरुपेतं मुखमण्डनं यत्। विहारहार्यं नवरङ्गगर्भं गृहाण ताम्बूलमिदं मदर्पितम् ॥ प्रदक्षिणा—त्वद्देहसंस्थानि जगन्ति देव त्वद्रोमकूपेषु च देवसङ्घाः। प्रदक्षिणा दक्षधिपोऽत एव कुर्वन्ति पापौघविनाशनाय ॥ पुष्पाञ्जलिचराचरं व्याप्तमिदं त्वयैव तवैव भासास्ति जगत्सभासम्। त्वय्येव पुष्पाञ्जलिरर्पितेयं मोदाय लोकस्य तवापि चास्तु ॥ क्षमाप्रार्थना—अपराधसहस्राणि क्रियन्तेऽहर्निशं मया। दासोऽयमिति मां मत्वा क्षमस्व परमेश्वर ॥ स्तुति—जितं ते पुण्डरीकाक्ष नमस्ते विश्वभावन। नमस्तेऽस्तु हृषीकेश महापुरुष पूर्वज ॥ नमो हिरण्यगर्भाय प्रधानाध्यक्षरूपिणे। ॐनमो वासुदेवाय शुद्धज्ञानस्वरूपिणे ॥ देवानां दानवानां च सामान्यमधिदैवत। सर्वदा चरणद्वन्द्वं व्रजामि शरणं तव ॥ एकस्त्वमसि लोकस्य स्रष्टा संहारकस्तथा। अध्यक्षाश्चानुमन्ता ज गुणमाया समावृतः ॥ संसारसागरं घोरमनन्तक्लेशभाजनम्। त्वामेव शरणं प्राप्य निस्तरन्ति मनीषिणः ॥ न ते रूपं न चाकारो नायुधानि न चास्पदम्। तथापि पुरुषाकारो भक्तानां त्वं प्रकाशसे ॥ नैव किञ्चित्परोक्षं ते प्रत्यक्षोऽपि न कस्य चित्। नैव किञ्चिदसाध्यं ते न च साध्योऽसि कस्य चित् ॥ नैव किञ्चिदसिद्धं ते न च सिद्धोऽसि पावकः। कार्याणां कारणं पूर्वं वचसां वाक्यमुत्तमम् ॥ योगिनां परमासिद्धिः परमं ते परं विदुः। अहं भीतोऽस्मि देवेश संसारेऽस्मिन् भयप्रद ॥ त्राहि मां पुण्डरीकाक्ष न जाने परं पदम्। कालेष्वपि च सर्वेषु दिक्षु सर्वासु चाच्युत ॥ शरीरे जगतौ वापि वर्धते मे मयद्भयम् ॥ त्वत्पादकमलादन्यन्मम जन्मान्तरेस्वपि ॥ विज्ञानं यदिदं प्राप्तं यदिदं स्थानमर्चितम्। जन्मान्तरेऽपि मे देव मामूदस्य परिग्रहः ॥ दुर्गतापापि जातस्य त्वद्गतो मे मनोरथः ॥ यदि नाशं न विन्देय तावदस्मि कृती सदा ॥ अकालकलुषं चिन्तं मम ते पादयोः स्थितम्। कामये विष्णुपादौ तु सर्वजन्मसु केवलम्[2] ॥

विष्णुस्तुतिः[3]

नतास्मः विष्णुं जगदादिभूतं सुरासुरेन्द्रं जगतां प्रपालकम्। यन्नाभिपद्मात्किलपद्मयोनिर्बभूव तं वै शरणं गतास्मः ॥ नमो नमो मत्स्यवपुर्धराय नमोऽस्तु ते कच्छपरूपधारिणे। नमः प्रकुर्युश्च नृसिंहरूपिणे तथा पुनर्वामनरूपिणे नमः ॥ नमोऽस्तु ते क्षत्रविनाशनाय रामाय रामाय दशास्यनाशिने। प्रलम्बहन्त्रे शितिवाससे नमो नमोऽस्तु बुद्धाय च दैत्यमोहिने ॥ म्लेच्छान्तकायापि च कल्किनाम्ने नमः पुनः क्रोडवपुर्धराय। जगद्धितार्थं च युगे युगे भवान् बिभर्ति रूपं त्वसुराभवाय ॥ निषूदितोऽयं ह्यधुना किल त्वया दैत्यो हिरण्याक्ष इति प्रगल्भः। यश्चेन्द्र मुख्यान् किल लोकपालान् संहेलया चैव तिरश्चकार। स वै त्वया देवहितार्थमेव निपातितो देववर प्रसीद। त्वमस्य विश्वस्य विसर्गकर्ता ब्राह्मेण रूपेण च देव देव ॥ पाता त्वमेवास्य युगे युगे च रूपाणि धत्से सुमनोहराणि। त्वमेव कालाग्निहरश्च भूत्वा विश्वं क्षयं नेष्यसि चान्तकाले ॥ अतो भवानेव च विश्वकारणं न तेऽपरं जीवमजीवमीश। यत्किञ्च भूतं च भविष्यरूपं प्रवर्तमानं च तथैव रूपम् ॥ सर्वं त्वमेवासि चराचराख्यं न भाति विश्वं त्वद् ऋते च किञ्चित्। अस्तीति नास्तीति च भेदनिष्ठं त्वय्येवभातं सदसत्स्वरूपम् ॥ ततो भवन्तं कतमोऽपि देव न ज्ञातुमर्हत्यविपक्वबुद्धिः। ऋते भवत्पादपरायणं जनं तेनागताः स्मः शरणं शरण्यम् ॥ 'हरे मुरारे जगदेकनाथ गोविन्द दामोदर माधवेति। लक्ष्मीपते! केशव केशिशत्रो! नारायणानन्त! विभो प्रसीद ॥ तवाऽवतारं किमहं ब्रवीमि त्वया विना नास्ति भुवीह कोऽपि। किं वा गुणव्याप्तसमस्तलोकं किं वा दयां मित्रपरैकतुल्याम् ॥ पूजां तवाल्पामपि वेद्मि नाहं द्रव्यं कदापि न ददामि तुभ्यम्। तथापि चाग्रे मम मूर्तिमांस्त्वं दृष्टोऽसि मे केशव एक पूज्यः ॥ दत्तस्त्वयाऽयं मम भक्तिवृक्षे धर्मार्थकामत्रय एव सोऽयम्। त्वद्दर्शनाम्भोमयवृष्टिसिक्तः प्रभोद्य कैवल्यफलं दधार[4] ।

१—पाद्मे—न दद्याद् गुडसंयुक्तं हरये बदरीफलम्। अज्ञानाद् ब्राह्मण श्रेष्ठ! दद्याच्चेनारकी व्रजेत्। २—दंशैश्च मशकै ापि प्रकीर्णे मक्षिकादिभिः। हरिं पुरातनागारे स्थापयेन्न हि मानवः ॥ सकर्दमे पतद्द्वारे गलद्भित्तौ गृहे तथा। हरिं न स्थापयेत्प्राज्ञो वर्षासु परमेश्वरम् ॥ ३—पाद्मे—मृगचर्मासने शुद्धे व्याघ्रचर्मासनेऽपि वा। वस्त्रासने केवले च तथा कुशमयासने। पुष्पासने चोपविष्ट पूजयेत्कमलापतिम्। 'काष्ठासने द्विजो विद्वान् न कुर्याद्विष्णुपूजनम्! दक्षिणाभिमुखो भूत्वा न कुर्याद्विष्णुपूजनम्। ४—विशेष—पूजनक्रम मेरी प्रकाशित 'होमात्मकविष्णुयाग' में कामदेवकृत विष्णुयाग और अनन्तदेवकृत विष्णुयाग में देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

आराधना में ब्राह्मण मण्डप के आगामी करेंगे। वे ही अतिरिक्त के इतर मण्डप में प्रविष्ट न होना चाहिये। पीकदानों के लिये मण्डप के बाहर जल रहना चाहिए। मण्डप में राम कृष्णादि के चित्र भी दर्पण स्थान में लटका दिये जावें आधुनिक पुरुषों के नहीं।

मण्डप से बाहर इतर लोगों के बैठने का पूर्ण प्रबन्ध रहे। मण्डप के स्थल में व जिसको निकट कूप, तट, कुटी, जंगल आदि हों उनको भी वह रक्षित रहे। —— इत्यादि

श्री निमाथ शर्मा जोड़।

विष्णुयन्त्रम्







CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(कार्तिकमास)

(तुलासंक्रान्तिनिर्णयः)

तुलासंक्रमणे प्रागपरा दश घटिकाः पुण्याः । रात्रौ तु प्रागुक्तम् ।

तुलाकी संक्रान्ति में पहले और बादमें दश-दश घड़ी पुण्यकाल है। रातमें तो पुण्यकाल पूर्वमें कह चुके हैं।

(तुला-मकरमेषेषु प्रातःस्नानविधानम्)

अथ कार्तिकस्नानम् । तत्र पृथ्वीचन्द्रोदये विष्णुस्मृतिपाद्मयोः—तुलामकरमेषेषु प्रातःस्नानं विधीयते । हविष्यं ब्रह्मचर्यं च महापातकनाशनम् ॥ इति सौरमास उक्तः । प्राच्याश्चैतदेवाद्रियन्ते ।

अब कार्तिकस्नान को कहते हैं। उसमें पृथ्वीचन्द्रोदय में विष्णुस्मृति और पद्मपुराण का वचन है कि—तुला, मकर तथा मेषकी संक्रान्तिमें प्रातःकाल स्नान का विधान किया है उसमें हविष्यान्नभोजन एवं ब्रह्मचर्यसे रहे तो महापातका का नाश होता है। इसमें सौरमास कहा है। प्राच्यलोग इसका ही आदर करते हैं।

(दाक्षिणात्यमते विचारः)

दाक्षिणात्यास्तु—आश्विनस्य तु मासस्य या शुक्लैकादशी भवेत् । कार्तिकस्य व्रतानीह तस्यां वै प्रारभेत्सुधीः ॥ इति पाद्मोक्तेः ।

दाक्षिणात्य (दक्षिणी) तो कहते हैं कि—आश्विनमासके शुक्लपक्षकी जो एकादशी है उसमें बुद्धिमान् मनुष्य निश्चयकर कार्तिक के व्रतों को प्रारंभ करे। यह पद्मपुराणमें कहा है।

भार्गवार्चने च—प्रारभ्यैकादशीं शुक्लामाश्विनस्य तु मानवः ।
प्रातःस्नानं प्रकुर्वीत यावत्कार्तिकभास्करः ॥ इति विष्णुरहस्योक्तेः ।

और भार्गवार्चन में विष्णुरहस्य का वचन है कि—मनुष्य आश्विनशुक्लपक्ष की एकादशीतिथि से प्रारंभकर जबतक कार्तिकमासका सूर्य हो प्रातःकाल स्नान करें।

हेमाद्रावादित्यपुराणे—पूर्णे आश्वयुजे मासि पौर्णमास्यां समाहितः । इत्युक्त्वा—मासं समग्रं परया च भक्त्या समाप्यते कार्तिकपौर्णमास्याम् । इत्यन्तेऽभिधानाच्चाश्विनशुक्लैकादश्यां पौर्णमास्यां वाऽऽरभ्य कार्तिकशुक्लद्वादश्यां पौर्णमास्यां वा समापयेदित्याहुः ।

हेमाद्रिमें आदित्यपुराणका कथन है कि—आश्विनमासके पूर्ण होनेपर पूर्णमासी को समाहित मनसे—यों कहकर-परमभक्तिसे पूरा महिना कार्तिक की पूर्णिमा तक (स्नान करे)। इसतरह अन्तमें कहा—आश्विनमासमें शुक्लपक्षकी एकादशीतिथिसे या पूर्णिमातिथि से प्रारंभकर कार्तिकशुक्ल द्वादशी तिथिमें या पौर्णमासी तिथिमें समाप्त करे—यों कहा।

मदनपारिजाते विष्णुः—कार्तिकं सकलं मासं नित्यस्नायी जितेन्द्रियः ।
जपन् हविष्यभुक् शान्तः सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥

मदनपारिजातमें विष्णु का मत है कि—कार्तिकमास तक प्रति[१]दिन स्नान करे और जितेन्द्रिय होकर रहे। जप (अपने इष्ट देवताका या गायत्रीमन्त्र) करे। हविष्यान्नभक्षण करे और शान्त रहे तो सब पापोंसे छूट जाता है।

(कुरुक्षेत्रादिदेशविशेषे फलकथनम्)

अत्र देशविशेषः पाद्मे कार्तिकीं प्रक्रम्य—कुरुक्षेत्रे कोटिगुणो गङ्गायामपि तत्समः ।
ततोऽधिकः पुष्करे स्याद् द्वारवत्यां च भार्गव ॥

यहाँपर देशविशेष पद्मपुराणमें कार्तिकको प्रक्रम (उपक्रम) करके कहा है कि—हेभार्गव, कुरुक्षेत्रमें

१—स्नानाशक्तौ ब्राह्मे—कार्तिकाधिकारे—एकादश्यादिषु तथा तत्र पञ्चसु रात्रिषु । दिने दिने च स्नातव्यं शीतलासु नदीषु च ॥ वर्जयित्वा तथा हिंसां मांसभक्षणमेव च ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्नान करने से करोड गुणफल मिलता है। गङ्गामें स्नान करने से उसीके समान पुण्य मिलता है। पुष्कर और द्वारका में उससे अधिक पुण्य प्राप्त होता है।

पुण्याः पुर्यश्च सप्तैवं मुनयो मथुराधिकाः। दुर्लभः कार्तिको विप्राः मथुरायां नृणामिह ॥ यत्रार्चितः स्वकं रूपं भक्तेभ्यः सम्प्रयच्छति ॥ इति।

मनुष्य पुण्यदायक सात पुरि (अयोध्या मथुरा माया काशी काञ्ची अवन्तिका। पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्ष दायिकाः)। यों में मथुरा अधिक पुण्यवाली है।

इससंसारमें मनुष्योंको कार्तिकमास में मथुरामें स्नान करना बड़ा दुर्लभ है जहाँपर पूजित होकर अपने स्वरूपको भक्तोंके लिये देते हैं।

(इदं स्नानं काशीस्थपञ्चनदेऽतिप्रशस्तम्)

इदं च स्नानं काशीस्थपञ्चनदेप्यतिप्रशस्तम्। शतं समास्तपस्तप्त्वा कृते यत्प्राप्यते फलम्। तत्कार्तिके पञ्चनदे सकृत्स्नानेन लभ्यते ॥

और यह स्नान काशीमें पञ्चगंगामें अत्यन्त उत्तम है। काशीखण्डमें लिखा है कि—सौवर्ष तक तपकर जो फल प्राप्त करता है वह फल कार्तिकमासमें पञ्चनदमें एकबार स्नान करनेसे प्राप्त करता है।

(बिन्दुतीर्थे स्नाने फलकथनम्)

कार्तिके बिन्दुतीर्थे यो ब्रह्मचर्यपरायणः। स्नास्यत्यनुदिते भानौ भानुजातस्य भीः कुतः॥ इत्यादिकाशीखण्डोक्तेः। भानुजो=यमः।

कार्तिकमासमें बिन्दु (बिन्दुमाधव) तीर्थ में जो ब्रह्मचर्य में तत्पर होकर अनुदित (उदय होनेके पूर्व) सूर्यमें स्नान करेगा। उसको यमसे भय कहाँ से होगा। यह काशीखण्डमें कहा है। भानुज माने—यम।

(प्रातःस्नानं कदा कार्यम्)

इदं च प्रातःस्नानं सन्ध्यां च कृत्वा कार्यम्। तेन विनेतरकर्मानधिकारादिति वर्धमानः। यद्यपि प्रातः सन्ध्यायाः सूर्योदये समाप्तिः, तथापि वचनबलादनुदितहोमवद्भविष्यति।

यह स्नान प्रातःकाल स्नान और सन्ध्याकर करे। वर्धमान का कहना है कि—इसके बिना इतर कर्मोंमें अधिकार नहीं है। यद्यपि[1] प्रातःकाल सन्ध्या सूर्योदय में समाप्त होती है, तथापि वचन बलसे अनुदित होमवत् होगा।

(कार्तिकस्नानमन्त्रः)

स्नानमन्त्रश्च तत्रैव—कार्तिकेऽहं करिष्यामि प्रातःस्नानं जनार्दन। प्राप्त्यर्थं तव देवेश दामोदर मया सह ॥ इमं मन्त्रं समुच्चार्य मौनी स्नायाद् व्रतो नरः ॥ इति।

वहींपर स्नान का मन्त्र कहा है कि—हेजनार्दन, मैं कार्तिकमास में प्रातःकाल स्नान करूँगा। हेदेवेश, हे दामोदर, आपके प्रीत्यर्थ मेरे साथ-इस मन्त्रको उच्चारण कर व्रती मनुष्य मौन होकर स्नान करे।

(अर्घ्यमन्त्रः)

अर्घ्यमन्त्रोऽपि तत्रैव—व्रतिनः कार्तिके मासि स्नातस्य विधिवन्मम। गृहाणार्घ्यं मया दत्तं दनुजेन्द्रनिषूदन ॥ नित्यनैमित्तिके कृष्ण कार्तिके पापनाशने। गृहाणार्घ्यं मया दत्तं राधया सहितो हरे ॥ इमौ मन्त्रौ समुच्चार्य योऽर्घ्यं मह्यं प्रयच्छति। सुवर्णरत्नपुष्पाम्बुपूर्णशङ्खेन पुण्यवान्। सुवर्णपूर्णा पृथिवी तेन दत्ता न संशयः ॥ इति।

अर्घ्यमन्त्र भी वहीं पर कहा है कि—हेदनुजेन्द्रनिषूदन (दैत्योंके हनन करनेवाले)। कार्तिकमासमें व्रतकरने वाले विधिवत् स्नान करनेसे मेरे अर्घ्य को ग्रहण करो। कार्तिकमहिनेमें पापका नाश करनेवाले, हे कृष्ण, नित्य और नैमित्तिक में, राधाके सहित हरीको मेरे द्वारा दिया हुआ अर्घको ग्रहण करो।

इसप्रकार दोनों मन्त्रोंको उच्चारण कर जो अर्घ्य मेरे लिए देता है। वह सुवर्ण, रत्न, पुष्प तथा

१—प्रातःकालमें सूर्यके उदय होने के पूर्व 'अग्निहोत्र' का हवन करे। यहाँ पर 'प्रातः' शब्द के कहनेसे जैसे अग्निहोत्रहोम प्राप्त है। तद्वत् ही स्नान प्राप्त काल विहित है। इत्यादि कात्यायनश्रौतसूत्र में देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जल से परिपूर्ण शंखसे पुण्यवान् देता है। उसने सुवर्ण से परिपूर्ण पृथिवी का दान किया है। इसमें संशय नहीं है।

(संपूर्णस्नानाशक्तौ त्र्यहं स्नानं कार्यम्)

एवं सम्पूर्णस्नानाशक्तौ त्र्यहं स्नायात्। वाराणस्यां पञ्चनदे त्र्यहं स्नातास्तु कार्तिके। अमी ते पुण्यवपुषः पुण्यभाजोऽतिनिर्मलाः॥ इति काशीखण्डोक्तेः।

इसप्रकार संपूर्ण स्नानकी अशक्तिमें तीनदिन स्नान करे। काशीखण्डमें लिखा है कि—कार्तिकमासमें वाराणसीमें पञ्चगङ्गामें जो तीनदिन स्नान करते हैं वे सब पुण्यशरीरवाले पुण्यके भागी अतिनिर्मल होते हैं।

(कार्तिकमासे तुलस्यादिमालाधारणकथनम्)

अथ मालाधारणम्। तत्र स्कान्दे द्वारकामाहात्म्ये—निवेद्य केशवे मालां तुलसीकाष्ठसम्भवाम्। वहते यो नरो भक्त्या तस्य वै नास्ति पातकम्॥ न जह्यात्तुलसीमालां धात्रीमालां विशेषतः। महापातकसंहन्त्रीं धर्मकामार्थदायिनीम्॥

अब मालाधारण कहते हैं। वहाँ पर स्कन्दपुराण के द्वारकामाहात्म्यमें कहा है कि—तुलसीकी लकड़ी से उत्पन्न मालाको केशव को निवेदन करे जो मनुष्य भक्तिसे प्राप्त (धारण) करता है, उसको पातक नहीं लगता है। जो महापातकों को हरण करनेवाली धर्म, काम और अर्थको देनेवाली तुलसीमालाको तथा विशेषकर धात्रीमालाको नहीं त्यागना चाहिये।

विष्णुधर्मे—स्पृशेत्तु यानि लोमानि धात्रीमालां कलौ नृणाम्।
तावद्वर्षसहस्राणि वैकुण्ठे वसतिर्भवेत्॥

विष्णुधर्ममें कहा है कि—कलियुगमें मनुष्यों को जितने लोमोंकी धात्रीमाला स्पर्श करे उतने सालों तक वैकुण्ठलोकमें निवास होता है।

मालायुग्मं तु यो नित्यं धात्रीतुलसिसम्भवम्। वहते कण्ठदेशे तु कल्पकोटिर्दिवं वसेत्॥

जो नित्य धात्री (आंवला) और तुलसीसे प्रादुर्भूत मालायुग्मको कण्ठदेशमें धारण करता है। वह करोड़ों कल्प तक स्वर्गमें रहता है।

तुलसीकाष्ठसम्भूते माले कृष्णजनप्रिये। बिभर्मि त्वामहं कण्ठे कुरु मां कृष्णवल्लभम्॥

हे तुलसीकाष्ठसंभूते, माले, हे कृष्णजनप्रिये, आपको मैं कण्ठ (गले) में धारण करता हूँ। मुझको कृष्णका प्रिय बनाओ।

एवं सम्प्रार्थ्य विधिवन्मालां कृष्णगलेऽर्पिताम्। धारयेत्कार्तिके यो वै स गच्छेद्वैष्णवं पदम्॥ इति। अत्र मूलं चिन्त्यम्।

इसप्रकार प्रार्थनाकर विधिवत् कृष्णके गले द्वारा अर्पित मालाको जो कार्तिकमास में धारण करता है। वह निश्चय वैष्णव अर्थात्-विष्णुपदमें जाता है। यहाँ पर मूल (संप्रदायानुसार वैष्णवलोग ही तुलसी के काठकी माला और धात्रीकाठकी माला धारण करते है। सब लोग धारण नहीं करते हैं—यही तात्पर्य है) विचारने योग्य है।

तथा काशीखण्डे—कार्तिके मासि मे यात्रा यैः कृता भक्तितत्परैः।
बिन्दुतीर्थकृतस्नानैस्तेषां मुक्तिर्न दूरतः॥

और काशीखण्डमें लिखा है कि—जो लोग भक्तिसे तत्पर होकर मेरी यात्रा कार्तिकमासमें किया है। और बिन्दुतीर्थ में जिन्होंने स्नान किया है। उनकी मुक्ति दूर नहीं है।

(कार्तिके अगस्त्यादिपुष्पैः पूजाकथनम्)

भार्गवार्चनदीपिकायां नृसिंहपुराणे—अगस्तिकुसुमैर्देवं योऽर्चयेच्च जनार्दनम्।
दर्शनात्तस्य देवर्षे नरकं नाश्नुते नरः॥

भार्गवार्चनदीपिकामें नृसिंहपुराण का मत है कि—जो अगस्तपुष्पोंसे जनार्दनदेवकी पूजा करता है। हे देवर्षे, उसके दर्शनसे मनुष्य नरकमें नहीं जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विहाय सर्वपुष्पाणि मुनिपुष्पेण केशवम् । कार्तिके योऽर्चयेद्भक्त्या वाजपेयफलं लभेत् ॥

जो सब पुष्पोंको छोड़कर मुनिपुष्प (अगस्तपुष्प) से केशव को कार्तिकमासमें भक्तिसे पूजा करता है। उसको 'वाजपेयज्ञ' का फल मिलता है।

स्कान्दे कार्तिकमाहात्म्ये—मालतीमालया विष्णुः केतक्या चैव पूजितः ।
समाः सहस्रं सुप्रीतो भवेत्तु मधुसूदनः ॥

स्कन्दपुराणके कार्तिकमाहात्म्य में लिखा है कि—जो मालतीमाला या केतकीमालासे विष्णु का पूजन करता है। उससे मधुसूदन हजार साल तक प्रसन्न होते हैं।

पृथ्वीचन्द्रोदये पाद्मे—कार्तिके नार्चितो यैस्तु कमलैः कमलेक्षणः ।
जन्मकोटिषु विप्रेन्द्र न तेषां कमला गृहे ॥

पृथ्वीचन्द्रोदयमें पद्मपुराणका मत है कि—जिन्होंने कार्तिकमासमें कमलेक्षण (विष्णु) की कमलोंसे नहीं पूजा की। हे विप्रेन्द्र, उनके घर करोड़ों जन्मोंतक उनके घर कमला (लक्ष्मी) नहीं जाती है।

तथा–कार्तिके केशवे पूजा येषां नाम्ना सुतैः कृता। ते निर्भर्त्स्य रवेः पुत्रं वसन्ति त्रिदिवे सदा ॥

और—कार्तिकमहिनेमें जिनके नामसे पुत्रों ने केशव की पूजा की। वे लोग रवि पुत्र (यमराज) का तिरस्कार कर सदा स्वर्गमें रहते हैं।

(तुलसीदललक्षेण हरेरर्चनम्)

तुलसीदललक्षेण कार्तिके योऽर्चयेद्धरिम् । पत्रे पत्रे मुनिश्रेष्ठ मौक्तिकं लभते फलम् ॥

जो तुलसीदलके हजार पत्रोंसे हरिकी पूजा करता है। हे मुनिश्रेष्ठ, पत्ते पत्ते में (अर्थात्—प्रति तुलसीदलके पत्ते में) मोतिके फलका लाभ करता है।

(धात्रीच्छायायां पिण्डदानादिकथनम्)

स्कान्दे कार्तिकमाहात्म्ये—धात्रीछाये तु यः कुर्यात् पिण्डदानं महामुने ।
मुक्तिं प्रयान्ति पितरः प्रसादान्माधवस्य तु ॥

और स्कन्दपुराण के कार्तिकमाहात्म्यमें लिखा है कि—हेमहामुने, जो धात्रीकी छायामें पिण्डदान करता है तो माधवके प्रसादसे (उसके) पितर मुक्तिको प्राप्त हो जाते हैं।

धात्रीफलविलिप्ताङ्गो धात्रीफलविभूषितः । धात्रीफलकृताहारो नरो नारायणो भवेत् ॥

जो धात्रीफलको शरीरमें लगाता है और धात्रीफल (जीर्णधात्रीफल) का ही आहार (नूतनधात्रीफल का चातुर्मास्यमें निषेध है) किया है ऐसा मनुष्य नारायण हो जाता है।

धात्रीच्छायां समाश्रित्य योऽर्चयेच्चक्रधारिणम् । पुष्पे पुष्पेऽश्वमेधस्य फलं प्राप्नोति मानवः ॥

धात्रीफलकी छायाका आश्रयण कर जो चक्रधारीकी पूजा करता है। ऐसे मनुष्योंको पुष्प-पुष्पमें 'अश्वमेधयज्ञ' का फल होता है।

तथा स्कान्दे—कार्तिके मासि विप्रेन्द्र धात्रीवृक्षोपशोभिते ।
वने दामोदरं विष्णुं चित्रान्नैस्तोषयेद्विभुम् ॥

और स्कन्दपुराण में कहा है कि—हे विप्रेन्द्र, कार्तिकमासमें धात्रीवृक्षसे सुशोभित वनमें दामोदर विष्णुका पूजनकर चित्रान्नों (अनेक तरहके अन्नोंसे) से विभुको प्रसन्न करे।

मूलेन पायसेनाथ होमं कुर्याद्विचक्षणः । ब्राह्मणान् भोजयेच्छक्त्या स्वयं भुञ्जीत बन्धुभिः ॥ इति।

बुद्धिमान् व्यक्ति मूलमन्त्रसे पायस द्वारा होम करे तथा यथाशक्ति ब्राह्मणों को भोजन करावे एवं स्वयं भी बन्धुओंके साथ भोजन करे।

(कार्तिके द्विदलादिवर्जनकथनम्)

तथा कार्तिके द्विदलव्रतं प्रागुक्तम्–कार्तिके द्विदलं त्यजेत् । इति । पाद्मेऽपि कार्तिकमाहात्म्ये—
राजिकामाढकं चैव नैवाद्यात्कार्तिकव्रती । द्विदलं तिलतैलं च तथान्यमतिदूषितम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और कार्तिकमास में द्विदलव्रत पहले कह चुके है—'कार्तिक में द्विदलका त्याग करे'। पद्मपुराण में भी कार्तिकमासमें कहा है कि—राजिका (राई), आढक (अरहर), द्विदल (दाल) तिल्लीका तेल और अन्य मतिदूषित द्रव्य हो उसको व्रतकरनेवाला कार्तिकमास में त्याग दे।

स्कान्देऽपि—कार्तिके वर्जयेत्तद्वद् द्विदलं बहुबीजकम्। माषमुद्गमसूराश्च चणकाश्च कुलित्थकाः॥ निष्पावा राजमाषाश्च आढक्यो द्विदलं स्मृतम्। नूतनान्यपि जीर्णानि तानि सर्वाणि वर्जयेत्॥

स्कन्दपुराणमें भी कहा है कि—उसीकी तरह कार्तिकमासमें द्विदल, बहुबीजक (मेथी, भंटा), माष, मूंग, मसूर, चना और कुलथी का त्याग करे। निष्पाव (छोटी बड़ी मटर) राजमाष और आढकी को द्विदल कहा है। जो नूतन होते हुए भी जीर्ण हैं उन सबों को त्याग दे।

(उत्पत्तिसमये द्विदलत्वकथनम्)

अत्र केचित् उत्पत्तिसमये दलद्वयं यस्य भवति तद्भूतपूर्वगत्या द्विदलमुच्यत इत्याहुः। उदाहरन्ति च—बीजमेव समुद्भूतं द्विदलं चाङ्कुरं विना। दृश्यते यत्र सस्येषु द्विदलं तं निगद्यते॥ इति।

यहाँपर—कोई लोग उत्पत्ति समयमें जिसका दो दल होता है वह भूतपूर्वगतिसे (जिसके उत्पत्तिके समयही) द्विदल कहते हैं और उदाहरण देते हैं कि—अंकुरके विना बीजही में उत्पन्न द्विदल कहते हैं। जो सस्यों में दिखाई दे उसको 'द्विदल' कहा जाता है।

(अन्यमते द्विदलात्मकं यस्य स्वरूपं तदेव वर्जनकथनम्)

अन्ये तु लक्षणायां मानाभावात्, वचनस्य च निर्मूलत्वाद् द्विदलात्मकं यस्य स्वरूपं तदेव वर्जयेदित्याहुः।

अन्य (दूसरे) तो कहते हैं कि— वचन का प्रमाण न होने से निर्मूल है। जिसका द्विदलात्मक स्वरूप हो उसका ही त्याग है। यों कहा है।

(कार्तिकमासे तैलादिवर्जनकथनम्)

तथा नारदीये—कार्तिके वर्जयेत्तैलं कार्तिके वर्जयेन्मधु। कार्तिके वर्जयेत्कांस्यं कार्तिके शुक्तसन्धितम्॥ कांस्यं तत्पात्रभोजनम्, शुक्तम्=पर्युषितम्, सन्धितम्=लवणशाकः।

और नारदीयपुराण में कहा है कि—कार्तिकमास में तेल को त्याग दे। कार्तिकमासमें मधु को त्याग दे। कार्तिकमासमें कांस्य (कांसे की थाली में भोजन करना) पात्र को त्याग दे और कार्तिकमासमें पर्युषितान्न (वासी अन्न) तथा निमकवाला साग त्याग दे। कांस्य-कांसे के पात्र में भोजन। शुक्तम्=वासी अन्न, 'सन्धितम्—निमक का साग।

(कार्तिकमासे दीपदानादिकथनम्)

तत्रैव—रामः-कार्तिके विष्णुमूर्त्यग्रे दीपदानाद्दिवं व्रजेत्।
तथा-कार्तिके तु कृता दीक्षा नृणां जन्मविमोचनी॥

वहीं पर रामने कहा है कि—कार्तिकमासमें विष्णु की मूर्ति के आगे दीपदान से स्वर्ग जाता है। और—कार्तिकमासमें की हुई दीक्षा मनुष्योंके जन्म का त्याग कराती है।

तथा—कार्तिके कृच्छ्रसेवी यः प्राजापत्यपरोऽथवा। एकान्तरोपवासी वा त्रिरात्रोपोषितोऽपि वा॥ षड् वा द्वादशपक्षं वा मासं वा वरवर्णिनि। एकभक्तेन नक्तेन तथैवायाचितेन च॥ उपवासेन भैक्ष्येण व्रजते परमं पदम्॥ अन्येऽपि नियमाः प्रागुक्ताः।

और हेवरवर्णिनि, कार्तिकमासमें जो कृच्छ्रव्रत, प्राजापत्य, एकान्तरोपवासी (एकदिन का अन्तर देकर उपवास करनेवाला) या त्रिरात्रोपोषित (जिसने तीन रात तक उपवास किया हो) या छः दिन, वारह दिन, पक्षभर (पन्द्रहदिन) या एक महिने तक एक एकभक्त (एकबार भोजन) हो या नक्तव्रत

१—अरण्यानां च सर्वेषां मृगाणां माहिषं विना। स्त्रीक्षीरं चैव वर्ज्यानि सर्वशुक्तानि चैव हि॥ 'स्वभावतो मधुरादिरसानि यानि कालवशेनोदकादिना चाम्ली भवन्ति तानि शुक्तशब्दवाच्यानि—इति मन्वर्थमुक्तावल्याम्। शुक्तं पर्युषितं चैव' इत्यत्र मनुस्मृतिवचने च पर्युषितशब्दस्य पृथग्ग्रहणात्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Funding: MIDF

(रात्रिव्रत) करे। वैसे ही अयाचित (बिना मांगे मिल जाय) या भिक्षा से अन्न प्राप्त होने पर उपवास से परमपदको जाता है। अन्य भी नियम पहले कह चुके हैं।

(सात्विकग्राह्य-अन्नकथनम्)

ग्राह्यमुक्तं स्कान्दे—व्रीहयो यवगोधूमाः प्रियङ्गुतिलशालयः।
एते हि सात्विकाः प्रोक्ताः स्वर्गः मोक्षफलप्रदाः॥

स्कन्दपुराणमें ग्राह्य अन्नोंको कहा है—व्रीहि (चावल), यव, गोधूम (गेहूँ), प्रियंगु (ककनी) तिल और शालि (साठीके चावल) ये सात्विक कहे गये हैं। जो स्वर्ग तथा मोक्ष को देनेवाले हैं।

(वृन्ताकादीनां वर्जनकथनम्)

काशीखण्डे—ऊर्जे यवान्नमश्नीयाद्देवान्नमथवा पुनः।
वृन्ताकं सूरणं चैव शूकशिंबीश्च वर्जयेत्॥

काशीखण्ड में कहा है कि—कार्तिकमासमें यवान्न या देवान्न का भोजन करे और वृन्ताक (बैंगन), सूरण, शूकशिम्बी—केवाच (कपिकच्छू) को त्याग दे।

पृथ्वीचन्द्रोदये पाद्मे—नोर्जो वन्ध्यो विधातव्यो व्रतिना केनचित्कचित्।

पृथ्वीचन्द्रोदयमें पद्मपुराण का मत है कि—व्रत करनेवाला कोई व्यक्ति कार्तिकमहिने को कभी भी त्याग न करे।

तथा नारदीये—अव्रतेन क्षिपेद्यस्तु मासं दामोदरप्रियम्।
तिर्यक् योनिमवाप्नोति नात्र कार्या विचारणा॥

और नारदपुराण में कहा है कि—जो कोई दामोदर का प्रिय बिना व्रत के कार्तिकमासतक व्यतीत करता है। वह तिर्यक् योनि को प्राप्तकरता है। इसमें विचार करने की आवश्यकता नहीं है।

अन्यान्यपि ताम्बूलतैलकेशकर्तनादिवर्जनसङ्कल्परूपाणि प्रागुक्तानि।

अन्य भी—ताम्बूल (पान), तेल, केशकर्तन आदिका त्यागसंकल्परूप पहले कह चुके हैं[1]।

(आकाशदीपदानकथनम्)

तथा कार्तिके आकाशदीप उक्तो निर्णयामृते पुष्करपुराणे—तुलायां तिलतैलेन सायंकाले समागते। आकाशदीपं यो दद्यात् मासमेकं हरिं प्रति॥ महतीं श्रियमाप्नोति रूपसौभाग्यसंपदम्॥ इति।

और निर्णयामृत में पुष्करपुराणमत से कार्तिकमासमें आकाशदीपकहा है—तुलाकी संक्रान्ति में तिल के तेल से सायंकाल के समय में जो एकमास हरि के प्रति 'आकाशदीप' देता है। वह बृहत्‌रूप से रूप, सौभाग्य और संपत्ति प्राप्त करता है।

(तद्विधिः कथनम्)

तद्विधिश्च हेमाद्रावादित्यपुराणे—दिवाकरेऽस्ताचलमौलिभूते गृहाद दूरे पुरुषप्रमाणम्। यूपाकृतिं यज्ञियवृक्षदारुमारोप्य भूमावथ तस्य मूर्ध्नि॥ यवाङ्गुलच्छिद्रयुतास्तु मध्ये द्विहस्तदीर्घा अथ पट्टिकास्तु। कृत्वा चतस्रोऽष्टदलाकृतीस्तु याभिर्भवेदष्टदिशानुसारी॥

उसकी विधि हेमाद्रि में आदित्यपुराण का वचन है कि—जब सूर्य अस्ताचल के शिरोभाग में हो जाय तो घरके समीप ही में पुरुष के प्रमाण से यज्ञीयवृक्ष के लकड़ी के यूप की तरह आकृति निर्माण कर गाड़ दे। उस यूपको भूमिमें और मस्तक यव के बराबर अंगुल के छेद के मध्य में दो हाथ लंबी चार पट्टिओं को कर उसमें अष्टादलाकृती बनावे जिनसे आठ दिशा मालुम हों।

तत्कर्णिकायां तु महाप्रकाशो दीपः प्रदेयो दलगास्तथाष्टौ। निवेद्य धर्माय हराय भूम्यै दामोदरायाप्यथ धर्मराज॥ प्रजापतिभ्यस्त्वथ सत्पितृभ्यः प्रेतेभ्य एवाथ तमःस्थितेभ्यः॥ इति।

उनकी कर्णिका में जो बृहत्प्रकाशको करनेवाला दीपक दे। उसके आठ दलों में आठ दीपक—

१—काशीखण्डे-चतुर्ष्वपि च मासेषु न सामर्थ्यं व्रते यदि। तदोर्जे व्रतिना भाव्यमप्यब्दफलमिच्छता॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धर्माय नमः १ हराय नमः २ भूम्यै नमः ३ दामोदराय नमः ४ धर्मराजाय नमः ५ प्रजापतये नमः ६ पितृभ्यो नमः ७ प्रेतेभ्यो नमः ८ इन क्रम दे। जो तममें स्थित है।

(अपरार्कमते अन्यमन्त्रकथनम्)

अपरार्के त्वन्यो मन्त्र उक्तः। यथा—दामोदराय नभसि तुलायां लोलया सह। प्रदीपं ते प्रयच्छामि नमोऽनन्ताय वेधसे॥ इति।

अपरार्क के तो अन्यमन्त्र कहा है कि—लोला (लक्ष्मी) के साथ दामोदर के लिए तुलाराशि में आकाश में दीपक आपको देता हूँ। अनन्तरूप ब्रह्मा के लिए नमस्कार है।

(कार्तिककृष्णचतुर्थीविचारः)

कार्तिककृष्णचतुर्थी करकचतुर्थी। सा चन्द्रोदयव्यापिनी ग्राह्या। दिनद्वये तत्त्वे पूर्वा, तत्रैव पूजाद्याम्नात्।

कार्तिककृष्ण पक्ष की चतुर्थी करकचतुर्थी है। वह चन्द्रोदयव्यापिनी ग्रहण करे। दोनों दिन हो तो पूर्वा ले। उसीमें ही पूजा आदि कही गयी[1] है।

(कार्तिककृष्णद्वादशीविचारः)

कार्तिककृष्णद्वादशी गोवत्ससंज्ञा। सा प्रदोषव्यापिनी ग्राह्या। दिनद्वये तत्त्वे पूर्वा। युग्मवाक्यात् वत्सपूजा वटश्चैव कर्तव्या प्रथमेऽहनि। इति निर्णयामृतेऽभिधानाच्च।

कार्तिककृष्ण द्वादशी का गोवत्स नाम है। वह प्रदोषव्यापिनी ले। दोनों दिन हो तो पूर्वा ले—युग्मवाक्य से। वत्सपूजा और वटपूजा इन दोनों को प्रथमदिन में करना चाहिये—यह निर्णयामृत में कहा है।

(अत्र गोपूजने अर्घ्यादिकथनप्रकारः)

अत्र विशेषो मदनरत्ने भविष्ये—सवत्सां तुल्यवर्णां च शालिनीं गां पयस्विनीम्। चन्दनादिभिरालिप्य पुष्पमालाभिरर्चयेत्॥ अर्घ्यं ताम्रमये पात्रे कृत्वा पुष्पाक्षतैस्तिलैः। पादमूले तु दद्याद्वै मन्त्रेणानेन पाण्डव॥

यहाँपर विशेष मदनरत्न में भविष्यपुराण का मत है कि—सवत्सा एकवर्ण के तुल्य सुशील दूध देनेवाली गौ को चन्दन आदिसे लेपनकर पुष्पमालाओं से पूजित करे और तांबे के पात्र में पुष्प, अक्षत तथा तिलों के सहित अर्घ्य को कर हे पाण्डव, गौ के पैर के मूलभाग में इस मन्त्रसे दे।

क्षीरोदार्णवसम्भूते सुरासुरनमस्कृते। सर्वदेवमये मातर्गृहाणार्घ्यं नमो नमः॥

हे क्षीरोदार्णवसंभूते—क्षीरसागरसे उत्पन्न हुई, हे सुरासुरनमस्कृते—देवता और असुरों द्वारा नमस्कार योग्या, हे सवदेवमये—सब देवताओं के रूपवाली, हेमातः, इस अर्घ्य को ग्रहण करो। अतः आपको नमस्कार है।

ततो माषादिसंसिद्धान् वटकान् विनिवेदयेत्। सुरभि त्वं जगन्मातर्देवि विष्णुपदे स्थिता॥

तदनन्तर उडद आदिके बने हुए वडों को निवेदन करे—हे सुरभि, हे जगन्मातः, हे देवि, आप विष्णु के चरण में स्थित हैं। हे सर्वदेवमये, मेरे द्वारा दिये हुए इस ग्रास को भक्षण करो।

सर्वदेवमये ग्रासं मया दत्तमिदं ग्रस। ततः सर्वदेवमये देवि सर्वदेवैरलंकृते॥ मातर्ममाभिलषितं सफलं कुरु नन्दिनि॥ इति प्रार्थयेत्।

फिर—प्रार्थना इस मन्त्रसे करे—हे सर्वदेवमये, हे देवि, हे सर्वदेवैरलङ्कृते, हे मातः, हे नन्दिनि, मेरे इच्छित मनोरथ को सफल करो।

तथा—तद्दिने तैलपक्वं च स्थालीपक्वं युधिष्ठिर।
गोक्षीरं गोघृतं चैव दधि तक्रं च वर्जयेत्॥

१—कार्तिककृष्णाष्टमीमहाराष्ट्रादि प्रसिद्धाकराष्टमी। साचन्द्रोदयव्यापिनी ग्राह्या, दिनद्वये तत्त्वे परा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और हे युधिष्ठिर, उसदिन तैल से पका हुआ (तापिकापक्वम्—इति वा पाठः—) बटलोही से पका हुआ, गौ का दूध, गौ का घृत, दधि और मट्ठा त्याग दे।

(द्वादश्यादिषु नीराजनविधिः)

ज्योतिर्निबन्धे नारदः—आश्विने कृष्णपक्षे तु द्वादश्यादिषु पञ्चसु।
तिथिषूक्तः पूर्वरात्रे नृणां नीराजनो विधिः॥

ज्योतिर्निबन्ध में नारद का वचन है कि—आश्विनकृष्णपक्ष में तो द्वादशी आदि पांच तिथियों में कही हुई पहली रात में मनुष्यों को नीराजनविधि कही है।

नीराजयेयुर्देवांस्तु विप्रान् गाश्च तुरङ्गमान्।
ज्येष्ठाञ्छ्रेष्ठाञ्जघन्यांश्च मातृमुख्यांश्च योषितः॥ इति।

देवता, ब्राह्मण, गौ, घोडे, ज्येष्ठ, श्रेष्ठ, छोटे, माता आदि मुख्य स्त्रियों की नीराजना करे।

(कृष्णत्रयोदश्यां यमदीपदानकथनम्)

निर्णयामृते स्कान्दे—कार्तिकस्यासिते पक्षे त्रयोदश्यां निशामुखे।
यमदीपं बहिर्दद्यादपमृत्युर्विनश्यति॥

निर्णयामृत में स्कन्दपुराण का मत है कि—कार्तिककृष्णपक्ष की त्रयोदशी के निशामुख में घर के वाहर यम का दीपक दे तो इससे अपमृत्युका विनाश हो जाता है।

(यमदीपदानमन्त्रकथनम्)

मन्त्रस्तु—मृत्युना पाशदण्डाभ्यां कालेन श्यामया सह।
त्रयोदश्यां दीपदानात्सूर्यजः प्रीयतां मम॥ इति।

मन्त्र यह है—मृत्यु, पाश और दण्डकाल तथा श्याम सहित यमराज त्रयोदशी के दीपदान से मेरे पर प्रसन्न हों।

(कार्तिककृष्णचतुर्दश्यामभ्यङ्गस्नानविधिकथनम्)

कार्तिककृष्णचतुर्दश्यां प्रभाते चन्द्रोदयेऽभ्यङ्गं कुर्यात्। तदुक्तं हेमाद्रौ निर्णयामृते भविष्योत्तरे—कार्तिके कृष्णपक्षे तु चतुर्दश्यामिनोदये। अवश्यमेव कर्तव्यं स्नानं नरकभीरुभिः॥ इनः=चन्द्रः। मदनरत्ने कालादर्शे च 'विधूदये' इति पाठः। 'दिनोदये' इति पाठात्सूर्योदयोत्तरं त्रिमुहूर्ते स्नानं वदतां गौडानां तदनुसारिणां चाज्ञतैव।

कार्तिककृष्ण चतुर्दशी को प्रातःकाल चन्द्रोदय (अर्थात्—अभ्यंगस्नान में चन्द्रोदयकालिनी चतुर्दशी ग्रहण करे।) अभ्यंग (उवटना)—स्नान करे। उसी बात को हेमाद्रि में और निर्णयामृतमें भविष्योत्तरपुराण से कहा है कि—कार्तिककृष्णपक्ष की चतुर्दशी को चन्द्रोदय में नरक से डरनेवाले मनुष्यों को अवश्य ही स्नान करना चाहिये। इनः=चन्द्र को कहते हैं। मदनरत्न और कालादर्श में कहा है कि—विधूदये' यह पाठ है। दिनोदये—इस पाठ से सूर्योदय के उत्तर तीन मुहूर्त में स्नान को कहनेवाले गौडों की उनके अनुसारियों की अज्ञानता है।

पूर्वविद्धचतुर्दश्यां कार्तिकस्य सितेतरे।
पक्षे प्रत्यूषसमये स्नानं कुर्यात्प्रयत्नतः॥ इति।

कार्तिककृष्णपक्ष की पूर्वविद्धा कृष्णपक्ष की चतुर्दशी में सुवह के समय प्रयत्न से स्नान करे।

स्मृतिदर्पणेऽपि—चतुर्दशी चाश्वयुजस्य कृष्णा स्वात्यर्क्षयुक्ता च भवेत्प्रभाते।
स्नानं समभ्यज्य नरैस्तु कार्यं सुगन्धितैलेन विभूतिकामैः॥ इति।

स्मृतिदर्पण में भी कहा है कि—स्वातिनक्षत्र से युक्त आश्विनकृष्णपक्ष की चतुर्दशीतिथि में जो प्रातःकाल ऐश्वर्य की इच्छावाले मनुष्यगण सुगन्धित तेल से अभ्यंग (उवटना) कर स्नान करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पृथ्वीचन्द्रोदये ब्राह्मे—आश्वयुक्कृष्णपक्षस्य चतुर्दश्यां विधूदये।
तिलतैलेन कर्तव्यं स्नानं नरकभीरुणा ॥ इति।

पृथ्वीचन्द्रोदय में पद्मपुराण का मत है कि—आश्विनकृष्णपक्ष की चतुर्दशी के चन्द्रोदय में नरक से डरनेवाले तिलके तेल से स्नान करें।

कर्तव्यं मङ्गलस्नानं नरैर्निरयभीरुभिः। इति कालादर्शे पाठः। उभयत्राश्वयुगित्यमावास्यान्तं मासमभिप्रेत्योक्तम्। तथा—तैले लक्ष्मीर्जले गङ्गा दीपावल्याश्चतुर्दशीम्। (प्राप्येति शेषः) 'प्रातःस्नानं तु यः कुर्याद्यमलोकं न पश्यति। इति।

मनुष्यों को नरकभयसे मंगलस्नान करना चाहिये। यह कालादर्श में पाठ है। ये दोनों वाक्यों (वचन) से आश्विन से अमावास्यातक मास के अभिप्राय से कहा है और दीपावली की चतुर्दशीतिथि में तिल में लक्ष्मी तथा जल में गंगा प्राप्त होती है। प्रातःकाल स्नान जो करता है वह यमलोक नहीं देखता है।

दिनद्वयेऽपि चन्द्रोदये चतुर्दशीसत्त्वे तदभावेऽप्यरुणोदये सम्पूर्णे खण्डे वा दिनद्वये चतुर्दशी समत्वे च पूर्वदिनेऽभ्यङ्गं कुर्यात्। 'पूर्वविद्धचतुर्दश्याम्'—इति वचनात्। पूर्वदिने परदिन एव वा सत्त्वे सैव ग्राह्या। दिनद्वयेऽप्यसत्त्वे अरुणोदयव्यापिनी ग्राह्या। 'पक्षे प्रत्यूपसमये' इत्युक्तेः, वक्ष्यमाणवचनाच्च। तदभावे तु चतुर्दशीह्रासं पूर्वेद्युः प्रवेश्य पूर्वेह्नि त्रयोदशीमध्य एवाभ्यङ्गं कुर्यादिति दिवोदासः।

दोनों दिन भी चन्द्रोदय में चतुर्दशी हो या उसके अभाव में भी अरुणोदय में संपूर्ण हो या खण्ड हो या दोनों दिन चतुर्दशी बराबर हो पहले दिन अभ्यंग करे। क्योंकि—पूर्वविद्धा चतुर्दशी में करे—यह वचन है। पूर्वदिन में या परदिन में ही हो तो वही ही ग्रहण करे। दोनों दिन में भी न हो तो अरुणोदयव्यापिनी ग्रहण करे। क्योंकि पक्ष में प्रातःकाल के समय यह कह चुके हैं और आगे कहे हुए वचन से। उसके अभाव में तो चतुर्दशी के ह्रास को पूर्वदिन प्रवेशकर (मानकर) पहले दिन में त्रयोदशी के मध्य में ही अभ्यंग करे--यह दिवोदास का मत है।

केचिदत्र वचनमपि साधकत्वेन वदन्ति—तिथ्यादौ तु भवेद्यावान् ह्रासो वृद्धिः परेऽहनि। तावान् ग्राह्यः स पूर्वेद्युरदृष्टोऽपि स्वकर्मणि ॥ इति। तन्मन्दम्। न हीदं वचनं पूर्वदिनस्यापूर्वं ग्राह्यत्वं विधत्ते। नक्तैकभक्तजन्माष्टम्यादौ दिनद्वये कर्मकालव्याप्त्यभावे सर्वत्र पूर्वदिनस्य ग्राह्यत्वप्रसङ्गात्। किन्तु यत्रैकभक्तादौ दिनद्वये कर्मकालव्याप्त्यभावे वाक्यान्तरेण न्यायेन वा पूर्वदिनस्य ग्राह्यत्वमुक्तं, तत्र मुख्यकाले तत्तिथेरभावेऽपि तत्रैवानुष्ठानबोधकमिदम्। न चात्र तदस्तीति यत्किञ्चिदेतत्। तेन चतुर्थयामगामिनी ग्राह्या।

कोई यहाँ पर वचन को भी साधकत्व से कहते हैं कि—दूसरे दिन तिथि आदि में जितना ह्रास या वृद्धि हो उतना समय अदृष्टस्वकर्म में पूर्वदिन में ग्रहण करना चाहिये। (पूर्वदिन पहले तिथ्यादि स्वकर्म में उत्तरतिथ्यादि प्रयुक्त कर्मानुष्ठान में और ह्रास वृद्धिसाम्यता को साठघडी की अपेक्षा से तीस, चौबीस, अठारह, दश, बारह घड़ी आदि के क्रमसे सूर्योदयमें तिथियोंका चौवन घडीके रहने पर भी ह्रासव्यवहार से और साम्यव्यवसार से)। यह मूर्खता है। क्योंकि यह वचन पूर्वदिन के अपूर्व का ग्राह्यत्व का विधान नहीं करता है। नक्त, एकभक्त, जन्माष्टमी आदि में दोनों दिन कर्मकालव्यापनी के अभाव में सर्वत्र पूर्वदिनका स्वीकारत्व करना कहा है। किन्तु--जहाँपर एकभक्त आदि में दोनों दिन कर्मकालव्याप्ति के अभाव में वाक्यान्तर से या न्याय से पहलेदिन का ग्रहण करना कहा है। वहाँ पर मुख्यकाल में उसतिथि के अभाव में भी वहींपर अनुष्ठान बोधक यह है। इससे यहाँपर वह कुछ नहीं है। इससे चतुर्थयाम में जानेवाली को ग्रहण करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत एव सर्वज्ञनारायणः—तथा कृष्णचतुर्दश्यामाश्विनेऽर्कोदयात्पुरा।
यामिन्याः पश्चिमे यामे तैलाभ्यङ्गो विशिष्यते ॥ इति।

इसीलिए सर्वज्ञनारायण ने कहा है कि—आश्विनकृष्ण चतुर्दशीतिथिको सूर्योदय के पहले पश्चिम याम में तैलाभ्यञ्जन करना उत्तम है।

मृगाङ्कोदयवेलायां त्रयोदश्यां यदा भवेत्। दर्शे वा मङ्गलस्नानं दुःखशोकभयप्रदम् ॥ इति कालादर्शे त्रयोदशीनिषेधाच्च। तेनायमर्थः—यथाऽग्निहोत्रे यावज्जीवं सायंप्रातःकालेषु व्याप्यकालस्य गुरुत्वं तथाऽत्र चतुर्दशीचतुर्थयामारुणोदयचन्द्रोदयानामुत्तरोत्तरस्य व्याप्यत्वाद् गुरुत्वमिति।

और मृगाङ्क के उदयवेला में (चन्द्रोदय काल में) जब त्रयोदशीतिथि या अमावास्या हो उसमें मङ्गलस्नान दुःख, शोक तथा भय को देनेवाला होता है। यह कालादर्श में त्रयोदशी का निषेध है।

उसका यह अर्थ है—जैसे [1]अग्निहोत्र में यावज्जीवन सायंकाल और प्रातःकालों में व्याप्यकाल का गुरुत्व है और यहाँ पर चतुर्दशी का चतुर्थयाम, (चतुर्थ प्रहर) अरुणोदय और चन्द्रोदय का उत्तरोत्तर-व्याप्यत्व होने से गुरुत्व है।

यद्यपि दिवोदासीये—त्रयोदशी यदा प्रातः क्षयं याति चतुर्दशी। रात्रिशेषे त्वमावास्या तदऽभ्यङ्गे त्रयोदशी ॥ इति वचनं, तद्धेमाद्रिनिर्णयामृताद्यलिखितत्वेन निर्मूलम्। समूलत्वेऽपि न चतुर्दश्याः सूर्योदयासंबन्धित्वरूपः क्षयोऽत्र विवक्षितः। सूर्योदयात्प्राक् समाप्तौ चन्द्रोदयकाल सत्त्वे च त्वयैवाङ्गीकारात्। किन्तु अभ्यङ्गकालात्प्राक् समाप्तिरूपोऽत्र ह्रासः क्षयशब्देन विवक्षितः। स चारुणोदयाच्चतुर्थयामाद्वा प्राक् यदा ह्रासस्तत्परमिदम्। अत एव सर्वज्ञनारायणेन चतुर्थयाममात्रे स्नानमुक्तम्। तथा चोदाहृतम्—'तथा कृष्णचतुर्दश्याम्' इति।

जो भी त्रयोदशीतिथि जब प्रातःकाल हो और चतुर्दशी का क्षय हो रात्रि के शेष में अमावास्या हो तो तब त्रयोदशी में अभ्यंग करे। यह वचन है, वह हेमाद्रि-निर्णयामृत आदि में लिखित न होने से निर्मूल है। यदि समूलत्व भी हो तो चतुर्दशी के सूर्योदय असंबन्धित्वरूपक्षय यहाँ पर विवक्षित नहीं है। सूर्योदय के पहले समाप्ति में चन्द्रोदयकाल के रहने पर तुम्हारे अंगीकार से। किन्तु अभ्यंगकार्य के पूर्व समाप्तिरूप यहाँ पर ह्रास क्षयशब्द से विवक्षित है और वह अरुणोदय से या चतुर्थयाम से पूर्व जब ह्रास हो तो उसपरक यह है। इसलिए सर्वज्ञनारायणने चतुर्थयाममात्र में स्नान कहा है और कहा है कि—कृष्णचतुर्दशी में।

ज्योतिर्निबन्धे नारदोऽपि—इषासितचतुर्दश्यामिन्दुक्षयतिथावपि। ऊर्जादौ स्वातिसंयुक्ते तदा दीपावली भवेत् ॥ कुर्यात्संलग्नमेतच्च दीपोत्सवदिनत्रयम् ॥ ये तु त्रयोदशीमध्ये स्नानमाहुस्तेषामाशयं न विद्म इत्यलं भूयसा।

ज्योतिर्निबन्ध में नारद ने भी कहा है कि—आश्विनकृष्णपक्ष की चतुर्दशी में और अमावास्यातिथि में भी स्वातीनक्षत्र से संयुक्त कार्तिकमास के आदि में जो दीपावली होती है। उससे संलग्न ही तीनदिनतक दीपोत्सव करे। जो लोग त्रयोदशी के मध्य में स्नान को कहते हैं उनका आशय नहीं जानते। बस अधिक कहने की आवश्यकता नहीं है।

यदपि—अरुणोदयतोऽन्यत्र रिक्तायां स्नाति यो नरः। तस्याब्दिकभवो धर्मो नश्यत्येव न संशयः ॥ इति दिवोदासीये भविष्यवचनं, तन्मुख्यकालेऽरुणोदये चतुर्दश्यभावेऽपि तत्रैव स्नातव्यमित्येव परमिति सर्वं सिद्धम्। चतुर्घटिकात्मकोऽरुणोदय इति तत्रैवोक्तम्।

१—'यथाऽग्निहोत्रे यावज्जीवं सायंप्रातःकालेषु व्याप्यकालस्य गुरुत्वं, तथाऽत्र चतुर्दशी चतुर्थयामारुणोदयचन्द्रोदयानामुत्तरोत्तरस्य व्याप्यत्वाद् गुरुत्वमिति पाठो यदि नास्ति तदातम्यमेव' इत्यादिटीकायाम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जो भी अरुणोदय से अन्यत्र जो मनुष्य रिक्तामें स्नान करता है उसके वर्ष भर में होनेवाले धर्म नाश हो जाते हैं। इसमें संशय नहीं है। यह दिवोदासीय में भविष्यपुराण का वचन है वह मुख्यकाल में अरुणोदय में चतुर्दशी के अभाव में भी वहीं पर स्नान करना चाहिये—इसीपरक है वह सर्वसिद्ध है। चारघड़ी का अरुणोदय होता है—यह वहाँ पर कहा है।

(अपामार्गादिकं स्नानमध्ये भ्रामणीयम्)

मदनरत्ने पाद्मे—अपामार्गमथो तुम्बी प्रपुन्नाटमथापरम् ।
भ्रामयेत्स्नानमध्ये तु नरकस्य क्षयाय वै ॥ प्रपुन्नाटः=चक्रमर्दः ।

मदनरत्नमें पद्मपुराणका मत है कि—अपामार्ग, तुम्बी (लौकी का पात्र), (कडवो लौकी) और चक्रमर्द (पवार, तरोडा), को स्नान के मध्य में नरकक्षयके लिए घुमावे। (अपामार्गशाखां सकण्टक्पत्रतुम्बीचक्रमर्दसीतालोष्टयुतां स्नानमध्ये शिरस उपरि पुनः पुनर्भ्रामयेदित्यर्थः)।

(तत्र मन्त्रः)

मन्त्रस्तु—सीतालोष्टसमायुक्त सकण्टकदलान्वित ।
हर पापमपामार्ग भ्राम्यमाणः पुनः पुनः ॥ इति ।

मन्त्र तो यह है—सीता (लांगलपद्धतिः, तल्लोष्टः मृत्पिण्डः) उसके मट्टीके पिण्ड से युक्त कंटकदल बृहतीपत्रादि (कटहरी का पत्ता) हे अपामार्ग, बारंबार घुमाने से पापको हरण करो।

(अस्यामेव प्रदोषे दीपोत्सवः)

अस्यामेव प्रदोषे दीपान्दद्यादित्युक्तं हेमाद्रौ स्कान्दे—ततः प्रदोषसमये दीपान्दद्यान्मनोरमान् ।
ब्रह्मविष्णुशिवादीनां भवनेषु मठेषु च ॥ इति ।

इसमें ही प्रदोष में दीपों को दे—यह हेमाद्रि में स्कन्दपुराण में कहा है कि—तदनन्तर प्रदोषसमय में मनोरम दीपों को दे। ब्रह्मा, विष्णु शिव आदि के भवनों में तथा मठों में (प्राकारोद्यानवापीषु प्रतोलीनिष्कटेषु च। मन्दरासु विविक्तासु हस्तिशालासु चैव हि ॥) दे।

दिवोदासीये ब्राह्मे—अमावास्याचतुर्दश्योः प्रदोषे दीपदानतः। यममार्गाधिकारेभ्यो मुच्यते कार्तिके नरः ॥ खण्डतिथौ तु पूर्वेऽह्नि प्रदोषे दीपान्दत्वा परेद्युः स्नायादिति दिवोदासीये उक्तम् ।

दिवोदासीयमें ब्रह्मपुराण का मत है कि—कार्तिकमासकी अमावास्या और चतुर्दशीतिथि में प्रदोष काल में दीपदानसे मनुष्य यममार्ग के अधिकारसे मुक्त हो जाता है। खण्डतिथि में तो पूर्वदिन प्रदोष में दीपों को देकर दूसरे दिन स्नान करे—यह दिवोदासीय में कहा है।

(नरकोद्देशेन चतुर्वर्तियुक्तं दीपदानंकार्यम्)

अत्र नरकोद्देशेन चतुर्वर्ति युक्तं दीपदानं कार्यम् ।

यहाँ पर नरकोद्देश्य से चारवत्ती से युक्त दीपदान करना चाहिये।

(तन्त्र मन्त्रः)

तत्र मन्त्रः—दत्तो दीपश्चतुर्दश्यां नरकप्रीतये मया। चतर्वर्तिसमायुक्तः सर्वपापापनुत्तये ॥

उसमें मन्त्र यह है—नरक की प्रीति के लिए मैंने चतुर्दशी में चारवत्तियों से युक्त सब पापों के हटाने के लिए दीपकों को दिया।

(अस्यां माषपत्रशाकभोजनम्)

तत्रैव लैङ्गे—माषपत्रस्य शाकेन भुक्त्वा तत्र दिने नरः ।
प्रेताख्यायां चतुर्दश्यां सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥

वहीं पर लिङ्गपुराण में कहा है कि—उसदिन प्रेतनामवाली कार्तिककृष्ण चतुर्दशी को मनुष्य उडद के पत्ते का साग खाने से (लिङ्गपुराणे—ततः प्रेतचतुर्दश्यां भोजयित्वा तपोधनान्। शैवान् विप्रान् धर्मपरान् शिवलोके महीयते ॥ दानं प्रदाय तेभ्यस्तु यमलोकं न पश्यति। नक्तं प्रेतचतुर्दश्यां यः कुर्याच्छिवतुष्टये ॥ न तत्क्रतुशतेनापि प्राप्यते पुण्यमुत्तमम् ॥) तब पापों से छुटकारा पा जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अत्र यमतर्पणकथनम्)

अत्र यमतर्पणमुक्तं मदनपारिजाते वृद्धमनुना—दीपोत्सवं चतुर्दश्यां कार्यं तु यमतर्पणम् ।

यहाँ पर यमतर्पण मदनपारिजात में वृद्धमनुने कहा है कि—चतुर्दशीतिथि में दीपोत्सव तथा यमतर्पण करे ।

मदनरत्ने ब्राह्मे—अपामार्गस्य पत्राणि भ्रामयेच्छिरसोपरि । ततश्च तर्पणं कार्यं धर्मराजस्य नामभिः ॥ यमाय धर्मराजाय मृत्यवे चान्तकाय च । वैवस्वताय कालाय सर्वभूतक्षयाय च ॥ औदुम्बराय दध्नाय नीलाय परमेष्ठिने । वृकोदराय चित्राय चित्रगुप्ताय वै नमः ॥ इति ।

मदनरत्न में ब्रह्मपुराण का मत है कि—अपामार्ग के पत्तों को शिरके ऊपर घुमावे । तदनन्तर (स्नानानन्तर) यमाय नमः । धर्मराजाय नमः । मृत्यवे नमः । अन्तकाय नमः । वैवस्वताय नमः । कालाय नमः । सर्वभूतक्षयाय नमः । औदुम्बराय नमः । दध्नाय नमः । नीलाय नमः । परमेष्ठिने नमः । वृकोदराय नमः । चित्राय नमः । चित्रगुप्ताय नमः । इन धर्मराज के नामों से तर्पण करे ।

(तर्पणप्रकारः)

तर्पणप्रकारस्तु हेमाद्रौ–एकैकेन तिलैर्मिश्रान्दद्यात् त्रींस्त्रीञ्जलाञ्जलीन् ।
संवत्सरकृतं पापं तत्क्षणादेव नश्यति ॥

तर्पण का प्रकार हेमाद्रि में कहा है कि—एक एक तिलों से मिश्रित तीन-तीन अञ्जली को देने से साल भर का किया हुआ पाप उसी क्षण नष्ट होता है ।

तथा मदनरत्ने स्कान्दे—दक्षिणाभिमुखो भूत्वा तिलैः सव्यं समाहितः ।
देवतीर्थेन देवत्वात्तिलैः प्रेताधिपो यतः ॥

और मदनरत्नमें स्कन्दपुराण का वचन है कि—दक्षिणाभिमुख कर सव्य हो समाहितमनसे (सावधानीमनसे) तिलों से तर्पण करे । देवत्व होने से देवतीर्थ से तथा प्रेताधिप (यमराज) होने से तिलों से तर्पण करना चाहिये ।

(इदं तर्पणं जीवत्पितृकेणाऽपि कार्यम्)

तथा यज्ञोपवीतिना कार्यं प्राचीनावीतिनाथवा–इति । इदं जीवत्पितृकेनापि कार्यम् । 'जीवत्पिताऽपि कुर्वीत तर्पणं यमभीष्मयोः । इति पाद्मोक्तेः ।

और—यज्ञोपवीति या प्राचीनावीति होकर तर्पण करे । यह जीवित्पितृक को भी करना चाहिये । (यहाँ पर जिसके पिता जीवित हैं वे लोग सव्य से तर्पण करे और जिनके पिता मर गये हो वे लोग अपसव्य से ही तर्पण करें । यही उचित प्रतीत होता है ।) पद्मपुराण का मत है कि—जिसके पिता जीवित हों वह भी यम और भीष्म का तर्पण करे ।

(भीष्मतर्पणस्य संकेतमात्रम्)

अत्र भीष्मतर्पणमप्युक्तम् दिवोदासीये–तत्प्रकारस्तु माघे वक्ष्यते । इति नरकचतुर्दशी ।

यहाँ पर भीष्मतर्पण भी दिवोदासीय में कहा है—उसका प्रकार माघमास में कहेंगे ।

(कार्तिकामावास्यायां प्रातरभ्यङ्गकथनम्)

कार्तिकामावास्यायां प्रातरभ्यङ्गं कुर्यात् । तदुक्तं कालादर्शे—प्रत्यूषे आश्वयुग्दर्शे कृताभ्यङ्गादिमङ्गलः । भक्त्या प्रपूजयेद्देवीमलक्ष्मीविनिवृत्तये ॥ अस्य व्याख्याने आदिशब्दात्पश्वत्वगुदकस्नानादेरुपसंग्रहः । तदुक्तं पुष्करपुराणे—स्वातिस्थिते रवाविन्दुर्यदि स्वातिगतो भवेत् । पञ्चत्वगुदकस्नायी कृताभ्यङ्गविधिर्नरः ॥ नीराजितो महालक्ष्मीमर्चयन् श्रियमश्नुते ॥

कार्तिक अमावास्या में प्रातःकाल अभ्यंग करना चाहिये । उसी बात को कालादर्श में कहा है कि—आश्विन कृष्णपक्ष की अमावास्या में प्रातःकाल अभ्यंग मङ्गलादि स्नान करके भक्तिद्वारा अलक्ष्मी की निवृत्ति के लिए देवी कीपूजा करे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसके व्याख्यानमें आदिशब्दसे पाँचप्रकार की त्वचा (अश्वत्थो दुम्बरसत्तचूतन्यग्रोधत्वचः) से उदकस्नानादिरूपका संग्रह है।

उसी बातको पुष्करपुराण में कहा है कि—स्वाती में स्थित सूर्य में यदि स्वाती में गया चन्द्रमा हो तो पंचत्वचा के जल से मनुष्य अभ्यङ्गविधिकर स्नान करे और महालक्ष्मी का नीराजन करे तो लक्ष्मी को प्राप्त करता है।

आश्वयुग्दर्शे इति दर्शशब्दः प्रत्यूषे स्वातियुक्ततिथिपरः। तदुक्तं--ब्राह्मे-ऊर्जे शुक्लद्वितीयायां तिथिषु स्वातिऋक्षगे। मानवो मङ्गलस्नायी नैव लक्ष्म्या वियुज्यते॥

आश्वयुग्दर्शे—इस पद से दर्शशब्द प्रातःकालमें स्वाति युक्त तिथिपरक है। उसी बात को ब्रह्मपुराण में कहा है कि—कार्तिकमास के शुक्लपक्ष की द्वितीयातिथि स्वातिनक्षत्र से युक्त में मनुष्यगण मंगलस्नान करते हैं तो वे लक्ष्मी से उनका वियोग नहीं होता है।

तत्रैव--इषे भूते च दर्शे च कार्तिकप्रथमे दिने। यदा स्वातीस्तदाभ्यङ्गस्नानं कुर्याद्दिनोदये॥

वहीं पर कहा है कि—आश्विनमास की चतुर्दशी, अमावास्या और कार्तिकमास के प्रथमदिन में जब स्वातीनक्षत्र हो तो अभ्यंगस्नान दिनके उदय में करे।

कश्यपसंहितायां तु दीपावलिदर्शे प्रक्रम्य--इन्दुक्षयेऽपि संक्रान्तौ रवौ पाते दिनक्षये। तत्राभ्यङ्गो न दोषाय प्रातः पापापनुत्तये॥ इति स्वातियोगं विनाऽप्यभ्यङ्ग उक्तः।

कश्यपसंहिता में तो दीपावली की अमावास्या को प्रारंभकर कहा है कि—अमावास्या, संक्रान्ति, रविवार, व्यतिपात और दिनक्षयमें—इनमें प्रातःकाल पापों को हटाने के लिए अभ्यंग करने से दोष नहीं होता है। स्वातियोग के विना भी अभ्यंग कहा है।

मात्स्ये—दीपैर्नीराजनादत्र सैषा दीपावली स्मृता।

मत्स्यपुराण में कहा है कि—यहाँ पर दीपकों के नीराजन आरती करने से उसीको दीपावली कहा है।

(लक्ष्मीपूजनादिविधिः)

अत्र विशेषो हेमाद्रौ भविष्ये--दिवा तत्र न भोक्तव्यमृते बालातुराज्जनात्। प्रदोषसमये लक्ष्मीं पूजयित्वा ततः क्रमात्॥ दीपवृक्षाश्च दातव्या शक्त्या देवगृहेषु च॥

यहाँ पर विशेष हेमाद्रि में भविष्यपुराण का मत है कि—उसदिन दिन में बालक और आतुर (रोगी) मनुष्यों को छोड़कर किसीको भोजन नहीं करना चाहिये। प्रदोष के समय में 'लक्ष्म्यै नमः' इस नाम मन्त्र से पूजन कर तदनन्तर क्रमसे देवताओं के मन्दिरों में दीपकों के वृक्ष यथाशक्ति और दीपदान भी देने चाहियें। (कोई लोग त्रयोदशी के प्रदोष समय धनपूजा करते हैं, वह निर्मूल है)

(प्रभातसमये अमावास्यायां पार्वणश्राद्धकथनम्)

तत्रैवाभ्यङ्गमभिधाय—एवं प्रभातसमये त्वमावास्यां नराधिप।
कृत्वा तु पार्वणश्राद्धं दधिक्षीरघृतादिभिः॥

वहीं पर अभ्यंग को कहकर कहा है कि—हे नराधिप, इसप्रकार अमावास्या के प्रातःकाल में तो दधि, खीर, घृत आदियों से पार्वणश्राद्ध करे।

(प्रदोषसमये दीपदानकथनम्)

दीपान्दत्त्वा प्रदोषे तु लक्ष्मीं पूज्य यथाविधि। स्वलंकृतेन भोक्तव्यं सितवस्त्रोपशोभिना॥ अयं प्रदोषव्यापी ग्राह्यः।

दीपकों को देकर प्रदोषसमय में यथाविधि लक्ष्मी का पूजनकर सफेदवस्त्र-(उपवस्त्र) से शोभित तथा अलङ्कृत होकर भोजन (आदित्यपुराणे—ब्राह्मणान् भोजयित्वाऽऽदौ संभोज्य च बुभुक्षितान्। स्वलङ्कृतेन भोक्तव्यं नववस्त्रोपभोगिना। स्निग्धैर्मुग्धैश्च निर्वृत्तैः (सुवेषै) र्बान्धवैः सह॥) करे। यह प्रदोष व्यापिनी ग्रहण करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Funding: MIDF

तुलासंस्थे सहस्रांशौ प्रदोषे भूतदर्शयोः। उल्काहस्ता नराः कुर्युः पितॄणां मार्गदर्शनम्॥ इति ज्योतिषोक्तेः। दिनद्वये सत्त्वे परः।

ज्योतिष में कहा है कि—तुला के सूर्य (संक्रान्ति) में चतुर्दशी तथा अमावास्या को प्रदोषकाल में मनुष्य हाथ में उल्का[1] (मसाल) लेकर पितरों के रास्ते को दिखावें। दोनों दिन (प्रदोषकालमें) हो तो परा ग्रहण करे।

दण्डैकरजनीयोगे दर्शः स्यात्तु परेऽहनि। तदा विहाय पूर्वेद्युः परेऽह्नि सुखरात्रिके॥ इति तिथितत्त्वे ज्योतिर्वचनात्।

तिथितत्त्व में ज्योति का वचन है कि—एकदण्ड रात्रि के योग में अमावास्या दूसरे दिन हो तब पूर्वदिन को त्यागकर दूसरे दिन सुखरात्रि में करे।

दिवोदासीये तु प्रदोषस्य कर्मकालत्वात् अर्धरात्रे भ्रमत्येव लक्ष्मीराश्रयितुं गृहान्। अतः स्वलंकृता लिप्ता दीपैर्जाग्रज्जनोत्सवाः॥ सुधाधवलिताः कार्याः पुष्पमालोपशोभिताः। इति ब्रह्मोक्तेश्च प्रदोषार्धरात्रव्यापिनी मुख्या। एकैकव्याप्तौ परैव। प्रदोषस्य मुख्यत्वादर्धरात्रेऽनुष्ठेयाभावाच्च।

दिवोदासीय में तो प्रदोष को कर्मकाल कहा है। ब्रह्मपुराण में कहा है कि—आधीरात के समय घरों में आश्रय प्राप्त करने के लिए लक्ष्मी घूमती है। इसलिए मनुष्य अलंकारों से युक्त तथा पुष्पमाला से शोभित होकर चन्दन लगाकर दीपकों के उजालों में उत्सव कर जागते रहें। प्रदोष और अर्धरात्रिव्यापिनी मुख्य है। एककी व्याप्ति में परा ही है। प्रदोष के मुख्यत्व होने से आधी रात में अनुष्ठान का अभाव है।

यस्तु—अपराह्णे प्रकर्तव्यं श्राद्धं पितृपरायणैः। प्रदोषसमये राजन् कर्तव्या दीपमालिका॥ इति क्रमः स सम्पूर्णतिथावेव प्राप्तेरनुवादो न विधिः। तत्तत्कर्मकालव्याप्तेर्बलवत्त्वात्सम्पूर्णतिथौ प्राप्त्या खण्डतिथावप्राप्त्या विध्यनुवादविरोधाच्चेत्युक्तम्।

जो कि—अपराह्ण में पितृभक्त श्राद्धको कर। हे राजन्, प्रदोष के समय दीपमालिका करें। यह क्रम संपूर्णतिथि में ही प्राप्ति का अनुवाद है विधि नहीं है। उस उस कर्मकाल में व्याप्ति का होना बलवान् है। संपूर्णतिथि में प्राप्ति से खण्डतिथि में अप्राप्ति से विधि तथा अनुवाद का विरोध है—यह कहा है।

(अत्रैव दर्शे अलक्ष्मीनिःसारणं कर्तव्यम्)

अत्रैव दर्शे पररात्रेऽलक्ष्मीनिःसारणमुक्तं मदनरत्ने भविष्ये—एवं गते निशीथे तु जने निद्रार्धलोचने। तावन्नगरनारीभिः शूर्पडिण्डिमवादनैः॥ निष्कास्यते प्रहृष्टाभिरलक्ष्मीः स्वगृहाङ्गणात्॥

यहीं पर अमावस्या की दूसरी रात्रि में अलक्ष्मीनिःसारण मदनरत्न में भविष्यपुराण के वचन से कहा है कि—आधीरातके बीतने पर मनुष्य के आधी निद्रा में तत्पर होनेपर उस नगर की नारियाँ सूप, डिंडिम (भेरी का शब्द दुन्दुभी) के वादन (बजाने) से अपने घर के आंगन से प्रसन्नता से अलक्ष्मी को निष्कासित करें।

(कार्तिकशुक्लप्रतिपदि गोक्रीडनकथनम्)

कार्तिकशुक्लप्रतिपदि गोक्रीडनमुक्तं निर्णयामृते।

कार्तिकशुक्ल प्रतिपदामें गौओं की क्रीडा निर्णयामत में कही है।

(अस्यामेव रात्रौ बलेः पूजा कार्या)

अस्यामेव रात्रौ बलेः पूजोक्ता हेमाद्रौ भविष्ये—कृत्वैतत्सर्वमेवेह रात्रौ दैत्यपतेर्बलेः। पूजां कुर्यान्नृपः साक्षाद्भूमौ मण्डलके शुभे॥

१—उल्काग्रहणे मन्त्रः—शस्त्राशस्त्रहतानां च भूतानां भूतदर्शयोः। उज्ज्वलज्योतिषा देहं दहेयं व्योमवह्निना॥ तद्दानमन्त्रः—अग्निदग्धाश्च ये जीवा येऽप्यदग्धाः कुले मम। उज्ज्वलज्योतिषा दग्धास्ते यान्तु परमां गतिम्॥ विसर्जने मन्त्रः—यमलोकं परित्यज्य आगता ये महालये। उज्ज्वलज्योतिषा वर्त्म प्रपश्यन्तो व्रजन्तु ते॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसी रात्रि में ही बलि की पूजा हेमाद्रि में भविष्यपुराण वचन से कही है कि—रात में [1]राजा यह सब कुछ करके ही दैत्यपति बलि की पूजा अपनी शुभ मण्डलवाली भूमि (चौक पूरना) में करे।

बलिमालिख्य दैत्येन्द्रं वर्णकैः पञ्चरङ्गकैः। गृहस्य मध्ये शालायां विशालायां ततोऽर्चयेत् ॥

पांचरंगों से दैत्येन्द्रबलि का चित्र बना कर (सर्वाभरणसंपूर्णं विन्ध्यावल्या सहासितम्। कूष्माण्ड-बाणजम्भोरुमुरुदानवसंकृतम् ॥ संघूर्णहृष्टवदनं किरीटोत्कटकुण्डलम्। द्विभुजं दैत्यराजानं कारयित्वा नृपः स्वयम् ॥) करे।

लोकश्चापि गृहस्यान्तः शय्यायां शुक्लतण्डुलैः। संस्थाप्य बलिराजानं फलैः पुष्पैश्च पूजयेत् ॥

तदनन्तर घर के मध्य विशालशाला में पूजा करे। घर के मध्यमें प्रजा[2] भी शय्या पर सफेद चावलों के ऊपर राजा बलि को स्थापन कर फल और पुष्पों से पूजन करे।

(बलिनमस्कारमन्त्रः)

मन्त्रस्तु पाद्मे—बलिराज नमस्तुभ्यं दैत्यदानववन्दित।
इन्द्रशत्रोऽमराराते विष्णुसान्निध्यदो भव ॥ इति।

मन्त्र तो पद्मपुराणमें कहा है कि—दैत्य तथा दानवोंसे पूजित हे बलिराज, आपके लिए नमस्कार है। हे इन्द्रशत्रो, हे अमराराते, विष्णु के सान्निध्य को देने वाला हो।

तथा—बलिमुद्दिश्य दीयन्ते दानानि कुरुनन्दन। यानि तान्यक्षयाण्याहुर्मयैवं संप्रदर्शितम् ॥ इति।

और हे कुरुनन्दन, बलिको उद्देश्यकर जो दान दिये जाते हैं वे अक्षय को प्राप्त होते हैं। मैंने इस प्रकार प्रदर्शित किया है।

तदेतत्पूर्वविद्धप्रतिपदि कर्तव्यम्। पूर्वविद्धा प्रकर्तव्या शिवरात्रिर्बलेर्दिनम्। इति हेमाद्रौ पाद्मोक्तेः।

ये सब पूर्वविद्धा प्रतिपदा में करना चाहिये। हेमाद्रि में पद्मपुराण का वचन है कि—शिवरात्रि और बलिके दिन में पूर्वविद्धा करना चाहिये।

माधवोऽपि—बल्युत्सवं च पूर्वेद्युरुपवासवदाचरेत्। इति।

माधवने भी कहा है कि—बलि उत्सव को पूर्वदिन उपवासवत् करे।

निर्णयामृतेऽपि—या कुहूः प्रतिपन्मिश्रा तत्र गाः पूजयेन्नृप।
पूजनात् त्रीणि वर्धन्ते प्रजा गावो महीपतिः ॥ इति।

निर्णयामृतमें भी कहा है कि—हे नृप, जो अमावास्या प्रतिपदा से मिश्रित है उसमें गौओं का पूजन से तीन वस्तु बढती हैं—प्रजा, गौ और राजा।

(गोकुलक्रीडायास्तु द्वितीयायां निषेधकथनम्)

तथा—भद्रायां गोकुलक्रीडा स देशो वै विनश्यति। भद्रायाम्=द्वितीयायाम्। तथा—प्रतिपद्यग्नि-करणं द्वितीयायां तु गोर्चनम्। क्षेत्रच्छेदं करिष्येते वित्तनाशं कुलक्षयम् ॥ इति।

और-भद्रा=द्वितीया में जो गौओं की क्रीडा होती है तो वह देश निश्चय को विनष्ट हो जाता है और प्रतिपदा में अग्निकरण (होला में दीपदान) और द्वितीया में गौ का अर्चन करने से क्षेत्र का छेदन, वित्त (धन) नाश तथा कुलक्षय करता है।

तथा—प्रतिपद्दर्शसंयोगे क्रीडनं तु गवां मतम्। परविद्धेषु यः कुर्यात्पुत्रदारधनक्षयः ॥ इति देवलवचनाच्च।

और—देवलका वचन है कि—प्रतिपदा और अमावास्या के संयोग में गौवों की क्रीडा का तो होना मत है। जो पर विद्धा में करता है उसके पुत्र, स्त्री तथा धन का नाश होता है।

एते च विधिप्रतिषेधाः पूर्वदिने प्रतिपदः सायाह्नव्यापित्वे द्वितीयदिने चन्द्रदर्शनसम्भवे च ज्ञेयाः।

१—राजकर्तृकपूजायां मद्यमांससुरादिकं भवति। इत्यादि टीकायाम्। 'राजकर्तृकपूजायां रात्रेरभिधानेन अन्य कर्तृकपूजायामपि सैव ग्राह्या। रात्रेः कर्मकालत्वाभिधानात्।

२—यो यादृशेन भावेन तिष्ठत्यस्यां युधिष्ठिर। हर्षदैन्यादिरूपेण तस्य वर्षं प्रयाति हि ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और ये विधि तथा निषेध पूर्वदिन में प्रतिपदा सायाह्नव्यापिनी हो तो और दूसरे दिन में चन्द्रमा के दर्शन की संभावना में जानना चाहिये।

गवां क्रीडादिने यत्र रात्रौ दृश्येत चन्द्रमाः। सोमो राजा पशून् हन्ति सुरभिः पूजकांस्तथा॥ इति पुराणसमुच्चयात्। दिनद्वये सायाह्नव्यापित्वे तु परैव ग्राह्या।

पुराणसमुच्चय का वचन है कि--जिस रात में चन्द्रमा दिखाई पड़े उसदिन गौवों की क्रीडा से राजा सोम पशुओं को और गौओं के पूजकों का हिंसा करता है। दोनों दिन सायाह्नव्यापि हो तो परा ही ग्रहण करे।

वर्द्धमानतिथौ नन्दा यदा सार्द्धत्रियामिका। द्वितीया वृद्धिगामित्वादुत्तरा तत्र चोच्यते॥ इति।

वर्द्धमानतिथि (बढनेवाली तिथि) में जब साढे तीन प्रहर नन्दा हो तो द्वितीया की वृद्धि होनेवाली है। अन्त में उत्तरातिथि कही है।

तथा—त्रियामगा दर्शतिथिर्भवेच्चेत्सार्द्धत्रियामा प्रतिपद्विवृद्धौ। दीपोत्सवे ते मुनिभिः प्रदिष्टे अतोन्यथा पूर्वयुते विधेये॥ इति पुराणसमुच्चयादिति निर्णयामृतकारः।

और—पुराणसमुच्चय में निर्णयामृत का वचन है कि—तीन प्रहर अमावास्या हो और साढ़ेतीन प्रहर प्रतिपदा की वृद्धि हो तो ये दोनों तिथि मुनियों ने दीपोत्सव में कही हैं। इसलिए अन्यथा पूर्वयुत (पूर्वविद्धा) ग्रहण करे।

सार्द्धत्रियामिकेत्यनेन चन्द्रदर्शनाभाव उक्तः। द्वितीयायाः पञ्चधाविभक्तदिनचतुर्थांशरूपापराह्णव्याप्तावेव चन्द्रदर्शनसम्भवात्। वयं त्वेतद्वचनद्वयं पूर्वविद्धासम्भवे वेदितव्यमिति ब्रूमः। दिनद्वये प्रतिपदः सायाह्नव्याप्त्यभावे तु पूर्वैव। रात्रौ बलिपूजाविधानेन कर्मकालव्यापित्वात् परदिने चन्द्रोदये च तन्निषेधादिति दिक्।

साढ़ेतीन याम (प्रहर) के कहने से चन्द्रदर्शन का अभाव कहा है। द्वितीया के पांच विभाग करने से दिन के चतुर्थांशरूप अपराह्नव्याप्तिमें ही चन्द्रदर्शन संभव हैं।

हम तो ये दोनों वचन को पूर्वविद्धा के असंभव में जानना चाहिये--यों कहते हैं। दोनों दिन प्रतिपदा सायाह्नव्यापिनी के अभाव में तो पूर्वा ही (बलिपूजा और गोक्रीडामें) ग्रहण करे। रात्रि में बलिपूजा विधान से कर्मकालव्यापिनी होने से दूसरे दिन चन्द्रोदय में उसका निषेध है—यही मार्ग है।

(नीराजन-मङ्गलमालिका च विचारः)

मदनरत्ने तु पूर्वविद्धायां गोक्रीडा। नीराजनमङ्गलमालिके तूत्तरत्रकार्ये।

मदनरत्नमें तो पूर्वविद्धा में गोक्रीडा कहा है। नीराजन (आरती) और मंगलमालिका (मंगलसूत्र माला) को तो द्वितीयाविद्धा प्रतिपदामें करने को कहा है।

कार्तिके शुक्लपक्षे तु विधानद्वितयं भवेत्। नीराजनं भवेत् प्रातः सायं मङ्गलमालिका॥

ब्रह्मपुराण का वचन है कि—कार्तिकशुक्लपक्ष में तो दो विधान होता है। उसमें प्रातःकाल स्त्री नीराजन करें और सायंकाल मंगलमालिका (मंगलसूत्रमाला) करें।

यदा च प्रतिपत्स्वल्पा नारीनीराजनं भवेत्। द्वितीयायां तदा कुर्यात्सायं मङ्गलमालिकाम्॥ इति ब्राह्मोक्तेः।

और जब प्रतिपदा (प्रतिपदस्त्रिमुहूर्तव्यापित्वबोधनार्थम्) स्वल्पा हो तो स्त्रियों द्वारा नीराजन होता है। द्वितीयामें तो सायंकाल मंगलमालिका करें।

लभ्यते यदि वा प्रातः प्रतिपद्घटिकाद्वयम्। तस्यां नीराजनं कार्यं सायं मंगलमालिका॥ इति भविष्योक्तेः।

भविष्यपुराण में कहा है कि--यदि प्रातःकाल दो घड़ी प्रतिपदा का लाभ हो तो उसमें नीराजन करे और सायंकाल मंगलमालिका करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रातर्वा यदि लभ्येत प्रतिपद्घटिका शुभा। द्वितीयायां तदा कुर्यात् सायं मङ्गलमालिकाम् ॥

और देवीपुराण में भी कहा है कि—यदि प्रातःकाल प्रतिपदा शुद्ध एक घड़ी मिले तो द्वितीया में सांयकाल संगलमालिका करे।

कार्तिके शुक्लपक्षादौ त्वमावास्या घटीद्वयम्। देशभङ्गभयान्नैव कुर्यान्मङ्गलमालिकाम् ॥ इति देवीपुराणाच्चेत्युक्तम्।

कार्तिक शुक्लपक्ष के आदि में अमावास्या दो घड़ी हो तो उसदिन देशभंग के भयसे मंगलमालिका को न करे।

(अत्रैव द्यूतकथनम्)

अत्र विशेषो हेमाद्रौ ब्राह्मे—बलिप्रतिपदं प्रक्रम्य-तस्माद् द्यूतं प्रकर्तव्यं प्रभाते तत्र मानवैः। तस्मिन् द्यूते जयो यस्य तस्य संवत्सरं जयः ॥ पराजयो विरुद्धश्च लाभनाशकरो भवेत्। दयिताभिश्च सहितैर्नेया सा च भवेन्निशा ॥ इति।

यहाँ पर विशेष हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण के वचन से बलि प्रतिपदा के प्रकरण में कहा है कि--इसलिए उसदिन द्यूत (जूआ) कर्म को प्रातःकाल मनुष्य करें। अर्थात्-जूआ खेलें। उसद्यूत में जिसका जय होता है उसका एकसाल तक जय होता है। जिसका पराजय और प्रतिकूल होता है उसके लाभका नाश होता है। इसलिए [2]स्त्रियों के साथ रात्रि को द्यूतकर्म में व्यतीत करे।

(गोवर्धनोत्सवकथनम्)

अत्र गोवर्द्धनपूजा देवमार्गपालीपूजनादि चोक्तं हेमाद्रौ निर्णयामृते च स्कान्दे—प्रातर्गोवर्द्धनं पूज्य द्यूतं चापि समाचरेत्। भूषणीयास्तथा गावः पूज्याश्चावाहदोहनाः ॥ गोवर्द्धनश्च गोमयेन कार्यश्चित्रेण वा।

यहाँ पर गोवर्धन पूजा आदि और मार्गपाली पूजन आदि हेमाद्रि तथा निर्णयामृत में स्कन्दपुराण के वचन करना कहा है कि—प्रातःकाल गोवर्धन की पूजा कर जूआ भी खेले। फिर गौवों को सजावे। दान तथा गोदोहनी (आवाह=दान और गोदोहन के समय गौ को तृप्त करे) की भी अर्चना करे। गोवर्धन गोमय से करे या चित्र से बनावे।

(गोवर्धनमन्त्रः)

मन्त्रस्तु—गोवर्द्धन धराधर गोकुलत्राणकारक। बहुबाहुकृतच्छाय गवां कोटिप्रदो भव ॥

मन्त्र यों है कि—हे गोवर्धन, हे धराधार, हे गोकुलत्राणकारक, बहुबाहुकृतच्छाय--बहुतवृक्षों की छाया करने वाले हो और आप करोडों गौवों के देनेवाले हो।

गोमन्त्रस्तु—लक्ष्मीर्या लोकपालानां धेनुरूपेण संस्थिता।
घृतं वहति यज्ञार्थे मम पापं व्यपोहतु ॥

गो मन्त्र यह है--जो लोकपालों की लक्ष्मी धेनुरूप से स्थित है। जो यज्ञार्थ के लिए घृत की प्राप्ति करती है वह मेरे पाप का नाश करे।

तत्रैव स्कान्दे—ततोऽपराह्णसमये पूर्वस्यां दिशि भारत।
मार्गपालीं प्रबध्नीयात्तुङ्गे स्तंभेऽथ पादपे।

वहीं पर स्कन्दपुराण का मत है कि--हे भारत, तदनन्तर अपराह्ण के समय में पूर्वदिशा में ऊँचे स्तंभ या वृक्ष में मार्गपाली का बन्धन करे।

१—शङ्करस्तु पुरा द्यूतं ससर्ज सुमनोहरम्। कार्तिके शुक्लपक्षे तु प्रथमेऽहनि सत्यवान् ॥ जितश्च शङ्करस्तत्र जयं लेभे च पार्वती। अतोऽर्थं शङ्करो दुःखी उमा नित्यं सुखोचिता ॥ २—आदित्यपुराणे-श्रोतव्यं गीतवाद्यादि स्वनुलिप्तैः स्वलङ्कृतैः। विशेषवच्च भोक्तव्यं प्रशस्तैर्बान्धवैः सह ॥ तस्यां रात्रौ प्रकर्तव्यं शय्यास्थानं सुशोभनम्। गन्धैर्वस्त्रैस्तथा पुष्पै रत्नैर्माल्यैरलङ्कृतम् ॥ दीपमालापरिक्षिप्तं तथा धूपेन धूपितम्। दयिताभिश्च सहितैर्नेया सा च भवेन्निशा। ते वै वस्त्रैश्च संपूज्या द्विजसम्बन्धिबान्धवाः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Funding: MIDF

कुशकाशमयीं दिव्यां लम्बकैर्बहुभिर्मुने ।
दर्शयित्वा गजानश्वान् सायमस्यास्तले नयेत् ।

हे मुने, कुश और काशमयी दिव्य बहुत लंबे सूतों से मार्गपाली बांधे । हाथी और घोड़ों को दिखाकर सांयकाल उसके नीचे ले जाय ।

कृतहोमे द्विजेन्द्रैस्तु बध्नीयान्मार्गपालिकाम् । नमस्कारं ततः कुर्यान्मन्त्रेणानेन सुव्रत ॥

अच्छे ब्राह्मणों द्वारा हवन हो जानेपर मार्गपालिका को वंधन करे । तदनन्तर हे सुव्रत, इसमन्त्र से नमस्कार करे ।

(मार्गपालीबन्धनम्)

मार्गपालि नमस्तेऽस्तु सर्वलोकसुखप्रदे । विधेयैः पुत्रदाराद्यैः पुनरेहि व्रतस्य मे ॥

हे मार्गपालि, हे सर्वलोकसुखप्रदे, आपको नमस्कार है । पुत्र तथा स्त्री आदियों से किये हुए और मेरे व्रत को पूर्ण करने के लिये फिर आओ ।

नीराजनं च तत्रैव कार्यं राष्ट्रजयप्रदम् । राजानो राजपुत्राश्च ब्राह्मणाः शूद्रजातयः । मार्गपालीं समुल्लंघ्य नीरुजः स्युः सुखान्विताः ॥

वहीं पर राज्य के जय को देने के लिये नीराजन को करना चाहिये । राजाओं, राजपुत्रों, ब्राह्मणों और शूद्रजातियों द्वारा मार्गपाली को उल्लंघन कर रोग रहित होकर सुख से युक्त हों ।

तत्रैवादित्यपुराणे—कुशकाशमयीं कुर्याद्यष्टिकां सुदृढां नवाम् । तामेकतो राजपुत्रा हीनवर्णास्तथान्यतः ॥ गृहीत्वा कर्षयेयुस्तां यथासारं मुहुर्मुहुः । जयोऽत्र हीनजातीनां जयो राज्ञस्तु वत्सरम् ॥ इति ।

वहीं पर आदित्यपुराण में कहा है कि—कुश तथा काशमयी नवीन सुदृढ सूक्ष्मरज्जू से बनाकर उसके एकदेश से राजाके लड़के तथा अन्यतरफ से हीनवर्ण के लोग ग्रहण कर उसको बल से बारंबार कर्षण करें । अर्थात्—खीचें । खीचने पर हीन जातियों की जय हो तो राजा की सालभर तक जय होती है ।

(यमद्वितीया)

यमद्वितीया तु प्रतिपद्युता ग्राह्येत्युक्तं निर्णयामृतादौ । यमद्वितीया मध्याह्नव्यापिनी पूर्वविद्धा चेति हेमाद्रिः ।

यमद्वितीया को तो प्रतिपदा युता ग्रहण करे-यह निर्णयामृत आदि में कहा है । हेमाद्रिने कहा है कि—यमद्वितीया मध्याह्नव्यापिनी तथा पूर्वविद्धा ग्रहण करे ।

(यमपूजनं यमुनास्नानं च करणीयम्)

अत्र विशेषो हेमाद्रौ स्कान्दे—ऊर्जे शुक्लद्वितीयायामपराह्णेऽर्चयेद्यमम् ।
स्नानं कृत्वा भानुजायां यमलोकं न पश्यति ॥

यहाँ पर विशेष हेमाद्रि में स्कन्दपुराण का कथन है कि—कार्तिकशुक्लद्वितीयातिथि में अपराह्ण समय में यमका पूजन करे और यमुना में स्नान करने से यमलोक नहीं देखता है ।

ऊर्जे शुक्लद्वितीयायां पूजितस्तर्पितो यमः ।
वेष्टितः किन्नरैर्हृष्टैस्तस्मै यच्छति वाञ्छितम् ॥

कार्तिकशुक्लद्वितीया में यमका पूजन और तर्पण करने से प्रसन्न किन्नरों से वेष्टित यमराज उसके लिए इच्छित फल देते हैं ।

तथा भविष्ये—प्रथमा श्रावणे मासि तथा भाद्रपदे परा ।
तृतीयाश्वयुजे मासि चतुर्थी कार्तिके भवेत् ॥

और भविष्यपुराण में कहा है कि—सावनमासमें प्रथमा, दूसरी भाद्रपदमास में, आश्विनमास में तीसरी और कार्तिकमासमें चतुर्थ होती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रावणे कलुषा नाम तथा भाद्रे च गीमला। आश्विने प्रेतसञ्चारा कार्तिके याम्यका मता॥ इत्युक्त्वा प्रथमायां व्रतं द्वितीयायां सरस्वतीपूजा तृतीयायां श्राद्धमुक्त्वा चतुर्थ्यामुक्तम्–

उनके नाम--श्रावणमास नामवाली की कलुषा, भाद्रपदमासवाली की गीर्मला (निर्मला), आश्विनमासवाली की प्रेतसंचारा और कार्तिकमास वाली की—याम्यका।

ऐसा कहकर प्रथमा में व्रत, द्वितीया में—सरस्वतीपूजा, (द्वितीया में श्राद्ध तथा तृतीया में सरस्वती पूजा करे—ऐसा भी पाठान्तर है।)

(अस्यां [1]भगनीहस्तात् भोजनम्)

कार्तिके शुक्लपक्षस्य द्वितीयायां युधिष्ठिर। यमो यमुनया पूर्वं भोजितः स्वगृहेऽर्चितः॥ अतो यमद्वितीयेयं त्रिषु लोकेषु विश्रुता। अस्यां निजगृहे विप्र न भोक्तव्यं ततो नरैः॥ स्नेहेन भगिनीहस्ताद्भोक्तव्यं पुष्टिवर्द्धनम्। दानानि च प्रदेयानि भगिनीभ्यो विधानतः। स्वर्णालङ्कारवस्त्रान्नपूजासत्कारभोजनैः। सर्वा भगिन्यः सम्पूज्या अभावे प्रतिपन्नकाः॥ प्रतिपन्नाः=मातृभगिन्य इति हेमाद्रिः।

तृतीया में श्राद्ध को कहकर चतुर्थी में कहा है कि—हे युधिष्ठिर, कार्तिक महिने के शुक्लपक्ष की द्वितीयातिथि में अपने घर पर यमुना ने यमको पहले भोजन कराया था। इसलिए यह यमद्वितीया तीनों लोकों में सुनी जाती है। हे विप्र, तदनन्तर मनुष्य अपने निजी घर में भोजन न करे।

स्नेह से बहिन के हाथ से पुष्टिवर्धक भोजन करें और बहिनों को विधान से दान देना चाहिये। सुवर्ण के अलंकार, वस्त्र, अन्न, पूजा--सत्कार और भोजनों से जितनी बहिन हों उनका पूजन करे। अभाव में तो जिनको बहिन के रूपमें माने उनकी पूजा करे। प्रतिपन्नाः—माता की बहिन--यह हेमाद्रि ने कहा है।

पितृव्यभगिनीहस्तात्प्रथमायां युधिष्ठिर। मातुलस्य सुताहस्ताद् द्वितीयायां तथा नृप॥ पितुर्मातुः स्वसुः कन्ये तृतीयायां तयोः करात्। (चतुर्थ्यां सह जाताश्च भगिन्या हस्ततः परम्॥) भोक्तव्यं सहजाताश्च भगिन्या हस्ततः परम्। सर्वासु भगिनीहस्ताद्भोक्तव्यं बलवर्द्धनम्॥ यस्यां तिथौ यमुनया यमराजदेवः सम्भोजितः प्रतिजगत्स्वसृसौहृदेन। तस्यां स्वसाकरतलादिह यो भुनक्ति प्राप्नोति रत्नसुखधान्यमनुत्तमं सः॥

हे युधिष्ठिर, चाचाकी लड़की (जो सम्बन्ध से बहिन होती है) के हाथ से प्रथमा में—अर्थात् श्रावणमास के शुक्लपक्ष की द्वितीयातिथि में और हे नृप, मामा के लड़की के हाथ से भाद्रपदशुक्ल द्वितीयाको, जितनी भी बहिन हैं—उनके हाथ का भोजन द्वितीया में करे जो कि बलवर्धक होता है। इस तिथिमें यमुना ने अपनी बहिन के सौहार्द से यमराजदेव को भोजन कराया था। अतः उसी तिथिमें जो मनुष्य अपनी बहिन के हाथ से इस संसार में भोजन करता है वह रत्नसुख और उत्तम धान्य प्राप्त करता है।

गौडास्तु—यमं च चित्रगुप्तं च यमदूतांश्च पूजयेत्। अर्घ्यश्चात्र प्रदातव्यो यमाय सहजद्वयैः॥

गौडों का कहना है कि--यम, चित्रगुप्त और यमदूतों की पूजा करे और यहाँ पर भाई तथा बहन को अर्घ्य करना चाहिये।

१—सर्वा भगिन्यः संपूज्या ज्येष्ठा अपि कनिष्ठिकाः। वस्त्रादिना नमस्कार्या निजवित्तानुसारतः॥ भ्रातुरायुष्यवृध्यर्थं भगिनीभिर्यमस्य वै। प्रतिमा पूजनीया च प्रयत्नेन विधानतः॥ मार्कण्डेयो बलिर्व्यासो हनुमांश्च विभीषणः। कृपो द्रौणिः पर्शुराम अष्टैते चिरजीविनः॥ मार्कण्डेय महाभाग सप्तकल्पान्तजीवन। चिरञ्जीवी यथा त्वं भो तथा मे भ्रातरं कुरु॥

कार्तिकशुक्लचतुर्थ्यां नागव्रतं 'युगं मध्यं दिनं यत्र' इत्यादि प्रागुक्तकार्तिकशुक्लषष्ठ्यष्टमीनवमीकृत्यं कृत्यरत्नावल्यादौ द्रष्टव्यम्।

कार्तिके कूष्माण्डदानं कुर्यात्। नवम्यां तद्दानं ह्याचारात्। तत्र मन्त्रः—ब्रह्महत्यादिपापानां ब्रह्मणा निर्मितं पुरा। कूष्माण्डं बहुबीजाढ्यमतः शान्तिं प्रयच्छ मे।

कूष्माण्डस्तु स्त्रिया न च्छेद्यः—दीपप्रशमनं पुंसः कूष्माण्डच्छेदनं स्त्रियः। अचिरेणैव कालेन तस्य वंशक्षयो भवेत्॥ इति दोषश्रवणात्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(यमस्यार्घ्यमन्त्रः)

**मन्त्रस्तु—एह्येहि मार्तण्डज पाशहस्त यमान्तकालोकधरामरेश ।
भ्रातृद्वितीयाकृतदेवपूजां गृहाण चार्घ्यं भगवन्नमस्ते ॥**

मन्त्र यह है--हे मार्तण्डज—सूर्य से उत्पन्न हुए, हे पाशहस्त—हाथ में पाशधारण करनेवाले, हे यम, हे अन्तक, हे लोकधर, हे अमरेश, भातृद्वितीया में की हुई देवपूजा और अर्घ्य को ग्रहण करो। हे भगवन्, आपको नमस्कार है।

भ्रातस्तवानुजाताहं भुंक्ष्व भक्तमिदं शुभम् । प्रीतये यमराजस्य यमुनाया विशेषतः ॥ ज्येष्ठाग्रजातेति वदेदिति स्मार्ताः इत्यन्नदानमित्यप्याहुः ।

हे भ्रातः, मैं आपकी छोटी बहिन हूँ। आप इस रमणीयसुन्दर यमराज तथा विशेषकर यमुना की प्रीति के लिए भक्षण करें।

स्मार्तों का कहना है कि—ज्येष्ठ, अग्रजात, ऐसा कहें तथा अन्नदान भी करें-ऐसा कहा है। ('ज्येष्ठा तु तवाग्रजाता' इति पाठः। 'ज्येष्ठाग्रजा' इति तु काल्पनिकः पाठः)।

ब्रह्माण्डपुराणेऽपि—या तु भोजयते नारी भ्रातरं युग्मके तिथौ। अर्चयेच्चापि ताम्बूलैर्न सा वैधव्यमाप्नुयात् ॥ भ्रातुरायुःक्षयो राजन्न भवेत्तत्र कर्हिचित् ॥ इति ।

ब्रह्माण्डपुराण में कहा है कि—जो स्त्री कार्तिकशुक्लद्वितीयातिथि में भाई को भोजन कराती है और ताम्बूलों से पूजा करती है वह विधवा नहीं होती है। हे राजन्, कभी भी भाई की आयु का क्षय नहीं होता है।

(कार्तिकशुक्लनवम्यां युगादिकथनम्)

कार्तिकशुक्लनवमी युगादिः । सा पूर्वाह्णिकी ग्राह्या । शुक्लपक्षस्थत्वात् ।

कार्तिकशुक्ल नवमी युगादि है। शुक्लपक्ष की होनेसे ग्रहण करनी चाहिये।

(अत्र पिण्डरहितं श्राद्धं करणीयम्)

अत्र पिण्डरहितं श्राद्धं कर्तव्यमन्यत्प्रागुक्तम् ।

यहाँ पर पिण्डरहित श्राद्ध करना चाहिये और बात तो पहले कह चुके हैं।

(विष्णुत्रिरात्रव्रतकथनम्)

अत्रैव विष्णुत्रिरात्रमुक्तं हेमाद्रौ पाद्मे—कार्तिके शुक्लनवमीमवाप्य विजितेन्द्रियः । हरिं विधाय सौवर्णं तुलस्या सहितं विभुम् ॥ पूजयेद्विधिवद्भक्त्या व्रती तत्र दिनत्रयम् । ततो यथोक्तविधिना कुर्याद्वैवाहिकं विधिम् ॥ इति ।

यहीं पर विष्णुत्रिरात्रव्रत हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण के वचन से कहा है कि—कार्तिकशुक्लनवमी को प्राप्तकर जितेन्द्रिय होकर हरि की सोने की मूर्ति विभु को तुलसी के सहित व्रती तीनदिन तक भक्ति से पूजन करे। इसप्रकार जैसे पहले विधि कही है उसीप्रकार से वैवाहिकविधि करे।

(कार्तिकशुक्लैकादश्यां भीष्मपञ्चकव्रतकथनम्)

कार्तिकशुक्लैकादश्यां भीष्मपञ्चकव्रतमुक्तं नारदीये—अतो नरैः प्रयत्नेन कर्तव्यं भीष्मपञ्चकम् । कार्तिकस्यामले पक्षे स्नात्वा सम्यग्व्रते स्थितः ॥ एकादश्यां तु गृह्णीयाद् व्रतं पञ्चदिनात्मकम् ॥ इति ।

कार्तिकशुक्ल एकादशी में भीष्मपञ्चकव्रत नारदीयपुराणमें कहा है कि—इसलिए मनुष्यों[1] को प्रयत्न से भीष्मपञ्चक करना चाहिये।

कार्तिकमास के शुक्लपक्ष में अच्छीतरह से व्रत में संलग्न हो मनुष्य स्नानकर एकादशी में पाँचदिन वाला व्रत ग्रहण करे।

१—ब्रह्मचारी गृहस्थो वा वानप्रस्थोऽथवा यतिः। प्राप्नोति वैष्णवं स्थानं तत्कृत्वा भीष्मपञ्चकम् ॥ ब्रह्महा मद्यपः स्तेयी गुरुगामी सदाऽनृती। मुच्यते पातकान्मर्त्यः कृत्वेदं भीष्मपञ्चकम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तद्विधिस्तु गोमयेन स्नात्वा मौनी पञ्चामृतैः पञ्चगव्यैर्विष्णुं संस्नाप्य सम्पूज्य पायसं निवेद्य द्वादशाक्षरमष्टोत्तरशतं जप्त्वा 'ॐ नमो विष्णवे' इति षडक्षरेण घृताक्तान् यवान् व्रीहींश्चाष्टोत्तरशतं हुत्वा भूमौ स्वपेत्। एवं पञ्चदिनेषु कुर्यात्।

उसकी विधि यह है कि—गोवर से स्नान कर मौन होकर पंचामृतों से और पञ्चगव्यों से विष्णु को स्नान कराकर तथा पूजन कर खीर का नैवेद्य निवेदनकर द्वादशाक्षर—ॐ नमो भगवते वासुदेवाय—इस मन्त्र को एक सौ आठ वार जप कर 'ॐ नमो विष्णवे' इस षडक्षरमन्त्रसे घृतसे मिश्रित=यव और व्रीहि से एक सौ आठ बार हवनकर भूमि में शयन करे। इसप्रकार पांच दिनों में करे।

विशेषस्त्वाद्येऽह्नि हरेः पादौ सम्पूज्य त्रिर्गोमयं प्राश्यम्, द्वितीयेऽह्नि विल्वपत्रैर्जानुनी सम्पूज्य गोमूत्रम्, त्रयोदश्यां भृङ्गराजेन नाभिं सम्पूज्य क्षीरम्, चतुर्दश्यां करवीरैः स्कन्धं सम्पूज्य दधि, पौर्णमास्यां होमान्ते लौहीं पापप्रतिमां खड्गचक्रहस्तां कृष्णवस्त्रेण वेष्टितां प्रस्थतिलोपरिस्थां कृत्वा धर्मराजनामभिः करवीरैः सम्पूज्य—

विशेष तो पहले दिन में—विष्णु के चरणों की कमलों द्वारा पूजाकर तीनबार गोवर का प्राशन करे। दूसरे दिन में—बिल्वपत्रों से जानुओं की पूजा कर गोमूत्र प्राशन करे। त्रयोदशी में भृंगराज (भंगरैला) नाभीका पूजनकर दूध का प्राशन करे। चतुर्दशी में करवीर (कनेर) से स्कन्ध को पूजनकर दधि प्राशन से करे। पौर्णमासी में होम के अन्त में लोहे की पाप की प्रतिमा को बनावे। उसके हाथ में खड्ग तथा चक्र हो और काले वस्त्र से वेष्टित प्रस्थ (२ – ३ सेर) भर तिल के ऊपर करके धर्मराज के नामों से करवीर के पुष्पों से पूजनकर—

यदन्यजन्मनि कृतमिह जन्मनि वा पुनः। तत्सर्वं प्रशमं यातु मत्पापं तव पूजनात्॥ इति पुष्पाञ्जलिं क्षिप्त्वा कृष्णप्रतिमां च सम्पूज्य विप्राय दत्त्वा विप्रान् सम्भोज्य दक्षिणां दत्त्वा, पञ्चगव्यं प्राश्य पौर्णमास्यां नक्तं भुञ्जीतेति लघुनारदीये।

जो अन्य जन्ममें या फिर इस जन्म में किया हुआ मेरा सब पाप आपके पूजन से शान्त हो जाय। इसप्रकार कहकर पुष्पाञ्जलि प्रक्षेप कर कृष्णकी प्रतिमाका पूजन कर ब्राह्मण के लिए देकर ब्राह्मणों को भोजन कराकर दक्षिणा देकर पञ्चगव्य प्राशनकर पौर्णमासी की रात में नक्त (भोजन) करें—यह लघुनारदीयमें कहा है।

पञ्चगव्यप्राशनं षडक्षरेणेति हेमाद्रिः। हेमाद्रौ भविष्ये तु शाकैर्मुन्यन्नैर्वा पञ्चाहं वर्तनमुक्तम्।

हेमाद्रिमें कहा है कि—पञ्चगव्यप्राशन षडक्षरमन्त्र से करे। हेमाद्रि में भविष्यपुराण का मत है कि—शाक या मुनि के अन्नों से पांच दिन का वर्तन (उदरपोषण) कहा है।

अन्तेऽप्युक्तम्। यद्भीष्मपञ्चकमिति प्रथितं पृथिव्यामेकादशीप्रभृतिपञ्चदशीनिरुद्धम्। मुन्यन्नभोजनपरस्य नरस्य तस्मिन्निष्टं फलं दिशति पाण्डव शार्ङ्गधन्वा॥ इति।

और अन्त में भी कहा है कि—हे पाण्डव, पृथिवी में एकादशी से लेकर पूर्णिमातक जो 'भीष्मपञ्चक' प्रसिद्ध है उसमें मनुष्य मुनियों के भोजन में तत्पर रहता है उसको शार्ङ्गधन्वा इच्छितफल देते हैं।

(भीष्मायार्घ्यदानमन्त्रः)

तथा पाद्मे—पञ्चाहं पञ्चगव्याशी भीष्मायार्घ्यं च पञ्चसु।
अहःस्वपि तथा दद्यान्मन्त्रेणानेन सुव्रत॥

और पद्मपुराण में कहा है कि—पांच चिन तक पंचगव्य का प्राशन करे और पांचदिनों में भीष्म के लिए हे सुव्रत, इसमन्त्र से [1]अर्घ्य दे।

१—वैयाघ्रपद्यगोत्राय सांकृत्यप्रवराय च। गङ्गापुत्राय भीष्माय प्रदास्येऽहं तिलोदकम्। अपुत्राय ददाम्येतत्सलिलं भीष्मवर्मणे। वसूनामवताराय शन्तनोरात्मजाय च॥ अर्घ्यं ददामि भीष्माय सोमवंशोद्भवाय च॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सत्यव्रताय शुचये गाङ्गेयाय महात्मने । भीष्मायैतत्प्रदाम्यर्घ्यमाजन्मब्रह्मचारिणे ॥ (वैयाघ्रपद्यगोत्राय इति च ।) सव्येनानेन मन्त्रेण तर्पणं सार्ववर्णिकम् इति ।

सत्यव्रत, शुचि, महात्मा, गांगेय और आजन्म ब्रह्मचारी भीष्म के लिए इस अर्घ्य को देता हूँ। (वैयाघ्रपद्य गोत्री भीष्म के लिए अर्घ्य देता हूँ) इस मन्त्रसे सव्य होकर सब काल में इस मन्त्रसे तर्पण करे।

(कार्तिकशुक्लद्वादश्यां पारणाविधानम्)

कार्तिकशुक्लद्वादश्यां रेवतीनक्षत्रयोगरहितायां पारणं कार्यम् । तदुक्तम्—आभाकासितपक्षेषु मैत्रश्रवणरेवती । सङ्गमे नहि भोक्तव्यं द्वादशद्वादशीर्हरेत् ॥ इति ।

कार्तिकशुक्ल द्वादशीमें स्वातीनक्षत्र योगरहिता में पारणा करे। उसी बात को कहा है कि—आषाढ़, भाद्रपद तथा कार्तिकमास के शुक्लपक्षों में अनुराधा, श्रवण और रेवती नक्षत्र हो तो इनके संगम में भोजन नहीं करना चाहिये। करने से बारह द्वादशी का फल नाश हो जाता है।

यदा तु रेवतीयोगरहिता द्वादशी सर्वथा न लभ्यते तदा रेवत्याश्चतुर्थपादं वर्जयेत् । वचनं तु प्रागुक्तम् ।

और जब रेवती योगरहित द्वादशी सर्वथा नहीं प्राप्त होती है तो रेवती के चतुर्थ पाद का त्याग करे। वचन तो पहले कह चुके हैं।

लघुनारदीये—कार्तिके शुक्लपक्षस्य कृत्वा चैकादशीं नरः ।
प्रातर्दत्त्वा शुभान् कुम्भान् प्रयाति हरिमन्दिरम् ॥

लघुनारदीय में कहा है कि—कार्तिकशुक्लपक्ष की एकादशी को करके मनुष्य प्रातःकाल कुम्भों को दान करे तो हरिमन्दिर में जाता है।

मदनरत्ने वाराहे—एकादशी सोमयुक्ता कार्तिके मासि भामिनि । उत्तराभाद्रसंयोगे अनन्ता सा प्रकीर्तिता ॥ तस्यां यत्क्रियते भद्रे सर्वमानन्त्यमश्नुते ॥

मदनरत्न में वाराहपुराण का मत है कि—हेभामिनि, कार्तिकमास में एकादशी, सोमवार तथा उत्तराभाद्रपद से किसी के मत से उत्तराषाढ युक्त हो तो वह अनन्ता कही गयी है। हे भद्रे, उसमें जो किया जाय वह सब अनन्त होता है।

(अस्यामेव रात्रौ देवोत्थापनं कर्तव्यम्)

अस्यामेव रात्रौ देवोत्थापनमुक्तं हेमाद्रौ पाद्मे—एकादश्यां च शुक्लायां कार्तिके मासि केशवम् । प्रसुप्तं बोधयेद्रात्रौ श्रद्धाभक्तिसमन्वितः ॥ इति ।

इसी ही रात्रि में हेमाद्रि में ब्रह्मपुराणमतसे देवोत्थापन कहा है कि—कार्तिकमास के शुक्लपक्ष की एकादशीतिथि में श्रद्धा-भक्ति से युक्त होते हुए केशव को रात में [1]जगावे।

मदनरत्नेऽपि भविष्ये—कार्तिके शुक्लपक्षे तु एकादश्यां पृथासुत ।
मन्त्रेणानेन राजेन्द्र देवमुत्थापयेद् द्विजः ॥

मदनरत्न में भविष्यपुराण का मत है कि—हे पृथासुत, हे राजेन्द्र, कातर्किशुक्लपक्ष की एकादशी में द्विज इस मन्त्र से देवता जगा दे।

रामार्चनचन्द्रिकादौ तु द्वादश्यामुक्तम् । पारणाहे पूर्वरात्रे घण्टादीन् वादयेन्मुहुः । इति । अत्र देशाचारतो व्यवस्था ।

रामाचर्नचन्द्रिका आदि में देवता को जगाना द्वादशीतिथि में कहा है कि—पूर्वरात में पारणा के दिन घण्टा आदि को बार बार वादन करता हुआ देवोत्थापन करे। यहाँ पर देशाचार से व्यवस्था है।

१—नृत्यैर्गीतैस्तथा वाद्यैर्ऋग्यजुःसाममङ्गलैः । वीणापणवशब्दैश्च पुराणश्रवणेन च ॥ वासुदेवकथाभिश्च स्तोत्रैरन्यैश्च वैष्णवैः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत्रैव देवदेवस्य स्नानं पूर्वं महद्भवेत् । महापूजां ततः कृत्वा देवमुत्थापयेत्सुधीः ॥

वहीं पर देवों में देव का बड़ा पहले स्नान करावे । तदनन्तर महापूजाकर बुद्धिमान् देवता को उठावे ।

(उत्थापने वाराहपुराणोक्तमन्त्राः)

मन्त्रास्तु वाराहपुराणे उक्ताः—ब्रह्मेन्द्ररुद्राग्निकुबेरसूर्यसोमादिभिर्वन्दित वन्दनीय । बुध्यस्व देवेश जगन्निवास मन्त्रप्रभावेण सुखेन देव ॥

मन्त्रों को तो वाराहपुराण में कहा है कि—ब्रह्मा, इन्द्र, रुद्र, अग्नि, कुबेर, सूर्य, सोम आदियों से वन्दितों से वन्दित हे देवेश, हे जगन्निवास, हे देव, मन्त्र के प्रभाव से सुख से उठो ।

इयं तु द्वादशी देवप्रबोधार्थं विनिर्मिता । त्वयैव सर्वलोकानां हितार्थं शेषशायिना ॥

यह द्वादशीतिथि देवताओं के प्रबोधन के लिए तथा सबलोकों के हित के लिये शेषशायी आपने निर्माण किया ।

उत्तिष्ठोत्तिष्ठ गोविन्द त्यज निद्रां जगत्पते । त्वयि सुप्ते जगन्नाथ जगत्सुप्तं भवेदिदम् ॥ उत्थिते चेष्टते सर्वमुत्तिष्ठोत्तिष्ठ माधव ।

हे गोविन्द, उठो-उठो । हे जगत्पते, निन्द्रा का त्याग करो । हे जगन्नाथ, आपके शयन करने पर यह संसार शयन करता है आपके जागने पर सारा जगत् उठ जाने की चेष्टा करता है । अतः हे माधव, उठ जाओ, उठ जाओ ।

गता मेघा वियच्चैव निर्मलं निर्मला दिशः ॥ शारदानि च पुष्पाणि गृहाण मम केशव । इदं विष्णुरिति प्रोक्तो मन्त्र उत्थापने हरेः ॥ इति ।

[1]मेघ चले गये, आकाश निर्मल होगये तथा दिशायें निर्मला होगयीं । हे केशव, मेरे द्वारा प्राप्त शरद् ऋतु के पुष्पों को ग्रहण करो । 'इदं विष्णु' इस मन्त्र को हरि के उत्थापन में कहा है ।

(चातुर्मास्यव्रतसमाप्तिकथनम्)

एवं देवमुत्थाप्य तदग्रे चातुर्मास्यव्रतसमाप्तिं कुर्यात् ।

इसप्रकार देवको उठाकर उसके आगे चातुर्मास्यव्रत की समाप्ति करे ।

तदुक्तं भारते—चतुर्द्धा गृह्य वै जीर्णं चातुर्मास्यव्रतं नरः । कार्तिके शुक्लपक्षे तु द्वादश्यां तु समापयेत् ॥

उसी बात को भारत में कहा है कि—एकादशी, द्वादशी, पौर्णमासी या संक्रान्ति में चातुर्मास्यव्रत को मनुष्य कार्तिकमास के शुक्लपक्ष की द्वादशी में समाप्त करे ।

लघुनारदीये—चातुर्मास्यव्रतानां च समाप्तिः कार्तिके स्मृता ।

लघुनारदीय में कहा है कि—चातुर्मास्यव्रतों की समाप्ति कार्तिकमास में कही है ।

(सनत्कुमारोक्तमन्त्रकथनम्)

मन्त्रश्च निर्णयामृते सनत्कुमारेणोक्तः—इदं व्रतं मया देव कृतं प्रीत्यै तव प्रभो । न्यूनं सम्पूर्णतां यातु त्वत्प्रसादाज्जनार्दन ॥ इति ।

मन्त्र तो निर्णयामृत में सनत्कुमार ने कहा है कि—हे प्रभो, आपके प्रीति के लिए हे देव, मैंने इस व्रत को किया । हे जनार्दन, आपके प्रसाद से न्यूनकर्म भी संपूर्णता को प्राप्त हो ।

(वाराहोक्तो बोधनीविधिः)

अथ वाराहोक्तो बोधनीविधिः—एकादश्यां रात्रौ कुम्भे घृतपात्रोपरि हैमं मापमितं मत्स्यं

१—ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा नि दधे पदम् । समूढमस्य पांसुरे ॥ (ऋ० १।२२।१७) ।

२—इस मन्त्रसे प्रबोध के बाद पुष्पाञ्जलि मन्त्रलिंग से दे । यहींपर पहले दिनकी रातमें दशावतारों का पूजन तथा जागरणकर प्रातःकाल आचार्यको वस्त्र आदि द्वारा पूजन तथा ब्राह्मणभोजन करा कर स्वयं भोजन करे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पञ्चामृतेन संस्नाप्य कुङ्कुमपीतवस्त्रयुगपद्माद्यैः सम्पूज्य मत्स्यादिदशावतारान् सम्पूज्य जागरणं कृत्वा प्रातर्देवमाचार्यं च वस्त्राद्यैः सम्पूज्य—

इसके बाद वाराहपुराणोक्तबोधनविधि कहते हैं कि—एकादशी की रात में कुंभपर घृतपात्र के ऊपर सुवर्ण का मासे भर मत्स्य का निर्माण कर पञ्चामृत से स्नानकराकर कुंकुम (रोली या केशर) दो पीतवस्त्र तथा पद्म आदि द्वारा पूजन कर मत्स्यादिदश अवतारों की पूजाकर तथा जागरण कर—प्रातःकाल देवता और आचार्य का वस्त्र आदि से पूजन कर—

जगदादिर्जगद्रूपो जगदादिरनादिमान्। जगदाद्यो जगद्योनिः प्रीयतां मे जनार्दन ॥ इति नत्वा दक्षिणां दत्त्वा ब्राह्मणान् भोजयेदिति।

संसार के आदि, संसार के स्वरूप, संसार के कारण अनादि, संसार के आद्य (प्रथम), संसार के उत्पति कारण मूल जनार्दन मुझपर प्रसन्न हो। इसप्रकार नमस्कार कर तथा दक्षिणा देकर ब्राह्मणभोजन करावे।

तथा ब्राह्मे—महातूर्यरवे रात्रौ भ्रामयेत्स्यन्दने स्थितम्। उत्थितं देवदेवेशं नगरे पार्थिवः स्वयम् ॥ चतुरो वार्षिकान् मासान् नियमं यस्य यत्कृतम्। कथयित्वा द्विजेभ्यस्तद्द्याद्भक्त्या सदक्षिणम् ॥ यस्य भक्ष्यस्य नियमः कृतस्तत् द्रव्यं दद्यादित्यर्थः।

और ब्रह्मपुराण में कहा है कि—उठे हुए देव देशके बड़े बड़े बाजों के शब्दोंसे रथ में स्थितकर स्वयं राजा नगर में रात्रि में भ्रमण करावे। साल के चार महिनों में जिसने कहकर जिसका नियम किया है उसे ब्राह्मणों के लिए भक्ति से दक्षिणा दे। अर्थात्–जिस भक्ष्यवस्तु का नियम किया है उसी द्रव्य को दे-यह अर्थ है।

(शुक्रास्तादावपि विचारः)

इदं शुक्रास्तादावपि कार्यम्।

यह चातुर्मास्यव्रत शुक्रास्त आदि मे भी करे। (क्योंकि-इसका नियम काल है। इसकी समाप्ति चार महिमें होती है)।

(आशौचावस्थायां विचारः)

अशौचे तु पूजामन्येन कारयेत्।

आशौच में तो पूजा दूसरे से करावे।

(कार्तिकशुक्लद्वादशी पौर्णमासी च मन्वादिनिर्णयकथनम्)

कार्तिकद्वादशी पूर्णमासी च मन्वादिः। सा पूर्वाह्णिकी ग्राह्या। अन्यत्प्रागुक्तम्।

कार्तिकशुक्लद्वादशी और पौर्णमासी मन्वादि है। वह पूर्वाह्णव्यापनी ग्रहण करे। अन्यबात (निर्णय) पहले कह चुके हैं।

(कार्तिकशुक्लचतुर्दशी (वैकुण्ठचतुर्दशी) निर्णयः)

कार्तिकशुक्लचतुर्दशी वैकुण्ठसंज्ञा। सा विष्णुपूजायां रात्रिव्यापिनी ग्राह्या। दिनद्वये तद्व्याप्तौ निशीथप्रदोषोभयव्यापिनी ग्राह्या। तदुक्तं हेमाद्रौ भविष्ये—कार्तिकस्यासिते पक्षे चतुर्दश्यां नराधिप। सोपवासस्तु सम्पूज्य हरिं रात्रौ जितेन्द्रियः ॥ इति।

कार्तिकशुक्ल चतुर्दशी वैकुण्ठचतुर्दशी है। वह विष्णुपूजा में रात्रिव्यापिनी ग्रहण करे। दोनों दिन उसकी अप्राप्ति में निशीथ और प्रदोष में व्याप्त हो उसे ही ग्रहण करे। उसी बात को हेमाद्रि में भविष्यपुराण मत से कहा है कि—हे नराधिप, कार्तिकमास के शुक्लपक्ष की चतुर्दशीतिथि में सोपवास और जितेन्द्रिय होकर रात्रि में हरी की पूजा करे।

(अस्यामेव विश्वेश्वरप्रतिष्ठादिनादिकथनम्)

अस्या एव विश्वेश्वरप्रतिष्ठादिनत्वात्तत्प्रीत्यर्थं यदोपवासादि क्रियते तदाऽरुणोदयव्यापिनी ग्राह्या। तदुक्तं त्रिस्थलीसेतौ सनत्कुमारसंहितायाम्—वर्षे च हेमलम्बाख्ये मासे श्रीमति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कार्तिके। शुक्लपक्षे चतुर्दश्यामरुणाभ्युदयं प्रति ॥ महादेवतिथौ ब्राह्मे मुहूर्ते मणिकर्णिके ॥ स्नात्वा विश्वेश्वरो देव्या विश्वेश्वरमपूजयत् । इति ।

इसी का ही विश्वेश्वर[1] की प्रतिष्ठादिन होने से उनके प्रीत्यर्थ जब उपवास आदि किया जाय तो अरुणोदयव्यापिनी ग्रहण करे।

उसी बात को त्रिस्थलीसेतु में सनत्कुमारसंहिता के वचन से कहा है कि—'हेमलंब' नाम के वर्ष में कार्तिकमास की शुक्ला चतुर्दशीतिथि को अरुणोदय के समय महादेव की तिथि में ब्राह्ममुहूर्त में मणिकर्णिका में स्नान कर पार्वती सहित विश्वेश्वर ने श्री विश्वेश्वर की पूजा की थी।

तत्पूर्वदिने चोपवासः कार्यः। ततः प्रभाते विमले कृत्वा पूजां महाद्भुताम्। दण्डपाणेर्महाधाम्नि वनेऽस्मिन् कृतपारणः ॥ इति तत्रैवोक्तेः ।

इसके पहले दिन उपवास करे। तदनन्तर प्रातःकाल [2]विमलतीर्थ में महा अद्भुत पूजा कर दण्डपाणी के महाधामरूपी इस वन में (वाराणसी) में पारायण किया। यह बात वहीं पर कही है।

शिवरहस्येऽपि पूजाजागराद्युक्तम्—ततोऽरुणोदये जाते स्नात्वा स्नात्वा च भस्मना। सन्ध्यां समाप्य विश्वेशं मामभ्यर्च्य यथाविधि ॥ मद्भक्तान् भोजयामासुर्ऋषयो बुभुजुस्ततः ॥ इति ।

शिवरहस्य में भी पूजा, जागरण आदि कहकर कहा है कि—तदनन्तर अरुणोद के समय भस्म से स्नान और सन्ध्या समाप्तकर यथाविधि मुझ विश्वेश्वर का अर्चन करे। तदनन्तर ऋषियोंने मेरे भक्तों को भोजन कराया फिर स्वयं भोजन किया।

(कार्तिकव्रतोद्यापनकथनम्)

अत्र कार्तिकव्रतोद्यापनमुक्तं पाद्मे कार्तिकमाहात्म्ये—अथोर्जव्रतिनः सम्यगुद्यापनविधिं शृणु । ऊर्जशुक्लचतुर्दश्यां कुर्यादुद्यापनं व्रती ।

यहाँ पर कार्तिकव्रत के उद्यापनविधि को पद्मपुराण के कार्तिकमाहात्म्य में कहा है कि—

इसके बाद कार्तिकमास में व्रत करने वालों के लिए अच्छीतरह से उद्यापन (व्रत की संपूर्णता आदि के लिए) विधि को सुनो। कार्तिकशुक्लचतुर्दशी को व्रती उद्यापन करे।

तुलस्या उपरिष्टात्तु कुर्यान्मण्डपिकां शुभाम् । तुलसी मूलदेशे च सर्वतोभद्रमेव च ॥

तुलसी के ऊपर छोटा सा शुभ मण्डप (सुतोरणां चतुर्द्वारां पुष्पचामरशोभिताम्। द्वारेषु द्वारपालाँश्च पूजयेन्मृन्मयान् पृथक्। पुष्पशीलं सुशीलं च जयं विजयमेव च।) तुलसी के मूल देश (जडभाग के समीप) में 'सर्वतोभद्र' का निर्माण करे। (इससे यह सिद्ध हुआ कि—सर्वतोभद्र के देवताओं का आवाहन-पूजनादि-आवश्यक है)।

तस्योपरिष्टात्कलशं पञ्चरत्नसमन्वितम् । पूजयेत्तत्र देवेशं सौवर्णं गुर्वनुज्ञया ॥ रात्रौ जागरणं कुर्याद् गीतवाद्यादिमङ्गलैः । ततस्तु पौर्णमास्यां वै सपत्नीकान् द्विजोत्तमान् ॥ त्रिंशन्मितानथैकं वा स्वशक्त्या वा निमन्त्रयेत् ।

उस भद्रपीठ के ऊपर पञ्चरत्न से युक्त कलश का (स्थापनपूर्वक) पूजन करे। उस कलश में गुरुदेव की आज्ञा से सुवर्ण के देवों के देव विष्णु (विष्णुश्च केशवादीनां चतुर्विंशतीनां मध्येऽन्यतमः) का (षोडशोपचार से) पूजन करे। गाना बजाना आदि मंगलों से रात्रि में जागरण करे। तदनन्तर पूर्णिमातिथि में ही तीस संख्याक सपत्नीक द्विजोत्तमों को या एक या अपनी शक्ति के अनुसार निमन्त्रण (ततस्तान् भोजयेद्विप्रान् पायसान्नादिना व्रती) करे।

अतो देवा इति द्वाभ्यां जुहुयात्तिलपायसम् । ततो गां कपिलां दद्यात्पूजयेद्विधिवद् गुरुम् ॥ इति ।

१—संक्षेपं ज्योतिषस्तस्य प्रतिष्ठाख्यं तदाऽकरोत्। स्वयमेव स्वमात्मानं चरन् पाशुपतव्रतम् ॥ जपन् वै शतरुद्रीयं पूजयंस्तमहर्निशम्। स्वयमेव स्वमात्मानं तत्रैवोवास शङ्करः ॥

२—कार्तिकस्य चतुर्दश्यां विश्वेशं यो विलोकयेत्। स्नात्वा चोत्तरवाहिन्यां न तस्य पुनरावृत्तिः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri Funding: MIDF

'अतो देवा' इन[1] दोनों मन्त्रों से तिल तथा पायस से हवन करे। तदनन्तर कपिला गौ का दान कर विधिवत् गुरुदेव का (वस्त्र-अलंकार आदि से) पूजन करे[2]।

(कार्तिकपौर्णमासीनिर्णयः)

कार्तिकी पौर्णमासी परा ग्राह्या। अमापौर्णमास्यौ परे' इति दीपिकोक्तेः।

कार्तिकमास की पौर्णमासी परा ग्रहण करनी चाहिये। दीपिका में कहा है कि—अमावास्या और पूर्णिमा परा ग्रहण करे।

(अत्र योगविशेषकथनम्)

अत्र विशेषो हेमाद्रौ ब्राह्मे—पुण्या महाकार्तिकी स्याज्जीवेन्द्वोः कृत्तिकासु च।

यहाँ पर विशेष हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण के वचन से कहा है कि—बृहस्पतिवार, सोमवार तथा कृत्तिकानक्षत्र हो तो कार्तिकी महापुण्यदायक होती है।

तथा—आग्नेयं तु यदा ऋक्षं कार्तिक्यां भवति क्वचित्।
महती सा तिथिर्ज्ञेया स्नानदानेषु चोत्तमा॥

और जब कभी कार्तिकी में कृत्तिकानक्षत्र हो तो उसे महती जाने वह स्नान और दान में उत्तम होती है।

यदा तु याम्यं भवति ऋक्षं तस्यां तिथौ क्वचित्।
तिथिः सापि महापुण्या मुनिभिः परिकीर्तिता॥

जब उस तिथि में कभी रोहिणी हो तो वह तिथि भी मुनियों द्वारा महापुण्य को देने वाली कहा है।

प्राजापत्यं यदा ऋक्षं तिथौ तस्यां नराधिप।
सा महाकार्तिकी प्रोक्ता देवानामपि दुर्लभा॥ इति।

हे नराधिप, जब कभी उस तिथि में रोहिणीनक्षत्र हो तो वह महाकार्तिकी कही गयी है, वह देवताओं के लिए भी दुर्लभ है।

(अस्यां पद्मकयोगकथनम्)

पाद्मे—विशाखासु यदा भानुः कृत्तिकासु च चन्द्रमाः।
स योगः पद्मको नाम पुष्करेष्वतिदुर्लभः॥

पद्मपुराण में कहा है कि—जब विशाखा में सूर्य हो और कृत्तिका में चन्द्रमा हो तो उस योग का नाम पद्मक है वह पुष्कर में अति दुर्लभ है।

पद्मकं पुष्करे प्राप्य कपिलां यः प्रयच्छति। स हित्वा सर्वपापानि वैष्णवं लभते पदम्॥

पद्मक पुष्कर में प्राप्त कर जो मनुष्य कपिला गौ देता है। वह अपने सारे पापों को त्यागकर वैष्णव पद का लाभ करता है।

यमः—कार्तिक्यां पुष्करे स्नातः सवपापैः प्रमुच्यते।
माध्यां स्नातः प्रयोगे तु मुच्यते सर्वकिल्बिषैः॥

यमने कहा है कि—कार्तिकीपूर्णिमा में पुष्कर में स्नान करने से सब पापों से मुक्त हो जाता है। और माघी पूर्णिमा में प्रयाग में स्नान करने से सब किल्बिषों (पापों) से मुक्त होता है।

(अस्यामेव सायंकाले मत्स्यावतारः)

अस्यामेव सायङ्काले मत्स्यावतारो जात इत्युक्तं पाद्मे कार्तिकमाहात्म्ये—वरान्दत्त्वा यतो

१—अतो देवा अवन्तु नो यतो विष्णुर्विचक्रमे। पृथिव्याः सप्त धामभिः॥ इदं विष्णुर्विचक्रमेत्रेधा नि दधे पदम्। समूढमस्य पांसुरे॥ (ऋ० म० १ सू० २२ म० १६, १७)।

२—तुलसीविवाह की विधि 'विष्णुयामल' में कही है। इसका पूरा विवरण निर्णयसिन्धु के द्वितीय परिच्छेदके कार्तिकव्रतोद्यापन प्रकरण टीका में उद्धृत है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विष्णुर्मत्स्यरूपी भवेत्ततः। तस्यां दत्तं हुतं जप्तं तदक्षय्यफलं स्मृतम् ॥ इति।

इस तिथि में ही कहा है कि—सायंकाल में मत्स्यावतार (मछली के रूप को धारण कर भगवान् विष्णु का अवतार) हुआ।

पद्मपुराण के कार्तिकमाहात्म्य में कहा है कि—तदनन्तर वरों को देकर मत्स्यरूपधारी विष्णु हुए। उसमें दिया हुआ दान, होम एवं जप अक्षय फल को देता है।

(त्रिपुरोत्सवकथनम्)

अत्र त्रिपुरोत्सव उक्तो भार्गवार्चनदीपिकायाम्—पौर्णमास्यां तु सन्ध्यायां कर्तव्यस्त्रिपुरोत्सवः। दद्यादनेन मन्त्रेण प्रदीपांश्च सुरालये ॥

यहाँ पर भार्गवार्चनदीपिका में त्रिपुरोत्सव में कहा है कि—पौर्णमासी की सन्ध्या में 'त्रिपुरोत्सव' करना चाहिये। इसमन्त्र से देवताओं के मन्दिर में दीपकोंको दे।

कीटाः पतङ्गा मशकाश्च वृक्षा जले स्थले ये विचरन्ति जीवाः।
दृष्ट्वा प्रदीपं न च जन्मभागिनो भवन्ति नित्यं श्वपचा हि विप्राः॥

कीडे, पतंग, मच्छर, वृक्ष, जो स्थल तथा जल में जीव विचरण करते हैं वे और श्वपच एवं विप्र जो दीपक को देखते हैं वे जन्म को भोगने वाले नहीं होते हैं।

(अत्र वृषोत्सर्गोऽतिप्रशस्तः)

अत्र वृषोत्सर्गोऽतिप्रशस्तः। तदुक्तं मात्स्ये—कार्तिक्यां यो वृषोत्सर्गं कृत्वा नक्तं समाचरेत्। शैवं पदमवाप्नोति शिवव्रतमिदं स्मृतम् ॥ इति।

यहाँ पर वृषोत्सर्ग करना अतिश्रेष्ठ मत्स्यपुराण में कहा है कि—जो मनुष्य कार्तिकी में 'नक्तव्रत' कर वृषोत्सर्ग करता है वह शिवपद को प्राप्त करता है। यह शिवव्रत कहा है।

(कार्तिकेयदर्शनकथनम्)

अत्र कार्तिकेयदर्शनमुक्तं काशीखण्डे—कार्तिक्यां कृत्तिकायोगे यः कुर्यात्स्वामिदर्शनम्। सप्तजन्म भवेद्विप्रो धनाढ्यो वेदपारगः॥ इति।

यहाँ पर कार्तिकेय का दर्शन काशीखण्ड में कहा है कि—कार्तिक में कृत्तिकानक्षत्र के योग में जो स्वामीकार्तिकेय का दर्शन करता है वह सातजन्मतक धनाध्य और वेद (ज्ञान) का पारंगत होता है।

इति कार्तिकमासः।

(मार्गशीर्षमास)

(वृश्चिकसंक्रान्तिनिर्णयः)

वृश्चिके पूर्वाः षोडश घटिकाः पुण्याः (शेषं प्राग्वत्)।

वृश्चिक में पहली सोलह घड़ी पुण्यकाल है। (अवशिष्ट पहले की तरह जानना चाहिये)।

(मार्गशीर्षकृष्णाष्टमी—(कालभैरवाष्टमी) तत्रोपवासादिविधिः)

मार्गशीर्षकृष्णाष्टमी कालाष्टमी। सा च रात्रिव्यापिनी ग्राह्या।

मार्गशीर्षमासकी कृष्णपक्षकी अष्टमी 'कालाष्टमी' होती है। वह रात्रिव्यापिनी ग्रहण करे।

मार्गशीर्षासिताष्टम्यां कालभैरवसन्निधौ। उपोष्य जागरं कुर्वन्सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ इति काशीखण्डाद्रात्रिव्रतत्वावगतेः।

मार्गशीर्षमास के कृष्णपक्ष को अष्टमी को कालभैरव के सन्निधि में उपवास कर जागरण करे तो सब पापों से मुक्त होजाता है। इस काशीखण्ड से रात्रि में व्रत को भगवान् ने कहा है।

'रुद्रव्रतेषु सर्वेषु कर्तव्या सम्मुखी तिथिः।' इति ब्रह्मवैवर्ताच्च।

और सब व्रतों में संमुखीतिथि करना चाहिये—यह ब्रह्मवैवर्तपुराण में कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिनद्वयेंऽशतो रात्रिव्याप्तावुत्तरैव। भैरवोत्पत्तेः प्रदोषकालीनत्वादिति केचित्। तन्न, शिवरहस्ये मध्याह्ने भैरवोत्पत्तेः श्रवणात्। तथा च तत्रैव—

दोनों दिन अंशतः रात्रिव्यापिनी हो तो उत्तरा ही ग्रहण करे। कोई कहते हैं कि—भैरव की उत्पत्ति का काल प्रदोष है। यह ठीक नहीं। शिवरहस्य में मध्याह्नकाल (जन्माष्टमी आदि में तो निशीव्यापिनी ग्रहण करते हैं न कि जन्मकालको। इसलिए यामचतुष्टयपूजा सन्ध्या-पूजा आदि कर्मकाल से रात्रिव्यापिनी अंगीकार कर मध्याह्नव्यापिनी को त्यागते हैं)। में भैरवोत्पत्ति सुना है।

नित्ययात्रादिकं कृत्वा मध्याह्ने संस्थिते रवौ। इत्युपक्रम्य ब्रह्मणा रुद्रेऽवज्ञाते उक्तम्—तदोग्ररूपादनघान्मत्तः श्रीकालभैरवः। आविरासीत्तदा लोकान् भीषयन्नखिलानपि॥ इति।

और वहाँ पर कहा है कि—नित्ययात्रा आदिकर मध्याह्नकाल में स्थित सूर्य में ऐसा उपक्रम करके ब्रह्माने रुद्र हैं ऐसा न जानकर कहा कि—तब उग्ररूप तथा निष्पाप, मत्त, श्रीकालभैरव सारे संसार को डराता हुआ प्रकट हुआ।

अत्रोपवास एव प्रधानमित्युक्तं तत्रैव—उपोषणस्याङ्गभूतमर्घ्यदानमिह स्मृतम्। तथा जागरणं रात्रौ पूजा यामचतुष्टये॥ सन्ध्यायामपि पूजैवोक्ता। (तेन मध्याह्नव्यापिनी युक्ता) दिनद्वयेंऽशतः सम्पूर्णायां वा तद्व्याप्तौ पूर्वैव पूर्वोक्तवचनात्। पारणा तु प्रातरेव। 'यामत्रयोर्ध्वगामिन्यां प्रातरेव हि पारणा। इति वचनात्।

यहाँ पर उपवास (किसी का मत है कि यहाँ पर उपवास तथा जागरण ही प्रधान है) ही प्रधान है। यह वहाँ पर ही कहा है कि—यहाँ पर उपवास का अङ्गभूत अर्घ्यदान ही कहा है और जागरण तथा रात में चार प्रहर (याम) की पूजा कही है।

सन्ध्या में भी पूजा ही कही है। (इससे मध्याह्नव्यापिनी युक्त है।) दोनों दिन किसी अंश में संपूर्ण व्यापिनी में या संपूर्णता में उसकी व्याप्ति में हो तो पूर्वा ही ग्रहण करे—पूर्वोक्त वचन से। पारणा तो प्रातःकाल ही होती है! तीन प्रहर से अधिक गामिनी हो तो प्रातःकाल ही पारणा करे—ऐसा वचन है।

(कालभैरवपूजा)

अत्र च कालभैरवपूजोक्ता त्रिस्थलीसेतौ—कृत्वा च विविधां पूजां महासम्भारविस्तरैः।
नरो मार्गासिताष्टम्यां वार्षिकं विघ्नमुत्सृजेत्॥

और यहाँ पर त्रिस्थलीसेतु में कालभैरवपूजा कही है—महासंभार के विस्तारों से मार्गशीर्ष कृष्ण-अष्टमी में अनेकप्रकार की पूजाकर मनुष्य सालभर तक के विघ्नों से छूटजाता है।

तथा—तीर्थे कालोदके स्नात्वा कृत्वा तर्पणमत्वरः। विलोक्य कालराजानं निरयादुद्धरेत्पितॄन्॥ इति। इयं च कार्तिक्यनन्तरा गौणचान्द्राभिप्रायेण।

और—कालोदकतीर्थ में स्नान कर बिना जल्दी के तर्पण कर के कालराजा (कालभैरव) को देख कर नरक से पितरों का उद्धार करता है। यह कार्तिकी के बाद गौण चान्द्रमास के अभिप्राय से कहा है।

(मार्गशीर्षशुक्लपञ्चम्यां नागपूजानिर्णयः)

मार्गशीर्षशुक्लपञ्चम्यां नागपूजोक्ता हेमाद्रौ स्कान्दे—शुक्ला मार्गगिरे पुण्या श्रावणे या च पञ्चमी। स्नानदानैर्बहुफला नागलोकप्रदायिनी॥ इति। इयं नागपूजायां षष्ठीयुतैव ग्राह्या। पञ्चमी नागपूजायां कार्या षष्ठीसमन्विता। तस्यां तु तुषिता नागा इतरा सचतुर्थिका॥ इति मदनरत्ने वचनात्।

मार्गशीर्ष[1] शुक्लपञ्चमी को नागपूजा हेमाद्रिमें स्कन्दपुराणमत से कही है कि—मार्गशीर्षमास

१—मार्गशीर्ष शुक्लतृतीया रंभानाम की है। उसमें उपवास करे—'मार्गशुक्लतृतीयायां दन्तधावनपूर्वकम्। उपवासस्य नियमं गृह्णीयात्पतिदैवतम्॥ सौभाग्यार्थं पुरा चीर्णं रम्भया राजसत्तम। तेन रंभा तृतीयेऽयं परसौभाग्यदायिनी॥ इति वचनात्। इयं [illegible]विद्या ग्राह्या। बृहत्तपा तथा रंभा' इति वचनात्। श्रावणकृष्णतृतीया बृहत्तपा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुक्लपक्ष की पञ्चमीतिथि में या श्रावणमास के शुक्लपक्ष की पञ्चमीतिथि में स्नान तथा दान करने से बहुत फल को एवं नागलोक को देने वाली होती है। यह नागपूजा में षष्ठीतिथि युक्त ही ग्रहण करे।

मदनरत्न में कहा है कि—षष्ठीतिथि से युक्त पञ्चमीतिथि नागपूजा में ग्रहण करे। इसमें नाग प्रसन्न होते हैं। इतर में तो चतुर्थी युक्त पञ्चमी ग्रहण करे।

(मार्गशीर्षशुक्लाषष्ठी (चम्पाषष्ठी) निर्णयः)

मार्गशीर्षशुक्ला षष्ठी चम्पाषष्ठीति महाराष्ट्रेषु प्रसिद्धा। सोत्तरयुता ग्राह्या। 'षण्मुन्योः' इति युग्मवाक्यात्। पूर्वाह्णे दैविकं कुर्यादिति वचनादस्य च दैवकर्मत्वात्। इयमेव योगविशेषेण चम्पेत्युच्यते।

मार्गशीर्षशुक्लपक्ष की षष्ठीतिथि 'चम्पाषष्ठी' नाम से महाराष्ट्रों में प्रसिद्ध है। वह उत्तरयुता (वक्ष्यमाणयोग विशेष से मल्लारिपूजा में पूर्वा या परा ग्रहण करे। उसके अभाव में उत्तरा) ग्रहण करे–'षण्मुन्योः' इस वाक्य से। (अर्थात्—छठ और सप्तमी) पूर्वाह्णकाल में देवकर्म करे—इस वचच से इसका देवकर्म है। इसी के योगविशेष से 'चम्पा' कहते हैं।

तदुक्तं ब्रह्माण्डपुराणे मल्लारिमाहात्म्ये—मार्गे भाद्रपदे शुक्ला षष्ठी वैधृतिसंयुता।
रविवारेण संयुक्ता सा चम्पेतीह कीर्तिता॥ इति।

इसी बातको ब्रह्माण्डपुराण में मल्लारिमाहात्म्य में कहा है कि—मार्गशीर्ष या भाद्रपदमासकी शुक्ल पक्ष की षष्ठी वैधृति तथा रविवार से संयुक्त हो तो यहाँ पर वह 'चम्पा' नाम से कही गयी है।

विशाखा भौमयोगेन सा चम्पेतीह कीर्तिता॥ (विश्रुता) इति मदनरत्ने पाठः।

मदनरत्न में ऐसा पाठ है कि—विशाखा मंगलवार के योग से वह 'चम्पाषष्ठी' कही जाती है।

मार्गशीर्षेऽमले पक्षे षष्ठ्यां वारेंऽशुमालिनः। शततारागते चन्द्रे लिङ्गं स्याद्दृष्टिगोचरम्॥ इति।

मार्गशीर्षशुक्लपक्ष की षष्ठीतिथि में रविवार हो और विशाखा चन्द्रमा में हो तो उस दिन लिंगका दृष्टिगोचर होता है।

इयं योगवशेन पूर्वा परा वा कार्या। चम्पाषष्ठी सप्तमीयुतेति दिवोदासः।

यह योगविशेष से पूर्वा या परा करे। चम्पाषष्ठी सप्तमीतिथि युता करे—यह दिवादास ने कहा है।

(इयमेव स्कन्दषष्ठी)

इयमेव स्कन्दषष्ठी। सा पूर्वयुता। कृष्णाष्टमी स्कन्दषष्ठी शिवरात्रिश्चतुर्दशी। एताः पूर्वयुताः कार्यास्तिथ्यन्ते पारणं भवेत्॥ इति भृगूक्तेः।

इसी को ही स्कन्दषष्ठी कहते हैं। वह पूर्वयुता ग्रहण करे। भृगुने कहा है कि—कृष्णाष्टमी, स्कन्दषष्ठी, शिवरात्रि और चतुर्दशी तिथियों को पूर्व तिथियों से युक्त करे तथा तिथि के अन्त में पारणा करे।

परेऽह्नि रात्रावाद्ययाममध्ये पारणासम्भवे इदम्, अन्यथोत्तरैवेति दिवोदासः।

दूसरे दिन रात्रि के आद्ययाम के मध्य में पारणा संभव हो तो यह है। अन्यथा उत्तरा में ही करे—यह दिवोदास ने कहा है।

अब्दपर्यन्तं षष्ठीषु—सेनाविदारक स्कन्द महासेन महाबल। रुद्रोमाग्निज षड्वक्त्र गङ्गागर्भ नमोऽस्तु ते॥ इति राजतं स्कन्दं सम्पूज्य विप्राय दद्यादिति दिवोदासः।

सालभर तक षष्ठीतिथियों में—चांदी के स्कन्द की पूजा कर ब्राह्मण को दे–यह दिवोदास ने कहा है। हे सेनाविदारक, हे स्कन्द, हे महासेन, हे महाबल, हे रुद्र, उमा (पार्वती) तथा अग्नि के युक्त, हे षड्वक्त्र हे गङ्गागर्भ, आपके लिए नमस्कार है। चान्दी के स्कन्द की पूजाकर ब्राह्मण को दे—यह दिवोदास ने कहा है।

(मार्गशीर्षशुक्लचतुर्दश्यां पिशाचमोचनश्राद्धविधिः)

मार्गशीर्षशुक्लचतुर्दश्यां पिशाचमोचनतीर्थे श्राद्धं त्रिस्थलीसेतौ भट्टैरुक्तम्। तस्य प्राप्तपैशाच्य-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्वपित्राद्युद्देश्यकत्वे पार्वणत्वादपराह्णव्यापिनी ग्राह्या, अज्ञातनामपिशाचाद्युद्देश्यत्वे त्वेकोद्दिष्टत्वान्मध्याह्नव्यापिनीति। कुलधर्मव्रतादौ तूत्तरैव। चैत्रनभोगतेतरसिता स्यादूर्ध्वम्' इति दीपिकोक्तेः।

मार्गशीर्षशुक्लचतुर्दशीतिथि में पिशाचविमोचनीतीर्थ में श्राद्ध करना त्रिस्थलीसेतु में भट्टोंने कहा है। वह पिशाच श्राद्ध अपने पिता आदि के उद्देश्य से किया जाय तो पार्वणश्राद्ध होगा। उसमें अपराह्णव्यापिनी (किसी के मत से मध्याह्नव्यापिनी) ग्रहण करे। जिनका नाम नहीं जानते हैं ऐसे पिशाचों के उद्देश्य से तो एकोद्दिष्टश्राद्ध होगा। उसमें मध्याह्नव्यापिनी ग्रहण करे। कुलधर्मव्रत आदि में तो उत्तरा ग्रहण करे। दीपिका में कहा है चैत्र और श्रावण के जाने पर इतर असित आगे होती है।

(मार्गशीर्षपौर्णमास्यां दत्तात्रेयोत्पत्तिकथनम्)

मार्गशीर्षपौर्णमास्यां दत्तात्रेयोत्पत्तिः। तदुक्तं स्कान्दे सह्याद्रिखण्डे—मार्गशीर्षे तथा मासि दशमेऽह्नि सुनिर्मले। मृगशीर्षयुते पौर्णमास्यां ज्ञस्य च वासरे। जनयामास देदीप्यमानं पुत्रं सती शुभम्। तद्विष्णुमागतं ज्ञात्वा अत्रिर्नामाऽकरोत्स्वयम्॥ दत्तवान् स्वस्य पुत्रत्वाद्दत्तात्रेय इतीश्वरः॥ इति। इयं प्रदोषव्यापिनीति वृद्धाः।

मार्गशीर्षपौर्णमासी में दत्तात्रेय की उत्पत्ति कही है। उसी बात को स्कन्दपुराण के सह्याद्रिखण्ड में कहा है कि—मार्गशीर्षमास के दश में निर्मलदिन में मृगशिरानक्षत्र से युक्त पौर्णमासी और बुधवार में देदीप्यमान शुभपुत्र को उत्पन्न किया। वह विष्णु आगये ऐसा जानकर अत्रि ने स्वयं नामकरणसंस्कार किया। देने से अपने पुत्र के लिये उसका नाम 'दत्तात्रेय ईश्वर' रखा। यह प्रदोषव्यापिनी (किसी अन्य का मत है कि-पूर्वविद्धा) ग्रहण करे—यह वृद्धों का मत है।

(मार्गशीर्षपौर्णमानन्तराष्टमी-अष्टका)

मार्गशीर्षपौर्णिमानन्तराष्टमी अष्टका। एवं पौषादिमासत्रयेऽपि। 'हेमन्तशिशिरयोश्चतुर्णामपरपक्षाणामष्टमीष्वष्टका एकस्यां वा' इत्याश्वलायनोक्तेः। 'एकस्यामष्टम्यां वै कार्या' इति हरदत्तः। क्वचित्पञ्चम्यप्युक्ताः। प्रौष्ठपद्याष्टका भूयः पितृलोके भविष्यसि। इति पाद्मवचनात्। तत्पूर्वसप्तमीषु पूर्वेद्युः।

मार्गशीर्षपौर्णिमा के अनन्तर अष्टमी को अष्टका होती है। इसप्रकार पौष आदि (पौष, माघ, फाल्गुन) तीनमास में भी अष्टमीतिथियों में अष्टका होती है। आश्वलायन ने कहा है कि—हेमन्त और शिशिर के चारमहीनों के अपरपक्ष (कृष्णपक्ष) की अष्टमीतिथियों में या एक में अष्टका होती है। या हरदत्त ने कहा है कि—एक अष्टमी में एक अष्टका करे। कहीं पञ्चमी में भी कहा है।

पद्मपुराण का मत है कि—भाद्रपदमास की अष्टका फिर पितृलोक में होगी उसके पहले सप्तमी तिथियों में करे।

(अष्टकानिर्णयः)

तत्परनवमीष्वन्वष्टकासु च श्राद्धमुक्तं कालादर्शे—मार्गशीर्षे च पौषे च माघे प्रौष्ठे च फाल्गुने। कृष्णपक्षे च पूर्वेद्युरान्वष्टक्यं तथाष्टका॥ इति।

उसके बाद नवमीतिथियों में अन्वष्टकाओं में श्राद्ध कालादर्श में कहा है कि—मार्गशीर्ष, पौष, माघ, भाद्रपद और फाल्गुन के कृष्णपक्ष में अष्टका पहले दिन में अन्वष्टका और बाद में अष्टका होती है।

यत्तु विष्णुः—'अमावास्यास्तिस्रोऽष्टकास्तिस्रोऽन्वष्टकाः इति। यच्च कौर्मे—'अमावास्याष्टकास्तिस्रः पौषमासादिषु त्रिषु। इति। तच्चतुर्थ्या अनावश्यकत्वार्थम्। 'या चाप्यन्या चतुर्थी स्यात्तां च कुर्यात्प्रयत्नतः॥ इति वायुब्रह्माण्डपुराणात्। 'श्राद्धमेतेष्वकुर्वाणो नरकं प्रतिपद्यते। इति विष्णूक्तेरिति शूलपाणिः। शाखाभेदाद्व्यवस्थेति तत्त्वम्।

जो विष्णुने कहा है कि--अमावास्या, तीन अष्टका और तीन अन्वष्टका। और जो कूर्मपुराण में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्वितीयाद्यृतुषु तन्नियममाह प्रयोगपारिजाते दक्षः—अञ्जनाभ्यञ्जने स्नानं प्रवासं दन्तधावनम्। न कुर्यात्सार्तवा नारी ग्रहाणामीक्षणं तथा॥

दूसरी ऋतु आदियों में पारिजात में दक्ष ने उस रजस्वलाके नियम को कहा है कि—अञ्जन, अभ्यञ्जन (उवटना), स्नान, परदेश गमन, दन्तधावन और ग्रहों को देखना इनको रजोधर्मवाली स्त्री न करे।

अत्रिरपि—वर्जयेन्मधु मांसं च पात्रे खर्वे च भोजनम्। गन्धमाल्ये दिवास्वापं ताम्बूलं चास्यशोधनम्॥ दग्धे शरावे भुञ्जीत पेयं चाञ्जलिना पिबेत्॥

अत्रि ने भी कहा है कि—मधु, मांस, छोटे पात्र में भोजन, गन्ध, माला, दिन में सोना, तांबूल तथा मुख की शुद्धि को रजस्वला न करे। मट्टी के पके पात्र में भोजन करे। पेय (पीने का पानी) जल को अञ्जलि से पीये।

मदनरत्ने हारीतः—रजःप्राप्तावधः शयीत भूमौ, कार्ष्णायसे पाणौ मृन्मये वाऽश्नीयात्—इति।

मदनरत्न में हारीत ने कहा है कि—रजस्वला स्त्री भूमि पर शयन करे। कार्ष्णायस (लोहे के पात्र) में, हाथ में या मट्टी के पात्र में भोजन करे।

विष्णुधर्मे—आहारं गोरसानां च पुष्पालङ्कारधारणम्। अञ्जनं कङ्कतं गन्धान्पीठशय्याधिरोहणम्॥ अग्निसंस्पर्शनं चैव वर्जयेत्सा दिनत्रयम्॥ इति।

विष्णुधर्म में कहा है कि—गोरस का आहार (भोजन), पुष्प—अलंकारों का धारण, अञ्जन, (काजल) कंकन (तालपत्र आदि) (दक्षः—नखानां कृन्तनं रज्जुतालपत्रादिबन्धनम्।) गन्ध, पीठ (आसन), शय्या पर चढना, अग्नि का स्पर्श, इन सबको रजस्वला स्त्री तीनदिन वर्जित करे।

(प्रथमर्त्तोः पूर्वं स्त्रीगमनविचारः)

तथा प्रथमर्तोः पूर्वं स्त्रीगमनं न कार्यम्। प्राग्रजोदर्शनात्पत्नीं नेयाद्गत्वा पतत्यधः। व्यर्थीकारेण शुक्रस्य ब्रह्महत्यामवाप्नुयात्॥ इति तत्रैवाश्वलायनोक्तेः।

(एतत्तु दशवर्षात्प्राग्ज्ञेयम्। प्रथमर्तौ गमने गौतमेन विशेषो दर्शितः—गौरीमपि च रत्यर्थं गच्छेत्पुरुष आकुलः। अन्यथा वीर्यपातो हि सहस्रकुलपातकः॥ अन्यथापि तदिच्छया भवतीति विज्ञानेश्वरः।)

और प्रथम ऋतु के पूर्व स्त्री के साथ गमन (मैथुन) नहीं करना चाहिये। वहीं पर आश्वलायन ने कहा है कि—रजोदर्शन से पूर्व पत्नी की प्राप्ति न करे। यदि करे तो उसका अधःपतन होता है। वीर्य को व्यर्थ करने से ब्रह्महत्या को प्राप्त करता है। (यह तो दश वर्ष के पहले जानना चाहिये।)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रथम ऋतुगमन में गमन करनेपर गौतम ने विशेष कहा है कि—गौरी को भी रति के लिए पुरुष आकुल (व्याकुल) होता है । अन्यथा वीर्य के गिरने से हजार कुल का पातक लगता है । विज्ञानेश्वर ने कहा है कि—अन्यथा भी उसकी इच्छा से होता है ।

(ऋतौ गमनकथनम्)

ऋतौ गमनमाह याज्ञवल्क्यः—षोडशर्तुनिशाः स्त्रीणां तासु युग्मासु संविशेत् । इति ।

वहाँ पर ऋतु में याज्ञवल्क्य ने गमन करना कहा है कि—सोलह रात्रि (दिनका निषेध होनेसे रात्रिका ग्रहण है) स्त्रियों में ऋतु रहता है । उसमें युग्मदिनों में (पुत्र के लिए) संग (तत्प्रकारो हिरण्यकेशिसूत्रे-'चतुर्थ्यां प्रयतवस्त्रालङ्कारां कृतब्राह्मणसंभाषामाचम्योपह्वयते' इति । प्रशस्तब्राह्मणेन कृतसंभाषाम्) करे ।

(अनृतावप्याह)

अनृतावप्याह गौतमः—'ऋतावुपेयात्सर्वत्र वा प्रतिषिद्धवर्जम्' इति ।

अनृतु (विना ऋतु) में गौतम ने कहा कि—ऋतु में ही (अपनी भार्या के ही साथ) संगम करे । या वर्जित तिथियों को त्याग कर सदा स्त्री के साथ संगम करे ।

मनुः—ऋतुः स्वाभाविकः स्त्रीणां रात्रयः षोडश स्मृताः । तासामाद्याचतस्रस्तु निन्दितैकादशी तथा ॥ त्रयोदशी च शेषाः स्युः प्रशस्ता दश रात्रयः ॥

मनु ने कहा है कि—स्त्रियों को सोलहरात्रि स्वाभाविक ऋतुकाल है । उनमें आदि की चार, ग्यारहवीं तथा तेरहवीं निन्दित हैं शेष दशरात्रि उत्तम है ।

मदनरत्ने देवलः—'तस्मात्त्रिरात्रं चाण्डालीं पुष्पितां परिवर्जयेत्' । इति ।

मदनरत्न में देवल ने कहा है कि—इसकारण से तीन रात तक चाण्डाली (प्रथमेऽहनि चाण्डाली, द्वितीये ब्रह्मघातिनी । तृतीये रजकी प्रोक्ता, चतुर्थेऽहनि शुध्यति ॥) रजस्वला को त्याग देना चाहिये ।

(तिथ्यादीनां ऋतौ कथनम्)

तत्र तिथ्यादीनाह श्रीधरः—षष्ठ्यष्टमीं पञ्चदशीं चतुर्थीं चतुर्दशीमप्युभयत्र हित्वा । शेषाः शुभाः स्युस्तिथयो निषेके वाराः शशाङ्कार्यसितेन्दुजानाम् ॥ उभयत्र=पक्षद्वये । आर्यो= गुरुः । सितः=शुक्रः, इन्दुजो=बुधः ।

उस ऋतु में तिथि आदि को श्रीधर ने कहा है कि—षष्ठी, अष्टमी, पूर्णिमा, चतुर्थी और दोनों पक्ष की चतुर्दशी को त्याग कर शेष शुभ तिथियाँ सोमवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार तथा बुधवार को गर्भाधान में शुभ है ।

विष्णुप्रजेशरविमित्रसमीरपौष्णमूलोत्तरावरुणभानि निषेककार्ये । पूज्यानि पुष्पवसुशीतकराश्वि-चित्रादित्याश्च मध्यमफला, विफलाः स्युरन्ये ॥

विष्णु (श्रवण), प्रजेश (रोहिणी), रवि (हस्त), मित्र (अनुराधा) समीर (स्वाती), पौष्ण (रेवती), मूल (उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढा और उत्तराभाद्रपदा) और वरुण (शतभिषा) गर्भाधान में श्रेष्ठ हैं । पुष्य, वसु (धनिष्ठा), शीतकर (मृगशिरा) अश्विनी, चित्रा और अदिति (पुनर्वसु) ये मध्यम है । अन्य नक्षत्र विफल (फलको देनेवाले नहीं) हैं ।

(विष्वादिदैवत्यनक्षत्राणि)

विष्णवादिदैवत्यनक्षत्राण्युक्तानि रत्नमालायाम्—भेशा दस्रयमाग्निधातृशशिनः शर्वोदितिर्वाक्पतिः कद्रुजाः पितरो भगोऽर्यमरवी त्वष्ट्राह्वयो मारुतः । शक्राग्नी त्वथ मित्र इन्द्रनिर्ऋती तोयं च विश्वे विधिर्गोविन्दो वसवोऽम्बुपाजचरणाहिर्बुध्न्यपूषाभिधाः ॥ उत्तराशब्देनोत्तरात्रयम् । अथ मूलस्य पूज्यत्वमुक्तम् ।

विष्णु (श्रवण) आदि दैवत्यनक्षत्र रत्नमाला में कहे हैं—अश्विनी आदि नक्षत्रों के स्वामी क्रम से ये हैं—अश्विनी के—अश्विनीकुमार, भरणी के-यम, कृत्तिका के-अग्नि, रोहिणी के—ब्रह्मा, मृगशिरा के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्रमा, आर्द्रा के--शिव, पुनर्वसु के-अदिति, पुष्य के-बृहस्पति, आश्लेषा के नाग, मघा के-पितर, पूर्वाफाल्गुनी के-अर्यमा, उत्तराफाल्गुनी के-सूर्यविशेष, हस्त के-सूर्य, चित्रा के--विश्वकर्मा। स्वाती के-समीर-वायु, विशाखा के-इन्द्र और अग्नि, अनुराधा के-मित्र, (सूर्य), ज्येष्ठा के इन्द्र, मूल के-राक्षस, पूर्वाषाढा का-जल, उत्तराषाढा, विश्वेदेव, अभिजित् का--ब्रह्मा, श्रवणके-गोविन्द, धनिष्ठा का-अष्टवसु, शतभिषाका--वरुण, पूर्वाभाद्रपद का--अजचरण, सूर्य विशेष, उत्तराभाद्रपद का--अहिर्बुध्य-सूर्यविशेष, रेवती का पूषा-सूर्यविशेष, इसमें मूल को पूज्यत्व कहा है।

याज्ञवल्क्येन तु—एवं गच्छन् स्त्रियं क्षामां मघां मूलं च वर्जयेत्। इत्युक्तम्। तेनपूर्वत्र मूलं चिन्त्यम्। अत्र 'समासु पुत्राः विषमासु कन्या' इति ज्ञेयम्।

याज्ञवल्क्य ने तो कहा है कि—इसप्रकार रजस्वला व्रत आदि से या स्निग्धभोजन आदि से स्त्री का संगम करता हुआ मघा और मूल को त्याग दे। यों कहा है। इससे पहले कहा हुआ मूल चिन्तनीय है। यहाँपर सम रात्रियों में पुत्र और विषम रात्रियों में कन्या होती है—ऐसा जानना चाहिये।

युग्मासु पुत्रा जायन्ते स्त्रियोऽयुग्मासु रात्रिषु। इति हेमाद्रौ शङ्खोक्तेः। तत्राप्युत्तरोत्तराः प्रशस्ताः। तदाहापस्तम्बः—'तत्राप्युत्तरोत्तरा प्रशस्ताः' इति।

हेमाद्रि में शंख ने कहा है कि—युग्मरात्रियों में पुत्र उत्पन्न होते हैं और अयुग्मरात्रियों में कन्या उत्पन्न होती है। उसमें भी उत्तरोत्तर उत्तम हैं।

उसी बात को आपस्तंब ने कहा है कि--उसमें भी उत्तरोत्तर तिथियाँ उत्तम होती हैं।

तत्रैव व्यासः—रात्रौ चतुर्थ्यां पुत्रः स्यादल्पायुर्धनवर्जितः। पञ्चम्यां पुत्रिणी नारी, षष्ठ्यां पुत्रस्तु मध्यमः॥ सप्तम्यामप्रजा योषिदष्टम्यामीश्वरः पुमान्। नवम्यां सुभगा नारी दशम्यां प्रवरः सुतः॥ एकादश्यामधर्मा स्त्री, द्वादश्यां पुरुषोत्तमः। त्रयोदश्यां सुता पापा वर्णसङ्करकारिणी॥ धर्मज्ञश्च कृतज्ञश्च आत्मवेदी दृढव्रतः। प्रजायन्ते चतुर्दश्यां पञ्चदश्यां पतिव्रता॥ आश्रयः सर्वभूतानां षोडश्यां जायते पुमान्॥ इति।

यहाँ पर ही व्यास ने कहा है कि--चौथी रात्रि में गर्भाधान करे तो पुत्र होता है। वह अल्पायु और धन से रहित होता है। पांचवी रात्रि में स्त्री कन्यावाली, छठी रात में मध्यम पुत्रवाली, सातवी रात्रि में सन्तान हीनतावाली, आठवी रात में पुत्र, नवमीं में ऐश्वर्यशालिनी कन्या, दशमी रातमें उत्तम पुत्र, ग्यारहवीं रात्रि में धर्म हीन कन्या, बारवीं रात्रि में उत्तम पुत्र, तेरहवीं रात्रि में-पापिनी वर्णशंकरता करनेवाली कन्या, चौदहवीं रात्रि में--धर्म को जाननेवाला, कृतज्ञ, आत्मज्ञानी, दृढव्रत और सन्तान होती है। पञ्चदशी में पतिव्रता कन्या होती है। षोडशी (सोलहवीं) रात्रि में सब प्राणियों का रक्षक पुत्र होता है।

अत्र चतुर्थदिननिषेधेऽपि—स्नातां चतुर्थे दिवसे रात्रौ गच्छेद्विचक्षणः। इति महाभारतोक्तेः 'चतुर्थेऽहनि स्नातायां युग्मासु वा गर्भं सन्दधाति' इति हारीतोक्तेर्विकल्पो ज्ञेयः।

यहाँ पर चौथे दिन में भी महाभारत में कहा है कि—चौथे दिन में स्त्री के स्नान करने पर (यद्यपि दैवकर्म और पितृकर्म में पांचवे दिन शुद्धि होती है--इससे चतुर्थ दिन में दैवकर्म में पुण्यता नहीं होती है। फिर भी पांचवे दिन रजोनिवृत्तिकाल कहा है। पर चतुर्थदिन में रजोनिवृत्ति होने पर गर्भाधान आदि देवकर्म के योग्य हो जाता है। इसीप्रकार चौथे दिन गर्भाधानाङ्गभूत शान्ति आदि अनापत्ति में करे। इसीतरह श्रौतकर्म में रजस्वला स्त्री को चतुर्थ दिन में अधिकार है। इसीतरह उपनयादि में श्रीसूक्तहोम आदि से चतुर्थदिन में अधिकार होता है) रात्रि में बुद्धिमान् मनुष्य मैथुन करे। चौथे दिन स्त्री के स्नान करने पर या युग्मरात्रि में गर्भ को धारण कराता है। इस हारीत के कहे हुए वचन से विकल्प जानना चाहिये।

तत्रापि—स्नानं रजस्वलायास्तु चतुर्थेऽहनि शस्यते। गम्या निवृत्ते रजसि नानिवृत्ते कथञ्चन॥ त्यापस्तम्बोक्तेर्व्यवस्था ज्ञेया।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उसमें भी—आपस्तंब की व्यवस्था जाननी चाहिये। जैसे—रजस्वला[1] का स्नान चतुर्थदिन में करना उत्तम कहा है। रज के हटने पर गमन करने योग्य होती है। रजोधर्म के न हटने पर (जब तक रज निकलता रहेगा तब तक वह रजस्वला स्त्री स्नान और स्पर्श आदि में योग्य होती है। परन्तु गर्भाधान, उपनयन आदि स्मार्त और श्रौतकर्म में अधिकार नहीं होता है।) गमन करने योग्य नहीं होती है।

अत्र सर्वासु युग्मासु गमनमावश्यकम्। युग्मास्विति बहुवचननिर्देशादिति विज्ञानेश्वरः। तच्चैकस्यां रात्रौ सकृदेव कार्यम्। 'सुस्थे इन्दौ सकृत्पुत्रं लक्षण्यं जनयेत्पुमान्। इति याज्ञवल्क्योक्तेः। इदं चर्तौ गमनमन्यकाले प्रतिबन्धादिना गमनासम्भवे श्राद्धैकादश्यादावपि कार्यम्। 'ब्रह्मचार्येव पर्वाण्याद्याश्चतस्रश्च वर्जयेत्' (अ० १ श्लो० ७९) इति याज्ञवल्क्योक्तेः।

यहाँ पर सब युग्म रात्रियों में गमन करना आवश्यक है। क्योंकि विज्ञानेश्वर ने कहा है कि—'युग्मासु' इस बहुवचन के कथन से। वह भी एक रात्रि में एकही वार (अपनी पत्नी के साथ) गमन (मैथुन) करना चाहिये। याज्ञवल्क्य ने कहा कि—एकादशस्थान में चन्द्रमा के होने पर एक ही वार गमन करने पर अच्छे लक्षण वाला पुत्र उत्पन्न होता है। यह ऋतु के गमन में अन्यसमय में रुकावट आदि से गमन के असंभव में श्राद्ध और एकादशी आदि में करना चाहिये। याज्ञवल्क्य ने कहा है कि-ब्रह्मचारी ही पर्व और आदि की चार रात्रि त्याग दे।

व्याख्यातं चेदं मिताक्षरायाम्—यत्र श्राद्धादौ ब्रह्मचर्यं विहितं तत्राप्यृतौ गच्छतो न ब्रह्मचर्य-स्खलनदोषः' इति। पर्वाणीति बहुत्वेनाष्टमीचतुर्दश्योर्ग्रहणमिति च। मदनरत्नेऽप्येवम्।

इसकी व्याख्या तो मिताक्षरा में है कि-जहाँ पर श्राद्ध आदि में ब्रह्मचर्य का विधान है वहाँ पर ऋतु में गमन करने पर ब्रह्मचर्यखलनजन्यदोष नहीं होता है। पर्वाणि—इस बहुवचन के कथन से अष्टमी और चतुर्दशी (अमावास्याष्टमीं च पौर्णमासीं चतुर्दशीम्। ब्रह्मचारी भवेन्नित्यमप्यृतौ स्नानको द्विजः॥ 'चतुर्दश्यष्टमी चैव अमावास्या च पूर्णिमा। पर्वाण्येतानि राजेन्द्र रविसंक्रमणं तथा॥) का ग्रहण है। मदनरत्न में भी यही कहा है।

(दिवा-जन्मदिनादौ मैथुनविचारः)

यत्तु हेमाद्रौ शिवरहस्ये—दिवा जन्मदिने चैव न कुर्यान्मैथुनं व्रती। श्राद्धं दत्त्वा च भुक्त्वा च श्रेयोऽर्थी न च पर्वसु॥ इति तदनृतुविषयम्। ब्रह्मचार्येव भवति यत्र तत्राश्रमे वसन्। इति मनूक्तेः। दर्शादौ तु न भवत्येव, पर्वणां पर्युदस्तत्वात्।

जो हेमाद्रिमें शिवरहस्य का वचन है कि—व्रत करनेवाला दिन में और जन्मदिन में मैथुन न करे। श्राद्ध कर तथा भोजनकर के और पर्वों में कल्याण चाहने वाला मैथुन न करे। यह उपरोक्त बातें ऋतु से भिन्न विषयक हैं। क्योंकि मनुने कहा है कि—जिस किसी आश्रम (वानप्रस्थ की अपेक्षा से) में निवास करता हुआ मनुष्य ऋतुकालमें गमन करनेपर भी ब्रह्मचारी (श्रुतौ—'प्राणं वा एते प्रस्कन्दन्ति ये दिवा रत्या संयुज्यन्ते ब्रह्मचर्यमेव तद्रात्रौ संयुज्यन्ते।) ही रहता है। अमावास्या आदि में स्त्री के साथ गमन नहीं ही होता है। क्योंकि निषेध है।

माधवीये तु—ऋतुकाले नियुक्तो वा नैव गच्छेत् स्त्रियं क्वचित्। तत्र गच्छन् समाप्नोति ह्यनिष्टं फलमेव तु॥ इति वृद्धमनूक्तेः। श्राद्धे ब्रह्मचर्यं नियतमित्युक्तम्। पृथ्वीचन्द्रोदयेऽप्येवम्। एतत्सति सम्भवे ज्ञेयम्।

माधवीय में तो वृद्धमनुने कहा कि—या ऋतुकाल में नियुक्त पुरुष कभी भी स्त्री के पास नहीं हो जाय। अर्थात्—श्राद्ध में अर्थात्—स्त्री के साथ संभोग न करे। वहाँ पर जाने पर निश्चय ही अनिष्टफल होता है। अर्थात्—श्राद्ध में

१—यहाँ पर माधवने चारप्रकार से कहा है—पहला—ऋतुकाल में होनेवाला, 'कालज' होता है। दूसरा—भक्ष्यविशेषके भक्षण को 'द्रव्यज' होता है। तीसरा—प्रसूतिके पहले स्त्रियों में भेदवृद्धि से उत्पन्न को 'रागज' कहते हैं। चतुर्थ—रोगसे उत्पन्न रजको 'रोगज' कहते हैं। अर्थात्—रोगसे उत्पन्न रजके निकलनेसे उस स्त्रीकी अस्पृश्यता और अशुचित्वता के अभाव में भी पाकादिकर्म करने का अधिकार रजोनिवृत्ति पर ही होगा। 'रजोनिवृत्तौ गम्या स्त्री गृहकर्मणि चैव हि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संलग्न पुरुष नियमितरूपसे ब्रह्मचारी रहे। श्राद्धकर्ता और भोजनकरनेवाले ऋतुकाल में भी ब्रह्मचर्य का पालन करे।

(विज्ञानेश्वर ने कहा है कि—श्राद्धकर्ता और भोक्ता को ऋतुकाल में ब्रह्मचर्य में रहना आवश्यक नहीं है)। पृथ्वीचन्द्रोदय में भी यही है। यह (विज्ञानेश्वरीय मत को अगतिकगतिपरक) सतिसंभव में जानना चाहिये।

(अनेकभार्यस्यर्तुयौगपद्ये विचारः)

अनेकभार्यस्यर्तुयौगपद्ये हेमाद्रौ कश्यपः—यौगपद्ये तु तीर्थानां विवाहक्रमशो व्रजेत्। रक्षणार्थमपुत्रां वा ग्रहणक्रमशोऽपि वा ॥ इति ग्रहणम्=ऋतुग्रहणम्।

जिसकी अनेक स्त्री हों यदि वे सब एक ही साथ रजोधर्मवती हो जाँय तो हेमाद्रि में कश्यप का वचन है कि—एक साथ ऋतुओं के हो जानेपर—विवाह के क्रमसे, (अर्थात्—जिसक्रम से उनके साथ विवाह किया हो उस क्रमसे) उनकी रक्षाके लिए ग्रहण से ऋतु का ग्रहण है। जिनके पुत्र न हो या ग्रहण (रजोधर्मग्रहण) क्रमसे स्त्रियों के साथ सहवास (मैथुन) करे।

(गमनात्पूर्वं योनिं स्पृष्ट्वा विष्णुर्योनिम्-इति सूक्तजपविधानम्)

ऋग्विधाने—विष्णुर्योनिं जपेत्सूक्तं योनिं स्पृष्ट्वा त्रिभिर्व्रती।
गर्भाधानं ततः कुर्यात् सुपुत्रो जायते ध्रुवम् ॥

ऋग्विधान में कहा है कि—व्रत करनेवाला पुरुष तीनवार योनिका स्पर्शकर [1]'विष्णुर्योनिम्' इस सूक्त का जप करे। तदनन्तर गर्भाधान करे तो सुपुत्र (गुणज्ञ) निश्चय उत्पन्न होता है।

(अगमने दोषकथनम्)

अगमने दोषमाह पराशरः—ऋतुस्नातां तु यो भार्यां सन्निधौ नोपगच्छति।
घोरायां भ्रूणहत्यायां पच्यते नात्र संशयः ॥

नहीं गमन करनेपर पराशरने दोष कहा है कि—जो ऋतु में स्नानकर चुकी ऐसी अपनी स्त्री के समीप में नहीं जाता है। उसे घोर भ्रूणहत्या का पाप लगता है। इसमें संशय (सन्देह) नहीं है[2]।

(अस्यापवादकथनम्)

अस्यापवादमाह मदनरत्ने व्यासः—व्याधितो वन्धनस्थो वा प्रवासेष्वथ पर्वसु।
ऋतुकालेऽपि नारीणां भ्रूणहत्या प्रमुच्यते ॥

इसका अपवाद मदनरत्न में व्यास ने कहा है कि—जो रोगी हो, कैदी हो, प्रवास (परदेश) में हो और पर्वों में ऋतुकाल स्त्रियों को होनेपर भी भ्रूणहत्या के पाप से मुक्त रहता है। अर्थात्—उसको भ्रूणहत्याजन्य पाप नहीं लगता है।

वृद्धां वन्ध्यामसद्वृत्तां मृतापत्यामपुष्पिणीम्। कन्यात्रं बहुपुत्रां च वर्जयेन्मुच्यते भयात् ॥ वृद्धाम्=गतरजस्काम्।

जो स्त्री वृद्धा हो (अर्थात्—जिसको कालान्तर में मासिकधर्म नहीं होता हो), वन्ध्या हो (जिसको पुत्र नहीं हुआ हो, दुराचारिणी हो, जिसकी सन्तान मर जाती हो, जिसको रजोधर्म नहीं होता हो जिसके बहुत सी कन्या हो और जिसके बहुत से पुत्र हों वह पुरुष ऐसी स्त्रियों के साथ मैथुन करने के भय (भ्रूणहत्या आदि) से छूट जाता है। वृद्धा माने—जिसको मासिकधर्म नहीं होता है।

१—ॐ विष्णुर्योनिं कल्पयतु त्वष्टा रूपाणि पिंशतु। आ सिञ्चतु प्रजापतिर्धाता गर्भं दधातु ते ॥ गर्भं धेहि सिनीवालि गर्भं धेहि सरस्वति। गर्भं ते अश्विनौ देवावा धत्तां पुष्करस्रजा ॥ हिरण्ययी अरणी यं निर्मन्थतो अश्विना। तं ते गर्भं हवामहे दशमे मासि सूतवे ॥ (१०।१८४।१-३)।

२—हेमाद्रौ—ऋतुस्नाता च या नारी भर्तारं नोपगच्छति। तां ग्राममध्ये विख्याप्य भ्रूणघ्नीं तु विवासयेत् ॥ अत्र प्रायश्चित्तमाह बौधायनः—ऋतौ न गच्छेद्यो भार्यां नियतां धर्मचारिणीम्। नियतातिक्रमे तस्य प्राणायामशतं स्मृतम् ॥ प्राणायामशतद्वयस्य कृच्छ्रप्रत्याम्नायत्वात्। बृहस्पतौ—ऋतौ न गच्छेद्यो भार्यां सोऽपि कृच्छ्रार्धमाचरेत्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(गर्भाधानाङ्गहोमाकरणे प्रायश्चित्तकथनम्)

गर्भाधानाङ्गहोमाकरणे प्रायश्चित्तमाह—पारिजाते आश्वलायनः—गर्भाधानस्याकरणात्तस्यां जातस्तु दुष्यति । अकृत्वा गां द्विजे दत्त्वा कुर्यात्पुंसवनं पतिः ॥ गर्भाधानं च मलमासशुक्रास्तादावपि कार्यम् ।

गर्भाधानाङ्गहोमके न करनेपर पारिजातमें आश्वलायन ने प्रायश्चित्त कहा है कि—गर्भाधानाङ्गहोम को न करने से उस स्त्री में उत्पन्न पुत्र दोषवाला होता है । यदि नहीं होम किया हो तो ब्राह्मण को गौ देकर उस स्त्री का पति 'पुंसवनसंस्कार' करे । गर्भाधान मलमास, गुरु, शुक्र आदिमें भी करना चाहिये ।

उत्सवेषु च सर्वेषु सीमन्तऋतुजन्मसु । सुरासुरेज्ययोश्चैव मौढ्यदोषो न विद्यते ॥ इति ज्योतिर्निबन्धे भृगूक्तेः ।

ज्योतिर्निबन्ध में भृगुने कहा है कि—सब उत्सवों में, सीमन्तसंस्कार में और ऋतु काल में, बृहस्पति तथा शुक्र के अस्त का दोष नहीं होता है ।

(ऋतुगमने विचारः)

ऋतुगमने पराशरः—ऋतौ तु गर्भशङ्कित्वात् स्नानं मैथुनिनः स्मृतम् ।
अनृतौ तु यदा गच्छेच्छौचं मूत्रपुरीषवत् ॥

ऋतुकाल में गमन करने पर पराशर ने कहा है कि—ऋतुमें गर्भ रहने की आशंका है । अतः मैथुन करनेवाले मनुष्यों को स्नान करना चाहिये । जो बिना ऋतु के अपनी पत्नी के साथ गमन करता है । वह मूत्र और पुरीषवत् (अर्थात्—मूत्र करनेपर चारवार कुल्ला करे और पैखाना जानेपर—एक बार मृत्तिका लिंगमें, हाथमें तीनवार, दोनों हाथों में दो वार, पैरों में एकवार करने से शुद्धि होती है । इसको मूत्राशौच कहते है । शुक्रमें तो द्विगुणित है । इसमें मतमतान्तर हैं ।) शुद्धि करे ।

स्त्रीणां तु न स्नानम् । उभावप्यशुची स्यातां दम्पती शयनं गतौ । शयनादुत्थिता नारी शुचिः स्यादशुचिः पुमान् ॥ इति वृद्धशातातपोक्तेः ।

स्त्रियों को तो स्नान करना नहीं कहा है । वृद्धशातातप ने कहा है कि—एक साथ एक शय्यापर मैथुन करने के लिए शय्यापर शयन में जाते हुए स्त्री और पुरुष (दम्पति) ये दोनों अशुचि (अपवित्र) हो जाते हैं । उसमें स्त्री शयनस्थान से उठने पर (अर्थात्—अलग होने पर) पवित्र हो जाती है और पुरुष अपवित्र हो जाता है । अर्थात् उसकी शुद्धि स्नान से ही होती है ।

(रजोदर्शने कश्चिद्विशेषकथनम्)

अत्र कश्चिद्विशेष उच्यते । तत्र रात्रौ रजसि जननादौ च रात्रिं त्रिभागां कृत्वा आद्यभागद्वये चेत्पूर्वदिनं ग्राह्यं, परतस्तूत्तरमिति मिताक्षरायाम् ।

यहाँपर कुछ विशेष कहता हूँ । उस रातमें—रजोधर्म होनेपर पुत्र या कन्या के जन्म होजाने पर या किसी की मृत्युपर उस रात का तीन भाग करे । उसमें आदिके दो भाग में पहला दिन ग्रहण करे । आगे के तीसरे भाग को दूसरा दिन मानना चाहिये—(कश्यपने कहा है कि—रात्रिं कुर्यात्त्रिभागां तु द्वौ भागौ पूर्व एव तु । उत्तमोंऽशः प्रभातेन युज्यते ऋतुसूतके ॥) यह मिताक्षरामें कहा है ।

यत्तु 'प्रागर्द्धरात्रात् प्राग्वा सूर्योदयात्पूर्वदिनम् ग्राह्यम्' इत्युक्तं, तत्र देशाचाराद्व्यवस्था ।

जो किसी ने कहा है कि—आधीरात के पहले या सूर्योदय के पहले (रजोधर्म, पुत्र-कन्या का जन्म या मरण हो तो) पहला दिन (उदिते तु यदा सूर्ये नारीणां दृश्यते रजः । जननं वा विपत्तिर्वा यस्याहस्तस्य शर्वरी ॥ अर्धरात्रावधिः कालः सूतकादौ विधीयते । पूर्वमेव दिनं ग्राह्यं यावन्नाभ्युदितो रविः ॥) ग्रहण करना चाहिये । उसमें देशाचार से व्यवस्था समझनी चाहिये । ऐसा कहा है ।

तथा सप्तदशदिनपर्यन्तं पुनः रजोदर्शने स्नानमात्रम्, अष्टादशे एकरात्रम्, ऊनविंशे द्व्यहः, विंशतिप्रभृति त्रिरात्रमिति तत एव ज्ञेयम् ।

और सत्रहदिन पर्यन्त फिर से रजोदर्शन (मासिकधर्म) हो जाय तो स्नानमात्र करे । अठारहवें

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिन रजोधर्म हो तो एकरात, उन्नीसवें दिन रजोधर्म हो तो दो दिन, बीस आदि दिन में तीनरात अशुद्धि रहती (अत्रिस्मृतौ—रजस्वला यदि स्नाता पुनरेव रजस्वला । अष्टादशदिनादर्वागशुचित्वं न विद्यते ॥ एकोनविंशतेरर्वागेकाहः स्यात्ततो द्व्यहम् । विंशत्यप्रभृत्युत्तरेषु त्रिरात्रमशुचिर्भवेत् ॥) है ।

यत्तु—चतुर्दशदिनादर्वागशुचित्वं न विद्यते ॥ इति, तत्र स्नानप्रभृतित्वमभिप्रेतम् । एतच्च यस्या विंशतिदिनोत्तरं प्रायशो रजस्तत्रैव । यस्यास्त्वर्वाक् प्रायशो रजस्तत्रोक्तं स्मृत्यर्थसारे—त्रयोदशदिनादूर्ध्वं प्रायो रजोवतीनामेकादशदिनात्प्रागशुचित्वं नास्ति, एकादशदिन एकरात्रं, द्वादशे द्विरात्रम्, ऊर्ध्वं त्रिरात्रम्' इति । प्रयोगपारिजातेऽप्येवम् ।

जो यह कहा है कि—चौदहदिन के पहले अपवित्रता नहीं होती है । उसमें स्नान को ही करना अभीष्ट है और यह भी कहा है कि जिस स्त्री का वीसदिन के वाद रजोधर्म प्रायः करके होता है उसी के लिये है । जिस स्त्री को वोसदिन के पूर्व प्रायः रजोधर्म होता है । उसमें स्मृत्यर्थसार में कहा है कि—तेरहदिन के वाद प्रायः रजोधर्मवाली स्त्रियों का ग्यारहदिन के वाद अपवित्रता नहीं होती है । ग्यारहवेंदिन एकरात, बारहवें दिन दोरात और उसकेवाद तीनदिन का आशौच होता है । प्रयोगपारिजात में भी यही कहा है ।

(रोगादौ तु विशेषकथनम्)

रोगजे तु तत्रैव विशेषः सङ्ग्रहे—रोगेण यद्रजः स्त्रीणामन्वहं हि प्रवर्तते । नाशुचिस्तु भवेत्तेन यस्माद्वैकारिकं मतम् ॥ इति । कर्माधिकारस्तु रजोनिवृत्तावेव ।

रोगद्वारा उत्पन्न रजोधर्म में तो वहाँ पर विशेष संग्रह में कहा है कि—रोग के द्वारा जो स्त्रियों को प्रतिदिन रजोधर्म होता है । उससे स्त्रियों को अपवित्रा नहीं होती है । क्योंकि विकार से उत्पन्न हुआ है । पर स्त्रियों को कार्य करने का अधिकार रजोनिवृत्तिवाद ही है ।

साध्वाचारा न तावत्स्यात्स्नाताऽपि स्त्री रजस्वला । यावत्प्रवर्तमानं हि रजो नैव निवर्त्तते ॥ इति श्राद्धहेमाद्रौ शङ्खोक्तेः ।

श्राद्धहेमाद्रि में शंखका कथन है कि—स्नान करने पर भी रजस्वला स्त्री तबतक अच्छे आचरण नहीं कर सकती है जबतक रजोधर्म की निवृत्ति उसे न हो ।

तत्रापि स्वकाले शुचिरेवेत्याह ऋष्यशृङ्गः—रोगजे वर्तमानेऽपि काले निर्याति कालजम् । तस्मात्कालेऽप्रमत्ता स्यादन्यथा सङ्करो भवेत् ॥

उसमें भी अपने समय में अर्थात् रजोधर्म होने पर पवित्र ही है—यह ऋष्यशृंगने कहा है कि—रोग द्वारा उत्पन्न हुआ रजोधर्म वर्तमानसमय में भी हो जाता हो तो वह 'कालज' है । इसकारण से उस समयमें मनुष्य अप्रमत्त (सावधान) रहे । अन्यथा गमन करने से सन्तान वर्णशंकर पैदा होती है ।

तथा रजस्वलाया रजस्वलान्तरस्पर्शेऽकामतः स्नानं, कामतः उपवासः पञ्चगव्याशनं च । असवर्णानां तु ब्राह्मण्याः क्षत्रियादिस्पर्शे क्रमेण कृच्छ्रार्द्धपादोनकृच्छ्रातिकृच्छ्राः । क्षत्रियादीनां तु कृच्छ्रपाद एव । क्षत्रियादीनां हीनवर्णस्पर्शे त्रिरात्रमुपवासः, वैश्याशूद्रयोः पूर्वया स्पर्शेऽहोरात्रं द्विरात्रं च । एतच्च कामतः । अकामतस्तु प्राक् शुद्धेरनशनम् । अकामतश्चाण्डालादिस्पर्शेष्वनशनमेव प्राक् शुद्धेः । कामतस्तु प्रथमेऽह्नि त्र्यहः द्वितीये द्व्यहस्तृतीये एकाहः । श्वस्पर्शे तु द्व्यह एकाहो वा । भुञ्जानायाश्चाण्डालादिस्पर्शे षड्रात्रम् । उच्छिष्टयोः स्पर्शे तु कृच्छ्र इत्यादि मिताक्षरायां ज्ञेयम् । स्मृत्यर्थसारे तु सर्वत्र बालापत्यायाः स्पर्शे स्नाने कृते भुक्तिः पश्चादनशनप्रत्याम्नाय इति ।

और रजस्वली स्त्री अज्ञान से दूसरी रजस्वला स्त्री का स्पर्श करे तो स्नान करे । जो जानकर स्पर्श करे वह उपवास (एकदिन निराहार) तथा पञ्चगव्य का प्राशन करे । असवर्णा (जो समान जाती की न हो) ओंको तो कहा है कि—ब्राह्मणी को क्षत्रिया, आदि के स्पर्श में क्रम से कृच्छ, अर्धपाद 'ऊनकृच्छ्र' और अतिकृच्छ्र करे । क्षत्रिया आदिओं को कृच्छ्रार्धपाद ही कहा है । क्षत्रियादियों का हीनवर्णा स्त्रियों के स्पर्श में तीनदिन का उपवास है । वैश्य स्त्री और शूद्रा स्त्री अपने से पूर्व जाती की स्त्री को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्पर्श करै तो अहोरात्र (दिनरात) या द्विरात्र (दो रात) उपवास करे। यह प्रायश्चित्त जान कर स्पर्श करने पर होता है। यदि अज्ञान से स्पर्श हुआ हो तो शुद्धि के पहले अनशन (बौधायने—रजस्वला तु संस्पृष्टा चाण्डालान्त्यश्ववायसैः। तावत्तिष्ठेन्निराहारा यावत्कालेन शुध्यति ॥) व्रत करे।

जानकर स्पर्श करने पर तो पहले दिन तीनदिन, दूसरेदिन दो दिन और दूसरे दिन (प्रथमेऽह्नि त्रिरात्रं स्यात्, द्वितीये द्व्यहमेव तु। अहोरात्रं तृतीयेऽह्नि परतो नक्तमाचरेत् ॥) एकदिन का उपवास करे। कुत्तेके स्पर्श में (यमः—रजस्वला तु संस्पृष्टा शुना जम्बुकवायसैः। निराहारा भवेत्तावद्यावत्कालेन शुध्यति ॥) तो दो दिन या एक उपवास करे। भोजन करती हुई स्त्री का चण्डाल आदि (रजस्वला च भुञ्जाना श्वान्त्यजातीन् स्पृशेद्यदि। गोमूत्रयावकाहारा षड्रात्रेण विशुध्यति॥ अशक्तौ काञ्चनं दद्यात् विप्रेभ्यो वाऽपि भोजनम्।) स्पर्श करें तो छः रात उपवास करे। उच्छिष्ट दो रजस्वला आपस में स्पर्श करें तो कृच्छ्रव्रत प्रायश्चित्त करे—इत्यादि मिताक्षरा में जानना चाहिये। स्मृत्यर्थसार में तो कहा है कि—सर्वत्र जिस स्त्री की गोदी में बालक हो वह स्पर्श करे तो स्नान करने से शुद्धि होती है। यदि भोजनोत्तर स्पर्श कर अनशन रूपी व्रत करे।

(रजस्वलास्नानविधिकथनम्)

स्नानविधिं चाह पराशरः—स्नाने नैमित्तिके प्राप्ते नारी यदि रजस्वला। पात्रान्तरिततोयेन स्नानं कृत्वा व्रतं चरेत् ॥ सिक्तगात्रा भवेदद्भिः साङ्गोपाङ्गा कथञ्चन। न वस्त्र पीडनं कुर्यान्नान्यद्वासश्च धारयेत् ॥

पराशर ने स्नानविधि कहा है कि—यदि रजस्वला स्त्री को नैमित्तिकस्नान की प्राप्ति हो जाने पर दूसरे पात्र में ग्रहण किये हुए जल (व्यासः—आर्तवाभिप्लुता नारी नावगाहेत् कदाचन। उद्धृतेन जलेनैव स्नात्वा शेषं समापयेत् ॥) से स्नानकर व्रत (रजस्वलाधर्म—अर्थात्—ग्रहनक्षत्रनिरीक्षण, दिवास्वाप, मधु, मांस, ताम्बूल, नखनिकृन्तन, दन्तधावन, प्रवास, स्नान और अभ्यञ्जन आदिको स्मृति में कहे हुए के अनुसार त्याग दे) को करे। किसीप्रकार सांगोपांग शरीर को जलसे सिक्त (सेचन) करे। वस्त्र का प्रक्षालन और दूसरे वस्त्र का धारण न करे।

(रजस्वलास्नानविधानम्)

अथ रजस्वलास्नानम् दैवज्ञवल्लभः—ब्रह्मानुराधाश्विनसौम्यभेषु हस्तानिलाखण्डलवासवेषु। विश्वार्यमर्क्षोत्तरभाद्रभेषु वराङ्गनास्नानविधिः प्रदिष्टः ॥

अब रजस्वला के शुद्धिस्नान (जो चौथेदिन विहित है अवश्य करे। इससे नक्षत्र आदि के अभाव में स्नान न करे ऐसी शंका न करे) को दैवज्ञवल्लभ ने कहा है कि—रोहिणी, अनुराधा, अश्विनी, मृगशिरा, हस्त, स्वाती, ज्येष्ठा, धनिष्ठा, उत्तराषाढा, उत्तराफाल्गुनी और उत्तराभाद्रपद इन नक्षत्रों में रजस्वलास्नान स्त्रियों को विहित है।

(ज्वरे तु विशेषः)

ज्वरे तूशनाः—ज्वराभिभूता या नारी रजसा च परिप्लुता। कथं तस्या भवेच्छौचं शुद्धिः स्यात्केन कर्मणा ॥ चतुर्थेऽहनि संप्राप्ते स्पृशेदन्या तु तां स्त्रियम्। सा सचैलाऽवगाह्यापः स्नात्वा स्नात्वा पुनः स्पृशेत् ॥

दश द्वादशकृत्वो वा आचामेच्च पुनः पुनः। अन्ते च वाससां त्यागस्ततः शुद्धा भवेत्तु सा ॥ इति इदं चातुरमात्रे ज्ञेयम्। आतुरे स्नान उत्पन्ने दशकृत्वो ह्यनातुरः। इति पराशरोक्तेः।

ज्वरमें तो उशना ने कहा है कि—ज्वर से युक्त जो स्त्री रजोधर्म से सम्बन्धित हो जाय तो उसको किसकर्मसे शुद्धि होगी। चौथे दिन के प्राप्त होनेपर उस स्त्री को तो अन्य ही स्त्री स्पर्श करे। वह स्पर्श करनेवाली स्त्री सचैलजल में प्रवेशकर स्नानकर स्नानकर बारंबार स्पर्श करे। दश या बारह बार स्पर्शकर बारंबार आचमन करे। अन्तमें वस्त्रों के त्याग देने के बाद वह स्त्री शुद्ध होती है। यह आतुर (रोगी) मात्र के लिये जानना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पराशर ने कहा है कि—रोगी का स्नान करना उत्पन्न (प्राप्त) हो तो जो रोगी न हो वह दशबार स्पर्श करे।

(रजसोऽज्ञाने तु)

रजसोऽज्ञाने तु पराशरमाधवीये प्रजापतिः—अविज्ञाते मले सा च मलवद्वसना यदि।
कृतं गृहेषु दुष्टं स्याच्छुद्धिस्तस्यास्त्रिरात्रतः॥

रजोधर्म के अज्ञान में तो पराशरमाधवीय में प्रजापति ने कहा है कि—यदि उस स्त्री को मल (रजोधर्म) का ज्ञान न हो या वस्त्रमें मल लगा हो तो घर में किया हुआ स्नान दूषित होता है। क्योंकि—उस स्त्री की शुद्धि तीनदिन में होती है। (यदि ऐसा पाठ मानेगें—शुद्धि न स्यात् त्रिरात्रतः—तो तीनदिन में उसकी शुद्धि नहीं होगी। यों अर्थ होगा। तब उसमें प्राजापत्यादि प्रायश्चित्त के अधिक की कल्पना करनी होगी। जैसे गर्भाधान में सौ ब्राह्मण या किसी के मत से दशब्राह्मण भोजन करना लिखा है।)

देवजानीये कारिकायाम्—उच्छिष्टा तु द्विजातीनां रजः स्त्री यदि पश्यति।
उपवासमधोच्छिष्टे ऊर्ध्वोच्छिष्टे त्र्यहं क्षिपेत्॥ इति।

देवजानीयकारिका में कहा है कि—ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यकी उच्छिष्ट स्त्री रजोधर्म को देखती है तो अधोच्छिष्ट में (मूत्र और पुरीषोत्सर्ग के वाद प्रक्षालन आदि शौच की पूर्वावस्थाको अधरोच्छिष्ट कहा है) उपवास करे। ऊर्ध्वोच्छिष्ट (भोजन के वाद मुखप्रक्षालन की पूर्व अवस्था को 'ऊर्ध्वोच्छिष्ट' कहा है।) में तीन दिनका उपवास करे।

(पुंसवनकथनम्)

अथ पुंसवनम्। प्रयोगपारिजाते जातूकर्ण्यः—द्वितीये वा तृतीये वा मासि पुंसवनं भवेत्।
व्यक्ते गर्भे भवेत्कार्यं सीमन्तेन सहाथवा॥

अब पुंसवन कहते हैं। प्रयोगपारिजात में जातूकर्ण्य ने कहा है कि—दूसरे या तीसरे महिने में 'पुंसवनसंस्कार' करे या गर्भ के प्रकट होने पर या 'सीमन्तसंस्कार' के साथ करे।

बृहस्पतिः—तृतीये मासि कर्तव्यं गृष्टैरन्यत्र शोभनम्। गृष्टेश्चतुर्थे मासे तु षष्ठे मास्यथ वाष्टमे॥ सकृत्प्रसूता=गृष्टिः। एतेन प्रतिगर्भमपि भवतीति ज्ञायते।

बृहस्पति ने कहा है कि—सकृत्प्र सूताओं से तीसरे महिने में पुंसवन शुभप्रद है और सकृत्प्रसूतासे चौथे, छठे या आठवे महिने में भी करना उत्तम है। गृष्टिका अर्थ है प्रथमवार प्रसूता स्त्री। इससे प्रति गर्भ में भी होता है—यह जाना जाता है।

बह्वृचकारिकाऽपि—कर्ता स्यादेवरस्तस्या यस्याः पत्युरसम्भवः।
आवर्तत इदं कर्म प्रतिगर्भमिति स्थितिः॥

बह्वृचकारिका में भी कहा है कि—जिस स्त्री का पति समीप में न हो या आने में संभव न हो तो उस स्त्री का पुंसवन का करनेवाला देवर होता है। इस कर्म (पुंसवन) की आवृत्ति प्रतिगर्भ में होती है। यह मर्यादा है।

ब्राह्मे—गर्भाधानादिसंस्कर्ता पतिः श्रेष्ठतमः स्मृतः।
अभावे स्वकुलीनः स्याद् बान्धवो ऽन्यत्र गोत्रजः॥

ब्रह्मपुराण में कहा है—गर्भाधान आदि संस्कारों को करनेवाला पति श्रेष्ठतम कहा है। (किसी के मत से 'पिता श्रेष्ठतम' ऐसा पाठ है। अर्थ में पिता को उत्तमोत्तम कहा है।) अभाव में कुलीन बान्धव या अन्य गोत्रवाले (गर्भाधान देवर आदि से नहीं कराना चाहिये क्योंकि—कलिवर्ज्यप्रकरण में 'देवराच्च सुतोत्पत्तिः कलौ पञ्च विवर्जयेत्' ऐसा निषेध कहा है।) करें।

मदनरत्ने सत्यव्रतः—मृतो देशान्तरगतो भर्ता स्त्री यद्यसंस्कृता।
देवरो वा गुरुर्वाऽपि वंश्यो वाऽपि समाचरेत्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मदनरत्नमें सत्यव्रत ने कहा है कि—मर गया हो या देशान्तर में गया हुआ पति हो और यदि स्त्री का संस्कार न हुआ हो तो देवर या गुरु या खानदान वाला संस्कार करे।

हेमाद्रौ यमः—प्रथमे मासि द्वितीये वा यदा पुंनक्षत्रेण चन्द्रमा युक्तः स्यात्—इति।

हेमाद्रिमें यमने कहा है कि—प्रथम या दूसरे महिने में जब पुंनक्षत्र (पुरुषनक्षत्र) से चन्द्रमा युक्त हो तब ही 'पुंसवनसंस्कार' करे।

वराहः—हस्तो मूलं श्रवणः पुनर्वसुर्मृगशिरस्तथा पुष्यः। पुंसंज्ञकेषु कार्येष्वेतानि शुभानि धिष्ण्यानि ॥ अनुराधाऽपि पुंनक्षत्रम्। 'अनुराधान्[1] हविषा वर्द्धयन्तः' इति श्रुतेः।

वाराह ने कहा है कि—हस्त, मूल, श्रवण, पुनर्वसु, मृगशिरा और पुष्य ये सब नक्षत्र पुरुषसंज्ञक कार्यों में शुभ हैं। अनुराधा भी पुरुष नक्षत्र है। (देवताओं ने) अनुराधा नक्षत्रों को हविद्वारा बढाया है ऐसी श्रुति कहती है।

गर्गोऽपि—पुन्नामा श्रवणस्तिष्यो हस्तश्चैव पुनर्वसुः। अभिजित्प्रौष्ठपाच्चैव अनुराधा तथाश्वयुक्॥

गर्ग में भी कहा है—कि—श्रवण, पुष्य, हस्त, पुनर्वसु, अभिजित्, अनुराधा, पूर्वाभाद्रपद और उत्तराभाद्रपद तथा अश्विनी ये सब पुरुषसंज्ञक नामवाले नक्षत्र हैं।

नृसिंहः—रिक्तां पर्व च नवमीं त्यक्त्वा पुंसवने शुभाः।

नृसिंह ने कहा है कि—रिक्ता पर्व और नवमी (अन्यरिक्तायां अनुकल्पत्वार्थं नवम्यामधिकदोषत्वार्थं वा। अत्र च 'बलोपपन्ने दम्पत्योश्चन्द्रताराबलान्विते। कुलीरं मिथुनं कन्यां हित्वा शेषाः शुभावहाः॥ इत्यादिकमपि द्रष्टव्यमिति टीकायाम्।) को छोड़कर पुंसवन में शुभ हैं।

ज्योतिर्निबन्धे वसिष्ठः—मृत्युश्च सौरेस्तनुहानिरिन्दोर्मृतप्रजा पुंसवने बुधस्य।
काकी च बध्न्या भवतीह शुक्रे स्त्रीपुत्रलाभो रविभौमजीवैः॥

जोतिर्निबन्ध में वसिष्ठ ने कहा है कि—शनिवार को पुंसवनसंस्कार करने से मृत्यु होती है। सोमवार को पुंसवन करने से तनु (शरीर) की हानि होती है। बुधवार को पुंसवन करने से सन्तान की मृत्यु होती है। शुक्रवार को पुंसवन करने से काकवन्ध्या (एकसन्तानवाली वन्ध्या) होती है। रविवार, मंगलवार और गुरुवार को पुंसवनसंस्कार करने स्त्री में पुत्र का लाभ होता है।

(अनवलोभनकालनिर्णयः)

अनवलोभनस्याप्ययमेव कालः। दीपिकायां तु चतुर्थेऽनवलोभनम्—इत्युक्तम्।

अनवलोभनसंस्कार का यही ही काल (समय) है। (इस संस्कार को पुंसवनसंस्कार के साथ करे)। दीपिका में तो कहा है कि—चौथे महिने में अनवलोभनसंस्कार करे। यों कहा है।

(सीमन्तकथनम्)

अथ सीमन्तः। हेमाद्रौ वैजवापः—'अथ सीमन्तोन्नयनं चतुर्थे पञ्चमे षष्ठे च' इति।

हेमाद्रि में वैजवापने कहा है कि—इसके बाद सीमन्तोन्नयनसंस्कार चतुर्थ, पञ्चम और छठे महिने में करे। (गर्भमास से—चौथे, छठे और आठवें मास में सीमन्तसंस्कार करे। किसी के मत से पांचवें, सातवें और नवमें मास में जबतक प्रसव हो तब तक शुक्लपक्ष में, षष्ठी, अष्टमी, द्वादशी, चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी और अमावास्या इनसे भिन्न तिथि में पुरुषसंज्ञक नक्षत्रों के मध्यम पादद्वय में मंगल, गुरु तथा रविवारों में चन्द्रमा के अनुकूलतापर शुभलग्नादि में विष्ट्यादिदोष के न रहने पर मलमास, गुरु, शुक्रास्तादियों के कालान्तर के असंम्भव में दोष नहीं है। क्योंकि इसमें नियतकाल है। इससंस्कार में सौ ब्राह्मण भोजन करावे।)

वसिष्ठः—'चतुर्थे सप्तमे मासि षष्ठे वाप्यथवाष्टमे।

वसिष्ठ ने कहा है कि—चौथे, सातवें, (नवमास में)—आधानादष्टमे मासि सीमन्तोन्नयनं भवेत्। मासि वा कुर्याद्यावद् गर्भविमोचनम्॥) छठे या आठवें मास में सीमन्तसंस्कार करे।

१—ऋध्यास्म हव्यैर्नमसोपसद्य मित्रं देवं मित्रं देवं नोऽ अस्तु। अनुराधान् हविषा वर्धयन्तः शतं जीवेम शरदः सवीराः॥ (तैत्तरीयब्राह्मण तृतीयकाण्ड, प्रथम प्रपाठक द्वितीय अनुवाक का प्रथम मन्त्र)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हेमाद्रौ शङ्खः—गर्भस्पन्दने सीमन्तोन्नयनं, यावद्वा न प्रसवः ।

हेमाद्रिमें शंखने कहा है कि—गर्भ के स्पन्दन (चलने पर) करने पर 'सीमन्तोन्नयनसंस्कार' करे या जबतक प्रसव न हो तब तक 'सीमन्तोन्नयनसंस्कार' करे।

कार्ष्णाजिनिः—गर्भलम्भनमारभ्य यावन्न प्रसवस्तदा। सीमन्तोन्नयनं कुर्याच्छङ्खस्य वचनं यथा॥ मासश्चात्र सौरः सावनो वा।

कार्ष्णाजिनि में कहा है कि—गर्भ की प्राप्ति से लेकर जबतक प्रसव नहीं होता है तबतक सीमन्तोन्नयनसंस्कार करे। (ऐसा शंखने कहा है। सौरमास-संक्रान्तिमास, सावन-एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक एक दिन मानकर होनेवाला मास) यहाँ पर मास सौर या सावन का ग्रहण करे।

कालविधाने—चतुर्थषष्ठाष्टममासभाजि सौरेण गर्भे प्रथमे विधेयम्।
सीमन्तकर्म द्विजभामिनीनां मासेऽष्टमे विष्णुबलिं च कुर्यात्॥

कालविधान में कहा है कि—द्विज की स्त्रियों का सीमन्तकर्म सौरमास से गर्भ से चौथे, छठे या आठवें महिने में करे तथा आठवें महिने में विष्णुबलि करे। (यह सूत्र में कही नहीं है। अतः कृताकृत है॥)

वसिष्ठः—'चतुर्थे सावने मासि षष्ठे वाप्यथ वाष्टमे।'

वसिष्ठ ने कहा है कि सावनमास में चौथे, छठे या आठवें महिने में करे।

ज्योतिर्निबन्धे नारदः—अरिक्तापर्वदिवसे कुजजीवार्कवासरे।

ज्योतिर्निबन्ध में नारद ने कहा है कि—अरिक्ता (जो रिक्ता न हो) और अपर्व (जो पर्व से भिन्न हो) दिन में, मंगल, (सोम, बुध गुरु और शुक्रवार को प्रयोगरत्न में कहा है।) गुरु तथा रविवार में सीमन्तसंस्कार को करे।

कालविधाने—सीमन्ते तिष्यहस्तादितिहरिशशभृत्पौष्णविध्युत्तराख्याः।
पक्षच्छिद्रं च रिक्तां पितृतिथिमपहायापराः स्युः प्रशस्ताः॥ अदितिः=पुनर्वसुः।

कालविधानमें कहा है कि—सीमन्नसंस्कार में पुष्य, हस्त, पुनर्वसु, श्रवण, मृगशिरा, रेवती, रोहिणी, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढा और उत्तराभाद्रपद, पक्षच्छिद्र (अष्टमी, षष्ठी, द्वादशी, रिक्ता-चतुर्दशी, नवमी, चतुर्थी) अमावास्या और पिताकी मृत्युतिथि इनको छोड़कर शुभ हैं। (जयन्त मतसे-पुनर्वसु,पुष्य, अभिजत्, हस्त, प्रौष्ठपदा, अनुराधा, अश्विनी, मूल, श्रवण, रेवती, रोहिणी और मृगशिरासंज्ञकनक्षत्र पुरुषसंज्ञक नक्षत्र हैं। इन नक्षत्रोंका चार विभाग करके उसके आदि और अन्त को त्याग दे और मध्यके ग्रहण करे।) अदितिमाने—पुनर्वसु।

(पक्षच्छिद्रकथनम्)

पक्षच्छिद्रं चाह वसिष्ठः—चतुर्दशी चतुर्थी च अष्टमी नवमी तथा। षष्ठी च द्वादशी चैव पक्षच्छिद्राह्वयाः स्मृताः॥ क्रमादेतासु तिथिषु वर्जनीयाश्च नाडिकाः। भूताष्टमनुतत्त्वाङ्कदशशेषास्तु शोभनाः॥

और वसिष्ठने पक्षच्छिद्रको कहा है कि—चतुर्दशी, चतुर्थी, अष्टमी, नवमी, षष्ठी और द्वादशी तिथि 'पक्षच्छिद्र' कही गयी हैं। इन तिथियोंमें क्रम से अत्यावश्यक कार्योंमें इन घडियोंको त्यागकर शुभकार्य करे। चतुर्दशीमें पांचघडी, चतुर्थीमें आठघडी, अष्टमीमें नौघडी और द्वादशीमें दशघडी प्रारम्भकी त्याग दे।

(सीमन्तसंस्कारे तिथ्यादिविचारः)

कालनिर्णये—शुभसंस्थे निशानाथे चतुर्थी च चतुर्दशीम्।
पौर्णमासीं प्रशंसन्ति केचित्सीमन्तकर्मणि॥

कालनिर्णय में कहा है कि—कोई लोग सीमन्तसंस्कारमें कहते हैं कि-शुभस्थानमें चन्द्रमा हो तो चतुर्थी, चतुर्दशी और पौर्णमासी की प्रशंसा की है।

बृहस्पतिः—पूर्वपक्षः शुभः प्रोक्तः कृष्णश्चान्त्यत्रिकं विना।
चतुर्दशी चतुर्थी च शुक्लपक्षे शुभप्रदे॥

बृहस्पति ने कहा है कि—सीमन्तसंकार में पूर्वपक्ष (कृष्णपक्ष) शुभ कहा है। कृष्णपक्ष की अन्त्यवाली तीन को त्याग कर शुभप्रद चतुर्दशी तथा चतुर्थी शुक्लपक्ष में शुभप्रद है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नारदः—विप्रक्षत्रिययोः कुर्याद्दिवा सीमन्तकर्म तत् । वैश्यशूद्रकयोरेतद्दिवा निश्यपि केचन ॥ वाराः पूर्वोक्ता एव । एतच्च सकृदेव कार्यमिति विज्ञानेश्वरः ।

नारदने कहा है कि—ब्राह्मण तथा क्षत्रियका सीमन्तसंस्कार दिन में करे। वैश्य और शूद्रका इन दोनों का दिन और रातमें भी करे—किसी का मत है । वारतो पूर्व में कहे हुए ही ग्रहण करे। इस संस्कारको एकवार ही करे यह विज्ञानेश्वर का मत है ।

सकृच्च संस्कृता नारी सर्वगर्भेषु संस्कृता । इति देवलोक्तेः । सकृत्प्रतिगर्भं वा कार्यमिति हेमाद्रिः ।

देवलने कहा है कि—एकवार संस्कार की हुई पत्नी सब गर्भों में संस्कृत (की हुई की तरह) है। एकवार या हरवार गर्भ में करे—यह हेमाद्रि मत है ।

सकृच्च कृतसंस्काराः सीमन्तेन द्विजस्त्रियः । यं यं गर्भं प्रसूयन्ते स सर्वः संस्कृतो भवेत् ॥ इति हारीतोक्तेः,

हरीत ने कहा है कि—सीमन्तसंस्कार से एकवार संस्कार की हुई द्विजों की स्त्रियाँ जिस जिस गर्भ को पैदा करती हैं। वे सब संस्कार से युक्त होते हैं।

सीमन्तोन्नयनं कर्म न स्त्रीसंस्कार इष्यते । केचिद्गर्भस्य संस्कारात्प्रतिगर्भं प्रयुञ्जते ॥ इति हेमाद्रौ विष्णुवचनाच्च ।

और हेमाद्रि में विष्णु का वचन है कि—सीमन्तोन्नयनकर्म स्त्री का संस्कार है-यह नहीं मानते हैं। कोई महाशय गर्भ का संस्कार होने से प्रत्येक गर्भ में प्रयोग करते हैं। (अर्थात्—कात्यायनशाखावालों को प्रतिगर्भ में करना कहा है)—धर्मसिन्धुकार कहते हैं।

स एव—स्त्री यद्यकृतसीमन्ता प्रसूयेत कथञ्चन । गृहीतपुत्रा विधिवत्पुनः संस्कारमर्हति ॥

वहीं पर ही कहा है कि—सीमन्तसंस्कार के विना ही कदाचित् स्त्री का प्रसव हो जाय तो गृहीत पुत्रवाली स्त्री विधिवत् फिर से संस्कार के योग्य होती है।

(सीमन्तभोजने प्रायश्चित्तकथनम्)

सीमन्ते भोजने प्रायश्चित्तमुक्तं पराशरमाधवीये धौम्येन—ब्रह्मौदने च सोमे च सीमन्तोन्नयने तथा । जातकर्मनवश्राद्धे भुक्त्वा चान्द्रायणं चरेत् ॥

सीमन्तसंकार में भोजन करने पर पराशरमाधवीय में धौम्यने प्रायश्चित्त कहा है कि—ब्रह्मौदन (ब्रह्माके लिये चावल) में, सोम में, सीमन्तोन्नय में, जातकर्म में और नवश्राद्ध में भोजन करने पर चान्द्रायणव्रतको करे।

ऋग्विधाने तु—अराइवे[1] जपेन्मन्त्रं शतवारं न संशयः ।
सीमन्ते च यदा भुङ्क्ते मुच्यते किल्बिषात्तदा ॥ इति ।

'अरा इवे' इस मन्त्र को विना विचारे सौवार जप करे। जब सीमन्तसंस्कार में भोजन किया है तो वह सब पापों से छुटकारा प्राप्त करलेता है।

(गर्भिणीतत्पतिधर्मकथनम्)

अथ गर्भिणीतत्पतिधर्माः । वराहः—सामिषमशनं यत्नात्प्रमदा परिवर्जयेदतः प्रभृति ।

अब गर्भिणी और उसके पति का धर्म कहते हैं। वराह ने कहा है कि—गर्भाधान से लेकर (गर्भ धारणकरने वाली) स्त्री मांस के सहित भोजन यत्न से त्याग दे।

गृह्यकारिका—अङ्गारभस्मास्थिकपालचुल्लीशूर्पादिकेषूपविशेन्ननारी । सोलूखलाद्ये दृषदादिके वा यन्त्रे तु पाद्ये न तथोपविष्टा ॥ नो मार्जनीगोमयपिण्डकादौ कुर्यान्नवारिण्यवगाहनं सा । अङ्गारभूत्या न नखैर्लिखेत् क्ष्मां कलिं वपुर्भङ्गमथो न कुर्यात् ॥

१—अरा इवेदचरमा अहेव प्रप्र जायन्ते अकवा महोभिः । पृश्नेः पुत्रा उपमासो रभिष्ठाः स्वया मत्या सं मिमिक्षुः ॥ (ऋ० सं० अ० ५ म० ४ सू० ५८ म० ५) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गृह्यकारिकामें कहा है कि—गर्भवती स्त्री अंगार, भस्म, अस्थि, कपाल, चुल्ली, शूप आदि में न बैठे वैसेही उलूखल, सिल, लोढी आदिमें तथा यन्त्र, तुप में न बैठे। मार्जनी (झाडू), गोबर पिण्ड आदि पर न बैठे और वह स्त्री जलमें अवगाहन कर स्नान न करे। अंगार (कोयला) के भस्म से और नाखूनों से पृथ्वी पर नहीं लिखे। कलह तथा शरीर का भंग (अंगडाई लेना) न करे।

नो मुक्तकेशी विवशाथ वा स्याद्भुङ्क्ते न सन्ध्यावसरे न शेते।
नामङ्गलं वाक्यमुदीरयेत्सा शून्यालयं वृक्षतलं न यायात्॥

अपने बालों को खुले न रखे, नंगी न रहे। सन्ध्याके समय भोजन न करे और सन्ध्याके समय शयन न करे। वह स्त्री अमंगल वाक्यों को (मुह से) नहीं उच्चारण करे। सूनसान जगह और पेड की जड़ के पास न जाय।

विष्णुधर्मोत्तरे—कटुतीक्ष्णकषायाणि अत्युष्णलवणानि च।
आयासं च व्यवायं च गर्भिणी वर्जयेत्सदा॥

विष्णुधर्म में कहा है कि—गर्भिणी स्त्री सदा कडवी चीज, तीक्ष्णवस्तु, कसैली वस्तु, अत्यन्त गरम और निमक का भक्षण न करे। निरन्तर परिश्रम का कार्य तथा मैथुन न करे।

हेमाद्रौ कौण्डिन्यः—मुण्डनं पिण्डदानं च प्रेतकर्म च सर्वशः।
न जीवत्पितृकः कुर्यात् गुर्विणीपतिरेव च॥

हेमाद्रि में कौण्डिन्य ने कहा है कि—मुण्डन, पिण्डदान और संपूर्ण प्रेतकार्य को जिसके पिता जीवित हो वह और जिसकी स्त्री गर्भवती हो न करे। (यहाँ पर ऐसा भी पाठ है—न जीवत्पितृकः कुर्याद् गर्भिणी पतिरेव च।)।

मिताक्षरायाम्—उदन्वतोम्भसि स्नानं नखकेशादिकर्तनम्।
अन्तर्वत्न्याः पतिः कुर्वन्न प्रजा जायते ध्रुवम्॥

मिताक्षरा में कहा है कि—गर्भवती स्त्री का पति यदि समुद्र के जलमें स्नान तथा नख, केश आदि का कर्तन करे तो निश्चित ही उसको सन्तान नहीं रहती है।

पृथ्वीचन्द्रोदये गारुडे—गयायां पिण्डदानस्य न कदाचिन्निराक्रिया।

पृथ्वीचन्द्रोदय में गरुडका वचन है कि—गया में पिण्डदानका कभी भी निराकरण नहीं है।

अत्र कालेदाप्रत्ययस्मृतेर्निषिद्धाकालस्यैवापवादो न तु जीवत्पितृगर्भिणीपत्याशौचादिनिमित्तस्य। निमित्तसंयोगस्य कालसंयोगाद्भेदेनापवादाभावात्। अग्निहोत्रवद्यावज्जीवपरत्वाभावात्। अन्यथाशौचेऽपि गयायात्रा श्राद्धं च स्यात्। यत्र निमित्तसंयोगस्यापवादो यथाशौचेऽग्निहोत्रादेः, यथा वा जीवत्पितृकस्यापवादो मातुर्गयान्वष्टकादौ तदेव भवति नान्यदिति संक्षेपः।

यहाँ पर काल में 'दा' प्रत्यय की स्मृतिमें निषिद्धकालका ही अपवाद है। जीवत्पितृक गर्भिणीपति के आशौच आदि निमित्त का नहीं है। अर्थात्—आशौच आदि लगेगा। ऐसा न मानेगें तो आशौच में भी गयायात्रा श्राद्ध होने लगेगा। निमित्तसंयोगका कालसंयोगभेदसे अपवाद (निषेध) का अभाव हैं। क्योंकि (यह वचन) अग्निहोम में यावज्जीवन पर्यन्त कालका अभाव है। अन्यथा—आशौच में गयायात्रा और श्राद्धको करे। जहाँपर निमित्तके संयोगका अपवाद होता है। जैसे आशौच में अग्निहोत्रादिका या जैसे—जीवत्पितृकको अपवाद माता की गया और अन्वष्टका आदि में वैसे ही होता है! अन्य नहीं—यह संक्षेप है।

प्रयोगपारिजाते कश्यपः—गर्भिणी कुञ्जराश्वादिशैलहर्म्यादिरोहणम्।
व्यायामं शीघ्रगमनं शकटारोपणं त्यजेत्॥

प्रयोगपारिजात में कश्यपने कहा है कि—गर्भिणी स्त्री, हाथी, घोड़ा, पर्वत, महल आदि पर न चढ़े मैथुन न करे। जल्दी न चले। बैलगाड़ी पर न चढ़े।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शोकं रक्तविमोत्तं च साध्वसं कुक्कुटासनम् । व्यवसायं दिवास्वापं रात्रौ जागरणं त्यजेत् ॥

शोक (दुःख करना), रक्तविमोक—अपरेशन, जोक सींग इत्यादि से शरीर से खून निकलवाना, साहस, कुक्कुटासन, व्यवसाय, परिश्रम, दिन में शयन और रात्रिमें जागरण न करे।

मदनरत्ने स्कान्दे—हरिद्रां कुङ्कुमं चैव सिन्दूरं कज्जलं तथा । कूर्पासकं च ताम्बूलं माङ्गल्या-भरणं शुभम् ॥ केशसंस्कारकबरी करकर्णविभूषणम् । भर्तुरायुष्यमिच्छन्ती दूरयेद्गर्भिणी नहि ॥

मदनरत्नमें स्कन्दका वचन है कि—हलदी, केशर—रोली, सिन्दूर, काजल, चोली, तांबूल मांगल्यरूप आभूषण, केशोंका संस्कार, कवरी (जूडाबांधना) हाथ और कान के आभूषण को अपने पतिकी आयु को इच्छावाली गर्भिणी स्त्री इन चीजोंको त्याग न करे। अर्थात्—गर्भावस्था में इनका उपयोग करे।

बृहस्पतिः—चतुर्थे मासि षष्ठे वाऽप्यष्टमे गर्भिणी यदा ।
यात्रा नित्यं विवर्ज्या स्यादाषाढे तु विशेषतः ॥

बृहस्पतिने कहा है कि—चौथे मास में, छठे मासमें (शक्ताशक्त परक है अतः विकल्प है।) या आठवें महिनेमें गर्भिणी स्त्री यात्रा (परदेशादिगमन) न करे। परन्तु आषाढ़ मासमें विशेष कर न करे।

याज्ञवल्क्यः—दौहृदस्याप्रदानेन गर्भो दोषमवाप्नुयात् ।
वैरूप्यं मरणं चापि तस्मात्कार्यं प्रियं स्त्रियाः ॥ दौहृदम्=गर्भिणीप्रियम् ।

याज्ञवल्क्यने कहा है कि—दौहृदके (गर्भस्यैकं हृत् गर्भिण्याश्चैकमिति द्विहृदा, तस्या इदं दौहृदम् ।) गर्भिणी का प्रिय विना किये गर्भमें दोष प्राप्त हो जाता है कि—विरूपता या मृत्यु। इसलिये स्त्रियोंका प्रिय करना चाहिये। दौहृदमाने=गर्भिणीप्रिय।

तत्रैवाश्वलायनः—वपनं मैथुनं तीर्थं वर्जयेद् गर्भिणीपतिः ।
श्राद्धं च सप्तमान्मासादूर्ध्वं चान्यत्र वेदवित् ॥ श्राद्धं तद्भोजनमिमि प्रयोगपारिजातः ।

वहींपर आश्वलायन ने कहा है कि—वपन-मुण्डन, मैथुन और तीर्थयात्रा गर्भिणी पति न करे तथा के गर्भ सातमहिनेवाद वेदका जानकर गर्भिणीस्त्री का पति श्राद्ध न करे। (यदि पिता या माता का उन्हीं दिनों में प्रारब्धवश देहावसान हो जाय तो-यदि वह ज्येष्ठ पुत्र है तो श्राद्धादि करे।) प्रयोगपारिजातमें कहा है कि—श्राद्धमाने—श्राद्धीय भोजन जिसकी स्त्री गर्भवती हो उसका पति न करे।

कालविधाने मुहूर्तदीपिकायां च—चौरं शवानुगमनं नखकृन्तनं च युद्धादिवास्तुकरणं त्वतिदूर-यानम् । उद्वाहमौपनयनं जलधेश्च गाहमायुःक्षयार्थमिति गर्भिणिकापतीनाम् ॥

कालविधान में और मुहूर्तदीपिका में कहा है कि—वाल बनवाला, शवके साथ जाना, नखको काटना, युद्ध-लड़ाई करना, गृहारंभ आदि करना, बहुत दूर जाना, विवाह उपनयन तथा समुद्रस्नान ये सब गर्भिणी के पतिकी आयुको क्षय (नाश) करने वाले होते हैं।

रत्नसङ्ग्रहे गालवः—दहनं वपनं चैव चौलं च गिरिरोहणम् ।
नाव आरोहणं चैव वर्जयेद् गर्भिणीपतिः ॥

रत्नसंग्रह में गालव ने कहा है कि—जिसकी स्त्री गर्भवती हो उसका पति दाह, मुण्डन, चूडा-करण, पर्वतारोहण और नौका पर चढना आदि न करे।

अन्यत्रापि—अव्यक्तगर्भापतिरब्धियानं मृतस्य वाहं क्षुरकर्मसङ्गम् ।
तस्यां तु यत्नेन गयादितीर्थं यागादिकं वास्तुविधिं न कुर्यात् ॥

अन्यत्र भी कहा है कि—जिस स्त्री का गर्भ प्रगट मालुम होता हो उसका पति अब्धियान (समुद्रयात्रा), मृतक को वहन करना, चौरकर्म, स्त्री के साथ मैथुन, गया आदि तीर्थ में जाना, याग आदि तथा वास्तुविधि को न करे।

अव्यक्तगर्भा वनिता भवेन्मासत्रयात्परम् । षण्मासात्परतः सूतिर्नवमेऽरिष्टवासिनी ॥

स्त्री का तीन महिने का वाद गर्भ प्रकट होता है। छः महिने वाद प्रसूति होती है तथा नवमें महिने में अरिष्टवासिनी—सूतिकागृहवासिनी होती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(सूतिकागृहप्रवेशः)

अथ सूतिकागृहप्रवेशः। गर्गः—रोहिण्यैन्दवपौष्णेषु स्वातीवारुणयोरपि। पुनर्वसौ पुष्यहस्तधनिष्ठात्र्युत्तरासु च॥ मैत्रे त्वाष्ट्रे तथाश्विन्यां सूतिकागारवेशनम्॥ एतच्च सम्भवे।

अब [1]सूतिका का गृहप्रवेश कहते हैं। गर्ग ने कहा है कि—रोहिणी, मृगशिरा, रेवती, स्वाती, शतभिषा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, धनिष्ठा, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढा, उत्तराभाद्रपद, अनुराधा, चित्रा और अश्विनी इन में स्त्री सूतिकागार में प्रवेश करे। यह संभव परक है।

प्रसूतिसमये काले सद्य एव प्रवेशयेत्। इति वसिष्ठोक्तेः। तच्च नैर्ऋत्यां कार्यम्।

वसिष्ठ ने कहा है कि-प्रसूति (प्रसव) के समयमें जल्दी ही प्रवेश करावे और वह नैर्ऋत्यमें करावे।

वारुण्यां भोजनगृहं नैर्ऋत्यां सूतिकागृहम्। इति वसिष्ठोक्तेः।

वसिष्ठ ने कहा है कि—वरुणदिशा में भोजनगृह करे और नैर्ऋत्यकोण में सूतिकागृह करे।

विष्णुधर्मोत्तरे—दशाहं सूतिकागारमायुधैश्च विशेषतः। वह्निना तिन्दुकालातैः पूर्णकुम्भैः प्रदीपकैः॥ मुसलेन तथा वारिवर्णकैश्चित्रितेन च॥ इति।

विष्णुधर्म में कहा है कि—दशदिन तक सूतिका घर को विशेष कर आयुधों (शस्त्रों) से, अग्नि से, तिन्दुक (तेन्दुआ) जलकाष्ठ-जल से भरे कलशों से, दीपकों से और मुसल (मूसल) से सुशोभित रखे।

(जातकर्म)

अथ जातकर्म। पारिजाते वसिष्ठः—श्रुत्वा जातं पिता पुत्रं सचैलं स्नानमाचरेत्।

जातकर्मसंस्कार कहते हैं। पारिजात में वसिष्ठ ने कहा है कि-पिता और पुत्र (पुंस्त्व अविवक्षित है) जन्म को सुनकर (असन्निधि में सुननेके बाद स्नान करे। सन्निधि में तो उसके ज्ञानमात्र से ही स्नान करे, पुत्र के उत्पन्न होने पर पिता उसके मुखको देखे। एसा करने से पिता ऋण से छूट जाता है। यह संभव परक है। कदाचित् पुत्र के मुख को देखने में विलम्ब होने से स्नान में विलम्ब की आपत्ति हो जायगी। अतः सुनने के बाद ही स्नान करे। यह स्नान ठण्डे जल से करे। नैमित्तिकस्नान और काम्यस्नान ठण्डे ही जल से करे। इस स्नान को रात्रि में भी करे— जैसे—ग्रहण, विवाह, संक्रान्ति, यात्रा और प्रसव आदि में में नैमित्तिक स्नान रात्रि में करने में दोष नहीं होता है। एसा व्यास ने कहा है। एसा स्नान पिता के करने पर पिता स्पृश्य हो जाता है और जन्म देनेवाली माता की तो दशदिन में शुद्धि होती है। (माता शुध्येद्दशाहेन स्नानात्तु स्पर्शनं पितुः। एसा संवर्तन ने कहा है) सचैलस्नान करें। अर्थात्—जिस अवस्था में हो उसी में सवस्त्र सहित स्नान करें।

मनुः—प्राङ्नाभिवर्द्धनात्पुंसो जातकर्म विधीयते। वर्द्धनम्=छेदनम्।

मनुने कहा है कि—नालछेदन के पहले पुरुषों का जातकर्म करे। वर्धन का अर्थ है—छेदन करना। (अशौच तो पुत्रजन्म का नालच्छेदन के बाद लगता है। (छिन्ने नाले ततः पश्चात् सूतकं तु विधीयते। अतः उससें पूर्व जातकर्म करे और दानादि करे। यह दान रात्रि में भी हो सकता है—रात्रिस्नानं न कुर्वीत दानं चैव विशेषतः। नैमित्तिकं च कुर्वीत स्नानं दानं च रात्रिषु॥ अतः ग्रहण आदि में निमित्तवश स्नान रात में करना विहित है। ऐसा व्यास ने कहा है। यद्यपि सूतक जनन के बाद ही प्रवृत्त होता है फिर भी वृद्धिश्राद्ध, जातकर्म आदि में तो अधिकार है ही। उसमें भी 'सूतके समुत्पन्ने' ऐसा प्रजापति ने कहा है। वह तात्कालिक शुद्धिपरक हैं।) वर्धनमाने—छेदन कहा है।

१—पद्मपुराणे—प्रविशेत् सूतिकागारं कृतरक्षं समन्ततः। प्रागद्वारमुत्तरद्वारमथवा सुहृदं शुभम्॥ देवानां ब्राह्मणानां च गवां कृत्वा च पूजनम्। एरण्डमूलचूर्णेन सघृतेन तथैव तु। सुखप्रसवनार्थाय पश्चात् कार्येऽनुलेपयेत्॥ ऋग्विधाने—प्रमन्दिने प्रसूयन्त्यां जपेद् गर्भविमोचनीम्। इन्द्रं च मनसाध्यायेन्नारी गर्भं विमुञ्चति॥ 'वि [2]जिहीष्व वनस्पते' इति मन्त्रोदकं वा पाययेत्। अन्यत्रापि—महिषीदुग्धमिश्रमेरण्डतैलम्—'हिमवत्युत्तरे पार्श्वे शबरी नाम पक्षिणी। तस्या नूपुरशब्देन विशल्या भवतु गर्भिणी स्वाहा। इति मन्त्रेण पाययेत्। रक्षा च विष्णुधर्मे—दशाहं सूतिकागारमायुधैश्च विशेषतः। वह्निना तिन्दुकालातैः पूर्णकुंभैः प्रदीपकैः॥ मुसलेन तथा वारिवर्णकैश्चित्रितेन च॥

२—वि जिहीष्व वनस्पते योनिः सूष्यन्त्या इव। श्रुतं मे अश्विना हवं सप्तवध्रिं च मुञ्चतम्॥ (ऋ०म०५ अ०सू० ७८ म० ५)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हेमाद्रौ वैजवापः—जन्मनोऽनन्तरं कार्यं जातकर्म यथाविधि।
दैवादतीतकालं चेदतीते सूतके भवेत्॥

हेमाद्रि में वैजवाप ने कहा है कि—जन्म के बाद यथाविधि 'जातकर्म' करना चाहिये। यदि दैवात्—दैवयोग से समय व्यतीत हो जाय तो सूतक के बाद (जातकर्म) करे।

पृथ्वीचन्द्रोदये विष्णुधर्मे—अच्छिन्ननाभिकर्तव्यं श्राद्धं वै पुत्रजन्मनि। पुत्रपदेन कन्यापि गृह्यते।

पृथ्वीचन्द्रोदय में विष्णुधर्म ने कहा है कि—पुत्र या कन्या के जन्म में निश्चय ही नालच्छेदन के पूर्व श्राद्ध (पुत्रोत्पत्ति के बाद स्नानादि करने पर पुत्रान्तर की उत्पत्ति में जातकर्म अलग-अलग होगें। पर 'श्राद्ध' तन्त्र से ही होगा। 'द्विबहूनि निमित्तानि जायन्ते एकवासरे। तत्र नैमित्तिकं कार्यं निमित्तानुक्रमोदयम्॥) श्राद्ध करे। यहाँ पर पुत्रशब्द से कन्या का भी ग्रहण करे।

तदाह तत्रैव कार्ष्णाजिनिः—प्रादुर्भावे पुत्रपुत्र्योर्ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः।
स्नात्वाऽनन्तरमात्मीयान् पितॄन् श्राद्धेन तर्पयेत्॥ एतच्च रात्रावपि कार्यम्।

उसी बात को वहीं पर ही कार्ष्णाजिनि में कहा है कि—पुत्र और कन्या के प्रादुर्भाव जन्मसमय में, चन्द्रग्रहण तथा सूर्यग्रहण में स्नान कर अपने आत्मीय पितरों को श्राद्ध से तृप्त करे। यह श्राद्ध रात्रि में भी करना चाहिये।

पुत्रजन्मनि यात्रायां शर्वर्यां दत्तमक्षयम्। इति। तत्रैव व्यासोक्तेः।

वहीं पर व्यास ने कहा है कि—पुत्र के जन्म के समय में—और यात्रा के समय रात्रिको दान करने से उस दान का कभी भी नाश नहीं होता है।

वैजवापः—जातमात्रकुमारस्य जातकर्म विधीयते। स्तनप्राशनतः पूर्वं नाभिकर्तनतोऽपि वा॥ एतेन नैमित्तिकमपीदं जातेष्टिवदाशौचान्ते कार्यमिति शङ्का परास्ता। 'जाते कुमारे पितॄणामामोदात्पुण्यं तदहः' इति हारीतोक्तेश्च।

वैजवाप ने कहा है कि—कुमार के उत्पन्न होने पर (यहाँ पर पुंस्त्व की अविवक्षा है। विवाह को छोड़कर स्त्रियों की क्रियायें तूष्णीम् होती हैं। अतः वाक्यान्तर से कन्या का भी जातकर्म होता है। मेधातिथि ने कहा है कि—नपुंसक का जातकर्म संस्कार नहीं होता है।) स्तनपान के पहले या नालच्छेदन के पूर्व जातकर्मसंस्कार को करे।

इससे यह नैमित्तक है। जातेष्टि के सदृश अशौचान्त में करना चाहिये—यह शंका परास्त हुई। पुत्र के उत्पन्न होने पर पितरों को प्रसन्नता होती है। अतः जन्म का वह दिन पुण्यदायक है—एसा हारीत ने भी कहा है।

(अत्र श्राद्धमामेन हेम्ना वा कार्यम्, न पक्वान्नेन)

अत्र श्राद्धमामेन हेम्ना वा कार्यमित्युक्तम्।

यहाँ पर अर्थात्—पुत्रोत्पन्न में जो श्राद्ध होगा वह आमान्न या सुवर्णके द्वारा करना चाहिये—ऐसा कहा है।

पृथ्वीचन्द्रोदये आदित्यपुराणे—जातश्राद्धे न दद्यात्तु पक्वान्नं ब्राह्मणेष्वपि। इति।

पृथ्वीचन्द्रोदय में आदित्यपुराण का मत है कि, पुत्रोत्पत्ति के समय पक्वान्न से श्राद्ध न करे और ब्राह्मणों की भी न दे। (यहाँ पर पक्वान्न का निषेध मात्र है। प्रचेता ने कहा है कि—स्त्री, शूद्र और स्वपच (स्वयंपचः) जातकर्म आमान्न द्वारा पार्वणविधि से ही करें। (यहाँ पर आमान्न से श्राद्ध करना—नैमित्तिक मानते हैं। कोई हेमश्राद्ध को काम्य मानते हैं। कोई हेमाश्राद्ध ही को नैमित्तिक मानते हैं। उसके अभाव में आमश्राद्ध में—अन्यमत है।)

हेमाद्रिस्तु—पुत्रजन्मनि कुर्वीत श्राद्धं हेम्नैव बुद्धिमान्। न पक्वेन न चामेन कल्याणान्यभिकामयन्॥ इति संवर्तोक्तेर्हेम्नैवेत्याह।

हेमाद्रि ने तो कहा है कि—पुत्र के जन्म समय बुद्धिमान् व्यक्ति सुवर्ण से ही श्राद्ध करे। कल्याणों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की इच्छा करने वाला पकान्न से या आमान्न से (श्राद्ध) न करे। संवर्त के कथन से सुवर्ण से ही करे—ऐसा कहा है।

(जननाशौचे मरणाशौचे च विचारः)

एतच्च जननाशौचे मरणाशौचे च कार्यमित्याह मिताक्षरायां प्रजापतिः—आशौचे तु समुत्पन्ने पुत्रजन्म यदा भवेत्। कर्तुस्तात्कालिकी शुद्धिः पूर्वाशौचेन शुद्ध्यति ॥

और इसको जननाआशौच में तथा मरणाचौच में करना चाहिये—ऐसा मिताक्षरा में प्रजापति ने कहा है कि—आशौच रहते हुए जब पुत्र का जन्म हो तो कर्ता की उसीसमय में पूर्वाशौच से शुद्धि हो जाती है।

केचित्तु—मृताशौचस्य मध्ये तु पुत्रजन्म यदा भवेत्। आशौचापगमे कार्यं जातकर्म यथाविधि ॥ इति स्मृतिसङ्ग्रहोक्तेराशौचान्ते कार्यमित्याहुः। स्मृत्यर्थसारेऽपि विकल्प उक्तः।

कोई कहते हैं कि—मरणाशौच के मध्य में यदि पुत्र जन्म हो जाय तो आशौच की समाप्ति के बाद यथाविधि जातकर्म करे। यह स्मृतिसंग्रह के कहने पर अशौच के बाद करना चाहिये—ऐसा कहा है। स्मृत्यर्थसार में भी विकल्प कहा है।

(मृद्वादिनक्षत्रेष्वेव जातकर्मकथनम्)

मृदुध्रुवचरक्षिप्रभेष्वेषामुदयेदयेषु च। गुरौ शुक्रेऽथवा केन्द्रे जातकर्म च नाम च ॥

मृदु (मृगशिरा, चित्रा अनुराधा और रेवती) ध्रुव (रोहिणी, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढा, उत्तराभाद्रपद), चर (पुनर्वसु, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा और शतभिषा) और क्षिप्र (अश्विनी, पुष्य, हस्त, अभिजित), इन नक्षत्रों के उदय में या गुरु तथा शुक्र के लग्न या केन्द्र में हों तो 'जातकर्म' और 'नामकर्म-संस्कार' करे।

(मृद्वादिलक्षणकथनम्)

मृद्वादिलक्षणमाह श्रीधरः—रोहिण्युत्तरभं स्थिरं गिरिशमूलेन्द्रोरगा दारुणं क्षिप्रं चाश्विदिनेश-पुष्यमनलेन्द्राग्नी तु साधारणम्। उग्रं पूर्वमघान्तकं मृदुगति त्वाष्ट्रान्त्यमैत्रं चरं विष्णुस्वातिशतो-डुवस्वदितयः कुर्युः स्वसंज्ञाफलम् ॥ अत्र सर्वत्र जातकर्मनामकर्मादावुक्तकालातिक्रमे नक्षत्रादिकं ज्ञेयम्।

मृदु (मृगशिरा, रेवती, चित्रा और अनुराधा) आदिका लक्षण श्रीधर ने कहा है कि—रोहिणी, तीनों उत्तरा स्थिर हैं—अर्थात्—ध्रुव हैं। आर्द्रा, मूल, ज्येष्ठा और आश्लेषा, इनकी दारुणसंज्ञा है। क्षिप्रनक्षत्र—अश्विनी, हस्त, पुष्य, कृत्तिका और विशाखा ये नक्षत्र साधारण हैं। उग्र—तीनों पूर्वा—(पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढा और पूर्वाभाद्रपद) मघा, तथा भरणी ये नक्षत्र उग्र हैं। चित्रा, और रेवती, अनुराधा, मृदुगति है। श्रवण, स्वाती, शतभिषा, धनिष्ठा तथा पुनर्वसु ये नक्षत्र चर हैं। ये अपनी संज्ञानुरूप फल देते हैं) यहाँ पर सर्वत्र जातकर्म और नामकर्म आदि में समय के—अतिक्रमण में नक्षत्र आदि जानना चाहिये।

देशकालोपघाताद्यैः कालातिक्रमणं यदि। अनस्तगेऽज्येन्दुसिते तत्कार्यं चोत्तरायणे ॥ इति मदनरत्ने नारदोक्तेः।

देश तथा दुष्टकाल के उपद्रवों आदि से यदि मुख्यसमय का अतिक्रमण हो जाय तो उत्तरायण में बृहस्पति, शुक्र और चन्द्रमा अस्त न हो तब 'जातकर्मसंस्कार' करना चाहिये।

बृहस्पतिरपि—मुख्यालाभे विधिज्ञेन विधिश्चिन्त्योऽप्रमादतः। नक्षत्रतिथि लग्नानां विचार्यैवं पुनः पुनः ॥ सूतके सन्ध्यादौ विशेषं वक्ष्यामः।

बृहस्पति ने भी कहा है कि—मुख्यकाल के अलाभ में विधिका ज्ञान कर तिथि तथा नक्षत्रों का विचार कर यह विधि अप्रमाद से अपनावें। नक्षत्र, तिथि और लग्नों का वारंवार विचार करे। सूतक में तो सन्ध्यादि पर विशेष आगे कहेंगे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(जन्मनि दुष्टकालाः)

अथ जन्मनि दुष्टकालाः । तत्र गण्डान्तः । ज्योतिर्निबन्धे नारदः—पूर्णानन्दाख्ययोस्तिथ्योः सन्धिर्नाडीद्वयं तथा । गण्डान्तं मृत्युदं जन्मयात्रोद्वाहव्रतादिषु ॥ कुलीरसिंहयोः कीटचापयोर्मीनमेषयोः । गण्डान्तमन्तरालं स्याद् घटिकार्द्धं मृतिप्रदम् ॥

इसके बाद जन्म के समय में दुष्टकाल को कहते हैं। उसमें गण्डान्त को ज्योतिर्निबन्ध में नारद ने कहा है कि—पूर्णा (पञ्चमी, दशमी और पूर्णिमा), नन्दा (षष्ठी, एकादशी तथा प्रतिपदा), इन दोनों तिथियों की सन्धि की दो नाडी (घटी) गण्डान्त है। वह जन्म, यात्रा, विवाह, व्रत आदियों में मृत्युको देनेवाली है। कुलीर (कर्कोटक), सिंह, कीट (वृश्चिक) चाप (धनु), मीन, और मेष के मध्य की आधी घडी गण्डान्त है। वह मृत्यु को देनेवाली है।

सार्पेन्द्रपौष्णभेष्वन्त्यषोडशांशो भसन्धयः । तदग्रभेष्वाद्यपादा भानां गण्डान्तसंज्ञकाः ॥

[1]सार्प-(आश्लेषा) ऐन्द्र (ज्येष्ठा) और पौष्ण (रेवती) के अन्त की सोलह अंश (घडी) तथा इनसे आगे नक्षत्रों से नक्षत्रों का आद्यपाद (प्रथमपाद) गण्डान्तसंज्ञक है।

रत्नमालायाम्—पौष्णाश्विन्योः सार्पपित्र्यर्क्षयोश्च यच्च ज्येष्ठामूलयोरन्तरालम् ।
तद्गण्डान्तं स्याच्चतुर्नाडिकं हि यात्राजन्मोद्वाहकालेष्वनिष्टम् ॥

रत्नामाला में कहा है कि—रेवती, अश्विनी, आश्लेपा, मघा, ज्येष्ठा और मूलनक्षत्र के मध्य की चार नाडी गण्डान्त होती हैं। उनका यात्रा, जन्म तथा विवाह में अनिष्टप्रद है।

रत्नसङ्ग्रहे नवनीतारिष्टे—सर्वेषां गण्डजातानां परित्यागो विधीयते ।
वर्जयेद्दर्शनं श्रावं तच्च षाण्मासिकं भवेत् ॥

रत्नसंग्रह में नवनीतारिष्ट में कहा है कि—गण्ड में उत्पन्न हुए सबों का परित्याग का विधान कहा है। छः महिने तक उनका देखना तथा उनकी वाणी को सुनना त्याग दे।

तिथ्यर्क्षगण्डे पितृमातृनाशो लग्ने तु सन्धौ तनयस्य नाशः ।
सर्वेषु नो जीवति हन्ति बन्धून् जीवन्पुनः स्याद्बहुवारणाश्वः ॥

तिथि और नक्षत्र के गण्डान्त में पिता तथा माता का नाश होता है। लग्न की सन्धि में हो तो पुत्र का नाश होता है। अगर जिसके जन्मकाल में तिथि, नक्षत्र और लग्न तीनों गण्ड हो जाय तो वह स्वयं जीवित नहीं रहता है तथा बन्धुनाशक भी है। किन्तु जीवित रहने पर अनेक हाथो, घोड़े आदि से युक्त होता है।

(तिथिगण्डादिभेदेन अनडुहादिदानकथनम्)

अथैषां दानमुत्तरगार्ग्ये—तिथिगण्डे त्वनडुवाहं नक्षत्रे धेनुरुच्यते ।
काञ्चनं लग्नगण्डे तु गण्डदोषो विनश्यति ॥

इसके बाद इनका दान उत्तरगार्ग्य में कहा है कि—तिथिगण्ड में बैल, नक्षत्रगण्ड (ज्येष्ठा, मूल आदि की सन्धि) में गौ और लग्नगण्ड में काञ्चन (सुवर्ण) देने से गण्डदोष का नाश होता है।

उत्तरे तिलपात्रं स्यात्पुष्ये गोदानमुच्यते । अजाप्रदानं त्वाष्ट्रे स्यात्पूर्वाषाढे तु काञ्चनम् ॥

उत्तरा (उत्तरादेः पूर्वार्धजन्मनि दानानि कार्याणि उत्तरार्धापेक्षया पूर्वार्धे गण्डवद्दोषाधिक्यात् । शान्तिश्च पूर्वोत्तरार्धयोर्जन्मनि 'प्रयत्नेन' इत्युक्तेः) में—तिल का पात्र, पुष्य में—गोदान, चित्रा में—आज और पूर्वाषाढा में काञ्चन (सुवर्ण) का दान करे।

उत्तरापुष्यचित्रासु पूर्वाषाढद्धवस्यो च । कुर्याच्छान्तिं प्रयत्नेन नक्षत्रकारजं बुधः ॥

१—गर्गः—अश्विनीमघमूलादौ त्रिषट्नवनाडिकाः । रेवतीसार्पशाक्रान्ते मासाश्वऋतुसायकाः ।' अश्विनीमघमूलादौ नाडिकाद्वितयं तथा । अश्विनीमघमूलानां पूर्वार्धे बाध्यते पिता ॥ पूषाहिशाक्रे पश्चार्धे जननी बाध्यते शिशोः । पितृघ्नश्च दिवाजातो रात्रिजातस्तु मातृहा ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उत्तरा, पुष्य और चित्रा में तथा पूर्वाषाढा में उत्पन्न हुए बालक का बुद्धिमान् व्यक्ति नक्षत्र का आकार निर्माण कर शान्ति करे।

(आश्लेषानक्षत्रफलम्)

अथाश्लेषाफलम्। मूर्द्धास्यनेत्रगलकांसयुगं च बाहुहृज्जानुगुह्यपदमित्यहिदेहभागः। बाणाद्रिनेत्रहुतभुक् श्रुतिनागरुद्रषण्नन्दपञ्चशिरसः क्रमशस्तु नाड्यः॥ राज्यं पितृक्षयो मातृनाशः कामक्रियारतिः। पितृभक्तो बली स्वघ्नस्त्यागी भोगी धनी क्रमात्॥

अब आश्लेषा फल कहते हैं। मस्तक, मुख, नेत्र, गला, दोनों (बायां और दहना) स्कन्ध, दोनों भुजायें, हृदय, जानु, गुह्य (लिंग) और चरण, ये सब आश्लेषा के शरीर का भाग है। पांच, सात, दो, तीन, चार, आठ, ग्यारह, छ, नौ और पांच इनका क्रम से फल है। (आश्लेषा फल ज्ञान के लिए नराकारचक्र लिखे। उसके शिरपर पाँच घड़ी, मुख पर सात घडी, नेत्रपर दो घडी, गले पर तीन घडी, दोनों कन्धों पर चार घडी, बाहुओं पर आठ घडी, हृदयपर ग्यारह घडी, जानुपर छः घडी, गुह्य में नौ घडी तथा पैर पर पांच घड़ी लिखे। शिखादि घडियों में उत्पन्न बालकको क्रम से राज्य, पिताका क्षय, माता का नाश, कामक्रिया में रति, पितृभक्ति, बलवान्, अपना मरण, त्यागी, भोगी और धनी ये क्रम से होते हैं।

(ज्येष्ठाफलम्)

ज्येष्ठाफलं ब्रह्मयामले—ज्येष्ठादौ जननीमाता द्वितीये जननीपिता। तृतीये जननीभ्राता स्वयं माता चतुर्थके॥ आत्मानं पञ्चमं हन्ति षष्ठे गोत्रक्षयो भवेत्। सप्तमे चोभयकुलं ज्येष्ठं भ्रातरमष्टमे। नवमे श्वशुरं हन्ति सर्वं हन्ति दशांशके। इति।

ज्येष्ठा का फल कहते हैं। ब्रह्मयामल में कहा है कि—ज्येष्ठा के आदि में जननी की माता, दूसरे में जननी के पिता, तीसरे में माता का भाई और चौथे में स्वयं माता, पांचवे में—अपने आप, छठे में गोत्रक्षय, सातवे में दोनों कुल, आठवे में बड़ा भाई, नव में श्वसुर और दश में सबका क्षय होता है।

(मूलफलम्)

अथ मूलफलम्। भल्लाटः—अभुक्तमूलसम्भवं परित्यजेत्तु बालकम्।
समाऽष्टकं पिताऽथवा न तन्मुखं विलोकयेत्॥

अब मूल के फलको कहते हैं। भल्लाट ने कहा है कि—अभुक्तमूल उत्पन्न बालक को परित्याग कर दे। अथवा जब तक आठ वर्ष न हो तब तक पिता उसके मुख को न देखे।

तदाद्यपादके पिता द्वितीयके ते जनन्यथ। धनक्षयस्तृतीयके चतुर्थकः शुभावहः॥ प्रतापमन्त्यपादतः फलं तदेव सार्पभे॥

उस मूल के प्रथम चरण में पिता तथा दूसरे चरण में माता का मरण होता है। तीसरे चरण में धन का नाश होता है और चतुर्थ चरण में शुभ होता है। इसके विपरीत फल आश्लेषानक्षत्र के अन्तिमपाद से होता है।

(अभुक्तमूलकथनम्)

अभुक्तमूलं त्वाह वृद्धवसिष्ठः—ज्येष्ठान्ते घटिका चैका मूलादौ घटिकाद्वयम्। अभुक्तमूलमित्याहुस्तत्र जातं शिशुं त्यजेत्॥ केचिज्ज्येष्ठान्त्यं मूलाद्यं च पादं अभुक्तमूलमाहुः।

अभुक्तमूल को वृद्धवसिष्ठ ने कहा है कि—ज्येष्ठानक्षत्र की अन्त्य एक घडी और मूलनक्षत्र के आदि की दो घड़ी को अभुक्तमूल कहते हैं। उसमें उत्पन्न बालक का त्याग कर दे। कोई तो ज्येष्ठा की अन्तवाली और मूल के आद्यपाद को अभुक्तमूल कहते हैं।

कश्यपसंहितायां त्वन्यथोक्तम्—मूलाद्यपादजो हन्ति पितरं तु द्वितीयजः। मातरं स्वां तृतीयोऽर्थान् सुहृदं तत्तुरीयजः॥ फलं तदेव सार्पर्क्षे प्रतीपं त्वन्त्य पादतः॥

कश्यपसंहिता में विपरीत कहा है कि—मूलनक्षत्र के आद्यपाद में—उत्पन्न हुआ पुत्र पिता को, दूसरे पाद में—माता को, तीसरे पाद में—धनों को और चौथे में मित्रों को नाश करता है। वही ही फल को आश्लेषा के अन्त्यपाद से जानना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(मूलवृक्षकथनम्)

मूलवृक्षः । जयार्णवे—मूलं स्तम्भं त्वचा शाखा पत्रं पुष्पं फलं शिखा । वेदाश्च मुनयश्चैव दिशश्च वसवस्तथा ॥ नन्दा बाणा रसा रुद्रा मूलभेदः प्रकीर्तितः ।

अब मूलवृक्ष को कहते हैं। जयार्णव में कहा—है कि—मूल (जड) स्तंभ, (स्कन्ध) त्वचा, शाखा, पत्र, पुष्प, फल और शिखा इनका क्रम से चार, सात, दश, आठ, नौ, पाँच, छ तथा ग्यारह मूल की घडियों के भेद होते हैं।

मूले मूलविनाशाय स्तम्भे हानिर्धनक्षयः ॥ त्वचि भ्रातुर्विनाशाय शाखा मातुर्विनाशकृत् । पत्रे सपरिवारः स्यात्पुष्पेषु नृपवल्लभः ॥ फलेषु लभते राज्यं शिखायामल्पजीवितम् ॥

मूल में मूल का विनाश होता है। स्तंभ में हानि तथा धन का क्षय होता है। त्वचा में भाई का नाश होता है। शाखा में माता का नाश होता है। पत्र में परिवार का (सपरिवार) नाश होता है। पुष्पों में राजा के प्रिय का नाश होता है। फलों में राज्य का लाभ होता है और शिखा में अल्पजीवन होता है।

अन्यत्र त्वन्यथोक्तम्—मूले सप्तघटीषु मूलहननं, स्तम्भेऽष्टसु स्वक्षयम् त्वग्दिग्बन्धुविनाशनं, च विटपे रुद्रैर्हतो मातुलः । पत्रेऽर्कैः सुकृती, तु बाणकुसुमे मन्त्री, फले सागरै राजा, वह्निशिखाल्पमायुरिति तन्मूलाङ्घ्रिपे स्यात्फलम् ॥

अन्यत्र तो अन्यथा कहा है कि—मूल की सात घड़ियों में मूल का नाश होता है। स्तंभ की आठ घडियों में अपना नाश होता है। त्वचा की दश घडी में बन्धुवों का विनाश होता है शाखा की ग्यारह घडी में मामा का नाश होता है। पत्र की बारहघडी में--पुण्यशील का नाश होता है। पुष्प की पांच घडो में मन्त्री का नाश होता है। फल की सात घडीमें राजा का नाश होता है और शिखा की तीन घडी में अल्पायु होता है। यह मूलवृक्ष का फल है।

भूपालवल्लभः—वृषालिसिंहेषु घटे च मूलं दिविस्थितं, युग्मतुलाङ्गनान्त्ये ।
पातालगं, मेषधनुःकुलीरनक्रेषु मर्त्येष्विति संस्मरन्ति ॥

भूपालवल्लभ में कहा है कि--वृष, वृश्चिक, सिंह, कुंभ और द्यूलोक में, मिथुन, तुला तथा मीन में पाताल में, मेष, धनु, कर्क एवं मकर में भूमि में रहता है।

स्वर्गे मूले भवेद्राज्यं पाताले च धनागमम् । मृत्युलोके यदा मूलं तदा शून्यं समादिशेत् ॥

मूल स्वर्ग में हो तो राज्य मिलता है। पाताल में हो तो धन का आगमन होता है और मृत्युलोक में हो तो शून्यता (अर्थात् सर्वनाश) होता है।

वसिष्ठः—नैर्ऋत्यभोद्भूतसुतः सुता वा क्षिप्रादवश्यं श्वशुरं निहन्ति ।
तदन्त्यपादे जनितो निहन्ति तस्योत्क्रमेणाहिभवे कलत्रम् ॥

वसिष्ठ ने कहा है कि--मूलनक्षत्र में उत्पन्न पुत्र या कन्या हो तो शीघ्र ही श्वसुर का नाश करती है। मूलनक्षत्र के अन्त्यपाद में पैदा हुई सन्तान नाशक नहीं है। इससे विपरीत आश्लेषा में जानना चाहिये।

सुरेशताराजनिता धवाग्रजं द्विदैवताराजनिता तु देवरम् ।
पुरन्दरर्क्षे जनितः सुतस्तथा स्वस्याग्रजं हन्ति न पुत्रिका यदि ॥

ज्येष्ठानक्षत्र में उत्पन्न कन्या अपने पति के ज्येष्ठ भाई को घातक है। विशाखा में उत्पन्न कन्या अपने पति के छोटे भाई को नाश करती है। ज्येष्ठानक्षत्र में उत्पन्न पुत्र उसीप्रकार अपने अग्रज का नाश करता है। यदि पुत्रिका हो तो (बहिन का) नाश नहीं करती है।

प्रयोगपारिजाते—मूलजा श्वशुरं हन्ति व्यालजा च तदङ्गनाम् ।
माहेन्द्रजाग्रजं हन्ति देवरं तु द्विदैवजा ॥

प्रयोगपारिजात में कहा है कि—मूलनक्षत्र में पैदा हुई सन्तान श्वसुर का नाश करती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

व्यालजा—(आश्लेषा) में पैदा हुई सन्तान सास का नाश करती है। माहेन्द्र (ज्येष्ठा) में उत्पन्न सन्तान अग्रज (जेष्ठ) का नाश करती है तथा द्विदैवजा (विशाखा) में उत्पन्न सन्तान देवर को नष्ट करती है।

नृसिंहप्रसादे—धवाग्रजं हन्ति सुरेन्द्रजाता तथैव पत्न्या भगिनीं पुमांश्च।
द्विदैवजा देवरमाशु हन्याद्भार्यानुजामाशु निहन्ति सूनुः॥
पत्न्यग्रजामग्रजं वा हन्ति ज्येष्ठर्क्षजः पुमान्। तथा भार्या स्वसारं वा शालकं वा द्विदैवजः॥
कन्यका देवरं हन्ति विशाखान्त्यसमुद्भवा। आद्यपादत्रये नैव आद्यभे तु पुमान् भवेत्॥
न हन्याद्देवरं कन्या तुलामिश्रा द्विदैवजा। तद्दचान्त्योद्भवा वर्ज्या दुष्टा वृश्चिकपुच्छवत्॥

नृसिंहप्रसाद में कहा है कि—ज्येष्ठानक्षत्र में उत्पन्न ज्येष्ठ का (पति के ज्येष्ठ भाई को), और पत्नी के बहिन तथा उसके पतिको, विशाखा में उत्पन्न कन्या देवर का ज्येष्ठानक्षत्र में उत्पन्न पुत्र पत्नी की बड़ी वहिन को या बड़े भाई का नाश करती है। विशाखा (द्विदैवजा) नक्षत्र में उत्पन्न पुत्र पत्नी की वहिन या शाले को नष्ट करती है। विशाखा के अन्त्यपाद में उत्पन्न पुत्री देवर का नाश करती है। आद्यपाद के तीन चरणों में दोष नहीं है। यदि आदि के नक्षत्र में पुत्र उत्पन्न हुआ हो तो। तुला राशि से मिश्रित विशाखा में उत्पन्न कन्या देवर का नाश नहीं करती है और उस नक्षत्र के अन्त में उत्पन्न कन्या विच्छू के पूँछ के सदृश दुष्ट है, उसे त्याग देना चाहिये।

चित्राद्यर्द्धे पुष्यमध्ये द्विपादे पूर्वाषाढाधिष्ण्यपादे तृतीये।
जातः पुत्रश्चोत्तरार्द्धे विधत्ते मातापित्रोर्भ्रातरं बालनाशम्॥

चित्रा का आधा भाग, पुष्य का मध्य दो पाद, पूर्वाषाढ में तीसरा पाद या उत्तरार्द्ध में उत्पन्न पुत्र माता, पिता, भाई और बालक का नाश करता है।

द्विमासं चोत्तरादोषः पुष्ये चैव त्रिमासिकः। पूर्वाषाढाष्टमे मासि चित्रा पाण्मासिकं फलम्॥
नवमासं तथाऽश्लेषा मूले चाष्टाकवर्षकम्। ज्येष्ठा पञ्चदशे मासि पुत्रदर्शनवर्जिता॥

दो महिने तक उत्तरा में पुष्य में—तीन महिने तक, पूर्वाषाढ में—आठमास तक, चित्रा में—छः मास तक, आश्लेषा में—नौ महिने तक, मूल में—आठ साल तक और ज्येष्ठा में—पन्द्रह महिने तक दोष होता है। उसमें पुत्र दर्शन वर्जित है।

वसिष्ठः—व्यतीपातेऽङ्गहानिः स्यात्परिघे मृत्युमादिशेत्।
वैधृतौ पितृहानिः स्यान्नष्टेन्दावन्धतां व्रजेत्॥

वसिष्ठ ने कहा है कि—व्यतीपात में अंग की हानि (शौनकः—अर्थातः संप्रवक्ष्यामि शौनकः शान्तिमुत्तमाम्। कुमारजन्मकाले तु व्यतीपातश्च वैधृतिः॥ संक्रमश्च रवेस्तत्र जातो दारिद्र्य कारकः। गोमुखप्रसवं कृत्वा कुर्यात् शान्तिं प्रयत्नतः॥) और परिमें मृत्यु होती है। वैधृति में पिता की हानि होती है। नष्ट चन्द्रमा (चतुर्दशीविद्धा अमावास्या सिनीवाली होती है। प्रतिपद्विद्धा कुहू होती है। दोनों के वेध से रहित अमावास्या होती है। 'दृष्टचन्द्रा सिनीवाली नष्टचन्द्रा कुहूः स्मृता) में अन्धता होती है।

मूले समूलनाशः स्यात्कुलनाशो धृतौ भवेत्। विकृताङ्गश्च हीनश्च सन्ध्ययोरुभयोरपि॥ पर्वण्यपि प्रसूतौ च सर्वारिष्टभयप्रदः। तद्वत्सदन्तजातश्च पादजातस्तथैव च॥ विपरीतप्रसूतौ तु नाभिनालेन वेष्टितः। राष्ट्रस्य नृपतेश्चैव स्वस्यापि च विनाशकः॥ तस्माच्छान्तिं प्रकुर्वीत ग्रहाणां क्रूरचेतसाम्॥

मूल में समूल नाश होता है। धृति में कुल का नाश होता है। विकृतांग या हीनांग पुत्र उत्पन्न हो, या दोनों सन्ध्याओं में और पर्व में उत्पन्न होने पर सब तरह का अनिष्ट तथा भय को देनेवाला होता है। उसीतरह दांत के सहित उत्पन्न हुआ पुत्र, पैर से उत्पन्न पुत्र, विपरीत प्रसूति में और नाभि में नाल से वेष्टित, पुत्र राष्ट्र और राजा का तथा अपना भी नाश करता है। इसलिए क्रूर ग्रहों की शान्ति करे।

गर्गः—कृष्णां चतुर्दशीं षोढां कुर्यादादौ शुभं स्मृतम्। द्वितीये पितरं हन्ति तृतीये हन्ति मातरम्॥

गर्ग ने कहा है कि—(कृष्णपक्षकी चतुर्दशी में उत्पन्न) कृष्णपक्ष की चतुर्दशी के छः भाग करे। उसमें आदि के भाग शुभ हैं। दूसरे में पिता का तीसरे में माता का नाश करता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चतुर्थे मातुलं हन्ति पञ्चमे वंशनाशनम् । षष्ठे च धननाशः स्यादात्मनो वंशनाशनम् ॥ तस्मात्सर्वप्रयत्नेन शान्तिं कुर्याद्विधानतः ।

चतुर्थ भाग में मामा को नष्ट करता है और पाँचवे भाग में वंश का नाश करता है। छठें में धन का नाश तथा अपने वंश का नाश करता है। इसलिए सब प्रयत्न से विधान द्वारा शान्ति करे।

(पित्रोर्नक्षत्रे जन्मदोषकथनम्)

अथ पित्रोर्नक्षत्रे जन्मदोषः। तत्र देवकीर्तिः—यद्येकस्मिन् धिष्ण्ये जायन्ते दुहितरोऽथ वा पुत्राः। पितुरन्तकरा ह्येते यद्यपरे प्रीतिरतुला स्यात् ॥

अब पिता और माता के नक्षत्र में जन्म लेने पर दोष कहा है। उसमें देवकीर्ति ने कहा है कि—यदि एकही नक्षत्र में कन्या या पुत्र उत्पन्न हों तो ये पिता का अन्त करने वाले होते हैं और दूसरे नक्षत्रों में उत्पन्न हों तो अतुलप्रीति करनेवाले होते हैं।

गर्गः—एकस्मिन्नेव नक्षत्रे भ्रात्रोर्वा पितृपुत्रयोः। प्रसूतिश्च तयोर्मृत्युर्भवेदेकस्य निश्चितम् ॥

गर्ग ने कहा है कि—एक ही नक्षत्र में दो भाइयों की या पिता और पुत्र की यदि प्रसूति हो तो उन दोनों में एक की मृत्यु निश्चित होती है।

(ग्रहणकालप्रसूतौ विचारकथनम्)

शौनकः—ग्रहणे चन्द्रसूर्यस्य प्रसूतिर्यदि जायते। व्याधिपीडा तदा स्त्रीणामादौ तु ऋतुदर्शनात् ॥ इत्थं सञ्जायते यस्य तस्य मृत्युर्न संशयः ॥

शौनक ने कहा है कि—चन्द्र और सूर्यग्रहण में यदि प्रसूति (जन्म) हो जाय तो स्त्रियों को ऋतुदर्शन से पूर्व व्याधिजन्य पीड़ा होती है। इसप्रकार जिसको होगा उसकी मृत्यु हो जायगी। इसमें संशय नहीं है।

शान्तिस्तु—तदृक्षाधिपते रूपं सुवर्णेन प्रकल्पयेत्। सूर्यग्रहे सूर्यरूपं हैमं, चन्द्रं तु राजतम् ॥

शान्ति तो यह है कि—उस नक्षत्र के अधिपति (स्वामी) का सुवर्ण से उसके स्वरूप की कल्पना करे। अर्थात् मूर्ति बनवावे। सूर्यग्रहण में सूर्य की सोनेकी मूर्ति और चन्द्रग्रहण में चन्द्रमाकी चांदीकी मर्ति बनवावे।

राहुरूपं प्रकुर्वीत नागेनैव विचक्षणः। (नागः=सीसम्) त्रयाणां चैव रूपाणां स्थापनं तत्र कारयेत् ॥

राहु का रूप नाग से ही अर्थात् सीसे से ही बुद्धिमान् बनवावे। उन तीनों रूपों का (अर्थात् तीनों मर्तियों का) वहाँ पर स्थापन करे।

आ कृष्णेन, आप्यायस्व, स्वर्भानो, इति पूजामन्त्राः। नक्षत्रदेवतायास्तन्मन्त्रेण।

उनकी पूजा के मन्त्र यों है—[1]आकृष्णेन, [2]आप्यायस्व [3]स्वर्भानः। ये पूजा के मन्त्र हैं। नक्षत्रदेवता के उन मन्त्रों से।

सम्पूज्य तु यजेत्सूर्यं समिद्भिश्चार्कसम्भवैः। चन्द्रग्रहे च पालाशैर्दूर्वाभी राहुमेव च ॥ समिद्भिर्नक्षवृक्षस्य सेशाय जुहुयाद् बुधः। आज्येन चरुणा चैव तिलैश्च जुहुयात्ततः ॥ पञ्चगव्यैः पञ्चरत्नैः पञ्चत्वक्पञ्चपल्लवैः। जलैरोषधिकल्कैश्च अभिषेकं समाचरेत् ॥ मन्त्रैर्वारुणसम्भूतैरापो हि ष्ठादिभिस्त्रिभिः। इमं मे गङ्गे पुरतस्तत्वा यामिति मन्त्रकैः ॥ यजमानस्ततो दद्याद्भक्त्या प्रतिकृतित्रयम् ॥

१—आ कृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च। हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन् ॥ (ऋ. १।३६।२)

२—आप्यायस्व समेतु ते विश्वतः सोमवृष्ण्यम्। भवा वाजस्य सङ्गथे ॥ (ऋ. १।९१।१६,६।३१।४)

३—स्वर्भानोरध यदिन्द्र माया अवो दिवा वर्तमाना अवाहन्। गूढं सूर्यं तमसापव्रतेन तुरीयेण ब्रह्मणाविन्ददत्रिः ॥ (ऋ. ५।४०।६)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पूजन करके अर्क से उत्पन्न समिधाओं से सूर्यग्रहण में, चन्द्रग्रहण में पालाशों से, राहु में दूर्वा से, नक्षत्राधिपति की पिप्पलवृक्ष की समिधाओं से ज्ञानीपुरुष हवन करे। तदनन्तर घी तथा तिल से हवन करे। फिर [1]पञ्चगव्यों, पञ्चरत्नों, पञ्चत्वचाओं पञ्चपल्लवों से तथा औषधियों के गुद्दों के जलों से अभिषेक करे—[2]वरुणसंज्ञकमन्त्रों से, आपो हि ष्ठा आदि तीन मन्त्रों से और [3]इमं मे गङ्गे, [4]तत्त्वा यामि इन मन्त्रों से करे। तदनन्तर भक्ति से यजमान तीन प्रकृति (मूर्तियों) का दान करें।

(अकालप्रसूतौ विचारः)

मात्स्ये—अकालप्रसवा नार्यः कालातीतप्रजास्तथा। विकृतप्रसवाश्चैव युग्मप्रसवकास्तथा ॥ अमानुषा अमुण्डाश्च अजातव्यञ्जनास्तथा। हीनाङ्गा अधिकाङ्गाश्च जायन्ते यदि वा स्त्रियः ॥ पशवः पक्षिणश्चैव तथैव च सरीसृपाः। विनाशं तस्य देशस्य कुलस्य च विनिर्दिशेत् ॥ निर्वास-येत्तान्नगरात्ततः शान्तिं समाचरेत् ॥

मत्स्यपुराण में कहा है कि—जो स्त्रियाँ विना समय के प्रसव करती हैं और समय के बीतने बाद प्रजाओं की उत्पत्ति करती हैं। जिसकी सन्तानें [5]विकृत होती हैं तथा जो युग्मजनन करती हैं। जो अमानुष (अर्थात् मनुष्य लक्षणों से रहित) करती हैं, विना शिर के उत्पन्न करती हैं जिसके अंग आदि स्पष्ट न मालुम होते हो ऐसों को उत्पन्न करती हैं। जिनके हीन अंग और अधिक अंग वालों को जिसके उत्पन्न हुआ है। पशु, पक्षि, सर्प जिनसे उत्पन्न हों तो उस देश का और कुलका विनाश हो जाता है। अतः उन स्त्रियों को नगर से निकाल कर शान्ति (देशनाश और कुल के नाशको बचाने के लिए) करे।

(प्रथममुपरि दन्तोत्पत्तौ दन्तेन सह जन्मनि वा विचारकथनम्)

पाद्मे—उपरि प्रथमं यस्य जायन्ते च शिशोर्द्विजाः। दन्तैर्वा सह यस्य स्याज्जन्म भार्गवसत्तम ॥ द्वितीये च तृतीये च चतुर्थे पञ्चमे तथा। यदा दन्ताश्च जायन्ते मासे चैव महद्भयम् ॥

पद्मपुराण में कहा है कि—जिसबालक के पहले ऊपर के हिस्से में अर्थात्—दांत की पक्ति में दांत

१–गौतमीतन्त्रे–पलमात्रं दुग्धभागं गोमूत्रं तावदिष्यते। घृतं च पलमात्रं स्यात् गोमयं तोलकद्वयम् ॥ दधि प्रसृत-मात्रं स्यात् पञ्चगव्यमिदं स्मृतम्। अथवा पञ्चगव्यानां समानो भाग इष्यते ॥ गोशकृद् द्विगुणं मूत्रं पयः स्यात्तच्चतुर्गुणम्। घृतं तद् द्विगुणं प्रोक्तं पञ्चगव्ये तथा दधि ॥

स्त्रीणां चैव तु शूद्राणां पतितानां तथैव च। पञ्चगव्यं न दातव्यं दातव्यं मन्त्रवर्जितम् ॥ वरुणो देवता मूत्रे गोमये हव्यवाहनः। सोमे क्षीरे दध्नि वायुर्घृते रविरुदाहृतः ॥ (देवलस्मृति)

पञ्चगव्याशनाद्विप्र ! चान्द्रायणफलं लभेत्। पर्णेषु यो नरो भुङ्क्ते कुरुक्षेत्रफलं लभेत् ॥ शिलायां भोजनान्नित्यं प्रायागजं लभेत्।

गोमूत्रे गोमयं क्षीरं दधि मस्तु च पञ्चमम्। कपिलाया जराया वा पञ्चगव्यं प्रशस्यते ॥ तयोरभावे चान्यासां गवां-गव्यं विधीयते। नार्ताया न च गर्भिण्या न वृद्धायाः कदाचन ॥ नावत्साया उपादेयं धेनोर्मूत्रं शकृद् द्वयम्। भूविष्ठं गोमयं ग्राह्यं सोष्णं कृम्याद्यदूषितम् ॥ निष्पीड्य सम्यग् गृह्णीयाद् गोमयस्य रसं पुनः। सद्यस्ततं घृतं शुद्धमहोरात्रोषितं दधि ॥ क्षीरं ग्राह्यमतप्तं च दशाहाज्जन्मनः परम्। दधि द्विगुणमाधारात् पीयूषं त्रिगुणं ततः। षड्गुणं मूत्रमेतस्माच्छकृद्वारि चतुर्गुणम् ॥ स्थापने कथितं मानमभिषेकविधावपि। भूमिसंशोधनार्थं च तत् प्रोक्षणे पञ्चमं समम् ॥ गोमयेन समं मूत्रं दधि स्याद् द्विगुणं ततः। दध्नश्चतुर्गुणं सर्पिः सर्पिषोऽष्टगुणं ततः ॥ दध्नश्चतुर्गुणं सर्पिः सर्पिषोऽष्टगुणं पयः। प्राशने पञ्च-गव्यानां प्रमाणमिदमीरितम् ॥

२—इमं मे वरुण श्रुधी हवमद्या च मृडय। त्वामवस्युरा चके ॥ त्वं विश्वस्य मेधिर दिवश्च ग्मश्च राजसि। स यामनि प्रति श्रुधि ॥ उदुत्तमं मुमुग्धि नो वि पाशं मध्यमं चृत। अवाधमानि जीवसे ॥ इत्यादि। (ऋ. १।२५।१९–२१)।

३—इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति शुतद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या। असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयार्जीकीये शृणुह्या सुषोमया ॥ (ऋ. १०।७५।५)

४—तत्त्वा यामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदा शास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेडमानो वरुणेह बोध्युरुशंस मा न आयुः प्रमोषीः ॥ (ऋ. १।२४।११)

५—स्मृतिकौस्तुभादौ प्रसववैकृतानां विस्तरः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निकले या हे भार्गवसत्तम, जिसका जन्म दांतों सहित हुआ हो, दूसरे, तीसरे, चौथे या पांचवे मास में दांत निकले तो बड़ा भय होता है।

मातरं पितरं वाऽथ खादेदात्मानमेव च ॥ गजपृष्ठगतं बालं नौस्थं वा स्नापयेद् द्विज ! ॥

वह बालक माता, पिता का या स्वयं अपना ही नाश करता है। हे द्विज, हाथी की पीठ पर या नौका पर उस बाल को स्थापित करे।

तदभावे तु धर्मज्ञ काञ्चने वा वरासने ॥ सर्वौषधैः सर्वगन्धैर्बीजैः पुष्पैः फलैस्तथा। पञ्चगव्येन रत्नैश्च पताकाभिश्च भार्गव ॥ स्थालीपाकेन धातारं पूजयेत्तदनन्तरम्। सप्ताहं चात्र कर्तव्यं तथा ब्राह्मणभोजनम् ॥

या उसके अभाव में तो हे धर्मज्ञ, सुवर्णके श्रेष्ठ आसन पर बैठाकर सर्वौषधि, सर्वगन्ध, बीज, पुष्प, फल पञ्चगव्य, रत्न और पताओं से स्नान करावे। तदनन्तर हे भार्गव, स्थालीपाक से ब्रह्मा का सात दिन पूजन करे और यहाँ पर ब्राह्मणभोजन करावे।

भद्रासने निवेश्यैनं मृद्भिर्मूलैः फलैस्तथा। सर्वौषधैः सर्वगन्धैः सर्वबीजैस्तथैव च ॥ स्नापयेत्पूजयेच्चात्र वह्निं सोमं समीरणम्। पर्वतांश्च तथा ख्यातान् देवदेवं च केशवम् ॥ एतेषामेव जुहुयात् घृतमग्नौ यथाविधि। ब्राह्मणानां तु दातव्या ततः सम्पूज्य दक्षिणा ॥

फिर उस बाल को श्रेष्ठ आसन पर बैठा कर वृक्षकी जड से मृत्तिका, फल, सर्वौषधि, सर्वगन्ध और सब बीजों से स्नान करावे। अग्नि, सोम, वायु, प्रसिद्ध पर्वत तथा देवों में देव केशव इनका ही यथाविधि अग्नि में घी हवन करे। तदनन्तर ब्राह्मणों की पूजा कर दक्षिणा दे।

ब्रह्मयामले—प्रथमं दन्तनिर्मुक्तिरूर्ध्वं बालस्य चेद्भवेत्। क्लेशाय मातुलस्येह तदा प्रोक्ता मनीषिभिः ॥ सौवर्णं राजतं वापि ताम्रं कांस्यमयं तु वा। दध्योदनेन सम्पूर्णं पात्रं दद्याच्छिशोः करे ॥ समन्त्रं भोजनं दत्त्वा स पश्येन्मातुलः शिशुम्।

ब्रह्मयामल में कहा है कि—यदि बालक के ऊपर के पहले दांत निकले तो मामा को क्लेश (दुःख) होता है तब मनीषियों ने कहा है कि—सुवर्ण, चांदी, तांबा या कांस के पात्र में दही और भात से भरकर बालके हाथ में दे। देते समय मन्त्रको पढ़कर पात्र देकर वह मामा उस शिशु (पुत्र) को देखे।

तत्र मन्त्रः—रक्ष मां भागिनेय ! त्वं रक्ष मे सकलं कुलम्।
गृहीत्वा भाजनं सान्नं प्रसन्नो भव मे सदा ॥

हे भागिनेय, मेरी रक्षा करो। तुम मेरे संपूर्ण वंशकी रक्षा करो। अन्न के सहित भोजनपात्रको ग्रहण कर सर्वदा प्रसन्न हो।

निर्विघ्नं कुरु कल्याणं निर्विघ्नां च स्वमातरम्। मय्यात्मानमधिष्ठाप्य चिरं जीव मया सह ॥ एवं कृते विधाने तु विघ्नः कोऽपि न जायते। इति।

उसमें मन्त्र यों है—मेरा निर्विघ्नकल्याण करो और अपनी माता को निर्विघ्न करो। मेरे मे अपना अपनी आत्मा का अधिष्ठान कर मेरे साथ बहुतकालतक जीवित रहो। ऐसा विधान करने पर कोई भी विघ्न नहीं होता है।

(त्रिकप्रसवशान्तिकथनम्)

अथ त्रिकप्रशवशान्तिः। शान्तिसर्वस्वे—सुतत्रये सुता चेत्स्यात्तत्त्रये वा सुतो यदि।
मातापित्रोः कुलस्यापि तदाऽनिष्टं महद्भवेत् ॥

अब त्रिकप्रसवशान्ति कहते हैं। शान्तिसर्वस्व में कहा है कि—तीन लड़के के बाद यदि कन्या हो या तीन कन्याओं के बाद लड़का हो तो तब माता और पिता का तथा कुल का भी महान् अनिष्ट होता है।

ज्येष्ठनाशो धने हानिर्दुःखं वा सुमहद्भवेत्। तत्र शान्तिं प्रकुर्वीत वित्तशाठ्यविवर्जितः ॥

ज्येष्ठ पुत्रका नाश, धनकी हानि या दुःख महान् होता है। वहाँपर धनकी कृपणता त्यागकर शान्तिको करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जातस्यैकादशाहे वा द्वादशाहे शुभे दिने। आचार्यं मृत्विजो वृत्वा ग्रहयज्ञपुरःसरम् ॥ ब्रह्मविष्णु-महेशेन्द्रप्रतिमाः स्वर्णतः कृताः। पूजयेद्धान्यराशिस्थकलशोपरि शक्तितः ॥

उत्पन्न होने के ग्यारहवें दिन, बारहवें दिन या शुभ दिन में आचार्य और ऋत्विजों का वरण कर ग्रहयज्ञ पुरस्सर ब्रह्मा, विष्णु, महेश तथा इन्द्र, की सोने की प्रतिमा बना कर अपनी शक्ति के अनुसार धान्यराशि पर स्थित कलशों के ऊपर पूजन करे।

पञ्चमे कलशे रुद्रं पूजयेद्रुद्रसंख्यया। रुद्रसूक्तानि चत्वारि शान्तिसूक्तानि सर्वशः। द्विज एक जपेद्धोमकाले शुचिसमाहितः। आचार्यो जुहुयात्तत्र समिदाज्यतिलांश्चरुम्। अष्टोत्तरसहस्रं वा शतं वा त्रिशतं तु वा ॥ देवताभ्यश्चतुर्वक्त्रादिभ्यो ग्रहपुरःसरम्। ब्रह्मादिमन्त्रैरिन्द्रस्य यत इन्द्रभयामहे ॥

पाँचवे कलश में रुद्र की संख्या से रुद्र का पूजन करे। रुद्रसूक्तों से और चार शान्तिसूक्तों अर्थात्—ब्रह्मा, विष्णु, महेश और इन्द्र—इनके सूक्तों का एक ब्राह्मण जप करे। हवनकाल में वहाँ पर पवित्र मन से आचार्य समिधा, आज्य, तिल और चरु से एक हजार आठ, सौ या तीन सौ आहुतियों से हवन करे—ग्रहयज्ञ पुरस्सर ब्रह्मा आदि देवताओं के लिए [1]ब्रह्मादिमन्त्रों से, [2]इन्द्र का मन्त्र ('यत [3]इन्द्र भयामहे) से हवन करे।

ततः स्विष्टकृतं हुत्वा वलिं पूर्णाहुतिं ततः ॥ अभिषेकं कुटुम्बस्य कृत्वाचार्यं प्रपूजयेत् ॥ हिरण्यं धेनुरेका च ऋत्विजां दक्षिणा ततः। आज्यस्य वीक्षणं कृत्वा शान्तिपाठं तु कारयेत् ॥ प्रतिमा गुरवे दत्वा उपस्करसमन्विताः ॥ ब्राह्मणान्भोजयेच्छक्त्या दीनाऽनाथांश्च तर्पयेत्। एवं शान्तिविधानेन सर्वारिष्टं प्रलीयते ॥ इति।

तदनन्तर स्विष्टकृत् हवन कर वलि और पूर्णाहुति करे। फिर कुटुम्ब का अभिषेक कर आचार्य का पूजन करे। सुवर्ण और एक गौ दे। तदनन्तर ऋत्विजों के लिये दक्षिणा दे। आज्य को देखकर शान्ति-पाठ करावे। गुरुजी के लिए उपस्करण सहित प्रतिमाको देकर यथाशक्ति से ब्राह्मणों को भोजन कराकर दीनानाथों को तृप्त करे। इसप्रकार शान्तिविधान से सब अरिष्ट विलीन हो जाता है।

१–ब्रह्मा देवानां पदवीः कवीनामृषिर्विप्राणां महिषो मृगाणाम्। श्येनो गृध्राणां स्वधितिर्वनानां सोमः पवित्रमत्येति रेभन् ॥ इत्यादि ब्रह्मा के मन्त्र हैं। (ऋ. ९।९६।६)

२–विष्णोर्नु कं वीर्याणि प्र वोचं यः पार्थिवानि निममे रजांसि ॥ यो अस्कभायदुत्तरं सधस्थं विचक्रमाणस्त्रेधोरुगायः ॥ (ऋ. १।१५४।१—६)

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्। स भूमिं विश्वतो वृत्वात्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ॥ पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्। उतामृतत्वस्येशानो यदन्ने नातिरोहति ॥ एतावानस्य महिमातो ज्यायाँश्च पूरुषः। पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि ॥ त्रिपादूर्ध्व उदैत्पुरुषः पादोऽस्येहा भवत्पुनः। ततो विष्वङ् व्यक्रामत्साशनानशने अभि ॥ तस्माद्विराडजायत विराजो अधि पुरुषः। सजातो अत्यरिच्यत पश्चाद् भूमिमथो पुरः। यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत। वसन्तो अस्या सीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः ॥ तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन् पुरुषं जातमग्रतः। तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये ॥ तस्माद्यज्ञात् सर्वहुतः संभृतं पृषदाज्यम्। पशूँस्ताँश्चक्रे वायव्यानारण्यान् ग्राम्याश्च ये ॥ तस्माद्यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे। छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत ॥ तस्मादश्वा अजायन्त ये के चोभयादतः। गावोह जज्ञिरे तस्मात्तस्माज्जाता अजावयः ॥ यत्पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्। मुखं किमस्य कौ बाहू का ऊरू पादा उच्येते ॥ ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः। ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत ॥ चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत। मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणाद्वायुरजायत ॥ नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्ष्णोद्यौः समवर्तत। पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकाँ अकल्पयन् ॥ सप्तास्यासन्परिधयस्त्रिः सप्त समिधः कृताः। देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबध्नन्पुरुषं पशुम्। यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः ॥

३–यत इन्द्र भयामहे ततो नो अभयं कृधि। मघवञ्छग्धि तव तन्न ऊतिभिर्वि द्विषो वि मृधो जहि ॥ (ऋ. ८।६१।१३)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्येषु मूलाद्यृक्षेषु शान्त्यादि प्रयोगपारिजाते मत्कृते शान्तिरत्ने च ज्ञेयम् ।

अन्य मूल नक्षत्रों में शान्ति आदि प्रयोगपारिजात में और मेरे बनाये हुए शान्तिरत्न में जानना चाहिये।

(बालकजन्मदिनतः षष्ठ्यां रात्रौ जागरणविधिकथनम्)

मिताक्षरायां मार्कण्डेयः—रक्षणीया तथा षष्ठी निशा तत्र विशेषतः ।
रात्रौ जागरणं कार्यं जन्मदानां तथा बलिः ॥

मिताक्षरा में मार्कण्डेय का वचन है कि—उस दिन छठी रात में विशेष कर रक्षा करे। रात्रि में जागरण करे—और जन्म के देवताओं के लिए बलि दे।

पुरुषाः शस्त्रहस्ताश्च नृत्यगीतैश्च योषितः । रात्रौ जागरणं कुर्युर्दशम्यां चैव सूतके ॥

पुरुषशस्त्रों को हाथ में ग्रहण करें और स्त्रियाँ नृत्य एवं गीतों से दशमीरात्रि के ही सूतक में जागरण करे।

(बालकजन्मदिनतः षष्ठे, अष्टमे, प्रथमे दिने च आशौचविचारः)

व्यासः—सूतिकावासनिलया जन्मदा नाम देवता ।
तासां यागनिमित्तं तु शुद्धिर्जन्मनि कीर्तिता ॥

व्यास ने कहा है कि—सूतिकागृह में निवास करने वाले जन्मदा नाम वाले देवता हैं। उनके याग (पूजा) के निमित्त जन्मसमय में शुद्धि कही है।

प्रथमे दिवसे षष्ठे दशमे चैव सर्वदा । त्रिष्वेतेषु न कुर्वीत सूतकं पुत्रजन्मनि ॥

पुत्रजन्म में पहले दिन, छठवें दिन और दशवें[1] दिन—इन तीनों दिन में सूतक न करे।

अपरार्के ब्राह्मे—कन्याश्चतस्रो राकाद्या वातघ्नी चैव पञ्चमी । क्रीडनार्था च बालानां षष्ठी च शिशुरक्षिणी ॥ खड्गे तु पूजनीया वै वैश्यैर्व्रात्यैर्द्विजातिभिः ॥ राका, अनुमतिः, सिनीवाली, कुहूरिति चतस्रः कन्या इत्यर्थः ।

अपरार्क में ब्रह्मपुराण का मत है कि-व्रात्य वैश्यद्विजातियों को राका, अनुमति, सिनीवाली और कुहू-ये चार कन्यायें, पांचवी वातघ्नी ये बालकों के क्रीडा के लिए छठी शिशु रक्षा के लिए हैं। इनकी खड्ग में पूजा करे।

(दत्तकपुत्रपरिग्रहविधिः)

अथ दत्तकपुत्रपरिग्रहविधिः पारिजाते शौनकः—(शौनकोऽहं प्रवक्ष्यामि पुत्रसंग्रहमुत्तमम् ।) अपुत्रो मृतपुत्रो वा पुत्रार्थं समुपोष्य च ॥ वाससी कुण्डले दत्त्वा उष्णीषं चाङ्गुलीयकम् । बन्धून-न्नेन सम्भोज्य ब्राह्मणांश्च विशेषतः ॥ अन्वाधानादि यत्तन्त्रं कृत्वाज्योत्पवनान्तकम् । दातुः समक्षं गत्वा तु पुत्रं देहीति याचयेत् ॥ दाने समर्थो दाताऽस्मै ये यज्ञेनेति पञ्चभिः ।

अब हम दत्तक पुत्र के ग्रहण की विधि को कहते हैं। पारिजात में शौनक ने कहा है कि-जिसके पुत्र न हो या जिसके पुत्र मर गये हों वह पुत्र के लिए (वन्ध्या वा मृतपुत्रो वा पुत्रार्थं समुपोष्य च) उपवास कर दो कुण्डल (कान का आभूषण) पगडी और अंगूठी देकर बन्धुओं को विशेषकर ब्राह्मणों को (तीन ब्राह्मणों को) अन्न से भोजन कराकर अन्वाधानादि से आज्योत्पवनान्त को तन्त्र से कर दाता के (अदेयं यश्च गृह्णाति, पश्चादेनं प्रयच्छति । तावुभौ चोरवच्छास्यौ दण्ड्यौ चोत्तमसाहसम् ॥) समक्ष जाकर कहे कि-'पुत्र को दो' ऐसी याचना करे। देनेवाला दान में (पत्नी की अनुमति से) (इदं पुत्रं तुभ्यमहं संप्रददे न मम) समर्थ हो तो उसके लिए 'ये[2]येज्ञेन' इन पांच मन्त्रों से दे।

१—चकारेण पञ्चमाष्टमौ ग्राह्यौ । दद्यात्तु प्रथमे हेम षष्ठे वा सप्तमेऽपि वा । बलिदानं च दशमे ह्यन्नदानं प्रशस्यते ॥

२—मनुः—बहूनामेकपुत्राणामेकश्चेत्पुत्रवान् भवेत् । सर्वे ते तेन पुत्रेण पुत्रिणो मनुरब्रवीत् ॥ बृहस्पतिः—येऽप्येकजाता बहवो भ्रातरस्तु सहोदराः । एकस्यापि सुते जाते सर्वे ते पुत्रिणो मताः ॥ बह्वीनामेकपत्नीनामेष एव विधिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देवस्य त्वेति मन्त्रेण हस्ताभ्यां परिगृह्य च ॥ अङ्गादङ्गेत्यृचं जप्त्वा आघ्राय शिशुमूर्द्धनि। गृहमध्ये तमादाय चरुं हुत्वा विधानतः ॥ स्विष्टकृदादिहोमं च कृत्वा शेषं समापयेत् ।

'देवस्य त्वा' इस मन्त्र से ग्रहण कर तथा शाखोक्त [1]कामस्तुति को पढ़कर) [2]'अङ्गादङ्गात्' इस ऋचाको जप कर शिशु के शिर को सूँघ कर भीतर लाकर—(अर्थात्—वस्त्र, कुण्डलद्वय, पगडी आदि को धारण किये हुए पुत्र को वाद्य आदि घोष पूर्वक ले आवे) चरु का (आचार्य कर्तृक) विधान से हवन कर [3]'यस्त्वा हृदा' इस ऋचा से तथा [4]'तुभ्यमग्रे' इस एक ऋचा से [5]'सोमो ददत्' इन पांच ऋचाओं के प्रति मन्त्र से स्विष्ट-कृदादि होम कर शेषकर्म को समाप्त करे।

स च—ब्राह्मणानां सपिण्डेषु कर्तव्यः पुत्रसङ्ग्रहः ॥

तदभावे ऽसपिण्डो वा अन्यत्र तु नैव कारयेत् ॥

ब्राह्मणों के सपिण्डों में (यदि स्यादन्यजातीयो गृहीतोऽपि च नन्दनः । अंशभाजं न कुर्वीत मन्वादीनां मतं हि तत् ॥) से पुत्रका संग्रह करना चाहिये उसके अभाव में असपिण्ड को ग्रहण करे। अन्यत्र से पुत्र का ग्रहण न करे।

स्मृतः । एका चेत् पुत्रिणी तासां सर्वासां पिण्डदस्तु सः ॥ बृहत्पराशरस्मृतिः-अपुत्रस्य पितृव्यस्य तत्पुत्रो भ्रातृजो भवेत् । स एव तस्य कुर्वीत श्राद्धपिण्डोदकक्रियाः ॥

ॐ ये यज्ञेन दक्षिणया समक्ता इन्द्रस्य सख्यममृतत्वमानश । तेभ्यो भद्रमङ्गिरसो वो अस्तु प्रति गृभ्णीत मानवं सुमेधसः ॥१॥ य उदानन् पितरो गोमयं वस्वृतेनाभिन्दन् परिवत्सरे वलम् । दीर्घायुत्वमङ्गिरसो वो अस्तु प्रति गृभ्णीत मानवं सुमेधसः ॥२॥ य ऋतेन सूर्यमारोहयन् दिव्यप्रथयन् पृथिवीं मातरं वि । सुप्रजास्त्वमङ्गिरसो वो अस्तु प्रति गृभ्णीत मानवं सुमेधसः ॥३॥ अयं नाभा वदति वल्गु वो गृहे देवपुत्रा ऋषयस्तच्छृणोतन । सुब्रह्मण्यमङ्गिरसो वो अस्तु प्रति गृभ्णीत मानवं सुमेधसः ॥४॥ विरूपास इदृषयस्त इद्गम्भीरवेपसः । ते अङ्गिरसः सूनवस्ते अग्ने परि जज्ञिरे ॥५॥ (ऋ० म० १०।६२।१—५) ।

१—कोदात्कस्मा ऽ अदात्कामो दात्कामायादात् । कामो दाता कामः प्रतिग्रहीता कामैतत्ते ॥ (य० अ० ७ म० ४८) ।

आ नो भद्रा क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरीतास उद्भिदः । देवानो यथा सदमिद् वृधे असन्नप्रायुवो रक्षितारो दिवे दिवे ॥१॥ देवानां भद्रा सुमतिर्ऋजूयतां देवानां रातिरभि नो नि वर्त्तताम् । देवानां सख्यमुप सेदिमा वयं देवा न आयुः प्रतिरन्तु जीवसे ॥२॥ तान्पूर्वया निविदा हूमहे वयं भगं मित्रमदितिं दक्षमस्रिधम् । अर्यमणं वरुणं सोममश्विना सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥३॥ तन्नो वातो मयोभु वातु भेषजं तन्माता पृथिवी तत्पिताद्यौः । तद्ग्रावाणः सोमसुतो मयोभुवस्तदश्विना शृणुतं धिष्ण्या युवम् ॥ ४ ॥ तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पतिं धियञ्जिन्वमवसे हूमहे वयम् । पूषा नो यथा वेदसामसद्वृधे रक्षिता पायुरदब्धः स्वस्तये ॥ ५ ॥ स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः । स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥ ६ ॥ पृषदश्वा मरुतः पृश्निमातरः शुभंयावानो विदथेषु जग्मयः । अग्निजिह्वा मनवः सूरचक्षसो विश्वे नो देवा अवसा गमन्निह ॥ ७ ॥ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः । स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवांसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥ ८ ॥ शतमिन्नु शरदो अन्ति देवा यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम् । पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मा नो मध्यारीरिषतायुर्गन्तोः ॥ ९ ॥ अदितिर्द्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः । विश्वे देवा अदितिः पञ्च जना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम् ॥ १० ॥ (ऋ० १, ८९, म० १–१०)

२—अङ्गादङ्गात्संभवसि हृदयादभि जायसे । आत्मा वै पुत्र नामासि सजीव शरदः शतम् ॥

३—ॐ यस्त्वा हृदा कीरिणा मन्यमानोऽमर्त्यं मर्त्यो जोहवीमि । जातवेदो यशो अस्मासु धेहि प्रजाभिरग्ने अमृतत्वमश्याम् ॥ (ऋ० ५।४।१०) ।

४—ॐ तुभ्यमग्रे पर्यवहन् त्सूर्यां वहतुना सह । पुनः पतिभ्यो जायां दा अग्ने प्रजया सह ॥ (ऋ० १०।८५।३८)

५—सोमो ददद्गन्धर्वाय गन्धर्वो ददग्नये । रयिं च पुत्रांश्चादादग्निर्मह्यमथो इमाम् ॥१॥ इहैव स्तं मा वियौष्टं विश्वमायुर्व्यश्नुतम् । क्रीडन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिर्मोदमानौ स्वे गृहे ॥२॥ आ नः प्रजां जनयतु प्रजापतिराजरसाय समनक्त्वर्यमा । अदुर्मङ्गलीः पति लोकमा विश शं नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे ॥३॥ अघोरचक्षुरपतिघ्न्येधि शिवा पशुभ्यः सुमनाः सुवर्चाः । वीरसूर्देवकामा स्योना शं नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे ॥४॥ इमां त्वमिन्द्र मीढ्वः सुपुत्रां सुभगां कृणु । दशास्यां पुत्रानाधेहि पतिमेकादशं कृधि ॥५॥ (ऋ० १०।८५।४१—४५) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मिताक्षरादौ तु व्याहृतिभिराज्येन होम उक्तः। स च होमोत्तरं जलपूर्वकं देयः, न च वाङ्मात्रेण, व्याहृतिभिर्हुत्वा प्रतिगृह्णीयात्, इति वसिष्ठोक्तेः।

मिताक्षरादि में तो व्याहृतियों से आज्य (घृत) से होम कहा है। वह होम के बाद जलपूर्वक संकल्प कर देना चाहिये न कि वाणीमात्र के कथन से। वसिष्ठ ने कहा है कि—व्याहृतियों से हवन कर ग्रहण करे।

माता पिता वा दद्यातां यमद्भिः पुत्रमापदि। सदृशं प्रीतिसंयुक्तं स ज्ञेयो दत्त्रिमः सुतः॥ इति मनूक्तेः।

मनुने कहा है कि—आपत्तिकाल में (आपद्येव तु कर्तव्यं दानं विक्रय एव च। अन्यथा तु न कर्तव्यमिति शास्त्रस्य निश्चयः॥) जिस पुत्र को माता या पिता दें। उस सजातीय (सजातीयेष्वयं प्रोक्तस्तनयेषु मया विधिः) प्रीति से (विक्रयं चैव दानं च न नेयास्युरनिच्छवः।) युक्त दत्तकपुत्र को जानना चाहिये।

तत्रैव वसिष्ठः—'नत्वेवैकं पुत्रं दद्यात्प्रतिगृह्णीयाद्वा, न स्त्री पुत्रं दद्यात्प्रतिगृह्णीयाद्वा, अन्यत्रानुज्ञानाद्भर्तुः' इति। इदं च भर्तृसत्त्वे।

वहीं पर वसिष्ठ ने कहा है कि—जिसके एक ही पुत्र हो उसे नहीं देना चाहिये और न किसी को ग्रहण करना चाहिये। स्त्री पुत्र को न दे न ग्रहण ही करे, पति के आज्ञा विना स्त्री को पुत्र देने और लेने का अधिकार नहीं है। यह भी पति के रहने (जीवित) पर है।

अन्यथा—दद्यान्माता पिता वा यं स पुत्रो दत्त्रिमः स्मृतः। इति वत्सव्यासवचो विरोधः स्यात्। दानं प्रतिग्रहोपलक्षणम्।

अन्यथा माता या पिता जिस पुत्र को दे वह पुत्र दत्तक होगा। इस वत्स और व्यास के वचन विरोध होगा। दान तो प्रतिग्रह का उपलक्षण है।

यत्तु समन्त्रकहोमस्य पुत्रप्रतिग्रहाङ्गत्वात् व्याहृत्यादिमन्त्रपाठे च स्त्रीशूद्रयोरनधिकारात् तयोर्दत्तकः पुत्रो न भवत्येवेति शुद्धिविवेके रुद्रधरेणोक्तम्।

जो समन्त्रक होम का पुत्रप्रतिग्रह अंग होने से और व्याहृति आदि के मन्त्रपाठ में स्त्री तथा शूद्र को अधिकार न होने से दत्तक पुत्र नहीं होता है यह शुद्धविवेक में रुद्रधर ने कहा है।

वाचस्पतिश्चैवमाह। तन्न, भर्तुरनुज्ञया स्त्रिया अपि प्रतिग्रहोक्तेः। यद्यपि मेधातिथिना भार्यात्ववददृष्टरूपं दत्तकत्वं होमसाध्यमुक्तम्। स्त्रियाश्च होमासम्भवस्तथापि व्रतादिवद्विप्रद्वारा होमादि कारयेदिति हरिनाथादयः। सम्बन्धतत्त्वेऽप्येवम्। एवं शूद्रस्यापि, स्त्रीशूद्राश्च सधर्माणः, इति स्मृतेः। अत एव शूद्रकर्तृकहोमो विप्रद्वारैव पराशरेणोक्तः।

वाचस्पति ने भी यही कहा है। यह ठीक नहीं है। पति की आज्ञा से स्त्री को भी प्रतिग्रह का अधिकार कहा है—ऐसा कहा है। यद्यपि मेधातिथिने स्त्री की तरह अदृष्टरूप दत्तकत्व को होमसाध्य कहा है और स्त्रियों को हवन करना असंभव है फिर भी व्रत आदि के तरह ब्राह्मणद्वारा होम आदि करा लेना चाहिये—यह हरिनाथ आदि ने कहा है। सम्बन्धतत्त्वमें भी यही कहा है। इसीप्रकार शूद्र का भी है। स्मृति में कहा है कि—स्त्री और शूद्र तुल्य धर्मवाले होते हैं। इसलिये शूद्रकर्तृकहोम ब्राह्मण द्वारा ही करावे—ऐसा पराशर ने कहा है।

दक्षिणार्थं तु यो विप्रः शूद्रस्य जुहुयाद्धविः। ब्राह्मणस्तु भवेच्छूद्रः शूद्रस्तु ब्राह्मणो भवेत्॥

जो ब्राह्मण दक्षिणा के लिए शूद्रका हवन करता है तो वह ब्राह्मण शूद्र हो जाता है और शूद्र तो ब्राह्मण हो जाता है।

अत्र माधवाचार्यः—यो विप्रः शूद्रदक्षिणामादाय तदीयं हविः शान्तिपुष्ट्यादिसिद्धये वैदिकैर्मन्त्रैर्जुहोति तस्य विप्रस्यैव दोषः। शूद्रस्तु होमफलं लभेतैव, इति व्याचचक्षे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर माधवाचार्य ने कहा है कि--जो ब्राह्मण शूद्र की दक्षिणा को लेकर उसीके हवि से शान्तिक, पौष्टिक आदि की सिद्धि के लिए वैदिकमन्त्रों से हवन करता है। उसका दोष ब्राह्मण को ही है। शूद्रको तो होम का फल मिलता ही है। ऐसी व्याख्या की है।

दत्तके विशेषः कालिकापुराणे--पितुर्गोत्रेण यः पुत्रः संस्कृतः पृथिवीपते।
आचूडान्तं न पुत्रः स पुत्रतां याति चान्यतः॥

दत्तकविषय में कालिकापुराण में कहा है कि-हे पृथिवीपते, जिस पुत्र का पिता के गोत्र से संस्कार हुआ है वह चूडाकर्म पर्यन्त वह पुत्र दूसरे की पुत्रता को नहीं प्राप्त कर सकता है।

चूडोपायनसंस्कारा निजगोत्रेण वै कृताः। दत्ताद्यास्तनयास्ते स्युरन्यथा दास उच्यते॥

जिसका चूडाकरण और उपनयनसंस्कार अपने गोत्र से किया हो वे दत्तक आदि पुत्र हो सकते हैं, अन्यथा तो वे दास कहे जाते हैं।

ऊर्ध्वं तु पञ्चमाद्वर्षान्न दत्ताद्याः सुता नृप। गृहीत्वा पञ्चवर्षीयं पुत्रेष्टिं प्रथमं चरेत्॥

हे नृप, पांचवर्ष के बाद दत्तक आदि पुत्र नहीं हो सकते हैं। पांच साल के पुत्र को ग्रहण कर पहले 'पुत्रेष्टि' करे।

पञ्चमोर्ध्वं स्वदानेच्छोरेव दानं, तु नान्यथा। विक्रयं चैव दानं च न नेयाः स्युरनिच्छवः॥ दाराः पुत्राश्च सर्वस्वमात्मनैव तु योजयेत्॥ इति हेमाद्रिमाधवधृतव्यासदत्तादिवचनात्।

हेमाद्रि में और माधव में व्यास, दत्त आदि का वचन है कि--पांच साल के बाद अपनी इच्छा से ही दान दे सकता है. अन्यथा नहीं दे सकता है। क्रय और दान अपनी इच्छा के विरुद्ध नहीं कर सकता। स्त्री और पुत्र सब आत्मा ही से संबन्ध कर सकते हैं।

यच्च याज्ञवल्क्यः—स्वकुटुम्बाविरोधेन देयं दारसुतादृते। इति, तदूर्ध्वं स्वदानानिच्छुपुत्रपरम्। तेन सर्वस्वदाने स्वदानेच्छुदारपुत्रदानं सिद्धम्।

जो याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—अपने कुटुम्ब के अविरोध से स्त्री और पुत्र को छोड कर दे। यह वचन है। वह ऊपर अपने दान की अनिच्छुक पुत्र परक है। इससे 'विश्वजिति सर्वस्वं [1] ददाति' विश्वजित् याग में सब दे देता है। सब स्वदान इच्छावालों को स्त्री तथा पुत्र का दान सिद्ध होता है।

यत्तु विश्वजिदधिकरणं षष्ठे, तत्र पुत्रादीनां ज्ञातित्वेन स्वशब्दवाच्यत्वात् पुत्रत्वेन दानमाशङ्क्य निराकृतम्, जन्यपुँस्त्वस्य दानेनानिष्पत्तेः। दासत्वेन दानं भवत्येव। तस्माद्यथेष्ट विनियोगार्हत्वं स्वत्वं भवत्येव। पुत्रे स्वत्वाभावं वदन् पुत्रक्रयविक्रयादिशुनःशेपविक्रयादिश्रौतलिङ्गाद्दासक्रयविक्रयादिव्यवहारायोगात् मूर्ख एव।

जो विश्वजिताधिकरण छठे में हैं। वहाँ पर पुत्रादियों का जातित्व से स्वशब्द वाच्यत्व होने से पुत्रत्व से दान की आशंका कर निराकरण किया है। जन्यपुंस्त्वका दान से निष्पन्न नहीं हो सकता है। दास मान करके दान हो जाता ही है। इसलिये अपनी इच्छा से जिसका उपयोग करे वही स्वशब्द का अर्थ है। (पुत्र का दान नहीं कर सकते हैं इसमें किसी ने दूसरा कारण बतलाया कि--उसी को अनुवाद कर खण्डन करते हैं) पुत्र में सत्व नहीं है इसप्रकार कहनेवाला मूर्ख है। क्योंकि वेद में उदाहरण मिलता है कि-पुत्र का बेचना और खरीदना यह सब संभव है। शुनः शेप को खरीदा है। दास का क्रय विक्रयादि व्यवहार नहीं है।

योऽपि 'नहि ग्रभायारणः सुशेवोऽन्योदर्यो मनसा मन्तवा उ' इति श्रुतौ दत्तकनिषेधः, सोप्यौरसातिशयार्थः। अन्यथा शुनःशेपादिप्रतिग्रहश्रौतलिङ्गविरोधापत्तेः। 'उपेयां तत्र पुत्रताम्' इत्युक्तेः। इदं च श्रौतलिङ्गं स्वयंदत्तक्रीतपरं न दत्तकपरम्। द्वादशविधपुत्रमध्ये 'दत्तात्मा तु

१--विश्वजिति सर्वस्वं ददाति-यहाँ पर सर्वस्वशब्दों में स्वशब्द जाति को बतलाता है। पुत्री भी जातिहोने से उसका भी दान देना होगा। ऐसी शंका कर निराकर किया कि अपनी स्त्री से उत्पन्न पुत्र को ही लड़का कहा जाता है। केवल दान देने से ही पुत्र नहीं हो सकता है अतः पुत्र का दान नहीं दिया जा सकता।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्वयंदत्तः, क्रीतश्च ताभ्यां विक्रीतः' इति याज्ञवल्क्येन तयोर्दत्तकाद्भेदोक्तेः। तयोश्च 'दत्तौरसेतरेषां तु पुत्रत्वेन परिग्रहः' इति कलौ निषेधात्। तेन संस्कारोत्तरं स्वयं क्रीतौ न भवतः, तदुत्तरे दत्तको न भवत्येवेति सिद्धम्।

और [1]"न हि ग्रभायारणः सुशेवोन्योदर्यो मनसा मन्तवा उ' अरणः अपगत उदक संबन्ध अर्थात् अन्य के पुत्र सुशेवः—सुखतम होने पर भी अन्योदर्यः—अन्य स्त्री के गर्भ से उत्पन्न होने पर भी यह हमारा पुत्र है यह नहीं मानना चाहिये। इस श्रुति वाक्य में दत्तक का जो निषेध किया है वह औरस पुत्र की श्रेष्ठता दिखाने के लिये है। अन्यथा शुनःशेप का प्रतिग्रह करने की जो श्रुति में दृष्टान्त है वह विरुद्ध हो जायगी। 'मैं आप का पुत्ररूप से बनता हूँ। यह श्रौतलिंग क्रीत तथा स्वयंदत्त परक है न कि दत्तकपरक है। बारह-प्रकार के पुत्रों के मध्य में याज्ञवल्क्यमहर्षि ने स्वयंदत्त तथा क्रीत का दत्तकपुत्र से भेद दिखाया है। जिन्होंने स्वयं ही दान दिया है वह स्वयं दत्तक है। माता तथा पिता ने जिसको बेचा है वह क्रीत है। इन दोनों को दत्तक तथा औरस से भिन्न पुत्रों का काल में निषेध है।

अथ यमलयोः संस्कारक्रमार्थं ज्येष्ठकनिष्ठभाव उच्यते। मनुः—

पुत्रः कनिष्ठो ज्येष्ठायां कनिष्ठायां च पूर्वजः। कथं तयोर्विभागः स्यादिति चेत्संशयो भवेत्॥ सदृशः स्त्रीप्रजातानां पुत्राणामविशेषतः। न मातृतो ज्यैष्ठ्यमस्ति जन्मतो ज्यैष्ठ्यमुच्यते॥ तेन कनिष्ठायां पूर्वं जात एव ज्येष्ठे न ज्येष्ठायां पश्चाज्जात इत्यर्थः। स एव श्राद्धाधिकारी।

अब एक साथ पैदा हुए यमल पुत्रों का संस्कार के क्रमार्थ ज्येष्ठ और कनिष्ठता को कहते हैं। मनु ने कहा है कि—बड़ी ज्येष्ठ स्त्री का पुत्र छोटा हो और छोटी स्त्री का पुत्र बड़ा (पहला) हो तो इन दोनों का विभाग कैसे होगा यह संशय हो तो बराबर की स्त्रियों में उत्पन्न हुए पुत्रों का अविशेषाभाव से माता से ज्येष्ठता नहीं होती है किन्तु जिसका जन्म पहले होगा उसी को ज्येष्ठत्व कहा जाता है। इससे (यह सिद्ध हुआ कि) छोटी स्त्री में पहले होने पर वही ही ज्येष्ठ है। न कि ज्येष्ठा स्त्री में बाद होने पर उसे ज्येष्ठता नहीं होती है। वही श्राद्ध आदि में अधिकारी है।

जन्मज्येष्ठेन चाह्वानं सुब्रह्मण्यास्वपि स्मृतम्। यमयोश्चैव गर्भेषु जन्मतो ज्येष्ठता मता॥

१—न हि ग्रभायारणः सुशेवोऽन्योदर्यो मनसा मन्तवा उ। अधा चिदोकः पुनरित्स एत्या नो वाज्यभीषाळे तु नव्यः॥ (ऋ० म० ७ अ० ४ म० ८)।

२—सुब्रह्मण्याह्वान सोमयाग में होते हैं। चतुर्थ दिन वपायाग होते ही सुब्रह्मण्याह्वान विधान किया जाता है। उस सुब्रह्मण्याह्वान में 'पैतापुत्रीया' कहा जाता है। उसका यह अभिप्राय है कि यजमान का पिता, पितामह, प्रपितामह, माता, पितामही, प्रपितामही, इन छः व्यक्ति का नाम ग्रहण कर उनके साथ यजमान के संबन्ध को अर्थात्—पुत्र, पौत्र, प्रपौत्र को शब्द के द्वारा निर्देश करना तथा यजमान के जितने पुत्र हैं और पौत्र जीवित हैं उन्हीं का नाम लेकर के पिता यजते, पितामहो यजते, ऐसा निर्देश करना चाहिये। इसी को 'पैतापुत्रीया' कहा जाता है। (सुब्रह्मण्योमित्यादि गौतमब्रुवाणेत्यन्तमुक्त्वा श्वः सुत्यायाः पूर्वं यजमानस्य नामानि गृह्णीयात्। अमुकशर्मा यजते। अमुकशर्मणः पुत्रो यजते। अमुकीदायाः पुत्रो यजते। अमुकशर्मणः पौत्रो यजते। अमुकीदायाः पौत्रो यजते। अमुकशर्मणो नप्ता यजते। अमुकीदाया नप्ता यजते। द्विपितृकस्य द्विमातृकस्य च द्वयानां पित्रादीनां मात्रादीनां च प्रत्येकं नाम ग्रहणम्। अमुकशर्मणः पुत्रो यजते। अमुकीदायाः पुत्रो यजत इति। भार्यानेकत्वेऽपि विवाहक्रमेण सर्वासां ग्रहणं प्रत्येकम्। एवं पूर्वेषां नामानि गृहीत्वा यजमानस्य पुत्रपौत्र-प्रपौत्राणां स्त्रीपुंसां जीवतां ज्येष्ठक्रमेण नामानि गृह्णीयात्। मुद्रित अग्निष्टोमः पद्धतौ पृ० २३१-२३२।)। अगर किसी यजमान के अनेक पत्नियों में अथवा एक ही स्त्री में यमल पुत्र उत्पन्न होंगे ऐसे यजमान के याग में किसप्रकार निर्देश किया जाय उसका समाधान करते हैं कि—जन्म से ही पुत्रों को ज्येष्ठ माना जाता है न की स्त्री से ज्येष्ठता है। (अमुकशर्मणः पिता यजते। अमुकीदायाः पिता यजते। अमुकशर्मणः पितामहो यजते। अमुकीदायाः पितामहो यजते। अमुकशर्मणः प्रपितामहो यजते। जनिष्यमाणानां पितामहः प्रपितामहो यजते। इत्युक्त्वा श्वः सुत्यामित्यादि समापयेत्। यदा पुत्रवर्गात् पौत्रवर्गोज्येष्ठस्तदापि पुत्रवर्गाह्वानं समाप्य पौत्रवर्गस्य ग्रहणम्। यदा पौत्रवर्गान्नप्तृवर्गो ज्येष्ठस्तदापि पौत्रवर्गस्याह्वानं समाप्य नप्तृवर्गस्याह्वानम्। पतित प्रव्रजित नपुंसकमूकादीनां न नामग्रहणम्। अग्निष्टोमपद्धतौ पृ० २३२।) (किसी व्यक्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जन्म से ज्येष्ठ को जो बुलाना होता है जुडवा (यमल) बच्चों में जिसका पहले जन्म होता है वही ज्येष्ठ होता है।

देवलः—यस्य जातस्य यमयोः पश्यन्ति प्रथमं मुखम् ।
सन्तानः पितरश्चैव तस्मिन् ज्येष्ठ्यं प्रतिष्ठितम् ॥

देवल ने कहा है कि—जिसके जुडवों में प्रथम उत्पन्न होने पर जिसका पहले मुख देखते हैं। वही पिता की सन्तान ज्येष्ठ होती है। उसी में ज्येष्ठत्व प्रतिष्ठित रहता है।

भागवते तु—द्वौ तदा भवतो गर्भौ सूतिर्वेशविपर्ययात् । इत्युक्तः पश्चादुत्पन्नस्य ज्यैष्ठ्यमुक्तम् । अत्र देशाचारतो व्यवस्था । पूर्वमेव तु युक्तम् । गर्भाष्टमे इत्यादौ विशेषनिर्देशे एव गर्भग्रहणं नान्यत्र । अन्यथा तद्वैयर्थ्यात् ।

भागवत में तो कहा है कि—सूतिका के वेश के विपर्यय से आपके दोनों गर्भों से कहा है। बाद में उत्पन्न होने पर ज्येष्ठता कही है। यहाँ पर देशाचार से व्यवस्था करे। कमलाकर भट्ट का कहना है कि जो पहले उत्पन्न हो उसी को ज्येष्ठ मानना युक्त है। गर्भाष्टम में—गर्भ से आठवें साल में—इत्यादि में विशेष निर्देश से ही गर्भ का ग्रहण है। अन्यत्र नहीं है अन्यथा उस गर्भपद का व्यर्थ है।

(सूतिकास्नानकथनम्)

अथ सूतिकास्नानम् । ज्योतिषे—करेन्द्रभाग्यानिलवासवान्त्यमैत्रेन्दवाश्विध्रुवभेऽह्नि पुंसाम् ।
तिथावरिक्ते शुभमामनन्ति प्रसूतिकास्नानविधिं मुनीन्द्राः ॥

सूतिकास्नान कहते हैं। ज्योतिष में कहा है कि-हस्त, ज्येष्ठा, पूर्वाफाल्गुनी, स्वाती, धनिष्ठा, रेवती, अनुराधा, मृगशिरा, अश्विनी, ध्रुवगण का नक्षत्रों में (तीनों उत्तरा और रोहिणी), रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार के दिन में तथा रिक्ता रहित तिथियों में मुनियों ने प्रसूतिस्नान में श्रेष्ठ कहा है।

(नामकर्मकथनम्)

अथ नामकर्म । मदनरत्ने बृहस्पतिः—द्वादशे दशमे वाऽपि जन्मतोऽपि त्रयोदशे । षोडशे विंशतौ चैव द्वात्रिंशे वर्णतः क्रमात् ॥ याज्ञवल्क्यः—अहन्येकादशे नाम ।

अब नामकरणकर्म कहते हैं। मदनरत्न में बृहस्पति ने कहा है कि—बारहवें, (ब्राह्मण को—ग्यारहवें और बारहवें दिन, क्षत्रिय को—तेरहवें दिन, वैश्य को—सोलहवें दिन तथा बीसवें दिन या सोलहवें दिन और इक्कीसवें दिन, शूद्र को—बत्तीसवें दिन) या दशवें (ग्यारहवें) दिन ब्राह्मण का, जन्म से तेरहवें दिन क्षत्रिय का, सोलहवें दिन या बीसवें दिन वैश्य का और शूद्र का बत्तीसवें दिन में नामकरण वर्णक्रम से करे। याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—ग्यारहवें दिन नामकरण करे।

हेमाद्रौ भविष्ये—नामधेयं दशम्यां तु द्वादश्यां मासि केचन ।
अष्टादशेऽहनि तथा वदन्त्यन्ये मनीषिणः ॥

हेमाद्रि में भविष्यपुराण का मत है कि—दशवें दिन, बारहवें दिन या एकमहिने पर नामकरण करे। यह किसी का मत है। अन्य मनीषियों का कथन है कि—अठारहवें दिन नामकरण को करना कहते हैं।

दशम्यामतीतायामिति ज्ञेयम्, 'आशौचापगमे नामधेयम्' इति विष्णूक्तेः । गृह्यपरिशिष्टेऽपि—जननाद्दशरात्रे व्युष्टे शतरात्रे संवत्सरे वा नामकरणम् । व्युष्टे=अतीते ।

दशमी रात बीतने पर (दशमे द्वादशे वापि जन्मतो दिवसे शुभे । षोडशे विंशतौ चैव द्वादशे वर्णतः क्रमात् ॥ ऐसा पढ़कर आशौच के मध्य में नामकरण करें। ऐसा प्रलाप करनेवाले ठीक नहीं हैं। प्रयोगरत्न

के प्रथम विवाह होने पर पुत्र के अभाव में उसने दूसरा विवाह वंश की परंपरा चलाने के लिए किया। संयोगवश विवाह के बाद प्रथमा स्त्री और द्वितीया स्त्री भी गर्भवती हो गयी। द्वितीया स्त्री को आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को पुत्र उत्पन्न हुआ और प्रथमा स्त्री को श्रावण कृष्णपक्ष की दशमी को पुत्र हुआ। ऐसी स्थिति में प्रथमा स्त्री ज्येष्ठ है पर पुत्र प्रथम द्वितीया पत्नी को प्रथम होने से जन्म ज्येष्ठता उसी को है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

में कहा है कि--'यथाचारं नियतदिने वा') जानना चाहिये। विष्णु ने कहा है कि-आशौचकी निवृत्ति के बाद नामकरण करे। गृह्यपरिशिष्ट में भी कहा है कि—जनन से दशरात्रि बीतने पर, सौ रात्रि या संवत्सरान्त में नामकरण करें। व्युष्टका अर्थ=व्यतीत है।

ज्योतिर्निबन्धे गर्गः—अमासंक्रान्तिविष्ट्यादौ प्राप्तकालेऽपि नाचरेत्।

ज्योतिर्निबन्ध में गर्ग ने कहा है कि—अमावास्या, संक्रान्ति, विष्टि (भद्रा), आदि (व्यतीपाते च संक्रान्तौ ग्रहणे वैधृतावपि। श्राद्धं कुर्यात्, शुभं नैव प्राप्तकालेऽपि मानवः॥' गुरुशुक्रास्तबाल्यवार्धक्यवक्रातिचारमलमासादिनिषेधस्तु नास्ति।) में समय आने पर भी नामकरण को नहीं करना चाहिये।

श्रीधरः—मित्रादित्यमघोत्तराशतभिषक्स्वातीधनिष्ठाच्युतप्राजेशाश्विशशाङ्कपौष्णदिनकृत्पुष्येषु राशौ स्थिरे। छिद्रां पञ्चदशीं विहाय नवमीं शुद्धेऽष्टमे भार्गवज्ञाचार्यामृतपादनाम्नदिवसे नामानि कुर्याच्छिशोः॥

श्रीधर ने कहा है कि—अनुराधा, पुनर्वसु, मघा, तीनों उत्तरा, शतभिषा, स्वाती, धनिष्ठा, श्रवण, रोहिणी, अश्विनी, मृगशिरा, रेवती, हस्त और पुष्यनक्षत्रों में, स्थिरलग्न में, छिद्रतिथि (चतुर्थी, षष्ठी, द्वादशी, चतुर्दशी), पूर्णिमा और नवमी तिथियों को छोडकर लग्न से अष्टम शुद्ध हो तब शुक्रवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को अमृतवेला (मध्याह्न से पूर्व) में बालक का नाम करण करे।

मनुः—शर्मान्तं ब्राह्मणस्य स्याद्वर्मान्तं क्षत्रियस्य तु। वैश्यस्य धनसंयुक्तं शूद्रस्य प्रेष्यसंयुतम्॥

मनुने कहा है कि—ब्राह्मण का नाम शर्मान्त, क्षत्रिय का नाम वर्मान्त, वैश्यका धन से युक्त और शूद्रका दास आदि से युक्त होना चाहिये।

मदनरत्ने नारदीये—सूतकान्ते नामकर्म विधेयं स्वकुलोचितम्।
नामपूर्वं तु मासस्य मङ्गलं सुसमाचरेः॥

मदनरत्न में नारदीय का वचन है कि—सूतक के अन्त में अपने कुलानसार नामकर्म का विधान करे। नाम के पूर्व तो मास का का मंगल अक्षर युक्त करे।

तत्रैव गार्ग्यः—मासनाम गुरोर्नाम दद्याद्बालस्य वै पिता।

वहीं पर गार्ग्य ने कहा है कि—बालक का पिता मास नाम से और गुरुदेव के नाम से रखे।

स्मृतिसङ्ग्रहे--कृष्णोऽनन्तोऽच्युतश्चक्री वैकुण्ठोऽथ जनार्दनः॥ उपेन्द्रो यज्ञपुरुषो वासुदेवस्तथा हरिः। योगीशः पुण्डरीकाक्षो मासनामान्यनुक्रमात्॥

स्मृतिसंग्रह में कहा है कि—कृष्ण, अनन्त, अच्युत, चक्री, वैकुण्ठ, जनार्दन, उपेन्द्र, यज्ञपुरुष, वासुदेव, हरि, योगीश तथा पुण्डरीकाक्ष ये क्रम से महिनों के नाम हैं।

अत्र मार्गशीर्षादिश्चैत्रादिर्वा क्रम इति मदनरत्ने—तन्मासनाम प्रथमं दद्यात्संबुद्ध्य चैव हि। देवालयगजाश्वानां वृक्षाणां वापिकूपयोः॥ सर्वापणानां पण्यानां चिह्नार्थं योषितां नृणाम्। काव्यानां च कवीनां च पश्वादीनां च सर्वशः॥ राजप्रासादवास्तूनां नामकर्म विशिष्यते॥

यहाँ पर मार्गशीर्ष मास आदि से या चैत्र मास आदि के क्रमको मदनरत्न में कहा है कि-उस महिनेके नाम के पूर्व में संबोधन से ही दे। देवालय, हाथी, घोडा, वृक्ष, वापी, कूप सब वस्तुओं का दुकान में बेचने योग्य, स्त्रियों और पुरुषों का काव्यों और कवियों का, पशु आदियों का, राजा के महल तथा घर पर नामकर्म की विशेषता कही है।

नाक्षत्रमपि नाम कार्यम्। 'अभिवादनीयं च समीक्षेत तन्मातापितरौ विद्यातामोपनयनात्' इत्याश्वलायनोक्तेः।

नक्षत्र से भी नामकरण करे। आश्वलायन ने कहा है कि—(उपनयन में जिस नाम से अभिवादन करे वह व्यावहारिक है) अभिवादनीय को देखता है उसके माता और पिता के उपनयनद्वारा ज्ञान से जानता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'कुलदेवतानक्षत्रसम्बद्धं पिता कुर्यात्' इति मदनरत्ने शङ्खोक्तेः।

कुल से संबन्धित, देवता से सम्बन्धित और नक्षत्र से संबन्धित पिता नामकर्म करे—यह मदनरत्न में शंख ने कहा है।

तच्च नक्षत्रपादाक्षराद्यक्षरं कुर्यादित्युक्तं परिशिष्टे—तदक्षरादिकं नाम यस्मिन् धिष्ण्ये यदक्षरम्। इति।

वह नक्षत्र का नाम ऐसा हो जिसमें नक्षत्र के पाद का अक्षर आदि में करे। ऐसा परिशिष्ट में कहा है कि—जिस नक्षत्र में जो अक्षर आदि में हो वही अक्षर नाम के आदि में हो।

सुदर्शनभाष्ये तु—रोरेममृज्येचिषु वृद्धिरादौ ठात्पे च वान्त्यश्रवणाश्वयुक्षु। शेषेषु नाम्नोः कपरः स्वरोन्त्यः स्वात्प्वोरदीर्घः सविसर्ग इष्टः॥ इत्युक्तम्॥ ठात्पे इति प्रौष्ठपदेत्यत्रादौ ठात्परे च वृद्धिः प्रौष्ठपाद इति। अन्त्यमपभरणीशब्दः श्रुतावुक्तः। तत्र श्रवणादौ च वादिवृद्धिः। अपभरण आपभरण इत्यादि।

सुदर्शनभाष्य में कहा है कि—रोहिणी, रेवती, मघा, मृगशिरा, पुष्य तथा चित्रा में उत्पन्न का नाम ऐसा रखे जिनके आदि में वृद्धि हो।

ठ से परे उत्तराभाद्र में वृद्धि हो और श्रवण में आदि वृद्धि करे। शेषनक्षत्रों में क परे हो तथा अन्तिम स्वर हो वह इष्ट है। स्वाती, पुनर्वसु और रेवती इनमें ह्रस्व हो।

मदनरत्ने वसिष्ठः—जन्माहे द्वादशाहे वा दशाहे वा विशेषतः। उत्तरारेवतीहस्तमूलपुष्याः सवारुणाः॥ श्रवणादितिमैत्रं च स्वाती मृगशिरस्तथा। प्राजापत्यं धनिष्ठा च प्रशस्ता नामकर्मणि॥

मदनरत्न में वसिष्ठ ने कहा है कि—जन्मदिन से बारहें दिन विशेषकर दशमें दिन (अर्थात्—ग्यारहवें दिन) उत्तरा, रेवती, हस्त, मूल, पुष्य, शतभिषा, श्रवण, पुनर्वसु, अनुराधा, स्वाती, मृगशिरा, रोहिणी और धनिष्ठा ये नक्षत्र [1]नाम कर्म में उत्तम है।

(दोलारोहकथनम्)

अथ दोलारोहः। पारिजाते बृहस्पतिः—दोलारोहस्तु कर्तव्यो दशमे द्वादशेऽपि वा।
षोडशे दिवसे चापि द्वाविंशे दिवसेऽपि वा॥

अब दोलारोहण कहते हैं। पारिजात में बृहस्पति ने कहा है कि—दशवें, बारहे, सोलवें या बाइसवें दिन 'दोलारोहण' अर्थात्—पालने पर बैठा देना चाहिये।

ज्योतिर्निबन्धे—करत्रये वैष्णवरेवतीष्वदितिद्वये वाऽश्विनकध्रुवेषु।
कुर्याच्छिशूनां नृपतेश्च तद्वदान्दोलनं वै सुखिनो भवन्ति॥

ज्योतिर्निबन्ध में कहा है कि—हस्त, चित्रा, स्वाती, श्रवण, रेवती, पुनर्वसु, पुष्य या अश्विनी, ध्रुवगण के नक्षत्र, तीनों उत्तरा तथा रोहिणी, इसमें वालकों का या राजा का, हिंडोला में बैठाना शुभ होता है।

तत्रैव—आन्दोलाशयने पुंसो द्वादशो दिवसः शुभः। त्रयोदशस्तु कन्याया न नक्षत्रविचारणा। अन्यस्मिन् दिवसे चेत्स्यात्तिर्यगास्ये प्रशस्यते॥

वहीं पर कहा है कि—आन्दोलन में शयन (अर्थात् झुलाने के समय) में वालकों को बारहवाँ दिन शुभप्रद है और तेरहवाँ दिन कन्या के लिये शुभ है। इस कार्य में नक्षत्र का विचार नहीं है।

१—बृहस्पतिः—देशकालोपघाताद्यैः कालातिक्रमणं यदि। अनस्तगे इज्यसिते तत्कार्यं चोत्तरायणे॥ बृहस्पतिः—पूर्वाह्णः श्रेष्ठ इत्युक्तो मध्याह्नो मध्यमः स्मृतः। अपराह्नं च रात्रिं च वर्जयेन्नामकर्मणि॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(दुग्धपानम्)

अथ दुग्धपानम्। नृसिंहः—एकत्रिंशद्दिने चैव पयः शंखेन पाययेत्।
अन्नप्राशननक्षत्रे दिवसोदयरात्रिषु॥

अब दुग्धपानकर्म कहते हैं। नृसिंह ने कहा है कि—इकत्तीसवें दिन शंख से दूध पिलाना चाहिये। अन्नप्राशननक्षत्र में, दिन में या उदय की रात्रि में पिलावे।

(कर्णवेधकथनम्)

अथ कर्णवेधः। मदनरत्ने वसिष्ठश्रीधरौ—मासे षष्ठे सप्तमे वाऽष्टमे वा वेध्यौ कर्णौ द्वादशे षोडशेऽह्नि। मध्येनाह्नः पूर्वभागे न रात्रौ नक्षत्रे द्वे द्वे तिथी वर्जयित्वा॥

अब कर्णवेध कहते हैं। मदनरत्न में वसिष्ठ और श्रीधर ने कहा है कि—छठे, सातवें, आठवें महिने में और बारहे या सोलहवें दिन कानों को वेधन करे। मध्यदिन के पूर्व भाग में तथा रात्रि में न करे। जिस दिन दो नक्षत्र और दो तिथियाँ हो उस दिन त्याग दे। अर्थात्—जिस दिन दो नक्षत्र हो या दो तिथि हो उस दिन में कर्णवेध नहीं करना चाहिये।

अत्र जन्ममासो वर्ज्यः ज्योतिर्निबन्धे गर्गः—मासे षष्ठे सप्तमे वाऽप्यष्टमे मासि वत्सरे।
कर्णवेधं प्रशंसन्ति पुष्टयायुःश्रीविवृद्धये॥

ज्योतिर्निबन्ध में कहा है कि—छठे, सातवे तथा आठवें महिने में या संवत्सर में पुष्टि, आयु और श्री की वृद्धि के लिए कर्णवेध की प्रशंसा की है।

मदनरत्ने—प्रथमे सप्तमे मासि अष्टमे दशमेऽथ वा।
द्वादशे च तथा कुर्यात्कर्णवेधं शुभावहम्॥

मदनरत्न में कहा है कि-पहले, सातवें, आठवें, दशवें और बारहें महिने में कर्णवेध शुभप्रद होता है।

हेमाद्रौ व्यासः—कार्तिके पौषमासे वा चैत्रे वा फाल्गुनेऽपि वा।
कर्णवेधं प्रशंसन्ति शुक्लपक्षे शुभे दिने॥

हेमाद्रि में व्यास ने कहा है कि—कार्तिक, पौष, चैत्र या फाल्गुन महिने के शुक्लपक्ष तथा शुभदिन में कर्णवेध की प्रशंसा करते हैं। अर्थात्—कर्णवेध करना उत्तम है।

श्रीधरः—हरिहयकरचित्रासौम्यपौष्णोत्तरार्यादितिवसुषु घटालीसिंहवर्ज्ये सुलग्ने।
शशिगुरुबुधकाव्यानां दिने पर्वरिक्तरहिततिथिषु शुद्धे नैधने कर्णवेधः॥

श्रीधर ने कहा है कि—श्रवण, अश्विनी, हस्त, चित्रा, मृगशिरा, रेवती, तीनों उत्तरा, पुनर्वसु और धनिष्ठा इन नक्षत्रों में घटकुंभ, वृश्चिक और सिंह लग्न को त्यागकर शेष शुभ लग्नों में, सोमवार, गुरुवार, बुधवार तथा शुक्रवार को, पर्वों में, रिक्तातिथि इनसे रहित तिथियों से और अष्टमलग्न शुरू हो तो कर्णवेधसंस्कार करे।

मदनरत्ने बृहस्पतिः—द्वितीया दशमी षष्ठी सप्तमी च त्रयोदशी।
द्वादशी पञ्चमी शस्ता तृतीया कर्णवेधने॥

मदनरत्न में बृहस्पति ने कहा है कि—द्वितीया, दशमी, षष्ठी, सप्तमी, त्रयोदशी, द्वादशी, पञ्चमी तथा तृतीया में कर्णवेध में उत्तम है।

सौवर्णी राजपुत्रस्य राजती विप्रवैश्ययोः। शूद्रस्य चायसी सूची मध्यमाऽष्टाङ्गुलात्मिका॥

राजपुत्र के लिए सुवर्ण की, चांदीकी ब्राह्मण और वैश्य के लिये, शूद्र के लिए लोहे की मध्यमा अंगुली से आठ अंगुल की सूई से कर्णवेध करे।

हेमाद्रौ देवलः—कर्णरन्ध्रे रवेश्छाया न विशेदग्रजन्मनः।
तं दृष्ट्वा विलयं यान्ति पुण्यौघाश्च पुरातनाः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हेमाद्रि में देवल ने कहा है कि—अग्रजन्मा ब्राह्मण के कान के रन्ध्र (छिद्र) में सूर्यछाया का प्रवेश न करे। क्योंकि—उसको देखकर पुरातन पुण्यों का समूह विलय को प्राप्त हो जाता है।

शङ्खः—अङ्गुष्ठमात्रसुषिरौ कर्णौ न भवतो यदि।
तस्मै श्राद्धं न दातव्यं दत्तं चेदासुरं भवेत्॥

शंख ने कहा है कि—कानों में अंगूठे मात्र का छिद्र न हो यदि हो जाय तो उनके लिये श्राद्ध नहीं देना चाहिये। देने पर तो वह श्राद्ध आसुरी हो जाता है।

(अथ ताम्बूलभक्षणकथनम्)

अथ ताम्बूलभक्षणम्। चण्डेश्वरः—सार्द्धमासद्वये दद्यात्ताम्बूलं प्रथमं शिशोः।
कर्पूरादिकसंमिश्रं विलासाथ हिताय च॥

अथ ताम्बूलभक्षण कहते हैं। चण्डेश्वर ने कहा है कि—अढाई महिने में बालकों को पहले कपूर आदि से संमिश्रण कर पान को विलास और कल्याण के लिये दे।

मूलार्कचित्रकरतिष्यहरीन्द्रभेषु पौष्णे तथा मृगशिरोदितिवासवेषु।
अर्केन्दुजीवभृगुबोधनवासरेषु ताम्बूलभक्षणविधिर्मुनिभिः प्रदिष्टः॥

मूल, हस्त, चित्रा, पुष्य, श्रवण, ज्येष्ठा, रेवती, मृगशिरा, पुनर्वसु—इन नक्षत्रोंमें, रविवार, सोमवार, गुरुवार, शुक्रवार और बुधवार को तांबूल की भक्षणविधि मुनियों ने कही है।

(अथ निष्क्रमणविचारः)

अथ निष्क्रमणम्। ज्योतिर्निबन्धे—तृतीये वा चतुर्थे वा मासि निष्क्रमणं भवेत्।

अब निष्क्रमण कहते हैं। ज्योतिर्निबन्ध में कहा है कि—तीसरे या चौथेमास में निष्क्रमण करे।

यमः—ततस्तृतीये कर्तव्यं मासि सूर्यस्य दर्शनम्।
चतुर्थे मासि कर्तव्यं शिशोश्चन्द्रस्य दर्शनम्॥

यमने कहा है कि—तदनन्तर बालकको तीसरे महिने में सूर्यका दर्शन कराना चाहिये और चौथे-मास में बालक को चन्द्रमा का दर्शन कराना चाहिये।

अत्र—सूर्येन्द्वोः ये कर्मणी ये च तयोः श्राद्धं न विद्यते। इति छन्दोगपरिशिष्टात्। छन्दोगानां निष्क्रमणे वृद्धिश्राद्धं नास्ति इति कल्पतरुः।

यहाँ पर सूर्य तथा चन्द्रमा को पूजा और उन दोनों का श्राद्ध नहीं है। इस छन्दोगपरिशिष्ट से छन्दोगों को निष्क्रमण तथा श्राद्ध नहीं है—यह कल्पतरु में कहा है।

व्यासः—मैत्रे पुष्यपुनर्वसुप्रथमभे पौष्णेऽनुकूले विधौ हस्ते चैत्र सुरेश्वरे च मृगभे तारासु शस्तासु च। कुर्यान्निष्क्रमणं शिशोर्बुधगुरुशुक्रे विरिक्ते तिथौ कन्याकुम्भतुलामृगारिभवने सौम्य-ग्रहालोकिते॥

व्यासने कहा है कि—अनुराधा, पुष्य, पुनर्वसु, अश्विनी, रेवती, हस्त, ज्येष्ठा, मृगशिरा इनमें तारा और चन्द्रमा अनुकूल हो तो सोमवार, बुधवार, गुरुवार तथा शुक्रवार—इन दिनों में रिक्तारहित तिथियों में कन्या, कुम्भ, तुला, सिंह इन लग्नों में शुभग्रहों की दृष्टि होने से निष्क्रमण प्रशस्त होता है।

मदनरत्ने—अन्नप्राशनकाले वा कुर्यान्निष्क्रमणक्रियाम्।

मदनरत्न में कहा है कि—या अन्नप्राशन के समय में निष्क्रमण की क्रिया को करना चाहिये।

विष्णुधर्मे—दिगीशानां दिने तत्र तथा चन्द्रार्कयोर्द्विजः।
पूजनं वासुदेवस्य गगनस्य च कारयेत्॥

विष्णुधर्म में कहा है—ब्राह्मण दिशाओं के स्वामियों के दिन में और वहाँ पर चन्द्र या सूर्यवार को वासुदेव तथा आकाश का पूजन करावें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वहिर्निष्कासयेद् गेहात् शङ्खपुण्याहनिस्वनैः । चन्द्रार्कयोर्दिगाशानां दिशां च गगनस्य च ॥ निक्षेपार्थमिदं दद्मि ते मे रक्षन्तु सर्वदा । अप्रमत्तं प्रमत्तं वा दिवारात्रमथापि वा ॥ रक्षन्तु सततं सर्वे देवाः शक्रपुरोगमाः ॥

पुण्याहदिन में शंख के शब्दों से घर से बाहर बालक को निकाल कर कहे कि–चन्द्रमा, सूर्य, दिगीशों के स्वामी, दिशा तथा आकाश को निक्षेप (धरोहर) के लिये इसको देता हूँ। ये मेरी सर्वदा रक्षा करें। अप्रमत्त हो या प्रमत्त हो, दिन हो या रात हो इन्द्र आदि सब देवता निरन्तर रक्षा करें।

माधवीये मार्कण्डेयः—अग्रतोऽथ प्रविन्यस्य शिल्पभाण्डानि सर्वशः ।
शस्त्राणि चैव वस्त्राणि ततः पश्येत्तु लक्षणम् ॥

माधवीय में मार्कण्डेय का वचन है कि--इसके बाद शिल्प और भाण्डों (वर्तन) को, सब शस्त्र तथा वस्त्रों को बालक के आगे रख कर लक्षण को देखे।

प्रथमं यत्स्पृशेद् बालस्ततो भाण्डं स्वयं तदा । जीविका तस्य बालस्य तेनैव तु भविष्यति ॥ इति ।

उन खण्डों से स्वयं बालक पहले जो स्पर्श करे उसी से ही उस बालक की जीविका होगी।

(अथोपवेशनकथनम्)

अथोपवेशनम् । प्रयोगपारिजाते पाद्मे विष्णुधर्मे च—पञ्चमे च तथा मासि भूमौ तमुपवेशयेत् । तत्र सर्वे ग्रहाः शस्ता भौमोऽप्यत्र विशेषतः ॥

अब उपवेशन कहते हैं। प्रयोगपारिजात में पद्मपुराण और विष्णुधर्म का वचन है कि—पांचवें महिने में उस बालक को भूमि में उपवेशन करावे। उसमें सब ग्रह उत्तम हो और विशेषकर यहाँ पर मंगल भी श्रेष्ठ हो।

उत्तरात्रितयं सौम्यं पुष्यर्क्षं शक्रदैवतम् । प्राजापत्यं च हस्तश्च शस्तमाश्विनमित्रभम् ॥

तीनो उत्तरा, मृगशिरा, पुष्य, ज्येष्ठा, श्रवण, हस्त, अश्विनी और अनुराधा ये नक्षत्र बालक को भूमि में बैठाने में उत्तम हैं।

वाराहं पूजयेद्देवं पृथिवीं च तथा द्विजः । रक्षैनं वसुधे देवि सदा सर्वगतं शुभे ॥

इसप्रकार ब्राह्मण वराह और पृथ्वी की पूजा करे। हेवसुधे, हे देवि, हे शुभे, सब जगह प्राप्त इस बालक की रक्षा करो।

आयुःप्रमाणं सकलं निक्षिपस्व हरिप्रिये । अचिरादायुषस्त्वस्य ये केचित्परिपन्थिनः ॥ जीविताऽऽरोग्यवित्तेषु निर्दहस्वाचिरेण तान् ।

हे हरिप्रिये, इसकी संपूर्ण आयुप्रमाण की रक्षा करो। इस चिरायु के जो कोई शत्रु हैं या जो जीवन, आरोग्यता और धनके शत्रु हैं उनको शीघ्र ही दहन करे।

वरेण्याशेषभूतानां माता त्वमसि कामधुक् ॥ अजरा चाप्रमेया च सर्वभूतनमस्कृता । चराचराणां भूतानां प्रतिष्ठानाव्यया ह्यसि ॥ कुमारं पाहि मातस्त्वं ब्रह्मा तदनु मन्यताम् ॥

श्रेष्ठ अशेष प्राणियों की कामधेनुरूप तुम माता हो। अजर तथा अप्रमेय (जिसका प्रमाण न हों या मान न हो) सब प्राणियों की स्तुति हो। चर और अचर प्राणियों की प्रतिष्ठा (स्थिति) कभी न नाश होनेवाली हो। हे मातः, कुमार की तुम रक्षा करो तथा ब्रह्मा भी इस बात की अनुमति दे।

(अथान्नप्राशनविचारः)

अथान्नप्राशनम् । पारिजाते नारदः—जन्मतो मासि षष्ठे स्यात्सौरेणान्नाशनं परम् ।
संवत्सरे वा सम्पूर्णे केचिदिच्छन्ति पण्डिताः ॥

अब अन्नप्राशन कहते हैं। पारिजात में नारद ने कहा है कि—सौरमहिने के प्रमाण से जन्मसे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

छठे महिने में अन्नप्राशन करे। कोई पण्डित कहते हैं कि—एक साल पूरा हो जाने पर अन्नप्राशनकर्म करने की इच्छा करते हैं।

मदनरत्ने लौगाक्षिः—'षष्ठेऽन्नप्राशनं जातेषु दन्तेषु वा' इति।

मदनरत्न में लौगाक्षि ने कहा है कि—छठे महिने में या दांत निकलने पर अन्नप्राशन करे।

शङ्खः—'संवत्सरेऽन्नप्राशनमर्द्धसंवत्सरे वा' इति।

शंखने कहा कि—एक साल में या आधे साल में (छः महिने में) अन्नप्राशन करे।

ज्योतिर्निबन्धे नारदः—षष्ठे वाप्यष्टमे मासि पुंसां, स्त्रीणां तु पञ्चमे।

सप्तमे मासि वा कार्यं नवान्नप्राशनं शुभम्॥

ज्योतिर्निबन्ध में नारद ने कहा है कि—छठे और आठवें महिने में बालकों का तथा कन्याओं का पाँचवे या सातवें महिने में नवान्नप्राशन शुभ है।

रिक्तां दिनक्षयं नन्दां द्वादशीमष्टमीममाम्। त्यक्त्वाऽन्यतिथयः प्रोक्ताः सितजीवज्ञवासराः॥ चन्द्रवारं प्रशंसन्ति कृष्णे चान्त्यत्रिकं विना॥

रिक्ता, (चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी) दिनक्षय, (तिथिक्षय) नन्दा (प्रतिपदा, षष्ठी, एकादशी), द्वादशी, अष्टमी और अमावास्या को छोड़कर अन्य तिथियाँ शुभ हैं। एवं शुक्रवार, बृहस्पतिवार, बुधवार तथा सोमवार को उत्तम में प्रशंसा की है और कृष्णपक्ष में होनेवाली अन्तिम तीन तिथियोंको (त्रयोदशी, चतुर्दशी अमावास्या), और छोड़कर शेष शुभ हैं।

श्रीधरः—आदित्यतिष्यवसुसौम्यकरानिलाश्विचित्राजविष्णुवरुणोत्तरपौष्णमिश्राः।

बालान्नभोजनविधौ दशमे विशुद्धे छिद्रां विहाय नवमीं तिथयः शुभाः स्युः॥

श्रीधर ने कहा है कि—पुनर्वसु, पुष्य, धनिष्ठा, रोहिणी, श्रवण, शतभिषा, तीनों उत्तरा, रेवती, अनुराधा, लग्नसे दशम शुद्ध हो तब चतुर्थी, षष्ठी,अष्टमी, नवमी, द्वादशी, चतुर्दशी इन तिथियों को छोड़कर शेष तिथियों में बालक का अन्नप्राशन शुभ होता है।

वसिष्ठः—बालान्नभुक्तौ व्रतबन्धने च राजाभिषेके खलु जन्मधिष्ण्यम्।

शुभं त्वनिष्टं सततं विवाहे सीमन्तयात्रादिषु मङ्गलेषु॥

वसिष्ठ ने कहा है कि—निश्चय बालक के अन्नप्राशन में, यज्ञोपवीत में और राज्याभिषेक में जन्म का नक्षत्र शुभ है तथा विवाह, सीमन्त यात्रा आदि मंगल कार्यों में निरन्तर अशुभ है।

मार्कण्डेयविष्णुधर्मयोः—ब्रह्माणं शङ्करं विष्णुं चन्द्रार्कौ च दिगीश्वरान्। ध्रुवं दिशश्च सम्पूज्य हुत्वा वह्नौ तथा चरुम्॥ देवतापुरतस्तस्य धात्र्युत्सङ्गतस्य च। अलङ्कृतस्य दातव्यमन्नं पात्रे सकाञ्चनम्॥ मध्वाज्यदधिसंयुक्तं प्राशयेत्पायसं तु वा। इति।

मार्कण्डेय और विष्णुधर्म में कहा है कि—ब्रह्मा, शंकर, विष्णु, चन्द्रमा, सूर्य, दिशाओं के स्वामी, पृथ्वी, दिशाओं की पूजा करके अग्नि में चरुका हवन कर देवताओं के आगे अलंकृत कर उस बालक को माता की गोदीमें बैठाकर सोनेवाले पात्रमें अन्न देना चाहिये। सहत, घृत तथा दधि के सहित प्राशन[1] करावे या खीर का प्राशन करावे।

(अथाब्दपूर्तिकथनम्)

अथाब्दपूर्तिः। व्यवहारनिर्णये—नवाम्बरधरो भूत्वा पूजयेच्च चिरायुषम्।

मार्कण्डेयं नरो भक्त्या पूजयेत्प्रयतस्तथा॥

अब अब्दपूर्ति (वर्षगांठ) कहते हैं—व्यवहारनिर्णय में कहा कि—नूतनवस्त्रों को धारण कर चिरायुषों की पूजा करे। मनुष्य भक्तिसे निरन्तर मार्कण्डेय की पूजा करे।

१—प्राशनमन्त्रः—अन्नपतेऽन्नस्य नो देह्यनमीवस्य शुष्मिणः। प्र प्रदातारं तारिष ऊर्जं नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे॥ (यजु० अ० ११ म० ८३)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ततो दीर्घायुषं व्यासं रामं द्रौणिं कृपं बलिम्। प्रह्लादं च हनूमन्तं विभीषणमथार्चयेत् ॥

तदनन्तर दीर्घायुवाले—व्यास, राम, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, बलि, प्रह्लाद, हनुमान तथा विभीषण की पूजा करे।

स्वनक्षत्रं जन्मतिथिं प्राप्य सम्पूजयेन्नरः। षष्ठीं च दधिभक्तेन वर्षे वर्षे पुनः पुनः ॥ तिथितत्त्वे एतन्नामभिस्तिलहोमोऽप्युक्तः।

मनुष्य अपने नक्षत्र, और जन्मतिथि को प्राप्तकर पूजन करे। दधि तथा चावल से प्रतिवर्ष में बारंबार षष्ठी की पूजा करे। तिथितत्त्वमें इन नामों से तिल से होम भी कहा है।

आदित्यपुराणे—सर्वैश्च जन्मदिवसे स्नातैर्मङ्गलवारिभिः।
गुरुदेवाग्निविप्राश्च पूजनीयाः प्रयत्नतः ॥

आदित्यपुराण में कहा है कि—सब लोग अपने जन्मदिनमें मङ्गलजलसे स्नान करें—फिर गुरु, देवता, अग्नि और ब्राह्मणों की प्रयत्न से पूजा करें।

स्वनक्षत्रं च पितरौ तथा देवः प्रजापतिः। प्रतिसंवत्सरं यत्नात् कर्तव्यश्च महोत्सवः ॥

अपने नक्षत्र, माता और पिता तथा प्रजापतिदेवकी पूजा करें। यत्न से प्रतिवर्ष महोत्सव को करना चाहिये।

कृत्यचिन्तामणौ—गुडदुग्धतिलान् दद्याद्धस्ते ग्रन्थौ च बन्धयेत्। गुग्गुलं निम्बसिद्धार्थदूर्वागोरोचनादिकम् ॥ सम्पूज्य भानुविघ्नेशौ महर्षिं प्रार्थयेदिदम्। चिरञ्जीवी यथा त्वं भो भविष्यामि तथा मुने ॥

कृत्यचिन्तामणि में कहा कि—गुड, दूध तथा तिलों को दे और हाथ में ग्रन्थिका बन्धन करे। गुग्गुल, निम्ब, पीलीसरसों, दूर्वा, गोरोचन आदि से सूर्य तथा गणेश की पूजाकर यों महर्षि की प्रार्थना करें कि—हे मुने, जैसे आप चिरजीवी हैं वैसे ही मैं भी हो जाऊँ।

रूपवान् वित्तवांश्चैव श्रिया युक्तश्च सर्वदा। मार्कण्डेय नमस्तेऽस्तु सप्तकल्पान्तजीवन ॥

रूप, धन, लक्ष्मी से सर्वदा युक्त रहें। हेमार्कण्डेय, हे सप्तकल्पान्तजीवन, आप को नमस्कार है।

आयुरारोग्यसिद्ध्यर्थं प्रसीद भगवन् मुने। चिरञ्जीवी यथा त्वं तु मुनीनां प्रवर द्विज ॥ कुरुष्व मुनिशार्दूल तथा मां चिरजीविनम्। मार्कण्डेय महाभाग सप्तकल्पान्तजीवन ॥ (आयुरारोग्यसिद्ध्यर्थमस्माकं वरदो भव।) सतिलं गुडसंमिश्रमञ्जल्यर्द्धमितं पयः। मार्कण्डेयाद्वरं लब्ध्वा पिबाम्यायुर्विवृद्धये ॥ इति पयः पिबेत्।

हे भगवन्, हे मुने, आयु तथा आरोग्यता की सिद्धि के लिये प्रसन्न हों। मुनियों में श्रेष्ठ द्विज, जैसे आप चिरञ्जीवी हैं वैसे ही मुझको चिरकाल तक जीवनयुक्त हे मुनिशार्दूल, करो। हेमार्कण्डेय, हेमहाभाग, हे सप्तकल्पान्तजीवन, तिल और गुड से मिश्रित आधी अञ्जलिपरिमित दूधको मार्कण्डेयसे वर प्राप्तकर आयुकी वृद्धि के लिए पीता हूँ। इससे दूधको पान करे।

तिथितत्त्वे स्कान्दे—खण्डनं नखकेशानां मैथुनाध्वगमौ तथा।
आमिषं कलहं हिंसां वर्षवृद्धौ विवर्जयेत् ॥

तिथितत्त्व में स्कन्दपुराण का वचन है कि—नख तथा केशों का काटना, मैथुन करना, मार्ग में चलना, मांस खाना, कलह और हिंसा करना ये वर्ष वृद्धि (वर्ष गांठवाले दिन) में न करे।

तत्रैव दीपिकायाम्—कृतान्तकुजयोर्वारे यस्य जन्मतिथिर्भवेत्। अनृक्षयोगसंप्राप्तौ विघ्नस्तस्य पदे पदे ॥ (कृतान्तः=शनिः।) तस्य सर्वौषधिस्नानं गुरुदेवाग्निपूजनम् ॥

वहीं पर दीपिका में कहा है कि—शनिवार और मंगलवार को जिसकी जन्मतिथि हो तथा उत्तम-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नक्षत्र एवं योग की उत्तम प्राप्ति न हो उसको पद पदपर विघ्न होता है। कृतान्त माने=शनि। उसके लिए सर्वौषधि[1] से स्नान करे गुरु, देवता तथा अग्निका पूजन करे।

वृद्धमनुः—मृते जन्मनि संक्रान्तौ श्राद्धे जन्मदिने तथा।

अस्पृश्यस्पर्शने चैव न स्नायादुष्णवारिणा॥ अत्र जन्मतिथिरौदयिकी ग्राह्या।

वृद्धमनुने कहा है कि—मृत्युमें, जन्मदिनमें, संक्रान्ति में, श्राद्धमें, जन्मदिन में और अस्पृश्य के स्पर्श में गरम जल से स्नान नहीं ही करना चाहिये। यहाँपर जन्मतिथिमें उदयकाल की तिथि ग्रहण करना चाहिये।

युगाद्या वर्षवृद्धिश्च सप्तमी पार्वतीप्रिया। रवेरुदयमीक्षन्ते न तत्र तिथियुग्मता। इति कृत्यतत्त्वार्णवे वचनात्। विशेषो मत्कृतशूद्रधर्मे ज्ञेयः।

कृत्यतत्त्वार्णव में वचन है कि—युगादि और वर्ष की वृद्धि तथा पार्वती की प्रिय सप्तमीतिथि ये सूर्योदयकी ग्रहण करे। इनमें दो तिथियों की युग्मता नहीं माननी चाहिये। विशेष तो मेरे बनाये हुए शूद्रधर्म में जानना चाहिये।

(अथ कटिसूत्रकथनम्)

अथ कटिसूत्रम्। प्रयोगपारिजाते ब्राह्मे—प्रतिसंवत्सरान्तर्क्षे वक्ष्ये नृणां विधिं परम्। दत्त्वा गोभूहिरण्यादि तथा स्वर्णादिनिर्मितम्॥ बध्नीयात्कटिसूत्रं च वासः संगृह्य नूतनम्। दूर्वाऽङ्कुरैरथाज्येन चरुणा च पिनाकिनम्॥ आयुष्यहोमं कृत्वा च तर्पयेत्पितृदेवताः॥

अब कटिसूत्रको[2] कहते हैं। प्रयोगपारिजात में ब्रह्मपुराण का मत है कि—हरसाल के अन्त नक्षत्रमें मनुष्यों की उत्तम विधिको कहता हूँ। गो, भूमि, सुवर्ण आदिको देकर सोने आदि द्वारा निर्मित कटिसूत्रको बाँधे। नयावस्त्र धारण कर दूर्वांकुरों से, घृत से या चरुसे पिनाकी (शंकर) के लिए आयु की वृद्धि के लिये हवन कर पितृदेवताओं का तर्पण करे। अर्थात्—पितृदेवोंको तृप्त करे।

(अथ चौलविचारः)

अथ चौलम्। प्रयोगपारिजाते षड्गुरुशिष्यः—जाताधिकाराज्जन्मादितृतीयेऽब्दे तु चौलकम्। आद्येऽब्दे कुर्वते केचित्पञ्चमेऽब्दे द्वितीयके॥ उपनीत्या सहैवेति विकल्पाः कुलधर्मतः।

अब चौलकर्म कहते हैं। प्रयोगपारिजात में षड्गुरुशिष्य का वचन है कि—उत्पन्नहोने के अधिकार से जन्म से तीसरे साल मुण्डन होता है। कोई पहले साल, पाँचवे साल या दूसरे साल चूडाकरण मानते हैं या उपनयन के साथ करे। ये विकल्प कुलधर्म से (पहला, दूसरा, तीसरा, पाँचवा और सातवा वर्ष कुलधर्म से इसका काल है। ये सब समय जन्म से मुख्य होता है। गर्भ से गौण माना जाता है। इस-कार्य में शुक्लपक्ष मुख्य है और कृष्णपक्ष का अन्तिम त्रिभागके बिना गौण है तथा गुरु, शुक्र, बाल-बार्धक्य अस्त होनेपर और मलमास वर्जित है।) विकल्प है।

बृहस्पतिः—तृतीयेऽब्दे शिशोर्गर्भाज्जन्मतो वा विशेषतः।

पञ्चमे सप्तमे वापि स्त्रियाः पुंसोऽपि वा समम्॥

बृहस्पति ने कहा है कि—तीसरे साल या विशेषकर जन्मसे, पाँच या सातवें साल बराबर कन्या या बालक का चूडाकरण करे।

तत्रैव नारदः—जन्मतस्तु तृतीयेऽब्दे श्रेष्ठमिच्छन्ति पण्डिताः। पञ्चमे सप्तमे वापि जन्मतो मध्यमं भवेत्॥ अधमं गर्भतः स्यात्तु नवमैकादशेऽपि वा॥ इति।

१—छन्दोगपरिशिष्टे—कुष्टं मांसी हरिद्रे द्वे मुरा शैलेयचन्दने। वचाचम्पकमुस्ताश्च सर्वौषध्यो दश स्मृताः॥ अपरार्के—बला च शंखपुष्पी च कुष्टं चैव वचा तथा। नागकेशरचूर्णं च सर्वौषधिगणो मतः॥ महार्णवे—मुरा मांसी वचा कुष्टं शैलेयं रजनीद्वयम्। सटी चम्पकमुस्ता च सर्वौषधिगणो मतः॥

२—खट्वारोहण, दुग्धपान, कर्णवेध, निष्क्रमण, जीविकापरीक्षा, उपवेशन, वराह आदिपूजा, अन्नप्राशन, अब्द-पूर्तिकार्य और कटिसूत्रादिकी विस्तृत प्रक्रिया मयूख, कौस्तुभ और प्रयोगपारिजात आदि में हैं। वहाँ पर देखें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वहींपर नारदने कहा है कि—पण्डितों ने जन्म से तीसरे साल उत्तम कहा है। जन्मसे पाँचवे या सातवें साल मध्यम होता है। गर्भ से तो नवें या ग्यारहवें साल अधम होता है।

पारिजाते बृहस्पतिः—उत्तरायणगे सूर्ये विशेषात्सौम्यगोलके। शुक्लपक्षे शुभं प्रोक्तं कृष्णपक्षे शुभेतरत् ॥ अशुभोन्त्यत्रिभागः स्यात्कृष्णपक्षे त्रिधाकृते ॥

पारिजातमें बृहस्पति ने कहा है कि—उत्तरायण के सूर्य में विशेषकर सौम्यगोल का हो तो शुक्लपक्ष में शुभ कहा है तथा कृष्णपक्ष में शुभ से इतर अर्थात् अशुभ होता है। कृष्णपक्ष का तीन भाग करने पर अन्त्यका तीसरा भाग अशुभ होता है।

तत्रैव वसिष्ठः—द्वित्रिपञ्चमसप्तम्यामेकादश्यां तथैव च।
दशम्यां च त्रयोदश्यां कार्यं क्षौरं विजानता ॥

वहींपर वसिष्ठ ने कहा है कि—द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी, सप्तमी, एकादशी, दशमी और त्रयोदशी में जानकार व्यक्ति क्षौर करे।

नृसिंहीये—षष्ठयष्टमी चतुर्थी च नवमी च चतुर्दशी।
द्वादशी दर्शपूर्णे द्वे प्रतिपच्चैव निन्दिताः ॥

नृसिंहीय में कहा है कि—षष्ठी, अष्टमी, चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी, द्वादशी, अमावास्या, पूर्णिमा और प्रतिपदा ये निन्दित हैं।

वसिष्ठः—रवेरङ्गारकस्यैव सूर्यपुत्रस्य चैव हि।
निन्दिता दिवसा क्षौरे शेषाः कार्यकराः शुभाः ॥

वसिष्ठ ने कहा है कि—सूर्य, मंगल तथा शनिवार के दिन क्षौरकर्म निन्दित है तथा शेष दिन क्षौर-कार्य में श्रेष्ठ हैं।

ज्योतिर्निबन्धे बृहस्पतिः—पापग्रहाणां वारादौ विप्राणां शुभदं रवेः।
क्षत्रियाणां क्षमासूनोर्विट्शूद्राणां शनौ शुभम् ॥

ज्योतिर्निबन्ध में बृहस्पति ने कहा है कि—पाप ग्रहोंके (यहाँ निर्धारण में षष्ठी विभक्ति है) वार के आदिमें ब्राह्मणों को (रविवार में), क्षत्रियों को मंगलवार को, वैश्य और शूद्रोंको शनिवार में शुभ है।

हस्ताश्विविष्णुपौष्णाश्च श्रविष्ठादित्यपुष्यभम्। सौम्यचित्रे नवक्षौरे उत्तमा नव तारकाः ॥

हस्त, अश्विनी, श्रवण, रेवती, धनिष्ठा, पुष्य, पुनर्वसु, मृगशिरा तथा चित्रा ये नौ नक्षत्र नूतन क्षौर में शुभ हैं।

त्रीण्युत्तराणि वायव्यं रोहिणीं वारुणं तथा। क्षौरे षण्मध्यमाः प्रोक्ताः शेषा द्वादश गर्हिताः ॥

तीनों उत्तरा, स्वाती, रोहिणी तथा शतभिषा ये क्षौरकर्म में छः मध्यम हैं। शेष बारह निन्दित है।

निधने जन्मनक्षत्रे वैनाशे चन्द्रमेऽष्टमे। विपत्करे वधे क्षौरं प्रत्यरे च विवर्जयेत् ॥

जन्मनक्षत्र में क्षौर करने पर मृत्यु, चन्द्रमा के अष्टम होने से विनाश, विपत् तीसरा तारा, प्रत्यरि, पांचवा तारा वध ये तीनों तारा क्षौर कर्म में निन्दित हैं।

अथ लग्नशुद्धिरन्ये च योगा ज्योतिर्विद्भ्यो ज्ञेयाः। अन्ये च विशेषाः श्मश्रुकर्मनिर्णये वक्ष्यन्ते।

इसकेबाद लग्नशुद्धि और अन्य योग ज्योतिष के जानकारों से जानना चाहिये और अन्यविशेष बात हम श्मश्रुकर्म के निर्णय में कहेगें।

एतच्च शिशोर्मातरि गर्भिण्यां न कार्यम्। तदाह ज्योतिर्निबन्धे मदनरत्ने च वृद्धगार्ग्यः—
पुत्रचूडाकृतौ माता यदि सा गर्भिणी भवेत्। शस्त्रेण मृत्युमाप्नोति तस्मात् क्षौरं विवर्जयेत् ॥

और यह बालक की माता के गर्भिणी होनेपर न करे। उसी बात को ज्योतिर्निबन्ध में तथा मदनरत्न

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

में वृद्धगार्ग्य ने कहा है कि पुत्र के चूडाकर्म करने के समय पर यदि माता (पुत्रकी माता सपत्न माता गर्भवती हो तो दोष नहीं होता है। (भिन्नभार्यासुतस्येह न दोषश्चौलकर्मणि।) गर्भिणी हो तो बालक की शस्त्र से मृत्यु होती है। इसलिए चौरकर्म न करे।

अस्यापवादमाह तत्रैव नारदः—सूनोर्मातरि गर्भिण्यां चूडाकर्म न कारयेत्। पञ्चाब्दात्प्रागथोर्ध्वं तु गर्भिण्यामपि कारयेत्॥ यदि गर्भविपत्तिः स्याच्छिशोर्वा मरणं यदि। सहोपनीत्या कुर्याच्चेत्तदा दोषो न विद्यते॥

वहींपर इसका अपवाद नारदने कहा है कि—बालक की माता के गर्भवती होनेपर पाँच साल के पहले चूडाकर्म न करावे और पाँचवर्ष के ऊपर गर्भिणी हो तो चूडाकर्म करालेवे। यदि गर्भ में विपत्ति हो जाय या बालक का मरण हो तो उपनयन के साथ चूडाकर्मसंस्कार को करने से दोष नहीं होता है।

बृहस्पतिः—गर्भिण्यां मातरि शिशोः चौरकर्म न कारयेत्। व्रताभिषेकेऽप्येवं स्यात् कालो वेदव्रतेष्वपि॥ अभिषेकः=समावर्तनम्।

बृहस्पति ने कहा है कि—बालक को माता के गर्भवती होने पर चौरकर्म नहीं कराना चाहिये। व्रत के अभिषेक में (अर्थात्—स्नान-समावर्तन में,) और वेदव्रतों में भी चौर न करावे।

गर्भिण्यामपि पञ्चमासपर्यन्तं न दोषः 'इत्युक्तं मुहूर्तदीपिकायां गार्ग्येण—पञ्चममासादूर्ध्वं मातुर्गर्भस्य जायते मृत्युः। इति।

गर्भिणी होनेपर भी पाँच महिने तक दोष नहीं हैं—यह मुहूर्तदीपिका में गर्गने कहा है कि—पाँच मास के ऊपर माता के गर्भ की मृत्यु हो जाती है।

मदनरत्ने बृहस्पतिः—पुत्रचूडाकृतौ माता गर्भिणी यदि सा भवेत्।
विपद्यते गुरुस्तत्र दम्पती शिशुरब्दतः॥

मदनरत्न में बृहस्पति ने कहा है कि—पुत्र के चूडाकर्म करने के समय पर यदि माता गर्भिणी हो जाय तो गुरु, पिता, माता तथा बालक एक साल में मर जाते हैं।

गर्भे मातुः कुमारस्य न कुर्याच्चौलकर्म तु। पञ्चमासादधः कुर्यादत ऊर्ध्वं न कारयेत्॥

माताके गर्भ रहनेपर पाँच महिने पहले कुमार का चौलकर्म करे उसके बाद न करे।

गर्गः—ज्वरस्योत्पादनं यस्य लग्नं तस्य न कारयेत्। दोषनिर्गमनात्पश्चात्स्वस्थो धर्मं समाचरेत्॥ लग्नमिति मङ्गलोपलक्षणम्।

गर्ग ने कहा है कि—जिसको ज्वर का उत्पादन (अर्थात् बुखार आ जाय) हो जाय उसका लग्न (मङ्गलकार्य) न करावे। दोषके निकल जाने बाद पीछे स्वस्थ होने पर धर्म का आचरण करे। लग्न मङ्गल का उपलक्षण है।

ज्योतिर्गर्गः—विवाहोत्सवयज्ञेषु माता यदि रजस्वला।
तदा स मृत्युमाप्नोति पञ्चमं दिवसं विना॥

ज्योतिर्गर्गने कहा है कि—यदि माता विवाह, उत्सव और यज्ञ में रजस्वला हो जाय तो पाँचवें दिन के बिना वह मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। अर्थात्—चारदिन के भीतर रजस्वला होनेपर विवाह, उत्सव और यज्ञ को न प्रारंभ करे।

वसिष्ठः—यस्य माङ्गलिकं कार्यं तस्य माता रजस्वला। अर्धं तदेव॥

वसिष्ठ ने कहा है कि—जिस (जिस लड़के और लड़की की) का मांगलिक कार्य हो उसकी माता रजस्वला हो तो तब पांचवें दिन के बिना वह मृत्यु को प्राप्त होता है।

तत्रैव बृहस्पतिः—प्राप्तमभ्युदयश्राद्धं पुत्रसंस्कारकर्मणि। पत्नी रजस्वला चेत्स्यान्न कुर्यात्तत्पिता तदा॥ पितेति कर्तृमात्रोपलक्षणम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वहींपर बृहस्पतिने कहा है कि--पुत्रके संस्कारकर्म में आभ्युदयिकश्राद्ध प्राप्त होनेपर पत्नी (अर्थात्-पुत्रकी माता) रजस्वला हो जाय तो तब उसका पिता उस श्राद्ध को न करे। पिता शब्दसे कर्ता मात्र का उपलक्षण है।

सङ्कटे तु वाक्यसारे उक्तम्--अलाभे सुमुहूर्तस्य रजोदोषे ह्युपस्थिते।
श्रियं सम्पूज्य विधिवत्ततो मङ्गलमाचरेत् ॥

संकट (अन्य मुहूर्त के अभाव में नान्दीश्राद्ध के बाद चौलप्रयोग को असमाप्तिके पूर्व) में तो वाक्यसार (चतुर्थदिन में भी) में कहा है कि—अच्छे मुहूर्त के अलाभ में मासिकधर्म हो जाय तो विधिवत् लक्ष्मी का पूजनकर मङ्गलकार्य को करे।

एतच्च मण्डनोत्तरं न कार्यम्। न मण्डनाच्चापि हि मुण्डनं च गोत्रेकतायां यदि नाब्दभेदः। इति मदनरत्ने वसिष्ठोक्तेः।

इसको मण्डन (विवाह) के बाद नहीं करे। क्योंकि मदनरत्न में वसिष्ठ ने कहा है कि--एकगोत्र में वर्ष के भेद न होनेपर अर्थात् एकसाल में मण्डन (विवाह) के बाद मुण्डन न करे। अर्थात्—अब्दभेद में तो दोष नहीं होता है।

तत्रैव कात्यायनः--कुले ऋतुत्रयादर्वाङ् मण्डनान्न तु मुण्डनम्।
प्रवेशान्निर्गमो नेष्टो न कुर्यान्मङ्गलत्रयम् ॥

वहींपर कात्यायनने कहा है कि—कुल (तीनपीढी) में तीन ऋतुके पहले मण्डन से मुण्डन नहीं होता है प्रवेश के बाद निर्गम (निकलना) और मङ्गलत्रय न करे।

तथा वृद्धमनुः--एकमातृजयोरेकवत्सरे पुरुषस्त्रियोः।
न समानक्रियां कुर्यान्मातृभेदे विधीयते ॥

और वृद्धमनुने कहा है कि—एक माता से उत्पन्न हुए लड़के और लड़की का एकसालमें समान क्रिया न करे। किन्तु माताके भेदसे (अर्थात्—अलग अलग मां हो तो) करे।

आशौचे तु सङ्ग्रहे—सङ्कटे समनुप्राप्ते सूतके समुपागते। कूष्माण्डीभिर्घृतं हुत्वा गां च दद्यात्पयस्विनीम् ॥ चूडोपनयनोद्वाहप्रतिष्ठादिकमाचरेत्। इति।

आशौच में तो संग्रह ने कहा है कि—आपत्ति के समय तथा सूतक (जननाशौच या मरणाशौच) के आजाने पर [1]कूष्माण्डसंज्ञक मन्त्रों से हवनकर दूधवाली गौ का दान करे। तदनन्तर चूडाकर्म, उपनयन, विवाह, तथा देवताओं की प्रतिष्ठा आदि को करे।

ज्योतिर्निबन्धे—षष्ठेऽब्दे षोडशे वर्षे विवाहाब्दे तथैव च। अन्तर्वत्न्यां च जायायां नेष्यते मुण्डनं क्वचित् ॥ अन्योऽपि विशेषो विवाहप्रकरणे वक्ष्यते।

ज्योतिर्निबन्ध में कहा है कि—छठे वर्षमें, सोलहवे वर्षमें या विवाह के साल में स्त्रीके गर्भिणी होनेपर मुण्डनसंस्कार न करे। अन्य विशेष तो विवाहप्रकरण में कहेंगे।

दीपिकायां—न चूडा जन्मभाग्नेय दारुणेषु शनौ कुजे।
प्रतिपद्भद्ररिक्तासु विद्यारम्भस्तु पञ्चमे ॥

दीपिका में कहा कि—जन्मनक्षत्र, कृत्तिका और दारुणसंज्ञकनक्षत्रों में (मूल, ज्येष्ठा, आश्लेपा और आर्द्रा), शनिवार, मङ्गलवार, प्रतिपदा, भद्रा तथा रिक्ता में चूडाकर्म न करे। विद्या का प्रारंभ तो पांचवें साल में करे।

१—यद्देवा देवहेडनं देवासश्च कृमा वयम् ॥ अग्निर्मातस्मादेनसो विश्वान् मुञ्चत्वंᳬहसः ॥ यदिदिवा यदिनक्तमेनाᳬंसि चकृमा वयम् ॥ वायुर्मा तस्मादेनसो विश्वान् मुञ्चत्वंᳬहसः ॥ यदिजाग्रद्यदिस्वप्नऽएनाᳬंसि च कृमा वयम्। सूर्यो मातस्मादेनसो विश्वान्मुञ्चत्वंᳬहसः ॥ (यजु अ० २० म० १४–१६)। और तैत्तरीयारण्यक द्वितीय प्रपाठक में—'यद्देवा' से कूष्माण्डसंज्ञक बहुत मन्त्र हैं। वहाँ से देखना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ईशानकोण

पूर्व

अग्निकोण

(विष्णुपञ्चायतन)

शिव



गणेश

उत्तर

दक्षिण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दुर्गा

सूर्य



वायव्यकोण पश्चिम नैर्ऋत्यकोण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रयोगरत्ने—मध्ये शिरसि चूडा स्याद्वसिष्ठानां तु दक्षिणे।
उभयोः पार्श्वयोरत्रिकश्यपानां शिखा मता। माधवीयेऽप्येवम् ॥

प्रयोगरत्न में कहा है कि—वसिष्ठगोत्रियों का चूड़ा (शिखा) शिर के मध्यवाली शिखा को (उपनयन में कटवाना नहीं चाहिये) दक्षिणमें, अत्रि और कश्यपगोत्रियों की शिखा दोनों पार्श्वों में (अगल-बगल) शिखा होती है। माधव ने भी यही कहा है।

आपस्तम्बस्त्वाह—'तूष्णीं केशान्विनीय यथर्षि शिखा निदधाति' यथर्षि प्रवरसंख्यया। तासां मध्यशिखावर्जमुपनयने वपनं कार्यम्, प्रतिदिशं प्रवपति—इत्युपनयने तेनैवोक्तेः। रिक्तो वा एषोऽनपिहितो यन्मुण्डस्तस्मै तदपिधानं यच्छिखा—इति श्रुतेः, विशिखो व्युपवीतश्च यत्करोति न सत्कृतम्। इति निषेधाच्च। सत्रे तु—वचनात्सशिखं वपनम् इति सुदर्शनभाष्ये उक्तम्। यत्तु—'कुमारा विशिखा इव' इति लिङ्गं, तच्छन्दोगपरम्।

आपस्तम्बने तो कहा है कि—चुपचाप होकर केशों (बालों) को कटवा कर ऋषियों के प्रवरसंख्या से शिखा का स्थापन करे। उनके (उन शिखाओं के) मध्यवाली शिखा को छोड़कर उपनयनमें वपन (कटवा) करना चाहिये। उन्होंने उपनयनमें कहा है कि—शिखा को छोड़कर चारों तरफ वपन करावे। श्रुतिमें कहा है कि—जिसकी शिखा रिक्त है या ढकी नहीं है जिसको मुण्ड कहते हैं उसके लिए शिखाको और यज्ञोपवीत के बिना जो कुछकर्म करता है, वह नहीं करने के बराबर है। इससे निषेध है। सत्रयाग में तो वचन बल से शिखा के सहित वपन होता है। यह सुदर्शन भाष्य में कहा है। जो यह कहा कि—शिखाहीन कुमारों के सदृश है—ऐसा लिंग है। वह सामवेदिशाखावालों के लिए है।

अपरार्के मदनरत्ने च लौगाक्षिः—दक्षिणतः कमुञ्जा वसिष्ठानामुभयतोऽत्रिकश्यपानां मुण्डा भृगवः पञ्चचूडा आङ्गिरसो वाजिमेके मङ्गलार्थं शिखिनोऽन्ये यथाकुलधर्मं वा' इति। कमुञ्जा= शिखा। वाजिः=केशपङ्क्तिः।

अपरार्क और मदनरत्न में लौगाक्षि ने कहा है कि—वसिष्ठ गोत्रियों की शिखा दक्षिण के तरफ होती है। अत्रि और कश्यपगोत्रियों की शिखा दोनों तरफ होती है। भृगुगोत्री मुण्ड रहते हैं। आङ्गिरस गोत्री पांचशिखा वाले होते हैं। कोई लोग केशों की पंक्ति मङ्गलके लिए रखते हैं। अन्य तो अपने कुलधर्मानुसार शिखा रहते हैं। कमुञ्जमाने=शिखा और वाजी माने=केश पंक्ति।

स्मृतिदर्पणे—एका शिखा दक्षिणतो वसिष्ठगोत्रस्य पञ्चाङ्गिरसो भृगोऽस्तु। नैका शिखा कश्यपगोत्रजानां शिखोभयत्रापि यथाकुलं वा ॥ एतच्छूद्रातिरिक्तविषयम्। शूद्रस्यानियताः केश वेशाः—इति वसिष्ठोक्तेः।

स्मृतिदर्पण में कहा है कि—वसिष्ठगोत्रकी एक शिखा दक्षिणतरफ रहती है। आंगिरसगोत्रकी शिखा पांच होती हैं। कश्यपगोत्रमें उपन्न होनेवालों की एक शिखा नहीं होती है। दोनों तरफ या कुलाचार के अनुसार होती है। यह शूद्र के अतिरिक्त विषयमें है। वसिष्ठ ने कहा है कि—शूद्रको केशवेश का नियम नहीं है।

यत्तु पाद्मे—न शिखी नोपवीती स्यान्नोच्चरेत् संस्कृतां गिरम्। इति शूद्रमुपक्रम्योक्तम्। तदसच्छूद्रस्येति केचित्। विकल्प इति तु युक्तम्। अत एव हारीतः—स्त्रीशूद्रौ तु शिखां छित्वा क्रोधाद्वैराग्यतोऽपि वा। प्राजापत्यं प्रकुर्यातां निष्कृतिर्नान्यथा भवेत् ॥ एतत्परिग्रहपक्षे। अत्र देशभेदाद्व्यवस्थेति दिक्।

जो पद्मपुराण में शूद्रको लेकर कहा कि—शिखा और यज्ञोपवीत को शूद्रधारण न करे तथा संस्कृतवाणी का उच्चारण न करें। किसी का मत है कि—यह असत् शूद्रके लिए है। कमलाकर ने कहा है कि—विकल्प मानना युक्त है। इसीलिए हारीत ने कहा है कि—स्त्री और शूद्र शिखा को क्रोध या

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वैराग्य से काटता है तो 'प्राजापत्यव्रत' को करें। अन्यथा यह परिग्रह (दान लेने के) पक्षमें है। यहाँ पर देशाचार से व्यवस्था करनी चाहिये। यही उत्तम मार्ग है।

ज्योतिर्निबन्धे—नर्मदोत्तरदेशे तु सिंहस्ते देवमन्त्रिणि।
शुभकर्म न कुर्वीत निषेधो नास्ति दक्षिणे॥

ज्योतिर्निबन्ध में कहा है कि—सिंह के देवमन्त्रिणि—बृहस्पति में नर्मदाके उत्तरदेशमें शुभकर्म न करे और दक्षिण में (यह) निषेध नहीं है।

(अथ मुण्डनसंस्कारादौ भोजने तथा स्त्रीणां संस्कारे क्रमविचारः)

अत्र (मुण्डनसंस्कारादौ भोजने विचारः) भोजने प्रायश्चित्तमुक्तं पराशरमाधवीये–निवृत्ते चूडहोमे तु प्राङ्नामकरणात्तथा। चरेत्सान्तपनं भुक्त्वा जातकर्मणि चैव हि॥ अतोऽन्येषु तु संस्कारेषूपवासेन शुद्धयति॥ एते संस्काराः स्त्रीणाममन्त्रकाः कार्याः। होमस्तु समन्त्रक इति प्रयोगपारिजाते। आश्वलायनोऽपि—होमकृत्यं तु पुवंत्स्यात्स्त्रीणां चूडाकृतावपि। इति।

यहाँपर भोजन करनेपर प्रायश्चित्त पराशरमाधवीय में कहा है कि—चूडाकरणहोम के बाद तथा नामकरण में और जातकर्म में भोजन करनेपर 'सान्तपन' प्रायश्चित्त करे। इनसे अन्यसंस्कार में भोजन करने पर उपवास करने से शुद्धि होती है। ये संस्कार स्त्रियों के लिए अमन्त्रक करने चाहिये। प्रयोग-पारिजातमें कहा है कि—हवन तो समन्त्रक होगा। आश्वलायन ने कहा है कि—पुरुषकी तरह स्त्रियों का चूडाकर्मसंस्कारमें भी होमकार्य होगा। अर्थात्—मन्त्र पढकर होम होगा।

मनुरपि—अमन्त्रिका तु कार्येयं स्त्रीणामावृदशेषतः। इति। होमोऽप्यमन्त्रक इत्येके। संस्काराः स्त्रीणामहोमकास्तूष्णीं स्युः' इति स्मृत्यर्थसारे। होमो नेति वृत्तिकृत्।

मनुने भी कहा है कि—स्त्रियोंका साराकाम अर्थात्–अनुष्ठानपद्धति अमन्त्रक होती है। किसी का मत है कि—होम भी अमन्त्रक होता है। स्त्रियों के संस्कार होमको छोड़कर विना मन्त्र के (चुपचाप) होते हैं। यह स्मृत्यर्थसार में कहा है। वृत्तिकार का मत है कि—इसकार्य में होम नहीं होता है।

(अथ विद्यारम्भकथनम्)

अथ विद्यारम्भः। मदनरत्ने नृसिंहः—अक्षरस्वीकृतिं कुर्यात्प्राप्ते पञ्चमहायने।
उत्तरायणगे सूर्ये कुम्भमासं विवर्जयेत्॥

अब विद्यारंभ कहते हैं। मदनरत्नमें नृसिंह ने कहा कि–पाँचवें वर्ष के प्राप्त होनेपर कुंभकी संक्रान्ति को त्यागकर उत्तरायण के सूर्यमें अक्षरारंभ (प्राङ्मुखो गुरुरासीत वारुण्यभिमुखः शिशुः। अध्यापयीत प्रथमं ज्ञातिभिश्च सुपूजितः॥) करे।

दीपिकायाम्—वर्षे पर्जन्यके काले षष्ठीं रिक्तां शनिं कुजम्।
अनध्यायान्विना नत्वा देवं ग्रन्थकृतं गुरुम्॥

दीपिका में कहा है कि—वर्षाऋतु के समयमें, षष्ठी, रिक्ता, शनि, मङ्गल और अनध्याय तिथियों को छोड़कर देवता, ग्रन्थकर्ता तथा गुरुको नमस्कार कर विद्यारंभ करे।

श्रीधरः—हस्तादित्यसमीरमित्रपुरुजित्पौष्णाश्विचित्राच्युतेष्वाराक्यंशूदिनोदयादिरहिते राशौ स्थिरे चोभये।
पक्षे पूर्णनिशाकरे प्रतिपदं रिक्तां विहायाष्टमीं षष्ठीमष्टमशुद्धभाजि भवने प्रोक्ताक्षरे स्वीकृतिः॥

श्रीधर ने कहा है कि—हस्त, पुनर्वसु, स्वाती, अनुराधा, ज्येष्ठा, रेवती, अश्विनी, चित्रा और श्रवण इन नक्षत्रों में मङ्गल तथा शनि इनका अंश, (नवांश), दिन, लग्न, आदि से रहित काल में स्थिर और द्विःस्वभाव लग्नमें, शुक्लपक्ष में प्रतिपदा, रिक्ता, अष्टमी, और षष्ठी, तिथियों को छोड़कर शेष तिथियों में अष्टम से शुद्ध लग्न में अक्षरारंभ शुभ होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विष्णुधर्मोत्तरे—पूजयित्वा हरिं लक्ष्मीं तथा देवीं सरस्वतीम् । स्वविद्यां (स्ववेदं) सूत्रकारांश्च स्वां विद्यां च विशेषतः ॥ एतेषामेव देवानां नाम्ना तु जुहुयाद् घृतम् । दक्षिणाभिर्द्विजेन्द्राणां कर्तव्यं चात्र पूजनम् ॥ इति ।

विष्णुधर्मोत्तर में कहा कि—हरि, लक्ष्मी तथा सरस्वती देवी का पूजन कर अपने वेद और सूत्रकार इनके अनुसार विशेष पूजनकर इन्हीं नामोंसे घृतसे हवनकर ब्राह्मणों का दक्षिणा से पूजन करे।

(अथ धनुर्विद्याविचारः)

अथ धनुर्विद्या । दीपिकायाम्—अदितिगुरुयमार्कस्वातिचित्राग्निपित्र्यध्रुवहरिवसुमूलेष्विन्दुभागान्त्यभेषु । शनिशशिबुधवारे विष्णुबोधे विपौषे सुसमयतिथियोगे चापविद्याप्रदानम् ॥

अब धनुर्विद्या कहते हैं। कि—दीपिका में कहा है। पुनर्वसु, पुष्य, भरणी, हस्त, स्वाती, चित्रा, कृत्तिका, मघा, ध्रुवगण (तीनों उत्तरा रोहिणी) का नक्षत्र, श्रवण, धनिष्ठा और मूल इन नक्षत्रों में, रेवती के अन्तिम चरण में, शनि, सोम तथा बुधवार को भगवान् के जागनेपर पौषमास को छोड़कर शेष महिनों में शुभसमय तथा शुभतिथियों में धनुर्विद्यारंभ शुभ होता है।

(अनुपनीतस्य विशेषकथनम्)

अथानुपनीतस्य विशेष गौतमः—'प्रागुपनयनात्कामचारवादभक्षाः' इति ।
भक्षणं लशुनादेरपीति हरदत्तः ।

अब अनुपनीत बालक के विशेष नियम कहते हैं कि—गौतम ने कहा है कि—उपनयन के पहले कामचार, कामवाद और कामभक्ष हैं। भक्षण का अर्थ—लशुन आदि भी है—यह हरदत्त ने कहा है।

अपरार्के वृद्धशातातपः—शिशोरभ्युक्षणं प्रोक्तं बालस्याचमनं स्मृतम् ।
रजस्वलादिसंस्पर्शे स्नानमेव कुमारके ॥

अपरार्क में वृद्धशातातप ने कहा है कि—शिशुको अभ्युक्षण, बालकको आचमन और कुमार को रजस्वला आदि के स्पर्श में स्नान ही कहा है।

प्राक् चूडाकरणाद्बालः प्रागन्नप्राशनाच्छिशुः । कुमारकस्तु विज्ञेयो यावन्मौञ्जीनिबन्धनम् ॥

चूडाकरण के पूर्व बालक, अन्नप्राशन के पूर्व शिशु और यज्ञोपवीत (अर्थात्—मौञ्जीबन्धनकाल तक) से पहले कुमारसंज्ञा होता है।

आपस्तम्बोऽपि—'अन्नप्राशनात्प्रयतो भवत्यासंवत्सरादित्येके' इति ।

आपस्तंब ने भी कहा है कि-अन्नप्राशन से निरन्तर या संवत्सर से पवित्र होता है-यह एक का मत है।

गौतमोऽपि—न तदुपस्पर्शनादाशौचम् । तस्यानुपनीतस्य चाण्डालादिस्पृष्टस्यापि स्पर्शान्न स्नानम् । इदं च षड्वर्षात्प्राक् ऊर्ध्वं तु स्नानं भवत्येव ।

गौतम ने भी कहा है कि—उसके स्पर्श से आशौच नहीं होता है। अनुपनीत बालक का चाण्डाल आदि द्वारा स्पर्श होने पर भी स्पर्श से स्नान का विधान नहीं है। यह छ वर्ष के पहले हैं। इसके बाद स्नान होता ही है।

बालस्य पञ्चमाद्वर्षाद्रक्षार्थं शौचमाचरेत् । इति स्मृतेः । कामचारादिकेप्येवम् ।

स्मृति में कहा है कि—पांच वर्ष तक बालककी रक्षा के लिए पवित्रता का आचरण करे। कामचार आदि में भी यही लशुन आदि का भक्षण भी छ वर्ष के पूर्व ही है। बाद में तो बालकको प्रायश्चित्त करना चाहिये वह पिता आदि को ही करना चाहिये।) है।

ऊनैकादशवर्षस्य पञ्चवर्षात्परस्य च । चरेद् गुरुः सुहृच्चैव प्रायश्चित्तं विशुद्धये ॥ अतो बालतरस्यास्य नापराधो न पातकम् । इति स्मृतेरिति हरदत्तः । स्मृत्यर्थसारेऽप्येवम् ।

पांच साल के बाद ग्यारह वर्ष में कुछ कम बालक की शुद्धि के लिए प्रायश्चित्त को गुरु आचार्य और मित्र करें। इसलिए छोटे इस बालक का न अपराध है न पातक है। यह स्मृति में लिखा है—यह हरदत्त कहते हैं। स्मृत्यर्थसार में भी यही है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(प्राचीन व्यवस्थाओं का संग्रह)

(स्वर्गीय-महामहोपाध्याय श्री पं० विद्याधर जी गौड द्वारा लिखित)

(शान्त्यनुष्ठानकालः)

शान्त्यनुष्ठानयोग्येषु मूलज्येष्ठाश्लेषाश्विन्येकनक्षत्रादिषु जातानां शान्त्यनुष्ठानकालः क इति विचारे संप्रवृत्ते शान्तेर्नैमित्तिकत्वात् निमित्तानन्तरमनुष्ठेयत्वमिति प्रतीयते तस्य च कालस्याशुचिग्रस्तत्वात् आशौचापगमानन्तरमेवानुष्ठानं प्राप्तम्। आशौचापगमश्च एकादशेऽहन्येव भवतीतिदहरेव जातेष्टिन्यायेन शान्त्यनुष्ठानं प्राप्तं वचनैरपेक्ष्येण। एवं चैकादशेऽहनि शान्तिविधायकं वचनमनुवाद इति मन्तव्यम्।

किञ्च-सर्वासां शान्तीनां नामधेयात्पूर्वमेवानुष्ठाननम्। 'दुष्टनक्षत्रजातानां शान्तिं कृत्वा विधानतः।

द्वादशैकादशे वाऽह्निनाम कुर्यात्ततः परम्॥ इत्यादिना विहितम्। नामधेयं चैकादशेऽहनि सर्वशाखासु विहितम्। अत आदौ शान्तिस्ततो नामकर्म। पारस्करगृह्यसूत्रपरिशिष्टे—'मूलनक्षत्रे मूलविधानं कुर्यात्' इति मूलनक्षत्ररूपःकाल उक्तः सोऽपि मुख्यःकालो भवतु तच्छाखिनां न तु सर्वेषाम्। यच्च—मुख्यकालं प्रवक्ष्यामि शान्तिहोमस्य यत्नतः। जातस्य द्वादशाहे तु जन्मर्क्षे च शुभे दिने॥ इत्यनेन प्रथमतो द्वादशाहो मुख्यकाल उक्तः स यस्य शाखिनो द्वादशाहे नामकरणविधिरुक्तस्तद्विषयः। अन्यथा सर्वत्रापि सामान्यतः शान्त्युत्तरनामधेये एकादशानुष्ठेयत्वस्य शान्त्युत्तरकालानुष्ठेयत्वस्य वा बाधापत्तेः तद्बाधे प्रमाणाभावात्।

हिरण्यकेशिगृह्यपरिशिष्टे—'अभुक्तमूलोत्पत्तावव्यवहितागामिमूलर्क्षे एकादशे द्वादशाहे वाऽन्यत्रे वा शुभनक्षत्रे गोमुखप्रसवशान्तिं विधाय मूलशान्तिमारभते' इत्युपक्रम्य 'एवं ज्येष्ठाश्लेषैकनक्षत्रजनने च शान्तिं मूलवत्कुर्यात्' इत्युपसंहारेणाऽपि-एकादशाहस्यापि मुख्यकालत्वमेवेति तत्रापि शान्तिः कर्तुं शक्यत इति।

(दत्तकविषये व्यवस्था)

अपुत्रस्य सन्तत्यविच्छेदार्थं स्वस्य पैतृकानृण्यसिध्यर्थञ्च सत्यां दत्तकविधानेन पुत्रजिघृक्षायां कीदृशो दत्तको ग्रहीतव्य इति विषये विचारपथं गते सति एतद्विषयकसर्वधर्मशास्त्रग्रन्थालोडनेन समासादितोऽयं निर्णयः—"माता पिता वा दद्यातां यमद्भिः पुत्रमापदि। सदृशं प्रीतिसंयुक्तं स ज्ञेयो दत्त्रिमः सुतः॥" "दद्यान्माता पिता यं वा स पुत्रो दत्तको भवेत्।" "ब्राह्मणानां सपिण्डेषु कर्तव्यः पुत्रसंग्रहः। तदाभावेऽसपिण्डो वाऽन्यत्र तु न कारयेत्॥" "अदूरबान्धवं बन्धुसन्निकृष्टमेव प्रतिगृह्णीयात्।" इत्यादिमनु-याज्ञवल्क्य-शौनक-वसिष्ठादिवचनात् सति सम्भवे बन्धुसन्निकृष्टस्य जातिकुलगुणादिभिः सदृशस्य मातापितृभ्यां प्रतिपूर्वकं दत्तस्य दत्तकहोमाद्यनुष्ठानपूर्वकं गृहीतस्य स्वसपिण्डसगोत्रस्य जातकर्मादिभिः संस्कृतस्य च पुत्रत्वं सिध्यतीत्यवगम्यते। तस्यैव च मुख्यं दत्तकत्वम्। अन्येषान्तु गौणत्वमिति गम्यते। सगोत्रसपिण्डाभावे तु असगोत्रसपिण्डस्य दत्तकरूपेण ग्राह्यत्वम्, "ब्राह्मणानां सपिण्डेषु" इति शौनकवचने समानासमानगोत्रजसपिण्डमात्रवाचिपदप्रयोगात्। "तच्च सापिण्ड्यं द्विविधम्—एकपिण्डान्वयित्वेन एकशरीरान्वयित्वेन च। "अवश्यञ्चैकशरीरावयवान्वयेन सापिण्ड्यं वर्णनीयम्" इत्यादिना मिताक्षरादौ एकशरीरान्वयित्वरूपसापिण्ड्यस्याऽपि अवश्याभ्युपगमात्। एवञ्चैकपिण्डान्वयिपुरुषालाभे एकशरीरान्वयिरूपसपिण्डस्यैव ग्रहणं कर्तव्यम्। न चैवं शङ्कनीयम्—एकशरीरान्वयिरूपसापिण्ड्यस्य विवाहमात्रविषयकत्वान्न दत्तकविषये प्रवृत्तिरिति। दत्तक्रीतादिपुत्राणां बीजवतुः सपिण्डता। पञ्चमी सप्तमी तद्वद् गोत्रं तत्पालकस्य च॥ इति बृहन्मनुवचनेन तस्य दत्तकविषयेऽप्यतिदेशदर्शनात्। अत एव च प्रतिग्राह्यपुत्रक्रमनिरूपणावसरे 'तत्राऽयं सपिण्डसगोत्रो मुख्यः, उभयथाऽपि प्रत्यासत्तेः। तदभावेऽसगोत्रः सपिण्डः, सापिण्ड्यप्रत्यासत्तेः' इति समानगोत्रः सपिण्डः। यद्यप्यसमानगोत्रः सपिण्डः समानगोत्रोऽसपिण्डश्चेत्युभावपि तुल्यकक्ष्यौ, एकैकविशेषणराहित्यादुभयोः, तथाऽपि गोत्रप्रवर्तकपुरुषात् सापिण्ड्यप्रवर्तकपुरुषस्य सन्निहितत्वेनाऽभ्यर्हितत्वम्। तेन च 'असमानगोत्रोऽपि सपिण्ड एव ग्राह्यो मातामहकुलीनः' इति च वीरमित्रोदयदत्तकमीमांसाकारौ कण्ठरवेणोचतुः। एवञ्च सगोत्रसपिण्डाभावे तदनन्तरमसगोत्रसपिण्डस्य स्वमातामहकुलीनस्यैव दत्तकविधाया ग्राह्यत्वं शास्त्रतः सिद्ध्यति। एवं "ज्येष्ठेन जातमात्रेण पुत्री भवति मानवः" इति मनुवचनानुमितं "न ज्येष्ठं पुत्रं दद्यात्" इति मिताक्षरीयं वचनम्, तद्दातारमेव स्पृशति न तु प्रतिग्रहीतारम्। अतश्च ज्येष्ठपुत्रदाननिषेधोल्लङ्घनेन तद्दाने दातुरेव दोषः, न प्रतिग्रहीतुः, न वा दत्तकत्वस्याऽसिद्धिः—इति दत्तकमीमांसा-मयूखकारादीनां मिताक्षराशयं वर्णयतामयमेव सिद्धान्तः। एवं "नैकपुत्रेण कर्तव्यं पुत्रदानं कदाचन" इत्येकपुत्रदाननिषेधपरे "बहुपुत्रेण कर्तव्यं पुत्रदानं विशेषतः" इति शौनकीये वाक्ये बहुपुत्रपदश्रवणमेकत्वसङ्ख्याधिकसङ्ख्याक-पुत्रवत्परं सदनुवादः। अन्यथा पूर्वोत्तरार्धयोः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पृथक्पृथग्विधिनिषेधाङ्गीकारे वाक्यभेदप्रसङ्गात् ग्रन्थान्तरविरोधाच्च। अत एव बालभट्ट्यां मतान्तरनिरासपूर्वकमयमेव पक्षः सिद्धान्तितः। तस्माद् द्विपुत्रेणाऽपि पुत्रदानकरणे न दोषः। एवञ्च सति श्रीकाशीमहाराजैः श्रीमदादित्यनारायणसिंहमहोदयैः पूज्यतमायाः स्वमातुराज्ञया यः स्वमातामहवृद्धप्रपौत्रः तन्मातापितृभ्यां प्रीतिपूर्वकं दत्तः दत्तकहोमाद्यनुष्ठानपूर्वकं ज्येष्ठपुत्रोऽसगोत्रसपिण्डो गृहीतः श्रीविभूतिनारायणसिंहमहोदयः, स शास्त्रीयया दृष्ट्या सर्वप्रकारेण दत्तकतामर्हत्येवेति।

(दत्तकस्य गयाश्राद्धादिविचारः)

गोत्ररिक्थे जनयितुर्न भजेद्दत्त्रिमः सुतः। गोत्ररिक्थानुगः पिण्डो व्यपैति ददतः स्वधा॥ (मनु० ९।१४२) इति वचनेन जनयितृपिण्डदानस्य दत्तकपुत्रेण अकर्तव्यतया ग्रहीतुरेव पितुः सांवत्सरिकगयाश्राद्धादीनां कर्तव्यताविधानात् "एष्टव्या बहवः पुत्रा यद्येकोऽपि गयां व्रजेत्" इत्यादि-अत्रिसंहितावचनेन गयाश्राद्धस्यावश्यकत्वात् "पिण्डोदकक्रियाहेतोर्नाम संकीर्तनाय च" इति वचनेन पिण्डदानार्थमेव दत्तकस्य ग्रहणाच्च जनयितृपितृसत्त्वेऽपि मृतग्रहीतृत्वपितृकस्य दत्तकस्य गयाश्राद्धादावधिकारः। शास्त्रदृष्ट्या जनयितुः पितुः पितृत्वमेव नास्ति, किन्तु लोकव्यवहारेण तत्र गौणमेव पितृत्वम्।

(चूडाकरणे शिखास्थापनविचारः)

वैदिकैः कर्मभिः पुण्यैर्निषेकादिर्द्विजन्मनाम्। कार्यः शरीरसंस्कारः पावनः प्रेत्य चेह च॥ गार्भैर्होमैर्जातकर्म-चौड-मौञ्जी-निबन्धनैः। बैजिकं गार्भिकं चैनो द्विजानामपमृज्यते॥ (मनु० २।२६-२७) इत्यादिवचनजातबलाद् द्विजानां स्वशरीरसंस्कारकं जातकर्मादि अवश्यमनुष्ठेयमित्यवगम्यते। तत्संस्कृत एव च पुरुषः कर्मण्यो भवति। तेषु च कर्मसु चूडाकरणमपि मुख्यं कर्म। यस्यानुष्ठानं प्रथमादिषु उपनयनकालान्तेषु अयुग्मवर्षेषु अनुष्ठेयतया गृह्यकाराः सर्वेऽपि कथयन्ति। इदं च चूडाकरणं शिखास्थापनार्थं द्विजातिभिरवश्यमनुष्ठेयं कर्म। अतश्चूडानिधानायैवेदं कर्म कर्तव्यता विहितम्। यतो हि "यथर्षि शिखां निदधाति, यथैवैषां कुलधर्मः स्यात्" (आप० गृ० सू० १।६।१५) "यथाकुलधर्मं केशवेषान् कारयेत्" (आश्व० गृ० सू० १।१६।१६) "यथामङ्गलं केशशेषकारणम्" (पा० गृ० सू० २।१।२१) इति भगवान् पारस्करः अन्येऽपि च सूत्रकाराः शिखानिधानमेव विदधति तत्तत्कुलधर्मानुसारेण। हरिहर-गदाधरादयोऽपि "केशानां शेषकरणं शिखास्थापनं यथाकुलाचारव्यवस्थापनम्", "केशानां शेषकरणं शिखारक्षणं स्थापनं कर्तव्यम्" इति स्व-स्वभाष्ये—"वपनं कुर्वन् केशशेषरक्षणं करोति", "यथामङ्गलं शिखास्थापनं नापितः करोति" इति पद्धतावपि शिखास्थापनं लिखन्ति, न सर्वमुण्डनम्। नात्र संशयितव्यं "यथामङ्गलं केशशेषकरणम्", "यथाकुलाचारव्यवस्थापनतिक्रम्य" इत्यादिभिः स्व-स्व-कुलाचारोऽप्यनुक्रान्तः। एवं च येषां कुले सर्वमुण्डनाचारोऽस्ति तैः स्वकुलाचारानुसारेण सर्वमुण्डनमेव कर्तव्यमितित्यप्यस्मादेव ग्रन्थात् प्रतीयत इति, यतः कुलाचारशब्दं त एव भाष्यकारा अग्रे विवृण्वन्ति। कुलाचारश्च बहुधा। तद्यथा लौगाक्षिः—"दक्षिणतः कम्बुजवसिष्ठानाम्, उभयतोऽत्रिकश्यपानाम्, मुण्डा भृगवः, पञ्च चूडा आङ्गिरसः, वाजसनेयिनामेका, मङ्गलार्थं शिखिनोऽन्ये" इति। अत्र च वचने येषां शाखिनां यो य आचारः स स्पष्टमुपात्तः। तत्र "मुण्डा भृगवः" इति भृगुगोत्राणामेव सर्वमुण्डनम्। अस्माकं तु वाजसनेयिनाम् "एका" इत्यनेन एकशिखानिधानमेव विहितम्। एवं तदुपात्तायां कारिकायामपि—कम्बुजानां वसिष्ठानां दक्षिणे कारयेच्छिखाम्। द्विभागेऽत्रिकश्यपानां मुण्डाश्च भृगवो मताः॥ पञ्च चूडा अङ्गिरस एका वाजसनेयिनाम्। मङ्गलार्थं शिखिनोऽन्य उक्तश्चूडाविधिः क्रमात्। इत्येकशिखानिधानमेव वाजसनेयिनां विहितम्। अतश्च यथाकुलाचारमित्यस्य शिखानिधानमेवास्माकं शास्त्रसम्मतमिति अस्मत्पूर्वाचार्याणां हरिहर-गदाधर-प्रभृतीनामभेद्यः सिद्धान्तो न तु सर्ववपनम्। इदं च शिखारक्षणम्—सदोपवीतिना भाव्यं सदा बद्धशिखेन च। विशिखो व्युपवीतश्च यत्करोति न तत्कृतम्॥ इति भृगुस्मृतिवचनबलादवश्यमेव कर्तव्यम्। शिखां विना अनुष्ठितानां कर्मणां वैफल्यबोधनात्। यद्यपि "गोत्रचिह्नं शिखाकर्म" इति वचनात् गोत्रचिह्नत्वं प्रतीयतेऽस्य, तथापि संस्कारगणमध्ये पाठात् अवश्यं कर्तव्यमेव। एवमवश्यकृतस्य शिखाकरणस्य गोत्रचिह्नत्वमपि भवत्यानुषङ्गिकं फलम्। अतएव कुमारिलपादा अपि—"गोत्रचिह्नं शिखाकर्म"। तत्राप्याचारनियमस्यादृष्टार्थत्वान्न तावन्मात्रमेव प्रयोजनम्। तेनान्य एवाभिप्रायः। कर्माङ्गभूतं तावच्चतुरवत्तपञ्चावत्ततादिविभागसिद्ध्यर्थमवश्यं स्मर्तव्यम्। अतश्च तच्चिह्नार्थमपि तावच्छिखाकल्पस्मृतेः प्रामाण्यमस्तु—इति गोत्रचिह्नत्वस्यानुषङ्गिकफलत्वमेवाभिप्रयन्ति तन्त्रवार्त्तिके, यथोपनयनमध्येऽवश्यकृतस्योपनयनधारणस्य त्रैवर्णिकत्वपरिचायकत्वम्। एवमिदं शिखाकर्म न केवलं स्मार्त्तम्, किन्तु श्रुतिप्रतिपाद्यमपि—"यशसे श्रियै शिखा" (शु० य० १९।९१) इत्यादिना शिखाधारणस्य श्री प्रभृतिश्रेयस्सम्पादकत्वकथनात्। 'यत्र बाणाः सम्पतन्ति कुमारा विशिखा इव' (शु० य० १७।४८।) इति श्रुतिरपि शिखासत्तामेव प्रतिपादयति कुमाराणाम्। न ह्यत्र विशिखपदस्य शिखारहितत्वमर्थः। पूर्वमीमांसायां (१।३) स्मृतिप्रामाण्याधिकरणे "शिखाकर्म कर्तव्यम्" इति स्मृतिवाक्यमुदाहृत्य तदुपष्टम्भकतयाऽस्य वाक्यस्य भगवता शबरस्वामिनोदाहरणात्। "विशिखा विविधशिखा विकीर्णशिखा वा" इत्येव व्याख्यातृभिर्व्याख्याकरणाच्च। एवं च सति ये नामेदानीं केचन वाजसनेयिनामस्माकं चौलकर्मणि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सर्ववपनं कुर्वन्ति कारयन्ति च तद् दृष्ट्वा केचिदिममशिष्टाचारं पद्धत्यादावपि आरोपयन्ति, तां च प्रमाणं मन्यमाना अनुष्ठापयन्ति च तत्सर्वं सूत्रकारविरुद्धं हरिहर-गदाधर-प्रभृतिभाष्यपद्धत्यादिककर्त्रस्मत्पूर्वाचार्यमतविरुद्धमस्मत्पितृ-पितामहाद्यनुष्ठितप्राचीनाचार-विरुद्धं च । लौगाक्षिवचने भृगूणां सर्वमुण्डनविधानाच्छन्दोगानां स्वगृह्ये तद्विधानाच्च तेषामुभयेषामेव चौले सशिखं सर्ववपनम् । इतरेषां सर्वेषामपि शिखाऽवश्यं निधापनीया । ये नाम स्वकुलानुरोधेन स्वकुलदेवतायै केशदानं प्रतिजानते कुर्वन्ति च तैरपि चूडाकरणात्पूर्वमेव तत्कर्तव्यम्, न ततः परम् । चूडाकरणे शिखाऽवश्यं रक्षणीया । तस्याश्च प्रायश्चित्तविशेषं विना कर्तनं लोपनं वा न कदापि कार्यम् । अतो यथाऽयं संस्कारो यथावदनुष्ठितो भवेत् यथा च प्राचीनां शास्त्रीयां रीतिमनुल्लङ्घ्य चूडाकरण एव शिखां निधाय तद्युता यावज्जीवं स्व-स्ववर्णोक्तानि कर्माणि अनुतिष्ठन्तस्तज्जनितं समग्रं फलं सर्वश्रेयोरूपं प्राप्नुयुर्धार्मिका जना इति । अतः सर्वान् सनातनधर्मावलम्बिनः सविनयं प्रार्थये यच्छास्त्रसम्मतिं स्वमनीषयाऽपि च युक्तायुक्तत्वं विचार्य यथोचितं कुर्युरिति ।

(चूडाकरणविषये विशेषविचारः)

एतेष्वैकैकलोपे तु पादकृच्छ्रं समाचरेत्। चूडायामर्द्धकृच्छ्रः स्यादापदि त्वेवमीरितम्॥ अनापदि तु सर्वत्र द्विगुणं द्विगुणं चरेत्॥

इनमें से एक एक कर्मका लोप हो गया हो तो पादकृच्छ्र करे। (अर्थात्—चूडाकरण को छोड़कर गर्भाधानादि संस्कारों का प्रमाद से त्याग किया हो तो प्रत्येकसंस्कार का पादकृच्छ्र प्रायश्चित्त करे) चूडाकरणसंस्कार के न करने पर अर्धकृच्छ्र करे। यह आपत्ति में कहा गया है। आपत्ति न होने पर सवत्र (अर्थात्—सब कर्मों के लोपमें) द्विगुण द्विगुण (अर्थात्—दूना दूना) प्रायश्चित्त करे।

पारिजाते कात्यायनः—लुप्ते कर्मणि सर्वत्र प्रायश्चित्तं विधीयते। प्रायश्चित्ते कृते पश्चाल्लुप्तं कर्म समाचरेत्॥ स्मृत्यर्थसारे चैवम्।

पारिजात में कात्यायनने कहा है कि—सब स्थलों में कर्म के लोप हो जाने पर प्रायश्चित्त का विधान किया है। प्रायश्चित्त करलेने बाद लोप हुए कर्म को करना चाहिये और स्मृत्यर्थसार भी यही है।

कारिकायां तु—प्रायश्चित्ते कृतेऽतीतं लुप्तं कर्म कृताकृतम्। इत्युक्तम्।

कारिका में तो कहा है कि—प्रायश्चित्त करनेबाद व्यतीत हुआ कर्म कृताकृत है—ऐसा कहा है।

प्रायश्चित्ते कृते पश्चादतीतमपि कर्म वै। कार्यमित्येक आचार्या नेत्यन्ये तु विपश्चितः॥ इति।

प्रायश्चित्त करने के बाद बीते हुए कर्म को करना चाहिये यह एक आचार्य का मत है। अन्य विद्वान् तो नहीं मानते हैं।

त्रिकाण्डमण्डने तु—कालातीतेषु कार्येषु प्राप्तवत्स्वपरेषु च। कालातीतानि कृत्वैव विदध्यादुत्तराणि तु इत्युक्तम्। तत्र सर्वेषां तन्त्रेण नान्दीश्राद्धं कुर्यात्, देशकालकर्त्रैक्यात्। गणशः क्रियमाणानां मातॄणां पूजनं सकृत्। सकृदेव भवेच्छ्राद्धमादौ न पृथगादिषु॥ इति।

त्रिकाण्डमण्डन में तो कहा है कि—कार्यों में समय के बीत जाने पर तथा दूसरे कर्मों की प्राप्ति हो जाय तो जो कर्म व्यतीत हो गये हैं उनको करके ही उत्तर (आनेवाले) कार्यों को करे। वहाँ पर तन्त्र से सबों का नान्दीश्राद्ध करे। क्योंकि—देश, काल और कर्ता एक है।

१—यद्यपि 'अप्रत्याख्यायिनमग्रे भिक्षेत' इस सूत्र में पुरुष की भिक्षा ही को प्राथम्यता दी है। फिर भी कात्यायन तथा अन्य वाक्यान्तरों से माता की भिक्षा को ही प्रथम में प्रधानता दी है। कहा है कि—जहाँ सूत्र की विशेष प्रवृत्ति न हो वहाँ स्त्री भिक्षा का प्राथम्य होता है। क्योंकि—वहाँ कोई विरोध नहीं है। यद्यपि 'भिक्षां भवान् ददातु अनुप्रवचनीय मिति वा (इस सूत्र में भिक्षा के मध्य में भवत् शब्द का प्रयोग कहा है। फिर भी 'भवत्पूर्वां ब्राह्मणो भिक्षेत, भवन्मध्यां राजन्यः, भवदन्त्यां वैश्यः) यह बहुमत है। जो सूत्र में कहा है कि भवत् शब्द मध्य में होगा वह क्षत्रिय परक है। या उपरोक्त सूत्र में जो भवत् शब्द को जो मध्य में कहा है वह पक्षान्तरविषय है। इत्यादि।

२—ॐ भूः स्वाहा। ॐ भुवः स्वाहा। ॐ स्वः स्वाहा। ॐ भूर्भुवः स्वः स्वाहा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

छन्दोगपरिशिष्टात्। एतद्बहूनामपत्यानां युगपत्संस्कारकरणविषयमिति बोपदेवः। अतीतसंस्काराणां युगपत्करण इत्यन्ये। तत्रापि चौलस्योपनीत्या सहेति पक्षे उपनीतिदिन एवानुष्ठानं न पूर्वदिने, सहत्वस्य दिवसैक्ये सन्निकृष्टतरत्वात्। वृद्धाचारोऽप्येवम्।

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है कि—किये हुए कर्मों में माताओं का पूजन एकवार होता है तथा आदि में एकवार ही नान्दीश्राद्ध होता है। अलग अलग नहीं होता है।

बोपदेव ने कहा है कि—यह (माताओं का पूजन और नान्दीश्राद्ध) बहुत [1]पुत्रों के एक साथ संस्कार करने विषय में हैं। अन्यका मत है कि--बीते हुए संस्कारों के एकसाथ करने के विषय में है। उसमें भी चूडाकरण का उपनयनसंस्कार के साथ उपनयन के दिन में ही अनुष्ठान (नान्दीश्राद्ध) करे पूर्वदिन में न करे। क्योंकि—साथ करने पर एकदिन में अत्यन्त समीप है। वृद्धोंका आचार भी यही है।

(उपनयनदिने मध्याह्नसन्ध्याकथनम्)

उपनीतिदिने मध्याह्नसन्ध्यामाह पारिजाते जैमिनिः—यावद् ब्रह्मोपदेशस्तु तावत्सन्ध्यादिकं न च। ततो मध्याह्नसन्ध्यादि सर्वं कर्म समाचरेत्॥ इति। ब्रह्म=गायत्री।

उपनयनदिनमें मध्याह्नसन्ध्या को पारिजात में जैमिनी ने कहा है कि—जबतक गायत्री का उपदेश न हो तब तक सन्ध्या आदि न करे। तदनन्तर मध्याह्नसन्ध्या आदि सब कर्मों का प्रारंभ करे। ब्रह्म माने=गायत्री।

यत्तु वचनम्—उपायने तु कर्तव्यं सायंसन्ध्ये उपासनम्। आरभेद् ब्रह्मयज्ञं तु मध्यान्हे परेऽहनि॥ इति, तच्छाखान्तरविषयमिति पारिजातः। विकल्प इति युक्तं पश्यामः।

जो यह वचन है कि—उपनयन में सायंकाल की सन्ध्या की उपासना करनी चाहिये। ब्रह्मयज्ञ तो मध्याह्नकालमें दूसरे दिन प्रारंभ करे। वह दूसरी शाखा के लिए है—यह पारिजात में कहा है। विकल्प है यही ठीक है--यह हम देखते हैं।

(उपनयनाग्निधारणविचारः)

उपनयनाग्निस्त्रिरात्रं धार्यः 'त्र्यहमेतमग्निं धारयन्ति' इत्यापस्तम्बोक्तेः। बौधायनसूत्रे तु सदा धारणमप्युक्तम्—उपनयनादिरग्निस्तमौपासनमित्याचक्षते, पाणिग्रहणादित्येके, नित्यो धार्योऽनुगतो निर्मन्थ्यः, इति। इदं जातारणिपक्षे। अन्यथा मन्थनासम्भवात्।

उपनयन की अग्नि को तीन राततक धारण करे। क्योंकि आपस्तंबने कहा है कि--इस अग्नि को तीन दिन तक धारण करे। बौधायनसूत्र में तो सदा ही धारण करना कहा है। कोई कहते हैं कि—उपनयन आदि की अग्निको औपासन अग्नि कहते हैं। उसको पाणिग्रहण (विवाह) तक धारण करे। नित्य धारण करे। अनुगत-अरणी से निर्मन्थ्य (अग्नि) है। यह [2]अरणिमन्थन पक्षमें है। अन्यथा अग्नि का मन्थन असंभव हो जायगा।

(ब्रह्मयज्ञे विशेषमाह)

ब्रह्मयज्ञे विशेषमाह तत्रैव जैमिनिः--अनुपाकृतवेदस्य कर्तव्यो ब्रह्मयज्ञकः॥ वेदस्थाने तु सावित्री गृह्यते तत्समा यतः॥ इति। येषां तद्दिने एव वेदारम्भस्तेषां नेदमिति दिक्।

ब्रह्मयज्ञमें विशेष जैमिनीने वहींपर विशेष कहा है कि—(पशुयागादौ मन्त्रबहुलेन पशोः स्पर्शमुपाकरणं तद्रहितपशुरनुपाकृतः) जिसका वेद उस दिन प्रारंभ नहीं होता है वह ब्रह्मयज्ञ (अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः, स्वाध्यायो ब्रह्मयज्ञः) करे तथा वेदके स्थानमें आचार्य के समीप गायत्री मन्त्रको ग्रहण करे। जिनका उस दिन ही वेदारंभ होता है। उनलोगों के लिए नहीं है।

१—अस्यार्थः—उपनयनात्प्राक् स्वकाले कथञ्चिदकृतचौलपर्यन्तसंस्कारस्य यानि जातकर्मादीनि उपनयन्तत्पूर्वं संभूय क्रियन्ते तथा व्रतानि यदा संभूय क्रियन्ते तथा देशान्तरगतस्य मृत इति बुद्ध्या कृतप्रेतकार्यस्य कालान्तरे आगतस्य यानि जातकर्मादीनि पुनः संभूय क्रियन्ते तथा पतितस्य कृतप्रायश्चित्तस्य यानि जातकर्मादिनि पुनः संभूय क्रियन्ते तेषु गणशः संभूय क्रियमाणेषु जातकर्मादिषु संस्कारेषु प्रथमं क्रियमाणस्य संस्कारक्रमेण आदौ मातृपूजायां नान्दीश्राद्धस्य सकृत् तन्त्रेणानुष्ठानं न पृथगादिषु संस्कारकर्मणामादिषु न पृथगनुष्ठानम्। (स्मृतिमुक्ताफले पृ० ७५३)

२—प्रमादान्नष्टस्योपनयननाग्नेः पुनरुत्पत्तिविधिं करिष्ये। अग्न आयूँषि इति तिसृभिः प्रजापते इति मन्त्रेण हवनादिकर्म कुर्यादिति संक्षेपः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(ब्रह्मचारिधर्माः)

अथ ब्रह्मचारिधर्माः । याज्ञवल्क्यः—मधुमांसाञ्जनोच्छिष्टशुक्तस्त्रीप्राणिहिंसनम् ।
भास्करालोकनाश्लीलपरिवादादि वर्जयेत् ॥

अब ब्रह्मचारी के धर्मों को कहते हैं । याज्ञवल्क्यने कहा है कि—सहत, मांस, अञ्जन (काजल), उच्छिष्ट, निष्ठुर वाक्य या अश्लीलभाषण, प्राणियों की हिंसा, सूर्यका देखना, (ब्रह्मचारी को सदा सूर्यका दर्शन निषेध है । स्नातकको उदय और अस्त में सूर्यदर्शन निषेध है । किसी का मत है कि—ब्रह्मचारी भी सूर्य के उदयकाल में तथा अस्तसमय में सूर्य का दर्शन न करे ।) अश्लीलभाषण, निन्दा आदिका त्याग करे ।

मनुः—अभ्यङ्गमञ्जनं चाक्ष्णोरुपानच्छत्रधारणम् । वर्जयेदिति प्रकृतम् ।

मनुने कहा कि—उवटन, आँखों का अञ्जन, जूता तथा छत्रधारण त्याग दे । वर्जयेत्—यह प्रकृत है ।

पारिजाते कौर्मे—नादर्शं चैव वीक्षेत नाचरेद्दन्तधावनम् ।
गुरूच्छिष्टं भेषजार्थं प्रयुञ्जीत, न कामतः ॥

पारिजात में कूर्मपुराण का वचन है कि—सीसा न देखे, दन्तधावन न करे और गुरुका उच्छिष्ट औषध के लिये प्रयोग करे न की अपनी इच्छा से करे ।

एतन्निषिद्धमध्वादिविषयम्, अन्यस्य गुरूच्छिष्टस्य सर्वदा प्राप्तेः । 'स चेद्व्याधीयीत कामं गुरोरुच्छिष्टं भेषजार्थं सर्वं प्राश्नीयात्, इति वसिष्ठोक्तेः । ज्येष्ठभ्रातुरित्यपि ज्ञेयम् । 'पितुर्ज्येष्ठस्य भ्रातुरुच्छिष्टं भोज्यम्' इत्यापस्तम्बोक्तेः ।

क्योंकि यह निषेध मधु आदि के विषय में है । अन्य गुरुके उच्छिष्ट की सर्वदा प्राप्ति है । क्योंकि वसिष्ठ ने कहा है कि—यदि वह (ब्रह्मचारी) व्याधिवाला हो जाय तो इच्छा से गुरुका उच्छिष्ट सब औषधिके रूपमें सब भक्षण करे । बड़े भाई के विषय में यही जानना चाहिये । आपस्तंबने कहा है कि—पिता और बड़े भाई का उच्छिष्ट भोजन योग्य है ।

गुरुपुत्रे तु स्मृत्यर्थसारे उक्तम्—गुरुवद् गुरुपुत्रः स्यादन्यत्रोच्छिष्टभोजनात् ।

गुरुपुत्र के विषय में तो स्मृत्यन्तर में कहा है कि—अन्यत्र उच्छिष्ट भोजन त्यागकर गुरु की तरह गुरुपुत्र भी है ।

प्रचेताः—ताम्बूलाभ्यञ्जनं चैव कांस्यपात्रे च भोजनम् ।
यतिश्च ब्रह्मचारी च विधवा च विवर्जयेत् ॥

प्रचेता ने कहा है—तांबूल, उवटन और कांसे के पात्र में भोजन (लोहे या मिट्टी के पात्र में भोजन न करे-ऐसा हारीतस्मृति में कहा है ।) यति (संन्यासी), ब्रह्मचारी और विधवा स्त्री त्याग दे ।

यमः—मेखलामजिनं दण्डमुपवीतं च नित्यशः । कौपीनं कटिसूत्रं च ब्रह्मचारी तु धारयेत् ॥
अग्नीन्धनं भैक्ष्यचर्यामधः शय्यां गुरोर्हितम् ॥ कुर्यादिति शेषः ।

यमने कहा है कि—मेखला, मृगचर्म, दण्ड, यज्ञोपवीत, कौपीन तथा कटिसूत्र को ब्रह्मचारी नित्य ही धारण करे । अग्नि के लिए इन्धन, भिक्षावृत्ति, अधःशयन तथा गुरुका[1] हित करे ।

(मेखलाविचारः)

मेखलामाह आश्वलायनः—'तेषां मेखला मौञ्जी ब्राह्मणस्य धनुर्ज्या क्षत्रियस्यावी वैश्यस्य' इति ।

---

[1] मनुः— गुरोर्यत्र परीवादो निन्दा वाऽपि प्रवर्तते । कर्णौ तत्र पिधातव्यौ गन्तव्यं वा ततोऽन्यतः ॥ गुरोर्गुरौ सन्निहिते गुरुवद् वृत्तिमाचरेत् । गुरुपुत्रेषु पत्नीषु गुरोश्चैवास्य बन्धुषु ॥ उन्मर्दनं तु गात्राणां स्नापनोच्छिष्टभोजने । न कुर्याद् गुरुपुत्रस्य पादयोश्चावनेजनम् ॥ अभ्यञ्जनं स्नापनं च गात्रोद्वर्तनमेव च । गुरुपत्न्या च कार्याणि केशानां च प्रसाधनम् ॥ मनसाऽपि न चोल्लङ्घ्या गुरोराज्ञा कथञ्चन । गुरुवद्गुरुपत्नीषु तत्पुत्रादिषु सर्वदा ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आश्वलायन ने मेखला कहा है कि—उनमें से मूंज की मेखला ब्राह्मण की, धनुष के प्रत्यंचा की मेखला क्षत्रिय की और आवी (भेडके ऊनकी) की मेखला वैश्यकी होती है।

आचार्यः—त्रिवृता मेखला कार्या त्रिवारं स्यात्समावृता।
तद्ग्रन्थयस्त्रयः कार्याः पञ्च वा सप्त वा पुनः॥

उसमें त्रिगुणित सूत की मेखला को तीन बार बराबर (मोटी न पतली) करे—ऐसा आचार्य ने कहा है। उसमें तीन, पांच या सात गांठ दे।

मनुः—(अ० २।४२) मौञ्जी त्रिवृत्समा श्लक्ष्णा कार्या विप्रस्य मेखला।
त्रिवृता ग्रन्थिनैकेन त्रिभिः पञ्चभिरेव वा॥

मनु ने कहा है कि—मूंज की त्रिगुणित एक सी तथा चिकनी मूज की बनी मेखला को ब्राह्मण ब्रह्मचारी की मेखला करे और तिगुनी कर एक, तीन या पांच ग्रन्थि (गांठ) करे।

मौञ्ज्यभावे तु कर्तव्या कुशाश्मन्तकबल्वजैः। अत्र प्रवरसंख्यानियम इति वृद्धाः। (मनु०।२।४३)।

मूंज आदि के अभाव में कुशा, अश्मन्तक (तृणविशेष या मल्लिका) और बल्वज (बबई नाम की घास) की करे। यहाँ पर प्रवरसंख्या का नियम है—ऐसा वृद्धों ने कहा है। (अर्थात् जिसका एक प्रवर है। उसके में एक गांठ होगी। तीन प्रवर वाले को तीन, पांच प्रवर वाले को पांच और सात प्रवर वाले को सात गाठ होगी।)

(दण्डकथनम्)

अथ दण्डाः। मनुः—(अ० २ श्लोक ४५) ब्राह्मणो बैल्वपालाशौ क्षत्रियो वाटखादिरौ।
पैलवौदुम्बरौ वैश्यो दण्डानर्हन्ति धर्मतः॥

अब दण्ड कहते हैं। मनु ने कहा है कि—बिल्व (बेल) या पलाश (ढाक) का दण्ड ब्राह्मण के लिये हैं। बड़ तथा खैर का दण्ड क्षत्रिय के लिये है। पीलू या उदुम्बर (गूलर) का दण्ड वैश्य के लिये है। इसलिये ये सब दण्ड धर्म से धारण करने योग्य हैं।

एषामभावे गौतमः—'यज्ञियो वा सर्वेषां मूर्धललाटनासा(ग्र)प्रमाणः' इति।

इनके अभाव में गौतम ने कहा है कि—सबों (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य) का दण्ड याज्ञिक लकडी से बनावे। जिसका प्रमाण शिर, ललाट और नासाग्र के भाग तक का हो।

(अजिनमाह)

अजिनमाहाश्वलायगृह्यसूत्रम्—ख० १९।प्र० १—'अहतेन वाससा संवीतमैणेयेन वाऽजिनेन ब्राह्मणं रौरवेण क्षत्रियमाजेन वैश्यम्' इति। यद्यप्यैणेयशब्देन मृगीचर्मैवोच्यते 'एण्या ढञ्' 'इति पाणिनिस्मृतेः, ऐणेयमेण्याश्चर्माद्यमेणस्यैणमुभे त्रिषु। इत्यमरकोशाच्च, तथापि 'कृष्णरुरुवस्ता-न्यजिनानि' इति शङ्खोक्तेः, 'सर्वेषां वा रौरवम्' इति यमोक्तेश्च मृगचर्मणा सह विकल्पो ज्ञेयः। वस्त्राजिनयोस्तु विकल्पः 'कार्पासं वाऽविकृतम्' इति गौतमोक्तेः।

आश्वलायन ने अजिन कहा है कि—ब्राह्मण का ईषद्धौत नवीन वस्त्र (ईषद्धौतं नवं श्वेतं सदशं यन्न धारितम्। अहतं तद्विजानीयात्सर्वकर्मसु पावनम्॥) ढके हुए ऐणेय (मृग) चर्म का होता है। क्षत्रियका रुरु विशेष अर्थात् (चित्र) मृग का होता है और वैश्यका बकरे का होता है।

यद्यपि ऐणेयशब्द से मृगीचर्म को कहा है। क्योंकि-'एण्याढक्' इस पाणिनीयसूत्र से और ऐणी के चर्म को ऐणेय, एणके चर्म को ऐण। ये दोनों चर्म तीनों लिंगों में है। इस अमरकोष से मृगी का ही चर्म होता है। फिर भी काला रुरुमृग और बकरे का मृग या सबों का चर्म रुरु का होता है ऐसा यम का वचन है। मृगचर्म के साथ मृगीचर्म का विकल्प जानना चाहिये। गौतम ने कहा है कि—वस्त्र और अजिन में विकल्प है। कपास का वस्त्र हो जो अविकृत हो अर्थात्—जो फटा विकार से युक्त न हो।

(यज्ञोपवीतकथनम्)

अथ यज्ञोपवीतम्। मनुः—कार्पासमुपवीतं स्याद्विप्रस्योर्ध्ववृतं त्रिवृत्।

अब यज्ञोपवीत को कहते हैं। मनुने कहा है कि—ब्राह्मण का यज्ञोपवीत कपास होता है जो ऊपर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की ओर तिगुना बटा हो। (इस श्लोक का उत्तरार्ध आधा—यों है कि—शणसूत्रमयं राज्ञो वैश्यस्याविकमुच्यते ॥) क्षौम क्षुमा नाम अतसीका है या पश्चिमदेश में तृण का कोई भेद है।) ।

पारिजाते देवलः—कार्पासक्षौमगोवालशणबल्वतृणोद्भकम्[1] ।
यथासम्भवतो धार्यमुपवीतं द्विजातिभिः ॥

'पारिजात में देवल ने कहा है कि—कार्पास, क्षौम (रेशम), गौके बाल, सन, वल्व तृण से उत्पन्न यथासंभव द्विजाति यज्ञोपवीत धारण करें।

शुचौ देशे शुचिः सूत्रं संहताङ्गुलिमूलके। आवर्त्य षण्णवत्या तत्त्रिगुणीकृत्य यत्नतः ॥
अब्लिङ्गकैस्त्रिभिः सम्यक् प्रक्षाल्योर्ध्ववृतं त्रिवृत्। अप्रदक्षिणमावृत्य सावित्र्या त्रिगुणी कृतम् ॥

पवित्रदेश में पवित्रसूत्र से सिली हुई अंगुली के मूल में छानवें बार आवर्तन करके फिर यत्न से तिगुना करके जलसंज्ञक तीन मन्त्रों से अच्छीप्रकार से प्रक्षालन कर ऊपर को तीनबार कर अर्थात्—वामावर्त गोलाकार को त्रिगुणित करके फिर दक्षिणावर्त गोलाकार को त्रिगुणित से वह एक तन्तु हो जाता है। इसीप्रकार त्रिगुणित करे।

ततः प्रदक्षिणावर्तं समं स्यान्नवसूत्रकम्। त्रिरावेष्ट्य दृढं बध्वा ब्रह्माविष्ण्वीश्वरान्नमेत् ॥ तन्नवतन्तु कार्यम् ।

तदनन्तर प्रदक्षिणावर्त बराबर नवसूत्र होता है। तीनबार आवेष्टन कर दृढ बांध कर ब्रह्मा, विष्णु और शंकर को नमस्कार करे। फिर उसको (यज्ञोपवीत को) नवतन्तु करना चाहिये।

सावित्र्या त्रिगुणं कुर्यान्नवसूत्रं तु तद्भवेत्। इति तेनैवोक्तेः ।

वहीं पर कहा है कि—सावित्री से त्रिगुणित करे तब वह नवतन्तु होगा।

छन्दोगपरिशिष्टे—त्रिवृदूर्ध्ववृतं कार्यं तन्तुत्रयमधोवृतम्। त्रिवृतं चोपवीतं स्यात्तस्यैको ग्रन्थिरिष्यते ॥ ऊर्ध्ववृतं दक्षिणं करमूर्ध्वं कृत्वा वलितम् ।

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है कि—त्रिवृत को ऊपर बटे फिर उस तीन तन्तु को नीचे को त्रिवृत (तीन तन्तु) करने से यज्ञोपवीत होता है उसमें एक ग्रन्थि करे। दक्षिण हाथ को ऊँचाकर धारण करे।

भृगुः—वामावर्तवलितं त्रिगुणं कृत्वा दक्षिणावर्तवलितं त्रिगुणं कार्यम्। स एकस्तन्तुरेवं त्रितन्तुकमित्यर्थः ।

भृगु ने कहा है कि—वामावर्तव से बटे हुए को त्रिगुणित कर दक्षिणावर्त मेलकर त्रिगुणित करे। वह एकतन्तु ही त्रितन्तुक होता है—यह अर्थ है।

(यज्ञोपवीतधारणे विचारः)

कात्यायनः—पृष्ठदेशे च नाभ्यां च धृतं यद्विन्दते कटिम्।
तद्धार्यमुपवीतं स्यान्नातिलम्बं न चोच्छ्रितम् ॥

कात्यायन ने कहा है कि—पृष्ठदेश में और नाभी में धारण करने से वह 'कटिभाग (कमर) में' प्राप्त हो जाय वह यज्ञोपवीत धारण करे। जो अति लंबा और ऊँचा न हो।

वसिष्ठः—नाभेरूर्ध्वमनायुष्यमधो नाभेस्तपः क्षयः।
तस्मान्नाभिसमं कुर्यादुपवीतं विचक्षणः ॥

वसिष्ठ ने कहा है कि—नाभि के ऊपर यज्ञोपवीत होने से आयुष्य का नाश होता है। नाभी के नीचे रहने से तप का क्षय होता है इसलिए बुद्धिमान् को चाहिये कि नाभी के बराबर में रखे।

पारिजाते देवलः—उपवीतं बटोरेकं द्वे तथेतरयोः स्मृते।
एकमेव यतीनां स्यादिति शास्त्रस्य निश्चयः ॥

पारिजात में देवल ने कहा है कि—बटु ब्रह्मचारी को एक, इतर दो को (क्षत्रिय और वैश्य को) दो और यति (त्रिदण्डी) को एक ही होता है। यह शास्त्रका निश्चय है।

१—यहाँ पर 'तृणोद्भवम्' की जगह तृणादिकम्—ऐसा पाठ मानने पर आदि शब्द से दर्भ का ग्रहण है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स एव–'बहूनि वाऽऽयुष्कामस्य' तत्र मन्त्रमाह स एव–यज्ञोपवीतमिति वा व्याहृत्या वापि धारयेत्।

वही ही आयु की कामना के लिए [3]बहुत से यज्ञोपवीत (तीन, चार, पांच, आठ, दश, कहीं चालीस भी है) को धारण करे उसमें मन्त्र कहा है। वह 'यज्ञोपवीतम्' या व्याहृति से धारण करे।

हेमाद्रौ--यज्ञोपवीते द्वे धार्ये श्रौते स्मार्ते च कर्मणि।
तृतीयमुत्तरीयार्थे वस्त्राभावे तदिष्यते॥

हेमाद्रि में कहा है कि--श्रौत और स्मार्तकर्म में यज्ञोपवीत दो धारण करे। वस्त्र के अभाव में तीसरा यज्ञोपवीत दुपट्टे के निमित्त कहा है।

देवलः--सावित्र्या दशकृत्वोऽद्भिर्मन्त्रिताभिस्तदुक्षयेत्।
विच्छिन्नं वाप्यधो यातं भुक्त्वा निर्मितमुत्सृजेत्॥

देवल ने कहा है कि--गायत्री दशवार पढ़कर जल से अभिमन्त्रित करे यदि टूट गया हो, नीचे गिर गया हो या भोजन करके निर्माण किया हो ऐसे का त्याग कर दे।

मनुः—मेखलामजिनं दण्डमुपवीतं कमण्डलुम्। अप्सु प्रास्य विनष्टानि गृह्णीतान्यानि मन्त्रवत्॥

मनु ने कहा है कि--मेखला, अजिन, (मृगचर्म) पालाश आदि दण्ड, यज्ञोपवीत और कमण्डलु के नष्ट हो जाने पर उनको जल में फेक कर मन्त्र द्वारा अन्यों को ग्रहण करे।

(अथैतल्लोपे प्रायश्चित्तकथनम्)

अथैतल्लोपे प्रायश्चित्तम्। मनुः—अकृत्वा भैक्ष्यचरणमसमिध्य च पावकम्।
अनातुरः सप्तरात्रमवकीर्णिव्रतं चरेत्॥

इसके बाद यज्ञोपवीतसंस्कारलोप में प्रायश्चित्त मनु ने कहा है कि—भिक्षा को न कर और अग्नि में समिदाधान को न कर सात रोज तक अरोगी अवकीर्णिव्रत (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, मैथुनवर्जन, क्रोध नहीं करना, गुरुशुश्रूषा, अप्रमोद और शौच आहारशुद्धि) करे।

(अमत्या आपदित्यागे तु)

अमत्या आपदि त्यागे तु याज्ञवल्क्यः—भैक्ष्याग्निकार्ये त्यक्त्वा तु सप्तरात्रमनातुरः। कामावकीर्ण इत्याभ्यां जुहुयादाहुतिद्वयम्॥ उपस्थानं ततः कुर्यात्समासिञ्चन्त्वनेन तु॥ मन्त्रास्तु मिताक्षरायां ज्ञेयाः।

बिना मति से [4]आपत्ति में त्यागन में तो याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—जो अनातुर (रोगी न हो) ही ब्रह्मचारी निरन्तर भिक्षा या अग्नि कार्य को छोड़ देने पर व्रत करे [5]'कामावकीर्णम्' इन दोनों मन्त्रों से दो आहुति दे। तदनन्तर उपस्थान करे तथा [6]'समा सिञ्चन्तु' इस मन्त्र से उपस्थान करे। मन्त्र तो मिताक्षरा में लिखे हैं वहाँ से ही जानना चाहिये।

(सकृल्लोपे तु)

सकृल्लोपे तु ऋग्विधाने—मानस्तोके जपेन्मन्त्रं शतसंख्यं शिवालये।
अग्निकार्यं विना भुक्तौ न पापं ब्रह्मचारिणः॥

१—ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात्। आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः॥ यज्ञोपवीतमसि यज्ञस्य त्वा यज्ञोपवीतेनोपनह्यामि॥

२—'ॐ भूः स्वाहा, ॐ भुवः स्वाहा, ॐ स्वः स्वाहा, ॐ भूर्भुवः स्वः स्वाहा।

३—कश्यपः--त्रीणि चत्वारि पञ्चाष्ट गृहिणः स्याद्दशापि वा। अथ चत्वारिंशदपि क्वचित्।

४--'कार्यव्यासंगेन' इति मयूरवः। गुरुशुश्रूषादिनेति मुक्तावली।

५—कामावकीर्णोऽस्म्यवकीर्णोऽस्मि कामकामाय स्वाहा। कामावपन्नोऽस्म्यवपन्नोऽस्मि कामकामाय स्वाहा। याज्ञ० पृ० ४४२ प्रायश्चित्त में है। 'कामावकीर्णोऽस्म्यवकीर्णोऽस्मि कामकामाय स्वाहा। कामाभिदुग्धो (द्रुग्धो) ऽस्म्यभिदुग्धो (द्रुग्धो) ऽस्मि कामकामाय स्वाहा। (पारस्करगृह्यसूत्रे)

६—संमा सिञ्चन्तु मरुतः समिन्द्रः सं बृहस्पतिः। समायमग्निः सिञ्चन्तां यशसा ब्रह्मवर्चसेन॥ (याज्ञ० प्रा०) संमासिञ्चन्तु मरुतः समिन्द्रः संबृहस्पतिः। सम्मायमग्निः सिञ्चतु प्रजया च धनेन च॥ (पारस्करगृह्यसूत्रे)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एकवार के लोप में तो ऋग्विधान में कहा है कि—'[1]मानस्तोके' इस मन्त्र को शिवालय में सौ बार बार जपे। अग्नि कार्य के बिना भोजन में ब्रह्मचारी को पाप नहीं लगता है।

स्मृत्यर्थसारे तु—सन्ध्याग्निकार्यलोपे स्नात्वाऽष्टसहस्रं जपः। भिक्षालोपेऽष्टशतम्। अभ्यासे द्विगुणं पुनः संस्कारश्चेत्युक्तम्।

स्मृत्यर्थसार में तो सन्ध्या और अग्निकार्य के लोप में स्नानकर आठहजार जप करे। भिक्षा के लोप में एक सौ आठ बार जप करे। वारंवार करने पर दूना जप और फिर से संस्कार करे—ऐसा कहा है।

अपरार्के संवर्तः—यः सन्ध्यां चैव नोपास्ते अग्निकार्यं यथाविधि।

गायत्र्यष्टसहस्रं तु जपेत्स्नात्वा समाहितः॥

अपरार्क में संवर्त ने कहा है कि—जो सन्ध्या की उपासना और अग्निकी उपासना यथाविधि नहीं करता है वह आठ हजार गायत्री जप स्नान कर सावधान चित्त से करे।

अग्निकार्यं सन्ध्याद्वये कार्यम्। अग्निकार्यं ततः कुर्यात्सन्ध्ययोरुभयोरपि। इति याज्ञवल्क्योक्तेः। (आचाराध्याय श्लोक २५) सायमेव वा 'सायमेव वाग्निमिन्धीतेत्येके' इति लौगाक्षिणोक्तेः।

याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—दोनों सन्ध्याओं में सायंकाल और प्रातःकाल अग्निकार्य समित्प्रक्षेपादि अपने गृह्यसूत्र के अनुसार करे। किसी का मत है कि सायंकाल ही अग्नि को प्रदीप्त करे—यह लौगाक्षि ने कहा है।

पारिजाते वृद्धशातातपः—ब्रह्मचारी तु योऽश्नीयान्मधु मांसं तथैव च।

प्राजापत्यं चरेत्कृच्छ्रं व्रतशेषं समापयेत्॥

पारिजात में वृद्धशातातप ने कहा है कि—ब्रह्मचारी मधु और मांस को खाता है वह प्राजापत्य तथा कृच्छ्र कर शेष व्रत को समाप्त करे।

ऋग्विधाने—तं वो धिया जपेन्मन्त्रं लक्षं चैव शिवालये।

ब्रह्मचारी स्वधर्मेषु न्यूनं चेत्पूर्णमेव तत्॥

ऋग्विधान में कहा है कि—शिवालय में 'तं [2]वोधिया, इस मन्त्र का एक लाख जप करे। जो ब्रह्मचारी अपने धर्मों में न्यूनता करता है वह पूर्ण हो जाता है।

(स्त्रीसङ्गे तु विशेषः)

स्त्रीसङ्गे तु मनुः—(अ० ११, ११८) [3]अवकीर्णी तु काणेन गर्दभेन चतुष्पथे। पाक (स्थाली) यज्ञविधानेन यजेत निर्ऋतिं निशि॥ विस्तरस्तु मिताक्षरादौ ज्ञेयः।

स्त्री के साथ गमन करने पर मनु ने कहा है कि—अवकीर्णी तो इच्छा से चौराहे पर—गदहे से (स्थाली) पाकयज्ञ के विधान से रात्रि में नैर्ऋत्यदेवता का यजन करे। इसका विस्तार 'मिताक्षरा' (प्रायश्चित्ताध्याय श्लोक २८० में) (ब्रह्मचर्यावस्था में रहनेवाला जो द्विज इच्छापूर्वक (स्त्री के साथ विषय करता हुआ) वीर्यपात कर (ब्रह्मचर्य) व्रत को भंग करता है उसे 'अवकीर्णी') कहते हैं।) आदि में जानना चाहिये।

१—मा नस्तोके तनये मान आयौ मा नो गोषु मा नो अश्वेषु रीरिषः। वीरान् मा नो रुद्र भामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित् त्वा हवामहे॥ (ऋ० मं० १ सू० ११४ म० १)।

२—तं वो धिया नव्यस्या शमिष्ठं प्रत्नं प्रत्नवत् परितं सयध्यै। स नो वक्षदनिमानः सुवह्नेन्दो विश्वान्यतिं दुर्गहाणि॥ (ऋ० मं ६ सू० २२, म० ७)। तं वो धिया परमया पुराजामजरमिन्द्रमभ्यनूष्यर्कैः। ब्रह्मा च गिरो दधिरे समस्मिन् महाँश्च स्तोमो अधि वर्धदिन्द्रे॥ (ऋ० म० ६ सू० ३८ म० ३)।

३—ब्रह्मचारी सन् यः स्त्रियमुपैति सोऽवकीर्णी। वाऽवकीर्णिनो गर्दभेज्या। इत्यादि कात्यायनश्रौतसूत्र अध्याय १। कं १ सूत्र १३–१७ तक में देखिये।

पारस्कर गृह्यसूत्रके तृतीयकाण्डके १२ कण्डिकामें है–जिसका ब्रह्मचर्य खण्डित हो गया है ऐसा ब्रह्मचारी प्रायश्चित्त शुद्धि के लिए चतुष्पथ (जहाँपर चार रास्ते जाते हों ऐसे चौराहे पर) पर गर्दभपशु का आलंभन करे। गर्दभ की खालको ओढकर एकसाल तक भिक्षा मांगे। कहे कि मैं अवकीर्णी हूँ 'मुझे भिक्षा दो। यों अपने अपवित्र कर्मको संसार में कहे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(उपवीतनाशे कथनम्)

उपवीतनाशे तु हारीतः—मनोज्योतिरित्येका, त्वमग्ने व्रतपा असि इति तिस्रः। आज्याहुती हुत्वा पुनः प्रतीयात्।

उपवीत के नाश में तो हारीत ने कहा है कि—(मनो [1]व्रतपतीभिः) इस मन्त्रों से चार घृत की आहुति देकर फिर यज्ञोपवीत धारण करे।

तत्रैव मरीचिः—ब्रह्मसूत्रं विना भुंक्ते विरमूत्रं कुरुतेऽथवा। गायत्र्यष्टसहस्रेण प्राणायामेन शुध्यति ॥

वही पर मरीचि ने कहा है कि—विना [2]यज्ञोपवीत के जो भोजन करता है या जो पुरीषोत्सर्ग या मूत्र का त्याग करता है। वह गायत्रीमन्त्र का आठहजार जप करने से और प्राणायाम करने से शुद्ध होता है।

(ब्राह्मणाभिवादने कथनप्रकारः)

मनुः—(अ० २ श्लोक १२४–१२५) भोः शब्दं कीर्तयेदन्ते स्वस्य नाम्नोऽभिवादने। आयुष्मान् भव सौम्येति वाच्यो विप्रोऽभिवादने ॥ अकारश्चास्य नाम्नोन्ते वाच्यः पूर्वाक्षरः प्लुतः ॥ शर्मन्निति नकारात्पूर्व इत्यर्थः।

मनु ने कहा है कि—[3]अभिवादन के समय में अपने नाम के अन्त में 'भो' शब्द का उच्चारण करे। अभिवादये शुभ शर्माहं भो ! अभिवादन करने पर ब्राह्मण से 'हे सौम्य ! 'आयुष्मान् भव सौम्य' हे सौम्य, आयुष्मान् हो, ऐसा कहे। अभिवादनकर्ता के नाम के अन्तिम अक्षर के पूर्ववाले अकार स्वर के अक्षर को प्लुत कहे। 'शर्मन्' इसमें नकार के पूर्व अकार है। यह अर्थ है।

(अभिवादनप्रत्यभिवादनादौ विशेषः)

अभिवादनप्रत्यभिवादनादौ विशेषः स्मृत्यर्थसारे पारिजादौ ज्ञेयः। यमः—ज्यायानपि कनीयांसं सन्ध्यायामभिवादयेत्। विना शिष्यं च पुत्रं च दौहित्रं दुहितुः पतिम् ॥

अभिवादन, प्रत्यभिवादन आदि में विशेष स्मृत्यर्थसार और पारिजात आदि में जानना चाहिये।

यम ने कहा है कि—सन्ध्यासमय में बड़े भी [4]छोटों को [5]अभिवादन करे। उसे अभिवादन में—शिष्य, पुत्र, लड़की का लड़का और लड़की का पति (जामाता) इनको न करे।

१—मनो ज्योतिर्जुषतामाज्यं विच्छिन्नं यज्ञँ समिमं दधातु। बृहस्पतिस्तनुता मिमं नो विश्वे देवा इह मादयन्ताम् ॥ (तैत्तरीयसंहिता १।५।३)

त्वमग्ने व्रतपा असि देव आ मर्त्येष्वा। त्वं यज्ञेष्वीड्यः ॥ त्वमसि प्रशस्यो विदथेषु सहन्त्य। अग्ने रथीरध्वराणाम् ॥ स त्वमस्मदप द्विषो युयोधि जातवेदः। अदेवीरग्ने अरातीः ॥ (ऋ० म० ८ सू० ११ म० १–३)

२—शूलपाणिः—विना यज्ञोपवीतेन भुंक्ते च ब्राह्मणो यदि। स्नानं कृत्वा जपं कृत्वा उपवासेन शुध्यति ॥ भरद्वाजः—मलमूत्रे त्यजेद्विप्रो विस्मृत्यैवोपवीतधृक्। उपवीतं तदुत्सृज्य दध्यादन्यन्नवं तदा ॥ जले मूत्रादिकरणे—विनाऽद्भिरप्सु वाप्यार्तः शारीरं सन्निषेव्य च। स चैलो बहिराप्लुत्य गामालभ्य विशुध्यति ॥

३—दक्षिणं पाणिमुद्धृत्य प्रकाममभिवादयेत्। श्रोत्रिये त्वञ्जलिः कार्यः पादोपग्रहणं गुरोः ॥ उपग्रहणं स्पर्शः। मनुः—व्यत्यस्तपाणिना कार्यमुपसंग्रहणं गुरोः। सव्येन सव्यः स्प्रष्टव्यो दक्षिणेन तु दक्षिणः ॥ प्रत्यभिवादने मनुः—भोः शब्दं कीर्तयेदन्ते स्वस्य नाम्नोऽभिवादने। आयुष्मान् भव सौम्येति वाच्यो विप्रोऽभिवादने ॥ अकारश्चास्य नाम्नोन्ते वाच्यः सर्वाक्षरः पुनः। अत्र नामान्ते अकारो न विधीयते, किन्तु नामान्ते योऽकारः तस्य प्लुतमात्रं, ततः शर्मशब्दः शर्मान्तं ब्राह्मस्योक्तम्' इति वचनात्। तेन आयुष्मान् भव राम ३ शर्मन् इत्येव प्रयोगः। इति टीकायाम्।

४—पितृव्य आदि सम्बन्धि अन्न को देनेवालों को देखकर उठजाय पर अभिवादन न करे।

५—शातातपः—क्षत्रं वैश्यं चाभिवाद्य प्रायश्चित्तं कथं भवेत्। ब्राह्मणानां दशाष्टौ वा अभिवाद्य विशुध्यति ॥ अभिवाद्य द्विजः शूद्रं सचैलं स्नानमाचरेत्। ब्राह्मणानां शतं सम्यगभिवाद्य विशुध्यति ॥ स्मृत्यर्थसारे—मत्तं प्रमत्तमुन्मत्तं धावन्तमशुचिन्तरम्। वमन्तं जृम्भमाणं च कुर्वन्तं दन्तधावनम् ॥ अभ्यक्तशिरसं स्नानं कुर्वन्तं नाभिवादयेत्। जपयज्ञगणस्थं च समित्पुष्पकुशानलान् ॥ उदपात्रार्घभिक्षान्नं वहन्तं नाभिवादयेत्। अभिवाद्य द्विजश्चैवानहोरात्रेण शुध्यति ॥ देवताप्रतिमां दृष्ट्वा यतिं चैव त्रिदण्डिनम्। नमस्कारं न कुर्याच्चेदुपवासेन शुध्यति ॥ विष्णुः—सभासु चैव सर्वासु यज्ञे राजगृहेषु च। नमस्कारं प्रकुर्वीत ब्राह्मणान्नाभिवादयेत् ॥ शातातपः—उदक्यां सूतिकां नारीं भर्तृघ्नीं गर्भघातिनीम्। अभिवाद्य द्विजो मोहादहोरात्रेण शुध्यति ॥ मनुः—यो न वेत्त्याभिवादस्य विप्रः प्रत्यभिवादनम्। अभिवाद्यः स विदुषा यथा शूद्रस्तथैव सः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(पुनरुपनयनादिहेतुत्वकथनम्)

अथ पुनरुपनयनम् । पारिजाते शातातपः—लशुनं गृञ्जनं जग्ध्वा पलाण्डुं च तथा शुनम् । उष्ट्रमानुषकेभाश्वरासभीक्षीरभोजनात् ॥ उपायनं पुनः कुर्यात्तप्तकृच्छ्रं चरेन्मुहुः ॥ इति ।

अब दुबारा उपनयन की बिधि को कहते हैं। पारिजात में शातातप ने कहा है कि—लहसुन, गृञ्जन-गाजर (कन्दभेद या पलाण्डु या गृञ्जनशब्द से पत्र विशेष है। उसका चूर्ण, गायक लोग कण्ठ की शुद्धि के लिए भक्षण करते हैं। जिसको 'तमाखु' कहते हैं)। गृञ्जन—लशुन के आकार का लाल रंग का सूक्ष्म कन्द होता है।

पलाण्डु, (स्थूल कन्द नाल लशुन के आकार का होता है) को जग्ध्वा-भक्षण करके कुतिया, ऊँटनी, स्त्री, हथिनी, घोडी या गधी का दूध पीकर फिर से उपनयनसंस्कार करे और वारंवार 'तप्तकृच्छ्' प्रायश्चित्त करे। (कहीं केवल उपनयनसंस्कार करे यों कहा है कि-जातकर्मादिसंस्कार के सहित उपनयनसंस्कार करे)।

(जीवितावस्थायां मनुष्यस्यागमने विचारः)

हेमाद्रौ वृद्धमनुः—जीवन् यदि समागच्छेद् घृतकुम्भे निमज्य च ।
उद्धृत्य स्नापयित्वास्य जातकर्मादि कारयेत् ॥

हेमाद्रि में वृद्ध मनुने कहा है कि—यदि मनुष्य जीवितावस्था में फिर से आजाय तो घृत के घड़े में निमज्जन (डूबकी लगा) कर स्नान कर जातकर्मादि संस्कार करावे।

(प्रेतशय्याप्रतिग्रहणे विचारः)

तत्रैव पाद्मे—प्रेतशय्याप्रतिग्राही पुनः संस्कारमर्हति ।

वहीं पर पद्मपुराण में कहा है कि—जो प्रेत की शय्यादान लेता है उसका फिर से संस्कार करना चाहिये।

(पुनःसंस्कारहेतुत्वकथनम्)

चन्द्रिकायां बौधायनः—सिन्धुसौवीरसौराष्ट्रान् तथा प्रत्यन्तवासिनः ।
अङ्गवङ्गकलिङ्गान्ध्रान् गत्वा संस्कारमर्हति ॥

चन्द्रिका में बौधायन ने कहा है कि—[1]सिन्धु, सौवीर, सौराष्ट्र, और समीप रहनेवाले छोटे देश में अंग, वंग, कलिंग और आन्ध्र में जाने से फिर से संस्कार करें।

हेमाद्रौ प्रायश्चित्तकाण्डे वृद्धगौतमः—खरमुष्ट्रं च महिषमनड्वाहमजं तथा ।
बस्तमारुह्य शुखजः क्रोशे चान्द्रं विनिर्दिशेत् ॥

हेमाद्रि के प्रायश्चित्तकाण्ड में वृद्धगौतम ने कहा है कि—गधा, ऊँट, भैंसा, बैल, बकरा और भेडा पर चढ़ कर कोस भर चलने पर ब्राह्मण 'चान्द्रायणव्रत' करे।

मार्कण्डेयः—खरमारुह्य विप्रस्तु योजनं यदि गच्छति ॥ तप्तकृच्छ्त्रयं प्रोक्तं शरीरस्य विशोधनम् ॥ पुनर्जन्म प्रकुर्वीत घृतगर्भविधानतः ॥ मदनरत्ने मिताक्षरायां च स्नानमात्रमुक्तम् ।

मार्कण्डेय ने कहा है कि—गधे पर चढ़कर जो ब्राह्मण एकयोजन यदि जाता है तो शरीर की शुद्धि के लिए तीन 'तप्तकृच्छ्' प्रायश्चित्त करे और घृतगर्भ के विधान से पुनर्जन्म करे। मदनरत्न और मिताक्षरा में तो स्नान मात्र कहा है।

मनुः—अज्ञानात्प्राश्य विण्मूत्रं सुरासंसृष्टमेव च ।
पुनः संस्कारमर्हन्ति त्रयो वर्णा द्विजातयः ॥

मनुने कहा है कि—तीनों वर्ण के (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य) मनुष्य अज्ञान से विष्ठा, मूत्र और मदिरा से मिली वस्तु का प्राशन करते हैं वे फिर से संस्कार के योग्य होते हैं।

१—सौराष्ट्रसिन्धुसौवीरानावन्त्यं दक्षिणापथम्। एतान् देशान् द्विजो गत्वा पुनः संस्कारमर्हति॥ अङ्गवङ्गकलिङ्गांश्च सौराष्ट्रान् मगधांस्तथा। तीर्थयात्रां विना गच्छन् पुनः संस्कारमर्हति॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मिताक्षरायां पराशरः--यः प्रत्यवसितो विप्रः प्रव्रज्यातो विनिर्गतः। अनाशकनिवृत्तश्च गार्हस्थ्यं चेच्चिकीर्षति ॥ स चरेत्त्रीणि कृच्छ्राणि त्रीणि चान्द्रायणानि च। जातकर्मादिभिः सर्वैः संस्कृतः शुद्धिमाप्नुयात् ॥

मिताक्षरा में पराशर ने कहा है कि--जो ब्राह्मण प्रव्ज्यातः=संन्यास से निकलकर च्युत हो जाय अनाशक (आ सम्यक् यथेच्छम् आशः अनशनम् यथेच्छभोगशून्ये, 'तमेतं ब्राह्मणा विविदिषन्ति वेदानुवचनेन यज्ञेन तपसाऽनाशकेनेति' श्रुतिः।) निवृत्त होकर गृहस्थधर्म में आना चाहे तो वह तीन कृच्छ्र और तीन चन्द्रायण करे और जातकर्म आदि सब संस्कारों के करने से शुद्धि होती है।

बौधायनसूत्रे—अथोपनीतस्य व्रतानि भवन्ति नान्यस्योच्छिष्टं भुञ्जीतान्यत्र पितृज्येष्ठाभ्यां, न स्त्रिया सह भुञ्जीत, मधुमांसश्राद्धसूतकान्नानि, दशाहसन्धिनीक्षीरं छत्राकनिर्यासौ, विलापनं गणान्नं, गणिकान्नमिति। एतेषु पुनः संस्कारः।

बौधायनसूत्र में कहा है कि--इसके बाद उपनीत के व्रत होते हैं--पिता और ज्येष्ठ भाई को छोड़कर अन्य का उच्छिष्ट भोजन न करे। स्त्री के साथ भोजन न करे। मधु, मांस, श्राद्ध और सूतक का अन्न भक्षण न करे। दशदिन तक व्यायी गौ का दूध न पीवे। छत्राक, (सर्पच्छत्रम् कुकुरमुत्ता, साग जो भूमि में वर्षात के समय छाते के आकार का निकलता है। बंगाली खाते हैं)। निर्यास, (गोंद) विलापन-(विलापन-दुःखद वचन बोलनेवाला या विलासन हावभाव बतलाने वाला) गणान्न, पञ्चायत धन=सामूहिक धन और वेश्याओं का अन्न इनका अन्न खाने से फिर से संस्कार करे।

प्रतिषिद्धदेशगमनमित्येके। अथाप्युदाहरन्ति--सुराष्ट्रसिन्धुसौवीरमवन्तीं दक्षिणापथम्। एतानि ब्राह्मणो गत्वा पुनः संस्कारमर्हति ॥

कोई कहते हैं कि—निषिद्धदेश में जाने पर फिर से संस्कार करे। यहाँ पर उसके वचनों को कहते हैं कि—सौराष्ट्र, सिन्धु, सौवीर, अवन्ती (उज्जैन) और दक्षिणदेश में ब्राह्मण के जाने पर फिर से संस्कार करना कहा है।

अथ पुनसंस्कारं व्याख्यास्यामो देवयजनप्रभृत्यग्निमुखात्कृत्वा पालाशीं समिधमाज्येनाङ्क्त्वाभ्याधाय वाचयति—पुनस्त्वादित्या रुद्रा वसवः० कामाः स्वाहा इति।

इसके बाद फिरसे संस्कार की व्याख्या करते हैं कि—देवयजन से प्रारंभकर अग्निमुख पर्यन्त कार्यको कर पालास की समिधा को घृत में भिगो कर अग्नि में छोडकर कहता है [1]'पुनस्त्वादित्या'।

अथ व्रात्यप्रायश्चित्ते जुहोति यन्म आत्मनो मिन्दाभूत्० पुनरग्निश्चक्षुरदादिति द्वाभ्याम्।

इसके बाद व्रात्यप्रायश्चित्तमें हवन कहता है ॥ 'यन्म [2]आत्मनो मिद्राभूत् और पुनरग्निः-इन दो मन्त्रोंसे।

अथ पक्वाज्जुहोति-सप्त ते अग्ने समिधः सप्त जिह्वाः सप्त० घृतेन स्वाहा। इति।

अब पक्व (चरु) से [3]'सप्त ते अग्ने समिधः' इस मन्त्र से आहुति दे।

अथाज्याहुतीरुपजुहोति--येन देवाः पवित्रेणेति तिसृभिरनुछन्दसं स्विष्टकृत्प्रभृति सिद्धमाधेनुवरप्रदानात् अथापरमा परिदानात्कृत्वा पालाशीं समिधामाधायाथ व्रात्यवत्प्रायश्चित्ते जुहोत्यथ व्याहृतीर्जुहोति। अथापरो ब्राह्मणवचनादेव सावित्र्या शतकृत्वो घृतमभिमन्त्र्य प्राश्य कृतप्रायश्चित्तो भवति। गुरोर्वाप्युच्छिष्टं भुञ्जीत।

१—पुनस्त्वादित्या रुद्रा वसवः समिन्धतां पुनर्ब्रह्माणो वसुनीथ यज्ञैः। घृतेन त्वं तन्वं वर्धयस्व सत्याः सन्तु यजमानस्य कामाः स्वाहा ॥ (का० सं० १२।८५)।

२—यन्म आत्मनो मिन्दाभूदग्निस्तत्पुनराहार्जातवेदाविचर्षणि स्वाहा ॥१॥ पुनरग्निश्चक्षुरदात्पुनरिन्द्रो बृहस्पतिः। पुनर्मे अश्विना युवं चक्षुराधत्तमक्ष्योः स्वाहा ॥२॥

३—सप्त तेऽ अग्ने समिधः सप्त जिह्वाः सप्त ऋषयः सप्त धाम प्रियाणि। सप्त होत्राः सप्त धात्वा यजन्ति सप्त योनीरापृणस्व घृतेन स्वाहा ॥ (काण्व सं० १८।७६)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसके बाद आज्याहुति से हवन करे। येन देवा [1]पवित्रेण—इन तीन मन्त्रों से फिर वेदों से स्विष्टकृत् सिद्धम्—आधेनुवरप्रदान (ब्रह्मदक्षिणानान्त) तक परिदान कर पालाश की समिधा का हवन कर व्रात्यसंज्ञक प्रायश्चित्त का हवन करता है फिर व्याहृति का होम करता है। इसके बाद ब्राह्मण के वचन से ही सवित्री (गायत्री) से सौबार घृत से अभिमन्त्रण कर प्राशन कर कृत प्रायश्चित्त हो जाता है या गुरु के उच्छिष्ट का भोजन करे।

अथाप्युदाहरन्ति वपनं दक्षिणादानं मेखलादण्डमजिनभैक्ष्यचर्याव्रतानि च निवर्तन्ते पुनः संस्कारकर्मणि इति।

इसके बाद ये वचन भी कहते हैं कि—मुण्डन, दक्षिणादान, मेखला, दण्ड, अजिन, भैक्ष्यचर्या (भिक्षाटन) और व्रत फिर से संस्कारकर्म में नहीं होते हैं।

आश्वलायनगृह्येऽपि—अथोपेतपूर्वस्य इत्यादिना पुनःसंस्कार उक्तः। तथा पित्रादिव्यतिरेकेण ब्रह्मचारिणः प्रेतकर्मकरणे पुनरुपनयनमित्यपरार्कादयः।

आश्वलायनगृह्य में भी फिर से संस्कार करना कहा है कि—जिसका पूर्व में संस्कार हो चुका है उसका फिर से संस्कार करना कहा है और पिता आदि से भिन्न ब्रह्मचारी प्रेतकर्म को करे तो फिर से उपनयन करे-ऐसा अपरार्क आदि में कहा है।

त्रिस्थलीसेतौ—कर्मनाशाजलस्पर्शात् करतोयाविलङ्घनात्। गण्डकीबाहुतरणात्पुनः संस्कारमर्हति॥

त्रिस्थलीसेतु में कहा है कि—कर्मनाशानदी के जलस्पर्श से, करतोयानदी के लंघन से और गण्डकी नदी को बाहुओं के द्वारा तैरने से फिर से संस्कार करने योग्य हो जाता है।

गौडास्तु—करतोयाजलस्पर्शात् कर्मनाशाविलङ्घनात्। इति पठन्ति। तन्न। दानधर्मेषु करतोयास्नाने प्राशस्त्योक्तेः।

गौड तो कहते हैं कि—'करतोयानदी के जल के स्पर्श से और कर्मनाशानदी के लांघने से संस्कार योग्य हो जाता है। ऐसा पढते हैं। यह ठीक नहीं हैं। क्योंकि—दानधर्मों में करतोयानदी में स्नान करने में प्राशस्त्य कहा है।

करतोये सदानीरे सरिच्छ्रेष्ठेऽति विश्रुते। आप्लावयसि पौराणां पापं हर करोद्भवे॥ इति स्मृतिदर्पणचन्द्रिकालिखितस्नानमन्त्राच्च।

स्मृतिदर्पणचन्द्रिका में लिखित स्नान का मन्त्र है कि—नदियों में उत्तम तथा श्रेष्ठ करतोया के जल में जो स्नान करता है उसके शरीर के पाप को हे करोद्भवे, हरण करो।

पराशरः—अजिनं मेखला दण्डो भैक्ष्यचर्या व्रतानि च।
निवर्तन्ते द्विजातीनां पुनः संस्कारकर्मणि॥

पराशर ने कहा है कि—मृगचर्म, मेखला, दण्ड, भिक्षाचरण और व्रत ये सब द्विजातियों के पुनः संस्कार में नहीं होते हैं।

हरदत्तस्तु—य एकं वेदमधीत्यान्यं वेदमध्येतुमिच्छति तस्य पुनरुपनयनम्, तेन प्रतिवेदमुपनयनं कर्तव्यम् इत्याह। अन्ये नतन्मन्यन्ते। सर्वेभ्यो वै वेदेभ्यः सावित्र्यनूच्यते इत्यापस्तम्बोक्तेः।

हरदत्त ने कहा है कि—जो एक वेद को [2]पढ़कर दूसरे वेद को पढने की इच्छा करता है उसका फिर से उपनयन होना चाहिये। इससे प्रत्येक वेद में उपनयन है, यों कहा है। दूसरे लोग इस (उपरोक्त बात) को

१—येन देवाः पवित्रेणात्मानं पुनते सदा। तेन सहस्रधारेण पवमान्यः पुनन्तु माम्॥ प्राजापत्यं पवित्रं शतोद्यामं हिरण्मयम्। तेन ब्रह्मविदो वयं पूतं ब्रह्म पुनीमहे॥ इन्द्रः पुनीती सह मा पुनातु सोमः स्वस्त्या वरुणः समीच्या। यमो राजा प्रमृणाभिः पुनातु मा जातवेदा मूर्जयन्त्या पुनातु॥ (ऋ० परि० खि० १७ म० ३–५)।

२—जो अपने वेद की शाखाओं को छोड़कर मध्य में अन्य शाखा को पढ़ता है। उसे 'शाखारण्ड' कहते हैं। उसका फिर से उपनयन होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नहीं मानते हैं। क्योंकि आपस्तंब ने कहा है कि--सव [1]वेदों के लिए ही सावित्री (गायत्री) कहा है।

तद्विधिः कारिकायाम्—वेदान्तरमधीत्यैव ऋग्वेदं ये त्वधीयते।
उपनीतिरियं तेषामलङ्करणवर्जिता॥

उसकी विधि कारिका मे कही है कि—जो दूसरे वेद को पढकर ऋग्वेदको पढते हैं। उन लोगों का अलंकार त्याग कर उपनयन करे।

यद्वै तदुपनीतस्य प्रायश्चित्तं यदा भवेत्। कृताकृतं च वपनं मेधाजननमेव च॥

या यह उपनीतका जब प्रायश्चित्त होता है तब वपन (मुण्डन) और मेधाजननसंस्कार ही कृताकृत है।

मेधाजननसद्भावे व्रतचर्या भवेदिह। अनुप्रवचनीयं च तदभावे द्वयं न हि॥ परिदानं न कार्यं स्यान्निमित्तान्तरं त्विदम्। पूर्वस्या वाचयेत्स्थाने तत्सवितुर्वृणीमहे॥ इति।

यहाँ पर मेधाजननसंस्कार के होने से व्रतचर्या होती है और अनुप्रवचनीय (वटु से कहलवाना) भी होता है। उस मेधाजनन संस्कार के न होने से व्रतचर्या तथा प्रवचनीय ये दोनों नही होते हैं। परिदान (कस्य ब्रह्मचार्यसीत्यादेः परिददामीत्यन्तमन्त्रस्योच्चारणम्।) न करे। यह निमित्तान्तर है। इसके पूर्व इसके स्थान में [2]'तत्सवितुर्वृणीमहे' इस मन्त्र को कहलावे।

यत्तु हारीतः—द्विविधाः स्त्रियः ब्रह्मवादिन्यः सद्योवध्वश्च। तत्र ब्रह्मवादिनीनामुपनयनमग्नीन्धनं वेदाध्ययनं स्वगृहे च भैक्ष्यचर्या इति, सद्योवधूनामुपनयनं कृत्वा विवाहः कार्यः, इति। तद्युगान्तरविषयम्।

जो हारीत ने कहा है कि--दो प्रकार की स्त्री होती हैं—पहली ब्रह्मवादिनी और दूसरी सद्योवधू। उसमें ब्रह्मवादिनियों का उपनयन, अग्नीन्धन (अग्नि में इन्धन डालना), वेदाध्ययन और अपने घर में भिक्षाचरण करना कहा है। सद्योवधुओं का उपनयन कर विवाह करना चाहिये--ऐसा कहा है। वह'युगान्तर विषय है। अर्थात् दूसरे युगों की बात है इस युग की नहीं है।

पुराकल्पेषु नारीणां मौञ्जीबन्धनमिष्यते।
अध्यापनं च वेदानां सावित्रीवाचनं तथा॥ इति यमोक्तेः।

यम ने कहा है कि--पहले के कल्पों में स्त्रियों का मौञ्जीबन्धन, वेदों का अध्यापन और गायत्री का उपदेश करना इष्ट था।

(अनध्यायकथनम्)

अथानध्यायाः। पारिजाते हारीतः--प्रतिपत्सु चतुर्दश्यामष्टम्यां पर्वणोर्द्वयोः।
श्वोऽनध्यायेऽद्यशर्वर्यां नाधीयीत कदाचन॥

अब अनध्याय कहते हैं। प्रयोगपारिजात में बृहस्पति ने कहा है कि- प्रतिपदा, चतुर्दशी, अष्टमी, अमावास्या और पूर्णिमा, दूसरे दिन में अनध्याय हो तो पहली रात में कभी भी नहीं पढ़ना चाहिये।

नारदः—अयने विषुवे चैव शयने बोधने हरेः।
अनध्यायस्तु कर्तव्यो मन्वादिषु युगादिषु॥

नारद ने कहा है कि--अयन में, विषुव (तुला, मेष) में, विष्णु के शयन में, जागरण में, मन्वादि और युगादि में अनध्याय करे।

निर्णयामृते—चातुर्मास्यद्वितीयासु मन्वादिषु युगादिषु।
अनध्यायस्तु कर्तव्यो या च सोपपदा तिथिः॥

१—स्मृतौ–त्रिभ्य एव तु वेदेभ्यः पादं पादमदूदुहत्। तदित्यृचोऽस्याः सावित्र्याः परमेष्ठी प्रजापतिः॥

२—तत् सवितुर्वृणीमहे वयं देवस्य भोजनम्। श्रेष्ठं सर्वधातमं तुरं भगस्य धीमहि॥ (ऋ०म७ ५ सू० ८२ म० १)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निर्णयामृत में कहा है कि--चातुर्मास्य की द्वितीया तिथियों में, मन्वादियों में, युगादियों में और जो तिथि सोपदादि हैं उनमें अनध्याय करे।

गर्गः--शुचावूर्जे तपस्ये च या द्वितीया विधुक्षये।
चातुर्मास्यद्वितीयास्ताः प्रवदन्ति मनीषिणः॥

गर्ग ने कहा है कि-आषाढ़, कार्तिक, और फाल्गुनकी द्वितीया तिथि में तथा अमावास्या और चातुर्मास्य की द्वितीया में मनीषिगण अनध्याय कहते हैं।

स्मृत्यर्थसारेऽपि--'आषाढीकार्तिकीफाल्गुनीसमीपस्थद्वितीयासु च' इति।

स्मृत्यर्थसार में भी कहा है कि--आषाढ़, कार्तिक और फाल्गुन के समीप में रहने वाली द्वितीया तिथियों में अनध्याय होती है।

मनुः--(अ० ४ श्लोक ११९) उपाकर्मणि चोत्सर्गे त्रिरात्रं क्षपणं स्मृतम्।
अष्टकासु त्वहोरात्रमृत्वन्तासु च रात्रिषु॥ इति।

मनु ने कहा है कि--उपाकर्म (श्रावणीकर्म) तथा उत्सर्ग (वेदोत्सर्ग) में तीन रात तक अनध्याय होती है। अष्टकाओं में तो अहोरात्र और ऋतु के अन्त में तो एक दिन (यथाशास्त्रं तु कृत्वैवमुत्सर्गं छन्दसां बहिः। विरमेत् पक्षिणीं रात्रीं यद्वाप्येकमहर्निशम्॥ उत्सर्गे प्रथमेऽध्याये त्वनध्यायस्त्र्यहं भवेत्। धारणाध्ययनादौ तु पक्षिणीं दिनमेव वा॥) की अनध्याय होती है।

उत्सर्गे तु--मनूक्तपक्षिण्यहोरात्राभ्यां त्र्यहस्य विकल्पः' इति विज्ञानेश्वरः।

उत्सर्ग में तो मनु के कहे हुए पक्षिणी तथा अहोरात्र से तीन दिन का विकल्प है--यह विज्ञानेश्वर ने कहा है।

अष्टकाशब्देन सप्तम्यादित्रयं ज्ञेयम्। तिस्रोऽष्टकास्त्रिरात्रमन्त्यामेके, (इति गौतमोक्तेः।

अष्टकाशब्द से सप्तमी आदि तीन को जानना चाहिये। तीन अष्टका होती हैं। 'अष्टकासु' इस बहुवचन से सब अष्टकाओं का ग्रहण है। कोई अन्त्य की भी ग्रहण करते हैं। इनमें अध्ययन न करे। यह गौतम ने कहा है।

ऋत्वन्तास्विति सौरऋत्वन्तासु, चान्द्रान्तस्य पर्वत्वेनैव निषेधसिद्धेः) इति सर्वज्ञनारायणः। एते नित्याः।

सर्वनारायण ने कहा है कि--ऋतुओं के अन्त में सौरमास के प्रमाण से ऋतु के अन्तों में चान्द्रमास के पर्व में ही निषेध सिद्ध है। ये नित्य हैं।

(नैमित्तिकानध्यायकथनम्)

नैमित्तिकानप्याह याज्ञवल्क्यः--त्र्यहं प्रेतेष्वनध्यायः शिष्यर्त्विग्गुरुबन्धुषु। उपाकर्मणि चोत्सर्गे स्वशाखाश्रोत्रिये तथा॥ सन्ध्यागर्जितनिर्घातभूकम्पोल्कानिपापने। समाप्य वेदं द्युनिशमारण्यकमधीत्य च॥ पञ्चदश्यां चतुर्दश्यामष्टम्यां राहुसूतके। ऋतुसन्धिषु भुक्त्वा वा श्राद्धिकं प्रतिगृह्य च॥ पशुमण्डूकनकुलश्वाहिमार्जारमूषकैः। कृतेऽन्तरे त्वहोरात्रं शक्रपाते तथोच्छ्रये॥ ग्रहणे द्युनिशोक्तावपि ग्रस्तास्ते त्र्यहमित्युक्तं प्राक्। (याज्ञवल्क्य आचाराध्याये श्लोक १४४-१५१)

नैमित्तिक अनध्याय को भी कहते हैं। याज्ञवल्क्य ने कहा है कि--शिष्य, ऋत्विक्, गुरु तथा बन्धु के मरण पर तीन दिन अनध्याय होती है। उपाकर्म में, उत्सर्ग में, स्वशाखीय श्रोत्रिय के मरने पर सन्ध्याकाल में, मेघगर्जन में, आकाश में उत्पात की ध्वनि होने पर, भूकम्प और उल्का (तारा) के गिरने पर, वेद और ब्राह्मण की समाप्ति पर आरण्यक पढ़ने पर अहोरात्र अनध्याय होती है।

अमावास्या और पूर्णिमा, चतुर्दशी, अष्टमी, तथा ग्रहण में, ऋतुओं की सन्धि में, श्राद्धीय भोजन करने पर, प्रतिग्रही होने पर, पशु, मेढक, न्योला, कुत्ता, सर्प, स्याही, बिल्ली और मूसा इनके मध्य से जानेपर अहोरात्र अनध्याय होती है। शक्रध्वज के (मासि भाद्रपदे राजन् शक्रयष्टिनिपातनम्। पौर्णमास्यां तु कर्तव्यम्)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पतन में और और उच्छ्रयण (उठाते) (गार्ग्यः—द्वादश्यां तु सिते पक्षे मासि प्रौष्ठपदे तथा । शक्रमुत्थापयेद्राजा विश्वश्रवणवासवैः ।। विश्वम्–उत्तराषाढा । वासवम्—धनिष्ठा ।) समय अहोरात्र अनध्याय होती है । किसी के मत से शक्रध्वज के पतन में तीन दिन अनध्याय होती है । ग्रहण में दो रात कहने पर भी ग्रस्तास्त (अर्थात्-चन्द्र और सूर्यग्रहण) में तीन दिन अनध्याय होती है—यह पहले कह चुके हैं ।

स्मृत्यर्थसारे तु—रात्रौ तु ग्रहे तिस्रो रात्रीः, दिवा च त्र्यहम् इत्युक्तम् । ऋतुः=सौरः । भुक्त्वेत्युत्सवविषयम् । 'ऊर्ध्वं भोजनादुत्सवे' इति गौतमोक्तेः । आह्निकं महैकोद्दिष्टभिन्नम् । तत्र तु त्र्यहमिति मनुः । स्मृत्यर्थसारे चैवम् ।

स्मृत्यर्थसार में तो कहा है कि—रात्रि में (सम्पूर्ण) ग्रहण हो तो तीन रात्रि और दिन में ग्रहण हो तो तीन दिन अनध्याय होती है । (खण्डग्रहण में दो दिन की अनध्याय होती है ।) ऐसा कहा है ।

यहाँ पर ऋतु से सौर ग्रहण करे । भोजन कर यह उत्सव के विषय में है । भोजन के पहले उत्सव (विवाह, उपनयन आदि) में गौतम ने कहा है । पार्वणश्राद्धसंबन्धि आब्दिक तो महत् एकोद्दिष्ट से भिन्न है । वहाँ तो तीन दिन की अनध्याय होती है—ऐसा मनु ने कहा है । (प्रतिगृह्य द्विजो विद्वानेकोद्दिष्टस्य केतनम् । त्र्यहं न कीर्तयेद् ब्रह्म राज्ञो राहुश्च सूतके ।।) एकोद्दिष्टपद से 'नवश्राद्ध' का ग्रहण करना कोई स्वीकार करते हैं ।

यत्तु—पश्वाद्यन्तराये त्र्यहमुपवासो विप्रवासश्च' इति गौतमोक्तं, तत्प्रथमाध्ययने ।

जो गौतम ने कहा है कि—पशु आदि के मध्य से निकने पर तीन दिन उपवास करे । वह तो प्रथमाध्ययन में है ।

याज्ञवल्क्यः—श्वक्रोष्टृगर्दभोलूकसामवाणार्तनिःस्वने । अमेध्यशवशूद्रान्त्यश्मशानपतितान्तिके ।। देशेऽशुचावात्मनि च विद्युत्स्तनितसम्प्लवे । भुक्त्वार्द्रपाणिरम्भोन्तरर्धरात्रेऽतिमारुते ।। पांशुप्रवर्षे दिग्दाहे संध्यानीहारभीतिषु । धावतः पूतिगन्धे च शिष्टे च गृहमागते ।।

याज्ञवल्क्यने कहा है कि–कुत्ता, गीदड़, गधा, उल्लू, सामवेदके पठनकालमें (सामगानमें) वेदान्तरकी, वांस और दुःखित व्यक्ति के स्वर सुनने पर तथा अपवित्र वस्तु शव, शूद्र, अन्त्यज, श्मशान या पतित व्यक्ति के समीप में आने पर, अपवित्र जगह में, आत्मा के अपवित्रता में, विजली के शब्द में, मेघ के बार बार गर्जन के समय, भोजन कर गीले हाथ से, जल के मध्य में, आधीरात में, अधिक वायु के चलने पर, धूलभरी आंधी आने पर तथा उडने पर, दिग्दाह में (आपस्तंबः–उल्कायामग्न्युत्पाते सर्वासां विद्यानामाकालिकोऽनध्यायः ।) सन्ध्या (बौधायनः—प्रातःसन्ध्या त्रिनाडी स्यात्सायंसन्ध्या तथाविधा । सायंप्रातः सन्ध्ययोश्च नाधीयीत कदाचन ।।) के समय धुंधले में, भय में, दौड़ते हुए, पूतिगन्ध (दुर्गन्ध) मनुः—नित्यानध्याय एव स्याद् ग्रामेषु नगरेषु च । धर्मनैपुण्यकामानां पूतिगन्धे च सर्वतः ।।) में (पूतिगन्धहानि में तो अनध्याय नहीं होती है) शिष्टव्यक्ति के घर में आने पर (यमः—स्वागतं चातिथिं दृष्ट्वा नाधीयीतैव बुद्धिमान् । अप्यनुज्ञाते तस्मिन्नध्येतव्यं प्रयत्नतः ।।) अनध्याय होती है ।

खरोष्ट्रयानहस्त्यश्वनौवृक्षेरिणरोहणे । सप्तत्रिंशदनध्यायानेतांस्तात्कालिकान् विदुः ।।

गधा, ऊँट, हाथी, घोड़ा तथा नाव; किसी के मत से गधे और ऊँट के युक्त यान में चढने पर, शकट में, वृक्ष पर चढने और ऊसर भूमि या मरुस्थल में चलने पर अनध्याय होती है । ये सैंतीस अनध्याय होती हैं । इनको तात्कालिक (निमित्तसम-कालिक) जानना चाहिये ।

वाणो=वंशः । शततन्तुर्वीणेति हरदत्तः । अमेध्याः=सूतिकादयः । स्तनितं=गर्जः । वर्षातोऽन्यत्र गर्जवृष्टिविद्युतां यौगपद्ये आकालिकः वर्षासु तात्कालिक इति नारायणः ।

वीणा वांस, नृत्यगीतवादित्रादि से निकले शब्दों से—(सौ तन्तु की वीणा) यह हरदत्त ने कहा है । अमेध्यमाने=सूतिकादि, स्तनित शकट या गर्त से रथ । वर्षा से अन्यत्र गर्जन, वृष्टि और विजलीका एक साथ वर्षा में आकालिक तथा वर्षाओं में तात्कालिक अनध्याय होती है—यह नारायण ने कहा है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(ऐतरेयोपनिषदि अपर्तौ वर्षे त्रिरात्रमिति मृगादिज्येष्ठान्तं वर्षर्तुः तं विना वर्षादौ त्रिरात्रमनध्याय इति वेदभाष्ये उक्तम् ।)

(ऐतरेयोपनिषद् में कहा है कि—विना ऋतु के वर्षा होने पर तीन दिन अनध्याय होती है। मृगशिरा नक्षत्र से लेकर ज्येष्ठानक्षत्र तक वर्षाऋतु है उसको छोड़कर बर्षा आदि में तीन रात्रि अनध्याय होती है। ऐसा वेदभाष्य में कहा है।)

(सन्ध्यागर्जे तु विशेषः)

सन्ध्यागर्जे तु हारीतः—सायंसन्ध्यास्तनिते रात्रिः, प्रातःसन्ध्यास्तनितेऽहोरात्रं, रात्रौ 'विद्युत्यपररात्र्यवधिः, विद्युति नक्तं चापररात्रात्' इति गौतमोक्तेः। तृतीयदिनांशोत्तरं तु विद्युति सर्वरात्रम्' इत्याह स एव। त्रिभागादिप्रवृत्तौ सर्वमिति, अर्द्धरात्रे मध्ययामद्वये इति विज्ञानेश्वरः। मध्यदण्डचतुष्टय इति निर्णयामृते।

सन्ध्या समय गर्जन में तो हारीत ने कहा है कि—सायंकाल की सन्ध्या के समय गर्जने पर एकरात्रि अनध्याय होती है। प्रातःसन्ध्या के गर्जन में तो अहोरात्र अनध्याय होती है। रात्रि में बिजली के शब्द में अपररात्रि के अवधिपर्यन्त अनध्याय होती है—गौतम ने कहा है। तीसरे दिन के अंश के उत्तर में तो (तृतीय भाग में) बिजली चमके तो सारीरात अनध्याय होती है यह उसने ही कहा है। तीनों भागों के किसी भी भाग में बिजली चमके तो सारेदिन अनध्याय होती है। आधीरात के मध्य के दो याम (स्मृतिः—महानिशा तु विज्ञेया मध्यं मध्यमयामयोः। तस्यां स्नानं न कुर्वीत स्वाध्यायं पितृतर्पणम् ॥) स्वाध्याय नहीं करना चाहिये। निर्णयामृत में मध्य के चारदण्डको कहा (महानिशा तु विज्ञेया चतस्रो घटिकास्तथा। अत्र दोषाधिक्ये कल्प्यम्।) है।

(विवादादौ अनध्यायकथनम्)

मनुः—न विवादे न कलहे न सेनायां न सङ्गरे। न भुक्तमात्रे नाजीर्णे न वमित्वा न सूतके। रुधिरे च स्रुते गात्राच्छस्त्रेण च परिक्षते ॥

मनुने कहा है कि—विवादमें, कलह में, सेना और संग्रामें, भोजनोत्तर गीले हाथ में, अजीर्ण (अन्न के [1]अजीर्ण) में, [1]वमन में, सूतक में, रुधिर निकलने पर और शस्त्र से घाव लगने पर अध्ययन न करे।

(श्लेष्मान्तकादीनां छायासु अनध्यायकथनम्)

कौर्मे—श्लेष्मान्तकस्य छायायां शाल्मलेर्मधुकस्य च।
कदाचिदपि नाध्येयं कोविदारकपित्थयोः ॥

कूर्मपुराण में कहा है कि—श्लेष्मान्तक (बहेडा), शाल्मली (सेमर), मधूक (महुआ), कोविदार (कचनार) और कपित्थ (कैथ) की छायामें नहीं पढ़ना चाहिये।

(शयनादौ अनध्यायनिर्णयः)

मनुः—शयानः प्रौढपादश्च कृत्वा चैवावसक्थिकाम्। नाधीयीतामिषं जग्ध्वा सूतकान्नाद्यमेव च ॥ प्रौढपादः पादोपरि पाददाता आसनारूढपादो वेति हरदत्तः। सोपपदास्वपि प्रागुक्तम्।

मनुने कहा है कि—शयनकर, पैरपर पैर कर, आवसक्थिका (वस्त्र आदि से जानुओं का पीठ के साथ बन्धन), मांस खाकर और प्रायश्चित्ति का अन्न खाकर नहीं पढ़ना चाहिये।

पैरके ऊपर पैर रखकर या पैरों को पसार कर—(प्रसारितपादोऽपि बोध्यः), बैठा हो या आसनपर पादारूढ हो ऐसा हरदत्त ने कहा है। वह सोपपदाओं में भी पहले कह चुके हैं।

(श्रवणद्वादश्यादौ अनध्यायकथनम्)

स्मृत्यर्थसारे—श्रवणद्वादशीमहाभरण्योः प्रेतद्वितीयायां रथसप्तम्यामाकाशे शवदर्शने चाहोरात्रम्।

स्मृत्यर्थसार में कहा है कि—श्रावणद्वादशी, महाभरणी (स्मृतिचन्द्रिकायाम् प्रौष्ठपद्यन्तरा—भरणी)

१-जरणोचितकालेऽपि। गौतमः-संकलोपोदितवेदसमाप्तिछर्दिश्राद्धमनुष्ययज्ञभोजनेषु अहोरात्रम्। संकलोपाहितोऽग्न्युत्पातः। छर्दौ—आपस्तम्बः—छर्दयित्वा स्वप्नान्ते घृतं वा प्राश्य' अधीयीत। सूतके 'मुक्तके' इति पाठे अम्लोद्गारे इत्यर्थः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

महानवम्यां (अश्विनशुक्ल की नवमी) द्वादश्यां (कार्तिकशुक्लद्वादशी) भरण्यां (प्रौष्ठपद्यन्तरा) वा महाद्युते । तथाऽक्षयतृतीयां शिष्यान्नाध्यापयेद्बुधः ॥ माघमासस्य सप्तम्यां रथाख्यायां विवर्जयेत् । महाच्छब्दस्य द्वाश्यादिष्वपि सम्बन्धाः ।) प्रेतद्वितीया (यमद्वितीया), रथसप्तमी और आकाश में शवदर्शन पर अहोरात्र अनध्याय होती है ।

(असपिण्डगुर्वादिमरणेऽनध्यायकथनम्)

असपिण्डे गुरौ मृते त्रिरात्रम् । आचार्ये उपाध्याये च पक्षिणी । आचार्यभार्यापुत्रशिष्येष्वहोरात्रम् । अग्न्युत्पातेन गोविप्रमृतौ त्रिरात्रम् । अयने विषुवे च पक्षिणी अकालवृष्टौ च ।

असपिण्ड गुरु (महागुरु के मरनेपर बारह रात्र) के मरने पर तीन दिन अनध्याय होती है। आचार्य और उपाध्याय के मरने पर पक्षिणी तथा आचार्य की पत्नी, पुत्र और शिष्य के मरनेपर अहोरात्र का आशौच होता है। अग्न्युपघात में—गौ और ब्राह्मण के मरनेपर तीन रात्रि, अयन और विषुव में एवं असमय की वर्षा में पक्षिणी अनध्याय होती हैं ।

(आरण्यमार्जारादीनामन्तरागमनेऽनध्यायकथनम्)

आरण्यमार्जारसर्पनकुलपञ्चनखादेरन्तरागमने त्रिरात्रम् । आरण्यश्वशृगालादिवानररजकादौ द्वादशरात्रम् । खरवराहोष्ट्रचाण्डालसूतिकोदक्याशवादौ मासम् । गोगवयाजानास्तिकादौ त्रिमासम् । शशमेषश्वपाकादौ षण्मासम् । गजगण्डसारससिंहव्याघ्रमहापापिकृतघ्नादावब्दमनध्यायः । शोभनदिने चानध्यायः ।

जंगल का=बिलाव, सर्प, न्योला, और पञ्चनख (शल्यकः श्वाविधो गोधा शशः कूर्मश्च पञ्चमः । (वाल्मीकि० १७।३९) आदिके मध्य से गमन करने पर तीन दिन की अनध्याय होती है । जंगली कुत्ता, सियार, आदिशब्दसे—वनके मूषक आदि, बन्दर, धोबी, चर्मकार आदि में बारह रात अन्तरागमन में अनध्याय होती है ।

गदहा, सूअर, ऊँट, चाण्डाल, सूतिका रजस्वला तथा शव के मध्य से निकलनेपर एक महिने की अनध्याय होती है। गौ, गवय (नीलगाय) बकरी तथा नास्तिक आदिमें तीन महिने की मध्य में जानेपर अनध्याय होती है।

शश[1] (खरगोश), मेष (भेडा), श्वपाक (चाण्डाल) आदि में छ महिने की मध्य में जानेपर अनध्याय होती है। हाथी, गैंडा, सारस, सिंह, व्याघ्र, महापापी, कृतघ्न आदि में एक साल की अन्तरा-गमन पर अनध्याय होती है। शोभनतिथि में अनध्याय (स्मृत्यन्तरे-प्रतिपल्लेशमात्रेण कलामात्रेण चाष्टमी। दिनं दूषयते सर्वं सुरा गव्यघटं यथा ॥ लेशादिमत्त्वं सूर्योदयोत्तरं न तु प्राक् । दिनम्-अस्तात् पूर्वमाचारात् ।) होती हैं।

(विवाहाद्युत्सवे अनध्यायनिर्णयः)

विवाहप्रतिष्ठोद्यापनादिष्वासयाप्ते सगोत्राणामनध्यायः ।

उदयेऽस्तमये वापि मुहूर्तत्रयगामि यत् । तद्दिनं तदहोरात्रमनध्यायविदो विदुः ॥

विवाह, प्रतिष्ठा, उद्यापन आदियों के समाप्त नहीं होने तक सगोत्रों की अनध्याय होती। उदय और अस्त में तीन मुहूर्त हो तो उसमें अहोरात्र करे ऐसा अनध्याय के जानकारों ने अनध्याय कहा है।

केचिदाहुः क्वचिद्देशे यावत्तद्दिननाडिका । तावदेव त्वनध्यायो न तन्मिश्रे दिनान्तरे ॥

किसीने कहा है कि—किसी देश में जितनी दिन की नाडी हो उतनी ही अनध्याय होती है। उसके मिले दिनान्तर में नहीं होती है।

(प्रदोषे अनध्यायकथनम्)

प्रदोषं त्वाह प्रजापतिः—षष्ठी च द्वादशी चैव अर्द्धरात्रोननाडिका ।
प्रदोषे न त्वधीयीत तृतीया नवनाडिका ॥

१—शशेति उपलक्षणम् । गुर्वन्ते वासिनां चैव मध्येतॄणां च मध्यतः । ययुः शशश्वपाकाजा नाधीयीतार्धवत्सरम् । एवं च प्रथमारंभेऽजगमने । व्याघ्रेऽपि प्रथमारंभ एवाब्दम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रदोष को तो कहते हैं प्रजापति ने कहा है कि—[1]षष्ठी और द्वादशी, आधीरात के एक नाडी (घडी) के पूर्व तक तथा तृतीया नौ नाडी तक हो तो अध्ययन नहीं करना चाहिये।

(प्रदोषकालकथनम्)

निर्णयामृते गर्गः—रात्रौ यामत्रयादर्वाक् सप्तमी वा त्रयोदशी।
प्रदोषः स तु विज्ञेयः सर्वविद्याविगर्हितः॥

निर्णयामृत में गर्गने कहा है कि—रात में दो यामके पहले सप्तमी या त्रयोदशी हो तो वह सब विद्याओं के अध्ययन में गर्हित है। उसको प्रदोषकाल जानना चाहिये।

रात्रौ नवसु नाडीषु चतुर्थी यदि दृश्यते। प्रदोषः स तु विज्ञेयो सर्वविद्याविगर्हितः॥

रातमें नौ नाडियों में यदि चतुर्थी दिखाई दे तो उसको प्रदोष जानना चाहिये। वह सब विद्याओं में निन्दित है।

(अङ्गेतिहासादीनां नाध्यायकथनम्)

कौर्मे—अनध्यायस्तु नाङ्गेषु नेतिहासपुराणयोः। न धर्मशास्त्रेष्वन्येषु पर्वण्येतानि वर्जयेत्॥

कूर्मपुराण में कहा है कि—अंगों में, इतिहास[2] और पुराणमें, धर्मशास्त्रों में अनध्याय नहीं होती है। तथा इनसे अन्यों में इन पर्वो को त्याग दे।

शौनकः—नित्ये जपे च काम्ये च क्रतौ पारायणेऽपि च। नानध्यायोऽस्ति वेदानां ग्रहणे ग्राहणे स्मृतः॥ इत्यनध्यायाः।

शौनकने कहा है कि—[3]नित्यकार्यों में, जपमें, काम्यकर्मो में, यज्ञ में और पारायण में भी, वेदों के ग्रहण (पढने) ग्राहण (पढाने) में अनध्याय नहीं होती है।

(महानाम्न्यादिव्रतम्)

अथ महानाम्न्यादिव्रतम्। श्रीधरः—तिथिनक्षत्रवारांशवर्गोदयनिरीक्षणम्। चौलवत्सर्वमाख्यातं सगोदानव्रतेषु च॥ ए (ते) षां लोपे शौनकः—व्रतानि विधिना कृत्वा स्वशाखाध्ययनं चरेत्। अकृत्वाभ्यस्यते येन स पापी विधिघातकः॥ प्रत्येकं कृच्छ्रमेकैकं चरित्वाऽऽज्याहुतीः शतम्। हुत्वा चैव तु गायत्र्या स्नायादित्याह शौनकः॥ स्मृत्यर्थसारे तु—'त्रीन् षड् वा दश वा कृच्छ्रान् कृत्वा पुनर्व्रतं चरेत्' इत्युक्तम्।

महानाम्नी आदिव्रत कहते हैं। श्रीधर ने कहा है कि—महानाम्नी व्रतमें तिथि, नक्षत्र, वार, अंश (नवांश), और वर्ग (षड्वर्ग) उदय (लग्न) का निरीक्षण चूडाकर्म की तरह तथा गोदान (केशान्त) व्रतों में भी देखना चाहिये।

इनसब के लोप में शौनक ने कहा है कि—व्रतों (स्मृतिः—प्रथमं स्यान्महानाम्नी द्वितीयं स्यान्महाव्रतम्। तृतीयं स्यादुपनिषद्गोदानाख्यं ततः परम्॥ उद्योते यजुर्वेदिनाम्—प्राजापत्यैन्द्राग्नेयसौम्यानि, सामवेदिनाम्—केशान्तगोदानमहानाम्नीज्येष्ठसामव्रतानि, अथर्वाणाम्—गोदानसावित्रीव्रतवेदव्रतविसर्जनव्रतानि, इमानि व्रतानि त्रयोदशवर्षमारभ्य ब्राह्मणेन, एकोनविंशमारभ्य क्षत्रियेण, एकविंशमारभ्य वैश्येन कार्याणि।) को विधिवत् कर अपनी शाखाका अध्ययन (मनुः—यः स्वशाखां परित्यज्य परशाखां समाश्रयेत्। अप्रमाणमृषिं कृत्वा सोऽन्धे तमसि मज्जति॥) करे—जो इन व्रतों को न कर अध्ययन करता

१—बृहन्मनुः—चतुर्थ्यां च त्रयोदश्यां सप्तम्यामर्धरात्रतः। अर्वाग् नाध्ययनं कुर्याद्यदीच्छेत्तस्य धारणम्॥ स्मृत्यर्थसारे—चतुर्थ्याः पूर्वरात्रे तु नवनाडीषु दर्शने। नाध्येयं पूर्वरात्रेस्यात्सप्तमी च त्रयोदशी॥ अर्धरात्रात्पुरा चेत्स्यान्नाध्येयं पूर्वरात्रके। यामद्वयादर्वागिति पाठः। यामत्रयादर्वागितित्वशुद्धः।

२—चतुर्दश्यष्टमीपर्वप्रतिपद्वर्जितेषु च। वेदाङ्गन्यायमीमांसाधर्मशास्त्राणि चाभ्यसेत्॥

३—नित्ये नैमित्तिके काम्ये व्रते यज्ञे क्रतौ तथा। प्रवृत्ते काम्यकार्ये च नानध्यायाः स्मृतास्तथा॥ देवतार्चनमन्त्राणां नानध्यायः कदाचन।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है वह विधिका घात करनेवाला पापी होता है। प्रत्येक के लिये एक एक कृच्छ्र तथा गायत्री मन्त्रसे घृत द्वारा सौ आहुति देकर स्नान करे—यह शौनक ने कहा है। स्मृत्यर्थसार में तो कहा है कि—तीन, छ और बारह (किसी के मत से दश) कृच्छ्रों को कर फिर से व्रत करे—यों कहा है।

(समावर्तनकथनम्)

अथ समावर्तनम्। सुरेश्वरः—भौमभानुजयोर्वारे नक्षत्रे च व्रतोदिते।
ताराचन्द्रविशुद्धौ च स्यात्समावर्तनक्रिया॥

उसके वाद समावर्तन कहते हैं। सुरेश्वर ने कहा कि—मंगलवार, शनिवार व्रत में कहे हुए नक्षत्र, तारा तथा चन्द्र की शुद्धि में समावर्तनक्रिया होती है।

बौधायनसूत्रे तु—'रोहिण्यां तिष्ये उत्तरयोः फाल्गुन्योर्हस्ते चित्रायामैन्द्रे विशाखायां वा स्नायात्' इत्युक्तम्।

बौधायनसूत्रमें तो कहा है कि—रोहिणी, पुष्य, दोनों उत्तरा, दोनों फाल्गुनी, (पूर्वाफाल्गुनी तथा उत्तरा फाल्गुनी) हस्त, चित्रा, ज्येष्ठा या विशाखा में स्नान करे। यों कहा है।

वसिष्ठः—स्नानं मध्याह्नकाले तु होरायां कारयेच्छुभम्।
पूर्वाह्णे तदभावे तु कुर्यात्स्नानं यथाविधि॥

वसिष्ठ ने कहा है कि—मध्यान्हकाल में शुभ ग्रह की होरा (कालहोरा) आनेपर स्नान करना कल्याण कारक है। उसके अभाव में पूर्वाह्णकाल में यथाविधि स्नान करे।

'सर्वऋतवो विवाहस्य' इति सूत्रात् यदा दक्षिणायने विवाहस्तदा समावर्तनमपि तत्रैव। अन्यथोदगयने समावर्तने 'अनाश्रमी न तिष्ठेत' इति विरोधः स्यादित्युक्तं सुदर्शनभाष्ये। एतच्च ब्रह्मचारिव्रतलोपप्रायश्चित्तं कृत्वा कार्यम्।

विवाह की सब ऋतु हैं। अर्थात्—सब ऋतुओं में विवाह करना चाहिये। इससूत्र के मत से। जब दक्षिणायन में विवाह होता है तो समावर्तन भी दक्षिणायन में करे। अन्यथा उत्तरायण में समावर्तन होगा तो विना आश्रम के न रहे—यह विरोध हो जायगा। ऐसा सुदर्शनभाष्य में कहा है और इस ब्रह्मचर्यव्रतके लोपका प्रायश्चित्त करे।

तदाह बौधायनः—शौचसन्ध्यादर्भभिक्षाग्निकार्यराहित्यकौपीनोपवीतमेखलाजिनधारणदिवास्वापच्छत्रपादुकास्रग्विधारणोद्वर्तनानुलेपनाञ्जनद्यूतनृत्यगीतवाद्यादिभिरतौ ब्रह्मचारी कृच्छ्रत्रयं चरेत् महाव्याहृतिहोमं च कुर्यात्।

उसी बात को बौधायन ने कहा है कि—पवित्रता, सन्ध्या, दर्भ, भिक्षा, अग्निकार्य से शून्य, कौपीन, यज्ञोपवीत, मेखला, दण्ड, मृगचर्म आदि धारण दिनमें शयन, छाता, खडाँऊ, माल्यधारण, अंगोद्वर्तन, अनुलेपन, अञ्जन, जूआ, नाच, गाना और वाद्य में रत ब्रह्मचारी तीन कृच्छ्र करे और महाव्याहृति से हवन करे।

(समावर्तनोत्तरं पूर्वमृतानां त्रिरात्रमाशौचकथनम्)

समावर्तनोत्तरं पूर्वमृतानां त्रिरात्रमाशौचं कार्यम्। आदिष्टी नोदकं कुर्यादाव्रतस्य समापनात्। समाप्ते तूदकं दत्त्वा त्रिरात्रमशुचिर्भवेत्॥ इति मनूक्तेः। आदिष्टी ब्रह्मचारीति विज्ञानेश्वरः। जनने तु ब्रह्मचर्ये यदि कश्चिन्न मृतस्तदा त्रिरात्रमध्ये विवाहः कार्योऽन्यथा नेति सिद्ध्यति। जनने तु सत्यपि न त्रिरात्रम्, तत्रातिक्रान्ताशौचाभावादुदकं दत्त्वेति वचनाच्चेति दिक्। तत्रापि विकल्पः। पितर्यपि मृते नैषां दोषो भवति कर्हिचित्। आशौचं कर्मणोऽन्तेस्यात्त्र्यहं वा ब्रह्मचारिणाम्॥ इति छन्दोगपरिशिष्टात्।

समावर्तन के बाद पूर्व मरनेवालों पर तीन रातका आशौच करे। मनु ने कहा है कि—ब्रह्मचारी व्रतके समाप्त होने तक उदक (जल) न दे। समाप्त व्रतके होनेपर उदक देकर तीनरात अपवित्र होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आदिष्टी—ब्रह्मचारी को कहते हैं। यह विज्ञानेश्वर ने कहा है। ब्रह्मचर्यावस्था में यदि कोई न मरे तो तीन रात के मध्यमें विवाह करे अन्यथा तो नहीं सिद्ध होता है। किसी के उत्पत्ति में तो तीन दिन का आशौच नहीं होता है। वहाँ पर अतिक्रान्त (व्यतीत) आशौच का अभाव होने से जल दे, यह वचन है। यह मार्ग का निर्देश है। उसमें भी विकल्प है।

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है कि—पिता के मरनेपर इन ब्रह्मचारियों को कभी भी दोष नहीं होता है या कर्म (हवनादि) के अन्तमें तीन दिनका आशौच होता है।

(स्नातकव्रतन्याह)

स्नातकव्रतान्याह व्यासः—यज्ञोपवीतद्वितयं सोदकं च कमण्डलुम्। छत्रं चोष्णीषममलं पादुके चाप्युपानहौ ॥ रौक्मे च कुण्डले वेदः कृतं केशनखः शुचिः ॥ वेदो=दर्भवटुः।

स्नातक के व्रतों को व्यासजी ने कहा है कि—दो यज्ञोपवीत, जल के सहित कमण्डलु, छाता, स्वच्छ पगड़ी, खड़ाऊ, (जूता) सुवर्ण के कुण्डल, कुशा का समूह, केश (बाल), नख धारण कर तथा पवित्र होकर रहे। वेदमाने—दर्भवटु।

मनुः (४।६६)—उपानहौ च वासश्च धृतमन्यैर्न धारयेत्। उपवीतमलङ्कारं स्रजं करकमेव च ॥" अन्यान्यपि बह्वृचगृह्यस्मृत्यादिभ्यो ज्ञेयानि।

मनुने कहा है कि—अन्य के धारण किये हुए जूते, वस्त्र, यज्ञोपवीत, अलंकार, माला तथा करक (कमण्डलु) को धारण न करे और दूसरे भी वचनों को बह्वृचगृह्यस्मृति आदियों से जानना चाहिये।

(छुरिकाबन्धः)

अथ छुरिकाबन्धः। ज्योतिर्निबन्धे नारदः—छुरिकाबन्धनं वक्ष्ये नृपाणां प्राक्करग्रहात्। विवाहोक्तेषु मासेषु शुक्लपक्षेऽप्यनस्तगे ॥ जीवे शुक्रे च भूपुत्रे चन्द्रताराबलान्विते। मौञ्जीबन्धर्क्षतिथिष कुजवर्जितवासरे ॥

अब छुरिकाबन्ध कहते हैं। ज्योतिर्निबन्ध में नारद ने कहा है कि—राजाओं के विवाह के पूर्व छूरिकाबान्धना कहता हूँ। विवाह में कहे हुए महिनों में, शुक्लपक्ष में, गुरु और शुक्र के उदय में, मंगल, चन्द्रमा तथा तारा के बलान्वित होनेपर, मौञ्जीबन्धन के नक्षत्र तथा तिथिमें एवं मंगलवार से भिन्न वारों में छुरिकाबन्धन करे।

**सङ्ग्रहे—शूद्राणां राज्यपुत्राणां मौञ्ज्यभावेऽस्त्रबन्धनम्।
मौञ्जीबन्धोक्ततिथ्यादौ कार्यं भौमदिनं विना ॥**

संग्रह में कहा कि—शूद्रों के राज्यपुत्रों का मौञ्जी के अभाव में अस्त्रबन्धन कहा है। वह मंगलवार को छोड़कर मौञ्जीबन्धन में कही हुई तिथि आदि में करे।

(प्राचीन व्यवस्थाओं का संग्रह)

(स्वर्गीय-महामहोपाध्याय श्री पं० विद्याधर जी गौड द्वारा लिखित)

(३) यदत्र कासु चित् पद्धतिषु "उपनयन-वेदारम्भ-समावर्तनकर्माणि एकतन्त्रेण करिष्ये" इति सङ्कल्पो लिखितः, यच्च कैश्चित्तदनुसारेण त्रयाणां समानतन्त्रेणैव सङ्कल्पः क्रियते तन्न युक्तम्, त्रयाणां तेषामेकैकप्रयोगपरिसमाप्त्यनन्तरमेव अपरस्यानुष्ठेयत्वेन एकप्रयोगपरिगृहीतत्वाभावात्। एकप्रयोगपरिगृहीतानामेव च कालकर्त्रैक्ये तयाऽनुष्ठानस्य शास्त्रे सिद्धान्तितत्वात्। अतोऽत्र पृथक् पृथगेव [एकं (साङ्गं)] समाप्यानन्तरं द्वितीयं कर्म आरब्धव्यं, तत्समाप्तौ तृतीयमिति। अत एव च त्रयाणां तत्तत्कर्मारम्भकाले पृथक् पृथगेव सङ्कल्पः कार्यो न तु सर्वादौ पृथक् सकृत्, पृथक् पृथग्वा। स्वस्तिवाचनादिषु तु एकस्मिन् दिने कर्तव्येषु आवृत्त्यभावात् सर्वादौ सर्वोद्देशेन "करिष्यमाणसर्वकर्माङ्गत्वेन स्वस्तिपुण्याहवाचनादीनि करिष्ये" इत्येव युक्तम्। "तन्त्रं च अनेकेषां प्रधानानामेकदाऽनुष्ठाने प्राप्ते पूर्वाङ्गानामुत्तराङ्गानां च सर्वोद्देशेन सकृदनुष्ठानम्"।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१) केचिन्मेखलाबन्धनमन्त्रं स्वयं पठित्वा पश्चान्माणवकं वाचयित्वा मेखलां बध्नन्ति, तदयुक्तम्, मेखलाबन्धनमाचार्यकर्तृकम्, अतस्तस्यैव पाठो युक्तो न तु वटोः। प्रधानं कर्म, मन्त्रस्तु गुणः। प्रधानवशवर्तिनो हि गुणाः। अतो न गुणप्रधानयोः कर्तृभेदो युक्तः। तथा चात्र गदाधरभाष्यम्—आचार्यकर्तृकं मेखलाबन्धनं कुमारस्य मन्त्रपाठ इति वासुदेवादयः। अत्र मुरारिमिश्रैरबुध्वैव 'पुरुषयोगिमन्त्रसंस्कारयोत्यागे सामर्थ्यात्' (का० श्रौ० १।७।२०) इति हेतूपन्यासार्थं प्रदर्शितम्। न हि करणमन्त्रेऽयं न्यायः प्रवर्तते। ननु आचार्यकर्तृको ह्ययं पदार्थः। मन्त्रपाठस्तु लिङ्गवशेन माणवककर्तृकः स्यादिति चेन्न ? प्रधानभूतश्च पदार्थः। गुणभूतश्च मन्त्रः। अतः पदार्थाङ्गत्वेन मन्त्रोऽपि कर्त्रा पठनीयः। मन्त्रेऽपि च लक्षणया माणवकाभिधानमित्यदोषः। तथा त्र श्रुतिः—"यां वै कां च यज्ञ ऋत्विज ऽआशिषमाशासते यजमानस्यैव सा" इति।

(१) गायत्र्युपदेशान्तरं गायत्र्यैव सन्ध्या कार्या, गायत्र्यैव ब्रह्मयज्ञः, यावत्तदभ्यासो न भवेत्। मध्याह्नसन्ध्याया उपनयनदिने विकल्प इति निर्णयसिन्धौ। ब्रह्मयज्ञस्य वेदारम्भाभावादेवाप्राप्तावपि "अथास्य ब्रह्मयज्ञं तु मध्याह्ने तु परेऽहनि" इति वचनात् द्वितीयदिने मध्याह्ने तस्य गायत्र्या कर्तव्यता इहोच्यते। तथा च जैमिनिः—अनुपाकृतवेदस्य कर्तव्यो ब्रह्मयज्ञकः। वेदस्थाने तु सावित्री गृह्यते तत्समासतः' ॥

(१) अत्र वेदारम्भ इषे त्वेत्यादितः कर्तव्यः। यद्यपि व्रतादेशे प्रथमम् "आग्नेयं व्रतं प्रथममादिशेत्" इति विधिः, तदनुरोधेन समिधाऽग्निमित्याद्यारम्भः कर्तव्य इत्यापाततः प्रतीयते, तथापि तस्य पृथगध्ययनकाले तदारम्भणेऽपि वेदारम्भकाले प्रथमाध्यायस्य परित्यागे प्रमाणाभावात् संस्कारभास्करादौ सर्वत्र प्रथमाध्यायादेवारम्भस्य विहितत्वात्तत आरभ्यैव वेदाध्ययनम्।

(१) अत्र न त्र्यायुषकरणं स्वयमेव वटुना कर्तव्यम्। तत्र वटुकर्तृके त्र्यायुषकरणे 'तन्नो अस्तु त्र्यायुषम्' इत्यत्र अस्मच्छब्दस्य नोहः। वटुप्रतिनिधिभूताचार्यकर्तृकत्र्यायुषकरणपक्षेऽपि ऊहो नास्ति। कर्मणः परार्थत्वात्। ऋत्विजां च कर्मकरणार्थं परिक्रीतत्वात्। लिङ्गाच्च "यां वै काश्च यज्ञ ऋत्विज आशिषमाशासते यजमानस्यैव सा' इति (श० ब्रा० १।१।१६)। अत एव 'वाजश्च मे प्रसवश्च मे' इत्यादौ ऋत्विक्कर्तृकपाठेऽपि नोहः। 'शूलेन पाहि नो देवि" इत्यादौ दुर्गापाठेऽस्मच्छब्दस्य नोहः। स्पष्टं चेदम्—'ममाग्ने वर्चो विहवेष्वस्तु' इत्येतत्सूत्रे कर्कभाष्ये (का० श्रौ० २।१।२) तथाहि—"ममाग्न इत्यत्र अध्वर्युकर्तृकेऽपि अग्न्यन्वाधाने यजमानाभिधायिपदानामन्यायनिगदत्वादनूह एव। न च वर्चो दिशां चावनतिः अध्वर्युविषया, कर्मणः परार्थत्वात्"। इति एवं च 'तन्नोऽअस्तु त्र्यायुषम्, इत्यत्र तत्ते इति विशेष इति क्वाचित्कलेखनं प्रामादिकमेवेति दिक्।

(त्यक्तशिखासूत्रस्य पुनर्गार्हस्थ्यप्रवेशे प्रायश्चित्तम्)

प्रमादवशात् परित्यक्तशिखासूत्रः कृतोद्वाहः सपितृमातृको कश्चन ब्राह्मणकुमारः पुनर्गृहस्थाश्रमं चिकीर्षुः पुनरुपनयनादिसंस्कारेण शुद्धो भवितुमर्हति नवेति प्रश्ने—धर्मशास्त्रोक्तविधिना प्रकृतत्र्यब्दप्रायश्चित्तः पुनरुपनयनादिसंस्कारसंस्कृतः 'सर्वेषामेव पापानां जपः प्रायश्चित्तमीरितम्' इत्याद्युक्त्या द्वादशसहस्रगायत्रीजपेन शुद्धो भवितुमर्हति। प्रमाणं च प्रायश्चित्तविवेके संस्कारभास्करे च वर्तते।

(रोगार्तनित्यकृत्यलोपे विचारः)

(क) रोगार्तस्य गृहस्थस्य स्नान-सन्ध्या-देवर्षिपितृतर्पण-वैश्वदेव-देवार्चालोपे "वेदोदितानां नित्यानां कर्मणां समतिक्रमे" (मनु० ११।२०३) इत्यादिवचनेन अनातुरस्य एकस्य परित्यागे एकस्योपवासस्य विधानेऽपि आतुरस्य—राष्ट्रक्षोभे नृपक्षोभे रोगार्तौ क्षयसूतके। सन्ध्यावन्दनविच्छित्तिर्न दोषाय कदाचन ॥ इति गौतमवचनेन दोषाभावस्मरणेऽपि "अत्रापि यथासंभवमाचरणीयम्, लोपे तु किञ्चित् प्रायश्चित्तम्" इति प्रायश्चित्तमञ्जरीकारवचनात् तत्रैव पूर्वमापदि दिनत्रयातिक्रमे उपवास इत्युक्तत्वाच्च स्नानादेर्नित्यकर्मण एकैकस्य दिनत्रयातिक्रमे एक उपवासः, अनेकेषामतिक्रमे 'प्रतिनिमित्तं नैमित्तिका वृत्तिः' इति न्यायेन उपवासा वृत्तिः प्राप्नोति। एवं च यावत्सु दिनत्रयेषु सन्ध्यादीनां लोपः सञ्जातस्तावन्त उपवासा निमित्तभेदेन कर्तव्यतां प्राप्नुवन्ति। तदशक्तौ उपवासषट्कप्रतिनिधित्वेन एकं प्राजापत्यं परिकल्प्य यावन्त्युपवासषट्कानि तावन्ति प्रत्याम्नायकृच्छ्राणि कर्याणि। तत्राप्यशक्तौ तावत्संख्याका गावो देयाः। (ख) ज्वरार्तस्य द्विजस्य स्नान-सन्ध्या-देवर्षि-पितृ-तर्पण-वैश्वदेव-देवार्चालोपेन यो दोषः समजनि तद्दोषपरिहाराय आपदि नित्यकर्मणां दिनत्रयावधिकलोपे एकोपवासस्य धर्मशास्त्रेषु विधानात् एकैकस्य लोपे एकैक उपवास इति पञ्चानां स्नानादीनां दिनत्रयावधिकलोपे पञ्चोपवासा इति आहत्य परिगणनया सार्द्धमासद्वये सन्ध्यादिलोपे पञ्चविंशत्यधिकशतोपवासानां प्राप्तत्वात् तावतामुपवासानां स्वरूपतः कर्तुमशक्यत्वेन तत्प्रतिनिधित्वेन उपवासषट्कस्य एकप्राजापत्यपरिकल्पनया एकविंशतिप्राजापत्यं कृच्छ्राणां प्रतिनिधित्वेन एकविंशतिगोमूल्यं वेति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(पूर्वसङ्कल्पितस्यगायत्रीपुरश्चरणानुष्ठानविचारः)

(क) यदि कश्चिदार्तः पूर्वं मनसा सङ्कल्पितं बहुदिनसाध्य गायत्रीपुरश्चरणादिकं कर्म चिकीर्षन् शुक्रास्तादिदोषरहितकालागमनपर्यन्तं जीविते संशयमापन्नस्तादृशदोषदूषित एव काले स्वसङ्कल्पं पूरयितुमभिलषति तदनुष्ठानं शास्त्रीयमस्ति न वेति विचारे इदमुत्तरम्—स्वसङ्कल्पितस्य स्वेनैव समापनीयस्य पाष्ठन्यायसिद्धत्वात् दोषापगमं यावज्जीवनस्यानिश्चितत्वेन सङ्कल्पितकर्मणोऽनन्यगतिकत्वात् अनुष्ठातव्यत्वमेव । "कालेऽनन्यगतिं नित्यां कुर्यान्नैमित्तिकीं क्रियाम् ।" तथा—"नैमित्तिकं तु कुर्वीत सावकाशं न यद् भवेत् ।" इत्यादिवचनबलादुत्तरत्र—अतएव "सावकाशं च सम्भवति, निरवकाशस्य कर्मणो दोषयुक्तेऽपि कालेऽनुष्ठानं न दोषायेति गम्यते" इति निरवकाशस्यानन्यगतिकस्य प्रतिप्रसवोऽर्थात् सिद्धः । कर्म कुर्यात्फलावाप्त्यै चन्द्रादिशोभने बुधः । स्वस्थकाले त्विदं सर्वं नार्तकालमपेक्षते ॥ स्वस्थकाले त्विदं सर्वं सूतकं परिकीर्तितम् । आपद्गतस्य सर्वस्य सूतकेऽपि न सूतकम् ॥ व्यतीपातोऽथ संक्रान्तिस्तथैव ग्रहणं रवेः । पुण्यकालास्तदा सर्वे यदा मृत्युरुपस्थितः ॥ एवञ्च पूर्वोक्तेन पुरुषेण शुक्रास्तादिदोषयुतेऽपि स्वसङ्कल्पितस्यानुष्ठानं यदि क्रियते कार्यंत वा तच्छास्त्रीयमेवेति । (ख) केनचिन्मानसिकः सङ्कल्पः कृतो गायत्रीपुरश्चरणस्य पूर्वम् । स च मरणावस्थां प्राप्तः, अतस्तेन किं कर्तव्यमिति संशये उत्तरमिदम्—स्वपुत्रादौ विश्वासयोग्ये प्रतिनिधौ च सति तद्द्वारा कारणीयं शुक्रास्तादिदूषितसमयानन्तरम् । तादृशपुत्राद्यलाभे तु वैद्यादिद्वारा स्वात्मज्ञानद्वारा च मरणनिश्चये सति स्वयमपि कालाशुद्धावपि अनुष्ठानं कर्तव्यम्, मानसिकसङ्कल्पस्याप्यारम्भरूपत्वात् आरब्धकर्मणो नित्यत्वात् नित्यानां शुक्रास्तादिदोषाभावादिति ।

(सन्निहितातिकाले मौञ्जीबन्धे मीनाऽर्के गुर्वादिदोषाभावः)

गुरौ द्वादशके व्रतप्रकरणविहितवर्षसमाप्तौ उपनयनं कार्यं नवेति प्रश्ने कार्यमेवेत्युत्तरं निर्णयसिन्धौ—"शुद्धिर्नैव गुरोर्यस्य वर्षे प्राप्तेऽष्टमे यदि । चैत्रे मीनगते भानौ तस्योपनयनं शुभम् ॥ जन्मभादष्टमे सिंहे नीचे वा शत्रुभे गुरौ । मौञ्जीबन्धः शुभः प्रोक्तश्चैत्रे मीनगते रवौ ॥" इति । "व्रते जन्मत्रिखारिस्थो जीवोऽपीष्टोऽर्चनात्सकृत् । शुभोऽतिकाले तुर्याष्टव्ययस्थो द्विगुणार्चनात् ॥" इति ।

श्री विश्वनाथशर्मा गौड़,

(१) सन्ध्या का काल यदि कुछ अल्प व्यतीत हो जाय तो सन्ध्योपासनकाल में चतुर्थ अर्घ्यं प्रायश्चित्त निमित्त दे । ६ घड़ी बीत जाय तो तीन प्राणायाम, बारह घड़ी बीत जाय तो बारह और मध्याह्न हो जाय तो ३६ प्राणायाम करे । (२) एक मत यह है कि—प्रातः और सायं उदय तथा अस्त के अनन्तर तीन तीन घड़ी सन्ध्याकाल है और मध्याह्न में सूर्योदय से अठारह घड़ी तक सन्ध्याकाल है यदि इतने काल में सन्ध्या न कर सके तो १०८ गायत्रीजप करे । (३) संकट में रात्रि के प्रथम प्रहर तक भी प्रातः सन्ध्यादि क्रम से कर सकता है । सविधि नित्यस्नान और ब्रह्मयज्ञ रात्रि में नहीं होते हैं । (४) रात्रि के एक प्रहर के बाद डेढ़ प्रहर तक रात्रिविहित कृत्य हो सकते हैं । एकप्रहर के बाद रात्रि में दिवा विहित कृत्य निषिद्ध हैं ।(५) सर्वथा सन्ध्या लोप में प्रतिसन्ध्य एक उपवास या १०८ गायत्री जप है अल्प शक्ति में तो शत गायत्री जप है । दो या तीन दिन के लोप में तदावृत्ति कर उसके ऊपर कृच्छ्रादि करे । (६) एक दिन सन्ध्या का या कोई भी वेदोक्त नित्यकर्म का लोप हो जाय तो १००८ गायत्री जप करे, विना अभ्यास में प्रायश्चित्ताभ्यास है, अनादिष्टकर्मलोप में उपवास है, उपवास अशक्ति में ६ उपवास से एक प्राजापत्य की कल्पना करनी चाहिये या प्रत्येक उपवास का एक ब्राह्मणभोजन कराना चाहिये । अनेक नित्यकर्म के लोप में तन्त्र से प्रायश्चित्त की सिद्धि है । (७) स्नान कालातिक्रम में १०८ गायत्री जप करे नित्य स्नान, सन्ध्योपासन, स्मार्ताग्निहोम और श्रौताग्निहोम एकदिन लोप हो जाने से १००० गायत्री जप करे । (८) पञ्चमहायज्ञ में एक का लोप होनेपर और सप्तपाकसंस्था के लोप में भी एक उपवास है । सर्वलोप में तो कृच्छ्रार्ध अथवा चन्द्रायण है, आतुर को प्रायश्चित्त नहीं है । (९) अनातुर होकर सात दिन सन्ध्या न करे तो पुनः संस्कार के योग्य है । (१०) आतुर को सन्ध्यादि उच्छिन्न से दोष नहीं होता है तथापि सन्ध्यालोप में कुछ प्रायश्चित्त करना चाहिये । (११) एकसप्ताह स्नान न करने से शूद्र तुल्य हो जाता है और शक्त होकर एक सप्ताह यदि कूपोदक अथवा उष्णोदक से स्नान करे तो प्राजापत्य है । (१२) यज्ञोपवीत के विना मूत्रादि करने में और मूत्र—पुरीष के वेग को रोकने में १०८ गायत्रीजप करे । (१३) मूत्रादि के उत्सर्गकाल में यदि कर्णस्थापित यज्ञोपवीत का अधःपात हो जाय तो नूतन यज्ञोपवीत धारण करे । (१४) मूत्रपुरीषोत्सर्ग के पूर्व शौचार्थमृत्तिका और जल को रक्खे अनन्तर रखने में सचैलस्नान विहित है । (१५) निषिद्धदेश में और सोपानत्कमूत्र—पुरीष करने में तथा अन्यविहित नियम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

के अतिक्रमण में १०८ गायत्री जप है। (१६) मूत्रपुरीषोत्सर्ग के समय भक्षण और पान में सचैलस्नान है। (१७) मृत्तिका के बिना शौच करने में प्राजापत्य और पञ्चगव्यप्राशन है। (१८) मल-मूत्रार्थ बैठने पर यदि मल मूत्र न हो तो उसको अर्धशौच कहना चाहिये। (१६) यज्ञोपवीत के बिना जल पीने में तीन प्राणायाम, पीतावशिष्ट जलपान से, शूद्रहस्त से जलपान से, वामहस्त के जलपान में, प्रपाजलपान में, कूपादि से चर्मपुटकनिःसारित जलपान में, रजकादि भाण्डस्थितजल आदि पानमें, मूत्र—पुरीषाद्युत्सर्गानन्तर शुद्धिके बिना जलपान में, अर्धभुक्त अन्नपान के जलपात्र में, सूतकी के जलपान में, चाण्डाल, अन्त्यजादिखात तडाग, कूपादि के जलपान में, जानुपरिमाण से अल्पपरिमाणवाले जलाशय के जलपान में और शूद्रभाण्डस्थ जलपान में उपवास प्रायश्चित्त है। (२०) जलपानसमय में चाण्डाल रजस्वलादि दर्शन में प्राणायाम और स्पर्श में उपवास है। चाण्डालादि स्पृष्ट जलपान में सान्तपन है। भिन्न कांस्य और मृत्तिकापात्र से जलपान में पादकृच्छ्र है। (२१) हवनार्थसंस्कृत आज्य, पय आदि के हवन के बिना पान में उपवास है। (२२) चितिकाष्ठ-चिति धूप-चाण्डाल-रजस्वला-शवस्पर्श और सूतिकास्पर्श में स्नान करके यज्ञोपवीत लगाकर कण्ठावलंबनादि न करके मल--मूत्रोत्सर्ग में। जनन और मरणाशौच में तथा चार २ मास पर भी यज्ञोपवीत का त्याग है और कण्ठ से अलग होने पर भी त्याग कर नूतन धारण करे। (२३) गृहीत व्रत का भंग यदि प्रमाद से हो जाय तो दिनत्रय उपवास और सहस्रगायत्री जप का प्रायश्चित्त है। उपवास न कर सके तो प्रत्येक उपवास के निमित्त एक २ ब्राह्मणभोजन या तन्निष्क्रय प्रत्येक को दे। (२४) व्रत के नियम का भंग होजाय तो 'ॐ नमो नारायणाय' इस मन्त्र का अष्टोत्तरशत जप करे। (२५) दिन में या रात्रि में दो वार भोजन करे तो शत प्राणायाम प्रायश्चित्त है। (२६) खड़े हो कर, या चलते २, या सोते हुए और शय्या पर बैठ कर भोजन करने से त्रिरात्रि उपवास है। (२७) यदि भोजन के समय में तैलयन्त्र, इक्षुयन्त्र, उलूखल, पाषाणादि का शब्द होता रहे तो उतने समय तक भोजन न करे यदि करे तो १०८ गायत्रीजप का विधान है। (२८) जलपानसमय में मुखनिःसृत जल यदि भोजनपात्र में गिरे तो उस अन्न का भोजन निषिद्ध है तदन्नभोजन में प्राजापत्य है। (२६) भोजनकाल में स्वीकृत मौन का त्याग हो जाय तो शेष अन्न को त्याग दे। (३०) कर्मकाल में सत् शूद्र स्पर्श में भी स्नान है। (३१) कर्मकाल में मार्जार के पुच्छस्पर्श में स्नान और अङ्गस्पर्श में आचमन है। कर्मातिरिक्तकाल में मार्जारपुच्छ स्पर्श में आचमन अन्यान्य स्पर्श में दोषाभाव है। (३२) बौद्धादिस्पर्श में स्नान है। (३३) कर्मकाल में मूषक-पल्ली-और वायसादि के स्पर्श में स्नान और दर्शन में आचमन करना चाहिये। (३४) चाण्डाल, रजस्वला आदि के साथ एकत्र शाखा पाषाणादि के उपवेशन में स्नान है उच्छिष्ट विप्र का स्पर्श भी निषिद्ध है यदि करे तो हस्त और पादप्रक्षालन करके आचमन करे। (३५) चाण्डाल तथा रजस्वला आदि के सम्भाषण में १०८ गायत्री जप है और जपादिकर्मकाल का दर्शन करना चाहिये। (३६) अनिष्ट-गन्ध के आघ्राण में सूर्यदर्शन और अशुद्धद्रव्य के दर्शन में गायत्री जप करे। (३७) स्नान के बिना भोजन में उपवास और १००८ गायत्री जप करे। अज्ञान से उपवीत के बिना भोजन में नक्तव्रत और ज्ञानतः यज्ञोपवीत के बिना भोजन में स्नान, उपवास और १०८ गायत्रीजप है। (३८) अपोशान के बिना भोजन में और पञ्चप्राणाहुति के समय में और मौनत्याग में १०८ गायत्री जप है। उत्तरापोशन करे तो १००८ गायत्री जप है। (३६) सङ्क्रान्ति, ग्रहणादि निमित्त स्नान के बिना भोजन में १००८ गायत्री जप और १० प्राणायाम करे। (४०) सूर्योदय से ५५ घड़ी गत होने से उषा काल, ५७ घड़ी गत होने से अरुणोदय और ५८ घड़ी गत होने से प्रातःकाल उसके बाद सूर्योदय समझा जाता है। रात्रि के पिछले पहर का तीसराहिस्सा ब्राह्ममुहूर्त्त होता है। उसमे शयन करने से द्विजातियों का पुण्य क्षय हो जाता है। जो मोहवश निद्रा लेते हैं वे पादकृच्छ्रव्रत से शुद्ध होजाते हैं। (४१) उदयास्त मध्याह्नमण्डल में सूर्य को न देखे और जल में प्रतिबिम्ब तथा ग्रहण के समय ग्रस्त होते हुए भी न देखे।

(विवाहे कन्यापरीक्षणम्)

अथ विवाहः। याज्ञवल्क्यः-(आचाराध्याये) अविलुप्तब्रह्मचर्यो लक्षण्यां स्त्रियमुद्वहेत्। अनन्य-पूर्विकां कान्तामसपिण्डां यवीयसीम्॥ अरोगिणीं भ्रातृमतीमसमानार्षगोत्रजाम्॥ लक्षण्यां बाह्याभ्यन्तरलक्षणैर्युक्ताम्। बाह्यानि काशीखण्डादौ प्रसिद्धानि। अन्तराण्याश्वलायनादीनि 'अष्टौ पिण्डान् कृत्वा' इत्यादीनि।

अब विवाह कहते हैं। याज्ञवल्क्य ने कहा है कि-जिसका ब्रह्मचर्य खण्डित न हुआ हो (स्मृत्यर्थसार ने कहा है कि—जिसका ब्रह्मचर्य खण्डित हो गया है वह प्रायश्चित्त कर विवाह करे।) (बाह्य आंख, नाक, आंख आदि) और आभ्यन्तर (अष्टौ पिण्डान् कृत्वा) लक्षणोंवाली स्त्री (क्लीवत्व से परीक्षित) और

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दान तथा भोग से पुरुषान्तर से युक्त न मन को और नेत्रों की आनन्द करनेवाली हो, असपिण्ड, अपनी अवस्था से छोटी हो, रोग (असाध्यरोग) से हीन हो, भाई से युक्त हो, समान-प्रवर और गोत्र से भिन्न हो ऐसी से विवाह करे।

लक्षण में तो स्त्री अर्थात्—बाहर और भीतर लक्षणों से युक्त हो। बाह्य तो काशीखण्ड आदि में प्रसिद्ध है। अन्तर तो आश्वलायन ने कहा है कि आठ [1]पिण्डों को करके कहा है—इत्यादि।

(मातृसपिण्डकन्यया विवाहनिषेधकथनम्)

मनुः (३।५)—असपिण्डा च या मातुरसगोत्रा च या पितुः।

सा प्रशस्ता द्विजातीनां दारकर्मणि मैथुने॥

मनुने कहा है कि—जो कन्या माता या पिता से असपिण्ड (सात पीढी तक न हो) हो, पिता के गोत्र की न हो ऐसी कन्या द्विजातियों के दारकर्म (विवाहकर्म) तथा मैथुन (अग्न्याधान कर्म और पुत्रोत्पादनादि) में प्रशस्त है।

दत्रिसमातुर्गृहीता असपिण्डा सगोत्रा। तत्कुलनिवृत्तये चकारान्मातुरसगोत्रा दत्तस्य पितुर्जनककुले पितुरसगोत्रापि सपिण्डत्वान्निषिद्धेत्यन्यश्चकारः। असपिण्ड्याम्=सापिण्ड्यरहिताम्।

जो दत्तक माता का ग्रहण करने वाला, असपिण्ड भी सगोत्र है। उसके कुलकी निवृत्ति के लिए चकार से माता के असगोत्र से दत्तक के पिता के जनककुल में पिता के असगोत्र भी सपिण्डत्व हो जाने से अन्य का निषेध करता है। असपिण्ड का अर्थ है कि—सापिण्डय से रहित।

(सापिण्ड्यनिर्वचनकथनम्)

तच्चैकशरीरावयवान्वयेन भवति। एकस्य हि पितुर्मातुर्वा शरीरस्यावयवाः पुत्रपौत्रादिषु साक्षात्परम्परया वा शुक्रशोणितादिरूपेणानुस्यूताः। यद्यपि पत्न्याः पत्या सह भ्रातृपत्नीनां च परस्परं नैतत्सम्भवति तथापि आधारत्वेनैकशरीरावयवान्वयोऽस्त्येव।

'अस्थि[2]भिरस्थीनि' इति मन्त्रलिङ्गात्। एकस्य हि पितृशरीरस्यावयवाः पुत्रद्वारा तास्वाहिता इति मदनरत्नपारिजातविज्ञानेश्वरादयः। वाचस्पतिशुद्धिविवेकशूलपाण्यादिगौडमैथिलादयोऽप्येवम्।

वह सपिण्ड एक[3] शरीर के अवयवान्वय सम्बन्ध से होता है। एक[4] ही पिता या माता के शरीर के अवयव—पुत्र—पौत्र आदि की साक्षात् परम्परा से शुक्रशोणित आदिरूप से मिला हुआ है। यद्यपि पत्नी का पति के साथ और भाई की पत्नियों का आपस में यह नहीं होता है। फिर भी आधारकत्व होने से एक शरीरान्वय है। क्योंकि—कहा है कि—अस्थियों के साथ अस्थि को मिलाता हूँ, इस मन्त्रलिंग से एक ही पिता के शरीर के अवयव पुत्र द्वारा उनमें स्थित हो जाते हैं—यह मदनरत्न, पारिजात और विज्ञानेश्वर आदि ने कहा है। वाचस्पति, शुद्धिविवेक, शूलपाणि, गौड, मैथिल आदि भी यही कहते हैं।

श्रुतावपि—'एतत्षाट्कौशिकं शरीरं त्रीणि पितृतस्त्रीणि मातृतोऽस्थिस्नायुमज्जानः पितृतस्त्वङ्-

---

१—क्षेत्रादि से मट्टी ले आकर उसके आठ पिण्डों को कर 'ऋतमग्रे' इत्यादि मन्त्र से पिण्डों का अभिमन्त्रण कर कुमारी से कहे कि तुम इनमें से एक को ग्रहण करो। (१) अगर धान्ययुक्त खेत के दोनों तरफ से ग्रहण करती है तो कुमारी की प्रजा अन्नयुक्त होगी ऐसा जानना चाहिये। (२) गोशाला से पिण्ड उठाने पर इस कुमारी की प्रजा और पशुयुक्त होगी। (३) वेदि की मट्टी पर से उठाने पर इस कुमारी की प्रजा ब्रह्मवर्चस से युक्त होगी। (४) पूरे भरे हुए तालाब पर से पिण्ड उठाने पर सब वस्तुओं से युक्त इसकी प्रजा होगी। (५) देवन (द्यूतस्थान) से कितवयुक्त प्रजा होगी। (६) चौराहे से उठाने पर ब्राह्मण स्वैरिणी होगी। (७) ईरिण (शून्यमूषरम्) से उठाने पर दुर्भाग्ययुक्त होगी। (८) श्मशान से पिण्ड उठाने पर पति को मारनेवाली प्रजा होगी। (आश्वलायन गृह्यसूत्र अ० १ ख० ५)

२—प्राणैस्ते प्राणान्त्सन्दधाम्यस्थिभिरस्थीनि मांसैर्मांसानि त्वचा त्वचम्॥ (पारस्करगृ० १।११।५।)

३—असपिण्डाम्–समान एकः पिण्डो देहो देवावयवो यस्याः सा सपिण्डा, न सपिण्डा' असपिण्डाताम्।

४—पुत्रस्य साक्षाज्जनकशरीरावयववन्वयः पुत्रशरीरे पितुरवयवानामस्थिमज्जादीनां मातुरवयवानां रक्तमांसादीनां साक्षात् प्रवेशात्। 'एतत् गर्भोपनिषदि षाट्कौशिकं शरीरं त्रीणि पितृतस्त्रीणि मातृतः। अस्थिस्नायुमज्जानः पितृतः, त्वङ्मांसरुधिराणि मातृतः' इति श्रुतेः। एवं पितृव्यपितृष्वसृमातृष्वस्रादिभिरपीति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मांसरुधिराणि मातृतः' इति, 'प्रजामनुप्रजायसे' इति च। चन्द्रिकापरार्कमेधातिथिमाधवादयस्तु एकपिण्डदानक्रियान्वयित्वं सापिण्ड्यम्।

श्रुति में भी कहा है कि—यह शरीर छः कोश वाला है। उसमें तीन पिता का और तीन माता का होता है। पिता से-अस्थि, स्नायु तथा मज्जा तथा माता से-त्वचा, मांस और रुधिर होता है। कहा भी है कि-मनुष्य-मनुष्य से पैदा होता है। यह चन्द्रिका, अपरार्क, मेधातिथि, माधव आदि का कहना है कि-एक पिण्डदानक्रियान्वयि सम्बन्ध से सपिण्डता है।

(चतुर्थादीनां लेपभागित्वकथनम्)

लेपभाजश्चतुर्थाद्याः पित्राद्याः पिण्डभागिनः। पिण्डदः सप्तमस्तेषां सापिण्ड्यं साप्तपौरुषम्॥ इति मात्स्योक्तेः। न च पितृव्यादिष्वेतन्नास्तीति वाच्यं, तत्कर्तृकश्राद्धे देवतैक्येन तत्सत्वात्। देवदत्तकर्तृकश्राद्धे हि ये देवताभूतास्तेषां मध्ये यः कश्चिदन्यकर्तृकश्राद्धेऽनुप्रविशति तेषां सापिण्ड्यम्। तद्भार्याणामपि भर्तृकर्तृकश्राद्धे सहाधिकारित्वेन तदन्वयात्। एकत्वं सा गता भर्तुः पिण्डे गोत्रे च सूतके। इति स्मृतेश्च। श्रुतीनां च वैराग्यार्थत्वात् तस्याः सापिण्ड्यनिमित्तत्वे मानाभावात्। न च मातुलादिष्वेतन्नास्तीति वाच्यं, मातामहरूपदेवतैक्यात्।

मत्स्यपुराण में कहा है कि—चतुर्थ आदि पीढी लेपभाजक की अधिकारी होती है। पित्रादि पिण्ड के अधिकारी हैं पिण्ड देनेवाला सातवाँ है सात पीढ़ी तक सापिण्ड्य रहता है।

चाचा आदियों में यह नहीं है यह नहीं कहना चाहिये। अर्थात्—चाचा आदि में सापिण्ड्यता नहीं है। ऐसी शंका उचित नहीं है। क्योंकि चाचा के श्राद्ध करने पर देवता के एक होने से सापिण्ड है। देवदत्तकर्तृकश्राद्ध में जो देवता हुए उनके मध्य में जो कोई अन्य कर्तृकश्राद्ध में पीछे प्रवेश करता है उनका सापिण्ड्य है। उनकी स्त्रियों का भी पति के किये हुए श्राद्ध में सहाधिकार होने से उसका अन्वय है। वह स्त्री पति के पिण्ड, गोत्र और सूतक में एकता को प्राप्त होती है। यह स्मृति में भी कहा है।

श्रुतियों के वैराग्य अर्थ होने से उसका सापिण्ड्यनिमित्त में प्रमाण नहीं है। कोई कहे कि—मामा आदियों में नहीं हैं। यह ठीक नहीं है क्योंकि मातामह आदिरूप देवता एक है।

(गुरुशिष्यनृपतीनां न सापिण्ड्यकथनम्)

ननु गुरुशिष्यादेरपि श्राद्धदेवतात्वात्सपिण्डत्वं स्यात्। किं बहुना सर्वाभावे तु नृपतिः कारयेत्तस्य रिक्थतः। इति मार्कण्डेयपुराणाद्राज्ञोऽपि श्राद्धकर्तृत्वात्सापिण्ड्यप्रसङ्गः।

कहो कि—गुरु और शिष्य आदि का भी श्राद्धदेवता होने से सापिण्ड्य है। बहुत कहने से क्या प्रयोजन है कि—जिसके कोई नहीं है उसका श्राद्ध राजा करे। इस मार्कण्डेयपुराण से राजा को भी श्राद्ध कर्तृत्व होने से सापिण्ड्य की प्रशंग है। ठीक है।

(पितृसापिण्ड्यं सप्तमपौरुषं मातृसापिण्ड्यं पञ्चपौरुषम्)

सत्यम्, पञ्चमात्सप्तमादूर्ध्वं मातृतः पितृतस्तथा। इति याज्ञवल्क्यवचनेन मातापितृसम्बन्ध एव तत्सत्वात्। ऊर्ध्वं 'सापिण्ड्यं निवर्तते' इति शेषः। ननु पञ्चमत्वाद्यत्र नियम्यते, न मातृत इत्यादि, वाक्यभेदात्। मैवम्, मातृकुले पञ्चमत्वस्य पितृकुले सप्तमत्वस्य च बोधने तुल्यत्वात्। पौरुषेयत्वाददोष इति चेत् तुल्यमन्यत्रापि, अन्यकर्तृके राज्ञस्तत्पितॄणां वा देवतात्वाभावाच्च। किञ्च अवयवान्वयपक्षे यथा योगरूढ्या परिहारस्तथेहापि। तेन मातृकुले पितृकुले चैकपिण्डदानक्रियान्वयित्वं सापिण्ड्यमित्याहुः। तेनैकस्य पित्रादयः षट् पुत्रादयश्च षट् सपिण्डा भवन्ति।

माता के कुल में पांचपीढी से ऊपर और पितासे सातपीढी से ऊपर सापिण्ड्य रहता है। इस याज्ञवल्क्यवचन से माता तथा पिता से ही उसका संवन्ध रहता है। इसके वाद सापिण्ड्यकी निवृत्ति हो जाती है—यह शेष है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कहो कि—पञ्चमत्व का यहाँ पर नियम किया है, 'न मातृतः' माता से नहीं है इत्यादि। क्योंकि वाक्य भेद है। यह ठीक नहीं है। माता को लेकर कुल-समुदाय में पञ्चमत्व का और पितृकुल में सप्तमत्व के बोधन में वाक्यभेद का अभाव है। (दोनों तरफ भी अर्थभेदका अभाव है।) जैसे घडे को ले आओ, कलश को ले आओ यहाँ पर भी वाक्यभेद की आपत्ति हो जायगी) पौरुषेयत्व होने से दोष नहीं है—ऐसा कहोगे तो अन्यत्र भी तुल्य है। अन्यकर्तृकमें राजा या उसके पितरों के देवताओं का अभाव है और अवयवान्वय पक्षमें जैसे [1]योगरूढ से परिहार होता है वैसे हो यहाँपर भी। इससे मातृकुल में और पितृकुल में पिण्डदानक्रियान्वयित्व सापिण्ड्य कहा है। उससे एक का पित्रादि छ पुत्रादि छ सपिण्ड होते हैं।

अत्र केचिदुभयतः सापिण्ड्यनिवृत्तावेवोद्वाहो नान्यथेत्याहुः। शुद्धचिन्तामणिवाचस्पतिहरदत्तादयस्तु सगोत्रत्ववत्सापिण्ड्यस्य सप्रतियोगिकत्वेन संयोगवदुभयनिरूप्यत्वात् एकतो निवृत्तावन्यतो निवृत्तेरावश्यकत्वान्मूलपुरुषमारभ्याष्टमो वरो मूलपुरुषमारभ्य द्वितीयातृतीयादिकां कन्यामुद्वहेदित्याहुः।

यहाँपर कोई कोई कहते हैं कि—दोनों तरफ सापिण्ड्य की निवृत्ति में ही विवाह होता है। अन्यथा नहीं होता है। शुद्धचिन्तामणि, वाचस्पति, हरदत्त आदि तो कहते हैं कि सगोत्र की तरह सापिण्डय का सप्रतियोगिकत्वसे संयोग की तरह दोनों का निरूपण होने से एक की निवृत्ति में अन्य की निवृत्ति की आवश्यक होने से मूलपुरुष से लेकर आठवाँ वर मूलपुरुष के आरंभकर दूसरी तीसरी आदि कन्या का विवाह करे—ऐसा कहा है।

शिष्टास्तु न वधूवरयोः स्वतः सापिण्ड्यं किन्तु कूटस्थसन्ततित्वात् तत्सापिण्ड्येनैव। अतोऽष्टमवरं प्रति कन्याया असापिण्ड्येऽपि कन्यायाः कूटस्थेन सापिण्ड्यात्तत्सन्ततिस्थत्वाद्वरस्तां प्रति सपिण्ड एवेत्यविवाहः। सापिण्ड्यासापिण्ड्ययोः प्रतियोगिभेदेनाविरोधादित्याहुः। इदमेव च युक्तम्। आशौचेऽप्येवं सापिण्ड्यं ज्ञेयम्।

शिष्ट लोग तो कहते हैं कि—वधू और वरका आपस में सापिण्डयता नहीं है। किन्तु कूटस्थसन्तति होने से उसका सापिण्ड्य ही है। इसलिये अष्टमवर के प्रति कन्या का असापिण्ड्य में भी कन्या का कूटस्थ से सापिण्ड्य होने के कारण उसकी सन्तति होने से वर उस कन्या के प्रति सापिण्ड्य ही है। अतः विवाह नहीं हो सकता है। सापिण्डय और असापिण्ड्य का प्रतियोगिके भेदसे अविरोध है—ऐसा कहा है। यही ही ठीक है। आशौच में भी इसीप्रकार सपिण्डता जानना चाहिये।

यत्र तु मध्ये विच्छिन्नमपि सापिण्ड्यं मण्डूकप्लुतिवदनुवर्तते। यथा कूटस्थात्पञ्चम्योः कन्ययोः पुत्रौ तत्र निवृत्तिः, तदपत्ययोस्त्वनुवृत्तिस्तत्रापि न सापिण्डयासापिण्डयदोषः, सम्बन्धिभेदात्। तेन तत्र न विवाहः।

जहाँपर तो मध्यमें सपिण्डता का विच्छेद हो गया हो तो वहाँ मण्डूकप्लुतिवत् अनुवृत्ति हो जायगी। जैसे—कूटस्थ से पांचवी कन्या और पुत्रों में निवृत्ति हो जायगी। उसके अपत्यों (सन्तान) में तो अनुवृत्ति हो जाती है। वहाँ पर भी अनुवृत्ति होने से सापिण्ड और असापिण्ड्य का दोष नहीं होता है। क्योंकि सम्बन्धि का भेद है। उससे वहाँ पर विवाह नहीं होता है।

अत्र कूटस्थमारभ्य गणना कार्या। तदुक्तम्—वध्वा वरस्य वा तातः कूटस्थाद्यदि सप्तमः। पञ्चमी चेत्तयोर्माता तत्सापिण्डयं निवर्तते। इति। कूटस्थो मूलपुरुषः।

यहाँ पर कूटस्थ (मूलपुरुष) से प्रारंभ कर गणना करे। उसी बात को कहा है कि—वधू या वर का पिता कूटस्थ से यदि सातवी पीढी के ऊपर हो और उन दोनों की माता पांचवी पीढी के ऊपर हो तो उनका सापिण्ड्य हट जाता है कूटस्थका अर्थ है मूलपुरुष।

१—जो शब्द प्रकृति और प्रत्यय की अपेक्षा करके समुदायशक्ति के द्वारा अर्थ को कहता है वह शब्द योगरूढ कहलाता है। (जो शब्द प्रकृति और प्रत्यय की अपेक्षा न करके केवल समुदायशक्ति के द्वारा ही अपने अर्थ को कहता है वह रूढशब्द होता है। 'जो शब्द प्रकृति और प्रत्यय के संयोगमात्र से ही अर्थ को कहता है वह शब्द यौगिक होता है।)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(मूलपुषलक्षणम्)

विश्वरूपनिवन्धे—एवमुक्तप्रकारेण पितृबन्धुषु सप्तमात्। ऊर्ध्वमेव विवाह्यत्वं पञ्चमान् मातृबन्धुतः। सन्तानो भिद्यते यस्मात्पूर्वजादुभयत्र च। तमादाय गणेद्धीमान् वरं यावच्च कन्यकाम् ॥

विश्वरूपनिवन्ध में कहा है कि--इसप्रकार कहे हुए प्रकार से पिता के बन्धुओं में सातसे ऊपर ही और माता के बन्धुओं से पाँचसे ऊपर सन्तानों का दोनों तरफ भेद हो जाता है इसलिए उसको लेकर गणना बुद्धिमान् करे वर और कन्या का विवाह हो सकता है।

स्मृतितत्त्वे नारदः--आ सप्तमात्पञ्चमाच्च बन्धुभ्यः पितृमातृतः। अविवाह्या सगोत्रा च समानप्रवरा तथा ॥ अत्र बन्धुभ्य इति पञ्चमीनिर्देशात्पितुः पितृष्वसृपुत्रात्सप्तमीं, मातुः मातृष्वसृपुत्राच्च पञ्चमीमपि त्यजेत्। एवमन्यबन्धुषु ज्ञेयम्।

स्मृतितत्त्व में नारदने कहा है कि—[1]पिता और [2]माता के बन्धुओं से सातवें तथा पाँचवे तक गोत्र तथा प्रवर की कन्या के साथ विवाह न करे।

यहाँपर 'बन्धुभ्य' इस पञ्चमी के निर्देश से पिता को पितृष्वसृ (बूआ) के पुत्र से सातवीं, माता के मातृष्वसा के पुत्र से पाँचवीं को भी त्याग दे। इसप्रकार अन्य बन्धुओं में जानना चाहिये।

तत्रापि त्रिगोत्रात्ययेऽर्वागपि विवाहं कुर्यात् वक्ष्यमाणवचनात्। त्रिगोत्रगणना च मातामह-गोत्रापेक्षया, नतु स्वापेक्षया। अन्यथा पितुः पितामहदुहितुर्दौहित्रीपुत्री परिणेया स्यात्। वध्वाः मातामहगोत्रापेक्षया तु त्रिगोत्रान्तर्गतेन विवाहप्रसङ्ग इति सम्बन्धतत्त्वादयो गौडग्रन्थाः।

उसमें भो तीन गोत्रके भेद् में पहले (पहली पीढियों) भी विवाह करे। क्योंकि आगे वचन कहेगें। तीन गोत्रकी गणना तो मातामह के गोत्र की अपेक्षा से है। अपने गोत्रसे नहीं है। नहीं तो पिताके पितामह की कन्या की जो दौहित्री पुत्री है। (पितामहकन्या तत्कन्या तत्कन्या तत्कन्येत्यर्थः) वह भी विवाह योग्य हो जायगी। वधू का मातामह के गोत्र की अपेक्षा से तो तीन गोत्र के अन्तर्गत में विवाह प्रशंग सम्बन्ध तत्त्व आदि गौडग्रन्थों में कहा है।

सम्बन्धविवेके शूलपाणिरप्याह पञ्चमात्सप्तमाच्चार्वागपि त्रिगोत्रान्तरिता विवाह्या। असम्बन्धा भवेन्मातुः पिण्डेनैवोदकेन वा। सा विवाह्या द्विजातीनां त्रिगोत्रान्तरिता च या॥ इति बृहत्मनूक्तेः,

सम्बन्धविवेक में शूलपाणि ने भी कहा है कि—पाँचवे तथा सातवें से पहले भी तीन गोत्र के मध्य की कन्या से विवाह कर सकते हैं। बृहन्मनु ने कहा है कि—पिण्ड (देह) या जल दान से माता के संबन्ध से असंबद्ध हो तो तथा तीन गोत्र के मध्य में भी हो तो द्विजाति उस कन्या के साथ विवाह करे।

सन्निकर्षेऽपि कर्तव्यं त्रिगोत्रात्परतो यदि। इति देवलोक्तेश्चेति। एतच्च दाक्षिणात्या न मन्यन्ते।

देवल ने कहा है कि—यदि तीन गोत्र से पर भी हो तो समीप में भी करे। इस बात को दाक्षिणात्य नहीं मानते हैं।

यत्तु वसिष्ठः—पञ्चमीं सप्तमीं चैव मातृतः पितृतस्तथा। इति।

जो वसिष्ठ ने कहा है कि—माता से पांचवी (अर्थात्—कूटस्थ-मूलपुरुष से पांचवी) और पिता से सातवीं विवाह में ग्राह्य है।

यच्च विष्णुपुराणम्—पञ्चमीं मातृपक्षाच्च पितृपक्षाच्च सप्तमीम्। गृहस्थ उद्वहेत्कन्यां न्यायेन विधिना नृप॥ इति, तत्पञ्चमीं सप्तमीमतीत्येति व्याख्येयम्।

१—पितुः पितृष्वसुः पुत्राः पितुर्मातुष्वसुः सुताः। पितुर्मातुलपुत्राश्च विज्ञेयाः पितृबान्धवाः॥

२—मातुः पितृष्वसुः पुत्रा मातुर्मातृष्वसुः सुताः। मातुर्मातुलपुत्राश्च विज्ञेया मातृबान्धवः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और जो विष्णुपुराण में कहा है कि—मातृपक्ष से पांचवी तथा पितृपक्ष से सातवी कन्या को गृहस्थ न्याय एवं विधि के द्वारा हे नृप, विवाह करे। परन्तु ये दोनों वाक्य जो ऊपर गये हैं पाँचवीं और सातवीं को पीढी को लांघकर व्याख्या करे।

पञ्चमे सप्तमे चैव येषां वैवाहिकी क्रिया। क्रियापरा अपि हि ते पतिताः शूद्रतां गताः॥ इत्यपरार्के मरीचिवचनात्।

अपरार्क में मरीचिने कहा है कि—पांचवी और सातवीं पीढी में जिनका वैवाहिक कार्य होता है। यदि वे लोग क्रिया में तत्पर भी हों तो पतित हैं तथा शूद्रत्व को प्राप्त होते हैं।

(सपिण्डतानिरूपणम्)

हारलतायां शङ्खलिखितौ—सपिण्डता तु सर्वेषां गोत्रतः सप्तपौरुषी।

पिण्डश्चोदकदानं च आशौचं च तदानुगम्॥

हारलता में शंखलिखित का कथन है कि—सबों (ब्राह्मण आदि) का गोत्र (कूटस्थ-सन्तान) से सात पीढी तक की होती है। उसमें पिण्डदान, उदकदान तथा आशौच भी उसी के अनुसार होता है।

(गोत्रलक्षणम्)

गोत्रम्—सन्तानम्। आशौचं तानभिव्याप्य गच्छतीत्यर्थः।

गोत्रका अर्थ है सन्तान है। उनको प्राप्तकर आशौच जाता है, यह अर्थ है।

शुद्धिविवेके शुद्धिचिन्तामणौ च ब्राह्मे—सर्वेषामेव वर्णानां विज्ञेया साप्तपौरुषी। सपिण्डता ततः पश्चात्समानोदकधर्मता॥ ततः कालवशात्तत्र विस्मृतौ नामगोत्रतः।

शुद्धिविवेक और शुद्धिचिन्तामणि में ब्रह्मपुराण का मत है कि—सब वर्णोंकी ही सातपीढी तक सपिण्डता रहती है तदनन्तर उसके बाद सवों को बराबर उदकादि धर्म होते हैं।

(समानोदकधर्मलक्षणम्)

समानोदकसंज्ञा तु तावन्मात्रापि नश्यति॥ सप्तोर्ध्वं त्रयः सोदका, ततो गोत्रजाः।

तदनन्तर समय के प्रभाव से नाम और गोत्र का विस्मरण हो जाय तो उनको समानोदकसंज्ञा नष्ट हो जाती है। सात पीढी के बाद तीन पीढी सोदक होती है फिर गोत्रज संज्ञा होती है।

(सापिण्डलक्षणम्)

तत्रैव ब्राह्मे—अविभक्तधनास्त्वेते सपिण्डाः परिकीर्तिताः। तेनाविभक्तधनाभावे विभक्तः सपिण्डो धनहारी, नान्यथेत्यर्थः। तेन विवाहे आशौचे धनग्रहणे च त्रिधा सपिण्डत्वं सिद्धम्।

वहीं पर ब्रह्मपुराण का कथन है कि—जब तक इनके धन का विभाग नहीं है। तब तक ये सपिण्ड कहे जाते हैं। इससे धन का विभाग न होने पर विभक्त सपिण्ड भी धनका भागीदार होता है। अन्यथा नहीं होता है—यह अर्थ है। इससे विवाह में आशौच और धन के ग्रहण में तीनप्रकार से सपिण्डत्व सिद्ध होता है।

यत्तु 'पञ्चमीं मातृतः परिहरेत्सप्तमीं पितृतस्त्रीन् मातृतः, 'पञ्च पितृतो वा' इति पैठीनसिस्मृतौ 'त्रीनित्यनुकल्पः' इति माधवोक्तेः,

जो माता से पांचवीं तथा पिता से सातवीं या पर माता से तीसरी (अर्थात्–चौथी कन्या) पिता से पांचवी (अर्थात्–छठी को) इस पैठिनसिस्मृति में तीसरी तथा पांचवींका अनुकल्प है–यह माधवने कहा है।

(कन्यापरिग्रहविचारकथनम्)

पञ्चमीं सप्तमीं चैव मातृतः पितृतस्तथा। दशभिः पुरुषैः ख्याताच्छ्रोत्रियाणां महाकुलात्॥

चतुर्विंशति मत में कहा है कि—माता से पांचवीं और पिता से सातवीं कन्या का विवाह करे। जो दश पीढियों से प्रसिद्ध है और वेदपाठियों के उत्तम कुल की हो।

उद्वहेत्तृतमादूर्ध्वं तदभावे तु सप्तमीम्। पञ्चमीं तदभावे तु पितृपक्षेऽप्ययं विधिः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सातवी पीढी के ऊपर की कन्या से विवाह करे या उसके अभाव में सातवी पीढी की कन्या से या उसके अभाव में (अर्थात्-माताके विपक्षमें-अभाव में) पांचवी पीढी की कन्या से विवाह करे। यही पिता के पक्ष की विधि है।

सप्तमीं च तथा षष्ठीं पञ्चमी च तथैव च। एवमुद्वाहयेत्कन्यां न दोषः शाकटायनः ॥

इसप्रकार सातवीं, छठीं, वैसे ही पांचवीं कन्या के विवाह करने पर दोष नहीं होता है—यह शाकटायन ने कहा है।

तृतीयां वा चतुर्थीं वा पक्षयोरुभयोरपि। विवाहयेन्मनुः प्राह पाराशर्योऽङ्गिरा यमः ॥

दोनों पक्ष की तीसरी या चौथी का भी विवाह करे ऐसा मनु, पराशर, अंगिरा और यम ने कहा है।

यस्तु देशानुरूपेण कुलमार्गेण चोद्वहेत्। नित्यं स व्यवहार्यः स्याद्वेदाच्चैतत्प्रदृश्यते ॥ इति चतुर्विंशतिमतात्,

चतुर्विंशतिमत से कहा है कि—जो देश के अनुरूप (अपने समान) से और कुलधर्म से विवाह करें तो वह नित्य व्यवहार योग्य हैं। क्योंकि—वेद से भी यही दिखता है।

चतुर्थीमुद्वहेत्कन्यां चतुर्थः पञ्चमोऽपि वा। पराशरमते षष्ठीं पञ्चमो न तु पञ्चमीम् ॥ इति पराशरोक्तेश्चानुकल्पत्वेनापदि पञ्चम्यादिपरिणयनं कार्यमिति प्रतीयते।

अत्र हि तदभावे इति स्पष्टमेवानुकल्पत्वमुक्तम्, तन्न यथाश्रुतं ज्ञेयं, पूर्वोक्तमरीचिवचोविरोधात्। वस्तुनि विकल्पासम्भवात्।

चौथी पीढी की कन्या चौथी या पांचवी पीढी के वर से विवाह करे। पराशर के मत से षष्ठी को पांचवें से नहीं विवाह करे। पांचवी पीढी वाला पांचवी पीढी की कन्या से विवाह न करे। ऐसा पराशर ने कहा है कि—अनुकल्प होने से आपत्तिकाल में पञ्चमी आदि का विवाह करे—ऐसा प्रतीत होता है।

यहाँ पर ही उसके अभाव में इसप्रकार स्पष्ट ही अनुकल्पत्व को कहा है। यह ठीक नहीं है। जैसा सुना है जानना चाहिये। पहले कहे हुये (पञ्चमे सप्तमे चैव) मरीचि वचन का विरोध है। क्रियाभिन्न (या सप्तम के वाद विवाह करे) में विकल्प असम्भव है।

(पञ्चमसप्तमकन्योद्वाहे दोषकथनम्)

पञ्चमात्सप्तमाद्धीमान्यः कन्यामुद्वहेद् द्विजः। गुरुतल्पी स विज्ञेयः सगोत्रां चैव मुद्वहन् ॥ इति विष्णूक्तेः। पराशरस्य मूलाभावाच्च। तस्मान्मदनपारिजाताद्युक्तदिशा दत्तकसापत्नसम्बन्धाद्यनुप्रवेशे ब्राह्मणादीनां क्षत्रियादिसपिण्डविषये वा पूर्वोक्तानि नेयानि, न त्वनुकल्प इति भ्रमितव्यम्।

विष्णु ने कहा है कि—जो बुद्धिमान् द्विज पांचवी पीढी से और सातवीं पीढी से कन्या का विवाह करता है। उसे गुरुतल्पी जानना चाहिये और जो सगोत्रा कन्या से ही विवाह करता है। क्योंकि पराशर वचन के मूल का अभाव है। इसलिए मदनपारिजात में कहे हुए द्व्यामुष्यायण दत्तक के मातृकुल में सापत्न—मातामहकुल में सम्बन्ध के प्रवेश में ब्राह्मणादियों के या क्षत्रिय आदिके सपिण्डविषय में पहले कहे हुए पराशर आदि के वचन जानना चाहिये। यह अनुकल्प नहीं है ऐसा भ्रम नहीं करना चाहिये।

यत्तु स्मृतिचन्द्रिकामाधवादय आहुः—तृतीये पुरुषे सङ्गच्छामहे चतुर्थे सङ्गच्छामहे' इति शतपथश्रुतेः, 'तृप्तां जहुर्मातुलस्येव योषा भागस्ते पैतृष्वसेयी वपामिव' इति, 'गर्भे नु नौ जनिता दम्पतीकः' इति च मन्त्रवर्णात्,

१—आ याहीन्द्र पथिभिरीलितेभिर्यज्ञमिमं नो भागधेयं जुषस्व। तृप्तां (तृप्ता) जहुर्मातुलस्येव योषाभागस्ते पैतृष्वसेयी वपामिव ॥ (ऋग्वेदखिल—१।५५।८ सी)।

२—आ याहीन्द्र पथिभिरीडितेभिर्यज्ञमिमं नो भागधेयं जुषस्व' इति पूर्वार्धम्। ततश्चायमर्थः—हे इन्द्र, त्वमीडितैः प्रशस्तैः पथिभिः मार्गैः नोऽस्माकं यज्ञमायाहि आगच्छ। आगत्य च तृप्तामाज्यप्लुतां वपां भागधेयं जुषस्व सेवस्व, तत्र द्वौ दृष्टान्तौ मातुलस्य जहुः अपत्यं योषा स्त्री भागिनेयस्य भाग इव, पैतृष्वसेयी च मातुलपुत्रस्य भाग इव चेहि। गर्भे नु नौ जनिता दम्पतीकर्देवस्त्वष्टा सविता विश्वरूप इति। अयमर्थः—यमी यमं स्वभ्रातरं मैथुनार्थं याचितवती ततो यमेन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जो स्मृतिचन्द्रिका, माधव आदि ने कहा है कि—तीसरे[1] के साथ विवाह करे चौथे के साथ विवाह करे। ऐसी शतपथ की श्रुति है।

(मातृस्वसृकन्यां केचिदुद्वहन्ति)

मातृष्वसृसुतां केचित्पितृष्वसृसुतां तथा। विवहन्ति क्वचिद्देशे सङ्कोच्यापि सपिण्डताम्॥ इति शातातपोक्तेश्च मातुलकन्योद्वाहः कार्यः। यद्यपि पितृष्वसृकन्योद्वाहोऽपि प्राप्तस्तथापि। अस्वर्ग्यं लोकविद्विष्टं धर्म्यमप्याचरेन्न तु। इति निषेधाद्वचनान्तरेण तदुद्वाहस्याविधानाच्च न कार्यः। अयं तु दाक्षिणात्यशिष्टाचारात्कार्य इति।

कोई माता के बहिन की कन्या से (कोई तो माता स्वसा यस्य मातृष्वसा) मामा की कन्या कहते हैं। कोई यह पाठ मानते हैं—मातुलस्य सुताम्) कोई पिता के बहिन की लड़कीको सपिण्डता के संकोच से भी किसीदेश में विवाह करते हैं। इस शातातप के वचन से मामाकी कन्या के साथ विवाह करे। यद्यपि पिता के बहिन की कन्या के साथ भी विवाह प्राप्त है फिर भी स्वर्ग का साधन नहीं है और संसार से निन्दित है ऐसे धर्म को भी कभी न करे। यह निषेध है। वचनान्तर से उस विवाह का अविधान है अतः न करे। यह तो दाक्षिणात्यशिष्टाचार से (उद्वहेद् दक्षिणे विद्वान् मातुलस्य च वै सुताम्। उत्तरे नोद्वहेद्विप्रो ह्येष धर्मः सनातनः॥ मातुलस्य सुतां विप्रो दक्षिणे तां समुद्वहेत्। वर्जनीया प्रयत्नेन सैव वाजसनेयिभिः॥) करे।

न च पूर्वोक्तश्रुतीनामर्थवादमात्रता[2] मानान्तरेणासिद्धौ 'उपरि हि देवेभ्यो धारयति' इतिवदनुवादानुपपत्या विधिकल्पनात्।

(शतपथवाक्य मन्त्रवर्ण, शातातप वाक्यों का) पूर्वोक्त श्रुतियों को अर्थवाद नहीं कह सकते हैं। उसकी प्राप्ति न होने से (जो पदार्थ प्राप्त हुआ उसको अर्थवादके द्वारा स्तोत्र कहते हैं। प्रकृतमें प्राप्त न होने से अर्थवाद नहीं कह सकते हैं) मृताग्निहोत्र में 'अधस्तात्समिधं धारयन्ननुद्रवेत्' अग्निहोत्रहवन करते समयमें यजमान अग्निहोत्रहवणीय में होमद्रव्य उन्हीं के नीचे समिधा को लेकर के आहवनीयाग्नि के समीप जाना चाहिये। उसीको 'उपरि हि देवेभ्यो धारयति) इस वाक्य की तरह स्तावक नहीं है। अतः विधि की ही कल्पना करनी चाहिये।

यत्तु शातातपः—मातुलस्य सुतामूढ्वा मातृगोत्रां तथैव च।
समानप्रवरां चैव त्यक्त्वा चान्द्रायणं चरेत्॥

जो शातातपने कहा है कि—मामाको लड़की वैसे ही माता के गोत्र और समानप्रवरवाली कन्या को त्याग कर चान्द्रायणव्रत करे।

यच्च मनुः—(अ० ११, १७१, १७२) पैतृष्वसेयीं भगिनीं स्वस्रीयां मातुरेव च। मातुश्च भ्रातुस्तनयां (भ्रातुराप्तस्य) गत्वा चान्द्रायणं चरेत्॥ एतास्तिस्रस्तु भार्यार्थे नोपयच्छेत् बुद्धिमान्॥

और जो मनुने कहा है कि—पिता के बहिन की लड़की, अपनी माता के बहिन की लड़की और माता के भाई की लड़की के साथ (सन्निकृष्ट सपिण्ड मामा की लड़की) गमन करने पर 'चान्द्रायणव्रत' करे। बुद्धिमान् को चाहिये कि इन तीनों के साथ भार्या के अर्थ में प्राप्त न करे।

प्रत्याख्याता वदति— प्रजापतिः विश्वरूपो विश्वात्मा सविता त्वष्टा नौ आवयोर्गर्भे दम्पती जनिता। तथा चावयोरपत्ययोर्भाविदम्पत्यनिश्चयाच्चद्वरमावामेवदम्पतीभावाय इति।

३—गर्भे नु नौ जनिता दम्पती कर्देवस्त्वष्टा सविता विश्वरूपः। नकिरस्य प्र मिमन्ति व्रतानि वेद नावस्य पृथिवी उत द्यौः॥ (ऋ० १०।११ म० ५)। (न वा उ ते तन्वा तन्वं १ सं पपृच्यां पापमाहुर्यः स्वसारं निगच्छात्)। अन्येन मत्प्रमुदः कल्पयस्व न ते भ्राता सुभगे वष्ट्येतत्॥ (ऋ० १०।११।१२)।

१—दर्शपूर्णमासप्रकरणे सुग्व्यूहनार्थवादः एकस्मात् मिथुनाद्द्वावुत्पन्नौ मिथः सङ्कल्पयतः—तृतीये वा चतुर्थे वा विवहावहै इति तदर्थः। अत्र प्रमाणान्तराविरोधादर्थवादाद्विधिः कल्प्यः।

२—प्रशंसा या निन्दा करनेवाला विधि का शेषभूत वाक्य अर्थवाद होता है। वह अर्थवाद तीन प्रकार का होता है—(१) गुणवाद (२) अनुवाद (३) भूतार्थवाद। इत्यादि विषय कात्यायनश्रौतसूत्र की भूमिका आदि में देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यच्च व्यासः—मातुः सपिण्डा यत्नेन वर्जनीया द्विजातिभिः। इति तद्गान्धर्वादिविवाहोढमातृविषयम्। तत्र पितृगोत्रानिवृत्तेः।

जो व्यासने कहा कि—द्विजातियों को चाहिये कि—माता के सपिण्डों को यत्नसे त्याग दे। वह गान्धर्व आदि विवाहों से विवाहित हो वहाँ पर पितृसापिण्डय रहता है।

अत एव मार्कण्डेयपुराणे—गान्धर्वादिविवाहेषु पितृगोत्रेण धर्मवित्। इति।

इसलिये मार्कण्डेयपुराण में कहा है कि—गन्धर्व आदि विवाहों में धर्म का वेत्ता पिताके गोत्र से करे।

ब्राह्मादिविवाहे तु परिणेयैवेति। भट्टसोमेश्वरोऽपि तृतीयेऽध्याये वाक्यपादे मातुलकन्योद्वाहमुदाहृत्य स्मृतिविरोधेनाचारप्राप्तस्यास्य वार्तिके बाधोक्तावपि पूर्वोक्तश्रौतलिङ्गबलीयस्त्वादस्य कर्तव्यतामाह। तदेतद्दत्तकस्य पालकदत्रिममातृसोदरकन्याविषयत्वेनासवर्णमातुलकन्याविषयत्वेन युगान्तरपरत्वेन चोपपन्नमपि अविचारितरमणीयं यथा, तथास्तु, तथापि कलौ तावन्निषिद्धमेव।

ब्राह्म आदि विवाह में तो विवाह से ही करे। भट्टसोमेश्वरने भी तीसरे वाक्यपाद अध्याय में कहा है कि—मामा की कन्या के विवाह का उद्धरण कर स्मृतिविरोध से आचारप्राप्त इसका वार्तिक में बाध भी कहा है तो पूर्वोक्त श्रौतलिंगबलीयहोने से इसकी कर्तव्यता को कहा है। जो यह दत्तक के पालनेवाले दत्तक माता के सोदर भाई की कन्या के विषय में होने से असवर्ण मामा की कन्या के विषय होने से युगान्तर होने से उपपन्न होने पर भी विचारणा में जैसा रमणीय नहीं है। वैसे ठीक है। फिर भी कलि में वैसे भी निषिद्ध ही है।

गोत्रान्मातुः सपिण्डाच्च विवाहो गोवधस्तथा। इत्यादित्यपुराणात्।

आदित्यपुराण में कहा है—माताके गोत्रसे और सपिण्ड से विवाह और गोवध करना वर्जित है।

माधवीये बौधायनोऽप्यस्य निन्दामाह—'पञ्चधा विप्रतिपत्तिर्दक्षिणतस्तथोत्तरत ऊर्णाविक्रयोऽनुपेतेन स्त्रिया च सह भोजनं पर्युषितभोजनं मातुलपितृष्वसृदुहितृपरिणयनम्' इति। 'अथोत्तरतः सीधुपानादिकमुक्त्वा इतर इतरस्मिन् कुर्वन् दुष्यति इतर इतरस्मिन्, इति।

माधवीय में बौधायन ने भी इसकी निन्दा कर कहा है कि—पाँच तरह के विवाद हैं—दक्षिणतरफ से और उत्तर से ऊनका वेचना, स्त्री के साथ भोजन तथा बासीभोजन करना, मामा और पिता के बहिन की लड़की के साथ विवाह करना उत्तर की तरफ मद्य का पीना और वेचना, (आयुधीय-आयुधद्वारा जीविका आदि करना, दूसरे दूसरे देश में करे तो दूषित होता है।

भट्टसोमेश्वरेणापि स्मृतिविरुद्धानां मातुलकन्योद्वाहादीनामस्माद्वचनादप्रामाण्यमित्युक्तम्।

भट्टसोमेश्वर ने भी [1]स्मृतिविरुद्ध मातुलकन्योद्वाहादियों का इस वचन से अप्रामाण्य कहा है।

बृहस्पतिरपि—उद्वहते दाक्षिणात्यैर्मातुलस्य सुता द्विजैः। मत्स्यादाश्च नराः पूर्वे, व्यभिचाररताः स्त्रियः॥ उत्तरे मद्यपाश्चैव स्पृश्या नृणां रजस्वलाः॥ इत्यनाचारत्वमाह। अत एव हेमाद्रौ मात्स्ये कर्णाटकादीनां तत्कारिणां श्राद्धे निषेधः।

बृहस्पतिने भी कहा है कि—दाक्षिणात्य द्विज मामाकी लड़की से विवाह करते हैं। पूर्व के मनुष्य मछली खाते हैं और स्त्रियाँ व्यभिचार कराती हैं। उत्तर के लोग मद्यपान करते हैं तथा मनुष्यों की रजस्वला स्त्रियों का स्पर्श (सनाताश्चापि गृह्णन्ति भ्रातृभार्यामभर्तृकाम्। सर्वदेशेष्वनाचारो रथ्याताम्बूलचर्वणम्॥) करते हैं। इससे अनाचार कहा है। इसलिये ही हेमाद्रि में मत्स्यपुराण का कथन है कि उसके करनेवाले कर्नाटकों का श्राद्धमें निषेध है।

१—न च सकललोकादर्शनभूतस्य भगवतोऽर्जुनप्रद्युम्नादेर्मातुलकन्योद्वाहरूपदुराचार प्रवर्तकत्वं कथमिरि वाच्यं युगान्तरीयत्वेनादोषात्। वस्तुतस्तु भगवतो नारायणत्वार्जुनस्य नरत्वेन नारायणांशत्वाद्रुक्मिण्यंशभूतसुभद्राविवाहो न मानुषः। शास्त्रस्य मनुष्याधिकारत्वाच्च तत्र न प्रवृत्तिः। किञ्च देवादिभिः कृतं मनुष्यैर्न कार्यम्। 'अनुष्ठितं च यद्दैवैर्मुनिभिर्यदनुष्ठितम्। नानुष्ठेयं मनुष्यैस्तत्तदुक्तं धर्ममाचरेत्॥ इति बौधायनोक्तेः। इति निर्णयासिन्धुटीकायाम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(मातुलकन्योद्वाहे दोषकथनम्)

बोपदेवेनापि लिखितं ब्राह्मम्—यत्र मातुलजोद्वाही यत्र वै वृषलीपतिः ।
श्राद्धं न गच्छेत्तद्विप्राः कृतं यच्च निरामिषम् ॥ इति ।

बोपदेव ने भी ब्रह्मपुराण का वचन लिखा है कि—जहाँपर मामा की कन्या से विवाह करनेवाला हो और जहाँपर शूद्राका पति हो वहाँपर ब्राह्मण श्राद्ध करने के लिए न जांय, करनेपर पितरों को निरामिष नहीं मिलता है ।

(मातृतः पञ्च पितृतः सप्त त्यक्त्वा कन्यामुद्वहेत्)

तस्मान्मातृतः पञ्च पितृतः सप्त त्यक्त्वोद्वहेदिति सिद्धम् ।

इसलिए माता से पाँच तथा पिता से सात पीढी छोडकर विवाह करे—यह सिद्ध हुआ ।

सम्बन्धविवेके सुमन्तुः—'ब्राह्मणानामेकपिण्डस्वधानामादशमाद्धर्मविच्छित्तिर्भवति, आसप्तमाद्रिक्थविच्छित्तिर्भवति, आतृतीयात्पिण्डविच्छित्तिः, अन्यथा पिण्डशौचक्रियाविच्छेदाद् ब्रह्महतुल्यो भवति ॥'

अस्यार्थमाह शूलपाणिः—जीवत्पित्रादित्रिकस्य वृद्धप्रपितामहादयस्त्रयः श्राद्धदेवतात्वात्पिण्डभाजो भवन्ति, तदूर्ध्वं त्रयो नवपुरुषपर्यन्ता लेपभाजः, श्राद्धकर्ता च दशम इति दशमादूर्ध्वं सापिण्ड्यनिवृत्तिः । दशमादित्युपलक्षणम् । तेन पितृपितामहजीवने नवपुरुषपर्यन्तं, पितृजीवने चाष्टपुरुषपर्यन्तं सापिण्ड्यमिति ज्ञेयम् । अपुत्रधनग्रहणे सन्निहिताभावे सप्तपुरुषपर्यन्तमधिकारः धनग्राहिणमारभ्य तृतीयः पौत्रः तदूर्ध्वं श्राद्धविच्छेदः । अन्यथा धनहारित्वेऽपुत्रश्राद्धाद्यकरणे ब्रह्महेत्यर्थः । आ तृतीयादित्यनूढकन्याविषयम् , 'अप्रत्तानां तु स्त्रीणां त्रिपुरुषी विज्ञायते' इति वसिष्ठोक्तेः । एतच्चाशौचविषयं सापिण्ड्यं, न तु विवाहादौ । तत्र पूर्वोक्तवचनैः पञ्चमत्वसप्तमत्वनियमादिति मेधातिथिप्रमुखा दाक्षिणात्याः । वाग्दानोत्तरमेतदिति शुद्धिविवेकः । मातृकुलविषयं कानीनकन्याविषयं चैतत् ।

सम्बन्धविवेक में सुमन्तुने कहा है कि इसका अर्थ शूलपाणी ने कहा है कि—जिसके पिता आदि तीन जीवित हों उसके वृद्ध प्रपितामह आदि तीन श्राद्धके देवता होने से पिण्ड के भागी होते हैं । उस तीनके ऊपर तीन से नव पुरुषपर्यन्त 'लेपभाग' के अधिकारी होंगे और श्राद्धकरनेवाला दशम होता है । इसप्रकार दशपीढी के बाद सापिण्ड्य की निवृत्ति हो जाती है । (यहाँ तक शूलपाणि का ग्रन्थ है) ।

दशम आदि यह उपलक्षण है । इससे पिता और पितामह के जीवित रहते नव पुरुषपर्यन्त और पिता के जीवित रहते आठ पुरुषपर्यन्त सापिण्ड जानना चाहिये । अपुत्र के धन के ग्रहण में सन्निहित के अभाव में सातपुरुषपर्यन्त अधिकार है । धनको ग्रहण करनेवाले से आरंभ का तीसरा पौत्र होता है । उसके ऊपर का श्राद्ध का विच्छेद हो जाता है । अन्यथा धन को हरण करने वाला अपुत्र का श्राद्ध आदि को न करनेपर 'ब्रह्महत्यारा' होता है । तीन पीढी पर्यन्त यह अनूढ-कन्या (जिसका विवाह नहीं हुआ है) विषयक है । अप्रत्त (अविवाहित) स्त्रियों का तो तीन पीढीतक सापिण्ड्य होता है । यह वसिष्ठ ने कहा है । यह अशौच विषयकसापिण्ड्य है विवाह आदि विषयक नहीं है । वहाँपर पहले कहे हुए वचनों से पाँच या सात का नियम हैं यह मेधातिथि प्रमुखदाक्षिणात्य कहते हैं । शुद्धिविवेककार तो कहते हैं कि—यह वग्दानोत्तर ही सापिण्ड्य है । मातृकुलविषयक या कानीनकन्या (छोटी कन्या) के विषयक है ।

अन्यथा—अप्रत्तानां तथा स्त्रीणां सापिण्ड्यं साप्तपौरुषम् । प्रत्तानां भर्तृसापिण्ड्यं प्राह देवः प्रजापतिः ॥ इति कौर्मेण विरोधः स्यादिति रत्नाकरस्मृतितत्त्वादिगौडग्रन्थाः । युक्तं चैतत्, अन्यथा कन्योत्पत्तौ पुरुषत्रयपर्यन्तमेव सूतकं स्यान्नोर्ध्वम् ।

अन्यथा—अप्रमत्तस्त्रियों की सात पीढीतक सापिण्ड्यता रहती है । विवाहित स्त्रियों की सपिण्डता स्वामी (पति) के सापिण्ड्य से होता है । ऐसा देव प्रजापतिने कहा है । यह कूर्मपुराणसे विरोध हो जायगा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यह रत्नाकर स्मृतितत्वादि गौडग्रन्थ में कहा है। यह ठीक है। अन्यथा कन्या की उत्पत्ति में तीन पुरुष पर्यन्त ही सूतक होगा उसके ऊपर नहीं होगा।

सापत्नमातामहकुले त्वाह मिताक्षरायां शङ्खः—यद्येकजाता बहवः पृथक्क्षेत्राः पृथक्जनाः। एकपिण्डाः पृथक्शौचाः पिण्डस्त्वावर्तते त्रिषु॥

सापत्नमातामहकुल (असवर्ण और सवर्ण सपत्नमाता का जनक कुल) में तो मिताक्षरा में शंख ने कहा है कि—यदि एक से अलग अलग क्षेत्र से भिन्न जातीय स्त्री से उत्पन्न हों और सजातीय भिन्न माताओं से पुत्र हों तो वे एक पिण्ड (सपिण्ड) वाले होते हैं। पर आशौच अलग अलग होता है। पिण्ड की तो तीनों की आवृत्ति होती है।

पृथक्क्षेत्राः भिन्नजातीयस्त्रीषु जाताः। पृथग्जनाः सजातीयभिन्नमातृषु जाताः। अत्र त्रिपुरुषं साপिण्ड्यमिति विज्ञानेश्वरो व्याचख्यौ। पृथ्वीचन्द्रोदये सापिण्ड्यदीपिकायां चैवम्। मदनपारिजाते तु पृथक्क्षेत्रजाः भिन्नमातृजाः, पृथग्जनाः भिन्नजातीयाः। एतद्विजातीयसापत्नमातृकुलविषयम्। सवर्णसापत्नमातृकुले चतुःपुरुषं सापिण्ड्यम्, पञ्चमीं सप्तमीं चैव मातृतः पितृतस्तथा। इति वसिष्ठोक्तेः। सप्तमीमिति ब्राह्मणादीनां क्षत्रियादिदारोत्पन्नपितृकुलविषयं चेत्युक्तं, तत्स्वकपोलकल्पितत्वात् ग्रन्थान्तरविरोधाच्च निर्मूलम्, 'पितृपत्न्यः सर्वा मातरः' इत्युक्त्वा सुमन्तुना 'तदपत्यानि भागिनेयानि' इति पृथङ्निषेधाच्च। अन्यथा सपिण्डत्वेन निषेधात् सपत्नमातुलत्वादिनिर्देशो व्यर्थः। अत एव तेन स्मृतिकौमुद्यां सवर्णसापत्नमातामहकुलपरत्वेन तथैव शङ्खवचनं व्याख्यातम्। तेन वासिष्ठं 'पञ्चमीं सप्तमीमतीत्य' इति व्याख्येयम्। तस्मात्प्राच्येव व्याख्या युक्ता।

पृथक्क्षेत्राः—अलग जातीय स्त्रियों में उत्पन्न हुए। पृथक्जनाः—वे जातीय माताओं से उत्पन्न हुए। विज्ञानेश्वर ने व्याख्या की है कि—तीन पीढी तक सापिण्ड्य होता है। पृथ्वीचन्द्रोदय और सापिण्ड्यदीपिका में भी यही है। मदनपारिजात में तो कहा है कि—पृथक्क्षेत्राः—का अर्थ किया है कि—भिन्न माताओं से उत्पन्न हुए। पृथक्जनाः—का अर्थ है कि—भिन्नजातीय हो। यह विजातीय सापत्नमाताके कुल का विषयक है। सवर्णसापत्नमाताके कुल में चार पीढी तक सापिण्ड्य होता है। वशिष्ठ ने कहा है कि—मातासे पांचवी और पिता से सातवी पीढी। 'सातवी' यह ब्राह्मण आदिओं का क्षत्रिय आदि स्त्रियों में उत्पन्न पिताके वंश विषयक है—यह कहा है। वह स्वकपोलकल्पित होने से तथा ग्रन्थान्तर के विरोध होने से निर्मूल है। सुमन्तु ने कहा है कि—पिता की सब पत्नी माता हैं यह कहकर उस कन्याओंके पुत्र भागिनेय हैं—यह अलग निषेध किया है। अन्यथा सापिण्ड्य होने से निषेध हो जाने से तो सपत्नमातुल आदिका कथन व्यर्थ हो जाता है। इसलिये उसने स्मृतिकौमुदी में—सवर्णसापत्नमातामह कुलपरत्व से वैसेही शंखवचन की व्याख्या की है। उससे वसिष्ठ के वचन की भी व्याख्या पांचवी और सातवी को अतिक्रमण कर की है। इसकारण से प्राच्यों की ही व्याख्या ठीक है।

प्रयोगरत्ने भट्टैः स्मृतितत्त्वादिगौडग्रन्थेषु च सपत्नमातामहकुले यावदुक्तं वाचनिकमेव सापिण्ड्यमुक्तम्।

प्रयोगरत्न में भट्टों ने और स्मृतितत्त्व आदि गौडग्रन्थों में सपत्नमातामहकुल में जो कुछ कहा वह वाचनिक (केवल वचन के द्वारा) ही सापिण्ड्य है।

यथाह सुमन्तुः—'मातृपितृसम्बद्धा आ सप्तमादविवाह्या भवन्ति, आ पञ्चमादन्येषां पितृपत्न्यः सर्वा मातरस्तद्भ्रातरो मातुलास्तद्भगिन्यो मातृष्वसारस्तद्दुहितरश्च भगिन्यस्तदपत्यानि भागिनेयानि, अन्यथा सङ्करकारिणः स्युस्तथाध्यापयितुरेतदेव' इति।

वैसेही सुमन्तुने कहा है कि—माता और पिता से सम्बन्धित सात पीढी तक विवाहित नहीं होते हैं। अन्य पांच पीढीतक विवाहित नहीं होते हैं। पिताकी पत्नियाँ सब माता हैं उनके भाई सब मामा हैं, उनकी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बहिन माता की बहिन हैं, उनकी कन्या जो हैं वह बहिन हैं, उनके लड़के भानजे है। अन्यथा तो वर्णसंकर करने वाले होते हैं और अध्यापन करानेवाले के यहाँ भी वही बात है।

आ पञ्चमादिति मातृकुले त्रिगोत्रान्तरितविषयं वेति प्राच्याः।

पाँच पीढीतक अन्यों का विवाह नहीं होता है ऐसा पूर्वोक्त कहने पर या माता के वंश में तीनगोत्र के अन्तर पर होता है—ऐसा प्राच्य कहते हैं।

मात्स्ये—समानप्रवरा चैव शिष्यसन्ततिरेव च। ब्रह्मदातुर्गुरोश्चैव सन्ततिः प्रतिषिध्यते॥ तद्भगिन्यो मातृष्वसार इति तु आकरे न पठितम्। क्वचिद्वचनादविवाहः।

मत्स्यपुराण में कहा है कि—समान प्रवरवाली सन्तान, शिष्यकी ही सन्तान और गायत्री देनेवाले गुरु की सन्तान विवाह में निषेध है। उन माताओं की बहिनोंका तो आकर (प्राचीन मान्य) ग्रन्थों में पाठ न ही पढा है। कहीं वचन से विवाह नहीं हो सकता है।

यथा गृह्यपरिशिष्टे—'अविरुद्धसम्बन्धामुपगच्छेत इत्युक्त्वा विरुद्धसम्बन्धः स्वयमेवोक्तः। यथा 'भार्यास्वसुर्दुहिता पितृव्यपत्नी स्वसा च' इति।

जैसा गृह्यपरिशिष्ट में कहा है कि—जिसमें विरोध न हो ऐसे सम्बन्ध में उसके साथ विवाह करे। यों कहकर विरुद्ध संबन्ध को स्वयं ही कहा है। जैसे—पत्नी के बहिन की कन्या और चाचाके पत्नी की बहिन।

बौधायनः—मातुः सपत्न्या भगिनीं तत्सुतां च विवर्जयेत्। (पितृव्यपत्न्या भगिनीं तत्सुतां च विवर्जयेत्॥) अतो मातृष्वसुः सापत्नपुत्रकन्याप्यविवाह्या। 'सापत्नमातृकुलजाम्' इति मदनपारिजातोक्तेरिति केचित्।

बौधायनने कहा है कि—माता के सौत की बहिन तथा उसकी कन्या को त्याग दे (और चाचाके पत्नी की बहिन तथा उसकी कन्या को त्याग दे।) इसलिये माता के बहिन के सापत्नपुत्र की कन्या भी विवाह के योग्य नहीं है। मदनपारिजात में किसी ने कहा है कि—सपत्नमातृकुलमें उत्पन्न को त्याग दे।

केचित्तु—'ज्येष्ठो भ्राता पितुः समः' इति मनूक्तेस्तत्पत्न्याः मातृत्वात्तत्पितुर्मातामहत्वाज्ज्येष्ठभ्रातृपत्नीभगिनी न विवाह्या।

कोई तो कहते हैं कि—बड़ा भाई पिता के सदृश है—इस मनु के कथन से उसकी पत्नी माता होने से और उसके पिता के मातामह (नाना) होने से बड़े भाई की पत्नी भी बहिन होगी। अतः विवाह नहीं हो सकता है।

तथा—उत्पादकब्रह्मदात्रोर्गरीयान् ब्रह्मदः पिता। इति मनूक्तेर्गुरुणा त्रिपुरुषं सापिण्ड्यम्, सखापि निर्वाप्यः, अतस्तेषां कन्या नोद्वाह्याः,

और उत्पन्न करनेवाले, वेदमन्त्र पढानेवालों में वेद पढानेवाला पिता उत्तम होता है—ऐसा मनुने कहा है। इसलिये गुरु के साथ तीन पीढी तक साषिण्ड्य है। मित्र भी पिण्डान्वयरूप सापिण्ड्य है—यह अर्थ है। अतः गुरु और मित्र का तीन पीढी तक विवाह नहीं हो सकता है। इसलिये इनकी कन्या के साथ विवाह न करे।

गायत्र्या उपदेष्टुश्च कन्यां नैवोद्वहेद् द्विजः।
गुरोश्च कन्यां शिष्यो वा तत्सन्तत्यापि नेष्यते॥

द्विज गायत्रीमन्त्र का उपदेश देनेवाले की कन्या से, [1]गुरु (गायत्री मन्त्र का उपदेश न देने पर भी चतुर्दश विद्याओं में से या चौसठ कला आदियों में से पढानेवाला अध्यापक) की कन्या या शिष्य से और उस शिष्य की सन्तान से भी विवाह संबन्ध न करे।

पुरुषत्रयपर्यन्तं भ्रात्रादेर्नैतदिष्यते। वाक्सम्बन्धकृतानां तु स्नेहसम्बन्धभागिनाम्॥ विवाहोऽत्र न कर्तव्यो लोकगर्हा प्रसज्यते॥ इति वचनाच्चेत्याहुः। तत्र मूलं चिन्त्यम्।

१—सावित्रीं यस्य यो दद्यात्तत्कन्यां न विवाहयेत्। तद्गोत्रे तत्कुले वापि विवाहो नैव दोषकृत्॥ एतत् स्वगोत्राज्ञानविषयमिति नारायणः। गुरोः सगोत्रप्रवरा नोद्वाह्या क्षत्रवैश्ययोः। स्वगोत्राद्यनभिज्ञैस्तु विप्रैराचार्यगोत्रजाः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तीन पीढी पर्यन्त गुरु आदि भाई की कन्या से विवाह न करे। जिनके यहाँ वाणीसे संबन्ध हो गया हो या जिनसे स्नेहसंवन्ध गया हो उनके यहाँ लोकनिन्दाके भय से विवाह नहीं करना चाहिये। इस वचन से कहा है। कमलाकर भट्टने कहा है कि उसमें मूल विचारणीय है।

(दत्तकविषये तु)

दत्तकविषये तूच्यते। तत्र गौतमः—'ऊर्ध्वं सप्तमात्पितृबन्धुभ्यो बीजिनश्च मातृबन्धुभ्यः पञ्चमात्' इति। बन्धुग्रहणान्न दत्तकमात्रपरमिदं, किन्तु सन्तानेऽपि। एतत् क्षेत्रजादिसर्वद्व्यामुष्यायणपरमिति हरदत्तः।

दत्तकविषयमें तो कहते हैं। उसमें गौतम का वचन है कि—सात पीढी पिता के बन्धुओं से तथा बीजियों से ऊपर तथा माता के बन्धुओं से पाँच पीढी के आगे दत्तक विवाह करे। बन्धुग्रहण से यह दत्तकमात्रपरक नहीं है किन्तु सन्तानपरक भी है। हरदत्तने कहा है कि—यह क्षेत्रज[1] आदि सब द्व्यामुष्यायणपरक है।

अत्र स्मृतिचन्द्रिका—'नियोगात् य उत्पादयति तस्माद्बीजिनोऽप्यूर्ध्वं सप्तमादित्यर्थः' इति। दत्तकस्य जनकविषयमेतदिति सापिण्ड्यमीमांसायाम्। तेन दत्तकस्य जनककुले साप्तपौरुषं जननीकुले पाञ्चपौरुषं सापिण्ड्यम्, दत्तक्रीतादिपुत्राणां बीजवप्तुः सपिण्डता। सप्तमी पञ्चमी चैव गोत्रित्वं पालकस्य च॥ इति बृहन्मनूक्तेः, 'बीजिनश्च' इति गौतमोक्तेश्च। पालकपितृकुले तु पञ्चपुरुषम्, पालकमातृकुले त्रिपुरुषम्। तथा चापरार्के पैठीनसिः—'त्रीन् मातृतः पञ्च पितृतः पुरुषानतीत्योद्वहेत्' इति। एतत्स एव व्याचख्यौ—दत्तकादीन् पुत्रान् पितृपक्षतो निवृत्तपिण्डगोत्रार्षेयान् प्रत्येतदुच्यते पञ्च पितृत इति, नान्यान् प्रति' इति।

यहाँपर स्मृतिचन्द्रिका का कथन है कि—जो नियोग से उत्पन्न करता है उस बीजवाले से ऊपर की सातपीढी तक विवाह न करे—यह अर्थ है। साविण्ड्यमीमांसा में कहा है कि—दत्तकके जनक (पालक के विषयमें नहीं) के विषयमें भी यही है। इससे दत्तक के जनककुल में सातपीढी तक और माताके कुल से पाँच पीढीतक साविण्ड्य है।

बृहन्मनु ने कहा है कि—दत्तक, क्रीत आदि पुत्रों का बीज बोने वाले की सपिण्डता सात और पाँच पीढी होती है तथा गोत्र में तो पालक की होती है और गौतम ने कहा है कि—बीजवालों की पिण्डता कही है। पालकपितृकुल में तो पांच पीढी तक, पालकमातृकुल में तीन पीढी तकका सापिण्ड्य होता है और अपरार्क में पैठीनसि ने कहा है कि—तीन पीढी माता से तथा पांच पीढी पिता से हटाकर विवाह करे। यह उसने अर्थ (व्याख्या की) ही किया है कि—दत्तक आदि पुत्रों को पिता के पक्ष से पिण्ड, (सापिण्ड्य) आर्षेय—प्रवर के प्रति निवृत्ति हो गयी यह उनके प्रति कहा है। पिता से पांच पीढी त्यागकर विवाह करे। अन्यों के प्रति नहीं कहा है।

यत्तु वृद्धगौतमः—स्वगोत्रेषु कृता ये स्युर्दत्तक्रीतादयः सुताः।
विधिना गोत्रमायान्ति न सापिण्ड्यं विधीयते॥

जो वृद्धगौतम ने कहा है कि—अपने गोत्रों में दत्तक, क्रीतपुत्र आदि किये गये हैं। विधि द्वारा गोत्र में आ जाते हैं पर उनमें सापिण्ड्य का विधान नहीं है।

यच्च वसिष्ठः—अन्यशाखोद्भवो दत्तः पुत्रश्चैवोपनायितः।
स्वगोत्रेण स्वशाखोक्तविधिना स्यात्स्वशाखभाक्॥ इति।

और जो वसिष्ठ ने कहा है कि—अन्यशाखा से उत्पन्न दत्तक पुत्र अपने गोत्र से और अपनी शाखा में कहे हुए विधान से यज्ञोपवीतसंस्कार करने से अपनी शाखा में आ जाता है।

१—यदा क्षेत्री रुग्णो बन्धुभ्यः प्रार्थयते मम क्षेत्रे पुत्रमुत्पादयेति, यदा वा सन्तानक्षये गुरवो विधवां नियुञ्जते, यथा विचित्रवीर्यक्षेत्रे सत्यवती व्यासं, तत्र जातः पुत्रः क्षेत्रिणो बीजिनश्चेति द्व्यामुष्यायणः। अपुत्रेण परक्षेत्रे नियोगोत्पादितः सुतः। उभयोरप्यसौ रिक्थी पिण्डदाता च धर्मतः॥ इति याज्ञवल्क्यात्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यच्च नारदः—धर्मार्थं वर्द्धिताः पुत्रास्तत्तद्गोत्रेण पुत्रवत् ।
अंशपिण्डविभागित्वं तेषु केवलमीरितम् ॥

और जो नारद ने कहा है कि—धर्मार्थरूप से वर्धित (पालन) किये हुए पुत्रों को उस उस गोत्र में पुत्र के सदृश अंशपिण्ड के भागी (अंशपिण्डशूल्यत्व) केवल उनमें कहा है।

तत्पालककुले साप्तपौरुषं सापिण्ड्यं नेत्येवंपरं न तु सर्वथा सापिण्ड्यनिषेधपरमिति सापिण्ड्यमीमांसायाम् । मदनपारिजातादपि दत्तकानुप्रवेशेऽल्पं सापिण्ड्यं प्रतिभाति । तथाहि, तेन त्रीनतीत्येत्युदाहृत्य यस्य माता दत्तपुत्री प्रतिग्रहीत्रा पुत्रीकृता तस्याः प्रतिग्रहीतृकुले त्रीनतीत्येति, पञ्च पितृत इति यस्य दत्तपुत्रः पिता तस्य दत्तस्य यज्जनककुलं तद्विषयमित्युक्तम् । वस्तुतस्तु पूर्ववचसां महानिबन्धेषु क्वाप्यनुपलम्भादपरार्कादिलिखनाभावात् पूर्वोक्तव्यवस्थायाश्च प्राप्तियज्ञानतुल्यत्वाद्यैरेतल्लिखितं तेषामेव शोभते ।

वह पालकवंश में सातपीढी तक सापिण्ड्य नहीं होता है—इस परक है, किन्तु सर्वथा सापिण्ड्य निषेधपरक नहीं है—यह सापिण्ड्यमीमांसा में कहा है। मदनपारिजात आदि में तो दत्तक के पीछे प्रवेश में अल्पसापिण्ड्य प्रतीत होता है। वैसे ही उससे तीन को अतिक्रमणकर इसप्रकार उदाहरण कर जिसकी माता दत्तक की पुत्री हो ग्रहण करने वाले उसको पुत्रीरूप से मान कर उसके ग्रहण करने वाले वंश में तीन को पीढी को छोडकर विवाह करे। पिता से पांच पीढी इसप्रकार जिसका पिता दत्तक का पुत्र हुआ हो उस दत्तक का जो जनक कुल है उस विषयक है, यह कहा है।

सिद्धान्त तो यह है कि—पहले कहे हुए वचनों का महानिबन्धों में कहीं भी प्राप्त नहीं होने से और अपरार्क आदि में अभाव होने से पहलो कही हुई व्यवस्था के न होने से प्राप्ति ज्ञान के अभाव में जिन्होंने इन वचनों को लिखा है उन्हीं को ही शोभा देता है।

मम तु पालककुले एकपिण्डदानक्रियान्वयित्वरूपं साप्तपौरुषमेव सापिण्ड्यम् । 'बीजिनश्च' इति गौतमोक्तेर्जनककुलेऽपि तावदेव 'त्रीन् मातृतः' इत्यादि तु सवर्णसापत्नमातृकुलपरं, 'यद्येकजाता बहवः' इति शाङ्खवाक्यत्वादिति युक्तं प्रतिभाति । अत एवास्य द्व्यामुष्यायणत्वं हेमाद्रिप्रवरमञ्जरीवृत्तिकृन्नारायणादिभिरुक्तम् ।

मेरे मतमें तो यह आता है कि-पालककुलमें एकपिण्डदानक्रियान्वयित्व रूप (सम्बन्धरूप) से सात पीढी तक सापिण्ड्य है और बीजवाले जनककुल में भी सात पीढी तक सापिण्ड्य है—यह गौतम ने कहा है। माता से तीन पीढी तक सापिण्ड्य है। इत्यादि तु सवर्णसापत्नमातृकुलपरक है। क्योंकि 'एक से उत्पन्न हुए बहुत' इस शांख्यके एकवाक्यत्व होने से युक्त मालुम होता है। इसलिए इसका द्व्यामुष्यायणत्व हेमाद्रि, प्रवरमञ्जरी, वृतिकार, नारायण आदियों ने भी कहा है।

भट्टसोमेश्वरेणापि 'पृथायाः कुन्तिभोजस्य पालककन्यात्वेऽपि ऊर्ध्वं सप्तमात्पितृबन्धुभ्यो बीजिनश्च' इति गौतमोक्तेर्दत्तिमायाः पृथायाः जनकस्य शूरसेनस्य कुलेऽपि साप्तपौरुषं पालककुलेऽपि तावदेव सापिण्ड्यमुक्तम् 'अपि वा कारणाग्रहणे' (जै० सू० ४-१, ३-५) इत्यत्र ।

भट्टसोमेश्वर ने भी कहा है कि—पृथु के कुन्तिभोज की पालककन्या होने पर भी सात पीढी से ऊपर पिता के बन्धुओं और बीजियों से सापिण्ड्य है। ऐसा गौतम के कहने पर दत्तक पृथा का जनक शूरसेन के कुल में भी सातपीढी तक सापिण्ड्य है और पालककुल में भी उतना ही सापिण्ड्य कहा है। अपि वा[1] कारणाग्रहणे—(जै० सू० ४।१।३।५)। इस सूत्र में कहा है।

१—अपि वा कारणाग्रहणे तदर्थम्, अर्थस्यानभिसंबन्धात्, अपि वेति पक्षव्यावृत्तिः नैतदस्ति समिदादीन्यपि पुरुषार्थानि प्राप्नुवन्तीति। कारणाग्रहणे पुरुषार्थानि प्रजापतिव्रतानि भवेयुः। न तत्र श्रुत्यादिके किंचित्कारणं गृह्यते ये न कर्मणामङ्गभूतमिति गम्यते। तस्मात्तानि पुरुषार्थानि अर्थस्य=कर्मणः नाभिसंबन्धः प्रजापतिव्रतैः। इह तु समिदादीनां प्रकरणं नामकरणं गृह्यते येन कर्मार्थानीति विज्ञायेत। तस्माद्विषम उपन्यासः पुरुषप्रयत्नश्चैवं सत्यनुवादः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सापिण्ड्यदीपिकायां तु दत्तक्रीतादीनां जनकगोत्रेणोपनयने कृते जनककुले साप्तपौरुषं सापिण्ड्यम्, पालकमातापितृकुले त्रिपुरुषम्, पिण्डनिर्वापान्निर्वाप्यलक्षणं त्रिपुरुषं सापिण्ड्यम्, पालकगोत्रेणोपनयने तत्कुले साप्तपौरुषमित्युक्तम् । तन्न,

सापिण्ड्यदीपिका में तो कहा है कि—दत्तक, क्रीत आदिका जनकगोत्र से उपनयन करने पर जनककुल में सात पीढी तक सापिण्ड्य है। पालक-माता पिता के कुल में तीन पीढी तक सापिण्ड्य है। पिण्ड के या नहीं पिण्ड के निर्वाप्य (पिण्डदान देने से) लक्षण तीन पीढी तक सापिण्ड्य होता है। पालकगोत्र से उपनयन करने पर उस कुल में सात पीढी तक सपिण्ड होता है—ऐसा कहा है। यह ठीक नहीं है।

चूडोपायनसंस्कारा निजगोत्रेण वै कृताः । दत्ताद्यास्तनयास्ते स्युरन्यथा दास उच्यते ॥ इति कालिकापुराणादुपनयनान्तरं दत्तकनिषेधात् । त्रिपुरुषमित्यत्रापि मूलं मृग्यमित्यलं बहुना ।

अपने गोत्र से ही चूड़ाकरण और उपनयनसंस्कार किया तो तो वे पुत्र दत्तक होते हैं। अन्यथा दास कहे जाते हैं। इस कालिकापुराणवचन से उपनयन के बाद दत्तक का निषेध है। तीन पीढी तक सापिण्ड्य होता है, इसमें भी प्रमाण अन्वेषणीय हैं। बहुत कहने की आवश्यकता नहीं है।

मातृपितृद्वारकसापिण्ड्यवतीनां कन्यानामियं संख्या रामवाजपेयिनोक्ताः—उद्वोढुः पितरौ पितुश्च पितरौ तज्जन्मकृद्दम्पतीद्वन्द्वं तस्य चतुष्कमष्ट च ततोऽप्यस्य क्रमात् षोडश । वंशारम्भकदम्पतीप्रमितिरित्यासप्तकक्षं रदा एकैकान्वयकन्यकाः पितृकुले त्वासप्तकक्षं ब्रुवे ॥

माता तथा पिता द्वारक सापिण्ड्य वाली कन्याओं की यह संख्या (गिनती) रामवाजपेयी ने कही है— (१) प्रथम वर, (२) वर के पिता तथा माता ये दो, (३) पिता के पिता और माता, (४) उन दोनों के जन्म देनेवाले युगल पितामह के पिता माता और पितामही के माता-पिता ये द्वन्द्व द्वय, पञ्चमस्थान में पूर्वोक्त दोनों द्वन्द्वों में दो पुरुषद्वय और स्त्रीद्वय का जन्म देनेवाला चार द्वन्द्व, छठे स्थान में पूर्वोक्त द्वन्द्वों में आठ स्त्री और आठ पुरुष उनको पैदा करनेवाले आठ द्वन्द्व, सप्तमस्थान में—उन पूर्वोक्त आठ द्वन्द्वों में सोलह व्यक्ति उनको पैदा करनेवाले सोलह द्वन्द्व। वंश को आरंभ करनेवाला दंपती तक सातवी पीढी में बत्तीस द्वन्द्व होंगे। पिता के कुल में सप्तम कक्षा तक एक एक द्वन्द्व के अन्वय में एक एक कन्या स्वीकार की गयी है।

यद्यप्येकस्य बहवः सुताः स्युस्तदपीह तु । सम्बन्धसाम्यादेकैव गणितेत्यवधार्यताम् ॥

यद्यपि एक एकके बहुतसी कन्या होती हैं। फिर भी यहाँ पर सम्बन्ध की समता के कारण एक ही गिनी जाती है यह निश्चय करो।

एकस्मान्मिथुनात्सुतोऽथ दुहिता द्वन्द्वद्वयं तद्द्वयात् तस्माद् द्वन्द्वचतुष्कमष्ट च ततोऽतः षोडशातो रदाः । यावत्सप्तमकक्षमग्निऋतवः कन्या इहैकान्वये ता दन्तैर्गुणिता रसैकखदृशो वंशे सपिण्डाः पितुः ॥

एक मिथुन, एक मिथुन से पुत्र और कन्या यह द्वन्द्व दूसरे स्थानमें होगा, तीसरे स्थानमें उनमें से प्रत्येक को पुत्र और कन्या ये दो द्वन्द्व होंगे। चतुर्थस्थान में पूर्वोक्त दो द्वन्द्वों से पूर्वोक्तरीति से चार, द्वन्द्व होंगे। पञ्चमस्थानमें उन चार द्वन्द्वों से आठ द्वन्द्व होंगे। षष्ठ स्थान में उस आठ द्वन्द्व से सोलह द्वन्द्व होंगे। उसके बाद उन द्वन्द्वों से सप्तम स्थान में बत्तीस द्वन्द्व होंगे। इस रीति से एक एक का अन्वय करने पर सप्तम कक्षा तक तिरसठ कन्या होगीं। उन सबमें बत्तीस से गुणा करने पर दो हजार सोलह वर के पिता के वंश में वर के सपिण्ड होंगे।

मातुर्जन्मददम्पती च मिथुनं द्वन्द्वं तयोः सागराः तस्याः पञ्चमकक्षमश्वमितिरित्येकान्वयः पुंसुते । द्वन्द्वाद्द्वन्द्वयुगं ततोऽधय इतोऽष्टौ पञ्चकक्षं शरक्षोण्यः सप्तगुणाः शराभ्रविधवो मातुः सपिण्डाः कुले ॥

प्रथम वर, वर के-पिता माता दूसरे स्थान में-यह द्वन्द्व, तीसरे स्थान में-माताके माता पिता ये द्वन्द्व, चतुर्थ स्थान में—दो द्वन्द्व, पञ्चमस्थान में-चार द्वन्द्व, इस रीति से माता की पञ्चमकक्षा तक सात संख्या होगी। पहला द्वन्द्व पहले ले लिया गया है इसलिये वहाँपर एक ही द्वन्द्व का अन्वय पुत्र और कन्या के रूप में लिया जायगा। उस द्वन्द्व से दो द्वन्द्व, चार द्वन्द्व तथा आठ द्वन्द्व, इसलिये पांच कक्षा तक पन्द्रह द्वन्द्व होंगे। उनमें सात का गुणा करने पर एक सौ पांच वर के माता के कुल में वर के सपिण्ड होंगे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ईशानकोण पूर्व अग्निकोण

शिव



(सूर्यपञ्चायतन)



गणेश

उत्तर दक्षिण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दुर्गा

विष्णु

वायव्यकोण

पश्चिम

नैर्ऋत्यकोण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुलद्वयस्य कन्यकायुता मिथः सपिण्डकाः। हिमांशुदग्धराद्दशो विवाहकर्मवर्जिताः॥ इति।

इन दोनों मातृकुल और पितृकुल की कन्यायें परस्पर मिलाकर इकट्ठा करने पर इक्कीससौ इक्कीस सपिण्ड होती हैं। जो विवाहकर्म में वर्जित हैं।

एतच्च सर्ववर्णसाधारणं, सर्वत्र सापिण्ड्यसद्भावादिति विज्ञानेश्वरोक्तेः

और यह सर्वसाधारण है सर्वत्र सापिण्ड्यता रहती है—यह विज्ञानेश्वर ने कहा है।

पञ्चमात्सप्तमादूर्ध्वं मातृतः पितृतः क्रमात्। सपिण्डता निवर्तेत सर्ववर्णेष्वयं विधिः॥ इति हरनाथधृतदेवलवचनाच्च।

हरनाथलिखित देवल का वचन है कि—माता से पांच पीढी और पिता से सात पीढी के ऊपर सपिण्डता हट जाती है। यह सब वर्णों में विधि है।

सम्बन्धतत्त्वे सुमन्तुः—'पितृष्वसृसुतां मातृष्वसृसुतां मातुलसुतां मातृसगोत्रां समानार्षेयीं विवाह्य चान्द्रायणं चरेत्परित्यज्यैनां मातृवद्बिभृयात्' इति दिक्।

सम्बन्धतत्त्व में तो सुमन्तुने कहा है कि—पिताके बहिन की लड़की, माताके बहिनकी लड़की, माताकी लड़की, माताके गोत्रवाली (मामाके गोत्रकी) समान प्रवरवालीसे विवाह करे तो चान्द्रायण करे और त्याग कर उसको (उस कन्या को) माता के सदृश पालन करे। यही रास्ता है।

ऋषेरिदमार्षं प्रवरः, गोत्रं प्रसिद्धम्, समाने आर्षगोत्रे यस्य तस्माज्जाता या न भवति ताम्।

ऋषि (विश्वामित्रादि) का यह आर्ष-प्रवर है और गोत्र प्रसिद्ध है (यद्यपि पाणिनीय जी ने 'अपत्यं पौत्रप्रभृतिगोत्रम्) इस परिभाषा से कहा है। फिर भी वह परिभाषा शब्दशास्त्र में ही लगती है यहाँ तो पुत्र-पौत्र आदिकी परम्परा ही है।) समान आर्ष और गोत्र में जिसका उससे उत्पन्न जो नहीं होती है उसका।

(संक्षेपेण गोत्रप्रवरनिर्णयः)

अथ संक्षेपेण गोत्रप्रवरनिर्णयः। तौ च भिन्नौ निषेधे निमित्तं, 'सगोत्राय दुहितरं न प्रयच्छेत्' इत्यापस्तम्बोक्तेः, 'असमानप्रवरैर्विवाहः' इति गौतमोक्तेश्च।

अब संक्षेप से गोत्र और प्रवर का निर्णय करते हैं। ये दोनों भिन्न-भिन्न निषेध के कारण हैं। आपस्तंब ने कहा है कि—अपनी कन्या सगोत्रको नहीं दे और गौतमने कहा है कि—असमान (अर्थात्—जिसका अपना प्रवर हो उसके साथ विवाह न करे।) के साथ विवाह करे।

(गोत्रलक्षणम्)

तत्र गोत्रलक्षणमाह प्रवरमञ्जर्यां बौधायनः—विश्वामित्रो जमदग्निर्भरद्वाजोऽथ गौतमः। अत्रिर्वसिष्ठः कश्यप इत्येते सप्त ऋषयः॥ सप्तानामृषीणामगस्त्याष्टमानां यदपत्यं तद्गोत्रम्। इति।

उसमें प्रवरमञ्जरी में बौधायन ने गोत्र का लक्षण कहा कि—विश्वामित्र, जमदग्नि, भरद्वाज, गौतम, अत्रि, वसिष्ठ और कश्यप ये सात ऋषि हैं। सात ऋषियों की और आठवें अगस्त्य की जो सन्तानें हैं उन्हीं को गोत्र कहा जाता है।

यद्यपि केवलभार्गवेष्वार्ष्टिषेणादिषु केवलाङ्गिरसेषु च हारितादिषु च नैतत्, भृग्वङ्गिरसोरुक्तेष्वनन्तर्गतेः, तथाप्यत्रेष्टापत्तिरेवेति केचित् अत एव स्मृत्यर्थसारे प्रवरैक्यादेवात्राविवाह उक्तः। यद्यपि वसिष्ठादीनां न गोत्रत्वं युक्तम्, तेषां सप्तर्षित्वेन तदपत्यत्वाभावात्, तथापि तत्पूर्वभाविवसिष्ठाद्यपत्यत्वेन गोत्रत्वं युक्तम्। अत एव पूर्वेषां परेषां चैतद् गोत्रम्। अत्र विशेषोऽस्मत्कृते प्रवरदर्पणे ज्ञेयम्।

यद्यपि केवल भार्गव, आर्ष्टिषेण आदिमें, केवल आङ्गिरसों में और हारितादियों में उन सप्तर्षि के अपत्योंका अभाव है। भृगु तथा आंगिरस उन सात ऋषियों में नहीं आते हैं। फिर भी यहाँ पर इष्टापत्ति ही है—यह किसी का मत है। इसलिये स्मृत्यर्थसार में प्रवर की एकतामें ही विवाह का निषेध यहाँ पर किया है। यद्यपि—वसिष्ठ आदियों का गोत्रत्वयुक्त नहीं है। क्योंकि—उनका सात ऋषियों के होने से उनके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपत्यका अभाव है। फिर भी प्राचीन वसिष्ठ की सन्तान होने से वसिष्ठादि की गोत्रता मानना उचित है। इसलिए गोत्रता स्वीकार करना यथोचित है। यहाँ पर मेरे बनाये हुए 'प्रवरदर्पण' नामक पुस्तक से जानना चाहिये।

(प्रवरास्तु)

प्रवरास्तु प्रवरणानि प्रवराः। कल्पकारा हि वासिष्ठेति होता' 'वसिष्ठवदित्यध्वर्युः' इत्यादिना येषां प्रवरणमामनन्ति ते प्रवराः। तच्च वरणं यद्यपि गोत्रभूतस्यापि कचिद् दृश्यते तथापि पूर्ववदृषिभेदो द्रष्टव्यः। अन्यथा तेषां त्र्यार्षेये 'एकार्षे' इत्यादिनिर्देशानुपपत्तेः। अन्ये तु तद्गोत्राणां त्र्यार्षेय इति भेदमाहुरिति दिक्।

प्रवर प्रकृष्टवरण (अग्नि प्रार्थना) को कहा जाता है। कल्पसूत्र में आश्वलायनों का मन्त्र है— 'अग्ने महाँ असि ब्राह्मण 'भारत' इत्यादि। 'अग्निर्देवो होता देवान्' इत्यादि। उसमें पहलामन्त्र होता और दूसरा अध्वर्यु का मन्त्र है। उसमें वसिष्ठ होता हैं। वसिष्ठ की तरह अध्वर्यु अग्नि की प्रार्थना करता है। आदिशब्द से—भार्गव, च्यावन, आप्नवान्, और्व, जामदग्नि—होता का ग्रहण है। जिन ऋषियों का अग्निप्रार्थना करना कहा है। वही प्रवर हैं। वह वरण यद्यपि गोत्रभूत भी कहीं देखा फिरभी पहले की तरह ऋषि भेद (वृद्धवसिष्ठ अन्य हैं और युवावसिष्ठ अन्य हैं) अन्यथा युवावसिष्ठादियों का तीन प्रवर और किसीका एक प्रवर इत्यादि कथनकी अनुपपत्ति हो जायगी। दूसरे तो कहते हैं कि—गोत्रों के तीन प्रवर भेद होगें—यही मार्ग है—यों कहा।

तत्त्वं तु गोत्रभूतस्य पितृपितामहप्रपितामहा एव प्रवराः, 'पितैवाग्रेऽथ पुत्रोऽथ पौत्रः' इति शतपथश्रुतेः, 'परं परं प्रथमम्' इत्याश्वलायनोक्तेश्च।

सिद्धान्त तो यह है कि—गोत्रभूतका—पिता, पितामह और पितामह ही प्रवर हैं। पहले पिता, दूसरा पुत्र तीसरा पौत्र—ऐसा शतपथमें कहा है और आश्वलायन ने कहा है कि—परला परला प्रथम होता है।

अत्र विशेषमाह बौधायनः—एक एव ऋषिर्यावत्प्रवरेष्वनुवर्तते।
तावत्समानगोत्रत्वमन्यत्र भृग्वाङ्गिरसां गणात्॥ इति।

यहाँपर विशेष बौधायनमें कहा है कि—प्रवरों में जब तक ऋषिका नाम हो वहाँतक समान (एक) ही गोत्र होता है। अन्यत्र हो भृगु और अंगिरसों के गणोंसे होता है।

स्मृत्यर्थसारे—व्रियमाणतया वापि सत्तया वाऽनुवर्तनम्।
एकस्य दृश्यते यत्र तद्गोत्रं तस्य कथ्यते॥

स्मृत्यर्थसारमें कहा है कि-जहाँपर एक का वरण करनेसे या नाम से जहाँ एक का नाम चला जाय उसे एक गोत्र कहा जाता है।

भृग्वङ्गिरोगणेषु तु माधवीये स्मृत्यन्तरे—पञ्चार्षे त्रिषु सामान्यादविवाहस्त्रिषु द्वयोः। भृग्वङ्गिरोगणेष्वेवं शेषेष्वेकोऽपि वारयेत्॥ शेषगोत्रेष्वेको समानः प्रवरो विवाहं वारयेदित्यर्थः।

भृगु—अंगिरा गणोंमें तो माधवीय में स्मृत्यन्तर ने कहा है कि—पाँच प्रवरों वालों की तीन प्रवरणों तथा तीन प्रवरोंवालों की दो में समानता हो जाय तो विवाह नहीं होता है। यही कथन भृगु और अंगिरागणों में है शेषों में एक भी समान प्रवर विवाह में निषेध करता है—यह अर्थ है।

बौधायनोऽपि—भृग्वङ्गिरसावधिकृत्य 'द्व्यार्षेयसन्निपातेऽविवाहस्त्र्यार्षेयाणां, त्र्यार्षेयसन्निपातेऽविवाहः पञ्चार्षेयाणाम्' इति। भृग्वङ्गिरोगणेष्वपि जमदग्निगौतमभरद्वाजेष्वेकप्रवरसाम्ये सर्वेषामप्यसाम्ये वा सगोत्रत्वादेवाविवाह इति दिक्।

बौधायनने भी कहा है कि—भृगु और अंगिरा को मध्यस्थ कर कहा है कि—दो प्रवर के प्राप्त होने पर और तीन प्रवर के प्राप्त हो जाने पर विवाह नहीं होता है। तीन प्रवर के प्राप्त होने पर भी—यह पाँच प्रवर में विवाह नहीं होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भृगु और अंगिरा के गणों में भी जमदग्नि, गौतम, तथा भरद्वाजों में एकप्रवर समता होने पर सबों का भी या असाम्यमें समान गोत्र होनेसे ही विवाह नहीं हो सकता है। यही [1]मार्ग है।

(गोत्राणां प्रवराणां च कथनम्)

अत्र गोत्राणि प्रवराश्चोच्यन्ते। तत्र बौधायनः—गोत्राणां तु सहस्राणि प्रयुतान्यर्बुदानि च। ऊनपञ्चाशदेवैषां प्रवरा ऋषिदर्शनात्॥ तत्र सप्त भृगवः। वत्सा विदा आर्ष्टिषेणा यास्का मित्रयुवो वैन्याः शुनका इति। वत्सानां भार्गवच्यावनाप्नवानौर्वजामदग्न्येति, भार्गवौर्वजामदग्न्येति वा, भार्गवच्यावनाप्नवानेति वा। विदानां पञ्च—भार्गवच्यावनाप्नवानौर्ववैदेति, भार्गवौर्वजामदग्न्येति वा। एतौ द्वौ जामदग्न्यसंज्ञौ। आर्ष्टिषेणानां भार्गवच्यावनाप्नवानार्ष्टिषेणानूपेति, भार्गवार्ष्टिषेणानूपेति वा। एषां त्रयाणां परस्परमविवाहः। वात्स्यानां भार्गवच्यावनाप्नवानेति। वत्सपुरोधसयोः पञ्च। भार्गवच्यावनाप्नवानवात्सपौरोधसेति। वैजवनिमतिथयोः पञ्च। भार्गवच्यावनाप्नवानवैजमतिथेति। एते त्रयः क्वचित्। एषामपि पूर्वैरविवाहः। अत्र तत्तद्गणस्था ऋषयोन्यश्च विशेषो मत्कृते प्रवरदर्पणे ज्ञेयः।

अब गोत्र और प्रवरों को कहते हैं। उसमें बौधायन ने कहा है कि—गोत्र तो हजार, दशहजार और अर्बुद हैं। उनके प्रवर उनचास हैं। जो कि ऋषियों ने देखे हैं। उसमें सात भृगु हैं—वत्स, विदा, आर्ष्टिषेण, यास्क, मित्रयुव, वैन्य और शुनक। वत्सोंके—भार्गव, च्यावन, आप्नवान्, और्व, जामदग्न्य या भार्गव, और्व, जामदग्न्य या भार्गव, च्यावन और आप्नवान्। विदोंके पाँच हैं—भार्गव, च्यावन, आप्नवान्, और्व, वैद। या भार्गव, और्व तथा जामदग्न्य। ये दोनों जामदग्न्यसंज्ञक हैं। आर्ष्टिषेणों के—भार्गव, च्यावन, आप्नवान्, आर्ष्टिषेण, अनूप या भार्गव, अर्ष्टिषेण और अनूप। इन तीनों का परस्पर विवाह नहीं होता है। वात्स्यों का—भार्गव, च्यावन और आप्नवान्। वत्स और पुरोधा में पांच। भार्गव, च्यावन, आप्नवान्, वात्स और पौरोधस। वैज, वैन तथा मतिथ। ये तीन हैं। इनका भी परस्पर पहलों से विवाह नहीं होता है। यहाँपर उन उन गणों के ऋषि और विशेष मेरे द्वारा निर्मित 'प्रवरदर्पण' से जानना चाहिये।

यस्कानां भार्गववैतहव्यसावेतसेति मित्रायुवां भार्गवदाध्र्यश्वदैवोदासेति, भार्गवच्यावनदैवोदासेति वा, बाध्र्यश्वेत्येको वा। वैन्यानां भार्गववैन्यपार्थेति। एत एव श्वैताः। शुनकानां शुनकेति वा। गार्त्समदेति वा भार्गवगार्त्समदेति द्वौ वा। भार्गवशौनहोत्रगार्त्समदेति त्रयो वा। वेदविश्वज्योतिषां भार्गववेदवैश्वज्योतिषेति। शाठरमाठराणां भार्गवशाठरमाठरेति। एतौ द्वौ क्वचित्। यस्कादीनां स्वगणं त्यक्त्वा सर्वैर्विवाहः। तदुक्तं स्मृत्यर्थसारे—यस्का मित्रयुवो वैन्याः शुनकाः प्रवरैक्यतः। स्वं स्वं हित्वा गणं सर्वे विवहेयुः परावरैः। इति।

यस्कों के—भार्गव, वैतहव्य तथा सावेतस हैं। मित्रयुवों (मित्रयूनामितिपाठः) के भार्गव, वाध्र्यश्व, दैवोदास या भार्गव, च्यावन एवं दैवोदास हैं या बाध्र्यश्व एक ही प्रवर है। वैन्यों के भार्गव, वैन्य और पार्थ हैं। इन्हीं को श्वैत कहते हैं। शुनकोंका या शुनक का गार्त्समद या भार्गवगार्त्समद हैं या भार्गव, शौनहोत्र तथा गार्त्समद ये तीन प्रवर हैं। वेदविश्वज्योतिषियों के—भार्गव, वेदविश्वज्योतिष हैं। शाठर-माठरों के—भार्गव, शाठर-माठर। ये दो ही कहीं कहे हैं। यस्क आदिकों का अपने गण को छोड़कर सबके साथ विवाह होता है। उसी बात को स्मृत्यर्थसार में कहा है कि—यस्क, मित्रयुव, वैन्य और शुनक ये एकप्रवर होजाने से अपने अपने गण को छोड़कर अन्य प्रवरों में विवाह करें।

१—समानप्रवरत्वं द्वेधा–एक प्रवरसाम्यं द्विप्रवरसाम्यं च। आद्यं भृग्वङ्गिरोगणव्यतिरिक्तेषु शेषेषु-इति वचनात्। द्वितीयं भृग्वङ्गिरोगणेषु। तच्चासङ्कीर्णं तत्राविवाहप्रयोजकं, तेषां गोत्रत्वाभावेन समानगोत्रत्वाप्रसक्तेः। अत एव च तेषु द्वित्रिप्रवरसाम्याभावे विवाह एव भवति। समानगोत्रत्वं चासङ्कीर्णं कपीनां भरद्वाजगणैः सहाविवाहप्रयोजकम्। तेषां भरद्वाजगणस्थत्वेनाङ्गिरोगणस्थत्वादेकप्रवरसाम्येऽपि अपेक्षितद्वित्रिप्रवरसाम्याभावादिति। अन्यत्र सर्वत्र प्रायश एते सङ्कीर्णे इति बोध्यम्' इति कृष्णंभट्टीटीकायाम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(आङ्गिरसगोत्रनिरूपणम्)

अथाङ्गिरसः। ते गौतमाः, भरद्वाजाः, केवलाङ्गिरसश्चेति त्रिधा। अत्र गौतमा दश—आयास्याः, शरद्वन्ताः, कौमण्डाः, दीर्घतमसः, औशनसाः, कारेणुपालेयाः, राहूगणाः, सोमराजकाः, वामदेवाः, बृहदुक्थ्याश्चेति। तत्रायास्यानामाङ्गिरसायास्यगौतमेति। शरद्वतानामाङ्गिरसगौतमशारद्वतेति। कौमण्डानामाङ्गिरससौतथ्यकाक्षीवतगौतमकौमाण्डेति वा, आङ्गिरसायास्यौशिजगौतमकाक्षीवतेति वा, आङ्गिरसौतथ्यगौतमौशिजकाक्षीवतेति वा, आङ्गिरसौशिजकाक्षीवतेतित्रयो वा। दीर्घतमसामाङ्गिरसौतथ्यकाक्षीवतगौतमदैर्घतमसेति, आङ्गिरसौतथ्यदैर्घतमसेति त्रयो वा। औशनसानामाङ्गिरसगौतमौशनसेति त्रयः। कारेणुपालेयानामाङ्गिरसगौतमकारेणुपालेति त्रयः। राहुगणानामाङ्गिरसराहूगणगौतमेति। सोमराजकानामाङ्गिरससोमराजकगौतमेति। वामदेवानामाङ्गिरसवामदेव्यगौतमेति। बृहदुक्थानामाङ्गिरसबार्हदुक्थगौतमेति, आङ्गिरसवामदेववार्हदुक्थेति वा। उतथ्यानामाङ्गिरसौतथ्यगौतमेति। औशिजानाम्—'आङ्गिरससौशिजकाक्षीवत' इत्यापस्तम्बः, आङ्गिरसायास्यौशिजगौतमकाक्षीवत' इति कात्यायनः। एतौ द्वौ क्वचित्। राघुवानामाङ्गिरसराघुवगौतमेति केचित्। तत्र मूलं चिन्त्यम्। एषां सर्वेषां गौतमानामविवाहः।

अब आंगिरस को कहते हैं—वे—गौतम, भरद्वाज और केवलाङ्गिरस ये तीन हैं। उसमें गौतम दश हैं—आयास्य, शरद्वन्त, कौमण्ड, दीर्घतमस, औशनस, कारेणुपालेय, राहूगण, सोमराजक, वामदेव और बृहदुक्थ्य। उसमें अयास्यों के—आंगिरस, आयास्य तथा गौतम। शरद्वतों के—आंगिरस, गौतम और शारद्वत। कौमण्डों के—आंगिरस, सौतथ्य, काक्षीवत या गौतम और कौमाण्ड। आङ्गिरस, अयास्य, औशिज, गौतम तथा काक्षीवत, आंगिरस, सौतथ्य, गौतम, औशिज, काक्षीवत या आंगिरस, औशिज, काशीवत ये तीन। दीर्घतमसों के—आंगिरस, औतथ्य, काक्षीवत, गौतम, दैर्घतमस या आंगिरस, औतथ्य, दैर्घतमस ये तीन। औशनसों के—आंगिरस, गौतम और औशन ये तीन। कारेणुपालेयों के—आंगिरस, गौतम और औशन ये तीन। कारेणुपालेयों के—आंगिरस, गौतम, कारेणुपाल ये तीन। राहुगणों के—आंगिरस, राहूगण और गौतम। सोमराजकों के—आंगिरस, सोमराजक तथा गौतम। वामदेवों के—आंगिरस, वामदेव्य, और गौतम। बृहदुक्थों के—आंगिरस, वार्हदुक्थ्य तथा गौतम या आंगिरस, वामदेव और बार्हदुक्थ्य। उतथ्यों के—आंगिरस, औतथ्य तथा गौतम। औशिजाओं के—आंगिरस, औशिज और काक्षीवत—ये आपस्तंब ने कहा है। आंगिरस, आयास्य, औशिज, गौतम तथा काक्षीवत—ये कात्यायन ने कहा है। ये दोनों कहीं पर हैं। राघुवों के—आंगिरस, राघुव और गौतम ये कहीं हैं। उसमें मूल विचारणीय है। इन सब गौतमों का परस्पर में विवाह नहीं होता है।

(भरद्वाजगोत्रनिरूपणम्)

अथ भरद्वाजाः। ते चत्वारः—भरद्वाजाः, गर्गाः, ऋक्षाः, कपय इति। भरद्वाजानामाङ्गिरसबार्हस्पत्यभरद्वाजेति त्रयः। गर्गाणामाङ्गिरसबार्हस्पत्यभरद्वाजसैन्यगार्ग्येति पञ्च, आङ्गिरससैन्यगार्ग्येति वा। अन्त्ययोर्व्यत्ययो वा, भरद्वाजगार्ग्यसैन्येति वा। गर्गभेदानामाङ्गिरसतैत्तिरकापिभुवेति। ऋक्षाणां कपिलानां चाङ्गिरसबार्हस्पत्यभरद्वाजवान्दनमातवचसेति पञ्च, आङगिरसवान्दनमातवचसेति त्रयो वा। कपीनामाङ्गिरसमहीयवौरुक्षयसेति। आत्मभुवामाङ्गिरसभारद्वाजबार्हस्पत्यमन्त्रवरात्मभुवेति पञ्च। अयं क्वचित्। भरद्वाजानां सर्वेषामविवाहः।

अब भरद्वाज कहते हैं। वे चार हैं—भरद्वाज, गर्ग, ऋक्ष और कपय। भरद्वाजों के—आंगिरस, वार्हस्पत्य तथा भारद्वाज ये हैं। गर्गों के—आंगिरस, वार्हस्पत्य, भरद्वाज, सैन्य और गार्ग्य ये पाँच हैं, या आंगिरस, सैन्य तथा गार्ग्य हैं। या अन्यके दोनों का व्यत्यय है। या भरद्वाज गार्ग्य तथा सैन्य हैं। गर्गभेदों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

के—आंगिरस, तैत्तिर तथा कापिभुव हैं। ऋक्षों के और कपिलों के—आंगिरस, बार्हस्पत्य, भरद्वाज, वान्दन और मातवचस ये पांच हैं। या आंगिरस, वान्दन तथा मातवचस ये तीन हैं। कपियों के—आंगिरस, महीयव और उरुक्षयस ये तीन हैं। आत्मभुवों के—आंगिरस, भरद्वाज, बार्हस्पत्य, मन्त्रवर तथा आत्मभुव ये पाँच हैं। इन सब भरद्वाजों का परस्पर विवाह नहीं होता है।

(केवलाङ्गिरसगोत्रनिरूपणम्)

अथ केवलाङ्गिरसः। (ते च षट्—हारिताः, कुत्साः, काण्वाः, रथीतराः, मुद्गलाः, विष्णुवृद्धाश्चेति) हारीतानामाङ्गिरसाम्बरीषयौवनाश्वेति। आद्यो मान्धाता वा। कुत्सानामाङ्गिरसमान्धातृकौत्सेति। कण्वानामाङ्गिरसाजमीढकाण्वेति। आङ्गिरसघोरकाण्वेति वा। रथीतराणामाङ्गिरसवैरूपराथीतरेति, आङ्गिरसवैरूपपार्षदश्वेति वा, अष्टादंष्ट्रपार्षदश्ववैश्वरूपेति वा, अन्त्ययोर्व्यत्ययो वा। मुद्गलानामाङ्गिरस (भार्म्यश्वमौद्गल्येति, आद्यस्तार्क्ष्यो वा, आङ्गिरसतार्क्ष्यमौद्गल्येति वा। विष्णुवृद्धानामाङ्गिरस) पौरुकुत्स्यत्रासदस्यवेति। एषां स्वगणं विहाय सर्वैर्विवाहो भवति। हारितकुत्सयोस्तु न भवति।

अब केवल आंगिरसों का गोत्र और प्रवर कहते हैं। हरितोंके—आंगिरस, अम्बरीष, और यौवनाश्व हैं। इनमें पहला मान्धाता है। कुत्सों के—आंगिरस, मान्धाता तथा कौत्स हैं। काण्वों के—आंगिरस, आजमीढ़ तथा काण्व हैं, या आंगिरस और घोरकाण्व हैं। रथीतरों के—आंगिरस, वैरूप और राथीतर हैं या आंगिरस, वैरूप तथा पार्षदश्व हैं या अष्टादंष्ट्र, पार्षदश्व और वैश्वरूप हैं या अंत्य के दोनों का व्यत्यय है। मुद्गलों के—आंगिरस, पौरुकुत्स्य तथा त्रासदस्य हैं। इन सबका अपने गण को छोड़कर सबके साथ विवाह होता है। हारित और कुत्सों का नहीं होता है।

(अथात्रिगोत्रनिरूपणम्)

अथात्रयः। ते चत्वारः—अत्रयः, वाद्भुतकाः, गविष्ठिराः, मुद्गला इति। आद्यानामात्रेयार्चनानसश्यावाश्वेति। वाद्भुतकानाम्—अत्रेयार्चनानसवाद्भुतकेति। धनञ्जयानामात्रेयार्चनानसधानञ्जयेति कश्चित्। गविष्ठिराणामात्रेयार्चनानसगाविष्ठिरेति, आत्रेयगाविष्ठिरपौर्वातिथेति वा। मुद्गलानामात्रेयार्चनानसपौर्वातिथेति। वामरथ्यसुमङ्गलबैजवापानामात्रेयार्चनानसातिथेति, आत्रेयार्चनानसगाविष्ठिरेति वा। सुमङ्गलानामत्रिसुमङ्गलश्यावाश्वेति केचित्। अत्रेः पुत्रिकापुत्राणामात्रेयवामरथ्यपौत्रिकेति। अत्रीणां सर्वेषामविवाहः।

अब आत्रेयों को कहते हैं। वे चार हैं—आत्रेय, वाद्भुतक, गविष्ठिर और मुद्गल। पहलों के—आत्रेय, अर्चनानस तथा श्यावाश्व हैं। वाद्भुतकों के—आत्रेय, अर्चनानस और वाद्भुतक हैं। कहींपर—धनंजयों के आत्रेय, अर्चनानस तथा धनञ्जय हैं। गविष्ठिरों के—आत्रेय, अर्चनानस और गाविष्ठिर हैं। आत्रेय या गाविष्ठिर तथा पौर्वातिथ हैं। मुद्गलों के—आत्रेय, अर्चनानस और पौर्वातिथ हैं। वामरथ्य, सुमंगल और बैजवापों के—आत्रेय, अर्चनानस, अतिथि हैं या आत्रेय, अर्चनानस और गाविष्ठिर हैं। सुमंगलों के—अत्रि, सुमंगल तथा श्यावाश्व हैं—यह कोई कहते हैं। अत्रि के पुत्रिकापुत्रों के—आत्रेय, वामरथ्य और पौत्रिक हैं। इन सब अत्रियों का विवाह परस्पर नहीं होता है।

(विश्वमित्रगोत्रनिरूपणम्)

अथ विश्वामित्राः। ते दश—कुशिकाः, लौहिताः, रौक्षकाः, कामकायनाः, अजाः, कताः, धनञ्जयाः, अघमर्षणाः, पूरणाः, इन्द्रकौशिका इति। कुशिकानां वैश्वामित्रदेवरातौदलेति। लोहितानाम् वैश्वामित्राष्टकलौहितेति, अन्त्ययोर्व्यत्ययो वा, वैश्वामित्रमाधुच्छन्दसाष्टकेति वा, (वैश्वामित्राष्टकेति द्वौ वा।) रौक्षकानां वैश्वामित्रगाथिनरैवणेति वैश्वामित्ररौक्षकरैवणेति वा। काम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कायनानां वैश्वामित्रदेवश्रवसदेवश्रवसदैवतरसेति। अजानां वैश्वामित्रमाधुच्छन्दसाजेति, वैश्वामित्राश्मरथ्यवाधूलेति वा। (धनञ्जयानां विश्वामित्रमाधुच्छन्दसधानञ्जयेति, वैश्वामित्रमाधुच्छन्दसाघमर्षणेति वा। कतानां वैश्वामित्रकात्याकोलेति) अघमर्षणानां वैश्वामित्राघमर्षणकौशिकेति। पूरणानां वैश्वामित्रपौरणेति द्वौ, वैश्वामित्रदेवरातपौरणेति वा। इन्द्रकौशिकानां वैश्वामित्रेन्द्रकौशिकेति द्वौ। एते बौधायनोक्ताः। रौहिणानां वैश्वामित्रमाधुच्छन्दसरौहिणेति। रेणूनां वैश्वामित्रगाथिनरैणवेति। वेणूनां वैश्वामित्रगाथिनवैणवेति। जह्नूनां वैश्वामित्रशालङ्कायनकौशिकेति। आश्मरथ्यानां वैश्वामित्राश्मरथ्यवाधूलेति। उदवेणूनां वैश्वामित्रगाथितवैवणेति। एते आश्वलायनमात्स्योक्ताः। अन्यैस्त्वन्येऽपि षड्गणा उक्ताः। तेऽन्यत्र मत्कृतौ ज्ञेयाः। एषां विश्वामित्राणामविवाहः।

अब विश्वामित्रों के गोत्र और प्रवर कहते हैं। वे दश हैं—कुशिक, लोहित, रौक्षक, कामकायन, अज, कत, धनंजय, अघमर्षण, पूरण और इन्द्रकौशिक। कुशिकों के—विश्वामित्र, देवरात तथा औदल हैं। लौहितों के—वैश्वामित्र, अष्टक, और लौहित हैं, या अन्त्य के दो व्यत्यय हैं। (वैश्वामित्र, माधुच्छंदस, तथा अष्टक हैं, (वैश्वामित्र और अष्टक दो हैं। रौक्षकों के—वैश्वामित्र, गाथिन तथा रैवण हैं। या वैश्वामित्र, रौक्षक, रैवण हैं। कामकायनों के—वैश्वामित्र, देवश्रवस तथा दैवरस हैं। अजों के—वैश्वामित्र, माधुच्छंदस और अज हैं या वैश्वामित्र, अश्मरथ और वाधूल हैं। धनंजयों के—विश्वामित्र, माधुच्छंदस तथा धानंजय हैं या वैश्वामित्र और माधुच्छंदस, अघमर्षण हैं। कतों के—वैश्वामित्र, कात्यात्कल हैं। अघमर्षणों के—विश्वामित्र, अघमर्षण और कौशिक हैं। पूरणों के—वैश्वामित्र, पौरण ये दो हैं, या वैश्वामित्र, देवरात और पौरण ये तीन हैं। इन्द्रकौशिकों के—वैश्वामित्र तथा इन्द्रकौशिक ये दो हैं। ये बौधायन ने कहे हैं। रोहिणोंके—वैश्वामित्र, माधुच्छन्दस और रौहिण हैं। रेणुओंके—वैश्वामित्र, गाथिन तथा रैवण हैं। वेणुओं के—वैश्वामित्र, गाथिन और वैणव हैं। जह्नुओं के—वैश्वामित्र, शालंकायन और कौशिज हैं। आश्मरथ्यों के—वैश्वामित्र, अश्मरथ्य तथा वाधूल हैं। उद्वेणुओं के—वैश्वामित्र, गाथिन और वैवण हैं। ये आश्वलायन में मत्स्यपुराण के कहे हैं। अन्यों ने तो और भी छः गण कहे हैं। वे अन्य मेरे बनाये ग्रन्थों में जानने चाहिये। इन विश्वामित्रों का परस्पर विवाह नही होता है।

(कश्यपगोत्रनिरूपणम्)

अथ कश्यपाः। ते पञ्च—निध्रुवाः कश्यपाः, रेभाः, शाण्डिलाः, लौगाक्षयश्च। निध्रुवाणां काश्यपावत्सारनध्रुवेति। कश्यपानां काश्यपावत्साराऽसितेति। रेभाणां काश्यपावत्साररैभ्येति। शाण्डिलानां काश्यपावत्सारशाण्डिल्येति। अन्त्यस्थाने देवलो वा, सितो वा, शाण्डिलासितदेवलेति वा काश्यपासितदेवलेति वा, अन्त्ययोर्व्यत्ययो वा, देवलासितेति द्वौ वा। लौगाक्षीन् वक्ष्यामः। एषां कश्यपानामविवाहः।

अब कश्यपों को कहते हैं—वे पाँच हैं—निध्रुव, कश्यप, रेभ, शाण्डिल और लौगाक्षि। निध्रुवों के—कश्यप, अवत्सार तथा नैध्रुव हैं। काश्यपों के—काश्यप, अवत्सार तथा असित हैं। रेभों के—काश्यप, अवत्सार और रैभ हैं। शांडिलों के—काश्यप, अवत्सार और शांडिल्य हैं या अन्त के स्थान में देवल या सित हैं, या शांडिल्य, असित और देवल हैं या काश्यप, असित तथा देवल हैं या अन्त्य के दो का व्यत्यय है या देवल और असित ये दो हैं। लौगाक्षियों को आगे कहेंगे। इन कश्यपों का परस्पर विवाह नहीं होता है।

(वसिष्ठगोत्रनिरूपणम्)

अथ वसिष्ठाः। ते पञ्च—वसिष्ठाः, कुण्डिनाः उपमन्यवः, पराशराः, जातूकर्ण्याश्चेति। वासिष्ठानां वासिष्ठेन्द्रप्रमदाभरद्वस्विति, वासिष्ठेत्येको वा। कुण्डिनानां वासिष्ठमैत्रावरुणकौण्डिन्येति। उपमन्यूनां वासिष्ठेन्द्रप्रमदाभरद्वस्विति, वासिष्ठभरद्वस्विन्द्रप्रमदेति वा, आद्ययोर्व्यत्ययो वा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पराशराणां वासिष्ठशाक्त्यपाराशर्येति । जातूकर्ण्यानां वसिष्ठात्रिजातूकर्ण्येति । वसिष्ठानां सर्वेषामविवाहः, अन्त्यस्यात्रिभिश्च ।

अब वसिष्ठों के गोत्र और प्रवर कहते हैं। वे पाँच हैं—वसिष्ठ, कुण्डिन, उपमन्यु, पराशर और जातूकर्ण्य। वासिष्ठों के-वासिष्ठ, इन्द्रप्रमद और अभरद्वसु हैं, या वासिष्ठ एक है। कुण्डिनों के-वासिष्ठ, मैत्रावरुण और कौण्डिन्य हैं। उपमन्युओं के—वासिष्ठ, इन्द्रप्रमदा तथा भरद्वसु हैं। या वासिष्ठ, भरद्वसु तथा इन्द्रप्रमद हैं या पहले दो का व्यत्यय है। पराशरों के-वासिष्ठ, शाक्त्य तथा पाराशर्य हैं। जातूकर्ण्यों के-वसिष्ठ, अत्रि और जातूकर्ण्य हैं। वसिष्ठोंका परस्पर विवाह नहीं होता है और अन्त्यके अत्रियोंके साथ भी नहीं होता है।

(अगस्त्यगोत्रनिरूपणम्)

अथागस्त्याः । ते चत्वारः—इध्मवाहाः साम्भवाहाः, सोमवाहाः, यज्ञवाहाश्चेति । आद्यानामागस्त्यदार्ढ्यच्युतेध्मवाहेति, आगस्त्येत्येको वा । सोमवाहानामागस्त्यदार्ढ्यच्युतसोमवाहेति । साम्भवाहानां साम्भवाहोन्त्यः, यज्ञवाहानां यज्ञवाहोऽन्त्यः, आद्यौ पूर्वोक्तावेव । सारवाहानां तदन्तास्त्रयः । दर्भवाहानां तदन्तास्त्रयः । अगस्तीनामागस्त्यमाहेन्द्रमायोभुवेति । पूर्णमासानामागस्त्यपौर्णमासपारणेति । हिमोदकानामागस्त्यहैमचर्चिहैमोदकेति । पाणिकानामागस्त्यपैनायकपाणिकेति । एते षट् क्वचित् । अगस्तीनां सर्वेषामविवाहः ।

अब अगस्त्यों को कहते हैं—वे चार हैं-इध्मवाह, सांभवाह, सोमवाह और यज्ञवाह। आद्यों के—अगस्त्य, दार्ढ्यच्युत तथा इध्मवाह हैं या एक आगस्ति है। सोमवाहों के—आगस्ति, दार्ढ्यच्युत और सोमवाह हैं। सांभवाहों के—सांभवाह अन्त्य है। यज्ञवाहों का यज्ञवाह अन्त्य है और आदि के दो पहले के हैं। सारवाहों के—उसके अन्त में तीन हैं। दर्भवाहों के—उसके अन्त में तीन हैं। अगस्त्यों के—आगस्त्य, माहेन्द्र और मायोभुव हैं। पूर्णमासों के—आगस्त्य, पौर्णमास तथा पारण हैं। हिमोदकों के—आगस्त्य, हैमचर्चि तथा हैमोदक हैं। पाणिकों के—आगस्त्य, पैनायक और पाणिक हैं। ये छः भी कहीं कहे गये हैं। इन सब अगस्तियों का परस्पर विवाह नही होता है।

(द्विगोत्रप्रवरनिर्णयः)

अथ द्विगोत्राः । शौङ्गशैशिरीणामाङ्गिरसबार्हस्पत्यभारद्वाजकात्याचीलेति पञ्च, कात्याचीलयोः स्थाने शौङ्गशैशिरिर्वा, आङ्गिरसकात्याचीलेति त्रयो वा । एषां भरद्वाजैर्विश्वामित्रैश्चाविवाहः । एवं कपिलानां कतानां च । संकृतिपूतिमाषादीनामाङ्गिरसगौरिवीतिसांकृत्येति, शाक्त्यगौरिवीतिसांकृत्येति वा, (अन्त्ययोर्व्यत्ययो वा) एषां स्वगणस्थैर्वसिष्ठैः शौङ्गशैशिरैर्लौगाक्षिभिश्चाविवाहः । कश्यपैरपीतिप्रयोगपारिजाते । लौगाक्षीणां काश्यपावत्सारवासिष्ठेति, काश्यपावत्साराअसितेति वा । एतेऽहर्वसिष्ठा नक्तंकश्यपाः । एषां वसिष्ठैः कश्यपैः संकृतिभिश्चाविवाहः । देवरातस्य जामदग्न्यैर्विश्वामित्रैश्चाविवाह इति प्रयोगपारिजाते । तदयुक्तम् । बह्वृचश्रुतौ—यथैवाङ्गिरसः सन्नुपेयां तव पुत्रताम् । आङ्गिरसो जन्मना स्याजीगर्तिः श्रुतः कविः ॥ इत्यङ्गिरोगणस्थत्वेन भार्गवजामदग्न्यत्वस्मृतेर्हरिवंशादिस्मृतेश्च बाधात् । तेन द्वौ देवरातौ एक आङ्गिरसः श्रुत्युक्तः, अन्यो भार्गवः । तयोः कल्पभेदेप्याङ्गिरसेन देवरातेन जामदग्न्यैर्भवत्येव विवाहः, भार्गवेण तु नेति तत्त्वम् । धनञ्जयानां विश्वामित्रैरत्रिभिश्चाविवाहः । जातूकर्ण्यानां वसिष्ठैरत्रिभिश्चाविवाहः । एवं दत्तकक्रीतकृत्रिमस्वयंदत्तपुत्रिकापुत्रादीनामुत्पादकपालकयोः पित्रोर्गोत्रप्रवरा वर्ज्या इति प्रवरमञ्जरीनारायणवृत्तिप्रयोगपारिजातादयः । अत्र सर्वत्रोपपत्तयः मूलं च मत्कृते प्रवरदर्पणे ज्ञेयमिति दिक् ।

अब दो गोत्रवालों को कहते हैं। शौंगशिशिरों के—आंगिरस, वार्हस्पत्य, भारद्वाज, कात्या और कील के पाँच हैं या कात्या तथा कीलों के स्थान में—शौंग और शिशर हैं या आंगिरस, कात्या और कील

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ये तीन हैं। इनका भरद्वाज और विश्वामित्रों के साथ विवाह नहीं होता है। इसीप्रकार कपिल और कतों का विवाह नहीं होता है। संकृति पूतिमाष आदिको के आंगिरस, गौरिवीति और सांकृत्य हैं या साक्त्य, गौरिवीति और सांकृत्य हैं। अन्त्यके दोनोंका व्यत्यय है। इन सबका अपने गणस्थों में वसिष्ठ शौंग, शिशिरों के साथ और लौगाक्षियों के साथ विवाह नहीं होता है। प्रयोगपारिजात में तो कहा है कि—काश्यपों के साथ भी नहीं होता है। लौगाक्षियों का—काश्यप, अवत्सार और वासिष्ठ हैं या काश्यप, अवत्सार तथा असित हैं। ये दिन में वसिष्ठ और रात्रि में कश्यप हैं। इनका वसिष्ठ, कश्यप और संकृति आदिकों के साथ विवाह नहीं होता है। प्रयोगपारिजात में कहा है कि—देवरातका जामदग्न्यों और विश्वामित्रों के साथ विवाह नहीं होता है। यह उचित नहीं है। बह्वृचश्रुतिमें कहा है कि-'जैसे आंगिरस भी मैं तुमारा पुत्र हूँगा' जन्मसे आंगिरस अजीगर्त का पुत्र श्रुति के बल से कवि नामसे अंगिराओं के गण में है इससे भार्गव और जामदग्न्य स्मृतिका हरिवंशादिस्मृति से बाध होता है। इससे दो देवरात और एक आङ्गिरस श्रुति में कहा है अन्त्य भार्गव है। इनदोनों का कल्पभेद से भी आंगिरस देवरात के साथ जामदग्न्यों का विवाह हो ही सकता है। भार्गव के साथ नहीं होता है यही तत्त्व है। धनञ्जयों का—विश्वामित्र और अत्रियों के साथ विवाह नहीं होता है। जातूकर्ण्यों का—वसिष्ठ तथा अत्रियों के साथ विवाह नहीं होता है। इसीप्रकार दत्तक, क्रीत, कृत्रिम, स्वयंदत्त, पुत्रिका-पुत्र आदिकों को उत्पन्न करनेवाले और पालनकरनेवाले माता पिता के गोत्रों में और प्रवरों में विवाह करना वर्जित है यह प्रवरमञ्जरी, नारायणवृत्ति, प्रयोगपारिजात आदि कहते हैं। इन सबकी उपपत्ति तथा मूल मेरे बनाये हुए प्रवरदर्पण में जानना चाहिये।

(क्षत्रियवैश्ययोस्तु पुरोहितगोत्रप्रवरौ)

क्षत्रियवैश्ययोस्तु पुरोहितगोत्रप्रवरावेवेति सर्वसिद्धान्तः। यद्यपि बह्वृचपरिशिष्टे कपिभरद्वाजयोर्विवाह उक्तस्तथापि–भरद्वाजाश्च कपयो गर्गा रौक्षायणा इति। चत्वारोऽपि भरद्वाजगोत्रैक्यान्नान्वयुर्मियः॥ कपिगर्गभरद्वाजा मिथो रौक्षायणा द्विजाः। नोद्वहेयुः सगोत्रत्वात् प्रवरैक्याच्च कुत्रचित्॥ इति स्मृत्यर्थसाराद्युक्तेरविवाह एव तयोरिति।

क्षत्रिय और वैश्यका गोत्र और प्रवर पुरोहित के होते हैं यह सर्वमान्य सिद्धान्त है। यद्यपि बह्वृचपरिशिष्टमें कपि और भरद्वाज का विवाह कहा है। फिर भी भरद्वाज, कपि, गर्ग और रौक्षायण इन चारों को भी भरद्वाजगोत्र के ऐक्य होने से आपसमें विवाह नहीं हो सकता है। कपि, गर्ग, भरद्वाज रौक्षायण ये द्विज एक प्रवर तथा एक गोत्र में हो जाने से आपसमें कहीं भी विवाह नहीं कर सकते हैं। यह स्मृत्यर्थसार में कहा है। अतः दोनोंका विवाह नहीं ही हो सकता है।

(स्वगोत्राद्यज्ञाने विचारः)

स्वगोत्राद्यज्ञाने तु सत्याषाढः—'अथाज्ञानबन्धोः पुरोहितप्रवरेणाचार्यप्रवरेणवेति।

स्वगोत्र के अज्ञानमें तो सत्याषाढ में कहा है कि—जिसके बान्धवों को ज्ञान न हों उसका पुरोहित या आचार्य के प्रवर से होता है।

आचार्यगोत्रप्रवरानभिज्ञस्तु द्विजः स्वयम्। दत्त्वात्मानं तु कस्मैचित् तद्गोत्रप्रवरो भवेत्॥

जिस द्विज को आचार्य के गोत्र तथा प्रवर का ज्ञान न हो वह अपने आपको किसी को देकर उसी के गोत्र तथा प्रवर को ग्रहण करें।

यद्वा स्वगोत्रप्रवरविधुरो जमदग्निजः। विवाहं च न तेनैव गोत्रेण तु समाचरेत्॥ इति कश्चित्।

या अपने गोत्र तथा प्रवर के हित जमदग्नि के पुत्र परशुराम थे। उन्हींके गोत्र से विवाह करे। यह किसी का मत है।

दिवोदासीयेऽपि—स्वगोत्रप्रवराज्ञाने जमदग्निमुपाश्रयेत्।

दिवादासीय में भी कहा है कि—अपने गोत्र और प्रवर के अज्ञान में जमदग्नि का आश्रयण करे।

(मातृगोत्रवर्जननिर्णयः)

अथ मातृगोत्रवर्जननिर्णयः। शातातपः–मातुलस्य सुतामूढ्वा मातृगोत्रां तथैव च।
समानप्रवरां चैव गत्वा चान्द्रायणं चरेत्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

माता के गोत्र त्याग का निर्णय करते हैं कि—शातातप ने कहा है कि—मामा की कन्या और वैसेही माता के गोत्र की कन्या का तथा समान (अपने) प्रवर वाली कन्या के साथ विवाह करने पर 'चान्द्रायणव्रत' (एकैकं वर्धयेत्पिडं शुक्ले कृष्णे च ह्रासयेत्। इन्दुक्षये न भुञ्जीत एष चान्द्रायणो विधिः ॥) को करे।

यद्यपि—सगोत्रां मातुरप्येके नेच्छन्त्युद्वाहकर्मणि। जन्मनाम्नोरविज्ञानेप्यूद्वहेदविशंकितः ॥ इति व्यासोक्तेरज्ञातनामत्वे न सगोत्रत्वदोषस्तथापि नेदं कलौ प्रवर्तते। गोत्रान्मातुः सपिण्डाच्च विवाहो गोवधस्तथा ॥ इति कलिवर्ज्यत्वोक्तेः। इदं मातृगोत्रवर्जनं माध्यन्दिनीयानामेव। 'मातृगोत्रं माध्यन्दिनीयानामपुत्रायाश्च' इति सत्याषाढोक्तेरिति कश्चित्, (कश्चिन्महाराष्ट्रकल्पितं तन्निर्मूलम्। अन्यथा गुर्जरादेः कातीयस्य कुतो न निषेधः।) तन्निर्मूलम्। अत एवाह प्रवरमञ्जरीकारः— 'दोषस्यातिगुरुत्वात् सर्वेषां मातृगोत्रं वर्ज्यम्' इति।

यद्यपि—कोई विवाहकर्म में माता के गोत्र को नहीं चाहते हैं। लेकिन जन्म तथा नाम की जानकारी न हो तो शंका का त्यागकर विवाह करे। ऐसा व्यास के कहने पर अज्ञातनामत्व में सगोत्र में विवाह करने पर दोष नहीं है फिर भी यह वचन कलि में प्रवृत्त नहीं होता है।

माता के गोत्र से और माता के सपिण्ड से विवाह तथा गोवध कलिवर्ज में कहा है। यह माता के गोत्र का त्याग माध्यन्दिनशाखाओं को ही है। माता का गोत्र माध्यन्दिनीयों को और अपुत्रों को ही है। यह सत्याषाढ में कहा है—ऐसा किसी ने कहा है। वह निर्मूल है।

इसलिए ही प्रवरमञ्जरीकार ने कहा है कि—दोष (चण्डालत्वादिदोष) के अति गुरुहोने से सबों को माता का गोत्र त्याग देना चाहिये।

यत्तु-(गुर्जरादीनां माध्यन्दिनीयानामप्याचरणाच्च एकस्मिन् प्रवरे) एकस्मिन् प्रवरे तुल्ये मातृगोत्रे वरस्य च। तमुद्वाहं न कुर्वीत सा कन्या भगिनी स्मृता ॥ इति मातृकुले प्रवरचिन्तनमुक्तं, तदासुरादिविवाहोढापरमिति दिक्। विस्तरस्तु ग्रन्थान्तरेभ्यो ज्ञेयः।

जो एक प्रवर के तुल्यता में और वर की माता के गोत्र में हो तो उस कन्या के साथ विवाह न करे। क्योंकि—वह कन्या बहिन स्वरूप है। यह माता के कुल में प्रवर का चिन्तन किया। यह आ[1]सुर आदि विवाहों से विवाहिता परक है[2]। विस्तार से ग्रन्थान्तरों से जानना चाहिये।

(सगोत्रादिविवाहे प्रायश्चित्तकथनम्)

सगोत्रादिविवाहे प्रायश्चित्तं स्मृत्यर्थसारे–इत्थं सगोत्रसम्बन्धविवाहविषये स्थिते। यदि कश्चिज्ज्ञानतस्तां कन्यामूढ्वोपगच्छति ॥ गुरुतल्पव्रताच्छुद्धेद्गर्भस्तज्जोन्त्यतां व्रजेत्। भोगतस्तां परित्यज्य पालयेज्जननीमिव ॥ अज्ञानादैन्दवैः शुद्ध्येत्त्रिभिर्गर्भस्तु काश्यपः ॥

सगोत्र[3] आदि विवाह में स्मृत्यर्थसार में प्रायश्चित्त कहा है कि—इसप्रकार सगोत्र कन्या का सम्बन्ध

१—पुत्रिकापुत्राणामासुरादिविवाहजानां च मातुर्दानाभावेन पितृगोत्रसम्बन्धो न निवर्तते, अतस्तत्सुतेन मातृगोत्रा न विवाह्या। प्रवरान् पितृगोत्रेषु मातृगोत्रे न चिन्तयेत्। गोत्रमेव त्यजेन्मातुरिति कात्यायनोऽब्रवीत् ॥ इत्यभियुक्तवचनमपि तत्परमेवेत्यर्थः।

२—दिगर्थस्तु—ब्राह्मादिविवाहचतुष्टये 'स्वगोत्राद् भ्रश्यते नारी' इति स्वगोत्रभ्रंशेऽपि तद्गोत्रविवाहः सर्वैरपि कलौ न कार्य इत्युक्तम्।

३—शातातपः—समान प्रवरां कन्यामेकगोत्रामथापि वा। विवाहयति यो मूढस्तस्य वक्ष्यामि निष्कृतम् ॥ उत्सृज्यतां ततो भार्यां मातृवत् परिपालयेत्। बौधायनः—समानगोत्रप्रवरां कन्यामूढ्वोपगम्य च। तस्यामुत्पाद्य चण्डालं ब्राह्मण्यादेव हीयते ॥ प्रवररत्नः—आरूढपतितापत्यं ब्राह्मण्यां यश्च शूद्रतः। सगोत्रोढासुतश्चैवं चाण्डालास्त्रय ईरिताः ॥ षट्त्रिंशन्मते—समानप्रवरां मातृसगोत्रां मातृनामिकाम्। परिणीय सपिण्डां वा प्रायश्चित्तीयते द्विजः ॥ प्रायश्चित्तं वदन्त्यत्र युगधर्मव्यवस्थया। मोहोद्वाहे तु दम्पत्योरेकं चन्द्रायणं स्मृतम् ॥ द्वैगुण्यं ज्ञानतस्तस्य परिणीतौ विधीयते। कन्यादातुर्भवेत्कृच्छ्रं ज्ञानतो द्विगुणं भवेत् ॥ व्रतस्य करणाशक्तौ प्रत्याम्नायं समाचरेत्। चीर्णव्रतां दुहितरं पिता चीर्णव्रतः शुचिः ॥ भारद्वाजेषु विप्रेषु कश्यपेष्वथवा क्षिपेत्। दुहितृत्वेन संगृह्य भारद्वाजोऽथ कश्यपः ॥ घृतकुंभस्य गर्भे तु तामादध्याद्विधानतः। इत्यादि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथा विवाह के विषय में स्थित यदि कोई जानकार उस कन्या का विवाह कर उपभोग करता है। वह गुरुतल्पव्रत से (सहस्रशीर्षाजापी तु मुच्यते गुरुतल्पगः। गौर्देया कर्मणोऽस्यान्ते पृथगेभिः पयस्विनी ॥) शुद्ध होता है और उससे उत्पन्न गर्भ अन्त्यज चाण्डाल होता है। उस कन्या के साथ भोग का त्यागकर माता के सदृश पालन करे। यदि अज्ञानसे विवाह हो गया हो तो तीन चन्द्रायणव्रत से गर्भ की शुद्धि होती है—ऐसा काश्यप ने कहा है।

एवं सापिण्ड्येऽपि—सपिण्डापत्यदारेषु प्राणत्यागो विधीयते ॥ इति वृहद्यमोक्तेः।

इसप्रकार सापिण्ड्यकन्या में भी जानना चाहिये। क्योंकि वृहद्यमने कहा है कि—सपिण्ड के अपत्य और स्त्रियों में प्राणत्याग अर्थात्—'गुरुतल्पव्रत' का विधान कहा' है।

तिथितत्त्वे बौधायनः—सपिण्डां सगोत्रां चेदपत्योपयच्छेन्मातृवदेनां बिभृयात्।

तिथितत्त्व ने बौधायन ने कहा है कि—यदि अज्ञान से सपिण्ड और सगोत्र की कन्या से विवाह करे तो उस कन्या का माता की तरह पालन करे।

(कन्याविवाहकालनिरूपणम्)

कन्याविवाहकाल उक्तो ज्योतिर्निबन्धे—षडब्दमध्ये नोद्वाह्या कन्या वर्षद्वयं यतः।
सोमो भुङ्क्ते ततस्तद्वद्गन्धर्वश्च तथाऽनलः ॥

कन्या के विवाहकाल को ज्योतिर्निबन्ध में कहा है कि—६ वर्ष के मध्य में कन्या का विवाह न करे। क्योंकि—दो साल तक सोम (चन्द्रमा), दो वर्ष तक-गन्धर्व और दो साल अनल (अग्नि) भोग करते हैं।

राजमार्तण्डः—अयुग्मे दुर्भगा नारी युग्मे तु विधवा भवेत्।
तस्माद्गर्भान्विते युग्मे विवाहे सा पतिव्रता ॥

राजमार्तण्ड में कहा है कि—अयुग्मसाल में विवाह करने पर स्त्री दुर्भगा (खराब भाग्यवाली) और युग्म में विधवा होती है। इसलिये गर्भ से युक्त युग्मसाल में विवाह करे तो वह कन्या पतिव्रता होती है।

मासत्रयादूर्ध्वमयुग्मवर्षे युग्मेऽपि मासत्रयमेवयावत् ।
विवाहशुद्धिं प्रवदन्ति सन्तो वात्स्यादयः स्त्रीजनिजन्ममासात् ॥

स्त्री के जन्ममास से तीन महिने के बाद अयुग्म वर्ष में और युग्मसाल में तीन महिने तक विवाह की शुद्धि को वात्स्य आदि सन्तों ने कहा है।

पराशरमाधवीये तु—जन्मतो गर्भाधानाद्वा पञ्चमाद्वात्परं शुभम्।
कुमारीवरणं दानं मेखलाबन्धनं तथा ॥ इत्युक्तम्।

पराशरमाधवीय में तो कहा है कि—कन्या का वरण, दान और मेखलाबन्धन जन्म से या गर्भधान से पांच साल से पर शुभ है—यों कहा है।

सम्बन्धतत्त्वे यमः—कन्या द्वादशवर्षाणि याऽप्रदत्ता वसेद् गृहे।
ब्रह्महत्या पितुस्तस्याः सा कन्या वरयेत्स्वयम् ॥

सम्बन्धतत्त्व में यम ने कहा है कि—बारह साल तक अप्रदत्त कन्या पिता के घर में रहे तो उस कन्या के पिता को 'ब्रह्महत्या' लगती है। अतः वह कन्या स्वयं वरण करे।

भारते—त्रिंशद्वर्षः षोडशाब्दां भार्यां विन्देत नग्निकाम्। द्व्यष्टवर्षोऽष्टवर्षां वा धर्मे सीदति सत्वरः ॥ अतोऽप्रवृत्ते रजसि कन्यां दद्यात्पिता सकृत् ॥

१—अकामतः संभोगे अर्द्धकृच्छ्रं कामतो गर्भभावे गुरुतल्पावतार्द्धमिति हारावली। अकामतः प्रजोत्पादने चान्द्रायणम्। इत्यादि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१) भारत में कहा है कि—तीस सालका मनुष्य सोहलवर्ष की विना ऋतुवाली[1] पत्नीको या सोलह वर्ष का मनुष्य आठ साल की कन्या (पत्नी) को धर्म में स्थित हो त्वरा से प्राप्त करे इसलिये अप्रवृत्त रज में (अर्थात्—रजोधर्म होने के पहले) पिता एक वार कन्या दे।

तत्रैव—सप्तसंवत्सरादूर्ध्वं विवाहः सार्ववर्णिकः। कन्यायाः शस्यते राजन्नन्यथा धर्मगर्हितः॥

वहाँ ही पर कहा है कि—हे राजन्, सात साल के बाद कन्या का विवाह सब वर्णों को करना कहा है। अन्यथा वह धर्म से निन्दित है।

राजमार्तण्डः—राहुग्रस्ते तथा युद्धे पितॄणां प्राणसंशये। अतिप्रौढा च या कन्या चन्द्रलग्नबलेन तु॥

राजमार्तण्ड में कहा है कि—ग्रहण में, युद्ध में और पिताओं के प्राणों के संशय में अतिप्रौढा और अतिवाला कन्या का भी चन्द्रलग्नबल से तो विवाह कर दे।

मनुः—(अ० ९।९४) त्रिंशद्वर्षोवहेत् कन्यां हृद्यां द्वादशवार्षिकीम्।
त्र्यष्टवर्षोऽष्टवर्षां वा धर्मे सीदति सत्वरः॥

मनु ने कहा है कि—तीस वर्ष का मनुष्य और बारह वर्ष की सुन्दरी कन्या से या चौबीस वर्ष का युवा आठ साल की कन्या से विवाह करे। त्वरा करनेवाला गार्हस्थ्यधर्म में दुःखी होता है।

यद्यपि—विवाहस्त्वष्टवर्षायाः कन्यायाः शस्यते बुधैः। इति संवर्तोक्तेः 'अतः ऊर्ध्वं रजस्वला' इत्यादेश्च दशवर्षादूर्ध्वं विवाहो निषिद्धः, तथापि दातुरभावे द्वादशषोडशाब्दे ज्ञेये।

यद्यपि विद्वानों ने आठसाल की कन्या का विवाह करना कहा है—ऐसा संवर्त ने कहा है। इसके बाद रजस्वला होती है। इत्यादि कहा है। दस साल के ऊपर विवाह निषिद्ध है। फिर भी दाता के अभाव में वारह या सोलहसाल जानना चाहिये।

त्रीणि वर्षाण्यृतुमती काङ्क्षेत पितृशासनम्। इति पराशरमाधवीये बौधायनोक्तेश्च।

पराशरमाधवीय में और बौधायन ने कहा है कि—ऋतुमती कन्या तीन साल तक पिता के शासन की प्रतीक्षा करे।

मनुः—(अ० ३।६, ७, ९) स्त्रीसम्बन्धे दशैतानि कुलानि परिवर्जयेत्। हीनक्रियं निष्पुरुषं निश्छन्दो रोमशार्शसम्॥ क्षय्यामयाव्यपस्मारिश्वित्रिकुष्ठिकुलानि च। नर्क्षवृक्षनदीनाम्नीं नान्त्यपर्वतनामिकाम्॥ न पक्ष्यहिप्रेष्यनाम्नीं न च भीषणनामिकाम्।

मनु ने कहा है कि—स्त्री सम्बन्ध (गौ आदियों से समृद्ध (धनी) होने पर भी विवाह) में इन दश कुलों का त्याग करे—पहली—क्रिया (जातकर्मादिक्रिया) में हीन हो। दूसरा—पुरुष सन्तति नहीं होती हो, तीसरा—जो वेदाध्यायनादि रहित हो। चौथा—जिसके शरीर पर बहुत रोये हों, पांचवा—जिसके ववासीर हो, छठा—जिसको क्षय का रोग हो, सातवाँ—मन्दाग्नि हो, आठवाँ—जिसको मृगी रोग हो, नवाँ जिसको कुष्ठ हो, दशवाँ—जिस कन्या का नाम—नक्षत्र, वृक्ष, म्लेच्छ, पहाड, पक्षी, सर्प तथा दासी के नाम पर हो उससे और भयानक नामवाली कन्या के साथ विवाह न करे।

यमः—तस्मादुद्वाहयेत्कन्यां यावन्नर्तुमती भवेत्।

तथा मूलजादीनां फलं प्रागुक्तम्। तथा वर्णवश्यग्रहमैत्र्यादिघटितविचारो ज्योतिर्विद्भ्यो ज्ञेयः। विस्तरात्तु नोच्यते।

यमने कहा है कि—इसलिए जब तक कन्या ऋतुमती न हो तब तक विवाह करे और मूलनक्षत्र आदि में उत्पन्न का फल पहले कर चुके हैं। वर्ण, वश्य, तारा, योनि, ग्रहमैत्री, गणमैत्री, भकूट और नाड़ी आदि का विचार ज्योतिष के जानकारों से जानना चाहिये। विस्तार के भय से नहीं कहा है।

१—नग्निकालक्षणं तूक्तं गृह्यासंग्रहे—नग्निकां तु वदेत् कन्यां यावन्नर्तुमती भवेत्। ऋतुमती त्वनग्निका तां प्रयच्छेत्तु नग्निकाम्। अप्राप्ता रजसो गौरी प्राप्ते रजसि रोहिणी। अव्यञ्जिता भवेत् कन्या कुचहीना च नग्निका॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(गुर्वर्कबलकथनम्)

अथ गुर्वर्कबलम् ज्योतिर्निबन्धे गर्गः—स्त्रीणां गुरुबलं श्रेष्ठं पुरुषाणां रवेर्बलम् ।
तयोश्चन्द्रबलं श्रेष्ठमिति गर्गेण भाषितम् ॥

अब गुरु (बृहस्पति) और सूर्य का बल कहते हैं। ज्योतिर्निबन्ध में गर्ग ने कहा है कि—स्त्रियों को गुरुबल श्रेष्ठ है और पुरुषों को सूर्यबल श्रेष्ठ है। इन दोनों को चन्द्रबलश्रेष्ठ है—यह गर्ग ने कहा है।

जन्मत्रिदशमारिस्थः पूजया शुभदो गुरुः । विवाहेऽथ चतुर्थाष्टद्वादशस्थो मृतिप्रदः ॥

जन्म, तीसरा दशवाँ और छठवाँ इन स्थानों का बृहस्पति पूजा से शुभ को देने वाला होता है। विवाह में चौथा, आठवाँ और बारहवाँ मृत्यु को देनेवाला होता है।

देवलः—नष्टात्मजा धनवती विधवा कुशीला पुत्रान्विता हतधवा सुभगा विपुत्रा ।
स्वामिप्रिया विगतपुत्रधवा धनाढ्या वन्ध्या भवेत्सुरगुरौ क्रमशोऽभिजन्मा ॥

देवल ने कहा है कि—जन्मके बृहस्पतिसे बारहें तक—१-सन्तान का नाश, २-धनवाली, ३-विधवा, ४-कुशीला ५-पुत्रोंवाली, ६-मृतपतिवाली, ७-सौभाग्यवती, ८-पुत्रों ही रहित, ९-स्वामिप्रिया, १० -पुत्र तथा पतिहीना, ११-धनाढ्य और १२-वन्ध्या होती हैं।

बृहस्पतिः—झषचापकुलीरस्थो जीवोऽप्यशुभगोचरः । अतिशोभनतां दद्याद्विवाहोपनयादिषु ॥

बृहस्पति ने कहा है कि—मीन, धनु तथा कर्क का अशुभ भी बृहस्पति गोचर हो तो विवाह और उपनयन आदि में अत्यन्त शोभनता को देता है।

लल्लः—द्वादशदशमचतुर्थे जन्मनि षष्ठाष्टमे तृतीये च । प्राप्ते पाणिग्रहणे जीवे वैधव्यमाप्नोति ॥

लल्लने कहा है कि—पाणिग्रहण (विवाह) में प्राप्त-बृहस्पति—बारहवाँ, दशवाँ, चौथा, जन्मका, छठा, आठवाँ और तीसरा हो तो कन्या विधवा होती है।

गर्गः—सर्वत्रापि शुभं दद्यात् द्वादशाद्वात्परं गुरुः । पञ्चषष्ठाब्दयोरेव शुभगोचरता मता ॥

गर्गने कहा है कि—बारह वर्ष की आयु के बाद गुरु सब स्थानों में शुभ देता है। पांचवे और छठे वर्ष में ही शुभ गोचर होता है।

सप्तमात्पञ्चवर्षेषु स्वोच्चस्वर्क्षगतो यदि । अशुभोऽपि शुभं दद्याच्छुभऋक्षेषु किं पुनः ॥

सातवें वर्ष से पांच वर्षों तक अपने नक्षत्र से उच्चता को यदि प्राप्त हुआ भी अशुभ हो तो शुभ को देता है यदि शुभ नक्षत्रों में हो तो फिर क्या कहना है।

रजस्वलायाः कन्याया गुरुशुद्धिं न चिन्तयेत् । अष्टमेऽपि प्रकर्तव्यो विवाहस्त्रिगुणार्चनात् ॥

रजस्वलाकन्या की गुरुशुद्धि की चिन्ता न करे। अष्टम बृहस्पति में भी त्रिगुणित गुरु की पूजा कर विवाह करे।

अर्कगुर्वोर्बलं गौर्या रोहिण्यर्कबला स्मृता । कन्या चन्द्रबला प्रोक्ता वृषली लग्नतो बला ॥

सूर्य और गुरु का बल—गौरी में, रोहिणी में—सूर्यबल, चन्द्रमा का बल कन्यामें और रजस्वला में लग्नबल से विवाह शुभद होता है।

अष्टवर्षा भवेद्गौरी नववर्षा च रोहिणी । दशवर्षा भवेत्कन्या अत ऊर्ध्वं रजस्वला ॥

आठ साल की कन्या का गौरी, नौ साल की कन्या रोहिणी, दश साल की कन्या है और इसके बाद रजस्वला होती है।

(बृहस्पतिशान्तिकथनम्)

अथ बृहस्पतिशान्तिः । शौनकः—कन्यकोद्वाहकाले तु आनुकूल्यं न विद्यते ।
ब्राह्मणस्योपनयने गुरोर्विधिरुदाहृतः ॥

अब बृहस्पतिशान्ति कहते हैं। शौनक ने कहा है कि—कन्या के विवाह में तथा ब्राह्मण के उपनयन में गुरु अनुकूल न हों तो यह विधि कही है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सुवर्णेन गुरुं कृत्वा पीतवस्त्रेण वेष्टयेत्। ईशान्यां धवलं कुम्भं धान्योपरि निधाय च ॥

सुवर्ण के गुरु का निर्माण कर पीले वस्त्र से वेष्टन कर ईशानकोण में सफेद कुंभ (घट) को धान्य के ऊपर रखे।

दमनं मधुपुष्पं च पलाशं चैव सर्षपान्। मांसी गुडूच्यपामार्गो विडङ्गी शङ्खिनी बचा ॥ सहदेवी हरिक्रान्ता सर्वौषधिशतावरी ॥ बला च सहदेवी च निशाद्वितयमेव च। कृत्वाज्यभागपर्यन्तं स्वशाखोक्तविधानतः। ग्रहोक्तमण्डलेऽभ्यर्च्य पीतपुष्पाक्षतादिभिः ॥ देवपूजोत्तरे काले ततः कुम्भानुमन्त्रणम्। अश्वत्थसमिधश्चाज्यं पायसं सर्पिषा युतम् ॥ यवव्रीहितिलाः साज्या मन्त्रेणैव बृहस्पतेः। अष्टोत्तरशतं सर्वं होमशेषं समापयेत्।

दमन (दौना), मधुपुष्प, (फूल महुका), पलाश, सरसों, जटामासी, गुरुच, अपामार्ग, वायविडिंग, शंखपुष्पी, सहदेवी, विष्णुक्रान्ता, सर्वौषधि, शतावरी, बला, सहदेवी और निशाद्वितय (दारु हलदी और हलदी), आज्यभागपर्यन्त को कर अपनी शाखा के विधान से कहे हुए ग्रहमण्डल में पूजन करे—पीतपुष्प, अक्षत आदियों से। देवपूजा के उत्तरकाल में घटों को आमन्त्रण करे। फिर पीपल की समिधा, घृत, घृत के सहित खीर, यव चावल और तिल घृत में मिलाकर बृहस्पति के मन्त्र से ही एकसौ आठबार हवनकर शेषको समाप्त करे।

पुत्रदारसमेतस्य अभिषेकं समाचरेत्। कुम्भाभिमन्त्रणोक्तैश्च समुद्रज्येष्ठमन्त्रतः ॥

पुत्र और स्त्री के सहित अभिषेक करे। कुंभ की प्रार्थना कहे हुए मन्त्रों से 'समुद्रज्येष्ठा' इस मन्त्र से करे।

प्रतिमां कुम्भवस्त्रं च आचार्याय निवेदयेत्। ब्राह्मणान् भोजयेत्पश्चाच्छुभदः स्यान्न संशयः ॥ इति बृहस्पतिशान्तिः।

प्रतिमा, कुंभ और वस्त्र को आचार्य के लिये दे। फिर ब्राह्मणों को भोजन करावे। इससे कल्याण देनेवाला होता है इसमें संशय की बात नहीं है।

(गुर्वादित्यादिषु विवाहादिनिषेधकथनम्)

शौनक—गुर्वादित्ये व्यतीपाते वक्रातीचारगे गुरौ। नष्टे शशिनि शुक्रे वा बाले वृद्धेऽथवा गुरौ ॥ पौषे चैत्रेऽथ वर्षासु शरद्यधिकमासके। केतूद्गमे निरंशेऽर्के सिंहस्थेऽमरमन्त्रिणि ॥ विवाहव्रतयात्रादिपुरहर्म्यगृहादिकम्। चौरं विद्योपविद्यां च यत्नतः परिवर्जयेत् ॥

शौनक ने कहा है कि—गुर्वादित्य में, व्यतीपातमें, गुरु का वक्र और अतिचारमें, नष्टचन्द्रमामें या शुक्रास्तमें, गुरु और शुक्रके बाल तथा वृद्धमें, पौषमासमें, चैत्रमासमें, वर्षामें, शरद् ऋतु में, अधिकमासमें, केतुतारा के निकलने में, सिंह के प्रथम अंशमें तथा गुरु में विवाह, व्रत, यात्रा आदि, नगरनिर्माण, गृहनिर्माण, चौर, विद्या और उपविद्या को यत्नसे त्याग दे।

मदनपारिजाते ज्योतिःसागरे—बाले शुक्रे वृद्धे शुक्रे वृद्धे जीवे नष्टे जीवे। बाले जीवे जीवे सिंहे सिंहादित्ये जीवादित्ये ॥ तथा मलिम्लुचे मासि सुराचार्येऽतिचारगे। वापीकूपविवाहादिक्रियाः प्रागुदितास्त्यजेत् ॥ सिंहस्थं मकरस्थं च गुरुं यत्नेन वर्जयेत् ॥

१—बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद् विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद् दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम् ॥ (ऋ० मं० २।२३।१५)।

२—समुद्रज्येष्ठाः सलिलस्य मध्यात् पुनाना यन्त्यनिविशमानाः। इन्द्रो या वज्री वृषभो रराद् ता आपो देवीरिह मामवन्तु ॥ या आपो दिव्या उतवा स्रवन्ति खनित्रिमा उत वा याः स्वयंजाः। समुद्रार्था याः शुचयः पावकास्ता आपो देवीरिह मामवन्तु ॥ यासां राजा वरुणो याति मध्ये सत्यानृते अवपश्यञ्जनानाम्। मधुश्चुतः शुचयो याः पावकास्ता आपो देवीरिह मामवन्तु ॥ यासु राजा वरुणो यासु सोमो विश्वे देवा यासूर्जं मदन्ति। वैश्वानरो यास्वग्निः प्रविष्टस्ता आपो देवीरिह मामवन्तु ॥ (ऋ० मं० ७ सू० ४९ मं० १-४)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मदनपारिजातमें ज्योतिःसागर ने कहा है कि—शुक्रके बालक तथा वृद्धतापर, बृहस्पति के बाल और वृद्धतापर अस्तंगत सिंहके बृहस्पति, में सिंह के सूर्य तथा बृहस्पतिमें मलमास होनेपर और बृहस्पति के अतिचार होनेपर वापी, कूप, विवाह आदि कार्य न करे। पहले कहे हुए सिंहस्थ[1] तथा मकरस्थ में भी प्रयत्न से त्याग दे।

लल्लः—अतिचारगतो जीवस्तं राशिं नैति चेत्पुनः। लुप्तः संवत्सरो ज्ञेयः सर्वकर्मबहिष्कृतः॥

लल्ल ने कहा है कि—अतिचारमें गया हुआ बृहस्पति यदि उस राशि पर फिर न आवे तो वह संवत्सर लुप्त जानना चाहिये और उसका सब क्रियाओं में बहिष्कार करना चाहिये।

(सिंहस्थगुरोरपवादकथनम्)

सिंहस्थगुरोरपवादमाह पराशरः—गोदाभागीरथीमध्ये नोद्वाहः सिंहगे गुरौ।
मघास्थे सर्वदेशेषु तथा मीनगते रवौ॥

सिंहस्थ गुरुका अपवाद (आवश्यक कर्मोंमें अन्यथा कथन) पराशर ने कहा है कि—गोदावरी और गङ्गा के मध्य में सिंह[2] के गुरुमें विवाह न करे। मघास्थ[3] गुरुमें सब देशों में तथा मीनमें गये सूर्यमें सब देशों में विवाह न करे।

वसिष्ठोऽपि—विवाहो दक्षिणे कूले गौतम्या नेतरत्र तु। भागीरथ्युत्तरे कूले गौतम्या दक्षिणे तथा॥ विवाहोव्रतबन्धश्च सिंहस्थेज्ये न दुष्यति॥

वसिष्ठने भी कहा है कि—गौतमी के दक्षिण के किनारे पर विवाह होता है। अन्यत्र नहीं होता है। भागीरथी के उत्तर के किनारे पर तथा गौतमी के दक्षिण किनारे पर सिंहके बृहस्पति में विवाह और व्रतबन्ध (यज्ञोपवीतसंस्कार) में दोष नहीं होता है।

(कन्यादातृक्रमप्रकारनिरूपणम्)

कन्यादातृक्रममाह याज्ञवल्क्यः—(आचा० श्लो० ६३, ६४) पिता पितामहो भ्राता सकुल्यो जननी तथा। कन्याप्रदः पूर्वनाशे प्रकृतिस्थः परः परः॥

कन्याके दाताओं का क्रमप्रकार याज्ञवल्क्यने कहा है कि—पिता, (जो उन्माद आदि दोषसे हीन हो) पितामह, भाई, कुलका कोई पुरुष और माता इनमें क्रमशः पूर्व पूर्वके नाश (अभाव) में उत्तरोत्तर कन्यादान करनेका अधिकारी होता है।

अप्रयच्छन् समाप्नोति भ्रूणहत्यामृतावृतौ। गम्यं त्वभावे दातॄणां कन्या कुर्यात्स्वयंवरम्॥

यदि कन्यादान न करने से ऋतु ऋतु पर भ्रूणहत्या पाप लगता है। कन्या दाताओं के अभाव में तो कन्या स्वयं अपने योग्य वरका वरण करे।

(भ्रातॄणां संस्कृतानामेवाधिकारकथनम्)

भ्रातॄणां संस्कृतानामेवाधिकारमाह एव। याज्ञवल्क्यः—(व्यवहाराध्याय—श्लो० १२४)
असंस्कृतास्तु संस्कार्या भ्रातृभिः पूर्वसंस्कृतैः।
भगिन्यश्च निजादंशाद्दत्त्वांशं तु तुरीयकम्॥

संस्कृत (संस्कार हुए) भाईयों को ही अधिकार है ऐसा याज्ञवक्ल्य ने कहा है कि—पिताकी मृत्यु के बाद यदि भाई विभाजन करें तो जो भाई संस्कार से हीन हैं उनका पहले संमिलित धनके द्वारा संस्कार करे तथा अपने निजी अंशसे चतुर्थ अंश (चतुर्थांश) के द्वारा बहिनों का विवाह करे। विशेष—यहाँ की मिताक्षरा देखिये।

अत्र चकारेण पूर्वसंस्कृतैरित्यस्यानुवृत्तेर्विवाहपर्याप्तद्रव्यदाने स्वांशचतुर्थभागदाने वा संस्कृतग्र-

---

(१) स्कन्दपुराणे—सिंहस्थिते गुरौ राजन् विवाहं नैव कारयेत्। मकरस्थे न कर्तव्यं यदीच्छेदात्मनः शुभम्॥ व्रतबन्धं प्रतिष्ठां विवाहं मन्दिरप्रवेशम्। यात्रां च याम्यदेशे तु कुर्यादार्यो न सिंहाशे॥

(२) वसिष्ठः—नीचराशिगतो जीवः प्रशस्तः सर्वकर्मसु। नीचांशकगतस्त्याज्यो यस्मादंशेषु नीचता॥ (३) माघ्यां यदि मघा न स्यात्सिंहे गुरुकारणम्। सिंहस्थेऽपि मघासंस्थं गुरुं यत्नेन वर्जयेत्॥ अन्यत्र सिंहभागे तु विवाहादिकमाचरेत्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हणं व्यर्थं स्यात्, अतः कर्तृनियमोऽयम्। तेनानुपनीतभ्रातृमात्रादिसत्त्वे मात्रादेरेवाधिकारो न भ्रातुरित्युक्तं सम्बन्धतत्त्वादौ।

यहाँपर (तुरीयांश के अत्याधिक्य में या अतिन्यूनत्व में दोष है। अतः विवाहपर्याप्त तुरीयपदपरक है।) चकारसे 'पूर्वसंस्कृतेः, इस पद की अनुवृत्ति से विवाहमें पर्याप्तद्रव्यदान में या अपने चतुर्थ भागदान में 'संस्कृत' ग्रहण व्यर्थ हो जायगा। इसलिये कर्ता का ही यह नियम है। इससे अनुपनीत भाई और माता के रहनेपर माता को ही अधिकार है, भाई को नहीं हैं वह 'सम्बन्धतत्त्व' आदिमें कहा है।

(कन्यास्वयंवरे नान्दीश्राद्धकथनम्)

कन्यास्वयंवरे मातुर्दातृत्वे च ताभ्यामेव नान्दीश्राद्धं कार्यम्। तत्र च स्वयं प्रधानसङ्कल्पमात्रं कृत्वान्यब्राह्मणद्वारा कारयेदिति प्रयोगपारिजाते।

कन्या-स्वयंवर में और माता के कन्यादान करने में उन दोनों ही का 'नान्दीश्राद्ध' करना चाहिये। वहाँपर स्वयं ही प्रधानसंकल्प मानकर दूसरे ब्राह्मण द्वारा करावे—यह प्रयोगपारिजात में कहा है।

(संस्कृतभ्रात्राद्यभावे स्वयमेव वरः नान्दीश्राद्धं कथनम्)

वरस्तु संस्कृतभ्रात्राद्यभावे स्वयमेव नान्दीश्राद्धं कुर्यात् न माता,

पुत्रेषु विद्यमानेषु नान्यं वै कारयेत्स्वधाम्। इति निषेधात् उपनयनेन कर्माधिकारस्य जातत्वाच्चेति पृथ्वीचन्द्रोदयः।

वर तो (नान्दीश्राद्धं पिता कुर्यात् आद्ये पाणिग्रहे बुधः) संस्कृत भाई के अभावमें स्वयं ही नान्दीश्राद्ध करे माता न करे। पुत्रों के विद्यमान रहने पर अन्य से स्वधा नहीं ही करावे इससे निषेध है। उपनयनसे कर्ममें अधिकार प्राप्त होने से—यह पृथ्वीचन्द्रोदय में कहा है।

माधवीयेऽपरार्के च नारदः—पिता दद्यात्स्वयं कन्यां भ्राता वाऽनुमते पितुः। मातामहो मातुलश्च सकुल्यो बान्धवस्तथा॥ माता त्वभावे सर्वेषां प्रकृतौ यदि वर्तते। तस्यामप्रकृतिस्थायां कन्यां दद्युः स्वजातयः॥ सकुल्यः पितृपक्षीयः बान्धवो मातृवंशजः॥

माधवीय और अपरार्क में नारदने कहा है कि—पिता (पितामह आदिका कन्यादान में अधिकार पूर्व पूर्वके अभाव में होता है।) स्वयं कन्या दान करे। पिता की आज्ञासे भाई करे। मातामह (नाना), मामा, सकुल्य—(चाचा और उसके पुत्रादि) और बान्धव करें।

सबोंके अभावमें माता प्रकृति में हो तो करे। प्रकृतिस्थ के अभाव में माताके स्वजातीयगण कन्यादान को करें। पितृपक्षीय सकुल्य होते है तथा माता के वंशज बान्धव होते हैं।

मदनपारिजाते कात्यायनः—स्वयमेवौरसीं दद्यात्पितृभावे स्वबान्धवाः।
मातामहस्ततोऽन्यां हि माता वा धर्मजां सुताम्॥

मदनपारिजात में कात्यायन ने कहा है कि—स्वयं ही पिता औरसी कन्या को दे। उसके अभावमें अपने बान्धव (पिताके—भाई, आदि) दे। उनके अभाव में मातामह दे या धर्म से उत्पन्न कन्या को माता दे।

ततोऽन्यामौरसीभिन्नां धर्मजां नियोगात् क्षेत्रजां मातामहो मातुलो वा दद्यात्। तेनौरसीदाने पितृबन्धुषु सत्सु मातामहादीनां नाधिकारः अनुमतिं विना।

तदनन्तर अन्य औरसीसे भिन्न नियोगधर्म से उत्पन्न क्षेत्रज कन्याको मातामह या मामा दे। इससे औरसी कन्याके दानमें पिताके बन्धुओंके रहते हुए मातामह आदियोंका अधिकार अनुमितिके विना नहीं है।

अस्यापवादस्तत्रैव—दीर्घप्रवासयुक्तेषु पौगण्डेषु च बन्धुषु। माता तु समये दद्यादौरसीमपि कन्यकाम्॥

इसका अपवाद भी वहींपर कहा है कि—यदि बान्धव लम्बे प्रवास (परदेश) में हो, और पाँच सालसे कुछ अधिक आयुके हो तो औरसी कन्याको माता समय से दे दे।

Nepal Sahskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मनुः—यदा तु नैव कश्चित्स्यात्कन्या राजानमाव्रजेत् ।

मनुने कहा है कि—यदि कोई भी कन्यादान करनेवाला न हो कन्या राजाके समीप चली जावे ।

(परकीयकन्यादाने विशेषकथनम्)

परकीयकन्यादाने विशेषो मदनरत्ने स्कान्दे—आत्मीकृत्य सुवर्णेन परकीयां तु कन्यकाम् ।
धर्मेण विधिना दानं सगोत्रेऽपि युज्यते ॥

परकीय (दूसरे की) कन्या के दानमें विशेष मदनरत्नमें स्कन्दपुराण का वचन है कि—सुवर्ण द्वारा दूसरे की [1]कन्याको अपनी (आत्माके सदृश) कर धर्म की विधिसे असपिण्डमें दान करे । कन्याके ही सगोत्र-सपिण्डादि वर्जित हैं ।

अत्र प्रकृतिस्थग्रहणादप्रकृतिस्थेन कृतमकृतमेव, स्वतन्त्रो यदि तं कार्यं कुर्यादप्रकृतिं गतः । तदप्यकृतमेव स्यादस्वातन्त्र्यस्य हेतुतः ॥ इत्यपरार्के नारदोक्तेः । यदि तु सप्तपदीविवाहहोमादिप्रधानं जातं तदाङ्गवैकल्येऽपि नावृत्तिर्विवाहस्य । गौडा अप्येवमाहुः ।

यहाँपर प्रकृतिस्थ (सावधानी) के ग्रहणसे अप्रकृतिस्थ (असावधानी) से किया हुआ न करने के अपरार्क में तुल्य ही है । क्योंकि—कहा है कि—मनुष्य स्वतन्त्र होकर यदि उस कार्य को करता है तो उसे अप्रकृति के बिना नारदने किया जानना चाहिये ।

यदि तो सप्तपदी विवाहहोम आदि प्रधानकार्य हो गये तब अङ्ग के वैकल्य (असावधानी) के ग्रहण भी में विवाहकी आवृत्ति नहीं हो सकती है । गौड भी ऐसा ही कहते हैं ।

(गौर्यादिदानकथनम्)

तत्रैव मरीचिः—गौरीं ददन्नाकपृष्ठं, वैकुण्ठं रोहिणीं ददत् ।
कन्यां दददृब्रह्मलोकं रौरवं तु रजस्वलाम् ॥

वहींपर मरीचि ने कहा है कि—गौरी (मनुः—अष्टवर्षा भवेद्गौरी नववर्षा तु रोहिणी । दशवर्षा भवेत्कन्या अत ऊर्ध्वं रजस्वला ॥) को देनेवाला स्वर्गलोकमें, रोहिणी को देनेवाला वैकुण्ठलोकमें, कन्याको देने वाला ब्रह्मलोक में और रजस्वलाको देनेवाला रौरवनरकमें जाता है ।

(विवाहादौमासनिर्णयः)

अथ मासनिर्णयः । तत्र जन्ममासे विशेषः प्रागुक्तः ज्योतिःप्रकाशे व्यासः—माघफाल्गुनवैशाखे यद्यूढा मार्गशीर्षके । ज्येष्ठे वाऽऽषाढमासे च सुभगा वित्तसंयुता ॥

अब मासनिर्णय करते हैं । उसमें जन्ममासमें विशेष पहले कह चुके हैं । ज्योतिःप्रकाशमें व्यासने कहा है कि—माघ, फाल्गुन, वैशाख, मार्गशीर्ष, ज्येष्ठमास या आषाढमासमें कन्याका विवाह किया जाय तो सौभाग्यवती तथा धन से युक्त होती हैं ।

श्रावणे वापि पौषे वा कन्या भाद्रपदे तथा । चैत्राश्वयुक्कार्तिकेषु याति वैधव्यतां लघु ॥

श्रावणमास पौष, भाद्रपद, चैत्र, आश्विन और कार्तिकमास महिने में जिस कन्याका विवाह होता है वह विधवा लघु=शीघ्र होती है ।

नारदः—माघफाल्गुनवैशाखज्येष्ठमासाः शुभप्रदाः । कार्तिको मार्गशीर्षश्च मध्यमौ, निन्दिताः परे ॥

नारदने कहा है कि—माघ, फाल्गुन, वैशाख और ज्येष्ठ सौरमास विवाहमें (सौरो मासो विवाहादौ इत्युक्तेः) शुभप्रद है । कार्तिक और मार्गशीर्षमास मध्यम है तथा अन्य महिने निन्दित हैं ।

वसिष्ठः—पौषेऽपि कुर्यान्मकरस्थितेऽर्के चैत्रे भवेन्मेषगतो यदा स्यात् ।
प्रशस्तमाषाढकृतं विवाहं वदन्ति गर्गो मिथुनस्थितेऽर्के ॥

---

(१) इयं च कन्या क्रीतेति नन्दपण्डितोक्तं न युक्तम् । स्कान्दे—अनाथां कन्यकां दत्वा सदृशाम्यन्तरे वरे । द्विगुणं फलमाप्नोति कन्यादाने यदीरितम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वसिष्ठने कहा है कि—पौषमासमें भी मकरकी संक्रान्ति हो तो पौषमास (झषो न निन्द्यो यदि फाल्गुने स्यात्मेषस्तु वैशाखगतो न निन्द्यः।) में तथा चैत्रमास में मेषके सूर्य हो तो विवाह करे। मिथुनके सूर्यमें आषाढमासमें विवाह करे तो प्रशस्त है—ऐसा गर्ग ने कहते हैं।

आचार्यचूडामणौ ज्योतिर्गर्गराजमार्तण्डौ–माङ्गल्येषु विवाहेषु कन्यासंवरणेषु च।
दश मासाः प्रशस्यन्ते चैत्रपौषविवर्जिताः ॥

आचार्यचूडामणिमें और ज्योतिर्गर्गराजमार्तण्डमें भी कहा है कि—सब मांगलिककार्योंमें, विवाहसंबन्धिकार्योंमें तथा कन्या के संवरण में दश महिने उत्तम है। केवल चैत्र और पौषमास वर्जित हैं।

आपस्तम्बः–सर्व ऋतवो विवाहस्य शैशिरौ मासौ परिहार्योत्तमं च नैदाघम्।

'अत्र 'माघफाल्गुनाषाढवर्जं नव मासा मुख्यः कालः' इति सुदर्शनभाष्ये इडविलायां ब्रह्मविद्यातीर्थैश्चोक्तम्।

आपस्तंवने कहा है कि—विवाहकी सब ऋतु हैं। शिशर के दो महिने छोड़कर ग्रीष्मऋतु उत्तम है।

यहाँपर माघ, फाल्गुन और आषाढमास को छोडकर नौ मास मुख्यकाल है—यह सुदर्शनभाष्यमें तथा इडविलामें ब्रह्मविद्यातीर्थो ने कहा है।

बौधायनसूत्रेऽपि—'सर्वे मासा विवाहस्य, शुचितपस्तपस्यमित्येके।' तेन 'पूर्वोत्तरौ शिशिरसंवन्धिनौ मासौ पौषचैत्रौ विहाय' इति निर्णयामृतव्याख्यानं मौर्ख्यकृतमित्युपेक्ष्यम्। निशि चेत्सर्वेषु द्वादशेष्वधि मासेषु उद्वहेत्' इति कालादर्शः। ये तु ज्योतिषे माघादिविधयस्ते गृह्यसूत्राणां द्विजपरत्वेन प्राबल्याच्छूद्रादिपराः।

बौधायनसूत्रमें भी कहा है कि—सारे महिने विवाह के हैं। कोई कहते हैं कि आषाढ, माघ और फाल्गुन त्याग दे। इससे पूर्वोत्तर शिशर संवन्धि दो महिने पौष तथा चैत्रको छोडकर विवाह करे—यह निर्णयामृत का व्याख्यान मूर्खताकृत है कि—अतः उपेक्षणीय है।

कालादर्शमें कहा है कि—रात्रिमें यदि मुहूर्त्त मिले तो वारह महिनों में भी विवाह करे। जो लोग ज्योतिष में माघमास आदिकी विधियाँ हैं। वे गृह्यसूत्रोंके द्विजत्वपरत्व की प्राबल्यतासे शूद्र आदि परक हैं।

ज्योतिषे–वात्स्यो वर्षमनूनमिच्छति तथा रैभ्योऽयनं चोत्तरम्। श्रीवासोऽन्तमृतुं विहाय मुनयो माण्डव्यशिष्या जगुः ॥ चैत्रं प्रोज्भ्य पराशरः परिणये पौषं च दौर्भाग्यदम्। ह्याषाढादिचतुष्टयं न हितदं कैश्चित्प्रदिष्टं बुधैः ॥

ज्योतिष में कहा है कि—वात्स्यमुनि सारे सालको, रैभ्यमुनि उत्तरायणको, माण्डव्यके मुनि शिष्यगण वसन्तऋतुको, पराशर चैत्रमासको छोडकर, सब मासोंमें विवाह उत्तम कहते हैं। दुर्भाग्यप्रद पौष, आषाढ आदि चारमास विवाह हित को देनेवाला है। ऐसा किसी विद्वानों ने नहीं कहा है।

चण्डेश्वरः—मार्गे मासि तथा ज्येष्ठे क्षौरं परिणयं व्रतम्।
ज्येष्ठपुत्रदुहित्रोस्तु यत्नेन परिवर्जयेत् ॥

चण्डेश्वरने कहा है कि—मार्गशीर्षमासमें और ज्येष्ठमासमें विवाह व्रत तथा ज्येष्ठमहिनेमें बड़े पुत्र तथा बड़ी (ज्येष्ठ) कन्याका विवाह यत्न से न करे।

कृत्तिकास्थं रविं त्यक्त्वा ज्येष्ठपुत्रस्य कारयेत्। उत्सवादिषु कार्येषु दिनानि दश वर्जयेत् ॥

कृत्तिकाके सूर्य को त्यागकर ज्येष्ठ पुत्रका विवाह करे तथा उत्सव आदि कार्यों में दशदिन ज्येष्ठमासके त्याग दे।

रत्नकोशे—जन्मर्क्षे जन्मदिवसे जन्ममासे शुभं त्यजेत्।
ज्येष्ठ मास्याद्यगर्भस्य शुभं वर्ज्यं स्त्रिया अपि ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रत्नकोषमें कहा है कि—जन्मके नक्षत्रमें, जन्मके दिनमें और जन्मके महिनेमें शुभकार्य को त्याग दे। ज्येष्ठ महिनेमें आद्यगर्भ ज्येष्ठ पुत्र तथा ज्येष्ठ कन्याका शुभकार्य न करे।

पराशरः—अज्येष्ठा कन्यका यत्र ज्येष्ठपुत्रो वरो यदि।
व्यत्ययो वा तयोस्तत्र ज्येष्ठो मासः शुभप्रदः॥

पराशरने कहा है कि—जहाँपर (जिस कुलमें) कन्या ज्येठी न हो, वर यदि ज्येष्ठ हो तो, या कन्या ज्येष्ठ हो वर ज्येष्ठ न हो तो वहाँपर ज्येष्ठी महिना शुभप्रद होता है।

मिहिरः—ज्येष्ठस्य ज्येष्ठकन्याया विवाहो न प्रशस्यते। तयोरन्यतरे ज्येष्ठे ज्येष्ठो मासः प्रशस्यते॥

मिहिरने कहा है कि- ज्येष्ठका ज्येष्ठकन्यासे विवाह करना उत्तम नहीं होता है। इन दोनों में एक ज्येष्ठ हो तो ज्येष्ठमहिने का विधान किया है।

द्वौ ज्येष्ठौ मध्यमौ प्रोक्तावेकं ज्येष्ठं सुखावहम्। ज्येष्ठत्रयं न कुर्वीत विवाहे सर्वसम्मतम्॥

दो ज्येष्ठ मध्यम कहे गये हैं। एक ज्येष्ठ सुखको देनेवाला होता है और तीन ज्येष्ठमें विवाह न करे—ऐसा सबोंका मत है।

यत्तु 'सार्वकालमेके विवाहम्' इति तदासुरादिविवाहविषयम्। 'धर्म्येषु विवाहेषु कालपरीक्षणं, नाधर्म्येषु' इति गृह्यपरिशिष्टात्। रत्नमालायामप्येवम्। तेनासुरादयो माघचैत्रादिनिषिद्धकालेष्वपि भवन्ति। मासाः सौराः 'सौरो मासो विवाहादौ' इत्युक्तेः।

जो कोई यह कहते हैं कि—सब समयमें विवाह हो सकता है वह आसुर आदि विवाह विषयक है। क्योंकि—गृह्यपरिशिष्टमें कहा है कि—धर्मके विवाहों में कालपरीक्षण है, अधर्मके विवाहोंमें नहीं है। रत्नमालामें भी यही है। इससे आसुरादि विवाह माघ, चैत्र आदि निषिद्ध समयोंमें भी होते हैं। मास तो सौर हैं। सौरमास विवाहादिमें ग्रहण करे—ऐसा कहा है।

झषो न निन्द्यो यदि फाल्गुने स्यात् अजस्तु वैशाखगतो न निन्द्यः। इति त्वपवादः।

झष (मीन) निन्दनीय नहीं है यदि फाल्गुनमें हो तो और अज=मेष वैशाखमें तो निन्द्य नहीं है। यह तो अपवाद (परिहार) है।

(वेधादिदशदोषकथनम्)

अथ दशदोषाः। व्यवहारोच्चये—वेधश्च लत्ता च तथैव पातः खर्जूरवेधो दशयोगचक्रम्। युतिश्च जामित्रमुपग्रहश्च बाणाख्यवज्रे च दशैवदोषाः॥ एषां लक्षणं ज्योतिषे ज्ञेयम्।

अब दश[1]दोष कहते हैं। व्यवहारोच्चयमें कहा है कि-ग्रहवेध, लत्ता, पात, खर्जूरवेध, दशयोगचक्र, युति, जामित्र, उपग्रह, बाण और वज्र ये दश ही दोष है। इनका लक्षण ज्योतिष में देखना चाहिये।

(अतिचारगे गुरौ तु)

अतिचारगे गुरौ तु वसिष्ठः—अतिचारगतो जीवे वर्जयेत्तदनन्तरम्।
विवाहादिषु कार्येषु अष्टाविंशतिवासरान्॥

अतिचारमें गये बृहस्पतिमें तो वसिष्ठ ने कहा है कि अतिचार (जब बृहस्पति अतिशीघ्र गतिसे अपने मध्यम भोगकालसे पूर्व ही एकराशि को छोड़कर दूसरी राशिमें प्रवेशकर जाय) में गये बृहस्पतिमें तो विवाह आदि कार्योंमें अठाइस दिन तक त्याग दे।

रत्नमालायाम्—एकपञ्चनवयुग्मषट्दशत्रीणिसप्तचतुरष्टलाभदः।
द्वादशाजवृषभादिराशितो घातचन्द्र इति कीर्तितो बुधैः॥

रत्नमालामें कहा है कि—मेष, वृष इत्यादि क्रमसे राशियों को एक, पाच, नौ, दो, छ, दश, तीन, सात, चार, आठ, ग्यारह और बारह ये चन्द्र 'घातचन्द्र' कहलाते हैं। अर्थात्-मेष को पहला (मेषराशि का ही) चन्द्र घातक है। इसीप्रकार अवशिष्ट राशियोंमें समझना चाहिये।

---

(१) वेधः पातो युतिः क्रान्तिर्लत्तैकार्गलपञ्चकम्। दग्धोपग्रहजामित्रं दोषास्त्याज्या इमे दश॥ (मुहूर्तगणपतौ विवाहप्रकरणे-श्लो० १३१)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(घातचन्द्रविचारः)

नारदः—भूशराणनन्दहस्ताश्च रसदिक्वह्निशैलजाः । वेदा वसुशिवादित्या घातचन्द्रो यथाक्रमम् ॥

नारदने कहा है कि—एक, पाँच, नौ, दो, छ, दश, तीन, सात, चार, आठ, ग्यारह और बारह ये यथाक्रम मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन, मकर, कुम्भ तथा मीनमें घातक समझना चाहिये ।

यात्रायां युद्धकार्येषु घातचन्द्रं विवर्जयेत् । विवाहे सर्वमाङ्गल्ये चौलादौ व्रतबन्धने ॥ घातचन्द्रो नैव चिन्त्य इति पाराशरोऽब्रवीत् ॥

यात्रामें और युद्धकार्यों में घातचन्द्रका त्याग करे तथा विवाहमें, सब मंगलकार्योंमें, चूडाकरणमें और व्रतबन्धमें घातचन्द्र की चिन्ता न करे—यह पराशरने कहा है ।

ज्योतिर्निबन्धे—विवाहचौलव्रतबन्धयज्ञे पट्टाभिषेके च तथैव राज्ञाम् ।
सीमन्तयात्रासु तथैव जाते नो चिन्तनीयः खलु घातचन्द्रः ॥

ज्योतिर्निबन्धमें कहा कि—विवाहमें, चूडाकरणमें, व्रतबन्धमें, राजाओं के पट्टाभिषेकमें सीमन्तमें, और यात्राओंमें घातचन्द्र की चिन्ता नहीं करना चाहिये ।

नारदः—अकालजा भवेयुश्चेद्विद्युन्नीहारवृष्टयः । प्रत्यर्कपरिवेषेन्द्रचापाभ्रध्वनयो यदि ।
दोषाय मङ्गले नूनं न दोषायैव कालजाः ॥ इति ॥

नारदने कहा है कि—असमय के-विद्युत (बिजली), नीहार (हिम), वर्षा, सूर्यके चारों तरफ मण्डल, इन्द्रधनुष और मेघका शब्द—ये सब मंगल कार्यमें निश्चित दूषित हैं काल (समयपर) दूषित नहीं हैं ।

(अकालवृष्टिस्वरूपकथनम्)

अकालवृष्टिस्वरूपमाह लल्लः—पौषादिचतुरो मासाः प्रोक्ता वृष्टिरकालजा । इति ।

अकालवृष्टिकास्वरूप लल्लने कहा है कि-पौष, माघ, फाल्गुन और चैत्र इन चार महिनों में होनेवाली को 'अकालज' कहा है ।

शार्ङ्गधरः—निर्घाते क्षितिचलने ग्रहयुद्धे राहुदर्शने चैव ।
आ पञ्चदिनात्कन्या परिणीता नाशमुपयाति ॥

शार्ङ्गधरने कहा है कि—वज्रपात, भूकंप, ग्रहों की लड़ाई तथा राहुका दर्शन, इनमें पाँच दिन के के भीतर तक विवाह करनेपर कन्याका नाश होता है ।

उल्कापातेन्द्रचापप्रबलघनरजोधूमनिर्घातविद्युद्वृष्टिप्रत्यर्कदोषादिषु सकलबुधस्त्याज्यमेवैकरात्रम् । दुःस्वप्ने दुर्निमित्ते ह्यशुभफलदृशो दुर्मनोभ्रान्तबुद्धौ चौले मौञ्जीनिबन्धे परिणयनविधौ सर्वदा त्याज्यमेव ।

उल्कापातमें, इन्द्रधनुषमें, प्रबलमेघ रज (धूली) और प्रबलधूम के दर्शन में और बिजली के गिरनेमें, प्रबल वृष्टि में, सूर्य के ढकने पर, विद्वान् एक रात सब शुभ कर्मों में त्याग दे ।

दुःस्वप्नमें, दुष्टनिमित्तमें, अशुभफलके देखनेमें, खराबमन तथा भ्रान्त बुद्धिमें—चूडाकर्म, मौजीबन्धन और विवाहविधिमें सर्वदा त्याग ही दे ।

ज्योतिःप्रकाशे—अर्वाक् षोडश नाड्यः संक्रान्तेः पुण्यदाः परतः ।
उपनयनव्रतयात्रापरिणयनादौ विवर्ज्यास्ताः ॥

ज्योतिःप्रकाशमें कहा है कि—संक्रान्तिके आदि की सोलह नाडी और अन्त की सोलह नाडी पुण्य को देनेवाली होती हैं । इसमें उपनयन व्रत, यात्रा, विवाह आदि सब शुभकार्य वर्जित है ।

गर्गः—दिग्दाहे दिनमेकं च ग्रहे सप्तदिनानि तु । भूकम्पे च सप्तपक्ते त्र्यहमेव तु वर्जयेत् ॥

गर्गमें कहा है कि—दिशाओं के दाहमें एक दिन, ग्रह (गृह) युद्ध में सात दिन और भूकम्पके होनेपर तीनदिन त्याग दे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उल्कापाते त्रिदिवसं धूमे पञ्च दिनानि च। वज्रपाते चैकदिनं वर्जयेत्सर्वकर्मसु ॥

उल्कापातमें तीनदिनतक, धूमदर्शनमें पाँचदिन और वज्रपातमें एकदिन सब कार्योंमें त्याग दे।

दर्शनाद्दर्शनाद्राहुकेत्वोः सप्तदिनं त्यजेत्। यावत्केतूद्गमस्तावदशुभः समयो भवेत् ॥

राहू और केतुके दर्शनमें या अदर्शन में सातदिन तक त्याग दे। क्योंकि—जब तक केतुका उद्गम (उदय) हो तबतक का समय अशुभ होता है।

(नान्दीश्राद्धे भूकम्पादेरपवादकथनम्)

अस्यापवादोऽद्भुतसागरे-अथ दिवसत्रयमध्ये मृदुपानीयं यदा भवति।
उत्पातदोषशमनं तदैव संप्राहुराचार्याः ॥

इसका अपवाद अद्भुतसागरमें कहा है कि—इसकेबाद तीनदिनके भीतर जब पानी स्वच्छ (मृदु) हो जाय तो तब ही उत्पातदोष का शमन होता है—ऐसा आचार्यों ने कहा है।

संबन्धतत्त्वे—भूकम्पादेर्न दोषोऽस्ति वृद्धिश्राद्धे कृते सति।

सम्बन्धतत्त्वमें कहा है कि—वृद्धिश्राद्ध को करनेपर भूकम्प आदिका दोष नहीं होता है।

(कन्यायाः वैधव्ययोगकथनम्)

अथापरिहार्ये कन्यावैधव्ययोगे विशेष उच्यते।

मार्कण्डेयपुराणे—बालवैधव्ययोगे तु कुम्भद्रुप्रतिमादिभिः।
कृत्वा लग्नं रहः पश्चात्कन्योद्वाह्येति चापरे ॥

अब जिसका परिहार्य न हो ऐसी कन्याके वैधव्ययोग में विशेष मार्कण्डेयपुराणमें कहा है कि—कन्या को बालवैधव्ययोग हो तो कुम्भ या वृक्ष की प्रतिमा आदियों से एकान्तमें लग्नको कर बादमें विवाह करे ऐसा दूसरे (महाशय) कहते हैं।

(पुनर्भूदोषाभावकथनम्)

अत्र पुनर्भूदोषाभाव उक्तो विधानखण्डे—स्वर्णाम्बुपिप्पलानां च प्रतिमा विष्णुरूपिणी।
तया सह विवाहे तु पुनर्भूत्वं न जायते ॥

यहाँपर पुनर्भू (दुबारा विवाहित) दोषका अभाव विधानखण्डमें कहा है कि—सुवर्ण, जल और पीपल की विष्णुस्वरूपवाली प्रतिमा बनाकर उसके साथ विवाह करनेपर 'पुनर्भूत्व' दोष नहीं होता है।

(कुंभविवाहकथनम्)

सूर्यारुणसंवादे—विवाहात्पूर्वकाले च चन्द्रताराबलान्विते।
विवाहोक्ते च तां कन्यां कुम्भेन सह चोद्वहेत् ॥

सूर्यारुणसंवादमें कहा है कि-विवाहके पूर्वकाल (पहले समय) में चन्द्रतारा के अनुकूलतापर (नवीन कुम्भके (गन्धु पुष्प, आदि सामग्री को इकट्ठीकर) साथ कन्याका (अस्याः कुमार्याः जन्मलग्नात् सप्तमादि-स्थानगतभौमसूचितदोषपरिहारार्थमस्याः पत्युर्दीर्घकालजीवनार्थं च कुम्भविवाहं करिष्ये' इसप्रकार संकल्पकर 'वरुणाङ्गस्वरूपाय कुंभाय नमः' इसमन्त्रसे हरिद्रा तथा कुंकुम का लेपन करे और कुमारी को भी लेपनकर 'इमां कन्यां काश्यपगोत्रां तुभ्यमहं संप्रददे। फिर दशतन्तुसूत्र से कुम्भ और कन्याका वेष्टन करे। विवाह-हित लग्न में कर्ता—कन्यावैधव्यहरं कुम्भविवाहं करिष्ये।) विवाह करे।

सूत्रेण वेष्टयेत्पश्चाद्दशतन्तुविधानतः। कुङ्कुमालङ्कृतं देहं तयोरेकान्तमन्दिरे ॥

फिर दशतन्तुसूत्र ने विधानद्वारा वेष्टन करे। दोनों को कुंकुमसे शरीरको एकान्तमन्दिर में अलङ्कृत करे।

ततः कुम्भं च निःसार्य प्रभज्य सलिलाशये। ततोऽभिषेचनं कुर्यात्पञ्चपल्लववारिभिः ॥

तदनन्तर कुम्भको घरसे निकाल कर जलाशय में प्रवाहकर फिर घरमें आकर कन्याका पञ्चपल्लव जलसे अभिषेक करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुम्भप्रार्थना तत्रैव—वरुणाङ्गस्वरूपाय जीवनानां समाश्रय।
पतिं जीवय कन्यायाश्चिरं पुत्रसुखं कुरु॥

वहींपर कुम्भ की प्रार्थना करे—जीवोंका आश्रयभूत वरुण के अंगस्वरूप आप कन्या के पतिको चिरकालतक जीवित रखो तथा पुत्रका सुख करो।

देहि विष्णो वरं देव कन्यां पालय दुःखतः। ततोऽलङ्कारवस्त्राढ्यां वराय प्रतिपादयेत्॥ इति कुम्भविवाहः।

हे विष्णो, हे देव, दुःखसे कन्याकी रक्षा करो—ऐसा वर दो। तदनन्तर अलंकार तथा महाबहुमूल्य वस्त्रोंसे युक्त कन्याको वर को दे।

(मूर्तिदानमपि तत्रैव)

मूर्तिदानमपि तत्रैवोक्तम्—ब्राह्मणं साधुमामन्त्र्य संपूज्य विविधार्हणैः।
तस्मै दद्याद्विधानेन विष्णोर्मूर्तिं चतुर्भुजाम्॥

वहींपर मूर्तिदान भी कहा है कि—उत्तम ब्राह्मण को आमन्त्रण कर विविधप्रकारसे पूजाकर उनके लिए विधान के द्वारा चतुर्भुजी विष्णु की मूर्तिको दे।

शुद्धवर्णसुवर्णेन वित्तशक्त्याथवा पुनः। निर्मितां रुचिरां शङ्खगदाचक्राब्जसंयुताम्॥ दधानां वाससी पीते कमलोत्पलमालिनीम्। सदक्षिणां च तां दद्यान्मन्त्रमेतमुदीरयेत्॥

शुद्धवर्ण सुवर्णसे या धनकी शक्ति के अनुसार (एकपल, आधापल, उससे आधा या उससे भी न्यून) निर्मित सुन्दर शंख, गदा, चक्र और कमलसे युक्त, पीले वस्त्रोंको धारण करनेवाली, कमलसे रमणीय निर्मित पुष्पोंकी मालाको धारण करनेवाली उस प्रतिमाको दक्षिणा के सहित इसमन्त्र का उच्चारणकर दे।

यन्मया प्राचि जनुषि घ्नन्त्या पतिसमागमम्। विषोपविषशस्त्राद्यैर्हतो वातिविरक्तया॥

अतिविरक्त मेरे द्वारा जो मैंने पूर्वजन्म में विष, उपविष, शस्त्र आदिसे या पतिके समागमको नष्ट करती हुई।

प्राप्यमानं महाघोरं यशः सौख्यधनापहम्। वैधव्याद्यतिदुःखौघनाशाय शुभलब्धये॥ बहुसौभाग्यलब्धैश्च महाविष्णोरिमां तनुम्। सौवर्णीं निर्मितां शक्त्या तुभ्यं संप्रददे द्विज॥

उससे प्राप्त होते हुए सुख, धन और नाश करनेवाले महाभयंकर यश, वैधव्य आदि दुःख समूहको नाश करनेके लिए, शुभकी प्राप्तिके लिए और बहुतसौभाग्य की प्राप्तिके लिये शक्ति से सुवर्णसे निर्मित इस शरीरधारी महाविष्णु की प्रतिमाको हेद्विज, तुम्हारे लिए देती (मम वैधव्यहरं महाविष्णुप्रतिमादानमहं करिष्ये) हूँ।

'अनघाद्याहमस्मि' इति त्रिवारं प्रजपेदिति। एवमस्त्विति तस्याशीर्गृहीत्वा स्वगृहं विशेत्॥ ततो वैवाहिकं कुर्याद्विधिं दाता मृगीदृशः॥ अन्येऽप्यश्वत्थविवाहवृक्षसेचनादयस्तत्रैव ज्ञेयाः। विस्तरभयान्नोच्यन्ते।

'अनघाद्याहमस्मि' मैं आज पाप से रहित होती हूँ—इसको तीन बार जप करे। ऐसाही हो यों उस (ब्राह्मण) से आशीर्वाद ग्रहणकर अपने घरमें प्रवेश करे। तदनन्तर दान करनेवाला मृगके तुल्य नेत्रोंवाली कन्याका विधि (शास्त्रीयविधि) से विवाहकार्य करे और अन्य भी अश्वत्थविवाह, वृक्षसेचन आदि विधियाँ वहींसे जानना चाहिये। विस्तारके भयसे नहीं कहते हैं।

(प्रतिकूलादिकथनम्)

अथ प्रतिकूलादि। ज्योतिर्निबन्धे गर्गः—कृते तु निश्चये पश्चान्मृत्युर्भवति कस्यचित्।
तदा न मङ्गलं कुर्यात्कृते वैधव्यमाप्नुयात्॥

अब प्रतिकूल आदिका निर्णय करते हैं। ज्योतिर्निबन्ध में गर्ग ने कहा है कि—शास्त्रीयविधिसे वाग्दानादि होनेपर यदि किसीकी मृत्यु हो जाती है तो विवाह कार्य न करे। करनेपर कन्या विधवापन को प्राप्त होती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(विवाहनिश्चये सति वधू-वरगृहे कस्यचिन्मृतौ निर्णयः)

ज्योतिर्मेधातिथिः—वधूवरार्थे घटिते सुनिश्चिते वरस्य गेहेऽप्यथ कन्यकायाः ।
मृत्युर्यदि स्यान्मनुजस्य कस्यचित्तदा न कार्यं खलु मङ्गलं बुधैः ॥ मङ्गलम्=विवाहः ।

ज्योतिर्मेधातिथिने कहा है कि—वधू और वरका विवाहलग्न के निश्चित हो जानेपर वरके घरमें या कन्याके घरमें किसी मनुष्य की यदि मृत्यु हो जाय तो तब विवाहकार्य ज्ञानवानों को नहीं करना चाहिये । मंगलमाने–विवाह ।

स्मृतिचन्द्रिकायाम्—कृते वाङ्निश्चये पश्चान्मृत्युर्भवति गोत्रिणः ।
तदा न मङ्गलं कार्यं नारी वैधव्यदं ध्रुवम् ॥

स्मृतिचन्द्रिका में कहा है कि—वाग्दान हो जाने पर वर या कन्याके कुलमें किसी गोत्रिवाले की (वर या वधू के तीन पीढो के भोतर सगोत्र सपिण्ड के मरने पर प्रतिकूल दोष होता है ।) मृत्यु हो जाय तो तब विवाह नहीं करना चाहिये । करने पर निश्चित कन्या विधवा होती है ।

भृगुः—वाग्दानानन्तरं यत्र कुलयोः कस्यचिन्मृतिः । तदोद्वाहो नैव कार्यः स्ववंशक्षयदोषतः ॥

भृगुने कहा है कि—वाग्दान के बाद यदि वर या कन्याके कुल (वंश) में किसीकी मृत्यु हो जाय तो तब विवाह न करे । (करने पर) अपने वंश (खानदान) का नाश होता है ।

शौनकः—वरवध्वोः पिता माता पितृव्यश्च सहोदरः । एतेषां प्रतिकूलं च महाविघ्नप्रदं भवेत् ॥

शौनक ने कहा है कि—वर और वधू के—पिता, माता, चाचा और सहोदर भाई, इनके प्रतिकूल होनेपर महाविघ्न को देनेवाला होता है ।

पिता पितामहश्चैव माता चैव पितामही । पितृव्यः स्त्रीसुतो भ्राता भगिनी चाविवाहिता ॥ एभिरत्र विपन्नैश्च प्रतिकूलं बुधैः स्मृतम् । अन्यैरपि विपन्नैस्तु केचिदूचुर्न तद्भवेत् ॥

पिता, पितामह (दादा) माता, पितामही, (दादी) चाचा, स्त्री का पुत्र (विवाहके पूर्व पुत्रका होना असंभव है । इसलिये दूसरे विवाहसे वरको प्रथम स्त्रीसे उत्पन्न पुत्र) भाई और बहिन जिसका विवाह न हो चुका हो, इनके मरनेपर विद्वान्को प्रतिकूल जानना चाहिये । कोई कहते हैं कि—अन्यों के मरनेपर उसप्रकार का महाविघ्नको करनेवाला नहीं होता है ।

माण्डव्यः—वाग्दानानन्तरं माता पिता भ्राता विपद्यते । विवाहो नैव कर्तव्यः स्ववंशस्थितिमिच्छता ॥

माण्डव्य ने कहा है कि—वाग्दान के बाद माता, पिता या भाई मर जायँ तो अपने वंश को स्थिति इच्छावाला विवाह न करे ।

(संकटे समुत्पन्ने निर्णयकथकम्)

सङ्कटे तु मेधातिथिः—वाग्दानानन्तरं यत्र कुलयोः कस्यचिन्मृतिः ।
तदा संवत्सरादूर्ध्वं विवाहः शुभदो भवेत् ॥

संकटमें तो मेधातिथि ने कहा है कि—वाग्दानके बाद वर या कन्याके वंशमें किसीकी मृत्यु हो जाय तो एक सालबाद विवाह करने पर शुभको देनेवाला होता है ।

(पित्रादीनामाशौचकथनम्)

स्मृतिरत्नावल्याम्—पितुरब्दशौचं स्यात्तदर्धं मातुरेव च । मासत्रयं तु भार्यायास्तदर्धं भ्रातृपुत्रयोः । अन्येषां तु सपिण्डानामाशौचं मासमीरितम् ।

स्मृतिरत्नावली में कहा है कि—पिताके मरनेपर एकसालका, माताके मरनेपर छ महिनेका, स्त्रीके मरनेपर तीन मासका, भाई और पुत्र के मरनेपर डेढ महिनेका आशौच होता है । अन्य सपिण्डोंके मरनेपर एक महिनेका आशौच होता है ।

(तदन्ते विनायकशान्त्यादिकथनम्)

तदन्ते शान्तिकं कृत्वा ततो लग्नं विधीयते ॥

उसक बाद (अर्थात्—वर्षके अन्तमें) शान्ति (विनायकशान्ति) करके विवाह करे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ईशानकोण | पूर्व | अग्निकोण

विष्णु

(गणेशपञ्चायतन)

शिव



उत्तर | दक्षिण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दुर्गा

सूर्य

वायव्यकोण

पश्चिम

नैर्ऋत्यकोण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्योतिःप्रकाशे––प्रतिकूलेऽपि कर्तव्यो विवाहो मासतः परः। शान्तिं विधाय गां दत्त्वा वाग्दानादि चरेत्पुनः॥ शान्तिम्=विनायकशान्तिम्।

ज्योतिःप्रकाशमें कहा है कि––प्रतिकूलमें भी एकमहिनेबाद (एकसालबाद विनायकशान्तिपूर्वक विवाह करे यह मुख्यकल्प है। छ महिने या एकमास बाद करे यह अनुकल्प है। कोई लोग इसको पिताके मरणमें मानते हैं। माताके मरनेपर तो छ महिना मुख्यपक्ष है। तीन महिना या डेढमास अनुकल्प है। इसी प्रकार स्त्रीके मरनेपर तीन, डेढ और एक महिना ये तीन कल्प है। भाई के और पुत्रके मरनेपर डेढ महिना या एकमास ये दो कल्प हैं। पितामही आदि सपिण्ड क मरने पर तो एक मास है।) विवाह करे। विनायकशान्ति और गोदान कर फिरसे वाग्दानादि करे। शान्ति माने=विनायकशान्ति।

(अथ विनायकशान्तिकथनम्)

तथा च मेधातिथिः—सङ्कटे समनुप्राप्ते याज्ञवल्क्येन योगिना।
शान्तिरुक्ता गणेशस्य कृत्वा तां शुभमाचरेत्॥ इति।

और मेधातिथिने कहा है कि—संकट के प्राप्त हो जानेपर योगीयाज्ञवल्क्य ने गणेशशान्तिकर (विष्णुधर्मे—हस्तपुष्याश्वयुक्सौम्यवैष्णवान्यतमे शुभे। नक्षत्रे च मुहूर्ते च मैत्रे वा ब्रह्मदैवते॥ भविष्ये—शुक्लपक्षे चतुर्थ्यां तु वासरे धिषणस्य च। तिष्ये च वीरनक्षत्रे तस्यैव पुरतो नृप॥ बृहत्पाराशरः—चतुर्थ्यां शुक्लपक्षे तु अयने चोत्तरे तथा। पुण्यार्थं सर्वसिध्यर्थं कुर्याच्छान्तिं विनायकीम्॥ शुभ कर्म करे।

(प्रतिकूले सति विचारः)

प्रतिकूले न कर्तव्यो गच्छेद्यावदृतुत्रयम्। प्रतिकूलेऽपि कर्तव्यमित्याहुर्बहुविप्लवे॥ प्रतिकूले सपिण्डस्य मासमेकं विवर्जयेत्॥

प्रतिकूल होनेपर तीन ऋतुतक मंगल (विवाह) कार्य न करे। बहुत विप्लव (उपद्रव) होनेपर प्रतिकूल होनेपर भी करना चाहिये। सपिण्डके प्रतिकूल होनेपर एकमहिना त्याग दे।

ज्योतिःसागरे—दुर्भिक्षे राष्ट्रभङ्गे च पित्रोर्वा प्राणसंशये।
प्रौढायामपि कन्यायां नानुकूल्यं प्रतीक्ष्यते॥

ज्योतिःसागरमें कहा है कि—दुर्भिक्ष में (दीर्घरोगाभिभूतस्य दूरदेशस्थितस्य च। उदासीनस्थितस्यापि प्रातिकूल्यं न विद्यते॥ प्रातिकूल्यं मरणप्रयुक्तदोष इत्येके), राष्ट्रभंगमें माता तथा पिता के प्राणके संशयमें, और प्रौढा कन्याके होनेपर विवाहमें भी अनुकूलता की प्रतीक्षा नहीं करे।

मेधातिथिः–पुरुषत्रयपर्यन्तं प्रतिकूलं स्वगोत्रिणाम्। प्रवेशानिर्गमस्तद्वत्तथा मण्डनमुण्डने॥

मेधातिथिने कहा है कि—तीन पीढीतक (सपिण्डपुरुषत्रयपर्यन्त) सगोत्रियों का प्रतिकूल होता है। जैसे-प्रवेश (वधूप्रवेश) और निकलने (कन्या का विवाह) से वैसेही मण्डन (विवाह) और मुण्डन (चूडाकरण) में जानना चाहिये।

प्रेतकर्माण्यनिर्वर्त्य चरेन्नाभ्युदयक्रियाम्। आचतुर्थं ततः पुंसि पञ्चमे शुभदं भवेत्॥

स्वगोत्रियों के चार पीढीतक सपिण्डीकरणान्त प्रेतकर्म की समाप्तिके विना आभ्युदयिक न करे। पाँचवी पीढीमें शुभको देनेवाला है।

(रजोदर्शने निर्णयः)

अथ रजोदोषे निर्णयः। माधवीये—प्रारम्भात्प्राग्विवाहस्य माता यदि रजस्वला। निवृत्तिस्तस्य कर्तव्या सहत्वश्रुतिचोदनात्॥ प्रारम्भात् नान्दीश्राद्धात्, 'नान्दीमुखं विवाहादौ' इत्यादिना तस्यैव प्रारम्भोक्तेः।

अब रजोदोषमें निर्णय कहते हैं। माधवीय में कहा है कि—विवाहहोने के पूर्व ही अर्थात्—नान्दीश्राद्ध होने के पूर्व ही, माता यदि रजस्वला हो जाय तो उसकी निवृत्ति सहत्वश्रुति की प्रेरणासे (वेदमें सहत्व (साथ) कहे जाने के कारण) करे। प्रारंभसे अर्थात्—नान्दीश्राद्धसे। विवाह आदि में नान्दीमुख करना कहा है-इत्यादि से उसीका ही प्रारंभ कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मेधातिथिः—चौले च व्रतबन्धे च विवाहे यज्ञकर्मणि ।
भार्या रजस्वला यस्य प्रायस्तस्य न शोभनम् ॥

मेधातिथिने कहा है कि—चौल, व्रतबन्ध, विवाह और यज्ञकर्म में जिसकी पत्नी रजस्वला हो जाय तो उसका शुभ नहीं होता है।

वधूवरान्यतमयोर्जननी चेद्रजस्वला । तस्याः शुद्धेः परं कार्यं माङ्गल्यं मनुरब्रवीत् ॥

वधू या वर की माता यदि रजस्वला हो जाय तो उसकी शुद्धिके बाद मंगलकार्य करे—ऐसा मनुने कहा है।

वृद्धमनुः—विवाहव्रतचूडासु माता यदि रजस्वला । तदा न मङ्गलं कार्यं शुद्धौ कार्यं शुभेप्सुभिः ॥

वृद्धमनुने कहा है कि—विवाह, व्रत और चूडाकरण में यदि माता रजस्वला हो जाय तो मंगलकार्य न करे। उसकी शुद्धि के बाद ही शुभके इच्छुक मंगलकार्य करें।

गर्गः—यस्योद्वाहादिमाङ्गल्ये माता यदि रजस्वला । तदा न तत्प्रकर्तव्यमायुःक्षयकरं यतः ॥

गर्गने कहा है कि—जिसके विवाह आदि मंगलकार्य में यदि माता रजस्वला हो जाय तो तब वह मंगलकार्य न करे। क्योंकि वह आयुको क्षय करनेवाला होता है।

(नान्दीश्राद्धोत्तरं रजोदोषे तु)

नान्दीश्राद्धोत्तरं रजोदोषे तु कपर्दिकारिकासु—सूतिकोदक्ययोः शुद्ध्यै गां दद्याद्धोमपूर्वकम् ।
प्रारब्धे कर्मणि शुद्धिः स्यादितरस्मिन्न शुद्ध्यति ॥

नान्दीश्राद्धोत्तर रजोदर्शनमें तो कपर्दिकारिकाओं में कहा है कि—सूतिका और रजोधर्म की शुद्धिके लिये होमपूर्वक गोदान करे। नान्दीश्राद्धरूप प्रारंभ होनेवाले उस कर्ममें शुद्धि होती है और इतर नान्दीश्राद्धरूप प्रारंभाभावमें तो नहीं होती है।

अलाभे सुमुहूर्तस्य रजोदोषे च सङ्गते । श्रियं सम्पूज्य तत्कुर्यात्पाणिग्रहणमंगलम् ॥

शुभमुहूर्तके अभावमें रजोधर्म होजाय तो लक्ष्मीका पूजन कर मंगलस्वरूप पाणिग्रहण करे।

हैमीं माषमितां पद्मां श्रीसूक्तविधिनार्चयेत् । प्रत्यृचं पायसं हुत्वा अभिषेकं समाचरेत् ॥ इति ।

एक माषेकी सुवर्ण की पद्मा मूर्तिको श्रीसूक्तके विधान से अर्चन करे और प्रत्येक ऋचाद्वारा पायस से हवनकर अभिषेक करे।

(सूतकादिसंकटे तु)

सूतकादिसङ्कटे तु—कूष्माण्डीभिर्घृतं हुत्वा पयस्विनीं गां च दत्त्वा विवाहादि कुर्यात्—इति च वक्ष्यते (प्रागुक्तम्) ।

सूतकादिसंकटमें तो कूष्माण्डसंज्ञकऋचाओं से घी से हवनकर दूधवाली गौ देकर विवाह आदि करे। ऐसा कहेंगे। (कह चुके हैं)

(एकक्रियानिर्णयः)

अथैकक्रियानिर्णयः । ज्योतिर्निबन्धे वृद्धमनुः—एकमातृजयोरेकवासरे (वत्सरे) पुरुषस्त्रियोः । न समानक्रियां कुर्यान्मातृभेदे विधीयते ॥ एतेन एकस्य पुंसो विवाहद्वयमेकदिने निषिद्धं, मातृभेदाभावात् ।

अब एकक्रियाका निर्णय करते हैं। ज्योतिर्निबन्धमें वृद्धमनुने कहा है कि—एकमातासे उत्पन्न पुत्र और कन्याका एक दिनमें (एकसालमें) समानक्रिया न करे। अर्थात्—वर्षके भेदमें करे तो दोष नहीं है।

१—यद्देवा देवहेलनं देवासश्चकृमा वयम् । आदित्यास्तस्मान्मा मुञ्चतर्तस्यर्तेन मामित १ देवा जीवनकाम्या यद्वाचाऽनृतमूदिम । तस्मान्न इह मुञ्चत विश्वेदेवास्सजोषसः २ ऋतेन द्यावापृथिवी ऋतेन त्व ँ सरस्वती । कृतान्नः पाह्येनसो यत्किञ्चाऽनृतमूदिम ३ इन्द्राग्नी मित्रावरुणौ सोमो धाता बृहस्पतिः । ते नो मुञ्चन्त्वेनसो यदन्यकृतमारिम ४ इत्यादि मन्त्र तैत्तरीय० आ० में हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(एकः कर्ता शुभं कुर्यान्न पुत्र्योः पुत्रियोरपि । षण्मासे वाऽष्टमासे वा पूर्णे त्वब्दे शुभावहम् ॥) माता अलग-अलग हो तो करे।

इससे एकपुरुष का एकदिनमें दो विवाह करे तो निषिद्ध (वसिष्ठः—द्विशोभनं त्वेकगृहेऽपि नेष्टम्—मातृभेदो विधीयते इत्ययमपवादः प्रवर्तते इति भावः) है। क्योंकि माता के भेद का अभाव है।

नारदः—पुत्रोद्वाहात्परं पुत्रीविवाहो न ऋतुत्रये । न तयोर्व्रतमुद्वाहान्मण्डनादपि मुण्डनम् ॥

नारदने कहा कि—पुत्रके विवाहके बाद तीन ऋतु तक पुत्रीका विवाह न करे। पुत्र और पुत्रीके मध्यमें एकका विवाह तथा दूसरे का उपनयन (मिहिरः—पुत्रोपनयादूर्ध्वं षण्मासाभ्यन्तरे तथा। पुत्र्युद्वाहं न कुर्वीत विवाहाद् व्रतबन्धनम् ॥) न करे। और विवाहके बाद मुण्डन न करे।

वराहः—विवाहस्त्वेकजातानां षण्मासाभ्यन्तरे यदि । असंशयं त्रिभिर्वर्षैस्तत्रैका विधवा भवेत् ॥

वराह ने कहा है कि—एकमातासे उत्पन्न सन्तानों का विवाह छमासके अन्दर यदि हो जाय तो तीन सालके भीतर निःसन्देह उसमें एक कन्या विधवा हो जायगी। (नारदः—मातृयज्ञक्रियापूर्वं ज्येष्ठं कृत्वा तु मङ्गलम्। ऋतुत्रयं पुनर्यावन्न कुर्याल्लघुमङ्गलम् ॥)

मदनरत्ने वसिष्ठः—न पुंविवाहोर्ध्वमृतुत्रयेऽपि विवाहकार्यं दुहितुः प्रकुर्यात् ।
न मण्डनाच्चापि हि मुण्डनं च गोत्रैकतायां यदि नाब्दभेदः ॥

मदनरत्नमें वसिष्ठने कहा है कि—पुरुषके विवाहके बाद तीन ऋतुके भीतर कन्या का विवाहकार्य न करे। विवाहके बाद एकगोत्रमें एकसालका भेद न हो तो मुण्डनसंस्कार न करे।

एकोदरभ्रातृविवाहकृत्यं स्वसुर्न पाणिग्रहणं विधेयम् ।
षण्मासमध्ये मुनयः समूचुर्न मुण्डनं मण्डनतोऽपि कार्यम् ॥

एक माता से उत्पन्न भाई के विवाहकार्य में बहिन का पाणिग्रहणसंस्कार नहीं करना चाहिये। छ महिनेके मध्यमें विवाहोत्तर भी मुण्डन न करे—यह मुनियोंने कहा है।

एतदपवादस्तत्रैव—ऋतुत्रयस्य मध्ये चेदन्याब्दस्य प्रवेशनम् ।
तदा ह्येकोदरस्यापि विवाहस्तु प्रशस्यते ॥

इसका वहींपर ही अपवाद कहा है कि—यदि तीन ऋतु (छ महिनेके भीतर) के मध्यमें दूसरे वर्षका प्रवेश होता हो तो एकोदरसे उत्पन्न हुओंका विवाह करना प्रशस्त (श्रेष्ठ) है।

सारावल्याम्—फाल्गुने चैत्रमासे तु पुत्रोद्वाहोपनायने । भेदादब्दस्य कुर्वीत नर्तुत्रयविलङ्घनम् ॥

सारावलीमें कहा है कि—फाल्गुन और चैत्रमासमें सगे भाईयोंका विवाह हो जाय तो वर्षके भेदसे करे। उसमें तीन ऋतुका त्याग नहीं करे।

संहिताप्रदीपे—ऊर्ध्वं विवाहात्तनयस्य नैव कार्यो विवाहो दुहितुः समार्द्धम् ।
अप्राप्य कन्यां श्वसुरालयं च वधूः प्रवेश्या स्वगृहं च नादौ ॥

संहिताप्रदीपमें कहा है कि—पुत्रके विवाहके बाद छ महिने तक कन्याका विवाह न करे। कन्याको श्वसुर गृहमें भेजकर अपनी पुत्रवधू को अपने घरमें प्रवेश करावे। आदिमें न करावे। (अर्थात्—कन्याको श्वसुराल भेजकर ही वधू का प्रवेश करावे।

मदनरत्ने वसिष्ठः—द्विशोभनं त्वेकगृहेऽपि नेष्टं शुभं तु पश्चान्नवभिर्दिनैस्तु ।
आवश्यकं शोभनमुत्सवो वा द्वारेथवाचार्यविभेदतो वा ॥

मदनरत्नमें वसिष्ठने कहा है कि—एकघरमें एक साथ दो शुभकार्य मङ्गल देनेवाले नहीं होते हैं। एकशुभकार्य करनेके बाद नौ दिन बाद शुभकार्य दूसरा करे। आवश्यकता पड़नेपर शुभकार्य और उत्सव को द्वार तथा आचार्य के भेदसे करावे।

एकोदरप्रसूतानां नाग्निकार्यत्रयं भवेत् । भिन्नोदरप्रसूतानां नेति शातातपोऽब्रवीत् ॥

एक उदरसे उत्पन्न तीनका अग्निकार्य (अर्थात्—शुभकार्य) एकसाथ न करे। अलग अलग माताओं से उत्पन्नोंका शुभकार्य एकसाथ न करे—यह शातातपने कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्योतिर्निबन्धे कात्यायनः—कुले ऋतुत्रयादर्वाक् मण्डनान्न तु मुण्डनम् ।
प्रवेशान्निर्गमो नेष्टो न कुर्यान्मङ्गलत्रयम् ॥

ज्योतिर्निबन्धमें कात्यायनने कहा है कि—खानदानमें तीन ऋतुके भीतर विवाहके बाद मुण्डन न करे। प्रवेश (वधूप्रवेश) के बाद निर्गम (कन्याका श्वसुराल भेजना) न करे और तीन मंगल कार्य न करे।

कुर्वन्ति मुनयः केचिदन्यस्मिन्वत्सरे लघु । लघु वा गुरु वा कार्यं प्राप्तं नैमित्तिकं तु यत् ॥

कोई मुनिगण तो दूसरे सालमें छोटा कार्य करना स्वीकार करते हैं। छोटा या बड़ा कार्य नैमित्तिक प्राप्त हो जानेपर तो करे।

पुत्रोद्वाहः प्रवेशाख्यः कन्योद्वाहस्तु निर्गमः । मुण्डनं चौलमित्युक्तं व्रतोद्वाहौ तु मङ्गलम् ॥

पुत्र का विवाह, वधूप्रवेश, कन्या का विवाह, श्वसुरघर जाना और मुण्डनको—चूडाकरण ही कहा है। व्रत तथा विवाह को मंगल कहा है।

चौलं मुण्डनमेवोक्तं वर्जयेन्मण्डनात्परम् । मौञ्जी चोभयतः कार्या यतो मौञ्जी न मुण्डनम् ॥

चौलको मुण्डन ही कहते हैं उसे विवाह के बाद त्याग दे। मौञ्जीबन्धनको चूडाकरणके पहले और बादमें करे। इसलिये मौञ्जीबन्धनके बाद मुण्डन न करे।

अभिन्नवत्सरेऽपि स्यात्तदहस्तत्र भेदयेत् । अभेदे तु विनाशः स्यान्न कुर्यादेकमण्डपे ॥

अभिन्नसालमें भी वहाँपर दिनका भेद करे। अभेदमें तो विनाश होता है, अतः एकमण्डपमें न करे।

सङ्कटे तु कपर्दिकारिकासु वराहमिहिरश्च—उद्वाह्य पुत्रीं न पिता विदध्यात्पुत्र्यन्तरस्योद्वहनं कदाचित् । यावच्चतुर्थं दिनमत्र पूर्वं समाप्य चान्योद्वहनं विदध्यात् ॥

संकटमें तो कपर्दिकारिकाओं में वराहमिहिरने कहा है कि—पिता कन्या का विवाह करने के बाद उसी समय अन्यपुत्रका विवाह कभी न करे। जबतक चारदिन पहले समाप्त कर दूसरा विवाह[1] करे। उसके पूर्व न करे।

कश्यपः—मौञ्जीबन्धस्तथोद्वाहः षण्मासाभ्यन्तरेऽपि वा ।
पुत्र्युद्वाहं न कुर्वीत विभक्तानां न दोषकृत् ॥

कश्यपने कहा है कि—मौञ्जीबन्धन और विवाह के बाद छ महिने के भीतर कन्या का विवाह न करे। विभक्त हो तो दोष नहीं होता है।

(विवाहमध्ये श्राद्धपाते निर्णयः)

ज्योतिर्निबन्धे—विवाहमारभ्य चतुर्थिमध्ये श्राद्धं दिनं दर्शदिनं यदि स्यात् ।
वैधव्यमाप्नोति तदाशु कन्या जीवेत्पतिश्चेदनपत्यता स्यात् ॥

ज्योतिर्निबन्धमें कहा है कि—विवाह से प्रारंभकर चतुर्थीकर्मके मध्यमें श्राद्ध का दिन (जयाह श्राद्धका दिन) और दर्शदिन (अमावास्या) प्राप्त हो तो तब कन्या शीघ्रही वैधव्यताको प्राप्त करती है यदि पति जीवित रहे तो सन्तान से रहित होती है।

१—यहाँ पर पुत्रीशब्दसे पुत्रका भी ग्रहण है। एक पुत्र या पुत्री के विवाह के बाद दूसरा विवाह 'चतुर्थीकर्म'
के बाद ही करे। इसीलिए रामायण आदिमें श्रीरामजी के विवाह के बाद लक्ष्मण आदिका विवाह उसीकालमें नहीं हुआ।
समान्यतया विवाह के बाद
मयूखे-पुत्रोद्वाहात्परं पुत्री विवाहो न ऋतुत्रये। न कार्यं व्रतमुद्वाहान्मङ्गले नाप्यमङ्गलम् ॥
उपनयन का निषेध है। कन्या के विवाहोत्तर मौञ्जीबन्धन और एकविवाहके बाद दूसरा विवाह छ महिने के अन्दर न करे। पुत्रके विवाह के बाद कन्या का विवाह न करे। ये नियम एक में होनेपर लगते हैं। अलग होनेपर नहीं प्राप्त होते हैं। किसीने कहा है कि—वंशमें तीन ऋतुतक अर्थात्—छ मास तक दूसरा विवाह न करे। किसीने कहा है कि यह अविभक्तपरक है यहाँ तो मुख्यतया एक से उत्पन्नों का एक साथ विवाह नहीं हो सकता। 'उद्वाह्य पुत्रीम्' कन्याका विवाह करने के बाद जो निषेध है वह मध्यम है। 'न कुर्यात् एकमण्डपे' एक मण्डप में न करे—यह अधमपक्ष है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथा-विवाहमध्ये यदि चेत्क्षयाहस्तत्र स्वमुख्याः पितरो न यान्ति। वृत्ते विवाहे परतस्तु कुर्याच्छ्राद्धं स्वधाभिर्न तु दूषयेत्तम्॥ 'ये वा भद्रं दूषयन्ति स्वधाभिः इति श्रुतेश्च।

और भी—विवाहके मध्यमें यदि क्षयाहश्राद्धका दिन आजाय तो उसमें अपने मुख्य (प्रधान) पितर नहीं आते हैं। विवाह के समाप्त होनेपर स्वधाओं द्वारा श्राद्ध को करे तो उस विवाह को दूषित नहीं करते हैं। जो लोग स्वधाओंसे कल्याणको दूषित करते हैं। ऐसो श्रुति कहती है।

(मासिकविषये)

मासिकविषये कालहेमाद्रौ शाट्यायनिः—प्रेतश्राद्धानि सर्वाणि सपिण्डीकरणं तथा। अपकृष्यापि कुर्वीत कर्तुं नान्दीमुखं द्विजः॥

मासिकविषयमें तो कालहेमाद्रिमें शाट्यायनिने कहा है कि—सब प्रेतश्राद्ध और सपिण्डनश्राद्धको अपकर्ष करके भी करे। यदि द्विज नान्दीमुखश्राद्धकरनेको उद्यत हो तो।

(वृद्धिं विनापकर्षे दोषकथनम्)

वृद्धिं विनापकर्षे दोषमाह तत्रैवोशनाः—वृद्धिश्राद्धविहीनस्तु प्रेतश्राद्धानि यश्चरेत्। स श्राद्धी नरके घोरे पितृभिः सह मज्जति॥ इति।

वृद्धिश्राद्धके विना अपकर्षमें वहींपर उशनाने दोष कहा है कि—वृद्धिश्राद्धसे विहीन जो प्रेतश्राद्धोंको करता है वह श्राद्ध करनेवाला पितरोंके सहित घोरनरकमें डूबकी लगाता है।

मेधातिथिः—प्रेतकर्माण्यनिर्वर्त्य चरेन्नाभ्युदयक्रियाम्। आचतुर्थं ततः पुंसि पञ्चमे शुभदं भवेत्॥

मेधातिथिने कहा है कि—प्रेतकर्मोंको समाप्त किये विना आभ्युदयिकक्रिया को न करे। यह चतुर्थ पीढीतक जानना चाहिये। पाँचवीं पीढीमें शुभको देनेवाला होता है।

स्मृत्यन्तरे—सपिण्डीकरणादर्वागपकृष्य कृतान्यपि। पुनरप्यपकृष्यन्ते वृद्ध्युत्तरनिषेधनात्॥

स्मृत्यन्तरमें कहा है कि—सपिण्डीकरण के पहले जो अपकर्षकर श्राद्ध किये गये हैं उनको फिरसे अपकर्षकर करे। (अर्थात्—चौल, उपनयन, विवाह आधानादि कार्योंके लिए ही मृततिथिमें ही अपकर्षकर श्राद्ध किये गये हैं)। वृद्धिश्राद्धके बाद प्रेतकर्मोंका निषेध है। (वृध्युत्तर प्रेतकर्म लुप्त हो जानेसे मनके समाधान के लिये रुद्रैकादशिनी पूजा आदिका आचरण करते हैं।)

स्मृतिसारावल्याम्—भ्रातृयुगे स्वसृयुगे भ्रातृस्वसृयुगे तथा। एकस्मिन्मण्डपे चैव न कुर्यान्मण्डनद्वयम्॥ सहोदरविषयमेतत्।

स्मृतिसारावलीमें कहा है कि—दो भाई, दो बहिन, दो भाई और बहन इनका एकमण्डप में दो विवाह न करे। यहाँपर भाईशब्दसे सहोदर का ग्रहण करे। (क्योंकि—'ज्येष्ठो भ्राता यदा तिष्ठेत्। इत्यादि में सहोदरका भ्रातृपदसे व्यवहार होता है।)

यमः—एकोदरप्रसूतानामेकस्मिन् वासरे पुनः। विवाहं नैव कुर्वीत मण्डनोपरि मुण्डनम्॥

यमने कहा है कि—एक उदर (पेट) से उत्पन्न हुओंका एकदिनमें विवाह और विवाहके बाद मुण्डन नहीं करे।

गार्ग्यः—भ्रातृयुगे स्वसृयुगे भ्रातृस्वसृयुगे तथा। न कुर्यान्मङ्गलं किञ्चिदेकस्मिन्मण्डपेऽहनि॥

गार्ग्यने कहा है कि—दो सगे भाईयोंका, दो सगी बहिनोंका और सगे दो भाई तथा बहिनका एकदिन में एकमण्डपमें कुछ भी मंगल न करे।

१—ये पाकशंसं विहरन्त एवैर्ये वा भद्रं दूषयन्ति स्वधाभिः। अहये वा तान् प्रददातु सोम आ वा दधातु निर्ऋतेरुपस्थे॥ (ऋ० ५।१०४।९)। जो लोग (राक्षस) परिपक्व सत्य भाषण करने वाले मुझको अपने पूर्ण आप्तव्य आत्मीय अभिप्रायों या कुटिलचालों से विपरीत रास्ते पर ले जाते हैं या जो बलों से युक्त हो मुझे (भले आदमी को) दूषित करते हैं। उन सबों को सोम (राजा न्यायाधीश) हिंसक या सर्प के लिये (सर्पवत्—कुटिलव्यवहार करने के लिये ही दण्ड दे) या पापदेवता (सिंह, रीछ) के समीप में या गोदी में फेंक दे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एकस्मिन् वासरे प्राप्ते कुर्याद्यमलजातयोः। चौरं चैव विवाहं च मौञ्जीबन्धनमेव च॥

एकदिनमें एकसाथ उत्पन्न हुए यमलोंका चौर, विवाह तथा मौञ्जीबन्धन न करे।

ज्योतिविवरणे–एकोदरयोरेकदिनोद्वहने भवेन्नाशः। नद्यन्तर एकदिने केप्याहुः सङ्कटे च शुभम्॥

ज्योतिर्विवरण में कहा कि—एक उदरसे उत्पन्न दो भाईयोंका एकदिनमें विवाह हो तो नाश होता है। नद्यन्तर (अर्थात् नदी आदिके व्यवधानमें या आदिपदसे देशादिव्यवधानमें) या संकट (अर्थात्—विनायकशान्तिको करके) में शुभ मानते हैं।

ऊर्ध्वं विवाहाच्छुभदो नरस्य नारीविवाहो न ऋतुत्रयं स्यात्।
नारीविवाहात्तदहेपि शस्तं नरस्य पाणिग्रहमाहुरार्याः॥

नर (मनुष्य) के विवाहके बाद नारी (कन्या) का विवाह तीनऋतु (छ मास) तक शुभ को देनेवाला नहीं होता है। नारीके विवाहके बाद पुत्रका विवाह उसीदिन हो तो शुभप्रद है। ऐसा आर्य कहते हैं।

(भिन्नमातृजयोस्तु एकवासरे विवाहविचारः)

भिन्नमातृजयोस्तु एकवासरे विवाहमाह मेधातिथिः——पृथङ्मातृजयोः कार्यो विवाहस्त्वेकवासरे।
एकस्मिन् मण्डपे कार्यः पृथक् वेदिकयोस्तथा॥

अलग अलग माताओंसे उत्पन्नहुओं का एकदिनमें विवाहको मेधातिथिने कहा है कि—अलग अलग माताओं से पैदा हुए पुत्रोंका एकदिनमें विवाह एकमण्डपमें अलग अलग वेदियोंपर करे। अर्थात्—अलग अलग माताओं से उत्पन्नों में से एकका उपनयन दूसरे का विवाह ये दो संस्कार करे।

पुष्पपट्टिकयोः कार्यं दर्शनं न शिरःस्थयोः। भगिनीभ्यामुभाभ्याञ्च यावत्सप्तपदी भवेत्॥

दो बहिनों के शिरमें स्थित पुष्पपट्टिका (मौर का प्रकारान्तरस्वरूप) जबतक सप्तपदी न हो तबतक दर्शन न करे।

(यमयोस्तु विशेषकथनम्)

यमयोस्तु विशेषः भट्टकारिकायाम्——एकस्मिन् वत्सरे चैकवासरे मण्डपे तथा।
कर्तव्यं मङ्गलं स्वस्रोर्भ्रात्रोर्यमलजातयोः॥

एक साथ पैदा हुओंका विशेष भट्टकारिकामें कहा है कि—एक सालमें, एकदिनमें, एक मण्डपमें एक साथ यमल उत्पन्न बहिनों और भाईयोंका मंगल कार्य करे।

ज्योतिर्निबन्धे नारदः——प्रत्युद्वाहो नैव कार्यो नैकस्मै दुहितृद्वयम्।
न चैकजन्ययोः पुंसोरेकजन्ये तु कन्यके॥

ज्योतिर्निबन्धमें नारदने कहा है कि–जामाताकी बहिनका अपने पुत्रके साथ विवाह करना, एकही वर को दो कन्या देना (अर्थात्—पहली कन्या के मरनेपर दूसरी कन्याका देना) एक माता से उत्पन्न दो सगे भाईयों को और एक माता से उत्पन्न दो सगा बहिन नहीं देना चाहिये।

नैवं कदाचिदुद्वाहो नैकदा मुण्डनद्वयम्। नैकजन्ये तु कन्ये द्वे पुत्रयोरेकजन्ययोः॥ न पुत्रीद्वयमेकस्मै प्रदद्यात्तु कदाचन॥ इति।

एकसाथ कदाचित् उत्पन्न हुए पुत्रोंका और एक साथ उत्पन्न कन्याओं का विवाह नहीं करे। न एक साथ मुण्डन करे। एक से उत्पन्न दो कन्याओं का, एक से उत्पन्न ऐसे पुत्रोंका तथा एक को दो पुत्रियों को कभी भी नहीं देना चाहिये।

(विवाहात्प्राक् कन्यारजोदर्शने विचारः)

कन्याया रजोदर्शने तु अपरार्के संवर्तः—माता चैव पिता चैव ज्येष्ठभ्राता तथैव च।
त्रयस्ते नरकं यान्ति दृष्ट्वा कन्यां रजस्वलाम्॥

कन्याके रजोदर्शनमें तो अपरार्कमें संवर्तने कहा है कि—माता, पिता और बड़ा भाई ये तीनों रजस्वला कन्याको देखकर नरकमें जाते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हारीतः—पितुर्गेहे तु या कन्या रजः पश्यत्यसंस्कृता ।

सा कन्या वृषली ज्ञेया तत्पतिर्वृषलीपतिः ॥ देवलात्रिकश्यपाः पूर्वार्द्धं तदेव ।

हारीतने कहा है कि—पिताके घरमें जो असंस्कृत कन्याके रज को देखता है वह कन्या वृषली (तीन प्रकारकी होती है—वन्ध्या च वृषली ज्ञेया वृषली च मृतप्रजा । अपरा वृषली ज्ञेया कुमारी च रजस्वला ॥) होती है और उसका पति वृषलीपति होता है । देवल, अत्रि और कश्यप—ये पूर्वार्ध में वही हैं ।

भ्रूणहत्या पितुस्तस्याः सा कन्या वृषली स्मृता । यस्यां समुद्वहेत्कन्यां ब्राह्मणो ज्ञानदुर्बलः ॥ अश्राद्धेयमपाङ्क्तेयं तं विद्याद् वृषलीपतिम् ॥

वह कन्या वृषली हो जाती है उस कन्याके पिताको भ्रूणहत्या लगती है । जो ब्राह्मण ज्ञानमें दुर्बल (अज्ञानयुक्त) होकर उस कन्यासे विवाह करता है वह श्राद्धमें और पंक्तिमें अपवित्र होता है । उसे वृषलीपति कहा जाता है ।

माधवीये बौधायनः—त्रीणि वर्षाण्यृतुमती काङ्क्षेत पितृशासनम् ।

माधवीयमें बौधायनने कहा है कि—तीन साल तक ऋतुमति कन्या पिता के शासनकी इच्छा रखे । (अर्थात्—चौथे साल तो-ततश्चतुर्थे वर्षे तु विन्देत सदृशं पतिम् । अपने अनुकूल पतिको प्राप्त करे ।)

विष्णुः—ऋतुत्रयमुपास्यैव कन्या कुर्यात्स्वयं वरम् ।

विष्णुने कहा है कि—तीनऋतु तक अर्थात्—तीनवार ऋतुमति होनेपर कन्या स्वयं वरण करे ।

अत्र वरस्य दोषाभावमाह यमः—कन्या द्वादशवर्षाणि याऽप्रदत्ता वसेद् गृहे ।

भ्रूणहत्या पितुस्तस्याः सा कन्या वरयेत्स्वयम् ॥

यहाँपर वरके दोषका अभाव यमने कहा है कि—जो कन्या बारह वर्षतक बिना विवाहिता पिताके घरमें रहती है तो उसके पिताको भ्रूणहत्या लगती है अतः वह कन्या स्वयं अपने पतिका वरण करे ।

एवञ्चोपनतां पत्नीं नावमन्येत्कदाचन । न तु तां बन्धकीं विद्यान्मनुः स्वायंभुवोऽब्रवीत् ॥

इसप्रकार स्वयंवरमें उस विवाहिता पत्नीका पति कभी भी उसका अपमान न करे । उसको पापिनी और व्यभिचारिणी न जाने । यह स्वायंभुवमनुने कहा है ।

मनुः—(अ० ९, ९२, ९३) अलङ्कारं नाददीत पितृदत्तं स्वयंवरा ।

मातृकं मातृदत्तं वा स्तेना स्याद्यदि तं हरेत् ॥

मनुने कहा कि—स्वयंवर करनेवाली कन्या पितासे दिये पिता, माता या भाई से दिये हुए अलंकारको हरणकरती है तो वह चोरिणी हो जाती है ।

वरं प्रत्याह—पित्रे न दद्याच्छुल्कं तु कन्यामृतुमतीं हरन् ।

स हि स्वाम्यादतिक्रामेदृतूनां प्रतिबोधनात् ॥

[1]वरके प्रति कहा है कि—रजस्वला (ऋतुमति) कन्याको ग्रहण (विवाह) करते हुए उस कन्याके पिताको शुल्क (धन) न दे । क्योंकि ऋतुओं की जानकारीसे विवाह न करने हेतु सन्तानोत्पत्ति निरोध से पिता का कन्या पर दायित्व नहीं रहता है ।

१—वरके गुण-कुल, शील, उमर, रूप, विद्या, धन, पोषणादि से युक्त गुणोंको देखकर कन्या दे । दूरस्थ, ज्ञानहीन, और मोक्षको चाहनेवालेको कन्या नहीं देनी चाहिये । शूद्रोंको तथा निर्धनों को भी न दे । हीनक्रियावालेको, षण्ढ तथा वेदाध्ययनहीन को न दे । विशेष काशीखण्ड आदि में देखना चाहिये ।

बड़ी लड़की भयंकर बड़े रोगसे आक्रान्त हो और कोई उसके साथ विवाह न करता हो तो रजस्वला के भयसे छोटी कन्याको विवाह करनेवाला तथा ग्रहण करनेवाला दोषका भागी नहीं होता है । इसीप्रकार किसीकारणवश नीचकम की प्रवृत्ति से उत्पन्न कन्याको स्वीकार करने में दोष नहीं है । इसमें कन्या को स्वयं ही ग्रहण करे । विज्ञानेश्वरने कहा है—पतित के हाथसे न ग्रहण करे । वसिष्ठने कहा है कि—'पतितोत्पन्नः पतितो भवति अन्यत्र स्त्रिया' इससे कन्याको पातित्यता नहीं होती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अत्र प्रायश्चित्तकथनम्)

अत्र प्रायश्चित्तमुक्तमाश्वलायनेन—कन्यामृतुमतीं शुद्धां कृत्वा निष्कृतिमात्मनः ।
शुचिं च कारयित्वा तामुद्वहेदानृशंस्यधीः ॥

यहाँपर प्रायश्चित्त आश्वलायनने कहा है कि—रजस्वला कन्याको शुद्धकर और स्वयं आत्माकी पापनिवृत्तिके लिए शुद्धिकर शुद्धिको कराकर पापरहित बुद्धिवाला उस कन्याका विवाह करे ।

पिता ऋतून् स्वपुत्र्यास्तु गणयेदादितः सुधीः । दानावधि गृहे यत्नात्पालयेच्च रजोवतीम् ॥

पिता अपनी पुत्रीकी ऋतुधर्मोंको आदिसे गिनकर दानावधिर्यन्त उस रजस्वला की यत्नसे घरमें रक्षा करे ।

दद्यात्तदृतुसंख्या गाः शक्तः कन्यापिता यदि । दातव्यैकापि निःस्वेन दाने तस्या यथाविधि ।

यदि कन्याका पिता शक्त हो तो ऋतुसंख्याके अनुसार ओंकादान करे । यदि अशक्त हो अर्थात्-निर्धन हो तो एक गौ का यथाविधि (विवाहके समय) दान दे ।

दद्याद्वा ब्राह्मणेष्वन्नमतिनिःस्वः सदक्षिणम् । तस्यातीतर्तुसंख्येषु वराय प्रतिपादयेत् ॥

अत्यन्त दरिद्र स्वयं होनेके कारण ब्राह्मणोंको दक्षिणा सहित अन्न दे । फिर उस कन्याका ऋतुधर्मव्यतीत होनेपर वरको दे दे ।

उपोष्य त्रिदिनं कन्या रात्रौ पीत्वा गवां पयः । अदृष्टरजसे दद्यात्कन्यायै रत्नभूषणम् ॥
तामुद्वहन् वरश्चापि कूष्माण्डैर्जुहुयाद् द्विजः ॥ इति ।

जिस कन्याको मासिकधर्म हो गया है ऐसी कन्या तीन दिन उपवास कर रात्रि में गोदुग्धपान करे और मासिक न होती हुई कन्याके लिए रत्नोंके आभूषण दे । उस कन्याके साथ विवाह करता हुआ वर कूष्माण्ड-संज्ञकमन्त्रोंसे हवन करे । (अर्थात्—कूष्माण्डसंज्ञकमन्त्रोंसे हवन करनेके बाद उस कन्यासे विवाह करे) ।

मदनपारिजाते यज्ञपार्श्वः—विवाहे वितते यज्ञे होमकाल उपस्थिते ।
कन्यामृतुमतीं दृष्ट्वा कथं कुर्वन्ति याज्ञिकाः ॥

मदनपारिजातमें यज्ञपार्श्वने कहा है कि—विवाह के समय होमकर्म के एकबार प्रारंभ होने के समय कन्याको ऋतुमती देखकर किसप्रकारसे याज्ञिक करें ।

स्नापयित्वा तु तां कन्यामर्चयित्वा यथाविधि । युञ्जानामाहुतिं हुत्वा ततस्तन्त्रं प्रवर्तयेत् ॥

उस कन्याको स्नान कराकर यथाविधि उस कन्या का अर्चनकर 'युञ्जानः'[1] इस मन्त्रसे आहुति देकर तदनन्तर होमतन्त्र (पूर्ववत् होम) को करे ।

बौधायनसूत्रम्—(चतुर्थप्रश्ने प्रथमाध्याये) अथ यदि कन्योपसाद्यमाना वोह्यमाना वा रजस्वला स्यात्तामनुमन्त्रयेत्—पुमांसौ मित्रावरुणौ पुमांसावश्विनावुभौ । पुमानिन्द्रश्च सूर्यश्च पुमांसं च वर्धयामि ॥ इति ।

अथ द्वादशरात्रमलङ्कृत्य प्राशयेत्पञ्चगव्यमथ शुद्धां कृत्वा विवहेत् । अत्र गान्धर्वाद्यष्टौ विवाहास्तद्व्यवस्था चाकरे ज्ञेया ।

बौधायनसूत्रमें कहा है कि–यदि कन्या पतिके घर जानेके समय या विवाह के समय रजस्वला हो जाय तो उसका अनुमन्त्रण करे—मित्र और वरुण ये दोनों पुरुषसंज्ञक हैं । अश्विनीकुमार ये दोनों पुरुष हैं । इन्द्र तथा सूर्य भी पुरुष है । वह कन्या[2] ऐसे पुरुषकी वृद्धि करती है । इसके बाद बारह रात्रितक अलंकृत कर पञ्चगव्यका प्राशन करे । फिर शुद्धकर विवाह करे । यहाँपर गान्धर्व आदि आठ विवाह कहे हैं । उसकी व्यवस्था आकर ग्रन्थोंमें जाननी चाहिये ।

१–युञ्जानः प्रथमं मनस्तत्वाय सविता धियः । अग्निं ज्योतिर्निचाय्य पृथिव्या अध्याऽभरत् ॥ (तैत्तरीयसं० ४।१।१।१) ।

२—मनुः–ब्राह्मो दैवस्तथा चार्षः प्राजापत्यस्तथाऽसुरः । गान्धर्वो राक्षसश्चैव पैशाचश्चाष्टमो मतः ॥ (१) आश्वलायनने कहा है कि–कन्याको अलंकृत कर बलपूर्वक जो विवाह होता है । वह ब्राह्म विवाह कहा जाता है । इसमें उत्पन्न बारह पीढी आगे और बारह पीढी पीछे की पवित्र होती है । यह ब्राह्मविवाह है । (२) ऋत्विजको देने से दश-दश पीढी

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मनुः—(अ० ३,२३) षडानुपूर्व्या विप्रस्य चतुरोऽवरान् ।
विट्शूद्रयोस्तु तानेव विद्याद्धर्म्यानराक्षसान् ॥

मनुने कहा है कि—ब्राह्मणको क्रमसे ब्राह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य, आसुर, और क्षत्रियको चार गान्धर्व असुर, गन्धर्व, राक्षस और पैशाचधर्म हैं। वैश्य तथा शूद्रको राक्षस विवाहको छोड़कर वही श्रेष्ठ है।

चतुर आसुरगान्धर्वराक्षसपैशाचान्। तान् राक्षसवर्ज्यान् वैश्यशूद्रयोः। स एव 'आसुरं वैश्यशूद्रयोः।

चार कौन है—आसुर, गान्धर्व, राक्षस और पैशाच। उनमें राक्षसको छोड़कर वैश्य और शूद्रको प्राप्त है। उन्होंने ही कहा है कि—'आसुर विवाह वैश्य और शूद्रको विहित है।

हेमाद्रौ पैठीनसिः—राक्षसो वैश्यस्य, पैशाचः शूद्रस्य। प्रचेताः—पैशाचोऽसंस्कृतप्रसूतानां प्रतिलोमजानां च।

हेमाद्रिमें पैठीनसिने कहा है कि—राक्षसविवाह वैश्यके लिए और पैशाच शूद्र के लिये है। प्रचेताने कहा है कि—असंस्कृत उत्पन्नों का और प्रतिलोमजातियों का पैशाचविवाह होता है।

मनुः—राक्षस्तथासुरो वैश्ये शूद्रे चान्त्यस्तु गर्हितः।

मनुने कहा है कि—क्षत्रिय को आसुर और वैश्य और शूद्र को अन्त्य—पैशाच गर्हित है।

क्षत्रियादेः सङ्कटे पैशाचमाह माधवीये वत्सः—सर्वोपायैरसाध्या स्यात्सुकन्या पुरुषस्य या।
चौर्येणापि विवाहेन सा विवाह्या रहःस्थिता ॥

क्षत्रिय आदिको संकटमें किसीका मत है कि-(ब्राह्मणादियों को यह अन्यमत है ये एक कहते हैं) संकटमें कहे हुए (विवाहोंके असंभवमें पैशाच) माधवीयमें वत्सने पैशाच—कहा है कि-रमणीय कन्या सब उपायोंसे पुरुष को प्राप्त न हो सके तो चौर्य कर्मसे अर्थात्—पैशाचवृत्ति से एकान्तमें स्थित उस कन्यासे विवाह करे।

गान्धर्वादिविवाहेष्वप्युदकपूर्वकं दानमाह तत्रैव यमः—नोदकेन न वाचा वा कन्यायाः पतिरुच्यते। पाणिग्रहणसंस्कारात्पतित्वं सप्तमे पदे।

गन्धर्व आदि विवाहमें भी उदक (जल) पूर्वकदान यमने वहीं कहा है कि—जो विना जल और विना वाणीके कन्या का पति नहीं हो सकता है। पाणिग्रहणसंस्कारसे सातवें पदपर पति संज्ञा होती है।

पराशरमाधवीये देवलोऽपि—गान्धर्वादिविवाहेषु पुनर्वैवाहिको विधिः।
कर्तव्यश्च त्रिभिर्वर्णैः समर्थेनाग्निसाक्षिकः ॥

पराशरमाधवीयमें देवलने भी कहा है कि—गन्धर्व आदि विवाहों में तीनों वर्ण समर्थ हो तो अग्नि की साक्षीमें फिर से वैवाहिकविधि करनी चाहिये।

त्रैवर्णोक्तेर्गान्धर्वादौ विप्रवर्जमधिकार उक्तः तत्रैव परिशिष्टे—गान्धर्वासुरपैशाचा विवाहो राक्षसश्च यः। पूर्वं परिग्रहस्तेषु पश्चाद्धोमो विधीयते ॥

तीनवर्णोंके कथन से गान्धर्व आदि विवाहों में ब्राह्मण से भिन्न का अधिकार कहा है। वहींपर परिशिष्टमें कहा है कि—गान्धर्व, आसुर, पैशाच तथा राक्षस विवाहोंमें पहले परिग्रह (स्वीकार) करे फिर विवाहहोम करे।

दोनों पवित्र होती है। इसको दैव कहते हैं। (३) आर्ष–गोयुग्म दे। इसमें सात सात पीढी दोनों पवित्र होती हैं। (४) प्राजापत्य–इसमें आठ-आठ पीढी दोनों पवित्र होती है। (५) वरसे बहुत धन लेकर पिता आदि जो दान करते हैं वह विवाह आसुर है। (६) गान्धर्व–अपनी-अपनी प्रसन्नता से (राय से) होता है। (७) राक्षस–मारकर (हवनकर) विदारण कर रोती हुई को हरण करता है। (८) पैशाच जो सोई हुई या प्रमत्ता का अपहरण करता है।

१—आसुर विवाह बहुत धन वरसे लेकर पिता आदि जो दानसे रहित कन्यार्पण करते हैं। वह आसुर विवाह है। ऐसा कोई अर्थ करते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(कन्यायाः बलादपहरणे)

अतो होमादावकृते भार्यात्वाभावाद्वरान्तराय देया। तथा च तत्रैव वसिष्ठबौधायनौ—बलादपहृता कन्या मन्त्रैर्यदि न संस्कृता। अन्यस्मै विधिवद् देया यथा कन्या तथैव सा॥ इति।

इसलिए होम आदिके न करनेपर भार्यात्व का अभाव होनेसे दूसरे वरके लिए दे दे और वहींपर वसिष्ठ और बौधायनने कहा है कि—बल[1] से अपहृत कन्याका यदि मन्त्रोंसे संस्कार नहीं हुआ है ऐसी उस कन्याको दूसरे को विधिवत् दे दे। जैसी कन्या पहले थी वैसी ही है।

अत्र मन्त्रसंस्काराभावेऽन्यस्मै दानस्य सर्वविवाहेषु साम्याद्बलादपहारे राक्षसपैशाचयोर्विशेषवचनं व्यर्थम्। तेन तयोर्यदि न संस्कृता संस्कृता वेत्यावृत्य कन्यानुमत्यभावेऽन्यस्मै देयेति व्याख्येयम्।

यहाँपर मन्त्रसंस्कारके अभावमें दूसरेके लिये दानका सब विवाहोंमें साम्य (समानता) होने से बलके द्वारा हरण करनेपर राक्षस और पैशाच के विशेष वचन व्यर्थ हो जायंगे। इससे उन दोनोंमें यदि संस्कार की हुई या नहीं संस्कार की हुई की आवृत्तिकर कन्याकी अनुमितिके अभावमें दूसरे के लिए दे—यह व्याख्या की है।

मदनपारिजाते नारदः—पाणिग्रहणिका मन्त्रा नियतं दारलक्षणम्।
तेषां च निष्ठा विज्ञेया विद्वद्भिः सप्तमे पदे॥ स्मृतिचन्द्रिकायामपरार्के चैवम्।

मदनपारिजातमें नारदने कहा है कि—पाणिग्रहण करानेवाले मन्त्र ही नियत स्त्रीके लक्षण है। उन मन्त्रोंपर विद्वानोंको सप्तमपदपर निष्ठा करनी चाहिये। स्मृतिचन्द्रिकामें और अपरार्क में भी यही है।

(विवाहादावाशौचप्राप्तौ निर्णयः)

आशौचे तु याज्ञवल्क्यः—(प्रायश्चि० २९) दाने विवाहे यज्ञे च सङ्ग्रामे देशविप्लवे।
आपद्यपि च कष्टायां सद्यः शौचं विधीयते॥

आशौचमें तो याज्ञवल्क्यने कहा है कि—दान (पूर्वसंकल्पितं द्रव्यं दीयमानं न दुष्यति) में, विवाह (चौल, उपनयन आदिका उपलक्षण है) में, यज्ञ (वृषोत्सर्ग आदि तथा प्रतिष्ठा, आरामादि उत्सव) संग्राम (संग्रामे समुपोढे राजानं सन्नाहयेत्, इतिसन्नहने प्रास्थानिकहोमादौ च) में, देशविप्लव (देशोपलवशमनार्थे शान्तिकर्मणि) में, आपत्ति—(देशपलायनादौ) और कष्टमें सद्यः (उसीसमय) आशौच का विधान होता है।

केषामित्यपेक्षिते ब्रह्मपुराणे उक्तम्—दातुः प्रतिग्रहीतुश्च कन्यादाने च नो भवेत्।
विवाहविष्णोः कन्याया लाजहोमादिकर्मणि॥ इति।

किनकी शुद्धि कही है इसकी अपेक्षा करनेपर तो ब्रह्मपुराण में कहा है कि-कन्यादान देनेवाले की और प्रतिग्रहीता (वर) का लाजहोम आदि कर्ममें सद्यःशौच होता है।

व्रतयज्ञविवाहेषु श्राद्धे होमेऽर्चने जपे। आरब्धे सूतकं न स्यादनारब्धे तु सूतकम्॥ इति विष्णुवचनाच्च।

विष्णुका वचन है कि-व्रत, यज्ञ, विवाह, श्राद्ध, होम, अर्चन और जपके आरंभमें सूतक नहीं होता है। अनारंभमें सूतक होता है।

प्रारम्भस्तेनैवोक्तः—प्रारम्भो वरणं यज्ञे सङ्कल्पो व्रतसत्रयोः।
नान्दीमुखं विवाहादौ श्राद्धे पाकपरिक्रिया॥ इति। वरणमिति मधुपर्कपरम्।

प्रारंभ तो उस (विष्णु) ने ही कहा है कि—यज्ञमें वरण का प्रारंभ, व्रत और सत्रयागमें संकल्प, विवाह आदिमें नान्दीमुख और श्राद्धमें पाकक्रिया (पाक बन जानेपर) कहा गया है। यह वरणशब्दसे मधुपर्क का ग्रहण करे।

१—यह गन्धर्व आदिका उपलक्षण है। यहाँपर सब तरहके विवाहों में ही संस्कारके अभाव में दूसरे को देनी चाहिये। ऐसा कहेंगे तो राक्षस और पैशाच का विशेष कथनका महत्व व्यर्थ हो जायगा। यह ठीक नहीं है। क्योंकि-मन्त्रों से यदि संस्कृत न हो या हो तो कन्याकी अनुमति से दूसरे को दे दे यह व्याख्या है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गृहीतमधुपर्कस्य यजमानाच्च ऋत्विजः। पश्चादशौचे पतिते न भवेदिति निश्चयः॥ इतिब्राह्मोक्तेः। मधुपर्कात्पूर्वं तु भवत्येवाशौचमिति शुद्धिविवेकः। रामाण्डारभाष्येऽप्येवम्।

ब्राह्मपुराण में कहा है कि—यजमान से ऋत्विजों ने मधुपर्क ग्रहण कर लिया हो बादमें आशौच हो जाय तो वह आशौच नहीं लगता है। यह निश्चित है।

शुद्धिविवेककारने कहा है—मधुपर्कके पहले आशौच होता ही है। रामाण्डारभाष्यमें भी यही कहा है।

(यज्ञादौ नान्दीमुखश्राद्धस्य कालविचारः)

नान्दीमुखावधिश्च स्मृत्यन्तरे—एकविंशत्यहर्यज्ञे विवाहे दश वासराः।
त्रिषट्चौलोपनयने नान्दीश्राद्धं विधीयते॥

और नान्दीमुख की अवधि तो स्मृत्यन्तर में कही है कि—यज्ञमें इक्कीसदिन, (सूतक आदि की संभावना में पहले ही इक्कीस दिन के भीतरमें ही) विवाह में दशदिन, तीन दिन-चूडाकरण में और छ दिन उपनयनमें नान्दीश्राद्ध पहले करना विधान कहा है।

(आरंभाभावे लग्नान्तराभावे च विचारः)

आरम्भाभावे लग्नान्तराभावे गद्यविष्णुः—न देवप्रतिष्ठाविवाहयोः पूर्वसंभृतयोरपि॥ इति।

आरंभके अभावमें भी लग्नान्तराभावमें गद्यविष्णुने कहा है कि—पहलेसे संभार (सामग्री) तैयार होने पर देवप्रतिष्ठा और विवाह (यज्ञे संभृतसंभारे विवाहे श्राद्धकर्मणि। सद्यः शौचम्) में आशौच नहीं होता है।

(अत्र सूतके प्राप्ते प्रायश्चित्तकथनम्)

अत्र प्रायश्चित्तमाह मदनपारिजाते विष्णुः—अनारब्धविशुद्ध्यर्थं कूष्माण्डैर्जुहुतात् घृतम्।
गां दद्यात्पञ्चगव्याशी ततः शुद्ध्यति सूतकी॥

यहाँपर प्रायश्चित्त मदनपारिजातमें विष्णुने कहा है कि—बिना प्रारंभ किये हुए कर्म की शुद्धिके लिए कूष्माण्डसंज्ञकमन्त्रों से घृतके द्वारा हवन, गोदान और पञ्चगव्यका प्राशन करे तो सूतकी की शुद्ध होती है।

(चूडोपनयनादौ प्रारंभे सूतकस्य प्राप्तौ विचारः)

सङ्ग्रहेऽपि—सङ्कटे समनुप्राप्ते सूतके समुपागते। कूष्माण्डीभिर्घृतं हुत्वा गां च दद्यात्पयस्विनीम्॥

संग्रहमें भी कहा है कि—संकटके प्राप्त होनेपर और सूतक के आनेपर कूष्माण्डसंज्ञकमन्त्रों से घृतके द्वारा हवन करे तथा दूधवाली गौ का दान करे।

चूडोपनयनोद्वाहप्रतिष्ठादिकमाचरेत्। यदैवसूतकप्राप्तिस्तदैवाभ्युदयक्रिया॥

चूडाकरण, उपनयन, विवाह, प्रतिष्ठा आदिके करते समय जब ही सूतकको प्राप्ति हो जाय तो उसी समय आभ्युदयिकक्रिया को करे।

(विवाहोत्सवयज्ञेषु मृतादिसूतकप्राप्तौ अन्नादिपरिवेषणे महत्वपूर्णविचारः)

अन्नादिषु विशेषः षट्त्रिंशन्मते—विवाहोत्सवयज्ञेषु त्वन्तरामृतसूतके।
परैरन्नं प्रदातव्यं भोक्तव्यं च द्विजोत्तमैः॥ परैः=असगोत्रैः।

अन्न-आदिमें तो विशेष षट्त्रिंशत्मतमें कहा है कि-विवाह, उत्सव और यज्ञके मध्यमें मरणाशौच या जननाशौच आ जाय तो असगोत्री मनुष्य अन्नको परोसें तो उत्तम द्विज भोजन करें। यहाँ 'पर' शब्द से असगोत्री को कहा है। अर्थात्-जिसके यहाँ आशौच हो उसके गोत्र से भिन्न गोत्रवाले हों।

भुञ्जानेषु तु विप्रेषु त्वन्तरामृतसूतके। अन्यगेहोदकाचान्ताः सर्वे ते शुचयः स्मृताः॥ एतदाशौचात्पूर्वमपृथक्कृतान्नविषयम्। तत्र शेषमन्नं त्याज्यमित्यर्थः।

ब्राह्मणों के भोजन करते समय मरण या जननाशौचकी प्राप्ति होजाय तो दूसरे घर के जलसे आचमन कर वे सब पवित्र हो जाते हैं। यह आशौचसे पहले पृथक् किये हुए अन्नके विषयमें है। उसमें शेष अन्न (परोसा हुए) को त्याग दे—यह अर्थ है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पृथक्कृतेषु तु बृहस्पतिराह—विवाहोत्सवयज्ञेषु त्वन्तरामृतसूतके ।
पूर्वसङ्कल्पितान्नेषु न दोषः परिकीर्तितः ॥ इति ।

अलग करनेमें तो बृहस्पति ने कहा है कि—विवाह, उत्सव और यज्ञमें तो मध्यमें मृतक या जननाशौच आ जाय तो पूर्वसंकल्पित अन्नोंमें दोष नहीं कहा गया है ।

(धर्मार्थविवाहकरणे फलविचारः)

धर्मार्थं विवाहकरणे फलमुक्तं महाभारते—ज्ञात्वा स्ववित्तसामर्थ्यादेकं चोद्वाहयेद् द्विजम् ।
तेनाप्याप्नोति तत्स्थानं शिवभक्तो नरो ध्रुवम् ॥

धर्मार्थविवाह के करनेमें महाभारतमें फल कहा है कि—अपने वित्तकी सामर्थ्यताको जानकर एक ब्राह्मण का भी विवाह करा दे तो इससे भी मनुष्य शिवभक्त उस स्थानको शीघ्र प्राप्त होता है ।

अपरार्के दक्षः—मातापितृविहीनं तु संस्कारोद्वाहनादिभिः ।
यः स्थापयति तस्येह पुण्यसंख्या न विद्यते ॥

अपरार्कमें दक्षने कहा है कि—माता और पिता से रहित बालकका उपनयनसंस्कार और विवाह आदि जो करता है उसकी पुण्यसंख्या यहाँपर नहीं होती है ।

मदनरत्ने भविष्ये—विवाहादिक्रियाकाले तत्क्रियासिद्धिकारणम् ।
यः प्रयच्छति धर्मज्ञः सोऽश्वमेधफलं लभेत् ॥

मदनरत्नमें भविष्यपुराण का कथन है कि—विवाह आदि क्रियाके समयमें उस क्रिया (विवाह आदि) की सिद्धिके योग्य जो धर्मज्ञ दान देता है वह 'अश्वमेधयज्ञ' का फल प्राप्त करता है ।

(विवाहोत्तरकन्यागृहे भोजनविचारः)

कन्यागृहे भोजननिषेधोऽपि तत्रैव—अप्रजायां तु कन्यायां न भुञ्जीत कदाचन ।
दौहित्रस्य मुखं दृष्ट्वा किमर्थमनुशोचति ॥

कन्याके घर भोजन निषेध भी वहींपर कहा है कि—अप्रजावाली कन्याके घरमें भोजन कभी भी न करे (अर्थात्—जिस कन्याके विवाहोत्तर पुत्र न हो उस कन्याके घर पर पिताको भोजन नहीं करना चाहिये ।) दौहित्र के मुखको देखकर किसकारणसे विचार करते हैं ।

अपरार्के आदित्यपुराणे—विष्णुं जामातरं मन्ये तस्य कोपं न कारयेत् । अप्रजायां तु कन्यायां नाश्नीयात्तस्य वै गृहे ॥ ब्रह्मदेयां न वै कन्यां दत्त्वाऽश्नीयात्कदाचन । अथ भुञ्जीत मोहाच्चेत्पूयाख्ये नरके वसेत् ॥

अपरार्क में आदित्यपुराणका कथन है कि—जामाता (दामाद) को विष्णुस्वरूप मानकर उसके ऊपर क्रोध न करे जिस कन्याके सन्तान न हो ऐसी कन्या के घरमें ही भोजन न करे ।

वेदमन्त्रोंसे (ब्राह्मविवाहविधान से) दी हुई कन्या के घर कभी भी भोजन न करे । यदि मोहसे भोजन करता है तो 'पूयाश' नामक नरकमें रहता है ।

(मांगल्यकार्येषु नूतनवस्त्रधारणविचारः)

तत्रैव कश्यपः—अहतं यन्त्रनिर्मुक्तं वासः प्रोक्तं स्वयम्भुवा ।
शस्तं तन्माङ्गलिक्येषु तावत्कालं न सर्वदा ॥ यन्त्रनिर्मुक्तं=नूतनम् ।

वहींपर कश्यपने कहा है कि-अहत (नवीन वस्त्र) यन्त्र से निकले हुए वस्त्रको (प्रोक्षणसे शुद्ध) ब्रह्माने मंगल में उतने ही कालतक पवित्र कहा है । सब समयके लिये नहीं पवित्र कहा है । यन्त्रसे निकला हुआ-नवीनवस्त्र ।

(विवाहादौ स्त्रिया सह भोजने विचारः)

विवाहमध्ये स्त्रिया सह भोजनेऽपि न दोष इत्याह हेमाद्रौ प्रायश्चित्तकाण्डे गालवः-विवाहकाले यात्रायां पथि चौरसमाकुले । असहायो भवेद्विप्रस्तदा कार्यं द्विजन्मभिः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विवाहके मध्यमें स्त्रीके साथ एकपात्र में भोजन करनेपर भी दोष नहीं होता है ऐसा हेमाद्रिमें प्रायश्चि काण्डमें गालवने कहा है कि–(विवाहके अतिरिक्त दोष होता है 'नाश्नीयात् भार्यया सार्धम्' ऐसा मनुने कहा है जो कोई कहते हैं कि–ब्राह्मण्या सह योऽश्नीयादुच्छिष्टं वा कदाचन । न तस्य दोषमिच्छन्ति नित्यमेव मनीषिणः यह अंगिराका वाक्य है । वह विवाहपरक है । इससे—ब्राह्मण्या भार्यया सार्धं क्वचिद् भुञ्जीत वाऽध्वनि अधोवर्ण्या स्त्रिया सार्धं भुक्त्वा पतति तत्क्षणात् ॥ ऐसा कहा है । क्वचित् विवाहेऽध्वनि चेत्यर्थात्) विवाहकाल में यात्राके समय चोरोंसे भरे हुए रास्तेमें यदि असहाय (अकेला) ब्राह्मण हो तब द्विजातिके साथ भोजन करे

(विवाहभिन्नकाले स्त्रिया सह भोजने प्रायश्चित्तकथनम्)

एकयानसमारोह एकपात्रे च भोजनम् । विवाहे पथि यात्रायां कृत्वा विप्रो न दोषभाक् । अन्यथा दोषमाप्नोति पश्चाच्चान्द्रायणं चरेत् ॥ मिताक्षरायामप्येवम् ।

एक सवारीमें एक साथ चढकर और एकपात्रमें भोजन विवाहकालमें रास्तेमें यात्राके समयमें करनेपर ब्राह्मणको दोष नहीं होता है । अन्यथा दोष को प्राप्त करता है फिर 'चान्द्रायणव्रत' को करे । मिताक्षरामें भी यही कहा है ।

(विवाहे नक्षत्रकथनम्)

रत्नमालायाम्—मूलमैत्रमृगरोहिणीकरैः पौष्णमारुतमघोत्तरान्वितैः ।
भौमसौरिरविवारवर्जिते पाणिपीडनविधिर्विधीयते ॥

मूल, अनुराधा, मृगशिरा, रोहिणी, हस्त, रेवती, स्वाती, मघा, तीनों उत्तरा इन नक्षत्रोंमें, मंगल, शनिवार तथा रविवार से वर्जित पाणिपीडन (विवाह) (मुख्यो विवाहः पूर्वाह्णे मध्याह्ने चोत्तमोत्तमः। निशायां मध्यमः प्रोक्तः अपराह्णे तु गर्हितः ॥) विधान कहा है ।

(अनिष्टनक्षत्रादौ दानकथनम्)

अत्रानिष्टनक्षत्रादौ दानमुक्तं ज्योतिषे—विपत्तारे गुडं दद्यान्निधने तिलकाञ्चनम् ।
प्रत्यरे लवणं दद्याच्छागं दद्यात्त्रिजन्मसु ॥

यहाँपर अनिष्टनक्षत्रादिमें ज्योतिषमें दान कहा है कि—विपत्तारा (जन्म या नाम नक्षत्रसे तीसरा नक्षत्र) में गुड, निधनमें (पूर्वोक्तप्रकारसे सातवाँ नक्षत्र) तिल और सुवर्ण, प्रत्यरि (पाँचवा) में निमक और त्रिजन्म (तीनों जन्मतारा) में छाग (बकरी) दे ।

चन्द्रे च शङ्खं लवणं च तारे तिथौ विरुद्धे त्वथ तन्दुलांश्च । धान्यं च दद्यात्करणे च वारे योगे विरुद्धे कनकं प्रदेयम् ॥

चन्द्रमा के विरुद्ध होनेपर शंख दे । नक्षत्रके विरुद्धमें निमक, तिथिके विरुद्धमें चावल, करण और वारके विपरीत होनेपर तो धान्य और योग के विरुद्ध होने पर तो सुवर्ण दे ।

(विवाहे मण्डपादिकथनम्)

विवाहे मण्डपमाह वसिष्ठः— षोडशारत्निकं कुर्याच्चतुर्द्वारोपशोभितम् । मण्डपं तोरणैर्युक्तं तत्र वेदिं प्रकल्पयेत् ॥ अष्टहस्तं तु रचयेन्मण्डपं वा त्रिषट्करम् ॥

विवाहमण्डप को वसिष्ठने कहा है कि—सोलहहाथके मण्डप का निर्माणकर उसमें चार दरवाजे (चारों दिशाओंमें) बनावे । तोरणों से युक्तकर उसमें वेदी की कल्पना (विवाह में श्रीधरोवेदी बीस कोणवाली) करे । आठ हाथ या अठारह (किसीके मतसे १२ हाथ) का मण्डप बनावे ।

(अवशिष्टनक्षत्रेषु तैलहरिद्रालेपनादिकथनम्)

दैवज्ञमनोहरः–चित्रा विशाखा शततारकाश्विनीज्येष्ठाभरण्यौ शिवभाच्चतुष्टयम् ।
हित्वा प्रशस्तं फलतैलवेदिका प्रदानकं कण्डनमण्डपादिकम् ॥

दैवज्ञमनोहरने कहा है कि—चित्रा, विशाखा, शतभिषा, अश्विनी, ज्येष्ठा, भरणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य तथा श्लेषा इन नक्षत्रोंको छोड़कर अवशिष्ट नक्षत्रों में फलदान, तैल, हरिद्रालेपन, वेदी (वेदी रचना), आदि कण्डन (कूटना)—विवाहादिविषयककार्य मण्डपादि निर्माण शुभप्रद है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हेमाद्रौ व्यासः—कण्डनदलनयवारकमण्डपमृद्वेदिवर्णकायखिलम् ।
तत्सम्बन्धिगतागतमृक्षे वैवाहिके कुर्यात् ॥ यवारकं 'चिकसा' इति प्रसिद्धम् ।

हेमाद्रिमें व्यासने कहा है कि—कण्डन-कूटना, दलन (दलना) यवारक (यवका उबटना) मण्डप, मट्टीकी वेदी, विवाह संबन्धि=कही आना जाना ये सब विवाहके नक्षत्रमें करे। यवारक=माने चिकसा यह प्रसिद्ध है।

वैवाहिके तु दिवसे शुभे वाथ तिथौ शुभे । चतुर्थिकं प्रकुर्वीत विधिदृष्टेन कर्मणा ॥

वैवाहिक शुभदिनमें या शुभतिथिमें शास्त्रोक्तविधिद्वारा 'चतुर्थीकर्म' करे।

(विवाहवेदिकाकथनम्)

वेदीमाह नारदः—हस्तोच्छ्रितां चतुर्हस्तैश्चतुरस्रां समन्ततः ।
स्तम्भैश्चतुर्भिः सुश्लक्ष्णां वामभागे तु सद्मनि ॥

समां तथा चतुर्दिक्षु सोपानैरतिशोभिताम् । प्रागुदक्प्रवणारम्भां स्तम्भैर्हंसशुकादिभिः ॥ एवं विधामारुरुक्षेन्मिथुनं साग्निवेदिकाम् ॥ इति ।

वेदिको नारदने कहा है कि—एकहाथ ऊँची, चारोंतरफ से चारहाथ चौडी समचतुरस्र चार रमणीय स्तंभोंसे युक्त घरके बायें भागमें बनावे। ऊपरसे समान हो और चारों दिशाओं में अतिसुन्दर सीढी लगी हों जो पूर्व या उत्तरदिशाकी तरफ झुकी हो, स्तंभोंमें हंस, शुक आदि के चित्र युक्त हों। ऐसी अग्नियुक्त वेदी पर कन्या और वर दोनों चढने की इच्छा करें।

सप्तर्षिमते—मङ्गलेषु च सर्वेषु मण्डपो गृहमानतः । कार्यः षोडशहस्तो वा द्विषट्हस्तो दशावधि ॥ स्तम्भैश्चतुर्भिरेवात्र वेदीमध्ये प्रतिष्ठिता ॥ हस्तो वध्वाः । सोपानं पश्चिमतः उपरिभागे उक्तपरिमाणाद्भिन्नम् ।

सप्तर्षिमतमें कहा है कि—सब मंगलकार्यों में घरके प्रमाणसे मण्डप का निर्माण करे—सोलहहाथ, बारहहाथ या दश हाथका बनवावे। वेदी के मध्य में चार ही स्तंभ प्रतिष्ठित करे। वधू (कन्या) के हाथ के प्रमाण से सीढी पश्चिमतरफ बनवावे ऊपर के भाग में प्रमाण से भिन्न हो।

(मृदाहरणम्)

अथ मृदाहरणम् । ज्योतिर्निबन्धे नारदः—कर्तव्यं मङ्गलेष्वादौ मङ्गलायाङ्कुरार्पणम् । नवमे सप्तमे वापि पञ्चमे दिवसेऽपि वा ॥ तृतीये बीजनक्षत्रे शुभवारे शुभोदये । सम्यग्गृहाण्यलङ्कृत्य वितानध्वजतोरणैः ॥ सह वादित्रनृत्याद्यैर्गत्वा प्रागुत्तरां दिशम् । तत्र मृत्सिकतां श्लक्ष्णां गृहीत्वा पुनरागतः ॥ मृन्मयेष्वथवा वैणवेषु पात्रेषु योजयेत् । अनेकबीजसंयुक्तां तोयपुष्पोपशोभिताम् ॥

अब मृत्तिका लानेका (ग्रहण) विधान ज्योतिर्निबन्ध में नारदने कहा है कि--मंगलकार्यों के आदिमें मंगलकार्य के लिए अङ्कुरार्पण (यवबोने की विधि) करे। नवें, सातवें, पाँचवे या तीसरे दिनमें या बीजके नक्षत्र में शुभवार और शुभ उदयमें चंदवा, ध्वजा, तोरण आदि से घरोंको अच्छीप्रकार से अलंकृत करके बाजे तथा नृत्यादियों के साथ पूर्वोत्तरदिशा (ईशानकोण) में जाकर मट्टी की रेती चिकनी का ग्रहण कर फिर घर आ जाय। उसे मट्टी के या बाँस के पात्रों में रख दे। उसमें अनेकतरह के बीजों से युक्त और जल-पुष्पसे शोभित करे।

(अङ्कुरार्पणविचारः)

शौनकः—आधानं गर्भसंस्कारं जातकर्म च नाम च । हित्वान्यत्र विधातव्यं मङ्गलेऽङ्कुरवापनम् ॥

शौनकने कहा है कि—आधान, गर्भसंस्कार, जातकर्म और नामकरण को त्यागकर अन्यत्र मङ्गलकार्य में अंकुरार्पण का विधान करना चाहिये।

बृहस्पतिः—आत्यन्तिकेषु कार्येषु कार्यं सद्योऽङ्कुरार्पणम् । अत्रैव वाग्दानं हरिद्राचन्दनञ्च कार्यम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बृहस्पतिने कहा है कि—आवश्यककार्यों में उसीसमय अङ्कुरार्पण करे। वहीं पर ही वाग्दान और हरिद्रावन्दन (हलदी की पूजा) करनी चाहिये।

(कन्यावरणकथनम्)

ज्योतिःप्रकाशे—चतुर्थो मण्डपः श्रेष्ठः सप्तमः पञ्चमस्तथा। नवमैकादशौ श्रेष्ठौ नेष्टौ षष्ठतृतीयकौ।
विवाहभे स्वोदये वा कन्यावरणमाचरेत् ॥

ज्योतिःप्रकाशमें कहा है कि—(आठहाथ से बीसहाथ के मण्डप श्रेष्ठ हैं। अर्थात्—आठहाथ, दशहाथ, बारहहाथ, चौदहहाथ सोलहहाथ, अठारहहाथ, बीसहाथ, पचीसहाथ, पचासहाथ, सौहाथ तथा हजारहाथका मण्डप इसप्रकार ग्यारह मण्डप होते हैं। उनमें चौथा, सातवाँ, पाँचवा, नवाँ और ग्यारहवाँ श्रेष्ठ होता है। (अर्थात्—चौदह, बीस, सोलह, पचास और हजार हाथ का मण्डप) छठा (अठारहहाथ) तथा तीसरा (बारहहाथ) शुभप्रद नहीं होता है। विवाहनक्षत्रमें या उसके उदय में कन्याका वरण करे।

(वरस्य वरणकथनम्)

वरस्यापि वरणमाह चण्डेश्वरः—उपवीतं फलं पुष्पं वासांसि विविधानि च।
देयं वराय वरणे कन्याभ्रात्रा द्विजेन वा ॥ इति।

वरका भी वरण चण्डेश्वरने कहा है कि—यज्ञोपवीत, फल, पुष्प, अनेकप्रकार के वस्त्र, वरके वरण में कन्या का भाई या ब्राह्मण दे।

(वाग्दानोत्तरं वरमरणे विचारः)

वाग्दानोत्तरं वरमरणेऽपरार्के स्मृतिचन्द्रिकायां वसिष्ठः—अद्भिर्वाचा च दत्तायां म्रियेतोर्ध्वं वरो यदि। न च मन्त्रोपनीता स्यात्कुमारी पितुरेव सा ॥

वाग्दान करनेके बाद वरके मरने पर अपरार्कस्मृतिचन्द्रिकामें वसिष्ठने कहा है कि—जल या वाणी द्वारा वाग्दान करने पर वर की यदि मृत्यु हो जाय तो पाणिग्रहण आदि के बिना वाणी या जलदान से भी भार्यात्व का उत्पादक न होनेसे वह पिताकी कुमारी है। अर्थात्—दूसरे को दी जा सकती है। (नोदकेन न वाचा कन्यायाः पतिरिष्यते। पाणिग्रहणसंस्कारात्पतित्वं सप्तमे पदे ॥ सप्तपदीपरिक्रमणात्प्राक्वरमरणे विधवात्वं नास्ति)।

(उद्वाहितकन्यायाः अप्राप्तमैथुनादौ विचारः)

यत्तु नारदः—उद्वाहितापि सा कन्या न चेत्सम्प्राप्तमैथुना।
पुनःसंस्कारमर्हेत यथा कन्या तथैव सा ॥ इति।

जो नारदने कहा है कि—विवाहिता कन्या (जिसका विवाह हो चुका है) का यदि मैथुन (पतिके साथ विषयवासनासंपर्क) न हुआ हो तो उसका फिर से संस्कार करने योग्य है क्योंकि वह कन्या पहले जैसी ही है।

(वरो यद्यन्यजातीयश्चेत्)

यच्च कात्यायनः—वरो यद्यन्यजातीयः पतितः क्लीब एव च। विकर्मस्थः सगोत्रो वा दासो दीर्घामयोऽपि वा ॥ ऊढापि देया सान्यस्मै सहावरणभूषणा ॥ इति। इदं कलौ निषिद्धम्।

और जो कात्यायनने कहा है कि—यदि वर अन्य जातीयका हो, पतित हो, नपुंसक हो, खराबकर्मों को करनेवाला हो, अपने गोत्रका हो, शूद्र हो और दीर्घरोगी हो तो विवाहित कन्याको (सिद्धान्त तो यह है कि—अपिशब्दसे वाग्दत्त कन्या का ही दूसरे के लिए दान प्राप्त होता है) वह दूसरे को आवरण-भूषणादियुक्त कर दे दे। यह (विवाहितकन्याका ऐसादान) कलि में निषिद्ध है।

देवरेण सुतोत्पत्तिर्दत्ता कन्या न दीयते। इत्यादित्यपुराणे कलौ निषेधात्। दत्ताशब्द ऊढापरः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'ऊढायाः पुनरुद्वाहम्' इति हेमाद्रावुक्तेः । अत एव सगोत्रासपिण्डादिविवाहेऽपि —भोगतस्तां परित्यज्य पालयेज्जननीमिव । इत्युक्तम् ।

देवरसे (जो अपुत्र हो गुरुकी आज्ञासे) पुत्रोत्पत्ति और विवाहित कन्याका फिर से देना यह आदित्यपुराणमें है वह कलियुग में निषेध है ।

दत्ताशब्द तो विवाहितकन्यापरक है । विवाहितकन्याका फिर से विवाह हेमाद्रिमें कहा है । इसलिए सगोत्र असपिण्ड आदिके विवाहमें भी—कहा है कि—उस कन्या को भोग (मैथुन) से त्यागकर माताकी तरह पालन करे । यों कहा है ।

(वरस्य देशान्तरगमने विचारः)

देशान्तरगमने तु कात्यायनः—वरयित्वा तु यः कश्चित्प्रणश्येत्पुरुषो यदा ।
ऋत्वागमांस्त्रीनतीत्य कन्यान्यं वरयेद्वरम् ॥

देशान्तरगमनमें तो कात्यायन ने कहा है कि—वरणकर कन्या को जो कोई पुरुष यदि मर जाय या देशान्तरमें चला जाय प्रतीक्षा करनेवाले की सारी क्रियायें व्यर्थ हो जांय) तो तीन आनेवाली ऋतुओं को (रजोदर्शन) अतिक्रमण कर (अर्थात्—छ महिनेबाद) कन्या अन्यवर का वरण करे ।

अपरार्के नारदोऽपि—प्रतिगृह्य तु यः कन्यां वरो देशान्तरं व्रजेत् ।
त्रीनृतून् समतिक्रम्य कन्यान्यं वरयेद्वरम् ॥

अपरार्कमें नारदने भी कहा है कि—जो वाग्दान से कन्या को अंगीकार कर शुक्ल को देकर मर गया हो या देशान्तरमें चला गया हो तो तीन ऋतुओं को अतिक्रमण कर कन्या अन्य वरका वरण करे ।

(शुल्कदाने महत्वपूर्णविचारः)

शुक्लदाने तु मनुवसिष्ठौ—(म० अ० ९।९७) कन्यायां दत्तशुल्कायां म्रियते यदि शुल्कदः ।
देवराय प्रदातव्या यदि कन्यानुमन्यते ॥

शुक्लदानमें मनु और वसिष्ठने तो कहा है कि—कन्याका शुक्ल देनेपर यदि शुक्लदेनेवाला मर जाय तो उसी कन्या को देवरको दे दे । यदि कन्या देवरका अनुमोदन करे तो दे दे यदि न स्वीकार करे तो उसे न दें अन्य को दे ।

चन्द्रिकायां कात्यायनः—प्रदाय शुल्कं गच्छेद्यः कन्यायाः स्त्रीधनं तथा ।
धार्या सा वर्षमेकं तु देयाऽन्यस्मै विधानतः ॥

चन्द्रिकामें कात्यायनने कहा है कि—जो कोई कन्याको शुक्ल या स्त्री धन देकर चला जाय तो उसे एक वर्ष तक धारण कर बाद में एक दूसरे को विधान से दे दे ।

अनेकेभ्यो हि दत्तायामनूढायां तु तत्र वै । पूर्वागतश्च[1] सर्वेषां लभेताद्यवरस्तु ताम् ॥

जो अविवाहित निर्दोष कन्याको अनेकों को वाणीमात्रसे देने पर उस कन्या को उन सबों में से पहले आनेवाले वर को दे दे ।

पश्चाद्वरेण यद्दत्तं तस्याः प्रतिलभेत सः । अथागच्छेन्नवोढायां दत्तं पूर्ववरो हरेत् ॥

पीछे वरने जो शुल्क दिया हो उसे कन्या वापस करे । इसके बाद नवविवाहित कन्या से दिये हुए शुक्ल को प्राप्त करे कन्या को न करे ।

याज्ञवल्क्यः—(आचारा० ६५) सकृत्प्रदीयते कन्या हरंस्तां चौरदण्डभाक् ।
दत्तामपि हरेत्पूर्वाञ्छ्रेयांश्चेद्वर आव्रजेत् ॥ पूर्वस्य दोषसत्वे इदमिति विज्ञानेश्वरः ।

याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—कन्यादान एकबार किया जाता है । उस कन्या के हरनेपर चोर दण्ड के

१—पुरागतः । पूर्वागत इति वा पाठः । अन्येन पाणिग्रहणात् पूर्वमागत इत्यर्थः । परागत इति वा पाठेऽप्ययमेवार्थः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ईशानकोण पूर्व अग्निकोण

(देवीपञ्चायतन)

विष्णु

शिव



उत्तर दक्षिण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्य



गणेश

वायव्यकोण

पश्चिम

नऋ्त्यकोण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तुल्य होता है। यदि प्रथम वरसे अन्य वर श्रेष्ठ आ जाय तो दी हुई कन्या को हरले। विज्ञानेश्वर ने कहा है कि—पहले वर में दोष हो तो पूर्वोक्त कार्य करे।

सम्बन्धतत्त्वे वसिष्ठः–कुलशीलविहीनस्य पश्चाद्धि पतितस्य च। अपस्मारिविधर्मस्य रोगिणां वेषधारिणाम् ॥ दत्तामपि हरेत्कन्यां सगोत्रोढां तथैव च ॥

सम्बन्धतत्त्वमें वसिष्ठने कहा है कि—कुल और शीलतासे हीन, बादमें पतित हो जानेपर, मृगीसे युक्त, विधर्ममतानुयायी, रोगी और वेषधारी ऐसे वर को दी हुई कन्याको भी छीन ले और सगोत्रकन्या को भी हर ले।

मनुः–षण्ढान्धबधिरादीनां विवाहोऽस्ति यथोचितम्। विवाहासंभवे तेषां कनिष्ठो विवहेत्तदा॥

मनुने कहा है कि—नपुंसक, अन्धा, बधिर आदियोंका यथोचित विवाह होता है विवाह के असंभवमें तो उनके छोटे भाई के साथ विवाह करे।

पितृव्यपुत्रे सापत्ने परदारसुतेषु च। विवाहाधानयज्ञादौ परिवेदो न दूषणम् ॥ अन्यद्वक्तव्यं विस्तरभीतेर्नोच्यत इति दिक्।

चाचाके पुत्रमें सापत्न (सौत) पुत्रोंमें और दूसरे की स्त्री के पुत्रों में विवाह, आधान और यज्ञ आदिमें परिवेद (बड़े भाई के रहते छोटे भाई का विवाह होना) दूषण नहीं होता है अन्य कुछ कहना चाहता हूँ पर विस्तार के भयसे नहीं कहता हूँ।

(नान्दीश्राद्धे विशेषकथनम्)

अत्र नान्दीश्राद्धे विशेषं तदधिकारिविशेषं चाग्रे वक्ष्यामः। इदं चाद्यविवाहे पिता कुर्यात्। द्वितीयादौ वर एव कुर्यात्।

नान्दीश्राद्धं पिता कुर्यादाद्ये पाणिग्रहे पुनः। अत ऊर्ध्वं प्रकुर्वीत स्वयमेव तु नान्दिकम् ॥ इति स्मृतेः।

वहाँपर नान्दीश्राद्धमें और उसके अधिकारियों को विशेष आगे कहेंगे। इस श्राद्धको पहले विवाह में पिता करे। द्वितीयविवाहमें वर ही करे। स्मृतिमें कहा है कि—आद्यपाणिग्रहण में पिता नान्दीश्राद्ध करे। इसके बाद स्वयं वर ही नान्दीश्राद्ध करे।

त्रिकाण्डमण्डनोऽपि–पित्रोस्तु जीवतोः कुर्यात्पुनः पाणिग्रहं यदा।
पितुर्नान्दीमुखं श्राद्धं नोक्तं तस्य मनीषिभिः॥

त्रिकाण्डमण्डनने भी कहा है कि—पिता और माताके जीवित रहनेपर यदि वरका दूसरा विवाह हो तो पिताको 'नान्दीमुखश्राद्ध' विद्वानों ने करना नहीं कहा है।

रेणुकारिका–उक्ते काले विवाहाङ्गं कुर्यान्नान्दीमुखं पिता।
देशान्तरे विवाहश्चेत्तत्र गत्वा भवेदिदम् ॥

रेणुकारिका में कहा है कि—शास्त्रीयकथनानुसार पिता विवाह का अंग नान्दीश्राद्ध को करे। यदि विवाह देशान्तर में हो तो वहाँ जाकर इस नान्दीश्राद्ध को करे।

(लग्नघटीस्थापनविधिः)

लग्नघटीस्थापनमाह नारदः–षडङ्गुलमितोत्सेधं द्वादशाङ्गुलमायतम्। कुर्यात्पातालवत्ताम्रपात्रं तद्दशभिः पलैः॥ ताम्रपात्रे जलैः पूर्णे मृत्पात्रे वाथवा शुभे। मण्डलार्द्धोदयं वीक्ष्य रवेस्तत्र विनिक्षिपेत् ॥

लग्नघटीस्थापन नारदने कहा है कि—छ अंगुल गहरी, बारह अंगुल चौड़ी, दशपलके तांबेके पात्रमें पाताल (समतल) की तरह करे। उस तांबेके पात्रमें या मृत्तिकाके शुभपात्रमें जल भर दे। सूर्यका मण्डल आधा उदय हो तो तब उसपात्र में देखकर उसमें सूर्य को छोड दे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत्र मन्त्रः–मुख्यं त्वमसि यन्त्राणां ब्रह्मणा निर्मितं पुरा ।
भवभावाय दंपत्योः कालसाधनकारणम् ॥ इति ।

उसमें मन्त्र है कि—आप यन्त्रों में मुख्य हो। पहले ब्रह्मा ने आपका निर्माण किया। वर और कन्या के शुभाशुभकी जानकारी के लिए समय (लग्न) के साधन का कारण आप हो।

(स्नातकादीनां मधुपर्कविचारः)

वरस्य मधुपर्कमाह याज्ञवल्क्यः–(आचाराध्याय श्लो० ११०) प्रतिसंवत्सरं त्वर्घ्याः स्नातकाचार्यपार्थिवाः। प्रियो विवाह्यश्च तथा यज्ञं प्रत्यृत्विजः पुनः ॥

वरका मधुपर्क याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—हर साल ये पूजनीय होते हैं—स्नातक, (ब्रह्मचारी) आचार्य, (उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेत् द्विजः। सकल्पं सरहस्यं च तमाचार्यं प्रचक्षते ॥) राजा, प्रिय, जिसका विवाह होता है और यज्ञ में हर समय ऋत्विज (अग्न्याधेयं पाकयज्ञानग्निष्टोमादिकान् मखान्। यः करोति वृतो यस्य स तस्य र्त्विगिहोच्यते)।

(अत्र मधुपर्के विशेषः)

अत्र विशेषो गृह्यपरिशिष्टे–वरस्य या भवेच्छाखा तच्छाखागृह्यचोदितः। मधुपर्कः प्रदातव्यो ह्यन्यशाखेऽपि दातरि ॥ अत्र वरदातृशब्दौ ऋत्विगाद्युपलक्षणम्। तदाहुः—'अर्चशाखया मधुपर्कः' इति। 'अर्च्यस्य यच्छाखीयं कर्म तच्छाखया मधुपर्कः' इति याज्ञिकाः। जयन्तस्तु–वरणवत्सर्वत्र यजमानशाखैव मधुपर्क इत्याह। तत्तु नाद्रियन्ते वृद्धाः।

यहाँ पर विशेष गृह्यपरिशिष्ट में कहा है कि—वर की जो शाखा हो उसी शाखा को गृह्यसूत्रमें कहा है उसी के अनुसार मधुपर्क देना चाहिये। उसीतरह ही अन्य शाखा में भी दाता को देना चाहिये।

यहाँ पर वर और दातृ शब्द ऋत्विग् आदि का उपलक्षण है। उसी बात को कहा है कि—अर्च्य शाखा से मधुपर्क करे। पूज्यका जो शाखीयकर्म है उस शाखा से मधुपर्क करे—यह याज्ञिक कहते हैं। जयन्त तो कहते हैं कि—वरणवत् सर्वत्र यजमान की शाखा से ही मधुपर्क करे—यों कहा है। उसे वृद्धों ने आदर नहीं किया है।

(विष्टरादिप्रकारकथनम्)

अत्र पञ्चाशता भवेद् ब्रह्मा तदर्द्धेन तु विष्टरः। इत्यादि गृह्यपरिशिष्टादेर्विष्टरादिलक्षणं मधुपर्कादिविधिश्च स्वगृह्यादेर्ज्ञेयः।

यहाँ पर पचास कुशाका ब्रह्मा होता है और उसके आधे का अर्थात् पचीस कुशा का विष्टर होता है। इत्यादि गृह्यपरिशिष्टादि में विष्टर आदिका लक्षण और मधुपर्क आदि विधि को अपने गृह्यसूत्रादि के द्वारा जानना [1]चाहिये।

(कन्यादाने प्रपितामहादीनामुच्चारणक्रमकथनम्)

कन्यादाने प्रपितामहपूर्वकमित्युक्तं स्मृत्यर्थसारे–नान्दीमुखे विवाहे च प्रपितामहपूर्वकम्। नाम संकीर्तयेद्विद्वानन्यत्र पितृपूर्वकम् ॥ नान्दीमुखे इति बह्वृचाद्यतिरिक्तविषयम्। गृह्यपरिशिष्टे पित्राद्यानुलोम्याम्नानात्।

कन्यादानमें प्रपितामहपूर्वक कहे ऐसा स्मृत्यर्थसार में कहा है कि—विद्वान् नान्दीमुख में और विवाह में प्रपितामहपूर्वक नाम का कथन करे। अन्यत्र तो पितृपूर्वक कहें। नान्दीमुख में—बह्वृचशाखा के अतिरिक्त (भिन्न) विषयक है। गृह्यपरिशिष्ट में पिता आदि का अनुलोम कहा है।

(कन्यादाने विचारः)

व्यासः–भुक्त्वा समुद्वहेत्कन्यां सावित्रीग्रहणं तथा। उपोषितः सुतां दद्यादर्चिताय द्विजाय तु ॥ भुक्त्वेति मधुपर्के वैधभोजनपरम्।

व्यासने कहा है कि—कन्या के साथ विवाह तथा सावित्री (गायत्री) ग्रहण भोजन करके करे तथा उपवास कर पूजित द्विजके लिए कन्या को दे। भोजनकर यह शास्त्रीय भोजनपरक है (भोजनानन्तर कल्पना

१—सर्वेषु धर्मकार्येषु पत्नी दक्षिणतः स्थिता। विप्रपादक्षालने च अभिषेके च वामतः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

में प्रमाण नहीं है। उचित तो यह है कि भोजन कर करे—यह अर्थ है। इससे लौकिक भोजन का और अभोजन का लाभ है।)

[illegible]

गृह्यपरिशिष्टे—कन्यां वरयमाणानामेष धर्मो विधीयते। प्रत्यङ्मुखा वरयन्ति प्रतिगृह्णन्ति प्राङ्मुखाः।

गृह्यपरिशिष्ट में कहा है कि—कन्याके वरण करनेवालों का यह धर्म है कि प्रत्यङ्मुख (पश्चिमाभिमुख) वरण करें और ग्रहण पूर्वमुख होकर करें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मदनरत्ने हेमाद्रौ च ऋष्यशृङ्गः—वरगोत्रं समुच्चार्य प्रपितामहपूर्वकम् ।
नाम सङ्कीर्तयेद्विद्वान् कन्यायाश्चैवमेव हि ॥

मदनरत्न में ऋष्यशृङ्ग ने कहा है कि—प्रपितामहपूर्वक वर के गोत्र का अच्छीप्रकार उच्चारण करे वैसे ही कन्याका भी नाम और गोत्र का विद्वान् उच्चारण करें।

तिष्ठेत्पूर्वमुखो दाता वरः प्रत्यङ्मुखो भवेत्। मधुपर्कार्चितायैनां तस्मै दद्यात्सदक्षिणाम् ॥

इस कन्या को दक्षिणा के सहित मधुपर्क से पूजित वर को दे। देनेवाला पूर्वाभिमुख हो और वर पश्चिमाभिमुख हो।

उदपात्रं ततो गृह्य मन्त्रेणानेन दापयेत्। गौरीं कन्यामिमां विप्र यथाशक्तिविभूषिताम् ॥
गोत्राय शर्मणे तुभ्यं दत्तां विप्र समाश्रय। भूमिं गां चैव दासीं च वासांसि च स्वशक्तितः ॥
महिषीं वाजिनश्चैव दद्यात्स्वर्णमणीनपि। ततः स्वगृह्यविधिना होमाद्यं कर्म कारयेत् ॥
यथाचारं विधेयानि माङ्गल्यकुतुकानि च ॥ एतत्कन्यादानं त्रिः कार्यमिति शौनकः।

जलपात्रको ग्रहण कर इस मन्त्र से दे। यथाशक्तिविभूषित (अलङ्कृत) इस गौरी कन्या को हे विप्र, अमुक गोत्र और अमुक शर्मा वाले आपके लिए दी हुई कन्या को अपना आश्रय (स्थान) दो।

अपनी शक्ति के अनुसार भूमि, गौ, दासी, वस्त्र, भैंस, घोड़ा तथा सोनेकी मणि को भी दे। तदनन्तर अपने गृह्यसूत्रके अनुसार होम आदि करावे। कुलपरंपराद्वारा मङ्गल तथा क्रीडा आदि करे। इस कन्यादान को तीनबार कहे—उच्चारण करे—ऐसा शौनक ने कहा है।

(गृहप्रवेशनीयहोमे विशेषकथनम्)

गृहप्रवेशनीयहोमे विशेषमाहाश्वलायनः—अर्धरात्रे व्यतीते तु परेद्युः प्रातरेव हि। गृहप्रवेशनीयः स्यादिति यज्ञविदो विदुः ॥ इति।

गृहप्रवेशनीयहोम में विशेष आश्वलायन ने कहा है कि—आधीरात के व्यतीत होने पर दूसरे दिन प्रातःकाल ही गृहप्रवेशनीयहवन करावे यह यज्ञवेत्ता कहते हैं।

(औपासनहोमे विशेषः)

औपासनहोमे विशेषमाह शौनकः—यदि रात्रौ विवाहाग्निरुत्पन्नः स्यात्तथा सति।
उपक्रम्योत्तरस्याह्नः सायं परिचरेदमुम् ॥ यदि रात्रौ नवनाडीमध्येऽग्न्युत्पत्तिस्तदा तदेव होमारम्भः, तदुत्तरं चेत्परदिने सायमारम्भ इति सुदर्शनभाष्ये उक्तम्।

औपासनहोम में विशेष शौनक ने कहा है कि—यदि विवाह की अग्नि रात्रि में उत्पन्न हो तो उसका उपक्रम्य (आरंभ कर) कर उत्तर—दूसरे दिन के सायंकाल में उसी अग्नि में करे।

यदि रातमें नौ नाड़ी (प्रातर्होमे सङ्गवान्तः काले त्वनुदितेऽथ वा। सायमस्तमिते होमः कालस्तु नवनाडिकाः ॥) के मध्य में अग्नि की उत्पत्ति हो तो उसी में ही हवन का प्रारम्भ करे। यदि दूसरे दिन हो तो सायंकाल में आरंभ करे—यह सुदर्शनभाष्य में कहा है।

(देवकोत्थापनकथनम्)

अथ देवकोत्थापनम्—समे च दिवसे कुर्याद् देवकोत्थापनं बुधः।
षष्ठं च विषमं नेष्टं मुक्त्वा पञ्चमसप्तमौ ॥

अब देवताका उत्थापन कहा है कि—विद्वान् को चाहिये कि—समदिनमें देव का उत्थापन (विसर्जन) करे उसमें पांचवे और सातवें दिन को त्यागकर छठा और विषमदिन इष्ट नहीं है।

(विवाहोत्तरं निषेधादिकथनम्)

निर्णयदीपे गार्ग्यः—नान्दीश्राद्धे कृते पश्चाद्यावन्मातृविसर्जनम्। दर्शश्राद्धं क्षयश्राद्धं स्नानं शीतोदकेन च ॥ अपसव्यं स्वधाकारं नित्यश्राद्धं तथैव च। ब्रह्मयज्ञं चाध्ययनं नदीसीमातिलङ्घनम् ॥ उपवासव्रतं चैव श्राद्धभोजनमेव च। नैव कुर्युः सपिण्डाश्च मण्डपोद्वासनावधि ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निर्णयदीप में गार्ग्य ने कहा है कि—नान्दीश्राद्ध करने पर जब तक मातृविसर्जन नहीं होता है—तब तक दर्शश्राद्ध, क्षयश्राद्ध, शीतोदक जलसे स्नान, अपसव्य, स्वधाकार, (पितृयज्ञ), नित्यश्राद्ध, ब्रह्मयज्ञ, अध्ययन, नदी और सीमा का अतिलंघन, उपवास, व्रत और श्राद्धभोजन सपिण्ड मण्डप के विसर्जन तक न करें।

(विवाहादौ स्पृष्टास्पृष्ट विचारः)

बृहस्पतिः—तीर्थे विवाहे यात्रायां सङ्ग्रामे देशविप्लवे । नगरग्रामदाहे च स्पृष्टास्पृष्टं न दुष्यति॥

बृहस्पति ने कहा है कि—तीर्थ में, विवाह में, यात्रा में, संग्राम में, देशविप्लव में, नगर और गाँव के दाह में स्पर्शास्पर्श में दोष नहीं होता है।

(मङ्गलोत्तरं स्नानादिविचारः)

योगियाज्ञवल्क्यः—न स्नायादुत्सवेऽतीते मङ्गलं विनिवर्त्य च ।
अनुव्रज्य सुहृद्बन्धूनर्चयित्वेष्टदेवताम् ॥

योगीयाज्ञवल्क्य ने कहा है कि—उत्सव के व्यतीत होनेपर, मंगलकार्य को बदलकर और अर्चन के विना इष्ट देवता को छोड़कर प्रिय बान्धवों के साथ स्नान न करे।

ज्योतिषे—स्नानं सचैलं तिलमिश्रकर्म प्रेतानुयानं कलशप्रदानम् ।
अपूर्वतीर्थामरदर्शनं च विवर्जयेन्मङ्गलतोऽब्दमेकम् ॥

ज्योतिष में कहा है कि—एकसाल तक—सचैल स्नान, तिलमिश्रित कार्य, प्रेत के साथ श्मशान गमन, श्राद्धीयकलश आदि का दान, जिस तीर्थ में कभी गये न हों वहाँ पर न जाय और देवदर्शन ये सब मंगलकार्य के होने पर न करे।

मासषट्कं विवाहादौ व्रतप्रारम्भणेऽपि च । जीर्णभाण्डादि न त्याज्यं गृहसंमार्जनं तथा ॥

विवाह आदि में और व्रत के आरम्भ में छ महिने तक जीर्ण (पुराने वर्तन) भाण्ड आदि तथा घर की झाडू का त्याग न करे।

ऊर्ध्वं विवाहात्पुत्रस्य तथा च व्रतबन्धनात् । आत्मनो मुण्डनं नैव वर्षं वर्षार्द्धमेव च ॥

पुत्रके विवाह होने के बाद एकसाल तक और यज्ञोपवीतसंस्कार होने के बाद छ महिने तक अपना मुण्डन नहीं कराना चाहिये।

अभ्यङ्गे सूतके चैव विवाहे पुत्रजन्मनि । माङ्गल्येषु च सर्वेषु न धार्यं गोपिचन्दनम् ॥

उबटन में, सूतक में (मरणाशौच में), विवाह में और पुत्रजन्म में सब मांगलिक कार्यों में गोपीचन्दन का धारण न करे।

ज्योतिर्निबन्धे—उद्वाहात्प्रथमे शुचौ यदि वसेद्भर्तुर्गृहे कन्यका । हन्यात्तज्जननीं क्षये ज्येष्ठे पतिज्येष्ठकम् । पौषे च श्वशुरं पतिं च मलिने चैत्रे स्वपित्रालये तिष्ठन्ती पितरं निहन्ति न भयं तेषामभावे भवेत् ॥

ज्योतिर्निबन्ध में कहा है कि—विवाह होने के बाद पहले आषाढ महिने में यदि कन्या अपने पति के घर में निवास करती है तो अपने पति की माता का तथा अपने निजीशरीर को क्षय (नष्ट) करती है। ज्येष्ठ महिने में अपने पति के ज्येष्ठ भाई का, पौष में श्वसुर का और मलमास में पति का नाश करती है चैत्र में विवाहोन्तर अपने पिता के घर में रहे तो पिता का नाश करती है। उन पूर्वोक्त महिने न हो तो किसी को भय नही होता है।

(विवाहात्प्रथमे पौषादिमासे विवाहितकन्यायाः विचारः)

निबन्धे—विवाहात्प्रथमे पौषे आषाढे चाधिमासके । न सा भर्तुर्गृहे तिष्ठेच्चैत्रे पितृगृहे तथा ॥

निबन्ध में कहा है कि—विवाह होने के बाद प्रथम (पहले साल में) पौष, आषाढ तथा अधिकमास में कन्या पति के घर में और चैत्र महिने में पिता के घर पर न रहे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(विवाहोत्तरकाले पिण्डदानादिविचारः)

हेमाद्रौ स्मृत्यन्तरे—विवाहव्रतचूडासु वर्षमर्द्धं तदर्द्धकम्। पिण्डदानं मृदा स्नानं न कुर्यात्तिलतर्पणम्॥

हेमाद्रि में स्मृत्यन्तर का कथन है कि—विवाह होने के बाद एक साल, यज्ञोपवीत-व्रत होने के बाद छ मास और चूडाकरणसंस्कार के बाद तीन मास पिण्डदान, मृत्तिकास्नान तथा तिलतर्पण (उपरागे पितुःश्राद्धे पातेऽमायां च सङ्क्रमे। निषेधेऽपि हि सर्वत्र तिलैस्तर्पणमाचरेत्॥ तीर्थे तिथिविशेषे च गयायां प्रेतपक्षके। निषिद्धेऽपि दिने कुर्यात्तिलैस्तर्पणमाचरेत्॥) न करे।

(तथा अर्धं पूर्ववत्। सपिण्डा नैव कुर्वीरन्नद्भिः स्नानमृतुत्रये। तीर्थे संवत्सरे प्रेते पितृयज्ञे महालये। कृतोद्वाहोऽपि कुर्वीत पिण्डनिर्वपणं सदा।)

(और आधाश्लोक तो पहलेकी तरह है। सपिण्डगण तीन ऋतु तक स्नान जलसे नहीं करते हैं—तीर्थ में, एकसाल प्रेत होने पर, पितृयज्ञ में और महालय में विवाह करने पर भी पिण्डदान सदा करते हैं।)

(वधूप्रवेशकथनम्)

अथ वधूप्रवेशः। जयतुङ्गे—मार्गशीर्षे तथा माघे माधवे ज्येष्ठसंज्ञके।
सुप्रशस्ते भवेद्वेश्मप्रवेशो नवयोषिताम्॥

अब वधूप्रवेश कहते हैं। जयतुंग में कहा है कि—मार्गशीर्ष, माघ, वैशाख तथा ज्येष्ठमास में और अच्छे दिन में नवीन स्त्रियों का गृहप्रवेश होता है।

नारदः—आरभ्योद्वाहदिवसात् षष्ठे वाऽप्यष्टमे दिने। वधूप्रवेशः संपत्त्यै दशमेऽथ समे दिने॥

नारद ने कहा है कि—विवाहदिन से आरम्भ कर छठे, आठवे, दशवें या समदिन में वधूप्रवेश करे तो सम्पत्ति प्राप्त होती है।

सङ्ग्रहे—विवाहमारभ्य वधूप्रवेशो युग्मे तिथौ षोडशवासरान्तात्।
ऊर्ध्वं ततोऽब्दे युजि पञ्चमान्तादतः परस्तान्नियमो न चास्ति॥

संग्रह में कहा है कि—विवाह दिन से प्रारम्भ कर सोलहदिन तक युग्मतिथि में वधूप्रवेश करे। इसके बाद पाँचसाल तक विषम वर्ष में करे। उसके बाद नियम नहीं है।

नारदः—समे वर्षे समे मासे यदि नारी गृहं व्रजेत्। आयुष्यं हरते भर्तुः सा नारी मरणं व्रजेत्॥

नारद ने कहा है कि—समसाल में, सममहिने में यदि स्त्री घर में प्रवेश करे तो वह पति की आयु को हरती है और वह नारी मरणावस्था को प्राप्त हो जाती है।

प्रयोगरत्ने तु—वधूप्रवेशः प्रथमे तृतीये शुभप्रदः पञ्चमकेऽथ वाह्नि। द्वितीयके वाथ चतुर्थके वा षष्ठे वियोगामयदुःखदः स्यात्॥ इत्युक्तं, तत्र मूलं चिन्त्यम्।

प्रयोगरत्नमें तो कहा है कि-प्रथम, तृतीय तथा पाँचवेदिन वधूप्रवेश शुभप्रद होता है। दूसरे, चौथे, और छठे दिन वियोग, रोग तथा दुःखको देनेवाला होता है। ऐसा कहा है। उसमें मूल चिन्तनीय (विचारणीय) है।

वृद्धवसिष्ठोऽपि—षष्ठाष्टमे वा दशमे दिने वा विवाहमारभ्य वधूप्रवेशः।
पञ्चाङ्गसंशुद्धदिनं विनापि विधावसद्गोचरगेऽपि कार्यः॥

वृद्धवसिष्ठ ने भी कहा है कि—विवाह दिन से प्रारम्भ कर छठे, आठवे और दशवे दिन पंचांग दिन की शुद्धि के बिना भी तथा चन्द्रमा के निषिद्ध गोचर होने पर भी करे।

लल्लः—स्वभवनपुरप्रवेशे देशानां विप्लवे तथोद्वाहे। नववध्वा गृहगमने प्रतिशुक्रविचारणा नास्ति॥

लल्ल ने कहा है कि—अपने भवन (पित्र्ये गृहे चेत्कुचपुष्पसंभवस्तदा न दोषः प्रतिशुक्रसंभवः। यावच्चन्द्रः पूषभात्कृत्तिकाद्ये तावच्छुक्रोऽन्धो न दुष्टोऽग्रदक्ष॥) और नगर के प्रवेश में, देशों के विप्लव में, विवाह में और नूतनवधूके गृहप्रवेश में संमुख शुक्र का विचार नहीं होता है।

माण्डव्यः—नित्ययाने गृहे जीर्णे प्राशनान्तेषु सप्तसु। वधूप्रवेशे माङ्गल्ये न मौढ्यं गुरुशुक्रयोः॥

माण्डव्य ने कहा है कि—प्रतिदिन सवारी के गमन में, जीर्णघर में, अन्नप्राशनान्त (गर्भाधान,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, निष्क्रमण, नामकरण और अन्नप्राशन) सात कार्यों में, मांगलिक वधूप्रवेश में वृहस्पति तथा शुक्र के अस्त का विचार न करे।

ज्योतिःप्रकाशे—वामे शुक्रे नवोढायाः सुखं हानिश्च दक्षिणे।
धनं धान्यं च पृष्ठस्थे सर्वनाशः पुरःस्थिते॥

ज्योतिःप्रकाश में कहा है कि—शुक्र बाये भाग में हो तो नवीन स्त्री को वधूप्रवेश में सुख होता है। दक्षिणहिस्से में शुक्र हो तो हानि होती है। पीठ में शुक्र पड़ता हो तो धन और धान्य का तथा आगे शुक्र हो तो सर्वनाश कारक होता है।

नवोढायास्तु वैधव्यं यदुक्तं सम्मुखे भृगौ। तदेव विबुधैर्ज्ञेयं केवलं तु द्विरागमे॥

संमुख शुक्र हो तो नवीन वधू को वैधव्ययोग कहा है वही ही केवल द्विरागमन में विद्वानों को जानना चाहिये।

पूर्वतोऽभ्युदिते शुक्रे प्रयायाद्दक्षिणापरे। पश्चादभ्युदिते चैव यायात्पूर्वोत्तरे दिशौ॥

यदि शुक्र पूर्वदिशा में उदय हो तो दक्षिणदिशा तथा पश्चिमदिशा में गमन करे। पश्चिमदिशा में शुक्र हो तो पूर्व और उत्तरदिशा में गमन करे।

व्यवहारतत्त्वे—पौष्णात्कराच्च श्रवणाच्च युग्मे हस्तत्रये मूलमघोत्तरासु।
पुष्ये च मैत्रे च वधूप्रवेशो रिक्तेतरे व्यर्ककुजे च शस्तः॥

व्यवहारतत्त्व में कहा है कि—रेवती, हस्त तथा श्रवण से दो दो, हस्त से तीन, मूल, मघा, तीनों उत्तरा, पुष्य, अनुराधा, रिक्ता से भिन्न तिथि, रवि और मंगल भिन्न दिन में वधूप्रवेश उत्तम है।

गर्गः—व्यतीपाते च संक्रान्तौ ग्रहणे वैधृतावपि। श्राद्धं विना शुभं नैव प्राप्तकालेऽपि मानवः॥

गर्गने कहा है कि—व्यतीपात में, संक्रान्ति में, ग्रहण में और वैधृति में श्राद्ध के बिना शुभदिन के प्राप्त होने पर भी मनुष्य न करें।

तथा—अमासंक्रान्तिविष्ट्याद्यौ प्राप्तकालेऽपि नाचरेत्॥ इति।

और अमावास्या, संक्रान्ति, भद्रा आदि में शुभ दिन प्राप्त होने पर भी शुभ कार्य न करे।

(द्विरागमनकथनम्)

अथ द्विरागमनम्। ऋक्षोच्चये-माघफाल्गुनवैशाखे शुक्लपक्षे शुभे दिने।
गुर्वादित्यविशुद्धौ स्यान्नित्यं पत्नीद्विरागमः॥

अब द्विरागमन कहते हैं। ऋक्षोच्चय में कहा है कि—माघ, फाल्गुन और वैशाख के शुक्लपक्ष में तथा शुभदिन में गुर्वादित्य की शुद्धि में पत्नी का द्विरागमन उत्तम होता है।

बादरायणः—नीहारांशुदिनोत्तरादितिगुरुब्रह्मानुराधाश्विनीशुक्रे भास्करवायुविष्णुवरुणत्वाष्ट्रे प्रशस्ते तिथौ। कुम्भाजालिगते रवौ शुभकरे प्राप्तोदये भार्गवे जीवज्ञास्फुजितां दिने नववधूवेश्मप्रवेशः शुभः॥

बादरायण ने कहा है कि—सोमवार, उत्तरा, पुनर्वसु, पुष्य, रोहिणी, अनुराधा, अश्विनी, ज्येष्ठा, श्रवण, स्वाती, चित्रा, उत्तम तिथि, कुम्भ, मेष, वृश्चिक का सूर्य तथा शुभलग्न के उदय होने पर शुक्र, वृहस्पति, बुध और सोमवार दिन में नवीन वधू का गृहप्रवेश कल्याणकारण है।

(पुनर्विवाहकथनम्)

अथ पुनर्विवाहः। श्रीधरीये-पुनर्विवाहं वक्ष्यामि दम्पत्योः शुभवृद्धिदम्। लग्नेन्दुलग्नयोर्दोषे ग्रहतारादिसम्भवे॥ अन्येष्वशुभकालेषु दुष्टयोगादिसम्भवे। विवाहे चापि दम्पत्योराशौचादिसमुद्भवे॥ तस्य दोषस्य शान्त्यर्थं पुनर्वैवाह्यमिष्यते॥

अब पुनर्विवाह कहते हैं। श्रीधरीय में कहा है कि—दम्पति (स्त्री और पुरुष) के शुभ और वृद्धि को देनेवाले 'पुनर्विवाह' (विवाह हो जाने के बाद पञ्चांग की शुद्धि ठीक नहीं थी ऐसा जानने पर उन ही दोनों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(वधू और वर) का फिर से विवाह करे।) को कहता हूँ। लग्न तथा चन्द्रलग्न के दोष में, ग्रह तथा तारा आदि के संभव में और अन्य अशुभ कालों में, दुष्टयोगादि के संभव में, विवाह में और दम्पत्ति के आशौच आदि के संभव में उसके दोष के निवृत्ति के लिए फिरसे विवाह कहा है।

याज्ञवल्क्यः—(आचाराध्याय-७३) सुरापी व्याधिता धूर्ता वन्ध्यार्थघ्न्यप्रियंवदा।
स्त्रीप्रसूश्चाधिवेत्तव्या पुरुषद्वेषिणी तथा॥

याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—मदिरापान करनेवाली (पतत्यर्धं शरीरस्य यस्य भार्या सुरां पिबेत्।) दीर्घरोग से ग्रस्त, वंचना करनेवाली (विसंवादिनी वा) वन्ध्या, (बाँझ), धन को नष्ट करनेवाली, अप्रिय-बोलने वाली, कन्याओं को उत्पन्न करनेवाली और पति के साथ द्वेषकरनेवाली पत्नी के रहते हुए भी पति को दूसरा विवाह कर लेना चाहिये।

मनुः—(अ० ६ श्लो० ८१) वन्ध्याष्टमेऽधिवेद्याऽब्दे दशमे तु मृतप्रजा।
एकादशे स्त्रीजननी सद्यस्त्वप्रियवादिनी॥

मनुने कहा है कि—स्त्री वन्ध्या हो तो आठवे साल में, जिस स्त्री के बालक मर जाते हो तो दशवें वर्षमें केवल जिसके कन्या उत्पन्न होती हो ग्यारहे वर्ष में और अप्रिय (कठोरवचन) वाणी बोलती हो तो पति को तुरन्त दूसरा विवाह कर लेना चाहिये।

सङ्ग्रहे तु—अप्रजां दशमे वर्षे स्त्रीप्रजां द्वादशे त्यजेत्। मृतप्रजां पञ्चदशे सद्यस्त्वप्रियवादिनीम्॥

सङ्ग्रह में कहा है कि—जिसके सन्तान न होती हो दशवें वर्ष में, कन्या ही उत्पन्न होती हो बारहवें वर्ष में और जिसकी सन्तान मर जाती हो तो पन्द्रहवे वर्ष में विवाह दूसरा करे। यदि कठोरवचन कहने वाली हो तो तुरन्त ही पति को दूसरा विवाह कर लेना चाहिये।

एकामुत्क्रम्य कामार्थमन्यां लब्धुं य इच्छति। समर्थस्तोषयित्वार्थैः पूर्वोढामपरां वहेत्॥

जो मनुष्य एक स्त्री को उल्लंघन कर कामना (विषय) के लिए दूसरी स्त्री को प्राप्त करने की इच्छा करता है। यदि वह समर्थ हो तो प्रथम विवाहिता स्त्री को धन आदि से प्रसन्नकर दूसरी स्त्री से विवाह कर सकता है।

लिंगप्रतिष्ठा में विशेष हेमाद्रिमें लक्षणसमुचयमत से कहा है कि—उत्तरायणसूर्यमें लिंग की स्थापना उत्तम होती है। दक्षिणायनसूर्यमें स्थापित किया हुआ लिंग डेढसाल तक भयको देनेवाला होता है। अपने घरमें लिंगका स्थापन दक्षिणायन में (मुक्तिकामनावालों को दक्षिणायन में लिंगका स्थापन करने में दोष नहीं है। श्रेष्ठोत्तरे प्रतिष्ठा स्यादयने मुक्तिमिच्छताम् । दक्षिणे तु मुमुक्षूणां मलमासे न सा द्वयोः ॥) करना इष्ट नहीं होता है। शिशिर आदि तीन ऋतु में स्थापन करना चाहिये।

(लिङ्गस्थापने मासादिविचारः)

प्रावृषि स्थापितं लिङ्गं भवेद्वरदयोगदम् ॥ हेमन्ते ज्ञानदं चैव शिशिरे सर्वभूतिदम् । लक्ष्मीप्रदं वसन्ते च ग्रीष्मे च जयशान्तिदम् ॥ यतीनां सर्वकाले च लिङ्गस्यारोपणं मतम् ॥

शरदऋतु में स्थापित किया लिंग वर और योग को देनेवाला होता है। हेमन्त में स्थापित किया लिंग ज्ञान को और शिशरऋतु में स्थापित लिंग सब ऐश्वर्यों को देता है। वसन्तमें स्थापित लिंग लक्ष्मी को देता है। ग्रीष्मऋतु में स्थापित लिंग जय और शान्ति को देता है। यति-संन्यासियों को सब समयमें लिंगका स्थापन करना चाहिये।

रत्नावल्याम्—माघफाल्गुनवैशाखज्येष्ठाषाढेषु पञ्चसु । मासेषु शुक्लपक्षेषु लिङ्गस्थापनमुत्तमम् ॥

रत्नावली में कहा है कि—माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ और आषाढमास इन पाँच महिनों के शुक्लपक्ष में लिङ्ग का स्थापन करना उत्तम है।

विष्णोरप्याह तत्रैव वैखानसः—मार्गशीर्षादिमासौ द्वौ निन्दितौ ब्रह्मणा पुरा । मासेषु फाल्गुनः श्रेष्ठश्चैत्रो वैशाख एव च । वृषे वाप्याश्वयुङ्मासे श्रावणे मासि वा भवेत् ॥

विष्णुने भी वहीपर वैखानस में कहा है कि—ब्रह्माने पहले मार्गशीर्ष तथा पौषमास निन्दित कहे हैं। मासोंमें फाल्गुन, चैत्र और वैशाख, ज्येष्ठ, आश्विन या श्रावण मास उत्तम कहा है।

बौधायनसूत्रे विष्णुप्रतिष्ठामुपक्रम्य-'द्वादश्यां श्रोणायां वा यानि चान्यानि पुण्यनक्षत्राणि ।' इति । कृत्तिकादिविशाखान्तेष्वित्यर्थः ।

बौधायनसूत्र में विष्णु की प्रतिष्ठा का प्रारम्भ कर कहा है कि—शुक्लपक्षकी किसी द्वादशी में या जो अन्य पुण्यदायक नक्षत्र हैं। अर्थात्—कृत्तिकासे प्रारंभ कर विशाखान्तक में यह अर्थ है।

(सर्वदेवेषु मासविशेषकथनम्)

सर्वदेवेषु मासविशेषो हेमाद्रौ विष्णुधर्मे-माघे कर्तुर्विनाशाय फाल्गुने शुभदा भवेत् । लोकानन्दकरी चैत्रे वैशाखे वरसंयुता ॥ आज्ञायुता सदा ज्येष्ठे आषाढे धर्मवृद्धिदा । श्रावणे धनहीना स्यात् प्रोष्ठपादे विनश्यति ॥ आश्विने नाशमाप्नोति वह्निना कार्तिके तथा । सौम्ये सौभाग्यमतुलं पौषे पुष्टिरनुत्तमा ॥ दोषान्विताधिमासे स्यात् कर्तुरात्मन एव च ॥ इति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र श्रावणाश्विनयोर्निषेधो मार्गशीर्षविधिश्च विष्णुव्यतिरिक्तविषयः। पूर्वोक्तवचनादिति हेमाद्रिः माघश्रावणभाद्रपदनिषेधः शिवव्यतिरिक्तविषयः, तत्र तस्योक्तेः।

सब देवताओं में या मासविशेष हेमाद्रिमें विष्णुधर्म ने कहा है कि—माघमास में करनेवाले ॰ नाश होता है। फाल्गुनमासमें शुभको देनेवाली होती है। चैत्रमासमें संसार को आनन्द देनेवाली होती है। वैशाखमासमें वरको देनेवाली होती है। ज्येष्ठमहिने में सदा आज्ञा प्रदान करनेवाली होती है आषाढमासमें धर्म की वृद्धि करती है। श्रावणमास में धन से हीन करती है। भाद्रपदमास में विनाश करती है। आश्विनमास में नाश करती है। कार्तिकमास में अग्नि से दग्ध करती है। मार्गशीर्ष मासमें अतुलनीय सौभाग्य को देती है। पौषमास में सर्वोत्तम पुष्टि को देती है। अधिकमास में—कर्ता और स॰ अपने आपमें दोष देनेवाली होती है।

यहाँपर श्रावण और आश्विनमास का निषेध है तथा मार्गशीर्षमासकी विधि है। वह विष्णु प्रतिष्ठा के अतिरिक्त विषयका है—पहले कहे हुए वचन से—यह हेमाद्रि में कहा है। माघ, श्रावण और भाद्रपदमास का निषेध शिवप्रतिष्ठा के अतिरिक्त विषयका है। क्योंकि वहाँपर उसका विधान कहा है।

(देवीस्थापने विशेषः)

देवीस्थापने तत्रैव विशेषो देवीपुराणे—देव्या माघेऽश्विने मासे उत्तमा सर्वकामदा।

देवीस्थापन में वहीं पर विशेष देवीपुराण में कहा है कि—देवीकी प्रतिष्ठा माघ और आश्विनमासमें उत्तम तथा सब कामनाओं को देनेवाली है।

तथा—न तिथिर्न च नक्षत्रं नोपवासोऽत्र कारणम्। सर्वकालं प्रकर्तव्यं कृष्णपक्षे विशेषतः। अन्यश्चात्र विचारो हेमाद्रौ ज्ञेयः।

और उसमें तिथि, नक्षत्र तथा उपवास का कारण नहीं है। सब समय में करना चाहिये। उसमें भी कृष्णपक्ष में विशेष कर करे। इसमें यहाँपर अन्यत्र से विचार हेमाद्रि में देखना चाहिये।

(धनादिहीनतायां प्रतिष्ठास्थापने रिपुत्वकथनम्)

नारदः—हन्त्यर्थहीना कर्तारं मन्त्रहीना तु ऋत्विजम्। स्त्रियं लक्षणहीना तु न प्रतिष्ठासमो रिपुः।

नारदपुराणमें कहा है कि—धनसे रहित प्रतिष्ठा कर्ता (यजमान) का नाश (अन्नहीनो दहेद्राष्ट्रं मन्त्रहीनस्तु ऋत्विजम्। श्रद्धाविहीनः कर्तारं नास्ति यज्ञसमो रिपुः॥) करती है। मन्त्रसे रहित प्रतिष्ठा ऋत्विजों (होता आदि) का नाश करती है। लक्षणों से रहित प्रतिष्ठा स्त्री का नाश करती है। अतः प्रतिष्ठा के बराबर कोई शत्रु नहीं होता है।

(अधिकारिकथनम्)

अत्राधिकारिण उक्ताः कृत्यकल्पतरौ देवीपुराणे—वर्णाश्रमविभेदेन देवाः स्थाप्यास्तु नान्यथा। ब्रह्मा तु ब्राह्मणैः स्थाप्यो गायत्रीसहितः प्रभुः॥ चतुर्वर्णैस्तथा विष्णुः प्रतिष्ठाप्यः सुखार्थिभिः। भैरवोऽपि चतुर्वर्णैरन्त्यजानां तथा मतः॥ मातरः सर्वलोकैस्तु स्थाप्याः पूज्याः सुरोत्तमाः। लिङ्गं गृही यतिर्वापि संस्थाप्य तु यजेत्सदा॥

यहाँपर अधिकारी कृत्यकल्पतरु और देवीपुराण में कहा है कि—वर्ण और आश्रमके भेदसे देवताओं की स्थापना करे। इससे विपरीत न करे। ब्राह्मणगण—गायत्री के सहित ब्रह्माका स्थापन करे। चारों वर्णों के लोग सुखकी इच्छा के लिए विष्णु की स्थापना करे। चारों वर्ण के लोग और अन्त्यज भैरव की स्थापना करे। संसार के सब प्राणी देवताओं में उत्तम माताओं की स्थापना करे। सदा गृहस्थ और संन्यासी लिङ्ग का स्थापन कर पूजा करे।

शिवसर्वस्वे भविष्ये—यस्तु पूजयते लिङ्गं देवादिं मां जपत्पतिम्। ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यः शूद्रो वा मत्परायणः॥ तस्य प्रीतः प्रदास्यामि शुभाँल्लोकाननुत्तमाम्॥

शिवसर्वस्व में भविष्यपुराण का वचन है कि—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र मेरे में तत्पर हो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



कर्मकुटी



जलाधिवास



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गन्धाधिवास



पुष्पाधिवास

अन्नाधिवास
और
शर्कराधिवास

मिष्टान्नाधिवास



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देवताओं में आदि मुक्त जगत्पति लिंग का जो पूजन करता है। उसपर प्रसन्न होकर उत्तमोत्तम शुभ लोकों को देता हूँ।

तिथितत्त्वे स्कान्दे–शूद्रः कर्माणि यो नित्यं स्वीयानि कुरुते प्रिये।
तस्याहमर्चां गृह्णामि चन्द्रखण्डविभूषिते ॥

तिथितत्त्वमें स्कन्दपुराण का मत है कि—हे प्रिये, जो शूद्र अपने नित्यकर्मों को करता है। हे चन्द्रखण्डविभूषिते, उसकी मैं पूजा को ग्रहण करता हूँ।

ब्रह्मचारी गृहस्थो वा वानप्रस्थश्च सुव्रते। एवं दिने दिने देवं पूजयेदम्बिकापतिम् ॥

सुव्रते, ब्रह्मचारी, गृहस्थ और वानप्रस्थ जो इसप्रकार प्रतिदिन अम्बिकापति की पूजा करे।

संन्यासी देवदेवेशं प्रणवेनैव पूजयेत्। नमोन्तेन शिवेनैव स्त्रीणां पूजा विधीयते ॥ एतच्च पुराणप्रसिद्धजीर्णलिङ्गपूजाविषयम्।

देवों में देवेश का संन्यासी प्रणवसे ही पूजा करे। और स्त्रियोंको 'शिवाय नमः' इस मन्त्रसे पूजा का विधान करे। ये वचन पुराणप्रसिद्ध जीर्णलिंगपूजा विषयक हैं।

(त्रिस्थलीसेतुमते लिङ्गादिस्पर्शनादौ विचारः)

यानि तु त्रिस्थलीसेतौ नारदीये–यः शूद्रेणार्चितं लिङ्गं विष्णुं वा प्रणमेन्नरः न तस्य निष्कृतिर्दृष्टा प्रायश्चित्तायुतैरपि ॥ नमेद्यः शूद्रसंस्पृष्टं लिङ्गं वा हरिमेव वा। स सर्वयातनाभोगी यावदाचन्द्रतारकम् ॥ पाखण्डपूजितं लिङ्गं नत्वा पाखण्डतां व्रजेत्। आभीरपूजितं लिङ्गं नत्वा नरकमश्नुते ॥ योषिद्भिः पूजितं लिङ्गं विष्णुं वापि नमेत्तु यः। स कोटिकुलसंयुक्तमाकल्पं रौरवं वसेत् ॥ इत्यादीनि, तानि नूतनस्थापितलिङ्गादिविषयाणि।

जो त्रिस्थलीसेतु में नारदपुराण का वचन है कि जो मनुष्य शूद्रसे स्पृष्ट लिंग या हरिकी प्रतिमा को नमस्कार करता है। जो मनुष्य शूद्रसे पूजित लिंग या विष्णु को प्रणाम करता है। उसका निस्तार अयुत प्रायश्चित्त करनेपर भी नहीं देखा गया है। वह जब तक चन्द्रमा और तारे रहेगें तबतक सब यातनाओंका भोगनेवाला होता है। पाखण्डियोंसे अर्चित लिंगको नमस्कार करनेवाला पाखण्डताको प्राप्त होता है। आभीरों (अहीर) द्वारा पूजित लिङ्गको नमस्कार करनेवाला नरक में जाता है। जो स्त्रियों द्वारा पूजित लिंग या विष्णु को नमस्कार करता है वह करोडों कुलसे युक्त होकर कल्पपर्यन्त नरक में निवास करता है। ये सब वचन नूतन स्थापित लिङ्गादि विषयक हैं।

यदा प्रतिष्ठितं लिङ्गं मन्त्रविद्भिर्यथाविधि। तदाप्रभृति शूद्रश्च योषिद्वापि न संस्पृशेत् ॥ इति तत्रैवोक्तेः।

जब मन्त्रोंके जानकारों ने यथाविधि लिंगको प्रतिष्ठापित किया है। उसीकाल से शूद्र या स्त्री उसका स्पर्श न करे—यह बात वहीं पर कही है।

(प्रतिष्ठायां शूद्रादीनामधिकारविचारः)

प्रतिष्ठायां तु शूद्रादीनां नाधिकारः। स्त्रीणामनुपनीतानां शूद्राणां च नरेश्वर। स्थापने नाधिकारोऽस्ति विष्णोर्वा शङ्करस्य वा ॥

प्रतिष्ठा में तो शूद्र आदियों को अधिकार नहीं है। हे जनेश्वर, विष्णु या शंकर के स्थापन में स्त्रियों को अनुपनीतों को और शूद्रोंको अधिकार नहीं है।

यः शूद्रसंस्कृतं लिङ्गं विष्णुं वापि नमेन्नरः। इहैवात्यन्तदुःखानि पश्यत्यामुष्मिके किमु ॥

जो मनुष्य शूद्रसे संस्कृत (स्थापित) लिङ्ग या विष्णु को नमस्कार करता है वह इसीलोकमें अत्यन्त दुःखों को देखता है और परलोक में क्या कहना है।

शूद्रो वानुपनीतो वा स्त्रियो वा पतितोऽपि वा। केशवं वा शिवं वापि स्पृष्ट्वा नरकमश्नुते ॥ इति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बृहन्नारदीयस्कान्दोक्तेरिति त्रिस्थलीसेतौ पितामहचरणाः। चतुर्वर्णैरिति पूर्वोक्तवचनाद्विष्ण्वादि प्रतिष्ठायां शूद्रस्य विकल्प इति तु युक्तं पश्यामः।

शूद्र, अनुपनीत, स्त्री और पतित ये सब केशव या शिवका स्पर्श कर नरक प्राप्त करते हैं। यह बृहन्नारदीयपुराणमें स्कन्दपुराण मत से कहा है—यह त्रिस्थलीसेतु में पितामहचरण ने कहा है। 'चातुर्वर्ण्यैः' चारोंवर्णों को यह पहले कहे हुए वचनसे विष्णु आदि प्रतिष्ठामें शूद्रका विकल्प है। यह ठीक देखते हैं।

(शिवार्चनपूजने दिक्विचारः)

तत्रैव गौतमः—शिवार्चनं सदाप्येवं शुचिः कुर्यादुदङ्मुखः।

वहींपर गौतमने कहा है कि—पवित्र मनुष्य सदा ही उत्तराभिमुख होकर शिवार्चन करे।

वाचस्पतिधृतम्—(मतम्) प्राक्पश्चिमोदगास्यस्तु प्रातः सायं निशासु च॥ इति प्रयोगपारिजाते।

वाचस्पति में कहा हुआ है कि—प्रातःकाल पूर्वदिशा में, सायंकाल पश्चिमदिशा में और रातमें उत्तरदिशा की तरफ मुखकर अर्चन करे। यह प्रयोगपारिजात में कहा है।

(प्रतिमाविचारः)

गृह्यपरिशिष्टे—प्रतिमाः प्राङ्मुखीरुदङ्मुखो यजेताऽन्यत्र प्राङ्मुखः। एतच्च स्थिरप्रतिमाविषयम्। अन्यत्र चलार्चासु।

गृह्यपरिशिष्ट में कहा है कि—जिन प्रतिमाओं का मुख पूर्वदिशा में है उनका पूजन उत्तराभिमुख करे। अन्यों का पूजन तो पूर्वाभिमुख करे। यह भी चल प्रतिमाओं को छोड़कर स्थिरप्रतिमाविषयक है।

अथ प्रतिमाः भार्गवार्चनदीपिकायां भविष्ये—सौवर्णी राजती ताम्री मृन्मयी च तथा भवेत्। पाषाणधातुयुक्ता च रीतिकांस्यमयी तथा॥ (रीतिः=पित्तलम्)। शुद्धदारुमयी वापि देवतार्चा प्रशस्यते॥

अब प्रतिमाओं को भार्गवार्चनदीपिका में भविष्यपुराण ने कहा है कि—सुवर्ण, रजत, ताम्र, मृत्तिका, पाषाण, धातुयुक्त, पीतल, कांसा और शुद्धकाष्ठ की प्रतिमा में पूजा उत्तम कही है।

(गृहे प्रतिमाविचारः)

अङ्गुष्ठपर्वादारभ्य वितस्तिं यावदेव तु। गृहेषु प्रतिमा कार्या नाधिका शस्यते बुधैः॥

अंगुठे के पर्वसे आरम्भ कर वितस्ति (कोशे—प्रादेशतालगोकर्णास्तर्जन्यादियुते तते। अङ्गुष्ठे सकनिष्ठे स्याद्वितस्तिर्द्वादशाङ्गुलः॥) परिमाण तक (अर्थात्—बारह अंगुल तक) घरमें प्रतिमा करे। उससे अधिक न करे—ऐसा विद्वानों ने कहा है।

पञ्चरात्रे तु—मृद्दारुलाक्षागोमेदमधूच्छिष्टमयी न तु॥ इति निषेध उक्तः।

पञ्चरात्र में तो निषेध कहा कि—मृत्तिका, दारु—काष्ठ, लाक्षा (लाख), गोमेद तथा मधूच्छिष्ट—मधूवनाख्यद्रव्य, (मोम) इनकी प्रतिमा का निर्माण न करे।

(प्रतिमा—अष्टविधा)

भागवते—शैली दारुमयी लौही लेप्या लेख्या च सैकती।
मनोमयी मणिमयी प्रतिमाष्टविधा स्मृता॥

काष्ठं मधूकस्यैव, तत्र काष्ठेषु मधुकमानीय च वसुन्धरे। कृत्वा तत्प्रतिमां चैव प्रतिष्ठाविधिनार्चयेत्॥ इति वाराहोक्तेः।

भागवत में कहा है कि—शिला, लकड़ी, लौह, लेप्य (पुती हुई), लेख्य (चित्रित) सिकता (रेती), मनोमयी (मानसिक ध्यानाविष्ट) तथा मणिकी ये आठ प्रतिमाओंका प्रकार कहा है। काष्ठ शब्दसे मधूक (महुआ) का ही ग्रहण है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

फलाधिवास



वस्त्राधिवास



शय्याधिवास



ओषध्याधिवास



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ विष्णुद्वादशारचक्रम्

(विष्णुप्रतिष्ठायाम्)

गोविन्दार्चने--
चतुरस्रं चतुर्द्वारं
चक्राब्जैः षोड-
शारकम्। पञ्च-
वर्णेन चूर्णेन
द्वादशारम-
थापि वा।



अष्टदलाकारपद्मचक्रम्



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वाराह में कहा है कि—हे वसुन्धरे, काष्ठों में मधूक को ले आकार उसकी प्रतिमा कर प्रतिष्ठाविधिसे अर्चन करे।

(देवीपुराणमते गृहे प्रासादौ च प्रतिमापूजनविचारः)

देवीपुराणे—सप्ताङ्गुलं समारभ्य यावच्च द्वादशाङ्गुलम्।
गृहेष्वर्चा समाख्याता प्रासादे चाधिका शुभा॥

देवीपुराण में कहा है कि—सात अङ्गुल से प्रारम्भ कर बारह अङ्गुल तक घरोंमें पूजा करना कहा है और प्रासाद मन्दिर में अधिक ही कल्याणकारक होती है।

(देवानां प्राणप्रतिष्ठाविचारः)

तिथितत्त्वे कालिकापुराणे-प्रतिमायाः कपोलौ द्वौ स्पृष्ट्वा दक्षिणपाणिना।
प्राणप्रतिष्ठां कुर्वीत तस्य देवस्य वा हरेः॥

तिथितत्त्वमें कालिकापुराण का वचन है कि—प्रतिमा के दोनों कपोलों को दाहिने हाथ से स्पर्शकर उसमें देवता या विष्णु की प्राणप्रतिष्ठा करे।

अन्येषामपि देवानां प्रतिमासु च पार्थिव। प्राणप्रतिष्ठा कर्तव्या तस्यां देवत्वसिद्धये॥

हे पार्थिव, अन्य देवताओं की भी प्रतिमाओं में प्राणप्रतिष्ठा उसमें देवता की सिद्धि के लिए करनी चाहिये।

वासुदेवस्य बीजेन तद्विष्णोरित्यनेन वा। तथैव हृदयेऽगुङ्ष्ठं दत्त्वा शश्वच्च मन्त्रवित्॥
एभिर्मन्त्रैः प्रतिष्ठां तु हृदयेऽपि समाचरेत्।

वासुदेव के बीज से या 'तद्विष्णोः'[1] इस ऋचासे। वैसेही मन्त्रवेत्ता निरन्तर हृदय में अंगूठे को देकर इन मन्त्रों से भी प्रतिष्ठा करे।

अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः चरन्तु च॥ अस्यै देवत्वमर्चायै मामहेति च कश्चन॥

इस मूर्तिमें प्राण प्रतिष्ठित हों। इस मूर्तिमें प्राणों का सञ्चार हो। इसमें पूजा के लिए देवत्व हो जिससे कोई भी पूजन करे।

हयशीर्षपञ्चरात्रे—अर्चकस्य तपोयोगादर्चनस्यातिशायनात्।
आभिरूप्याच्च बिम्बानां देवः सान्निध्यमृच्छति॥

हयशीर्षपञ्चरात्र में कहा है कि—अर्चक (पूजक) के तपोयोगसे, पूजक के अतिशय पूजन से और बिम्बों के अभिरूप (सादृश) होने से देवता सान्निध्यता को प्राप्त होते हैं।

(प्रतिमादीनां नित्यस्नाने विचारः)

प्रयोगपारिजाते व्यासः—प्रतिमापट्टयन्त्राणां नित्यं स्नानं न कारयेत्।
कारयेत्पर्वदिवसे यदा वा मलधारणम्॥

प्रयोगपारिजात में व्यासने कहा है कि—प्रतिमा और रेशमी वस्त्रादि में लिखित यन्त्रों का नित्य स्नान न करावे। पर्वदिन में या उन पर कभी मलादि धारण होनेपर करावे।

(तिथितत्त्वादिमते लिङ्गपूजने विचारः)

लिङ्गे विशेषस्तिथितत्त्वे भविष्ये—मृद्भस्मगोशकृत्पिष्टताम्रकांस्यमयं तथा।
कृत्वा लिङ्गं सकृत्पूज्य वसेत्कल्पायुतं दिवि॥

लिंगके विषयमें तिथितत्त्व में भविष्यपुराण का मत है कि—मृत्तिका, भस्म, गोबर, आटा, तांबा और कांस का लिंग कर जो एकबार पूजन करता है वह अयुतकल्पतक स्वर्ग में रहता है।

वार्क्षं वित्तप्रदं लिङ्गं स्फाटिकं सर्वकामदम्। कृत्वा पूजय विप्रेन्द्र लप्स्यसे वाञ्छितं फलम्॥

१—ॐ तद् विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम्॥ (ऋ० १।२२।२०।)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धनको देनेवाले काष्ठ के लिङ्ग का तथा सब कामनाओं को देनेवाले स्फटिकलिङ्ग का पूजनकर हे विप्रेन्द्र, इच्छितफलको प्राप्त करता है।

तत्रैव कालकौमुद्यां स्कान्दे—अक्षादल्पपरीमाणं न लिङ्गं कुत्रचिन्नरः। कुर्वीताङ्गुष्ठतो ह्रस्वं न कदाचित्समारभेत् ॥ अक्षोऽशीतिर्गुञ्जाः। गुञ्जाः पञ्चाद्यमोपकः। ते षोडशाक्षः कर्षोऽस्त्री, इत्यमरकोशात्।

वहीपर कालकौमुदी में स्कन्दपुराण का मत है कि—अक्ष से अल्पपरिमाण के लिङ्ग को कहीं भी मनुष्य न करे। अंगूठेसे छोटा (मन्त्रमहोदधौ—अङ्गुष्ठादिवितस्त्यन्तं न न्यूनं नाधिकं क्वचित्।) लिंग कभी भी न करे। अक्ष-अस्सी गुञ्जे को कहते हैं।

(नवविधचरलिङ्गे श्रेष्ठादिकथनम्)

प्रयोगपारिजाते क्रियासारे—नवाष्टसप्ताङ्गुलिकं लिङ्गं श्रेष्ठमिहोच्यते। षट्पञ्चकचतुर्मानं मध्यमं त्रिविधं स्मृतम् ॥ त्रिद्व्येकाङ्गुलमानं यत्त्रिविधं तत्कनीयसम्। एवं नवविधं प्रोक्तं चरलिङ्गं यथाक्रमम् ॥

प्रयोगपारिजात में क्रियासार का वचन है कि—नौ, आठ, और सात अङ्गुल का लिंग उत्तम होता है। तीन, छ, पाच तथा चार अंगुल का मध्यम होता है। तीन, दो और एक अंगुल का लिंग कनिष्ठ होता है। इसप्रकार यथाक्रमसे चरलिंग नौ प्रकार का कहा है।

(पञ्चसूत्रीनिर्णयः)

अथ पञ्चसूत्रीनिर्णयः। गौतमीतन्त्रे—लिङ्गमस्तकविस्तारो लिङ्गोच्छ्रायसमोमतः परिधिस्तत्त्रिगुणितस्तद्वत्पीठं व्यवस्थितम् ॥ प्रणालिका तथैव स्यात्पञ्चसूत्रविनिर्णयः ॥

अब पञ्चसूत्रीका निर्णय करते हैं। गौतमीतन्त्र में कहा है कि—लिंगमस्तक का विस्तार लिंग की ऊँचाई के बराबर होनी चाहिये। उसकी परिधि—(गोलाई) त्रिगुणित होनी चाहिए। उसीप्रकार उसकी पीठ (जलधारी) की व्यवस्था वैसे ही करे। उसकी प्रणालिका (मोरी) की भी व्यवस्था पूर्ववत् करे। इसप्रकार पञ्चसूत्रीनिर्णय है।

अत्रेदं तत्त्वम्। लिङ्गमस्तकविस्तारं लिङ्गोच्चतासमं कृत्वा तत्त्रिगुणसूत्रवेष्टनार्हलिङ्गस्थौल्यं कृत्वा तत्समं वृत्तं चतुरस्रं वा पीठविस्तारमधश्चोर्ध्वं च कुर्यात्। पीठोच्चता तु लिङ्गोच्चताती द्विगुणा। पीठमध्ये लिंगाद् द्विगुणस्थूलं पीठोच्चतातृतीयांशेन कण्ठं कृत्वा तस्योर्ध्वमधश्च समं वप्रद्वयं त्रयं वा कृत्वा लिङ्गविस्तारषष्ठांशेन पीठोपरि बाह्यमेखलां कृत्वा तदन्तः संलग्नं तत्समं खातं च कृत्वा पीठाद्बहिर्लिङ्गसमदीर्घां पीठार्द्धदीर्घां वा मूले दैर्घ्यसमविस्तारां तृतीयांशेन मध्ये खातां पीठवत्समेखलां प्रणालिकां कुर्यादिति। अत्र मूलं सिद्धान्तशेखरे शैवागमे च ज्ञेयम्।

यहाँपर यही तत्त्व है कि—लिङ्ग के शिरका विस्तार और लिङ्ग की ऊँचाई बराबर की कर उसको त्रिगुणित सूत्र से वेष्टन (लपेट) कर पूजनीय लिङ्ग को स्थूल कर उसीके बराबर वृत्त या चतुरस्र पीठका विस्तार नीचे और ऊपर करे। पीठकी ऊँचाई लिङ्गकी ऊँचाई से द्विगुणित करे। पीठके मध्य में लिङ्ग से द्विगुना स्थूल को पीठकी ऊँचाई से तृतीयांश (तीसराभाग) से कण्ठकर उसके ऊपर और नीचे बराबर की दो सीढी या तीन सीढीकर लिंगविस्तार के छठे भागसे पीठके ऊपर बाहर की मेखला कर उसके भीतर संलग्न और उसके बराबर गढाकर पीठ के बाहर लिङ्ग के बराबर लम्बी या पीठसे आधी लंबी मूलमें दीर्घता के बराबर विस्तार करे। उसके आधे विस्तार तृतीयांश से मध्य में गढा हो पीठकी तरह मेखला सहित प्रणालिका बनावे। इसमें मूल वचन सिद्धान्तशेखर और शैवागम में जानना[1] चाहिये[2]।

१—पञ्चसूत्रविधानं च कुर्याल्लिङ्गे शुभावहम्।

२—पञ्चसूत्रविधानं च पार्थिवे न विचारयेत्। यथाकथञ्चिद्विधिना रमणीयं प्रकल्पयेत् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

❀ प्रधान मन्दिर ❀

प्रधान मन्दिर



ब्रह्मशिलायां रत्नन्यासः



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रासाद अधिवासन कलश स्थापन प्रकार



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(शिवसूर्यार्चनं विना सर्वत्र शंखस्य ग्रहणविचारः)

तिथितत्त्वे ब्राह्मे--सर्वत्रैव प्रशस्तोऽब्जः शिवसूर्यार्चनं विना ।

तिथितत्त्वमें ब्रह्मपुराणका वचन है कि—शिव और सूर्य के पूजन के बिना सर्वत्र ही शंख प्रशस्त है ।

(गृहे लिङ्ग-शालग्राम-चक्रादीनां संख्यायाः परिमाणे विचारः)

तत्रैव वाराहपाद्मयोः--गृहे लिङ्गद्वयं नार्च्यं शालग्रामद्वयं तथा ।
द्वे चक्रे द्वारकायास्तु नार्च्यं सूर्यद्वयं तथा ॥
शक्तित्रयं तथा नार्च्यं गणेशत्रयमेव च । द्वौ शङ्खौ नार्चयेच्चैव भग्नां च प्रतिमां तथा ।

वहींपर वाराह और पद्मपुराणमें कहा है कि—घरमें दो लिङ्ग, दो शालग्राम, दो द्वारका के चक्र (स्वतन्त्रपूजा में—चक्रांकमिथुन दो की पूजा होती है यह वाराहपुराणमत है ।) और दो सूर्य की पूजा न करे । तीन शक्ति, तीन गणेश, दो शंख और भग्न प्रतिमा की पूजा नहीं करनी चाहिये ।

नार्चयेच्च तथा मत्स्यकूर्मादिदशकं तथा । गृहेऽग्निदग्धा भग्नाश्च नार्चाः पूज्या वसुन्धरे ॥

मत्स्य, कूर्म आदि दश अवतार की (एकसाथ) पूजा नहीं चाहिये । हे वसुन्धरे, अग्निसे दग्ध और भग्न प्रतिमाओं की घरमें पूजा न करे ।

एतासां पूजनान्नित्यमुद्वेगं प्राप्नुयाद् गृही ॥ शालग्रामाः समाः पूज्याः समेषु द्वितयं नहि ।

इनमूर्तियों के पूजन करने से गृहस्थ को नित्य उद्वेग प्राप्त होता है शालग्राम सम (अर्थात्—चार, छ, आठ, आदि) का अर्चन करे । सममें भी दो का पूजन न करे ।

विषमा नैव पूज्यास्तु विषमेष्वेक एव हि । शालग्रामशिला भग्ना पूजनीया सचक्रका ।
खण्डिता स्फुटिता वापि शालग्रामशिला शुभा ।

विषम शालिग्राम की पूजा नहीं ही करे । विषम में एक की ही पूजा करे । शालिग्राम की भग्न-शिला चक्रवाली की पूजा करे ।

खण्डित ('लग्नं भग्नं न पूजयेत्—इत्यस्य लग्नचक्रं भग्नचक्रमित्यर्थान्न विरोधः) और टूटी शालग्राम की शिला उत्तम होती है ।

(सुवर्णसहितशालग्रामशिलादाने पृथ्वीदानफलकथनम्)

वाराहे--दद्याद्भक्ताय यो देवि शालग्रामशिलां नरः ।
सुवर्णसहितां दिव्यां पृथ्वीदानफलं लभेत् ॥

वाराहपुराण में कहा है कि—हे देवि, जो मनुष्य भक्तिवाले प्राणीको सुवर्ण के सहित दिव्य शालग्राम-शिला को देता है । उसे पृथ्वीदानका फल होता है ।

(शतसंख्याकशालग्रामशिलापूजने फलकथनम्)

तत्रैव--यः पुनः पूजयेद्भक्त्या शालग्रामशिलाशतम् । तत्फलं नैव शक्तोऽहं वक्तुं वर्षशतैरपि ॥

वहींपर कहा है कि—जो फिर शालग्रामकी शिला का भक्तिसे पूजन (स्कन्दपुराणे—शालग्रामशिलायास्तु प्रतिष्ठा नैव विद्यते । महापूजां तु कृत्वाऽऽदौ पूजयेत्तां ततो बुधः ॥ 'पाद्मे-शालग्रामशिलायां च नावाहन-विसर्जने ।) करता है उसके फल को सौ वर्ष तक भी कहने में समर्थ मैं नहीं होता हूँ ।

विष्णुपुराणे--ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यः शूद्रश्च पृथिवीपते ।
स्वधर्मतत्परो विष्णुमाराधयति नान्यथा ॥

विष्णुपुराणमें कहा है कि—हे पृथिवीपते, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये अपने धर्म में तत्पर हो विष्णुकी आराधना करे । धर्मसे रहित हों तो न करें ।

(वैदिककर्म में विष्णु की आराधना से सब पापों का नाश होता है । कलिकाल में विष्णुप्रधान हैं । जिससे कलिकाल में होनेवाले महापापों का शमन होता है या भगवान् आशुतोष की पूजा करे । या पञ्चायतनक्रमसे अर्चा करे । उसमें स्नान शीतोदक से गंगा आदिमें करना चाहिये । अभाव में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उष्णोदक से सशिरस्क स्नान करे। अशक्तिमें कण्ठ स्नान (अशिरस्कं भवेत्स्नानं स्नानाशक्तौ तु कर्मिणाम्।) करे। शक्ति में भस्मादिस्नानों का विधान मिलता है। उसमें भी गुरुपादोदकस्नान (अशक्तानां तु मर्त्यानां गुरोः पादोदकं शुभम्। विप्रपादाद्विष्णुपादात्तुल्यं स्यात्संभृतं जलम् ॥ प्रोक्षणात् स्नानमाप्नोति ध्यानस्नानं विशिष्यते ॥) ऐसे स्नानों से मनुष्य जपादिकर सकता है। केवल अर्चादि नहीं कर सकता है। आचार्य का वचन है कि—प्रातःस्नानमशक्तस्तु रोगाद्यैर्वा भयेन वा। पूर्ववस्त्रं परित्यज्य शुचित्वं संभवेत्तदा। जपेत्सन्ध्यां तथा वेदान् सोऽध्ययीत यथाविधि ॥

(अविभक्तानां पृथग्देवपूजाकथनम्)

अविभक्तानामपि पृथग्देवपूजामाह प्रयोगपारिजाते आश्वलायनः—पृथगप्येकपाकानां ब्रह्मयज्ञो द्विजातिनाम्। अग्निहोत्रं सुरार्चा च सन्ध्या नित्यं भवेत्पृथक् ॥

अविभक्तों को अलग देवता की पूजा प्रयोगपारिजात में आश्वलायन ने कहा है कि—जो अलग-अलग हैं पर एक ही जगह भोजन बनता है ऐसा द्विजों का ब्रह्मयज्ञ, अग्निहोत्र, देवताओं की पूजा और सन्ध्या ये अलग अलग नित्य होती हैं।

(क्षत्रियादिपूजने विचारः)

तत्रैव विष्णुधर्मे—शालग्रामशिलां वापि चक्राङ्कितशिलां तथा। ब्राह्मणः पूजयेन्नित्यं क्षत्रियादिर्न पूजयेत् ॥ इदंस्पर्शसहितपूजाविषयम्,

वहींपर विष्णुधर्म में कहा है कि—शालग्रामशिला (स्कान्दे—शालग्रामशिलायास्तु मूल्यं यः कुरुते नरः। विक्रेता चानुमन्ता च यः परीक्षानुमोदकः ॥ सर्वे ते नरकं यान्ति यावदाभूतसंप्लवम्।) या चक्राङ्कितशिला की पूजा ब्राह्मण नित्य करे। क्षत्रिय आदि पूजा न करें। यह स्पर्शसहित पूजाविषयक है।

(स्त्रीशूद्रादीनां केशवशिवस्पर्शनविचारः),

शूद्रो वाऽनुपनीतो वा स्त्रियो वा पतितोऽपि वा। केशवं वा शिवं वापि स्पृष्ट्वा नरकमश्नुते ॥

स्कन्दपुराण में कहा है कि—शूद्र, जिसका उपनयनसंस्कार नहीं हुआ है, स्त्री और पतित ये लोग केशव या शिव का स्पर्श करते हैं तो नरक प्राप्त करते हैं।

ब्राह्मण्यपि हरं विष्णुं न स्पृशेच्छ्रेय इच्छती। सनाथा मृतनाथा वा तस्या नास्तीह निष्कृतिः ॥

श्रेय (कल्याण) की इच्छा करनेवाली ब्राह्मणी भी शंकर और विष्णु का स्पर्श न करे। जो सनाथा (सधवा) तथा मृतनाथा (विधवा) हो उसका निस्तार नहीं होता है।

स्त्रीणामनुपनीतानां शूद्राणां च जनेश्वर। स्पर्शने नाधिकारोऽस्ति विष्णोर्वा शङ्करस्य वा ॥ इति स्कान्दात्। स्पर्शरहिता तु तयोर्भवत्येव,

हे जनेश्वर, स्त्रियों और अनुपनीत शूद्रों को विष्णु तथा शंकर के स्पर्श का अधिकार नहीं है। विना स्पर्श की पूजा विष्णु एवं शंकर की कर सकते हैं।

शालग्रामं न स्पृशेत्तु हीनवर्णो वसुन्धरे। स्त्रीशूद्रकरसंस्पर्शो वज्रस्पर्शाधिको मतः ॥ मोहाद्यः संस्पृशेच्छूद्रो योषिद्वापि कदाचन। स्वपते नरके घोरे यावदाभूतसंप्लवम् ॥

वाराहपुराणमें कहा है कि—हे वसुन्धरे, हीनवर्णवाला व्यक्ति शालग्राम का स्पर्श न करे। स्त्री और शूद्र के हाथ से शालग्रामका स्पर्श वज्रसे भी अधिक कष्टदायक होता है। जो मोहसे शूद्र या कदाचित् स्त्री भी शालग्रामका स्पर्श करे तो प्रलयपर्यन्त घोर नरक में गिरती है।

यदि भक्तिर्भवेत्तस्य स्त्रीणां वापि वसुन्धरे। दूरादेवास्पृशन् पूजां कारयेत्सुसमाहितः ॥ इति वाराहोक्तेः।

हे वसुन्धरे, यदि स्त्रियों को भक्ति हो तो दूर से ही विना स्पर्श के सावधानमन से पूजा करें।

शालग्रामशिलामात्रनिषेधो न प्रतिमादौ, सर्ववर्णैस्तु संपूज्याः प्रतिमाः सर्वदेवताः। लिङ्गान्यपि तु पूज्यानि मणिभिः कल्पितानि च ॥ इति तत्रैवोक्तेः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दक्षिणा वेदिः



मध्यमा वेदिः



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF





खण्डित मूर्ति का जलप्रवाह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शालग्राम शिलामात्रके स्पर्श का निर्बन्ध (निषेध) प्रतिमा आदि में नहीं है। वहींपर कहा है कि—सब देवताओं की प्रतिमाओं को और कल्पित मणिलिंगों का भी सब वर्ण के लोग पूजन करें।

(ब्राह्मणादिभिः कति प्रतिमा पूज्याः)

चत्वारो ब्राह्मणैः पूज्यास्त्रयो राजन्यजातिभिः। वैश्यैर्द्वाविव संपूज्यौ तथैकः शूद्रजातिभिः॥ इति स्कान्दाच्च। अन्ये तु दीक्षितादीक्षितविषयत्वेन व्यवस्थामाहुः।

स्कन्दपुराणमें कहा है कि—ब्राह्मणों को चार, क्षत्रिय जाति को तीन, वैश्यको दो और शूद्रजातियों को एक लिंग की पूजा करना कहा है। अन्य तो दीक्षित और अदीक्षित के भेद से व्यवस्था स्वीकार कहते हैं।

(नवधाद्रव्यस्य कथनम्)

विष्णुधर्मे—तयोरसंभवेऽर्चा वै सा चेह नवधा स्मृता। रत्नजा हेमजा चैव राजती ताम्रजा तथा॥ रैतिक्यर्चा तथा लौही शैलजा द्रुमजा तथा। अधमाधमा च विज्ञेया मृन्मयी प्रतिमा च या॥ एषां फलानि तत्रैव ज्ञेयानि॥

विष्णुधर्म में कहा है कि—उनदोनों के अभाव में यहाँपर वही पूजा नौ प्रकार कही है। रत्न, सुवर्ण, चाँदी, तांबा, पीतल, लोहा, पत्थर तथा काष्ठ की प्रतिमा बनावे। उसमें जो मट्टी की प्रतिमा है उसको अधम से अधम जानना चाहिये। इन मूर्तियों के फल वहीं पर ही से जानना चाहिये।

(गृहे चतुरङ्गुलतोधिका मूर्तिपूजाविचारः)

(नार्च्या गृहेऽश्मजा मूर्तिश्चतुरङ्गुलतोऽधिका। न वितस्त्यधिका धातुसंभवा श्रेय इच्छता॥ एवं लक्षणसंपन्ना पारंपर्यक्रमागता। उत्तमा सा तु विज्ञेया गुरुदत्तापि तत्समा॥)

घरमें चार अंगुल से अधिक पत्थर की मूर्तिका पूजन न करे। कल्याण की इच्छावाला व्यक्ति वितस्ति (बारह अंगुल) से अधिक धातुकी मूर्तिकी पूजा न करे। इसप्रकार लक्षणसे युक्त परंपरा से प्राप्त मूर्ति को उत्तमा जानना चाहिये। गुरु द्वारा प्रदत्त भी उसीके समान हैं।

तत्रैव पाद्मे शालिग्रामं प्रक्रम्य—तत्राप्यामलकीतुल्या पूज्या सूक्ष्मैव या भवेत्। यथा यथा शिला सूक्ष्मा तथा स्यात्तु महत्फलम्॥

वहीं पर पद्मपुराण में शालग्राम का प्रारंभ कर कहा है कि—उसमें भी आँवले के सदृश जो शिला सूक्ष्म ही हो वही पूजनीय होती है। जैसे-जैसे शिला सूक्ष्म होती है वैसे-वैसे ही महान् फल होता है।

(शालग्रामशिवनाभिपरीक्षाकथनम्)

तथा—यवमात्रं तु गर्तः स्याद्यवार्द्धं लिङ्गमुच्यते। शिवनाभिरिति ख्यातस्त्रिषु लोकेषु दुर्लभः॥

और यवके सदृश गढा होता है, यवका आधा लिङ्ग होता है। वह शिवनाभि के माप से प्रसिद्धि होती है तथा तीनों लोकों में दुर्लभ है।

तत्रैव—शालग्राममयी मुद्रा संस्थिता यत्र कुत्रचित्।
वाराणस्या यवाधिक्यं समन्ताद्योजनत्रयम्॥

वहींपर कहा है कि—शालग्राममयी मुद्रा (शिला) जहाँ कहीं भी स्थित हो वह सब तरफ से तीन योजन और वाराणसी से एक यव अधिक होता है।

(शालग्रामशिलासमीपे मरणे मोक्षकथनम्)

यो मृतस्तत्समीपे तु मृतो वा नीयतेऽन्तिकम्। स वै मोक्षमवाप्नोति सत्यं सत्यं न चान्यथा॥

जो उसके समीप मरता है या मरे को उसके समीप में ले जाता है वह निश्चय मोक्षको प्राप्त करता है यह बिलकुल सत्य है। इसमें अन्यथा नहीं हो सकता है।

तत्रैव—चक्राङ्कमिथुनं पूज्यं नैकं चक्राङ्कमर्चयेत्। चक्राङ्कमिथुनात्सार्द्धं शालग्रामं प्रपूजयेत्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वहींपर कहा है कि—चक्राङ्क के मिथुन (जोडे) की पूजा करे। एकचक्राङ्क की पूजा न करे। चक्राङ्कमिथुन के साथ शालग्राम की भी पूजा करे।

तत्रैव वाराहे--म्लेच्छदेशे शुचौ वापि चक्राङ्को यत्र तिष्ठति।
योजनानां तथा त्रीणि मम क्षेत्रं वसुन्धरे॥

वहींपर वाराहपुराणमें कहा है कि--हे वसुन्धरे, म्लेच्छदेश में या पवित्रदेश में जहाँ चक्राङ्क हो वहाँ तीन योजन तक मेरा क्षेत्र है।

तत्रैव शालग्रामं--प्रक्रम्य--क्रयक्रीता परिज्ञेया मध्यमा याचिताऽधमा।

वहींपर ही शालग्राम का प्रारम्भकर कहा है कि--जो मूल्य देकर खरीदी जाती है वह मध्यम होती है और जो मांगकर ली जाती है वह अधम होती है।

प्रयोगपारिजाते वाराहे--एवं लक्षणसंपन्ना पारंपर्यक्रमागता।
उत्तमा सा तु विज्ञेया गुरुदत्तापि तत्समा॥

प्रयोगपारिजातमें वाराहने कहा है कि--इसप्रकार लक्षणोंसे युक्त परंपराके क्रमसे आई हो वह उत्तम होती है तथा गुरुने दी हो वह भी उसी के बराबर होती है।

(पार्थिवपूजाकथनम्)

अथ पार्थिवपूजा। नन्दिपुराणे--आयुष्मान् बलवान् श्रीमान् पुत्रवान् धनवान् सुखी। वरमिष्टं लभेल्लिङ्गं पार्थिवं यः समर्चयेत्। तस्मात्तु पार्थिवं लिङ्गं ज्ञेयं सर्वार्थसाधकम्॥

अब पार्थिवपूजा कहते हैं। नन्दिपुराण में कहा है कि--जो पार्थिवलिंग की पूजा करता है वह आयु, बल, लक्ष्मी, पुत्र, धन, सुख और इच्छित फलको प्राप्त करता है। इसलिए ही सब अर्थोंका साधक पार्थिवलिंग को जानना चाहिये।

तत्रैव--गोभूहिरण्यवस्त्रादिबलिपुष्पनिवेदने। ज्ञेयो नमः शिवायेति मन्त्रः सर्वार्थसाधकः॥ सर्वमन्त्राधिकश्चायमोङ्काराद्यः षडक्षरः॥

वहींपर कहा है कि—गौ, भूमि, सुवर्ण, वस्त्र आदि, बलि तथा पुष्पके निवेदन में संपूर्ण अर्थ का साधक 'नमः शिवाय—इस मन्त्र को जानना चाहिये। यह मन्त्र जिसके आदि में ॐकार लगता है। ऐसा षडक्षर मन्त्र सब मन्त्रों से अधिक श्रेष्ठ है।

(शिवस्य प्रसिद्धपूर्वादिक्रमेण मूर्तीनां स्थापनविचारः)

भविष्ये--मूर्तयोऽष्टौ शिवस्यैताः पूर्वादिक्रमयोगतः। आग्नेय्यन्ताः प्रपूज्यास्तु वेद्यां लिङ्गे शिवं यजेत्॥ अत्र 'न प्राचीमग्रतः शंभोः' इति रुद्रयामले निषेधान्नान्तरालं शिवं प्राची, किन्तु प्रसिद्धैव।

भविष्यपुराणमें कहा है कि—शिवकी मूर्ति आठ हैं उनको पूर्वादि दिशाक्रम से अग्निकोण तक पूजन करे और वेदीपर लिङ्गमें शिवका यजन (पूजन) करे।

यहाँपर शंभु के आगे[1] पूर्वदिशा नहीं जानना चाहिये यह रुद्रयामल में निषेध है। अन्तराल पूर्वदिशा शिव की नहीं होती है। किन्तु[2] प्रसिद्ध ही स्वीकार करे।

तिथितत्त्वे देवीपुराणे--मृदाहरणसंघट्टे प्रतिष्ठाह्वानमेव च। स्नपनं पूजनं चैव विसर्जनमतः परम्॥ हरो महेश्वरश्चैव शूलपाणिः पिनाकधृक्। शिवः पशुपतिश्चैव महादेव इति क्रमात्॥

तिथितत्त्वमें देवीपुराण का वचन है कि—'हराय नमः—इससे मृत्तिको ले आकर उसका संशोधनकर

१—प्राचीमग्रतः कृत्वा संमुखीभूय शंभोः पूजां न कुर्यात्।

२—प्राच्यैशान्यादिक्रमेण वामावर्तेन, 'आग्नेय्यान्ताः' इत्युक्तेः। केचित्तु उदीचीमग्रतः कृत्वा उदीच्यभिमुखी भूयेति। तस्मादन्तरालमेव प्राचीमाहुः। तन्न बहुसंमतम्—इति टीकायाम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ ॥ प्रतिष्ठादौ तत्र प्रधानदेवतास्थापनानन्तरमग्निस्थापनम् अग्निस्थापनानन्त-
रं वा प्रधानस्थापनमिति विवादे आश्वलायनगृह्यपरिशिष्टे —
इत्यनेन प्रधानस्थापनानन्तरमग्निस्थापनस्य विहितत्वात् बह्वृचशाखिनां तत्रैव,
तेषामेव आश्वलायनोक्तसर्वकर्मानुष्ठानाच्च 'अनुक्रमतो ग्रहान्' इति वचनेन
अन्यशाखिभिरपि तथैवानुष्ठेयम्। अर्थात् प्रथमतः प्रधानस्थापनं ततोऽग्निस्था-
पनमिति। तत्र वयं ब्रूमहे याजुषाणामग्न्याधानं सूत्रे परिशिष्टादौ ग्रहपूजनस्य प्र-
तिपादितत्वेऽपि तत्र शाखान्तरीयेव शरणीकरणीयत्वेन तत्र च बह्वृचशा-
खायां निर्वेदगतत्वेन विप्रकृष्टत्वात् न तद् ग्रहीतुं शक्यम् किन्तु यजुर्वेदगता-
नां कस्याश्चिच्छाखाया एव सन्निकृष्टतरत्वेन सैवानुसर्तव्या इति सङ्गच्छते।
तत्र बौधायनगृह्ये ग्रहयज्ञप्रकरणे (प्र० ५ खं० ९२)
अग्निस्थापनानन्तरमेव प्रधानस्थापनं विहितम्।
तदेवाश्वलायनीयं प्रबलम्। तथा यजुर्वेदान्तर्गतत्वेनैतदीयशाखीयत्वात्। ग्रहम

उस मृत्तिका में पवित्रजल प्रक्षेप कर 'महेश्वराय नमः'—इससे मृत्तिका को मिलाकर उसके पिण्डसे लिङ्गको बनाकर 'शूलपाणये नमः'—प्रतिष्ठाकर 'पिनाकधृतये नमः'—से आवाहनकर पञ्चाक्षरमन्त्र (शिवाय नमः) से पाद्य, अर्घ्य, आचमनीयजल देकर 'पशुपतये नमः'—से शुद्धोदक स्नान कराकर आचमनीय, वस्त्र, यज्ञोपवीत, गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, फल, ताम्बूल, दक्षिणा, नीराजन, प्रदक्षिणा और नमस्कार 'महादेवाय नमः' इस मन्त्रसे करे।

(श्रीवृक्षस्य शुष्कपत्रादिनिवेदने विचारः)

स्कान्दे—शुष्काण्यपि च पत्राणि श्रीवृत्तस्य निवेदयेत्।

स्कन्दपुराणमें कहा है कि—बिल्वपत्रके सुखे पत्तों को निवेदन करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



तत्रैव भविष्ये--धत्तूरकैश्च यो लिङ्गं सकृत्पूजयते नरः ।
स गोलक्षफलं प्राप्य शिवलोके महीयते ॥

वहींपर भविष्यपुराण में कहा है कि--जो मनुष्य एकवार भी धतूरों से लिंगकी पूजा करता है वह गोदान के लक्ष फलको प्राप्तकर शिवलोकमें जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ग्रहयज्ञस्थापनमिति निष्कर्ष इति प्रयोगचिन्तामणौ ।

(देवताविशेषे वाद्यनिषेधकथनम्)

योगिनीतन्त्रे—शिवागारे झल्लकं च सूर्यागारे च शङ्खकम् ।
दुर्गागारे वंशवाद्यं मधूरीं च न वादयेत् ॥

योगिनीतन्त्रमें लिखा है कि—शिवजी के मन्दिर में झल्लक (काँशेकी करताल, झाँझ) सूर्य के मन्दिर में शंख, दुर्गाके मन्दिरमें वंशी और मधूरी (यह मुँह से फूँककर बजायी जाती है। शुषिरवाद्य-छिद्रवाला वाद्यविशेष) नहीं बजावे। (ब्रह्मा के मन्दिर में ढाक (नगाडा) और लक्ष्मी के मन्दिर में घंटा नहीं बजाना चाहिये।)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्राद्धहेमाद्रौ स्कान्दे--स्पृष्ट्वा रुद्रस्य निर्माल्यं सवासा आप्लुतः शुचिः ।

श्राद्धहेमाद्रिमें स्कन्दपुराण का वचन है कि—रुद्र के निर्माल्यका स्पर्श कर वस्त्र के सहित ही जल में स्नान कर पवित्र होता है ।

प्रयोगपारिजाते क्रियासारे--मध्यमानामिकामध्ये पुष्पं संगृह्य पूजयेत् ।
अङ्गुष्ठतर्जन्यग्राभ्यां निर्माल्यमपनोदयेत् ॥

प्रयोगपारिजात में क्रियासार का कथन है कि—मध्यमा और अनामिका के मध्य में पुष्प को ग्रहण कर पूजन करे तथा अंगुष्ठ तथा तर्जनी से निर्माल्य को हटा दे ।

(अशून्यमस्तके शिवनिर्माणकथनम्)

अपनीतं च निर्माल्यं चण्डेशाय निवेदयेत् । अशून्यमस्तकं लिङ्गं सदा कुर्वीत पूजकः ॥

निर्माल्य को हटाकर चण्डेश के लिए निवेदन करे और पूजक सदा अशून्य मस्तक (अर्थात्—मस्तक पर तिलक सदा रहे) हो लिंग का पूजन करे ।

सूतकादौ शिवपूजनविचारः)

शूलपाणौ लैङ्गे—वरं प्राणपरित्यागः शिरसो वापि कर्तनम् । न चैवापूज्य भुञ्जीत शिवलिङ्गे महेश्वरम् ॥ सूतके मृतके चैव न त्याज्यं शिवपूजनम् ॥

शूलपाणि में लिंगपुराण का वचन है कि—प्राण का त्याग तो करना उत्तम है और शिरका छेदन भी करना उत्तम है । शिवलिंग में महेश्वर का पूजन विना किये हुए भोजन करना उत्तम नहीं है । सूतक और मृतक में शिवपूजन का त्याग नहीं करना चाहिये । अर्थात्—किसी अन्य व्यक्ति से कराता रहे ।

(विना भस्मत्रिपुण्ड्रादौ पूजनविचारः)

तिथितत्त्वे लैङ्गे--विना भस्मत्रिपुण्ड्रेण विना रुद्राक्षमालया । पूजीतोऽपि महादेवो न स्यात्तस्य फलप्रदः ॥ तस्मान्मृदापि कर्तव्यं ललाटे वै त्रिपुण्ड्रकम् ॥

तिथितत्त्व में लिंगपुराण का वचन है कि—विना भस्म के त्रिपुण्ड्र से और बिना रुद्राक्षकी माला से महादेवका पूजन भी किया हो तो वह उसको फलप्रद नहीं होता है । इसलिए मृतिका से भी ललाट (मस्तक) में त्रिपुण्ड्रधारण करना चाहिये ।

(रुद्राक्षधारणे विशेषफलकथनम्)

रुद्राक्षधारणे विशेषः शिवरहस्ये--एकवक्त्रः शिवः साक्षाद् ब्रह्महत्यां व्यपोहति ।
अवध्यत्वं प्रतिस्रोतो वह्निस्तंभं करोति च ॥

रुद्राक्षधारण में विशेष शिवरहस्य में कहा है कि—एकमुखवाली रुद्राक्ष साक्षात् शिवका स्वरूप होती है । वह ब्रह्महत्या को नाश करती है । सब श्रोतों को अवध्यत्व करती है तथा अग्निका स्तंभन करती है । (वह (रुद्राक्ष) वध रहित करता है तथा प्रवाह के विपरीत प्रवाह को रोककर अग्नि को रोकता है । अर्थात्–प्रवाह से फैलती हुई अग्निज्वालाओं को वह रुद्राक्ष रोककर शान्त कर देता है ।)

द्विवक्त्रो हरगौरी स्याद् गोवधाद्यघनाशकृत् । त्रिवक्त्रो ह्यग्निजन्माथ पापराशिं प्रणाशयेत् ॥

दो मुखवाली रुद्राक्ष को 'हरगौरी' कहा जाता है । वह गोवध आदि पापों का नाश करती है । तीन मुखवाली रुद्राक्ष 'अग्निजन्मा' कही जाती है । वह पापों के समूह का नाश करती है ।

चतुर्वक्त्रः स्वयं ब्रह्मा नरहत्यां व्यपोहति । पञ्चवक्त्रस्तु कालाग्निरगम्याभक्ष्यापापनुत् ॥

चार मुखवाली रुद्राक्ष स्वयं ब्रह्मा है वह मनुष्य की ब्रह्महत्या को दूरकरती है । पांचमुख वाली रुद्राक्ष 'कालाग्नि' कही जाती है । वह अगम्य (जिस स्त्री के साथ मैथुन नहीं करना चाहिये) के साथ गमन और अभक्ष्य भक्षण के पाप का नाश करती है ।

षड्वक्त्रस्तु गुहो ज्ञेयो भ्रूणहत्यादि नाशयेत् । सप्तवक्त्रस्त्वनन्तः स्यात्स्वर्णस्तेयादिपापहृत् ॥

छमुख वाले रुद्राक्ष की 'गुह' संज्ञा है । वह भ्रूणहत्या आदिका नाश करती है । सातमुख वाले की 'अनन्तसंज्ञा' है वह सुवर्ण चोरी आदि पाप को हरती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विनायकोऽष्टवक्त्रः स्यात्सर्वानृतविनाशकृत् । भैरवो नववक्त्रस्तु शिवसायुज्यकारकः ॥

आठ मुखवाले रुद्राक्षकी 'विनायकसंज्ञा' है। वह सब मिथ्याभाषणरूपी पापों को नाश करती है तथा नौ मुखवाले की 'भैरव' संज्ञा है। वह शिवसायुज्यता को करने वाली होती है।

दशवक्त्रः स्मृतो विष्णुर्भूतप्रेतभयापहः । एकादशमुखो रुद्रो नानायज्ञफलप्रदः ॥

दशमुख के रुद्राक्ष की 'विष्णु' संज्ञा है। वह भूत-प्रेत के भय को हटाती है और एकादशमुख वाले रुद्राक्ष को 'रुद्र' कहते हैं। वह अनेक प्रकार के यज्ञों का फल देने वाली होती है।

द्वादशास्यस्तथादित्यः सर्वरोगनिवर्हणः । त्रयोदशमुखः कामः सर्वकामफलप्रदः ॥ चतुर्दशास्यः श्रीकण्ठो वंशोद्धारकरः परः ॥ इति ।

बारह मुखवाली रुद्राक्ष 'आदित्य' (सूर्य) नाम की होती है। वह सब प्रकार के रोगों को हटानेवाली होती है। तेरह मुखवाली रुद्राक्ष की 'काम' संज्ञा है। वह सब इच्छाओं के फलों की देनेवाली होती है। चौदह मुखवाली रुद्राक्ष का 'श्रीकण्ठ' नाम है। वह वंश के उद्धार को करनेवाली होती है।

(रुद्राक्षादिधारणे तत्प्रतिष्ठायां च विचारः)

तथा—विना मन्त्रेण यो धत्ते रुद्राक्षं भुवि मानवः । स याति नरकान् घोरान् यावदिन्द्राश्चतुर्दश ॥

जो मनुष्य पृथ्वीपर विना मन्त्र के रुद्राक्ष को धारण करते हैं वे जब तक चौदह इन्द्र हैं। तब तक घोरनरक में जाते हैं।

पञ्चामृतं पञ्चगव्यं स्नानकाले प्रयोजयेत् । रुद्राक्षस्य प्रतिष्ठायां मन्त्रं पञ्चाक्षरं तथा ॥ त्र्यम्बकादिकमन्त्रं च तथा तत्र प्रयोजयेत् ॥

स्नान के समय में पञ्चामृत और पंचगव्यका प्रयोग करे। रुद्राक्ष की प्रतिष्ठा में पञ्चाक्षर (नमः शिवाय) मन्त्र और त्र्यंवक[1] आदि मन्त्र को वहाँ पर प्रयोग करे।

यद्वा—'ॐअघोर ॐहें अघोरतर ॐह्रीं ह्रां नमस्ते रुद्ररूपाय हें स्वाहा' अनेनाऽभिमन्त्र्य धारयेत् ।

अथवा—ॐ अघोर ॐ हें अघोरतर ॐ ह्रीं ह्रां नमस्ते रुद्ररूपाय हें स्वाहा—इससे अभिमन्त्रण कर धारण करे।

(कामनाभेदेन रुद्राक्षधारणादौ विचारः)

तथा-अष्टोत्तरशतं कार्या चतुष्पञ्चाशदेव वा । सप्तविंशतिमाना वा ततो हीनाधमा स्मृता ॥

और एकसौ आठ, चौवन या सताइस दाने की माला बनावे। उससे कम दाने की माला हीन और अधम कही गयी है।

प्रजापतिः—मोक्षार्थी पञ्चविंशत्या धनार्थी त्रिंशता जपेत् ।
पुष्ट्यर्थी पञ्चविंशत्या पञ्चदश्याभि चारके ।

प्रजापति ने कहा है कि—मोक्ष को चाहने के लिए पचीस दानेकी, धन की इच्छा के लिए तीस दाने की, पुष्टि की इच्छावाले पचीस दाने की तथा अभिचार (मारण) कार्य के लिए पन्द्रह दानेकी माला बनावे।

सप्तविंशतिरुद्राक्षमालया देहसंस्थया । यत्करोति नरः पुण्यं सर्वं कोटिगुणं भवेत् ॥

सताईस दाने की रुद्राक्ष की माला शरीर में धारण कर जो मनुष्य जो कर्म करता है उसको करोड़ों गुणा पुण्य होता है।

यो ददाति द्विजेभ्यश्च रुद्राक्षं भुवि सम्मुखम् । तस्य प्रीतो भवेद्रुद्रः स्वपदं च प्रयच्छति ॥ इति ।

जो इस पृथ्वी पर ब्राह्मणों के लिए परमेश्वर के सन्मुख रुद्राक्ष को देता है उससे रुद्र प्रसन्न होते हैं और अपने पदको देते हैं।

(शरीरे संख्याभेदेन रुद्राक्षधारणकथनम्)

पदार्थादर्शे बोपदेवः—रुद्राक्षान् कण्ठदेशे दशनपरिमितान्मस्तके विंशती द्वे षट् षट् कर्णप्रदेशे

१—त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् । उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥ (ऋ० ७।५९।१२)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

करयुगलकृते द्वादश द्वादशैव । बाह्वोरिन्दोः कलाभिर्नयनयुगकृते एकमेकं शिखायां वक्षस्यष्टाधिकं यः कलयति शतकं स स्वयं नीलकण्ठः ॥

पदार्थादर्श में बोपदेव ने कहा है कि--कण्ठदेश में बत्तीस, मस्तकदेश में-चालीस, बायें कान में छ और दाहिने कान में छ, दोनों हाथों में क्रमसे बारह-बारह, दोनों बाहुओं में सोलह-सोलह, दोनों आंखों में क्रमसे चार-चार, शिखा में एक और छाती पर एकसौ आठ रुद्राक्षों को धारण करता है। वह स्वयं नीलकण्ठ का रूप होता है।

(महास्नाने पञ्चामृतस्य परिमाणकथनम्)

हेमाद्रौ शिवधर्मे—स्नानं पलशतं ज्ञेयं अभ्यङ्गं पञ्चविंशतिः। पलानां द्वे सहस्रे तु महास्नानं प्रकीर्तितम् ॥

हेमाद्रि में शिवधर्म का वचन है कि--स्नान-सौपल से, अभ्यंग-पचीसपल से तथा महास्नान दोहजारपल से कहा है।

पञ्चविंशत्पलं लिङ्गे त्वभ्यङ्गं कारयेदथ । शिवस्य सर्पिषा स्नानं प्रोक्तं पलशतेन च ॥
तावता मधुना चैव दध्ना चैव ततः पुनः। तावतैव च क्षीरेण गव्येनैव भवेत्ततः ॥
भूयः सार्द्धसहस्रेण पलानामिक्षवेण च । रसेन कारयेत्स्नानं भक्त्या चोष्णाम्बुना ततः ॥

लिंग में पचीसपल से अभ्यंग करे। शिवको सौ पल घी से स्नान कहा है। उतने ही सौपल से मधु, दधि और दूध से स्नान करावे। डेढ़ हजार पल द्वारा भक्ति से ईख के रस से स्नान करावे। फिर गरम जल से स्नान करा दे।

विष्ण्वादौ तु स्कान्दे—क्षीराद्दशगुणं दध्ना घृतेनैव दशोत्तरम् । घृताद्दशगुणं क्षौद्राच्चैक्षवजं तथा ॥

विष्णु आदि में तो स्कन्दपुराण में कहा है कि—दूध से दश गुणा दधि, दधि से सौगुणा घृत, घृत से दशगुणा मधु और मधु से दशगुणा ईख का रस होना चाहिये।

ब्राह्मे-देवानां प्रतिमा यत्र घृताभ्यङ्गक्षमा भवेत् । पलानि तत्र देयानि श्रद्धया पञ्चविंशतिः ॥ इदं क्रोडीकृताभिप्रायेण ।

ब्रह्मपुराण में कहा है कि—जहाँपर देवताओं की प्रतिमा हो वहाँ पर श्रद्धा से पचीसपल घृत से अभ्यंग करे--यह क्रोडीकृत (यह भिन्न-भिन्न स्थानों में स्थित प्रमाणों को एकत्रित करने के अभिप्राय से यहाँ कहा गया है।) के अभिप्राय से है।

(विष्वक्सेनादीनां नैवेद्यविभागकथनम्)

तत्रैव सग्रहे—विष्वक्सेनाय दातव्यं नैवेद्यस्य शतांशकम् ।
पादोदकं प्रसादं च लिङ्गे चण्डेश्वराय तु ॥

वहीं पर संग्रह में कहा है कि विष्वक्सेन के लिये नैवेद्य का सौवा भाग देना चाहिये। पादोदक और प्रसाद को लिंग में चण्डेश्वर को दे।

(पञ्चायतनस्थापनप्रकारः)

पञ्चायतनसन्निवेशमाह बोपदेवः। पदार्थादर्शश्च—शम्भौ मध्यगते हरीनहरभूदेव्यो हरौ शङ्करे-भास्येनागसुता रवौ हरगणेशाजाम्बिकाः स्थापिताः। देव्या विष्णुहरैकदन्तरवयो लम्बोदरैजेश्वरे-नाम्बाः शङ्करभागतोऽतिसुखदा व्यस्तास्तु हानिप्रदाः ॥ शङ्करभागतः ईशानकोणादारभ्य प्रदक्षिणमित्यर्थः ।

पञ्चायतनसन्निवेश को बोपदेव और पदार्थादर्शने कहा है कि--(१) जहाँ पर मध्य में शंभु (शिव) हों वहाँ पर हरि (विष्णु) इन (सूर्य) हरभू (गणेश), देवी (दुर्गा) स्थापित होने चाहियें। (२) जहाँ विष्णु मध्य में होंगे वहाँ पर शिव, गणेश, सूर्य और दुर्गा इस क्रम से रखे। (३) जहाँ सूर्य मध्य में होंगे वहाँ पर शंकर, गणेश दुर्गा तथा विष्णु यह क्रम होगा। (४) जहाँ दुर्गा बीच में होंगी वहाँ पर-विष्णु, शिव, गणेश और सूर्य होंगे। ये सब ईशानकोण से प्रारम्भ कर प्रदक्षिण क्रमसे होंगे। यदि विपरीत क्रम से होंगे तो हानि को देने वाले होंगे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र दिक्स्वरूपमुक्तं प्रयोगपारिजाते मन्त्रशास्त्रे—देवस्य मुखमारभ्य दिशं प्राचीं प्रकल्पयेत् ।
तदादि परिवाराणामङ्गाद्यावरणस्थितिः ॥

यहाँ पर (पञ्चायतन सन्निवेश में) दिशा का स्वरूप प्रयोगपारिजात में मन्त्रशास्त्र से कहा है कि—देवता के मुख से प्रारम्भ कर प्राची[1] (पूर्व) दिशा की कल्पना करे। फिर उसके आदि में परिवार, अङ्ग आदि आवरणों की स्थिति करे।

अत्र क्रमः पाद्मे—रविर्विनायकश्चण्डी ईशो विष्णुस्तु पञ्चमः ।
अनुक्रमेण पूज्यन्ते व्युत्क्रमे तु महद्भयम् ॥

उसमें क्रम पद्मपुराण में कहा है कि—सूर्य, गणेश, चण्डी, ईश (शंकर) और पांचवे—विष्णु इस क्रमसे पूजन करे। विपरीत क्रम से पूजन से बड़ा भय होता है।

तथा—पूज्यपूजकयोर्मध्ये प्राची प्रोक्ता विचक्षणैः ।

और पूज्य और पूजन के मध्य में पूर्वदिशा विद्वानों ने कही है।

(केशवादिमर्तिकथनम्)

अथ केशवादिमूर्तयः । बोपदेवः—केविगोवादापुहयप्रजाव्युत्क्रममधात्रिना ।
वाऽधो नृहशौनश्रीपा शाचगे वि गपे चपे ॥

अब केशव आदि मूर्तियों को बोपदेव ने कहा है कि—के (केशव) वि (विष्णु), गो (गोविन्द) वा (वावन वादरायणि), दा (दामोदर), पु (पुरुषोत्तम), हृ (हृषीकेश), य (प्रद्युम्न यज्ञपुरुष) प्र (प्रजापति), ज (जगन्नाथ), वि (व्यास) कृ (कृष्ण), म (मधुसूदन) मा (माधव) त्रि (त्रिविक्रम) ना (नारायण), वा (वासुदेव), धा (धाता), नृ (नृसिंह), ह (हरि), शा (शालिग्राम), नि (नरपति), श्री (श्रीश), और पा (पद्मनाभ), ये चौबीस मूर्तियाँ होती हैं।

अत्र केविगवित्याद्यैः केशवविष्णवादिचतुर्विंशतिमूर्तयोऽभिधीयन्ते । शात् शङ्खात् चगे चक्रगदे ज्ञेये इत्यर्थः । शिष्टे भुजे पद्मं त्वर्थतः सिद्धम् । अत्र दक्षिणोर्ध्वकरक्रमेण ज्ञेयम्, 'दक्षिणोर्ध्वकरक्रमात्' इति हेमाद्रौ वचनात् तेन हेमाद्रिणा संवादः । विशब्देन विपरीतं गचे इत्यर्थः । अत्रापि शादित्यनुवृत्तिः । शङ्खाद्गदाचक्रे इत्यर्थः । गपे इत्यत्रापि शादनुवर्तते । शङ्खात् गदापद्मे इत्यर्थः । विपरीते पद्मगदे इत्यत्रापि शङ्खाज्ज्ञेये । चपे चक्रपद्मे । शङ्खाच्चक्रे इत्यर्थः । वि इति अत्रापि, पद्मचक्रे इत्यर्थः । तेन चगे इत्यष्टौ मूर्तयः । गपे इत्यष्टौ मूर्तयः । च पे इत्यत्र च अत्र मूलं हेमाद्रौ ज्ञेयम् ।

यहाँ पर के, वि, ग, इत्यादिसे केशव आदि विष्णुकी चौविस मूर्तियोंको कहते हैं। शात् से अर्थात्—शंख से चगे से चक्र और गदा जानना चाहिये-यह अर्थ है। शिष्टभुजा में पद्मतो अर्थ से सिद्ध है। यहाँ पर दक्षिणोर्ध्व हाथ के क्रम से जानना चाहिये। 'दक्षिणोर्ध्वकरक्रमात्' इस हेमाद्रिवचन से उससे हेमाद्रि में साथ सम्मलित है। वि-शब्द से विपरीत गचे यह अर्थ है। यहाँ पर भी शात्-इसकी अनुवृत्ति (मिलाना) है। शंख, पद्म, गदा और चक्र, यह अर्थ है। गवे-यहाँ वहाँ पर भी शात् अनुवृत्ति है-शंख, चक्र, गदा, और पद्म यह अर्थ है। विपरीत में-पद्म और गदा-यहाँ पर भी शंख जानना चाहिये। चपे माने चक्र और पद्म, शंख, चक्र तथा पद्म यों अर्थ है। वि-से यहाँ पर भी पद्म और चक्र यह अर्थ है। चगे इससे आठमूर्ति हैं। गपे इससे आठमूर्तियाँ है। और चपे-इसमें भी हैं। इसका मूल हेमाद्रि में जानना चाहिये।

(बौधायनसूत्रोक्तलिङ्गप्रतिष्ठाकथनम्)

अथ बौधायनसूत्रम् । त्रैविक्रमीं चानुसृत्य लिङ्गार्चाप्रतिष्ठोच्यते । यजमानः पूर्वोक्तकाले पूर्वेद्युः

१—यत्रैव भानुस्तु वियत्युदेति प्राचीति तां वेदविदो वदन्ति । इत्युक्ता प्राची न ग्राह्येत्यभिप्रायः । अत्र इयं प्राची तान्त्रिकपूजायामेव न वैदिकपूजायाम्, तस्यां तु प्रसिद्धैव आवरणाद्यभावात् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दशद्वादशषोडशान्यतरहस्तं मण्डपं कृत्वाऽग्नेये हस्तमात्रं चतुरस्रं कुण्डं स्थण्डिलं वा पूर्वतो हस्तमात्रा वेदीं नैर्ऋते वास्तुमण्डलं मध्ये वेदीं तदुपरि सर्वतोभद्रं च कृत्वा प्राणानायम्यास्यां मूर्तौ लिंगे वा देवस्य सान्निध्यसिद्ध्यर्थं दीर्घायुर्लक्ष्मीसर्वकामसमृद्ध्यक्षय्यसुखकामोऽमुकमूर्तिप्रतिष्ठां करिष्ये-इति सङ्कल्प्य गणेशपूजनपुण्याहवाचनमातृजापूजननान्दीश्राद्धानि कृत्वाचार्यं चतुरः ऋत्विजश्च

(मण्डप का स्वरूप)



वृत्वा वस्त्राद्यैः पूजयेत्। अथाचार्यो 'यदत्र संस्थितम्' इति सर्षपान् विकीर्यापो हि ष्ठेति कुशोदकेन भूमिं प्रोक्ष्य देवा आयान्तु यातुधाना अपयान्तु, विष्णो देवयजनं रक्षस्वेति भूमौ प्रादेशं कृत्वाऽस्मत्कृततुलापद्धतिमार्गेण मण्डपप्रतिष्ठां कृत्वा अकृत्वा वा पूर्वरात्रौ हिरण्योपधानं देवं पञ्चगव्यहिरण्यवद्दूर्वाश्वत्थपलाशपर्णान्युदकुंभे प्रक्षिप्य ताभिरद्भि रापो हि ष्ठेति तिसृभिर्हिरण्यवर्णेति चतसृभिः पवमानः सुवर्जन इत्यनुवाकेनाभिषिच्य व्याहृतिभिश्च इदं विष्णुरिति पुष्पफलयवदूर्वाः समर्प्य नमस्ते रुद्र मन्यव इति रुद्रे ततो रक्षोहणमिति हस्ते कंकणं बद्ध्वा वाससाच्छाद्य अवते हेड, उदुत्तममिति च जलेऽधिवासयेत्। इदं बौधायनोक्तम्।

इसके बाद बौधायनसूत्र और त्रैविक्रमी के अनुसार लिङ्ग की पूजा-प्रतिष्ठा कहते हैं। यजमान, पूर्व में कहे हुए समय में पहले दिन दश, बारह या सोलह हाथ का मण्डप करके अग्निकोण में एक हाथ का चतुरस्र कुण्ड या स्थण्डिल बनाकर पूर्वदिशा से एक हाथ की वेदी नैर्ऋत्यकोण में वास्तुमण्डल, मध्य में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वेदी बनावे। उसके ऊपर सर्वतोभद्र कर प्राणायाम कर इस मूर्ति में या लिंग में देवताके सान्निध्यतासिद्धि के लिये 'दीर्घायुर्लदर्मा' इत्यादि प्रकार से संकल्प कर गणेशपूजन, पुण्याहवाचन, मातृकापूजन, नान्दीश्राद्ध आदि कर आचार्य और चार ऋत्विजों का वरण कर वस्त्र आदि से पूजन करे। अनन्तर आचार्य [1]यदत्र संस्थितम्-इत्यादि श्लोकों से सरसों का प्रक्षेपकर आपो [2]हि ष्ठा-इन मन्त्रोंसे कुशोदकसे भूमिका प्रोक्षणकर 'देवा आयान्तु, यातुधाना अपयान्तु, इस वाक्यसे-कहे कि देवता आ जांय तथा यातुधान (राक्षस) आदि हट

(देवताओं की नगरप्रदक्षिणा का रूप)



(कूर्म का स्वरूप) (शिखर का रूप)





१—यदत्र संस्थितं भूतं स्थानमाश्रित्य सर्वदा। स्थानं त्यक्त्वा तु तत्सर्वं यत्रस्थं तत्र गच्छतु॥ अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम्। सर्वेषामविरोधेन प्रतिष्ठाकर्म समारभे॥

२—आपो हि ष्ठा मयोभुवस्तान ऊर्जे दधातन। महे रणाय चक्षसे॥ यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः। उशतीरिव मातरः॥ तस्मा अरं गमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ। आपो जनयथा च नः॥ (ऋ० १०।९।१-३)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जांय। हे विष्णो, देवयजन की रक्षा करो। इसप्रकार भूमिमें प्रादेशमात्र नापकर मेरे द्वारा कहे हुए तुलादान पद्धतिमार्ग से मण्डप प्रतिष्ठा को कर या न कर पूर्वरात्रि में सुवर्ण को रखकर देवताको पञ्चगव्य, सुवर्ण, यव, दूर्वा, पीपल और पलाश के पत्तों को जलके कलशमें प्रक्षेप कराकर उस जलसे 'आपो हि ष्ठा' इन तीन मन्त्रों से तथा [1]हिरण्यवर्णा इस चार मन्त्रों से, 'पवमानः [2]सुवर्जनः' इस अनुवाक से अभिषेचन कर व्याहृतियों से तथा [3]इदं विष्णुः, इससे फल, यव और दूर्वा को समर्पणकर 'नमस्ते रुद्र [4]मन्यव' इससे रुद्र में तदनन्तर-[5]रक्षोहणम्-इस मन्त्रसे हाथमे कङ्कण बांधकर वस्त्रसे आच्छादन कर [6]अवते हेड और [7]उदुत्तमम् इन मन्त्रों से जल में अधिवासन करे यह बौधायनोक्त प्रकार है।

ततश्चललिङ्गे अर्चायां वा अत्राग्निं प्रतिष्ठाप्य गोक्षीरे नीवारचरुं कृत्वा विष्णुश्चेत् कृसरमपि श्रपयित्वाऽऽज्यभागान्ते पलाशोदुम्बराश्वत्थशम्यपामार्गसमिद्भिराज्येन चरुणा तिलैर्वा प्रत्येकमष्टाविंशतिमष्टौ वाऽऽहुतीर्लोकपालमूर्तिपतिभ्यो हुत्वा स्थाप्य देवमन्त्रेण पूर्वोक्तसमित्तिलनैवारचर्वाज्यैरष्टसहस्रमष्टशतमष्टाविंशतिं वा हुत्वा 'अग्नियजुर्भिः' इत्यनुवाकेन दशाहुतीर्जुहुयात्। प्रतिद्रव्यं होमान्ते देवं पादनाभिशिरः स्पृशेत्। आज्यहोमे चोत्तरतः सजलकुम्भे संपातान् नयेत्। तेषां मन्त्राः। इन्द्रायेन्द्रो इतादृस्य, स्यानेति पृथिवीमूर्तेः, अघोरेभ्यः इति तत्पतेः, शर्वस्य अग्न आयाहीत्यग्नेः,

१—हिरण्यवर्णाः शुचयः पावका यासु जातः कश्यपो यास्विन्द्रः। अग्निं या गर्भं दधिरे विरूपास्ता न आपः शँ स्योना भवन्तु १ या साँ राजा वरुणो याति मध्ये सत्यानृते अवपश्यञ्जनानाम्। मधुश्चुतः शुचयो याः पावकास्ता न आपः शँ स्योना भवन्तु २ या सां देवा दिवि कृण्वन्ति भक्षं या अन्तरिक्षे बहुधा भवन्ति। याः पृथिवीं पयसोन्दन्ति शुक्रास्ता न आपः शँ स्योना भवन्तु ३ शिवेन मा चक्षुषा पश्यताऽऽपः शिवया तनुवोप स्पृशत त्वचं मे। सर्वाँ अग्नीँ रप्सुषदो हुवे वो मयि वर्चो बलमोजो निधत्त ४ (तैत्त० सं० ५।६।१।१)।

२—पवमानः सुवर्जनः पवित्रेण विचर्षणिः। यः पोता स पुनातु मा॥ पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनवो धिया। पुनन्तु विश्व आयवः जातवेदः पवित्रवत्। पवित्रेण पुनाहि मा शुक्रेण देव दीद्यत्। अग्ने क्रत्वा क्रतूँ रनु॥ यत्ते पवित्रमर्चिषि अग्ने विततमन्तरा। ब्रह्म तेन पुनीमहे॥ उभाभ्यां देव सवितः पवित्रेण सवेन च। इदं ब्रह्म पुनीमहे॥ वैश्वदेवी पुनती देव्यागात् यस्य बह्वीस्तनुवो वीतपृष्ठाः। तया मदन्तः सध माद्येषु वयँ स्याम पतयो रयीणाम्॥ वैश्वानरो रश्मिभिर्मा पुनातु वातः प्राणेनाषिरो मयोभूः। द्यावापृथिवी पयसा पयोभिः। ऋतावरी यज्ञिये मा पुनीताम्॥ बृहद्भिः सवितस्तृभिः वर्षिष्ठैर्देवमन्मभिः। अग्ने दक्षैः पुनाहि मा॥ येन देवा अपुनत येनाऽऽपो दिव्यंकशः। दिव्येन ब्रह्मणा इदं ब्रह्म पुनीमहे। यः पावमानीरध्येति ऋषिभिः सम्भृतँ रसम्। सर्वँ स पूतमश्नाति स्वदितं मातरिश्वना ऋषिभिः संभृतँ रसम्। तस्मै सरस्वती दुहे क्षीरँ सर्पिर्मधूदकम्॥ पावमानीः स्वस्त्ययनीः सुदुघा हि पयस्वतीः ऋषिभिः संभृतो रसः। ब्राह्मणेष्वमृतँ हितम्॥ पावमानीर्दिशन्तु नः इमं लोकमथो अमुम्। कामान्समर्धयन्तु नः देवीर्देवैः समाभृताः॥ पावमानीः स्वस्त्ययनीः सुदुघा हि घृतश्चुतः। ऋषिभिः संभृतो रसः ब्राह्मणेष्वमृतँ हितम्॥ येन देवाः पवित्रेण आत्मानं पुनते सदा। तेन सहस्रधारेण पावमान्यः पुनन्तु मा॥ प्राजापत्यं पवित्रं शतोद्यामँ हिरण्मयम्। तेन ब्रह्मविदो वयं पूतं ब्रह्म पुनीमहे॥ इन्द्रः सुनीती सह मा पुनातु सोमः स्वस्त्या वरुणः समीच्या। यमो राजा प्रमृणाभिः पुनातु मा। जातवेदा मोर्जयन्त्या पुनातु॥ (तैत्तरीयब्राह्मण १।४।८।१)। (भारद्वाजश्रौतसूत्र—१०।५।४)। पवमानस्स्वर्जनः पवित्रेण विचर्षणिः। यः पोता स पुनातु मा॥ (इत्यादि मन्त्र—काठकसंहिता अ० ३८।२०—१६३)।

३—इदं विष्णुर्वि चक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। समूढ मस्य पांसुरे॥ (ऋ० १।२२।१७)।

४—नमस्ते रुद्र मन्यव उतो त इषवे नमः। नमस्ते अस्तु धन्वने बाहुभ्यामुत ते नमः॥ (तै० स० ४।५।१।१)।

५—ॐ रक्षोहणं वाजिनमा जिघर्मि मित्रं प्रथिष्ठमुप यामि शर्म। शिशानो अग्निः क्रतुभिः समिद्धः स नो दिवा स रिषः पातु नक्तम्॥ (ऋ० १०।८७।१)।

६—ॐ अव ते हेलो वरुण नमोभिरव यज्ञेभिरीमहे हविर्भिः। क्षयन्नस्मभ्यमसुर प्रचेता राजन्नेनांसि शिश्रथः कृतानि॥ (ऋ० १।२४।१४)।

७—ॐ उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यमं श्रथाय। अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम॥ (ऋ० १।२४।१५)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बुद्धिपूर्वक विच्छेदन में तो पहले की हुई प्रतिष्ठाको फिरसे पूर्वोक्त विष्णुपुराण वचन से करे। इसको मलमास, शुक्रास्त आदि में करे यह मदनरत्न और हेमाद्रि में कहा है।

(देवार्चाप्रासादभेदने विधिकथनम्)

देवार्चाप्रसादभेदने तु शूलपाणौ काश्यपः—'वापीकूपारामसेतुसभातडागवप्रदेवतायतनभेदने प्रायश्चित्तं चतस्र आज्याहुतीर्जुहुयात्–इदं विष्णुः' मा नस्तोके, विष्णोः कर्माणि' पादोऽस्य, इति यां देवतामुत्सादयति तस्यै देवतायै ब्राह्मणान् भोजयेत्' इति।

देवार्चा और प्रासादभेदन में तो शूलपाणि में काश्यपने कहा है कि—वापी (वावडी), कूप, आराम (वगीचा), सेतु (पुल), सभा, तलाव, वप्र (सीढी), तथा देवता के स्थानभेदन में प्रायश्चित्त कहा है कि—चार आहुति दे—[1]इदं विष्णुः, मा नस्तोके, [2]विष्णोः कर्माणि और [3]पादोऽस्य से। जिस देवता का उत्सादन (भंग) करे उस देवता के लिए ब्राह्मणों को भोजन करावे।

शङ्खलिखितौ—प्रतिमारामकूपसंक्रमध्वजसेतुनिपातभङ्गेषु तत्समुत्थानं प्रतिसंस्कारोऽष्टशतं च निपातितानाम् इति। समुत्थानं=प्रतिक्रिया। प्रतिसंस्कारः=पुनःप्रतिष्ठा। अष्टशतं पणा (तांबे का टुकडा) दण्डश्चेत्यर्थः।

शंखलिखित में कहा है कि—प्रतिमा, वगीचा, कूप=संक्रम (कष्ट या कठिनता से बढने की क्रिया) ध्वज, सेतु (पुल), के गिरने और टूटने पर उसकी प्रतिक्रिया (निराकरण) फिर से संस्कार करे और एक सौ आठ पण (एक कर्ष परिमित तांवा, किसी के मत से ग्यारह तथा किसी के मत से बीस मासे के बराबर तांवे का टुकड़ा। प्राचीन काल में सिक्के के सदृश व्यवहार इसका था) दण्ड दे। समुत्थान माने=प्रतिक्रिया। प्रतिसंस्कार माने=फिर से प्रतिष्ठा। अष्टशत माने=आठ सौ पण दण्ड दे—यह अर्थ है।

(जीर्णोद्धारविधिकथनम्)

अथ जीर्णोद्धारः। स च लिङ्गादौ दग्धे भग्ने चलिते वा कार्यः। अयं चानादिसिद्धप्रतिष्ठितलिङ्गादौ भङ्गादिदुष्टेऽपि न कार्यः, तत्र तु महाभिषेकं कुर्यादिति त्रिविक्रमः। कर्ताऽमुकदेवस्य जीर्णोद्धारं करिष्ये इत्युक्त्वा पुण्याहं वाचयित्वा नान्दीश्राद्धं कृत्वा आचार्यमृत्विजश्च वृत्वा पीठे मण्डलदेवता आवाह्य लिङ्गे—ॐ व्यापकेश्वर हृदयाय नमः' 'ॐव्यापकेश्वर शिरसे स्वाहा' इति। एवं षडङ्गं कृत्वा देवतान्तरे मूलमन्त्रेण षडङ्गं कृत्वा अर्चयेत्। अघोरमन्त्रमष्टोत्तरशतं जप्त्वाऽग्निं

१—इदं विष्णुर्वि चक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। समूढमस्य पांसुरे॥ (ऋ० १।२२।१७)।

२—विष्णोः कर्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पशे। इन्द्रस्य युज्यः सखा॥ (ऋ० १।२२।१९)।

३—एतावानस्य महिमा तो ज्यायाँश्च पूरुषः। पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि। (ऋ० १०।९०।३) (तै० आ० ३।१२।३) (यजु० ३१।३) (अथर्व० १९।६।३) (साम० ६।१७)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रतिष्ठाप्याघोरेण घृतसर्षपैः सहस्रं हुत्वा इन्द्रादिभ्यो नाम्ना बलिं दत्वा जीर्णदेवं प्रणवेन संपूज्य ब्रह्मादिमण्डलदेवानां होमं पूर्वोक्तं कृत्वा देव प्रार्थयेत्—

अब जीर्णोद्धारविधि कहते हैं। वह लिंग आदिमें दग्ध, भग्न या चलनेपर करे। यह व्यवस्था अनादि सिद्धप्रतिष्ठितलिंगादि में भंगादिदुष्ट में भी न करे। वहाँ तो महाभिषेक करे यह त्रिविक्रम का मत है। कर्ता अमुकदेव का जीर्णोद्धार को करता हूँ यों कहकर पुण्याहवाचन को कहकर नान्दीश्राद्ध को कर आचार्य और ऋत्विजोंका वरणकर पीठपर मण्डलदेवताका आवाहनकर लिंग में—ॐ व्यापकेश्वर हृदयाय नमः। ॐ व्यापकेश्वर शिरसे स्वाहा–इसप्रकार षडंगन्यासकर देवतान्तरमें मूलमन्त्रसे षडंगकर पूजा करे। 'अघोरमन्त्र' से एक सौ आठवार जपकर अग्नि का स्थापन कर 'अघोरमन्त्र' से घृत और पीलीसरसों से एकहजार हवन कर इन्द्रादि देवताओं के नामों से बलि देकर जीर्णदेवता की प्रणव से पूजा कर घी तथा तिलों से ब्रह्मादि मण्डल देवताओं का होम पूर्वोक्तप्रकार से कर देवता की प्रार्थना करे।

जीर्णभग्नमिदं चैव सर्वदोषावहं नृणाम्। अस्योद्धारे कृते शान्तिः शास्त्रेऽस्मिन् कथिता त्वया।
जीर्णोद्धारविधानं च नृपराष्ट्रहितावहम्। तदधस्तिष्ठतां देव प्रहरामि तवाज्ञया॥ इति।

जीर्ण और भंग आपका यह शरीर मनुष्यों के सब दोषों को देनेवाली है। इसके उद्धार करने की शान्ति को इस शास्त्रमें आपने कहा है। जीर्णोद्धार का विधान राजा तथा राष्ट्रके हितके लिए है। इसलिए हे देव, आप नीचे रहें। आप की आज्ञा से सब का प्रहार करता हूँ।

ततः क्षीराज्यमधुदूर्वाभिः समिद्भिश्चाष्टोत्तरसहस्रं शतं वा देवमन्त्रेण हुत्वा, अङ्गानां दशांशेन लिङ्गचालनार्थं सहस्रं शतं वा पायसेन हुत्वा लिङ्गं प्रार्थयेत्—

तदनन्तर क्षीर, आज्य, सहत, दूर्वा और समिधाओं से एकहजार आठ या एक सौ आठवार देवमन्त्र से हवन कर अंगों का दशांश से, लिंग के चालनार्थ एकहजार या सौ वार खीर से हवन कर लिंग की प्रार्थना करे।

लिङ्गरूपं समागत्य येनेदं समधिष्ठितम्। यायास्त्वं सम्मितं स्थानं सन्त्यज्यैव शिवाज्ञया॥
अत्र स्थाने च या विद्या सर्वविद्येश्वरैर्युता। शिवेन सह सन्तिष्ठ' इति मन्त्रितजलेनाभिषिच्य विसर्जयेत्।

लिंगरूप में आकर जिसने इसको स्थित किया है ऐसे शिव की आज्ञा से देव इस स्थान को छोड़कर अपने अभीष्ट स्थान में जाँय। इस स्थान में सब विद्येश्वरों से युक्त जो विद्या है शिवके साथ हो इस मन्त्रित जल से अभिषेक कर विसर्जन करें।

ततोऽस्त्रमन्त्रितेन खनित्रेण खात्वा लिङ्गमादाय नद्यादौ वामदेवेन लिङ्गं प्रणवेन मूर्तिं क्षिपेत्। दारुजं तु मधुनाऽभ्यज्याघोरेण दहेत्। हेमरत्नादिमयं तु दग्धं चलितं वा पुनस्तत्रैव स्थापयेत्।
ततः शान्त्यै अघोरेण तिलैः सहस्रं हुत्वा प्रार्थयेत्।

तदनन्तर अस्त्र मन्त्रित खनित्र (फरसा फावड़ा खुरपो) से खनकर लिंगको लेकर नदी आदि में 'वामदेवमन्त्र' से लिंग को प्रणवसे मूर्ति का प्रक्षेप करे। लकड़ी के लिङ्ग को सहत से अभ्यञ्जन कर 'अघोर-मन्त्र' से दहन करे। हेम, रत्न आदि का लिङ्ग दग्ध या चलित फिर से वहीं पर स्थापना करे। फिर शान्ति के लिए 'अघोरमन्त्र' से तिलों द्वारा एकहजार हवन कर प्रार्थना करे।

भगवन् भूतभव्येश लोकनाथ जगत्पते। जीर्णलिङ्गसमुद्धारः कृतस्तवाज्ञया मया॥

हे भगवन्, हे भूतभव्येश, हे लोकनाथ, हे जगत्पते, मैंने तुम्हारी आज्ञा से जीर्णलिङ्ग का उद्धार किया है।

अग्निना दारुजं दग्धं क्षिप्तं शैलादिकं जले। प्रायश्चित्ताय देवेश अघोरास्त्रेण तर्पितम्॥

लकडी की मूर्ति को अग्नि से दग्ध किया है। पत्थर आदि की मूर्ति को जल में प्रक्षेप किया है। हे देवेश, प्रायश्चित्त के लिए अघोरास्त्र मन्त्र से तर्पित किया है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्ञानतोऽज्ञानतो वापि यथोक्तं न कृतं यदि। तत्सर्वं पूर्णमेवास्तु त्वत्प्रसादान्महेश्वर।

जो मैंने जानकर या अनजान में कहा हुआ कर्म यदि नहीं किया है तो हे महेश्वर, वह सब आप के प्रसाद से पूर्ण ही हो जाय।

ततो यजमानः प्रार्थयेत्—गोविप्रशिल्पिभूतानामाचार्यस्य च यज्वनः।
शान्तिर्भवतु देवेश अच्छिद्रं जायतामिदम्॥

तदनन्तर यजमान प्रार्थना करे-गो, ब्राह्मण, शिल्पी, मनुष्य, आचार्य और यज्ञ करानेवाले की हे देवेश, शान्ति हो और यह कार्य अछिद्र (दोषरहित) हो।

(मूर्तौविशेषः)

मूर्तौ तु विशेषः—त्वत्प्रसादेन निर्विघ्नं देहं निर्माययत्यसौ।
वासं कुरु सुरश्रेष्ठ तावत्त्वं चाल्पके गृहे॥

वसन् क्लेशं सहित्वेह मूर्त्तिं वै तव पूर्ववत्। यावत्कारयते भक्तः कुरु तस्य च वाञ्छितम्॥ इति। ततो नवां मूर्त्तिं लिङ्गं वा कृत्वोक्तविधिना स्थापयेत्। मूलं त्वग्निपुराणे स्पष्टम्। इति जीर्णोद्धारः।

मूर्ति में तो विशेष कहा है कि—आपके प्रसाद से शिल्पी निर्विघ्न इस देह का निर्माण करे। हे सुरश्रेष्ठ, तब तक आप इस छोटे घर में निवास करें। क्लेश को सहन कर यहाँ आप रहें जब तक भक्त पूर्ववत् मूर्तिको ठीक बनावे तबतक भक्त को वांछित फल दें। तदनन्तर नवीन मूर्ति या लिंग को लेकर उक्त विधि से स्थापन करे। इसका मूल अग्निपुराण में स्पष्ट है।

(तुलसीग्रहणविचारः)

अथ तुलसीग्रहणम्। देवयाज्ञिककृतं स्मृतिसारे—वैधृतौ च व्यतीपाते भौमभार्गवभानुषु। पर्वद्वये च संक्रान्तौ द्वादश्यां सूतकद्वये॥ तुलसीं ये विचिन्वन्ति ते छिन्दन्ति हरेः शिरः।

अब तुलसीग्रहणविचार कहते हैं—देवयाज्ञिककृतस्मृतिसार में कहा है कि—वैधृति में, व्यतीपात में, मंगलवारमें, शुक्रवारमें, अमावास्या और पूर्णिमामें, संक्रान्तिमें, द्वादशीतिथिमें, जननाशौच तथा मरणशौचमें जो तुलसीको तोड़ते हैं वे हरि के शिरका छेदन करते हैं।

विष्णुधर्मोत्तरे—रविवारं विना दूर्वां तुलसीं द्वादशीं विना।
जीवितस्याविनाशाय प्रविचिन्वीत धर्मवित्॥

विष्णुधर्मोत्तर में कहा है कि—अपने जीवन के अविनाशके लिए धर्मवेत्ता पुरुष रविवार को दूर्वा और द्वादशीतिथि को तुलसीको न तोडे।

तथा—संक्रान्तावर्कपक्षान्ते द्वादश्यां निशि सन्ध्ययोः।
यैश्छिन्नं तुलसीपत्रं तैश्छिन्नं हरिमस्तकम्॥

और संक्रान्ति, रविवार, पक्षान्त (अमावास्या और पूर्णिमा,) द्वादशी, रात्रि तथा सन्ध्या में जो तुलसीपत्र का छेदन करते हैं वे हरिके शिरका छेदन करते हैं।

पाद्मे—द्वादश्यां तुलसीपत्रं धात्रीपत्रं च कार्तिके।
लुनाति स नरो गच्छेन्निरयानतिगर्हितान्॥

पद्मपुराण में कहा है कि—द्वादशीतिथि में तुलसीपत्र को तथा कार्तिकमास में आवंले के पत्ते को जो छेदन करता है वह मनुष्य नरकों में जाता है।

रुद्रयामले—द्वादश्यां च दिवास्वापस्तुलस्यवचयस्तथा।
विष्णोश्चव दिवास्नानं वर्जनीयं सदा बुधैः॥

रुद्रयामलमें कहा है कि—द्वादशीतिथि में दिनमें शयन करना, तुलसी का छेदन करना और विष्णुको दिनमें स्नान करना सदा विद्वान् को त्याग देना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विष्णुधर्मे—'न छिन्द्यात्तुलसीं विप्रो द्वादश्यां वैष्णवः क्वचित् । देवार्थे तुलसीच्छेदो होमार्थे समिधां तथा ॥ इन्दुक्षये न दुष्येत गवार्थे तु तृणस्य च ।

विष्णुधर्मोत्तर में कहा है कि—वैष्णव ब्राह्मण कभी भी द्वादशीतिथि में तुलसी का छेदन न करे। देवताके कार्य के लिये तुलसी छेदन, होम के लिए समिधाओंको और गौ के लिए तृणका छेदन इन्दुक्षय (अमावास्या) में दूषित नहीं होता है।

(तुलसीग्रहणमन्त्रः)

ग्रहणमन्त्रस्तु पाद्मे—तुलस्यमृतनामासि सदा त्वं केशवप्रिये ।
केशवार्थं विचिन्वामि वरदा भव शोभने ॥ इति ।

ग्रहणमन्त्र तो पद्मपुराणमें कहा है कि—हे केशवप्रिये, तुलसी तुम्हारा सदा अमृत नाम है। केशव के लिए तुमको तोडता हूँ। हे शोभने, तुम वरको देनेवाली हो।

(समित्पुष्पादीनां ग्रहणे समयविचारः)

पारिजाते दक्षः—समित्पुष्पकुशादीनां द्वितीयः प्रहरो मतः ।

पारजातमें दक्षने कहा है कि—समिधा, पुष्प तथा कुशाके छेदन के लिए दूसरा प्रहर माना गया है।

(पुष्पादिपर्युषितविचारः)

अथ पुष्पादेः पर्युषितत्वम् । भार्गवार्चने भविष्ये—प्रहरं तिष्ठते जाती करवीरमहर्निशम् । तुलस्यां बिल्वपत्रेषु सर्वेषु जलजेषु च ॥ न पर्युषितदोषोऽस्ति मालाकारगृहेऽपि च ।

अब पुष्प आदिका पर्युषितत्व कहा है—जातीपुष्प एक प्रहर और करवीर (कनैल) पुष्प एकदिन-रात रहता है। तुलसी, बिल्वपत्र जल में होनेवाले पुष्पों का और मालाकार (माली) घर में भी पर्युषित दोष नहीं होता है।

बृहन्नारदीये—वर्ज्यं पर्युषितं पुष्पं वर्ज्यं पर्युषितं जलम् ।
न वर्ज्यं तुलसीपत्रं न वर्ज्यं जाह्नवीजलम् ॥

बृहन्नारदीयमें कहा है कि—पर्युषित पुष्प और वासीजल त्याग दे, पर तुलसीपत्र तथा जाह्नवीजल वासी त्याग न करे।

तत्रैव पाद्मे—तुलसी पर्युषितं नैव बिल्वं तु त्रिदिनावधि ।
पद्मं पञ्चदिनात्त्याज्यं शेषं पर्युषितं विदुः ॥

वहींपर पद्मपुराण में कहा है कि—तुलसी वासी नहीं होती है। बिल्वपत्र तीनदिन वासी नहीं होता है और कमल पाँचदिन पर्युषित नहीं होता है। शेष (अवशिष्ट) पर्युषित होते हैं।

स्कान्दे—पालाशं दिनमेकं तु पङ्कजं च दिनत्रयम् ।
पञ्चाहं बिल्वपत्रं च दशाहं तुलसीदलम् ॥

स्कन्दपुराणमें कहा है कि—पलाश एकदिन, कमल तीनदिन, पांचदिन बिल्वपत्र तथा दशदिन तुलसीपत्र वासी नहीं होते हैं।

पदार्थादर्शे बोपदेवस्त्वन्यथाह—बिल्वापामार्गजातीतुलसिशमिशताकेतकीभृङ्गदूर्वामन्दांभोजाहिद-र्भाम्रुनितिलतसरत्र्ब्राकह्लारमल्लयः । चम्पाश्वारातिकुम्भीदमनमरुवका बिल्वतोहानिशस्तत्रिंशत् ३० त्र्ये ३ का १ र्य ६ री ६ शो ११ दधि ४ निधि ९ वसु ८ भू १ भू १ यमा २ भूय एवम् ॥

अस्यार्थः—शता=शतावरी । मन्दः=मन्दारः । अहिः=नागकेशरः । मुनिः=अगस्त्यः । अश्वा-रातिः=करवीरः । कुंभी=पाटलेति कैदेवनिघण्टुः । अरयः=षट् । ईशाः=एकादश । उदधयश्चत्वारः । निधयो नव । वसवोऽष्टौ । भूः=एकः । यमौ=द्वौ । बिल्वमारभ्याऽहिपर्यन्तं गणयित्वा दर्भमारभ्य पुनस्त्रिंशदादि गणयेदित्यर्थः । एतद्दिनोत्तरं पर्युषितानीत्यर्थः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पदार्थादर्श में वोपदेव ने दूसरा प्रकार कहा है कि—बिल्व—तीसदिन, अपामार्ग—तीनदिन, जाती-(चमेली का भेद) एकदिन, तुलसी-छ दिन, शमी-ग्यारहदिन, शतावरी-(शतावर) चारदिन, केतकी (केवडा) नौ दिन, भृंग (भंगरैया) आठदिन, दूर्वा-एकदिन, मन्दार-एकदिन, कमल-दो दिन, नागकेशर-एकदिन, कुशा-तीनदिन, अगस्त्य-तीनदिन, तिल-एकदिन, तगर-छदिन, ब्राह्मी-ग्यारहदिन, कल्हार-चारदिन, चमेली-नौदिन, चम्पा-आठ दिन, करवीर-(कनेर) एकदिन, पाटल-(पाढल) एकदिन, मौलसरी-एकदिन मरवा-(तुलसी की तरह पत्ता होता है) दो दिन और बकुल (मौलसरी) एकदिन, पर्युषित नहीं होते हैं।

टोडरानन्दे स्कान्दे दमनमुपक्रम्य—तस्य माला भगवतः परमप्रीतिकारिणी।
शुष्का पर्युषिता वापि न दुष्टा भवति क्वचित् ॥

टोडरानन्द में स्कन्दपुराण मतसे दमन को प्रारंभकर कहा कि—उसकी (मौलसरी की) माला भगवान् को परम प्रीति को करनेवाली होती है शुष्क या पर्युषित हो तब भी कभी दूषित नहीं होती है।

तिथितत्त्वे मात्स्ये—बिल्वपत्रं च माघ्यं च तमालामलकीदले। कह्लारं तुलसी चैव पद्मं च मुनिपुष्पकम् ॥ एतत्पर्युषितं न स्यात्कुशाश्च कलिकास्तथा।

तिथितत्त्वमें मत्स्यपुराण का वचन है कि—बिल्वपत्र, माघ्य (कुन्द), तमाल, आंवले के पत्र, कह्लार, तुलसी, कमल, मुनिपुष्प (अगस्य फूल), कुशा तथा कलिका भी पर्युषित नहीं होते हैं।

स्मृतिसारावल्याम्—जलजानां च सर्वेषां पत्राणामहतस्य च। कुशपुष्पस्य रजतसुवर्णकृतयोरपि ॥ न पर्युषितदोषोऽस्ति तीर्थतोयस्य चैव हि। मुकुलैर्नार्चयेद्देवं चम्पकैर्जलजैर्विना ॥

स्मृतिसारवली में कहा है कि—जल में होनेवाले विना खण्डित पुष्प तथा पत्ते, कुशपुष्प, रजत और सुवर्ण के पुष्प तथा तीर्थ का जल कभी वासी नहीं होता है। चम्पा तथा जल में होनेवाले पुष्पों के विना मुकुल (कली) पुष्पों से देवता का अर्चन न करे।

(शिवनिर्माल्यनिर्णयकथनम्)

अथ शिवनिर्माल्यनिर्णयः। सिद्धान्तशेखरे—धराहिरण्यगोरत्नताम्ररौप्यांशुकादिकान्।
विहाय शेषं निर्माल्यं चण्डेशाय निवेदयेत् ॥

शिवनिर्माल्यग्रहणनिर्णय करते हैं। सिद्धान्तशेखर में कहा है कि—धरा[1] (पृथिवी), सुवर्ण, गौ, रत्न, तांबा, चांदी, वस्त्र आदि को छोडकर चण्डेश के लिए निवेदन करे।

अन्यदन्नादि पानीयं ताम्बूलं गन्धपुष्पकम्। दद्याच्चण्डाय निर्माल्यं शिवभुक्तं तु सर्वशः॥

अन्य अन्न आदि, जल, तांबूल, गन्ध और पुष्प शिवभुक्त निर्माल्य (भगवान् शंकर को निवेदित किया हुआ सब चण्डेश को दे देना चाहिये।) सब चण्डके लिये दे।

आचार्यशिवचण्डानामाज्ञाभङ्गे तु लक्षकम्। धनस्य भक्षणे तेषां पादोनं लक्षमीरितम् ॥
निर्माल्ये भक्षिते लक्षपादतः शुद्धिरीरिता। दानं च भक्षणसमं तदर्द्धं तदुपेक्षणे ॥

आचार्य शिव तथा चण्डकी आज्ञा भंगमें एक लाख, उसके धनका भक्षण करे पाद ऊन और निर्माल्यका भक्षण करे तो लक्षपाद जप से शुद्धि होती है। भक्षण के समान दान तथा उपेक्षा करने से अर्ध से शुद्धि होती है।

अकामाद्भक्षणे यद्वा निर्माल्यस्य जपेत्सुधीः। ब्रह्मपञ्चकसाहस्रमर्द्धेन सहितं ततः ॥

या तदनन्तर अज्ञान से भक्षण करने पर साढे पांच हजार गायत्रीजप से बुद्धिमान् की शुद्धि होती है।

कामतो भक्षणे दीक्षा प्रायश्चित्तं न चान्यतः। निर्माल्यलङ्घनेऽघोरं प्रजपेदयुतं ततः॥ स्पर्शश्च लङ्घनसमो विक्रयो भक्षणेन च।

१—मनुष्य अपवित्र तथा भिन्न मर्यादा से युक्त होकर जो निर्माल्य को भक्ति से शिर में धारण करेगा घोर नरक में जाकर तिर्यक् योनि में उत्पन्न होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इच्छा से भक्षण में दीक्षा ग्रहण करे। दूसरा प्रायश्चित्त नहीं है। निर्माल्यके लंघनमें 'अघोरमन्त्र' को अयुत संख्य जप करे। स्पर्श लंघन के तुल्य होता है तथा विक्रय भी भक्षण के सदृश होता है।

स्मृत्यर्थसारेऽपि—शैवसौरनिर्माल्ये नैवेद्यभक्षणे चान्द्रम्, अभ्यासे द्विगुणम्, अत्याभ्यासे प्रपतनम्, अन्यनिर्माल्येऽप्यनापद्येवम्, इति। इदं च ज्योतिर्लिङ्गाद्यतिरिक्तविषयम्।

स्मृत्यर्थसारमें भी कहा है कि—शैव और सौर—(सूर्य) के निर्माल्य नैवेद्य भक्षणमें चान्द्रायण कहा है। अभ्यास में (अर्थात्—वारंवार भक्षणमें) द्विगुणित तथा अत्यन्ताभ्यास में 'प्रतपन' प्रायश्चित कहा है। (किसी पुस्तक में—प्रतपन की जगह 'पतनम्' यह पाठ है—अर्थात्—उसका पतन ही जाता है।) दूसरे निर्माल्यभक्षण में—विना विपत्ति में यही प्रायश्चित्त है। यह ज्योतिर्लिंगादि के अतिरिक्त विषयक है।

तथा च पुरुषार्थप्रबोधे भविष्ये—ज्योतिर्लिङ्गं विना लिङ्गं यः पूजयति सत्तमः।
तस्य नैवेद्यनिर्माल्यभक्षणात्तप्तकृच्छ्रकम्॥

और पुरुषार्थप्रबोध में भविष्यपुराण का वचन है कि—जो उत्तम पुरुष ज्योतिर्लिंग के बिना लिंगका पूजन करता है। उसके निर्माल्य तथा नैवेद्य भक्षण से 'तप्तकृच्छ्र' प्रायश्चित्त होता है।

शालग्रामोद्भवे लिङ्गे बाणलिङ्गे स्वयंभुवि। रसलिङ्गे तथार्षे च सुरसिद्धप्रतिष्ठिते॥
हृदये चन्द्रकान्ते च स्वर्णरूप्यादिनिर्मिते। शिवदीक्षावता भक्तेनेदं भक्ष्यमितीर्यते॥

शालग्रामद्वारा निर्मित स्वयंनिर्गत [1]बाणलिंग में और रसलिंग में, आर्षलिंग में, देवतासिद्ध प्रतिष्ठित लिंगमें, हृदयलिंग में, चन्द्रकान्त (चन्द्रकान्तमणि), सुवर्ण, रूप्य आदि द्वारा निर्मित लिंग में शिव-दीक्षावाला भक्त इनका भक्षण करे—ऐसा कहा है।

तथा—बाणलिङ्गे स्वयंभूते चन्द्रकान्ते हृदि स्थिते।
चान्द्रायणसमं ज्ञेयं शम्भोर्नैवेद्यभक्षणम्॥

और स्वयं उत्पन्न बाणलिंग में, चन्द्रकान्तमणिलिंग में तथा हृदयलिंग में शंभु के नैवेद्य भक्षण चान्द्रायण के समान जानना चाहिये।

लिङ्गे स्वयम्भुवे बाणे रत्नजे रसनिर्मिते। सिद्धप्रतिष्ठिते चैव न चण्डाधिकृतिर्भवेत्॥ यत्र चण्डाधिकारोऽस्ति तद्भोक्तव्यं न मानवैः। चण्डाधिकारो नो यत्र भोक्तव्यं तत्र भक्तितः॥

स्वयं प्रादुर्भूत बाणलिंगमें, रत्नलिंगमें, रसनिर्मितलिंगमें, और प्रतिष्ठितलिंग में 'चण्डाधिकृत'—(चण्डका अधिकार) नहीं होता है। जहाँपर चण्डाधिकार होता है वहाँपर मनुष्यों को उसका भोजन नहीं करना चाहिये। जहाँ चण्डाधिकार नहीं है वहाँ भक्ति से भोजन करे।

त्रैविक्रम्याम्—बाणलिङ्गे च लौहे च सिद्धलिङ्गे स्वयम्भुवि। प्रतिमासु च सर्वासु च चण्डोऽधिकृतो भवेत्॥

त्रैविक्रमी में कहा है कि—बाणलिंग में, लोहलिंगमें, सिद्धलिंगमें, स्वयं उत्पन्नलिंगमें और सब प्रतिमाओं में चण्डका अधिकार होता है।

अत्र—ब्रह्महापि शुचिर्भूत्वा निर्माल्यं यस्तु धारयेत्। तस्य पापं महच्छीघ्रं नाशयिष्ये महाव्रते॥ इति स्कान्दादशुचिना न ग्राह्यं शिवनिर्माल्यं, किन्तु स्नात्वेति स्मार्ताः। अनुपनीतेन न ग्राह्यमिति श्रीदत्तः। शिवदीक्षाहीनैर्न ग्राह्यमिति शैवाः।

---

[1]—वीरमित्रोदये लक्षणप्रकाशे-पक्वजम्बूफलाकारं कुक्कुटाण्डसमाकृतिम्। भुक्तिमुक्तिप्रदं चैव बाणलिंगमुदाहृतम्॥ सदा सन्निहितस्तत्र शिवः सर्वार्थसाधकः। कृतप्रतिष्ठं तल्लिङ्गं बाणाख्येनासुरेण च॥ चिपिटे पूजिते तस्मिन् गृहभङ्गो भवेद् ध्रुवम्। एकपार्श्वंक्षते धेनुपुत्रदारधनक्षयः॥ शिरसि स्फुटिते बाणे व्याधिर्मरणमेव च। अर्च्यं स्यात्कापिलं लिङ्गं मुनीनां मोक्षकाङ्क्षिणाम्॥ तीक्ष्णाग्रं वक्रशीर्षं च त्र्यस्रं लिङ्गं च वर्जयेत्। पूजितव्यं गृहस्थेन वर्णेन भ्रमरोपमम्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँपर जो निर्माल्य को धारण करता है वह ब्रह्महत्यारा भी पवित्र होकर उसका पाप बड़ी जल्दीसे हेमहाव्रते, नाशको प्राप्त होता है—इस स्कन्दपुराण वचनसे। अपवित्रावस्था से शिवनिर्माल्य न ग्रहण करे। कन्तु स्नानकर ग्रहण करे—यह स्मार्तों का कथन है। जिसका उपनयन न हुआ हो वह ग्रहण न करे—यह श्रीदत्तका कथन है। शैवों का कथन है कि—शिवदीक्षा हीनों को ग्रहण नहीं करना चाहिये।

तिथितत्त्वे हेमाद्रौ च परिशिष्टे—अग्राह्यं शिवनैवेद्यं पत्रं पुष्पं जलं फलम्।
शालग्रामशिलासङ्गात् सर्वं याति पवित्रताम्॥
पञ्चायतनपूजायां तन्त्रेण निवेदितमित्यर्थः।

तिथितत्त्वमें और हेमाद्रिके परिशिष्टमें कहा है कि—शिवका नैवेद्य, पत्र, पुष्प, फल और जल—इनको ग्रहण (स्वयं उपभोगमें ग्रहण) न करे। शालग्रामशिलाके संग (संबन्ध) से सब पवित्रताको प्राप्त हो जाता है।

पञ्चायतन (पञ्चदेवता विष्णु-शिव-सूर्य-गणेशदुर्गाभ्यो नमः।) पूजामें एकतन्त्र (एक साथ) से निवेदन करे—यह अर्थ है।

शिवपुराणे—ये वीरभद्रशपिताः शिवभक्तिपराङ्मुखाः। शंभोरन्यत्र देवेषु ये भक्ता ये न दीक्षिताः। तेषामनर्हमीशस्य तत्प्रसादचतुष्टयम्॥

शिवपुराणमें कहा है कि—जिसको वीरभद्रका शाप लगता है। जो शिवभक्ति से पराङ्मुख (विपरीत मुख) हैं—जो शंभुसे अन्यत्र देवताओं में भक्त हैं जो दीक्षित नहीं है। उनको चारों (धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष) प्रसाद नहीं प्राप्त होते हैं।

काशीखण्डे—जलस्य धारणं मूर्ध्नि विश्वेशस्नानजन्मनः। एष जालन्धरो बन्धः समस्तसुरवल्लभः।

काशीखण्ड में कहा है कि—विश्वेश के स्नान जलका शिर में धारण करना यह जालन्धर बन्ध (महामुद्रां नभोमुद्रामुड्डीयगानं जलन्धरम्। मूलबन्धं तु यो वेत्ति स योगी योगसिद्धिभाक्॥ यथा बध्नाति च सिरा जालमधोगामि न भोजनम्। एष जलन्धरो बन्धः कण्ठे दुःखौघनाशनः। जलन्धरे कृते बन्धे कण्ठ-संकोचलक्षणे। न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रधावति॥ काशी ख० अ० ४१) समस्त देवता को प्रिय है।

तथा—स्नापयित्वा विधानेन यो लिङ्गस्नपनोदकम्।
त्रिः पिबेत् त्रिविधं पापं तस्येहाशु विनश्यति॥

और—जो लिंगके स्नपनोदक जलके विधान से स्नान कराकर तीनवार पान करता है उसके शीघ्र ही तीन प्रकार के पाप नष्ट हो जाते हैं।

लिङ्गस्नपनवार्भिर्यः कुर्यान्मूर्ध्न्यभिषेचनम्। गङ्गास्नानफलं तस्य जायतेऽत्र विपाप्मनः।
इदं पूर्ववाक्यवशाद्विश्वेश्वरविषयमिति केचित्। काशीस्थपुराणप्रसिद्धसर्वलिंगविषयं काशीखण्डे रत्नेश्वराख्याने तथैव दर्शनादित्यन्ये।

जो लिंग के स्नपन (स्नान किये) जल को शिरपर अभिषेचन करता है उस पाप विहीन के यहाँ-पर 'गङ्गास्नान' करनेका फल मिलता है।

यह पूर्ववाक्यवश से विश्वेश्वरविषयक है यह किन्हीं का मत है। काशीस्थपुराणप्रसिद्धसर्वलिंग विषयक है। काशीखण्ड में रत्नेश्वराख्यानमें वैसा ही देखा है। ये अन्य कहते हैं।

(कृषिकथनम्)

अथ कृषिः राजमार्तण्डः—ऋक्षेषूत्तरपौष्णवैष्णवमघामूलानुराधाश्विनीप्राजापत्यकरद्विदैवतगुरुप्रा-लेयपादेषु च। निर्दोषर्वृषभैर्हलैश्च सुमनोमालाभिरभ्यर्चितैर्दत्वा क्षेत्रपतेर्बलिं हलधरः क्षेत्रं ततः कर्षयेत्॥

अब कृषि कहते है। राजमार्तण्ड में कहा है कि—तीनों उत्तरा, रेवती, श्रवण, मघा, मूल, अनुराधा, अश्विनी, रोहिणी, हस्त, विशाखा, पुष्य, शतभिषा, दोषरहित बैल और हल के द्वारा जिनकी सुन्दर पुष्पमाला आदि से पूजा की गयी हो क्षेत्रपति (क्षेत्रपालबलि) को बलिदान देकर किसान को हल चलाना चाहिये।

प्राजेशश्रवणोत्तरादितिमघामार्तण्डतिष्याश्विनी पौष्णानुष्णमरीचयः शतभिषक् स्वाती विशाखा तथा। जीवार्केन्दुसितेन्दुनन्दनदिने लग्ने च सौम्योदये। सस्यानां वपने तथैव लवने शस्तास्तथा रोपणे॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रोहिणी, श्रवण, तीनों उत्तरा, पुनर्वसु, मघा, हस्त, पुष्य, अश्विनी, रेवती, मृगशिरा, शतभिषा, स्वाती, विशाखा, बृहस्पतिवार, रविवार, सोमवार, शुक्रवार, बुधवार तथा इन ग्रहोंके लग्न एवं लग्नमें शुभ-ग्रहों के उदयमें (अथवा—बुध का उदय हो) ऐसे शुभ समय में बीजवपन, लवन धान्य में से घासफूस को हटाना, (लावणी, निरवनी पर्यायवाचक शब्द हैं) इनमें धान्यारोपण भी करना चाहिये।

चण्डेश्वरः—हस्तचित्रादितिस्वातीरेवत्यां श्रवणत्रये। स्थिरलग्ने गुरोर्वारे बीजं धार्यं ज्ञशुक्रयोः॥

चण्डेश्वरने कहा है कि--हस्त, चित्रा, पुनर्वसु, स्वाती, रेवती, श्रवण. धनिष्ठा, शतभिषा, स्थिरलग्न, गुरुवार, बुधवार तथा शुक्रवार में बीजको बोना चाहिये।

'ॐ धनदाय सर्वलोकहिताय देहि मे धान्यं स्वाहा।' लेखयित्वा इमं मन्त्रं धान्यागारे निधापयेत्। सस्यवृद्धिं परां कुर्यात्पूजितं प्रतिपूजयेत्॥

ॐ धनदाय सर्वलोकहिताय देहि मे धान्यं स्वाहा—धन देनेवाले सब लोक के हितकारी को नमस्कार है। मुझे धान्य दो। इस मन्त्रको लिखकर धान्यागार (जहाँपर धान्य बहुत हो कोठार) में स्थापन करे तो सस्य की वृद्धि को पराकाष्ठा से करे और पूजित को पूजित भी करता है।

दक्षिणदिङ्मुखगमनं गमनमभिनवासु नारीषु। व्ययमपि सस्यधनानां न बुधा बुधवासरे कुर्युः॥ शनिवारे च नो कार्यो धनधान्यव्ययो बुधैः।

नवीनस्त्रियों का दक्षिणदिशामें गमन, सस्य (खेत) धान्योंका व्यय विद्वान् बुधवार में न करें और शनिवारमें धन और धान्यका व्यय विद्वान् न करें।

(वस्त्रधारणविचारः)

अथ वस्त्रम्। श्रीपतिः—रोहिणीषु करपञ्चकेऽशुभे त्र्युत्तरासु च पुनर्वसुद्वये।
रेवतीषु वसुदेवते च भे नव्यवस्त्रपरिधानमिष्यते॥

अब वस्त्रको कहते हैं। श्रीपतिने कहा है कि—रोहिणी, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अवि—मेष, तीनों उत्तरा, पुनर्वसु, पुष्य, रेवती, धनिष्ठा, इन नक्षत्रों में नवीनवस्त्र को पहना चाहिये।

जीर्णं रवौ सततमम्बुभिरार्द्रमिन्दौ भौमे शुचे बुधदिने तु भवेद्धनाय।
ज्ञानाय मन्त्रिणि भृगौ प्रियसङ्गमाय मन्दे मलाय च नवाम्बरधारणं स्यात्॥

रविवार को नया वस्त्र धारण करने से जल्दी जीर्ण (फटना-गलना) होता है। सोमवार को नया वस्त्र पहनने से जल से सदा भीगा रहता है। मंगलवार को नया वस्त्र पहनने से शोक होता है। बुधवार को नया वस्त्र धारण करने से धन मिलता है। गुरुवार को नूतन वस्त्र का उपयोग करने से ज्ञान मिलता है। शुक्रवार को नवीन वस्त्र के उपयोग से प्रियजनों से समागम होता है और शनिवार को नूतन वस्त्र के धारण से मलिनता होती है।

रोहिणीगुरुपुनर्वसूत्तरे या बिभर्त्ति नववस्त्रभूषणे।
सा न योषिदवलम्बते पतिं स्नानमाचरति वारुणेऽपि या॥

रोहिणी, पुष्य, पुनर्वसु और उत्तरा तीनों इनमें, जो नूतन वस्त्र तथा आभूषण पहनती है एवं जो स्त्री शतभिषा में स्नान (प्रसूतिस्नान) करती है वह पतिका अवलम्ब प्राप्त करने में असमर्थ रहती है।

(अलङ्कारवलयादिकथनम्)

अथालङ्कारवलयादि। दैवज्ञवल्लभः—नासत्यपूषवसुभिः करपञ्चकेन मार्तण्डभौमगुरुदानवमन्त्रिवारे। मुक्तासुवर्णमणिविद्रुमशङ्खदन्तरक्ताम्बराणि विधृतानि भवन्ति सिद्ध्यै॥

दैवज्ञवल्लभ का मत है कि—अश्विनी, रेवती, धनिष्ठा, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा और अनुराधा रवि मंगल, गुरु तथा शुक्रवार इनमें मोती, सुवर्ण, मणि, मूंगा, शंख, दन्त (हाथी दांत) और लालवस्त्र धारण करने से सिद्धि होती है।

ज्योतिर्निबन्धे—हस्तानुराधमृगपूषधनिष्ठयुक्तचित्रोत्तरासु च पुनर्वसुरोहिणीषु। लग्ने स्थिरे रविसुतेन्दुजजीववारे हेमादिधारणविधिः कथितो नराणाम्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्योतिर्निबन्धका मत है कि—हस्त, अनुराधा, मृगशिरा, रेवती, धनिष्ठा चित्रा, तीनों उत्तरा, पुनर्वसु, रोहिणी, स्थिरलग्न, शनि, बुध तथा गुरुवार से स्वर्णादिधारण श्रेयस्कर होता है।

तत्रैव श्रीपतिः—पौष्णाश्विनीवसुकरादिषु पञ्चभेषु कौसुम्भहेममणिविद्रुमकाचशङ्खाः। नार्या धृताः सुतसुखार्थकरा भवन्ति ब्राह्मोत्तरादितिगुरुष्वसुखाय भर्तुः॥

श्रीपति ने कहा है कि—रेवती, अश्विनी, धनिष्ठा, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा इन नक्षत्रों में कौसुभवस्त्र (लाल रंग के वस्त्र) स्वर्ण, मणि, मूंगा, कांच और शंख इनको धारण करनेवाली स्त्रियाँ पुत्रसुख एवं धनसे युक्त होती हैं। रोहिणी, उत्तरा, पुनर्वसु और पुष्य इनमें कही हुई वस्तु धारण करने से पति पीड़ा का अनुभव होता है।

तत्रैव-शङ्खादिवररत्नानि पुष्यादित्युत्तरासु च। रोहिण्यां चैव गृह्णीत भर्तुर्जीवितकाङ्क्षिणी॥

वहीं पर कहा है कि—पुष्य, पुनर्वसु, तीनों उत्तरा और रोहिणी इनमें पति दीर्घायु की कामनावाली स्त्री शंखादि श्रेष्ठरत्नधारण करे।

(सूचीकर्मकथनम्)

अथ सूचीकर्म—वासवादितिभत्वाष्ट्रमैत्रचन्द्राश्विनीषु च।
सूचीकर्म तनुत्राणमेभिर्ऋक्षैः प्रशस्यते॥

अब सूची (सूई से कपड़ा सीना) कर्म कहते हैं—धनिष्ठा, पुनर्वसु, चित्रा, अनुराधा, मृगशिरा, और अश्विनी इन नक्षत्रों में कपड़े की सिलाई करना प्रशस्त है।

(शय्याविचारः)

अथ शय्या—हस्तादितिब्रह्मगुरूत्तराणि पौष्णाश्विमूलेन्दुभचित्रभानि।
वारेषु जीवेन्दुसितेन्दुजानां शय्यासनारम्भणमुत्तमं स्यात्॥

अब शय्याकर्म कहते हैं। हस्त, पुनर्वसु, रोहिणी, पुष्य, तीनों उत्तरा, रेवती; अश्विनी, मूल, मृगशिरा तथा चित्रा इन नक्षत्रों में, बृहस्पति सोम, शुक्र और बुध इन वारों में शय्या आसनादिका आरम्भ उत्तम कहा गया है।

(शस्त्रधारणकथनम्)

अथ शस्त्रधारणम्—पुष्ये चादितिचित्रपद्मतनये शक्रोत्तरा रेवतीस्वातीवाजिविशाखमित्रसहिते भानौ गुरौ भार्गवे। कुम्भे कीटगृहे वृषे मृगपतौ चेन्दौ शुभैर्वीक्षिते सन्नाहः शरखड्गकुन्तछुरिका धार्या नृपाणां हिताः॥

अब शस्त्रधारण कहते हैं। पुष्य, पुनर्वसु, चित्रा, रोहिणी (पद्मतनय), ज्येष्ठा, तीनों उत्तरा, रेवती, स्वाती, अश्विनी, विशाखा तथा अनुराधा, इन नक्षत्रों में रविवार, गुरुवार और शुक्रवार में कुम्भ, वृश्चिक, वृष तथा सिंह के चन्द्रमा के शुभ दृष्ट होने पर बाण, तलवार, भाला, छूरी आदि राजाओं के लिये धारण करना शुभप्रद है।

(स्वामिसेवाकथनम्)

अथ स्वामिसेवा। चण्डेश्वरः—रोहिण्युत्तरपौष्णेषु वसुवारुणयोरपि।
सेवेत स्वामिनं भृत्यः शुभवारोदये तथा॥

अब स्वामीसेवा का मुहूर्त कहते हैं—रोहिणी, तीनों उत्तरा, रेवती, धनिष्ठा और शतभिषा इन नक्षत्रों में एवं शुभ वार के उदय में नौकर को स्वामी की सेवा प्रारम्भ करना चाहिए।

ज्योतिर्निबन्धे—दासीदासादिभृत्यानां कुर्यात्संग्रहणं बुधे।
स्थिरलग्ने शुभैर्दृष्टे मन्दवारे विशेषतः॥

ज्योतिर्निबन्ध में कहा है कि—दास, दासी, भृत्यादिकों का संग्रह बुधवार विशेषकर स्थिर लग्न में शुभ ग्रहों से दृष्ट शनिवार को करना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(गजाश्वदोलाकथनम्)

अथ गजश्वदोलाः । स एव--पौष्णप्रजेशादितिभद्वयानि हस्तादिषट्कश्रवणोत्तराणि ।
दोलादिमातङ्गतुरङ्गमाणारोहेणेऽभीष्टफलप्रदानि ॥

अब गजाश्वदोलारोहण (पूर्वोक्तग्रन्थ से कहते हैं) रेवती, रोहिणी, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, श्रवण तथा तीनों उत्तरा इन नक्षत्रों में पालकी, हाथी, घोड़े इत्यादि को सवारी करने से अभीष्टफल की प्राप्ति होती है।

(नृत्यकथनम्)

अथ नृत्यम्--हस्तः पुष्यो वासवं रोहिणी च ज्येष्ठा पौष्णं वारुणं चोत्तराश्च ।
पूर्वाचार्यैः कीर्तितश्चक्रवर्ती नृत्यारम्भे शोभनोऽयं भवर्गः ॥

अब नृत्य कहते हैं। हस्त, पुष्य, धनिष्ठा, रोहिणी, ज्येष्ठा, रेवती, शतभिषा और तीनों उत्तरा, इनमें पूर्वाचार्यों द्वारा नक्षत्रों का समूह नृत्यारम्भ में चक्रवर्तीयोग कहा है। जो श्रेष्ठ है।

(राजदर्शनकथनम्)

अथ राजदर्शनम् । श्रीपतिः—मृगाश्विपुष्यश्रवणश्रविष्ठाहस्तध्रुवत्वाष्ट्रभपूषभानि ।
मैत्रेण युक्तानि नरेश्वराणां विलोकने भानि शुभप्रदानि ॥

अब राजदर्शन कहते हैं। श्रीपति ने कहा है कि—मृगशिरा, अश्विनी, पुष्य, श्रवण, धनिष्ठा, हस्त, तीनों उत्तरा, रोहिणी, चित्रा तथा रेवती ये नक्षत्र अनुराधा से युक्त राजाओं के दर्शन के योग हैं।

(क्रय-विक्रयादिकथनम्)

अथ क्रयविक्रयौ—भाद्रद्वयत्रिदशमन्त्रिदिवाकरेषु मूलानिलोत्तरतुरङ्गमरेवतीषु ।
सारङ्गपाणिरजनीकरमैत्रभेषु लाभः सदैव भवति क्रयविक्रयाभ्याम् ॥

अब क्रय-विक्रय को कहते हैं। पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, पुष्य, मूल, स्वाती, तीनों उत्तरा, रेवती सारङ्गपाणि-श्रवण, मृगशिरा और अनुराधा इन नक्षत्रों में क्रय-विक्रय से सदैव लाभ होता है।

(वस्त्रे तु विशेषः)

वस्त्रे तु--चित्रा शतभिषा स्वाती रेवती चाश्विनी शुभा ।
श्रवणश्च तथा प्रोक्तो वस्त्राणां क्रयणे शुभः ॥

कपड़ों को खरीदा कहते हैं। चित्रा, शतभिषा, स्वाती, रेवती, अश्विनी तथा श्रवण इन नक्षत्रोंमें वस्त्र का खरीदना शुभ होता है।

(सेतुकथनम्)

अथ सेतुः--स्वातीयुक्ते मन्दवारे वृषलग्ने शुभे दिने ।
सेतूनां बन्धनं कार्यं ध्रुवभे चार्कजीवयोः ॥

पुल बान्धने का मुहूर्त कहते हैं। स्वाती से युक्त शनिवार, वृषलग्न, शुभ दिन में तथा ध्रुवनक्षत्रों में रवि एवं बृहस्पति के दिन सेतुबन्धन करना चाहिये।

(पशुकृत्यकथनम्)

अथ पशुकृत्यम् । श्रीपतिः--चित्रोत्तरावैष्णवरोहिणीषु चतुर्दशीदर्शदिनाष्टमीषु ।
स्थानप्रवेशं गमनं विदध्यात् पुमान् पशूनां न कदाचिदेव ॥

अब पशुकृत्य कहते हैं। चित्रा, तीनों उत्तरा, श्रवण, रोहिणी, चतुर्दशी, अमावास्या तथा अष्टमी के दिन पुरुष कभी भी पशुओं के स्थान में प्रवेश और गमन न करे।

चण्डेश्वरः--हस्तमूलविशाखासु रेवत्यां श्रवणे तथा । मैत्रे च वारुणे श्रेष्ठं पशुक्रयणमुच्यते ॥ पूर्वात्रयामृतमयूखहुताशनेषु इन्द्राग्निवाजिसुवारणशङ्करेषु । एतेषु गोमहिषदन्तितुरङ्गमादिनानाप्रकारपशुजातिगतिः प्रशस्ता ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चण्डेश्वर ने कहा है कि—हस्त, मूल, विशाखा, अश्विनी, रेवती, श्रवण, अनुराधा और शतभिषा, इनमें पशु खरीदना श्रेष्ठ है। तीनों पूर्वा, मृगशिरा, कृत्तिका, विशाखा, अश्विनी, धनिष्ठा, शतभिषा, आर्द्रा इस नक्षत्रों में गौ, भैंस, हाथी, घोड़ा, आदि नाना प्रकार के पशु जाति का संग्रह श्रेष्ठ है।

(गजदन्तच्छेदकथनम्)

अथ गजदन्तच्छेदः। ज्योतिर्निबन्धे—त्वाष्ट्रे वैष्णव अश्विन्यामादित्ये वसुदैवते।
दन्तिनां शुभदं कर्म पुष्ये हस्ते च कीर्तितम्॥

अब गजदन्तच्छेदन (हाथी के दांत तोड़ने का मुहूर्त) कहते है। ज्योतिर्निबन्ध में कहा है कि—चित्रा, श्रवण. अश्विनी, पुनर्वसु, धनिष्ठा, पुष्य और हस्त इनमें हाथीदांत तोड़नेका (कर्तन) मुहूर्त शुभ है।

(निक्षेपकथनम्)

अथ निक्षेपः—भरणी त्रीणि पूर्वाणि आर्द्राश्लेषा मघा तथा। चित्रा ज्येष्ठा विशाखा च मूलं मृगपुनर्वसू॥ एभिर्दत्तं प्रयुक्तं च यद्यन्निक्षिप्यते धनम्। पृष्ठतो धावमानस्य धनिनो नोपपद्यते॥

अब निक्षेप (धनके रखने का मुहूर्त) कहते हैं—भरणी, तीनों पूर्वा, आर्द्रा, आश्लेषा, मघा, चित्रा, ज्येष्ठा, विशाखा, मूल, मृगशिरा और पुनर्वसु इन नक्षत्रों में दिया हुआ काम में लगाया हुआ तथा रखा हुआ धन पीछे दौड़ते रहने पर भी वापिस धनी को नहीं मिलता है।

(ऋणमोक्षकथनम्)

अथ ऋणमोक्षः। श्रीधरः—वागीशमन्ददिवसांशकलग्नयुक्ते रिक्तासु मन्ददिवसे कुलिकोदये च।
मैत्रद्वितीयपदमैत्रमुहूर्तयुक्ते राश्युद्गमे च ऋणमोक्षमुशन्ति सन्तः॥

अब ऋणमोक्ष कहते हैं। बृहस्पति और शनि इन दो वारोंमें तथा इनके नवमांश युक्त लग्नों में, रिक्ता तिथि में, शनिवार में, कुलिकयोग (रविवार को चौथा, सोमवार को छठा, मंगलवार को आठवां, बुधवार को दशवां, गुरुवार को बारहवां, शुक्रवार को चौदहवां और शनिवार को दूसरा मुहूर्त) के उदय में तथा किसी राशि के उदयकाल में ऋणमोक्ष शुभ कहा है।

(राजमुद्राकथनम्)

अथ राजमुद्रा—मृदुध्रुवक्षिप्रचरेषु भेषु योगे प्रशस्ते शनिचन्द्रवर्जम्।
वारे तिथौ पूर्णजयाह्वये च मुद्राप्रतिष्ठा शुभदा हि राज्ञाम्॥

अब राजमुद्रा का मुहूर्त कहते हैं। मृदु, (मृगशिरा, चित्रा, अनुराधा और रेवती) ध्रुव (रोहिणी तथा तीनों उत्तरा) क्षिप्र (पुष्य, अश्विनी, अभिजित् और हस्त) शनि तथा चन्द्र वर्जित वारों में, पूर्णा (पञ्चमी, दशमी, पूर्णिमासी) जया (तृतीया, अष्टमी, त्रयोदशी) इन तिथियों में राजाकी मुद्रा प्रतिष्ठा शुभ होती है।

('नौ' विचारः)

अथ नौः। चण्डेश्वरः—पौष्णाश्विनीतुरगवारुणमित्रचित्राशीतोष्णरश्मिवसवोनलवन्त्यमूनि।
वारे च जीवभृगुनन्दनके प्रशस्ते नौकादिसंघटनवाहनमेषु कुर्यात्।

अब नौका चलना आदि मुहूर्त कहते हैं। रेवती, अश्विनी, तुरग (स्वाती) शतभिषा, अनुराधा, चित्रा, मृगशिरा, हस्त, धनिष्ठा, कृत्तिका, बृहस्पति और शुक्रवार के दिन नौका का घडना तथा नौका का चलाना शुभ होता है।

(भोगकथनम्)

अथ भोगः—गुरुभरविभानुराधाविधातृपौष्णाश्विरोहिणीषु स्यात्।
स्वात्युत्तरासु कुर्याच्छयनाशनभोगभोगादि॥

अब शय्या आदि का भोग कहते हैं। पुष्य, हस्त, अनुराधा, रोहिणी, रेवती, अश्विनी, स्वाती और तीनों उत्तरा में शयन, आसन, भोगादिक कर्म शुभ होते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(श्मश्रुकर्मकथनम्)

अथ श्मश्रुकर्म । श्रीपतिः—पुष्ये पौष्णे चाश्विनीष्वैन्दवे च शाक्रे हस्ताद्ये त्रिके भेऽप्यदित्याः। क्षौरं कार्यं वैष्णवादित्रये च मुक्त्वा भौमादित्यपातङ्गिवारान् ॥

अब श्मश्रु (क्षौर) कर्म कहते हैं श्रीपति ने कहा है कि—पुष्य, रेवती, अश्विनी, मृगशिरा, ज्येष्ठा, हस्त, चित्रा, स्वाती तथा पुनर्वसु इन नक्षत्रों में मंगल, रवि और शनिवार को छोड़कर क्षौरकर्म (दाढी) करना शुभ होता है।

न स्नातभुक्तोत्कटभूषितानामभ्यञ्जयात्रासमरोत्सुकानाम् ।
क्षौरं विदध्यान्निशि सन्ध्ययोर्वा जिजीविषूणां नवमे न चाह्नि ॥

दीर्घजीवन की इच्छा वालों को स्नान, भोजन तथा विशेष भूषित (विशेषप्रकार से अपनी सजावट) मालिस के बाद तथा यात्रा, युद्ध की उत्सुकता में दोनों सन्ध्या और रात्रि के समय में एवं नवें दिन क्षौर नहीं करना चाहिये।

त्रिस्थलीसेतौ वृद्धगार्ग्यः—रव्यारसौरवारेषु रात्रौ पाते व्रताहनि ।
श्राद्धाहः प्रतिपद्रिक्ताभद्राः क्षौरेषु वर्जयेत् ॥

त्रिस्थलीसेतु में वृद्धगार्ग्यने कहा है कि—रवि, मंगल, शनि, रात्रि, व्यतीपात, व्रतदिन, श्राद्धदिन, प्रतिपदा, रिक्ता और भद्रा इनमें क्षौर कर्म न करे।

गार्ग्यः—षष्ठ्यमापूर्णिमापातचतुर्दश्यष्टमी तथा । आसु सन्निहितं पापं त्रिषु तैले भगे क्षुरे ॥

गार्ग्य ने कहा है कि—षष्ठी, अमावास्या, पूर्णिमा, व्यतीपात, चतुर्दशी और अष्टमी इन तिथियों में तेल, स्त्री से संपर्क तथा क्षौरकर्म करने से पाप लगता है।

राजमार्तण्डः—देवकार्ये पितुः श्राद्धे रवेरंशपरिक्षये । क्षौरकर्म न कुर्वीत जन्ममासे च जन्मभे ॥

राजमार्तण्ड में कहा है कि—देवकार्य में, पिता के श्राद्ध में, जन्ममास में और जन्मनक्षत्र में क्षौरकर्म न करे।

बृहस्पतिः—राजकार्ये नियुक्तानां नराणां भूपजीविनाम् ।
श्मश्रुलोमनखच्छेदे नास्ति कालविशोधनम् ॥

बृहस्पति ने कहा है कि—राजकार्य में नियुक्त और राजाके यहाँ जीविकावाले मनुष्यों को दाढी, लोम और नख के छेदन में समय की शुद्धि की नहीं मानी जाती है।

तथा—क्षौरं नैमित्तिकं कार्यं निषेधे सत्यपि ध्रुवम् । पित्रादिमृतिदीक्षासु प्रायश्चित्ते च तीर्थके ॥ केचित्तूत्तरार्धमन्यथा पठन्ति—मुण्डनस्य निषेधेऽपि कर्तनं तु विधीयते । इति ।

और पिता आदिके मरणमें, दीक्षामें, प्रायश्चित्त और निमित्तवश (प्रायश्चित्ततीर्थयो रात्रावपि क्षौरम् । मृतिनिमित्तं तु दिन एव श्विस्तनी वपनक्रियाः) क्षौरकर्म निषेध में भी निश्चय ही होता है। कोई उत्तरार्ध को दूसरी प्रकार से पढ़ते हैं। मुण्डन के निषेध में भी कर्तन का विधान करते हैं।

नारदः—नृपविप्राज्ञया यज्ञे मरणे बन्धमोक्षणे । उद्वाहेऽखिलवारर्क्षे तिथिषु क्षौरमिष्टदम् ॥

नारद ने कहा है कि—राजा और ब्राह्मण की आज्ञा से यज्ञ में, मरणमें, बन्धन की मुक्तिमें, विवाहमें, सब वारों में, नक्षत्रोंमें तथा तिथियों में क्षौरकर्म इष्टको देनेवाला होता है।

भारते—प्राङ्मुखः श्मश्रुकर्माणि कारयीत समाहितः। उदङ्मुखोऽथवा भूत्वा तथायुर्विन्दते महत् ॥

भारतमें कहा है कि—पूर्वदिशाको मुखकर समाहित मनसे श्मश्रुकर्म करे या उत्तरको मुखकर श्मश्रुकर्म करने से आयुकी बड़ी वृद्धि होती है।

अपरार्के—उदङ्मुखो वा वपनं कारयेत्सुधीः । केशश्मश्रुलोमनखान्युदकसंस्थानि वापयेत् ॥

अपरार्क में कहा है कि—बुद्धिमान् पुरुष उदङ्मुख या पूर्वाभिमुख होकर वपन करावे। केश, श्मश्रु (दाढ़ी) लोम और नखों को उदकसंस्थ कटावे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दक्षिणं कर्णमारभ्य धर्मार्थं पापसंचये। शिखाद्ये नवसंस्कारे शिखाद्यन्तं शिरो वपेत् ॥

दहिने[1] कान से प्रारम्भकर धर्मार्थ पाप के नाश के लिए नवीनसंस्कार में शिखा के आदि से शिखा के अन्त तक शिर का वपन करे।

यतीनां तु विशेषो निगमे--कक्षोपस्थशिखावर्जं ऋतुसन्धिषु वापयेत्। इति। अन्येऽपि विधिप्रतिषेधाः प्रागुक्ताः।

यतियों के लिए तो विशेष नियम (वेद) में कहा है कि--कक्ष, उपस्थ और शिखा को त्यागकर ऋतु की सन्धियों में वपन (मुण्डन) करावे। अन्य भी विधान और तथा निषेध पहले कह चुके हैं।

(इन्धनसंग्रहविचारः)

अथेन्धनसङ्ग्रहः--ब्रह्मानिलार्कमघमूलत्रिपूर्वरौद्रपौष्णानुराधगुरुविष्णुविशाखयुक्ते।
वारे कुजार्कभृगुनन्दनसोमजानां श्रेष्ठेन्धनस्य करणं भवति प्रशस्तम् ॥

अब इन्धनसंग्रह कहते हैं। रोहिणी, स्वाती, हस्त, मघा, मूल, तीनों पूर्वा, आर्द्रा, रेवती, अनुराधा, पुष्य, श्रवण और विशाखा नक्षत्रों में, मंगल, रवि, शुक्र तथा बुधवार में इन्धन (जलावन) संग्रह करना चाहिये।

(नवान्नविचारः)

अथ नवान्नम्। श्रीपतिः--रेवतीश्रुतिपुनर्वसुहस्तब्राह्मतः पृथगपि द्वितये च।
त्र्युत्तरेषु गदितं पृथुकानां प्राशनं च स नवान्नविधानम् ॥

नवीन अन्न भक्षण कहते हैं। श्रीपति ने कहा है कि--रेवती, श्रवण, पुनर्वसु, हस्त, रोहिणी, मृगशिरा आर्द्रा तथा तीनों उत्तरा इन नक्षत्रों में नवीन अन्न के खाने का मुहूर्त है।

(नवभोजनपात्रकथनम्)

अथ नवभोजनपात्रम्। ज्योतिर्निबन्धे--भोज्यपात्रं सुधासिद्धौ घटयेद्वा समाहरेत्।
तत्रान्नप्राशनप्रोक्ते काले भोजनमाचरेत् ॥

ज्योतिर्निबन्धमें कहा है कि--नवीनभोजनपात्र सुधासिन्धु (अमृतवेला) के मुहूर्त में बनाना या लाना चाहिये और उसमें अन्नप्राशन कथित मुहूर्त में भोजन करना चाहिये।

(नवपर्णफलादिभक्षणविचारः)

अथ नवपर्णफलादिभक्षणम्। चण्डेश्वरः--मूलाश्विमैत्रकरतिष्यहरीन्द्रभेषु पौष्णोत्तरैन्दवपुनर्वसुवासवेषु। वारेषु भूमितनयार्कजवारवर्जं ताम्बूलनूतनफलाद्यशनं हिताय ॥

नवीन तांबूल और नूतन फल खाने का मुहूर्त कहते हैं। चन्द्रेश्वर ने कहा है कि--मूल, अश्विनी, अनुराधा, हस्त, पुष्य, श्रवण, ज्येष्ठा, रेवती, तीनों उत्तरा, मृगशिरा, पुनर्वसु और धनिष्ठा नक्षत्र में शनिवार तथा मंगलवार को छोड़कर शेष वारों में खाना उत्तम होता है।

(होमे आहुतिपातविचारः)

अथ होमे आहुतिपातः। ज्योतिषे--तरणिविद्भृगुभास्करिचन्द्रमाः कुजसुरेज्यविधुन्तुदकेतवः।
रविभतो दिनभं गणयेत्क्रमात्प्रतिखगं त्रितयं न्यसेत् ॥

होम में आहुति प्रक्षेप का विचार कहते हैं। ज्योतिष में कहा है कि--सूर्य ये नक्षत्र से दिन के नक्षत्र तक गिने और तीन तीन नक्षत्र के क्रम से इन ग्रहों के मुख में आहुति पात जानना चाहिये।

सूर्य से तीन नक्षत्र उससे आगे तीन नक्षत्र बुध उससे आगे तीन नक्षत्र शुक्र तदनन्तर तीन नक्षत्र के बाद शनि, फिर तीन नक्षत्र चन्द्रमा, तीन नक्षत्र मंगल, तीन नक्षत्र गुरु, तीन नक्षत्र राहु तथा तीन नक्षत्र केतु के मुख में आहुति पात होनी चाहिये।

१--गर्गः--निषिद्धेषु च कालेषु क्षौरं कार्यं यदा भवेत्। तद्दोषशान्तये क्षिप्रं कुर्यात्तच्च शुभं दिने ॥ आनर्तोऽदिच्छत्रः पाटलि पुत्रोदितिर्दिनः श्रीशः। क्षौरे स्मरणादेषां दोषा नश्यन्ति निःशेषाः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिनकरार्कितमःकुजकेतवो हुतभुजेः शुभास्त्वितरे शुभाः।
दहनचक्रमिदं प्रविलोक्यतां दहनकर्मणि सर्वसमृद्धये ॥

इनमें सूर्य, शनि, राहु, मंगल और केतु के मुख में आहुति का पड़ना शुभ नहीं होता है। अन्य ग्रहों के मुख में शुभ होता है। यह दहनचक्र सब समृद्धि के लिये हवनकार्य में विचारना चाहिये।

(क्रूरग्रहमुखे हवने सञ्जाते विचारः)

. अथ शान्तिरुक्ता विष्णुधर्मे—क्रूरग्रहमुखे चैव सञ्जाते हवने शुभे। शान्तिं विधाय गां दद्याद् ब्राह्मणाय कुटुम्बिने ॥ आयसीं प्रतिमां कृत्वा निक्षिपेत्तामधोमुखीम्। गोमूत्रमधुगन्धाद्यैरर्चितां प्रतिमां ततः ॥ स्वस्थां निधाय सम्पूज्य तत्र होमो विधीयते।

अब शान्ति विष्णुधर्म में कही है—क्रूरग्रह के मुख में शुभ हवन हो जाय तो शान्ति को करके कुटुम्बी ब्राह्मण को गोदान करे। लोहे की प्रतिमा को कर अधोमुख रखे। गोमूत्र, मधु (सहत) गन्ध आदि से प्रतिमा की पूजा कर सीधी रख पूजन कर हवन का विधान करे।

(नित्ये नैमित्तिके दुर्गाहोमादौ च विचारः)

अत्रापवादः क्रियासारे—नित्ये नैमित्तिके दुर्गाहोमादौ न विचारयेत्।

इसका अपवाद है। क्रियासार में लिखा है कि—नित्य में, नैमित्तिक में तथा दुर्गा के हवन में मुहूर्त की चिन्ता न करे। (अर्थात्—इन उपरोक्त कर्मों में जैसे विवाह में, प्रतिदिन हवन में, संस्कारों में, शान्ति कर्मों में और दुर्गा के पाठ के अन्त तद्दशांश हवन में अग्निचक्र नहीं देखा जाता है।)

(ज्वरादौ फलकथनम्)

अथ ज्वरादौ[1] फलम्। श्रीपतिः—स्वात्याश्लेषारौद्रपूर्वासु शाक्रे रोगोत्पत्तिर्बाधते यस्य पुंसः।
तद्भैषज्यव्यापृतो निष्प्रयत्नः स्याद् दुग्धाब्धेर्लब्धजन्मापि वैद्यः ॥

अब ज्वरादि में फल कहते हैं। श्रीपति ने कहा है कि—स्वाती, आश्लेषा, आर्द्रा, तीनों पूर्वा तथा ज्येष्ठा इन नक्षत्रों में जिस व्यक्ति के शरीर में ज्वरादि की उत्पत्ति हो जाती है उसके शरीर को दुग्धसागर से उत्पन्न धन्वन्तरी जैसा वैद्य भी बचाने में निष्फल हो जाता है।

व्याध्युत्पत्तिर्यस्य पौष्णे समित्रे प्राणत्राणं जायते तस्य कृच्छ्रात्।
वैश्वे सौम्ये रोगमुक्तिस्तु मासाद्विंशत्या स्याद्वासराणां मघासु ॥

जिसके रेवतीनक्षत्र में तथा अनुराधा नक्षत्र में व्याधि की उत्पत्ति होती है तो उसके प्राण मुश्किल से बचते हैं। उत्तराषाढ़ा और मृगशिरा इन नक्षत्रों में बीमार पड़ने पर एक महीने पर रोग से मुक्त होता है। मघानक्षत्र में बिमार पड़ने पर बीस दिन बाद रोग से मुक्त होता है।

पक्षाद्धस्ते वासवे सद्विदैवे मूलाश्विन्यारेग्निधिष्ण्ये नवाहात्।
याम्ये त्वाष्ट्रे वैष्णवे वारुणे च नैरुज्यं स्यान्नूनमेकादशाहात् ॥

हस्त, धनिष्ठा तथा विशाखानक्षत्र में बिमार पड़ने पर पन्द्रह दिन बाद, मूल, अश्विनी और कृत्तिका नक्षत्रमें रोग होने के नौ दिन बाद, भरणी, चित्रा, श्रवण तथा शतभिषा इन नक्षत्रों में बिमार होने पर ग्यारह दिन बाद रोग से छुटकारा मिलता है।

१—ज्वर उवाच। नमामि त्वानन्तशक्तिं परेशं सर्वात्मानं केवलं ज्ञप्तिमात्रम्। विश्वोत्पत्तिस्थानसंरोधहेतुं यत्तद् ब्रह्मलिङ्गं प्रशान्तम् १ कालो दैवं कर्म जीवः स्वभावो द्रव्यं क्षेत्रं प्राण आत्मा विकारः। तत्संघातो बीजरोहप्रवाहस्त्वन्मायैशा तन्निषेधं प्रपद्ये २ नानाभावैर्लीलयैवोपपन्नैर्देवान् साधूँल्लोकसेतून् बिभर्षि। हंस्युन्मार्गान् हिंसया वर्तमानान् जन्मैतत्ते भारहाराय भूमेः ३ ततोऽहं तेजसा दुःसहेन शान्तोग्रेणात्युल्बणेन ज्वरेण। तावत्तापो देहिनां तेऽङ्घ्रिमूलं नो सेवेरन् यावदाशानुबद्धाः ४ श्रीभगवानुवाच। त्रिशिरस्ते प्रसन्नोऽस्मि व्येतु ते मज्ज्वराद् भयम्। यो नौ स्मरति संवादं तस्य त्वन्नो भवेद् भयम् ॥ इति। (भागवत दशम० उत्तरा० अ० ६३ श्लो० २५–२९)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आहिर्बुध्न्ये तिष्यसंज्ञेऽर्यमाख्ये प्राजापत्यादित्ययो सप्तरात्रात् ।
रोगान्मुक्तिर्जायते मानवानां निःसन्दिग्धं जल्पितं गर्गमुख्यैः ॥

उत्तराभाद्रपद, पुष्य, भरणी उत्तराफाल्गुनी, रोहिणी तथा पुनर्वसु इन नक्षत्रों में सात रात बाद रोग से मुक्ति होती है ऐसा गर्गादि ऋषियों के असंदिग्ध (सन्देह करने लायक नहीं है) वचन हैं ।

ज्योतिषे—एकाहो निधनं दशाहमनलाद्धाता वियत्पर्वताः सप्ताङ्का विलयश्च मासयुगलं मासो मृतिः पक्षकः । द्वौ मासावथ विंशतिर्दश निशाः पक्षान्तपक्षा नखा मासौ पक्षदशान्तपक्षककुभः पीठादिनान्यश्विभात् ।

ज्योतिष में कहा है कि—अश्विनी में—एकदिन, भरणी में-मृत्यु, कृत्तिका में दसदिन, रोहिणी में-तीन-दिन, मृगशिरा में-पाँच दिन, आर्द्रा में-शून्य, पुनर्वसु में-सातदिन, पुष्य में-सातदिन, आश्लेषा में-नौदिन, मघा में-मृत्यु, पूर्वाफाल्गुनी-दो मास, उत्तराफाल्गुनी में-एकमास, हस्तमें-मृत्यु, चित्रा में-पन्द्रहदिन, स्वाती और विशाखा में दो दो महिना, अनुराधा में-बीसदिन, ज्येष्ठा में-दसदिन, मूल में-रातभर, पूर्वाषाढ़ा में-पक्षपर्यन्त, उत्तराषाढ़ा में-एकपक्ष, श्रवण में-बीसदिन, धनिष्ठा में-दोमास, शतभिषा में-एकपक्ष, पूर्वाभाद्रपद में-दशदिन, उत्तराभाद्रपद में एकपक्ष और रेवती में दसदिन ये अश्विन्यादि नक्षत्रों में रोग होने पर क्रम से उपरोक्त फल कहा है ।

दैवज्ञः—उरगवरुणरौद्रा वासवेन्द्रत्रिपूर्वा यमदहनविशाखाः पापवारेण युक्ताः ।
तिथिषु नवमिषष्ठी द्वादशी वा चतुर्थी भवति मरणयोगो रोगिणां कालहेतुः ॥

दैवज्ञ ने कहा है कि—आश्लेषा, शतभिषा, आर्द्रा, धनिष्ठा, ज्येष्ठा, पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वाभाद्रपदा, भरणी, कृत्तिका तथा विशाखा ये नक्षत्र पापवार से युक्त हों तो और नवमी, षष्ठी, द्वादशी तथा चतुर्थी तिथियाँ हो तो रोगियों को मरण योग होता है ।

(कुम्भे नक्षत्रदेवताप्रतिमाशान्तिकथनम्)

अथ शान्तिः—कुम्भे हैमीं नक्षत्रदेवताप्रतिमां संपूज्य द्वादशदलेषु संकर्षणादिद्वादशमूर्तीर्द्वादशादित्यान् वा संपूज्य दूर्वासमित्तिलक्षीराज्यैर्गायत्र्या तद्देवतायै अष्टोत्तरशतं हुत्वा दध्यौदनं बलिं दत्त्वाऽऽचार्याय गां प्रतिमां च दत्त्वा विप्रान् भोजयेदिति संक्षेपः । विशेषस्तु व्रतहेमाद्रौ पदार्थादर्शे च ज्ञेयः ।

यहाँ पर शान्ति कहते हैं । कुंभ में नक्षत्र देवता की सुवर्ण प्रतिमाका पूजनकर बारह दलों में—संकर्षण आदि बारह मूर्तियों को या बारह सूर्यों का पूजनकर दूर्वा, समित् , तिल, क्षीर और घी से गायत्री से उन देवता के लिए एक सौ आठवार हवनकर दधि और ओदन से बलि देकर आचार्य को गौ तथा प्रतिमा को देकर ब्राह्मणों को भोजन करावे । यह संक्षेप से कहा है । विशेष तो व्रतहेमाद्रि तथा पदार्थादर्श में जानना चाहिये ।

(भेषजविचारः)

अथ भेषजम् । चण्डेश्वरः—मूलानुराधमृगतिष्यपुनर्वसौ च पौष्णाश्विनीश्रवणशक्रकरत्रये च ।
वारेषु वाक्पतिदिनेषु सितेन्दुशस्ते भैषज्यभक्षणममीषु हितं नराणाम् ॥

अब भेषज कहते हैं । चण्डेश्वर ने कहा है कि—मूल, अनुराधा, मृगशिरा, पुष्य, पुनर्वसु, रेवती, अश्विनी, श्रवण, ज्येष्ठा, हस्त, चित्रा और स्वाती, इन नक्षत्रों में तथा गुरु, शुक्र और सोमवारके दिन औषधी सेवन प्रारम्भ करना मनुष्यों के लिए हितकर है ।

(आरोग्यस्नानकथनम्)

अथारोग्यस्नानम् । श्रीपतिः—इन्दोर्वारे भार्गवे च ध्रुवेषु सार्पादित्यस्वातियुक्तेषु भेषु ।
पित्र्ये चान्ते वापि कुर्यात्कदाचिन्नैव स्नानं रोगनिर्मुक्तजन्तुः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अब आरोग्यस्नान कहते हैं। श्रीपति ने कहा है कि—सोमवार, शुक्रवार, ध्रुवनक्षत्र (तीनों उत्तरा और रोहिणी) आश्लेषा, पुनर्वसु, स्वाती, मघा और रेवती इन नक्षत्रों में भी रोग हटने के बाद प्राणी स्नान करें।

चरे विलग्ने रविभौमवासे रिक्ते तिथौ स्याद् बहुले च पक्षे।
धिष्ण्ये चरे रोगनिपीडितानां स्नानं नराणां निरुजत्वकारि॥

चर लग्न (मेष, कर्क, तुला और मकर) रविवार, मंगलवार, रिक्तातिथि, शुक्लपक्ष में और चर श्रवण धनिष्ठा, शतभिषा (स्वाती और पुनर्वसु) नक्षत्र में रोग से पीडित व्यक्तियों का स्नान करना रोगमुक्ति को देने वाला होता है।

(दन्तधावनविचारः)

अथ दन्तधावनम्। पृथ्वीचन्द्रोदये विष्णुः—प्रतिपदर्शषष्ठीषु चतुर्दश्यष्टमीषु च।
नवम्यां भानुवारे च दन्तकाष्ठं विवर्जयेत्॥

अब दन्तधावन कहते हैं। पृथ्वीचन्द्रोदय में विष्णु ने कहा है कि—प्रतिपदा, अमावास्या, षष्ठी, चतुर्दशी, अष्टमी, नवमी तथा रविवार इनमें दन्तकाष्ठ (दन्तधावन) वर्जित करे।

नारदः—चतुर्दश्यष्टमीपौर्णमासीसंक्रमणेषु च।
नन्दासु च नवम्यां च दन्तकाष्ठं विवर्जयेत्॥

नारद ने कहा है कि—चतुर्दशी, अष्टमी, पौर्णिमासी, संक्रान्ति, नन्दा (प्रतिपदा, षष्ठी, एकादशी) और नवमी में दन्तकाष्ठ का त्याग करे।

श्राद्धे यज्ञे च नियमे तथा प्रोषितभर्तृका। व्यतीपाते च संक्रान्त्यां नन्दाभूताष्टपर्वसु॥ तैलं क्षौरं रतिं मांसं दन्तकाष्ठं च वर्जयेत्॥

श्राद्ध में, यज्ञ में, व्रत में, जिस स्त्री का पति परदेश गया हुआ हो उसको, व्यतीपात में, संक्रान्ति में, प्रतिपदा में, षष्ठी में और एकादशी, चतुर्दशी, अष्टमी, पर्व—अमावस्या और पूर्णिमामें तैल, क्षौरकर्म, मैथुन, मांस और दन्तकाष्ठ वर्जित करे।

वसिष्ठः—शन्यर्कशुक्रवारेषु कुजाहे व्रतवासरे। जन्माहे श्राद्धदिवसे दन्तकाष्ठं विवर्जयेत्॥

वसिष्ठ ने कहा है कि—शनिवार, रविवार, शुक्रवार तथा मंगलवारमें, व्रत दिन में, जन्म और श्राद्ध दिन में दन्तकाष्ठ वर्जित करे।

हेमाद्रौ स्कान्दे—अभ्यङ्गे जलधिस्नाने दन्तधावनमैथुने।
जाते च निधने चैव तत्कालव्यापिनी तिथिः॥

हेमाद्रि में स्कन्दपुराण के वचन से कहा है कि—अभ्यंग (उबटन) में, समुद्रस्नान में, दन्तधावन और मैथुन में, जन्म तथा मृत्यु में उस समय जो तिथि हो वही ग्रहण करे।

संवर्तः—रवौ विवाह आशौचे वर्जयेद् दन्तधावनम्।

संवर्त में कहा है कि—रविवार तथा आशौच में दन्तधावन का त्याग करे।

व्यासः—अलाभे दन्तकाष्ठानां निषिद्धायां तथा तिथौ।
अपां द्वादशगण्डूषैर्विदध्याद्दन्तधावनम्॥

व्यास ने कहा है कि—दन्तकाष्ठों के अभाव में (तृणपर्णैः सदा कुर्यादमासेकादशीं विना) और निषिद्धतिथि में जल से बारहबार कुल्ला करने से दन्तधावन हो जाती है।

(आमलकस्नानविचारः)

अथामलकस्नानम्। व्यासः—श्रीकामः सर्वदा स्नानं कुर्वीतामलकैर्नरः। सप्तमीं नवमीं चैव पर्वकालं विवर्जयेत्॥ चन्द्रसूर्योपरागे च स्नानमामलकैस्त्यजेत्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अब आमलकस्नान कहते हैं। श्रीकामना के लिए मनुष्य सदा आंवलों से स्नान करे। सप्तमी, नवमी तथा पर्वकाल का त्याग करे। चन्द्रग्रहण और सूर्यग्रहण में आँवलकों से स्नान का त्याग करे।

क्रतुः—षष्ठी च सप्तमी चैव नवमी च त्रयोदशी। संक्रान्तौ रविवारे च स्नानमामलकैस्त्यजेत् ॥

क्रतु ने कहा है कि--षष्ठी, सप्तमी, नवमी, त्रयोदशी, संक्रान्ति और रविवार में आँवले से स्नान त्याग दे।

यत्तु—नवमी दशमी चैव तृतीया च त्रयोदशी।
प्रतिपद् द्वादशी कृष्णा स्नानं तासु विवर्जयेत् ॥

जो नवमी, दशमी, तृतीया, त्रयोदशी, प्रतिपदा और कृष्णपक्ष की द्वादशी इनमें आंवले से स्नान त्याग दे।

यच्च--दर्शे स्नानं न कुर्वीत मातापित्रोस्तु जीवतोः। पुत्रः कुर्वन्निराचष्टे पित्रोरुन्नतिजीविते ॥ इति कण्वयमाद्यैः स्नानमात्रं निषिद्धं, तद्भोगार्थस्नानपरं न नित्यनैमित्तिकपरमिति हेमाद्रिः।

और जिसके माता तथा पिता जीवित हों वह अमावास्या में आंवले से स्नान न करे। यदि पुत्र स्नान करता है तो माता तथा पिता के उन्नति एवं जीवन का नाश करता है। इसप्रकार कण्व, यम आदियों ने स्नानमात्र निषिद्ध किया है वह भोगार्थ स्नानपरक है नित्य, नैमित्तिक परक नहीं है-यह हेमाद्रि का कहना है।

(तैलस्नाननिषेधकथनम्)

अथ तैलस्नाननिषेधः। कात्यायनः--पक्षादौ च रवौ षष्ठ्यां रिक्तायां च तथा तिथौ।
तैलेनाभ्यज्यमानस्तु चतुर्भिः परिहीयते ॥

अब तैलस्नान निषेध कहते हैं। कात्यायनने कहा है कि--पक्षादि (प्रतिपदा) में, षष्ठीमें और रिक्तातिथि में जो तैल से स्नान करता है वह धर्म, अर्थ काम तथा मोक्ष से हीन होता है।

गर्गः--पञ्चदश्यां चतुर्दश्यामष्टम्यां रविसंक्रमे। द्वादश्यां सप्तमीषष्ठ्योस्तैलस्पर्शं विवर्जयेत् ॥

गर्ग ने कहा है कि—पूर्णिमा, चतुर्दशी, अष्टमी, सूर्यसंक्रान्ति (कहीं रविवार है। श्लोक ऐसा है—पञ्चदश्यां चतुर्दश्यामष्टम्यां रविवासरे।)। द्वादशी, सप्तमी और षष्ठी इनमें तैल का स्पर्श त्याग दे।

न च कुर्यात्तृतीयायां त्रयोदश्यां तिथौ तथा। शाश्वतीं गतिमन्विच्छन् दशम्यामपि पण्डितः ॥

तृतीया, त्रयोदशी और दशमीतिथिमें पण्डित उत्तम गति की इच्छा करता हुआ तैल से स्पर्श न करे।

तत्रैवायुर्वेदे--षष्ठ्यां दिनक्षयेऽष्टम्यामेकादश्यां च पर्वसु। द्वादश्यां च चतुर्दश्यां पञ्चम्यां प्रतिपत्तिथौ ॥ व्रते श्राद्धदिने जन्मत्रितये श्रवणार्द्रयोः। ज्येष्ठोत्तराफाल्गुनीषु व्यतीपाते च वैधृतौ ॥ विष्टियोगे च संक्रान्तौ मन्वादिषु युगादिषु। नाभ्यङ्गं तत्र बालानां वृद्धानां तु न दोषकृत् ॥ इति।

वहीं पर आयुर्वेद में कहा है कि—षष्ठी, दिनक्षय, अष्टमी, एकादशी और पर्वों में, द्वादशी, चतुर्दशी पञ्चमी तथा प्रतिपदा में व्रत और श्राद्धदिन में, जन्मदिन से तीनदिन तक श्रवण, आर्द्रा, ज्येष्ठा, उत्तरा फाल्गुनी, व्यतीपात, वैधृति, विष्टियोग, संक्रान्ति, मन्वादि और युगादि में अभ्यंग तैल से न करे। उसमें बालकों तथा वृद्धों को दोष नहीं होता है।

व्यवहारतत्त्वे—संक्रान्तिभद्राव्यतिपातवैधृतोषष्ठ्यष्टमीपर्वसु नाऽर्कभूसुते।
स्नाने द्वितीया दशमी च गर्हिता षष्ठ्याद्यिमाद्या रदधावनेऽधमाः ॥

व्यवहारतत्त्व में कहा है कि—संक्रान्ति, भद्रा, व्यतीपात, वैधृति, षष्ठी, अष्टमी और पर्वों में, रविवार, मंगलवार, द्वितीया तथा दशमीस्नान में निन्दित हैं। षष्ठी और प्रतिपदा दतवन में अधम् है।

(तैलस्नाने अपवादकथनम्)

अस्यापवादमाह तत्रैव प्रचेताः—सार्षपं गन्धतैलञ्च यत्तैलं पुष्पवासितम्।
अन्यद्रव्ययुतं तैलं न दुष्यति कदाचन ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसका अपवाद वहींपर प्रचेता ने कहा है कि—सरसों का तेल, सुगन्धवाला तैल और जो तैल पुष्पों से सुगन्धित है तथा अन्यद्रव्यों से युक्त जो तैल है (कहीं पर पकाया हुआ भी तेल) वह कभी भी दूषित नहीं होता है।

आयुर्वेदे—निषिद्धतिथिवारर्क्षग्रहणेष्वपि रात्रिषु । किञ्चिद् गोघृतयुक्तं वा विप्रपादरजोन्वितम् ॥

आयुर्वेद में कहा है कि—निषिद्धतिथि, वार, नक्षत्र, ग्रहण और रात्रि में कुछ गौ के घृत से संयुक्त कर या ब्राह्मण के चरण की रज से युक्तकर तेल दूषित नहीं होता है।

भानौ दूर्वान्वितं भौमे भूयुक्तं पुष्पयुग्गुरौ । सर्वेषां सर्वदा तैलमभ्यङ्गेषु न दुष्यति ॥

रविवार को दूर्वा से युक्त करे। मंगलवार को भूमि से युक्त करे। गुरुवार को पुष्प से संयुक्त करने से सर्वदा तैल को अभ्यंग करने से सबों को दूषित नहीं होता है।

(मङ्गलेषु अदोषकथनम्)

मङ्गलेष्वप्यदोषः—माङ्गल्यं विद्यते स्नानं वृद्धिपूर्वोत्सवेषु च । स्नेहपात्रसमायुक्तं मध्याह्नात्प्राक्तदिष्यते ॥ इति मदनपारिजाते कात्यायनोक्तेः ।

मंगलकार्यों में भी अदोष कहा है। मदनपारिजात में कात्यायन ने कहा है कि—वृद्धि, पर्व और उत्सवों में मंगलस्नान करना कहा है। स्नेहपात्र से युक्त मध्याह्न के पहले कहा है।

हेमाद्रौ वृहन्मनुः—तैलाभ्यङ्गो नार्कवारे न भौमे नो संक्रान्तौ वैधृतौ विष्टिषष्ठयोः ।
पर्वस्वष्टम्यां च नेष्टः स इष्टः प्रोक्तान्मुक्त्वा वासरे सूर्यसूनोः ॥

हेमाद्रिमें वृहन्मनुने कहा है कि—रविवार, मंगलवार, संक्रान्ति, वैधृति, विष्टि, षष्ठी, पर्व और अष्टमी इनमें तैलाभ्यंग (तैलमालिस) इष्ट नहीं है। वह इष्ट इन उपरोक्तों को त्यागकर सूर्यपुत्र (शनिवार) के दिनमें तैलाभ्यंग इष्ट है।

(तिलस्नाननिषेधकथनम्)

तिलस्नाननिषेधस्तु षट्त्रिंशन्मते—तथा सप्तम्यमावास्यासंक्रान्तिग्रहजन्मसु ।
धनपुत्रकलत्रार्थी तिलपिष्टं न संस्पृशेत् ॥

तिलस्नान का निषेध तो षट्त्रिंशन्मत में कहा है कि—सप्तमी, अमावास्या, संक्रान्ति, ग्रहण और जन्मदिन में धन, पुत्र कलत्रार्थी तिल पिष्ट (पिसे हुए तिलों) का स्पर्श न करे।

(अथ गृहारम्भादौ विचारः)

अथ गृहारम्भः । ज्योतिर्निबन्धे बादरायणः—वैशाखे फाल्गुने पौषे श्रावणे मार्गशीर्षके ।
सूत्रारम्भः शिलान्यासः स्तम्भारम्भः प्रशस्यते ॥

अब गृहारम्भ कहते हैं। ज्योतिर्निबन्ध में बादरायण ने कहा है कि—वैशाख, फाल्गुन, पौष, श्रावण और मार्गशीर्षमासमें सूत्रारम्भ (सूतसे भूमि को नापना आदि), शिलान्यास तथा स्तंभारम्भ करना (खंबोंका आरंभ) उत्तम कहा है।

नारदः—सौम्यफाल्गुनवैशाखमाघश्रावणकार्तिकाः ।
मासाः स्युर्गृहनिर्माणे पुत्रारोग्यधनप्रदाः ॥

नारदने कहा है कि—फाल्गुन, वैशाख, माघ, श्रावण और कार्तिकमास में घर का निर्माण करने से पुत्र, आरोग्यता तथा धन देनेवाले हैं।

अत्र वृषसिंहवृश्चिकाः वैशाखश्रावणकार्तिकाः सौरा ज्ञेया इति कालादर्शः ।

यहाँपर वृष, सिंह, वृश्चिक—वैशाख, श्रावण और कार्तिक सौरमास (सूर्यकी संक्रान्ति) से जानना चाहिये—यह कालादर्शमें कहा है।

तत्रैव कारणतन्त्रे—स्थिरमासे स्थिरे राशौ स्थिरेंऽशे नववेश्मनाम् । कुर्वीत स्थापनं शङ्कोः शम्भुस्थापनमेव वा ॥ कार्तिकनिषेधस्तुलापरः,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वहींपर कारणतन्त्र में कहा है कि—स्थिर महिना, स्थिरराशी तथा अंश में नवीन घरों में शंकु का स्थापन या स्तंभका स्थापन ही करे। कार्तिकमास का निषेध तो तुला की संक्रान्तिपरक है।

कुम्भे मासेऽपि सर्वेषां मन्दिराणामुपक्रमम्। महर्षयः प्रशंसन्ति धान्यागारं विहाय च॥ निषेधो धान्यगृहपरः।

कुंभसंक्रान्ति अौह माघमहिने में मन्दिरों का प्रारम्भ करे। धान्यके गृह को त्यागकर महर्षिगण प्रशंसा करते हैं। केवल धान्यके घरको छोडकर है।

पाकभोजनशालादौ मार्गशीर्षश्च फाल्गुनः। रथ्यागेहमठादौ च सहस्यः शुचिरेव तु॥ पौषापाढनिषेधस्तु प्रधानगृहपरः, न प्रधानगृहारम्भं कुर्यात्पौषे शुचावपि॥ इति तत्रैवोक्तेः।

पाक तथा भोजनशाला आदि में, मार्गशीर्ष तथा फाल्गुन में, रथ का घर और मठादि में पौष तथा आपाढमास पवित्र ही है। पौष और आपाढ महिने का निषेध तो प्रधानघर परक है। वहींपर कहा है कि—प्रधान घरका प्रारंभ पौष और आपाढ में न करे।

ज्योतिषस्तत्त्वे—पूर्वापरास्यन्तु नभोऽन्त्यपौषे याम्योत्तरास्यं सहसि द्वितीये।
कार्यं गृहं जीवबुधर्क्षगार्के नीचास्तगौ जीवसिता च हित्वा॥

ज्योतिषस्तत्त्व में कहा है कि—बृहस्पति और बुध राशि के सूर्य को तथा नीच और अस्त हुए बृहस्पति एवं शुक्रका त्याग करे। पूर्वदिशा तथा पश्चिमदिशा मुख का मकान (घर)—श्रावण, फाल्गुन और पौषमासमें तथा दक्षिणदिशा और उत्तरदिशा के मुख का घर मार्गशीष तथा वैशाख महिने में करावे।

रत्नमालायाम्—कर्कनक्रहरिकुम्भगतेर्के पूर्वपश्चिममुखानि गृहाणि।
तौलिमेषवृषवृश्चिकपाते दक्षिणोत्तरमुखानि वदन्ति॥

रत्नमालामें कहा है कि—कर्क, नर्क (मकर), हरि (सिंह) और कुम्भमें गये सूर्य में पूर्वदिशा तथा पश्चिमदिशाके मुखके घरों और तौलि (तुला), मेष, वृष एवं वृश्चिक के सूर्य में दक्षिण तथा उत्तर के मुखवाले घरों को कहा है।

दैवज्ञवल्लभः—शोकं धान्यं पश्चतां निःपशुत्वं स्वापं नैःस्वं सङ्गरं मृत्युनाशम्।
स्वं श्रीप्राप्तिं वह्निभीतिं च लक्ष्मीं कुर्युश्चैत्राद्या गृहारम्भकाले॥ (रत्नं धान्यं कालादर्शे पाठः।)

दैवज्ञवल्लभने कहा है कि—गृहारंभकालमें चैत्रमास में-शोक, वैशाखमासमें-धान्य, ज्येष्ठमासमें-धन की प्राप्ति, आपाढ़मास में-पशुओं की एकदम हानि, श्रावणमास में-धन की प्राप्ति, भाद्रपदमास में-धन का नाश, आश्विनमास में-संग्राम, कार्तिकमास में—भृत्यनाश, मार्गशीर्षमास में-लक्ष्मीप्राप्ति, पौषमास में-लक्ष्मीप्राप्ति, माघमासमें-अग्निभय, और फाल्गुनमासमें लक्ष्मी प्राप्ति है।

गर्गः—त्र्युत्तरामृगरोहिण्यां पुष्ये मैत्रे करत्रये। धनिष्ठाद्वितये पौष्णे गृहारम्भः प्रशस्यते॥

गर्गने कहा है कि—तीनों उत्तरा, मृगशिरा, रोहिणी, पुष्य, अनुराधा, हस्त, चित्रा, स्वाती, धनिष्ठा, शतभिषा और रेवती ये नक्षत्र गृहारम्भ में प्रशस्त हैं।

रोहिण्यां श्रवणत्रये दितियुगे हस्तत्रये मूलके रेवत्युत्तरफाल्गुनीपुरभगे मैत्रोत्तराषाढयोः। शस्तं वास्तु कुजार्कवर्जितदिने गोकुम्भसिंहे मुखे कन्यायां मिथुने नभःशुचिसहोराधोर्जके फाल्गुने॥

रोहिणी, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, मूल, रेवती, उत्तराफाल्गुनी, आश्लेषा, अनुराधा, उत्तराषाढा, इननक्षत्रों के मंगल और रविवार से वर्जित दिनोंमें वृष, कुम्भ, सिंह वृश्चिक, कन्या और मिथुन लग्नों में, श्रावण, शुचि[1] (आपाढ) सह (पौष), राधा (वैशाख) ऊर्ज (कार्तिक) और फाल्गुन ये महिने वास्तुकर्ममें प्रशस्त हैं।

कालादर्शे सनत्कुमारः—आदित्यभौमवर्जं तु सर्वे वाराः शुभप्रदाः।

कालादर्शमें सनत्कुमार ने कहा है कि—रविवार और मङ्गलवार को छोडकर सब वार शुभप्रद हैं।

१— आषाढमास सर्वथा निषिद्ध है ऐसा आचार्यों ने घोषणा की है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वास्तुशास्त्रे—मार्गशीर्षे तथा पौषे वैशाखे श्रावणे तथा। फाल्गुने च कृतं वेश्म सर्वसम्पत्प्रदं भवेत् ॥

वास्तुशास्त्रमें कहा है कि—मार्गशीर्ष, पौष, वैशाख, श्रावण तथा फाल्गुन में बनाया हुआ घर (मकान) संपूर्ण ऐश्वर्य को देनेवाला होता है।

कार्तिके माघमासे च चैत्रे ज्येष्ठे तथाश्विने। मास्याषाढे भाद्रपदे न कुर्यात्सर्वथा गृहम् ॥

कार्तिक, माघ, चैत्र, ज्येष्ठ आश्विन, आषाढ तथा भाद्रपद महिने में सर्वथा घरको न करे। अर्थात्-निर्माण न करे।

द्वितीया च तृतीया च पञ्चमी सप्तमी तथा। त्रयोदशी च दशमी पूर्णा चैकादशी तथा। वेश्मारम्भे शुभाय स्युर्विशेषाः शुक्लपक्षगाः ॥

द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी, सप्तमी, त्रयोदशी, दशमी, पूर्णिमा और एकादशी तिथि को वेश्म (मकान) का शुभारम्भ कल्याण प्रद होता है। विशेषकर शुक्लपक्ष की तिथियों में शुभप्रद होता है।

व्यवहारसारे—शिलान्यासः प्रकर्तव्यो गृहाणां श्रवणे मृगे।
पौष्णे हस्ते च रोहिण्यां पुष्यश्विन्युत्तरात्रये ॥

व्यवहारसारमें कहा है कि—घरोंका शिलान्यास श्रवण, मृगशिरा, रेवती, हस्त, रोहिणी, पुष्य, अश्विनी तथा तीनों उत्तरानक्षत्र में करे।

वास्तुप्रदीपे—अधोमुखैर्भैर्विदधीत खातं शिलास्तिथैवोर्ध्वमुखैश्च पट्टम्।
तिर्यङ्मुखैर्द्वारकपाटयानं गृहप्रवेशो मृदुभिर्ध्रुवैश्च ॥

वास्तुप्रदीप में लिखा है कि—खात तो अधोमुख (मूल, आश्लेषा, मघा, पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाभाद्रपद, पूर्वाषाढा, विशाखा, भरणी, कृत्तिका) नक्षत्रोंमें वैसे ही शिला ऊर्ध्वमुख (आर्द्रा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, पुष्य, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा) नक्षत्रोंमें पट्ट (छत और दरवाजे पर आच्छादन) और तिर्यङ्मुख (हस्त, अनुराधा, स्वाती, पुनर्वसु, ज्येष्ठा, अश्विनी चित्रा, मृगशिरा, रेवती) नक्षत्रों में द्वार का किवाड, सवारी, मृदुसंज्ञक (मृगशिरा, चित्रा, अनुराधा, रेवती) और ध्रुवसंज्ञक (तीनों उत्तरा और रोहिणी,) नक्षत्रों में घरका प्रवेश करे।

लल्लः—स्नानं च पाकं शयनं च भोज्यं गजालयं वाजिगृहं धनस्य।
देवस्य पूर्वादिदिशि क्रमेण मध्ये सभा भूपनिवेशनाय ॥

लल्लने कहा है कि—स्नानघर, पाकशाला, शयनघर, भोजनगृह, हाथी के रहनेका स्नान, घोडे का स्थान, धनस्थान और देवस्थान को पूर्वादिदिशाओं के क्रमसे बनवावे। मध्यमें राजा बैठने के लिए अपनी राज्यसभाका निर्माण करावे।

शिल्पशास्त्रे—कन्यासिंहे तुलायां भुजगपतिमुखं शंभुकोणेग्निखातं वायव्ये स्याच्चदास्यं त्वलिधनमकरे ईशखातं वदन्ति। कुंभे मीने च मेषे निर्ऋतिदिशि मुखं खातवायव्यकोणे चाग्नेः कोणे मुखं वै वृषमिथुनगते कर्कटे रक्षखातम् ॥

शिल्पशास्त्र में कहा है कि—कन्या, सिंह तथा तुलाकी संक्रान्ति में भुजगपति (शेषनाग) का मुख ईशानकोण में हो तो अग्निकोण में नीव को खोदना चाहिये। यदि वृश्चिक धन तथा मकर में कोणमें उसका मुख वायव्यकोणमें हो तो—ईशानकोणमें खात दे। कुम्भ, मीन और मेषमें नैर्ऋत्यकोणमें मुख होता है तो वायव्यकोणमें खात करे। वृष, मिथुन और कर्कमें अग्निकोणमें मुख होता है तो नैर्ऋत्यकोणमें खात करे।

तत्त्वचिन्तामणौ—यत्र दैर्घ्यं गृहादीनां द्वात्रिंशद्धस्ततोऽधिकम्।
न तत्र चिन्तयेद्धीमान् गुणानायव्ययादिकान् ॥

तत्त्वचिन्तामणि में कहा है कि—जहाँ पर घर आदि की लंबाई बत्तीस हाथ से अधिक हो तो बुद्धिमान् मनुष्य आय-व्यय के गुणों की चिन्ता न करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

राजमार्तण्डः—आयव्ययौ मासशुद्धिं तृणागारे न चिन्तयेत् ।
शिलान्यासादि नो कुर्यात्तथागारे पुरातने ॥

राजमार्तण्ड में कहा है कि—आय, व्यय और व्यास की शुद्धि की चिन्ता तृण के घर में न करे और शिलान्यास आदि न करे। वैसे ही प्राचीन घर में भी शिलान्यास न करे।

व्यवहारतत्त्वे—निषिद्धेष्वपि कालेषु स्वानुकूले शुभे दिने। तृणकाष्ठगृहारम्भे मासदोषो न विद्यते॥

व्यवहारतत्त्व में कहा है कि—निषिद्ध समयों में भी अपने अनुकूल शुभ दिन में तृण तथा काष्ठ के गृहारंभ में मासदोष नहीं होता है।

चण्डेश्वरः—पूर्णादि त्वष्टमीं यावत्पूर्वास्यं वर्जयेद् गृहम्। उत्तरास्यं न कुर्वीत नवम्यादि चतुर्दशीम् ॥ अमावास्याष्टमीं यावत्पश्चिमास्यं विवर्जयेत्। नवम्यादौ तथा याम्यं यावत्कृष्णा चतुर्दशीम् ॥

चण्डेश्वर ने कहा है कि—पूर्णिमातिथि से लेकर अष्टमीतिथितक पूर्व की तरफ मुख घर का न करे। नवमीतिथि से प्रारंभ कर चतुर्दशीतिथिपर्यन्त उत्तराभिमुख घरका न करे। अमावास्यासे लेकर अष्टमी तिथिपर्यन्त पश्चिमदिशा की तरफ मुख न करे। नवमीतिथि से प्रारंभ कर कृष्णपक्ष की चतुर्दशीतिथि पर्यन्त दक्षिणामुख घर का त्याग करे।

ध्रुवं दृष्ट्वाऽथवा स्मृत्वा कर्तव्यं वास्तुरोपणम्। सायाह्नवर्ज्यदिवसे रात्रौ त्यक्त्वा महानिशम् ॥

ध्रुव और दिशागत प्रसिद्ध ध्रुवनामक नक्षत्रदिन में ध्रुवरूपीय को देखकर या स्मरण कर वास्तुरोपण करना चाहिये। दिन में सायाह्न तथा रात में महानिशा (रात बारह बजे से दो बजे तक) को त्याग दे।

वराहः—दक्षिणपूर्वे कोणे कृत्वा पूजां शिलां न्यसेत्प्रथमाम्।
शेषाः प्रदक्षिणेन स्तम्भाश्चैवं समुत्थाप्याः ॥

वाराहपुराण में कहा है कि—दक्षिण तथा पूर्व के कोण (अग्निकोण) में पूजाकर प्रथम शिला को स्थापन करे। अवशिष्ट शिलाओंको प्रदक्षिण क्रम से रखे। तद्वत् ही स्तंभों का स्थापन करे।

कालादर्शे वास्तुशास्त्रे—खाते चैव शिलान्यासे वृषचक्रं प्रशस्यते।

कालादर्श में वास्तुशास्त्र के प्रकरण में तो कहा है कि—खात (नीव) और शिलान्यास (शिला रखने) में वृष चक्र (सूर्य के नक्षत्र से सात नक्षत्र नेष्ट, उसके बाद वाले ग्यारह इष्ट, उसके बाद के दश नक्षत्र नेष्ट होते हैं) देखना उत्तम कहा है।

तच्चोक्तं शान्तिरत्ने—चतुर्हस्तप्रमाणं तु खात्वा गर्तं समन्ततः। कुम्भोदकैः सेचयेयुः शान्तिपाठपुरःसरम् ॥ तत ईशानदिग्भागे साक्षतं रत्नपञ्चकम्। साज्यं कुम्भं स्थिरं मुक्त्वा वास्तुपूजनपूर्वकम् ॥ कुम्भोपरि शिलान्यासः कर्तव्यस्तदनन्तरम् ॥

शान्तिरत्न में कहा है कि—चार हाथ का गर्त (गढा) चारों तरफ से खन कर कुंभोदकों से शान्तिपाठपुरःसर सेचन करे। तदनन्तर ईशानदिशा के हिस्से में अक्षत, पञ्चरत्न, घृत के सहित कुंभ (घट) को स्थिर कर वास्तुपूजनपूर्वक कुम्भ के ऊपर शिलान्यास (शिलास्थापन) करना चाहिये।

(गृहप्रवेशे विचारः)

अथ गृहप्रवेशः। बृहस्पतिः—नन्दायां दक्षिणद्वारं भद्रायां पश्चिमेन तु।
जयायामुत्तरं द्वारं पूर्णायां पूर्वतो विशेत् ॥

अब गृहप्रवेश कहते हैं। बृहस्पति ने कहा है कि—नन्दा में दक्षिणद्वार से, भद्रा में पश्चिमद्वार से, जया में उत्तरद्वार से और पूर्णा में पूर्वद्वार से प्रवेश करे।

वसिष्ठः—कृत्वा शुक्रं पृष्ठतो वामतोऽर्कं विप्रान् पूज्यानग्रतः पूर्णकुम्भम्।
हर्म्यं रम्यं तोरणस्रग्वितानैः स्त्रीभिः स्रग्वी गीतवाद्यैर्विशेच्च ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वसिष्ठ ने कहा है कि—शुक्र को पीठ की ओर करके और सूर्य को बाये भाग में करके ब्राह्मणों की पूजा कर जल से परिपूर्ण कुंभ को आगे कर तोरण, माला तथा वितानों (चंदवा) से रमणीय घर में मालाधारण कर गृहपति, स्त्री गीत एवं वाद्यों (वाजा) के साथ प्रवेश करे।

व्यवहारतत्त्वे—सौम्यायने श्रावणमार्गपौषे जन्मर्क्षलग्नोपचयोदयेंऽशे।
वामं गतेऽर्के गृहवास्तुपूजां कृत्वा विशेद्धेश्म भकूटशुद्धम्॥

व्यवहारतत्त्व में कहा है कि—सौम्यायन (उत्तरायण) श्रावण, मार्गशीर्ष और पौषमास में, जन्मनक्षत्र तथा लग्न की वृद्धि में एवं नवांश में सूर्य को वायें कर घर की वास्तुपूजा कर नक्षत्रकूट (कूट आठ प्रकार के होते हैं उसमें तारा कूट) की शुद्धि में घर में प्रवेश करे।

वास्तुशास्त्रे—लग्नात् प्रागादितो दिक्षु द्वौ द्वौ राशी नियोजयेत्।
एकमेकं न्यसेत्कोणे सूर्यं वामं विचिन्तयेत्॥

वास्तुशास्त्र में कहा है कि—पूर्वादि दिशाओं में दो दो राशि का नियोजन कर एक एक को कोणों में रखे तथा सूर्य का वाम विचार करे।

वसिष्ठः—चन्द्रजार्यसितवासरेषु च श्रीकरं सुतमहार्थलाभदम्।
सूर्यसूनुदिवसे स्थिरप्रदं किन्तु चौरभयमत्र निर्दिशेत्॥

वसिष्ठ ने कहा है कि—वुधवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार हो, तो लक्ष्मी, पुत्र, अर्थ तथा लाभ को देनेवाला होता है। शनिवार के दिन स्थिरप्रद होता है पर यहाँ पर चोर का भय कहा है।

रत्नकोशे—पुष्ये धनिष्ठामृगवारुणेषु-स्वायंभुवर्क्षे त्रिषु चोत्तरासु॥
अक्षीणचन्द्रे शुभदो नृपस्य तिथावरिक्ते च गृहप्रवेशः॥

रत्नकोष में कहा है कि—पुष्य, धनिष्ठा, मृगशिरा, शतभिषा, तीनों उत्तरा, पूर्णचन्द्रमा और रिक्तातिथि से भिन्न तिथि में राजा को गृहप्रवेश शुभ को देनेवाला होता है।

नारदः—प्रवेशो मध्यमो ज्ञेयः सौम्यकार्तिकमासयोः। माघफाल्गुनवैशाखज्येष्ठमासेषु शोभनः। अकपाटमनाच्छन्नमदत्तबलिभोजनम्। गृहं न प्रविशेद्धीमान् आपदामाकरो हि तत्॥ ज्येष्ठः क्षुद्रगृहपरः।

नारद ने कहा है कि—मार्गशीर्ष तथा कार्तिक महिने में गृहप्रवेश मध्यम होता है। माघ, फाल्गुन, वैशाख तथा ज्येष्ठ महिने में शुभ को देनेवाला उत्तम होता है। जिसमें किवाडे न हो, छाया भी न हो जिसमें बलि और भोजन न दिया हो ऐसे घर में बुद्धिमान् व्यक्ति को प्रवेश नहीं करना चाहिये। क्योंकि वह घर आपत्तियों का सागर है। इसमें ज्येष्ठ महिना छोटे घर के लिए कहा है।

वृद्धगार्ग्यः—भानोश्च भौमस्य विहाय वारौ शूलादियोगानशुभान्नवापि।
रिक्ता तिथिश्चापि मृदुध्रुवर्क्षे सौम्यायने च प्रविशेद् गृहाणि॥

वृद्धगार्ग्य ने कहा है कि—रविवार और मंगलवार को त्यागकर और शूलादि अशुभ योग (व्यतिपात, वैधृति आदि) को, रिक्ता तिथियोंको भी वर्जितकर मृदु, ध्रुवसंज्ञक नक्षत्रों तथा उत्तरायणमें घरोंमें प्रवेश करे।

रत्नमालायाम्—त्वाष्ट्रमित्रशशिपूषदेवतान्याम्नन्ति मुनयो मृदून्यथ। मैत्रगे हरति भूषणाम्बरोद्गीतमङ्गलविधानमेषु च॥ रोहिण्युत्तरात्रयं च ध्रुवानि।

रत्नमाला में कहा है कि—चित्रा, अनुराधा, मृगशिरा तथा पुष्य के देवताओं को मुनिगण मृदु कहते हैं और इनमें मित्रकार्य, घर, भोग, भूषण, वस्त्र, गीत तथा मंगल कार्य करे। रोहिणी और तीनों उत्तरा ध्रुवसंज्ञक है।

प्रवेशश्च वास्तुपूजां कृत्वा कार्यः—जीर्णोद्धारे तथोद्याने तथा गृहनिवेशने। नवप्रासादभवने प्रासादपरिवर्तने॥ द्वाराभिवर्तने तद्वत्प्रासादेषु गृहेषु च। वास्तुप्रशमनं कुर्यात्पूर्वमेव विचक्षणः॥ इति मात्स्योक्तेः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और वास्तुपूजा कर प्रवेश करे। जीर्णोद्वार में, उद्यान (बगीचे) में, घर के प्रवेश में, दरवाजे के बदलने में, उसी की तरह प्रासाद और घरों में बुद्धिमान् प्रथम ही 'वास्तुशान्ति' करे। ऐसा मत्स्यपुराण में कहा है।

तत्रैव—कृत्वाग्रतो द्विजवरानथ पूर्णकुम्भं दध्यक्षताम्रदलपुष्पफलोपशोभनम्। दत्वा हिरण्यवसनानि तथा द्विजेभ्यो माङ्गल्यशान्तिनिलयं स्वगृहं विशेच्च ॥ गृह्योक्तहोमविधिना बलिकर्म कुर्यात् प्रासादवास्तुशमने च विधिर्य उक्तः। सन्तर्पयेद् द्विजवरानथ भक्ष्यभोज्यैः शुक्लाम्बरः स्वभवनं प्रविशेत्सुरूपम् ॥

वहीं पर कहा है कि—श्रेष्ठ ब्राह्मणों को आगे कर और जल से भरे घडे को दधि, अक्षत, आम के पत्ते, पुष्प, फल से शोभित कर ब्राह्मणों को सुवर्ण तथा वस्त्र देकर मंगल देनेवाले शान्तिस्थानरूपीघर में प्रवेश करे। गृह्योक्त होमविधि से बलि कर्म करे जो प्रासादवास्तु के शमन में जो विधि कही है। भक्ष्य तथा भोज्यों से उत्तम ब्राह्मणों कों तृप्त कर सफेद वस्त्र को धारण कर अपने भवन में प्रवेश करे।

(कलिवर्ज्यानि)

अथ कलिवर्ज्यानि। बृहन्नारदीये—समुद्रयातुः स्वीकारः कमण्डलुविधारणम्। द्विजानामसवर्णासु कन्यासूपयमस्तथा ॥ देवराच्च सुतोत्पत्तिर्मधुपर्के पशोर्वधः। मांसदानं तथा श्राद्धे वानप्रस्थाश्रमस्तथा ॥ दत्तात्ततायाः कन्यायाः पुनर्दानं परस्य च। दीर्घकालं ब्रह्मचर्यं नरमेधाश्वमेधकौ ॥ महाप्रस्थानगमनं गोमेधश्च तथा मखः। इमान् धर्मान् कलियुगे वर्ज्यानाहुर्मनीषिणः ॥ कमण्डलुः='सोदकं च कमण्डलुम्' इत्युक्तः, मृन्मयो वा। दत्ता=ऊढाः।

अब कलिवर्जित बातों को कहते हैं। बृहन्नारदीयपुराण में कहा है कि—समुद्रयात्रा, (राग से समुद्रयात्रा करनेवाले को प्रायश्चित्त है।) संन्यासग्रहण (मनु ने स्नातकप्रकरण में कहा है कि—वैष्णवीं धारयेद्यष्टिं सोदकं च कमण्डलुम्। यज्ञोपवीतं वेदं च शुभे रौक्मे च कुण्डले ॥ वह कलियुग में उसका यज्ञोपवीतवत् धारण सदा निषेध है। अतः संन्यासियों को मट्टी, बांस, काष्ठ और लौकी के बने पात्र रखना चाहिये।) द्विजोंका[1]–असवर्ण कन्याओंसे उपयम-विवाह, देवर आदिसे सुतोत्पत्ति (नियोग), मधुपर्क में पशु का वध, श्राद्ध में मांस का दान, वानप्रस्थ आश्रम का ग्रहण, व्याही हुई अक्षता कन्या का फिर में दूसरे को दान, बहुत कालतक ब्रह्मचर्य, (अष्टाचत्वारिंशद्वर्षाणि वेदब्रह्मचर्यम्), [2]नरमेध, [3]अश्वमेध, महाव्याधि पीडित व्यक्ति का मृत्यु के लिए महाप्रस्थान हिमालय की तरफ गमन और गोमेधयज्ञ इन धर्मों को कलियुग में वर्जित पण्डितों ने कहा है। कमण्डलु शब्द से जलवाला कमण्डलु कहा है या मट्टीका कहा है। दत्ता माने—विवाहित कन्या।

(ऊढायाः पुनरुद्वाहनिषेधकथनम्)

ऊढायाः पुनरुद्वाहं ज्येष्ठांशं गोवधस्तथा। कलौ पञ्च न कुर्वीत भ्रातृजायां कमण्डलुम् ॥ इति हेमाद्रौ वचनात्। ऊढायाः—पुरा पुरुषसंयोगान्मृते देयेति केचन। इत्यादिभिर्विवाह्यतोक्ता।

१—तिस्रो वर्णानुपूर्व्येण द्वे तथैका यथाक्रमम्। ब्राह्मणक्षत्रियविशां भार्या स्वा शूद्रजन्मनः ॥ (या० आ० श्लो० ५७) इस वचनानुसार असवर्ण कन्याओं के साथ जो विवाह पहले विहित था वह कलियुग में निषिद्ध कहा है।

२—नरमेध (पुरुषमेध) इस यज्ञ के अधिकारी ब्राह्मण और क्षत्रिय होते हैं। यह यज्ञ चालीस दिन में समाप्त होता है। इसका प्रारंभ चैत्रशुक्ल दशमी से होता है। यजुर्वेद से अ० ३०–५–५२ में उल्लेख है। कुल १८४ पशुओं का बन्धन होना है। इत्यादि पूर्ण विधि को श्री पूज्य पिताजी (स्व० म० म० विद्याधर जी गौड) कृत कात्यायनश्रौतसूत्र की भूमिका में देखिये।

३—'अश्वमेध' यज्ञ का प्रारंभ फाल्गुन शुक्ल दशमी, अष्टमी या नवमी से प्रारंभ होता है। इस यज्ञ का अभिषिक्त सार्वभौम राजा अधिकारी होता है। इसका पूरा विवरण तथा अश्व का लक्षण आदि सब कात्यायनश्रौतसूत्र की भूमिका में स्पष्ट है। जो प्रकाशित है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विवाहित कन्या का फिर से विवाह, ज्येष्ठ (बड़े पुत्र) को धन का वीसवाँ भाग अधिक (ज्येष्ठस्य विंश उद्धारः सर्वद्रव्याच्च यद्वरम्। ततोऽर्धं मध्यमस्य स्यात्तुरीयं तु यवीयसः॥ (म. स्मृ. अ. ९ श्लो. ११२।) देना, गोवध (मधुपर्क में गोवध करना), भाई की पत्नी का स्वीकार करना और कमण्डलु (संन्यास) इन पांच बातों को कलियुग में वर्जित करे—हेमाद्रि में वचन होने से विवाहित कन्या का प्रथम पुरुष से संयोग होने पर उसके मरने पर विवाहित कन्या का अन्य को पति के रूप में विवाह कर दे—यह किसी का मत है। इत्यादियों से विवाह कहा है।

(सगोत्रसपिण्डकन्याविवाहनिषेधकथनम्)

हेमाद्रौ ब्राह्मे—गोत्रान्मातुः सपिण्डाच्च विवाहो गोवधस्तथा। नराश्वमेधौ मद्यश्च कलौ वर्ज्यं द्विजातिभिः॥ गोत्राद् गोत्रजायाः पितृष्वसुः, मातृसपिण्डान्मातुलात् तत्कन्याया विवाहः कलौ न कार्यः। तेन यानि तद्विधायकानि तानि युगान्तरविषयाणि।

हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण का मत है कि—माता के गोत्र से तथा सपिण्ड से विवाह, गोवध, नरमेध, अश्वमेध और मद्य (मदिरा) ये द्विजातियों को कलि में वर्जित करना चाहिये।

गोत्र से उत्पन्न पिता की बहिन तथा माता के सपिण्ड से मामा की कन्या से कलि में विवाह न करे। इससे जो इसके विधायक (विधान करने वाले) वचन हैं वे युगान्तर (अन्य युगों के लिए) विषयक हैं।

(कलौ मातुलकन्याविवाहनिन्दाकथनम्)

तथा च व्यासः—तृतीयां मातृतः कन्यां तृतीयां पितृतस्तथा। शुल्केन चोद्वहिष्यन्ति विप्राः पापविमोहिताः॥ इति कलौ तन्निन्दामाह। मातृतस्तृतीयां मातुलकन्यामित्यर्थः। उक्तं चैतत्प्राक्। मद्यं 'स्त्रीभ्यश्च सुरामाचामम्' इत्यादिना विहितमपि वर्ज्यम्।

वैसे ही और व्यास ने कहा है कि—माता से तीसरी पीढी की कन्या से और पिता से तीसरी पीढी की कन्या से जो ब्राह्मण पाप में संलग्न होकर मोल (खरीद) लेकर विवाह करेगें। यह कलि में उसकी निन्दा कही है। अर्थात्—माता से तीसरी पीढी की कन्या मामा की कन्या हुई—यह अर्थ है। यह पहले कह चुके हैं। स्त्री मदिरा से आचमन करे इत्यादि से विहित (आश्वलायन में कहा है कि—दूसरे दिन अन्वष्टका करे इससे विहित है) भी वर्जित है।

(विधवाया देवरेण नियोगनिषेधकथनम्)

हेमाद्रौ आदित्यपुराणे—विधवायाः प्रजोत्पत्तौ देवरस्य नियोजनम्। बालायाः क्षतयोन्यास्तु वरेणान्येन संस्कृतिः। कन्यानामसवर्णानां विवाहश्च द्विजन्मभिः।

हेमाद्रि में आदित्यपुराण का मत है कि—विधवा में प्रजा की उत्पत्ति के लिए देवर का नियोग, क्षतयोनी वाली कन्या को अन्य वर को देना तथा असवर्ण कन्याओं का द्विजातियों के साथ विवाह।

(आततायिनां द्विजानां धर्मयुद्धेन हिंसनकथनम्)

आततायिद्विजाग्र्याणां धर्मयुद्धेन हिंसनम्॥ द्विजस्याब्धौ तु नौयातुः शोधितस्यापि संग्रहः।

आततायी द्विजों का धर्मयुद्ध से हिंसन-मारना, नौका द्वारा (नाव में बैठकर) समुद्र में जानेवाले द्विज के साथ व्यवहार और प्रायश्चित्त द्वारा शुद्ध होने पर भी उसके साथ व्यवहार,

(सत्रदीक्षानिषेधकथनम्)

सत्रदीक्षा च सर्वेषां कमण्डलुविधारणम्॥ महाप्रस्थानगमनं गोसंज्ञप्तिश्च गोसवे।

सबों को सत्रयज्ञ में दीक्षित करना, कमण्डलु (संन्यास) का धारण, महाप्रस्थान (शरीर का पात उत्तरदिशा में करना), गोयज्ञ में गौ का हनन,

(सौत्रामण्यां सुराग्रहनिषेधकथनम्)

सौत्रामण्यामपि सुराग्रहणस्य च सङ्ग्रहः॥

सौत्रामणियज्ञ में सुरापात्र ग्रहण का संग्रह,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अग्निहोत्रहवण्याश्च लेह्यादिनिषेधकथनम्)

अग्निहोत्रहवन्या (ण्या) श्च लेहो लीढापरिग्रहः । वृत्तस्वाध्यायसापेक्षमघसंकोचनं तथा ॥

अग्निहोत्र होम होने के बाद अनिहोत्रहवनी में लगे पदार्थ को जिह्वा से चाटना (आहार) और अग्निहोत्र हवणी का ग्रहण करना । अग्निहोत्रादि का अनुष्ठान तथा वेदाध्ययन और पाप का संकोच सापेक्ष है ।

(कामकृते महापापादौ मरणान्तं प्रायश्चित्तकथनम्)

प्रायश्चित्तविधानं च विप्राणां मरणान्तिकम् । संसर्गदोषस्तेयान्यमहापातकनिष्कृतिः ॥ संसर्गदोषः तत्संसर्गी च पञ्चमः इत्युक्तः । स्तेयं च तदन्यानि महापातकानि ब्रह्महत्यासुरापानगुरुतल्पानि त्रीणि, तेषां कामकृतानां मरणान्तिकं प्रायश्चित्तं विप्राणां कलौ नेत्यर्थः । मरणान्तिके हि जातिवधनिमित्तं द्वादशाब्दं द्विगुणं ब्रह्मवधनिमित्तं च द्विगुणं भवति तत् चतुर्थे नास्ति निष्कृतिः, इति निषिद्धम् । न चात्महत्याविधिना तद्बाधः, तेन ह्यात्महत्यानिमित्तस्यैव बाधो न जातिवधनिमित्तस्य । भिन्नविषयत्वात् ।

ब्राह्मणों का मरणान्तप्रायश्चित्त-विधान, संसर्गदोष तथा चोरियों से अन्य महापातक का निस्तार, संसर्गजन्यदोष, उसके साथ संसर्ग करनेवाला पांचवा ऐसा कहा है । चोरी से अन्य महापातक—ब्रह्महत्या, सुरापान, गुरुपत्नीगमन ये तीन, उनका इच्छा से किया हो तो मरण प्रायश्चित्त है वह ब्राह्मणों को कलि में नहीं होता है यह अर्थ है । मरणान्तिक में जातिवध निमित्त द्वादशाब्द द्विगुणित और ब्रह्मवध निमित्त द्विगुणित प्रायश्चित्त होता हैं वह चतुर्थ में महापातक में निस्तार नहीं होता है इससे निषिद्ध है । कहो कि—आत्महत्याविधि से उसका बाध है । इससे आत्महत्या निमित्त का ही बाध है जातिवध निमित्त का नहीं है । क्योंकि—भिन्नविषयक है ।

(संसर्गिणस्तु प्रायश्चित्तकथनम्)

संसर्गिणस्तु कामतोऽपि व्रतस्यैवोक्तेर्न मरणान्तिकम् । नापि स्तेये तत्र राज्ञो वधकर्तृकत्वात् । तेन तयोर्मरणान्तिकाभावात्तयोरेव निष्कृतिर्नान्येषां त्रयाणाम् । युगान्तरे तु कलौ निषेधबलादेव प्रवृत्तिः । एतद्विप्रपरं न क्षत्रियादेः । तदुक्तम् 'विप्राणां मरणान्तिकम्' इति । विशेषोऽस्त्वस्मत्कृते प्रायश्चित्तरत्ने ज्ञेयः ।

संसर्गी का तो इच्छासे भी व्रतको ही कहा है मरणान्तिक नहीं है । वह चोरी में भी नहीं है । क्योंकि वहाँ पर राजा ही वध को करने वाला है । इससे उन दोनों का मरणान्तिक का अभाव होने से दोनों को ही निष्कृति (निस्तार) है अन्य तीनों की नहीं है । युगान्तर में तो कलियुग में निषेध के बल से प्रवृत्ति है । यह ब्राह्मण परक है क्षत्रियादि परक नहीं है । कहा भा है कि—ब्राह्मणों का मरणान्तिक प्रायश्चित्त है विशेष तो हमारे बनाये हुए 'प्रायश्चित्तरत्न' में जानना चाहिये ।

वरातिथिपितृभ्यश्च पशूपाकरणक्रिया । दत्तौरसेतरेषां तु पुत्रत्वेन परिग्रहः ।। सवर्णान्याङ्गनादुष्टैः संसर्गः शोधितैरपि । अयोनौ सङ्ग्रहे वृत्ते परित्यागो गुरुस्त्रियः ॥ परोद्देशात्मसन्त्यागः उद्दिष्टस्यापि वर्जनम् । प्रतिमाभ्यर्चनार्थाय सङ्कल्पश्च सधर्मकः ॥

वर दमाद (जामाता), अतिथि अभ्यागत, पशूपाकरणक्रिया, पितरों के लिए पशूपाकरण (कुशा से संस्कारपूर्वक पशुवध) करना, दत्तक तथा औरस पुत्र को त्याग कर इतर प्रकार के पुत्रों को ग्रहण करना, प्रायश्चित्त करनेवाले अपने वर्ण से अन्यवर्ण की स्त्री के संसर्गियों से संसर्ग करना, विद्या से जो गुरु हैं उनकी पत्नियों को दिये जानेवाले भरण पोषण का त्याग करना, दूसरे के उद्देश्य से अपनी आत्मा का त्याग करना, स्वीकार किये हुए का त्याग करना । प्रतिमार्चन के लिए धर्म से संकल्प ग्रहण करना ।

(अस्थिसंचयनादूर्ध्वमङ्गस्पर्शनिषेधकथनम्)ः

अस्थिसञ्चयनादूर्ध्वमङ्गस्पर्शनमेव च ।

और अस्थिसंचय के बाद अंगस्पर्श को ही करना ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(विप्राणां शामित्रादिनिषेधकथनम्)

शामित्रं चैव विप्राणां सोमविक्रयणं तथा ॥ षडभक्तानशने चान्नहरणं हीनकर्मणः ॥

माधवीये पृथ्वीचन्द्रोदये च—शूद्रेषु दासगोपालकुलमित्रार्द्धसीरिणाम् । भोज्यान्नता गृहस्थस्य तीर्थसेवातिदूरतः ॥ शिष्यस्य गुरुदारेषु गुरुवत् वृत्तिशीलता ॥ आपद्वृत्तिर्द्विजाग्र्याणामश्वस्तनिकता तथा ॥ प्रजार्थं तु द्विजाग्र्याणां प्रजारणिपरिग्रहः । ब्राह्मणानां प्रवासित्वं मुखाग्निधमनक्रिया ॥ बलात्कारादिदुष्टास्त्रीसंग्रहो विधिचोदितः ।

शामित्र (शामित्रमालभेत—इससे विधि प्राप्त यज्ञ में पशु का हनन करना, ब्राह्मणों को सोमलता का विक्रय करना, छ समय (तीन दिन) में भोजन—अनशन करना, हीन कर्म करनेवाले से अन्न ग्रहण करना, माधवीय में और पृथ्वीचन्द्रोदय में कहा है कि—शूद्रों में—दास, गोपाल, कुलमित्र और आधा साझीदार गृहस्थ का अन्न भोज्य है । अत्यन्त दूर तीर्थ की सेवा (तीर्थयात्रा पाठान्तर में है), शिष्य का गुरुपत्नियों में गुरु के सदृश व्यवहार करना, ब्राह्मण श्रेष्ठों को आपत्कालीन वृत्ति करना । अश्वस्तनिकता (कल के लिये अन्नादि प्रबन्ध नहीं रखनेवाला अर्थात्—उतना ही अन्न संग्रह करे जो कल के लिए न रहे (त्र्यहैहिको वापि भवेदश्वस्तनिक एव वा । (मनु० अ० ४ श्लो० ७) किसी शाखा में जातकर्महोम में प्रजा के जीवन के लिए उत्तम ब्राह्मणों का अरणी में अग्नि को मथना, ब्राह्मणों का व्यर्थ में सदा प्रवास करना, (प्रविशेत्कार्यवान् विप्रो न वृथैव चिरं वसेत् ।) मुख से अग्निधमन और बलात्कार आदि से दूषित स्त्री का शास्त्रोक्तविधि से संग्रह स्वीकार करना ।

(यतीनां सर्ववर्णेषु भिक्षाचर्यनिषेधकथनम्)

यतेश्च सर्ववर्णेषु भिक्षाचर्या विधानतः ॥

यति (जिसने इन्द्रियों के समूह को अपने वश में कर लिया) को सब वर्णों में विधान से भिक्षा संग्रह करना ।

(नवोदकादौ विचारः)

नवोदके दशाहं च दक्षिणा गुरुचोदिता । ब्राह्मणादिषु शूद्रस्य पचनादिक्रियापि च ॥ भृग्वग्निपतनश्चैव वृद्धादिमरणं तथा । गोतृप्तिशिष्टे पयसि शिष्टैराचमनक्रिया । पितापुत्रविरोधेषु साक्षिणां दण्डकल्पनम् । यतेः सायंगृहत्वं च सूरिभिस्तत्त्वदर्शिभिः ॥ एतानि लोकगुप्त्यर्थं कलेरादौ महात्मभिः । निवर्तितानि विद्वद्भिर्व्यवस्थापूर्वकं बुधैः ॥

नवोदक (नूतनजल) वर्षाकाल का नया जल तीन दिन तथा दूसरे समय का जल दश दिन तक अशुद्ध रहता है ।) दश दिन, गुरु से प्रेरित हो दक्षिणाग्रहण करना, ब्राह्मण आदिकों में शूद्र का पाक आदि क्रिया करना, पर्वत तथा अग्नि में गिरकर वृद्धादि का मरण, गोतृप्तिमात्र जल से शिष्टों का आचमन करना, पिता और पुत्र के विरोध में गवाहों को दण्ड की कल्पना करना, संन्यासी को सायंकाल किसी गृहस्थ के घर निवास करना तत्त्वज्ञदर्शिमहात्मा विद्वानों ने व्यवस्थापूर्वक लोक की रक्षा के लिए कलि के आदि में निषिद्ध किया है ।

(कृतप्रायश्चित्तविमर्षः)

सुराग्रहणस्य तत्कर्तुः संग्रहो व्यवहारकः । न च मद्यं चेति सामान्येन निषिद्धस्यानेनोपसंहार इति वाच्यम् निषेधस्य निवृत्तिमात्रफलत्वेन विशेषानपेक्षत्वात्, 'न हिंस्यात्' इत्यस्य 'न ब्राह्मणं हन्यात्' इत्यनेनोपसंहारे हिंसान्तरस्यादोषत्वापत्तेश्च । निरूपितं चैतद्धेमाद्रिणान्यत्रेत्युपरम्यते । सुराग्रहस्योद्देश्यस्य सौत्रामणिविशेषणाविवक्षया वाजपेयेऽपि निषेधः । सौत्रामण्यां तु 'पयोग्रहा वा स्युः' इत्यापस्तम्बोक्तेर्वैकल्पिकपयोग्रहैरप्यधिकारः । (आपस्तम्बश्रौतसूत्र–१९।२।२३) ।

सुरा (मदिरा) ग्रहण से यज्ञ करनेवाले का और यज्ञ करानेवालों का संग्रह व्यवहार से (अर्थात्—प्रायश्चित्त करने से) है । कोई कहे कि—'मद्यं च' इस सामान्य वचन से निषिद्ध का इससे उपसंहार-समाप्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है ऐसा कहे तो निषेध के निवृत्तिमात्रफल से विशेष अपेक्षा नहीं होने से 'न हिंस्यात्' इस वाक्य से हिंसा न करे इसका 'न ब्राह्मणं हन्यात्' ब्राह्मण को हनन न करे' इससे उपसंहार में हिंसा में हिंसान्तर की अदोषापत्ति हो जायगी। इस सबको हेमाद्रि ने अन्यत्र निरूपण किया है अतः विश्राम (समाप्त) करते हैं।

सुराग्रहण के उद्देश्य से [1]'सौत्रामणियज्ञ' में विशेषता की अविवक्षा (समुच्चयार्थक 'अपि' शब्द से कर्मान्तर समुच्चय अर्थ से उसकी विवक्षा असंभव हो जायगी। 'ग्रहं समार्ष्टि' में एकत्व विवक्षित नहीं, केवल प्रतिपादित ही विवक्षित होता है न कि एकत्व की तरह (सुरातत्त्व विवक्षित है) से 'वाजपेययज्ञ' में भी (इससे वाम-आगम आदि में, विनायकशान्ति आदि में और स्मार्त में निषेध कहा है) निषेध है। 'सौत्रामणि' में तो पयोग्रह (दूधभक्षक) हों यह आपस्तंब ने वैकल्पिक (सौत्रामणियज्ञ में जिनका सुराग्रह और पयोग्रह ऐसे दोनों का उसमें अधिकार नहीं है) पयोग्रहों का भी अधिकार है।

वाजपेये तु तत्प्राप्तौ मानाभावात्सोमसुरयोः सहत्यागेनांशे सुराद्रव्यत्वात्तत्प्रख्यतया यागनामत्वेन तां विना संज्ञायोगात् कलौ नाधिकार इति युक्तं प्रतीमः। त्रिकाण्डमण्डनादिलिखनं तु निर्मूलमनाकरं च।

'वाजपेययज्ञ' में तो उस (दूध) की प्राप्ति में प्रमाणाभाव होने से सोम और सुरा (मद्य) का एक ही साथ त्याग होने से, इस यज्ञ का अंग सुराद्रव्य भी है क्योंकि उसी के नाम से याग का नाम है उस मदिरा के बिना संज्ञा का अयोग न होने से (कल्पसूत्र भाष्यादि में पयोग्रह का विधान नहीं है।) कलि में अधिकार नहीं है यह ठीक समझते हैं। त्रिकाण्डमण्डन आदि का लेख तो निर्मूल है।

वृत्तेति— एकाहाद् ब्राह्मणः शुद्धेद्योऽग्निवेदसमन्वितः। इत्युक्तेः। अघस्याशौचस्य संकोचः। न तस्य निष्कृतिर्दृष्टा भृग्वग्निपतनादृते। इत्युक्तस्य प्रायश्चित्तस्य विधानमुपदेशः। 'कलौ कर्तैव लिप्यते' इति व्यासोक्तेः। पतितसंसर्गे दोषसत्त्वेऽपि पातित्यं नेत्यर्थः, अन्यथा 'संसर्गः शोधितैरपि' इति विरोधापत्तेः।

स्तेयभिन्ने महापापे रहस्यमृते प्रायश्चितं नेत्यर्थः। सवर्णान्या असवर्णान्या क्षत्रियादितया दुष्टैः अयोनौ शिष्यादौ। चतस्रस्तु परित्याज्याः शिष्यगा गुरुगा च या। इत्युक्तस्त्यागः। परोद्देशेन ब्राह्मणाद्यर्थं आत्मत्यागः। यद्वा परोद्देशात्मत्यागो दानं 'मनसा पात्रमुद्दिश्य' इत्युक्तम्। उद्दिष्टस्य त्यक्तस्य वर्जनं 'प्रतिग्रहसमर्थोऽपि' इत्युक्तम्। वेतनग्रहणेन प्रतिमापूजा। स्वाशौचकालाद्विज्ञेयं स्पर्शनं तु त्रिभागतः। इत्युक्तः स्पर्शः।

(वृत्त—अग्निहोत्रादि का अनुष्ठान और वेदाध्ययन) जो अग्नि और वेद से युक्त ब्राह्मण है वह एक दिन में शुद्ध होता है ऐसा कहा है। पाप का संकोच है। पर्वत पर से गिरने पर या अग्नि में कूदने के सिवा और उसका प्रायश्चित्त नहीं मिलता। प्रायश्चित्त के विधान को उपदेश कहते हैं वह कर्ता को ही कलि में लिप्त करता है ऐसा व्यास ने कहा है पतित के संसर्ग में दोष रहने पर पातित्य नहीं होता है। अन्यथा शोधित होने से संसर्ग करे। (सवर्णान्याङ्गनादुष्टैः संसर्गः शोधितैरपि) इससे शोधित संसर्ग में दोष है। यहाँ तो पतित के संसर्ग में दोष का अभाव होने से विरोधापत्ति होगी— यह अर्थ है) स्तेय से भिन्न (यहाँ पर तो स्तेय आदि का महापाप प्रायश्चित्त न करे यह कहना असंगत हो जायगा। पराशर ने तो महापाप में प्रायश्चित्त कहा है। 'कृते तु मानवा धर्मास्त्रेतायां गौतमाः स्मृताः। द्वापरे शङ्खलिखिताः कलौ पाराशराः स्मृताः॥) महापाप में रहस्यकृत प्रायश्चित्त नहीं होगा यह

१—सौत्रामणियज्ञ—दो तरह का होता है। स्वतन्त्र तथा दूसरा यागों का अंगभूत। स्वतन्त्र 'सौत्रामणियज्ञ' में ब्राह्मण और अंगभूत सौत्रामणि में क्षत्रिय तथा वैश्य भी अधिकारी होते हैं। इसमें दुग्ध ग्रहण के साथ मदिरा के ग्रहण का विधान है अतः शिष्टगण इसका अनुष्ठान नहीं करते हैं। तद्वत् ही 'वाजपेययाग' में सुराग्रहण होने से इसका भी अनुष्ठान नहीं होता है। विशेष—कात्यायनश्रौतसूत्र की भूमिका देखिये।

२—जैमिनिन्यायमाला अ० १। पा० ४ अ० ४।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अर्थ है। सवर्ण से अन्य असवर्ण क्षत्रियादि में मैथुनादि अयोनि शिष्यादि में शिष्यगामी तथा गुरुगामी आदि चारप्रकार के पातकी त्यागने योग्य हैं। इससे त्याग कहा है। पर उद्देश्य से ब्राह्मण, गौ आदि के लिए अपना मरण या दूसरे के लिए आत्मत्याग से दान 'मन से पात्र को उद्देश्य कर त्याग करे यह कहा है' उद्दिष्ट त्याग का निषेध प्रतिग्रह में समर्थ भी है यों कहा है। वेतन ग्रहण द्वारा यावज्जीवन प्रतिमा की पूजा करना, अपने आशौच के समय तीसरे भाग से स्पर्श करे ऐसा स्पर्श करना कहा है।

षडिति—उपोषितस्त्र्यहं स्थित्वा धान्यमब्राह्मणाद्धरेत्। इत्युक्तमन्नचौर्यम्। आपदि—चात्रादि-वृत्तिः। 'मुखेनैव धमेदग्निम्' इत्युक्तं धमनम्। दशाहेनैव शुद्ध्येत भूमिष्ठं च नवोदकम्। इत्युक्तो दशाहः। 'गुरवे तु वरं दत्त्वा' इत्युक्त्वा दक्षिणा। शूद्रेषु दासगोपालेति।

कन्दूपक्वं स्नेहपक्वं यच्च दुग्धेन पाचितम्। एतान्यशूद्रान्नभुजो भोज्यानि मनुरब्रवीत्। इत्यपरार्के सुमन्तूक्ता शूद्रस्य पाकक्रिया।

पितापुत्रविवादे तु साक्षिणां त्रिपणो दमः। इत्युक्तः। 'सायंगृहत्वं विधूमे सन्नमुसले' इत्युक्तम्।

षड्भक्त=तीन उपवास कर ब्राह्मण से भिन्न का धान्य-अन्न की चोरी (आपत्काल में) करे। आपत्काल में क्षत्रिय, वैश्य आदि की वृत्ति करे। मुख से अग्नि को फूके इससे धमन कहा है। भूमि में गिरा जल दश दिन में पवित्र होता है, इससे दश दिन कहा है। गुरु को दक्षिणा देकर घर में आवे इसमें दक्षिणा कहा है। शूद्रोंमें दास (भृत्य) तथा गोपाल (अहीर) को। कन्दूपक्व (लोहमयपात्र या कडाही), स्नेहपक्व (घी से बनी), और जो दूधसे बनी वस्तुयें सब खाना चाहिये। ये अशूद्र के अन्नको भक्षण न करता हो करे—यह मनुने कहा है। यह अपरार्क में सुमन्तु ने शूद्र की पाकक्रिया को कहा है। पिता पुत्र में विवाद में साक्षियों का तीन पण (पलके चतुर्थांश के बराबर तांबेके सिक्के या तोल को पण कहा जाता है।) दण्ड कहा है। सायंकाल घर में संन्यासी का धूम तथा मूसल का शब्द समाप्त होने पर जाय—यह कहा है।

पृथ्वीचन्द्रेण तु—अटन्ति वसुधां विप्राः पृथिवीदर्शनर्शनाय तु। अनिकेता ह्यनाहारा यत्र सायं गृहास्तु ते। इति विष्णुपुराणोक्तो निषिद्धः। तेनाज्ञातशीलपन्थादेः श्राद्धादौ विनियोगो न कार्यः कलावित्यर्थ उक्तः। एतानि वर्ज्यानीत्यर्थः।

पृथ्वीचन्द्रोदय में विष्णु पुराणमत से निषिद्ध कहा है कि—ब्राह्मण संन्यासी—(अनिकेत नास्ति निकेतो निर्दिष्टवासस्थानंयस्य) एक जगह नहीं बनाते न भोजन ही करते पृथ्वीदर्शन के लिए घूमते हैं वे जहाँ ठहरते हैं उसे सायं गृह कहते हैं। इससे जिसका स्वभाव, मार्ग आदि का ज्ञान न हो उसे श्राद्धादि में विनियोग नहीं करना चाहिये—यह कलि मेंकहा है। इनका त्याग करे—यह अर्थ है।

(कलौ पञ्चनिषेधाः)

निगमः—अग्निहोत्रं गवालम्भं संन्यासं पलपैतृकम्। देवराच्च सुतोत्पत्तिः कलौ पञ्च विवर्जयेत्॥ अग्निहोत्रं तदर्थमाधानम्, एतच्च सर्वाधानपरम्।

अर्धाधानं स्मृतं श्रौतस्मार्ताग्न्योस्तु पृथक्कृतिः। सर्वाधानं तयोरैक्यकृतिः पूर्वयुगाश्रिता॥ इति लौगाक्षिवचनादिति स्मृतिचन्द्रिकायाम्। एतेन—

चत्वार्यब्दसहस्राणि चत्वार्यब्दशतानि च। कलेर्यदा गमिष्यन्ति तदा त्रेतापरिग्रहः। संन्यासश्च न कर्तव्यो ब्राह्मणेन विजानता॥ इति व्यासवचनं व्याख्यातम्।

निगम ने कहा है कि—अग्निहोत्र, गवालंभ, संन्यास, मांस और देवर द्वारा पुत्रोपत्ति करना ये पांच कर्म कलि में वर्जित करे। अग्निहोत्र के लिए आधान करना—यह सर्वाधानपरक है। अर्धाधान श्रौत तथा स्मार्त अग्नियों का पृथक् करण का नाम है। सर्वाधान में तो दोनों अग्नियोंका एकीकरण करे यह पूर्व युगों के लिए है कलियुग के लिए नहीं हैं। यह लौगाक्षि का स्मृतिचन्द्रिका में कहा है।

इससे चार हजार चार सौ साल कलि के बीत जाने पर तो त्रेतापरिग्रह हो संन्यास को ब्राह्मण न करे—यह व्यास वचन से व्याख्या की है।

१—संन्यासनिषेधकं क्षत्रियवैश्यविषयकम् इति मलमासतत्त्वम्। संन्यासप्रतिषेधश्च कलौ क्षत्रविशोर्भवेत्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(यावद्वर्णविभागस्तावत्संन्यासमग्निहोत्रं कुर्यात्)

सर्वाधानेऽपि विशेषमाह देवलः—यावद्वर्णविभागोऽस्तियावद्वेदः प्रवर्तते। संन्यासं चाग्निहोत्रं च तावत्कुर्यात्कलौ युगे ॥ इति । अत्र पूर्वयुगाश्रितेति लौगाक्षिवाक्ये पूर्वयुगानि कृतादीनीत्येकोऽर्थः । अन्ये तु युगस्य पूर्वं कलेः पूर्वभागः । स 'चत्वार्यब्दसहस्राणि' इतिपूर्वोक्तवाक्याच्चतुश्चत्वारिंशच्छतवर्षावच्छिन्नः । तस्मिन् भागे सर्वाधानं कार्यम् । तदुत्तरं तु यावद्वर्णविभागोऽस्तीति वाक्याद्वर्णविभागपर्यन्तमर्द्धाधानमित्याहुः । संन्यासस्त्रिदण्डः ।

सर्वाधान में विशेष देवल ने कहा है कि—जब तक वर्ण का विभाग है, तथा जबतक वेद हैं । तबतक संन्यास और अग्निहोत्र को कलियुग में करे ।

यहाँ पर 'पूर्वयुगाश्रिता' इस (पहले कहे हुए) लौगाक्षिवाक्य में पहले सतयुगादि युगों में किये हुए—यह एक अर्थ है । अन्य तो कहते हैं कि—युगके पहले कलिका पहला भाग वह चार हजार वर्ष है । यह पहले कहे हुए वाक्य से चौवालिस सौ वर्ष होता है । उस भाग में सर्वाधान करना चाहिये । उसके उत्तर तो 'यावद्वर्णविभागोऽस्ति' जबतक वर्ण का विभाग है—इस वाक्य से वर्णविभागपर्यन्त अर्धाधान को कहा है । संन्यास माने=त्रिदण्डी । (जो ज्ञानबल से मन, वचन तथा कर्म इन तीनों को दमन कर सकते हैं, वे त्रिदण्डी होते हैं । वाग्दण्डोऽथ मनोदण्डः कायदण्डस्तथैव च । यस्यैते निहिता बुद्धौ त्रिदण्डीति स उच्यते ॥ मनु० अ० १२, श्लो० १०–१२, कूर्मपुराण अ० २७, २८, महानिर्वाणतन्त्रे ८ और १३ उल्लासे—स्थितायां यौवनयुतकान्तायां परमेश्वरि । सर्वं हि विफलं तस्य यः कुर्याद्दण्डधारणम् । विद्यते पितरौ देवि ! यः कुर्याद्दण्डधारणम् । संन्यासं विफलं तस्य रौरवाख्यं गमिष्यति । विद्यते बालभावेन यस्य कान्ता सुतस्तथा । संन्यासधारणं तस्य वृथा हि परमेश्वरि । स गुरुं चापि शिष्यं च रौरवाख्यं प्रपद्यते)।

इति तृतीयपरिच्छेदस्य पूर्वभागः समाप्तः ।

१—सर्वं गृहादिकं त्यक्त्वा मुण्डितमुण्डीगैरिककौपीनाच्छादनं दण्डं कमण्डलुं च बिभ्रत् भिक्षावृत्तिर्निर्जने तीर्थे वा स्थित्वा केवलमीश्वराराधनं करोति यः स संन्यासी । 'सदन्ने वा कदन्ने वा लोष्ट्रे वा काञ्चने तथा । समबुद्धिर्यस्य श्वश्वत्स. संन्यासीति कीर्तितः । इत्यादि ब्रह्मवैवर्तप्रकृतिखण्ड अ० ३३, श्रीकृष्णजन्मखण्ड ६५, गरुडपुराण अ० ४६ ।

(प्राचीन व्यवस्थाओं का संग्रह)

(स्वर्गीय-महामहोपाध्याय श्री पं० विद्याधर जी गौड द्वारा लिखित)

(प्रतिष्ठाधिकारिकथनम्)

कल्पतरौ देवीपुराणे—वर्णाश्रमविभेदेन देवाः स्थाप्यास्तु नान्यथा । चतुर्वर्णैस्तथा विष्णुः प्रतिष्ठाप्यः सुखार्थिभिः । ब्रह्मा तु ब्राह्मणैः स्थाप्यो गायत्रीसहितः प्रभुः । भैरवोऽपि चतुर्वर्णैरन्त्यजानां तथा मतः । मातरः सर्वलोकैस्तु स्थाप्याः पूज्यास्तथैव च । लिंगं गृही यतिर्वापि संस्थाप्य तु यजेत्सदा । भविष्ये—यस्तु पूजयते लिंगं देवादिं च जगत्पतिम् । ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यः शूद्रो वा मत्परायणः । तस्य प्रीतः प्रदास्यामि शुभाँल्लोकाननुत्तमान् । तिथितत्त्वे स्कान्दे—शूद्रः कर्माणि यो नित्यं स्वीयानि कुरुते प्रिये । तस्याहमर्चां गृह्णामि चन्द्रखण्डविभूषिते । ब्रह्मचारी गृहस्थश्च वानप्रस्थश्च सुव्रते । एवं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिने दिने देवं पूजयेदम्बिकापतिम्। संन्यासी देवदेवेशं प्रणवेनैव पूजयेत्। नामोन्तेन शिवेनैव पूजाविधानं पुराणप्रसिद्धजीर्णलिङ्गविषयम्। नारदीये—यः द्रोणार्चितं लिंगं विष्णुं वापि नमेन्नरः। न तस्य निष्कृतिर्दृष्टा प्रायश्चित्तायुतैरपि। पाखंडपूजितं लिंगं नत्वा पाखण्डतां व्रजेत्। आभीरपूजितं लिंगं नत्वा नरकमश्नुते। योषिद्भिः पूजितं लिंगं विष्णुं वापि नमेत्तु यः। सकोटिकुलसंयुक्त आकल्पं रौरवं वसेत्। इति। इदं नूतनस्थापितलिङ्गविषयम्। यदा प्रतिष्ठितं लिङ्गं मन्त्रवद्भिर्यथाविधिः। तदा प्रभृति शूद्रश्च योषिद्वापि न संस्पृशेदिति तत्रैवोक्तेः। वाराहे-स्त्रीणामनुपनीतानां शूद्राणां च नरेश्वर। स्थापने नाधिकारोस्ति विष्णोर्वा शंकरस्य च॥ तस्मात्त्रैवर्णिकानामेव स्थापनेधिकारः। केचन स्त्रीशूद्राणां साक्षात्स्थापनेऽधिकारो न द्रव्यद्वाराऽस्तीतिवदन्तस्तेषां पूर्तादौ अधिकारदर्शनात्। तदुक्तं स्कान्दे-सर्ववर्णैस्तु संस्थाप्याः संपूज्याः सर्वदेवताः। लिङ्गान्यपि आकल्परौरवं नरकं वसेदित्यादीनि तानि नूतनस्थापितलिङ्गविषयाणि। यदा प्रतिष्ठितं लिङ्गं मन्त्रविद्भिर्यथा विधिः। तदा प्रभृति शूद्रश्च योषिद्भिर्वा न संस्पृशेदिततत्रैवोक्तेः। प्रतिष्ठितायां तु शूद्रादीनां नाधिकारः। स्त्रीणामनुपनीतानां स्पर्शे नाधिकारोस्तीत्युक्तत्वात्। यः शूद्रसंस्कृतं लिंगं विष्णुं वापि नमेत्तु यः। इहैवात्यन्तदुःखानि पश्यत्यामुष्मिके किमु। शूद्रो वानुपनीतो वा स्त्रियो वा पतितोपि वा। केशवं वा शिवं वापि स्पृष्ट्वा नरकमश्नुते। ब्राह्मण्यपि हरं विष्णुं न स्पृशेच्छ्रेय इच्छति। सनाथामृतनाथां वा तस्या नास्तीह निष्कृतिः॥ इति बृहन्नारदीयस्कान्दाद्युक्तेः। उक्तं च त्रिस्थलीसेतौ—चतुर्वर्णैरिति पूर्वोक्तवचनाद्विष्ण्वादिप्रतिष्ठायां शूद्रस्य विकल्प इति तु युक्तं पश्यामः। शूद्रकमलाकरे तु अत एव स्पर्शनेनाधिकारोस्तीत्यन्यत्र पाठ इत्युक्तम्। तत्त्वं तु स्त्रीशूद्रयोः शालग्रामे नूतनस्थापितदेवे च स्पर्शनिषेधः, अन्यत्र स्पर्शसहिता पूजा कार्या। तदुक्तं वाराहे-शालग्रामे न स्पृशेत्तु हीनवर्णे वसुन्धरे। स्त्रीशूद्रकरसंस्पर्शो वज्रस्पर्शादिको मतः। मोहाद्यः संस्पृशेच्छूद्रो योषिद्वापि कदाचन। स पतेन्नरके घोरे यावदाभूतसंप्लवे। यदि भक्तिर्भवेत्तस्य स्त्रीणां वापि वसुन्धरे। दूरादेवास्पृशन्पूजां कारयेत्सुसमाहितः। प्रतिमादौ तु न निषेधः। सर्ववर्णैस्तु संपूज्याः प्रतिमासर्वदेवताः। लिङ्गान्यपि च पूज्यानि मणिभिः कल्पितास्तथेति वाराहोक्तेः। अन्ये तु स्पर्शसत्वे शूद्रस्य निषेधः स्थापनं तु भवत्येव। शूद्रस्थापिते चान्यस्य न दोषः शूद्रस्य फलमस्त्येवेत्याहुः। अन्ये तु शालग्रामशिलां वापि चक्रांकितशिलां तथा। ब्राह्मणः पूजयेन्नित्यं क्षत्रियादिर्न पूजयेदिति प्रयोगपारिजाते विष्णुधर्मोक्तेः। चत्वारो ब्राह्मणैः पूज्यास्त्रयोराजन्यजातिभिः। वैश्यैर्द्वाविव संपूज्यौ तथैकः शूद्रजातिभिरितिस्कान्दाच्च दीक्षितानां भवत्येव पूजेत्याहुः। सर्वथा प्रासादप्रतिष्ठादौ शूद्रस्यास्त्येवाधिकारः। अधिकारी भवेच्छूद्रः पूर्ते धर्मे न वैदिके-इति मोक्षधर्मेषु व्यासवचनादितिदिक्-इति पूर्तकमलाकरे। नमोन्तेन शिवे नैव स्त्रीणां पूजा विधीयते। विरक्तानां च शूद्राणामेवं पूजा प्रकीर्तिता। पञ्चाक्षरस्य श्रुतौ नम आदित्वेपि स्त्रीशूद्रयोनमोन्तत्त्वम्। अन्ये तु अन्ते भिन्नं नमः शब्दमाहुः—इति पूर्तकमलाकरे। दिनकरोद्योते-तु अत्र चाधिकारिणो यद्यपि तत्तत्फलकामाः जैमिनीयषाष्ठन्यायेन च अर्थिनः समर्था विद्वांसः त्रैवर्णिका एव प्राप्नुवन्ति तथापि अधिकारी भवेच्छूद्रः पूर्ते धर्मे ह्यवैदिके। इति वचनाच्छूद्रस्याप्यधिकारः। यत्तु स्त्रीणामनुपनीतानां शूद्राणां च नराधिप। स्थापने नाधिकारोऽस्ति विष्णोर्वा शंकरस्य चेति त्रिस्थलीसेतौ वचनं तदसच्छूद्रविषयं साक्षात्कर्तृत्वप्रतिषेधकं वा अत एव ब्रह्मा तु ब्राह्मणैः स्थाप्यश्चांडालैरपि भैरव। इत्यादीनिवचनानि विभेदप्रतिमापरिमाणविशेषविधायकानि वक्ष्यमाणवाक्यान्यपि संगच्छन्त इति दिक्। शिवपूजाधिकारिणः लैंगे—ब्राह्मणेनैव पूज्योऽहं शुचिना शुचिनापि वा। स्त्रीशूद्रकरस्पर्शो वज्रादपि सुदुःसहः। अत्र केचित् स्त्री शूद्राणां स्पर्शसहितपूजानिषेधार्थत्वं विशेषणं मन्यते। वस्तुतस्तु स्त्रीशूद्रस्पर्शनिषेधः प्रतिष्ठितलिङ्गशालिग्रामविषयः। यदा प्रतिष्ठितं लिङ्गं० न संस्पृशेदिति प्रतिष्ठितस्पर्शनिषेधात् विहितश्चरलिंगेषु स्पर्शस्त्रीशूद्रयोरपि। न स्थावरेषु लिंगेषु सत्यमेतन्मयोच्यते। इति लैंगे चरलिङ्गेष्वेव स्पर्शविधानाच्च। तत्र बाणपार्थिवयोरेवस्पर्शः कार्यस्तदुक्तं शिवरहस्ये—स्पर्शः पार्थिवलिङ्गस्य चादरात्। स्त्रीभिः कार्यस्तथाशूद्रैरेषशास्त्रविनिर्णय इति चतुर्वर्णैरितिवचनाद्विष्ण्वादिप्रतिष्ठायां शूद्रस्य विकल्पः। शिवसर्वस्वे भविष्ये—चतुर्वर्णैस्तथा विष्णुः प्रतिष्ठाप्यः सुखार्थिभिः। ब्राह्मणैः क्षत्रियैर्वैश्यैर्लिंगं स्थाप्यं प्रयत्नतः। लिंगं गृही यतिर्वापि संस्थाप्य तु यजेत्सदा। इति लिङ्गस्थापने शूद्रस्य नाधिकार एवेति। निष्कर्षस्तु प्रतिमा सर्वैः स्थाप्याः चरलिंगं सर्वैः स्थिरलिंगं स्त्रीशूद्रैः स्वयं संकल्पं कृत्वा ब्राह्मणद्वारा कर्तव्यम्। केचिद्दीक्षितादीक्षितभेदेन व्यवस्थां मन्यते। केचिद्द्रव्यद्वारा वदन्ति।

(शिलान्यासे विचारः)

(१) नूतनगृहादिनिर्माणारम्भे सविधि प्राथमिकशिलानिवेशः शिलान्यासः। (२) जीर्णोद्धारे काष्ठतृणादिनिर्मिते चलमण्डपादौ च न शिलान्यासः। तत्र काष्ठमयस्तम्भनिवेश एव शिलानिवेशस्थानीयः। तथाच निर्णयसिन्धौ—आयव्ययौ मासशुद्धिं तृणागारे न चिन्तयेत्। शिलान्यासादि नो कुर्यात्तथाऽगारपुरातने॥ इति। विष्णुधर्मोत्तरे खं० ३ अ० ९४—मृन्मये चेष्टकान्यासः कर्तव्यो न च दारवे। इति। (३) एवं कूपाद्यारम्भेऽपि भूमिपूजनमात्रं न शिलान्यास प्रासादगृहयोरेव विधानात्। (४) शिलामये प्रासादादौ शिलामय्य इष्टकाः, इष्टकामये मृन्मये च इष्टकामया एव शिलाः। शिलान्यासः प्रकर्तव्यः प्रासादे तु शिलामये। इष्टकानां तु विन्यासः प्रासादे चेष्टकामये॥ इति। (वि. प्र. अ.) वचनात्,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रासादे तु शिलाः शैले इष्टका इष्टकामये। (अग्नि. अ० ६२) मृन्मये चेष्टकान्यासः" इति पूर्वोक्तवचनाच्च।
(५) इष्टकालक्षणं च—एकवर्णाः सुपकाश्च बहुजीर्णास्तु वर्जिताः। अप्यङ्गारान्विताः नेष्टाः कृष्णवर्णाः सशर्कराः॥
भग्नाश्च विभ्रमैर्हीना वर्जनीयाः प्रयत्नतः। सुप्रमाणा रक्तवर्णाश्चतुरस्रा मनोरमाः॥ इति। (६) शिलाश्च ब्राह्मणस्य
एकविंशत्यङ्गुलदीर्घास्तदर्धविस्तारा विस्ताराधोच्छ्रायाश्चतुरस्राः, क्षत्रियस्य सप्तदशाङ्गुलदीर्घास्तदर्धविस्तारास्तदर्धोच्छ्रयाः,
वैश्यस्य त्रयोदशाङ्गुलदीर्घास्तदर्धविस्तृता विस्तारार्धोच्छ्रिताः, शूद्रस्य नवाङ्गुलदीर्घास्तदर्धविस्तारास्तदर्धोच्छ्रायाश्चतुरस्राः
कार्याः। (७) शिलान्यास आग्नेयादिषु कोणेषु प्रादक्षिण्येन कार्य इत्येकः पक्षः। तथाऽऽह—ब्रह्मशम्भौ—सूत्रं भित्ति-
शिलान्यासं स्तम्भस्यारोपणं तथा। पूर्वदक्षिणयोर्मध्ये कुर्यादित्याह काश्यपः॥ कुण्डग्रन्थेषु—"स्तम्भोच्छ्राये शिलान्यासे
सूत्रयोजनकीलके। खननावटसंस्कारे प्रारम्भो वह्निगोचरः॥ वास्तुराजवल्लभे—दक्षिणपूर्वविभागे पूजनपूर्वं शिलाः
समाः स्थाप्याः। समराङ्गणसूत्रधारे—आग्नेय्यामादितो नन्दां स्थापयेत् क्रमशः शिलाम्। विश्वकर्मप्रकाशे—नन्दा-
भद्राजयापूर्णा आग्नेयादिषु विन्यसेत्। गृह्यकारिकायाम्—आग्नेयादिषु कोणेषु मन्त्रैरेतैः शिलां न्यसेत्। वाराहसंहिता-
याम्—दक्षिणपूर्वे कोणे कृत्वा पूजां शिलां न्यसेत्प्रथमाम्। ब्राह्मशम्भौ—सूत्रं भित्तिं शिलान्यासं स्तम्भस्यारोपणं
तथा। पूर्वदक्षिणयोर्मध्ये कुर्यादित्याह काश्यपः॥ शार्ङ्गधरः—प्रासादेषु च हर्म्येषु गृहेष्वन्येषु सर्वदा। आग्नेय्यां
प्रथमं स्तम्भं स्थापयेत्तद्विधानतः॥ ईशानमादितः कृत्वा शिलान्यास इति द्वितीयः पक्षः—गर्गः—ऐशानमादितः कृत्वा
प्रादक्षिण्येन विन्यसेत्। विश्वकर्मप्रकाशे—ईशानमादितः कृत्वा प्रादक्षिण्येन विन्यसेत्। नन्दाभद्राजयारिक्तापूर्णाना-
म्नीर्यथाक्रमम्। गृहकोणेषु सर्वेषु पूजां कृत्वा विधानतः॥ शान्तिरत्ने—तत ईशानदिग्भागे साक्षतं रत्नपञ्चकम्॥
इत्यादि। विष्णुधर्मोत्तरे—मध्ये शैलमयं कुम्भं शङ्कुं च स्थापयेत्ततः। ऐशाने च ततः कोणे शिलां पूर्वं प्रतिष्ठयेत्॥
द्वि. वि अ २६। तत्रैव अ. ६४ प्रासादप्रकरणे—ऐशाने च ततः कोणे शिलां पूर्वं प्रतिष्ठिताम्। प्रदक्षिणं ततो राजन्
शिलान्यासो विधीयते॥ हरिभक्तिविलासे—निश्चित्य मध्यमैशान्यां गर्तं कृत्वाऽर्पयेच्छिलाम्। वैखानसतन्त्रे—
गृहवास्तोर्देववास्तोर्वा ईशाने विधिरिष्यते। ब्राह्मणैर्वैष्णवैश्चापि विशेषफलहेतवे॥ वासुदेवसंहितायाम्—अथेशदिश-
मारभ्य शिलान्यासं समाचरेत्। पञ्चरात्रागमे—प्रासादब्रह्मभूभागे न्यसेत्तत्र महाशिलाम्। ब्रह्मभूभाग ऐशानकोणः।
वीरमित्रोदये—ऐशाने च तथा कोणे शिलां पूर्वं प्रतिष्ठयेत्। अत्रोक्तवाक्यनिचयेन परस्परनिरपेक्षेण आग्नेयैशानान्यतर-
कोणोपक्रमः शिलान्यासः प्राप्नोति। सति चैवमेकार्थत्वाद् विकल्प इति बहवः। "ऐशानादग्निकोणाद्वा शिलाः स्थाप्याः
प्रदक्षिणाः। इति प्रासादमण्डनेऽपि विकल्प एवोक्तः। गृहे शिलान्यास ईशानोपक्रमः प्रसादे तु आग्नेयोपक्रमः इति
विश्वकर्मप्रकाशव्यवस्था। वचनानि प्रागुक्तानि। अथेशदिशमारभ्य शिलान्यासं समाचरेत्। सर्वेष्वपि हि वर्णेषु ब्राह्म-
णेषु विशेषतः॥ ब्राह्मणैर्वैष्णवैश्चापि विशेषफलहेतवे। इत्यादिवचनबलात् ब्राह्मणकर्तृके ईशानादिक्रमः। क्षत्रियादौ तु—
वास्तु चैशानतो विप्रे क्षत्रादावग्नितो न्यसेत्॥ इति वचनबलादाग्नेयादिक्रम इत्यपि केषाञ्चिद् व्यवस्था। गृहे प्रासादे वा
सर्वत्राग्नेयादिक्रम एवेति प्रामाणिकसम्प्रदायः। ६—"ईशान्यां चतुरस्रां चतुरङ्गुलमुच्छ्रितां वेदिं कृत्वा" (आश्व० गृ० प०)
इति सूत्राद्वास्तुवेदिः चतुरङ्गुलोच्छ्रिता हस्तमाना कार्या। शान्तिसार-शान्तिकमलाकर-मयूखकारादिभिः सर्वैः परिशिष्टवचनमनु-
सृत्य ईशान्यामेव वास्तुवेदिकरणमेक्तम्। गर्तस्योत्तरपूर्वेण स्थण्डिलं हस्तमात्रकम्। द्विवप्रं चतुरस्रं च वितस्त्युच्छ्रासियम्मतम्॥
इति पूजार्थवेदिनिर्माणस्य ईशान्यामेव वास्तुवेदिकरणं युक्तम्। पूर्वतो वेदिकरणं तु निर्मूलमेव। ग्रहवेदिश्च वास्तुवेदितो
दक्षिणतः कार्या, वास्तुवेदिश्च तदुत्तरतः। ग्रहाणां पूर्वाङ्गत्वात् प्राक् पूजनीयत्वेन पश्चाद् रुद्रपूजाया उदक्संस्थत्वापेक्षणात्।
अतएव—अथ प्रधानादपि यत्र पूर्वं ग्रहादिवासश्च तदा प्रधानम्। ईशानदेशे च ततस्ववाच्यां श्रीखेटवेदिः करविस्तृतोच्चा॥
इति कुण्डरत्नावल्यामुक्तम्। भट्टकृतमहारुद्रपद्धतौ च "महारुद्र-वास्तुशान्त्यादौ प्रधानमीशान्यां तद्दक्षिणे ग्रहाः" इत्युक्तम्।
"अवाङ्मुखो निपतित ईशान्यां दिशि संस्थितः।" (वि० क० प्र० ४।३) इति विश्वकर्मप्रकाशवचनमप्यत्रानुकूलमिति।

(आभ्युदयिकश्राद्धे ब्राह्मणोपवेशनप्रकारः)

आभ्युदयिकश्राद्धे ब्राह्मणोपवेशनप्रकारे चत्वारः पक्षाः। तत्रैकः पार्वणवत्। अर्थात्—पश्चिमदेशे प्राङ्मुखा दैव-
ब्राह्मणाः, ततो दक्षिणत उदङ्मुखाः पैतृका इति। द्वितीयः पक्षः—दक्षिणत उदङ्मुखाः वैश्वदेविका ब्राह्मणाः, पश्चिमतः
प्राङ्मुखाः पैतृका इति। तृतीयः पक्षः—दैविकानां च सर्वेषां ब्राह्मणामां प्राङ्मुखत्वमुदङ्मुखत्वं वेति। चतुर्थस्तु—उत्तरतः
प्राङ्मुखो वैश्वदेविकान्, दक्षिणत उदङ्मुखान् पैतृकानुपवेशयन्तीति। इमे चत्वारोऽपि पक्षः स्मृतिकारैरुक्ताः। तत्र
सर्वत्रापि ब्राह्मणानामुपवेशनक्रमः पूजाप्रकारश्च प्रादक्षिण्येनैव कर्तव्यः। तत्रापि इदानीं यो विशेषतो वैदिकैः समादृतः
प्रचलितो द्वितीयः पक्षः तस्मिन्नपि पक्षे देवपितृब्राह्मणमध्ये कर्ता उदङ्मुख उपविश्य प्रथमं दैविकान् प्रागारभ्य प्रत्यगपवर्गं
पूजयित्वा ततः पैतृकान् दक्षिणत आरभ्य उदगपवर्गं पूजयेत्। एवं कृते प्रादक्षिण्येन पूजनं सिद्धं भवति। अतोऽयमपिपक्षः
सर्वथा शास्त्रीय एव। दर्भवटुपक्षे च वैश्वदेविकं दर्भवटुमुदङ्मुखं, पैतृकांश्च प्राङ्मुखोपविष्टेन कर्ता यत्पूजनादिकं क्रियते

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तदपि इममेव द्वितीयं पक्षमवलम्ब्य क्रियते। अस्मिन्पक्षे कुशवटूनां मध्ये कर्तुरुपवेशनार्थं स्थानसौकर्याभावात् सर्वतः पश्चादुपविश्य क्रियते इति द्वितीय एवायं पक्षो मन्तव्यः। अतोऽयमपि पक्षः सर्वथा शास्त्रानुमत एव। सर्वेषामुदङ्मुखस्वरूपे तृतीयपक्षेऽहि प्रादक्षिण्यसिद्ध्यर्थं प्रागारम्य प्रत्यगपवर्गमेव पूजादिकं सम्पादनीयमिति विशेषः। सर्वं चैतत् रुद्रकल्पद्रुमादौ स्पष्टम्।

(अथ साग्नेः प्रवसतो गृहस्थितस्य च पक्वान्नभक्षणनिर्णयः—)

तत्र गृहे वर्तमानस्य साग्नेः गृह्याग्निपक्वमेवाऽशनीयम्—वैवाहिकेऽग्नौ कुर्वीत गार्ह्यं कर्म यथाविधि। पञ्च यज्ञविधानं च पक्तिं चान्वाहिकीं गृही॥ (मनु०) इति गृह्याग्निपक्वस्य विधानात्। "नित्यपाकस्य शालाग्ने-रेकदेशस्य कार्यतः। पाकार्थमुल्मुकं हृत्वा तत्र पक्त्वा महानसे॥ वैश्वदेवोऽग्न्यगारे स्यात् पाकार्थः सोऽप्यलौकिकः। भूरिपाको भवेद्यत्र श्राद्धादावुत्सवेषु च॥ कृतेऽपि वैश्वदेवे स लौकिको नैव कार्यतः। होमेनान्तरितं केचिदाहुः सर्वत्र लौकिकम्॥ न तत्समञ्जसं तेषामुपयद्धोमदर्शनात्।" इत्यादिना शाङ्खायनकारिकावचनेन पाकार्थाऽऽहृतस्योल्मुकस्य समासे कृते महानसस्थस्यावशिष्टाग्नेरपि श्राद्धादिपाकाद्यर्थतोऽलौकिकत्वोक्तेः। ततोऽपि धूपाद्यर्थं नीतानामग्नीनां लौकिकत्वोक्तेश्च। शेषाग्नौ महानसे पक्वस्य भक्षणे न दोषः, न प्रायश्चित्तम् (स्मा० पृ० १६६–१७५) इति साग्निकस्य सायं प्रातर्भोजने पाकाग्निः निर्णीत एव। यदि दैवात् मानुषाद्वापराधात् शान्ते महानसस्थेऽग्नौ उपवासप्रसङ्गः। अत्रार्थे यो हि प्रोषितस्य निर्णयः स एव ग्राह्यः। स च (स्मा० पृ० २६६–२७१) "अथ पाकभोजनविधिरित्युपक्रम्य 'इति साग्निकप्रवासे भक्ष्याऽभक्ष्यनिर्णयः" इत्यन्तेन ग्रन्थेनोक्तः। तत्र—'इक्षुक्षीरविकाराश्च भ्राष्ट्रभृष्टयवा अपि। पराग्निपक्वं न ज्ञेयं प्रवासे चाग्निहोत्रिणः॥ (ध० सिं० पृ० २३७) इति भ्राष्ट्राग्निभृष्टान्नस्य तथेक्षुविकारस्य गुड़शर्करादेः, क्षीरविकारस्य पायस-दधि-घृत-तक्र किलाट-चूर्णिकाऽऽमिक्षादेश्च पराग्निपक्वस्याऽपि भक्षणं कार्यम्। न तु एतद्व्यतिरिक्तस्य फलान्नवार्यादेरपि पराग्निपक्वस्य भक्षणं कर्तव्यम्। यच्च—"यदन्नं वारिहीनमिति" (ध० सिं० पृ० २३७)। तथा—"जलं विना यदन्नमिति" (स्मा० पृ० २७१) च वचनं तद् भ्राष्ट्रभृष्टाभिप्रायकमेव। यतः—"पराग्निपक्वं नाश्नीयाद्विहाय गुडगोरसौ" इति (स्मा० पृ० २६८) पूर्वार्धेन गुड़गोरसातिरिक्त–पराग्निपक्वभक्षणं निषिध्य शक्तस्य—"शाकपिण्याकसक्त्वादि-आमं दद्यात् फलादिकम्"। इत्युत्तरार्धेन शाक-फलमूलादेः आमस्यैव भक्षणमनुवदता सक्त्वाद्युक्त्या च भ्राष्ट्राग्निरेवाऽनुमतः। यत्तु—"कन्दुपक्वं न निषिद्धं शिष्टाऽऽचारात्" (स्मा० पृ० २६८) इति। तत्र "कन्दुपक्वं भाषायां (हलवाई) कृतमिति कैश्चिद् व्याख्यातम्। तन्न? कन्दुपक्वेन भ्राष्ट्रभृष्टयवादेरेव ग्रन्थकृतोऽभिप्रेतत्वात्। यतः—उत्तरग्रन्थे "तथा च त्रिकाण्डमण्डनः"—"इक्षुक्षीरविकारांश्च भ्राष्ट्रभृष्टयवाँस्तथा" इत्यादौ तथैवाऽवगतेः। किञ्च "फलादि शब्दो हविष्यान्नेऽपि वर्तते" इत्युपक्रम्य "अग्न्युदकलवणादि सर्वसंयोगेन यत् पक्वं तन्निषिध्यत इत्यादिज्ञातव्यम्" (स्मा० पृ० २७१) इत्यन्तेन ग्रन्थेन वारिहीनं पक्वमन्नमपि फलवदिति यदुक्तं तन्निरग्निकेन शूद्रस्पृष्टमपि ग्राह्यमित्यर्थाऽवबोधकम्। न तु साग्निकस्य जलं विना पराग्निपक्वान्नभक्षणार्थकम्। पूर्वोत्तरग्रन्थविरोधात्। तथा हि "निरग्नेस्तु" (स्मा० पृ० २७०) इत्यादिः पूर्वो ग्रन्थः। 'स्पर्शत्वनिषेधादन्नशब्दस्तन्न भवति" इत्याद्युत्तरो ग्रन्थः। किञ्च निर्णयामृतमप्येतदर्थपोषकम्भवति। यथा—"विनोदकेन पचितं यदन्नं जातवेदसि। तदन्नं फलवद् ग्राह्यं दुःस्पृष्टं तन्न दुष्यति।" "(नि० मृ० पृ० २३६ वें० मु०) इति। इत्थं शक्तस्य साग्निकस्य गृह्याग्निशेषे शान्ते प्रोषितस्य च गृह्याग्न्यसन्निधौ 'भ्राष्ट्रभृष्टयवादीन् पराग्निपक्वेक्षुक्षीरविकारान् आमशाकफलमूलादींश्च भक्ष्यत्वेन प्रकल्प्य कालनयनं बोधितम्॥ अशक्तस्य पुनः प्रोषितस्य साग्नेर्गृह्याग्न्यसन्निधौ अरणीसमारोपिताग्नेः उच्छिन्नाग्नेश्च पृष्ठोदिवि विधानेन पाकं कृत्वा भोजनं विहितम्। तथा हि—"प्रवसन्नग्निमान् विप्रः पयो मूलफलादिभिः। कालं नयेदशक्तौ तु विधिना पाकमाचरेत्॥ ज्वरिणो रोगिणो वापि पाकं कृत्वा तु भोजनम्। सामर्थ्ये तु पुनर्जाते नैवाश्नीयात् पराग्निना॥" (स्मा० पृ० २६८) इति। आदिना गुडगोरसादिग्रहणम्। विधिना पृष्टोदिविविधानेनेत्यर्थः। किञ्च—पचनं यदि कुर्वीत प्रवसन्नग्निमान् द्विजः। समारोपे कृते चाग्नेर्वैश्वदेवं तु लौकिके॥ (स्मा० पृ० २६१) इति। लौकिके पृष्ठोदिविविधानेन स्थापिते ग्रामाग्नौ पाकं विधाय वैश्वदेवं तत्रैव कृत्वा भोक्तव्यमित्यर्थः। गृहे गृह्याऽग्न्यभावात्। अत्रैव वैश्वदेवस्याऽप्यौचित्यात्। तथा—"आधानेच्छुरनिच्छुर्वा यावद् देहस्य धारणम्। पराग्निपक्वं नाश्नीयात् उच्छिन्नाग्निस्तु सर्वदा॥ (स्मा० पृ० २६६) इति। उच्छिन्नाग्नेरपि यावज्जीवं पराग्निपक्वभक्षणनिषेधात् तल्यन्यायेन साग्निकवदेव पृष्टोदिविविधानाश्रयणं युक्तम्। एवं गृहे स्थितायाः सूतिकायाश्च पर्वण्यपि सदा पराग्निपक्वभक्षणं न निषिद्धम्। यथा—"सूतिसंबन्धि यत् किञ्चित्कर्म तल्लौकिकेऽनले। पर्वण्यपि च यत्पक्ति-मश्नीयान्नैव दोषभागिति॥ इति।

श्री विश्वनाथशर्मा गौड़।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

वहीं पर कहा है कि—वृश्चिक के शुक्लपक्ष में नवान्न (नूतन अन्न) का भक्षण करना बुद्धिमानों को विधान किया है। इसलिए कृष्णपक्ष में भक्षण न करे—यह गौडों ने कहा है। मैथिलों ने तो कहा है कि—हे नरोत्तम 'आग्रयण' के बिना उत्तम पुरुष धान्य से उत्पन्न अन्न भक्षण न करे—यह वाराहपुराण मत से प्रत्येक धान्य से श्राद्ध कहा है। यह ठीक नहीं है। क्योंकि 'जातिपद' श्राद्धयोग्य समूह का वाचक है।

(शंख-पद्मलक्षणादिकथनम्)

हेमाद्रौ जातूकर्ण्यः-ग्रहोपरागे च सुते च जाते पित्र्ये गयायामयनद्वये च। नित्यं च शङ्खे च तथैव पद्मे दत्तं भवेन्निष्कसहस्रतुल्यम्॥ शङ्खं प्राहुरमावास्यां क्षीणचन्द्रां द्विजोत्तमाः। अष्टकासु भवेत्पद्मं तत्र दत्तं तथाऽक्षयम्॥

हेमाद्रि में जातूकर्ण्य ने कहा है कि—ग्रहण में, पुत्रोत्पन्न में, गया में पिता के लिए और अयन द्वय (कर्क और मकर की संक्रान्ति में) में, नित्य शंख तथा पद्म में दिया हुआ हजारों निष्क के बराबर होता है।

श्रेष्ठ ब्राह्मणों ने कहा है कि—क्षीणचन्द्रवाली अमावास्या को 'शंख' कहते हैं और अष्टका को 'पद्म' कहते हैं। उनमें दिया हुआ अक्षय होता है।

तत्रैव शङ्खः-यदा विष्टिर्व्यतीपातो भानुवारस्तथैव च।
पद्मकं नाम तत्प्रोक्तमयनाच्च चतुर्गुणम्॥

वहीं पर शंख ने कहा है कि—जब विष्टि, व्यतीपात और रविवार हो तो पद्मक नाम उसको कहा है। वह अयन से चतुर्गुण होता है।

याज्ञवल्क्यः-अमावास्याऽष्टका वृद्धिः कृष्णपक्षोऽयनद्वयम्। द्रव्यं ब्राह्मणसंपत्तिर्विषुवत्सूर्यसंक्रमः॥ व्यतीपातो गजच्छाया ग्रहणं चन्द्रसूर्ययोः। श्राद्धं प्रति रुचिश्चैते श्राद्धकालाः प्रकीर्तिताः॥

याज्ञवल्क्य (श्राद्ध. २१७-२१८) ने कहा है कि—अमावास्या, अष्टका (हेमन्त तथा शिशिरऋतु के कृष्णपक्षों की चारों अष्टमी तिथियों) को वृद्धि (पुत्रजन्म के अवसर पर) कृष्णपक्ष में, दक्षिणायन तथा उत्तरायण में, द्रव्य (कृषरमाष) ब्राह्मणसंपत्ति, मेष और तुलाराशि पर सूर्य का संक्रमण, सूर्य का दूसरी राशि पर गमन, व्यतीपात, गजच्छाया, चन्द्र तथा सूर्यग्रहण के समय और जब श्राद्ध करने की इच्छा हो तो श्राद्ध का काल होता है।

कृष्णपक्षः सर्वोऽपि 'शाकेनाप्यपरपक्षं नातिक्रमेत् मासि मासि वाऽशनम्' इति स्मृतेः। ऊर्ध्वं वा चतुर्थ्या यदहः सम्पद्यते ऋते चतुर्दशीम्' इति कात्यायनोक्तेः, 'मासिमासि कार्यमपरपक्षस्यापराह्णः श्रेयान्' इत्यापस्तम्बोक्तेश्च वीप्सया सर्वं कृष्णपक्षेषु नित्यम्। तेनोपसंहारान्महालयपरत्वं परास्तम्। अत्र प्रत्यहं, पञ्चम्यादि, यदहः सम्पत्तिर्वा इति त्रयः पक्षाः। यदैकदिने श्राद्धं तदा दार्शं पृथगेव, याज्ञवल्क्येनामावास्यायाः पृथङ् निर्देशात्। एतेन 'कृष्णपक्षे यदहः सम्पद्यते अमावास्यायां तु विशेषेण' इति निगमोक्तेर्गुणोऽपरपक्षश्राद्धस्यामावास्येति शूलपाणिमतमपास्तम्। अशक्तौ दर्शेनापि मासिश्राद्धसिद्धिः' इति नारायणवृत्तिः। निरग्निकानां कस्मिंश्चिद्दिने आहिताग्नेस्तु दर्श एव 'न दर्शेन विना श्राद्धमाहिताग्नेर्द्विजन्मनः। इति मनूक्तेः (अ० ३,२८२)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सब कृष्णपक्ष भी शाक से भी अपरपक्ष (कृष्णपक्ष) का अतिक्रमण न करे। या महिने महिने में भोजन करावे—ऐसा श्रुति में कहा है। 'अपरपक्षे श्राद्धं कुर्वीत' इस नियम से प्रतिपदातिथि से सब तिथियों का लाभ प्राप्त होता है या पञ्चमीतिथि से करे। चतुर्थी के बाद जो दिन में प्राप्त हो चतुर्दशी के के विना—यह कात्यायन ने कहा है। महिने महिने पर कृष्णपक्ष में अपराह्न में उत्तम है यह आपस्तंबने कहा है। यहाँ पर 'मासि मासि' इस वीप्सा (दो बार कहने से) से सब कृष्णपक्षों में नित्य है। इससे उपसंहार से महालयपरत्व है यह कहना परास्त है। यहाँ पर प्रतिदिन, पञ्चमी आदि या जिस दिन संपत्ति प्राप्त हो ये तीन पक्ष कहे हैं। यदि एक दिन में श्राद्ध करे तो अमावास्या को पृथक् ही (हेमाद्रिमत से और त्रिवेचन के मत से कृष्णपक्ष के श्राद्ध से भिन्न ही) करे। क्योंकि याज्ञवल्क्य ने अमावास्या को अलग (अपने और विपुवत् की तरह प्राशस्त्यद्योतनार्थं उसका अलग) निर्देश कहा है। इससे कृष्णपक्ष में जो दिन प्राप्त हो उसमें विशेष कर अमावास्या में यह निगम के कहने पर गौण अपरपक्ष श्राद्ध की अमावास्या है यह शूलपाणिका मत अपास्त (यद्यपि निगमवचने पृथग्विधानात्फलविशेषार्थिनः कृष्णपक्षश्राद्धेऽमावास्यारूपगुणविधिर्युक्त एव तथापि योगीश्वरवचने स न युज्यते, बहुवचनागतपरस्परान-पेक्षतन्त्रान्वयविघातवैरूप्यापत्तेरितिभावः) है। अशक्ति में अमावास्या से भी मासिक श्राद्ध की सिद्धि होती है—यह नारायणवृत्ति में कहा है। निरग्निकों की (अर्थात्—जो अग्निहोत्री नहीं हैं) किसी दिन में करें। अहिताग्नि को तो अमावास्या में ही श्राद्ध का विधान है। क्योंकि आहिताग्नि द्विज को दर्श (अमावास्या) के बिना अन्य तिथि में श्राद्ध नहीं करे ऐसा मनु ने कहा है।

(सर्वकृष्णपक्षाशक्तौ विचारः)

सर्वकृष्णपक्षाशक्तौ मात्स्ये—अनेन विधिना श्राद्धं त्रिरब्दस्येह निर्वपेत्। कन्याकुम्भवृषस्थेऽर्के कृष्णपक्षे च सर्वदा ॥

सब अमावास्या के अशक्ति में मत्स्यपुराण में कहा है कि—इस विधि से साल के तीन दिन में कन्या, कुंभ और वृष के सूर्य में और कृष्णपक्ष में सर्वदा श्राद्ध करे।

कर्कोऽपि—'आहिताग्नेः संवत्सरे त्रिः श्राद्धनियमः' इति।

कर्क ने भी कहा है कि—आहिताग्नि को साल में तीन बार श्राद्ध का नियम है।

देवलः—अनेन विधिना श्राद्धं कुर्यात्संवत्सरं सकृत्। द्विश्चतुर्वा यथा श्राद्धं मासे मासे दिने दिने ॥ कृष्णपक्षेष्वपि महालयस्य श्रेष्ठत्वम्। तच्चोक्तं प्राक्।

देवल ने कहा है कि—इस विधि से साल में एक बार श्राद्ध करे। दो या चार या महिने महिने पर या प्रतिदिन श्राद्ध करे। कृष्णपक्ष में भी महालय को उत्तम कहा है। वह पहले कह चुके हैं।

(व्यतीपाते विशेषमाह)

व्यतीपाते विशेषमाह हेमाद्रौ शङ्खः—फलं लक्षं समुत्पत्तौ भ्रमणे कोटिरुच्यते।
पतने शतकोट्यस्तु पाते वै दत्तमक्षयम् ॥

व्यतीपात में विशेष हेमाद्रि में शंख ने कहा है कि व्यतीपात में मध्यममान से साठ घड़ी होती है। उसमें उत्पत्ति आदि विभाग इस प्रकार है—उत्पत्ति में लक्ष गुणा भ्रमण में कोटि फल पतन में सौ कोटि (सौ करोड) और पात में दिया हुआ (दान-श्राद्ध आदि का) अक्षय फल निश्चय प्राप्त होता है।

ज्योतिःशास्त्रे—द्वाविंशतिस्तथोत्पत्तौ भ्रमणे चैकविंशतिः। पतने दश नाड्यस्तु पतिते सप्त नाडिकाः ॥ अन्त्यौ च द्वौ व्यतीपातौ प्रागुक्तौ।

ज्योतिःशास्त्र में कहा है कि—उत्पत्ति में बाइस, भ्रमण में इक्कीस, पतन में दशनाडी और पतित में सात नाडी होती है। अन्त्य के दो व्यतीपातों को पहले कह चुके हैं।

हेमाद्रौ मार्कण्डेयः—यदा च श्रोत्रियोऽभ्येति गृहं वेदविदग्निचित्। तेनैकेनापि कर्तव्यं श्राद्धं च विधि-वच्छुभम् ॥ इदं चापिण्डं कार्यमिति हेमाद्रिः। एतज्जीवत्पितृकोऽपि कुर्यात्, उद्वाहे पुत्रजनने पित्र्येष्ट्यां सौमिके मखे। तीर्थे ब्राह्मण आयाते षडेते जीवतः पितुः ॥ इति मैत्रायणीयपरिशिष्टोक्तेः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हेमाद्रि में मार्कण्डेयपुराण का वचन है कि—जब वेद का ज्ञाता अग्निहोत्री वेदपाठी के घर पर आवे तो विधिवत् शुभ श्राद्ध को करना चाहिये। इसको अपिण्ड करे—यह हेमाद्रि का मत है। इसको जीवितपितृक भी करे। उद्वाह में, पुत्रोत्पत्ति में, पित्र्येष्टि में, सोमयाग में, तीर्थ में और ब्राह्मण के आने में इन छः में जिसके पिता जीवित हो करे—यह मैत्रायणीयपरिशिष्ट में कहा है।

(तिथिविशेषे फलविशेषः)

तिथिविशेषे फलविशेषो याज्ञवल्क्येनोक्तः—कन्यां कन्यावेदिनश्च पशून् वै सत्सुतानपि। द्यूतं कृषिं च वाणिज्यं द्विशफैकशफांस्तथा॥ ब्रह्मवर्चस्विनः पुत्रान् स्वर्णरौप्ये स कुप्यके। ज्ञातिश्रैष्ठ्यं सर्वकामानाप्नोति श्राद्धदः सदा॥ प्रतिपत्प्रभृतिष्वेकां वर्जयित्वा चतुर्दशीम्। एताः कृष्णपक्षस्था एव। महालये तु फलभूमेति पृथ्वीचन्द्रोदयः।

तिथिविशेष में फलविशेष याज्ञवल्क्य (याज्ञ० आ० २६२-२६४) ने कहा है कि—कन्या (रूपलक्षण शीलवती) कन्यावेदी (योग्य जामाता) पशु, सदाचारी पुत्र, द्यूत में विजय, उत्तम फसल, वाणिज्य में लाभ, द्विशफ (दो खुरवाले गौ आदि) एकशफ (एक खुरवाले अश्वादि पशु) वेदाध्ययन से तेजस्वी पुत्र, सुवर्ण और चाँदी, ताँबा, सीसा, जाति में प्रतिष्ठित और सभी इच्छा को श्राद्ध देनेवाला व्यक्ति सदैव प्राप्त करता है। केवल एक चतुर्दशी को छोड कर प्रतिपदा आदि सभी तिथियों में करे।

ये सब कृष्णपक्ष की ही हों। महालय में तो फल बहुत होता है—यह पृथ्वीचन्द्रोदय का मत है।

(अमावास्यादितिथौ श्राद्धाकरणे नरकगमनम्)

पौर्णमास्यां हेमाद्रौ पितामहः अमावास्याव्यतीपातपौर्णमाष्टकासु च। विद्वान् श्राद्धमकुर्वाणो नरकं प्रतिपद्यते॥ एतन्माघ्यादिपरम्,

पौर्णमासी में हेमाद्रि में पितामह ने कहा है कि—अमावास्या, व्यतीपात, पौर्णमासी तथा अष्टका में श्राद्ध नहीं करने वाला विद्वान् नरक में जाता है। यह माघ्यादि परक है।

व्रीहिपाके च कर्तव्यं यवपाके च पार्थिव। पौर्णमासी तथा माघी श्रावणी च नृपोत्तम। प्रौष्ठपद्यामतीतायां तथा कृष्णा त्रयोदशी। एतांस्तु श्राद्धकालान् वै नित्यानाह प्रजापतिः॥ इति विष्णुधर्मोक्तेः।

हे पार्थिव, व्रीहि पकने पर और यव के पकने पर हे नृपोत्तम, पौर्णमासी माघी तथा श्रावण की कही है। भाद्रपद महिने की पूर्णिमा के व्यतीत होने पर और कृष्णपक्ष की त्रयोदशी इनमें निश्चय नित्य श्राद्धकाल प्रजापति ने कहा है—ऐसा विष्णुधर्म में कहा है।

विष्णुः—माघी प्रौष्ठपद्यूर्ध्वं कृष्णा त्रयोदशी' इति। अत्र माघी पौर्णमासीति कल्पतरुः। 'श्रावण्यूर्ध्वमपि मघायोगसम्भवात्त्रयोदशी—विशेषणम्। इति गौडाः।

विष्णु ने कहा है कि—माघमास की पूर्णिमा और भाद्रपदमास की पूर्णिमा के बाद कृष्णपक्ष की त्रयोदशी है। यहाँ पर माघ महिने की पौर्णमासी है—यह कल्पतरु ने कहा है। श्रावण की पूर्णिमा के बाद भी मघायोग संभव होने से त्रयोदशी यह विशेषण है—यह गौडों ने कहा है।

(कृत्तिकादिनक्षत्रेषु श्राद्धविचारः)

याज्ञवल्क्यः—स्वर्गं ह्यपत्यमोजश्च शौर्यं क्षेत्रं बलं तथा। पुत्रं श्रेष्ठ्यञ्च सौभाग्यं समृद्धिं मुख्यतां शुभम्॥ प्रवृत्तचक्रतां चैव वाणिज्यप्रभृतीनपि। अरोगित्वं यशो वीतशोकतां परमां गतिम्॥ धनं वेदान् भिषक्सिद्धिं कुप्यं गामप्यजाविकम्। अश्वानायुश्च विधिवद्यः श्राद्धं संप्रयच्छति॥ कृत्तिकादिभरण्यन्तं स कामान् प्राप्नुयादिमान्। फलान्तराण्यपि भारते कौर्मादौ ज्ञेयानि।

नक्षत्रों में भी याज्ञवल्क्य (आचा० २६५-२६८) ने कहा है कि—स्वर्ग, सन्तान (पुत्र), शक्ति, शूरता, उर्वर खेत, शारीरिक बल, गुणवान् पुत्र, जाति में श्रेष्ठता, जनप्रियता, धनादि समृद्धि, नेतृत्व

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सामान्य सुख, अजेयता, यश, शोक का नाश, ब्रह्मलोक में परम पद, धन, वेदज्ञान, औषध की सिद्धि, हेम और रूप्य से अन्य ताम्रादि द्रव्य, गौवें, बकरे, भेड़ें, घोडा और दीर्घजीवन इन सभी फलों को कृत्तिका नक्षत्र से प्रारंभ कर भरणी तक प्रत्येक नक्षत्र में श्रद्धापूर्वक तथा मानमत्सर त्यागकर विधिपूर्वक श्राद्ध देनेवाला व्यक्ति प्राप्त कर लेता है। और फलान्तर भी भारत तथा कूर्मपुराण आदि से जानना चाहिये।

(श्राद्धस्य विष्कुम्भादियोगेषु तदैव फलकथपम्)

माधवीये मरीचिः—कृत्तिकादिषु ऋक्षेषु श्राद्धे यत्फलमीरितम्।
विष्कुम्भादिषु योगेषु तदेव फलमिष्यते॥

माधवीय में मरीचि ने कहा है कि—कृत्तिका आदि नक्षत्रों में जो श्राद्ध करने का फल होता है वही फल विष्कुम्भ आदि योगों में प्राप्त होता है।

(सूर्यादिदिवसेषु ववादिकरणेषु च सकृत् श्राद्धकरणे फलकथनम्)

बृहस्पतिः—आरोग्यं चैव सौभाग्यं शत्रूणां च पराजयम्। सर्वान्कामान् प्रियां विद्यां धनमायुर्यथाक्रमम्॥ सूर्यादिदिवसेष्वेतच्छ्राद्धकृल्लभते फलम्॥ ववादिकरणेष्वेतच्छ्राद्धकृल्लभते नरः। अन्यानि च षण्णवतिश्राद्धादीनि प्रागुक्तानि।

बृहस्पति ने कहा है कि—आरोग्य, सौभाग्य, शत्रुओं का पराजय, सारी प्रिय इच्छायें, ज्ञान, धन और आयु ये यथाक्रम से सूर्यादि वारों में एकवार श्राद्ध करने से फल प्राप्त होता है। वव, वालव आदि करणों में यही श्राद्धकर्ता को एकवार में करने से फल मिलता है। अन्य तो छानवें श्राद्ध पहले कह चुके हैं।

(दुःस्वप्नादिदर्शने स्वेच्छया श्राद्धे फलकथनम्)

मार्कण्डेयपुराणे—श्राद्धार्हद्रव्यसंपत्तौ तथा दुःस्वप्नदर्शने।
जन्मर्क्षे ग्रहपीडासु श्राद्धं कुर्वीत चेच्छया॥

मार्कण्डेयपुराण में कहा है कि—श्राद्धयोग्य द्रव्य के प्राप्त हो जाने पर, दुःस्वप्नदर्शन में, जन्म नक्षत्र में तथा ग्रहों की पीडा पर अपनी इच्छा से श्राद्ध करे।

(श्राद्धाधिकारिणः)

अथ श्राद्धाधिकारिणः। चन्द्रिकायां सुमन्तुः—मातुः पितुः प्रकुर्वीत संस्थितस्यौरसः सुतः।
पैतृमेधिकसंस्कारं मन्त्रपूर्वकमादृतः॥

अब श्राद्ध के अधिकारी कहते हैं। चन्द्रिका में सुमन्तु ने कहा है कि—औरस पुत्र (जो पतित न हो) मृत माता और पिता का मन्त्रपूर्वक आदर से 'पितृमेधिकसंस्कार' (अर्थात्—सपिण्डनान्त करे। फिर भी प्रत्याब्दिक आदि का यहाँ पर प्रवेश है। आगे कहे गये वृद्धमनु आदि वचन से) करे।

तत्रैव हेमाद्रौ शङ्खः—पितुः पुत्रेण कर्तव्या पिण्डदानोदकक्रिया। पुत्राभावे तु पत्नी स्यात्तदभावे तु सोदरः॥ अत्र यद्यपि पुत्रपदं क्षेत्रजादि द्वादशविधपुत्रपरम्।

वहीं पर हेमाद्रि में शंख ने कहा है कि—पुत्र पिता का पिण्डदान तथा उदकक्रिया करे। पुत्र के अभाव में तो पत्नी करे। पत्नी के अभाव में सहोदर भाई करे। यहाँ पर यद्यपि पुत्रपद क्षेत्रज आदि बारह प्रकार के पुत्र परक है।

(याज्ञवल्क्यमते द्वादशपुत्राः)

ते च द्वादशपुत्रा याज्ञवल्क्येनोक्ताः—(व्यवहाराध्याय श्लो० १२८-१३२) औरसो धर्मपत्नीजस्तत्समः पुत्रिकासुतः। क्षेत्रजः क्षेत्रजातस्तु सगोत्रेणेतरेण वा। गृहे प्रच्छन्न उत्पन्नो गूढजस्तु सुतः स्मृतः। कानीनः कन्यकाजातो मातामहसुतो मतः॥ अक्षतायां क्षतायां वा जातः पौनर्भवः सुतः। दद्यान्माता पिता वा यं स पुत्रो दत्तको भवेत्। क्रीतश्च ताभ्यां विक्रीतः कृत्रिमः स्यात्स्वयंकृतः॥ दत्तात्मा तु स्वयंदत्तो गर्भे विन्नः सहोढजः॥ उत्सृष्टो गृह्यते यस्तु सोऽपविद्धो भवेत्सुतः॥ पिण्डदोंऽशहरश्चैषां पूर्वाभावे परः परः॥ इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बारह प्रकार के पुत्रों को याज्ञवल्क्य ने कहा है कि धर्मपूर्वक विवाहिता अपनी पत्नी से उत्पन्न पुत्र औरस, उसके बराबर लड़की का लड़का, क्षेत्रज, (यस्तल्पजः प्रमीतस्य क्लीबस्य व्याधितस्य च। स्वधर्मेण नियुक्तायां स ज्ञेयः क्षेत्रजः सुतः ॥) और क्षेत्रजात पुत्र सगोत्र या दूसरे सपिण्ड आदि द्वारा उत्पन्न होता है। घर में प्रच्छन्न रूप से उत्पन्न पुत्र (उत्पद्यते गृहे यस्य न च ज्ञायेत कस्य सः। स गृहे गूढ उत्पन्नस्तस्य स्याद्यस्य तल्पजः ॥) गूढज होता है। कन्या कुमारी से उत्पन्न कानीन मातामह (नाना) का पुत्र होता है। अक्षता (पहले पुरुष से वञ्चित) में या क्षता (जो पहले यौन संबन्ध का अनुभव कर चुकी हो) में उत्पन्न पुत्र को पौनर्भव कहते हैं। (या तु पत्या परित्यक्ता विधवा स्वेच्छयाऽथ वा। उत्पादयेत्पुनर्भूत्वा स पौनर्भव उच्यते ॥) माता या पिता द्वारा धनादि लेकर दिया हुआ पुत्र दत्तक होता है। माता-पिता ने धन लेकर बेच दिया हो जिस पुत्र को वह क्रीत होता है। स्वयं को पुत्र रूप में अर्पित करनेवाला कर लिया हो। (माता और पिता से हीन धन आदि प्रलोभन के द्वारा स्वयं पुत्र रूप से स्वीकार कर लिया) माता और पिता से हीन या उनसे त्यक्त मैं तुम्हारा पुत्र हूँ—अपनी आत्मा को देने (मातापितृभ्यां हीनो वा त्यक्तो वा स्यादकारणात्। आत्मानं स्पर्शयेद्यस्तु स्वयं दत्तस्तु स स्मृतः ॥) वाला, सवर्ण में विवाह के समय गर्भ में हो बाद में उत्पन्न पुत्र (या गर्भिणी संस्क्रियते ज्ञाताऽज्ञातापि वा सती। वोढुः स गर्भो भवति सहोढ इति उच्यते ॥) सहोढ होता है। माता और पिता के द्वारा या अन्य कारण के द्वारा भरणपोषण की असामर्थ्यता से या मूल नक्षत्रादि में उत्पन्न होने के कारण त्याग किये हुए पुत्र को (मातापितृभ्यामुत्सृष्टं तयोरन्यतरेण वा। यं पुत्रं प्रतिगृह्णीयादपविद्धस्तु स स्मृतः ॥) अपविद्ध कहते हैं। इन बारह प्रकार के पुत्रों में पूर्वाभाव में (अर्थात्-असन्निधि में) पर-पर (आगे-आगे) का पिण्ड को देनेवाला तथा अंश (भाग) का हिस्सेदार होता है।

(कलियुगे पुत्रग्रहणे विचारः)

तथापि—दत्तौरसेतरेषां तु पुत्रत्वेन परिग्रहः। इति हेमाद्रावादित्यपुराणे कलावितरेषां पुत्रत्वनिषेधादौरसदत्तकपरमेव।

फिर भी दत्तक और औरस पुत्र को इतर पुत्रों के रहते हुए भी ग्रहण करे—यह हेमाद्रि तथा आदित्य पुराण में कलियुग में इतर पुत्रों को पुत्रत्वरूप से निषेध होने से औरस और दत्तक पुत्रपरक ही है।

यद्यपि—पिण्डदोंऽशहरश्चैषां पूर्वाभावे परः परः। इति (या० व्य० श्लो० १३२) याज्ञवल्क्योक्तेरौरसाभावे दत्तकप्राप्तिः, तथाप्यौरसाभावे पौत्रः तदभावे प्रपौत्रः तदभावे दत्तकादय इति ज्ञेयम्, पुत्रेण लोकान् जयति पौत्रेणानन्त्यमश्नुते। अथ पुत्रस्य पौत्रेण ब्रध्नस्याप्नोति विष्टपम् ॥ इति जीमूतवाहनधृतवसिष्ठहारीतशङ्खलिखितोक्तेः, लोकानन्त्यं दिवः प्राप्तिः पुत्रपौत्रप्रौत्रकैः। इति याज्ञवल्क्योक्तेश्च। [आचा० ७८]।

यद्यपि—पूर्व (पहले) के अभाव में पर (आगे) पर (आगे) पिण्ड को देने वाला तथा अंश (हिस्से) संपत्ति के ग्रहण का हिस्सेदार होता है। इस याज्ञवल्क्य के कहने पर औरस पुत्र के अभाव में दत्तक की प्राप्ति है फिर भी औरस के अभाव में पौत्र, उसके अभाव में प्रपौत्र, उसके अभाव में दत्तक आदि की प्राप्ति होती है—यह जानना चाहिये।

पुत्र से लोकों को जीतता है। पौत्र से अनन्त लोकों को प्राप्त करता है। इसके बाद पुत्र के पौत्र से ब्रह्मलोक को प्राप्त करता है। यह जीमूतवाहन में लिखे वसिष्ठ, हारीत, शंख तथा लिखित के वचनों सेकहा है।

और याज्ञवल्क्य ने भी कहा है कि—औरस पुत्र, पौत्र तथा प्रपौत्रों से और पुत्रिका पुत्र से अनन्त लोक और स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

पुत्रः पौत्रश्च तत्पुत्रः पुत्रिकापुत्र एव च। पत्नी भ्राता च तज्जश्च पिता माता स्नुषा तथा ॥ भगिनी भागिनेयश्च सपिण्डः सोदकस्तथा। असन्निधाने पूर्वेषामुत्तरे पिण्डदाः स्मृताः ॥ इति स्मृतिसंग्रहे प्रपौत्रानन्तरं पुत्रिकापुत्रोक्तेस्तत्समत्वाच्च दत्तकस्य।

पुत्र (एकवचनमौरसाभिप्रायम्), पौत्र, प्रपौत्र, लड़की का लड़का, स्त्री, भाई, भाई का लड़का, पिता, माता, पत्नी, बहिन, बहिन का पुत्र, सपिण्ड और सोदक इनमें पहले के समीप में न रहने से उत्तरोत्तर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पिण्ड को देने वाले होते हैं। इस स्मृतिसंग्रह के कथन से प्रपौत्र के अनन्तर लड़की का लड़का कहा है तथा उसके सदृश दत्तक है। अर्थात्—औरस पुत्र के वाद दत्तक नहीं हो सकता—यह भाव है।

यद्यपि बृहस्पतिना—पौत्रश्च पुत्रिकापुत्रः स्वर्गप्राप्तिकरावुभौ। रिक्थे च पिण्डदाने च समौ तौ परिकीर्तितौ॥ इति पौत्रसाम्यमुक्तम्। याज्ञवल्क्येन च [व्यवहार० १२८] औरसो धर्मपत्नीजस्तत्समः पुत्रिकासुतः। इति औरससाम्यमुक्तम्, तथापि 'लोके राजसमो मन्त्री' इत्यादौ किञ्चिन्न्यूनेन समशब्दप्रयोगाद्गौणमुख्ययोः साम्यायोगाच्च स्तुत्यर्थं तत् न तु समविकल्प इति भ्रमितव्यम्।

यद्यपि बृहस्पति ने कहा है कि—पौत्र और लड़की का लड़का ये दो ही स्वर्गप्राप्ति को कराने वाले हैं। अतः ये दोनों धन ग्रहण और पिण्डदान में समान कहे गये हैं। यों पौत्र के तुल्य कहे गये हैं। और याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—धर्मपत्नी से उत्पन्न औरस पुत्र होता है लड़की का पुत्र औरस पुत्र के सदृश होता है। फिर भी 'संसार में राजा के समान मन्त्री' है। इत्यादि में कुछ न्यून सम शब्द का प्रयोग होने से गौण और मुख्य की समानता का अयोग होने से वह स्तुत्यर्थ है वह समविकल्प है यह भ्रम नहीं करना चाहिये।

पुत्रः पौत्रः प्रपौत्रो वा भ्राता वा भ्रातृसन्ततिः। (सपिण्डसन्ततिर्वापि क्रियार्हा नृप जायते॥ तेषामभावे सर्वेषां समानोदकसन्ततिः।) मातृपक्षसपिण्डेन सम्बन्धो यो जलेन वा॥ कुलद्वयेऽपि चोच्छिन्ने स्त्रीभिः कार्या क्रिया नृप। तत्संघातगतैर्वापि तद्रिक्थात् कारयेन्नृपः॥ इति विष्णुपुराणाच्च। प्रपौत्रानन्तरं दत्तकादय इति पृथ्वीचन्द्रमदनरत्नकालादर्शादयः। मदनपारिजातेऽप्येवम्।

हे नृप, पुत्र, ('गौणमुख्ययोर्मुख्ये कार्यसंप्रत्ययः' इस न्याय से मुख्य पुत्रपरक है। वद्धक्रम से प्रपौत्रान्त में दत्तक पुत्र भी ग्राह्य हैं) पौत्र, प्रपौत्र, भ्राता, भाई की सन्तान, (सपिण्ड की सन्तान भी क्रिया के योग्य होती है। उनके अभाव में समानोदक की सन्तान) मातृपक्ष का सपिण्ड के संवन्ध से जल दान दे।

नृप, दोनों कुलों (मातृकुल और पितृकुल) के उच्छिन्न (नष्ट) होने से स्त्री क्रिया करे। या उनका समूह उसके धनसे उसकी क्रिया राजा करा दे—यह विष्णुपुराणमें कहा है। प्रपौत्रके बाद दत्तक आदि होते हैं यह पृथ्वीचन्द्र, मदनरत्न, कालादर्श आदि में कहा है। मदनपारिजात में भी यही यहा है।

बोपदेवरुद्रधरादयस्तु—पुत्रेषु विद्यमानेषु नान्यो वै कारयेत्स्वधाम्। इति सुमन्तूक्तौ—पितामहः पितुः पश्चात् पञ्चत्वं यदि गच्छति। पौत्रेणैकादशाहादि कर्तव्यं श्राद्धषोडशम्॥ नैतत्पौत्रेण कर्तव्यं पुत्रवांश्चेत्पितामहः। इति छन्दोगपरिशिष्टे च पुत्रशब्दस्य द्वादशविधसुतपरत्वात्, 'पूर्वाभावे परः परः' इत्यस्यानन्यपरत्वाच्च, दत्तकाद्यभावे पौत्रादीनामप्यधिकार इत्याहुः, तद्गौणमुख्ययोः साम्यायोगाद्दत्तके सति पौत्रस्यांशहरत्वस्याप्यभावापत्तेः पुत्रपदस्यौरसमात्रपरत्वाच्चिन्त्यम्। अत एव निषेधादुपनीतपौत्रसत्वेऽप्यनुपनीतपुत्रस्यैवाधिकारः औरसश्चानुपनीतोऽपि कुर्यात्' इत्याह।

वोपदेव, रुद्रधर आदि के सिद्धान्त पक्ष को कहा है कि—पुत्रों के विद्यमान होते हुए अन्य स्वधा को निश्चय न करे। यह सुमन्तु के कहने में पिता के वाद यदि पितामह (दादा) मृत्यु को प्राप्त हो जाय तो पौत्र एकादशाह आदि सोलह श्राद्ध करे। यदि पितामह पुत्रवाला हो तो पौत्र को उसका श्राद्ध नहीं करना चाहिये। यह छन्दोगपरिशिष्ट में पुत्र को बारह प्रकार के पुत्रों का वोधक है यों कहा है। पूर्व के अभाव में पर पर है यह दूसरे अर्थ का वोधक नहीं है। दत्तक आदि के अभाव में पौत्रादियों का अधिकार है। यों कहा है। वह गौण और मुख्य की साम्यता के अयोग से दत्तक के रहने पर पौत्र के भाग का हिस्सेदार नहीं होगा। पुत्रपद औरस मात्र का द्योतक है—यह चिन्त्य है। इसलिए निषेध से उपनीत पौत्र के रहते हुए भी अनुपनीत (जिसका जनेऊ न हुआ हो) पुत्र का ही अधिकार है। औरस अनुपनीत भी करे—यह कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(एक एव भवेद्यदि पुत्रस्य श्राद्धे विचारः)

पृथ्वीचन्द्रोदये सुमन्तुः—श्राद्धं कुर्यादवश्यं तु प्रमीतपितृको द्विजः।
व्रतस्थो वाऽव्रतस्थो वा एक एव भवेद्यदि॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में सुमन्तु ने कहा है कि—जिसका पिता मर गया हो तो वह द्विज व्रतस्थ हो या अव्रतस्थ हो यदि एक ही है तो श्राद्ध करे।

वृद्धमनुः—कुर्यादनुपनीतोऽपि श्राद्धमेको हि यः सुतः। पितृयज्ञाहुतिं पाणौ जुहुयाद् ब्राह्मणस्य सः॥ एको मुख्य औरस इत्यर्थः।

वृद्धमनु ने कहा है कि—अनुपनीत भी पुत्र यदि एक ही हो तो श्राद्ध करे वह ब्राह्मण के हाथ में पितृयज्ञ की आहुति दे। इस श्लोक में एक शब्द से मुख्य औरस पुत्र का ग्रहण करे—यह अर्थ है।

मनुः—(अ० २ श्लो० १७१, १७२) नह्यस्मिन् युज्यते कर्म किञ्चिदामौञ्जिबन्धनात्। नाभिव्याहारयेद् ब्रह्म स्वधानिनयनादृते॥ ब्रह्म=वेदः।

मनु ने कहा है कि—मौञ्जीबन्धन के पूर्व वैदिककर्म में पिता के रहते हुए योगदान न करे। श्राद्ध में स्वधा शब्द को छोड कर (अनुपनीत बालक) ब्रह्म (वेद) का उच्चारण न करे।

सुमन्तुरपि—नाभिव्याहारयेद् ब्रह्म यावन्मौञ्जी निबध्यते। मन्त्राननुपनीतोऽपि पठेदेवैक औरसः॥ अयं मन्त्रपाठस्त्रिवर्षकृतचूडस्यैव।

सुमन्तु ने भी कहा है कि—जब तक मौञ्जीबन्धन नहीं होता है तबतक वेद का उच्चारण न करे। एक औरस ही पुत्र अनुपनीत भी मन्त्रों को पढे। यह मन्त्र पाठ उसी को है जिसका तीसरे साल चूडा (मुण्डन) कर्म हो गया हो।

अनुपेतोऽपि कुर्वीत मन्त्रवत्पैतृमेधिकम्। यद्यसौ कृतचूडः स्याद्यदि स्याच्च त्रिवत्सरः॥ इति सुमन्तूक्तेः।

अनुपनीत भी पुत्र पितृमेधिक (पितृयज्ञ) मन्त्रवत् (मन्त्रों से) करे। यदि वह कृतचूड हो और तीन साल का हो। एसा सुमन्तु ने कहा है।

यत्तु व्याघ्रः—कृतचूडस्तु कुर्वीत उदकं पिण्डमेव च।
स्वधाकारं प्रयुञ्जीत वेदोच्चारं न कारयेत्॥ इति।

जो व्याघ्र ने कहा है कि—जिसका चूडाकरण हो गया है वह उदक (जलदान), पिण्डदान और स्वधा का प्रयोग करे। परन्तु वेदोच्चारण न करे।

यच्च स्मृतिसंग्रहे—कृतचूडोऽनुपेतश्च पित्रोः श्राद्धं समाचरेत्। उदाहरेत्स्वधाकारं न तु वेदाक्षराण्यसौ॥ इति, तत्प्रथमवर्षचूडाविषयमिति माधवमदनरत्नपृथ्वीचन्द्राः। त्रिवर्षोर्ध्वं मन्त्रवत्त्वस्य विकल्प इति चन्द्रिका वोपदेवश्च। दत्तकादिपरो निषेध इति वयम्।

और जो स्मृतिसंग्रह में कहा है कि—जिसका मुण्डनसंस्कार हो चुका हो और उपनयनसंस्कार न हुआ हो ऐसा पुत्र माता तथा पिताका श्राद्ध करे। वह 'स्वधा' शब्दका उच्चारण करे पर वेदाक्षरका उच्चारण न करे। ये दोनों वचन प्रथमवर्ष चूडाविषयक हैं—यह माधव, मदनरत्न और पृथ्वीचन्द्र आदि में कहा है। तीन वर्ष के ऊपर मन्त्र के सदृश इसका विकल्प है—यह चन्द्रिका और वोपदेव ने कहा है। निर्णयसिन्धुकार का मत है कि—यह दत्तकादि परक निषेध है।

(और्ध्वदेहिककर्मणि विचारः)

मदनरत्ने स्कान्दे—यज्ञेषु मन्त्रवत्कर्म पत्नी कुर्याद्यथा नृप।
तथौर्ध्वदेहिकं कर्म कुर्यात्सा धर्मसंस्कृता॥

मदनरत्न में स्कन्दपुराण का मत है कि—हे नृप, जैसे—पत्नी यज्ञों में मन्त्र को पढकर कार्य करती है वैसे ही तीन वर्षके पुत्रका चूडाकरण करके भी धर्मसंस्कृत वह पत्नी समन्त्रक और्ध्वदेहिक मात्र कर्म को करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अशक्तौ तु कात्यायनः—असंस्कृतेन पत्न्या च ह्यग्निदानं समन्त्रकम् ।
कर्तव्यमितरत्सर्वं कारयेदन्यमेव हि ॥

पुत्रश्च न जन्मतोऽधिकारी किन्तु वर्षोत्तरमित्याह कालादर्शः—चौलादाद्याब्दिकादर्वाक् न कुर्यात्पैतृमेधिकम् ।

अशक्ति में तो कात्यायन ने कहा है कि—पुत्र के असंस्कृत (संस्कारहीन) होने पर पर पत्नी अग्निदान मन्त्र द्वारा करे। अवशिष्ट सब कार्य अन्य के द्वारा करावे।

पुत्र तो जन्म से अधिकारी नहीं होता है। किन्तु वर्ष के बाद अधिकारी होता है—यों कालादर्श में कहा है कि—एकसाल के पहले चूडाकरण और पितृमेधिक (पिता के मरण का) कार्य न करे।

मदनरत्ने सुमन्तुरपि—पुत्रश्चोत्पत्तिमात्रेण संस्कुर्यादृणमोचनात् । पितरं नाब्दिकाच्चौलात्पैतृमेधेन कर्मणा ॥ एतच्चौरसस्यैव । दत्तकादीनां तूपनीतानामेवाधिकार इति कालादर्शः ।

मदनरत्न में सुमन्तु ने कहा है कि—पुत्र के उत्पत्तिमात्र से ऋणमुक्तिसंस्कार पिता का करे। एक साल (आ आद्विकादितिच्छेदः । प्रथमवर्षीयचौलाद्विनेति तदर्थः) मुण्डन से पूर्व पितृमेध कर्म पिता का न करे। यह औरसपुत्र के लिये ही है। दत्तक आदि यों का तो उपनयनोत्तर ही अधिकार है—यह कालादर्श में है।

पृथ्वीचन्द्रोदयेऽपि स्कान्दे—पित्रोरनुपनीतोऽपि विदध्यादौरसः सुतः। और्ध्वदेहिकमन्ये तु संस्कृताः श्राद्धकारिणः॥ इति। अन्यत्रापि दर्शमहालयादावनुपनीतस्याधिकारोऽस्माभिः पूर्वमुक्तः। प्रपौत्राभावे दत्तकादय एकादश पुत्राः तदभावे भर्तुः पत्नी, तस्याश्च स, अपुत्रा शयनं भर्तुः पालयन्ती व्रते स्थिता। पत्न्येव दद्यात्तत्पिण्डं कृत्स्नमंशं लभेत च॥ इति वृद्धमनूक्तेः।

पृथ्वीचन्द्रोदय में भी स्कन्दपुराण का मत है कि—अनुपनीत भी औरस पुत्र माता और पिता का और्ध्वदेहिककृत्य करे। अन्य पुत्र तो संस्कारोत्तर ही श्राद्ध करने के अधिकारी हो सकते हैं।

अन्यत्र भी दर्श, महालय आदि में अनुपनीत का भी अधिकार है—यह पहले कह चुके हैं। प्रपौत्र के अभाव में दत्तक आदि ग्यारह पुत्रों का अधिकार है। उनके अभाव में पति का स्त्री करे और स्त्री का पति करे।

वृद्धमनु ने कहा है कि—जिसके पुत्र न हो वह स्त्री अपने स्वामी (पति) की शय्या को व्रत में स्थित होकर पालती है और पत्नी ही पिण्ड को (मनुः—अपुत्रे संस्थिते कर्ता नास्ति चेच्छ्राद्धकर्मणि। तत्र पत्न्यपि कुर्वीत सापिण्ड्यं पार्वणं तथा॥ पौत्र-प्रपौत्र के अभाव में पत्नी को अधिकार है।) देती है तथा सब धन को प्राप्त (अपुत्रे मृते तद्धनं सर्वं परिणीता संयता स्त्री गृह्णीयात्।) करती है।

भार्यापिण्डं पतिर्दद्याद्भर्तुर्भार्या तथैव च। श्वश्र्वादेश्च स्नुषा चैव तदभावे सपिण्डकाः॥ इति।

स्त्री को पिण्ड पति दे तथा पति को स्त्री (पुत्राभाव में) पिण्ड दे। सास आदि को बहू दे। उसके अभाव में सपिण्ड वाले दें।

पुत्राभावे तु पत्नी स्यात्पत्न्यभावे तु सोदरः। इति च हेमाद्रौ शङ्खोक्तेः।

और शंख ने हेमाद्रि में कहा है कि—पुत्राभाव में तो पत्नी दे और पत्नी के अभाव में सहोदर भाई दें।

पृथ्वीचन्द्रोदयस्तु—कानीनगूढसहजपुनर्भूतनयाश्च ये। पत्न्यभावेऽधिकुर्युस्ते अप्रशस्ता स्मृता हि ते॥ इति स्मृतिसंग्रहात् पत्न्यभावे कानीनादय इत्याह। पत्युरपि सपत्नीपुत्रे सति नाधिकारः, पितृपत्न्यः सर्वा मातरः, इति सुमन्तूक्तेः।

पृथ्वीचन्द्रोदय में तो कहा है कि—कानीन, गूढज, सहोढज और पुनर्भू—ये जो पुत्र हैं। ये सब पत्नी के अभाव में अधिकारी पिता के श्राद्ध में होते हैं। क्योंकि वे सब अप्रस्त कहे गये हैं। इस स्मृतिसंग्रह से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पत्नी के अभाव में कानीन आदि को कहा है। सपत्नीपुत्र के रहते हुए पति को भी स्त्री (पत्नी) के श्राद्ध का अधिकार नहीं है। क्योंकि—पिता की सब पत्नी माता होती हैं—यह सुमन्तु ने कहा कहा है।

विदध्यादौरसः पुत्रो जनन्या और्ध्वदेहिकम्। तदभावे सपत्नीजः क्षेत्रजाद्यास्तथा स्मृताः। तेषामभावे तु पतिस्तदभावे सपिण्डकाः॥ इति मदनरत्ने कात्यायनोक्तेश्च।

और मदनरत्न में कात्यायन ने कहा है कि—माता का और्ध्वदेहिककर्म औरसपुत्र करे। उसके अभाव में सपत्नी से उत्पन्न पुत्र, उनके अभाव में क्षेत्रज आदि पुत्र करें। उनके अभाव में पति करे। पति के अभाव में सपिण्ड करे।

'बह्वीनामेकपत्नीनामेष एव विधिः स्मृतः। एका चेत्पुत्रिणी तासां सर्वासां पिण्डदस्तु सः॥ इति बृहस्पतिवचनाच्च। अपरार्केऽप्येवम्। तेन यच्छुद्धिविवेके उक्तं—सत्यपि सपत्नीपुत्रे पत्युरेवाधिकारः, इति, तन्निरस्तम्।

और बृहस्पति का भी वचन है कि—जिस पुरुष को बहुत स्त्रियाँ हो उसकी यही विधि कही गयी है। उनमें एक भी स्त्री पुत्रवाली हो तो वह सबों को पिण्ड देने वाला होता है। अपरार्क में भी यही कहा है। इससे जो 'शुद्धिविवेक' में कहा है कि-सपत्नी पुत्र के रहते भी पति को ही अधिकार है—यों कहा है वह युक्त नहीं है।

(अपुत्राया अपि भार्याया श्राद्धविचारः)

यच्च तत्रैव कात्यायनः—न भार्यायाः पतिर्दद्यादपुत्राया अपि क्वचित्।

और जो वहीं पर कात्यायन ने कहा है कि—अपुत्रवाली भार्या को भी कभी भी पति पिण्डदान न करे।

(कुलद्वयेऽपि चोत्सन्ने क्रियाविचारः)

यच्च विष्णुपुराणम्—कुलद्वयेऽपि चोत्सन्ने स्त्रीभिः कार्या क्रिया नृप। इति।

और जो विष्णुपुराण में कहा है कि—हे नृप, दोनों कुलों (वंशों) के उत्सन्न (नाश) होने पर स्त्री क्रिया करे।

यच्च मार्कण्डेयपुराणम्—सर्वाभावे स्त्रियः कुर्युः स्वभर्तृणाममन्त्रकम्।

इति, तदासुरादिविवाहोढाविषयम्,

और जो मार्कण्डेयपुराण में कहा है कि—सबों के अभाव में अपने पतियों का श्राद्ध अमन्त्रक स्त्री करे। वह सब असुरादि विवाहोढा विषयक है।

(क्रयक्रीता पत्नीविषये विचारः)

धर्म्यैर्विवाहैरूढा या सा पत्नी परिकीर्तिता। क्रयक्रीता तु या नारी न सा पत्न्यभिधीयते॥ न सा दैवे न सा पित्र्ये दासी तां मुनयो विदुः॥ इति माधवीये शातातपोक्तेः।

माधवीय में शातातप ने कहा है कि—जो धर्म के द्वारा विवाहित हो वही पत्नी कही गयी है। जो खरीदी गयी नारी है उसको पत्नी नहीं कह सकते हैं। वह दैवकर्म और पितृकार्य में उपयुक्त नहीं है। उसको मुनियों ने 'दासी' शब्द से कहा है।

(पत्युःश्राद्धविषये विचारः)

यत्तु शुद्धिरत्नाकरः शूलपाणिश्च—अपुत्रस्य च या पुत्री सापि पिण्डप्रदा भवेत्। तस्य पिण्डान् दशैकं वा एकाहेनैव निक्षिपेत्॥ इति जाबालोक्तेः, भर्तुर्धनहरा पत्नी तां विना दुहिता स्मृता। अङ्गादङ्गात्सम्भवति पुत्रवद् दुहिता नृणाम्॥ इति बृहस्पतिना दुहितुर्धनहारित्वोक्तेश्च पुत्राभावे कन्या, तदभावे सपत्नीपुत्र इत्याहतुः। तत्पूर्वविरोधात्, मातुर्दुहितरः शेषमृणात्ताभ्य ऋतेऽन्वयः। इति दुहितुर्मातृधनग्राहित्वेन पुत्रस्य तच्छ्राद्धानधिकारापत्तेश्चोपेक्ष्यम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वचनं तु भ्रातृपुत्राद्यभावविषयम् । पत्न्यभावे अविभक्तस्य सोदरः पूर्वोक्तशङ्खवचनात् । विभक्तस्य तु दुहिता, धनहारित्वात्, पूर्वोक्तजाबालवचनाच्च । तत्राप्यूढानूढसमवाये ऊढैव ।

जो शुद्धिरत्नाकर और शूलपाणि में कहा है कि—उस अपुत्रवाली को जो पुत्री है वह भी पिण्डदान देनेवाली होती है । वह उसका दशपिण्ड या एकपिण्ड एक ही दिन में प्रक्षेप करे । यह जाबलि के कहने पर पति का धन हरण (ग्रहण) करने वाली पत्नी होती है । पत्नी के अभाव में दुहिता (कन्या) होती है । क्योंकि—मनुष्यों के अंश (शरीर) से पुत्र के तुल्य कन्या होती है । इस बृहस्पति वचन से भी कन्या को धनग्रहण करने वाली कहा है । पुत्र के अभाव में कन्या अधिकारी होती है । कन्या के अभाव में सपत्नी का लड़का अधिकारी होता है । यों कहा है । वह पूर्व पहले कहे हुए वचनों के विरोध होने से तथा माता के ऋण से अवशिष्ट धन को कन्या ग्रहण करे । उसके अभाव में वंश के होने वाले ग्रहण करे । इस वचन से कन्या को माता के धन का ग्रहणाधिकार हो जाने से पुत्र को उसके श्राद्ध का अधिकार नहीं होगा । इसलिए उपेक्ष्य (उपेक्षा करने योग्य) है । वचन तो ('भार्यापिण्डं पतिर्दद्यात्' इत्यादि वचनं त्वित्यर्थः) भ्रातृपुत्र आदि का अभाव विषयक है । पत्नी के अभाव में अविभक्त (जिसका विभाग न हुआ हो) सहोदर भाई करे । पहले कहे हुए शंखवचन से । विभाग होजाने पर तो कन्या अधिकारिणी होती है । क्योंकि धन (अर्थ) को हरण करनेवाली होती है । (अर्थात्–जो धन को ग्रहण करे वही पिण्डदान देनेवाला होता है ।)[1] इस पूर्वोक्त कहे हुए जाबलिवचन से । उसमें भी विवाहित और अविवाहित सम्बन्ध में विवाहिता को ही अधिकार है ।

दुहिता पुत्रवत्कुर्यान्मातापित्रोस्तु संस्कृता । आशौचमुदकं पिण्डमेकोद्दिष्टं सदा तयोः ॥ इति भरद्वाजोक्तेः ।

भारद्वाज ने कहा है कि—विवाहिता कन्या सदा पुत्रवत् माता और पिता का आशौच, जल, पिण्डदान और एकोद्दिष्ट इन दोनों का करे । उसके (कन्या) अभाव में दौहित्र (लड़की का लड़का) करे । क्योंकि—धनहारिहोने (अपुत्रपौत्रसन्ताने दौहित्रा धनमाप्नयुः । पूर्वेषां तु स्वधाकारे पौत्रा दौहित्रिका मताः ॥) से ।

तदभावे दौहित्रः, धनहारित्वात् मातापित्रोरूपाध्यायाचार्ययोरौर्ध्व देहिकम् । कुर्वन्मातामहस्यापि व्रती न भ्रश्यते व्रतात् ॥ इति चन्द्रिकायां वृद्धमनूक्तेः,

चन्द्रिका में वृद्धमनु ने कहा है कि—माता, पिता, उपाध्याय, आचार्य और मातामह का और्ध्वदेहिक करता हुआ व्रती व्रत से नष्ट नहीं होता है । (दौहित्र को पुत्रवत् सादृश्य होने से और धनहारी होने से मातामह का श्राद्ध करने का अधिकार है ।)

यथा व्रतस्थोऽपि सुतः पितुः कुर्यात्क्रियां नृप । उदकाद्यां महाबाहो दौहित्रोऽपि तथार्हति ॥ इत्यपरार्के भविष्योक्तेश्च ।

अपरार्क में भविष्यपुराण का वचन है कि—हे नृप, जैसे व्रत में स्थित पुत्र पिता को क्रिया ही करे । वैसे ही हेमहाबाहो, उदक (जलदान) आदि में दौहित्र को भी पूज्यता है ।

एतद्धनहारिण आवश्यकं नान्यस्येत्याह तत्रैव स्कन्दः—श्राद्धं मातामहानां तु अवश्यं धनहारिणा । दौहित्रेणार्थनिष्कृत्यै कर्तव्यं पूर्वमुत्तरम् ॥ इति । तेन 'दौहित्रोऽत्र पुत्रीकृतः' इति देवयाज्ञिकोक्तिः परास्ता । अत्र पत्नीदौहित्रसमवायेंऽशहरत्वात् पत्न्येव कुर्यात् । दौहित्रभ्रातृपुत्रसत्वे विभक्तस्य दौहित्रः, अविभागे भ्रातृपुत्रः । भ्रातृतत्पुत्रसत्वे कनिष्ठश्चेत् भ्रातैव । ज्येष्ठश्चेत्तत्पुत्रः कुर्यादिति दाक्षिणात्यग्रन्थाः ।

---

१. यद्यपि—'भर्तुर्धनहरापत्नी तां विना दुहिता स्मृता । यह सामान्य कहा है । अतः विवाहिता या अविवाहिता कन्या अभाव में पिता के धन को ग्रहण कर सकती है । फिर भी अनूढा को सर्वथा धनादिग्रहण करने का अधिकार नहीं है । क्योंकि—जो संस्कृत है—अर्थात्–जिसका विवाह हो चुका है उसी को ही अधिकार है । इसीप्रकार बहिन या उसके पुत्रों को संस्कार विना अधिकार नहीं है । औरसपुत्र से भिन्नों को संस्कार विना श्राद्ध का अधिकार नहीं है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यह धनहारी होने से आवश्यक (अर्थात्-जिनका धन ग्रहण करने वालों का सहोदर, भाई के लड़के, उनके पुत्रों के अभाव में धनग्राही दौहित्र होता है। या जो धन ग्रहण करे वही श्राद्ध दिलाने का अधिकारी होता है।) है। अन्य को नहीं है। वहीं पर स्कन्दपुराण में कहा है कि—मातामहादियों के श्राद्ध को अवश्य धनहारी दौहित्र करे अर्थ निष्कृति के (धनग्रहण का उपकार व्याप्त होने से) लिए पहले उत्तर करे। इससे यहाँ पर दौहित्र को पुत्री कृत कहा है यह देवयाज्ञिक की उक्ति परास्त है। जहाँ पर पत्नी और दौहित्र दोनों प्राप्त हो (समवाय)[1] तो वहाँ पर अंश हर होने से पत्नी ही करे।

दौहित्र और भाई का पुत्र हो वहाँ पर विभक्त होने पर दौहित्र को अधिकार है। अविभक्त में भाई के पुत्र को अधिकार है। भाई और भाई के पुत्र हो वह कनिष्ठ (छोटा) हो तो भाई ही करे। बड़ा भाई हो तो उसका पुत्र करे—यह दाक्षिणात्य ग्रन्थों में कहा है।

हारलतादौ तु—भ्रातुर्भ्राता स्वयं चक्रे तद्भार्या चेन्न विद्यते। तस्य भ्रातृसुतश्चक्रे यस्य नास्ति सहोदरः॥ इति ब्राह्मोक्तेः।

हारलतादि में तो ब्रह्मपुराणवचन से कहा है कि—भाई का भाई स्वयं श्राद्ध करे यदि उसकी भार्या न हो तो। जिसके सहोदर भाई न हो उसका भाई का पुत्र श्राद्ध करे।

पत्नी कुर्यात्सुताभावे तदभावे सहोदरः। इति कौर्माच्च ज्येष्ठभ्रातैव कुर्यान्न तत्पुत्रः। यत्तु नानुजस्य तथाग्रजः, इति तत् कनिष्ठभ्रातृसत्त्वविषयम्।

और कूर्मपुराण में कहा है कि पुत्र के अभाव में पत्नी करे पत्नी के अभाव में सहोदर भाई करे। ज्येष्ठ भाई ही (ज्येष्ठबहुत्वे मृतानन्तरक्रमेण) करे उसका पुत्र न करे। जो किसी ने कहा है कि—बड़ा भाई छोटे भाई के श्राद्ध का अधिकारी नहीं होता है वह कनिष्ठ भाई को अधिकार का निषेध विषयक है।

यच्च मनुः—(अ० ९, १८३) सर्वेषामेकपत्नीनामेकश्चेत्पुत्रवान् भवेत्। सर्वास्तांस्तेन पुत्रेण पुत्रिणो मनुरब्रवीत्॥ इति, तत्सोदराभावविषयमित्युक्तम्। एतेन पुत्रत्वातिदेशोऽयम्। अतस्तस्मिन् सति एकादश पुत्राः प्रतिनिधियो न कार्याः, स एव पिण्डदोंऽशहरश्च, इति वाचस्पतिमनुटीका-कल्पतरुरत्नाकरादयः परास्ताः, द्वादशविधपुत्राभावे 'पत्नीदुहितरः' इति याज्ञवल्क्योक्तेश्च। तस्माद्दत्तपुत्र प्रशंसेयमिति विज्ञानेश्वरः, अविभक्त विषयं वा।

और जो मनु ने कहा है कि—सपत्नियों के मध्य में यदि एक ही स्त्री के पुत्र हो तो उसी एक पुत्र से सब पुत्र वाले हो जाते हैं—वह सहोदर के अभाव विषयक है—यों कहा है। इससे पुत्रत्व का अतिदेश यह है। इसकारण से उसके (औरस) रहते हुए ग्यारह प्रकार के पुत्र प्रतिनिधि न करे। वही पिण्ड को देनेवाला और धनग्रहण करनेवाला है। इससे वाचस्पति, मनु की टीका, कल्पतरु, रत्नाकर आदि परास्त हुए।

बारह प्रकार के पुत्रों के अभाव से पत्नी तथा कन्या को अधिकार है—यह याज्ञवल्क्य ने कहा है। इससे दत्तक पुत्र की प्रशंसा यह है—यह विज्ञानेश्वर ने कहा है। अविभक्त (जिसका विभाग-बटवारा न हुआ हो) विषयक है।

मदनरत्ने स्मृतिसंग्रहे—पुत्रः कुर्यात्पितुः श्राद्धं पत्नी च तदसन्निधौ।
धनहार्यथ दौहित्रस्ततो भ्राता च तत्सुतः॥
भ्रातुः सहोदरो भ्राता कुर्याद्दाहादि तत्सुतः। ततस्त्वसोदरो भ्राता तद्भावे च तत्सुतः॥ इति। भ्रातृपुत्राभावे क्रमेण पितृमातृस्नुषास्वसृतत्पुत्रादयः धनहारित्वात्।

मदनरत्न में और स्मृतिसंग्रह में कहा है कि—पिता का श्राद्ध पुत्र करे। असन्निधि में पत्नी करे। पत्न्यभाव में धनग्राही दौहित्र करे। दौहित्राभाव में भाई और उसके अभाव में उस भाई का पुत्र करे। भाई का संस्कार सहोदर भाई या उसका पुत्र करे। अभाव में तो असहोदर (सगा भाई न भी हो) और उसके अभाव में उसका पुत्र करे। इसप्रकार भाई के पुत्राभाव में क्रम से पिता, माता, पुत्रवधू, बहिन, तथा बहिन के पुत्र धनग्राही होने से कर्म करें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भगिनीतत्सुतयोर्विशेषमाह मदनरत्ने कात्यायनः—अनुजा वाग्रजा वापि भ्रातुः कुर्वीत संक्रियाम् ।
ततः स्वसोदरात्तद्वत्क्रमेण तनयस्तयोः ॥

बहिन और उसके पुत्र के लिये विशेष मदनरत्न में कात्यायन ने कहा है कि—छोटी बहिन या बड़ी बहन भाई की क्रिया करे। तदनन्तर अपनी सहोदर बहिनों की तरह क्रम से उनके पुत्र करें।

अपरार्के कार्ष्णाजिनिः—पुत्रः शिष्योऽथवा पत्नी पिता भ्राता स्नुषा गुरुः ।
स्त्रीहारी धनहारी च कुर्यात्पिण्डोदकक्रियाम् ॥

अपरार्क में कार्ष्णाजिनि ने कहा है कि—पुत्र, शिष्य या पत्नी, पिता, भाई, पुत्रवधू, गुरु, स्त्री और धन को ग्रहण करने वाला पिण्डोदक क्रिया को करे।

मार्कण्डेयपुराणे—पुत्रो भ्राता च तत्पुत्रः पत्नी माता तथा पिता ।
वित्ताभावेऽपि शिष्यश्च कुर्वीरन्नौर्ध्वदैहिकम् ॥

तेन धनहारी एतद्भिन्न इति कालादर्शः । अत्र पाठक्रमो न विवक्षितः पूर्ववाक्येष्वथ ततः शब्दादिभिः श्रौतक्रमोक्तेः । 'अथ जिह्वाया अथ वक्षसः' इतिवत् ।

मार्कण्डेयपुराण में कहा है कि—पुत्र (बारह प्रकार के पुत्र) भाई (सहोदर और असहोदर) च शब्द से दौहित्रादि और पुत्रवधू) भाई का पुत्र, पत्नी, माता और पिता, वित्त (धन) के अभाव में शिष्य और्ध्वदेहिक कर्म को (मृत व्यक्ति के लिए मरण दिन से आरंभ कर दश दिन पर्यन्त पिण्डादि दान को और्ध्वदेहिक कहते हैं।) करे।

कालादर्श में कहा है कि—इससे भिन्न धनहारी है। यहाँ पर पाठ के अनुसार क्रम की विवक्षा नहीं है। पूर्व वाक्यों में अथ, ततः शब्द आदि से श्रौतक्रम प्रतिपादन किया है। वैसे ही अथ तथा अतः इत्यादि शब्दों के द्वारा श्रौत क्रम को प्रतिपादन दिया है। 'अथ जिह्वाया अथ वक्षसः' इसकी तरह।

पृथ्वीचन्द्रोदये वृद्धमनुः—स्नुषास्वस्रीयतत्पुत्रज्ञातिसम्बन्धिबान्धवाः ।
पुत्राभावे तु कुर्वीरन् सपिण्डान्तं यथाविधि ॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में वृद्धमनु ने कहा है कि—पुत्रवधू, अपनी बहन का पुत्र भानजा, भानजे का लड़का जातीवाले सम्बन्धी और बान्धव ये सब पुत्र के अभाव में तो सपिण्डनान्त कर्म को यथाविधि कर।

मार्कण्डेयपुराणे—पुत्राद्युत्सन्नबन्धोश्च सखापि श्वसुरस्य च ।
जामाता स्नेहवत्कुर्यादखिलं पैतृमेधिकम् ॥

मार्कण्डेयपुराण में कहा है कि—पुत्रादिक, जिसके पुत्र आदि बन्धु नष्ट हो गये हों उसके मित्र, और श्वसुर का दामाद स्नेहवत् संपूर्ण पैतृमेधिक (मृतककार्य) करे।

चन्द्रिकायां वृद्धशातातपः—मातुलो भागिनेयश्च स्वस्रीयो मातुलस्य च ।
श्वशुरस्य गुरोश्चैव सख्युर्मातामहस्य च ॥
एतेषां चैव भार्याणां स्वसुर्मातुः पितुस्तथा । श्राद्धमेषां तु कर्तव्यमिति वेदविदो विदुः ॥

चन्द्रिका में वृद्धशातातप ने कहा है कि—मातुल (मामा) भानजा का और मामा का भानजा श्राद्ध करें—श्वसुर, गुरु मित्र और मातामह (नाना) का तथा इनकी स्त्रियों का, बहन, माता और पिता का श्राद्ध करना चाहिये। यह वेद के जानकार जानते हैं।

शुद्धिविवेके पृथ्वीचन्द्रोदये च ब्राह्मे—दत्तानां वाप्यदत्तानां कन्यानां कुरुते पिता ।
चतुर्थेऽहनि तास्तेषां कुर्वीरन् सुसमाहिताः ॥—दत्ता=वाग्दत्ताः ।

शुद्धिविवेक में और पृथ्वीचन्द्रोदय में ब्रह्मपुराण का कथन है कि—वाणी द्वारा दी हुई या न दी हुई कन्याओं का पिता कर्म करे। वे कन्या भी चतुर्थ दिन उनका सावधानी से कर्म कर सकती है।

१—अग्नीषोमीय पशुयाग के अवदान प्रकरण का यह वाक्य है। 'हृदयाग्रेवद्यति' आदि। यहाँ अथ शब्द अग्र शब्द से शक्त्यात्र्त्या क्रम का बोधक होता है। वैसा प्रकृत में भी अथ, 'ततः' शब्दादि से श्रौतक्रम का ही अभिधान है। पाठक्रम का नहीं है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मातामहानां दौहित्राः कुर्वन्त्यहनि चापरे। तेऽपि तेषां प्रकुर्वन्ति द्वितीयेऽहनि सर्वदा॥ जामातुः श्वशुराश्चक्रुस्तेषां तेऽपि च संयुताः। मित्राणां तदपत्यानां श्रोत्रियाणां गुरोस्तथा॥ भागिनेयसुतानां च सर्वेषां त्वपरेऽहनि। राज्ञोऽसति सपिण्डे तु निरपत्ये पुरोहितः॥ मन्त्री वा तदशौचं तु पुरा चीर्त्वा करोति सः॥ अत्र द्वितीयाहादौ श्राद्धविधानमस्थिसञ्चयपरम्।

मातामहों का दौहित्र दूसरे दिन कर्म करे। वे भी सर्वदा उनका दूसरे रोज कर्म करे। जामाता का श्वसुर करें उनका वे भी करें। मित्रों का, मित्रों के अपत्यों का, श्रोत्रियों (वेदपाठियों) का गुरु का, भागिनेय और उसके पुत्र सबों का तो दूसरे दिन में करें। सपिण्ड के पुत्राद्यभाव में राजा करे। पुरोहित करे या मन्त्री उसके पहले आशौच बीत जाने पर उसका कर्म करे। यहाँ पर दूसरे दिन के आदि में जो श्राद्ध का विधान है वह अस्थिसञ्चयनपरक है।

(और्ध्वदेहिककर्मणि औरसादिपुत्राणां विचारः)

कालादर्शे—दाहादिमन्त्रवत्पित्रोर्विदध्यादौरसः सुतः। तदभावे तु पौत्रश्च प्रपौत्रः पुत्रिकासुतः॥ दौहित्रो धनहारी च भ्राता तत्पुत्र एव च। पिता माता स्नुषा चैव स्वसा तत्पुत्र एव च॥ सपिण्डः सोदको मातुः सपिण्डश्च सहोदकः। स्त्री च शिष्यर्त्विगाचार्या जामाता च सखापि च॥ उत्सन्नबन्धो रिक्थेन कारयेदवनीपतिः॥

कालादर्श में कहा है कि—माता और पिता का औरस पुत्र मन्त्र से दाह आदि कर्म करे। पुत्र के अभाव में तो पौत्र करे। पौत्र के अभाव में तो प्रपौत्र, पुत्री का पुत्र, दौहित्र, धन को ग्रहण करनेवाला (ब्राह्मण का धन ग्रहण करने वाला कोई ब्राह्मण हो सकता है, राजा नहीं। क्योंकि—ब्राह्मण के धन को ग्रहण करने का अधिकार राजा को नहीं है। यदि धनहारी श्राद्ध न करे तो राजा करा दे।) भाई, भाई का पुत्र ही, पिता, माता, पुत्रवधू, बहिन, बहिन का पुत्र, सपिण्ड, सोदक, माता के सपिण्ड सहोदक, स्त्री, शिष्य, ऋत्विक्, आचार्य, जामाता और मित्र करें। जिसके बान्धव नष्ट हो गये हों तो धन द्वारा अवनीपति (राजा) (मार्कण्डेयपुराणे—सर्वाभावे च नृपतिः कारयेत्तस्य रिक्थतः। तज्जातीयैर्नरैः सम्यग् दाहाद्याः सकलाः क्रियाः॥ सर्वेषामेव वर्णानां बान्धवो नृपतिर्यतः॥) से करावे।

(पुत्राभावे विचारः)

गौतमः—पुत्राभावे सपिण्डा मातृसपिण्डाः शिष्याश्च दद्युस्तदभावे ऋत्विगाचार्यौ॥

गौतम ने कहा है कि—पुत्र के अभाव में सपिण्ड, माता के सपिण्ड तथा शिष्य दें। उनके अभाव में ऋत्विक् और आचार्य दें।

(सर्ववर्णलिङ्गिनां प्रीत्या श्राद्धविचारः)

यत्तु चन्द्रिकायां वृद्धशातातपः—प्रीत्या श्राद्धं प्रकर्तव्यं सर्वेषां वर्णलिङ्गिनाम्। इति, तत्सवर्णविषयम्,

जो चन्द्रिका में वृद्धशातातप ने कहा है कि—सब वर्णवालों का प्रीति से श्राद्ध करना चाहिये। यह सवर्णविषयक है।

(अन्यवर्णानां श्राद्धकर्मणि ब्राह्मणस्य विचारः)

ब्राह्मणस्त्वन्यवर्णानां न कुर्यात्कर्म किञ्चन। कामाल्लोभाद्भयान्मोहात्कृत्वा तज्जातितां व्रजेत्॥ इति ब्राह्मोक्तेः,

ब्रह्मपुराण में कहा है कि—अन्यवर्णों का कुछ भी कर्म ब्राह्मण न करे। यदि काम, लोभ, भय या मोह से करता है जो वह उसी जाति को प्राप्त हो जाता है।

न ब्राह्मणेन कर्तव्यं शूद्रस्याप्यौर्ध्वदैहिकम्। शूद्रेण वा ब्राह्मणस्य विना पारशवात् क्वचित्॥ इति पारस्करोक्तेश्च। पारशवः=ऊढशूद्रापुत्रः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और पारस्कर ने कहा है कि—शूद्र का और्ध्वदेहिक कर्म ब्राह्मण को नहीं करना चाहिये। पारशव (यं ब्राह्मणस्तु शूद्रायां कामादुत्पादयेत्सुतम्। स पारयन्नेव शवस्तस्मात्पारशवः स्मृतः॥) के बिना शूद्र भी ब्राह्मण का कर्म कभी न करे। पारशव=का अर्थ है—विवाहित शूद्र का लड़का।

(पत्न्यादीनामधिकारक्रमकथनम्)

अत्रेदं तत्त्वम् । सर्वत्र पुत्रादेः पूर्वस्याभावे पत्न्यादेरधिकार उक्तः। तत्राभावोऽसन्निधिर्नाशश्चोच्यते। अत एव पूर्वत्र 'असन्निधाने पूर्वेषाम्' इत्युक्तम्। तत्रासन्निधौ पत्न्यादेः सर्वत्राधिकारे प्राप्ते—प्रोषितावसिते पुत्रः कालादतिचिरादपि। एकादशाद्याः क्रमशो ज्येष्ठस्य विधिवत्क्रियाः॥ ज्येष्ठेनैव तु यत्कृतम् इत्याद्यैर्देशान्तरे अपवादात् पुत्रनाश एव पत्न्यादेः सपिण्डनादावधिकारः। असन्निधौ तु तत्पूर्वमेव नोर्ध्वम्। अतोऽनधिकारिणा भ्रात्रादिना कृतमप्यकृतमेवेति पुनरावर्तनीयम्। मासिकापकर्षोऽप्यावर्तनीयः।

यहाँ पर यह तत्त्व है कि सर्वत्र पुत्रादि का पूर्व के अभाव में पत्न्यादिका अधिकार कहा है। वहाँ पर अभाव का अर्थ यों है कि—असन्निधि—समीप में नहीं रहना और नाश को कहा है। इसलिये पहले यहाँ पर पहलों के असन्निधि में यों कहा है। उसके समीप में न रहने पर पत्न्यादि का सर्वाधिकार प्राप्त होने पर पिता परदेश में मर गये हों तो बहुत समय बीतने पर भी एकादशाह आदि क्रियाओं को विधिवत् ज्येष्ठ पुत्र ने की हो। ज्येष्ठ पुत्र ने ही जो की हो इत्यादि वचनों से देशान्तर में अपवाद होने से पुत्र के नाश में ही पत्नी आदि का सपिण्डन आदि में अधिकार है। असन्निधि में जो उसके पूर्व में ही अधिकार है आगे नहीं है। इसलिये अनधिकारी भाई आदि द्वारा किया हुआ भी नहीं किये के सदृश है। अतः फिर से आर्वतन (दुबारा) करे। मासिकश्राद्ध का (श्राद्धानि षोडशापाद्य विदधीत सपिण्डनम्। श्राद्धानि षोडशादत्वा न तु कुर्यात्सपिण्डनम्) भी अपकर्ष कर आर्वतन करे।

एकादशाहमासिकानि नावर्तते, तज्ज्यायसापि कर्तव्यं सपिण्डीकरणं पुनः। इतिवदवृत्तिविधानाभावादिति केचित्। तन्न,—अस्य निर्मूलत्वात्। अतस्तदपि कनिष्ठकृतमावर्तते। वृद्धिश्रौतपिण्डपितृयज्ञार्थं तु कृतं नावर्तते।

नासपिण्ड्याऽग्निमान् पुत्रः पितृयज्ञं समाचरेत्। न पार्वणं नाभ्युदयं कुर्वन्न लभते फलम्॥ इति, 'वृध्युत्तरनिषेधनात्' इति 'भ्राता वा भ्रातृपुत्रो वा' इत्यादिहारीतादिवचोभ्यः कनिष्ठादेरप्यधिकारात्। यथात्र ज्येष्ठकर्तृत्वबाधस्तथा पुत्रकर्तृत्वस्याऽपि बाधः। सपिण्डने तु बहु वक्तव्यं तन्निर्णये वक्ष्यामः।

एकादशाह तथा मासिक की पुनरावृत्ति नहीं होती है। वह छोटे को भी करना चाहिये फिर से सपिण्डीश्राद्ध को करे। इसप्रकार आवृत्ति विधान का अभाव है—यह कोई कहते हैं। यह उचित नहीं है। क्योंकि इस वचन को निर्मूल कहा है। इसलिये उसको भी कनिष्ठ द्वारा करने पर भी फिर से करे। वृद्धि श्राद्ध श्रौतपिण्डपितृयज्ञार्थ किये हुए की फिर से आवृत्ति नहीं होती है। असपिण्ड अग्निमान् (अग्निहोत्री) पुत्र पितृयज्ञ (अर्थात्—पिता की और्ध्वदेहिक क्रिया) को न करे। पार्वण और आभ्युदयिकश्राद्ध भी न करे। करने पर उसे फल नहीं मिलता है। यह वृद्धि के बाद निषेध है। भाई या भाई का पुत्र इत्यादि हारीत के वचनों से कनिष्ठादि को भी अधिकार है। जैसे यहाँ पर ज्येष्ठ को कर्तृत्व का बाध है वैसे ही पुत्र कर्तृत्व का भी बाध है। सपिण्डन में तो बहुत कहना था वह उसके निर्णय में कहेंगे।

(अधिकारविशेषेण क्रियायाः त्रैविध्यकथनम्)

अधिकारविशेषेण क्रियाव्यवस्थोक्ता विष्णुपुराणे-पूर्वाः क्रिया मध्यमाश्च तथा चैवोत्तराः क्रियाः। त्रिप्रकाराः क्रियाः ह्येतास्तासां भेदान् शृणुष्व मे॥

अधिकार के विशेष से क्रिया की व्यवस्था विष्णुपुराण में कही है—पूर्वाक्रिया, मध्यमाक्रिया और उत्तराक्रिया इन तीन प्रकार की क्रियाओं के भेदों को मुझसे श्रवण करो।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आदाहाद्दशाहाच्च मध्ये याः स्युः क्रिया नृप। ताः पूर्वा मध्यमा मासि मास्येकोद्दिष्टसंज्ञिताः॥ प्रेते पितृत्वमापन्ने सपिण्डीकरणादनु। क्रियन्ते याः क्रियाः पुत्रैः प्रोच्यन्ते ता नृपोत्तराः॥

हे नृप, दाहसंस्कार से लेकर दश दिन के भीतर की जो क्रिया होती है वह पूर्वा कहलाती है। महिने महीने पर एकोदिष्ट संज्ञकक्रिया होती है वह 'मध्यमा' कहलाती है। सपिण्डीकरण के बाद प्रेत की पितृत्व की प्राप्ति के लिये जो पुत्रगण क्रिया करते हैं वह उत्तरा कही जाती है।

पितृमातृसपिण्डैश्च समानसलिलैस्तथा। तत्संघातगतैश्चैव राज्ञा वा धनहारिणा॥ पूर्वा मध्याश्च कर्तव्याः पुत्राद्यैरेव चोत्तरा। दौहित्रैर्वा नरश्रेष्ठ कार्यास्तत्तनयैस्तथा॥ मृताहनि तु कर्तव्याः स्त्रीणामप्युत्तराः क्रियाः। दौहित्रतत्पुत्रयोर्धनहारिणोरिदम्। एवमन्यस्य धनहर्तुः, 'यश्चार्थहरः स पिण्डदायी' इत्यापस्तंबोक्तेः,

पिता, माता, सपिण्ड और समान जलवाले तथा उस समुदाय में प्रविष्ट के होने पर धनहीरी राजा पूर्वा और मध्यमा क्रिया करें पुत्रादि ही हे नरश्रेष्ठ, उत्तराक्रिया करें या दौहित्र करें उनके पुत्र करें। मरण दिन में तो स्त्रियों की भी उत्तराक्रिया करनी चाहिये। यह दौहित्र तथा उनके पुत्र धनहारी होने से अधिकारी हैं। इसप्रकार अन्य के धन को लेने वाले की पूर्वोक्त व्यवस्था है। जो अर्थ (धन) को लेने वाला है वही पिण्ड को देनेवाला होता है—यह आपस्तंब ने कहा है।

(धनहारी प्रेतस्य प्रेतकार्याकरणे विचारः)

प्रेतस्य प्रेतकार्याणि अकृत्वा धनहारकः। वर्णानां यद्वधे प्रोक्तं तद्व्रतं प्रयतश्चरेत्॥ इति पृथ्वीचन्द्रोदये व्याघ्रपादोक्तेः।

पृथ्वीचन्द्रोदय में व्याघ्रपाद ने कहा है कि—प्रेत का प्रेतकार्यों को न कर धन लेता है। उसे वर्णों के वध में जो कहा है उसी व्रत को प्रयत्न से करे।

मदनरत्ने स्कान्देऽपि—'मलमेतन्मनुष्याणां द्रविणं यत्प्रकीर्तितम्। इत्युक्त्वा—ऋषिभिस्तस्य निर्दिष्टा निष्कृतिः पावनी परा। आदेहपतनात्तस्य कुर्यात्पिण्डोदकक्रियाम्॥ इत्युक्तम्।

मदनरत्न में और स्कन्दपुराण में भी कहा है कि—द्रव्य को मनुष्यों का मल (वसा शुक्रमसृक् मज्जा कर्णविण्मूत्रविण्नखाः। श्लेष्माश्रदूषिकाः स्वेदो द्वादशैते नृणां मलाः॥) कहा गया है। यों कहकर ऋषियों ने उसका पवित्र और उत्तम प्रायश्चित्त कहा है कि—उसके मरने पर पिण्डोदकक्रिया को करे।

(पुत्रस्यौर्ध्वदेहिकविचारः)

क्रियानिबन्धे कात्यायनः—न च माता न च पिता कुर्यात्पुत्रस्य पैतृकम्। नाग्रजश्च तथा भ्राता भ्रातॄणां तु कनीयसाम्॥

क्रियानिबन्ध में कात्यायन ने कहा है कि—पुत्र का मरणकार्य माता और पिता न करें तथा कनिष्ठ (छोटे) भाइयों का मृतक कार्य बड़ा भाई न करे।

पृथ्वीचन्द्रोदये बौधायनः—पित्रा श्राद्धं न कर्तव्यं पुत्राणां तु कथञ्चन। भ्राता चैव न कर्तव्यं भ्रातॄणां च कनीयसाम्।

पृथ्वीचन्द्रोदय में बौधायन ने कहा है कि—पुत्रों का श्राद्ध कभी भी पिता को नहीं करना चाहिये। छोटे भाईयों का श्राद्ध भाई को नहीं करना चाहिये।

(गयायां तु विशेषकथनम्)

यदि स्नेहेन कुर्यात्तां सपिण्डीकरणं विना। गयायां तु विशेषेण ज्यायानपि समाचरेत्॥

यदि स्नेह से करे तो सपिण्डीश्राद्ध के विना करे। गया में तो विशेष कर बड़ा भाई छोटे भाईयों का भी कर सकता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अन्याभावे पित्रादिरपि कुर्यात्)

अन्याभावे पित्रादिरपि कुर्यात्, उत्सन्नबान्धवं प्रेतं पिता भ्राताऽथवाऽग्रजः॥ जननी चापि संस्कुर्यान्महदेनोऽन्यथा भवेत्॥ इति सुमन्तूक्तेः।

अन्य के अभाव में (अधनहारिभ्रातृसुतानाभावे) पिता आदि भी करें। सुमन्तु ने कहा है कि—जिस प्रेत का कोई बान्धव न हो उसका संस्कार—पिता, भाई या बड़ा भाई या माता करे। अन्यथा बड़ा पाप होता है।

(ब्रह्मचारिणां तु)

ब्रह्मचारिणां तु शुद्धिविवेके पृथ्वीचन्द्रोदये च ब्राह्मे—असमाप्तव्रतस्यापि कर्तव्यं ब्रह्मचारिणः। श्राद्धं तु मातापितृभिर्न तु तेषां करोति सः॥ श्राद्धं मासिकाब्दिकादि सर्वं कार्यमित्यर्थः। नत्विति निषेधोऽन्यसत्त्वे।

ब्रह्मचारियों का तो शुद्धिविवेक में और पृथ्वीचन्द्रोदय में ब्रह्मपुराण का वचन है कि—जिस ब्रह्मचारी का व्रत भी समाप्त नहीं हुआ है वह मासिक, वार्षिक आदि श्राद्ध सब पिता का करे--यह अर्थ है। 'न तु' यह निषेध अन्य के रहने पर (तेनानुपनीनकनिष्ठसत्वे ज्येष्ठस्यापि ब्रह्मचारिणः, समावृत्तज्येष्ठसत्वे ब्रह्मचारिकनिष्ठस्य वा नाधिकारः) है।

यत्तु छन्दोगपरिशिष्टे– न त्यजेत्सूतके कर्म ब्रह्मचारी स्वयं क्वचित्। न दीक्षणात्परं यज्ञे न कृच्छ्रादि तपश्चरन्॥ पितर्यपि मृते नैषां दोषो भवति कर्हिचित्। आशौचं कर्मणोन्ते स्यात् त्र्यहं वा ब्रह्मचारिणाम्॥

जो छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है कि—सूतक में ब्रह्मचारी अपने कर्म को कभी न त्याग करे। यज्ञ में दीक्षित होने के बाद कृच्छ्रादि तप को न करे। पिता के मरने पर भी इनको (ब्रह्मचारियों को) दोष नहीं होता है। या कर्म के अन्त में ब्रह्मचारियों को तीन दिन का आशौच होता है। (ब्रह्मचारी दशा में मरने पर)।

यच्च याज्ञवल्क्यः–(प्राय० ५) न ब्रह्मचारिणः कुर्युरुदकं पतितास्तथा। इति। तदप्यन्यसत्त्वे, अन्याभावे तु ब्रह्मचारिणाऽपि कार्यं, पूर्वोक्तवृद्धमनुवचनात्, आचार्यपित्र्युपाध्यायान्निर्हृत्यापि व्रती व्रती। संकटान्नं च नाश्नीयान्न च तै सह संवसेत्॥ इति तेनैवोक्तेः,

और जो याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—ब्रह्मचारी और पतित व्यक्ति किसी का उदक (जलदान) न करें। वह भी अन्य के संभव में अर्थात्--दूसरा करनेवाला हो तो। अन्य के अभाव में तो ब्रह्मचारी भी पूर्वोक्त कार्य वृद्धमनु के वचन से करे।

आचार्य, पिता और उपाध्याय इनका दाहसंस्कार करने पर भी व्रती ब्रह्मचारी व्रत से पतित नहीं होता है। संकटान्न (सूतकान्न) आश्रय न करे और न उनके साथ शयन करे। यह उसने ही कहा है।

'ब्रह्मचारिणः शवकर्मिणो व्रतान्निवृत्तिरन्यत्र मातापित्रोः' इति वसिष्ठोक्तेः। अत्राशौचमेकाहं वक्ष्यामः। प्रागुपनयनान्मृतस्य तु पञ्चवर्षोत्तरं सपिण्डीकरणवर्ज्यं षोडशश्राद्धादि सर्वं कार्यमित्युक्तं देवजानीये, 'असंस्कृतानां भूमौ पिण्डं दद्यात्संस्कृतानां कुशेषु' इति प्रचेतोवचनाच्च। एतच्चाग्रे वक्ष्यामः।

वसिष्ठ ने कहा है कि—माता और पिता से भिन्न का शवकर्म (मृतककर्म) को करनेवाला ब्रह्मचारी का व्रत कर्म भंग (व्रतनिवृत्त) हो जायगा। यहाँ पर एक दिन का आशौच कहेंगे। उपनयन के पहले और पांच साल बाद मरने पर सपिण्डीकरण को त्यागकर सोलह श्राद्धादि सब करे—यह देवजानीय में कहा है और बिना संस्कारवालों का पिण्ड भूमि में दे और संस्कारवालों का (पिण्ड) कुशाओं पर दे यह प्रचेता का वचन है। इसको भी आगे कहेंगे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अविभक्तानां विशेषमाह)

अविभक्तानां विशेषमाह पृथ्वीचन्द्रोदये मरीचिः—बहवः स्युर्यदा पुत्राः पितुरेकत्रवासिनः। सर्वेषां तु मतं कृत्वा ज्येष्ठेनैव तु यत्कृतम्। द्रव्येण चाविभक्तेन सर्वैरेव कृतं भवेत्। ज्येष्ठस्य कर्तृत्वेऽपि सर्वे फलभागिन इत्यर्थः। तेन ये ब्रह्मचर्यपरान्नवर्जनादयः फलसंस्कारास्ते सर्वेषां भवन्तीति सिद्धम्। संसृष्टिनामप्येवम्, तुल्यत्वात्।

अविभक्तों का विशेष पृथ्वीचन्द्रोदय में मरीचि ने कहा है कि—यदि पिता के बहुत पुत्र अविभक्त हो तो सबों की अनुमति से ही ज्येष्ठ पुत्र ने जो किया वह द्रव्य के अविभाग से सबों ने ही किया है। ज्येष्ठ पुत्र के कर्ता होने पर भी सब (अनुमति देने पर) फल के भागी होते हैं—यह अर्थ है। इससे जो ब्रह्मचर्य परान्नवर्जन आदि फलसंस्कार हैं वे सबों के लिये होते हैं यह सिद्ध है। संसृष्टियों का (एक साथ होने पर) भी यहा है, (तुल्य होने से)।

(विभक्तानां विशेषकथनम्)

विभक्तानां विशेषमाहोशनाः—नवश्राद्धं सपिण्डत्वं श्राद्धान्यपि च षोडश। एकेनैव तु कार्याणि संविभक्तधनेष्वपि॥

विभक्तों का विशेष उशना ने कहा है कि—नवश्राद्ध, सपिण्ड तथा अन्य सोलह श्राद्ध धनों के विभाग होने पर भी एक ही करे।

लघुहारीतः—सपिण्डीकरणान्तानि यानि श्राद्धानि षोडश। पृथङ्नैव सुताः कुर्युः पृथग्द्रव्या अपि क्वचित्॥ ऊर्ध्वं सपिण्डीकरणात्सर्वे कुर्युः पृथक् पृथक्।

लघुहारीत का वचन है कि—सपिण्डीकरणान्त जो सोलह श्राद्ध हैं उनको अलग अलग पुत्र न करें धन का विभाग पृथक् होने पर भी। सपिण्डीकरण के बाद (व्यासः—अर्वाक् संवत्सरात् ज्येष्ठः श्राद्धं कुर्यात्समेत्य च। ऊर्ध्वं सपिण्डीकरणात् सर्वे कुर्युः पृथक् पृथक्। सपिण्डीकरणेति तत्कालोपलक्षणम्। तेन द्वादशाहादौ सपिण्डीकरणेऽप्यनुमासिकान्तानां न पार्थक्यम्। नात्रसपिण्डनस्यैकत्वेऽपि प्रथमाब्दिकादि भिन्नमेव) सब भाई अलग अलग करें।

मदनरत्ने—विभक्तास्तु पृथक्कुर्युः प्रतिसंवत्सरादिकम्। एकेनैवाभिक्तेषु कृते सर्वैस्तु तत्कृतम्॥ एतेनाब्दिकादिष्वविभक्तानामनियम इति वदन् शूलपाणिः परास्तः।

मदनरत्न में कहा है कि—हर साल का सांवत्सरिकश्राद्ध अलग होने पर अलग अलग करें। एक साथ रहने पर एक के ही करने पर सबों ने उसको किया। इससे आब्दिक आदि में अविभक्तों का अनिमय है यह कहता हुआ शूलपाणि परास्त हो गया।

(श्राद्धे दत्तकादीनामधिकारकथनम्)

दत्तकस्तु जनकस्य पुत्राद्यभावे दद्यान्न तत्सत्त्वे, गोत्ररिक्थे जनयितुर्न भजेद्दत्रिमः सुतः। गोत्ररिक्थानुगः पिण्डो व्यपैति ददतः स्वधा॥ इति मनूक्तेः (अ. ९।१४२)। इदं जनकस्य पुत्रसत्त्वविषयम्। तच्च प्रवरमञ्जर्यां कात्यायनलौगाक्षिभ्यां स्पष्टमुक्तम्। अथ ये दत्तकक्रीतकृत्रिम-पुत्रिकापुत्राः परपरिग्रहेणानार्षेया जातास्ते द्व्यामुष्यायणा भवन्ति। यथा—'शौङ्गशैशिरीणां यानि चान्यान्येवं समुत्पन्नानि कुलानि भवन्ति' इत्यादिना द्वयोः पित्रोः प्रवरानुक्त्वोक्तम्॥ 'अथ यद्येषां स्वासु भार्यास्वपत्यं न स्यात् रिक्थं हरेयुः पिण्डं चैभ्यस्त्रिपुरुषं दद्युर्यद्युभयोर्न स्यादुभाभ्यामेव दद्युरेकस्मिच्छ्राद्धे पृथगुद्दिश्यैकपिण्डे द्वावनुकीर्तयेत्परिगृहीतारं चोत्पादयितारं चा तृतीयात्पुरुषात्, इति।

दत्तक (द्व्यामुष्यायण एव) तो जनक पिता के पुत्रादि के अभाव में दे पुत्र के रहने पर न दे।

मनु ने कहा है कि—दत्तक पुत्र को उत्पन्न करने वाले के गोत्र और धन का कुछ संबन्ध नहीं रहता है। और जो उसे ग्रहण करता है उसीको उसका दिया पिण्ड प्राप्त होता है। दत्तक देने से पिता का उसके हाथ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

का पिण्ड-जल प्राप्त करने का हक नहीं रहता है। यह जनक पिता के रहते हुये पुत्र के बिषय में है। वह प्रवरमञ्जरी, कात्यायन और लौगाक्षि ने स्पष्ट कहा है। इसके बाद जो दत्तक, क्रीत, कृतिम पुत्रि का पुत्र हैं वे दूसरे के परिग्रहण (स्वीकार) करने पर अनार्षेय (ऋषिः प्रवरः) जनक प्रवर गोत्रहीन हो गये हैं वे द्वयामुष्यायण होते हैं। आर्षेयाः इति पाठो युक्तः।

जैसे—शौंग तथा शैशरों के अन्य कुल में उत्पन्न के बराबर कुल होते हैं—इत्यादि से दोनों पिता के प्रवरों को कहकर कहा है कि—इसके बाद यदि इनके अपनी पत्नी में पुत्र न हों तो धन ग्रहण करे और तीन पीढी तक, यदि दोनों पिताओं के न हो तो दोनों को ही दे। एक श्राद्ध में—एक पिण्ड में अलग अलग उद्देश्य कर दोनों के नाम का उच्चारण को लेने वाले और देने वाले का तीन पीढी तक ले।

हेमाद्रौ कार्ष्णाजिनिः—यावन्तः पितृवर्ग्याः स्युस्तावद्भिर्दत्तकादयः। प्रेतानां योजनं कुर्युः स्वकीयैः पितृभिः सह ॥ द्वाभ्यां सहाथ तत्पुत्राः पौत्रास्त्वेकेन तत्समम्। चतुर्थपुरुषे छन्दस्तस्मादेषा त्रिपूरुषी ॥ साधारणेषु कालेषु विशेषो नास्ति वर्गिणाम्। (मृताहे त्वेकमुद्दिश्य कुर्युः श्राद्धं यथाविधि।) इति।

हेमाद्रि में कार्ष्णाजिनि ने कहा है कि—जितने पिता के वर्ग में हों—दत्तक आदि अपने उतने पितरों के साथ प्रेतों की योजना करें। उनके (दत्तकों के) पुत्र दो के साथ और पौत्र एक के साथ मिलावें। चतुर्थ पुरुष में छन्द (इच्छा पर) है। इसलिये यह त्रिपुरुषी है। साधारण कालों में वर्गियों में कोई विशेष नहीं है (मृत्यु दिन में तो एक को उद्देश्य कर यथाविधि श्राद्ध को करे।

अस्यार्थमाह हेमाद्रिः—दत्तकादयः जनकपालकयोः कुले प्रेतानां स्वस्ववर्गीयैः सपिण्डनं कुर्युः। दत्तकानां पुत्रास्तु पितुर्दत्तकस्य पितृभ्यां जनकपालकाभ्यां स्वपितामहाभ्यां सपिण्डनं कुर्युः। तेषां पौत्राः स्वपितरं दत्तकेन पितामहेन तज्जनकेन च सपिण्डयेयुः। चतुर्थोऽपि तत्कुलस्थ एव। तेषां प्रपौत्रस्तु दत्तकस्य प्रपितामहस्य पालककुलस्थं चतुर्थं योजयेन्न वा। छन्द=इच्छा। दर्शमहालयादौ तु द्वयोः पित्रोः पितामहयोः प्रपितामहयोर्वा श्राद्धं देयम्। तत्र द्वयोः पित्राद्योः पृथक् पिण्डदानं द्वयोरुद्देशेनैको वेति।

इसका अर्थ हेमाद्रि ने कहा है कि—दत्तक आदि जनक और पालक के कुल में प्रेतों का अपने वर्गों में (जनकवर्गो में और पालकवर्गों में) सपिण्डन करें। दत्तकों के पुत्रों को तो दत्तक पिता के जनक और पालकों को अपने पितामह-प्रपितामहों का सपिण्डन करें। उनके पौत्रगण अपने पिता को दत्तक पितामह के तथा उसके जनक के साथ सपिण्डन करें। चतुर्थ भी जनक कुल का ही हो। इनके प्रपौत्र तो दत्तक के प्रपितामह का पालककुल के चतुर्थ के साथ योजना करें या न करे। (जनक तथा पालक में एक ही पिण्ड दें योजनापक्ष में अन्यथा जनको ही एक पिण्ड दे।

छन्द माने इच्छा। दर्श, महालय आदि में तो दोनों पिताओं को, पितामह और प्रपितामहों को श्राद्ध देना चाहिये। उसमें दोनों पिता आदि को अलग अलग पिण्डदान दें या दोनों को उद्देश्य कर एक ही पिण्ड दे।

अत्र केचित् आवयोरयमिति परिभाष्य यो दत्तस्तस्येदं द्वयोः पित्रोः श्राद्धम्, यस्त्वपरिभाष्य दत्तः स ग्रहीतुरेव स पालकायैव दद्यादित्याहुः। अत्र मूलं त एव प्रष्टव्याः।

यहाँ पर कोई कहते हैं कि—हम दोनों का यह है ऐसा कह करके जो दिया जायगा यह श्राद्ध दोनों पिताओं का होगा। जो बिना कहे दिया जायगा वह ग्रहणकर्ता का ही होगा। वह पालक को ही देना चाहिये। उसमें मूल उन्हीं से पूछना चाहिये।

वस्तुतस्तु जनकस्य पुत्रपत्न्याद्यभावे दत्तको द्वयोर्दद्यादन्यथा पालकायैव प्रागुक्तकात्यायनवचनात्। मानवीयमप्येतद्विषयमेव। गोत्रं तु श्राद्धे पालकस्यैव विवाहादौ तूभयोरित्यादि मत्कृतप्रवरदर्पणे ज्ञेयम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सिद्धान्त तो यह है कि—जनक के पुत्र, पत्नी आदि के भाव में दत्तक दोनों को दे। अन्यथा पालक को ही पूर्वोक्त पहले कहे हुए कात्यायन वचन से। मानवीय वचन का भी यही तात्पर्य है। गोत्र तो श्राद्ध में पालक का ही होता है। विवाहादि में तो दोनों का ही होता है। यह मेरे बनाये हुये प्रवरदर्पण से जानना चाहिये।

यस्तु मूल्यक्रीतायां परभार्यायां दास्यां चोत्पन्नः स बीजिन एव दद्यात्। मूल्यं विना स्वयमुपनतायां तु क्षेत्रिण एव। तदुक्तं पृथ्वीचन्द्रोदये कौर्मे—अनियोगात्सुतो यस्तु शुक्लतो जायते त्विह। प्रदद्याद्बीजिने पिण्डं क्षेत्रिणे तु ततोऽन्यथा ॥ इति। क्षेत्रजादेर्विशेषस्तु कलौ तदभावान्नोच्यत इति दिक्।

जो मूल्य के द्वारा खरीदी हुई दूसरे की पत्नी या दासी में उत्पन्न है वह बीजवाले को ही दे। मूल्य के बिना स्वयं आई हो तो उसका पुत्र भी क्षेत्री को दे। उसी बात को पृथ्वीचन्द्रोदय में कूर्म पुराण के बचन से कहा कि—जो अनियोग (बिना नियोग) से मूल्य के द्वारा पुत्र उत्पन्न हो तो यह बीज वाले को पिण्ड दे। उससे अन्य नियोग से पैदा हो वह उसी स्त्री वाले को दे। क्षेत्रज आदि विशेष का कलि में अभाव कहा है। इसलिए उन्हें नहीं कहते हैं।

(जारजानां विशेषकथनम्)

जारजानां विशेषमाह अपरार्के नारदः—जायन्ते त्वनियुक्तायामेकेन बहुभिस्तथा। अरिक्थभाजस्ते सर्वे बीजिनामेव ते सुताः ॥ दद्युस्ते बीजिने पिण्डं माता चेच्छुक्लतो हृता। अशुक्लोपहृतायां तु पिण्डदा वोढुरेव ते ॥

जार से उत्पन्न हुए पुत्रों का विशेष अपरार्क में नारद ने कहा है कि—अनियुक्ता (बिना नियोग) में एक से या बहुतों से जो पुत्र उत्पन्न हुये हैं वे सब धन के हिस्सेदार नहीं होते हैं। वे सब बीज वाले के ही पुत्र होते हैं। यदि माता को मूल्य द्वारा खरीदी गयी हो तो बीजवाले को तथा मूल्य द्वारा खरीदी गयी न हो तो विवाह करने वाले को पिण्ड दे।

(धर्मार्थश्राद्धकरणे फलकथनम्)

धर्मार्थं श्राद्धकरणे फलमाह चन्द्रिकायां शातातपः—प्रीत्या श्राद्धं तु कर्तव्यं सर्वेषां वर्णलिङ्गिनाम्। एवं कुर्वन्नरः सम्यङ् महतीं श्रियमाप्नुयात् ॥

धर्मार्थ श्राद्ध करने का फल शातातप ने कहा है कि—सब वर्ण और आश्रमवालों का प्रीति से श्राद्ध करना चाहिये। इसप्रकार मनुष्य अच्छीतरह करते हुए महती लक्ष्मी को प्राप्त करता है।

गयायामपि तत्रैव ब्रह्मवैवर्ते—आत्मजो वाऽथवान्योऽपि गयाशीर्षे यदा तदा। यन्नाम्ना पातयेत्पिण्डं तन्नयेद् ब्रह्म शाश्वतम् ॥

गया में भी वहीं पर ब्रह्मवैवर्तपुराण में कहा है कि—आत्मज पुत्र या अन्य भी गयाशीर्ष में जब कभी जाकर जिस नाम से पिण्डदान देता है वह शाश्वत ब्रह्मपद को जाता है।

(यदा फलभूमार्थिना द्विस्त्रिर्वा क्रियते तदा विचारः)

एतच्च यदा फलभूमार्थिना द्विस्त्रिर्वा क्रियते तदा प्रेतशिलाश्राद्धवर्ज्यं कुर्यात्, तस्य प्रेतत्वविमोचनार्थत्वात्तस्य च जातत्वादिति केचित्। वस्तुतस्तु संन्यासिश्राद्धवदत्रापि सर्वं कार्यम् साङ्गेऽधिकारादिति युक्तं प्रतीमः। संन्यस्तपित्रादिस्तु पितुः पित्रादिभ्यः सर्वश्राद्धेषु दद्यादित्युक्तं प्राक्, वक्ष्यते च जीवत्पितृकश्राद्धे।

और यह अधिक फल की इच्छा करता हो तो दो या तीन बार गया करे तो प्रेतशिला पर श्राद्ध वर्जित करे। क्योंकि वह श्राद्ध प्रेतत्वविमोचनार्थ है उसको एकवार हो चुका यह किसी का मत है। सिद्धान्त तो यह है कि—संन्यासी के श्राद्ध के सदृश यहाँ भी सब करे। अंगो के सहित अधिकार है यह युक्त ठीक प्रतीत होता है। ऐसा कमलाकर मत है संन्यस्त पित्रादि तो पिता के पिता आदि के लिये सब श्राद्धो में दे यह हम पहले कहचुके हैं और जीवत्पितृकश्राद्ध में आगे कहेंगें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(स्त्रीशूद्राणां श्राद्धादौ मन्त्रपूर्वककर्मविचारः)

अत्र स्त्रीशूद्राणां श्राद्धं मन्त्रवर्ज्यं तूष्णीं भवति, स्त्रीणाममन्त्रकं श्राद्धं तथा शूद्रासुतस्य च। प्राग्द्विजाश्च व्रतादेशात्ते च कुर्युस्तथैव तत् ॥ इति हेमाद्रिमरीचिवचनात्,

यहाँ पर स्त्री और शूद्रों का श्राद्ध तूष्णीं (बिना मन्त्र) होता है स्त्रियों का और शूद्रा पुत्र का श्राद्ध अमन्त्रक होता है। उपनयन के पूर्व द्विजों का भी वैसे ही अमन्त्रक करे। यह हेमाद्रि में मरीचिका वचन है।

अयमेव विधिः प्रोक्तः शूद्राणां मन्त्रवर्जितः। अमन्त्रस्य तु शूद्रस्य विप्रो मन्त्रेण गृह्यते ॥ इति ब्राह्मोक्तेश्च। गृह्यते=सम्बध्यते। अस्य श्राद्धप्रकरणे पाठेऽपि परिभाषात्वान्न प्रकरणेन सङ्कोचो युक्तः। तेन शूद्रस्य स्नानदानादावपि विप्रेण मन्त्रपाठः कार्यः। 'अमन्त्रस्य' इति विशेषणात् स्त्रिया अपीति शूलपाणिः।

और ब्रह्मपुराण में कहा है कि—यही ही विधि मंत्रवर्जित शूद्रों की कही है। शूद्र को अमंत्रक विधि कही है ब्राह्मण मन्त्र से ग्रहण करे। गृह्यते का अर्थ है कि-संबन्धित होता है। इसका श्राद्धप्रकरण में पाठ होने पर भी परिभाषा होने से प्रकरण से संकोच करना ठीक नहीं है। इससे शूद्र के स्नान, दान आदि में भी ब्राह्मण द्वारा मन्त्र पाठ करे। 'अमन्त्रस्य' इस विशेषण से स्त्री के लिये भी (स्नानदानादि) मन्त्रपाठ ब्राह्मण करे—यह शूलपाणि का मत है।

यत्त तेनोक्तं मन्त्रजन्यनियमादृष्टसिद्धिस्तु नमस्कारेण, 'अनुमतोऽस्य नमस्कारो मन्त्रः' इति गौतमोक्तेरिति। तन्न, दृष्टद्वारैव हि तत्प्राप्तिर्न स्वातन्त्र्येण। अन्यथा नखविपूतेष्यवघातजन्यदृष्टार्थं सोऽपि क्रियेतेति यत्किञ्चिदेतत्। तेन 'पितॄणां नामगोत्रतः' इत्यादौ यत्र द्विजानामपि नाममन्त्र उक्तस्तत्र प्रतिप्रसवमात्रार्थं युक्तं न तिलावपनादावपि।

जो शूलपाणि ने कहा है कि—मन्त्रजन्यनियम अदृष्ट (मन्त्रार्थ स्मरण) सिद्धि तो नमस्कार से होती है। गौतम ने कहा है कि—शूद्र को नमस्कार की अनुमति (आज्ञा) है। वह ही उचित नहीं है, दृष्टद्वार से ही उस शूद्र की प्राप्ति है, स्वतन्त्रता से नहीं है। अन्यथा नख द्वारा तुष हटाने पर भी अवघात से उत्पन्न हुए अदृष्ट फल के वास्ते अवघात ही करे। इससे उनका कथन उचित ही है। इससे पितरों का नाम और गोत्र से करे। इत्यादि में जहाँ द्विजों का भी नाम मन्त्र कहा है वहाँ प्रति प्रसवार्थ (पुनर्विधान के लिए) युक्त है न कि तिलों के बोने आदि में है।

अत्र केचित्—वैदिकमन्त्रो विप्रस्य, पौराणस्तु शूद्रैः पठनीयः, नहि वेदेष्वधिकारः कश्चिच्छूद्रस्य विद्यते। पुराणेष्वधिकारो मे दर्शितो ब्राह्मणैरिह। इति तत्रैव पाद्मोक्तेरित्याहुः। गौडा अप्येवम्। तन्न, नाध्येतव्यमिदं शास्त्रं वृषलस्य तु सन्निधौ। इति कौर्मपुराणनिषेधेन वेदस्य दूरापास्तत्वात्।

१—दर्शपूर्णमास में—व्रीहि (धान) का अवघात करने पर जो तुष (भूसी) निकलता है उसको कपाल में रखकर निर्ऋतिदिशा में फेंक देना चाहिये। यह विधि है। 'पुरोडाशकपालेन तुषान् उपवपति' इति। इस वाक्य को लेकर चतुर्थाध्याय में विचार किया है कि जब तुषोपवाप (तुषनिरसन) होता है उस समय पुरोडाश कपाल नहीं है। क्योंकि पुरोडाश वाद में बनेगा। अब कपाल पाक के लिये है या तुषनिरसन के लिये है। उसमें प्रधान है पुरोडाश का पाक। तुषनिरसन उसी को ले करके होता है। इसलिये उसको उपजीवी कहते हैं। अर्थात्—पुरोडाशपाक के लिए लिया हुआ कपाल से ही तुषनिरसन करना। अतः पुरोडाशपाक ही प्रधान होने के कारण कपाल का प्रयोजक (अनुष्ठापक) है तुषनिरसन नहीं है। वैसा ही प्रकृत में ब्राह्मणभोजन के बाद पिण्डदान का विधान है। जब ब्राह्मणभोजन नहीं रहेगा तब पिण्डदान नहीं होगा। तथापि अदृष्टार्थकर्म होने के कारण गुण के अनुसार प्रधान का त्याग नहीं होता है। अंग का लोप होने पर भी द्रव्याकार से होना चाहिये। इसलिए यह प्रतिपत्ति (संस्कार) नहीं है। (उपयुक्त का संस्कार नहीं है) किन्तु प्रधान है। अदृष्टार्थ है। इस विषय का विवेचन पहले हो चुका है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अध्येतव्यं ब्राह्मणेन वैश्येन क्षत्रियेण च। श्रोतव्यमेव शूद्रेण नाध्येतव्यं कदाचन ॥ श्रौतं स्मार्तं च वै धर्मं प्रोक्तमस्मिन्नृपोत्तम। तस्माच्छूद्रैर्विना विप्र न श्रोतव्यं कदाचन ॥ इति तत्रैव पुराणाधिकारे भविष्योक्तेश्च। एतेन 'नाध्येतव्यम्' इति निषेधो मन्त्रेतरपुराणपर इति श्रीदत्तादिमतमपास्तम्। तेन पौराणमन्त्राणामेव विप्रेण पाठो न वैदिकानामिति।

यहाँ पर कोई कहता है कि—ब्राह्मण को वैदिक मन्त्र पढ़ना चाहिए है तथा पौराणिक श्लोक शूद्रों को पढ़ना चाहिये। वहीं पर पद्मपुराण में कहा है कि—कहीं भी शूद्र को वेदों में अधिकार नहीं है। ब्राह्मणों के द्वारा पुराणों में अधिकार मैंने दिखाया है। गौड भी यही कहते हैं। यह ठीक नहीं है। वृषल (शूद्र) के समीप इस शास्त्र का अध्ययन नहीं करना चाहिये—यह कूर्मपुराणनिषेध (श्रवण) से वेद श्रवण का (कपिलाक्षीरपानेन ब्राह्मणी गमनेन च। वेदाक्षरविचारेण शूद्रश्चाण्डालतां व्रजेत् ॥) दूरापास्त (भलीभांती निराकृत) कहा है।

और वहीं पर पुराणाधिकार में भविष्यपुराण का वचन है कि—ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य अध्ययन करे। शूद्र को सुनना चाहिये अध्ययन कभी नहीं करना चाहिये। हे नृपोत्तम, इस श्रौत और स्मार्त में यही धर्म कहा है। अतः ब्राह्मण के विना (अर्थात्—ब्राह्मण को आगे कर पुराणमात्र का श्रवण करें (श्रावयेच्चतुरो वर्णान् कृत्वा ब्राह्मणमग्रतः)। इसलिये गीता दुर्गापाठ, विष्णुसहस्रनाम स्तोत्र आदि में शूद्र को पाठ करने का अधिकार नहीं हैं। जो विष्णुसहस्रनाम में कहा है कि—(वेदान्तगो ब्राह्मणः स्यात् क्षत्रियों विजयी भवेत्। वैश्यो धनसमृद्धः स्याच्छूद्रस्तु स्वयमाप्नुयात् ॥ वहाँ पर श्री शंकराचार्य जी ने 'शूद्रः श्रवणेन' इसकी व्याख्या की है। जो यह कहा है कि 'श्रावयेच्चतुरो वर्णान्' इन वचन से ब्राह्मणादि को भी श्रवण का अधिकार है। इससे द्विजों के अध्ययनविधि के बल से पढ़े हुए मन्त्रों के ही अर्थ को स्मरण करे। वेदाध्ययन तो ज्ञान के द्वारा कर्मार्थता होने से दृष्टार्थ है। पारायणादि में अदृष्टार्थ है। श्रवण तो अदृष्टार्थ ही है।) इसलिये वहाँ पर 'नाध्येतव्यम्' कहा है। कभी भी अध्ययन न करे।

यह निषेध मन्त्र से इतर पुराणपरक है यह श्रीदत्तादिमत अपास्त (निरस्त) हुआ। इससे पौराणिक मन्त्रों का ही ब्राह्मण पाठ करें वैदिकमन्त्रों का पाठ न करें यह सिद्ध हुआ।

द्विजस्त्रियस्तु सङ्कल्पमात्रं स्वयं कृत्वा वैदिकमन्त्रयुक्तं सर्वं ब्राह्मणद्वारा कारयेयुरिति प्रयोगपारिजातः। अत एव 'स्त्रीणाम्' इत्यकृतविवाहस्त्रीपरमिति हेमाद्रिराह। 'अनुपनीतस्तु वैदिकमन्त्रयुक्तं सर्वं स्वयमेव कुर्यात्' इत्युक्तं प्राक्। यत्तु 'प्राग्द्विजाश्च व्रतादेशात्' इति तदशक्तविषयमचूडविषयं वेति दिक्।

द्विजों की स्त्रियाँ ही संकल्पमात्र स्वयं कर वैदिकमन्त्रयुक्त सबकार्य ब्राह्मणद्वारा करावें—यह प्रयोगपारिजात में कहा है। इसलिये 'स्त्रीणाम्' यह उन स्त्रियों के लिये निषेध है जिनका विवाह नहीं हुआ है ऐसा हेमाद्रि ने कहा है। जिनका उपनयनसंस्कार नहीं हुआ है वह वैदिकमन्त्रयुक्त सब स्वयं ही करे—यह बात पहले कह चुके हैं। जो यज्ञोपवीत के पूर्व द्विज भी विना मन्त्र से करें यह अशक्त विषयक है या चूडाकरण विषयक है।

(शूद्रस्य सदा आमश्राद्धादिकथनम्)

शूद्रस्य तु सदाऽऽमश्राद्धमेव। सदा चैव तु शूद्राणामामश्राद्धं विधीयते। इति सुमन्तूक्तेः।

शूद्र को तो सदा ही (हर समय) आमश्राद्ध कहा है। सुमन्तु ने कहा है कि—सदा ही शूद्रों को आमश्राद्ध का विधान किया है।

पृथ्वीचन्द्रोदये मात्स्येऽपि—एवं शूद्रोऽपि सामान्यं वृद्धिश्राद्धं च सर्वदा।
नमस्कारेण मन्त्रेण कुर्यादामान्नवत्सदा ॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में और मत्स्यपुराण में भी कहा है कि—इसतरह शूद्र भी सर्वदा सामान्य वृद्धिश्राद्ध को आमान्नवत् सदा नमस्कारमन्त्र से करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत्रैव वृद्धपराशरः—आमान्नेन तु शूद्रस्य तूष्णीं तु द्विजपूजनम् ।
कृत्वा श्राद्धं तु निर्वाप्य सजातीनाशयेदथ ॥

वहीं पर ही वृद्धपराशर ने कहा है कि—शूद्र आमान्न से श्राद्ध का निर्वाप कर मौन हो द्विज का पूजन कर सजातीय लोगों को भोजन करावे ।

स एव—आमं शूद्रस्य पक्कान्नं पक्कमुच्छिष्टमुच्यते ।

उन्हीं का कथन है कि—शूद्र का आम (कच्चा अन्न) ही पक्कान्न है । पका अन्न उच्छिष्ट कहा है ।

हेमाद्रौ भविष्ये—धर्मेप्सवस्तु धर्मज्ञा यदि शूद्राः प्रकुर्वते । अग्नौकरणमन्त्रश्च नमस्कारो विधीयते ॥ आवाहनादि कर्तव्यं तथा शूद्रेण तच्छृणु । देवानां देवनाम्ना तु पितॄणां नामगोत्रतः ॥ पिण्डादीन्निर्वपेद्वीर नामतो गोत्रतस्तथा ।

हेमाद्रि में भविष्यपुराण का वचन है कि—धर्म की इच्छा करने वाले धर्मज्ञ शूद्र यदि श्राद्ध करें तो अग्नौकरणमन्त्र में नमस्कार (सोमाय पितृपते नमः । अग्नये कव्यवाहनाय नमः) का विधान किया है । जिसतरह शूद्र को आवाहनादि करना चाहिये । उसको सुनो—देवताओं का देवता के नाम से और पितरों के नाम गोत्र से करे । हे वीर, नाम तथा गोत्र से पिण्ड आदि का निर्वाप करे ।

(श्राद्धे तर्पणादौ च गोत्राभावे विचारः)

शूद्राणां गोत्राभावेऽपि काश्यपं गोत्रं ज्ञेयम्, 'तस्मादाहुः सर्वाः प्रजाः काश्यप्यः' इति श्रुतेः, 'गोत्रनाशे तु काश्यपः' इति व्याघ्रपादोक्तेश्चेति हेमाद्रिः । एवमन्यत्र गोत्राज्ञाने । एवं तर्पणादिषु च ज्ञेयम् ।

शूद्रों को गोत्र के अज्ञान में भी काश्यपगोत्र जानना चाहिये । इसलिये कहा कि सारी प्रजा काश्यप-गोत्री है ऐसा श्रुति में कहा है । गोत्र के नाश में काश्यप गोत्र होता है—यह व्याघ्रपाद का वचन है—यों हेमाद्रि ने कहा है । इसीतरह अन्यत्र गोत्र के अज्ञान में और इसीप्रकार तर्पण आदियों में जानना चाहिये ।

(गृहपाकेन पिण्डदानविचारः)

तत्रैव भविष्ये—शूद्रस्तु गृहपाकेन न पिण्डान्निर्वपेत्तथा ।
सक्तुमूलं फलं तस्य पायसं वा भवेत्स्मृतम् ॥

वहीं पर भविष्यपुराण का कथन है कि—शूद्र (धार्मिक शूद्र) तो घर के पाक से पिण्डों को न दे । अर्थात्—पिण्डदान न करे । सत्तू, मूल (कन्द) फल या पायस (खोवा) से करे इस समय के शूद्र तो 'सत्तू' से ही पिण्डदान करें ।

गौतमः—'अनुमतोऽस्य नमस्कारो मन्त्रः' इति । 'देवताभ्यः पितृभ्यश्च' इत्ययं नमस्कारमन्त्र इति केचित् । विज्ञानेश्वरोऽप्येवमाह ।

गौतम ने कहा है कि—शूद्र को नमस्कार मन्त्र की ही आज्ञा है । नमस्कार ही मन्त्र (पिताऽमुकगो-त्रामुकर्दासावनेजनं नमः इत्यादि) है । कोई कहते हैं कि—देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च । नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः ॥ यह नमस्कारमन्त्र है । कोई—देवेभ्यो नमः, पितृभ्यो नमः—इस मत में प्रयोग करते हैं । विज्ञानेश्वर ने भी यही कहा है ।

हेमाद्रिस्तु—शूद्रोऽप्यमन्त्रवत्कुर्यादनेन विधिना बुधः । इति मात्स्ये मन्त्रनिषेधान्नाममन्त्रेणेत्याह ।

हेमाद्रि ने तो कहा है कि—इस विधि से बुद्धिमान् शूद्र भी अमन्त्रवत् (बिना मन्त्र के) करे । यह मत्स्यपुराण में मन्त्रनिषेध से नाममन्त्र से ही कहा है ।

१—ॐ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च । नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः ॥ यह भोजन के समय पढ़ा जाता है किसी के मत में ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(राजकार्यादौ नियुक्तस्य श्राद्धविचारः)

पृथ्वीचन्द्रोदये स्कान्दे—राजकार्ये नियुक्तस्य बन्धनिग्रहवर्तिनः ।
व्यसनेषु च सर्वेषु श्राद्धं विप्रेण कारयेत् ॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में स्कन्दपुराण का मत है कि—राजकार्य में नियुक्त का, बन्धननिग्रहवर्ति (कैदखाने में) का और व्यसन (बदचलन) में जो हैं ऐसे सबों का श्राद्ध ब्राह्मण (परन्तु हीनवर्ण का प्रतिनिधि ब्राह्मण नहीं होता है 'ब्राह्मणो हीनवर्णस्य न प्रतिनिधिः' ऐसा कहा है ।) द्वारा करावे ।

(यवनादिम्लेच्छानां श्राद्धे विचारः)

यत्तु भारते राजधर्मेषु—(अ० ६५ श्लो० १३–१९) यवनाः किराता गान्धाराश्चीनाः शबरबर्बराः । शकास्तुषाराः कङ्काश्च पह्लवाश्चान्ध्रमद्रकाः ॥ इत्युक्त्वा—ब्रह्मक्षत्रप्रसूताश्च वैश्याः शूद्राश्च मानवाः । कथं धर्मांश्चरिष्यन्ति सर्वे विषयवासिनः ॥ इति चोक्त्वा–वेदधर्मक्रियाश्चैव तेषां धर्मो विधीयते । पितृयज्ञास्तथा कूपाः प्रपाश्च शयनानि च । दानानि च यथाकालं द्विजेभ्यो विसृजेत् सदा ॥

जो भारत के राजधर्मों में कहा है कि—भगवन् , मेरे राज्य में यवन, किरात, गान्धार, चीन, शबर, बर्बर, शक, तुषार, कंक, पह्लव, आन्ध्र और मद्रक, यों कहकर ब्राह्मण तथा क्षत्रियों कि जो सन्तान उत्पन्न हैं, वैश्य और शूद्र जो मनुष्य हैं वे विषयों में लम्पट हैं ये कैसे धर्मों को करेंगे ऐसा कहकर धर्म-कर्मों का अनुष्ठान भी उनके लिए शास्त्रविहित धर्म है । पितृयज्ञ, (श्राद्ध) कूप खुदवाना, पौसरा चलाना, लोगों के ठहरने के लिए धर्मशालाएँ बनवाना भी उनका कर्तव्य है । उन्हें यथासमय सदा ब्राह्मणों के लिए दान देते रहना चाहिये ।

तथा—दक्षिणा सवयज्ञानां दातव्या भूतिमिच्छता । पाकयज्ञा महार्हाश्च कर्तव्याः सर्वदस्युभिः ॥ इति म्लेच्छादीनां श्राद्धविधानं तदपि सज्जातीयभोजनद्रव्यदानादि परं न तु श्राद्धपरमिति ।

और सब यज्ञों की दक्षिणा ऐश्वर्य की इच्छावाला दे । महार्ह--(महापूजोपयोग्य) सब दस्युगण (डाकुओं का समूह) 'पाकयज्ञ' को करें । इससे म्लेच्छ आदियों को श्राद्ध विधान कहा है । वह भी सजातीय भोजन द्रव्यदान आदि परक है । श्राद्धपरक नहीं है ।

(श्राद्धे पितृनिरूपणम्)

अथ श्राद्धपितरः । हेमाद्रौ मात्स्यदेवलौ—नामगोत्रं पितॄणां तु प्रापकं हव्यकव्ययोः ।
अग्निष्वात्तादयस्तेषामाधिपत्ये व्यवस्थिताः ॥

अब पितरों को कहते हैं । हेमाद्रि में मत्स्यपुराण और देवल का कथन है कि—पितरों के तो नाम और गोत्र हव्य तथा कव्य को पहुँचाते हैं । अग्निष्वात्त आदि उनके आधिपत्य में व्यवस्थित हैं ।

नाममन्त्रास्तदादेशा भवान्तरगतानपि । प्राणिनः प्रीणयन्त्येव तदाहारत्वमागतान् ॥

नाम और मन्त्र के आदेश (आज्ञा) भवान्तर (जन्मान्तर) में गये हुओं को आये हुए प्राणियों को आहार (भोजन) से प्रसन्न करते हैं ।

देवो यदि पिता जातः शुभकर्मानुयोगतः । तस्यान्नममृतं भूत्वा देवत्वेऽप्यनुगच्छति ॥

यदि पिता शुभ कर्म के योग से देव हो गये हों तो उसका अन्न अमृत होकर देवता में भी चला जाता है ।

गान्धर्वे भोगरूपेण पशुत्वे च तृणं भवेत् । श्राद्धान्नं वायुरूपेण नागत्वेऽप्युपतिष्ठति ॥

गान्धर्वयोनि में भोगरूप से, पशुयोनि में तो तृणरूप से और नागयोनि में श्राद्धान्न वायुरूप से प्राप्त होता है ।

१—प्रायश्चित्ततत्त्वे ३४६—गोमांसखादको यश्च विरुद्धं बहुभाषते । सर्वाचार विहीनश्च म्लेच्छ इत्यभिधीयते ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पानं भवति यक्षत्वे राक्षसत्वे तथाऽऽमिषम्। दनुजत्वे तथा मद्यं प्रेतत्वे रुधिरोदकम् ॥ मनुष्यत्वेऽन्नपानादिनानाभोगकरं भवेत् ॥

यक्षरूप से पान होता है, आमिष (मांस) रूपसे राक्षसरूप में, दनुजयोनि (असुरयोनि) में मद्यरूपसे, प्रतयोनि में रुधिरोदकरूप से और मनुष्यरूप में तो अन्न-पानादि अनेक तरह के भोग करने योग्य होता है।

अत्र पित्रादिशब्दैर्जनकादीनामेव देवतात्वमुच्यते न वस्वादीनाम्, 'असावेतत्ते इति यजमानस्य पित्रे' इति शतपथश्रुतेः, 'यस्य पिता प्रेतः स्यात् स पित्रे पिण्डं निधाय इति विष्ण्वादिस्मृतेश्च।

यहाँ पर पिता आदि शब्दों से जनक आदियों का ही देवतात्व कहा है वसु आदियों का नहीं कहा है। शतपथ की श्रुति है कि—'असावेतत्ते' इसमन्त्र से तुम्हारे द्वारा दिया हुआ यजमान के पिता के लिए है और जिसका पिता प्रेत हो गया वह पिता के लिये पिण्ड को रखे। यह विष्णु आदि स्मृति में कहा गया है।

यत्तु मनुदेवलौ—वसवः पितरो ज्ञेयाः रुद्रा ज्ञेयाः पितामहाः। प्रपितामहास्तथादित्याः श्रुतिरेषा सनातनी ॥

जो मनु और देवल ने कहा है कि—पिता को वसु, पितामह को रुद्र और प्रपितामह को आदित्य जानना चाहिये। ऐसी सनातनी श्रुति है।

यच्च याज्ञवल्क्यः—(आचा० श्लो० २६९) वसुरुद्रादितिसुताः पितरः श्राद्धदेवताः। इति। तदभेदध्यानार्थम्।

और जो याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—वसु, रुद्र और अदिति पुत्र श्राद्ध के पितर देवता हैं। वह अभेद ध्यानार्थ है।

यानि तु हेमाद्रौ नन्दिपुराणे—विष्णुः पिताऽस्य जगतो दिव्यो यज्ञः स एव च। ब्रह्मा पितामहो ज्ञेयो ह्यहं च प्रपितामहः॥ इति।

जो हेमाद्रि और नन्दिपुराण में कहा है कि—इस संसार के विष्णु पिता हैं वही ही दिव्य तथा यज्ञ हैं पितामह को ब्रह्मा तथा रुद्र को प्रपितामह जानना चाहिए।

यच्च भविष्ये—अनिरुद्धः स्वयं ज्ञेयः प्रद्युम्नश्च पिता स्मृतः।
संकर्षणस्तज्जनको वासुदेवस्तु तत्पिता ॥ स्वयं=कर्ता।

और जो भविष्यपुराण में कहा है कि—स्वयं (श्राद्धकर्ता) को अनिरुद्ध, पिता को प्रद्युम्न, उसके जनक (पितामह) को संकर्षण और उसके पिता (प्रपितामह) को वासुदेव जानना चाहिये। 'स्वयं' का अर्थ कर्ता है।

यत्तु तत्रैव—प्रथमो वरुणो ज्ञेयः प्राजापत्यस्तथापरः।
तृतीयोऽग्निः स्मृतः पिण्डो ह्येष पिण्डविधिः स्मृतः ॥

जो वहीं पर कहा है कि—प्रथम को वरुण, दूसरे को प्राजापत्य तथा तीसरे को अग्नि कहा है। यह पिण्ड की विधि कही है।

यच्च मनुः (अ० ३।१९७)—सोमपा नाम विप्राणां क्षत्रियाणां हविर्भुजः।
वैश्यानामाज्यपा नाम शूद्राणां तु सुकालिनः॥

और जो मनु ने कहा है कि—ब्राह्मणों का सोमपा नाम है, क्षत्रियों का हविर्भुज है, वैश्यों का आज्यपा नाम है और शूद्रों का सुकालिन है।

यच्च आदित्यपुराणे—मासाश्च पितरो ज्ञेया ऋतवश्च पितामहाः।
संवत्सरः प्रजानां च सुष्ठूक्तः प्रपितामहः॥

और जो आदित्यपुराण में कहा है कि—महिनों को पिता, ऋतुओं को पितामह, प्रजाओं को संवत्सर और प्रपितामह को सुष्ठु कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यच्च नन्दिपुराणे—अग्निष्वात्ता ब्राह्मणानां पितरः परिकीर्तिताः। राज्ञां बर्हिषदो नाम विशां काव्याः प्रकीर्तिताः ॥ सुकालिनस्तु शूद्राणां व्यामा म्लेच्छान्त्यजादिषु।

और जो नन्दिपुराण में कहा है कि—ब्राह्मणों का पितर अग्निष्वात्त, राजाओं का बर्हिषद नाम का और वैश्यों का काव्य (कव्य) पितर कहा है। शूद्रों का सुकालिन, म्लेच्छ, अन्त्यज आदि जातियों में तो व्यामा कहा है।

अत्रावाहनादिषु पित्रादयः समुच्चयेन विकल्पेन वा यथाचारं तत्तद्देवतारूपेण वाच्या इति हेमाद्र्यादयः।

यहाँ पर आवाहन आदियों में पिता आदि समुच्चय से या विकल्प से यथाचार (कुलपरंपरागत) तत्तद्देवतारूप से कहना चाहिये—यह हेमाद्रि आदि कहते हैं।

हेमाद्रौ ब्राह्मे—पार्वणं कुरुते यस्तु केवलं पितृहेतुकम्।
मातामहं न कुरुते पितृहा स प्रजायते ॥

हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण का वचन है कि—जो व्यक्ति केवल पिता के निमित्त पार्वण करता है, और मातामह का नहीं करता है वह पितृहा (पिता को मारनेवाला) होता है।

धौम्यः—पितरो यत्र पूज्यन्ते तत्र मातामहा ध्रुवम्।
अविशेषेण कर्तव्यं विशेषान्नरकं व्रजेत् ॥

धौम्य ने कहा है कि—जहाँ पर पितरों का पूजन होता है वहाँ पर मातामह का निश्चित पूजन होता है। बिना विशेषता के करना चाहिये। विशेष (भेद) करने पर नरक होता है।

अस्यापवादमाह कात्यायनः—कर्षूसमन्वितं मुक्त्वा तथाऽऽद्यं श्राद्धषोडशम्। प्रत्याब्दिकं च शेषेषु पिण्डाः स्युः षडिति स्थितिः ॥ कर्षूसमन्वितम्=सपिण्डीकरणम्। दर्शादौ सपत्नीकानामेव देवतात्वम्, स्वेन भर्त्रा समं श्राद्धं माता भुङ्क्ते सुधासमम्। पितामही च स्वेनैव तथैव प्रपितामही ॥ इति तत्रैवोक्तेः।

इसका अपवाद कात्यायन ने कहा है कि—कर्षू से समन्वित (सपिण्डीकरण से युक्त) आद्य सोलह श्राद्ध तथा प्रत्याब्दिक को छोड़कर शेष में छः पिण्डों की स्थिति होती है। कर्षूसमन्वित का अर्थ सपिण्डीकरण है। दर्शादि में सपत्नीक पितरों को ही देवतात्व कहा है। पितामही वैसे ही प्रपितामही और माता अपने-अपने पति के साथ अमृत के सदृश श्राद्ध का भोग करती है। यह वहीं पर कहा है।

चन्द्रिकायां चतुर्विंशतिमते—क्षयाहे वर्जयित्वैकं स्त्रीणां नास्ति पृथक् क्रिया। केचिदिच्छन्ति नारीणां पृथक् श्राद्धं महर्षयः ॥ अन्वष्टकासु वृद्धौ च गयायां च क्षयेऽहनि। अत्र मातुः पृथक् श्राद्धमन्यत्र पतिना सह ॥ इति कात्यायनोक्तेश्च। अस्य निर्मूलतां वदन्तो गौडास्त्वज्ञा एव।

चतुर्विंशतिमत से चन्द्रिका में कात्यायन ने कहा है कि—क्षयाहश्राद्ध में छोड़कर स्त्रियों की अलग क्रिया नहीं होती है। कोई महर्षि स्त्रियों का अलग श्राद्ध की इच्छा करते हैं। अन्वष्टका में, वृद्धि में, गया में और क्षयाहदिन में इन पर माता का पृथक श्राद्ध करे अन्यत्र (स्थलों में) पति के साथ करे। इसको निर्मूल कहते हुए गौड तो अज्ञ ही है।

अत्र 'भागः' इत्यध्याहारः, अन्यथा 'सपतिकायै मात्रे' इति प्रयोगापत्तेः। 'अत्र मातृशब्दो जनन्यामेव मुख्यः। तेन सपत्नमातृभ्यो न दद्यात्। एवं पितामह्यादिशब्दैः पितृजनन्यादय एवोच्यन्ते इति तत्सपत्नीभ्यो न देयम्' इति हेमाद्रिः। 'कारुण्येन तु महालयादौ देयम्' इति स एव।

यहाँ पर 'भागः'—(अंशभागित्वात् अप्रधान्यलाभः) इसका अध्याहार है। अन्यथा 'सपतिकायै मात्रे' (पतिना सह—इस तृतीया निर्देश से माता का प्राधान्यलाभ है) ऐसे प्रयोग की आपत्ति हो जायगी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर मातृ शब्द जननी में ही मुख्य है। इससे सपत्नमाताओं के लिए न दे। इसप्रकार पितामही आदि शब्दों से पितृजननी आदि को ही कहा है। उनकी सपत्नी के लिए नहीं देना चाहिए—यह हेमाद्रि ने कहा है। कारुण्यसे (दया से) तो महालय आदि में (सपत्नी के लिए) देना चाहिए—यह हेमाद्रि ने कहा है।

(श्राद्धे विश्वेदेवकथनम्)

अथ विश्वेदेवाः। हेमाद्रौ शङ्खबृहस्पती—इष्टिश्राद्धे[1] क्रतूदक्षौ सत्यौ नान्दीमुखे वसू। नैमित्तिके कामकालौ काम्ये च धुरिलोचनौ॥ पुरूरवार्द्रवौ चैव पार्वणे समुदाहृतौ।

अब विश्वेदेवताओं को कहते हैं। हेमाद्रि में शंख तथा बृहस्पति ने कहा है कि—इष्टिश्राद्ध में क्रतु और दक्ष, नान्दीमुख में-सत्य तथा वसु, नैमित्तिक में-काम और काल, काम्य में-धूरि तथा लोचन और पार्वण में पुरूरव तथा आर्द्रव विश्वेदेव कहे गये हैं।

तत्रैव—उत्पत्तिं नाम चैतेषां न विदुर्ये द्विजातयः।
अयमुच्चारणीयस्तैः श्लोकः श्रद्धासमन्वितैः॥

वहीं पर कहा है कि—जो द्विजातिगण विश्वेदेवों की उत्पत्ति तथा नाम नहीं जानते हैं वे श्रद्धा से युक्त हो इस श्लोक का उच्चारण करें—

आगच्छन्तु महाभागा विश्वेदेवा महाबलाः। ये यत्र विहिताः श्राद्धे सावधाना भवन्तु ते॥ इति।

महाभाग और महाबली विश्वेदेव, जो इस श्राद्ध में आने योग्य हों आवें, सावधान हों।

'इष्टिश्राद्धं श्राद्धं (इच्छाश्राद्धम्) प्रति रुचिरित्युक्तम्' इति च कल्पतरुः। आधानादिकर्माङ्गमित्यन्ये। नैमित्तिकमेकोद्दिष्टम् 'एकोद्दिष्टं तु यच्छ्राद्धं तन्नैमित्तिकमुच्यते। इति भविष्योक्तेः। एतद्यद्यपि 'एकोद्दिष्टं देवहीनम्' इति तत्र विश्वेदेवनिषेधस्तथापि नवश्राद्धे द्वादशमासिके च कामकालौ ज्ञेयौ।

इष्टिश्राद्धम्—से श्राद्ध के प्रति 'रुचि' (इच्छा) यों कहना, ऐसा कल्पतरु ने कहा है। आधान आदि (आदि पद से सोमयाग) निषेकादिसंस्कार, कर्मांग (निषेककाले सोमे च सीमन्तोन्नयने तथा। ज्ञेयं पुंसवने श्राद्धं कर्माङ्गं वृद्धिवत् कृतम्॥ पारस्कराचार्य ने ही 'वृद्धि' इस कर्तव्यता के अतिदेश से कर्मांगशब्द से कहा है।) है यह अन्य ने कहा है। नैमित्तिक से एकोद्दिष्ट को ग्रहण करे। भविष्यपुराण में कहा है कि—एकोद्दिष्ट जो श्राद्ध है वह नैमित्तिक कहा गया है। यद्यपि यह एकोद्दिष्ट देवता से हीन है—इस कथन से वहाँ पर विश्वदेव का निषेध है फिर भी नवश्राद्ध में और द्वादशमासिक श्राद्ध में (अर्थात्—बारह महीने के श्राद्ध में) काम तथा काल विश्वदेवा जानना चाहिये।

नवश्राद्धं दशाहानि नवमिश्रं तु षड्ऋतून्। अतः परं पुराणं वै त्रिविधं श्राद्धमुच्यते॥ यस्मिन्नेव पुराणे वा विश्वेदेवा न लेभिरे। आसुरं तद्भवेच्छ्राद्धं वृषलं मन्त्रवर्जितम्॥ इति बह्वृचपरिशिष्टात्।

नवश्राद्ध दशदिन (मृतक का प्रथम दिन से आरंभ कर दशदिन पर्यन्त श्राद्ध कर्म को नवसंज्ञक कहते हैं। प्रथमेऽह्नि तृतीये च पञ्चमे सप्तमे तथा। नवमैकादशे चैव नवश्राद्धश्राद्धानि षट्क्रमात्॥ इत्यादि धर्मसिन्धौ।) में होता है छः ऋतुओं तक होता है। इसके बाद पुराण ही (कनिष्ठ भ्रातृवार्षिकशस्त्रहतचतुर्दशीश्राद्धादीनि पुराणसंज्ञानि। केचित्सपिण्डयुत्तरं क्रियमाणानां पार्वणानामपि पुराणसंज्ञामाहुः।) होता है। यह तीन प्रकार का श्राद्ध कहा है। जिस पुराण में ही विश्वेदेव नहीं प्राप्त होते हैं वह श्राद्ध आसुर होता है तथा मन्त्रवर्जित वृषल (शूद्र) होता है। यह बह्वृचपरिशिष्ट में कहा है।

---

[1]—वृषोत्सर्गे तव द्रप्सौ कुरुकुत्सौ (प्सौ) महालय इति गोविन्दार्णवे विशेषः। सर्वत्रानुक्तौ पुरूरवार्द्रवौ ज्ञेयौ! 'काम्ये चाध्वविरोचनौ' इति प्रभासखण्डे धूनिश्च रोचनश्चैव इति पराशरसंहितायाम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एतच्च बह्वृचानामेव, तेषामेवोक्तेः। अन्येषां तु 'नात्र विश्वेदेवाः' इति कात्यायनोक्तेस्तन्निषेध एवेति पृथ्वीचन्द्रोदयः। अन्ये तु नैमित्तिकं सपिण्डीकरणमाहुः। भविष्ये यद्यप्येकोद्दिष्टं तच्छब्देनोक्तं, तथापि—तदप्यदैवं कर्तव्यमयुग्मान् भोजयेद् द्विजान्। इति तत्रैव विश्वेदेवनिषेधात्। यद्यपि सपिण्डीकरणेंऽशत एकोद्दिष्टत्वं तथापि—सपिण्डीकरणं श्राद्धं दैवपूर्वं नियोजयेत्। इति वचनात्तत्परत्वम्।

यह बह्वृचों के लिए है, उन्हीं का ही कथन है। अन्यों के यहाँ तो विश्वेदेवा नहीं होते हैं—यह कात्यायन के कहे हुए वचन से उसका निषेध ही है—यह पृथ्वीचन्द्रोदय ने कहा है। अन्य तो नैमित्तिक (सांवत्सरिकमित्यन्ये पितृपक्षे चतुर्दश्यामेकोद्दिष्टमित्यन्ये) सपिण्डीकरण कहते हैं। भविष्यपुराण में कहा है कि—यद्यपि एकोद्दिष्टको 'तत्' शब्द से कहा है, फिर भी उसको भी अदैव (देवता से हीन) करे तथा अयुग्म (एक, तीन, पाँच आदि) ब्राह्मणभोजन करावे। इससे वहीं पर विश्वेदेव का निषेध कहा है। यद्यपि सपिण्डीकरण में अंशतः एकोद्दिष्ट कहा है, तथापि सपिण्डीकरणश्राद्ध को देवपूर्वक नियुक्त करे। यह वचन उस परक है।

हेमाद्रावादित्यपुराणे—विश्वेदेवौ क्रतुर्दक्षः सर्वास्विष्टिषु कीर्तितौ। नित्ये नान्दीमुखे श्राद्धे वसुसत्यौ च, पैतृके। नवान्नलम्भने देवौ कालकामौ सदैव हि। अपि कन्यागते सूर्ये काम्ये च धुरिलोचनौ। पुरूरवार्द्रवौ चैव विश्वेदेवौ तु पार्वणे।

हेमाद्रिमें आदित्यपुराणका वचन है कि-क्रतु और दक्ष विश्वेदेवा सब इष्टियों में कहा है। आवश्यकमें वसु तथा सत्य पितृकार्य नान्दीमुख श्राद्ध में नवीन अन्न के लाभ में काम तथा काल सदैव ही विश्वेदेव होते हैं (इसीको ग्रहणादि में करे--इसलिये नैमित्तिकपद से कहा है—यह हेमाद्रि मत है। नवान्नभोजन के पूर्व पितृभक्ति से क्रियमाण कार्य है—यह अन्य कहते हैं। व्रीहिपाक और यवपाकको कहा है—यह इतरपक्ष है।) कन्या में गये (कन्यास्थसूर्य के निमित्तकमहालयश्राद्ध में और प्रौष्ठपदीश्राद्ध में) सूर्य में और काम्य में धूरिलोचन विश्वेदेव हैं। पार्वणश्राद्ध में तो पुरूरव तथा आर्द्रव विश्वेदेव होते हैं।

क्वचिद्विश्वेदेवापवादमाह हेमाद्रौ शातातपः—नित्यं श्राद्धमदैवं स्यादेकोद्दिष्टं तथैव च। मातुः श्राद्धं च युग्मैः स्याददैवं प्राङ्मुखैः पृथक्॥ योजयेद्दैवपूर्वाणि श्राद्धान्यन्यानि यत्नतः॥ नान्दीश्राद्धे भिन्नप्रयोगपक्षे मातृश्राद्धमदैवमिति हेमाद्रिः।

कहीं अपवाद विश्वेदेवों का हेमाद्रि में शातातप ने कहा है कि--नित्यश्राद्ध अदैव होता है। वैसे ही एकोद्दिष्टश्राद्ध अदैव (देवता से हीन) होता है। माता का श्राद्ध भी युग्म तथा अदैव होता है। प्राङ्मुख ब्राह्मणों से अलग होता है। अन्य श्राद्धों को यत्न से देवपूर्वक योजना करे। नान्दीश्राद्ध के भिन्न प्रयोग पक्ष में मातृश्राद्ध अदैव होता है, यह हेमाद्रिमत है।

(श्राद्ध ग्राह्यब्राह्मणनिरूपणम्)

अथ विप्राः। ते चोत्तममध्यमाधमभेदेन त्रिविधाः। तत्राद्याः। अत्र मदीयाः श्लोकाः—त्रिणाचिकेतस्त्रिमधुश्च बह्वृचोऽप्याथर्वणो याजुषसामगौ च। षडङ्गविच्च त्रिसुपर्णवेत्ताऽप्यथर्वशीर्षोऽध्ययने रतश्च॥ शतायुर्वेदार्थविदौ प्रवक्ता स्याद् ब्रह्मचारी च तथाग्निचिच्च। सीदद्वृत्तिः सत्यवाक्पूरुषैः स्वैर्मातापित्रोः पञ्चभिः ख्यातवंशः॥ पत्नीयुक्तो ज्येष्ठसामा पुराणवेत्ता पुत्री चेतिहासेष्वभिज्ञः। योगी भिक्षुः सामगो ब्रह्मवेत्ता पञ्चाग्निश्च श्रोत्रियस्तत्सुतो वा॥ शम्भुध्यायी श्रीशपादाब्जसेवी पान्थश्चैते तूत्तमाः सम्प्रदिष्टाः। भिक्षुर्योगी पान्थ एते त्वलभ्या भाग्याल्लब्धाश्चेत्तदा भोजनीयाः॥ श्राद्धे विप्रेषूपविष्टेषु पश्चात्सम्प्राप्ताश्चेत् विप्रपङ्क्तौ तु भोज्याः। अत्र मूलं हेमाद्रौ ज्ञेयम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अब ब्राह्मणों को कहते हैं। वे ब्राह्मण उत्तम, मध्यम और अधम भेद से तीन प्रकार के हैं। उसमें मेरे (कमलाकर भट्ट के) बनाये श्लोक हैं। त्रिणाचिकेत='त्रिणा (ना) चिकेत नामवाला वेदभाग, (त्रिणाचिकेताख्यवेदभागः, स च (पूर्ण) 'पीतोदका जग्धतृणा' इत्यादि, तदध्ययनसम्बन्धात् पुरुषोऽपि त्रिणाचिकेत उच्यते। आचीर्णत्रिणाचिकेताख्यवेदभागाङ्गभूतश्च' कुत्रचित तृणाचिकेत इति पाठ उपलभ्यते। तृणवत् सर्वमाचिकेति जानातीति तदर्थः। ब्रह्मपुराणे—आचिकेतीति यो विश्वं तृणवत् सर्वनिस्पृहः। तृणाचिकेतः स गृही रागद्वेषविमत्सरः॥ इति वीरमित्रोदये। 'उशन्ह वै वाजः श्रवस' इत्यादिभिस्त्रिभिरनुवाकैर्विहितानां नाचिकेत संज्ञानामग्नीनां चेता वेत्ता वा त्रिणाचिकेतः' इति स्मृतिमुक्ताफले), त्रिमधु—मधुवाता ऋतायते—इत्यादि तीन ऋचाओं को जो अध्ययन करता है। (त्रिमध्वाख्यव्रतानुष्ठानपूर्वकतदाख्यऋग्वेदैकदेशाध्येता), बह्वृच=ऋग्वेदी, आथर्वण-अथर्ववेदी, (भोजयेदथर्वाणं दैवे पित्र्ये च कर्मणि। अनन्तमक्षयं चैव फलं तस्येति वै श्रुतिः॥ एतेन यथा कन्या तथा हविरिति वचनात् भ्राम्यन्तो यजमानवेदशाखा एव श्राद्धे ब्राह्मणा इति वदन्तो निरस्ताः—इति वीरमित्रोदये), याजुष=यजुर्वेदी, सामवेदाध्यायी, छ अंगों को जाननेवाला, 'मधुमेतु माम्' इत्यादि तैत्तरीयशाखान्तर्गतयजुस्त्रितयाध्येता। य इदं त्रिसुपर्णमिति तेष्वेव निर्देशात्। कल्पतरुस्तु—'चतुष्कपदी युवतिः सुपेशा' इति ऋग्वेदान्तर्गतं सुपर्णपदोपलितं ऋक्त्रयमित्याह। त्रिसुपर्ण को जानने वाला, अथर्वशीर्ष के अध्ययन में रत, शतायु (ज्योतिःशास्त्रादवगतं शतवर्षमायुर्यस्य, स एव न तु शतवार्षिकः। युवभ्यो दानमित्यनेन यूनामेव विधानात् इति केचित्। वृद्धतम इति हेमाद्रिः) वेद के अर्थ को जाननेवाला (षडङ्गवित्-इत्यनेन वेदार्थविदोऽप्युपादानेऽपि वेदार्थमात्रवेतृत्वेन पाङ्क्तेयत्वमत्रोक्तमिति न पौनरुक्त्यम्। केचित्तु षडङ्गाध्ययनव्यतिरेकेणापि प्राज्ञतया वेदार्थं वेत्ति सोऽत्र वेदार्थविदिति न पौनरुक्त्यमित्याहुः), अनधीतवेदो वेदार्थवेत्ता निषिद्ध एव, अच्छीवाणी बोलनेवाला, ब्रह्मचारी, अग्निचिति को जाननेवाला, जीविका से रहित, सत्यवादी पुरुषत्रय से विख्यात और माता और पिता से पांच पीढी प्रसिद्ध वंशवाला, पत्नी से सहित, (ज्येष्ठ) सामवेद के भाग का पढनेवाला, पुराण का जानकार, पुत्रवाला, इतिहासों को जाननेवाला, योगी, भिक्षु (हरि या हर के ध्यान में मग्न), सामस्वर की विधि को जाननेवाला, ब्रह्म का जाननेवाला, गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि, आहवनीय, सभ्य और आवसथ्य पञ्चाग्नि जिसके घर हों (अग्निहोत्री), या छान्दोग्योपनिषत्पठित पञ्चाग्निविद्याध्येता, श्रोत्रिय—वेदपाठी, उसका लड़का, शंकर का ध्यान करने वाला, विष्णु के चरणों की सेवा करनेवाला, अतिथि (आतिथ्यरहिते श्राद्धे भुञ्जते ये वृथा द्विजाः। वृथाकृतेन पाकेन काकयोनिं व्रजन्ति ते॥) ये मिलते नहीं हैं। यदि भाग्यवश प्राप्त हों तो उनको भोजन कराना चाहिये। श्राद्ध में ब्राह्मणों के बैठ जाने पर बाद में प्राप्त हो जायँ तो ब्राह्मण की पंक्ति में ही भोजन करावे। इसका मूल हेमाद्रि में जानना चाहिये।

तत्रैव नारदः—यो वै यतीननादृत्य भोजयेदितरान् द्विजान्।
विजानन् वसतो ग्रामे कव्यं तद्याति राक्षसान्॥

वहीं पर नारद ने कहा है कि—जो यतियों को (ब्रह्माण्डे—शिखिभ्यो धातुरक्तेभ्यो त्रिदण्डिभ्यश्च भोजयेत्। शिखिनो ब्रह्मचारिणः। धातुरक्तवस्त्रधारिणो वानप्रस्थाः। त्रिदण्डिनः कायवाङ्मनोदण्डोपेता यतयः। यतयस्तिदण्डिन इति केचित्। ध्यानिनो वानप्रस्थाः।) अनादर कर इतर गांव के भिन्न ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं। उनका कव्य राक्षसों को प्राप्त होता है।

दीपकलिकायां दक्षः—विना मांसेन मधुना विना दक्षिणयाऽऽशिषा। परिपूर्णं भवेच्छ्राद्धं यतिषु श्राद्धभोजिषु॥ एतच्च ज्ञानि (न) विषयम्।

दीपकलिका में दक्ष ने कहा है कि—मांस के विना, दक्षिणा और आशीर्वाद के विना यतियों को श्राद्धीय भोजन करने से वह श्राद्ध परिपूर्ण हो जाता है। यह ज्ञानी के विषय में है—(याज्ञवल्क्येन ब्रह्मविदुक्तेः)।

त्रिणाचिकेतस्त्रिसुपर्णौ यजुर्वेदैकदेशौ तद्व्रतेन तदध्यायिनौ, 'यस्य सप्त पूर्वे सोमपाः स त्रिसुपर्णः' इति बोपदेवः। सत्रिमधुर्ऋग्वेदैकदेशस्तदध्यायी। केचिन्नाचिकेतं चयनं त्रिः कृतवानित्यर्थमाहुस्तद्धेमाद्रिविरुद्धम्। हेमाद्रौ गौतमः—'युवभ्यो दानं प्रथमं पितृवयसः' इत्येके।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्रिणाचिकेत तथा त्रिसुपर्ण--ये दोनों यजुर्वेद के एक देश हैं 'उनको व्रत से अध्ययन करनेवाले, जिसके सात पुरुष पहले सोमरस पीनेवाले हो गये हों वह 'त्रिसुपर्ण' होता है, ऐसा वोपदेव ने कहा है। त्रिमधु--ऋग्वेद के एकदेश को पढने वाले। कोई नाचिकेत का अर्थ यों करते हैं कि--जिसने तीन बार अग्निचयन किया हो--यह हेमाद्रि ग्रन्थकार के विरुद्ध है। हेमाद्रि में गौतम ने कहा है कि--युवाओं को पहले दान दे जो पिता की अवस्था वाले हों। (युवभ्यो दानं प्रधानमेके मन्यन्ते ते हि श्राद्धीयनियमसम्पादनक्षमा भवन्ति। पितृवेदके पितरमुद्दिश्य स्थविरं प्रपितामहमुद्दिश्य स्थविरतरमिति वीरमित्रोदये)।

मात्स्ये मनुः--यश्च व्याकुरुते वाचं यश्च मीमांसतेऽध्वरम्।

सामस्वरविधिज्ञश्च पङ्क्तिपावनपावनाः॥

मत्स्यपुराण में मनु ने कहा है कि--जो वाणी को व्यक्त करें। जो यज्ञ की मीमांसा (विचार) को करें और सामस्वर की विधि के जानकार हों वे पंक्तिपावन पवित्र करने वाले (नित्यं योगपरो विद्वान् समलोष्टाश्मकाञ्चनः। धान्यशीलो यतिर्विप्रान् ब्राह्मणाः पंक्तिपावनाः॥) होते हैं।

(श्राद्धयोग्यब्राह्मणविचारः)

कौर्मे—असमानप्रवरको ह्यसगोत्रस्तथैव च। असम्बन्धी च विज्ञेयो ब्राह्मणः श्राद्धसिद्धये॥

कूर्मपुराण में कहा है कि—जिसका प्रवर एक न हो और जो असगोत्री हो ऐसे असंबन्धी ब्राह्मण को श्राद्ध की सिद्धि के लिए जानना चाहिये।

गारुडे—श्राद्धेषु विनियोज्यास्ते ब्राह्मणा ब्रह्मवित्तमाः।

ये योनिगोत्रमन्त्रान्तेवासिसम्बन्धवर्जिताः॥

गरुडपुराण में कहा है कि—श्राद्धों में ऐसे ब्राह्मणों की नियुक्ति करें जो ब्रह्मवेत्ता हों और जो योनि सम्बन्ध, मामा आदि, सपिण्डादि तथा वेदाध्यापक और शिल्पशास्त्र आदि उपाध्याय सम्बन्ध वर्जित हों।

मनुः—(अ.३,१३८) न मित्रं भोजयेच्छ्राद्धे धनैः कार्योऽस्य सङ्ग्रहः।

नारिं न मित्रं यं विद्यात्तं श्राद्धे भोजयेद्द्विजम्।

मनु ने कहा है कि—श्राद्ध में मित्र को भोजन न (अरिभोजने दोषाधिक्यार्थमिति वस्तुगतिः) करावे। धन (धनैः कार्यः—इति वचनात् गुणवत्तामात्रहेतुकस्य मित्रभोजनस्यानुज्ञानमर्थात् सिद्धम्) के द्वारा मित्र का संग्रह करे। यह न शत्रु है न मित्र है यों जानकर उस ब्राह्मण को श्राद्ध में निमन्त्रण दे।

द्वयोर्भ्रात्रोः श्राद्धे भोजनं निषिद्धम्, पितृपुत्रौ भ्रातरौ द्वौ निरग्निं गुर्विणीपतिम्। सगोत्रप्रवरं चैव श्राद्धेषु परिवर्जयेत्॥ इति श्राद्धदीपकलिकायां जातूकर्ण्योक्तेः।

दो सगे भाईयों को श्राद्ध में भोजन निषिद्ध है। श्राद्धदीपकलिका में जातूकर्ण्य का वचन है कि—पिता और पुत्र, दो भाई, निरग्निक, गर्भवती स्त्री का पति, सगोत्र और समान प्रवर वाले को श्राद्धों में त्याग दे।

(मध्यमब्राह्मणाः)

अथ मध्यमाः। हेमाद्रौ कौर्मगार्ग्यौ—नैकगोत्रे हविर्दद्याद्यथा कन्या तथा हविः। अभावे ह्यन्यगोत्राणामेकगोत्रांस्तु भोजयेत्॥ अत्र केचित्स्वशाखीयान्मुख्यानाहुः पठन्ति च—निमन्त्रयीत पूर्वेद्युः स्वशाखीयान् द्विजोत्तमान्। स्वशाखीयद्विजाभावे द्विजानन्यान्निमन्त्रयेत्॥ इति। इदं तु निर्मूलत्वाद्धेमाद्रिणा दूषितत्वाच्चोपेक्ष्यम्।

अब मध्यम ब्राह्मण कहते हैं। हेमाद्रि में कूर्मपुराण तथा गार्ग्य का वचन है कि—एक गोत्र में हवि को न दे। क्योंकि जैसी कन्या वैसा हवि है। अभाव (असमान गोत्र और प्रवर) में अन्य गोत्रों के एक गोत्रों को ही भोजन करा दे।

यहाँ पर कोई स्वशाखीयों को मुख्य कहते हैं और पढ़ते हैं कि—पहले दिन स्वशाखीय उत्तम ब्राह्मणों को निमन्त्रण करे। स्वशाखीय द्विजों के अभाव में अन्य द्विजों को निमन्त्रण दे। यह निर्मूल होने से हेमाद्रि ने दूषित होने से उपेक्षा की है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मनुरपि—(अ० ३।१४५, १४६) यत्नेन भोजयेच्छ्राद्धे ब्राह्मणं वेदपारगम् । शाखान्तगमथाध्वर्युं छन्दोगं तु समाप्तिगम् ॥ एषामन्यतमो यस्य भुञ्जीत श्राद्धमर्चितः । पितॄणां तस्य तृप्तिः स्याच्छाश्वती साप्तपौरुषी ॥

मनु ने कहा है कि—मन्त्र-ब्राह्मण को पढ़े हुए ऋग्वेदी, यजुर्वेदी, वेदों का पारगामी सब शाखाओं को पढ़े हुए ऋत्विक् वेदों को पढ़कर समाप्त किये विद्वान् ब्राह्मण को प्रयत्न से श्राद्ध में भोजन करावे । पहले कहे हुए ब्राह्मणों से एक भी ब्राह्मण पूजित होकर श्राद्ध में भोजन करे तो उसके पितरों की तृप्ति सात पीढी तक निरन्तर होती है ।

अत्र मामकः श्लोकः—मातामहो मातुलभागिनेयदौहित्रजामातृगुरुस्वशिष्याः । ऋत्विक् च याज्यश्वशुरौ स्वबन्धुश्याला गुणाढ्यास्त्वनुकल्पभूताः ।

'बान्धवो मातृष्वसृपितृष्वसृमातुलपुत्राः' इति वोपदेवः । अत्र मूलं हेमाद्रौ ज्ञेयम् । सगुणस्वस्त्रीयाद्यति क्रमे दोष एव ।

यहाँ पर मेरा (कमलाकर भट्ट) श्लोक है—नाना, मामा, बहिन का लड़का, लड़की का लड़का, दामाद, गुरु, उपाध्याय अपना शिष्य, ऋत्विक् , जिसको यज्ञ करावे, श्वसुर, अपना बान्धव और साला, ये गुणों को खान हों तो तो अनुकल्प (गौण) (अनुकूल्यभूत) होते हैं ।

वोपदेवने कहा है कि—बान्धव से माता की बहिन (मौसी), पिता की बहिन (बूआ) और मामा के लड़के इसमें मूल हेमाद्रि में जानना चाहिये । गुणवान् अपने भानजे आदि हों तो उनके अतिक्रमण में दोष ही है ।

सप्त पूर्वान्सप्त परान्पुरुषानात्मना सह । अतिक्रम्य द्विजानेतान् नरके पातयेत् खग ॥ सम्बन्धिनस्तथा सर्वान् दौहित्रं विट्पतिं तथा । भागिनेयं विशेषेण तथा बन्धुं खगाधिप ॥ इति मदनरत्ने भविष्योक्तेः ।

मदनरत्न में भविष्यपुराण का वचन है कि—सात पीढी पहले और सात पुरुष (पीढ़ी) बाद अपने सहित इन ब्राह्मणों को अतिक्रमण कर हे खग, नरक में गिराता है । वे ये हैं—हे खगाधिप, सब सम्बन्धि (मातामहादि के अतिक्रमण में, एवं जो हीनगुणवाले और मध्यगुण या हीनगुण वाले सम्बन्धियों का अतिक्रमण) दौहित्र, विट्पति (दुहितुः पतिः) जामाता, विशेषकर भानजा तथा बन्धुगण इनका त्याग न करे ।

अतएव याज्ञवल्क्यः—ब्राह्मणप्रातिवेश्यानामेतदेवानिमन्त्रणे । इति गुण्यतिक्रमे दशपणं दण्डमाह । आसन्नमात्रपरमिदम् ।

इसलिए याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—ब्राह्मण प्रातिवेश्यों (पडोसी) के यही अनिमन्त्रण में कहा है । यह गुणी के अतिक्रमण में दशपण[1] दण्ड कहा है । यह आसन्नमात्र (समीपविषय) परक है । (स्वगृहसमीपस्थः प्रातिवेश्यः) ।

(मूर्खे तु विशेषः)

मूर्खे तु न दोषः, ब्राह्मणातिक्रमो नास्ति मूर्खे चैव (वेद) विवर्जिते । ज्वलन्तमग्निमुत्सृज्य न हि भस्मनि हूयते ॥ इति कात्यायनोक्तेः ।

मूर्ख में तो दोष नहीं है । कात्यायन ने कहा है कि—ब्राह्मण का अतिक्रमण न करे यदि मूर्ख हो तो त्याग करे । जलती हुई अग्नि का त्याग कर भस्म (राख) में हवन नहीं होता है ।

विप्रस्यापि दोषः, अविद्वान् प्रतिगृह्णानो भस्मीभवति दारुवत् । इति मनूक्तेः ।

ब्राह्मण को भी दोष है । मनु ने कहा है कि—जो अविद्वान् (मूर्ख) प्रतिग्रह ग्रहण करता है वह काष्ठ की तरह भस्म हो जाता है ।

१—कार्षिकताम्रिकः । स तु पञ्चकृष्णलमाषकारब्धताम्रकर्षकृतव्यवहारद्रव्यम् । पूर्वं हि ताम्रक्तिकायाः कपर्दक एको मूल्यमिति वराटमूल्यः । लोके तूपचारात् कार्षापणवत् पण्यप्रदेशो मूल्य एव ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपरार्के अत्रिः—षड्भ्यस्तु पुरुषेभ्योऽर्वाक्श्राद्धेयास्तु गोत्रिणः। षड्भ्यस्तु परतो भोज्याः श्राद्धे स्युर्गोत्रजा अपि॥ एतच्च ब्राह्मणालाभे, अपिशब्दात्।

अपरार्क में अत्रि ने कहा है कि—अपने वंश के छः पुरुषों के पहले जो गोत्री हैं उनको श्राद्ध में ग्रहण न करे। छ पीढी के बाद भोजन करावे वे यदि गोत्रज भी हों तो और यह ब्राह्मण के अलाभ में है क्योंकि 'अपि' शब्द कहा है।

(असंभवे विचारः)

असम्भवे हेमाद्रौ गौतमः—शिष्यांश्चैके सगोत्रांश्च भोजयेदूर्ध्वं त्रिभ्यो गुणवतः।

असंभव में हेमाद्रि में गौतम ने कहा है कि—गुणवाले शिष्य और सगोत्री तीन पीढ़ी के बाद हों तो भोजन करावे।

आपस्तम्बः—ब्राह्मणान् भोजयेद्योनिगोत्रमन्त्रान्तेवास्यसम्बन्धिनः। गुणहान्यां तु परेषां समुदितः सोदर्योऽपि भोजयितव्यः। एतेनान्तेवासिनो व्याख्याताः' इति।

आपस्तंब ने कहा है—सम्बन्ध, गोत्र, मन्त्र सम्बन्ध तथा शिष्य असम्बन्ध ब्राह्मणों को भोजन करावे। गुण की हानि में तो दूसरे ब्राह्मणों के समुदाय में सहोदर को भी भोजन करावे। इससे अन्तेवासी (शिष्य) की व्याख्या की है।

(अत्र विशेषामाहात्रिमते)

अत्र विशेषमाहात्रिः—पिता पितामहो भ्राता पुत्रो वाऽथ सपिण्डकः। न परस्परमर्घ्याः स्युर्न श्राद्धे ऋत्विजस्तथा॥ ऋत्विक्पुत्रादयोऽप्येते सकुल्या ब्राह्मणाः स्मृताः। वैश्वदेवे नियोक्तव्या यद्येते गुणवत्तराः॥ सगोत्रा न नियोक्तव्याः स्त्रियश्चैव विशेषतः।

यहाँ पर विशेष अत्रि ने कहा है कि—पिता, पितामह, भाई, पुत्र और सपिण्ड ये श्राद्ध में आपस में पूज्य नहीं होते हैं तथा ऋत्विक् भी पूज्य नहीं होते हैं। ऋत्विक् पुत्रादि भी ये सकुल्य ब्राह्मण कहे गये हैं। वैश्वदेव में इनको नियुक्ति करे, यदि ये गुण में आधिक्य हों तो सगोत्रियों को विशेषकर स्त्रियों की नियुक्ति नहीं करनी चाहिये।

(श्राद्धवर्ज्यब्राह्मणाः)

अथ वर्ज्याः। अत्र मामकाः श्लोकाः—वर्ज्यान् प्रवक्ष्ये त्वथ रोगिवैरिहीनाधिकाङ्गान् कितवान्

१—अन्यत्र कहा है–अनर्ह ब्राह्मण को श्राद्ध में सम्मिलित न करे। वेदाध्ययनशून्य और आयुधों के जानकार को श्राद्ध में सम्मिलित करे। कृतघ्नी, ब्रह्मचर्य से भ्रष्ट, हीन ओठवाला, छिन्न शिश्न वाला, शिर में जिसके एकदम बाल न हो, संकल्प-विकल्पात्मक मनोव्यापार से शून्य, नाच–गान में तत्पर, जो कोई ब्राह्मण की क्रिया को करे। दुर्ब्राह्मण, शौचाचार से शून्य, रोग से प्रवृद्ध, एक वृषणवाला, वञ्चक, परधर्म प्रकाशक, मूल्य के द्वारा कन्या की योनि को विदारण करने वाला, दूसरे पर व्यर्थ में दोष लगाने वाला, भेड के द्वारा जीविका करने वाला, वेश्या में अनुरक्त, पक्षी को मारने वाला, इन्द्रजाल माया में लगा हुआ, दूसरे आश्रमों के धर्म में व्यर्थ प्रयास करने वाला, वैराग्य के बिना साधु बनने वाला, साधु के वेश को त्यागने वाला, पुंश्चलीका पति, आत्मघात में उद्योग करने वाला, जो अन्य पुरुषों को कुलस्त्रियों में प्रवेश कराने वाला, वन्दिविशेष, बिना पञ्चयज्ञादि का भोक्ता, पुस्तक वेचनेवाला, पुस्तक लेखन कर्म द्वारा जीविका करनेवाला, बड़ी बड़ी कथाओं को बाचने वाला, छिन्न मेहन वाला, सर्पक्रीडी, आश्रमच्युत, अतिकपिलवर्ण वाला, महापथिक, बहुत बड़े शरीर वाला, मरने के लिए उद्यम कर चुकनेवाला, व्यर्थ में मुण्डन कराने वाला, व्यर्थ में जटा धारण करनेवाला, ऋणको लेकर न देने वाला, पृष्ठ मैथुनकर्ता, परोक्षमें अपकार करने वाला, अधर्मशीलों को धर्म का अध्ययन कराने वाला, धर्मार्थ द्रव्य को ग्रहण कर असद् कार्य में व्यय करने वाला, अधिक या कम अंगुली वाला, माता, पिता और गुरु को त्यागने वाला, कविता से जीविका चलाने वाला, शस्त्र को बनाने वाला, पक्षिपोषक, पुत्र से अध्ययन करने वाला, विवादकारी, शूद्रयाजक, लाल नेत्र वाला, हरसमय मांगने वाला, वेदको विस्मरण करने वाला, शास्त्रविरुद्धाचारी, अत्यन्त क्रोधी, गुरु से स्पर्धा करने वाला, रजस्वलाकन्या का पति, निष्ठुर वचन कहने वाला, गुरु त्यागी, गुड और निमक विक्रेता, मृगी-रोगी, युद्ध का उपदेश देने वाला, व्यभिचारीका पुत्र, चवरकेश विक्रेता, धूर्त, पुरोहित, वस्त्रादि को रंगने वाला, तर्क करने वाला, गौतम धर्मसूत्र में भी कहा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कृतघ्नान् । नक्षत्रशास्त्रेण च जीवमानान् भैषज्यवृत्त्यापि च राजभृत्यान् ॥ सङ्गीतकायस्थकुसीदवृत्त्या वेदक्रयेणापि कवित्ववृत्त्या । देवार्चनेनापि च जीवमानान् स्वाध्यायदाराग्निसुतोज्झकाणान् ॥ दुर्वालखल्वाटकुनख्यधर्मिनटांश्च पौनर्भवकृष्णदन्तान् । अगारदाही गरदः समुद्रयायी च कुण्डाऽथ कूटकारी ॥ बालांश्च योऽध्यापयते स्वपुत्रादवाप्तविद्यस्त्वथ कुण्डगोलौ । अग्रेदिधिष्वाः पतिरस्त्रकर्ता सोमक्रयी तैलिककेकराक्षौ ॥ युद्धाचार्यः पक्षिणां पोषकश्च स्रोतोभेत्ता वृक्षसंरोपकश्च । मेषाणां वा माहिषाणां च पुष्ट्या स्वीयस्त्रीषु प्रहितैर्यश्च जारैः । जीवत्यध्येतुश्च दत्त्वानुयोगाद् द्रव्यप्राप्त्यै वेदमुद्घाटयन्तः । ग्रामयाजिपशुकेशविक्रयीस्तेन शिल्पिपितृवादकारकान् । अर्थकामरतशूद्रयाजकश्मश्रुहीनजटिमुण्डनिर्घृणान् ॥ यस्य चैव गृहिणी रजस्वला स्वार्थपाकरतशापदायकान् । क्लीबकुष्ठ्यतिविलोहितेक्षणान्कुब्जवामनमृषाभिशापिनः ॥ पुत्रहीनमथकूटसाक्षिणं प्रातिहाविकमयाज्ययाजकम् । स्वा मदातृपरिवेतृयाजकस्तेनहिंस्रकमुखान् विवर्जयेत् ॥ अत्र मूलं हेमाद्रौ पृथ्वीचन्द्रोदये च ज्ञेयम् ।

अब त्याज्य ब्राह्मण कहते हैं । उसमें हमारे (कमलाकरभट्ट) श्लोक हैं । रोगी, (उन्माद आदि महारोग) शत्रु, हीन अंगवाला, अधिक (संख्या से या परिमाण से हीन या अतिरिक्त अंगवाला, जुवारी, (केचित्तु कितव इति स्थाने केकर इति पाठः, तदा केकरोऽध्यर्द्धदृष्टिर्विडालदृष्टिर्वा) कृतघ्नी (किसी के उपकार को न मानने वाला) नक्षत्र शास्त्र से फल बताकर जीनेवाला ज्यौतिषी, आयुर्वेद की वृत्तिसे जीनेवाला, (वृत्यर्थं धर्मार्थं वा चिकित्सा कर्ता, राजा का नौकर, संगीत शास्त्र से जीविका करनेवाला-गवैया, सूत (व्याज) द्वारा जीविका करनेवाला, वेद वेचनेवाला, कवित्ववृत्ति से जीनेवाला, देवार्चन के द्वारा जीविका करने वाला, वेद, स्त्री, अग्नि और पुत्र को त्यागने वाला, एक नेत्र से रहित, (बधिर मूक आदि) कुत्सित केशवाला, (दुर्वलमितिपाठे तु दुर्वलो विक्रोशध्वजः), शिर के सब केशों से शून्य, कुत्सितनखवाला, अधार्मिक, नटो, पुनर्भू—दो बार विवाह करनेवाली का पुरुष (द्विरूढायाः पुनर्भूः । तस्य जातः पौनर्भवः) स्वभाव से काले दाँतवाला और द्वेष से घर और धन के लोभ से प्रेत को दग्ध करनेवाला (अगारदाही स ज्ञेयः प्रेतं दग्धो धनेन यः) (ह्यनेकशः) चाप्यगारदाही स्यात् द्वेषाद्यो वेश्मदाहकः ॥) कृत्रिम या अकृत्रिम विष देनेवाला, समुद्र को लंघन करने वाला, माता के द्वारा पति के जीवित रहते अन्य पति से उत्पन्न पुत्र के घर भोजन करनेवाला, (कुण्ड और गोलक के यहाँ भोजन करने वाला) झूठी गवाही देने वाला, बालकों को पढ़ाने वाला, अपने पुत्र से विद्या प्राप्त करने वाला, (पुत्राचार्यः स विज्ञेयो ग्रामे योऽक्षर पाठकः । पुत्रादवाप्तविद्यो वा पुत्राचार्यो निगद्यते ॥) पति के रहते दूसरे की स्त्री में अन्य के द्वारा पुत्र का नाम कुण्ड है और पति के मरने पर अन्य के द्वारा पुत्र का नाम गोलक है (परदारेषु जायन्ते द्वौ सुतौ कुण्डगोलकौ । अमृते जारजः कुण्डः मृते भर्तरि गोलकः । यस्तयोरन्नमश्नाति स कुण्डाशी प्रकीर्तितः) ज्येष्ठ। कन्या के रहते विवाहोत्तर कनिष्ठका कन्या का पति (देवलः-ज्येष्ठायां यद्यनूढायां कन्यायामूह्यतेऽनुजा । सा चाग्रेदिधिषुर्ज्ञेया पूर्वा तु दधिपूर्मता ॥) वृद्धमनुस्तु-भ्रातृमृतायाँ भार्यायां योऽनुरज्येत कामतः । धर्मेणापि नियुक्तायां स ज्ञेयो दिधिपूपतिः ॥) अस्त्र बनाने वाला, सोम को वेचने वाला (मुञ्जवत् पर्वते जातः औषधिविशेषः सोमस्तस्य क्रेता । के चित्तु सोमयागसाध्याऽपूर्वविक्रेतेति वदन्ति) । (तिल निष्पीडन करनेवाला-वेचने वाला, अर्ध दृष्टि या विडालदृष्टि वाला, युद्ध की बात सिखाने वाला, पक्षियों

है कि—निःसन्तान वाले, नास्तिक वृत्तिवाले, स्त्रियों को यज्ञ कराने वाले, बकरी रखने वाले चौकीदारी करने वाले, ब्रह्मचर्य को भंग करने वाले, जिन स्त्रियों से संभोग नहीं करना चाहिये उनके साथ संभोग करनेवाले, हिंसा में रुचि रखनेवाले, सावित्री आदि विहित मन्त्रों का तिरस्कार करनेवाले, राजा के दूत आदि, कम तोलनेवाले तथा गलत तराजू रखनेवाले, प्रतिदिन स्वाध्याय का तिरस्कार करनेवाले, बाजा बजाकर जीविका करनेवाले, वेद और शास्त्र को न जानने वाला, वेदों को छिपानेवाला, बोझा उठानेवाला, बहुत भोजन करनेवाला, जो तोते के समान पढ़ी विद्या को कहता हो, पुराण का हर समय पाठ करनेवाला, जिसकी जीविका पतित से हो, जो दूसरी स्त्री को मुख्य समझता हो या दूसरी स्त्री से विवाह किया हो, व्रत ग्रहण कर त्याग दिया हो, बहुत जनों का दूत, सब जगह फिरनेवाला, आत्मा को त्यागनेवाला, दादवाला, तिरस्कार से जीविका करनेवाला, स्त्री को त्यागनेवाला, स्त्री की तरह चेष्टा करनेवाला ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की रक्षा करने वाला, स्त्रोत (जल) को भेदन करने वाला, धन लेकर वृक्ष लगाने वाला, पेड को धर्म से या धन ग्रहण कर लगाने वाला, भेड या भैसों को पालने वाला। (महिषीत्युच्यते भार्या सा चैव व्यभिचारिणी। यस्यां यो जायते गर्भः स वै माहिषकः स्मृतः ॥) अपनी स्त्रियों में जारों द्वारा जीविका द्वारा जीने वाला, पढने वाले के अनुयोग से द्रव्य प्राप्ति के लिए वेद का उच्चारण करने वाला, ग्रामयाजक, (गावों में यज्ञ करानेवाला) कम्बल आदिको बेचनेवाला, ब्राह्मणों का सुवर्ण चुरानेवाला, शिल्प को करनेवाला, पिता से झगडा करनेवाला, अर्थ और विषय में लगा हुआ, शूद्रयाजक, श्मश्रु (दाढी) से हीन, अविहित जटावाला, (शिर मुंडानेवाला संन्यासी) जिसकी स्त्री रजस्वला हो, पञ्चमहायज्ञ से शून्य, कठोर शाप देनेवाला, नपुंसक, कुष्ठी, जिसके नेत्र अधिक लाल हों, कुब्ज, वामन, झूठा शाप देनेवाला, पुत्र से रहित, झूठी गवाही देनेवाला, दरवानी करनेवाला, जिनको यज्ञ नहीं करना चाहिए उनको यज्ञ करानेवाला, जिसने अपनी आत्मा को बेच दिया हो, परिवेत्तृयाजक[1] (कृतविवाहस्यानूढ ज्येष्ठभ्राता), चोर (सुवर्ण और चाँदी से भिन्न धातु) लोहा आदि बनानेवाला और हिंसक इनको वर्जित करे। इसका मूल हेमाद्रि और पृथ्वीचन्द्रोदय में जानना चाहिये।

(महाभारतमते ब्राह्मणविचारः)

भारते दानधर्मेषु श्राद्धवर्ज्यविप्राधिकारे—कितवो भ्रूणहा यक्ष्मी पशुपालो निराकृतिः। ग्रामप्रेष्यो वार्धुषिको गायकः सर्वविक्रयी ॥ सामुद्रिको राजभृत्यस्तैलिकः कूटकारकः। पित्रा विवदमानश्च यस्य चोपपतिर्गृहे। अभिशस्तस्तथा स्तेनः शिल्पं यश्चोपजीवति। पर्वकारश्च सूची च मित्रध्रुक् पारदारिकः। अव्रतानामुपाध्यायः काण्डपृष्ठस्तथैव च। श्वभिश्च यः परिक्रामेद्यः शुना दष्ट एव च ॥ परिवित्तिस्तथा स्तेनो दुश्चर्मा गुरुतल्पगः। कुशीलवो देवलको नक्षत्रैर्यश्च जीवति ॥ ईदृशा ब्राह्मणा ज्ञेया अपाङ्क्तेया युधिष्ठिर।

भारत में दानधर्मो में वर्जित विप्राधिकार में कहा है कि—जुवारी, गर्भ हत्यारा, राजयक्ष्मारोगी, पशुपालन करने वाला, पढकर (अधीत्य विस्मृते वेदे भवेत् विप्रो निराकृतिः। सति अधिकारे महायज्ञानुष्ठानरहितः दुराकृतिरित्यन्ये।) भूलनेवाला, गांवभर का हरकारा, (डाकिया) सूदखोर, गवैया, सबप्रकार की वस्तु बेचनेवाला, सामुद्रिक (हस्तरेखा) से जीविका चलाने वाला, राजा का नौकर, तेल बेचने वाला, झूठीगवाही देनेवाला, पिता से झगड़ा करनेवाला, जिसके घरमें जार पुरुष का प्रवेश हो वह, कलंकित, चोर, शिल्पजीवी, बहुरूपिया, पर्वकार (ग्रन्थिकार), दर्जी, मित्रद्रोही, परस्त्रीलंपट, व्रतरहित मनुष्यों का अध्यापक, हथियार बनाकर जीविका चलाने वाला, जिसको कुत्तने काटा हो, जिसके छोटे भाई का विवाह हो गया हो ऐसा अविवाहित बड़ा भाई, चोर, चर्म रोगी, गुरुपत्नी गामी, नटका काम करने वाला (कुशी फालः तेन कर्षणं लक्ष्यते, लवः छेदनं तदुभयोपजीवीति भारतटीका) देवमन्दिर में पूजा से जीविका चलाने वाला, नक्षत्रों द्वारा फल बताकर जीनेवाला, ऐसे ब्राह्मण हे युधिष्ठिर, अपांक्तेय (पंक्ति में बैठने लायक नहीं) हैं।

तथा—ऋणकर्ता च यो राजन् यश्च वार्धुषिको नरः। काण्डपृष्ठः स्वशाखां त्यक्त्वा परशाखयोपनीतस्तदध्यायी च। क्षत्रियवैश्यवृत्तौ नारदस्तु—तस्यामेव तु यो वृत्तौ ब्राह्मणो वसते रसात्। काण्डपृष्ठश्च्युतो मार्गात् सोऽपाङ्क्तेयः प्रकीर्तितः ॥ इत्याह।

और हे राजन्, जो मनुष्य ऋण करने वाला और सूत से व्याज खाने वाला है, अपनी शाखा को त्याग कर दूसरी शाखा से उपनयन कर अध्ययन करे और दूसरी शाखा का अध्ययन करे। उसको काण्ठपृष्ठ कहते हैं। नारद ने कहा है कि—उसीवृत्ति में ही ब्राह्मण तत्पर हो मार्ग से च्युत हो वह अपांक्तेय काण्ठपृष्ठ ब्राह्मण को कहा है।

हारीतः—शूद्रापुत्राः स्वयंदत्ता ये चैते क्रीतकाः सुताः। ते सर्वे मनुना प्रोक्ताः काण्डपृष्ठा न संशयः ॥

हारीत ने कहा है कि—शूद्रा के पुत्र, स्वयंदत्त और जो पुत्र खरीदे गये हैं उन सबों को मनु ने काण्डपृष्ठ कहा है। इसमें संशय नहीं है।

१—मनुः—३।१७१—दाराग्निहोत्रसंयोगं कुरुते योऽग्रजे स्थिते। परिवेत्ता स विज्ञेयः परिवित्तिस्तु पूर्वजः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(हेमाद्र्यादिमते ब्राह्मणविचारः)

अन्येऽपि हेमाद्रौ मात्स्ये—त्रिशङ्कून् बर्बरानन्ध्रान् चीनद्राविडकौङ्कणान् । कर्णाटकांस्तथाऽऽभीरान् कलिङ्गांश्च विवर्जयेत् ॥

अन्य भी हेमाद्रि और मत्स्यपुराण में कहा है कि—त्रिशंकु (पर्वतविशेष), बर्बर (वर्णाश्रय विहीन) अन्ध्र, चीन,[1] द्रविड, कोंकण, कर्णाटक, आभीर और कलिंग देश के ब्राह्मणों को भोजन में त्याग दे ।

तत्रैव सौरपुराणे—अङ्गवङ्गकलिङ्गांश्च सौराष्ट्रान् गुर्जरांस्तथा । आभीरान् कौङ्कणांश्चैव द्राविडान् दाक्षिणायनान् ॥ आवन्त्यान् मागधांश्चैव ब्राह्मणांस्तु विवर्जयेत् ।

वहीं पर सौरपुराण में कहा है कि—अंग, वंग, कलिंग, सौराष्ट्र, गुर्जर, आभीर, कौंकण, द्रविड दक्षिण देशों के, आवन्त्य और मागध देश के ब्राह्मणों को त्याग दे ।

चन्द्रिकायां यमः—काणाः कुब्जाश्च षण्ढाश्च कृतघ्ना गुरुतल्पगाः । मानकूटास्तुलाकुटाः शिल्पिनो ग्रामयाजकाः[2] ॥ राजभृत्यान्धबधिरमूकखल्वाटपङ्गवः । वणिजो मधुहर्त्तारो गरदा वनदाहकाः ॥ समयानां च भेत्तारः प्रदाने ये निवारकाः । प्रव्रज्योपनिवृत्ताश्च वृथा प्रव्रजिताश्च ये ॥ यश्च प्रव्रजिताज्जातः प्रव्रज्यावसितश्च यः । अवकीर्णी च वीरघ्नो गुरुघ्नः पितृदूषकः ॥

चन्द्रिकामें यमने कहा है कि—काणा, कुब्ज, षण्ढ, कृतघ्न, गुरुतल्पग, मानकूट—धान्यादिमान में वञ्चना करनेवाला, (अलीकव्यवहारेण ग्रामद्रव्यं यो भक्षयति) तुलाकूट-तुला में कपट करनेवाला, शिल्प से जीविका करनेवाला, गाँव के रहनेवाले अनेकवर्णों को यज्ञ करानेवाला, राजा का नौकर, अन्ध, बधिर, मूक, खल्वाट, पंगु, वैश्य की वृत्ति करनेवाला, मधु को चुरानेवाला, विष देनेवाला, वन जलानेवाला, मर्यादा (आचार) को भेदन करनेवाला, दाम देनेवाले को मना करनेवाला, संन्यासधर्म ग्रहणकर उसे त्यागने वाला, वैराग्य के बिना व्यर्थ का संन्यास लेनेवाला, जो संन्यासी से उत्पन्न, जो संन्यासधर्म को ग्रहण कर उससे भ्रष्ट (अर्थात्-संन्यास धर्म को छोड़कर पहले ही वाले आश्रम में जाना) होनेवाला, स्खलित ब्रह्मचर्य ब्रह्मचारी, त्रेता त्यागी (अग्नि को त्यागने वाला या बालक को मारने वाला) गुरु का हत्यारा और पितृदूषक ये श्राद्ध में गर्हित हैं ।

श्राद्धकाशिकायां कात्यायनः—द्विर्नग्नः क्लिदुश्चर्मा शुक्लोऽतिकपिलस्तथा । छिन्नोष्ठच्छिन्नलिङ्गश्च नैव केतनमर्हति । द्विर्नग्नः पित्रोर्वंशे त्रिपुरुषं विच्छिन्नवेदाग्निः ।

श्राद्धकाशिका में कात्यायन ने कहा है कि—द्विर्नग्न—विद्धशिश्नवाला (अर्थात्-लिंग के मूल में छिद्रकर उसमें सुवर्ण की अंगुठी, मुक्ता आदि बन्धन करने वाला, नपुंसक का भेद, खराब चमडे वाला, अत्यन्त सफेद वाला, अत्यन्त कपिलवर्ण वाला, जिनका ओठ कट गया हो और छिन्न लिंग वाला यह ये दाक्षिणात्य में प्रसिद्ध है। ये सब ग्राह्य (पूज्य) नहीं है ।

पिता के वंश में तीन पीढी तक वेदाग्नि के विच्छेद को द्विर्नग्न (काणाः कुण्ठाश्च सण्ठाश्च मूकान्धबधिरा जडाः । कुनखाः कुष्ठिनश्चैव द्विर्नग्नवृद्धमेहनाः । द्विर्नग्ना दुश्चर्माण इति व्याख्यानमनादेयम्, दुश्चर्मणां पृथगुक्तेः । कहते हैं ।

१—असभ्य, जंगली, उजड्ड, अनार्यदेश । २—काश्मीरं तु समारभ्य कामरूपात्तु पश्चिमे । भोदान्तदेशो देवेशि मानसेशाच्च दक्षिणे ॥ यानसेशाद्दक्षपूर्वे चीनदेशः प्रकीर्तितः । शक्तिसंगमतन्त्रे । ३—अथाभ्यङ्ग समारभ्य कोटिदेशस्य मध्यगे । समुद्रप्रान्तदेशो हि कोङ्कणः परिकीर्तितः ॥ ४—रामनाथं समारभ्य श्रीरङ्गान्तं विलेश्वरि ॥ कर्णाटदेशो देवेशि साम्राज्यभोगदायकः ॥ ५—श्रीकोङ्कणादधो भागे तापीतः पश्चिमे वरे । आभीरदेशो देवेशि विन्ध्यशैले व्यवस्थितः ॥ ६—जगन्नाथात् पूर्वभागात् कृष्णातीरान्तगं शिवे । कलिङ्गदेशः संयोक्तो वाममार्गपरायणः ॥

२—अब्राह्मणास्तु षट् प्रोक्ता ऋषिणा तत्त्ववादिना । आद्यो राजभृतस्तेषां द्वितीयो क्रयविक्रयी । तृतीयो बहुयाज्यः स्यात् चतुर्थो ग्रामयाजकः । पञ्चमस्तु भृतस्तेषां ग्रामस्य नगरस्य च । अनागतां तु यः पूर्वां सादित्यां चैव पश्चिमाम् । नोपासीत द्विजः सन्ध्यां स षष्ठोऽब्राह्मणः स्मृतः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हेमाद्रौ मरीचिः—अविद्धकर्णः कृष्णश्च लम्बकर्णस्तथैव च ।
वर्जनीयाः प्रयत्नेन ब्राह्मणाः श्राद्धकर्मणि ॥

हेमाद्रि में मरीचि ने कहा है कि—जिसका कान छेदा न गया हो, काले वर्ण वाला तथा लंबे कान वाला इन ब्राह्मणों को श्राद्धकर्म में प्रयत्न से त्याग देना चाहिये ।

ब्राह्मे—मूकश्च पूतिनासश्च छिन्नाङ्गश्चाधिकाङ्गुलि । गलरोगी गडुमान् स्फुटिताङ्गश्च सज्वरः । षण्ढतूपरमन्दाश्च श्राद्धेष्वेतान् विवर्जयेत् ॥

ब्रह्मपुराण में कहा है कि—मूक (जो बोल नहीं सकता) जिसके नाक से दुर्गन्ध आती हो, जिसके शरीर का कोई अंग कटा हो । जिसके शरीर में अधिक अंगुली हो, गले का रोगी, अर्थात्-कण्ठमाला आदि, कुब्ज, जिसके शरीर का अंग फूटा हो, ज्वरयुक्त, नपुंसक, युवावस्था में श्मश्रु का न होना और जड इनको श्राद्ध में त्याग दे । कही पर-मन्दकी जगह 'मण्ड' पाठ भी है—मण्डमाने वक्र जंघा वाला ।

(लम्बकर्णकथनम्)

लम्बकर्णं चाह तत्रैव गोभिलः—हनुमूलादधः कर्णौ लम्बौ तु परिकीर्तितौ ।
द्व्यङ्गुलौ त्र्यङ्गुलौ शस्ताविति शातातपोऽब्रवीत् ॥

वहीं पर लंबकर्णको गोभिल ने कहा है कि—हनु (ठुड्डी) मूल (स्थल) से नीचे लंबे कान कहे हैं कि दो अंगुल या तीन अंगुल उत्तम हैं; ऐसा शातातप ने कहा है ।

चन्द्रिकायां यमः—द्व्यङ्गुलातीतकर्णस्य भुञ्जते पितरो न तु ॥

चन्द्रिका में यम ने कहा है कि दो अंगुल के वाद जिसके कान हों उसके (तीन अंगुल का उपलक्षण है) पितर उसको दिया हुआ खाते नहीं हैं ।

(क्लीवभेदकथनम्)

षण्ढश्चात्र चन्द्रिकोक्तः सप्तविधो ग्राह्यः । यथा—षण्ढको वातजः षण्ढः पण्डः क्लीवो नपुंसकः । कीलकश्चेति सप्तैवं क्लीवभेदाः प्रकीर्तिताः । पराशरमाधवीये तु चतुर्दशविधा उक्ताः तेषां स्वरूपाणि तत्रैव ज्ञेयानि ।

यहाँ पर चन्द्रिका में कहे गये सात प्रकार के षण्ढ (यस्याप्सु प्लवते वीर्यं ह्रादि मूत्रं च फेनिलम् । पुमान् स्याल्लक्षणैरेतैर्विपरीतस्तु षण्ढकः ॥ का ग्रहण करना चाहिये । जैसे—षण्ढक, वातज पण्ड, पण्ड, क्लीव, नपुंसक और कीलक) देवलः—षण्डको वातजः पण्डः पण्डः क्लीवो नपुंसकः । कीलकश्चेजि षट्कोऽयं क्लीवभेदो विभावितः ॥ ये सात ही नपुंसक के भेद हैं ।

पराशरमाधवीय में तो चौदह[1] प्रकार के कहे हैं उनके स्वरूपों को वहाँ से ही जानना चाहिये ।

(यज्ञकर्तुरन्नग्रहणविचारः)

चन्द्रिकायां शातातपः—अग्निष्टोमादिभिर्यज्ञैर्ये यजन्त्यल्पदक्षिणैः । तेषामन्नं न भोक्तव्यमपाङ्क्तास्ते प्रकीर्तिताः ॥ एतच्च शक्तौ सत्याम् ।

चन्द्रिका में शातातप का वचन है कि—अल्प (थोडी) दक्षिणाओं से 'अग्निष्टोम' आदि यज्ञों को जो कहते हैं उनका अन्न नहीं खाना चाहिये । क्योंकि वे अपांक्तेय हैं । यह तो शक्तिपरक है ।

१—नारदः—चतुर्दशविधः शास्त्रे षण्ढो दृष्टो मनीषिभिः । चिकित्सश्चाति चिकित्सश्च तेषामुक्तो विधिः क्रमात् । निसर्गं षण्ढो ब्रध्नश्च पक्षषण्डस्तथैव च । अभिशापाद् गुरो रोगाद्देवक्रोधात्तथैव च ॥ ईर्ष्याषण्ढश्च सेव्यश्च वातरेता मुखे भगः । आक्षिप्तो मोघबीजश्च शालीनोऽन्यापतिस्तथा ॥ निसर्गषण्ड—स्वभाव से लिंग और अंडकोष से रहित । ब्रध्नः—छिन्नमुष्कः । पक्षषण्ढ—पञ्चदशदिनानि स्त्रियमासेव्य सकृद्भोगक्षमः पक्षषण्ढः । यस्येर्ष्यया पुंस्त्वमुत्पद्यते स ईर्ष्याषण्ढः । स्त्र्युपचारविशेषेण पुंस्त्वशक्तिर्यस्य स सेव्यषण्ढः । वातोपहतरेतस्को वातरेताः । यस्य मुख एव पुंस्त्वशक्तिः न योनौ स मुखे भगः । रेतो निरोधात्षण्ढीभूत आक्षिप्तषण्ढः । मोघबीजी गर्भाधानासमर्थबीजी । अत्र प्रगल्भतया क्षोभाद्वा नष्टपुंस्त्वः शालीनः । भार्या भिन्नस्तेन पुरुषभावो यस्य सोऽन्यापतिः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपरार्के भारते—अव्रती कितवः स्तेनः प्राणिविक्रयकोऽपि वा ।
पश्चाच्चेत्पीतवान्सोमं सोऽपि केतनमर्हति ॥

अपरार्क में भारत ने कहा है कि--जिसने वेद (विद्यास्नातक, व्रतस्नातक और विद्याव्रतस्नातक) व्रत को नहीं किया है। जुवारी है, चोर है या प्राणि को विक्रय करने वाला है इन सबों ने बाद में सोमयोगमें सोमपिया हो वे भी निमन्त्रण (श्राद्ध) के योग्य हैं।

श्राद्धदीपकलिकायां यमः—अपत्नीकश्च वर्ज्यः स्यात्सपत्नीकोऽप्यनग्निकः ।

श्राद्धदीपकलिका में यम ने कहा है कि—अपत्नीक को (अर्थात्—जिसको स्त्री (पत्नी) न हो और सपत्नीक हो पर वह अग्निहोत्री (अर्थात्-सर्वाधानी) न हो तो श्राद्ध में वर्जित हैं।

(प्रतिमादिविक्रयकरणे विचारः)

तत्रैवाश्वलायनः—प्रतिमाविक्रयं यो वै करोति पतितस्तु सः । जीवनार्थं परास्थीनि धृत्वा तीर्थं प्रयाति यः ॥ मातापित्रोर्विना सोऽपि पतितः परिकीर्तितः ॥

वहीं पर आश्वलायन ने कहा है कि--जो निश्चय रूप से प्रतिमा को बेचता है वह पतित है। माता और पिता की अस्थियों के बिना जो जीवनयापन के लिए दूसरे की अस्थियों को ग्रहण कर तीर्थ में ले जाता है वह भी पतित कहा जाता है।

तत्रैव जातूकर्ण्यः—यत्र मातुलजोद्वाही यत्र वा वृषलीपतिः । श्राद्धं न गच्छेत्तद्विप्राः कृतं यच्च निरामिषम् ॥

वहीं पर जातूकर्ण्य ने कहा है कि–हे विप्राः, जहाँ पर मामा की कन्या को विवाह करनेवाला उसका पति हो या जहाँ पर शूद्रा का परिणयन करने वाला उसका पति हो वह श्राद्ध तथा मांस रहित श्राद्ध पितरों को नहीं मिलता हैं।

पितृपुत्रौ भ्रातरौ द्वौ निरग्निं गुर्विणीपतिम् । सगोत्रप्रवरं चैव श्राद्धेषु परिवर्जयेत् ॥

पिता और पुत्र को, सगे दो भाई को, जो अग्निहोत्री न हो, जिसकी स्त्री गर्भवाली हो, समान गोत्र और प्रवर वाले को श्राद्धों में त्याग करे।

(शंखचक्रद्यङ्कनग्रहणे विचारः)

बृहन्नारदीये–शङ्ख चक्रं मृदा यस्तु कुर्यात्तप्तायसेन वा । स शूद्रवद् बहिष्कार्यः सर्वस्माद्विजकर्मणः ॥ शङ्खचक्राद्यङ्कनं च गीतनृत्यादिकं तथा । एक जातेरयं धर्मो न जातु स्याद् द्विजन्मनः ॥ तेन ये तप्तमुद्रादिविधयस्ते शूद्रविषया इति ।

बृहन्नारदीय में कहा है कि—जो ब्राह्मण मृत्तिका द्वारा या तप्त (तपे हुए) लोहे से शंख और चक्र को लगाता है। वह ब्राह्मण शूद्र के तुल्य सब कर्मों में बाहर करने योग्य है।

शंख, चक्र आदिका अंकित करना तथा गीत-नृत्य आदि कर्म एकजाती (शूद्र) का धर्म है। ब्राह्मण (शातातपः--अङ्गेषु नाङ्कयेद्विप्रो देवतायुधलाञ्छनैः । अङ्कयेद्यदि वा मोहात् पतत्येव न संशयः ॥) का नहीं है। इससे जो तप्त मुद्रा आदि विधियाँ हैं वे शूद्रविषयक हैं।

पृथ्वीचन्द्रोदये—शिवकेशवयोरङ्कान् शूलचक्रादिकान् द्विजः । न धारयेत मतिमान् वैदिके वर्त्मनि स्थितः ॥ इत्याश्वलायनोक्तेश्च । नृत्यश्चोदराद्यर्थं निषिद्धमिति श्रीधरस्वामी । अन्येऽपि निषिद्धा निबन्धेषु ज्ञेया इति दिक् ।

पृथ्वीचन्द्रोदय में कहा है कि—वैदिकमार्ग में स्थित बुद्धिमान् ब्राह्मण शिव और केशव के शूल, चक्र आदि के अंकों को न धारण करे। यही आश्वलायन ने भी कहा है। श्रीधरस्वामी ने कहा है कि उदर (पेट) के लिए नृत्य निषिद्ध है। अन्य भी निषिद्ध निबन्धों में जानना चाहिये।

अत्र विप्राणां ग्राह्यत्वोक्त्यैव तद्वर्ज्यानां निषेधे सिद्धे पुनर्वर्ज्यपरिगणनं निषिद्धवर्ज्यनिर्गुणप्राप्त्यर्थमिति विज्ञानेश्वरः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर ग्राह्य ब्राह्मणों के कहने से ही वर्जित ब्राह्मणों का निषेध सिद्ध होने से फिर से त्याज्यों का परिगणन, इसलिए है कि वर्ज्य भिन्न निर्गुणों का भी प्राप्त्यर्थ है—यह विज्ञानेश्वर ने कहा है।

(कुष्ठिकाणादेरपवादकथनम्)

कुष्ठिकाणादेरपवादो हेमाद्रौ वसिष्ठः—अपि चेन्मन्त्रविद्युक्तः शारीरैः पङ्क्तिदूषणैः।
अदूष्यं तं यमः प्राह पङ्क्तिपावन एव सः॥
क्वचिद्विप्राणां जातिमात्रेण ग्राह्यत्वमुक्तम्।

कुष्ठी, काणा आदि के अपवाद को हेमाद्रि में वसिष्ठ ने कहा है कि—शरीर में होनेवाले पंक्तिदूषकों से दूषित भी हो यदि वह वेद का जानकार है उसे अदूष्य (दोष रहित) यम (कर्मविपाक के जानकार) ने कहा है और वह 'पक्तिपावन ही है। कहीं ब्राह्मणों का जातिमात्र से ग्रहण करना कहा है।

(गयास्थितब्राह्मणानामेव भोजने विचारः)

चन्द्रिकायामाग्नेये—यदि पुत्रो गयां गच्छेत्कदाचित्कालपर्ययात्। तानेव भोजयेद्विप्रान् ब्राह्मणा ये प्रकल्पिताः॥ ब्रह्मणा कृतसंस्थाना विप्रा ब्रह्मसमाः स्मृताः। अमानुषा गयाविप्रा ब्रह्मणा ये प्रकल्पिताः। तेषु तुष्टेषु सन्तुष्टाः पितृभिः सह देवताः॥

स्मृतिचन्द्रिका में अग्निपुराण का वाक्य है कि—कदाचित् (कभी) समय के प्रभाव से यदि पुत्र गया में गया हो तो उन्हीं ही ब्राह्मणों को भोजन करावे जो गया में—कल्पित के श्राद्ध अधिकारी हैं।

ब्रह्मा के द्वारा गया में उत्पन्न किये गये गया के ब्राह्मण ब्रह्मा के सदृश कहे गये हैं। वे ब्राह्मण जिनको ब्रह्मा ने रचा है वे ब्राह्मण अमानुष (मनुष्य नहीं) हैं। उनके प्रसन्न होने पर पितरों के साथ देवता प्रसन्न होते हैं।

(श्रीपितामह अक्षयवटश्राद्ध एव ब्राह्मणभोजनविचारः)

तत्रैव—न विचार्यं कुलं शीलं विद्या च तप एव च। पूजितैस्तैस्तु सन्तुष्टा देवाः सपितृगुह्यकाः॥ गयायां निर्गुणा अपि ते एव भोज्या इति हेमाद्रिः। अक्षयवटश्राद्धे एव तन्नियमो नान्यत्रेति त्रिस्थलीसेतौ पितामहचरणाः।

वहीं पर कहा है कि—कुल, शील, विद्या तथा तप का विचार न कर ब्राह्मणों को पूजन (अर्चन) से उनके पितर और गुह्यक[2] (धनविशेष की रक्षा करनेवाले) के साथ देवता सन्तुष्ट होते हैं।

गया में तो गुणहीन ब्राह्मण भी जो हैं वे भी भोज्य हैं—यह हेमाद्रि में कहा है। यह उपरोक्त नियम अक्षयवटश्राद्ध के लिए ही है, अन्यत्र नहीं है यह बात त्रिस्थलीसेतु में पितामहचरण ने कहा है।

(तीर्थेषु ब्राह्मणपरीक्षाविचारः)

पृथ्वीचन्द्रोदयेऽपि पाद्मे—तीर्थेषु ब्राह्मणं नैव परीक्षेत कदाचन।
अन्नार्थिनमनुप्राप्तं भोज्यं तं मनुरब्रवीत्॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में भी पद्मपुराण का वचन है कि—कभी भी तीर्थों में ब्राह्मण की परीक्षा न करे। अन्न की इच्छावाला व्यक्ति के प्राप्त होने पर उसको भोजन करा दे—यह मनु ने कहा है।

स्कान्देऽपि—ब्राह्मणान्न परीक्षेत तीर्थे क्षेत्रनिवासिनः।

स्कन्दपुराण में भी कहा है कि—तीर्थक्षेत्र में निवास करने वाले ब्राह्मणों की तीर्थ में परीक्षा न करे।

१—वेदार्थविप्रवक्ता च ब्रह्मचारी सहस्रदः। शतायुश्चैव विज्ञेया ब्राह्मणाः पङ्क्तिपावनाः॥ (मनु० अ० ३, श्लो० १८७)।

२—देवयोनि विशेषः। स तु कुबेरानुचरः निधिरक्षको मणिभद्रादियक्षभेदः। 'निधिं रक्षन्ति ये यक्षास्ते स्युर्गुह्यसंज्ञकाः। ब्रह्मवैवर्ते ब्रह्मखण्डे—५।६०। आविर्बभूव कृष्णस्य गुह्यदेशात्ततः परम्। पिङ्गलश्च पुमानेकः पिङ्गलैश्च गणैः सह। आविर्भूता यतो गुह्यात् तेन ते गुह्यकाः स्मृताः॥ महाभारते—३।३।१०। में भी है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(पित्र्ये कर्मणि ब्राह्मणपरीक्षा।)

मनुः—(अं० ३, १४९) न ब्राह्मणं परीक्षेत दैवे कर्मणि धर्मवित्। पित्र्ये कर्मणि तु प्राप्ते परीक्षेत प्रयत्नतः ॥ असम्भवपरमेतादिति मेधातिथिः।

मनु ने कहा है कि—धर्म के जानकार को चाहिये कि दैवकर्म में ब्राह्मण की परीक्षा न करे। पितृ-कार्य (कुल, शील आदि) कर्म के उपस्थित होने पर तो प्रयत्न से परीक्षा करे। मेधातिथि ने कहा है कि यह 'असम्भव परक' है।

(ब्राह्मणस्य श्रेष्ठता कथनम् तथा कूटकाणादीनां ब्राह्मणानां च श्राद्धभोजने विचारः)

हेमाद्रौ व्यासः—गायत्रीसारमात्रोऽपि वरं विप्रः सुयन्त्रितः। नायन्त्रितश्चतुर्वेदी सर्वाशी सर्व-विक्रयी ॥ काणाः कूटाश्च कुब्जाश्च दरिद्रा व्याधितास्तथा। सर्वे श्राद्धे नियोक्तव्या मिश्रिता वेदपारगैः ॥

हेमाद्रि में व्यास ने कहा है कि—गायत्री के तत्त्वमात्र को जाननेवाला संयमी ब्राह्मण भी उत्तम है। जिसकी इन्द्रियाँ वश में न हो ऐसा ब्राह्मण चतुर्वेद का ज्ञाता हो, सब भक्षण करनेवाला और सब वस्तुओं का विक्रय करनेवाला उत्तम नहीं है।

एक आँख से हीन, कूट[1] (खलपुरुष स्फुट अर्थ से भी प्रसन्न नहीं करता है। या कुछ नहीं देता है) मायानिश्चलयन्त्रेषु कैतवानृतराशिषु। अयोघने शैलशृङ्गे सौराङ्गे कूटमस्त्रियाम् ॥ अमर०)। कुब्ज (कूवड), दरिद्र और रोगी इन सबों को वेद के पारंगतों के साथ दैविकश्राद्ध में (ही) नियुक्त करना चाहिए।

(विप्रनिमन्त्रणप्रकारः)

अथ विप्रनिमन्त्रणम्। चन्द्रिकायां वाराहे—वस्त्रशौचादि कर्तव्यं श्वः कर्तास्मीति जानता। स्थानोपलेपनं कृत्वा ततो विप्रान्निमन्त्रयेत् ॥ दन्तकाष्ठं च विसृजेद् ब्रह्मचारी शुचिर्भवेत्।

अब ब्राह्मण का निमन्त्रण कहते हैं। चन्द्रिका में वाराह का वचन है कि—कल मैं श्राद्ध को करूँगा—इस बात को जानता हुआ कर्ता वस्त्रों की पवित्रता आदि कर जिस स्थान (जगह) में श्राद्ध करना है उसका उपलेपन कर ब्राह्मणों को निमन्त्रण (निमन्त्रण तो पहले दिन रात में करे या असंभव में पर दिन) करे। दन्तकाष्ठ (दतवन) का त्याग कर ब्रह्मचारी और पवित्र रहे।

(द्विजानां निमन्त्रणे महत्वपूर्णविचारः)

तत्रैव प्रचेताः— दक्षिणं चरणं विप्रः सव्यं वै क्षत्रियस्तथा।
पादावादाय वैश्यो द्वौ शूद्रः प्रणतिपूर्वकम् ॥

वहीं पर प्रचेता ने कहा है कि—ब्राह्मण दाहिना चरण (दक्षिणचरणस्पर्श) जानुदेश में करे (मात्स्ये—दक्षिणं जानुमालभ्य त्वं मयाऽत्र निमन्त्रितः। मयूखे तु चरणौ गृहीत्वा प्रसादनमुक्तम्। तदुत्तरं निमन्त्रणं कार्यमिति शिष्टाः)। क्षत्रिय बायाँ चरण, वैश्य दोनों पैरों को और वैश्य प्रणति (नमस्कार) पूर्वक निमन्त्रण दे।

बृहस्पतिः—उपवीती ततो भूत्वा देवार्थं तु द्विजोत्तमान्।
अपसव्येन पित्र्येऽथ स्वयं शिष्योऽथवा सुतः ॥

बृहस्पति ने कहा है कि—तदनन्तर उपवीती (सव्य) होकर देवकार्य के लिए उत्तम ब्राह्मणों को और पित्र्यकार्य में अपसव्य से स्वयं, शिष्य या पुत्र निमन्त्रण दे।

प्रचेताः—सवर्णं प्रेषयेदाप्तं द्विजानां तु निमन्त्रणे।

प्रचेता ने कहा है कि—द्विजों के निमन्त्रण में तो आत्मीय अपने वर्ण के ही व्यक्ति को भेजना चाहिये।

१—हृदयं यदि वा पृष्ठमुन्नतं क्रमशः सरुक्। क्रुद्धो वायुर्यदा कुर्यात्तदा तं कुब्जमादिशेत्।

२—श्राद्धभूमिं परिगृह्य गोमयादिना तस्थाने लेपनं कृत्वा वस्त्रशुध्यादिकमह्नि कृत्वा रात्रौ विप्रान्निमन्त्रयेत् इति स्मृतिमुक्ताफले।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(राजकार्यादौ नियुक्तस्य श्राद्धविचारः)

पृथ्वीचन्द्रोदये स्कान्दे--राजकार्ये नियुक्तस्य बन्धनिग्रहवर्तिनः।
व्यसनेषु च सर्वेषु श्राद्धं विप्रेण कारयेत् ॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में स्कन्दपुराण का कथन है कि—राजकीयकार्य में नियुक्त का, बन्धन में निग्रह[1] का और सब व्यसनों में संलग्नों का श्राद्ध ब्राह्मण के द्वारा करावे।

(ब्राह्मणस्यान्नं वृषलस्यान्नं च कस्मिन् दशायामभोज्यं भवति)

चन्द्रिकायां यमः--अभोज्यं ब्राह्मणस्यान्नं वृषलेन निमन्त्रितम्।
तथैव वृषलस्यान्नं ब्राह्मणेन निमन्त्रितम् ॥

चन्द्रिका में यम का कथन है कि—वृषल (शूद्र) के द्वारा निमन्त्रण ब्राह्मण को अभोज्य (स्मृतौ–अभोज्यं ब्राह्मणस्यान्नं क्षत्रियाद्यैर्निमन्त्रितम्। तथैव क्षत्रियादीनां वृषलेन निमन्त्रितम् ॥) है। वैसे ही शूद्र का अन्न है जो कि ब्राह्मण ने निमन्त्रण किया हो।

(सप्तादिश्रोत्रियाणां निमन्त्रणकथनम्)

तत्रैव पैठीनसिः--सप्त पञ्च द्वौ वा श्रोत्रियान्निमन्त्रयेत्। आश्वलायनगृह्यसूत्रे--(अ० ४ ख० १ सू० २ पृ० १२३) 'एकैकमेकैकस्य द्वौ द्वौ त्रींस्त्रीन्वा वृद्धौ फलभूयस्त्वम्, द्वाविति वृद्धिश्राद्धे। गौतमः--नवावरान्भोजयेदयुजो वा यथोत्साहम्।

वहीं पर पैठीनसि ने कहा है कि—पार्वणश्राद्ध में सात, पांच या दो वेदपाठियों को निमन्त्रण करे। आश्वलायनसूत्र में भी कहा है कि—एक एक के लिए (पितरों के लिए) दो दो या तीन तीन ब्राह्मण को निमन्त्रण दे। ब्राह्मण वृद्धि में फलाधिक्य ही होता है (अन्यथा महाकर्मवाली विधि का आनर्थक्य उपस्थित हो जायगा)। दो क्यों कहा—उसका उत्तर यों है कि—पित्र्यकार्य में ब्राह्मणयुग्म होने चाहिये। गौतम ने कहा है कि—उत्तम नौ या अयुग्म ब्राह्मणों को यथाविभव निमन्त्रण दे।

याज्ञवल्क्यः--(आचारा० श्लो० २८८) द्वौ दैवे प्राक् त्रयः पित्र्ये उदगेकैकमेव वा।
मातामहानामप्येवं तन्त्रं वा वैश्वदेविकम् ॥

याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—देवकार्य में प्राङ्मुख दो ब्राह्मण, पित्र्यकार्य में तीन अथवा दोनों कार्य उदङ्मुख एक एक ही ब्राह्मण, और मातामहों का भी वही इसीतरह अथवा वैश्वदेव वाला विधान से करे।

दीपकलिकायां पराशरः—संपत्तावथ पात्राणामेकैकस्य त्रयस्त्रयः।
पित्रादेर्ब्राह्मणाः प्रोक्ताश्चत्वारो वैश्वदेविके ॥

दीपकलिका में पराशर का कथन है कि—संपत्ति के रहने पर और सुपात्र ब्राह्मणों के प्राप्त होने पर एक एक पितर के लिए तीन तीन और वैश्वदेव में चार ब्राह्मण कहे गये हैं।

वृद्धयाज्ञवल्क्यः—दशैकं पञ्च वा विप्रान् पार्वणे विनियोजयेत्। अत्र वैश्वदेवे द्वौ चतुरो वोपवेश्य पित्र्यादीनामेकैकस्य स्थाने एकं त्रीन् पञ्च सप्त नव वोपवेशयेदिति निष्कृष्टोऽर्थः।

वृद्धयाज्ञवल्क्य ने कहा है कि—ग्यारह या पांच ब्राह्मणों को पार्वण में नियुक्त करे। यहाँ पर वैश्वदेव में दो या चार ब्राह्मणों को बैठाकर पिता आदियों के एक एक स्थान पर एक, तीन, पांच, सात या नौ बैठा दे। यह एकमात्र अर्थ है।

मनुः–(अ.३,१२५,१२६) द्वौ दैवे पितृकृत्ये त्रीनेकैकमुभयत्र वा।
भोजयेत्सुसमृद्धोऽपि न प्रसज्येत विस्तरे ॥
सत्क्रियां देशकालौ च शौचं ब्राह्मणसम्पदः। पञ्चैतान् विस्तरो हन्ति तस्मान्नेहेत विस्तरम् ॥

१—मनुः—७।१७५– निग्रहं प्रकृतीनां च कुर्याद् योरिवलस्य च। उपसेवेत तं नित्यं सर्वयत्नैर्गुरुं यथा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मनु ने कहा है कि—देवकार्य में दो, (अनेक शाखाओं के ब्राह्मण रहने पर शाखाभेद से विभाग करे), पितृकार्य में तीन या देव और पितृकार्य में एक एक ब्राह्मण को भोजन करावे। सुसमृद्ध (धनी) होनेपर भी श्राद्ध में विस्तार न करे।

सत्कार, देश और काल, पवित्रता और ब्राह्मण प्राप्त होना इन पांचों को विस्तार नाश करता है। इसलिये विस्तार की इच्छा न करे।

पृथ्वीचन्द्रोदये शातातपः—द्वौ दैवेऽथर्वणौ विप्रौ प्राङ्मुखावुपवेशयेत्।
पित्र्ये तूदङ्मुखांस्त्रींश्च बह्वृचाध्वर्युसामगान्॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में शातातप ने कहा है कि—देवकार्य में अथर्ववेदी दो ब्राह्मणों को पूर्वाभिमुख बैठावे। पितृकार्य में बह्वृच (ऋग्वेदी) अध्वर्यु (यजुर्वेदी) और सामग (सामवेदी) इन तीन ब्राह्मणों को उत्तराभिमुख बैठावे।

अत्यशक्तौ हेमाद्रौ देवलः—एकेनापि हि विप्रेण षट्पिण्डं श्राद्धमाचरेत्।
षडर्घ्यान् दापयेत्तत्र षड्भ्यो दद्यात्तथा हविः॥

अत्यन्त अशक्ति में (अनेक ब्राह्मणों के भोजन में पर्याप्त अन्न के अभाव में या ब्राह्मण के अभाव में अन्नाभावे द्विजाभावे तीर्थे चापि महालये। एकस्मिन् दीयते चान्नमर्घ्यान् पिण्डान् पृथक् पृथक्॥) हेमाद्रि में देवल ने कहा है कि—एक ही ब्राह्मण से भी छः पिण्डवाला श्राद्ध करे। उसमें छः अर्घ्य दे तथा छः बार (एकब्राह्मणतृप्तिसमर्थनानाजातीयान्नसमुदायादेकपात्रेऽनेकपात्रे वा नानाजातीयमन्नमुद्धृत्य षडन्नसमुदायान् परिविश्य एकस्मै पित्रादये एकैकसमुदायं निवेदयेत्। अथवा एकस्मादन्नसमुदायात्स्तोकं स्तोकमुद्धृत्य बुद्ध्यैव पृथक्कृत्य निवेदयेत्) वैसे ही हवि दे।

गोभिलः—यद्येकं भोजयेच्छ्राद्धे छन्दोगं तत्र भोजयेत्।
ऋचो यजूंषि सामानि त्रितयं तत्र विद्यते॥

गोभिल ने कहा है कि—यदि श्राद्ध में एक ही ब्राह्मण को भोजन कराना है तो छन्दोग (सामवेदी) को करावे। क्योंकि उसमें ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद ये तीनों रहते हैं।

(वैश्वदेवे विशेषमाह)

अत्र वैश्वदेवे विशेषमाह तत्रैव वसिष्ठः—यद्येकं भोजयेच्छ्राद्धे दैवं तत्र कथं भवेत्। अन्नं पात्रे समुद्धृत्य सर्वस्य प्रकृतस्य च॥ देवतायतने कृत्वा ततः श्राद्धं समाचरेत्। प्रास्येदग्नौ तदन्नं तु दद्याद्वा ब्रह्मचारिणे॥

एतच्च सपिण्डीकरणवर्जं ज्ञेयम्, 'नत्वेवैकं सर्वेषां' काममनाद्ये' इत्याश्वलायनोक्तेः। (अ० ४। ख० ७ सू० २, ३) अस्यार्थ उक्तो नारायणवृत्तौ—आद्यं सपिण्डकरणं तद्वर्जेषु (सर्व) श्राद्धेषु कामं त्रयाणामेकं भोजयेत्, सपिण्डीकरणे तु नियतं त्रिभिर्भाव्यम् इति। अनाद्येऽभोजने पार्वणवर्जिते वा आमहेमश्राद्धादौ वा। अन्नाभावे चेति व्याख्यान्तरं तत्रैव ज्ञेयम्।

कारिकाऽपि—दैवे पित्र्येऽथ वैकैकं सपिण्डीकरणं विना। इति।

यहाँ पर वैश्वदेव में विशेष वहीं पर वसिष्ठ ने कहा है कि—यदि एक ब्राह्मण को श्राद्ध में भोजन करावे तो वहीं पर देवकार्य कैसे होगा। श्राद्धीय सब अन्न को एक पात्र में निकालकर (वैश्वदेविक ब्राह्मण भोजन पर्याप्त अन्न को पात्र में परिवेषण कर) उस अन्न को देवता के मन्दिर में रखकर फिर से श्राद्ध का प्रारम्भ करे। यह भोजनाभ्यनुज्ञानन्तर कर उस अन्न को अग्नि में गिरादे या ब्रह्मचारी को दे।

१—'आमैर्वा फलमूलैर्वा प्रदानमात्रं हिरण्येन वा प्रदानमात्रम्' इति बौधायनः। अन्ये त्वनाद्ये दुर्भिक्ष इति। अन्ये त्वनाद्य आद्याभावेऽन्नाभावे सम्पदभावः। (आश्व० गृ० पृ० १२५)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और यह (दैव और पित्र्य में एक ही ब्राह्मण निमन्त्रण है—यह अर्थ है ।) सपिण्डीकरण में त्याग जानना चाहिये । क्योंकि आश्वलायन ने कहा है कि—सपिण्डीकरण को छोड़कर करना चाहिये ।

उसका अर्थ नारायण वृत्ति में कहा है कि—आद्य-सपिण्डीकरण श्राद्ध को छोड़कर अन्य श्राद्धों में एक को भोजन करावे । अन्य ने तो कहा है कि—अनाद्ये पार्वणवर्जिते यह व्याख्या की है । इच्छा से इतर सब श्राद्धों में तीन के लिए एक व्यक्ति को भोजन करा दे । सपिण्डीकरण में तो निश्चित तीन व्यक्ति होने चाहिये । अनाद्य-आमश्राद्ध या हेमश्राद्ध में कहा है । अन्नाभाव (सम्पदाभाव में और दुर्भिक्ष) में पार्वण को छोड़कर एक को भोजन करावे ।

कारिका में भी कहा है कि—सपिण्डीकरण के विना देव और पितृश्राद्ध में एक एक ब्राह्मण भोजन करावे ।

अत्रैकविप्रे साग्नेर्विशेषमोह पृथ्वीचन्द्रोदये प्रचेताः—एकस्मिन् ब्राह्मणे दैवे साग्नेरग्निर्भवेत्सदा ।
अनग्नेः कुशमुष्टिः स्यात् श्राद्धकर्मणि सर्वतः ॥

यहाँ पर एक ब्राह्मण में साग्निक को विशेष पृथ्वीचन्द्रोदय में प्रचेता ने कहा है कि—देव कार्य में साग्निक (अग्निहोत्री एक ब्राह्मण) और निरग्निक के स्थानापन्न कुशमुष्टि श्राद्धकर्म में सर्वत्र कहा है ।

(विप्रालाभे विचारः)

सर्वथा विप्रालाभे तत्रैव हेमाद्रौ सत्यव्रतः—निधाय दर्भनिचयमासनेषु समाहितः ।
प्रैषानुप्रैषसंयुक्तं सर्वं श्राद्धं प्रकल्पयेत् ॥

अत्रानत्यभावात्सत्रे ऋत्विक्कार्ये यजमानविधौ न दक्षिणा' इति केचित् । तन्न, अदृष्टार्थायाः दक्षिणायाः प्राप्तेः—सर्वं तत्त्रिजटे तुभ्यं यच्च श्राद्धमदक्षिणम् । इति पाठात्, विदध्याद्धौत्रमन्यश्चेद्दक्षिणार्द्धहरो भवेत् । स्वयं चेदुभयं कुर्यादन्यस्मै प्रतिपादयेत् । इति छन्दोगपरिशिष्टाच्च । एवं यतिश्राद्धेऽपि ।

सर्वथा विप्र के अलाभ में वहीं पर हेमाद्रि में सत्यव्रत ने कहा है—कुशाओं के समूह को समाहित मन से आसनों पर रखकर प्रैष[1] और अनुप्रैष से युक्त सब श्राद्ध करे ।

कोई कहते हैं कि—यहाँ पर अन्य के अभाव से 'सत्रयाग'[2] की तरह ऋत्विक् कार्य में यजमान की

१—अध्वर्युनामक ऋत्विक् दर्शपूर्णमास याग के प्रसंग में ब्रह्मा नामक ऋत्विक् से कहता है कि—'ब्रह्मन्नपः प्रणेष्यामि' हे ब्रह्मन्, मैं जल का प्रणयन (जल प्रणीता पात्र में गिराऊँगा) करूँगा । 'ॐ प्रणय' ऐसी ब्रह्मा अध्वर्यु को आज्ञा देता है । अध्वर्यु प्रणीतापात्र को गार्हपत्य-आवहनीय के समीप में चुपचाप ले जाकर आहवनीय के उत्तर तरफ न बहुत दूर न बहुत समीप 'करत्वा' इस मन्त्र से रखता है । इसी का नाम प्रैष है । (कात्यायन श्रौत० वृत्ति० अ० २ सू० २, ३) तद्वत् ब्रह्मन् प्रस्थास्यामि, ॐ प्रतिष्ठ, ब्रह्मन् बर्हिः प्रोक्षिष्यामि, ॐ प्रोक्ष, ब्रह्मन्, पूर्वं परिग्रहं परिग्रहीष्यामि, ब्रह्मन्, सामिधेनीरनुवक्ष्यामि, प्रजापतेऽनुब्रूहि यज्ञम् इत्यादि से ब्रह्मा आज्ञा देता है—इसी को प्रैष कहते हैं । अनुप्रैष—उसको कहते हैं—प्रैष के अनन्तर दूसरा व्यक्ति आज्ञा देता है—हविर्होतरि यज—अर्थात्—अध्वर्यु मैत्रावरुण ऋत्विक को प्रैष देता है और मैत्रावरुण होता नामक ऋत्विक के प्रति अनुप्रैष करता है । इत्यादि ।

२—द्वादशाह का स्वरूप निरूपण करते हैं । वह दो प्रकार का है । पहला सत्ररूप दूसरा अहीन रूप । सत्रात्मक ब्राह्मण कर्तृक ही होता है । यहाँ पर सब यजमान ही होते हैं । अतः सत्रजन्य फल सब यजमानों को ही होता है । अतः इस यज्ञ में दक्षिणा नहीं होती है । सब यजमान होने पर भी गृहपति नामक अन्य यजमान का कार्य करता है अन्य ब्रह्मत्व कार्य करते हैं । दीक्षादि और यजमान का कार्य सबों को ही है । इसका विशेष विवरण कात्यायन श्रौतसूत्र की भूमिका को देखिये । प्रसंगवशक यज्ञों में ब्राह्मणों का ही अधिकार है । गृहपति (सत्रे यजमानकार्यं त्यागादिकं यः करोति स गृहपतिरित्युच्यते ।) कार्य में क्षत्रिय और वैश्य को सत्रयज्ञ में अधिकार नहीं है । सहस्र संवत्सर साध्य 'विश्वसृड्नामक सत्र में मनुष्यों को अधिकार नहीं है । क्योंकि उतनी आयु प्राप्त होना असंभव है । मनुष्यों की सहस्र संवत्सर पर्यन्त की आयु पहले भी नहीं थी न आगे है या मनुष्यों को अधिकार सत्र यज्ञों में है नहीं । क्योंकि शरीर अनित्य है । यह भी नियम नहीं है कि मनुष्यों की सौ वर्ष की ही आयु हो । रसायन आदि के द्वारा भी सहस्र संवत्सर की आयु प्राप्त होना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विधि में दक्षिणा नहीं होती है। यह उचित नहीं है। क्योंकि अदृष्टार्थ के लिये दक्षिणा की प्राप्ति होती है। पद्मपुराण में कहा है कि—हे त्रिजटे, जो श्राद्ध दक्षिणा से हीन होता है वह सब तुम्हारे लिए होता है।

और छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है कि—यदि अन्य व्यक्ति होत्रकर्म को करे तो उसको आधी दक्षिणा दे। यदि स्वयं ही दोनों कर्म करे तो दूसरे लिए दे दे। इसप्रकार यतिश्राद्ध में भी करे।

(यज्ञादिसंभारेषु दर्भसंख्याविचारः)

कात्यायनः—यज्ञवस्तुनि मुष्टौ च स्तम्बे दर्भवटौ तथा।
दर्भसंख्या न विहिता विष्टरास्तरणेषु च॥

कात्यायन ने कहा है कि—यज्ञ की सामग्री में, मुष्टि (कुशा के समूह) में, स्तंभ (गुच्छ) और दर्भ वटु में, विष्टर एवं आस्तरण (बिछौना) में दर्भ की संख्या नहीं कही है।

(मातृश्राद्धे विप्रालाभे विचारः)

मातृश्राद्धे तु विप्रालाभे सुवासिन्योऽपि भोजनीया इत्याहापरार्के वृद्धवसिष्ठः—मातृश्राद्धे तु विप्राणामलाभे पूजयेदपि। पतिपुत्रान्विता भव्या योषितोऽष्टौ कुलोद्भवाः॥ इति। अष्टाविति वृद्धिश्राद्धविषयम्।

मातृश्राद्ध में तो ब्राह्मण के अलाभ में सुवासिनि (सुहागिन) यों को भी भोजन करावे। यह अपरार्क में वृद्धवसिष्ठ ने कहा है कि—माता के श्राद्ध में तो ब्राह्मणों के अलाभ में पति और पुत्र से युक्त शरीर तथा आचार से सुन्दर अच्छे खानदान से उत्पन्न आठ स्त्रियों की पूजा करे। यह पर 'अष्टौ' यह पद वृद्धिश्राद्ध विषयक है।

(शालिग्रामादि-सन्निधौ-श्राद्धकरणे महत्त्वकथनम्)

पाद्मे उत्तरखण्डे—सकृदभ्यर्चितं लिङ्गं शालग्रामशिलां च यः। पीठे संस्थापयित्वा तु श्राद्धं च कुरुते नरः॥ पितरस्तस्य तिष्ठन्ति कल्पकोटिशतं दिवि।

पद्मपुराण के उत्तरखण्ड में कहा है—एक बार पूजित लिंग या शालग्रामशिला को पीठ पर स्थापन कर जो मनुष्य श्राद्ध करता है। उसके पितर कल्पकोटि सौ वर्ष तक स्वर्ग में रहते हैं।

(ब्राह्मणनिमन्त्रणे नियमादिकथनम्)

चन्द्रिकायां मात्स्ये—पठन्निमन्त्र्य नियमाञ्छ्रावयेत्पैतृकान् बुधः। अक्रोधनैः शौचपरैः सततं ब्रह्मचारिभिः॥ भवितव्यं भवद्भिश्च मया च श्राद्धकारिणा।

चन्द्रिका में मत्स्यपुराण का कथन है कि—निमन्त्रण देकर निमन्त्रण के नियमों को पढ़कर बुद्धिमान् पितृश्राद्ध में गृहीत ब्राह्मणों को श्रवण करावे। क्रोध से रहित, पवित्रता में तत्पर, निरन्तर ब्रह्मचारी रहें। श्राद्ध करनेवाला मैं भी ऐसा ही करूँगा।

यत्तु मनुः—सर्वायासविनिर्मुक्तैः कामक्रोधविवर्जितैः। भवितव्यं भवद्भिर्नः श्वोभूते श्राद्धकर्मणि॥ इति, तत्पूर्वेद्युर्निमन्त्रणपरं न तदहः।

जो मनु ने कहा है कि—सब प्रकार के परिश्रमों से मुक्त, काम तथा क्रोध से रहित आप लोग रहें कल के होने वाले श्राद्धकर्म के लिए। वह पहले दिन निमन्त्रण परक है। उस दिन के लिए नहीं है।

तत्रैव देवलः—असंभवे परेद्युर्वा ब्राह्मणांस्तान्निमन्त्रयेत्।
अज्ञातीनसमानार्षानयुग्मानात्मशक्तितः॥

भी असंभव ही है। प्रायः सौ वर्ष की आयुवाले पुरुष लोक में दिखते हैं। रसायन आदि से तो अपमृत्यु का निवारण होता है। इससे आयु की वृद्धि नहीं हो सकती। यदि यह कहें कि—पिता, पुत्र, पौत्र और इसका पुत्र इस वंशपरंपरा द्वारा सहस्र संवत्सरवाला सत्रयज्ञ हो सकता है। क्यों—जिस कार्य को प्रारंभ किया जाता है उसकी समाप्ति अवश्य ही होती है। ऐसा कार्ष्णाजिनि का मत युक्त नहीं है इत्यादि पूर्वपक्ष के बाद सिद्धान्तपक्ष यह है कि—दिन परक मानना चाहिये। 'अहर्वैसंवत्सरः' इति श्रुति वाक्य से भी संवत्सर शब्द दिन का वाचक है। (सवृत्ति कात्यायन श्रौतसूत्र १।क० २ सू० १३–२७) में विशेष देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वहीं पर देवल ने कहा है कि—संभव न होने पर तो पर दिन में ब्राह्मणों को जो स्वजातीय असमान गोत्री और अयुग्म हों उनको अपने शक्ति के अनुसार निमन्त्रण दे।

कात्यायनः—'अनिन्द्येनामन्त्रितो नापक्रमेत्' (का०श्रा०सू०१-१२)। केतनं गृह्य शक्तः।

कात्यायन ने श्राद्धसूत्र में कहा है कि—अनिन्दित व्यक्ति से आमन्त्रित होकर अस्वीकर नहीं चाहिये। शक्त हो तो।[1] केतन (अर्चन) को ग्रहण परित्याग न करे। (अनिन्द्येनामन्त्रिते शक्तेन न प्रत्याख्यानं कर्तव्यमिति गौतमः। तेन निन्द्येनामन्त्रेण भोक्तुरसामर्थ्ये च प्रत्याख्येयमिति गम्यते। इत्यादि कृष्णंभट्टीटीकायाम्।) (निन्द्यानाह याज्ञवल्क्यः (आचा० १६३-१६७) कदर्यबद्धचौराणां क्लीवरङ्गावतारिणाम्। एषामेन्नं न भोक्तव्यं सोमविक्रयिणस्तथा॥)

(श्राद्धकर्तृभोक्तृनियमाः)

अथ श्राद्धकर्तृभोक्तृनियमाः। तत्र निमन्त्रितविप्रत्यागेऽपरार्के यमः—केतनं कारयित्वा तु योऽतिपातयति द्विजम्। ब्रह्महत्यामवाप्नोति शूद्रयोनौ च जायते॥

आमन्त्र्य ब्राह्मणं यस्तु यथान्यायं न पूजयेत्। अतिकृच्छ्रासु घोरासु तिर्यग्योनिषु जायते॥

अब श्राद्धकर्ता और भोक्ता के नियम कहते हैं। उसमें निमन्त्रित ब्राह्मण के त्याग में अपरार्क में यम में कहा है कि—केतन (पूजन) को कराकर जो द्विज का अतिपात (अतिक्रम) करता है। वह (उपनिमन्त्रणेऽपि) ब्रह्महत्या को प्राप्त करता है और शूद्रयोनि में उत्पन्न होता है।

जो ब्राह्मण को आमन्त्रण कर यथोचित पूजन नहीं करता है। वह भयंकर तिर्यग्योनि में जाता है।

प्रमादात्त्यागे तु हारीतः—प्रमादाद्विस्मृतं ज्ञात्वा प्रसाद्यैनं प्रयत्नतः।
तर्पयित्वा यथान्यायं सर्वं तत्फलमश्नुते॥

प्रमाद से त्याग में तो हारीत ने कहा है कि—प्रमाद से विस्मृत जानकर प्रयत्न से उस ब्राह्मण को प्रसन्न कर यथोचित तृप्त (सन्तुष्ट) करे तो वह सब फल प्राप्त करता है।

प्रमादाभावे तु नारायणः—एतस्मिन्नेनसि प्राप्ते ब्राह्मणो नियतः शुचिः।
यतिचान्द्रायणं कृत्वा तस्मात्पापात्प्रमुच्यते॥

प्रमाद के अभाव में तो नारायण ने कहा है—ऐसा पाप होनेपर ब्राह्मण पवित्र और संयतचित्त होकर यतिचान्द्रायण[2] व्रत करके उस पाप से मुक्त होता है।

यमः—आमन्त्रितस्तु यो विप्रो भोक्तुमन्यत्र गच्छति।
नरकाणां शतं गत्वा चाण्डालेष्वभिजायते॥

यम ने कहा है कि—ब्राह्मण आमन्त्रण को अंगीकार कर अन्यत्र भोजन के लिये जाता है वह सौ नरकों में जाकर चाण्डालयोनियों में उत्पन्न होता है।

तत्रैव देवलः—पूर्वं निमन्त्रितोऽन्येन कुर्यादन्यप्रतिग्रहम्।
भुक्ताहारोऽथवा भुङ्क्ते सुकृतं तस्य नश्यति॥

वहीं पर देवल ने कहा है कि—प्रथम अन्य व्यक्तिका निमन्त्रण स्वीकार कर फिर अन्य का प्रतिग्रह करता है या भोजन कर फिर से दूसरे के यहाँ भोजन करता है तो उसका पुण्यनाश हो जाता है।

यदि विप्रो विलम्बते तदोक्तमादित्यपुराणे—आमन्त्रितश्चिरं नैव कुर्याद्विप्रः कदाचन। देवतानां पितॄणां च दातुरन्नस्य चैव हि। चिरकारी भवेद्द्रोही पच्यते नरकाग्निना॥

१—मनुः—४।११०—प्रतिगृह्य द्विजो विद्वान् एकोद्दिष्टस्य केतनम्। त्र्यहं न कीर्तयेद् ब्रह्म राज्ञो राहोश्च सूतके।

२—अष्टावष्टौ समश्नीयात् पिण्डान्मध्यं दिने स्थितः। नियतात्मा हविष्याशी यतिचान्द्रायणं स्मृतम्॥ मासमिति शेषः। एतत् प्राजापत्यचतुष्टयसममिति वृद्धविष्णुः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यदि ब्राह्मण विलम्ब (बुलाने पर भी श्राद्ध का अतिक्रमण) करता है तो आदित्यपुराण में कहा है—आमन्त्रित ब्राह्मण कभी भी विलंब न करे। यदि विलम्ब करता है तो वह देवताओं और पितरों का तथा दाता के अन्न का चिरकाल तक द्रोही होता है तथा नरकाग्नि में पकता है।

पृथ्वीचन्द्रोदये यमः—निमन्त्रितस्तु यो विप्रो ह्यध्वानं याति दुर्मतिः ।
भवन्ति पितरस्तस्य तं मासं पांशुभोजनाः ॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में यम ने कहा है कि—जो निमन्त्रित दुर्मति (खराब बुद्धिवाला) ब्राह्मण मार्ग (सीमा के बाहर) (ब्रह्माण्डपुराणे—न सीमानमतिक्रामेत् श्राद्धार्थं वै निमन्त्रितः । पर्यटन् सीममध्ये तु न कदाचित् प्रदुष्यति ॥ में जाता है तो उस व्यक्ति के पितर उस महिने में पांशु (धूलि) भोजन करते हैं।

आमन्त्रितस्तु यः श्राद्धे हिंसां वै कुरुते द्विजः । तं मासं पितरस्तस्य भवन्ति रुधिराशनाः ॥

आमन्त्रित ब्राह्मण जो श्राद्ध दिन में निश्चय हिंसा करता है तो उसके पितर उस महिने में रुधिर पीते हैं।

निमन्त्रितः प्रकुर्यात्तु कलहं चेद् द्विजः क्वचित् । भवन्ति पितरस्तस्य तं मासं मलभोजनाः ॥

जो ब्राह्मण निमन्त्रित होकर यदि कलह करता है तो उसके पितर उस महिने में मल (विष्ठा, मैल) भोजन करते हैं।

आमन्त्रितस्तु यः श्राद्धे भारमुद्वहते द्विजः । पितरस्तस्य तं मासं भवन्ति स्वेदभोजनाः ॥

जो ब्राह्मण आमन्त्रित होकर श्राद्ध में भार ढोता है तो उसके पितर उस महिने में स्वेद (पसीना) (घर्मो निदाघः स्वेदः स्यात्प्रलयो नष्टचेतना । अमर०) का भोजन करते हैं।

शङ्खः—निमन्त्रितस्तु यः श्राद्धे मैथुनं सेवते द्विजः ।
श्राद्धं दत्त्वा च भुक्त्वा च युज्यते महतैनसा ॥

शंख ने कहा है कि—जो ब्राह्मण श्राद्ध में 'निमन्त्रित होकर मैथुन का सेवन करता है वह और जो श्राद्ध को देकर (कर) या श्राद्ध में भोजन कर मैथुन का सेवन करता है बड़े पाप से युक्त होता है।

मैथुनम् ऋतावपि निषिद्धम्—ऋतुकाले नियुक्तो वा नैव गच्छेत् स्त्रियं क्वचित् । तत्र गच्छन्नवाप्नोति ह्यनिष्टानि फलानि तु ॥ इति तत्रैव माधवीये वृद्धमनूक्तेः ।

मैथुन ऋतुकाल में भी निषिद्ध है या ऋतुकाल के समय उपस्थित होने पर भी स्त्री के साथ मैथुन कभी न करे। यदि वहाँपर जाता है तो उसे अनिष्ट फल होते ही हैं। यह वहींपर ही माधवीय में वृद्धमनु ने कहा है।

श्राद्धं करिष्यन् कृत्वा वा भुक्त्वा वाऽपि निमन्त्रितः । उपोष्य च तथा भुक्त्वा नोपेयाच्च ऋतावपि ॥
भोक्ष्यन् करिष्यन् श्वः श्राद्धं पूर्वरात्रौ प्रयत्नतः । व्यवायं भोजनं चापि ऋतावपि विवर्जयेत् ॥
इति तत्रैवाश्वलायनोक्तेश्च ।

और वहीं पर आश्वलायन ने कहा है कि—श्राद्ध को करते हुए या करके या भोजन कर ऋतुकाल में भी स्त्री के साथ सहवास (संगम-मैथुन) न करे।

कल श्राद्ध करने वाला व्यक्ति और भोजन करने वाला व्यक्ति प्रयत्न से पहली रात्रि में ऋतुकाल में होनेवाला व्यवसाय (मैथुन) और भोजन को भी त्याग दे।

विज्ञानेश्वरेण तु श्राद्धे ऋतौ गच्छतोऽपि न दोष इत्युक्तं तत्त्वगतिकगतित्वे ज्ञेयम् ।

विज्ञानेश्वर ने तो कहा है कि—श्राद्ध में, ऋतुकाल में स्त्री के पास जाने पर भी दोष नहीं है, यों कहा है। वह अगतिकगति (उपायान्तर न होने पर समझना चाहिये) में जानना चाहिये।

बृहस्पतिः—द्विनिशं ब्रह्मचारी स्यात् श्राद्धकृद्ब्राह्मणैः सह ।
अन्यथा वर्तमानौ तु स्यातां निरयगामिनौ ॥

बृहस्पति ने कहा है कि—दो रात तक ब्राह्मणों के साथ श्राद्ध करनेवाला व्यक्ति ब्रह्मचारी रहे। वे दोनों विपरीत कार्य करें तो निरयगामि (नरकगामी) होते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुनर्भोजनमध्वानं भारमायासमैथुनम् । श्राद्धकृच्छ्राद्धभुक्चैव सर्वमेतद्विवर्जयेत् ॥ स्वाध्यायं कलहं चैव दिवास्वापं तथैव च ।

फिर से भोजन करना, मार्ग में चलना, बोझा ढोना, परिश्रम करना और मैथुन करना ये श्राद्ध करने वाले और भोजन करने वाले को सब त्याग देने चाहिये । और वैसे ही—स्वाध्याय (वेद का पढना), कलह (झगडा) तथा दिन में शयन (सोना) त्याग देना चाहिये ।

(रुधिरस्रावे तु श्राद्धकाशिकामते विचारः)

यत्तु श्राद्धकाशिकायां पुराणसमुच्चये—कृत्वा तु रुधिरस्रावं न विद्वान् श्राद्धमाचरेत् । एकं द्वे त्रीणि वा विद्वान् दिनानि परिवर्जयेत् ॥ इति, तन्निर्मूलम् ।

जो श्राद्धकाशिका में पुराणसमुच्चय का वचन है कि—रुधिरस्राव के होने पर विद्वान् श्राद्ध न करे। विद्वान् एक, दो या तीन दिन का त्याग करे । यह कहना उचित नहीं है ।

(अष्टवस्तूनां वर्जनकथनम्)

पृथ्वीचन्द्रोदये यमः—पुनर्भोजनमध्वानं भाराध्ययनमैथुनम् । सन्ध्यां प्रतिग्रहं होमं श्राद्धभोक्ताऽष्ट वर्जयेत् ॥ तत्र सन्ध्यानिषेधः प्रायश्चित्तात् पूर्वं ज्ञेयः ।

पृथ्वीचन्द्रोदय में यम ने कहा है कि—फिर से भोजन, मार्ग में चलना, बोझा ढोना, वेदाध्ययन, मैथुन, सन्ध्या, प्रतिग्रह और होम इन आठ बातों को श्राद्ध के भोजन करने वाले को त्याग देनी चाहिए। वहाँ पर सन्ध्या का निषेध जो है वह प्रायश्चित्त के पूर्व जानना चाहिए ।

यथाऽऽहोशनाः—दशकृत्वः पिबेदापो गायत्र्या श्राद्धभुग्द्विजः ।
ततः सन्ध्यामुपासीत जपेच्च जुहुयादपि ॥

जैसा उशना ने कहा है कि—श्राद्ध का भोजन करनेवाला ब्राह्मण दशबार गायत्री पढ़कर जल पीवे। तदनन्तर सन्ध्या की उपासना कर जप और हवन भी करे ।

गौडास्तु—सायंसन्ध्या परान्नं च छेदनं च वनस्पतेः । अमावास्यां न कुर्वीत रात्रिभोजनमेव च॥ द्यूतं च कलहं चैव सायंसन्ध्यां दिवाशयम् । श्राद्धकर्ता च भोक्ता च पुनर्भुक्तिं च वर्जयेत् ॥ इति कामधेनौ वाराहाद्युक्तेः श्राद्धकर्तुरपि सायंसन्ध्यानिषेधमाहुः । शिष्टास्त्वस्य निर्मूलत्वमाहुः। होमनिषेधस्तु स्वविषयः ।

गौड तो कहते हैं कि—सायंकाल की सन्ध्या, दूसरे का अन्न, वनस्पति (वृक्ष) का छेदन और रात का भोजन अमावास्या में न करे । जूआ, कलह, सायंकाल की सन्ध्या, दिन में शयन करना तथा फिर से भोजन ये सब श्राद्धकर्ता और भोक्ता को वर्जित है । यह कामधेनु में वाराह ने कहा है । श्राद्धकर्त्ता को भी सायंकाल सन्ध्या का निषेध कहा है । शिष्टगण तो इसको निर्मूल कहते हैं । होम का तो निषेध अपने लिए है अन्य होमकर्ता के अभाव में स्वयं ही प्रायश्चित्त (दश बार गायत्री को पढकर जल-पान करे) के बाद होम करे।

सूतके च प्रवासे च अशक्तौ श्राद्धभोजने । एवमादिनिमित्तेषु हावयेन्न तु हापयेत् ॥ इति छन्दोगपरिशिष्टात् ।

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है कि—सूतक में, प्रवास (परदेश की यात्रा में) में, अशक्ति में और श्राद्धभोजन में, इसप्रकार के निमित्तों में स्वयं त्याग करे दूसरों के द्वारा करा दे ।

तत्रैवादित्यपुराणे—निमन्त्रितस्तु न श्राद्धे कुर्याद्भार्यादिताडनम् ।

वहीं पर आदित्यपुराण में कहा है कि—श्राद्ध में निमन्त्रित ब्राह्मण भार्या आदि का ताडन (मारपीट) न करे ।

चन्द्रिकायां प्रचेताः—श्राद्धभुक् प्रातरुत्थाय प्रकुर्याद्दन्तधावनम् ।
श्राद्धकर्ता न कुर्वीत दन्तानां धावनं बुधः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्रिका में प्रचेता ने कहा है कि—श्राद्धीय अन्न का भोजन करनेवाला प्रातःकाल उठकर दन्तधावन करे और श्राद्ध को करनेवाला बुद्धिमान् व्यक्ति दन्तधावन न करे।

(दन्तधावनादौ विचारः)

हेमाद्रौ जावालिः—दन्तधावनताम्बूले तैलाभ्यङ्गमभोजनम्।
रत्यौषधं परान्नं च श्राद्धकृत्सप्त वर्जयेत्। इति।

हेमाद्रि में जावालि ने कहा है कि—श्राद्धको करनेवाला दन्तधावन, तांबूल, तैलाभ्यंग, (तेल की मालिस) उपवास, मैथुन, औषध और परान्नभोजन ये सात चीज का त्याग करे।

(श्राद्धोपवासदिवसे दन्तधावने दोषकथनम्)

विष्णुरहस्ये—श्राद्धोपवासदिवसे खादित्वा दन्तधावनम्।
गायत्र्या शतसंपूतमम्बुप्राश्य विशुद्ध्यति॥

विष्णुरहस्य में कहा है कि—श्राद्धोपवास दिन में खाकर दन्तधावन करता है वह सौवार गायत्री पढ़कर जल पीने से शुद्ध होता है।

(पुनर्भोजनादित्याज्यकथनम्)

पुनर्भोजनमध्वानं यानमायासमैथुनम्। दानं प्रतिग्रहो होमः श्राद्धभुक् त्वष्टवर्जयेत्॥

फिर से भोजन करना; मार्ग में चलना, सवारी पर चलना, परिश्रम करना, मैथुन करना, दान देना, प्रतिग्रह ग्रहण करना और हवन ये आठ श्राद्धीय भोजन करने वाले को त्याज्य हैं।

(सोमोत्पत्तौ विशेषः)

सोमोत्पत्तौ—वनस्पतिगते सोमे यस्तु हिंस्याद्वनस्पतिम्। घोरायां भ्रूणहत्यायां युज्यते नात्र संशयः॥ एतद्विहितेध्मादिव्यतिरेकेण।

सोमोत्पत्ति में कहा है कि—जब वनस्पति में सोम के जाने पर जो वनस्पति की हिंसा करता है उसे घोर (भयंकर) भ्रूणहत्या से युक्त होना होता है, इसमें यहाँ पर संशय नहीं है। यह विहित इध्मादि को छोड़कर है।

वनस्पतिगते सोमेऽनडुहो यस्तु वाहयेत्। नाश्नन्ति पितरस्तस्य दश वर्षाणि पञ्च च॥
वनस्पतिगते सोमे मन्थनं यस्तु कारयेत्। गावस्तस्य विनश्यन्ति चिरकालमुपस्थिताः॥

वनस्पति में गये सोम (चन्द्रमा) में जो बैल को जोतता है। उसके पितर पन्द्रह वर्ष भोजन नहीं करते हैं। वनस्पति में गये सोम में जो मन्थन करता है उसकी बहुत काल से उपस्थित गायें नाश को प्राप्त हो जाती हैं।

(वनस्पतिगतस्वरूपकथनम्)

वनस्पतिगतस्वरूपमाह पृथ्वीचन्द्रोदये व्यासः—त्रिमुहूर्तं वसेदर्के त्रिमुहूर्तं जले वसेत्।
त्रिमुहूर्तं वसेद् गोषु त्रिमुहूर्तं वनस्पतौ॥

वनस्पति गये सोम का स्वरूप पृथ्वीचन्द्रोदय में व्यास ने कहा है कि—तीन मुहूर्त अर्क (सूर्य) में, तीन मुहूर्त जल में, तीन मुहूर्त गौवों में और तीन मुहूर्त वनस्पति में सोम रहता है।

(विप्रनिमन्त्रणानन्तरं कर्तुः क्षौरादिविचारः)

कालिकायां वृद्धमनुः—निमन्त्र्य विप्रांस्तदहर्वर्जयेन्मैथुनं क्षुरम्।
प्रमत्ततां च स्वाध्यायं क्रोधाशौचे तथाऽनृतम्॥
केचिन्निमन्त्रणात् पूर्वं शुद्ध्यर्थं पूर्वेऽह्नि क्षौरं कुर्वन्ति। तत्र मूलं मृग्यम्।

१—शंखः—यजुषां पारगो यश्च ऋचां साम्नां च पारगः। अथर्वशिरसोऽध्येता ब्राह्मणाः पङ्क्तिपावनाः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कालिका में वृद्धमनु ने कहा है कि—ब्राह्मणों को निमन्त्रण कर उस दिन मैथुन, क्षौरकर्म, (नख-कृन्तनाद्युपलक्षणम्) प्रमाद, स्वाध्याय, क्रोध, अपवित्रता तथा असत्यभाषण इनको त्याग दे।

कोई महाशय (मैथिल आदि) निमन्त्रण के पूर्व शुद्धि के लिए पहले दिन क्षौर कर्म को करते हैं। उसमें मूल (प्रमाण) अन्वेषणीय है।

मरीचिः—षष्ठ्यां पर्वसु पक्षादौ रिक्ताभद्रातिथिष्वपि।
पाते श्राद्धे व्रताहे च क्षौरं वर्ज्यं निशासु च॥

मरीचि ने कहा है कि—षष्ठीतिथि में, पर्वोंपर, पक्ष के आदि (प्रतिपदा) में, रिक्ता तथा भद्रा तिथियों में भी, व्यतीपात में, श्राद्ध में, व्रत के दिन में और रात्रियों में क्षौरकर्म का त्याग करे।

(यदा कर्तुरशक्त्या तत्पुत्रादिश्राद्धकरणे नियमादिविचारः)

यदा कर्तुरशक्त्या तत्पुत्रशिष्यादिः श्राद्धं करोति तदा कर्त्रा प्रतिनिधिना च प्रागुक्तनियमाः कार्याः।

न शक्नोति स्वयं कर्तुं यदा ह्यनवकाशतः। श्राद्धं शिष्येण पुत्रेण तदाऽन्येनापि कारयेत्॥
नियमानाचरेत्सोऽपि नियतांश्च वसुन्धरे। यजमानोऽपि तान्सर्वानाचरेत्सुसमाहितः॥ इति हेमाद्रौ वाराहोक्तेः।

जब करने वाले की अशक्ति हो तो उसका पुत्र, शिष्य आदि श्राद्ध को करता है तब कर्ता और प्रतिनिधि को पहले कहे हुए नियमों को करना चाहिए।

हेमाद्रि में वाराह ने कहा है कि—जब अवकाश न होने से स्वयं करने में समर्थ न हो तो शिष्य, पुत्र या अन्य से भी श्राद्ध को करावे।

हे वसुन्धरे, वह भी नियमों को नियमित रूप से करे और यजमान भी उन सब नियमों को सुसमाहित (सावधान मन) से आचरण करें।

(स्त्रीणां तु विशेषः)

स्त्रियास्तु पाद्मे—मुक्तकच्छा तु या नारी मुक्तकेशी तथैव च।
हसते वदते चैव निराशाः पितरो गताः॥

स्त्रियों के लिए पद्मपुराण में कहा है कि—जो नारी (स्त्री) कच्छ (नीवी, वस्त्र का किनारा) को और वैसे ही बालों को खोल कर हँसती तथा बोलती है तो उसके पितर निराश होकर चले जाते हैं।

(श्राद्धदिने बालकादीनां भोजनादौ विचारः)

आश्वलायनः—श्राद्धेऽह्नि भोजयेद्वास्तौ न बालानपि यत्नतः।
प्राक्पिण्डदानाद् गन्धाद्यैर्नालङ्कुर्यात्स्वविग्रहम्॥ वास्तौ=गृहे।

आश्वलायन ने कहा है कि—श्राद्ध के दिन में अपने घर में बालकों को भी यत्न से (ब्राह्मण भोजन के पूर्व) भोजन न करावे और पिण्डदान के पूर्व गन्ध आदि अलंकारों से शोभित अपने शरीर को न करें। वास्तौ—माने घर में।

(श्राद्धवस्तुकथनम्)

अथ श्राद्धवस्तूनि। तत्रादौ कुशाः पृथ्वीचन्द्रोदये दक्षः—समित्पुष्पकुशादीनां द्वितीयः परिकीर्तितः। अष्टधा भक्ते दिने द्वितीयो भाग इत्यर्थः।

अब श्राद्धवस्तुओं को कहते हैं। उसके आदि में कुशा[1] को कहते हैं। पृथ्वीचन्द्रोदय में दक्ष ने कहा है कि—समिधा, पुष्प, कुशा आदियों का 'द्वितीय' कहा है। अर्थात्—दिन का आठ भाग करने पर दूसरा भाग होता है—यह अर्थ है।

१—दर्भपवित्रयोर्भेदकथनम्—कौशिकः—सप्तपत्राः शुभा दर्भास्तिलक्षेत्रसमुद्भवाः। अप्रसूता स्मृता दर्भाः प्रसूतास्तु कुशाः स्मृताः॥ समूलाः कुतपाः प्रोक्ताश्छिन्नाग्रास्तृणसंज्ञिताः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत्रैव यमः--समूलस्तु भवेद्दर्भः पितॄणां श्राद्धकर्मणि ।
मूलेन लोकान् जयति शक्रस्य सुमहात्मनः ॥

वहीं पर यम ने कहा है कि—पितरों के श्राद्ध कर्म में समूल (मूल के सहित) ही दर्भ होती है। मूल से ही महात्मा इन्द्र के लोकों को जीतता है।

व्यासः--तर्पणादीनि कार्याणि पितॄणां यानि कानिचित् ।
तानि स्युर्द्विगुणैर्दर्भैः सप्तपत्रैर्विशेषतः ॥

व्यास ने कहा है कि—पितरों के जो कुछ कर्म तर्पण आदि हैं वे सब द्विगुणित दर्भ (कुशा) और विशेषकर सात[1] पत्रों से होते हैं।

शालङ्कायनः--सपिण्डीकरणं यावदृजुदर्भैः पितृक्रियाः ।
सपिण्डीकरणादूर्ध्वं द्विगुणैर्विधिवद्भवेत् ॥

शालङ्कायन ने कहा है कि—सपिण्डीकरण तक ऋजुदर्भों से पितृक्रिया (पितरों का कार्य) होती है। सपिण्डीकरण के बाद द्विगुणित कुशाओं से विधिवत् क्रिया होती है।

(कशपवित्रलक्षणं धारणक्रमं च विचारः)

शङ्खः--अनन्तर्गर्भिणं साग्रं कौशं द्विदलमेव च । प्रादेशमात्रं विज्ञेयं पवित्रं यत्र कुत्रचित् ॥

शंख ने कहा है कि—जिस कुशा के भीतर गर्भ न हो (अर्थात्—कुशा के मध्यवाली कुशा को हटा कर) अग्र के सहित कुश का ही द्विदल (दो कुश पवित्रात्मक) प्रादेशमात्र पवित्र (अत्रिः—ब्रह्मयज्ञे जपे चैव ब्रह्मग्रन्थिर्विधीयते । भोजने वर्तुलः प्रोक्तः एवं धर्मो न हीयते ॥ द्विगुणीकृतानां दर्भशिखानां पाशं प्रदक्षिणमर्धवेष्टनं विधाय यदा प्रवेशयेत्तदा वर्तुलो ग्रन्थिः । स एव यदा प्रादक्षिण्येन समवेष्टनं विधाय पुरोभागेन प्रवेशयेत्तदा ब्रह्मग्रन्थिरिति हेमाद्रौ ।) को कहीं पर भी जानना चाहिये।

हारीतः--पवित्रं ब्राह्मणस्यैव चतुर्भिर्दर्भपिञ्जुलैः । एकैकं न्यूनमुद्दिष्टं वर्णे वर्णे यथाक्रमम् ॥

हारीत ने कहा है कि—ब्राह्मण के लिए ही चार कशपत्र वाला (पिञ्जुलं कुशपत्रे स्यात्-इत्यमरः) पवित्र हो और प्रत्येक वर्ण में यथाक्रम से एक एक न्यून कहा है (अर्थात्—क्षत्रिय को तीन कुशा और वैश्य को दो कुशा का विधान है)।

स्मृत्यर्थसारे--सर्वेषां वा भवेद् द्वाभ्यां पवित्रं ग्रन्थितं नवम् ।

स्मृत्यर्थसार में कहा है कि—या सब वर्णवालों को दो कुशा के पवित्र नूतन ग्रन्थिवाले कहे हैं।

रत्नावल्याम्--द्वयोस्तु पर्वणोर्मध्ये पवित्रं धारयेद् बुधः ।

रत्नावली में कहा है कि—दो अंगुली के पर्व के मध्य में पवित्र (शातातपः—जपे होमे तथा दाने स्वाध्याये पितृकर्मणि । सव्यापसव्यौ कुर्वीत सपवित्रौ करौ बुधः ॥) का धारण ज्ञानी करे।

हेमाद्रौ स्कान्दे--अनामिकाधृता दर्भा ह्येकानामिकयापि वा ।
द्वाभ्यामनामिकाभ्यां तु धार्ये दर्भपवित्रके ॥

हेमाद्रि में स्कन्दपुराण का कथन है कि—अनामिका अंगुली में बहुत कुशाओं को या एक कुशा को धारण करे। या दोनों अनामिकाओं में दो दर्भ कुशावाली पवित्री को धारण करे।

पवित्राभावे-तु तत्रैव सुमन्तुः--समूलाग्रौ विगर्भौ तु कुशौ द्वौ दक्षिणे करे ।
सव्ये चैव तथा त्रीन् वै बिभृयात् सर्वकर्मसु ॥

पवित्री के अभाव में तो वहीं पर सुमन्तु ने कहा है कि—गर्भ रहित समूल दो कुशाओं को दाहिने हाथ में धारण करे और बायें हाथ में तीन ही कुशाओं को सब कर्म में धारण करे।

१—सप्तपत्राः शुभा दर्भास्तिलक्षेत्रसमुद्भवाः । अप्रसूता स्मृता दर्भाः प्रसूतास्तु कुशाः स्मृताः ॥ समूलाः कुतपाः प्रोक्ताश्छिन्नाग्रास्तृणसंज्ञिताः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बौधायनः——हस्तयोरुभयोर्द्वौ द्वावासनेऽपि तथैव च ।

बौधायन ने कहा है कि—दोनों हाथों में दो कुशाओं को वैसे ही आसन में भी दो कुशाओं को धारण करे ।

(दर्भग्रहणे मन्त्रकथनम्)

दर्भग्रहणे मन्त्रमाह शङ्खः——विरञ्चिना सहोत्पन्न परमेष्ठिनिसर्गज ।
नुद सर्वाणि पापानि दर्भ स्वस्तिकरो भव ॥

दर्भग्रहण में शंख ने मन्त्र को कहा है कि हे ब्रह्मा के साथ उत्पन्न, परमेष्ठी के स्वभाव से उत्पन्न हे दर्भ (कुश), सब पापों को दूर कर कल्याण को करो ।

स्मृत्यर्थसारे——हुंफट्कारेण मन्त्रेण सकृच्छित्वा समुद्धरेत् ।

स्मृत्यर्थसार में कहा है कि—'हुँ फट्'—इस मन्त्र से एक बार छेदन कर उखाडना चाहिये ।

भारद्वाजः——प्रेतक्रियार्थं पित्रर्थमभिचारार्थमेव च ।
दक्षिणाभिमुखश्छिंद्यात्प्राचीनावीतिको द्विजः ॥

भारद्वाज ने कहा है कि—प्रेतक्रियार्थ पितरों के लिए और अभिचार कर्म के लिए ही दक्षिणाभिमुख और प्राचीनावीति हो कर द्विज छेदन करे ।

(कुशाभावे विचारः)

कुशाभावेऽपरार्के सुमन्तुः——कुशाः काशाः शरो गुन्द्रो यवा दूर्वाऽथ बिल्वजाः ।
गोकेशमुञ्जकुन्दाश्च पूर्वाभावे परः परः ॥

कुशा के अभाव में अपरार्क में सुमन्तु ने कहा है कि—कुशा,[1] काश, शर, गुन्द्र, (सरकण्डा या सरई) यव, दूर्वा, बेल, गोकेश, (गौ का बाल) मूंज और कुन्द (चमेली का एक भेद) इनको पूर्व के अभाव में पर पर (आगे आगे) का ग्रहण करे ।

(काशादौ विशेषमाह)

काशादौ विशेषमाह शङ्खः——काशहस्तस्तु नाचामेत् कदाचिद्विधिशङ्कया ।
प्रायश्चित्तेन युज्येत दूर्वाहस्तस्तथैव च ॥

काशादि में विशेष शंख ने कहा है कि—कदाचित् विधि की शंका (सपवित्रेण हस्तेन कुर्यादाचमनक्रियाम् । नोच्छिष्टं तत्पवित्रं तु भुक्त्वोच्छिष्टं तु वर्जयेत् ॥) से काश और दूर्वा के हाथ से आचमन न करे । करने पर प्रायश्चित्त का भागी होता है ।

(प्रति अमावास्यायां दर्भग्रहणम्)

पृथ्वीचन्द्रोदये यमः——मासिमास्युद्धृता दर्भा मासि मास्येव चोदिताः ।

पृथ्वीचन्द्रोदय में यम ने कहा है कि—महिने महिने में उद्धृत (उखाड़ी हुई) कुशा महिने महिने में ही कार्य (षट्त्रिंशतमते—मासे नभस्यमावास्या तस्यां दर्भोच्चयो मतः । अयातयामास्ते दर्भा विनियोज्याः पुनः पुनः ॥) में आती है ।

षट्त्रिंशन्मते——मासेन स्यादमावास्या दर्भो ग्राह्यो नवः स्मृतः ।

षट्त्रिंशन्मत में कहा है कि—अमावास्या तिथि में उखाड़ी कुशा महिने भर तक नवीन रहती है ।

(त्याज्यदर्भकथनम्)

गृह्यपरिशिष्टे——ये च पिण्डाश्रिता दर्भा यैः कृतं पितृतर्पणम् ।
अमेध्याऽशुचिलिप्ता ये तेषां त्यागो विधीयते ॥

१—धर्मसिन्धौ तु—कुशाः काशा यवा दूर्वा उशीराश्च स कुन्दकाः । गोधूमा व्रीहयो मौञ्जा दश दर्भाः सबल्वजाः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गृह्यपरिशिष्ट में कहा है कि—जो कुशा[1] पिण्डों के कार्य में ली हो, जिनसे पितृतर्पण किया हो और जो अमेध्य—अपवित्र वस्तु से लिप्त हो उन कुशाओं का त्याग करना चाहिये।

लघुहारीतः—पथि दर्भाश्चितौ दर्भा ये दर्भा यज्ञभूमिषु।
स्तरणासनपिण्डेषु षट् कुशान् परिवर्जयेत्॥

लघुहारीत में कहा है कि—मार्ग की कुशा, चिता की कुशा, जो कुशा यज्ञ की भूमियों की हो, जिस कुशा से आस्तरण (बिछावन) किया हो, आसन और पिण्डों के कार्य में जो कुशा आयी हो ऐसी छः कुशाओं का त्याग करना चाहिये।

ब्रह्मयज्ञे च ये दर्भा ये दर्भाः पितृतर्पणे। हता मूत्रपुरीषाभ्यां तेषां त्यागो विधीयते॥

ब्रह्मयज्ञ में जो दर्भ हों, जो कुशा पितृतर्पण में हो, मूत्र और पुरीषोत्सर्ग में जो नष्ट हो ऐसी कुशाओं को त्याग करना चाहिये।

(हेमात्मकपवित्रस्य महत्वकथनम्)

हेमाद्रौ—अन्यानि च पवित्राणि कुशदूर्वात्मकानि च।
हेमात्मकपवित्रस्य ह्येकां नार्हन्ति वै कलाम्॥

हेमाद्रि में कहा है कि—कुश या दूर्वा से बने हुए अन्य पवित्र सुवर्णात्मक पवित्री की एक कला को भी निश्चय नहीं प्राप्त कर सकते हैं।

(श्राद्धे हविविचारः)

अथ हविः। हेमाद्रौ प्रचेताः—कृष्णमाषास्तिलाश्चैव श्रेष्ठाः स्युर्यवशालयः। महायवा व्रीहियवास्तथैव च मधूलिकाः। कृष्णाः श्वेताश्च लोहाश्च ग्राह्याः स्युः श्राद्धकर्मणि। महायवा=वेणुबीजम्। मधूलिका=यावनाला इति हेमाद्रिः कल्पतरुश्च।

अब हवि कहते है। हेमाद्रि में प्रचेता ने कहा है कि—काले उडद, तिल, यव (शितशूक या सितशूक), शाली जाडे में पैदा होने वाले अगहनी चावल (यवशालि-शालिभेद यह माधवमत है)। महायव—यवके भेद, (वेणुबीज-बांस के बीज) महायवा-वेणुबीजम्—यह पाठ माधव को सम्मत नहीं है।) मधूलिका दोधिया गेहूँ, काले, सफेद और लाल रंग के शाली (पहले कहे हुए का ही विवरण है-यह अन्य कहते हैं।) श्राद्धकर्म में ग्रहण करे। महायवा-वेणुबीज, मधुलिका-यावनाल, (शालिविशेष) यह हेमाद्रि और कल्पतरु ने कहा है।

भारते—वर्धमानतिलं श्राद्धमक्षय्यं मनुरब्रवीत्। सर्वकामैः स यजते यस्तिलैर्यजते पितॄन्॥

भारत में कहा है कि—जिस श्राद्ध में तिलों की वृद्धि हो उस श्राद्ध को मनु ने अक्षय्य कहा है। जो तिलों से पितरों का अर्चन करता है वह सब कामनाओं में पूजित होता है।

चन्द्रिकायां देवलः—इष्टापूर्ते मृताहे च दर्शवृद्ध्यष्टकासु च।
पात्रेभ्यस्तेषु कालेषु देवं नैव कुभोजनम्॥

चन्द्रिका में देवल ने कहा है कि—इष्टापूर्त में, मृताह में, अमावास्या, वृद्धिश्राद्ध और अष्टका में इन समयों में अच्छे सुपात्रों के लिए कुभोजन (खराब भोजन) नहीं देना चाहिये।

सायणीये—अगोधूमं च यच्छ्राद्धं माषमुद्गविवर्जितम्।
तैलपक्वेन रहितं कृतमप्यकृतं भवेत्॥

१—भरद्वाजः—शुना शूद्रवराहेण मार्जारेणैकचक्षुषा। खरेण कुक्कुटेनैव स्पृष्टः कर्मरिपुः कुशः॥ कृमिना कृकलासेन पतितेनान्त्यजेन च। भिषजा रोगिणा स्पृष्टः कुशः कर्मस्वशोभनः॥ देवलेन च षण्डेन व्रात्येनाज्ञातजन्मना। वर्ज्यः सूतकिना स्पृष्टः कुशोऽनुष्ठेयकर्मसु॥ रक्तश्लेष्मास्थिभिः स्पृष्टः क्रियायुक्तः पुरा धृतः। उच्छिष्टजनसंस्पृष्टः कुशो ज्ञेयः क्रियारिपुः॥ हारीतः—येत्वन्तर्गर्भिता दर्भा ये च छिन्ना नखैस्तथा। क्वथिताश्चाग्निना ये च तान् दर्भान्परिवर्जयेत्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सायणी (नी) य में कहा है कि—गेहूँ के बिना[1] जो श्राद्ध, उडद और मूँग के बिना होता है। जो श्राद्ध' तैल से बिना पका श्राद्ध होता है वह किया हुआ बिना किये हुए के तुल्य होता है।

हेमाद्रावत्रिः—अगोधूमं च यच्छ्राद्धं कृतमप्यकृतं भवेत् ।

हेमाद्रि में अत्रि ने कहा है कि—जो श्राद्ध गेहूँ के बिना होता है वह श्राद्ध नहीं किये के तुल्य होता है।

तत्रैव ब्राह्मे—यवैर्व्रीहितिलैर्माषैर्गोधूमैश्चणकैस्तथा । सन्तर्पयेत्पितॄन् मुद्गैः श्यामाकैः सर्षपद्रवैः॥ नीवारैर्हरिश्यामाकैः प्रियङ्गुभिरथार्चयेत् ।

वहीं पर ब्रह्मपुराण में कहा है कि—यव, व्रीहि, तिल, उडद, गेहूँ,[2] चना, मूँग, सांवा, सफेद सरसों, बिना बोया पैदा हुआ नीवार, (तिन्नी या मुन्यन्न) (जंगली चावल जो बिना जोते बोये उत्पन्न हो।) हरिश्यामाक (वनका सांवा) और प्रियंगु (ककुनी) इनसे पूजित करे।

हेमाद्रौ कार्ष्णाजिनिः—यदिष्टं जीवितश्चासीत्तद्द्यात्तस्य यत्नतः ।
स तृप्तो दुस्तरं मार्गं ततो याति न संशयः ॥

हेमाद्रि में कार्ष्णाजिनि ने कहा है कि—जो जीवनकाल में मनुष्य को (अदनीय–भोजनयोग्य-हविष्य) इष्ट था वही अन्न यत्न से उसको श्राद्ध में दे। उससे वह तृप्त होकर कठिन रास्ते को पार करता है। इसमें संशय नहीं है।

कालिकायामाश्वलायनः—कदल्यादिफलैः शस्तैर्मूलैरार्द्रादिकैरपि । गोरसैर्मधुना दध्ना श्राद्धे सन्तर्पयेत्पितॄन् ॥ कदल्याम्रफलादीनि श्राद्धे संपादयेत्सुधीः ।

कालिका में आश्वलायन ने कहा है कि—सुन्दर केले आदि फलों से, मूली, आदि आदि से भी, गौ का दूध, सहत और दधि से पितरों को श्राद्ध में तृप्त करे। केला, आम आदि फलों को श्राद्ध में बुद्धिमान् सम्पादन (इकट्ठा) करे।

हेमाद्रौ पृथ्वीचन्द्रोदये च मार्कण्डेयः—गोधूमैरिक्षुभिर्मुद्गैः सतीनैश्चणकैरपि । श्राद्धेषु दत्तैः प्रीयन्ते मासमेकं पितामहाः ॥

हेमाद्रि में और पृथ्वीचन्द्रोदय में मार्कण्डेय ने कहा है कि—गेहूँ, ईख, मूँग, सतीन (मटर) और चना इनको श्राद्धों में देने से पितामहादि एक महिने तक तृप्त रहते हैं।

विदार्या च भरुण्डैश्च तिलैः शृङ्गाटकैस्तथा । कञ्चुकैश्च तथा कन्दैः कर्कन्धूबदरैरपि ॥ पालेवतैरारुकैश्चाप्यक्षोटैः पनसैस्तथा । काकोल्या क्षीरकाकोल्या तथा पिण्डालकैः शुभैः ॥ लाजाभिश्च सधानाभिस्त्रपुसोर्वारुचिर्भटैः । सर्षपाराजशाकाभ्यामिङ्गुदै राजजम्बुभिः ॥ प्रियालामलकैर्मुख्यैः फल्गुभिश्च तिलण्टकैः । वेत्राङ्कुरैस्तालकन्दैश्चुक्रिकाक्षीरिकावचैः ॥ लोचैः समोचैर्लकुचैस्तथा वै बीजपूरकैः । मुञ्जातकैः पद्मफलैर्भक्ष्यभोज्यैश्च संस्कृतैः ॥ रागखाण्डवचोष्यैश्च त्रिजातकसमन्वितैः । दत्तैस्तु मासं प्रीयन्ते श्राद्धेषु पितरो नृणाम् ॥

विदारी[3] (विदारी कन्द, काला गंगाफल एक क्षीर विदारी होती है—उसको उजला गंगाफल कहते हैं।) भरुण्ड (मखाना) श्राद्धमञ्जरीमत से, अन्यमत से भूकूष्माण्ड (पाताल कोढा), तिल, शृंगाटक (सिंघाडा) कञ्चुक (कचनार, (वन की अरवी) कन्द (सूरण), कर्कन्धु[4] (वन की ककडी, केन्दु, बैर, पालेवत (सहतूत), आरुक–आडू, अरुई) अक्षोट-अखरोट, पनस–कटहर, काकोली–(अश्वगन्ध), शुभ क्षीरकाकोली (अश्वगन्धा ये गौडदेश में प्रसिद्ध है) शुभ पिण्डालक—सुथनी पूर्व

१—निगमः—यावनालानपि तथा वर्जयन्ति विपश्चितः । तैलमप्यापदि प्राज्ञाः संप्रयच्छन्ति याज्ञिकाः ॥
२—गोधूमाः सर्वजन्तूनां बलपुष्टिविवर्धनाः । मुख्याश्च हव्यकव्येषु तस्मान्मे ददतु श्रियम् ॥
३—कृष्णवर्णं भूकुष्माण्डफलम् । तिक्तककडी—इतिश्राद्धसारे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देश में कहते हैं तथा महाराष्ट्र में मोहलरत्न कन्द कहते हैं)। धान के सहित लावा, त्रपुस—खीरा बड़ा त्रपुसादि कर्कटी के भेद हैं। उर्वारु (ककडी), चिर्भट—फूट (खरबूजा) सरसों का साग, राजशाक—वथुआ, इंगुद–हिंगोट, हिंगोट के वृक्ष मारवाड, अलीगढ आदि देश में मिलते है। इनमें छोटे छोटे फल होते हैं।) राजजंबू—फरैना जामुन (वडी जामुन), प्रियाल—चिरोंजी, आंवला, फल्गु—कठगूलर, हेमाद्रिमत से छोटा आंवला, तिलकण्टक—परवर, वेत्राङ्कुर—वेत का अग्रभाग (बांस का अंकुर), तालकन्द=ताडमुसला, चुक्रिका—तिन्तिण्डी, (डासरिया मारवाड में प्रसिद्ध खट्टी मोठी चार पत्ते वाली घास का नाम) क्षीरिका—फलों का राजा खिरनी, वच—दो प्रकार की होती है कड़वी और मीठी। लोच केला या वैर, मोच—केला, लकुच[1]—वडहर, वीजपूरक—विजोरा निम्बू, मुञ्जातक—मूँज (कावुलीफल), पद्मफल—कमलगट्टा इनसे निर्मित भक्ष्य-भोज्य तथा राग[2] खाण्डव—मिठीचटनी, पिप्पली, शुष्ठी, मुद्गरस एतत्त्रयं मिलितं रागखाण्डव इत्युच्यते ।) जिसमें लवंग, इलायची और पत्र हों उसको मनुष्यों के पितरों के श्राद्धों में देने से एकमहिना तक प्रसन्न होते है ।।

एषां कोशहेमाद्र्यादिव्याख्यावैद्यकाद्यनुसारेण मध्यदेशभाषया नामान्युच्यन्ते—

सतीनैः=कालायैः, 'कलायस्तु सतीनक इत्यमरः । वटुरीति प्रसिद्धैः । विदार्या तत्कन्देन । भरुण्डं जलजं मखाणा इति प्रसिद्धं श्राद्धमञ्जर्याम् । (भू) कूष्माण्डमित्यन्ये । शृङ्गाटकम्=सिंघाड़ा । कञ्चुकः= कंचनारः । कन्दः=सूरणः, 'अर्शोऽघ्नः सूरणः कन्द' इत्यमरः । कर्कन्धूः वन्यं सूक्ष्मं बदरम् । पालेवतं कोशातकी । आरुकम्=अरुई । अक्षोटम्=अखरोटः । काकोलीक्षीरकाकोल्यौ गौडेषु प्रसिद्धे । पिण्डा-लकम्=सुथनी । (महाराष्ट्राणां मोहलकन्द इति प्रसिद्धम् ।) त्रपुसादयस्त्रयः कर्कटीभेदाः । चिर्भटम्= खर्बूजम् । सर्षपा इति दीर्घश्छान्दसः । प्रियालम्=चिरौञ्जी । फल्गु=उदुम्बरम् । तिलण्टकम्= पटोलम् । तालकन्दः=कन्दविशेषः । चुक्रिका तिन्तिणी मिम्चा (मिम्ची) । क्षीरिका=खिरणी । मोचम्= कदलीफलम् । लकुचम्=वड़हरम् । मुञ्जातकं गौडदेशे प्रसिद्धम् । पद्मफलम्=गट्टा ।

इनका नाम कोश, हेमाद्रि आदिकी व्याख्या तथा वैद्यक के अनुसार मध्यदेश की भाषा से नामों को कहते हैं।

सतीन—कलाय (मटर), बटुरी यह प्रसिद्ध है। विदारी (विदारी कन्द) भूकूष्माण्डी कन्द, माधवमत से काले वर्ण का भूकूष्माण्डफल होता है। भरुण्ड-जल का मखाना यह श्राद्धमञ्जरी में कहा है। कोई कहते कि—कश्मीर देश में होता है। कोई कूष्माण्ड कहते हैं। कूष्माण्ड का निषेध तो अल्पतर परक है। भरद्वाज ने कहा है कि—'स्वल्पं तु कूष्माण्डफलं वज्रकन्दश्च पिप्पली। भरुण्ड को कूष्माण्ड नहीं कहते है। या भूकूष्माण्ड यह पाठ है। शृंगाटक-सिंघाडा, श्राद्धदीप में कहा है कि-आमशृंगाटक (कच्चा सिंघाडा) निषिद्ध है। कंचुक—कंचनार, माधवमत से 'कर्चूर' इस नाम का शाक, कन्द—सूरण, (अर्शोघ्नः सूरणः कन्दः-यह अमरकोष में है। श्राद्धदीप में कहा कि—वज्रकन्द निषिद्ध है। कर्कन्धु—वन में होनेवाला छोटा वेरफल, पालेवत=कौशातकी (तरोई) जंवीर के आकार का फल भेद यह अन्य कहते हैं। आरुक—अरई, कोई जंगली अरुई को कहते हैं। अक्षोट[3]—अखरोट, काकोली तथा क्षीरकाकोली गौडदेशों में प्रसिद्ध है। पिण्डालक—(सालू) सुथनी (सुथनी) (महाराष्ट्रों के मत से मोहलकन्द नाम से प्रसिद्धि है। त्रपुसादि तीन ककडी के भेद हैं। स्थूलकर्कटी के भेद। उर्वारुः—स्वादयुक्त ककडी, चिर्भट—खर्बूजा तिक्त ककडी, या अर्थान्तर से राजसाग—कालीसरसों, सर्पपा में दीर्घ छान्दस है। प्रियाल-चिरोंजी, फल्गु—उदुम्बर, तिलण्टक-स्वादु परवर, तालकन्द—कन्दविशेष, चुक्रिका—इमली, क्षीरिका—खिरणी, मोच—केलेका फल, लकुच[4]—वडहर, मुञ्जातक—गौडदेश में प्रसिद्ध, पद्मफल—कवलगट्टा ।

१—लकुचफलभूतं कर्णाटकदेशे प्रसिद्धम् । २—पानविशेषः—श्राद्धसारे ।

३—श्राद्धसारे—गिरिसंभवः, पीयुः करारुजकन्दो भद्रमुद्राख्यः ।

४—मूल (जड) पत्रकरीराग्रफलकाण्डाधिरूढकम् । त्वक्पुष्पं कवचं चेति शाकमष्टविधं स्मृतम् ।। 'कालशाकं महाशल्काः खड्गलोहामिषं मधु । आनन्त्यायैव कल्पन्ते मुन्यन्नानि च सर्वशः ।। महाशल्काः—रोहितप्रभृतयो मत्स्याः । खड्गो-गण्डकः । लोहः=सर्वलोहितच्छागः । तयोर्मांसमुन्यन्नानि—नीवाराः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(रागखाण्डवलक्षणकथनम्)

रागखाण्डवः=पानादिविशेषः। पिप्पलीशुण्ठियुक्तस्तु मुद्गयूषस्तु खाण्डवः। रागखाण्डवतां याति शर्करासंयुतं तु तत् ॥ इत्युक्तः पानविशेषः। त्रिजातम्=लवङ्गैलापत्रकाणि।

राग खाण्डव पानादि विशेष को कहते हैं--पिप्पली और सोंठ से मिला हुआ मूंग की दाल का यूष को खाण्डव कहते हैं। और उसमें निंबू आदि अम्लद्रव्य का रस और चीनी मिलाने से रागखाण्डव कहते हैं। उससे कहा हुआ पान विशेष। त्रिजात—लवंग, इलायची और पत्र।

मदनरत्ने कौर्मे—कालशाकं च वास्तूकं मूलकं कृष्णनालिका। प्रशस्तानीति शेषः। हेमाद्रौ पृथ्वीचन्द्रोदये च वायुपुराणे--कालशाकं महाशाकं द्रोणशाकं तथार्द्रकम्। बिल्वामलकमृद्वीका-पनसाम्रातदाडिमम् ॥ चव्यं पालिवताक्षोटं खर्जूरं च कसेरुकम्। कोविदारश्च कन्दश्च पटोलं बृहतीफलम् ॥ पिप्पली मरिचं चैव एला शुण्ठी च सैन्धवम्। शर्करागुडकर्पूरबदरीद्रोणपत्रकम् ॥

मदनरत्न में कूर्मपुराण का मत है कि-कालशाक (करेमु) वास्तूक-बथुवा, मूलक-मूली, कृष्णनालिका (करेमु) ये उत्तम हैं यह शेष है। कालशाक--(कालिका) (मारसासाग), महाशाक—लोनिया, (लोनी लालरंग) द्रोणशाक—गोमा, अर्द्रक-आदी, बिल्वफल, आंवला, मुनक्का, कटहर, आम्रात—आंवडा (यह कच्चे आमका रूप होते हुए भी परवर का कुछ रूप होता है। वृक्ष पीपल के आकार का होता है।) दाडिम—अनार, चव्य—गजपीपल, पालीवत (अमरूद), अक्षोट—अखरोट, खर्जूर—खजूर, बृहतीफल—वनभंटा, पिप्पली-पीपल, मरिच,[१] इलायची, सोंठ, सेंधा निमक, शर्करा, गड, कपूर, बदरीफल, द्रोणपत्र—गोमा।

तथा—मधुकं रामठं चैव कर्पूरं गुडमेव च। श्राद्धकर्मणि शस्तानि सैन्धवं त्रपुसं तथा ॥ रामठम्=हिङ्गुः। कसेरुः कोविदारश्च तालकन्दस्तथा बिसम्। तमालं शतकन्दश्च मध्वालुः शीतकन्दकम्। कालेयं कालशाकं च सुनिषण्णं सुवर्चलम्। मांसं शाकं दधि क्षीरं चाम्बुवेत्राङ्कुरस्तथा। कट्फलं कौङ्कणी द्राक्षा लकुचं मोचमेव च ॥ तिन्दुकं ग्रीवकं चारं कर्कन्धुर्मधुसाह्वयम् ॥ वैकङ्कतं नारिकेलं शृङ्गाटकपरूपकम्। पिप्पलीमरिचे चैव पटोलं बृहतीफलम् ॥ एवमादीनि चान्यानि स्वादूनि मधुराणि च। नागरं चार्द्रकं देयं दीर्घमूलकमेव च ॥ इति। तथा--शर्कराक्षीरसंयुक्ताः पृथुका नित्यमक्षयाः।

मधुप—मुलेठी, हेमाद्रिमत से गुडपुष्प है। रामठ—हींग, कपूर, गुड, सैंधव और त्रपुस (ककडी) ये श्राद्ध में प्रशस्त है। कसेरु, कोविदार-कचनार, तालमली, हेमाद्रिमत से कन्द। बिसम् कमल की जड, तमाल—तेजपत्ता, शतकन्द—शतावरी, मध्वालू—मीठा आलू, शीतकन्दक—कमलके नीचे का एकप्रकार का गोलाकार कन्द—थूलक), कालेय—करासंज्ञक साग, पृथ्वीचन्द्रोदय के मत से दारुहलदी, गोविन्दराज के मत से करालाख्यनामवाला शाक, कालशाक—करेमू, हेमाद्रिमत से कालिकाशाक—बडाशाक, सुनिषण्ण—चौराई, सुवर्चल—शाकविशेष (उरहुर), मांस, शाक—साधारणपत्र—पुष्प आदि का साग, दधि, दूध, अम्बू-जलवेत, वेत्राङ्कुर—वेत का अंकुर, कट्फल—कायफल, कौङ्कणी[२]—खट्टीमुनक्का, द्राक्षा—मुनक्का, तिन्दुक—तेन्दु (गोल लौकी), मोच—केला, अलाबु—लौकी, चार—चिरोंजी, मधुसाह्य—महुआ, वैंकक्त=(बबूर) नारियल, सिंघाडा, परूषक—फालसा, पिप्पली—छोटीपीपल, गोलमिर्च, परवर, और बृहतीफल—वनभंटा, इसप्रकार अन्य स्वादुयुक्त मधुरफल हो। नागर—सोंठ, आदि और दीर्घमूलक—बडी मूली, चीनी और दूध से मिश्रित मालपूडे नित्य ही अक्षय (तृप्ति) करते हैं।

द्रोणशाकम्=गूम इति प्रसिद्धम्। मृद्वीका=द्राक्षा। आम्रातकम्—आम्रााडा इति प्रसिद्धो वृक्षस्तत्फलम्। पालिवतम्=जम्बीरम्, पालिश्रालमिति गौडप्रसिद्धं वा। खर्जूरं-खजूर इति प्रसिद्धम्। कसेरुः=जलजः कन्दः। कोविदारः=कश्चनारः (कचनार)। तालकन्दः=तालमूली। बिसम्=भसीडम्।

१—मरिच आदि गीली हो शुष्क न हो। श्राद्धमयूख।

२—कोङ्कणदेशप्रभवा द्राक्षा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शतकन्दः=शतावरी । शीतकन्दः=शालूकं, सेरुकीति प्रसिद्धम् । कालेयम्=करालसंज्ञः शाकः, दारुहरिद्रा वेति पृथ्वीचन्द्रोदयः । सुनिषण्णं कर्कटीसदृशं सुलटीया इति गौडप्रसिद्धम् । सुवर्चलं शाकविशेषः । कट्फलं श्रीपर्णीवृक्षफलम् । कौङ्कणी=अम्लरसा द्राक्षा । तिन्दुकं डिण्डिसमिति कैदेवः तिन्दुफलं वा । ग्रीवकम्=फलविशेषः । चारम्=क्षुद्रतालम् । मधुसाह्वयम्=मधूकपुष्पं फलं वा । वैकङ्कतम् चैञ्चीति गौडाख्यातम् । परूषकं पुरूसमिति प्रसिद्धम् । नागरम्=शुण्ठी ।

द्रोणशाक—गूम या गूमा, गोमा, मृद्वीका—मुनक्का, आम्रातक-'आंबाडा' यह प्रसिद्ध वृक्ष है, उसका फल, (महुवा) वृद्ध लोग—'कषीतक' कहते हैं और 'अंबण्डी' यहाँ के लोग कहते हैं। महाराष्ट्र लोग 'राताम्बा' वृक्ष और उसके फल को आम्बसोल कहते हैं, (धर्मसिन्धुकार के मत से—आंबाडा—इति प्रसिद्धस्तण्डुलीयो 'माठ' इति प्रसिद्धः ।) पालीवत (अमरूद) जंबीर, पालि आल यह गौड मत में प्रसिद्ध है । खजूर—खजूर यह प्रसिद्ध है। कसेरु—जल का कन्द, कोविदार—कचनार के सदृश, अर्थात्—कचनार ही होता है। 'कूष्माण्डालाबुवार्ताककोविदारांश्च वर्जयेत्' इससे कचनार का निषेध है। पहले विधान किया था। तालकन्द—तालमूली, बिस—कमलनी की मूल (जड), शतकन्द—शतावरी, शीतकन्द—शालूक, (कमल की जड) सेरुकी यह प्रसिद्ध है। कालेय—करालसंज्ञक शाक, 'दारुहलदी' यह पृथ्वीचन्द्रोदय ने कहा है। सुनिषण्ण—(विसखरिया) ककडी के सदृश 'सुलटीया' यह गौड में प्रसिद्ध है। सुवर्चल—शाकविशेष, 'सुमसुमि' यह गौड कहते हैं। कट्फल—श्रीपर्णीवृक्षफल, (खंभारी या कंभारी) महाराष्ट्रगण 'कायफल' कहते हैं। तिन्दुक' (तेन्दु) 'डिण्डिसम्' या तिन्दुफल यह कैदव कहते हैं। ग्रीवक—फलविशेष। चार (चिरौंजी) क्षुद्रताल, मधुसाह्वय—मधूकपुष्प या फल, वैकङ्कत—स्रुवावृक्ष फल, 'चैञ्ची' यह कहते हैं। परूष—फालसा, नागर—शुण्ठी।

पृथ्वीचन्द्रोदये ब्राह्मे—(आम्रमाम्रातकं बिल्वं दाडिमं बीजपूरकम् । प्राचीनामलकं क्षीरं नारिकेलं परूषकम् ॥) नारङ्गकं च खजूरं द्राक्षा नीलकपित्थकम् । एतानि फलजातानि श्राद्धे देयानि यत्नतः ॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में ब्रह्मपुराण का मत है कि—(आम, आम्रातक (आंवडा), विल्व, अनार, बिजोरा निम्बू, प्राचीन आंवला, क्षीर-राजादन फल, गुर्जरदेश वाले 'खिरनी' कहते हैं। नारियल, परूष-फालसा) नारंगी, खजूर, मुनक्का, नीलकपित्थ—कैथ के वृक्ष में जो फल लगते हैं उनमें जो गुद्दी निकलती है वह दो तरह की होती है सफेद तथा नीली, इनके फल श्राद्ध में यत्न से देना चाहिए।

मात्स्ये—अन्नं तु सदधिक्षीरं गोघृतं शर्करान्वितम् । मासं प्रीणन्ति सर्वान्वै पितॄन्नित्याह केशवः ॥

मत्स्यपुराण में कहा है कि—दही तथा दूध से मिश्रित अन्न शर्करा (चीनी) और गोघृत से युक्त देने से एक महीने तक पितर निश्चय तृप्त करते हैं। यह बात केशव ने कहा है।

याज्ञवल्क्यः—(आचाराध्याय-२५८-२६०) हविष्यान्नेन वै मासं पायसेन तु वत्सरम् । मात्स्यहारिणकौरभ्रशाकुनच्छागपार्षतः ॥ ऐणरौरववाराहशाशैर्मांसैर्यथाक्रमम् । मासवृद्ध्याऽभितृप्यन्ति दत्तैरिह पितामहाः ॥ खड्गामिषं महाशल्कं मधु मुन्यन्नमेव च । लोहामिषं कालशाकं मांसं वार्ध्रीणसस्य च ॥

याज्ञवल्क्य ने कहा है कि (आचारा० श्लो० २५८-२६०)—हविष्यान्न से एक महीने तक तथा पायस[2] (खीर) से एक साल तक तृप्त होते हैं। पाठीन आदि मछली, हिरण—ताम्रमृग, (उरभ्र) भेडा तित्तिर, बकरा, चित्रमृग, कृष्ण मृग, रुरू, जङ्गली सूअर, खरगोश के मांस को श्राद्ध में देने से क्रम से एक एक महीने अधिक समय तक पितरों की तृप्ति होती है। गैंडे का मांस, महाशल्क-मछली, सहत, तिन्नी का

१—शितिसाराख्यो वृक्षः ।

२—काशीखण्डे-२७ अध्याये—अक्षततण्डुलो धौतः परिभ्रष्टो घृतेन च । खण्डयुक्तेन दुग्धेन पाचितः पायसो भवेत् ॥ पायसः कफकृद्बल्यो विष्टम्भी मधुरो गुरुः । 'ओदनस्तु प्रसिद्धः स्यात्पायसः पयसा श्रृतः । ओदनस्तिलमिश्रस्तु कृसरः परिकीर्तितः । तिलकल्वान्विनिक्षिप्य श्रृतो वा कृसरो भवेत् ॥ (आश्व० गृ० सू० पृ० ६७)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चावल, लालवर्ण के बकरे का मांस, कोई काले वर्ण को कहते हैं। कोई लोहपृष्ठ नाम वाले शकुनी को कहते हैं। कालशाक[१]-कालिका (करेमू) वार्ध्रीणस (पिबतो यस्य कर्णौ द्वौ जिह्वा चेति त्रयं स्पृशेत्। त्रिपिबं त्विन्द्रियक्षीणं यूथस्याग्रसरं तथा। रक्तवर्णं तु राजेन्द्र छागं वार्ध्रीणसं विदुः॥ इति माधवः) केचिदन्यथा वदन्ति-पक्षिविशेषो वा-कृष्णग्रीवो रक्तशिराः श्येनपक्षी विहङ्गमः। स वै वार्ध्रीणसः प्रोक्त इत्येषा वैदिकी श्रुतिः॥ 'त्रिपिबं त्विन्द्रियक्षीणं श्वेतं वृद्धमजापतिम्। वार्ध्रीणसन्तु तं प्राहुर्याज्ञिकाः पितृकर्मसु॥ के मांस से तृप्त होते हैं।

(वार्ध्रीणसलक्षणकथनम्)

निगमः--त्रिः पिबं त्विन्द्रियक्षीणं श्वेतं वृद्धमजापतिम्। वार्ध्रीणसं तु तं प्राहुर्याज्ञिकाः श्राद्धकर्मणि॥ वार्ध्रीणसो जरच्छाग इति मेधातिथिः।

निगम ने कहा है कि—जिसकी तीनों क्षीण इन्द्रियाँ जल पीती हो ऐसे सफेद, वृद्ध अजापति को श्राद्ध कर्म में याज्ञिक उसको 'वार्ध्रीणस' कहते हैं। मेधातिथि ने बूढे छाग (बकरे) को वार्ध्रीणस कहा है।

(छागादीनां विचारः)

कात्यायनः--छागोस्रमेषानालभ्य शेषाणि क्रीत्वा लब्ध्वा वा स्वयं मृतान् वाहृत्य पचेत्।

कात्यायन ने कहा है कि--छाग, उस्र (वृषभ) और मेष (भेडा) का आलंभन कर अवशिष्टों को खरीद कर या प्राप्त कर या स्वयं मरों को ले आकर पकावे।

कौर्मे--क्रीत्वा लब्ध्वा स्वयं वाऽथ मृतानाहृत्य वा द्विजः।
दद्याच्छ्राद्धे प्रयत्नेन तदस्याक्षयमश्नुते॥

कूर्मपुराण में कहा है कि--द्विज खरीद कर, प्राप्त कर या स्वयं मरों को ले आकर प्रयत्न से श्राद्ध में देने से अक्षय्य तृप्त पितर होते हैं।

(श्राद्धे दत्तस्य मांसस्याभक्षणे दोषकथनम्)

श्राद्धे दत्तस्य मांसस्याभक्षणे दोषमाह मनुः-(५।३५) नियुक्तस्तु यथान्यायं यो मांसं नात्ति मानवः। स प्रेत्य पशुतां याति संभवानेकविंशतिम्॥ अत्र बहुषु वचनेषु श्राद्धे मांसमधुनोः प्राशस्त्योक्तेः।

श्राद्ध में दिये हुए मांस के अभक्षण में मनु (अ० ५।३५) ने दोष कहा है कि--यथाविधि (श्राद्ध और मधुपर्क) में नियुक्त होकर जो मनुष्य मांस का भक्षण नहीं करता है। वह मरने पर इक्कीस जन्म तक पशु होता है। यहाँ पर बहुत बचनों से श्राद्ध में मांस और सहत को उत्तम कहा है।

विना मांसेन यच्छ्राद्धं कृतमप्यकृतं भवेत्। इति हेमाद्रौ देवलोक्तेः।

देवल ने हे...द्रिमें कहा है कि--विना मांसके किया हुआ जो श्राद्ध है वह नहीं ही करने के बराबरहै।

(श्राद्धे माक्षिकस्य महत्वकथनम्)

यच्छ्राद्धं मधुना हीनं तद्रसैः सकलैरपि। मिष्टान्नैरपि संयुक्तं पितॄणां नैव तृप्तये॥ अणुमात्रमपि श्राद्धे यदि न स्याच्च माक्षिकम्। नामापि कीर्तनीयं स्यात् पितॄणां प्रीतये ततः॥ इति हेमाद्रौ ब्राह्मोक्तेश्च मांसमधुनोः श्राद्धे नियतत्वं गम्यते।

जो श्राद्ध सहत से हीन है। वह सब रसों से तथा मिष्टान्नों से युक्त भी हो तो पितरों की तृप्ति के लिए नहीं होता है। अणुमात्र भी श्राद्ध में सहत न हो तो भी पितरोंकी प्रीति के लिए 'सहत' का नाम ही ग्रहण करे यह हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण का मत है। इससे श्राद्ध में मांस और सहत का नियतत्व जाना जाता है।

१--कालशाकं च वास्तूकं मूलकं कृष्णनाडिका। वेत्राङ्कुरं कलायं च पटोलं सार्षपं तथा॥ सूर्यावर्तं सुनिष्पन्नं शाकान्याहुर्मनीषिणः। कृष्णनाडिका कृष्णनाडी च इतिश्राद्धपल्लवश्राद्धमञ्जर्यौ। सूर्यावर्तं 'हुरहुर' इति प्रसिद्धम्। सुनिष्पन्नमम्लोनिकाकषायपत्रसदृशपत्रचौपपत्तीति प्रसिद्धम्। जलप्रभवशाकं, पट्टनाडीशाकं च वाक्यान्तरात्' इति श्राद्धविवेके।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गौडनिबन्धे मात्स्यसूक्ते--मध्वभावे गुडो देयः क्षीरस्य च तथा दधि ।
न लभ्यते घृतं यत्र कुर्यात् घृतवतीजपम् ॥

गौडनिबन्ध में मात्स्यसूक्त का वचन है कि--मधु के अभाव में गुड, दूध के अभाव में दधि और जहाँ घी न प्राप्त हो वहाँ पर 'घृतवती'[1] इस ऋचा का जप करे ।

श्राद्धकलिकायां नागरखण्डे--कथञ्चिद्यदि विप्रेभ्यो न दत्तं भोजने मधु ।
पिण्डास्तु नैव दातव्याः कदाचिन्मधुना विना ॥

श्राद्धकलिकाल में नागरखण्ड का कथन है कि--यदि कथञ्चित् ब्राह्मणों के लिए भोजन के समय में मधु न दिया हो तो भी मधु के बिना कभी पिण्डों को नहीं देना चाहिये ।

(श्राद्धे मांसनिषेधकथनम्)

बृहत्पराशरस्तु मांसं निषेधति--यस्तु प्राणिवधं कृत्वा मांसैस्तर्पयते पितॄन् ।
स विद्वांश्चन्दनं दग्ध्वा कुर्यादङ्गारविक्रयम् ॥

बृहपाराशर ने तो मांस का निषेध किया है कि--जो मनुष्य प्राणी का वधकर मांसों से पितरों को तृप्त करता है । वह विद्वान् चन्दन को दग्धकर उसके अंगारों को वेचता है ।

क्षिप्त्वा कूपे यथा किञ्चिद्बाल आदातुमिच्छति । पतत्यज्ञानतः सोऽपि मांसेन श्राद्धकृत्तथा ॥

जैसे--कोई बालक कूप में किसी चीज को फेककर फिर से अज्ञान से ग्रहण करने की इच्छा करता है । तद्वत् ही अज्ञान द्वारा मांस से श्राद्ध करने वाला भी गिर जाता है ।

(सर्वथान्नाभावे मांसग्रहणविचारः)

स एव--सर्वथान्नं यदा न स्यात् तदैवामिषमाश्रयेत् ।
ब्राह्मणश्च स्वयं नाद्यात्तच्च श्वादिहतं यदि ॥

उन्हीं का कथन है कि--जब सर्वथा अन्न प्राप्त हो तब ही आमिष (मांस) का ग्रहण करे । (यहाँ पर आमिषविधि के विषय का प्रदर्शन मात्र है । क्योंकि--आमिष का आश्रय न करे-यह तात्पर्य है ।) और कुत्ते आदि के मारे हुए मांस को स्वयं ब्राह्मण न भक्षण करे ।

(भागवतेऽपि मांसदाने विचारः)

भागवतेऽपि--(स्क० ७ अ० १५ श्लो० ७) न दद्यादामिषं श्राद्धे न चाद्याद्धर्मतत्त्ववित् । मुन्यन्नैः स्यात्पराप्रीतिर्यथा न पशुहिंसया ॥ तथेति शेषः ।

भागवत में भी कहा है कि-धर्म के तत्त्व का जानकार व्यक्ति श्राद्ध में मांस न दे और न भक्षण करे । मुनि के अन्नों से जैसी परा (उत्कृष्ट) प्रीति होती है वैसी पशुहिंसा से नहीं होती है । 'तथा' यह शेष है ।

(मांसादिग्रहणे व्यवस्था)

अत्र केचित्--मुन्यन्नं ब्राह्मणस्योक्तं मांसं क्षत्रियवैश्ययोः । मधुप्रधानं शूद्रस्य सर्वेषां चाविरोधि यत् ॥ इति हेमाद्रौ पुलस्त्योक्त्या व्यवस्थामाहुः ।

यहाँ पर किसी ने कहा है कि--ब्राह्मण के लिए मुन्यन्न (नीवार आदि) क्षत्रिय और वैश्य के लिए मांस कहा है । मधुप्रधान शूद्र को है । इस (मधु) में सबों का कोई विरोध नहीं है-यह हेमाद्रि में पुलस्त्य ने कहकर व्यवस्था[2] कही है ।

१--घृतवती भुवनानामभिश्रियोर्वी पृथ्वी मधुदुघे सुपेशसा । द्यावापृथिवी वरुणस्य धर्मणा विष्कभिते अजरे भूरिरेतसा ॥ (ऋ० ६।७०।१) ।

२--क्षत्रिय और वैश्य को ही मांस का विधान है वचन भी है--'क्षत्रियवैश्ययोरेव मांसम्' । अर्थात्--मांस का विधान ब्राह्मण को श्राद्ध में नहीं है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(कलौ पञ्चवस्तूनां निषेधकथनम्)

पृथ्वीचन्द्रोदयस्तु—अक्षता गोपशुश्चैव श्राद्धे मांसं तथा मधु। देवराच्च सुतोत्पत्तिः कलौ पञ्च विवर्जयेत् ॥ इति निगमोक्तेः,

पृथ्वीचन्द्रोदय ने तो कहा है कि—अक्षता (अक्षता कन्या जिसके साथ संभोग न किया हो), गोपशु, श्राद्ध में मांस तथा सहत[1] और देवर द्वारा पुत्रोपत्ति इन पाँच कर्मों को कलि में वर्जित किया है—ऐसा निगम ने कहा है।

वराऽतिथिपितृभ्यश्च पशूपाकरणक्रिया। इति कलिवर्ज्येषु हेमाद्रावादित्यपुराणात्। मांसदानं तथा श्राद्धे वानप्रस्थाश्रमस्तथा। इत्युक्त्वा—इमान धर्मान् कलियुगे वर्ज्यानाहुर्मनीषिणः। इति बृहन्नारदीयेऽभिधानाच्च मांसविधिः कलिव्यतिरिक्तविषयः। कलौ मांसनिषेधानां च देशाचाराद्व्यवस्था।

वर (उत्तम—पाणिग्रहणार्थी), अतिथि (अभ्यागत, (मनुः-३।१०२) एकरात्रं तु निवसन्नतिथिर्ब्राह्मणः स्मृतः। अनित्यं हि स्थितो यस्मात्तस्मादतिथिरुच्यते ॥), पितर, पशूपाकरणक्रिया (कुशा से संस्कार पूर्वक पशु वध) ये कलिवर्ज्य में हेमाद्रि में आदित्यपुराण का वचन है। श्राद्ध में मांसदान और वानप्रस्थ (अपने धार्मिक जींवन के तीसरे आश्रम में प्रविष्ट ब्राह्मण) आश्रम को कहकर इन धर्मों को कलियुग में बुद्धिमानों ने त्याग करना कहा है—यह बृहन्नारदीयपुराण में कहने से मांसविधि कलियुग से भिन्न विषय है। कलि में मांस निषेधकों का देशाचार से व्यवस्था है।

तथा च बृहन्नारदीये श्राद्धं प्रकृत्य—यथाचारं प्रदेयं तु मधुमांसादिकं तथा। देशाचाराः परिग्राह्यास्तत्तद्देशीयजैर्नरैः ॥ अन्यथा पतितो ज्ञेयः सर्वधर्मबहिष्कृतः। इति।

और बृहन्नारदीयपुराण में श्राद्ध को प्रकृति कर कहा है कि—श्राद्ध में—मधु और मांसादिक को जैसा कुलाचार हो देना चाहिये। अपने अपने देशाचार को मनुष्यों ग्रहण करना चाहिये। अन्यथा सब धर्मों से पतित हो जाते हैं।

यस्मिन् देशे पुरे ग्रामे त्रैविद्यैर्नगरेऽपि वा। यो यत्र विहितो धर्मस्तं धर्मं न विचारयेत् ॥ इति भृगूक्तेश्चेत्याह। तन्न, होलाकाधिकरणन्यायेन देशविशेषव्यवस्थापकपदकल्पनायोगात्। निरूपितं चैतत्पितामहचरणैर्मांसमीमांसायामिति दिक्।

तीनो वेदों का निष्णात ब्राह्मण जिस देश (मुल्क, स्थान) में, पुर शहर (बडे बडे विशाल भवनों से युक्त, चारों ओर परिखा से घिरा हुआ और विस्तार में एक कोससे कम न हो) में, ग्राम (गांव) में और नगर (कस्बा, शहर) में जो जहाँ पर विहित धर्म हो उस धर्म का विचार न करे। ऐसा भृगु के कथन से कहा है। यह उचित नहीं है। होलाधिकरणन्याय[2] से देश विशेष-व्यवस्था स्थापक पद की कल्पना का अयोग है—यह हमारे पितामहभट्टचरण ने माँसमीमांसा में कहा है।

१—कथञ्चिद् यदि विप्रेभ्यो न दत्तं भोजने मधु। पिण्डास्तु नैव दातव्याः कदाचिन्मधुना विना ॥ इति काले दाप्रत्ययात् कलिनिषेधो भोजनमात्रपर इति पिण्डे कलावपि मधु देयम्। सर्वकालं तिला ग्राह्याः पितृकृत्ये विशेषतः। भोज्यपात्रे तिलान् दृष्ट्वा निराशाः पितरो गताः। इतिवत् इति, तदशुद्धम्। 'कथञ्चित्' इति विस्मरणादेव लाभात्तद्वचनस्यैकमूलकल्पनालाघवेन कलिभिन्नत्वात्।

२—मीमांसा के प्रथमाध्याय तृतीयपाद होलाकाधिकरण में यह विचार किया है कि—होलकादि शिष्टाचार देश विशेष में प्रसिद्ध है। होलाका उसे कहते हैं—चैत्रकृष्ण प्रतिपदा में परस्पर होलानामक जो उत्सव है। यह प्राच्यों में प्रसिद्ध है। उस अधिकरण में यह विचार किया है कि यह होलाकाचार वहीं प्राच्यों के लिये है या सभी के लिये है। पूर्वपक्ष यह है कि—जिस देश में जो आचार उपलब्ध होता है उन्हीं लोगों के लिए वह आचार अनुष्ठेय है। सिद्धान्त किया है कि—प्राच्य प्रतीच्य आदि शब्द का आप कोई निर्वचन नहीं कर सकते। इसलिये प्राच्यादि शब्द को छोडकर ही साधारण श्रुति की कल्पना होती है। अर्थात्—यह आचार सभी को मान्य (अनुष्ठेय) है। इसीलिए यहाँ का सिद्धान्त है कि मांस निषेध का कलियुग में निषेध है। अतः मांसविधि कलिव्यतिरिक्त विषय है। इस विषय को हमारे पूज्य पितामह ने मांसमीमांसा में निर्णय किया है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(मांसादिदाने तृप्तिविचारः)

मनुः—(३।२७१) संवत्सरं तु गव्येन पयसा पायसेन च । वार्ध्रीणसस्य मांसेन तृप्तिर्द्वादशवार्षिकी ॥ त्रिपिबं त्विन्द्रियक्षीणं श्वेतं वृद्धमजापतिम् । वार्ध्रीणसं तु तं प्राहुर्याज्ञिकाः श्राद्धकर्मणि ॥

मनु ने कहा है कि–गव्य-मांस से गौ के दूध तथा खीर से एक साल तक वार्ध्रीणस (गेंडा) के मांस से बारह साल की तृप्ति होती है । तीन जगहों से पान (पिबतो यस्य कर्णौ द्वौ जिह्वा चेति त्रयं स्पृशेत् । त्रिपिबं त्विन्द्रियं क्षीणं यूथस्याग्रसरं तथा ॥ रक्तवर्णं तु राजेन्द्र छागं वार्ध्रीणसं विदुः ॥ इति माधवः) करनेवाला जिसके इन्द्रिय क्षीण हो गये हैं, ऐसा सफेद वृद्ध अजापति को वार्ध्रीणस (पक्षिविशेषो वा—कृष्णग्रीवो रक्तशिराः श्येनपक्षी विहङ्गमः । स वै वार्ध्रीणसः प्रोक्त इत्येषा वैदिकी श्रुतिः ॥) को श्राद्धकर्म में याज्ञिक कहते हैं ।

(क्षीरादौ विशेषमाह)

क्षीरादौ विशेषमाह हेमाद्रौ सुमन्तुः—पयो दधि घृतं चैव गवां श्राद्धेषु पावनम् ।
महिषीणां घृतं प्राहुः श्रेष्ठं न तु पयः क्वचित् ॥

क्षीरादि में विशेष हेमाद्रि में सुमन्तु ने कहा है कि—गौओं का दूध, दधि और घृत श्राद्धों में तथा भैसों का घृत पवित्र होता है पर भैंस का दूध उत्तम कहीं भी नहीं होता है ।

याज्ञवल्क्यः—(आचाराध्याय-श्लोक–१७०) सन्धिन्यनिर्दशाऽवत्सागोपयः परिवर्जयेत् ।
औष्ट्रमैकशफं स्त्रैणमारण्यकमथाविकम् ॥

याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—सन्धिनी[1] जो ऋतुमती में बैल की इच्छा करती हो गर्भिणी, (विज्ञानेश्वरमत से जिसका बच्छा मर गया हो ऐसी गौ एक साल के भीतर ही बैल की इच्छा करती हो), अनिर्दशा—जिस प्रसूता के दश दिन न बीते हों अवत्सा[2]—विना वच्छे वाली, (जिसका वच्छा मर गया हो या जिसका वच्छा, पास में न हो) ऐसी गौ का दूध न पीवे । ऊटनी, एक खुरवाली घोडी, स्त्री, जंगली पशु, भेड (भैंस का भी दूध निषेध है पर जंगली भैंस का दूध ग्राह्य है, अन्यत्र निषेध है) आदि का दूध श्राद्ध में न पीवे ।

हेमाद्रौ हारीतः—नवप्रसूतायाः सप्तरात्रादित्येके, दशरात्रादित्यपरे, मासेनोपेयुषं भवतीति धर्मविदः । एतद्रजोभावपरम् ।

हेमाद्रि में हारीत ने कहा है कि—नई ब्याही गौ का दूध सात रात्रि न पीवे—यह किसी एक का मत है । दूसरों का कहना कि–दशरात न पान करे । धर्म के जानकारों का कहना है कि—अपेयुष (नहीं पीने योग्य) होता है । यह रजोदर्शन पर है । जब तक रज की निवृत्ति नहीं हो तब तक गौ का दूध नहीं पीना चाहिये । इसी को पीयूष कहते हैं । कोश में भी कहा है कि 'पीयूषोऽभिनवं[3] पयः) ।

(त्याज्यदुग्धविचारः)

देवलः—अजाऽऽविमहिषीणां तु पयः श्राद्धेषु वर्जयेत् ।
विकारान् पयसश्चैव माहिषं तु घृतं हितम् ॥

देवल ने कहा है कि—श्राद्धों में—अजा (बकरी) भेड तथा भैंस इनका दूध और दूध के विकारों को त्याग करे । भैंस का घृत हितकर है ।

१– या उभयोः प्राप्तदोहा कथञ्चित् अन्यतरस्मिन् दुह्यते प्राप्तरदुग्धा सायं दुह्यते । सा तु स्वल्पक्षीरत्वादेकस्मिन्येव काले सासौ सन्धिनी । कश्चिदाह या मृतस्ववत्सा परकीयं वत्सं संचार्य दुह्यते सा सन्धिनी ।

२—विवत्सा—तु या सत्येव वत्सं विना कृतवत्सा वत्सप्रस्रवणमनपेक्ष्य कुष्ठकयवशालितुषादिना भोजनविशेषेण दुह्यात् इति मेधातिथिः ।

३—घृतात्फेनं घृतान्मण्ड पीयूषमथ चार्द्रगोः । अस्यार्थः—घृतादुद्धृत्य मण्डं तदग्रं न पेयम् । आर्द्रायाः प्रसवप्रभृत्यनिवृत्तरजस्काया गोः पयो न पेयम् । एतदेव पीयूषम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत्रैव ब्राह्मे—माहिषं चामरं मार्गमाविकैकशफोद्भवम् ।
स्त्रैणमौष्ट्रं पाचितं च दधि क्षीरं घृतं त्यजेत् ॥
सगुडं मरिचाक्तं तु तथा पर्युषितं दधि । दीर्णं तक्रमपेतं च नष्टास्वादं च फेनवत् ॥

वहीं पर ब्रह्मपुराण में कहा कि—भैस, (जंगली भैंस का दूध श्राद्ध से अन्यत्र ग्रहण करना कहा है) चमरी गौ, मृगी, भेड, एक शफ--घोडी आदि, स्त्री, ऊंटनी, (मांगकर लिया हुआ) पाचितम्-पका हुआ दूध, दधि तथा घृत त्याज्य है।

गुड और मरिच से मिश्रित वासी दधि, फटा हुआ बहुत समय का रखा हुआ जिसका स्वाद नष्ट (दीर्घकाल स्थित्या नष्टस्वादु फेनवच्च तक्रं न पेयम् ।) हो गया हो ऐसा फेन की तरह मट्ठा वह भी अपेय होता है।

(आरण्यमहिषीक्षीरग्रहणे विचारः)

माहिषापवादोऽपरार्के ब्राह्मे--देयं तक्रं तु सद्यस्कं नवनीतादनुद्धृतम् । आरण्यमहिषीक्षीरं शर्करास्नुतिसंयुतम् । मध्वक्तं तु हितं चैव दद्यात्तदमृतं यतः ॥ स्नुतिः=क्षीरसरः । श्राद्धकौमुद्यां चैवम् ।

महिषी का अपवाद अपरार्क में ब्रह्मपुराण मत से कहा है कि—मक्खन से निकला हुआ ताजा मट्ठा, जंगली भैस का दूध, शर्करा और क्षीर (दूध) से टपका (बहता) हुआ मधु का रस अमृत होता है। स्नुति माने—क्षीरशर । श्राद्धकौमुदी में भी यही है।

(गोधूमादिनिर्मितपर्युषितान्नभक्षणे विचारः)

यद्यपि याज्ञवल्क्येन—(आचाराध्याय-१६९) अन्नं पर्युषितं भोज्यं स्नेहाक्तं चिरसंस्थितम् । अस्नेहा अपि गोधूमयवगोरसविक्रियाः ॥ इति । पर्युषितं दध्यादिभोज्यमुक्तम् ।

यद्यपि याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—घी आदि की चिकनाई से युक्त बहुत काल से रखा हुआ अन्न वासी भी भोजन के योग्य है जिसमें घी न हो ऐसे भोज्य पदार्थ—गेहूँ, यव, गोरस (दूध) से बने अन्न यदि चिकनाई से युक्त न हो तो ग्रहण कर सकते हैं। इससे वासी दधि आदि को भोज्य कहा है।

(गुडमरीचाक्तस्य पर्युषितत्त्वकथनम्)

तथापि गुडमरीचाक्तस्य पर्युषितदोषोऽत्रोच्यत इति हेमाद्रिः ।

फिर भी गुड और मरिच मिश्रित पदार्थों को पर्युषित दोष (वासी) हेमाद्रि ने यहाँ कहा है।

(श्राद्धेषु कालशाकादीनां कथनम्)

तत्रैव ब्राह्मे—कालशाकं तण्डुलीयं वास्तुकं मूलकं तथा । शाकमारण्यकं चैव दद्याच्छ्राद्धेषु नित्यशः ॥ तन्दुलीयम्=सूक्ष्मपत्रमिति हेमाद्रिः । महाराष्ट्राणां माठ इति प्रसिद्धम् । आरण्यकं फाञ्जीचूकादि ।

वहाँ पर ब्रह्मपुराण में कहा है कि—कालशाक (करेमू), तण्डुलीयक (चौराई) हेमाद्रि ने सूक्ष्मपत्र कहा है। वास्तुक—वथुवा, महाराष्ट्र में 'माठ' कहते हैं। मूली और जंगली साग (फांजी चूकादि) को नित्य श्राद्धों में दे।

तत्रैव--दाडिमं मागधी चैव नागरार्द्रकतिन्तिणी । आम्रातकं जीरकं च कुम्बरं (कुवरं) चैव योजयेत् ॥ मागधी=पिप्पली । (नागरम्=शुण्ठी ।) कुम्बरं कुस्तुम्बरं धनिया इति प्रसिद्धम् ।

वहीं पर कहा है कि--अनार, मागधी (पिप्पली) नागर-शुण्ठी, सोंठ, आदी, तिन्तिणी (इमली), आम्रातक (आंवडा), जीरा और कुँवर (धनिया), इनका योग करे। मागधी-माने पिप्पली, नागर माने सोंठ, कुम्बर, कुस्तुम्बर-माने धनिया-यह प्रसिद्ध है।

वायवीये—अगस्त्यस्य शिखास्ताम्राः काषायाः सर्व एव च । शिखा=नवपल्लवाः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वायुपुराण में कहा है कि—अगस्त्य वृक्ष के नवीन पल्लवों को ताम्रकापाय कहते हैं। शिखा माने—नूतन पल्लव।

प्रभासखण्डे—आरामस्य तु सीमन्ताः कलायाः सर्व एव च। सीमन्ताः=नवपल्लवाः।

प्रभासखण्ड में कहा है कि—बगीचे के नवीन पल्लवों को कलाय होते हैं।

कौर्मे—तमालं शतकन्दं च मध्वालुः शीतकन्दली। मध्वालुः=मोहलकन्दः। शीतकन्दली=रताल् इति प्रसिद्धम्।

कूर्मपुराण में कहा है कि—तमाल (काला पत्ता, सुरती नहीं है), शतकन्द (सांप का छत्ता—कुक्कुर मुत्ता) मध्वालु (मोहलकन्द), शीतकन्दली (रतालू) भी दे यह प्रसिद्ध है।

(श्राद्धे त्याज्यवस्तुकथनम्)

अथ वर्ज्यम्। मार्कण्डेयपुराणे—यच्चोत्कोचादिना प्राप्तं पतिताद्यदुपार्जितम्। अन्यायकन्याशुक्लार्थं द्रव्यं चात्र विगर्हितम्॥ पित्रर्थं मे प्रयच्छस्वेत्युक्त्वा यच्चाप्युपाहृतम्।

इसके बाद त्याज्य को कहते हैं। मार्कण्डेयपुराण में कहा है कि—अपने कार्य को रुकता देखकर उसे हटाने के लिये या आपत्काल के प्रतिकार के लिए राजा के अधिकारी को जो दिया जाय उसको उत्कोच (घूस) कहते हैं। उसके द्वारा प्राप्तधन, पतितादि से उपार्जित-कमाया हो अन्याय के लिए कन्या को बेचकर-जो धन मिला हो ऐसा द्रव्य यहाँ पर निन्दित है। मेरे पिता के श्राद्ध के लिए दो वह प्राप्त धन भी निन्दित है।

चन्द्रोदये शङ्खः—भूस्तृणं सुरसां शिग्रु पालङ्की मृचुकं तथा। कूष्माण्डालाबुवार्ताककोविदारांश्च वर्जयेत्॥ पिप्पली मरिचं चैव तथा वै पिण्डमूलकम्। कृतं च लवणं सर्वं वंशाग्रं च विवर्जयेत्॥ राजमाषान् मसूरांश्च कोद्रवान् कोरदूषकान्। लोहितान् वृक्षनिर्यासान् श्राद्धकर्मणि वर्जयेत्॥

भूस्तृणं काश्मीरदेशे प्रसिद्धम्। सुरसा निर्गुण्डीति माधवः। तुलसीति पृथ्वीचन्द्रः। सा च भक्ष्यत्वेन निषिद्धा न पुष्पत्वेनेति गौडाः। पालङ्की=पालक इति प्रसिद्धा। मृचुकम्=जलजः शाकः। 'मसुकम्' इति पाठे खदिरशाक इति हेमाद्रिः। मरिचान्यार्द्राणीति हेमाद्रिः। कृतलवणं सांभरभिन्नम्, सैन्धवं लवणं चैव तथा मानससंभवम्। यच्च सामुद्रिकं भवेत्' इति शूलपाणौ पाठः। पवित्रे परमे ह्येते प्रत्यक्षे अपि नित्यशः। इति वायवीयोक्तेः मानसं=सांभरम्।

चन्द्रोदय में शंख ने कहा है कि—भूस्तृण-भूतिक नाम वाला शाक, कोई कहते है कि—काश्मीर में प्रसिद्ध है। कोई 'कलम्बीक' को कहते हैं। स्मृतिचन्द्रिकाकारमत से—यस्य नाले ग्रन्थिस्थाने परिमाण्डलावयवा भवन्ति सभूस्तृण इति। सुरसा—तुलसी, (निर्गुण्डी—) शिग्रु—मीठा सेजन (सौभाञ्जनरक्तपुष्पो न श्वेतपुष्पः।) पालङ्की—सोवापालक (मुकुन्दाख्यो गन्धद्रव्यभेदः) मृचुक—करेमू का साग, कूष्माण्ड—पेठा, अलाबु—लौकी तुंबावाला, वार्ताक—वनभंटा, (क्षुद्रवार्ताकीफलमित्यन्ये, कोविदार—कचनार, पिप्पली, मिरच—ताजीमिरच नहीं, पिण्डमूलक—सलगम, निर्माण किया हुआ सब निमक, और बांस का अग्रभाग त्याग दे। राजमाष-बोडा छोटा, मसूर, कोदो, कोरदूपक-सेमर या पलाश का गोंद, (पाटलश्वेतहिङ्गुकर्पूरादिक का निषेध नहीं है।) श्राद्धकर्म में त्याग करे।

भूस्तृण—कश्मीरदेश में प्रसिद्ध है। सुरसा-निर्गुण्डी—को माधव कहते हैं। पृथ्वीचन्द्र तुलसी को कहते हैं। वह भक्षण करने में निषिद्ध है। पुष्पत्वेन निषिद्ध (पुराणे—तुलसीगन्धमाघ्राय पितरस्तुष्टमानसाः। प्रयान्ति गरुडारूढास्तत्पदं चक्रपाणिनः॥) नहीं है। यह गौडों का कहना है। पालङ्की-पालक को कहते हैं यह प्रसिद्ध है। मृचुक-जल का शाक। मसुकम्—इस पाठ में खादिरशाक यह हेमाद्रि का कहना है। मरिच आदि (पिप्पल आदि) गीली हो यह हेमाद्रि का कहना है। निर्मित लवण सांभर से भिन्न ग्रहण करे। शूलपाणी में पाठ है कि—सिन्धु नदी का निमक तथा सामुद्रिक निमक ग्राह्य है। सांभर और समुद्रनिमक ये प्रत्यक्ष (न प्रत्यक्षं लवणं दद्यात्—यह वैष्णव का अपवाद है और सांभर निमक भी सदा पवित्र है—यह वायुपुराण में कहा है।

१–शाकविशेषः; निर्गुण्डी। २–हिंगुद्रव्यस्य विधिप्रतिषेधयोर्दर्शनाद्विकल्पः। 'तद्विहितप्रतिषिद्धत्वादेव लिपकमानुकल्पकं वती।'

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्तु भविष्यम्—तर्जन्या दन्तकाष्ठं च प्रत्यक्षलवणं तथा। इति। तत्र (प्रत्यक्षलवणं) क्षारलवणं खारीति प्रसिद्धं निषिद्धम्, भुक्त्वा तु क्षारलवणं त्रिरात्रं तु वने वसेत्। इति ब्राह्मोक्तेरिति शूलपाणिः। क्षीरलवणमिति पाठात् क्षीरमिश्रं लवणं निषिद्धमिति वाचस्पतिः। राजमाषा रतरा इति प्रसिद्धाः। कोरदूषकाः=वनकोद्रवाः।

जो भविष्यपुराण में कहा है कि—तर्जनी से दन्तकाष्ठ तथा प्रत्यक्ष लवणक्षार लवणखारीनिमक प्रसिद्ध निषिद्ध है। ब्रह्मपुराण में शूलपाणी ने कहा है कि—क्षारलवण को भक्षण कर तीनदिन वन में निवास करे। वाचस्पति का कहना है कि—'क्षीरलवण' इसपाठ से क्षीरमिश्रलवण निषिद्ध है। राजमाष—बोडा छोटा, (रतरा यह प्रसिद्ध है-पावटे, चवली) कोरदूषक—जंगली कोदो।

चन्द्रिकायां शङ्खः—पिण्डालकं च तुण्डीरं करमर्दं च नालिकाम्। कूष्माण्डं बहुबीजानि श्राद्धे दत्त्वा व्रजत्यधः॥ पिण्डालकं महाराष्ट्रेषु पेण्डरमिति प्रसिद्धम्। तुण्डीरं बिम्बीफलमिति कैदेवः करमर्दं करवन्दमिति प्रसिद्धम्।

चन्द्रिका में शङ्खने कहा है कि-पिण्डालक (आलू), तुण्डीर, कुन्दरु, करमर्द-करोंदा, नालिका-कमलदण्ड, एलापल्लव का भेद यह अन्य कहते हैं। कूष्माण्ड—पेठा और बहुबीज-सरीफा, इनको श्राद्ध में देने से नीचे गिरता है। पिण्डालक को महाराष्ट्रों में पेण्डर शब्द से प्रसिद्ध है। तुण्डीर को बिम्बीफल (कुंदरु) कैदेव ने कहा है। करमर्द करवन्द से प्रसिद्ध है।

तत्रैव—बिडालोच्छिष्टमाघ्रातं श्राद्धे यत्नेन वर्जयेत्। कूष्माण्डं महिषीक्षीरमाढक्यो राजसर्षपाः॥ चणका राजमाषाश्च घ्नन्ति श्राद्धं न संशयः।

वहीं पर कहा है कि—बिल्ली से उच्छिष्ट तथा सूँघी हुई चीज श्राद्ध में यत्न से त्याग दे। कूष्माण्ड (कोंढा सफेद) भैस का दूध, आढकी (तुवरी, अरहर की दाल) राजसर्षप—राई, चना और राजमाष (बोडा), ये श्राद्ध को नष्ट करते हैं। इसमें संशय नहीं है।

वृहत्पराशरः—करीरफलपुष्पाणि विडङ्गमरिचानि च। जम्भारिका सजम्बीरा सुपक्वं बीजपूरकम्॥ जम्ब्वलाबूनि पिप्पल्यः पटोलं पिण्डमूलकम्। मसूराञ्जनपुष्पं च श्राद्धे दत्त्वा पतत्यधः॥ जम्बू=सूक्ष्मम्।

वृद्धपराशर ने कहा है कि—करीर (कवीर ही नाम है, मथुरा और वृन्दावन में होता है।) के फल और पुष्प, वायविडिंग, मरिच, जंभारिका (जंबीर-जंबीरी निंबू) (बीजपूरक) (बीजपूरक निषेधः प्रत्यक्षपरः) जम्बू-छोटी-सूक्ष्म जामुन, अलाबू—लौकी, पिप्पली, परवर, पिण्डमूलक—(मोटीमूली) मसूर और अञ्जनपुष्प=अगुरु पुष्प को श्राद्ध में देने से नीचे गिरता है।

माधवीये चतुर्विंशतिमते—यावनालान् कुलत्थांश्च वर्जयन्ति विपश्चितः। यावनालाः=जोंधला इति। अत्र यानि चणकादीनि विहितनिषिद्धानि तेषां विकल्पः। अन्यथा श्यामाकैश्चणकैः शाकैर्नीवारैश्च प्रियङ्गुभिः। गोधूमैश्च तिलैर्मुद्गैर्मासं प्रीणयते पितॄन्॥ इति,

गोधूमैरिक्षुभिर्मुद्गैः सतीनैश्चणकैरपि। इति हेमाद्रौ कौर्मविष्णुधर्मादिविरोधः स्यात्। पिप्पलीमरीचादेस्तु प्रत्यक्षस्य निषेधो न त्वन्यद्रव्यमिश्रस्य,

सौवीरतिक्तैर्लवणादिभिस्तु पाकस्य सिद्धिर्महतीह येस्तु।
तद्बीजपूरान्मरिचादियोगात्सिद्धिप्रदेयं न तु दुष्यतीह॥

इति पृथ्वीचन्द्रोदये वृहत्पराशरोक्तेः।

तत्रव—दास्तुश्च यस्मिन्मनसोऽभिलाषः श्रद्धा भवेद्यत्र च दीयमाने। श्राद्धेषु देयं विधिवत्तदेव तदक्षयमिति ब्रवन्ति॥ एतन्निषिद्धेतरविषयम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

माधवीय में चतुर्विंशति मत से कहा है कि–यावनाल–जोंधरी और कुलथी को विद्वान् त्याग देते हैं। यावनाल माने जौंधरी यहाँ पर जो चणक आदि का विधान तथा निषेध होने से विकल्प है। अन्यथा-श्यामाक-सांवा, चना शाक (पत्ति का साग), नीवार (तिन्नी का चावल)। प्रियंगु (ककुनी), गेहूँ, तिल और मूँग से पितरों की एक महिने तक की तृप्ति होती है।

गेहूँ, ईख, मूँग, सतीन (मटर) और चने से भी। यह हेमाद्रि में कूर्म, विष्णुधर्म आदि का विरोध हो जायगा। पिप्पली, मरिच आदि प्रत्यक्ष का तो निषेध है न की अन्यद्रव्यमिश्रित का, सौवीर (गेहूँ से निर्मित सिर का) तिक्त लवणादियों से पाक की सिद्धि बडी होती है। उसके बीजों से निम्बू मरिच आदि योग से सिद्ध होना चाहिये, इससे यहाँ दोष नहीं है। यह पृथ्वीचन्द्रोदय में वृद्धपराशर ने कहा है।

वहीं पर कहा है कि जिसमें दाता के मन से अभिलाषा (इच्छा) हो, जिसके देने में श्रद्धा हो, उसी को विधिवत् श्राद्धों में देना चाहिये। उसके देने से 'अक्षय्य' होता है ऐसा कहते हैं। यह निषिद्ध वस्तु से इतर विषयक है।

चन्द्रिकायाम्—कृष्णधान्यानि सर्वाणि वर्जयेच्छ्राद्धकर्मणि ।
न वर्जयेत्तिलांश्चैव मुद्गमाषांस्तथैव च ॥

चन्द्रिका में कहा है कि—सब काले धान श्राद्धकर्म में त्याग करे। परन्तु तिल, मूँग और वैसे ही उडद का त्याग न करे।

मात्स्ये—मसूरशणनिष्पावराजमाषकुसुम्भिकाः । पद्मबिल्वार्कधत्तूरपारिभद्राटरूषकाः ॥ न देयाः पितृकार्येषु पयश्चाजाविकं तथा । कोद्रवोदारवरककपित्थमधुकातसी ॥ एतान्यपि न देयानि पितृभ्यः श्राद्धमिच्छता ॥ निष्पावाः=वल्लाः ।

मत्स्यपुराण में कहा है कि—मसूर, शण (शण), निष्पाव–सेम, राजमाष (बोडा), कुसुंभिका, वरें, पद्म (कमल), विल्व, अर्क (मदार), धतूरा, पारिभद्र–नींव (फरहद), आटरूपक अडूसा, इनको पितृकार्यों में नहीं देना चाहिये। बकरी तथा भेंड का दूध न दे। कोद्रव (कोदो), उदार–कचनार, वरक (वन के मूँग), कपित्थ (कैथ), मधुक–महुआ और अतसी (तीसी) इनको भी पितरों के श्राद्ध की इच्छावाला न दे। निष्पाव–माने वल्ला। (सूप आदि की हवा जिससे अनाज की कदूरत निकाली जाती है। धान आदि की भूसी निकालना निस्तुषीकरण सेम)।

यत्तु मार्कण्डेयः—प्रियङ्गवः कोविदारा निष्पावाश्चात्र शोभनाः । इति । तत्र निष्पावः=श्वेतशिम्बीति दानसागरे श्राद्धप्रकाशे चोक्तम् । बिल्वं च रक्तं निषिद्धम्, जम्बीरं रक्तबिल्वं च शालस्यापि फलं त्यजेत् । इति ब्राह्मोक्तेः । 'पारिभद्रे निम्बतरुः' इत्यमरः । रक्तमन्दार इति हेमाद्रिः । आटरूपो वासा तत्पुष्पम् । उद्दारः=काञ्चनारः । मधुकं=ज्येष्ठीमधिवति चन्द्रिका । वरका=वनमुद्गाः ।

जो मार्कण्डेय ने कहा है कि—प्रियङ्गु (प्रियंगु), कोविदार (कचनार) और निष्पाव (सेम) श्राद्ध में उत्तम है। वहाँ पर निष्पाव शब्द से सफेद शिम्बी (किवाच) दानसागर में और श्राद्धप्रकाश में कहा है। विल्व लाल निषिद्ध है। ब्रह्मपुराण में कहा है कि—जंबीर (निंबू बड़ा), लाल विल्व और शाल (सखुआ) का फल इनको त्याग दे। पारिभद्र माने–निम्ब का पेड़ यह अमरकोष में कहा है। हेमाद्रि का कहना है कि—लालमंदार (मदार)। आटरूप—अडूडा (वासा) उसके पुष्प को कहते हैं। उदार माने–कचनार, मधूक—जेष्ठ मधु (मुलेठी) यह चन्द्रिका में कहा है। वरक माने–वन के मूँग।

हेमाद्रौ ब्रह्माण्डे—आसनारूढमन्नाद्यं पादोपहतमेव च । अमेध्यैर्जङ्गमैः स्पृष्टं शुष्कं पर्युषितं च यत् । द्विःस्विन्नं परिदग्धं च तथैवाग्रावलेहितम् । शर्कराकीटपाषाणैः केशैर्यच्चाप्युपद्रुतम् ॥ पिण्याकं मथितं चैव तथातिलवणं च यत् । सिद्धाः कृताश्च ये भक्ष्याः प्रत्यक्षलवणीकृताः ॥ वाससा चावधूतानि वर्ज्यानि श्राद्धकर्मणि ।

हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण का मत है कि—आसन पर रखा अन्नादि, पैर से स्पर्श हुआ, अमेध्य (अपवित्र), जंगम जीवां से स्पर्श सूखा या बासी जो अन्नादि है, द्विस्विन्न, (दो बार पका हुआ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अर्थात्—जीरा, हींग आदि को फिर से देकर पकाया हुआ) परदग्ध (दूसरों के द्वारा जलाया हुआ अन्न) वैसे ही—अग्रावलेहित (ग्रास का पूर्वभाग चाटा हुआ अन्न) शर्करा (कंकड), कीट (देवलः—विशुद्धमपि चाहारं मक्षिकाक्रमिजन्तुभिः। केशरोमनखैर्वाऽपि दूषितं परिवर्जयेत् ॥ मक्षिकाक्रमिजन्तवो मृता विवर्त्तिताः।), पाषाण और केश (बाल) गिर गये हों, मथित (बिलोई हुई बिना जल की दधि) जिस वस्तु में अधिक निमक हो, जो सिद्ध किये हुए भक्ष्य पदार्थों में लवण गिरा हो। जो वस्त्र से कंपित (वस्त्र से हवा किया हुआ) हो एसी वस्तुओं को श्राद्ध कर्म में त्याग देना चाहिये।

द्विः स्विन्नं यत् सकृत्पाकेन भक्ष्यमपि हिङ्गुजीरकादिसंस्कारार्थं पुनः पच्यते तद्वर्ज्यम्। यत्तु तिक्तशाकान्नविकारादि द्विःपाकेनैव भक्षणार्हं न तन्निषिद्धम् अग्रावलेहितमास्वादितपूर्वम्। पर्युषितस्य सदा निषेधेऽपि पुनर्वचनम्।

अपूपाश्च करम्भाश्च धाना वटकसक्तवः। शाकं मांसमपूपं च सूपं कृसरमेव च ॥ यवागूः पायसं चैव यच्चान्यत्स्नेहसंयुतम्। सर्वं पर्युषितं भोज्यं शुक्तं चेत्परिवर्जयेत्। इति माधवीये यमोक्तवटकादेरपि पर्युषितस्य निषेधार्थमिति चन्द्रिकादयः।

जो एक बार पकाने से भक्ष्य भी है पर हींग, जीरा आदि द्वारा संस्कार के लिए फिर से पकाया हो उसे त्याग दे—उसी को द्विःस्विन्न कहते हैं। जो तिक्त शाक अन्न के विकार आदि दूसरी बार पाक से ही भक्षण के लिए उत्तम होते हैं वे निषिद्ध नहीं है। जिसका पहले स्वाद ले लिया हो उसको अग्रावलेहित कहते हैं। वासी का सदा निषेध होने पर भी फिर से वचन है कि—

मालपूडा (यव और गेहूँ का विकार मण्डक आदि) करंभ (वृत्त) धान, वटक (बडा) उड़द आदि के पिसे पदार्थ) सत्तु, शाक, मांस, अपूप (फिर से अपूप का जो ग्रहण श्लोक है वह व्रीहि आदि पिष्ट का विकार के संग्रह के लिए है।) सूप (दाल), कृसर (भृष्टतिलचूर्ण) (ओदनस्तिलमिश्रस्तु कृसरः परिकीर्तितः। तिलकल्कान् विनिक्षिप्य शृतो वा कृसरो भवेत् ॥ अन्यत्र—तिलतण्डुलसम्मिश्रः कृसरः सोऽभिधीयते। यवागू (यव से पकाया हुआ लेयी के समान-लप्सी) पायस, स्नेहसंयुक्त-घी या दधि से विघारित, ये सब पर्युषित वासी (अग्नि से पके होते हुए एक रात के हों), शुक्त (अत्यम्लं शुक्तमाख्यातं निन्दितं ब्रह्मवादिभिः। अस्यार्थो माधवेनोक्तः—अनम्लमीषदम्लं वा यद्वस्तु कालान्तरेण वा द्रव्यान्तरसंसर्गेण वाऽत्यम्लं भवति तत् शुक्तं, न स्वभावतोऽत्यम्लम्। शुक्तनिषेधोदध्यादिभिन्नविषयः।) इनका त्याग करे। एसा माधवीय में यम द्वारा कहे हुए वटक आदि के भी पर्युषित का निषेध है—यह चन्द्रिका आदि में है।

वर्ज्येषु विश्वामित्रः—कपित्थं कुरुकं चैव नारिकेलं च पैनिकम्।
जम्बूफलादिपक्वं च पिण्याकं तन्दुलीयकम् ॥

वर्जितों में विश्वामित्र ने कहा है कि—कपित्थ (कैथ), कुरुक (नारियल), पैनिक (पके जामुन) आदि पिण्याक (खली) और तन्दुलीयक (चौराई) या वायविडिंग ये सब त्याज्य हैं।

हेमाद्रौ षट्त्रिंशन्मते—वर्ज्या मर्कटकाः श्राद्धे राजमाषास्तथैव च। मर्कटकाः लाका इति प्रसिद्धाः।

हेमाद्रि में षट्त्रिंशत का मत है कि—मर्कटक (किवाच) और राजमाप (वोडा छोटा) वर्जित है। मर्कटक शब्द से लाका प्रसिद्ध है।

पैठीनसिः—वृन्ताकं नलिकापोतकुसुंभाश्मन्तकानि च। शाकानामभक्ष्याः। इति।
पोतं पोई इति प्रसिद्धम्। (कुसुंभं कुरडु इति महाराष्ट्रे प्रसिद्धम्)।

पैठीनसि का वचन है कि—वृन्ताक-वैंगन (यह नित्य भोजन में भी निषेध है) नालिका (नाडी साग), पोत (पोई साग), कुसुंभ (वर्रे का साग) और अश्मन्तक (मालघेनु का साग), इनके शाक अभक्ष्य हैं। पोत शब्द से पोई प्रसिद्ध है। कुसुंभ शब्द से कुरडु (करडी, करड) यह महाराष्ट्र में प्रसिद्ध है।

मार्कण्डेयः—वर्ज्याश्चाभिषवा नित्यं शतपुष्पा गवेधुकाः। जम्बीरकफलं वर्ज्यं कोविदाराश्च नित्यशः ॥ अभिषवः शुक्लमिति चन्द्रिका। सन्धानकमिति पृथ्वीचन्द्रः। शतपुष्पा ओंवा इति प्रसिद्धम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मार्कण्डेय ने कहा है कि—अभिषवा (शतपुष्पा) (सौंफ) गवेधुक (जंगली गेहूँ, चावलों में सफेद वर्ण के शङ्खाकार धान्यविशेष यह ग्रन्थान्तर में है) जंबीरकफल (नीम्बू बड़ा) और कोविदार (कचनार) को नित्य त्याग दे। अभिषव (चिरस्थापितमदोत्पादक द्रव्य) माने शुक्ल (सूक्तम्) यह चन्द्रिका मत है। सन्धान यह पृथ्वीचन्द्र मत से है। शतपुष्पा माने ओंवा यह प्रसिद्ध है।

शाठ्यायनः—मारिषं नालिका चैव रक्ता या च कलम्बिका। असुरान्नमिदं सर्वं पितॄणां नोपतिष्ठते॥ मारिषं मध्यदेशे मरसा इति, महाराष्ट्रे राजगिरा इति च प्रसिद्धम्। कलम्बिका वेणवाकृतिपत्रम्।

शाट्यायन ने कहा है कि—मारिष (मालसा का साग), नालिका (नाडीसाग) और रक्तकलम्बिका (करेमु का साग) ये सब असुरान्न हैं पितरों को नहीं मिलता है। मारिष को मध्यप्रदेश में मरसा कहते हैं। महाराष्ट्र में राजगिरा शब्द से प्रसिद्धि है। कलम्बिका—बाँस के आकार का पत्र।

तत्रैव—गान्धारिका पटोलानि श्राद्धकर्मणि वर्जयेत्। गान्धारिका तन्दुलीयमिति चन्द्रिका। 'जवासाख्या दुरालभा' इति कैदेवः।

वहीं पर कहा है कि—गान्धारिका (मादक द्रव्य विशेष, गांजा) और परवर इनको श्राद्धकर्म में त्याग करे। गान्धारिका माने तन्दुलीय है यह चन्द्रिका मत है। जवासाख्या, दुरालसा—यह कैदव ने कहा है।

भारते—हिङ्गु द्रव्येषु शाकेषु अलाबुं लशुनं तथा। कुकुण्डकान्यलाबूनि कृष्णं लवणमेव च॥ पुनरलाबुग्रहणमुभयालाबुनिषेधार्थमिति पृथ्वीचन्द्रः। कुकुण्डकं—वर्तुलं छत्राकम्।

भारत में कहा है कि—द्रव्यों में हींग[1] (हिंगु द्रव्यस्य विधिप्रतिषेधयोर्दर्शनादिति विकल्पः), शाकों में अलाबू (लौकी), लशुन, कुकुण्डक (कुकुरमुत्ता), अलाबू (गोल लौकी) तथा कालानिमक ये त्याज्य हैं। फिर से अलाबू का ग्रहण होने से दोनों प्रकार की लौकियों का निषेध है यह पृथ्वीचन्द्र का कथन है। कुकुण्डक वर्तुलछत्राक (नालिकाशणछत्राककुसुम्भालाबुविड्भवान्। कुंभीकञ्चुकवृन्ताककोविदारांश्च वर्जयेत्॥ इत्युशनसा सामान्यतश्छत्राकोक्तेः। छत्राकं कवचम्।) (शतपुष्पा हेमाद्रिः, कवकमित्यन्ये)।

तत्रैव—कुस्तुम्बुरुं कलिङ्गोत्थं वर्जयेदम्लवेतसम्।

वहीं पर कहा है कि—कुस्तुम्बुरु (धनिया) और कलिंगदेश में उत्पन्न हुआ अम्लवेतस (अम्ललास) का त्याग करे।

हेमाद्रौ ब्राह्मे—वार्ताकं पञ्चशिम्बं च लोमशानि फलानि च। कलिङ्गं रक्तचारं च वीणाकं धृतचारकम्॥ कपालं काचमारी च करञ्जं पिण्डमूलकम्। गृञ्जनं चुक्रिकां चैव गाजरं जीवकं तथा॥ वृन्ताकं=श्वेतम्, कण्डूरां श्वेतवृन्ताकं कुम्भाण्डं च विवर्जयेत्। इति देवलोक्तेः। तेन कृष्णस्यानिषेध इति चन्द्रिकामाधवौ। वस्तुतस्तु सदा श्वेतनिषेधात् पुनः श्राद्धे निषेधो व्यर्थः। तेन भक्ष्यस्य कृष्णवृन्ताकस्यापि निषेधार्थमिति वयम्। कण्डूरा=कपिकच्छूः (कण्डूरं प्रावृषेणी फलम्)। कुम्भाडम्—वृत्तालाबूः। पञ्चशिम्बं वल्लमसूरराजमाषमठकुलित्थाः। लोमशानि—कपित्थानि। रक्तचारम्=लोहितचारफलम्। वीणाकम्=दीर्घकृष्णकर्कटी। धृतचारकं चिरस्थितचारफलम् चारोलीति प्रसिद्धम्। कपालम्=नारिकेलम्। काचम्=कचुवृत्तफलम्। मारीचम्=आर्द्रमरीचानि। गृञ्जनं पलाण्डुभेदः। पश्चिमदिशि प्रसिद्धः न तु गाजरम्, तस्य पृथगुक्तेः। हेमाद्रिणा तु गृञ्जनं गाजरमेवोक्तम्। गौडश्राद्धकौमुद्यामप्येवम् तच्चिन्त्यम्। चुक्रिका चिरकालशुक्तं पानकम्। चन्द्रिकायां हारीतः—न वटप्लक्षोदुम्बरशेलुदधित्थनीपमातुलिङ्गानि भक्षयेत्। शेलुः श्लेष्मान्तकः भोंकरसंज्ञः। दधित्थम्=कपित्थम्।

१—मधुकं रामठं (हिङ्गु) चैव कर्पूरं मरिचं गुडम्। श्राद्धकर्मणि शस्तानि सैन्धवं त्रपुसं तथा। इत्यादि पुराणे विहितप्रतिसिद्धत्वाद्विकल्पः। स्मृतिसारे—हिंगुनिषेधस्तु शाकद्रव्यविषयकः। हिंगुद्रव्येषु शाकेष्वितिवर्ज्यप्रकरणे व्यासोक्तेः। पिप्पलीमरीचयोः संस्कारद्रव्यत्वाच्छाकादिनिःक्षिसयोन निषेधः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण का वचन है कि—वृन्ताक (भंटा), पञ्चशिव (पांच तरह की सेम), लोमशफल कलिंग (तरबूज), रक्तचार, (वीणाक), घृतचारक, कपाल, काचमारी, करञ्ज (नक्तमालफलम्), पिण्डमूलक (लालमूली, सलजम), गृञ्जन (गाजर-हेमाद्रि ने कहा है कि—लालवर्ण का पलाण्डुभेद है) चुक्रिका, गाजर और जीवक (जीरा)।

वृन्ताक से सफेद भण्टा ग्रहण करे। कण्डूरा (कटहर), सफेद बैंगन और कुम्भाण्ड (गोल लौकी) का त्याग करे—ऐसा देवल ने कहा है। इससे काले का निषेध नहीं है, यह चन्द्रिका और माधव ने कहा है। सिद्धान्त तो यह है कि—सदा सफेद बैंगन का निषेध होने से फिर से श्राद्ध में निषेध व्यर्थ है। इससे भक्षणीय काले बैंगन का भी निषेध है यह हम (कमलाकर) कहते हैं। कण्डूर—कपिकच्छू अन्य मत से उसका फल, कुंभाण्ड—वृत्त (गोलाकार) लौकी, पञ्चशिव—सेम वल्लमसूर राजमाष—मठ कुलित्थ (कुलथी) लोमश कपित्थ फल (कैथ का फल), रक्तचार—लोहितचारफल—लालचिरौंजो, वीणाक—काली बड़ी ककड़ी, घृतचारक—बहुत दिनों का चारफल, चारोली शब्द से प्रसिद्ध है, कपाल—नारियल, काच—कचुवृत्तफल-कलकचूर, मरिच—गोलमिरच, करञ्ज—पलाण्डु का भेद (विज्ञानेश्वरमत से लशुन के आकार का सूक्ष्म नाल वाला कन्दभेद। प्रायश्चित्त प्रकरण में माधव ने कहा है कि—गृञ्जन पत्रविशेष को कहते हैं जिसके चूर्ण से गायक कण्ठ की शुद्धि के लिए भक्षण करते हैं उसको 'तमाखू' कहते हैं। 'विषलिप्तेन शस्त्रेण मृगो यः परिहन्यते। अभक्ष्यं तस्य तन्मासं तद्धि वै गृञ्जनं स्मृतम् ॥) पश्चिमदिशा में प्रसिद्ध है वह गाजर नहीं है क्योंकि उसका अलग से विधान किया है। हेमाद्रि ने गृञ्जन शब्द से गाजर को ही कहा है। गौडश्राद्ध कौमुदी में भी यही कहा है। यह विचारणीय है। चुक्रिका—चिरकालशुक्तपान। चन्द्रिका में हारीत ने कहा है कि—वट (वड) प्लक्ष (पकडो), उदुम्बर (गूलर), शेलु (लिसोडे का फूल) दधित्थ—कपित्थ (कैथ), नीप (कदंब) और (मातुलिंग-बिजोरा निंवू) इनका भक्षण न करे।

(मदिरातुल्यवस्तूनां कथनम्)

स्मृतिसारे—क्षीरे तु लवणं दत्त्वा उच्छिष्टेऽपि च यद् घृतम्।
स्नानं रजकतीर्थेषु ताम्रे गव्यं सुरासमम् ॥

स्मृतिसार में कहा है कि—दूध में निमक, उच्छिष्ट में भी जो घृत, रजक (धोबी) तीर्थों में स्नान और तांबे के पात्र में गव्य (दुग्ध आदि), सुरा (मद्य) के समान होता है।

गौडनिबन्धसागरे स्मृतिः—नारिकेलोदकं कांस्ये ताम्रपात्रे स्थितं मधु। गव्यं च ताम्रपात्रस्थं मद्यतुल्यं घृतं विना ॥ ताम्रपात्रे धृतं मांसं यच्च गव्यं घृतेतरत्। आमिषं तु गवां मांसं दधि मद्यं पयो रजः॥ द्रव्यान्तरयुतं मांसं पयसा संयुतं दधि। पयोऽनुद्धृतसारं च ताम्रपात्रे न दुष्यति॥

गौड निबन्धसागर में स्मृति का वचन है कि कांसे के पात्र में नारियल का जल, तांबे के पात्र में रखा सहत और तांबे के पात्र में रखा गौ का दूध घी के विना मदिरा के समान है।

तांबे के पात्र में रखा मांस, जो गौ का दूध घृत के विना है, तांबे के पात्र में मांस रखने से गोमांस, दधि रखने से मद्य, दूध रखने से रज (खून) के बराबर होता है। द्रव्यान्तर से मिला माँस, दूध से युक्त दधि और दूध से निकला (सार) मक्खन ताम्रपात्र में दूषित नहीं होता है।

(श्राद्धे ग्राह्यजलनिरूपणम्)

अथ जलम्। याज्ञवल्क्यः—(आचाराध्याय-१९२) शुचिगोतृप्तिकृत्तोयं प्रकृतिस्थं महीगतम्।

अब जल कहते हैं। याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—गौ की तृप्ति जिससे हो ऐसा भूमि का जल पवित्र है। (पर कलिवर्ज्यधर्म में ऐसे जल को निषेध किया है—'गोतृप्तिशिष्टे पयसि॥ अन्यत्र—अन्यैरपि कृते कूपे सेतौ वाप्यादिके तथा। तत्र स्नात्वा च पीत्वा च प्राजापत्यं समाचरेत्॥)

(श्राद्धे त्याज्यजलकथनम्)

वर्ज्यं जलमुक्तं हेमाद्रौ ब्रह्माण्डे—दुर्गन्धि फेनिलं क्षारं पङ्किलं पल्वलोदकम्। न भवेद्यत्र गोतृप्तिर्नक्तं यच्चाप्युपाहृतम् ॥ यन्न सर्वार्थमुत्सृष्टं यच्चाभोज्यनिपानजम्। तद्वर्ज्यं सलिलं तात सदैव श्राद्धकर्मणि ॥ निपानो—जलाशयः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्याज्य जल[1] हेमाद्रि में ब्रह्माण्डपुराण के बचन से कहा है कि--दुर्गन्धि युक्त जल, फेन-झागवाला जल, खारा जल, मटमैला जल, डबरा (गडही) का जल, जिस से गौ की जल तृप्ति न होती हो, रात्रि का ग्रहण किया हुआ जल, जो सबके लिए त्याग न किया हो और जो जलाशय उपभोग करने योग्य न हो ऐसे जलाशय उत्पन्न जल को हे तात, सदा ही श्राद्धकर्म में वर्जित करे।

शुद्धितत्त्वे शङ्खः—स्नानमाचमनं दानं देवतापितृतर्पणम्।
शूद्रोदकैर्न कुर्वीत तथा मेघाद्विनिःसृतैः ॥

शुद्धितत्त्व में शंख ने कहा है कि--स्नान, आचमन, दान, देवता और पितरों का तर्पण शूद्र के जल से तथा मेघ से निकले जल से न करे।

(गङ्गाजले विचारः)

हेमाद्रावादित्यपुराणे—चिरं पर्युषितं वाऽपि शूद्रस्पृष्टमथापि वा।
जाह्नव्याः स्नानदानादौ पुनात्येव सदा पयः॥

हेमाद्रि में आदित्यपुराण का मत है कि--बहुत समय का बासी जल तथा शूद्र से स्पर्श हुआ गंगाजल स्नान, दान आदि में सदा पवित्र ही होता है।

(रात्रौ जलग्रहणे विचारः)

कात्यायनः—अपो निशि न गृह्णीयान्न पिबेच्च कदाचन।
उद्धृत्याग्निमुपर्यग्नेर्धाम्नो धाम्न इतीरयेत् ॥ रजोदोषे तु प्रागुक्तम्।

कात्यायन ने कहा है कि-रात में जल ग्रहण न करे न कभी पान करे। यदि रात्रि में जल ग्रहण करे तो अग्नि का स्थापन कर अग्नि में 'धाम्नो[2] धाम्न' इस ऋचा को कहना चाहिए। रजोदोष में तो पहले कह चुके हैं।

(पर्युषितगङ्गाजलादिग्रहणे विचारः)

नारदीये—त्यजेत्पर्युषितं पुष्पं त्यजेत्पर्युषितं जलम्।
न त्यजेज्जाह्नवीतोयं तुलसीं पद्मबिल्वकम् ॥

नारदीयपुराण में कहा है कि--बासी फूल और बासी जल का त्याग करे। गंगाजल, तुलसी, पद्म (कमल) और बिल्व इनका त्याग न करे।

(कुतुपानां परिगणनम्)

अन्यान्यपि पृथ्वीचन्द्रोदये मात्स्ये—मध्याह्नः खड्गपात्रं च तथा नेपालकम्बलः। रौप्यं दर्भास्तिला गावो दौहित्रश्चाष्टमः स्मृतः ॥ पापं कुत्सितमित्याहुस्तस्य सन्तापकारिणः। अष्टावेते यतस्तस्मात् कुतपा इति विश्रुताः ॥

अन्य भी पृथ्वीचन्द्रोदय में मत्स्यपुराणमत से कहा है कि--मध्याह्नकाल, गेंडे का पात्र, नेपाल का कंबल, चाँदी, कुशा, तिल, गौ और दौहित्र ये आठ ही हैं। पाप को कुत्सित (निन्दित) कहा है। क्योंकि--ये सन्ताप को देनेवाले हैं। जिससे इनको कुतुप नाम से कहा जाता है।

ब्राह्मे—यतिस्त्रिदण्डः करुणा राजतं पात्रमेव च। दौहित्रं कुतपः कालश्छागः कृष्णाजिनं तथा ॥ शस्तानीति शेषः। दौहित्रं खड्गपात्रमिति कल्पतरुः।

ब्रह्मपुराण में कहा है कि--यति (संन्यासी), त्रिदण्डी, करुणा (दया), चाँदी का पात्र, दौहित्र, कुतुपकाल, बकरा और कृष्णाजिन-मृगचर्म श्रेष्ठ हैं। दौहित्र माने--खड्गपात्र (गेंडे का पात्र) है यह कल्पतरु का मत है।

१--बासीजल, अपवित्र से स्पर्श हुआ जल, अन्त्यज जलाशय जल, अप्रतिष्ठित जलाशय जल, वाञ्छित जल, दर्भ, तिल, हेम, रजत, आदि रहित जल, अभोज्यान्नखात जल, पतितादि द्वारा निर्मित जलाशय जल, शूद्र द्वारा आया-हुआ जल, दुर्गन्धित जल और रात का मँगवाया हुआ जल, ये वर्जित हैं। ऐसा श्राद्धविवेक में द्वितीय परिच्छेद में कहा है।

२--धाम्नो धाम्नो राजँ स्ततो वरुणनो मुञ्च। यदादुरघ्न्याऽ इति वरुणेति शपामहे ततो वरुणनो मुञ्च ॥ (य०अ०६म०२२)। वैसे यह मन्त्र बहुत शाखाओं में उपलब्ध है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(दौहित्रादिलक्षणकथनम्)

अपरार्के स्मृत्यन्तरे—अपत्यं दुहितुश्चैव खड्गपात्रं तथैव च।
घृतं च कपिलाया गोर्दौहित्रमिति कीर्तितम् ॥

अपरार्क में स्मृत्यन्तर वचन से कहा है कि—कन्या का लड़का, खड्गपात्र और कपिला गौ का घी इनको दौहित्र कहते हैं।

(प्रकारान्तरेण दौहित्रलक्षणकथनम्)

ब्रह्माण्डे—अमावास्यागते सोमे या तु खादति गौस्तृणम्।
तस्या गोर्यद्भवेत्क्षीरं तद्दौहित्रमुदाहृतम् ॥

ब्रह्माण्डपुराण में कहा है कि—अमावास्या में सोम (चन्द्रमा) के आने पर जो गौ तृण को खाती है। उस गौ से जो दूध होता है उसी को 'दौहित्र' कहा जाता है।

(श्राद्धे सप्त पवित्राणि)

स्मृतिसङ्ग्रहे—उच्छिष्टं शिवनिर्माल्यं वान्तं च मृतकर्पटम्। श्राद्धे सप्तपवित्राणि दौहित्रः कुतपस्तिलाः ॥ उच्छिष्टं वत्सस्य दुग्धमित्यर्थः। शिवनिर्माल्यम्=गङ्गोदकम्। वान्तम्=मधु। मृतकर्पटम्=तसरीपट्टम्।

स्मृतिसंग्रह में कहा है कि—उच्छिष्ट[1] (बच्छे का बचा दूध), शिवनिर्माल्य (गंगोदक), वान्त (सहत) मृतकर्पट (टसर[2] का कपडा), दौहित्र, कुतुपकाल और तिल ये सात श्राद्ध में पवित्र हैं।

(तिलानां श्राद्धे विचारः)

तिलेष्वापस्तम्बः—अटव्यां ये समुत्पन्ना अकृष्टफलितास्तथा।
ते वै श्राद्धे पवित्राः स्युस्तिलास्ते न तिलाः स्मृताः ॥

अभावे ग्राम्याः, गौराः कृष्णास्तथारण्यास्तथैव त्रिविधास्तिलाः। इति ब्राह्मोक्तेः।

तिलों के बारे में आपस्तंब ने कहा है कि—जंगल में उत्पन्न जो तिल तथा बिना जोती हुई भूमि में जो तिल हों वे तिल श्राद्ध में पवित्र होते हैं। वे तिल तिल नहीं है, अर्थात् बहुत उत्तम माने जाते हैं।

ब्रह्मपुराण में कहा है कि—अभाव में ग्राम्य के तिल को कहा है। सफेद तथा काले वैसे ही जंगल के तिल ये तीन तिल कहे हैं।

(श्राद्धकाले कुक्कुटादीनां त्याज्यकथनम्)

अथ वर्ज्यानि चन्द्रिकायां यमः—कुक्कुटो विड्वराहश्च काकश्चाथ विडालकः। वृषलीपतिश्च वृषलः षण्ढोऽवीरा रजस्वला ॥ एते तु श्राद्धकाले वै वर्जनीयाः प्रयत्नतः।

खञ्जः काणः कुणिः श्वित्री दातुः प्रेष्यकरस्तथा ॥ न्यूनाङ्गोप्यतिरिक्ताङ्गस्तमप्यपनयेत्ततः।

अब त्याज्य कहते हैं—चन्द्रिका में यम ने कहा है कि—कुक्कुट (मुर्गा), विड्वराह, मैले को खानेवाला सूअर, कौआ, बिलार, शूद्रा का पति, शूद्र, नपुंसक, बिना पति, पुत्रवाली स्त्री और रजस्वला इनको श्राद्ध समय में प्रयत्नपूर्वक त्याग ही देना चाहिये।

खञ्ज (लंगला), काना, कुणी (लुंजा—जिसकी एक बांह सूख गयी हो) श्वित्री-सफेद दागवाला, दाता का सेवक, कम अंगवाला और अधिक अङ्गवाला इनको श्राद्ध स्थान से हटा दे।

१—अङ्गिरसस्मृतौ—पयसो वत्सपीतत्वादुच्छिष्टमितिनाम तत्।

२—विश्वकोष में है—तसर का सूत पानी में जल्दी नहीं सड़ता है वह कपास के सूत की अपेक्षा बहुत मजबूत होता है। इसीलिए इससे मछली पकड़ने का डोरा भी बनाया जाता है। 'पहने तसर और खावे घी पैसा बचे और उमदा जी। अनायास ही हजारों लाखों कीडों को उबाल कर अपना रोजगार चलाते हैं। शाल, आसन, अर्जुन, हर्रे, बहेडा, बेर, देशी आवलूस, महुआ, कम्भि, ढाक, शीमर, जामुन, पीपल, फालसा, रेंडी, सेगुन तथा वादाम इन सब वृक्षों पर स्वभावतः टसर के कीडे उत्पन्न होते हैं। रेशम शब्द में देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(हव्य-कव्यादीनामन्नदर्शने विचारः)

वायवीये—अन्नं पश्येयुरेते तु यदि वै हव्यकव्ययोः ।
उत्सृष्टव्यं प्रधानार्थं संस्कारस्त्वापदि स्मृतः ॥

वायुपुराण में कहा है कि—यदि ये लोग निश्चय हव्य और कव्य के अन्न को देख ले तो उस प्रधान अन्न का त्याग करे या आपत्तिकाल में उसका संस्कार करना चाहिए ।

(चाण्डालादिवीक्षितमन्ने विचारः)

सुमन्तुः—चाण्डालादिवीक्षितमन्नमभोज्यमन्यत्र मृद्भस्महिरण्योदकमस्पर्शात् ।

सुमन्तु ने कहा है कि—चाण्डाल आदि द्वारा देखा हुआ अन्न भोजन योग्य नहीं होता है यदि उसमें मृत्तिका, भस्म और सुवर्ण के जल का स्पर्श हो जाय तो दोष भक्षण में नहीं होता है ।

(अन्नदोषनिवारणकथनम्)

तत्रैव जमदग्निः—शुद्धवत्यो[१]ऽथ कूष्माण्ड्यः[२] पावमान्य[३]स्तरत्समाः ।
पूतेन वारिणा दर्भैरन्नदोषमपोनुदेत् ॥

वहीं पर जमदग्नि ने कहा है कि—शुद्धवती, कूष्माण्डसंज्ञक ऋचा, पावमानी ऋचा, और तरत्समा इन ऋचाओं द्वारा कुशाओं के पवित्र जल को छिड़कने से अन्न के दोष को दूर करती है ।

१—एतो न्विन्द्रं स्तवाम सखायः स्तोम्यं नरम् । कृष्टीर्यो विश्वा अभ्यस्त्येक इत् ॥ अगोरुधाय गविषे द्युक्षाय दस्म्यं वचः । घृतात् स्वादीयो मधुनश्च वोचत ॥ यस्यामितानि वीर्या ३ न राधः पर्येतवे । ज्योतिर्न विश्वमभ्यस्त दक्षिणा ॥ (ऋ० अ. सू. २४ म. १९–२१) ।

२—यद्देवा देवहेडनं देवासश्च कृमा वयम् । आदित्यास्तस्मान्मामुंचतर्तस्यर्ते नमामित स्वाहा १ देवाजीवनकाम्या यद्वाचानृतमूदिम । तस्मान्न इदमुञ्चत विश्वे देवाः सजोषसः स्वाहा २ ऋतेन द्यावा पृथिवी ऋतेन त्वँ सरस्वति । कृतान्नः पाह्यो नसो यत्किञ्चानृतसूदिम स्वाहा ३ इत्यादि बहुत से मन्त्र हैं ।

३—स्वादिष्ठया मदिष्ठया पवस्व सोम धारया । इन्द्राय पातवे सुतः । रक्षो हा विश्वचर्षणिरभियोनिमयोहतम् । द्रुणा सधस्थमासदत् । वरिवोधातमो भव मंहिष्ठो वृत्रहन्तमः । पर्षि राधो मघोनाम् ३ अभ्यर्ष महानां देवानां वीतमन्धसा । अभि वाजमुत श्रवः ४ त्वामच्छा चरामसि तदिदर्थं दिवेदिवे । इन्द्रो त्वे न आशसः ५ पुनाति ते परिश्रुतं सोमं सूर्यस्य दुहिता । वारेण शश्वता तना ६ तमीमण्वीः समर्य आ गृम्णन्ति योषणो दश । स्वसारः पार्ये दिवि ७ तमीं हिन्वन्त्यग्रुवो धमन्ति बाकुरं दृतिम् । त्रिधातु वारणं मधु ८ अभी ३ ममघ्न्या उत श्रीणन्ति धेनवः शिशुम् । सोममिन्द्राय पातवे ९ अस्येदिन्द्रो मदेष्वा विश्वा वृत्राणि जिघ्नते । शूरो मघा च मंहते ६ इत्यादि बहुत से मन्त्र (ऋ० ६।१।१–१०) हैं ।

य इन्दोः पवमानस्याऽनु धामान्यक्रमीत् । तमाहुः सु प्रजा इति यस्ते सोमाविधन्मन इन्द्रायेन्दो परि श्रव १ ऋषे मन्त्रकृतां स्तोमैः कश्यपोद्वर्धयन् गिरः । सोमं नमस्य राजानं यो जज्ञे वीरुधां पतिरिन्द्रायेन्दो परि श्रव २ सप्त दिशो नानासूर्याः सप्त होतार ऋत्विजः । देवा आदित्या ये सप्त तेभिः सोमाभि रक्ष न इन्द्रायेन्दो परि श्रव ३ यत्ते राजञ्छृतं हविस्तेन सोमाभि रक्ष नः । आरातीवा मा नस्तारीन्मो च नः किं चनाममदिन्द्रायेन्दो परि स्रव ॥ (ऋ. अ. ९ सू० ११४ म. १–४) ।

पवस्व विश्वचर्षणेऽभि विश्वानि काव्या । सखा सखिभ्य ईड्यः १ ताभ्यां विश्वस्य राजसि ये पवमान धामनी । प्रतीची सोम तस्थतुः २ परि धामानि यानि ते त्वं सोमासि विश्वतः । पवमान ऋतुभिः कवे । इत्यादि तीस मन्त्र हैं । (ऋ० म० ९ सू० ६६ म० १-३०) त्वं सोमासि धारयुर्मन्द्र ओजिष्ठो अध्वरे । पवस्व मंहयद्रयिः १ त्वं सुतो नृमादनो दधन्वान् मत्सरिन्तमः । इन्द्राय सूरिरन्धसा २ त्वं सुष्वाणो अद्रिभिरभ्यर्षकनिक्रदत् । द्युमन्तं शुष्ममुत्तमम् ३ इत्यादि बत्तीस मन्त्र हैं । (ऋ० ९ सू० ६७ म० १-३२) ।

४—तरत् स मन्दी धावति धारा सुतस्यान्धसः । तरत् स मन्दी धावति १ उस्रा वेद वसूनां मर्तस्य देव्यवसः । तरत् स मन्दी धावति २ ध्वस्रयोः पुरुषन्त्योरा सहस्राणि दद्महे । तरत् स मन्दी धावति ३ आ ययोस्त्रिंशतं तना सहस्राणि च दद्महे । तरत् स मन्दी धावति ४ ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(श्राद्धभूमौ पादुकादीनां वर्जनकथनम्)

चन्द्रोदये—पादुकोपानहौ छत्रं चित्ररक्ताम्बरं तथा ।

रक्तपुष्पं च मार्जारं श्राद्धभूमौ विवर्जयेत् ॥

चन्द्रोदय में कहा है कि—खडाऊँ, जूता, छाता, चितकबरा लाल वस्त्र (रंग विरंगा लाल कपड़ा), लालपुष्प और विलाव इनका श्राद्धभूमि में त्याग करे ।

निर्णयदीपे—घण्टानिनादो हयसन्निधानं शम्बूकशङ्खौ कदलीदलं च ।

उन्मत्तजात्यर्कहयारिजानि श्राद्धस्य वैगुण्यकराण्यमूनि ॥ हयारिजम्–महिषीक्षीरादि ।

निर्णयदीपमें कहा है कि—घण्टा का शब्द, (घोडे का हिनहिनाना), घोड़ेकी समीपता, शंबूक (घोंघा), शंख, केले का पत्ता, धतूरा, जाती (चमेली) अर्क (मदार) का पुष्प तथा भैंस का दूध आदि ये सब श्राद्ध में वैगुण्यता (घटियापन, तुच्छता) को ले आते हैं ।

(श्राद्धदिनकृत्यम्)

अथ श्राद्धदिनकृत्यम् । चन्द्रोदये उशनाः—गोमयोदकैर्भूमिभाजनशौचं कुर्यात् ।

इसके बाद श्राद्धदिनकृत्य कहते हैं । चन्द्रोदय में उशना ने कहा है कि—गोबर तथा जल से भूमि (महानस आदि की भूमि) तथा पात्रों की शुद्धि करे ।

(काञ्जिकादीनामेकोद्दिष्टे पार्वणे च विचारः)

पराशरः—काञ्जिकं दधि तक्रं च शृतं चाशृतमेव च ।

पूर्वमेव न दातव्यमेकोद्दिष्टेऽथ पार्वणे ॥

पराशर ने कहा है कि—कांजी (वस्तुतः श्राद्ध में कांजी के बडे एकदम निषिद्ध हैं), दधि और मठा ये पके हों या बिना पके हों इनको एकोद्दिष्ट और पार्वण में पहले नहीं देना चाहिये ।

(गृह्याग्निशिशुदेवादीनां पिण्डदानात्पूर्वं दाने विचारः)

हेमाद्रौ पराशरः—गृहाग्निशिशुदेवानां ब्रह्मचारितपस्विनाम् ।

तावन्न दीयते किञ्चिद्यावत्पिण्डान्ननिर्वपेत् ॥

हेमाद्रि में पराशर ने कहा है कि—घर की अग्नि (प्रातःकाल हवन के बिना), बालक, देवता, ब्रह्मचारी और तपस्वी इनको तबतक कुछ न दे जबतक पिण्डदान न हो जाय ।

(महानसादिभूमौ तिलादिविकरणकथनम्)

कौर्मे—तिलानवकिरेत्तत्र सर्वतो बन्धयेदजान् ।

कूर्मपुराण में कहा है कि—महानस आदि की भूमि में तिलों का प्रक्षेप करे और चारों तरफ अजों (बकरों) का बन्धन करे ।

(पाकनिर्माणकर्तुर्विचारः)

तत्रैव देवलः—तथैव यन्त्रितो दाता प्रातः स्नात्वा सहाम्बरः । आरभेत नवैः पात्रैरन्नारम्भं च बान्धवैः ॥ अत्रात्मनेपदात्स्वयमेव पाकः कार्यः । अशक्तौ पत्न्या तदभावे बान्धवैः, ततस्तानि पपाचाशु सीता जनकनन्दिनी । इति पाद्मलिङ्गादिति हेमाद्रिः ।

वहीं पर ही देवल ने कहा है कि—उसीप्रकार यन्त्रित (संयमपूर्वक) देनेवाला प्रातःकाल सचैल स्नान कर बान्धवों के साथ, सवस्त्र नूतन पात्रों में पाक का निर्माण करे ।

यहाँ पर आत्मने पद 'आरभेत' होने से स्वयं ही पाक करे । अशक्ति में पत्नी, उसके अभाव में बान्धवगण करे । इसमें पद्मपुराण का वचन हेमाद्रि में कहा है कि—तदनन्तर जनकनन्दनी सीताजी ने शीघ्र उन पाकों को शीघ्र बनाया ।

श्राद्धदीपकलिकायामाश्वलायनः—समानप्रवरैर्मित्रैः सपिण्डैश्च गुणान्वितैः ।

कृतोपकारिभिश्चैव पाककार्यं प्रशस्यते ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्राद्धदीपकलिका में आश्वलायन का वचन है कि—अपने बराबर प्रवरवालों से, मित्रों से, गुणवाले सपिण्डों से और जिन्होंने उपकार को किया है उनसे पाक के कार्य को कराना उत्तम कहा है।

(निष्पन्नेषु पाकेषु पुनःस्नानकथनम्)

व्यासः—गृहिणी चैव सुस्नाता पाकं कुर्यात्प्रयत्नतः।
निष्पन्नेषु च पाकेषु पुनःस्नानं समाचरेत् ॥

व्यास ने कहा है कि—गृहिणी (पत्नी) अच्छीप्रकार से स्नानकर प्रयत्न से पाक बनावे। पाकों के बन जाने पर फिर से स्नान करे।

(रजस्वलापाखण्डापुंश्चलीपतितादीनां पाकनिर्माणे विचारः)

पृथ्वीचन्द्रोदये ब्राह्मे—रजस्वलां च पाषण्डां पुंश्चलीं पतितां तथा। त्यजेच्छूद्रां तथा बन्ध्यां विधवां चान्यगोत्रजाम् ॥ व्यङ्गकर्णीं चतुर्थाहः स्नातामपि रजस्वलाम्। वर्जयेच्छ्राद्धपाकार्थममातृ-पितृवंशजाम् ॥ मातृपितृवंशजभिन्नां त्यजेदित्यर्थः।

पृथ्वीचन्द्रोदय में ब्रह्मपुराण का वचन है कि—रजस्वला, पाखण्डी, (विधर्मी) पुंश्चली, (छिनार) पतिता, शूद्रा, वन्ध्या, विधवा, दूसरे गोतकी, कान टेढे मेढे हों, चौथे दिन स्नान की हुई रजस्वला और जो माता तथा पिता के वंश से भिन्न हो उनको पाक बनाने के लिए त्याग करे।

स्मृतिसारे—न पाकं कारयेत्पुत्रीमन्यां वाप्यन्यगोत्रजाम्।
मृतबन्ध्यां च गर्भघ्नीं गर्भिणीं चैव दुर्मुखीम् ॥

स्मृतिसार में कहा है कि—कन्या से, अन्य गोत्रवाली से, जिसके लड़के होकर मर जाते हों उससे, गर्भ को गिरानेवाली (जिसने पाप का प्रायश्चित्त भी किया है फिर भी उनसे न बनवावे) से, गर्भिणी (जिसके पेट में बच्चा हो) से और खराब बचन बोलनेवाली से पाक (श्राद्ध की रसोई) न बनवावे।

(पाकनिर्माणे सुवर्णादिपात्राणां विचारः)

पाकभाण्डानि तु हेमाद्रौ नागरखण्डे—सौवर्णान्यथ रौप्याणि कांस्यताम्रोद्भवानि च।
मार्तिकान्यपि भव्यानि नूतनानि दृढानि च ॥

पाक के पात्रों को हेमाद्रि में नागरखण्ड में कहा है कि—सुवर्ण, चांदी, कांसा, तांवा और मट्टी से निर्मित सुन्दर नवीन मजबूत पात्र हों।

तत्रैवादित्यपुराणे—पचेदन्नानि सुस्नातः पात्रेषु शुचिषु स्वयम्। स्वर्णादिधातुजातेषु मृन्मये-ष्वपि वा द्विजः ॥ अच्छिद्रेष्वविलिप्तेषु तथाऽनुपहतेषु च। नायसेषु न भिन्नेषु दूषितेष्वपि कर्हिचित्। पूर्वं कृतोपयोगेषु मृन्मयेषु न तु क्वचित् ॥

आदित्यपुराण में कहा है कि—अच्छीप्रकार से स्नान कर स्वयं द्विज पवित्र पात्रों में अन्नों को पकावे। वे पात्र सुवर्ण आदि धातुओं के हों या मृत्तिका के बने हों। वे पात्र छिद्रवाले न हों, वे लिपे न हो तथा अपवित्र वस्तु से संवन्धित न हो। लोहे के न हो, टूटे-फूटे न हो और खराब न हों। पहले काम में लाये हुए मिट्टी के पात्र हों उनमें भी पाक का निर्माण न करे।

वायुपुराणे—न कदाचित्पचेदन्नमयःस्थालीषु पैतृकम्।
अयसो दर्शनादेव पितरोऽपि द्रवन्ति हि ॥

वायुपुराण में कहा है कि—पितरों के लिए लोहे के पात्रों में अन्न न पकावे। क्योंकि लोहे को देखकर पितर भी भाग जाते हैं।

कालायसं विशेषेण निन्दन्ति पितृकर्मणि। फलानां चैव शाकानां छेदनार्थानि यानि तु ॥ महा-नसेऽपि शस्त्राणि तेषामेव हि सन्निधिः। इष्यते नेतरस्यात्र शस्त्रमात्रस्य दर्शनम् ॥ (श्राद्धदेशे तु विदुषा पितॄणां तृप्तिमिच्छता।) महानसे नियुक्तानामपि कार्यं न दर्शनम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पितृकर्म में कालायस (लोहा) विशेषकर निन्दित है। रसोई घर में भी उन्हीं शस्त्रों की सन्निधि उचित है जिनसे फल और शाकों का काटने में उपयोग हो। इतर (अन्य) शस्त्रमात्र का दर्शन वहाँ पर अभीष्ट नहीं है। श्राद्धदेश में तो विद्वान् पितरों की तृप्ति की इच्छा करता हुआ रसोईघर में नियुक्त शस्त्रों का भी दर्शन न करे।

तत्रैव––पच्यमानस्तु भाण्डेषु भक्त्या ताम्रमयेषु च। समुद्धरति वै घोरात् पितॄन् दुःखमहार्णवात् ॥ तैजसानामभावे तु पिठरे मृन्मयेपि च। नवे शुचौ प्रकुर्वीत पाकं पित्रर्थमादरात् ॥

वहाँ पर कहा है कि—भाण्ड और तांबे आदि वर्तनों में भक्ति से पकाकर भयंकर दुःखरूपीसमुद्र से पितरों का उद्धार करता है। तैजस (धातु) आदि से अभाव में पिठर (वर्तन, तसला, वटलोही) और मिट्टी के नवीन वर्तन में पितरों के आदर के लिए पवित्र जगह में पाक का निर्माण करे।

तत्रैवादित्यपुराणे––पक्वान्नस्थापनार्थे तु शस्यन्ते दारुजान्यपि।
दर्व्यादीन्यपि कार्याणि यज्ञियैरपि दारुभिः ॥

वहीं पर आदित्यपुराण में कहा है कि—पक्वान्न स्थापन–रखने के लिये लकड़ी के भी पात्र उत्तम होते हैं। यज्ञिय वृक्षों की लकड़ी से कडछी आदि का निर्माण करे।

(विवाहादौ यज्ञकाले च नूतनभाण्डग्रहणविचारः)

यमः––विवाहे प्रेतकार्ये च मातापित्रोः क्षयेऽहनि।
नवभाण्डानि कुर्वीत यज्ञकाले विशेषतः ॥

यम ने कहा है कि—विवाह और प्रेतकार्य में, माता तथा पिता के क्षयाहद्दिन (मरणदिन) में विशेषकर यज्ञसमय में नवीन पत्रों को कार्य में ग्रहण करे।

(पाकाग्निकथनम्)

अथ पाकाग्निः। हेमाद्रौ प्रजापतिः––औपासनेनान्नसिद्धिरग्नौकरणमेव च।

अब पाक की अग्नि को कहते हैं। हेमाद्रि में प्रजापति ने कहा है कि—'औपासन' की अग्नि (जिनके सूत्र में औपासन अग्नि नित्य है वहाँ पाक भी नित्य है वहीं पर ही श्राद्ध पाक भी होता है यह अर्थ है।) में अन्न की सिद्धि (पाक का निर्माण) और अग्नौकरण होते हैं।

पृथ्वीचन्द्रोदयेऽङ्गिराः––शालाग्नौ तु पचेदन्नं लौकिके वापि नित्यशः।
यस्मिन्नग्नौ पचेदन्नं तस्मिन् होमो विधीयते ॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में अङ्गिरा ने कहा है कि—शालाग्नि (अर्धाधानी–स्मार्ताग्नि को औपासन अग्नि (गृह्याग्नि) है। वह उसी में पाक करेगा सर्वाधानी (लौगाक्षिः—अर्धाधानं स्मृतं श्रौतस्मार्ताग्न्योस्तु पृथक्कृतिः। सर्वाधानं तयोरैक्यकृतिः पूर्वयुगाश्रिता ॥) तो लौकिक ही अग्नि में करेगा।) में अन्न पकावे या लौकिक अग्नि में नित्य (सर्वाधानी दक्षिणाग्नि में अग्नौकरण नहीं करेगा इसलिए नित्यशः) यह विशेषण कहा है। अन्न पकावे उसी में होम (वैश्वदेव होम) करे।

मनुः––(अ० ३, ६७) वैवाहिकेऽग्नौ कुर्वीत गृह्यं कार्यं यथाविधि। पञ्चयज्ञविधानं च पङ्क्तिं चान्वाहिकीं द्विजः ॥ श्राद्धस्य गृह्यत्वं चोक्तमपरार्केण।

मनु ने कहा है कि—वैवाहिक (विवाह के समय स्थापित) अग्नि में यथाविधि गृह्योक्तकर्म। सायं प्रातर्होम, अष्टका आदि पञ्चमहायज्ञान्तर्गतवैश्वदेवादि अनुष्ठान प्रतिदिन पङ्क्ति (पाक) को द्विज (गृहस्थ) करे। श्राद्ध को घर का कर्म अपरार्क ने कहा है।

(अत्र विशेषः)

अत्र विशेषः कर्मप्रदीपे––प्रातर्होमं तु निर्वर्त्य समुद्धृत्य हुताशनात्।
शेषं महानसे कृत्वा तत्र पाकं समाचरेत् ॥

पाकान्तेऽग्निं तमाहृत्य गृह्याग्नौ तु पुनः क्षिपेत्। ततोऽस्मिन् वैश्वदेवादि कर्म कुर्यादतन्द्रितः ॥ तदभावे लौकिके, ततः पचेयुरन्नानि निर्वापानन्तरं शनैः। वैवाहिकेऽग्नावन्यत्र लौकिके वापि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

संयतः ॥ इति कलिकायां सङ्ग्रहोक्तेः। पित्रर्थं निर्वापं कृत्वेत्यर्थः, अत एव हेमाद्रौ वायुपुराणे—पित्रर्थं निर्वपेद्भूमौ कूर्चे वा दर्भसंस्कृते ॥ इति।

यहाँ पर विशेष कर्मप्रदीप में कहा है कि—प्रातःकाल हवन को समाप्त कर हुताशन से अग्नि को निकाल कर अवशिष्ट अग्नि को महानस में ले आकर उससे पाक बनावे। पाक के बन जाने पर उस अग्नि को ग्रहण कर गृह्याग्नि में फिर से छोड दे। तदनन्तर उसी अग्नि में वैश्वदेवादिकर्म आलस्य को त्यागकर करे। उसके अभाव में लौकिक अग्नि में करे। तदनन्तर निर्वाप (पितरों के लिए जो दान दिया जाता है) के बाद धीरे से विवाहवाली अग्नि में अन्नों को पकावे या अन्यत्र संयत होकर लौकिक अग्नि में भी पकावे। यह कलिका में संग्रह ने कहा है। पितरों के लिए निर्वाप करे—यह अर्थ है।

इसलिए हेमाद्रि में वायुपुराण का वचन है कि—पितरों के लिए भूमि में या दर्भसंस्कृत कुशा कूर्च (मुट्ठीभर कुशा) में करे।

तत्रैव पाद्ममात्स्ययोः—अग्निमान्निर्वपेत्पैत्रं चरुं वा सममुष्टिभिः। पितृभ्यो निर्वपामीति सर्वं दक्षिणतो न्यसेत् ॥ चरुग्रहणादन्नशाकादाविति हेमाद्रिः। पिण्डपितृयज्ञार्थपाकविषयोऽयं निर्वाप इति तु युक्तम्। अयं चेतरेषामग्निः। आश्वलायनानां (अ० ४, ख० ५, सू० ६, पृ० ११७) तु 'गुरुणाऽभिमृता अन्यतो वाऽपक्षीयमाणा अमावास्यायां शान्तिकर्म कुर्वीरन्' इत्यादि सूत्रेण पचनाग्नेस्त्यागमुक्त्वा 'इहैवायमितरो जातवेदा' इत्यर्द्धर्चेन, 'शमीमयीभ्यामरणीभ्यामग्निं मन्थेत्स वचनाग्निर्भवति' इति सूत्रे वृत्तौ चोक्तेः पचनाग्नावेव पाकः।

वहीं पर पद्मपुराण और मत्स्यपुराण में कहा है कि—अग्निमान् (अग्निहोत्री) पितृसंबन्धि अन्न या चरु का निर्वाप करे। मैं पितरों के लिए देता हूँ। ऐसा कहकर दक्षिण दिशा में सब रख दे। चरुग्रहण से अन्न, शाक आदि हेमाद्रि में कहा है। पिण्डपितृयज्ञार्थ पाक विषय यह निर्वाप है—यही युक्त है। और यह इतरों की अग्नि है। जिनके गुरु मर गये हों या अन्य से पुत्र, पशु, हिरण्य आदियों से अपरपक्षीय अमावास्या में शान्तिकर्म करे। इत्यादि सूक्त से पचनाग्नि के त्याग को कहकर 'इहैवायमितरो जातवेदाः' इस आधी ऋचा[1] से शमीमयी अरणियों (अधरारणि और उत्तरारणि) से अग्नि का मन्थन करे। वही पचनाग्नि होती है। यह सूत्र और वृत्ति में कहा है। (आश्व ला० गृ० अ० ४ ख० ५ सू० १ पृ० ११७)।

बौधायनेनाप्युक्तम्—'आहृत्य पचनाग्निमौपासनं वाऽभिप्रव्रजन्ति' इति। स्मार्ताग्नौ पाकस्त्वन्यशाखाविषय इति केचित्। वस्तुतस्तु पूर्वोक्तस्य सर्वाधानविषयत्वं युक्तम्। शिष्टाचारेऽपि न पचनो दृश्यते। अण्डविलायामपि सर्वाधानपक्षे वैश्वदेवं श्राद्धं च पचनेऽग्नौ कुर्यादन्यथौपासने इत्युक्तम्। अग्नौकरणं तु प्रयोगपारिजातादिभिराब्दिकादिसर्वश्राद्धेषु पिण्डपितृयज्ञव्यतिषङ्गोक्तेर्लौकिके पचने वा पाके कृतेऽपि गृह्याग्नौ पक्वचरुणैव कार्यमिति प्रतिभाति। मदनरत्नेऽप्येवम्। विधुरोत्सन्नाग्न्यादेस्तु पृष्टोदिवि विधानेनाग्निसम्पादनमित्युक्तं हरिहरभाष्ये। इति पाकाग्निः।

बौधायन ने भी कहा है कि—आहरणकर पचनाग्नि या औपासन को लेकर स्मार्ताग्नि में पाक तो अन्यशाखा विषयक है-यह कोई कहते हैं। सिद्धान्त तो यह है कि—पहले कहे हुए का सर्वाधान विषयक है। यही ठीक है। शिष्टाचार में भी पाक का पकाना नहीं देखते हैं। अर्थात्-लौकिक अग्नि में ही श्राद्ध पाक होता है। अण्डविला में भी सर्वाधानपक्ष में वैश्वदेव और श्राद्ध को पचनाग्नि में करे। अन्यथा औपासन (अर्धाधान) अग्नि में कहा है। अग्नौकरण तो प्रयोगपारिजात आदि में वार्षिक आदि सब श्राद्धों में पिण्डपितृयज्ञ का व्यतिषंग (पहले का पीछे ले जाना) कहने से लौकिक अग्नि में या पचन अग्नि में पाक के करने पर भी गृह्याग्नि में पके चरु से ही करे यह प्रतीत होता है। मदनरत्न में भी यही है।

१—क्रव्यादमग्निं प्र हिणोमि दूरं यमराज्ञो गच्छतु रिप्रवाहः। इहैवायमितरो जातवेदा देवेभ्यो हव्यं वहतु प्रजानन् ॥ (ऋ. १०।१६।९) (अथर्व—१२।२।८। वाज० य. ३५।१९)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जिसकी (कात्यायन आदि शाखावालों की) अग्नि उच्छिन्न हो गयी हो वह पृष्ठो'दिविधि से अग्नि का संपादन करे यह हरिहरभाष्य में कहा है। यह पाकाग्नि है।

(द्विजानां समीपे आमलकोदकजलानां प्रेषणकथनम्)

चन्द्रिकायां मार्कण्डेयः—अह्नः षट्सु मुहूर्तेषु गतेषु प्रयतान् द्विजान् ।
प्रत्येकं प्रेषयेत्तेषां प्रदायामलकोदकम् ॥

चन्द्रिका में मार्कण्डेय ने कहा है कि—दिन के छ मुहूर्त बीतने पर प्रत्येक ब्राह्मणों को आँवले का जल भेज देना चाहिये।

देवलः—ततो निवृत्ते मध्याह्ने कृत्तरोमनखान् द्विजान् । अभिगम्य यथान्यायं प्रयच्छेद्दन्तधावनम् ॥ तैलमभ्यञ्जनं स्नानं स्नानीयं च पृथग्विधम् । पात्रैरौदुम्बरैर्दद्याद् वैश्वदेविकपूर्वकम् ॥ औदुम्बरैस्ताम्रमयैः । 'अत्र चौरामलकस्नानादि निषिद्धतिथ्यादिव्यतिरिक्तविषयम्' इति हेमाद्रिर्माधवश्च ।

देवल ने कहा है कि—तदनन्तर माध्याह्नकाल के समाप्त होने पर रोम तथा नखकटे हुए द्विजों के पास जाकर यथोचित रूप से दन्तधावन (दन्तधावन साधन काष्ठादि) दे। अभ्यञ्जन-तैल (शरीर में लगाने के लिये तेल), स्नान-साधन जल और अलग अलग उद्वर्तन (उवटन) दे। वैश्वदेव ब्राह्मण पूर्वक औदुम्बरों के पात्रों को दे। अर्थात्—पहले वैश्वदेव वाले ब्राह्मण को दे फिर पितृब्राह्मण को दे। यहाँ (चौरादिकरण और तैलादिदान निषिद्धतिथि त्यागपरक है) और आमलाकोदक स्नान भी अमावस्या निषिद्ध तिथि को छोड़कर है—यह हेमाद्रि और माधव कहते हैं। औदुम्बरैस्ताम्रमयैः-अर्थात्-ताम्रमय।

यत्तु चन्द्रिकायां प्रचेताः—तैलमुद्वर्तनं स्नानं दद्यात्पूर्वाह्ण एव तु । श्राद्धभुग्भ्यो नखश्मश्रुच्छेदनं तु न कारयेत् ॥ इति, तन्निषिद्धतिथ्यादिविषयम् । निषिद्धतिथ्यादि तु प्रागुक्तम् ।

जो चन्द्रिका में प्रचेता का वचन है कि—तैल, उद्वर्तन और स्नान पूर्वाह्णकाल में ही कहा है। श्राद्ध के भोजन करने वालों के लिए नख तथा श्मश्रुच्छेद (दाढ़ी मुड़वाना) न करावे। यह निषिद्ध तिथ्यादि विषयक है। निषिद्ध तिथि पहले कही गयी है।

(अभ्यङ्गे वर्ज्यकालस्य न विचारः)

अभ्यङ्गे तु कलिकायां कात्यायनः—तैलमुद्वर्तनं देयं ब्राह्मणेभ्यः प्रयत्नतः ।
तैरभ्यङ्गश्च कर्तव्यो वर्ज्यकालं न चिन्तयेत् ॥

अभ्यंग में तो कलिका में कात्यायन ने कहा है कि—तैल और उद्वर्तन ब्राह्मणों के लिए प्रयत्न से दे। वे लोग अभ्यंग को करें वर्जित समय की चिन्ता न करें।

(स्नानानन्तरं दैवे पित्र्ये च कर्मणि अधिकारकथनम्)

अपरार्के प्रचेताः—स्नातोऽधिकारी भवति दैवे पित्र्ये च कर्मणि ।
श्राद्धकृच्छुक्लवासाः स्यान्मौनी च विजितेन्द्रियः ॥

अपरार्क में प्रकेता ने कहा है कि—श्राद्ध करने वाला स्नान कर, सफेदवस्त्र पहन कर मौनी और जितेन्द्रिय होकर दैव और पितृकर्म में अधिकारी होता है।

(ताम्बूलादौ श्राद्धकर्तुर्विचारः)

हेमाद्रौ जाबालिः—ताम्बूलं दन्तकाष्ठं च स्नेहस्नानमभोजनम् ।
रत्यौषधं परान्नानि श्राद्धकर्ता विवर्जयेत् ॥

हेमाद्रि में जाबालि ने कहा है कि—तांबूल, दतवन, तैलस्नान, अभोजन, मैथुन, औषध और परान्न (दूसरे का अन्न) श्राद्ध करने वाला त्याग दे।

(वस्त्रे विशेषकथनम्)

वस्त्रे विशेषमाह तथैव भृगुः—नग्नः स्यान्मलवद्वासा नग्नः कौपीनकेवलः ॥ द्विकच्छोऽनुत्तरीयश्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अकच्छोऽवस्त्र एव च ॥ नग्नः काषायवासाः स्यान्नग्नश्चार्द्रपटः स्मृतः । नग्नो द्विगुणवस्त्रः स्यान्नग्नो रक्तपटः स्मृतः ॥ नग्नस्तु स्निग्धवस्त्रः स्यान्नग्नः स्यूतपटस्तथा ।

वस्त्र में विशेष वहीं पर भृगु ने कहा है कि—श्राद्ध करने वाला मलिन की तरह वस्त्रधारी नग्न होता है, केवल कौपीनधारी, द्विकच्छ (दुपट्टा), अकच्छ (बिना दुपट्टा) और अवस्त्र हो वह नग्न[१] (वासा दिगम्बरः-इत्यमरः) होता है। काषाय (गेरुवा) वस्त्रधारी नग्न, गीला वस्त्रधारी नग्न, दोहरा वस्त्रधारी नग्न, लालवस्त्रधारी नग्न, चिकनावस्त्रधारी नग्न और शिला-वस्त्रधारी हो तो नग्न होता है।

(ऊर्ध्वपुण्ड्रस्य जपादौ विचारः)

ततः कर्ता ऊर्ध्वपुण्ड्रं कुर्यात् । जपे होमे तथा दाने स्वाध्याये पितृकर्मणि । तत्सर्वं नश्यति क्षिप्रमूर्ध्वपुण्ड्रं विना कृतम् ॥ इति हेमाद्रावुक्तेः,

तदनन्तर कर्ता ऊर्ध्वपुण्ड्र को करे। क्योंकि हेमाद्रि में कहा है कि—जप, होम, दान, स्वाध्याय और पितृकर्म में ऊर्ध्वपुण्ड्र बिना जो किया जाता है वह शीघ्र ही सब नाश हो जाता है।

यज्ञो दानं जपो होमः स्वाध्यायः पितृकर्म च । वृथा भवति विप्रेन्द्रा ऊर्ध्वपुण्ड्रं विना कृतम् ॥ इति बृहन्नारदीयात् ।

बृहन्नारदीयपुराण में कहा है कि—यज्ञ, दान, जप, होम, स्वाध्याय और पितृकर्म में ऊर्ध्वपुण्ड्र बिना जो किया जाता है। हेविप्रेन्द्राः, वह सब व्यर्थ होता है।

ऊर्ध्वं च तिलकं कुर्याद्दैवे पित्र्ये च कर्मणि । इति वृद्धपराशरोक्तेश्च ।

वृद्धपराशर ने भी कहा है कि—देवकार्य और पितृकार्य में ऊर्ध्वपुण्ड्र तिलक करे।

(अन्यमते तु विचारः)

अन्ये तु—ऊर्ध्वपुण्ड्रं द्विजातीनामग्निहोत्रसमो विधिः ।
श्राद्धकाले तु संप्राप्ते कर्ता भोक्ता च तत्त्यजेत् ॥

अन्यों का कहना है कि—द्विजातियों की ऊर्ध्वपुण्ड्र की विधि अग्निहोत्र के तुल्य है। श्राद्धकाल के आने पर कर्ता और भोजन करनेवाला उसको त्याग दे।

(गृहे रङ्गावल्यादीनां श्राद्धदिने विचारः)

वामहस्ते च दर्भास्तु गृहे रङ्गावलिं तथा । ललाटे तिलकं दृष्ट्वा निराशाः पितरो गताः ॥ इति सङ्ग्रहोक्तेः ।

बायें हाथ में कुशा, घर में रङ्गवली (दक्षिणात्यों में प्रधान दरवाजों पर पीतल का बना मिलता है उसमें कुछ रंग भरे जाते हैं।) और मस्तक में तिलक को देखकर—पितर निराश हो जाते हैं। यह संग्रह में कहा है।

१—विकच्छोऽनुत्तरीयञ्च नग्नश्चावस्त्र एव वा । श्रौतं स्मार्तं तथा कर्म न नग्नश्चिन्तयेदपि ॥ विकच्छः परिधानासंवृतकच्छः । याज्ञवल्क्य-परिधानाद्बहिः कच्छा निबद्धा ह्यासुरी भवेत् ।' स्मृतौ-वामे पृष्ठे तथा नाभौ कच्छत्रयमुदाहृतम् । एभिः कक्षैः परीधत्ते यो विप्रः स शुचिः स्मृतः ॥ 'द्विकच्छः कच्छशेषं च मुक्तकच्छस्तथैव च । एकवासा अवासाश्च नग्नः पञ्चविधः स्मृतः ॥

न नग्नां स्त्रियमीक्षेत पुरुषं वा कदाचन । न च मूत्रं पुरीषं वा न वै संसृष्टमैथुनम् ॥ नोच्छिष्टः संविशेन्नित्यं न नग्नः स्नानमाचरेत् ॥ कूर्मपुराण उपरिभागे अ० १५ । 'येषां कुले न वेदोऽस्ति न शास्त्रं नैव च व्रतम् । ते नग्नाः कीर्तिताः सद्भिस्तेषामन्नं विगर्हितम् । (मार्कण्डेयपुराण) । 'ऋग्यजुः सामसंज्ञेयं त्रयीवर्णाकृतिर्द्विजः । एतामुज्झति यो मोहात् स नग्नः पातकी स्मृतः ॥ 'यस्तु सन्त्यज्य गार्हस्थ्यं वानप्रस्थो न जायते । परिव्राडपि मैत्रेय ! स नग्नः पापकृन्नरः ॥ विष्णुपुराण अ० १८ ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(कमलाकरमते विचारः)

ऊर्ध्वपुण्ड्रं त्रिपुण्ड्रं वा चन्द्राकारमथापि वा। श्राद्धकर्ता न-कुर्वीत यावत्पिण्डान् न निर्वपेत्। इति विश्वप्रकाशे वचनाच्च न कार्यमित्याहुः। अत्राचाराद्व्यवस्था। अत एव बृहन्नारदीये-ऊर्ध्वपुण्ड्रं च तुलसीं श्राद्धे नेच्छन्ति केचन॥ इति। ऊर्ध्वपुण्ड्रविधिर्विप्रविषयः। निषेधः कर्तृपर इति पृथ्वीचन्द्रः।

ऊर्ध्वपुण्ड्र और त्रिपुण्ड्र-या चन्द्राकार तिल को जब तक पिण्ड का निर्वाप (पिण्डदान) न हो जाय तब तक श्राद्ध करने वाला न करे। यह विश्वप्रकाश में वचन से होने से न करे। ऐसा कहा है। यहाँ पर आचार से व्यवस्था है। इसलिये ही बृहन्नारदीय पुराण में कहा है कि—ऊर्ध्वपुण्ड्र और तुलसी को श्राद्ध में कोई नहीं इच्छा करते हैं। यह ऊर्ध्वपुण्ड्रविधि ब्राह्मणविषयक है। निषेध कर्ता परक है—यह पृथ्वीचन्द्र ने कहा है।

यत्तु हेमाद्रौ देवलः—ललाटे पुण्ड्रकं दृष्ट्वा स्कन्धे माल्यं तथैव च। निराशाः पितरो यान्ति दृष्ट्वा च वृषलीपतिम्॥ इति, तद्गन्धेन त्रिपुण्ड्रविषयम्,

जो हेमाद्रि में देवल ने कहा है कि—ललाट में पुण्ड्र को देखकर वैसे ही कंधे पर माला को देखकर और वृषलीपति (शूद्रा के पति) को भी देखकर पितर निराश हो जाते हैं। वह गन्ध से त्रिपुण्ड्रधारण के विषय में है।

'प्राक्पिण्डदानाद्गन्धाद्यैर्नालंकुर्यात्स्वविग्रहम्।' इत्याश्वलायनोक्तेः। पुण्ड्रं वर्तुलमित्यपरार्के मदनरत्ने च। पृथ्वीचन्द्रस्तु पुण्ड्रम्—त्रिपुण्ड्रम्।

आश्वलायन ने कहा है कि—पिण्डदान के पहले अपने विग्रह (शरीर) को गन्ध आदि से अलंकृत न करे। पुण्ड्र माने वर्तुल—यह अपरार्क में और मदनरत्न में कहा है। पृथ्वीचन्द्र ने कहा है कि—पुण्ड्र माने-त्रिपुण्ड्र।

ऊर्ध्वं च तिलकं कुर्यान्न कुर्याद्वै त्रिपुण्ड्रकम्। निराशाः पितरो यान्ति दृष्ट्वा चैव त्रिपुण्ड्रकम्। इति वृद्धपराशरोक्तेः। भोक्तुस्तिर्यग्लेपो भवत्येव॥ वर्जयेत्तिलकं भाले श्राद्धकाले च सर्वदा। तिर्यगप्यूर्ध्वपुण्ड्रं वा धारयेत्तु प्रयत्नतः॥ इति व्यासोक्तेरित्याह।

बृहत्पराशर ने कहा है कि—ऊर्ध्व तिलक करे पर निश्चय ही त्रिपुण्ड्र को न करे। त्रिपुण्ड्र को देखकर ही पितर निराश हो जाते हैं। श्राद्ध का भोजन करने वाले को तिर्यग्लेप टेढालेप होता ही है। मस्तक में सर्वदा श्राद्ध काल में तिलक का त्याग करे। तिर्यक् या ऊर्ध्वपुण्ड्र को प्रयत्न से धारण करे—यह व्यास ने कहा है।

(सदर्भहस्तेन तिलकनिषेधकथनम्)

पृथ्वीचन्द्रोदये ब्राह्मे—सदर्भेण तु हस्तेन यः कुर्यात्तिलकं बुधः।
आचम्य स विशुद्ध्येत दर्भत्यागेन चैव हि॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में ब्रह्मपुराण का वचन है कि—बुद्धिमान् मनुष्य कुशासहित हाथ से तिलक करता है वह कुशा का त्याग करके ही आचमन से शुद्ध होता है।

(एकोद्दिष्टे श्राद्धारम्भस्य कालकथनम्)

श्राद्धारम्भे कालमाहाऽपरार्के गौतमः—आरभ्य कुतपे श्राद्धं कुर्यादारौहिणं बुधः। विधिज्ञो विधिमास्थाय रौहिणं तु न लङ्घयेत्॥ एतदेकोद्दिष्टे।

श्राद्ध के आरम्भ में अपरार्क में गौतम ने काल कहा है कि—कुतुप (अह्नो मुहूर्ता विज्ञेया दश पञ्च च सर्वदा। तत्राष्टमो मुहूर्तो यः स कालः कुतुपः स्मृतः॥ इस मत्स्यपुराण से दिन का अष्टम मुहूर्त कुतुप होता है और नवममुहूर्त रोहिण होता है। यद्यपि मध्याह्नकाल एकोदिष्ट श्राद्ध का समय है फिर भी गान्धर्व को त्याग कर कुतुपरोहिणात्मक मुहूर्तद्वय ही ग्रहण करे यह अर्थ है। यह पार्वणविषयक नहीं है।) में आरम्भ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कर रोहिणपर्यन्त में विद्वान् श्राद्ध करे। विधि का जानकार विधि में आस्था (विश्वास) कर रोहिण का लंघन न करे। यह एकोद्दिष्टपरक है।

(पार्वणे श्राद्धारम्भस्य कालविचारः)

पार्वणे तूक्तं मात्स्ये–ऊर्ध्वं मुहूर्तात्कुतपाद्यन्मुहूर्तचतुष्टयम्। मुहूर्तपञ्चकं ह्येतत्स्वधाभवनमिष्यते॥ मध्याह्ने सर्वदा यस्मान्मन्दीभवति भास्करः। तस्मादन्तफलदस्तत्रारम्भो विशिष्यते॥

पार्वण में तो मत्स्यपुराण में कहा है—कुतुप मुहूर्त के आगे जो मुहूर्त चतुष्टय (रौहिण, इन्द्र, इन्द्राणी और निर्ऋति) हैं। ये पाँचों मुहूर्त 'स्वधाभवन' कहे जाते हैं। मध्याह्नकाल में सदा ही सूर्य मन्द होता है। उसमें आरंभ करें तो अनन्त फल होता है इसलिए उसमें आरंभ करे।

(श्राद्धपरिभाषा)

अथ श्राद्धपरिभाषा। चन्द्रिकायां कात्यायनः—दक्षिणं पातयेज्जानुं देवान् परिचरन् सदा। पातयेदितरं जानुं पितॄन् परिचरन् सदा॥

इसके बाद श्राद्धपरिभाषा कहते हैं। चन्द्रिका में कात्यायन ने कहा है कि—देवताओं की परिचर्या (पूजा) सदा करता हुआ दहिने जानु (घुटना) को और सदा पितरों की पूजा करता हुआ बाये जानु को (दक्षिणजानुभूलग्नो देवेभ्यः सेचयेज्जलम्॥ भूलग्नसव्यजानुश्च पितृभ्यः सेचयेज्जलम्॥ 'मनुष्यतर्पणं कुर्वन्न किञ्चिज्जानु पातयेत्।) को नमन करे।

बौधायनः—प्रदक्षिणं तु देवानां पितॄणामप्रदक्षिणम्। देवानामृजवो दर्भाः पितॄणां द्विगुणास्तथा॥

बौधायन ने कहा है कि—देवकार्यों में प्रदक्षिणमुख और पितरों के लिये अप्रदक्षिणमुख (उदङ्मुखस्तु देवानां पितॄणां दक्षिणामुखः।) रहे और देवताओं की कुशा ऋजु तथा पितरों की द्विगुणित कुशा होती है।

(आवाहनादौ गोत्रकथनम्)

पृथ्वीचन्द्रोदये शंखः—आवाहनार्घ्यसङ्कल्पे पिण्डदानान्नदानयोः। पिण्डाभ्यञ्जनकाले तु तथैवाञ्जनकर्मणि॥ अक्षय्यासनयोः पाद्ये गोत्रं नाम प्रकाशयेत्॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में शंख ने कहा है कि—आवाहन, अर्घ्य, संकल्प (तिथि आदि का कथन) पिण्ड (श्राद्ध में पितरों को दिया जानेवाला चावल आदि का पिण्ड) दान, अन्नसंकल्प, पिण्डाभ्यञ्जन (उबटन, तिलकल्कः-तिल को पीसकर बनाई गयी पीठी इति ऋग्वेदिश्राद्धप्रयोगः), (सौवीरं जाम्बलं तुत्थं मयूरश्रीकरं तथा। दर्विका नीलमेघश्च अञ्जनानि भवन्ति षट्) अञ्जनकर्म, (कज्जल, तत्तु षड्विधम्) अक्षय्योदक, आसन और पाद्य कर्मों में गोत्र तथा नाम का प्रकाश (उच्चारण) करे।

तत्रैव परिशिष्टे—क्षणे च पिण्डदाने च गन्धधूपाक्षये तथा। सङ्कल्पे चासने दीपे अञ्जनाभ्यञ्जने तथा॥ अन्नार्घ्यदानाद्यन्तेषु गोत्रं नाम च कीर्तयेत्॥

वहीं पर परिशिष्ट में कहा है कि—क्षण (मुहूर्त), पिण्डदान, गन्ध, धूप, अक्षय, संकल्प, आसन, दीप, अञ्जन, (नेत्राञ्जन) अभ्यञ्जन, चिकने पदार्थ (तेल, उबटन का शरीर में मलना), अन्न, अर्घ्यदानादि में गोत्र और नाम का कीर्तन (उच्चारण) करे।

कालिकायां सङ्ग्रहे—आसनावाहने पाद्ये अन्नदाने तथैव च। अक्षय्ये पिण्डदाने च षट्सु नामानि कीर्तयेत्॥

कालिका में सङ्ग्रह ने कहा है कि—आसन, आवाहन, (आह्वान) पाद्य, अन्नदान, अक्षय्य और पिण्डदान में इन छओं में नामों का उच्चारण करे।

(सम्बन्धादीनां क्रमेण कथनम्)

मात्स्ये—सम्बन्धं प्रथमं ब्रूयाद्गोत्रं नाम तथैव च। पश्चाद्रूपं विजानीयात् क्रम एष सनातनः॥

मत्स्यपुराण में कहा है कि—पहले संबन्ध कहे। फिर वैसे ही गोत्र और नाम कहे। पीछे रूप को जानना चाहिये। यह क्रम सनातन है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(शाखाभेदेन गोत्रे सकारस्य प्रयोगकथनम्)

तत्रैव—सकारेण तु वक्तव्यं गोत्रं सर्वत्र धीमता। सकारः कुतपो ज्ञेयस्तस्माद्यत्नेन तं वदेत्॥ यथा काश्यपसगोत्रेति, पराशरसगोत्रस्य वृद्धस्य तु महात्मनः। भिक्षोः पञ्चशिखस्याहं शिष्यः परमधार्मिकः॥ इति मोक्षधर्मे प्रयोगाच्च। तेन गोत्रसगोत्रयोः पर्यायत्वात् शाखाभेदाद्व्यवस्थेति शूलपाणिः। (एतद्येषामाम्नातं तेषामेव।

वहीं पर कहा है कि—बुद्धिमान् व्यक्ति सर्वत्र गोत्र में सकार का प्रयोगकर कहे। सकार कुतप है इसलिये यत्न से उसको कहे। जैसे—काश्यपसगोत्र। और मोक्षधर्म में प्रयोग है कि—पराशरस गोत्र वृद्ध महात्मा पञ्चशिख भिक्षु का मैं परमधार्मिक शिष्य हूँ। इससे गोत्र और सगोत्र के पर्याय होने में शाखाभेद से व्यवस्था है—यह शूलपाणी ने कहा है। यह जिनके यहाँ कहा है उन्हीं शाखावालों को ही है। (सब लोगों को सकार युक्त गोत्र का उच्चारण नहीं करना चाहिये। जैसे—गौतमगोत्र आदि)

हेमाद्रौ बृहत्प्रचेताः—गोत्रं स्वरान्तं सर्वत्र गोत्रस्याक्षय्यकर्मणि। गोत्रस्तु तर्पणे प्रोक्त एवं दाता न मुह्यति॥ सर्वत्रैव पितः प्रोक्तः पिता तर्पणकर्मणि। पितुरक्षय्यकाले तु पित्र्ये सङ्कल्पने तथा॥ शर्मन्नर्घ्यादिके कार्यं शर्मा तर्पणकर्मणि। शर्मणोऽक्षय्यकाले तु पितॄणां दत्तमक्षयम्॥ स्वरान्तं संबुद्ध्यन्तमिति हेमाद्रिः।

हेमाद्रि में बृहत्प्रचेता ने कहा है—सर्वत्र ही गोत्र के अन्त में संबोधन (अजन्त) होता है। अक्षय (अक्षय्य) कर्म में 'गोत्रस्य' होता है तथा तर्पण में तो 'गोत्रः'–प्रयोग होता है। ऐसा करने से देने वाला मोह को प्राप्त नहीं होता है।

सर्वत्र ही 'पितः' संबोधन करे। तर्पणकर्म में पिता कहे। अक्षय्यकाल में तो 'पितुः' कहे। संकल्प में 'पित्र्ये' कहे। अर्घ्यादिक में 'शर्मन्' कहे और तर्पणकर्म में 'शर्मा' कहे और अक्षय्यकाल में 'शर्मणः' कहे। इसप्रकार पितरों को दिया हुआ अक्षय होता है। स्वरान्त—माने सम्बुध्यन्त–यह हेमाद्रि ने कहा है।

(गोत्रस्य त्वपरिज्ञाने विचारः)

तत्रैव चन्द्रिकायां स्मृत्यन्तरे—गोत्रस्य त्वपरिज्ञाने काश्यपं गोत्रमुच्यते।
तस्मादाह श्रुतिः सर्वाः प्रजाः कश्यपसंभवाः॥

वहीं पर चन्द्रिका में स्मृत्यन्तर का वचन है कि—गोत्र के अपरिज्ञान में काश्यप गोत्र कहा है। इसी लिए श्रुति (वेद) ने कहा है कि—जितनी प्रजा हैं वे सब काश्यप से पैदा हुई है।

(विवाहे तु विशेषकथनम्)

यत्तु सत्याषाढः—'अथाज्ञातबन्धो पुरोहितगोत्रेणाचार्यगोत्रेण वा' इति तद्विवाहपरम्।

जो सत्याषाढ में कहा है कि—इसके बाद अज्ञातबन्धु का पुरोहितगोत्र से या आचार्यगोत्र से सब कार्य करे। यह विवाहपरक है।

(नामोच्चारणे विशेषकथनम्)

नामोच्चारणे विशेषमाह हेमाद्रौ बौधायनः—शर्मान्तं ब्राह्मणस्योक्तं वर्मान्तं क्षत्रियस्य तु।
गुप्तान्तं चैव वैश्यस्य दासान्तं शूद्रजन्मनः॥

नामोच्चारण में विशेष हेमाद्रि में बौधायन ने कहा है कि—ब्राह्मण के नाम के आगे 'शर्मा' क्षत्रिय के नाम के अन्त में 'वर्मा' वैश्य के अन्त में 'गुप्त' तथा शूद्र के नाम के अन्त में 'दास' कहे।

(पित्रादिनामाज्ञाने विचारः)

पित्रादिनामाज्ञाने तत्रैव—पृथिवीषत् पिता वाच्यस्तत्पिता चान्तरिक्षसत्। अभिधानापरिज्ञाने दिविषत्प्रपितामहः॥ पित्रादीनां नाम यदा पुत्रैर्न ज्ञायते तदा॥ आपस्तम्बसूत्रेऽप्येवम्। एतदन्यशाखापरम्। आश्वलायनानां तूक्तं तत्सूत्रे—'यदि नामान्यविद्वांस्ततः पितृपितामहप्रपितामहेति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ब्रूयात् ।' तत्कारिकापि—नामानि चेन्न जानीयात्तत्तेत्यादि वदेत्क्रमात् । तत्तेति सम्बन्धमात्रपरं तेन पितृव्यादावपि तथेति गौडाः । स्त्रीणां दान्तं नाम ज्ञेयम्, दान्तं नाम स्त्रीणामिति पृथ्वीचन्द्रोदये गोभिलोक्तेः । केचिद्देवीशब्दान्तमाहुः । अन्ये तु देवीदा इति द्वयोः समुच्चयमाहुः ।

पिता आदि नाम के अज्ञान में वहीं पर कहा है कि—पिता को पृथिवीषत्, पितामह को अन्तरिक्षसत् और प्रपितामह को दिविषत् कहे। जब पिता आदि का नाम पुत्र न जानें तब कहें। आपस्तम्बसूत्र में भी यही है। यह अन्यशाखापरक है। आश्वलायनों के लिए उस सूत्र में कहा है कि—यदि अविद्वान् नामों की न जानकारी रखे तो पितृ, पितामह और प्रपितामह यों कहे। उसकी कारिका में भी है कि—यदि नामों को नहीं जानता है तो 'तत्' तत् इत्यादि क्रम से कहे। 'तत्' यह सम्बन्धमात्रपरक है। इससे पितृव्य (चाचा) आदि में भी वैसे ही कहे—यह गौड कहते हैं। स्त्रियों का तो दकारान्त (यशोदादा) नाम जानना चाहिये। दान्त नाम स्त्रियों का है—यह पृथ्वीचन्द्रोदय में गोभिलने कहा है। कुछ लोग देवीशब्दान्त नाम कहते हैं। अन्य लोग तो 'देवी' और 'दा' इन दो का समुच्चय कहते हैं। जैसे--यशोदादा।

(विभक्तिपूर्वकमेव दानकथनम्)

हेमाद्रौ नारायणः—विभक्तिभिस्तु यत्किञ्चिद्दीयते पितृदैवते ।
तत्सर्वं सफलं ज्ञेयं विपरीतं निरर्थकम् ॥

हेमाद्रि में नारायण ने कहा है कि—पितृ और देवकार्य में जो भी कुछ दिया जाता है वह विभक्तियों (प्रथमा, षष्ठी, संबुद्धि आदि) से युक्त कर दे। वही सब सफल जानना चाहिये। उससे विपरीत निरर्थक होता है।

(श्राद्धे तिथिविचारः)

चन्द्रिकास्मृत्यर्थसारयोः नारदीये च—अक्षय्यासनयोः षष्ठी द्वितीयावाहने तथा।
अन्नदाने चतुर्थी च शेषाः सम्बुद्धयः स्मृताः ॥

चन्द्रिका और स्मृत्यर्थसार में नारदीय का वचन है कि—अक्षय्य (संबन्ध, नाम, गोत्ररूपपदों में) और आसन में षष्ठी, आवाहन में द्वितीया, अन्नदान में—चतुर्थी तथा शेष (अवशिष्ट) में संबुद्धि होती है।

यत्तु व्यासः—चतुर्थी चासने नित्यं सङ्कल्पे च विधीयते। प्रथमा तर्पणे प्रोक्ता संबुद्धिमपरे जगुः ॥ इति । अत्र शाखाभेदाद् व्यवस्थेति हेमाद्रिः ।

जो व्यास ने कहा है कि—आसन और संकल्प (अन्नोत्सर्ग) में नित्य चतुर्थी विभक्ति होती है। तर्पण में प्रथमा होती है। दूसरे लोग संबुद्धि को कहते हैं। यहाँ पर (आसन में षष्ठी और चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग करे) शाखाभेद से व्यवस्था है—यह हेमाद्रि का कहना है।

हेमाद्रौ भृगुः—अर्घ्यावनेजनं पिण्डमन्नं प्रत्यवनेजनम् ।
सम्बुद्धिं तत्र कुर्वीत शेषे षष्ठी विधीयते ॥

हेमाद्रि में भृगु का कहना है—अर्घ्य, अवनेजन (आस्तीर्णे बर्हिषि पिण्डदानात् प्राग्दीयमानं जलम्—कुशा के बिछाने पर पिण्डदान के पहले दिया जाने वाला जल 'अवनेजन' कहलाता है।) पिण्ड, अन्न और प्रत्यवनेजन (पिण्डदान के बाद दिया जानेवाला जल), इनमें संबुद्धि का प्रयोग करे। शेष (भृगुः—आसने तु भवेत् षष्ठी तथैवाक्षय्यपृच्छयोः। आवाहने द्वितीया स्यादेष शास्त्रविनिश्चयः ॥ गन्धं माल्यं च धूपं च दीपमन्नं सदक्षिणम् । अपृथक्त्वेन दातव्यं चतुर्थ्या भूतिमिच्छता ॥) में षष्ठी का विधान करे।

तत्रैव मातुर्विशेषो नागरखण्डे—मातर्मात्रे तथा मातुरासने कल्पनेऽक्षये ।
गोत्रे गोत्रायै गोत्रायाः प्रथमाद्या विभक्तयः ॥
(देवि देव्यै तथा देव्या एवं मातुश्च कीर्तयेत् ।)

वहीं पर माता के लिए विशेष नागरखण्ड में कहा है—आसन में--संबोधन—मातः, कल्पन (वस्त्रादिदान) में चतुर्थी और अक्षय में षष्ठी विभक्ति करे। इसीप्रकार संबोन्ध में गोत्रे, कल्पन में गोत्रायै तथा अक्षय्य में 'गोत्रायाः' का प्रयोग करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(यज्ञोपवीतिना विचारः)

हेमाद्रौ प्रभासखण्डे—यज्ञोपवीतिना कार्यं दैवं कर्म प्रदक्षिणम् । प्राचीनावीतिना कार्यं पितृकर्माऽप्रदक्षिणम् ॥

हेमाद्रि प्रभासखण्ड में कहा है कि—यज्ञोपवीति (वामस्कन्धोपरि दक्षिणकक्ष्याधो निहितं ब्रह्मसूत्रम्) से देवकर्म प्रदक्षिणक्रम से करना चाहिये और प्राचीनावीति (दक्षिणस्कन्धोपरि वामकक्ष्याधो निहितं ब्रह्मसूत्रं प्राचीनावीतिम्) अप्रदक्षिणक्रम से पितृकर्म करे ।

(अनुपनीतस्त्रीशूद्रादौ तु)

अनुपनीतस्त्रीशूद्रादेस्तूत्तरीयेणैव सव्यापसव्ये ज्ञेये, तस्योपवीतस्थानीयत्वात्, अपसव्यं क्रमादस्त्रं कृत्वा कश्चित्सगोत्रजः । इति ब्राह्माच्चेति वाचस्पतिः ।

अनुपनीत स्त्री तथा शूद्रादि का तो उत्तरीय (अंगोछा, दुपट्टा) से ही सव्य और अपसव्य जानना चाहिये । क्योंकि उसका वही यज्ञोपवीत स्थानीय है । कोई सगोत्री क्रम से वस्त्र को अपसव्य कर श्राद्ध करे यह ब्रह्मपुराण का वचन है—यह वाचस्पति ने कहा है ।

यत्तु केचित्—'सदोपवीतिना भाव्यम्' इत्यस्य पुरुषार्थत्वात्प्राचीनावीतकालेऽप्युपवीतान्तरेण तत्कार्यमेवेति । तन्न विशेषण (विशेष) बाधात् ।

जो कोई कहते हैं कि—'सदा यज्ञोपवीत होकर' रहे । इस वचन की पुरुषार्थता-(विशिखो व्युपवीतश्च यत्करोति न तत्कृतम् ।) होने से प्राचीनावीतकाल में भी उपवीतान्तर से (शूद्रका-न शिखी नोपवीती स्यान्नोच्चरेत्संस्कृतां गिरिम् । इस निषेध में भी कर्मार्थक यज्ञोपवीत आवश्यक है । क्योंकि—'विशिखो व्युपवीतश्च—इस वचन से ।) उस कार्य को करे ही । यह उचित नहीं है । क्योंकि विशेषण से बाध है । (नोपवीती स्यात्' इस सामान्यता से कर्मार्थ पुरुषार्थोपवीतनिषेध से उसकी अप्राप्ति में उत्तरीय अपसव्य जाना जाता है । यह देखना चाहिये ।)

(प्राचीनावीति भूत्वा पिण्डाघ्राणादिविचारः)

जमदग्निः—सूक्तस्तोत्रजपं त्यक्त्वा पिण्डाघ्राणं च दक्षिणाम् । आह्वानं स्वागतं चार्घ्यं विना च परिवेषणम् ॥ विसर्जनं सौमनस्यमाशिषं प्रार्थनं तथा । विप्रप्रदक्षिणां चैव स्वस्तिवाचनकं विना ॥ पितृनुद्दिश्य कर्तव्यं प्राचीनावीतिना सदा ।

जमदग्नि ने कहा है कि—सूक्तजप[1] (भोजन करते हुए ब्राह्मणों के समय में पितृसूक्त का जप), स्तोत्र[2] जप को त्याग कर पिण्डाघ्राण (पिण्डचालनोत्तरं क्रियमाणं तदाघ्राणम्)—पिण्डों का सूंघना, दक्षिणा, आह्वान, (आह्वान—बुलाना), अर्घ्य—(घरमें आये हुए ब्राह्मणों के लिए पाद्य के बाद देनेवाला अर्घ्यजल) परिवेषण (अन्नादियों का परोसना), विसर्जन ('वाजे[3] वाजे' इस मन्त्र से विसर्जन करना), सौमनस्य (शिवा आपः सन्तु—इत्यादि), आशीर्वाद की[4] प्रार्थना, ब्राह्मणों की प्रदक्षिणा और स्वस्ति वाचन इनको त्यागकर जो पितरों के उद्देश्य कर प्राचीनावीति (अपसव्य) होकर सदा करे ।

१—रुचिरुवाच । नमस्येऽहं पितॄन् भक्त्या ये वसन्त्यधिदेवताः । देवैरपि हि तर्प्यन्ते ये श्राद्धेषु स्वधोत्तरैः ॥ नमस्येऽहं पितॄन् स्वर्गे ये तर्प्यन्ते महर्षिभिः । श्राद्धैर्मनोमयैर्भक्त्या भुक्तिमुक्तिमभीप्सुभिः ॥ इत्यादि विस्तार से पितृसूक्त' वीरमित्रोदय के श्राद्धप्रकाश पृ० १३२–१३८ तक में लिखा है । वहाँ से देख लें ।

२—मत्स्यपुराणे—सप्तव्याधा दशार्णेषु मृगाः कालञ्जरे गिरौ । चक्रवाकाः सरोद्वीपे हंसाः सरसि मानसे ॥ तेऽपि जाताः कुरुक्षेत्रे ब्राह्मणा वेदपारगाः । प्रस्थिता दीर्घमध्वानं यूयं तेभ्योऽवसीदत ॥ समग्रसप्तव्याधाख्यानपाठनासमर्थस्य तत्संग्रहरूपमिदश्लोकद्वयं पठेदिति हेमाद्रिः ।

३—वाजेवाजेऽवत वाजिनो नो धनेषु विप्रा अमृता ऋतज्ञाः । अस्य मध्वः पिबत मादयध्वं तृप्ता यात पथिभिर्देवयानैः ॥ ऋ० म० ७ सू. ३८ म० ८।य० ६।१८, २१।११, तै० स० १,७,८,२,४,७,१२,१ ।

४—गोत्रन्नो वर्धतां दातारोनोऽभिवर्धन्तां वेदाः सन्ततिरेव च । श्रद्धा च नो मा व्यगमद्बहु देयं च नोऽस्त्विति ॥ अन्नं च नो बहुभवेदतिथींश्च लभेमहि । याचितारश्च नः सन्तु मा च याचिष्म कश्चन । एताः सत्या आशिषः सन्तु । सन्तु एता सत्या आशिषः । 'अघोराः पितरः सन्तु । इत्यादि ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(आचमनकथनम्)

हेमाद्रौ सङ्ग्रहे—आदौ विप्राङ्घ्रिशौचान्तेऽभ्यर्चने विकिरे कृते। पिण्डान्पुष्यार्चयित्वा च विसृज्य ब्राह्मणांस्तथा॥ आचामेच्छ्राद्धकर्ता च स्थानेष्वेतेषु सप्तसु। आद्यन्तयोर्द्विराचामेच्छेषेषु तु सकृत्सकृत्॥

हेमाद्रि में संग्रह ने कहा है कि—आदि में ब्राह्मणों का चरण धोकर पूजन कर विकिर के बाद पिण्डों का पूजनकर फिर ब्राह्मणों का विसर्जन करे। फिर श्राद्ध करने वाला इन सात जगहों पर आचमन करे—आदि और अन्त में दो बार, शेष (अवशिष्ट) में एक बार आचमन करे।

तत्रैव—श्राद्धारम्भेऽवसाने च पादशौचार्चनान्तयोः। विकिरे पिण्डदाने च षट्स्वाचमनमिष्यते॥

वहीं पर कहा है कि—श्राद्ध के आरंभ में, श्राद्ध की समाप्ति में, चरणों की पवित्रता में और पूजनान्त में, बिकिर तथा पिण्डदान में इन छ जगहों में आचमन का विधान कहा है।

(श्राद्धदिवसे दानाध्ययनदेवार्चाजपहोमव्रतादिकर्मसु विचारः)

आश्वलायनः—दानाध्ययनदेवार्चाजपहोमव्रतादिकान्। न कुर्याच्छ्राद्धदिवसे प्राग्विप्राणां विसर्जनात्॥ एतन्नित्यवर्ज्यमिति बोपदेवः। इदं विष्णुभिन्नदेवपरम्, विष्णोर्निवेदितान्नेन यष्टव्यं देवतान्तरम्। पितृभ्यश्चापि तद्देयं तदानन्त्याय कल्प्यते॥ पितृशेषं तु यो दद्याद् हरये परमात्मने। रेतोधाः पितरस्तस्य भवन्ति क्लेशभागिनः॥ इति स्कान्दात् 'पितरः सर्वे मनुष्या विष्णुनाशितमश्नन्ति इति श्रुतेः; यः श्राद्धकाले हरिभुक्तशेषं ददाति भक्त्या पितृदेवतानाम्। तेनैव पिण्डांस्तुलसीविमिश्रानाकल्पकोटिं पितरस्तु तृप्ताः॥ इति ब्राह्मोक्तेश्चेति श्रीधरस्वामिनृसिंहपरिचर्यादयः। एतत्सर्वं निबन्धविरोधान्निर्मूलम्।

आश्वलायन ने कहा है कि—दान, अध्ययन, देवपूजा, जप, होम और व्रत आदि ये कर्म श्राद्ध दिन में ब्राह्मणों के विसर्जन के पूर्व न करे। बोपदेव ने कहा है कि—ये नित्य वर्जित हैं। यह बिष्णु भिन्न देवता परक है।

स्कन्दपुराण का वचन है कि—विष्णु के निवेदित अन्न से अन्यदेवता की पूजा करनी चाहिये। वही अन्न पितरों के लिए देना चाहिये उससे अनन्तफल की प्राप्ति होती है। पितृशेष अन्न को जो परमात्मा हरि को देता है। उसके पितर रेतोधा (वीर्य का भक्षण) कर दुःख के भागीदार होते हैं। वेद में कहा है कि—पितर और मनुष्य विष्णु के उच्छिष्ट अन्न का भक्षण करते हैं।

ब्रह्मपुराण में भी कहा है कि—जो श्राद्ध के समय में हरि के भोजन किये हुए शेष (बचे हुए) को पितर और देवताओं को भक्ति से देता है और उसी अन्न से ही तुलसीमिश्रित पिण्डों को देता है तो उसके पितर कोटिकल्पतक तृप्त होते हैं यह श्रीधरस्वामी, नृसिंह, परिचर्या आदि कहते हैं। लेकिन यह सब निबन्धग्रन्थमतों के विरोध होने से निर्मूल है।

(श्राद्धाहिदिने नृवराहादीनां पूजनकथनम्)

अत्र विशेषो हेमाद्रौ विष्णुधर्मे—श्राद्धाह्नि तु समभ्यर्च्य नृवराहं जनार्दनम्।

यहाँ पर विशेष हेमाद्रि में विष्णुधर्म का वचन है कि—श्राद्ध के दिन में तो नृसिंह, वराह और जनार्दन का पूजन करना चाहिये।

शिवपुराणे—पूजयित्वा शिवं भक्त्या पितृश्राद्धं प्रकल्पयेत्। पूर्वनिषेधस्तु विहितभिन्नपरः।

शिवपुराण में कहा है कि—भक्ति से शिव का पूजन कर पितरों का श्राद्ध करे। पहले जो निषेध था वह विहित (शास्त्रविधान) से भिन्नपरक था।

(देवब्राह्मणपूजने पितृब्राह्मणपूजने च क्रमकथनम्)

तथा हेमाद्रौ—देवार्चा दक्षिणाङ्गादिः पादजान्वंसमूर्द्धसु। शिरोंऽसजानुपादेषु वामाङ्गादि च पैतृके॥

और हेमाद्रि में कहा है कि—देवता की पूजा तो दाहिने अंग से करे—पाद (पैर), जानु, (घुटना) अंस (कन्धा) और मूर्धा (मस्तक) इस क्रम से करे। बायें अंग से—शिर, कन्धा, जानु और पैर इनको पितृकर्म में अर्चन करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(श्राद्धादौ दर्भत्यागकथनम्)

कलिकायां स्मृत्यन्तरे—श्राद्धारम्भे तु ये दर्भाः पादशौचे विसर्जयेत्। अर्चनादौ तु ये दर्भा उच्छिष्टान्ते विसर्जयेत् ॥ मार्जनादौ तु ये दर्भा पिण्डोत्थाने विसर्जयेत्। उत्तानादौ तु ये दर्भा दक्षिणान्ते विसर्जयेत् ॥ प्रार्थनादौ तु ये दर्भा नमस्कारे विसर्जयेत् ॥

कलिका में स्मृत्यन्तर का वचन है कि—श्राद्ध के आरम्भ (आचान्तः प्राक्कुशांस्त्यक्त्वा पाणावन्यांस्तु धारयेत्।) में और पाद के धोने में (पैर के प्रक्षालन में), जो दर्भ कुशा हैं, जो कुशा अर्चन (पूजन) के कार्य में आई हुई हैं उनका उच्छिष्टान्त में विसर्जन (त्याग) करे। जो दर्भ मार्जन (शुद्धि) के कार्य में लिये गये हों उनका पिण्डोत्थान (पिण्ड के उठाने के समय) में विसर्जन करे। मार्जन आदि में जो कुशा ग्रहण की हों तो उनका दक्षिणादानान्त में विसर्जन करे। और प्रार्थना आदि में जो कुशा ग्रहण की हों तो उनका नमस्कार में विसर्जन करे।

(ऊहविचारः)

ऊहमाह विष्णुः—मातामहानामप्येवं श्राद्धं कुर्याद्विचक्षणः। मन्त्रोहेन यथान्यायं शेषाणां मन्त्रवर्जितम् ॥ यथान्यायमिति। यत्र बहुवचनान्तः पितृशब्दस्तत्र सर्वपितृवाचित्वान्नोहः। तत्रापि 'शुन्धन्तां पितरः' इत्यत्रोह एव, सर्वपितृवाचित्वे उत्तरमन्त्रद्वयवैयर्थ्यात्। बहुवचनं तु नोह्यते, प्रकृतावसमर्थत्वात्पाशानितिवत्। ऋगन्ते च नोहः, तस्मादृचं नोहेत्' इति निषेधात्। एकोद्दिष्टेऽप्येवम्। प्रेतैकोद्दिष्टे तु एकवन्मन्त्रानूहेतैकोद्दिष्टे' इति विष्णूक्तेरूहः। अत्र बहुवचनस्याऽप्यूहो वचनात्। वृद्ध्यादौ तु विशेषं वक्ष्यामः। शेषाणामिति पितृव्याद्येकोद्दिष्टे आवाहनादिमन्त्रवर्ज्यं कार्यमिति कल्पतरुः। ऊहयोग्यपितृपदवान् मन्त्र एव तत्र प्रयोज्यः, न तूहः। नापि पितृपदरहितः प्रयोज्य इति शूलपाणिः। अर्थान्तरं चोक्तं प्राक्।

ऊह का विचार विष्णु ने किया है कि—इसप्रकार मातामहों का भी श्राद्ध बुद्धिमान् मनुष्य करे। यथान्यायम्–इत्यादि से। जहाँ पर बहुवचनान्त पितृशब्द है। (एतद्वः पितरो वासः, अमीमदन्त पितरो यथाभागमा वृषायिषत, ऊर्जं वहन्तीरमृतं घृतं पयः कीलालं परिस्रुतम्। स्वधास्थ तर्पयत मे पितॄन् ॥ इत्यादि में) वहाँ पर सवपितृवाचित्व होने से ऊह न करे। वहाँ पर भी 'शुन्धन्तां पितरः' यहाँ पर ऊह होता ही है। सब पितृवाचकत्व में उत्तर (आगेवाले) मन्त्र द्वय दोनों व्यर्थ हो जायगें। (शुन्धन्तां पितामहाः शुन्धन्तां प्रपितामहाः, इससे पितामह और प्रपितामहशब्द के उपादान (ग्रहण करने से) से पितृशब्द जनक पर ही है। अन्यथा वे दोनों मन्त्र व्यर्थ हो जायगें—यह अर्थ है। इसीप्रकार 'शुन्धन्तां मातामहाः' इत्यादि में तथा ,शुन्धन्तां मातरः' इत्यादि में ऊह होगा और जिनके यहाँ 'पितृभ्यः स्वधोच्यताम्, पितामहेभ्यः स्वधोच्यताम्, प्रपितामहेभ्यः स्वधोच्यताम्, ये शुन्धन मन्त्र हैं उनका भी कहे हुए न्याय से ही ऊह होता है।) बहुवचन में तो ऊह नहीं होता है प्रकृति में असमर्थता से। 'पाशान् इतिवत्' की तरह।

ऋगन्त में—(पितॄन् हविषे अत्तवे। आयन्तु नः पितरः–इत्यादि ऋचाओं में) ऊह नहीं होता है। इसकारण से ऋचा में ऊह नहीं होता है, ऐसा निषेध है। एकोद्दिष्ट में भी यही है। विष्णु ने कहा कि—प्रेत

१—श्राद्धप्रकरण में जहाँ मन्त्रों का ऊह का प्रसंग आया है वहाँ मन्त्र तथा संस्कार का अन्यथा भावरूप ऊह माना जाता है। जहाँ पितृशब्द बहुवचनान्त रहेगा। जैसे 'एतद्वः पितरो वासः, अमीमदन्त पितरः' इत्यादि स्थल में सभी पितृशब्द सभी पितरों का वाचक होने के कारण वहाँ ऊह नहीं होता है। जहाँ शुन्धन्तां पितरः। इस स्थल में ऊह होता है। क्योंकि यहाँ पितृशब्द सभी पितरों का वाचक मानने पर आगे दो मन्त्र व्यर्थ शुन्धन्तां मातरः, शुन्धन्तां प्रपितामहाः हो जायँगे। जहाँ बहुवचन होगा वहाँ ऊह नहीं होता है, क्योंकि प्रकृतिश्राद्ध में (एकोद्दिष्ट श्राद्ध में) बहुत्व नहीं होने के कारण बहुवचन का ऊह नहीं होता है। जैसे—अग्नीषोमीयपशु का पाशविमोचनार्थ बहुवचनान्त भी मन्त्र है—'अदितिः पाशान् प्रमुमोक्तु' यहाँ प्रातिपदिकार्थ है पाश लेकिन प्रत्ययार्थ बहुत्व नहीं है। इसलिए इसका ऊह नहीं होता है। उसीतरह शुन्धन्तां पितरः' इत्यादि में ऊह होगा। अन्यत्र ऊह नहीं होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

के एकोद्दिष्ट में तो (पितृघटित मन्त्रों को पितृपदस्थान में प्रेतपद घटित करे।) एकवत् की तरह से एकोद्दिष्ट में मन्त्रों का ऊह न करे। (प्रेत के एकोद्दिष्ट में) बहुवचनान्त का भी ऊह (एतद्वः पितरः) इत्यादि में 'एतत्ते प्रेत' इत्यादि ऊह होता है यह अर्थ है) वचन (विष्णुवचन और आश्वलायनवचन) से। वृद्ध्यादि में तो विशेष कहेंगे। कल्पतरु ने कहा है कि—अवशिष्ट चाचा आदि के एकोद्दिष्ट में आवाहन आदि मन्त्रों को त्यागकर करे। शूलपाणि ने कहा है कि—ऊहयोग्य पितृपदवाला मन्त्र ही वहाँ पर प्रयोग करे 'इसलिए ऊह नहीं होगा। पितृपद से रहित प्रयोग भी न करे अर्थान्तर (स्त्री और शूद्र का अमन्त्रकश्राद्ध (स्त्रीणाममन्त्रकं श्राद्धं तथा शूद्रस्य) होता है।) यह पहले कह चुके हैं।

बह्वृचकारिकाऽपि—अर्घ्यप्रदानमन्त्रे तु मात्रादिपदमावपेत्।

शुन्धन्तामिति[1] पित्रादौ मात्रादि पदमावपेत्॥

मातृश्राद्धे पिण्डदाने—ये[2] च त्वामत्रानु, इत्यत्र नोह इति वृत्तिकृत्।

बह्वृचकारिका में भी कहा है कि—अर्घ्यप्रदानमन्त्र में तो मातृ आदि पद कहे। 'शुन्धन्ताम्' इस मन्त्र में पित्रादि के स्थान में मात्रादि पद कहे। मातृश्राद्ध के पिण्डदान में 'ये च त्वामत्रानु' यहाँ पर (याश्च ताभ्यश्चेति नोहः ये च तेभ्यश्चेति पुंल्लिङ्गशेषात्) ऊह नहीं होता है—ऐसा वृत्तिकार का मत है।

तथा—मातुःश्राद्धेऽप्यनूहेन कुर्यात्पिण्डानुमन्त्रणम्। दशादानमुपस्थानं तद्वत्कार्यमिति स्थितिः॥ प्रवाहणमनूहेन तद्वत्प्राशनमिष्यते।

और माता के श्राद्ध में भी अनूह से पिण्डानुमन्त्रण, दशादान (वस्त्राञ्चलसूत्र–वस्त्र छोर पर रहनेवाले धागे वस्त्र के अभाव में दिये जाते हैं–) और उपस्थान[3] वैसे ही करे–एसी स्थिति है। बिना ऊह के प्रवाह और प्राशन (खिलाना) कहा गया है।

तथा—आयन्तुनस्तिलो[4]ऽसीति उशन्तस्त्वेति यानि तु। अनूह्यः पितृशब्दोऽत्र पितृसामान्य-वाचकः॥ आपस्तम्बानां तु वक्ष्यते।

१—शुन्धन्ताँल्लोकाः पितृषदनाः पितृषदनमसि। उद्दिवँ्स्तभानान्तरिक्षं पृण दृँ्हस्व पृथिव्याम्॥ (काण्वसं. ५।३५)।

२—ये च त्वा मन्विति चैके। 'अमुकगोत्र अमुकशर्मन् यजमानपितः ये च त्वा मनु एतत्ते पिण्डान्नँ् स्वधा' इति वाक्यं केचिन्महर्षयः प्रयोजयन्ति॥ (कात्यायनश्रौतसूत्र अ० ४ क० १ सूत्र १२)।

बौधायनस्तु—एतत्ते तत असौ ये त्वा मत्रानु। विशेष श्राद्धप्रकाश वीरमित्रोदय को देखिये। 'परिशिष्टे तु—'ये च त्वामत्रान्वित्यन्ते तेभ्यश्चेति मन्त्रशेषः। वृत्तिकारेण तु अन्वष्टक्यप्रकरणेऽस्मत्पितरममुकशर्मन्नमुकगोत्र वसुरूपैतत्पिण्डी-कृतमन्नं तुभ्यं स्वधा ये च त्वामत्रानुगच्छन्ति तेभ्यश्चेत्युक्तः।

३—यन्मे माता प्रलुलोभ यच्चचारानुव्रतम्। तन्मे रेतः पिता वृङ्क्तां माभ्युरन्योपपद्यताम्॥ ॐ पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः पितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः प्रपितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः। अक्षन्पितरोमीमदन्त पितरोतीतृपन्त पितरः पितरः शुन्धध्वम्॥ (यजु० १९।३६)। उपस्थानानन्तरमुपविश्य—पिता पितामहश्चैव तथैव प्रपितामहः। तृप्ति-मायान्तु पिण्डेन मया दत्तेन भूतले॥ मातामहस्तत्पिता च पिता तस्यापि तृप्यतु। द्विजानां तर्पणाद् होमात्पिण्डादानाच्च मे दिवि॥ इति केचित्पठन्ति। ततः–'परेत पितरः सोम्या गंभीरैः पथिभिः पूर्व्यैः। अथा पितॄन्सुविदत्रों अपीत यमेन ये सधमादं मदन्ति॥ (तै० १।८।५।२)। इति मन्त्रेणाऽऽग्नेयीं प्रति पिण्डान् प्रवाह्य (बढ़ाकर) सकुटुम्बः पिण्डान्नमस्कुर्यात्।

४—आ यन्तु नः पितरः सोम्यासोऽग्नि ष्वात्ताः पथिभिर्देवयानैः। अस्मिन् यज्ञे स्वधया मदन्तोऽधि ब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान्॥ (काण्वसंहिता—अ. २१ म. ५९)।

५—तिलोऽसि सोमदेवत्यो गोसवे देवनिर्मितः। प्रत्नवद्भिः प्रत्नस्वधयेहि पितॄनिमान् लोकान् प्रीणयाहि नः स्वधा नमः। बौधायनगृह्यसूत्रे। श्राद्धप्रकाशे—तिलोऽसि सोमदैवत्यो गोसवो देवनिर्मितः। प्रत्नम (व) द्भिः पृक्तः स्वधया पितॄँ लँ् लोकान् प्रीणाहि नः स्वाहा।

६—उशन्तस्त्वा नि धीमह्युशन्तः समिधीमहि। उशन्नुशत आ वह पितॄन् हविषे अत्तवे॥ (ऋ० १०।१६।१२)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'आयन्तु नः' 'तिलोऽसि' और 'उशन्तस्त्वा' इन मन्त्रों में पितृशब्द में ऊह नहीं होता है क्योंकि यहाँ पर सामान्यवाचक पितृशब्द है। आपस्तंबों के लिए आगे कहेंगे।

(स्नातः स्नातान् ब्राह्मणान् आहूय पृथक्-पृथक् स्वागतेनार्चनम्)

हेमाद्रौ मार्कण्डेयः—स्नातः स्नातान् समाहूतान् स्वागतेनार्चयेत्पृथक्।

हेमाद्रि में तो मार्कण्डेय ने कहा है कि—स्नान कर स्नान किये उनको (किसीकारणवश जिन्होंने स्नान नहीं किया है ऐसे ब्राह्मणों को भोजन न करावे-यह अर्थ है।) बुलाकर सत्कार के साथ (यमः-ततः स्नात्वा निवृत्तो यः प्रत्युत्थाय कृताञ्जलिः। पाद्यमाचमनीयं च सं प्रयच्छेद्यथाक्रमम्॥ कृताञ्जलिः-'स्वागतम्' इत्युक्त्वाऽध्वकृतोपहतिशुध्यर्थं पादप्रक्षालनार्थमाचमनीयं चोदकं क्रमेण प्रयच्छेत्।) अलग अलग पूजन करे।

(तेभ्यः कुशादिदानम्)

कलिकायां नारदीये—प्रायश्चित्तविशुद्धात्मा तेभ्योऽनुज्ञां प्रगृह्य च।
दद्याद्वै ब्रह्मदण्डार्थं हिरण्यकुशमेव च॥

कलिका में नारदपुराण का वचन है कि—प्रायश्चित्त से विशुद्ध आत्मा वाला मनुष्य ब्राह्मणों की आज्ञा को ग्रहण कर ब्रह्मदण्ड के लिये सुवर्ण तथा कुशा को ही दे।

(प्राचीनावीतिना सङ्कल्पादिकथनम्)

तत्रैव सङ्ग्रहे—तिथिवारादिकं ज्ञात्वा सङ्कल्प्य च यथाविधि। प्राचीनावीतिना कार्यं सर्वं सङ्कल्पनादिकम्॥ सम्बन्धं प्रथमं ब्रूयात् नामगोत्रे तथैव च। वस्वादिरूपतां चापि स्वपितॄणामनुक्रमात्॥

वहीं पर संग्रह में कहा है कि—तिथि, वार आदि को जानकर यथाविधि संकल्प करे। संकल्प (धार्मिक कृत्य करने की प्रतिज्ञा। किसी ऐच्छिक पुण्यकाल से फल की इच्छा) आदि सब कार्य प्राचीनावीति (अपसव्य) होकर करे।

पहले संबन्ध कहे। फिर वैसे ही नाम और गोत्र कहे। और अपने पितरों के अनुक्रम में वसु आदि के रूप को भी कहे।

(विप्रनिमन्त्रणप्रकारः)

चन्द्रोदये नारदीये—श्राद्धार्थं समनुप्राप्तान् विप्रान् भूयो निमन्त्रयेत्। आपस्तम्बस्तु—'पूर्वेद्युर्निमन्त्रणं, परेद्युर्द्वितीयं तृतीयमामन्त्रणम्' इत्याह। यूयं मया निमन्त्रणीया इति निवेदनरूपमाद्यम्।

चन्द्रोदय में नारदीय मत से कहा है कि—श्राद्ध के लिए प्राप्त हुए ब्राह्मणों को फिर से निमन्त्रण (न्यौता-बुलावा) करे। आपस्तंब ने तो कहा है कि—पहले दिन निमन्त्रण करे। दूसरे दिन दूसरा निमन्त्रण, तीसरे दिन आमन्त्रण (संबोधित) करे—एसा कहा है। 'मैंने तुम लोगों को निमन्त्रण दिया है। यह निवेदनरूप (बतलाना, कहना) पहला है।

तद्विधिमाह शौनकः—गृहीत्वामुकसंज्ञस्यामुकगोत्रस्य चामुके। श्राद्धे तु वैश्वदेवार्थं करणीयः क्षणस्त्वया॥ इत्येवं श्राद्धकृद् ब्रूयादोंतथेति वदेत्तु सः। श्राद्धस्य कर्ता स ब्रूयात्तं प्राप्नोतु भवानिति॥ स वदेत्प्राप्नवानीति इतरस्तं प्रति द्विजः॥ देवौ पार्वणे पुरूरवार्द्रवौ वाच्यौ। पित्रादेरप्यनेनैव वृणीत विधिना द्विजान्।

उसकी विधि शौनक ने कही है कि—अमुकनामवाले और अमुकगोत्रवाले का अमुक के श्राद्ध में वैश्वदेव के लिये आप उपस्थित हो। इसप्रकार ही श्राद्धकर्ता कहे। फिर वह ब्राह्मण वैसे ही 'ॐ' कहे। फिर

१—ब्रह्मशापः। (ब्राह्मणो ब्राह्मणस्य शापरूपो दण्डः) यथा—तिथितत्त्वे—ब्रह्मदण्डहता ये च विद्युदग्निहताश्च ये। तेषामुद्धरणार्थाय इमं पिण्डं ददाम्यहम्॥ (महाभारते—२।५।१२३—कश्चिद्दत्तानि सर्वाणि ब्रह्मदण्डश्च तेऽनघ। विप्रयोगास्तथा सर्वे विदिताः शत्रुनाशनाः॥ (ब्राह्मणो ब्राह्मणस्य दण्डः सिद्धयष्टिः) ब्राह्मणयष्टिका। वशिष्टस्य सिद्धयष्टिः—धिग्बलं क्षत्रियबलं ब्रह्मतेजो बलं बलम्। एकेन ब्रह्मदण्डेन बहवो नाशिता मम॥ रामायणे।)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्राद्ध का कर्ता वही कहे कि उसको आपको प्राप्त हो। वह ब्राह्मण कहे 'प्राप्नवानि' इतर उसके प्रति द्विज कहे। देव में पुरूरव और आर्द्रव विश्वदेव कहे जाते हैं। पित्रादि में भी इसीविधि से ब्राह्मणों का वरण करे।

(पिण्डपितृयज्ञार्थं परिस्तरणादिकथनम्)

ततः कर्ता बह्वृचोऽनाहिताग्निः पिण्डपितृयज्ञं परिस्तरणादीध्माधानान्तं कुर्यात्। 'अर्द्धाधानिनोऽप्येवम्' इति प्रयोगपारिजाते परिशिष्टे च। भाष्यकारमते आब्दिकेप्येवम्। वृत्तिकारमते नेदम्।

तदनन्तर कर्ता बह्वृच (ऋग्वेदी) अनाहिताग्नि पिण्डपितृयज्ञ को परिस्तरणादि इध्माधानान्ततक करे। अर्धाधानी भी यही करे। यह प्रयोगपारिजात में और परिशिष्ट में कहा है। भाष्यकारमत से आब्दिक (वार्षिक) में भी यही है। वृत्तिकार के मत से यह नहीं है।

(द्वारदेशे मण्डलविधिकथनम्)

हेमाद्रौ शम्भुः—संमार्जितोपलिप्ते तु द्वारि कुर्वीत मण्डले।
उदक्प्लवमुदीच्यं स्याद्दक्षिणं दक्षिणाप्लवम्॥

हेमाद्रि में शंभु ने कहा है कि—गोमूत्रयुक्त गोमय (गोबर) से भवन के आगे भूमि पर लोप कर (मात्स्ये-गोमयेनानुलिप्तायां गोमूत्रेण तु मण्डले) देवकार्य में उत्तर की तरफ नीचा करे और पितृकार्य में दक्षिणदिशा की तरफ नीचा कर-द्वार पर मण्डल करे।

व्याघ्रः—उत्तरेऽक्षतसंयुक्तान् पूर्वाग्रान् विन्यसेत् कुशान्।
दक्षिणे दक्षिणाग्रांस्तु सतिलान् विन्यसेत्कुशान्॥

व्याघ्र ने कहा है कि—उत्तर के मण्डल में चावल के सहित कुशाओं को पूर्वाग्र रखे और दक्षिण के मण्डल में दक्षिणाग्र तिल के सहित कुशाओं को रखे।

तत्रैव बौधायनः— चतुरस्रं त्रिकोणं च वर्तुलं चार्द्धचन्द्रकम्।
कर्तव्यमानुपूर्व्येण ब्राह्मणादिषु मण्डलम्॥

वहीं पर बौधायन ने कहा है कि—चतुरस्र मण्डल ब्राह्मण के लिये, त्रिकोण मण्डल वैश्य के लिये, वर्तुल (गोल) मण्डल, क्षत्रिय के लिए और शूद्र के लिए अर्धचन्द्राकार मण्डल यथाक्रम से करना चाहिये।

तत्रैव लौगाक्षिः—हस्तद्वयमितं कार्यं वैश्वदेविकमण्डलम्।
दक्षिणे च चतुर्हस्तं पितॄणामङ्घ्रिशोधने॥

वहीं पर लौगाक्षिका वचन है कि—विश्वेदेवदेवता के लिए मण्डल दो हाथ का और दक्षिण में पितरों के लिए चार हाथ का मण्डल पादशोधन में करे।

कलिकायां सङ्ग्रहे तु—प्रादेशमात्रं देवानां चतुरस्रं तु मण्डलम्।
त्यक्त्वा षडङ्गुलं तस्माद्दक्षिणे वर्तुलं तथा॥ इत्युक्तम्।

कलिका में संग्रह ने कहा है कि-देवताओं के लिए प्रादेशमात्र चतुरस्रमण्डल करे और ६ अंगुल भूमि छोडकर उसके दक्षिण दूसरा वर्तुलाकार प्रादेशमात्र बनावे—ऐसा कहा है।

यत्तु स्मृत्यन्तरे—गर्तः पञ्चाङ्गुलो विप्रे जानुमात्रो महीभुजि। प्रादेशमात्रो वैश्ये च साधिकः स तु शूद्रके॥ तिर्यगूर्ध्वप्रमाणेन व्याख्यातो दैवपित्र्ययोः। चतुरस्रं वर्तुलं च कथितं गर्तलक्षणम्॥

जो स्मृत्यन्तर में कहा है कि—ब्राह्मण के कार्य में पांच अंगुल गढा करे। क्षत्रिय के लिए जानुमात्र, वैश्य के लिए प्रादेशमात्र और शूद्र के लिए उससे अधिक कहा है।

देवकार्य में टेढा तथा पितृकार्य में ऊँचे प्रमाण से व्याख्या की है। चतुरस्र और गोल-गर्त का लक्षण कहा है।

(ब्राह्मणपादप्रक्षालने विचारः)

पादप्रक्षालनं प्रोक्तमुपवेश्यासने द्विजान्। तिष्ठंश्चेत् क्षालनं कुर्यात् निराशाः पितरो गताः॥ इति। तत्समूलत्वे मण्डलाग्रे पृथक् ज्ञेयम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आसनपर ब्राह्मणों को बैठाकर पादप्रक्षालन करे। यदि खड़े होकर पैर का प्रक्षालन करे तो पितर निराश होकर करते हैं। यह समूल हो तो मण्डल के आगे अलग जानना चाहिए।

(गोमयग्रहणविचारः)

तत्र गोमये हेमाद्रौ भृगुः—अत्यन्तजीर्णदेहाया वन्ध्यायाश्च विशेषतः।
आर्ताया नवसूताया न गोर्गोमयमाहरेत्।

वहाँ पर हेमाद्रि में भृगु ने कहा है कि—जिस गौ का शरीर अत्यन्त जीर्ण हो और विशेष कर वन्ध्या गौ का, रोगग्रस्त गौ का तथा नवीन ब्याही गौ का गोवर ग्रहण नहीं करना चाहिये।

(पादाभिषेचने विचारः)

मात्स्ये—अक्षताभिः सपुष्पाभिस्तदभ्यर्च्योऽपसव्यवत्। विप्राणां क्षालयेत्पादावभिवन्द्य पुनः पुनः॥ प्रत्यङ्मुखस्थितः कुर्यात् विप्रपादाभिषेचनम्।

मत्स्यपुराण में कहा है कि—अपसव्य (पहले उत्तर की तरफ बाद में दक्षिण मण्डल को) की तरह पुष्प के सहित अक्षतों से पूजन कर ब्राह्मणों के पैरों का क्षालन करे। फिर नमस्कार बारंबार करे। प्रत्यङ्मुख (पश्चिम) स्थित होकर ब्राह्मण के पैरों का अभिषेचन करे।

तत्रैव भविष्ये—प्रक्षालयेद्विप्रपादान् शन्नोदेवीरिति त्वृचा।

वहींपर भविष्यपुराण में कहा है कि—'शं नो[1] देवीः' इस ऋचा से ब्राह्मणों के पैर को धोना चाहिये।

(पाद्यजलदाने विचारः)

पृथ्वीचन्द्रोदये वृद्धवसिष्ठः—न कुशग्रन्थिहस्तस्तु पाद्यं दद्याद्विचक्षणः।

पृथ्वीचन्द्रोदये में वृद्धवसिष्ठ ने कहा है कि—कुशग्रन्थि हाथ से बुद्धिमान् पाद्य (पैर धोने के लिए जल) न दे।

(भार्यास्रावितवारिणा पादप्रक्षालनम्)

कलिकायां सङ्ग्रहे—ततः प्रक्षालयेत्पादौ भार्यास्रावितवारिणा।

कालिका में संग्रह ने कहा है कि—तदनन्तर पत्नी द्वारा दिये हुए जल से उसका पति पैरों का प्रक्षालन करे।

(श्राद्धकाले यदा पत्नी नीरप्रदा भवेत् तदा विचारः)

तथा—श्राद्धकाले यदा पत्नी वामे नीरप्रदा भवेत्। आसुरं तद्भवेच्छ्राद्धं पितॄणां नोपतिष्ठते॥

और जब पत्नी श्राद्धसमय में वायेभाग में रजस्वला होती है (सर्वेषु धर्मकार्येषु पत्नी दक्षिणतः स्थितः। विप्रपादक्षालने च अभिषेके च वामतः॥ इति वचनादपवादः।) तो वह श्राद्ध आसुर होता है। पितरों को प्राप्त नहीं होता है।

(पित्रादिकर्मसु पापप्रक्षालनविचारः)

तत्रैव—नाधः प्रक्षालयेत्पादौ कर्ता पित्रादिकर्मसु। पाद्यानन्तरमर्घ्यमपि दद्यादिति हेमाद्रिः।

वहींपर कहा है कि—कर्ता पिता आदि के कार्यों में नीचे के पैरों का प्रक्षालन न करे। पाद्य के बाद अर्घ्य भी दे यह हेमाद्रि का कहना है।

(मण्डलादुत्तरे आचमनीयजलदानविचारः)

तत्रैव लौगाक्षिः—मण्डलादुत्तरे देशे दद्यादाचमनीयकम्।

वहीं पर लौगाक्षि ने कहा है कि—मण्डल के उत्तरदेश में आचमनीय जल दे।

१—ॐ शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शं योरभि स्रवन्तु नः॥ (ऋ० १०।९।४।) साम ३३, अथर्व- १।६।१। यजु० ३६।१२। तै० ब्रा० १।२।११, २।५।८।५। तै० आ० ४।४२।२)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(पादप्रक्षालनोत्तरमुभयत्र द्विराचनकथनम्)

तत्रैव—विधाय क्षालनं तेषां द्विराचमनमिष्यते ।
स्वयं चापि द्विराचामेद् विधिज्ञः श्रद्धयान्वितः ॥

वहीं पर कहा है कि—उनका पैर धोकर ही द्विराचमन करावे। स्वयं (श्राद्धकर्ता) भी विधि का जानने वाला श्रद्धा से युक्त होकर दोबार आचमन करे।

(पादप्रक्षालनजलेन आचमनकरणे विचारः)

हेमाद्रौ नारदीये—यत्राचमनवारीणि पादप्रक्षालनोदकैः ।
सङ्गच्छन्ते बुधाः श्राद्धमासुरं तत्प्रचक्षते ॥

हेमाद्रि में नारदीय ने कहा है कि—जहाँ पर पैर धोने का जल आचमन वाले जल से मिल जाय तो विद्वान् उस श्राद्ध को आसुर कहते हैं।

(आसने उपवेशनप्रकारः)

हेमाद्रौ व्यासः—सव्येनैवासनं धृत्वा दक्षिणे दक्षिणं करम्। व्याहृतीभिः समस्ताभिरासनेषू-पवेशयेत् ॥ समाध्वमिति चैवोक्त्वा दक्षिणं जानु संस्पृशन्। आस्यतामिति तान् ब्रूयादासनं संस्पृशन्नपि ॥

हेमाद्रि में व्यास ने कहा है कि—सव्य-दाहिने हाथ से ही आसन रखकर दक्षिण हाथ से दाहिना हाथ धारण कर समस्त [1]व्याहृतियों को कहकर आसनों पर बैठा दे। दाहिने जानु का स्पर्श करता हुआ समाध्वम्'-बैठो-एसा कहकर आसन का भी स्पर्श करता हुआ यह उन लोगों को कहे कि-'आस्यताम्'-बैठें।

(ब्राह्मणसंख्याकथनम्)

(हेमाद्रौ शातातपः—द्वौ दैवेऽथर्वणौ विप्रौ प्राङ्मुखावुपवेशयेत् ।
पित्र्ये तूदङ्मुखांस्त्रींश्च बह्वृचाध्वर्युसामगान् ॥)

हेमाद्रि में शातातप ने कहा है कि—देवकार्य[2] में दो अथर्ववेदी ब्राह्मणों को पूर्वाभिमुख बैठा दे। पितृकर्म में तीन ब्राह्मण बह्वृच (ऋग्वेदी), अध्वर्यु (यजुर्वेदी) और साम का गान करने वाला (सामवेदी) उत्तराभिमुख बैठा दे।

याज्ञवल्क्यः—(आचाराध्याय-२८ श्लो०) द्वौ दैवे प्राक् त्रयः पित्र्ये उदगेकैकमेव वा ।

याज्ञवल्क्य ने कहा है कि—वैश्वदेवकार्य में दो ब्राह्मण पूर्वमुख तथा पितृकार्य में अयुग्म—तीन-तीन या एक ही ब्राह्मण उत्तरमुख बैठा दे।

यत्तु हेमाद्रौ हारीतः—'दक्षिणाग्रदर्भेषु प्राङ्मुखान् ब्राह्मणान् भोजयेदुदङ्मुखानित्येके' इति तन्मैत्रायणीयविषयम्। 'प्राङ्मुखान् भोजयेदुदङ्मुखानित्यके' इति। तत्परिशिष्टात् विकल्प इति हेमाद्रिः।

जो हेमाद्रि में हारीत ने कहा है कि—दक्षिणाग्र कुशाओं पर प्राङ्मुख ब्राह्मणों को भोजन करावे। कोई कहते हैं कि—उत्तरमुख ब्राह्मणों को भोजन करावे—यह मैत्रायणीयविषयक है। पूर्वमुख ब्राह्मणों को भोजन करावे। कोई कहते हैं कि—उत्तरमुख भोजन करावे—यह परिशिष्टमत है। इसको हेमाद्रि विकल्प मानते हैं।

१—ॐ भूर्भुवः स्वः।

२—तदेवमत्र दिग्विशेषाभिमुख्ये पञ्च पक्षा भवन्ति। तत्र वैश्वदेविकाः प्राङ्मुखाः, पित्र्यास्तूदङ्मुखा इत्येकः। (वैश्वदेविकाः प्राङ्मुखाः पित्र्यास्तु दक्षिणमुखा इति द्वितीयः। वैश्वदेविका उत्तराभिमुखाः, पित्र्यास्तु प्राङ्मुखा इति तृतीयः। वैश्वदेविकाः प्राङ्मुखाः, पित्र्यास्तूदङ्मुखा इति चतुर्थः।) वैश्वदेविका उदङ्मुखाः पित्र्याः प्राङ्मुखा इति पञ्चमः। अत्र स्वस्वगृह्यानुसारेण व्यवस्था। स्वगृह्ये विशेषानाम्नाते तु वैश्वदेविकानां प्राङ्मुखत्वं पितृणामुदङ्मुखत्वमिति। अयमेवपक्षोऽङ्गीकर्तव्यो बहुस्मृतिसम्मतः। अत्रः दैवं प्रदक्षिणोपचारेण पितृणामप्रदक्षिणोपचारेण कार्यमिति वीरमित्रोदये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(भोजनकाले भिक्षुकादीनामागमने विचारः)

माधवीये यमः—भिक्षुको ब्रह्मचारी वा भोजनार्थमुपस्थितः ।
उपविष्टेष्वनुप्राप्तः कामं तमपि भोजयेत् ॥

माधवीयग्रन्थ में यम ने कहा है कि—ब्राह्मणों के बैठ जाने पर भिक्षुक या ब्रह्मचारी भोजन के लिए उपस्थित हो जाय तो इच्छा (उसकी अनिच्छा में दोष नहीं है ।) से उस को भी भोजन करावे ।

(भोजनसमये अतिथिविचारः)

कौर्मे—अतिथिर्यस्य नाश्नाति न तत् श्राद्धं प्रचक्षते ।

कूर्मपुराण में कहा है कि—जिस श्राद्ध में अतिथि भोजन नहीं करता है उस श्राद्ध को श्राद्ध नहीं कह सकते हैं ।

(विप्रनियमकथनम्)

विप्रनियमा माधवीये—पवित्रपाणयः सर्वे ते च मौनव्रतान्विताः ।
उच्छिष्टोच्छिष्टसंस्पर्शं वर्जयन्तः परस्परम् ॥

ब्राह्मणों का नियम माधवीय में कहा है कि—सब ब्राह्मणों के पाणी (हाथ) में पवित्री हो और वे सब मौनव्रत (सति संभव में श्राद्धीय भोजन वस्तु को छोड़कर) में तत्पर हों आपस में परस्पर उच्छिष्ट का स्पर्श न करें ।

(आसनानि)

तत्रासनानि पृथ्वीचन्द्रोदये यमः—आसनं कुतपं दद्यादितरद्वा पवित्रकम् ।

वहाँ पर आसनों को पृथ्वीचन्द्रोदय में यम ने कहा है कि—कुतुप (नेपालकंबल) का आसन दे या दूसरा पवित्र आसन दे ।

हेमाद्रौ चमत्कारखण्डे—पितृणां घटितं हैमं राजतं वापि चासनम् । येन ताम्रमयं दत्तमासनं पितृकर्मणि ॥ स वै दिव्यासनारूढो नहि प्रच्यवते दिवः ।

हेमाद्रि के चमत्कारखण्ड में कहा है कि—पितरों को सुवर्ण, चांदी या तांबे का निर्मित आसन देने से वह निश्चय दिव्यासनारूढ़ (स्वर्ग में होनेवाले का आसनारूढ) होकर स्वर्ग से च्युत नहीं होता है ।

(आसनादौ विचारः)

हेमाद्रौ नागरखण्डे—अयः शङ्कुमयं पीठं प्रदेयं नोपवेशने ।

हेमाद्रि में नागरखण्ड में कहा है कि—शंकुवाला लोहे का पीठा बैठने के लिए नहीं देना चाहिये ।

कलिकायां सङ्ग्रहे—क्षौमं दुकूलं नेपालमाविकं दारुजं तथा । पार्णं तार्णं बृसीं चैव विष्ठरादि च विन्यसेत् । अग्निदग्धान्यायसानि भग्नानि च विवर्जयेत् ॥

कलिका में संग्रह का वचन है कि—क्षौम (रेशमी कपड़ा, ऊनी कपड़ा) दुकूल (रेशम का दुपट्टा) नेपाल (नेपाल का कंबल), आविक (भेड से सम्बन्ध रखनेवाला ऊनी कपडा) दारुज (देवदारु) तार्ण (तृण सम्बन्धि) पार्ण (छिउल वृक्ष या पलास का आसन-पत्तों का बना हुआ) बृसी (ऋषि का आसन), विष्टर आदि में ग्रहण करे । अग्निदग्ध (अग्नि से जला) आयस (लोहे का आसन) और भग्न वर्जित करे ।

हेमाद्रौ छागलेयः—पश्चाद्भागादुपक्रम्य प्राच्यां पङ्क्तिर्यथा भवेत् ।
दक्षिणासंस्थिता ह्येषा पितॄणां श्राद्धकर्मणि ॥

हेमाद्रि में छागेलय ने कहा है कि—पूर्वमुखों की पंक्ति पीछे के भाग से हटाकर पितरों के श्राद्धकर्म में दक्षिण तरफ करे ।

पुलस्त्यः—श्रीपर्णी वारुणी क्षीरी जम्बुकाम्रकदम्बकम् । सप्तमं वाकुलं (वालुकं) पीठं पितॄणां दत्तमक्षयम् ॥

पुलस्त्य ने कहा है कि—श्रीपर्णी (खंभारी या कंभारी) वारुणी (उपवृक्ष वाना-आम और महुवे के पेड के ऊपर पैदा होने वाली, जल को काटने वाली लकडी), क्षीरी (क्षीरीवृक्ष खिरनी) जम्बुक (जामुन)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आम्र (आम), कदम्ब और सातवां वाकुल (बकुल वृक्ष), कहीं (वालुक पाठ भी है) इनके पोठ (आसन) पर दिया हुआ पितरों को अक्षय होता है ।

सङ्ग्रहे—शमी च काश्मरी शेलुः कदम्बो वारुणस्तथा । पञ्चासनानि शस्तानि श्राद्धे देवार्चने तथा ॥

संग्रह में कहा है—शमी, (शमीनामक एक वृक्ष होता है—जिससे अग्नि निकलती है ।) काश्मरी (जिसको लोग बहुधा गान्धारी वृक्ष कहते हैं । यह एक पौधा होता है । 'कश्मीरदेश में होने वाली लकडी) शेलु (लिसोडा) कदम्ब और वारण (वारण लकड़ी) राजादन, इन लकडियों के पांच आसन श्राद्ध तथा देवार्चन में कहे हैं ।

(दैवे पित्र्ये च ब्राह्मणसंख्याकथनम्)

(कारिका—द्वौ दैवे प्राङ्मुखौ पित्र्ये त्रीन्विप्रानुदगाननान् ।

कारिकामें कहा है कि—देवकार्य में पूर्वाभिमुख दो ब्राह्मण तथा पितृकर्म में तीन ब्राह्मण उत्तराभिमुख करे ।

पैठीनसिः—कुतपः श्राद्धवेलायां श्रोत्रियो यदि दृश्यते ।)

पैठीनसि में कहा है कि—श्राद्ध के समय में यदि वेदपाठी दिखता है तो वह काल कुतुप जानना चाहिये ।

(नीवीबन्धनविचारः)

आश्वलायनः—नीवीवासोदशान्तेन स्वरक्षार्थं प्रबन्धयेत् ।

आश्वलायन ने कहा है कि—नीवीवस्त्र (धोती की गांठ) को पल्ले के छोर के अन्त में अपनी रक्षा के लिए बांध ले ।

वृद्धयाज्ञवल्क्यस्तु—दक्षिणे कटिदेशे तु तिलैः सह कुशत्रयम् ।

वृद्धयाज्ञवक्य ने तो कहा है कि—दहिने कटिदेश (भाग) में तिलों के साथ तीन कुशपत्र को रखे ।

यत्तु कातीयम्—नीवी[1] कार्या दशागुप्तिर्वामकुक्षौ कुशैः सह । इति । तद्वृद्धिश्राद्धे । पितॄणां दक्षिणे पार्श्वे विपरीता तु दैविके । इति स्मृत्यन्तरात् । वामे दक्षिणे वेत्याचारात् व्यवस्थेति मदनपरिजाते ।

जो कातीय ने कहा है कि—दशागुप्ति (कपड़े से ढके हुए या किनारा) को वामकुक्षि में कुशा के सहित नीवी (कमर के वस्त्र की गांठ, धोती के दोनों किनारों की गांठ जो सामने पेट पर बांधी जाय) करे । वह वृद्धिश्राद्ध में है । पितरों के दक्षिणपार्श्व में तथा दैविककार्य में विपरीत (वामपार्श्व) करे—एसा स्मृत्यन्तर में कहा है । मदनपारिजात में कहा है कि—वायें या दाहिने करे यह आचार (कुलाचार) से व्यवस्था है ।

(श्राद्धे ब्राह्मणाज्ञा)

आचार्यः—प्राणायामत्रयं कृत्वा गायत्रीस्मरणं तथा ।
श्राद्धं कर्तास्मीति वदेत् विप्रैर्वाच्यं कुरुष्व च ॥

आचार्य ने कहा है कि—तीन प्राणायाम और गायत्री का स्मरण कर कर्ता (श्राद्ध करनेवाला) श्राद्ध (उभौ हस्तौ समौ कृत्वा जानुभ्यामन्तरास्थितौ । सप्रयतश्चोपविष्टान् सर्वान् पृच्छेद् द्विजोत्तमान् ॥ इस वाक्य में 'श्राद्धं करिष्ये' एसा पूछे) करता हूँ—एसा कहे, तब ब्राह्मण कहें कि—आप श्राद्ध को करें ।

(मन्त्रेण तिलानां गृहे विकरणं तथा मन्त्रेण प्रोक्षणकथनम्)

ब्राह्मे—ततस्तिलान् गृहे तस्मिन् विकिरेच्चाप्रदक्षिणम् । श्रद्धया परया युक्तो जपेदपहता इति ॥

स्मृत्यर्थसारे—'अपहता इति तिलान् विकीर्य' उदीरतामित्यृचा प्रोक्षेत् ।

ब्रह्मपुराण में कहा है कि—तदनन्तर उस घर में तिलों को अप्रदक्षिणक्रम से छिडके । उत्तम श्रद्धा से युक्त हो 'अपहता' इस मन्त्र को जप करे । स्मृत्यर्थसार में तो कहा है कि—तिलों का 'अपहता[2]' इस मन्त्र

१—श्रुतिस्मृतिविरोधे तु श्रुतिरेव बलीयसी तिवाक्यात् दक्षिणाङ्ग एव नीविबन्धः । ब्राह्मणभाष्येऽपि—नाभेर्दक्षिणत-एव नीविस्थानमुक्तम् । बन्धनमन्त्रः—पराशरेणोक्तः—निहन्मि सर्वं यदमेध्यकृद् भवेत् हताश्च सर्वे सुरदानवामया । यक्षाश्च रक्षांसि पिशाचाश्च गुह्यका हता मया तु धानाश्च सर्वे ॥

२—ॐ अपहता असुरा रक्षा ँ सि वेदिषदः । य०वे०अ०२ (अपहता असुरा रक्षा ँ सि पिशाचा ये क्षयन्ति पृथिवी-मनु । अन्यत्रेतो गच्छन्तु यत्रास्य गतं मनः ॥ इति पुंसाम् । 'यत्रास्या गतं मनः' इति स्त्रीणाम् । (बौधायन गृ०पृ० ४२५)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

से प्रक्षेप कर 'उदीरताम्'[1] इस ऋचा से प्रोक्षण करे। (तिलविकरण के बाद देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगि० एव च। नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः॥ इसका जप करे—यह एक मत है। या जप के ब० तिलका विकरण करे—यह दूसरा मत है।)

(शूद्रदृष्ट्यादिशुद्ध्यर्थं प्रोक्षणकथनम्)

पराशरः—तद्विष्णोरिति मन्त्रेण गायत्र्या च प्रयत्नतः।
प्रोक्षयेदन्नजातं तु शूद्रदृष्टयादिशुद्धये॥

पराशर ने कहा है कि—तद्विष्णो[2] इस मन्त्र से या [3]गायत्रीमन्त्र द्वारा प्रयत्न से अन्नों पर पड़ी शू० आदि दृष्टि की शुद्धि के लिए प्रोक्षण करे।

(श्राद्धभूमौ गयादिदेवानां ध्यानं कथनम्)

हेमाद्रौ ब्रह्माण्डे—श्राद्धभूमौ गयां ध्यात्वा ध्यात्वा देवं गदाधरम्। वस्वादींश्च पितॄन् ध्यात्वा ततः श्राद्धं प्रवर्तते॥ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च। नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः॥ आदिमध्यावसानेषु त्रिरावृत्तं जपेद् बुधः। पितरः क्षिप्रमायान्ति राक्षसाः प्रद्रवन्ति च॥

हेमाद्रि में ब्रह्माण्डपुराण का मत है कि—श्राद्धभूमि में गया का ध्यान कर और गदाधर देव का ध्यान कर वसु आदि और पितरों का ध्यान कर फिर श्राद्ध का प्रारंभ करे। देवता, पितर, महायोगी, स्वाहा तथा स्वधा इनको नित्य ही नमस्कार है। आदि, मध्य और अन्त में तीन बार बुद्धिमान् जप करे। इससे पितर जल्दी आते हैं और राक्षस पलायन होते हैं।

तत्रैव स्कान्दे—तिला रक्षन्त्वसुरान् दर्भा रक्षन्तु राक्षसान्।
पङ्क्तिं वै श्रोत्रियो रक्षेदतिथिः सर्वरक्षकः॥

वहीं पर स्कन्दपुराण का वचन है कि—तिल असुरों से रक्षा करें और कुशा राक्षसों से रक्षा करें, पङ्क्ति को वेदपाठी रक्षा करे तथा अतिथि सबप्रकार से रक्षक हो।

(पाकादिप्रोक्षणमन्त्रकथनम्)

वसिष्ठः—शुद्धवतीभिः कूष्माण्डीभिः पावमानीभिश्च पाकादि प्रोक्षयेत्, इति।

वसिष्ठ ने कहा है कि—शुद्धवती, कूष्माण्ड (यद्देवा देवहेडनमित्यादि मन्त्र) और पावमानी ऋचाओं से पाक आदि का प्रोक्षण करे।

(देवार्चाकथनम्)

अथ देवार्चा—तत्र प्रत्युपचारमाद्यन्तयोरापो दद्यादित्युक्तं वृत्तौ स्मृत्यर्थसारे च।

अब देवता की पूजा को कहते हैं। वहाँ पर (उस पूजा में) आदि और अन्त में प्रत्येक उपचार में जल दे—एसा वृत्ति और स्मृत्यर्थसार में कहा है।

हेमाद्रौ ब्राह्मे—आसनेष्वासनं दद्याद्वामे वा दक्षिणेऽपि वा।
पितृकर्मणि वामे च दैवे दद्यात्तु दक्षिणे॥

हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण का वचन है कि—बाये और दाहिने आसनों पर दर्भ (कुशा) का आसन (ब्राह्मण के हाथ में जलदान के बाद) दे। पितृकर्म में बायें तरफ और देवकर्म में दाहिने तरफ कुशा दे।

प्रचेताः—आसनेष्वासनं दद्यान्नतु पाणौ कदाचन। धर्मोसीत्यथ मन्त्रेण गृह्णीयुस्ते तु तान् कुशान्॥ 'धर्मोऽसि विशि राजा प्रतिष्ठितः' इति मन्त्रः।

१—उदीरतामवर उत्परास उन्मध्यमाः पितरः सोम्यासः। असुं य ईयुरवृका ऋतज्ञास्ते नोऽवन्तु पितरो हवेषु॥ (ऋ० १०।१५।१)।

२—तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम्॥ (ऋ० १।२२।२०)।

३—तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्॥ (ऋ० ३।६२।१०)। यद्यपि वारसंख्या न श्रूयते तथापि स्थानान्तरीय गायत्रीजपादौ प्रायशो वारत्रयाभिधानेनापि वारसंख्याकाङ्क्षायां सैवोपतिष्ठते श्राद्धविवेके।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रचेता का वचन है कि—आसन पर आसन दे हाथ में कदापि न दे। वे ब्राह्मण 'धर्मोऽसि विशि राजा प्रतिष्ठितः' इस मन्त्र से उन कुशाओं को ग्रहण करे।

गालवः—दर्भानादाय हस्ताभ्यां गृहीत्वा दक्षिणे करे। दैवे क्षणः क्रियतां तु निरङ्गुष्ठं करं ततः॥ ॐ तथेति द्विजा ब्रूयुस्ते प्राप्नोतु भवानिति। कर्ता ब्रूयात्ततो विप्रः प्राप्नुवानीति वै वदेत्॥

गालव ने कहा है कि—कुशाओं को दोनों हाथों से ग्रहण कर दाहिने हाथ में ग्रहण कर—देवकार्य में क्षण (व्यापारान्तररहितस्थिति, निर्व्यापारस्थितौ कालविशेषोत्सवयोः क्षणः इत्यमरः) (पुराणे—निरङ्गुष्ठं गृहीत्वा तु विश्वान् देवान् समाह्वयेत्। समाह्वानम्—निमन्त्रणम्।) काल विशेषोत्सव करे। तदनन्तर बिना अंगूठे से हाथ धोकर 'ॐ तथा' ऐसा ब्राह्मण कहे। तुम्हारे लिए प्राप्त हो—कर्ता कहे। तदनन्तर ब्राह्मण कहें—प्राप्त हुआ है।

पृथ्वीचन्द्रोदये बृहन्नारदीये—यवैर्दर्भैश्च विश्वेषां देवानामिदमासनम्। दत्त्वेति भूयो दद्याद्वै दैवे क्षण इति क्षणम्॥ तच्च षष्ठ्या चतुर्थ्या वा कार्यम् इति स एव। 'ततोर्घ्यं कल्पयेदिति मन्वादयः। शौनकजयन्ताभ्यामर्घ्यरहितस्य देवार्चनस्योक्तेः—आश्वलायनानां दैवेर्घ्यदानं न' इति बोपदेवः। तन्न, परिशिष्टप्रयोगपारिजातविरोधात्। वृद्धिश्राद्धे तु दैवेऽप्यर्घ्यं दद्यात्। 'देवेभ्योऽपि पृथग् दद्यादिहार्घ्यं श्रुतिचोदनात्। इति शौनकोक्तेः।

पृथ्वीचन्द्रोदय में बृहन्नारदीयपुराण का वचन है कि—यव तथा कुशाओं से विश्वदेवदेवताओं को यह आसन देकर फिर से दैव में क्षण क्षण कहे। वह आसन षष्ठी या चतुर्थी से करे। तदनन्तर अर्घ्य की कल्पना करे—एसा मनु आदि ने कहा है। शौनक और जयन्त ने अर्घ्यरहित देवपूजा कही है। बोपदेव ने कहा है कि—आश्वलायनों के मत से देवकार्य में अर्घ्यदान नहीं होता है। यह उचित नहीं है—परिशिष्ट और प्रयोगपारिजात का विरोध है। वृद्धिश्राद्ध में तो देवकार्य में भी अर्घ्य दे। यहाँ पर देवकार्यों में भी अलग अर्घ्य के—यह श्रुति (वेद) की प्रेरणा है—एसा शौनक ने कहा है।

(अर्घ्यपात्रकथनम्)

अथार्घ्यपात्रम्। पृथ्वीचन्द्रोदये मात्स्यपाद्मयोः—पात्रं वनस्पतिमयं तथा पर्णमयं पुनः।
जलजं वापि कुर्वीत तथा सागरसम्भवम्॥

इसके बाद अर्घ्यपात्र को कहते हैं। पृथ्वीचन्द्रोदय में मत्स्यपुराण और पद्मपुराण का वचन है कि—वनस्पति (बिना फूलों के वृक्ष) का पात्र तथा पर्णमय (पत्ते का) का पात्र या जल में पैदा हुए का और समुद्र से उत्पन्न पत्र का अर्घ्यपात्र करे।

ब्राह्मे—सौवर्णताम्ररौप्याश्मस्फाटिकं शङ्खशुक्तयः। भिन्नान्यपि हि योज्यानि पात्राणि पितृकर्मणि॥

ब्रह्मपुराण में कहा है कि—सुवर्ण, तांबा, चांदी, पत्थर, स्फटिक, शंख, शुक्ति (सीपी) ये भिन्न पात्र भी हों तो पितृकर्म में युक्त करे।

हेमाद्रौ प्रजापतिः—सौवर्णं राजतं ताम्रं खाड्गं मणिमयं तथा। यज्ञियं चमसं वापि अर्घ्यार्थं पूरयेद् बुधः॥ अत्र विप्रैकत्वद्वित्वचतुष्ट्वादावप्यर्घ्यपात्रे द्वे एव। मानवसूत्रे तु—द्वे वैश्वदेविके त्रीणि पित्र्ये एकैकमुभयत्र वा इत्युक्तम्। तदेकविप्रपरं, पात्रालाभपरं वेति हेमाद्रिः। मदनरत्ने तु दैवे एकं पात्रमुक्तम्। पृथ्वीचन्द्रोदयेऽपि—त्रीणि पैतृकपात्राणि द्वे द्वे वै वैश्वदेविके। इति बृहत्पराशरोक्तेर्द्वे एवेत्याह। बह्वृचानां तु दैवे विप्रद्वित्वेप्येकमर्घ्यपात्रमर्द्धशो दद्यादित्युक्तं परिशिष्टे प्रयोगपारिजाते च।

हेमाद्रि में प्रजापति ने कहा है कि—सुवर्ण, चांदी, तांबा, खड्ग (खड्ग का पात्र), मणिदार और यज्ञीय चमस का पात्र अर्घ्य के निमित्त बुद्धिमान् पूरण करे। यहाँ पर ब्राह्मण एक या चार हों तो अर्घ्यपात्र दो दो होता है मानवसूत्र में तो कहा है कि—दो वैश्वदेव में तीन पितृकर्म में या दोनों में एक एक ही होता है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऐसा कहा है। यह एक ब्राह्मणपरक है। या पात्र के अलाभ (न मिलने) पर कहै यह हेमाद्रि में कहा है मदनरत्न में तो कहा है कि—देवकार्य में एकपात्र होता है। पृथ्वीचन्द्रोदय ने भी कहा है कि—पितृ में पात्र तीन होते हैं और दो दो पात्र वैश्वदेव में होते हैं। यह वृहत्पराशर ने दो ही पात्रों को कहा है बहृचों का तो कथन है—देवकार्य में दो ब्राह्मण होने पर भी (सिद्धान्तपक्ष है कि—देवताभेद से पात्रभेद होता है, ब्राह्मणभेद से वैश्वदेव में भी—पुरूरवा और आर्द्रव देवताभेद ही है।) एक ही अर्घ्यपात्र आधा आधा दे—यह परिशिष्ट और प्रयोगपारिजात में कहा है।

कलिकायां हारीतः—दत्तमक्षयतां याति खड्गेनार्घ्यं तु यत्कृतम्।

कलिकामें हारीतने कहा है कि—खड्गपात्र से जो अर्घ्य किया जाता है वह अक्षयको प्राप्त होता है।

वृद्धमनुः—मृन्मयं दारुजं पात्रमयःपात्रं च यद्भवेत्।
राजतं दैविके कार्ये शिलापात्रं विवर्जयेत्॥

वृद्धमनु ने कहा है कि—मृत्तिका (कोई अपक्वमृत्तिका का निषेध कहते हैं। खादिरौदुम्बराण्यर्कं पात्राणि श्राद्धकर्मणि। अप्यश्ममृन्मयानि स्युरपि पर्णपुटास्तथा॥ इति वैजवापोक्तेरन्यलाभे निषेधः।), दारुज (देवदारु लकडी) और लोहा के जो पात्र हैं, राजत (चांदी का पात्र देवकार्य में (शिवनेत्रोन्दवं यस्माद्रजतं पितृवल्लभम्) अमङ्गलं तद्यत्नेन देवकार्येषु वर्जयेत्॥) तथा शिलापात्र (पत्थर का पाव) को देवकार्य में त्याग करे।

पुराणसमुच्चये—मृत्स्नाभवं तथा कांस्यमारक्तं जतुसम्भवम्।
त्रपुसीसलोहभवं सदा पात्रं विवर्जयेत्॥

पुराणसमुच्चय में कहा है कि—मट्टी से निर्मित पात्र, कांसे का पात्र, आरक्त (रंगापात्र) जतु (लाह या लाख, लाललकडी) से उत्पन्न सीसा और लोहे (टीन की चद्दर आदि) से बनने वाला त्रपु (रांगा) पात्र सदा त्याग करे।

तत्रैव—अष्टाङ्गुलं भवेत्पात्रं पितृणां राजतं शुभम्। दशाङ्गुलं तु देवानां सौवर्णं शक्तितः कृतम्॥

वहीं पर कहा है कि—पितरों के कार्य में आठ अंगुल का चांदी का पात्र शुभ होता है और दश अंगुल का सुवर्ण का पात्र शक्ति से देवकार्य में करे।

(पवित्रकथनम्)

स्थापयेदर्घ्यपात्रे द्वे न्युब्जे तत्र कुशोपरि। द्वे द्वे पवित्रे विधिवत्पात्रयोश्चोपरि क्षिपेत्॥

वहाँ पर कुशा के ऊपर दो अर्घ्यपात्र न्युब्ज (उलटकर) स्थापन करे। (दो दो पात्र भेद से) पवित्रियों को विधिवत् पात्रों के ऊपर प्रक्षेप करे।

यज्ञपार्श्वः—पवित्रेस्थेति मन्त्रेण पवित्रेच्छेदयेत्तु ते। ओषधीमन्तरे कृत्वा अङ्गुष्ठाङ्गुलिपर्वणोः॥ स्फ्येन काष्ठेन लोहेन न मृन्मयनखादिभिः।

यज्ञपार्श्व में कहा है—'पवित्रेस्थः'[1] (पवित्रेस्थो वैष्णुवी वायुर्वा मनसा पुनातु' इस मन्त्र से पवित्रों का छेदन करे। ओषधी (तृण या काष्ठ को मध्य में कर यह आपस्तंब ने कहा है।) को मध्य में कर अंगुष्ठ तथा अंगुलियों के पर्व 'स्फय' नामक काष्ठ (पात्र) से करे। लोहे से, मट्टी, नख आदि से न करे।

वसिष्ठः—तूष्णीं प्रोक्षयाम्भसा पात्रे कुर्यादूर्ध्वबिले ततः।
पूरयेत्पात्रयुग्मं तु कृत्वोपरि पवित्रके॥

वसिष्ठ ने कहा है कि—मौन होकर जल से दोनों पात्रों से प्रोक्षण कर ऊपर को सीधा कर (अर्थात् उलटे हुए दोनों पात्रों को सीधाकर) उनमें जल भरे और उनपर पवित्र रखे।

१—पवित्रेस्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनामि। अच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः॥ (का० सं० अ० १ म० १६)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(पात्रे जलादिप्रक्षेपणकथनम्)

वृद्धपराशरः––पात्रद्वयमथार्घ्यार्थं तैजसं चैकवस्तुनः । प्राङ्मुखोमरतीर्थेन शन्नोदेव्योदकं क्षिपेत् ॥ यवोऽसीति यवांस्तत्र तूष्णीं पुष्पाणि चन्दनम् ।

वृद्धपराशर ने कहा है—इसके बाद अर्घ्य के लिए दोनों तैजस-धातु (सोना, चांदी, तांबा आदि) के एक निर्मित पात्रों में पूर्वमुख हो देवतीर्थ से 'शं नो देवीः' इस मन्त्र से जल प्रक्षेप करे। वहाँ पर 'यवोऽसि' इस मन्त्र से यवों को और मौन होकर पुष्प तथा चन्दन को छोड दे।

मानवसूत्रे––सुमनसः प्रक्षिप्योत्पूय यवान् प्रक्षिप्य' इति ।

मानवसूत्र में कहा है—पुष्पों का प्रक्षेप कर उत्पवन (जल को छिडककर) कर यवों का प्रक्षेप करे।

यवोऽसीति मन्त्रः । पाद्मे––यवोऽसि धान्यराजो वा (धान्यराजोऽसि) वारुणो मधुमिश्रितः । निर्णोदः सर्वपापानां पवित्रमृषिभिः स्मृतम् ॥ राजो वा वारुणो मधुसंयुतः' इति परिशिष्टे पाठः । गोभिलेन तु––'यवोसि सोमदैवत्यः' इति तिलमन्त्रोऽत्र स्वाहायुक्त उक्तः ।

'यवोऽसि' यह मन्त्रपद्मपुराण में कहा है—तुम यव हो, धान्यों के राजा हो, वारुण (रस) और मधु से युक्त हो, सब पापों को दूर करो और तुमको ऋषियों ने पवित्र कहा है।

परिशिष्टमत से मन्त्र का रूप यों है—यवोऽसि धान्यराजो वा वारुणो मधुसंयुतः। निर्णोदः सर्वपापानां पवित्रमृषिभिः स्मृतम् ॥ गोभिलने तो तिलमन्त्रको स्वाहायुक्त कहा है—यवोऽसि सोमदैवत्यो गोसवो देवनिर्मितः । प्रत्नमद्भिः पृक्तः सर्वान् लोकान् प्रीणाहि नः स्वाहा ॥

(आवाहनमन्त्रकथनम्)

हेमाद्रौ यमः––यवहस्तस्ततो देवान् विज्ञाप्यावाहनं प्रति ।
आवाहयेदनुज्ञातो विश्वेदेवास इत्यृचा ॥

हेमाद्रि में यम ने कहा है—यवको हाथ में ग्रहण कर आवाहन के प्रति देवताओं को विज्ञापन (बतलाकर) कर 'विश्वे[1] देवास'[2] इस ऋचा से आवाहन करे।

वृद्धपराशरः––ततः सव्यकरं न्यस्य विप्रदक्षिणजानुनि । देवानावाहयिष्येहमिति वाचमुदीरयेत् ॥ आवाहयेत्यनुज्ञातो विश्वेदेवास आगतः । विश्वेदेवाः शृणुतेममिति मन्त्रद्वयं पठेत् ॥

वृद्धपराशर ने कहा है—तदनन्तर ब्राह्मण के दाहिने जानु (घुटना) पर दाहिना हाथ रख कर कहे मैं (विश्वे) देवताओं का आवाहन करता हूँ—एसी वाणी को कहे। आवाहन करो—एसी आज्ञा ब्राह्मणों से लेकर 'विश्वेदेवास आगत' और 'विश्वेदेवाः शृणुतेमम्' इन दोनों मन्त्रों को पढे।

(विश्वेदेवानामज्ञाने विचारः)

श्राद्धविशेषे विश्वेदेवानामज्ञाने हेमाद्रौ बृहस्पतिः––उत्पत्तिर्नाम चैतेषां न विदुर्ये द्विजातयः । अयमुच्चारणीयस्तैर्मन्त्रः श्रद्धासमन्वितैः ॥ आगच्छन्तु महाभागा विश्वेदेवा महाबलाः । ये अत्र विहिताः श्राद्धे सावधाना भवन्तु ते ॥ इदं चावाहनमर्घ्यपात्रासादनात् प्राक् हेमाद्रिणोक्तम् । तत्र कातीयैः प्राक्कार्यम्, तथैव तत्सूत्रात् । अन्यैस्तदुत्तरम् ।

श्राद्धविशेष में विश्वेदेवताओं के अज्ञान में हेमाद्रि में बृहस्पति ने कहा है—जो द्विजाति लोग इनकी उत्पत्ति तथा नाम नहीं जानते हैं वे लोग श्रद्धा से युक्त होकर इस मन्त्र का उच्चारण करें। महाभाग महाबली विश्वेदेव आवें जो विश्वेदेव इस श्राद्ध में विहित है वे सावधान हों। और यह आवाहन अर्घ्य-पात्र आसादन पहले के हेमाद्रि ने कहा है। वहाँ पर कातीयों में पहले (मत्स्यपुराणे–विश्वान् देवान् यवैः

१—विश्वे देवास आ गत शृणुता म इमं हवम् । एदं बर्हिर्निषीदत ॥ (ऋ० २।४१।१३) (ऋ० ६।५२।७) ।

२––[विश्वे] देवाः शृणुतेमं हवं मे ये अन्तरिक्षे य उप द्यविष्ठ । ये अग्निजिह्वा उतवा यजत्रा आसद्यास्मिन्बर्हिषि मादयध्वम् ॥ (ऋ० ६।५२।१३) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुष्पैरभ्यर्च्यासनपूर्वकम्। पूरयेत्पात्रयुग्मं तु स्थाप्य दर्भपवित्रके॥) करना चाहिये। वैसा ही उस सूत्र है। दूसरों ने बाद में कहा है।

(वैश्वदेवादिपूजने देशकथनम्)

पृथ्वीचन्द्रोदये शङ्खः--सयवं पुष्पमादाय चरणादिशिरोन्तकम्। अर्चये, त्यर्चनं कुर्यादन्तरे चोदकं तथा॥ पित्र्ये तु--मूर्द्धादिपादान्तम्, पादप्रभृति मूर्द्धान्तं दैविके पूजनं भवेत्। शिरःप्रभृति पादान्तं नमो व इति पैतृके॥ इति मदनरत्ने प्रचेतोक्तेः।

पृथ्वीचन्द्रोदय में शंख ने कहा है—(देवकार्य में) यव के सहित पुष्प को ग्रहण कर चरण से लेकर शिरपर्यन्त पूजन करे। एसी ब्राह्मणों की आज्ञा से पूजन करे तथा मध्य में जल दे। पितृकर्म में तो शिरसे पैरतक पूजन करे। मदनरत्न में प्रचेता ने कहा है—देवकार्य में पैर से लेकर शिर तक पूजन करे। और पितृकर्म में शिर से लेकर पैर तक 'नमो[1] वः' इस मन्त्र से करे।

कलिकायां सङ्ग्रहे--तिष्ठन् कृताञ्जलिर्भूत्वा पठेन्मन्त्रौ समाहितः।
विश्वेदेवाः शृणुते इत्यागच्छन्त्वपरं ततः॥

कलिका में संग्रह ने कहा है—खडे होकर हाथ जोडकर समाहित (एकाग्रचित्र) होकर विश्वेदेवाः शृणुत दूसरा मन्त्र-(आगच्छन्तु महाभागा विश्वेदेवा महाबलाः। ये अत्र विहिताः श्राद्धे सावधाना भवन्तु ते॥) इन दो मन्त्रों को पढे।

(अर्घ्यपात्रदानकथनम्)

हेमाद्रौ (छ० पृ० १२८७) जातूकर्ण्यः--ततोऽर्घ्यपात्रसम्पत्तिं वाचयित्वा द्विजोत्तमान्।
तदग्रे चार्घ्यपात्राणि स्वधार्घ्या इति विन्यसेत्॥

हेमाद्रि में जातूकर्ण्य ने कहा है—तदनन्तर द्विजोत्तमों को अर्घ्यपात्रसंपत्ति (अर्घ्यपात्रं सुसंपन्नम्) का वाचन (ब्राह्मणों के द्वारा) कराकर उनके आगे अर्घ्यपात्रों को 'स्वधार्घ्या' इस वाक्यरूपी मंत्र से स्थापन करे।

गार्ग्यः--दत्वा हस्ते पवित्रं च कृत्वा पूजां च पादतः।
या दिव्या इति मन्त्रेण हस्तेष्वर्घ्यं विनिक्षिपेत्॥

गर्ग ने कहा है—हाथ में पवित्री को देकर पैर से पूजा प्रारंभ कर 'या दिव्या'[2] इस मन्त्र से हाथ में अर्घ्य को दे।

सङ्ग्रहे—विश्वेदेवा इदं वोऽर्घ्यमिति दानं समादिशेत्। तदन्ते 'स्वाहा नमः' इति वाच्यम्। या दिव्या इति मन्त्रेण स्वाहाकारं नमोन्तकम्। इति हेमाद्रौ नागरखण्डात्। आथर्वणसूत्रे तु 'पाद्यमर्घ्यमाचमनीयमिति द्विजकरे निनयेत्' इत्यस्यैव त्रयमुक्तम्।

संग्रह में कहा है—विश्वेदेवा, इदं वोऽर्घ्यम्, यह अर्घ्य आपके लिए है--यह दान का मन्त्र कहकर अन्त में 'स्वाहा नमः' इसको कहे। 'या दिव्या' इस मन्त्र के अन्त में 'स्वाहा' तथा 'नमः' अन्त में कहे। यह हेमाद्रि में नागरखण्ड का मत है। आथर्वणसूत्र में तो पाद्य अर्घ्य और आचमनीय ब्राह्मण के हाथ में दे। इसको ही तीन कहा है।

१—नमो वः पितरः इषे नमो वः पितरः ऊर्जे नमो वः पितरः शुष्माय नमो वः पितरो घोराय नमो वः पितरो जीवाय नमो वः पितरो रसाय। स्वधा वः पितरो नमो वः पितरो नम एता युष्माकं पितर-इमा अस्माकं जीवा यो जीवन्त इह सन्तः स्याम॥ (आश्व० गृ० पृ० १६४)।

२—या दिव्या आपः पयसा सम्बभूवुर्या अन्तरिक्षा उत पार्थिवीर्याः। हिरण्यवर्णा यज्ञियास्ता न आपः शिवा शं स्योनाः भवन्तु॥ (आश्वला० गृ० अ० ख० १५ पृ० १६२)। यहाँ पर 'आपः शिवाः स ँ स्योना सुहवा, यहां पर कोई प्रथम शकार पढते हैं। कोई ँ कार शून्य दन्त्यसकार ही पढते हैं। उसमें यजुर्वेदियों का ँ कार सहित दन्त्य सकार है। या दिव्या आपः पयसा सम्बभूवुः। या अन्तरिक्ष उत पार्थिवीर्याः। यासामषाढा अनुयन्ति कामम्। तान आपः श ँ स्योना भवन्तु॥ (तै० ब्रा० ३ का० प्र० १ अनु० २ पृ० ८७२)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अर्घ्यादिदाने हस्तस्य मुख्यत्वम्)

गभस्तिः—अर्घ्यं पिण्डप्रदानं च स्वस्त्यक्षय्ये तथैव च। गन्धपुष्पादिकं सर्वं हस्तेनैव तु दापयेत् ॥ प्रतिविप्रं या दिव्येत्यावृत्तिः। बह्वृचानां त्वनेन दत्तार्घ्यानुमन्त्रणम्। ततः पात्रं 'देवेभ्यः स्थानमसि' इति न्युब्जमुत्तानं वा कार्यमिति गारुडे उक्तम्। एतदापस्तम्बानां नियतमन्येषां न।

गभस्ति ने कहा है—अर्घ्य, पिण्डप्रदान, स्वस्ति, अक्षय्य, गन्ध, पुष्प आदि सब हाथ से ही दे। प्रत्येक ब्राह्मण में 'या दिव्या' इस मन्त्र की आवृत्ति करे। बह्वृचों के लिए तो इससे 'प्रसृष्टा अनुमन्त्रयेत्' ही दिये हुए अर्घ्य का अनुमन्त्रण (मन्त्र से अभिमन्त्रित) कहा है। तदनन्तर पात्र को (देवेभ्यः स्थानमसि (इससे न्युब्ज या उत्तान (सीधा) करे—यह गरुडपुराण में कहा है। यह आपस्तंबों को नियत है, अन्यों को नहीं है।

(शक्त्या ब्राह्मणपूजने द्रव्यकथनम्)

हेमाद्रौ विष्णुधर्मे—गन्धैः पुष्पैश्च धूपैश्च वस्त्रैश्चाप्यथ भूषणैः।
अर्चयेद् ब्राह्मणान् शक्त्या श्रद्दधानः समाहितः॥

हेमाद्रि में विष्णुधर्म का मत है—श्रद्धा से युक्त एकाग्रचित्त हो गन्ध, पुष्प, धूप, वस्त्र तथा आभूषणों से यथाशक्ति ब्राह्मणों का पूजन करे।

पृथ्वीचन्द्रोदये मार्कण्डेयः—चन्दनागरुकर्पूरकुङ्कुमानि प्रदापयेत्।

पृथ्वीचन्द्रोदय में मार्कण्डेय ने कहा है—चन्दन, अगरु (अगर) कपूर तथा कुंकुम (केशर या रोली) दे।

विष्णुः—'चन्दनकुङ्कुमकर्पूरागरुपद्मकान्यनुलेपनाय' इति।

विष्णु ने कहा है—चन्दन, कुंकुम, कपूर, अगरु और पद्मक (विन्दुजालम्—गजस्य मुखादिस्थो विन्दुसमूहः) अनुलेपन के लिए हैं।

व्यासः—अपवित्रकरो गन्धैर्गन्धद्वारेति पूजयेत्।

व्यास ने कहा है—पवित्री रहित हाथ से [1]'गन्धद्वाराम्' इस मन्त्र से पूजन करे। (वीरमित्रोदये-गन्धैर्विगतपवित्रकरः श्राद्धकर्ता विद्वान् पूजयेत्, ललाटगलवक्षः कुक्षिकक्षाद्यङ्गेषु विलिम्पेदित्यर्थः)।

कलिकायां स्मृतिः—गन्धद्वारेति वै गन्धमायने ते च पुष्पकम्। धूरसीत्यमुना धूपं उद्दीप्यस्वेति दीपकम्॥ युवं वस्त्राणि मन्त्रेण वस्त्रं[2] दद्यात्प्रयत्नतः। आसने स्वासनं ब्रूयात् अर्घ्येऽस्वर्घ्यं द्विजोत्तमः॥ सुगन्धिश्च सुपुष्पाणि सुमाल्यानि सुधूपकः। सुज्योतिश्चैव दीपे तु स्वाच्छादनमिति क्रमः॥

कलिका में स्मृति ने कहा है—द्विजोत्तम प्रयत्न से 'गन्धद्वाराम्' इसमन्त्र से गन्ध, 'आयने[3] ते'

१—गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम्। ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम्॥ (ऋ० प०)

२—वस्त्र के अभाव में प्रतिनिधिरूप से यज्ञोपवीत दे। शातातपः—युवासुवासाः परिवीत आगात्स उश्रेयान् भवति जायमानः। तं धीरासः कवय उन्नयन्ति स्वाध्यो मनसा देवयन्तः॥ कहा है। अत्रि ने वस्त्रदान में 'युवं वस्त्राणि' इस मन्त्र को कहा है।

३—ॐ आयने ते परायणे दूर्वा रोहन्तु पुष्पिणीः। ह्रदाश्च पुण्डरीकाणि समुद्रस्य गृहा इमे॥ (ऋ. १०।१४२।८)

पुष्पदान में विष्णु ने 'पुष्पवतीः' यह मन्त्र कहा है। परन्तु 'पुष्पवतीः' यह मन्त्र आदि प्रतीक से किसी में नहीं प्राप्त है। इससे मध्यप्रतीक मालुम होता है। जिस मन्त्र में 'पुष्पवतीः' यह हो उसी मन्त्र को ग्रहण करे। जैसे—या ओषधयः प्रतिगृह्णीत पुष्पवतीः सुपिप्पलाः। अयं वो गर्भ ऋत्वियः प्रत्न ˘ सधस्थमासदत्॥ इति वीरमित्रोदये। 'ओषधीः प्रतिमोदध्वमेनं पुष्पवतीः सुपिप्पलाः। अयं वो गर्भ ऋत्वियः प्रत्नः सधस्थमासदत्॥ यह मध्यप्रतीक मन्त्र है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसमन्त्र से पुष्प, 'धूरसि'[1] इसमन्त्र से धूप, 'उद्दीप्यस्व'[2] इसमन्त्र से दीपक, 'युवं [3]वस्त्राणि' इसमन्त्र से वस्त्र दे। आसन पर 'स्वासन' कहे। अर्घ्य में 'स्वर्घ्य' कहे। गन्ध में 'सुगन्ध' कहे। पुष्प में 'सुपुष्प' कहे। माला में 'सुमाला' कहे। धूप में 'सुधूप' कहे। दीप में—'सुज्योति' कहे। आच्छादन में—'स्वाच्छादन' कहे—यह क्रम है।

(श्राद्धे विप्रतिलकादिनिरूपणम्)

विप्राणां गन्धेन वर्तुलं त्रिपुण्ड्रं वा न कार्यम्। हेमाद्रौ देवलः—ललाटे पुण्ड्रकं दृष्ट्वा स्कन्धे मालां तथैव च। निराशाः पितरो यान्ति दृष्ट्वा च वृषलीपतिम्॥ पुण्ड्रकं=वर्तुलम् इत्यपरार्के। मदनरत्ने च—पुण्ड्रं त्रिपुण्ड्रं वर्तुलमर्द्धचन्द्रं च, ऊर्ध्वं च तिलकं कुर्यान्न कुर्याद्वै त्रिपुण्ड्रकम्। ऊर्ध्वं च तिलकं कुर्याद्दैवे पित्र्ये च कर्मणि॥ निराशाः पितरो यान्ति दृष्ट्वा चैव त्रिपुण्ड्रकम्। इति वृद्धपराशरोक्तेः। तिर्यग्लेपो भवत्येव—वर्जयेत्तिलकं भाले श्राद्धकाले च सर्वदा। तिर्यगूर्ध्वं त्रिपुण्ड्रं वा धारयेत्तु प्रयत्नतः॥ इति व्यासोक्तेरिति पृथ्वीचन्द्रः।

गन्ध से ब्राह्मणों को वर्तुल या त्रिपुण्ड्र मस्तक पर नहीं करना चाहिये। हेमाद्रि में देवल ने कहा है—ललाट (मस्तक) में त्रिपुण्ड्र को देखकर वैसे ही कन्धे पर माला को तथा वृषलीपति (शूद्रा स्त्री का पति) को देखकर निराश होकर पितर चले जाते हैं। अपरार्क में कहा है—पुण्ड्रक वर्तुल (गोल) को कहते हैं। और मदनरत्न में कहा है—पुण्ड्र को त्रिपुण्ड्र, वर्तुल तथा अर्धचन्द्र कहते हैं।

वृद्धपराशर ने कहा है—ऊर्ध्वतिलक ही करे त्रिपुण्ड्र न करे। दैव और पित्र्यकर्म में ऊर्ध्व तिलक करे। त्रिपुण्ड्र को देखकर ही पितर निराश हो कर चले जाते हैं। तिर्यक् (तिरछा) लेप होता ही है। सर्वदा श्राद्धकाल में मस्तक पर तिलक का त्याग करे। प्रयत्न से तिर्यग् या और ऊर्ध्वपुण्ड्र का धारण करे। व्यास ने कहा है—एसा पृथ्वीचन्द्र ने कहा है।

(श्राद्धे तुलसीग्रहणादिविचारः)

यत्तु बृहन्नारदीये—ऊर्ध्वपुण्ड्रं च तुलसीं श्राद्धे नेच्छन्ति केचन। इति तत् कर्तृपरम्।

जो नारदीयपुराण से कहा है—कोई सज्जन ऊर्ध्वपुण्ड्र और तुलसी को श्राद्ध में इच्छा नहीं करते है। वह कर्तापरक है।

(श्राद्धे रक्तचन्दनकस्तूर्यादिग्रहणे विचारः)

हेमाद्रौ ब्राह्मे—पूतिकं मृगनाभिं च रोचनां रक्तचन्दनम्। कालेयकं तूग्रगन्धं तुरुष्कं चापि वर्जयेत्॥ कस्तूर्यां विकल्प इति हेमाद्रिः।

पूतिक (करंज—कांटेदार कंजा या सुगन्धित तृणविशेष—यह हेमाद्रि में कहा है।) मृगनाभि (कस्तूरी) रोचन—(गोरोचन) रक्तचन्दन (लालचन्दन) कालेय (दारुहलदी) उग्रगन्ध (केवडा या वच) और तुरुष्क (राल) इनका त्याग करे। कस्तूरी में विकल्प है यह हेमाद्रि का कहना है।

१—धूरसि धूर्व धूर्वन्तं धूर्व तं योऽस्मान् धूर्वति। धूर्व तं यं वयं धूर्वामः॥ (का० सं० अ० १ म० ११)।

धूरसि धूर्व धूर्वन्तं धूर्व तं योऽस्मान् धूर्वति तं धूर्वं यं वयं धूर्वामः। देवानामसि वन्हितमं सस्नितमं पप्रितमं जुष्टतमं देवहूतम्॥ य० १।८।) यद्यपि—इदं यजुर्दर्शपूर्णमासयोर्लिङ्गेनानो धुरभिमर्शने विनियुक्तस्तथापि विलङ्गकमपि स्मार्तेन वचनेन धूपदानेऽपि विनियुक्तम्। 'ऐन्द्रयां गार्हपत्यमुपतिष्ठत' इतिवत्—इति वीरमित्रोदये। ब्रह्माण्डपुराणे तु—मन्त्रान्तरमुक्तम्—वनस्पतिरसो दिव्यो गन्धाढ्यः सुमनोहरः। आहारः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्॥ धूपश्च ब्राह्मणसान्निध्ये व्यजनादिवातेन प्रेरणीयो न हस्तवातेन। शातातपः—हस्तवाताहतं धूपं ये पिबन्ति द्विजोत्तमाः। वृथा भवति तच्छ्राद्धं तस्मात्तं परिवर्जयेत्॥

२—उद्दीप्यस्व जातवेदोऽपघ्नन्निर्ऋतिं मम। पशूँश्च मह्यमावह जीवनं च दिशो दश (तै० आ० पृ० ६६८ प्र० १ अनु० १)।

३—ॐ युवं वस्त्राणि पीवसा वसाथे युवोरच्छिद्रा मन्तवो ह सर्गाः। अवातिरतमनृतानि विश्व ऋतेन मित्रावरुणा सचेथे॥ (ऋ० १।१५२।१)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(श्राद्धे सपवित्रहस्तेन ब्राह्मणानां स्पर्शने विचारः)

वृद्धशातातपः—पवित्रं तु करे कृत्वा यः समालभते द्विजान् ।
राक्षसानां भवेच्छ्राद्धं निराशैः पितृभिर्गतैः ॥

वृद्धशातातपने कहा है—जो श्राद्ध में हाथ में पवित्री को धारण कर ब्राह्मणों का स्पर्श करता है। वह श्राद्ध राक्षसों का होता है। इसलिए पितर निराश होकर चले जाते हैं।

(श्राद्धे ग्राह्यपुष्पविचारः)

पुष्पं तु ब्राह्मे—जातिचम्पकलोध्राश्च मल्लिका बाणबर्वरी। चूताशोकाटरूपं च तुलसीशतपत्रकम् ॥ कुब्जकं तगरं चैव भृङ्गमारण्यकेतकीम्। यूथिकामतिमुक्तं च श्राद्धयोग्यानि भो द्विजाः ॥ कमलं कुमुदं पद्मं पुण्डरीकं च यत्नतः। इन्दीवरं कोकनदं कह्लारं च निवेदयेत् ॥

ब्रह्मपुराण में कहा है—जाती-मालती के पुष्प, (स्मृत्यन्तर में कहा है कि 'जातीदर्शनमन्त्रेण निराशाः पितरो गताः।' इसलिए जाती निषिद्ध है। अतः विकल्प है। कोई पीतरंग की जाती मानते हैं, यह ठीक नहीं है जाती शब्द से सबका ग्रहण है।) चम्पक (चम्पा, यह पीलाकम होता हुआ सफेद होता है), लोध्र (लोधपुष्प सफेद और लाल होता है—जंगलीपुष्प), मल्लिका (वेला) बाण (कटसैरयापुष्प), बर्वरी (जंगली तुलसी, रानी तुलसी) चूत (आम की बौर) अशोक, आटरूष (बासा) 'पित्र्ये च पद्मबिल्वार्कधत्तूरपारिभद्राटरूषका न देयाः पितृकार्येषु। इति मात्स्यो निषेधः) तुलसी, शतपत्रक (कठफोरवा), कुब्जक (गुलाब) तगर, भृंग (मंगरा लंबी पत्ती होती है।) आरण्यकेतकी (रामबाँस), यूथिका (जूही, सुगन्धिदार) अतिमुक्त (मोगरा), हे द्विजाः, श्राद्ध में ये पुष्प ग्रहण करने योग्य होते हैं। कमल, (लालकमल) कुमुद (कुँई फूल सफेद), पद्म (सफेद कमल), पुण्डरीक (सफेद कमल) कोकनद (लालकमल) और कह्लार (सायं काल खिलानेवाला सुगन्धित सफेद कमल) इनको निवेदन करे।

हेमाद्रौ वायुभविष्ययोः—सुकुमारैः किसलयैर्यवदूर्वाङ्कुरैरपि ।
सम्पूजनीयाः पितरः श्रेयस्कामेन सर्वदा ॥

हेमाद्रि में वायुपुराण और भविष्यपुराण का वचन है—सुकुमार—पल्लव—कोमल, यव और दूर्वाङ्कुरों से भी श्रेय कामना की इच्छा से सर्वदा पितरों की पूजा करे।

स्कान्दे—जात्यश्च सर्वा दातव्या मल्लिका श्वेतयूथिका ।
जलोद्भवानि सर्वाणि कुसुमानि च चम्पकम् ॥

स्कन्दपुराण का कथन है—सबप्रकार की जाती, मल्लिका (वेला) और श्वेतयूथिका (सफेद जूही), जल में होनेवाले सब पुष्प और चम्पा देना चाहिये।

तत्रैव वृद्धमनुः—न नियुक्तः शिखावर्जं माल्यं शिरसि धारयेत् ।

वहीं पर वृद्धमनु ने कहा है—श्राद्ध में निमन्त्रित शिखा (चोटी) को त्याग कर शिर पर माला को धारण न करे। (स्कन्ध में माला का निषेध पहले कह चुके हैं।)

(देवताविशेषे पुष्पाणां निषेधकथनम्)

वर्ज्यानि पृथ्वीचन्द्रोदये भविष्ये—केतकीं तुलसीपत्रं बिल्वपत्रं च वर्जयेत्। द्रोणं च करवीरं च धत्तूरं किंशुकं तथा ॥ माधवीये स्मृत्यर्थसारे च तुलसी निषिद्धा। तुलसीनिषेधो निर्मूल इति हेमाद्रिः। समूलत्वेपि पिण्डपरः। तुलसीगन्धमाघ्राय पितरस्तुष्टमानसाः। प्रयान्ति गरुडारूढास्तत्पदं चक्रपाणिनः ॥ इति प्रयोगपारिजाते पाद्मोक्तेरिति बोपदेवः।

त्याज्य पुष्पों को पृथ्वीचन्द्रोदय में भविष्यपुराण के मत से कहा है—केतकी (केवडे का फूल) तुलसी के पत्ते, बिल्वपत्र, द्रोण (सफेद पुष्पों वाला वृक्ष) करवीर, (कनइल) धतूर (धतूरा) और किंशुक (पलाश का फूल) ये निषिद्ध हैं। माधवीय में और स्मृत्यर्थसार में तुलसी का निषेध किया है। हेमाद्रिमत से तुलसी का निषेध निर्मूल है। यदि समूल माने तो पिण्डपरक है। तुलसी की गन्ध को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूंघकर मन से पितर प्रसन्न हो गरुड पर चढकर चन्द्रपाणी के उस पद को जाते हैं। यह प्रयोगपारिजा में पद्मपुराण का वचन है, यह वोपदेव का कहना है।

वृद्ध (बृहत्) पराशरः—न जाती कुसुमैर्विद्वान् बिल्वपत्रैस्तु नार्चयेत्। जपादिकुसुमं झिण्टीं रूपिका सकुरण्टिका ॥ पुष्पाणि वर्जनीयानि श्राद्धकर्मणि नित्यशः।

वृद्धपराशर का कथन है—विद्वान् मनुष्य जाती के पुष्पों से तथा बिल्लपत्रों से पूजन न करे। जप (रुद्रपुष्प) आदि शब्द से जपाकुसुम सदृश करवीरादिपुष्प, झिण्डी (नीलकटसरैयापुष्प, झिण्डी-नीलकुरण्टकः। अर्कपुष्पमितिमयूखे) रूपिका (अर्कपुष्प) और कुरण्डिका (लालकटसरैया पीताम्लातकपुष्प) इन पुष्पों को नित्य श्राद्धकर्म में त्याग करे।

हेमाद्रौ शङ्खः—उग्रगन्धीन्यगन्धीति चैत्यवृक्षोद्भवानि च। पुष्पाणि वर्जनीयानि रक्तवर्णानि यानि च ॥ जलोद्भवानि देयानि रक्तान्यपि विशेषतः।

हेमाद्रि में शंख ने कहा है—उग्रगन्ध वाले पुष्प, बिना गन्ध के पुष्प, चैत्यवृक्ष से उत्पन्न (श्मशान वृक्ष से प्रादुर्भूत) और रक्तवर्ण के जो पुष्प हैं उनका भी त्याग करे। परन्तु जल में होनेवाले भी विशेष कर लालपुष्प दे।

अङ्गिराः—न जातीकुसुमानि दद्यान्न कदलीपत्रम्। इति। जात्यां विकल्प इति हेमाद्रिः। निषेधः पिण्डविषयः।

कुन्दं शंभौ च नो दद्यान्नोन्मत्तं गरुडध्वजे। पिण्डे जाती च नो दद्याद्देवीमर्केण नार्चयेत् ॥ इति वृद्धयाज्ञवल्क्योक्तेरिति बोपदेवः।

अंगिरा ने कहा है—जातीपुष्प और केले का पत्ता (न जातिकुसुमं दद्यान्न दद्यात्कदलीफलम्) न दे। जाती पुष्प में विकल्प है—यह हेमाद्रि कहते हैं। कमलाकरमत से 'जाती' का निषेध पिण्डविषयक है। क्योंकि—शंकर को कुन्द (माघ महिने में विशेष सफेद फूल होता है) गरुडध्वज विष्णु को उन्मत्त (धतूरा), पिण्डपर जातीपुष्प और देवी की अर्क (मदार) द्वारा पूजा न करे। यह वृद्धयाज्ञवल्क्य ने कहा है—एसा बोपदेव का मत है।

स्मृतिसारे—आगस्त्यं भृङ्गराजं च तुलसी शतपत्रिका।
चम्पकं तिलपुष्पं च षडेते पितृवल्लभाः ॥

स्मृतिसार में कहा है—आगस्त्य (अगस्तपुष्प) भृंगराज (भंगरैया) तुलसी, शतपत्र का (गेंदा) चम्पक (चम्पा) और तिलपुष्प ये छः पुष्प पितरों को प्रिय होते हैं।

केतकीं करवीरं च बकुलं कुन्दकं तथा। पाटलां चैव जातीं च श्राद्धे यत्नेन वर्जयेत् ॥ केचित्-पिण्डेऽपि तुलसीमाहुः—पितृपिण्डार्चनं श्राद्धे यैः कृतं तुलसीदलैः। प्रीणिताः पितरैस्तैस्तु यावच्चन्द्रार्कमेदिनी ॥ इति मार्कण्डेयोक्तेः।

केतकी (केवडा), करवीर (कनैर) बकुल (मौलसरी का फूल) कुन्दक (माघ में सफेद होता है), पाटला (पानडी) और जातीपुष्प को श्राद्ध में यत्न से त्याग करे। कोई पिण्ड में भी तुलसी को कहते हैं। जिन लोगों ने तुलसीदलों से श्राद्ध में पितरों के पिण्डका पूजन किया है उनके पितर जबतक पृथ्वी पर चन्द्रमा और सूर्य रहेंगे—तबतक प्रसन्न होते हैं—यह मार्कण्डेय ने कहा है।

(श्राद्धे धूपविचारः)

धूपस्तत्रैव विष्णुधर्मे—धूपस्तु गुग्गुलुर्देयस्तथा चन्दनसारजः।
अगरुश्च सकर्पूरस्तुरुष्कं त्वक् तथैव च ॥

वहीं पर विष्णुधर्म में धूप को कहा है—गुग्गुल और चन्दनसारज (शरद्ऋतु में विशेष उत्पन्न होनेवाली चन्दन की लकड़ी) अगरु (अगर की सुगन्धित लकड़ी और पेड़) कपूर, तुरुष्क (लोहवान) और त्वक् (दालचीनी) दे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विष्णुः--'घृतमधुयुक्तं गुग्गुलुं श्रीखण्डदेवदारुसरलादि दद्यात्' इति ।

विष्णु ने कहा है—घृत, मधु (सहत) (चीनी भी प्रशस्त है । शर्करापि प्रशस्ता, 'माहिषाख्यं गुग्गुलं चाथाज्ययुक्तं सशर्करम् । ददाति नरसिंहाय हरये भक्तितत्परः ॥ इतिवत्) युक्त गुग्गुल, श्रीखण्ड, (चन्दन की लकडी) देवदारु—सरल आदि दे ।

(धूपविचारः)

तत्रैव देवलः—ये हि प्राण्यङ्गजा धूपा हस्तवाताहताश्च ये । न ते श्राद्धे नियोक्तव्या ये च केचोग्रगन्धयः ॥ घृतं न केवलं दद्याद् दुष्टं वा तृणगुग्गुलुम् ॥

वहीं पर देवल ने कहा है—जो प्राण्यङ्गजा (कस्तूरी आदि) से उत्पन्न धूप हैं, जो धूप हाथ के द्वारा प्रज्वलित की हों (अर्थात्—व्यंजन (पंखे आदि) आदि के द्वारा वायु करना विहित है । धूपस्य व्यजने नैव धूपेनाङ्गं विधूपयेत् ।) और उग्रगन्धवाली धूप को श्राद्ध में उपयोग में न ग्रहण करे । केवल घी से धूप न दे या दूषित तृणयुक्त गुग्गुल न दे ।

(दीपकविचारः)

दीपमाह विष्णुः--घृतेन दीपो दातव्यस्तिलतैलेन वा पुनः ।
वसामेदोद्भवं दीपं प्रयत्नेन विवर्जयेत् ॥

विष्णु ने दीपक को कहा है—घृत का दीप या तिल के तेल का दीपक दे । वसा-मेद (मेदस्तु वपा वसा—इत्यमरः) (वसा—पाकात्समुद्धृतो मांसविशेषः । मेदस्तु--हृद्दकमलाच्छादको मांसविशेषः ।) (चरबी, पशुवों के गुर्दे की चर्वी) से उत्पन्न दीपक को प्रयत्न से त्याग करे ।

(वस्त्रविचारः)

वस्त्रं ब्राह्मे—कौशेयं क्षौमकार्पासं दुकूलमहतं तथा ।
श्राद्धेष्वेतानि यो दद्यात्कामानाप्नोति चोत्तमान् ॥

ब्रह्मपुराण में वस्त्र को कहा है—कौशेय (कीड़ों के अपान से निकले सूत के किए कुढमल के आकार कोश को कृमिकोष कहते है उससे उत्पन्न को कौशेय कहते हैं) क्षौम (रेशमी कपड़ा, ऊनी कपड़ा), कपास और बिना धोया हुआ दुपट्टा जो इनको श्राद्धों में देता है वह उत्तम इच्छाओं को प्राप्त करता है ।

(यज्ञोपवीतविचारः)

हेमाद्रौ ब्रह्मवैवर्ते—यज्ञोपवीतं दातव्यं वस्त्राभावे विजानता ।
पितृभ्यो वस्त्रदानस्य फलं तेनाश्नुतेऽखिलम् ॥

हेमाद्रि में ब्रह्मवैवर्त का वचन है—वस्त्र के अभाव में जानकार मनुष्य को यज्ञोपवीत को देना चाहिए । इससे वस्त्र के दान का सम्पूर्ण फल पितरों से प्राप्त करता है ।

(वस्त्राभावे विचारः)

तत्रैव पाद्मे--निष्क्रयो वा यथाशक्ति वस्त्राभावे प्रदीयते ।

वहीं पर पद्मपुराण में कहा है—वस्त्र के अभाव में यथाशक्ति वस्त्र का निष्क्रय (मूल्य) दे ।

(धात्वादिनिर्मितदीपिकादाने विचारः)

अन्यान्यपि च देयानि तत्रैव कालिकापुराणे—धात्वादिनिर्मिता रम्या दीपिकाः श्राद्धकर्मणि ।
पितॄनुद्दिश्य यो दद्यात्स भवेच्छ्राजनं श्रियः ॥

अन्य भी वस्तु देनी चाहिए यह वहीं पर कालिकापुराण में कहा है—धातु आदि से निर्मित (बनी) सुन्दर दीपिका (दीपक, दीयट) श्राद्धकर्म में पितरों को उद्देश्य (पितरों के निमित्त) कर जो देता है वह लक्ष्मी का प्रिय होता है ।

(धूपदानादिपात्रदाने विचारः)

यो धूपदानपात्रं तु पात्रमारात्तिकस्य च । दद्यात् पितृभ्यः प्रयतस्तस्य स्वर्गेऽक्षया गतिः ॥

जो धूपपात्र (धूपदानीपात्र) और निरन्तर आरती के पात्र को पितरों के लिए देता है उसकी स्वर्ग में अक्षयगति होती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(कञ्चुकादिना विशिष्टमहत्वफलकथनम्)

विष्णुधर्मे—यः कञ्चुकं तथोष्णीषं पितृभ्यः प्रतिपादयेत् ।
ज्वरोद्भवानि दुःखानि स कदाचिन्न पश्यति ॥

विष्णुधर्म में कहा है—जो कञ्चुक (कमरपट्टी चोली) और उष्णीष (पगडी) पितरों के लि[ए] देता है। वह ज्वर से उत्पन्न दुःखों को कभी नहीं देखता है।

(स्त्रीणां श्राद्धे सिन्दूरादिदाने महत्वकथनम्)

स्त्रीणां श्राद्धे तु सिन्दूरं दद्युश्चण्डातकानि च। निमन्त्रिताभ्यः स्त्रीभ्यो ये ते स्युः सौभाग्यसंयुताः॥

स्त्रियों के श्राद्ध में तो—जो निमन्त्रित स्त्रियों को सिन्दूर, चण्डातक[1] (लहंगा, साया) देते हैं, वे सौभाग्य से युक्त होते हैं।

(कृष्णवर्णवस्त्रादिनिषेधकथनम्)

हेमाद्रावादित्यपुराणे—न कृष्णवर्णं दातव्यं नापि कार्पाससम्भवम् ।
पितृभ्यो नापि मलिनं नोपभुक्तं कदाचन ॥ न छिद्रितं नापदशं न धौतं कारुणापि च।
कार्पासनिषेधोऽन्यसम्भवे ।

हेमाद्रि में आदित्यपुराण का मत है—काले रंग का वस्त्र, कार्पास (रूई) से निर्मित वस्त्र, मलिन (मैला), जिसका कभी उपभोग किया हो या 'नोपयुक्तम्'—जो उपयोग न हो सके। ऐसे वस्त्र को पितरों के लिए न दे। छेदवाला, जिसमें छोर न हो, धोबी का धोया न हो, उसे दया से भी न दे। कार्पास निषेध अन्य के संभव में है।

(यज्ञोपवीतं विना श्राद्धविचारः)

तत्रैव—पितॄन् सत्कृत्य वासोभिर्दद्यात् यज्ञोपवीतकम् । यज्ञोपवीतदानेन विना श्राद्धं तु निष्फलम् ॥ एतद्यतिस्त्रीशूद्रश्राद्धेष्वपि देयमिति हेमाद्रिः ।

वहीं पर कहा है—वस्त्रों के द्वारा पितरों का सत्कार कर यज्ञोपवीत दे। यज्ञोपवीतदान के बिना किया हुआ श्राद्ध निश्चय निष्फल होता है। हेमाद्रि ने कहा है—यति (संन्यासी, जिसने संसार को त्याग दिया है और अपनी इन्द्रियों को वश में कर लिया है 'यथा ज्ञानं विना यतिः) स्त्री और शूद्र के श्राद्धों में भी देना चाहिये।

(श्राद्धे कमण्डल्वादिदानविचारः)

तत्रव नृसिंहपुराणे—कमण्डलुं ताम्रमयं श्राद्धेषु प्रददाति यः। काष्ठेन निर्मितं चापि नारिकेलमथापि वा ॥ दद्यात्कमण्डलुं श्राद्धे स श्रीमानभिजायते ।
यो मृत्तिकाविरचितान् श्राद्धेषु च घटान् शुभान् । प्रदद्यात्करकान्वापि सोऽक्षयं विन्दते सुखम्।

नृसिंहपुराण में कहा है—तांबे के कमण्डलु को श्राद्धों में जो देता है। या काठ से बना कमंडलु या नारिकेल से निर्मित कमण्डलु को जो श्राद्ध में देता है वह श्रीमान् होता है। जो मृत्तिका से बने सुन्दर रमणीय शुभ घड़ों को या करक (करवा) देता है वह अक्षयसुख को प्राप्त करता है।

(श्राद्धे उपानच्छत्रादिदाने विचारः)

तत्रैव—उपानच्छत्रवस्त्राणि भुक्तिपात्रं कमण्डलुम् । शयनासनयानानि दर्पणव्यजनानि च ॥
अन्नं सुसंस्कृतं गन्धांस्ताम्बूलं दीपचामरम् । पितृभ्यो यः प्रयच्छेत्तु विष्णुलोकं स गच्छति ॥

वहीं पर कहा है—जूता, छाता, वस्त्र, भोजनपात्र, कमण्डलु, शय्या, आसन, सवारी, शीशा, पङ्खा, सुन्दर बना अन्न, गन्ध, ताम्बूल, दीपक और चामर (चंवर) को जो पितरों के लिए देता है वह विष्णुलोक में जाता है।

१—चण्डातकं साटकं च सदृशं बहुकल्पनम् । निर्दशा साटिका ज्ञेयाऽप्यथवा चित्रवद्दशा। इति कोषः। अर्धोरुकं वरस्त्रीणां स्याच्चण्डातकमंशुकम् । इत्यमरः। तच्च लहङ्गाख्य इतितद्व्याख्यातारः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सौरपुराणे—चामरं तालवृन्तं च श्वेतच्छत्रं च दर्पणम् । दत्त्वा पितृणामेतानि भूमिपालो भवेदिह ॥

सौरपुराण में कहा है—चामर (चंवर) तालवृन्त (ताडपत्र का पंखा), सफेद छत्र और सीसा इनको पितरों के लिए देता है वह यहाँ पर राजा होता है ।

(अलङ्कारादीनां दाने अश्वमेधफलकथनम्)

तत्रैव नन्दिपुराणे—अलङ्काराः प्रदातव्या यथाशक्ति हिरण्मयाः ।
केयूरहारकटकमुद्रिकाकुण्डलादयः ॥

वहीं पर नन्दिपुराण में कहा है—केयूर (बाजूवन्द), हार, (गले का हार) कटक (कडा, चूडा), अँगूठी, कुण्डल (कान की बाली, कान का आभूषण) आदि सुवर्ण के अलंकार (सजावट की वस्तु-गहना) यथाशक्ति देना चाहिए ।

तथा—स्त्रीश्राद्धेषु प्रदेयाः स्युरलङ्कारास्तु योषिताम् । मञ्जीरमेखलादामकर्णिकाकङ्कणादयः ॥

और स्त्रियों के श्राद्धों में स्त्रियों के अलंकार (सजावट की वस्तु), मञ्जीर (बिछिया या पायजेब-पैर का आभूषण), मेखला (करधनी—तगडी), दाम—बांधने की रस्सी-डोरी, कर्णिका (कान का फूल) और कङ्कण (हाथ का कडा) आदि देना चाहिये ।

तथा—आदर्शव्यजनच्छत्रशयनासनपादुकाः । मनोज्ञाः पट्टवासाश्च सुगन्धाश्चूर्णमुष्टयः ॥ अङ्गारधानिकाः शीते योगपट्टाश्च यष्टयः । कटिसूत्राणि रौप्याणि मेखलाश्चैव कम्बलाः ॥ कर्पूरादेश्च भाण्डानि ताम्बूलायतनं तथा । भोजनाधारयन्त्राणि पतद्ग्राहांस्तथैव च ॥ तथाऽञ्जनशलाकाश्च केशानां च प्रसाधनम् । एतान् दद्यात्तु यः सम्यक् सोऽश्वमेधफलं लभेत् ॥

और सीसा, पंखा, छत्र, शयन (शय्या), आसन, खडाऊँ, सुंदर रेशमी वस्त्र, सुगंधित चूर्ण (आटा) की मुष्टि, शीतकाल में अंगारधानी (अंगीठी), योगपट्ट, (जिस वस्त्र से पृष्ठ और जानु का बन्धन होता है- पृष्ठजान्वोः समायोगे वस्त्रं बलयद् दृढम् । परिवेष्ट्य यदूर्ध्वज्ञस्तिष्ठेद् योगपट्टकम् ।।) लाठी, चांदी के कटिसूत्र (नारा) मेखला, (करधनी), कंबल, कपूर, भाण्ड (बर्तन), पानदान, भोजन रखने के पात्र, (कटोरदान), भोजन ग्रहण करने का पात्र, अञ्जन, (सुरमा) शलाका (सलाई) और केशों का प्रसाधन कंघा इनको जो अच्छी प्रकार से देता है उसको अश्वमेधयज्ञ का फल मिलता है ।

(सौवर्णादिभोजनपात्रदाने महत्वकथनम्)

स्कान्दे—सौवर्णं राजतं वाऽपि कांस्येनाप्यथ निर्मितम् ।
दत्त्वा भोजनपात्रं तु सम्राट् भवति भूतले ॥

स्कन्दपुराण में कहा है—सोने, चाँदी या कांसे से बने हुए पात्र भोजन करने के लिए जो देता है वह पृथ्वी पर 'सम्राट्' होता है ।

(वन्दीकृतमनुष्याणां श्राद्धे विचारः)

वामनपुराणे—वन्दीकृतास्तु ये केचित्स्वयं वा यदि वा परैः । येन केनाप्युपायेन यस्तान्मोचयते नरः ॥ पितरस्तस्य गच्छन्ति शाश्वतं पदमव्ययम् ।

वामनपुराण में कहा है-जो कोई स्वयं या दूसरों के द्वारा 'वन्दी' (जेलखाने में) हो गये हैं । जो मनुष्य किसीप्रकार से उनको छुड़ाता है उसके पितर शाश्वतपद (सनातन) अविनाशीपद को प्राप्त होते हैं ।

(वासो दत्वा परिपूर्णत्वं कथनम्)

पराशरः—वाचयेत्परिपूर्णत्वं वासो दत्त्वा विधानतः ।

पराशर ने कहा है—विधान के द्वारा ब्राह्मण को वस्त्र देकर ब्राह्मण से 'श्राद्ध परिपूर्ण हो गया'—ऐसा कहलवावे ।

(आसने मतमतान्तरपूर्वकं विचारः)

नारदीये—देवैश्च समनुज्ञातो यजेत्पितृगणं त्वथ । तत्र पित्र्ये आसनाद्यशेषमर्चनकाण्डं वैश्वदेविकं ज्ञेयम् । विशेषस्तूच्यते । तत्रासने द्विगुणभुग्नाः कुशाः । अत्रावाहनमासनात्पूर्वं वा, अर्घ्य-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पूरणोत्तरं वा, अग्नौकरणोत्तरं वेति स्मृतिषु पक्षा उक्ताः। एषां शाखाभेदेन व्यवस्था। द्वि‌तीय पक्ष एव बहुसंमतः।

नारदीयपुराण में वचन है—देवताओं से आज्ञा लेकर पितृगणों की पूजा करे। वहाँ पर पि‌तरों के लिए आसन आदि संपूर्ण पूजनकाण्ड विश्वेदेवताओं के सदृश जानना चाहिए। विशेष कहते हैं। आसन पर द्विगुण (द्विगुणित), भुग्न (टूटी हुई) कुशा रखे। वहाँ पर आवाहन आसन के पूर्व या अर्घ्य पूरणोत्तर या अग्नौकरण के अनन्तर रखे ऐसा स्मृतियों में पक्ष कहा है। इनका शाखाभेद से व्यवस्था है। दूसरा पक्ष ही बहुतों को मान्य है।

(अर्घ्यमाह)

तत्रार्घ्यमाहाश्वलायनः—तैजसाश्ममयमृन्मयेषु त्रिषु पात्रेष्वेकद्रव्येषु वा दर्भान्तर्हितेष्वा आसिच्य 'शन्नो देवीरभिष्टय' इत्यनुमन्त्रासु तिलानावपति—

वहाँ पर अर्घ्य को आश्वलायन ने कहा है—तैजसपात्र में, अश्मक (स्फटिक आदि) पात्र में और मृत्तिका (हाथ से ही बना) के पात्र में इन तीनों पात्रों के अभाव में एक द्रव्य से निर्मित पात्रों में अर्थात्—तीनों पात्र तैजस, अश्मय या मृन्मय के हों (एतान्याग्नेयीदिक्संस्थानि निधाय) उनमें कुशाओं को मध्य में रख उन पात्रों में जल छोड़कर 'शन्नो [1]देवीरभिष्टय' इससे अनुमन्त्रित (मन्त्रों द्वारा आवाहन या प्रतिष्ठा) कर उन पात्रों में तिलों को छोड़ता है।

तिलोऽसि सोमदेवत्यो गोसवो देवनिर्मितः। प्रत्नवद्भिः प्रत्तः स्वधया पितॄनिमाँन् लोकान् प्रीणयाहि नः स्वधा नमः॥ इति। अश्ममयं=स्फाटिकादि। मृन्मयं=हस्तकृतमेव।

हे तिल, तुम्हारे देवता सोम हैं। गोसवयाग (गोमेधयाग) में देवताओं के द्वारा तुम्हारा निर्माण किया गया है। प्रयत्नवान् पुरुषों के द्वारा स्वधारूप में दिये गये हमारे पितरों को और इन लोकों को तृप्त करो। अश्ममय—स्फाटिकादि-काचमणि। मृन्मय—हाथ से ही बना हुआ हो मृत्तिका पात्र।

(मृत्तिकापात्रे विचारः)

कुलालचक्रनिष्पन्नमासुरं दैविकं न तत्। तदेव हस्तघटितं दैविकं केवलं तथा॥ इति छन्दोगपरिशिष्टात्। अन्यान्यपि पात्राणि पूर्वमुक्तानि।

कुलालचक्र-कुहार के चक्र से बना मट्टी का पात्र आसुर होता है वह देवताओं के योग्य नहीं होता है। वही ही हाथ से निर्मित हो तो केवल दैविक (देवता संबन्धि) होता है। यह छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है। अन्य भी पात्र पहले कह चुके हैं।

(अन्नाभावे द्विजाभावे च पात्राण्यासादने विचारः)

मनुः—अन्नाभावे द्विजाभावे यद्येको ब्राह्मणो भवेत्। पात्राण्यासादयेत्त्रीणि न तु ब्राह्मणसंख्यया॥ दत्तकादेः कर्तुर्द्विपितृत्वादावपि वचनात्त्रीण्येव पात्राणीति हरिहरः।

मनु ने कहा है—अन्न के अभाव में और ब्राह्मण के अभाव में यदि एक ही ब्राह्मण हो तो तीन ही पात्रों का आसादन (स्थापन) करे ब्राह्मण की संख्या से न करे। जहाँ पर दत्तक आदि श्राद्धकर्ता हो वहाँ दो पिता आदि में भी वचन से तीन ही पात्रों का आसादन करे—एसा हरिहर ने कहा है।

माधवीये वैजवापः—अर्घ्ये पितॄणां त्रीण्येवकुर्यात्पात्राणि धर्मवित्। एकस्मिन् वा बहुषु वा ब्राह्मणेषु यथाविधि॥ हेमाद्रावप्येवम्। अत्रानुमन्त्रणं सकृत्। 'तिलोऽसि' इत्यस्य प्रतिपात्रमावृत्तिः। पितृशब्दस्यानूहश्चेति वृत्तिकृत्। दर्भश्च त्रिगुणं पवित्रम्।

माधवीय में वैजवाप ने कहा है—धर्म के जानकार व्यक्ति को एक या बहुत ब्राह्मणों में भी यथाविधि पितरों के लिये अर्घ्य में तीन ही अर्घ्यपात्र करे। हेमाद्रि में भी यही है। यहाँ पर अनुमन्त्रण (मन्त्रों द्वारा

१—शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शं योरभि स्रवन्तु नः॥ (ऋ० १०।९।४)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आवाहन या प्रतिष्ठा) एक बार करे। 'तिलोऽसि'[1] इस मन्त्र का प्रतिपात्र में आवृत्ति करे। पितृशब्द का ऊह नहीं होता है यह वृत्तिकार कहते हैं। और कुशा से पवित्र त्रिगुणित होता है।

(पितृपात्रेषु विचारः)

तिस्रः तिस्रः शलाकास्तु पितृपात्रेषु पार्वणे। एकोद्दिष्टे शलाकैकां निधायोदकमाहरेत् ॥ इति हेमाद्रौ चतुर्विंशतिमतात् ।

पार्वणश्राद्ध में पितृपात्र में तीन-तीन शलाका कुशा की होती है। एकोद्दिष्ट में एक-एक शलाका रखकर जल छोड दे। यह हेमाद्रि में चतुर्विंशति का मत है।

तत्रैव विष्णुः—दक्षिणाग्रेषु दर्भेषु दक्षिणापवर्गेचमसेषु पवित्रान्तर्हितेष्वप आसिञ्चेत्। 'शन्नो देवीः' इति मन्त्रेण जलासेचनं बह्वृचभिन्नविषयम्। अत्रास्मिन्पक्षे प्रतिपात्रं मन्त्रावृत्तिः।

वहीं पर विष्णु ने कहा है—दक्षिणाग्रकुशाओं पर दक्षिण अपवर्ग (समाप्ति) आसादित [2]चमसपात्रों (सोमपान करने का लकडी का चमचे के आकार का यज्ञपात्र-याज्ञ० १।१८३) में पवित्र मध्य में स्थित होने पर जल का आसेचन करे। 'शन्नो देवीः' इस मन्त्र से जल का आसेचन करना बह्वृच भिन्न विषयक है। यहाँ पर इस पक्ष में प्रतिपात्र में मन्त्र की आवृत्ति होती है।

कारिकायाम्—गन्धपुष्पाणि चैतेषु पात्रेषु प्रक्षिपेदथ।

कारिका में कहा है—इसके वाद इन पात्रों में गन्ध और पुष्पों का प्रक्षेप करे।

ब्राह्मे—जलं क्षीरं दधि घृतं तिलतण्डुलसर्षपान्।
कुशाग्रमधुपुष्पाणि दत्त्वाऽऽचामेत्ततः स्वयम् ॥

ब्रह्मपुराण में कहा है—जल, दूध, दधि, घृत, तिल, चावल, कुशा का अग्रभाग, मधु तथा पुष्प को देकर तदनन्तर स्वयं आचमन करे।

जातूकर्ण्यः—ततोर्घ्यपात्रसम्पत्तिं वाचयित्वा द्विजोत्तमान्।
तदग्रे चार्घ्यपात्राणि स्वधार्घ्या इति विन्यसेत् ॥

जातूकर्ण्य ने कहा है—तदनन्तर उत्तम ब्राह्मणों से अर्घ्यपात्र की सम्पत्ति (अर्घ्यपात्रं सुसम्पन्नम्) कहलवाकर (ब्राह्मणों द्वारा) उनके आगे अर्घ्यपात्रों को 'स्वधार्घ्याः' इस वाक्यरूपी मन्त्र से रखवा दे।

ततस्तिलहस्तो विप्रसव्यजानौ दक्षिणकरं न्यस्यावाहनं पृच्छेत् ॥ अत्र गोत्रसम्बन्धनामानि द्वितीयान्तत्वं च प्रागुक्तम्।

तदनन्तर तिल को हाथ में ग्रहण कर श्राद्धकर्ता-ब्राह्मण का दाहिने जानु में दाहिने हाथ को रख कर आवाहन पूछे। यहाँ पर गोत्र, सम्बन्ध और नामों को द्वितीयान्त कहे, यह पहले कह चुके हैं।

वैजवापगृह्ये—'तिष्ठन् पितॄनावाहयिष्यामि' इत्यामन्त्र्य।

वैजवापगृह्य में कहा है—खडे होकर 'पितॄन् आवाहयिष्यामि' पितरों का आवाहन करूँगा—इसप्रकार आमन्त्रण करे।

कौर्मे—अपसव्यं ततः कृत्वा पितॄणां दक्षिणामुखः। आवाहनं ततः कुर्यादुशन्तस्त्वेत्यृचा बुधः ॥ आवाह्य तदनुज्ञातो जपेदायन्तुनस्ततः।

कूर्मपुराण में कहा है-तदनन्तर अपसव्य तथा पितरों के दक्षिणाभिमुख हो 'उशन्तस्त्वा'[3] इस ऋचा से बुद्धिमान् आवाहन करे। आवाहन कर उनसे आज्ञा लेकर फिर 'आयन्तु नः'[4] इस मन्त्र का जप करे।

१—तिलोऽसि सोमदैवत्यो गोसवे देवनिर्मितः। प्रत्नवद्भिः प्रत्तः (पत्नः) स्वधया पितॄनिमाँल्लोकान् प्रीणयाहि नः स्वधा नमः।

२—चमसानां तु वक्ष्यामि दण्डाः स्युश्चतुरङ्गुलाः। त्र्यङ्गुलस्तु भवेत् स्कन्धो विस्तारश्चतुरङ्गुलः ॥ विकङ्कतमयाः श्लक्ष्णावाग्विलाश्चमसाः स्मृताः। पलाशाद्वा वटाद्वान्यवृक्षाद्वा चमसाः स्मृताः ॥ इत्यादि विस्तार से अन्यत्र देखिये।

३—उशन्तस्त्वा निधीमह्युशन्तः समिधीमहि। उशन्नुशत आ वह पितॄन् हविषे अत्तवे ॥ (ऋ० १०।१६।१२)।

४—आ यन्तु नः पितरः सोम्यासोऽग्निष्वात्ता मध्ये दिवः स्वधया मादयन्ते। तेभ्यः स्वराडसुनीतिमेतां यथावशं तन्वं कल्पयाति ॥ (काण्वसंहिता—२१।५६)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र सव्यस्यापि प्रागुक्तेर्विकल्पः। अत्राद्यमन्त्रावृत्त्याऽस्मत्पितरममुकशर्माणममुकगोत्रं वसु... मावाहयामीत्याद्युक्त्वा मूर्धादिपादान्तं तिलान् विकीर्य-'आयन्तु नः' इति सर्वान्ते सकृज्जप इति निबन्धाः। अत्रोपवेशनसम्वेशनपाद्यार्घ्याचमनीयान्यपि हेमाद्रिणोक्तानि तान्यथर्ववेदिनां नियतानि नान्येषाम्। तेषां च प्रपितामहादिपित्रन्तं प्रातिलोम्येन सर्वः प्रयोगः।

यहाँ पर सव्य होकर भी रहे—यह पहले कह चुके हैं—इसलिए विकल्प है। यहाँ पर प्रथम मन्त्र की आवृत्ति से 'अस्मत् पितरममुकशर्माणममुकगोत्रं वसुरूपमावाहयामि, ऐसा कह कर शिर से पैर तक तिलों को छिड़ककर 'आयन्तु नः' इस मन्त्र को अन्त में एक बार जप करे—यह निबन्धकारों का मत है। यहाँ पर उपवेशन (बैठाना) संवेशन (कुशा आदि के आसन), पाद्य, अर्घ्य और आचमनीय भी हेमाद्रि ने कहा है। वे सब अथर्ववेदियों के यहाँ नियत (अवश्य करने योग्य) हैं, अन्यों के यहाँ नहीं है। और उनके यहाँ प्रपितामह से प्रारंभ कर पितापर्यन्त प्रातिलोम्य (प्रतिकूलक्रम या उलटेपन) से सब प्रयोग होते हैं।

वाराहे—गन्धपुष्पार्चनं कृत्वा दद्याद्धस्ते तिलोदकम्।

वाराहपुराण में कहा है—गन्ध और पुष्प से पूजन कर हाथ में तिलोदक दे।

गार्ग्यः—शिरस्तः पादतो वाऽपि सम्यगभ्यर्चयेत्ततः।

गार्ग्य ने कहा है—तदनन्तर शिर से या पैर से भी अच्छीतरह पूजन करे।

ततः—'स्वधाऽर्घ्याः' इति पितृपितामहादिविप्राग्रे प्रत्येकं निवेदयेत्—इति कारिकायां वृत्तौ च।

तदनन्तर 'स्वधार्घ्याः' इस वाक्य को कहकर पितृ-पितामह आदि ब्राह्मणों के आगे प्रत्येक को निवेदन करे—यह कारिका और वृत्ति में कहा है।

आश्वलायनः (अ० ४, ख० ७, सू० ६-१३)—प्रसव्येन इतरपाण्यङ्गुष्ठान्तरेणोपवीतित्वे दक्षिणेन वा सव्योपगृहीतेन-पितरिदं ते अर्घ्यं, पितामहेदं ते अर्घ्यम्, प्रपितामहेदं ते अर्घ्यमिति अप्पूर्वम्, ताः प्रतिग्राहयिष्यन् सकृत्सकृत्स्वधा अर्घ्या इति, प्रसृष्टा अनुमन्त्रयेत।

आश्वलायन ने कहा है—प्रसव्येन—पितृकर्म सब अप्रदक्षिण करना चाहिए। (प्रसव्य-दाहिने हाथ के अंगूठे के मध्य से अर्घ्य को दे। जिस हाथ से कर्म करता हैं दक्षिण या सव्य (बांया) से उस अंश में यज्ञोपवीति होने पर प्राचीनाबीति होता है) तदनन्तर अन्य अंश (स्कन्धा) में स्थित उपबीति होता है। यहाँ पर तो उपबीति होने से प्राचीनावीतित्व की सिद्धि के लिए सव्यपाणि के पितृतीर्थ से देना चाहिए—यह अर्थ है। या सव्यपाणि का शिष्टगर्हित होने से दक्षिणपाणी को सव्य हाथ से ग्रहणकर दक्षिणपाणि से उपवीति ही होकर अर्घ्य दे। हे पितः, यह अर्घ्य आपके लिए है। हे पितामह, यह अर्घ्य आपके लिए है। हे प्रपितामह, यह अर्घ्य आप के लिए है। इसप्रकार अर्घ्यदान के पूर्व अन्य जल को ग्रहण कराकर दे।

एक एक बार 'स्वधा अर्घ्या' इस वाक्य से अर्घ्य का जल ग्रहण करा दे। (पित्र्यर्थ यावन्तो ब्राह्मणास्तेभ्यः सर्वेभ्यः प्रथममेकमेव पात्रं सकृन्निवेदयेन्न प्रतिब्राह्मणम्। तथा पितामहार्थानां द्वितीयं सकृदेव। प्रपितामहार्थानां तृतीयं सकृदेवेत्येवमर्थं सकृत्सकृदिति वचनम्। इत्यादि ब्राह्मणों से प्रसृष्टा—निनीत दिये हुए अर्घ्यजल का अनुमन्त्रण करे।

या दिव्या आपः पृथिवि सम्बभूवुर्या अन्तरिक्षा उत पार्थिवीर्याः। हिरण्यवर्णा यज्ञियास्ता न आपः शं स्योना भवन्तु॥ इति।

जो श्रेष्ठ जल पृथिवी से समुत्पन्न हैं। अथवा जो अन्तरिक्ष से समुत्पन्न है। सोने जैसे रंग वाले यज्ञ के उपयुक्त वे जल हमारे लिए कल्याण कारक हों।

अर्घ्यादि प्राग्गन्धादेर्यज्ञोपवीतमेव। अर्घ्यदानात्प्रागन्या अपो दद्यात्। यद्यप्यत्र सव्येन दक्षिणेन वाऽर्घ्यं दद्यादित्युक्तं, तथापि दक्षिणेनेत्यभिमतोऽर्थः। कारिकायां वृत्तौ चैवम्। 'पित्रादेस्त्रिभिः पात्रैर्दद्यात्। पितुः स्थाने विप्रत्रयं चेदेकार्घ्यं विभज्य दद्यात्। त्रयाणां 'स्वधा अर्घ्याः' इति सकृत्प्रश्नः। एवं पैतामहादावपि। अन्यजलदानमर्घ्यमन्त्राश्च प्रतिविप्रमावर्त्तन्ते।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तेषु गन्धादौ च प्रतिविप्रं पदार्थानुसमयः काण्डानुसमयो वा। पित्रादित्रयाणामेकविप्रपक्षे त्रिभिः पात्रैरेकस्यैवार्घ्यं दद्यात् इति वृत्तिः।

अर्घ्यादि गन्ध आदि के पूर्व यज्ञोपवीत ही दे। अर्घ्यदान दे पहले अन्य जल दे। यद्यपि यहाँ पर सव्य से या दक्षिण से अर्घ्य दे—एसा कहा है फिर भी दक्षिणहाथ से दे—यह अभिमत (अभीष्ट रुचिकर) अर्थ है। (सव्यपाणेः शिष्टगर्हितत्वादिति भावः।) कारिका और वृत्ति में यही है। पिता आदि को तीन पात्रों से दे। पिता के स्थान में तीन ब्राह्मण हों और एक अर्घ्य का विभाग कर दे। तीनों का 'स्वधा अर्घ्या' इसका एक बार प्रश्न है। इसप्रकार पितामहादि में भी है। अन्य जलदान और अर्घ्यमन्त्र को प्रति ब्राह्मण में आवर्तन करे। उनमें गन्धादि में प्रति ब्राह्मण पदार्थानुसमय[1] या काण्डानुसमय करे। पिता आदि तीनों का एक ब्राह्मणपक्ष में तीन पात्रों से एक ही का अर्घ्य दे—यह वृत्ति का मत है।

कारिकापि—स्वधाऽर्घ्या इत्यपोऽर्घ्यास्ता उपवीती निवेदयेत्। निवेदनात्प्राक् प्राचीनावीतमेवेत्यर्थः। अर्घ्यं सशेषमादाय दक्षिणेन तु पाणिना। सव्यहस्तगृहीतेन निनयेत्पितृतीर्थतः॥ दत्त्वा दत्त्वा निनीतास्ता 'या दिव्या' चानुमन्त्रयेत्।

कारिका ने भी कहा है—उपवीति होकर स्वधाऽर्घ्या-इस वाक्य से जल निवेदन करे। निवेदन के पहले प्राचीनावीति ही है—यह अर्थ है। (हाथ में पवित्री देकर शिर से प्रारम्भ कर पूजाकर हाथ में अर्घ्यदान करे यह पहले कह चुके हैं।) दाहिने हाथ से शेष अर्घ्य को ग्रहण कर सव्य (दाहिने) हाथ में ग्रहण कर पितृतीर्थ से निनयन (देवे) करे। जल को दे देकर 'या दिव्या' इस मन्त्र से पूजन कर अनुमन्त्रण करे।

यत्तु—'या दिव्या' इति मन्त्रेण हस्तेष्वर्घ्यं विनिक्षिपेत्। इति।

जो 'या दिव्या' इस मन्त्र से हाथों में अर्घ्य का प्रक्षेप करे।

यच्च वाराहे—तिलाम्बुना चापसव्यं दद्यादर्घ्यादिकं द्विजः। इति,

और जो वाराहपुराण में कहा है—द्विज तिल और जल सहित अर्घ्य को अपसव्य से दे।

यच्च व्यासः—गोत्रसम्बन्धनामानि पितॄणामनुकीर्तयन्। एकैकस्य तु विप्रस्य अर्घ्यपात्रं विनिक्षिपेत्॥ इति तद्बह्वृचातिरिक्तविषयम्। तत आचामेत्। एवं मातामहेष्वपि।

और जो व्यास ने कहा है—पितरों के गोत्र, सम्बन्ध तथा नामों को कहता हुआ एक एक ब्राह्मण को अर्घ्यपात्र दे। यह बह्वृचशाखा से भिन्न विषयक है। तदनन्तर आचमन करे। इसप्रकार मातामह आदि में भी जानना चाहिए।

(श्राद्धे संस्रवनिरूपणम्)

आश्वलायनः (अ० ४, ख० ७, सू० १३, पृ० १२७)—'संस्रवान् समवनीय ताभिरद्भिः पुत्रकामो मुखमनक्ति।' संस्रवः=शेषः, 'संस्रवो हि परिशिष्टो भवति' इति शतपथश्रुतेः। केचित्तु हस्तगलिताम्बु वदन्ति। समवनीयान्त्ये द्वे पात्रे पितृपात्रे आसिञ्चेदिति वृत्तिः। 'प्रथमे पात्रे संस्रवान् समवनीय' इति कातीयसूत्राच्च। ब्राह्मे तु—प्रतिबिम्बानुलोकनमुक्तम्। स्कान्दे त्वायुःकामस्य नेत्रासेचनमुक्तम्। पित्र्यविप्रैः प्राङ्मुखस्य कर्तुरभिषेकः कार्य इति केचित्।

१—यत्र बहूनि प्रधानि एककाले अनुष्ठेयत्वेन विहितानि तत्र सर्वेषां प्रधानानां स्वैः स्वैरङ्गैः सह सम्बन्धस्य प्राप्त्या एकैकं प्रधानं प्रति तेषामेवाङ्गानामावृत्याऽनुष्ठाने प्राप्ते तत्र एकप्रधानसम्बन्धिसर्वमङ्गमनुष्ठाय ततः प्रधानानन्तरसम्बन्धि तदेव अङ्गजातमावर्तनीयमिति काण्डानुसमयः। अथवा—एकमेवमङ्गं सर्वेष्वपि प्रधानेष्वनुष्ठाय पुनरङ्गान्तरं तेषु सर्वेष्वावर्तनीयमिति पदार्थानुसमयः। 'एकं प्रधानमुद्दिश्य तत्तत्सम्बन्धिना यावत्पदार्थकाण्डेन अनुसमयः अनुष्ठानं काण्डानुसमयपदार्थः। इसका विशिष्ट विवेचन सवृत्ति कात्यायनश्रौतसूत्र (अ० १ क० ५ सूत्र १०–१२) में है। वहाँ पर ही देखिये। आवाहनादि पुष्पाञ्जल्यन्तं गणेशपूजनं समाप्य गौरीपूजां कुर्यादेवमन्यासामपि। अयं काण्डानुसमयः। अथवा गणपतेरावाहनं कृत्वा गौर्यादीनामावाहनं गणपतेरासनं दत्वा गौर्यादीनामासनम्। अयं पदार्थानुसमयः। संस्कारभास्करे इदं पक्षद्वयकपि प्रामाणिकतयोपन्यस्तमिति स्मार्तप्रभौ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आश्वलायन ने कहा है—अर्घ्य के शेष (अवशिष्ट) पात्रवाले जल को एकत्रकर पुत्र की इच्छा वाला यजमान उस जल से अपने मुख का सेचन करे। संस्रव नाम शेष—अर्घ्य का शेष है। संस्रव परिशिष्ट (छोडा हुआ, बचा हुआ) होता है—ऐसी शतपथ की श्रुति है। कोई हाथ के गिरे जल को संस्रव कहते हैं। वृत्ति में कहा है कि—अन्त्य के दो पात्र का संस्रव इकट्ठा ग्रहण कर पिता के पात्र में आसेचन करे।

(वृद्धशातातपः—प्रथमे पितृपात्रे तु सर्वान् संभृत्य संस्रवान्। अनक्ति वदनं पश्चात्पुत्रकामो भवेद्यदि। अत्र संस्रवाभिमंत्रेण मुखाञ्जने च मंत्रः कात्यायनेनोक्तः—अर्घ्यं स्वधया इत्युक्त्वा संस्रवानभिमन्त्र्येन। ये देवा इति मन्त्रेण पुत्रकामो मुखं स्पृशेत्।) प्रथमपात्र में संस्रव को छोड दे—यह कातीयसूत्र में भी कहा है। ब्रह्मपुराण में तो कहा है—प्रतिबिम्ब का अवलोकन कहा है। स्कन्दपुराण में कहा है—आयुकामना के लिए नेत्र का आसेचन कहा है। किसी का कहना है—पितृब्राह्मण पूर्वमुख कर्ता का अभिषेक करें।

आश्वलायनः—(अ० ४, ख० ७, सू० ७, पृ० १३७) नोद्धरेत्प्रथमं पात्रं पितृणामर्घ्यपातितम्। आवृतास्तत्र तिष्ठन्ति पितरः शौनकोऽब्रवीत्॥ 'यावद्विप्रविसर्जनम्' इति तुर्यपादे यमीयः पाठः।

आश्वलायन ने कहा है—पितरों के अर्घ्य का अवशिष्ट जल जिस पात्र में इकट्ठा किया है ऐसे प्रथम पात्र को उस देश से न उद्धरण (सीधा) श्राद्ध की समाप्ति तक करे। (पितृपात्रे समाधाय अर्घपात्राणि कृत्स्नशः। आयुष्कामस्तु तत्तोयं लोचनाभ्यां परिक्षिपेत्॥ प्रथमे पात्रे एकीकृतं संस्रवोदकं हस्ते गृहीत्वा 'आपः शिवाः शिवतमा शान्ताः शान्ततमास्तास्ते कृण्वन्तु भेषजम्' इति मन्त्रेण प्राङ्मुखोपविष्टस्य यजमानस्यान्येनाभिषेकः क्रियत इतिवाजसनेयिनामाचार इति हेमाद्रिः। इति वीरमित्रोदये। किमितिनोद्धरत्—यस्मात् तस्मिन् पात्रे पितरस्तृतीयपात्रेण पिहितास्तिष्ठन्तीति गृह्यज्ञास्तृतीयेन पात्रेण प्रथमपात्रस्यापिधानमिच्छन्ति। अन्ये तु—तत्रेति तृतीयार्थे सप्तमी तेनायमर्थः—आवृतास्तेन प्रथमेन पात्रेण पितरस्तिष्ठन्तीति। 'अर्घ्यपातितं प्रथमं पात्रं न्यग्बिलं कुर्यात्। तच्च नोद्धरेत्। आ समाप्तेरिति' व्याचख्युः। शौनकोऽब्रवीत्।) पहले पात्र में पितरों का अर्घ्यजल स्थित है। क्योंकि ढके हुए वहाँ पर स्थित हैं। ऐसा शौनक ने कहा है। यम ने इस श्लोक के चतुर्थ चरण में यों कहा है कि—यावद्विप्रविसर्जनम्। अर्थात् श्लोक यों है—नोद्धरेत् प्रथमं पात्रं पितृणामर्घ्यपातितम्। आवृतास्तत्र तिष्ठन्ति यावद्विप्रविसर्जनम्॥ जबतक ब्राह्मण का विसर्जन न हो यह चतुर्थ चरण का पाठ है।

अत्र वृत्तिः—'पितृपात्रं समवनयनदेशान्न चालयेदाश्राद्धसमाप्तेः यस्मात्तत्र तृतीयपात्रेणावृताः' इति। यद्वा 'प्रथमपात्रमेव न्यग्बिलं कुर्यात्' इति। कामाभावेऽपीदमेव शेषप्रतिपादनम्।

यहाँ पर वृत्ति ने कहा है—पितरों के अर्घ्यपात्र को जहाँ इकट्ठा किया है वहाँ से श्राद्ध की समाप्ति तक चालन न करे। जिसकारण से वहाँ पर तीसरे पात्र से ढका हुआ है। (पिता के अर्घ्यपात्र का जल पितामह के अर्घ्यपात्र में दे और पितामह के अर्घ्यपात्र का जल प्रपितामह के अर्घ्यपात्र में दे। तदनन्तर प्रपितामह के अर्घ्यपात्र को पितामह के अर्घ्यपात्र में रखे फिर पितामह के अर्घ्यपात्र को पिता के अर्घ्यपात्र में रखे।) अथवा प्रथम पात्र को ही अधोमुख (भूमि में उलटकर) करे। इच्छा के अभाव में भी यही शेषजल का प्रतिपादन है। (प्रथमपात्र में पितर रहते हैं—यह इसका पर्यवसान (समाप्ति) है। इसलिए श्राद्ध की समाप्ति तक उद्धरण (आश्वलायने—उद्धरेद्यदि तत्पात्रं ब्राह्मणो ज्ञानदुर्बलः। अभोज्यं तद्भवेच्छ्राद्धं क्रुद्धे पितृगणे गते। उशनसापि—उद्घाटने दोष उक्तः—उत्तानं विवृतं वापि पितृपात्रं यदा भवेत्। अभोज्यं तद्भवेदन्नं क्रुद्धैः पितृगतैर्गतैः। विवृतम्—उद्घाटितम्। तथा-पात्रं दृष्ट्वा व्रजन्त्याशु पितरः प्रशयन्ति च। उद्धृतमिति सम्बन्धः। (उठाना, ऊपर करना) न करे।

हेमाद्रौ कौर्मे—संस्रवांश्च ततः सर्वान् पात्रे कुर्यात्समाहितः। पितृभ्यः स्थानमसीति न्युब्जं पात्रं निधापयेत्॥

हेमाद्रि में कूर्मपुराण का मत है—तदनन्तर सब संस्रवों को पात्र में सावधान मन से रखकर 'पितृभ्यः स्थानमसि' इससे उलटकर पात्र को (भूमि में) रखे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शूलपाणौ यमस्तु—पैतृकं प्रथमं पात्रं तस्मिन् पैतामहं न्यसेत् । प्रपितामहं ततो न्यस्य नोद्धरेन्न च चालयेत् ॥ इत्याह ।

शूलपाणि में यम ने कहा है—पिता के प्रथम पात्र पर पितामह के पात्र को रखे। तदनन्तर प्रपितामह के पात्र को रखकर न उठावे न चालन करे—एसा कहा है।

अथ संस्रवानानीय तृतीयेनाच्छाद्य न्युब्जीकुर्यात्' इति सर्वैकवाक्यतयार्थ इति केचित् ।

इसके अनन्तर संश्रवों को ले आकर तीसरे पात्र से आच्छादन कर न्युब्ज (अधोमुख) करे। यह सबों की एकवाक्यता से अर्थ है—यह किसी का मत है।

अत्रिः—गन्धादिभिस्तदभ्यर्च्य तृतीयेनापि धापयेत् । पितृभ्यः स्थानमसीति शुचौ देशेऽर्चितेऽर्चयेत् ॥ अर्चनं न्युब्जीकृतेऽपि तुल्यम् । 'न्युब्जमुत्तरतो न्यसेत्' इति प्रचेतसोक्तेः । 'सर्वविप्रोत्तरतो न्यसेत्' इति हेमाद्रिकल्पतरू । 'विप्रवामे' इति हलायुधः । 'कर्तुर्वामे' इति शूलपाणिः । उत्तानं विवृतं वाऽपि पितृपात्रे न तद्भवेत् इत्युशनसोक्तेर्न्युब्जतैव साधुः । मातामहादिसंस्रवानपि पितृपात्र एव गृहीत्वा प्रयाजवत्तन्त्रेण न्युब्जीकुर्यादिति शूलपाणिः । एकोद्दिष्टे तूहेन न्युब्जतेति पितृभक्तौ श्रीदत्तः ।

अत्रि ने कहा है—गन्ध (चन्दन) आदि से उसका पूजन (पितरथ ते गन्धः, पितरिदं ते पुष्पम् इत्यादिना प्रयोगेण दद्यात्) कर तीसरे पात्र से ढक दे। फिर 'पितृभ्यः स्थानमसि' कह कर पूजित पवित्र देश में अर्चन करे। अर्चन न्युब्जी (भूमि में अधोमुख) करने पर भी समान है। प्रचेता ने कहा है—न्युब्जं (अधोमुख) पात्र को उत्तरतरफ करे। सब ब्राह्मण के उत्तर तरफ रखे—यह हेमाद्रि और कल्पतरु में कहा है। हलायुध ने कहा है—ब्राह्मण के बायें रखे। शूलपाणि ने कहा है—कर्ता के बायें रखे। उत्तान (सीधा) तथा विवृत (खुला हुआ) पिता का पात्र नहीं होता है—यह उशनस के कहने पर न्युब्जता (अधोमुख) कर ही रखे यही उचित है। मातामह आदि के संश्रवों को भी पितृपात्र में ही ग्रहण कर प्रयाज[1] की तरह तन्त्र से न्युब्ज करे यह शूलपाणी ने कहा है। एकोद्दिष्ट में तो ऊहसे (पित्रे स्थानमसि) से न्युब्जता (अधोमुख) है—यह पितृभक्ति—श्रीदत्त ने कहा है।

यमोऽपि—स्पृष्टमुत्तानमन्यत्र नीतमुद्घाटितं तथा । पात्रं दृष्ट्वा व्रजन्त्याशु पितरस्तं शपन्ति च ॥ वैश्वदेवे उत्तानमिति मदनपारिजातः ।

यम ने भी कहा है—हाथ आदि से स्पर्श किया हुआ उत्तान (सीधा) और अन्यत्र ले जाकर उद्घाटित (खुला हुआ) पात्र को देखकर पितर शीघ्र चले जाते हैं और उसको शाप देते हैं। वैश्वदेव में उत्तान होता है—यह मदनपारिजात का मत है।

बैजवापः—तस्योपरि कुशान् दत्त्वा प्रदद्याद्देवपूर्वकम् । गन्धपुष्पाणि धूपं च दीपं वस्त्रोपवीतके ॥ अत्र गन्धादेर्दैवे पित्र्ये च पदार्थानुसमयस्य याज्ञवल्क्योक्तकाण्डानुसमयेन विकल्पो ज्ञेयः । बह्वृचानां तु सूत्रे दैवानुक्तेः काण्डानुसमय एव । अत्र प्राचीनावीति । नामगोत्रसंबुध्याद्युक्तं प्राक् । अन्यद्दैववत्तदन्ते आचमनं च ।

१—होता के घृतवतीम्' इसमन्त्र के कहने वाद अध्वर्यु स्रुचि को ग्रहण कर 'यजतिदेश' में जाकर 'ओ श्रावय' एसा कहकर 'समिधो यज' एसा होता को कहे। पुरोनुवाक्या—रहित समिधो यजति, तनूनपातं यजति, इडो यजति, बर्हिर्यजति, स्वाहा यजति' (तै० सं० २।६।१) को एकवार अतिक्रान्त ही हो समिद्धतम अग्नि में हवन करे। यहाँ पर देवता भेदहोने पर भी इनकी आहुति एकसमय होती है। तद्वत् ही न्युब्जीकरण में पितृ, पितामह और प्रपितामह तथा मातामह, प्रमातामह तथा वृद्धप्रमातामहादियों का नामभेद है प्रजाजवत् फिर भी एक ही समय में पित्रादि तीन का न्युब्ज (प्रपितामह के जल का जल पितामह के पात्र में गिरा दे और पितामह के पात्र का जल पिता के पात्र में गिरा दे। फिर पिता के पात्र को पितामह के पात्र रखे और पितामह के पात्र को प्रपितामह के पात्र में रखकर न्युब्जीकरण एक ही साथ होगा। तद्वत् मातामहादियों का भी होगा। पार्वणादि में।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बैजवाप ने कहा है—उस (पात्र) के ऊपर कुशाओं को देकर देवपूर्वक—गन्ध, पुष्प, धूप, दीप वस्त्र और यज्ञोपवीत दे। यहाँ पर दैव तथा पित्र्यकर्म में गन्धादि का देना पदार्थानुसमय का याज्ञवल्क्य से काण्डानुसमय से विकल्प जानना चाहिए। बह्वृचों के तो सूत्र में दैव को नहीं कहा है अतः काण्डानुसमय ही है। यहाँ पर प्राचीनावीति है। नाम, गोत्र, संबुद्धि आदि पहले कह चुके हैं। अन्य तो दैव के सदृश उसके अन्त में आचमन कहा है।

हेमाद्रौ कालिकापुराणे—निर्वर्त्य ब्राह्मणादेशात् क्रियामेवं यथाविधि। भाजनानि ततो दद्याद्स्तशौचं पुनः क्रमात् ॥ आदेशात्पात्राणि दद्यादित्यन्वयः। तेन तत्रापि प्रश्नानुज्ञे ज्ञेये।

हेमाद्रि में कलिकापुराण का वचन है—ब्राह्मणों के आदेश से इसप्रकार यथाविधि क्रिया को समाप्त कर भाजन पात्रों (भोजनार्थ सब अन्नों को धारण करने में समर्थ बडे-बड़े पात्र) को देकर फिर से हाथ को पवित्र करे। आदेश से (ब्राह्मणों के कथन से) पात्रों को दे यह अन्वय है। इससे वहाँ पर भी प्रश्न (अविज्ञात प्रवचन) और अनुज्ञा (आदेश) जानना चाहिये।

(मतमतान्तरपूर्वकश्राद्धे विप्रादीनां मण्डलकरणविचारः)

तत्रैव ब्राह्मे—मण्डलानि च कार्याणि नैवारैश्चूर्णकैः शुभैः।
गौरमृत्तिकया वापि भस्मना गोमयेन वा ॥

वहाँ पर ब्रह्मपुराण का मत है—शुभ—कल्याणकारक नैवार चूर्ण, (तिन्नी चावल का चूर्ण) सफेद मृत्तिका, भस्म या गोबर से मण्डलों को करे।

भृगुः—भस्मना वारिणा वापि कारयेन्मण्डलं ततः। चतुष्कोणं द्विजाग्र्यस्य त्रिकोणं क्षत्रियस्य तु ॥ मण्डलाकृति वैश्यस्य शूद्रस्याभ्युक्षणं स्मृतम्।

भृगु ने कहा है—तदनन्तर—भस्म या जल से भी मण्डल करावे। ब्राह्मण को चौकोर, क्षत्रिय को त्रिकोण तथा वैश्य मण्डलाकृति (गोलाकार) बनावे। और शूद्र को अभ्युक्षणमात्र (जल का छिड़कना) कहा है।

बह्वृचपरिशिष्टे तु दैवे चतुरस्रं पित्र्ये वर्तुलं मण्डलं कृत्वा क्रमेण सयवान् सतिलांश्च दर्भान् दद्यात्' इत्युक्तम्।

बह्वृचपरिशिष्ट में तो कहा है—देवकार्य में चतुरस्र (चौकोर) और पितृकार्य में वर्तुल (गोलाकार) मण्डल कर क्रम से यव तथा तिल सहित कुशाओं को दे—ऐसा कहा है।

(मण्डलहीने तु विचारः)

मार्कण्डेयः—यातुधानाः पिशाचाश्च क्रूरा ये चैव राक्षसाः।
हरन्ति रसमन्नस्य मण्डलेन विवर्जितम् ॥

मार्कण्डेय ने कहा है—मण्डल से रहित होने पर यातुधान (राक्षस) पिशाच (योनि विशेष) और जो क्रूर राक्षस हैं वे अन्न के रस को हरण करते हैं।

(श्राद्धे भोजनपात्राणां निरूपणकथनम्)

हेमाद्रौ हारीतः—भूमावेव निदध्यान्नोपरि पात्राणि' इति। तानि च हेमाद्रावत्रिराह—भोजने हैमरौप्याणि दैवे पित्र्ये यथाक्रमम्।

हेमाद्रि में हारीत ने कहा है—पृथ्वीपर ही पात्रों को रख किसी के (पत्तल, पट्टा, चौकी, पीढा आदि ऊपर न रखे)। उन पात्रों को हेमाद्रि में अत्रि ने कहा है—देवकार्य में भोजन के पात्र सुवर्ण के तथा पित्र्य-कार्य में चाँदी के पात्र यथा क्रम से होते हैं।

हारीतः—'राजतपार्णताम्रकांस्यपात्राणि भोजने' इति।

हारीत ने कहा है—भोजनपात्र—चाँदी, पत्ता, ताँवा और कांसे के होते हैं।

तत्रैव वाराहे—सौवर्णानीह रौप्याणि कांस्यानि तदसंभवे। अन्यान्यपि हि कार्याणि दारुजान्यपि जानता॥ नायसान्यपि कार्याणि पैत्तलानि न तु क्वचित्। न च सीसमयानीह शस्यन्ते त्रपुजान्यपि॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वहीं पर पात्रों को भी वाराहपुराण में कहा है--यहाँ पर सुवर्ण के पात्र या चाँदी के पात्र हों असंभव में काँसे के पात्र हों। दूसरे पात्र भी जानकार लकड़ी के निर्माण करावे। लोहे के पात्र और पीतल के पात्र कभी न रखे। सीसे के पात्र तथा लाख के पात्र भी न रखे।

अत्रिः—पञ्चाशत्पलिकं कांस्यं द्व्यधिकं भोजनाय वै। गृहस्थैस्तु सदा कार्यमभावे हैमरौप्ययोः॥ पालाशेभ्यो विना न स्युः पर्णपात्राणि भोजने।

अत्रि ने कहा है—भोजन के लिए गृहस्थ सदा बावन पल के कांसे के पात्र को बनावें। उसके अभाव में सुवर्ण और चाँदी के पात्र बनावे। भोजनपात्र पालास के पत्तों के बिना अन्य पत्तों का न करे।

(पृथ्वीचन्द्रमते कांस्यपात्रे विचारः)

पृथ्वीचन्द्रस्तु—कांस्यपात्रे हविर्दृष्ट्वा निराशाः पितरो गताः। इति ब्राह्मोक्तेः कांस्यपात्रनिषेधमाह।

पृथ्वीचन्द्रोदय में तो कहा है—कांस्यपात्र (पचासपल से न्यून का निषेध है यह अन्य का कथन है।) में हवि को देखकर पितर निराश होकर चले जाते हैं। यों ब्रह्मपुराण में कांस्यपात्र का निषेध कहा है।

(बोपदेवमते तु कदल्यादिपात्रे विचारः)

बोपदेवस्तु स्मृतिसङ्ग्रहमुदाजहार—श्राद्धे पलाशपात्राणि मधूकोदुम्बराणि च। पारिका-कुटजप्लक्षक्रकचानि क्रमाज्जगुः॥ कदलीचूतपनसजम्बुपुन्नाग (पत्रार्क) चम्पकाः। अलाभे मुख्यपात्राणां ग्राह्याः स्युः पितृकर्मणि॥ इति।

बोपदेव ने तो स्मृतिसंग्रह का वचन कहा है--श्राद्ध में पलाशपत्र, महुआ, उदुम्बर, पारिका, कुटज (कुरैया का पत्ता—इसके पत्ते दीर्घाकृति के होते हैं। इसके फूल में बहुत सुगन्ध होती है।), प्लक्ष (पाकर), क्रकच (अर्थात्--करपत्र, केतकी, केवडा), केलापत्र, आम्रपत्र, कटहर के पत्ते, जामुन में पत्ते, पुन्नाग (नागकेशर) के पत्ते और चम्पा (चमेली) के पत्ते का पात्र क्रम से कहा गया है। मुख्यपात्रों के अलाभ में पितृकर्म में ग्रहण करे।

(हेमाद्रिमते तु कादल्यादिपत्रदाने विचारः)

हेमाद्रौ तु कदलीपात्रनिषेधमाहाङ्गिराः—न जातीकुसुमानि दद्यान्न कदलीपत्रम्। इति।

हेमाद्रि में तो कहा है--कदलीपत्र को अंगिरा ने निषेध कहा है--जातीपुष्प (मालती पुष्प) और केले का पत्ता श्राद्ध में न दे। कोई पीत जाती का निषेध मानते हैं। परन्तु जातीमात्र का निषेध है।

क्रतुः—असुराणां कुले जाता रम्भा पूर्वपरिग्रहे। तस्या दर्शनमात्रेण निराशाः पितरो गताः॥

क्रतु ने कहा है—असुरों के कुल में पहले उत्पन्न हुई रंभा (केला) है। उसके दर्शनमात्र से पितर निराश होकर चले जाते हैं।

(भस्ममर्यादां कृत्वा मन्त्रद्वयेन विप्रहस्तशोधनकथनम्)

एवं पात्राण्यासाद्य भस्ममर्यादां कृत्वा विप्रहस्तशोधनं कुर्यात्। तत्र 'पिशङ्ग' 'रक्षाणो' इति मन्त्रद्वयं केचित्पठन्ति।

इसप्रकार पात्रों का आसादन कर भस्ममर्यादा को कर ब्राह्मण का हाथ धुला दे। वहाँ पर पिशंग[1] और रक्षाणो[2] इन दोनों मन्त्रों को कोई पढते हैं।

मात्स्ये—अकृत्वा भस्ममर्यादां यः कुर्यात्पाणिशोधनम्।
आसुरं तद्भवेच्छ्राद्धं पितॄणां नोपतिष्ठते॥

१—पिशङ्गभृष्टिमम्भृणं पिशाचिमिन्द्र सं मृण। सर्वं रक्षो नि बर्हय॥ (ऋ० १।१३३।५।)। पिशङ्गरूपः सुभरो वयोधाः श्रुष्टी वीरो जायते देवकामः। प्रजां त्वष्टा वि ष्यतु नाभिमस्मे अथा देवानामप्येतु पाथः॥ (ऋ० २।३।६) तै० स० ३।१।११।२)।

२—रक्षा णो अग्ने तव रक्षणेभी रारक्षाणः सुमख प्रीणानः। प्रति ष्फुर वि रुज वीड्वंहो जहि रक्षो महि चिद् वावृधानम्॥ (ऋ० ४।३।१४)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मत्स्यपुराण में कहा है—जो कोई भस्म की मर्यादा को न कर हाथ का शोधन (शुद्धि जल के द्वा करता है। वह श्राद्ध आसुर होता है और पितरों को प्राप्त नहीं होता है।

तथैव ब्रह्माण्डे—प्रक्षाल्य हस्तपात्रादि पश्चादद्भिर्विधानवत्। प्रक्षालनजलं दर्भैस्तिलैर्मिश्रं क्षिपेच्छुचौ ॥ मण्डलोपरीति हेमाद्रिः।

वहीं पर ब्रह्माण्डपुराण में कहा है—फिर जल से विधिपूर्वक हाथ और पात्र (प्याला, ग्लास और कोई बर्तन) आदि का प्रक्षालन कर प्रक्षालन जल को कुशा तथा तिलों सहित पवित्र देश में गिरावे। प्रक्षालनादि मण्डल के ऊपर गिरा दे—यह हेमाद्रि ने कहा है।

(श्राद्धे अग्नौकरणकथनम्)

अथाग्नौकरणम्। हेमाद्रौ मार्कण्डेयः—आहिताग्निस्तु जुहुयाद्दक्षिणाग्नौ समाहितः। अनाहिताग्निश्चौपासनेऽन्यभावे द्विजेऽप्सु वा ॥

अब अग्नौकरण कहते हैं। हेमाद्रि में मार्कण्डेय ने कहा है—आहिताग्नि तो दक्षिणाग्निकुण्ड में स्वस्थचित्त से हवन करे। अनाहिताग्नि औपासन अग्नि (गृह्याग्नि) में करे। अभाव में तो ब्राह्मण के हाथ में जल दे।

वायवीये—आहृत्य दक्षिणाग्निं तु होमार्थं वै प्रयत्नतः। अग्न्यर्थं लौकिकं वापि जुहुयात्कर्मसिद्धये ॥ आहिताग्निः=सर्वाधानी। अर्द्धाधानी तु गृह्य एवेति चन्द्रिकापरार्कमिताक्षरामाधवादयः। तस्यापि दक्षिणाग्नौ लौकिको गृह्य इति हेमाद्रिः कल्पतरुश्च। आद्यपक्ष एव तु युक्तो बहुसम्मतश्च। यद्यपि स्मार्तमग्नौकरणं श्रौते दक्षिणाग्नौ न युक्तं, तथापि वचनाद्भवतीति हेमाद्रिचन्द्रिकादयः। इदं दर्शश्राद्ध एव। आब्दिकादिषु तु सर्वाधानी पाणौ, अर्द्धाधानी गृह्ये कुर्यादिति हेमाद्रिर्माधवश्च,

पक्षान्तं कर्म निर्वर्त्य वैश्वदेवं च साग्निकः। पिण्डयज्ञं ततः कुर्यात्ततोऽन्वाहार्यकं बुधः ॥ इति लौगाक्ष्यादिभिः क्रमोक्तेर्विहितदक्षिणाग्निसत्वात्। अत एवात्र वचने साग्निकः आहिताग्निरुक्तो हेमाद्रिणा। एतदापस्तम्बदीनामेव। आश्वलायनस्याहिताग्नेः पाणावेवेति वृत्तिः। अर्द्धाधानिनो गृह्य एव व्यतिषङ्गेणेति प्रयोगपारिजाते परिशिष्टे च।

वायुपुराण में कहा है—औपासन अग्नि के कार्य के लिए दक्षिणाग्नि को या लौकिक अग्नि को प्रयत्न से ही ले आकर कर्मसिद्धि के लिए होम करे। आहिताग्नि माने-सर्वाधानी। अर्धाधानी तो घर में होने वाले अग्नि में ही करे—यह चन्द्रिका, अपरार्क, मिताक्षरा, माधव आदि कहते हैं। अर्धाधानी का भी दक्षिणाग्नि में करे। लौकिक गृह्याग्नि का नाम है—यह हेमाद्रि और कल्पतरु कहते हैं। उसमें पहला पक्ष ही युक्त है और बहुसम्मत है। यद्यपि स्मार्त अग्नौकरण श्रौत—दक्षिणाग्नि में युक्त नहीं है फिर भी वचन से होता है—यह हेमाद्रि, चन्द्रिका आदि कहते हैं। यह दर्शश्राद्ध में ही होता है। आब्दिक आदि में तो सर्वाधानी हाथ में और अर्धाधानी गृह्याग्नि में करे—यह हेमाद्रि, माधव आदि का मत है।

पक्षान्त (दर्शपूर्णमास देवताओं के लिए चरु को पका कर आहुति दे या पक्षान्त (दर्शपौर्णमासेष्टि) को करके) कर्म और वैश्वदेव को साग्निक समाप्त कर बुद्धिमान् पिण्ड (पितृ) यज्ञ करे तदनन्तर अन्वाहार्य (दर्शपौर्णमासेष्टि की चरुरूप दक्षिणा) करे। यह लौगाक्षि आदियों के क्रम के कहने पर दक्षिणाग्नि से विहित नहीं है। इसलिए ही यहाँ पर वचन में साग्निक (अग्निहोत्री) को हेमाद्रि ने आहिताग्नि कहा है। यह आपस्तम्बियों को ही है। आश्वलायन आहिताग्नि का हाथ में होता है—यह वृत्ति में कहा है। अर्धाधानी तो व्यतिषंग से गृह्याग्नि में करे—यह प्रयोगपारिजात और परिशिष्ट में कहा है।

बोपदेवस्त्वाह होमशब्दः पिण्डपितृयज्ञपरः, पितृयज्ञे तु जुहुयाद्दक्षिणाग्नौ समाहितः। श्राद्धे त्वौपासनाग्नौ तु निरग्निर्लौकिकेऽनले ॥ अनग्निर्दूरभार्यश्च पार्वणे समुपस्थिते। सन्धायाग्निं ततः कुर्यात् होममग्निं समुत्सृजेत् ॥ इति त्रिकाण्डमण्डनोक्तेः। श्राद्धे गृह्याग्नावेवेति। लौकि-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

काग्न्यादिविधानं च तैत्तिरीयादिविषयम्। बह्वृचस्य त्वनग्नेरपि पाणिहोम एव। अग्निपाणी विना सूत्रे विधानान्तरानुक्तेः, अग्न्यभावे तु विप्रस्य पाणावेवोपपादयेत्। इति (अ० ३ श्लो० २१२) मनूक्तेश्च। वृत्तावप्येवम्।

बोपदेव ने तो कहा है—होमशब्द पिण्डिपितृयज्ञपरक है। त्रिकाण्डमण्डन ने कहा है—पितृयज्ञ में समाहित मन से दक्षिणाग्नि में हवन करे। श्राद्ध में तो औपासन अग्नि में करे। निरग्निक तो लौकिक अग्नि में करे। अनग्नि के तीन कारण हैं—अग्नि के अस्वीकार से भार्यापरिग्रह के अभाव से, (तथा स्वीकृत के उच्छेद से) और स्त्री जिसकी दूर हो (अर्थात् अग्नि के समीप में न हो) वह पार्वण श्राद्ध के उपस्थित होने पर अग्नि को सन्धान (प्रज्वलित) कर होम कर अग्नि का त्याग करे। श्राद्ध में गृह्याग्नि में ही है। लौकिक अग्नि आदि का विधान तो तैत्तिरीयादिविषयक है। (तैत्तिरीय आदि को पाणिहोम का अभाव है।) बह्वृच का तो अनग्नि के भी हाथ में ही हवन कहा है। अग्नि तथा पाणी (हाथ) को छोड़ कर सूत्र में विधानान्तर नहीं कहा है। मनु ने भी कहा है—अग्नि के अभाव में ब्राह्मण के हाथ में ही हवन करे। वृत्ति में भी यही है।

क्वचित्साग्नेरपि पाणिहोम उक्तो गृह्यपरिशिष्टे—अन्वष्टक्यं च पूर्वेद्युर्मासिमास्यथ पार्वणम्। काम्यमभ्युदयेऽष्टम्यामेकोद्दिष्टं तथाष्टमम्॥ चतुर्ष्वाद्येषु साग्नीनां वह्नौ होमो विधीयते। पित्र्यब्राह्मणहस्ते स्यादुत्तरेषु चतुर्ष्वपि॥ इति। एकोद्दिष्टं सपिण्डीकरणं, शुद्धे तन्निषेधात्। बह्वृचभाष्यकारास्तु सर्वैकोद्दिष्टेषु पाणिहोममाहुः। इदं बह्वृचानामेव।

कहीं पर साग्निक को भी ब्राह्मण के हाथ में होम गृह्यपरिशिष्ट में कहा है—अन्वष्टका के पूर्वदिन में (हेमन्त और शिशिर के कृष्णपक्ष की नवमी में अन्वष्टका होती है उसके पूर्व अष्टमी के दिन में) महिने महिने में पार्वण होता है। पुत्रादिकामना में कृत्तिकादियों में, अभ्युदय (पुत्रजन्म) में, हेमन्त और शिशिर के कृष्णपक्ष की अष्टमीतिथि में एकोद्दिष्ट होता है। आदिकी चार में साग्निकों का हवन अन्वष्टका अग्नि में होता है। उत्तर चार में पितृब्राह्मणों के हाथ में हवन होता है।

एकोद्दिष्टश्राद्ध से सपिण्डीकरण मानना चाहिये। शुद्ध में उसका निषेध है। बह्वृच भाष्यकारों ने कहा है—सब एकोद्दिष्टों में पाणिहोम को कहा है। यह बह्वृचों के लिए ही है।

अत्रेदं तत्त्वम्। 'स्थालीपाकेन सह पिण्डार्थमुद्धृत्य' इति सूत्रे 'नात्रापूर्वः स्थालीपाकश्चोद्यते। सर्वश्राद्धेषु प्रसङ्गात्तेनानुवादोऽयम्' इति वृत्तिकारोक्तेः। पार्वणे आर्थिकस्यानङ्गस्य व्यतिषङ्गस्य वार्षिकादिष्वनतिदेशादर्धाधानिनोऽपि पाणिहोम एवेति वृत्तिस्वरसः। एवं मासिकादावपि, षोडशे मासिके श्राद्धे सपिण्डीकरणे तथा। पाणावेव तु होतव्यमन्यत्राग्नौ तु हूयते॥ इति बोपदेवोदाहृतवचनाच्च।

यहाँ पर यह तत्त्व (सिद्धान्त) है—स्थालीपाक के सहित पिण्ड के लिए अन्न को निकालकर इस सूत्र में यहाँ पर अपूर्व स्थालीपाक नहीं कहा है। सब श्राद्धों में प्रसंग होने से यह अनुवाद है—यह वृत्तिकार ने कहा है। पार्वण में आर्थिक का यदि व्यतिषंग का अतिदेश्य हो जाय तो उसका अङ्ग नहीं होता है वार्षिक आदि में अतिदेश न होने से अर्धाधानी का भी पाणि (हाथ) में होम ही होता है—यह वृत्ति का तात्पर्य है।

इसप्रकार मासिक आदि में भी जानना चाहिये। और बोपदेव का कहा हुआ वचन भी है—षोडश, मासिकश्राद्ध में और सपिण्डीकरण में हाथ में ही हवन करना चाहिए अन्यत्र तो अग्नि में ही हवन करे।

भाष्यकारमते तु सूत्रे स्थालीपाकेनेतिकरणत्वान्नित्यवच्छ्रवणाच्च पार्वणे सोऽङ्गम्। ततः काम्यादिषु तदभावे कार्यस्य पिण्डदानस्याप्यभावः। एतदेवानुसृत्य विकृतावपि वार्षिकादौ व्यतिषङ्ग उक्तः प्रयोगपारिजाते परिशिष्टे च। तेनैतन्मतेऽर्धाधानिनोऽग्नावेव। वस्तुतस्तु स्थालीपाकेन 'सह शाखया प्रस्तरं प्रहरति' इतिवत् सहभावमात्रश्रुतेः। पत्नीवते त्वष्टुरुपलक्षणमिव नाङ्गत्वम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत्त्वे वा नाङ्गानुरोधेन प्रधानभूतपिण्डदानत्यागो युक्तः। तेन व्यतिषङ्गाभावेऽप्यग्नौ हो भवतीति बोपदेवः। अनाहिताग्नेर्गृह्याग्निमतस्तु सर्वमतेऽग्नावेव। वार्षिकादौ वृत्तिमते व्यति न, अन्यमते त्वस्ति। अत्र यथाचारमनुष्ठेयम्।

भाष्यकार के मत में तो सूत्र में स्थालीपाक में करणत्व (तृतीया-सह पिण्डार्थम्) होने से और लि की तरह सुनने से पार्वण में स्थालीपाक अंग है। तदनन्तर काम्य आदि श्राद्धों में उसके अभाव से पिण्ड कार्य का भी अभाव है। इसी बात का अनुसरण कर वार्षिक आदि विकृति में भी व्यतिषङ्ग प्रयोगपारिज और परिशिष्ट में कहा है। इससे इसके मत में अर्धाधानी का अग्नि में ही हवन करे।

सिद्धान्त तो यह है—स्थालीपाक से शाखा के साथ जैसे [1]सूक्तवाक् मन्त्र से प्रस्तर का अग्नि में प्रक्षे करता है। इसकी तरह सहभाव सुना गया है। पत्नीवत्—इस मन्त्र में त्वष्टा जैसा उपलक्षण मात्र है अंगत्व नहीं है। या बाधित अंग के अनुरोध न होने से प्रधानभूत पिण्डदान का त्याग युक्त हो है। इससे व्यतिषङ्ग के अभाव में भी अग्नि में होम होता है ऐसा बोपदेव ने कहा है। अनहिताग्नि निरग्नि का तो सबके मत में अग्नि में ही होता है। वार्षिकादि में तो वृत्तिकार के मत से व्यतिषंग नहीं होता है। अन्य के मत से होता है। यहाँ पर जैसा आचार हो वैसा अनुष्ठान करे।

आश्वलायनः—(अ० ४ ख० ८ सू० २४ पृ० १२८) उद्धृत्य घृताक्तमन्नमनुज्ञापयत्यग्नौ करिष्ये करवै करवाणीति वा। 'प्रत्यभ्यनुज्ञा क्रियतां कुरुष्व कुर्विति। अथाग्नौ जुहोति यथोक्तं पुरस्तात्' इति। व्यतिषङ्गपक्षे इदमिति वृत्तिः। करवै करवाणीत्यत्राग्नावित्यनुषङ्गः। पुरस्तात् पिण्डपितृयज्ञे। तच्चैवम्—'मेक्षणेनावदायावदानसम्पदा जुहुयात्सोमाय पितृमते स्वधा नमो ऽग्नये कव्यवाहनाय स्वधा नम इति स्वाहाकारेण वाऽग्नौ पूर्वं यज्ञोपवीती मेक्षणमनुप्रहृत (श्रौ० श्लो० २।६) इति। अवदानसंपदा उपस्तरणाद्यपेक्षयेत्यर्थः। व्यतिषङ्गपक्षेऽतिप्रणीतेऽयं होमो ऽन्यथा मुख्ये॥ 'अतिप्रणीतेऽग्नाविध्ममुपसमाधाय इति बह्वृचपरिशिष्टात्। केचित्तस्य स्वोनि बर्हणार्थत्वान्मुख्ये वदन्ति। तदेतद्विरोधाच्चिन्त्यम्। प्रयोगपारिजातेऽप्येवम्।

पिण्डपितृयज्ञ-स्थालीपाक से अन्न को निकालकर घृताक्तकर पित्राद्यर्थ ब्राह्मणों से आज्ञा लेता है— अग्नौ करिष्ये—मैं अग्नि में करूँगा। अग्नौ करवै या अग्नौ करवाणि। अग्नि में हवन करो। ब्राह्मण ऐसी ही उसके प्रति आज्ञा दें—क्रियताम्, कुरुष्व या कुरु—करो। तदनन्तर अग्नि[2] में हवन करता

१—दर्शपूर्णमासप्रकरण में 'सूक्तवाकेन प्रस्तरं प्रहरति,—यह वाक्यश्रुत है। इसवाक्य का यों अर्थ है कि—सूक्त वाकमन्त्र से प्रस्तर को अग्नि में प्रक्षेप करे। अर्थात्—यहाँ प्रस्तर (दर्भमुष्टि) सूक्तवाकमन्त्र में कहे गये अग्न्यादि देवता हैं। द्रव्यदेवता का संबंध होने से याग का होना आवश्यक है। इसलिये प्रहरतिशब्द से याग ही लक्षण समझा जाता है। वहाँ जैसा सूक्तवाककरण है उसीप्रकार 'सह शाखया प्रस्तरं प्रहरति' इस वाक्य से शाखया—इस तृतीया विभक्ति से यागसाधनता मालुम होती है इसलिए प्रस्तर के समान होने के कारण पौर्णमासी में भी शाखा को ग्रहण करे। यह शंका होती है। समाधान है कि—यहाँ उत्पत्तिमात्र है अंग नहीं है। इसी में दूसरा उदाहरण देते हैं। पत्नी वतग्रह का होम होने के बाद मन्त्र श्रुत है। 'त्वष्ट्रा सोमं पिब स्वाहा' यहाँ सहपान श्रुत है। यह देवता नहीं है। केवल पान में साहित्य मात्र है। एसा लोक में भी देखा जाता है कि 'सहैव दशभिः पुत्रं भारं वहति गर्दभी। भारवहन नहीं करते हुए पुत्रों से सहभाव मात्र है। एवं च शाखायाग का साधन नहीं है न त्वष्ट्रा देवता है। वैसा स्थालीपाक भी पिण्डदान के अंग का साधन नहीं है। यदि अंग मानते हैं तो भी प्रधानानुसरण अंग से किया जाता है। प्रधान अंग के अनुसार कहीं बाधा होने पर त्याज्य होता है। वैसा यहाँ भी स्थालीपाक का त्याग समझना चाहिये।

२—योऽनर्चिषि जुहोत्यग्नौ व्यङ्गारिणि च मानवः। मन्दाग्निरामयावी च दरिद्रश्चापि जायते॥ तस्मात्समिद्धे होतव्यं नासमिद्धे कदाचन। आरोग्यमिच्छता चायुः श्रियं चात्यन्तिकीं तथा। समिन्धनम्—'जुहूषंश्च हुते चैव पाणिशूर्पस्फ्य वादिभिः। न कुर्यादग्निधमनं कुर्यात्तु व्यजनादिना॥ यत्तु—'मुखेन च धमेदग्निं मुखाद् ह्येषो ह्यजायत। नाग्निं मुखेनेति तु यल्लौकिके योजयेत्तु तत्। तत् मुखाग्निधमनक्रिया' इति कलिवर्ज्यम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है। पहले कहे हुए मार्ग से। व्यतिषंग पक्ष में—यह वृत्ति में कहा है। करवै, करवाणि, यहाँ पर अग्नि में अनुषंग है। पहले कहे हुए पिण्डपितृयज्ञ में है। वह यही है-मेक्षण से अवदान संपदा से हवन करता है—सोमाय पितृमते स्वधा नमः। अग्नये कव्यवाहनाय स्वधा नमः। या स्वाहाकार से अग्नि को पहले यज्ञोपवोति हो मेक्षण को अनुप्रहृत्य (अग्निमें प्रक्षेपकर) अवदान की संपदा (पलाशके पत्ते को रखकर उसपर आज्य से लेपन कर तथा हवि (पुरोडाश) को रखकर हवि के ऊपर आज्य को छोड़ना। जमदग्नि पक्षवाले तीन बार हवि रखते हैं। चतुरावत्तपक्ष में प्रथम आज्य को रखे। दो बार हवि का अवदान (तोडकर) करके रखे। उसके ऊपर फिर से घी को छोड़ दे। यह चतुरावत्तपक्ष हुआ। पञ्चावत्तपक्ष में तीन बार हवि को रखे।) उपस्तरणादि अपेक्षा कृत है यह अर्थ है। व्यतिषंग पक्ष में यह होम करे अन्यथा मुख्य अग्नि में। अतिप्रणीत (दक्षिणाग्निकुण्ड से अग्नि को अलग कर) अग्नि में इध्म[1] (लकड़ी) का आधान करे—यह बह्व चपरिशिष्ट में कहा है। कोई उसको राक्षसों को हटाने के कारण मुख्य कहते हैं। यह अधिकरणकारक (सप्तमी) विरोध होने से चिन्तनीय है। प्रयोगपारिजात में भी यही है।

शौनकः—स्वाहाकारेण होमे तु भवेद्यज्ञोपवीतवान्। तत्र प्रागग्नये हुत्वा पश्चात्सोमाय हूयते॥ अग्नौ यज्ञोपवीत्येव प्रक्षिपेन्मेक्षणं ततः॥

शौनक ने कहा है--स्वाहाकारहोम में तो यज्ञोपवीती होकर रहे। उसमें पहले अग्नि के लिए (अग्नये स्वाहा) फिर सोम (सोमाय स्वाहा) के लिए हवन करे। तदनन्तर अग्नि में यज्ञोपवीती ही होकर मेक्षण-पात्र (चरु को हिलाने के लिए और उसको निकालने के लिए तथा हवन करने के लिए पात्र विशेष यह चम्मत या करछी के आकार का चार अंगुल चौड़ा और आगे की ओर निकला हुआ होता है) का प्रक्षेप करे।

छन्दोगपरिशिष्टे—अग्नौकरणहोमश्च कर्तव्य उपवीतिना। अपसव्येन वा कार्यो दक्षिणाभिमुखेन च॥ कातीयानां त्वपसव्येनैव, पिण्डपितृयज्ञवद्धुत्वेति सर्वातिदेशात्। सव्यं तु छन्दोगपरम्, गोभिलेनैतदुत्तरमेवापसव्योक्तेः, छन्दोगा जुहुयुः सव्येनापसव्येन याजुषाः। इति वृद्धयाज्ञवल्क्योक्तेश्च।

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है--अग्नौकरणहोम उपवीति होकर करना चाहिये या अपसव्य से तथा दक्षिणाभिमुख होकर करे। कातीयों के मत से तो अपसव्य से ही होता है। क्योंकि पिण्डपितृयज्ञवत् होम करे यह सर्वातिदेश (पूर्ववत् संपूर्ण पदार्थों का विधान है।) है। सव्य तो छन्दोगपरक है। गोभिल ने तो इसको उत्तर ही में अपसव्य से कहा है। सव्य से छन्दोगवाले हवन करे और अपसव्य से यजुर्वेदी हवन करे। एसा वृद्ध याज्ञवल्क्य ने भी कहा है।

(श्राद्धे पाणिहोमकथनम्)

अथ पाणिहोमः। आश्वलायनः—(अ० ४ ख० ८ सू० ५ पृ० १२८) 'अभ्यनुज्ञायां पाणिष्वेव वा' इति। पिण्डपितृयज्ञकल्पाभावेनाग्न्यभावे काम्यादिष्वित्यर्थः। तेन बह्वृचानामेकोद्दिष्टे पाणिहोमो भवत्येव। निषेधोऽन्यपरः। पाणिष्विति बहुवचनात्सर्वविप्रपाणिषु होम इति वृत्तिः। एवं मातामहेऽपि।

अब पाणिहोम कहते हैं। आश्वलायन ने कहा है—यदि ब्राह्मण पाणियों में होम को जानते हैं तब पाणियों में हवन होता है। अनुज्ञावचन और प्रत्यभ्यनुज्ञावचन नहीं होता है। पिण्डपितृयज्ञकल्प के अभाव

१—श्राद्धसागरे—पलाशफल्गुन्यग्रोधप्लक्षाश्वत्थविकङ्कताः उदुम्बरस्तथा बिल्वश्चन्दनं यज्ञिकाश्च ये॥ सरलो देवदारुश्च सारश्च खदिरस्तथा। समिदर्थे प्रशस्ताः स्युरेते वृक्षा विशेषतः॥ ग्राह्याः कण्टकिनश्चैव यज्ञिया ये च केचन। पूजिताः समिदर्थे च पितॄणां वचनं यथा॥ समिद्भिस्त्वाज्यलिप्ताभिर्जुहुयाद् यो हुताशनम्। फलं यत्कर्मणस्तस्य तन्मे निगदतः शृणु। अक्षयं सर्वकामीयमश्वमेधफलं हि तत्॥ श्लेष्मातको नक्तमालः कपित्थो नीलशाल्मली॥ चिरबिल्वस्तथा टङ्कस्तिन्दुकाम्रातकौ तथा। तिलकः कोविदारश्च एते श्राद्धे विगर्हिताः॥ निवासाश्चापि कीटानां गर्हिताः स्युरयज्ञियाः। गुल्मैश्च वेष्टिता ये च वल्लीभिश्च समन्ततः॥ शकुनीनां निवासाश्च वर्जयेत्तान् द्विजोत्तमः। अन्यांश्चैवं विधान् सर्वान् वर्जयेद्वै अयज्ञियान्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

से अग्नि के अभाव में काम्यादियों में है—यह अर्थ है। इससे बह्वृचों के एकोद्दिष्ट में 'पाणिहोम' होता है। निषेध अन्यपरक है। 'पाणिषु' इस बहुवचन से सब ब्राह्मणों के हाथों में होम होता है यह वृत्ति का मत है। इसप्रकार मातामह में भी है।

शौनकोऽपि—सर्वेषामुपविष्टानां विप्राणामथ पाणिषु।
विभज्य जुहुयात्सर्वं सोमायेत्यादिमन्त्रतः॥

शौनक ने कहा है—बैठे हुए (पिता आदि के निमित्त निमन्त्रित) सब ब्राह्मणों के हाथों में विभाग कर 'सोमाय पितृमते स्वाहा' इत्यादि मन्त्र से हवन करे।

यत्तु हेमाद्रौ कात्यायनः—पित्र्ये यः पंक्तिमूर्द्धन्यस्तस्य पाणावनग्निकः। हुत्वा मन्त्रवदन्येषां तूष्णीं पात्रेषु निक्षिपेत्॥ इति तद्बह्वृचातिरिक्तानाम्।

जो हेमाद्रि में कात्यायन ने कहा है—पिता के कार्य में जो पंक्ति मूर्धन्य ब्राह्मण है उसके हाथ में अनग्निक मन्त्रवत् होमकर अन्य ब्राह्मणों के पात्रों में मौन होकर छोड दे। यह बह्वृचों के भिन्न विषयक है।

यत्तु तत्रैव मात्स्ये—'अग्न्यभावे तु विप्रस्य पाणौ वापि जलेऽपि वा। अजकर्णेऽश्वकर्णे वा गोष्ठे वाऽथ शिलान्तिके॥ इति तत्तीर्थश्राद्धविषयम्,

जो वहीं पर मत्स्यपुराण का वचन है—अग्नि के अभाव में तो ब्राह्मण के हाथ में या जल में 'बकरा' के कान में, घोड़े के कान में, गोशाला में या शिला के समीप (पत्थर के समीप) में दे। वह तीर्थ श्राद्धविषयक है।

तद्यदापां समीपे स्याच्छ्राद्धं ज्ञेयो विधिस्तदा। इति तत्रैव कात्यायनोक्तेः। निर्जले त्वजकर्णादौ।

वहीं पर ही कात्यायन ने कहा है—वह[1] यदि जल के समीप में श्राद्ध हो तो तब की विधि को जानना चाहिये। निर्जल में तो अज[2] के कान आदि में दे।

यत्तु चन्द्रोदये यमः—दैवविप्रकरेऽनग्निः कृत्वाग्नौकरणं द्विजः। इति, तदभार्यपरम्, अपत्नीको यदा विप्रः श्राद्धं कुर्वीत पार्वणम्। पित्र्यविप्रैरनुज्ञातो विश्वेदेवेषु हूयते॥ इति तत्रैव कात्यायनोक्तेः। हूयते इति छान्दसो व्यत्ययः।

जो चन्द्रोदय में यम ने कहा है—अनग्निक द्विज देवब्राह्मण के हाथ में अग्नौकरण करे। यह जिसके स्त्री नहीं हैं उस परक है। अपत्नीक ब्राह्मण जब पार्वणश्राद्ध करे तो पितृब्राह्मणों की आज्ञा से वैश्वदेव ब्राह्मणों के हाथ में हवन करे। यह वहीं पर कात्यायन ने कहा है। हूयते—यह छान्दसव्यत्यय (वेद संबन्धि वैपरीत्य है।

हेमाद्रौ वायवीये—'विधुरो दैविके कुर्यात् शेषं पित्र्ये निवेदयेत्।

क्योंकि लघुहारीत में पृथ्वीचन्द्रोदय ने कहा है-धर्मचारिणी पत्नी पति के परदेश में होने पर अमावास्या आदि के नियत श्राद्ध को अन्य ऋत्विग् आदि से करावे । आदि पद से वार्षिक आदि और सब पार्वणपरक है—यह शूलपाणि ने कहा है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सुमन्तुः—पाकाभावेऽधिकारः स्याद्विप्रादीनां नराधिप। अपत्नीनां महाबाहो विदेशगमनादिभिः ॥ सदा चैव तु शूद्राणामामश्राद्धं विदुर्बुधाः ॥

सुमन्तु ने कहा है—हे नराधिप, पाक के बनानेवाली स्त्री न हो तो ब्राह्मण आदियों को बनाने का अधिकार है। हे महाबाहो, विदेश में श्राद्ध करे तो भी ब्राह्मणों को पाक बनाने का अधिकार है। सदा ही विद्वानों ने शूद्रों को आमश्राद्ध कहा है।

प्रचेताः—स्त्री शूद्रः स्वपचश्चैव जातकर्मणि चाप्यथ। आमश्राद्धं सदा कुर्याद्विधिना पार्वणेन तु ॥ स्वयं पचतीति स्वपचः।

प्रचेता ने कहा है—स्त्री, शूद्र, अपत्नीक-स्वयं पकानेवाला और जातकर्म में पार्वणश्राद्ध की विधि से आमश्राद्ध करे। स्वयं पकावे उसको स्वपच कहते हैं।

विष्णूशनसौ—आत्मनो देशकालाभ्यां विप्लवे समुपस्थिते। आपद्यनग्नौ तीर्थे च प्रवासे पत्न्यसम्भवे ॥ चन्द्रसूर्यग्रहे चैव दद्यादामं विशेषतः। न पक्वं भोजयेद्विद्वान् सच्छूद्रोऽपि कदाचन ॥ भोजयन् प्रत्यवायी स्यान्न च तस्य फलं भवेत्।

अत्र प्रवासतीर्थग्रहणादावामहेमश्राद्धमेव, पाकश्राद्धं तु न भवत्येवेति हेमाद्रिरत्नावल्यादयः।

विष्णु और उशना ने कहा है—देश और काल से आत्मा में विप्लव उपस्थित हो जाय तो या आपत्ति में, अनग्नि में, तीर्थ में, प्रवास में, पत्नी के अभाव में, चन्द्र और सूर्यग्रहण में विशेष कर आमश्राद्ध करे। उत्तम शूद्र भी कभी पके अन्न से भोजन न करावे। यदि भोजन कराता है तो प्रत्यवायी होता है उसको श्राद्ध का फल नहीं मिलता है।

यहाँ पर प्रवास—परदेश जाने पर, तीर्थ में, तीर्थजल के समीप में, (वस्तुतस्तु तीर्थे श्राद्धं प्रकुर्वीरन् पकान्नेन विशेषतः। आमान्नेन हिरण्येन कन्दमूलफलैरपि। एषामभावे कुर्याच्च श्रद्धयाऽपि जलेन च) ग्रहण आदि में (पुत्रजन्म, भार्या के रजोदर्शन में और पत्न्यभाव में) आम या हेमश्राद्ध ही करे। पाकश्राद्ध नहीं होता है--यह हेमाद्रि, रत्नावली आदि में कहा है।

अपरार्कविज्ञानेश्वरादयस्तु—पाकाभावे द्विजातीनामामश्राद्धं विधीयते। इति सुमन्तूक्तेः साग्निकैर्निरग्निकैश्च प्रवासादौ सर्वत्र पाकाभावे आमादिकार्यम्, पाकसम्भवे त्वन्नेनैवेत्याहुः। अतएव पाकश्राद्धमुक्त्वा—एतच्चानुपनीतोऽपि कुर्यात्सर्वेषु पर्वसु। भार्याविरहितोऽप्येतत् प्रवासस्थोऽपि नित्यशः ॥ इति मात्स्ये निरग्नेरपि पाकेनोक्तमिति शूलपाणिकल्पतरू। एतच्छब्दः श्राद्धमात्रपर इत्यन्ये। एकोद्दिष्टं तु कर्तव्यं पाकेनैव सदा स्वयम्। इति लघुहारीतीयमपि साग्नेरेव। निरग्नेर्महैकोद्दिष्टमप्यामेन। शूद्रस्य तु दशाहपिण्डाद्यामेनेति हलायुधः। उत्सन्नाग्नीनां त्वामश्राद्धमेव, पूर्वोक्तजमदग्निवाक्यात्।

अपरार्क, विज्ञानेश्वर आदि तो कहते हैं कि—पाक के अभाव में द्विजातियों को आमश्राद्ध का विधान किया है–इस सुमन्तु के कहने पर साग्निक और निरग्निकों के परदेश आदि में सर्वत्र पाक के अभाव में आम आदि से श्राद्ध करना चाहिये। पाक के संभव में तो अन्न ही से श्राद्ध करे–ऐसा कहा है। इसलिए पाकश्राद्ध को कहकर— सब कार्यों में इसको अनुपनीत (जिसका उपनयन नहीं हुआ है) भी, भार्या से रहित और प्रवास में रहने पर भी नित्य इसको करे—ऐसा मत्स्यपुराण में है। निरग्निक को भी पाक से श्राद्ध करना कहा है—यह शूलपाणि तथा कल्पतरु में है। 'एतत्' शब्द श्राद्धमात्र परक है—यह दूसरे (हेमाद्रि, रत्नवली आदि) कहते हैं। एकोद्दिष्टश्राद्ध को सदा स्वयं पाक से ही करना चाहिये। यह लघुहारीत का वचन भी साग्निक के लिये है। निरग्निक को तो महैकोद्दिष्ट भी आम से है। शूद्र का तो दशाह (दश दिन के) आदि पिण्ड आमान्न से हैं—यह हलायुध का कहना है। उत्सन्नाग्नियों (जिनकी अग्नि नष्ट हो गयी है) का तो आम श्राद्ध ही है—पहले कहे हुए जमदग्नि मत से।

मरीचिः—श्राद्धविघ्ने द्विजातीनामामश्राद्धं प्रकीर्तितम्।
अमावास्यादिनियतं माससंवत्सरादृते ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मरीचि ने कहा है—श्राद्ध के विघ्न में अर्थात्—स्त्री के रजोदर्शन में, आपत्तिकाल में श्राद्धीय पाक के निर्माण के असंभवादि में द्विजातियों को मासिक और सांवत्सरिकश्राद्ध को छोडकर अमावास्या आदि में आमश्राद्ध कहा है।

स्मृतिदर्पणे—मृताहं च सपिण्डं च गयाश्राद्धं महालयम्।
आपन्नोऽपि न कुर्वीत श्राद्धमामेन कर्हिचित्॥

स्मृतिदर्पण में कहा है—मरणदिन का श्राद्ध, सपिण्डनश्राद्ध, गयाश्राद्ध (सब गयाश्राद्ध के असंभव में वट श्राद्ध करे—ऐसा यायजूकों का करना है।) और महालयश्राद्ध आपत्ति में भी कभी भी आम (अन्न) से न करे।

हेमाद्रौ व्यासः—आमं ददतु कौन्तेय दद्यादामं चतुर्गुणम्।
द्विगुणं त्रिगुणं वापि नत्वेकगुणमर्पयेत्॥

हेमाद्रि में व्यास ने कहा है कि—हे कौन्तेय, आम (अन्न) दे आम पुरुषाहार की अपेक्षा से चतुर्गुण दे। द्विगुणित या त्रिगुणित दे एक गुणा अर्पण न करे।

सिद्धान्ने तु विधिर्यः स्यादामश्राद्धेऽप्यसौ विधिः।
आवाहनादि सर्वं स्यात्पिण्डदानं च भारत॥

हे भारत, जो विधि सिद्धान्न में आवाहन आदि और पिण्डदान है वही सब विधि आमश्राद्ध में भी है।

दद्याद्यच्च द्विजातिभ्यो भृतं वाऽभृतमेव वा।
तेनाग्नौकरणं कुर्यात् पिण्डांस्तेनैव निर्वपेत्॥

द्विजातियों के लिए पका या बिना परिपक्व अन्न दे। उसी से 'अग्नौकरण' करे और उसी से पिण्डों का निर्वाप करे।

पक्षान्तरमाह स एव—आमं ददद्धि कौन्तेय तद्दानं द्विगुणं चरेत्। त्रिगुणं चतुर्गुणं वापि नत्वेकगुणमर्पयेत्॥ स्मृत्यर्थसारे सममप्युक्तम्।

पक्षान्तर को उसी ने कहा है—हे कौन्तेय, आमान्न देनेवाला व्यक्ति द्विगुणित, त्रिगुणित या चतुर्गुणित (पुरुषाहारापेक्षया) दे। एक गुणा अर्पण न करे। स्मृत्यर्थसार में बराबर भी कहा है।

(विष्णुपुराणे वाराहे च—असमर्थोऽन्नदानस्य धान्यमाशं स्वशक्तितः। प्रदद्यात्तु द्विजातिभ्यः स्वल्पाल्पामपि दक्षिणाम्॥ अत्र शक्तितः इत्यस्मात् समलाभः। अश्यत इति आशम्।)

विष्णुपुराण और वाराह में कहा है—अन्नदान देने की सामर्थ्य न हो तो (द्विगुण धान्यदान की असमर्थता में) धान्य के आश (भक्षण करने योग्य) को अपनी शक्ति से द्विजातियों के लिये दे तथा थोड़ी से थोड़ी भी दक्षिणा दे। यहाँ पर 'शक्ति' से समलाभ (सर्वलाभ) है। उस धान को उस दिन में घर में पकाकर भोजन करे। कार्यान्तर में विनियोग न करे।

षट्त्रिंशन्मते—आमश्राद्धं यदा कुर्यात्पिण्डदानं कथं भवेत्। गृहपाकात्समुद्धृत्य सक्तुभिः पायसेन वा॥ पिण्डान् दद्याद्यथालाभं तिलैः सह विमत्सरः॥

षट्त्रिंशत्मत में कहा है—जब आमश्राद्ध करेंगे तब पिण्डदान कैसे होगा। गृह के पाक से उद्धरण कर सक्तू या पायस से क्रोधरहित हो तिलों के साथ पिण्डों को दे।

पृथ्वीचन्द्रोदये व्यासः—आमश्राद्धं यदा कुर्याद्विधिज्ञः श्राद्धदः सदा। हस्तेऽग्नौकरणं कुर्याद् ब्राह्मणस्य विधानतः॥ एतत्साग्नेः। निरग्नेः सदा तत्सत्त्वात्।

पृथ्वीचन्द्रोदय में व्यास ने कहा है—जब आमश्राद्ध करे तो विधि का जानकार श्राद्ध देनेवाला [सदा] ब्राह्मण के हाथ में विधान द्वारा 'अग्नौकरण' करे यह साग्निक को है। निरग्निक (यावत्स्यान्नाग्नि-[यु]क्त उत्सन्नाग्निरथापि वा। आमश्राद्धं तदा कुर्याद् हस्तेऽग्नौकरणं भवेत्॥) (इत्यामश्राद्धेऽपि पाणिहोमः। [अग्नि के अभाव में] हाथ में ही ब्राह्मण के हवन करे। पाकश्राद्ध के भी संभव से अग्न्यधिकरण अग्नौकरण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

का असंभव में भी बाध है। अन्यथा अधिकार के अभाव में श्राद्ध की ही अप्राप्ति है। इसलिए सदापद का उपादान है। इसलिए अपेक्षित विधान के अनुरोध से व्यासवाक्य को साग्निकपरक कहा। निरग्निक परत्व में वैयर्थ्य है।) को सदा उसकी प्राप्ति होने पर कहा है।

यत्तु— आमेन पिण्डं दद्याच्चेद्विप्रान् पक्वेन भोजयेत्। पक्वेन कुरुते पिण्डमामान्नं यः प्रयच्छति ॥ तावुभौ मनुजौ प्रोक्तौ नरकार्हौ न संशयः ॥ इति, तद्दर्शादिपरम्। देशाचाराद्व्यवस्थेति युक्तम्।

जो अन्न से पिण्ड को दे और पाक से ब्राह्मणों को भोजन करावे। जो पकान्न से पिण्ड देता है और आमान्न को ब्राह्मणों को देता है। वे दोनों मनुष्य नरक में जाने योग्य होते हैं, इसमें संशय नहीं है। वह दर्शादिपरक है। देशाचार से व्यवस्था उचित है—यह कमलाकर का कहना है।

मरीचिः—आवाहने स्वधाकारे मन्त्रा ऊह्या विसर्जने। अन्यकर्मण्यनूह्याः स्युरामश्राद्धविधिः स्मृतः ॥ आवाहने 'हविषे अत्तवे' इत्यत्र 'स्वीकर्तवे' इत्यूहः। स्वधाकारे 'नमो वः पितर इषे' इत्यत्र इषेपदस्थाने 'आमद्रव्याय' इत्यूहः। विसर्जने 'वाजे वाजे' इत्यत्र 'तृप्तास्थ' इति स्थाने 'तप्स्यंत' 'तृप्यत' इति वोहः। यद्यपि 'तस्मादृचं नोहेत्' इति ऋच्यूहो निषिद्धः तथापि वचनाद्भवति।

मरीचि ने कहा है—आवाहन मन्त्र—([1]उशन्तस्त्वा) में, स्वधाकार में और विसर्जन में मन्त्रों में ऊह होता है। अन्य कर्मों में ऊह नहीं होता है—यह आमश्राद्ध की विधि कही है। आवाहन में—'हविषे अत्तवे' यहाँ पर स्वीकर्तवे-यह ऊह होता है। स्वधाकार में—नमो वः पितर[2] इषे-यहाँ पर 'इषे' पद में 'आमद्रव्याय' ऐसा ऊह करे। विसर्जन में 'वाजे वाजे'[3] यहाँ पर 'तृप्ता यात' इसके स्थान में तप्स्यंत या तृप्स्यत यह ऊह होता है। यद्यपि इसकारण से ऋचामें ऊह नहीं होता है। इसलिये ऋचामें ऊह करना निषिद्ध है फिर भी वचन से ('तस्मादृचं नोहेत्' इस सामान्यश्रुति का भी बाध होता है-यह तात्पर्य है।) होता है।

तृप्तिप्रश्नोऽवगाहश्च जुषप्रश्नो यथासुखम्। आमश्राद्धे भवेन्नैतदपोशानं च पञ्चमम् ॥ अयं चानुवादः खलेवाल्यां छेदनादीनामिवार्थाभावाल्लोपसिद्धेः।

तृप्तिप्रश्न (तृप्तास्थ) अवगाह (द्विजाङ्गुष्ठनिवेशन), यथासुख जुषप्रश्न (जुषध्वम्) और पांच वा अपोशान (आचमन) ये आमश्राद्ध में नहीं होते हैं।

यह अनुवाद है। खलेवाली[4] में छेदनादियों के तरह अर्थ के अभाव से (छेदनादि के करने में स्वरूप की हानि होने से) लोप की सिद्धि है।

धर्मप्रदोपे तु—आमं चतुर्गुणं दद्यादथवा द्विगुणं तथा।
हेमं चाष्टगुणं तद्वदामे हैमेऽप्यसौ विधिः ॥

१—उशन्तस्त्वा नि धीमह्युशन्तः समिधीमहि। उशन्नुशत आ वह पितॄन् हविषे अत्तवे ॥ (ऋ० १०।१६।१२, अथर्व—१८।१।५६, यजु० १९, ७०, तैत्तरीय सं० २, ६, १२, १)।

२—नमो वः पितर इषे नमो वः पितर ऊर्जे नमो वः पितरः शुष्माय नमो वः पितरो घोराय नमो वः पितरो जीवाय नमो वः पितरो रसाय। स्वधावः पितरो नमो वः पितरो नम एता युष्माकं पितर इमा अस्माकं जीवायो जीवन्त इदसन्तः स्याम ॥ (ब्रह्मकर्मसमुच्चय)।

३—वाजेवाजेऽवत वाजिनो नो धनेषु विप्रा अमृता ऋतज्ञाः। अस्य मध्वः पिबत मादयध्वं तृप्ता यात पथिभिर्देवयानैः ॥ ऋ० म० ७।सू० ३८ म० ८।

४—साद्यस्कसोमयाग में 'खलेवाली यूपो भवति' यह वाक्य श्रुत है। यहाँ खरियान में बैलों को रोकने के लिये जो स्तम्भ गाड़ा हुआ है उसी को साद्यस्कसोमयाग में यूप मान लेना चाहिये। खले पाशान् वारयति इति खले वाली–यह उसकी व्युत्पत्ति है जो यव क्षेत्र में खलेवाली स्तंभ है उसी को यूप मान लिया तब छेदनादिका लोप होता है। अर्थात् छेदनादि नहीं करना है। उसमें कारण प्रयोजन द्वार है वह नहीं है। अर्थात् उसका लोप है। इसलिये खलेवाली में छेदनादि कर्म नहीं होते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धर्मप्रदीप में तो कहा है—आम को चतुर्गुण या द्विगुण दे। सुवर्ण अष्टगुणा दे। यह आम और हेम श्राद्ध की विधि है।

आमे हैमे तथा नित्ये नान्दीश्राद्धे तथैव च। व्यतीपातादिके श्राद्धे नियमान् परिवर्जयेत् ॥

आम में, हैम में, नित्यश्राद्ध में, वैसे ही नान्दीश्राद्ध में, व्यतीपात आदि श्राद्धमें नियमों को त्याग दे।

गृहपाकात्समुद्धृत्य सक्तुभिः पायसेन वा। पिण्डदानं प्रकुर्वीत आमे हैमे कृते सति ॥

आम और हैमश्राद्ध करने पर घर के पाक में से निकाल कर या सत्तु या पायस (खीर) से पिण्डदान करे।

आमश्राद्धे च वृद्धौ च प्रेतश्राद्धे तथैव च। विकिरं नैव कुर्वीत मुनिः कात्यायनोऽब्रवीत् ॥

आमश्राद्ध में, वृद्धि में और प्रेतश्राद्ध में विकर न करे—ऐसा कात्यायनमुनि ने कहा है।

आमश्राद्धमनङ्गुष्ठमग्नौकरणवर्जितम्। तृप्तिप्रश्नविहीनं तु कर्तव्यं मानवैर्ध्रुवम् ॥

आमश्राद्ध में अंगूठे का स्पर्श, अग्नौकरण और तृप्तिप्रश्न इनको छोड़कर मनुष्य निश्चित करें।

आवाहनाग्नौकरणं विकिरं पात्रपूरणम्। तृप्तिप्रश्नं न कुर्वीत आमे हैमे कदाचन ॥ इत्युक्तम्—एतच्च—आवाहनं भवेत्कार्यमर्घ्यदानं तथैव च। इति हेमाद्रौ भविष्यादिविरोधाच्चिन्त्यम्, शाखान्तरविषयं वास्तु। विकिरोऽप्यामेनेति हेमाद्रिः। शूद्रस्य च तु तत्रवोक्तम्—अग्नौकरण-मन्त्रश्च नमस्कारो विधीयते। अग्नये कव्यवाहनाय नमः, सोमाय पितृमते नमः, इत्ययं मन्त्रः।

आवाहन, अग्नौकरण, विकर, पात्रपूरण (जल से भरना) और तृप्तिप्रश्न आम और हैमश्राद्ध में कभी न करे। ऐसा कहा है। आवाहन और वैसे ही अर्घ्यदान होता है—यह हेमाद्रि में भविष्यपुराण आदि के विरोध से चिन्तनीय है या शाखान्तरविषयक है—अर्थात्-दूसरी शाखावालों के लिये है। हेमाद्रि ने कहा है—आम (अन्न) से ही विकर करे। शूद्र का तो वहीं पर कहा है कि—'अग्नौकरण-मन्त्र' शूद्र को नमस्कार से कहा है। अग्नये कव्यवाहनाय नमः। सोमाय पितृमते नमः। यह मन्त्र है।

मात्स्ये—मन्त्रवर्ज्यं हि शूद्रस्य सर्वमेव विधीयते। एवं शूद्रोऽपि सामान्यं वृद्धिश्राद्धं च सर्वदा ॥ नमस्कारेण मन्त्रेण कुर्यादामान्नवद् बुधः ॥ तच्च पूर्वाह्णे कार्यम्, आमश्राद्धं तु पूर्वाह्णे एकोद्दिष्टं च मध्यतः। पार्वणं चापराह्णे तु प्रातर्वृद्धिनिमित्तकम् ॥ इति हारीतोक्तेः। एतद्द्विज-विषयम्। शूद्रकर्तृकं त्वपराह्ण एव, मध्याह्नात्परतो यस्तु कुतपः स उदाहृतः। आमश्राद्धं तु तत्रैव पितॄणां दत्तमक्षयम् ॥ इति सुमन्तूक्तेरित्यपरार्के हेमाद्रौ चोक्तम्।

मत्स्यपुराण में कहा है—मन्त्र को त्याग कर शूद्र को सब कर्म का विधान है। इसीप्रकार बुद्धिमान् शूद्र भी सर्वदा सामान्य वृद्धिश्राद्ध को आमान्नवत् नमस्कार मन्त्र से करे। वह भी पूर्वाह्णकाल में करना चाहिये। आमश्राद्ध को पूर्वाह्ण में, एकोद्दिष्ट को मध्याह्न में, पार्वण को अपराह्ण में और प्रातःकाल में वृद्धिनिमित्तिक श्राद्ध करे यह हारीत ने कहा है। यह द्विजपरक है। शूद्रकर्तृक तो अपराह्ण में ही करे। मध्याह्नकाल के बाद जो काल है वह 'कुतप' कहा गया है। उसी में ही आमश्राद्ध करने से पितरों को दिया हुआ अक्षय होता है। ऐसा सुमन्तु ने कहा है। अपरार्क में तथा हेमाद्रि में भी कहा है।

(हेमश्राद्धकथनम्)

तदभावे हेमश्राद्धमाह हेमाद्रौ मरीचिः—आमान्नस्याप्यभावे तु श्राद्धं कुर्वीत बुद्धिमान्। धान्याच्चतुर्गुणेनैव हिरण्येन सुरोचिषा ॥

उसके अभाव में हेमश्राद्ध हेमाद्रि में मरीचि ने कहा है—पुत्रजन्मातिरिक्तमें पकान्न के अभाव में बुद्धिमान् मनुष्य एक एक ब्राह्मण के तृप्तिरूपपर्याप्त अन्न सिद्धि के सामर्थ्य से चतुर्गुण सुवर्ण से करे।

धर्मः—आमं तु द्विगुणं प्रोक्तं हेम तद्वच्चतुर्गुणम्।

धर्म ने कहा है—आमान्न तो द्विगुणित और तद्वत् सुवर्ण को चतुर्गुण कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्मृत्यर्थसारे—हिरण्यमष्टगुणं चतुर्गुणं समं वा दद्यात् ।

स्मृत्यर्थसार में कहा है—सुवर्ण आठ गुणा, चौगुना या बराबर का दे।

हेमाद्रौ भविष्ये—अन्नाभावे द्विजाभावे प्रवासे पुत्रजन्मनि ।
हेमश्राद्धं सग्रहे च तथा स्त्रीशूद्रयोरपि ॥

हेमाद्रि में भविष्यपुराण का वचन है—अन्न के अभाव में, द्विज के अभाव में, प्रवास में, पुत्रजन्म में और वेध या ग्रहण में स्त्री और शूद्र सुवर्ण से श्राद्ध करें।

षट्त्रिंशन्मते तुर्यपादे—'वर्जयित्वा क्षयेऽहनि' इति पाठः । 'यस्य भार्या रजस्वला' इति व्यासपाठः ।

षट्त्रिंशन्मत में कहा है—चतुर्थपाद में ऐसा श्लोक कहे—अन्नाभावे द्विजाभावे प्रवासे पुत्रजन्मनि। हेमश्राद्धं सग्रहे च वर्जयित्वा क्षयेऽहनि। ऐसा पाठ कहे। अर्थात्—क्षयदिन (मरण दिन) में छोड़कर (इससे वेधादिकाल में क्षयाहश्राद्ध सुवर्ण से न करे किन्तु आमान्न से ही करे यह अर्थ है।) व्यास ने ऐसा पाठ कहा है—'अन्नाभावे द्विजाभावे प्रवासे पुत्रजन्मनि। हेमश्राद्धं सग्रहे च यस्य भार्या रजस्वला। जिसकी पत्नी रजस्वला हो। अर्थात् स्त्री के रजस्वला होने पर आब्दिक या दर्शश्राद्ध सुवर्ण से ही करे।

(पुत्रोत्पत्तौ हेमनियममाह)

पुत्रोत्पत्तौ तु हेमनियममाह संवर्तः—पुत्रजन्मनि कुर्वीत श्राद्धं हेम्नैव बुद्धिमान् ।
न पक्वेन न चामेन कल्याणान्यभिकामयन् ॥

पुत्रोत्पत्ति तो हेम (सुवर्ण) का नियम संवर्त ने किया है—पुत्रजन्म में बुद्धिमान् सुवर्ण से ही श्राद्ध करे। पके अन्न से या आम (अन्न) से कल्याणों की इच्छावाला न करे।

भविष्ये—गृहपाकात् समुद्धृत्य सक्तुभिः पायसेन वा । पिण्डदानं प्रकुर्वीत हेमश्राद्धे कृते सति ॥ शूद्रस्तु गृहपाकेन तत्पिण्डान्निर्वपेत्तथा । सक्तु मूलं फलं तस्य पायसं वा भवेत् स्मृतम् ॥ हेमश्राद्धे पिण्डदानं नेति दिवोदासः । स्मृत्यर्थसारे तु विकल्प उक्तस्तदाशयं न विद्मः ।

भविष्यपुराण में कहा है—घर के पाक से निकाले हुए अन्न से, सत्तू या पायस से हेमश्राद्ध करने पर भी पिण्डदान करे। शूद्र तो गृहपाक से उन पिण्डों का निर्वाप करे। (कहीं ऐसा पाठ है कि—'शूद्रस्तु गृहपाकेन न पिण्डान्निर्वपेत्तथा। अर्थात्—गृहपाक से शूद्र पिण्डदान न करे।) पिण्डनिर्वाप के लिए सत्त, मूल (कन्द), फल और पायस कहा है। हेमश्राद्ध में पिण्डदान नहीं होता है—यह दिवोदास का मत है। स्मृत्यर्थसार में तो विकल्प कहा है उसका आशय हम नहीं जानते हैं।

षट्त्रिंशन्मते—नामन्त्रणाग्नौकरणं विकिरो नैव दीयते । तृप्तिप्रश्नोऽपि नेवात्र कर्तव्यः केनचिद्भवेत् ॥ अत्र मरीचिना आमाभावे हेमविधानेन स्थानापत्त्याधर्मप्राप्तेः पूर्ववन्मन्त्रोहः पूर्वाह्णकालता च ज्ञेयेति दिक् । पूर्वोक्तधर्मप्रदीपोक्तेश्च ।

षट्त्रिंशन्मत में कहा है—तीर्थनिमित्तक हेमश्राद्ध में (अन्यनिमित्तक में तो हेमाद्रिमत से आमश्राद्ध में विकर होता है) आमन्त्रण और अग्नौकरण और विकर नहीं दिया जाता है। तृप्तिप्रश्न भी वहाँ किसीप्रकार नहीं करना चाहिये।

यहाँपर मरीचि ने कहा है-आमके अभाव में हेमके विधान से स्थान की आपत्तिसे धर्मप्राप्ति के पहले के सदृश मन्त्र में ऊह और पूर्वाह्णकाल को भी जानना चाहिये। और पहले कहे हुए धर्मप्रदीप ने भी कहा है।

व्यासः—हिरण्यमामं श्राद्धीयं लब्धं यत् क्षत्रियादितः । यथेष्टं विनियोज्यं स्यात् भुञ्जीयात् ब्राह्मणात्स्वयम् ॥ विप्राल्लब्धं भुञ्जीयात् । क्षत्रियादिलब्धे तु यथेष्टं विनियोगः । तेनापि श्राद्धवैश्वदेवादि न कार्यम् । देवोद्देशेन त्यक्तस्य देवतान्तराय त्यागायोगादिति देवयाज्ञिकः ।

व्यास ने कहा है—सुवर्ण या आमश्राद्धीय क्षत्रिय आदि (आदि शब्द से वैश्य या जिसका राज्याभिषेक हो चुका ऐसा क्षत्रिय) से प्राप्त द्रव्य को यथेष्ट विनियोग करे। ब्राह्मण से मिले हुए का स्वयं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भोजन करे। ब्राह्मण से प्राप्त का भोजन करे। क्षत्रिय आदि से प्राप्त में तो यथेष्ट विनियोग करे। उससे भी श्राद्ध वैश्वदेव आदि न करे। क्योंकि—देवता के उद्देश्य से दिये हुए का दूसरे देवता के लिए त्याग (दान) देना उचित नहीं है—ऐसा देवयाज्ञिक ने कहा है।

(शूद्रलब्धे तूक्तं तत्रैव)

शूद्रलब्धे तूक्तं तत्रैव षट्त्रिंशन्मते—आमं शूद्रस्य यत्किञ्चिच्छ्राद्धिकं प्रतिगृह्यते। तत्सर्वं भोजनायालं नित्ये नैमित्तिके न च ॥ इति।

शूद्र से प्राप्त द्रव्य का तो वहीं पर त्रिंशतमत में कहा है—जो कुछ शूद्र का आमान्न श्राद्धिक ग्रहण करना कहा है वह सब (स्वकीय या परकीय भोजन के लिए ही विनियोग करे।) भोजन के ही है। नित्य और नैमित्त कार्य के लिये नहीं है। (शूद्र द्वारा प्राप्त हिरण्य भोजन, नित्य क्रियादि में, लौकिक, अलौकिक दक्षिणादि नित्य या नैमित्तिक में ग्रहण करे।)

शुद्धितत्त्वेऽङ्गिराः—शूद्रवेश्मनि विप्रेण क्षीरं वा यदि वा दधि। निवृत्तेन न भोक्तव्यं शूद्रान्नं तदपि स्मृतम् ॥ शूद्राद् विप्रगृहेष्वन्नं प्रविष्टं तु सदा शुचि।

शुद्धितत्त्व में अंगिरा ने कहा है—शूद्र के घर में ब्राह्मण निवृत्तिमार्ग में स्थित दूध या दधि भोजन नहीं करे। वह भी शूद्रान्न कहा है। शूद्र से ब्राह्मणों के घर में जो अन्न आ गया हो वह सदा पवित्र है।

पराशरः—तावद्भवति शूद्रान्नं यावन्न स्पृशति द्विजः। द्विजातिकरसंस्पृष्टं सर्वं तन्न विरुध्यते ॥

पराशर ने कहा है—जब तक वह शूद्रान्न रहता है तब तक ब्राह्मण उसका ग्रहण नहीं करता है। द्विजाति के हाथ से सब अन्न का स्पर्श हो जाने पर वह विरुद्ध नहीं होता है। अर्थात्—उसे ग्रहण करने में दोष नहीं है।

विष्णुपुराणे—संप्रोक्षयित्वा गृह्णीयाच्छूद्रान्नं गृहमागतम्।

विष्णुपुराण में कहा है—घर में आया हुआ शूद्र का अन्न प्रोक्षण कर ग्रहण करे।

अङ्गिराः—पात्रान्तरगतं ग्राह्यं दुग्धं स्वगृहमागतम्।

अंगिरा ने कहा है—अपने घर में आया हुआ शूद्र के दूध को दूसरे पात्र में (पराशरः—शुष्कान्नं गोरसं स्नेहं शूद्रवेश्मन आगतम्। पक्वं विप्रगृहे भुक्तं भोज्यं तं मनुरब्रवीत् ॥) ग्रहण करे।

(सपिण्डश्राद्धाशक्तावाह)

सपिण्डश्राद्धाशक्तावाह हेमाद्रौ संवर्तः—समग्रं यस्तु शक्नोति कर्तुं नैवेह पार्वणम्। अपि सङ्कल्पविधिना काले तस्य विधीयते ॥ पात्रे भोज्यस्य चान्नस्य त्यागः सङ्कल्प उच्यते ॥

सपिण्डश्राद्ध की अशक्ति में हेमाद्रि में संवर्तन ने कहा है—जो समग्र (संपूर्ण) पार्वणश्राद्ध करने में समर्थ नहीं ही है वह उसी समय में संकल्पविधि से संकल्प करे। पात्र में भोजनीय अन्न के त्याग को संकल्प (सांगोपांग करने में समर्थन हो तो अन्नदानमात्र का सांकल्पिकश्राद्ध करे। संकल्पश्राद्ध में जो अंग है या प्रधान है उसे नहीं करना चाहिये।) कहा है।

व्यासः—साङ्कल्पं तु यदा कुर्यान्न कुर्यात्पात्रपूरणम्। नावाहनाग्नौकरणे पिण्डांश्चैव न दापयेत्। पात्रमर्घ्यस्य। समन्त्रकावाहनस्य निषेधः। तूष्णीं तु भवत्येवेति हेमाद्रिः। स्मृत्यर्थसारे—विकिरं तु न दातव्यम्' इति तृतीयपादे पाठः।

व्यास ने कहा है—जब मनुष्य सांकल्प करे तो पात्र को जल से न भरे। आवाहन, अग्नौकरण और पिण्डों को न दे। पात्रमाने—अर्घ्य न दे। समन्त्रक आवाहन का निषेध है। हेमाद्रि ने कहा है कि—तूष्णीम् तो होता ही है। (परन्तु असन्त्रक आवाहन तो व्यर्थ ही है—ऐसा निबन्धों का मत है।)

स्मृत्यर्थसार में कहा है—(सांकल्पं तु यदा कुर्यान्न कुर्यात्पात्रपूरणम्। विकरं तु न दातव्यं पिण्डांश्चैव न दापयेत् ॥) विकर नहीं देना चाहिये। यह तीसरे पाद में पाठ है।

स्मृत्यन्तरे—त्यजेदावाहनं चार्घ्यमग्नौकरणमेव च।

पिण्डांश्च विकिराद्यं श्राद्धे साङ्कल्पसंज्ञके ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्मृत्यन्तर में कहा है—आवाहन, अर्घ्य, अग्नौकरण, पिण्ड, विकर तथा अक्षय्योदक को सांकल्पिकश्राद्ध में त्याग दे।

हेमाद्रौ वृद्धशातातपस्तु—पिण्डनिर्वापरहितं यत्तु श्राद्धं विधीयते । स्वधावाचनलोपोऽत्र विकिरस्तु न लुप्यते ॥ इत्याह ।

हेमाद्रि में वृद्धशातातप ने कहा है—जो पिण्डदान से रहित श्राद्ध का विधान करते हैं। उसमें स्वधावाचन का लोप होता है और विकर का लोप नहीं होता है—एसा कहा है।

(साङ्कल्पिकश्राद्धे आवाहनाद्युच्चारणे विचारः)

पृथ्वीचन्द्रोदये वसिष्ठः—आवाहनं स्वधाशब्दं पिण्डाग्नौकरणं तथा । विकिरं चार्घ्यदानं च साङ्कल्पे षट् विवर्जयेत् ॥ विकिरे विकल्पः ।

पृथ्वीचन्द्रोदय में वसिष्ठ ने कहा है—आवाहन, स्वधाशब्द, पिण्ड, अग्नौकरण, विकिर और अर्घ्यदान (कोई 'पिण्डदानं च' एसा पाठ मानने पर पिण्डशब्द से उच्छिष्टपिण्ड ग्रहण करे। पिण्डदान का पृथक् उपापान है।) ये छ का सांकल्पिक में त्याग करे। विकर में विकल्प है।

स्मृत्यन्तरे—अङ्गानि पितृयज्ञस्य यदा कर्तुं न शक्नुयात् ।
स तदा वाचयेद्विप्रान् सङ्कल्पात्सिद्धिरस्त्विति ॥

स्मृत्यन्तर में कहा है—पितृयज्ञ के अंगों को करने में समर्थ न हो तो वह ब्राह्मणों से कहलवावे कि—संकल्प से सिद्धि हो।

छागलेयः—पिण्डो यत्र निवर्तेत मघादिषु कथञ्चन ।
साङ्कल्पं तु तदा कार्यं नियमाद् ब्रह्मवादिभिः ॥

छागलेय ने कहा है—जहाँ पर मघा आदियों में किसीतरह पिण्ड की निवृत्ति हो जाय तो ब्रह्मवादि (वेदवक्ता या वेदान्ती) नियम से संकल्पिकश्राद्ध करें।

कार्ष्णाजिनिः—मौञ्जीबन्धाद्वत्सरार्द्धं वत्सरं पाणिपीडनात् । पिण्डान् सपिण्डा नो दद्युः प्रेतपिण्डं विनात्र तु ॥ अस्यापवादः पित्रोराब्दिकादौ पूर्वमुक्तः ।

कार्ष्णाजिनि ने कहा है—मौञ्जीबन्धन (यज्ञोपवीत) से छमास और पाणिपीडन (विवाह) से एक साल तक प्रेतपिण्ड को छोडकर सपिण्ड पिण्डों को न दे। इसका अपवाद पिता और माता के वार्षिक आदि में पहले कहा है।

त्यक्ताग्नेरपि सङ्कल्पमुक्तं षट्त्रिंशन्मते—अनग्निको यदा विप्र उच्छन्नाग्निस्तथैव च ।
तथा वृद्धिषु सर्वासु सङ्कल्पश्राद्धमाचरेत् ॥

अग्नि के त्यागी को भी (यमः—त्यक्ताग्नेः पार्वणं नैव नैकोद्दिष्टं सपिण्डनम् । अत्यक्ताग्नेस्तु पिण्डोक्तिस्तस्मात् संकल्प्य भोजयेत् ॥) सांकल्पिकश्राद्ध षट्त्रिंशन्मत से कहा है—ब्राह्मण जब अनग्निक हो वैसे हो त्यक्ताग्निक हो तो सब वृद्धियों में संकल्प श्राद्ध करे।

अशक्तौ तु पृथ्वीचन्द्रोदये बृहन्नारदीये च—द्रव्याभावे द्विजाभावे अन्नमात्रं तु पाचयेत् ।
पैतृकेन तु सूक्तेन होमं कुर्याद्विचक्षणः ॥

अशक्ति में पृथ्वीचन्द्रोदय में बृहन्नारद का वचन है—द्रव्य के अभाव में, (ब्राह्मणभोजन पर्याप्त पक्वान्नके या आमान्नके अभाव में) ब्राह्मण के अभाव में (श्राद्धयोग्य ब्राह्मण के अभावमें) अन्नमात्र को पत्नी (स्त्री) से पकवावे। (यहाँपर 'णिच्' स्त्री के अभिप्राय से है) पैतृकसूक्त (आठ[1] ऋचा) से बुद्धिमान् होम (होमं चतुःकृत्वः कुर्यात्।) करे।

१—उदीरतामवर उत्परास उन्मध्यमाः पितरः सोम्यासः। असुंय ईयुरवृका ऋतज्ञास्ते नोऽवन्तु पितरो हवेषु १ इदं पितृभ्यो नमो अस्त्वद्य ये पूर्वासो य उपरास ईयुः। ये पार्थिवे रजस्या निषत्ता ये वा नूनं सुवृजनासु विक्षु २ आहं पितॄन् त्सुविदत्राँ अवित्सि नपातं च विक्रमणं च विष्णोः। बर्हिषदो ये स्वधया सुतस्य भजन्त पित्वस्त इहागमिष्ठाः ३

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देवलः—पिण्डमात्रं प्रदातव्यमभावे द्रव्यविप्रयोः ।
श्राद्धीयाहनि संप्राप्ते भवेन्निरशनोऽपि वा ॥

देवल ने कहा है—द्रव्य और ब्राह्मण के अभाव में श्राद्धीयप्राप्त दिन में—पिण्डदान (देवीपुराणे—सक्तुभिः पिण्डदानं च संयावैः पायसेन वा । कर्तव्यमृषिभिः प्रोक्तं पिण्याकेनैङ्गुदेन वा ॥ गुडेन वेति वा पाठः—ये अशक्त द्रव्यपरक हैं) मात्र करे या उपवास करे ।

वृद्धवसिष्ठः—किञ्चिद्द्यादशक्तस्तु उदकुम्भादिकं द्विजे । तृणानि वा गवे दद्यात्पिण्डान् वाप्यथ निर्वपेत् ॥ तिलदर्भैः पितॄन्वापि तर्पयेत् स्नानपूर्वकम् ।

वृद्धवसिष्ठ ने कहा है—अशक्त व्यक्ति जो कुछ जल का घडा आदि (आदि शब्द से—हारीतः—अपि मूलैः फलैर्वापि तथाप्युदकतर्पणैः । अविद्यमाने कुर्वीत न तु प्राप्तं विलङ्घयेत् ॥ भविष्ये—निवासमेव वा दद्यात् पिण्डं वाप्यथ निर्वपेत् ।) ब्राह्मण को देना कहा है । या गौ के लिए (भोजनपर्याप्त) तृणों को दे या पिण्डों का निर्वाप करे या स्नानपूर्वक तिल (तिलसंख्या—तिलैः सप्ताष्टभिर्वापि समवेतं जलाञ्जलिम् । भक्तिनम्रः समुद्दिश्य भुव्यस्माकं प्रदास्यति ॥ असंभवे तु तिलान्वा तत्राप्यसामर्थ्ययुक्तः कराग्रावस्थितांस्तिलान् । प्रणिपत्य द्विजाग्याय कस्मै चिदुदास्यति ॥ और कुशाओं से पितरों का तर्पण करे ।

हेमाद्रौ भविष्ये—अग्निना वा दहेत्कक्षं श्राद्धकाले समागते । तस्मिन् वोपवसेदह्नि जपेद्वा श्राद्धसंहिताम् ॥ श्राद्धसंहिता समन्त्रश्राद्धसङ्कल्पः ।

हेमाद्रि में भविष्यपुराण का मत है—श्राद्धसमय के आने पर कक्ष-तृण (श्राद्धसारमत से गिरिदरी) को अग्नि में जला दे । उस दिन उपवास करे या श्राद्धसंहिता का जप करे । श्राद्धसंहिता माने समन्त्रक श्राद्ध का संकल्प करे ।

विष्णुवाराहपुराणयोः—असमर्थोऽन्नदानस्य धान्यमामं स्वशक्तितः ।
प्रदास्यति तिलान्वापि स्वल्पां वापि दक्षिणाम् ॥

विष्णुपुराण और वाराहपुराण में कहा है—अन्नदान के करने में समर्थ न हो तो अपनी शक्ति के अनुसार धान्य या तिलों को दे या अल्पा दक्षिणा दे । कोई लोग श्लोक ऐसा पढ़ते हैं—असमर्थोऽन्नदानस्य धान्यं मांसं स्वशक्तितः ।

(सर्वाभावे विचारः)

सर्वाभावे वनं गत्वा कक्षामूलप्रदर्शकः । सूर्यादिलोकपालानामिदमुच्चैः पठिष्यति ॥

सबके अभाव में वन में जाकर अपनी 'कक्षा' के मूल को अर्थात्—कोख के मूल को उपस्थान के द्वारा सूर्यादि लोकपालों को दिखाकर ऊँचे स्वर से पढेगा—कोई 'सूर्यादि' के जगह 'पूर्वादि' ऐसा पढते हैं । पर अर्थ में कोई फरक नहीं है ।

न मेऽस्ति वित्तं न धनं न चान्यं श्राद्धोपयोगि स्वपितॄन्नतोऽस्मि । तृप्यन्तु भक्त्या पितरौ मयैतौ भुजौ कृतौ वर्त्मनि मारुतस्य ॥

मेरे पास श्राद्धोपयोगि न वित्त (जायजाद, संपत्ति, द्रव्य) है न धन (सोना, चांदी आदि चल संपत्ति, रुपया) है, न अन्न है इसलिए मैं अपने पितरों को प्रणाम करता हूँ । ये पिता तथा माता भक्ति से तृप्त हों मैंने अपनी दोनों भुजाओं को वायु के मार्ग में फैला दी है ।

बर्हिषदः पितर उत्य १ र्वागिमा वो हव्या चकृमा जुषध्वम् । त आ गतावसा शन्तमेनाऽथा नः शं योररपो दधात ४ उपहूताः पितरः सोम्यासो बर्हिष्येषु निधिषु प्रियेषु । त आगमन्तु त इह श्रुवन्त्वधि ब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान् ५ आच्या जानु दक्षिणतो निषद्येमं यज्ञमभिगृहीत विश्वे । मा हिंसिष्ट पितरः केन चिन्नो यद्व आगः पुरुषता कराम ६ आसीनासो अरुणीनामुपस्थे रयिं धत्त दाशुषे मर्त्याय । पुत्रेभ्यः पितरस्तस्य वस्वः प्रयच्छत त इहोर्जं दधात ७ ये नः पूर्वे पितरः सोम्यासोऽनूहिरे सोमपीथं वसिष्ठाः । तेभिर्यमः संरराणो हवींष्युशन्नुशद्भिः प्रतिकाममत्तु (ऋ० १०।१५।१-८) और यजुर्वेदसंहिता—अ० १९ म० २९ से) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इत्येतत्पितृभिर्गीतं भावाभावप्रयोजनम् ।
यः करोति कृतं तेन श्राद्धं भवति भारत ॥

यह पितरों का गीत भाव (होना-अस्तित्व) और अभाव (न होना-अनस्तित्व) कारण है। हे भारत, जो इसतरह करता है मानो उसने श्राद्ध को कर दिया है।

प्रभासखण्डे—गत्वारण्यमसमानुष्यमूर्ध्वबाहुर्विरौत्यदः ।
निरन्नो निर्धनो देवाः पितरोऽमानृणं कृथाः ॥

प्रभासखण्ड में कहा है—मनुष्यों से रहित जंगल में जाकर ऊपर को बाहु उठाकर रोकर कहता है—देवताओ, मेरे पास अन्न नहीं है और मैं निर्धन हूँ। हे पितरो, मुझे अनृणी करो।

न मेऽस्ति वित्तं न धनं न भार्या श्राद्धं कथं वः पितरः करोमि । वनं प्रविश्येह तु तन्मयोच्चैर्भुजौ कृतौ वर्त्मनि मारुतस्य ॥

मेरे पास—वित्त संपत्ति-अचल नहीं है, न धन है और न भार्या है। हे पितरो, आपलोगों का श्राद्ध कैसे करूँ। इसलिए इस वन में प्रवेश कर मैंने ऊँची दोनों भुजाओं को वायु के मार्ग में की है।

श्राद्धर्णमेतद्भवतां प्रदत्तं मह्यं दयध्वं पितृदेवताद्याः । आख्याय चोत्क्षिप्य भुजौ ततो वै दिवा च रात्रिं समुपोष्य तिष्ठेत् ॥ भवेत्स वै तेन कृतेन तेषामृणेन मुक्तः पितृदेवतानाम् ॥ इत्यनुकल्पः।

यह श्राद्धरूपी ऋण को आपलोगों को दिया। मेरे लिए पितर तथा देवता आदि दया करें। ऐसा कहकर दोनों भुजाओं को उठाकर निश्चय से दिन और रात में उपवास कर खडा रहे। ऐसा उसके करने पर ही उन पितर और देवताओं के ऋण से छूट जाता है। यह अनुकल्प (आवश्यकता होने पर उसी समय प्रयुक्त किया जाता है जबकि मुख्य निर्देश का प्रयोग संभव नहीं होता) है।

(श्राद्धभोजने प्रायश्चित्तकथनम्)

अथ श्राद्धभोजने प्रायश्चित्तम् । दर्शे षट् प्राणायामाः । वृद्धौ त्रयः । संस्कारेषु जातकर्मादिचूडान्तेषु सान्तपनम् । आद्ये चान्द्रं वा अन्यसंस्कारेषूपवासः । सीमन्ते चान्द्रमिति विज्ञानेश्वरः । आपदि नवश्राद्धैकादशाहेषु भोजने कायः । द्वादशाहे ऊनमासे च पादोनः । द्विमासे त्रिपक्षे ऊनषष्ठोनाब्दयोश्चार्द्धकृच्छ्रः । त्रिमासाद्याब्दिकान्तेषु सपिण्डेषु पादकृच्छ्रः उपवासो वा । गुरुद्रव्यार्थभोजनेऽर्धम् । जपशीले तदर्धम् । अनापदि तूनमासान्तेषु चान्द्रं कायं वा । द्विमासादौ पादोनम् । त्रिमासादावर्धकायः । आब्दिके पादोनकायः । पुनराब्दिके एकाहः । क्षत्रियादिश्राद्धेषु द्वित्रिचतुर्गुणानि ज्ञेयानि । चण्डालसर्पश्वादिहतपतितक्लीबादिनवश्राद्धे चान्द्रम् । आद्यमासिकान्ते चान्द्रं पराकश्च । द्वादशाहादौ पराकः । द्विमासादावतिकृच्छ्रः । त्रिमासादौ कायः । आब्दिके पादः । अभ्यासे सर्वं द्विगुणम् । आमहेमसङ्कल्पश्राद्धेषु तत्तदर्धानि । यतिर्ब्रह्मचारी चोक्तं प्रायश्चित्तं कृत्वा त्रीनुपवासान् प्राणायामान् घृताशनं चाधिकं कृत्वा व्रतशेषं समापयेत् । अनापदि द्विगुणम् । दर्शादौ दशगायत्रीमन्त्रिता आपः पिबेत् षट्प्राणायामा वा । संस्कारेषु चौले कृच्छ्रः । सीमन्ते चान्द्रम् । अन्येषूपवास इति दिक् ।

अत्र माधवमिताक्षरादौ क्वचिद्विरोधो विषयभेदात्परिहार्यः । एकादशाहे चान्द्रं पुनः संस्कारश्चेति प्रायश्चित्तकाण्डे हेमाद्रिः ।

अब श्राद्धभोजन में प्रायश्चित्त कहते हैं। दर्श (अमावास्या) श्राद्ध के भोजन में छ प्राणायाम (भरद्वाजः—द्विगुणं क्षत्रियस्यैतत् त्रिगुणं वैश्यभोजने। साक्षाच्चतुर्गुणं ह्येतत् स्मृतं शूद्रस्य भोजने ॥) करे। वृद्धि में तीन प्राणायाम करे। जातकर्मसंस्कार आदि चूडाकरणसंस्कारतक भोजन में 'सान्तपन' प्रायश्चित्त करे। आद्य—जातकर्म में चान्द्रायणव्रत करे। अन्यसंस्कारों में उपवास करे। सीमन्तसंस्कार में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'चान्द्रायण' करे—यह विज्ञानेश्वर ने कहा है। आपत्ति में—नवश्राद्ध,[1] एकादशाह आदि के भोजन में काय है। द्वादशाह और ऊनमास में पादोन है। दो मास में, तीन पक्ष में, ऊन छठे मास में और ऊनाब्द में 'अर्धकृच्छ्र' है। तीनमास से लेकर वार्षिकपर्यन्त में और सपिण्डन में 'पादकृच्छ्र' है या उपवास है। गुरु द्रव्य के लिए भोजन में 'अर्धकृच्छ्र' है। जपशील (जप करनेवाला) में उसका आधा है। कोई आपत्ति न हो तो ऊन महिनों में चान्द्रायण या काय[2] कहा है। द्विमासादि में पादोन कहा है। त्रिमासादि में अर्धकाय कहा है। आब्दिक (वार्षिक) में पादोनकाय कहा है। पुनराब्दिक में एकदिन का उपवास कहा है। क्षत्रियादि के श्राद्ध में भोजन करने पर द्विगुणित, त्रिगुणित तथा चतुर्गुणित जानना चाहिये। चाण्डाल, सर्प, श्व (कुत्ता) आदि के द्वारा मरने पर और पतित, नपुंसक आदि नवश्राद्ध में चान्द्रायण करे। प्रथम-मासिक के अन्त में चान्द्रायण और 'पराक' कहा है। द्वादशाह आदि में 'पराक' कहा है। द्विमासादि में 'अति-कृच्छ्र' कहा है। त्रिमासादि में काय कहा है। आब्दिक में पाद कहा है। अभ्यास (बारंबार भोजन करनेपर) द्विगुणित सब प्रायश्चित्त करे। आम, हेम और संकल्प श्राद्धों में उन-उनका आधा आधा करे। यति (संन्यासी)

१—नवश्राद्धं धर्मसिन्धौ—पृ० ६३० प्रथमेऽह्नि तृतीये च पञ्चमे सप्तमे तथा। नवमैकादशे चैव तन्नवश्राद्धमुच्यते॥ नवश्राद्धानि पञ्चाहुराश्वलायनशाखिनः। आपस्तंबाः षडित्याहुर्विभाषात्वितरेषु हि।

२—पराशरः—कुक्कुटाण्डप्रमाणन्तु यावान् वा प्रविशेन्मुखम्। एतं ग्रासं विजानीयाच्छुद्ध्यर्थं कायशोधनम्॥ धर्मसिन्धौ—एकभक्तायाचितोपवासैः कथञ्चित् त्रिगुणैः पादोनकृच्छ्रः। एकभक्त, अयाचित तथा उपवास को तिगुना करने पर एकपादकृच्छ्र होता है।

आपस्तम्बः—सायं प्रातस्तथैकैकं दिनद्वयमयाचितम्। दिनद्वयं च नाश्नीयात् कृच्छ्रार्धं सोऽभिधीयते॥ धर्मसिन्धौ—एकभक्तनक्तायाचितद्वयोपवासद्वयैरर्धकृच्छ्रः। यद्वा त्र्यहमयाचितं त्र्यहमुपवास इत्यर्धकृच्छ्रः।

एकभक्तेन नक्तेन तथैवायाचितेन च। उपवासेन चैवायं पादकृच्छ्रः प्रकीर्तितः॥ (या० स्मृ० प्राय श्लो० ३१८)

कुशोदकं च गोक्षीरं दधि मूत्रं शकृद् घृतम्। प्राश्यापरेद्युरुपवसेत्कृच्छ्रं सान्तपनं स्मृतम्॥ (याज्ञवल्क्यः)।

बौधायनः—ब्रह्मौदने च सोमे च सीमन्तोन्नयने तथा। जातश्राद्धे नवश्राद्धे भुक्त्वा चान्द्रायणं चरेत्॥ शान्तपनं त्वशक्तपरमिति भावः।

विष्णुः—प्राजापत्यनवश्राद्धे पादोनं चाद्यमासिके। त्रैपक्षिकं तदर्धं तु पञ्चगव्यं द्विमासिके॥ इत्यादि विशेष कृष्णंभट्टी की टीका देखिये।

पराशरः—(प्रायश्चित्तविवेके ५१६) गोमूत्रमासकास्त्वष्टौ गोमयस्य तु षोडश। क्षीरस्य द्वादश प्रोक्ता दध्नस्तु दश कीर्तिताः॥ गोमूत्रवद् घृतस्योक्तास्तदर्धेन कुशोदकम्। एतद् द्रव्यपरिमाणं शुध्यर्थं कायशोधनम्।

यतात्मनोऽप्रमत्तस्य द्वादशाहमभोजनम्। पराको नाम कृच्छ्रोऽयं सर्वपापप्रणाशनः॥ (मनु—अ० ११ श्लो० २१५)। बृहस्पतिः—जपहोमरतः कुर्याद् द्वादशाहमभोजनम्। पराक एष विख्यातः सर्वपापप्रणाशनः॥ 'द्वादशाहोपवासेन पराकः परिकीर्तितः। या० स्मृ०।

तिथिवृध्या चेरत्पिण्डान् शुक्ले शिख्यण्डसम्मितान्। एकैकं ह्रासयेत्कृष्णे पिण्डं चान्द्रायणं चरन्॥ (या० प्रा० श्लो० ३२३)। पिपीलिकं यवमध्यं च यतिचान्द्रायणं तथा। चान्द्रायणं तथा ज्ञेयं चतुर्थं सर्वतोमुखम्॥ पञ्चमं शिशुसंज्ञञ्च तुल्यपुण्यफलोदयम्॥

याज्ञवल्क्यः—अयमेवातिकृच्छ्रः स्यात्पाणिपूरान्नभोजनः।

विष्णुः—पादव्रते वस्त्रदानं कृच्छ्रार्धे तैलकाञ्चनम्। पादहीने तु गामेकां कृच्छ्रे गोमिथुनं स्मृतम्॥ (प्राय० वि० पृ० १२)।

मनुः—एकैकं ह्रासयेत्पिण्डं कृष्णे शुक्ले च वर्धयेत्। उपस्पृशं स्त्रिसवनमेतच्चान्द्रायणं स्मृतम्॥ एतमेव विधिं कृत्स्नमाचरेत् यवमध्यमे। शुक्लपक्षादिनियतश्चरंश्चान्द्रायणं स्मृतम्॥ इत्यादि।

धर्मसिन्धौ—एकभक्तायाचितोपवासैः कथञ्चित् त्रिगुणैः पादोनकृच्छ्रः।

प्राजापत्यव्रत के असमर्थ में दसहजार गायत्री जप और एकहजार गायत्री से तिलहोम करे। कहीं पर व्याहृति से एकहजार तिल से हवन करे ऐसा कहा है। दो सौ प्राणायाम और बारह ब्राह्मणभोजन करावे। इनका विस्तृत विचार धर्मसिन्धु में स्पष्ट है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथा ब्रह्मचारी इन प्रायश्चित्तों कर तीन उपवास और प्राणायाम को कर घृतप्राशन अधिक कर व्रतशेष को समाप्त करे। अनापत्ति में द्विगुणित करे। दर्शादि में दशबार गायत्री पढकर जल का अभिमन्त्रण कर पान करे या छ प्राणायाम करे। संस्कारों में चूडाकरण में कृच्छ्र करे। सीमन्त में चान्द्रायण करे। अन्यों में उपवास करे।

यहाँ पर माधव, मिताक्षरा आदि में कुछ विरोध हो तो विषयभेद से परिहार (हटाना) करे। एकादशाह में चान्द्र तथा फिर से संस्कार करे–यह प्रायश्चित्तकाण्ड में हेमाद्रि ने कहा है।

यत्तूशनाः—दशकृत्वः पिबेदापो गायत्र्या श्राद्धभुग्द्विजः। इति तदनुक्तप्रायश्चित्तश्राद्धपरमिति विज्ञानेश्वरः।

जो उशना ने कहा है—श्राद्ध में भोजन करनेवाला द्विज दश बार गायत्री पढकर जल को अभिमन्त्रित कर पान करे। विज्ञानेश्वर ने कहा है—जिसका कोई प्रायश्चित्त नहीं कहा है, उस श्राद्धपरक है।

(क्षयाहे श्राद्धकथनम्)

अथ क्षयाहश्राद्धम्। तत्स्वरूपमाह हेमाद्रौ व्यासः—मासपक्षतिथिस्पृष्टे यो यस्मिन् म्रियतेऽहनि। प्रत्यब्दं तु यथाभूतं क्षयाहं तस्य तं विदुः॥

अब क्षयाहश्राद्ध कहते हैं। उस क्षयाह का स्वरूप हेमाद्रि में व्यास ने कहा है—जो जिस महिने में, पक्ष में, तिथि में या जिस दिन में मरता है उसका प्रतिवर्ष तथाभूत (वहीदिन) क्षयाह जानना चाहिये।

नारदीये—पारणे मरणे नृणां तिथिस्तात्कालिकी स्मृता। अत्र चान्द्रमानं ज्ञेयम्॥

नारदपुराण में कहा है—पारण और मनुष्यमात्र के मरण में उस समय की तिथि कही है। यहाँ पर चान्द्रमास जानना चाहिये।

आब्दिके पितृकार्ये च चान्द्रो मासः प्रशस्यते॥ इति गार्ग्योक्तेः।

आब्दिक में और पितृकार्य में चान्द्रमास उत्तम कहा है। ऐसा गर्ग ने कहा है।

मलमासमृतस्य तु सौरम्। मलमासमृतानां तु सौरं मानं समाश्रयेत्। इति हेमाद्रावुक्तेः। एतन्मृतिमासस्यैवाधिक्ये ज्ञेयम्।

मलमास में मरे का तो सौरमास ले। मलमास में मरे का सौरमास मानना चाहिये—यह हेमाद्रि में कहा है। यह मरण महिने के आधिक्य में ही जानना चाहिये।

ब्राह्मे—प्रतिसंवत्सरं कार्यं मातापित्रोर्मृतेऽहनि। पितृव्यस्याप्यपुत्रस्य भ्रातुर्ज्येष्ठस्य चैव हि। अपुत्रस्येति भ्रात्राऽप्यन्वयः। ज्येष्ठस्येति कनिष्ठस्यानावश्यकत्वार्थम्।

ब्रह्मपुराण में कहा है—माता और पिता का, चाचा का, अपुत्र का और बड़े भाई का भी प्रतिसांवत्सरिक श्राद्ध मरणदिन में करे।

अपुत्र का भाई के साथ भी अन्वय है। ज्येष्ठ कहने से कनिष्ठ–छोटे भाई का श्राद्ध करना आवश्यक नहीं (न पुत्रस्य पिता कुर्यान्नानुजस्य तथाऽग्रजः। अपि स्नेहेन कुर्यातां सपिण्डीकरणं विना॥) है।

मदनरत्ने भविष्ये—सर्वेषामेव श्राद्धानां श्रेष्ठं सांवत्सरं मतम्।

मदनरत्न में भविष्यपुराण का वचन है—सब श्राद्धों का ही कल्याणकारक सांवत्सर श्राद्ध है। (क्योंकि—उसके न करने पर कल्याण की हानि का कथन तथा नरकप्राप्ति कही है—अतः नित्यत्व कहा है।)

(श्राद्धाकरणे विचारः)

तथा—भोजको यस्तु वै श्राद्धं न करोति खगाधिप। मातापितृभ्यां सततं वर्षे वर्षे मृतेऽहनि॥ स याति नरकं घोरं तामिस्रं नामनामतः। तच्च नानास्मृतिष्वेकोद्दिष्टं पार्वणं चोक्तम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और खगाधिप, जो भोजक माता तथा पिता का निरन्तर साल साल के मरण दिन में श्राद्ध नहीं करता है वह भयंकर तामिस्र नामवाले नरक में जाता है। और वह अनेकस्मृतियों में एकोद्दिष्ट तथा पार्वण कहा है।

आद्यमाह यमः—सपिण्डीकरणादूर्ध्वं प्रतिसंवत्सरं सुतैः।
मातापित्रोः पृथक्कार्यमेकोद्दिष्टं मृतेऽहनि॥

यम ने आद्य (एकोद्दिष्ट के विषय में) कहा है—सपिण्डीकरण के बाद पुत्रगण को प्रति संवत्सर में माता और पिता के मरण दिन में अलग अलग एकोद्दिष्टश्राद्ध को करना चाहिये।

व्यासः—एकोद्दिष्टं तु कर्तव्यं पित्रोश्चैव मृतेऽहनि। एकोद्दिष्टं परित्यज्य पार्वणं कुरुते नरः॥ अकृतं तद्विजानीयाद्भवेच्च पितृघातकः॥

व्यास ने कहा है—मरण दिन में माता और पिता का एकोद्दिष्ट श्राद्ध करना चाहिये। एकोद्दिष्ट का परित्याग कर जो मनुष्य पार्वणश्राद्ध करता है। वह न करने के सदृश जानना चाहिये तथा पितृघातक (अर्थात्—पितरों के साथ घात) करनेवाला होता है।

अन्त्यमाह शातातपः—सपिण्डीकरणं कृत्वा कुर्यात्पार्वणवत्सदा। प्रतिसंवत्सरं श्राद्धं छागलेयोदितो विधिः॥ यः सपिण्डीकृतं प्रेतं पृथक्पिण्डे नियोजयेत्। विधिघ्नस्तेन भवति पितृहा चोपजायते॥

अत्रौरसक्षेत्रजयोः पार्वणं दत्तकादीनामेकोद्दिष्टमित्येकः पक्षः। साग्नेः पार्वणं निरग्नेरेकोद्दिष्टमित्यपरः। तद्दूषणं मिताक्षरादौ ज्ञेयम्॥

अन्त्य (पार्वण के विषय में) को शातातप ने कहा है—सपिण्डीकरण को कर सदा पार्वण के सदृश प्रति संवत्सर श्राद्ध करे यह छागलेय की कही विधि है। जो मनुष्य सपिण्डी किये हुए प्रेत को अलग पिण्ड में मिलाता है इससे बहुत प्रकार के विघ्न होते हैं वह पितृहा (पितरों को मारनेवाला) होता है।

यहाँ पर औरस और क्षेत्रज पुत्रों का पार्वण तथा दत्तक आदि पुत्रों का एकोद्दिष्ट है—यह एकपक्ष है। दूसरा पक्ष यह है कि—साग्निक (अग्निहोत्री) को पार्वण और निरग्निक को एकोद्दिष्ट है। वह दूषण (निन्दा) है मिताक्षरा आदि में जानना चाहिये।

कल्पतरुस्तु—'साग्न्योरौरसक्षेत्रजयोः पार्वणम्। निरग्निकयोस्त्वेकोद्दिष्टम्' इत्याह। अपरार्केऽप्येवम्। दत्तकादयो दशपुत्रास्तु साग्नयो निरग्नयश्चैकोद्दिष्टमेव कुर्युः, प्रत्यब्दं पार्वणेनैव विधिना क्षेत्रजौरसौ। कुर्यातामितरे कुर्युरेकोद्दिष्टं सुता दश॥ इति जातूकर्ण्योक्तेः। यदा तु दत्तकस्य पिता दर्शे महालये वा मृतस्तत्र पार्वणैकोद्दिष्टयोर्विकल्पः। वस्तुतस्तु सर्वेषां पार्वणैकोद्दिष्टयोर्व्रीहियववद्विकल्पः। स च देशाचाराद्व्यवस्थित इति सर्वनिबन्धसिद्धान्तः।

कल्पतरु ने कहा है—साग्निक औरस और क्षेत्रज पुत्रों को पार्वण कहा है। निरग्निकों को तो एकोद्दिष्ट कहा है। अपरार्क में भी यही है। दत्तक आदि दश पुत्र साग्निक हों या निरग्निक हों उनको एकोद्दिष्ट ही करे। जातूकर्ण्य ने कहा है—क्षेत्रज और औरस वार्षिकश्राद्ध पार्वणविधि ही से करें। इतर दश पुत्र एकोद्दिष्टविधि से करे। जब दत्तक का पिता दर्श में या महालय में मर गया हो तो उसमें पार्वण और एकोद्दिष्ट में विकल्प है। सिद्धान्त तो यह है कि—सबों का पार्वण और एकोद्दिष्ट में व्रीहि तथा यव के सदृश विकल्प है। वह देशाचार से (येनास्य पितरो याता येन याताः पितामहाः। तेन यायात्सतां मार्गं तेन गच्छन्न दुष्यति॥) व्यवस्थित विकल्प है यह सब निबन्धों का सिद्धान्त है। यहाँ की विशेष व्यवस्था म० म० पं० विद्याधर जी की देखिये।

अत एव पृथ्वीचन्द्रोदये वृद्धपराशरः—मातापित्रोः पृथक्कार्यमेकोद्दिष्टं मृतेऽहनि। इत्युक्त्वाह देशधर्मं समाश्रित्य वंशधर्मं तथापरे। सूरयः श्राद्धमिच्छन्ति पार्वणं च क्षयाहन्यपि॥ इति तच्च केवलं पितॄणां न, सपत्नीकानामिति हेमाद्रिः। अत्र मातामहा न कार्याः,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसलिए पृथ्वीचन्द्रोदय में वृहत्पराशर ने कहा है—मरणादिन में माता और पिता का अलग एकोद्दिष्ट करना चाहिये। ऐसा कह कर कहा है कि—देशधर्म दूसरा वंशधर्म का आश्रय कर विद्वद्गण श्राद्ध की इच्छा करते हैं और क्षयाहदिन में पार्वणश्राद्ध को करते हैं। वह भी केवल पितरों का, सपत्नीकों की नहीं करते हैं—यह हेमाद्रि का कहना है। यहाँ पर मातामहों को नहीं करना चाहिये।

कर्षूसमन्वितं मुक्त्वा तथाद्यं श्राद्धषोडशम्। प्रत्याब्दिकं च शेषेषु पिण्डाः स्युः षडिति स्थितिः॥ इति कात्यायनोक्तेः। कर्षूसमन्वितम्=सपिण्डनम्। यैरेकोद्दिष्टं क्रियते तेषामपि क्वचित्पार्वणमेव॥

कात्यायन ने कहा है—कर्षूसमन्वित (सपिण्डन) आद्य सोलहश्राद्ध और प्रत्याब्दिक (प्रतिवार्षिक) श्राद्ध को छोड़कर अवशिष्ट श्राद्धों में छ पिण्डों की स्थिति होती है। कर्षूसमन्वितमाने सपिण्ड। जिनका एकोद्दिष्ट किया जाता है उनका भी कहीं पार्वण ही होता है।

अमावास्यां क्षयो यस्य प्रेतपक्षेऽथवा पुनः। पार्वणं तस्य कर्तव्यं नैकोद्दिष्टं कदाचन॥ इति शङ्खोक्तेः।

शंख ने कहा है—जिसका क्षय अमावास्या में या प्रेतपक्ष में होता है उसका पार्वणश्राद्ध करना चाहिए एकोद्दिष्ट कभी न करे।

एवं संन्यासिनोऽपि। एकोद्दिष्टं यतेर्नास्ति त्रिदण्डग्रहणादिह। सपिण्डीकरणाभावात्पार्वणं तस्य सर्वदा॥ इति प्रचेतसोक्तेः।

इसीप्रकार संन्यासियों का भी पार्वणश्राद्ध करे। प्रचेता ने कहा है—त्रिदण्ड के ग्रहणमात्र से यति का यहाँ पर एकोद्दिष्टश्राद्ध नहीं होता है। सपिण्डीकरण के अभाव से त्रिदण्डी का सर्वदा पार्वण होता है।

वायवीये—संन्यासिनोऽप्याब्दिकादि पुत्रः कुर्याद्यथाविधि।
महालये तु यच्छ्राद्धं द्वादश्यां पार्वणं हि तत्॥

वायवीय का वचन है—संन्यासियों का भी पुत्र यथाविधि आब्दिक (वार्षिक) आदि श्राद्ध करे। महालय में जो श्राद्ध होता है उसे द्वादशीतिथि में पार्वण ही करे।

पृथ्वीचन्द्रोदये वृद्धपराशरः—सङ्ग्रामे संस्थितानां च प्रेतपक्षे शशिक्षये।
तेषां पार्वणमेवोक्तं क्षयाहेऽपि च सत्तमैः॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में वृहत्पराशर का वचन है—संग्राम (युद्ध) में स्थितोंका, प्रेतपक्ष में, चन्द्रमा के क्षय (अमावास्या) में जिनका मरण हो गया हो उनका अच्छे लोगों ने क्षयाहदिन में भी पार्वण ही कहा है।

चन्द्रक्षयानाशकसंयुगेषु यः प्रेतपक्षे मृतवान् सपिण्डः।
सपिण्डितानामपि चाब्दिकानि भवन्ति तेषामिह पार्वणानि॥

चन्द्रक्षय (अमावास्या) अनाशक (अनशन-व्रत) युद्धों में, जो प्रेतपक्ष में सपिण्ड मरे हों उन सपिण्डनवालों का भी यहाँ पर आब्दिक आदि में पार्वणश्राद्ध होता है।

तथा—भ्रातुर्ज्येष्ठस्य कुर्वीत ज्येष्ठो भ्रातानुजस्य च। दैवहीनं तु तत्कुर्यादिति धर्मविदब्रवीत्॥ दैवहीनमेकोद्दिष्टम्। ज्येष्ठो भ्राताऽनाद्यगर्भजः।

और बडे भाई का वार्षिक श्राद्ध छोटा भाई करे। वह दैवहीन (विश्वेदेव से रहित) करे ऐसा धर्म के जानकार ने कहा है। दैवहीन माने-एकोद्दिष्ट। ज्येष्ठभ्राता माने-प्रथम गर्भ से अनुत्पन्न।

तथा च तत्रैव शातातपः—अनाद्यगर्भज्येष्ठोऽपि भ्राता सद्भिर्निगद्यते। ऋते सपिण्डनात्तस्य नैव पार्वणमाचरेत्॥ आद्यगर्भे तु पार्वणमेकोद्दिष्टं वेत्यर्थः।

और वहीं पर शातातप ने कहा है—आदिगर्भ से भिन्न भाई को सज्जनों ने भाई कहा है। सपिण्डीकरण के बिना उसका पार्वणश्राद्ध न करे। आदि के गर्भ में तो पार्वण या एकोद्दिष्ट करे—यह अर्थ है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मातुस्तु हेमाद्रौ कात्यायनः—प्रत्यब्दं यो यथा कुर्यात्पुत्रः पित्रे सदा द्विजः।
तथैव मातुः कर्तव्यं पार्वणं वान्यदेव वा॥

माता के श्राद्ध में तो हेमाद्रि में कात्यायन ने कहा है--जो द्विज जैसे पिता के लिए वार्षिकश्राद्ध सदा करता है। वैसे ही माता का भी पार्वण श्राद्ध करना चाहिये या एकोद्दिष्ट करे।

यत्तु तेनैवोक्तम्—सपिण्डीकरणादूर्ध्वं पित्रोरेव हि पार्वणम्। पितृव्यभ्रातृमातॄणामेकोद्दिष्टं सदैव तु॥ इति तत्सापत्न्यमातृपरम्।

जो उसने ही कहा है—सपिण्डीकरण के बाद माता और पिता का ही पार्वण करे। चाचा, भाई और माताओं का सदैव एकोद्दिष्ट करे। वह सपत्नमाता के विषय में है।

यत्तु वृद्धपराशरः—अपुत्रस्य पितृव्यस्य तत्पुत्रो भ्रातृजो भवेत्। स एवास्य कुर्वीत पिण्डदानादिकां क्रियाम्॥ पार्वणं तेन कार्यं स्यात् पुत्रवत् भ्रातृजेन तु। पितृस्थाने तु तं कृत्वा शेषं पूर्ववदुच्चरेत्॥ इति, तत्पितृवद्देशाचाराद्व्यवस्थितमिति पृथ्वीचन्द्रः।

जो वृद्धपराशर ने कहा है—अपुत्र वाले चाचा का उसके भाई से उत्पन्न पुत्र वही हो चाचा के पिण्डदानादि क्रिया को करे। उसका भ्रातृज पुत्रके सदृश पार्वणश्राद्ध करे। पिता के स्थानपर चाचा का नाम कह कर अवशिष्ट कर्म पूर्ववत् (पहले की तरह) करे। वह पिता के सदृश देशाचार से व्यवस्था जानना चाहिये—यह पृथ्वीचन्द्र ने कहा है।

श्राद्धदीपकलिकायां चतुर्विंशतिमते तु—पितृव्यभ्रातृमातॄणां ज्येष्ठानां पार्वणं भवेत्। एकोद्दिष्टं कनिष्ठानां दम्पत्योः पार्वणं मिथः॥ अपुत्रस्य पितृव्यस्य भ्रातुश्चैवाग्रजन्मनः। मातामहस्य तत्पत्न्याः श्राद्धं पार्वणवद्भवेत्॥ इत्युक्तं तत् पत्न्याः कर्तृत्वेऽपि पार्वणमेव।

श्राद्धदीपकलिका में चतुर्विंशतिमत से तो कहा है—पितृव्य (चाचा) बड़ा भाई और माता का पार्वण होता है। छोटों का एकोद्दिष्ट होता है। दम्पति (स्त्री और पति) का एक साथ पार्वण होता है। अपुत्र वाले चाचा का, अग्रज भाई का, मातामह और उसकी पत्नी का श्राद्ध पार्वण के सदृश होता है—ऐसा कहा है। उनकी पत्नी के करने पर भी पार्वण ही होता है।

सर्वाभावे स्वयं पत्न्यः स्वभर्तॄणाममन्त्रकम्। सपिण्डीकरणं कुर्युस्ततः पार्वणमेव च॥ इति लौगाक्षिस्मृतेः।

लौगाक्षिस्मृति में कहा है—सबों के अभाव में स्वयं पत्नियाँ अपने पतियों का अमन्त्रक सपिण्डीकरण करें। तदनन्तर पार्वण भी करें।

तत्र पत्न्यपि कुर्वीत सापिण्ड्यं पार्वणं तथा। इति सुमन्तूक्तेश्चेति निर्णयामृते उक्तम्। अन्ये त्वेतत्पाक्षिकपार्वणपरमाहुः। अत एव—भर्तुः श्राद्धं तु या नारी मोहात्पार्वणमाचरेत्। न तेन तृप्यते भर्ता कृत्वा तु नरकं व्रजेत्॥ इति वचनं क्षयाहे पाक्षिकैकोद्दिष्टप्रशंसार्थं न पार्वणनिषेधार्थमित्युक्तं त्रिस्थलीसेतौ भट्टचरणैः। स्वभर्तृप्रभृति त्रिभ्यः इत्यनेन विरोधाच्च।

सुमन्तु ने भी कहा है—वहाँ पर पत्नी भी सापिण्ड्य और पार्वणश्राद्ध करे। यह निर्णयामृत में कहा है। अन्य तो इस वचन को पाक्षिक पार्वणपरक कहते हैं। इसलिए जो स्त्री पति का श्राद्ध मोह से पार्वण करती है। उससे पति तृप्त नहीं होता है करने पर वह पत्नी नरक में जाती है। यह वचन क्षयाह में पाक्षिक एकोद्दिष्ट प्रशंसार्थ है न कि पार्वणश्राद्ध निषेधार्थ है—एसा त्रिस्थलीसेतु में भट्टचरणों ने कहा है। अपने पति आदि तीन को दे इस वचन से विरोध भी है।

(अपुत्राणां त्वाह)

अपुत्राणां त्वाह हेमाद्रावापस्तम्बः—अपुत्रा ये मृताः केचित् स्त्रियो वा पुरुषाश्च ये। तेषामपि च देयं स्यात् एकोद्दिष्टं न पार्वणम्॥ मित्रबन्धुसपिण्डेभ्यः स्त्रीकुमारिभ्य एव च। दद्याद्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मासिकं श्राद्धं सांवत्सरमतोऽन्यथा ॥ पारिजाते तु अन्यथा पार्वणमित्युक्त्वा सर्वत्र पार्वण-मित्युक्तम् । एकोद्दिष्टवाक्यानि तु तीर्थमहालयपराणीत्युक्तम् ।

अपुत्रों का तो हेमाद्रि में आपस्तम्ब ने कहा है—स्त्री या पुरुष जो अपुत्र मर गये हैं, उनका भी श्राद्ध एकोद्दिष्टविधि से देना चाहिए पार्वणविधि से न करे। मित्र, बन्धु और सपिण्डों के लिए, स्त्री कुमारियों के लिए मासिक ही श्राद्ध दे। इसलिए पार्वण से अन्यथा एकोद्दिष्ट करे।

पारिजात में तो कहा है—अन्यथा माने पार्वण करे—ऐसा कह कर सर्वत्र पार्वण कहा है। एकोद्दिष्ट वाक्य तो तीर्थ, महालय परक हैं—एसा कहा है।

पृथ्वीचन्द्रोदये वृद्धगार्ग्यः—मातुः सहोदरा या च पितुः सहभवा च या ।
तयोश्च नैव कुर्वीत पार्वणं पिण्डनादृते ॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में वृद्धगार्ग्य ने कहा है—माता की सहोदर बहिन का और पिता की सहोदर बहिन का सपिण्डीकरण के विना इन दोनों का पार्वण नहीं करे।

प्रचेताः—सपिण्डीकरणादूर्ध्वमेकोद्दिष्टं विधीयते । अपुत्राणां च सर्वेषामपत्नीनां तथैव च ।
अपत्नीनाम्=ब्रह्मचार्यादीनाम् ।

प्रचेता ने कहा है—अपुत्रवालों का और ब्रह्मचारियों का सपिण्डीकरण के बाद एकोद्दिष्ट का विधान है। अपत्नीकमाने—ब्रह्मचारी आदियों का।

मार्कण्डेयपुराणे—प्रतिसम्वत्सरं कार्यमेकोद्दिष्टं नरैः स्त्रियाः । मृताहनि यथान्यायं नृणां यद्वदिहोदितम् ॥ नृणामिति दृष्टान्ताद्गोविप्रहतपाखण्ड्यादीनां सपिण्डनाभावेऽपि सांवत्सर-मेकोद्दिष्टं कार्यमेवेति शूलपाणिः ।

मार्कण्डेयपुराण में कहा है—मनुष्यों को स्त्री का प्रतिवार्षिकश्राद्ध एकोद्दिष्ट ही करना चाहिये। मरणदिन में यथोचित पुरुषों की तरह यहाँ पर कहा है। नृणाम्—इस दृष्टान्त से गौ तथा ब्राह्मण से मारे हुए और पाखण्डि आदियों का सपिण्डन के अभाव में सांवत्सर एकोद्दिष्ट करना चाहिये। यह शूलपाणि में कहा है।

अत्रिवृद्धवसिष्ठौ—सपिण्डीकरणादूर्ध्वं यत्र यत्र प्रदीयते । भ्रात्रे भगिन्यै पुत्राय स्वामिने मातुलाय च ॥ पितृव्यगुरवे श्राद्धमेकोद्दिष्टं न पार्वणम् ।

अत्रि और वृद्धवसिष्ठ ने कहा है—सपिण्डीकरण के बाद जहाँ जहाँ पर भाई, बहिन, पुत्र, स्वामी, मामा, चाचा और गुरु के लिए श्राद्ध दिया जाता है वह एकोद्दिष्ट होता है, पार्वण नहीं होता है।

यत्तु जातूकर्ण्यः—पितृव्यभ्रातृमातृणामपुत्राणां तथैव च । मातामहस्यासुतस्य श्राद्धादि पितृ-वद्भवेत् ॥ इति, तदावश्यकत्वार्थं न तु पार्वणार्थमिति हेमाद्रिः ।

जो जातूकर्ण्य ने कहा है—चाचा, भाई, माता और वैसे ही अपुत्रों का और वैसे ही अपुत्र माता-मह का श्राद्ध पिता के सदृश होता है। वह आवश्यकता के लिए है पार्वण के लिए नहीं है—यह हेमाद्रि का कहना है।

युक्तं त्वेवम् । मातुः पितरमारभ्य त्रयो मातामहाः स्मृताः । तेषां च पितृवच्छ्राद्धं कुर्युर्दुहितृ-सूनवः ॥ इति पुलस्त्योक्तेर्मातामहस्य पार्वणमेव तत्साहचर्यात्पितृव्यादौ तथा । पितृव्यभ्रातृ-मातृणामेकोद्दिष्टं न पार्वणम् । इति चयाहोपक्रमे पुलस्त्योक्तेश्च विकल्पः ।

युक्त तो यही है कि—माता के पिता से लेकर तीन मातामह कहे गये हैं। कन्या का पुत्र उनका पिता के तुल्य श्राद्ध को करें। ऐसा पुलस्त्य ने कहा है पर मातामह का पार्वण ही है। उसके साहचर्य से पितृव्यादि का भी वही पार्वणश्राद्ध ही होता है। पितृव्य, भाई और माताओं का एकोद्दिष्ट करे, पार्वण न करे—एसा चयाह के उपक्रम में और पुलस्त्य के कहने पर विकल्प है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

केचित्त्वापस्तम्बादिवाक्यानि—व्युत्क्रमाच्च प्रमीतानां नैव कार्या सपिण्डता। इत्यस्य पितृव्यादिपरत्वादकृतसपिण्डनपितृव्यादिपराणीत्याहुः। माता=सपत्नमाता। एकोद्दिष्टं तु कनिष्ठपरमिति। पृथ्वीचन्द्रोदयेऽप्येवम्। विशेषस्त्वधिकारिनिर्णये प्रागुक्तः। केचित्पुत्रान्तराभावे पितामहवार्षिकमप्यावश्यकम्।

कोई आपस्तम्ब आदि के वचन कहते हैं—विपरीतक्रम से मरों का सपिण्डीकरण न करे। यह वचन पितृव्यादिपरक है। जिसका सपिण्डन नहीं हुआ है पितृव्यादिपरक है। मातामाने—सपत्नमाता। एकोद्दिष्ट माने—कनिष्ठपरक है। पृथ्वीचन्द्रोदय में भी यही है। विशेष तो अधिकारिनिर्णय में पहले कह चुके हैं। कोई तो कहते हैं कि—पुत्रान्तर के अभाव में भी पितामह का वार्षिकश्राद्ध भी आवश्यक है।

पुत्राभावे च तत्पुत्रः पत्नी माता तथा पिता। वित्ताभावेऽपि सच्छिष्यः कुर्यात्तस्यौर्ध्वदेहिकम्॥ इति मार्कण्डेयपुराणादित्याहुः। तन्न, पौत्रेणैकादशाहादि कर्तव्यं श्राद्धषोडशम्। इति कातीये विशेषोक्तेः।

मार्कण्डेयपुराण में कहा है—पुत्र के अभाव में उसका पुत्र-पौत्र, पत्नी, माता, पिता और वित्त के अभाव में अच्छा शिष्य उसका औध्वदेहिक करे। यह उचित नहीं है—क्योंकि कातीय में विशेष कहा है—पौत्र को एकादशाह आदि सोलह श्राद्धों को करना चाहिये।

(क्षयाहद्वैधे निर्णयः)

अथ क्षयाहद्वैधे निर्णयः। तत्रैकोद्दिष्टं मध्याह्ने कार्यम्। मध्याह्नश्च पञ्चधा विभक्ते दिने तृतीयभाग इति माधवः। आमश्राद्धं तु पूर्वाह्णे एकोद्दिष्टं तु मध्यमे। पार्वणं चापराह्णे तु प्रातर्वृद्धिनिमित्तकम्॥ इति हारीतोक्तौ प्रातःशब्दसाहचर्यात्। तत्रापि कुतपादिमुहूर्तद्वितयं ज्ञेयम्।

इसके बाद क्षयाहद्वो होने में निर्णय कहते हैं। वहाँपर एकोद्दिष्ट को मध्याह्नकाल में करे। दिनका पाँच भाग करने पर उसका तीसरा भाग मध्याह्नकाल होता है यह माधव ने कहा है। आमश्राद्ध तो पूर्वाह्न में होता है। एकोद्दिष्ट मध्याह्न में होता है। पार्वणश्राद्ध अपराह्न में होता है। प्रातःकाल में वृद्धिनिमित्तक श्राद्ध होता है। इस हारीत के वचन से प्रातः शब्द के साचचर्य से। उसमें भी कुतुपादियों में दो मुहूर्त जानना चाहिये।

प्रारभ्य कुतपे श्राद्धं कुर्यादारौहिणं बुधः। विधिज्ञो विधिमास्थाय रौहिणं तु न लङ्घयेत्॥ इति गौतमोक्तेरेतत्परत्वात्। रौहिणो=नवमो मुहूर्तः। मैथिलाः श्राद्धकौमुदी चैवम्।

कुतुप में श्राद्ध का प्रारम्भ कर 'रौहिण'[1] पर्यन्त करे। विधि का जानकार विद्वान् विधि पर आस्था कर रोहिण का लंघन न करे। यह गौतम ने इसपरक ही कहा है। रोहिण माने नवम मुहूर्त। मैथिल और श्राद्धकौमुदी में भी यही है।

अन्यथा—ऊर्ध्वं मुहूर्तात्कुतपाद्यन्मुहूर्तचतुष्टयम्। मुहूर्तपञ्चकं ह्येतत् स्वधाभवनमिष्यते॥ इत्यादिविरोधात्।

अन्यथा—कुतुप मुहूर्त और उसके बाद चार मुहूर्तवक स्वधाभवन में कहे गये हैं। इत्यादि से विरोध है।

दीपिकापि—'एकोद्दिष्टमुपक्रमेत् कुतपे' इति।

दीपिका में भी कहा है—एकोद्दिष्टप्रकरण में कहा है—कुतुप में 'एकोद्दिष्टश्राद्ध' होता है।

१—दिन का पाँच भाग तीन-तीन मुहूर्त होते हैं। उनमें प्रथम भाग (अंश) की संज्ञा प्रातः है। दूसरे भाग की संगव, तीसरे भाग की मध्याह्न, चतुर्थ भाग की अपराह्न तथा पांचवें भाग की सायाह्न संज्ञा है। दिन के पन्द्रहवें भाग को मुहूर्त कहते हैं। उसमें सातवें का नाम गन्धर्व, आठवें का नाम कुतुप और नवमें का नाम रोहिण है। इसे धर्मसिन्धु में—'अपराह्णादिकालविशेषनिर्णय' में देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

माधवीने व्यासोऽपि—कुतपप्रथमे भागे एकोद्दिष्टमुपक्रमेत्। आवर्तनसमीपे वा तत्रैव नियतात्मवान्॥ तेन कुतपादिरौहिणान्तो मुख्यः कालः। पृथ्वीचन्द्रोदयेऽप्येवम्। दिनद्वये तद्व्याप्तौ अंशेन समव्याप्तौ च पूर्वा। विषमव्याप्तावाधिक्येन निर्णयः। अव्याप्तौ पूर्वैव, परविद्धाया निषेधात्। स च वक्ष्यते। पूर्वदिनग्रहणे रौहिणलङ्घनापत्तेः परैवेति गौडाः। शुक्लकृष्णवशात् खर्वदर्पाद्यैर्वा व्यवस्थेत्यन्ये। तन्न, परविद्धानिषेधप्राबल्यात्। अत्र मूलं कालमाधवीये ज्ञेयम्।

माधवीय में व्यास ने भी कहा है—नियतात्मवान् होकर आवर्तन के समीप कुतुप के प्रथमभाग में एकोद्दिष्ट का प्रारम्भ करे।

इससे कुतुपादि से रौहिणपर्यन्त मुख्यकाल होता है। पृथ्वीचन्द्रोदय में भी यही है। दोनोंदिन में तिथि की प्राप्ति में और अंश से बराबर की प्राप्ति में पूर्वा ग्रहण करे। विषमव्याप्ति में तो आधिक्य से निर्णय करे। अव्याप्ति में पूर्वा ही ग्रहण करे। क्योंकि परविद्धा का निषेध है। उसको कहते हैं। पहले दिन ग्रहण में रौहिण लंघन की आपत्ति हो जायगी अतः परा ही ग्रहण करे—यह गौड कहते हैं। शुक्ल-कृष्ण के वश से खर्व-दर्प आदि द्वारा व्यवस्था करे यह अन्य कहते हैं। यह उचित नहीं है। परविद्धा का निषेध प्राबल्य है। यहाँ पर मूल कालमाधवीय में जानना चाहिये।

अपपार्वणं त्वपराह्णे कार्यं पूर्वोक्तवचनात्। मध्याह्नव्यापिनी या स्यात्सैकोद्दिष्टे तिथिर्भवेत्। अपराह्णव्यापिनी या तु पार्वणे सा तिथिर्भवेत्॥ इति पृथ्वीचन्द्रोदये गौतमोक्तेश्च। पूर्वेद्युरेव परेद्युरेव वाऽऽपराह्णव्याप्तौ सैव ग्राह्या। दिनद्वये तद्व्याप्तौ तदस्पर्शेंऽशतः समव्याप्तौ वा पूर्वैव। विषमव्याप्तौ त्वधिका ग्राह्या, द्व्यपराह्णव्यापिनी स्यादाब्दिकस्य यदा तिथिः। महती यत्र तद्विद्धां प्रशंसन्ति महर्षयः॥ इति मरीचिस्मृतेः।

पार्वणश्राद्ध को तो 'अपराह्न' काल में (चतुर्थप्रहरे प्राप्ते यः श्राद्धं कुरुते नरः। आसुरं तद्भवेच्छ्राद्धं दाता तु नरकं व्रजेत्॥) करे। मध्याह्नव्यापिनी जो तिथि है वही एकोद्दिष्ट में तिथि होती है। अपराह्न व्यापिनी जो तिथि है वह पार्वणश्राद्ध के लिए होती है—यह पृथ्वीचन्द्रोदय में और वृद्धगौतम ने कहा है। पहले दिन ही या दूसरे दिन ही अपराह्नव्याप्ति में वही ग्रहण करे। दोनों दिन में उसकी प्राप्ति में या उसके अस्पर्श में अंश से या समव्याप्ति में पूर्वा ही तिथि ग्रहण करे। विषम व्याप्ति में तो अधिकवाली ग्रहण करे। जब दोनों दिन अपराह्नव्यापिनी आब्दिक की जो तिथि हो तो महर्षिगण अधिक जिसदिन विद्धा हो उसकी प्रशंसा करते हैं—एसा मरीचिस्मृति में कहा है।

दर्शं च पौर्णमासं च पितुः सांवत्सरं दिनम्। पूर्वविद्धमकुर्वाणो नरकं प्रतिपद्यते॥ इत्यपरार्के नारदोक्तेः।

अपरार्क में नारद ने कहा है—अमावास्या और पूर्णमासी में पिता का सांवत्सरदिन हो तो जो पूर्वविद्धा में नहीं करता है वह नरक में जाता है।

द्व्यहेऽ तु व्यापिनी चेत्स्यात् मृताहस्य यदा तिथिः। पूर्वविद्धा प्रकर्तव्या त्रिमुहूर्ता भवेद्यदि॥ इति सुमन्तूक्तेः।

सुमन्तु ने कहा है—जब मरणदिन की तिथि दोनों दिन प्राप्त हो तो पूर्वविद्धा करे। यदि वह तीन मुहूर्त हो तो।

पूर्वस्यां निर्वपेत्पिण्डान्नित्याङ्गिरसभाषितम्। इति हेमाद्रौ पाठः।

हेमाद्रि में पाठ है—पहली तिथि में नित्य पिण्डों को दे—ऐसा आङ्गिरस ने कहा है।

तत्रैव वृद्धमनुः—न द्व्यहव्यापिनी चेत्स्यान्मृताहस्य यदा तिथिः। पूर्वविद्धैव कर्तव्या त्रिमुहूर्ता च या भवेत्॥ मदनरत्नेऽप्येवम्।

वहीं पर वृद्धमनु ने कहा है—मृत व्यक्ति की दोनों दिन व्यापिनीतिथि न हो तो पूर्वविद्धा ही में करे—जो तीन मुहूर्त तिथि हो। मदनरत्न में भी यही है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्तु कार्ष्णाजिनिव्यासौ—अह्नोऽस्तमयवेलायां कलामात्रा यदा तिथिः। सैव प्रत्याब्दिके ज्ञेया नापरा पुत्रहानिदा॥ इति तत्त्रिमुहूर्तस्तुतिः। पूर्वेद्युः सायं त्रिमुहूर्ताभावे तु परैव, त्रिमुहूर्ता न चेद् ग्राह्या परैव कुतपे हि सा। इति कालादर्शे गोभिलोक्तेः।

जो कार्ष्णाजिनि और व्यास ने कहा है--दिन के अस्तमय समय में जब कलामात्रा तिथि हो वही प्रत्याब्दिक में जानना चाहिये। दूसरी न ग्रहण करे। क्योंकि—पुत्र की हानि को देने वाली होती है। यह तीन मुहूर्त की स्तुति है। पहले दिन सायंकाल तीन मुहूर्त के अभाव में तो परा ही ग्रहण करे। कालादर्श में गोभिल ने कहा है--तीन मुहूर्त न हो तो वह दूसरे दिन ही कुतुप में तिथि ग्रहण करे।

कालादर्शेऽपि—प्रत्याब्दिकेऽप्येवमेव तिथिर्ग्राह्याऽपराह्णिकी।
उभयत्र तथात्वे तु महत्त्वेन विनिर्णयः॥

कालादर्श में भी कहा है--इसीप्रकार प्रत्याब्दिक में भी अपराह्णव्यापिनीतिथि ग्रहण करे। दोनों दिन हो तो महत्व से निर्णय करे।

समत्वे पूर्वविद्धैव ह्यतथात्वेऽपि सा यदि। त्रिमुहूर्ता भवेत्सायं सर्वेष्टोऽयं विनिर्णयः॥

समत्व में पूर्वविद्धा ही करे। वह यदि असमान हो तो उसी दिन करे। जिस दिन वह सायङ्काल तीन मुहूर्त हो तो सबों का यह तथ्य निर्णय है।

अन्यत्रापि--सायन्तन्यपरत्र चेन्मृततिथिः सवाब्दिके मासिके ग्राह्या सा द्व्यपराह्णयोर्यदि तदा यत्राधिका सा मता। तुल्या चेदुभयापराह्णसमये पूर्वा न चेत्तु द्वये पूर्वैव त्रिमुहूर्तगास्तसमये नो चेत्परैवोचिता॥

अन्यत्र भी कहा है--जो दूसरे दिन में सायंकाल मृतक की तिथि हो वही आब्दिक और मासिक में ग्रहण करे। यदि वह तिथि दोनों दिन अपराह्ण समय में हो तो तब जिसदिन अधिक हो वही ग्रहण करे। यदि अपराह्ण के समय दोनों दिन बराबर हो तो पहली ग्रहण करे। यदि दोनों दिन अपराह्ण में न हो तो सूर्यास्त के समय तीन मुहूर्त हो तो ग्रहण करे। यदि वह भी न हो तो परा ही ग्रहण करे।

माधवपृथ्वीचन्द्रौ तु—दिनद्वयेऽपराह्णव्याप्तौ अंशतः समव्याप्तौ च क्षये पूर्वा वृद्धौ परा॥ खर्वौ दर्पौ परौ पूज्यावित्युक्तेः।

माधव और पृथ्वीचन्द्र में तो कहा है—दोनों दिन अपराह्णव्याप्ति में अंश से (इयं त्रेधा--पूर्वेद्युरपराह्णस्य द्वितीयघटिकामारभ्य प्रवृत्ता परेद्युः तिथिवृद्धा पञ्चघटिका एका। पूर्वेद्युः चरमघटिकामारभ्य प्रवृत्ता परेद्युतिथिक्षयेणैवाघटिका द्वितीया। पूर्वापराह्णस्य चरमघटीत्रये सति परापराह्णस्याद्यघटीत्रये सति तृतीया।) समव्याप्ति में क्षयाह में पूर्वा (पहली) और वृद्धि में परा ग्रहण करे। खर्व तथा दर्प परा पूज्य होती है—ऐसा कहा है।

अपराह्णद्वयव्यापिन्यतो तस्य च या तिथिः। क्षये पूर्वा च कर्तव्या वृद्धौ कार्या तथोत्तरा॥ इति बौधायनोक्तेः।

बौधायन ने कहा है—यदि मृतक की तिथि दोनों दिन अपराह्णव्यापिनी हो तो क्षय में पूर्वा तथा वृद्धि उत्तरा ग्रहण करे।

क्षयाहस्य तिथिर्या तु अपराह्णद्वये यदि। पूर्वा क्षये तु कर्तव्या वृद्धौ कार्या तथोत्तरा॥ इति बृहन्नारदीयाच्चेत्याहुः। वृद्धिक्षयौ चात्र परतिथेर्नतु ग्राह्यतिथेः, तस्या क्षयेऽपराह्णद्वये व्याप्तेरसम्भवात्।

तदाह माधवः—न ग्राह्यतिथिगौ वृद्धिक्षयावूर्ध्वतिथेस्तु तौ। इति।

बृहन्नारदीयपुराण का वचन है—यदि क्षयाहतिथि अपराह्ण में दोनों दिन हो तो क्षय में पूर्वा तथा वृद्धि उत्तरा करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर (दोनों दिन अपराह्ण में व्याप्त हो) वृद्धि और क्षय में परतिथि का ग्रहण है न कि ग्राह्यतिथि का। क्योंकि—उसके क्षय में अपराह्णद्वय व्याप्ति में असम्भव है। उसी बात को माधव ने कहा है—ग्राह्यतिथि की वृद्धि तथा क्षय न ग्रहण करे। ऊर्ध्वतिथि का ग्रहण करे।

यत्तु पृथ्वीचन्द्रः—पूर्वोक्तवचनेषु यत्र सायाह्णास्तसमययोगिनीतिथिरुक्ता, तत्रापराह्णव्यापिनी ज्ञेया, सायाह्णस्त्रिमुहूर्तः स्यात्तत्र श्राद्धं न कारयेत्। इति मात्स्यादौ सायाह्णेनिषेधात्। यच्च—'त्रिमुहूर्तादिग्रहणं तच्छ्राद्धार्हापराह्णरूपत्रिमुहूर्तपरम्, इत्याह। तद्धेमाद्रिमदनरत्नकालादर्शादिग्रन्थविरोधाल्लक्षणापत्तेश्च चिन्त्यम्। तस्मात्पूर्वोक्तमेव साधु। यदा विघ्नवशाद्दिने सांवत्सरं श्राद्धं न कृतं तदा रात्रावपि कार्यम्। मृताहं समतिक्रम्य चण्डालेष्वभिजायते। इति मरीचिना मृताहातिक्रमे दोषोक्तेः, 'न च नक्तं श्राद्धं कुर्वीत आरब्धेऽऽभोजनसमापनात् इत्यापस्तम्बधर्मसूत्रेण (पृ० २५८) गौणकालोक्तेश्चेति माधवः। आरब्धे श्राद्धे विघ्नवशाद्रात्रिपाते भोजनसमाप्त्यन्तं रात्रौ कार्यम्। शेषसमाप्तिः परदिने एवेति हरदत्तः। ग्रहणदिने वार्षिकप्राप्तौ तद्दिन एवान्नेनामेन हेम्ना वा कुर्यात् नोत्तरदिने इत्युक्तं प्राग् ग्रहणनिर्णये। तच्च प्रथमाब्दिकं त्रयोदशे मलमासे कार्यमन्यथा न। प्रत्यब्दं द्वादशे मासि कार्या पिण्डक्रिया सुतैः। क्वचित्त्रयोदशेऽपि स्यादाद्यं मुक्त्वा तु वत्सरम्। इति लघुहारीतोक्तेः। इदमन्त्याधिमासपरम्। द्वादशे त्रयोदशे वातीत इत्यर्थः। तेन यत्र द्वादशमासिकं शुद्धमासे भवति तत्र त्रयोदशेऽधिके एवाद्याब्दिकं कार्यम्। यत्राधिकमध्ये द्वादशं मासिकं तत्र तस्य द्विरावृत्तिं कृत्वा चतुर्दशे शुद्धे एव प्रथमाब्दिकमिति निष्कर्षः। माधवीये हेमाद्रौ चैवम्। द्वितीयादिकं तु शुद्धमास एव नाधिके, नाप्युभयोः। मलमासमृतानां तु यदा स एवाधिकः स्यात्तदा तत्रैव कार्यमन्यथा शुद्ध एवेति प्रागुक्तम्। दर्शे वार्षिकं चेत्तदा पूर्वं वार्षिकं कृत्वा ततः पिण्डपितृयज्ञो दर्शश्राद्धं चेति निर्णयदीपे क्रम उक्तः।

जो पृथ्वीचन्द्र ने कहा है—पूर्वोक्त वचनों में जहाँपर सायाह्ण अस्तसमययोगिनीतिथि कही है। वहाँ पर अपराह्णव्यापिनी जानना चाहिये। क्योंकि सायाह्ण तीन मुहूर्त होने से उसमें श्राद्ध न करे। यह मात्स्य आदि में सायाह्ण निषेध है। और जो तीन मुहूर्त आदि का ग्रहण है वह श्राद्धार्ह अपराह्णरूप तीन मुहूर्तपरक है—ऐसा कहा है। वह हेमाद्रि, मदनरत्न, कालादर्श आदि ग्रन्थों के विरोध से और लक्षणापत्ति से चिन्तनीय है। इसकारण से पूर्वोक्त ही साधु है। यदा विघ्नवश से उसी दिन सांवत्सरश्राद्ध न किया हो तो तब रात्रि में भी करना चाहिये। मृताह दिन का अतिक्रमण करने से चाण्डालों में उत्पन्न होता है। इस मरीचिवचन से मृतदिन के अतिक्रमण में दोष कहा है। रात्रि में श्राद्ध न करे। यदि आरम्भ किया हो तो भोजन की समाप्ति तक करे—इस आपस्तम्ब ने गौणकाल (स्वकालादुत्तरो हि कालः गौणकालः) माधव ने कहा है। श्राद्ध के आरम्भ[1] में विघ्नवश से रात्रि आजाय तो भोजनसमाप्ति तक कार्य रात्रि में करे। अवशिष्ट कार्य दूसरे दिन ही करे—ऐसा हरदत्त ने कहा है। ग्रहणदिन में वार्षिक की प्राप्ति में उसी दिन ही अन्न से या सुवर्ण से करे दूसरे दिन न करे—ऐसा पहले ग्रहणनिर्णय में कहा है। और वह प्रथमाब्दिक तेरहवें मलमास में करे अन्यथा न करे।

१—श्राद्ध करने वाला उपवास करे। तदनन्तर दूसरे दिन एकोद्दिष्ट में मध्याह्णकाल और पार्वण में अपराह्णकाल ग्रहणकर पिण्डदान आदि अवशिष्ट कर्म को समाप्त करे। दूसरे दिन प्रातः मध्याह्ण के आह्निक को यथासम्भव कर्ता को करना ही चाहिये। उसके त्याग में प्रमाणाभाव है। 'न हि कर्मणि कर्मान्तरारम्भः। इसकी प्रवृत्ति नहीं है। कोई कहते हैं कि—सायाह्ण के सदृश प्रातःकाल संगव में भी क्यों नहीं गौणकाल है। यह उचित नहीं है। कुतुप मुहूर्त में ही करे। उसपूर्व में तो गान्धर्व और रौहिणकाल है। कुतप तो—छत्रिन्याय से मध्याह्णस्त्रिमुहूर्तस्तु यदा चलति भास्करः। स कालः कुतपो नाम पितृणां दत्तमक्षयम्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रतिवार्षिकश्राद्ध बारहवें मास में पुत्र पिण्डदान की क्रिया को करें। आद्य संवत्सर को छोडकर कहीं तेरहवें मास में करे—यह लघुहारीत ने कहा है। यह अन्त्य अधिकमासपरक है। बारहवाँ या तेरहवाँ महिना वीत जाने पर यह अर्थ है। इससे जहाँ पर वारहवाँ महिना शुद्ध महिने में होता है वहाँ पर तेरहवें अधिक महिने में ही आब्दिक करे। जहाँ पर अधिक मध्य में हो वहाँ द्वादशमासिक को वहाँ पर द्विरावृत्ति कर चौदहवें शुद्धमास में ही प्रथमाब्दिक करे यह निष्कर्ष (निचोड) है। माधवीय और हेमाद्रि में भी यही है। द्वितीयादिक तो शुद्धमास में ही करे अधिक में न करे न दोनों में करे। मलमास में मरों का तो जब वही मलमास आवे तब ही उसी में करे। अन्यथा तो शुद्ध में करे—यह पहले कह चुके हैं। दर्श में वार्षिक हो तो पहले वार्षिक को करके तदनन्तर 'पिण्डपितृयज्ञ' और 'दर्शश्राद्ध' को करे—यह क्रम निर्णयदीप में कहा है।

स्मृतिसारेऽपि—दर्शे क्षयाहे संप्राप्ते कथं कुर्वन्ति याज्ञिकाः। आदौ क्षयाहं निर्वर्त्य पश्चाद्दर्शो विधीयते ॥ इति। युक्तं त्वेवम्, तद्वचने मूलाभावात्।

पिण्डयज्ञं ततः कुर्यात्ततोऽन्वाहार्यकं बुधः। इति दर्शश्राद्धे पिण्डपितृयज्ञानन्तर्यात्तस्याब्दिकेऽप्यतिदेशात् प्राप्तेः। 'पितृयज्ञानन्तरं वार्षिकं ततो दर्शश्राद्धम्' इति व्यतिषङ्गस्तु न भवति तस्यार्थिकत्वात्।

स्मृतिसार में भी कहा है—दर्श (अमावास्या) में क्षयाहश्राद्ध प्राप्त हो जाय तो याज्ञिक किसतरह से करते हैं। आदि में क्षयाहश्राद्ध को समाप्त कर बाद में दर्शश्राद्ध करे। युक्त तो यही है, उस वचन में मूल का अभाव है।

तदनन्तर पिण्डयज्ञ (पिण्डपितृयज्ञ) करे फिर बुद्धिमान् 'अन्वाहार्य' करे। इस दर्शश्राद्ध में 'पिण्डपितृयज्ञ' के आन्तर्य (बाद) उसकी आब्दिक में भी अतिदेश[1] से प्राप्ति होगी। पिण्डयज्ञ के वाद वार्षिक फिर दर्शश्राद्ध यह व्यतिषङ्ग[2] तो नहीं होता है। उसका अर्थ से सिद्ध है।

कालादर्शेऽपि—निमित्ताऽनियतिश्चात्र पूर्वानुष्ठानकारणम्। इति सर्वान्प्रत्यैकरूप्याभावात् क्षयाहनिमित्तस्यानियतत्वम्। देवजानीयेऽप्येवम्। एवं मासिकादिष्वपि ज्ञेयम्। प्रत्यब्दं यो यथा कुर्यात्तथा कुर्यात्स तान्यपि। इति सर्वातिदेशात्।

कालादर्श में भी कहा है—इसमें निमित्त का नियम नहीं है। पूर्व अनुष्ठान का करना ही कारण है। सबों के प्रति एकरूप्यता (समानता) का अभाव होने से क्षयाह निमित्तक का अनियतत्व (अनिश्चितता) है। देवजानी में भी यही है। इसप्रकार मासिक आदियों में भी जानना चाहिये।

जो व्यक्ति जैसे प्रतिवार्षिक को करता है वैसे ही उनको (मासिक आदि) भी करे। यह सबों के लिए अतिदेश है।

(मृताहे वृषोत्सर्गकथनम्)

मृताहे वृषोत्सर्ग उक्तो हेमाद्रौ विष्णुधर्मे—अयनद्वितये चैव मृताहे बान्धवस्य च। उत्सृजेन्नीलवृषभं कौमुद्याः समुपागमे ॥ कौमुदी=कार्तिकी।

१—अतिदेश—एकजगह पठित है उसको दूसरे जगह ले जाना। प्रकृति में जो विहित धर्म है। प्रकृत्युपकार करने के बाद विकृति के आकांक्षानुसार उन धर्मों को जो लिया जाता है उसको अतिदेश कहते हैं। तद्वद् 'इदं कर्तव्यम्' यह अतिदेश का स्वरूप है।

२—व्यतिषंग माने संबन्ध—पूर्व में श्रुत का उसको उत्तर ले जाने को व्यतिषंग कहते हैं। जैसे—उपसद् इष्टि के प्रकरण में होम के लिए तीन मन्त्र हैं या ते अग्ने अयाशया, या ते अग्ने हराशया, या ते अग्ने रजाशया, आदि पठित है। उसमें पहला मन्त्र संपूर्ण है। उसको दूसरे तीसरे मन्त्र में जोड़कर पढ़ते हैं। इसका विशेषविवेचन द्वितीयाध्याय के प्रथम पाद के अनुषंगाधिकरण में देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मरणदिन में वृषोत्सर्ग हेमाद्रि में विष्णुधर्म के वचन से कहा है—दक्षिणायन और उत्तरायण में और बान्धव के मरण दिन में कार्तिकी पूर्णिमा को नीलवृष का त्याग करे।

(शुद्धश्राद्धकथनम्)

अथ शुद्धिश्राद्धम्। दिवोदासीये—सपिण्डीकरणादूर्ध्वं यावदब्दत्रयं भवेत्। तावदेव न भोक्तव्यं क्षयेऽहनि कदाचन॥ वर्षान्तसपिण्डनेऽप्येतत्तुल्यम्।

अब शुद्धश्राद्ध कहते हैं। दिवोदासीय में कहा है—सपिण्डीकरण के बाद तीन साल के भीतर तक कभी क्षयाह दिन में भोजन न करे। साल के अन्त सपिण्डन में भी यह तुल्य है।

मृताहनि तु सम्प्राप्ते यावदब्दचतुष्टयम्। बहिः श्राद्धं प्रकुर्वीत न कुर्याच्छ्राद्धभोजनम्। प्रथमेऽस्थीनि मज्जा च द्वितीये मांसभक्षणम्। तृतीये रुधिरं प्रोक्तं श्राद्धं शुद्धं चतुर्थकम्॥ इति श्राद्धकारिकोक्तेः शुद्धं किञ्चिदिति ज्ञेयम्।

मरणदिन के प्राप्त होने पर जब तक चार वर्ष नहीं होता है तब तक बाहर (अर्थात् घर के बाहर) श्राद्ध करे और श्राद्ध का भोजन न करे। प्रथमवर्ष में—अस्थि तथा मज्जा का भक्षण, दूसरे साल में मांस भक्षण, तीसरे साल में—रुधिर का पान और चौथे साल में शुद्धश्राद्ध होता है। यह श्राद्धकारिका में कहा है। कुछ शुद्ध जानना चाहिये।

स्मृत्यन्तरे—सप्तत्रिंशच्च यो मासान् श्राद्धे भुङ्क्ते तमोहतः। स पङ्क्तिदूषितः पापः प्रेताशी च भवेत्तु सः॥ तत्र प्रथमेऽब्दे वर्षान्त सपिण्डनपक्षे मृताहात्पूर्वेऽह्नि सपिण्डनमब्दपूर्तिश्राद्धं च कृत्वा परेद्युर्वार्षिकं कुर्यादिति स्मृत्यर्थसारे उक्तम्।

स्मृत्यन्तर में कहा है—सैंतिस महिने तक (अर्थात् चार वर्ष के आदि तक) जो श्राद्ध में भोजन करता है वह पापी, पंक्तिदूषित और प्रेत का भोजन करनेवाला होता है। वहाँ पर प्रथमवर्ष में वर्षान्त सपिण्डनपक्ष में मरणदिन से पूर्वदिन में सपिण्डन और अब्दपूर्ति श्राद्ध कर दूसरे दिन वार्षिक करे—ऐसा स्मृत्यर्थसार में कहा है।

कालकाण्डे हेमाद्रिस्तु मृताहे सपिण्डीकरणेनैव वार्षिकसिद्धिः। पूर्णे संवत्सरे पिण्डः षोडशः परिकीर्तितः। तेनैव च सपिण्डत्वं तेनैवाब्दिकमिष्यते॥ इति वचनादित्याह। इदमेव च युक्तम्।

कालकाण्ड में हेमाद्रि ने तो कहा है—मरणदिन में सपिण्डीकरण से ही वार्षिकश्राद्ध की सिद्धि हो जाती है। पूरे साल में सोलहपिण्ड को कहा है। उसी से सपिण्ड और उसी से आब्दिक कहा है—इस वचन से कहा है। यही ही युक्त है।

(क्षयाहाज्ञाने विचारः)

अथ क्षयाहाज्ञाने मरीचिः—श्राद्धविघ्ने समुत्पन्ने अविज्ञाते मृतेऽहनि। एकादश्यां तु कर्तव्यं कृष्णपक्षे विशेषतः॥ इत्युक्तेः शुक्लैकादश्यामपि।

अब क्षयाह के अज्ञान में मरीचि ने कहा है—श्राद्ध में विघ्न के उत्पन्न होने पर और मरणदिन के अज्ञान में विशेष कर कृष्णपक्ष की एकादशीतिथि में करना चाहिये। ऐसा कहा है। शुक्लपक्ष की एकादशी में भी करे। (शुक्लपक्ष का ज्ञान हो तो शुक्लपक्ष की एकादशी हो ग्रहण करे।)

बृहस्पतिः—न ज्ञायते मृताहश्चेत्प्रमीते प्रोषिते सति। मासश्चेत्प्रतिविज्ञातस्तद्दर्शे स्यादथाब्दिकम्॥

बृहस्पति ने कहा है—मरणदिन की जानकारी न हो, मरणतिथि के अज्ञान में और मास के अज्ञान में अमावास्या में आब्दिक करे।

दिनमासौ न विज्ञातौ मरणस्य यदा पुनः। प्रस्थानमासदिवसौ ग्राह्यौ पूर्वोक्तया दिशा॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मरण व्यक्ति का यदि दिन और महिनों की जानकारी न हो तो प्रस्थान का महिना और दिन का ग्रहण पूर्वोक्त दिशा (प्रस्थान के भी महिनों के ज्ञान में और दिन के अज्ञान में उस महिने की अमावास्या आदि में, मास के अज्ञान में और दिन के ज्ञान में मार्गशीर्ष आदि मासो में प्रस्थान की तिथि में करे।) से करे। (मरणसम्बन्धि की तिथि और महिना इन दोनों के अज्ञान में प्रस्थानोत्तर ही जिसकी जीवन कथा नहीं जानी गयी है। उसके मरणदिन का श्राद्ध प्रस्थान दिन और मास को ग्रहण करे।)

मदनरत्ने भविष्ये—मृताहं यो न जानाति मानवो विनतात्मज।
तेन कार्यममावास्यां श्राद्धं संवत्सरं तदा॥

मदनरत्न में भविष्यपुराण का वचन है—हे विनतात्मज, जो मनुष्य मरणदिन नहीं जानता है। वह अमावास्या में सांवत्सरिक श्राद्ध सदा करे।

दिनमेव तु जानाति मासं नैव तु यो नरः। मार्गशीर्षेऽथवा भाद्रे माघे वा तद्दिनं भवेत्॥

जो मनुष्य दिन को ही जानता है और महिने को नहीं जानता है। वह मार्गशीर्ष, भाद्रपद या माघ महिने में उसका दिन करे।

निर्णयामृते तु—यदा मासो न विज्ञातो विज्ञातं दिनमेव तु। तदा चाषाढके मासि माघे वा तद्दिनं भवेत्॥ इति बृहस्पतिस्मृतेराषाढोऽप्युक्तः।

निर्णयामृत में तो कहा है—जब महिने का ज्ञान न हो और दिन का ज्ञान हो तो तब आषाढ या माघ महिने में उसका दिन होता है। बृहस्पति ने आषाढ भी कहा है।

कालादर्शेऽपि—मासाज्ञाने दिनज्ञाने कार्यमाषाढमाघयोः। इत्युक्तम्।

कालादर्श में भी कहा है—महिने की जानकारी न हो और दिन का ज्ञान हो तो आषाढ और माघ महिना कहा है।

हेमाद्रौ प्रभासखण्डे—मृताहं यो न जानाति मासं वापि कथञ्चन।
तेन कार्यममायां स्यात् श्राद्धं माघेऽथ मार्गके॥

हेमाद्रि में प्रभासखण्ड का बचन है—जो मरणदिन और महिने को भी किसीचिन्ह से भी नहीं जानता है। इससे उसका श्राद्धकार्य माघ या मार्गशीर्ष की अमावास्या में होता है।

भविष्ये—मृतवार्ताश्रुतेर्ग्राह्यौ तौ पूर्वोक्तक्रमेण तु। पूर्वोक्तेति प्रस्थानदिनाज्ञाने मासज्ञाने च तद्दर्शे मासज्ञाने दिनज्ञाने च मार्गादाविति तच्छ्रवणदिनेऽपि ज्ञेयमित्यर्थः। श्रवणदिनमासाज्ञाने माघमार्गदर्शे कार्यं पूर्वोक्तप्रभासखण्डात्। अतोऽत्र लोप इति शूलपाण्युक्तं हेयम्।

भविष्यपुराण में कहा है—पूर्वोक्तक्रम से मरणश्रवणसंबन्धिदिन और महिने को ग्रहण करे। पूर्वोक्त कहने से प्रस्थानदिन के अज्ञान में और महिने के ज्ञान (मरणश्रवणसम्बन्धिमासमात्र के स्मरण में) में अमावास्या में, मास के अज्ञान में तथा दिन के जानकारी में मार्गशीर्ष आदि में करे। इसी तरह मरणश्रवणसम्बन्धि दिनमात्र के स्मरण में मार्गशीर्ष आदि के दिन में भी जानना चाहिये। श्रवण दिन और मास के अज्ञान के माघ तथा मार्गशीर्ष की अमावास्या में करे—यह पूर्वोक्त प्रभासखण्ड के वचन से। इसलिए यहाँ पर लोप है यह शूलपाणि ने कहा है वह त्याज्य है।

तिथितत्त्वे यमः—गतस्य न भवेद्वार्ता यावद् द्वादशवार्षिकी। प्रेतावधारणं तस्य कर्तव्यं सुतबान्धवैः॥ यन्मासि यदहर्यातस्तन्मासि तदहः क्रिया। दिनाज्ञाने कुहूस्तस्य आषाढस्याथवा कुहूः॥

तिथितत्त्व में यम ने कहा है—अज्ञात देश में गये हुए की बात को बारहवर्ष तक (पिता के लिए पन्द्रह वर्ष तक और इतरों के लिए बारह वर्ष तक—'पितरि प्रोषिते यस्य न वार्ता नैव चागतिः। ऊर्ध्वं पञ्चदशाद्वर्षात्कृत्वा तत्प्रतिरूपकम्॥ कुर्यात्तस्य च संस्कारं यथोक्तविधिना ततः।) कोई बात न श्रवण हो तो पुत्र और बान्धव उसके मरण का निश्चय करके जिसदिन में और जिस महिने में वह गया हो उसी महिने तथा दिन में उसकी क्रिया को करें। उसके दिन के अज्ञान में अमावास्या या आषाढमहिने की अमावास्या को करें।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(श्राद्धविघ्ने निर्णयः)

अथ श्राद्धविघ्ने निर्णयः । तत्र विप्रस्य निमन्त्रणोत्तरं सूतके मृतके चाशौचाभावः, निमन्त्रितेषु विप्रेषु प्रारब्धे श्राद्धकर्मणि । निमन्त्रणाद्धि विप्रस्य स्वाध्यायादितरस्य च । देहे पितृषु तिष्ठत्सु नाशौचं विद्यते क्वचित् ॥ इति ब्राह्मोक्तेः ।

अब श्राद्ध के विघ्न में निर्णय करते हैं। वहाँ पर ब्राह्मण के निमन्त्रणोत्तर जन्म और मरण में आशौच का अभाव होता है।

ब्रह्मपुराण में कहा है—ब्राह्मणों के निमन्त्रित होने पर श्राद्धकर्म के प्रारंभ होने पर निमन्त्रण से ही ब्राह्मणके शरीरमें पितरोंके रहने पर कभी आशौच नहीं होता है। जो स्वाध्याय वेदपाठ–आदि में तत्पर हों।

(कर्तुस्तु)

कर्तुस्तु विष्णुराह—व्रतयज्ञविवाहेषु श्राद्धे होमेऽर्चने जपे ।
आरब्धे सूतकं न स्यादनारब्धे तु सूतकम् ॥

कर्ता को तो विष्णु ने कहा है—व्रत, यज्ञ, विवाह, श्राद्ध, होम, पूजा और जप में तो आरंभ में सूतक नहीं होता है। अनारब्ध हो तो सूतक होता है।

श्राद्धे प्रारम्भस्तेनैवोक्तः—प्रारम्भो वरणं यज्ञे सङ्कल्पो व्रतसत्रयोः । नान्दीमुखं विवाहादौ श्राद्धे पाकपरिक्रिया ॥ इति ।

श्राद्ध में प्रारंभ तो उस (विष्णु) ने कहा है—यज्ञ में वरण का प्रारंभ, व्रत और सत्रयाग में संकल्प, विवाह आदि में नान्दीमुख और श्राद्ध में पाक का निर्माण करना माना है।

माधवीये ब्राह्मेऽपि—श्राद्धादौ पितृयज्ञे च कन्यादाने च नो भवेत् ।

माधवीय में ब्रह्मपुराण का भी मत है—श्राद्धादि में, पितृयज्ञ में और कन्यादान में सूतक नहीं होता है।

मिताक्षरायां स्मृत्यन्तरे सद्यःशौचं प्रकृत्य—यज्ञे संभृतसंभारे विवाहे श्राद्धकर्मणि । इति । तिथितत्त्वादिगौडग्रन्थास्तु निमन्त्रणोत्तरं कर्तुर्भोक्तुश्च नाशौचम्, निमन्त्रणोत्तरं श्राद्धे प्रारम्भः स्यादिति स्मृतिः । इति विष्णूक्तेः ।

यत्तु 'श्राद्धे पाकपरिक्रिया' इति तद्दर्शश्राद्धविषयमित्याहुः ।

मिताक्षरा में सद्यःशौचप्रकरण में स्मृत्यन्तर का वचन है—सामग्री के एकत्रित (इकट्ठी) हो जाने पर यज्ञ में, विवाह में और श्राद्धकर्म में आशौच नहीं होता है। तिथितत्त्व आदि गौड ग्रन्थों का मत है कि—निमन्त्रणोत्तर (यदि पहले दिन रात्रिमें शास्त्रीय विधि से निमन्त्रण देनेपर) आशौच कर्ता और भोक्ता को नहीं होता है। विष्णु ने कहा है कि—निमन्त्रणोत्तर श्राद्ध का प्रारम्भ होता है—एसा स्मृति कहती है।

जो श्राद्ध में 'पाकपरिक्रिया' पाक का प्रारम्भ कहा है—वह दर्शश्राद्धविषयक है—ऐसा कहा है।

(दातृगृहे मरणादौ)

दातृगृहे मरणादौ ब्राह्मे उक्तम्—भोजनार्द्धे तु संभुक्ते विप्रैः दातुर्विपद्यते । गृहे इति शेषः । यदा कश्चित्तदोच्छिष्टं शेषं त्यक्त्वा समाहिताः । आचम्य परकीयेन जलेन शुचयो द्विजाः ॥ इति । अस्य श्राद्धविषयत्वं हेमाद्रिणोक्तम् । पृथ्वीचन्द्रोदयेऽप्येवम् । मम तु प्रतिभाति—इदं विवाहादिविषयं न तु श्राद्धविषयं तत्पदाभावात् । 'विवाहोत्सवयज्ञेषु' इत्युपक्रम्य—भुञ्जानेषु तु विप्रेषु त्वन्तरा मृतसूतके । अन्यगेहोदकाचान्ताः सर्वे ते शुचयः स्मृताः ॥ इति षट्त्रिंशन्मतैकवाक्यत्वात् । निमन्त्रितेषु विप्रेषु प्रारब्धे श्राद्धकर्मणि । इति पूर्वोक्तविरोधाच्च । श्राद्धे तु यद्यपि विष्णुना पाकोत्तरमाशौचाभाव उक्तस्तथापि कर्तुरेव सः । भोक्तुस्तु दोषोऽस्त्येव ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दाता के घर में मरण आदि में तो ब्रह्मपुराण में कहा है—अन्न के आधे भोजन करने बाद दाता के घर विपत्ति (मृत्यु) उपस्थित हो जाय तो ब्राह्मण उच्छिष्ट सब अन्न का त्याग कर सावधान मन से किसी दूसरे घरके जलसे आचमन कर पवित्र हो जाते हैं। इस वाक्यको श्राद्धविषय में हेमाद्रिने कहा है। पृथ्वीचन्द्र आदि ने भी यही कहा है। कमलाकरभट्ट ने कहा है मुझे तो यह मालूम होता है यह विवाह आदि विषयक है न कि श्राद्धविषयक है। क्योंकि वहाँ पर 'तत्' पद का अभाव है। 'विवाहोत्सवयज्ञेषु' एसा प्रारम्भ कर भोजन करते हुए ब्राह्मणों में मध्य में मरण और जन्म का आशौच प्राप्त ही जाय तो दूसरे घर के जल से आचमन कर वे सब ब्राह्मणादि पवित्र हो जाते हैं—यह षट्त्रिंशत्मत की एक वाक्यता है। निमन्त्रित ब्राह्मणों में श्राद्ध के प्रारम्भ में आशौच नहीं होता है यह पूर्वोक्त वचन का विरोध है। श्राद्ध में तो यद्यपि विष्णु ने पाकोत्तर आशौच का अभाव कहा है फिर भी वह कर्ता को ही है। भोजन करने वाले को तो दोष है ही।

अपि दातृगृहीत्रोश्च सूतके मृतके तथा। अविज्ञाते न दोषः स्यात् श्राद्धादिषु कथञ्चन ॥ विज्ञाते भोक्तुरेव स्यात्प्रायश्चित्तादिकं क्रमात् ॥ इति माधवीये ब्राह्मोक्तेः।

आदिशब्देनाशौचमुच्यते। तच्चाह विष्णुः—ब्राह्मणादीनामाशौचे यः सकृदेवान्नमश्नाति तस्य तावदाशौचं यावत्तेषाम्। आशौचव्यपगमे प्रायश्चित्तं कुर्यात् इति।

माधवीय में ब्रह्मपुराण का वचन है-दाता और गृहीता को जननाशौच और मरणाशौच कथञ्चित् उपस्थित हो जाय तो श्राद्धादि में न जानने पर दोष नहीं होता है। जानकारी होने पर भोक्ता को ही प्रायश्चित्त आदि है।

आदिशब्द से आशौच कहा है। उसी बात को विष्णु ने कहा है—ब्राह्मण आदि के आशौच में जो एक बार अन्न भोजन करता है उसको तब तक आशौच होता है जब तक उनको आशौच होता है। आशौच बीतने पर प्रायश्चित्त करे।

यत्तु—देहे पितृषु तिष्ठत्सु नाशौचं विद्यते क्वचित्। इति ब्राह्मं, तच्छ्राद्धकालीनस्य निषेधकं, न तदुत्तरकालीनस्य। शुद्धिदीपस्तु निमन्त्रितेष्वित्यामश्राद्धपरम्, भोजनार्द्धे त्वित्यादि त्वन्नश्राद्धपरमित्याह।

जो ब्रह्मपुराण का वचन है--शरीर में पितरों के रहते आशौच कभी नहीं होता है। वह श्राद्धकालीन का निषेधक है न कि वह उत्तरकालीन का है। शुद्धिदीप में तो कहा है--'निमन्त्रितेषु' यह आम श्राद्धपरक है। 'भोजनार्धे तु' यह पूर्वोक्त श्लोकादि तो अन्नश्राद्धपरक है--ऐसा कहा है।

(प्रायश्चित्तं त्वाह)

प्रायश्चित्तं त्वाह मार्कण्डेयः—भुक्त्वा तु ब्राह्मणाशौचे चरेत् सान्तपनं द्विजः। एतत्कामतः।

प्रायश्चित्त को मार्कण्डेय ने कहा है—ब्राह्मण के आशौच में भोजन करने पर द्विज 'सान्तपन' प्रायश्चित्त करे। यह इच्छा से एक बार में करने से है।

अभ्यासे शङ्खः—ब्राह्मणस्य तथा भुक्त्वा मासमेकं व्रती भवेत्। इति।

अभ्यास में शङ्ख ने कहा है--ब्राह्मण के आशौच में भोजन करने पर एक महीने तक व्रत करे।

अज्ञानात्तु छागलेयः—एकाहं च त्र्यहं पञ्चसप्तरात्रमभोजनम्। ततः शुचिर्भवेद्विप्रः पञ्चगव्यं पिबेन्नरः ॥ इति वर्णक्रमेणेदम्। अभ्यासे तु द्वैगुण्यमित्यादि मिताक्षरामाधवीयादौ ज्ञेयम्। मिताक्षरामाधवादौ तु श्राद्धे कर्तुर्भोक्तुश्च सर्वथा दोषाभाव उक्तः।

अज्ञान में तो छागलेय ने कहा है--एकदिन, तीनदिन, पाँचदिन और सात राततक भोजन न करे। तदनन्तर ब्राह्मण की पवित्रता होती है और पञ्चगव्य का मनुष्य पान करे। यह वर्णक्रम से है। अभ्यास में तो द्विगुण है यह मिताक्षरा, माधवीय आदि में जानना चाहिए। मिताक्षरा, माधव आदि में तो श्राद्ध में कर्ता और भोक्ता को सर्वथा दोष का अभाव कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(आशौचमध्ये श्राद्धदिनप्राप्तौ च विचारः)

आशौचमध्ये श्राद्धदिनप्राप्तौ तु माधवीये कालादर्शे च ऋष्यशृङ्गः—देये पितॄणां श्राद्धे तु आशौचं जायते यदा । आशौचे तु व्यतिक्रान्ते तेभ्यः श्राद्धं प्रदीयते ॥

आशौच के मध्य में श्राद्धदिन की प्राप्ति में तो माधवीय और कालादर्श में ऋष्यशृंग ने कहा है—पितरों के श्राद्ध में देना हो और आशौच की प्राप्ति हो जाय तो आशौच की समाप्ति के बाद उन पितरों के लिए श्राद्ध करे।

श्राद्धचिन्तामणौ ज्योतिषे—प्रतिसांवत्सरं श्राद्धमाशौचात्पतितं च यत् । मलमासेऽपि तत्कार्यमिति भागुरिभाषितम् । आशौचान्तदिनत्वेन निमित्तत्वादित्यर्थः । एतन्मासिकाब्दिकपरं न दार्शिकादौ । अत एव सुदर्शनभाष्ये अपरपक्षे पित्र्याणीति नियमात् कृष्णपक्ष श्राद्धलोपे प्रायश्चित्तमेव न तु गौणकाले करणम् । तच्चोपवासः वेदोदितानां नित्यानां कर्मणां समतिक्रमे । स्नातकव्रतलोपे च प्रायश्चित्तमभोजनम् ॥ इति मनूक्ते (११।२०३) रित्युक्तम् । आशौचे तु प्रायश्चित्तमपि न मुख्यकाले अनधिकारात् ।

श्राद्धचिन्तामणि में ज्योतिष का वचन है—प्रतिसांवत्सरिकश्राद्ध आशौच के आने पर न किया हो तो मलमास में भी उसको करे—यह भागुरि ने कहा है। आशौचान्यदिन निमित्त होने से उसी में करे। यह मासिक और आब्दिकपरक है न कि दर्श आदि परक है। इसलिए सुदर्शनभाष्य में कहा है कि—अपरपक्ष में पित्र्याणि-पितृकर्म होते हैं। इस नियम से कृष्णपक्ष में श्राद्धका लोप होने पर प्रायश्चित्त ही है गौणकाल में न करे। वह प्रायश्चित्त उपवास है। मनु ने कहा है—वेद में कहे हुए नित्यकर्मों के अतिक्रमण में और स्नातक के व्रतलोप में एकदिन उपवासरूप प्रायश्चित्त को (अग्निहोत्रादियों के) करना है—ऐसा मनु ने कहा है। आशौच में तो प्रायश्चित्त भी नहीं है। क्योंकि मुख्यकाल में अधिकार नहीं है।

आशौचान्तेऽसम्भवे तु व्यासः—श्राद्धविघ्ने समुत्पन्ने त्वन्तरा मृतसूतके ।
अमावास्यां प्रकुर्वीत शुद्धावेके मनीषिणः ॥

आशौच के अन्त में न होने पर व्यास ने कहा है—श्राद्ध में विघ्न हो जाय या मध्य में मरणाशौच या जननाशौच हो जाय तो अमावास्या को करे। कोई मनीषी (विद्वान्) कहते हैं कि शुद्धि होनेपर करे।

हेमाद्रौ षट्त्रिंशन्मतेऽपि—मासिके चाब्दिके त्वह्नि सम्प्राप्ते मृतसूतके ।
वदन्ति शुद्धौ तत्कार्यं दर्शे वापि विचक्षणाः ॥

हेमाद्रि में षट्त्रिंशन्मत से भी कहा है—मासिक और आब्दिकश्राद्ध के दिन में मरण तथा जननाशौच आजाय तो विद्वान् शुद्धि में या दर्श में श्राद्ध करें—ऐसा कहते हैं।

गोभिलः—देये प्रत्याब्दिके श्राद्धे अन्तरा मृतसूतके ।
आशौचानन्तरं कुर्यात्तन्मासेन्दुक्षयेऽपि वा ॥

गोभिल ने कहा है—प्रत्याब्दिकश्राद्ध के मध्य में मरण तथा जननाशौच आजाय तो आशौचान्त में या उसी मास की अमावास्या को करे।

मरीचिः—श्राद्धविघ्ने समुत्पन्नेऽप्यविज्ञाते मृतेऽहनि । एकादश्यां तु कर्तव्यं कृष्णपक्षे विशेषतः ॥ विशेषत इत्युक्तेः शुक्लैकादश्यामपि । आशौचेतरविघ्ने एतदिति माधवपृथ्वीचन्द्रौ ।

मरीचि ने कहा है—श्राद्ध में विघ्न की उपस्थिति में या मरणदिन के अज्ञान में विशेषकर कृष्ण पक्ष की एकादशी में श्राद्ध करना चाहिए। विशेषतः ऐसा कहने से शुक्लपक्ष की एकादशीतिथि में भी करे। आशौच से इतर विघ्न में (पाकनिर्माण के असम्भव से) यह है—यह माधव और पृथ्वीचन्द्र कहते हैं।

यत्त्वत्रिः—तदहश्चेत्प्रदुष्येत केनचित्सूतकादिना । सूतकानन्तरं कुर्यात्पुनस्तदहरेव च ॥ इति, ...पूर्वकालाभावे ज्ञेयम् । एतदाब्दिकेतरश्राद्धपरम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जो अत्रि ने कहा है कि—किसी सूतक आदि से वह दिन श्राद्ध का दूषित हो जाय तो सूतकान्त में उसी श्राद्ध को फिर से करे। वह पूर्वकाल के अभाव में जानना चाहिए। यह आब्दिकश्राद्ध से इतर श्राद्धपरक है।

यच्च देवलः—एकोद्दिष्टे तु सम्प्राप्ते यदि विघ्नः प्रजायते। मासेऽन्यस्मिंस्तिथौ तस्मिन् श्राद्धं कुर्यात् प्रयत्नतः॥ इति। तदपि मासिकपरमिति मदनरत्ने हेमाद्रौ च। इदमपि पूर्वकालासम्भवे व्याध्यादौ विस्मरणे चैवं ज्ञेयम्।

और जो देवल ने कहा है—एकोद्दिष्ट के प्राप्त होने पर यदि विघ्न उपस्थित हो जाय तो अन्य महीने में उसीतिथि में प्रयत्न से श्राद्ध को करे। वह भी मासिकपरक है—ऐसा मदनरत्न और हेमाद्रि में कहा है। यह भी पूर्वकाल के न मिलने पर है। व्याधि (रोग) आदि में तथा विस्मरण में जानना चाहिये।

अथ भार्यारजोदर्शने तत्र दार्शिकमामेन कार्यम्। श्राद्धविघ्ने द्विजातीनामामश्राद्धं प्रकीर्तितम्। अमावास्यादिनियतं मासंसंवत्सरादृते॥ इति हेमाद्रौ हारीतोक्तेः।

अब स्त्री के रजोदर्शन में कहते हैं। उसमें दर्शश्राद्ध आमान्न से करना चाहिये। द्विजातियों को श्राद्धविघ्न (पत्नीरजोदर्शन आदि) में (उशना-अपत्नीकः प्रवासी च यस्य भार्या रजस्वला। सिद्धान्नेन न कुर्वीत आमं तस्य विधीयते॥) आमश्राद्ध मासिक और सांवत्सरिकश्राद्ध को छोड़कर अमावास्या आदि में कहा है—यह हेमाद्रि में हारीत ने कहा है।

व्याघ्रपादोऽपि—आर्तवे देशकालानां विप्लवे समुपस्थिते।
आमश्राद्धं द्विजैः कार्यं शूद्रः कुर्यात्सदैव हि॥

व्याघ्रपाद ने भी कहा है—रजोदर्शन में और देशकाल के विप्लव के उपस्थित होने पर द्विजों को आमश्राद्ध करना चाहिए। और शूद्र तो सदा ही आमश्राद्ध करे।

दीपिकापि—दर्शे तु भार्यार्तवेऽप्यामश्राद्धविधिं प्रवासिविधुराद्याश्चाचरेयुर्द्विजाः।

वस्तुतस्तु—पाकाभावे द्विजातीनामामश्राद्धं विधीयते। इति सुमन्तूक्तेः। पाककर्त्रन्तरेसत्वेऽन्नेनान्यथाऽऽमेनेति युक्तम्।

दीपिका में भी कहा है—दर्श में तो स्त्री रजोधर्मवती होने पर प्रवासी (परदेशी) तथा विधुर-(स्त्रीहीन) आदि द्विज आमश्राद्ध की विधि को करें।

सिद्धान्त तो यह है—पाक के अभाव में द्विजातियों को आमश्राद्ध का विधान है। ऐसा सुमन्तु के कहने पर पाक बनाने वाला अन्य हो तो अन्न से या आमान्न से करे यह युक्त है।

मासिकानि सपिण्डानि अमावास्या तथाब्दिकम्। अन्नेनैव तु कर्तव्यं यस्य भार्या रजस्वला॥ इति कलिकायां वचनाच्च। कालादर्शे तु स्त्रिया रजोदर्शने दर्शश्राद्धं पञ्चमेऽहनीति पक्षान्तरमुक्तम्। पारिजातेऽप्येवम्। एवं महालययुगादावपि।

आब्दिकं तु रजोदर्शनेऽपि तद्दिने एव कार्यम्, पुष्पवत्स्वपि दारेषु विदेशस्थोऽप्यनग्निकः। अन्नेनैवाब्दिकं कुर्याद्धेम्ना वाऽऽमेन न क्वचित्॥ इति माधवीये लौगाक्षिस्मृतेः।

और कलिका में वचन है—मासिक, सपिण्डन, अमावास्या, आब्दिक तथा जिसकी पत्नी रजस्वला हो वह आमान्न से ही श्राद्ध करे। कालादर्श में तो कहा है—स्त्री के रजोदर्शन में दर्शश्राद्ध को पाँचवें दिन करे—यह पक्षान्तर कहा है। पारिजात में भी यही कहा है। इसीप्रकार महालय और युगादि में भी यही जानना चाहिए।

आब्दिक तो उसीदिन रजोनिवृत्ति के बाद ही करे। या पांचवें दिन करे-यह दो मत है। उसमें पहला मत है। रजोदर्शन में भी उसी दिन ही करना चाहिये। माधवीय में लौगाक्षिस्मृति का वचन है—जिनकी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पत्नी रजस्वला हो और विदेश में हो तो अनग्निक द्विज अन्न से या सुवर्ण से ही आब्दिकश्राद्ध करे आमान्न (कच्चा अन्न) से कभी न करे।

मरीचिरपि—अनग्निश्च प्रवासी च यस्य भार्या रजस्वला।
आमश्राद्धं प्रकुर्वीत न तत्कुर्यान्मृतेऽहनि ॥ इति।

मरीचि ने भी कहा है—जिसकी पत्नी रजस्वला हो वह अनग्निक तथा प्रवासी (परदेशी) मरण-दिन के आब्दिक श्राद्ध को त्याग कर आमश्राद्ध करे। अर्थात्—आब्दिकश्राद्ध अन्न से ही करे।

कार्ष्णाजिनिः—आपन्नोऽप्याब्दिकं नैव कुर्यादामेन कुत्रचित्।
अन्नेन तदमायां तु कृष्णे वा हरिवासरे ॥

कार्ष्णाजिनि ने कहा है—आपत्ति में भी (भार्या के रजोदर्शन आदि में पाकाभाव के कारण) आब्दिकश्राद्ध आमान्न से कभी न करे। अन्न से उसको अमावास्या में या कृष्णपक्ष की एकादशी में करे।

प्रयोगपारिजाते—रजस्वलायां भार्यायां क्षयाहं यः परित्यजेत्।
स वै नरकमाप्नोति यावदाभूतसंप्लवम् ॥

प्रयोगपारिजात में कहा है—रजस्वला पत्नी के होने पर जो क्षयाहदिन श्राद्ध को त्यागता है निश्चय ही प्रलयपर्यन्त नरक प्राप्त करता है।

मासिकानि सपिण्डानि अमावास्या तथाऽब्दिकम्। अन्नेनैव तु कर्तव्यं यस्य भार्या रजस्वला ॥

मासिक आदि सपिण्डनश्राद्ध, अमावास्याश्राद्ध और आब्दिकश्राद्ध जिसकी स्त्री रजस्वला हो वह अन्न से ही करे।

देवयाज्ञिकनिबन्धेऽपि—भर्तुः श्राद्धं पञ्चमेऽह्नि कुर्याद्भार्या रजस्वला।
पुत्रः पित्रोः प्रकुर्वीत मृताहनि शुचिर्यतः ॥

देवयाज्ञिकनिबन्ध में भी कहा है—रजस्वला स्त्री पति का श्राद्ध पाँचवे दिन करे। पुत्र पिता और माता का श्राद्ध मरणदिन में पवित्र होकर (श्राद्धकर्ता की स्त्री रजस्वला भी हो तब भी वह स्वयं पवित्र ही है) करता है।

कालादर्शेऽपि—रजस्वलाङ्गनोऽनग्निर्विदेशस्थोऽथवाब्दिके।
दर्शादाविव नामेन त्वन्नेन श्राद्धमाचरेत् ॥

कालादर्श में भी कहा है—जिसकी धर्मपत्नी रजस्वला हो, अनग्निक हो या विदेश में हो तो वार्षिक-श्राद्ध अमावास्या के सदृश आमान्न से न कर अन्न (पक्वान्न) से श्राद्ध करे।

अन्यत्रापि—विदेशको वा विगताग्निको वा रजस्वलायामपि धर्मपत्न्याम्। श्राद्धे मृताहे निदधीत पाकैर्नामेन हेम्ना न तु पञ्चमेऽह्नि ॥ एवं मासिकेऽपि।

अन्यत्र भी कहा है—विदेश में हो, अनग्निक हो और धर्मपत्नी के रजस्वला होने पर मरणदिन के श्राद्ध को पाक से करे। वह आमान्न से, सुवर्ण से या पांचवे दिन न करे। इसीप्रकार मासिक में भी जानना चाहिये।

यत्तु मरीचिः—आब्दिके समनुप्राप्ते यस्य भार्या रजस्वला।
पञ्चमेऽहनि तच्छ्राद्धं न तत्कुर्यान्मृतेऽहनि ॥

जो मरीचि ने कहा है—आब्दिकश्राद्ध के प्राप्त होनेपर जिसकी स्त्री रजस्वला हो वह पांचवे दिन उस श्राद्ध को करे। मरणदिन में न करे।

माधवीये—श्राद्धं तदा न कर्तव्यं कर्तव्यं पञ्चमेऽहनि। इत्युत्तरार्धं, तदपुत्रस्त्रीकर्तृकश्राद्धविषयम्,

माधवीय में कहा है—तदनन्तर श्राद्ध को न करे। करे तो पांचवें दिन करे—यह उत्तरार्ध है। वह अपुत्र स्त्रीकर्तृकश्राद्धविषयक है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपुत्रा तु यदा भार्या सम्प्राप्ते भर्तुराब्दिके। रजस्वला भवेत्सा तु कुर्यात्तत्पञ्चमेऽहनि ॥ इति श्लोकगौतमोक्तेः।

अपुत्रा स्त्री जब पति के आब्दिकश्राद्ध में रजस्वला हो जाय तो पांचवें दिन श्राद्ध को करे। यह यह श्लोक गौतम ने कहा है।

दैवे कर्मणि पित्र्ये च पञ्चमेऽहनि शुद्ध्यति। इति प्रभासखण्डाच्च। नन्वशुचित्वादेव तत्र पञ्चमेऽहन्यर्थात् श्राद्धं प्राप्तमिति वचनं व्यर्थम्? नैवम्, गर्भिणीसूतिकादिश्च कुमारी वाथ रोगिणी। यदा शुद्धा तदाऽन्येन कारयेत् प्रयता स्वयम्॥ इति हेमाद्रौ भविष्योक्तेः। 'अनुपनीतस्त्रीशूद्राश्च श्राद्धमृत्विजा कारयेयुः स्वयं वाऽमन्त्रकं कुर्युः' इति स्मृत्यर्थसाराच्चान्यद्वाराकरणनिवृत्त्यर्थत्वात्तस्य, त्वदुक्तदिशा आशौचानन्तरं श्राद्धकर्तव्यताऽवेदकवाक्यवैयर्थ्याच्च। अतः प्रागुक्तमरीच्युक्तेः पत्नी पञ्चमेऽहनीति युक्तम्।

और प्रभासखण्ड में कहा है—दैवकर्म में और पितृकर्म में पांचवें दिन शुद्धि होती है। कदाचित् कोई शंका करे कि—अपवित्रा होने से ही वहाँ पर पाँचवें दिन ही अर्थात् श्राद्ध प्राप्त है। इसलिये यह वचन व्यर्थ है। यह कहना उचित नहीं है। क्योंकि हेमाद्रि में भविष्यपुराण का वचन है—गर्भवती, सूतिका आदि, कुमारी या रोगिणी जब शुद्ध हों तब अन्य के द्वारा प्रयत्न से स्वयं श्राद्ध करावें। अनुपनीत, स्त्री और शूद्र ऋत्विजों द्वारा श्राद्ध करावें। या स्वयं भी अमन्त्रक करें यह स्मृत्यर्थसार में कहा है। अन्य द्वारा (प्रतिनिधि के द्वारा) कराने की निवृत्ति के लिये है। वह उक्तप्रकार से आशौच के अनन्तर श्राद्ध की कर्तव्यता के समान एकवाक्य व्यर्थ हो जायगा। इसलिए पहले कहे हुए मरीचि के वचन से पत्नी पांचवें दिन करे—यह युक्त है।

यत्तु—सप्ताहात्पितृदेवानां भवेद्योग्या व्रतार्चने।
इति तद्रजोनिवृत्तिपरमिति हेमाद्रिभिन्नसर्वनिबन्धसिद्धान्तः।

जो यह कहा है—सात दिन के बाद पितर और देवताओं के व्रत तथा अर्चन (पूजन) के योग्य होती हैं। वह रजोनिवृत्ति (पांचवें दिन रजोनिवृत्ति) परक है—यह हेमाद्रि से भिन्न सबनिबन्धों का सिद्धान्त है।

हेमाद्रिस्तु श्राद्धादौ स्त्रिया सहैवाधिकारात् तस्यां रजोदुष्टायां तन्निवृत्तेरेकभार्येण पञ्चमेऽहनि कार्यम् प्रागुक्तमरीच्युक्तेः। भार्यान्तरसत्त्वे तु पुष्पवत्स्वपीति वचनात्तद्दिने एवेत्याह।

हेमाद्रि ने तो कहा है—श्राद्ध आदि में स्त्री के साथ ही अधिकार है उसके रजोदर्शन दुष्ट होने पर उसकी निवृत्ति होने पर एक स्त्री वाला पुरुष पांचवें दिन श्राद्ध करे—पहले कहे हुए मरीचि के (आब्दिके समनुप्राप्ते यस्य भार्या रजस्वला। पञ्चमेऽहनि तच्छ्राद्धं न तत्कुर्यान्मृतेऽहनि॥) वचन से कहा है। दूसरी पत्नी के रहते हुए तो 'पुष्पवती' (रजोदर्शन) हो जाने पर वचन से उसीदिन में ही करे—एसा कहा है।

दीपिकापि—'भार्यर्तौ सति पञ्चमे च दिवसे स्याद्वार्षिकं मासिकं पक्वान्नैर्बहुभार्यकस्त्वधिकृते पत्न्यन्तरे तिष्ठति। कुर्यात्तद्द्वितयं स्वमुख्यदिवसे' इति। तच्चिन्त्यम्। सहाधिकारः सहत्वश्रुत्या वा एकफलभाक्त्वेन वा पाककर्तृत्वेन वा? नाद्यः, तदभावात्। पाणिग्रहणाद्धि सहत्वं कर्मसु' इत्यस्याग्निसाध्यकर्मविषयत्वात्। आब्दिकस्य च निरग्नेरपि पाकेनैवोक्तेः स्मार्ताग्निसाध्यत्वान्नियमात् 'तामपरुध्य' इतिवत् पुष्पवत्स्वपीति पूर्वोक्तवचनसत्वाच्च। कथं च भार्यान्तरसत्वेऽधिकारः। 'ज्येष्ठया न विनेतरा' इति नियमात्। ज्येष्ठापरत्वे च तेनैव सिद्धेर्वचनवैयर्थ्यात्। न द्वितीयः। अविभक्तभ्रातृष्वेकस्याशुचित्वेऽन्यस्यानधिकारापत्तेः। न तृतीयः। प्रवासनिर्देशसूतिकारोगिण्यादिष्वप्यकरणापत्तेः। आरभेत नवैः पात्रैरन्नारम्भं च बान्धवैः। इति देवलोक्तावात्मनेपदात्स्वस्य बान्धवानां च पाककर्तृत्वोक्त्या विरोधाच्च।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दीपिका में भी कहा है—पत्नी के रजोधर्म होने पर पांचवें दिन पक्वानों से वार्षिक या मासिकश्राद्ध होते हैं। जिसके बहुत सी पत्नी हों वह पति अन्य स्त्री को बैठाकर उन दोनों (वार्षिक और मासिक) को मुख्यदिन में करे। यह उचित नहीं है। सहाधिकार या सहश्रुति से एकफल के लाभ से या पाककर्तृत्वसे है। पहला पक्ष उचित नहीं है। क्योंकि सहत्वश्रुतिका अभाव है। पाणिग्रहणसे ही सब कर्मों में साथ ही (पति और पत्नी का) अधिकार है। इसका अग्निसाध्यकर्मविषयक हैं। आब्दिक का और निरग्निका भी पाक से ही कहा है। स्मार्ताग्निसाध्यत्व का अनियम है। 'तामपरुध्य' (रजास्वला स्त्री को गृहान्तर में रखकर प्रारंभ किया हुआ श्रौतयज्ञ और आद्विक श्राद्ध का भी निर्वाह करना चाहिये।) इसकी तरह।

और पुष्पवत्स्वपि—इस पूर्वोक्त वचन से। कैसे भार्यान्तर के रहते अधिकार कहा है। क्योंकि—ज्येष्ठा पत्नी के रहते दूसरे पत्नी को अधिकार नहीं है—यह नियम है। ज्येष्ठापरत्व मानने पर उसी से ही सिद्ध था तो वचन व्यर्थ हो जायगा। दूसरा पक्ष भी उचित नहीं है। क्योंकि भाइयों के अविभक्त होने से एक के अशुचि होने पर दूसरे को अधिकारापत्ति हो जायगी। तीसरा भी उचित नहीं है—प्रवास, विदेश, सूतिका, रोगिणी आदि हो जाने पर भी अकरणजन्य आपत्ति हो जायगी।

बान्धवों द्वारा नूतन पात्रों में अन्नारंभ करें। इस देवल के वचन से (आरभेत) इस आत्मनेपद से अपने और बान्धवों का पाक का निर्माण करना कहा है उसका विरोध हो जायगा।

अथ—ततस्तानि पपाचाशु सीता जनकनन्दिनी। इति पाद्मादिलिङ्गात् प्राशस्त्यं भार्यापाकस्योच्यते। न तत्कस्याप्यनिष्टम्। तेनैतद्वचनं युक्त्याद्यभावात् पूर्वोक्तवचोविरोधाच्च यत्किञ्चिदेव।

इसके बाद फिर जनकनन्दनी सीता ने शीघ्र पाकों का निर्माण किया। इस पद्मपुराण आदि के वचन से भार्या को पाक का प्राशस्त्य कहा है। क्योंकि वह किसी को भी अनिष्ट देने वाला नहीं है। इससे इस वचन को युक्ति आदि के अभाव से और पूर्वोक्त वचन के विरोध से उचित नहीं है।

यदपि—श्राद्धीयाहनि सम्प्राप्ते यस्य भार्या रजस्वला। श्राद्धं तत्र न कर्तव्यं कर्तव्यं पञ्चमेऽहनि॥ इति श्लोकगौतमपाठोऽन्यथा दर्शितः। माधवीये च तद्वशात्पक्षान्तरमुक्तम्। तेनापि नाभिप्रेतार्थसिद्धिः। यस्य प्रेतस्येत्यर्थात्। तेनात्र हेमाद्रिर्बभ्रामेति बहुवक्तव्येऽपि नोच्यते।

और भी—श्राद्धीयदिन के प्राप्त होने पर जिसकी पत्नी रजस्वला हो वह उसदिन श्राद्ध न करे। पांचवें दिन करे। इस श्लोक में गौतम ने दूसरा पाठ दिखाया है। और माधवीय में तो उसके वश से पक्षान्तर कहा है। उससे भी प्रयोजन की सिद्धि नहीं होती है। क्योंकि उसका अर्थ यों है कि—जिस प्रेत (मृत का) का। इससे यहाँपर हेमाद्रि को भ्रम हो गया। यहाँ बहुत कुछ कहना था पर विस्तार के भय से नहीं कहते हैं।

(अन्वारोहणे निर्णयः)

अथान्वारोहणे निर्णयः। लौगाक्षिः—मृताहनि समासेन पिण्डनिर्वपणं पृथक्। नवश्राद्धं च दम्पत्योरन्वारोहण एव तु॥ समासेन तन्त्रेण द्विपितृकश्राद्धवद्द्वयोरेकः पिण्डो विप्रश्च। पिण्डशब्दः श्राद्धपरः। नवश्राद्धं पृथगिति हेमाद्रिपृथ्वीचन्द्रौ। अत्र मृताहनीत्येकत्वाद्दिनभेदे दिनैक्ये वा मृततिथेरेकत्वे कालैक्यं कर्त्रैक्यं पाकैक्यं च। एकचित्यधिरोहे तु तिथिरेकैव जायते। एकपाकेन पिण्डैक्ये द्वयोर्गृह्णीत नामनी॥ इति स्मृत्यन्तराच्च।

अब अन्वारोहणनिर्णय करते हैं। लौगाक्षि ने कहा है—मरणदिन में (जहाँ पर पत्नी पति की चिता में अन्वारूढ है वहाँ पर भर्ता और उस पत्नी की तिथिभेद से मरणे में उस उसतिथि में पति और और पत्नी का अलग ही वार्षिक होगा। (यदा च तिथ्यैक्यं तदा यद्यप्येकदेशकालकर्तृकत्वेन गृह्यमाणविशेषत्वाद्देवताभेदेन पृथक्क्रियमाणयोरपि प्रधानयोरङ्गानां च तन्त्रं प्राप्नोति, तथापि 'एककाले गतासूनां बहूनाम्' इत्युत्तरवाक्याद्दैवादेवतिथौ मृतानामितरेषामिव पाकमात्रतन्त्रतोक्तेः पृथगेव दम्पत्योः श्राद्धं प्राप्नोति) समास (तन्त्र) से (जैसे—जिसके दो पिता हों एसा पुत्र दोनों पिताओं के उद्देश्य से एक पिण्ड देता है। 'एकपिण्डे द्वावुपलक्षयेत्) इस वचन से। और दम्पतियों के अन्वारोहण में दोनों को उद्देश्य कर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एकपिण्ड देता है। इसलिए ब्राह्मण भी एक ही दोनों का होगा। मरणतिथि के एकत्व होने से तन्त्र की तरह ही नवश्राद्ध का भी पूर्ववत् तन्त्र प्राप्त होगा उसको पार्थक्यमात्र का विधान किया है-यह भाव है।) पिण्ड का निर्वाप और नवश्राद्ध अलग होगा—इसी को अन्वारोहण कहते हैं। समास से अर्थात् तन्त्र से दो पिता के श्राद्ध की तरह दोनों का एकपिण्ड और एक ब्राह्मण होगा। पिण्डशब्द श्राद्धपरक है। नवश्राद्ध को अलग हेमाद्रि और पृथ्वीचन्द्र ने कहा है। यहाँ पर 'मृताहनि' इस एकवचन से दिनभेद में और दिन के एक होने पर मरणतिथि के एकहोने पर, समय एक हो, कर्ता एक हो और पाक भी एक होता है। और एकचिता में स्त्री और पुरुष के अधिरोहण में एक ही तिथि होती है। एकपाक और एक ही पिण्ड में दोनों का नाम लेकर दे। यह स्मृत्यन्तर का वचन है।

अन्त्येष्टिपद्धतौ भट्टैरप्युदाहृतम्—अन्वारोहे तु नारीणां पत्युश्चैकोदकक्रिया। पिण्डदानक्रिया तद्वच्छ्राद्धं प्रत्याब्दिकं तथा। नवश्राद्धानि सर्वाणि सपिण्डीकरणं पृथक्। एक एव वृषोत्सर्गो गौरेका तत्र दीयते॥ इति।

अन्त्येष्टिपद्धति में भट्टों ने भी कहा है—स्त्रियों के अन्वारोहण में पति को उदकक्रिया (जल-दान) पिण्डदानक्रिया, तद्वत् वार्षिकश्राद्ध, नवश्राद्ध आदि सब क्रिया एक तन्त्र से करे तथा सपिण्डीकरण पृथक्-पृथक् करे। एक ही वृषोत्सर्ग और एक ही गौ दे।

तिथिभेदे तु वार्षिकं पृथगेव। तथा वार्षिके समासविधानादन्यत्र सर्वत्र पृथक्त्वे प्राप्ते नवश्राद्धमेव पृथगिति परिसंख्ययाऽन्यत्र पृथक्त्वेऽपि वार्षिकषोडशश्राद्धतीर्थसपिण्डनान्वष्टक्यादिषु समास एवेति मदनपारिजातनिर्णयामृतादयः। अतः समासविधिबलाज्ज्येष्ठपुत्रस्य कर्तृत्वे सपत्न्यमातु-रन्वारोहणे तत्पुत्रे सत्यपि तद्वार्षिकादिकमविभक्तः सापत्न्यपुत्र एव ज्येष्ठः कुर्यान्नौरसः। वक्ष्य-माणपृथ्वीचन्द्रादिमते तु औरस एव मातुः पृथक् कुर्यात्। एवं बह्वीष्वपि मातृषु ज्ञेयम्। त्रिस्थ-लीसेतौ पितामहचरणैरप्येवमुक्तम्।

तिथिभेद में तो वार्षिक अलग ही होता है। और वार्षिक में तन्त्र के विधान से अन्यत्र सर्वत्र अलग प्राप्त होने पर नवश्राद्ध ही अलग होता है। परिसंख्या (गिनती) से अन्यत्र (एकदिन में नवश्राद्ध के भिन्न में वार्षिक आदि में तन्त्र ही होता है। अलग कहने पर भी वार्षिक, षोडशश्राद्ध, तीर्थश्राद्ध, सपिण्डन, अन्वष्टका आदि में तन्त्रता ही होगी—ऐसा मदनपारिजात और निर्णयामृत आदि ने कहा है। इसलिए समास (तन्त्र) में विधिबल से ज्येष्ठ पुत्र के कर्ता होने पर सपत्नीमाता के अन्वारोहण में उसके पुत्र के रहने पर भी उसका वार्षिक आदि अविभक्त सापत्नपुत्र ही ज्येष्ठ करे, औरस न करे। आगे कहे हुए पृथ्वीचन्द्रादि के मत में तो औरस ही माता का अलग श्राद्ध करे। इसप्रकार बहुत सी माताओं में भी जानना चाहिये। त्रिस्थलीसेतु में पितामहचरणों ने भी यही कहा है।

यत्तु गार्ग्यः—एकचित्यां समारूढौ दम्पती निधनं गतौ। पृथक् श्राद्धं तयोः कुर्यात् ओदनं च पृथक् पृथक्॥ ओदनम्=पिण्डः। तन्नवश्राद्धविषयम्।

जो गार्ग्य ने कहा है—दम्पति स्त्री और पुरुष एक साथ मर गये हों वे एक ही चिता में समारूढ (दग्ध) हो गये हों उन दोनों का अलग श्राद्ध तथा ओदन (पिण्डदान) अलग अलग करे। ओदन माने-पिण्ड। वह नवश्राद्ध के विषय में है।

यत्तु भृगुः—या समारोहणं कुर्याद्भर्तुश्चित्यां पतिव्रता। तां मृताहनि सम्प्राप्ते पृथक्पिण्डैर्नि-योजयेत्॥ प्रत्यब्दं च नवश्राद्धं युगपत्तौ समापयेत्॥ तद्येषां वार्षिकमेकोद्दिष्टमुक्तं तद्विषयम्। प्रत्यब्दं मृताहनीत्यन्वयः। नवश्राद्धं युगपदिति दर्शे वर्गद्वयवदेकतन्त्रेण पृथगित्यर्थमाह हेमाद्रिः। एतन्मृततिथेर्भेदविषयमिति पृथ्वीचन्द्रनिर्णयामृताद्याः। देवयाज्ञिकोऽप्येवम्।

जो भृगुने कहा है—जो पतिव्रता पत्नी पति की चिता में समारोहण (आरोहण-चढ़ना) करे। उसका मरणदिन के प्राप्त होनेपर अलग पिण्डोंमें नियोजन करे। प्रतिवार्षिक और नवश्राद्ध एकसाथ समाप्त करे। वह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जिनका वार्षिक और एकोद्दिष्ट कहा है, उसके विषय में है। प्रत्यब्द (एकोद्दिष्ट को करता हुआ प्रत्यब्दश्राद्ध मरणदिन में अलग अलग पिण्ड को दे।) का तो मरणदिन में अन्वय है। नवश्राद्ध भी एक साथ होता है। यह अर्थ हेमाद्रि ने कहा है। यह अमावास्या में दोनों वर्ग के सदृश एकतन्त्र से प्रधान अलग कहा है मरणतिथि के भेद का विषयक है—यह पृथ्वीचन्द्र, निर्णयामृत आदि ने कहा है। (पृथक् पिण्ड में नियोजन करे। मृततिथि एक होने पर तो एक ही पिण्ड होगा।) देवयाज्ञिक ने भी यही कहा है।

पराशरमाधवस्तु—गार्ग्यभृग्वादिवचनाल्लौगाक्षिवाक्ये समासेन पाकादितन्त्रैक्येन दर्शे वर्गद्वयवत्पृथक्श्राद्धं कुर्यात् नवश्राद्धं च तथा इत्याह।

पराशरमाधव ने कहा है—(गार्ग्यः—एकचित्यां समारूढौ दम्पती निधनं गतौ। पृथक् श्राद्धं तयोः कुर्यादोदनं च पृथक् पृथक्॥) (भृगुः—एककाले गतासूनां बहूनामथवा द्वयोः।[1] तन्त्रेण श्रपणं कृत्वा कुर्याच्छ्राद्धं पृथक् पृथक्॥) आदिना-एकचित्यां समारूढौ म्रियेते दम्पती यदि। तन्त्रेण श्रपणं कुर्यात्पृथक्पिण्डं समापयेत्॥) गार्ग्य, भृगु आदि के वचन से लौगाक्षि के वाक्य में समास (तन्त्र) से पाक आदि (विश्वेदेवादिग्रह) के तन्त्र से अमावास्या में दोनों वर्ग के सदृश अलग श्राद्ध और नवश्राद्ध करे—एसा कहा है।

पृथ्वीचन्द्रचन्द्रिकादयस्तु—द्वयोरेकपिण्डदानं लौगाक्षिवचनं चापद्विषयम्। पृथक् पिण्डदानं तु मुख्यः कल्पः।

पृथ्वीचन्द्र, चन्द्रिका आदि ने कहा है—दोनों का एक पिण्डदान होता है—यह लौगाक्षि वचन आपद् विषयक (नवश्राद्ध को युगपत् समाप्त करे—यह आपद्परक ही जानना चाहिये) है। अलग पिण्डदान तो मुख्यकल्प है।

तदाह वृद्धपराशरः—आरुह्य भर्तुश्चितिमङ्गनायाः प्राप्नोति मृत्युं खलु सत्त्वयुक्ता।
एकादशाहे तु तयोर्विधेयं श्राद्धं पृथक् स्वर्गमवेक्ष्य सद्भिः॥

उसी बात को वृद्धपराशर ने कहा है—जो स्त्री सत्वगुण से युक्त होकर पति की चिता में चढ़कर मृत्यु को प्राप्त होती है। एकादशाह के दिन में तो अच्छे लोग स्वर्ग के इच्छुक इन दोनों का अलग श्राद्ध करें।

एकत्वमिच्छन्ति मतिप्रहीणा एकादशाहादिषु ये नृनार्योः।
ते स्वर्गमार्गं विनिहत्य कुर्युः स्त्रीसत्त्वघातान्नरकाधिवासम्॥

जो बुद्धि से हीन पुरुष एकादशाह आदि दिनों में पुरुष और स्त्री एकत्व की इच्छा करते हैं वे स्वर्गमार्ग को नाशकर स्त्री सत्वघात से नरक में निवास करते हैं।

भर्त्रा सह मृता या तु नाकलोकमभीप्सती। सार्हेच्छ्राद्धं पृथक पिण्डान् नैकत्वं तु स्मृतं तयोः॥
पृथगेव हि कर्तव्यं श्राद्धमेकादशाहिकम्। यानि श्राद्धानि सर्वाणि तान्युक्तानि पृथक् पृथक्॥ इति।

जो स्वर्गलोग को चाहनेवाली स्त्री पति के साथ मरती है वह श्राद्ध और पिण्डों को अलग चाहती है। इन दोनों की एकता नहीं कही है। एकादशाह आदि श्राद्ध अलग ही करना चाहिये। जितने श्राद्ध हैं उन सबों को अलग अलग करना कहा है।

विश्वादर्शेऽपि—मातुर्गयाष्टकावृद्धिमृताहेषु महालये।
श्राद्धं कुर्यात् पृथक् दैवं तन्त्रं चानुगतावपि॥

विश्वादर्श में भी कहा है—माता के अन्वारोहण में भी—गयाश्राद्ध, अष्टका, वृद्धि, क्षयाह और महालयश्राद्ध ये अलग अलग करे तथा उन दोनों का दैवश्राद्ध तन्त्र से करे।

एकचित्यां समारुह्य मृतयोरेकबर्हिषः। पित्रोः पिण्डान् पृथक् दद्यात् पिण्डं त्वापत्सु तत्सुतः॥
इत्यग्निस्मृतेरित्याहुः।

[1]—यहाँ की टिप्पणी कृष्णभट्टी देखनी चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एकचिता में आरूढ होकर एककुशा पर जो माता और पिता मृत्यु को प्राप्त हुए हैं उनका पिण्ड अलग अलग आपत्ति में उनका पुत्र (नवश्राद्ध युगपत् समाप्त करे—यह आपद् विषयक है) पिण्ड दे—यह अग्निस्मृति में कहा है।

यत्तु षट्त्रिंशन्मते—एकत्वं सा गता भर्तुः पिण्डे गोत्रे च सूतके। न पृथक् पिण्डदानं तु तस्मात् पत्नीषु विद्यते ॥ इति, तद्दर्शादिपरम्।

जो षट्त्रिंशन्मत में कहा है—स्त्री पति के साथ पिण्ड, गोत्र और सूतक में एकता प्राप्त करती है। इसलिये स्त्रियों को पृथक् पिण्डदान नहीं है। वह अमावास्या आदि श्राद्धपरक है।

चन्द्रप्रकाशेऽपि—एकचित्यां समारूढौ दम्पती प्रमृतौ यदि।
पृथक् श्राद्धं प्रकुर्वीत पत्युरेव क्षयेऽहनि ॥

चन्द्रप्रकाश में भी कहा है—यदि स्त्री और पुरुष मृत एकचिता में आरूढ हो गये हों तो पति के ही क्षयाह दिन में अलग श्राद्ध करे।

मृतानामपि भृत्यानां भार्याणां पतिना सह। पूर्वकस्य मृतस्यादौ द्वितीयस्य ततः पुनः ॥ तन्त्रेण श्रपणं कृत्वा श्राद्धं स्वामिक्षयेऽहनि। तृतीयस्य ततः कुर्यात् सन्निपाते क्रमः स्मृतः ॥ इति।

मरे हुए नौकरों का और स्त्रियों का श्राद्ध पति के साथ एक तन्त्र (एक साथ) से श्रपण (पाक बनाकर) कर स्वामी के क्षयदिन में करे। पहले मरे को पहले दे। फिर दूसरे को फिर तीसरे को दे। यह सन्निपातों में (एक साथ मरों में) यही क्रम है।

सहगमने सर्वत्र श्राद्धार्थमेकपाक इत्याह मदनरत्ने प्रचेताः—एकचित्यां समारूढौ म्रियेते दम्पती यदि। तन्त्रेण श्रपणं कुर्यात् पृथक् पिण्डं समावपेत् ॥ पृथ्वीचन्द्रोदयेऽप्येवम्। अत्र भर्तुराशौचमध्येऽन्यदिनेऽनुगमनेन स्त्रीमरणे पतिमरणदिनगणनयाशौचपिण्डदानैकादशाहादि कार्यम्। नात्र पक्षिणीवृद्धिः।

सहगमन में सर्वत्र श्राद्ध के लिए एकपाक मदनरत्न में प्रचेता ने कहा है—एकचिता में यदि समारूढ होकर स्त्री और पुरुष मर जांय तो तन्त्र से श्रपण करे और पिण्डदान अलग अलग करे। पृथ्वीचन्द्रोदय में भी यही है। यहाँ पर पति के आशौच के मध्य में अन्य दिन में (अनुगमन से) स्त्री के मरने में पति के मरणदिन की गणना से आशौच, पिण्डदान, एकादशाह आदि करे। यहाँ पर पक्षिणी (डेढ दिन) वृद्धि नहीं होती है।

मृतं पतिमनुव्रज्य पत्नी चेदनलं गता। न तत्र पक्षिणी कार्या पैत्रिकादेव शुद्धयति ॥ पुत्रोऽन्यो वाग्निदस्तस्यास्तावदेवाशुचिस्तयोः। नवश्राद्धं सपिण्डं च युगपत्तु समापयेत् ॥ इति षडशीतिमतात्।

षडशीतिमत से कहा है—मरे हुए पति के अनुगमन से यदि पत्नी अग्नि में चली गयी हो तो वहाँ पर 'पक्षिणी' की वृद्धि न करे। उसकी शुद्धि तो पिता की शुद्धि से ही होती है।

पुत्र या अन्य जो अग्नि को देनेवाला है वह तब तक ही अपवित्र है जब तक उन दोनों का नवश्राद्ध तथा सपिण्डन एक साथ समाप्त न करे।

यदा नारी विशेदग्निं प्रियस्य प्रियवाञ्छया। तदाशौचं विधातव्यं भर्त्राशौचक्रमेण हि ॥ इति लघुहारीतोक्तेश्च। भर्त्राशौचोत्तरमन्वारोहणे तु त्र्यहमाशौचम्। ऋग्वेदवादात् साध्वी स्त्री न भवेदात्मघातिनी। त्र्यहाशौचे तु निर्वृत्ते श्राद्धं प्राप्नोति शास्त्रतः ॥ इति ब्राह्मोक्तेरिति पृथ्वीचन्द्रापरार्कौ। एतदन्वारोहण एव नत्वेकचितौ। ऋग्वेदवादः 'इमा नारीरविधवाः' इत्यादिः। एतत्सवर्णापरमित्यन्ये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और लघुहरीत में कहा है—अपने प्रिय पति की इच्छा से जब स्त्री अग्नि में प्रवेश करे तो पति के आशौच क्रम से ही आशौच का विधान करना चाहिये।

पति के आशौचोत्तर अन्वारोहण में तो तीन दिन का आशौच होता है। ऋग्वेद के विवाद में साध्वी स्त्री आत्मघातिनी न हो। तीनदिन के आशौच की निवृत्ति हो जाने पर शास्त्र से श्राद्ध प्राप्त होता है—यह ब्रह्मपुराण में कहा है—एसा पृथ्वीचन्द्र तथा अपरार्क कहते हैं। यह अन्वारोण में ही है एकचिति में ऋग्वेदवाद नहीं है। ऋग्वेदवाद—इमा [1]नारीरविधवा-इत्यादि मन्त्र हैं। अन्य कहते हैं कि—यह सवर्णा स्त्री परक है।

स्मार्तगौडास्तु—देशान्तरे मृते पत्यौ साध्वी तत्पादुकद्वयम्। इत्युपक्रम्य, ब्राह्मे—'त्र्यहाशौचे तु निर्वृत्ते' इत्युक्तेर्भर्त्राशौचोत्तरमन्वारोहणे त्र्यहः, सहगमने तु पूर्णं दशाहादि। पिण्डास्तु दशापि सहैव।

स्मार्तगौड तो कहते हैं—देशान्तर में पति के मरने पर साध्वी स्त्री उसकी पादुकाद्वय (खडांउ) को ग्रहण कर जल कर भस्म हो जाय—एसा उपक्रम कर ब्रह्मपुराण में कहा है कि—तीनदिन का आशौच बीतने पर एसा कहने पर पतिके आशौचोत्तर अन्वारोहण में तीन दिन और साथ गमन में तो पूर्ण दशाहादि (दश दिन का आशौच) होता है। पिण्ड तो दश ही साथ होते हैं।

तथा च जनकशूलपाणिशुद्धितत्त्वधृतव्यासः—संस्थितं पतिमालिङ्ग्य प्रविशेद्या हुताशनम्।
तस्याः पिण्डादिकं देयं क्रमशः पतिपिण्डवत्॥

और जनकशूलपाणि शुद्धितत्त्व में व्यास का मत है—मृत पतिको आलिंगनकर जो स्त्री हुताशन (अग्नि) में प्रवेश करती है उसका पिण्ड आदि पति पिण्ड के सदृश क्रम से देना चाहिये।

अन्विता पिण्डदानं तु यथा भर्तुर्दिने दिने। तदन्वारोहिणी यस्मात्तस्मात्सा नात्मघातिनी॥
इति विष्णूक्तेश्च। पृथक्चितौ तु भर्त्राशौचमध्ये तदूर्ध्वं वा सत्यां त्र्यहेण दशपिण्डाः,

और विष्णु ने कहा है—जो पति के साथ अनुगमन करनेवाली स्त्री प्रतिदिन में पतिके समान पिण्डदान को प्राप्त करती है। इसकारण से वह अन्वारोहिणी है वह आत्मघातिनी नहीं है।

अलग चिता में तो पति के आशौच के मध्य में या उसके बाद होने पर तीन दिन में दश पिण्ड दे।

अन्वितायाः प्रदातव्या दशपिण्डास्त्र्यहेण तु। स्वाम्याशौचे व्यतीते तु तस्याः श्राद्धं प्रदीयते॥ इति तत्रैव पैठीनसिस्मृतेः। भर्त्राशौचोत्तरं मृतौ तु चतुर्थेऽह्नि श्राद्धम्। शूलपाणिना त्विदमग्निपुराणीयत्वेनोक्तम्—'युद्धहतस्य सद्यःशौचे त्वन्वारोहणे त्रिरात्रम्। एकचितौ तु 'संस्थितं पतिम्' इति प्रागुक्तव्यासोक्तेः सद्यः शौचमित्याहुः। अन्यसपिण्डाशौचमध्ये विदेशमृताऽन्वारोहणं त्वनाशक्यमेव, शुचिताया अङ्गत्वात्। अन्ये तु रजोवत्याः सूतिकायाश्चागमननिषेधादितराशौचस्यानिषेधः। अन्यथा प्रत्यक्षभर्तृमरणे का गतिरित्याहुः। तन्मूलवचनं विना चिन्त्यमेव।

वहीं पर पैठीनसिस्मृति में कहा है—अन्विता (बादमें जानेपर) स्त्री को तीनदिन में दश पिण्ड देना चाहिये। स्वामी के आशौच के बीतने पर उसका श्राद्ध करे। पति के आशौच के बाद मरने पर तो चौथे दिन श्राद्ध करे। शूलपाणि ने तो अग्निपुराणके वचनसे कहा है—युद्ध में मरने पर सद्यः आशौच होता है। और अन्वारोहण में तीनदिन का होता है। एक चिता में पति के साथ मरने पर पहले के कहे हुए व्यास के वचन से सद्यः आशौच होता है एसा कहा है। अन्य सपिण्ड के आशौच के मध्य में विदेश में मरने पर

---

[1]—इमा नारीरविधवाः सुपत्नीराञ्जनेन सर्पिषा सं विशन्तु। अनश्रवोऽनमीवाः सुरत्ना आ रोहन्तु जनयो योनिमग्रे॥ उदीर्ष्व नार्यभि जीवलोकं गतासुमेतमुप शेष एहि। हस्तग्राभस्य दिधिषोस्तवेदं पत्युर्जनित्वमभि सं बभूथ॥ धनुर्हस्तादाददानो मृतस्याऽस्मे क्षत्राय वर्चसे बलाय। अत्रैव त्वमिह वयं सुवीरा विश्वः स्पृधो अभिमातीर्जयेम॥ उप सर्प मातरं भूमिमेतामुरुव्यचसं पृथिवीं सुशेवाम्। ऊर्णम्रदा युवतिर्दक्षिणावत एषा त्वा पातु निर्ऋतेरुपस्थात्॥ (ऋ० १०।१८।७-१०)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वारोहण में तो शंका ही न हो सकती है। अशुचि का अंगत्व नहीं है। अन्य तो कहते हैं—रजोवती या सूतिका का सहगमन निषेध है। इतर आशौच का निषेध नहीं है। अन्यथा प्रत्यक्ष पति के मरने पर क्या गति होगी—ऐसा कहा है। उसका मूल वचन के विना चिन्त्य ही है।

स्मृत्यर्थसारेऽपि—'सहगमने सर्वत्र श्राद्धपिण्डादौ पाकैक्यं कालैक्यं कर्तैक्यं चेति'। या तु पतिमुद्दिश्याऽन्यकालेऽन्यतिथावान्वारूढा तस्याः श्राद्धं तत्क्षयतिथौ कार्यं न भर्तृतिथौ। 'पारणे मरणे नृणां तिथिस्तात्कालिकी स्मृता। इति स्कान्दात्, 'तिथिरेकैव जायते' इत्यादिवचनाच्चेतिमदनरत्नपारिजातपृथ्वीचन्द्रादयः।

स्मृत्यर्थसार में कहा है—सहगमन में सर्वत्र श्राद्ध पिण्ड आदि में एकपाक, एकसमय और एक कर्ता होता है। जो पति को उद्देश्य कर अन्य समय में या अन्य तिथि में अन्वारूढ़ होती है उसका श्राद्ध उसके क्षयतिथि में करे पति की तिथि में न करे। स्कन्दपुराण में कहा है—पार्वण में तथा मनुष्यों के मरण में तात्कालिकतिथि का ग्रहण करे। तिथि एक ही होती है इत्यादि वचन से—यह मदनपारिजात पृथ्वीचन्द्रादि ने कहा है।

अन्ये तु तस्याः पतिमरणेन मृतप्रायत्वात्, सहाग्रतः पृष्ठतो वा तद्भक्त्या म्रियते यदि। तस्याः श्राद्धं प्रदातव्यं पृथक्पत्युः क्षयेऽहनि॥ इति स्मृत्यन्तरात्।

अन्य तो कहते हैं—पति के मरने से मरण के सदृश वह स्त्री है। स्मृत्यन्तरमें कहा है—साथ, आगे या पीछे पति की भक्ति से यदि मर जाय तो उस स्त्री का श्राद्ध अलग पति मृत्यु दिन से देना चाहिये।

अग्रतः पृष्ठतो वापि तद्भक्त्या म्रियते यदि। तस्याः श्राद्धं सुतैः कार्यं पत्युरेव क्षयेऽहनि॥ इति पुराणसमुच्चयाच्च भर्तृतिथावेवेत्याहुः। अत्र मूलं चिन्त्यम्।

और यदि आगे या पीछे वह भक्ति से मर जाय तो उसका श्राद्ध पुत्र पति के क्षय दिन से ही करें। ऐसा पुराणसमुच्चय का वचन पति की तिथि में ही करे—कहा है। इसका मूल विचारणीय है।

अत्र विशेषो हेमाद्रौ स्मृत्यन्तरे—माता मङ्गलसूत्रेण म्रियते यदि तद्दिने। उद्दिश्य विप्रपङ्क्तौ तां भोजयेच्च सुवासिनीम्॥

यहाँ पर विशेष हेमाद्रि में स्मृत्यन्तर का वचन है—यदि माता मंगलसूत्र (दाक्षिणात्यों के यहाँ विवाह के समय गलेमें जो मंगलसूत्र को धारण करती हैं।) को धारण कर उसी दिन मर जाय तो उसको उद्देश्य कर ब्राह्मण पंक्ति में सुवासिनी भोजन करावे।

(श्राद्धसंपाते निर्णयः)

अथ श्राद्धसम्पाते निर्णयः। अत्र पित्रोर्मृततिथ्यैकत्वे मरणक्रमेण दर्शे वर्गद्वयवत्तन्त्रेण श्राद्धं कुर्यात्। पौर्वापर्याज्ञाने तु पितृपूर्वं कुर्यादिति हेमाद्रिः।

अब श्राद्ध के पात (आपस में मिलन) में निर्णय कहते हैं। यहाँ पर माता तथा पिता की मरणतिथि एक हो तो मरण क्रम से अमावास्या में वर्गद्वय के सदृश तन्त्र से श्राद्ध करे। पौर्वापर्यके अज्ञान में तो पितृपूर्वक करे—यह हेमाद्रिमत है।

माधवादयस्तु—पितृश्राद्धे समं प्राप्ते नवे पर्युषितेऽपि वा। पितृपूर्वं सुतः कुर्यादन्यत्रासन्नियोगतः॥ इति कार्ष्णाजिनिस्मृतेः। सर्वत्र पितृपूर्वं भिन्नं प्रयोगमाहुः।

माधव आदि कहते हैं—माता और पिता का श्राद्ध एक साथ नवीन या पुरातन प्राप्त होने पर पुत्र पितृपूर्वक करे। माता पिता से भिन्न में तो पृथक्-पृथक् करे। ऐसा कार्ष्णाजिनिस्मृति में कहा है। सर्वत्र पितृपूर्वक भिन्नप्रयोग में कहा है।

(पार्वणैकोद्दिष्टयोः संपाते विचारः)

पार्वणैकोद्दिष्टयोः सम्पाते माधवीये जाबालिः—यद्येकत्र भवेयातामेकोद्दिष्टं च पार्वणम्।
पार्वणं त्वभिनिर्वर्त्य एकोद्दिष्टं समाचरेत्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पार्वण और एकोद्दिष्ट के संपात (मिलन) में जाबालि ने कहा है—यदि एक दिन एकोद्दिष्ट तथा पार्वण प्राप्त हो तो पार्वण को कर एकोद्दिष्ट को करे।

(गृहदाहादिना युगपन्मरणे विचारः)

गृहदाहादिना युगपन्मरणे भृगुः—एककाले गतासूनां बहूनामथवा द्वयोः।
तन्त्रेण श्रपणं कृत्वा कुर्याच्छ्राद्धं पृथक् पृथक्॥

गृहदाह आदि से एक साथ मरने पर भृगु में कहा है—एकसमय में बहुत या दो का प्राण निकल जाने वालों का तन्त्र से पाक बना कर श्राद्ध को अलग अलग करे।

पूर्वकस्य मृतस्यादौ द्वितीयस्य ततः पुनः। तृतीयस्य ततः कुर्यात्सन्निपातेष्वयं क्रमः॥

पहले मरे का आदि में, फिर दूसरे मरेको फिर तीसरे मृत का पिण्ड दे। यह सन्निपात में क्रम है।

ऋष्यशृङ्गः—भवेद्यदि सपिण्डानां युगपन्मरणं तदा।
सम्बन्धासत्तिमालोच्य तत्क्रमाच्छ्राद्धमाचरेत्॥

ऋष्यशृंग ने कहा है—सपिण्डनजनोंकी यदि एक साथ मृत्यु हो जाय तो सम्बंध के समीपता का विचार उसी क्रम से श्राद्ध करे।

गारुडे—एकेनैव तु पाकेन श्राद्धानि कुरुतेऽत्र हि। विकिरं त्वेकतः कुर्यात् पिण्डान् दद्यात् पृथक् पृथक्॥ अत्रानुगमने च दाहसपिण्डनादौ विशेषं वक्ष्यामः।

गरुड़पुराण में कहा है—यहाँ पर एक ही पाक से श्राद्धों को करे। विकर तो एक करे और पिण्डों को अलग अलग दे। यहाँ पर अनुगमन में और दाह सपिण्डन आदि में विशेष कहेगें।

अत्रिः—बहूनामथवा द्वाभ्यां श्राद्धं चेत्स्यात्समेऽहनि।
तन्त्रेण श्रपणं कृत्वा श्राद्धं कुर्यात् पृथक्-पृथक्॥

अत्रि ने कहा है-बहुतों का या दो का समदिनों में श्राद्ध प्राप्त हो तो तन्त्र से श्रपण (पाक) कर श्राद्धों को अलग अलग करा दे।

पुलस्त्यः—महालये गयाश्राद्धे गतासूनां क्षयेऽहनि। तन्त्रेण श्रपणं कृत्वा श्राद्धं कुर्यात्पृथक्-पृथक्॥ इदं च पृथक्पाकेन भिन्नश्राद्धाशक्तौ। (श्राद्धे सपिण्डसम्प्राप्ते पिण्डहीने तु वै यदा। श्राद्धं कृत्वा सपिण्डं तु पिण्डहीनमथाचरेत्॥ सपिण्डं पिण्डसहितमित्यर्थः।) पृथक्पाकेन सम्बन्धासत्त्या श्राद्धभेदस्तु मुख्यः पक्षः,

एकत्रैव दिने श्राद्धद्वयं प्राप्तं यदा तदा। चरेदेव पुरा वर्षान्पितुर्मातुश्च तत्सुतः॥

एकस्मिन् यः करोत्यह्नि द्वयोः श्राद्धं यदा द्विजः। तदा पूर्वं मृतस्यादौ कृत्वा स्नात्वा यथाविधि। पश्चात्परश्चान्मृतस्यैव पृथक्पाकैः समाचरेत्। नैकस्मिन् दिवसे श्राद्धं त्रयाणां कुत्रचिद् द्विजः॥ एकः कुर्यात्तथा प्राप्ते अन्यो भ्राता समाचरेत्। भ्रातर्यविद्यमाने तु तत्परेऽह्नि समाचरेत्॥ अन्यथा श्राद्धहन्ता स्यात् श्राद्धसंकरकृद्भवेत्। इत्याश्वलायनोक्तेरिति पृथ्वीचन्द्रः।

पुलस्त्य ने कहा है—महालय और गयाश्राद्ध में, मरों का क्षयदिन में तन्त्र से श्रपण (पाक) करे तथा श्राद्ध को अलग अलग करे। यह (पृथ्वीचन्द्रमत से) अलग पाक से भिन्न श्राद्ध करने की अशक्ति में है। अलग पाक से सम्बन्ध की अशक्ति में श्राद्ध भेद का जानना मुख्य पक्ष है। जब एक ही दिन में दो श्राद्ध प्राप्त हों तो उसका पुत्र प्रथम पिता और माता का श्राद्ध करे। जब द्विज एकदिन में दो व्यक्तियों को श्राद्ध करे तो पहले मृतक का आदि में कर यथाविधि स्नान कर पीछे मरे का अलग पाक का निर्माण कर करे। एकदिन में द्विज तीन का श्राद्ध न करे। वैसा प्राप्त होने पर एक करे दूसरा भाई करे। भाई के न रहने पर तो उसको दूसरे दिन करे। अन्यथा तो श्राद्ध का नाश करने वाला श्राद्ध के संकर का कर्ता होता है। ऐसा आश्वलायन में पृथ्वीचन्द्र ने कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कात्यायनः—द्वे बहूनि निमित्तानि जायेरन्नेकवासरे ।
नैमित्तिकानि कार्याणि निमित्तोत्पत्त्यनुक्रमात् ॥

कात्यायन ने कहा है—एकदिन में दो या बहुतों का निमित्त प्राप्त हो तो निमित्तोत्पत्ति के अनुक्रम से नैमित्तिको का श्राद्ध करे ।

जाबालिः—श्राद्धं कृत्वा तु तस्यैव पुनःश्राद्धं न तद्दिने ।
नैमित्तिकं तु कर्तव्यं निमित्तानुक्रमोदयम् ॥

जाबालि ने कहा है—एक व्यक्ति ही श्राद्धको कर फिर से उसीदिन में श्राद्ध न करे । निमित्त के अनुक्रम से नैमित्तिक श्राद्ध को करना चाहिये ।

कालादर्शे—नित्यदार्शिकयोश्चोदकुम्भमासिकयोरपि । दार्शिकस्य युगादेश्च दार्शिकालभ्ययोगयोः ॥ दार्शिकस्य च मन्वादेः सम्पाते श्राद्धकर्मणः । प्रसङ्गादितरस्यापि सिद्धेरुत्तरमाचरेत् ॥

कालदर्श में कहा है—नित्यश्राद्ध, अमावास्याश्राद्ध, उदक-कुंभ तथा मासिकश्राद्ध, अमावास्या और अलभ्ययोगप्राप्त श्राद्ध, अमावास्या तथा मन्वादि श्राद्धों का संपात एक साथ प्राप्त हो जाने पर प्रसंग से एक को करके अन्य श्राद्ध करे ।

अस्य देवताभेदेऽपवादमाह स एव—नित्यस्य चोदकुम्भस्य नित्यमासिकयोरपि । (दर्शस्य चोदकुम्भस्य दार्शिकाब्दिकयोरपि ॥) नित्यस्य चाब्दिकस्यापि दार्शिकाब्दिकयोरपि ॥ युगाद्याब्दिकयोश्चैव मन्वाद्याब्दिकयोस्तथा । प्रत्याब्दिकस्य चालभ्य योगेषु विहितस्य च ॥ सम्पाते देवताभेदात् श्राद्धं युग्मं समाचरेत् । निमित्तानियतिश्चात्र पूर्वानुष्ठानकारणम् ॥ पित्रोस्तु पितृपूर्वत्वं सर्वत्र श्राद्धकर्मणि ।

देवताभेद में अपवाद उसने ही कहा है—नित्य और उदकुंभ, नित्य तथा मासिक, दर्श (अमावास्या) और उदकुंभ, दर्श तथा मासिक, नित्य और आब्दिक, दर्श और आब्दिक, युगादि और आब्दिक, मन्वादि तथा आब्दिक, प्रत्याब्दिक तथा अलभ्ययोग के संपात में देवताभेद (उदकुंभमासिकाब्दिकेष्वपत्नीकाः पित्रादयः, अन्यत्र सपत्नीका इति देवताभेदः, नित्यदार्शिकयोः षड्दैवत्यत्वान्मासिकैकोद्दिष्टयोरेकोद्दिष्टत्वाद्देवताभेदः, नित्यदार्शिकयुगादिमन्वादिप्रभृतीनामलभ्ययोगनिमित्तानां षड्दैवत्वात्प्रत्याब्दिकस्य त्रिदैवत्यत्वादेकोद्दिष्टत्वाद्वा देवताभेदः, अतस्तत्र तन्त्रप्रसङ्गौ नेत्यर्थः–कृष्णंभट्टीटीकायाम्) से दो श्राद्ध करे । यहाँपर निमित्तों का नियम कहीं है पूर्वानुष्ठान कारण है । माता और पिताके श्राद्धके कर्म में सर्वत्र पितृपूर्वक श्राद्ध होता है ।

माधवीये स्मृतिसङ्ग्रहे—काम्यतन्त्रेण नित्यस्य तन्त्रं श्राद्धस्य सिद्ध्यति ।

माधवीय स्मृतिसंग्रह में कहा है—काम्यश्राद्ध के तन्त्र से नित्यश्राद्ध की तन्त्रता सिद्ध होती है ।

(श्राद्धाङ्गतर्पणकथनम्)

अथ श्राद्धाङ्गतर्पणम् । पारिजाते पृथ्वीचन्द्रोदये च गर्गः—पूर्वं तिलोदकं कृत्वा अमाश्राद्धं तु कारयेत् । प्रत्यब्दे न भवेत्पूर्वं परेऽहनि तिलोदकम् ॥ पक्षश्राद्धे हिरण्ये च अनुव्रज्य तिलोदकम् । न च नित्यतर्पणस्यैवायं परेऽह्न्युत्कर्षः, न तु श्राद्धाङ्गतर्पणमस्तीति वाच्यम् । यस्तर्पयति तान् विप्रः श्राद्धं कृत्वा परेऽहनि । पितरस्तेन तृप्यन्ति न चेत्कुप्यन्ति वै भृशम् ॥ इति गर्गेण फलनिन्दार्थवादाभ्यामङ्गत्वेनोक्तेः । श्राद्धप्रक्रमाद्वार्षिकम् ।

अब श्राद्धाङ्गतर्पण कहते हैं । पारिजात और पृथ्वीचन्द्रोदय में गर्ग ने कहा है—पहले तिलोदक (तिल और जल) का दान करके अमाश्राद्ध करे । (यहाँ पर णिजविवाक्षितः । कुर्यादित्यर्थः । एतयाऽन्नाद्यकामं याजयेत् इतिवत् ।) वार्षिक में पहले तिलोदक नहीं होता है दूसरे दिन होता है । पक्षश्राद्ध में और हिरण्यश्राद्ध में तिलोदक बाद में दे ।

कहो कि नित्यतर्पण का ही यह पर दिन उत्कर्ष है । यह श्राद्धाङ्गतर्पण नहीं है एसा कहेंगे जो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ब्राह्मण श्राद्ध को कर जो दूसरे दिन पितरों का तर्पण करता है उससे पितर तृप्त होते हैं। नहीं तो
बारंबार निश्चय कुपित होते हैं। इस गर्ग से फल (अन्यप्रकरण में अन्य के फलकी निन्दा नहीं होती है।
कहो कि—अङ्ग तर्पण क्यों करना चाहिये। और पितृशब्द जनकपुरुषपर है या जनकपर है। भ्रात्रादि
के वार्षिक में उसकी उपपत्ति नहीं है।) 'यथा-पशुपुरोडाशार्दैवतैक्यं तथैव श्राद्धतर्पणयोरपीति भावः।
वद्वत्।) निन्दा और अर्थवाद से अंगत्व कहा है। श्राद्धप्रकरण से वार्षिक कहा है।

वृहन्नारदीयेऽप्याब्दिकं प्रक्रम्य—परेद्युः श्राद्धकृन्मर्त्यो यो न तर्पयते पितॄन्। तस्य ते पितरः क्रुद्धाः शापं दत्त्वा व्रजन्ति हि ॥ पितृशब्दश्च श्राद्धेज्यवर्गपरः। तेन तर्पणस्य पशुपुरोडाशयागवत् प्रस्तरप्रहरणवच्चेष्टदेवतासंस्कारकता। तेनाब्दिकदिने नित्यं स्वपित्रादितर्पणं कार्यमेव श्राद्धाङ्गभूतस्यैव परेद्युरुक्तेः।

बृहन्नारदीयपुराण में भी आह्निकप्रकरण में कहा है—श्राद्ध करनेवाला मनुष्य दूसरे दिन पितरों का
तर्पण नहीं करता है। निश्चय उसके वे पितर क्रोधित हो शाप को देकर चले जाते हैं। और पितृशब्द श्राद्ध
में पूजने योग्यों के वर्ग का बोधक है। इससे तर्पण का पशु-पुरोडाशयाग[1] की (यद्देवत्यः पशुस्तद्देवत्यः पुरो-
डाशः (शत०–३–१) की तरह यद्दैवत्यं तद्दैवत्यमेव तर्पणमित्यर्थः।) तरह। प्रस्तरप्रहरण की तरह इष्टदेवता
का संस्कार होता है। इससे (नित्यतर्पण के उत्कर्षाभाव से) (पित्रोः क्षयाहे संप्राप्ते यः कुर्यान्नित्य
तर्पणम्। आसुरं तर्पणं प्रोक्तं तत्तोयं रुधिरं भवेत् ॥ इति तु तिलतर्पणपरमितिभावः।) आह्निकदिन में
अपने पिता आदि का नित्यतर्पण करना ही चाहिये। श्राद्धांगभूतका दूसरे ही दिन करे।

तदुक्तम्—प्रत्यब्दाङ्गं तिलं दद्यान्निषेधेऽपि परेऽहनि।
वर्गैकस्य वचो ह्येषामन्येषां तु विवर्जयेत् ॥

उसी को कहा है कि—वार्षिक को अंगभूत तर्पण निषेध दिन में भी (भानौ, भौमे, त्रयोदश्याम् इत्यादि में) दूसरे दिन करे। एक वर्ग (वंश) में हों तो, अन्यों का तो त्याग करे।

(क्वचिद्विशेषमाह)

क्वचिद्विशेषमाह गर्गः—कृष्णे भाद्रपदे मासि श्राद्धं प्रतिदिनं भवेत्। पितॄणां प्रत्यहं कार्यं निषिद्धाहेऽपि तर्पणम् ॥ तर्पणम्=तिलतर्पणम्, निषिद्धाहेऽपि इत्युक्तेः।

सकृन्महालये श्वः स्यादष्टकास्वत एव हि। अत्र सप्तमीनिर्देशात् अङ्गिता स्फुटैव। तत्र जयान् जुहुयात् मन्द्रं प्रायणीयायां मन्दं प्रातःसवने इत्यादिवत्।

कहीं विशेष गर्ग ने कहा है—भाद्रपदमासके कृष्णपक्ष में प्रतिदिन श्राद्ध करे। और प्रतिदिन निषिद्ध दिन में भी पितरों का तर्पण करे। तर्पण माने—तिलसे तर्पण करे। निषिद्धदिन में भी करे—एसा कहा है।

१—श्राद्धांगतर्पण के विचार प्रसंग में यह विचार किया गया है कि यह तर्पण पशुपुरोडाशयाग की तरह इष्टदेवता का संस्कारक है। अर्थात्—जहाँ पशुयाग होता है उसका अंगभूत पुरोडाशयाग होता है। पशुयाग के अंगभूत को पुरोडाशयाग कहते हैं। इस अंगयाग में (पशुयाग) में जो देवता हैं वही देवता इसमें हैं। इसीलिए उन्हीं का संस्कार है। इसीलिये मीमांसकों की प्रसिद्धि है कि पशुपुरोडाशयागदेवता संस्कार के लिये है। इसी में दूसरा दृष्टान्त देते हैं 'प्रस्तरप्रहरण'। इसका यह अभिप्राय है कि—दर्शपूर्णमासेष्टि में प्रधान यागादि होने के बाद किस देवता के लिए याग किया है। किसके लिए छूट गया है उसका अनुसन्धान करने के लिए सूक्तवाकमन्त्र पढ़ा जाता है। उसमें जिनका याग हो चुका है वही देवता है। इस सूक्तवाकमन्त्र से दर्भमुष्टि जो प्रस्तर है उसको अग्नि में प्रक्षेप को प्रहरण कहते हैं। इस प्रहरण से इष्टदेवता का ही संस्कार होता है। क्योंकि इसमें प्रस्तर द्रव्य है। मन्त्र प्रतिपाद्य सभी देवता हैं। इसलिए यह प्रस्तरप्रहरणरूप जो याग है वह इष्टदेवता का संस्कारक होता है। उसी न्याय से श्राद्धांग जो तर्पण है उसमें जो श्राद्ध में देवता है पित्रादि उन्हीं का यह तर्पण है दूसरे का नहीं है। 'येन कर्मणा ईर्त्स्येत् तत्र जयान् जुहुयात्' यह श्रुत है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एव व्रीहयः पुनरवहन्यन्ते प्रोक्षितैव वेदी पुनः प्रोक्ष्यते इति न द्रव्यभेद इत्यर्थः ।) कोई तो परिव्याणमन्त्र[1] के तरह क्रियमाण अनुवाद होने से करणत्व के अभाव से एकबार इच्छा करते हैं। यह उचित नहीं है। वहाँ पर यूपद्रव्य की एकता से [2]'परिवीरसि' इस करणभूत मन्त्रान्तर होने से अन्यतर के व्यवधान की आपत्ति से दोनों का करणत्व अयोग है। और कर्ता के भेद से विकल्प का अयोग है। वहाँ पर क्रियमाण-कर्म का अनुवाद है। और बौधायन आदि के वचन से करणत्व है। इससे आवृत्ति युक्त है। इसप्रकार नित्य में भी।

यत्तु सङ्ग्रहे नाम्ना पठन्ति—पित्रोः क्षयाहे सम्प्राप्ते यः कुर्यान्नित्यतर्पणम्। आसुरं तद्भवेच्छ्राद्धं तत्तोयं रुधिरं भवेत् ॥ सर्वदा तर्पणं कुर्यात् ब्रह्मयज्ञपुरःसरम्। मृताहे नैव कर्तव्यं कृतं चेन्निष्फलं भवेत् ॥ इति। तत्समूलत्वेन तिलविषयम्।

जो संग्रह में नाम से पढ़ते हैं—माता और पिता के क्षयाह में जो नित्यतर्पण करते हैं वह श्राद्ध आसुर होता है और उसका जल रुधिर के सदृश होता है। सर्वदा ब्रह्मयज्ञपुरःसर तर्पण करे। मरणदिन तर्पण नहीं करे करने पर निष्फल होता है। यदि इसको समूल मान भी ले तो वह तिलविषयक है। (क्योंकि—सप्तम्यां भानुवारे च मातापित्रोर्मृतेऽहनि। तिलैर्यस्तर्पणं कुर्यात्स भवेत् पितृघातकः ॥ (ऐसा पहले कह चुके हैं।)

यच्च पठति कपिलः—मन्वादिषु युगाद्यासु दर्शे संक्रमणेषु च।
पौर्णमास्यां व्यतीपाते दद्यात् पूर्वं तिलोदकम् ॥

जो और यह पढ़ते हैं—कपिल का वचन है—मन्वादि, (कार्तिक शुक्लपक्षकी नवमी, वैशाखशुक्ल की तृतीया, आश्विनकृष्ण की त्रयोदशी और फाल्गुनकृष्ण की अमावस्या) युगादि—(आश्विनशुक्ल नवमी, भाद्रपद तथा चैत्रशुक्लकी तृतीया, कार्तिकशुक्ल द्वादशी, आषाढ़शुक्ल दशमी, ज्येष्ठशुक्लपूर्णिमा, आषाढ़, फाल्गुन,चैत्र और कार्तिककी पूर्णिमा,भाद्रपदकी अष्टमी,पौषकृष्णकी एकादशी और भाद्रपदकी अमावास्या) आदि, अमावास्या, संक्रान्ति, पौर्णमासी और व्यतीपात में पहले तिलोदक दे।

अर्द्धोदये गजच्छाये षष्ठ्यां चैव महालये। भरण्यां च मघाश्राद्धे तदन्ते तर्पणं विदुः ॥

अर्धोदय, (माघमास में रविवार की अमावास्या, व्यतीपातयोग तथा श्रवणनक्षत्र से युक्त हो तो अर्धोदययोग होता है।) गजच्छाया (आश्विनमासके पितृपक्षकी त्रयोदशीके दिन हस्तनक्षत्र में सूर्य तथा मघा पर चन्द्रमा हो तो गजच्छायायोग होता है।) षष्ठी—कपिलाषष्ठी (आश्विनमहिने के कृष्णपक्षः षष्ठी, मंगलवार, रोहिणीनक्षत्र, व्यतीपातयोग हो तो कपिलाषष्ठी होती हैं।) महालय, भरणी और मघाश्र में अन्त में तर्पण कहा है।

शौनकः—मातापित्रोर्मृताहे तु परेऽहनि तिलोदकम्। कारुण्यच्छ्राद्धविषये सद्यो दद्यात्तिलोदकम् ॥ एतन्निर्मूलम्।

शौनक ने कहा है—माता और पिता के मरणदिन में दूसरे दिन तिलोदक दे। कारुण्यश्राद्ध के तो विषय में उसीसमय तिलोदक दे। यह वचन निर्मूल है।

(तिलतर्पणनिषेधकथनम्)

अथ तिलतर्पणनिषेधः। गार्ग्यः—भानौ भौमे त्रयोदश्यां नन्दाभृगुमघासु च।
[3]पिण्डदानं मृदा स्नानं न कुर्यात्तिलतर्पणम् ॥

१—युवा सुवासाः परिवीत आगात् स उश्रेयान् भवति जायमानः। तं धीरासः कवय उन्नयन्ति स्वाध्यो ३ मनसा देवयन्तः ॥ (ऋ. ३।८।४; तै. ब्रा. ३।६।१।३)। इति होतृमन्त्रः।

२—परिवीरसि परित्वा दैवीर्विशो व्यपन्तां परीमः रायस्पोषो यजमानं मनुष्याः। इत्यध्वर्युमन्त्रः।

३—न च पुंलिङ्गस्य पिण्डशब्दस्य कथं नपुंसकलिंगेन निर्देश इति वाच्यम्। पिण्डशब्दस्य कुड्यस्य पिण्डंपतितीत्यादौ, महाभाष्ये नपुंसकलिङ्गेनापि प्रयोगात्। अत एव पिण्डशब्दस्य पुंल्लिङ्गत्वाद्यजुर्वेदिनामपि 'एष ते पिण्ड' इत्येव

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अब तिलतर्पणनिषेध कहते हैं। गार्ग्य ने कहा है—रविवार, मंगलवारकी त्रयोदशी,नन्दा, (प्रतिपदा, षष्ठी और एकादशी) भृगुवार और मघा नक्षत्र में पिण्डदान, मट्टी से स्नान तथा तिलतर्पण न करे।

स्मृत्यर्थसारे—विवाहव्रतचूडासु वर्षमर्द्धं तदर्द्धकम्। अर्द्धं तदेव। वृद्धौ सत्यां च तन्मासि नेत्याहुस्तिलतर्पणम्।

स्मृत्यर्थसार में कहा है—विवाह, व्रत और चूड़ाकरण में क्रम से एक साल, छ महिना और तीन महिना पिण्डदान, मृत्तिकास्नान तथा तिलतर्पण न करे। वृद्धि और मासिक में तिलतर्पण करना नहीं कहा है।

हेमाद्रौ मरीचिः—सप्तम्यां रविवारे च गृहे जन्मदिने तथा।
निशासन्ध्यासु पुत्रार्थी न कुर्यात्तिलतर्पणम्॥

हेमाद्रि में मरोचि ने कहा है—सप्तमी में, रविवार में, घर में तथा जन्मदिन में, निशा (रात्रि) और सन्ध्या में पुत्रार्थी तिल से तर्पण न करे।

यत्तु सङ्ग्रहे—नन्दायां भार्गवदिने कृत्तिकासु मघासु च। भरण्यां भानुवारे च गजच्छायाह्वये तथा॥ अयनद्वितये चैव मन्वादिषु युगादिषु। पिण्डदानं मृदा स्नानं न कुर्यात्तिलतर्पणम्॥ इति, तच्चिन्त्यम्।

जो संग्रह में कहा है—नन्दा में, भार्गव दिन (शुक्रवार) में, कृत्तिका तथा मघा में, भरणी और रविवार में गजच्छाया नक्षत्र तथा अयनद्वय (दक्षिणायन और उत्तरायण) मन्वादि तथा युगादियों में पिण्डदान, मृत्तिकास्नान और तिलतर्पण न करे। यह चिन्तनीय (युगादिनिषेधश्चिन्त्यइत्यर्थः) है।

पानीयमप्यत्र तिलैर्विमिश्रं दद्यात्पितृभ्यः प्रयतो मनुष्यः। इत्यादिविरोधात्।

यहाँ पर मनुष्य तिलों को मिलाकर जल को भी पितरों के लिए प्रयत्न से दे। इत्यादि विरोध (मन्वाद्यासु युगाद्यासु प्रदत्तः स तिलोऽञ्जलिः। सहस्रवार्षिकीं तृप्तिं पितॄणामावहेत्सदा॥ यहाँ पानीयमपि—इसमें अपि शब्द से श्राद्ध का ग्रहण करे।) वचनों से है।

(अत्रापवादः)

अत्रापवादः पृथ्वीचन्द्रोदये—तीर्थे तिथिविशेषे च गयायां प्रेतपक्षके।
निषिद्धेऽपि दिने कुर्यात्तर्पणं तिलमिश्रितम्॥

यहाँ पर अपवाद पृथ्वीचन्द्रोदय में कहा है—तीर्थ में तथा तिथिविशेष (महालय, अष्टका आदि) में, गया में और प्रेतपक्ष में निषिद्धदिन में भी तिलमिश्रित जल से तर्पण करे।

स्मृत्यर्थसारेऽपि—तिथितीर्थविशेषेषु कार्यं प्रेते च सर्वदा। इति।

स्मृत्यर्थसार में भी कहा है—तिथि, तीर्थविशेष और प्रेतकर्म में सर्वदा तिलमिश्रित जल से तर्पण करे।

गोभिलः—तिलाभावे निषिद्धाहे सुवर्णरजतान्विते।
तदभावे निषिञ्चेत्तु दर्भमन्त्रेण वा पुनः॥ पतितस्य तिलोदकं वक्ष्यामः।

प्रयोगमैथिलमतमपास्तम्, पिण्डशब्दस्य नपुंसकलिङ्गेऽपि प्रयोगात्। तेनैतच्छब्देनैव पिण्डस्योपस्थितत्वादध्याहारं विनैव प्रयोगोपपत्तेरिति स्मृतिचन्द्रिकाकारादयः। हेमाद्रिस्तु 'इषे त्वे' त्यादौ छिनद्मीत्यध्याहारवदत्रापि वाक्यपूरणाय अन्नपदं पिण्डपदं वाध्याहार्यम्। अत एव कर्कभाष्ये अन्नशब्द उपलक्षणार्थः। तयोरपि च व्यवस्थोक्ता लौगाक्षिणा। महालये गयाश्राद्धे प्रेतपक्षे दशाहिके। पिण्डशब्दप्रयोगः स्यादन्नन्यत्र कीर्तयेत्॥ इति। एतद्वचनोपात्तेषु श्राद्धेषु एतत्ते पिण्डमिति प्रयोगः। अन्यत्र तु एतत्ते अन्नमितिप्रयोग इत्याह अन्ये तु इषे त्वेत्यादौ क्रियाविशेषस्यापेक्षितत्वाद्युक्तः। छिनद्मीत्यध्याहारः। प्रकृते तु द्रव्यविशेषस्यैव तच्छब्देनैव समर्पणादग्नय इदं न मम इतिवन्नाध्याहारः। तेन प्रकृतौ एष ते पिण्ड इति गोभिलवाक्यात् गौभिलीयानामेष ते पिण्ड इत्येव प्रयोगः। वाजसनेयिनामपि 'एतत्ते पिण्डम्' इत्युक्त्वा दद्युर्वाजसनेयिनः। इति भविष्यपुराणवचनादेतत्ते पिण्डमित्येव प्रयोगः। एतस्यापि वचनस्य प्रकृतावेवाम्नातत्वात्। अन्येषां तु प्रागुक्तलौगाक्षिवचनाद् व्यवस्थेत्याहुः। शाखापरतया वा व्यवस्थेतिदिक्।—इति (वीरमित्रोदये पृ० २५८–२५६)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सकृत् महालय में दूसरे दिन होता है। और अष्टका के अन्त में ही होता है। यहाँ पर सप्तमी[1] के निर्देश से अंगतास्फुट ही है। वहाँ पर 'जयसंज्ञक मन्त्रों से हवन करे। मन्द्रं प्रायणीया में प्रातःसवन की तरह।

(अस्यापवादो बृहन्नारदीये)

अस्यापवादो बृहन्नारदीये—वृद्धिश्राद्धे सपिण्ड्यां च प्रेतश्राद्धेऽनुमासिके। सम्वत्सरविमोके च न कुर्यात्तिलतर्पणम् ॥ तदयमर्थः—दर्शे विप्रनिमन्त्रणोत्तरं पाकारम्भोत्तरं वा श्राद्धप्रयोगस्यारब्धत्वात् ब्रह्मयज्ञोत्तरं नित्यतर्पणेनैव श्राद्धाङ्गतर्पणस्य तन्त्रेण प्रसङ्गेन वा सिद्धिः। ततः पूर्वं वैश्वदेवोत्तरं वा ब्रह्मयज्ञकरणे श्राद्धाङ्गतर्पणं पृथक् कार्यम्। पित्रोर्वार्षिके तु नित्यतर्पणं तिलवर्ज्यं कार्यम्। नैव श्राद्धदिने कुर्यात्तिलैस्तु पितृतर्पणम्। श्राद्धं कृत्वाऽपराह्णे च तर्पणं तु तिलैः सह ॥ इति वचनात्।

इसका अपवाद बृहन्नारदीयपुराण में कहा है—वृद्धिश्राद्ध में, सपिण्डन में प्रेतश्राद्ध में, अनुमासिक में और संवत्सर के विमोक (अन्त) में तिलतर्पण न करे। उसका अर्थ यों है–अमावास्या में ब्राह्मण के निमन्त्रण के बाद या पाक के आरंभ के बाद श्राद्धप्रयोग के आरंभ होने से ब्रह्मयज्ञोत्तर नित्यतर्पण से ही श्रद्धांगतर्पण का तन्त्र (अंगों का और प्रधानों का विशेषाग्रहमें तन्त्र) या प्रसंग से सिद्धि होती है। तदनन्तर पहले (निमन्त्रण के पूर्व) या वैश्वदेव के उत्तर ब्रह्मयज्ञ करने में श्राद्धांग तर्पण पृथक् करे। माता और पिता के वार्षिक में तो नित्यतर्पण तिल से रहित करे। श्राद्धदिनों में तिलों से तर्पण न करे। अपराह्न में श्राद्ध को कर तिलों के सहित तर्पण करे एसा वचन है।

सप्तम्यां भानुवारे च मातापित्रोर्मृतेऽहनि। तिलैर्यस्तर्पणं कुर्यात्स भवेत्पितृघातकः ॥ इति स्मृतिरत्नावल्यां वृद्धमनूक्तेश्च। अत्र नित्यतर्पणे तिलमात्रनिषेधो नतु तर्पणस्य तिलैरित्यस्य वैयर्थ्यापत्तेः।

स्मृतिरत्नावली में वृद्धमनु का वचन है—सप्तमी और रविवार में, माता तथा पिता के मरण दिन में तिलों से जो तर्पण करना है वह पितृघातक होता है। यहाँ पर नित्यतर्पण में तिलमात्र का निषेध है, तर्पण का नहीं है। क्योंकि—'तिलैः' यह पद व्यर्थ हो जायगा।

यत्तु कातीयम्—उपरागे पितुः श्राद्धे पातेऽमायां च संक्रमे। निषिद्धेऽपि हि सर्वत्र तिलैस्तर्पणमाचरेत्। इति, तत्परेद्युः श्राद्धाङ्गतर्पणविषयमिति केचित्। श्राद्धाशक्तस्य तत्स्थानापन्नतर्पणविषयमिति तु युक्तम्। सकृन्महालये परेद्युस्तर्पणम्। अष्टकासु तु सप्तम्यष्टमीश्राद्धयोरन्ते तदैव वर्गद्वयस्य। अन्वष्टक्ये तु मातृवर्गस्यापि। तीर्थश्राद्धे दर्शवत्। माघ्यावर्षादिष्वष्टकावदन्ते। अनेकश्राद्धसम्पाते तु यदि प्रसङ्गात्सिद्धिस्तदा तदीयमेव तर्पणम्। तन्त्रत्वे तु श्राद्धसमसंख्यत्वे आदावन्ते वा। विषमसंख्यायां बह्वनुरोध इति। तस्मात् श्राद्धाङ्गतर्पणं सिद्धम्।

जो कातीय में कहा है—ग्रहण में पिता के श्राद्ध में (यहाँ पर पिता और माता का उपलक्षण है) व्यतीपात में, अमावास्या में और संक्रान्ति में निषिद्धदिन में भी तिलों से सर्वत्र तर्पण करे। वह दूसरे दिन श्राद्धांग तर्पणविषयक है—यह किसी का मत है। श्राद्ध करने में अशक्त को उसके स्थानापन्न तर्पण विषयक है यह युक्त है। यह कमलाकर का कहना है। सकृत् महालय में दूसरे दिन तर्पण करे। अष्टकाओं

१—यहाँ तत्र यह सप्तम्यन्त है। इससे जिस कर्म में जयादि किये जाते हैं वह अंगी है। अर्थात्–प्रधान है। जयादि अंग हैं। इसीप्रकार 'महालये' यह सप्तमी होने के कारण यह अंगी है। तर्पण उसका अंग है ऐसा समझना चाहिये। इसीप्रकार दूसरा उदाहरण देते हैं वैदिककर्म में मन्त्रोच्चारण प्रसंग में स्वरविशेष का विचार किया गया है। उसमें दीक्षणीयेष्टि में कामस्वर है। जितना उच्च स्वर से बोल सकते हैं उतना बोलें। 'प्रायणीयेष्टि' में मन्द्रस्वर होता है (धीरे से बोले)। आतिथ्येष्टि में और धीरे से बोले। उपसद में उपांशुस्वर है। उपांशु उसको कहते हैं जो बगल में बैठे हैं उनको भी न सुनाई दे। अर्थात्—इन स्थलों में सप्तमी होने से प्रधान (अंगी) है। यह दृष्टान्त का आशय है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तर्पण करे। अन्वष्टका में तो मातृवर्ग में तो सप्तमी तथा अष्टमी के श्राद्धों के अन्त में दोनों वर्गों का तर्पण करे। का भी तर्पण करे। तीर्थश्राद्ध में अमावास्या की तरह। माघीपूर्णिमा आदि में तो अष्टका के सदृश अन्त में करे। अनेक श्राद्धके संपात में तो यदि उसकी प्रसंग से सिद्धि हो जाय तो उसी का ही तर्पण करे। तन्त्रत्व में श्राद्ध की समसंख्या में आदि या अन्त में करे। विषमसंख्या में तो बहुतों का अनुरोध से करे। इससे श्राद्धांगतर्पण सिद्ध हो गया।

(तद्विधिकथनम्)

तद्विधिः सङ्ग्रहे—स्नात्वा तीरं समागत्य उपविश्य कुशासने। सन्तर्पयेत्पितॄन् सर्वान् स्नात्वा वस्त्रं च धारयेत्॥ तर्पणोत्तरं नित्यस्नानं कृत्वेत्यर्थः। अपसव्यं ततः कृत्वा सव्यं जान्वाच्य भूतले। नामगोत्रस्वधाकारैर्द्वितीयान्तेन तर्पयेत्।

उसकी विधि संग्रह में है—स्नान कर तीरपर (किनारे पर) आकर कुशासन पर बैठकर सब पितरों को तृप्तकर स्नान (नित्यस्नान) कर वस्त्र को धारण करे। तर्पण के बाद नित्यस्नान करे—यह अर्थ है। (यहाँ पर पहला स्नान अमन्त्रक है और दूसरा स्नान तो नित्यस्नान है। आदि में मौन होकर स्नान कर कुशों पर बैठकर श्राद्धांगतर्पण कर पीछे नित्यस्नान कर वस्त्र धारण आदि करे—यह अर्थ है। इसप्रकार यह सन्ध्या को न कर ही करना चाहिये। बहुत लोग तो वैसा ही अनुष्ठान करते हैं। मयूख का तो कहना है—श्राद्धांगतर्पण सन्ध्याको कर ही करे। क्योंकि उसके बिना अन्य कर्म में अधिकार नहीं है। 'सन्ध्याहीनोऽशुचिर्नित्यः' सन्ध्या से हीन अपवित्र नित्य रहता है—ऐसा दक्ष ने कहा है। इस प्रकार श्राद्ध के बाद सायं सन्ध्या के अनुष्ठान के प्रसंग से। तर्पण के बाद फिर से स्नान करे। संग्रह वाक्य में कहा है—'स्नात्वा' इसका फिर से ग्रहण है। वह अदृष्टार्थ है यहाँ पर स्नान-सन्ध्या आदि का सर्वकर्मार्थता से उपवेश और सामान्यता की प्राप्ति में 'अदग्धदहनन्याय' से कुशास्तरण और तर्पणोत्तर स्नान का विधान किया है।) तदनन्तर अपसव्य होकर सव्यजानु को जमीन पर कर नाम, गोत्र तथा स्वधाकारों से द्वितीयान्त से तर्पण करे।

(अत्र वस्वादिरूपकथनम्)

अत्र वस्वादिरूपतोक्ता स्मृत्यर्थसारे—वसुरुद्रादितिसुतान् श्राद्धार्थे तर्पयेत्पितॄन्। तच्च बह्वृचानां दक्षिणेनैव, 'दक्षिणं प्रतीयादनादेशे' इति सूत्रात्। अत्र प्रत्यञ्जलिमन्त्रावृत्तिः। निर्वापवत्तत्सन्ध्यार्घ्यदानवच्च द्रव्यभेदात्। अवघातवेदिप्रोक्षणादौ तु द्रव्यैकत्वान्न मन्त्रावृत्तिः। केचित्तु परिव्याणमन्त्रवत्क्रियमाणानुवादित्वेन करणत्वाभावात्सकृदिच्छन्ति। तन्न, यत्र यूपद्रव्यैक्यात्परिवीरसीतिकरणभूतमन्त्रान्तरसत्वादन्यतरेण व्यवधानापत्योभयोः करणत्वायोगात् कर्तृभेदेन विकल्पायोगाच्च क्रियमाणानुवादित्वं नत्वत्र तथा बौधायनादिवचनाकरणत्वमेव तेनावृत्तिरेव युक्ता। एवं नित्येऽपि।

यहाँ पर वसु आदि के रूपों को स्मृत्यर्थसार में कहा है कि—वसु,[1] रुद्र, अदितिरूप पितरों को श्राद्ध के अर्थ में तृप्त करें। वह बह्वृचों (ऋग्वेदियों) में दक्षिण से ही है। अनादेश में दक्षिण से करे। यहाँ पर प्रति अञ्जलि में मन्त्रावृत्ति है। निर्वापवत्—और सन्ध्या में अर्घ्यदानवत् (कहो कि—एककर्म में मन्त्रकी आवृत्ति के अंगीकार में अवघात आदि में उसकी आवृत्ति होती है।)

अवघात और वेदी के प्रोक्षण आदि में तो द्रव्य एक होने से मन्त्रावृत्ति नहीं होती है। (अवहता

१—शंखः—एकैकमञ्जलिं देवा द्वौ द्वौ तु सनकादयः। अर्हन्ति पितरस्त्रीं स्त्रीन् स्त्रियस्त्वेकैकमञ्जलिम्॥ पैठीनसिः—तिलोदकाञ्जलीं स्त्रीं स्त्रीनुच्चैरुच्चैर्विनिक्षिपेत्। शालङ्कायनः—मातृमुख्यास्तु यास्तिस्रस्तासां दद्याज्जलाञ्जलीन्। त्रीं स्त्रीन् दद्यादथान्यासां स्त्रीणामेकैकमञ्जलिम्। काशीखण्डे—सपत्न्याचार्यपत्नीनां द्वौ द्वौ दद्याञ्जलाञ्जली। व्यासः—मातृमातामहांस्तद्वत्रींस्त्रीनेव त्रिभिस्त्रिभिः। मातामहाश्च येऽप्यन्ये गोत्रिणो दातृवर्जिताः। तानेकाञ्जलिदानेन प्रत्येकं च पृथक् पृथक्। गारुडे—मातामह्यादिसर्वासामेकैकं तु जलाञ्जलिम्। दद्यात्तीर्थे विशेषेण धर्मं परममास्थितः॥ ब्रह्माण्डे—द्वौ द्वौ मातामहानां च मातुलानां सकृत्तथा। ब्रह्माण्डे—गुर्वाचार्यश्वशुराणां सहृत्संबन्धिनां सकृत्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गोभिल ने कहा है—तिल के अभाव में निषिद्ध दिन (उपरागे पितुः श्राद्धे पातेऽमायां च संक्रमे । निषिद्धाहेऽपि सर्वत्र तिलैस्तर्पणमाचरेत् ॥ यावन्मासः समाप्येत तावत्पिण्डांश्च वर्जयेत् । वृद्धावनन्तरं प्राज्ञस्तथैव तिलतर्पणम् ॥) में सुवर्ण तथा चांदी से युक्त हो करे। उनके अभाव में दर्भ या मन्त्र से सेचन (तर्पण) करे। पतित का तो तिलोदक आगे कहेंगे।

(वृद्धिश्राद्धनिरूपणम्)

अथ वृद्धिश्राद्धम् । तन्निमित्तं पृथ्वीचन्द्रोदये ब्राह्मे—जन्मन्यथोपनयने विवाहे पुत्रकस्य च । पितॄन्नान्दीमुखान्नाम तर्पयेद्विधिपूर्वकम् ॥

अब वृद्धिश्राद्ध कहते हैं। वृद्धिश्राद्धनिमित्त पृथ्वीचन्द्रोदय में ब्रह्मपुराण का वचन है—जन्म, (पुत्रजन्मनिमित्तक मुख्य है, कर्मांग तो गौण है। पर नान्दीश्राद्ध दोनों में करे यह किसी का मत है।) उपनयन और पुत्रका विवाह इनमें नान्दीमुख नामवाले पितरों को विधिपूर्वक तृप्त करे।

देवव्रतेषु चाधानयज्ञपुंसवनेषु च । नवान्नभोजने स्नाने ऊढायाः प्रथमार्तवे ॥ देवारामतडागादिप्रतिष्ठास्तुत्सवेषु च । राज्याभिषेके बालान्नभोजने वृद्धिसंज्ञकान् ॥ वनस्थाद्याश्रमं गच्छन् पूर्वेद्युः सद्य एव वा । पितॄन् पूर्वोक्तविधिना तर्पयेत्कर्मसिद्धये ॥ आदिपदात् संन्यासः ।

वेदव्रतों (महानाम्न्यादि) में, आधान, यज्ञ और पुंसवनसंस्कार में, नवान्नभोजन (प्रथमाग्रयण) में, स्नान (समावर्तन) में, विवाहित स्त्री के प्रथम ऋतु होने पर, देवता, आराम (बगीचा)। तलाव आदि प्रतिष्ठा में तथा उत्सव में, राज्याभिषेक[1] में, बालक के अन्नप्राशन में, वानप्रस्थ आदि आश्रम में जाते

१—(१) प्रजा का परिपालन और राज्य इनको करनेवाला राजा होता है। (२) बहुमत से क्षत्रिय और मेधातिथि आदि के मत से क्षत्रियेतर ब्राह्मणादि भी प्रजापालन तथा करग्रहणकर्ता राजा होता है। (३) त्रैवर्णिकेतर राजा का राजाभिषेकसंस्कार पौराणिकमन्त्र से या विना मन्त्र के होता है। (वीरमित्रोदय)। (४) पिता या पुरोहित आदि जो राजा को राजगद्दी पर विधि से बैठाते हैं उसको राजाभिषेक अथवा राजाभिषेक कहते हैं। (५) राजाभिषेक राजा का संस्कार है (वीरमित्रोदय)। (६) ज्येष्ठपुत्र राज्याधिकारी होता है कनिष्ठादि नहीं होते हैं (कालिकापु०।रामायण) (७) ज्येष्ठ-पुत्र का पुत्र और कनिष्ठ का पुत्र इन दोनों में से ज्येष्ठपुत्र का पुत्र अधिकारी है। (महाभारत)। (८) क्लीव, पतित, जन्मान्ध, उन्मत्त आदि राज्याधिकारी नहीं होते हैं। (मनु)। (९) राज्याभिषेक का काल [illegible]धर्मोत्तरपुराण, ब्रह्मपुराण और ज्यौतिष ग्रन्थों में वर्णित है। (१०) पूर्व राजा के मरणानन्तर द्वितीय राजा के राज्याभिषेक [illegible] विशेष विचार नहीं है (विष्णुधर्मोत्तरपुराण)। (११) पूर्व राजा के अस्वस्थ होने के कारण द्वितीय राजा के राज्याभिषेक में भी मुहूर्त का विशेष विचार नहीं है। (वीरमित्रोदय)। (१२) जैसा राजाभिषेक है वैसा संवत्सराभिषेक, पुष्पाभिषेक, जयाभिषेक आदि भी अभिषेक हैं। राज्याभिषेकानन्तर इच्छा हो तो वे भी कर्तव्य हैं। (१३) राज्याभिषेक का फल बौधायनसूत्र में वर्णित है। (१४) राजाभिषेककी विधि-अथर्ववेदीयगोपथब्राह्मण, ऐतरेयब्राह्मण, सामविधानब्राह्मण, कौशिकसूत्र, बौधायनसूत्र, शौनककृत-बृहत्ऋग्विधान, वसिष्ठसंहिता, अथर्वपरिशिष्ट, रामायण, महाभारत, ब्रह्मपुराण, विष्णुधर्मोत्तरपुराण, हेमाद्रि, नीतिमयूख, नीतिप्रकाश, शान्तिसार, पूर्तकमलाकर, देवभद्रपद्धति, अनन्तदेवपद्धति, अनन्तभट्टपद्धति, विश्वेश्वरभट्टपद्धति आदि में है। (१५) राज्याभिषेक का पूरा सम्बन्ध अथर्ववेद से है। अतः राज्याभिषेक का सब कार्य अथर्ववेद के मन्त्रों से होता है। (१६) राज्याभिषेक की लिखित पद्धतियों से अथर्ववेद के मन्त्र पूरे-पूरे नहीं लिखे गये हैं। सिर्फ आदि के दो दो पद लिखे गये हैं अब अथर्ववेद का पठन पाठन नहीं है अतः उपस्थित अथर्ववेद नहीं है। अतः कर्मकाण्डी लोग अथर्ववेद के मन्त्रों को नहीं पढ़ते हैं किन्तु छोड़ देते हैं। (१७) हवनमन्त्रों में तो और भी गड़बड़ है मन्त्र समुदाय को सूक्त और सूक्तसमुदाय को गण कहते हैं। गण से हवन विहित है किस किस गण से कितने और कौन मन्त्र हैं यह किसी पद्धतिकार ने प्रायः नहीं लिखा है। (१८) नीतिमयूख, पूर्तकमलाकर और अथर्ववेद के सायणभाष्य में कुछ गणों का संकेत किया है उनका परस्पर मेल नहीं है एक दूसरे से भिन्न हैं अतः इन मन्त्रों को प्रमाणित करके ठीक करना बहुत आवश्यक है। (१९) राजपूताना आदि में राज्याभिषेक होता ही नहीं है। दरभङ्गा आदि भी अपने को क्षत्रिय न मानकर राज्याभिषेक नहीं करते हैं। जो करते हैं उनके यहाँ वंशपरम्परा से उसके आचार्य आदि निर्णीत हैं वे जो चाहें सो करें अतः राज्याभिषेक की वस्तुतः कोई अच्छी पद्धति तय्यार नहीं है। (२०)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हुए पहले दिन या उसीदिन पितरों को पूर्वोक्त विधान से कर्मसिद्धि के लिए तृप्त करे। आदि पद से संन्यास का ग्रहण करे।

विष्णुपुराणे—यज्ञोद्वाहप्रतिष्ठासु मेखलाबन्धमोक्षयोः।
पुत्रोत्पत्तौ वृषोत्सर्गे वृद्धिश्राद्धं समाचरेत् ॥

विष्णुपुराण में कहा है—यज्ञ, विवाह और प्रतिष्ठा में, मेखलाबन्धन और मोक्ष (त्याग) में, पुत्रोत्पत्ति में तथा वृषोत्सर्ग (काम्यवृषोत्सर्ग में प्रेतत्वनिवृत्ति में न करे। क्योंकि वृषोत्सर्ग तो श्राद्ध का अंग है।) में वृद्धिश्राद्ध करे।

तत्रैव—नामकर्मणि बालानां चूडाकर्मादिके तथा। इत्युक्तेर्निष्क्रमान्नप्राशनयोर्न श्राद्धमिति मैथिलाः। तन्न, पूर्वोक्तविरोधात् 'नानिष्ट्वा' इति निषेधात्।

वहीं पर कहा है—लड़कों के नामकर्म में और चूडाकर्म आदि में वृद्धिश्राद्ध करे—ऐसा कहने पर निष्क्रमण और अन्नप्राशन में वृद्धिश्राद्ध न करे—एसा मैथिल कहते हैं। यही उचित नहीं है। क्योंकि पूर्वोक्त वचनों का विरोध है। तथा 'नानिष्ट्वा'—बिना श्राद्ध के न करे—यह निषेध है।

सुतोत्पत्तौ तथा श्राद्धमन्नप्राशनिके तथा। इति राजमार्तण्डाच्च।

और राजमार्तण्ड में कहा है—पुत्रोत्पत्ति में तथा अन्नप्राशन में वृद्धिश्राद्ध होता है।

राज्याभिषेक के मन्त्रों का अर्थ भी हिन्दी या संस्कृत में दिया जाय तो और भी अच्छा हो। (२१) षोडशोपचार पूजा आदि में जिन मन्त्रों का प्रयोग वर्तमान समय में होता है वे मन्त्र उस अर्थ को नहीं कहते हैं जैसे—त्वां गन्धर्वाः, अक्षन्नमीमदन्त, धूरसि, इत्यादि मन्त्रों से गन्ध, अक्षत, और धूप अर्थ के बोधक नहीं है अतः इनके स्थान में तत्तत् अर्थवाची मन्त्र रखें जांय। एवं सिंहासन, छत्र, चामर, शङ्ख, कट्टार आदि के भी वैदिकमन्त्रों का अन्वेषण अत्यावश्यक है। (२२) एक भूमिका भी उसके साथ रहे जिसमें राजप्रशंसा, राजा की आवश्यकता, राजद्रोह–निन्दा, राजभक्ति, विहितराजधर्म, निषिद्धराजधर्म, राजा के दैनिककृत्य, मासकृत्य, वर्षकृत्य, राजा के सहाय, राजा के अमात्य, लेखक, दुर्गलक्षण, पुरनिर्माण, अनुजीवि, निवासयोग्यस्थान, सप्ताङ्गवर्णन, उपाय, राजमण्डल, षाड्गुण्य, शुभस्वप्न, यात्राप्रकरण, देवपूजनप्रकरण, विदुरनीति, शुक्रनीति, और कौटिलीयअर्थशास्त्र के कुछ प्रकरण हों। (२३) सिंहासन, छत्र, चामर, पट्ट, [illegible]लक्षण और प्रमाण पुराण, और वाराहीसंहिता में है। (२४) विष्णुधर्मोत्तरपुराण में प्रथमदिन [illegible]शान्ति, द्वितीय और तृतीयदिन राज्याभिषेक एसे तीन दिन में राज्याभिषेक करना लिखा है। (२५) अथर्वपरिशिष्ट में प्रथम विनायकशान्ति का भी विधान है। अतः परिशिष्ट कारके मत से चार दिन का विधान है। (२६) कमलाकरभट्ट और विश्वेश्वरभट्ट आदि आठ दिन में इसका कार्यक्रम मानते हैं यही कार्यक्रम आजकल प्रचलित है। (२७) शरीरशुद्धयर्थसर्वप्रायश्चित्त किया जाय तो एकदिन और भी बढ़ सकता है। (२८) अभिषेक के दिन कुछ राजसूयसम्बन्धिकृत्य भी पद्धतिकारों ने लिखा है वह भी होता है। (२९) इसके लिए अनेक नदी-नद-ह्रद-वापी समुद्र, झरने, कूप-सरोवरों का जल संग्रह प्रथम से ही होता है। (३०) शौनक ने १०० और रामायण में ५०० नदीजल से अभिषेक कहा है। गोप्रसवजल, युद्धस्थलजल और ओस का भी जल ग्राह्य है। (३१) इसमें एक विद्वान् कर्मनिरीक्षण वेदरहस्यज्ञ, शान्त, अलोलुप प्रत्येक ऋत्विक् के किये हुए कर्म का ज्ञाता, वेदार्थज्ञ, सुशिक्षित होना चाहिये। यथासंभव हर एक ऋत्विक् अर्थ जानने वाले होने चाहियें जो ऋत्विक् वंशपरंपरा से नियत हैं। तदतिरिक्त अन्य ऋत्विक् उत्तमोत्तम रहने चाहियें। (३२) राजा को प्रतिवर्ष न हो सके तो एक दो बार भी कोटिहोम, अयुत (१००००००) होम, अथवा लक्षहोम या महारुद्रयाग, विष्णुयाग भी करने को लिखा है। यदि इस राज्याभिषेक के अवसर पर एक पृथक् मण्डप में इसको भी कर दिया जाय तो बहुत उत्तम होता है। (३३) अभिषेककर्ता ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और सौभाग्यवती स्त्रियाँ होती है। (३४) मण्डप १६ हाथ का, कुण्ड ६ या ५ या १ होता है। एक स्नानवेदी होती है। ऋत्विक् १६ या २४ या ३२ होते हैं। वरणसामग्री में पीताम्बर, उपरना, दुशाला, रजतपात्र, सुवर्णांगुलीयक होनी चाहिये। कलश सुवर्ण के ४ रजत के ४ तथा ताम्रादिक के होंगे शेष सामग्री साधारण है। कोटिहोमादि किये जाय तो उसमें हवनसामग्री और वरणसामग्री स्वतन्त्र होगी। (३५) इसमें कुछ दान भी होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्तु छन्दोगपरिशिष्टम्—सूर्येन्द्वोः कर्मणी ये च तयोः श्राद्धं न विद्यते । इति, तत्तेषामेवेति कल्पतरुः ।

जो छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है—सूर्य और चन्द्रमा के जो कर्म हैं उनमें श्राद्ध नहीं होता है । वह उन्हीं लोगों (छन्दोगों) के लिए ही है—एसा कल्पतरु ने कहा है ।

बह्वृचकारिकायाम्—स्यादाभ्युदयिकं श्राद्धं वृद्धिपूर्तेषु कर्मसु । पुंसः सवनसीमन्तचौलोपनयनेष्विह ॥ विवाहे चानलाधेयप्रभृतिश्रौतकर्मसु । इदं श्राद्धं प्रकुर्वन्ति द्विजा वृद्धिनिमित्तकम् ॥ अन्यैः षोडशसंस्कारश्रावण्यादिष्वपीष्यते । वाप्याद्युद्यापनादौ तु कुर्युः पूर्तनिमित्तकम् ॥

बह्वृचकारिका में कहा है—वृद्धि और पूर्तकर्मों में—पुंसवन, सीमन्त, चौल और उपनयन इन कर्मों में आभ्युदयिकश्राद्ध होता है । विवाह तथा अग्न्याधान आदि श्रौतकर्मों में वृद्धिनिमित्तक आभ्युदयिकश्राद्ध करते हैं । अन्य सोलहसंस्कार और श्रावणी आदि द्विज भी करते हैं । वापी आदि उद्यापन आदि में तो पूर्तनिमित्तक करते हैं ।

वोपदेवकालादर्शौ—सीमन्तव्रतचौलनामकरणान्नप्राशनोपायनस्नानाधानविवाहयज्ञतनयोत्पत्तिप्रतिष्ठासु च । पुंसूत्यावसथप्रवेशनसुतावास्यावलोकाश्रमस्वीकारक्षितिपाभिषेकदयिताद्यर्तौ च नान्दीमुखम् ॥

वोपदेव और कालादर्श में कहा है—सीमन्त, व्रत, चौल, नामकरण, अन्नप्राशन, उपायन (शिष्य बनना) स्नान, आधान (अग्न्याधान) विवाह, यज्ञ, पुत्रजन्म और प्रतिष्ठा में, पुंसवन, आवसथ (गृह) प्रवेश, पुत्रका प्रथम मुखदर्शन, आश्रमस्वीकार, राजा को अभिषेक और प्रथम ऋतु के होनेपर नान्दीमुखश्राद्ध करे ।

यत्तु कामधेनौ—जलाशयप्रतिष्ठायां वृषोत्सर्गादिकर्मसु । वत्सराभ्यन्तरे पित्रोर्वृषस्योत्सर्गकर्मणि ॥ वृद्धिश्राद्धं न कुर्वीत तदन्यत्र समाचरेत् ॥ इति । तत्र जलाशये वृद्धिश्राद्धस्य निषेधो न तु कर्माङ्गस्येति केचित् । अन्ये त्वस्य निर्मूलतामाहुः ।

जो कामधेनु में कहा है—जलाशय की प्रतिष्ठा और वृषोत्सर्ग आदि कर्मों में संवत्सर के मध्य में पिता तथा माता के वृषोत्सर्गकर्म में वृद्धिश्राद्ध न करे । उससे अन्यत्र करे । वहाँ पर जलाशय में वृद्धिश्राद्ध का निषेध है न कि कर्माङ्ग का है—यह किसी का मत है । अन्य तो इसको निर्मूल कहते हैं ।

श्राद्धकौमुद्यां निर्णयामृते च मात्स्ये—अन्नप्राशे च सीमन्ते पुत्रोत्पत्तिनिमित्तके । पुंसवे च निषेके च नववेश्मप्रवेशने ॥ देववृक्षजलादीनां प्रतिष्ठायां विशेषतः । तीर्थयात्रावृषोत्सर्गे वृद्धिश्राद्धं प्रकीर्तितम् ॥ इदं चावश्यकम् ,

श्राद्धकौमुदी में और निर्णयामृत में मत्स्यपुराण का वचन है—अन्नप्राशन में, सीमन्त में, पुत्रोत्पत्ति निमित्त में, पुंसवन, निषेक (गर्भाधान) में, नये घर में प्रवेश के समय में, देवता, वृक्ष, जल आदि की, विशेष प्रतिष्ठा में, तीर्थयात्रा और वृषोत्सर्ग में वृद्धिश्राद्ध कहा है । यह आवश्यक है ।

वृद्धौ न तर्पिता ये वै पितरो गृहमेधिभिः । तद्धीनमफलं ज्ञेयमासुरो विधिरेव सः ॥ इति शातातपोक्तेश्च ।

शातातप ने कहा है—जिन गृहमेधियों ने पितरों को वृद्धि में तृप्त नहीं किया वे हीनफल से युक्त हैं और वह आसुर(राक्षस)विधि है ।

(नान्दीश्राद्धादिविचार)

अत्र श्राद्धत्रयं स एवाह—मातृश्राद्धं तु पूर्वं स्यात्पितॄणां तदनन्तरम् ।
ततो मातामहानां च वृद्धौ श्राद्धत्रयं स्मृतम् ॥

यहाँ पर तीन श्राद्ध को वृद्धि में उन्होंने ही कहा है—मातृश्राद्ध पहले कहा है और पितृश्राद्ध को बाद में कहा है । तदनन्तर मातामह का श्राद्ध कहा है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत्कालमाह पृथ्वीचन्द्रोदये गार्ग्यः—मातृश्राद्धं तु पूर्वे स्यात्पितॄणां तदनन्तरम् ।
ततो मातामहानां च वृद्धौ श्राद्धत्रयं स्मृतम् ॥

उसका समय पृथ्वीचन्द्रोदय में गार्ग्य ने कहा है—मातृश्राद्धको पूर्वाह्णकाल में, मध्याह्नकालमें पितृश्राद्ध और अपराह्णकाल में मातामह का श्राद्ध होता है। वृद्धि में तो तीनों होते हैं।

अशक्तौ वृद्धशातातपः—पूर्वाह्णे मातृकं श्राद्धं मध्याह्ने पैतृकं तथा।
ततो मातामहानां च वृद्धौ श्राद्धत्रयं स्मृतम् ॥

अशक्ति में वृद्धशातातप ने कहा है—पूर्वाह्ण[1] में माता का श्राद्ध, मध्याह्न में पिता का और अपराह्न में मातामह का श्राद्ध होता है। वृद्धि में तीनों श्राद्ध होते हैं।

अत्राप्यशक्तौ स एव—पृथक्दिनेष्वशक्तश्चेदेकस्मिन् पूर्ववासरे ।
श्राद्धत्रयं प्रकुर्वीत वैश्वदेवं तु तान्त्रिकम् ॥

इसमें भी अशक्त में तो वही ही कहा है--तीनों को एकदिन में करने में अशक्त हो तो अलग अलग दिनों में श्राद्धत्रय को करे और विश्वदेव को तन्त्र से करे।

वृद्धमनुरपि—अलाभे भिन्नकालानां नान्दीश्राद्धत्रयं बुधः। पूर्वेद्युर्वै प्रकुर्वीत पूर्वाह्णे मातृपूर्वकम् ॥ अत्र 'महत्सु पूर्वेद्युस्तदहरल्पेषु' इति गृह्यपरिशिष्टात् व्यवस्था ज्ञेया। तच्च प्रातरेव। पार्वणं चापराह्णे तु प्रातर्वृद्धिनिमित्तकम्। इति शातातपोक्तेः। अत्र प्रातः शब्दः सार्धप्रहरपरः। प्रहरोऽप्यर्धसंयुक्तः प्रातरित्यभिधीयते। इति गार्ग्योक्तेरिति पृथ्वीचन्द्रः। इदं च पुत्रजन्मातिरिक्तविषयम्।

वृद्धमनु ने भी कहा है—भिन्न समयों के अलाभ में तीनों नान्दीश्राद्धों को विद्वान् पहले दिन पूर्वाह्ण में मातृपूर्वक करे। यहाँ पर बहुतों के मत से पहले दिन और अल्पों के मत से उसीदिन करे—यह गृह्यपरिशिष्ट की व्यवस्था जानना चाहिये।

वह प्रातःकाल ही होता है। पार्वणश्राद्ध अपराह्न में और वृद्धिनिमित्तक श्राद्ध प्रातःकाल होता है--यह शातातप ने कहा है। यहाँ पर [2]प्रातःशब्द सार्धप्रहर (डेढप्रहर) परक है। आधे से युक्त प्रहर को प्रातःकाल कहते हैं। और यह पुत्रजन्म से अतिरिक्त विषयक है।

तदाहात्रिः—पूर्वाह्णे वै भवेद् वृद्धिर्विना जन्मनिमित्तकम्। पुत्रजन्मनि कुर्वीत श्राद्धं तात्कालिकं बुधः॥ इति, एतदनियतनिमित्तपरम्, नियतेषु निमित्तेपु प्रातर्वृद्धिनिमित्तकम्। तेषामनियतत्वे तु तदानन्तर्यमिष्यते ॥ इतिलौगाक्षिस्मृतेः। आधानाङ्गं नान्दीश्राद्धं त्वपराह्णे एव, आमश्राद्धं तु पूर्वाह्णे सिद्धान्नेन तु मध्यतः। पार्वणं चापराह्णे तु वृद्धिश्राद्धं तथाग्निकम् ॥ इति निर्णयामृते गालवोक्तेः।

उसी बात को अत्रि ने कहा है—जन्मनिमित्तक के बिना पूर्वाह्ण में ही वृद्धिश्राद्ध करे। पुत्रजन्म में विद्वान् उसीसमय श्राद्ध करे। यह अनियतनिमित्त परक है। (अर्थात् जिनका नियम नहीं है) लौगाक्षिस्मृति में कहा है--नियत निमित्तों में प्रातःकाल और अनियत निमित्तों में क्रम से वृद्धिश्राद्ध करे। आधानका अंग नान्दीश्राद्ध तो अपराह्न में ही करे। निर्णयामृत में गालव ने कहा है--आमान्न से श्राद्ध को पूर्वाह्ण में, सिद्धान्न से मध्याह्न में, अपराह्न में पार्वण और अग्निक (साग्निक) को वृद्धिश्राद्ध अपराह्न में करना चाहिये।

१--माता पितामही चैव सा पूज्या प्रपितामही। पित्रादयस्त्रयश्चैव मातुः पित्रादयस्तथा ॥ एते नवार्चनीयाः स्युः पितरोऽभ्युदये द्विजैः। मात्स्ये--उत्सवानन्दसन्ताने यज्ञोद्वाहादिमङ्गले। मातरः प्रथमं पूज्याः पितरस्तदनन्तरम् ॥ ततो मातामहाः पूज्या विश्वेदेवास्तथैव च। आनन्दो यज्ञादिः।

२--प्रातःशब्दः प्रथमघटिकात्रयवाचीतिनारायणवृत्तिकृत्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नान्दीमुखाह्वयं प्रातराग्निकं त्वपराह्णतः। इति विष्णूक्तेश्च। इदं च मातृपितृमातामहादिक्रमेण नवदैवत्यं कार्यम्। तत्र मातामहाः सपत्नीकाः। 'वृद्धप्रमातामहप्रमातामहमातामहानां सपत्नीकानाम्' इति पृथ्वीचन्द्रोदये गारुडे गद्यरूपेण पाठात्।

और विष्णु ने भी कहा है—नान्दीमुख को प्रातःकाल करे और अपराह्ण में आह्निक करे।

और यह माता, पिता, मातामह आदि क्रम से नवदैवत्य करना चाहिये। वहाँ पर मातामह को सपत्नीक करे। 'वृद्धप्रमातामह-प्रमातामह-मातामहानां सपत्नीकानाम्' एसा पृथ्वीचन्द्रोदय में गरुडपुराण का गद्यरूप से पाठ है।

हेमाद्रौ शङ्खः—नान्दीमुखे सत्यवसू सङ्कीर्त्यौ वैश्वदेविके।

हेमाद्रि में शंख ने कहा है—नान्दीमुख में सत्य और वसु विश्वदेवा कह गये हैं।

वृद्धपराशरः—नान्दीमुखेभ्यो देवेभ्यः प्रदक्षिणकुशासनम्।
पितृभ्यस्तन्मुखेभ्यश्च प्रदक्षिणमिति स्मृतिः॥

वृद्धपराशर ने कहा है—नान्दीमुखश्राद्ध देवताओं के लिए प्रदक्षिणक्रम से कुशासन दे। प्रधान पितरों वाले देवताओं के लिये वैसे ही प्रदक्षिण आसन दे।

यत्तु वृद्धवसिष्ठः—नान्दीमुखे विवाहे च प्रपितामहपूर्वकम्।
नाम सङ्कीर्तयेद्विद्वान् अन्यत्र पितृपूर्वकम्॥

और जो वृद्धवसिष्ठ ने कहा है—नान्दीमुख और विवाह में प्रपितामहपूर्वक विद्वान् नाम का उच्चारण करे अन्यत्र कर्मों में तो पितृपूर्वक करे।

यच्च स्मृत्यर्थसारे—वृद्धमुख्यास्तु पितरो वृद्धिश्राद्धेषु भुञ्जते। इति। यच्च गारुडे—व्युत्क्रमप्रतिपादनं तच्छाखान्तरविषयम्, 'पितृभ्यः पितामहेभ्यः प्रपितामहेभ्यः इति' वह्वृचपरिशिष्टे कात्यायनेन चानुलोम्याम्नानात्। पृथ्वीचन्द्रोदयेऽप्येवम्। यत्तु केचिद्वृद्धिपदं पित्रादिषु प्रयुञ्जन्ते। तन्न, अनस्मद्वृद्धशब्दानामरूपाणामगोत्रिणाम्। अनाम्नामतिलाद्यैश्च नान्दीश्राद्धं तु सव्यवत्॥ इति पृथ्वीचन्द्रोदये सङ्ग्रहोक्तेः। न च निषेधादेव विधिः कल्प्यत इति वाच्यम्, प्रौष्ठपदीश्राद्धे प्रपितामहात्परेषां वृद्धपित्रादीनां देवतात्वान्नान्दीश्राद्धत्वसाम्येनेहापि तत्प्राप्तौ निषेधात्। गोत्रनामादिनिषेधस्तु—शुभार्थी प्रथमान्तेन वृद्धौ सङ्कल्पमाचरेत्। इत्युपक्रम्य अनस्मद्वृद्धशब्दानाम् इत्युक्तेः सङ्कल्पः श्राद्धपरः, 'सपिण्डके तु सर्वं भवति' इति प्रयोगपारिजातात्। गोत्रनामभिरामन्त्र्य पितृभ्योऽर्घ्यं प्रदापयेत्। इति छन्दोगपरिशिष्टे तद्विधानात्।

और जो स्मृत्यर्थसार में कहा है—वृद्धिश्राद्धों में वृद्ध मुख्य पितर भोजन करते हैं। और जो गरुडपुराण में विपरीतक्रम प्रतिपादन किया है वह शाखान्तरविषयक है। 'पितृभ्यः पितामहेभ्यः प्रपितामहेभ्यः' एसा वह्वृचपरिशिष्ट में कात्यायन ने अनुलोम कहा है। पृथ्वीचन्द्रोदय में भी यही है। जो कोई वृद्धिपद को पित्रादियों में प्रयोग करते हैं। यह उचित नहीं है। जिसमें वृद्धिशब्द न हो, रूप, गोत्र, नाम न हो उनका नान्दीश्राद्ध तिल आदि के विना सव्य के सदृश करे—एसा पृथ्वीचन्द्रोदय में संग्रह ने कहा है। कोई कहे कि निषेध से ही विधि की कल्पना करे—यह उचित नहीं है। प्रौष्ठपदी (भाद्रपद की पूर्णिमा) श्राद्ध में प्रपितामह से पर वृद्धपित्रादियों का देवता होने से नान्दीश्राद्ध की समता है इससे इहाँ पर भी उसकी प्राप्ति में निषेध है।

गोत्र, नाम आदि के निषेध में तो—शुभार्थी वृद्धिश्राद्ध में प्रथमान्तपद से संकल्प का आचरण करे। एसा उपक्रम कर 'अनस्मद्वृद्धशब्दानाम्' एसा कहने पर संकल्प श्राद्धपरक है। सपिण्डन में तो सब होता है—एसा प्रयोगपारिजात में कहा है। गोत्र तथा नाम को कहकर पितरों के लिए अर्घ्य को दे—एसा छन्दोगपरिशिष्ट में उस (सपिण्डी) का विधान है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्रयो ह्यश्रुमुखा ह्येते पितरः परिकीर्तिताः ॥

यत्तु ब्राह्मे—पिता पितामहश्चैव तथैव प्रपितामहः। त्रयो ह्यश्रुमुखा ह्येते पितरः परिकीर्तिताः ॥ तेभ्यः पूर्वतरा ये च प्रजावन्तः सुखैधिताः। ते तु नान्दीमुखा नान्दी समृद्धिरिति कथ्यते ॥ इति।

जो ब्रह्मपुराण में कहा है—पिता, पितामह और प्रपितामह ये तीन पितर 'अश्रुमुख' कहे गये हैं। उनमें जो पहले प्रजावाले तथा सुखवृद्धि वाले है वे तो नान्दीमुख हैं। 'नान्दी' समृद्धि को कहते हैं।

यच्च मार्कण्डेयपुराणे—ये स्युः पितामहादूर्ध्वं ते तु नान्दीमुखाः स्मृताः। इति, तज्जीवत्पित्रादित्रिककर्तृकवृद्धिश्राद्धविषयम्। तेन तस्येदमावश्यकम् ॥

और जो मार्कण्डेयपुराण में कहा है—पितामह के बाद जो हैं वे ही नान्दीमुख कहे गये हैं। वह जीवित पित्रादि त्रिककर्तृक वृद्धिश्राद्ध विषयक है। इससे उसके निमित्त यह आवश्यक है।

यत्तु विष्णुः—'पितरि पितामहे प्रपितामहे च जीवति नैव कुर्यात्, इति। तद्दर्शादिविषयमिति कल्पतरुः। मदनपारिजातेऽप्येवम्।

जो विष्णु ने कहा है—पिता, पितामह और प्रपितामह के जीवित में न करे। वह दर्शादिविषयक है—यह कल्पतरु में कहा है। मदनपारिजात में भी यही है।

हेमाद्रिस्तु—नान्दीमुखानां श्राद्धं तु कन्याराशिगते रवौ। पौर्णमास्यां तु कर्तव्यं वराहवचनं यथा ॥ इति प्रौष्ठपदीश्राद्धैकवाक्यत्वात्तत्रैव पूर्वेषां देवतात्वमित्याह। अत्र सत्यवसू विश्वेदेवावित्युक्तं प्राक्।

हेमाद्रि ने तो कहा है—कन्याराशि में गये सूर्य में पूर्णिमासी में नान्दीमुख पितरों का श्राद्ध निश्चय वराहपुराण के वचन से करे। यह प्रौष्ठपदी (भाद्रपद की पूर्णिमा) श्राद्ध की एक वाक्यता से वहाँ पर ही पहलों का देवतात्व कहा है। यहाँ पर सत्य तथा वसु विश्वेदेवा हैं, यह पहले कह चुके है।

यत्तु शातातपः—मातृश्राद्धं तु युग्मैः स्याददैवं प्राङ्मुखैः पृथक्।
इति, तद्भिन्नप्रयोगमातृश्राद्धपरम्।

जो शातातप ने कहा है—माता का श्राद्ध तो पूर्वाभिमुख युग्मब्राह्मणों से अलग अदैव (विश्वेदेव से हीन) होता है। वह भिन्न प्रयोग मातृश्राद्धपरक है।

यच्च मार्कण्डेयपुराणे—विश्वेदेवविहीनं तु केचिदिच्छन्ति मानवाः। इति, तद्भिन्नप्रयोगमातृश्राद्धभिन्नश्राद्धद्वये विश्वेदेवविकल्पार्थम्। प्रयोगैक्ये तु देवनियमः इति हेमाद्रिः। एतच्च मातृपूजापूर्वकं कार्यम्। अकृत्वा मातृयागं यः श्राद्धे परिवेषयेत्। तस्य क्रोधसमाविष्टा हिंसामिच्छन्ति मातरः। इति शातातपोक्तेः।

और जो मार्कण्डेयपुराण में कहा है—कोई मानव विश्वेदेव से विहीन इच्छा करते हैं। वह भिन्न प्रयोग मातृश्राद्धभिन्नश्राद्ध के रूप में विश्वेदेव के विकल्पार्थ है। एकप्रयोग में तो विश्वेदेव का नियम है—यह हेमाद्रि का कहना है और इसको मातृपूजापूर्वक करे। जो मातृयाग (पूजा) को न कर श्राद्ध में परिवेषण करता है तो क्रोधयुक्त हों माताएँ उसकी हिंसा करने की इच्छा करती हैं—एसा शातातप ने कहा है।

कौर्मेऽपि—पुष्पैर्धूपैः सनैवेद्यैर्गन्धाद्यैर्भूषणैरपि।
पूजयित्वा मातृगणं कुर्याच्छ्राद्धत्रयं बुधः ॥

कूर्मपुराण में भी कहा है—पुष्प, धूप, नैवेद्य, गन्ध, भूषण आदियों से भी मातृगण का पूजनकर विद्वान् श्राद्धत्रय करे।

(कर्मादिषु मातॄणां पूजनकथनम्)

छन्दोगपरिशिष्टे—कर्मादिषु तु सर्वेषु मातरः सगणाधिपाः।
पूजनीयाः प्रयत्नेन पूजिताः पूजयन्ति ताः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रतिमासु च शुद्धासु लिखिता वा पटादिषु। अपि वाक्षतपुञ्जेषु नैवेद्यैश्च पृथग्विधैः॥

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है--सब कार्यों के आदि में गणेशदेव के सहित सब माताओं का प्रयत्न से पूजन करे। एसा करने से वे भी उसकी पूजा करती हैं।

शुद्ध-पवित्र प्रतिमाओं पर या रेशमीवस्त्र आदि पर लिखकर या अक्षतों के पुञ्जों (ढेर) पर अलग अलग नैवेद्यों से अर्चन करे।

(वसोर्धाराकरणकथनम्)

कुड्यलग्नां वसोर्धारां सप्तधारां घृतेन तु। कारयेत्पञ्चधारां वा नातिनीचां न चोच्छ्रिताम्॥

दीवाल पर घृत से सात धारा या पाँच धारा 'वसोर्धारा' जो न बहुत नीची न बहुत ऊँची करे।

(शान्त्यर्थमायुष्यमन्त्रजपादिकथनम्)

आयुष्याणि च शान्त्यर्थं जप्त्वा तत्र समाहितः। षड्भ्यः पितृभ्यस्तदनु श्राद्धदानमुपक्रमेत्॥

अत्र सर्वेष्विति ग्रहणाद् ग्रहयज्ञतद्विकारेष्वपि नित्यं श्राद्धम्। नानिष्ट्वा तु पितॄन् श्राद्धे कर्म किञ्चित्समाचरेत्। इति शातातपोक्तेश्च। इयं च वसोर्धारा तच्छाखीयानां नियता, अन्येषां त्वनियता, बह्वल्पं वा स्वगृह्योक्तमित्युक्तेः। करणे त्वभ्युदयः, यन्नाम्नातं स्वशाखायामित्युक्तेः। आयुष्याणि 'आ नो भद्राः' इत्यादीनि। षड्भ्य इति मात्रादित्रिकोपलक्षणमिति पृथ्वीचन्द्रः। छन्दोगानां षड्दैवत्यमन्येषां नवदैवत्यमित्याशार्कः। मम तु मतं कोकिलमतानुसारिणां मातृमातामहप्रमातामहा इति मात्रा सहैव मातामहश्राद्धाकारणात्तद्विषयमिदं षड्भ्य इति।

वहाँ पर समाहितमन (सावधानी मन) से शान्त्यर्थ आयु को बढ़ानेवाले मन्त्रों को कहकर छः पितरों के लिए श्राद्धदान का प्रारम्भ करे। यहाँ पर 'सर्वेषु' इस पद के ग्रहण से ग्रहयज्ञ और उसके विकारों में भी श्राद्ध नित्य है। और शातापन ने कहा है--पितरों का अर्चन किये बिना श्राद्ध में कुछ भी कर्म न करे। और यह वसोर्धारा उनकी शाखा में नियत है। अन्यों को तो नियत नहीं है।[1] बहुत या अल्प (कम) अपने गृह्यसूत्र के अनुसार ग्रहण करे-एसा कहा है। करने में तो अभ्युदय होता है। जो अपनी शाखा में नहीं कहा है--एसा कहा है। आयुष्य[2] मन्त्र 'आ नो भद्रा' इत्यादि मन्त्र हैं। यह माता आदि का उपलक्षण है--एसा पृथ्वीचन्द्रोदय ने कहा है। अशार्क का कहना है--छन्दोगों[3] के यहाँ षड्दैवत्य है और अन्यों[4] के यहाँ नवदैवत्य है। मेरे[5] मत से तो कोकिलमत के अनुसारियों को माता, मातामह और प्रमातामह ये माता के साथ ही मातामहश्राद्ध करने से उनके विषय में यह छः हैं।

१—बह्वल्पं वा स्वगृह्योक्तं यस्य कर्म प्रचोदितम्। तस्य तावति शास्त्रार्थे कृते सर्वः कृतो भवेत्॥ जिनके कल्प सूत्र में जितनी इति कर्तव्यता कही हो उतने कर्म के करने से ही फल मिल जाता है। स्वकं कर्म परित्यज्य यदन्यत्कुरुते नरः। अज्ञानादथवा लोभात्स तेन पतितो भवेत्। 'स्वशाखाविधिमुत्सृज्य त्वन्यस्य विधिमाचरेत्। अप्रमाणमृषिं कृत्वा त्वन्धे तमसि मज्जति'। स्वकं कर्म परित्यज्य यदन्यत्कुरुते नरः। अज्ञानादथवा लोभात्स तेन पतितो भवेत्॥ 'ऋक्शाखी नैव कुर्वीत स्वकीयं परशाखया। प्रमादाद्यदि कुर्वीत पुनः संस्कारमर्हति॥ यत्र नास्ति स्वशाखा चेदृक्शाखोक्तं समाचरेत्। पुनर्नार्हति संस्कारमन्यथाऽर्हति चेत्पुनः॥ यजुःशाखाविधानेन यदि बह्वृचकर्म च। कृतं चापि हि तत्कर्म पुनः कुर्याद्यथाविधि। ऋक्शाखा विधिना कर्म यदि स्यादन्यशाखिनाम्। न तत्कर्म पुनः कुर्यादिति यज्ञविदां मतम्॥

२—आयुषे हितानि आयुष्यं वर्चस्यमित्यादीनि त्रीणि मन्त्रवाक्यानीति नारायणो वृत्तिकृत्। आ नो भद्रा इत्यादीनि दशेति हेमाद्रिः। अत्र जप्त्वेति समानकर्तृकतायां क्त्वाप्रत्ययविधानाद्यजमानकर्तृक एवायं जपो न ऋत्विक्कर्तृक इति बोध्यम् इति स्मार्तप्रभौ।

३—गोभिलसूत्र में दो पार्वण का विधान कहा है। कातीयों को भी यही है—यह किसी का मत है।

४—महालये गयाश्राद्धे वृद्धौ चान्वष्टकासु च। नवदैवतमत्रेष्टम्' इति वचनात्। अत्र—महालये गयाश्राद्धे वृद्धौ चान्वष्टकासु च। शेषं द्वादशदैवत्यं तीर्थे प्रोष्ठे मघासु च॥ इति वचनात् यथासंप्रदायं पक्षत्रयमितिमयूखः।

५—एकेनैव पार्वणेन मातृमातामहयोश्चरितार्थात्त्व षट्त्वानुपपत्तिः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(मातृणां नामानि)

मातरस्तत्रैवोक्ताः—गौरी पद्मा शची मेधा सावित्री विजया जया। देवसेना स्वधा स्वाहा मातरो लोकमातरः ॥ धृतिः (हृष्टिः) पुष्टिस्तथा तुष्टिरात्मदेवतया सह। गणेशेनाधिका ह्येता वृद्धौ पूज्याश्चतुर्दश ॥ मातरो लोकमातर इति सर्वविशेषणम्, तेन चतुर्दशत्वम्। यदा षोडशेति पाठस्तदा देवतान्तरम्।

वहीं पर माताओं[1] को कहा है। गौरी, पद्मा, शची, मेधा, सावित्री, विजया, जया, देवसेना, स्वधा, स्वाहा, माता, लोकमाता, धृति, पुष्टि, तुष्टि और आत्मदेवता, ये गणेश[2] से अधिक हैं। ये वृद्धि में चौदह की पूजा हैं। 'मातरो लोकमातरः'। यहाँ पर मातरः-यह लोकमातरः-का विशेषण हैं। इससे चौदह हैं। अब 'षोडश' यह पाठ स्वीकार करेंगे तो तब मातरः और लोकमातरः ये दोनों अलग अलग देवता होंगे।

(चन्द्रिकामतेऽपि विचारः)

चन्द्रिकायां चतुर्विंशतिमते त्वन्या[3] उक्ताः--तिस्रः पूज्याः पितुः पक्षे तिस्रो मातामहे तथा। इत्येता मातरः प्रोक्ताः पितुर्मातुः स्वसाष्टमी ॥ आसां जीवने प्रत्यक्षं पूजनम्। मृतानां त्वक्षत-पुञ्जेष्विति हेमाद्रिः।

आत्मनः कुलदेवता १७	लोकमातरः १३	देवसेना ९	मेधा ५
तुष्टि १६	मातरः १२	जया ८	शची ४
पुष्टि १५	स्वाहा ११	विजया ७	पद्मा ३
धृति १४	स्वधा १०	सावित्री ६	गौरी २ / गणेश १

(नागरकृतमते)

द.

स्वा.	सा.	वि.	कु.
मा.	प.	गौ.	श.
लो.	अ.	ग.	मे.
स्व.	ज.	दे.	हृ. पु.

प. (left) — पू. (right)

उ.

१—नागरकृतविष्णुयागे तु विशेषः—पञ्चोर्ध्वाः च पञ्च तिर्यक् च रेखाः कार्याः विशेषतः। कोष्ठषोडशके स्थाप्या मातरश्च पृथग् विधाः ॥ कुलदेवीगणेशश्च गौरी पद्मा तथैव च। एता वै मध्यकोष्ठेषु शेषा बै बाह्यमण्डले ॥ वायव्यतिर्यक् कोष्ठेषु गणेशं च समर्चयेत्। तद्दक्षिणेऽर्च्या गौरी च पद्मा तत्पूर्वतः स्मृता। शची च पश्चिमे स्थाप्या देवसेना द्वितीयके। सावित्री दक्षिणे पूज्या विजया च द्वितीयके ॥ जया चैवोत्तरे स्थाप्या देवसेना द्वितीयके। स्वाहाऽऽग्नेय्यां तथा पूज्या स्वधा चैवेशकोष्ठके ॥ पूर्वे तु मातरो लोकमातरश्च द्वितीयके। हृष्टिः पुष्टिस्तु वायव्ये नैर्ऋत्यां तुष्टिरेव च ॥ शेषकोष्ठे ततः स्थाप्या आत्मनः कुलदेवता। अत्र मूलं मृग्यमिति स्मार्तप्रभौ।

२—केचित्तु गणानान्त्वेत्यादिभिस्तत्तल्लिङ्गकैर्वैदिकमन्त्रैः स्थापयन्ति तन्निर्मूलत्वाद्दुपेक्ष्यमिति प्रयोगरत्ने—इति स्मार्तप्रभौ। प्रणवादि नमोन्तं च चतुर्थ्यन्तं च सत्तम। देवतायाः स्वकं नाम मूलमन्त्रः प्रकीर्तितः ॥ इतितन्त्रवचनात्। ॐ गणपतये नमः—इत्येवं मूलमन्त्रः। इत्यत्रान्ते श्रुतमपि गणपतिपूजनमादौ कार्यम्। आदौ विनायकः पूज्यस्त्वदन्ते च कुलदेवता। इति छन्दोगपरिशिष्टोक्तेः।

३—स्थलमातरः—इति पाठभेदः। द्वारमातरः—जयन्ती मङ्गला चैव पिङ्गला दक्षिणे गृहात्। आनन्दवर्धिनी वामे महाकाली च निर्गमे ॥ गृहस्य दक्षिणे भागे तिस्रो लेख्यास्तु मातरः। वामभागे च द्वे च जयन्त्यादिक्रमेण तु ॥ गृह-मातरः—कीर्तिर्लक्ष्मीर्धृतिर्मेधा पुष्टिः श्रद्धा क्रिया मतिः। बुद्धिर्लज्जा वपुः शान्तिस्तुष्टिः कान्तिस्तु मातरः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्रिका में तो चतुर्विंशति मत से अन्य मातायें कहीं हैं—तीन पिता के पक्ष में और तीन मातामह के पक्ष में ये मातायें कहीं हैं। पिता तथा माता की बहिन। इसप्रकार आठ है। इनके जीवन में प्रत्यक्ष पूजन है। मरी हुईयों का तो अक्षत पुञ्जों पर अर्चन करे—यह हेमाद्रि का कहना है।

ब्रह्माण्याद्यास्तथा सप्त दुर्गाक्षेत्रगणाधिपान्। वृद्ध्यादौ पूजयित्वा तु पश्चान्नान्दीमुखान् पितॄन्॥ मातृपूर्वान् पितॄन् पूज्य ततो मातामहानपि। मातामहीस्ततः केचिद्युग्मा भोज्या द्विजातयः॥ इति। अत्र द्वादशदैवतस्य देशाचारतो व्यवस्था।

ब्रह्माणी आदि सात, दुर्गा, क्षेत्रपाल तथा गणाधिप का वृद्धि आदि में पूजन कर बाद में नान्दीमुख का, मातृपूर्वक पितरों का और मातामह आदि तीन पितरों का अर्चन कर पूजन करे। कोई युग्म ब्राह्मणभोजन चाहते हैं। यहाँ पर द्वादश देवता की देशाचार से श्राद्ध में व्यवस्था है।

ब्रह्माण्याद्याः—ब्राह्मी माहेश्वरी चैव कौमारी वैष्णवी तथा। वाराही च तथेन्द्राणी चामुण्डा सप्त मातरः॥ इत्यपरार्के उक्ताः।

ब्रह्माणी आदियों के नाम ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी और चामुण्डा ये सात माताओं को अपरार्क में कहा है। (इनका वसोर्धारा में पूजन करे—यह याज्ञिक मत है)।

(चौलादीनां यौगपद्ये विचारः)

अत्र चौलादीनां यौगपद्ये तन्त्रतोक्ता छन्दोगपरिशिष्टे—गणशः क्रियमाणानां मातृभ्यः पूजनं सकृत्। सकृदेव भवेच्छ्राद्धमादौ न पृथगादिषु॥ मातृभ्यः इति षष्ठ्यर्थे चतुर्थी। गणशः एकानेकपुत्राणां संस्कारेष्वेकदिने एकदेशं कालकर्त्रैक्यादित्यर्थः।

यहाँ पर चूडाकरण आदि का एक साथ हो जाने पर तन्त्रता छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है—एक पुत्र का नामकरण, अन्नप्राशन, चौल और उपनयन जब एक समय में किये जाँय तो उनमें माताओं का पूजन एक बार और एक ही बार वृद्धिश्राद्ध[1] तन्त्र से आदि में करे। अलग अलग न करे।

मातृभ्यः—यह षष्ठी के अर्थ में चतुर्थी है। एक या अनेक पुत्रों के संस्कारों में एकदिन में एकदेश, एककाल तथा एककर्ता होने से होता है।

तथा—असकृद्यानि कर्माणि क्रियेरन् कर्मकारिभिः।
प्रतिप्रयोगं नैव स्युः मातरः सगणाधिपाः॥

और बारंबार (प्रतिदिन, प्रतिमहिना, हरसाल) कर्म को करने वाले जिन कर्मों को करते हैं उनमें प्रतिप्रयोग में गणेश के सहित माताओं की पूजा नहीं होती है।

कर्मावृत्तावपि कुत्र श्राद्धं कार्यं कुत्र नेत्युक्तं तत्रैव—आधानहोमयोश्चैव वैश्वदेवे तथैव च। बलिकर्मणि दर्शे च पौर्णमासे तथैव च। नवयज्ञे च यज्ञज्ञा वदन्त्येवं मनीषिणः। एकमेव भवेच्छ्राद्धमेतेषु न पृथक्-पृथक्॥ एषु प्रतिप्रयोगं नावर्तते किन्त्वादौ। एतद्भिन्ने सोमयागादौ तु प्रतिप्रयोगमावर्तत एव श्राद्धमित्यर्थः।

कर्म की आवृत्ति में भी कहाँ पर श्राद्ध करे कहाँ पर न करे यह वहीं पर कहा है—आधान में, (अग्निहोत्रहोम) में, होम में, वैश्वदेव में, बलिकर्म में, अमावास्या और पूर्णिमा में तथा नवयज्ञ (आग्रयणेष्टि) में यज्ञके जानकार मनीषी ऐसा कहते हैं—एक ही श्राद्ध होता है। इनमें अलग अलग नहीं होता है। इनमें प्रतिप्रयोग आवृत्ति नहीं होती है किन्तु आदि में करे। इससे भिन्न सोमयागादि में तो प्रतिप्रयोगमें आवृत्ति श्राद्ध की होती है—यह अर्थ है।

१—गोभिलगृह्यसूत्रे—२६४ गणशः क्रियमाणेषु मातृभ्यः पूजनं पृथक्। सकृदेव भवेच्छ्राद्धमादौ न पृथगादिषु। गणशः समुदायेन एकस्मिन्दिने। क्रियमाणेषु कर्मसु यथा यजनीयेऽहनि नवयज्ञवास्तुयज्ञगोयज्ञऽश्वमेधयज्ञेषु सर्वोद्देशेनैवमेव मातृपूजनमेकमेव च। वृद्धिश्राद्धं न तु कर्मसमसंख्याकमित्यर्थः। आग्नेयादीनां षण्णामप्युद्देशेन सकृदेव प्रयाजादिवत् तन्त्रेण सिद्धिः। अतएवैकस्मिन् दिने क्रियमाणेषु चूडाकरणोपनयादिषु पूजनमाभ्युदयिकमाचरन्ति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



महालये गयाश्राद्धे वृद्धौ चान्वष्टकासु च।
ज्ञेयं द्वादशदैवत्यं तीर्थे प्रोष्ठे मघासु च॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्वचिदादावपि निषेधमाह स एव—नाष्टकासु भवेच्छ्राद्धं न श्राद्धे श्राद्धमिष्यते।
न सोष्यन्तीजातकर्मप्रोषितागतकर्मसु॥

कहीं आदि में भी निषेध उसी ने ही कहा है—अष्टकाओं में श्राद्ध नहीं होता है। न श्राद्ध में श्राद्ध करना कहा है। सोष्यन्ती (प्राणि के गर्भविमोचन के समय), जातकर्म, प्रोषित (परदेश) से आने पर कर्मों में श्राद्ध नहीं होता है।

विवाहादिः कर्मगणो य उक्तो गर्भाधानं शुश्रुमो यस्य चान्ते।
विवाहादावेकमेवात्र कुर्याच्छ्राद्धं नादौ कर्मणः कर्मणः स्यात्॥

सोष्यन्त्या आसन्नप्रसवायाः 'सोष्यन्तीमभ्युक्ष्य' (पा० गृ० प्र० १।१६) इत्युक्तं कर्म। कात्यायनोक्तस्य श्राद्धस्य पाकप्राधान्यात्तस्य—जातश्राद्धे न दद्यात्तु पक्वान्नं ब्राह्मणेष्वपि। इति निषेधान्न जातकर्मणि नान्दीश्राद्धमित्याशार्कः। आमान्नेन वा कार्यमित्यपि तेनैवोक्तम्। गौडास्तु जातकर्मण्येव निषेधः। पुत्रजन्मनिमित्तकं तु कार्यमेव। 'जन्मन्यथोपनयने' इत्युक्तेः।

विवाह आदि कर्म का समूह जो कहा है और गर्भाधान जो सुना है उसके अन्त में विवाह के आदि में एक ही वार श्राद्ध होता है। प्रत्येककर्म के आदि में नहीं होता है।

सोष्यन्ती—प्रसव शूलवाली को अर्थात्—प्राणि के गर्भ विमोचन के समय में होने वाली शूलवती को। सोष्यन्ती (प्रसव की वेदना को सहती हुई स्त्री को पति जल से अभ्युक्षण करे।) का अभ्युक्षण कर ऐसे कर्म को कहा है। कात्यायन के कहे हुए श्राद्ध में पाकप्रधान है और उसका—जातश्राद्ध में ब्राह्मणों को पक्वान्न न दे यह निषेध है 'इसलिए जातकर्म में नान्दीश्राद्ध न करे—ऐसा आशार्क ने कहा है। या आमान्न से करे—यह भी उसने कहा है गौड तो जातकर्म में ही निषेध कहते हैं। पुत्रजन्म निमित्त तो करे ही। क्योंकि जन्म में तथा यज्ञोपवीत में करे—ऐसा कहा है।

नैमित्तिकमथो वक्ष्ये श्राद्धमभ्युदयात्मकम्। पुत्रजन्मनि तत्कार्यं जातकर्म समं नरैः॥ इति मार्कण्डेयपुराणाचेत्याहुः। हारलतायां श्राद्धविवेके चैवम्। एतेन जातकर्मणि कालान्तरे श्राद्ध-निषेधो न जन्मदिने इति वाचस्पतिमतं परास्तम्। अथ 'निषेककाले' इति वचनात् गर्भाधाने न निषेधः। प्रोषितेति 'प्रोष्येत्य गृहानुपतिष्ठते पुत्रं दृष्ट्वा जपति' इति (पा० गृ० प्र० का० क० १८) विहितं कर्म। विवाहादिः गर्भाधानान्तो यो गृहप्रवेशधृतिहोमचतुर्थीकर्मादिः कर्मसमूह उक्तः सूत्रकारेण, तत्रापि प्रतिकर्म नेत्यर्थः। अन्येऽपि हलाभियोगादयोऽपवादविषयास्तत्रैव ज्ञेयाः। अप्रचारान्नोच्यते।

अब नैमित्तिक में आभ्युदयिकश्राद्ध को कहता हूँ। पुत्रजन्म में जातकर्म के साथ मनुष्यों को उस श्राद्ध करना चाहिये यह मार्कण्डेयपुराण से कहा है। हारलता और श्राद्धविवेक में कहा है। इससे जातकर्म में कालान्तर में श्राद्ध का निषेध है। पुत्रके जन्मदिन में नहीं है यह वाचस्पति का मत परास्त हो गया। इसके बाद निषेककाल (अत्र—निषेककाले सोमे च सीमन्तोन्नयने तथा। ज्ञेयं पुंसवने श्राद्धं कर्माङ्गं वृद्धि-वत्कृतम्॥ इति पारस्करः) में—इस वचन से गर्भाधान में निषेध नहीं है। प्रवास (परदेश) कर घरमें आकर घर में स्थित भार्या, पुत्र आदि से प्रार्थना करे। पुत्र को देखकर जप करे—यह विहित कर्म है। विवाह आदि गर्भाधानान्त, गृहप्रवेश धृतिहोम (इहरति०) चतुर्थीकर्म आदि समूह जो सूत्रकार ने कहा है, वहाँ भी प्रतिकर्म में न करे—यह अर्थ है। अन्य भी हलके अभियोग आदि अपवाद विषय वहीं पर जाना चाहिये। अप्रचार होने से नहीं कहते हैं।

अथात्राधिकारिणः। विष्णुपुराणे—जातस्य जातकर्मादि क्रियाकाण्डमशेषतः। पिता पुत्रस्य कुर्वीत श्राद्धं चाभ्युदयात्मकम्॥ अत्र केचित् जीवत्पितुः साग्नेरेव वृद्धिश्राद्धेऽधिकारः न तु निरग्नेः, न जीवत्पितृकः कुर्याच्छ्राद्धमग्निमृते द्विजः। येभ्य एव पिता दद्यात्तेभ्यः कुर्वीत

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

साग्निकः ॥ पितामहेप्येवमेव कुर्याज्जीवति साग्निकः। साग्निकोऽपि न कुर्वीत जीवति प्रपितामहे ॥ इति चन्द्रिकायां सुमन्तूक्तेरित्याहुः ।

प्रयोगपारिजातेऽप्यनाहिताग्निर्न कुर्यादिति यद् व्याख्यातं, तन्न, अनग्निकोऽपि कुर्वीत जन्मादौ वृद्धिकर्मणि । येभ्य एव पिता दद्यात्तानेवोद्दिश्य तर्पयेत् ॥ इति हारीतोक्तेः । सौमन्तवं तु वृद्धि-श्राद्धभिन्नश्राद्धपरमित्युक्तं मदनरत्ने । श्राद्धपदं पिण्डपितृयज्ञपरमिति पृथ्वीचन्द्रः । निर्णयामृते तु हारीतीयेऽनग्निकोऽनाहिताग्निरभिप्रेतः। पूर्ववचने तु साग्निः स्मार्ताग्निश्चोच्यते । तेनोभयाग्नि-हीनस्य नेत्युक्तम् । तन्न, पूर्वोक्तदिशा गतिसम्भवे अग्निपदस्य स्मार्ताग्निपरत्वे मानाभावात् । वक्ष्यमाणनित्यानित्यसंयोगविरोधात् ।

अब अधिकारियों का निरूपण करते हैं। विष्णुपुराण में कहा है—उत्पन्न हुए पुत्र का जातकर्म—आदि सब क्रियाओं में आभ्युदयिकश्राद्ध पिता करे। (यहाँ पर 'पुत्रस्य' इस पद से पुंस्त्व अविवक्षित है। अतः कन्या के जन्मसमय में भी आभ्युदयिकश्राद्ध को उपांशु करे एसा पूर्वपक्ष है। उत्तर में कहा है—काम्य इष्टियाँ उपांशु करे। 'काम्या इष्टयस्ता उपांशु कर्तव्या' इत्यत्र इष्टीनामिव क्रियाणां प्रथमान्तपदोपात्तत्वात् प्रधाने एव तूष्णीं त्वविधिनाङ्गेऽपीति । तेन कन्याया जातकर्मादौ वृद्धिश्राद्धं समन्त्रकं भवति ।)

यहाँ पर किसी ने कहा है—जिसके पिता जीवित हैं उस अग्निहोत्री को वृद्धिश्राद्ध में अधिकार है, निरग्निक को नहीं है। चन्द्रिकामें सुमन्तु ने कहा है—अग्निहोत्री को छोडकर जीवत्पितृक द्विज श्राद्ध न करे। जिनके लिए ही पिता श्राद्ध करता है उनके लिए साग्निक श्राद्ध करे।

पितामह के जीवनावस्था में साग्निक इसीप्रकार करे। प्रपितामह के जीते हुए भी साग्निक भी न करे।

प्रयोगपारिजात में भी कहा है अनाहिताग्नि श्राद्ध न करे। एसी जो व्याख्या की है 'वह उचित नहीं है अनग्निक भी जन्म आदि में और वृद्धिकर्म में करे। जिनके लिए ही पिता देता है उन्ही को उद्देश्यकर (निमित्त कर) तर्पण करे—एसा हारीत ने कहा है। सुमन्तु का मत तो वृद्धिश्राद्ध से भिन्न श्राद्धपरक है—एसा मदनरत्न में कहा है। श्राद्धपद पिण्डपितृपितृयज्ञ परक है यह पृथ्वीचन्द्रोदय ने कहा है। निर्णयामृत मे तो कहा है हारीत के वचन से अनग्निकपद से कहा है कि जिसने अग्न्याधान न किया हो। पहलके वचन में तो साग्निकपद से श्रौताग्नि और स्मार्ताग्निको कहा है। इससे दोनों अग्नि से हीन न करे—एसा कहा है। यह उचित नहीं है। क्योंकि वृद्धिश्राद्ध भिन्न श्राद्ध की रीति से गति संभव में अग्नि पद का स्मार्ताग्निपरत्व में प्रमाणाभाव है। आगे कहे हुए नित्य (जातकर्मादिकं कुर्यादिति नित्यसंस्कारादिक-मनित्येन वृद्धिश्राद्धेन कुर्यादित्यर्थपर्यवसानात् ।) और अनित्य के संयोग का विरोध है।

पितरो जनकस्येज्या यावद्व्रतमनाहितम् । समाहितव्रतः पश्चात्स्वान् यजेत पितामहान् ॥ इति पृथ्वीचन्द्रोदये यमवचोविरोधाच्च ।

और पृथ्वीचन्द्रोदय में यम वचनका विरोध है—जहाँ तक पितरों की पिता पूजा करता है वहाँ तक सावधान होकर पुत्र करे। तदनन्तर अपने पितामह आदि का अर्चन करे।

अपरार्केऽपि—समावर्तने ब्रह्मचारी स्वयमेव नान्दीश्राद्धं कुर्यात् इत्याह । अतः पूर्वमेव साधुः । बोपदेवोप्येवमाह। यत्तु मतं जीवत्पितुः पुत्रनामकर्मादौ न वृद्धिश्राद्धम्, हारीतीये जन्मादौ इत्यादिशब्देन तत्प्राप्तावपि—उद्वाहे पुत्रजनने पित्र्येष्ट्यां सौमिके मखे। तीर्थे ब्राह्मण आयाते षडेते जीवतः पितुः ॥ इति ।

अपरार्क में भी कहा है—समावर्तन में ब्रह्मचारी स्वयं ही नान्दीश्राद्ध करे एसा कहा है। इसलिए पहला ही साधु है। बोपदेवने भी यही कहा है। जो यह मत है कि जिसके पिता जीवित हों एसे को पुत्र के नामकर्म आदि में वृद्धिश्राद्ध न करे। हारीत ने कहा है कि—'जन्मादौ' इत्यादि शब्द से उसकी प्राप्ति में भी थी। विवाह, पुत्रजन्म, पित्र्येष्टि, (कहीं पर कहा है कि—पुत्र्येष्ट्यां—पुत्रेष्टि में) सोमयाग, तीर्थ में और ब्राह्मण के आने पर ये छ जीवित पिता हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मैत्रायणीयपरिशिष्टे—उद्वाह एव तस्योपसंहारात्। एवं यत्र सुतसंस्कारादिपदं तदप्युद्वाहादिपरमेव इति। तन्न, उद्वाहपदस्य स्वविवाहपरत्वस्यापि सम्भवात्पुत्रविवाहपरत्वे मानाभावात्। (नामकर्मणि बालानां चूडाकर्मादिके तथा। इत्यादिभिर्नित्यश्राद्धस्य चौलाद्यङ्गत्वावगतौ नित्यानित्यसंयोगविरोधाच्च) अतो जन्मादाविति सर्वसंस्कारसङ्ग्रहः।

मैत्रायणीयपरिशिष्ट में कहा है—विवाह में ही उसकी समाप्ति है। इसप्रकार जहाँ पर सुतसंस्कार आदि पद है वह भी विवाह आदि परक ही है। यह उचित नहीं है। विवाह पदका अपने विवाह परत्व में भी संभव है। पुत्र के विवाह परत्व में प्रमाणाभाव है।

(लड़कों के नामकर्म में और चूडाकर्म आदि में 'इत्यादि वाक्यों से नित्यश्राद्ध का चौलादि अंगत्व हो जाने से नित्य और अनित्य संयोग का विरोध है।) इसलिए 'जन्मादौ' इससे सब संस्कारों का संग्रह है।

तथा च कात्यायनः—स्वपितृभ्यः पिता दद्यात्सुतसंस्कारकर्मसु। पिण्डानोद्वाहनात्तेषां तस्याभावे तु तत्क्रमात्॥ सुतानां चौलादिसंस्कारेषु पिता पितृभ्यः पिण्डान् श्राद्धं 'पिण्डदोंशहरश्चैषाम्' इति दर्शनात् उद्वाहनाद्विवाहपर्यन्तं दद्यात्। विवाहश्च प्रथमः। नान्दीश्राद्धं पिता कुर्यादाद्ये पाणिग्रहे बुधः। अत ऊर्ध्वं प्रकुर्वीत स्वयमेव तु नान्दिकम्॥ इति स्मृतेः।

तस्य पितुरभावे तत्क्रमात्—असंस्कृतास्तु संस्कार्या भ्रातृभिः पूर्वसंस्कृतैः। इति यः कर्तृक्रमस्तेनक्रमेण ज्येष्ठभ्रात्रादिर्दद्यादिति चन्द्रिकादयः।

हेमाद्रिस्तु तस्य पितुरभावे यः पितृव्यमातुलादिः संस्कुर्यात्स तत्क्रमात्संस्कार्यपितृक्रमाद्दद्यान्न तु स्वपितृभ्य इति व्याचख्यौ।

और कात्यायन ने कहा है—पुत्र के संस्कारकर्मों में अपने पितरों के लिए पिता दे। पुत्रों के विवाह के समय पिता के अभाव में उसी क्रम से पुत्र पिण्डों को दें। पुत्रों के चौल आदि संस्कारों में पिता अपने पितृ, पितामह, प्रपितामह के लिए पिण्डों का श्राद्ध करे। क्योंकि—पिण्ड देने वाला और उनके अंश का भागी पुत्र होता है—एसा देखा है पिता—पुत्रों के मुण्डनादि संस्कारों में विवाहपर्यन्त पिण्ड दे। विवाह भी पहला ग्रहण करे। पहले पाणिग्रहण में बुद्धिमान् पिता नान्दीश्राद्ध करे। (यदि पिता देशान्तर में गया हो या मर गया हो तो और पितामह आदि न हों तो तब स्वयं ही नान्दीश्राद्ध करे।) इसके बाद स्वयं ही नान्दीश्राद्ध करे एसा स्मृति में कहा है।

उसके पिता के अभाव में उसके क्रम से ('पिता पितामहो भ्राता' इत्यादि वचन से पितामह आदि अपने पितरों के लिए ही नान्दीश्राद्ध करें। विवाह में तो पितामह के बाद करे। उपयनय में तो पितृव्य के बाद भाई करे।) जिनका संस्कार नहीं हुआ है उनका संस्कार वे भाई करें जिनका संस्कार पहले हो चुका है। यह जो कर्ता का क्रम है उस क्रम से ज्येष्ठ भाई आदि दे—एसा चन्द्रिका आदि में कहा है। (जहाँ पर ज्येठी बडी कन्या हो या छोटा भाई हो वहाँ पर किसीप्रकार भाई का उपनयन कर बाद में कन्यादान नहीं होता है।)

हेमाद्रिने तो कहा है—उसके पिता के अभाव में जो पितृव्य, मामा आदि संस्कार करें वह जिसका संस्कार होगा उसके ही पितृक्रम से दे अपने पितृक्रम से न दें—एसी व्याख्या की है।

समावर्तनस्यापि विवाहप्राचीनसुतसंस्कारत्वात्पितैव नान्दीश्राद्धं कुर्यात्। तदभावे ज्येष्ठभ्रात्रादिः तदभावे स्वयमेव कुर्यात्। उपनयनेन कर्माधिकारस्य जातत्वात्। एवमाद्यविवाहेऽपीति पृथ्वीचन्द्रोदयचन्द्रिकादयः। मदनरत्नेऽप्येवम्। यदा तु पितरि संन्यस्ते प्रोषिते पतिते वा धर्मार्थं तत्पुत्रमन्यः संस्कुर्यात्तदा संस्कार्यपितुः पितामहादिभ्यो दद्यात्।

समावर्तन भी विवाह से पहले पुत्रका संस्कार होने से पिता ही नान्दीश्राद्ध करे। उसके अभाव में बड़ा भाई आदि करें उनके अभाव में स्वयं ही करे। उपनयन होने से अधिकार हो जाता है। इस

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रकार पहले विवाह में भी करे—यह पृथ्वीचन्द्रोदय, चन्द्रिका आदि का मत है। मदनरत्न में भी यही है। जब पिता के संन्यास ग्रहण करने पर, परदेश जाने पर या पतित होने पर उसका पुत्र धर्मार्थ दूसरा संस्कार करे तो जिसका संस्कार हो रहा है उसके पिता आदियों के लिए दे।

पितरो जनकस्येज्या यावद्व्रतमनाहितम्। समाहितव्रतः पश्चात्स्वान् यजेत पितामहान्॥ इति पृथ्वीचन्द्रोदये यमोक्तेः।

पृथ्वीचन्द्रोदय में यम ने कहा है—जहाँ तक जनक (पिता) पितरों को अर्चना (पूजा) करता है। वहाँ तक सावधान चित्त से पुत्र करे। वादमें अपने पितामहादियों की पूजा करे।

जीवत्पितृकस्य विशेषमाह कात्यायनः—वृद्धौ तीर्थे च संन्यस्ते ताते च पतिते तथा।
येभ्य एव पिता दद्यात्तेभ्यो दद्यात्स्वयं सुतः॥

जीवित्पितृक का विशेष (देवताविशेष) कात्यायनने कहा है-वृद्धिश्राद्ध में और तीर्थश्राद्ध में पिता के संन्यास ग्रहण में और पतित हो जाने पर जिनके लिए पिता देता है उन्हीं के लिए स्वयं पुत्र को देना चाहिये।

यत्तु बह्वृचपरिशिष्टे—जीवत्पिता सुतसंस्कारेषु मातृमातामहयोः कुर्यात् तस्यां जीवन्त्यां मातामहस्यैव इति, तत्तच्छाखीयानामेवेति दिक्।

जो बह्वृचपरिशिष्ट में कहा है—जीवत्पिता पुत्र के संस्कारों में माता और मातामह का श्राद्ध करे। उनके जीवित रहने पर मातामह का ही करे। वह आश्वलायनशाखावालोंके लिये ही है।

स्मृतितत्त्वादिगौडग्रन्थेषु जीवन्मातृकः पितामह्यादिभ्यो वृद्धौ दद्यात्, जीवन्तमपि दद्यात् वा प्रेतायान्नोदके द्विजः। इति कात्यायनोक्तेः।

स्मृतितत्त्व आदि गौडग्रन्थों में तो कहा है—जिसकी माता जीती हो वह पितामही आदि के लिए वृद्धि में दे। क्योंकि—कात्यायन ने कहा है—जीती हुई हो या मृतक प्रेत के लिए अन्न और जल द्विज दे।

जीवे तस्मिन् सुताः कुर्युः पितामह्याः सहैव तु। तस्यां चैव तु जीवन्त्यां तस्याः श्वश्र्वेति निश्चयः॥ इति हारीतोक्तेश्चेत्युक्तम्। तस्मिन्=भर्तरि। दाक्षिणात्यास्तु पूर्वोक्तस्य सपिण्डीकरणादिविषयत्वात्। जीवेत्तु यदि वर्गाद्यस्तं वर्गं तु परित्यजेत्। इति वचनात्तद्वर्गस्य लोप एवेत्याहुः।

हारीत ने भी कहा है—उसके पतिके जीवित रहने पर पितामही के साथ पुत्र करें उसके जीवित रहने पर निश्चय उसकी सास करे। तस्मिन् का अर्थ है—स्वामी (पति) में। दक्षिणात्य तो पूर्वोक्त वचन सपिण्डीकरणादि के विषय में कहते हैं। यदि वर्गका आदि यदि जीवित है तो उस वर्ग का त्याग करे। इस वचन से उस वर्ग का लोप ही कहा है।

यत्तु चन्द्रिकायां पारस्करः—निषेककाले सोमे च सीमन्तोन्नयने तथा। ज्ञेयं पुंसवने श्राद्धं कर्माङ्गं वृद्धिवच्च तत्॥ इति। तत्र गर्भाधानादौ कर्माङ्गं जातकर्मादावुक्तं तु वृद्धिश्राद्धं पृथगेव वृद्धिवदित्युक्तेः।

जो चन्द्रिकामें पारस्कर ने कहा है—गर्भाधान, सोमयाग, सीमन्तोन्नयन और पुंसवन में श्राद्धको कर्मांग जानना चाहिये। वह वृद्धिके समान है। वहाँ पर गर्भाधान आदि में कर्मांग है। जातकर्म आदि में कहा हुआ वृद्धिश्राद्ध अलग ही है। क्योंकि—वृद्धि के तुल्य है, एसा कहा है।

गौडनिबन्धे मात्स्ये—अन्नप्राशे च सीमन्ते पुत्रोत्पत्तिनिमित्तके। पुंसवे च निषेके च नववेश्मप्रवेशने॥ देवव्रते जलादीनां प्रतिष्ठायां तथैव च। तीर्थयात्रावृषोत्सर्गे वृद्धिश्राद्धं प्रकीर्तितम्॥

गौडनिबन्धमें मत्स्यपुराण का वचन है—अन्नप्राशन, सीमन्त और पुत्रोत्पत्ति के निमित्त, पुंसवन, गर्भाधान, नये घर के प्रवेश, वेदव्रत, जल आदि प्रतिष्ठा में और वैसे ही तीर्थयात्रा तथा वृषोत्सर्ग में वृद्धिश्राद्ध को कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र भूतनिमित्तानां वृद्धित्वं, भाविनिमित्तानामङ्गत्वम्। वृद्धिशब्दस्तद्धर्मातिदेशार्थ इति गौडाः। अन्ये तु निषेकादौ कर्माङ्गवृद्धिश्राद्धयोः समुच्चयमाहुः। नान्दीश्राद्धसंज्ञा तूभयाऽनुगता।

यहाँ पर जिनका निमित्त हो चुका है उनमें वृद्धित्व है, भाविनिमित्तों का अंगत्व है। वृद्धिशब्द तो वृद्धि के धर्मों का अतिदेश है यह गौड कहते हैं। अन्य तो निषेक आदि में कर्मांग और वृद्धिश्राद्ध को समुच्चय कहते हैं। नान्दीश्राद्ध—यह संज्ञा तो दोनों में अनुगत (प्राप्त) है।

(अथेतिकर्तव्यता)

अथेतिकर्तव्यता। पृथ्वीचन्द्रोदये वृद्धपराशरः—मालत्याः शतपत्र्या वा मल्लिकाकुब्जयोरपि। केतक्याः पाटलाया वा देया माला न लोहिताः॥ श्राद्धे मालानिषेधस्यायमपवादः।

अब इतिकर्तव्यता को कहते हैं। पृथ्वीचन्द्रोदय में वृद्धपराशरका वचन है—मालती पुष्प, शतपत्र (गेंदा) मल्लिका (चमेली) कुब्ज (केवडे का फूल) केतकी या पाटला (लाल-लोध्र) इनकी माला दे पर लाल माला न दे। श्राद्धमें माला के निषेध का यह अपवाद है।

तथा सुवेषभूषणैस्तत्र सालङ्कारैस्तथा नरैः। कुङ्कुमाद्यनुलिप्ताङ्गैर्भाव्यं सुब्राह्मणैः सह॥ स्त्रियोऽपि स्युस्तथा भूता गीतनृत्यादिहर्षिताः।

और—वहाँ पर सुन्दर वेश आभूषण अलंकारों सहित कुंकुम (केशर) आदि अंगको लगाये हुए मनुष्य (श्राद्ध में) ब्राह्मण मनुष्यों के साथ रहें। स्त्रियां भी वैसे ही गीत—नृत्य—आदि से प्रसन्न रहें।

(मङ्गलकार्येषु दूर्वाग्रहणकथनम्)

हेमाद्रौ ब्रह्माण्डे—कुशस्थानेषु दूर्वाः स्युर्मङ्गलस्याभिवृद्धये। कुशा अपि वक्ष्यन्ते।

हेमाद्रि में ब्रह्माण्डपुराण का वचन है—मंगलकार्य की वृद्धि के लिए कुशाके स्थानमें दूर्वा का ग्रहण करे। कुशा भी आगे कहेंगे।

(भोजने ब्राह्मणादिसंख्याकथनम्)

छन्दोगपरिशिष्टे—प्रातरामन्त्रितान् विप्रान् युग्मानुभयतस्तथा। उभयतः दैवे पित्र्ये च। वैश्वदेवे द्वौ विप्रौ, पित्रादीनामेकैकस्य द्वौ द्वाविति विंशतिः। त्रिके वा द्वावित्यष्टौ विप्राः। अत्र विप्रालाभे स्त्रियोऽपि भोज्या इत्याहापरार्के वृद्धवसिष्ठः—मातृश्राद्धे तु विप्राणामलाभे पूजयेदपि। पतिपुत्रान्विता भव्या योषितोऽष्टौ कुलोद्भवाः॥ मातृत्रिके चतस्रः मातामहीत्रिके चेत्यष्टाविति हेमाद्रिः। अत्र पित्र्ये प्राङ्मुखा विप्राः पाद्मे पित्र्ये चतुरस्रं मण्डलमिति जयन्तः।

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है—प्रातःकाल आमन्त्रित ब्राह्मणों को दैव और पितृकर्म में (उत्तरार्ध यों है—उपविश्य कुशान् दद्यात् ऋजुनैव हि पाणिना।) बैठने के लिये कुशाओं को सीधी दे। उभयतः—प्राङ्मुख या उदङ्मुख हो यह अन्य ने कहा है। वैश्वदेवों में दो ब्राह्मण (छागलेय :—एकैकस्य तु वर्गस्य द्वौ द्वौ विप्रौ समर्चयेत्। वैश्वदेवे तथा द्वौ च न प्रसज्येत विस्तरे॥) पिता आदियों में एक एक के दो दो ब्राह्मण होंगे। इसतरह बीस ब्राह्मण होंगे। या त्रिक में दो दो ब्राह्मण होंगे। इसप्रकार आठ ब्राह्मण होंगे। (पूर्वाह्णे भोजयेद्विप्रानष्टौ सर्वं प्रदक्षिणम्। तथा च नवमं विप्रं चतुरस्रं खगेश्वर॥ इति भविष्यं तत्र चतुरस्रं पाद्मस्य मण्डलमतः तेन पाद्मं ग्राह्यम्। तत्र क्रियकाले योऽतिथिरागच्छेत्तं नवमं भोजयेत् इत्यर्थः।) यहाँ पर ब्राह्मणों के अप्राप्त में स्त्रियों को भी भोजन करा दे। यों यह अपरार्क में वृद्धवसिष्ठ ने कहा है कि—मातृश्राद्ध में तो ब्राह्मणों के अभाव में पति-पुत्र से युक्त भव्य अच्छे कुल में उत्पन्न आठ स्त्रियों को भोजन करावे। माता के त्रिक में चार और मातामही के त्रिक में चार। इसतरह आठ हुए—यह हेमाद्रि ने कहा है। यहाँ पर पितृश्राद्ध में प्राङ्मुख ब्राह्मण होंगे। पाद्ममें—पितृकार्यमें चौकोरमण्डल होता है—यह जयन्त ने कहा है।

हेमाद्रौ ब्राह्मे—विप्रान् प्रदक्षिणावर्तं प्राङ्मुखानुपवेशयेत्।

हेमाद्रिमें ब्रह्मपुराण का वचन है—ब्राह्मणों को प्रदक्षिणक्रम से पूर्वाभिमुख बैठा दे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

छन्दोगपरिशिष्टे—गोत्रनामभिरामन्त्र्य पितृभ्योऽर्घ्यं प्रदापयेत् ।
नात्रापसव्यकरणं न पित्र्यं तीर्थमिष्यते ॥

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है--गोत्र तथा नाम का उच्चारण कर पितरों के लिए अर्घ्य को दे। यहाँ पर न अपसव्य होता है न पितृतीर्थ होता है।

ज्येष्ठोत्तरकरान् युग्मान् कराग्राग्रपवित्रकान्। कृत्वार्घ्यं सम्प्रदातव्यं नैकैकस्यात्र दीयते ॥

ज्येष्ठ (युग्ममध्ये ज्येष्ठकः । द्वितीयविप्रकास्योत्तरो येषु ते तथा । कराग्रे अग्रं पवित्रस्य येषु) के उत्तर युग्म ब्राह्मण के मध्य हाथ के अग्रभाग में पवित्री को रखकर अर्घ्य देना चाहिये। यहाँ पर एक एक को अर्घ्य न दे।

पित्रादेर्द्वौ द्वौ विप्रौ तयोर्दक्षिणहस्तौ संयोज्य प्रथमोपवेशितविप्रकरोपरि तन्त्रेण द्वयोरर्घ्यं दद्यादित्यर्थः।

पिता आदि के लिए दो दो ब्राह्मण उन दोनों के दाहिने हाथों को मिलाकर पहले बैठे हुए ब्राह्मण के हाथ के ऊपर तन्त्र से दोनों अर्घ्य दे--यह अर्थ है।

बह्वृचकारिकायां तु—दत्त्वार्घ्यादेकदेशः स्यादर्घ्यदानं प्रतिद्विजम् । आवृत्तिरपि मन्त्रस्य प्रतिब्राह्मणमिष्यते । प्रतिद्विजं पृथक्कुर्यान्निवीत्यर्घ्यानुमन्त्रणम् ॥ इत्युक्तम् ।

बह्वृचकारिका में तो कहा है—दिये हुए अर्घ्यका एकदेश (एकभाग) प्रति ब्राह्मणको दे। मन्त्र की आवृत्ति प्रति ब्राह्मण को कहा है। प्रति ब्राह्मण निवीती (अपसव्य) होकर अर्घ्यका अनुमन्त्रण (आवाहन) करे--ऐसा कहा है।

मधुमध्विति यस्तत्र त्रिर्जपोऽशितुमिच्छताम् । गायत्र्यनन्तरं स्तोत्रं मधुमन्त्रविवर्जितम् ॥ न चाश्नन्स्तु जपेदत्र कदाचित्पितृसूक्तकम् ।

जब वहाँ पर भोजन करने की इच्छा हो तो 'मधु मधु मधु' इसका तीन बार जप करे। गायत्री के बाद मधुमन्त्रवर्जित स्तोत्र का जप करे। भोजन करते समय कभी भी पितृसूक्त को जप न करे।

तथा—सम्पन्नमिति तृप्ताःस्थ प्रश्नस्थाने विधीयते ।
सुसम्पन्नमिति प्रोक्ते शेषमन्नं निवेदयेत् ॥

और संपन्न हुआ, तृप्त हुए—यह प्रश्न स्थान में विधान करे। जब ब्राह्मण 'सुसम्पन्नम्' ऐसा कहें तो विप्राः--इष्टैः सह भुज्यताम्--इति वदेयुः। 'शेषमन्नं किं क्रियताम्' ऐसा कहने पर अवशिष्ट अन्न का निवेदन करें।

अक्षय्योदकदानं च अर्घ्यदानवदिष्यते । षष्ठ्यैव नियतं कुर्यान्न चतुर्थ्या कदाचन ॥

और अक्षय्योदकदान को अर्घ्यदान के तरह कहा है। उसमें भी नियम से षष्ठीविभक्ति करे चतुर्थी विभक्ति कभी न करे।

चन्द्रोदये ब्राह्मे—पठेच्छकुनिसूक्तं तु स्वस्तिसूक्तं शुभं तथा ।
नान्दीमुखान् पितॄन् भक्त्या साञ्जलिश्च समाह्वयेत् ॥

चन्द्रोदय में ब्रह्मपुराण का वचन है—शकुनि[1] सूक्त और [2]शुभ स्वस्ति[3] सूक्त को पढ़े[4]। नान्दीमुख पितरों को भक्ति से और हाथ जोडकर बुलावे। (पठेत् पवित्रं मन्त्रं तु विश्वेदेवास[5] आगता। इति उत्तरार्धम्)।

१—कनिक्रदज्जनुषं प्रब्रुवाण इयर्ति वाचमरितेव नावम् । सुमङ्गलश्च शकुने भवासि मा त्वा काचिदभिभा भा विश्व्या विदत् १ मा त्वा श्येन उद् वधीन्मा सुपर्णो मा त्वा विददिषुमान् वीरो अस्ता । पित्र्यामनु प्रदिशं कनिक्रदत् सुमङ्गलो भद्रवादी वदेह २ अव क्रन्द दक्षिणतो गृहाणां सुमङ्गलो भद्रवादी शकुन्ते । मा नः स्तेन ईशत माघशंसो बृहद् वदेम विदथे सुवीराः ३ प्रदक्षिणिदभि गृणन्ति कारवो वयो वदन्त ऋतुथा शकुन्तयः । उभौ वाचौ वदति सामगा इव गायत्रं च त्रैष्टुभं चानु राजति ४ उद्गातेव शकुने साम गायसि ब्रह्मपुत्र इव सवनेषु शंससि । वृषेव वाजी शिशुमतीरपीत्या सर्वतो नः शकुने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथा—शाल्यन्नं दधिमध्वक्तं बदराणि यवांस्तथा। मिश्रीकृत्वा तु चतुरः पिण्डान् श्रीफलसन्निभान्॥ दद्यान्नान्दीमुखेभ्यश्च पितृभ्यो विधिपूर्वकम्। द्राक्षामलकमूलानि यवांश्च विनियोजयेत्॥ तान्येव दक्षिणार्थं तु दद्याद्विप्रेषु सर्वदा॥

शाल्यन्न (चावल) दधि, सहत, बेर और यवों को मिलाकर चार पिण्ड श्रीफल (नारियल) के समान नान्दीमुख पितरों के लिए विधिपूर्वक दे। मुनक्का, आंवला, आदी और यव पिण्डों के लिए निवेदन करे। उनको ही सर्वदा दक्षिणा के निमित्त ब्राह्मणों को दे।

तत्रैव चतुर्विंशतिमते—द्वौ द्वौ चाभ्युदये पिण्डावेकैकस्मै विनिक्षिपेत्।
एकं नाम्ना परं तूष्णीं दद्यात्पिण्डान् पृथक् पृथक्॥

वहीं पर चतुर्विंशतिमत में कहा है—एक एक के लिए दो दो पिण्ड आभ्युदयिक में दे। एक का नाम ग्रहण कर पिण्ड दे और दूसरा पिण्ड मौन होकर दे। इसतरह अलग अलग पिण्डों को दे।

वसिष्ठः—प्राङ्मुखो देवतीर्थेन प्राक्कूलेषु कुशेषु च। दत्त्वा पिण्डान्न कुर्वीत पिण्डपात्रमधोमुखम्॥ नान्दीमुखेभ्यः पितृभ्यः स्वाहेति वा पिण्डदानमन्त्र इति वृत्तिः। अत्र पिण्डाः कृताकृता इत्युक्तं तत्रैव भविष्ये—पिण्डनिर्वपनं कुर्यान्न वा कुर्याद्विचक्षणः। वृद्धिश्राद्धे महाबाहो कुलधर्मानवेक्ष्य तु॥

वसिष्ठ ने कहा है—पूर्वाभिमुख देवतीर्थ से पूर्वकी तरफ मुखवाली कुशाओं पर बैठा हुआ यजमान पिण्ड के पात्र को अधोमुख न करे। वृत्तिकार ने एसा मन्त्र कहा है—'नान्दीमुखेभ्यः पितृभ्यः स्वाहा।' यहाँ पर पिण्ड करे या न करे एसा वहाँ पर कहा है। भविष्यपुराण में कहा है—हेमहाबाहो, बुद्धिमान् व्यक्ति वृद्धश्राद्ध में कुलधर्मों को देखकर पिण्डदान करे या न करे।

छागलेयः—अग्नौकरणमर्घ्यं वाऽऽवाहनं चावनेजनम्। पिण्डश्राद्धे प्रकुर्वीत पिण्डहीने निवर्तते॥ तेनात्र भोजनस्यैव प्रधानत्वाद्यदि विप्रस्य वमनं तदा तस्यैव पार्वणस्य पुनरावृत्तिरिति सिद्धम्।

छागलेय ने कहा है—अग्नौकरण, अर्घ्य, आवाहन और अवनेजन यह पिण्ड श्राद्ध में करे और पिण्डहीनता में (जहाँ पिण्ड न हो वहाँ) न करे। इससे यहाँ पर भोजन ही प्रधान है। यदि ब्राह्मण को भोजन के समय वमन हो जाय तो उस पार्वण की ही पुनरावृत्ति होती है—यह सिद्ध है।

(अत्र साङ्कल्पे विशेषः)

अत्र साङ्कल्पे विशेषः प्रयोगपारिजाते सङ्ग्रहे—शुभार्थी प्रथमान्तेन वृद्धौ सङ्कल्पमाचरेत्।
न षष्ठ्या यदि वा कुर्यान्महादोषोऽभिजायते॥

यहाँ पर संकल्प में विशेष प्रयोगपारिजात में संग्रह के वचन से कहा है—शुभार्थी मनुष्य वृद्धिश्राद्ध में प्रथमान्तपद से संकल्प करे। षष्ठी विभक्ति से न करे। यदि करे तो महान् दोष होता है।

नामगोत्रादिनिषेधोऽप्यत्रैव न तु सपिण्डकश्राद्धे इति स एव।

नाम, गोत्र आदि का निषध भी वहाँ पर ही कहा है। सपिंडकश्राद्धमें यह नहीं है यह उसने ही कहा है।

भद्रमा वद विश्वतो न शकुने पुण्यमा वद ५ आवदंस्त्वं शकुने भद्रमा वद तूष्णीमासीनः सुमतिं चिकिद्धि नः। यदुत्पतन् वदसि कर्करिर्यथा बृहद् वदेम विदथे सुवीराः ६ (ऋ २ सू.-४२, म.-१-३ सू. ४३-म. १-३)

२—नराशंसप्रधानं किञ्चिदृग्यजुः प्रभृतिकं तदपि पठेदिति हेमाद्रिः।

३—स्वस्त्ययनं तार्क्ष्यमरिष्टनेमिं महद्भूतं वायसं देवतानाम्। असुरघ्नमिन्द्रसखं समत्सु बृहद्यशो नावमिवा रुहेम ? अंहोमुचाङ्गिरसं गयं च स्वस्त्यात्रेयं मनसा च तार्क्ष्यम्। प्रयतपाणिः शरणं प्रपद्ये स्वस्ति संबाधेष्वभयं नो अस्तु २ (ऋ. खिलसूक्त ७)। ४—अन्य एव जपः कार्यः सोमसामादिकः शुभः।

५—विश्वे देवास आगत शृणुता म इमं हवम्। एदं बर्हिर्निषीदत॥ (ऋ. २।४१।१३, ६।५२।७, यजु. ७।३४)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अत्रायं क्रमः)

अत्रायं क्रमः । नान्दीश्राद्धे दैवे क्षणः क्रियतामिति द्वौ युगपन्निमन्त्र्य ॐतथेति विप्राभ्यां युगपदुक्ते प्राप्नुतां भवन्तौ प्राप्नुवाव इति वैश्वदेववत्पित्र्ये च द्विवचनान्तेन विप्रद्वये प्रयोगं कुर्यात् ।

यहाँ पर यह क्रम है—(नान्दीश्राद्धे दैवे क्षणः क्रियताम्) यजमान (चुपचाप होकर निर्व्यापार स्थित (कालविशेषोत्सवयोः क्षणः) नान्दीश्राद्ध दैवकर्म में एक साथ दो ब्राह्मणों को आमन्त्रण करे। और 'ॐ' ऐसा ब्राह्मणों के एक साथ स्वीकार करने पर 'प्राप्नुतां भवन्तौ प्राप्नुवाव-आपलोग आवें। ब्राह्मण कहते हैं—हम आवेंगे। ऐसा वैश्वदेवके सदृश पितृकर्ममें द्विवचनान्तसे दो ब्राह्मणोंमें प्रयोग करे।

आहिताग्निस्तु हेमाद्रौ ब्राह्मे—योऽग्नौ तु विद्यमानेऽपि वृद्धौ पिण्डान्न निर्वपेत् ।
पतन्ति पितरस्तस्य नरके स च पच्यते ॥

आहिताग्नि के लिए तो—हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण का वचन है—जो अग्नि के रहते हुए भी वृद्धि में पिण्डों को नहीं देता है उसके पितर नरक में पकते हैं।

बह्वृचपरिशिष्टे—द्वौ दर्भौ पवित्रे, पवित्राणि चत्वारि । शन्नोदेवीरित्यनुमन्त्रितासु यवानावपति—यवोऽसि सोमदेवत्यो गोसवो देवनिर्मितः । प्रत्नवद्भिः प्रत्तः पुष्ट्या नान्दीमुखान् पितॄनिमाँल्लोकान्प्रीणाहि नः स्वाहेति स्वाहार्घ्याः इति पृच्छति । विश्वेदेवा इदं वोऽर्घ्यं नान्दीमुखाः पितर इति यथालिङ्गमर्घ्यदानं गन्धादिदानं द्विर्द्विः । पाणौ होमोऽग्नये कव्यवाहनाय स्वाहा, सोमाय पितृमते स्वाहेति । अतो देवा अवन्तु नः इत्यङ्गुष्ठग्रहणम् । पावमानीः शंवतीरैन्द्रीरप्रतिरथं च श्रावयेन्मधुवातेत्यृचस्थाने उपास्मै गायतेति पञ्च मधुमतीः श्रावयेदक्षन्नमीमदन्तेति च षष्ठीं शुक्तशेषेणैकैकस्य द्वौ द्वौ पिण्डौ दद्यादिति ।

बह्वृचपरिशिष्ट में कहा है—दो कुशा और दर्भ के पवित्री चार 'शन्नो[1] देवीः' इस मन्त्र से अनुमन्त्रण कर यवों को 'यवोऽसि सोम दैवत्यो गोसवो देवनिर्मितः। प्रत्नवन्निः प्रत्तः पुष्ट्या नान्दीमुखान् पितॄनिमाँल्लोकान् प्रीणाहि नः स्वाहा ॥ इसप्रकार मन्त्र से स्वाहार्घ्याः पूछता है। तुम यव हो, तुम कैसे हो—सोम देवता वाले हो। तुम स्वर्ग में पैदा होने वाले हो। फिर कैसे हो विष्णु द्वारा निर्मित-उत्पादित हो। फिर कैसे हो-जल से मिश्रित हो। इसलिए तुम ही हमारे चिरकाल से पितृ-पितामह-प्रपितामह आदि नान्दीमुखों पितरों को स्वधाकार द्वारा इस लोक से प्रसन्न करो। हे विश्वेदेवाः, यह अर्घ्य नान्दीमुख पितर आप लोकों के लिए है। जैसा लिंग हो तद्वत् ही अर्घ्यदान (पितरः प्रीयन्ताम्' इति अपां प्रतिग्रहणम्। एवमुत्तरयोरपि पितामहप्रपितामहयोः ।) करे। गन्धादिदान एक एक दो दो बार दे। (अग्नौकरणहोम) पाणि (हाथ) में होम [2]अग्नये-कव्यवाहनाय स्वाहा। इस मन्त्र से और सोमाय पितृमते स्वाहा। इस मन्त्र से दे। 'अतो[3] देवा अवन्तु नः' इस मन्त्र से अंगूठे का ग्रहण करे। पावमानी[4], शंवन्ती,[5] ऐन्द्री[6]

१—शं नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शं योरभि स्रवन्तु नः ॥ (ऋ० १०।९।४, साम-३३। अथर्व-१।६।१ तैत्तरीयब्रा० २।८।६।३)। २—पृषदाज्यमिश्र ओदनो हविः। सर्वत्र तस्य अर्घ्यं द्वे द्वे आहुतीर्जुहुयात्। दधिमिश्रमाज्यं पृषदाज्यम्। भविष्यपुराणे—पृषदाज्येन संयुक्तं दद्यादोहनमादितः। पायसं च तथा मध्यं मोदकादिरसोत्तरम् ॥ मधुरं भोजनं दद्यान्नचाम्लं परिवेषयेत्।

३—अतो देवा अवन्तु नो यतो विष्णुर्विचक्रमे। पृथिव्याः सप्त धामभिः ॥ (ऋ० १।२२।१६)।

४—स्वादिष्ठया मदिष्ठया पवस्व सोम धारया। इन्द्राय पात वे सुतः १ रक्षोहा विश्वचर्षणिरभि योनिमयोहतम्। द्रुणा सधस्थमासदत् २ वरिवोधातमो भव मंहिष्ठो वृत्रहन्तमः। पर्षिराधो मघोनाम् ३ अभ्यर्ष महानां देवानां वीतिमन्धसा। अभि वाजमुश्रवः ४ त्वामच्छा चरामसि तदिदर्थं दिवे दिवे। इन्द्रो त्वे न आशसः ५। (ऋ० ९।१ म० १-५) पावमान सूक्त बहुत बड़ा है। ऋग्वेद के नवम मंडल को देखिये।

५—शं न इन्द्राग्नी भवतामवोभिः शं न इन्द्रावरुणा रातहव्या। शमिन्द्रासोमा सुविताय शं योः शं न इन्द्रापूषणा वाजसातौ ? शं नो भगः शमु नः शंसो अस्तु शं नः पुरन्धिः शमु सन्तु रायः। शं नः सत्यस्य सुयमस्य शंसः शं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और अप्रतिरथ[1] सूक्त को सुनावे। मधुमती[2] इस ऋचा के स्थान पर 'उपास्मै[3] गायता' इन पांच मधुमती मन्त्रों तो सुनावे। 'अक्षन्नमीमदन्त'[4] इस छठी ऋचा को भी सुनावे। भोजनकिये शेष अन्न से एक एक को दो दो पिण्ड दे।

चन्द्रिकायां वृद्धवसिष्ठः—तृप्तिप्रश्ने तु सम्पन्नं दैवे रुचितमित्यपि।
दधिकर्कन्धुमिश्राश्च पिण्डाः कार्याः यथाक्रमम् ॥

चन्द्रिका में वृद्धवशिष्ठ ने कहा है--तृतृप्रश्न में तो 'सम्पन्न' तथा दैवश्राद्ध में तो 'रुचितम' कहे। दधि और बेर का मिश्रण कर यथाक्रम से पिण्डों को करे।

कात्यायनः—'स्वसूषु वाजिनम्' इति विप्रांश्चैव विसर्जयेत्। 'नान्दीमुखाः पितरः प्रीयन्ताम्' इत्यक्षय्यस्थाने स्वधां वाचयिष्य इत्यस्य स्थाने 'नान्दीमुखान् पितॄन् वाचयिष्ये' इति, न स्वधां प्रयुञ्जीतेति।

अत्र साग्निरनग्निर्वा आदौ वैश्वदेवं कुर्यात्। आदौ वृद्धौ क्षये चान्ते मध्ये श्राद्धे तु पार्वणे। एकोद्दिष्टे निवृत्ते तु वैश्वदेवो विधीयते ॥ इत्याशार्के शाङ्खायनपरिशिष्टात्।

नो अर्यमा पुरुजातो अस्तु २ शं नो धाता शमु धर्ता नो अस्तु शं न उरूची भवतु स्वधाभिः। शं रोदसी बृहती शं नो अद्रिः शं नो देवानां सुहवानि सन्तु ३ इत्यादि मन्त्र बहुत मन्त्र हैं। (ऋ० अ० ७ सू० ३५ म० १-३)

६—सुरूपकृत्नुमूतये सुदुघामिव गोदुहे। जुहूमसि द्यविद्यवि १ उप नः सवना गहि सोमस्य सोमपाः पिब। गोदा इद् रेवतो मदः २ अथा ते अन्तमानां विद्याम सुमतीनाम्। मा नो अति ख्य आ गहि ३ परेहि विग्रमस्तृतमिन्द्रं पृच्छा विपश्चितम्। यस्ते सखिभ्य आ वरम् ४ उत ब्रुवन्तु नो निदो निरन्यतश्चिदारत। दधाना इन्द्र इद् दुवः॥ (ऋ० १।३। म० १-५)। वीरमित्रोदयकार के मत से रौद्री है—रुद्राध्यायादि।

१—आशुः शिशानो वृषभो न भीमो घनाघनः क्षोभणश्चर्षणीनाम्। संक्रन्दनोऽनिमिष एकवीरः शतं सेना अजयत् साकमिन्द्रः १ संक्रन्दनेनानिमिषेण जिष्णुना युत्कारेण दुश्च्यवनेन धृष्णुना। तदिन्द्रेण जयत तत् सहध्वं युधो नर इषुहस्तेन वृष्णा २ स इषुहस्तैः स निषङ्गिभिर्वशी संस्रष्टा स युध इन्द्रो गणेन। संसृष्टजित् सोमपा बाहुशर्ध्यु १ ग्रधन्वा प्रतिहिताभिरस्ता ३ बृहस्पते परिदीया रथेन रक्षोहामित्राँ अपबाधमानः। प्रभञ्जन्त्सेनाः प्रमृणो युधा जयन्नस्माकमेध्यविता रथानाम् ४ बलविज्ञायः स्थविरः प्रवीरः सहस्वान् वाजी सहमान उग्रः। अभिवीरो अभिसत्वा सहोजा जैत्रमिन्द्र रथमा तिष्ठ गोवित् ५ गोत्रभिदं गोविदं वज्रबाहुं जयन्तमज्म प्रमृणन्तमोजसा। इमं सजाता अनु वीरयध्वमिन्द्रं सखायो अनु सं रभध्वम् ६ अभिगोत्राणि सहसा गाहमानोऽदयो वीरः शतमन्युरिन्द्रः। दुश्च्यवनः पृतनाषाडयुध्यो ३ ऽस्माकं सेना अवतु प्रयुत्सु ७ इन्द्र आसां नेता बृहस्पतिर्दक्षिणा यज्ञः पुर एतु सोमः। देवसेनानामभिभञ्जतीनां जयन्तीनां मरुतो यन्त्वग्रम् ८ इन्द्रस्य वृष्णो वरुणस्य राज्ञ आदित्यानां मरुतां शर्ध उग्रम्। महामनसां भुवनच्यवानां घोषो देवानां जयतामुदस्थात् ९ उद्धर्षय मघवन्नायुधान्युत् सत्वनां मामकानां मनांसि। उद्वृत्रहन् वाजिनां वाजिनान्युद्रथानां जयतां यन्तु घोषाः १० अस्माकमिन्द्रः समृतेषु ध्वजेष्वस्माकं या इषवस्ता जयन्तु। अस्माकं वीरा उत्तरे भवन्त्वस्मां उ देवा अवता हवेषु ११ अमीषां चित्तं प्रतिलोभयन्ती गृहाणाङ्गान्यप्वे परे हि। अभि प्रेहि निर्दह हृत्सु शोकैरन्धेनामित्रास्तमसा सचन्ताम् १२ प्रेता जयता नर इन्द्रो वः शर्म यच्छतु। उग्रा वः सन्तु बाहवोऽनाधृष्या यथासथ १३ (ऋ० १०।१०३।म० १-१३)।

२—मधु वाता ऋतायते मधुक्षरन्ति सिन्धवः। माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः १ मधु नक्तमुतोषसो मधुमत् पार्थिवं रजः। मधु द्यौरस्तु नः पिता २ मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँ अस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः ३ (ऋ० ६।६०।६-८)।

३—उपास्मै गायता नरः पवमानायेन्दवे। अभि देवाँ इयक्षते। अभि ते मधुना पयोऽथर्वाणो अशिश्रयुः। देवं देवाय देवयु २ स नः पवस्व शं गवे शं जनाय शमर्वते। शं राजन्नोषधीभ्यः ३ बभ्रवे नु स्वतवसे ऽरुणाय दिविस्पृशे। सोमाय गाथमर्चत ४ हस्तच्युतेभिरद्रिभिः सुतं सोमं पुनीतन। मधावा धावता मधु ५ (ऋ० ६।११।म० १-५)।

४—अक्षन्नमीमदन्त ह्यव प्रिया अधूषत। अस्तोषत स्वभानवो विप्रा न विष्ठया मती योजा न्विन्द्र ते हरी॥ (ऋ० १।८२।२)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कात्यायन ने कहा है—'त्यमूषु वाजिनम्'[1]—इस मन्त्र से ब्राह्मणों का विसर्जन करे। नान्दीमुखाः[2] पितरः प्रीयन्ताम्—इसको अक्षय्यस्थान में 'स्वधां वाचयिष्ये' इसके स्थान में 'नान्दीमुखान् पितॄन् वाचयिष्ये यह कहे। स्वधाशब्द का प्रयोग न करे।

यहाँ पर साग्निक या निरग्निक आदि में वैश्वदेव को करें। वृद्धिश्राद्ध के आदि में, क्षय के अन्त में, पार्वण के मध्य में और एकोद्दिष्ट की समाप्ति पर वैश्वदेव (बलिवैश्वदेव) का विधान किया है। यह आशार्क में शांखायनपरिशिष्ट का वचन है।

हेमाद्रौ तु—शेषमन्नमनुज्ञाप्य वैश्वदेवक्रियां ततः। श्राद्धाह्नि श्राद्धशेषेण वैश्वदेवं समाचरेत् ॥ इति चतुर्विंशतिमतं नान्दीश्राद्धेप्यन्ते वैश्वदेव उक्तः। बह्वृचानामपि वृत्त्यालोचनात्तथैव। पूर्वोक्तं तु येषां परिशिष्टं तद्विषयमन्यविषयं वा ज्ञेयम्। अत्र श्राद्धाङ्गतर्पणं नेत्युक्तं प्राक्। इति वृद्धिश्राद्धम्।

हेमाद्रि में तो कहा है—ब्राह्मणों की आज्ञा प्राप्तकर शेष अन्न ग्रहण कर वैश्वदेव करे। श्राद्ध के दिन में श्राद्धशेष अन्न से वैश्वदेव करे। इस चतुर्विंशतिमत से। नान्दीश्राद्ध के भी अन्त में वैश्वदेव ने कहा है। बह्वृचों की भी वृत्ति के आलोचन से भी वही प्राप्त (मृतोद्देश्यकद्रव्यत्यागः श्राद्धम्) होता है। पहले कहे हुए वचनों से तो जिनके परिशिष्ट में हो उनके विषय में हैं या अन्य के विषय में है-ऐसा जानना चाहिये। यहाँ पर श्राद्धांग तर्पण नहीं है यह बात पहले कह चुके हैं।

(श्राद्धे जीवत्पितृकाधिकारकथनम्)

अथ जीवत्पितृकश्राद्धम्। तत्रानेके पक्षाः दृश्यन्ते। जीवन्तं पितरं भोजयित्वा परयोः श्राद्धं कुर्यादित्येके। होमान्तमेव कुर्यादित्यन्यः, होमान्तः पितृयज्ञः स्याज्जीवे पितरि जानतः। पितरं भोजयित्वा वा पिण्डौ निपृणुयात्परौ ॥ इति यज्ञपार्श्वोक्तेः।

अब जीवत्पितृकश्राद्ध कहते हैं। उसमें अनेक पक्ष देखते हैं। जीते[3] हुए पिता को भोजन कराकर आगे के दोनों का श्राद्ध करे—यह एक पक्ष है। या होमान्त का ही करे—यह दूसरा पक्ष है। यज्ञपार्श्व ने कहा है—जानते हुए पिता के जीवित में होमान्त पितृयज्ञ करे। या पिता को भोजन कराकर आगे के दो (पितामह और प्रपितामह) को पिण्ड दे।

'यदि जीवत्पिता न दद्यादाहोमात्कृत्वा विरमेत्' इत्यापस्तम्बोक्तेश्च (३ पहले पृ० ६८)। 'जीवतां पिण्डानग्नौ हुत्वा परेभ्यो देयम्' इत्यपरः, 'जुहुयाज्जीवेभ्यः' इत्याश्वलायनोक्तेः।

१—त्यमू षु वाजिनं देवजूतं सहावानं तरुतारं रथानाम्। अरिष्टनेमिं पृतनाजमाशुं स्वस्तये तार्क्ष्यमिहा हुवेम ॥ (ऋ० १०।१७८।१)। (अग्ने रक्षाणो अंहसः प्रतिष्म देव रीषतः। तपिष्ठैरजरो दह ॥ (ऋ० ७।१५।१३)। अयं ते योनिर्ऋत्वियो यतो जातो अरोचथाः। तं जानन्नग्न आ सीदाथा नो वर्धया गिरः ॥ (ऋ० ३।२९।१०)।)

२—नान्दीमुखाश्च पितरः प्रीयन्तामिति वाचयेत्। विश्वेदेवाश्च प्रीयन्तामिति दाताऽब्रवीदिमान् ॥ प्रीता भवन्तु ते तं च वदेयुर्मधुराक्षरम्। प्रीयन्तामिति च ब्रूयात्पिण्डान्स्वाहेति च क्षिपेत्। दातार इति प्रार्थनातः प्राक् प्रार्थनाश्लोकौ भविष्ये—माता पितामहश्चैव तथैव प्रपितामहः ॥ मातामहस्तत्पिता च प्रमातामहकादयः। एते भवन्तु मे प्रीताः प्रयच्छन्तु च मङ्गलम् ॥ पाद्मे—एवं शूद्रोऽपि सामान्यं वृद्धिश्राद्धं च सर्वदा। नमस्कारेण मन्त्रेण कुर्यादेवादितो बुधः ॥

३—यत्पितृभ्यो दानमुक्तं तन्मृतेभ्यः पितृभ्यो दद्यात्। जीवन् पिता यस्य स जीवपितृको जीवेन पित्रादिना व्यवहितेभ्योऽपि पितामहादिभ्यो दद्यात्। जीवत्पितृकोऽपि पिण्डपितृयज्ञमनुतिष्ठेत्। अनुतिष्ठंश्च पितृपितामहप्रपितामहेषु यः कश्चिज्जीवति तं जीवन्तं परित्यज्य त्रिभ्यः पिण्डान्दद्यात्। एवं प्राप्त आह—जीवपितृकस्य यजमानस्य होमान्तमेव पिण्डपितृयज्ञसंज्ञं कर्म स्यात्। न तत ऊर्ध्वं पिण्डदानादि। एवं पक्षद्वयमुपन्यस्य सिद्धान्तमाह—वाशब्दः पूर्वपक्षनिरासार्थः। पिण्डदानस्य प्रधानत्वात् तदभावे होमस्याङ्गभूतस्यानुष्ठानं न युक्तम्। अतो जीवत्पितृकेन पिण्डपितृयज्ञो नानुष्ठेयः। तत्रोपपत्तिमाह—जीवेन पित्रादिना व्यवहिते पितामहादौ पिण्डदानं न भवतीति जातूकर्ण्य आह। जातूकर्ण्यग्रहणं प्रत्ययदार्ढ्यार्थम्। तत्र हेतुमाह—अतो जीवत्पितृस्य प्रधाने पिण्डदाने निषिद्धे अनारम्भपक्ष एव श्रेयान्। (म० म० विद्याधरजी गौड कृत कात्यायन सूत्रवृत्ति पृ० १३४, १३५)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जीवतामजीवतां च पिण्डदानमितीतरः। 'जीवतामजीवतां वा देयमेवेति हिरण्यकेतुरिति निगमात्। तस्माज्जीवत्पिता कुर्याद् द्वाभ्यामेव न संशयः। इति भविष्योक्तेर्द्वाभ्यामेवेत्यन्यः। एते पक्षाः कलौ निषिद्धाः,

यदि पिता जीता हुआ न दे तो हवनपर्यन्त कर विराम करे-ऐसा आपस्तम्ब ने कहा है। दूसरा पक्ष है—जीते हुओं के पिण्डों को अग्नि में हवन कर आगे वालों के लिए दे। जीते हुओं का हवन करे--यह आश्वलायन ने कहा है। तीसरा पक्ष है कि जीते हुए और न जीते हुओं का पिण्डदान करे। जीवितों को या अजीवितों को देना चाहिए यह हिरण्यकेतु ने कहा है--यह निगम ने कहा है। इसलिए जीवत्पिता दोनों का ही करे--इसमें संशय नहीं है। इस भविष्यपुराण में कहा है--दोनों को ही दे--यह अन्यमत है। ये पक्ष कलि में निषिद्ध हैं।

प्रत्यक्षमर्चनं श्राद्धे निषिद्धं मनुरब्रवीत्। पिण्डनिर्वपणं चापि महापातकसम्मितम्॥ इति पृथ्वीचन्द्रोदये भविष्योक्तेः। चन्द्रिकाप्येवम्। तस्मात्पितरि जीवति श्राद्धानारम्भ एवेत्येकः पक्षः। सपितुः पितृकृत्येषु अधिकारो न विद्यते। इति कात्यायनोक्तेः। जीवे पितरि वै पुत्रः श्राद्धकालं विवर्जयेत्। इति हारीतोक्तेश्च। पितुः पित्रादिभ्यो दद्यादिति सिद्धान्तः, ध्रियमाणे तु पितरि पूर्वेषामेव निर्वपेत्। इति मनूक्तेः (अ० ३। श्लो० २२०)। पितुः पितृभ्यो वा दद्यात् सपितेत्यपरा श्रुतिः। इति कात्यायनोक्तेश्च। अयं बहुसम्मतः पक्षः। अन्ये तु शाखाभेदेन ज्ञेयाः। एवं जीवन्मातामहेनाप्यूहेन कार्यम्। मातामहानामप्येवं श्राद्धं कुर्याद्विचक्षणः। मन्त्रोहेन यथान्यायं शेषाणां मन्त्रवर्जितम्॥ इति विष्णूक्तेः।

एवं मात्रादिकस्यापि तथा मातामहादिके। इति पृथ्वीचन्द्रोदयेऽग्निपुराणाच्च। पितरि जीवति स्वमातरि मृतायामपि पितुरेव मातृमातामहयोः कुर्यात्। येभ्य एव पिता दद्यात् इति वक्ष्यमाणवचनात्। इति पितामहचरणाः।

पृथ्वीचन्द्रोदय में भविष्यपुराण का मत है--मनु ने कहा है—श्राद्ध में प्रत्यक्ष अर्चन (पूजन) निषिद्ध है और पिण्ड का निर्वाप भी महापातक के सदृश होता है। चन्द्रिका में भी यही है। इसलिए पिता के जीते हुए श्राद्ध का आरम्भ नहीं ही करे--यह एक पक्ष है। कात्यायन ने कहा है—पिता वाले को पितृकार्यों में अधिकार नहीं है। और हारीत ने कहा है--पिता के जीवनकाल में पुत्र को निश्चय श्राद्धकाल वर्जित है। पिता के पिता आदि के लिए दे-यह सिद्धान्त है। मनु ने कहा है--पिता के जीवित रहने पर पहलों को ही निर्वाप (पिण्ड) करे। और कात्यायन ने कहा है--पिता के सहित पुत्र पिता के पिता आदिकों को पिण्ड दे--यह दूसरी श्रुति कहती है। यह पक्ष बहुतों को सम्मत है। अन्य तो शाखाभेद से जानना चाहिये। इसप्रकार मातामह के जीवित रहते हुए भी ऊह से श्राद्ध करे। बुद्धिमान् मनुष्य इसीप्रकार मातामहों का भी श्राद्ध करे। मन्त्रों के ऊह से यथायोग्य श्राद्ध करे। अवशिष्टों का श्राद्ध मन्त्रवर्जित करे—एसा विष्णु ने कहा है।

इसप्रकार माता आदि का भी और मातामह आदि का करे—यह पृथ्वीचन्द्रोदय में अग्निपुराण का वचन है। पिता के जीवित रहने पर तो अपनी माता के मरने पर भी पिता की ही माता और मातामह का श्राद्ध करे। जिनके लिए पिता देता है उन्हीं के लिए स्वयं पुत्र दे। यह आगे कहे गये वचन से। यह पितामहचरण ने कहा है।

मदनरत्ने तु—जीवत्पिता स्वमातृमातामहयोर्दद्यात् इत्युक्तम्। कालादर्शेऽप्येवम्। मृते तु पितरि जीवन्मातृकः पितामह्यादिभ्यो वृद्धौ दद्यादिति स्मृतितत्त्वादिगौडग्रन्थाः।

मदनरत्न में तो कहा है—जीवत्पिता अपनी माता और मातामह को दे—एसा कहा है। कालादर्श में भी यही है। पिता के मरने पर जीवित माता वाला पितामही आदियों के लिए वृद्धि में दे—यह स्मृतितत्त्वादि गौडग्रन्थ में कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दाक्षिणात्यास्तु—पितृवर्गे मातृवर्गे तथा मातामहस्य च। जीवेत्तु यदि वर्गाद्यस्तं वर्गं तु परित्यजेत् ॥ इति वचनात्तद्वर्गत्याग एवेत्याहुः।

एवं पतितसंन्यस्तपितृकादेरपि ज्ञेयम्, वृद्धौ तीर्थे च संन्यस्ते ताते च पतिते सति। येभ्य एव पिता दद्यात्तेभ्यो दद्यात्स्वयं सुतः ॥ इति षट्त्रिंशन्मतात्। संन्यस्ते जीवतीत्यर्थः। मृते तु संन्यस्ते तदाद्येव देयम्। मृतेऽपि परेभ्य एवेति गौडाः।

दाक्षिणात्यों ने तो कहा है—पितृवर्ग में, मातृवर्ग में और मातामहवर्ग में यदि वर्ग का आदि जीवित हो तो उस वर्ग का त्याग करे। इस वचन से उस वर्ग का ही त्याग करना कहा है।

इसप्रकार पतित और संन्यस्त पिता आदि में भी जानना चाहिये। वृद्धि में, तीर्थ में, पिता के संन्यासी होने पर या पतित होने पर जिनको जीवित पिता देता है उन्हीं के लिए स्वयं पुत्र श्राद्ध करे—यह षट्त्रिंशत् का मत है। संन्यस्ते-माने संन्यासी पिता के जीवित रहने पर-यह अर्थ है। संन्यासी पिता के मरने पर संन्यासी पिता आदि को देना चाहिए। मरने पर भी तो पर पुरुषों को ही दे—यह गौड कहते हैं।

कात्यायनोऽपि—ब्राह्मणादिहते ताते पतिते सङ्गवर्जिते। व्युत्क्रमाच्च मृते देयं येभ्य एव ददात्यसौ ॥ अयं च संन्यस्तपित्रादेरविशेषात्सर्वश्राद्धेऽधिकारः। एतत्त्रिदण्डिपरम्। एकादशाह-पार्वणवार्षिकाद्यपि तस्यैव, अहन्येकादशे प्राप्ते पार्वणं तु विधीयते। इत्युक्त्वा त्रिदण्डग्रहणादेव प्रेतत्वं नैव जायते। इत्युशनसा विशेषोक्तेः। ब्राह्मणादिहते इत्यादिनिषेधस्त्वेकदण्डादिपरः। अतः परमहंसानां वार्षिकादिकमपि न कार्यमिति शूलपाणिश्राद्धतत्त्वादयो गौडग्रन्थाः। इदमेव युक्तम्।

कात्यायन ने भी कहा है—ब्राह्मण, गौ आदि द्वारा पिता के मरने पर, पतित या संन्यासी होने पर या विपरीत क्रम से मरने पर वह जिनको पिता देते थे उनको ही दे। और यह संन्यासी पिता आदि के अविशेष से सब श्राद्धों में अधिकार है। यह त्रिदण्डीपरक है। एकादशाह, पार्वण, वार्षिक आदि भी उसका ही है। ग्यारहवें दिन के प्राप्त होने पर पार्वण संन्यासी का करे—एसा कह कर त्रिदण्डग्रहण से ही प्रेतत्व नहीं होता है यह उशना ने विशेष कहा है। 'ब्राह्मणादि हते' इत्यादि श्लोक से निषेध तो एक दण्डादि परक है। इसलिए परमहंसों का वार्षिक भी न करे यह शूलपाणि, श्राद्धतत्त्व आदि गौड ग्रन्थ में कहा है। यही ही युक्त है।

यत्तु हेमाद्रौ कौण्डिन्यः—दर्शश्राद्धं गयाश्राद्धं श्राद्धं चापरपक्षकम्। न जीवत्पितृकः कुर्यात्तिल-स्तर्पणमेव तु ॥ इति, तत्संन्यस्तपित्राद्यतिरिक्तविषयम्।

जो हेमाद्रि में कौण्डिन्य ने कहा है—दर्शश्राद्ध, गयाश्राद्ध और अपरपक्षीयश्राद्ध (महालयश्राद्ध) को जीवित पितावाला न करे। और तिलों से तर्पण भी न करे। यह संन्यस्त पिता आदि के अतिरिक्त-विषयक है।

मैत्रायणीयपरिशिष्टे—उद्वाहे पुत्रजनने पैत्र्येष्ट्यां सौमिके मखे।
तीर्थे ब्राह्मण आयाते षडेते जीवतः पितुः ॥

मैत्रायणीयपरिशिष्ट में कहा है—उद्वाह में (अपने दूसरे विवाह आदि में), पुत्रजन्म में, पितरों के अर्चन में, सोमयाग में, तीर्थ में और ब्राह्मण के आगमन में यह छ जीवित पिता के काल हैं।

तत्रैव—महानदीषु सर्वासु तीर्थेषु च गयामृते। जीवत्पितापि कुर्वीत श्राद्धं पार्वणधर्मवत् ॥ गयामृते इति मातृव्यतिरिक्तविषयम्,

वहीं पर कहा है--सब महानदियों में, तीर्थों में और गया में मरने पर जिसका पिता जीवित हो वह भी पार्वणविधान से श्राद्ध करे। गयामृते--माता को छोडकर ग्रहण करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्वष्टक्यं गयाप्राप्तौ सत्यां यच्च मृतेऽहनि। मातुः श्राद्धं सुतः कुर्यात्पितर्यपि च जीवति॥ इति तत्रैवोक्तेः। गयाप्राप्तौ प्रासङ्गिक्याम्, गयां प्रसङ्गतो गत्वा मातुः श्राद्धं समाचरेत्। इति वचनात्। तेन मृतमातृको गयायां तत्पार्वणमात्रं कुर्यात्। तज्जीवने तु तीर्थश्राद्धमपि नेति कालादर्शस्मृतिदर्पणादयः। अन्ये तु गत्वा श्राद्धं नेति निषेधार्थः। सामान्यतः प्राप्तं तीर्थश्राद्धं भवत्येव गयायामित्याहुः।

अन्वष्टका और सति संभव में गयाप्राप्ति में क्षयाह के दिन माता का श्राद्ध पुत्र पिता के जीवित रहने पर भी करे—यह वहीं पर कहा है। गया की प्राप्ति में—अर्थात्-प्रसंगवश गया में गया हो तो करे। प्रसंगवश गया में गया हो तो पुत्र माता का श्राद्ध करे—यह वचन है। इससे जिसकी माता मर गयी हो वह पुत्र गया में उसका पार्वण मात्र करे। उसके जीवित में तो तीर्थश्राद्ध भी न करे—यह कालादर्श, स्मृतिदर्पण आदि में कहा है। अन्य तो कहते हैं कि जाकर (गया में जाकर) श्राद्ध को न करे यह निषेधार्थ है। सामान्यता से प्राप्त तीर्थश्राद्ध गया में होता ही है—एसा कहा है।

यदा पितुः प्रतिनिधित्वेन गयां याति, तदा यजमानस्य पितृपितामहप्रपितामहा इत्येवं श्राद्धम्। तत्र स्वमातुः पितृपत्नीत्वेनैकोद्दिष्टं कृत्वा मातृत्वेन पुनः पार्वणं कुर्यादिति त्रिस्थलीसेतौ। तच्च फल्गुविष्णुपदाक्षय्यवटेष्वेवेति केचित्। आद्यन्ते एवेत्यन्ये। मध्यमान्ते इत्यपरे। सङ्कोचहेत्वभावात्तत्रत्यसर्वश्राद्धानि मातुः कार्याणीति युक्तं प्रतिभाति।

जब पिता का प्रतिनिधि होकर पुत्र गया में जाता है तब यजमान के पिता, पितामह और प्रपितामहों का ही श्राद्ध करे। वहाँ पर अपनी माता का पिता की पत्नी के रूप से एकोद्दिष्ट कर मातृरूप से फिर से पार्वण करे—यह त्रिस्थलीसेतु में कहा है। वह फल्गु, विष्णुपद और अक्षयवट में ही करे—यह किसी का मत है। आदि और अन्त में ही करे—यह अन्य मत है। मध्य और अन्त में करे—यह दूसरा मत है। संकोच के कारण का अभाव होने से वहाँ पर (गयातीर्थ में) सब श्राद्ध माता का करे—यह युक्त मालुम होता है।

यत्तु मदनपारिजाते—न जीवत्पितृकः कुर्याच्छ्राद्धमग्निमृते द्विजः। येभ्य एव पिता दद्यात्तेभ्यः कुर्वीत साग्निकः॥ इति सुमन्तूक्तेः। साग्नेरेव जीवत्पितृकस्य तीर्थादिश्राद्धमुक्तम्। साग्नेरपि मैत्रायणीयशाखीयस्यैव नान्येषाम्। 'षडेते जीवतः पितुः' इति तत्परिशिष्टे एवोक्तेरिति रत्नावलीदिवोदासाद्याः। तदयुक्तम्, सौमन्तवं पिण्डपितृयज्ञविषयम्। संन्यस्तपित्राद्यतिरिक्तविषयं वेति पृथ्वीचन्द्रोदयोक्तेः। वृद्धौ तीर्थे चेत्यादेः साधारण्येनास्यापि तथात्वाच्च। तथा निरग्नेरपि नान्दीश्राद्धमुक्तं प्राक्। एवं पितामहजीवनेऽपि ज्ञेयम्। विशेषः पितृकृतजीवत्पितृकनिर्णये ज्ञेयः।

जो मदनपारिजात में सुमन्तु ने कहा है—जिनके पिता जीवित हो एसा द्विज अग्नि के बिना श्राद्ध को न करे। जिनके लिए ही पिता देता है, उन्हीं के लिए साग्निक भी दे। साग्निक को ही जीवत्पितृक का तीर्थादिश्राद्ध कहा है। साग्निक वही है जिसकी शाखा मैत्रायणीय ही है, अन्यों को नहीं है। क्योंकि—'षडेते जीवतः पितुः' यह उनके परिशिष्ट में ही कहा है—यह रत्नावली दिवोदास, आदि में कहा है। यह उचित नहीं है। सुमन्तु का वचन पिण्डपितृयज्ञविषयक या संन्यस्त पिता से अतिरिक्त विषयक है-यह पृथ्वीचन्द्रोदय में कहा है। 'वृद्धौ तीर्थे च' वृद्धि और तीर्थ इत्यादि साधारण होने से इसको (जीवित अजीवित पितृ) मानना चाहिये। और निरग्निक को भी नान्दीश्राद्ध पहले कहा है। इसीप्रकार पितामह के जीवित रहने पर भी जानना चाहिये। विशेष[1], पितृकृतजीवत्पितृकनिर्णय' में जानना चाहिये।

१—अपसव्यनिषेधादिः। म्रियमाणे तु पितरि पूर्वेषामेव निर्वपेत्। पितुः स नाम संकीर्त्य कीर्तयेत्प्रपितामहम्॥ इति मनूक्तेः। तथा च जीवत्पितृकैः श्राद्धतर्पणादौ पितुः पितृपितामहप्रपितामहानामित्येव प्रयोगः कार्यः। तेन पितुर्मातृपितामहीप्रपितामहीनामिति पितुर्मातामह-मातृपितामह-मातृप्रपितामहानामिति पितुः पत्न्या इति पितुर्भ्रातुरित्यादिरेव प्रयोग इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ पितामहे जीवति मृते च पितरि यद्यपि—पितामहो वा तच्छ्राद्धे भुञ्जीतेत्यब्रवीन्मनुः। इति मनुना (३।२२२) जीवतः पितामहस्य भोजनमुक्तं तथापि प्रत्यक्षार्चनस्य पूर्वनिषिद्धत्वात् पितामहं विहाय पितृप्रपितामहवृद्धप्रपितामहेभ्यो देयम्, पिता यस्य निवृत्तः स्याज्जीवेच्चापि पितामहः। पितुः स नाम सङ्कीर्त्य कीर्तयेत्प्रपितामहम् ॥ इति मनूक्तेः (३।२२१)। अयमेव सर्वसम्मतः पक्षः।

इसके बाद पितामह के जीते हुए और पिता के मरने पर यद्यपि पितामह उस श्राद्ध में भोजन करे—यह मनु ने कहा है कि--जीवित पितामह को भोजन कहा है फिर भी प्रत्यक्ष पूजन का पूर्व में निषिद्ध होने से पितामह को छोड़कर पिता, प्रपितामह और वृद्ध प्रपितामह के लिए देना चाहिये। मनु ने कहा है--पिता जिसका मर गया हो और पितामह जीवित हो वह पिता का नाम ग्रहण कर प्रपितामह का नाम ग्रहण करे। यही सर्वसम्मत पक्ष है।

यत्तु छन्दोगपरिशिष्टे—पितामहे म्रियमाणे पितुः प्रेतस्य निर्वपेत्। पितुस्तस्य च वृत्तस्य जीवेच्चेत्प्रपितामहः॥ इति एकपुरुषं द्विपुरुषं वा पार्वणमाह तत्तीर्थपितृयज्ञपरम्। वृद्धौ चोक्तमेव। एवं पूर्वयोर्मृतयोः प्रपितामहे जीवति पितृमात्रे मृते परयोर्जीवतोश्च वृद्धप्रपितामहादिभ्यो ज्ञेयम्।

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है--पितामह के जीवित रहते हुए पुत्र पिता के लिए पिण्डदान दे। प्रपितामह के जीवित रहते उसके पिता के मरने पर पिण्ड दे। एक पुरुष या दो पुरुष का पार्वण कहा है वह तीर्थ पर पितृयज्ञ के विषय में है। वृद्धि में पहले की तरह है। इसप्रकार पिता और पितामह के मरने पर प्रपितामह के जीते हुए पिता मात्र के मरने पर पितामह तथा प्रपितामह के जीवित रहने पर वृद्धप्रपितामह आदियों के लिए जानना चाहिये।

जीवन्तमपि दद्याद्वा प्रेतायान्नोदके द्विजः। (पितुः पितृभ्यो वा दद्यात्स पितेत्यपराश्रुतिः ॥) इति कात्यायनोक्तेश्च।

और कात्यायन ने कहा है—द्विज जीते हुए को या मरे हुए पिता के लिए अन्नोदक दे।

एतत्सर्वं मनसि कृत्वाऽऽह हेमाद्रौ विष्णुः—'पितरि जीवति यः श्राद्धं कुर्याद्येषां पिता कुर्यात्तेषां, पितरि पितामहे च जीवति येषां पितामहः पितरि पितामहे प्रपितामहे च जीवति नैव कुर्यात्। यस्य पिता प्रेतः स्यात्स पित्रे पिण्डं निधाय पितामहात्पराभ्यां द्वाभ्यां दद्यात्। यस्य पिता पितामहः प्रेतः स्यात्स तस्मै पिण्डं निधाय प्रपितामहात् पराभ्यां दद्यात्। यस्य पिता पितामहश्च प्रेतौ स्यातां स ताभ्यां पिण्डौ दत्त्वा पितामहपितामहाय दद्यात्।

मातामहानामप्येवं श्राद्धं कुर्याद्विचक्षणः। मन्त्रोहेन यथान्यायं शेषाणां मन्त्रवर्जितम् ॥ इति। अत्र पितृवन्मातामहे जीवति तत्पित्रादिभ्यः। यथा तत्र त्रिषु जीवत्सु नैव कुर्यात्तथात्रापीत्यादि सर्वमतिदेश्यम्। एवं मातृजीवनेऽपीति शूलपाणिकालादर्शौ। तन्न, येभ्य एव'इत्यादौ यच्छब्दादेर्व्यक्तिविशेषवाचित्वेन तदप्रसङ्गादिति दिक्। उत्तरार्धं व्याख्यातं प्राक्।

इन सबों को मन में कर हेमाद्रि में विष्णु ने कहा है--पिता के जीवित रहते हुए जो श्राद्ध को करे जिनका पिता करे उनका वह करे। पिता और पितामह के जीवित रहते उनके पितामह का करे। पिता, पितामह और प्रपितामह के जीते हुए न करे। जिसका पिता प्रेत हो गया हो वह पिता के लिए पिण्ड को देकर दो को दे। जिसके पिता और पितामह प्रेत हैं वह दोनों उनके लिए पिण्ड को देकर प्रपितामह से पर दो को दे। जिसके पिता और पितामह प्रेत हो गये हैं वह दोनों को पिण्ड देकर पितामह पितामह के लिए दे।

इसीप्रकार मातामहों का भी श्राद्ध बुद्धिमान् मनुष्य मन्त्र के ऊह से यथान्याय करे। अवशिष्ट में मन्त्रवर्जित करे। यहाँ पर पिता के तरह मातामह के जीते हुए उसके पिता आदि के लिए दे। जैसे वहाँपर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तीनों के जीते हुए न करे, वैसे ही यहाँ भी न करे। यह सब अतिदेश है। इसीप्रकार माता के जीवित रहने पर भी जानना चाहिए—यह शूलपाणि और कालादर्श में कहा है। यह उचित नहीं है। 'येभ्य एव' इत्यादि में यत् शब्द आदि में व्यक्तिविशेषवाचित्व होने से उसका प्रसंग ही नहीं है। (अपनी माता, मातामही आदि के लिए दान का प्रसंग ही नहीं है—यह अर्थ है।) उत्तरार्ध श्लोक की तो व्याख्या पहले की है।

यत्त्वत्र विज्ञानेश्वरेणोक्तं 'पित्रे पिण्डं निधाय' इति पितुरेकोद्दिष्टविधिना श्राद्धं कृत्वा प्रपितामहादिभ्यः पार्वणं कुर्यात्। तद्व्युत्क्रममृतसपिण्डीकरणाभावपक्षे सपिण्डीकरणस्थानापन्नं ज्ञेयम्,

व्युत्क्रमात्तु प्रमीतानां नैव कार्या सपिण्डता। इति वचनात्। दर्शादौ तु पितुरेकोद्दिष्टमेव कार्यम्। 'न जीवन्तमतिददाति' इति श्रुतेः।

जो यहाँ पर विज्ञानेश्वर ने कहा है—पिता के लिए पिण्ड को देकर पिता का एकोद्दिष्टविधि से श्राद्ध को कर प्रपितामह आदि के लिए पार्वण करे। वह व्युत्क्रम से जो मृत हो उनका सपिण्डीकरण के अभावपक्ष में सपिण्डीकरण स्थानापन्न जानना चाहिए।

व्युत्क्रम से मरे हुओं का सपिण्डन न करे—यह वचन है। दर्श (अमावास्या) आदि में तो पिता का एकोद्दिष्ट ही करना चाहिए। श्रुति कहती है कि—जीते हुए को नहीं देना चाहिए।

जीवेत्पितामहो यस्य पिता चान्तरितो भवेत्। पितुरेकस्य दातव्यमेवमाहुर्मनीषिणः॥ इति यज्ञपार्श्वोक्तेः।

यज्ञपार्श्व में कहा है—जिसका पितामह जीवित है और पिता मर गया हो तो एक पिता के लिए देना चाहिये। ऐसा मनीषियों ने कहा है।

पितामहे जीवति वै पितर्येव समापयेत्। इति हारीतोक्तेश्च।

और हारीत ने कहा है—पितामह के जीवित रहते ही पिता के मरने पर श्राद्ध की क्रिया समाप्त करे।

शिष्टास्तु—व्युत्क्रमात्तु प्रमीतानां नैव कार्या सपिण्डता। यदि माता यदि पिता भर्ता नैव विधिः स्मृतः॥ इति माधवीये स्कान्दोक्तेर्व्युत्क्रममृतसपिण्डीकरणाभावः पितृव्यादिविषय इत्याहुः। एष विधिर्निषेधरूपः।

शिष्टों का कहना है—व्युत्क्रम (विपरीत क्रम) से मरे हुओं का सपिण्ड न करे। यदि माता, पिता और पति के मरने पर यह विधि नहीं होती है। यह माधवीय में स्कन्द के वचन से व्युत्क्रम से मरे हुओं का सपिण्डीकरण का अभाव पितृव्य (चाचा) आदि के विषय में कहा है। यह विधि निषेधरूप है।

त्रिषु जीवत्सु विष्णुराह—'त्रिषु जीवत्सु नैव कुर्यात्' इति। एतद्दर्शादिविषयम्। नान्दीश्राद्धं तु परेभ्यस्त्रिभ्यो भवत्येवेति कल्पतरुः।

तीन के जीते हुए विष्णु ने कहा है—तीनों के जीवित रहते न करे—यह दर्शादिविषयक है। नान्दीश्राद्ध को तो परले तीनों के लिए होता है—यह कल्पतरु में कहा है।

पृथ्वीचन्द्रोदयस्तु—दद्यात्त्रिभ्यः परेभ्यस्तु जीवेच्चेत्त्रितयं यदि। इति मनूक्तेः। सर्वत्र विकल्पः। स च देशाचाराद्व्यवतिष्ठत इत्याहुः।

पृथ्वीचन्द्रोदय में तो कहा है—यदि तीन जीवित हों तो परले तीनों को दे—यह मनु ने कहा है। सर्वत्र विकल्प है और वह देशाचार से व्यवस्था है—ऐसा कहा है।

सुदर्शनभाष्ये तु मासिकश्राद्धं जीवत्पित्रादिना व्युत्क्रममृतपित्रादिना च कार्यमेवेत्युक्तम्।

सुदर्शनभाष्य में कहा है—मासिकश्राद्ध को जीवित पिता आदि और व्युत्क्रममृतपित्रादि करें ही—ऐसा कहा है।

मदनरत्ने क्रतुः—अष्टकादिषु संक्रान्तौ मन्वादिषु युगादिषु। चन्द्रसूर्यग्रहे पाते स्वेच्छयालभ्य-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

योगतः ॥ जीवत्पिता नैव कुर्याच्छ्राद्धं काम्यं तथाखिलम् । अन्ये विशेषाः श्रीपितृकृतजीवत्पितृकनिर्णये भट्टकृतत्रिस्थलीसेतौ च ज्ञेयाः ।

मदनरत्न में क्रतु ने कहा है—अष्टका आदि में, संक्रान्ति में, मन्वादि और युगादियों में, चन्द्रग्रहण तथा सूर्यग्रहण में, व्यतीपात में, अपनी इच्छा से लभ्ययोग (पूज्य योग) से जीवित पिता सम्पूर्ण कामनापरक श्राद्ध नहीं ही करे। अन्यविशेष तो श्री पितृकृतजीवित्पितृकनिर्णय में और भट्टकृतत्रिस्थलीसेतु में जानना चाहिये।

(श्राद्धे विभक्ताविभक्तनिर्णयकथनम्)

अथ विभक्ताविभक्तनिर्णयः । पृथ्वीचन्द्रोदये मरीचिः—बहवः स्युर्यदा पुत्राः पितुरेकत्रवासिनः । सर्वेषां तु मतं कृत्वा ज्येष्ठेनैव तु यत्कृतम् । द्रव्येण चाविभक्तेन सर्वैरेव कृतं भवेत् ॥ ज्येष्ठस्य कर्तृत्वेऽपि सर्वे फलभागिन इत्यर्थः । तेन ये ब्रह्मचर्यादिनियमास्ते फलितसंस्कारत्वात्सर्वैः कार्याः । एवं संसृष्टिनामपि तुल्यत्वात् ।

अब विभक्त (अलग) और अविभक्त (एक साथ) का निर्णय करते हैं। पृथ्वीचन्द्रोदय में मरीचि ने कहा है—पिता के बहुत से पुत्र एकसाथ में रहते हों तो वे सब पुत्रों का मत लेकर ज्येष्ठ पुत्र ने अविभक्त द्रव्य से ही जो किया वह सबों ने किया। ज्येष्ठ पुत्र के करने पर सब पुत्र भी फल के भागी होते हैं—यह अर्थ है। इससे जो ब्रह्मचर्य आदि नियम हैं वे फलित संस्कार होने से सबों को (अर्थात्—सब भाइयों को अलग-अलग) करना चाहिये। इसप्रकार संसृष्टियों (साझीदारों) को भी तुल्य है।

मिताक्षरायां नारदः—भ्रातॄणामविभक्तानामेको धर्मः प्रवर्तते ।
विभागे सति धर्मोऽपि भवेत्तेषां पृथक् पृथक् ॥

मिताक्षरा में नारद ने कहा है—अविभक्त भाइयों का एक धर्म होता है। विभाग (धन आदि का बटवारा) होने पर—उन सब भाइयों का धर्म भी अलग-अलग होता है।

बृहस्पतिरपि—एकपाकेन वसतां पितृदेवद्विजार्चनम् ।
एकं भवेद्विभक्तानां तदेव स्याद् गृहे गृहे ॥

बृहस्पति ने भी कहा है—भाइयों के एक पाक से रहते हुए पितर, देवता और द्विज का पूजन एक होता है तथा विभक्त भाइयों का तो घर-घर में अलग-अलग होता है।

अत्र यद्यप्यविशेषणात् ब्रह्मयज्ञसन्ध्यादिष्वप्यविभक्तानां पृथक् निषेधः प्राप्नोति, तथापि द्रव्यसाध्यश्राद्धवैश्वदेवादिष्वेव सः । द्रव्यस्यानेकस्वामिकत्वेनैकस्य व्ययेऽनधिकारात् । यानि तु द्रव्यसाध्यानि मन्त्रजपोपवाससन्ध्याब्रह्मयज्ञपारायणादीनि नित्यनैमित्तिककाम्यानि तेषु पृथगेवाधिकारः, द्रव्यव्ययाभावेऽनुमत्यनपेक्षणात् । द्रव्येण चाविभक्तेन इत्यस्याविषयत्वात् ।

यहाँ पर यद्यपि अविविशेषश्रवण से ब्रह्मयज्ञ, सन्ध्या आदि में भी अविभक्तों का अलग निषेध प्राप्त होता है तथापि द्रव्यसाध्य श्राद्ध, वैश्वदेव आदियों में ही वह है। क्योंकि—द्रव्य के अनेक स्वामी होने में एक का व्यय करने में अधिकार नहीं है। जो द्रव्य से साध्य हैं मन्त्र, जप, उपवास, सन्ध्या, ब्रह्मयज्ञ, पारायण आदि, नित्य नैमित्तिक और काम्य इनमें अलग ही अधिकार हैं द्रव्यव्ययाभाव में अनुमति की अपेक्षा है। 'द्रव्येण चाविभक्तेन' इस पहले कहे हुए वचन का विषय नहीं है।

पृथगप्येकपाकानां ब्रह्मयज्ञो द्विजन्मनाम् । अग्निहोत्रं सुरार्चा च सन्ध्या नित्यं भवेत्तथा ॥ इति प्रयोगपारिजाते आश्वलायनस्मृतेश्च ।

अग्निहोत्रशब्दोऽग्निसाध्यश्रौतस्मार्तनित्यकर्मपरः तेष्वप्यन्यानुमत्यैवाधिकारेण न्यायसाम्यात् । पितृश्राद्धादिषु तुल्यफलेषु नित्येष्वनुमतिं विनाप्येकस्याधिकारः, एकोऽपि स्थावरे कुर्याद्दानाध्ययनविक्रयम् । आपत्काले कुटुम्बार्थे धर्मार्थे च विशेषतः ॥ इति वचनात् । धर्मार्थेऽवश्यकर्तव्ये पितृ-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्राद्धादाविति विज्ञानेश्वरः। केचित्त्वविभक्तानामपि पृथक्पाकत्वे देशान्तरे च दार्शिकाब्दिकयोः पृथक्त्वमाहुः।

और प्रयोगपारिजात में आश्वलायनसे कहा है—एकपाकवाले भाई द्विजातियों का ब्रह्मयज्ञ, अग्निहोत्र, देवार्चा और सन्ध्या नित्य अलग होते हैं।

अग्निहोत्रशब्द से अग्निसाध्य श्रौत-स्मार्त नित्यकर्मपरक है। उनमें भी अनुमति से ही अधिकार होने से न्याय की साम्यता है। पितृश्राद्ध (मातृश्राद्ध) आदि नित्य तुल्यफलों में अनुमति के बिना भी एक का अधिकार है। क्योंकि—एक भाई भी आपत्काल में कुटुम्ब के लिए विशेषकर धर्म के लिए स्थावर (एकस्थान पर जमा हुआ—अचल) धन का दान गिरवी और विक्रय करे—इस वचन से।

विज्ञानेश्वर ने कहा है—धर्म और अर्थ को अवश्य करे पिता आदि के श्राद्ध में। कोई कहते हैं कि—अविभक्तों का भी अलग पाक होने पर और देशान्तर में अमावास्या और आब्दिकश्राद्ध अलग-अलग करना कहा है।

(विभक्ताविभक्तानां च ब्रह्मयज्ञादिविचारः)

भ्रातॄणामविभक्तानां पृथक्पाको भवेद्यदि। वैश्वदेवादिकं श्राद्धं कुर्युस्ते वै पृथक् पृथक्॥ इति हारीतोक्तेः।

अविभक्त भाइयों का यदि पाक अलग बने तो वे सब वैश्वदेव आदि और श्राद्ध निश्चय अलग-अलग करें—ऐसा हारीत ने कहा है।

अविभक्तेन पुत्रेण पितृमेधो मृताहनि। देशान्तरे पृथक्कुर्युर्दर्शश्राद्धं तथैव च॥ इति यमोक्तेश्चेति। तत्र मूलं चिन्त्यम्।

तदयमर्थः। पञ्चमहायज्ञमध्ये देवभूतपितृमनुष्ययज्ञानन्यानुमत्या ज्येष्ठ एव कुर्यात्।

और यम ने कहा है—अविभक्त पुत्र पिता के मृत्युदिन में (क्षयाहदिन में) और वैसे ही दर्शश्राद्ध में देशान्तर में अलग करे। इसमें मूल विचारणीय है।

इससे यह अर्थ है—पञ्चमहायज्ञ के मध्य में देव, भूत, पितृ, मनुष्य यज्ञों को अन्य भाइयों की अनुमति से ज्येष्ठ भाई ही करे।

होमाग्रदानरहितं न भोक्तव्यं कदाचन। अविभक्तेषु संसृष्टेष्वेकेनापि कृते कृतम्॥ इति व्यासोक्तेश्च।

व्यास ने कहा है—होम और अग्रदान (पतित ब्राह्मण जो मृतकश्राद्ध में दान लेता है) को त्याग कर कभी अविभक्त और अलग भाइयों में एक भाई उपभोग न करे।

यस्य तु ज्येष्ठेनाकृते वैश्वदेवेऽन्नं सिध्येत्तेन तूष्णीमग्नौ किञ्चित् क्षिप्त्वा भोक्तव्यम्। यस्य त्वेषामग्रतोऽन्नं सिद्धं्येत्स नियुक्तमग्नौ कृत्वाग्रं ब्राह्मणाय दत्त्वा भुञ्जीतेत्यविभक्ताधिकारे पृथ्वीचन्द्रोदये गोभिलोक्तेः।

जिस छोटे भाई के बड़े भाई को वैश्वदेव न करने पर (छोटा भाई) अन्न के बन जाने पर उसमें से तूष्णीं अग्निमें छोड़कर भोजन करे। जिसका सब भाइयों के आगे अन्न सिद्ध हो जाय वह नियुक्त हो अग्निमें छोड़कर आगे ब्राह्मण को देकर भोजन करे। यह पृथ्वीचन्द्रोदय के अविभक्ताधिकार में गोभिल ने कहा है।

आश्वलायनस्तु पाकपार्थक्ये पृथक्त्वं तदेकत्वेऽपृथक्त्वमाह—वसतामेकपाकेन विभक्तानामपि प्रभुः। एकस्तु चतुरो यज्ञान् कुर्याद्वाग्यज्ञपूर्वकान्॥ अविभक्ता विभक्ता वा पृथक्पाका द्विजातयः। कुर्युः पृथक्पृथक् यज्ञान् भोजनात्प्राग्दिने दिने॥ इति।

आश्वलायन ने कहा है—पाक के पार्थक्य में अलग होता है, वह पाक एक हो तो अलग नहीं होता है—ऐसा कहा है—विभक्त भाई भी एक पाक से रहते हों तो एक भाई वाग्यज्ञपूर्वक चार यज्ञों को करे। अविभक्त या विभक्त द्विजाति (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य) अलग-अलग पाकवाले हों तो भोजन के प्रथम प्रतिदिन अलग-अलग यज्ञों को करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(ब्रह्मयज्ञादिपूजायां विचारः)

ब्रह्मयज्ञसन्ध्यास्नानतर्पणादि तूक्तहेतोः पृथगेव। देवपूजा तूक्तवचनद्वयादेकत्र पृथग्वा।

ब्रह्मयज्ञ, सन्ध्या, स्नान, तर्पण आदि तो कहे हुए के कारण अलग ही करे। देवपूजा तो पहले कहे हुए दो वचन से एक जगह या अलग-अलग करे।

(दर्शग्रहणादिश्राद्धादौ विचारः)

दर्शग्रहणश्राद्धादि त्वेकस्यैव। तीर्थश्राद्धाद्यपि युगपत्सर्वेषामभिक्तानां प्राप्तावेकस्य। भेदेन प्राप्तौ भिन्नम्। गयाश्राद्धेऽप्येवम्,

दर्श, ग्रहणश्राद्ध आदि एक को ही है। तीर्थश्राद्ध आदि भी एकसाथ अविभक्त सबों को प्राप्त होने पर एक ही को है। भेद होने पर अलग-अलग है। यही गयाश्राद्ध में भो है।

(अविभक्तानां युगपत्तीर्थप्राप्तौ निर्णयः)

एष्टव्या बहवः पुत्राः शीलवन्तो गुणान्विताः। तेषां तु समवेतानां यद्येकोऽपि गयां व्रजेत्। तारिताः स्मो वयं तेन स याति परमां गतिम्॥ इति हेमाद्रौ कौर्मोक्तेः।

काम्येऽपि दानहोमादावन्यानुमत्यैवाधिकारः। द्रव्यासाध्यजपादौ तां विनापि।

हेमाद्रि में कूर्मपुराण का वचन है—बहुत शीलवाले गुणीपुत्रों की इच्छा करे। इकट्ठे रहते हुए सबों में यदि एक भी गया में चला जाय तो उससे सब पितरों को तार दिया और वह परम गति को प्राप्त होता है।

काम्यकर्म में भी दान, होम आदि में अन्य की अनुमति से ही अधिकार है। द्रव्यासाध्य (द्रव्य से असाध्य) जप आदि में तो उसके बिना (अनुमति के) भी अधिकार है।

(विभक्तानां पुत्राणां युगपत्तीर्थप्राप्तौ विचारः)

अपरार्के पैठीनसिः—विभक्तैस्तु पृथक्कार्यं प्रतिसंवत्सरादिकम्।

एकैनैवाविभक्तेषु कृते सर्वैस्तु तत्कृतम्॥

संवत्सरात्पूर्वाणि मासिकान्येकत्रैव।

अपरार्क में पैठीनसि का कथन है—विभक्त (अलग) भाई सब प्रतिवार्षिक श्राद्ध आदि अलग-अलग करें। और अविभक्त भाई में एक ने अर्थात् ज्येष्ठ पुत्र[1] ने ही किया तो सबों ने किया ऐसा समझना चाहिये। सम्वत्सर (वार्षिक) श्राद्ध के पूर्व मासिक आदि श्राद्ध तो इकट्ठे ही होते हैं।

(सपिण्डीकरणान्तश्राद्धेषु विचारः)

तदाह लघुहारीतः— सपिण्डीकरणान्तानि यानि श्राद्धानि षोडश। पृथङ्नैव सुताः कुर्युः पृथग्द्रव्या अपि क्वचित्॥ सपिण्डनं मासिकोपलक्षणम्,

उसी बात को लघुहारीत में कहा है—सपिण्डीकरणान्त जो सोलह श्राद्ध हैं उनको पृथक् द्रव्य (बटवारा) के होने पर पुत्र अलग-अलग न करें। सपिण्डन—मासिक का उपलक्षण है।

१—एकेनैव तु कार्याणि संविभक्तधनेष्वपि। इति वचनात्। सपत्नानां भ्रातॄणां तु ज्येष्ठे सत्यपि स्वस्वमातृवार्षिकमान्वष्टक्यं स्वस्वमातामहवार्षिकं च भवत्येव मुख्यपुत्रत्वान्मुख्यदौहित्रत्वाच्च। मुख्याभावे तु सपत्नीपुत्रेषु ज्येष्ठ एव कुर्यात्। एवमविभक्तेषु भ्रातृषु कस्यचिदेव सुतसंस्कारः स्वद्वितीयाद्युद्वाहो वा तदा स एव वृद्धिश्राद्धं कुर्यात्। तीर्थे यदा एक एव गच्छति तदा स एव तीर्थश्राद्धं कुर्याद्, तीर्थे प्राप्तेर्निमित्तस्य जातत्वात् नैमित्तिकस्यावश्यकत्वात्। इह च सर्वेषां गमने ज्येष्ठ एव कुर्यात्। यदि पित्रा सह पुनरस्तीर्थंगतांस्तदा पुत्राणां न पृथक् तीर्थश्राद्धं पित्रधीनत्वेनास्वातन्त्र्यात्। पितुरशक्त्यादिना प्रतिबन्धे तु तत्प्रतिनिधित्वेन भवत्येव। यदि तु पिता तीर्थेऽस्ति पुत्रश्च गतः तदा स्वातन्त्र्येण निमित्तस्य जातत्वात्कालभेदेन तदुपजीवनासंभवात्पृथक्तीर्थश्राद्धं कुर्यादेव। एवमेव ज्येष्ठभ्रातरि तीर्थंगते कनिष्ठस्य तत्र गमने श्राद्धप्राप्तिर्द्रष्टव्या। विभक्तानां तु परस्परेण सह पित्रा वा सह तीर्थंगते पितरि तीर्थे वा तीर्थगमने प्रागुक्तवचनात् पृथगेव तीर्थश्राद्धम्। संन्यस्तादिपितृकाणां त्वविभागे ज्येष्ठेनैव, विभागे तु सर्वैः कार्याणि। एवं विभागविभागयोर्निर्णयस्तर्पणेऽपि द्रष्टव्यः। इति कृष्णंभट्टयाम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अर्वाक् संवत्सराज्ज्येष्ठः श्राद्धं कुर्यात्समेत्य तु। ऊर्ध्वं सपिण्डीकरणात्सर्वे कुर्युः पृथक् पृथक् ॥ इति व्यासोक्तेः।

व्यास ने कहा है—ज्येष्ठ पुत्र संवत्सर के पूर्व सब श्राद्धों को इकट्ठा कर करे। सपिण्डीकरण के बाद सब पुत्र अलग अलग करे।

उशनाः—नवश्राद्धं सपिण्डत्वं श्राद्धान्यपि च षोडश। एकेनैव तु कार्याणि संविभक्तधनेष्वपि ॥ मघात्रयोदशीश्राद्धं त्वविभक्तानामपि पृथगित्युक्तं प्राक्।

उशना ने कहा है—नवश्राद्ध, सपिण्डीश्राद्ध और अन्य सोलह श्राद्धों को भाइयों के धन का बटवारा होने पर भी एक ही करे। मघात्रयोदशी श्राद्ध को तो अविभक्त पुत्र भी अलग-अलग करे—यह पहले कह चुके हैं।

यत्तु वृद्धवसिष्ठः—मासिकं च वृषोत्सर्गं सपिण्डीकरणं तथा। ज्येष्ठेनैव प्रकर्तव्यमाब्दिकं प्रथमं तथा ॥ इति। तन्निर्मूलम्। बह्वृचपरिशिष्टे 'नवश्राद्धं सह दद्युः' इति।

जो वृद्धवसिष्ठ ने कहा है—मासिक, वृषोत्सर्ग, सपिण्डीकरण और प्रथम आब्दिकश्राद्ध ज्येष्ठ पुत्र ही करे—यह निर्मूल है। बह्वृचपरिशिष्ट में कहा है—नवश्राद्ध को एक साथ करें।

(तीर्थश्राद्धविचारः)

अथ तीर्थश्राद्धम्। तत्र यद्यप्यस्मत्पितामहकृतत्रिस्थलीसेतुरेव जागर्ति, तथापि किञ्चिदुच्यते।

इसके बाद तीर्थश्राद्ध कहते हैं। उसमें यद्यपि हमारे पितामहकृत त्रिस्थलीसेतु नामक निबन्ध ही जागरूक है। फिर भी कुछ कहता हूँ।

(यात्रायां सपत्नीकस्याधिकारविचारः)

तत्र यात्रायाम्—सहाग्निर्वा सपत्नीको गच्छेत्तीर्थानि संयतः।

वहाँ पर यात्रा में तीर्थों में संयत (इन्द्रियों का दमन कर) हो अग्नि के सहित सपत्नीक गमन करे।

(प्रायश्चित्तार्थयात्रायां यज्ञादौ च विचारः)

प्रायश्चित्ती व्रजेत्तीर्थं पत्नीविरहितोऽपि वा। यज्ञेष्वनधिकारी च यश्च वा मन्त्रसाधकः ॥ इति कौर्मवचनात्साग्नेः सपत्नीकस्यैवाधिकारः।

प्रायश्चित्त के निमित्त अर्थात्—यात्रा में प्रायश्चित्त के लिए जाने पर पत्नी के रहित भी तीर्थ में जाय। यज्ञ में अनधिकारी होता है और मन्त्रसाधन में भी अकेला न जाय। कूर्मपुराण आदि वचन से साग्निक को सपत्नीक[1] का ही अधिकार है।

भारते—ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यः शूद्रो वा राजसत्तम।
न वियोनिं व्रजन्त्येते स्नानात्तीर्थे महात्मनः ॥

महाभारत में कहा है—हे राजसत्तम, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र ये महात्मा तीर्थ में स्नान करने पर निन्दित योनि में जन्म नहीं ग्रहण करते हैं।

(विधवायाः पुत्राद्यनुमत्या)

स्कान्दे विधवाधर्मेषु—स्नानं दानं तीर्थयात्रां विष्णोर्नामग्रहं मुहुः। एतत्पुत्राद्यनुमत्यैव।

स्कन्दपुराण में विधवाधर्म में कहा है—स्नान, दान, तीर्थयात्रा, बारम्बार विष्णु के नाम का उच्चारण विधवा स्त्री करे। यह पुत्र की अनुमति से ही करे।

१—जो पत्नी पातिव्रत्य आदि से युक्त हो। धर्म ने कहा है—पुंसां गुणवतीं भार्यां यो वा त्यक्त्वा प्रयाति हि। तस्य पुण्यफलं सर्वं वृथा भवति नान्यथा ॥ जो स्त्री पति से विपरीत हो, मद्यपी, कुलटा आदि हो उसको त्याग कर जाने में दोष नहीं लगता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(सधवायाः विचारः)

सधवायाः पत्या सहैवेति प्रागुक्तम् ।

सधवा स्त्री पति के साथ ही यात्रा आदि करे—यह पहले ही कह चुके हैं ।

(तीर्थयात्राविधिः)

काशीखण्डे—मातुः पितुः क्षेप्तुमनास्तथास्थि सुतस्तु कुर्यात्खलु तीर्थयात्राम् ।

तद्विधिः स्कान्दे—तीर्थयात्रां चिकीर्षुः प्राग्विधायोपोषणं गृहे । गणेशं च पितॄन् विप्रान् साधून् शक्त्या प्रपूज्य च ॥ कृतपारणको हृष्टो गच्छेन्नियमधृक्पुनः । आगत्याभ्यर्च्य च पितॄन् यथोक्तफलभाग्भवेत् ॥

काशीखण्ड में कहा है—जब पुत्र की इच्छा माता[1] और पिता की अस्थिप्रक्षेप की हो तब ही तीर्थयात्रा करे ।

उसकी विधि स्कन्दपुराण में कही है—तीर्थयात्रा को[2] करने की इच्छा से घर में प्रथम उपवास कर गणेश, पितर, ब्राह्मण और साधु इनकी शक्ति के अनुसार पूजन कर पारणा करने बाद प्रसन्न हो नियम को धारण कर चले । फिर यात्रा से लौटकर[3] पितरों की पूजा कर कहे हुए फल का भागी होता है ।

(यात्राकाले वपनविचारः)

उपवासात्प्राङ्मुण्डनं च कार्यम् । प्रयागे तीर्थयात्रायां पितृमातृवियोगतः । कचानां वपनं कुर्यात् वृथा न विकचो भवेत् ॥ इति विष्णूक्तेः । प्रायश्चित्तार्थयात्रायां गङ्गायां चैतदित्येके ।

उपवास[4] के पहले मुण्डन करे । प्रयाग में, तीर्थयात्रा में, पिता और माता के वियोग (मरण) में, केशों का वपन करावे । व्यर्थ में केशों का वपन (मुण्डन) न करावे । कोई कहते हैं कि—प्रायश्चित्तार्थ यात्रा में और गंगा में मुण्डन करे ।

केचित्तु हेमाद्रौ महाभारते—केशश्मश्रुनखादीनां वपनं न च शस्यते ।
अतो न कार्यं वपनं गयाश्राद्धार्थिना सदा ॥

कोई हेमाद्रि में महाभारत का वचन कहते हैं—केश श्मश्रु (दाढ़ी), नख आदियों का मुण्डन नहीं चाहते हैं । इसलिए सदा गयाश्राद्धार्थी को मुण्डन नहीं करना चाहिये । 'गया यात्रार्थिना' इस पाठ से—गयायात्रा के इच्छुक ।

१—जो यह कहा है कि—जप, तप, तीर्थयात्रा, संन्यास, मन्त्रसाधन और देवताराधन ये छः स्त्री और शूद्र को पतन के कारण है । वह पति हीन स्त्रियों को और विप्रादिसेवक शूद्र का निषेधक है । इसीप्रकार निरन्तर तीर्थयात्रा का भी दोनों निषेध है—शातातप ने कहा है कि—निरन्तरं तीर्थसेवा संन्यासो मन्त्रसाधनम् । देवताराधनं ध्यानं तेषां पापावहं परम् ॥ तेषाम्—शूद्राणाम् । तीर्थ में माता आदि का अस्थिप्रक्षेप की इच्छा से सबों को भी अधिकार है । प्रसंग से तीर्थ की प्राप्ति में तो शंख ने कहा है—तीर्थं प्राप्य प्रसंगेन स्नानं तीर्थे समाचरेत् । स्नानजं फलमाप्नोति तीर्थयात्राकृतं न तु ॥ वाणिज्य—राजसेवा आदि प्रसंग से जाने पर—पैठीनसिः—अर्धं तीर्थफलं तस्य यः प्रसङ्गेन गच्छति । षोडशांसं स लभते यः परार्थेन गच्छति ॥ प्रसंग से—तीर्थान्तर प्रसंग से । परार्थ से—वेतन ग्रहण करके । परान्नेन—एसा पाठ करने पर—परान्नभोजन करने पर ।

२—यात्रा मुहूर्तदिन से पहले रोज एक भुक्त हविष्यभोजन ब्रह्मचर्य आदि नियमों को करे । दूसरे दिन में मुण्डन कर उपवास का संकल्प करे । तदनन्तर पर दिन में प्रातःकाल नित्यक्रिया के बाद गणेश और इष्टदेवता का पूजन और घृतश्राद्ध कर यथाशक्ति वस्त्र तथा अलङ्कार आदियों से ब्राह्मणों का पूजन कर यात्रा का संकल्प कर कार्पटीवेष से मुहूर्त के समय के भीतर वासग्राम की प्रदक्षिणा कर श्राद्धशेष घृत से पारणा करे । उसके दूसरे दिन में स्नान आदि कर जाय । उपवास की असमर्थता में तो उसका प्रतिनिधि करे ।

३—तीर्थयात्रा को कर घर में आकर फिर से श्राद्ध करना चाहिये ।

४—उपवास-संकल्प से । इससे पहले दिन में या उसीदिन ही मुण्डन करने में क्षति नहीं है । कोई इसमें रुचि नहीं रखते हैं । वह तीर्थयात्रा में ही करे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ये भारतेऽस्मिन् पितृकर्मतत्पराः सन्धार्य केशानतिभक्तिभाविताः। ऋणक्षयार्थं पितृतीर्थमागतास्तेषामृणं संक्षयमेष्यति ध्रुवम् ॥ इति निषेधात् गयायात्राङ्गं वपनं न कार्यमित्याहुः। वस्तुतस्तु गयाधिकरणकस्यैवायं निषेधः, नतु यात्राङ्गस्य, 'श्राद्धार्थिना' इत्युक्तेः। 'विशालां विरजां गयाम्' इत्यनेनैकवाक्यत्वाच्च।

जो इस भारतवर्ष में अत्यन्त भक्ति से पितृकर्म में तत्पर हैं वे केशों को धारण कर पितरों के ऋण को पूरा करने के लिए पितृतीर्थ में आये हैं। उनका ऋण निश्चय नाश हो जायगा। इस निषेध से गया यात्रांग वपन न करे—ऐसा कहा है। सिद्धान्त तो यह है कि—गयाधिकरण (गयाधिकार के अंग का) का यह निषेध है न की यात्राङ्ग का, 'श्राद्धार्थिना' एसा कहा है। (अन्यथा 'गयायात्रार्थिना सदा' एसा कहे) विशाल, विरजा और गया इस अनेक वाक्यों से।

(गमनादौ घृतश्राद्धविचारः)

श्राद्धं च षट्नवद्वादशदैवतं वा घृतेन कार्यम्। गच्छेद्देशान्तरं यस्तु श्राद्धं कुर्यात्स सर्पिषा। इति विष्णुपुराणात। यात्राङ्गवृद्धिश्राद्धोक्तेश्च। श्राद्धं च पारणादिने एव। उपोष्य रजनीमेकां प्रातः श्राद्धं विधाय च। गणेशं ब्राह्मणान्नत्वा भुक्त्वा प्रस्थितवान्सुधीः॥ इति स्कान्दलिङ्गात्।

और छ, नौ या द्वादशदैवतश्राद्ध घृत से करे। क्योंकि विष्णुपुराण का वचन है—जो व्यक्ति (मनुष्य) दूसरे देश (नगर) में जाय वह घृत से श्राद्ध करे और इसको यात्रांग वृद्धिश्राद्ध कहा है। पारणादिन में ही श्राद्ध करे। क्योंकि स्कन्द[1] पुराण में कहा है—एकरात उपवास कर प्रातःकाल श्राद्ध को कर गणेश तथा ब्राह्मणों को नमस्कार कर भोजन कर बुद्धिमान् प्रस्थान करे।

(तीर्थात्प्रत्यागमने घृतश्राद्धकथनम्)

गौडनिबन्धे गौतमः—तीर्थयात्रासमारम्भे तीर्थात्प्रत्यागमेऽपि च। वृद्धिश्राद्धं प्रकुर्वीत बहुसर्पिः समन्वितम् ॥ वृद्धिपदं तद्धर्मार्थम्।

गौडनिबन्ध में गौतम ने कहा है—तीर्थयात्रा के प्रारंभ में और तीर्थयात्रा कर के आने पर भी बहुत घी से युक्त वृद्धिश्राद्ध करे। (भट्टों का मत है कि—घी मुख्यरूप द्रव्य से करे। जो तीर्थ से आने पर भी कहा है—उसका अभिप्राय यों है—ग्रामान्तर में उपवास कर दूसरे दिन ग्रह और इष्टदेवताओं का पूजन कर अपने गांव की प्रदक्षिणा कर कार्पटीवेष को बाहर ही त्याग कर घर में प्रवेश कर श्राद्धशेष घृत से धारणा करे। यह सिद्धान्त तो यह है—तीर्थयात्रा से लौट कर घर में आकर ग्रहादि देवताओं का अर्चन कर—पार्वणश्राद्ध घृतयुक्त करे। तथा गांव प्रदक्षिणा-कार्पटीवेष त्याग सब प्रास्थानिक कर्मों को न करे।) वृद्धिपद—वृद्धि के धर्मों के अर्थ के लिये है। (इसप्रकार यात्रांग वृद्धिश्राद्ध जो कहा है—(कार्पटीवेश—माने—कषायवेष। किसी का मत है गमनमात्र में करे। अन्य कहते हैं—सदा करे।)

(श्राद्धोत्तरं यात्रासङ्कल्पः)

श्राद्धोत्तरं यात्रासङ्कल्प इति भट्टाः।

श्राद्ध के बाद यात्रा का संकल्प करे—यह भट्ट मत है।

(गयादौ गमनसमये विचारः)

वायवीये—उद्यतस्तु गयां गन्तुं श्राद्धं कृत्वा विधानतः। विधाय कर्पटीवेषं ग्रामं कृत्वा प्रदक्षिणम् ॥ ततो ग्रामान्तरं गत्वा श्राद्धशेषस्य भोजनम्। घृतस्य भोजनम्। तच्च क्रोशमध्ये। श्राद्धोत्तरं क्रोशगमननिषेधात्।

१—इस अर्थवाद से यह सिद्ध होता है—पहले दिन उपवास कर दूसरे दिन श्राद्ध को कर गणेश आदि को नमस्कार कर पारणा कर प्रस्थान करे—यह विधि प्राप्त होती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ततः प्रतिदिनं गच्छेत्प्रतिग्रहविवर्जितः । गयायामेवैतन्नान्यत्रेति केचित् । हेमाद्रिस्तु—गयायां श्राद्धदिने एव प्रस्थानम् । तीर्थान्तरे तु श्राद्धोत्तरदिने इत्याह ।

वायुपुराण में कहा है—गया[1] जाने के लिये उद्यत पुरुष विधान से श्राद्ध को कर कार्पटीवेश को कर गांव की प्रदक्षिणा कर तदनन्तर ग्रामान्तर में जाकर श्राद्धशेष का भोजन करे—घृत का ही भोजन करे। इससे ही पारणा करे। वह भी क्रोश (कोश) के मध्य में। क्योंकि श्राद्ध के बाद क्रोश गमन निषेध (श्राद्धं कृत्वा न गच्छेत् अध्वनि क्रोशपूरणे।) है।

तदनन्तर प्रतिदिन प्रतिग्रह को त्याग कर चले। यह गया में ही नियम है। (कार्पटीवेष धारण आदि) अन्यत्र नहीं है यह किसी का मत (हमारे मतमों में सब तीर्थों में यात्रा करते हुए बुद्धिमान् प्रतिग्रह आदि को किसीप्रकार भी ग्रहण न करे) है। हेमाद्रि ने तो कहा है—गया में तो श्राद्धदिन में ही प्रस्थान करे। तीर्थान्तर में (अर्थात्-दूसरे तीर्थों में तो) श्राद्धकरने पर दूसरे दिन प्रस्थान करे—ऐसा कहा है।

(अन्यद्वारा यात्राकरणे फलकथनम्)

प्रभासखण्डे—यश्चान्यं कारयेच्छक्त्या तीर्थयात्रां नरेश्वरः ।
स्वकीयद्रव्ययानाभ्यां तस्य पुण्यं चतुर्गुणम् ॥

प्रभासखण्ड में कहा है—जो नरेश्वर—श्रेष्ठपुरुष यथाशक्ति दूसरे व्यक्ति के द्वारा अपने द्रव्य और सवारी से तीर्थयात्रा को कराता है उसको चौगुना पुण्य होता है।

(यात्राशौचमध्ये आशौचे रजसि वा प्राप्ते विचारः)

यात्रामध्ये आशौचे रजसि चाशुद्धिपर्यन्तं स्थित्वा तदन्ते गच्छेत् । मार्गवैषम्ये त्वदोषः ।

यात्रा[2] के मध्य में आशौच या रजोधर्म हो जाय तो शुद्धिपर्यन्त वहीं पर रहकर अन्त में जाय। स्त्री के रजोधर्म होने पर उस को देवता और पितरों के कार्य में पांचवे दिन शुद्धि कहा है। अर्थात्—मासिक धर्म से पांचवे दिन देवादिकार्य को करे। (यदि रजो की निवृत्ति हो जाय तो।) मार्ग के विषम (ऊबड़ खाबड़, भयानक आदि हो तो) में तो दोष नहीं (पैठीनसि में कहा है—विवाहदुर्गयज्ञेषु यात्रायां तीर्थकर्मणि। न तत्र सूतकं तद्वत्कर्मयज्ञादि कारयेत् ॥ इसमें 'रजसि' यह पद प्राचीन ग्रन्थों में नहीं आया है। फिर भी गत्यन्तराभाव में सूतक के सदृश हो है। उपरोक्त श्लोक मार्गवैषम्यादिगत्यन्तराभाव परक है।)

(यात्रामध्ये तीर्थप्राप्तौ विचारः)

यात्रामध्ये तीर्थान्तरप्राप्तौ श्राद्धादिकार्यमेव ।

यात्रा के मध्य में तीर्थान्तर की प्राप्ति में तो श्राद्धादि को करना ही चाहिये।

(वाणिज्याद्यर्थं गते विचारः)

वाणिज्याद्यर्थं गते तु मुण्डनोपवासादि न कार्यमिति प्रयागसेतौ भट्टाः । वस्तुतस्तु तत्रापि मुण्डनोपवासश्राद्धादि कार्यम् । अर्धं तीर्थफलं तस्य यः प्रसङ्गेन गच्छति । इति ब्राह्मोक्तेः ।

वाणिज्यव्यवसाय के लिये जाने पर तो मुण्डन, उपवास आदि न करे यह प्रयोगसेतु में भट्टों ने कहा

१—गोदावर्यां गयायां च श्रीशैले महणद्वये । सुरासुरगुरूणां च मौढ्यदोषो न विद्यते । वायवीये—गयायां सर्वकालेषु पिण्डं दद्याद्विधानतः । अधिमासे जन्मदिने अस्ते च गुरुशुक्रयोः । न त्यक्तव्यं गयाश्राद्धं सिंहस्थेऽपि बृहस्पतौ । अधिमासे च जन्मर्क्षे अस्ते च गुरुशुक्रयोः । तीर्थयात्रा न कर्तव्या गयां गोदावरीं विना ॥

२—यदि तीर्थयात्रा के लिये प्रस्थान करने बाद यदि अकारण लोभादि से फिर से घर में आता है तो गरुड़पुराण में कहा है—तीर्थं चलित्वा यः कोऽपि पुनरायाति च गृहे । अनुज्ञातः शुभैर्विप्रैः प्रायश्चित्तं समाचरेत् ॥ संकल्प-बाध-निमित्तक प्रायश्चित्त ब्राह्मण की आज्ञा से करे। तीर्थयात्रा करते समय तीर्थ की अप्राप्ति में ही वह तीर्थयात्री मर जाय तो गरुड़पुराण में कहा है—यस्तीर्थसंमुखो भूत्वा व्रजन्नशनेन कृते । चेन्म्रियेदन्तराले तु ऋषीणां मण्डलं व्रजेत् ॥ चकार के अध्याहार से अनशन में मासोपवासव्रत करने पर भी है। ऋषि के लोक में जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है। सिद्धान्त तो यह है कि—वहाँ पर भी मुण्डन, उपवास आदि को करे। ब्रह्मपुराण में कहा है कि—जो प्रसंगवश तीर्थ में जाता है उसको आधा तीर्थ का फल मिलता है।

(यात्रायां द्विर्भोजने विचारः)

स्कान्दे—द्विर्भोजनं तृतीयांशे हरेत्तीर्थफलस्य च। वाणिज्यं त्रींस्तथा भागान् हन्ति सर्वं प्रतिग्रहः॥

स्कन्दपुराण में कहा है—दो बार भोजन तीर्थफल के तीसरे भाग को, वाणिज तीन भाग को और प्रतिग्रह सब भागों को नाश कर देता है। 'यान-सवारी (साक्षात् स्वशरीरव्यापारसाध्यबुद्धिपूर्वक-देशान्तर-प्रतिसाधनं यानम्। 'गोयाने गोवधः प्रोक्तो हयमाने तु चतुर्गुणम्। नरयाने गोवधः प्रोक्तो ह्ययाने निष्फलम्॥ गोभिलः—गोभिर्युक्तेन यानेन तीर्थयात्रां करोति यः। स याति नरकं घोरं यावद्गोरोमसंख्यया। प्रभासखण्डे—तीर्थानुगमनं पद्भ्यां तपः परमिहोच्यते। तदेव कृत्वा यानेन स्नानमात्रफलं लभेत्॥ अशक्तस्य तु गोभिलः—असमर्थस्तु यानेन तीर्थयात्रां समाचरन्। तदुक्तं फलमाप्नोति स्वशक्त्या धर्ममाचरन्॥ कौर्मे—नरयानं चाश्वतरी हयादिसहितो रथः। तीर्थयात्रास्वशक्तानां यानदोषकरं न हि॥ नाव भी यान ही है। परन्तु नाव के विना गमन शंखों द्वारगंगासागर आदि मार्ग में स्थित नदी के उस पार जाने में हो नहीं सकता है। इसलिए दोष नहीं है। यह त्रिस्थलीसेतु में कहा है।)

(यानादिना यात्राकरणे)

यानमर्धं चतुर्थांशं छत्रोपानहमेव च। इत्युत्तरार्धं पाठान्तरम्।

आधे फल को यान (सवारी) छाता और जूता तो चतुर्थांशफल को नाश कर देता है। यह उत्तरार्द्ध पाठान्तर है।

(मार्गेऽन्तरानदीप्राप्तौ विचारः)

अत्र नदीषु विशेषः—मार्गेऽन्तरा नदीप्राप्तौ स्नानादिपरपारतः।
अर्वागेव सरस्वत्या एव मार्गगतो विधिः॥

यहाँ पर नदियों में विशेष कहा है—रास्ते में जाते समय नदी (सरस्वती नदी से भिन्न) के प्राप्ति पर—स्नान आदि उस पार (अर्थात्-नदी के उस पार होकर) करे। और सरस्वतीनदी के तो इसीपार करे। यही रास्ते के जाने की विधि है।

यत्तु—पितॄनतर्पयित्वा तु नदीस्तरति यो नरः। तस्यासृक्पानकामास्ते भवन्ति भृशदुःखितः॥ इति तत्सरस्वतीपरम्।

जो यह कहा है—जो मनुष्य पितरों का तर्पणादि न कर जो नदी के पार जाता है। वे अत्यन्त दुःखी पितर उसके रुधिरपान की इच्छा करते है। वह सरस्वतीनदीपरक है।

शङ्खः—तीर्थं प्राप्यानुषङ्गेन स्नानं तीर्थे समाचरेत्। स्नानजं फलमाप्नोति तीर्थयात्राकृतं न तु॥ स एव—'न स्रवन्तीमतिक्रामेदनवासिच्य'।

शंख ने कहा है—जो कोई अनुषंग (प्रशंगवश) वश तीर्थ को प्राप्त कर तीर्थ में स्नान करे। वह स्नान से उत्पन्न फल को प्राप्त करता है पर तीर्थयात्रा-जन्य किये हुए फल को प्राप्त नहीं करता है। वही ही सेचन के विना बहती हुई नदी का अतिक्रमण न करे।

(तीर्थप्राप्तौ तु)

तीर्थप्राप्तौ तु प्रभासखण्डे—यानानि तु परित्यज्य भाव्यं पादचरैर्नरैः। लुठित्वा लोठनीं तत्र कृत्वा कार्पटिकाकृतिम्॥ कृत्वेऽतिगृहान्निर्गमसमयेऽकरणे इदम्।

तीर्थप्राप्ति में प्रभासखण्ड में कहा है—यानों को त्यागकर (सवारियों को) पदगामी (पैदल) होना चाहिये। (तीर्थ को देख कर साष्टांग प्रणाम— पद्भ्यां जानुभ्यां शिरसा चोरसा तथा। मनसा वचसा दृष्ट्या प्रणामोऽष्टाङ्ग उच्यते॥ यहाँ पर आचार से शिरोवगुण्ठन, कञ्चुकादि, माल्य शास्त्रादि का त्याग है।) जमीन पर लेटकर कार्पटिक की आकृति करे। 'कृत्वा' का अर्थ है कि—घर से निकलते समय न करने पर यह है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रथमं चालभेत्तीर्थं प्रणवेन जलं शुचि । अवगाह्य ततः स्नायाद्यथावन्मन्त्रयोगतः ॥

पवित्रावस्था में पहले प्रणवमन्त्र (ओंकार) से तीर्थ जलका स्पर्शकर यथावत्, मन्त्र[1] से युक्त होकर अवगाहन (जल को हिलाकर) सचैलस्नान (पूरे वस्त्र के सहित) करे ।[2]

(तीर्थप्रार्थनामन्त्राः)

मन्त्रश्च प्रभासखण्डे—नमोस्तु देवदेवाय शितिकण्ठाय दण्डिने ।
रुद्राय चापहस्ताय चक्रिणे वेधसे नमः ॥

मन्त्र तो प्रभासखण्ड में कहा है—देवों में देव आपको नमस्कार है । शितिकण्ठ, (शंकर) दण्डधारी रुद्र, धनुष तथा चक्र को हाथ में धारण किये हुए ब्रह्मरूप आपको नमस्कार है ।

सरस्वती च सावित्री वेदमाता गरीयसी ॥ सन्निधात्री भवत्वत्र तीर्थे पापप्रणाशिनी ॥ इति । मन्त्रवत्स्नानं च वपनोत्तरं कार्यम् ।

सरस्वती, उत्तम वेदमाता सावित्री, इस तीर्थ में निकट रहकर पापों का नाश करनेवाले बनो । मन्त्रवत्स्नान करने वपन करने बाद करना चाहिये ।

(तीर्थे उपवासमुण्डनादिनिर्णयः)

पूर्वमावाहनं तीर्थे मुण्डनं तदनन्तरम् । ततः स्नानादिकं कुर्यात्पश्चाच्छ्राद्धं समाचरेत् ॥ इत्युक्तेः ।

तीर्थ में प्रथम आवाहन करे । तदनन्तर मुण्डन करे । फिर स्नानादिक कर बाद में श्राद्ध करे । एसा कहा है ।

यत्तु—गत्वा स्नानं प्रकुर्वीत वपनं तदनन्तरम् । इति तन्मुशलस्नानपरम् ।

जो यह बचन है—जाकर स्नान करे फिर वपन करे । वह मुसलस्नानपरक है ।

काशीखण्डे—तीर्थोपवासः कर्तव्यः शिरसो मुण्डनं तथा ।

काशीखण्ड में कहा है—तीर्थ में उपवास करे और शिर का मुण्डन करे ।

उपवासे तत्रैवोक्तम्—यदह्नि तीर्थप्राप्तिः स्यात्तदह्नः पूर्ववासरे ।
उपवासः प्रकर्तव्यः प्राप्तेऽह्नि श्राद्धदो भवेत् ॥

उपवास में वहीं पर कहा है—जिस दिन में तीर्थ की प्राप्ति हो उसके पूर्वदिन में उपवास को करना चाहिये । जिस दिन तीर्थ प्राप्त हो उसीदिन श्राद्धको करे ।

अत्र-उपवासं ततः कुर्यात्तस्मिन्नहनि सुव्रतः । इति प्राप्तिदिनेऽप्युपवासोक्तेर्विकल्पः ।

तदनन्तर यहाँ पर सुव्रत, (अच्छे व्रत में स्थित) उसीदिन में उपवास करे । इससे प्राप्तिदिन में उपवास में विकल्प कहा है ।

मुण्डने तु स्कान्ददेवलौ—मुण्डनं चोपवासं च सर्वतीर्थेष्वयं विधिः । वर्जयित्वा कुरुक्षेत्रं विशालं विरजां गयाम् ॥ विरजम्=लोणारम् । प्रसिद्धमहातीर्थपरः सर्वतीर्थशब्दः ।

मुण्डन में तो स्कन्दपुराण और देवल ने कहा है—मुण्डन और उपवास की यह विधि तो सब तीर्थों में है । कुरुक्षेत्र, विशाल (बद्री विशाल), विरज (उत्कलदेश), (वायवीये—आक्रान्तं दैत्यजठरं धर्मेण विरजाद्रिणा । नाभिकूपसमीपे तु देवी विरजा स्थिता ॥ तत्र गयासुरनाभौ धर्मराजेन विरजा-

---

१—सर्वेषामेव तीर्थानां मन्त्र एष उदाहृतः । इत्युच्चार्य नमस्कृत्वा स्नानं कुर्याद्यथाविधि ॥ अथवा—सागरस्वननिर्घोषदण्डहस्तसुरान्तक । जगत्स्रष्टर्जगन्मित्र नमामि त्वां सुरेश्वर ॥ तीक्ष्णदंष्ट्र महाकाय कल्पान्तदहनोपम । भैरवाय नमस्तुभ्यमनुज्ञां दातुमर्हसि ॥ इमं मन्त्रं समुच्चार्य तीर्थस्नानं समाचरेत् । अन्यथा तत्फलस्यार्धं तीर्थेशो हरति ध्रुवम् । प्रथम प्रणवसे जलका स्पर्श करे । फिर सचैलस्नान कर वपन कर समन्त्रक स्नान करे ।

२—अमुकतीर्थाय नमः—इससे पुष्प, अक्षत, फल, दक्षिणा आदि से युक्त हो अञ्जलि दे । 'रिक्तपाणिर्न यायात्तु' एसा कहा है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्रिस्थापनोक्तेः तत्र विरजम्—लोणारम्—(दक्षिणदेशस्थमपि, आदित्यपुराणे—एवं कृते विधानेऽस्मिन् विरजे विरजो भवेत्।) प्रसिद्धशब्द महातीर्थपरक सब[1] तीर्थपरक है।

(अत्रविशेषः)

अत्र विशेषः स्मृत्यन्तरे–ऊर्ध्वमब्दाद् द्विमासोनात्पुनस्तीर्थं व्रजेद्यदि। मुण्डनं चोपवासं च ततो यत्नेन कारयेत्॥ तदा तद्वपने शस्तं प्रायश्चित्तमृते द्विज। इति वा पाठः।

यहाँ पर विशेष स्मृत्यन्तर में कहा है—एक वर्ष में दो महिना कम में फिर से यदि तीर्थ में जाय तो मुण्डन और उपवास को यत्न से करे। (फल की इच्छा हो तो मध्य में क्षौरादि करे यह आवश्यक नहीं है।) या इस पाठ को स्वीकार करेंगे तो—तदनन्तर हेद्विज, प्रायश्चित्त के बिना वह वपन उत्तम है। तीसरे पाद का पाठ यों है—'तदा तद् द्वयं शस्तम्। वह मुण्डन और उपवास उचित है।

प्रयागे प्रतियात्रं तु योजनत्रयमिष्यते। क्षौरं कृत्वा तु विधिवत् ततः स्नायात्सितासिते॥

प्रयाग में तो प्रत्येक यात्रा मे तीन योजन—(योजनत्रय से अधिक देश से आने पर ही करावे। उसके मध्यमें न करावे। (नैव संवत्सरे कुर्यात् प्रयागे वपनं द्वयम्।) में (छ कोष या बारह कोष) कहा है। क्षौर कर विधिवत् गंगा-यमुना में स्नान करे।

तथा च बृहस्पतिः—क्षौरं नैमित्तिकं कार्यं निषेधे सत्यपि ध्रुवम्।
पित्रादिमृतिदीक्षासु प्रायश्चित्तेऽथ तीर्थके॥

और बृहस्पतिस्मृति में कहा है—क्षौर को नैमित्तिक में भी निषेध होने पर भी निश्चय करे। पिता आदि के मरण, दीक्षा, प्रायश्चित्त और तीर्थ में करे।

अपरार्के स्कान्दे—उदङ्मुखः प्राङ्मुखो वा वपनं कारयेत्सुधीः। केशश्मश्रुलोमनखान्युदक्संस्थानि वापयेत्॥ इदं प्रयागे सधवानामपि समूलं भवतीति भट्टाः। सर्वान् केशान् समुद्धृत्य छेदयेदङ्गुलद्वयम्। एवमेव हि नारीणां शस्यते वपनक्रिया॥ इति। तच्चाकृतचूडानां न कार्यमिति केचित्। तत्त्वं तु नैमित्तिकत्वात्पित्रादिमृतवत्कार्यमेवेति। तदपि प्रयागे नित्यं नान्यत्र। तच्च यतिभिस्तीर्थेऽपि ऋतुसन्धिष्वेव कार्यं नान्यदा, कक्षोपस्थशिखावर्जं ऋतुसन्धिषु वापयेत्। इति स्मृतेः। इदं जीवत्पितृकेनापि तीर्थे कार्यम्। न च 'मुण्डनं पिण्डदानं' च इति दक्षवचनेन निषेधः, विना तीर्थं विना यज्ञं मातापित्रोर्मृतिं विना। यो वापयति लोमानि स पुत्रः पितृघातकः॥ इति स्मृत्या तत्सङ्कोचात्। तदपि प्रयागे प्रतियात्रम्, अन्यतीर्थे आद्ययात्रायामेवेति शिष्टाः। ततः स्नानम्।

अपरार्क में स्कन्दपुराण का वचन है—उत्तरमुख या पूर्वमुख हो विद्वान् वपन (मुण्डन) करावे। केश,[2]

१—मात्स्ये—अन्ये च बहवस्तीर्थाः सर्वपापहराः शुभाः। तेषु स्नात्वा दिवं यान्ति ये मृतास्तेऽपुनर्भवाः। एवं कुरुष्व कौन्तेय सर्वतीर्थाभिषेचनम्। यावज्जीवकृतं पापं तत्क्षणादेव नश्यति। एतच्च मुण्डनं निषेधेऽपि कार्यम्। निषेधाश्च—रव्यारसौरिवारेषु रात्रौ पाते व्रतेऽहनि। श्राद्धाहः प्रतिपद्रिक्ता भद्राः क्षौरेषु वर्जयेत्। षष्ठ्यष्टमीपूर्णिमापातचतुर्दश्यष्टमीषु च। नक्षत्रे तु न कुर्वीत यस्मिन् जातो भवेन्नरः॥ न प्रोष्ठपदयोः कार्यं नैवाग्नेये तु भारत। दारुणेषु तु सर्वेषु दुष्टतारां विवर्जयेत्॥ कुंभे कर्कटके चैव कन्यायां कार्मुके रवौ। रोमखण्डं गृहस्थस्य पितॄन् प्राशयते यमः॥ विवाहमौञ्जीचूडासु वर्षमर्धं तदर्धकम्। अन्तर्वत्न्यां च जायायां नेष्यते वपनद्वयम्। तदपवादश्च—क्षौरं नैमित्तिकं कार्यं (प्राप्तं) निषेधे सत्यपि ध्रुवम्। पित्रादिमृतिदीक्षासु प्रायश्चित्ते च तीर्थके॥ अत्र वपनं करिष्ये इति सङ्कल्पः। यानि कानि च पापानि ब्रह्महत्यासमानि च। केशानाश्रित्य तिष्ठन्ति तस्मात्केशान् वपाम्यहम्॥

२—किसी का मत है—केश-श्मश्रु के क्रम से वपन कराना चाहिये। अन्यमत है—म्लेच्छाचार प्रसंग निवारणार्थ श्मश्रु कूर्चका आदि में वपन कर केशों का मुण्डन करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्मश्रु (दाढी) लोम और नख को उदक्[1] संस्थ वपन करावे। इस मुण्डन को प्रयाग में सधवाओं का भी समूल होता है—एसा भट्ट कहते हैं। सब केशों का खोलकर दो अंगुल का छेदन करे। इसीप्रकार ही स्त्रियों की वपन (मुण्डन) क्रिया उत्तम कही है। वह जिसका चूडाकरण नहीं हुआ है उनका नहीं करना चाहिये यह किसीका मत है। तत्त्व तो यह है कि—नैमित्तिक होने से पिता आदि के मरने के सदृश करना ही चाहिये। वह भी प्रयाग में नित्य है अन्यत्र नहीं है। वह भी यतियों[2] के लिए तीर्थ में ऋतु की सन्धियों में ही करावे और अन्य समय न करावें। कक्ष, (बगल) उपस्थ (लिंग) और शिखा को त्याग कर ऋतु की सन्धियों वपन (मुण्डन) करावे एसा स्मृति में कहा है। इसको जीवत्पितृक भी तीर्थ में करावे। कोइ कहे कि—मुण्डन तथा पिण्डदानको न करे—इस दक्ष में वचन से निषेध कहा है। बिना तीर्थ के, बिना यज्ञ के, माता और पिता के मरण दिन के बिना जो लोमों को बनवाता है वह पुत्र पितृघातक होता है। इस प्रकार स्मृति से उसका संकोच है। वह भी प्रयाग में प्रत्येक यात्रा में और अन्य तीर्थ में—आदि की यात्रा में ही है—एसा शिष्ट कहते है। तदनन्तर स्नान[3] करे।

(परार्थयात्रायां फलकथनम्)

परार्थे तु मार्कण्डेयपुराणे—मातरं पितरं जायां भ्रातरं सुहृदं गुरुम्।
यमुद्दिश्य निमज्जेत अष्टमांशं लभेत्तु सः॥

परार्थ (दूसरे के लिए) स्नान में तो मार्कण्डेयपुराण में कहा है—माता, पिता, पत्नी, भाई, मित्र और गुरु इनमें जिसके लिए उद्देश्य से स्नान करे तो वह आठवाँ हिस्सा स्नानका फल प्राप्त करता है।

पैठीनसिः—प्रतिकृतिं कुशमयीं तीर्थवारिणि मज्जयेत्। मज्जयेच्च यमुद्दिश्य सोऽष्टभागं फलं लभेत्॥ ततस्तर्पणश्राद्धे।

पैठीनसि का कथन है—कुशा की प्रतिकृति (कुशा की ग्रन्थि) आकृति बना कर तीर्थजल में मज्जन (स्नान) करावे। जिसको उद्देश्य कर स्नान करता है उसे आठवें भाग का फल मिलता है। तदनन्तर तर्पण और श्राद्ध करे।

(तीर्थेऽविलम्बेन श्राद्धादिविचारः)

पृथ्वीचन्द्रोदये ब्रह्मदेवीपुराणकाशीखण्डादिषु—अकालेऽप्यथवा काले तीर्थे श्राद्धं च तर्पणम्।
अविलम्बेन कर्तव्यं नैव विघ्नं समाचरेत्॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में ब्रह्मपुराण, देवीपुराण, काशीखण्ड आदि में कहा है—असमय (रात्रि आदि में भोजन करने पर भी) में या समय (अपराह्ण आदि में और भोजनादिराहित्य में ग्रहणादिवत् सब अवस्थाओं में) में तीर्थ में श्राद्ध तथा तर्पण[4] (स्नानाङ्गं तर्पणं कृत्वा पश्चाद् देवर्षितर्पणम्। कृत्वाऽऽनुपूर्व्यात्स्वपितॄन् तीर्थोदैस्तर्पयेत्ततः॥) अविलम्ब से करे तथा विघ्न को न करे।

१—दक्षिणं कर्णमारभ्य धर्मार्थं पापसञ्चये। शिखाद्यं नवसंस्कारे शिखाद्यन्तं शिरो वपेत्॥ एसा स्मृति में कहा है। धर्मार्थ तीर्थादि नीचे से वपन में दक्षिणकान से प्रारंभ कर उदक्संस्थ वपन करावे। पापसञ्चयनिमित्त में प्रथम शिखा का कराकर उदक्संस्थ वपन सब तरफ से करावे। नवीनसंस्कार चूडाकरण में दक्षिणकान से शिखा के समीप तक और शिखा के समीप से प्रारंभ कर बायें कान तक वपन करावे।

२—स्मृति में कहा है —यतिः शूद्रश्च विधवा सशिखं वपनं चरेत्।

३—शातातप ने कहा है—रात्रौ स्नानं न कुर्वीत होमं दानं च रात्रिषु। नैमित्तिकं च कुर्वीत स्नानं दान च रात्रिषु॥ किसी का मत है—रात्रि में तीर्थ में स्नान महानिशा में न करे। आकस्मिक तीर्थ की प्राप्ति में स्नान रात्रि में नहीं करना चाहिए। आकस्मिक तीर्थस्नान आशौच में भी करे। पैठीनसि में कहा है—विवाहदुर्गयज्ञेषु यात्रायां तीर्थकर्मणि। न तत्र सूतकं तद्वत्कर्मयज्ञादि कारयेत्॥ प्रासङ्गिक तीर्थस्नान तो मलमास में भी करे। यम ने कहा है—तीर्थस्नान, जप और हवन मलमास में भी करे।

४—देवासुरास्तथा नागा यक्षगन्धर्वराक्षसाः। पिशाचाः गुह्यकाः सिद्धाः कूष्माण्डास्तरवः खगाः॥ जलेचरा भूमिनिलया वाय्वाधाराश्च जन्तवः। तृप्तिमेतेन यान्त्वाशु मद्दत्तेनाम्बुनाऽखिलाः॥ नरकेषु समस्तेषु यातनासु च ये स्थिताः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मात्स्ये—पितॄणां चैव तर्पणम् इति तुर्यपादः। तत्र देवता महालयनिर्णये प्रागुक्ताः।

मत्स्यपुराण में कहा है--पितरों का ही तर्पण करे यह पूर्वश्लोक का चतुर्थपाद है। वहाँ पर देवता महालयनिर्णय में पहले कह चुके।

(तीर्थविधौ कालनियमे)

शङ्खदेवलौ—तीर्थद्रव्योपपत्तौ च न कालमवधारयेत्।
पात्रं च ब्राह्मणं प्राप्य सद्यः श्राद्धं समाचरेत्॥

शंख और देवल ने कहा है—तीर्थ और द्रव्य के प्राप्त होने पर समय का निश्चय न करे। सुपात्र ब्राह्मण के प्राप्त हो जाने पर शीघ्र ही श्राद्ध करे।

हारीतः—दिवा वा यदि वा रात्रौ भुक्तो वोपोषितोऽपि वा।
न कालनियमस्तत्र गङ्गां प्राप्य सरिद्वराम्॥

हारीत ने कहा है—भोजन करने पर या उपवास करने पर दिन में या रात में समय का नियम नदियों में श्रेष्ठ गंगा को नहीं है।

भारते—भुक्तो वाप्यथ वा भुक्तो रात्रौ वा यदि वा दिवा। पर्वकालेऽथ वा काले शुचिर्वाप्यथ वा शुचिः॥ यदैव दृश्यते तत्र नदी च त्रिपथगा प्रिय। प्रणामं दर्शनं तस्मान्न कालस्तत्र कारणम्॥

भारत में कहा है—(अङ्गारपर्णं प्रत्यर्जुनवाक्यम्) भोजनोत्तर या भोजन के पूर्व में, रात्रि में, यदि दिन में पर्व का समय हो या असमय हो, पवित्र हो या अपवित्र हो। जब ही नदी त्रिपथगा (गंगा) का दर्शन हो उसी समय प्रणाम करे। हे प्रिये, क्योंकि उसमें काल का कारण नहीं होता है।

आशौचेऽपि कार्यम्, विवाहदुर्गयज्ञेषु यात्रायां तीर्थकर्मणि। न तत्र सूतकं तद्वत्कर्मयज्ञादि कारयेत्॥ इति पैठीनसिस्मृतेः। तदानीमकरणेत्वाशौचान्ते एव कुर्यात्।

अशौच में भी करना चाहिये। विवाह में, दुर्ग (कठिन मार्ग) में, यज्ञ में, यात्रा में और वद्वत् (उसीप्रकार) तीर्थकर्म में इनमें सूतक नहीं होता है। तद्वत् यज्ञादिकर्म करावे। यह पैठीनसि स्मृति में कहा है। उसीसमय न करने पर तो आशौच के बाद ही करे।

प्रभासखण्डे—न वारं न च नक्षत्रं न कालस्तत्र कारणम्।
यदैव दृश्यते तीर्थं तदा पर्वसहस्रकम्॥

प्रभासखण्ड में कहा है—वार, नक्षत्र और समय का उसमें कारण नहीं होता है। जब ही तीर्थ दिखाई दे तब ही हजार पर्व है। (अर्थात्—तिथि, वार, नक्षत्र आदि का निषेध तीर्थ में नहीं प्रवृत्त होता है। जैसे—'नन्दायां भार्गव दिने, प्राजापत्ये च पौष्णे च, नक्षत्रे च न कुर्वीत, भानौ भौमे त्रयोदश्याम्, नन्दाश्च कामरव्यार, रात्रौ श्राद्धं न कुर्वीत, उपसन्ध्यं न कुर्वीत, विवाहे व्रतचूडासु वर्षमर्धम्, इत्यादि पहले ही कह चुके हैं। और 'वृद्धिमात्रे तथाऽन्यत्र पिंडदानं निराक्रिया। कृता गर्गादिभिर्मुख्यैर्मासमेकं तु कर्मिणाम्॥ इत्यादि पिण्डदान निषेध भी तीर्थश्राद्ध में नहीं लगता है।)

तेषामाप्यायनायैतद् दीयते सलिलं मया॥ येऽबान्धवा बान्धवा वा येऽन्यजन्मनि बान्धवाः। ते तृप्तिमखिला यान्तु ये चास्मत्तोऽभिकांक्षिणः॥ यत्र क्वचन संस्थानां क्षुत्तृष्णोपहतात्मनाम्। इदमक्षय्यमेवास्तु मया दत्तं तिलोदकम्। यद्वा—आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं देवर्षिपितृबान्धवाः (मानवाः)। तृप्यन्तु पितरः सर्वे मातृमातामहादयः॥ अतीतकुलकोटीनां सप्तद्वीपनिवासिनाम्। आब्रह्मभुवनाल्लोकादिदमस्तु तिलोदकम्॥ यद्वा—विस्तृततर्पणासम्भवे संक्षेपेण तर्पणं कार्यम्—आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं जगत्स्थावरजङ्गमम्। मया दत्तेन तोयेन तृप्तिं यातु परां गतिम्॥ इति। आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं जगत्तृप्यत्विति ब्रुवन्। जलाञ्जलित्रयं दद्यात्कुर्वन् संक्षेपतर्पणम्॥ इत्युक्तेः प्रत्यञ्जलौ मन्त्रावृत्तिः। तिलतर्पणनिषेधश्चापि तीर्थे न प्रवर्तते। तीर्थे तिथिविशेषे च' इति पूर्वोक्तवाक्यात्। स्कान्दे—विधवापि प्रत्यहं तीर्थे तर्पणं कार्यम्—तर्पणं प्रत्यहं कार्यं भर्तुः कुशतिलोदकैः। तत्पितुस्तत्पितुश्चापि नामगोत्रादिपूर्वकम्॥ संन्यासिनस्तु न तर्पणं कार्यम्—न कुर्यात्सूतकं भिक्षुः श्राद्धपिण्डोदकक्रियाम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(मलमासे तीर्थश्राद्धादिनिर्णयः)

मलमासेऽपि कार्यम् , नित्यनैमित्तिके कुर्यात् प्रयतः सन्मलिम्लुचे । तीर्थश्राद्धे गजच्छायां प्रेतश्राद्धे तथैव च ॥ इति बृहस्पतिस्मृतेः ।

मलमास में भी करे । बृहस्पतिस्मृति में कहा है—सावधान होकर मलमास में नित्य और नैमित्तिककर्म तीर्थश्राद्ध, गजच्छाया तथा प्रेतश्राद्ध को करे ।

(आकस्मिकतीर्थप्राप्तौ विचारः)

एतच्चाशौचे कृतभोजनस्य रात्रौ वा स्नानश्राद्धादिकमाकस्मिकतीर्थप्राप्तावामहेमश्राद्धविषयं ग्रहणादिवत् न तु बुद्धिपूर्वमाशौचादौ तीर्थप्राप्तिः कार्या । मलमासे तु मासद्वये तीर्थश्राद्धं कार्यमिति ।

और यह वचन आशौच में भोजन करने के बाद या रात्रि में स्नान, श्राद्ध आदि कर्म को आकस्मिक तीर्थ की प्राप्ति में आमश्राद्ध, हेम (सुवर्ण) श्राद्ध के विषय में है ग्रहण के सदृश बुद्धिपूर्वक आशौच आदि में तीर्थ की प्राप्ति में न करें । मलमास में तो दोनों महीने तक (मन्वादिकं तैर्थिकं च कुर्यान्मास-द्वयेऽपि च ।) तीर्थश्राद्ध करे । (पाकद्वारा श्राद्ध तो रात्रि, सन्ध्या और भोजन के बाद दूसरे ही दिन करे । आशौचावस्था में तो आशौचोत्तर ही तीर्थसम्बन्धी कार्य करे ।)

(तीर्थे वर्ज्यकर्माणि)

चन्द्रिकायां देवीपुराणे—श्राद्धं च तत्र कर्तव्यमर्घ्यावाहनवर्जितम् ।

चन्द्रिका में देवी पुराण का वचन है—वहाँ पर (तीर्थ में) अर्घ्य और आवाहन को त्याग कर तीर्थ श्राद्ध करे ।

हेमाद्रौ—अर्घ्यमावाहनं चैव द्विजाङ्गुष्ठनिवेशनम् । तृप्तिप्रश्नं च विकिरं तीर्थश्राद्धे विवर्जयेत् ॥

हेमाद्रि में कहा है—अर्घ्य, आवाहन,[1] द्विजाङ्गुष्ठनिवेशन, तृप्तिप्रश्न और विकिर को तीर्थश्राद्ध में त्याग दे ।

भविष्ये—आवाहनं विसृष्टिश्च तत्र तेषां न विद्यते । आवाहनं न तीर्थे स्यान्नार्घ्यदानं तथा भवेत् ॥ आहूताः पितरस्तीर्थे कृतार्घ्याः सन्ति वै यतः । अग्नौकरणं न चेति रत्नावल्याम् । अत्र षड्दैवते श्राद्धेऽपि मात्रादीनां पिण्डमात्रं देयम् , हविःशेषं ततो मुष्टिमादायैकैकमादृतः । क्रमशः पितृपत्नीनां पिण्डं निर्वपणं चरेत् ॥ इति तीर्थोपक्रमे देवलोक्तेरिति पृथ्वीचन्द्रः ।

ततः सामान्यपिण्डं दद्यात् , ततः पिण्डमुपादाय हविषः संस्कृतस्य च । ज्ञातिवर्गस्य सर्वस्य सामान्यं पिण्डमुत्सृजेत् ॥ इति तेनैवोक्तेः ।

भविष्यपुराण में कहा है—वहाँ पर आवाहन और विसर्जन उनका नहीं होता है । तीर्थ में आवाहन नहीं होता है न अर्घ्यदान होता है । तीर्थ में आहूत पितरों का निश्चय ही अर्घ्यदान किया हुआ है । और

१—अग्नौकरण और विसर्जन न करे—यह तीर्थनिमित्तक श्राद्ध में ही है । न कि तीर्थाधिकरणश्राद्ध में है । 'एक व्यक्ति समान में दो श्राद्ध न करे । यह एक निमित्त श्राद्धपरक है । एकदिनमें दो या बहुत निमित्त हों तो नैमित्तिकों को निमित्तक्रम से करना चाहिये । उपवास और मुण्डन में तो एक ही बार व्यापकतीर्थ में ही करे । जहाँ पर व्याप्य तीर्थ में श्राद्ध करने से व्यापकतीर्थ में भी सिद्धि होती है । वहाँ पर श्राद्ध की आवृत्ति नहीं होती है । किन्तु तन्त्रता है । जैसे गंगा, वेणी, प्रयागनिमित्तकों का । या गंगा, मणिकर्णिका, काशी निमित्तकों का । श्राद्धसम्पात तीर्थप्राप्तिदिन में तो वार्षिक को अलग ही करे । क्योंकि देवताभेद है । प्रथम तीर्थश्राद्ध करे । विलम्ब से अलग नैमित्तिक करे । दर्श, युगादि मन्वादि, संक्रान्त्यादि श्राद्धों को तो पाक से तीर्थ पर श्राद्ध करने पर अलग न करे । आमादि (अन्नादि) से करने से तो तीर्थश्राद्ध में अलग-अलग करे । इसीप्रकार ही नित्यश्राद्ध को भी यदि तीर्थश्राद्ध में करे तो पाक से करे । उसमें अलग न करे । यदि आम से करे तो अलग करे । दर्शश्राद्धादि का भार्या रजोदर्शनादि निमित्त से आमपक्ष में आम-हेम-तीर्थश्राद्ध से सिद्धि है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

(एकोद्दिष्ट और पार्वणश्राद्ध पर विचार)

एकोद्दिष्ट और उसके विकृतिश्राद्ध में विश्वेदेवा नहीं होते हैं, तदितर श्राद्ध में विश्वेदेवा होते हैं। त्रिपुरुषात्मक एक पार्वण है यह निर्विवाद है। 'पुरुरवाद्रवौ चैव पार्वणे समुदाहृतौ' इससे प्रतिपार्वण में विश्वेदेवा प्राप्त होते हैं। श्राद्धविवेक-आदि पद्धतियों को देखिये। हर एक पद्धति में—महालयादिश्राद्ध में द्विपार्वण में पृथक् २ विश्वेदेवा हैं। श्राद्धविवेक में—आभ्युदयिकश्राद्ध में पार्वणत्रय में विश्वेदेवा का आसनत्रय स्पष्ट है। पद्धति के देखने से सन्देह दूर हो जायगा। अशक्त्यादि में 'तन्त्रं वा वैश्वदेविकम्' यह भी है, इससे एक से भी काम चलता है। 'दैवे युग्मान्' इससे विश्वेदेवा में युग्म ब्राह्मण की पूजा होती है। आसनादि वाक्यों को आप श्राद्धविवेक में देखिये। जैसा आप कहते हैं वैसा ही सब पद्धतियों में है।

शुभम्
श्री विद्याधर शर्मा
२६।२।३२

(१)

(एकोद्दिष्टश्राद्ध का स्वरूप)

इसमें विश्वेदेवा नहीं होते हैं—

दक्षिण

❋ आसन
❋ भोजनपात्र
❋ अर्घपात्र
❋ जलपात्र

(पिण्डाधारवेदी)

(अवनेजनपात्र ही प्रत्यवनेजन पात्र हो जाता है।)

यजमान का आसन

(उत्तर)

(२)

(पुत्रकर्तृक आभ्युदयिक नान्दीश्राद्ध का स्वरूप)

पूर्व

विश्वेदेवा
१

उत्तर	(सपत्नीक)			दक्षिण
	वृद्धप्रमातामह	प्रपितामह	प्रपितामही	
	प्रमातामह	पितामह	पितामही	
	मातामह	पितृ	मातृ	
	४	३	२	

पश्चिम

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF
Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पश्चिम

श्राद्ध करनेवाली का आसन

सास, परसास, वृद्धसास	पति, स्वसुर, परस्वसुर	पिता, पितामह प्रपितामह, (सपत्नीक)	
*	*	*	आसन
*	*	*	भोजनपात्र
*	*	*	अर्घपात्र
*	*	*	जलपात्र
*	*	*	घृतपात्र

पश्चिम

(उत्तर)

दक्षिण

(विधवाकर्तृकनवदेवत्यपार्वणश्राद्धप्रकार)

सपत्नीक-प्रपितामह	पितामह	पिता	परस्वसुर	स्वसुर	पति	वृद्धसास	परसास	सास	
*	*	*	*	*	*	*	*	*	आसन
*	*	*	*	*	*	*	*	*	भोजनपात्र
*	*	*	*	*	*	*	*	*	अर्घपात्र
*	*	*	*	*	*	*	*	*	जलपात्र
*	*	*	*	*	*	*	*	*	घृतपात्र

(पिण्डाधारवेदी) (पिण्डाधारवेदी) (पिण्डाधारवेदी)

(अवनेजनपात्र ही प्रत्यवनेजनपात्र हो जाते हैं)

श्राद्ध करनेवाली का आसन

उत्तर

पूर्व

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर कोई कहता है—नामकरण आशौचकाल का उपलक्षण है। विष्णु ने कहा है—आशौच के हटने पर नामकरण का विधान करे। और मनु ने कहा है—आशौच के व्यतीत होने पर (दसवें ग्यारहवें दिन) ही 'नामकर्म' संस्कार करे। नामकरण संस्कार का नियत समय है। कोई कहे कि—नामकर्मसंस्कार दशवें (अर्थात् ग्यारहवें दिन) या बारहवें दिन या पुण्यतिथि में या मुहूर्त या गुणों से (ज्योतिष के कथित) नक्षत्र में करावे। इस मनु के कथन से अनियत (जिसका कोई नियम न हो) समय। दशदिन व्यतीत होने पर ब्राह्मण, बारहदिन बीतने पर क्षत्रिय, सोलहदिन व्यतीत होने पर वैश्य और शूद्र इकतीसदिन बीतने पर नामकर्म करे। यह भी जानना चाहिये। (अर्थात्—अपने अपने आशौच के अन्त में नामकर्म संस्कार करे—यह अर्थ है।) पुण्ये—यह आद्य अनुकल्प (पीछे से कहाँ हुआ) है। इससे (विष्णु-मनु-वचन से अध्याहारादि प्रमाण से—यह अर्थ है।) नाम का काल (आशौचान्त) उपलक्षण है। इसप्रकार दाँत के उत्पन्न में भी, दाँत का जन्म सातवें महिने में होता है—यह उपनिषद् में नियत काल (समय) कहा है। चौल में तो काल का उपलक्षण नहीं होता है। वेद की प्रेरणा से पहले वर्ष या तीसरे वर्ष में चूडाकर्म करना चाहिये। (यत्र बाणाः सम्पतन्ति कुमारा विशिखा इव-इस मन्त्रलिंग से कुलधर्मानुसार यह व्यवस्थित विकल्प है।)

ततः संवत्सरे पूर्णे चूडाकर्म विधीयते। द्वितीये वा तृतीये वा कर्तव्यं स्मृतिदर्शनात्॥ इति यमोक्तेश्च। तस्यानियतकालत्वादिति। तन्मन्दम्, चौलवन्नामदन्तजननयोरपि स्वरूपेण निमित्तत्वोपपत्तेस्तद्विशिष्टकालानुवादे वाक्यभेदात् सप्तममासादर्वाग्दन्तजनने तदभावप्रसङ्गाच्च। यस्तूपनिषद्दर्शनेन निर्णयं कुर्यात्स नूनं 'शतायुः पुरुषः' इति श्रुतेरर्वाक्पितृमरणे तदन्त्यकर्मापि त्यजेत्। ननु कालानुपलक्षणे नामोत्कर्षे तदभावे वा स्नानमात्राच्छुद्धिः स्यात्। ततः किम्। अस्तु। अत एवोक्तम्। 'आदन्तजन्मनात् सद्यः' इति। सा च विष्णुवचनाद्दाहाभावविषयेति वक्ष्यामः। त्रिवर्षादावपि स्यादिति चेत्? न, दाहदन्तादिनिमित्तैर्विशेषाशौचैः पूर्वस्य बाधात् तदुक्तम्—पूर्वाबाधेन नोत्पत्तिरुत्तरस्य हि सिध्यति। इति।

तदनन्तर एकसाल पूरा होने पर चूडाकर्म का विधान करे। या दूसरे वर्ष में या तीसरे साल स्मृति के कथन से चूडाकर्म करे—एसा यम ने कहा है। चूडाकरणका अनियत समय है। (पहले साल में भी चूडाकर्म कहा है।) यह कहना हीनता है। चूडाकरण की तरह नामकर्म और दन्तजनन के भी स्वरूप से निमित्तत्व बनाने के लिए तद्विशिष्टकाल का अनुवाद मानने पर वाक्यभेद हो जायगा और सातमहिने के पहले दन्तजनन में उसके अभाव का प्रसंग हो जायगा। जो उपनिषद् दर्शन से निर्णय करोगे कि वह सौवर्ष की आयुवाला पुरुष होता है एसा वेद में कहा है पहले पिता के मरने पर उसके अन्त्यकर्मों को भी त्याग देगा। कहा है कि—काल (समय) के अनुपलक्षण में नाम के उत्कर्ष (उन्नति) में या उसके अभाव में स्नानमात्र से शुद्धि हो जायगी। इससे क्या हो। इसलिये कहा है—दन्तजनन तक सद्यः आशौच होता है और वह विष्णुवचन से दाह के अभाव का विषय है यह कहेंगे। तीन वर्ष आदि में भी हो, यह उचित नहीं है। क्योंकि—दाह तथा दन्त आदि निमित्तों के विशेष आशौच, पूर्व के बाधक हैं। उसी बात को कहा है—बाध के बिना उत्तर की उत्पत्ति सिद्ध नहीं ही होती है।

'जननाद्दशरात्रे व्युष्टे शतरात्रे संवत्सरे वा' इति पर[illegible] ...[illegible]द्धः। विज्ञानेश्वरो- ... [illegible] ...पदवैयर्थ्यादिति। तदुक्तम्, दाहस्याविपरिशिष्टेषु ...कृतचूडानामग्निचिनैर्शिखी स्मृता। इति मनूक्तेः (अ० ५।६७) त्रिवर्षान्त्रमेका-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्वादश्यामपरे रात्र्यां मासे पूर्णे तथापरे। अष्टादशेऽहनि तथा वदन्त्यन्ये मनीषिणः॥ इति भविष्ये च नाम्नः कालानियमाच्च। न च प्राथम्याद्दशरात्रेऽतीते इति मुख्यः कालः अन्यस्त्वनुकल्प इति वाच्यम्, चौलेऽपि तथापत्तेः। न च दन्तजननकालानुपलक्षणे सदन्तजातमृतस्य दाहैकाहप्रसङ्गः, दशाहेन बाधात्। नामकरणोत्तरमेव दाहप्रवृत्तेः।

और दूसरे लोग बारहवीं रात में या पूर्णमास में अन्य बुद्धिमान् अठारहवें दिन नामकरण करना कहते यह भविष्यपुराण में नाम के काल का नियम नहीं कहा है। क्योंकि प्राथम्य से दशरात बीतने पर मुख्य है, अन्य तो अनुकल्प है। चौलकर्म में वही आपत्ति हो जायगी। कहो कि-दन्तजननकाल (समय) के उपलक्षण (उपलक्षण न होने पर भी) में दांत के सहित उत्पन्न मृतक का दाह में एकदिन का आशौच लगे हो जायगा। वह दशाह से बाधित होगा नामकरण के बाद ही दाह की प्राप्ति होती है।

दशाहाभ्यन्तरे बाले प्रमीते तस्य बान्धवैः। शावाशौचं न कर्तव्यं सूत्याशौचं विधीयते॥ इति बृहन्मनूक्तेश्च। आशौचं दाहोपलक्षणम्। सूतकवदिति पारस्करोक्तेः।

और वृद्धमनु ने कहा है—दशदिन के भीतर बालक मर जाय तो उसके बान्धव शावाशौच (मरणाशौच) न करे। सूत्याशौच का विधान करे। आशौच—दाह का उपलक्षण है। पारस्कर ने कहा है—सूतक के सदृश आशौच होता है।

यत्तु विष्णुः—अनिवृत्ते दशाहे तु पञ्चत्वं यदि गच्छति। सद्य एव विशुद्धिः स्यान्न प्रेतं नोदकक्रियाः॥ इति, तदपि प्रेताशौचनिषेधार्थम् नतु सद्यस्त्वपरं वाक्यभेदात्।

जो विष्णु ने कहा है—दशदिन की समाप्ति के पूर्व यदि पञ्चत्व (मृत्यु) को प्राप्त हो जाता है तो उसकी शुद्धि 'सद्यः' ही होती है। उसका न प्रेतपिण्ड होता न उदकक्रिया होती है। वह भी प्रेत के आशौच निषेधार्थ है। सद्यः आशौच परक नहीं है। क्योंकि वाक्यभेद है।

(नामकरणात्प्राक्शिशुमरणे विचारः)

किञ्च। नामकालात्प्राङ्मृतस्य स्नानम्, तदुत्तरं त्वेकाहादि। नामकाले त्वेकादशाहे मृतस्य न किमपि स्यात्। अथ शङ्खवचने ल्यब्लोपे पञ्चमी, तदा प्रागिति नोपपद्यते। 'नाम्नि वापि कृते सति' इति मन्वादिविरोधात् (अ० ५ श्लो० ७०)। कृतनाम्न इति माधवमिताक्षरादिविरोधाच्च न कालोपलक्षणं क्वापीति दिक्।

क्योंकि—नामकरणकाल के पहले मरे का स्नानमात्र आशौच है। उसके बाद तो एकदिन का आशौच है। नामकर्मकाल में मर जाय तो ग्यारहवें दिन मृतक का कुछ भी कर्म नहीं होता है। इसके बाद कोई कहे कि—शंख वचन में ल्यप्लोप में पञ्चमी विभक्ति है। तब 'प्राक्' शब्द की उपपत्ति नहीं होती है। या नामकर्म करने पर आशौच होता है यह मन्वादिविरोध है। जिसका नामकर्म हो गया है—यह माधव, मिताक्षरा आदि के विरोध से काल का कहीं भी उपलक्षण नहीं है।

(नामोत्तरं दन्तोत्पत्तेः प्राक् शिशुमरणे निर्णयः)

नामोत्तरं दन्तोत्पत्तेः प्राग्दाहे त्र्यहः, अदन्तजाते तनये शिशोर्गर्भच्युते तथा। सपिण्डानां तु सर्वेषामहोरात्रमशौचकम्॥ इति यमोक्तेः। दाहाभावे तु स्नानमात्रम् 'अदन्तजाते प्रेते सद्य एव नास्याग्निसंस्कारः। इति विष्णुना दाहाभावे तदुक्तेः। 'अदन्तजननात्सद्यः' इति याज्ञवल्कोक्तेश्च (प्राय० श्लो० २३)।

[illegible] ...त्पत्ति के पूर्व दाह होने पर तो एकदिन का आशौच होता है। यम ने कहा है—... (अ० २।३०) ...गिर जाने पर तो सब सपिण्डों को अहोरात्र (एक ...र्यात–जिसके दांत न

कालस्त्वा...

तथा छठा दिन सदा पुण्यवान् है। [illegible]

२—आ नवुर्येति मर्यादायामाङ् 'पात मातुः...' [illegible]

गर्भस्रावपरत्वात्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हैं--यह विष्णु ने दाह के अभाव में उस बात को कहा है। और याज्ञवल्क्य ने कहा है--दांत निकलने के पहले बालक की मृत्यु होने पर तत्काल (उसीसमय) शुद्धि होती है।

दाहविकल्पं चाह लौगाक्षिः—तूष्णीमेवोदकं कुर्यात्तूष्णीं संस्कारमेव च। सर्वेषां कृतचूडानामन्यत्रापीच्छया द्वयम्॥ अन्यत्राकृतचूडे। अत्र चूडाकरणं तृतीयवर्षरूपकालोपलक्षणार्थमिति मेधातिथिहरदत्तौ।

और दाह का विकल्प लौगाक्षि ने कहा है--जिनका 'चूडाकरणसंस्कार' हो ही चुका हो या चूडाकरण संस्कार न हुआ हो--ऐसे दोनों का तूष्णीं (उदकदान मन्त्र के बिना) ही उदक (जल) दान और तूष्णीं (विशेषविहितयमसूक्तादिजप के बिना) संस्कार करे। अन्यत्र—का अर्थ है अकृतचूड में। यहाँ पर चूडाकरण तीसरे साल के समय का उपलक्षणार्थ है, ऐसा मेधातिथि और हरदत्त ने कहा है।

मनुरपि (अ० ५।७०) नात्रिवर्षस्य कर्तव्या बान्धवैरुदकक्रिया। जातदन्तस्य वा कुर्युर्नाम्नि वापि कृते सति॥ इति। उदकं दाहोपलक्षणम्।

मनु ने भी कहा है—अप्राप्त तीसरे साल के पुत्र का पिता आदि सपिण्ड बान्धव उदकक्रिया (जलादिदान) न करे। (चूडाकरण करने पर भी यदि बालक तीन से ऊपर हैं तो दाहादि होता ही है।) या जिसके दांत निकल गये हों उसका करे या नामकरण हो गया हो उसकी उदकक्रिया (अग्निसंस्कार) करे। उदक=यह दाह का उपलक्षण है।

(दन्तोत्पत्यनन्तरं त्रिवर्षात्प्राङ्मरणे विचारः)

दन्तोत्पत्यनन्तरं प्राक्त्रिवर्षान्तान्मृतेऽहः। दन्तजातेऽप्यकृतचूडे त्वहोरात्रेण शुद्धिः इति विष्णूक्तेः।

दांत निकलने बाद तीन वर्ष के पूर्व मरने पर एकदिन का आशौच होता है। दांत निकलने पर (अर्थात्-सात महिने के बाद दांत निकलने पर) भी चूडाकरण के पहले (अर्थात्--पूरे तीन साल में चूडाकरण न करने पर—अङ्गिरा चाह--विप्रे न्यूने त्रिभिर्वर्षैर्मृते शुद्धिस्तु नैशिकी।) अहोरात्र से शुद्धि कही है--यह विष्णु ने कहा है।

(त्रिवर्षोर्ध्वं कृतचूडे मृते)

त्रिवर्षोर्ध्वं कृतचूडेऽकृतचूडे वा प्रागुपनयनात्त्र्यहः, यद्यप्यकृतचूडो वै जातदन्तस्तु संस्थितः। तथापि दाहयित्वैनमाशौचं त्र्यहमाचरेत्॥ इति आङ्गिरसोक्तेः। (अकृतायामपि चूडायां त्रिवर्षोर्ध्वं दाहादि नियतम्। नात्रिवर्षस्येति वचनात्। मृतायां वर्षत्रयात्प्रापितं तूष्णीमेव) अत्र जातदन्तत्वमुद्देश्यविशेषणत्वादविवक्षितम्। दाहयित्वेत्यप्यनुवादः। उभयविधौ वाक्यभेदात्। त्रिवर्षात्प्राक् चूडाभावेऽग्निदाने त्र्यहस्तदभावे विष्णुक्तेरेकाह इति माधवः।

तीन साल के बाद जिसका चूडाकरण हो गया हो या न हो जाने पर उपनयन के पहले तीनदिन का आशौच होता है।

अंगिरा ने कहा है--यद्यपि चूडाकरण न हुआ हो और दांत उत्पन्न होकर स्थिर हो गये हों। यदि वह मर जाय तो उस पुत्र का दाह कराकर तीनदिन का आशौच को करे। (अकृतचूडा में भी या चूडाकरण करने पर भी तीन साल के बाद दाहादि नियत है। 'नात्रिवर्षस्य' यह पूर्वोक्त कहे वचन से चूडाकरण करनेपर तीनवर्ष के पूर्व मरने पर तूष्णीं ही क्रिया होती है। अर्थात्-उदकदान आदि नहीं होते हैं।) यहाँ पर उत्पन्न दांत को उद्देश्य का विशेषण होने से अविवक्षित है। दहन कराकर भी यह अनुवाद है। उभयविधि में वाक्यभेद है। तीन साल के पूर्व चूडाकरण के अभाव में अग्निदान में तीनदिन का आशौच है ऐसा विष्णु ने कहा है ऐसा माधव ने कहा है।

यत्तु कश्चिदाह, अत्र त्रिवर्षविषयादस्मादेवार्थात् त्रिवर्षोर्ध्वमपि तत्सिद्धिः। विज्ञानेश्वरोक्तेश्च त्रिवर्षोर्ध्वमकृतचूडं विषयत्वं चिन्त्यम्, जातदन्तपदवैयर्थ्यादिति। तत्तुच्छम्, दाहस्याविधेयत्वात्। नृणामकृतचूडानामशुचिर्नैशिकी स्मृता। इति मनूक्तेः (अ० ५।६७) त्रिवर्षोर्ध्वमेका-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हापत्तेरर्थात् त्र्यहासिद्धेः। त्वयाप्यग्रे तथाङ्गीकारात्पदवैयर्थ्यस्य साम्याद्वाक्यार्थाज्ञानाच्चेत्यलं मिताक्षरार्थानभिज्ञदूषणेन।

जो किसी ने कहा है--यहाँ पर तीन साल तक का विषय तो इसी अर्थ से ही तीन साल के ऊपर भी उसकी सिद्धि हो जायगी और विज्ञानेश्वर ने भी यही कहा है। तीन साल के बाद भी नहीं किये हुए चूडाकरण का विषय है। इसलिये विचारणीय है। क्योंकि 'जातदन्त' पद व्यर्थ हो जायगा। वह तुच्छ है, क्योंकि दाह का विधेय नहीं है।

मनु ने कहा है—जिन बालकों का चूडाकरणसंस्कार नहीं हुआ है ऐसे बालकों के मरने पर सपिण्डों की शुद्धि अहोरात्र (एकदिन) से होती है। तीन साल के बाद एकदिन की आपत्ति होने से अर्थात्-तीनदिन का आशौच असिद्ध हो जायगा। तुम भी आगे वैसे ही अंगीकार (स्वीकार) करने से तो पद के वैयर्थ्य के साम्य से वाक्य के अर्थ की जानकारी न होने से 'मिताक्षरा' के अर्थ को न जान कर दूषण देना व्यर्थ है।

(प्रथमवर्षादौ कृतचूडे मृते निर्णयः)

प्रथमवर्षादौ कृतचूडस्य सदा त्र्यहः, निवृत्तचूडकानां तु त्रिरात्राच्छुद्धिरिष्यते। इति मनूक्तेः (५।६७)। एतत्सर्वं प्रागुक्तं सपिण्डानाम्। मातापित्रोस्तु दशाहोर्ध्वं मृते सर्वत्र त्रिरात्रम्, बालानामजातदन्तानां त्रिरात्रेण शुद्धिः, इति कश्यपोक्तेः।

पहले साल आदि में जिसका मुण्डनसंस्कार हो चुका है उसका सदा तीन दिन का आशौच होता है। मनु ने कहा है—जिनका चूडाकरण संस्कार हो चुका है उनके मरने पर (अर्थात्—उपनयनसंस्कार के पूर्व मरने पर) तीनरात में सपिण्डों की शुद्धि कही है। यह सब सपिण्डों का पहले कह चुके हैं। माता और पिता को तो दसदिन के बाद मरने पर सर्वत्र (सब जगह) तीन दिन का आशौच होता है—कश्यप ने कहा है--दांत निकलने के पूर्व बालकों के मरने पर तीन रात में शुद्धि होती है।

बैजिकादभिसम्बन्धादनुरुन्ध्यादाद्यं त्र्यहम्। इति मनूक्तेश्च (अ० ५ श्लो० ६३)।

और मनुने कहा है—बीज के सम्बन्ध से दूसरे की स्त्री में सन्तानोत्पत्ति के हो जाने पर तीनदिन का आशौच होता है।

शुद्धितत्त्वादयो गौडास्तु—अजातदन्तमरणे पित्रोरेकाहमिष्यते। दन्तजाते त्रिरात्रं स्याद्यदि स्यातां तु निर्गुणौ॥ इति कौर्मात्काश्यपं शूद्रपरम्।

शुद्धितत्त्व गौड आदि तो कहते हैं—बिना दांत वाले बालक के मरने पर माता और पिता को एकदिन का आशौच होता है। दांत निकलने के बाद मरने पर तीनदिन का आशौच होता है। यदि ये दोनों निर्गुण हों—यह कूर्मपुराण के वचन से काश्यप का वचन शूद्रपरक है।

अनूढानां तु कन्यानां तथा वै शूद्रजन्मनाम्। इति त्र्यहानुवृत्तौ शङ्खोक्तेः।

बिना विवाहित शूद्र से ही उत्पन्न कन्याओं के मरने पर तीनदिन का आशौच होता है। यहाँ तीनदिन की अनुवृत्ति है—ऐसा शंख ने कहा है।

(शूद्रशिशुमरणे)

त्रिरात्रं तु भवेच्छूद्रे षण्मासेऽपि शिशौ मृते। इति मत्स्यसूक्ताच्च। दन्तजाते शूद्रे तु पञ्चाहः।

और मत्स्यसूक्त में कहा है--छः महीने में भी बालक के मरने पर शूद्र को तीनरात का आशौच होता है। दांत निकलने बाद मरने पर शूद्र को पांच दिन का आशौच होता है।

यथाहाङ्गिराः-शूद्रे त्रिवर्षान्न्यूने तु मृते शुद्धिस्तु पञ्चभिः। अत ऊर्ध्वं मृते शूद्रे द्वादशाहो विधीयते॥ षड्वर्षान्तमतीतो यः शूद्रः संम्रियते यदि। मासिकं तु भवेच्छौचमित्याङ्गिरसभाषितम्॥ इति।

जैसा अङ्गिरा ने कहा है—तीन साल से कम (न्यून) बालक के मरने पर शूद्र को पांच दिन में शुद्धि कही है। इसके बाद (अर्थात्--तीन साल के बाद) बालक के मरने पर बारहदिन में शुद्धि होती

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है। छः साल के बाद यदि जो शूद्र मर जाय तो एकमहीने का आशौच होता है--यह आंगिरस ने कहा है।

यत्तु 'अनूढभार्यः शूद्रस्तु' इति शङ्खोक्तं मासाशौचं तत्सगुणशूद्रपरम्। निर्गुणे त्वनूढभार्ये शूद्रे त्रिवर्षोर्ध्वं द्वादशाहः। षडब्दोऽर्ध्वं मासः। षडब्दात्प्रागपि कृतोद्वाहे मास इत्याहुः। एतत् 'तुल्यं वयसि सर्वेषाम्' इति विरोधाच्छिष्टविगानाच्चादर्तव्यमिति विज्ञानेश्वरादयः। दाक्षिणात्यानां तथैव। अन्यदेशे प्रागुक्तमिति गौडाः। एवं कन्यास्वपि। तास्वप्यजातदन्तासु पित्रोरेकरात्रमिति माधवः।

जो यह कहा है--अविवाहित शूद्र मर जाय तो एकमहीने का आशौच है, ऐसा शंख ने कहा है वह सगुण शूद्रपरक है। निर्गुण अविवाहित शूद्र के तो मरने पर तीन साल के बाद बारह दिन का आशौच होता है। छः साल के बाद मरने पर एक महीने का आशौच होता है। छ साल के पहले भी विवाह करने पर मरने पर एकमास कहा है यह सबों की अवस्था में तुल्य है--इस विरोध से शिष्टविगाहन (निन्दित) होने से आदर करने योग्य नहीं है--ऐसा विज्ञानेश्वर आदि कहते हैं। वैसे ही दाक्षिणात्यों का कथन है। अन्यदेश में पहले कहा है--यह गौड कहते है। इसप्रकार कन्याओं में भी जानना चाहिए। उन अजातदन्त कन्याओं में भी (अर्थात्--जिन कन्याओं को दांत न निकले हों ऐसी कन्या मर जांय तो पिता और माता को एकरात का आशौच होता है--ऐसा माधव ने कहा है।

यत्तु विज्ञानेश्वरेणोक्तम्। ऊनद्विवर्ष उभयोः सूतकं मातुरेव हि। इति याज्ञवल्क्योक्तेः। (प्रा० १ श्लो० १८) गर्भस्थे प्रेते मातुर्दशाहं, जाते उभयोः, कृते नाम्नि सोदराणां च'इति पैङ्ग्योक्तेश्च पित्रोः सोदराणां च दशाहमस्पृश्यत्वमिति। तन्नेदानीं प्रचरति। अत एव स्मृत्यर्थसारे तन्नादृतम्।

जो विज्ञानेश्वर ने कहा है--दो साल से कम आयु के बालक का आशौच पिता और माता को ही होता है इतर सपिण्डों को नहीं होता है तथा सूतक (जन्मसमय का सूतक-आशौच) केवल माता को ही होता है। गर्भस्थ प्रेत होने पर (अर्थात्-गर्भ में ही मर जाय) माता को दसदिन का आशौच होता है। उत्पन्न होनेपर माता और पिता को दसदिन का आशौच होता है। नामकरणसंस्कार होने पर सोदर भाइयों को भी दसदिन का आशौच होता है। (अथवा यह अर्थ है-ऊनद्विवर्षे संस्थिते उभयोर्मातापित्रोरेव अस्पृश्यत्वलक्षणमाशौचं न सपिण्डानाम् स्मृत्यन्तरे-'ऊनद्विवर्षे प्रेते मातापित्रोरेव नेतरेषाम्।) यह पैङ्ग्य के कथन से पिता और माता को तथा सहोदरों को दशदिन तक अस्पृश्यत्व (अर्थात्-स्पर्श करनेयोग्य नहीं) कहा है। वह इससमय नहीं माना जाता (अर्थात्--उसका चलन नहीं) है। इसलिए स्मृत्यर्थसार में उसका आदर नहीं किया है।

(कन्यामरणाशौचविर्णयः)

कन्यासु चौलात्प्राङ्मृतौ स्नानम्, अचूडायान्तु कन्यायां सद्यःशौचं विधीयते। इत्यापस्तम्बोक्तेः। इदं त्रिपुरुषमध्ये, अप्रत्तानां तु स्त्रीणां त्रिपुरुषी विज्ञायते। इति वसिष्ठोक्तेः। इदं वाग्दानोत्तरमिति गौडाः। तन्न, अप्रत्तानां तथा स्त्रीणां सापिण्ड्यं साप्तपौरुषम्। इति वचनात्।

चूडाकरणसंस्कार के पूर्व कन्याओं के मरने पर स्नानमात्र आशौच होता है। आपस्तंब ने कहा है--चूडाकरणसंस्कार के पहले कन्याओं के मरने पर सद्यःशौच होता है। यह तीन पीढ़ियों में चलता है। क्योंकि वसिष्ठ ने कहा है--अप्रमत्तस्त्रियों का (अर्थात्--बिना विवाहित कन्याओं का।) (अप्रमत्तानाम्--यह भेद में षष्ठी विभक्ति है। पितृ-पितामह-प्रपितामहों के साथ अविवाहित चतुर्थी का सापिण्ड्य है। कन्या की अपेक्षाकर पांचवें वृद्धप्रपितामह में सापिंड्य की निवृत्ति होती है। उसके मरने पर सापिंड्य-प्रयुक्त आशौच उसकी सन्तति को नहीं होता है--यह भाव है। गोविन्दार्णव आदि में और शुद्धिसंस्कार ग्रन्थादि में स्पष्ट है।) तीनपीढ़ी तक जाना जाता है। गौडों का कथन है--यह वाग्दानोत्तरपरक है। यह उचित नहीं है। बिना विवाहित कन्याओं का सापिंड्य सात पीढ़ी तक होता है--ऐसा वचन है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चौलोत्तरं वाग्दानात्पूर्वं तास्वेकाहः, अविशेषेण वर्णानामर्वाक्संस्कारकर्मणः । त्रिरात्रात्तु भवेच्छुद्धिः कन्यास्वह्ना विधीयते ॥ इत्यङ्गिरसा त्रिरात्रविषयेऽहोविधानात् ।

चूडाकरण के बाद (अकृतचूड कन्या का तीन वर्ष के बाद) वाग्दान के पहले कन्याओं के मरने पर एकदिन का आशौच होता है। संस्कारकर्म के पूर्व वर्णों में अविशेष से तीनरात में शुद्धि कही है और कन्याओं के मरने पर एकदिन का आशौच कहा है। इस अंगिरा के वचन से त्रिरात्रविषय में एकदिन का विधान किया है।

(अहस्त्वदत्तकन्यासु बालेषु च विशोधनम्। इति याज्ञवल्कीयाच्च (प्राय० श्लो० २४)) अतः शूद्रस्योपनयनस्थानीयविवाहात्पूर्वं त्रिरात्रम्। विवाहोत्कर्षे तु षोडशाब्दमध्ये त्रिरात्रमेवे-त्यपरार्काद्याः। शूद्रे तु निर्गुणे त्र्यब्दोर्ध्वं पञ्चाहं, षडब्दोर्ध्वं विवाहाभावे द्वादशाहमिति गौडाः। सगुणानां षोडशाब्दोर्ध्वं तु विवाहाभावेऽपि पूर्णाशौचं वक्ष्यते। तदुक्तं प्राग्विवाहाद्भर्तृकुले पितृ-कुले च सप्तपुरुषावधि त्रिरात्रम्,

अविवाहिता चूडाकरण हो जाने के बाद कन्याओं के वाग्दान के पूर्व मरने पर (सपिण्डों की) अहोरात्र (एकदिन-रात) में ही आशौच की शुद्धि होती है। इसलिये शूद्र का उपनयन स्थानीय विवाह होने से उसके पहले मरने पर तीन रात का आशौच होता है। विवाह के उत्कर्ष में तो सोलहसाल के मध्य में मरने पर तीन रात का ही आशौच होता है--एसा अपरार्क आदि ने कहा है। निर्गुण शूद्र के तीन वर्ष के ऊपर मरने पर पांच दिन का आशौच होता है। छ साल के ऊपर मरने पर विवाह के अभाव में तो बारहदिन का आशौच होता है एसा गौड कहते हैं। सगुणों का तो सोलहवर्ष के ऊपर तो विवाह के अभाव में भी पूर्णाशौच (पूरा आशौच) कहते हैं। और उनके आगे तथा विवाह के पहले पति के कुल में और पिता के कुल में सात पीढ़ी तक तीन रात का आशौच होता है।

अवारिपूर्वं प्रत्ता तु या नैव प्रतिपादिता। असंस्कृता तु सा ज्ञेया त्रिरात्रमुभयोः स्मृतम् ॥ इति मरीच्युक्तेः ।

मरीचि ने कहा है—जिस कन्या का जलदानपूर्वक विवाह नहीं हुआ है। उस कन्या को असंस्कृत (संस्कार के रहित) जानना चाहिये। एसी स्थिति में उस कन्या के मरने पर पति और पिता के कुल में तीनरात का आशौच होता है।

(पितृगृहेऽनूढाकन्यारजस्वलामरणे विचारः ।

रत्नाकरे शुद्धितत्त्वे च शङ्खः—पितृवेश्मनि या नारी रजःपश्यत्यसंस्कृता। तस्यां मृतायां नाशौचं कदाचिदपि शाम्यति ॥ यावज्जीवमशौचमिति वाचस्पतिमिश्राः ।

रत्नाकर और शुद्धितत्त्व में शंख ने कहा है जिस नारी (कन्या) असंस्कृत (जिसका विवाह संस्कार न हुआ हो) का पिता के घर में रज (रजोधर्म) देखता है। उसके मरने पर आशौच (मरणनिमित्तिक प्रायश्चित्त के बिना) कभी भी दूर नहीं होता है। वाचस्पतिमिश्र ने कहा है—जबतक जीवन है तबतक आशौच बना रहता है।

(अनुपनीतमृतानां दाहादिनिर्णयकथनम्)

अथानुपनीते किञ्चिदुच्यते। नाम्नः पूर्वं खननमेव। तदूर्ध्वं वर्षत्रयात्पूर्वं चौलाभावेऽग्न्युदक-दानविकल्पः ।

नात्रिवर्षस्य कर्तव्या बान्धवैरुदकक्रिया। जातदन्तस्य वा कुर्युर्नाम्नि वापि कृते सति ॥ इति मनूक्तेः (अ० ५।७०)। उदकक्रियासाहचर्याद्दाहोपलक्षणम् ।

इसके बाद अनुपनीत के विषय में कुछ कहता हूँ। नामकरणसंस्कार के पहले (प्रसवाशौच के मध्य में) खनन (गाडना) ही (एवकार के कथन से उदकदान आदि की निवृत्ति होती है।) चाहिये। उसके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बाद (आशौचोत्तरदिन से प्रारंभ कर) तीन साल के पूर्व (वर्षत्रयसमाप्तिपर्यन्त) चूडाकरण के अभाव में अग्नि (पिण्डदानादि का उपलक्षण है।) तथा उदकदान (जलदान) में विकल्प है।

मनु ने कहा है—तीनसाल से कम उमरवाले बालक मरें तो पिता आदि सपिण्ड के लोग उदकक्रिया न करें। (पहले निषिद्ध करने पर भी) उत्तरार्ध में कहते हैं—जिसके दाँत निकल गये हों उसका उदकदान करे या नामकरण करने के बाद उसका उदकदान करे। उदकक्रिया के साहचर्य से दाह करना उपलक्षण है।

खनने तु नान्यदौर्ध्वदेहिकम्, ऊनद्विवर्षं निखनेन्न कुर्यादुदकं ततः। इति याज्ञवल्क्योक्तेः (प्राय० १ श्लोक)। उदकमन्त्यकर्मपरमित्यपरार्कः।

खनन में तो दूसरा और्ध्वदेहिक नहीं होता है। दो साल की कम आयुवाले बालक के मरने पर भूमि में गढा खोदकर रख दे—अर्थात् गाड दे और उसका दाह न करे। फिर उसका उदकदान (मनुः—(अ० ५ श्लो० ६८, ६९) ऊनद्विवार्षिकं प्रेतं निदध्युर्बान्धवा बहिः। अलङ्कृत्य शुचौ भूमावस्थिसञ्चयाद्दते॥ नास्य कार्योऽग्निसंस्कारो न च कार्योदकक्रिया) अरण्ये काष्ठवत्त्यक्त्वा क्षपेयुस्त्र्यहमेव च॥) न करे। एसा याज्ञवल्क्य ने कहा है। अपरार्क का मत है—उदकपद (जंगल में फेंक दे काष्ठ की तरह) अन्त्यकर्म परक है।

यमः—ऊनद्विवार्षिकं प्रेतं घृताक्तं निखनेद्भुवि। यमगाथां गायमानो यमसूक्तमनुस्मरन्॥

यम ने कहा है—दो साल से कम उमरवाले प्रेत को घृत (खननयोग्यमात्रविषयक है। घृततैलसमायुक्तं कृत्वा वैदेहशोधनम्। तेनाभ्युदय गुरुं ज्ञाप्य नयेत्तु पैतृकं (श्मशानम्। वनम्॥ यह वराह का वचन दाहविषयक है।) लगाकर भूमि में, यमगाथा ([1]यमदैवत्या गाथा—यह मिताक्षरा) को गाता हुआ और यम-[2]सूक्त का स्मरण कर गाड दे।

माधवीये ब्राह्मेऽपि—स्त्रीणां तु पतितो गर्भः सद्यो जातो मृतोऽथ वा। अजातदन्तो मासैर्वा मृतः षड्भिर्गतै र्बहिः॥ वस्त्राद्यैर्भूषितं कृत्वा निक्षिपेत्तं तु काष्ठवत्। खनित्वा शनकैर्भूमौ सद्यः शौचं विधीयते॥ अलङ्करणमपि वक्ष्यते। कृतचूडस्य तु त्रिवर्षात्प्रागूर्ध्वं वाग्न्युदकदानं नियतम्।

१—मिताक्षरामतसे यमदैवत्या गाथा और सूक्तजपको दाहमें भी योगियाज्ञवल्क्य (प्राय श्लो० २) में कहा है—यमसूक्तं तथा गाथा जपद्भिर्लौकिकाग्निना। स दग्धव्य उपेतश्चेदाहिताग्न्यावृतार्थवत्॥ लौकिकाग्निः चाण्डालादिव्यतिरिक्तो ग्राह्यः। देवलः—चाण्डालाग्निरमेध्याग्निः सूतिकाग्निश्च कर्हिचित्। पतिताग्निश्चिताग्निश्च न शिष्टग्रहणोचितः॥ यमः—यस्यानयति शूद्रोऽग्निं तृणं काष्ठं हवींषि च। प्रेत त्वं हि सदा तस्य स चाधर्मेण लिप्यते॥ प्रचेता—स्नानं प्रेतस्य पुत्राद्यैर्वस्त्राद्यैः पूजनं तथा। नग्नदेहं दहेन्नैव किञ्चिद्देयं परित्यजेत्॥ किञ्चिद्देयमितिशववस्त्रैकदेशं श्मशानवास्यर्थं देयं परित्यजेदित्यर्थः।

२—परेयिवांसं प्रवतो महीरनु बहुभ्यः पन्थामनुपस्पशानम्। वैवस्वतं सङ्गमनं जनानां यमं राजानं हविषा दुवस्य १ यमो नो गातुं प्रथमो विवेद नैषा गव्यूतिरपभर्तवा उ। यत्रा नः पूर्वे पितरः परेयुरेना जज्ञानाः पथ्या ३ अनु स्वाः २ मातली कव्यैर्यमो अङ्गिरोभिर्बृहस्पतिर्ऋक्वभिर्वावृधानः। यांश्च देवा वावृधुर्ये च देवान् स्वाहान्ये स्वधयान्ये मदन्ति ३ इमं यम प्रस्तरमा हि सीदाऽङ्गिरोभिः पितृभिः संविदानः। आ त्वा मन्त्राः कविशस्ता वहन्त्वेना राजन् हविषा मादयस्व ४ अङ्गिरोभिरा गहि यज्ञियेभिर्यम वैरूपैरिह मादयस्व। विवस्वन्तं हुवे यः पिता तेऽस्मिन् यज्ञे बर्हिष्या निषद्य ५ अङ्गिरसो नः पितरो नवग्वा अथर्वाणो भृगवः सोम्यासः। तेषां वयं सुमतौ यज्ञियानामपि भद्रे सौमनसे स्याम ६ प्रेहि प्रेहि पथिभिः पूर्व्येभिर्यत्रा नः पूर्वे पितरः परेयुः। उभा राजाना स्वधया मदन्ता यमं पश्यासि वरुणं च देवम् ७ सं गच्छस्व पितृभिः सं यमेनेष्टापूर्तेन परमे व्योमन्। हित्वायावद्यं पुनरस्तमेहि सं गच्छस्व तन्वा सुवर्चाः ८ अपेत वीत वि च सर्पतातो ऽस्मा एतं पितरो लोकमक्रन्। अहोभिरद्भिरक्तुभिर्व्यक्तं यमो ददात्यवसानमस्मै ९ अति द्रव सारमेयौ श्वानौ चतुरक्षौ शबलौ साधुना पथा। अथा पितॄन् सुविदत्राँ उपेहि यमेन ये सधमादं मदन्ति १० यौ ते श्वानौ यम रक्षितारौ चतुरक्षौ पथिरक्षी नृचक्षसौ। ताभ्यामेनं परि देहि राजन् स्वस्ति चास्मा ऽअनमीवं च धेहि ११ उरूणसावसुतृपां उदुम्बलौ यमस्य दूतौ चरतो जनाँ अनु। तावस्मभ्यं दृशये सूर्याय पुनर्दातामसुमद्येह भद्रम् १२ यमाय सोमं सुनुत यमाय जुहुता हविः। यमं ह यज्ञो गच्छत्यग्निदूतो अरङ्कृतः १३ यमाय घृतवद्धविर्जुहोत प्र च तिष्ठत। स नो देवेष्वा यमद् दीर्घमायुः प्र जीवसे १४ यमाय मधुमत्तमं राज्ञे हव्यं जुहोतन। इदं नम ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृद्भ्यः १५ त्रिकद्रुकेभिः पतति षडुर्वीरेकमिद्बृहत्। त्रिष्टुब्गायत्री छन्दांसि सर्वा ता यम आहिता १६ (ऋ० १०।१४।१–१६)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

माधवीय में ब्रह्मपुराण का वचन है—स्त्रियों के गर्भपात हो जाने पर या उत्पन्न होने पर या मरने पर या दाँत निकलने के छ महिने अधिक मास बाद मरने पर उसको वस्त्र आदि से भूषित कर लकड़ी की तरह (जैसे—जंगल में लकड़ी को छोड़कर उदासीन होता है वैसे ही गढा खोदकर भूमि में उस मृत को प्रक्षेपकर श्राद्धादि औध्र्वदेहिक से उदासीन होता है। इससे और्ध्वदेहिककार्य का निषेध सूचित होता है।) फेंक दे। या शनैः शनैः भूमि (गाँव के बाहर श्मशान से अन्यत्र अस्थिराहित्य देश में पवित्र पृथ्वी में) में गाड दे। अलङ्कार को भी कहेंगे। जिसका चूडाकरणसंस्कार हो चुका है एसे का तो तीनसाल के पहले या बाद में अग्निदान और उदकदान नियत है।

यत्तु वसिष्ठः—'ऊनद्विवर्षे प्रेते गर्भपतने वा सपिण्डानां त्रिरात्रम्' इति तत् प्रथमाब्दचूडापरम्। वर्षत्रयादूर्ध्वमकृतचूडस्यापि नियतम्। वर्षत्रयोर्ध्वमुपनयनात्पूर्वं च तूष्णीमग्न्युदकदानम्। तूष्णीमेवोदकं कुर्यात्तूष्णीं संस्कारमेव च। इति पूर्वोक्तलौगाक्षिस्मृतेः। पिण्डदानमपि कार्यम्।

जो वसिष्ठ ने कहा है—दो साल से कम उमरवाला मर जाय या गर्भ का पात हो जाय तो सपिण्डों को तीनरात का आशौच होता है। वह प्रथमवर्ष चूडापरक है। तीनसाल के बाद अकृत चूडाकरण भी नियत (नियम) है। (अर्थात्—जिसका चूडाकरसंस्कार नहीं हुआ है एसे बालक के मरने पर यदि वह तीनसाल के ऊपर का है तो दाहादि करना चाहिये।) तीनसाल के ऊपर और उपनयन के पहले मरने पर तूष्णीं अग्निदान और उदकदान होता है—लौगाक्षिस्मृति में कहा है—तूष्णीं उदकदान और तूष्णीं ही संस्कार करे।

'असंस्कृतानां भूमौ पिण्डं दद्यात्संस्कृतानां कुशेषु' इति प्रचेतसोक्तेः। 'उदकदानं सपिण्डैः कृतचूडस्य इति गौतमोक्तेः। उदकग्रहणमौर्ध्वदेहिकपरमिति हरदत्तः।

प्रचेता ने कहा है—संस्कारहीन मरों का भूमि पर पिण्डदान तथा संस्कारवालों का कुशाओं पर पिण्डदान करे। गौतम ने कहा है—कृतचूड बालक के मरने पर सपिण्ड उदकदान-पिण्डदान के अधिकारी कहे गये हैं। हरदत्त ने कहा है—उदकग्रहण और्ध्वदेहिकपरक है।

द्वादशाद्वत्सरादर्वाक् पौगण्डमरणे सति। सपिण्डीकरणं न स्यान्नैकोद्दिष्टानि कारयेत्॥ इति हरदत्तधृतदेवलोक्तेश्च।

हरदत्त और देवल ने कहा है—बारहसाल के पूर्व 'पौगण्ड' के मरने पर सपिण्डीकरण और एकोदिष्ट न करे।

मरीचिरपि—प्रेतपिण्डं बहिर्दद्याद् दर्भमन्त्रविवर्जितम्। इति। एतदनुपनीतपरमिति विज्ञानेश्वरः।

मरीचि ने भी कहा है—कुशा और मन्त्र को छोड़कर प्रेतपिण्ड को बाहर दे। यह अनुपनीतपरक है—यह विज्ञानेश्वर ने कहा है।

अत्र चूडैव पूर्वावधिः पूर्ववाक्येषु तद्ग्रहणात्। उदकग्रहणस्योपलक्षणत्वाद् दाहः पूर्वावधिरिति केचित्। द्वादशाद्वत्सरादित्यनुपनीतद्विजानूढशूद्रविषयम्।

यहाँ पर चूडाकरण ही पहली विधि है। क्योंकि—पूर्व (पहले) वाक्यों (वचनों) में (अर्थात्—लौगाक्षि आदि वाक्यों में उसका ग्रहण है। उदकग्रहण का उपलक्षण (प्रायः उदकदान का दाहसाहचर्य से दाह उपलक्षण है।) होने से 'दाह' पूर्वाविधि (पहलीविधि) है—यह कोई कहते हैं। बारहसाल के पहले—यह अनुपनीत द्विज अविवाहित शूद्र विषयक है।

(त्र्यहाशौचे पिण्डदानविधिकथनम्)

त्र्यहाशौचे पिण्डदानविधिमाह पारस्करः—प्रथमे दिवसे देयास्त्रयः पिण्डाः समाहितैः। द्वितीये चतुरो दद्यादस्थिसञ्चयनं तथा। त्रींस्तु दद्यात्तृतीयेऽह्नि वस्त्रादि क्षालयेत्ततः॥ इति।

तीनदिन का (ही) आशौच होने पर पिण्डदान की विधि को पारस्कर ने कहा है—सावधान मन से प्रथमदिन में तीनपिण्ड, दूसरे दिन चारपिण्ड तथा अस्थिसंचयन करे और तीसरे दिन तीनपिण्डों को दे। तदनन्तर वस्त्रादि का प्रक्षालन करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अत्र देवयाज्ञिकनिबन्धे शिशु-बाल-कुमार-पौगण्डादीनां लक्षणकथनम्)

अत्र देवयाज्ञिकनिबन्धे विशेषः—शिशुरादन्तजननाद्बालः स्याद्यावदाशिखः। कथ्यते सर्वशास्त्रेषु कौमारो मौञ्जिबन्धनात् ॥ आपञ्चवर्षात् कौमारः पौगण्डो नवहायनः।

यहाँ पर देवयाज्ञिकनिबन्ध में विशेष कहा है—दांत के निकलने पूर्वतक शिशु, शिखाधारणतक बाल और मौञ्जीबन्धन (यज्ञोपवीतसंस्कार) तक कुमारसंज्ञा होती है—यह सब शास्त्रों में कहा है। पांचसाल तक कौमार तथा नौसाल तक पौगण्डसंज्ञा होती है।

(एतेषां मृतानां क्रियाविधिकथनम्)

तथा—गर्भे नष्टे क्रिया नास्ति दुग्धं देयं शिशौ मृते। परं च पायसं क्षीरं दद्याद्बालविपत्तितः ॥ एकादशं द्वादशाहं वृषोत्सर्गविधिं विना।

और गर्भ के नाश होने पर क्रिया (कर्म) नहीं होती है। शिशु के मरने पर दूध (दांत निकलने के पहले तक) दे। उसके बाद चूडाकरण के पूर्व बालक के मरने पर पायस (खीर) और दूध दे। एकादशाह द्वादशाह तथा वृषोत्सर्गविधि को न करे।

तथा—यत्र प्रमीयते बालस्तत्र प्रायः प्रदीयते। किञ्चित्समानवयसां संस्कृत्यान्नं यथाविधि ॥ भक्ष्यं भोज्यं च दातव्यं तथा च सुखभक्षिका। तद्वस्त्राणि प्रदेयानि सोपानत्कानि तत्समे ॥ कुमाराणां च बालानां भोजनं वस्त्रवेष्टनम्। यच्चोपजीवते बालस्तत्तद्विप्राय दीयते।

और जहाँ पर बालक मर जाय वहाँ पर प्रायः दे। कुछ समान अवस्थावाले बालकों को अन्न यथाविधि पकाकर दे। भक्ष्य तथा भोज्य दे और सुखभक्षिका (गिलास, थाली, कटोरी, गडुवा, खिलौने, आदि) दे। तद्वत् उसी के बराबर वाले को अन्नादि के साथ वस्त्र और जूता दे। कुमारों को और बालों को भोजन और वस्त्र पहनने को दे। जो बालक जिन वस्तुओं को उपयोग में लेता हो उन सब वस्तुओं को ब्राह्मण को दे। कहीं 'प्रायः' की जगह 'दीपः' एसा पाठ है।

तथा—भूमिनिःक्षेपणं बाले आवर्षद्वयमाशिखम्। ततः परं खगश्रेष्ठ देहदाहो यथाविधि ॥ अचूडेऽप्यूर्ध्वं खननिवृत्त्यर्थमावर्षद्वयमिति। प्रागपि कृतचूडस्य तन्निवृत्त्यर्थमाशिखमिति।

और दो साल तक शिखा रखने तक बालक को भूमि में गाड दे। उसके बाद हे खगश्रेष्ठ, यथाविधि देह शरीर का दाहसंस्कार करे। जिसका चूडाकरण न हुआ हो उसका भी बाद में खनन की निवृत्ति के लिये दो साल तक कहा है। पहले भी जिसका चूडाकरण हो जाने की निवृत्ति के लिये शिखाधारण तक कहा है।

तथा—चूडाकर्मणि सञ्जाते विपत्तिस्तु यदा भवेत्। सूतकान्ते प्रकर्तव्यं वृषस्योत्सर्जनं तदा। तत्र दाहः प्रकर्तव्य उदकं तत्र निश्चितम्। श्राद्धानि षोडशापि स्युः सपिण्डीकरणं विना ॥ इदं पञ्चवर्षोत्तरम्,

और चूडाकर्म के हो जाने पर विपत्ति यदि हो जाय तो सूतकान्त में वृष (बैल) का उत्सर्ग (त्याग) करे। वहाँ पर दाह करना चाहिये और उदकदान वहाँ पर निश्चित है। सपिण्डीकरण के विना सोलहश्राद्ध होते हैं। यह पाँच साल के बाद की विधि है।

जन्मतः पञ्चवर्षाणि भुङ्क्ते दत्तमसंस्कृतम्। पञ्चवर्षाधिके बाले विपत्तिर्यदि जायते ॥ वृषोत्सर्गादिकं कर्म कर्तव्यमुदकं ततः। अहन्यहनि सम्प्राप्ते कुर्याच्छ्राद्धानि षोडश ॥ पायसेन गुडेनैव पिण्डं दद्याद्यथाक्रमम्। उदकुम्भप्रदानं च पददानानि यानि च। दीपदानानि यत् किञ्चित् पञ्चवर्षाधिके सदा। कर्तव्यं तु खगश्रेष्ठ व्रतावाक् प्रेततृप्तये ॥ स्वाहाकारेणैव कार्याण्येकोद्दिष्टानि षोडश। ऋजुदर्भैस्तिलैः शुक्लैः प्राचीनावीतिना तथा ॥ इति तत्रैवोक्तेः। अत्र मूलं चिन्त्यम्। वार्षिकादि न भवत्येव। सपिण्डनत्वाभावे पितृत्वायोगात् वचनाभावाच्च।

बालक जन्म से पाँच साल में असंस्कृत दिये हुए अन्न को खाता है। पाँच साल से अधिक बालक में यदि विपत्ति हो जाय (अर्थात्—बालक मर जाय) तो वृषोत्सर्ग आदि कर्म तथा उदकदान करना चाहिये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और प्रतिदिन के प्राप्त होने पर सोलह श्राद्धों को करे। यथाक्रम खीर या गुड से ही पिण्ड दे। जल से भरा कुम्भदान, पददान, दीपदान आदि जो कुछ है पाँच साल के अधिक में सदा दे। हे खगश्रेष्ठ, प्रेत की तृप्ति के लिए व्रत (यज्ञोपवीत) के पूर्व करना चाहिये। स्वाहाकार से ही सोलहश्राद्ध एकोद्दिष्टविधि से करे। ऋजुकुशा, सफेद तिल और प्राचीनावीति (अपसव्य) से करे। यह वहीं पर कहा है। यहाँ पर मूल विचारणीय है। वार्षिक आदि तो नहीं ही होता है। सपिण्डन के अभाव में पितृत्व के अयोग से और वचन (संन्यासी का आह्निक आदि होता है वचनबल से) के अभाव से।

दिवोदासीये—अव्रते निधनं प्राप्ते विप्रादौ शूद्रजातिवत्। क्रियाः सर्वाः समुद्दिष्टाः सपिण्डीकरणं विना॥ उदकं पिण्डदानं च कृतचूडे विधीयते। इति।

दिवोदासीय में कहा है—जिसका यज्ञोपवीतसंस्कार न हुआ हो उसका मरण प्राप्त होने पर ब्राह्मणादि में शूद्र जाति के सदृश सपिण्डीकरण को छोडकर सारी क्रियाएँ समान कही गयी हैं। उदक और पिण्डदान को चूडाकरणसंस्कार के बाद विधान किया है।

(स्त्रीणामुद्वाहात् पूर्वमृतानां पिण्डदाने विचारः)

स्त्रीणां तूद्वाहात्प्रागुदकपिण्डदानविकल्पः। 'स्त्रीणां चैकेऽप्रत्तानाम्' इति गौतमोक्तेः। 'स्त्रीशूद्राश्च सधर्माणः' इति वचनाच्छूद्रेऽप्येवम्। एतद् द्वयोर्निमित्ताशौचं सर्ववर्णसमम्। 'तुल्यं वयसि सर्वेषामतिक्रान्ते तथैव च। इति व्याघ्रपादोक्तेः।

विवाह के पूर्व कन्याओं का उदक और पिण्डदान में विकल्प है। किसी का मत है—अप्रमत—अविवाहित कन्याओं का उदक और पिण्डदान करना स्वीकार करते हैं—और शूद्राओं का एक सा धर्म है—इस वचन से शूद्र में भी यही है। इन दोनों को निमित्त मानकर सब वर्णों को आशौच समान (बराबर) है। क्योंकि व्याघ्रपाद ने कहा है—सब वर्णों की अवस्था में और व्यतीत हो जाने पर वैसा ही बराबर सा आशौच होता है।

यानि तु—निर्वृत्तचूडके विप्रे त्रिरात्राच्छुद्धिरिष्यते। निवृत्ते क्षत्रिये षड्भिर्वैश्ये नवभिरुच्यते॥ शूद्रे त्रिवर्षन्यूने तु मृते शुद्धिस्तु पञ्चभिः। अत ऊर्ध्वं मृते शूद्रे द्वादशाहो विधीयते॥ षड्वर्षान्तमतीते तु शूद्रे मासमशौचकम्। इत्याङ्गिरसादीनि, तानि शिष्टविगानान्नादर्तव्यानीति विज्ञानेश्वरमदनपारिजातादयः। तेनैतद्वशाच्छूद्राणां व्यवस्था प्रागुक्ता हेयेव। 'तुल्यं वयसि सर्वेषाम्' इति दाक्षिणात्यपरम्। अन्यदेशे कौर्मोक्ता व्यवस्थेति शुद्धितत्त्वे।

जो ये वचन हैं—चूडाकरणसंस्कार के हो जाने के बाद ब्राह्मण बालक के मरने पर तीन रात में शुद्धि कही है। क्षत्रिय बालक के चूडाकरणसंस्कार के बाद छ रात में, वैश्य बालक के चूडाकरण संस्कार के बाद नौ रात में शुद्धि कही है। तीनसाल से कम शूद्र के मरने पर पाँच रात में शुद्धि होती है। इसके बाद शूद्र के मरने पर बारहदिन में शुद्धि का विधान किया है। छ साल के व्यतीत होने पर तो शूद्र के मरने पर एकमहिने का आशौच होता है इत्यादि वचन आंगिरस आदि के हैं, वे वचन शिष्टों के निन्दनीय होने से उनका आदर नहीं करना चाहिये—यह विज्ञानेश्वर, मदनपारिजात आदि ने कहा है। इससे इस वश (वचन) से पहले कही हुई शूद्रों की व्यवस्था त्यागने ही योग्य है। 'तुल्ये वयसि सर्वेषाम्'—अवस्था निमित्त जो आशौच है वह ब्राह्मणादियों को बराबर है—यह दक्षिणात्यपरक है। अन्य (दूसरे) देश के लिए तो कूर्मपुराण से कही हुई व्यवस्था उचित है। ऐसा शुद्धितत्त्व में कहा है।

(जात्याशौचविचारः)

अथ जात्याशौचम्। तच्च द्विजपुंसामुपनयनोर्ध्वं प्रवर्तते। त्रिरात्रमाव्रतादेशाद् दशरात्रमतः परम्। क्षत्रस्य द्वादशाहानि विशः पञ्चदशैव तु॥ त्रिंशद्दिनानि शूद्रस्य तदर्धं न्यायवर्तिनः॥ इति याज्ञवल्क्योक्तेः। (या० प्राय० श्लो० २२, २३)।

इसके बाद जाती का आशौच कहते हैं। वह द्विज के (द्विजस्त्रियों के विवाहोत्तर) बालकों के उपनयन के पूर्व आरंभ होता है। याज्ञवल्क्य ने कहा है—यज्ञोपवीतसंस्कार होने के पहले (मृत्यु हो जाने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पर) तीन रात और व्रतबन्धसंस्कार हो जाने के बाद मृत्यु हो जाने पर दशदिन का (ब्राह्मणादियों को) आशौच होता है। (सपिण्ड के जनन तथा मृत्युपर) क्षत्रिय को बारहदिन का, वैश्य को पन्द्रहदिन का और शूद्र को तीनदिन का आशौच होता है। न्यायवर्ति (द्विजशुश्रूषादि-स्वधर्म में अनुष्ठित) शूद्र को पन्द्रहदिन का आशौच होता है।

यत्तु स एव—त्रिरात्रं दशरात्रं वा शावमाशौचमिष्यते ॥ (या० प्रा० १८) इत्याह। तत्र दशाहे त्रिरात्रमस्पृश्यत्वम्, एकदिनोत्पन्ने आशौचद्वये दशाहमस्पृश्यत्वम्।

जो याज्ञवल्क्य ने ही कहा है—शावनिमित्त (मरण निमित्त) आशौच तीनरात या दसरात का होता है। वहाँ पर (शुद्धिविवेक आदि मत से) दशदिन में तीनदिन तक स्पर्श न करे। एकदिन में उत्पन्न हो पर दो आशौच के होजाने पर दशदिन तक अस्पृश्यत्व रहता है।

मरणं यदि तुल्यं स्यान्मरणेन कथञ्चन। अस्पृश्यं तु भवेद् गोत्रं सर्वमेव सबान्धवम् ॥ इत्यङ्गिरसोक्तेः। दशाहाशौचपरत्वे 'दशरात्रमतः परम्' इत्यनेन पौनरुक्त्यापत्तेरिति शुद्धिविवेकादयः। तन्न, स्मृतिभेदात्। त्रिरात्रं दशरात्रं वेति विकल्पायोगाच्च। यस्तु पुत्राणां वेदानध्याप्य वृत्तिं विदधाति तत्राहाश्वलायनः (अ. ४, ख. ४, सू. १७, पृ. ११४)—'द्वादशरात्रं वा महागुरुषु दानाध्ययने वर्जयेरन्' इति। अत्र यावदुक्तनिषेधौ वाऽस्पृश्यत्वमात्रं वा न तु कर्मानधिकारः। एकादशाहान्ते वैश्वदेवोक्तेः। एकादशाहिके मुक्त्वा तत्र ह्यन्ते विधीयते। इति।

आङ्गिरा ने कहा है—एक की मृत्यु हो जाने पर कदाचित् दूसरी मृत्यु हो जाय तो सब बान्धव के सहित सगोत्री अस्पृश्य (स्पर्शकरने योग्य नहीं) होते हैं। दशाह आशौच बोधक मानने पर तो इसके बाद दशरात का आशौच होता है। इससे पुनरुक्ति (दूसरी बार कहना) दोष की आपत्ति हो जायगी। एसा शुद्धिविवेक आदि ने कहा है। यह उचित नहीं है। क्योंकि—स्मृतियों का (क्व पौनरुक्त्यम्—एसा अर्थ होगा) भेद है। तीनरात या दसरात का आशौच होता है एसा विकल्प का अयोग हो जाता है। जो पुत्रों को (स्मृत्यन्तरे—पुत्रानुत्पाद्य वेदार्थं ग्राहयित्वा यथाविधि। वृत्तिं च यो विदधते कथ्यते स महागुरुः ॥) वेदाध्ययन कराकर जीविका कराना चाहता है। वहाँ पर आश्वलायन ने कहा है—(मातापितरौ यश्चोपनीय कृत्स्नं वेदमध्यापयत्येते महागुरवः) जिस बालक के माता पिता ने उपनयन कर जो संपूर्ण वेद को पढ़ाते हैं वे महागुरु हैं। एसे गुरुओं के मरने पर बारह रात दान और अध्ययन त्याग दे। (यहाँ 'वा' का विकल्प अर्थ दशाहं सपिण्डेषु।) या यहाँ पर जो कहा हुआ जो निषेध है या अस्पृश्यत्वमात्र है, कर्म में अधिकार नहीं है। एकादशाह के अन्त में बलिवैश्वदेव को कहा है। एकादशाह को छोड़कर उसके अन्त में बलिवैश्वदेव का विधान किया है।

(पित्रादयो महागुरवः)

शुद्धितत्वे तु—'त्रयः पुरुषस्यातिगुरवो भवन्ति माता पिताचार्यश्च' इति विष्णूक्तेः। पित्रादयो महागुरवः।

शुद्धितत्त्व में तो कहा है—माता, पिता और आचार्य (उपनीय दद्द्वेदमाचार्यः स उदाहृतः। ये तीन पुरुष अतिगुरु होते हैं। एसा विष्णु ने कहा है। पिता आदि महागुरु कहे जाते हैं।

(स्त्रीणां पतिरेव गुरुः)

भर्त्राप्युक्तो रामायणे—पतिर्बन्धुर्गतिर्भर्ता दैवतं गुरुरेव च।

रामायण में कहा है—पति भी गुरु है। बन्धु, गति, देवता, गुरु ही स्त्रियों का पति ही है।

शातातपः—पतिरेको गुरुः स्त्रीणां सर्वस्याभ्यागतो गुरुः। एकपदविमूढानां पितृमातृनिषेधार्थम्। सोदकानां त्रिरात्रम्, त्र्यहादुदकदायिनः इति मनूक्तेः (अ० ५ श्लो० ६४)।

शातातप ने कहा है—स्त्रियों का पति ही गुरु है। सबका अभ्यागत गुरु होता है। एकपद में फुसलाये हुओं का पिता और माता के निषेधार्थ है। सोदका को तीन रात का आशौच होता है। उदकदान देनेवाले तीनदिन में पवित्र होते हैं—एसा मनु ने कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(सपिण्डादीनां लक्षणकथनम्)

अग्निपुराणे—सपिण्डता तु पुरुषे सप्तमे विनिवर्तते। समानोदकभावस्तु निवर्तेत चतुर्दशे॥ जन्मनामस्मृतेर्वैके तत्परं गोत्रमुच्यते।

अग्निपुराण में कहा है—सपिण्डता (सपिण्डता तु पुरुषे सप्तमे विनिवर्तते। समानोदक—भावस्तु जन्मनाम्नोरवेदने॥) तो सातवीं पीढी में हट जाती है समानोदकता तो चौदह पीढ़ी तक में दूर होती है। किसी के मत से जन्म नाम की स्मृति (ज्ञान) हो उसके बाद गोत्र कहा जाता है।

बृहस्पतिः—दशाहेन सपिण्डास्तु शुध्यन्ति प्रेतसूतके।
त्रिरात्रेण सकुल्यास्तु स्नात्वा शुध्यन्ति गोत्रजाः॥

बृहस्पति ने कहा है—सपिण्ड प्रेत के सूतक में दशदिन में शुद्ध होते है। 'सकुल्य' तीनरात में और 'गोत्रज' स्नान कर शुद्ध होते हैं।

(स्त्रीशूद्रयोर्विवाहोर्ध्वं जात्याशौचकथनम्)

स्त्रीशूद्रयोस्तु विवाहोर्ध्वं जात्याशौचम्। वैवाहिको विधिः स्त्रीणामौपनायनिकः स्मृतः। इत्युक्तेः, दत्तानां भर्तुरेव हि। स्वजात्युक्तमशौचं स्यान्मृतके जातके तथा। इति माधवीये ब्राह्माच्च। शूद्रस्य विवाहाभावेऽपि षोडशवर्षोर्ध्वं मासः, अनूढभार्यः शूद्रस्तु षोडशाद्वत्सरात्परम्। मृत्युं समधिगच्छेचेन्मासात्तस्यापि बान्धवाः। शुद्धिं समधिगच्छन्ति नात्र कार्या विचारणा॥ इत्यपरार्के शङ्खोक्तेः। निर्णयामृतमदनपारिजातादौ त्वन्यथोक्तम्।

स्त्री और शूद्र का तो विवाह के बाद जाती का आशौच लगता है। स्त्रियों की उपनयनस्थानीय विवाहविधि होती है। एसा कहा है। विवाह के बाद दी हुई कन्याओं का पति ही कुल (वंश) का आशौच प्राप्त होता है। और माधवीय में ब्रह्मपुराण का बचन है—अपनी जाती में कहा हुआ आशौच मरण तथा उत्पत्ति में लगता है। शूद्र के विवाह के अभाव में भी सोलहसाल के बाद एकमहिने का आशौच होता है। अपरार्क में शंख ने कहा है—जिस शूद्र का विवाह नहीं हुआ है एसे शूद्र के सोलहवर्ष के बाद मृत्यु को प्राप्त होने पर उसके बान्धव एक महीने में शुद्ध होते हैं। इसमें किसीप्रकार का विचार नहीं करना चाहिये। निर्णयामृत, मदनपारिजात आदि में तो विपरीत कहा है।

हारीतः—आ मौञ्जीबन्धनाद्विप्रः क्षत्रियश्च धनुर्ग्रहात्। आप्रतोदग्रहाद्वैश्यः शूद्रो वस्त्रद्वयग्रहात्॥ धनुःप्रतोदावष्टमेऽब्दे द्वादशे वस्त्रद्वयमिति।

हारीत ने कहा है—मौञ्जीबन्धन से पूर्व ब्राह्मण, धनुषग्रहण से पूर्व क्षत्रिय, प्रतोद (कृषिकर्म में नियुक्त बैलों की शिक्षा के लिए चाबुक) ग्रहण करने से वैश्य और दो वस्त्र ग्रहण करने से पूर्व शूद्र को आशौच होता है। धनुष और प्रतोद से आठवें साल में तथा बारहवें वर्ष में दो वस्त्र कहे हैं।

मेधातिथिस्तु—त्रिरात्रमाव्रतादेशात्—इत्यत्र व्रतं कालोपलक्षणार्थम्। स च कालः स्वकीयः सर्वेषां चाष्टमवर्षरूपः। तेन चतुर्णामपि वर्णानामुपनयनाभावेऽप्यष्टमादूर्ध्वं पूर्णमेवाशौचम्। तथापि 'प्रागष्टमाच्छिशवः प्रोक्ताः' इति स्मृत्यन्तरादूर्ध्वं सम्पूर्णमर्वाक् त्रिरात्रम्। येऽपि 'आषोडशाद्भवेद् बालः' इत्याहुस्तेषामप्यष्टमादूर्ध्वं शूद्रे मास एव, ऊर्ध्वमष्टभ्यो वर्षेभ्यः शुद्धिः शूद्रस्य मासिकी इति वचनादित्याह। हारलताशुद्धितत्त्वादिगौडग्रन्थेष्वप्युक्तम्—

मेधातिथि ने तो कहा है—यज्ञोपवीत से पूर्व तीनरात का आशौच होता है—यहाँ पर व्रतकाल (समय) का उपलक्षण है। वह काल स्वकीय (अपना) सबों का आठवाँ साल ही रूप है। करे। इससे चारो वर्णों का भी उपनयन के अभाव में आठसाल के बाद पूरा ही आशौच होता है। उसमें भी आठसाल के पूर्व शिशु कहे जाते हैं इस स्मृत्यन्तर से बाद संपूर्ण के पूर्व तीन रात का आशौच होता है। जो भी सोलहसाल के पहले बालक कहा है। उनका भी आठवें साल के ऊपर और शूद्र के यहाँ एक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

महिनेमें ही शुद्धि होती है। आठसालके बाद तथा शूद्रकी शुद्धि एकमासमें होती है। हारलता, शुद्धितत्त्वादि गौडग्रन्थों में यही कहा है।

अनुपनीतो विप्र इत्युक्त्वा—म्रियते यत्र तत्र स्यादाशौचं त्र्यहमेव हि। द्विजन्मनामयं कालस्त्रयाणां तु षडाब्दिकः॥ इत्यादिपुराणोक्तेरूपनयनकालोपलक्षणम्। षडब्दपदं मासत्रयाधिकपरम्। गर्भाष्टमेऽष्टमे वाब्दे इत्युक्तेः।

अनुपनीत ब्राह्मण-एसा कहकर—कहते हैं—जहाँ कहीं पर बालक मरे उनका आशौच तीन ही दिन का होता है। यह द्विजन्म तीनों जाति का छसाल तक का काल है। यह आदिपुराण में उपनयनकाल का उपलक्षण कहा है। षडब्दपद (छ साल) तीनमहिने से अधिक परक है। गर्भ से आठवें या जन्म से आठवें में करे एसा कहा है।

यत्तु जाबालः—व्रतचूडाद्विजानां च प्रतीतिषु यथाक्रमम्। दशाहे त्र्यह एकाहे शुध्यन्त्यपि हि निर्गुणा॥ इति। द्विजा दन्ताः। इदं प्रतीतिष्वित्युक्तेः पञ्चाब्दोपनीतपरमिति। तदेतन्नाद्रियन्ते वृद्धाः।

जो जाबाल ने कहा है—यज्ञोपवीत, चूडाकरण और दन्तोत्पत्तियों में प्रतीति (प्रत्यक्ष) होने पर क्रम से दशदिन, तीनदिन और एकदिन में ही निर्गुण शुद्ध होते ही हैं। द्विज माने—दांत। यह प्रत्यक्ष होने पर—एसा कहा है। पांचसाल की अवस्था में यज्ञोपवीतसंस्कार हुआ हो—उसपरक है। उसका वृद्ध (मेधातिथि आदि) आदर नहीं करते हैं।

यानि तु पराशरः—एकाहाद् ब्राह्मणः शुद्ध्येद्योऽग्निवेदसमन्वितः। त्र्यहात्केवलवेदस्तु द्विहीनो दशभिर्दिनैः॥ केवलवेदः केवलश्रौताग्नेरप्युपलक्षणम्। अयं सङ्कोचो होमाध्ययनपर एव न तु सन्ध्यादाविति हारलतायाम्।

जिन वचनों को पराशर ने कहा है—जो अग्नि और वेदसे युक्त है वह ब्राह्मण एकदिन में शुद्ध होता है। केवल वेद का जानकार (वेदपाठी) तीनदिन में और उससे रहित दशदिन में शुद्ध होता है। केवल वेद शब्द-केवल श्रौताग्नि का भी उपलक्षण है। यह संकोच होम तथा अध्ययनपरक ही है सन्ध्या आदि में नहीं है—एसा हारलता में कहा है।

(सर्ववर्णानां दशाहादेवशुद्धिकथनम्)

अङ्गिराः—सर्वेषामेव वर्णानां सूतके मृतके तथा।
दशाहाच्छुद्धिरेतेषामिति शातातपोऽब्रवीत्॥

अंगिरा ने कहा है—सूतक और मरण में इन सब वर्णों की ही दशदिन में शुद्धि होती है—एसा शातातप ने कहा है।

देवलः—आशुच्यं दशरात्रं तु सर्वेषामपरे विदुः। निधने प्रसवे चैव पश्यन्तः कर्मणः क्षयम्।

देवल ने कहा है—दूसरे लोग (ऋषिगण) मरण और प्रसव (उत्पत्ति) में कर्म के नाश को देखते हुए सब वर्णों का दशदिन का आशौच कहते हैं।

अत्यन्तोत्कृष्टस्य कर्महानौ पीडावतो विप्रपरिचर्यापरस्य शूद्रे दशरात्रमिति हारलतायाम्।

हारलता में कहा है—अत्यन्त उत्कृष्ट (उत्तम) शूद्र के कर्म की हानि में पीड़ित होता हुआ ब्राह्मण की सेवा में तत्पर रहता है उस शूद्र को दशदिन का आशौच होता है।

(सूतके दशपक्षाः)

दक्षः—सद्यःशौचं तथैकाहत्र्यहश्चतुरहस्तथा। षड्दशद्वादशाहश्च पक्षो मासस्तथैव च॥ मरणान्तं तथा चान्यद् दशपक्षास्तु सूतके।

दक्ष ने कहा है—सद्यःशौच, एकाह—एकदिन, तीनदिन, चारदिन, छदिन, दशदिन, बारह दिन, पन्द्रहदिन, एकमास और मरणान्त आशौच ये दशपक्ष सूतक में होते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मिताक्षरायां स्मृत्यन्तरे—चतुर्थे दशरात्रं स्यात्षण्निशाः पुंसि पञ्चमे। षष्ठे चतुरहाच्छुद्धिः सप्तमे तु दिनत्रयम्॥ अष्टमे दिनमेकं स्यान्नवमे यामकद्वयम्। दशमे स्नानमात्रेण चैतद् गौणं तु सूतकम्॥ इत्यादीनि, तान्यापदनापद्गुणवदगुणवद्विषयाणि देशाचारभेदाद्वा ज्ञेयानि। सद्यः शौचादिषडहन्ताः पक्षा यायावरादिपराः। अत्र मरणान्तं जननादिनिमित्ताद्भिन्नम्। (अस्वर्ग्यं लोकविद्विष्टं धर्म्यमप्याचरेन्न तु। इत्युक्तत्वान्मधुपर्कपश्वालम्भवत्) शिष्टविगानान्नादर्तव्यानीति विज्ञानेश्वरः।

मिताक्षरा में स्मृत्यन्तर का वचन है—चतुर्थपीढ़ी (विप्रपरक है) में दशरात, पांचवींपीढी में—छः रात, छठीपीढी में चारदिन, सातवीं पीढी में—तीनदिन, आठवें दिन एकदिन, नवें दिन दो याम (छ घण्टा) और दशवें दिन स्नानमात्र से शुद्धि होती है। यह सूतक गौण है। इत्यादि (क्षत्रियस्तु दशाहेन स्वकर्मनिरतः शुचिः। तथैव द्वादशाहेन वैश्यः शुद्धिमवाप्नुयात्॥ एकादशाहाद्राजन्यो वैश्यो द्वादशभिस्तथा। शूद्रो विंशतिरात्रेण शुध्यते मृतसूतके॥) जो वचन हैं वे आपत्ति अनापत्ति, गुण और निर्गुण विषयक हैं या देशाचारभेद से जानना चाहिये। सद्यःशौचादि छदिनतक के पक्ष यायावर (याजन, अध्ययन और प्रतिग्रह से हीन) आदि परक है। यहाँ पर मरणान्त आशौच [1]जननादिनिमित्त से भिन्न (पृथक्) है। (विज्ञानेश्वर ने कहा है—शिष्टों (विद्वानों) से निन्दित होने से (पूर्व कहे हुए वचन आदर के योग नहीं हैं) निन्दित है। धर्म होते हुए भी लोक में निन्दनीय और अस्वर्ग्य होने के कारण एसे धर्म का आचरण नहीं करना चाहिये। एसा कहनेपर मधुपर्क में पश्वालंभ की तरह।)

अस्नात्वा चाप्यहुत्वा वा अदत्त्वाऽश्नंस्तथा द्विजः। एवंविधस्य विप्रस्य सर्वदा सूतकं सदा॥ इति दक्षोक्त्या—

स्नान बिना किये, बिना हवन किये और बिना दान किये जो द्विज भोजन करता है। एसे द्विज को सदा ही सूतक होता है—एसा दक्ष के वचन से।

अन्यपूर्वा यस्य गेहे भार्या स्यात्तस्य नित्यशः। आशौचं सर्वकार्येषु देहे भवति सर्वदा॥ इति ब्राह्मादिवशाद्व्यवस्थेत्यपरार्कमदनपारिजातादयः।

जिसके घर में एसी पत्नी को जिसका अन्य पति हो उसके कार्यों में और शरीर में सदा आशौच रहता है। यह ब्रह्मपुराण आदि के कथन से व्यवस्था जानना चाहिये—यह अपरार्क, मदनपारिजात आदि ने कहा है।

माधवस्तु—वृत्तस्वाध्यायसापेक्षमघसङ्कोचनं तथा। इति कलिवर्ज्येष्वुक्तेः-

माधव ने तो कहा है—अग्निहोत्रादि का अनुष्ठान, वेदाध्ययन और पाप का संकोच कलिवर्ज्यप्रकरण में कहा है।

दशाह एव विप्रस्य सपिण्डमरणे सति। कल्पान्तराणि कुर्वाणः कलौ भवति किल्बिषी॥ इति हारीतोक्तेश्च न्यूनाशौचपक्षा युगान्तरविषयाः। मरणान्तादिपक्षास्तु निन्दार्थवादः। अन्यथा नामधारकविप्रस्तु दशाहं सूतकी भवेत्। इति विरोधः स्यादित्याह।

सपिण्ड के मरने पर ब्राह्मण को दशदिन का ही सूतक होता है। कल्पान्तरों (अन्यपक्षों) को मानने पर कलियुग में पाप का भागी होता है यह हारीत ने कहा है। न्यून (कम) आशौचपक्ष युगान्तर (दूसरे युगों के लिए) विषय है। मरणान्तादिपक्ष में (शंखः—हीनवर्णा तु या नारी प्रमादात्प्रसवं व्रजेत्। प्रसवे मरणे तज्जमाशौचं नापशाम्यति॥) स्मृत्यन्तरे-व्याधितस्य कदर्यस्य ऋणग्रस्तस्य सर्वदा। क्रियाहीनस्य मूर्खस्य स्त्रीजितस्य विशेषतः। व्यसनासक्तचित्तस्य पराधीनस्य नित्यशः। श्राद्धत्यागहीनस्य भस्मान्तं

१—जैसे विवाह में मधुपर्क के समय में अर्घ्यप्रदान के प्रसंग में (न त्वेवामांसोऽर्घः स्यात्) मांस के बिना अर्घ्य नहीं हो सकता है। इस वाक्य से मांस का विधान होने पर भी लोक में निन्दनीय अकल्याणकारण होने से पशुवध के स्थान पर तृणच्छेदन किया जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूतकं भवेत् ॥) निन्दा से अर्थवाद है। अन्यथा--नामधारक (व्यासः--ब्रह्मबीजसमुत्पन्नो मन्त्रसंस्कारवर्जितः। जातिमात्रोपजीवी च स भवेन्नामधारकः ॥ न कर्मविन्न चाधीते स भवेन्नामधारकः ॥ ब्राह्मण को तो दशदिन का आशौच होता है। इससे विरोध होगा--एसा कहा है।

यत्तु देवलः—दशाहादित्रिभागेन कृते सञ्चयने क्रमात्। अङ्गस्पर्शनमिच्छन्ति वर्णानां तत्त्वदर्शिनः ॥ इति।

जो देवल ने कहा है--दशाह आदि आशौच के क्रम से तीनभाग करने पर अस्थिसंचय को करने पर वर्णों के (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य) अङ्ग (शरीर) स्पर्श का तत्त्व के देखनेवाले इच्छा करते हैं।

(पूर्णाशौचे स्पर्शनिर्णयकथनम्)

पूर्णाशौचे स्पृश्यतामाह। यच्चानुपनीतातिक्रान्ताशौचे त्रिरात्रादौ तेनैवोक्तम्--स्वाशौचकालाद्विज्ञेयं स्पर्शनं तु त्रिभागतः। इति। तदपि युगान्तरेषु, अस्थिसञ्चयनादूर्ध्वमङ्गस्पर्शनमेव च। इति माधवीये कलौ तन्निषेधात्।

यह पूर्णाशौच में स्पृश्यता कहा है। और जो अनुपनीत और अतिक्रान्त (व्यतीत) आशौच में तीनरात आदि में उसने कहा है--अपने आशौच के समय से तीसरे भाग से स्पर्श जानना चाहिये। वह भी युगान्तरों में है। अस्थिसञ्चय के बाद ही अङ्गस्पर्श ही करे। एसा माधवीय में कलियुग में उसका निषेध है।

यत्तु हारलतायाम्—चतुर्थेऽहनि कर्तव्यः संस्पर्शो ब्राह्मणस्य तु। इति प्रचेतसोक्तेस्त्र्यहैकाहाशौचेऽपि चतुर्थाह एवाङ्गस्पर्श इति। तन्न, देवलादिवशेनास्य दशाहगोचरत्वात्। ये तु वर्णसङ्करजा मूर्धावसिक्ताद्यास्तेषामाशौचविशेषः कलौ नोपयुक्त इति नोच्यते। प्रतिलोमजानां नाशौचम्। मलापकर्षणार्थं तु स्नानमात्रमिति विज्ञानेश्वरः।

जो हारलता में कहा है--ब्राह्मण का स्पर्श चौथे दिन में करना चाहिये। एसा प्रचेतस के कथन से तीनदिन और एकदिन के आशौच में भी चौथेदिन ही अंग का स्पर्श करे। यह उचित नहीं है। देवल आदि के कथन से इस वचन का दशदिन के आशौच के विषय में है। जो लोग वर्णशंकर से उत्पन्न हुए (ब्राह्मण से क्षत्रिया स्त्री में उत्पन्न क्षत्रिय, क्षत्रिय से वैश्यजातीय स्त्री में उत्पन्न वैश्य, वैश्य से शूद्रा में उत्पन्न शूद्र) मूर्धावसिक्त (ब्राह्मण द्वारा विवाहित क्षत्रिया पत्नी से उत्पन्न याज्ञवल्क्यस्मृति आचाराध्याय श्लो० ९१-९६ तक देखिये।) आदि में उनका आशौच विशेष (हारीतः—एकाहाच्छुध्यते विप्रो जन्महानौ स्वयोनिषु। षड्भिस्त्रिभिरथैकेन क्षत्रविट्शूद्रयोनिषु ॥) कलियुग (हीन और उत्तम वर्ण का विवाह) में नहीं कहा है। प्रतिलोमज (जो धर्म से हीन—सूतादि) का आशौच नहीं होता है। मैल को दूर तक के लिए स्नानमात्र ही विज्ञानेश्वर ने कहा है।

माधवस्तु—शौचाशौचे प्रकुर्वीरन् शूद्रवद्वर्णसङ्कराः। इति ब्राह्मोक्तेः शूद्रवदाह। हारलताऽप्येवम्। दत्तक्रीतकृत्रिमादिपुत्रेषु अहीनवर्णगासु स्त्रीषु च सपिण्डत्वेऽपि प्रसवे मरणे च। पूर्वापरपित्रोर्भर्त्रोश्च त्रिरात्रमेव न दशाहादि,

माधव ने तो कहा है—शौच और आशौच में शूद्र की तरह वर्णशंकर करें। एसा ब्रह्मपुराण के वचन से शूद्र की तरह (जिस निमित्त में सूतकादि शूद्र को है वही यहाँ पर करे।) कहा है। हारलता में भी यही है।

दत्तक (स्वयंदत्त), क्रीत (खरीदा हुआ), कृत्रिम आदि पुत्रों में और प्रतिलोम से भिन्न स्त्रियों में सपिण्ड के रहने पर भी प्रसव (जन्म) तथा मरण में पूर्वापर (पहले और बाद के) पिता माताओं को (अर्थात्-बीजि और क्षेत्री को) और पति को तीन रात का ही आशौच होता है। दशदिन का नहीं होता है।

अनौरसेषु पुत्रेषु जातेषु च मृतेषु च। परपूर्वासु भार्यासु प्रसूतासु मृतासु च ॥ इति। त्रिरात्रानुवृत्तौ विष्णूक्तेः। सपिण्डानां त्वेकाहः। परपूर्वासु भार्यासु पुत्रेषु कृतकेषु च। भर्तृपित्रोस्त्रिरात्रं स्यादेकाहस्तु सपिण्डतः ॥ इति माधवीये हारीतोक्तेः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपनी धर्मपत्नी से भिन्न उत्पन्न अनौरस क्षेत्रज-दत्तक आदि पुत्रों के उत्पन्न होने पर तथा मरने पर दूसरे पास स्त्रियों के जाने पर (और अपने पति के पास रहने पर) उन स्त्रियों में उत्पन्न पुत्रादि के होने पर या मरने पर तीनदिन का आशौच होता है। विष्णु ने तीन रात की अनुवृत्ति कही है। सपिण्डों को तो एकदिन कहा है। पर तथा पूर्वा स्त्रियों में अशास्त्रीय पुत्रों के मरने पर पति तथा माता-पिता को तीनदिन का आशौच होता है। एकदिन का सपिण्डों को होता है—यह माधवीय में हारीत ने कहा है।

सूतके मृतके चैव त्रिरात्रं परपूर्वयोः। एकाहस्तु सपिण्डानां त्रिरात्रं यत्र वै पितुः॥ इति मरीच्युक्तेश्च।

और मरीचि ने कहा है--सूतक और मरण में पहले और बाद के पिता (पति) को तीन दिन का आशौच होता है। सपिण्डों को (अर्थात्—पहले और बाद के) एकदिन का आशौच होता है।

(अनौरसेषु पुत्रेषु)

शङ्खः—अनौरसेषु पुत्रेषु भार्यास्वन्यगतासु च। परपूर्वासु च स्त्रीषु त्रिरात्राच्छुद्धिरिष्यते॥ परपूर्वा= पुनर्भूः। इदं सवर्णासु।

शंख ने कहा है—धर्मपत्नी से भिन्न पुत्रों में, अन्य में आसक्त स्त्रियों में और पुनर्भू स्त्रियों में तीनरात में शुद्धि कही है। यह सवर्णा में है। परपूर्वा का अर्थ पुनर्भू है। फिर से विवाह करनेवाली।

हीनवर्णासु तु शङ्खलिखितौ—परपूर्वासु भार्यासु पुत्रेषु कृतकेषु च।
नानध्यायो भवेत्तस्य नाशौचं नोदकक्रिया॥

हीनवर्णों में तो शंख और लिखितस्मृति में कहा है—परपूर्वा (पुनर्भू) भार्याओं और अशास्त्रीय पुत्रों के मरने पर अनध्याय, आशौच, उदकक्रिया तथा जलदान उनका नहीं होता है।

ब्राह्मेऽपि—आशौचं तु त्रिरात्रं स्यात्समवर्णेषु निश्चितम्।

ब्रह्मपुराण में भी कहा है--समान वर्णों में निश्चित तीनरात का आशौच होता है।

यत्तु षडशीतौ—अन्यपूर्वावरुद्धासु त्रिदिनाच्छुद्धिरिष्यते। तास्वेवानन्यपूर्वासु पञ्चाहोभिर्विशुद्ध्यति॥ इति। तत्र पञ्चाहे मूलं चिन्त्यम्।

जो षडशीति में कहा है—अन्यपूर्वा (जिनका वाग्दान किसी औरों के साथ हो चुका हो) उन अवरुद्धों की अर्थात्-रुके हुवों की तीनदिन में शुद्धि कही है। उनमें से ही अनन्यपूर्वाओं (दूसरे की ओर न जानेवालियों) की शुद्धि पांचदिन में होती है। पांचदिन में शुद्धि जो कही है उसमें मूल विचारणीय है।

यत्तु याज्ञवल्क्यः (प्रा. श्लो. २५)—अनौरसेषु पुत्रेषु भार्यास्वन्यगतासु च। इत्येकाहमाह। तदसन्निधौ ज्ञेयम्। यदा पितुरेकाहस्तदा सपिण्डानां स्नानम्।

औरस के अतिरिक्त (क्षेत्रज, दत्तक आदि) पुत्रों के जन्म और मरण में दूसरे पुरुष पर आश्रित रहनेवाली पत्नियों की प्रसूता में और मरण में एकदिन (अहोरात्र) आशौच होता है। (अर्थात्—दशदिन का नहीं होता है।) उसकी असन्निधि (यस्य यदाशौचं तावत्कालमध्ये तच्छ्रोता स सन्निधिः। इसीप्रकार त्रिरात्रादि में प्रथमदिन श्रवण में पूर्ण आशौच होता है। दूसरे दिन आदि में सुनने पर अवशिष्टदिन से शुद्धि होती है। चतुर्थदिनादि में आशौच नहीं ही होता है।) में जानना चाहिये। जब पिता को एकदिन का आशौच होता है तो सपिण्डों को स्नानमात्र कहा है।

(अन्याश्रितपत्नीनां परपत्नीसुतानां चाशौचकथनम्)

अन्याश्रितेषु दारेषु परपत्नीसुतेषु च। गोत्रिणः स्नानशुद्धाः स्युस्त्रिरात्रेणैव तत्पिता॥ इति प्राजापत्युक्तेः। पितेति वोढुरुपलक्षणम्, तथोपक्रमात्।

प्रजापति ने कहा है—अन्य पुरुष के आश्रित स्त्रियों में और दूसरे की पत्नी के पुत्रों में गोत्री स्नान से शुद्ध होते हैं। उनके पिता तीनरात में ही शुद्ध होते हैं। पिताशब्द से वहन करनेवाले का उपलक्षण है। वैसा ही उपक्रम है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(दत्तकमृते पूर्वापरपित्रोराशौचकथनम्)

यत्तु दत्तके पालकप्रतियोगिकपुत्रत्वात् पूर्वपितुर्न त्रिरात्रम्, पूर्वसम्बन्धनिवृत्तेश्च न दशाहादीति कश्चित्। तन्न, जनकेऽपि—बैजिकादभिसम्बन्धादनुरुन्ध्यादघं त्र्यहम्। इति वाचनिकाशौचस्यानिवार्यत्वात्। पितृमरणेऽपि दत्तकादीनां त्रिरात्रम्।

जो किसी ने कहा है--दत्तक में पालक प्रतियोगिकपुत्रत्व से पहले पिता को तीनरात का आशौच नहीं होता है और पूर्वसम्बन्ध की निवृत्ति से दशदिन आदि का आशौच नहीं होता है--यह किसी ने कहा है। यह उचित नहीं है। क्योंकि जनक पिता में (उपनीत दत्तक मरण में भी) भी बीज के संबन्ध से तीनदिन पाप का अनुरोध है--यह वाचनिक (वचन) से आशौच का निवारण नहीं हो सकता। पिता के मरने पर भी दत्तक आदियों को तीन रात का आशौच होता है।

शुद्धितत्त्वे ब्राह्मे—दत्तकश्च स्वयं दत्तः कृत्रिमः क्रीत एव च। इति उपक्रम्य—सूतके मृतके चैव त्र्यहाशौचस्य भागिनः। इत्युक्तेः।

शुद्धितत्त्व में ब्रह्मपुराण का मत है--दत्तक, स्वयंदत्त, कृत्रिम, और क्रीत (खरीदा हुआ) ऐसा उपक्रम कर सूतक और मरण में तीनदिन आशौच के भागी होते हैं।

(दत्तकसापिण्ड्यकथनम्)

स्मृतिकौमुद्यां हारलतायामप्येवम्। दत्तकस्य पुत्रपौत्राणां जनने मरणे वा सपिण्डानामेकाहः 'बीजिनश्च' इति गौतमेन साप्तपौरुषसापिण्ड्योक्तेः सपिण्डानां चैकाहस्योक्तत्वात्। सपिण्डे तु पुत्रीकृते दशाह एव। तत्राकांक्षाभावात् सपिण्डत्वेन दशाहप्राबल्याच्च।

स्मृतिकौमुदी में और हारलता में भी यही है। दत्तक के पुत्र-पौत्रों के उत्पन्न या मरने पर सपिण्डों को एकदिन का आशौच कहा है। बीजिनश्च—इस गौतम वचन से सात पीढ़ी तक सापिण्ड्य कहा है और सपिण्डों का एकदिन कहा है। सपिण्ड में तो पुत्र करने पर दशदिन का ही आशौच होता है। वहाँ तो आकांक्षा (इच्छा) का अभाव होने से सापिण्ड्य से दशाह का प्राबल्य है।

(पूर्वापरभर्त्रोरुत्पन्नपुत्रयोः)

पूर्वापरभर्त्रुत्पन्नयोः पुत्रयोस्त्वाह माधवीये मरीचिः—मातुरैक्यात् द्विपितृकौ भ्रातरावन्यगोत्रजौ। एकाहं सूतकं तत्र त्रिरात्रं मृतके तयोः॥ इति दिक्।

पूर्वापर के पति से उत्पन्न पुत्रों का तो माधवीय में मरीचि ने कहा है—जिसकी माता एक हो और पिता दो हों, भाई अलग अलग गोत्र के हों तो वहाँ पर एकदिन का आशौच होता है। उन दोनों के मरने पर तीनरात का आशौच होता है।

(ऊढकन्यानामाशौचविचारः)

ऊढकन्यायां तु विष्णुराह—'संस्कृतासु स्त्रीषु नाशौचं पितृपक्षे, तत्प्रसवमरणे चेत्पितृगृहे स्यातां तदेकरात्रं त्रिरात्रं च' इति। प्रसवे एकरात्रं मरणे त्रिरात्रमिति विज्ञानेश्वरापरार्कौ।

विवाहित कन्याओं के विषय में तो विष्णु ने कहा है--विवाहित कन्याओं का आशौच पितृपक्ष में नहीं होता है। उन कन्याओं का प्रसव (गर्भमोचनोत्पत्ति) पिता के घर हो तो एकदिन का आशौच पितृपक्ष में होता है। यदि मरण हो तो तीन रात का आशौच होता है। विज्ञानेश्वर और अपरार्क ने कहा है—कन्या के प्रसव में एकरात तथा मरण में तीनरात का आशौच होता है।

(माधवमते विचारः)

माधवस्तु—प्रसवेऽपि त्रिरात्रं पित्रोः, एकरात्रं भ्रात्रादिबन्धुवर्गस्य, दत्ता नारी पितुर्गेहे सूयेताथ म्रियेत वा। तद्बन्धुवर्गस्त्वेकेन शुचिस्तज्जनकस्त्रिभिः॥ इति ब्राह्मोक्तेरित्याह।

माधव ने कहा है—प्रसव में भी माता और पिता को तीनरात का आशौच होता है तथा एकरात का आशौच भाई आदि बन्धुवर्ग (गोती भाई या एक गोत्रवाले) को एकरात का आशौच कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ब्रह्मपुराण में भी कहा है--दान की हुई कन्या पिता के घर में प्रसव या मर जाय तो उसके बन्धुवर्ग को एकदिन और माता-पिता को तीनदिन में शुद्धि कही है।

यत्तु कश्चिदाह—पक्षपदेन भ्रातरो गृह्यन्ते। वाक्यान्तरेण भगिनीमृतौ त्रिरात्रोक्तेरिति तच्चिन्त्यम्, तदभावादेतद्विरोधाच्च। भ्रातुः प्रसवे एकाहः। मृतौ त्रिरात्रमिति केचित्। युक्ता तु पक्षिणी,

जो किसी ने कहा है--'पक्ष' पद से भाइयों को ग्रहण करना चाहिये। वाक्यान्तर से बहिन के मरने पर तीनरात का आशौच कहा है। यह विचारणीय है। वाक्यान्तर के रहते हुए इसका (ब्रह्मपुराण का) विरोध है। भाई के घर प्रसव होने पर एकदिन का आशौच होता है मरने पर तीनदिन का आशौच होता है—यह किसी का मत है। युक्त तो पक्षिणी [पदार्थस्तु--दिवामरणे स दिवसः सा रात्रिद्वितीयदिवसे नक्षत्र-पर्यन्तमिति आगामिवर्तमानाहर्द्वययुता मध्यगता रात्रिः। रात्रिमरणे सा रात्रिस्तदुत्तरेमहोरात्रिश्चेति पक्षिणी। केचित्तु--रात्रिमरणेऽपि मरणदिनाद्वितीयदिनस्थनक्षत्रपर्यन्तमेव पक्षिणीपदार्थ इत्याहुः। एवमतिक्रान्ते विषये दिवारात्रौ वा मरणज्ञानानुसारेण पक्षिणीव्यवस्था योज्या इति धर्मसिन्धौ) है।

परस्परमृतौ भ्रातृभगिन्योः पक्षिणी भवेत्। इति ब्राह्मात्। भ्रातृभिन्नानामेकाहः, वर्गोक्तेः। 'इतरेषां यथाविधि' इति वक्ष्यमाणवचनाच्च।

ब्रह्मपुराण में कहा है--भाई और बहन के मरने पर परस्पर (आपस) में पक्षिणी आशौच होता है। भाई से भिन्नों के मरने पर एकदिन का आशौच होता है, यह वर्ग ने कहा है। इतर (दूसरों) लोगों को यथाविधि--ऐसा वक्ष्यमाणवचन से कहा है।

यत्तु प्रधानगृहे मृतौ पित्रोः पूर्णं भ्रातुस्त्र्यह इति कश्चित्स निर्मूलत्वात् 'नाशौचं पितृपक्षे' इत्येतद्विरोधाच्च भ्रान्तः।

जो कहते हैं--प्रधानघर में (अर्थात्--पितृवासवद् घर में) मरने पर पिता और माता को पूर्ण आशौच होता है और भाई को तीनदिन का आशौच होता है वह निर्मूल है। पितृपक्ष में आशौच नहीं होता है—इससे विरोध होने से भ्रान्त है।

दत्ता नारी पितुर्गेहे प्रधाने सूयते यदा। म्रियते वा तदा तस्याः पिता शुद्ध्येत्त्रिभिर्दिनैः॥ इति कल्पतरौ शुद्धितत्त्वे च।

जब विवाहित कन्या पिता के प्रधान घर में प्रसव करे या मर जाय तो उस विवाहिता का पिता तीनदिन में शुद्ध होता है—यह कल्पतरु और शुद्धितत्त्व में कहा है।

(पतिगृहे प्रसवे विचारः)

पतिगृहे प्रसवे तु पित्रादीनामाशौचं नास्ति।

पति के घर में प्रसव (सन्तानोत्पत्ति) करे तो पिता आदियों को आशौच नहीं होता है। (क्योंकि-उन सबों को प्राप्ति का अभाव है।)।

(मृतौ पित्रोराशौचविचारः)

मृतौ पित्रोः त्रिरात्रमस्त्येव। प्रत्ताप्रत्तासु योषित्सु संस्कृतासंस्कृतासु च। मातापित्रोस्त्रिरात्रं स्यादितरेषां यथाविधि॥ अदत्तासु पित्रोरेकरात्रम् इति माधवीये शङ्खकार्ष्णाजिनिस्मृतेः 'बैजिकादभिसम्बन्धात् इत्युक्तेश्च। स्मृत्यर्थसारेऽप्येवम्। माधवस्तु इदं त्रिरात्रं जातदन्तपरम्। दन्तोत्पत्तेः प्रागेकरात्रं पित्रोः, सद्यस्त्वप्रौढकन्यायां प्रौढायां वासराच्छुचिः। प्रदत्तायां त्रिरात्रेण दत्तायां पक्षिणी भवेत्॥ इति पुलस्त्योक्तेः।

उस कन्या के मरने पर पिता और माता को तीनरात का आशौच होता ही है। वाणी के द्वारा दी हुई संस्कृत या वाणी के द्वारा न दी हुई असंस्कृत कन्याओं के मरने पर माता और पिता को तीनरात का आशौच होता है तथा इतरों का शास्त्र के अनुकूल आशौच होता है। (अर्थात्--पक्षिणी आशौच होता है। 'गृहे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यस्य मृतः कश्चित्' इस अंगिरा वचनसे अपने घरमें मरनेपर ही तीनदिन का आशौच होता है। ऐसी व्यवस्था है।) माधवीय में शंख तथा कार्ष्णाजिनिस्मृति में कहा है-अदत्त कन्याओं के मरने पर पिता-माता को एक रात का आशौच होता है। बीज के सम्बन्ध में कह चुके हैं। स्मृत्यर्थसार में भी यही है। माधव ने तो कहा है यह तीनदिन का आशौच दाँत के उत्पन्न होने पर है। दन्तोत्पत्ति के पूर्व तो माता-पिता को एकरात का आशौच है। अप्रौढ कन्याओं का सद्यः आशौच और प्रौढ कन्याओं का एकदिन का आशौच होता है। प्रदत्त कन्याओं का त्रिरात्र दत्त कन्या के मरने पर पक्षिणी आशौच होता है। एसा पुलस्त्य ने कहा है।

(पित्रोः कन्यामृतौ अन्यत्र विचारः)

अन्यत्र कन्यामृतौ पित्रोः पक्षिणीत्याह।

अपने घर से अलग कन्या मरे तो पिता-माता को 'पक्षिणी' आशौच कहा है।

षडशीतावपि—पितृगेहादतोऽन्यत्र यदि पुत्री प्रमीयते। पक्षिणी तत्र पित्रोः स्यान्नान्येषामिति निश्चयः॥ ग्रामान्तरे इयमिति स्मृत्यर्थसारे। भ्रातुस्तु पक्षिणी।

षडशीति में भी कहा है--पिता के घर से अन्यत्र यदि पुत्री मर जाय तो माता-पिता को वहाँ पर पक्षिणी (डेढदिन) आशौच होता है और अन्यलोगों को नहीं होता है—यह निश्चित है। ग्रामान्तर (दूसरे गांव) में यह है—यह स्मृत्यर्थसार में कहा है। भाई को तो पक्षिणी आशौच है।

(श्वशुरादीनां मरणे विचारः)

श्वशुरयोर्भगिन्यां च मातुलान्यां च मातुले। पित्रोः स्वसरि तद्वच्च पक्षिणीं क्षपयेन्निशाम्॥ इति वृद्धबृहस्पतिस्मृतेः।

वृद्धबृहस्पतिस्मृति का वचन है—सास, श्वसुर, बहिन, मामी, मामा और पिता की बहिन के मरने पर उसी की तरह पक्षिणी रात्रि समाप्त करे।

शुद्धितत्त्वे कौर्मे—आदन्तात्सोदरे सद्यः आचूडादेकरात्रकम्।
आप्रदानात्त्रिरात्रं स्याद्दशरात्रमतः परम्॥

शुद्धितत्त्व में कूर्मपुराण का वचन है—दांत निकलने पर सोदर (सपिण्ड) को सद्यः आशौच होता है। चूडाकरण तक एकरात का, वाग्दान के बाद पिता और पति के कुल में तीनरात का तदनन्तर दशरात का आशौच पतिकुल में ही होता है।

(पित्रोर्मृतौ स्त्रीणामाशौचकथनम्)

पित्रोर्मृतौ स्त्रीणां त्रिरात्रम्, पित्रोरुपरमे स्त्रीणामूढानां तु कथं भवेत्। त्रिरात्रेणैव शुद्धिः स्यादित्याह भगवान् यमः॥ इति माधवीये वृद्धमनूक्तेः। इदं दशाहान्तः। ऊर्ध्वं तु पक्षिणी।

पिता-माता के मरने पर कन्याओं को तीनरात का आशौच होता है। माधवीय में वृद्धमनु ने कहा है-पिता-माता के मरने पर विवाहित कन्याओं को आशौच की व्यवस्था कैसे होगी। (अविवाहित कन्या तो पुत्रवत् हैं।) उनकी तीनरात से ही शुद्धि होगी एसा भगवान् यम ने कहा है। यह दशदिन के भीतर है। बाद में तो पक्षिणी है।

(ऊढाकन्यायाः भ्रातृभगिन्योरन्योन्यगृहे च मरणे आशौचकथनम्)

भ्रातुर्भगिनीगृहे, तस्या वा तद्गृहे मृतौ त्रिरात्रम्। अन्यत्र पक्षिणीति षडशीतावुक्तम्।

भाई का बहिन के घर में या बहिन का भाई के घर मरने पर तीनरात का आशौच होता है। अन्यत्र कही मरने पर तो पक्षिणी आशौच होता है यह षडशीति में कहा है।

ब्राह्मेऽपि—परस्परं मृतौ भ्रातृभगिन्योः पक्षिणी भवेत्। मातुलाशौचवत्पुत्र्याः पितृव्याशौचमिष्यते॥ इति। शिष्टास्त्वस्य निर्मूलत्वात्पितृव्ये स्नानमात्रमाहुः।

ब्रह्मपुराण में भी कहा है—भाई के घर बहिन मरे या बहिन के घर भाई मरे तो दोनों को पक्षिणी आशौच होता है। मामा के आशौच की तरह चाचा का आशौच पुत्री को होता है। शिष्ट तो इसको निर्मूल कहते हैं—चाचा के मरने पर स्नानमात्र कहते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(त्रिंशच्छ्लोकिमते आचार्यमातामहादीनां मरणे विचारः)

त्रिंशच्छ्लोक्याम्—प्रेतेष्वाचार्यमातामहदुहितृसुतश्रोत्रियर्त्विक्सयाज्यस्वस्रीयेषु त्रिरात्रं त्रिदिवसमशुचिः सोदकस्तूभयत्र । पक्षिण्यशौचमृत्विग्दुहितृसुतसहाध्यायिबन्धुत्रयान्तेवासिश्वश्रूसुमित्रश्वशुरभगिनिकाभागिनेयप्रयाणे ॥ मातामह्यां च पित्रोः स्वसरि च विरता मातुले मातुलान्यां चाथो सज्योतिरेव स्वविषयनृपतौ ग्रामनाथे च नष्टे । शिष्योपाध्यायबन्धुत्रयगुरुतनयाचार्यभार्यासगोत्रानूचानश्रोत्रियेषु स्वगृहपरमृतौ मातुले चैकरात्रम् ॥ रात्रिं सब्रह्मचारिण्यथ तु कथमपि स्वल्पसम्बन्धयुक्ते स्नानं वासोयुतं स्यादिदमपि सकलं सर्ववर्णेषु तुल्यम् ॥ इति । अत्र मूलं मिताक्षरादौ स्पष्टम् ।

त्रिंशच्छ्लोकी में कहा है—[1]आचार्य, मातामह (नाना), कन्या का पुत्र (नाती), श्रोत्रिय (वेदपाठी), [2]ऋत्विक् जिनके साथ यज्ञ किया जाता हो और बहिन का पुत्र (भानजा), इनके मरने पर तीन रात-दिन का आशौच होता है । सोदक को तो उभयत्र आशौच होता है ।

ऋत्विक् , कन्यापुत्र, साथ में पढनेवाला, [3]बन्धुत्रय शिष्य, सास, मित्र (अल्पकालमैत्र्यः) श्वसुर, बहिन और बहिन पुत्र के मरने पर पक्षिणी आशौच होता है । मातामही (नानी) पिता-माता की बहिन, मामा और मामी के मरने पर अपने देश का राजा, गांव के स्वामी (मालिक) के मरने पर सज्योति (दिन में मरने पर रात में स्नान से शुद्धि होती है । रात में मरने पर दिन में शुद्धि होती है । इसी को सज्योतिपदार्थ कहते हैं) ही आशौच होता है । शिष्य, उपाध्याय, बन्धुत्रय, गुरुपुत्र, आचार्य, भार्या, सगोत्र और विद्वान् श्रोत्रियों के तथा मामा इनके अपने घर में मरने पर एकरात्रि का आशौच कहा है । साथ में पढनेवाले के मरने पर एकरात्रि का आशौच होता है । जिसका अपने से किसीप्रकार का भी थोड़ा सम्बन्ध हो उसके मरने पर सवस्त्रस्नान करना चाहिये । यह सब वर्णों में समान है । इसमें मूल मितक्षरा आदि में स्पष्ट है ।

१—आचार्य उपनीयवेदाध्यापके, मनुः—उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद् द्विजः । सकल्पं सरहस्यं च तमाचार्यं प्रचक्षते ।। मातामहे, दुहितृसुते, श्रोत्रियेऽस्खलितैकशाखाध्यायिनि, ऋत्विजि स याज्ये स यजमाने, स्वस्रीये भागिनेये च प्रेते शिष्यदौहित्रादयस्त्रिरात्रमशुचयः स्युः । दौहित्रभागिनेयावुपनीतौ । एकस्माद गुरोर्बहुकालं सह वेदमधीयानः सहाध्यायी । आत्मनः पितृष्वसुर्मातृष्वसुर्मातुलस्य च पुत्रा आत्मबान्धवाः । पितुः पितृष्वसुर्मातृष्वसुर्मातुलस्य च पुत्राः पितृबान्धवाः । मातुः पितृष्वसुर्मातृष्वसुर्मातुलस्य च पुत्रा मातृबान्धवा इति बन्धुत्रयम् । अन्तेवासी सहाध्यायिवदेव बहुकालीनः । यद्वा शिल्पशिक्षार्थी । शेषाः प्रसिद्धाः । ऋत्विगादीनां प्रयाणे मरणे मातामह्यादौ च विरतः ऋत्विक्त्वादिनिरूपकसम्बन्धिनां याज्यादीनां पक्षिण्याशौचम् । विरतपदस्य लिङ्गविपरिणामेन मातामह्यादावनुषङ्गः । स्वदेशाधिपतौ स्वग्रामाधिपतौ च नष्टे सज्योतिराशौचम् । मृतिकालीनेन सूर्यनक्षत्ररूपेण ज्योतिषा सह वर्तते तत्सज्योतिः । दिनमृते दिनं रात्रिमृते रात्रिरित्यर्थः । शिष्य एकदेशमध्यापितो वेदविद्यार्थिमात्रं वा । उपाध्याय एकदेशाध्यापकः गुरोराचार्यस्य तनयः । सगोत्रश्चतुर्दशपुरुषादूर्ध्वं यावज्जन्मनामज्ञानम् । अनूचानोऽङ्गाध्यापकः । श्रोत्रियः समानग्रामीणः । शिष्यादिषु मातुलान्तेषु नष्टेषु स्वगृहे परस्यासपिण्डस्यैतद्भिन्नस्य मृतौ च निरूपकसम्बन्धिनामेकरात्रमाशौचम् । एकाचार्योपनीतः सब्रह्मचारी । तस्मिन्नष्टे रात्रिमहोरात्रमाशौचमितरः स ब्रह्मचारी कुर्यात् । कथमपि केनचित् प्रकारेण स्वल्पेनैकाद्याद्याशौचप्रयोजनकेनानुक्तेनसम्बन्धेन जामातृशालकादौ नष्टे वासोयुतं सवस्त्रं स्नानं स्यात् प्रतियोगिनाम् । इदं श्लोकत्रयोक्तमसपिण्डाशौचं वक्ष्यमाणं च सकलमपि सन्निपाताशौचादिकं सर्वेषु वर्णेषु तुल्यं भवति । उपनीताशौचवद्वर्णविशेषोपादानेनाविहितत्वात् । इति त्रिंशच्छ्लोक्याम् ।

२—अग्न्याधेयपाकयज्ञानग्निष्टोमादिकान् मखान् । यः करोति वृतो यस्य स तस्यर्त्विगिहोच्यते ।।

३—बन्धुत्रयपदसे—आत्मबन्धुत्रय, पितृबन्धुत्रय और मातृबन्धुत्रय इन नवबन्धुओं का ग्रहण करना चाहिये । आत्मपितृष्वसुः पुत्रा आत्ममातृष्वसुः सुताः । आत्ममातुलपुत्राश्च विज्ञेया आत्मबान्धवाः । पितुः पितृष्वसुः पुत्राः पितुर्मातृष्वसुः सुताः । पितुर्मातुलपुत्राश्च विज्ञेयाः पितृबान्धवाः ॥ मातुः पितृष्वसुः पुत्रा मातुर्मातृष्वसुः सुताः । मातुर्मातुलपुत्राश्च विज्ञेया मातृबान्धवाः ॥ इति धर्मसिन्धौ ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(दौहित्रभागिनेयोराशौचकथनम्)

दौहित्रभागिनेययोरुपनीतयोस्त्रिरात्रम् । अनुपनीतयोः पक्षिणी । संस्थिते पक्षिणीं रात्रिं दौहित्रे भगिनीसुते । संस्कृते तु त्रिरात्रं स्यादिति धर्मो व्यवस्थितः ॥ इति वृद्धमनूक्तेः । संस्कृते दाहेन तेन दाहे त्रिरात्रं नान्यथेति गौडाः । तन्न, विशेषवैयर्थ्यात् ।

दौहित्र और भागिनेय (भानजा) उपनीत (उपनयनसंस्कार हो चुका) हो तो तीनरात का आशौच होता है । यदि वे दोनों (दौहित्र और भागिनेय) अनुपनीत हों तो पक्षिणी आशौच होता है । वृद्धमनु ने कहा है—दौहित्र तथा भगिनी के पुत्र के मरने पर पक्षिणीरात्रि आशौच होता है। (यहाँ पर पुंस्त्व की अविवक्षा से दौहित्री और भागिनेयी के मरने पर स्नानमात्र ही कहा है ।) यदि उनका दाह हो तो तीनरात का आशौच होता है—यह धर्म की व्यवस्था है । संस्कृत का अर्थ है—जिसका दाह से संस्कार हुआ हो । इससे दाह में तीनरात का आशौच होता है । अन्यथा नहीं होता है—ऐसा गौड का कहना है । यह उचित नहीं है । खननपक्ष में दौहित्र और भागिनेय का दन्तोत्पत्ति के पूर्व में भी मरने पर पक्षिणी आशौच होता है । उसीतरह भाई आदि में सद्यः सूतक होता है । दाहपक्ष में इन दोनों का तीनरात का और भ्रातादि का सद्यः आशौच उचित नहीं होता है ।

(मातुलादौ सन्निधिविदेशाभ्यां मृते विचारः)

मातुलादौ सन्निधिविदेशाभ्यां पक्षिण्येकाहयोर्व्यवस्था ।

मातुल (मामा) आदि समीप में मरे तो पक्षिणी और विदेश में मरे तो एकदिन का आशौच होता है—यह व्यवस्था है । (यह मिताक्षरा का मत है ।)

मनुः—(अ० ५ श्लो० ८०) त्रिरात्रमाहुराशौचमाचार्ये संस्थिते सति ।
तस्य पुत्रे च पत्न्यां च दिवारात्रमिति स्थितिः ॥

मनु ने कहा है—आचार्य के मरने पर तीनरात का आशौच कहा है । आचार्य के पुत्र और पत्नी के मरने पर दिनरात का आशौच होता है ।

(श्रोत्रिये स्वगृहे मृते)

श्रोत्रिये स्वगृहे मृते त्रिरात्रम् , श्रोत्रिये तूपसम्पन्ने त्रिरात्रमशुचिर्भवेत् । इति स्मृतेरिति माधवः । एकग्रामीणे त्वेकाहः ।

श्रोत्रिय (अस्खलित एकशाखा का पढ़ने वाला—एकां शाखामधीत्य श्रोत्रियः—यह बौधायन ने कहा है ।) अपने घर में मरने पर तीनरात का आशौच होता है । समीप में मरे तो तीनरात तक अशुचि (अपवित्र) रहता है—यह स्मृति में माधव ने कहा है । एक गांव का हो तो एकदिन का आशौच होता है (असमान ग्रामीण श्रोत्रिय में तो आशौच नहीं होता है । कृष्णभट्टी के मत से तो 'समानग्रामीणे' ऐसा पाठ होना चाहिये था ।)

(ऋत्विगादिविषये विचारः)

ऋत्विजि बह्वल्पकालश्रौतस्मार्तयाजनपरे त्रिरात्रैकरात्रे ज्ञेये। यद्यपि कर्म कुर्वत एष वाचकः शब्दो भवतीति शम्बराचार्यैः कर्ममध्ये ऋत्विक्त्वमुक्तम् तथापि कर्मण्याशौचनिषेधात्तदुत्तरमेवैतज्ज्ञेयम् ।

बहुत समय से या अल्पसमय से श्रौतयज्ञ को करानेवाला ऋत्विज का आशौच तीनरात (प्रचेताः-मृते चर्त्विजि याज्ये च त्रिरात्रेण विशुध्यति । मनुः-मातुले पक्षिणीं रात्रिं शिष्यर्त्विग्बान्धवेषु च ।) तक यदि वह ऋत्विज श्रौतयज्ञ को कराता हो तो उसके मरने पर तीनरात तथा स्मार्तयज्ञ को कराता हो तो एकरात का आशौच होता है । यद्यपि कर्म को करानेवाला यह वाचक ऋत्विक् शब्द होता है यह शम्बराचार्य ने कर्म के मध्य में ऋत्विक् शब्द कहा है । फिर भी कर्म में आशौच निषेध से उसके उत्तर में ही निषेध जानना चाहिये ।

गौडास्तु—समानोदकानां त्र्यहो गोत्रजानामहः स्मृतम् । मातृबन्धौ गुरौ मित्रे मण्डलाधिपतौ तथा ॥ इति जाबालोक्तेर्मातृबन्धोरेकाहमाहुः । शिष्ये तूपनीते त्र्यहः, 'शिष्यसतीर्थसब्रह्मचारिषु क्रमेण त्रिरात्रमहोरात्रमेकाहः' इति माधवीये बौधायनोक्तेः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गौडों ने कहा है—माता के बन्धु, गुरु, मित्र और मण्डलाधिपति (देश का राजा) के मरने पर समानोदकों को तीनदिन और गोत्रजों को एकदिन का आशौच कहा है। ऐसा जाबाल के कहने पर मातृबन्धु का आशौच एकदिन का कहा है। उपनीतशिष्य के मरने पर तीनदिन का आशौच होता है। शिष्य के मरने पर (एक गुरु से संपूर्ण वेदविद्या को पढ़नेवाला) तीनदिन, सतीर्थ्य (सहाध्यायी) के मरने पर अहोरात्र और ब्रह्मचारी के मरने पर एकदिन का आशौच होता है—यह माधवीय में बौधायन ने कहा है।

अन्यत्र तु मनुः (अ. श्लो. ८१)—मातुले पक्षिणीं रात्रिं शिष्यर्त्विग्बान्धवेषु च। इति।

अन्यत्र तो मनु ने कहा है-माता के मरने पर पक्षिणी रात्रि, शिष्य, ऋत्विक् तथा बान्धवों के मरने पर पक्षिणी आशौच होता है।

(बन्धुत्रये निर्णयः)

बन्धुत्रयम्—आत्मपितृष्वसृमातृष्वसृमातुलपुत्राः, पितुः पितृष्वसृमातृष्वसृमातुलपुत्राः, मातुः पितृष्वसृमातृष्वसृमातुलपुत्राश्चेति विज्ञानेश्वरः। अत्र पक्षिणी।

बन्धु तीन प्रकार के होते हैं—अपने पिता की बहिन (बूआ), माता की बहिन (मौसी) और मामा इनके लड़के (अर्थात्—अपनी माता के भाई के लड़के), पिता के पिता की बहिन (बूआ) पिता की मौसी तथा पिता के मामा इनके पुत्र, माता की फूफा, माता की मौसी तथा माता के मामा इनके पुत्र यह विज्ञानेश्वर कहते हैं। यहाँ पर (पुत्रों में) पक्षिणी आशौच होता है।

(पितृष्वस्रादिकन्यानामाशौचविचारः)

पितृष्वस्रादिकानामूढानां त्वेकाहः। 'तद्बन्धुवर्गस्त्वेकेन' इति पूर्वोक्तब्राह्मादिति केचित्।

पिता के बहिन आदि विवाहित कन्याओं के मरने पर तो एकदिन का आशौच होता है। उसके बन्धुवर्ग के मरने पर तो एकदिन का आशौच होता है। यह पूर्व में कहे हुए ब्रह्मपुराण के वचन से है—यह कोई कहते हैं।

यत्तु षडशीत्याम्—एवं पित्रोर्भगिन्यौ ये ये पितामहयोस्तथा। ये मातामहयोश्चैव भगिन्यौ तत्प्रजाश्च याः॥ मातुलाः स्वस्य पित्रोश्च पत्न्यश्चैषां प्रजाश्च याः। भ्रातरश्चेति सर्वेषु पक्षिणी स्वगृहे त्र्यहम्॥ एवं श्वशुरजामातृदौहित्रविपदि स्मृतम्।

जो षडशीति में कहा है—इस प्रकार पिता की बहिनों में, जो जो पितामह (दादा) की बहिनों में, जो मातामह (नाना) की बहिन हैं अपने पिता-माता के जो मामा, उनकी स्त्री तथा सन्तान, उनके पिता इनके मरने पर पक्षिणी आशौच होता है।

(जामातृमरणे श्यालकमरणे च निर्मूलविचारः)

यच्च यमः—जामातरि मृते शुद्धिस्त्रिरात्रेणोभयोः स्मृता। पक्षिणीशालकानां स्यादिति शातातपोऽब्रवीत्॥ इति तन्निर्मूलत्वात मिताक्षरादिविरोधाच्चोपेक्ष्यम्।

और यम ने कहा है—जामाता के मरने पर पिता और माता दोनों की शुद्धि तीनरात में होती है। श्यालकों के मरने पर पक्षिणीरात्रि होती है ऐसा शातातप ने कहा है। यह निर्मूल होने से मिताक्षरा आदि में विरोध होने से उपेक्षणीय है।

(असपिण्डे स्वगृहे मृते विचारः)

मदनपारिजाते विष्णुः—असपिण्डे स्ववेश्मनि मृते एकरात्रम्।

मदनपारिजात में विष्णु ने कहा है—असपिण्ड अपने घर में मरे तो एकरात का आशौच होता है।

(ग्रामे शवे चेत् विचारः)

अत्र हरदत्तः—'अन्तःशवे च' इत्यापस्तम्बसूत्रतः शवे ग्रामे धनुःशतादर्वागन्नमभोज्यम्। दीपमुदकुम्भं चोपनिधाय भुञ्जीत यदि समानवंशं न गृहमेव सूतिकायामित्याह।

यहाँ पर हरदत्त ने कहा है—'अन्तः शवे च' इस आपस्तंबसूत्रमत से गांव में शव (मुर्दा) हो तो सौधनुस के पहले भोजन नहीं करना चाहिये। दीपक और जलकुंभ को रखकर भोजन करे। यदि घर अपने वंश का न हो तो। इसप्रकार सूतिका में भी कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(प्रधानगृहे असपिण्डमृते विचारः)

प्रधानगृहमृतौ तु—गृहे यस्य मृतः कश्चिदसपिण्डः कथञ्चन। तस्याप्यशौचं विज्ञेयं त्रिरात्रं नात्र संशयः॥ इत्यङ्गिरसोक्तमिति माधवः। एतेन—त्रिरात्रमसपिण्डेषु स्वगृहे संस्थितेषु च। इति कौर्मं व्याख्यातम्।

प्रधान घर में मरे तो अङ्गिरा ने कहा है—किसीतरह जिसके घर में कोई असपिण्ड मर जाय तो उसका भी तीनरात का आशौच जानना चाहिये। इसमें संशय नहीं है एसा माधव ने कहा है। इससे कूर्म-पुराण में व्याख्या की है—असपिण्डों के अपने घर में मरने पर तीनदिन का आशौच होता है।

(द्विजमन्दिरे श्वशूद्रपतितादिमृतेषु विचारः)

शुद्धितत्त्वे वृद्धमनुः—श्वशूद्रपतिताश्चान्त्या मृताश्चेद् द्विजमन्दिरे।
शौचं तत्र प्रवक्ष्यामि मनुना भाषितं यथा॥

शुद्धितत्त्व में वृद्धमनु ने कहा है—कुत्ता, शूद्र, पतित, म्लेच्छ (गोमांसखादको यस्तु विरुद्धं बहु-भाषते। सर्वाचारविहीनश्च म्लेच्छ इत्यभिधीयते॥) (रजकश्चर्मकारश्च नरो बुरुड एव च। कैवर्तमेदभिल्लाश्च सप्तैतेऽन्त्यावसायिनः॥) यदि ये द्विज के मन्दिर में मर जायँ तो वहाँ पर जैसा मनु ने कहा है वैसा उनके कथनानुसार आशौच कहता हूँ।

दशरात्राच्छुनि मृते मासाच्छूद्रे भवेच्छुचिः। द्वाभ्यां तु पतिते गेहमन्त्ये मासचतुष्टयात्॥ अत्यन्त्ये वर्जयेद् गेहमित्येवं मनुरब्रवीत्। अन्त्यो—म्लेच्छः। अत्यन्त्यः=श्वपाक इति वाचस्पतिः।

कुत्ते के मरने पर दशरात, शूद्र के मरने पर एकमहिना, पतित के मरने पर दोमहिना, अन्त्य-म्लेच्छ के मरने पर चार मास का आशौच रहता है और अन्त्यज के मरने पर उस घर को सर्वदा त्याग दे—एसा मनु ने कहा है। अन्त्य माने म्लेच्छ। अत्यन्त्य का अर्थ श्वपाचक (क्षत्तुजतितस्थोग्रायांश्वपाक इति कीर्त्यते। वैदेहकेनत्वम्बष्ठ्यामुत्पन्नो वेण उच्यते॥ मनु० अ० १०।१६।) है—यह वाचस्पति ने कहा है।

तत्रैव यमः—द्विजस्य मरणे वेश्म विशुद्ध्यति दिनत्रयात्।

वहाँ ही पर यम ने कहा है—द्विज के घर में मरने पर तीनदिन में शुद्धि होती है।

सम्वर्तः—गृहशुद्धिं प्रवक्ष्यामि अन्तस्थशवदूषिते।
प्रोत्सृज्य मृन्मयं भाण्डं सिद्धमन्नं तथैव च॥

संवर्त ने कहा है—घर के भीतर शव के दूषित होने पर घर की शुद्धि कहता हूँ। मट्टी के बर्तन और वैसे ही पका हुआ अन्न को त्याग दे।

गोमयेनोपलिप्याथ छागेन घ्रापयेद् बुधः। ब्राह्मणैर्मन्त्रपूतैश्च हिरण्यकुशवारिभिः॥ सर्वमभ्युक्षयेद्वेश्म ततः शुद्ध्यत्यसंशयम्।

इसके बाद गोबर से घर को लीपकर छाग (बकरा) से बुद्धिमान् सुंघा दे। कहीं पर 'प्रापयेद् बुधः' ऐसा पाठ है। अर्थात्—प्राप्त करा दे। ब्राह्मणों के द्वारा पवित्र मन्त्रों से सुवर्ण, कुशा और जल से घर में अभ्युक्षण करे। इससे शुद्धि होती है। इसमें संशय नहीं है।

(ग्राममध्ये शवस्तिष्ठति चेत्)

बृहद्विष्णुः—ग्राममध्यगतो यावच्छवस्तिष्ठति कस्यचित्।
ग्रामस्य तावदाशौचं निर्गते शुचितामियात्॥

बृहद्विष्णु ने कहा है—गांव के मध्य में किसी के यहाँ जबतक शव रहता है तबतक गांव में आशौच रहता है। उसके चले जाने पर पवित्रता होती है।

(गृहे पश्वादौ मृते)

गृहे पश्वादौ मृतेऽप्येवम्।

पशु आदि के घर पर मरने पर भी यही (उपरोक्त) व्यवस्था है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्तु माधवीये प्रचेतसा मातृष्वस्रादिषु त्रिरात्रमुक्तम्—मातृष्वसामातुलयोः श्वश्रूश्वशुरयोर्गुरोः। मृते चर्त्विजि याज्ये च त्रिरात्रेण विशुद्ध्यति॥ इति।

जो माधवीय में प्रचेता ने कहा है—माता की बहिन आदि में तीनरात का आशौच कहा है। माता की बहिन, (मौसी), मामा, सास, श्वसुर, गुरु-आचार्य, ऋत्विक् तथा यज्ञ करानेवाले यजमान के मरने पर तीनरात में शुद्धि होती है।

गुरुराचार्यः। ऋत्विक्कुलागतः। तत्स्वगृहमृतौ ज्ञेयम्। श्वशुरयोरन्यत्र मृतावपि सन्निधौ त्रिरात्रम्, असन्निधौ पक्षिणी, देशान्तरे एकरात्रम्, वक्ष्यमाणविष्णूक्तेरिति माधवगौडादयः। अन्यत्र तु मातृष्वस्रादिषु पक्षिणी, पित्रोः स्वसरि तद्वच्च पक्षिणीं क्षपयेन्निशाम्। इति वृद्धमनूक्तेः।

गुरु-माने आचार्य। ऋत्विक्-माने कुलवंशपरंपरागत प्राप्त। ये अपने घर में मरे तो जानना चाहिये। सास और श्वसुर ये अन्य जगह मरें तो—समीप में मरे तो तीनदिन का तथा समीप में न हो तो पक्षिणी आशौच तथा देशान्तर में मरें तो एकरात का आशौच होता है। यह आगे विष्णु कहेंगे—यह माधव, गौड आदि ने कहा है। अन्यत्र तो माता की बहिन आदि के मरने पर पक्षिणी आशौच होता है। वृद्धमनु ने कहा है—और उसीप्रकार पिता की बहिन के मरने पर पक्षिणीरात्रि व्यतीत करे।

यत्तु वृद्धमनुः—भगिन्यां संस्थितायां (संस्कृतायां) तु भ्रातर्यपि च संस्थिते (संस्कृते)। मित्रे जामातरि प्रेते दौहित्रे भगिनीसुते॥ शालके तत्सुते चैव सद्यःस्नानेन शुद्ध्यति॥ इति। तद्भ्रातृदौहित्रादौ देशान्तरे, शालकसुतजामात्रोः स्वदेशे ज्ञेयम्। शालके तु स्वदेशे एकाहः 'आचार्यपत्नीपुत्रोपाध्यायमातुलश्वशुरश्वश्रूश्वशुर्यसहाध्यायिशिष्येष्वेकरात्रम्' इति माधवीये विष्णूक्तेः। हरदत्तीये दशश्लोक्यामप्येवम्। श्वशुर्यः=शालकः। देशान्तरे स्नानम्। श्वशुरयोर्देशान्तरे एकाहः।

जो वृद्धमनु ने कहा है—विवाहित बहिन के मरने पर, विवाहित भाई के भी मरने पर, मित्र, जामाता, दौहित्र (लड़की का लड़का), बहिन का पुत्र (भानजा), शाला और शाले का पुत्र के मरने पर सद्यःस्नान से शुद्ध होता है। उसके भाई, दौहित्र आदि (भगिनी-भागिनेय, मिताक्षरा के मत से शालक के मरने पर आशौच नहीं ही होता है। माधवोक्त एकाहदिन का प्रचार नहीं है। आचार्य, मातामह आदि का तीनरात्र का आशौच अन्य के अन्त्येष्टि करने पर है।) के देशान्तर में मरने पर शालक पुत्र और जामाता के अपने देश में हो तो जानना चाहिये। शालक का तो अपने देश में एकदिन का आशौच होता है। आचार्य की पत्नी का पुत्र, उपाध्याय, मामा, श्वसुर, सास, श्यालक, सहाध्यायी और शिष्य के मरनेपर एकरात का आशौच होता है यह माधवीय में विष्णु ने कहा है। हरदत्तीय दशश्लोकी में भी यही है। श्वसुर्यः—माने शालक। देशान्तर में मरने पर स्नानमात्र है। देशान्तर में श्वसुर और सास के मरने पर एकदिन का आशौच होता है।

जाबालः—एकोदकानां तु त्र्यहो गोत्रजानामहः स्मृतम्। सर्वत्र मूलाभावेऽपि क्रियाकर्तुर्दशाहः॥

जाबाल ने कहा है—एकोदकों का तीनदिन तथा गोत्रजों का एकदिन आशौच होता है। सर्वत्र मूलवचन के अभाव में भी क्रिया करनेवाले को दशदिन का आशौच होता है।

गुरोः प्रेतस्य शिष्यस्तु पितृमेधं समाचरेत्। प्रेताहारैः समं तत्र दशरात्रेण शुद्ध्यति। इति मनूक्तेः (अ० ५।६५)। शिष्य इत्युपलक्षणम्।

गुरु (आचार्य) आदि असपिण्ड के मरने पर शिष्य अन्त्येष्टि-क्रिया करके प्रेत को ले जानेवाले असपिण्डों के तुल्य दशरात में शुद्ध होता है। ऐसा मनुने कहा है। शिष्यपद उपलक्षण (अंकित मात्र) है।

निरन्वये सपिण्डे तु मृते सति दयान्वितः। तदशौचं पुरा चीर्त्वा कुर्यात्तु पितृवत्क्रियाम्॥ इति माधवीये ब्राह्मोक्तेः।

अपने खानदान से भिन्न सपिण्ड के मरने पर दयावान् व्यक्ति उसके आशौच को स्वीकार कर पिता के सदृश क्रिया को करे—ऐसा माधवीय में ब्रह्मपुराण ने कहा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिवोदासीये—सगोत्रो वाऽसगोत्रो वा योऽग्निं दद्यात्सखे नरः। सोऽपि कुर्यान्नवश्राद्धं शुद्ध्येच्च दशमेऽहनि ॥ यत्रैकविषये पक्षिण्येकाहादिपक्षद्वयमुक्तं, तत्र सन्निधिविदेशमैत्र्यादिकृता व्यवस्था।

दिवोदासीय में कहा है—हे सखे, मनुष्य सगोत्र हो या असगोत्र हो उसके मरने पर उसे जो अग्नि (दाहकर्म) देता है वही नवश्राद्ध (अर्थात्—दशपिण्ड) करे तथा दशवेंदिन (अर्थात्—दशवींरात्रि व्यतीत होने पर) शुद्ध होता है। जहाँ पर एक ही विषय में पक्षिणी, एकाहादि पक्षद्वय कहा है। वहाँ पर समीप, विदेश, मैत्री आदि से व्यवस्था जाननी चाहिये।

(युद्धे मृतस्याशौचकथनम्)

त्रिंशच्छ्लोक्याम्—वानप्रस्थे यतौ चोपरमति कुलजे षण्ढके चाप्लवः स्याद्योषिद्गोविप्रगुप्त्यै मृतवति तु दिनं युद्धविद्धे च सद्यः। अत्र मूलमाकरे स्पष्टम्। युद्धमूर्ध्नि मृतस्य स्नानम्।

त्रिंशच्छ्लोकी में कहा है—वानप्रस्थ, यति, संन्यासी और कुल का नपुंसक मर जाय तो उसीसमय स्नान करने से शुद्धि होती है। स्त्री, गौ तथा ब्राह्मण की रक्षा के हेतु मरे तो एकदिन में तथा युद्ध में मर जाय तो सद्यःशुद्धि होती है। इसका मूल आकर ग्रन्थों में स्पष्ट है। युद्धमूर्ध्नि (भूमि) में मरने पर स्नानमात्र आशौच होता है।

उद्यतैराहवे शस्त्रैः क्षत्रधर्महतस्य च। सद्यः सन्तिष्ठते यज्ञस्तथाशौचमिति स्थितिः॥ इति मनूक्तेः (५।९८)। यज्ञोन्त्यकर्म। सर्वं तदैवेत्यर्थः।

युद्ध में शस्त्रों (खड्ग आदि) द्वारा (लगुड, पाषाण आदि से नहीं) और अपराङ्मुखत्वादि क्षत्रिय धर्म से युक्त हो जो संग्राम में मरता है उसको उसी समय ज्योतिष्टोमादियज्ञ का फल मिलता है—एसा मनु ने कहा है तथा सद्यःशुद्धि होती है ऐसा शास्त्र का सिद्धान्त (मर्यादा) है।

यस्तु भारते राजधर्मेषु—अशोच्यो हि हतः शूरः स्वर्गलोके महीयते। नह्यन्नमुदकं तस्य न स्नानं नाप्यशौचकम्॥ इति श्राद्धादिनिषेधः सपुत्राद्यभावपरः। अत एव तत्र कर्णादीनां श्राद्धमुक्तम्। अन्ये तु दशपिण्डनिषेधमाहुर्यतिवत्।

जो महाभारत के राजधर्म में कहा है—शूरवीर के मरने पर शोक नहीं करना चाहिये। क्योंकि वह स्वर्गलोक में जाता है। उसका अन्न, जलदान, स्नान और आशौच नहीं होता है। इससे श्राद्ध आदि का निषेध कहा है, वह पुत्र आदि के अभाव में कहा है। इसलिये वहाँ पर कर्ण आदि का श्राद्ध कहा है। अन्य तो दशपिण्ड का निषेध यति (संन्यासी) के सदृश स्वीकार करते हैं।

यत्तु पराशरः—आहवेऽपि हतानां च एकरात्रमशौचकम्। इति। तद्युद्धक्षतेन कालान्तरमृते ज्ञेयम्। असन्निधौ स्नानमितिमाधवः।

जो पराशर ने कहा है—युद्धभूमि में मृतकों का एकरात का आशौच होता है। वह युद्धक्षत (घायल) होने से कालान्तर (दूसरे समय) में मरने पर जानना चाहिये। असन्निधि (समीप में न हो) में स्नान मात्र है—यह माधव ने कहा है।

(शृङ्गिदंष्ट्र्यादिभिर्हतानामाशौचम्)

शुद्धितत्त्वे अग्निपुराणे—दंष्ट्रिभिः शृङ्गिभिर्वापि हता म्लेच्छैश्च तस्करैः। ये स्वाम्यर्थे हता यान्ति राजन् स्वर्गं न संशयः॥ सर्वेषामेव वर्णानां क्षत्रियस्य विशेषतः।

शुद्धितत्त्व में अग्निपुराण का वचन है—दांतवालों से, सींगवाले जीवों से, म्लेच्छों से, चोरों से जो मर गये हों और स्वामी के लिए जो मरे हों। हे राजन्, वे स्वर्ग में जाते हैं। इसमें संशय नहीं है। सब वर्णों में क्षत्रिय विशेषकर ही स्वर्ग में जाते हैं।

(गो-विप्र-पालने मृतानामाशौचम्)

यत्तु बृहस्पतिः—डिम्बाहवे विद्युतां च राज्ञां गोविप्रपालने।
सद्यःशौचं मृतस्याहुस्त्र्यहं चान्ये महर्षयः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जो बृहस्पति ने कहा है-डिम्बाहव-जिस युद्ध में राजा न हो ऐसे युद्ध में मारे गये हों, जिनकी मृत्यु वज्रपात से हुई हो, राजाने जिनको प्राणदण्ड दिया हो, गौ तथा ब्राह्मण की रक्षा के लिए जिन्होंने प्राण दिया हो इनका सद्यःशौच मरने का होता है अन्य महर्षि तीनदिन का मानते हैं।

(शस्त्रं विना पराङ्मुखहते राज्ञा वध्ये हते च आशौचकथनम्)

तच्छस्त्रं विना पराङ्मुखहते च त्रिरात्रम्। राज्ञा वध्ये हते सद्यःशौचमन्यत्र त्रिरात्रम्।

शस्त्र के प्रहार से पीडित के बिना रणाङ्गण से बाहर मरने पर तीनरात का आशौच होता है। राजा के द्वारा वध्य होने पर (मरने पर) सद्यःशौच होता है। अन्यत्र तो तीनरात का आशौच कहा है।

(क्षतेन मृते विचारः)

तत्रैव व्याघ्रः—क्षतेन म्रियते यस्तु तस्याशौचं भवेद् द्विधा।
आसप्ताहात्त्रिरात्रं स्याद्दशरात्रमतः परम्॥

वहीं पर व्याघ्र ने कहा है—क्षत (घायल) होने पर जो मरे उसका आशौच दो प्रकार का है। सातदिन तक तीनरात का तथा उसके बाद दशरात का आशौच होता है।

(शस्त्राघाते त्र्यहादूर्ध्वंमृते विचारः)

शस्त्राघाते त्र्यहादूर्ध्वं यदि कश्चित्प्रमीयते। आशौचं प्राकृतं तस्य सर्ववर्णेषु नित्यशः॥ शस्त्राघाते क्षतं विना।

शस्त्राघात (शस्त्र से युद्ध में मरने पर) में तीनदिन के बाद यदि कोई मर जाय तो उसका आशौच नित्य सब वर्णों में प्राकृत होता है। शस्त्राघाते-क्षत (शृङ्गिदंष्ट्र्यादिजनित) के बिना।

(शवस्पर्शे आशौचकथनम्)

शवस्पर्शे तु हारीतः—शवस्पृशो ग्रामं न प्रविशेत्पुरा नक्षत्रदर्शनात् रात्रौ चेदादित्यस्य।

शवस्पर्श में तो हारीत ने कहा है—शव को स्पर्श करनेवाले गाँव में नक्षत्रदर्शन के पूर्व गाँव में प्रवेश न करें। यदि रात्रि में शवस्पर्श होने पर तो सूर्य के दर्शन तक गाँव (नगर) में प्रवेश न करे।

यत्तु मनुः (५।६४)—अह्ना चैकेन रात्र्या च त्रिरात्रैरेव च त्रिभिः। शवस्पृशो विशुद्ध्यन्ति त्र्यहादुदकदायिनः॥ इति। अह्ना रात्र्या चेत्यहोरात्रमुक्तम्। त्रिभिस्त्रिरात्रैरिति नवरात्रमेवं दशरात्रमित्यर्थः। तत्तदन्नाशने तद्गृहे वासेऽनापदि च ज्ञेयम्। अनदन्नन्नमह्नैव न चेत्तस्मिन् गृहे वसेत्। इति (मनु० अ. ५ श्लो. १०२) तेनैवोक्तेः।

जो मनुने कहा है—एक अहोरात्र से और त्रिरात्रों से शुद्ध होते हैं। (अर्थात्—नव रात मिलकर दश दिन के आशौच के अधिकारी होते हैं।) यदि स्नेह आदि से शव का स्पर्श करते हैं तो दशदिन में ही शुद्ध होते हैं। समानोदक तो तीनदिन में शुद्ध होते हैं। अह्ना रात्र्या च-अहोरात्र कहा है। त्रिभिस्त्रिरात्रैः-इससे नव रात ही अर्थात्-दशरात कहा है। मनुने ही कहा है—उसका अन्न भक्षण न करे न उनके घर में निवास करे तो एकदिन में शुद्ध होता है।

(संसर्गाशौचे कर्माधिकारः)

अङ्गिराः—आशौचं यस्य संसर्गादापतेद् गृहमेधिनः।
क्रियास्तस्य न लुप्यन्ते गृह्याणां च न तद्भवेत्॥

अंगिरा ने कहा है—जिस गृहमेधी (गृहस्थ) को संसर्ग से आशौच प्राप्त हो तो उस व्यक्ति के क्रियाओं का लोप नहीं होता है और आशौच उसके कर्मों में नहीं होता है।

(निर्हरणाद्याशौचकथनम्)

अथ निर्हरणाद्याशौचम्। स्नेहेन सवर्णनिर्हारे तदन्नाशने तद्गृहवासे च दशाहः। तदन्नानशने तद्गृहवासे त्र्यहः। गृहावासेऽन्नभक्षणे चैकाहः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसके बाद शव (मुर्दे) को श्मशान ले जाने पर आशौच (सूतक) कहते हैं। स्नेह (प्रेम) से सवर्ण को ले जाने पर तथा उसका अन्न भक्षण करने पर और उसके घर में निवास करने पर दशदिन का आशौच होता है। उसके अन्न भक्षण में तथा घर में रहने पर तीनदिन आशौच होता है। घर में न रहे और अन्न भक्षण में एकदिन का आशौच होता है।

(भृतिग्रहणेन निर्हारे)

भृतिग्रहणेन निर्हारदाहे च तज्जात्याशौचम्।

मजदूरी ग्रहण कर (उसका अन्न भक्षण न करने पर भी) शव को ले जाने पर तथा दाहमात्र करने पर भी उसकी जाति का आशौच होता है।

यदि निर्हरति प्रेतं प्रलोभाक्रान्तमानसः। दशाहेन द्विजः शुद्ध्येद् द्वादशाहेन भूमिपः॥ मासार्द्धेन तु वैश्यस्तु शूद्रो मासेन शुद्ध्यति॥ इति कौर्मोक्तेः।

कूर्मपुराण में कहा है—लोभ के वसीभूत मनके कारण प्रेत को ले जाय तो दशदिन में ब्राह्मण और क्षत्रिय बारहदिन में, पन्द्रहदिन में वैश्य तथा शूद्र एक महिने में शुद्ध होते हैं।

(विजातीयनिर्हारे)

विजातीयनिर्हारे तु शवजातीयमशौचम्। अत्र भृतिग्रहे द्विगुणम्। अवरश्चेद्वरं वर्णं वरो वाप्यवरं यदि। वहेच्छवं तदाशौचं द्रव्यार्थे द्विगुणं भवेत्॥ इति व्याघ्रोक्तेः। कौर्ममेतदिति गौडाः। दाहेऽप्येवम्।

विजातीय प्रेत को श्मशान ले जाने पर तो शव (प्रेत) जातीय आशौच होता है। भृति (मजदूरी) ग्रहण पर तो दूना आशौच होता है। व्याघ्र ने कहा है—छोटा वर्णवाला बड़े वर्णवाले को, बड़ा वर्णवाला छोटे वर्णवाले शव को यदि द्रव्य ग्रहण कर ले जाय तो दूना आशौच होता है। गौड कहते हैं—यह वचन कूर्मपुराण का है। दाह में भी यही जानना चाहिये।

यत्तु ब्राह्मे—योऽसवर्णं तु मूल्येन नीत्वा चैव दहेन्नरः। आशौचं तु भवेत्तस्य प्रेतजातिसमं नृप॥ इति। तदापदि ज्ञेयम्। सोदकनिर्हारे तु दशाह इति माधवः।

जो ब्रह्मपुराण में कहा है—जो नर (मनुष्य) असवर्ण प्रेत को द्रव्य द्वारा ले जाकर (श्मशान में) दहन करता है। हे नृप, उसको प्रेत जाति के सदृश आशौच होता है। यह आपत्ति में जानना चाहिये। माधव ने कहा है—सोदक को ले जाने पर दशदिन का आशौच होता है।

(प्रेतालङ्करणे)

अलङ्करणे तु शङ्खः—कृच्छ्रपादोऽसपिण्डस्य प्रेतालङ्करणे कृते।
अज्ञानादुपवासं स्यादशक्तौ स्नानमिष्यते॥

अलंकार करने पर तो शंख ने कहा है—असपिंड प्रेत का अलंकार (दूर से अलंकार करने पर भी) करने पर कृच्छ्रपाद (याज्ञवल्क्यः—एकभक्तेन नक्तेन तथैवायाचितेन), च। उपवासेन चैवायं पादकृच्छ्रः प्रकीर्तितः॥) अज्ञान से तो उपवास और अशक्ति में स्नान कहा है।

(धर्मार्थमनाथाहरणे क्रियाकरणे च)

धर्मार्थमनाथसवर्णाहरणे क्रियाकरणे च द्विजस्यानन्तयज्ञफलम्। 'स्नानं प्राणायामोऽग्निस्पर्शश्च' इति माधवीये। अग्निदेऽप्येवम्,

माधवीय में कहा है—धर्मार्थ [1]अनाथ (स्वसंबन्धहीन, स्नेहाद्यभाजनमिति रघुनाथः) सवर्ण प्रेत

१—पराशरः—अनाथं ब्राह्मणं प्रेतं ये वहन्ति द्विजातयः। पदे पदे यज्ञफलमनुपूर्वं भजन्ति ते॥ न तेषामशुभं किञ्चित्पापं वा शुभकर्मणाम्। जलावगाहनात्तेषां सद्यः शौचं विधीयते॥ असगोत्रभवं ध्रुवप्रेतीभूतं द्विजोत्तमम। वहित्वा च दहित्वा च प्राणायामेन शुध्यति। अङ्गिरा—यः कश्चिन्निर्हरेत् प्रेतमसपिण्डः कथञ्चन। स्नात्वा सचैलः स्पृष्ट्वाऽग्निं तस्मिन्नैवाह्नि वै शुचिः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

को ले जाने पर और क्रिया करने पर द्विज को अनन्तफल होता है। माधवीय में कहा है—स्नान, प्राणायाम और अग्निस्पर्श करे। अग्नि देनेवाले को भी यही है।

प्रेतसंस्पर्शसंस्कारैर्ब्राह्मणो नैव दुष्यति। वोढा चैवाग्निदाता च सद्यः स्नात्वा विशुद्ध्यति॥ इति अपरार्के वृद्धपराशरोक्तेः।

अपरार्क में वृद्धपराशर ने कहा है—प्रेत का स्पर्श तथा संस्कार करने पर ब्राह्मण दूषित नहीं होता है। ले जानेवाला और अग्निदाता ('च' शब्द से सकलौर्ध्वदेहिसंग्रहः) स्नान कर शीघ्र शुद्ध होता है।

मातुलत्वादिसम्बन्धे त्रिरात्रम्। 'असम्बन्धिद्विजान् वहित्वा दहित्वा च सद्यःशौचं, सम्बन्धे त्रिरात्रम्' इति पैठीनसिस्मृतेः।

मामा आदि के संबन्ध में तीनरात आशौच होता है। असंबन्धितों को ले जाने पर (अर्थात्—स्नेहादि के बिना अनाथ प्रेत को ले जाने पर) और दाह करने पर 'सद्यःशौच' होता है। सम्बन्ध में तीन रात का होता है—ऐसा पैठीनसिस्मृति में कहा है।

गौतममिताक्षरायां वृद्धात्रिः—सूतकाद् द्विगुणं शावं शावाद् द्विगुणमार्तवम्। आर्तवाद् द्विगुणा सूतिस्ततोऽपि शवदाहकः॥ अत्र पूर्वेणोत्तरनिवृत्तिरित्यर्थः विष्णुः।

गौतम मिताक्षरा में वृद्ध अत्रि ने कहा है—सूतक (जननाशौच) से दूना मृतक सम्बन्धि तथा शाव से द्विगुण आर्तव (मासिकस्राव रजोदर्शन) का, आर्तव से द्विगुण सूतिका और उससे अधिक शव के दाह का सूतक होता है। यहाँ पर पूर्व से उत्तर की निवृत्ति है—यह अर्थ है। ऐसा विष्णु ने कहा है।

(ब्रह्मचारिणा शववाहादिकृते प्रायश्चित्तम्)

विष्णुः—मृतं द्विजं न शूद्रेण हारयेन्न शूद्रं द्विजेन देवलः—ब्रह्मचारी न कुर्वीत शववाहादिकाक्रियाम्। यदि कुर्याच्चरेत्कृच्छ्रं पुनः संस्कारमेव च॥

मरे हुए द्विज को शूद्र और मृत शूद्र को द्विज न ले जाय। देवल ने कहा है—ब्रह्मचारी शव का वाहन आदि (आदिपद से अलंकार ही ग्रहण करे दाह नहीं) क्रिया न करे। यदि करे तो कृच्छ्रव्रत और फिर से ही संस्कार को करे।

याज्ञवल्क्यः (प्रा० श्लो० १५)—आचार्यपित्रुपाध्यायान्निर्हृत्यापि व्रती व्रती। अनुगमने तु सपिण्डे न दोषः,

याज्ञवल्क्य ने कहा है—आचार्य, पिता, माता और उपाध्याय के शव को श्मशान में ले जाने पर व्रती (ब्रह्मचारी) का व्रत भंग नहीं होता है। निर्हरणादि आशौच तो उसको होता ही है। अनुगमन में तो सपिण्ड में दोष नहीं होता है।

विहितं हि सपिण्डानां प्रेतनिर्हरणादिकम्। तेषां करोति यः कश्चित्तस्याधिक्यं न विद्यते॥ इति देवलोक्तेः।

देवल ने कहा है—सपिण्डों का प्रेत का निर्हरणादिक—ले जाना (आदिपद से—अनुगमन, रोदन, दाह, उदकदानादि) कहा है। जो कोई उनका करता है उससे अधिक आशौच नहीं होता है।

दोषं स्यात्त्वसपिण्डस्य तत्रानाथक्रियां विना। इति हारीतोक्तेः।

और हारीत ने कहा है—अनाथ की क्रिया के बिना वहाँपर असपिण्ड को ले जाने आदि में दोष होता है।

(समोत्कृष्टवर्णानुगमने तु)

समोत्कृष्टवर्णे तु माधवीये कण्वः—अनुगम्य शवं बुद्ध्या स्नात्वा स्पृष्ट्वा हुताशनम्।
सर्पिः प्राश्य पुनः स्नात्वा प्राणायामैर्विशुद्ध्यति॥

समान उत्कृष्टवर्ण में तो माधवीय में कण्व ने कहा है—बुद्धिपूर्वक शव के साथ जाकर स्नान, अग्निस्पर्श और घृत का प्राशन करे। फिर से स्नान कर प्राणायामों से शुद्ध होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हीनवर्णे तु क्षत्रियेऽहः, वैश्ये पक्षिणी, शूद्रे त्रिरात्रं, क्षत्रियस्य वैश्येऽहः, शूद्रे पक्षिणी, वैश्यस्य शूद्रेऽहः इति विज्ञानेश्वरः। माधवस्तु विप्रस्य वैश्ये द्व्यहः, क्षत्रियस्य शूद्रेऽप्येवम्। अन्यत्प्राग्वत्। स्नानाग्निस्पर्शघृताशनानि सर्वत्रेत्याह।

हीनवर्ण में तो क्षत्रिय को एकदिन का आशौच होता है। वैश्य में पक्षिणी तथा शूद्र में तीनदिन का आशौच होता है। क्षत्रिय का वैश्यमें एकदिन का, [1]शूद्र में पक्षिणी, वैश्यका शूद्र में एकदिन का आशौच होता है—एसा विज्ञानेश्वर ने कहा है। माधव ने तो कहा है–[2]ब्राह्मण वैश्य के साथ जाय तो दो दिनका आशौच होता है। क्षत्रिय को शूद्र के साथ जाने में दोदिन का ही आशौच होता है। अन्य सब पूर्व में कहे हुए की की तरह है। (अर्थात्—ब्राह्मण को क्षत्रिय के साथ जाने में और वैश्य को शूद्र के साथ जाने में एकदिन का तथा ब्राह्मण का शूद्र के साथ अनुगमन में तीनदिन का आशौच होता है यह अर्थ है।) सचैलस्नान, अग्निस्पर्श, घृतप्राशन आदि सर्वत्र कहा है।

(हीनवर्णस्य दाहादिकरणे विचारः)

हीनवर्णस्य दाहौर्ध्वदैहिककरणे तु ब्राह्मे—ब्राह्मणो हीनवर्णस्य न कुर्यादौर्ध्वदैहिकम्। कामाल्लोभात्तथा मोहात्कृत्वा तज्जातितां व्रजेत्॥

हीनवर्ण के दाह और्ध्वदैहिक करने पर तो ब्रह्मपुराण में कहा है—ब्राह्मण हीनवर्ण का और्ध्वदैहिक न करे। इच्छा, लोभ या मोह से करता है तो उसी की जाति को प्राप्त होता है।

मनुः (११।१९७)—व्रात्यानां याजनं कृत्वा परेषामन्त्यकर्म च। अभिचारमहीनं च त्रिभिः कृच्छ्रैर्व्यपोहति॥ परेषां सवर्णानां हीनेषु तद्वद्द्विगुणत्रिगुणचातुर्गुण्याद्यूह्यम्।

मनु ने कहा है—व्रात्यों का याजन कराकर समान वर्णवालों का अन्त्य कर्म कर उत्कृष्ट वर्णों में अभिचार (मारणादि) कर ('अत ऊर्ध्वं त्रयाऽप्यते' इससे कहे हुए व्रात्यस्तोम आदि यज्ञ कर) पिता, गुरु आदि को छोड़कर निषिद्ध और्ध्वदैहिक दाह श्राद्धादि कर और अभिचार—श्येनादिक तथा [3]अहीनयाग-यागविशेष कर (अहीनयजनमशुचिकरम्—एसा श्रुति में कहा है।) तीन कृच्छ्रों से शुद्ध होता है। हीनवर्णों में तो द्विगुणित, त्रिगुणित, चतुर्गुण आदि का ऊह करे।

(रोदन समोत्तमवर्णयोविचारः)

अथ रोदने समोत्तमवर्णयोः सञ्चयनात्पूर्वं सचैलस्नानमूर्ध्वमाचमनम्।

इसके बाद रुदन करने पर प्रायश्चित्त कहते हैं। समान और उत्तमवर्ण के यहाँ अस्थिसंचयन के पहले रोने पर सचैलस्नान करे, बाद में आचमन करे।

(हीनवर्णे तु विचारः)

हीनवर्णे तु सञ्चयात्प्राक् सचैलमूर्ध्वं स्नानमात्रम्।

हीनवर्ण में तो अस्थिसंचयन के पहले रुदन करने पर सचैलस्नान करे बाद में रुदन करने पर स्नानमात्र करे।

(विप्रस्य क्षत्रवैश्यविषये विचारः)

विप्रस्य क्षत्रवैश्यविषये तु ब्राह्मे—अस्थिसञ्चयनं विप्रो रौति चेत् क्षत्रवैश्ययोः। तदा स्नातः सचैलस्तु द्वितीयेऽहनि शुद्ध्यति॥ कृते तु सञ्चये विप्रः स्नानेनैव शुचिर्भवेत्।

ब्राह्मण का क्षत्रिय और वैश्य के यहाँ रुदन में तो ब्रह्मपुराण में कहा है—अस्थिसंचयन के समय में

१—पराशरः—प्रेतीभूतं तु यः शूद्रं ब्राह्मणो ज्ञानदुर्बलः। अनुगच्छेन्नीयमानं स त्रिरात्रेण शुध्यति॥ त्रिरात्रे तु ततश्चीर्णे नदीं गत्वा समुद्रगाम्। प्राणायामशतं कृत्वा घृतं प्राश्य विशुध्यति॥

२—क्षत्रियं मृतं ज्ञात्वा ब्राह्मणो योऽनुगच्छति। एकाहमशुचिर्भूत्वा पञ्चगव्येन शुध्यति॥ पराशरः—शवं च वैश्यमज्ञानाद् ब्राह्मणो योऽनुगच्छति। कृत्वाशौचं द्विरात्रं च प्राणायामान् षडाचरेत्॥

३—इस यज्ञ का विवरण स्वर्गीय पिताजी की म० म० श्रीविद्याधर जी गौडकृत सरलावृत्ति—कात्यायनश्रौतसूत्र की भूमिका तथा कात्यायनश्रौतसूत्र के मूल में देखिये। तद्वत् ही व्रात्यस्तोम आदि यज्ञों को भी देखिए।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्षत्रिय और वैश्य के यहाँ ब्राह्मण रोता है तो सचैलस्नान करके दूसरे दिन शुद्ध होता है। अस्थिसञ्चय करने पर ब्राह्मण स्नान से ही पवित्रता होती है।

(क्षत्रस्य वैश्येऽपि विचारः)

क्षत्रस्य वैश्येऽप्येवम् ।

क्षत्रिय को वैश्य के यहाँ भी यही है।

(विप्रादीनां शूद्रे विचारः)

शूद्रे तु सञ्चयात्प्राक् विप्रस्य त्रिरात्रम्। क्षत्रवैश्ययोर्द्विरात्रम्। ऊर्ध्वं तु द्विजानामेकाहः।

शूद्र के यहाँ अस्थिसंचय के पहले ब्राह्मण के रुदन करने पर तीनरात्रि में शुद्ध होता है। क्षत्रिय और वैश्य को दोरात की अपवित्रता होती है। इसके बाद रुदन करने पर द्विजों को एकदिन आशौच होता है।

(शूद्रस्य शूद्रे विचारः)

शूद्रस्य शूद्रे स्पर्शं विना सञ्चयात्पूर्वमेकाहः। ऊर्ध्वं सज्योतिरिति माधवीये ज्ञेयम्।

शूद्र का शूद्र के स्पर्श के बिना अस्थिसंचय के पहले एकदिन का आशौच होता है। बाद में सज्योति आशौच होता है—एसा माधवीय में जानना चाहिये।

(अस्थिसञ्चयनादूर्ध्वं द्विजातीनां सपिण्डानां च विचारः)

शुद्धितत्त्वे पारस्करस्तु—अस्थिसञ्चयनादूर्ध्वं मासं यावद् द्विजातयः। दिवसेनैव शुध्यन्ति वाससां क्षालनेन च॥ सजातेर्दिवसेनैव त्र्यहात्क्षत्रियवैश्ययोः॥ इत्युक्तम्। सपिण्डानां रोदन-निर्हारादावदोष इत्युक्तं प्राक्।

शुद्धितत्त्व में पारस्कर ने कहा है—अस्थिसंचयन के पूर्व एकमहिने तक द्विजाति (ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य) रुदन करें तो एकदिन में ही और वस्त्रों को क्षालन करने से शुद्ध होते हैं। सजातीय (शूद्र के अस्थि-सञ्चयन के पूर्व स्पर्श के बिना अनुगमन में और रोने पर अहोरात्र से शुद्धि होती है। इसके बाद रात्रि में तो रात्रि से तथा दिन में हो तो दिन में) के यहाँ एकदिन में, क्षत्रिय तथा वैश्य के यहाँ तीनदिन में शुद्ध होते हैं—एसा कहा है। सपिण्डों के रुदन, लेजाने आदि में दोष नहीं है यह पहले कह चुके हैं।

विज्ञानेश्वरस्तु—मृतस्य बान्धवैः सार्द्धं कृत्वा तु परिदेवनम्। वर्जयेत्तदहोरात्रं दानश्राद्धादिकर्म च॥ इति पारस्करोक्तेः सर्वत्रैकरात्रमाह।

विज्ञानेश्वर ने तो कहा है—बान्धवों के साथ प्रेत का शोक (विलाप) कर अहोरात्र दान, श्राद्ध आदि कर्म को त्याग दे—यह पारस्कर ने कहा है। सर्वत्र एकरात कहा है।

(आशौचान्नभक्षणे विचारः)

अथाशौचान्नभक्षणे विष्णुः—ब्राह्मणादीनामाशौचे यः सकृदेवान्नमश्नाति तस्य तावदाशौचं यावत्तेषामाशौचव्यपगमे प्रायश्चित्तम्' इति।

इसके बाद आशौच के अन्नभक्षण में विष्णु ने कहा है—ब्राह्मण आदियों के (यहाँ बुद्धिपूर्वक) आशौच में जो एकबार उनके अन्न का भोजन करता है उसको तबतक आशौच होता है जबतक उनको होता है और आशौच की समाप्ति पर प्रायश्चित्त होता है।

अज्ञाने त्वङ्गिराः—अन्तर्दशाहे भुक्त्वान्नं सूतके मृतकेऽपि वा।
अस्याशौचं भवेत्तावद्यावदन्नं व्रजत्यधः॥

अज्ञान में अङ्गिरा ने कहा है—दशदिन के भीतर जननाशौच में या मरणाशौच में जो सूतकी का अन्न भोजन करता है। उसको तबतक आशौच है जबतक खानेवाले का अन्न बाहर नहीं होता है।

प्रायश्चित्तं त्वमत्या विप्रस्य वर्णक्रमेणैकाहत्र्यहपञ्चाहसप्ताहोपवासाः, दश, विंशतिः, षष्टिः, शतं च प्राणायामाः पञ्चगव्याशनं च। अभ्यासे द्विगुणम्। आपदि तु प्राणायामशतं पञ्चशत-मष्टसहस्रं गायत्रीजपश्च। मत्यापदि तु सवर्णाशौचे त्रिरघमर्षणं गायत्र्यष्टसहस्रं च। क्षत्रियाशौचे उपवासः। वैश्याशौचे त्रिरात्रोपवासश्च। शूद्राशौचे कृच्छ्रः। क्षत्रवैश्ययोः पञ्चशतमष्टशतं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गायत्रीजपः। उत्तमेषु शूद्रस्य सर्वत्र स्नानम्। मत्यानापदि विप्रस्य वर्णेषु सान्तपनकृच्छ्रमहासान्तपनचान्द्राणि। अभ्यासे तु मासिकद्वैमासिकत्रैमासिकषाण्मासिकानीत्यादि माधवीयादौ ज्ञेयम्।

प्रायश्चित्त तो अज्ञान से (एकबार) वर्णक्रम से एकाह (एकदिन), तीनदिन, पांचदिन और सात दिन (अज्ञानाद् भुञ्जते विप्राः सूतके मृतके तथा। एकाहं च त्र्यहं पञ्च सप्तरात्रमभोजनम्॥ ततः शुद्धिर्भवेद्विप्रः पञ्चगव्यं पिबेन्नरः॥ छागलेयः—प्राणायामशतं कृत्वा शुध्यते शूद्रसूतके। वैश्ये षष्टिर्भवेद्राज्ञि विंशतिर्ब्राह्मणे दश॥) उपवास करे। दश, बीस, साठ तथा सौ प्राणायाम और [1]पञ्चगव्यप्राशन करे। अभ्यास (बारंबार) (बारंवार भोजन करने पर) में दूना प्रार्याश्चित्त करे। आपत्ति में तो सौ प्राणायाम, पांचसौ प्राणायाम और आठहजार गायत्रीजप करे। जानकर आपत्ति में तो सवर्णाशौच में तीनबार अघमर्षण, और आठहजार गायत्रीजप करे। क्षत्रिय के आशौच में उपवास करे और वैश्य के आशौच में तीनदिन का उपवास करे। शूद्र के आशौच में कृच्छ्र करे। क्षत्रिय पांच सौ और वैश्य को आशौच में आठ सौ गायत्री जप करे। उत्तम वर्ण में शूद्र को सर्वत्र स्नान है। जानकर विना विपत्ति के ब्राह्मण को (एकबार) भोजन करने पर वर्णक्रम से (मार्कण्डेयः—भुक्त्वा तु ब्राह्मणशौचे चरेत्सान्तपनं द्विजः। भुक्त्वा तु क्षत्रियाशौचे तथा कृच्छ्रो विधीयते॥ वैश्याशौचे तथा भुक्त्वा महासान्तपनं चरेत्। शूद्रस्य च तथा भुक्त्वा द्विजश्चान्द्रायणं चरेत्॥) सान्तपन-कृच्छ्र, महासान्तपन (पृथक्सान्तपनद्रव्यैः षडहः सोपवासकः। सप्ताहेन तु कृच्छ्रोऽयं महासान्तपनः स्मृतः। याज्ञ० प्रा० श्लो० ३१५) और चान्द्रायणव्रत करे। अभ्यास में तो एकमहिना, दोमहिना, तीनमहिना और छमहिना (शंखः—शूद्रस्य सूतके भुक्त्वा षण्मासान् व्रतमाचरेत्। वैश्यस्य तु तथा भुक्त्वा त्रीन् मासान् व्रतमाचरेत्। क्षत्रियस्य तथा भुक्त्वा द्वौ मासौ व्रतमाचरेत्। ब्राह्मणस्य तथा भुक्त्वा मासमेकं व्रती भवेत्॥) इत्यादि माधवीय आदि में जानना चाहिये।

(दासाद्याशौचविचारः)

अथ दासस्य स्वदास्युत्पन्नस्य स्वसपिण्डमृतौ स्नानमात्रेण स्वामिकार्ये स्पृश्यत्वम्। भक्तदासस्य त्र्यहोर्ध्वम्। सद्यः स्पृश्यो गर्भदासो भक्तदासस्त्र्यहाच्छुचिः। इति स्मृत्यन्तरोक्तेः।

इसके बाद दास का अपनी दासी में उत्पन्न सपिण्ड के मरने पर स्नानमात्र से (अर्थात्—सचैलस्नान से), स्वामी के कार्य में स्पर्शकरने योग्य होता है। भक्तदास का (ध्वजाहृतो भक्तदासो गृहजः क्रीतदत्रिमौ। पैतृको दण्डदासश्च सप्तैते दासयोनयः॥ (मनु० ८।४१५)। लोभ से आया हुआ) तीनदिन के बाद स्पृश्य होता है।

स्मृत्यन्तर में कहा है—गर्भदास (स्वदासी में उत्पन्न दास) का और भक्तदास (अन्न से उपात्त-दास) को तीनदिन मे शुद्धि (अर्थात्—स्वामी के कार्य में) होती है। अर्थात्—स्पर्श करने योग्य होता है।

मूल्यकर्मकराः शूद्रा दासीदासास्तथैव च। स्नाने शरीरसंस्कारे गृहकर्मण्यदूषिताः॥ इति शातातपोक्तेश्च।

और शातातप ने कहा है—मूल्यद्वारा कर्मकरनेवाले शूद्र वैसे ही दासी दास आदि भी स्नान में, शरीर के संस्कार में और घर के कर्म में दूषित नहीं होते हैं।

एतच्चानन्यसाध्ये तत्कार्यमात्रे। अन्यत्र मासाद्याशौचमस्त्येव। एवं दास्या अपि। सूतिकायास्तस्या अस्पर्शत्वमपि मासमात्रम्,

और यह दूसरों के द्वारा साध्य न होने पर उस उस कार्यमात्र में। अन्यत्र (दासो दासश्च यत्कर्म कुर्वन्त्यपि च लीलया। तदन्यो न क्षमः कर्तुं तस्मात्ते शुचयः स्मृता॥) मास आदि आशौच ही होता है। इस प्रकार दासी (गर्भदासी का सचैलस्नानमात्र से और भक्तदासी का तो तीनदिन में स्पर्श होता है।) सूतिका दासी का अस्पृश्यत्व (नहीं स्पर्श करना) भी एकमास मात्र का होता है।

१—गोमूत्रं कृष्णवर्णायाः श्वेतायाश्चैव गोमयम्। पयश्च ताम्रवर्णाया रक्ताया गृह्यते दधि॥ कपिलाया घृतं ग्राह्यं सर्वं कापिलमेव वा। मूत्रमेकपलं ग्राह्यमङ्गुष्ठार्धं तु गोमयम्॥ क्षीरं सप्तपलं ग्राह्यं दधि त्रिपलमुच्यते। घृतमेकपलं ग्राह्यं पलमेकं कुशोदकम्॥ एतच्च गायत्र्या गोमूत्रमित्यादि समन्त्रकं कार्यम्। पञ्चगव्यपाने यमः—पालाशे मध्यमे पर्णे भाण्डे ताम्रमये तथा। मृन्मयेऽपि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दासीदासश्च सर्वो वै यस्य वर्णस्य यो भवेत्। तद्वर्णस्य भवेच्छौचं दास्या मासस्तु सूतकम् ॥ इत्यङ्गिरसोक्तेः।

अङ्गिरा ने कहा है—दासी और दास जो निश्चय जिसवर्ण का होता है उसको उसीवर्ण का आशौच होता है। दासी का तो सूतक एकमहिने का होता है।

षडशीतावपि—स्वामिशौचेन दासाद्याः स्पृश्या मासात्तु कर्मसु।
योग्याः स्युर्मासतो दासी प्रसूतिश्चेत्स्पर्शतामियात् ॥

षडशीति में भी कहा है—दास आदि स्वामी के आशौच से कार्यों को करने में एक महिने में स्पृश्य होते हैं। दासी प्रसूता हो तो एकमास में स्पर्श करने योग्य होती है।

दत्तदासादीनां स्वसपिण्डमरणादौ स्वाम्याशौचसमसंख्यदिनोर्ध्वं सत्यपि मासाद्याशौचे स्वामिकार्ये स्पृश्यतेति हरदत्तः,

हरदत्त ने कहा है—दत्त दास (दिया हुआ या खरीदा हुआ) आदियों का अपने सपिण्ड के मरणादि में स्वामी के आशौच समसंख्यदिन के बाद मासादि आशौच के होने पर स्वामी के कार्य में स्पर्श होने लायक होते हैं।

दासान्तेवासिभृतकाः शिष्याश्चैकत्रवासिनः। स्वामितुल्येन शौचेन शुद्ध्यन्ति मृतसूतके ॥ इति बृहस्पतिस्मृतेः।

बृहस्पतिस्मृति में कहा है—दास, अन्तेवासि (शिष्य), भृत्य (नौकर) एकसाथ रहनेवाले ये लोग मृतक और जननाशौच में स्वामी के सदृश आशौच में शुद्ध होते हैं।

(पञ्चदश दासभेदाः)

दासाश्चात्र—गृहजातस्तथा क्रीतो लब्धो दायादुपागतः। अन्नाकालभृतस्तद्वदाहितः स्वामिना च यः। मोक्षितो महतश्चर्णाद्युद्धप्राप्तः पणे जितः। भक्तदासश्च विज्ञेयस्तथैव वडवाहृतः ॥ तवाहमित्युपगतः प्रव्रज्यावसितः कृतः ॥ विक्रेता चात्मनः शास्त्रे दासाः पञ्चदश स्मृताः ॥ इति नारदोक्तेषु गर्भदासभक्तदासौ विना ज्ञेयाः। वडवा दासी तयाहृतस्तामुद्वाह्य दासो जात इत्यर्थः। अन्तेवास्यपि तेनवोक्तः।

यहाँ पर दास ये हैं—गृहजात (घर में अपनी दासी से उत्पन्न) क्रीत (मूल्य के द्वारा खरीदा हुआ) लब्ध (प्रतिग्रह से प्राप्त) दायाद (विभाग के द्वारा) उपागत (प्राप्त हुआ) अन्न के अकाल (दुर्भिक्ष) में दासरूप से भरण द्वारा रक्षित, धन के ग्रहण से अधीनता को स्वीकार करनेवाला, ऋण छुड़ाकर दासता प्राप्त करनेवाला, युद्ध में जीतकर प्राप्त करना, यदि बाद में पराजित हो जाऊँगा तो तुम्हारा दास होऊँगा एसा पण से जीतनेवाला, मैं तुम्हारा दास हूँ एसा कहने पर प्राप्त, संन्यासमार्ग से च्युत, वेतनादि द्वारा किया हुआ, सर्वदा भक्तार्थ ही दासरूप से प्राप्त, बड़वा दासी को ले आकर उसके साथ विवाह कर उसमें उत्पन्न दास और जो आत्मा को वेचनेवाला, ये पन्द्रह दास कहे हैं। नारद में कहे हुओं में गर्भ और भक्तदास को छोड़कर जानना चाहिये। वडवा-दासी को हरणकर उसके साथ विवाह कर दास उत्पन्न होता है—यह अर्थ है। अन्तेवासी (शिष्य) भी उन्होंने कहा है।

स्वशिल्पमिच्छन्नाहर्तुं बान्धवानामनुज्ञया। आचार्यस्य वसेदन्ते कृत्वा कालं तु निश्चितम्। आचार्यः शिक्षयेदेनं स्वगृहे दत्तभोजनम् ॥ इति। शिष्यस्तत्तुल्यो विद्यार्थी।

बान्धवों की आज्ञा से अपने शिल्प (कारीगरी) को सीखने की इच्छा से आचार्य के समीप में आकर शिष्यरूप से समय का निश्चय कर रहता है तो आचार्य उसको अपने घर में भोजन देकर शिक्षा दें। शिष्य उसके सदृश (अन्तेवासी के तुल्य आचरणवाला) विद्यार्थी है।

दासादेः स्वामितत्सपिण्डमरणे तु विष्णुः-पत्नीनां दासानामानुलोम्येन स्वामितुल्यमाशौचम्, मृते स्वामिन्यात्मीयम्। इति।

स्वामी और उसके सपिण्ड के मरने पर तो दासादि के लिए विष्णु ने कहा है—पत्नी और दासा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दियों का आनुलोम से स्वामी के सदृश आशौच होता है। स्वामी के मरने पर आत्मीय (अपनी जाती का) आशौच होता है।

प्रतिलोमदासानामाशौचाभावः, वर्णानामानुलोम्येन दास्यं न प्रतिलोमतः। इति याज्ञवल्क्योक्तेः (व्यव० श्लो० १८३)।

प्रतिलोम दासों का आशौच का अभाव है। याज्ञवल्क्य ने कहा है—दासभाव वर्णों के आनुलोम्य (अनुक्रम—जिसका पिता उत्तम वर्ण का हो और माता उससे हीनवर्ण की हो) से होता है। अर्थात्—अपने निम्नवर्ण का ही दास होता है। प्रतिलोम (जिसका पिता हीनवर्ण का हो और माता उससे उत्तम वर्ण की हो) दास नहीं होता है।

(रात्रौ जनने मरणे वा विचारः)

अथ रात्रौ जनने मरणे वा रात्रिं त्रिभागां कृत्वाऽद्यभागद्वये चेत्पूर्वदिनम्, अन्त्ये तूत्तरमिति मिताक्षरायाम्। यत्तु प्रागर्द्धरात्रात् प्राग्वा सूर्योदयात्पूर्वं दिनमित्युक्तं तत्र तद्देशाचारतो व्यवस्था। सर्वमाशौचमाहिताग्नेर्दाहं तद्भिन्नस्य मरणमारभ्य ज्ञेयम्।

इसके बाद रात्रि में जनन या मरण में रात्रि का तीन भाग कर उसके आदि के दो भाग में तो पूर्वदिन (पहलादिन) ग्रहण करे। अर्थात्—रात्रि के दो बजे तक किसी की मृत्यु या जन्म हो तो पहलादिन ग्रहण करे। (कश्यपः-'रात्रिं त्रिभागां कुर्यात् तु द्वौ भागौ पूर्व एव तु। उत्तरांशः प्रभातेन युज्यते ऋतुसंज्ञके॥) अन्त्य में तो उत्तरदिन ग्रहण करे। (अर्थात्—रात्रि के तीन बजे से दूसरा दिन ग्रहण करे।) यह मिताक्षरा में कहा है।

जो आधीरात के पहले या सूर्योदय के पूर्व (पहला) दिन कहा है। (कश्यपः—उदिते तु यदा सूर्ये नारीणां दृश्यते रजः। जननं वा विपत्तिर्वा यस्याहस्तस्य शर्वरी॥ अर्धरात्रावधिः कालः सूतकादौ विधीयते। रात्रावेव समुत्पन्ने मृते रजसि सूतके॥ पूर्वमेव दिनं ग्राह्यं यावन्नोदयते रविः।)। वहाँ पर देशाचार से व्यवस्था है। यह सब आशौच आहिताग्निका दाह से होता है उससे भिन्न (अर्थात्—अग्निहोत्री-श्रौताग्नि से भिन्न) साधारणों का आशौच मरण से आरंभ करे-यह जानना चाहिये।

(आहिताग्नेर्दाहादिनिर्णयः)

अनग्निमत उत्क्रान्तेराशौचादिद्विजातिषु। दाहादग्निमतो विद्याद्विदेशस्थे मृते सति॥ इति पैठीनसिस्मृतेः। साग्निराहिताग्निः।

पैठीनसीस्मृति में कहा है—द्विजातियों में जो अग्निहोत्री नहीं हैं उनका आशौच आदि (तन्निमित्तक सन्ध्यावन्दनत्यागादेः त्रैपाक्षिकान्तप्रेतकर्मणश्च परिग्रहः।) मरणसमय से तथा अग्निहोत्री का आशौच दाह से विदेश में मरने पर होता है। साग्निक माने-आहिताग्नि।

आहिताग्निश्चेत्प्रवसन् म्रियेत पुनःसंस्कारं कृत्वा शववदाशौचम् इति वसिष्ठे विशेषोक्तेः।

वसिष्ठ ने विशेष कहा है—आहिताग्नि प्रवास (विदेश) करते हुए मरजाय तो फिर से संस्कार कर (अर्थात्—लकडी के सदृश लौकिक अग्नि में दाह कर संस्कार नहीं है, इसप्रकार की व्यञ्जना के लिए 'पुनः' शब्द कहा है।) शव के सदृश आशौच होता है।

दाहादेव तु कर्तव्यं यस्य वैतानिको विधिः। इति ब्राह्माच्च।

और ब्रह्मपुराण में कहा है—जिसके यहाँ वैतानिक (तीनों अग्नियों) की विधि है उसका दाह से ही आशौच करना चाहिये।

यत्तु धूर्तस्वामिना रामाण्डारेण चोक्तम्—आहिताग्नेरपि मरणादेव दशरात्रम् 'दशाहं शावमाशौचम्' इति मरणनिमित्तत्वात्तस्य।

१—अयमर्थः—रात्रिमात्रावशिष्टे पूर्वाशौचे यद्याशौचान्तरं सन्निपतेत्तर्हि पूर्वाशौचं समाप्यानन्तरं द्वाभ्यां रात्रिभ्यां शुद्धिः। प्रभाते पुनस्तस्या रात्रेः पश्चिमे यामे जननाद्याशौचान्तरसन्निपाते सति तिसृभी रात्रिभिः शुद्धिः न पुनस्तच्छेषमात्रेण। (मिताक्षरा टी० प्राय० श्लो० ४६)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जो धूर्तस्वामी और रामाण्डार ने कहा है—आहिताग्नि का भी मरण से ही दशरात्रि आशौच होता है। दशाह आशौच मृतक का होता है। उसका मरणनिमित्त होने से।

यत्तु दाहादेव तस्याशौचमुक्तं तत्संस्कारनिमित्ताशौचं पृथगेव। तेन गृह्याग्नेः संस्काराङ्गं त्रिरात्रम्। श्रौताग्नेस्तु दशरात्रम्। मरणनिमित्तं तूभयोर्दशाहं दाहात्प्रागपीति। तद्वचनविरोधात्पूर्वस्यैवोत्कर्षान्मूलकल्पनालाघवाच्चिन्त्यम्।

जो उसका आशौच दाह से ही कहा है। वह उसके संस्कारनिमित्त आशौच से पृथक् (अलग) ही है। इससे गृह्याग्नि का संस्कारांग तीनदिन का आशौच होता है और श्रौताग्नि का तो दशरात्रि तक आशौच होता है। मरणनिमित्त तो दोनों को दाह के पूर्व भी दशाह आशौच होता है। वह वचन (हारीत वचन) विरोध से पूर्व का ही (मरण निमित्त का ही) उत्कर्ष से मूलकल्पना के लाघव से चिन्तनीय है।

(अतिक्रान्ताशौचे-तत्राशौचमध्ये जननादौ ज्ञाते, देशान्तरे अतिक्रान्ताशौचे, दशदिनमध्ये श्रवणे च विचारः)

अथातिक्रान्ताशौचम्। तत्राशौचमध्ये जननादौ ज्ञाते तच्छेषेण शुद्धिः।

अब अतिक्रान्त (बीता हुआ, गया हुआ) कहते है। वहाँ पर आशौच के मध्य में (दशाह आदि के मध्य में) जनन (जन्म) आदि के ज्ञान होने पर उस आशौच के शेष (अवशिष्ट) से शुद्धि होती है।

विगतं तु विदेशस्थं शृणुयाद्यो ह्यनिर्दशम्। यच्छेषं दशरात्रस्य तावदेवाशुचिर्भवेत्॥ इति मनूक्तेः (५।७५)। अत्र केचिदेतत्पुत्रातिरिक्तविषयम्। तेषां त्वाशौचमध्ये श्रवणेऽपि तदाद्येव दशाहादि। पितरौ चेन्मृतौ स्यातां दूरस्थोऽपि हि पुत्रकः। श्रुत्वा तद्दिनमारभ्य दशाहं सूतकी भवेत्॥ इत्यस्य सर्वापवादत्वादित्याहुः। तन्न, ज्ञातमरणस्य निमित्तत्वात्, 'अनग्निमत उत्क्रान्तेः' इत्यादिविरोधाच्च।

मनु ने कहा है—विदेश में स्थित जो समीपस्थ का विगत (मरण) जो दशदिन के भीतर सुनता है उसको जितने दिन दशरात में अवशिष्ट हैं उसी में ही अशुचि (अपवित्र) रहता है। यहाँ 'विगत' यह उपलक्षण मात्र है। जननाशौच में भी यही व्यवस्था है। यहाँ पर कोई इसको कहते हैं—वह पुत्र से अतिरिक्त (भिन्न) विषय है। उनका तो आशौच के मध्य में सुनने पर भी श्रवणदिन से ही दशरात्रि आदि आशौच होता है। यदि पिता और माता का मरण हो जाय तो दूरदेश में रहनेवाला पुत्र भी जिस दिन से सुने उसी दिनसे दशाह सूतक होता है। इस सबका अपवाद होनेसे कहा है। यह उचित नहीं है, ज्ञातमरण का निमित्त (आशौचनिमित्त) है। और जो अग्निहोत्री नहीं है उसके मरण में—इत्यादि विरोध है।

स्मृत्यर्थसारेऽपि—जनने मरणे वा प्रथमदिनादूर्ध्वं ज्ञाते पुत्रादीनां शेषणैव शुद्धिः, इति षडशीतावपरार्के चैवम्।

स्मृत्यर्थसार में भी कहा है—जन्म या मरण में प्रथमदिन के बाद जानने पर पुत्र आदियों की शुद्धि अवशिष्ट दिन से ही है। षडशीति और अपरार्क में भी यही हैं।

(दशाहादूर्ध्वं श्रुतं चेद्विचारः)

दशाहादूर्ध्वं ज्ञाते तु वृद्धवसिष्ठः—मासत्रये त्रिरात्रं स्यात् षण्मासे पक्षिणी तथा।
अहस्तु नवमादर्वागूर्ध्वं स्नानेन शुद्ध्यति॥

दशाह के बाद जानने पर तो वृद्धवसिष्ठ ने कहा है—तीनमहिने तक सुनने पर तीनरात और छमहिने पर सुनने पर पक्षिणी तथा नौ महिने के पहले सुनने पर एकदिन और बाद में सुनने पर स्नान से (अर्थात् स्नान करे—'प्रेते दत्वोदकं शुचिः' प्रेत को जल देकर पवित्र होता है।) शुद्धि होती है। (यदि कहें कि— नुः-संवत्सरव्यतीते तु स्पृष्ट्वैवापो विशुध्यति। एकसाल व्यतीत होने पर तो जलस्पर्श से शुद्धि होती है। नौ न के बादः कैसे स्नान को कहा है। उसका संवत्सर के बाद स्नान भी नहीं है—यह भ्रम निवारणार्थ कहा है। यत्तु देवलः—आशौचान्ते व्यतिक्रान्ते बन्धुश्चेच्छ्रूयते मृतः। तस्य त्रिरात्रमाशौचं पक्षिणी चार्धवत्सरे॥ ऊर्ध्वं संवत्सरार्धात्तु श्रूयते चन्मृतः स्वके। भवेदेकाहमेवात्र तच्च संन्यासिनां न तु। उसमें अर्धवत्सर के प्रथमार्ध में त्रिरात्र आशौच होता है। उत्तरार्ध में पक्षिणी और नवममासान्त में एकदिन का आशौच होता है।) जन्म में तो अतिक्रान्त (व्यतीत हुआ) आशौच नहीं ही होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(जनने त्वतिक्रान्ताशौचविचारः)

जनने त्वतिक्रान्ताशौचं नास्त्येव । नाशुद्धिः प्रसवाशौचे व्यतीतेषु दिनेष्वपि । इति देवलोक्तेः । पितुः स्नानं तत्रापि भवत्येव ।

देवल ने कहा है—जनन-जन्म (उत्पत्ति) में तो अतिक्रान्त (व्यतीत हुआ) आशौच नहीं ही होता है। प्रसवाशौच के व्यतीत दिनोंके होनेपर अपवित्रता नहीं होती है। वहाँपर भी पिताको स्नान करना कहा ही है।

निर्दशं ज्ञातिमरणं श्रुत्वा पुत्रस्य जन्म च । सवासा जलमाप्लुत्य शुद्धो भवति मानवः ॥ इति मनूक्तेः (५।७७)। तच्चातिक्रान्ताशौचं दशाहादिजात्याशौचविषयम् । न त्वनुपनीतादिनिमित्तत्रिरात्रादौ ।

मनु ने कहा है—मनुष्य दशदिन के बाद जाति (सपिण्ड) के मरण को और पुत्र के जन्म को सुनकर वस्त्र के सहित जल में प्रवेश कर शुद्ध होता है। (पुत्रजन्म में सपिण्डों को अतिक्रान्त आशौच नहीं होता है। अन्यथा 'श्रुत्वा जन्म च निर्दशम्' एसा ही कहे। पुत्र के जन्म का सुनने पर स्नान कहा है और अन्यों को स्नान भी नहीं है।) और वह अतिक्रान्त आशौच दशाह आदि जाती आशौचविषयक है। अनुपनीत आदि के निमित्त त्रिरात्र आदि आशौच में नहीं है।

उपनीते तु विषमं तस्मिन्नेवातिकालजम् । इति व्याघ्रोक्तेः । 'निर्दशं ज्ञातिमरणम्' (मनु० ५।७७) 'अतिक्रान्ते दशाहे तु' इति मनूक्तेश्च (५।७६) ।

व्याघ्र ने कहा है—उपनयन होने बाद मरने पर तो विषम ब्राह्मण आदियों का दशाह आदि आशौच होता है। उसी सूतक में ही उपनीत में मरने पर ही अतिकालज-अतिक्रान्त आशौच होता है। न कि वयोवस्था आशौच का अतिक्रमण होता है। और दशदिन के बाद जाति का मरण तथा अतिक्रान्त (व्यतीत हुआ) दशाह में तो मनु ने कहा है।

माधवीये देवलस्तु—आ त्रिपक्षात्त्रिरात्रं स्यात् षण्मासात्पक्षिणी ततः । परमेकाहमावर्षादूर्ध्वं स्नातो विशुद्ध्यति ॥ इत्याह । तत्रापदनापद्विषयत्वेन व्यवस्था । इदं चैकदेशे ।

माधवीय में तो देवल ने कहा है—तीनपक्ष के भीतर तीनरात का आशौच होता है। छ महिने तक पक्षिणी आशौच होता है। उसके बाद एकवर्ष तक (अर्थात्—ऊनवर्ष तक) एक दिन का आशौच होता है। इसके बाद स्नान से शुद्धि होती है। एसा कहा है। वहाँ पर आपद (विपत्ति) और अनापद (विना विपत्ति) विषय से व्यवस्था है। और यह एकदेश में है।

(देशान्तरे क्लीवादिमृतौ विचारः)

देशान्तरे तु स्नानमात्रम् । देशान्तरमृतं श्रुत्वा क्लीबे वैखानसे यतौ । मृते स्नानेन शुद्ध्यन्ति गर्भस्रावे च गोत्रिणः ॥ इति पराशरोक्तेरिति विज्ञानेश्वरः । स्नानं वत्सरान्ते ।

देशान्तर में तो स्नानमात्र (अर्थात्—स्नानोदकदानमात्र यह अर्थ) है। पराशर ने कहा है—देशान्तर में मरण (मृत्यु) सुनकर नपुंसक, वैखानस (वानप्रस्थ, भिक्षु) और संन्यासी के मरण में तथा गर्भस्राव (गर्भ का कच्चा गिरना, गर्भपात) में गोत्री स्नान से शुद्ध होते हैं। यह विज्ञानेश्वर ने कहा है। वत्सरान्त में स्नान को कहा है।

अर्वाक्त्रिपक्षात्त्रिनिशं षण्मासाच्च दिवानिशम् । अहःसंवत्सरादर्वाग् देशान्तरमृतेष्वपि ॥ इति विष्णूक्तेरिति माधवः । इदं सपिण्डानां देशान्तरे स्नानं सोदकानामिति युक्तम् ।

विष्णु का वचन है—तीनपक्ष के पूर्व तीन रात्रि, छ महिने तक दिवानिश—दिन रात, साल भर के पूर्व एकदिन आशौच देशान्तर में मृतकों का भी होता है—ऐसा माधव ने कहा है। यह सपिण्डों का है। देशान्तर में सोदकों को स्नानमात्र युक्त है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(देशान्तरलक्षणकथनम्)

तल्लक्षणं त्वाह बृहस्पतिः—महानद्यन्तं यत्र गिरिर्वा व्यवधायकः।
वाचो यत्र विभिद्यन्ते तद्देशान्तरमुच्यते ॥

लक्षण तो बृहस्पति ने कहा है—जहाँ पर महानदी का अन्तर हो, या पर्वत का व्यवधान (अवरोध) हो और जहाँ पर वाणी का भेद हो उसको देशान्तर कहते हैं।

देशान्तरं वदन्त्येके षष्टियोजनमायतम्। चत्वारिंशद्वदन्त्यन्ये त्रिंशदन्ये तथैव च ॥ इति।

कोई साठ योजन लंबाई को देशान्तर कहते हैं। अन्य चालीस योजन लंबाई को देशान्तर कहते हैं। अन्य तीस योजन लंबाई को देशान्तर कहते हैं।

(दूरदेशेऽपि मातृ-पितृमरणे, स्त्रीपुंसयोः परस्परमरणे च विचारः)

एतत्सर्वं मातापितृभिन्नविषयम्। तयोस्तु 'पितरौ चेत्' इति पूर्वं पैठीनसिवाक्यात्सदा पूर्वमेव दशाहादि।

यह सब माता और पिता से भिन्न विषय में है। इन दोनों का तो 'पितरौ चेन्मृतौ स्यातां दूरस्थोऽपि हि पुत्रकः। श्रुत्वा तद्दिनमारभ्य दशाहं सूतकी भवेत् ॥ इस पूर्व पैठीनसि के वाक्य से सदा पूर्व ही दशाह आदि (दशाहशब्द का जात्यादिशौचपरक है। दूरदेश में भी एकसाल के बाद भी दोनों का पूर्ण आशौच माना जाता है।) आशौच होता है।

स्मृत्यर्थसारेऽपि—'मातापितृमरणे दूरदेशेऽपि संवत्सरोर्ध्वमपि पुत्रो दशाहादिकं पूर्णमाशौचं कुर्यात्। स्त्रीपुंसयोः परस्परं सपत्नीषु चैवम्' इति।

स्मृत्यर्थसार में भी कहा है माता और पिता के मरने पर दूरदेश में भी तथा संवत्सर के बाद भी पुत्र दशाह आदि पूर्ण आशौच करे। स्त्री और पुरुष आपस में तथा सपत्नियों में भी ऐसा ही है।

शुद्धितत्त्वादयो गौडास्तु—ऊर्ध्वं संवत्सरादाद्याद् बन्धुश्चेच्छ्रूयते मृतः। अथैकाहमेवात्र तच्च संन्यासिनां न तु ॥ इति देवलोक्तेः पित्रोरब्दमध्ये त्रिरात्रमूर्ध्वमेकाहः। बन्धुर्माता पिता भर्ता च। पूर्वोक्तदशाहस्तु कलिङ्गादिदेशपर इत्याहुः। ते बन्धुपदस्य पित्रादिपरत्वे मानाभावादुपेक्ष्याः।

शुद्धितत्त्व आदि गौड तो कहते हैं—एकसाल के बाद यदि बन्धु का मरण सुन लिया हो तो एक दिन का ही आशौच होता है। वह संन्यासियों को नहीं होता है—ऐसा देवल के कथन से माता और पिता के वर्ष के मध्य में तीन रात के बाद एकदिन का आशौच होता है। बन्धुपद से माता, पिता और पति का ग्रहण होता है। पहले कहे हुए दशाहपद से कलिंग आदि देशपरक है—ऐसा कहा है। वे बन्धुपद का पुत्रादि परत्व में प्रमाण का अभाव होने से उपेक्ष्य (त्याज्य) है।

(सापत्न्यमातुः हीनवर्णसापत्न-मातृषु विचारः)

सापत्न्यमातुस्तु दक्षः—पितृपत्न्यामपेतायां मातृवर्ज्यं द्विजोत्तमः।
संवत्सरे व्यतीतेऽपि त्रिरात्रमशुचिर्भवेत् ॥

'हीनवर्णमातृषु सपत्नीषु चैवम् ॥ इति स्मृत्यर्थसारे।

सपत्नमाता के आशौच में दक्ष ने कहा है—द्विजोत्तम माता के भिन्न पिता की पत्नी का मरण हो जाय तो एकसाल के बाद भी पुत्र तीनरात अपवित्र होता है। (आशौचकाल के बाद किसीदेश में सपत्नमाता के मरने पर जानकारी होने पर देश-काल के अविशेष से तीन रात अपवित्र पुत्र होता है)। स्मृत्यर्थसार में कहा है—माता से भिन्न हीनवर्ण सपत्नमाताओं में भी यही है।

केचित्—पितुः पत्न्यां प्रमीतायामौरसे तनये तथा। इति ब्राह्मोक्तेस्त्वौरसेऽपीदमाहुः। षडशीतावप्येवम्। एतत्सर्ववर्णतुल्यम्। तुल्यं वयसि सर्वेषामतिक्रान्ते तथैव च। इति व्याघ्रोक्तेः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कोई कहते हैं—पिता की पत्नी के मरने पर औरसपुत्र को वैसा ही है। ऐसा ब्रह्मपुराण के वचन से औरसपुत्र में भी त्रिरात्र कहा है। षडशीति में भी यही है। यह सब वर्णों में तुल्य है। व्याघ्र ने कहा है—त्रिवर्षादिरूप में जब आशौच 'आदन्तजननाद् सद्यः' इत्यादि वाक्य से विहित होता है तो वह ब्राह्मण आदि वर्णों का तुल्य होता है। अतिक्रान्त दशाह आदि में जब आशौच आता है तो सब वर्णों में तुल्य होता है।

(आशौचसंपाते विचारः)

अथाशौचसंपाते उच्यते। तत्र शावे शावं, सूतके सूतकम्। शावे सूतकं, सूतके शावं वा। तत्राप्युत्तरं कालतः पूर्वेण समं न्यूनमधिकं चेति द्वादश भेदाः। यदैकदिने समन्यूनमधिकं वाऽशौचद्वयं तत्र तन्त्रेणान्यसिद्धिः, द्वयोरेककालत्वात्। यदा तु द्वितीयादिदिनेषूत्तरं सजातीयं शावे जननं वा समकालं न्यूनकालं वा परं स्यात्तदा षट्सु पक्षेषु पूर्वशेषेण शुद्धिः।

अब आशौच के संपात (मेल) में कहते हैं। उसमें—मरण में मरणाशौच और जननाशौच में जननाशौच होता है। या मरण में जननाशौच या जननाशौच में मरणाशौच होता है। उसमें भी उत्तरकाल से पूर्व से समान, न्यून अधिक ये बारह भेद हैं। जब एकदिन में समान, कम या अधिक आशौच द्वय हो तो वहाँ पर तन्त्र से अन्य की सिद्धि होती है। दोनों का एककाल होने से। यदि द्वितीयादिदिनों में सजातीय उत्तर मरणाशौच में जननाशौच होने पर सम या न्यून काल का दूसरा आशौच प्राप्त हो जाय तो छहों पक्षों में पूर्वशेष (पूर्वाशौचकाल शेष) से शुद्धि होती है।

अन्तरा जन्ममरणे शेषाहोभिर्विशुद्ध्यति। इति याज्ञवल्क्योक्तेः (प्रा०२०)। अन्तरा ज्ञाते इत्यर्थः। ज्ञातस्यैव जननादेर्निमित्तत्वात्। पूर्वाशौचोत्तरं तन्मध्योत्पन्ने ज्ञाते तूत्तरमेव कार्यम्।

याज्ञवल्क्य ने कहा है—एक आशौच के मध्य में जन्म और मरण आ जाय तो उसके बाद प्रथम आशौच के जितने दिन शेष (अवशिष्ट) हों उतने दिनों में शुद्धि होती है। मध्यमें जाननेपर यह अर्थ है। ज्ञान का ही जननादि में निमित्त है। पूर्वाशौच के बाद उसके मध्य में उत्पन्न में ज्ञान होने पर बाद ही का आशौच करे।

शुद्धितत्त्वेऽप्युक्तम् पूर्वाशौचान्तरुत्पन्नं समानं लघु वा निमित्तं तत्कालादुपरि श्रुतं स्वाशौचहेतुरेव। अज्ञातं तु न। अविज्ञाते न दोषःस्याच्छ्राद्धादिषु कथञ्चन। इत्यस्याशौचसाङ्कर्येऽपि प्रवृत्तेः। तेनाज्ञानाद् वृषोत्सर्गादौ कृते पश्चात् ज्ञातेऽपि नावृत्तिरिति।

शुद्धितत्त्व में भी कहा है—पूर्वाशौच के मध्य में उत्पन्न समान या लघुनिमित्त आशौच उसके काल से ऊपर में सुना हो तो वह अपने आशौच का कारण ही है। अज्ञात में तो कारण नहीं होता है। श्राद्ध आदि कर्मों में कभी भी बिना ज्ञान से दोष नहीं होता है। इसकी आशौच के सांकर्य (संमिश्रण) में भी प्रवृत्ति है। इससे अज्ञानसे वृषोत्सर्ग आदिके करनेपर बाद में ज्ञान होनेपर भी आवृत्ति नहीं होती है।

माधवीये यमोऽपि—जनने जननं चेत् स्यान्मरणे मरणं तथा।
पूर्वशेषेण शुद्धिः स्यादुत्तराशौचवर्जनम्॥

माधवीय में यम ने भी कहा है—यदि जननाशौच में जननाशौच प्राप्त हो और मरण में मरणाशौच प्राप्त हो तो पूर्व के शेष से शुद्धि होती है। उत्तर आशौच नहीं होता है।

अत्र केचित्—अन्तर्दशाहे स्यातां चेत्पुनर्मरणजन्मनी। तावत्स्यादशुचिर्विप्रो यावत्तत्स्यादनिर्दशम्॥ इति मनु (अ० ५ श्लो० ७९) पराशराद्यैर्दशाहग्रहणात्पूर्णाशौचे एव पूर्वशेषेण शुद्धिः। त्र्यहाद्यल्पाशौचसंपाते तूत्तरेणैव शुद्धिरित्याहुः। हरदत्तोऽप्येवमाह। गौडा अप्येवम्। तन्न, याज्ञवल्क्यादिवशेन दशाहस्य तुल्यकालाशौचोपलक्षणत्वात्।

यहाँ पर कोई कहते हैं—दशदिन के भीतर फिर से मरण या जन्म हो जाय तो ब्राह्मण तब तक अपवित्र रहता है जब तक दशदिन पहले के न बीत गये हों। यह मनु, पराशर आदि वचनों में 'दशाह' पद के ग्रहण से पूर्णाशौच में ही पूर्वशेष से शुद्धि होती है। तीनदिन आदि अल्पाशौच के संपात में तो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उत्तर से ही शुद्धि कहा है। हरदत्त ने भी यही कहा है। गौडों ने भी यही कहा है। यह उचित नहीं है। याज्ञवल्क्य आदि के वश (अधीन या अनुसार) से (अन्तरा जन्ममरणे शेषाहोभिर्विशुध्यति। इस योगीश्वर के एकवचन से मूल कल्पना के अनुरोध से) 'दशाह' पद तुल्यकाल के आशौच का उपलक्षण है।

समानाशौचसंपाते प्रथमेन समापयेत्। असमानं द्वितीयेन धर्मराजवचो यथा॥ इति माधवीये शङ्खोक्तेः। अपरार्कमिताक्षरादिविरोधाच्च। यदा तु सूतके शावं समं न्यूनमधिकं वा तदा न पूर्वशेषाच्छुद्धिः।

माधवीय में शंख ने कहा है—समान आशौच की संपात (मेल) में पहले आशौच से समाप्त करे और असमान आशौच को धर्मराज के वचन से दूसरे आशौच से समाप्त करे। और अपरार्क मिताक्षरा आदि का विरोध है। जबभी सूतकमें मरणाशौच सम, न्यून या अधिक प्राप्त हो तब पूर्वशेषसे शुद्धि नहीं होती है।

तदाहाङ्गिराः—सूतके मृतकं चेत्स्यात् मृतके त्वथ सूतकम्।
तत्राधिकृत्य मृतकं शावं कुर्यान्न सूतकम्॥

उसी बात को अंगिरा ने कहा है—सूतक में मरणाशौच प्राप्त हो या मरणाशौच में जननाशौच प्राप्त हो तो वहाँ पर अधिकार करके मृतक आशौच करे जननाशौच न करे।

षट्त्रिंशन्मते—शावाशौचे समुत्पन्ने सूतकं तु यदा भवेत्।
शावेन शुद्ध्यते सूती न सूती शावशोधिनी॥

षट्त्रिंशन्मत में कहा है—मरणाशौच के उत्पन्न होने पर जननाशौच जब प्राप्त हो तो मरणाशौच से सूतकी की शुद्धि होती है। मरणाशौच की शुद्धि जननाशौच से नहीं होती है।

चतुर्विंशतिमतेऽपि—मृतेन शुद्ध्यते जातं न मृतं जातकेन तु। अतो यदा दशाहजननमध्ये तदन्ते वा त्र्यहादि शावं तदा पूर्वेण शुद्धावपि तन्निमित्तमस्पृश्यत्वं भवत्येव।

चतुर्विंशतिमत में भी कहा है—मरण से जातक शुद्ध होता है। मृत जातक से शुद्ध नहीं होता है। इसलिए जब दशाहदिन के मध्य में उत्पन्न होने पर या उसके अन्त में तीनदिन का मृतक आशौच हो जाय तो पूर्व शेष से शुद्धि होनेपर भी तन्निमित्त अस्पृश्यत्व होता ही है।

मरणोत्पत्तियोगे तु गरीयो मरणं भवेत्। इति कौर्माच्च।

और कूर्मपुराण में कहा है—मरण और उत्पत्ति के योग में तो मरण श्रेष्ठ होता है।

गौतमव्याख्यायां वृद्धात्रिरपि—सूतकाद् द्विगुणं शावं शावाद् द्विगुणमार्तवम्। आर्तवाद् द्विगुणा सूतिस्ततोऽपि शवदाहकः॥ अत्र पूर्वपूर्वेण नोत्तरोत्तरनिवृत्तिरस्पृश्यत्वाधिक्यादित्यर्थः।

गौतमव्याख्या में वृद्ध अत्रि ने भी कहा है—सूतका (सद्यःप्रसूता) से दूना मृताशौच, मृताशौच दूना आर्तव (मासिकस्रावं नोपगच्छेत्प्रमत्तोऽपि स्त्रियमार्तवदर्शने। मनु० ४।४०), आर्तव से दूना सूति उससे भी दूना शव (लाश, मुर्दा) का दहन करनेवाला होता है। यहाँ पर पूर्व-पूर्व सेउत्तर की निवृत्ति नहीं होती है। क्योंकि—अस्पृश्यत्व का आधिक्य है—यह अर्थ है।

षडशीतावपि—स्वभावबहुसूतिस्तु न्यूनशावविशोधिनी। इति।

रात्रिशेषादौ वर्द्धितद्वित्रिदिनैरागन्तुकैः सूतेर्बहुत्वं न स्वभावेन। अतस्तत्र न्यूनशावस्यापि न पूर्वेण शुद्धिरिति वक्तुं स्वभावे त्युक्तम्।

षडशीति में भी कहा है—स्वभाव से अधिक सूतिका का तो न्यून मृताशौच की विशोधिनी होती है। रात्रिशेष आदि में बढ़े हुए दो और तीन आनेवाले दिनों से सूति अधिक होती है स्वभाव से नहीं होती है। इसलिये वहाँ पर न्यून मरण की भी पूर्व से शुद्धि नहीं होती है यह कहने के लिए 'स्वभाव' ऐसा कहा है।

त्राबेऽपि—नागन्तुकैरथाहोभिराशौचमनुपद्यते। न च पातनिमित्तेन शावस्यान्यस्य शोधनम्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इति । एवं नव पक्षाः । यदा तु त्र्यहाद्यल्पाशौचमध्ये सजातीयं विजातीयं वा दीर्घकालमुत्तरं तदाप्युत्तरं पूर्णं कार्यं न पूर्वेण शुद्धिः ।

ब्रह्मपुराण में भी कहा है--इसके बाद आगन्तुकपाप के दिनों से आशौच को हटाया नहीं जा सकता और पातके निमित्त से शाव—आशौच अन्य का शोधन नहीं होता है। इसप्रकार नौ पक्ष हैं। जब तीनदिन आदि अल्प आशौच के मध्य में सजातीय या विजातीय दीर्घकालवाला उत्तर आशौच आ जाय तो उत्तर पूर्ण करे। पूर्वशेष से शुद्धि नहीं होती है।

(स्वल्पाशौचमध्ये दीर्घाशौचविचारः)

स्वल्पाशौचस्य मध्ये तु दीर्घाशौचं भवेद्यदि । न पूर्वेण विशुद्धिः स्यात्स्वकालेनैव शुद्ध्यति ॥ इति उशनसोक्तेः । तेन त्र्यहादिशावमध्ये दशाहादिसूतकेऽपि न पूर्वेण शुद्धिरित्यपरार्कः । शावनिमित्तमस्पृश्यत्वं च भवत्येव ।

स्वल्पाशौच के मध्य में यदि दीर्घाशौच हो जाय तो पूर्व (पहले के) आशौच से शुद्धि नहीं होती है, अपने समय से ही शुद्धि होती है- ऐसा उशना ने कहा है। इससे त्र्यहादि मृत के मध्य में दशाह आदि सूतक में भी पूर्व से शुद्धि नहीं होती है--एसा अपरार्क ने कहा है। मरण का निमित्त अस्पृश्यत्व होता ही है।

शुद्धिविवेके तु—'शावेन शुद्ध्यते सूतिः' इति प्रागुक्तेस्तत्राप्युत्तराशौचनिवृत्तिरुक्ता । तन्न, उत्तरस्य कालाधिक्येन बलवत्वात् ।

शुद्धिविवेक ने तो कहा है—सूतका की शुद्धि मृताशौच से होती है, यह पूर्व कहा है। उसमें भी उत्तर आशौच की निवृत्ति कही है। यह उचित नहीं है, उत्तर का (शावेन शुध्यते सूतिः) इत्यादि से विजातीय समकाल आशौच के सन्निपात में मरण से शुद्धि होती है—इस अर्थ से विरोध नहीं होता है।) कालाधिक्य से बलवत्ता है।

माधवीये यमोऽपि—अघवृद्धिमदाशौचं पश्चिमेन समापयेत् । यथा त्रिरात्रे प्रक्रान्ते दशाहं प्रविशेद्यदि ॥ आशौचं पुनरागच्छेत्समाप्य विशुद्ध्यति ॥ इति ।

माधवीय में यम ने भी कहा है—पाप की वृद्धिवाले आशौच को पीछेवाले से समाप्त करे। जैसे तीनरात्रि के आशौच में दशाह आशौच के प्रवेश हो जाने पर फिर से आशौच आजाय तो उसको समाप्त कर शुद्ध हो जाता है।

हारीतोऽपि--'गुरुणा लघु शुध्येत्तु लघुना नैव तद् गुरु । इति । गुरुत्वं च लघुत्वं च कालकृतमेव, पूर्वानुरोधात् । एतच्च हरदत्तेन स्पष्टमुक्तम् । मिताक्षरायामप्येवम् ।

हारीत में भी कहा है—गुरु से लघु आशौच शुद्ध होता है। लघु आशौच से गुरु आशौच शुद्ध नहीं होता है। गुरुत्व और लघुत्व कालकृत ही है। क्योंकि पूर्व में एसा ही कहा है और इसको हरदत्त ने स्पष्ट कहा है। मिताक्षरा में भी यही है।

(यत्तु-अघानां यौगपद्ये तु-अस्याभिप्रायकथनम्)

यत्तु--अघानां यौगपद्ये तु ज्ञेया शुद्धिर्गरीयसी । मरणोत्पत्तियोगे तु गरीयो मरणं भवेत् ॥ इति हारीतकौर्मादि । तत्रास्पृश्यत्वाभिप्रायं शावस्य गुरुत्वं ज्ञेयम् ।

जो कहा है—पापों का एकसाथ योग हो जाय तो शुद्धि श्रेष्ठ से होती है। मरण और उत्पत्ति के योग में तो मरण श्रेष्ठ होता है--यह हारीत, कूर्मपुराण आदि में है। वहाँ पर अस्पृश्यत्व के अभिप्राय को मरणाशौच को गुरुत्व जानना चाहिये।

(क्वचिदल्पकालेनापि दीर्घकालाशौचनिवृत्तिमाह)

क्वचिदल्पकालेनापि दीर्घकालाशौचनिवृत्तिमाह । देवलः--परतः परतोऽशुद्धिरघवृद्धौ विधीयते । स्याच्चेत्पञ्चतमादह्नः पूर्वेणैवात्र शिष्यते ॥ अस्यार्थः-अघवृद्धौ दीर्घाशौचे परतोऽ शुद्धिः परमाशौचम् । यदि पूर्वाशौचमुत्तरस्य पञ्चदिनात्परतोऽनुवर्तते तदा पूर्वेणैव शुद्धिः । पूर्वस्योत्तराशौचा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

र्धाधिककालव्यापित्वे पूर्वशेषाच्छुद्धिरित्यर्थः। यथा षष्ठे मासे गर्भपातनिमित्तषडहाशौचमध्ये दशाहपाते पूर्वेणोत्तरनिवृत्तिः। यथा वा त्र्यहमध्ये स्रावपातनिमित्तचतुरहपञ्चाहयोरिति कश्चित्। तन्न, दशाहावधि पूर्वशेषशुद्ध्यादेकवाक्यविरोधात्। षष्ठादिदिने पूर्णाशौचमन्त्यरात्रौ तु द्व्यह इत्यनौचित्याच्च। अस्मद्गुरवस्तु पञ्चतमादह्न आशौचं ततो न्यूनं त्र्यहादि चेत्स्यादत्रास्मिन् विषये पूर्वेणैवाशुद्धिः शिष्यते। दशाहादिरात्रिशेषे त्र्यहादल्पाशौचानां परस्परं रात्रिशेषे संपाते च न द्व्यहादिवृद्धिरित्यर्थमाहुः। क्वचित्पूर्वशेषेण शुद्धेरपवादमाह गौतमः—रात्रिशेषे सति द्वाभ्यां, प्रभाते तिसृभिः, इति। प्रभातेऽन्त्ययामे।

कहीं अल्पकाल से भी दीर्घकालीन आशौच की निवृत्ति देवल ने कही है—इसका अर्थ यों है—पाप की वृद्धि में दीर्घकालीन आशौच में पर से अशुद्धि-आशौच होता है। यदि पूर्वाशौच उत्तर के पाँचवे दिन से बाद से प्रवृत्त हो तो पूर्व से ही शुद्धि होती है। पूर्व का उत्तराशौच के अर्धाधिक कालव्यापित्व में पूर्वशेष से शुद्धि होती है यह अर्थ है। जैसे—छठे मास में गर्भपात निमित्त छठे दिन के आशौच के मध्य में दशदिन के प्राप्त होने पर पूर्व से उत्तर की निवृत्ति होती है। अथवा जैसे तीनदिन के मध्य में स्रावपात निमित्त चारदिन और पांचवेंदिन को कहा है यह किसी का मत है। यह उचित नहीं है। जैसे—दशाह अवधि पूर्वशेष शुद्धि आदिमें एक वाक्य का विरोध है। छठे आदि दिन में पूर्णाशौच के अन्त्यरात्रि में तो दो दिन की वृद्धि उचित नहीं है। हमारे गुरुदेव ने तो पांचवें दिन के भीतर आशौच होने से उससे न्यून तीन दिन आदि हो तो उस विषय में पूर्व से ही अशुद्धि शेष (बचती) होती है। दशाहादिरात्रिशेष में तीनदिन आदि शेष में तीनदिन से कम अल्पशौचों का परस्पर रात्रिशेष में और संपात में दोदिन आदि की वृद्धि नहीं होती है—यह अर्थ कहा है। कहीं पर पूर्वशेष से शुद्धि का अपवाद कहा है। गौतम ने कहा है—रात्रिशेष में दोदिन प्रभात में तीनदिन की वृद्धि होती है। प्रभात माने—अन्त्ययाम में।

रात्रिशेषे द्व्यहाच्छुद्धिर्यामशेषे शुचिस्त्र्यहात्। इति शातातपोक्तेः। इदं शावान्ते सूतकपाते सजातीये वा तुल्यम्।

शातातप ने कहा है—रात्रिशेष में दोदिन से शुद्धि होती है। और यामशेष में तीनदिन में शुद्धि होती है। यह मरणाशौच के अन्त में सूतक के प्राप्त होने पर या सजातीय में तुल्य है।

अत्र केचित्। रात्रिशब्दोऽहोरात्रपरः। 'अहःशेषे द्वाभ्यां प्रभाते तिसृभिः' इति शङ्खलिखितोक्तेः।

यहाँ पर कोई कहते हैं—रात्रिशब्द अहोरात्रपरक है। दिन के शेष में दोदिन और प्रभात (सुबह) में तीनदिन में शुद्धि होती है—यह शंखलिखित में कहा है।

'अथ यदि दशरात्राः सन्निपतेयुराद्यं दशरात्रमाशौचमानवमादिवसादत ऊर्ध्वं द्विरात्रेण व्युष्टायां त्रिरात्रेण' इति बौधायनोक्तेः।

इसके बाद यदि (किसी को) दशरात्रि के आशौच के मध्य में दूसरा आशौच प्राप्त हो जाय तो प्रथम आशौच के नवमदिन की समाप्ति तक प्रथमाशौच से शुद्धि होती है। इसके बाद अर्थात्—दशवें दिन दूसरा आशौच प्राप्त हो तो दोरात्रि का आशौच होता है। रात्रि के समाप्त होने पर अर्थात् प्रातःकाल आशौच प्राप्त हो तो तीनदिन की वृद्धि होती है।

पुनः पाते दशाहात् प्राक् पूर्वेण सह गच्छति। दशमेऽह्नि पतेद्यस्याहर्द्वयात्स विशुद्ध्यति॥ प्रभाते तु त्रिरात्रेण दशरात्रेष्वयं विधिः। इति देवलोक्तेश्च।

और देवल ने भी कहा है—दशदिन के पहले फिर (दूसरे) आशौच की प्राप्ति हो तो पहले आशौच से दूसरा आशौच समाप्त हो जाता है। दशवेंदिन दूसरा आशौच प्राप्त हो जाय तो दोदिन के आशौच की वृद्धि होती है। प्रातःकाल में प्राप्त आशौच हो तो तीनदिन की वृद्धि होती है। यह दशरात्रियों में यह विधि है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नवमदशमशब्दौ चोपान्त्यान्त्यदिनपरौ। तेन क्षत्रियादावपि तथेत्याहुः। माधवीयेऽप्येवम्।

नवम और दशमशब्द से अन्त्य का समीपदिन तथा अन्त्यदिन परक हैं। इससे वैसे क्षत्रियादि में भी कहा है। माधवीय में भी यही है।

अन्ये त्वाहुः। अन्तर्दशाहे स्यातां चेत् पुनर्मरणजन्मनी। तावत्स्यादशुचिर्विप्रो यावत्तत्स्यादनिर्दशम्॥ इति मनु (अ० ५।७९) पराशराद्यैर्दशमदिनेनोत्तरस्य शुद्धेरुक्तत्वाद्विरोधः स्पष्ट एव। विरोधे च 'यद्वै किञ्चन मनुरवदत्तद्भेषजम्' 'कलौ पाराशरस्मृतिः' इत्यनेन च पूर्ववचसां बाधः। अतएव वाचस्पतिना तेषामनाकरत्वमुक्तम्। साकरत्वेऽपि जातिमात्रविप्रादिविषयं देशान्तरविषयं युगान्तरविषयं वास्तु। तेन गौतमीये रात्रिशब्देनाहोरात्रपरः। 'रात्रिमात्रावशिष्टे' इति मिताक्षरोक्तेश्च न कुकविकृतेरिवान्यथा व्याख्या युक्ता।

अन्य तो कहते हैं—दशरोज (आदि) के मध्य में यदि मरण या जन्म हो जाय तो ब्राह्मणादि तबतक अपवित्र होता है जबतक उसके पहले के दशदिन नहीं बीत जाते हैं। इस मनु, पराशर आदि ने दशवें दिनसे उत्तर की शुद्धि कही है, इससे विरोध स्पष्ट है और विरोध में जो कुछ मनु ने कहा है वह औषध (दवा) रूप है। कलि में पाराशरस्मृति का महत्व है इससे भी पहले कहे हुए बचनों का बाध (दबाना) है। इसलिए वाचस्पति ने उन बचनों का अनाकरत्व (आकर ग्रन्थों में नहीं हैं) कहा है साकार मानने पर भी जातिमात्र ब्राह्मणादि विषयक है। देशान्तरविषयक या युगान्तर विषयक हो। इससे गौतमीय बाक्य में रात्रिशब्द से [1]अहोरात्र-परक नहीं है। रात्रिमात्र के अवशिष्ट में एसा मिताक्षरा ने कहा है। वह कुकविकृत (अविचारशील कवि की निर्मित रचना की तरह) अन्यथा व्याख्या युक्त नहीं है।

माधवस्तु 'अनिर्गतदशाहम्' इति पूर्वस्वग्रन्थविरोधादुपेक्ष्य इति। अस्मत्पितृचरणास्तु बौधायनीये 'आनवमाद्दिवसात्' इति द्वितीयाशौचस्य नवमं दिनं प्रथमस्य दशममेवाहुः। द्व्यहादिवृद्धेः पूर्वशेषापवादत्वात् तस्य च न्यायतो द्वितीयदिनादेव प्रवृत्तेः अत ऊर्ध्वमिति दशमरात्रिपरम्। शङ्खलिखितोक्तौ देवलोक्तौ चाहःशेषे दशमेऽह्नि चातीते रात्रौ पतेदित्यर्थः, दशम्यां पिता नाम कुर्यादितिवत्। तेन न मन्वाद्यैर्विरोधो नापि मिताक्षराद्यैरित्याहुः। अपरार्के निर्णयामृते स्वरसोऽप्येवम्।

माधव ने तो कहा है—दशदिन व्यतीत न होने से इस पहले कहे हुए अपने ग्रन्थके विरोधसे त्यागने योग्य है। हमारे पितृचरणों (पिताजी) ने तो बौधायन में नवमदिन के भीतर दूसरे आशौच का नवमदिन पहले का दशवाँ दिन ही कहा है। क्योंकि दोदिन आदि की वृद्धि का पूर्वशेष का अपवाद है और उसका (दूसरे आशौच का) न्याय से दूसरेदिन से ही प्रवृत्ति होती है इसलिए बाद में दशरात्रिपरक कहा है। शंख और लिखितस्मृति में और देबल ने कहा है—दशवेंदिन के अवशिष्ट रात्रि में सूतक आजाय—यह अर्थ है। जैसे दशवेंदिन पिता नामकरण पुत्र का करे—इसकी तरह (अर्थात् दशरात्रि बीतने पर ग्यारहवें-दिन पिता पुत्र का नामकरण करे।) इससे मनु आदि द्वारा विरोध नहीं होगा न मिताक्षरा आदि भी विरोध कहते हैं। अपरार्क और निर्णयामृत में यही तात्पर्य है।

(आशौचे समयविभागस्य व्यवस्थाकथनम्)

यत्तु तत्रैव ब्राह्मे—आद्यं भागद्वयं यावत्सूतकस्य तु सूतके।
द्वितीये पतति त्वाद्यात्सूतकाच्छुद्धिरिष्यते॥

जो वहीं पर ब्रह्मपुराण में कहा है—आदि के दो भाग तक सूतक में दूसरा आशौच आजाय तो

१—रात्रिशेषे सति द्वाभ्यां प्रभाते तिसृभिः। इति। अयमर्थः—रात्रिमात्रावशिष्टे पूर्वाशौचे यदा शौचान्तरं सन्निपतेत्तर्हि पूर्वाशौचं समाप्यानन्तरसन्निपाते सति तिसृभी रात्रिभिः शुद्धिः न पुनस्तच्छेषमात्रेण। यह याज्ञवल्क्य प्रायश्चित्ताध्यायके २२ श्लोक का पूर्वार्ध मिताक्षरा है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पहले आशौच से शुद्धि कही गयी है। इसके बाद दूसरा आशौच प्राप्त हो जाय तो दूसरे आशौच से शुद्धि कही गयी है।

अत ऊर्ध्वं द्वितीयात्तु सूतकान्ताच्छुचिः स्मृतः। एवमेव विचार्यं स्यान्मृतके सूतकान्तरम्॥ मृतकस्यान्तरे यत्र सूतकं यत्र विद्यते। सूतकस्यान्तरे वाथ मृतकं यत्र विद्यते॥ मृतकान्ते भवेत्तत्र शुद्धिर्वर्णेषु सर्वशः॥ इति।

दो भाग के बाद मरण में दूसरा मरण प्राप्त हो जाय तो या मृतक के अन्त में सूतक प्राप्त हो या सूतक के मध्य में जहाँ मरण हो जाय वहाँ पर मृतक अन्त में शुद्धि सब वर्णों में होती है।

अस्यार्थस्तत्रैवोक्तः। पूर्वाशौचपरमहोरात्रस्य दिनरूपे आद्यभागद्वयेऽन्याशौचपाते पूर्वेण शुद्धिः। भागद्वयोर्ध्वं रात्रौ सूतकान्तरे द्वितीयात्पूर्वभिन्नात्सूतकान्ताद् द्व्यहादिरूपाच्छुद्धिरिति।

इसका अर्थ वहाँ पर ही कहा है। पहले आशौच के समाप्ति (आखिरी) में अहोरात्र (दिनरात) के दिनरूप में आद्यभागद्वय में दूसरा आशौच के आने पर पूर्वाशौच से शुद्धि होती है। दो भाग के बाद रात्रि में सूतकान्तर में दूसरे से शुद्धि होती है। पूर्वभिन्न सूतक के अन्त के दोदिन आदिरूप से शुद्धि होती है।

अपरार्के त्वाशौचकालं त्रेधा विभज्य निर्गुणविषयत्वेनेदमुक्तम्। अस्य वचनस्य निर्मूलत्वोक्तिरज्ञोक्तिरेव। अतः पूर्वाशौचान्त्यरात्रावन्याशौचेऽहोरात्रद्वयमधिकं रात्रेरन्त्ययामे तु दिनत्रयमिति भट्टचरणोपदिष्टः पन्थाः। एतत्सम्पूर्णाशौचसम्पाते एव। रात्रिशेषे त्रिरात्रादिसम्पाते तु पूर्वशेषेणैव शुद्धिः। द्विरात्रादिवृद्धेः पूर्ववाक्यैर्दशाहविषयत्वादपवादाभावे शेषशुद्धेरेव सामान्यतः प्रवृत्तेः।

अपरार्क में तो आशौच के समय का तीन भाग विभागकर निर्गुण के विषय में यह वचन कहा है। इस वचन की निर्मूलता और अज्ञानता ही कहा है। इसलिये पूर्वाशौच के अन्त्य (अहोरात्र) आशौच में दोदिन अहोरात्र अधिक आशौच कहा है। रात्रिके अन्त्ययाममें तो तीनदिन आशौच होता है-ऐसा भट्टचरणों द्वारा कहा हुआ मार्ग है। यह संपूर्ण आशौच को संपात (आपस में मिलना) में ही है। रात्रि के शेष में में (अहोरात्र के शेष में) तीन त्रिरात्रि आदि के संपात में पूर्वशेष से ही शुद्धि को कहा है। दो रात्रि आदि की वृद्धि का पूर्ववाक्यों से दशाहविषय होने से अपवाद के अभाव में अवशिष्ट शुद्धि से ही सामान्य से प्रवृत्त है।

षडशीतौ तु दशाहान्ते त्र्यहपातेऽपि द्वित्रिदिनवृद्धिरुक्ता। रात्रिशेषे यदाशौचं पूर्वानधिकमापतेत्। ऊर्ध्वं दिनद्वयं पूर्वाद्यामशेषे दिनत्रयम्॥ इति। अनधिकं समं न्यूनं वा। तत्तुच्छम्। निर्मूलत्वादन्ते पक्षिण्यादिपातेऽपि द्विरात्रादिवृद्ध्यापत्तेश्च। पूर्वाशौचान्तर्वर्द्धितद्वित्रिदिनमध्येऽधिकाशौचान्तरपाते तु वर्द्धितस्याल्पत्वादधिकेनैव शुद्धिः। न च वर्द्धितस्य पूर्वशेषत्वं शङ्कनीयम्। रात्रिशेषे पूर्वशेषशुद्ध्यपवादे नैमित्तिकवृत्तिन्यायोज्जीवनात्। अपवादाभावे उत्सर्गस्य प्राप्तेः।

षडशीति में तो दशाह के अन्त में तीनदिन के आशौच में दो तीनदिन की वृद्धि कही है। रात्रि के शेष में जब पहले के सदृश न्यून (कम) या बराबर आशौच आ जाय तो पूर्वसे दो दिन की वृद्धि होती है रात्रि के शेषमें तीनदिनकी वृद्धि होता है। अनधिकृत माने-सम या न्यून कहा है। यह उचित नहीं है। क्योंकि वह वचन निर्मूल होने से और अन्त में पक्षिणी आदि के पात में भी दोरात्रि आदि की वृद्धि में आपत्ति हो जायगी। पूर्वाशौच के मध्य में बढ़े हुए दो तीनदिन के मध्य में अधिक आशौचान्तर के पात में तो बढ़े हुए का अल्प होने से अधिक आशौच से ही शुद्धि होती है। ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये—बढ़े हुआ पूर्व का शेष है। रात्रिशेष (अहोरात्रशेष) पूर्वशेष की शुद्धि का अपवाद में नैमित्तिक वृत्ति न्याय का आश्रयण करने से अपवाद के अभाव में उत्सर्ग की प्राप्ति होती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(पित्राशौचे मात्राशौचविचारः)

अपवादान्तरमाह शङ्खः--मातर्यग्रे प्रमीतायामाशुद्धौ म्रियतेऽपि वा। पितुः शेषेण शुद्धिः स्यान्मातुः कुर्यात्तु पक्षिणी ॥ पादत्रयं स्पष्टम्। तुर्यस्य त्वयमर्थः--पित्राशौचमध्ये मातृमृतौ पित्राशौचान्ते मातुः पक्षिणीमधिकां कुर्यादिति। तत्राशुद्धावित्युक्तेरात्महादेः पितुराशौचाभावान्मातृमरणे न पक्षिणी किन्तु पूर्णमेवाशौचम्। इयं च पक्षिणी तृतीयादिपरा, नाद्यदिनद्वये प्रतिनिमित्तनैमित्तिकावृत्तिन्यायापवादपूर्वशेषापवादत्वादिति पितृचरणाः। सपिण्डाद्यशौचेन मातापित्रोराशौचोपरमो नास्त्येव। एवं भर्तुरपीति। इयं च पक्षिणी दशमदिनात्पूर्वमातृमरणे ज्ञेया। दशम्यां रात्रौ तत्प्रभाते वा मातृमरणे द्व्यहत्र्यहसमुच्चिता पक्षिणीति कश्चित्। तन्न, संख्यान्तरोपजननापत्त्या त्र्यहादिश्रुतिबाधापत्तेः। अत एवैका देया षट् देया इत्यादौ श्रुतसंख्याबाधापत्तेः समुच्चयो निरस्तो द्वादशे। गुरुणि लघोरन्तर्गतेः 'गुरुणा लघु शुद्ध्येत' इत्युक्तेश्च।

अपवादान्तर शंख ने कहा है—पहले माता के मरने पर उसके आशौच में पिता का निधन (मरण) हो जाय तो पिता (पितृमरणनिमित्तक आशौच) के शेष से शुद्धि होती है। माता के तो पक्षिणी आशौच की वृद्धि करे। इस श्लोक का तीन पाद (मातुर्यग्रे प्रमीतायामशुद्धौ म्रियते पिता। पितुःशेषेण शुद्धिः स्यात्।) का तो अर्थ स्पष्ट है। चौथे पाद का तो यह अर्थ है-पिता के आशौच के मध्य में माता का मरण हो जाय तो पिताके आशौचान्त में माता के आशौचमें पक्षिणी वृद्धि अधिक करे। वहाँ पर 'अशुद्धौ' एसा कहने पर आत्महत्या करनेवाला पिता के आशौच का अभाव होने से माता के मरने पर पक्षिणी वृद्धि न करे। किन्तु संपूर्ण आशौच ही करे और यह पक्षिणी तृतीय आदि दिनपरक है आदि के दो दिन में नहीं है। निमित्त (माता का मरण) नैमित्तिक (पितृमरण) आवृत्तिन्याय का अपवाद (आत्महत्या) रूप पूर्वशेष का अपवाद (मातुः कार्या तु पक्षिणी-अर्थात्-पिता के आशौच न होने पर पक्षिणी वृद्धि नहीं होगी।) है-एसा पितृचरण कहते हैं—यह कमलाकरभट्ट का कहना है। सपिण्डादि आशौच से माता और पिता का आशौच दूर नहीं ही हो सकता है। इसीप्रकार पति का भी। यह पक्षिणी दशवेंदिन से पहले माता के मरने में जानना चाहिये। दशमीरात में या उसके सुबह में माता के मरने पर दो या तीनदिन की पक्षिणी करे, यह कोई कहते हैं। यह उचित नहीं है। संख्यान्तर के उत्पन्न हो जाने से (किसी भी संख्या का अनुष्ठान नहीं होगा।) तीनदिन आदिकी श्रुतिका बाध होगा। इसलिये एक ही दे, छ दे इत्यादि में सुनी संख्या का बाधा होगा। समुच्चय का निराश जैमिनी [1]न्यायमाला के द्वादश अध्याय में किया है। गुरु में लघु का अन्तर्गत होने से 'गुरु से लघु शुद्ध होता है-एसा कहा है।

(अन्वारोहणे विशेषः)

मातुरन्वारोहणे तु न पक्षिणी। यदा नारी विशेदग्निं प्रियस्य प्रियवाञ्छया। तदाशौचं विधातव्यं भर्तृशौचक्रमेण हि ॥ इति पृथ्वीचन्द्रोदये लघुहारीतोक्तेः।

माता के अन्वारोहण में पक्षिणी की नहीं होती है। पृथ्वीचन्द्रोदय में लघुहारीत ने कहा है—पति के प्रिय की इच्छा (कामना) से जब स्त्री अग्नि में प्रवेश करे तो पति के आशौच के क्रम से ही आशौच का विधान करे।

(मृतं पतिं ज्ञात्वा अन्वारोहणे विचारः)

तत्रैव षडशीतिमतेऽपि—मृतं पतिमनुव्रज्य पत्नी चेदनलं गता।
न तत्र पक्षिणी कार्या पैतृकादेव शुद्ध्यति ॥

वहीं पर षडशीतिमत से भी कहा है—मृत पति के बाद पत्नी अग्नि में प्रवेश करे तो वहाँ पक्षिणी की वृद्धि न करे पिता के आशौच से ही शुद्धि होती है।

१—एका देया समुच्चेयं विकल्प्यं वाऽऽद्य आनतेः। सौलभ्यादान्तिमो नैरपेक्ष्यात्संख्यान्तरादपि ॥ (जैमिनी न्या० अ० १२ पा० ४ अधि० ६) इस श्लोक से पूर्वपक्ष में समुच्चय माना है। उत्तरपक्ष में विकल्प माना है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुत्रोऽन्योवाग्निदस्तस्यास्तावदेवाशुचिस्तयोः। नवश्राद्धं च पिण्डं च युगपत्तु समापयेत् ॥

पुत्र या अन्य कोई उसको अग्नि को देनेवाला तबतक अशुचि रहता है। जबतक नवश्राद्ध और सपिण्डन को एकसाथ समाप्त करे।

गृहीताशौचानां पुत्राणां पितुः संस्कारे मातुः सपिण्डस्य वा मरणे नायं निर्णयः। अतिक्रान्तकालाद्विद्यमाननिमित्तस्य च बलवत्वात्। द्वादशवर्षोत्तरं संस्काराशौचमध्ये सपिण्डमरणेऽप्येवम्।

ग्रहण किये हुए आशौचवाले पुत्रों का—पिता के संस्कार में, माता के या सपिण्डन के मरण में यह निर्णय नहीं है। काल के बीत जाने से, विद्यमान निमित्त के बलवान् होने से बारह वर्ष के बाद संस्काराशौच के मध्य में सपिण्डन के मरण में भी यही है।

यत्तु अपरार्के ब्राह्मे—ऋग्वेदवादात् साध्वी स्त्री न भवेदात्मघातिनी। त्र्यहाशौचे तु निवृत्ते श्राद्धं प्राप्नोति शास्त्रवत् ॥ इति, तद्भर्तुराशौचोत्तरमन्वारोहणे त्रिरात्राशौचपरमिति पृथ्वीचन्द्रः। ब्राह्मणादेः क्षत्रियाद्यनुगमनेऽल्पाशौचपरमित्यपरार्कः। शुद्धितत्त्वादयो गौडास्तु—भर्त्रशौचोत्तरमन्वारोहणे त्रिरात्रम्। सहगमने तु सम्पूर्णम्। युद्धहतस्य सद्यःशौचेऽन्वारोहणे ब्राह्मोक्तेस्त्रिरात्रत्वाद्। भर्तुरपि त्र्यहेण पिण्डदानम्। एकचितौ तु सद्यःशौचम् इत्याहुः। अन्यत्प्रागुक्तम्।

जो अपरार्क में ब्रह्मपुराण का मत है-[1]ऋग्वेद के विवाद में साध्वी स्त्री आत्मघातिनी (आत्महत्या करनेवाली) न हो। तीनदिन के आशौच के समाप्त होने पर शास्त्र की तरह श्राद्ध प्राप्त करती है। पृथ्वीचन्द्र ने कहा है—वह वचन पति के आशौचोत्तर अन्वारोहण में त्रिरात्र आशौचपरक है। अपरार्क ने कहा है—ब्राह्मण आदि का क्षत्रियादि के अनुगमन में पति के आशौचोत्तरपरक है। (क्षत्रियादि की पृथक् चिति ही है। अन्त्येष्टिकर्ता भी अन्य होता है)। शुद्धितत्त्व आदि गौड तो कहते हैं-पतिके आशौचके अन्तर अन्वारोहण में तीनदिन का आशौच है। सहगमन में तो संपूर्ण आशौच होता है। युद्ध में मृतक का सद्यःशौच अन्वारोहण में ब्रह्मपुराण मत से तीनदिन का आशौच होता है। पति को भी तीनदिन में ही पिण्डदान (युगपत्तु समापयेत्—इति वचनात्) करे। एकचिति (पिता) में तो सद्यःशौच कहा है। अन्य बातें तो पहले कह चुका हूँ।

(पूर्वशेषेण शुद्धेरपवान्तरकथनम्)

पूर्वशेषेण शुद्धेरपवादान्तरमुक्तं षडशीत्याम्—पूर्वाशौचेन या शुद्धिः सूतके मृतकेऽपि च।
सूतिकामग्निदं हित्वा प्रेतस्य च सुतानपि ॥

षडशीति में पहले के शेष से शुद्धि का अपवादान्तर कहा है। सूतक और मृतक में जो पूर्वाशौच से शुद्धि कही है। वह सूतिका को, अग्निदाता को और प्रेत के पुत्रों को त्याग कर है।

निर्णयामृते स्मृतिसङ्ग्रहेऽपि—इत्थं विशुद्धिरुदिता सूतिकामग्निदं विना। इदं मूल्येन दाहकरणे मातुलादिसम्बन्धे दाहमात्रकरणे तु त्रिरात्रमेवेत्युक्तं प्राक्।

निर्णयामृत और स्मृतिसंग्रह में भी कहा है—यह शुद्धि सूतिका और अग्नि के देनेवाले को त्यागकर कही है। इसको मूल्य के द्वारा दाहकरण में मातुल (मामा) आदि के सम्बन्ध से दाहमात्र के करने में तीनरात का ही आशौच होता है, यह पहले कह चुके हैं।

१—इमा नारीरविधवाः सुपत्नीराञ्जनेन सर्पिषा सं विशन्तु। अनश्र वाऽनमीवाः सुरत्ना आरोहन्तु जनयो योनिमग्रे ॥ उदीर्ष्व नार्यभि जीवलोकं गता सुमेतमुप शेप एहि। हस्तग्रामस्य दिधिषोस्तवेदं पत्युर्जनित्वमभि सं बभूथ ॥ धनुर्हस्तादाददानो मृतस्याऽस्मे क्षत्राय वर्चसे बलाय। अत्रैव त्वमिह वयं सुवीरा विश्वः स्पृधो अभिमातीर्जयेम ॥ उपसर्प मातरं भूमिमेतामुरुव्यचसं पृथिवीं सुशेवाम्। ऊर्णम्रदा युवतिर्दक्षिणावत एषा त्वा पातु निर्ऋतेरुपस्थात् ॥ (ऋ० १०। १८।७-१०)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वृद्धात्रिः—सूतकाद् द्विगुणं शावं शावाद् द्विगुणमार्तवम् । आर्तवाद् द्विगुणा सूतिस्ततोऽपि शवदाहकः ॥ तथाशौचसम्पातेऽपि न शावजननिमित्तकार्यप्रतिबन्धः ।

वृद्ध अत्रि का वचन है—सूतिका से दूना शाव (मरण), शाव से दूना आर्तव (रजोधर्म), आर्तव से दूना सूति और उससे भी दूना शव (मुर्दे) का दाह करनेवाले को है और आशौच के संपात (आपस में मिलना) में शावजनन निमित्त कार्य का प्रतिबन्ध (रुकावट) नहीं होता है ।

आशौचे तु समुत्पन्ने पुत्रजन्म यदा भवेत् । कर्तुस्तात्कालिकी शुद्धिः पूर्वाशौचेन शुद्ध्यति ॥ इति प्रजापतिस्मृतेः ।

प्रजापति ने कहा है—आशौच के उत्पन्न होने पर जब पुत्र का जन्म हो जाय तो कर्ता के लिए तात्कालिकी शुद्धि होती है वह पूर्वाशौच से शुद्ध होता है ।

(आशौचे तु द्विविधेऽपि)

आशौचे द्विविधेऽपि शातातपः—अन्तर्दशाहे जननात्पश्चात्स्यान्मरणं यदि ।
प्रेतमुद्दिश्य कर्तव्यं पिण्डदानं यथाविधि ॥

दो प्रकार के आशौच में भी शातातप ने कहा है—दशदिन के मध्य में जन्म होने से यदि बाद में मृत्यु हो जाय तो प्रेत को उद्देश्यकर यथाविधि पिण्डदान करना चाहिये ।

प्रारब्धे प्रेतपिण्डे तु मध्ये चेज्जननं भवेत् । तथैवाशौचपिण्डांस्तु शेषान्दद्याद्यथाविधि ॥

प्रेतपिण्ड के प्रारंभ होने पर मध्य में यदि जन्म हो जाय तो वैसे ही यथाविधि आशौचजन्यशेष (अवशिष्ट) पिण्डों को दे ।

मातुःपक्षिणीमध्ये पितुरेकादशाहं च कुर्यात्—आद्यं श्राद्धमशुद्धोऽपि कुर्यादेकादशेऽहनि । इति स्मृतेः । केचित्त्विदं क्षत्रियादिपरम्, विप्रादेस्त्वाशौचान्तर एकादशाहश्राद्धं नेत्याहुः । अत एव विज्ञानेश्वरेण—दशमं पिण्डमुत्सृज्य रात्रिशेषे शुचिर्भवेत् । इति शुचित्वं महैकोद्दिष्टाङ्गविप्रनिमन्त्रणपरमिति वदता तत्र शुद्धेरङ्गत्वं दर्शितम् । एवं वृषोत्सर्गशय्यादावपि । देवयाज्ञिकेन त्वाशौचान्तरेऽपि भवत्येवेत्युक्तम् ।

माता के पक्षिणी के मध्य में पिता का एकादशाह भी करे । स्मृति में कहा है—आद्यश्राद्ध को अशुद्धता रहने पर भी ग्यारहवें दिन करे । कोई इसको क्षत्रिय आदि के विषय में कहते हैं । ब्राह्मण आदि का तो आशौच के बाद एकादशाह श्राद्ध नहीं है ऐसा कहते हैं । इसलिए विज्ञानेश्वर ने कहा है—दशवें पिण्ड को देकर रात्रि के शेष में पवित्र (शुद्ध) होता है । यह पवित्रता महैकोद्दिष्ट विप्रनिमन्त्रणपरक है—एसा कहते हुए वहाँ शुद्धि का अंगत्व दिखाया है । इसप्रकार वृषोत्सर्ग और शय्यादान में भी है । देवयाज्ञिक ने तो कहा है—आशौचान्तर में भी होता ही है—यह कहा है ।

(आशौचापवादः पञ्चधा)

अथाशौचापवादः । स पञ्चधा । कर्तृतः कर्मतः द्रव्यतः मृतदोषतः विधानाच्च । आद्यो ब्रह्मचारियत्यादिषु ।

अब आशौच का अपवाद कहते हैं । वह अपवाद पाँचप्रकार का है । कर्ता से, कर्म से, द्रव्य से, मृतदोष से और विधान से । पहला ब्रह्मचारी और यति आदि में है ।

(नैष्ठिकादीनामाशौचविचारः)

नैष्ठिकानां वनस्थानां यतीनां ब्रह्मचारिणाम् । नाशौचं कीर्तितं सद्भिः पतिते च मृते तथा ॥ इति कौर्मोक्तेः । तुर्यपादे 'शावे वापि तथैव च' इति देवलपाठः । आशौचमन्त्यकर्मोपलक्षणम्,

कूर्मपुराण में कहा है—नैष्ठिक (जो आध्यात्मिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए निर्धारित समय के बाद भी सदा ही गुरुजी की सेवा में रहे और जिसने आजन्म ब्रह्मचारी तथा जितेन्द्रिय रहने की प्रतिज्ञा की है ।)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वानप्रस्थ (अपने धार्मिक जीवन से तीसरे आश्रम में प्रविष्ट ब्राह्मण) यति (संन्यासी) ब्रह्मचारी और पतित के मरने पर अच्छे पुरुषों ने आशौच को नहीं कहा है। चौथे पाद में—शावे वापितथैव च।

देवल ने एसा पाठ कहा है—नैष्ठिकानां वनस्थानां यतीनां ब्रह्मचारिणाम्। नाशौचं कीर्तितं सद्भिः शावे वापि तथैव च॥ आशौचपद अन्त्यकर्म का उपलक्षण है।

ब्रह्मचारी न कुर्वीत शवदाहादिकाः क्रियाः। यदि कुर्याच्चरेत् कृच्छ्रं पुनः संस्कारमेव च॥ इति देवलोक्तेः। एतत्पित्राद्यतिरिक्तविषयम्।

ब्रह्मचारी शव की दाह आदि क्रिया को न करे। यदि करे तो कृच्छ्रव्रत तथा फिर से संस्कार करे—एसा देवल ने कहा है। यह पिता आदि से अतिरिक्त विषय में है।

(आचार्यादीनां मरणे व्रतस्थपुरुषस्य पिण्डदानादिकरणे विचारः)

आचार्यं स्वमुपाध्यायं मातरं पितरं गुरुम्। निर्हृत्य तु व्रती प्रेतं न व्रतेन वियुज्यते॥ इति मनूक्तेः (५.९१)।

मनु ने कहा है—अपने आचार्य (उपनयनपूर्वकसंपूर्ण वेद को पढ़ानेवाला), अपना उपाध्याय (वेद के एक देश या अंग का अध्यापक), माता, पिता और गुरु इनके ले जानेपर दाह, दशाह, पिण्ड, षोडशश्राद्ध आदि सब करने से ब्रह्मचारी के व्रत का लोप नहीं होता है। (इनसे अतिरिक्तों को ले जाने पर व्रत का लोप होता है। इससे उपाध्योपाध्याय के जाने पर भी व्रत का लोप होता ही है।) ब्रह्मचारी (वेद और वेदों के व्याख्याता) व्रत से हीन नहीं होता है।

(हारीतः—मातापित्रोस्तु यत्प्रोक्तं व्रतचारी तु पुत्रकः। व्रतस्थोऽपि हि कुर्वीत पिण्डदानोदकक्रियाम्॥ भवत्यशौचं नैवास्य नैवाग्निस्तस्य लुप्यते। स्वाध्यायं च प्रकुर्वीत पूर्ववद्विधिदर्शितम्॥

हारीत ने कहा है—माता और पिता के लिए जो कहा है कि ब्रह्मचारी पुत्र को व्रत में रहने पर भी पिण्डदान तथा उदकक्रिया करे। उसको आशौच नहीं ही होता है और उसके अग्नि का लोप नहीं होता है। स्वाध्याय को करे पहले की तरह विधि में कहा है।

संवर्तः—अन्यगोत्रोपसम्बन्धः प्रेतस्याग्निं ददाति यः।
पिण्डं चोदकदानं च सदशाहं समाचरेत्॥)

संवर्त ने कहा है—अन्यगोत्र से उपसम्बन्ध जो प्रेत की अग्नि को देता है वह पिण्ड और उदकदान को दशदिन में समाप्त करे।

निर्हरणमन्त्यकर्मपरम्। एवं मातामहस्य, यथा व्रतस्थोऽपि सुतः पितुः कुर्यात्क्रियां नृप। तथा मातामहस्यापि दौहित्रः कर्तुमर्हति॥ इति अपरार्के भविष्योक्तेः।

निर्हरण का अर्थ—अन्त्यकर्मपरक है। इसप्रकार मातामह का भी करे।

अपरार्क में भविष्यपुराण का वचन है—हे नृप, जैसे व्रत में स्थित भी पुत्र पिता की क्रिया (अन्त्यकर्म) को करे। वैसे मातामह (नाना) की क्रिया की दौहित्र (लड़की का लड़का) करने योग्य होता है।

मातापित्रोरुपाध्यायाचार्ययोरौर्ध्वदेहिकम्। कुर्वन्मातामहस्यापि व्रती न भ्रश्यते व्रतात्॥ इति कालादर्शाच्च। तत्रान्त्यकर्मनिमित्तमस्पृश्यत्वं दशाहमस्त्येव,

और कालादर्श में कहा है—माता और पिता की, उपाध्याय तथा आचार्य को और्ध्वदेहिकक्रिया को और मातामह की क्रिया को करने पर ब्रह्मचारी व्रत से भ्रष्ट नहीं होता है। वहाँ पर अन्त्यकर्मनिमित्त अस्पृश्यत्व दशदिन तक ही है।

सगोत्रो वाऽसगोत्रो वा योऽग्निं दद्यात्सखे नरः। सोऽपि कुर्यान्नवश्राद्धं शुध्ये तु दशमेऽहनि॥ इति दिवोदासोक्तवचनात्। अत एव 'ब्रह्मचारिणः शवकर्मणो व्रतान्निवृत्तिरन्यत्र मातापित्रोः गुरोश्च' इति गौतमीये व्रतनिवृत्तेरेव पर्युदासो नाशौचस्य।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिवोदास का वचन है—हे सखे, हे नरः, सगोत्र या असगोत्र जो अग्नि दे वही ही नवश्राद्ध करे तथा दशवेंदिन शुद्ध होता है। इसलिए शव के कर्म को करनेवाला (जो जिसको अग्नि देता है वह उसके जातीय का आशौच न करे। इसप्रकार ब्रह्मचारी का अनापाद्यनिमित्तक आशौच के निषेध में भी निर्हरण और्ध्वदेहिकक्रिया के प्राप्त होने पर उसके निषेध में अभाव होने से पिता आदि के अन्त्येष्टिकर्म के करने पर और उसके अन्नभक्षण में भी ब्रह्मचारी को तन्निमित्तक पूर्णाशौचमात्र है। सपिण्ड या असपिण्ड का अन्त्येष्टि कर्म करने पर तो पूर्णाशौच, प्रायश्चित्त तथा फिर से उपनयन ये तीनों प्राप्त होते हैं।) ब्रह्मचारी का शव कर्म के माता, पिता और गुरु को छोड़कर अन्यत्र व्रत से निवृत्ति है। गौतमस्मृति में तो कहा है व्रत निवृत्ति ही [1]पर्युदास है, आशौच का नहीं है।

(सन्ध्यादिकर्मलोपाभावकथनम्)

सन्ध्यादिकर्मलोपस्तु नास्ति, न त्यजेत्सूतके कर्म ब्रह्मचारी स्वयं क्वचित्। इति छन्दोगपरिशिष्टात्,

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है—सन्ध्या आदि कर्म का लोप तो नहीं होता है। सूतक में ब्रह्मचारी को अपने कर्म का कभी भी त्याग नहीं करना चाहिये।

पित्रोर्गुरोर्विपत्तौ तु ब्रह्मचार्यपि यः सुतः। सव्रतश्चापि कुर्वीत अग्निपिण्डोदकक्रियाम् ॥

चन्द्रिका में संवर्त ने कहा है—माता, पिता और गुरु के निधन में ब्रह्मचारी पुत्र भी व्रतावस्था में स्थित अग्निसंस्कार और पिण्डोदकक्रिया को करे।

तेनाशौचं न कर्तव्यं सन्ध्या चैव न लुप्यते। अग्निकार्यं च कर्तव्यं सायं प्रातश्च नित्यशः ॥ इति चन्द्रिकायां संवर्तोक्तेश्च।

इससे आशौच को नहीं करना चाहिये और सन्ध्या का भी लोप नहीं होता है। ब्रह्मचारी सायंकाल और प्रातःकाल नित्य अग्निकार्य--समिदाधान अग्नि में करे।

अत्र कर्मानधिकाररूपाशौचनिषेध एव। अपरार्कमाधवादयस्तु एकाहमाशौचमाहुः—

यहाँ पर कर्म के अनधिकाररूप आशौच का निषेध ही है। अपरार्क माधव आदि ने तो एकदिन का आशौच कहा है।

आचार्यं वाप्युपाध्यायं गुरुं वा पितरं च वा। मातरं वा स्वयं दग्ध्वा व्रतस्थस्तत्र भोजनम् ॥ कृत्वा पतति नो तस्मात्प्रेतान्नं तत्र भक्षयेत्। अन्यत्र भोजनं कुर्यान्न च तै सह संवसेत्। एकाहम-

---

१—शास्त्र में निषेधस्थल में दो प्रकार माने जाते हैं–एक पर्युदास दूसरा प्रतिषेध। इसको प्रसज्यप्रतिषेध भी कहते हैं। अर्थात् नञर्थ दो प्रकार का होता है पर्युदास और प्रतिषेध। इसका यह अभिप्राय है कि जहाँ नञ् का आख्यातार्थ क्रिया (आर्थी भावना) के साथ अन्वय होगा उसे प्रतिषेध या प्रसज्यप्रतिषेध कहते हैं। जैसे—'न कलञ्जं भक्षयेत्' 'न ब्राह्मणो हन्यात्' इत्यादि। यहाँ कलञ्ज भक्षणादि राग से प्राप्त है उसको न करे। इसीप्रकार ब्राह्मण हनन न करे। प्रतिषेध मानने में बाधक है उपक्रम तथा विकल्प प्रसक्ति। पहले का उदाहरण है नेक्षेतोद्यन्तमादित्यं नास्तयन्तं कदाचन' इति यहाँ नञ् का ईक्षति के साथ सम्बन्ध मानकर दोनों पदों से ईक्षणपद का अन्वय मानकर (अनेक्षणसंकल्पे न भावयेत्) अनीक्षण संकल्प से प्राप्त करना। यथानञर्थ का आख्यातार्थ के साथ सम्बन्ध नहीं है धात्वर्थ के साथ है इसे पर्युदास कहते हैं। दूसरा है विकल्प प्रसक्ति—उदाहरण है—जैसे—यजतिषु ये यजामहं करोति नानुयाजेषु–इति। इसका यह अर्थ है यजति से विहित यागो में ये यजाम मन्त्र पढ़े अनुयाज में नहीं। ऐसा अर्थ मानने पर ये यजामह विहित और निषिद्ध भी है इसलिये विकल्प प्रसक्त होता है। विकल्प महान् दोष है वह अगतिकगतित्व में (लाचारी से) माना जाता है। अतः इस दोष को हटाने के लिए नञ् और अनुयाज दोनों शब्दों से लक्षणा से अनुयाज भिन्न यह अर्थ माना जाता है। यहाँ नञ् का नामार्थ से सम्बन्ध है इसीलिए इसको पर्युदास कहते हैं। एवं च नञ् का आख्यातार्थ के साथ संबन्ध होने से प्रतिषेध कहा जाता है। नामार्थ या धात्वर्थ के साथ नञ का संबन्ध होने से पर्युदास कहते हैं। इसका विवेचन न्यायप्रकाश में नञर्थविचार में देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुचिर्भूत्वा द्वितीयेऽहनि शुद्ध्यति॥ इति ब्राह्मोक्तेः। तदन्नभोजने तु प्रायश्चित्तं पुनरुपनयनमाशौचं च। दिवोदासादयस्तु ब्राह्मोक्तेः प्रथमेऽह्नि सन्ध्यादिलोपः,

ब्रह्मपुराण में कहा है—आचार्य, उपाध्याय, गुरु, पिता और माता को स्वयं दग्ध (जला) कर व्रत में संलग्न मनुष्य वहाँ भोजन कर पतित हो जाता है। इसलिए वहाँ पर प्रेतान्न का भक्षण न करे। अन्यत्र (दूसरे के यहाँ) भोजन को करे और उनके साथ (सूतकी के साथ) शयन भी न करे। एकदिन अशुचि (अपवित्र) रहकर दूसरे दिन शुद्ध होता है। उसके अन्न के भोजन करने पर तो प्रायश्चित्त (तीन-कृच्छ्र प्रायश्चित्त), फिर से उपनयन तथा आशौच होता है। दिवोदास आदि तो ब्रह्मपुराण के वचन से कहते हैं। प्रथमदिन में सन्ध्या आदि का लोप होता है।

ब्रह्मचारी यदा कुर्यात्पिण्डनिर्वपणं पितुः। तावत्कालमशौचं स्यात्पुनः स्नात्वा विशुद्ध्यति॥ इति प्रजापतिवचनात् द्वितीयाहादौ पिण्डदानकाले एवास्पृश्यत्वमात्रं नान्यदेत्याहुः। दशाहमस्पृश्यत्वेऽपि कर्माङ्गस्नानविधानार्थमेतदिति युक्तम्। अन्त्यकर्माकरणे तु ब्रह्मचारिणः पित्रादिमरणेऽप्याशौचाभाव एव। सोऽपि ब्रह्मचर्यकाल एव समावर्तनोत्तरं तु पूर्वमृतानां त्र्यहाशौचं भवत्येव,

जब ब्रह्मचारी पिता का पिण्डदान करे तो उतने ही समय तक आशौच होता है, फिर स्नान कर शुद्ध होता है—इस प्रजापति के वचन से दूसरे दिन आदि में पिण्डदान के समय में ही अस्पृश्यतामात्र है अन्य समय में नहीं है-यह कहते हैं। दशदिन-रूप पिण्डदानकाल के अस्पृश्यत्व में भी कर्माङ्गस्नान के विधान के लिए ही यह कहा है-यह युक्त है। पिता आदि के मरने पर अन्त्यकर्म के न करने पर तो ब्रह्मचारी को आशौच का अभाव ही है। वह भी ब्रह्मचर्यकाल में ही है। समावर्तन के बाद तो पूर्व में मरे हुओं का तीनदिन का आशौच होता ही है।

आदिष्टी नोदकं कुर्यादाव्रतस्य समापनात्। समाप्ते तूदकं दत्त्वा त्रिरात्रमशुचिर्भवेत्। इति मनूक्तेः (५।८८)।

मनु ने कहा है--व्रत की समाप्ति तक आदिष्टी (ब्रह्मचारी) उदकदान न करे। समाप्त व्रत के होने पर तो प्रेत का उदकदान (जलदान-षोडशश्राद्ध आदि सब प्रेतकार्य कर) देकर तीनरात तक अशुचि-अपवित्र होता है।

तत्रापि विकल्पः, पितर्यपि मृते नैषां दोषो भवति कर्हिचित्। आशौचं कर्मणोऽन्ते स्यात् त्र्यहं वा ब्रह्मचारिणाम्॥ इति छन्दोगपरिशिष्टात्।

उसमें (अन्त्यकर्म में) भी विकल्प है। छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है--पिता के मरने पर भी इन ब्रह्मचारियों को कभी दोष नहीं होता है। या कर्म के अन्त में (समावर्तन के अन्त में) आशौच तीनदिन का होता है।

तथा कृतजीवच्छ्राद्धेन किमप्याशौचं न कार्यमिति हेमाद्रिः।

हेमाद्रि ने कहा है--जीवच्छ्राद्ध को करने पर कुछ भी आशौच न करे।

शुद्धितत्त्वे कौर्मे—सद्यःशौचं समाख्यातं दुर्भिक्षे चाप्युपद्रवे।
डिम्भाहवहतानां च विद्युता पार्थिवैर्द्विजैः। उपद्रवेऽत्यन्तमरके।

शुद्धितत्त्व में कूर्मपुराण का वचन है—दुर्भिक्ष, उपद्रव (महामारी, संक्रामकरोग प्लेगप्रसारणरोग आदि) शस्त्रकलह, बिजली, राजा और द्विजों के द्वारा मरने पर उनका सद्यः आशौच होता है।

उपसर्गमृते चैव सद्यःशौचं विधीयते। इति पराशरोक्तेः। उपसर्गोऽत्यन्तमरक इति शूलपाण्यनिरुद्धभट्टादयः।

पराशर ने कहा है--विस्फोट (बिमारी) आदि में मरनेपर सद्यःशौच होता है। शूलपाणि, अनिरुद्ध भट्टाचार्य आदि ने कहा है--उपसर्ग माने अत्यन्तमरक (महामारी, संक्रामकरोग, प्लेगप्रसाररोग)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

याज्ञवल्क्योऽपि (प्राय० श्लो० २६)—आपद्यपि च कष्टायां सद्यःशौचं विधीयते । इति मरणसमयेऽपि नाशौचम् ।

याज्ञवल्क्य ने भी कहा है--आपत्ति (रोग-व्याधि) (व्याधि आदि के कारण मुमूर्षावस्था में अकल्याण नाश के लिए दान देने में) और कष्ट में भी सद्यःशौच (तत्कालशुद्धि) होती है । मरणसमय में भी आशौच नहीं होता है ।

तथा च शुद्धिरत्नाकरे दक्षः—स्वस्थकाले त्विदं सर्वं सूतकं परिकीर्तितम् । आपद्गतस्य सर्वस्य सूतकेऽपि न सूतकम् ॥ अतः सति वैराग्ये संन्यासोऽप्यातुरस्य भवतीति केचित् ।

और शुद्धिरत्नाकर में दक्ष ने कहा है--स्वस्थकाल में तो यह सब सूतक कहा है । आपत्तिकाल होने पर सबको सूतक में भी सूतक नहीं होता है । इसलिए भी वैराग्य होनेपर आतुर को संन्यास भी होता है--यह कोई कहते हैं ।

(कर्मतः आशौचम्)

अथ कर्मतः त्रिंशत्श्लोक्याम्—तत्तत्कार्येषु सत्रिव्रतिनृपवद्दीक्षितर्त्विक्स्वदेशभ्रंशापत्स्वप्यनेकश्रुतिपठनभिषक्कारुशिल्प्यातुराणाम् । संप्रारब्धेषु दानोपनयनयजनश्राद्धयुद्धप्रतिष्ठाचूडातीर्थयात्राजपपरिणयनाद्युत्सवेष्वेतदर्थे ॥ नाशौचमिति शेषः । सत्री अन्नसत्रवान् मुख्यसत्रस्य दीक्षितपदात्सिद्धेः । व्रती अनन्तव्रतादिनियमवान्, 'न व्रतिनां व्रते' इति विष्णूक्तेः ।

अब कर्म से आशौच त्रिंशत्श्लोकी में कहा है-उन उन कार्यों में-सत्रि (अन्नक्षेत्रवाला), व्रती (अनन्तव्रतोद्यापन आदि में नियम से रहे), राजा, राजा की तरह यज्ञ दीक्षा लिया हुआ, होता, अपने देश के भ्रंशादि (नाश) आपत्तियों में अनेक श्रुतियों का पाठ करनेवाला भिषक्, कारु (चित्रकार), शिल्प (कारीगर), आतुरों (रोगियों) के प्रारंभ किये हुए दान, उपनयन, यजन, श्राद्ध, युद्ध, प्रतिष्ठा, चूडाकरण, तीर्थ की यात्रा, जप और विवाह आदि उत्सवों में आशौच नहीं होता है । सत्रीशब्द से अन्नक्षेत्र, मुख्य सत्र का दीक्षितपद से ही सिद्धि हो जायगी । व्रती माने-अनन्तव्रतादि नियमवान् होकर रहे ।

(वैद्यदासादीनां सद्यःशौचकथनम्)

प्रचेताः—कारवः शिल्पिनो वैद्या दासी दासास्तथैव च । राजानो राजभृत्याश्च सद्यःशौचाः प्रकीर्तिताः ॥ कारवः सूपकाराद्याः । शिल्पिनश्चैलनिर्णेजकाद्याः । आतुरस्य व्याधिनाशार्थे दानादौ । तुलादानादेः प्रारम्भो नान्दीश्राद्धं सङ्कल्पो वा । यजनं तडागोत्सर्गकोटिहोमादि ।

प्रचेता ने कहा है--कारु (कलाकार, (तथा तन्त्रवायश्च नापितो रजकस्तथा । पञ्चमश्चर्मकारश्च कारवः शिल्पिनो मताः ॥) शिल्पी, वैद्य, दासी, दास, राजा और राजा के नौकरों को सद्यःशौच होता है । कारु माने--अपने शरीर से कर्म करने वाला--सूपकार (रसोईया) आदि करनेवाले आदिपद से चैल चैलनिर्णेजक (धोबी) आदि, शिल्पी माने--वसुला कूची आदि व्यवहार से काम लेनेवाले, आतुर माने--व्याधि के नाश के लिए दान आदि करनेवाले, तुलादान[1] आदि में या नान्दीश्राद्ध या संकल्प के प्रारंभ में और यजन माने (होम और याजन को कहते हैं ।) तडागोत्सर्ग, [2]कोटिहोमादि में आशौच सद्यःशौच होता है ।

१—ईशानाय नमः १ शशिने नमः २ मारुताय नमः ३ रुद्राय नमः ४ सूर्याय नमः ५ विश्वकर्मणे नमः ६ गुरवे नमः ७ अङ्गिरोऽग्निभ्यां नमः ८ प्रजापतये नमः ९ विश्वेभ्यो देवेभ्यो नमः १० जगद्विधात्रे नमः ११ पर्जन्यशंभुभ्यां नमः १२ पितृभ्यो नमः १३ सोम्याय नमः १४ धर्माय नमः १५ अमरराजाय नमः १६ अश्विभ्यां नमः १७ जलेशाय नमः १८ मित्रावरुणाभ्यां नमः १९ मरुद्गणेभ्यो नमः २० धनेशाय नमः २१ गन्धर्वाय नमः २२ जलेशाय नमः २३ विष्णवे नमः २४ प्रान्तयोः–अनन्ताय नमः । मध्यश्रृंखलायाम्–वासुकये नमः । फलकयोरधः--भूम्यै नमः । फलकमध्ये–भूम्यधिपतये नमः । श्रृंखलासु–सर्पेभ्यो नमः । ये देवता दक्षिणोत्तर तुला की लंबी दण्डी में आवाहित सुवर्ण, गिन्नी, असर्फी आदि में किये जाते हैं । विशेषपद्धति नवीन–आह्निकसूत्रावली, परिशिष्टदीपक, शान्तिकमलाकर आदि में देखिये ।

२—दशमुख (कुण्ड) कोटिहोम की पद्धति मेरे द्वारा प्रकाशित है । शतमुख (कुण्ड) कोटिहोम की पद्धति और तडागोत्सर्ग की मेरे पास लिखित है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(दशमुखकोटिहोम)



(शतमुखकोटिहोम)



विशेष प्रकारान्तरपक्ष कुण्डों का शान्तिमयूख में देखिये।

(व्रतयज्ञविवाहादिषु आशौचविचारः)

लघुविष्णुः—व्रतयज्ञविवाहेषु श्राद्धे होमेऽर्चने जपे। आरब्धे सूतकं न स्यादनारब्धे तु सूतकम्॥ प्रारम्भो वरणं यज्ञे सङ्कल्पो व्रतसत्रयोः। नान्दीश्राद्धं विवाहादौ श्राद्धे पाकपरिक्रिया॥ इति पाकस्य परिसमन्तात् क्रिया पाकप्रोक्षणमिति शुद्धिप्रदीपस्तन्मन्दम्, रूढेर्योगाद्बलवत्त्वात्।

लघुविष्णु का वचन है—व्रत, यज्ञ, विवाह, श्राद्ध, होम, अर्चन (पूजा) और जप में आरंभ होने पर सूतक नहीं होता है। अनारंभ में तो सूतक होता है। यज्ञ में वरण के प्रारंभ में तथा व्रत और सत्रयाग में, विवाह के आदि में नान्दीश्राद्ध होने पर तथा श्राद्ध में पाक के बन जाने पर सूतक नहीं होता है। पाक का अर्थ है संपूर्ण क्रिया होने से पाक का प्रोक्षण करे यह शुद्धिप्रदीप कहते हैं। यह मूर्खता है। (विवाहादौ-यहाँ पर आदि शब्द से नान्दीश्राद्ध की तरह कर्ममात्र का ग्रहण करे।) क्योंकि योगसे रूढी बलवान् होती है।

(आशौचे आकस्मिकतीर्थप्राप्तौ विचारः)

तीर्थेति आशौचे आकस्मिकतीर्थप्राप्तौ, विवाहदुर्गयज्ञेषु यात्रायां तीर्थकर्मणि। न तत्र सूतकं तद्वत्कर्मयज्ञादि कारयेत्॥ इति पैठीनसिस्मृतेः। अत्र विशेषः प्रागुक्तः। जपः पुरश्चरणादिः स्तोत्रपाठः अविच्छेदेन सङ्कल्पितहरिवंशश्रवणादिश्च।

तीर्थपक्ष का अर्थ है-आशौच में आकस्मिक तीर्थ की प्राप्ति में। पैठीनसिस्मृति में कहा है—विवाह, दुर्ग (शत्रु से वेष्टित दुर्ग संरक्षण अर्थों में), यज्ञ (शान्तिक उच्चाटन आदि में) और तीर्थकर्म में (इसी से ही तीर्थयात्रा की सिद्धि है फिर से यात्रापद तो अर्थयात्रापरक है। मनु ने कहा है—पूर्वसंकलिपतं द्रव्यं दीयमानं न दुष्यति।) सूतक नहीं होता है। वद्वत् ही यज्ञ आदि कर्म करे। यहाँ पर 'कारयेत्' का अर्थ 'कुर्यात्' से है। यहाँ पर विशेष पहले कह चुके हैं। जप माने—पुरश्चरण आदि स्तोत्रपाठ और अविच्छेद (जिनका विच्छेद बीच में नहीं हुआ है) से संकल्पित हरिवंशश्रवण-आदि।

अत एवोक्तं ब्राह्मे—गृहीतनियमस्यापि न स्यादन्यस्य कस्यचित्। इति। एवं देवपूजादि।

इसलिये ब्रह्मपुराण में कहा है—ग्रहण किये हुए किसी नियम को करने पर अन्य सूतक कुछ नहीं होता है। इसप्रकार देवपूजा आदि में जानना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रीशिवशक्त्यात्मक रुद्रहोम धंवली (जयपुर)



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मदनपारिजाते यमोऽपि—शिवविष्ण्वर्चनं दीक्षा यस्य चाग्निपरिग्रहः ।
श्रौतकर्माणि कुर्वीत स्नातः शुद्धिमवाप्नुयात् ॥

मदनपरिजात में यम ने भी कहा है—जो दीक्षित है और अग्निहोत्री है वह शिव, विष्णु आदि का अर्चन करे। श्रौतकर्मों को करे और स्नान करने से शुद्धता को प्राप्त होता है।

(दीक्षावतां जपपूजादावाशौचाभावकथनम्)

गौडशुद्धितत्त्वे मन्त्रमुक्तावल्याम्—जपो देवार्चनविधिः कार्यो दीक्षान्वितैर्नरैः ।
नास्ति पापं यतस्तेषां सूतकं वा यतात्मनाम् ॥

गौडशुद्धितत्त्व में मन्त्रमुक्तावली ने कहा है—दीक्षा से युक्त मनुष्य जप और देवार्चनविधि को करें। इसलिए चित्त को वश में करनेवालों को पाप तथा सूतक नहीं होता है।

(सूतकिनः पूजाधिकारकथनम्)

राघवभट्टीये नारदः—अथ सूतकिनः पूजां वक्ष्याम्यागमचोदिताम् । स्नात्वा नित्यं च निर्वृत्य मानस्या क्रियया तु वै ॥ बाह्यपूजाक्रमेणैव ध्यानयोगेन पूजयेत् । यदि कामो न चेत्कामी नित्यं पूर्ववदाचरेत् ॥

राघवभट्टीय में नारद ने कहा है—अब आगम-शास्त्र में कही हुई सूतकवाले की पूजा को कहता हूँ। नित्यस्नान और नित्यकर्म से निवृत्त होकर मानसीक्रिया से ही बाह्यपूजा के क्रम से ही ध्यान-योग से पूजा करे। इच्छावाले को यदि कामना न हो तो पूर्व की तरह आचरण करे।

यत्तु नृसिंहकल्पे—सदा मन्त्रजपं मुक्त्वा यदि स्यादशुचिर्नरः । मनसावहितस्तत्र स्मरेन्मन्त्रं न तूच्चरेत् ॥ तन्मूत्राद्यशौचपरम् ।

जो नृसिंहकल्प में कहा है—निरन्तर मन्त्रजप को त्यागकर यदि मनुष्य अशुचि होता है तो मन से वहाँ पर आवाहन कर स्मरण करे और मन्त्र का उच्चारण न करे। वह मूत्रादि आशौच परक है।

रामार्चनचन्द्रिकायाम्—अशुचिर्वा शुचिर्वापि गच्छंस्तिष्ठन्स्वपन्नपि । मन्त्रैकस्मरणं विद्वान् मनसैव सदाभ्यसेत् ॥ कालनियमाभावे तु स्तोत्रहरिवंशादि हेयमेव । उत्सवो रथयात्रादि । एषु नाशौचम् । अयमाशौचाभावोऽनन्यगतित्वे आर्तौ च ज्ञेयः । अत्र मूलमाकरे स्पष्टम् ।

रामार्चनचन्द्रिका में कहा है—अपवित्र (पिसाब या पैखाना आदि) या पवित्र (उच्चारण के असंभव में मन्त्रस्मरण की विधि करे) हो, चलता या खड़ा होकर या शयन करते हुए विद्वान् केवल मन्त्र का स्मरण मन से ही सदा करे। कालनियम के अभाव में भी (सूतक में तो हरि का स्मरण करे। इससे हरि आदि का स्मरणपूर्वकनमनरूपपूजा का त्याग है।) स्तोत्र, 'हरिवंश' आदि का त्याग ही है। उत्सवपद से रथयात्रा आदि का ग्रहण करे। इनमें आशौच नहीं होता है। यह आशौच का अभाव अन्य गति न हो तथा रुग्णावस्था में (राजा, वैद्य आदि के कार्यों में आवश्यकता पड़ने पर सद्यःशौच के बिना गत्यन्तर के अभाव में, अध्ययन, अपवाद आदि में) जानना चाहिये। यहाँ पर मूल ('न राज्ञां राजकर्मणि' इत्यादि कह चुके हैं।) आकर (प्राचीन ग्रन्थों) में स्पष्ट है।

(श्रौते कर्मणि स्मार्तकर्मणि च आशौचविचारः)

अत्र दीक्षितस्यावभृथात्पूर्वमेवाशौचाभावः । तदादि त्वाशौचमस्त्येव । 'तेन वैतानोपासनाः कार्या' इति वैतानत्वेऽप्यवभृथादि न भवत्येव । अत एवोक्तं माधवीये ब्राह्मे—तद्वद्गृहीतदीक्षस्य त्रैविद्यस्य महामखे । स्नानं त्ववभृथे यावत्तावत्तस्य न सूतकम् ॥ इति । वैतानोपासनाः कार्याः, इत्यनेनैव सिद्धेर्ऋत्विजां दीक्षितानां चेति पुनर्दीक्षितग्रहणं यजमाने स्वयं कर्तृत्वार्थं स्नानप्राप्त्यर्थं वेति विज्ञानेश्वरः । वस्तुतस्तु दीक्षणीयासंस्कृतस्य प्रागवभृथात्कर्मप्राप्त्यर्थं दीक्षितग्रहणम् । तेन ततः पूर्वं निषेध एव । यत्तु 'प्रारम्भो वरणं यज्ञे' इति तद्दात्वकपरम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर दीक्षित का अवभृथस्नान (श्रौतयज्ञ के अन्त में नदी आदि में स्नान) के पूर्व में ही आशौच का अभाव है। उसके आदि में तो आशौच है ही। इससे वैतान अग्नि (आधानसंस्कृत-गार्हपत्य-आहवनीय और दक्षिणाग्नि) में उपासना करनी चाहिये। वैतान होने पर भी अवभृथ आदि नहीं होते हैं। इसलिए माधवीय में ब्रह्मपुराण का वचन है—ऋत्विक् के सदृश दीक्षा ग्रहण करनेवाले तीनों वेद के जानकार ने महायज्ञ में अवभृथ का स्नान जबतक नहीं किया है तबतक उसको सूतक नहीं होता है। वैतान अग्नि की उपासना करे—इससे ही सिद्ध है कि—ऋत्विज और दीक्षितों को सूतक नहीं होता है। तो फिर से दीक्षितपद का ग्रहण यजमान के स्वयं कर्तृत्वार्थ या स्नानप्राप्त्यर्थ है यह विज्ञानेश्वर ने कहा है। सिद्धान्त तो यह है कि—दीक्षणीया इष्टि में संस्कृत का अवभृथ से पूर्व कर्म की प्राप्ति के लिए दीक्षित पद का ग्रहण है। तदनन्तर इससे पूर्व निषेध ही है। जो यह कहा है कि—यज्ञ में वरण के प्रारंभ में-वह ऋत्विक् परक है।

तथा च छन्दोगपरिशिष्टे—न दीक्षिण्याः परं यज्ञे न कृच्छ्रादि तपश्चरन्। इति। शुद्धितत्त्वेऽप्येवम्। ऋत्विजां च मधुपर्कोत्तरमाशौचाभावः,

और वैसे छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है—केवल दीक्षणीया इष्टिरूपयज्ञ (सवृत्तिक कात्यायनश्रौतसूत्र अ० ७।२।२२ से है) में तथा कृच्छ्रादितप को करते हुए आशौच नहीं होता है। शुद्धितत्त्व में यही है और ऋत्विजों का मधुपर्कानन्तर आशौच का अभाव है।

गृहीतमधुपर्कस्य यजमानात्तु ऋत्विजः। पश्चादशौचे पतिते न भवेदिति निश्चयः॥ इति ब्राह्मात्।

अत एव रामाण्डारः—'चतुर्णां वरणपक्षेऽन्येषामाशौचेऽन्य आगमयितव्यः, इत्याह। एवं स्मार्तेऽपि तुलाकोटिहोमादौ मधुपर्के सति दोषाभावो ज्ञेयः। यत्तु 'प्रारम्भो वरणं यज्ञे' इति, तत्रापि मधुपर्कान्तं ज्ञेयम्। तेनाधानेष्टिपशुबन्धादौ तदभावादन्ये भवन्तीति सिद्धम्।

ब्रह्मपुराण का कथन है—यजमान के द्वारा मधुपर्क का ग्रहण करने पर ऋत्विजों को बाद में आशौच के प्राप्त होने पर सूतक नहीं होता है यह निश्चित मत है। इसलिए रामाण्डार ने कहा है—चार ब्राह्मणों के वरणपक्ष में अन्यों का आशौच प्राप्त होने पर अन्य ब्राह्मणों का आह्वान करे—ऐसा कहा है। इसप्रकार स्मार्तकर्म में भी तुला-कोटिहोम आदि में मधुपर्क के हो जाने पर दोष का अभाव जानना चाहिये। जो यह कहा कि—यज्ञ के प्रारंभ में वरण है। वहाँ पर भी मधुपर्कान्त जानना चाहिये। इससे आधानेष्टि, पशुबन्ध आदि में मधुपर्क के अभाव से अन्य ब्राह्मण होते हैं—यह सिद्ध है।

अपवादान्तरमाह याज्ञवल्क्यः (प्राय० श्लो० १७)—वैतानोपासनाः कार्याः क्रियाश्च श्रुतिचोदनात्। तत्र त्यागमात्रं स्नानोत्तरं स्वयं कर्तृत्वम्।

अपवादान्तर याज्ञवल्क्य ने कहा है—श्रुति के आदेश से अग्निहोत्र आदि वैतानिक तथा गृह्याग्नि से किये जानेवाले उपासनकर्म और सायं-प्रातः होम की क्रिया को करना चाहिये। वहाँ पर त्यागमात्र तो स्नान के बाद स्वयं करना चाहिये।

श्रौतकर्माणि तत्कालं स्नातः शुद्धिमवाप्नुयात्। इति स्मृतेः।

स्मृति में कहा है—श्रौतकर्म में उसीसमय स्नान कर शुद्धि को प्राप्त करता है। यहाँ पर श्रौतशब्द से औपासन का भी ग्रहण करना चाहिये।

त्यागातिरिक्तं तु श्रौते स्मार्ते चान्यस्यैव कर्तृत्वम्। सूतके मृतके चैव अशक्तौ श्राद्धभोजने। प्रवासादिनिमित्तेषु हावयेन्न तु हापयेत्॥ इति बृहस्पत्युक्तेः।

त्याग के अतिरिक्त में तो श्रौत और स्मार्त में अन्य का ही कर्तृत्व है। बृहस्पतिस्मृति का कथन है—सूतक, मृतक और श्राद्ध के भोजन में अशक्त और प्रवास (विदेशगमन) आदि निमित्तों में किसी अन्य से कराये स्वयं न करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'नित्यानि निवर्त्तेरन्वैतानवर्ज्यम्, शालाग्नौ चैकेऽन्य एतानि कुर्युः' इति पैठीनसिस्मृतेश्चेति विज्ञानेश्वरः। एकग्रहणं पूजार्थम्। तेन स्मार्तं कार्यमेवेति हारलतायाम्। दाक्षिणात्यास्तु विकल्पमाहुः। अपरार्कादिनिबन्धास्तु—श्रौतं सर्वं स्वयं कार्यं, स्मार्ते तु त्यागातिरिक्तेऽन्यस्यैव कर्तृत्वम्। त्यागमात्रे तु स्वस्य—कर्म वैतानिकं कार्यं स्नानोपस्पर्शवान्स्वयम्। इति हारीतोक्तेः,

पैठीनसिस्मृति में विज्ञानेश्वर ने कहा है—वैतानिककार्यों को त्याग कर अन्यकार्यों का त्याग करे। कोई (अनाशौची) कहते हैं कि—शालाग्नि में इन (त्याग के अतिरिक्तों को) को करे। यहाँ एक का ग्रहण पूजा के लिए है। इससे स्मार्तकर्म करे ही यह हारलता में कहा है। दाक्षिणात्य तो विकल्प कहते हैं। अपरार्क आदि (आदिपद से कल्पसूत्र, भाष्यकार आदि का ग्रहण है।) निबन्धग्रन्थ तो कहते हैं—सब श्रौत कर्म स्वयं करना चाहिये। स्मार्त में तो त्याग से अतिरिक्त में अन्य का ही कर्तृत्व है। त्यागमात्र में तो अपना अधिकार है। हारीतस्मृति में कहा है—वैतानिक कर्म को स्नान तथा स्पर्श कर स्वयं करे।

दर्शं च पूर्णमासं च कर्म वैतानिकं च यत्। सूतकेऽपि त्यजन्मोहात्प्रायश्चित्तीयते द्विजः॥ इति मरीच्युक्तेः।

मरीचिस्मृति में कहा है—अमावास्या, पूर्णिमा तथा वैतानिककर्म को जो द्विज सूतक में भी मोह से त्यागता है वह प्रायश्चित्ती होता है।

जन्महान्योर्वितानस्य कर्मत्यागो न विद्यते। शालाग्नौ केवलो होमः कार्य एवान्यगोत्रजैः॥ इति जाबालोक्तेश्चेत्याहुः। अपरार्केऽप्येवम्। याज्ञिका अप्येवम्।

जाबाल में भी कहा है—जन्म तथा मृत्यु में वितान (गार्हपत्यादि अग्नि) का कर्मत्याग नहीं होता है। शालाग्नि में केवल होम अन्य गोत्रवाले ही करें। अपरार्क में भी यही कहा है। याज्ञिक भी यही कहते हैं।

सूतके तु समुत्पन्ने स्मार्तं कर्म कथं भवेत्। पिण्डयज्ञं चरुं होममसगोत्रेण कारयेत्॥ इति जातूकर्ण्यं च। चरुः=स्मार्तस्थालीकः। श्रवणाकर्मादिश्चेति विज्ञानेश्वरः। प्रारब्धं तु सपिण्डेनापि कार्यम्,

और जातूकर्ण्य ने भी कहा है—सूतक के तो उत्पन्न होने पर स्मार्तकर्म कैसे होगा। पिण्ड-पितृयज्ञ तथा चरुहोम का अपने से अन्यगोत्रवाले से करा दे। चरु माने—स्मार्तस्थालीपाक। विज्ञानेश्वर ने कहा है—श्रवणाकर्म आदि। प्रारब्ध (प्रारंभ) तो सपिण्ड से भी करा दे।

न च तत्कर्म कुर्वाणः सनाभ्योऽपि शुचिर्भवेत्। इति मनूक्तेः। (अ० ५ श्लो० ८४)

मनु ने कहा है—उस कर्म को करता हुआ पितृसपिण्ड अपवित्र नहीं होता है।

छन्दोगपरिशिष्टेऽपि—होमः श्रौते तु कर्तव्यः शुष्कान्नेन फलेन वा। अकृतं हावयेत् स्मार्ते तदभावे कृताकृतम्॥ अकृतं व्रीह्यादि। कृताकृतं तण्डुलादि। स्मार्तहोमादौ तु विकल्पो ज्ञेयः। 'शालाग्नौ चैके' इति प्रागुक्तः। यदा करणं तदाऽन्यद्वारा।

छन्दोगपरिशिष्ट में भी कहा है—शुष्कान्न या फल से होम तो श्रौतकर्म में करना चाहिये। (कृतमोदनसक्त्वादि तण्डुलादि कृताकृतम्। व्रीह्यादि त्वकृतं प्रोक्तमिति हव्यं त्रिधा स्मृतम्॥) या स्मार्तकर्म में उसके अभाव में तण्डुल आदि से हवन करे। अकृत माने—व्रीहि आदि। कृताकृत माने—तण्डुल आदि। स्मार्तहोम आदि में तो विकल्प जानना चाहिये। किसी का मत है—शालाग्नि में करे—यह पहले कह चुके हैं। जब करे तो अन्य के द्वारा करे।

अत्रेदं तत्त्वम्। येषां बह्वृचादीनां द्वादशरात्रमहोमेऽपि नाग्निविच्छेदस्तैर्न कार्यम्। तैत्तिरीयादिभिः कार्यम्, 'चतूरात्रमहूयमानोऽग्निर्लौकिकः सम्पद्यते' इति सुदर्शनभाष्ये वचनात्। समारूढे त्वग्नौ तेनापि न कार्यम्, किन्तु पुनराधानमेव समारोपप्रत्यवरोहयोराशौचापवादाभावादनन्यकर्तृकत्वाच्च। अन्यथा पुनराधानमपि स्यात्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर यह तत्त्व है (स्मार्तकर्म में व्यवस्था कहते हैं) जिन बह्वृच आदियों का बारहरात होम के न होने से अग्नि का विच्छेद नहीं होता है वे लोग न करें। तैत्तरीय आदि शाखावालों को करना चाहिये। शुदर्शनभाष्य में बचन है कि चार रात तक होम न होने से अग्नि लौकिक हो जाता है समारूढ (स्थित) अग्नि में तो वह भी न करे। किन्तु पुनराधान ही करे। [1]समारोप और प्रत्यबरोहण में आशौच के अपवाद के अभाव से अन्य कोई कर्ता नहीं होता है। अन्यथा (प्रत्यवरोहोपगम में आशौच का अभाव है) फिर से आधान भी होता है।

यस्त्वाश्वलायनः—तौ वापि सूतके शावे पर्वणीष्टिं महापदि। पुष्पवत्यां च भार्यायां न कुर्यात्तु कदाचन॥ स्मार्ताग्निः सूतके शावे स्वयं न जुहुयाद् द्विजः। श्रौताग्निस्तु सकृद्धुत्वा समाप्ते वा स्वयं हुनेत्॥ इति।

जो आश्वलायन ने कहा है—श्रौत और स्मार्ताग्नि में सूतक (जननाशौच) तथा शाव (मरणाशौच) में, महापत्ति में पर्व में होनेवाली इष्टि में स्त्री के रजस्वला होनेपर कभी भी न करे। स्मार्ताग्नि द्विज तो सूतक और शाव में स्वयं हवन न करे। श्रौताग्निवाला हो तो सूतक और मरण में एकबार हवन करा दें या समाप्ति में स्वयं हवन करे।

तदपि समारूढपरम्। तदाह स एव—स्मार्ताग्निरात्मनोऽन्येषामभावे सूतकादिषु। समारोप्य तदन्ते तु विहृत्य जुहुयात्स्वयम्॥ इति।

वह भी समारूढ परक है उसी बात को उसने ही कहा है—सूतक आदि में अपने से अन्योंके अभाव में स्मार्ताग्नि का समारोप कर उसके अन्त में स्वयं स्थापन कर हवन स्थापन करे।

तथा मनुः—(५।८४)'प्रत्यूहेन्नाग्निषु क्रियाः' इति वैश्वदेवस्य त्वग्निसाध्यत्वेऽपि वचनान्निवृत्तिः।

मनु ने कहा है—अग्निहोत्र की क्रिया में बाधा नहीं डालना चाहिये। वैश्वदेव का तो अग्नि के साध्यत्व में भी वचन से निवृत्ति होती है।

विप्रो दशाहमासीत वैश्वदेवविवर्जितः। इति संवर्तोक्तेः।

संवर्त ने कहा है—ब्राह्मण दशदिन तक वैश्वदेव का त्याग करे।

यद्यपि—पञ्चयज्ञविधानं तु न कुर्यान्मृत्युजन्मनोः। इति तेनैवोक्तेः पूर्वनिषेधो व्यर्थः तथाप्यापस्तम्बादीनां वैश्वदेवस्य पञ्चयज्ञभिन्नत्वात्पृथङ्निषेधः। हरदत्तस्त्वाशौचेऽपि बह्वृचैर्वैश्वदेवः कार्यः, 'तस्य द्वावनाध्यायौ यदात्माऽशुचिर्यद्देशः' इति ब्रह्मयज्ञस्यैवाशौचे विशिष्य निषेधात्।

यद्यपि पञ्चयज्ञ का विधान सूतक (मृत्यु) और जन्म में न करे—यह उसी ही कथन से पूर्वनिषेध व्यर्थ है। फिर भी आपस्तम्ब आदि के मत से वैश्वदेव का पञ्चयज्ञ से भिन्न होने से पृथक् निषेध है। हरदत्त तो आशौच में भी बह्वृच (ऋग्वेद) शाखावाले वैश्वदेव को करें। उसकी दो अनध्याय होती है जब कि आत्मा और देश अपवित्र हो। ब्रह्मयज्ञ का ही आशौच में विशेष कर निषेध है।

(सन्ध्यादीनामप्यपवादमाह)

सन्ध्यादीनामप्यपवादमाह अपरार्के पुलस्त्यः—सन्ध्यामिष्टिं चरुं होमं यावज्जीवं समाचरेत्।
न त्यजेत्सूतके वापि त्यजन् गच्छेदधो द्विजः॥

सन्ध्या आदि का भी अपवाद अपरार्क में पुलस्त्य ने कहा है—सन्ध्या, इष्टि, चरु और होम को यावज्जीवन करे। सूतक में कभी भी त्याग न करे। द्विज त्याग करे तो अधोगति को प्राप्त होता है।

(सूतकादौ सन्ध्याविचारः)

सूतके मृतके चैव सन्ध्याकर्म समाचरेत्। मनसोच्चारयेन्मन्त्रान् प्राणायाममृते द्विजः॥

सूतक और मृतक में तो द्विज सन्ध्याकर्म को करे। प्राणायाम को छोड़कर मन में मन्त्रों का उच्चारण करे।

१—अहिताग्नि यजमान को किसीकार्य से बाहर जाने पर अग्नि का मन्त्र पाठ से अरणी में समारोप किया जाता है। आने के बाद मथन से उसको निकाला जाता है इन दोनों में आशौच का अपवाद नहीं है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्तु चन्द्रिकायां जाबालः—सन्ध्यां पञ्चमहायज्ञा नैत्यकं स्मृतिकर्म च ।
तन्मध्ये हापयेत्तेषां दशाहान्ते पुनः क्रिया ॥ इति ।

जो चन्द्रिका में जावाल ने कहा है—सन्ध्या, पञ्चमहायज्ञ और स्मृति में कहा हुआ नित्य कर्म उनका सूतक के मध्य में त्याग दे। दशदिन बाद फिर से करे।

यच्च संवर्तः—सूतके कर्मणां त्यागः सन्ध्यादीनां विधीयते ।

और जो संवर्त ने कहा है—सूतक में सन्ध्या आदि सब कर्मों का त्याग करे।

यच्च विष्णुपुराणे—सर्वकालमुपास्या तु सन्ध्ययोः पार्थिवेष्यते ।
अन्यत्र सूतकाशौचविभ्रमातुरभीतितः ॥ इति, तत्पूर्णसन्ध्यापरम् ,

और जो विष्णुपुराण का वचन है—हे पार्थिव, सब समय सन्ध्या की उपासना करे। सूतक, आशौच, विभ्रम (पागलपन) रोग और भय को छोड़कर। वह संपूर्ण सन्ध्यापरक है।

अर्घ्यान्ता मानसी सन्ध्या कुशवारिविवर्जिता । इति शुद्धिदीपे च्यवनोक्तेः,

शुद्धिदीप में च्यवन ने कहा है—कुशा और जल का त्याग कर अर्घ्यान्त मानसी सन्ध्या (प्राणायाम, से अतिरिक्त सब मानस मन्त्रों से करे।) का करे।

पैठीनसिस्त्वर्घ्ये मन्त्रोच्चारणमाह—'सूतके सावित्र्याञ्जलिं प्रक्षिप्य सूर्यं ध्यायन्नमस्कुर्यात् ।'

पैठिनसि ने तो अर्घ्य में मन्त्र का उच्चारण कहा है—सूतक में सावित्री-गायत्री से अञ्जलिका प्रक्षेप कर सूर्य का ध्यान कर नमस्कार करे।

प्रयोगपारिजाते भरद्वाजोऽपि—सूतके मृतके कुर्यात् प्राणायाममनन्त्रकम् ।
तथा मार्जनमन्त्रांस्तु मनसोच्चार्य मार्जयेत् ॥

प्रयोगपारिजात में भारद्वाज ने भी कहा है—सूतक और मृतककर्म में प्राणायाम को अमन्त्रक करे। और मार्जनमन्त्रों को मन से उच्चारण कर माजन कर।

गायत्रीं सम्यगुच्चार्य सूर्यायार्घ्यं निवेदयेत् । मार्जनं तु न वा कार्यमुपस्थानं न चैव हि ॥

गायत्री का अच्छीतरह उच्चारण कर सूर्य को अर्घ्य निवेदन करे। मार्जन को करे या न करे। उपस्थान को नहीं ही करे।

(ग्रहणे श्राद्धादावप्याशौचापवादमाह)

ग्रहणे श्राद्धादावप्याशौचापवादमाह व्याघ्रः—स्मार्तकर्मपरित्यागो राहोरन्यत्र सूतके । इति ।

ग्रहण और श्राद्ध आदि में भी आशौच का अपवाद व्याघ्र ने कहा है—स्मार्तकर्म का परित्याग राहु से अन्यत्र सूतक में होता है।

लैङ्गेऽपि—सूतके मृतके चैव न दोषो राहुदर्शने । तावदेव भवेच्छुद्धिर्यावन्मुक्तिर्न दृश्यते ॥

लिंगपुराण में भी कहा है—सूतक और मृतक में राहुदर्शन में दोष नहीं होता है। तबतक ही शुद्धि होती है जबतक मुक्ति नहीं दिखती है।

(कन्याविवाहे संक्रान्तौ च सूतकविचारः)

प्रयोगपारिजाते बृहस्पतिः—कन्याविवाहे संक्रान्तौ सूतकं न कदाचन ।

प्रयोगपारिजात में बृहस्पति ने कहा है—कन्या के विवाह (मुहूर्तान्तर के अलाभ से आवश्यक में) और संक्रान्ति में सूतक कभी नहीं होता है।

(भोजनकाले आशौचप्राप्तौ विचारः)

वृद्धशातातपः—यदा भोजनकाले तु अशुचिर्भवति द्विजः ।
भूमौ निक्षिप्य तं ग्रासं स्नात्वा विप्रो विशुद्ध्यति ॥

वृद्धशातातप ने कहा है—जब भोजनकाल में द्विज अशुचि (अपवित्र) होता है तो मुख के उस ग्रास को भूमि पर गिराकर स्नान कर ब्राह्मण शुद्ध होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भक्षयित्वा तु तं ग्रासमहोरात्रेण शुध्यति । अशित्वा सर्वमेवान्नं त्रिरात्रेण विशुध्यति ॥ इदमविशेषात् सूतकादिपरमपीति शुद्धितत्त्वे शूलपाणौ च ॥

उस ग्रास को भक्षण करके अहोरात्र (एकदिन रात) में शुद्ध होता है। सब अन्न को ही भक्षण कर तीनरात में शुद्ध होता है। अविशेष से यह वचन सूतक आदि परक है—यह शुद्धितत्त्व और शूलपाणि में कहा है।

(द्रव्यतः शुद्धिकथनम्)

अथ द्रव्यतः। मरीचिः—लवणे मधुमांसे च पुष्पमूलफलेषु च। शाककाष्ठतृणेष्वप्सु दधिसर्पिःपयःसु च ॥ तिलौषधाजिने चैव पक्वापक्वे स्वयङ्ग्रहः। पण्येषु चैव सर्वेषु नाशौचं मृतसूतके ॥ स्वयमेव स्वाम्यनुज्ञया ग्राह्यं न तद्धस्तादित्यर्थः। क्रये तु तद्धस्तादपि न दोषः। पक्वं लड्डुकादि। अपक्वं तण्डुलादि। एतदन्नसत्रपरम्।

अब द्रव्य से आशौच का अपवाद कहते हैं। मरीचि ने कहा है—लवण (निमक), मधु (सहत), मांस, पुष्प, मूल (मूली, भक्ष्य-जड), फल, शाक (साग), काष्ठ (लकड़ी), तृण (घास), जल, दधि, घृत, दूध, तिल (तैल) (ब्रह्मपुराणे—लवणं मधुमांसं च पुष्पं मूलं फलानि च। काष्ठं लोष्ठं तथा पर्णं दधि क्षीरं घृतं तथा ॥ औषधं तैलमजिनं शुष्कमन्नं च नित्यशः। आशौचिनो हि तद् ग्राह्यं स्वयं पण्यं च मूलजम् ॥ मूलजम्—आकरजम्। औषध (दवा), अजिन (मृगचर्म), पक्व (मोदक-लड्डू) और अपक्व (चावल आदि) इनको मरणाशौच तथा जननाशौच में ग्रहण स्वयं करने में दोष नहीं है। दूकान की विक्रय वस्तु में दोष नहीं है। स्वयं ही स्वामी की आज्ञा से ग्रहण करे, उसके हाथ से ग्रहण न करे—यह अर्थ है। पक्व का अर्थ है—लड्डू आदि। अपक्व का अर्थ है—चावल आदि। यह अन्नसत्र (अन्नक्षेत्र) परक है।

अन्नसत्रे प्रवृत्तानामाममन्नमगर्हितम्। भुक्त्वा पक्वान्नमेतेषां त्रिरात्रं तु व्रती भवेत् ॥ इत्यङ्गिरसोक्तेः। पक्वान्नं मोदकादि, नतु भक्ष्यम्।

आंगिरस ने कहा है—अन्नसत्र में लगे हुओं का आम-अन्न निन्दित नहीं है। उनका पक्वान्न भोजन करने पर तीनरात व्रत करे। पक्वान्न मोदक आदि, इतर भक्ष्य नहीं होता है।

षट्त्रिंशन्मते—उभाभ्यामपरिज्ञाते सूतकं नैव दोषकृत्। एकेनापि परिज्ञाते भोक्तुर्दोषमुपावहेत् ॥

षट्त्रिंशन्मत से कहा है—दोनों (जिसको आशौच है और जो उसका ग्रहण करता है) की जानकारी न होने पर सूतक का दोष नहीं होता है। एक की भी जानकारी होने पर भोक्ता (भोजन करनेवाले) को दोष होता है। भोक्ता को आशौच के अज्ञान में भी देनेवाले को आशौच का ज्ञान होने पर भी ग्रहण करनेवाले को स्वामी का दिया हुआ अन्न निषिद्ध नहीं होता है। दाता को जानकारी न होने पर भोक्ता की जानकारी होने पर दाताका ग्रहण किया हुआ द्रव्य निषिद्ध होता है। (ब्रह्मपुराणे—अपि दातृगृहीतोस्तु सूतके मृतके तथा। अविज्ञाते न दोषः स्याच्छ्राद्धादिषु कथञ्चन ॥ विज्ञाते भोक्तुरेव स्यात्प्रायश्चित्तादिकं क्रमात्।)

(विवाहादौ सूतकप्राप्ते विचारः)

विवाहोत्सवयज्ञेषु त्वन्तरा मृतसूतके। परैरन्नं प्रदातव्यं भोक्तव्यं च द्विजोत्तमैः ॥

विवाह, उत्सव और यज्ञ के मध्य में मरणाशौच तथा जननाशौच प्राप्त हो जाय तो दूसरे गोत्रवाले उस पक्वान्न या अपक्वान्न अन्न को उन उत्तम ब्राह्मणों को दे तो भोजन करना चाहिये।

भुञ्जानेषु तु विप्रेषु त्वन्तरा मृतसूतके। अन्यगेहोदकाचान्ताः सर्वे ते शुचयः स्मृताः ॥

ब्राह्मणों के भोजन करते समय मध्य में सूतक या जननाशौच प्राप्त हो जाय तो दूसरे के घर जल से आचमन करने से वे पवित्र (ब्रह्मपुराणे—भोजनार्थे तु संभुक्ते विप्रैर्दातुर्विपद्यते। यदि कश्चित्तदोच्छिष्टं शेषं त्यक्त्वा समाहिताः। आचम्य परकीयेन जलेन शुचयो द्विजाः ॥) हो जाते है।

बृहस्पतिः—'विवाहोत्सव' इत्याद्युक्त्वा—पूर्वसङ्कल्पितान्नेषु न दोषः परिकीर्तितः।

बृहस्पति ने कहा है—विवाह तथा उत्सव आदि के मध्य में आशौच (जनना और मरणाशौच)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्राप्त होने पर पूर्व संकलिपत अन्नों में (अर्थात्—आशौच की संभावना होने से पहले ही ब्राह्मणों के लिए अलग सिद्धान्न को रखने पर) दोष नहीं कहा है।

षडशीतौ—संसर्गाद्यस्य वाशौचं यस्यातिक्रान्तकालता। तदीयस्य पदार्थस्य नाशौचं विद्यते क्वचित् ॥

षडशीति में कहा है—जिसके संसर्ग से आशौच होता है या जिसका समय व्यतीत हो गया हो तो उसके पदार्थ में आशौच कभी नहीं होता है।

(प्रोक्षणेन पुस्तकस्य शुद्धिकथनम्)

शुद्धितत्त्वे—'शुध्येत्' इत्यनुवृत्तौ विष्णुः—'प्रोक्षणेन च पुस्तकम्' इति।

शुद्धितत्त्व में 'शुध्येत्' इसकी अनुवृत्ति करने पर विष्णु ने कहा है—प्रोक्षण से पुस्तक शुद्ध होती है।

(मृतदोषे विचारः)

अथ मृतदोषे हेमाद्रौ षट्त्रिंशन्मते कौर्मे च—व्यापादयेद्य आत्मानं स्वयमग्न्युदकादिभिः। विहितं तस्य नाशौचं नापि कार्योदकक्रिया ॥

अब मरणदोष को हेमाद्रि में षट्त्रिंशन्मत में और कूर्मपुराणमत से कहा है—जो स्वयं अपनी आत्मा का अग्नि या जल आदि से हत्या करता है। उसके आशौच का विधान नहीं है और न उसकी उदकक्रिया (जलदान) होती है।

शवदर्शनं यावदाशौचमस्त्येव, हतानां नृपगोविप्रैरन्वक्षं चात्मघातिनाम्। इति याज्ञवल्क्योक्तेः (प्राय० श्लो० २१)।

जबतक शव दर्शन होता है तबतक आशौच होता ही है। याज्ञवल्क्य ने कहा है—राजा (अभिषिक्त क्षत्रियादि), गौ (सींग, बड़े दाढवाले आदि), ब्राह्मण (यहाँ विप्रपद चाण्डाल का उपलक्षण है) द्वारा मारे गये तथा स्वयं बुद्धिपूर्वक आत्महत्या करके मरे हुए व्यक्तियों के सपिण्डों की शुद्धि तत्काल होती है।

शुद्धितत्त्वे कौर्मे—सद्यः शौचं समाख्यातं शापादिमरणे तथा। आदिपदादभिचारहते।

शुद्धितत्त्व में कूर्मपुराण का मत है—शाप आदि से मरने पर सद्यःशौच कहा है। आदिपद से अभिचार (मारण-हत्या आदि द्वारा) से मरने पर।

भविष्ये—स्वेच्छया मरणं विप्राच्छृङ्गिदंष्ट्रिसरीसृपैः। अन्त्यान्त्यजविषोद्बन्धैरात्मना चैव ताडनैः ॥ पाखण्डमाश्रिताश्चैव महापातकिनस्तथा। स्त्रियश्च व्यभिचारिण्य आरूढपतितास्तथा ॥ न तेषां स्नानसंस्कारो न श्राद्धं न सपिण्डनम् ॥

भविष्यपुराण में कहा है—अपनी इच्छा से मरे (अर्थात्—अपने आप अपने प्रयोग द्वारा मरने पर) हुओं का, ब्राह्मण, शींग और दाढवाले पशु, सर्प, अन्त्य (अधमजाति का मनुष्य), अन्त्यज—चाण्डालादि द्वारा मरे हुए का, विष, बन्धनों तथा आत्मा की ताडना से मरे हुए का, पाखण्डी मत को ग्रहण करनेवाले, महापातकी (याज्ञवल्क्यः—ब्रह्महा मद्यपस्तेनस्तथैव गुरुतल्पगः। एते महापातकिनो यश्च तैः सह संवसेत् ॥ एभिस्तु संवसेद्यो वै वत्सरं सोऽपि तत्समः ॥) व्यभिचारिणी स्त्रियाँ तथा वृक्षादि पर चढकर गिरनेवालों का स्नान, संस्कार, श्राद्ध और सपिण्डन नहीं होता है।

गौतमः—प्रायोऽनाशकशस्त्राग्निविषोदकोद्बन्धनप्रपतनैश्चेच्छताम्' इति। नाशौचमिति शेषः।

गौतम ने कहा है—महाप्रस्थान, अनशन, शस्त्र, अग्नि, विष, जल, बन्धन (गले में पाश आदि बाँधना), पर्वत और शिखर आदि से गिरने से जिनका मरण होता है, उनका आशौच नहीं होता है—यह शेष है। (अत्र चेच्छताम्—इति विशेषणोपादानात् प्रमादकृते दोषो नास्तीत्यव गन्तव्यम्—इति स्मृतिसन्दर्भे पृ० २१७)।

अङ्गिराः—चण्डालादुदकात्सर्पाद् ब्राह्मणाद्वैद्युतादपि। दंष्ट्रिभ्यश्च पशुभ्यश्च मरणं पाप-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कर्मणाम् ।। उदकं पिण्डदानं च प्रेतेभ्यो यत्प्रदीयते । नोपतिष्ठति तत्सर्वमन्तरिक्षे विनश्यति ।। षट्त्रिंशन्मतेऽप्येवम् ।

अंगिरा ने कहा है—चाण्डाल, जल, सर्प, ब्राह्मण, विजली, दाँतोंवाले और पशुओं से पापियों का मरण होता है। उनको जल तथा पिण्डदान जो प्रेतों के लिए मरने पर दिया जाता है वह उनको नहीं प्राप्त होता है वह सब अन्तरिक्ष में नाश हो जाता है। षड्त्रिंशन्मत में भी यही कहा है।

ब्राह्मेऽपि—शृङ्गिदंष्ट्रिनखिव्यालविषवह्निक्रियाजलैः । व्यालो-गजः ।

ब्रह्मपुराण में भी कहा है—शींग, दाढ, नखवाले, व्याघ्र आदि, व्याल (खूनी हाथी) या दुर्व्यसनी, विष, अग्नि, जलक्रिया द्वारा मरने पर पिण्डदान तथा जलदान देने पर अन्तरिक्ष में ही नष्ट हो जाता है। उनको नहीं प्राप्त होता है। व्याल माने-हाथी।

सुदूरात्परिहर्तव्यः कुर्वन् क्रीडां मृतस्तु यः । नागानां विप्रियं कुर्वन् हतश्चाप्यथ विद्युता ।। निगृहीतः स्वयं राज्ञा चौर्यदोषेण कुत्रचित् । परदारान् हरन्तश्च द्वेषात्तत्पतिभिर्हताः ।। असमानैश्च सङ्कीर्णैश्चाण्डालाद्यैश्च विग्रहम् । कृत्वा तैर्निहतास्तद्वच्चाण्डालादीन् समाश्रिताः ।। शस्त्राग्निगरदाश्चैव पाखण्डाः क्रूरबुद्धयः । क्रोधात्प्रायं विषं वह्निं शस्त्रमुद्बन्धनं जलम् ।। गिरिवृक्षप्रपातं च ये कुर्वन्ति नराधमाः । कुशिल्पजीविनो ये च सूनालङ्कारधारिणः । मुखे भगास्तु ये केचित् क्लीबप्रायनपुंसकाः । ब्रह्मदण्डहता ये च ये चापि ब्राह्मणैर्हताः ।। महापातकिनो ये च पतितास्ते प्रकीर्तिताः । पतितानां न दाहः स्यान्नान्त्येष्टिर्नास्थिसञ्चयः ।। न चाश्रुपातं पिण्डो वा कार्यं श्राद्धादिकं क्वचित् । एतानि पतितानां तु यः करोति विमोहितः ।। तप्तकृच्छ्रद्वयेनैव तस्य शुद्धिर्न चान्यथा ।

जो क्रीडा को करता हुआ मरता है उसे दूर से त्याग दे। जो सर्पों का अप्रिय करता हुआ मरता है और बिजली द्वारा मरता है, जिसको राजा ने स्वयं चोरी के दोष में कहीं पकड़ लिया हो, जो दूसरे की स्त्रियों को हरण करते हैं या 'हरन्तः' इसके स्थान मे 'रमन्तः' एसा भी पाठ हैं—जो उनके साथ रमण करते है। जो द्वेष से उनके पतियों को मार डाला हो, जो असमान—समानता से हीन, संकीर्ण—न्यून, चाण्डाल आदि से वैमनस्य करते हैं तथा वैर से उन्होंने मार दिया हो, चाण्डाल के आश्रित हों, शस्त्र, अग्नि, बन्धन, पाखण्ड, क्रूरबुद्धि, (नौका,कूप आदि द्वारा मरना) प्रायः क्रोध (शोक आदि का उपलक्षण है) से,विष, अग्नि, शस्त्र. बन्धन, जल, पर्वत और वृक्ष से जो नराधम गिरकर मरते हैं। कुत्सित शिल्पविद्या से जो जीते हैं। (आपत्तिकाल में—निषिद्ध चर्मकारादि द्वारा शिल्पकारी करते हों), जो प्राणिवधस्थान में उसे अलंकार, उसके उपकरण शस्त्र आदि हरण को करनेवाले और जो अधिकृत हैं। जो अयोनि में वीर्य को गिराने वाले, क्लीबप्राय नपुंसक, उत्पादित क्रोध शापादि द्वारा मरे हों जो ब्राह्मणों द्वारा मरे हों, और जो महापातकी हो वे सब पतित हैं। पतितों का न दाह होता है, न अन्त्येष्टि होती है, न अस्थिसंचय होता है, न रुदन होता है। न पिण्डदान होता है न कभी श्राद्धादिक भी होता है। जो पतितों का मोह के द्वारा करता है उसकी शुद्धि तप्तकृच्छ्रद्वय से होती है। अन्यप्रकार से नहीं होती है।

(एतद्बुद्धिपूर्वं सर्वेषां करणे तु)

एतद्बुद्धिपूर्वं सर्वेषां करणे तु माधवीये वसिष्ठः—यः आत्मत्यागिनां कुर्यात् स्नेहात्प्रेतक्रियां द्विजः । स तप्तकृच्छ्रसहितं चरेच्चान्द्रायणं व्रतम् ।।

यह बुद्धिपूर्वक सबों के करने पर तो माधवीय में वसिष्ठ ने कहा है—जो द्विज स्नेह से आत्मत्यागियों की प्रेतक्रिया को करता है वह [1]तप्तकृच्छ्रद्वय सहित [2]चान्द्रायण व्रत को करे।

१—मनुस्मृतौ—तप्तकृच्छ्रः द्वादशाहसाध्यः—तप्तकृच्छ्रं चरन् विप्रो जलक्षीरघृतानिलान् । प्रतित्र्यहं पिबेदुष्णान् सकृत्स्नायीसमाहितः ।। क्षीरादिपरिमाणम् पराशरेणोक्तम्—अपां पिबेत्तु त्रिपलं द्विपलं तु पयः पिबेत् । पलमेकं पिबेत्सर्पिस्त्रिरात्रं चोष्णमारुतम् ।। त्रिरात्रमारुतस्य पूरणे उष्णोदकबाष्पं पिबेदित्यर्थः । इत्यादि । तप्तक्षीरघृताम्बूनामेकैकं प्रत्यहं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अज्ञाने तु)

अज्ञाने तु—कृत्वाऽग्निमुदकं स्नानं स्पर्शनं वहनं कथाम्। रज्जुच्छेदाश्रुपातं च तप्तकृच्छ्रेण शुध्यति ॥ इति ज्ञेयम्। प्रत्येकं बुद्धिपूर्वे एतदिति मदनपारिजातः।

अज्ञान में तो कहा है—अग्नि, जल, शवस्नान, स्पर्श, श्मशान में ले जाना, कथा (कहानी), रस्सी का छेदन और रुदन करने पर तप्तकृच्छ्र से शुद्धि होती है—यह जाना चाहिये। यह बुद्धिपूर्वक प्रत्येक कर्म करने पर है—यह मदनपरिजात में कहा है।

प्रत्येकं तु स्पर्शाश्रुणोर्मिताक्षरायाम् (टीका श्लो. ६)—तच्छवं केवलं स्पृष्टमश्रु वा पतितं यदि। पूर्वोक्तानामकारी चेदेकरात्रमभोजनम् ॥

प्रत्येक का स्पर्श या अश्रुपात किया हो तो मिताक्षरा में कहा है—पूर्व कहे हुओं को न करने पर यदि उस शव का केवल स्पर्श या अश्रुपात किया हो तो एकरात भोजन न करे।

एकरात्रं तु नाश्नीयात्त्रिरात्रं बुद्धिपूर्वकम् ॥ इति माधवीये उत्तरार्द्धम्।

माधवीय में उत्तरार्ध यों कहा है—अज्ञात में एकरात्रि भोजन न करे बुद्धिपूर्वकस्पर्श में तो तीनरात्रि भोजन न करे।

अन्येषु सम्वर्तः—एषामन्यतमं प्रेतं यो वहेत दहेत वा। कटोदकक्रियां कृत्वा कृच्छ्रं सान्तपनं चरेत् ॥ अज्ञाने त्वर्धम्। एतदनाहिताग्नेः कृच्छ्र एवेति माधवः।

दूसरों में तो संवर्त ने कहा है—इनमें से किसी प्रेत को ढोता है या दाह करता है वह कटोदक—शववहन साधक खट्वादि, (मिताक्षरा पृ० ३६७—प्रेतवहनसाधके खट्वादि 'कट' शब्देनोच्यते।) क्रिया को कर [1]सान्तपनकृच्छ्रव्रत करे। अज्ञान में तो आधा करे—यह अनाहिताग्नि को है। आहिताग्नि को तो कृच्छ्र ही है—यह माधव ने कहा है।

मिताक्षरायाम् (श्लो० ६ की टीका में)—आत्मनस्त्यागिनां नास्ति पतितानां तथा क्रिया। तेषामपि तथा गङ्गातोये संस्थापनं हितम् ॥

मिताक्षरा में कहा है—आत्मत्यागियों की और पतितों की क्रिया नहीं होती है। (संभव हो तो) उनका गंगा के जल में स्थापन हितकर होता है।

(आहिताग्नेस्तु विशेषः)

आहिताग्नेस्तु विशेषो हेमाद्रौ भविष्ये—वैतानं प्रक्षिपेदप्सु आवसथ्यं चतुष्पथे। पात्राणि तु दहेदग्नौ साग्निके पापकर्मणि ॥

आहिताग्नि का तो विशेष हेमाद्रि में भविष्यपुराण के वचन से कहा है—वैतानिक अग्नि को जल में प्रक्षेप करे। आवसथ्य—(स्मार्ताग्नि) अग्नि को चौराहे पर रख दे और साग्निक को पाप करने पर (आहिताग्नि और स्मार्ताग्नि में आत्मघात करने पर) पात्रों को तो अग्नि में जला दे। (आत्मघातः 'यजमाने वृथा मृते' ऐसा पाठ मानने पर—अविहितमार्ग से मरने पर)

पिबेत्। एकरात्रोपवासश्च तप्तकृच्छ्र उदाहृतः ॥ (या. प्रा. श्लो. ३१७)। अतिकृच्छ्रे गोद्वयम्। सान्तपने गोद्वयम्। पराके तप्तकृच्छ्रे च गोत्रयम्। कृच्छ्रातिकृच्छ्रे गोचतुष्टयं गोत्रयं वा। चान्द्रायणे अष्टौ पञ्च चतस्रस्तिस्रो वा गावः। मासं पयोव्रते यावकव्रते मासोपवासे च पञ्चगावः। मासं गोमूत्रयावकव्रते षड्गावः। इत्यादि धर्मसिन्धौ।

२—यथा कथञ्चित्पिण्डानां चत्वारिंशच्छतद्वयम्। मासेनैवोपभुञ्जीत चान्द्रायणमथापरम् ॥ (या. प्रा. श्लो. ३२४)। मनुः—एकैकं ह्रासयेत्पिण्डं कृष्णे शुक्ले च वर्धयेत्। उपस्पृशं स्त्रिसवनमेतच्चान्द्रायणं स्मृतम्। एतच्च पञ्चविधम्।

१—जाबालः—गोमूत्रं गोमयं क्षीरं दधि सर्पिः कुशोदकम्। एकैकं प्रत्यहं पीत्वा त्वहोरात्रमभोजनम् ॥ कृच्छ्रं सान्तपनं नाम सर्वपापप्रणाशनम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

छन्दोगपरिशिष्टेऽपि--महापातकसंयुक्तो दौरात्म्यादग्निमान् यदि। पुत्रादिः पालयेदग्नीन् युक्त आदोषसंक्षयात् ॥ प्रायश्चित्तं न कुर्याद्यः कुर्वन् वा म्रियते यदि। गृह्यं निर्वापयेच्छ्रौतमप्स्वस्येत्सपरिच्छदम् ॥ पात्राणि दद्याद्विप्राय दहेदप्स्वेव वा क्षिपेत् ।

छन्दोगपरिशिष्ट में भी कहा है—दुरात्मा होजाने से यदि अग्निहोत्री महापातक से युक्त हो जाय तो दोष के नाश तक अग्नियों का पुत्रादि पालन करे। जो प्रायश्चित्त को न करे या करते हुए यदि मर जाय तो गृह्याग्निको चतुष्पथ में शान्त करे और श्रौताग्नि को जल में सब वस्तु सहित गिरा दे और पात्रों को ब्राह्मण को दे या जला दे या जल में गिरा दे।

माधवीये पराशरः—आहिताग्निर्मृतो विप्रश्चाण्डालेनात्मघातकः ।
दहेत ब्राह्मणं विप्रो लौकाग्नौ मन्त्रवर्जितम् ॥

माधवीय में पराशर ने कहा है—आहिताग्नि ब्राह्मण चाण्डाल के द्वारा या आत्मघात (उद्बन्धन आदि द्वारा) से मरा हो तो एसे ब्राह्मण को ब्राह्मण मन्त्र से वर्जित लौकिक अग्नि में दाह करे।

प्राजापत्यं चरेत्पश्चाद्विप्राणामनुशासनात् ॥ दग्ध्वास्थीनि पुनर्गृह्य क्षीरेण क्षालयेत्ततः । स्वेनाग्निना स्वमन्त्रेण पृथगेनं पुनर्दहेत् ॥

तदनन्तर ब्राह्मणों की आज्ञा से प्राजापत्य (शक्त हो तो दो चान्द्रायण। अन्यथा पुत्र तीन चान्द्रायण-यह आगे के वचन के विरोध से।) करे। जली हुई अस्थियों को फिर से ग्रहण कर फिर दूध से प्रक्षालन करे। फिर अपनी अग्नि से अपने मन्त्र से फिर उस अस्थियों को अलग से दाह करे।

हेमाद्रौ तु—दाहयित्वा शवं तेषां शूद्रैरविधिपूर्वकम् । इत्युक्तम् । एतद्दर्पादिना मरणे ज्ञेयम् । तांस्ते प्रेत्यापि गच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः । (यजु० ४०।३) इति श्रुतावात्महनने एव दोषोक्तेः ।

हेमाद्रि में तो कहा है—उनके शव को शूद्रवर्णों (वर्णशंकर से नहीं) से अविधिपूर्वक दाह करावे। (यह ब्राह्मण के अप्राप्त पर जानना चाहिये) एसा कहा है। यह (चाण्डाल द्वारा मरने पर अर्थात्-आत्मघातक द्वारा मरने पर। अभिमान आदि द्वारा मरने पर जानना चाहिये। जो कोई मनुष्य आत्मा का हनन करते हैं मरकर (शरीर को छोड़कर) उन नर को (लोकों को) प्राप्त करते हैं। यह वेद में आत्महत्या करने पर दोष कहा है।

(प्रमादमरणे त्वाशौचविचारः)

प्रमादमरणे त्वाशौचादि सर्वं भवत्येव ।

यदि प्रमाद से मरने पर तो आशौच आदि सब होता ही है।

तदाहाङ्गिराः—अथ कश्चित्प्रमादेन म्रियेताग्न्युदकादिभिः ।
तस्याशौचं विधातव्यं कर्तव्या चोदकक्रिया ॥

उसी बात को अंगिरा ने कहा है—कोई प्रमाद से अग्नि, जल आदि से मर जाय तो उसका आशौच और उदक (जल) क्रिया करना चाहिये।

ब्राह्मेऽपि—प्रमादादपि निःशङ्कस्त्वकस्माद्विधिचोदितः । शृङ्गिदंष्ट्रिनखिव्यालविषविद्युज्जलादिभिः ॥ चाण्डालैरथ वा चौरैर्निहतो वापि कुत्रचित् । तस्य दाहादिकं कार्यं यस्मान्न पतितस्तु सः ॥ इति ।

ब्रह्मपुराण में भी कहा है—प्रमाद से अकस्मात् विधिप्रेरित-प्रारब्धवश निःशंक हो सींग, दाँत, नख, व्याल (हाथी), विष, बिजली, जल आदियों से या चाण्डाल और चोरों से कहीं भी मर जाय तो उसका दाह आदि करे। क्योंकि वह पतित नहीं है।

प्रमादमरणे त्रिरात्रमाशौचमिति गौडाः शुद्धितत्त्वादयः । दशाहादीति दाक्षिणात्याः ।

प्रमाद से मरने पर तीनरात का आशौच होता है—यह गौड कहते हैं—एसा शुद्धितत्त्व आदि में कहा है। दाक्षिणात्य तो दशदिन का आशौच कहते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(सर्पद्वारामृते विशेषः)

अस्यापवादो हेमाद्रौ भविष्ये—प्रमादादिच्छया चापि न कुर्यात्सर्पतो मृते । नागपूजां विना न कुर्यादित्यर्थः ।

इसका अपवाद हेमाद्रि में भविष्यपुराण का वचन है—प्रमाद या इच्छा से सर्प के द्वारा मर जाने पर तो नागपूजा के विना उसकी क्रिया न करे ।

बौधायनोऽपि—बुद्धिपूर्वात्महन्तॄणां क्रियालोपो विधीयते । क्रियाभऽन्त्यकर्म ।

बौधायन ने भी कहा है—बुद्धिपूर्वक आत्मा का हनन करनेवालों की क्रिया के लोप का विधान कहा है । क्रिया माने—अन्त्यकर्म ।

(व्याघ्र-सर्प-राजा-चौर-शय्या-शौचहीन-संस्कारहीन-अश्व-श्वान-सूकर-कृमि-वृक्ष-शृङ्गि-शकट-भृगुपात-अग्नि-दारुण-शस्त्र-अश्म-विष-उद्बन्धन-जल-विषूचिका-कण्ठान्नकबल-कासरोग-अतिसार-शाकिन्यादिना तथा विद्युत्पात-अन्तरिक्ष-अस्पृश्यस्पर्शन-पतित-अपत्यनिमित्तकमरणे महत्त्वपूर्णविचारः)

तत्र दुर्मरणनिमित्तं दानादिकार्यम् । तच्च विश्वप्रकाशादौ शातातपीये च—व्याघ्रेण निहते विप्रे विप्रकन्यां विवाहयेत् । सर्पदष्टे नागबलिर्देयः सर्पश्च काञ्चनः ॥

वहाँपर दुर्मरणनिमित्त दान आदि करे । वह विश्वप्रकाश आदि और शातातपीय में कहा है—व्याघ्र के द्वारा ब्राह्मण के मरने पर ब्राह्मण की कन्या का विवाह करे । (यह सर्वसाधारण के विषय में है । या सजातीय कन्या के विषय में है । इन सब को स्त्री के दुर्मरण में भी योजना करे ।) सर्प के काटने पर जो मरे उसके लिए नागबली और सुवर्ण का सर्प देना चाहिये ।

(व्याघ्र)

चतुर्निष्कमितं हैमं गजं दद्याद् गजैर्हते । राज्ञा विनिहते दद्यात्पुरुषं तु हिरण्मयम् ॥

हाथी से मरने पर चार निष्क स्वर्णमुद्रा (भिन्न-भिन्न मूल्य की, परन्तु सामान्यरूप से सोलह माशे या एककर्ष के तोल का सुवर्ण) का हाथी निर्माण कराकर दान करे । राजा से मरनेपर सुवर्ण का पुरुष दे ।

चौरेण निहते धेनुं वैरिणा निहते वृषम् । वृषेण निहते दद्याद्यथाशक्त्या च काञ्चनम् ॥

चोर से मरने पर दूधवाली गौ दे और शत्रु द्वारा मरने पर बैल का दान करे । बैल से मरने पर यथाशक्ति सुवर्णदान करे ।

शय्यामृते प्रदातव्या शय्या तूलिसमन्विता । निष्कमात्रसुवर्णस्य विष्णुना समधिष्ठिता ॥

शय्यापर मरने पर गद्दा और रजाई आदि से युक्त विष्णु की एकनिष्क सोने की प्रतिमा के सहित शय्या देनी चाहिये ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



(हाथी)



(गौ)

शौचहीने मृते चैव द्विनिष्कं स्वर्णजं हरिम् । संस्कारहीने च मृते कुमारमुपनाययेत् ॥

पवित्रतारहित मरने पर दो निष्क वाली सोने के विष्णु की प्रतिमा दे। संस्कारहीन मरने पर कुमार का उपनयन करा दे। (अष्टवर्षादिरूपमुख्य उपनयन का काल है। स्त्रियों का विवाह हैं। शूद्र को सोलह वर्ष के बाद दो वस्त्र कहा है।)

(बैल)

निष्कत्रयं स्वर्णमितं दद्यादश्वं हयाहते । शुना हते क्षेत्रपालं स्थापयेन्निजशक्तितः ॥

घोड़े से मरने पर तीन निष्क परिमित सुवर्ण का घोड़ा बनवाकर दे। कुत्ते से मरने पर अपनी शक्ति के अनुसार क्षेत्रपाल का स्थापन करे।

सूकरेण हते दद्यात् महिषं दक्षिणान्वितम् । कृमिभिश्च मृते दद्याद् गोधूमान् पञ्चखारिकाः ॥

सूअर द्वारा मरने पर दक्षिणा के सहित भैंसा दे। कीडों द्वारा मरने पर पांच खारी (प्राचीनमत से दो सौ साठ सेर को एक खारी कहते हैं) गेहूँओं को दे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF



(घोड़ा)

वृक्षं वृक्षहते दद्यात्सौवर्णं वस्त्रसंयुतम् । शृङ्गिणा निहते दद्याद् वृषभं वस्त्रसंयुतम् ॥

वृक्ष से मरने पर सुवर्ण का वृक्ष वस्त्र के सहित दे। सींगवाले जीव द्वारा मरने पर वस्त्र के सहित बैल को दे।



(कुत्ता)



(सुअर)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शकटेन हते दद्याद् द्रव्यं सोपस्करान्वितम् । भृगुपातमृते चैव प्रदद्याद्धान्यपर्वतम् ॥

शकट (गाड़ी) द्वारा मरने पर उपस्कर (सामग्री) के सहित द्रव्य को दे। भृगुपात (पर्वत) से मरने पर धान्य का पर्वत दे।

अग्निना निहते कार्यमुदपानं स्वशक्तितः । दारुणा निहते चैव कर्तव्या सदने सभा ॥

अग्नि से मरने पर यथाशक्ति जल का पान करावे। काष्ठ से मरने पर तो घर में सभा करे।

शस्त्रेण निहते दद्यान्महिषीं दक्षिणान्विताम् । अश्मना निहते दद्यात्सवत्सां गां पयस्विनीम् ॥

शस्त्रद्वारा मरनेपर दक्षिणासे युक्त भैसा दान करे। पत्थरसे मरनेपर सवत्सा दूधवाली गौका दान करे।

वृषेण च मृते दद्यात् मेदिनीं हेमनिर्मिताम् । उद्बन्धनेन च मृते कपिं कनकनिर्मितम् ॥

वृष से मरने पर सुवर्ण की पृथ्वी का दान करे। रज्जु आदि के बन्धन से मरने पर सुवर्ण का बन्दर (लंगूर) दे।

मृते जलेन वरुणं हैमं दद्याद् द्विनिष्कजम् । विषूचिकामृते स्वादु भोजयेच्च शतं द्विजान् ॥

जल से मरने पर दो निष्क सुवर्ण का वरुण बनवाकर दे। शीतला से मरने पर मधुर-स्वादु अन्न से सौ ब्राह्मण का भोजन करावे।

घृतधेनुः प्रदातव्या कण्ठान्तकवले मृते । कासरोगेण च मृते अष्टकृच्छ्रं व्रतं चरेत् ॥

कण्ठ में ग्रास रुककर (अटक जाने पर) मरने पर घी की धेनु (दानमयूरवोक्त घृतधेनु) देना चाहिये। खांसी के रोग द्वारा मरने पर अष्टकृच्छ्रव्रत करे।

अतिसारमृते लक्षं गायत्र्याः प्रयतो जपेत् । शाकिन्यादिग्रहग्रस्ते जपेद्रुद्रं यथोदितम् ॥

अतिसार (दस्त लगकर) से मरने पर सावधानता से एकलाख गायत्री जप करे। शाकिनी (दुर्गा देवी की सेविका, जो पिशाचिनी या परी समझी जाती है) आदि ग्रहद्वारा मरने पर शास्त्रीयविधि से रुद्र का जप (रुद्रीपाठ) करे।

विद्युत्पातेन निहते विद्यादानं समाचरेत् । अन्तरिक्षमृते कार्यं वेदपारायणं तथा ॥

बिजली के गिरने से मृत्यु हो जाय तो विद्यादान (शाखा का अध्यापन) करे। अन्तरिक्ष में मरने पर वेदपारायण करे।

सच्छास्त्रपुस्तकं दद्यादस्पृश्यस्पर्शतो मृते । पतिते च मृते कुर्यात्प्राजापत्यांस्तु षोडश ॥

अस्पृश्य के स्पर्श से मरने पर उत्तम शास्त्र की पुस्तक का दान करे और पतित के मरने पर सोलह प्राजापत्यव्रत करे।

मृते चापत्यरहिते कृच्छ्राणां नवतिं चरेत् । एवं कृते विधाने तु विदध्यादौर्ध्वदेहिकम् ॥

पुत्रहीनके मरनेपर नब्बे कृच्छ्र प्रायश्चित्त करे। इसप्रकार विधान करनेपर तो और्ध्वदेहिकका विधान करे।

(वैधमरणेऽपि विचारः)

तथा वैधमरणेऽपि न दोषः ।

और विधि (नियम के अनुरूप) से मरने पर भी दोष नहीं होता है।

(तत्र सूतकादिविचारः)

तदाहतुर्मनुवृद्धगार्ग्यौ—वृद्धः शौचमृते लुप्तप्रत्याख्यातभिषक्क्रियः । आत्मानं घातयेद्यस्तु भृग्वग्न्यनशनाम्बुभिः ॥ तस्य त्रिरात्रमाशौचं द्वितीये त्वस्थिसञ्चयः । तृतीये तूदकं कृत्वा चतुर्थे श्राद्धमाचरेत् ॥ इति ।

उसी बात को मनु और वृद्धगार्ग्य ने कहा है—वृद्ध (जिसका मृत्युकाल समीप है) व्यक्ति के पवित्र की विस्मृति (वायु, वृद्धावस्था आदि के वश में होने पर शौच, आचमन आदि आवश्यक कर्मों के अनुष्ठान में असमर्थ) में तथा वैद्य भी चिकित्सा न कर सके एसा वह मनुष्य, पहाड़, अग्नि, अनशन और जल द्वारा आत्मा का नाश कर दे तो उसका तीनरात का आशौच होता है। दूसरे दिन अस्थिसञ्चय करे। तीसरेदिन जलदान कर चौथेदिन श्राद्ध को करना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(व्याधिरहितमरणे विचारः)

हेमाद्रौ विष्णुधर्मेऽपि—नरस्तु व्याधिरहितो न त्यजेदात्मनस्तनुम् । असूर्या नाम ये लोका अन्धेन तमसा वृताः ॥ तांस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः ॥ (यजु० अ० ४०।३)।

हेमाद्रि में विष्णुपुराण का वचन है—मनुष्य तो व्याधि से रहित होकर अपने शरीर का त्याग न करे। जो आत्मा को हनन करते हैं एसे मनुष्य उन लोकों में जाते हैं—जो सूर्य से रहित हैं और अन्धकार से आच्छादित किये हुए हैं।

(मृत्युकालागते सति विचारः)

अरिष्टैरात्मनो ज्ञात्वा मृत्युकालमुपस्थितम् । व्याधितो भिषजा त्यक्तः पूर्णे वायुषि चात्मनः ॥ यथायुगानुसारेण सन्त्यजेदात्मनस्तनुम् । तस्मिन्काले तनुत्यागाद्यथेष्टं फलमाप्नुयात् । आयुषस्तु पुरा दृष्टं मरणं ब्राह्मणस्य च ॥ नेति गौडानामपपाठः । उत्तरार्द्धे असङ्गतेः । क्षत्रियस्य तु सङ्ग्रामे मृते भर्तरि योषितः ।

अरिष्टों से अपनी आत्मा के मृत्युकाल की समीपता को जानकर वैद्य के द्वारा त्यागा हुआ रोगी, अपनी आयु की पूर्णता पर युग के अनुसार से अपने शरीर का त्याग करे। उससमय में शरीर के त्याग से यथेष्ट फल को प्राप्त करता है। अवस्थाके पहले ब्राह्मणका मरण देखा गया है। नहीं देखा, यह गौडों का पाठ युक्त नहीं है। यह उत्तरार्ध में असंगत है। क्षत्रिय का तो संग्राम (युद्ध) में और पति के मरने पर स्त्री की मृत्यु देखी है।

(महाव्याधिपीडितोऽपि जीवितुं न शक्नोति तदा विचारः)

अपरार्के ब्रह्मगर्गः—यो जीवितुं न शक्नोति महाव्याध्युपपीडितः ।
सोऽग्न्युदकं महायात्रां कुर्वन्वा न प्रदुष्यति ॥

अपरार्कमें ब्रह्मगर्गका वचन है—जो व्यक्ति महाव्याधि (भयानक बीमारी) की पीडा से जीने में समर्थ नहींहै वह अग्नि, जल तथा महायात्रा (बड़ी तीर्थयात्रा काशीयात्रा आदि)को करताहुआ दोषी नहीं होताहै।

अत्रोक्तवक्ष्यमाणवचोनिचयात्प्रयागातिरिक्तेऽचिकित्स्यरोगाद्युपहतानामधिकारः। सोऽपि जीर्णवानप्रस्थस्यैवेति विज्ञानेश्वरदेवयाज्ञिकादयः। अत एव मिताक्षरादौ भृगुपातानशनादिकं वानप्रस्थस्योक्तम् ।

यहाँ पर कहे हुए और आगे कहे हुए वचनों के समूह से प्रयाग से अतिरिक्त में चिकित्सा के अयोग्य रोग आदि से पीडितोंका अधिकार है। वह भी जीर्ण वानप्रस्थका ही है—यह विज्ञानेश्वर, देवयाज्ञिक आदि कहते हैं। इसलिए मिताक्षरा आदि में भृगुपात, (पर्वत की चोटी से गिरना) अनशन आदि वानप्रस्थ को ही कहा है। (आदि शब्द से—अग्न्यम्बुप्रवेश महाप्रस्थानपरिग्रहः। 'वानप्रस्थो वीराध्वानं ज्वलनाम्बुप्रवेशनं भृगुपतनं वाऽनुतिष्ठेत्')।

मनुरपि (अ० ६ श्लो० ३२)—आसां महर्षिचर्याणां त्यक्त्वान्यतमया तनुम् । वीतशोकभयो विप्रो ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥ इति । तेनान्यत्रापि तद्विषयतैव । मूलैक्यादिति केचित् । तन्न, वानप्रस्थमरणे आशौचनिषेधात् । तेन गृहस्थादिपरमेवेदम् । तेन यतेर्नाधिकारः । काम्येऽनधिकाराच्च । नैमित्तिकत्वे त्वकरणे दोषो नित्यता च स्यात् । प्रयागे त्वरोगिणां रोगिणां च ।

मनु ने भी कहा है—पूर्व अनुष्ठान में से किसी एक अनुष्ठान से शरीर को त्याग कर (ब्राह्मण) दुःख से (शोकमय से) दूर हो ब्रह्मलोक में पूजा को प्राप्त करता है (अर्थात्—मोक्ष प्राप्त करता है) केवल कर्म को करता हुआ वानप्रस्थ से कैसे मोक्ष होगा। कहते हैं—श्रुति कहती है—'विविधाश्चौपनिषदीदात्मसंशुद्धये श्रुतीव' इससे अन्यत्र भी उसकी विषमता ही से मूल की एकता है यह कोई कहते हैं। यह उचित नहीं है। वानप्रस्थ के मरने पर आशौच का निषेध है। इससे गृहस्थादि परक ही यह है। इससे यति (संन्यासी) को अधिकार नहीं है और काम्य में अधिकार नहीं है। नैमित्तिकत्व में तो न करने में दोष और नित्यता होती है। प्रयाग में तो अरोगियों और रोगियों के लिए कहा है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्तु—शूद्राश्च क्षत्रिया वैश्या अन्त्यजाश्च तथाधमाः। एते त्यजेयुः प्राणान्वै वर्जयित्वा द्विजं नृप ॥ पतित्वा ब्राह्मणस्तत्र ब्रह्महा चात्महा भवेत्। इति, तन्निर्मूलमिति भट्टाः। तत्त्वं तु हेमाद्रौ व्रतकाण्डेऽलिखनान्निर्मूलत्वं चिन्त्यमेव। प्रक्रमात्तु पतित्वेति भृगुपातमात्रपरं युक्तम्। ब्राह्मणस्याप्यनुज्ञातमिति वक्ष्यमाणविरोधाच्च।

जो यह कहा है—हे नृप, शूद्र, क्षत्रिय, वैश्य, अन्त्यज और अधम ये सब ब्राह्मण को त्याग कर प्राणों को त्याग करते हैं। वहाँ पर ब्राह्मण पतित होकर हत्यारा और आत्महत्यारा होता है। यह निर्मूल है—यह भट्ट कहते हैं। तत्त्व तो यह है कि हेमाद्रि के व्रतकाण्ड में लेख न होने से निर्मूल होने से चिन्तनीय ही है। प्रकरण से तो गिरकर भृगुपातमात्र परक (पर्वत के शिखर की चोटी से गिरना मात्र) युक्त है। ब्राह्मण की भी आज्ञा कही है यह आगे कहे हुए वचनों का विरोध भी है।

यत्त्वादित्यपुराणे—अब्राह्मणो वा स्वर्गादिमहाफलजिगीषया। प्रविशेज्ज्वलनं तोयं करोत्यनशनं तथा। इति, तत्प्रयागातिरिक्तपरमिति केचित्। हेमाद्रौ त्वेतदग्रे 'प्रयागवटशाखाग्रात्' इत्युक्तेर्ब्राह्मणस्य प्रयागेऽपि नेति प्रतीयते।

जो आदित्यपुराण में कहा है—अब्राह्मण भी स्वर्ग आदि महाफल की इच्छा से अग्नि या जल में प्रवेश करे या अनशनव्रत करे। वह प्रयाग से अतिरिक्त परक है—यह कोई कहते हैं। हेमाद्रि में तो इसके आगे कहा है—प्रयाग में वटशाखा के अग्रभाग से गिरे—एसा कहा है। इससे तो ब्राह्मण का भी प्रयाग में गिर पड़े एसा नहीं प्रतीत होता है।

माधवीयेऽपरार्के चादित्यपुराणे—दुश्चिकित्स्यैर्महारोगैः पीडितस्तु पुमानपि। प्रविशेज्ज्वलनं दीप्तं करोत्यनशनं तथा ॥ अगाधतोयराशिं च भृगोः पतनमेव च। गच्छेन्महापथं वापि तुषारगिरिमादरात् ॥ प्रयागवटशाखाग्राद् देहत्यागं करोति च। स्वयं देहविनाशस्य काले प्राप्ते महामतिः ॥ उत्तमान् प्राप्नुयाल्लोकान्नात्मघाती भवेत् क्वचित्। महापापक्षयात्स्वर्गे दिव्यान् भोगान्समश्नुते ॥ एतेषामधिकारस्तु सर्वेषां सर्वजन्तुषु। नराणामथ नारीणां सर्ववर्णेषु सर्वदा। ईदृशं मरणं येषां जीवतां कुत्रचिद्भवेत् ॥

माधवीय और अपरार्क में आदित्यपुराण का वचन है—चिकित्सा—(वैद्य, डाक्टर, होम्योपैथ आदि) के अयोग्य महारोगों से दुःखी प्रज्वलित अग्नि में पुरुष प्रवेश करे। अनशनव्रत करे। अथाह जलराशि में प्रवेश करे या पर्वत से गिर ही पड़े या महारास्ते में (हिमालय आदि) जाय। तुषार (हिमपात जहाँ होता हो वहाँ पर) वाले पर्वत पर श्रद्धा से चला जाय। प्रयाग की वटशाखा के अग्रभाग में देहत्याग को करता है (—यह आदेश है)। स्वयं (अपने आप) शरीर के नाश के समय महाबुद्धिमान् उत्तम (इच्छा से उपयुक्त) लोकों को प्राप्त करता है वह कभी आत्मघाती नहीं होता है। महापाप के क्षयसे (प्रायश्चित्तार्थ नैमित्तिक विधि है।) स्वर्ग में दिव्यलोकों को प्राप्त करता है। इनका अधिकार तो सब जन्तुओं को है। सब वर्णों में सदा (रोगी या अरोगी) मनुष्य और स्त्रियों को है। इसप्रकार जीवितवालों का मरण कहीं भी होता है।

आशौचं स्यात्त्र्यहं तेषां वज्रानलहते तथा। वाराणस्यां म्रियेद्यस्तु प्रत्याख्यातभिषक्क्रियः ॥ काष्ठपाषाणमध्यस्थो जाह्नवीजलमध्यगः। अविमुक्तोन्मुखस्तस्य कर्णमूलगतो हरः ॥ प्रणवं तारकं ब्रूते नान्यथा कुत्रचित् क्वचित्। हेमाद्रौ चैवम्।

उनका आशौच तीनदिन का होता है और वज्रानल (बिजली) से मरने पर भी तीनदिन का आशौच होता है। (अभिमान या प्रमाद से मरने पर पूरा आशौच होता है।) प्रसिद्ध वैद्य की क्रिया से त्यागा हुआ वाराणसी में जो मरता है। काष्ठ (लकड़ी) पत्थर और गंगाजी के जल के मध्य में जो मरता है वह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अविमुक्त के सामने शंकर उनके कान के मूल में तारक प्रणवमन्त्र कहते हैं। कभी भी इससे अन्यथा नहीं होता है और हेमाद्रि में भी यही है।

अत्र प्राप्तकाले इत्युक्तेरप्राप्तमरणकालायाः स्त्रिया अन्वारोहणे सम्पूर्णमेवाशौचम्। पृथ्वीचन्द्रस्त्वत्रापि त्र्यहमाह। शुद्धितत्त्वादि गौडग्रन्थेष्वप्येवम्। एतच्च वृद्धादिमरणं कलौ निषिद्धम्। भृग्वग्निपतनैश्चैव वृद्धादिमरणे तथा। इति माधवेन पृथ्वीचन्द्रेण च कलिवर्ज्येषूक्तेनः चात्र यावदुक्तनिषेधः विशिष्टोद्देशे वाक्यभेदात्। न च कलौ वानप्रस्थाश्रमनिषेधादेव सिद्धेर्मरणनिषेधो व्यर्थ इति वाच्यम्, सर्ववर्णेष्वित्यादिभिस्तद्भिन्नस्यापि प्राप्तेः। काम्यं भवत्येव "ये वै तन्वं[१] विसृजन्ति इति श्रुतेः' स्मृत्या सङ्कोचायोगात्। न चेयं स्वाभाविकमृत्युपरा, धीरपदोक्तेः।

यहाँ पर प्राप्त समय (अग्नि आदि से मरने पर) में एसा कहने पर अप्राप्त मरणकाल का (अर्थात् जिसका मरण समय न आया हो) एसी स्त्री के अन्वारोहण में संपूर्ण ही आशौच होता है। पृथ्वीचन्द्र ने तो वहाँ पर भी तीनदिन का आशौच कहा है। शुद्धितत्त्व आदि गौड ग्रन्थों में भी यही है और यह वृद्ध आदि का मरण कलि में निषिद्ध है। भृगु, अग्नि और गिरकर मरने का वृद्ध आदि का माधव और पृथ्वीचन्द्र ने निषेध कलिवर्जप्रकरण में किया है। कोई शंका करे—यहाँ पर कहा हुआ निषेध नहीं है। विशिष्टोद्देश में (भृगु आदि पातप्रयुक्त अन्यविशिष्टमरणोद्देश) में वाक्यभेद (आत्मानं घातयेद्यस्तु भृग्वग्न्यशनाम्बुभिः) होता है। कोई कहे कि—कलियुग में वानप्रस्थ आश्रम के निषेध से ही सिद्ध था तो मरण का निषेध व्यर्थ हो जायगा एसा कहे, क्योंकि सब वर्णों में इत्यादियों से वानप्रस्थ से भिन्न की भी प्राप्ति होने से काम्य (प्रयाग) में होता ही है। जो ही शरीर को छोड़ते हैं एसी श्रुति (वेद) है। स्मृति (यद्यपि कलिवर्ज में कहा हुआ प्रमाण वेदवत् होता है श्रुति में भी संकोच कहा है फिर भी जहाँ तक श्रुति में संकोच के विना अगति है जवतक ही संकोच होता है। यहाँ नहीं है।) संकोचका अयोग (अलगाव) है। यह स्वाभाविक मृत्युविषयक है। यह उचित नहीं है, क्योंकि धीरपद कहा है।

मदनपारिजाते स्मृत्यर्थसारे च—'ब्रह्महादीनां तद्योग्यं प्रायश्चित्तं कृत्वा नारायणबलिः कार्यः' इत्युक्तम् । एवं म्लेच्छीकृतानामपि ।

मदनपरिजात और स्मृत्यर्थसार में कहा है—ब्रह्महत्यारों का उसके योग्य प्रायश्चित्त कर नारायणबलि करे—एसा कहा है। इसप्रकार म्लेच्छ हो जाने पर उनका भी करे।

यत्तु कश्चिदाह—'पुत्रकृतेन प्रायश्चित्तेन पितुः पापनाशे मानाभावः, आत्मघाते तु वचनादस्तु, महापातके तु कथं स्यात्' इति । स स्वयमेवात्मवधप्रायश्चित्तस्य जातिवधनिमित्तेन समुच्चयं वदन् हृदयशून्य एव । नहि जातिवधनिमित्तं पुत्रैः कार्यमिति वचनमस्ति । पुत्रकर्तृकसर्वप्रायश्चित्तादविप्लवापत्तेः प्रागुक्तबौधायनवचनाच्चेति दिक् ।

जो किसी ने कहा है—पुत्र के किये हुए प्रायश्चित्त से पिता के पाप के नाश में प्रमाण का अभाव है। आत्मघात में तो वचन (शस्त्रघातहताश्च ये) हो महापातक में कैसे होगा। वह स्वयं ही आत्मवधप्रायश्चित्त का जातिवधनिमित्त से समुच्चय को कहते हुए हृदय शून्य ही है। जातिवधनिमित्त प्रायश्चित्त पुत्र करे—एसा वचन नहीं है। पुत्रकर्तृक सर्वप्रायश्चित्त आदि की विप्लवापत्ति (उपद्रव के आ जाने से) हो जायगी। यह पहले बौधायन वचन से कहा है।

'इदं प्रायश्चित्तार्हाणामेव । प्रायश्चित्तानर्हाणां तु पतितोदकमात्रं कार्यम् इति केचित् । मदनपारिजातादिष्वरसोऽप्येवम् ।

यह प्रायश्चित्त योग्यों के लिए ही है। जो प्रायश्चित्त अयोग्यों का तो पतितोदकमात्र करना चाहिये—यह कोई कहते हैं। मदनपारिजात आदि का भी यही अभिप्राय (तात्पर्य) ही है।

वस्तुतस्तु तदर्हानर्हयोर्वचनेऽनुपादानादविशेषात्तत्रापि नारायणबलिर्गयाश्राद्धं चेति युक्तम् ।

उचित तो यह है—वह योग्य और अग्योय के वचन में अनुपादान के विशेष हेतु के न होने के कारण वहाँ पर भो नारायणबलि और गयाश्राद्ध को करना युक्त है।

(पतितोदकविधिः)

पतितोदकविधिस्तु 'पित्राद्यतिरिक्तविषयः' इत्यपरे ।

पतितोदकविधि तो पिता से अतिरिक्त (भिन्न) विषयक है—यह दूसरे कहते हैं (आदि शब्द से माता और पति का ग्रहण है)।

स यथा हेमाद्रौ ब्राह्मे—पतितस्य तु कारुण्याद्यस्तृप्तिं कर्तुमिच्छति ।

स हि दासीं समाहूय सर्वगां दत्तवेतनाम् ॥

वह विधि यों है—हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण का वचन है—करुणा (दया) से जो पतित की तृप्ति करने की इच्छा करता है वह सबके साथ संगम (दुराचार) करनेवाली को वेतन देकर आहूत करे।

अशुद्धघटहस्तां तां यथाद्युतं प्रवीत्यपि । हे दासि, गच्छ मूल्येन तिलानानय सत्वरम् ॥

अशुद्ध घड़े को उसके हाथ में यथा चार देकर कहता है। हे दासि, तुम जाओ मूल्य के द्वारा तिलों को जल्दी लेकर आओ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तोयपूर्णघटं चेमं सतिलं दक्षिणामुखी । उपविष्टा तु वामेन चरणेन ततः क्षिप ॥

तिल के सहित जल से भरे हुए उस घड़े को दक्षिणदिशा की तरफ मुख कर बैठकर वायें चरण से फेंक दो ।

कीर्तयेः पातकीसंज्ञां त्वं पिबेति मुहुर्वद । निशम्य तस्य वाक्यं सा लब्धमूल्या करोति तत् ॥ एवं कृते भवेत्तृप्तिः पतितानां न चान्यथा ॥ इति ।

पातकी का नाम लेकर कहो—हे पातकि, तू इस जल को पीओ—इसको वारंवार कहो । वह उसके इस वाक्य को सुनकर मूल्य प्राप्त की हुई वह करती है । एसा करने पर पतितों की तृप्ति होती है । अन्यथा नहीं होती है ।

इदं च मृताहे कार्यम्, 'पतितस्य दासी मृताह्नि यदा घटमपिवर्जयेदेतावताऽयमुपचरितो भवति' इति मदनरत्ने विष्णूक्तेः । इदं चात्मत्यागिविषयम्, 'आत्मत्यागिनः पतितास्ते नाशौचोदकभाजः स्युः' इत्युपक्रम्य विष्णुना एतस्याभिधानादिति गौडाः । (उपलक्षणत्वात्सर्वेषामिति तु युक्तम् ।)

यह पतितोदकविधि मरणदिन में करनी चाहिये । मदनरत्न में विष्णु ने कहा है—दासी पतित के मरणदिन में जब घट को भी त्याग करती है । इससे ही वह पतित कृतार्थ होजाता है । यह आत्मत्यागी के विषय में है । आत्मत्यागी जो पतित हैं वे आशौच और जल के भागी नहीं होते हैं । एसा प्रारंभ कर विष्णु ने इसका नाम नहीं कहा है—यह गौड कहते हैं । युक्त तो यह है सबों का उपलक्षण होने से युक्त है ।

(यत्तु कश्चिदाह)

यत्तु कश्चिदाह—'यः पतितो घटस्फोटेन बान्धवैर्बहिष्कृतस्तद्विषयाणि क्रियानिषेधवाक्यानि । जीवत्येव तस्मिन्नन्त्यकर्मणः कृतत्वात्तत्पुनःकरणाभावात्' इति स स्वबन्धुत्यागेन जातवैराग्यस्य कृतप्रायश्चित्तस्याप्यकरणापत्तेर्मिताक्षरादिविरोधमपश्यन्मूर्ख इत्युपेक्षणीयः । न च कृतघटस्फोटस्य सङ्ग्रहविधिर्नेति वाच्यम् । मनुनाऽकृतस्य घटस्फोटस्य त्यागमुक्त्वा—प्रायश्चित्ते तु चरिते पूर्णकुम्भमपां नवम् । तेनैव सार्द्धं प्रास्येयुः स्नात्वा पुण्ये जलाशये ॥ इत्युक्तेः (मनुः—११।१८६) । अन्यथा प्रायश्चित्तमात्रे एतत्प्रसङ्गात् । अतो घटस्फोटेन बहिष्कृतस्यापि पित्रादेरब्दान्ते नारायणबलिः कार्यः । निषेधास्तु पितृव्यादिपरा इति तत्त्वम् । केचित्तु नारायणबलौ कृतेऽप्यन्त्यकर्मसपिण्डनवर्जं कार्यम्,

जो किसी ने कहा है—जो पतित घट के फोड़ने से बान्धवों ने बहिष्कृत किया है उस विषय के लिये क्रियानिषेध वाक्य हैं । जीते हुए ही उसके अन्त्य कर्म के करने पर उसको फिर से करने का अभाव है । वह अपने बन्धु त्याग से उत्पन्न वैराग्य का प्रायश्चित्त करने बाद भी अकरणापत्ति होती है—यह मिताक्षरा आदि के विरोध को नहीं देखते हुए मूर्ख ही है इसलिए उपेक्षणीय (त्यागने योग्य) है । कोई कहे कि घटस्फोटन करने पर संग्रहविधि नहीं है—एसा कहे । मनु ने जिसका घटस्फोटन नहीं किया है उसके त्याग को कहकर पतित के प्रायश्चित्त के करने पर सपिण्ड और बान्धव उसके साथ नवीन जल से भरे नूतन घड़े को जलाशय में स्नान कर फेंक दे । अन्यथा प्रायश्चित्तमात्र में इसका प्रसंग हो जायगा । इसलिए घटस्फोटन से बहिष्कृत का भी पिता आदि की नारायणबलि को वर्ष के अन्त में करे । निषेध तो (क्रियानिषेध) पितृव्य आदि के विषय में है—यह तत्त्व है । कोई तो कहते हैं—नारायणबलि के करने पर भी सपिण्डन का त्याग कर करे ।

गोब्राह्मणहतानां च पतितानां तथैव च । व्युत्क्रमाच्च प्रमीतानां नैव कार्या सपिण्डता ॥ इति वचनात् । ब्राह्मणादिहते ताते पतिते सङ्गवर्जिते । इति श्राद्धप्रकारोक्तेश्चेत्याहुः । ते हेमाद्रिस्थपूर्वोक्तषट्त्रिंशन्मतविरोधान्निर्मूलत्वाच्छ्राद्धप्रकारस्य वृद्धिश्राद्धविषयत्वादुपेक्ष्या ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वचन यों है—गौ और ब्राह्मण से मरनेवालों का वैसे ही पतितों का तथा विपरीतक्रम से मरनेवालों का सपिण्डन नहीं करनी चाहिये। श्राद्धप्रकार में भी कहा है—ब्राह्मण आदि द्वारा मरने पर पतित निषिद्ध कर्मों से मरों का सपिण्डन श्राद्ध न करे। वे हेमाद्रि से लिखे हुए पूर्वोक्त षट्त्रिंशत् मत के विरोध होने से और निर्मूल होने से (व्युत्क्रमाच्च प्रमीतानां नैव कार्या सपिण्डता। यदि माता यदि पिता भर्ता नैव विधिः स्मृतः ॥ इस वचन से कैसे निर्मूल कहते हैं। पित्रादिभिन्नस्य सर्वथाकरणपक्षाभिप्रायकत्वात्।) श्राद्धप्रकार का वचन वृद्धिश्राद्ध के विषय में है—इसलिये उपेक्षणीय (त्यागने योग्य) है।

(हेमाद्र्याद्यनुसारेण नारायणबलिप्रयोगः)

नारायणबलिस्तु हेमाद्र्याद्यनुसारेणोच्यते। तत्रादौ क्रियानिबन्धे गारुडे तर्पणमुक्तम्—कार्यं पुरुषसूक्तेन मन्त्रैर्वा वैष्णवैरपि। दक्षिणाभिमुखो भूत्वा प्रेतं विष्णुमिति स्मरन्।

नारायणबलि तो हेमाद्रि आदि के अनुसार कहता हूँ। उसके आदि में क्रियानिबन्ध में गरुडपुराण पुराण के वचन से तर्पण कहा है। पुरुषसूक्त से या विष्णु के मन्त्रों से भी दक्षिणाभिमुख होकर विष्णुरूपी प्रेत का स्मरण करता हुआ कहे—

अनादिनिधनो देवः शङ्खचक्रगदाधरः। अव्ययः पुण्डरीकाक्षः प्रेतमोक्षप्रदो भव। इति।

आदि और अन्त से रहित देव, शंख, चक्र और गदा को धारण करनेवाले पुण्डरीकाक्ष, अक्षय्य (क्षय न होनेवाले), प्रेत को मोक्ष देनेवाले हो।

शुक्लैकादश्यां देशकालौ सङ्कीर्त्यामुकगोत्रस्यामुकस्य दुर्मरणात्मघातजदोषनाशार्थमौर्ध्वदेहिकसम्प्रदानत्वयोग्यतासिद्ध्यर्थं नारायणबलिं करिष्ये—इति सङ्कल्प्य ब्रह्माणं विष्णुं शिवं यमं प्रेतं पञ्चकुम्भेषु—विष्णुः स्वर्णमयः कार्यो रुद्रस्ताम्रमयस्तथा। ब्रह्मारौप्यमयस्तत्र यमो लोहमयो भवेत्॥ प्रेतो दर्भमयः कार्य इति देवप्रकल्पना॥ इति गारुडोक्तासु सर्वासु हैमीषु वा प्रतिमासु षोडशोपचारैः पुरुषसूक्तेनाभ्यर्च्याग्निं प्रतिष्ठाप्य चरुं पुरुषसूक्तेन प्रत्यृचं नारायणायेदमिति हुत्वा देवानामग्रे दक्षिणाग्रदर्भेषु विष्णुरूपं प्रेतं स्मरन्—नामगोत्राभ्यां मधुघृततिलयुतान् दश पिण्डान् यज्ञोपवीत्येव 'अमुकगोत्र अमुकशर्मन् प्रेत विष्णुरूपाऽयं ते पिण्ड उपतिष्ठताम्' इति दत्वा पुरुषसूक्तेनाभिमन्त्र्य 'यत्ते यमम्' इति सूक्तेन पिण्डाननुमन्त्र्य शङ्खोदकेन चाभिषिच्याभ्यर्च्यामुकशर्माणममुकगोत्रं विष्णुरूपं प्रेतं तर्पयामि इति पुरुषसूक्तेन प्रत्यृचं तर्पयित्वा एकमासान्नं ब्रह्मादिपञ्चभ्यो दद्यात्।

शुक्लपक्ष की एकादशीतिथि (एकादश्यां तु शुक्लायां पञ्चम्यां श्रवणेन वा। तथा मृतानां शुद्ध्यर्थं कार्यो नारायणो बलिः। इति वचनात् पञ्चम्यां श्रवणे वा कार्यः।) में—'देशकालौ संकीर्त्य—अमुकगोत्रस्यामुकस्य दुर्मरणात्मघातजदोषनाशार्थमौर्ध्वदेहिकसंप्रदानत्वयोग्यतासिध्यर्थं नारायणबलिं करिष्ये। एसा संकल्प कर पाँच कलशों पर क्रम से [1]ब्रह्मा, विष्णु, शिव, यम और प्रेत का स्थापन करे। उसमें-विष्णु की प्रतिमा सोने की, शिव (रुद्र) की [2]प्रतिमा तांबे की, ब्रह्मा की प्रतिमा चांदी की, यम की प्रतिमा लोहे की और प्रेत

१—ब्रह्मा—हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्। स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम॥ (ऋ० १०।१२१।१)। रुद्र—कद् रुद्राय प्रचेतसे मीढुष्टमाय तव्यसे। वोचेम शंतमं हृदे॥ (ऋ० १।४३।१) यम—यमाय सोमं सुनुत यमाय जुहुता हविः। यमं ह यज्ञो गच्छत्यग्निदूतो अरंकृतः॥ (ऋ० १०।१४।१३)। इति टीकायाम्। अन्यत्र—ब्रह्मा—ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्तात् विसीमतः सुरुचो वेन आवः। स बुध्निया उपमा अस्य विष्ठाः सतश्च योनि मसतश्च विवः॥ तैत्त० ब्रा० २।८।८)। विष्णु—इदं विष्णुर्वि चक्रमे त्रेधा निदधे पदम्। समूढमस्य पांसुरे॥ (ऋ० १।२२।१७)। यमाय मधुमत्तमं राजे हव्यं जुहोतन। इदं नम ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृद्भ्यः॥ (ऋ०१०।१४।१५)। प्रेता जयता नर इन्द्रो वः शर्म यच्छतु। उग्रा वः सन्तु बाहवोऽनाधृष्या यथासथ॥ (ऋ० १०।१०३।१३)। साम० १८६२। अथर्व० ३।१९।७। यजु० १७।४६। तै० स० ४।६।४४।

२—प्रतिमासु—पुरुषसूक्तेन विष्णुः, हिरण्यगर्भ इति ब्रह्मा, कद्रुद्रायेति रुद्रः, यमाय सोम इति यमः, नाममन्त्रेण प्रेतश्च पूज्यः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की कुशा की प्रतिमा करे। इसप्रकार देवताओं की कल्पना करे। या गरुडपुराण में कहे हुए के अनुसार सब प्रतिओं को सोने की बनवाकर षोडशोपचारों से पुरुषसूक्त से पूजन कर अग्नि की प्रतिष्ठा कर चरु का पुरुष सूक्त की प्रत्येक ऋचा से नारायण के लिये यह है यों हवन कर देवताओं के आगे दक्षिणाग्र दर्भों (कुशाओं) में विष्णुरूप प्रेत का स्मरण करता हुआ नाम और गोत्र से सहत, घृत और तिल के सहित दशपिण्डों को यज्ञोपवीती (सव्य से) ही होकर 'अमुकगोत्रामुकशर्मन् प्रेत विष्णुरूपाऽयं ते पिण्ड उपतिष्ठताम्' इससे देकर पुरुषसूक्त से अभिमन्त्रण कर [1]'यत्ते यमम्' इस सूक्त से पिण्डों का अनुमन्त्रण (मन्त्रों द्वारा आवाहन या प्रतिष्ठा) कर शंखोदकजल से अभिषेक कर पूजन कर 'अमुकशर्माणममुकगोत्रं विष्णुरूपं प्रेतं तर्पयामि' यों कहकर पुरुषसूक्त की प्रत्येक ऋचा से तर्पण कर एक आमान्न (सीधा) ब्रह्मा आदि पांच के लिये दे।

मन्त्रस्तु--ब्रह्मविष्णुमहादेवा यमश्चैव सकिङ्करः।
बलिं गृहीत्वा कुर्वन्तु प्रेतस्य च शुभां गतिम् ॥ इति।

मन्त्र यों है--ब्रह्मा, विष्णु, महादेव, किंकर सहित यम बलि ग्रहण कर प्रेत की शुभ गति को करो।

मिताक्षरायां तु होमबल्यादिनोक्तम्। ततः प्रतिदैवतं त्रिविधं फलं शर्करामधुघृतगुडानि च निवेद्य पिण्डानभ्यर्च्य नद्यां क्षिप्त्वा रात्रौ नव सप्त पञ्च वा विप्रान्निमन्त्र्योपोषितेन जागरणं कृत्वा श्वोभूते पुनर्विष्णुं यमं सम्पूज्यैकोद्दिष्टविधिना श्राद्धपञ्चकं करिष्य इत्युक्त्वा ब्रह्मविष्णुशिवयमप्रेतान् स्मरन् विप्रान् उपविश्य प्रेतस्थाने चैकं विष्णुं स्मरन्नावाहनार्घ्ययुतं तृप्तिप्रश्नान्तं कृत्वोल्लेखनादिकृत्वान्नशेषेण ब्रह्मणे विष्णवे शिवाय यमाय सपरिवाराय चतुरः पिण्डान् दत्त्वा प्रेतनामगोत्रे स्मृत्वा विष्णुनाम्ना पञ्चमं दत्त्वाऽभ्यर्च्याचान्तेभ्यो दक्षिणां दत्त्वैकं प्रेतं स्मृत्वा विशेषतः सन्तोष्य विप्रैः प्रेताय 'इदं तिलोदकमुपतिष्ठताम्' इति सतिलमुदकं दापयित्वा भुञ्जीतेति। अत्र विशेषान्तरं भट्टकृतान्त्येष्टिपद्धतौ ज्ञेयम्।

मिताक्षरा में तो होम, बलि आदि नहीं कहा है। तदनन्तर प्रत्येक देवता को तीनप्रकार के फल, चीनी, सहत, घी और गुड़ का निवेदन कर पिण्डों की पूजा कर नदी में फेंककर रात्रि में नौ, सात या पांच ब्राह्मणों को निमन्त्रण कर उपवास के सहित जागरण कर प्रातःकाल फिर विष्णु और यम का पूजन कर एकोद्दिष्टविधि से 'श्राद्धपञ्चकं करिष्ये' यों संकल्प कर ब्रह्मा, विष्णु, शिव, यम और प्रेत का स्मरण कर ब्राह्मणों को बैठाकर प्रेत के स्थान में एकमात्र विष्णु का स्मरण कर पाद्य, आवाहन और अर्घ्य के सहित तृप्तिप्रश्नान्त कर उल्लेखन आदि कर अन्न शेष से ब्रह्मा, विष्णु, शिव और यम परिवारवाले के लिए चार पिण्डों को देकर प्रेत का नाम और गोत्र का स्मरण कर विष्णु के नाम से पाँचवाँ पिण्ड देकर [2]पूजन कर आचमन करा कर उनको दक्षिणा देकर ब्राह्मणों को सन्तुष्ट कर विशेष से एक प्रेत का स्मरण कर 'प्रेताय इदं तिलोदकमुपतिष्ठताम्' यों कहकर तिल के सहित जल को देकर भोजन करे। यहाँ पर विशेषान्तर बात [3]भट्टकृत अन्त्येष्टि पद्धति में जानना चाहिये।

(सर्पद्वारामृते मतमतान्तरेण विचारः)

सर्पहते तु वर्षपर्यन्तं पूर्वेऽह्न्येकभक्तपूर्वं शुक्लपञ्चम्यामुपवासनं नक्तं वा कृत्वा पिष्टमयं नागमनन्तवासुकिशङ्खपद्मकम्बलकर्कोटकाश्वतरधृतराष्ट्रशङ्खपालकालियतक्षककपिलेति नामभिः प्रतिमासं

१—यत् ते यमं वैवस्वतं मनो जगाम दूरकम्। तत् त आवर्तयामसीह क्षयाय जीवसे १ यत् ते दिवं यत् पृथिवीं मनो जगाम दूरकम्। तत्० २ यत् ते भूमिं चतुर्भृष्टिं मनो जगाम दूरकम्। तत्० ३ यत् ते चतस्रः प्रदिशो म० ४ यत् ते समुद्रमर्णवं म० ५ यत् ते मरीचीः प्रवतो म० ६ यत् ते अपो यदोषधीर्म० ७ यत्ते सूर्यं यदुषसं म०८ यत्ते पर्वतान् बृहतो म० ९ यत्ते विश्वमिदं जगन्मनो १० यत्ते पराः परावतो म० ११ यत्ते भूतं च भव्यं च म० १२ (ऋ० १०।५८।१-१२)।

२—भट्टों ने कुशाओं के द्वारा पुरुषसूक्त से अभिषेक कहा है। पूजन के बाद पिण्डों को प्रवाहवाली नदी में प्रक्षेप करे पत्नी को न दे। यह भट्टों ने नहीं कहा है। २—स्नान कर गुड, शर्करा, पायस आदि के सहित स्वजनों के साथ भोजन करे—यही पद्धति में कहा हुआ विशेषान्तर है। ३—प्रेत विप्र ब्राह्मण को प्रसन्न कर बाद में आत्म्यस्थान में तिल, दर्भ, तुलसी, पुष्प और शंखोदक की धारा दे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सम्पूज्य पायसेन विप्रान् सम्भोज्य वत्सरान्ते हैमं नागं गां च अन्यदां च दत्त्वा नारायणबलिं कुर्यात् । मूलं तु हेमाद्रौ ज्ञेयम् ।

[1]सर्प से मरने पर तो एकसाल तक एकसमय भोजन कर शुक्लपक्ष की पञ्चमीतिथि में उपवास या नक्तव्रत (दिनभर व्रत रखना और रात को भोजन करना) को करके पिष्टमय (पिसा हुआ चूर्ण) नाग, (भट्टमत से लकडी या मट्टी का पांच फणोंवाला नाग बनावे), अनन्त, वासुकी, शंख, पद्म, कम्बल, कर्कोटक, अश्वतर, धृतराष्ट्र, शंखपाल, कालीय, तक्षक और कपिल इन नामों से प्रति महिने पूजन कर खीर से ब्राह्मणों को भोजन कराकर साल के अन्त में [2]सुवर्ण का नाग और गौ को देकर नारायणबलि करे। इसका मूल हेमाद्रि में देखना चाहिये ।

बौधायनसूत्रे सर्पमृतानां 'नमोऽस्तु सर्पेभ्यः' इति तिस्र आहुतीर्हुत्वा, उदके मृतानां 'समुद्राय वयुनाय' इति हुत्वेति क्रियां कुर्यादिति शेषः ।

बौधायनसूत्र में कहा है--सर्प से मरे हुओं के लिए 'नमोऽस्तु [3]सर्पेभ्यः' इस मन्त्र से तीन आहुति हवन कर तथा जल से मरों का [4]'समुद्राय वयुनाय' इस मन्त्र से हवन कर क्रिया को करे--यह शेष है ।

व्यासः--सौवर्णभारनिष्पन्नं नागं कृत्वा तथैव गाम् ।
व्यासाय दत्त्वा विधिवत्पितुरानृण्यमाप्नुयात् ॥

व्यास ने कहा है--सुवर्ण के भार (पलसहस्रद्वय) (तुला स्त्रियां पलशतं भारः स्याद्विंशतिस्तुला । अम० को० ६७३ ।) से युक्त नाग को कर और गौ का निर्माण कर विधिवत् व्यास को देकर पिता के ऋण से मुक्त हो जाता है ।

हेमाद्रौ भविष्ये--पञ्चम्यां पन्नगं हैमं स्वर्णेनैकेन कारयेत् । क्षीराज्यपात्रमध्यस्थं पूज्य विप्राय दापयेत् ॥ प्रायश्चित्तमिदं प्रोक्तं नागदष्टस्य शम्भुना ॥ इति ।

हेमाद्रि में भविष्यपुराण का वचन है-"पञ्चमीतिथि को फण वाला सुवर्ण का एक नाग कराकर दूध के सहित घृत पात्रमें नाग को रखकर नाग की पूजा कर ब्राह्मण को दे । शंभु ने नाग से काटे (डसे) हुए का यह प्रायश्चित्त कहा है । (अशक्ति में प्रकारान्तर भी कहा है-दोनों पक्ष की पञ्चमीतिथि में भूमि में पिष्ट (पीसे एहु आंटे से) नाग का लेखन कर सफेद गन्ध, पुष्प आदि से तिल तथा चावलों से पूजन कर गव्य, क्षीर, मोदक (लड्डू) को भूमि में निवेदन कर खड़े होकर इसको छोड़ो, छोड़ो एसा कहे । इसप्रकार एकसाल कर नाग की पूजा कर तब सुवर्ण का नाग और गौ को दे) ।

१—अन्यत्र-सर्पव्याघ्रहता ये च ये च शस्त्रहता नराः । जले मग्ना विषं पीत्वा मृता ये शृङ्गिभिर्हताः ॥ उपलैस्ताडिता ये च लगुडैर्निहता भृशम् । रज्ज्वा नियन्त्रिता ये च शृङ्खलायन्त्रिताश्च ये ॥ अश्वादीनां पदाघातैर्ये मृता गवपोथनैः । वृक्षाग्रात्पतिता ये च ये च पर्वतमूर्धतः ॥ शूलेन निहिता ये च वह्निना ये मृता नराः । विसूचिका गदव्याप्त्या ये मृताः क्षयपीडनात् । उत्पाद्य मरणं ये च मृतानिस्खलनादपि । ये मृता बन्धनागारे येऽज्ञानौषधसेवनात् । व्रणकृमिनिपातेन जर्जरीभूतविग्रहाः ॥ इत्याद्यसदृशैर्दोषैर्मृता ये भुवि मानवाः । तेषां गत्यर्थमादिष्टो बलिर्नारायणीयकः ।

२—अनन्तो वासुकिस्तक्षकः शङ्खः पद्मकम्बलौ कर्कोटकश्चाश्वतरः धृतराष्ट्रः शङ्खपालः कालीयः कपिलश्चेति क्रमो-भट्टैरुदाहृतः । इसलिए अन्त्येष्टिपद्धति के अनुसार शिष्टलोग अनुष्ठान करते हैं ।

३—नमो अस्तु सर्वेभ्यो ये के च पृथिवी मनु । ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ।। (ऋ० प०) !

४—समुद्राय वयुनाय सिन्धूनां पतये नमः । नदीनाँ सर्वासां पित्रे जुहुता विश्वकर्मणे विश्वाहाऽमर्त्यँ हविः ॥ (तैत्त० स० ४।६।२।६ पृ० १८३—बौधायनगृ० अ० ४ पृ० ११०) ।

५ —गारुडे—प्रमादादिच्छया वापि नागाद्वै म्रियते यदि । पक्षयोरुभयोर्नागं पञ्चमीषु प्रपूजयेत् ॥ कुर्यात् पिष्टमयीं लेख्यां नागाभोगाकृतिं भुवि । अर्चयेत् तां सितैः पुष्पैः सुगन्धैश्चन्दनेन वा । प्रदद्यात् धूपदीपौ च तण्डुलांश्च तिलान् क्षिपेत् । आमपिष्टं च नैवेद्यं क्षीरं च विनिवेदयेत् । सौवर्णं शक्तितो नागं गां च दद्यात् द्विजन्मने । कृताञ्जलिस्ततो भूयात् प्रीयतां नागराडिति ॥ पुनस्तेषां प्रकुर्वीत नारायणबलिक्रियाम् । तथा लभन्ते स्वर्वासं मुच्यन्ते सर्वपातकैः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपरार्के स्मृत्यन्तरेऽपि—तदैव शुद्धयति प्रेतो नारायणबलौ कृते । यो ददाति क्रियापिण्डं तस्मै प्रेताय वै सुतः ॥ तस्यैवाशौचमुद्दिष्टं त्र्यहमेव न संशयः । विष्णुश्राद्धसमाप्तौ तु त्रयोदश्यां दिनत्रयम् ॥ आशौचं पिण्डदः कुर्यान्न तु तद्बन्धुगोत्रजाः ।

अपरार्क में स्मृत्यन्तर का भी वचन है-नारायणबलि करने पर ही प्रेत शुद्ध होता है। जो ही पुत्र क्रिया कर पिण्ड उस प्रेत के लिये देता है। उसके लिये आशौच तीनदिन का ही होता है इसमें संशय नहीं है। [1]विष्णुश्राद्ध की समाप्ति में त्रयोदशी (द्वादशाहनि—इस पूर्वोक्त पक्ष को कहकर जिसका जन्मान्तर से ब्राह्मणवध आदि से इसजन्म में प्रेत से किया हुआ सन्तत्यादिप्रकृति रूप वध या उसका नाश हो गया है इससे उसकी निवृत्ति के लिए भी नारायणबलि करे। उसमें प्रतिबन्धनिवृत्ति के सन्देह में वीर भोजन पूर्वक नारायणबलि करके उसके बाद पांचदिन के मध्य में प्रेत का और्ध्वदेहिक करे।) तिथि में पिण्ड देनेवाला तीनदिन का आशौच करे। उसके बन्धु तथा गोत्री न करे—

(व्युच्छिन्नसन्ततिमृते विचारः)

यस्य वै मृत्युकाले तु व्युच्छिन्ना सन्ततिर्भवेत् ॥ स वसेन्नरके नित्यं पङ्कमग्नः करी यथा ।

इत्युपक्रम्य—

मृत्युकाल में जिसको ही सन्तति नहीं हैं वह नरक में जैसे कीचड़ में धसे हाथी की दशा होती है तद्वत् ही नित्य निवास करता है। एसा उपक्रम (प्रारंभ) कर—

(गरुडपुराणादिमतेनापुत्रस्य नारायणबलिकर्मणि विचारः)

बलिं नारायणं कुर्यात्तस्योद्देशेन भक्तिमान् । इति गारुडोक्तेरपुत्रस्यापि पत्न्याद्यैः कार्य इत्युक्तं देवयाज्ञिकेन ।

भक्तिमान् पुरुष उसके उद्देश्य से नारायणबलि को करे—इस गरुड़पुराण के वचन से अपुत्र की भी पत्नी आदि करे—एसा देवयाज्ञिक ने कहा है।

(त्रयाणामाश्रमाणां यतीनां च युद्धमरणे दाहादिक्रियाकरणे विचारः)

अथ विधानादाशौचाभावः । यथा यतियुद्धमृतादिषु—त्रयाणामाश्रमाणां च कुर्याद्दाहादिकाः क्रियाः । यतेः किञ्चिन्न कर्तव्यं न चान्येषां करोति सः ॥ इति ब्राह्मात् ।

अब विधान से आशौच का अभाव कहते हैं—जैसे संन्यासी और युद्ध में मरों का आशौच नहीं होता है। ब्रह्मपुराण में कहा है--तीन आश्रमों में रहनेवालों की दाह आदि क्रियाओं को करे और संन्यासी का कुछ भी न करना चाहिये। क्योंकि वह दूसरों का कुछ नहीं करता है।

(यतीनामेकोद्दिष्टादिश्राद्धे विचारः)

उशनाः—एकोद्दिष्टं न कुर्वीत यतीनां चैव सर्वदा ।
अहन्येकादशे प्राप्ते पार्वणं तु विधीयते ॥

उशना ने कहा है—संन्यासियों का सर्वदा ही एकोदिष्ट न करे। ग्यारहवें दिन के प्राप्त होने पर पार्वण का विधान करे।

१—पद्धतिः—देशकालौ संकीर्त्य-विष्णुश्राद्धाङ्गत्वेन विष्णोः पूजनं करिष्ये—इति संकल्प्य विष्णुं संपूज्य अमुककर्माङ्गत्वेन विष्णुश्राद्धं करिष्य इति संकल्प्य उदङ्मुखान् ब्राह्मणान् कुशवटून् वोपवेश्य धूरिलोचनसंज्ञकानां विश्वेषां देवानामिदमासनम्, प्रद्युम्नसङ्कर्षणवासुदेवानामेतदासनम्, धूरिलोचनौ विश्वेदेवाः दत्तं गन्धाद्यर्चनमक्षय्यं वा स्वाहा नमः । प्रद्युम्नसंकर्षणवासुदेवाः दत्तं गन्धाद्यर्चनमक्षय्यं वः स्वाहा नमः । धूरिलोचनौ विश्वेदेवाः यथाकालं दास्यमानं युग्मब्राह्मणभोजनपर्याप्तमन्नमक्षय्यं वः स्वाहा नमः, एवमन्येभ्यः । अथवाऽऽमान्नं द्विगुणं त्रिगुणं चतुर्गुणं वा तन्निष्क्रयं वा हिरण्यं वाऽक्षय्यं वा स्वाहा नमः । सकृत्सकृदपोदानम् । अश्नत्सु जपः—शिवा आपः सन्त्वित्यादि । अघोराप्रद्युम्नसङ्कर्षणवासुदेवाः सन्तु—इति प्रार्थना । गोत्रन्नो वर्द्धतामित्यादि । धूरिलोचनौ विश्वेदेवाः इदं हिरण्यं तन्निष्क्रयं वा दक्षिणामक्षयं वः स्वाहा नमः । विश्वेदेवाः प्रीयन्ताम् । ॐ वाजे वाजे । ॐ आमावाजस्येत्यनुगमनमिति विष्णुश्राद्धं मयूखे नारायणभट्टैस्तु मूलपद्धत्यनुसारेणोक्तम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सपिण्डीकरणं तेषां न कर्तव्यं सुतादिभिः। त्रिदण्डग्रहणादेव प्रेतत्वं नैव जायते॥

संन्यासियों का पुत्र आदि सपिण्डीकरण न करे। क्योंकि--त्रिदण्ड के ग्रहण से ही प्रेतत्व नहीं होता है।



(हवन वेदी)

तत्संस्कारं वक्ष्यामः। दत्तात्रेयः—एकोद्दिष्टं जलं पिण्डमाशौचं प्रेतसत्क्रियाम्। न कुर्याद्वार्षिकादन्यत् ब्रह्मीभूताय भिक्षवे॥ वार्षिकादिति पूर्वभाविमासिकादिनिषेधो न तु दर्शादेः।

संन्यासी के संस्कार को आगे कहेंगे। दत्तात्रेय ने कहा है—ब्रह्मीभूत भिक्षुक के लिए वार्षिकश्राद्ध त्याग कर एकोद्दिष्ट, जल, पिण्ड, आशौच तथा प्रेत की क्रिया को न करे। वार्षिकश्राद्ध से पहले होनेवाले मासिकश्राद्ध आदि का निषेध है दर्शश्राद्ध आदि (अमावास्याश्राद्ध) का निषेध नहीं है।

संन्यासिनोऽप्याब्दिकादि पुत्रः कुर्याद्यथाविधि। इति वायवीयोक्तेः।

क्योंकि वायुपुराण का वचन है—संन्यासी का भी यथाविधि (महालये तु यच्छ्राद्धं द्वादश्यामेव तद्भवेत्। इत्युत्तरार्धम्) आब्दिक आदि श्राद्ध पुत्र करे।

पृथ्वीचन्द्रोदये प्रजापतिः—अहन्येकादशे प्राप्ते पार्वणं तु विधीयते। सपिण्डीकरणं तस्य न कर्तव्यं सुतादिभिः॥

पृथ्वीचन्द्रोदय में प्रजापति ने कहा है—ग्यारहवें दिन के प्राप्त होने पर पार्वण का विधान करे। पुत्र आदियों को उसका सपिण्डीकरण नही करना चाहिये।

एषु सपिण्डनादिनिषेधानुवादेन पार्वणोक्तेः तत्स्थानापन्नत्वं पार्वणस्य गम्यते। न गिरागिरेति ब्रूयादैरं कृत्वोद्गेयम्। इतिवत्। इदं वार्षिकादिविधानं च त्रिदण्डिपरम्। एकदण्डि-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

पूर्व

(नारायणबलि में एकादश विष्णु-श्राद्ध)

सव्य-विष्णु ११ (अपसव्य-प्रेत १०, तत्पुरुष ९ रुद्र ८ मृत्यु ७ कव्यवाहन ६ हव्यवाहन ५ सोमराज ४ यम ३ शिव २ विष्णु १-सव्यसे)

*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	(आसन)
*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	(भोजनपात्र)
*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	(अर्घपात्र)
*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	(जलपात्र)
*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	(घृतपात्र)
*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	(पिण्डाधारवेदी)
*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	*	(अवनेजनपात्र, यही पात्र प्रत्यनेजन बादमें हो जाते हैं।)

उत्तर

दक्षिण

नोट—प्रेत की महातृषा के निवारणार्थ प्रत्येक पिण्ड पर एक-एक वैदिक मन्त्र को पढ़कर दो-दो जल की अञ्जलि दे।

फिर एकतन्त्र से तीन बार जलधारा देना चाहिये।

पश्चिम

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पश्चिम

पूर्व

(नारायणबलि में पञ्चश्राद्ध)

(सब द्रव्यों के अभाव में सुवर्ण की मूर्ति बनवावे)

उत्तर

(अपसव्य) प्रेत ५, (कुशा)	यम ४ (लोहा)	रुद्र ३ (ताँबा)	विष्णु २ (सुवर्ण)	ब्रह्मा १—सव्य) (चाँदी)	(मूर्ति)
✱	✱	✱	✱	✱	(कलश)
✱	✱	✱	✱	✱	(आसन)
✱	✱	✱	✱	✱	(भोजनपात्र)
✱	✱	✱	✱	✱	(अर्घपात्र)
✱	✱	✱	✱	✱	(जलपात्र)
✱	✱	✱	✱	✱	(घृतपात्र)
✱	✱	✱	✱	✱	(पिण्डाधारवेदी)
✱	✱	✱	✱	✱	(अवनेजनपात्र ही बाद में प्रत्यवनेजन हो जाते हैं)

दक्षिण

नोट—प्रेत की महातृषा की निवृत्ति के लिए प्रत्येक पिण्डपर दो-दो वैदिक मन्त्रों को पढ़कर एक-एक अञ्जलि देना चाहिए।

पश्चिम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

परमहंसादीनां तु न किमपि कार्यम्। पूर्वोक्तोशनोवाक्ये त्रिदण्डिग्रहणादिति शूलपाण्यादयो गौडाः। त्रिदण्डिशब्देन मनोदण्डादिदण्डत्रयोक्तेः। यस्यैते नियता दण्डाः सत्रिदण्डीति चोच्यते। इति स्मृतेः।

इन वचनों में सपिण्डन आदि के निषेध के अनुवाद से पार्वण कहा है। सपिण्डीश्राद्ध के स्थानापन्न पार्वण को जानना चाहिये। 'न [1]गिरा गिरेति ब्रूयादैरं कृत्वोद्गेयम्' इसकी तरह। और यह वार्षिक आदि का विधान त्रिदण्डियों के लिए ही है। एकदण्डि, परमहंस (उच्चतम कोटि का संन्यासी) आदियों का कुछ भी नहीं करना चाहिये। क्योंकि—पहले कहे हुए उशना के वाक्य में त्रिदण्डी का ग्रहण है—यह शूलपाणी आदि गौड कहते हैं। [2]त्रिदण्डीशब्द से मनोदण्ड आदि तीनदण्ड कहा है। क्योंकि स्मृति में कहा है—जिसके ये नियत दण्ड हैं वह त्रिदण्डी कहा जाता है।

(यतेर्नारायणबलिः)

बौधायनः—नारायणबलिश्चास्य कर्तव्यो द्वादशेऽहनि। अस्य पार्वणेन समुच्चयो ज्ञेयः।

बौधायन ने कहा है—इसकी नारायणबलि बारहवें दिन (तेरहवें दिन आदि में न करे।) करनी चाहिये। इसका पार्वण के साथ समुच्चय (इकट्ठा) जानना चाहिये।

तं च स एवाह—कृत्वा विष्णोर्महापूजां पायसं विनिवेदयेत्।

अग्नौ हुत्वा तु तच्छेषं व्याहृतीभिः समाहितः॥

इसको भी बौधायन ने भी कहा है—श्रीविष्णु की महापूजा कर पायस (खीर) का निवेदन करे। समाहित (सावधान) मन से व्याहृतियों से अग्नि में हवन करे।

यतीन् गृहस्थान् साधून्वा निमन्त्र्य द्वादशावरान्। अभ्यर्च्य गन्धपुष्पाद्यैर्मन्त्रैर्द्वादशनामभिः॥ सम्भोज्य हव्येनान्नेन दक्षिणां च निवेदयेत्। त्रयोदशं द्विजश्रेष्ठमात्मसंज्ञं यतेन्द्रियम्॥ विष्णुं यथा तथाऽभ्यर्च्य पाद्याद्यैश्च विधानतः। दद्यात्पुरुषसूक्तेन गन्धपुष्पादिकं क्रमात्॥

संन्यासी, गृहस्थ या साधु श्रेष्ठ बारह पुरुषों को निमन्त्रण कर बारह [3]नामों के मन्त्रों से गन्ध, पुष्प आदि से पूजन कर हव्यान्न से भोजन कराकर दक्षिणा निवेदन करे और तेरहवें आत्मज्ञ, संयतेन्द्रिय, (जितेन्द्रिय) उत्तम विष्णुरूप द्विज को यथायोग्य विधान द्वारा पाद्य आदि से पूजन कर पुरुषसूक्त से गन्ध, पुष्प आदियों को क्रम से दे।

१—ज्योतिष्टोमयज्ञ में 'यज्ञायज्ञ' से साम का गान होता है, वहाँ यह ऋचा है—'यज्ञा यज्ञा वोऽग्नये गिरा गिरा च दक्षसे' आदि वहाँ यह वैदिक पाठ है। अनुष्ठानकाल में समय में ऐरा पद को रखकर गान करना चाहिये 'ऐरा ऐरा च दक्षसे' इति ऐरा पद का विधान होने से ही गिरा पद का निषेध होता है अतः वह नित्य अपवाद है अर्थात्—अनुष्ठान समय में गिरा पद को नहीं करे, 'ऐरा पद' को ही करना चाहिये। इसलिये गिरा पद के निषेध का नित्य अनुवाद है एसा नवें अध्याय के प्रथम पाद के अन्त में है। उसी दृष्टान्त से संन्यासियों का पार्वण का विधान होने के कारण सपिण्डन आदि का निषेध नित्य अनुवाद है। उपरोक्त वचनों से एकोदिष्ट सपिण्डन आदि के स्थानापन्न होने के कारण सपिण्डन आदि का निषेध अनुवाद है। अर्थात्—संन्यासियों को पार्वणश्राद्ध ही करना चाहिये सपिण्डन आदि नहीं एसा समझना चाहिये।

२—धर्मनिष्ठ साधु या संन्यासी जिसने सांसारिक विषयवासनाओं का त्याग कर दिया है तथा जो अपने दहिने हाथ में तीन दण्ड (एक जगह मिलाकर बँधे हुए) को रखता है। जिसने अपने मन, वाणी तथा शरीर को वश में कर लिया है। वाग्दण्डोऽथ मनोदण्डः कायदण्डस्तथैव। यस्यै ते निहिता बुद्धौ त्रिदण्डीति स उच्यते॥ (मनु० अ० १२ श्लो० १०)। शरीरजैः कर्मदोषैर्याति स्थावरतां तरः। वाचिकैः पक्षिमृगतां मानसैरन्त्यजातिताम्॥ त्रिदण्डमेतन्निक्षिप्य सर्वभूतेषु मानवः। कामक्रोधौ तु संयम्य ततः सिद्धिं नियच्छति॥ (मनु० अ० १२।१०,११)

३—केशवाय नमः १ नारायणाय नमः २ माधवाय नमः ३ गोविन्दाय नमः ४ विष्णवे नमः ५ मधुसूदनाय नमः ६ त्रिविक्रमाय नमः ७ वामनाय नमः ८ श्रीधराय नमः ९ हृषीकेशाय नमः १० पद्मनाभाय नमः ११ अनिरुद्धाय नमः १२।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वस्त्रालङ्करणादीनि यथाशक्ति प्रदापयेत् । उच्छिष्टसन्निधौ तस्य दर्भानास्तीर्य भूतले ॥ भूर्भुवः-स्वःस्वधायुक्तैस्तस्मै दद्याद् बलित्रयम् । अश्वमेधसहस्रस्य वाजपेयशतस्य च ॥ यत्फलं तल्लभेदेवं यत्करोति यतिक्रियाम् ।

यथाशक्ति वस्त्र, अलंकार आदि दे । उस ब्राह्मण के उच्छिष्ट के समीप पृथ्वी पर कुशाओं का आस्तरण कर (विछाकर) भूः स्वधा, भुवः स्वधा, स्वः स्वाहा, इनको स्वधा के सहित उसके लिये तीन बलि दे । हजार अश्वमेधयज्ञ (एवं यः कुरुते विद्वान् नारायणबलिं द्विजः । विष्णुलोकमवाप्नोति पुरुषो नात्र संशयः ।।) और सौ वाजपेय का जो फल होता है वही फल जो संन्यासी की क्रिया को करता है उसको प्राप्त होता है ।

(शौनकमते नारायणबलिविचारः)

शौनकस्तु--शौनकोऽहं प्रवक्ष्यामि नारायणबलिं परम् । चाण्डालादुदकात् सर्पात् ब्राह्मणाद्वैद्युतादपि ॥ दंष्ट्रिभ्यश्च पशुभ्यश्च रज्जुशस्त्रविषाश्मभिः । देशान्तरमृतानां च मृतानां वाऽन्यसाधनैः ॥ जीवच्छ्राद्धमृतानां च कनिष्ठानां तथैव च । यतीनां योगिनां पुंसामन्येषां मोक्षकाङ्क्षिणाम् ॥ पुण्यायाघक्षयार्थाय द्वादशेऽहनि कारयेत् । द्वादश्यां श्रवणेऽब्दान्ते पञ्चम्यां पर्वणोस्तु वा ॥ इत्युक्त्वा पूर्वोक्तं सर्वं विधिमुक्त्वा अतो देवेतिषड्भिः पुरुषसूक्तेन च प्रत्यृचं पायसं हुत्वा केशवादिद्वादशनामभिस्तद्रूपिणे पित्रे द्वादश विप्रान् सम्भोज्य तैरेव द्वादशपिण्डान् दद्यादित्यधिकमाह । युद्धमृते तु प्रागुक्तम् ।

शौनक ने तो कहा है—मैं शौनक उत्तम (श्रेष्ठ) नारायणबलि को कहता हूँ । चाण्डाल, जल, सर्प, ब्राह्मण, बिजली, दांतवाले पशु, रस्सी, शस्त्र, विष और पत्थर से देशान्तर में मरों का या अन्य साधनों से मरनेवालों का, जीवच्छ्राद्ध कर मरनेवालों का, वैसे ही छोटों के मरों का श्राद्ध यतियों (संन्यासियों का–जिसने संसार को त्याग दिया है और अपनी इन्द्रियों को वश में कर लिया हो) का, योगियों (चिन्तनशील महात्माओं) का और अन्य मोक्षाभिलाषि पुरुषों का, पुण्य के लिये और पापक्षय के लिए बारहवें दिन श्रवण नक्षत्र युक्त द्वादशी में, वर्ष के अन्त में या पञ्चमीतिथि में या पर्व में नारायणबलि करावे । एसा कहकर पूर्वोक्त सब विधि को कहकर "अतो देवा' इस छ ऋचाओं से और पुरुषसूक्त की प्रत्येक ऋचा द्वारा खीर से हवन कर केशव आदि बारह नामों से तद्रूप पिता के लिए बारह ब्राह्मण को भोजन कराकर उन्हीं नामों से बारह पिण्डों को दे यह अधिक कहा है । युद्ध में तो मरने पर तो पहले कह चुके हैं ।

(कृतजीवच्छ्राद्धे मृते सपिण्डैराशौचादिकविचारः)

कृतजीवच्छ्राद्धे मृते सपिण्डैराशौचादिकार्यं न वा । तदुक्तं हेमाद्रौ लैङ्गे--मृते कुर्यान्न कुर्याद्वा जीवन्मुक्तो यतः स्वयम् । काले गते द्विजे भूमौ खनेद्वापि दहेत वा ॥ पुत्रकृत्यमशेषं च कृत्वा दोषो न विद्यते ।

जीवच्छ्राद्ध करके मरने पर तो सपिण्ड आदि आशौच आदि करें या न करें । उसी बात को हेमाद्रि में लिंगपुराण का वचन कहा है—वह स्वयं जीवनमुक्त है । इसलिए मरने पर आशौच आदि करें या न करें । द्विज के मरने पर भूमि में गाड़ दे या दाह करे । पुत्र के संपूर्णकृत्य करने पर दोष नहीं है ।

(कृतजीवच्छ्राद्धे बान्धवानां मरणे विचारः)

जीवत्यपि विशेषस्तत्रैवोक्तः--नित्यं नैमित्तिकं यत्तु कुर्याद्वा सन्त्यजेत वा । बान्धवेऽपि मृते तस्य नैवाशौचं विधीयते । सूतकं च न सन्देहः स्नानमात्रेण शुद्ध्यति । एतद्योगिविषयं, 'योगमार्गरतोऽपि च' इति तस्याप्युक्तेः ।

१—अतो देवा अवन्तु नो यतो विष्णुर्विचक्रमे । पृथिव्याः सप्त धामभिः १ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम् । समूल्हमस्य पांसुरे २ त्रीणि पदा वि चक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्यः । अतो धर्माणि धारयन् ३ विष्णोः कर्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पशे । इन्द्रस्य युज्यः सखा४ तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः । दिवीव चक्षुराततम्५ तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते । विष्णोर्यत्परमं परम् ॥ (ऋ० म० सू० २२। म० १६-२१) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जीते हुए के विषय में वहीं पर कहा है—नित्य और नैमित्तिक कर्म को करे या त्याग दे। उसके मरने पर बान्धवों के आशौच का बिधान नहीं ही होता है। उसका सूतक का सन्देह नहीं होता है। स्नानमात्र से शुद्ध होता है। यह योगी के विषय में (यह योगियों को नित्य है और नैमित्तिकद्वय कृताकृत (विकल्प) है। सपिण्ड के मरने पर सद्यःशौच ही होता है यह अर्थ है। (क्योंकि—चाहे योगमार्ग में भी रत हो। उसका भी कहा है)।

(आहिताग्नौ प्रोषितमृते तदस्थिदाहात्पूर्वं पुत्रादीनानाशौचादिविचारः)

तथा आहिताग्नौ प्रोषितमृते तदस्थिदाहात्पूर्वं पुत्रादीनामाशौचम्। सन्ध्यादिकर्मलोपश्च नास्ति।

और आहिताग्नि के परदेश में मरने पर उसके अस्थिदाह के पूर्व पुत्र आदि (आदि शब्द से पत्नी, कन्या दौहित्र आदि) को आशौच और सन्ध्या आदि के कर्म का लोप नहीं होता है।

अनग्निमत उत्क्रान्तेराशौचादिद्विजातिषु। दाहादग्निमतो विद्याद्विदेशस्थे मृते सति॥ इति स्मृतेः।

स्मृति में कहा है—बिना अग्निहोत्री के मरने पर द्विजातियों को आशौच होता है और अग्निहोत्री के विदेश में मरने पर दाह से आशौच होता है।

आहिताग्नेर्दाहात्प्रागपि दशाहः संस्काराङ्गं च भिन्नो दशाह इति धूर्तस्वामीरामाण्डारश्च। तच्चिन्त्यम्, मूलैक्याद्वचोविरोधाच्च। एतत् प्रागुक्तम्।

आहिताग्नि का दाह से पहले भी मरने पर दशदिन का आशौच होता है। क्योंकि संस्कार के अंग का आशौच दशदिन का भिन्न होता है—यह धूर्तस्वामी तथा रामाण्डार कहते हैं। वह विचारणीय है। क्योंकि मूल एक है और वचन का विरोध है। यह पहले कह चुके हैं।

(आहिताग्निमरणे विचारः)

अत्र देहस्यैव सम्भवे दाहः, आहिताग्नौ विदेशस्थे मृते सति कलेवरम्। निधेयं नाग्निभिर्यावत्तदीयैरपि दह्यते॥ इति ब्राह्मोक्तेः।

यहाँ पर शरीर के ही संभव में ब्रह्मपुराण में दाह कहा है। आहिताग्नि के विदेश में मरने पर कलेवर (शरीर) को तैल की कढाई आदि में (पर्युषितदोष के अपवाद के भय से) रखे। क्योंकि जबतक उसकी ही अग्नि से दाह नहीं होता है तबतक कोई दूसरा मार्ग नहीं है।

(मृतशरीरस्याप्राप्ते विचारः)

तदभावे छन्दोगपरिशिष्टे—विदेशमरणेऽस्थीनि आहृत्याभ्यज्य सर्पिषा। दाहयेद्दर्भैराच्छाद्य पात्रन्यासादि पूर्ववत्॥

उसके अभाव में छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है—देशान्तर में मरने पर (पराक छ या आठ कृच्छ्र कर अस्थियों का दाह करे। (पराक माने बारहदिन का उपवास या उसके प्रत्याम्नाय एक उपवास में एक ब्राह्मण भोजन, पराक में पांच या तीन प्राजापत्य करे) अस्थियों को ले आकर घी लगाकर कुशाओं से आच्छादित (ढक) कर दाह करावे। पात्रों का न्यास आदि पहले की तरह करे।

(अस्थ्याद्यलाभे पलाशादिना दाहविधि कथनम्)

अस्थ्नामलाभे पर्णानि शकलान्युक्तयावृता। दाहयेदस्थिसंख्यानि ततः प्रभृति सूतकम्॥

[1]अस्थि के अलाभ में पलाश के सब पत्तों से (कल्पतरु में कहा है—अस्थीनि चेन्न लभ्यन्ते प्रोषितस्याग्निहोत्रिणः। पलाशपत्रवृन्तानां षष्ट्यधिकशतत्रयम्॥ कृष्णाजिने नराकारं कृत्वा वेष्ट्याऽऽजिनेन तम्। ऊर्णासूत्रेण बध्वैव यवपिष्टैः प्रलेपयेत्॥ निर्दिश्य दद्यात्त्तोयं नाम्नेत्याश्वलायनः। श्रङ्क्त्वाऽऽज्येन दहेत्कृत्वा [2]मृद्दिग्धं तं च [3]पार्श्वतः।) स्वशाखोक्त अनुष्ठान पद्धति के द्वारा दाह करे। तदनन्तर उसीसमय सूतक होता है।

१—यदि अस्थियों को चाण्डाल आदि ने स्पर्श किया है तो पञ्चगव्य और गंगाजल से प्रक्षालन कर विधि से दाह करे। अन्य तो पञ्चगव्यादिप्रोक्षण अविशेष (विशेष हेतु के न रहने से) इच्छा करते हैं।

२—यवपिष्टलेपन के बाद मृत्ति का आदियों से आलेपन कर दग्ध कर हड्डी के स्थान में उसका दग्ध कर मृत्तिका को इकट्ठा करे—यह अर्थ है।

३—शिरोमणि में कहा है—पुनन्तु मा, और इमं मे वरुण इन दो मन्त्रों से प्रेत का धारण करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हेमाद्रौ षट्त्रिंशन्मते—कुर्याद्दर्भमयं प्रेतं दर्भैस्त्रिशतषष्टिभिः ।
पालाशीभिः समिद्भिर्वा संख्या चैवं प्रकीर्तिता ॥

हेमाद्रि में षट्त्रिंशत् का मत है—तीनसौ साठ कुशाओं से प्रेत बनावे और पालाश या समिधाओं की उतनी ही संख्या कही गयी हैं।

(तत्र पलाशादिना प्रेतरूपीदेहस्य कल्पना)

भविष्ये—चत्वारिंशत् शिरःस्थाने ग्रीवायां च दशैव तु । बाह्वोश्चैव शतं दद्याद्विंशतिं च तथोरसि ॥ उदरे विंशतिं दद्यात्त्रिंशतं कटिदेशयोः । ऊर्वोश्चैव शतं दद्यात्त्रिंशतं जानुजङ्घयोः ॥ पादाङ्गुलीषु दश वै एषा च प्रेतकल्पना ।

भविष्यपुराण का वचन है—शिर के स्थान में चालीस, ग्रीवा में दश ही, दोनों भुजाओं सौ (अर्थात्—प्रत्येक भुजा में पचास पचास) छाती में बीस, उदर में बीस, कटिदेशों में तास, ऊरु के दोनों भागों में सौ, जानु और जंघाओं में तीस (अर्थात्—दोनों जंघाओं में क्रम से पन्द्रह-पन्द्रह) पैरों की अंगुली में दश (दोनों पैर में क्रम में पांच पांच) इसतरह प्रेत की कल्पना करे।

मदनरत्ने यज्ञपार्श्वः—शिरस्यशीत्यर्द्धं दद्यात् ग्रीवायां तु दशैव तु । बाह्वोश्चैव शतं दद्यात् दश चैवाङ्गुलीषु च ॥ उरसि त्रिंशतं दद्याद्विंशति जठरोदरे । द्वादशार्द्धं वृषणयोरष्टार्द्धं शिश्न एव तु ॥ ऊर्वोश्चैकशतं दद्यात्त्रिंशतं जङ्घयोर्द्वयोः । पादाङ्गुलीषु द्वे दद्यादेतत्प्रेतस्य कल्पनम् ॥

मदनरत्न में यज्ञपार्श्व ने कहा है—शिर में चालीस, गर्दन में दश, प्रत्येक बाहु में पचास पचास इस प्रकार सौ, हाथों की अंगुलियों में दश, छाती में तीस, पेट में बीस, प्रत्येक अण्डकोष में तीन-तीन, लिंग में चार, प्रत्येक ऊरु (जंघा) में पचास इसतरह एक सौ, जंघा से पैर के तलुए तक प्रत्येक में पन्द्रह इसतरह-तीस और पैर की अंगुली में दो, यह प्रेत की कल्पना कही है।

(निर्मितप्रेतस्य मस्तकादौ नारिकेलादिकानां स्थापने विचारः)

मस्तके नारिकेरं तु अलाबुं तालुके तथा । पञ्चरत्नं मुखे न्यस्य जिह्वायां कदलीफलम् ॥ चक्षुषोस्तु कपर्दौ द्वौ नासिकायां तु कालकम् । कर्णयोर्ब्रह्मपत्राणि केशे वटप्ररोहकाः ॥ नालकं कमलानां तु आन्त्रस्थाने विनिर्दिशेत् । मृत्तिका तु वसा धातुर्हरितालकगन्धकौ ॥ शुक्रे तु पारदं दद्यात् पुरीषे पित्तलं तथा । सन्धीषु तिलपिष्टं तु मांसे स्याद्यवपिष्टकम् ॥ मधु स्याल्लोहितस्थाने त्वचास्थाने मृगत्वचा । स्तनयोर्गुञ्जके (जम्बीरे) देये नासायां शतपत्रकम् ॥ कमलं नाभिदेशे स्याद् वृन्ताके वृषणाश्रिते । लिङ्गे च रक्तमूलं तु परिधानं दुकूलकम् ॥ गोमूत्रं गोमयं गन्धं सर्वौषध्यादि सर्वतः ॥ इति ।

मस्तक में—नारिकेल,[1] तालूमें—अलावू (तुंबी), मुखमें—पञ्चरत्न, जिह्वा में-केलेका फल, नेत्रों में—दो कौ'ा, नारिका में—कालक (औषधी विशेष), कानों में—ब्रह्मपत्र (ब्राह्मी), केश में—वर गेह, आंतों में कमल की नाली, वसा (चर्बी) के स्थान में—मृत्तिका, धातु के स्थान में—हरिताल तथा गन्धक, वीर्यस्थान में—पारा, पुरीष (विष्ठा) के स्थान में—पीतल, सन्धियों में—तिल की खली,

१—धर्मसिन्धौ—शिरसि नारिकेरफलं वर्तुलालाबु वा, ललाटे कदलीपत्रम्, दन्ते दाडिमबीजानि, कर्णयोः कङ्कणं ब्रह्मपत्रं वा, चक्षुषोः कपर्दौ, नासिकायां तिलपुष्पम्, नाभावब्जम्, स्तनयोर्जम्बीरफलद्वयम् वाते मनः-शिलाम्, पित्ते हरितालम् . कफे समुद्रफेनम्, रुधिरे मधु, पुरीषे गोमयम्, मूत्रे गोमूत्रम्, रेतसि पारदम्, वृषणयोर्वृन्ताकम्, शिश्ने गृञ्जनम् केशेषु वनसूकरसटा वटप्ररोहा वा, लोमसु ऊर्णाम्, मांसे माषपिष्टलेपः, पञ्चगव्यैः पञ्चामृतैश्च सर्वतः सिञ्चतम् । पुनर्नो असुम्, असुनीते, इत्यृग्भ्यां प्राणप्रवेशं भावयेत् । यद्वा 'यते यम्' इति सूक्तेन । 'शुक्रमसि' इति पारदं निधाय 'अक्षीभ्याम्' इति शरीरं स्पृशेत् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मांस में—यव की पिट्ठी, रुधिर में—सहत, त्वचा स्थान में—मृग की त्वचा, स्तनों में—जम्बीरफल (चकोतरा, निम्बू की जाती का) (गुंजा—गुंजा नाम की एक छोटी झाडी होती है जिसके लाल बेर जैसे फल लगते हैं), नासिकाओं में शतपत्र (गेंदा), नाभिदेश में—कमल, वृषणों में—भण्टा, लिंग में—लालमूली, ढकने के लिए दुपट्टा, गोमूत्र, गोबर, गन्ध और सर्वौषधी को सब तरफ लगा दे।

क्रियानिबन्धे गारुडेऽप्येवमुक्त्वान्यदपि—घृतं नाभ्यां तु देयं स्यात्कौपीने च त्रपु स्मृतम्। मौक्तिकं स्तनयोर्मूर्ध्नि कुङ्कुमेन विलेपनम् ॥ सिन्दूरं नेत्रकोणेषु ताम्बूलाद्युपहारकैः। सर्वौषधियुतं कृत्वा पूजां चैव यथोदिताम् ॥ इदं निरग्नेरपि।

क्रियानिबन्ध और गरुडपुराण में भी इसीप्रकार कहकर अन्य भी कहा है—नाभी में घृत दे, कौपीन में—त्रपु (रांगा), स्तनों में—मोती और कुंकुम (केसर) का लेपन करे।

नेत्र के कोनों में सिन्दूर लगा दे। तांबूल आदि उपहार (सामग्री) तथा सर्वौषधि से प्रेत को युक्त कर कही हुई पूजा को करे। यह निरग्निक को भी है।

(प्रोषितस्य द्वादशाब्दातिक्रमे विचारः)

तत्रैव वृद्धमनुः—प्रोषितस्य तथा कालो गतश्चेद्द्वादशाब्दिकः।
प्राप्ते त्रयोदशे वर्षे प्रेतकर्माणि कारयेत् ॥

वहीं पर वृद्धमनु ने कहा है—यदि परदेश (देशान्तर) में गये बारह साल का समय हो गया हो तो तेरहवें साल में प्रेत के कार्यों को करा दे।

बृहस्पतिः—यस्य न श्रूयते वार्ता यावद् द्वादशवत्सरात्।
कुशपत्रकदाहेन तस्य स्यादवधारणा ॥

बृहस्पति ने कहा है—बारह साल तक जिसकी कोई बात न सुनी हो तो कुशपत्रक (पुत्तल) दाह से उसकी क्रिया निश्चित करा दे।

भविष्ये—पितरि प्रोषिते यस्य न वार्ता नैव चागमः। ऊर्ध्वं पञ्चदशाद्वर्षात्कृत्वा तत्प्रतिरूपकम् ॥ कुर्यात्तस्य तु संस्कारं यथोक्तविधिना ततः। तदादीन्येव सर्वाणि प्रेतकार्याणि कारयेत् ॥ द्वादशाब्दप्रतीक्षा पितृभिन्नविषयेति मदनरत्ने उक्तम्।

भविष्यपुराण में कहा है—पिता के देशान्तर में जाने बाद जिसकी बात और आगमन हुआ न सुना हो तो पन्द्रह साल के बाद उसका प्रतिरूप (पुत्तल) कर उसका संस्कार पूर्व में कहे हुए विधान से सब प्रेत कर्मों को करा दे। बारहवर्ष की प्रतीक्षा पिता से भिन्न विषयक है—यह मदनरत्न में कहा है।

गृह्यकारिकायां तु—तस्य पूर्ववयस्कस्य विंशत्योर्ध्वं ततः क्रिया। ऊर्ध्वं पञ्चदशाब्दात्तु मध्यमे वयसि स्मृता ॥ द्वादशाद्वत्सरादूर्ध्वमुत्तरे वयसि स्मृता। चान्द्रायणत्रयं कृत्वा त्रिंशत्कृच्छ्राणि वा सुतैः ॥ कुशैः प्रतिकृतिं दग्ध्वा कार्या शौचादिका क्रिया ॥ इत्युक्तम्।

गृहकारिका में तो कहा है (यह पक्ष अच्छे लोगों द्वारा ग्रहण किया गया है।) पूर्ववयस्क (पहली अवस्था) हो तो बीससाल के बाद, मध्यावस्था में तो पन्द्रह साल बाद, उत्तर अवस्थावाला हो तो बारह साल बाद क्रिया करे। पुत्र तीन चान्द्रायण या तीस कृच्छ्र करें। कुशाओं से आकृतिरूप पुत्तल बनाकर उसको जलाकर शौच आदि क्रिया करें—एसा कहा है।

(देशान्तरमृतस्य दिनाद्यज्ञाने)

पराशरः—देशान्तरगतो नष्टस्तिथिर्न ज्ञायते यदि। कृष्णाष्टमी ह्यमावास्या कृष्णा चैकादशी तथा ॥ उदकं पिण्डदानं च तत्र श्राद्धं च कारयेत्। इदं मासज्ञाने।

पराशर ने कहा है—देशान्तर में जाकर मरने पर यदि जिसकी तिथि का ज्ञान न हो तो कृष्णपक्ष की अष्टमी, अमावास्या और कृष्णपक्ष की जो एकादशीतिथि है उसमें उदकदान, पिण्डदान और श्राद्धकर्म करा दे। यह मास के ज्ञान में है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(आहिताग्न्यादीनामाशौचविचारः)

तत्राहिताग्नेः पूर्णाशौचम् । अनाहिताग्नेस्तु त्रिरात्रम्, अनाहिताग्नेर्देहस्तु दाह्यो गृह्याग्निना स्वयम् ।

वहाँ पर आहिताग्नि का पूर्ण आशौच होता है । अनाहिताग्नि का दो तीनरात का होता है । अनाहिताग्नि की देह को गृह्याग्नि से स्वयं दहन करे ।

(शरीरस्याप्राप्ते विचारः)

तदलाभे पलाशानां वृन्तैः कार्यः पुमानपि ॥ वेष्टितव्यस्तथा यत्नात् कृष्णसारस्य चर्मणा । ऊर्णासूत्रेण बद्ध्वा तु प्रलेप्तव्यो यवैस्तथा ॥ सुपिष्टैर्जलसम्मिश्रैर्दग्धव्यश्च तथाग्निना । असौ स्वर्गाय लोकाय स्वाहेत्युक्त्वा स्वबान्धवैः ॥

उसके अभाव में पलाश के पत्तों के समूहों से पुरुषाकृति का निर्माण करे । कृष्णसारमृग (स्वभाव से काले रंग का मृग, मनु—२।२३, याज्ञ० आचा० २) के चमड़े से यत्न से उसको वेष्टन करना चाहिये । ऊन के सूत से बांधकर जल से मिश्रित अच्छीतरह से पीसे हुए यव के आंटे का लेपन करे और 'असौ 'स्वर्गाय लोकाय स्वाहा' इसको कहकर बान्धव के सहित अग्नि में जला दे ।

(पर्णशदाहानन्तरं सूतकविचारः)

एवं पर्णशवं दग्ध्वा त्रिरात्रमशुचिर्भवेत् ॥ इति ब्राह्मोक्तेः ।

इसप्रकार पर्णशर (पर्णः—पलाशः, तस्य शरः, पर्णत्रयवृन्तं तन्निमित्तं प्रतिरूपकम्) को जलाकर तीनरात अशुचि रहता है । यह ब्रह्मपुराण में कहा है ।

(पर्णशरस्य दशाहमध्ये दाहे विचारः)

इदं त्रिरात्रं न दशाहमध्ये दाहे, तत्र 'प्रोषिते कालशेषः स्यात्' इत्युक्तेः, किन्तु तदूर्ध्वम् । तत्र पत्नीपुत्रयोः पूर्वमगृहीताशौचयोर्दशाहाद्येव । गृहीताशौचयोस्तु त्रिरात्रम् । पत्नीमृतौ भर्तुश्चैवं सपत्न्योश्चैवमिति स्मृत्यर्थसारे । अन्यसपिण्डानां तु सर्वत्र पर्णशरदाहे त्रिरात्रम् ।

यह तीन रात्रि का आशौच दशदिन के भीतर दाह में नहीं होता है । वहाँ पर देशान्तर में मरने पर कालशेष—अवशिष्टकाल शुद्धि का हेतु होता है-एसा कहा है । (यदि कथञ्चित् शरीर आदि का लौकिक अग्नि में दाह जलादि प्रक्षेपादि के अलाभसे दशदिनके मध्य में पर्णशरदाह करनेपर भी वहाँ त्रिरात्र नहीं होता है । क्योंकि प्रोषितत्व अविवक्षित है ।) वहाँ पर पत्नी और पुत्र का पहले अगृहीत (बारहसाल आदि प्रतीक्षास्थल में उसके पूर्व मरण के सन्देह से या अन्यत्र मरण के सन्देह से आशौच का आग्रह है तो दशदिन आदि ही होता है ।) मरण के निश्चय में तो तीनरात का आशौच होता है । स्त्री के मरने पर भर्ता को भी यही है । क्योंकि सपत्नियों को भी इसीतरह है—यह स्मृत्यर्थसार में कहा है । अन्य सपिण्डों को तो सर्वत्र (आशौचग्रहाग्रहयोः) पर्णशरदाह में तीनरात का आशौच होता है ।

तदाहाङ्गिराः—देशान्तरमृतं श्रुत्वा नाशौचं चेत्कथञ्चन । गृहीतमिति शेषः ।
कालात्ययेऽपि कुर्वीत दाहकाले दिनत्रयम् । इति ।

उसको अंगिरा ने कहा है—देशान्तर में मरण को सुनकर कदाचित् आशौच का ग्रहण नहीं होता है । गृहीतम्—यह शेष है । समय के बीतने पर दाहकाल में तीनदिन का करे ।

स्मृत्यर्थसारे तु—गृहीताशौचानां स्नानमात्रमुक्तम् ।

स्मृत्यर्थसार में तो कहा है—ग्रहण किये हुए आशौचियों को स्नानमात्र कहा है ।

१—पूरा मन्त्र यों है—अस्मा त्वमधि जातोऽसि त्वदयं जायतां पुनः ॥ असौ स्वर्गाय लोकाय स्वाहा ॥ (यजु० अ० ३६ । म० २२) ।(तै० आ० ४।४) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अतीतसंस्कारे आशौचनिर्णयः)

बह्वृचपरिशिष्टेऽपि—अथातीतसंस्कारः स चेदन्तर्दशाहं स्यात्तत्रैव सर्वं समापयेदूर्ध्वमाहिताग्नेर्दाहात्सर्वमाशौचं कुर्यात्कर्म च यथाकालमन्येषु पत्नीपुत्रयोः पूर्वमगृहीताशौचयोः कर्माङ्गं त्रिरात्रमिति । षडशीतावप्येवम् ।

बह्वृचपरिशिष्ट में भी कहा है—अब अतीतसंस्कार कहते हैं। वह संस्कार तो दशदिन के भीतर हो तो उसी में ही सब समाप्त करे। बाद में आहिताग्नि के दाह से सब आशौच और कर्म को यथासमय करे। अन्यों में पत्नी, पुत्र के पहले अगृहीत (न ग्रहण किया हुआ) कर्मांग त्रिरात्र आशौच होता है। षडशीति में भी यही है।

(प्रतिकृतिदाहे द्वादशवर्षादिप्रतीक्षोत्तरं दाहे च पुत्रादीनामाशौचविचारः)

विश्वादर्शे तु—'प्रतिकृतिदहने त्वग्निदे स्यात्त्रिरात्रम्' इत्युक्तम् । द्वादशवर्षादिप्रतीक्षयोत्तरं दाहे तु पुत्रादीनां सर्वेषां त्रिरात्रमेवेति कल्पतरुदिवोदासादयः ।

विश्वादर्श में तो प्रतिकृति के दहन में तो अग्नि देने से त्रिरात्र आशौच होता है—एसा कहा है। बारहसाल आदि की प्रतीक्षा के बाद दाह में तो पुत्र आदि (सपिण्डों) सबों को तीनरात का आशौच होता है—यह कल्पतरु, दिवोदास आदि ने कहा है।

(प्रेतसंस्कारे कालविचारः)

अथ प्रेतसंस्कारे कालः । हेमाद्रौ गार्ग्यः—प्रत्यक्षशवसंस्कारे दिनं नैव विशोधयेत् ।
अशौचमध्ये संस्कारे दिनं शोध्यं तु सम्भवे ॥

अब प्रेत के संस्कार का समय कहते हैं। हेमाद्रि में गार्ग्य ने कहा है—प्रत्यक्ष शव के संस्कार में दिन का शोधन नहीं ही करे। आशौच के मध्य में संस्कार में तो सति संभव दिन का शोधन करे।

आशौचविनिवृत्तौ चेत्पुनः संस्क्रियते मृतः । संशोध्यैव दिनं ग्राह्यमूर्ध्वं संवत्सराद्यदि ॥ प्रेतकार्याणि कुर्वीत श्रेष्ठं तत्रोत्तरायणम् । कृष्णपक्षश्च तत्रापि वर्जयेत्तु दिनक्षयम् (दिनत्रयम्) ॥

आशौच की निवृत्ति में यदि फिर से मृतक का संस्कार करे तो दिन का संशोध कर ही ग्रहण करे। यदि एकसाल बाद प्रेत के कार्यों को करे तो उसमें उत्तरायण श्रेष्ठ है और उसमें भी कृष्णपक्ष के दिनक्षय (तीनदिन) छोड़कर करे। कहीं पर 'दिनत्रयम्' यह भी पाठ है।

वाराहे—चतुर्थाष्टमगे चन्द्रे द्वादशे च विवर्जयेत् । प्रेतकृत्यं व्यतीपाते वैधृतौ परिघे तथा ॥ करणे विष्टिसंज्ञे च शनैश्चरदिने तथा । त्रयोदश्यां विशेषेण जन्मताराात्रये तथा ॥ जन्मदशमैकोनविंशानि जन्मताराः ।

वाराहपुराण में कहा है—चतुर्थ, अष्टम और बारहवाँ चन्द्र को त्याग दे। व्यतीपात, वैधृति और परिघ इन योगों में, विष्टि (भद्रा) संज्ञककरण में और शनिवारदिन को प्रेतकार्य में त्याग दे। विशेषकर त्रयोदशीतिथि में तीनों जन्मताराओं में न करे। जिस नक्षत्र में जन्म हो वह और उससे दशवाँ तथा उन्नीसवाँ नक्षत्र।

भारते—नक्षत्रे तु न कुर्वीत यस्मिन् जातो भवेन्नरः । न प्रौष्ठपदयोः कार्यं तथाऽऽग्नेये च भारत ॥ दारुणेषु सर्वेषु प्रत्यरे च विवर्जयेत् ।

भारत में कहा है—जिस नक्षत्र में मनुष्य उत्पन्न हुआ है उस नक्षत्र में न करे। हे भारत, प्रौष्ठपद (पूर्वाभाद्रपद तथा उत्तराभाद्रपद) और आग्नेय (कृत्तिका) में न करे। दारुण (आर्द्रा, आश्लेषा, ज्येष्ठा और मूल) इन सब नक्षत्रों में और प्रत्यरि (जन्मनक्षत्र से पञ्चम, चतुर्दश और त्रयोविंशति) तारा का त्याग करे।

कश्यपः—भरण्यार्द्रामघाश्लेषा मूलं द्विचरणानि च । प्रेतकृत्येऽतिदुष्टानि धनिष्ठाद्यं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पञ्चकम् ॥ फाल्गुनीद्वितयं रोहिण्यनुराधापुनर्वसू । आषाढे द्वे विशाखा च भानि द्विचरणानि च ॥ एतानि किञ्चिद्दुष्टानि सम्भवे सति वर्जयेत् ।

कश्यप ने कहा है—भरणी, आर्द्रा, मघा, आश्लेषा, मूल और द्विचरणनक्षत्र, द्विपुष्करयोग कृत्तिका, पुनर्वसु, उत्तराफाल्गुनी, विशाखा, उत्तराषाढ़ा और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र (द्वितीया, सप्तमी तथा द्वादशी तिथि, मंगलवार, शनि और रविवार इन तीनों के योग में त्रिपुष्कर[1] तथा पूर्वोक्त तिथि और वार में मृगशिरा और धनिष्ठा नक्षत्र के योग हो जाने पर त्रिपुष्करयोग होता है।) और धनिष्ठा आदि पाँच नक्षत्र प्रेतकृत्य में अतिदुष्ट हैं। दोनों फाल्गुनी (पूर्वाफाल्गुनी और उत्तराफाल्गुनी), रोहिणी, अनुराधा, पुनर्वसु, दोनों आषाढ़ (पूर्वाषाढ़ा और उत्तराषाढ़ा) विशाखा और दो चरण वाले नक्षत्र ये कुछ दुष्ट होते हैं सति संभव में त्याग दे।

ज्योतिर्नारदः—चतुर्दशीं तिथिं नन्दां भद्रां शुक्रारवासरौ। सितेज्ययोरस्तमयं द्व्यङ्घ्रिभं विषमाङ्घ्रिभम् ॥ शुक्लपक्षं च सन्त्यज्य पुनर्दहनमुत्तमम् । वसूत्तरार्धतः पञ्चनक्षत्रेषु त्रिजन्मसु ॥ पौष्णब्रह्मर्क्षयोश्चैव दहनात् कुलनाशनम् ।

ज्योतिर्नारद का वचन है—चतुर्दशीतिथि, नन्दा (प्रतिपदा, षष्ठी और एकादशी) भद्रा (द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी) शुक्रवार, संगलवार, गुरु तथा शुक्र का अस्त, द्विपुष्करयोग और त्रिपुष्करयोग और शुक्लपक्ष को छोड़कर दाह करना उत्तम है। धनिष्ठा से उत्तरार्ध के पांच नक्षत्रों में (कुम्भ और मीन के चन्द्रमा में), तीनों जन्मताराओं (पहला, दशवाँ और उन्नीसवां) पौष्ण (रेवती तथा रोहिणी) इनमें जलाने से कुल का नाश होता है।

अस्यापवादमाह तत्रैव बैजवापः—प्रेतस्य साक्षाद्दग्धस्य प्राप्ते त्वेकादशेऽहनि ।
नक्षत्रतिथिवारादि शोधनीयं न किञ्चन ॥

इसका अपवाद वहीं बैजवाप में कहा है—साक्षात् प्रेत के दाह के करने बाद ग्यारहवें दिन नक्षत्र, तिथि, वार आदि का शोधन कुछ न करे।

युगमन्वादिसंक्रान्तिदर्शे प्रेतक्रिया यदि । दैवादापतिता तत्र नक्षत्रादि न शोधयेत् ॥

प्रेतक्रिया में दैववश युगादि, मन्वादि, संक्रान्ति और अमावास्या दैवयोग से प्राप्त हो तो वहाँ नक्षत्र आदि का शोधन न करे।

विश्वप्रकाशेऽपि—गुरुभार्गवयोर्मौढ्ये पौषमासे मलिम्लुचे ।
नातीतः पितृमेधः स्याद् गयां गोदावरीं विना ॥

विश्वप्रकाश में भी कहा है—गुरु और शुक्र का अस्त, पौष तथा मलमास में गया तथा गोदावरी को छोड़कर अतीत (व्यतीत) पितृमेध (प्रेत का संस्कार) नहीं होता है।

(भद्रादौ दाहे दानादिकथनम्)

दानमपि तत्रैवोक्तम्—भद्रायां भूमिदानं स्यात्त्रिपादर्क्षे हिरण्यदः ।
वारेषु तत्तद्वर्णं तु वासोदानं विधीयते ॥

दान भी वहीं पर कहा है—भद्रा में भूमिदान, त्रिपादनक्षत्र में, सुवर्णदान, वारों में उसी उसी वर्ण के वस्त्र के दान का विधान किया है।

१—नक्षत्रों में भरणी कृत्तिका आर्द्रा आश्लेषा मघा ज्येष्ठा मूल तथा धनिष्ठा का उत्तरार्ध और शतभिषा से चार नक्षत्र तथा त्रिपुष्करयोग ये अतिदुष्ट हैं, इनका त्याग करे। 'कृत्तिका, पुनर्वसु, उत्तराफाल्गुनी, विशाखा, उत्तराषाढा, पूर्वाभाद्रपदा ये त्रिपादनक्षत्र हैं। द्वितीया, सप्तमी तथा द्वादशीतिथि, मंगल, शनि और रविवार इनके योग में त्रिपुष्कर योग होता है इन्हीं तिथि तथा वारों में मृगशिरा, चित्रा तथा धनिष्ठा के योग में द्विपुष्करयोग होता है। इत्यादि धर्मसिन्धु में देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(धनिष्ठापञ्चकमृते पञ्चरत्नादिकथनम्)

धनिष्ठापञ्चकमृते पञ्चरत्नानि दापयेत् । एकाशीतिपलं कांस्यं तदर्द्धं वा तदर्द्धकम् ॥ नवषट्-त्रिपलं वापि दद्याद्विप्राय शक्तितः ॥ इत्यलं प्रसङ्गेन ।

धनिष्ठापञ्चक में मरने पर पञ्चरत्न[1] का दान करे। इक्यासी पल कांसा या उससे आधा या उससे भी आधा या नौ, छ या तीनपल कांसा शक्ति से ब्राह्मण को दे। इस प्रसंग को यहीं समाप्त करते हैं।

हेमाद्रौ वृद्धमनुः--अमृतं मृतमाकर्ण्य कृतं यस्यौर्ध्वदेहिकम् ।
प्रायश्चित्तमसौ स्मार्तं कृत्वाग्नीनादधीत च ॥

हेमाद्रि में वृद्धमनु ने कहा है—जो मरा न हो उसका मरण सुनकर उसकी और्ध्वदेहिकक्रिया कर दी गयी हो तो वह स्मार्त प्रायश्चित्त कर अग्नियों का आधान करे।

(कृतौर्ध्वदेहिके जीवन्नाच्छति चेत् विचारः)

जीवन्यदि समागच्छेत् घृतकुम्भे निमज्य तम् । उद्धृत्य स्नापयित्वाऽस्य जातकर्मादि कारयेत् ॥

यदि जीवित आ जाय तो घी के घड़े में उसको डुबोकर फिर उसे निकाल कर स्नान कराकर उसका जातकर्म आदि संस्कार करावे।

द्वादशाहं व्रतचर्या त्रिरात्रमथवास्य तु । स्नात्वोद्वहेत्ततो भार्यामन्यां वा तदभावतः ॥ अग्नी-नाधाय विधिवद् व्रात्यस्तोमेन वा यजेत् । अथेन्द्राग्नेन पशुना गिरिं गत्वा च तत्र तु । इष्टि-मायुष्मतीं कुर्यादीप्सितांश्च क्रतूंस्ततः । अनाहिताग्नेस्तु चरुः ।

या बारहदिन या तीनरात उसकी व्रतचर्या करे। फिर स्नानकर उसी स्त्री से या उसके अभाव में अन्य स्त्री से विवाह करे। अग्नियों का विधिवत् आधान करे या 'व्रात्यस्तोमयज्ञ' (कात्या० श्रौ० अ० २२।४) से यजन करे। इसके बाद इन्द्राग्नि पशु से गिरि में (पर्वत में) जाकर वहाँ पर 'आयुष्मती इष्टि' आयुः कामेष्टि को और ईप्सित यज्ञों को करे। अनाहिताग्नि तो चरु से करे।

(मृतवार्ताश्रवणे विचारः)

मृतवार्ताश्रवणे त्वाश्वलायनः—'सुरभय एव यस्मिन् जीवे मृतशब्दः' इति । यस्य तु जीवत एव मृतिवार्तां श्रुत्वा स्त्रिया सहगमनं कृतं तदा तद्वैधमेव, भर्तृमरणज्ञानस्यैव निमित्तत्वात्प्रमा-त्वस्य गौरवेणायुक्तत्वाच्चेति केचित् । तन्न, मरणज्ञानस्य निमित्तत्वेऽतीतानागतयोरपि तथात्वा-पत्तेः, भर्तुर्वैधदाहाभावेन तस्याः सहगमनाभावाच्च । तस्मादाशौचवत् ज्ञातमरणस्यैव निमित्त-त्वम् । न चात्र तदस्ति । परं काम्यं मरणमस्तु । अत आत्महननदोषोऽस्तीति तातपादाः ।

जिस जीवितवाले के मरे की बात सुननेमें तो आश्वलायन ने कहा है कि जिस जीव (इसका विधान पहले कह चुके हैं) में मृतशब्द है। जिसके जीवित रहते हुए ही मृत्युकी बात सुनकर स्त्री सती हो गयी हो तब वह शास्त्रीय ही है। पति का मरण ज्ञान ही निमित्त है, और प्रमाण के गौरव से अयुक्त है यह कोई कहते हैं। यह उचित नहीं है। मरणज्ञान का निमित्त माननेपर तो भूत और भविष्य की भी वहाँ आपत्ति होगी। पति के वैध दाह के अभाव से उसका सती होना असंभव है। इसकारण से आशौच के सदृश ज्ञात मरण का ही निमित्त है। वह यहाँ नहीं है। पर काम्य मरण हो। इससे आत्महत्या दोष है यह हमारे पिताजी कहते हैं।

(सर्पसंस्कारविधिकथनम्)

तथा सर्पसंस्कारकृते त्रिरात्रमाशौचम् । तद्विधिं चाह शौनकः—अथ वक्ष्यामि सर्पस्य संस्कार-विधिमुत्तमम् । सिनीवाल्यां पौर्णमास्यां पञ्चम्यां वापि कारयेत् ॥ कृतसर्पवधो विप्रः पूर्वजन्मनि

१—कनकं कुलिशं मुक्ता पद्मरागं च मौक्तिकम् । एतानि पञ्चरत्नानि । अभावे सर्वरत्नानां हेम सर्वत्र योजयेत् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वा यदि। वधं प्रख्यापयेत् पापी चरेत्कृच्छ्रांश्चतुर्दश ॥ विप्राय लोहदण्डं च तन्मूल्यं वापि दापयेत् ॥ याज्ञवल्क्योऽपि (प्राय० २७३) 'उरगेष्वायसो दण्डः' इति।

वैसे सर्पसंस्कार करने पर तीनरात का आशौच होता है। उसकी विधि को शौनक ने कहा है—अब सर्प के उत्तम संस्कारविधि को कहता हूँ। अमावास्या, पूर्णिमा या पञ्चमी में करावे।

यदि इस जन्म में या पूर्वजन्म में ब्राह्मण ने सर्प का वध किया है तो [1]पापी सर्प वध को सबों से कहे और चौदह कृच्छ्र करे। ब्राह्मण के लिए लोहदण्ड (सुवर्ण, सुवर्ण पर्यायों में उसका पाठ हैं इस शंका के वारण के लिए) या उसका मूल्य दे। याज्ञवल्क्य ने भी कहा है—सर्पों के मारने पर आयस (नकीली लोहे की छड़) की छड दे। (मनु.—अभ्रिं कार्ष्णायसीं दद्यात्सर्पं हत्वा द्विजोत्तमः। पराशरः—हत्वा मूषकमार्जारसर्पाजगरडुण्डुभान्। कृसरं भोजयेद्विद्वान् लोहदण्डश्च दक्षिणा॥)

मूल्यमाह—निष्कत्रयं द्विनिष्कं वा निष्कमेकं कनीयसम्। अनुमत्यादिकर्तॄणां निष्कमर्धं तदर्धकम् ॥ इदं स्वर्णरूप्ययोः शक्त्या ज्ञेयम्।

मूल्य को कहा है—तीन निष्क, (सोलह चांदी की चवन्नी का एक निष्क कभी माना जाता था।) दो निष्क, एक निष्क, आधानिष्क या उससे भी आधानिष्क कर्ताओं की अनुमति दे। शक्ति से इनको सुवर्ण और चांदी के जानना चाहिये।

संस्कारमाह—प्रियङ्गुव्रीहिगोधूमैस्तिलपिष्टेन वा पुनः।
कृत्वा सर्पाकृतिं शूर्पे निधाय प्रार्थयेदहिम् ॥

संस्कार कहा है—प्रियंगु (पीलीसरसो), व्रीहि (छसाल के पुराने यव), गोधूम (गेहूँ) या तिल की खली से सर्प के आकार की प्रतिमा बनाकर शूप में रखकर सर्प की प्रार्थना करे।

एहि पूर्वमृतः सर्प अस्मिन् पिष्टे समाविश। संस्कारार्थमहं भक्त्या प्रार्थयामि समाहितः॥

हे सर्प, पहले मरे हुए सर्प यहाँ आकर इस पिष्ट (पीसे हुए आंटे) में प्रवेश करो। संस्कार के लिए सावधान मन द्वारा मैं भक्ति से प्रार्थना करता हूँ।

वस्त्रोपवीतगन्धाद्यैः सम्पूज्य च हरेद् बहिः। कुर्यात्संस्कारसङ्कल्पं प्राणायामपुरःसरम् ॥

वस्त्र, यज्ञोपवीत, गन्ध आदिसे पूजन कर बाहर ले जाय। प्राणायामपुरःसर-संस्कार का संकल्प करे।

यज्ञोपवीतिना कार्यं सर्पसंस्कारकर्म च। लौकिकाग्निं प्रतिष्ठाप्य समिदाधानमाचरेत् ॥

सर्पका संस्कारकर्म तो यज्ञोपवीति होकर करे और लौकिक अग्निकी प्रतिष्ठाकर समिधाका आधान करे।

ततोऽग्नेरग्निदिग्भागे भूमिं सम्प्रोक्ष्य वारिभिः। चितिं कृत्वाथ संस्तीर्य कुशैराग्नेयकाग्रकैः॥ पर्युक्ष्याग्निं परिस्तीर्य परिषिच्य समर्चयेत्। कृत्वेध्माधानमाघारौ चक्षुषी च यथाविधि ॥ सर्पं गृहीत्वा यत्नेन चितिमारोपयेत्सुधीः। स्रुवेण जुहुयादाज्यमग्नौ व्याहृतिभिस्त्रिभिः। सर्पास्ये जुहुयादाज्यं व्याहृत्या च समग्रया। आज्यशेषं स्रुवेणैव सर्पदेहे निषेचयेत् ॥

तदनन्तर अग्नि का अग्नि की दिशा के भाग में जल से भूमि का प्रोक्षण कर चिता को कर कुशाओं का अग्निकोण में अग्रभाग बिछाकर पर्युक्षण कर अग्नि रखकर जल से सेचन कर पूजन करे। इन्धन रखकर आघार (प्रजापतये स्वाहा और इन्द्राय स्वाहा—'प्राञ्चावाघारौ' कात्या० श्रौ० १।८।४१) और चक्षुषी (दो आज्यभाग—अग्नये स्वाहा और सोमाय स्वाहा) का यथाविधि आहुति कर सर्प को यत्न से ग्रहण कर चिता में रखे। स्रुव से अग्नि में घी के द्वारा तीन व्याहृतियों से हवन करे और सर्प के मुख में समग्र व्याहृतियों से आज्य द्वारा हवन करे। आज्य शेष को स्रुव से ही सर्प के शरीर में सेचन करे।

१—योगियाज्ञवल्क्यः—कृत्वा पापं न गूहेत गूह्यमानं विवर्धते। स्वल्पं वाऽपि प्रभूतं वा धर्मविद्भ्यो निवेदयेत् ॥ प्रायश्चित्ते समुत्पन्ने धीमान् सत्यपराक्रमः। मद्गुरार्तवसंयुक्तः शुद्धिं याचेत मानवः। प्रायश्चित्तमकुर्वाणाः पापेषु निरता जनाः। अपश्चात्तापिनः कष्टान् नरकान् यान्ति दारुणाम् ॥ विधे प्राथमिकादस्माद् द्वितीये द्विगुणं भवेत्। तृतीये त्रिगुणं प्रोक्तं चतुर्थे नास्ति निष्कृतिः ॥ इत्यादि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चमसस्थैर्जलैः सर्पं व्याहृत्याभ्युदय पाणिना । अग्ने रक्षाण इत्यनया सर्पायाग्निं प्रदापयेत् ॥

चमसस्थजलों से (चमचे के आकार के पात्रों के जल से) सर्प को हाथ से व्याहृतियों द्वारा अभ्युक्षण करे । 'अग्नेरक्षाण'[1] इस ऋचा से सर्प के लिए अग्नि को दे ।

उपतिष्ठेद्दह्यमानं नमोऽस्तु सर्पमन्त्रतः । ज्ञानतोऽज्ञानतो वापि कृतः सर्पवधो मया ॥ पूर्वजन्मनि वा सर्प तत्सर्वं क्षन्तुमर्हसि । क्षीराज्येन ततश्चाग्निं प्रोक्ष्य व्याहृतिभिर्जलैः ॥

जब सर्प जलने लगे तो 'नमोऽस्तु[2] सर्पेभ्यः' इस मन्त्र से खड़े होकर कहे कि—हे सर्प, इस जन्म में ज्ञान से या अज्ञान से जो मैंने या पूर्वजन्म में सर्पवध किया है उस सबको क्षमा करने योग्य हो । तदनन्तर दूध तथा घृत से और व्याहृतियों से जल द्वारा अग्नि का प्रोक्षण करे ।

नास्थिसञ्चयनं कुर्यात्स्नात्वाचम्य गृहं व्रजेत् । ब्रह्मचर्यादिकं कार्यं त्रिरात्राशौचमिष्यते ॥ सचैलं तु चतुर्थेऽह्नि स्नात्वा विप्रान् समर्चयेत् । सर्पोनन्तस्तथा शेषः कपिलो नाग एव च ॥ कालिकः शङ्खपालश्च भूधरश्चेति नामभिः । गन्धपुष्पाक्षतैर्धूपदीपाद्यैरर्चयेद् द्विजान् ॥ घृतपायसभक्ष्यैश्च द्विजानष्टौ च भोजयेत् । एवं कृते विधानेन सर्पसंस्कारकर्मणि ॥ सर्पहिंसाकृतात्पापान्मुच्यते नात्र संशयः ॥ इति सर्पसंस्कारः ।

अस्थिसञ्चयन न करे । स्नान और आचमन कर घर में आ जाय । ब्रह्मचर्य आदि करे और तीन रात का आशौच कहा है । चौथे दिन सचैल स्नान कर ब्राह्मणों का अर्चन करे । सर्प, अनन्त, शेष, कपिल, नाग, कालिक, शंखपाल और भूधर इन नामों से गन्ध, पुष्प, चावल, धूप, दीप आदि से ब्राह्मणों का पूजन करे । घृत, पायस तथा भक्ष्य वस्तुओं द्वारा आठ ब्राह्मणों को भोजन करावे । इसप्रकार सर्प का विधान करने पर सर्पहिंसा किया हुआ पाप छूट जाता है । इसमें संशय नहीं है । यह सर्पसंकार है ।

(जीवितोप्यन्त्यकर्मशौचकथनम्)

क्वचित्तु जीवतोप्यन्त्यकर्माशौचं कार्यम् । यथा प्रायश्चित्तानिच्छोः पतितस्य घटस्फोटे, पतितस्योदकं कार्यं सपिण्डैर्बान्धवैर्बहिः । निन्दितेऽहनि सायाह्ने ज्ञात्यृत्विग्गुरुसन्निधौ ॥ दासी घटमपां पूर्णं पर्यस्येत्प्रेतवत्पदा । अहोरात्रमुपासीरन्नाशौचं बान्धवैः सह ॥ इति मनूक्तेः (अ० ११ श्लो० १८२, १८३) निन्दिते—रिक्तादौ ।

कहीं तो जीते हुए का भी अन्त्यकर्म का आशौच करना कहा है । जैसे—प्रायश्चित्त की इच्छा नहीं करता हुआ पतित के घटस्फोट में—मनु ने कहा है—सपिण्ड बान्धवों के सहित पतित के उदककार्य को निन्दितदिन में (रिक्तादि में) सायंकाल में (दिन के पांचवें भाग में) जाति, ऋत्विक् और गुरु की सन्निधि में दासी (प्रेष्या) (घटानिनयन जातिवाले करें ।) जल से भरे [3]घड़े को प्रेत के सदृश (अपसव्य और दक्षिणामुख हो) पैर से बाहर फेंक दे । बांधवों के साथ अहोरात्र (दिनरात) बैठा रहे इससे आशौच नहीं होता है । निन्दित माने—रिक्तादितिथि में ।

अपरार्के वसिष्ठोऽपि—'वेदविप्लावकशूद्रयाजकोत्तमवर्णवर्णपतितास्तेषां पात्रनिनयनमपात्रसंस्कारादकृत्स्नं पात्रमादाय दासोऽसवर्णपुत्रो वा बन्धुरसदृशो वा गुणहीनः सव्येन पादेन प्रवृत्ताग्रान् दर्भान् लोहितान् वोपस्तीर्यापः पूर्णं पात्रमस्मै निनयेत् निनेतारं चास्य प्रकीर्णकेशा ज्ञातयोऽन्वाल-

---

१—अग्ने रक्षा णो अंहसः प्रति ष्म देव रीषतः । तपिष्ठैरजरो दह ॥ (ऋ० ७।१५।१३) सा० २४, तै० ब्रा० २।४।१।६) ।

२—नमो अस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु । ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्यः सर्पेभ्यो नमः (ऋ० प०) ।

३—घड़े को ले आना यह कार्य जातिवालों को करना चाहिये । योगि याज्ञवल्क्यः—दासी कुंभं बहिर्ग्रामान्निनयेरन् स्वबान्धवाः । पतितस्य बहिष्कुर्युः सर्वकार्येषु चैव तम् । जीते हुए ही पतित का अपने जातिवाले बान्धव और मातृपक्षवाले मिलकर सपिण्डों द्वारा भेजी हुई दासी द्वारा ले आए हुए अपूर्ण घट को ग्राम के बाहर ले जावें ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मेरन्नपसव्यं कृत्वा गृहेषु स्वैरमापद्येरन्नत ऊर्ध्वं तेन तं धर्मयेयुस्तद्धर्माणस्तं धर्मयन्तः' इति। उत्तमवर्णा–ब्राह्मणादयः तेषां वर्गः समूहस्तस्मात्पतिता ब्रह्महादयः। अपात्रसंस्कारः–कुत्सितपात्रसमूहः। प्रवृत्ताग्राः–छिन्नाग्राः। स्वैरं–यथेच्छं धर्मादिकार्यं कुर्युः। अस्माद्वचनसामर्थ्यात्पात्रनिनयनात् प्राक्पतितज्ञातीनां धर्मकार्येष्वधिकारो नास्तीत्यपरार्कः।

अपरार्क में वसिष्ठ ने कहा है—वेद का नाश करनेवाला, शूद्र को यज्ञ करानेवाला, ब्राह्मणादि उत्तम वर्ण के समूह में पतित हो जाने पर, उनके पात्र को ले जाना अपात्रसंस्कार (कुत्सितपात्रसमूह) होने से सब पात्र को लेकर दास (सेवक–मिताक्षरा के व्यवहाराध्याय में दास आदि के भेद देखिये—पृ० ३२८) या असवर्ण (एक जाती का न हो) पुत्र, बन्धु (अयोग्य ब्राह्मण, जो केवल जाती से ब्राह्मण हो नाम मात्र का ब्राह्मण) (ब्रह्मबन्ध्वादि के सदृश भी निन्द्य है।) के सदृश या गुणहीन सव्य (बायें) पैर से छिन्न अग्रभागवाली कुशा या लालवर्णों की कुशा बिछाकर जल से भरे उस पात्र को उसके लिए ले जाय। पात्र को ले जानेवाले का केशों को खोलकर जातिवाले स्पर्श करे। अपसव्य होकर—यथेच्छ बाद में उसके साथ धर्म आदि का व्यवहार करें। व्यवहार करनेपर वह उन्हींके सदृश होता है। उत्तम वर्ण–ब्राह्मण आदियों का वर्ग समूह इससे पतित ब्रह्महादि होते हैं। अपात्रसंस्कार माने—कुत्सितपात्रों का समूह। प्रवृत्ताग्राः का माने—छिन्न है अग्रभाग जिन कुशाओं का। स्वैर माने—यथेच्छ धर्मादि कार्य को करें। इसबचन के सामर्थ्य से पात्रनिनयन (पात्र उलटना) के पूर्व पतित जातियों के धर्म कार्यों में अधिकार नहीं है–यह अपरार्क ने कहा है।

'तस्य विद्यागुरून् योनिसम्बन्धांश्च सन्निपात्य सर्वाण्युदकादिप्रेतकार्याणि कुर्युः, पात्रं चास्य विपर्यस्येयुर्दासः कर्मकरो वाऽवकरादमेध्यं पात्रमानीय दासीघटात्पूरयित्वा दक्षिणामुखः पदा विपर्यस्येदमुदकं करोमीति नामग्राहं सर्वेऽन्वालभेरन् प्राचीनावीतिनो मुक्तशिखा विद्यागुरवो योनिसम्बन्धाश्च वीक्षेरन्। अप उपस्पृश्य ग्रामं प्रविशेयुः' इति गौतमोक्तेश्च।

उसके विद्यागुरु तथा योनिसम्बन्ध, (चाचा, पिता आदि), सब इकट्ठे होकर उदक आदि (जलदान आदि) सब प्रेत के कार्यों को करें और इसके पात्र को विपर्यय (औंधा करना) करें दास या कर्मकर (भाडे का मजदूर—वह सेवक जो दास न हो) गांव से अपवित्र पात्र को ले आकर दासी (नौकरानी शूद्र पत्नी, वेश्या) के घड़े से भरकर दक्षिणामुख हो बायें पैर से जल को गिराता हूँ। नाम ग्रहण कर सब स्पर्श करते हैं। प्राचीनावीति होकर शिखा खोलकर विद्यागुरु और योनिसंबन्ध वाले देखते हुए जल का स्पर्श कर गाँव में प्रवेश करें—यह गौतम ने कहा है।

उदकादीत्युक्तेर्दाहनिवृत्तिः। प्रेतकार्याण्येकादशाहश्राद्धान्तानि। दास्याहृतोऽम्बुघटो दासीघटः। तेनोदकेनामेध्यं पात्रं पूरयित्वा दासादिर्न्युब्जं वामपादेन कुर्यादिति हरदत्तः। अत्र नामग्राहवचनमुदकादिप्रेतकार्ये तद्वत्वार्थम्। तेन तत्तूष्णीं भवति। एतच्च प्रायश्चित्तानिच्छोः। तस्य गुरोर्बान्धवानां राज्ञश्च समक्षं दोषानभिख्याप्य तमनुभाष्य पुनः पुनराचार्यं लभस्वेति स यद्येवमप्यनवस्थितमतिः स्यात्ततोऽस्य पात्रं विपर्यस्येत्॥ इति शङ्खोक्तेः।

उदकादि को कहने से दाह की निवृत्ति है। प्रेतकार्य माने—एकादशाहश्राद्ध तक दासी द्वारा ले आया हुआ जल के घड़े को दासी घट कहते हैं। उस जल से अमेध्य (अपवित्र) पात्र को भरकर दास आदि जातिवाले वह बायें पैर से न्युब्ज (उलटा) करें—हरदत्त ने कहा है। यहाँ पर नाम ग्रहण का वचन प्रेतकार्य में उदकादि का नाम ग्रहण न करे–यह अर्थ है—इससे वह तूष्णीं करे। यह भी उसके लिए है जो प्रायश्चित की इच्छा नहीं रखता है। क्योंकि उसके गुरु, बन्धवों और राजा के समक्ष दोषों को कहकर उसको संबोधन करके फिर फिर कहे तुम आचार को प्राप्त करो, वह यदि इसप्रकार भी व्यवस्थित न हो तो उसका पात्र विपर्यय करे—यह शंख ने कहा है।

जीवन्तमेवोद्दिश्य पिण्डोदकश्राद्धानि नाम्ना दद्यादित्यपरार्कः।

अपरार्क ने कहा है—जीते हुए को ही उद्देश्य कर पिण्डोदक और श्राद्धों को नाम से दे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(कृतप्रायश्चित्तस्य घटस्फोटेकृतेऽपि सङ्ग्रहविधिकथनम्)

कृतप्रायश्चित्तस्य घटस्फोटे कृतेऽपि सङ्ग्रहविधिमाह गौतमः—यस्तु प्रायश्चित्तेन शुद्ध्येत्तस्मिन् शुद्धे शातकुम्भमयं पात्रं पुण्यह्रदात्पूरयित्वा स्रवन्तीभ्यो वा, तत एनमुपस्पर्शयेयुरथास्मै तत्पात्रं दद्युस्तत्प्रतिगृह्य जपेत्—शान्ता द्यौः शान्ता पृथिवी शान्तं विश्वमन्तरिक्षं यो रोचनस्तमिह गृह्णामि' इत्येतैर्यजुर्भिः पावमानीभिस्तरत्समन्दीभिः कूष्माण्डैश्चाज्यं जुहुयाद्धिरण्यं दद्याद् गां चाचार्याय। यस्य तु प्राणान्तिकं प्रायश्चित्तं स मृतः शुध्येत् सर्वाण्येव तस्मिन्नुदकादीनि प्रेतकर्माणि कुर्युरेतदेव शान्त्युदकम् सर्वेषूपपातकेषु (गौतमधर्मसू० १९।१०।१७) इति।

प्रायश्चित्त को करने पर घटफोटन करने पर भी संग्रहविधि को गौतम ने कहा है—जो कि प्रायश्चित्त से शुद्ध हो उसकी शुद्धि में [1]शातकुंभमयपात्र (पर्वतीय सुवर्ण का पात्र) को पुण्य तलाव से भरकर या स्रवन्ती (नदियों) के जल से भरकर फिर इसको स्पर्श करें। [अर्थात्-तलाव आदि में स्नान करावे] इसके बाद इसके लिए उस पात्र को दें। उसको ग्रहणकर जप करे—'शान्ता[2] द्यौः, इस यजुर्मन्त्रों से पावमानी, तरत्समन्दी और कूष्माण्डी ऋचाओं से घी से हवन करे। सुवर्ण और गौ आचार्य को दे। जिसका मरणान्त प्रायश्चित्त हो वह मरकर शुद्ध होता है। सब उदकदान आदि प्रेतकर्मों को करे। यही ही शान्त्युदक सब उपपातकों में है।

घटस्फोटोत्तरं प्राणान्तिकप्रायश्चित्ते कृते तु मृत एव शुद्ध्येन्न तत्र सङ्ग्रहविधिः। अतस्तेन विनापि प्रेतकर्म कुर्यादित्यर्थः। उपपातकेष्वपि घटस्फोटे कृते एवं कार्यमित्यर्थः।

घटस्फोट के बाद प्राणान्तिक प्रायश्चित्त करने पर तो मरकर शुद्ध होता है। वहाँ पर संग्रहविधि (ग्रहण करने की) नहीं है। इसलिए उसके बिना भी प्रेत कर्म करे—यह अर्थ है। उपपातकों में भी घटस्फोट के करने पर इसको करे—यह अर्थ हैं।

याज्ञवल्क्यः (प्रा० श्लो० २९५)—चरितव्रत आयाते निनयेरन्नवं घटम्। जुगुप्सेरन्न चाप्येनं संवसेयुश्च सर्वशः॥ कृतघटस्फोटस्यैवायं परिग्रहविधिरिति मिताक्षरायामपरार्के च। अन्यथा प्रायश्चित्तमात्रे एतत्प्रसङ्गात्।

प्रायश्चित्त व्रत करने बाद यदि बन्धुओं के समीप में आने पर सपिण्डादि उसके साथ नवीन बिना फूटे घड़े में अन्य जल भरकर (पुण्यवाले तालाव आदि में स्नान कर उसी के जल को भरकर) ले आवें और उसकी निन्दा न करें तथा उसे सब प्रकार से सम्मिलित करें। (इसप्रकार प्रायश्चित्त करने पर उसकी निन्दा न करें और सब कार्यों में—क्रय-विक्रय आदि में उसके साथ व्यवहार करें।) किये हुए घटस्फोट की ही यही परिग्रह (स्वीकार करने की) विधि है—यह मिताक्षरा और अपरार्क में कहा है। अन्यथा प्रायश्चित्तमात्र में इस विधि का प्रसंग हो जायगा।

मनुरपि घटस्फोटमुक्त्वा—निवर्तेरंस्ततस्तस्मात्तु सम्भाषणसहासनैः॥ (मनु. अ. ११ श्लो. १८४) इत्युक्त्वा प्रायश्चित्ते तु चरिते पूर्णं कुम्भमपां नवम्। तेनैव सार्द्धं प्रास्येयुः स्नात्वा पुण्ये जलाशये॥ (म० अ० ११, श्लो० १८६) इति तच्छब्दं प्रायुङ्क्त।

मनुने भी घटस्फोट को कहकर पतित से सपिण्ड आदियों के संभाषण और एकासन पर बैठना त्याग दें। एसा कहकर पतित के प्रायश्चित्त करने पर सपिण्ड तथा बान्धव (समानोदक) वाले उसके प्रायश्चित्त करने वाले के साथ पवित्र जलाशय में स्नान कर जल से भरे घड़े को फेंक दें। (नवीन घड़े के ग्रहण से—अर्थात् दासी घड़े को) यहाँ पर तत् शब्द का प्रयोग किया है।

१—न तेन वाहेषु विवाहदक्षिणीकृतेषु संख्यानुभवेऽभवत्क्षमः। न शातकुंभेषु न भक्तकुम्भिषु प्रयत्नवान्कोऽपि न रत्नराशिषु॥ शातकुंभेषु-अनेकभूषण भूतघटिताघटितकाञ्चनेषु। (नैषध-सर्ग १६।३४ और शिवपुराण ५।६)।

२—परिवर्तन रूप यों हैं—शान्ता द्यौ शान्ता पृथिवी शान्तमिदमुर्वन्तरिक्षम्। शान्ता उदन्वतीरापः शान्ता नः सन्त्वोषधीः॥ (अथर्व०—१९।९।१)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(पतितानां चरितव्रतानां प्रत्युद्धारकथनम्)

अपरार्के वसिष्ठोऽपि—पतितानां चरितव्रतानां प्रत्युद्धारोऽथाप्युदाहरन्ति—अग्रेप्युद्धरतां गच्छेत् क्रीडन्निव हसन्निव । पश्चात्पातयतां गच्छेच्छोचन्निव रुदन्निव ॥ इत्याचार्यमातृपितृहन्तारस्तत्प्रसादादपगतपापा एषा तेषां प्रत्यापत्तिः । पूर्णाह्रदात्प्रवृत्ताद्वा काञ्चनं पात्रं माहेयं वाऽद्भिः पूरयित्वापोहिष्ठीयाभिरेनमद्भिरभिषिञ्चेयुः, 'सर्व एवाभिषिक्तस्य प्रत्युद्धारः पुत्रजन्मना व्याख्यातः' इति । प्रत्युद्धारः परिग्रहः । तत्रोद्धरतां हसन्निवाग्रेसरः स्यात् । पातयतां घटस्फोटं कुर्वतां शोचन्निव पश्चाद् गच्छेत् । मातापित्रादिहन्तॄणां परिग्रहो न कार्यः । तत्प्रसादे सति चीर्णव्रतानां कार्यः । प्रवृत्तं निर्झरः । पुत्रजन्मनेत्यभिषेकोत्तरम् । जातकर्मादयः संस्काराः पुत्रजन्मवत्कार्या इत्यपरार्के व्याचख्यौ ।

अपरार्क में वसिष्ठ ने भी कहा है—जिन पतितों ने प्रायश्चित्त किया हो उनके प्रत्युद्धार (स्वीकार) को कहते हैं । उद्धार करने वालों के आगे भी क्रीडा करते हुए की तरह और हँसते हुए की तरह पतितों के पीछे शोक करते हुए की तरह और रोते हुए की तरह चले । यह आचार्य या माता-पिता के मारनेवालों की उनके प्रसाद से पाप की निवृत्ति हो जाने पर यह उनकी प्रत्यापत्ति (पुनः स्वीकार) है । भरे तलाव से सुवर्ण के सहित पात्र को या मूँगे के पात्र को जल भरकर 'आपो हि ष्ठा' आदि ऋचाओं से इसके जल से अभिषेक करें । सबका ही अभिषेक का प्रत्युद्धार (परिग्रह) पुत्रजन्म से व्याख्या किया है । (इसके सब संस्कार जातकर्मादि पुत्र संस्कार के सदृश करे) प्रत्युद्धार माने—परिग्रह । वहाँ पर उद्धार करनेवालों के आगे हसते हुए की तरह आगे हो जाय । पाप करने वालों के घटस्फोट को करते हुए शोक होने पर जिन्होंने प्रायश्चित्त किया उनका संग्रह करना चाहिये) की तरह पीछे चले । माता पिता आदि को मारने वालों का परिग्रह न करे । उनके प्रसन्न होने पर चीर्णव्रतों (प्रायश्चित्तविवेके—पृ० २१—चीर्णव्रतानपि सदा कृतघ्नसहितानिमाम् । कृतनिर्णेजकांश्चैव न जुगुप्सेत कर्हिचित् ॥ इत्यादि) । प्रवृत्त माने झरना । 'पुत्रजन्म से' यह कहनेपर अभिषेक बाद जातकर्म आदि संस्कार पुत्रजन्म की तरह करे—यह अपरार्क में व्याख्या किया है ।

अत एव विज्ञानेश्वरः—घटेऽपवर्जिते ज्ञातिमध्यस्थो यवसं गवाम् । प्रदद्यात्प्रथमं गोभिः संस्कृतस्य हि सत्क्रिया ॥ इत्यत्र गवां भक्षणाभावे पुनर्व्रतं चरेदित्येतत्प्रकृते, एवं चरितव्रतविधौ विशेषोऽयमिति वदन् घटस्फोटोत्तरं परिग्रह एवैतन्न सर्वत्रेत्याह । तस्माकृतेऽपि घटस्फोटे प्रायश्चित्तं परिग्रह विधिः पुनः संस्कारो भवतीति सिद्धम् । तथा जीवच्छ्राद्धे कृते हेमाद्रौ बौधायनः—'तत्राशौचं दशाहं स्यात्' इत्यलं प्रसङ्गेन ।

इसलिये विज्ञानेश्वर ने कहा है—तलाब आदि से जलपूर्ण कुंभकों देने बाद जाति में मध्यस्थ हो गौवों को यवस (घास अपने शिर से ले आकर गौवों के लिए दे) प्रथम दे । गौवों के सत्कार करने से उसका भी सत्कार होता है ।

यहाँ पर गौवों के भक्षणाभाव में फिर से व्रत करे—यह प्रकृति में है । इसप्रकार चरित व्रतविधि में यह विशेष है यह कहता हुआ घटस्फोटनोत्तर परिग्रह ही है यह सर्वत्र नहीं है यह कहा है । उससे करने पर भी घटस्फोट में प्रायश्चित्त परिग्रहविधि और फिर से संस्कार होता है यह सिद्ध है । वैसे ही जीवच्छ्राद्ध करने पर हेमाद्रि में बौधायन ने कहा है वहाँ पर दशाह आशौच होता है । इस प्रसंग को यहीं समाप्त करते हैं ।

(अन्त्यकर्मणि साधारणं किञ्चित्कथनम्)

एवं सापवादे आशौचे उक्ते प्रतिशाखं भिन्नेष्यन्त्यकर्मणि साधारणं किञ्चिदुच्यते । तत्राधिकारिणः श्राद्धप्रकरणे प्रागुक्ताः ।

इस प्रकार सापवाद (निन्दित) आशौच के करने पर प्रत्येक शाखा के भिन्न होने पर भी अन्त्यकर्म में साधारण कुछ कहते हैं । वहाँ पर अधिकारी श्राद्धप्रकरण में पहले कह चुके हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(सर्वाभावे धर्मपुत्रद्वारापिण्डदानादिकथनम्)

सर्वाभावे धर्मपुत्रो वा कार्यः, अपुत्रेण सुतः कार्यो यादृक् तादृक् प्रयत्नतः। पिण्डोदकक्रिया-हेतोर्नामसङ्कीर्तनाय च॥ इति व्यासवचनात्।

सबके अभाव में धर्मपुत्र करे। क्योंकि व्यास का वचन है—जिसके पुत्र न हो वह पिण्ड तथा उदकक्रिया और नाम के चलाने के लिये जैसा तैसा (पतितादि भिन्न) पुत्र को प्रयत्न से ग्रहण करे।

(प्रथमेऽहनि यो दद्यात् स दशाहं कुर्यात्)

गृह्यपरिशिष्टे—असगोत्रः सगोत्रो वा यदि स्त्री यदि वा पुमान्। प्रथमेऽहनि यो दद्यात्स दशाहं समापयेत्॥ दद्यात्पिण्डमिति शेषः।

गृह्यपरिशिष्ट में कहा है—असगोत्र, सगोत्र, स्त्री या पुरुष जो पहले दिन में पिण्ड दे वह दशदिन तक पिण्ड दे। (जो सन्निकृष्ट सगोत्री समीप न होने से पहले दिन जो पिण्ड प्रेत के लिये देगा वही ही बाद में उसके सम्बन्धियों के आने पर भी देगा। सम्बन्धि नहीं दे सकेंगे यह अर्थ है। आजकल मूर्खता वश मारवाड़ी आदि में पुत्र के समीप न होने से अन्य कुटुम्बवाले उसके पिता आदि का जो दाह करते हैं तो मध्य में ही पुत्र आकर मृतकदाह कर्ता के वस्त्र पहनकर अशिष्टदिन का श्राद्ध करता है। यह एकदम शास्त्र से विरुद्ध है।)

भविष्ये—यत्राद्ये दीयते पिण्डस्तत्र सर्वं समापयेत्।

भविष्यपुराण में कहा है—जो पहले दिन जहाँ पर पिण्ड देता है वहीं पर सब पिण्ड समाप्त करे।

ब्राह्मेऽपि—प्रथमेऽहनि यो दद्यात्प्रेतायान्नं समाहितः। अन्नं नवसु चान्येषु स एव प्रददात्यपि॥

ब्रह्मपुराण में भी कहा है—जो सावधानी से पहले दिन प्रेत के लिये अन्न देता है वही ही नौदिन में अन्न को दे। (कुछ देहाती दशवें दिन अन्य द्रव्य से गरुडपुराण मत से पिण्ड देते हैं वह भी हेय है।)

विज्ञानेश्वरादयस्तु—'केचित्तु अग्निं दद्यात्' इति व्याचक्षते। सगोत्रो वाऽसगोत्रो वा योऽग्निं दद्यात्सखे नरः। सोऽपि कुर्यान्नवश्राद्धं शुद्धयेत्तु दशमेऽहनि॥ इति दिवोदासीये वचनाच्च।

विज्ञानेश्वर आदि ने तो कहा है—कोई तो कहते हैं कोई अग्नि को दे—ऐसी व्याख्या करते हैं। (अधिक कार्य के रहते हुए अन्य के दाह करने पर प्रथमपिण्ड के प्रारंभ से पूर्व पुत्र आदि के आने पर भी दाह कर्तृ क भिन्नता से निषेध है। यदि दाहकर्ता दशाहकृत्य को बिना समाप्त किये ही मर जाय तो दशाहकर्ता दाह को भी आवर्तन करना चाहिये। तब देशाहान्तर में प्रथम दाह के साथ आई हुई को भी दूसरे दाह में साथ गमन होता है—ऐसा कहा है।)

और दिवोदासीय में वचन है—जो मनुष्य सगोत्र हो या असगोत्र हो-जो अग्नि देता है वही नव-श्राद्ध करे और हे सखे, दशवें दिन (अर्थात्—दशवीं रात बीतने पर) में शुद्ध होता है।

(आसन्नमरणे दानादिकथनम्)

तत्रैव—दृष्ट्वा स्थानस्थमासन्नमर्धोन्मीलितलोचनम्। भूमिष्ठं पितरं पुत्रो यदि दानं प्रदापयेत्। तद्विशिष्टं गयाश्राद्धादश्वमेधशतादपि।

वहीं पर कहा है—अपने स्थान में स्थित आसन्न आधे नेत्र मिचे भूमिस्थ पिता को देखकर यदि पुत्र दान देता है तो वह दान गयाश्राद्ध और सौ अश्वमेध से भी विशिष्ट होता है।

(मोक्षधेनुदानकथनम्)

तानि यथा—मोक्षं देहि हृषीकेश मोक्षं देहि जनार्दन। मोक्षधेनुप्रदानेन मुकुन्दः प्रीयतां मम॥ इति मोक्षधेनुमन्त्रः।

वे दान यों हैं—हे हृषीकेश, मोक्ष दो, हे जनार्दन, मोक्ष दो, मोक्षधेनु के प्रदान से मुझ पर मुकुन्द प्रसन्न हों। यह मोक्षधेनुमन्त्र है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(ऋणधेनुदानकथनम्)

ऐहिकामुष्मिकं यच्च सप्तजन्मार्जितं ऋणम्। तत्सर्वं शुद्धिमायातु गामेतां ददतो मम ॥ इति ऋणधेनोः।

ऐहिक (इसलोक), आमुष्मिक (परलोक) और सातजन्म से अर्जित जो ऋण है वह सब मेरा इस गौ के देने से शुद्धि को प्राप्त हो। यह ऋणधेनु का मन्त्र है।

(पापधेनुदानकथनम्)

आजन्मोपार्जितं पापं मनोवाक्कायकर्मभिः। तत्सर्वं नाशमायातु गोप्रदानेन केशव ॥ इति पापधेनोः।

मन, वाणी, शरीर और कर्म से जो आजन्मसञ्चित पाप हैं वह सब गौ के देने से केशव, सब नाश को प्राप्त हो। यह पापधेनु का मन्त्र है।

(शुक्लपक्षादौ मृतस्य पुण्यकालकथनम्)

भारते—शुक्लपक्षे दिवा भूमौ गङ्गायां चोत्तरायणे। धन्यास्तात मरिष्यन्ति हृदयस्थे जनार्दने ॥

भारत में कहा है—शुक्लपक्ष, दिन, भूमि, गंगा और उत्तरायण में हृदय में जनार्दन का ध्यान कर हे तात, मरेगें वे धन्य हैं।

हेमाद्रौ वाराहे—व्यतीपातोऽथ संक्रान्तिस्तथैव ग्रहणं रवेः।
पुण्यकालास्तदा सर्वे यदा मृत्युरुपस्थितः ॥

हेमाद्रि में वाराहपुराण का वचन है—जब मृत्युकाल उपस्थित हो तो यदि व्यतीपात, संक्रान्ति और वैसे ही सूर्यग्रहण हो तो पुण्यकाल होते हैं।

(वैतरणीधेनुदानम्)

व्यासः—आसन्नमृत्युना देया गौः सवत्सा तु पूर्ववत्।
तदभावे तु गौरेव नरकोत्तारणाय वै ॥

व्यास ने कहा है—मृत्यु की समीपता में सवत्सा गौ (वैतरणी) को (प्रदत्तासि मया देवि तर्तुं दुस्तरकाम्यया। तावत्कालं प्रतीक्षस्व यावदागमनं मम ॥) पहले की तरह दे। उसके अभाव में तो नरक के तारण के लिए गौ को ही निश्चय दे।

तदा यदि न शक्नोति दातुं वैतरणीं तु गाम्।
शक्तोऽन्योऽरुक्तगां दत्त्वा दद्याच्छ्रेयो मृतस्य तु ॥

यदि उससमय (मरणावस्था) में वैतरणी[1] गौ को देने में समर्थ न हो तो अन्य समर्थ मृतक के कल्याणार्थ पूर्वोक्त गौ का दान करे।

(उत्क्रान्त्यादिदशदानकथनम्)

मदनरत्ने जातूकर्ण्यः—उत्क्रान्त्यादीनि दानानि दश दद्यान्मृतस्य तु। गोभूतिलहिरण्याज्यं वासो धान्यं गुडानि च ॥ रौप्यं लवणमित्याहुर्दशदानान्यनुक्रमात्। एतानि दशदानानि नराणां मृत्युजन्मनोः ॥ कुर्यादभ्युदयार्थं तु प्रेतेऽपि हि परत्र वै।

१—देशकालौसङ्कीर्त्य—मम (पित्रादेः) वैतरणीनदीसन्तरणार्थमिमां कृष्णां रक्तमाल्याद्यलंकृतां रुद्रदैवताम् (तन्निष्क्रयद्रव्यममुकदैवतम्) अमुकगोत्राय ब्राह्मणाय दातुम०। 'सुखेन प्राणोत्क्रमणप्रतिबन्धकोक्तनिष्कृत्यनुक्तनिष्कृतिसकलपापक्षयद्वारा सुखेन प्राणोत्क्रमणसिद्धये इमां गां रुद्रदैवताम् (मूल्यद्रव्यमुकदैवतम्) अमुकगोत्राय ब्राह्मणाय०। ऐहिकामुष्मिकानेकजन्मार्जितदेवर्षिपितृमनुष्यादिसमस्तपापक्षयद्वारा श्रीपरमेश्वरप्रीतये इमां ऋणापनोदधेनुं रुद्रदैवताम् (इदमृणापनोदधेनुमूल्यममुकदैवतम्) अमुकगोत्राय ब्राह्मणाय०। 'ज्ञाताज्ञातमनोवाक्कायकृतसकलपापक्षयद्वारा श्रीपरमेश्वरप्रीतये इमां पापापनोदधेनुं रुद्रदैवतां (निष्क्रयद्रव्यममुकदैवतम्) अमुकगोत्राय ब्राह्मणाय०। 'भगवत्प्रसादान्मोक्षप्राप्तये इमां मोक्षधेनुं रुद्रदैवताम् (तन्मल्यद्रव्यममुकदैवतम्) अमुकगोत्राय ब्राह्मणाय०।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मदनरत्न में जातूकर्ण्य का वचन है—मृत्यु के समय मरणवाले के लिए (अर्थात्-मरण समय के पूर्व) दश दानों को क्रम से दे—गौ, भूमि, तिल, सुवर्ण, घृत, वस्त्र, धान्य, गुड, चांदी और निमक ये दशदान मनुष्यों के मृत्यु तथा जन्म में अभ्युदय (कल्याण) के लिए और प्रेत के लिए परलोक में सुख के लिए निश्चय दे। (मरणसमय के पूर्व प्रायश्चित्त करे। क्योंकि कलियुग में निष्पापी पुरुषों का अभाव है। उसके न करने पर उसके मरने पर तो पुत्र आदि अवश्य करें।)

(तिलपात्रदानम्)

ब्राह्मे—ताम्रपात्रं तिलैः पूर्णं प्रस्थमात्रं द्विजाय तु। सहिरण्यं च यो दद्याच्छ्रद्धावित्तानुसारतः॥ सर्वपापविशुद्धात्मा लभते गतिमुत्तमाम्। उत्क्रान्तिवैतरिण्यां च दश दानानि चैव हि॥ प्रेतेऽपि कृत्वा तं प्रेतं शवधर्मेण दाहयेत्।

ब्रह्मपुराण में कहा है—तांबे के पात्र में प्रस्थमात्र (बत्तीस पलों के बराबर) तिलों से परिपूर्ण सुवर्ण के सहित श्रद्धा तथा धन के अनुसार ब्राह्मण के लिये जो देता है वह सब पापों से शुद्ध आत्मावाला हो जाता है और उत्तम गति को प्राप्त करता है। मृत्यु के समय उत्क्रान्ति, वैतरणी गौ और दशदानों को दे। प्रेत के लिए भी करे। शवधर्म के धर्म से उस प्रेत का दाह करे।

(म्रियमाणस्य कर्णे पुण्यमन्त्राणां कथनम्)

तत्रैव परिशिष्टे—म्रियमाणस्य कर्णे तु पुण्यमन्त्रान् जपेत्ततः।

वहीं पर परिशिष्ट में कहा है—मरनेवाले के कान में पुण्यवाले मन्त्रों को (नानानं[1] वा इत्यादि वैदिकमन्त्र और अन्य गीता, विष्णुसहस्रनाम, भागवत आदि) का जप करे।

(गरुडपुराणादिमते त्वष्टौ दानानि)

क्रियानिबन्धे गारुडे त्वष्टौ दानान्युक्तानि—तुलसीसन्निधौ कृत्वा शालग्रामशिलां तथा। तिललोहं हिरण्यं च कार्पासं लवणं तथा। सप्तधान्यं क्षितिर्गाव एकैकं पावनं स्मृतम्॥ इति। दशदानवैतरणीधेनूत्क्रान्तिधेनुदानादि भट्टकृतान्त्येष्टिपद्धतौ ज्ञेयम्।

क्रियानिबन्ध और गरुडपुराण में तो आठ दान कहे हैं—तुलसी तथा शालग्राम की शिला को समीप में करके तिल, लोहा, सुवर्ण, रुई, निमक, सप्तधान्य,[2] पृथ्वी और गौ ये एक से एक पवित्र कहे गये हैं। दशदान, वैतरणीधेनु, उत्क्रान्तिधेनु आदि को भट्टकृत अन्त्येष्टिपद्धति में जानना चाहिये।

(कर्तुरधिकारार्थं प्रायश्चित्तकथनम्)

कर्तान्त्यकर्माधिकारार्थं त्रीन् कृच्छ्रान् कुर्यादिति तत्रैवोक्तम्।

वहीं पर ही कहा है—कर्ता अन्त्यकर्म के अधिकार के लिए (प्रेत के धन को ग्रहण करनेवाले प्रेत का अन्त्यकर्म न करें तो शंख ने कहा है—प्रेतस्य तु प्रेतकार्याण्यकृत्वा धनहारकः। वर्णानां तद्वधे प्रोक्तं तद्व्रतं प्रयतश्चरेत्॥) तीन कृच्छ्रों को (अत्यन्त अशक्ति परक है, शक्ति में तो बाहर कृच्छ्र करे। अशक्ति में तो छ कृच्छ्र करे।) करे।

(देवयाज्ञिकमतेन मुमूर्षोर्मधुपर्कदानकथनम्)

अत्र देवयाज्ञिकेन मुमूर्षोर्मधुपर्कदानमुक्तम्। तदुक्तं वाराहे—दृष्ट्वा सुविह्वलं ह्येनं यममार्गानुसारिणम्। प्रयाणकाले तु नरो मन्त्रेण विधिपूर्वकम्॥ मधुपर्कं त्वरन् गृह्य इमं मन्त्रमुदाहरेत्।

१—नानानं वा उ नो धियो वि व्रतानि जनानाम्। तक्षा रिष्टं रुतं भिषग्ब्रह्मा सुन्वन्तमिच्छतीन्द्रायेन्दो परिस्रव १ जरतीभिरोषधीभिः पर्णेभिः शकुनानाम्। कार्मारो अश्मभिर्द्युभिर्हिरण्यवन्तमिच्छतीन्द्रायेन्दो परिस्रव २ कारुरहं ततो भिषगुपलप्रक्षिणीनना। नानाधियो वसूयवोऽनु गाइव तस्थिमेन्द्रायेन्दो परिस्रव ३ अश्वो वोतहा सुखं रथं हसनामुपमन्त्रिणः। शेपो रोमण्वन्तौ भेदौ वारिन्मण्डूक इच्छतीन्द्रायेन्दो परिश्रव॥ (ऋ० ६। सू० १११। म० १-४)।

२—यवगोधूमधान्यानि तिलाः कङ्गुस्तथैव। श्यामकाश्चणकाश्चैव सप्तधान्यानि तं विदुः। या—यवधान्यतिलाः कङ्गुः मुद्गचणकश्यामकाः। एतानि सप्त धान्यानि सर्वकार्येषु योजयेत्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ॐ गृहाण चेमं मधुपर्कमाद्यं संसारनाशनकरं त्वमृतेन तुल्यम् । नारायणेन रचितं भगवत्प्रियाणां दाहे च शान्तिकरणं सुरलोकपूज्यम् ॥ अनेनैव सुमन्त्रेण दद्याच्च मधुपर्ककम् । नरस्य मृत्युकाले तु परलोकसुखावहम् ॥

यहाँ पर देवयाज्ञिक ने मरनेवाले के लिए मधुपर्कदान कहा है। उसको वाराहपुराण में कहा है—यममार्ग में जानेवाले जीव को विह्वल देखकर मृत्यु के समय मनुष्य मन्त्र से विधिपूर्वक शीघ्र मधुपर्क को ग्रहण कर इस मन्त्र को कहे—आद्य, संसारनाशक, अमृत के तुल्य नारायण से रचित भगवत्प्रियों के दाह में शान्ति करने वाले तथा सुरलोक में पूज्य इसीमन्त्र से ही मधुपर्क को दे। मनुष्य के परलोक में सुख देने वाले मधुपर्क[1] को मृत्युकाल में निश्चित दे।

(चाण्डादिमृते विचारः)

अथ दुर्मरणे दिवोदासीये—चण्डालादिमृते विप्रे त्वन्तरिक्षे मृतेऽपि वा ।
कृच्छ्रातिकृच्छ्रचान्द्रैस्तु शुद्धिस्तत्र प्रकीर्तिता ॥

दुर्मरण मे दिवोदास ने कहा है—(प्रमाद से) चाण्डाल आदि के द्वारा मरने पर या अन्तरिक्ष[2] में मरने पर भी कृच्छ्र, अतिकृच्छ्र और चान्द्रायण आदि से शुद्धि कही है।

(शूद्रेण दग्धे प्रायश्चित्तम्)

देवजानीये जाबालिः—शूद्रेण दग्धो यो विप्रो न लभेच्छाश्वतीं गतिम् । प्रायश्चित्तं प्रकुर्वीत ब्राह्मणः पापशुद्धये ॥ चान्द्रायणं पराकं च प्राजापत्यं विशोधनम् ।

देवजानीय में जाबालि का वचन है—जो शूद्र से जलाया हुआ ब्राह्मण उत्तम गति को नहीं प्राप्त होता है। उसके पाप की शुद्धि के लिये चान्द्रायण,[3] पराक[4] और प्राजापत्य[5] प्रायश्चित्त करे। (उत्तरार्थ श्लोक यों है—विप्रेभ्यो दक्षिणां दद्यात्ततः स्यादौर्ध्वदेहिकम् ।) ।

(प्रेतस्य अस्पृश्यस्पर्शे प्रायश्चित्तम्)

गृह्यकारिकायाम्—उदक्या सूतिका वापि यदि प्रेतं स्पृशन्ति हि ।
तस्यैव विधिरादिष्टो वात्स्येनैव महात्मना ॥ एषः सूतिकोक्तः ।

गृह्यकारिका में कहा है—यदि रजस्वला या सूतिका स्त्री प्रेत का स्पर्श करती है तो उसके लिए ही महात्मा वात्स्यमुनि ने ही प्रायश्चित्तविधि का आदेश किया है। यह सूतिका के लिए कहा है।

(ऊर्ध्वोच्छिष्टाधरोच्छिष्टोभयोच्छिष्टमरणे, अस्पृश्यमरणे, खट्वादिमरणे, श्वानक्रव्यादादिसंस्पर्शे, कृमिकीटोद्भवादिमरणे च प्रायश्चित्तकथनम्)

मदनरत्ने स्मृत्यन्तरे—ऊर्ध्वोच्छिष्टाधरोच्छिष्टोभयोच्छिष्टस्तथैव च । अस्पृश्यस्पर्शने चैव खट्वादिमरणेऽपि च ॥ श्वानक्रव्यादसंस्पर्शे कृमिकीटोद्भवेऽपि च । एतद्दोषानुसारेण प्रायश्चित्तं समाचरेत् ॥

१—स्मृतिः—आज्यमेकपलं ग्राह्यं दध्नस्त्रिपलमेव च । म[illegible] पलमेकं तु मधुपर्कं स उच्यते ॥ 'दधिमधुघृतमेकस्मिन् काँस्यपात्रे कृतमपरेण कांस्यपात्रेणापिहितं मधुपर्कशब्देनोच्यते । मधुपर्के दध्यलाभे पयो जलं वा प्रतिनिधिः । मध्वलाभे घृतं गुडो वेत्याश्वलायनः । इति गदाधरभाष्ये ।

२—आकाश और भूमि के मध्य का मध्यवर्ती प्रदेश ।

३—तिथिवृध्या चरेत्पिण्डान् शुक्ले शिखण्डसम्मितान् । एकैकं ह्रासयेत्कृष्णे पिण्डं चान्द्रायणं चरन् ॥ (याज्ञ० स्मृ०) ।

४—द्वादशाहोपवासेन पराकः परिकीर्तितः (या० स्मृ०) ।

५—यथा कथञ्चित् त्रिगुणः प्राजापत्योऽयमुच्यते (या० स्मृ०) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सदनरत्न में स्मृत्यन्तर का वचन है—ऊर्ध्वोच्छिष्ट, अधरोच्छिष्ट और उभयोच्छिष्ट के मरने पर, अस्पृश्य[1] के स्पर्श में, खटिया आदि पर मरने पर, कुत्ता, मांसभक्षक के स्पर्श में और कृमि-कीट को उत्पन्न होने पर जो मरे हों उनके दोष के अनुसार प्रायश्चित्त करे।

कृच्छ्रांस्त्रिषट्पञ्चदशांश्चान्द्रत्रयमथापि वा। शुद्ध्यै तदानीं सम्पाद्य शवधर्मेण दाहयेत्॥

उससमय तीन, छ (बाहर), पांच, दश कृच्छ्र या तीन चान्द्रायण शुद्धि के लिए संपादन कर शव धर्म से दाह करे।

गृह्यकारिकायाम्—खट्वायां मरणे चैव त्रींस्त्रीन् कृच्छ्रान् प्रकल्पयेत्। सप्तान्त्यजैस्तु संस्पृष्टो मृतो दैवात् कथञ्चन॥ एकत्रिंशता कृच्छ्रैस्तु शुद्धिरुक्ता मनीषिभिः। कुणपे त्वर्द्धदग्धे तु चिता स्पृष्टान्त्यजादिभिः॥ तत्स्पर्शनं दूषणं च त्रिभिः कृच्छ्रैर्विशुद्ध्यति॥

गृह्यकारिका में कहा है—खटिया में मरने पर तीनकृच्छ्रों की कल्पना करे। (ऊर्ध्वोच्छिष्टाधरोच्छिष्टोभयोच्छिष्टे तथैव च। अस्पर्शस्पर्शने चैव अन्तरालमृते तथा। खट्वायां मरे चैव तथा निगडबन्धने। सप्तस्वेतेषु कृच्छ्रांस्त्रीन् षण् नव द्वादश क्रमात्। पञ्चदश क्रमेणैव यथासंख्यं प्रकल्पयेत्॥) सात अन्त्यजों के (स्मृतिः—रजकश्चर्मकारश्च नटो बुरुड एव च। कैवर्तमेदभिल्लाश्च सप्तैतेन्त्यावसायिनः॥) स्पर्श से दैवयोग कदाचित् मर गया हो इक्तीस कृच्छ्रों से बुद्धिमानों ने शुद्धि कही है। कुणप (शव) के आधे शरीर के दग्ध होने बाद चिता को अन्त्यज आदि स्पर्श करें तो उसके दूषण में तीनकृच्छ्रों से शुद्ध होता है।

धर्मप्रदीपे तु—चाण्डालसूतिकोदक्या स्पृष्टे प्रेते तथैव च। तस्य पापविशुद्ध्यर्थं कृच्छ्रान् पञ्चदशाचरेत्॥ इत्युक्तम्।

धर्मप्रदीप में तो कहा है—वैसे ही चाण्डाल, सूतिका और रजस्वला ये प्रेत का स्पर्श करें तो उस पाप की शुद्धि के लिए पन्द्रहकृच्छ्रों को करे। एसा कहा है।

मनुः (अ० ५ श्लो० १०४)—अस्वर्ग्या ह्याहुतिः सा स्यात् शूद्रसम्पर्कदूषिता।

अत्रापि कृच्छ्रत्रयम् 'अस्पृश्यस्पर्शने चैव' इत्युक्तेः।

मनु ने कहा है—शूद्र के संपर्क से दूषित मरने वाले का वह जलता हुआ शरीर स्वर्ग के लिए नहीं होता है। अर्थात् मरा हुआ व्यक्ति स्वर्ग को नहीं प्राप्त करता है। यहाँ पर भी तीन कृच्छ्र करे। 'अस्पृश्यस्पर्शने चैव—(यह सदनरत्न में स्मृत्यन्तर ने पहले कहा है) और अस्पृश्य के स्पर्श में—एसा कहा है।

(रात्रौ रात्रिशेषे च प्रेतदाहे निर्णयः)

तत्रैव कर्मप्रदीपे—रात्रौ वा रात्रिशेषे वा म्रियन्तेऽथ द्विजातयः। दाहं कृत्वा यथान्यायं द्वौ पिण्डौ निर्वपेत्सुतः॥ रजस्वलागर्भिण्यादौ मृतौ तु वक्ष्यामः।

वहीं पर कर्मप्रदीप में कहा है—रात्रि या रात्रि के शेष में यदि द्विजाति मरते हैं तो यथोचित दाह कर दो पिण्डों को (परदिन में प्रथम और दूसरा पिण्ड दे) पुत्र दे। रजस्वला, गर्भिणी आदि के मरने पर तो आगे कहेंगे।

(नवश्राद्धाद्यकरणे विचारः)

निर्णयामृते पारिजाते च यमः—सन्ध्यायां वा तथा रात्रौ दाहः पाथेयकर्म च। नवश्राद्धं च नो कुर्यात्कृतं निष्फलतां व्रजेत्॥ एतद्दिने मृतस्य रात्रिनिषेधार्थम्।

निर्णयामृत में और पारिजात में यम ने कहा है—सन्ध्या या रात्रि में दाह, पाथेयकर्म (रास्ते की भोज्य सामग्री) और नवश्राद्ध नहीं करता है तो निष्फल होता है। यह दिन में मरे का रात्रि निषेधार्थ है।

यत्तु स्कान्दे—यदि रात्रौ दहेत्तस्य समाप्तिर्दहनस्य तु। परेऽहन्युदिते सूर्ये कार्या तस्योदकक्रिया॥ दग्धस्य तु न वै कार्या रात्रौ जातूदकक्रिया॥ इति। तन्निर्मूलम्।

१—स्थापयन्त्यभिप्रेतमेकाग्निं च कटादिषु। शिविकायां विमाने वा प्रचेतोवचनादिह॥ इति विहितवहनस्य साक्षात् स्पर्शं विनाऽपि संभवात्परम्परोक्तिः। इति टीकायाम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जो स्कन्दपुराण का वचन है—यदि उसका रात्रि में दाहसंस्कार हो गया हो और दहन की समाप्ति हो गयी हो तो दूसरे दिन सूर्य के उदय होने पर उसकी उदकक्रिया करे। दग्ध की रात्रि में उदकक्रिया नहीं ही करे। यह निर्मूल है।

(रात्रौ वपननिर्णयः)

रात्रिमृतस्य तु तत्रैव सङ्ग्रहे—रात्रौ दग्ध्वा तु पिण्डान्तं कृत्वा वपनवर्जितम्। वपनं नेष्यते रात्रौ श्वस्तनी वपनक्रिया ॥ इति। वपनं तु प्रातः। तच्च सर्वैः पुत्रैः कार्यम्।

रात में मरने पर तो उसका वहीं पर ही संग्रह में कहा है—वपन (मुण्डन) को त्याग कर रात्रि में जलाकर पिण्डान्तकर्म करे। रात्रि में मुण्डनक्रिया न करे। वपन तो प्रातःकाल करे। वह सब पुत्र करें।

(कुत्र कुत्र वपनं कार्यमितिकथनम्)

गयायां भास्करक्षेत्रे मातापित्रोर्गुरोर्मृते। आधाने सोमयागे च वपनं सप्तसु स्मृतम् ॥ इति मिताक्षरायां (प्रा० श्लोक १७ की टीका पृ० ४५) स्मृतेः।

मिताक्षरा में स्मृति ने कहा है—गङ्गा और भास्करक्षेत्र (प्रयाग) में, माता, पिता और गुरु के मरने पर, आधान तथा सोमयाग इन सात में वपन (मुण्डन) करना कहा है।

मरणस्यानङ्गित्वान्नैमित्तिकमिदम्। तदेव सङ्ग्रहवचनेन परेद्युरुत्कृष्यते तीर्थवत्। तेन कस्यचिद्दाहाङ्गत्वोक्तिश्चिन्त्या।

यह मरण का अंगी नहीं है, किन्तु यह नैमित्तिक है। उसी को ही संग्रह वचन से दूसरे दिन तीर्थ की तरह उत्कृष्यता (समानता) कहा है। इससे किसी ने जो दाह का अंग कहा है वह चिन्तनीय (विचारणीय) है।

(आशौचे पुनर्वपनकथनम्)

मदनरत्ने गालवः—प्रथमेऽहनि कर्तव्यं वपनं चानुभाविनाम्। प्रेतस्य केशश्मश्र्वादि वापयित्वाऽथ दाहयेत ॥ आशौचान्ते तु पुनः कार्यं विधिवलात्। मदनपारिजातेऽप्येवम्। तेन सर्वस्यास्य निर्मूलत्वोक्तिरज्ञोक्तिरेव।

मदनरत्न में गालव ने कहा है—प्रेत से छोटे भाई आदि को मुण्डन[1] पहले दिन करना चाहिये। प्रेत का केश, श्मश्रु (दाढ़ी) आदि मुण्डन कराकर दाह करे। आशौच के अन्त में। देवलः—क्रियां च कुरुते यस्तु तद्दिने तस्य मुण्डनम्। लघीयसां दशाहे तु पुत्राणां वपनं भवेत् ॥ यथाचारमिति भट्टाः। वपनं चादौ वामश्मश्रुणः। 'वामकर्णकेशवापनम्'। प्रेतकर्मणोऽप्रादक्षिण्यात्) तो फिर से विधिवत् से करे। मदनपारिजात में भी यही है। इससे इस सबका निर्मूल और अज्ञानता ही कहा है।

(शवं रात्र्युषितं चेत् विचारः)

स्मृतिरत्नावल्याम्—शवं रात्र्युषितं चेत्त्रीन् कृच्छ्रान् कृत्वा दहेत्सुतः।

स्मृतिरत्नावली में कहा है—शव रात में रह जाय तो तीन कृच्छ्र प्रायश्चित्त कर पुत्र दाहसंस्कार करे। (गालवः—दिवा वा यदि वा रात्रौ शवस्तिष्ठति कर्हिचित। तत्पर्युषितमित्याहुर्दहने तस्य का गतिः ॥ पञ्चगव्येन संस्नाप्य प्राजापत्यत्रयं चरेत्। पञ्चगव्य से स्नान भी करा दे।)

(ऊर्ध्वोच्छिष्टादिमरणे प्रायश्चित्तकथनम्)

मदनरत्नेऽङ्गिराः—ऊर्ध्वोच्छिष्टाधरोच्छिष्टे ह्यन्तश्चिमृतेऽपि च।
कृच्छ्रत्रयं प्रकुर्वीत आशौचे मरणेऽपि च ॥

१—दशमे दिवसे क्षौरं बान्धवानां समुण्डनम्। क्रियाकर्ता सुतश्चापि पुनर्मुण्डनमाचरेत्। गारुडोक्तेः अनुभाविनां च परिवापणम्' इत्यापस्तम्बोक्तेश्च। परिवापणमिति परित्यज्य शिखां वापनं परिवापणमित्यर्थः। अनुभावितः प्रेत कनिष्ठा इत्येके। प्रेतदुःखानुभाविनः सर्वे एवेत्यन्ये। पुत्रः, पत्नी, पिण्डदानोचितेऽन्योऽपि इत्येते एवेत्यपरे। जननाशौचेऽपि मुण्डनमितिरत्नमालायामत्र सर्वत्र समाचाराद् व्यवस्था' इति अन्त्यकर्मदीपके।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मदनरत्न में अंगिरा का वचन है—ऊर्ध्वोच्छिष्ट, अधरोच्छिष्ट, अन्तरिक्ष और आशौचावस्था में मरने पर भी तीन कृच्छ्र करे।

(साग्नेर्विशेषः)

अथ साग्नेर्विशेषः। कारिकायाम्—कृष्णपक्षे प्रमीयेत यद्यह्नि प्रातराहुतीः। शेषास्तु जुहुयाद्दर्शपर्यन्ताः पक्षहोमवत् ॥ प्रतिपत्प्रातर्होमान्ता इत्यर्थः। 'यद्याहिताग्निरपरपक्षे म्रियेताहुतिभिरेनं पूर्वपक्षं हरेयुः' इत्याश्वलायनोक्तेः।

अब साग्निक के लिए विशेष कहते हैं। कारिका में कहा है-कृष्णपक्ष[1] में मरे तो प्रातःकाल आहुतियाँ देकर शेष आहुतियाँ पक्षहोम के सदृश अमावास्या पर्यन्त हवन करे। प्रतिपद् माने--प्रातःकाल होमान्तक्रिया करे—यह अर्थ है। यदि आहिताग्नि कृष्णपक्ष में मरे तो आहुतियों से इसको पूर्वपक्ष में ले जाय—यह आश्वलायन ने कहा है।

तदानीमेव जुहुयात्प्रातःकालाहुतीरपि। सायं म्रियेत चेत्सायमाहुतीर्जुहुयादथ। तदानीमेव जुहुयात्प्रातःकालाहुतीरपि ॥ सकृद्गृहीतमत्रेष्टं भिन्नं तन्त्रं च होमयोः ॥ दर्शं चापि प्रकुर्वीत स्थालीपाकं तदैव तु।

उसी समय ही प्रातःकालीन आहुतियों का भी हवन करे। सायंकाल मरे तो सायंकालीन आहुतियों का हवन करे। उसीसमय ही प्रातःकाल की आहुतियों का भी हवन करे। (सायंकालहोम हो जाने बाद या उसीसमय में प्रातःकाल होमपर्यन्त यदि मरण की शंका हो जाय तो यजमान या उसके पुत्र आदि देश-काल को कहकर 'तदुत्तरदिनसायं होमं तत्सायं होमं वा आरभ्य तदुत्तरदर्शसायं होमान्तानवशिष्टानौपासनहोमान् तथा प्रातर्होमप्रभृतिदर्शोत्तरशुक्लप्रतिपत्प्रातर्होमान्तानवशिष्टान् प्रातरौपासनहोमांश्चेदानीं तण्डुलैः पयसा वा होष्यामि) एसा संकल्प कर उसीसमय से अमावास्या से सायं होमान्त औपासनहोम कर उसी समय ही प्रातः होम को आरंभ कर प्रतिपदा के प्रातःकाल होमान्त औपासन होमों को करे।) यहाँ पर दोनों होम का तन्त्र और भेद इष्ट है। अमावास्या और वैसे ही स्थालीपाक (बटलोही में पके हुए चरु से हवन करना) भी करे।

छन्दोगपरिशिष्टे—हुतायां सायमाहुत्यां दुर्बलश्चेद् गृही भवेत्। प्रातर्होमस्तदैव स्याज्जीवेच्च स पुनर्न वा ॥ इदं शुक्लपरम्। दुर्बलो मुमूर्षुः।

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है—सायंकाल की आहुति देने के बाद मरने की शंकावाला गृहस्थ हो तो प्रातःकाल होम वैसे ही करे यदि वह जीवित रहे तो फिर से करे या न करे। (शुक्लपक्ष में रात्रि में मरण की शंका में प्रातर्होम का ही अपकर्ष होता है। यदि होम के बिना मर जाता है तो कृष्णपक्ष में दिन में मरने पर प्रातःकाल की आहुति से आरंभ कर, रात्रि में मरने पर सायंकालीन आहुति से आरंभ कर पक्षहोम के सदृश मरणदिनादि से दर्शपर्यन्त दिनसंख्या से चार आहुती हवन कर दर्श तथा स्थालीपाक को करे। शुक्लपक्ष में रात्रि में मरे हुए का प्रात. आहुति का हवन करे। अपकृष्ट में होम और दर्श को यजमान के जीवित रहने पर फिर से न करे।) यह शुक्लपरक है। [2]दुर्बल माने—मुमूर्षु।

१—कृष्णपक्ष में प्रातःकाल होम के हो जाने पर उसीसमय में या सायंकाल होमपर्यन्त यदि मरण की शंका हो तो यजमान या उसके पुत्र आदि देश-काल का उच्चारण कर 'तदुत्तरदिनप्रातर्होमप्रभृतितत्प्रातर्होमप्रभृतिवाऽऽगामिदर्शोत्तरप्रतिपत्प्रातर्होमान्तानवशिष्टान् सायमोपासनहोमांश्चेदानीं तण्डुलैः पयसा वा होष्यामि' यों सङ्कल्प कर उसीसमय से प्रतिपदा से होमान्त औपासनहोमों को पक्षहोमवत् कर उसीसमय ही सायंहोम से प्रारम्भ कर अमावास्या के सायंकाल होमान्त औपासनहोमों को करे।

२—सायमाहुत्या˘ ‿हुतायां चेत् दुर्बलः स्यात्तदैव प्रातराहुतिस्तत˘ ‿स्याश्रुतेरग्निहोत्रस्य। जीवेच्चेत्पुनः काले। न कृतत्वात्। (कात्यायनश्रौतसूत्र अ० २५ क० ६ सू० १-३) इनकी टीका सरलावृत्ति कात्यायनश्रौतसूत्र में देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्रिकाण्डमण्डनः—दर्शेष्टिं च तदा कुर्यादिष्टिर्यदि न सम्भवेत्। देवतानां प्रधानानामेकैकस्य हुनेत् पृथक्॥ पुरोनुवाक्यायाज्याभ्यां चतुरात्तघृताहुतीः।

त्रिकाण्डमण्डन ने कहा है—यदि मुमूर्षु दर्शेष्टि न कर सके तो दर्शेष्टि करे। प्रधान देवताओं के लिए एक एक की आहुति अलग करे। [1]पुरोनुवाक्या (देवता को बुलाने के लिए जो मन्त्र है—अग्निर्मूर्धा—इत्यादि जिसको होता पढता है) और याज्या[2] (आहुति देने के लिए 'यज' इस प्रैष के बाद होता जिस मन्त्र को पढता है उसको याज्या कहते हैं) मन्त्रों से घी से चार आहुति दे।

तथा—अग्नावरण्योरारूढे प्रमीयेत पतिर्यदि। प्रेतं स्पृष्ट्वा मथित्वाग्निं जप्त्वा चोपावरोहणम्॥ घृतं च द्वादशोपात्तं तूष्णीं हुत्वा शवक्रिया।

और अग्नि में अरणी और अधरारणि के आरूढ होने पर पति यदि मर जाय तो प्रेत का स्पर्श कर अग्नि का मन्थन कर [3]'उपावरोहणम्' इस मन्त्र का जप कर घी से बारह आहुति मौनी होकर देकर शव की क्रिया को करे।

(विच्छिन्नश्रौताग्नेर्मृतौ प्रेताधानकथनम्)

विच्छिन्नश्रौताग्नेर्मृतौ तु प्रेताधानं तत्रैवोक्तम्, प्रेतं स्वाग्न्यालये क्षिप्त्वा मथिताग्न्यानलेऽरणी। सन्निधाप्यारणीं मन्थेद् यस्येति यजुषा ततः॥

विच्छिन्न (नष्ट) श्रौताग्नि के मरने पर प्रेताधान वहीं पर कहा है। प्रेत को अपनी अग्नि के स्थान में प्रक्षेप कर अरणी मथित अग्न्यानल में स्थापन कर 'यस्य' इस यजु से मन्थन करे।

(यस्येति मन्त्रकथनम्)

यस्याग्नयो जुह्वतो मांसकामाः सङ्कल्पयन्ते यजमानमांसम्। जायन्तु ते हविषे सादिताय स्वर्गं लोकमिमं प्रेतं नयन्तु॥ इति मन्त्रतः॥

मांस की इच्छाओं से जिसकी अग्नियों से हवन करता हूँ यजमान के मांस का वे संकल्प करते हैं। वे हवि के लिए प्राप्त हों। इसलोक से स्वर्गलोक में प्रेत को ले जाय—इस मन्त्र से।

प्रणीय पावकं तूष्णीं द्वादशोपात्तसर्पिषा। तूष्णीं हुत्वा ततः कुर्यात्प्रेते सात्या इति क्रियाम्॥

अग्नि का प्रणयन तूष्णीं बारह बार ग्रहण किये हुए घृत से मौन होकर हवन कर प्रेतक्रिया करे।

(नष्टेषु अग्निष्वथारण्योर्नाशे निर्णयः)

नष्टेष्वग्निष्वथारण्योर्नाशे स्वामी म्रियेत चेत्। आहरेदरणीद्वन्द्वं मनोज्योतिरृचा ततः॥

अग्नियों के नाश होने पर और अरणी तथा अधरारणि के नाश होने पर यदि स्वामी (पति) मर जाय तो मनो[4] ज्योति—इस ऋचा से अरणीद्वय को ले आवे।

(वृष्ट्यादिनाऽग्निनाशे विचारः)

यज्ञपार्श्वः—यजमाने चितारूढे पात्रन्यासे कृते सति।
वर्षाद्यभिहते वह्नौ कथं कुर्वन्ति याज्ञिकाः॥

यज्ञपार्श्व ने कहा है—यजमान के चिता पर चढ जाने पर और पात्रों के स्थापन करने के बाद वर्षा आदि से अग्नि का नाश हो जाय तो याज्ञिक कैसे करें।

१—देवतायै हविः प्रदानकाले देवताया आवाहनार्थं या ऋक् पुरः यागात्पूर्वं देवतामनुकूलयितुमनुच्येत सा देवतास्मरणार्था 'पुरोनुवाक्या' इत्युच्यते। सरलावृत्तिकात्यायनश्रौतसूत्रभूमिकायाम् पृ० २५।

२—आवाहनानन्तरं यया ऋचा देवता इज्यते, सा देवतायै हविः समर्पणार्था ऋग् 'याज्या' इत्युच्यते। 'सर्वेषामग्रेऽनुवाक्यास्ततो याज्या' (आश्व० श्रौ० ३।७।३)। सरलावृत्ति कात्यायनश्रौतसूत्रभूमिकायाम् पृ० २५।

३—उपावरोह जातवेद इमं प्रेतः स्वर्गाय लोकाय जनय प्रजानन्। आयुः प्रजां रयिमस्मासु धेहि प्रेताहुतीश्चास्य जुषस्व स्वाहा॥

४—मनो ज्योतिर्जुषतामाज्यं विच्छिन्नं यज्ञ ँ समिमं दधातु। बृहस्पतिस्तनुतामिमं नो विश्वे देवा इह मादयन्ताम्॥ (तै० स० १।५।७) और बौधायनगृह्यसूत्र।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तदर्धदग्धकाष्ठेन मन्थनं तत्र कारयेत्। तच्छेषालाभतोऽन्येन दग्धशेषेण वा पुनः॥ हुत्वाज्यं लौकिके वह्नौ दग्धशेषं दहेत्तु वा॥

तब अधजली लकड़ी से वहाँ मन्थन करावें। उसके शेष के अलाभ से (अर्थात्—उसका शेष न मिले तो) या दग्ध शेष (भस्म शेष) से फिर करे।

अत्राग्निषु सत्सु पर्णशरैः शरीरोत्पत्तिः। शरीरे वा सति प्रेताधानेनाग्न्युत्पत्तिः। उभयाभावे तु प्रेताधानेऽनधिकाराद्दाहादिसंस्कारलोपः। उदकदानाद्येव कार्यमिति केशवीकारशतद्वयीप्रमुखाः। तन्न, निषेकाद्याः श्मशानान्ता येषां वै मन्त्रतः क्रिया। इति विरोधात्, क्रियालोपगता ये च इति निषेधात्, तदभावे पलाशानां वृन्तैः कार्यः पुमानपि। इत्यभावे विधानस्याग्न्यभावेऽपि साम्याच्च। तेन प्रातराहुत्यभावेऽपि स्विष्टकृद्द्रव्यान्तरोक्तेरदृष्टार्थत्वात् प्रेताधानं दाहोऽपि भवत्येव। प्रतिकृतेरग्नीनां च प्रेताधानप्रयोजकत्वाच्चतेः।

यहाँ पर अग्नियों के रहने पर [1]पर्णशरों से शरीर की उत्पत्ति (निर्माण) करे। या शरीर हो तो प्रेत के आधान से अग्नि की उत्पत्ति करे। दोनों के अभाव में प्रेताधान में अधिकार के अभाव से दाहादिसंस्कार का लोप है। उदकदान आदि करे यह केशवीकारशतद्वयी आदि प्रमुख कहते हैं। यह उचित नहीं है। क्योंकि गर्भाधान से लेकर श्मशानान्त क्रियाओं की मन्त्र से क्रिया होती है—यह विरोध है और जिनकी क्रिया का लोप है इस निषेध से, उसके अभाव (शरीर के अभाव में) में पलाश के ठंढलों (पत्तों) से पुरुष के शरीर का निर्माण करे। इसके अभाव में इस विधान को अग्नि के अभाव में भी मानने की मुख्यता है। इससे प्रेतकी आहुति के अभाव में भी स्विष्टकृद् के लिए (जैसे हुतशेष के नाश में घी से स्विष्टकृद्याग करे। वैसे ही मृतशरीर के नाश में पर्णशराहुति दे।) द्रव्यान्तर कहा है क्योंकि अदृष्टार्थ है। अतः प्रेताधान और उसका दाह भी होता ही है। क्योंकि प्रतिकृति और अग्नियों के प्रेताधान प्रयोजक (निमित्त बनने वाला) है इसमें क्षति नहीं है।

(पत्नीमरणेऽप्येवम्)

पत्न्या अप्येवम्, दाहयित्वाग्निहोत्रेण स्त्रियं वृत्तवतीं पतिः। इति याज्ञवल्क्योक्तेः (आचा० श्लो० ८९)।

पत्नी का भी यही है। याज्ञवल्क्य ने कहा है—उत्तम आचार वाली स्त्री की मृत्यु हो जाय तो पति अग्निहोत्र अग्नि से या उसके अभाव में स्मार्ताग्नि से दाह करे। (स्त्रियम्—माने—स्त्रीमात्र) यह कमलाकर भट्ट का मत है।

(प्रथमायां जीवन्त्यां द्वितीयायां मृतायां दाहनिर्णयः)

यत्तु—द्वितीयां चैव यो भार्यां दहेद्वैतानिकाग्निभिः। जीवत्यां प्रथमायां तु सुरापानसमं स्मृतम्॥ इति तदाधाने सहानधिकृताविषयमिति विज्ञानेश्वरः।

जो यह वचन है—जो व्यक्ति दूसरी पत्नी का वैतानिक अग्नि से प्रथमा स्त्री के जीवित रहते हुए दाह करता है वह सुरा (मदिरा) पान के सदृश कहा है। विज्ञानेश्वर ने कहा है—यह वचन आधान में जिस पत्नी का साथ में अधिकार न किया हो उस विषयक है।

(दम्पत्योर्मध्ये प्रथममृतस्य दाहनिर्णयः)

मदनरत्ने ब्राह्मेऽपि—आहिताग्न्याश्च दम्पत्यार्यस्त्वादौ म्रियते भुवि।
तस्य देहः सपिण्डैश्च दग्धव्योऽस्त्रिभिरग्निभिः॥

१—शरीराभावाहृत्य कृष्णाजिने पुरुषविधिं विधायोर्णाभिः प्रच्छाद्याज्येनाभिघार्य पूर्ववद्दाहः। 'शरीरनाशे त्रीणि षष्टिशतानि पलाशवृन्तानां कृष्णाजिने पूर्ववत्। (का० श्रौ० अ० २५ कं० ८ सूत्र १३, १४)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मदनरत्न में ब्रह्मपुराण का भी वचन है—आहिताग्नि (दम्पति)—स्त्री और पुरुष में जो प्रथम भूमि पर मर जाय उसके शरीर को सपिण्डगण तीनों[1] अग्नियों (गार्हपत्य, आहवनीय और दक्षिणाग्नि) से दग्ध करें।

(पश्चात्मृतस्य दाहनिर्णयः)

पश्चान्मृतस्य देहस्तु दग्धव्यो लौकिकाग्निना। अनाहिताग्निदेहस्तु दाह्यो गृह्याग्निना द्विजैः।

बाद में मरे हुए के शरीर को तो लौकिक अग्नि (अधिकार के अभाव में या उसके रहने पर भी आलस्य आदि से अग्नि के अस्वीकार में या विच्छेद में पूर्व असंस्कृत अग्नि से) से और अनाहिताग्नि के शरीर को तो द्विज गृह्याग्नि (शालाग्नि, आवसथ्याग्नि, औपासन इत्यनर्थान्तरम्) से दाह करें।

(त्रिकाण्डमण्डनमते विचारः)

त्रिकाण्डमण्डनस्तु विकल्पमाह—ज्येष्ठायां विद्यमानायां द्वितीयायै स्वयोषिते।
काम्यं नित्याग्निहोत्रं वा न कथञ्चित्प्रयच्छति॥

त्रिकाण्डमण्डन ने तो विकल्प कहा है—ज्येष्ठा पत्नी के रहते हुए दूसरी पत्नी से काम्य या नित्य-अग्निहोत्र को कभी न करे।

स्त्रीमात्रमविशेषेण दग्ध्वान्यैर्वैदिकाग्निभिः। विवाह्यादधते यद्वाधानमेवास्ति चेद्वधूः॥ इति।

स्त्रीमात्र के अविशेष से अन्यवैदिक अग्नियों से जलाकर विवाह कर आधान करे। यदि वधू (ज्येष्ठा या अन्य) हो तो आधान ही करे।

(अत्रेदं तत्त्वम्)

अत्रेदं तत्त्वम्। साग्नेः पत्नीमृतौ द्वौ पक्षौ। पुनर्विवाहेच्छायां पूर्वाग्निभिर्दहेदित्येकः पक्षः, भार्यायै पूर्वमारिण्यै दत्त्वाग्नीनन्त्यकर्मणि। पुनर्दारक्रियां कुर्यात्पुनराधानमेव च॥ इति मनूक्तेः (५।१६८)।

यहाँ यह तत्त्व है—साग्निक की पत्नी के मरने पर दो पक्ष है। फिर से विवाह करने की इच्छा में पहले की अग्नियों से दाह करे—यह एक पक्ष है। मनु ने कहा है—पति से पहले मरने वाली स्त्री के अन्त्य-कर्म में दाह के निमित्त अग्नियों को समर्पण कर गृहस्थाश्रम की इच्छा करता हुआ जिसके पुत्र हों या न हों वह फिर से विवाह करे तो वह स्मार्ताग्नि या श्रौताग्नियों का आधान करे।

दाहयित्वाग्निहोत्रेण स्त्रियं वृत्तवतीं पतिः। इति याज्ञवल्क्योक्तेश्च (आचा० श्लो० ८९)।

और याज्ञवल्क्य ने कहा है—पति पूर्वोक्त आचारवाली स्त्री को श्रौताग्नियों से (अभाव में स्मार्ताग्नि से) दाहकर पति (भर्ता) पुनः (अविलम्ब) विवाह (श्रौत या स्मार्त अग्नि से) करे।

पुनर्विवाहाशक्तौ निर्मन्थ्येन तां दग्ध्वा पूर्वाग्निष्वेवाग्निहोत्रादि कार्यमित्यन्यः। 'आहार्येणानाहिताग्निं पत्नीं च' इत्याश्वलायनोक्तेः।

फिर से विवाह की अशक्ति में निर्मथ्याग्नि (मन्थनवाली अग्नि) से उसको दग्ध कर पहले की अग्नियों में अग्निहोत्र इष्टि आदि करे—यह अन्यपक्ष है। क्योंकि आश्वलायन ने कहा है—आहार्य (निर्मन्थ्य) अग्नि से आहिताग्नि तथा पत्नी का दाह करे।

भरद्वाजोऽपि—'निर्मन्थ्येन पत्नीम्' इति। पूर्वाग्न्येकदेशेन दहेदिति यज्ञपार्श्वदेवयाज्ञिकादयः।

भरद्वाज ने भी कहा है—मन्थनाग्नि से पत्नी का दाह करे। यज्ञपार्श्व, देवयाज्ञिक आदियों का कहना है—पूर्वाग्नि के एकदेश से (कारिका ने कहा है—तस्मान्नयैकदेशेन दग्धव्या पूर्वमारिणी। पत्नी ज्येष्ठेतरा वाऽपि यज्ञपार्श्वे निरूपितम्॥ दाह[2] करे।

१—न पञ्चभिरित्यर्थः। सभ्यावसथ्ययोस्तु उत्तरतः सप्तसु पञ्चसु वा प्रक्रमेषूत्सर्गः। वपया मुखमवच्छाद्याग्निभिरा दीपयन्ति (का० श्रौ० अ० २५ क० ७ सू० ३९, ४०)।

२—और इसीप्रकार एकसाथ श्रौत और स्मार्ताग्नियों से पहले ज्येष्ठा पत्नी के मरने पर स्मार्ताग्नि से दाह करे। कनिष्ठापत्नी फिर से सन्धान करे। कनिष्ठा पत्नी के मरने पर तो लौकिक अग्नि से या स्मार्ताग्नि के एकदेश से करे यह यज्ञपार्श्व के अनुयायियों का मत है। दक्षिणपूर्व में आहवनीय, उत्तरपश्चिम में गार्हपत्य, दक्षिणपश्चिम में दक्षिणाग्नि होती है। इन तीन को ही कहा है। सभ्य और आवसथ्य दाह के साधन योग्य नहीं होती है। चिताप्रदेश से प्रागुदीच्य दिशा में पाँचपक्रम अतिक्रम कर त्याग करता है। यह शाट्यायनि का वचन है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(मतमतान्तरेण अपत्नीकस्याधानकथनम्)

यानि च—[1]'तस्मादपत्नीकोऽप्यग्निहोत्रमाहरेत्' इति श्रुतिः।

जो ये वचन हैं—इससे अपत्नीक भी अग्निहोत्र को करे—यह श्रुति (वेद) कहती है।

विष्णुः छन्दोगपरिशिष्टे च—मृतायामपि भार्यायां वैदिकाग्निं नहि त्यजेत्। उपाधिनापि तत्कर्म यावज्जीवं समाचरेत्॥ उपाधिर्हेमकुशपत्न्यादिः।

विष्णु और छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है—पत्नी के मरने पर भी वैदिक अग्नि का त्याग न करे। सुवर्ण कुश आदि की पत्नी से यावज्जीवन उस कर्म को करता रहे। उपाधि माने—सुवर्ण, कुश आदि द्वारा निर्मित पत्नी।

अन्ये कुशमयीं पत्नीं कृत्वा तु गृहमेधिनः। अग्निहोत्रमुपासन्ते यावज्जीवमनुव्रताः॥ इत्यपरार्के स्मृत्यन्तरात्।

अपरार्क में स्मृत्यन्तर का वचन है—अन्य गृहस्थ कुशा की पत्नी को कर यावज्जीवन व्रत में स्थित हो अग्निहोत्र की उपासना करते हैं।

कात्यायनोऽपि—रामोऽपि कृत्वा सौवर्णीं सीतां पत्नीं यशस्विनीम्। ईज्ये बहुविधैर्यज्ञैः सह भ्रातृभिरच्युतः॥ इत्यादीनि, तानि, पूर्वाग्निष्वेवाग्निहोत्रादिपराणि नत्वपत्नीकस्याधानार्थानि, क्रतुविधीनामाधानाप्रयोजकत्वात्। अपत्नीकस्याधानाप्रवृत्तिरिति मानवपरिशिष्टाच्च। सोमो न भवत्येव, 'अपत्नीकोऽप्यसोमपः' इति श्रुतेः।

कात्यायन ने भी कहा है—भगवान् श्रीरामचन्द्र जी ने भी सुवर्ण की यशस्विनी सीता पत्नी को बनाकर भाइयों के साथ बहुत प्रकार के यज्ञों को किया—इत्यादि वचन हैं—वे पूर्व अग्नियों में ही अग्निहोत्र आदि के विषय में हैं अपत्नीक आधान के अर्थ में नहीं है क्योंकि यज्ञविधियों का आधान अप्रोजक है। अपत्नीक का आधान में प्रवृत्ति नहीं होती है—यह मानवपरिशिष्ट में कहा है। सोम नहीं ही होता है। जो पत्नी के रहित है वह सोम[2] का पान नहीं कर सकता—एसी श्रुति है।

यत्तु भारद्वाजापस्तम्बसूत्रम्—'दारकर्मणि यद्यशक्त आत्मार्थमग्न्याधेयम्' इति। अस्यार्थः—पुनर्विवाहाशक्तौ यदग्न्याधेयं पूर्वकृतमस्ति तदात्मार्थमेव न पत्न्यै दद्यादिति। ब्राह्मणभाष्यापरार्काशार्करामाण्डारादितत्त्वमप्येवम्।

जो भारद्वाज और आपस्तम्बसूत्र ने कहा है—पत्नीकर्म में जो अशक्त है वह अपनी आत्मा के लिए अग्न्याधान करे। इसका अर्थ यों है—फिर से विवाह करने की अशक्ति में जिसने अग्न्याधान पहले किया है वह अपनी आत्मा के लिए ही किया है पत्नी के लिए नहीं किया है। ब्राह्मण, भाष्य, अपरार्क, रामाण्डाण्डार आदियों का तत्त्व भी यही है।

(अत्र कमलाकरभट्टमतम्)

त्रिकाण्डमण्डनस्तु पक्षद्वयमाह। अन्येऽप्यपत्नीकस्याधानमाहुस्तदाशयं न विद्मः।

त्रिकाण्डमण्डन ने दो पक्ष कहा है। अन्य लोगों ने भी अपत्नीक को आधान कहा है, उसके आशय को हम नहीं जानते हैं। (इसी पक्ष को अन्य निबन्धकार भी स्वीकार करते हैं)

(आहिताग्न्यादीनां दाहे अग्निविचारः)

वृद्धयाज्ञवल्क्यः—आहिताग्निर्यथान्यायं दग्धव्यस्त्रिभिरग्निभिः।
अनाहिताग्निरेकेन लौकिकेनापरो जनः॥

वृद्धयाज्ञवल्क्य ने कहा है—यथोचितरूप से आहिताग्नि का तीन अग्नियों (गार्हपत्य, आहवनीय और दक्षिणाग्नि) से दग्ध करना चाहिये। अनाहिताग्नि का एक अग्नि (स्मार्ताग्नि) से और दूसरे मनुष्य का लौकिक अग्नि में दग्ध करे।

१, २—ऐतरेय ब्राह्मण ७।९।१५ (वी)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(पूर्वमाहिताग्निस्त्रीमरणे अग्न्यादिविचारः)

मनुः—(५।१६७) एवं वृत्तां सवर्णां स्त्रीं द्विजातिः पूर्वमारिणीम् ।
दाहयेदग्निहोत्रेण यज्ञपात्रैश्च धर्मवित् ॥

क्रतु ने कहा है—एसी पहले मृत्यु को प्राप्त हुई आचरणवाली सवर्णा स्त्री को धर्म के जानकर द्विजाति अग्निहोत्र-अग्नियों से और यज्ञ के पात्रों से दाह करें।

(भर्तुः पूर्वं पत्नीमरणे विचारः)

कारिकायाम्—पत्नीमपि दहेदेवं भर्तुः पूर्वं मृता यदि । अनग्निकां दहेदेवं कापालेन हविर्भुजा ॥

कारिका में कहा है—यदि पति के पहले पत्नी मर गयी हो तो उसीप्रकार ही दाह करें। अनग्निका के मरने पर तो कपाल (गोहरी से उत्पन्न अग्नि) से हविर्भुक् (अग्नि) से दाह करे।

(छन्दोगानामेव विषये विशेषः)

(छन्दोगपरिशिष्टे—अनयैवावृता नारी दग्धव्या या व्यवस्थिता । अग्निप्रदानमन्त्रोऽस्या न प्रयोज्य इति स्थितिः ॥ इदं छन्दोगानामेव ।

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है–जो स्त्री व्यवस्थितरूप से रहती हो उसीप्रकार से उसको दग्ध करना चाहिये। उसके लिए [1]अग्निप्रदान मन्त्र को न पढ़ें—यह नियम है। यह छन्दोगों के लिये ही है।

तथा—अग्निनेव दहेद्भार्यां स्वतन्त्रां पतिता न चेत् । तदुत्तरेण पात्राणि दाहयेत्पृथगन्तिके ॥ इदमपि तेषामेव ।)

और स्त्री पतित न हो एसी स्वतन्त्र भार्या को अग्नि से ही दहन करे। उसके शरीर के समीप में उत्तर दिशा में पात्रों का अलग दाह करे। यह भी उन्हीं लोगों के लिये ही है।

(विधुर-विधवा-ब्रह्मचारी-यति-कन्यका-बालकादीनां मरणे अग्निविचारः)

आशौचप्रकाशे क्रतुः—विधुरं विधवां चैव कपालस्याग्निना दहेत् । ब्रह्मचारी यती चैव दहेतोत्तपनाग्निना ॥ तुषाग्निना च दग्धव्यः कन्यका बाल एव च । अग्निवर्णं कपालं तु कृत्वा तत्र विनिक्षिपेत् ॥ करीषादि ततो वह्निर्जातो यः स कपालजः । अनुपनीते यद्यपि जातारण्यग्निः कैश्चिदुक्तस्तथापि तस्य कलौ निषिद्धत्वोक्तेरयमेव ज्ञेयः ।

आशौचप्रकाश में क्रतु का वचन है—विधुर (अपत्नीक) और विधवा स्त्री को कपालाग्नि से दाह करे। (स्त्री और पुरुष में जो पहले मरे का गृह्याग्नि से दाह करे। बाद में मरे का तो कापालाग्नि से दाह करे।) ब्रह्मचारी तथा यति को उत्तपन अग्नि (कुशा के अग्रभाग में अग्नि को जलाकर फिर से कुशाओं का योग करे। फिर दूसरी कुशाओं को मिलाने से यह तीसरी अग्नि उत्तपन होती है) से दाह करे। कन्या (अविवाहित कन्या) और बाल (अनुपनीत बालक) का तुषाग्नि (अनल–अनाज की भूसी या बुरकी आग) से दाह करना चाहिये। वहाँ पर अग्नि से लालकर कपाल (गोबर की गोहरा) को फेंक दे। करीष (सूखा गोबर) आदि द्वारा जो अग्नि उत्पन्न होता है वही कपालज है। यद्यपि अनुपनीत का (जिसका यज्ञोपवीत न हुआ हो) जंगल से उत्पन्न अग्नि को किसी ने कहा है। फिर भी उसका कलि में निषेध है। इसलिये त्याज्य ही है यह जानना चाहिये।

स्मृत्यन्तरे—गृहस्थो ब्रह्मचारी च विधुरो विधवाः स्त्रियः। औपासनश्चोत्तपनस्तुषाग्निश्च कपालजः ॥

स्मृत्यन्तर में कहा है—गृहस्थ, ब्रह्मचारी, पत्नी से रहित और विधवा स्त्री इनको क्रम से—गृहस्थ को

१—अस्मात्त्वम् यजु० ३५।२२ किन्तु 'कृत्वा तु दुष्कृतं कर्म' यह वाराहपुराण मन्त्र का ही प्रयोग करे। पारस्करगृह्यसूत्रमत से अमन्त्रक अग्निदान कहा है। कात्यायनश्रौतसूत्र में 'अग्निभिरा दीपयन्ति' (२५।७।२९) इससे अग्नि दानानन्तर आहुति का 'अस्मात्त्वमधि' (२५।२२) से विधान किया है। स्त्री में भी यह मन्त्र पाठ घृताहुति में ही है। अग्निदान में यह मन्त्र नहीं है। विशेष–अन्त्यकर्म दीपक में पृ० २०,२१ की टिप्पणी में देखिये। और 'श्मशानं कुर्वन्ति–शतपथ० का० १३।८ पृ० १३७४ से देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

औपासन, ब्रह्मचारी को—उत्तपन (कुशा के अग्रभाग में अग्नि जलावे) विधुर को तुषाग्नि (अनाज की भूसी की अग्नि) और विधवा स्त्रियों को कपालाग्नि (गोहरी की अग्नि) होती है।

(उत्तपनाग्निलक्षणकथनम्)

उत्तपनस्तु——दर्भाग्रेऽग्निं तु प्रज्वाल्य पुनर्दर्भैस्तु संयुतः।
पुनर्दर्भै स्तृतीयोऽग्निरेष उत्तपनः स्मृतः।

उत्तपन का स्वरूप यों है—कुशा के अग्रभाग में अग्नि का प्रज्वालन कर फिर से कुशों का संयोग करे। फिर दूसरी कुशाओं को मिलाने से यह तीसरी अग्नि उत्तपन होती हैं।

(दाहसमये—शूद्रद्वारा तृण-काष्ठ-हविरग्न्यादीनां ग्रहणे विचारः)

यमः——यस्यानयति शूद्रोऽग्निं तृणं काष्ठं हवींषि च।
प्रेतत्वं च सदा तस्य स चाधर्मेण लिप्यते॥

यम ने कहा है—जिस प्रेत के लिए शूद्र अग्नि, तृण, काष्ठ और हवि को ले आता है उसका सदा प्रेतत्व रहता है तथा वह अधर्म से लिप्त रहता है।

(दाहे निषिद्धाग्निः)

देवलः—चण्डालाग्निरमेध्याग्निः सूतिकाग्निश्च कर्हिचित्।
पतिताग्निश्चिताग्निश्च न शिष्टग्रहणोचितः॥

देवल ने कहा है—चाण्डाल की अग्नि, अमेध्याग्नि (अपवित्र अग्नि), सूतिकाग्नि, पतिताग्नि और चिताग्नि को कभी भी अच्छे लोग ग्रहण न करें।

(शवनिर्हरणे दिङ्नियमः)

मनुः (५।९२)—दक्षिणेन मृतं शूद्रं पूर्वद्वारेण निर्हरेत्। पश्चिमोत्तरपूर्वैस्तु यथासंख्यं (यथायोगं) द्विजातयः (द्विजन्मनः)। अत्र प्रातिलोम्येन क्रमः।

मनु ने कहा है—मरे हुए शूद्र को दक्षिण द्वार से, वैश्य को पश्चिम द्वार से, क्षत्रिय को उत्तरद्वार से तथा ब्राह्मण को पूर्वद्वार से श्मशान पर ले जाना चाहिये। यहाँ पर प्रातिलोम्य से (उलटापन या प्रतिकूल क्रम) क्रम है।

पूर्वामुखस्तु नेतव्यो ब्राह्मणो बान्धवैर्गृहात्। उत्तराभिमुखो राजा वैश्यः पश्चान्मुखस्तथा॥ दक्षिणाभिमुखः शूद्रो निर्हर्तव्यः स्वबान्धवैः। इत्यादिपुराणादित्यपरार्कः। तेन त्रिंशत्श्लोक्युक्तोऽनुलोमक्रमो हेयः।

आदिपुराण में कहा है—ब्राह्मण को बान्धवगण घर से पूर्वामुख ले जाना चाहिये। उत्तराभिमुख राजा को, वैश्य को पश्चिमाभिमुख और दक्षिणाभिमुख शूद्र को उनके बान्धवों को ले जाना चाहिये—ऐसा अपरार्क कहते हैं। इससे त्रिंशत् श्लोकी में कहा हुआ अनुलोमक्रम (ऊपर से नीचे की ओर आनेवाला) त्यागने योग्य (पूर्व, उत्तर और पश्चिम भी यह पाठान्तर से विरोध भी जानना चाहिये। दरवाजे के रहने पर ही दिशाओं का नियम है। अभाव में नहीं होता है। द्वार के एक रहने पर भी नियम नहीं होता है। जीते हुए को ले जाने का नियम दिशाओं से नहीं हो सकता क्योंकि मरे का ही ग्रहण हैं। हारीत ने विशेष यान्तर कहा है—नगराभिमुख प्रेत को जाना चाहिये—'नगराभिमुखं प्रेतं हरेयुः।) है।

(ज्येष्ठक्रमेण गमनकथनम्)

आश्वलायनः—'ज्येष्ठप्रथमाः कनिष्ठजघन्या गच्छेयुः।'

आश्वलायन ने कहा है-ज्येष्ठ—जो जो बड़े हैं वह आगे चले और कनिष्ठ (छोटे) हैं वह पीछे-पीछे चले।

(आधानोत्तरं द्वितीयविवाहे कृते यजमानमरणे विचारः)

अथाधानोत्तरं द्वितीयविवाहे कृते यजमानमरणे श्रौतस्मार्ताग्न्योः संसर्गः।

आधान के बाद दूसरे विवाह के करने पर यजमान के मरने पर श्रौत और स्मार्त अग्नियों का संसर्ग (मेलापक) होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बौधायनसूत्रे ४ प्रश्ने १५ अध्याय पृ० ३४२-३४४—अथ यद्याहिताग्निर्द्वे भार्ये विन्देत प्राक्संयोगात् म्रियेत (परिश्रिते किं तर्हि कुर्यादिति) औपासनं सम्परिस्तीर्याज्यं विलाप्योत्पूय स्रुचि चतुर्गृहीतं गृहीत्वा समिद्धत्यग्नौ जुहोति 'समितं सङ्कल्पेथाम्' इति मिन्दाहुती व्याहृतीश्च हुत्वा तमग्निम् 'अयं ते योनिर्ऋत्विज' इति समिधि समारोप्य गार्हपत्ये सभिधमभ्यादधाति—'भवतं नः समनसौ' इति । गार्हपत्य आज्यं विलाप्य (उत्पूय स्रुक्स्रुवं निष्टप्य संमृज्य) स्रुचि चतुर्गृहीतं गृहीत्वा गार्हपत्ये जुहोति 'अग्नावग्निश्चरति प्रविष्टः' इति। अपरं चतुर्गृहीत्वा गार्हपत्य एव 'चित्तिः स्रुक्' इति । अथ गार्हपत्ये स्रुवाहुतीर्जुहोति 'ब्राह्मण एकहोता' इति दशभिः । अथ प्राचीनावीतं कृत्वाऽन्वाहार्यपचने जुहोति 'ये समानाः', ये सजाताः, इति द्वाभ्याम् । अथ (अन्वाहार्यपचन एव) तत्रैव स्रुवाहुतीर्जुहोति अग्नये कव्यवाहनाय स्विष्टकृते स्वधा नमः स्वाहा इति । अथ यज्ञोपवीतं कृत्वा द्वादशगृहीतेन स्रुवं पूरयित्वा पुरुषसूक्तेनाहवनीये जुहोति । अथ स्रुवाहुतीर्जुहोति अग्नये विविचये स्वाहाऽग्नये व्रतपतये स्वाहाऽग्नये पवमाना अन्वाऽग्नये पावकाय स्वाहाऽग्नये शुचये स्वाहाऽग्नये पथिकृते स्वाहाऽग्नये तन्तुमतेऽग्नये वैश्वानराय स्वाहा इति । अथ (स्रुचि) चतुर्गृहीतं जुहोति 'मनोज्योति' रित्यत ऊर्ध्वं पैतृकं कर्म प्रतिपद्यते । इति ।

बौधायन सूत्र में कहा है—इसके बाद यदि आहिताग्नि दो स्त्रियों को प्राप्त करे । पहले संयोग से मर जाय तो औपासन अग्नि का स्थापन कर घृत को पिघलाकर चार बार घृत को स्रुचिमें ग्रहण कर प्रदीप्त अग्नि में हवन करे । [1]'समितं संकल्पेथाम्' और [2]मिन्दाहुति और व्याहृतियों से हवन कर बाद में उस अग्नि में [3]'अयं ते योनिर्ऋत्विजः' इस मन्त्रसे समिधा में समारोप कर गार्हपत्यकुण्ड में समिधा का आधान करता है—[4]भवतं नः समनसौ, आज्य को गार्हपत्यकुण्ड में टिघराकर चार बार स्रुचि में ग्रहणकर गार्हपत्यकुण्ड में हवन करता है—'अग्नावग्निश्चरति [5]प्रविष्ट' से । दूसरी बार ग्रहणकर गार्हपत्यकुण्ड में आज्यको टिघराकर 'चितिः [6]स्रुक्' से हवन करे । अब गार्हपत्यकुण्ड में स्रुवसे हवन करता है [7]'ब्राह्मण एक होता'—इससे दशतक ।

१—समित ँ संकल्पेथा ँ संप्रियौ रोचिष्णू सुमनस्य मानौ । इषमूर्जेमभि संवसानौ सं वां मना ँ सि सं व्रता समु चित्तान्याऽकरम् ॥ (तै० स० ४।२।५।१) ।

२—यन्म आत्मनो मिन्दाऽभूदग्निस्तत् पुनराऽहार्जातवेदा विचर्षणिः । पुनरग्निश्चक्षुरदात् पुनरिन्द्रो बृहस्पतिः । पुनर्मे अश्विना युवं चक्षुरा धत्तमक्ष्योः ॥ इष्टयजुषस्ते देव सोम स्तुतस्तोमस्य शस्तोक्थस्य हरिवत इन्द्रपीतस्य मधुमत उपहूतस्योपहूतो भक्षयामि ॥ आपूर्याः स्थाऽऽना पूरयत प्रजया च धनेन च । एतत् ते तत ये च त्वामन्वे तत् ते पितामह प्रपितामह ये च त्वामन्वत्र पितरो यथाभागं मन्दध्यम् ॥ इत्यादि ॥ (तैत्तरीय सं० ३।२।५।११ पृ० १२०)

३—अयं ते योनिर्ऋत्वियो यतो जातो अरोचथाः । तं जानन्नग्न आ रोहाथा नो वर्धया रयिम् ॥ (तै.स.१।५।७।१) ।

४—भवतं नः समनसौ समोकसावरेपसौ । मा यज्ञ ँ हि ँ सिष्टं मा यज्ञपतिं जातवेदसौ शिवौ भवतमद्य नः ॥ (तै० स० १।३।७।)

५—अग्नावग्निश्चरति प्रविष्ट ऋषीणां पुत्रो अधिराज एषः । स्वाहाकृत्य ब्रह्मणा ते जुहोमि मा देवानां मिथुया कर्भागधेयम् ॥ (तै० स० १।३।७।१४) ।

६—चित्ति स्रुक् । चित्तमाज्यम् । वाग्वेदिः । आधीतं बर्हिः । के तो अग्निः । विज्ञातमग्निः । वाक्पतिर्होता । मन उपवक्ता । प्राणो हविः । सामाध्वर्युः ॥ वाचस्पते विधे नामन् । विधेम ते नाम विधेत्वमस्माकं नाम । वाचस्पतिः सोमं पिबतु । आस्मासु नृम्णन्धात् स्वाहा ॥ (तैत्तरीय आरण्यक ३ प्रपाठके १ अनुका०)

७—ब्राह्मण एक होता । स यज्ञः । स मे ददातु प्रजां पशून् पुष्टिं यशः । यज्ञश्च भूयात् । अग्निर्द्वि होता । स भर्ता । स मे ददातु प्रजां पशून् पुष्टिं यशः । भर्ता च मे भूयात् । पृथिवी त्रिहोता स प्रतिष्ठा । स मे ददातु प्रजां पशून् पुष्टिं यशः । प्रतिष्ठा च मे भूयात् । अन्तरिक्षं चतुर्होता । स विष्ठाः । स मे ददातु प्रजां पशून् पुष्टिं यशः । विष्ठाश्च मे भूयात् । वायुः पञ्च होता । स प्राणः । स मे ददातु प्रजां पशून् पुष्टिं यशः । प्राणश्च मे भूयात् । चन्द्रमाः षड् होता । स ऋतून्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अब प्राचीनावीति हो अन्वाहार्य के पकने पर हवन करे—'ये [1]समानाः, ये सजाताः । इन दो मन्त्रों से। इसके बाद वहीं पर स्रुवा से आहुति का हवन करता है 'अग्नये कव्यवाहनाय स्विष्टकृते स्वधा नमः स्वाहा' । फिर यज्ञोपवीति (सव्य) होकर बारह बार ग्रहण किये हुए स्रुव को भरकर पुरुषसूक्त से अहवनीय-कुण्ड में हवन करता है। फिर स्रुवा से हवन करता है—अग्नये विविचये स्वाहा १ अग्नये व्रतपतये स्वाहा २ अग्नये पवमानाय स्वाहा ३ अग्नये पावकाय स्वाहा ४ अग्नये शुचये स्वाहा ५ अग्नये पथिकृते स्वाहा ६ अग्नये तन्तुमते स्वाहा ७ अग्नये वैश्वानराय स्वाहा ८ फिर चारबार घृत को ग्रहण कर हवन करता है-'मनो [2]ज्योतिः' इस मन्त्र से । इसके बाद पैतृककर्म सिद्ध हो जाता है ।

(आहिताग्नौ विदेशमरणे विचारः)

आहिताग्नौ विदेशमृते पथिकृतीष्टिर्मृताग्निहोत्रं तद्दाहः पात्रयोजनश्च कल्पसूत्रादिभ्योऽस्मत्पितामहकृतपद्धतेश्च ज्ञेयमिति बहुवक्तव्येऽप्युपरम्यते ।

आहिताग्नि के विदेश में मरने पर पथिकृत इष्टि (स्मार्ताग्नेस्तु–यस्मिन्देशे स्थिते वह्निस्ततोऽन्यत्र मृतो यदि । चरुः पथिकृतः कार्यः पूर्णाहुतिरथापि वा ॥ इति वचनात् पथिकृतः चरुः । प्रधानदेवतापूर्णाहुतिर्वा ।) [3]मृताग्निहोत्र (मरने पर अग्निहोत्र) (मरणानन्तरं पुत्रादिर्देशकालौ संकीर्त्य–प्राचीनवीती अहर्मरणे

कल्पयाति । स मे ददातु प्रजां पशून् पुष्टिं यशः । ऋतवश्च मे कल्पन्ताम् । अन्न ँ ्सप्त होता । स प्राणस्य प्राणः । स मे ददातु प्रजां पशून् पुष्टिं यशः । प्राणस्य च मे प्राणो भूयात् । द्यौरष्ट होता । सोनाधृष्यः । स मे ददातु प्रजां पशून् पुष्टिं यशः । अनाधृष्यश्च भूयासम् । आदित्यो नव होता । स तेजस्वी । स मे ददातु प्रजां पशून् पुष्टिं यशः ॥ तेजस्वी च भूयासम् । प्रजापतिर्दश होता । स इद ँ ्सर्वं । स मे ददातु प्रजां पशून् पुष्टिं यशः । सर्वञ्च मे भूयात् ४ प्रतिष्ठा, प्राणश्च मे भूयात्, अनाधृष्यः, सर्वञ्च मे भूयात् । ब्राह्मणः, यज्ञः, अग्निः, भर्ता, पृथिवी, प्रतिष्ठा, अन्तरिक्षं, विष्ठा, वायुः, प्राणः, चन्द्रमा, ऋतून्, अन्न ँ ्स प्राणस्य, प्राणः द्यौः, अनाधृत्यः, आदित्यः, स तेजस्वी, प्रजापतिः, स इद ँ सर्वं, च मे भूयात् । अनु. ७ ब्राह्मण एक होता–इति अनुवाकम् । एतदनुवाकगतेषु दशसु पर्यायेषु प्रथमं पर्यायमाह ब्राह्मण० मे भूयात् । अग्निर्द्विहोता० भूयात् २ पर्यायः । तृतीयमाह—पृथिवी त्रिहोता० प्रतिष्ठा च मे भूयात् । चतुर्थमाह –अन्तरिक्षं चतुर्होता० विष्ठाश्च मे भूयात् । पञ्चममाह—वायुः पञ्च होता प्राणश्च मे भूयात् । षष्ठमाह—अन्न ँ सप्त० प्राणो भूयात् । अष्टममाह—द्यौरष्ट० अनाधृष्यश्च भूयासम् । नवममाह—आदित्यो० तेजस्वी च भूयासम् । दशममाह—प्रजापतिः मे भूयात् । (तैत्तरीय आरण्यके ३ प्रपा० ७ अनुवाके)

१—ये समानाः समनसः पितरो यमराज्ये । तेषां लोकः स्वधा नमः यज्ञो देवेषु कल्पताम् ॥ ये सजाताः समनसः जीवा जीवेषु मामकाः । तेषा ँ ्श्रीर्मयि कल्पनामस्मिल्लोंके शत ँ ्समाः ॥ (तैत्तरीयब्रा २ का० ६।३,)

२—मनो ज्योतिर्जुषतामाज्यं विच्छिन्नं यज्ञ ँ ्समिमं दधातु । बृहस्पतिस्तनुतामिमं नो विश्वेदेवा इहमादयन्ताम् ॥ (तै० स० १।५।७) । २—मनो ज्योतिर्जुषतामाज्यं विच्छिन्नं यज्ञं समिमं दधातु । या इष्टा उषसो निम्रुचश्च सास्संदधामि हविषा घृतेन स्वाहा ॥ (बौधायनगृह्यसूत्र अ० १५ पृ० ३४४) । ३—मनो ज्योतिर्जुषतामाज्यम् । विच्छिन्नं यज्ञ ँ ्समिमं दधातु । बृहस्पतिस्तनुतामिमं नः । विश्वे देवा इह मादयन्ताम् ॥ (तै० ब्रा० ३ का० पृ० ११००)

३—तद्विधिर्ब्राह्मे— तावत्कालं दक्षिणाग्नौ कुशैरास्तीर्य वेदिकाम् । अधोमुखं च समिधं धारयित्वा विधानवत् ॥ परकीयेन वत्सेन दुग्ध्वा तां गां च तद्गृहे । गोक्षीरेणाथ तेनैव जुहुयादग्निहोत्रकम् ॥ पश्चादग्निं समारोप्य यज्ञकाष्ठानि तान्यपि । अपयच्छेत विप्राय तनो वृषभमेव च ॥ मथित्वाऽग्निं प्रणयनं कृत्वा तत्कुणपं दहेत् । तत्प्रकारः कारिकायाम्—मृताग्निहोत्रं होतव्यं प्राग् दाहात्तत्र कथ्यते । प्राचीनावीतिना सर्वं शंस्यमेवोद्धरेत् खरेत् ॥ साधनाभावतः कूर्चस्थापनं न भवेदिह । प्रागग्रैर्दक्षिणाग्रैश्च तृणैः शंसपरिस्तृतिः ॥ पर्युक्षणं च तस्यैव कार्यमत्राप्रदक्षिणम् । नयेद्दक्षिणतो भस्म निरुह्योर्ध्वं च सन्धिनीम् ॥ दुग्ध्वा भस्मन्यधिश्रित्याभिद्योतासनवर्जितम् । उद्वासयेत्तदासाद्य दक्षिणास्त्रुक् स्त्रुवं ततः ॥ प्रतप्य प्रैषरहितं तत्पयः सकृदुन्नयेत् । धारयेत्समिधं चाधो नयेद्दक्षिणतो नयेत् ॥ तूष्णीं समिधमादाय सव्यं जानु निपात्य च । अपसव्यं स्रुचं कृत्वा सकृत्सर्वं विनिक्षिपेत् । ततः कृष्णाजिनेऽस्थीनि पुरुषाकारवत् न्यसेत् ॥ स्वर्णादि स्थापयेत्तत्र घृतेनाभ्यज्य पूर्ववत् । पात्राणि योजयित्वा तं दहेत्त्रेताग्निभिस्ततः ॥ 'देशान्तरकलेवरागमानन्तरमिदं प्रेताग्निहोत्रं हुत्वा कलेवरं दग्धव्यमित्येके । वस्तुतस्तु प्राकृताग्निहोत्रस्थाने मृताग्निहोत्रविधानात् कलेवरस्यास्थनां वा गृहागमनपर्यन्तं प्रत्यहं सायं प्रातर्यथोपदिष्टं होतव्यम्, अन्यदीयेन वत्सेन गौः स्नुतपयोधरा । 'आशरीरादृतेस्तस्याः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रातर्होममारभ्येत्यादि च पूर्ववद् उक्त्वा रात्रिमरणे वैपरीत्येन च तदुभयमुक्त्वा पयसा तूष्णीं होष्यामि' इति संकल्प्य पर्युक्षणान्ते एकपात्र एव प्रातः सायं आहुतिद्वयपर्याप्तं सकृद् गृहीतं गृहीत्वौपासनदक्षिणार्थे तूष्णीम-धिश्रित्योल्मुकेनावज्वल्य त्रिः पर्यग्निं कृत्वा तत्रैव यक्शंवन्निव (?) दक्षिणत् उद्वास्य तत् पात्रं किञ्चित्कालमाकाशे धृत्वा भूमौ निधायाधस्तात्समिधं पालाशीं धृत्वाऽग्नेः पश्चात्कुशेषु समिधा सह निधाय सकृदेव तूष्णीं सर्वं जुहुयात् । प्रजापतिं मनसा ध्यात्वा प्रजापतये न मम इति त्यजेत् । अन्यत्सर्वं लुप्यत इति । होमश्च विद्यमा-नाग्नावेव सर्वविधः । मरणोत्तरं पुनः सन्धाने तु हौम्यद्रव्यदानमात्रम् इति निर्णयसिन्धुटीकायाम्) । उसका दाह और पात्रों की योजना कल्पसूत्र आदि के अनुसार तथा हमारे श्री पितामहकृत पद्धति से जानना चाहिये । यहाँ बहुत कुछ कहना था पर यहाँ ही इसविषय को समाप्त करते हैं ।

(स्मार्ताग्निमरणे विचारः)

स्मार्ताग्नेस्तूक्तं मदनरत्ने छन्दोगपरिशिष्टे च--दुर्बलं स्नापयित्वा तु शुद्धचैलाभिसंवृतम् ।
दक्षिणाशिरसं भूमौ बर्हिष्मत्यां निवेशयेत् ॥

स्मार्ताग्नि का दाह तो मदनरत्न और छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है । दुर्बल (मरने की शंकावाला) को स्नान कराकर शुद्धवस्त्र से ढककर दक्षिणदिशा की ओर शिरकर भूमि में कुशाओं के ऊपर लिटा दे ।

घृतेनाभ्यक्तमाप्लाव्य शुद्धवस्त्रोपवीतिनम् । चन्दनोक्षितसर्वाङ्गं सुमनोभिर्विभूषयेत् ॥

घृत को शरीर में अच्छी तरह मलकर स्नान कराकर शुद्ध वस्त्र तथा यज्ञोपवीत पहना दे । शरीर के सारे अंग पर चन्दन छिड़क दे और सुन्दर पुष्पों से विभूषित करे ।

हिरण्यशकलान्यस्य क्षिप्त्वा छिद्रेषु सप्तसु । मुखेष्वथापिधायैनं निर्हरेयुः सुतादयः ॥

सोनेके टुकड़ोंको उसके शरीरके सात छिद्रोंमें रख दे । फिर मुखको ढककर पुत्र आदि बान्धव श्मशान ले जायँ ।

आमपात्रेऽन्नमादाय प्रेतमग्निपुरःसरम् । एकोऽनुगच्छेत्तस्यार्धमर्धपथ्युत्सृजेद्भुवि ॥

आममात्र (कच्चे पात्र) में अन्न को ग्रहण कर प्रेत और अग्नि को आगे कर एक व्यक्ति चले । उस प्रेत के आधे मार्ग में जाने पर उस अन्न में से आधे अन्न को पृथ्वी पर त्याग करे ।

ऊर्ध्वमादहनं कार्यमासीनो दक्षिणामुखः । सव्यं जान्वाच्य शनकैः सतिलं पिण्डदानवत् ॥

बाद में दहन पर्यन्त दक्षिणाभिमुख हो पिण्डदान की तरह सव्य जानु होकर धीरे-धीरे तिलके सहित दाह करे ।

अथ पुत्रादिराप्लुत्य चरुद्दारुचयं महत् । तत्रोत्तानं निपात्यैनं दक्षिणाशिरसं मुखे ॥ आज्यपूर्णां स्रुवं दद्याद् दक्षिणाग्रां नसि स्रुवम् । पादयोरधरां प्राचीमरणीमुरसीतराम् ॥ पार्श्वयोः शूर्पचमसौ सव्यदक्षिणयोः क्रमात् । मुसमे तु न्यसेन्न्युब्जमन्तरूर्वोरुलूखलम् ॥ चात्रोविलीढमत्रैव अनग्नेरप्ययं विधिः । अपसव्येन कृत्वैतद्वाग्यतः पितृदिङ्मुखः ॥ अथाग्निं सव्यमावृत्तो दद्याद्द-क्षिणतः शनैः । 'अस्मात्त्वमधिजातोऽसि त्वदयं जायतां पुनः ॥ असौ स्वर्गाय लोकाय स्वाहे'ति परिकीर्तयन् । (यजु० अ० ३५।२२)

फिर पुत्र आदि स्नान कर बहुत लकड़ी इकट्ठी करें । वहाँ पर दक्षिणदिशा की तरफ शिर कर उत्तान (सीधा) लिटाकर उस प्रेत के मुखमें स्रुवा को घी से भरकर दाहिने नाक में स्रुवा को दे । पैरों के नीचे अधरारणी को और छाती पर उत्तरारणी दे । क्रम से—बायें पार्श्व में शूर्प तथा दाहिने पार्श्व में चमस को दे । समभाग में न्युब्ज (उलटा) ऊरु के मध्य में उलूखल को रखे । वहीं पर चात्र-तर्कु से युक्त--(विशेष पारस्कर का० १।१५।४, गोभिल गृ० ३।७।७ कात्यायन श्रौत सूत्र में देखिये ।) [1]अनग्निक की यही विधि

पयसा होम इष्यते ॥ अन्वस्या अपि होतव्यं पयसा तदसंभवे ॥ इत्यन्तेष्टौ वचनात् । इति निर्णयसिन्धुटीकायाम् । पुरोडाशोऽग्नये पथिकृते–कात्या० श्रौ०अ० २० क० १ सू० २१ और मृताग्निहोत्र आदि का विचार कात्यायन श्रौ० सरला-वृत्ति अ० २५ क. ७ सूत्र ३–१० पृ. २९७, २९८ तक है । और शतपथ ब्राह्मण का. १२।५ पृ. १२४९ को भी देखिये ।

१—आहितानाहिताग्न्यादेर्विशेषो वक्ष्यतेऽधुना । विगुल्फं बर्हिराज्यं चेत्येवमन्तं समं भवेत् ॥ नास्यानुस्तरणी कार्या पात्राणां न च योजनम् । पृषदाज्यं तथा चर्यादिति गृह्यविदां मतम् ॥ तां दिशं तु नयेदग्निमेतं चापि ततः परम् । अयुजो मिथुना वृद्धाः पीठचक्रेण भावतः ॥ प्रेतस्य पृष्ठतो भूत्वा ईयुः पूर्ववदेव च । भूमिभागं ततः प्राप्य कर्ता प्रोक्षति पूर्ववत् ॥ इति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है। अपसव्य और मौन होकर दक्षिणाभिमुख हो फिर सव्य हो अग्नि को लेकर धीरे धीरे दक्षिणदिशा में '१'अस्मात्त्वमधिजातोऽसि' इस मन्त्र को कहता हुआ अग्नि दे। (मन्त्र का यों अर्थ है—हे अग्ने, तुम इस यजमान से आधानसमय में उत्पन्न हुए हो। यह यजमान फिर तुम से प्रकट हो। यह अमुक स्वर्गलोक की प्राप्ति के लिए तुमसे उत्पन्न हो तुम्हारे वंश में ही हो यह आहुती अच्छीप्रकार से ग्रहण करो।)

तथा—एवमेवाहिताग्नेश्च पात्रन्यासादिकं भवेत्। कृष्णाजिनादिकं चात्र विशेषोऽध्वर्युचोदितः॥

और इसीप्रकार आहिताग्नि के पात्रों का आसादन होता है। अध्वर्यु से कथित विशेष कृष्णार्जन (मृगचर्म) आदि यहाँ होता है।

(छन्दोगानां विषये विचारः)

तत्रैव—अनयैवावृता नारी दग्धव्या या व्यवस्थिता। अग्निप्रदानमन्त्रोऽस्या न प्रयोज्य इति स्थितिः॥

वहीं पर कहा है—जो स्त्री व्यवस्थितरूप (शुद्ध आचरणवाली है) वाली है उसको भी इसीप्रकार दग्ध करना चाहिये। उस स्त्री के लिए अग्निप्रदान के मन्त्र का प्रयोग नहीं करना चाहिये। ऐसी मर्यादा है।

इदं छन्दोगानामेव। पात्रन्यासोक्तेरुत्तानदेहत्वं साग्निकपरम्, निरग्निस्तु पुमानधोमुखः स्त्री तूत्ताना दाह्या, सगोत्रजैर्गृहीत्वा तु चितामारोप्यते शवः॥ अधोमुखो दक्षिणदिक्चरणस्तु पुमानिति॥ उत्तानदेहा नारी तु सपिण्डैरपि बन्धुभिः॥ इत्यादित्यपुराणादिति शुद्धितत्त्वहारलतादयः। उत्तरशिरस्त्वं सामगेतरपरम्।

यह (दक्षिणदिशा की तरफ शिर करना) छन्दोगों के लिये है। पात्र का न्यास (पात्रों का स्थापन) करने से उतान (सीधा) देह (शरीर) रखना साग्निकपरक है। निरग्निक पुरुष को तो अधोमुख और स्त्री को उतान कर (सीधा कर) दहन करे। सगोत्रवाले लोग शव को ग्रहण कर चिता में रख दें। अधोमुख दक्षिणदिशा में पुरुष का पैर रखें। सपिण्ड तथा बान्धव स्त्री के शव को उतानदेह रखें—यह आदित्यपुराण में कहा है—यह शुद्धितत्व, हारलता आदियों का कहना है। उत्तरदिशा की तरफ शिर को करे—यह सामवेदियों के भिन्न विषय में है।

(वाराहपुराणमते अग्निदानकन्त्रकथनम्)

वाराहे त्वग्निदानेऽन्यो मन्त्रः—कृत्वा तु दुष्कृतं कर्म जानता वाप्यजानता। मृत्युकालवशं प्राप्य नरं पञ्चत्वमागतम्॥ धर्माधर्मसमायुक्तं लोभमोहसमावृतम्। दहेयं सर्वगात्राणि दिव्यान् लोकान् स गच्छतु॥ ज्वलमानं महावह्निं शिरःस्थाने प्रदापयेत्। चतुर्वर्णेषु संस्थानमेवं भवति पुत्रके॥

वाराहपुराण में तो अग्निदान का मन्त्र अन्य कहा है—जानते हुए या न जानते हुए दुष्कृत (पाप कर्म) कर्म को करके मृत्युकाल के वश में प्राप्त होकर मनुष्य पञ्चत्व को प्राप्त होकर धर्म तथा अधर्म से युक्त-लोभ और मोह से युक्त इसके सब शरीर को जला रहा हूँ। वह दिव्यलोकों को जाय। जलती हुई महान् अग्नि को शिर के स्थान में (पैर के देश में) दे। इसीप्रकार ही चार वर्णों में संस्थान (विधि) पुत्र के रहने पर होती है।

(मृत्योरन्तरं षट्पिण्डदानदेशकथनम्)

अत्र क्रियानिबन्धे गारुडे षट्पिण्डदानमुक्तम्—मृतस्योत्क्रान्तिसमये षट्पिण्डान् क्रमशो ददेत्। मृतिस्थाने तथा द्वारि चत्वरे तार्क्ष्य कारणात्॥ विश्रामे काष्ठचयने तथा सञ्चयने च षट्।

यहाँ पर क्रियानिबन्धमें गरुडपुराण के वचनसे छ पिण्डों का दान कहा है—हेतार्क्ष्य, मृतक के उत्क्रान्ति-मरने के छ पिण्डों को क्रम से दे। मरने के स्थान में, द्वारदेश (दरवाजे) में, चौराहे पर, विश्रामस्थान (आधे रास्ते पर) में, काष्ठ के चयन (चितास्थान) में और अस्थिसंचयन (हड्डियों को इकट्ठा करने) में दे। (मारवाडियों के यहाँ कुछ भिन्न प्रकार है)।

१—अस्मात्त्वमधिजातोऽस्यं त्वदधिजायतान्। अग्नये वैश्वानराय सुवर्गाय लोकाय स्वाहा॥ (बौ० गृ० १६ पटले तै० सा० ३।२।८)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(गरुडपुराणमत से मरने के बाद छ पिण्डों का देने का क्रम)

(चत्वर में खेचर नाम का तीसरा पिण्ड)	**(द्वारदेश में पान्थ नाम का दूसरा पिण्ड)**	**(मरणस्थान में शव नाम का प्रथम पिण्ड)**
भूतकोटिपलायनकामः चत्वरे खेचरनाम	गृहवास्त्वधिदेवतातुष्ट्यर्थं द्वारदेशे पान्थ नाम	अमुकगोत्र, अमुकप्रेत, मृतिस्थाननिमित्तक शवो नाम एष पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।
(अस्थिसञ्चयननिमित्त छठा पिण्ड)	**(काष्ठचयन में पांचवा पिण्ड)**	**(विश्रामस्थान गांव और श्मशानके बीचका भागमें चतुर्थ पिण्ड)**
मोत्तकामः, अस्थिसञ्चयननिमित्तकप्रेतनाम	मोक्षकामचितायां साधक नाम	दाहकाले पिशाचादिभ्यः, अविघ्नकामः विश्रामस्थाने भूतनाम ।

नोट—काशी, हरिद्वार आदि में प्रत्यक्ष गङ्गा के सान्निध्य में तो प्रवाहानन्तर उसी चिता स्थान में छठे पिण्ड को देते हैं। १७४ आदि भी उसी भूमि में लिखते हैं और मट्टी के भरे घड़े को दाहकर्ता विमुख हो फेंकता है। इत्यादि आचार है। इन छ पिण्डों के देने में महानिबन्धों में बहुमत मालूम होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथा--आदौ देया तु षट् पिण्डा दश देया दशाहिकाः। स्थाने चार्द्धपथेऽतीते चितायां शवहस्तके॥ श्मशानवासिभूतेभ्यः षष्ठं सञ्चयने तथा॥

और आदि में छ पिण्ड दे तथा दश पिण्ड दशदिन में दे। क्रम यों है छ पिण्डों का—स्थान (मरण के स्थान) में, आधे रास्ते के न बीतने पर, चिता में, शव के हाथ में, श्मशान में रहनेवाले भूतों के लिए और छठा संचयन के समय (अस्थि के इकट्ठा करने पर) दे।

(अग्निदानमन्त्रेण तथा 'अस्मात्त्वम्' इति मन्त्रेण च अर्धदग्धानन्तरमाज्याहुतिकथनम्)

ततः--त्वं भूतकृज्जगद्योने त्वं लोकपरिपालकः। उक्तः संहारकस्तस्मादेनं स्वर्गं मृतं नय॥ इत्यग्निं दत्वा अस्मात्त्वमिति मन्त्रेणार्द्धदग्धे आज्याहुतिरुक्ता।

तदनन्तर हे जगद्योने (संसार के कारण अग्निदेव) तुम प्राणियों को उत्पन्न करनेवाले, तुम संसार के पालन करनेवाले और संहार करने वाले हो ऐसा कहा है—इससे इस मरे हुए को स्वर्ग में ले जाओ। इससे अग्नि को देकर (अस्मात्त्वम्) इस मन्त्र से आधे शरीर के जलने पर घी से आहुति कहा है।

(मृताहिताग्निशरीरे यज्ञीयपात्राणां स्थापनकथनम्)

आहिताग्नौ पराशरः--शम्यां शिश्ने विनिक्षिप्य अरणी मुष्कयोरपि। जुहूं च दक्षिणे हस्ते वामे तूपभृतं न्यसेत्॥ ओष्ठे तूलूखलं दद्यात्पृष्ठे च मुसलं न्यसेत्। उरसि क्षिप्य दृषदं तण्डुलाज्यतिलान्मुखे॥ श्रोत्रे च प्रोक्षणीं दद्यादाज्यस्थालीं च चक्षुषोः। कर्णे नेत्रे मुखे घ्राणे हिरण्यशकलं न्यसेत्॥ अग्निहोत्रोपकरणमशेषं तत्र निक्षिपेत्।

आहिताग्नि के लिए पराशर ने कहा है-शम्यापात्र को शिश्न (लिंग) में, अरणीपात्रों को मुष्क (अण्डकोश) में, जुहूपात्र को दाहिने हाथ में, उपभृतपात्र को बायें हाथ में, ओठ में उलूखलपात्र को, पीठ में-मुसलपात्र को, छाती पर दृषद (शिला) को, चावल, घी और तिल को मुख में, श्रोत्र (कानों) में प्रोक्षणीपात्र, नेत्रों में—आज्यस्थाली (घी रखने का कांसे का कटोरा), कान, नेत्र, मुख और नासिका में सोने के टुकड़े रखे। अग्निहोत्र की सब उपकरण (सामग्री) वहाँ पर रख दे।

(पात्रोंका निर्माण प्रकार)

(१) अन्तर्धानकट—वारणकाष्ठका अर्धचन्द्रकार बारह अंगुलका आधा अंगुल मोटापात्र अन्तर्धानकट होता है। दर्शपूर्णमासादियागमें पत्नीसंयाजमें अपना अपना भाग लेनेके लिए देवपत्नियाँ आती हैं, उन्हें देवताओंसे लज्जा होती है। इसलिए आड़ करनेके लिए गार्हपत्यकुण्ड के ऊपर पत्नीसंयाजके समय इसको रखा जाता है। बौधायन शाखामें यह पीपलका होता है। (२) पशुरशना—बारहहाथकी तीन मुखवाली कुशाकी रस्सी पशु बाँधनेके लिए पशुरशना कही जाती है। अश्वमेधमें १२ या १३ हाथकी पशुरशना होती है। (३) मयूख—बारह अंगुलका एक अंगुल मोटा गूलरका वत्सबन्धनके लिए शङ्कुमयूख होता है। (४) वसाहवनी-मांसपाक भाण्डस्थितस्नेहको वसा कहते हैं। उसका हवन जिसमें हो उस जुहुसदृशी विकङ्कतकाष्ठकी स्रुक्को वसाहवनी कहते हैं। (५) वेद— दर्शपूर्णमास आदि से पुरोडाशमें लगे हुए भस्मको दूर करनेके लिए ५१ कुशाओं से बना हुआ वेणीके आकार का गूंथा हुआ बैठे हुए बछड़ेके जानुके सदृश कुशमुष्टि वेद कहलाता है। (६) कर्पूर—मृत्तिका का बड़े गर्तवाला अर्थपरिमाणपात्र कर्पूर (अपरी) होता है। चतुर्मास्य—आदि यज्ञमें इसमें धान भूँजा जाता है। (७) अनुष्टुब्धि—जुहुसदृशी आश्वत्थी स्रुक्, आपस्तम्बोंकी अनुष्टुब्धि होती है। (८) पूर्णपात्र—दर्शादि इष्टिमें स्मार्त प्रोक्षणीपात्र के सदृश यजमानका मुख धोनेके लिए जिसमें जल रखा जाता है, वह पूर्णपात्र कहलाता है। (९) विष्टुति—वारणकाष्ठकी दस-दस अङ्गुलकी एक अङ्गुल मोटी नीचेके हिस्सेमें कुछ चतुरस्र और मोटी—जैसी ऊपरके हिस्सेमें कुछ गोल और पतली—शलाका (सलाई) को विष्टुति कहते हैं। सोमयाग में उद्गाता ऋत्विक् गान करनेके समय साममन्त्रोंकी गिनती इसके द्वारा करता है। (१०) शराव—मृत्तिका का बड़े मुखका थोड़े गर्तवाला गृहमेधीयादि इष्टिमें पायस रखनेके लिए पात्र (परई) शराव कहलाता है। (११) शकट—वारणकाष्ठका अढ़ाईहाथ लम्बा त्रिकोण डेढ़हाथ चौड़ा दो हाथ ऊँचा बैठनेकी जगह में एकहाथ लम्बी-चौड़ी काठकी जिसमें पटिया हो, ऊपर भी काठकी पटियासे शिखर बना हो एक-एक हाथ ऊँचे दो जिसमें चक्र हों, सोमको रखनेके लिए शकट होता है। दूसरा शकट पूर्वशकटकी अपेक्षासे कुछ छोटा होता है और इसमें शिखर नहीं होता है। आश्वलायनशाखामें स्मार्तकर्ममें भी बारह अङ्गुल का शकट होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(१२) परिप्लवा—वरनाकाष्ठकी दस अङ्गुल लम्बी हंसमुखके सदृश नालीदार पाँच अंगुलकी गोलाईमें एक अंगुलवाली बिना दण्डकी स्रुक् द्रोणकलश आदिसे सोमरसग्रहणके लिए होती है। (१३) पशुकुम्भी—पशुश्रवणके लिए तैजसपात्रको पशुकुम्भी कहते हैं। (१४) मूसल-खैरका दस अंगुल लम्बा अथवा इच्छाप्रमाण मध्यमें कुछ अधिक स्थूल दर्शपूर्णमासादिमें व्रीह्यादिकण्डनोपयोगी मूसल होता है। आपस्तम्बशाखावाले ३६ अंगुलका वारणकाष्ठका मूसल मानते हैं। (१५) ऋतुग्रहपात्र—काष्मरीकाष्ठ के या पीपल के बने हुए प्रोक्षणीपात्र के सदृश दोनों तरफ जिनमें हंसमुख नालिकाएँ होती हैं सोमरस के ग्रहण और होम आदि के उपयोग में आनेवाले ऋतुयाब के साधनभूत दो पात्र ऋतुपात्र या ऋतुग्रह कहे जाते हैं (१६) आज्यस्थाली—अर्थपरिमाण धातुकी मृन्मयी हस्तमित हो ऊपर मुँह चौड़ा नीचेसे क्रमसे छोटी होती जाय, घृतको गरम करनेके लिए कटोरा आज्यस्थाली होती है। (१७) उपवेष—वारणकाष्ठसे बना हुआ एकहाथका पाँच अंगुलवाले हाथके सदृश हाथके नीचे दो अंगुल मोटे गोल दण्डवाला तप्त अङ्गारोंको दूर करनेके लिए उपवेषपात्र होता है। आपस्तम्बशाखामें उपवेष नहीं होता है, किन्तु धृष्टि होती है। (१८) स्थाली—उक्थ्यस्थाली, आग्रयणस्थाली, ध्रुवस्थाली और आदित्यस्थाली ये चार स्थालियाँ धातु या मृन्मयकी चरुस्थालीके सदृश होती हैं। इनमें सोमरस रखा जाता है, इनमें उक्थ्यस्थालीका ढकना भी होता है। जिसका मुख और मूल दोनों चौड़ा हो उसको स्थाली कहते है। (१९) इडापात्री—वारणकाष्ठकी एकहाथ लम्बी आठ अंगुल चौड़ी कुछ गोल आकारकी चार अंगुल दण्ड जिसमें हो, दो अंगुल ऊँची, एक अंगुल विस्तृत और चौंढ़ी जिसकी परिधि-किनारी हो, ब्रह्मा, होता, अध्वर्यु, अग्नीत् और यजमान—इनका भाग जिसमें रखा जाता हो, इसको इडापात्री कहते हैं। तैत्तरीशाखावालोंकी इडापात्री चौकोर प्रणीताके सदृश आकृतिवाली होती है। आपस्तम्बशाखामें इस इडापात्रीके सदृश दारुपात्री होती हैं। (२०) मेक्षण—वैकङ्कतकाष्ठका दस अंगुल लम्बा आगेके हिस्सेमें दो अंगुलकी गोलाई कलछीकी तरह मुख हो और बचे हुए हिस्सेमें कनिष्ठा अंगुलीके अग्रभागके समान स्थूलदण्ड हो, चरुइष्टिमें चरुका ग्रहण और होम जिससे होता है उसको मेक्षण कहते हैं। आपस्तम्बशाखाके श्रौतकर्ममें गूलरका धृष्टिके सदृश एकहाथका मेक्षण होता है और स्मार्तकर्ममें गूलरका दस अंगुल मेक्षण होता है। (२१) पृषदाज्यग्रहणी—पृषदाज्यधानी दधिमिश्रित आज्यपृषदाज्य होता है वह जिस स्रुक्के द्वारा गृहीत हो, उपभृत्के सदृश पीपलकी स्रुक् पृषदाज्यग्रहणी अथवा पृषदाज्यधानी कही जाती है यह आपस्तम्बशाखामें है। माध्यदिनशाखामें पृषदाज्यग्रहण तैजसपात्र (कटोरे) में होता है। (२२) प्रचरणी- वैकङ्कतकाष्ठकी जुहूके सदृश होमकरनेके लिए सोमयागमें स्रुक्प्रचरणी कही जाती है। आपस्तम्बशाखामें यह पलाशकी विहित है॥ (२३) परशु—बर्हिके छेदनके लिये एकहाथका दण्ड जिसमें हों, परशुके आकारका खदिर आदि काष्ठका कुठार परशु है। यह बौधायनशाखावालोंके लिये ही है। (२४) अग्निहोत्रहवणी विकङ्कतकाष्ठकी जुहूके सदृश बाहुमात्रलम्बी स्रुक्को अग्निहोत्रहवणी कहते हैं, इसीसे श्रौत अग्निहोत्रहोम होता है, आपस्तम्ब आदि शाखामें चौबीस अंगुल लम्बी अग्निहोत्रहवणी होती है। (२५) अभ्रि— वारणकाष्ठकी एकहाथकी अग्रभागसे तीखी मूलभागमें एक अंगुलकी गोलाईमें मोटी और मूलभागमें अग्रतक क्रमसे पतली दर्शपूर्णमासादियागमें वेदिखनन—यूपादिगर्तपरिलेखसमें उपयुक्त अभ्रि होती है। महावीरसंभरणमें विकङ्कतकी अभ्रि होती है। सचयनसोमयागमें चित्रविचित्र वांसकी दोनोंतरफसे तीखी मध्यमें छिद्रवाली अथवा सुवर्णकी अभ्रि होती है। (२६) दोहनपात्र—वैकङ्कतका प्रणालीरहित सदण्ड प्रोक्षणीपात्रसदृशपात्र दोहनपात्र होता है। सोमयागमें इसकी आवश्यकता होती है। (२७) दर्वी—विकङ्कतकाष्ठकी चार अंगुलकी गोलाईमें एक अंगुल खातवाली बचे हुए हिस्सेमें एक अंगुठे मोटे दण्डसहित दर्वी होमादिमें उपयुक्त (कलछी) दर्वी होती है। अपस्तम्बशाखामें स्मार्तकर्मसे बारह अङ्गुलकी दर्वी होती है। श्रौतमें तो एकहाथकी होती है। आपस्तम्बशाखामें मेक्षण भी दर्वीके सदृश होता है। (२८) अधिषवणफलक—वारणकाष्ठके एक-एक हाथके बारह बारह अंगुल चौड़े एक-एक अङ्गुल मोटे दो काष्ठपीठ परस्पर काष्ठके शंकुसे सटे हुए अधिषवणफलक होते हैं। इनके ऊपर सोमलता कूटी जाती है। सूत्रान्तरमें गूलर और पलाशके भी विहित हैं। (२९) असिद-दस अङ्गुलका खैर या लोहका छुरा असिद होता है, इससे कुशा काटी जाती है। बौधायनशाखावाले इसका उपयोग करते हैं। (३०) अन्वाहार्यपात्र— दर्शपूर्णमासमें ब्रह्मा, होता, अध्वर्यु और आग्नीध्रको दक्षिणाके निमित्त दक्षिणाग्निमें पका हुआ ओदन दिया जाता है, उसको अन्वाहार्य कहते हैं। पकानेके लिए जो ताम्रादि अर्थपरिमाणपात्र है उसको अन्वाहार्यपात्र कहते हैं। (३१) ग्रावा—पाषाणके सोलह अङ्गुल या बारह अङ्गुलके मूलमें स्थूल ऊपरके हिस्सेमें कुछ पतले मुष्टिसे पकड़ने लायक ग्रावा होते हैं। इनसे सोमलता कूटी जाती है। (३२) उपभृत्—पीपलकी जुहूके सदृश स्रुक् उपभृत् होती है। दर्शपूर्णमासादियज्ञमें अध्वर्यु दक्षिणहस्तसे जुहूद्वारा होम करता है और होमके समय वामहस्तमें जुहूके समीप इसको रखता है। इसलिये इसका नाम उपभृत् है आपस्तम्बशाखामें २४ अङ्गुल इसका प्रमाण है। आपस्तम्बशाखावाले इसको अनुग्रुङ्गेन कहते हैं। (३३) उत्तरनरात्र-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आपस्तम्बशाखावालोंके यहाँ प्रोक्षणीपात्रसदृश एक उत्पवनपात्र होता है। (३४) उपांशुसवन—उपांशुनामक सोमरसके हवनके लिये जिस पाषाण (लोढ़े) सोमलता कूटी जाती है उस प्रादेशपरिमितम षाणको उपांशुसवन कहते हैं। (३५) उलूखल—पलाश या खैर अथवा वारणकाष्ठकी दस अङ्गुल या जानुप्रमाण अथवा इच्छाप्रमाण चार अङ्गुली गोलाईमें मोटा, ऊपर एक अङ्गुल खात मध्यमें कुछ संकुचित चरु पुरोडाशसंबंधि व्रीहि आदिके कण्डनमें उपयोगी उलूखल होता है। आश्वलायन तथा आपस्तम्बशाखावालोंके यहाँ स्मार्तकर्ममें उलूखल छः अङ्गुलके होते हैं। आपस्तम्बके यहाँ खैरका होता है। (३६) एकधन—सोमरसको बढ़ानेवाले जल एकधन कहे जाते हैं। एकमात्र सोम ही है धन जिनका, यह इसका अर्थ है। वे जल जिन कलशोंसे निकाले जायँ, वे छोटे छोटे धातुके मृत्तिकाके या काष्ठ भी एकधन कहे जाते हैं। सोमयागमें ३ से १३ तक यषमसंख्याके ये कलश होते हैं। (३७) मूसल—वारणकाष्ठ खैर या पलाशका दश अङ्गुल लम्बा एक अङ्गुल में मोटा या इच्छाप्रमाण मध्यमें कुछ ज्यादा स्थूल दर्शपूर्णमासादियज्ञमें व्रीहि आदिके कण्डनमें उपयोगी मूसल होता है। आश्वलायनशाखामें स्मार्तकर्ममें खैरका छः अङ्गुल लम्बा यह होता है। (३८) जुहूः—पलाशकी बाहुप्रमाण लम्बी मूलभागमें एक अङ्गुल मोटी फिर वहाँसे अग्रभाग तक क्रमसे कुछ स्थूल दण्डयुक्त अग्रभागमें पाँच अङ्गुल वृत्त हथेलीप्रमाण मुखवाली त्र्यंगुलखात हंसमुखसदृश नालीसे युक्त श्रौतकर्ममें जिससे हवन किया जाय, ऐसी स्रुक्को जुहू कहते हैं। कृष्णयजुर्वेदियोंके यहाँ कौवेके सदृश पुच्छवाली चौबीस अङ्गुल लम्बी या बयालीस अङ्गुल की जुहू होती है। कात्यायनके अतिरिक्त २४ अङ्गुलकी जुहू होती है। (३९) चमस—विकङ्कत-काष्ठके बारह अङ्गुलके छ अङ्गुल चौड़े चार अङ्गुल ऊँचे तीन अङ्गुल गर्तवाले तीन अङ्गुल दण्डवाले चौकोर प्रणीतापात्रके सदृश सोमरसको रखने, होम करने और पानीके लिए चमस होते हैं। ये चमस दस होते हैं। इनके दण्डोंमें पृथक् पृथक् चिह्न होते है। जैसे—होताके चमसके दण्डमें गोल चिह्न, ब्रह्माके चमस के दण्डमें चतुरस्र, उद्गाताके चमस के दण्डमें त्रिकोण, यजमान चमसके दण्ड के अग्र में चौड़ा, प्रशास्ताके चमसके दण्डका नीचेका भाग टेढ़ा, ब्राह्मणाच्छंसीके दण्डका ऊपरका भाग टेढ़ा, नेष्टाके चमसका दंड दो टुकड़ेका, आच्छावाक चमसका दंड आगेसे तीखा, पोताके दंड द्विशाख। आपस्तम्बशाखामें नेष्टाका चमस दक्षिणावृत और अच्छावाक चमस समावृत होता है। (४०) यजमानाभिषेकासन्दी—गुलरकी एक-एक हाथ पैरवाली चतुष्कोण एकहाथ लम्बी-चौड़ी मूंजकी रस्सीसे बीनी हुई वाजपेययागमें यजमान अभिषेकके समय इस पर बैठता है इसलिए यह यजमानाभिषेकासन्दी कही जाती है। (४१) यूपरशना—आठ हाथ लम्बी दूनी कुशाकी रस्सी यूपमें लपटनेके लिए यूपरशना होती है। (४२) शृतावदान—विकङ्कतकाष्ठके अग्रभाग में अङ्गुष्ठपर्वमात्र चौड़ा और लम्बा, तीखे अग्रवाला, दस अङ्गुल लम्बा, अग्रभागसे बचे हुए हिस्सेमें एक अङ्गुल गोल दण्डवाला पक्वपुरोडाशके तोड़नेमें उपर्युक्त होता है। यह शृतावदान आपस्तम्बशाखामें नहीं होता है। पितृयज्ञमें अग्रभागमें अर्थात् अङ्गुष्ठपर्वमात्रमें गोकर्णके सदृश होता है। आपस्तम्बशाखामें पितृयज्ञमें बारह अङ्गुलका शृतावदान होता है। उसमें भी मूलमें दो अङ्गुल दण्ड और दश अङ्गुल गौके कानके समान होता है। (४३) पूर्णपात्र—दर्शयागादिमें स्मार्त प्रोक्षणीपात्रके सदृश अर्थात् वारणकाष्ठका द्वादशांगुल दीर्घ एक अङ्गुल दण्ड मध्यमें हथेली बराबर गोल तीन अङ्गुल गोल गहरा किनारे किनारे में एक अङ्गुल मोटा, अग्रभागमें हंसके मुख सदृश नालीदार पात्र होता है। (४४) पूतभृत्—सुवर्ण आदि धातुका अथवा मृन्मय पन्द्रह अङ्गुल चौड़ा, आठ अङ्गुलकी बैठकी सोलह अङ्गुल ऊँचा अथवा इच्छाप्रमाण पवित्र सोमको धारण करनेवाला कलश होता है। आधवनीयकलश—जिसमें सोमका अच्छीतरहसे प्रक्षालन हो उस कलशके सदृश बृहन्मुख कलशका नाम है। (४५) पुरोडाशपात्री—वारणकाष्ठकी दस अङ्गुल चौकोर एक अङ्गुल मोटी मध्यभाग में छः अङ्गुल वृत्त यवमात्र खातवाली मूलमें दो अङ्गुल दण्ड पुरोडाशके स्थापनमें उपयुक्त होनेवाली पात्री है। (४६) पिन्वन—वारणकाष्ठका स्रुक्के मुखके आकारके सदृश दस अङ्गुलका बिना दण्डका पात्र होता है। (४७) पान्नेजन कलश—पशुके अङ्गोंका जिन जलोंसे प्रक्षालन होता है उन जलोंको पान्नेजन कहते हैं। पान्नेजन जल जिस कलशमें रखे जाते हैं उस इच्छाप्रमाण तैजसपात्रको पान्नेजन कलश कहते हैं (४८) परीशास—दो हाथ लम्बे दो अङ्गुल मोटे दो अङ्गुल चौड़े गुलरके मध्यभागसे कलछी मुँहके सदृश महावीरपात्रको पकड़ने लायक परीशास कहे जाते हैं। आपस्तम्बशाखावाले इनको 'शफ' कहते हैं। (४९) सन्नहन—लम्बी-लम्बी नव कुशाओंके वेण्याकार गूँथकर इध्म—और बर्हि बांधनेके लिए जो रज्जु बनायी जाती है उसको सन्नहन कहते हैं। (५०) होतृषदन—वरणाकाष्ठका एकहाथ लम्बा एक अङ्गुल मोटा चारों कोनेमें एक-एक अङ्गुल ऊँचे पाये जिसमें हों ऐसा अठारह अङ्गुल चौड़ा मूल तीन अङ्गुल लम्बा एक अङ्गुल मोटा और चौड़ा दण्ड जिससे हो वह दर्श-पूर्णमासादियज्ञमें होताके बैठनेके लिए पीठको होतृषदन कहते हैं। (५१) सोमासन्दी—गूलरकी दो हाथ चौड़ी यजमान की नाभीप्रमाण ऊँची चार पायोंवाली मूंजकी रस्सीसे बीनी हुई सोमरखनेके लिए आसन्दी सोमासन्दी कही

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जाती है। सौत्रामणीयज्ञमें सोमासन्दी जानुमात्रप्रमाणकी होती है। (५२) सोमपर्याणहन—वस्त्रसे बँधे हुये सोमको ढाकनेके लिए जो वस्त्र होता है उसको सोमपर्याणहन कहते हैं। (५३) संभरणी—वारणकाष्ठकी बारह अङ्गुल वृत्त मुख चार अङ्गुल खात बिना दण्डका सोम रखनेका पात्र (कटोरा) संभरणी होती है। (५४) शङ्कुः—गूलर आदि दस अङ्गुल लम्बा स्थूलमुख अग्निष्टोमादियज्ञमें दीक्षिता पत्नीके कण्डूयनादिमें उपयुक्त शङ्कु कहा जाता है। (५५) उदञ्चन—सोमयागमें अम्भृणपात्रोंसे जल निकालने लिए जो छोटा मृत्तिका का पात्र (पुरवा) होता है, उसको उदञ्चनपात्र उदञ्चनचमस कहते हैं। आपस्तम्बशाखामें यह उदञ्चनपात्र प्रणीतापात्रके सदृश वारणकाष्ठका होता है। (५६) उपयमनी—उदुम्बरकी दो हाथ लम्बी स्रुचीके मुखसे दूने मुखकी जुहूसदृश स्रुक्‌को उपयमनी कहते हैं। आपस्तम्बशाखामें यह बाहुप्रमाण होती है। (५७) इध्म—पलाशकी एकहाथ लम्बी एक अङ्गुल मोटी फटी हुई घुनीं हुई नहीं द्विधाभिन्न, दो शाखावाली नहीं, सीधी और त्वचाके सहित समिधाको इध्म कहते हैं। (५८) बर्हि—असंस्कृत और असंख्यात कुशाको बर्हि कहते हैं। (५९) सम्भरणपात्र—वाजपेययज्ञमें १७ प्रकारके अन्नका हवन होता है ये अन्न जिस पात्रमें रखे जाते हैं वह अर्थपरिमाणपात्र संभरणपात्र होता है। (६०) वाजिनभाण्ड—गरमदूधमें दधि के छोड़नेसे दूध फट जाता है उसमें कठिनभागको आमिक्षा और द्रवभागको वाजिन कहते हैं इनके रखनेके योग्य अर्थपरिमाण कांस्यादि तैजसपात्रका वाजिनभाण्ड कहते हैं। (गिंडुईवाला गिलास)। (६१) उपसर्जनीपात्र—दर्शपूर्णमासादियज्ञमें पुरोडाशके लिये चावलका यवके आटेमें मिलाये जानेवाले गार्हपत्य अग्निमें गरम किये हुये गरम जलको उपसर्जनी कहते हैं। उनको गरम करनेके लिये अर्थपरिमाण ताम्रादिपात्रको उपसर्जनीपात्र कहते हैं। सोमयागमें दीक्षित सपत्नीक यजमानको उदकसाध्य सब कर्म गरम जलसे करने चाहिये—ऐसा विधान है। यजमानकेलिये गार्हपत्याग्निमें और तन्निमित्त यजमानपत्नीके लिये दक्षिणाग्निमें जल गरम किये जाते हैं। उन गरम जलको मदन्ती कहते हैं। उन जलोंको गरम करनेके तैजसपात्र को उपसर्जनीपात्र कहते हैं। (६२) रौहिणकपाल—छः अङ्गुल वृत्त आधा अङ्गुल ऊँचा मृत्तिका से बनाकर पकाया हुआ रौहिणपुरोडाशके पकानेके लिये पात्रको रौहिणकपाल कहते हैं। (६३) योक्त्र—मूंजसे बना हुआ तीन लड़ी चारहाथकी वेण्याकार दर्शपूर्णमासादियज्ञ में यजमानपत्नीके कटिप्रदेशमें बांधनेके लिये रज्जु (मेखला) योक्त्र कहलाता है। (६४) उद्गात्रासन्दी—गूलरके प्रादेशमात्रको दस अङ्गुलके चार पावे वाली एकहाथ लम्बी चौड़ी मूंजकी रज्जुसे बिनी हुई 'गवामयनयज्ञ' में उद्गाताके बैठनेके लिये पीठको उद्गात्रासन्दीकी कहते हैं। (६५) विघन—वरनाका या पीपलका एकहाथका शङ्कु (खूँटी) गाडनेके उपयोगी मुद्गरको विघन कहते हैं। कात्यायनसूत्रमें विघनशब्दसे मुद्गरका व्यवहार नहीं है। (६६) विकङ्कतशकल—विकङ्कतकाष्ठकी दस-दस अङ्गुलकी समिधा विकङ्कतशकल कही जाती हैं। (६७) दण्ड—गूलरकाष्ठकी यजमानके मुखके बराबर मुष्टिमात्रस्थूल सोमयागमें यजमान और मैत्रावरुणके धारण करनेके योग्यदण्ड होता है। (६८) दधिधर्म—प्रवर्ग्यमें होमोपयोगी दधिका जिसपात्रसे ग्रहण हो और हवन हो वह गूलरका प्रादेशमात्रका दस अङ्गुलका पात्र मूलसे लेकर अग्रतक चार-चार अङ्गुल चौकोर ऊपर मध्यमें दो अङ्गुल वृत्त एक अङ्गुल खात दधिधर्म कहा जाता है। (६९) दारुपात्री—कात्यायनोंकी इडापात्रीको आपस्तम्बवाले दारुपात्री कहते हैं। (७०) धवित्र—मृगचर्मसे बने हुए पंखेको धवित्र कहते हैं। महावीरको हवा करनेमें यह काम आता है। (७१) धृष्टि—विकङ्कतकाष्ठकी एकहाथ लम्बी अग्रभागमें चार अङ्गुल चौड़ी तीक्ष्णाग्र, अग्रसे बचे हुये हिस्सेमें दो अङ्गुलके गोल स्थूल दण्डसे युक्त अङ्गार, भस्म आदिको हटानेके लिये पात्रविशेषको धृष्टि कहते हैं। इसका उपयोग आपस्तम्बशाषावाले दर्शपूर्णमासमें करते हैं। कात्यायनशाखावाले सोमयागमें धर्ममें इसका उपयोग करते हैं, यहाँ केवल यह उदुम्बरकी होती है। (७२) कृष्णविषाणा—तीन या पाँच स्थानमें ऊँची दस अङ्गुलका अग्रभागके सहित कृष्णमृगके शृङ्गको कृष्णविषाणा कहते हैं। सोमयागमें दीक्षित यजमानके शरीरमें खाज होने पर इसीसे खजुवाना चाहिये। (७३) वाजिनचमस—प्रणीतासदृश पात्र वाजिनचमस आपस्तम्बशाखामें हैं, यह वाजिन रखनेके लिये है। गरम दूधमें दहि छोड़कर फाड़ दिया जाता है, उसमें कठिन भागको अमिक्षा और द्रव भागको वाजिन कहते हैं। (७४) गलग्राही—तैजस, ताँबा, पीतल आदिकी इकहाथकी सड़सी गलग्राही होती है (७५) स्रुक्—विकङ्कतकाष्ठकी बाहुमात्र लम्बी मूलभागमें एक अंगूठेके बराबर मोटी फिर वहाँ से अग्रभागतक क्रमशः कुछ कुछ स्थूल दण्ड वाली अग्रभागमें पाँच अङ्गुलकी गोलाईका मुख और मुखमें तीन अङ्गुल खात हंसमुखके सदृश चोंचदार होम करनेका पात्र स्रुक् होता है। स्मार्तकर्ममें यह बारह अङ्गुलोकी बौधायन और आश्वलायनशाखामे होती है। बौधायन, आपस्ततंत्र और हिरण्यकेशि शाखामें २४ अङ्गुलकी होती है। किसीके मतमें कौवेके सदृश पूंछवाली ४२ अङ्गुलकी होती है। (७६) यूप—सोमयागमें खैरका पांच हाथ लम्बा अष्टकोण बहुत मोटा न बहुत पतला किन्तु लम्बाईके माफिक मोटा अग्रभागके बीचमें एक अंगुल मोटा बारह अंगुल लम्बा शङ्कु जो चषालमें घुसने लायक चषालके सहित हो उसको यूप

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कहते हैं। निरूढपशुमें पलाशका यूप होता है। अग्निष्टोमादियज्ञमें ग्यारह यूप बनाना यह भी पक्ष है इसपक्षमें ग्यारह यूप १६ हाथसे २६ गजतक के होते हैं एक उपशययूप भी बारहवाँ बिना छीला-छाला होता है। वाजपेययागमें १७ यूप १७ हाथके होते हैं। अश्वमेधमें २१-२१ हाथ के २१ यूप होते हैं। उनमें एक रज्जुदाल का दो देवदारुके छ बेलके, छ खैरके और छ पलाशके होते हैं। श्येनयागमें यूप चषालरहित होता है और साँपकी तरह तीखे अग्रवाला होता है। वह यूप हलका दण्ड होता है, इस यूपको खलेवाली कहते हैं। (७७) ग्रह—माध्यन्दिनोंके विकङ्कतके और आपस्तम्बोंके गुलरके उलूखलके सदृश चार अंगुलकी गोलाईके मोटे ऊपरके हिस्सेमें एक अंगुल खातवाले मध्यमें कुछ संकुचित सोमरसको रखने तथा होमके उपयोगी पात्र ग्रह कहे जाते हैं। इसमें अश्विनग्रहमें ऊपरके हिस्सेमें ओष्ठके सदृश, मैत्रावरुणग्रहमें अजागलस्तनके सदृश और ऐन्द्रावायवग्रहमें मेखलाके सदृश चिह्न होता है। सौत्रामणीमें आश्विनग्रह पीपलका, सारस्वती ग्रह गूलरका तथा ऐन्द्रग्रहका वटका होता है। अश्वमेधमें सुवर्ण और रजतके एक एक ग्रह होते हैं। षोडशियागमें षोडशिग्रह खैरका होता है और यह ग्रह मूलसे अग्रतक चतुष्कोण होता है। शुक्रग्रह सर्वत्र बेलका होता है। आपस्तम्ब-शाखामें उपांशुग्रह, अन्तर्यामग्रह, ऐन्द्रावायवग्रह, मैत्रावरुणग्रह, आश्विन, शुक्र, मन्थी, उक्थ्य, अतिग्राह्यग्रह तीन, दधिग्रह, अदाभ्य, आदित्य, षोडशग्रह, ऋतुपात्रग्रह दो, ये १७ ग्रह होते हैं। (७८) स्फ्य--खैरका एक हाथ लम्बा चार अंगुल चौड़ा खड्गके सदृश मूलमें चार अंगुलका दण्ड तीखा, अग्र-वेदीको खोदना, रेखा करना आदि कार्यमें उपयोगी वज्र या स्फ्य कहा जाता है। यह स्फ्य माध्यन्दिनशाखामें सीधा होता है और शाखामें मध्यमें कुछ टेढ़ा होता है। आश्वलायनशाखामें स्मार्तकर्ममें बारह अंगुलका स्फ्य होता है। हिरण्यकेशीशाखामें वरनाका भी स्फ्य होता है। भारद्वाज और आपस्तम्बशाखामें बाहुके बराबर भी वज्र विहित है, यह पक्ष अब नहीं चलता है। आश्वलायनशाखामें स्मार्तकर्ममें स्फ्य नहीं होता है। (७९) स्रुव—खैरका एकहाथ लम्बा अंगूठेके पर्वकी मोटाईमें गोल बिलयुक्त मूलमें कनिष्ठिकाके अग्रके बराबर स्थूल फिर अग्रतक कुछ-कुछ और मोटा होमकरनेके लिए स्रुव होता है। अग्निहोत्रका स्रुव वैकङ्कतका होता है। राजसूय में अपामार्ग-तण्डुल होमके लिए पलाशका स्रुव होता है। सचयनसोमयागमें गूलरका स्रुव चौकोरमुखवाला होता है। घर्ममें भी गूलरका स्रुव होता है और विनायकशान्तिमें भी पितृमेध में वारणकाष्ठका स्रुव होता है। आश्वलायनशाखामें स्मार्तकर्ममें बारह अंगुलका स्रुव होता है। श्रौतकर्ममें आश्वलायनोंको भी एक हाथका स्रुव होता है। (८०) ऋतुपात्रग्रह--काष्मर्य (गंभारी) या पीपलके प्रोक्षणीपात्रके सदृश दोनों तरफ हंसमुख की तरह नालीके सहित ऋतुओंके यागके लिए सोमरस ग्रहण और होमके उपयोगी दोपात्र ऋतुपात या ऋतुग्रह कहे जाते हैं। आपस्तम्बशाखामें ऋतुग्रह भी उलूखलाकार होते हैं। (८१) प्रोक्षणधानी—जुहूके सदृश स्रुव आपस्तम्बशाखावालोंके यहाँ प्रोक्षणधानी होती है। (८२) शूल--वारणकाष्ठका अभ्रिके सदृश शूल होता है। (८३) प्राशित्रहरण—वारण-काष्ठका चार अंगुल लम्बा-चौड़ा चौकोर एक अंगुल मोटा मध्यमें तीन अंगुल गोलाईमें यवमात्र खात प्राशित्रहरण होता है। ब्रह्माको हुतशेष भाग दिया जाता है उसका नाम प्राशित्र है, वह जिसपात्रके द्वारा दिया जाय, वह प्राशित्रहरण कहलाता है। आपस्तम्बशाखावाले खैरका दस अंगुलका गोकर्णाकृति श्वतावदान मानते हैं। आजकल खैरका प्रोक्षणी-पात्रके सदृश प्राशित्रहरण आपस्तम्बशाखावाले बनाते हैं। (८४) निश्रेणी--वाजपेययज्ञमें सत्रह हाथका यूप होता है। सपत्नीक यजमान जिस सीढ़ीके द्वारा यूपसे ऊपर जाते हैं वह ऊंचा होता है, वारणकाष्ठकी उस सीढ़ीका नाम निश्रेणी है। (८५) नेत्र--सन और गौके पूँछके बालोंसे बनाई गई चार हाथकी तीन लरकी वेणीके समान गूँथी हुई अरणिमन्थन-रज्जुको नेत्र कहते हैं। (८६) निदान--सोमयागमें गौको और बछड़ेको बाँधनेके लिए रज्जुको आपस्तम्बशाखावाले निदान कहते हैं। (८७) चात्र—उपमन्थ-अरणिमन्थनके लिए आठ अंगुलका एक काष्ठशंकु जिस मन्थनदण्डमें तक्षाके द्वारा लगाया जाता है वह मन्थनदण्ड खैरका बारह अंगुल लम्बा दो अंगुलके लोहकीलके सहित तीन अंगुलकी गोलाई-वाला रज्जुके लपेटने (घुमाने) के लिये अनेक वलययुत चात्र और उपमन्थ भी कहा जाता है। (८८) चषाल--सोमयागमें पलासका दस अंगुल लम्बा आर-पार एक अंगुल गोलछिद्रवाला होता है। मोटाई उसकी यूकके बराबर होती है। राजसूययज्ञमें गेहूंके आटेका चषाल बनता है। (८९) शम्या—वरणा लकड़ीकी मूलभागमें एक अंगूठे भर गोल दस अंगुल भर गोल दस अंगुल लम्बी फिर क्रमसे अग्रभाग तक सूक्ष्म, तीक्ष्ण अग्रवाली दर्शपूर्णमास आदिमें सिललोढ़ीके कुट्टन आदिमें उपयुक्त होनेवाला पात्रविशेष है। चातुर्मास्य आदि यज्ञमें यही शम्या वारणकाष्ठकी छत्तीस अंगुल लम्बी दो अंगुल चौड़ी ए॰ अंगुल मोटी मूल और अन्तमें दो-दो अंगुल छोड़कर मध्यमें बत्तीस अंगुलकी लम्बाईमें आधा अंगुल गर्तवली चात्वालमान और उत्तरवेदिमान आदिमें उपयुक्त होनेवाली होती है। आपस्तम्बके मतमें शम्याका प्रमाण बाहु-मात्र है। तित्तिरिशाखामें शम्या खैरकी छत्तीस अंगुलकी विना गर्तकी श्रौतकर्ममें होता है और स्मार्तकर्ममें बारह अंगुलकी होती है। (९०) वज्रतगात्र--वारणकाष्ठका बारह अंगुल लम्बा चार अंगुल चौड़ा उसमें एक अंगुल दण्ड उसके बाद

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चार अंगुल चौकोर एक अंगुल ऊँचा मध्यमें दो अंगुलकी गोलाईमें यवके बराबर खात होता है। उसके बाद एक अंगुलका दण्ड फिर पूर्ववत् चार अंगुल चौकोर एक अंगुल ऊँचा, मध्यमें दो अंगुलकी गोलाईमें यवमात्र खात अग्नीध्र ऋत्विकको भाग देनेके लिये होता है। आपस्तम्बशाखामें षड्वत्तपात्र नहीं होता है। (६१) सगर्तपुरोडाशपात्री—वैकङ्कतकाष्ठकी दस-दस अंगुल चौकोर आठ अङ्गुल ऊँचो छ अङ्गुलकी गोलाईमें छ अङ्गुल खातवाली मूलमें दो अङ्गुल लम्बा एक अङ्गुल मोटा दण्ड सर्वहुत पुरोडाशके स्थापन और होम आदिमें उपयुक्त होनेवाला पात्र होता है। (६२) स्वरु—यूपकाटनेके समय जो प्रथम काष्ठ खण्ड गिरता है वह दस अङ्गुलका खड्गाकार वशुला स्पर्श और होमादिमें उपयुक्त होनेवाला पात्रविशेष है। किसीशाखामें पीपल और वरणकाष्ठका भी यह होता है। (६३) स्थूण—बारह अङ्गुल लम्बो गूलर की द्विशाख गौ बाँधनेके लिये खूँटी होती है। (६४) सोमोपनहन—जिस वस्त्रमें सोमलता बाँधी जाती है वह दोहरा चौहरा वस्त्र कहा जाता है। (६५) दृषत् उपला—पाषाणकी दश अङ्गुल लम्बी आठ अङ्गुल चौड़ी दो अङ्गुल मोटी अथवा इच्छाप्रमाण पुरोडाशसम्बन्धी व्रीहि आदिके पेषणमें उपयुक्त दृषत् और दृषत् के अनुरूप लोढ़ा को उपला कहते हैं। (६६) करम्भपात्री—दधि और दक्षिणाग्निपक्व सत्तुको करम्भ कहते हैं, (करम्भवो दधिसक्तव इति कोशात्) उस बने हुये कटोरीके सदृश छोटे-छोटे गोलपात्रको करम्भपात्र कहते हैं। इनको चातुर्मास्ययज्ञमें गार्हपत्यमें पकाकर प्रतिप्रस्थातासे वेदिस्थ दक्षिण आहवनीय अग्निमें सूपसे पत्नी हवन करती है। इन चार पात्रोंको रखनेके लिये बीस अङ्गुल लम्बी एक अङ्गुल ऊँची चार अङ्गुल चौड़ा करम्भपात्री होती है। इसमें चार-चार अङ्गुलके चार टुकड़े होते हैं। इन चारोंमें दो अङ्गुलका गोलाईमें एकएक यवके बराबर खात होता है। इसीमें करम्भपात्र रखे जाते हैं। हरएक टुकड़ेके बाद एक-एक अङ्गुल लम्बा चौड़ा मोटा दण्ड रहता है अर्थात् एक एक अङ्गुल जगह छूटी रहती है और मूलमें भी पकड़ने के लिए एक अङ्गुलका दण्ड होता है। यह करम्भपात्री आपस्तम्बशाखामें नहीं होती है। (६७) पञ्चबिलापात्री—एक ओर सोलह अङ्गुल लम्बो, दश अङ्गुल चौड़ी दूसरी ओर आधे हिस्सेमें १५ अङ्गुल चौड़ी और पीछेके हिस्सेमें दश अङ्गुल चौड़ी पाँच-पाँच अङ्गुल चौड़ा पाँच हिस्से जिसमें दो चार अङ्गुल मोटी चार हिस्सेमें दो अङ्गुलकी गोलाईमें एक-एक यव गड्ढा हो, पाँच हिस्सेमें तीन अङ्गुल गर्त हो, ऐसे पात्रको पञ्चबिलापात्र कहते हैं। यह कृष्णयजुर्वेदियोंके कार्यमें आती है। (६८) पिशीलक—बड़े मुख के बड़े गर्तवाला धातुका अर्थपरिमाण पायस आदिके रखनेके लिए पात्र (बहुगुणा) पिशालक होता है। चातुर्मास्ययागान्तर्गत गृहमेधीया इष्टिमें इसका उपयोग होता है। (६६) परिषेचन घट—पूतभृत और आधवनीय कलशके सदृश घटको परिषेचनघट कहते हैं। यह केवल आपस्तम्बके लिए है। (१००) त्रिबिलापात्री—वारणकाष्ठकी चार अङ्गुल ऊँची एकतरफ पूर्व-पश्चिम बारह अङ्गुल लम्बी दूसरी तरफ दक्षिण उत्तर (प्रथम टुकड़ेके साथ) दश अङ्गुल लम्बी उसमें भी दूसरे भागमें तीन अङ्गुलका गढ़ा बनाना, दो अङ्गुल के दण्डवाला, दण्डके बाद दश अङ्गुलके चौकोर हिस्सेमें पाँच—पाँच अङ्गुलके दो टुकड़े करके दोनों टुकड़ोंमें आठ आठ अङ्गुलकी गोलाईमें यवमात्र गड्ढा करना, इसको त्रिबिलापात्री कहते हैं। (१०१) दशापवित्र—एक हाथ दश अङ्गुल चौड़ा जीवित भेड़के ऊनसे बना एकतरफ जिसमें दशा हो वह एक तो दशापवित्र कहा जाता है और दोनों ओर जिसमें दशा हो वह उभयतो दशदशापवित्र कहा जाता है। इसमें सोमलता का रस छाना जाता है। (१०२) कूर्च—बाहु के बराबर लम्बा चार अङ्गुल चौड़ा आधा अङ्गुल मोटा मूल और अग्रमें एक-एक अङ्गुल मोटा पावा जिसमें लगा हो वह वारणकाष्ठका कूर्च होता है। सायं-प्रातः अग्निहोत्रके समय में इसके ऊपर स्रुक् रखा जाता है। (१०३) आबिला—अरणिमन्थन के लिए एक मन्थन दण्ड होता है, उस मन्थन दण्डके ऊपर दो अङ्गुलका लोहकील जड़ा हुआ होता है। उस लोहकील के बारह अङ्गुल की दो अङ्गुल गोलाई की मोटी खैर की आबिला होती है। उसको उपमन्थ भी कहते हैं। यह आबिला मन्थनदण्ड को दबानेके लिए होता है। (१०४) समिध—पलास आदि की कनिष्ठा अङ्गुलीके अग्रभागके सदृश स्थूल त्वचा वाली दश अङ्गुलकी बिना घुना बिना फटा अविशाखा लकड़ी को समित् कहते हैं। प्रचयन अग्निष्टोम में सुपारी, शमी, विकङ्कत और गूलर की समित् होती है। (१०५) महावीर—सोमयागमें घृत रखने के लिये मृत्तिकासे बना हुआ बारह अङ्गुल लम्बा ६ अङ्गुल गोल मध्यमें सङ्कुचित नव अङ्गुलके ऊपर एकमेखला जिसमें हो, मूलसे लेकर अग्रतक गर्त हो इसको महावीर कहते हैं। (१०६) मेखला—मूँजसे बनाई गई वेणीके समान तीनलड़ी गूँथी हुई सोमयागमें यजमानके कटिप्रदेशमें बाँधी जानेवाली चार हाथ रस्सीको मेखला कहते हैं। (१०७) सोमयागमें आतिथ्या इष्टिके अनन्तर यजमान और सोलह ऋत्विक् घृतस्पर्श करके शपथ करते हैं कि हम परस्पर आजसे द्रोह न करेंगे। उस घृतस्पर्श को 'तानूनप्त्र' कहते है। यह घृत जिस पात्रमें रहता है उस प्राणीतासदृश पात्रको तानूनप्त्रचमस कहते हैं। यह पात्र केवल आपस्तम्बशाखियोंके लिये विहित है। माध्यन्दिनशाखावाले मृन्मयरहित धातुपात्रको तानूनप्त्रचमस कहते हैं। (१०८) यमासन्दी—यजमान के कन्धे के बराबर अर्थात् तीन हाथ ऊँचा गूलरकी एक हाथ चौड़ी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बल्वजकी तीन लड़ी रस्सी से बनी हुई (बल्वज त्रिगुणरज्जुव्यूता) चार पावे वाली घर्मासन्दी होती है। इसमें घर्म-सम्बन्धी सब पात्र रखे जाते हैं। सोमयागमें एक कर्म विशेषको घर्म कहते हैं। (१०९) ध्रुवा—वारणकाष्ठ की देवयाज्ञिक के मत में विकङ्कतकाष्ठ की जुहू के सदृश बाहुप्रमाण स्रुक् ध्रुवा होता है। इसमें चार स्रुव घृत छोड़कर समिष्ट यजु नामक होम के लिए रखा जाता है और यज्ञसमाप्ति तक यह स्थिररूप से रखी रहती है, इसका नाम ध्रुवा है। आपस्तम्बादिशाखामें इसकी लम्बाई २४ अङ्गुल की है। चयनयाग में गंभारी (काष्मर्यमयी) बाहुप्रमाण जुहू के सदृश एक स्रुक् और गूलर की बारह अंगुल की दूसरी स्रुक् होती है। इष्टकाओं के साथ यह भी रखी जाती है। आपस्तम्बादिशाखा में पहली स्रुक् का १४ अङ्गुल का प्रमाण है। (११०) परिधि—दर्शपौर्णमासादियाग में आहवनीय कुण्ड के दक्षिण, पश्चिम, उत्तर तरफ पलाश की बाहुप्रमाण समित् रखी जाती है। इसको परिधि कहते हैं। (१११) द्रोणकलश—वारणकाष्ठ का अठारह अङ्गुल लम्बा बारह अङ्गुल चौड़ा आठ अङ्गुल ऊँचा सात अङ्गुल गहरा चार अङ्गुल दण्डवाला सोमयागादि में सोमरस रखने के लिये पात्र को द्रोणकलश कहते हैं। आपस्तम्बशाखावाले कोई आचार्य द्रोणकलश को वृत्त मानते हैं। (११२) उखा—सचयनसोमयाग में मृत्तिका की दस अङ्गुल ऊंची दस-दस अङ्गुल लम्बी चौड़ी चौकोर नीचे से आठ अङ्गुल के ऊपर चारो तरफ मेखला हो और चारों दिशाओं में नीचे मेखला तक मृत्तिका से चार बत्ती बनी हो, बत्ती के अग्रभाग में स्तन के सदृश चिह्न बने हो उसको कहते हैं। इसमें अग्नि रखी जाती है। अथवा ५० अङ्गुल लम्बी दस अङ्गुल ऊँची और १० अङ्गुल चौड़ी चौकोर उखा होती है। दर्शपूर्णमासादि याग में जिस मृत्तिका या तैजसपात्र में दुग्ध गरम करते हैं, उसको भी उखा कहते हैं। (११३) प्रमन्थ – उत्तरारणि का आठ अङ्गुल का दो अङ्गुल चौड़ा और दो अङ्गुल ऊँचा काष्ठखण्ड प्रमन्थ कहलाता है। (११४) फलीकरणपात्र—वारण का एक अङ्गुल मोटा चार अङ्गुल चौड़ा बारह अङ्गुल लम्बा यवमात्र खात चौकोर फलीकरणपात्र होता है। दर्शपूर्णमासादियज्ञ में पुरोडाशसम्बन्धी व्रीहि आदि को उलूखल में मूसल से कूटकर शूर्प से पछाड़ते हैं, उससे जो तुषादि गिरते हैं, उनको फलीकरण कहते हैं, उन्हें रखने के लिए पात्र फलीकरणपात्र कहे जाते हैं। यह पात्र केवल आपस्तम्बशाखा में विहित है। कोई आपस्तम्बशाखावाले इसपात्र को मध्य से दो करके एकभाग में फलीकरण रखते हैं। दूसरे में पिष्टलेप रखते हैं। पुरोडाश बनानेके समय जो अङ्गुलियों में आटा लगता है वह पिष्टलेप है, उसका यज्ञान्त में हवन होता है। (११५) उखासन्दी—गूलर की दश अङ्गुल के पाँव वाली एकहाथ लम्बी-चौड़ी मूञ्ज की रस्सी से बनी हुई चौकोर उखा को रखने के लिए मँचिया को उखासन्दी कहते हैं। (का० श्रौ० १६।५।५)। (११६) अंभृण—बड़े मुखका मृत्तिका का घट अम्भृण (कंडा) होता है। इसको मणिक भी कहते हैं। (११७) आभिषेकपात्र—राजसूयज्ञमें राजाके अभिषेक के लिए पलाश, वड, गूलर और पीपल के अर्थप्रमाणपात्र को अभिषेक कहते हैं। (११८) संदंश—धातु का बना हुआ तप्त चमसपात्र आदिको उतारने में उपयोगी एकहाथ का चिमटा या सडसी संदंश है। (११९) यव या चावलके आटे का चोंचदार पेड़ा या लिट्टीके सदृश जो पिष्ट पिण्ड अग्न्यादिदेवताओं के निमित्त होमकरने के लिए बनाया जाता है उसको पुरोडाश कहते हैं। उस पुरोडाश का पाक भूमिमें अङ्गारों पर लिट्टी की तरह नहीं होता है, किन्तु गार्हपत्यकुण्ड में अङ्गारों के ऊपर मृत्खण्ड रख कर उसपर अङ्गार रख के उसके ऊपर पुरोडाश पकाया जाता है उस मृत्खण्ड को कपाल कहते हैं वह तेरह प्रकार का है—एक कपाल, द्विकपाल, त्रिकपाल, चतुःकपाल, पञ्चकपाल, षट्कपाल, सप्तकपाल, अष्टकपाल, नवकपाल, दशकपाल, एकादशकपाल, द्वादशकपाल और त्रयोदशकपाल। छ अङ्गुल की गोलाई में दो अङ्गुल ऊंचा मृत्खण्ड एककपाल होता है। छः अङ्गुल की गोलाई दो अङ्गुल की ऊंचाई बराबर के दो टुकड़े कर दिये जावें तो द्विकपाल होता है। बराबर के तीन टुकड़े होने से त्रिकपाल, दक्षिण की तरफ के हिस्से में दो और ऊपर के दोनों हिस्से में एक एक होने से चतुष्कपाल होता है। दक्षिण के तरफ तीन और बाकी दो टुकड़े एक एकरहने से पञ्चकपाल। बराबर के छ टुकड़ों से षट्कपाल। दक्षिण के टुकड़े का तीन हिस्सा बाकी के दो टुकड़ों का दो दो हिस्सा होने से सप्तकपाल। दक्षिण और बीच के टुकड़ों का तीन तीन हिस्सा उत्तर के टुकड़े का को खण्ड करने से अष्टकपाल। तीनों टुकड़ों का तीन तीन हिस्सा करने से नवकपाल। दक्षिणभाग में पांच मध्यभाग में में तीन उत्तर भाग २ हिस्सा करने से दशकपाल। दक्षिण में पांच मध्यम में तीन उत्तर में तीन हिस्सा करने से एकादशकपाल। दक्षिण में पांच मध्यम में तीन उत्तर में चार हिस्सा करने से द्वादशकपाल। दक्षिण में ५ मध्यमें ३ उत्तर में ५ हिस्सा करने से त्रयोदशकपाल होता है। अष्टाकपाल से त्रयोदशकपालतक। बीच के तीन और दक्षिण में एकटुकड़ा बीच का ये चार टुकड़े एक नाप के होते हैं। यह शुक्लयजुर्वेद के लिये विधान है। (११९) रौहिणहवनी—सोमयाग में घर्मनामक एककर्म है, उसमें गूलरकाष्ठ की खातरहित जुहूके सदृश स्रुक्को रौहिणहवनी कहरते हैं। इससे रौहिणपुरोडाशका हवन होता है। आपस्तम्बादिशाखामें यह २४ अङ्गुल की होती है। (१२०) आकर्षफलक—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(प्रेतस्य स्नानवस्त्रालङ्करणादिकथनम्)

प्रचेताः—स्नानं प्रेतस्य पुत्राद्यैर्वस्त्राद्यैः पूजनं ततः ॥
नग्नदेहं दहेन्नैव किञ्चिद् देयं परित्यजेत् ॥

प्रचेता ने कहा है—तदनन्तर पुत्र आदि प्रेत को स्नान कराकर वस्त्र आदि से पूजन करें। नग्न शरीर का दाह नहीं ही करे। कुछ देकर (शव के वस्त्र का एकदेश हिस्सा, श्मशानवासी के लिये देना चाहिये) वस्त्र का त्याग करे।

यमः—'प्रेतं दहेच्छुभैर्गन्धैः स्नापितं स्रग्विभूषितम् ।

यम ने कहा है—प्रेत का शुभ गन्धों से (धूप, सुगन्धचूर्ण आदियों से) दाह करे। स्नान कराकर मालाओं से विभूषित करे।

(प्रेतस्य वपनं तथा नलदानुलेपनादिकथनम्)

आश्वलायनसूत्रे (अ. ४ ख. १।४ पृ. ११४)—संस्थिते (तीर्थेन निर्हृत्यावभृते) प्रेताऽलङ्कारान् कुर्वन्ति 'केशश्मश्रुलोमनखानि वापयन्ति नलदेनानुलिम्पन्ति नलदमालां प्रतिमुञ्चन्ति' इति ।

आश्वलायनसूत्र में कहा है—मरने के बाद प्रेत को अलंकृत करते हैं। केश (प्रेत का मुण्डन कारिका में नहीं कहा है शिष्ट लोग करते हैं।), दाढ़ी, बाल और नख को कटवाते हैं। नलद (उशीर) से अनुलेपन करते हैं। नलदमाला (उशीर की माला) को पहनाते हैं।

(नग्नप्रेतस्य दाहे विचारः)

माधवीये ब्राह्मे—दरिद्रोऽपि न दग्धव्यो नग्नः कस्याश्चिदापदि ।

माधवीय में ब्रह्मपुराण का वचन है—किसी भी आपत्ति में रहकर और दरिद्र होने पर भी नग्न (नवीन वस्त्र से आच्छादन करे—एसा आश्वलायन ने कहा है।) प्रेत का दग्ध नहीं करना चाहिये।

एकहाथ लम्बा विकङ्कतकाष्ठ अग्रभागमें सर्प के फण के सदृश और कुछ गर्तयुक्त मूलभाग में सर्पपुच्छसदृश सर्पाकार अग्रभाग में अढ़ाई अङ्गुल चौड़ा और फिर मूलभागतक क्रम से कुछ सङ्कुचित पात्र आकर्षफलक है। उपाकर्म में इसके द्वारा तिलहोम किया जाता है। (१२०) अरणी—शमीवृक्षके साथ पीपल पैदा हो उसके पूर्वके ओरसे या उत्तरके ओर की या ऊपरको गयी हुई शाखासे २४ अङ्गुल ६ अङ्गुल चौड़ी चार अङ्गुल ऊँची मूल और अग्रणी को जतानेवाला चिन्ह जिसमें लगा हो ऐसे काष्ठको अरणी कहते हैं। यह अरणी दो प्रकारकी होती है। अधरारणी तथा उत्तरारणी। जिसमें मन्थन के द्वारा अग्नि उत्पन्न हो उसे अधरारणी कहते है। और जिससे मन्थन किया जाय उसको उत्तरारणी कहते हैं। हिरण्यकेशी शाखामें अरणी चौबीस अङ्गुल लम्बी, आठ अङ्गुल चौड़ी और चार अङ्गुल ऊँची होती है। आपस्तंब और आश्वलायन शाखामें बारह अङ्गुल चौड़ी, सोलह अङ्गुल लम्बी और चार अङ्गुल ऊँची होती है। उत्तरारणी भी पूर्वप्रमाण की होती है। परन्तु उसमें दो दो अङ्गुल चौड़े आठ आठ अङ्गुल लम्बे दो दो अङ्गुल ऊँचे अठारह टुकड़े होते हैं। इसमें से एक शंकुको मन्थन दण्डमें लगाकर अरणीमन्थन किया जाता है। (१२१) प्रणीतापात्र—वारणकाष्ठका दो अङ्गुलका दण्ड हो, बारह अङ्गुल दीर्घ, चार अङ्गुल विस्तार, तीन अङ्गुल खात, एक अङ्गुल की परिधिवाला पात्र प्रणीतापात्र कहलाता है। यज्ञके आरंभमें जलका संस्कार कर रख दिया जाता है यज्ञमें जलसे जितना प्रयोजन हो इसी जलोंसे होता है। इन संस्कृत जलों को प्रणीता कहते हैं और ये जल जिसपात्रमें रखे जाते हैं वह प्रणीतापात्र होता है। आश्वलायन शाखामें स्मार्त कर्ममें प्रणीतापात्र उक्त प्रणीतापात्रके आधे परिमाणका होता है। छः अङ्गुल चौड़ा, चार अङ्गुलका तीन अङ्गुलका दण्ड प्रणीता पात्र होता है—यह आपस्तंब मत है। आठ अङ्गुल विल हो दस अङ्गुलका पीपलका हो यह बौधायनमत है। ऋतपेययागमें तर्जनी के मूलपर्व प्रमाणके समान चौड़ा और लम्बा उतना ही गहरा दण्डके सहित प्रणीतापात्र होता है। एवं मध्यमांगुलि प्रथम पर्व प्रमाण दूसरा और अनामिकांगुलिके पर्वप्रमाण तीसरा प्रणीतापात्र होता है। इनसे ऋतपेययागमें घृत भक्षण किया जाता है। (१२२) प्रोक्षणीपात्र बारह अङ्गुलका पाणिमात्र बिल, तीन अङ्गुल खात, दो अङ्गुलका दण्ड हंस मुखके समान नालीदार मध्यमें पाँच अङ्गुल की गोलाई वारणकाष्ठका प्रोक्षणीपात्र होता है। जिन संस्कृत जलोंसे यज्ञमें पात्र आदिका प्रोक्षण होता है उन जलोंको प्रोक्षणी कहते हैं। उन जलोंका रखनेका पात्र प्रोक्षणीपात्र होता है। आश्वलायन शाखामें—स्मार्त कर्ममें उक्त प्रमाणसे आधे प्रमाणका प्रोक्षणीपात्र होता है। प्रणीतापात्र ही प्रोक्षणीपात्र होता है। यह आश्वलायनशाखियोंका मत है। इस पक्षमें वे दो प्रणीतापात्र रखते हैं। —श्री दौलतराम गौड

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(निःशेषदग्धे विचारः)

तथा—निःशेषस्तु न दग्धव्यः शेषं किञ्चित् त्यजेन्नरः ।

प्रेत का दाह निःशेष नहीं करना चाहिये । कुछ शेष (शव के वस्त्र का एकदेश श्मशान में रहनेवालों को देना चाहिये) छोड़ देना चाहिये ।

(दाहकाले अग्निनाशे विचारः)

दाहकालेऽग्निनाशे तु मदनरत्ने यज्ञपार्श्वः—यजमानो मृतः क्वापि चितादौ वा प्रवेशितः। वर्षाद्यभिहतेऽग्नौ तु कथं प्रेतविकल्पना ॥ शेषं दग्ध्वा प्रदग्धेषु निर्मन्थ्यैव तु कारयेत् ।

दाहकाल में अग्नि के नाश में तो मदनरत्न में यज्ञपार्श्व का वचन है—यजमान के मरने पर कहीं भी चिता आदि में प्रवेश किया हो तो वर्षा आदि से अग्नि का नाश हो जाय तो प्रेत की कल्पना कैसे हो अवशिष्ट का दाह अग्नि को मथकर ही करावे ।

(क्रियानिबन्धे—उदधारामविच्छिन्नां सिञ्चेत्कर्ता प्रदक्षिणम् ।
स्कन्धावसिक्तकुम्भेन पादतः परितश्चितेः ॥)

क्रियानिबन्ध में कहा है—प्रदक्षिणक्रम से कर्ता अविच्छिन्नरूप से जल की धारा का सेचन करे। कन्धे पर स्थित सेचन कुंभ से पैरों के चारों तरफ चिता की तरफ छोड़ दे ।

(पर्णशरदाहाग्निनाशे पश्चाद्देहलाभे च विचारः)

अथ पर्णशरादिदाहेनाग्निनाशे पश्चात्तद्देहलाभे मदनरत्ने ब्राह्मे—अथ पर्णशरे दग्धे पात्रन्यासे कृते सति । गतेष्वग्निषु तद्देहो यद्यूर्ध्वं लभते क्वचित् ॥ तदाऽर्द्धदग्धकाष्ठानि तानि निर्मथ्य तं दहेत्। यद्यर्धदग्धकाष्ठं तु तदीयं वै न लभ्यते ॥ तदा तदस्थिखण्डं तु निःक्षिप्यं महाजले ।

अब पर्णशर (पुत्तल) आदि के दाह में अग्नि के नाश में बाद में उसके शरीर लाभ में मदनरत्न में ब्रह्मपुराण का वचन है—अब पर्णशर के जलने पर और पात्रों के स्थापन करने पर अग्नियों के जाने पर (नाश होने पर) उसका शरीर बाद में कभी प्राप्त हो तो उस आधे जले हुए काष्ठों को ही मथकर उसका दाह करे। यदि आधी जली लकड़ी उसकी नहीं ही प्राप्त हो तो उसको अस्थियों के खण्ड को अथाह जल में प्रक्षेप करना चाहिये ।

(दम्पत्योरेकदा मृतौ विशेषकथनम्)

दम्पत्योरेकदा मृतौ विशेषमाह आपस्तम्बः—तथैव प्रेते सहैव पितृमेधो द्विवचनलिङ्गान्मन्त्रान् सन्धारयति । पितृमेधो दाहान्तं कर्म, 'दाहान्तमेकतन्त्रत्वम्' इति बौधायनोक्तेः । अस्थिसञ्चयनमप्येकम् । उदकपिण्डदानादि पृथगेव । सहगमनेऽप्येवम् ।

एकसमय स्त्री पुरुष के मरने पर आपस्तंब ने विशेष कहा है—उसीसमय एक साथ मरने पर पितृमेध (दाहादि कर्म) करे । उसके द्विवचन लिंगों के मन्त्रों को पढ़ना चाहिये । पितृमेध शब्दसे दाहान्तकर्म कहा है । बौधायन ने कहा है—दाहान्त एकतन्त्र है । अस्थिसंचय भी एक होता है । उदक (जल) और पिण्डदान आदि अलग ही होते हैं । सहगमन (एक साथ जाने में) भी यही है ।

तदाह मदनरत्ने भाष्यार्थसङ्ग्रहकारः—एककालमृतौ भार्या भर्ता च यदि चेत् द्वयोः ।
तन्त्रेण दहनं कुर्यात्पिण्डश्राद्धं पृथक् पृथक् ॥

उसी बात को मदनरत्न में भाष्यार्थसंग्रहकार ने कहा है—एकसमय में पत्नी और उसका पति यदि ये दोनों मर जायँ तो तन्त्र से दाह करे और अलग अलग पिण्डदान करे ।

एककाले मृतौ जायापती यदि तदा पितुः । विभज्याग्निं क्रियां कुर्यादिति यत्तदसाम्प्रतम् ॥

एकसमय में यदि स्त्री और पुरुष मर जायँ तो पिता का जो अलग अग्नि से क्रिया करते हैं, वह उचित नहीं है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दाहान्तमेकतन्त्रत्वमिति याज्ञिकसम्मतम् । मृतं पतिमनुव्रज्य या नारी ज्वलनं गता ॥ अस्थिसञ्चयनान्तोऽस्या भर्तुः संस्कार एव हि । कीकसानां तु संस्कारोन्यायसिद्धोऽपि यो मतः ॥

याज्ञिकों की संमति है कि दाहान्तकर्म एकतन्त्र से करे। मरे हुए पति के बाद जो स्त्री चिता में चली गयी है । अस्थिसञ्चयनान्त कर्म उस स्त्री का पति के संस्कार से ही है।

एककाले मृतेऽप्येवं कीकसानां विधिः स्मृतः । नवश्राद्धं सपिण्डान्तं भिन्नकालमृतौ यथा ॥

कीकसों (अस्थियां) का तो संस्कार न्याय सिद्ध भी है। एकसमय में मरने पर भी यही कीकसों (अस्थियों) की विधि कही है। जैसे भिन्नसमय में मरने पर नवश्राद्ध से सपिण्डपर्यन्त कर्म होता है।

कपर्दिकाशिकापि——मृते भर्तरि तद्दाहात्प्राक् पत्नी म्रियते यदि । पत्न्यां वा प्राक् प्रमीतायां दाहादर्वाक् पतिर्मृतः ॥ तत्र तन्त्रेण दाहःस्यान्मन्त्रेषु द्वित्वमूह्यते । कीकसानां तु संस्कारः पृथगेव तयोर्भवेत् ।। एकाहमृत्यौ युगपन्नवश्राद्धादिकं तयोः । मृतं पतिमनुव्रज्य पत्नी चेदनलं गता ॥ तत्रापि दाहस्तन्त्रेण पृथगस्थिक्रिया भवेत् ॥ अस्थिसञ्चयनपृथक्त्वे विकल्पः ।

कपर्दिकारिका में भी कहा है—पति के मरने पर उसके दाहसंस्कार के पूर्व यदि उसकी पत्नी मर जाय तो या पत्नी के पहले मर जाने पर दाह के पूर्व पति मर जाय तो वहाँ पर तन्त्र से दाह करे। पर मन्त्रों में द्विवचन का ऊह करे। कीकसों का तो संस्कार अलग ही दोनों का होता है। एकदिन में मरने पर एक साथ दोनों का नवश्राद्ध आदि होता है। मरे हुए पति के बाद पत्नी अग्नि में गयी हो तो वहाँ पर भी दाह तन्त्र से होता है पर अस्थिक्रिया अलग होती है। अस्थिसञ्चयन के अलग में विकल्प कहा है।

सहगमने सर्वत्र पाकैक्यमाह प्रचेताः——एकचित्यां समारूढौ म्रियेते दम्पती यदि ।
तन्त्रेण श्रपणं कुर्यात्पृथक्पिण्डं समाचरेत् ॥

एक साथ जानेपर सर्वत्र एक पाक ही प्रचेताने कहा है——यदि एक चिता में आरूढ होकर दम्पती मर गये (दग्ध हो गये) हों तो तन्त्र से पाक करे और पिण्ड को अलग अलग करे।

(उदकदानविधिः)

अथोदकदानं वसिष्ठः——'शरीरमग्नौ संयोज्यानवेक्ष्यमाणा अपोऽभ्यवयन्ति सव्योत्तराभ्यां पाणिभ्यामुदकक्रियां कुर्वन्त्ययुग्मान् ।

अब जलदान वशिष्ठ ने कहा है——शरीर को अग्नि में मिलाकर नहीं देखते हुए जल के समीप में जाकर बायें तथा दाहिने हाथों से अयुग्म उदकक्रिया (जलदान) करे।

आपस्तम्बः——'मातुश्च योनिसम्बन्धेभ्यः पितुश्चासप्तमात्पुरुषाद्यावतां वा सम्बन्धो ज्ञायते तेषां प्रेतेदूषकक्रिया' इति ।

आपस्तंब ने कहा है–और माता के योनिसम्बन्धों के लिए तथा पिता के सात पीढ़ियों तक या जितनों का संबन्ध मालुम हो उतनों की प्रेतकर्मों में जलक्रिया होती है।

याज्ञवल्क्यः (प्रा० श्लो० ३,५)——सप्तमाद्दशमाद् वापि ज्ञातयोऽभ्युपयन्त्यपः । अप नः शोशुचदघमनेन पितृदिङ्मुखाः ॥ सकृत्प्रसिञ्चन्त्युदकं नामगोत्रेण वाग्यताः ।

याज्ञवल्क्य ने कहा है–सातवें या दशवें दिन से पहले समान गोत्रवाले या सपिण्डपुरुष जल के पास जाकर (स्नानकर) [1]'अप नः शोशुचदघम्' इस मन्त्र से पितरों की दिशा दक्षिण की तरफ मुख को कर

१—प्रजापतौ त्वा देवतायामुपोदके लोके निदधाम्यसौ ॥ अपनः शोशुचदघम् ॥ (यजु० ३५।६।) ॥ यह अमुक नाम वाला मरा व्यक्ति उदकसमीपवर्ती स्थान में प्रजापतीदेवता के याद में तुमको स्थापन करता हूँ। वह प्रजापति हमारे पापों का अधिक नाश करे। या इस जल के आक्रम से रेतेपाप धोये जाँय ॥ ऋ० १।६१।१ अथर्व० ४ ३३।१। तै० ६।१०।११।१) । इति मन्त्रेण दक्षिणमुखाः अपः अभ्युपयन्ति। अभ्युपगमनेन तत्प्रयोजनभूतोदकदानविधिरभ्युपगमनं लक्ष्यते ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उदकदान करें। ('अमुकनामा अमुकगोत्रः प्रेतस्तृप्यतु' ऐसा प्रयोग करे)। (सपिण्ड गण) मौन होकर गोत्र सहित प्रेतका नाम लेकर ए बार (या तीन बार) अञ्जलि दें।

सप्तमाद् दशमाद् वा दिवसादर्वागिति विज्ञानेश्वरः। कातीयास्तु सप्तमाद् दशमाद् वा पुरुषादित्याहुः, 'सप्तमाद् दशमाद् वा पुरुषात्समानग्रामवासे यावत्सम्बन्धमनुस्मरेयुः' इति पारस्करोक्तेः। मन्त्रस्नानाङ्गमेवेति हेमाद्रिः।

विज्ञानेश्वरने कहा है—सातवें या दशवें दिनके पहले जलदान करें। कातीयोंने तो कहा है—सातवें या दशवें पुरुष से (जलके समीपमें जाकर जल दता है)। पारस्करने कहा है—सातवें या दशवें पुरुषसे एक गाँव में निवास करनेवालों का जबतक संबन्ध मालुम हो उतने का स्मरण करे। हेमाद्रि ने कहा है—(जन्म, नाम के ज्ञानपर्यन्त) या मन्त्रस्नानांग (सव्यानामिकयाऽपनोद्यापनः शोशुचदघमिति दक्षिणामुखानिमज्जति—इति पारस्करः। इसीप्रकार मन्त्र में विकल्प या समुच्चय है। उदकदानमें नामादि युक्त ही का विस्तार है। मन्त्र-'असावेतत्ते उदकम्' ऐसा उसने कहा है। 'असौ' यह प्रेत संबुद्धि है।) ही है—यह हेमाद्रि का कहना है।

प्रचेताः—प्रेतस्य बान्धवा यथावृद्धमुदकमवतीर्य नोद्धर्षयेयुरुदकान्ते प्रसिञ्चेयुरपसव्ययज्ञोपवीतवाससो दक्षिणामुखा ब्राह्मणस्योदङ्मुखाः प्राङ्मुखाश्च राजन्यवैश्ययोः।

प्रचेता ने कहा है—प्रेत के बान्धव वृद्धों के क्रम से जलमें उतर कर स्नान करें तथा जलके समीप में बैठकर यज्ञोपवीत और वस्त्र को अपसव्य कर शूद्र दक्षिणाभिमुख, ब्राह्मण उत्तरमुख, क्षत्रिय और वैश्य पूर्व मुख हो जलदान करें। (शंख ने कहा है—वस्त्र से उत्तरीय (दुपट्टा) वस्त्र क्षत्रिय तथा वैश्य के लिए है। क्षत्रिय और वैश्य तो अपसव्य हो वस्त्र और यज्ञोपवीत करें। ब्राह्मणों को तो एक वस्त्र है—यह बैजवाप ने कहा है। योगीश्वर ने कहा है—दक्षिणाभिमुख ब्राह्मण के लिये ही है। शूद्र का तो कोई नियम नहीं है। उदकदान तो सब वर्णों को बराबर ही है। उसमें कोई अंग वर्णविशेष में नियन्त्रित है। कोई तो सब वर्णों के लिए समान होते हैं।)

स एव 'नदीकूलं ततो गत्वा' इत्युक्त्वा—सचैलस्तु ततः स्नात्वा शुचिः प्रयतमानसः। पाषाणं तत आदाय विप्रे दद्याद् दशाञ्जलीन्॥ द्वादश क्षत्रिये दद्याद् वैश्ये पञ्चदश स्मृताः। त्रिंशत् शूद्राय दातव्यास्ततस्तु प्रविशेद् गृहम्॥ ततः स्नानं पुनः कार्यं गृहशौचं च कारयेत्।

वहीं ही (प्रचेता ही) कहते हैं—नदी के (भागीरथी आदि, 'धर्म्यास्वप्सु' यह बैजवाप ने कहा है।) किनारे पर जाकर सचैल (पूरे वस्त्रों सहित) स्नान करके फिर शुद्ध तथा सावधान मन से मनुष्य पत्थर को ग्रहण कर उसपर दश अञ्जली, क्षत्रिय बारह अञ्जली, वैश्य पन्द्रह अञ्जली और शूद्र तीस अञ्जली को देकर घर में प्रवेश करे। तदनन्तर स्नान कर फिर घर की शुद्धि करे।

(प्रेतस्नाने विशेषः)

प्रेतस्नाने विशेषः शुद्धितत्त्वे आदिपुराणे—आदौ वस्त्रं च प्रक्षाल्य तेनेवाच्छादितैस्ततः। कर्तव्यं तैः सचैलं तु स्नानं सर्वमलापहम्॥ पूर्वं परिहितं वस्त्रं प्रक्षाल्य पुनः परिधाय स्नायादित्यर्थः। 'अपनः' इति मन्त्रेण वामहस्तानामिकया जलालोडनम्। अवतरणे वृद्धपुरः सरत्वोक्तेः। यथाबालं पुरस्कृत्य इति बौधायनीयं जलादुत्थानपरमिति हारलतादयः।

प्रेत स्नान में विशेष शुद्धितत्त्व में आदित्यपुराण के वचन से कहा है—आदि (प्रथम) में वस्त्र को प्रक्षालन कर उसी ही वस्त्र से आच्छादित होकर सब मल को दूर करनेवाले सचैल स्नान करें। पहले पहने हुए वस्त्र का प्रक्षालन कर फिर से पहनकर स्नान करे—यह अर्थ है। [1]'अपनः' (यजु० ३५।६) इस मन्त्र से बायें हाथ की अनामिका अंगुली से जल का आलोडन (हिलाना, मिश्रण करना) करे। उतरने में वृद्धजनों को आगे कर कहा है। बालकों को आगे करके इस बौधायनीय वचन है। जल से निकलने में है—यह हारलता आदि कहते हैं।

१—अपनः शोशुचदघमग्ने शुशुग्ध्यारयिम्। अपनः शोशुचदघम्॥ (ऋ० १।९७।१ अथर्व० ४।३३।१ तै० आ० ६।१०।१।१।१)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अञ्जलिदाननिर्णयकथनम्)

आश्वलायनः (अ० ४ ख० ४ पृष्ठ ११२-११३)—सव्यावृतो व्रजन्त्यनवेक्षमाणाः, यत्रोदकमवहद्भवति तत्प्राप्य सकृदुन्मज्य एकाञ्जलिमुदकाञ्जलिमुत्सृज्य तस्य गोत्रं नाम गृहीत्वा' इति।

आश्वलायन ने कहा है—सव्य होकर (संस्कारानन्तर चिता की अप्रदक्षिणक्रम से प्रदक्षिणा कर) प्रेत को नहीं देखतो हुई जहाँ पर स्थिरजल तडाग आदि होता है वहाँ जाकर स्नानकर एकबार जल की अञ्जलि को ग्रहण कर उसके नाम और गोत्र से त्याग करें।

प्रचेतसाऽन्वहमञ्जलित्रयमप्युक्तम्। तत्र 'त्रिःप्रसेकं कुर्युः प्रेतस्तृप्यतु' इति।

प्रचेता ने तो प्रतिदिन तीन अञ्जलि भी कहा है। तीन बार सेवन करें—प्रेत तृप्त हो।

तथा—दिने दिनेऽञ्जलीन् पूर्णान् प्रदद्यात्प्रेतकारणात्। तावद्वृद्धिश्च कर्तव्या यावत्पिण्डं समाप्यते॥ एकवृद्धिस्त्रिकवृद्धिर्वेत्यर्थः।

और प्रतिदिन प्रेत के लिए जल से भरकर अञ्जलियों को दे। तब तक वृद्धि करे जब तक पिण्ड समाप्त न हो। एक की वृद्धि करे या तीन की वृद्धि करे—यह अर्थ है। (अर्थात्—पहले दिन एक, दूसरे दिन दो और तीसरे दिन तीन, इस क्रम से वृद्धि करे। तीन की वृद्धि में तो—पहले दिन तीन, दूसरे दिन छ तथा तीसरे दिन नौ इस क्रम से वृद्धि करे। ये उपरोक्त पक्ष स्मृत्यन्तर से जानना चाहिये। इत्यादि)

मदनरत्ने भारद्वाजगृह्ये तु द्विकवृद्धिरप्युक्ता—आशौचान्ते प्रदद्यात्तु प्रेतपुत्रस्तिलाञ्जलीन्। प्रथमेऽह्नि सकृद्दद्यात् पिण्डयज्ञावृता दिवा॥ त्रींश्च दद्याद् द्वितीयेऽह्नि तृतीये पञ्च एव च। चतुर्थे सप्तसंख्यास्तु पञ्चमे नव चोत्सृजेत्॥ षष्ठेऽह्नि चैकादशकाः सप्तमे तु त्रयोदश। अष्टमे पञ्चदशका नवमे दश सप्त च॥ एकोनविंशतिं चाग्रे शताञ्जलिमतं स्मृतम्। केचिद्दशाञ्जलीन् प्रोचुः केचिदाहुः शताञ्जलीन्। पञ्चपञ्चाशतं चान्ये स्वशाखोक्तव्यवस्थया॥

मदनरत्न तथा भारद्वाजगृह्य में तो दो की वृद्धि भी कहा है—आशौच के बाद प्रेत का पुत्र तिलाञ्जलियों को दे। पहले दिन पिण्डयज्ञ की प्रक्रिया से प्राचीनावीति होकर दिन में (रात्रि में नहीं) एक बार दे। दूसरे दिन में तीन, तीसरे दिन में पांच, चतुर्थ दिन में सात, पांचवें दिन नौ संख्या से छोड़ दे। छठे दिन में-ग्यारह, सातवें दिन में-तेरह, आठवें दिन में—पन्द्रह, नवें दिन में—सत्रह, दशवें दिन में-उन्नीस और उसके आगे सौ अञ्जली संख्या से दे। कोई दश अञ्जलियों को कहते हैं। कोई सौ अञ्जलियों को कहते हैं और अन्य पचपन अञ्जलि को अपनी अपनी शाखा की व्यवस्था से कहते हैं।

छन्दोगपरिशिष्टे—अथानवेक्षयन्त्यापः सर्वे चैव शवस्पृशः। गोत्रनामपदान्ते तु तर्पयामीत्यनन्तरम्॥ दक्षिणाग्रान् कुशान् कृत्वा सतिलं तु पृथक् पृथक्॥

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है—अनन्तर शवको स्पर्श करनेवाले सब शवको न देखते हुए गोत्र तथा नाम पद के अन्त में 'तर्पयामि' को कहकर तिल के सहित दक्षिणाग्र कुशाओं को कर अलग अलग जल दें।

विष्णुपुराणे—सपिण्डीकरणं यावदृजुदर्भैः पितृक्रिया।
सपिण्डीकरणादूर्ध्वं द्विगुणं विधिवद्भवेत्॥

विष्णुपुराण में कहा है—सपिण्डीकरणतक सीधी कुशाओं से पितरों की क्रिया करे। सपिण्डीकरण के बाद द्विगुण कुशाओं से विधिवत् करे।

रामायणे—इदं पुरुषशार्दूल विमलं दिव्यमक्षयम्। पितृलोकेषु पानीयं मद्दत्तमुपतिष्ठताम्॥ दानवाक्ये विकल्पः।

रामायण में कहा है—हे पुरुषशार्दूल, यह विमल (रमणीय) दिव्य (द्युलोक में होनेवाला) अक्षय (जिसका नाश न हो) मेरे से दिया हुआ यह जल पितृलोकों में प्राप्त हो। दानवाक्य में—विकल्प है। (प्रेतस्तृप्यतु। प्रचेतामत से अमुष्मै स्वधा। वैजवापमत से—असावेतत्ते उदकम्। पारस्करमत से—असौ तृप्यताम्। हारीत मत से गोत्र नाम पद के अन्त में तर्पयामि कहे। कात्यायन ने भी यही कहा है)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

याज्ञवल्क्यः (प्रा० ४)—कामोदकं सखिप्रत्तास्वस्रीयश्वशुरर्त्विजाम्। काम-इच्छा। प्रेततृप्तीच्छायां देयमन्यथा नेत्यर्थः।

याज्ञवल्क्य ने कहा है—इच्छानुसार सखा-मित्र, प्रत्ता-विवाहिता कन्या या बहिन, भागिनेय, श्वसुर, ऋत्विज, तथा याजक के लिए भी उदकदान करे। (मिताक्षरा में कहा है—काम-इच्छा, कामेनोदकदानं कामोदकं, प्रेताभ्युदयकामनायां सत्यामुदकं देयम्, असत्यां न देयमिति अकरणे प्रत्यवायो नास्तीत्यर्थः) प्रेत के तृप्ति की इच्छा में दे अन्यथा न दे—यह अर्थ है।

शङ्खपारस्करौ—'आचार्ये चैवं मातामहयोश्च स्त्रीणां चाप्रत्तानां कुर्वीरंस्ताश्च तेषाम्' इति। द्विवचनान्मातामह्या अपि।

शंख और पारस्कर ने कहा है—आचार्य, नाना, नानी और अविवाहित कन्याओं को जल दें वे भी उनको दें। यहाँ पर मातामहयोः—इस द्विवचन से मातामही का भी ग्रहण है।

शङ्खलिखितौ—'उदकक्रिया कामं श्वशुरमातुलयोः शिष्ये सहाध्यायिनि राजनि च' इति।

शंख और लिखित स्मृतियों का वचन है-इच्छा से जल की क्रिया को श्वसुर, मामा, शिष्य, सहाध्यायी और राजा को भी दे।

(क्लीबाद्या नोदकं कुर्युः)

वृद्धमनुः—क्लीबाद्या नोदकं कुर्युस्तेना व्रात्या विधर्मिणः।
गर्भभर्तृद्रुहश्चैव सुराप्यश्चैव योषितः॥

वृद्धमनु ने कहा है—क्लीव (नपुंसक), आदि पद से ब्रह्महत्यारा सुवर्ण या उसके सम द्रव्य को हरनेवाले, व्रात्य (समय में जिसका उपनयनसंस्कार न हुआ हो), विधर्मी (पाखण्डी), गर्भ (गर्भपात करानेवाला) (पुत्र और कन्या का उपलक्षण है) पति से द्रोह करनेवाली और सुरापान करनेवाली स्त्रियाँ जलदान न करें।

याज्ञवल्क्यः (प्रा० ५)—न ब्रह्मचारिणः कुर्युरुदकं पतितास्तथा।

याज्ञवल्क्य ने कहा है—ब्रह्मचारी (समावर्तनपर्यन्त) और पतित जलदान न करें। (ब्रह्मचर्य के बाद पूर्वमृत सपिण्डनों का उदकदान और आशौच करता ही रहे)।

षडशीतौ—स्वीयाचारादपि भ्रष्टाः पतिताश्चैव दूषिताः।
न कुर्युरुदकं ते वै तेभ्योऽप्यन्येन चैव हि॥

षडशीति में कहा है-अपने आचरणों से भी भ्रष्ट पतित और दूषित हैं वे जलदान न करें उनके लिए अन्य भी जलदान न करें।

मदनरत्ने हारीतः—पतितानामपविद्धानां चरन्तीनां च कामतः।
प्रत्तानां चैव कन्यानां निर्वर्त्य सलिलक्रिया॥

मदनरत्न में हारीत ने कहा है—पतित और बिना वृद्धावस्था के अपनी इच्छा से भ्रमण करती हुई और विवाहित बहिन कन्याओं को जल की क्रिया (उदकदान) को त्याग करे।

अपरार्के शङ्खलिखितौ—अपपात्रितस्य रिक्थपिण्डोदकानि व्यावर्तन्ते। अपपात्रितः-कृतघटस्फोटः। तस्यापि सङ्ग्रहविधौ कृते आशौचोदकादि कुर्यादित्याशौचप्रकाशः।

अपरार्क में शंख और लिखित स्मृतियों में कहा है-जिसका घटस्फोट हो चुका हो उसका रिक्थ (धन) और पिण्डोदक नहीं होते हैं। उसका भी संग्रहविधि के करने पर आशौच, उदक आदि करे ही—ऐसा आशौचप्रकाश में कहा है।

(आशौचे नियमाः)

अथाशौचे नियमाः। याज्ञवल्क्यः (प्राय० श्लो० १२-१६)—इति संश्रुत्य गच्छेयुर्गृहं बाल-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुरः सराः । विदश्य निम्बपत्राणि नियता द्वारि वेश्मनः ॥ आचम्याग्न्यादिसलिलं गोमयं गौरसर्षपान् । प्रविशेयुः समालभ्य कृत्वाऽश्मनि पदं शनैः ॥

मरणाशौच में नियम कहते हैं। याज्ञवल्क्य ने कहा है—(इसप्रकार कुल के वृद्धों के) वचनों को अच्छीप्रकार से सुनकर (शोक को त्याग कर) बालकों को आगे कर घर में जावें। (वहाँ जाकर) घर के दरवाजेपर खड़े होकर संयत मन से नीम की पत्तियों को दांतों से टुकड़े (कूचकर) कर अर्थात्—(भक्षण न करे) और आचमन कर अग्नि, जल, गोबर तथा पीलीसरसों का स्पर्श कर और आदि शब्द से दूर्वाङ्कुर तथा बैल का भी स्पर्श कर पत्थर पर पैर रखकर धीरे-धीरे घर में प्रवेश करें। (आश्वलायन ने कहा है—पत्थर, अग्नि, गोबर, चावल, तेल और जल का स्पर्श करें। नियताः—का अर्थ मूत्र और पुरीष से बाद विहित आशौच से पवित्र होने पर) शंख के मत से अर्थ—दूर्वा, प्रवाल और वृषभ कहा है।) (आशौचवाला मनुष्य)। कोई आलंभन में मन्त्रों को भी कहते हैं।

प्रवेशनादिकं कर्म प्रेतसंस्पर्शिनामपि। क्रीतलब्धाशना भूमौ स्वपेयुस्ते पृथक् क्षितौ ॥ इदं चाद्येऽह्नि ।

यह पूर्वोक्त निम्बपत्र दशनादिवेश्मप्रवेशकान्तकर्म प्रेत का स्पर्श करनेवालों को (शवनिर्हरण-स्नान-अलंकार करनेवाले सपिण्डों का) पराशरः—अनाथं ब्राह्मणं प्रेतं ये वहन्ति द्विजातयः। पदे पदे यज्ञफलमाप्नुपूर्व्या लभन्ति ते ॥ न तेषामशुभं किञ्चित्पापं चाशुभकर्मणि। जलावगाहनात्तेषां सद्यः शौचं विधीयते ॥ स्नेहादिनानिर्हरणे तु मनुः—(५।१०१, १०२) असपिण्डं द्विजं प्रेतं विप्रो निर्हृत्य बन्धुवत्। विशुध्यति त्रिरात्रेण मातुराप्तांश्च बान्धवान्। यद्यन्नमत्ति तेषां तु दशाहमेव शुध्यति ॥ अनदन्नन्तमह्नैव न चेत्तस्मिन् गृहे वसेत्। विशेष—याज्ञवल्क्यमृति की टीका देखिये) भी है।

खरीदकर या बिना मांगे हुए अन्न का भोजन करे। तथा (पत्ते आदि से आच्छादित या चटाई पर) भूमि पर (खटिया कम्बल आदि पर न करे) अलग (एकाकी) शयन करें। और यह पहले दिन में है।

वसिष्ठः—अधः प्रस्तरे त्र्यहमनश्नन्त आसीरन् क्रीतोत्पन्नेन वा वर्तेरन् ।

वसिष्ठ ने कहा है—आशौचवालों का शयनानार्थ निर्मित चटाई या पत्थर पर तीनदिन भोजन त्याग कर रहे या खरीदकर अन्न का भक्षण करे।

शुद्धितत्त्वे (पृ. ३१९) बैजवापः–शमीमालभन्ते शमी पापं शमयत्विति । अश्मानमालभन्तेऽश्मेव स्थिरो भूयासमिति, अग्निमग्निर्नः शर्म यच्छत्विति, द्योगित्यन्तरा गामजमुपस्पृशन्तः क्रीत्वा लब्ध्वा वा प्राप्य गृहमेकान्नमलवणमेकरात्रं दिवा भोक्तव्यं त्रिरात्रं कर्मोपरमणम्, क्रीताद्यशनमुपवासाशक्तस्य ।

शुद्धितत्त्व में बैजवाप का वचन है—शमी पाप को शमन (दूर) करो—एसा कहकर शमी का स्पर्श करते हैं। पत्थर के सदृश स्थिर रहूँ यों कहकर पत्थर का स्पर्श करते हैं। हमलोगोंको अग्नि सुख दो यों कहकर अग्निका स्पर्श करें। 'द्योगिति' मन्त्र को कहकर गौ और बकरी का स्पर्श करें। खरीदकर या प्राप्त होने पर दूसरे घर से उदक और अन्न को बिना निमक के एकरात-एकदिन में भोजन करें या तीनरात संवाहन, तैलाभ्यंग मार्जन आदि न करे। तीनरात तक भोजन खरीदकर उसके लिए है जो उपवास करने में अशक्त है।

आश्वलायनस्तु (अ० ५ ख० ३ पृ० १४–१७ पृ० १०४–११४ का० ८९)—नैतस्यां रात्र्यामन्नं पचेरन्, क्रीतोत्पन्नेन वा वर्तेरन्, त्रिरात्रमक्षारलवणाशिनः स्युः, द्वादशरात्रं वा' इत्याह ।

आश्वलायन ने कहा है–उस रात में अन्न को न पकावे। या खरीदकर भोजन करे। (कोई इस सूत्रको नहीं पढते हैं।) तीनरात या बारह रात क्षार (यवक्षार आदि या निमक, इससे सैन्धव निमक का निषध नही है। वैसे क्षारों का परिगण यों है–तिलमुद्गाघृते शैव्यं सस्ये गाधूमकोद्रवौ। धान्याक देवधान्यं च शमाधान्यं तथैक्षवम् ॥ स्विन्नधान्यं तथा पण्यं मूलं क्षाराः स्मृताः ॥ और निमक का भक्षण न करे—ऐसा कहा है।

अशक्तौ रत्नाकरे आपस्तम्बः—'भार्या परमगुरुसंस्थायां चाकालभोजनानि कुर्वीरन् ।'

यदा मृतिः, परदिने तावत्कालमित्यर्थः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अशक्ति में रत्नाकर में आपस्तम्ब का वचन है—स्त्री तथा परमगुरु के मरने पर उस समय से दूसरे दिन तक भोजन न करे।

बृहस्पतिः—अधःशय्यासना दीना मलिना भोगवर्जिताः। अक्षारलवणान्नाः स्युर्लब्धक्रीताशनास्तथा॥ भोगोऽभ्यङ्गताम्बूलादिः। क्षाराः परिभाषायामुक्ताः।

बृहस्पति ने कहा है—भूमि पर शयन करे। दीन (मंगलहर्षरहस्यादि का निषेध), मलिन—(मार्जन वस्त्रक्षालन आदि), भोगवर्जित-अभ्यङ्ग (उबटन) तांबूल आदि पद से—माला, चन्दन, व्यसन, उपासनादियों को), क्षार और निमक से रहित प्राप्त या खरीदा हुआ अन्न भक्षण करें। क्षार पदार्थों का परिगणन परिभाषा प्रकरण में कह चुके हैं।

(मार्कण्डेयपुराणमते विचारः)

यत्तु मार्कण्डेयपुराणे—तैलाभ्यङ्गो बान्धवानामङ्गसंवाहनं च यत्।
तेन चाप्यायते जन्तुर्यच्चाश्नन्ति सबान्धवाः॥

जो मार्कण्डेयपुराण में कहा है—तेल से स्नान, बान्धवों के अंग संवाहन (मालिश करना, मुट्ठी भरना) और जो बान्धवगण भोजन करते हैं, उससे प्रेत पुष्ट होता है।

प्रथमेऽह्नि तृतीये च सप्तमे नवमे तथा। वस्त्रत्यागं बहिःस्नानं कृत्वा दद्यात्तिलोदकम्॥ इति, तदन्त्यादनपरम्।

पहले दिन, तीसरे दिन, सातवे दिन और नवमें दिन वस्त्र का त्यागकर बाहर स्नान कर तिलोदक दे। यह अन्त्यदिन परक है।

(आशौचान्ते विचारः)

'अशौचान्ते तिलकल्कैः स्नात्वा गृहं प्रविशेयुः' इति विष्णूक्तेः।

विष्णु ने कहा है—आशौच के अन्त में तिल की खली से स्नान कर घर में प्रवेश करे।

(अस्थिसञ्चयनोर्ध्वं विचारः)

विष्णुपुराणे त्वस्थिसञ्चयोर्ध्वं भोगोऽप्युक्तः—शय्यासनोपभोगस्तु सपिण्डानामपीष्यते। अस्थिसञ्चयनादूर्ध्वं संयोगस्तु न योषिताम्॥

विष्णुपुराण में तो अस्थिसञ्चयन के बाद भोग (अभ्यङ्गादि) भी कहा है—शय्या और आसन का उपभोग तो सपिण्ड को भी कहा है। (बौधायनस्मृति में कहा है—माता और पिता के मरने पर पुत्र को जब तक आशौच है तब तक चटाई पर शयन करना चाहिये। (दशाहं कटमुपासीरन्मातापित्रोर्मरणे) और उतने ही काल तक भोग का भी निषेध है) अस्थिसंचयन के बाद स्त्रियों के साथ मैथुन सपिण्डों को नहीं करना चाहिये।

(ज्ञातिभिः सह भोजनविचारः)

भारते—तिलान् ददतु पानीयं दीपं ददतु जाग्रतु।
ज्ञातिभिः सह भोक्तव्यमेतत्प्रेतेषु दुर्लभम्॥

भारत में कहा है—तिल, जल और दीपक को दो तथा जागरण करो तथा ज्ञातियों के साथ भोजन करे। ये प्रेतों में दुर्लभ है।

(मांसाशनादौ विचारः)

मनुः (अ० ५।७३)—मांसाशनं च नाश्नीयुः शयीरंश्च पृथक् क्षितौ।

मनु ने कहा है—ब्रह्मचारी एकादशाह आदि श्राद्ध के समय तक (मार्जनरहित स्नान) मांस का भक्षण न करे और अलग (एकान्त मे) भूमि पर शयन करे। (मनु ने कहा है—त्र्यहं मांसाशनं च नाश्नीयुः) तीन दिन तक मांस का भक्षण न करे—यह कहना मांस लोलुपता परक है।)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देवजानीये कारिकायाम्—लवणक्षीरमाषान्नापूपमांसानि पायसम् । वर्जयेदाहृतान्नेषु बालवृद्धातुरैर्विना ॥ उपवासो गुरौ प्रेते पत्न्याः पुत्रस्य वा भवेत् ।

देवजानीय में कारिका का वचन है—निमक, क्षीर (दूध), उडद, मालपूडा, मांस और खीर इनको बालक, वृद्ध और आतुर (रोगी) के विना मँगवाये हुए अन्नों में त्याग करे । गुरु के मरने पर पत्नी या पुत्र को उपवास करना चाहिए ।

(ज्ञातिभिः दिवाभोजने दिननियमकथनम्)

मरीचिः—प्रथमेऽह्नि तृतीयेऽह्नि चतुर्थे सप्तमे तथा । ज्ञातिभिः सह भोक्तव्यमेतत्प्रेतेषु दुर्लभम् ॥ भोजनं च दिवैव ।

मरीचि ने कहा है--पहले दिन, तीसरे दिन, सातवें दिन और दशवें दिन बान्धवों के साथ भोजन करना चाहिये । ये प्रेतों को दुर्लभ होता है । भोजन दिन में ही करना चाहिये । (बैजवाप ने तो कहा है—खरीदकर या दूसरे घर से प्राप्त बिना निमक के अन्न को एकरात्रि में भोजन करे ।)

दिवा चैव तु भोक्तव्यममांसं मनुजर्षभ । इति विष्णुपुराणात् ।

विष्णुपुराण में कहा है—हे मनुष्यों में उत्तम, अमांस भोजन दिन में ही करना चाहिये ।

(क्रीत्वा लब्ध्वा वा अन्नभक्षणकथनम्)

क्रीत्वा लब्ध्वा वा दिवान्नमश्नीयुः' इति पारस्करोक्तेश्च ।

और पारस्करगृह्यसूत्र में कहा है—खरीदकर या प्राप्त होने पर अन्नों को दिन में भोजन करे ।

(अन्नभक्षणे पात्रादिविचारः)

मदनरत्ने हारीतः—'पाणिषु मृन्मयेषु पर्णपुटकेषु वाश्नीरन् ।

मदनरत्न में हारीत का बचन है--हाथों में, मट्टी के पात्रों में या पत्तों के दोनों में भोजन करे ।

(आशौचमध्ये यत्नेन स्वगोत्रादीनां भोजनकथनम्)

देवजानीये ब्राह्मे (शुद्धितत्त्वे आदिपुराणे च) आशौचमध्ये यत्नेन भोजयेच्च स्वगोत्रजान् ।

और देवजानीय में ब्रह्मपुराण का बचन है—(शुद्धितत्त्व में आदिपुराण का वचन है) आशौच के मध्य में अपने गोतियों को यत्न से भोजन करावे ।

(आशौचान्ते गृहादिशुद्धिकथनम्)

अन्त्यदिने तु मदनरत्ने ब्राह्मे—यस्य यस्य तु वर्णस्य यद्यत्स्यात्पश्चिमं त्वहः ।
स तत्र गृहशुद्धिं च वस्त्रशुद्धिं करोत्यपि ।

अन्त्यदिन में तो मदनरत्न में ब्रह्मपुराण का बचन है—जिस जिस वर्ण का जो जो अन्तिम दिन (सूतक का दिन) है वह वहाँ पर घर की शुद्धि और वस्त्र की शुद्धि करे । अर्थात्—धोबी आदि के द्वारा शुद्धि करावे ।

(ग्रामाद्बहिर्गत्वा प्रेतस्पर्शवस्त्राणि त्यक्त्वा स्नानं कथनम्)

अन्त्यकर्मकालीनवस्त्रयोस्तत्रैवोक्तम्--ग्रामाद् बहिस्ततो गत्वा प्रेतस्पृष्टे तु वाससी ।
अन्त्यानामाश्रितानां च त्यक्त्वा स्नानं करोत्यथ ॥ इति ।

अन्त्यकर्मकालीनवस्त्रों का (अन्त्यकर्मकरनेवाले वस्त्रों का) वहीं पर कहा है—तदनन्तर गाँव के बाहर जाकर प्रेत से स्पर्श किये हुए वस्त्रों को अन्त्यज और आश्रित (सेवक आदि) के लिए त्याग कर बाद में स्नान करे ।

(आशौचमध्ये दान-प्रतिग्रह-होम-स्वाध्याय-पितृकर्मादीनां त्यागकथनम्)

शङ्खः—दानं प्रतिग्रहो होमः स्वाध्यायः पितृकर्म च ।
प्रेतपिण्डक्रियावर्जमाशौचे विनिवर्तते ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शख ने कहा है—आशौचकाल में—प्रेतपिण्ड की क्रिया को त्याग कर दान, प्रतिग्रह, होम, स्वाध्याय और पितृकर्म त्याग करे।

(यत्र प्राणोत्क्रमणं जातं तत्र महाबलिकथनम्)

काठकगृह्ये—'यत्र प्राणोत्क्रमस्तत्रान्वहं महाबलिं कुर्यात्' इति।

काठकगृह्यसूत्र में कहा है—जहाँ पर प्राण निकले हों वहाँ पर प्रतिदिन महाबलि करे।

पारस्करः—'तदानीमेव वस्त्रं तण्डुलं दीपं कांस्यभाजनं प्रेताय दद्यात्।

पारस्करगृह्यसूत्र में कहा है—उसीसमय ही वस्त्र, चावल, दीपक और कांसे का पात्र प्रेत के लिये दे।

(नग्नप्रच्छादनश्राद्धे वस्त्रादिदानम्)

आशौचप्रकाशे भरद्वाजः—वासोऽन्नं च जलं कुम्भं प्रदीपं कांस्यभाजनम्।
नग्नप्रच्छादने श्राद्धे ब्राह्मणाय निवेदयेत् ॥

आशौचप्रकाश में भरद्वाज ने कहा है—वस्त्र, अन्न, जल, कुंभ, दीपक, कांसे का पात्र और नग्नप्रच्छादन (धोती, उत्तरीय ओढनी) श्राद्ध में ब्राह्मण के लिये दे। (विकच्छः कच्छशेषश्च मुक्तकच्छस्तथैव च। एकवासा अवासाश्च नग्नः पञ्चविधः स्मृताः ॥ शुद्धितत्त्वे पृ० ३०५।)

(तिलोदकादिकं रात्रौ सन्ध्यायां वा करणे विचारः)

भृगुः—तिलोदकं तथा पिण्डान्नग्नप्रच्छादनादिकम्।
रात्रौ न कुर्यात्सन्ध्यायां यदि कुर्यान्निरर्थकम् ॥

भृगु ने कहा है—तिलोदक, पिण्ड और नग्न-(नग्नक्षपणके देशे रजकः किं करिष्यति—चाण० ११०) प्रच्छादन आदि का दान रात में न करे। यदि सन्ध्या में करता है तो निरर्थक होता है।

(ब्राह्मणादिवर्णक्रमेण प्रेतपिण्डनिर्णयकथनम्)

अथ प्रेतपिण्डः। यद्यपि हेमाद्रौ पारस्करेण—ब्राह्मणे दशपिण्डास्तु क्षत्रिये द्वादश स्मृताः। वैश्ये पञ्चदश प्रोक्ताः शूद्रे त्रिंशत्प्रकीर्तिताः ॥ इत्युक्तम्।

अब प्रेतपिण्ड (तिलमन्नं च पानीयं धूपं दीपं तथैव च। मधुः सर्पिः खण्डयुतं पिण्डमष्टाङ्गमुच्यते ॥) को कहते हैं। यद्यपि हेमाद्रि में पारस्कर ने कहा है—ब्राह्मण के लिये दशपिण्ड, क्षत्रिय के लिये बारह पिण्ड, वैश्य के लिए पन्द्रह पिण्ड और शूद्र के लिए तीस पिण्ड कहा है।

तथापि—प्रेतेभ्यः सर्ववर्णेभ्यः पिण्डान् दद्याद्दशैव तु। इति तेनैवोक्तेः सर्वेषां दशैव ज्ञेयः मदनरत्नेऽप्येवम्।

फिर भी वहीं ही कहा है—सब वर्णों के प्रेतों के लिए तो दश ही पिण्डों को दे। सब वर्णों के लिए दश ही पिण्ड जानना चाहिये। मदनरत्न में भी यही है।

तथा च हेमाद्रौ ब्राह्मपाद्मयोः—जात्युक्ताशौचतुल्यांस्तु वर्णानां क्वचिदेव हि। देशधर्मान् पुरस्कृत्य प्रेतपिण्डान् वपन्त्यपि ॥ इत्युक्त्वा विप्रान्येषु दशपिण्डोत्कर्ष उक्तः। देयस्तु दशमः पिण्डो राज्ञां वै द्वादशेऽहनि। वैश्यानां वै पञ्चदशे देयस्तु दशमस्तथा। शूद्रस्य दशमः पिण्डो मासे पूर्णेऽह्नि दीयते ॥ इति।

और वैसे ही (सवों का दश ही पिण्ड होता है एसी स्थिति में तो यही अर्थ है।) हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण तथा पद्मपुराण का वचन है—वर्णों के जाति में कहा हुआ जो आशौच है उसके सदृश कहीं ही पिण्ड देते हैं। देशधर्मों के (पहले कही हुई संख्या से देशविशेष के विषय में विरोध नहीं है।) अनुसार प्रेतपिण्डों को देते हैं। ऐसा कहकर ब्राह्मणों से अन्य जातियों में दशवें पिण्ड में उत्कर्ष (प्रमुखता) कहा है। राजाओं के बारहवें दिन में ही दशवें पिण्ड को देना चाहिये। पन्द्रहवें दिन में ही वैश्यों का दशवाँ पिण्ड दे और शूद्र का दशवाँ पिण्ड एक महिने के समाप्त होने पर दे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(युद्धमृतादेराशौचे त्र्यहादौ च पिण्डदाननिर्णयकथनम्)

युद्धमृतादेराशौचे त्र्यहादौ च तेनैवोक्तम्—सद्यःशौचे प्रदातव्या सर्वेऽपि युगपत्तथा। त्र्यहाशौचे प्रदातव्यः प्रथमेऽन्ह्येक एव हि। द्वितीयेऽहनि चत्वारस्तृतीये पञ्च चैव हि॥ त्र्यहे प्रकारान्तरं प्रागुक्तम्।

युद्ध में मरने पर तो सद्यःशौच में और तीन दिन के आशौच में उन्हीं ने ही कहा है—सद्यःशौच में सब पिण्डों को एक साथ देना चाहिये। तीन दिन के आशौच में पहले दिन में एक ही पिण्ड दे। दूसरे दिन में चार पिण्ड और तीसरे दिन पांच ही पिण्ड दे। तीनदिन में प्रकारान्तर पहले (प्रथमे दिवसे देयास्त्रयः पिण्डाः समाहितैः। द्वितीये चतुरो दद्यादस्थिसञ्चयनं तथा॥ त्रींस्तु दद्यात्तृतीयेऽह्नि वस्त्रादिक्षालयेत्ततः॥) कह चुके हैं।

(आशौचस्य ह्रासेऽपि पिण्डदानविचारः)

शातातपः—आशौचस्य च ह्रासेऽपि पिण्डान् दद्याद्दशैव तु। तत्रैकपात्रे सकृत्पक्त्वा दश पिण्डान् दद्यात्,

शातातप ने कहा है—आशौच के ह्रास (कमी) में भी दश ही पिण्डों को दे। वहाँ पर एकपात्र में एक बार पकाकर दश पिण्डों को दे।

(उत्तरीयशिलापात्रादिविपर्यये विचारः)

उत्तरीयशिलापात्रकर्तृद्रव्यविपर्यये। पूर्वदत्ताञ्जलीन् दद्यात् पूर्वपिण्डांस्तथैव च॥ इति गृह्यकारिकायां पात्रविपर्यये दोषोक्तेः। शिलाविपर्यये घटस्फोटादेर्नावृत्तिः। अक्षाभ्यञ्जनादिपदकर्मणः एकहायनीनयनवदप्रयोजकत्वात्। तद्वच्चात्र लौकिकग्रहणम्।

उत्तरीय (दुपट्टा) शिला (पत्थर चट्टान) पात्र, कर्ता और द्रव्य इनके विपर्यय (विपरीत) में पहले दी हुई अञ्जलियों को तथा वैसे ही पहले दिये हुए पिण्डों को दे। यह गृह्यकारिका में [1]पात्रविपर्य में दोष कहा है। शिला के विपर्यय में घटस्फोट आदि की आवृत्ति नहीं होती है। [2]अक्षाभ्यञ्जनादिपदकर्मका एकहायनी नयन के सदृश अप्रयोजक है। उसी की तरह लौकिक ग्रहण करे।

(पात्राणामनेकत्वकथनम्)

केचित्तु—नवान्यादाय भाण्डानि आरुकं चरुकं तथा'। इति प्रचेतसोक्तेः पात्रानेकत्वमाहुः।

कोई तो नये पात्रों को तथा आरुक (आडू का पात्र) और चरुक (जिस पात्रमें यज्ञीयचरु बनता है वह पात्र-बहुगुना, टोकनी आदि) पात्र को ग्रहण कर इस प्रचेता के वचन से अनेक पात्रों को कहा है।

१—धर्मसिन्धौ—प्रथमेऽहनि यो देशो यश्च कर्ता यच्च तण्डुलादिद्रव्यं यच्चोत्तरीयशिलापाकपात्रादि तदेव दशाहान्तम्। एतदन्यतमव्यत्यये यतो व्यत्ययस्ततः पुनरावृत्तिः। शिलाविपर्ययेऽपि घटस्फोटादेर्नावृत्तिरित्युक्ते लौकिकशिलाग्रहणम्। तेन पिण्डदानतिलाञ्जल्यादिकस्यैवावृत्तिर्न दाहस्य। केचिदाचार्यविपर्ययेऽप्यावृत्तिमाहुः। निर्णयसिन्धुटीकायाम्—आचार्यविपर्ययेऽप्येवम्—इतिवदतामयभिप्रायः—आचार्यस्यापिकारयितृत्वेन प्रयोजककर्तृत्वमिति।

२—ज्योतिष्टोम में एकसाल की वछिया जिसकी आँख पीली हो उससे सोम को खरी दे। उस गाय को सोम को खरीदने के लिए गोशाला से ले आवे। लाते समय छ पद गाय रखती है उसीके पीछे अध्वर्यु आवें। सातवें पद में सुवर्ण को रखकर आहुति दें। वहाँ जो धूली है उसको हाथ में ले लेवें। उसीसे हविर्धान शकट (गाडी) के जो अक्ष है उसमें लगावें। यह विहित है। यहाँ एक शयनी नयन से खरीदना (क्रय) होता है। पदहोम तथा अक्षाभ्यञ्जन होता है। इसमें प्रधान है सोमक्रय यही एकहायनी नयन का अनुष्ठापक (प्रयोजक) होता है। पदहोम अक्षाभ्यञ्जन आदि अप्राधान है अर्थात् अप्रोजक हैं। अक्षभ्यञ्जनपदहोम आदि कर्म एकहायनी नयन का प्रयोजक नहीं होता है। वैसा प्रकृत में शिलानयन का और्ध्वदेहिक ही प्रयोजक होता है घटस्फोट नहीं। विशेष सरलावृत्ति कात्यायनश्रौतसूत्र के सोमयाग अ० ७ पृ. २६३ से देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(क्रियाकर्तुर्नाशे विचारः)

क्रियाकर्तुर्नाशेऽन्येन शेषः समापनीयः। एवं क्रियाप्रवृत्तानां यदि कश्चिद्विपद्यते। तद्बन्धुना क्रिया कार्या सर्वैर्वा सहकारिभिः॥ इति शुद्धितत्त्वे बृहस्पतिस्मृतेः।

क्रिया करनेवालों में यदि किसी का नाश होने पर अन्य (दूसरे) से अवशिष्ट कर्म को समाप्त कराना चाहिये। शुद्धितत्त्व में बृहस्पतिस्मृति का वचन है—इसप्रकार यदि क्रिया में लगे हुओं में से कोई मर जाय तो उसके बन्धु या सब सहायक क्रिया (पिण्डदान आदि) को करें।

(पत्न्याः कर्तृत्वे रजोदर्शने च विचारः)

पत्न्याः कर्तृत्वे रजोदर्शने च तदन्ते कुर्यात्। 'शावाद् द्विगुणमार्तवम्' इत्युक्तेः।

पत्नी के कर्ता होने पर उसको रजोधर्म होने पर उसके अन्त में करे। क्योंकि शव के आशौच से द्विगुणित रजोधर्म का आशौच होता है—ऐसा कहा है।

(आशौचमध्ये कर्तुरस्वास्थ्ये विचारः)

आशौचान्ते आर्तवे कर्तुरस्वास्थ्ये वान्येन क्रिया सर्वा वर्तनीया। कर्तुर्विपर्ययात् कालातिक्रमायोगाच्च।

आशौच के अन्त में रजोधर्म होने पर या शरीर की अस्वस्थता में दूसरे से सब क्रियाओं की आवृत्ति करावे। कर्ता[1] के विपर्यय से समय का अतिक्रमण नहीं हो सकता।

(स्थण्डिले प्रेतभागं पूर्वाह्णकाले कथनम्)

वाराहे—स्थण्डिले प्रेतभागं तु दद्यात्पूर्वाह्ण एव तु।
कृत्वा तु पिण्डसङ्कल्पं नामगोत्रेण सुन्दरि॥

वाराहपुराण में कहा है—स्थण्डिल पर प्रेत के भाग को पूर्वाह्णकाल में ही दे। हे सुन्दरि, नाम और गोत्र का उच्चारण कर पिण्ड का संकल्प कर दे।

(प्रेतपिण्डं कुत्र देयम्)

मरीचिः—प्रेतपिण्डं बहिर्दद्यात् दर्भमन्त्रविवर्जितम्। प्रागुदीच्यां चरुं कृत्वा स्नातः प्रयतमानसः॥ दर्भवर्जनमनुपनीतपरम्,

मरीचि ने कहा है—कुशा और मन्त्र से रहित (वर्जित) ईशानकोण में चरु को पकाकर स्नान और सावधानीमन से प्रेतपिण्ड को बाहर[2] दे। दर्भ का त्याग तो अनुपनीत परक है।

(असंस्कृतानां संस्कृतानां च मरणे पिण्डदानविचारः)

'असंस्कृतानां भूमौ पिण्डं दद्यात् संस्कृतानां कुशेषु' इति। प्रचेतसोक्तेः।

क्योंकि प्रचेता ने कहा है—असंस्कृतों (जिनका संस्कार नहीं हुआ है) का भूमि में पिण्ड दे। संस्कारवालों का कुशाओं पर पिण्ड दे।

मिताक्षरायां स्मृत्यन्तरे—'भूमौ माल्यं पिण्डं पानीयमुपले वा दद्युः।

१—पिता और माता के दशाहकर्म को करते हुए पुत्र का स्वर्गवास हो जाय तो दूसरा पुत्र अवशिष्ट पिण्ड को दे। उसके न रहने पर उसका पुत्र प्रतिदिन आदि में अपने पिता को पिण्ड देकर स्नान कर पितामह का अवशिष्ट पिण्ड दे। क्योंकि दूसरे को अधिकार का अभाव है। दत्तक के रहने पर तो यथाचार या पौत्र शेष पिण्ड को दे। इसीप्रकार अन्य कर्ता में भी है। अपकर्ष कर शेष का समाप्त न करे। इसको दाक्षिणात्य नहीं मानते हैं। सपिण्डन में पितामह के मरने पर दशदिन के अन्त में पिता के मरने पर पिता का संस्कार कर पितामह का फिर से सब करे। दशाह में न करे।

२—ब्रह्मपुराणे—ग्रामाद् बहिश्च कर्तव्यं जलाशयसमीपतः। पिण्डदानं दशाहानि प्रेतायारण्यमाश्रितैः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मिताक्षरा में स्मृत्यन्तर का वचन है—भूमि[1] (संपूर्णस्मृति और पुराणों में कहा है—कि भूमि पर कुशाओं को बिछाकर घर के दरवाजे पर प्रेत के लिए पिण्ड दे तथा भूमिको लीपकर माला और जल को दे) में माला, पिण्ड और जल को दे या उपल (पाषाणमयदेश) पर दे।

(हारीतः—असंस्कृतचूडा ये बाला ये च गर्भाद्विनिःसृताः। मृता अनुपनीता ये अनूढा अपि कन्यकाः॥ ये मृताश्चाप्यसंस्कारास्तेभ्यो भूमौ प्रदीयते।

(हारीत ने कहा है—जिन बालकों का चूडाकरणसंस्कार नहीं हुआ है, जो गर्भ से निकल गये हैं, जो अनुपनीत मर गये हैं और जो कन्यायें अमूढ (अविवाहित) मर गयी हैं तथा जिनका संस्कार भी नहीं हुआ है उनके लिए भूमि में पिण्ड दे।)

(फलमूलादिना पिण्डदानम्)

पैठीनसिः—शालिनां सक्तुभिर्वापि पिण्याकैर्वापि निर्वपेत्॥

पैठीनसि ने कहा है—चावल, सत्तु या पिण्याक (खली) से पिण्डदान करे।

शुनःपुच्छः—फलमूलैश्च पयसा शाकेन च गुडेन च।
तिलमिश्रं तु दर्भेषु पिण्डं दक्षिणतो हरेत्॥

शुनःपुच्छ का वचन है—फल, मूल, दूध, शाक और गुड को तिल से मिश्रित कर कुशाओं पर पिण्ड को दक्षिणतरफ दे। (इनमें घृत का भी सेचन आवश्यक है और दूध का भी सेचन सति संभव में करे। मधु के स्थान में गुड कहा है।)

तूष्णीं प्रसेकं पुष्पं च धूपं दीपं तथैव च। शालिना सक्तुभिर्वापि शाकैर्वाप्यथ निर्वपेत्॥

सेचन, अर्घ्य, पुष्प, धूप तथा दीप, बिना मन्त्र का दे। साठी का चावल, सत्तू या साग का पिण्ड दे।

(प्रथमेऽहनि यद् द्रव्यं तदेव दशाहिकं श्राद्धे कर्तव्यम्)

प्रथमेऽहनि यद्द्रव्यं तदेव स्याद्दशाहिकम्॥

जिस द्रव्य से प्रथम दिन पिण्ड दिया गया हो उसी से दशदिन तक करे। (कुछ मारवाड़ी अनपढ ब्राह्मण दशवें दिन साधारण वचन से द्रव्यान्तर से पिण्ड कराते हैं। वह निर्मूल है)।

(लौकिकाग्नौ नूतनमृन्मयादिसंशोधितपात्रे पिण्डान्नं स्थापनम्)

मदनरत्ने मात्स्ये—तैजसं मृन्मयं चाथ पात्रं संशोध्य यत्नतः। लौकिकाग्नाविधिश्रित्य पचेदन्नं घृतप्लुतम्॥ स्नात्वाथ तिलसम्मिश्रं प्रदद्याद् दर्भसंस्तरे।

मदनरत्न में मत्स्यपुराण का वचन है—तैजस (सुवर्णादि धातु का पात्र), या मृत्ति के पात्र को यत्न से शुद्ध कर लौकिक अग्नि में रखकर घृत से मिश्रित कर अन्न को पकावे और स्नान कर तिल से युक्त बिछी हुई कुशा पर पिण्ड को दे।

(प्रेतश्राद्धेषु पिण्डे अन्नादिविचारः)

शुद्धितत्त्वे देवजानीये ब्राह्मे—प्रथमेऽहनि यो दद्यात् प्रेतायान्नं समाहितः।
अन्नं नवसु चान्येषु स एव प्रददात्यपि॥

शुद्धतत्त्व तथा देवजानीय में ब्रह्मपुराण का वचन है—प्रथमदिन में सावधानीमन से जो अन्न प्रेत के लिए दे। वही ही अन्य नौ दिनों में ही दे।

१—सब स्मृति और पुराणों में कहा है—भूमि में कुशाओं को बिछाकर घर के दरवाजे पर उस प्रेत के लिए पिण्ड को दे। उपलिप्त भूमि में माला तथा जल दे। कोई तो असंस्कृत भूमि में दे—इस परक मानते हैं। उसपरक मानने पर तो उपल (पाषाणमयदेश) में दे। स्मृत्यन्तर में कहा है—भूमौ पिण्डप्रदानं च कर्षूं कृत्वा विधानतः। ऐसा कहा है। 'प्रादेशमात्रदीर्घश्चतुरङ्गुलविस्तारस्तावदेव निम्नो गर्तः कर्षूः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(नूतनमृन्मयभाण्डे त्रिप्रक्षालिततण्डुलानां पाकनिर्माणकथनम्)

मृन्मयं भाण्डमादाय नवं स्नातः सुसंयतः। तण्डुलप्रसृतिं तत्र त्रिःप्रक्षाल्य पचेत्स्वयम् ॥

मृत्तिका के नूतनपात्र को ग्रहण कर स्नान कर जितेन्द्रिय होकर वहाँ पर एक अंजलि चावल को तीन बार प्रक्षालन कर (किसी के मत से 'द्विः प्रक्षाल्य पचेत्' एसा पाठ है—दो बार धोकर पका दे।) स्वयं पकावे ।

(पिण्डदानार्चनादिकथनम्)

सपवित्रैस्तिलमिश्रं कृमिकेशविवर्जितम्। द्वारोपान्ते ततः क्षिप्त्वा शुद्धां वा गौरमृत्तिकाम् ॥
भूपृष्ठे संस्तरे दर्भान् याम्याग्रान् देशसम्भवान्। ततोऽवनेजनं दद्यात् संस्मरन् गोत्रनामनी ॥

पवित्र के सहित तिलों से मिश्रित (युक्त) और कृमि-केश से वर्जित [1]दरवाजे के अन्त में [2]शुद्ध सफेद मृत्तिका को प्रक्षेप कर पृथ्वी के पीठ पर दक्षिणाग्र कुशाओं को बिछा दे। फिर गोत्र और नाम का स्मरण कर अवनेजन दे ।

तिलसर्पिर्मधुक्षीरैः संसिक्तं तप्तमेव हि। दद्यात्प्रेताय पिण्डं तु दक्षिणाभिमुखस्थितः ।

तिल, घृत, सहत और दूधको मिलाकर तप्त (गरम) (ब्रह्मपुराणे-न याति यावदाकाशं पिण्डाद्बाष्पमयी शिखा। तावत्तत्संमुखं तिष्ठेत्सर्वं तोये क्षिपेत्ततः ॥ यहाँ पर चावल ही मुख्यकल्प है, फल, मूल आदि अनुकल्प है।) ही पिण्ड को दक्षिणमुखस्थित होकर प्रेत के लिये पिण्ड को दे ।

अर्घ्यैः पुष्पैस्तथा धूपैर्दीपैस्तोयैश्च शालिभिः। ऊर्णातन्तुमयैः शुद्धैर्वासोभिः पिण्डमर्चयेत् ॥

अर्घ्य, पुष्प, धूप, दीप, शीतल जल और शुद्ध ऊन के तन्तुमय वस्त्रों से पिण्ड की पूजा करे।

(सद्यःशौचादिदिनेषु पिण्डदानस्य क्रमकथनम्)

दिवसे दिवसे देयः पिण्ड एवं क्रमेण तु। सद्यःशौचं प्रदातव्या सर्वेऽपि युगपत्तथा ॥

इसीप्रकार ही क्रमसे प्रतिदिन में पिण्ड को देना चाहिये। सद्यःशौच में सभी पिण्डों को एक साथ दे।

त्र्यहाशौचेऽपि दातव्यास्त्रयः पिण्डाः समाहितैः। द्वितीये चतुरो दद्यादस्थिसञ्चयनं तथा ॥ त्रींस्तु दद्यात्तृतीयेऽह्नि वस्त्रादि क्षालयेत्ततः। दशाहेऽपि च दातव्यः प्रथमे त्वेक एव हि ॥ एकस्तोयाञ्जलिस्त्वेवं पात्रमेकं च दीयते। द्वितीये द्वौ तृतीये त्रीन्" इत्याद्युक्त्वा—"एवं स्युः पञ्चपञ्चाशत्तोयस्याञ्जलयः क्रमात्। तोयपात्राणि तावन्ति संयुक्तानि तिलादिभिः ॥ इति। पात्रं-कुम्भः ।

तीनदिन से आशौच में भी सावधानीमन से (पहले दिन में) तीन पिण्ड दे। दूसरे दिन चार पिण्ड दे और अस्थिसंचय करे। तीसरे दिन तीन पिण्ड दे और वस्त्र आदि धो दे। दशवें दिन भी पहले दिन एक ही दे। एक जल की अंजलि दे और एक ही पात्र दे। दूसरे दिन दो तथा तीसरे दिन तीन दे। इत्यादि कहकर (चौथे दिन चार, पांचवें दिन पांच, छठे दिन छ, सातवें दिन सात, आठवें दिन आठ, नवें दिन नौ और दशवें दिन दश) पचपन जल की अंजलियों का क्रम इसीप्रकार होता है। उतने ही तिल आदि के सहित जल के पात्र-कुंभ भी होते हैं। पात्र माने-कुंभ ।

(अत्र पिण्डदाने गौड-मैथिलमिताक्षराणामतकथनम्)

अत्राहःपदमहोरात्रपरम्। तेन रात्रावपि देय इति गौडाः। दिवसपदाद्रात्रौ नेति मैथिलाः। स एवेत्युक्तेः सपिण्डेन दशपिण्डे प्रक्रान्ते पुत्रागमेऽपि स न दद्यात्। 'असगोत्रः सगोत्रो वा' इति प्रागुक्तेः। दाहकर्तैव दशाहं कुर्यादिति मिताक्षरायाम् ।

१—शुनःपुच्छोऽपि—द्वारेदशे प्रदातव्यो देवतायतनेषु च ।

२—गौरमृत्तिकाप्रक्षेपस्तु स्थण्डिलार्थः, 'स्थण्डिले' इत्युक्तवाराहात्। मधुक्षौद्रं कलिवर्जमित्याहुः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहाँ पर 'अहः' पद अहोरात्रपरक है। इससे रात्रिमें भी देना चाहिये—यह गौड कहते हैं। दिवसपद से रात में न दे—यह मैथिल कहते हैं। वही ही दे—ऐसा कहने पर सपिण्डन दश पिण्ड के प्रारंभ होने पर पुत्र के आने पर भी वह न दे। असगोत्र हो या सगोत्र हो—यह पहले कह चुके हैं। (जो पुत्र के समीप में न होनेपर अन्य किसी ने प्रथम दिन पिण्ड दिया है वही दशों पिण्ड देगा। मध्य में पुत्रादि के आने पर भी नहीं दे सकेगा—यह भाव है। जो मैत्रायणीयपरिशिष्ट में कहा है—स्वगृहे विद्यते पुत्रः पिता ग्रामान्तरे मृतः। केनापि तत्र चारब्धमग्निपिण्डोदकादिकम्॥ पुत्रः सञ्चयनात्प्राक् चेद् गच्छेदूर्ध्वं स आचरेत्। स्वगृहे तत्र वा सर्वं प्रेतकार्यं सपिण्डनम्॥ इससे कर्ता का नियम कैसे होगा यह उचित नहीं है। क्योंकि यह निर्मूल है। यदि कर्ता पुत्र के द्वारा रोकने पर दशाहकर्म को त्यागता है तो पुत्र दशाह की आवृत्ति करे। पुत्र के आने पर तो संचयन के पूर्व वही करे—यह भाव है। संचयन यदि कर दिया हो तो पुत्र क्रिया न करे। अन्यस्थान में या मार्ग में मर गया हो और वहाँ संस्कार कर दिया हो तो जहाँ मनुष्य नहीं रहते वहाँ पिण्ड न करे। इस वाक्य से अस्थिसंचयन संस्कार किये गए हों वहाँ भयादि के कारण रहना न बनता हो जहाँ प्रेतकार्य करनेवाला जाय वहीं पर पिण्डदान से प्रारम्भ कर सपिण्डनान्त क्रिया करे—यह आपत्ति है। दशाहक्रिया के देश का भेद होने पर भी भेद नहीं माना जा सकता। यदि माता और पिता के दशाह करनेवाला पुत्र रोग से या किसी प्रतिबन्धक से क्रिया को समाप्त करने में असमर्थ हो जाय तो उसका पुत्र ही पितामह के दशाह को करे। यदि अन्य पुत्र हो तो वही करेगा। दत्तकपुत्र रहने पर भी अपने-अपने मतानुसार दत्तक करे या पौत्र करे—यह मिताक्षरा में कहा है।)

शुद्धितत्त्वे वायवीये—असगोत्रः सगोत्रो वा यदि स्त्री यदि वा पुमान्। यश्चाग्निदाता प्रेतस्य पिण्डं दद्यात्स एव हि॥ इति।

शुद्धितत्त्व में वायुपुराण का भी वचन है—असगोत्री हो या सगोत्री हो, स्त्री या पुरुष हो जो प्रेत का अग्निसंस्कार करे वही ही दश पिण्डदान करे।

(पुनः पिण्डदाने विचारः)

तत्रैव—पूरकेण तु पिण्डेन देहो निष्पद्यते यतः।
कृतस्य करणायोगात् पुनर्नावर्तयेत्क्रियाम्॥

वहीं पर ही कहा है—(आद्यपिण्ड के अनन्तर पुत्र आदि के आ जाने पर शरीर के प्रारंभ होने से) पूरक पिण्ड से शरीर बनता है। इससे किये हुए का फिर से क्रिया को करना अयुक्त है। आवर्तन (आवृत्ति) न करे।

शुद्धिप्रकाशे वायवीयेऽपि—निवर्तयति यो मोहात् क्रियामन्यनिवर्तिताम्।
विधिघ्नस्तेन भवति पितृहा चोपजायते॥

शुद्धिप्रकाश में वायुपुराण का भी वचन है—जो व्यक्ति मोह के कारण से अन्य द्वारा चलती हुई क्रिया को समाप्त करता है। वह विधि का नाश करनेवाला और पिता का नाश करनेवाला होता है।

तस्मात्प्रेतक्रिया येन केनापि च कृता यदि। न तां निवर्तयेत्प्राज्ञः सतां धर्ममनुस्मरन्॥ इति।

इससे जिस किसी ने प्रेत क्रिया को किया है तो बुद्धिमान् व्यक्ति अच्छे लोगों के धर्म का स्मरण करता हुआ उस क्रिया को समाप्त न करे।

(प्रेतपिण्डदाने पितृ-स्वधादिशब्दानामुच्चारणे विचारः)

आदिपुराणे—पितृशब्दं स्वधां चैव न प्रयुञ्जीत कर्हिचित्। अनुशब्दं तथा चेह प्रयत्नेन विवर्जयेत्॥ उपतिष्ठतामयं पिण्डः प्रेतायेति समुच्चरेत्।

आदिपुराण में कहा है—कभी भी पितृशब्द और स्वधाशब्द का प्रयोग न करे। अनुशब्द (ये च त्वामत्रानु) को यहाँ पर प्रयत्न से त्याग दे। यह पिण्ड प्रेत के लिए प्राप्त हो—ऐसा उच्चारण करे।

क्रियानिबन्धे व्यासः—प्रेताय पिण्डं दत्त्वा तु ततोऽश्नायाद्दिनात्यये।

क्रियानिबन्ध में व्यास ने कहा है—प्रेत के लिए पिण्ड को देकर दिन की समाप्ति पर (सूर्यास्त के बाद) भोजन करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(दशाहदिनपर्यन्तमोदन-शाकादीनां द्रव्याणां पिण्डदाने विचारः)

भविष्ये—ओदनामिषसक्तूनां शाकमूलफलादिषु ।
प्रथमेऽहनि यद्द्यात्तद्द्यादुत्तरेऽहनि ॥

भविष्यपुराण में कहा है—चावल, आमिष (कच्चा मांस) सतुआ, साग, मूल (नानाप्रकार के फल और कन्द) फल आदियों में से पहले दिन जिस द्रव्य से पिण्ड दे उसी ही द्रव्य से उसके बाद के दिनों में दे।

(प्रेतपिण्डदाने गृहद्वार-श्मशानादिविचारः)

गृहद्वारे श्मशाने वा तीर्थे देवगृहेऽपि वा । यत्राद्यैर्दीयते पिण्डस्तत्र सर्वं समाचरेत् ॥

घर के दरवाजे पर, श्मशान पर, तीर्थ में और देवमन्दिर में जहाँ पर पहले दिन पिण्ड दिया गया है वहाँ पर सब पिण्डों को करना चाहिये। कहीं पर 'समापयेत्' एसा पाठ है—वहीं पर समाप्त करे।

(प्रथमदिनाद्यारभ्य दशदिनपर्यन्तं प्रेतपिण्डदाने शरीरस्य प्रादुर्भावकथनम्)

ब्राह्मे—शिरस्त्वाद्येन पिण्डेन प्रेतस्य क्रियते सदा। द्वितीयेन तु कर्णाक्षिनासिकाश्च समासतः ॥ गलांसभुजवक्षांसि तृतीयेन यथाक्रमम् । चतुर्थेन तु पिण्डेन नाभिलिङ्गगुदानि च ॥ जानू जङ्घे तथा पादौ पञ्चमेन तु सर्वदा । सर्वमर्माणि षष्ठेन सप्तमेन तु नाडयः ॥ दन्तलोमान्यष्टमेन वीर्यं तु नवमेन च । दशमेन तु पूर्णत्वं तृप्तता क्षुद्विपर्ययः ॥ इति ।

अन्न के सहित दक्षिणा तथा जल का घड़ा दे। वैसे ही गौ को उसके लिए दे। भुक्तशेष (श्राद्धशेष भोजन का अभाव है) भोजन का शेष (बचा हुआ) उसके भाण्ड (पात्र, बर्तन, थाली, कटोरी, गिलास आदि) और भोजन भी ब्राह्मण को दे।

विप्राभावेऽग्नावेकोद्दिष्टम्, अग्नौ पायसं श्रपयित्वाऽऽज्यभागान्ते तदग्रे श्राद्धप्रयोगं कृत्वाऽग्नौ प्रेतमावाह्य गन्धाद्यैः संपूज्य 'पृथिवी ते पात्रम्' इत्यादिनाऽन्नं सङ्कल्प्य 'उदीरतामवर' इत्यष्टाभिश्चतुरावृत्ता-द्वात्रिंशदाहुतीर्हुत्वा पिण्डदानादिश्राद्धं समापयेत्। इति।

ब्राह्मण के अभाव में अग्नि में ही एकोद्दिष्ट करे। अग्नि में खीर को पकाकर आज्यभाग के अन्त में उसके आगे श्राद्धप्रयोग को कर अग्नि में प्रेत का आवाहन कर गन्ध आदियों से पूजन कर (पृथिवी ते पात्रम्) इत्यादि से अन्न का संकल्प कर [२]'उदीरतामवर' इस आठ मन्त्रों से चार-चार आवृत्तियों से बत्तीस बार आहुतों को देकर पिण्डदान आदि श्राद्ध को समाप्त करे।

याज्ञवल्क्यः (आ० या० श्लो० २५४)—एतत्सपिण्डीकरणमेकोद्दिष्टं स्त्रिया अपि।

याज्ञवल्क्य ने कहा है-यह सपिण्डीकरण और एकोद्दिष्ट स्त्रियों के लिये भी है।

(वृषोत्सर्गे विचारः)

अथ वृषोत्सर्गः। स च नित्यः काम्यश्च, न करोति वृषोत्सर्गं सुतीर्थे वा जलाञ्जलिम्। न ददाति सुतो यस्तु पितुरुच्चार्य एव सः॥ उच्चारः=पुरीषम्।

अब [३]वृषोत्सर्ग कहते हैं। वह नित्य और काम्य है। मत्स्यपुराण और कूर्मपुराण में कहा है—

१—एतत् त इन्द्र वीर्यं गोर्भिर्गृणन्ति कारवः। ते स्तोभन्त ऊर्जमावन् घृतश्चुतं पौरासो नक्षन् धीतिभिः॥ (ऋ० ८।५४।१)।

२—उदीरतामवर उत् परास उन्मध्यमाः पितरः सोम्यासः। असुं य ईयुरवृका ऋतज्ञास्ते नोऽवन्तु पितरो हवेषु १ इदं पितृभ्यो नमो अस्त्वद्य ये पूर्वासो य उपरास ईयुः। ये पार्थिवे रजस्या निषत्ता ये वा नूनं सुवृजनासु विक्षु २ आहं पितॄन् त्सुविदत्राँ अवित्सि नपातं च विक्रमणं च विष्णोः। बर्हिषदो ये स्वधया सुतस्य भजन्त पित्वस्त इहागमिष्ठाः ३ बर्हिषदः पितर ऊत्य१ र्वागिमा वो हव्या चकृमा जुषध्वम्। त आ गतावसा शन्तमेनाऽथा नः शं योररपो दधात ४ उपहूताः पितरः सोम्यासो बर्हिष्येषु निधिषु प्रियेषु। त आ गमन्तु त इह श्रुवन्त्वधि ब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान् ५ आच्या जानु दक्षिणतो निषद्येमं यज्ञमभि गृणीत विश्वे। मा हिंसिष्ट पितरः केन चिन्नो यद्व आगः पुरुषता कराम ६ आसीनासो अरुणीनामुपस्थे रयिं धत्त दाशुषे मर्त्याय। पुत्रेभ्यः पितरस्तस्य वस्वः प्र यच्छत त इहोर्जं दधात ७ ये नः पूर्वे पितरः सोम्यासो ऽनूहिरे सोमपीथं वसिष्ठाः। तेभिर्यमः संरराणो हवींष्युशन्नुशद्भिः प्रतिकाममत्तु (ऋ० १०।१५।१-८)। एकोद्दिष्टे तु संप्राप्ते विप्राभावे कथं भवेत्। उदीरतामिति मन्त्रेण जुहुयाद् घृतपायसम्॥ 'स्वगृह्योक्तविधानेन सूक्तेन पुरुषस्य च' इति। 'उदीरतामवर उत्परास' इत्यादीनामष्टानामृचां चतुरावृत्या द्वात्रिंशदाहुतयो भवन्ति। पुरुषसूक्तस्य षोडशर्चस्य द्विरावृत्या तथा भवन्ति। यथास्वकुलाचारमिह मन्त्रव्यवस्था—इति स्मृतिमुक्ताफले पृ० ६५०।

३—प्रचेता—विहिते च वृषोत्सर्गे त्वलाभे शक्त्यसंभवे। प्रेतत्वस्य विमोकार्थं रुद्रानेकादशाशयेत्॥ बौधयनश्च (३।१७।११) 'तासां पयसि पायसं श्रपयित्वा पृथगेकादश ब्राह्मणान् भोजयेत्। व्यासोऽपि—एकादशभ्यो विप्रेभ्यो दद्यादेकादशेऽहनि। रुद्रानुद्दिश्य कर्तव्यं रुद्रप्रीतिकरं हि तत्॥ शातातपः—एकादशस्तु विप्रेषु रुद्रानुद्दिश्य भोजयेत्। प्रेतत्वस्य विमोकार्थं मधुक्षीरघृताशनैः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जो पुत्र वृषोत्सर्ग को या अच्छे तीर्थ में जल की अञ्जलि नहीं देता है वह पिता का विष्ठा ही है। उच्चार माने—पुरीष।

एष्टव्या बहवः पुत्रा यद्येकोऽपि गयां व्रजेत्। यजेत वाश्वमेधेन नीलं वा वृषमुत्सृजेत्॥ इति मात्स्यकौर्मोक्तेः,



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मत्स्यपुराण और कूर्मपुराण में कहा है—बहुत से पुत्रों की इच्छा करे उनमें यदि एक भी पुत्र गया में जाता है या अश्वमेधयज्ञ या नीलबैल का उत्सर्ग (त्याग) करता है वही पुत्र माना जाता है।

(वृषोत्सर्गाकरणे महद्दोषकथनम्)

एकादशेऽह्नि प्रेतस्य यस्य नोत्सृज्यते वृषः। प्रेतत्वं सुस्थिरं तस्य दत्तैः श्राद्धशतैरपि ॥ इति षट्त्रिंशन्मते निन्दाश्रुतेः।

षट्त्रिंशन्मत में निन्दा सुनी है-ग्यारहवें दिन जिस प्रेतके लिए वृषका त्याग नहीं किया जाता है उसका सौ श्राद्ध करने पर भी प्रेतत्व बना रहता है।

(वृषोत्सर्गे महत्फलम्)

एवं कृत्वा ह्यवाप्नोति फलं वाजिमखोदितम्। यमुद्दिश्योत्सृजेन्नीलं स लभेत परां गतिम् ॥ वृषोत्सृष्टः पुनात्येव दशातीतान् दशापरान् ॥ इति देवीपुराणे भविष्यादौ फलश्रुतेश्च।

जो इसप्रकार करता है उसको निश्चित अश्वमेधयज्ञ का फल प्राप्त होता है जिसके उद्देश्य से नीलवृष का त्याग करता है वह परमगति को प्राप्त करता है—वृषोत्सर्ग करने से दश पीढी पिछली और दश पीढी आगे वाली पुरुषों की पवित्र ही होती है। यह देवीपुराण, भविष्यपुराण आदि में फलश्रुति है।

(वृषोत्सर्गकालः)

अयं द्वादशाहे उक्तो भविष्ये—चैत्र्यां वापि तृतीयायां वैशाख्यां द्वादशेऽह्नि वा। इति।

इसको बारहवें दिन भविष्यपुराण में कहा है-चैत्रमास की तृतीया या वैशाखमास की तृतीया या बारहवें दिन वृषोत्सर्ग करे। (कार्तिक्यामथवा माध्यामयने वा युधिष्ठिर)।

विष्णुधर्मे तु मृताहेऽप्युक्तः—विषुवत् द्वितये चैव मृताहे बान्धवस्य च। इति।

विष्णुधर्म में तो मरणदिन में भी कहा है—दोनों विषुवत् (तुला और मेष) (उत्सृजेत्नीलकण्ठं वै कौमुद्याः समागमे। कौमुदी-आश्वयुजी-पूर्णिमा) की संक्रान्तियों में और बान्धवों के मरणदिन में वृषोत्सर्ग[1] करे।

(अयं गृहे न कार्यः)

अयं गृहे न कार्यः।

न गृहे मोचयेन्नीलं कामयन् पुष्कलं फलम्। इति कालिकापुराणात्।

इसको घर में न करे।

कालिकापुराण का बचन है—अधिक फल की इच्छा करता हुआ प्राणी घर में नील (चरणाश्च मुखं पुच्छं यस्य श्वेतानि गोपतेः। लाक्षारससवर्णं तु तं नीलमिति निर्दिशेत् ॥) वृष का त्याग न करे।

(अत्र वृद्धिश्राद्धविचारः)

कामधेनौ—वत्सराभ्यन्तरे पित्रोर्वृषस्योत्सर्गकर्मणि। वृद्धिश्राद्धं न कुर्वीत तदन्यत्र समारभेत् ॥

कामधेनु में कहा है—एकसाल के मध्य में माता और पिता के वृषोत्सर्गकर्म में वृद्धिश्राद्ध न करे। उसको अन्यत्र प्रारंभ करे।

(नीलवृषलक्षणकथनम्)

तल्लक्षणं तु ब्राह्मे—लोहितो यस्तु वर्णेन मुखे पुच्छे च पाण्डुरः। श्वेतः खुरविषाणाभ्यां स नीलो वृष उच्यते ॥ श्वेतवर्णस्य मुखादीनि श्यामानि श्यामस्य वा श्वेतानि यस्य सोऽपि नील उक्तो मात्स्यादौ।

१—पारस्करे— कृष्णताल्वोष्ठदशना रूक्षशृङ्गशफाश्च ये। असक्तदन्ता ह्रस्वाश्च व्याघ्रभस्मनिभाश्च ये ॥ ध्वांक्षगृध्र-सवर्णाश्च तथा मूषकसन्निभाः। कुब्जाः काणाश्च खञ्जाश्च केकराक्षास्तथैव ॥ अत्यन्तश्वेतपादाश्च उद्भ्रान्तनयनास्तथा। नैते वृषाः प्रमोक्तव्या गृहे धार्याः कथञ्चन ॥ तथा वत्सतर्योऽपि त्रिहायन्य एव।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उसका लक्षण ब्रह्मपुराण में कहा है—जिसका रंग लाल हो, मुख और पूँछ पाण्डु रंग हो खुर और सींग सफेद हों वह नीलवृष कहा जाता है। सफेद वर्ण के मुख आदि श्याम (काला) हों या श्याम मुख आदि जिसके सफेद हों वह भी नीलवृष मत्स्यपुराण आदि में कहा है।

(चतस्रो वत्सिकादिविचारः)

देवीपुराणे—चतस्रो वत्सिका भद्रा द्वे वा संभवतोऽपि वा।

देवीपुराण में कहा है—चार, (अयं हि गोपो मद्दत्तः सर्वासां पतिरुत्तमः। तुभ्यं च ता मया दत्ताः पत्न्यः सर्वा मनोरमाः॥) दो या जितनी संभव हो उतनी सुन्दर बछियाँ हों।

(वृषाभावे मृदादिना वृषोत्सर्गस्य निर्मूलत्वकथनादिकम्)

यत्तु पठन्ति—वृषोत्सर्जनवेलायां वृषाभावे कथञ्चन। मृद्भिः पिष्टैश्च दर्भैर्वा वृषं कृत्वा विमोचयेत्॥ न शक्यते वृषोत्सर्गो होमं वा तत्र कारयेत्॥ इति, तन्निर्मूलम्। तद्विधिर्हेमाद्रौ भट्टकृतौ च ज्ञेयः।

जो यह पढ़ते हैं—वृषोत्सर्जन के समय में किसीतरह वृष के अभाव में मृत्तिका, पिष्ट[1] (आंटा आदि) या कुशाओं से वृष को बनाकर त्याग करे। या वृषोत्सर्ग न कर सके तो वहाँ हवन ही करा दे। यह निर्मूल है। उसकी विधि हेमाद्रि और भट्टकृत ग्रन्थों में जानना चाहिये।

(वृषोत्सर्गात्पूर्वं विष्णुतर्पणे विचारः)

अत्र देवयाज्ञिकेन वृषोत्सर्गात्पूर्वं पुरुषसूक्तेन विष्णुरूपिप्रेतोद्देशेन विष्णुतर्पणमुक्तम्। तत्र मूलं चिन्त्यम्।

यहाँ पर देवयाज्ञिक ने वृषोत्सर्ग के पूर्व 'पुरुषसूक्त' से विष्णुरूपी प्रेत के उद्देश्य से विष्णुतर्पण कहा है। वहाँ पर मूल विचारणीय है।

(वृषोत्सर्गविधिकथनम्)

पारस्करः—सव्येन पाणिना पुच्छं समालम्ब्य वृषस्य तु। दक्षिणेनाप आदाय सतिलाः सकुशास्ततः॥ प्रेतगोत्रं समुच्चार्य अमुकस्मै इति ब्रुवन्। वृष एष मया दत्तस्तं तारयतु सर्वदा॥ सहेम सतिलं भूमावित्युच्चार्य विनिक्षिपेत्॥

पारस्कर ने कहा है—बायें हाथ से बैल की पूँछ को पकड़ कर दाहिने हाथ में जल, तिल और कुशाओं को ग्रहण कर प्रेत के गोत्र को उच्चारण कर अमुक के लिए यों कहता हुआ इस वृष को मैंने दिया उस प्रेत को सर्वदा तार दो। यों उच्चारण कर सुवर्ण और तिल को भूमि में छोड़ दे।

तथा—विधारयेन्न तं कश्चिन्न च कश्चन वाहयेत्। न दोहयेच्च ता धेनूर्न च कश्चन बन्धयेत्॥

और उस वृष को कोई न रखे न कोई लादे या हल आदि में जोत के कार्य में न ग्रहण करे और गौओं को कोई दोहन न करे न कोई बांधे।

(स्त्रीषु विशेषः)

स्त्रीषु विशेषः सङ्ग्रहे—पतिपुत्रवती नारी भर्तुरग्रे मृता यदि। वृषोत्सर्गं न कुर्वीत गां तु दद्यात्पयस्विनीम्॥ पतिपुत्रयोः साहित्यं विवक्षितम्। अन्वारोहणेऽपि गोदानमेवेत्युक्तं प्राक्। आशौचान्तरेऽपि वृषोत्सर्गाद्यमासिकशय्यादि दद्यादेवेत्युक्तम्।

स्त्रियों के लिए विशेष संग्रह में कहा है—पति और पुत्रवाली स्त्री यदि पति के आगे मर जाय तो वृषोत्सर्ग न करे किन्तु दूधवाली गौ को दे। यहाँ पर पति और पुत्र का साहित्य (समीपता) विवक्षित है। (पुत्र और पति के समक्ष मरने पर तो वृषोत्सर्ग नहीं होता है। पुत्र के अभाव में, पति के समक्ष मरने पर ही वृषोत्सर्ग न करे। अपि पुत्रवती नारी। यह पाठान्तर है। इसलिए साहित्य विवक्षित नहीं है।) अन्वारोहण में भी गोदान होता है—यह पहले कह चुके हैं। आशौच के मध्य में भी वृषोत्सर्ग, आद्यमासिक, शय्या आदि दे ही—यह कह चुके हैं।

१—धर्मसिन्धौ—केचित् वृषाभावे मृद्भिः पिष्टैर्वा वृषं कृत्वा होमादिविधिना वृषोत्सर्गं इत्याहुः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्रियानिबन्धे स्मृत्यन्तरे—सूतके मृतके चैव द्वितीयं मृतकं यदि। पिण्डदानं प्रकुर्वीत वृषोत्सर्गं तथैव च॥ न हन्यात्सूतकं कर्म द्वादशैकादशाहिकम्। शुद्धो वा यदि वाऽशुद्धः कुर्यादेवाविचारयन्॥ इति।

क्रियानिबन्ध में स्मृत्यन्तर का वचन है—जननाशौच या मरणाशौच में यदि दूसरा मरणाशौच आ जाय तो पिण्डदान और वैसे ही वृषोत्सर्ग भी करे। एकादशाह और द्वादशाह के सूतककर्म को न त्याग करे। शुद्ध हो या अशुद्ध हो बिना विचार करते हुए ही करे।

(पददानकथनम्)

अथ पददानमुक्तं देवजानीये गारुडे एकादशाहं प्रक्रम्य—तदह्नि दीयते सर्वं द्वादशाहे विशेषतः। पदानि सर्ववस्तूनि वरिष्ठानि त्रयोदश॥ यो ददाति मृतस्येह जीवतोऽप्यात्महेतवे। सुखी भूत्वा महामार्गे वैनतेय स गच्छति॥

अब पददान को कहते हैं—देवजानीय तथा गरुड़पुराण में एकादशाह के प्रकरण के प्रारंभ में कहा है—उसदिन विशेषकर द्वादशाहवाले दिन में सब पदों की वस्तुओं सहित रमणीय बहुमूल्य अतिसुन्दर तेरह पदों को जो मनुष्य मरे हुए के लिए और जीते हुए अपनी आत्मा के निमित्त देता है। हे वैनतेय, वह महामार्ग में सुखी होकर जाता है।

(पददानवस्तूनि)

तथा—आसनोपानहौ छत्रं मुद्रिका च कमण्डलुः। भोजनं भोजनाधारो वस्त्राण्यष्टविधं पदम्॥

और वचन है—आसन, जूता, छाता, अंगुठी, कमण्डलु, भाजन (भोजन) भोजनाधार (थाली, बटलोही, आदि) और वस्त्र ये आठ प्रकार के पद कहे गये हैं।

तथा—भाजनासनदानेन मुद्रिकाभोजनेन च। महिषीरथगोदानात्सुखी भवति निश्चितम्॥

और भी—भाजन (पात्र) और आसनदान से, अंगूठी तथा भोजन से, महिषी, रथ और गोदान से निश्चित सुखी होता है।

सर्वोपस्करयुक्तानि पदान्यत्र त्रयोदश। यो ददाति मृतस्येह जीवन्नप्यात्महेतवे॥ स गच्छति परं स्थानं महाकष्टविवर्जितः॥

सब सामग्रियों के सहित तेरह पद यहाँ होते हैं। जो इनको मरे हुए के लिए और जीवित अपनी आत्मा के निमित्त देता है वह महाकष्ट के रहित उत्तमस्थान को जाता है। (यह पाठ कहीं अधिक है—चतुःषष्टिपदान्याद्ये द्वात्रिंशन्मध्यमे पदम्। षोडशापि कनिष्ठे स्युस्त्रयोदश त्वनाद्यके॥)

त्रयोदशपदानीत्थं प्रेतायै द्वादशेऽहनि। दातव्यानि यथाशक्ति तेनासौ प्रीणितो भवेत्॥

इसप्रकार तेरह पदों को प्रेत केलिए बारहवें दिन यथाशक्ति देता है तो इससे वह प्रेत प्रसन्न होता है।

(चतुर्दशोपदानानि)

अन्नं चैवोदकं चैवोपानहौ च कमण्डलुः। छत्रं वस्त्रं तथा यष्टिं लोहदण्डं तथाष्टमम्॥ अग्नीष्टकां च दीपं च तिलांस्ताम्बूलमेव च। चन्दनं पुष्पदानं चोपदानानि चतुर्दश॥

अन्न, जल, जूता, कमण्डलु, छाता, वस्त्र, छडी, आठवां लोहे का दण्ड, अंगीठी, दीपक, तिल, तांबूल, चन्दन और पुष्प ये चौदह उपदान हैं।

(अत्र मूलं चिन्त्यम्)

योऽश्वं रथं गजं वापि ब्राह्मणे प्रतिपादयेत्। स्वमहिम्नानुसारेण तत्तत्सुखमवाप्नुयात्॥ इति। अत्र मूलं चिन्त्यम्।

जो घोड़ा, रथ या हाथी को ब्राह्मण को देता है। वह अपनी महिमा के अनुसार उन-उन सुखों को प्राप्त करता है। इसमें मूल चिन्तनीय है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(शय्यादाने संभारादिकथनम्)

अत्र शय्यादानम् । हेमाद्रौ भविष्ये—तस्माच्छय्यां समासाद्य सारदारुमयीं दृढाम् । दन्तपत्रचितां रम्यां हेमपादैरलङ्कृताम् ॥ हंसतूलीप्रतिच्छन्नां शुभगण्डोपधानिकाम् । प्रच्छादनपटीयुक्तां गन्धधूपादिवासिताम् ॥ तस्यां संस्थापयेद्धैमं हरिं लक्ष्म्या समन्वितम् । अथ हरिस्थाने प्रेतम् ।

अब [1]शय्यादान कहते हैं । हेमाद्रि में भविष्यपुराण का वचन है—सारदारु की लकड़ी की (सारमय काष्ठ, वह लकड़ी जिसमें सारभाग अधिक हो) सुदृढ़ शय्या को हाथी दांत से निर्मित सुन्दर सुवर्ण के पायों से शोभित हंस के वर्ण की तरह रुई से भरी तोषक और तकिया से भूषित ऊपर से सफेद चादर से बिछी, सहत, गन्ध धूप आदि से सुगन्धित ऐसी शय्या पर लक्ष्मी के सहित नारायण की मूर्ति का स्थापन करे । यहाँ पर हरि के स्थान में प्रेत का स्थापन करे ।

उच्छीर्षके घृतभृतं कलशं परिकल्पयेत् । ताम्बूलं कुङ्कुमंक्षौद्रं कर्पूरागुरुचन्दनम् ॥ दीपिकोपानहच्छत्रचामरासनभाजनम् । पार्श्वेषु स्थापयेद्भक्त्या सप्तधान्यानि चैव हि ॥

एवं सिरहाने की ओर घी से भरा कलश स्थापित हो, तांबूल, कुङ्कुम–रोली-केशर का क्षोद–चूर्ण, कर्पूर, अगरु (अगर), चन्दन, दीपक, जूता, छत्र, चामर, आसन भोजनपात्र को और भक्ति से अगल-बगल में सप्त धान्यों का भी स्थापन करे ।

शयनस्थस्य भवति यदन्यदुपकारकम् । भृङ्गारकरकाद्यं तु पञ्चवर्णं वितानकम् ॥

जो आवश्यक वस्तु हो उनको शयन करने वाले मनुष्य के लिए दे । भृङ्गार (सुवर्णका बना कमण्डलु), करक (करुवा) आदि—और पांच वर्ण का चंदवा दे ।

(शय्यादानमन्त्रः)

मन्त्रस्तु—यथा न कृष्णशयनं शून्यं सागरजातया । शय्या ममाप्यशून्यास्तु तथा जन्मनि जन्मनि ॥ यस्मादशून्यं शयनं केशवस्य शिवस्य च । अर्द्धं तदेव ।

मन्त्र यों है—जैसे कृष्ण की शय्या, सागर से उत्पन्न लक्ष्मी से सूनी नहीं रहती है । वैसे ही मेरी शय्या जन्म-जन्म तक सूनी न हो । जैसे केशव (विष्णु) और शिव की शय्या सूनी नहीं रहती है । आधा श्लोक पूर्ववत् है ।

दत्त्वैवं तस्य सकलं प्रणिपत्य विसर्जयेत् । एकादशाहेऽपि तथा विधिरेष प्रकीर्तितः ॥

इसप्रकार उसके लिए सब देकर प्रणाम कर विसर्जन करे । वैसे एकादशाह में भी यही विधि कही है ।

(मृतकशय्यादाने विशेषः)

विशेषं चात्र राजेन्द्र कथ्यमानं निशामय । तेनोपभुक्तं यत्किञ्चिद्वस्त्रवाहनभाजनम् ॥ यद्यदिष्टं च तस्यासीत्तत्सर्वं परिकल्पयेत् । तमेव पुरुषं हैमं तस्यां संस्थापयेत्तदा ॥ पूजयित्वा प्रदातव्या मृतशय्या यथोदिता ।

और हेराजेन्द्र, यहाँ पर कहे हुए को विशेष सुनो—प्रेत के कार्य में जो कुछ उपयोग किये हुए वस्त्र, वाहन, भोजन पात्र जो उसको प्रिय था वह सब दे । उसकी सुवर्ण की मूर्ति शय्यापर स्थापित करे और पूजन कर यथोचित मृतशय्या को देना चाहिये ।

पाद्मे—मृतकान्ते द्वितीयेऽह्नि शय्यां दद्यात्सुलक्षणाम् । काञ्चनं पुरुषं तद्वत् फलवस्त्रसमन्वितम् ॥ संपूज्य द्विजदाम्पत्यं नानाभरणभूषितम् । उपवेश्य तु शय्यायां मधुपर्कं ततो ददेत् ॥

१—अमुकगोत्रस्यामुक (अमुकगोत्राया अमुकीप्रेतायाः) सकलनरकयातना-घर्मशीतादि-बाधा-याम्यपुरुषप्रहारनिवृत्ति-पूर्वकानेककल्पान्तपुरन्दरादिसकललोकप्राप्त्यर्थं घृतकुंभ-जलकलश-ताम्बूलकुङ्कुमागरुकर्पूरचन्दनदीपिकापादुकोपानच्छत्रचामरासननानाविधभाजनसुवर्णरजतभूषणविविधभक्ष्यभोज्यादर्श (कङ्कतकाचमणिसूत्रकाचकङ्कणनासिकाभूषणसिन्दूरादिसौभाग्यद्रव्यं) यथासंभवपट्टकौशेयक्षौमौर्णकार्पासवस्त्र (वाहनायुध) हैमलक्ष्मीनारायणप्रतिमायुतामिमां शय्यां प्रजापति दैवतां तुभ्यं संप्रददे । ॐ तत् सन्न मम । इति अन्त्यकर्मदीपके ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पद्मपुराण में कहा है—मृतक के सूतकान्त में-दूसरे दिन में शुभलक्षणों वाली शय्या को दे तद्वत् फल, वस्त्र से युक्त काञ्चन पुरुष (सुवर्ण का बना हुआ पुरुष) प्रेत को दे अनेक आभूषणों से युक्त ब्राह्मण दम्पत्ति का पूजन कर शय्या में बैठाकर मधुपर्क दे।

(रजतपात्रे ललाटास्थिभोजनस्य पर्वतीयानामेवाचारः)

रजतस्य तु पात्रेण दधिदुग्धसमन्वितम्। अस्थि लालाटिकं गृह्य सूक्ष्मं कृत्वा सपायसम्॥ भोजयेद् द्विजदाम्पत्यं विधिरेष सनातनः। एष एव विधिर्दृष्टः पार्वतीयैर्द्विजोत्तमैः॥

चांदी के पात्र में दधि और दुग्ध से युक्त और सिर की अस्थि को ग्रहण कर उसको महीन कर खीर में मिलाकर द्विजदम्पत्ति को भोजन करा दे। यह सनातन विधि है। यह विधि पर्वत के निवासी द्विजोत्तमों में देखी गयी है। (यह पर्वतीयों का आचार है। अन्य देशों में रहनेवालों के लिए निन्दनीय है। धार्मिकों का कहना है कि इन वचनों का कहना निराधार है। और धर्मसिन्धुकार ने कहा है महाराष्ट्र आदि देश के शिष्ट नहीं आदर करते हैं।) (यह कुछ राजाओं में आज के पचास वर्ष पहले प्रकारान्तर से प्रचलित था।)

(मृतशय्याग्रहणे पुनःसंस्कारत्वकथनम्)

एतत्प्रतिग्रहे तत्रैवोक्तम्—गृहीतायां तु तस्यां वै पुनः संस्कारमर्हति।

इसके प्रतिग्रह में वहीं कहा है—शय्या को ग्रहण करने के बाद फिर से संस्कार करे। कहीं ऐसा भी पाठ है—गृहीत्वा मृतशय्याम्।

(शय्यादानफलकथनम्)

शय्यादानफलं भविष्ये—स्वर्गे पुरन्दरपुरे सूर्यपुत्रालये तथा। सुखं वसत्यसौ जन्तुः शय्यादानप्रभावतः॥ आभूतसंप्लवं यावत्तिष्ठत्यातङ्कवर्जितः॥ इति।

भविष्यपुराण में शय्यादान का फल कहा है—इन्द्र पुर स्वर्ग में और सूर्यपुत्र (यमराज) के स्थान में वह जीव शय्यादान के प्रभाव से सुख से निवास करता है और प्रलयपर्यन्त आतंक (भय) से वर्जित रहता है।

(उदकुम्भदानम्)

अथोदकुम्भः। हेमाद्रौ स्मृतिसमुच्चये—एकादशाहात्प्रभृति घटस्तोयान्नसंयुतः।

दिने दिने प्रदातव्यो यावत्संवत्सरं सुतैः॥

अब जलकुंभ[1] को कहते हैं। हेमाद्रि में स्मृतिसमुच्चय का वचन है—एकादशाह (वर्षान्तसपिण्डन पक्ष में) से लेकर जल तथा अन्न के सहित घड़े को प्रतिदिन एकसाल तक पुत्र (प्रेतलोके तु वसतिर्नृणां वर्षं प्रकीर्तिता। क्षुत्तृष्णे प्रत्यहं तत्र यतो हि भृगुनन्दन॥ तदर्थमिह दातव्यं जलान्नमभिवत्सरम्) दें।

लौगाक्षिः—यस्य संवत्सरादर्वाक् सपिण्डीकरणं भवेत्।

मासिकं चोदकुम्भं च देयं तस्यापि वत्सरम्॥

लौगाक्षि ने कहा है—जिसका एक साल के पूर्व सपिण्डन श्राद्ध हो गया है। उसको भी एक साल तक मासिकश्राद्ध और जल का घड़ा देना चाहिये।

उत्तरार्द्धे—तस्याप्यन्नं सोदकुम्भं दद्यात्संवत्सरं द्विजे। इति याज्ञवल्क्यपाठः (आचा० श्लो० २५५) सपिण्डनापकर्षेऽस्यापकर्षप्राप्तेर्बाधकमिदमिति शूलपाणिः। तन्न प्रकृतिविकाराभावेन तदन्तन्यायाविषयत्वात्।

उत्तरार्ध में याज्ञवल्क्य का पाठ है—उसके लिए भी अन्न तथा जलकुम्भ को एकसाल तक द्विज के

१—मरणदिनमारभ्य तिथिवद्धचान्द्रमानेन संवत्सरपूर्तिपर्यन्तं जायमानप्रात्यहिकक्षुत्पिपासानिवृत्यर्थं षष्ट्यधिकत्रिशतसंख्याकान् (अधिकमासपाते तु नवत्यधिकत्रिशतसंख्याकान्) सान्नान् सदीपान् सदन्तधावनान् उदकुंभान् ब्राह्मणाय दास्ये। ॐ तत्सन्न मम। इति अन्त्यकर्मदीपके।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लिए दे। सपिण्डन के अपकर्ष में इसका भी अपकर्ष प्राप्ति का बाधक यह है—यह शूलपाणि ने कहा है। यह उचित नहीं है, प्रकृतिविकार के अभाव से तदन्तन्याय[1] का विषय नहीं है।

मात्स्ये—यावदब्दं च यो दद्यादुदकुम्भं विमत्सरः। प्रेतायान्नसमायुक्तं सोऽश्वमेधफलं लभेत् ॥ केचित्त्रयोदशाहमारभ्याहुस्तन्निर्मूलम्।

मत्स्यपुराण में कहा है—जो विमत्सर (ईर्ष्यारहित) एकसाल तक जल-कुम्भ को अन्न के सहित प्रेत के लिए देता है वह अश्वमेधयज्ञ के फल को प्राप्त करता है। कोई त्रयोदशाह से आरंभ करते हैं—यह कहना निर्मूल है।

अत्र देवयाज्ञिकः—'सपिण्डनापकर्षे संवत्सरं यावदुदकुम्भमर्वागेव दद्यान्नोर्ध्वम्'

यहाँ पर देवयाज्ञिक ने कहा है—सपिण्डनश्राद्ध के अपकर्ष में एकसालतक जलकुम्भ दे बाद में न दे।

प्रेतलोकगतस्यान्नं सोदकुम्भं प्रयच्छत ॥ इति गोविन्दराजधृतविष्णूक्तेः।

गोविन्दराज में विष्णु ने कहा है—प्रेतलोक में गये हुए के लिए जल सहित कुम्भ अन्न के सहित दे।

अन्नं चैव स्वशक्त्या तु संख्यां कृत्वाब्दिकावधि। दातव्यं ब्राह्मणे स्कन्द घटादौ निष्क्रयं तु वा ॥ अपि श्राद्धशतैर्दत्तैरुदकुम्भं विना नराः। दरिद्रा दुःखिनस्तात भ्रमन्ति च भवार्णवे ॥ तेनापकृष्य दातव्यं प्रेतस्याप्युदकुम्भकम् ॥ इति गोभिलभाष्ये स्कान्दात्त सपिण्डनात्प्रागेव तस्य विधानादूर्ध्वं निषेधादित्याह। तन्न, उदकुम्भे पार्वणविधानानुपपत्तेरेवं व्याख्यायां मानाभावान्मिताक्षरादिविरोधाच्च। वचनं यदि समूलं तदा वृद्धापकर्षं विधत्ते,

एकसाल तक अपनी शक्ति के अनुसार गिनती कर अन्न को हे स्कन्द, ब्राह्मण के लिए देना चाहिये या घट आदि का निष्क्रय दे। जो सौ श्राद्धके करनेपर जलकुम्भ के बिना मनुष्य दरिद्र और दुःखी होते हैं। हे तात, वे लोग दुःखरूपी समुद्र में भ्रमण करते हैं। इससे अपकर्ष कर प्रेत के लिए उदकुम्भ को दे। यह गोभिलभाष्य में स्कन्दपुराण का वचन है। सपिण्डीकरण के पहले उसका विधान है बाद में निषेध है—यह कहा है। यह उचित नहीं है। जल के घड़े में पार्वणविधि की अनुपपत्ति से ही व्याख्या में प्रमाणाभाव से मिताक्षरा आदि से विरोध है। वचन यदि समूल है तो वृद्धि में अपकर्ष का विधान किया है।

प्रेतश्राद्धानि सर्वाणि सपिण्डीकरणं तथा। इति हेमाद्रौ शाट्यायनोक्तेः। 'तस्याप्यन्नं सोदकुम्भम्' इति याज्ञवल्क्यविरोधाच्च। (आचा० श्लो० २५५)

सब प्रेतश्राद्ध और सपिण्डीकरण करे—यह हेमाद्रि में शाट्यायन ने कहा है। उसका भी अन्न तथा जल सहित कुंभ को दे-यह याज्ञवल्क्य का विरोध है।

मदनरत्ने गौतमः—अदैवं पार्वणं श्राद्धं सोदकुम्भमधर्मकम्। कुर्यात्प्रत्याब्दिकात् श्राद्धात् सङ्कल्पविधिनाऽन्वहम् ॥ अधर्मकं ब्रह्मचर्यादिनियमहीनम्। एतन्मासिकवदेकोद्दिष्टं पार्वणं वा कार्यम्।

मदनरत्न में गौतम ने कहा है—बिना विश्वेदेव का पार्वणश्राद्ध अधर्मक (ब्रह्मचर्य आदि नियमों से हीन) जलकुंभ तथा प्रतिवर्ष के श्राद्धों को संकल्पविधि से प्रतिदिन में करे। अधर्मक माने—ब्रह्मचर्य आदि नियम से रहित। इसको मासिकश्राद्ध के सदृश एकोद्दिष्ट या पार्वण करे।

अपरार्कस्तु—सपिण्डीकरणे वृत्ते पृथक्त्वं नोपपद्यते।

पृथक्त्वे तु कृते पश्चात्पुनः कार्या सपिण्डता ॥ इति।

१—जहाँ प्रकृति-विकृतिर्भाव होता है वहीं पर तदन्त का अपकर्ष होता है जहाँ नहीं है वहाँ 'तदन्त' का अपकर्ष नहीं होता है। प्रकृत में जिसका सपिण्डीकरण साल भर के भीतर होता है। अर्थात्—द्वादशाह में सपिण्डन करने पर षोडशश्राद्ध का अपकर्ष होता है। सोदकुंभ श्राद्ध में षोडशश्राद्ध का अपकर्ष नहीं होता है। क्योंकि इसमें प्रकृति-विकृति भाव नहीं है। अतः तदन्तरापकर्षन्याय भी नहीं होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपरार्क ने तो कहा है—सपिण्डी करने के बाद अलग से नहीं होता है। अलग से करने पर तो फिर से सपिण्डन करे।

(अन्नदानादिदानम्)

लघुहारीतोक्तावपि—तस्याप्यन्नं सोदकुम्भं देयं संवत्सरं द्विजे।

लघुहारीत में भी कहा है—उसके भी निमित्त अन्न और जल कुम्भ को संवत्सर में ब्राह्मण के लिए देना चाहिये।

इति याज्ञवल्कीये तस्येत्येकत्वोक्तेः सपिण्डनोत्तरमप्येकोद्दिष्टमेवेत्याह। अत्र पिण्डदानं कृताकृतम्। 'अहरहरन्नमस्मै ब्राह्मणायोदकुम्भं च दद्यात्पिण्डमप्येके निपृणन्ति' इति हेमाद्रौ पारस्करोक्तेः। श्राद्धाशक्तौ पिण्डमात्रमिति गौडाः। तन्न, अपिशब्दबाधापत्तेः।

इस याज्ञवल्क्य के वचन ने 'तस्य' इसका एकत्व कहा है। सपिण्डनोत्तर भी एकोद्दिष्ट ही कहा है। यहाँ पर पिण्डदान कृताकृत (वैकल्पिक) है। हेमाद्रि में पारस्कर का वचन है—प्रतिदिन उस ब्राह्मण के लिए (प्रेत के लिए) (सपिण्डन के पूर्व प्रेतशब्द से बाद में पितृशब्द दे प्रेतशब्द से न दे।) अन्न तथा जलकुम्भ दे। कोई कहता है—पिण्डको भी दे। गौड कहते हैं-श्राद्धकी अशक्ति में पिण्डदानमात्र करे। यह उचित नहीं है। 'अपि' शब्द से बाधा की आपत्ति हो जायगी।

हारीतः—मृते पितरि वै पुत्रः पिण्डमब्दं समाचरेत्। अन्नं कुम्भं च विप्राय प्रेतनिर्देशधर्मतः॥ प्रेतशब्दोच्चारणेनेति हलायुधः। यद्वा प्रेतस्य निर्देशो यत्र तदेकोद्दिष्टं तद्धर्मत इत्यर्थः। अत्राशौचान्तदिनाद्यावदब्दान्तं यावद्वत्सरपूर्तेः शौचं नाधिकारिविशेषणम्। तेन मृतिदिनमारभ्यैतत्कार्यमिति केचित्। तन्न, हेमाद्रिधृतवचोविरोधात्। मध्ये आशौचादिना बाधे तु लोप एव दार्शवत्।

हारीत ने कहा है—पिता के मरने पर ही पुत्र पिण्डशब्द को कहे। अन्न और कुम्भ को प्रेत के उद्देश्यस्वरूपधर्म से ब्राह्मण के लिए दे। प्रेतशब्दका उच्चारण करके दे-यह हलायुध कहते हैं। अथवा-प्रेतके निर्देश जिसमें हो उसको एकोद्दिष्टधर्म से करे-यह अर्थ है। यहाँ पर अशौचान्त दिन से-अब्दान्त तक जबतक संवत्सरपूर्ति का शौच अधिकारी का विशेषण नहीं है। इससे मरणदिन से आरंभ कर इसको करे-यह किसी का मत है। यह उचित नहीं है, हेमाद्रि में कहे हुए वचन का विरोध है। मध्य में आशौचादि से बाध में तो लोप ही दर्श[1] (अमावस्या) की तरह है।

(प्रथमाब्दे दीपदानम्)

तथा प्रथमाब्दे दीपदानमुक्तम्। देवजानीये गारुडे—प्रत्यहं दीपको देयो मार्गे तु विषमे नरैः। यावत्संवत्सरं वापि प्रेतस्य सुखलिप्सया॥

और प्रथमवर्ष में दीपदान कहा है। देवजानीय में गरुडपुराण का वचन है—विषम रास्ते में प्रेत के सुख की इच्छा के लिए एकसाल तक प्रतिदिन दीपक को देना चाहिये।

प्राङ्मुखोदङ्मुखं दीपं देवागारे द्विजालये। कुर्याद्याम्यमुखं पित्र्ये अद्भिः सङ्कल्प्य सुस्थिरम्॥

सुस्थिर हो पूर्वमुख या उत्तरमुख दीपक को देवमन्दिर में या ब्राह्मण के घर में दे और दक्षिणमुख पितरों के लिये जल से संकल्प कर स्थिर करे।

(अथ मासिकानि)

अथ मासिकानि। तानि च कृत्वैव सपिण्डनं कार्यम्।

अब मासिक (प्रत्येक महिने के) श्राद्धों को कहते हैं। उन (मासिक) श्राद्धों को कर (नवश्राद्ध आदि के किये विना मासिक आदि श्राद्धों में अधिकार नहीं होता है। 'नवश्राद्धादिश्राद्धानि न कृतानि तु यस्य वै। नाधिकारो भवेत्तत्र मासपाण्मासिकादिके॥') ही सपिण्डनश्राद्ध को करना चाहिये।

१—अमावास्यायां प्रातरिष्टेरारम्भो विहितः। यदि कश्चिद्भ्रान्त्या अमाबुद्ध्या चतुर्दश्यामिष्टिमारभेत, तदानीं चन्द्रस्याभ्युदितत्वात् तन्निमित्तजन्यदोषनिर्घातार्था इयमिष्टिः 'अभ्युदयेष्टिः अभ्युदृष्टेष्टिरिति चोच्यते। (सरलावृत्तिकात्यायन श्रौतसूत्र की टिप्पणी पृ० ६६ अ० २ क० ३)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पूर्व

दक्षिण

(बारह महीनों के मासिक आदि श्राद्धों का एकतन्त्र प्रयोग)

आब्दिक	ऊनाब्दिक	एकादश-मासिक	दशम-मासिक	नवम-मासिक	अष्टममासिक	सप्तम-मासिक	षाण्मासिक	ऊन-षाण्मासिक	पञ्चम-मासिक	चतुर्थ-मासिक	तृतीय-मासिक	द्वितीय-मासिक	त्रिपाक्षिक	प्रथम-मासिक	
१५	१४	१३	१२	११	१०	९	८	७	६	५	४	३	२	१	
✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	आसन
✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	भोजनपात्र
✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	अर्घपात्र
✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	जलपात्र
✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	घृतपात्र
✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	पिण्डाधारवेदी
✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	अवनेजन पात्र ही बाद में प्रत्यवनेजनपात्र हो जाते हैं।

✳

श्राद्धकर्ता का आसन

पश्चिम

नोट—१—अधिकमास के प्राप्त होने पर क्रम से ग्यारहवें मासिकश्राद्ध के बाद द्वादशमासिक, ऊनवार्षिक (ऊनाब्दिक) फिर त्रयोदशमासिक श्राद्ध होता है। २—इन मासिकादि श्राद्धों को एक साथ सपिण्डनश्राद्ध के पूर्व करने पर देश, काल और कर्ता के एक होने से एक ही पाक बनता है। भट्ट लोग पाक भेद मानते हैं। यह पक्ष अब नहीं चलता है। ३—सपिण्डनश्राद्ध के पूर्व इन श्राद्धों को करने पर प्रेतशब्द का उच्चारण होता है। पिण्डमेलन के बाद प्रेतशब्द का उच्चारण शास्त्रीय दृष्टि से नहीं होता है। ४—आद्यश्राद्ध को ग्रहण करने से सोलह श्राद्ध होते हैं। यही पक्ष उत्तम है। ५—सपिण्डनश्राद्ध करने के बाद मासिकादिश्राद्ध फिर से हर महीने करने का विधान शास्त्रों में मिलता है। यदि आशौचादि की प्राप्ति हो जाय तो पूर्वश्राद्ध को उत्तरश्राद्ध के साथ करना चाहिये। ६—इन मासिकादि श्राद्धों के करते समय विवाह आदि की प्राप्ति हो तो मासिकादि श्राद्धों का अपकर्ष करना चाहिये। वृद्धिश्राद्ध के बाद इन श्राद्धों को फिर से नहीं करना चाहिये। ७—मारवाड़ी आदि इन श्राद्धों में केवल छः महीनेवाला एक षाण्मासिकश्राद्ध करते हैं और वार्षिकश्राद्ध का पिण्ड साढ़ेग्यारह महीने में देते हैं। बाकी के सब त्याग देते हैं। इन सब बातों का मूल वही जानते होंगे। 'पारणे मरणे नृणां तिथिस्तात्कालिकी स्मृताः' इत्यादि वचनों में विचार नहीं करते हैं। ८—कुरसेला, दरभंगा आदि प्रान्तों में मैथिल और सरयूपारीण ब्राह्मण मासिक आदि श्राद्धों को द्वादशाह दिन में पृथक् पाक से अलग-अलग व्यर्थ में समय का अपव्यय करते हुए श्राद्ध करते और कराते देखे गये हैं। उनकी यह प्रक्रिया केवल बाह्याडम्बर से युक्त प्रतीत सी होती है। ९—पर्वतीय (पहाड़ी) लोग ऊनमासिकादि श्राद्धों को फिर से नहीं करते हैं। उनका कहना है कि—'ततः सपिण्डनादूर्ध्वमर्वाक् संवत्सरादपि। प्रतिमासं प्रदातव्यो जलकुंभः सपिण्डकः॥' इस गरुडपुराण मत से सपिण्डनोत्तर हर महीने में ही पिण्ड के सहित जल कुंभदान करना कहा है। ऊनमासिकादि में कुछ करना नहीं कहा है। इसलिये सपिण्डन के बाद हर मास में ही मासिकश्राद्ध करे—यह पर्वतीयों का आचार है। यह पक्ष विचारणीय है। नेपाल में निवास करनेवाले कौर्मांचलों का तो ऊनमासिकादि श्राद्ध सपिण्डनश्राद्ध के बाद होता ही है। १०—मरणदिन से बारह महीने के भीतर यदि कोई अधिकमास आ जाय तो उसमें अधिकमास का और शुद्धमास का दो बार श्राद्ध करना चाहिये।

उत्तर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथा च गोभिललौगाक्षी—श्राद्धानि षोडशादत्त्वा नैव कुर्यात्सपिण्डनम् ।
श्राद्धानि षोडशापाद्य विदधीत सपिण्डनम् ॥

गोभिल और लौगाक्षि ने कहा है—सोलह श्राद्धों को न देकर सपिण्डन न करे। सोलह श्राद्धों को कर सपिण्डन करे।

(षोडशश्राद्धानि)

तानि त्वाह जातूकर्ण्यः—द्वादश प्रतिमास्यानि आद्यषाण्मासिके तथा । त्रैपक्षिकाब्दिके चेति श्राद्धान्येतानि षोडश ॥ आद्यषाण्मासिकाब्दिकशब्दाः ऊनमासिकोनषष्ठोनाब्दिकपराः ।

उन सोलह श्राद्धों को जातूकर्ण्य ने कहा है—बारह महिने के बारह श्राद्ध, आद्य और षाण्मासिक श्राद्ध, त्रैपाक्षिक और आब्दिक (वर्ष में होने वाला श्राद्ध) ये सोलह श्राद्ध हैं। आद्यश्राद्ध, षाण्मासिक और आब्दिकशब्द ऊनमासिक, ऊनषाण्मासिक और आब्दिकपरक हैं।

हेमाद्रौ तु—सपिण्डीकरणं चैव इत्येतच्छ्राद्धषोडशम् । इत्युत्तरार्द्धे पाठः । तदा आद्यमूनमासिकं द्वादशाहे, षाण्मासिके ऊनषष्ठोनाब्दिके इत्यर्थः ।

हेमाद्रि में तो कहा है—सपिण्डनश्राद्ध तक ही सोलहश्राद्ध हैं। यह उत्तरार्ध का पाठ है। तब आद्य और ऊनमासिक द्वादशाह में षाण्मासिक में ऊनषाण्मासिक तथा ऊनाब्दिक यह अर्थ है।

(कात्यायनमते षोडशश्राद्म्)

कात्यायनस्त्वन्यथाह—द्वादश प्रतिमास्यानि आद्यषाण्मासिके तथा ।
सपिण्डीकरणं चैव इत्येतच्छ्राद्धषोडशम् ॥

कात्यायन ने तो अन्यथा कहा है—बारह महिने को बारह, आद्य, षाण्मासिक और सपिण्डीकरण ये सोलह श्राद्ध हैं।

एकाहेन तु षण्मासा यदा स्युरपि वा त्रिभिः । न्यूनः संवत्सरश्चैव स्यातां षाण्मासिके तदा ॥

एकदिन में, छ महिने या तीनदिन में जब होते हैं तो न्यून संवत्सर हो तो षाण्मासिक में होते हैं।

द्विवचनादूनषष्ठोनाब्दिके इत्यर्थमाह पृथ्वीचन्द्रः ।

पृथ्वीचन्द्र ने कहा है—द्विवचन से तो ऊनषाण्मासिक और आब्दिक यह अर्थ कहा है—

(व्यासमते विचारः)

व्यासस्त्वन्यथाह—द्वादशाहे त्रिपक्षे च षण्मासे मासिकाब्दिके । श्राद्धानि षोडशैतानि संस्मृतानि मनीषिभिः ॥ द्वादशाहपदमूनमासिकपरं तस्य द्वादशाहेऽप्युक्तेरिति कालादर्शः ।

व्यास ने तो अन्यथा कहा है—द्वाददिन, त्रिपक्ष, षाण्मासिक, मासिक और आब्दिकश्राद्ध ये सोलह श्राद्ध बुद्धिमानों ने कहे हैं। द्वादशदिनपद ऊनमासिक परक है। उसका द्वादशाह में भी कहा है—यह कालादर्श ने कहा है।

(मदनरत्नादिमते विचारः)

मदनरत्ने ब्राह्मे त्वन्यथोक्तम्—नृणां तु त्यक्तदेहानां श्राद्धाः षोडश सर्वदा । चतुर्थे पञ्चमे चैव नवमैकादशे तथा ॥ ततो द्वादशभिर्मासैः श्राद्धाः द्वादशसंख्यया ॥ इति । चतुर्थादीनि दिनानि ।

मदनरत्न में ब्रह्मपुराण के वचन से तो विपरीत कहा है—शरीर को त्यागने वाले मनुष्यों का सर्वदा सोलह श्राद्धों को कहा है। चौथे, पांचवें, नवें तथा ग्यारहवें दिन में और बारह महिनों में होने वाले गिनती में बारह श्राद्ध होते हैं। चतुर्थ आदि पद से दिनों का ग्रहण करे।

भविष्ये त्वन्यथोक्तम्—अस्थिसञ्चयनं श्राद्धं त्रिपक्षे मासिकानि तु । रिक्तयोश्च तथा तिथ्योः प्रेतश्राद्धानि षोडश ॥ इति । रिक्तयोस्तिथ्योरित्यूनषष्ठोनाब्दिकपरमिति हेमाद्रिः । अत्र देशकुलशाखाभेदाद्व्यवस्थेति सर्वनिबन्धाः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भविष्यपुराण में तो विपरीत कहा है—अस्थिसंचयनश्राद्ध, त्रिपक्ष, बारह महिनों के मासिकश्राद्ध, रिक्ता तिथियों में सोलह प्रेतश्राद्ध होते हैं। रिक्तयोस्तिथ्योः से--ऊनषाण्मासिक और ऊनाब्दिकपरक है—यह हेमाद्रि कहते हैं। यहाँ पर देश, कुल और शाखाभेद से व्यवस्था है यह सब निबन्धों का मत है।

गालवः--ऊनषाण्मासिकं षष्ठे मासे वाप्यूनमासिकम्।
त्रैपाक्षिकं त्रिपक्षे स्यादूनाब्दं द्वादशे तथा॥

गालव ने कहा है—छठे महिने में ऊनषाण्मासिक, या महिने में ऊनमासिक, त्रिपक्षमें-त्रैपाक्षिक, और बारह महिने में ऊनाब्दिक करे।

(ऊनमासिके विचारः)

ऊनमासिके तु गोभिलः--मरणाद्द्वादशाहे स्यान्मास्यूने चोनमासिकम्।

ऊनमासिक में तो गोभिल ने कहा है—मरण से द्वादशाह में या महिने के ऊनमें ऊनमासिक होता है।

मदनरत्ने कालादर्शे च श्लोकगौतमः--एकद्वित्रिदिनैरूने त्रिभागेनोन एव वा।
श्राद्धान्यूनाब्दिकादीनि कुर्यादित्याह गौतमः॥

मदनरत्न और कालादर्श में गौतम का श्लोक है—एक, दो और तीन दिनों के ऊन में या त्रिभाग से ऊन में ही आब्दिक, ऊनाब्दिक आदि श्राद्धों को करे-ऐसा गौतम ने कहा है।

क्रियानिबन्धे क्रतुस्तु--सार्द्धे एकादशे मासे सार्द्धे वै पञ्चमे तथा। ऊनाब्दमूनषण्मासं भवेतां श्राद्धकर्मणि॥ इत्युक्तं तत्र मूलं चिन्त्यम्।

क्रियानिबन्ध में क्रतु ने तो कहा है—श्राद्धकर्म में साढ़े ग्यारह महिने में और साढ़े पांचमास में ऊनाब्द तथा ऊनषाण्मासिक श्राद्ध होते हैं—ऐसा कहा है। वहाँ पर मूल चिन्तनीय है।

(ऊनेषु वर्ज्यानि)

ऊनेषु वर्ज्यान्याह मरीचिः—द्विपुष्करे च नन्दासु सिनीवाल्यां भृगोर्दिने।
चतुर्दश्यां च नोनानि कृत्तिकासु त्रिपुष्करे॥

[1]ऊनों में त्याज्यों को मरीचि में कहा है—द्विपुष्कर, नन्दा, सिनीवाली (अमावास्या जिसमें चन्द्रदर्शन न हो), शुक्रवार, चतुर्दशी, कृत्तिका और त्रिपुष्कर (कृत्तिका, पुनर्वसु, उत्तरा फाल्गुनी, विशाखा, उत्तराषाढा और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र, द्वितीया, सप्तमी तथा द्वादशी. मंगल, शनि, रविवार इनके योग हो जाने पर त्रिपुष्कर तथा पूर्वोक्त तिथि, वार में मृगशिरा, चित्रा और धनिष्ठा के योग हो जाने पर द्विपुष्कर योग होता है।) में ऊनश्राद्ध नहीं होता है।

गालवः—त्रिभिर्वा दिवसैरूने त्वेकेन द्वितयेन वा। आद्यादिषु च मासेषु कुर्यादूनाब्दिकादिकम्॥ एकन्यूनपक्षे पञ्चम्यां मृतस्य तृतीयायां त्रिभिर्न्यूने प्रतिपदि द्व्यूने द्वितीयायामिति केचित्।

गालव ने कहा है—तीनदिन, एकदिन या दोदिन कम में प्रथम आदि महिनों में ऊनाब्दिक आदि श्राद्धों को करे। एक न्यूनपक्ष में पञ्चमी में मरे का तृतीया में, तीनदिन से न्यून मरण में प्रतिपदा में, दो दिन न्यून में मरने पर द्वितीया में होता है—यह कोई कहते हैं।

माधवस्तु—षाण्मासिकाब्दिके श्राद्धे स्यातां पूर्वेद्युरेव ते। मासिकानि स्वकीये तु दिवसे द्वादशेऽपि वा॥ इति पैठीनसिवाक्ये ऊनषाण्मासिकं सप्तममासगत मृताहात् पूर्वेद्युः कार्यम्, ऊनाब्दिकं तु द्वितीयाब्दे मृताहदिनात्पूर्वेद्युः कार्यमित्यर्थः। पूर्वेद्युर्मृताहादित्यर्थः। 'मासिकानि स्वकीये तु दिवसे' इत्युक्तेः। इदमेव युक्तम्। मदनरत्नेऽप्येवम्।

माधव ने तो कहा है—षाण्मासिक और आब्दिकश्राद्ध तो पूर्वदिन में ही करे। मासिक आदि श्राद्धों को तो अपने दिन में या बारहवें दिन करे—यह पैठीनसिवाक्य में ऊनषाण्मासिक को सप्तममास गत मरण दिन से पहले दिन करना चाहिये। ऊनाब्दिक तो दूसरे वर्ष में मरणदिन से पहले दिन में करे—यह अर्थ कहा है। मरणदिन से पहले दिन करे—यह अर्थ है। मासिक आदि श्राद्ध तो अपने ही दिन में करे—ऐसा कहा है। यही उचित है। मदनरत्न में भी यही है।

१—गार्ग्यः- नन्दायां भार्गवदिने चतुर्दश्यां त्रिपुष्करे। नवश्राद्धं न कुर्वीत गृहीधनक्षयात्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

याज्ञवल्क्यः (आचा० श्लो० २५६)—मृतेऽहनि तु कर्तव्यं प्रतिमासं तु वत्सरम्। अत्राद्यमासिकमाद्याब्दिकं चैकादशेऽह्नीति निर्णयामृतादयः।

याज्ञवल्क्य ने कहा है—(एकोद्दिष्ट) साल तक हर महीने में मरणतिथि को करे और प्रत्येक साल में करे। यहाँ पर आद्यमासिक और आद्य आब्दिक ग्यारहवें दिन (अर्थात्—आशौचोत्तरदिन) में करे—यह निर्णयामृत आदि में कहा है।

(मरे दिन के अज्ञान में अमावस्या या श्रवणदिन में करे। जिसदिन प्रवास किया हो उसदिन में या उसीमास की अमावस्या में श्राद्ध करे। हरसाल में जो श्राद्ध माता और पिता का मरणतिथि में किया जाता है—वह एकोद्दिष्ट श्राद्ध होता है। व्यास ने कहा है—जो एकोद्दिष्ट का त्याग कर पार्वण करता है, वह नहीं किये के बराबर होता है और पितृघातक होता है। दाक्षिणात्यों में इसतरह से व्यवस्था जमदग्नि के मत से की है—माता और पिता का क्षयाहदिन में औरस और गोत्रज पार्वण ही करे तथा दत्तक आदि एकोद्दिष्ट श्राद्ध करें। यह पक्ष उचित नहीं है। क्योंकि यहाँ पर क्षयाह का वचन नहीं है। पर 'अब्द' शब्द है। जो पराशर ने कहा है—सपिण्डीकरण श्राद्धोत्तर पिता की ओर से पुत्र त्रिपुरुषात्मकपार्वण करे और भिन्न गोत्र मातुल आदियों का क्षयाहदिन में जो श्राद्ध होता है वह एकोद्दिष्ट ही होता है। और पैठिनसि ने कहा है—औरस पुत्र सपिण्डीकरण के बाद माता और पिता का क्षयाह में पार्वण न करें। उदीच्याः पुनरेवं व्यवस्थापयन्ति—अमावास्यां भाद्रपदकृष्णे मृताहे पार्वणम्, अन्यत्र मृताहे एकोद्दिष्टमेव। 'अमावास्याक्षयो यस्य प्रेतपक्षेऽथवा पुनः। पार्वणं तत्र कर्तव्यं नैकोद्दिष्टं कदाचन' इसको भी वृद्ध आदर नहीं करते हैं। अन्त में यही मिताक्षरा ने कहा है कि—पार्वण और एकोद्दिष्ट में व्रीहि और यववत् विकल्प ही है। फिर भी वंश समाचार व्यवस्थायां सत्यां व्यवस्थिते, असत्यामैच्छिकः। याज्ञवल्क्यस्मृति मत से और श्री पूज्य पिताजी की व्यवस्था से यजुर्वेदियों को एकोद्दिष्ट का विधान करना चाहिये।)

ब्राह्मणं भोजयेदाद्ये होतव्यमनलेऽथ वा। पुनश्च भोजयेद्विप्रं द्विरावृत्तिर्भवेदिति॥ इति गोभिलीय च तद्विषयमाहुः। अन्ये तु 'मासपक्षतिथिस्पृष्टे' इत्यादि विरोधादाब्दिकं वर्षान्ते एव। मासिकं तु मासादौ। द्विरावृत्तिस्तु एकादशाहिकाद्यमासिकपरा। देवयाज्ञिकोऽप्येवमाह।

आद्यश्राद्ध में ब्राह्मण को भोजन करा दे या अग्नि में हवन करे। फिर से भोजन ब्राह्मण को करा दे—यों द्विरावृत्ति होती है—इस गोभिल के वचन को भी उसी विषय में कहते हैं। अन्य तो कहते हैं—मास, पक्ष और तिथि से युक्त इत्यादि बचन के विरोध से आब्दिक वर्षान्त में ही होता है। मासिकश्राद्ध तो महिने के आदि में होता है। द्विरावृत्ति तो एकादशाह तथा आद्यमासिक के विषय में है। देवयाज्ञिक ने भी यही कहा है।

लौगाक्षिरपि—मासादौ मासिकं कार्यमाब्दिकं वत्सरे गते।
आद्यमेकादशे कार्यमधिके त्वधिकं भवेत्।

लौगाक्षि ने भी कहा है—महिने के आदि में मासिकश्राद्ध, आब्दिक को एक साल के बीतने पर, आद्यश्राद्ध को ग्यारहवें दिन और अधिक[1] मास में अधिक करे।

दीपिकायां तु—आद्यं रुद्रमितेर्कसंमितदिने वा स्यात् इत्युक्तम्।

१—मलमास में मरने पर तो मरण से ग्यारहवें दिन में अधिक आद्यश्राद्ध को कर अपने समय में अन्नश्राद्ध करे। 'षष्ठ्या तु दिवसैर्मासि' साठ दिन का एक महीना होता है। ऐसा कहने पर भी 'अधिके त्वधिकं भवेत्' अधिक में अधिक होता है—ऐसा देखा गया है। मासिक आदियों में तो तीस तिथियों का ही एक महीना होता है। तदनन्तर शुद्धमासादि में द्वितीय आद्यश्राद्ध को कर त्रैपाक्षिक फिर द्वितीयमासिक करे। ऐसा करने पर 'मलमासमृतानां तु सौर म.सं समाश्रयेत्' इस वचन से आब्दिक की व्यवस्था ठीक रहेगी। दूसरे मलमास में तो ग्यारहवें दिन आद्यमासिक और अपने काल में ऊनमासिक को कर मल में अधिक मासिकश्राद्ध कर त्रैपाक्षिक फिर द्वितीयमासिक करे। इसप्रकार जहाँ छः और बारहवाँ मलमास हो वहाँ पर उन दोनों का अधिकमासिक कर उसके बाद षष्ठ और द्वादशमासिक फिर ऊनषाण्मासिक, ऊनाब्दिक करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दीपिका में तो कहा है—आद्यश्राद्ध को ग्यारहवें दिन या बारहवें दिन करे-ऐसा कहा है।

गौडास्तु मृततिथ्यवधिके एकदिनाधिके। माससंवत्सरपदं गौणम्। पूर्णेऽब्दे इति ईषदसमाप्तपरत्वमिति शूलपाणिः। तेन द्वितीयमासादावाद्यमासिकादीति तन्मौर्ख्यकृतम्।

गौडों ने कहा—मरणतिथि से अधिक में एकदिन के अधिक में। मास और संवत्सरपद गौण है। (प्रथममासिक, प्रथम सांवत्सरिक आदि प्रकृतिभूत मास-संवत्सर-आदि प्रकृति भूतमास संवत्सरादिपद उस मास में और उस साल में लाक्षणिक है—यह अर्थ है।) शूलपाणि ने कहा है-पूर्ण अब्द में कुछ असमाप्त परक है। इससे दूसरे महिने के आदि में आद्यमासिक आदि होते हैं, वह मूखता से कहा है।

अशक्तौ तु हारीतः—मुख्यं श्राद्धं मासि मासि अपर्याप्तावृतुं प्रति। द्वादशाहेन वा भोज्या एकाहे द्वादशापि वा॥ ऋतुं प्रति द्वे द्वे इत्यर्थः। यदा पितुर्मरणात् त्रयोविंशतितमे दिने दर्शो वृद्धिर्वा स्यात्तदा द्वादशदिनेषु द्वादशमासिकानि कार्याणीत्यर्थः।

अशक्ति में तो हारीत ने कहा है-महीने-महीने पर जो श्राद्ध होता है वह मुख्य होता है अपर्याप्ति में ऋतु ऋतु में होता है। बारहवें दिन या ग्यारहवें दिन बारह ब्राह्मण भोजन करा दे। ऋतुमान—प्रत्येक ऋतु में श्राद्ध दो होता है। (मुख्यचन्द्र का या सौर का यहाँ ग्रहण नहीं है। क्योंकि असंभव है। लेकिन मरणतिथि से आरंभकर तीसतिथि रूप दो महिना है। एक मरणदिन को अतिक्रमण उसके उत्तर मरणदिन के अतिक्रान्त प्राप्तकाल में दो श्राद्धों को करे-यह भाव है। ऐसा करने पर कभी तीन भी होते हैं। जैसे—एकादशाह में आद्यश्राद्ध, स्वकाल में ऊन, द्वितीयमासिक और त्रैपाक्षिक के साथ तृतीयमासिक, चतुर्थमासिक के साथ पञ्चममासिक, षष्ठ तथा ऊनषाण्मासिक के साथ सप्तममासिक, अष्टममासिक के साथ नवम मासिक, दशममासिक के साथ एकादशमासिक, द्वादशमास के साथ ऊनाब्दिक करे। सपिण्डन के अपकर्ष में दो पक्ष है या बारहवें दिन करे-ऐसा कहा है।) जब पिता के मरने से तेइस दिन में अमावस्या (आहिताग्नि को पितृयज्ञार्थ सपिण्डन करना आवश्यक होने से) या वृद्धि हो तो बारहदिनों में द्वादश मासिकश्राद्धों को करे-यह अर्थ है। (एकादशाह में आद्यश्राद्ध, उसके बाद के दिन में ऊन और द्वितीयमासिक करे। उसके बाद के दिन में त्रैपाक्षिक और तृतीयमासिक करे। उसके बाद के दिनोंमें क्रमसे चतुर्थमासिक, पञ्चममासिक और षष्ठमासिकश्राद्ध करे। उसके बाद के दिन में ऊनषाण्मासिक और सप्तममासिक करे। उसके बाद के दिनों में क्रम से-अष्टममासिक, नवममासिक, दशममासिक और एकादशमासिकश्राद्ध करे। उसके बाद के दिन में द्वादशमासिक और ऊनाब्दिकश्राद्ध करे। ये श्राद्ध मरणदिन से करने पर बाइसदिन व्यतीत हो जाते हैं। तेइसवें दिन सपिण्डन कर पितृयज्ञ या वृद्धि करे। द्वादशाहसपिण्डन में तो एकादशाह में अर्थात् एकाह में करे-यह अर्थ है। वहाँ पर तो द्वादशाह में ही मासिकश्राद्धों को भी करते हैं। इत्यादि)

त्रैपक्षिकं तु त्रिपक्षेऽतीते मृताहे कार्यम्, त्रैपक्षिकं भवेद्वृत्ते त्रिपक्षे तदनन्तरम्। इति भविष्योक्तेरिति मदनरत्ने उक्तम्।

त्रैपाक्षिकश्राद्ध तो त्रिपक्ष के बीतने पर मरणदिन में करना चाहिये। तदनन्तर त्रिपक्ष में त्रैपाक्षिक होता है। यह भविष्यपुराण का वचन मदनरत्न में कहा है।

पृथ्वीचन्द्रकालादर्शनिर्णयामृतादयस्तु—ऊनान्यूनेषु मासेषु विषमाहे समेऽपि वा। त्रैपक्षिकं त्रिपक्षे स्यान्मृताहं त्वितराणि तु॥ इति कार्ष्णाजिनिस्मृतेः पूर्वत्र वृत्ते प्रवृत्ते इत्यर्थमाहुः। ते तदनन्तरशब्दविरोधात् त्रैपक्षिकद्वितीयमासिकयोः संकरापत्तेरेवं व्याख्यायां मानाभावाच्चोपेक्ष्याः। त्रिपक्षसपिण्डने त्वेवंशब्दाभावादधिकरणत्वमेव ज्ञेयम्।

पृथ्वीचन्द्र, कालादर्श, निर्णयामृत आदि तो कहते हैं—ऊन, अन्यून महीनों में, विषमदिन या सम दिन में भी त्रैपाक्षिकश्राद्ध को त्रिपक्ष में करे और मरणदिन तो इतर श्राद्धों को करे—यह कार्ष्णाजिनिस्मृति से पूर्व कहे हुए वृत्त का अर्थ प्रवृत्त कहा है। वे 'तदनन्तर' शब्द से विरोध से त्रैपक्षिक तथा द्वितीयमासिक की संकरापत्ति (मेल) ही हो जाने से व्याख्या में मानाभाव से उपेक्षणीय है। त्रिपक्ष सपिण्डन में तो एवं शब्द के अभाव से अधिकरणत्व ही जानना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्त क्रियानिबन्धे गारुडे—त्रैपक्षिकं त्रिपक्षे तु प्रवृत्ते विषमे दिने। मासिकान्यपि चोनानि अष्टाविंशतिमे दिने ॥ इति तन्निर्मूलम्।

जो क्रियानिबन्ध में गरुडपुराण का वचन है--त्रैपक्षिक तो तीनपक्ष के प्रवृत्त होने पर विषमदिन में होता है। मासिकश्राद्ध और ऊनमासिकश्राद्ध तो अठाइसवें दिन होते हैं। यह निर्मूल है।

स्मृतिरत्नावल्याम्—द्वादशाहे यदा कुर्यात्पितुः पुत्रः सपिण्डनम्।
एकादशेऽह्नि कुर्वीत प्रेतश्राद्धानि षोडश ॥

स्मृतिरत्नावली में कहा है—जब पुत्र बारहवें दिन पिता का सपिण्डन करता है तो ग्यारहवें दिन सोलह प्रेतश्राद्ध करे।

पैठीनसिः—सपिण्डीकरणादर्वाक्कुर्वञ्छ्राद्धानि षोडश।
एकोद्दिष्टविधानेन कुर्यात्सर्वाणि तानि तु ॥

पैठीनसि में कहा है—सपिण्डीश्राद्ध के पूर्व उन सब सोलह श्राद्धों को एकोद्दिष्टविधान से करे।

सपिण्डीकरणादूर्ध्वं यदा कुर्यात्तदा पुनः। प्रत्यब्दं यो यथा कुर्यात्तथा कुर्यात्स तान्यपि ॥

सपिण्डीकरण के बाद प्रतिवार्षिकश्राद्ध जैसे वह करता है वैसा ही उनको भी करे।

मदनरत्ने कात्यायनः—श्राद्धमग्निमतः कार्यं दाहादेकादशेऽहनि। ध्रुवाणि तु प्रकुर्वीत प्रमीताहनि सर्वदा ॥ ध्रुवाणि--त्रैपक्षिकादूर्ध्वानि।

मदनरत्न में कात्यायन ने कहा है—आहिताग्नि का श्राद्ध दाह से ग्यारहवें दिन (शंखः--मरणादेव कर्तव्यं संयोगो यस्य नाग्निभिः। दाहादूर्ध्वमशौचं स्याद्यस्य वैतानिको विधिः॥ एकादशपद नवश्राद्ध आदि का भी उपलक्षण है) करे। त्रैपाक्षिक के आगे के श्राद्धों को मरणदिन से सदा करे। ध्रुवाणि का अर्थ है--त्रैपक्षिक के आगे वालों को।

क्रियानिबन्धे गारुडे—त्रिपक्षात्पूर्वतः साग्नेर्भवेत्संस्कारवासरे।
ऊर्ध्वं मृतदिनेऽनग्नेः सर्वाण्येव मृताहतः ॥

क्रियानिबन्ध में गरुडपुराण का वचन है--आहिताग्नि के त्रैपक्ष से पूर्व के श्राद्ध दाहसंस्कार के दिन से आरम्भ करे और अनग्निक के सब श्राद्ध मरणदिन से प्रारम्भ होते है। (जातूकर्ण्यः-ऊर्ध्वं त्रिपक्षाद्यच्छ्राद्धं मृताहन्येव तद्भवेत्। अधस्तु कारयेदाहादाहिताग्नेर्द्विजन्मनः॥)

एतानि च यदा सपिण्डनात् पूर्वं युगपत्कुर्यात्तदादेशकालकर्त्रैक्ये तन्त्रत्वादेकः पाक इति केचित्। पाकभेद इति भट्टचरणाः। अत्र केचिदाहुः—देशकालकर्तृ दैवतैक्ये तन्त्रत्वाच्छ्राद्धकालातिक्रमापत्तेः,

इन (सोलह श्राद्धों) को जब सपिण्डन से पहले एक साथ करे तब देश, काल और कर्ता के एक होने से तन्त्र से एकपाक से करे यह कोई कहते हैं। भट्टचरण कहते है—पाकभेद है। यहाँ पर कोई कहते है--देश, काल, कर्ता और देवता के एक होने से तन्त्र से श्राद्धकाल के अतिक्रम की आपत्ति हो जायगी।

(आधानेऽपकर्ष्णमाह)

द्वादशाहेऽथ सर्वाणि संक्षेपेण समापयेत्। तान्येव तु पुनः कुर्यात् प्रेतशब्दं न कारयेत् ॥ इति कात्यायनोक्तेः।

कात्यायन ने कहा है--बारहवें दिन सब श्राद्धों को संक्षेप से समाप्त करे। उनको ही फिर से करे पर प्रेत शब्द का उच्चारण न करे।

(अन्तरतानां नवश्राद्धमासिकादीनां तन्त्रकथनम्)

नैकः श्राद्धद्वयं कुर्यात्समानेऽहनि कुत्रचित्। इत्यस्य दैवतैक्यपरत्वेऽप्यत्र तत्सत्त्वात्—श्राद्धं कृत्वा तु तस्यैव पुनः श्राद्धं न कारयेत्। इति जाबाल्युक्तेः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एक व्यक्ति समान दिन (एकदिन) में दो श्राद्धों को कहीं भी न करे। इस वचन के देवता एक होने पर भी हो। एक देवता है और श्राद्ध को कर फिर उसी का ही फिर श्राद्ध न करे—यह जाबाल ने कहा है।

षोडशसंख्यायाश्च वाजपेये प्राजापत्ययागसप्तदशत्ववत्सान्नाय्ययागद्वित्ववच्चदर्शपातसंक्रान्तिश्राद्धवद्युगपदनुष्ठानेप्युपपत्तेः—आद्यमासिकाद्यूनाब्दिकान्तेषु षोडशश्राद्धेषु च क्षणः क्रियताम्' इत्येवं प्रयोगेणैको विप्रः पिण्डोऽर्घ्यश्चेति। विरुद्धविधिध्वंसेऽप्येवं तन्मन्दम्,

और सोलहसंख्या का वाजपेययाग में प्राजापत्ययाग में सप्तदशत्व की तरह सान्नाय्ययाग में दो की तरह दर्श में पातसंक्रान्ति श्राद्धवत् युगपत् अनुष्ठान में आपत्ति हो जायगी। आद्यमासिक आदि ऊनाब्दिक पर्यन्त सोलह श्राद्धों में क्षणःक्रियताम् (पधारिये) यही प्रयोग से एकब्राह्मण, एकपिण्ड और एक अर्घ होता है। विरुद्धविधिविध्वंश में भी यही है—यह मूर्खता है।

(वाजपेययाग में प्राजापत्यपशुयाग होते हैं। उसमें प्रजापति देवता है। पशु द्रव्य है। एसे सत्रह याग हैं। इन पशुओं का संस्कार अलग-अलग होने पर भी प्रक्षेप एक बार होता है। इसीप्रकार सान्नाय्य याग में दो है—दूध और दधि उसमें भी संस्कार अलग-अलग होते हैं। प्रक्षेप एकबार होता है। क्योंकि देवता एकहोने के कारण (सम्प्रतिपन्नदेवता होने से)। इसीप्रकार से प्रकृत में आद्यमासिक से लेकर ऊनाब्दिक तक सोलह श्राद्धों में 'क्षणः क्रियताम्' ऐसा प्रयोग होता है। इसके अनुसार एक ब्राह्मण, एक पिण्ड और एक अर्घ्य होता है।)

द्वादशाहेन वा भोज्या एकाहे द्वादशापि वा। इति हेमाद्रौ हारीतवचोविरोधात्। तेन विप्रभेदात्पिण्डार्घ्याद्यपि भिन्नमिति सिद्धम्।

एतानि द्वादशाहादौ सपिण्डनात्पूर्वं कृतान्यपि वृद्धिं विनाऽपकर्षे पुनः स्वकाले कार्याणि,

हेमाद्रि में हारीतस्मृति के वचन का विरोध है—बारहवें दिन या ग्यारहवें दिन बारह ब्राह्मण भोजन करा दे। इससे ब्राह्मणभेद से पिण्ड, अर्घ्य आदि भी भिन्न होंगे—यह सिद्ध हुआ। इनको बारहदिन आदि में सपिण्डन के पूर्व करने पर भी वृद्धि के बिना अपकर्ष में फिर से अपने समय में करे।

यस्य संवत्सरादर्वाक् सपिण्डीकरणं कृतम्। मासिकं चोदकुम्भं च देयं तस्यापि वत्सरम्॥ इति मदनरत्नेऽङ्गिरसोक्तेः। न चेदं मासिकानापकर्षं विधत्ते किन्तु सपिण्डनोर्ध्वं स्वकालेऽनुष्ठानमेवेति वाच्यम्। श्राद्धानि षोडशादत्त्वा न तु कुर्यात्सपिण्डताम्। इति विरोधात्।

मदनरत्न में आंगिरस का कथन है—जिसका सालभर के पहले सपिण्डीश्राद्ध किया हो उसका भी मासिक और जल का घडा साल भर तक देना चाहिये। यह वचन मासिकश्राद्धों का अपकर्ष नहीं करता है। (अन्यथा उदककुम्भों का भी अपकर्ष हो जायगा।) किन्तु सपिण्डन के बाद अपने समय में ही अनुष्ठान को करे—यह कहता है। सोलह श्राद्धों को न देकर सपिण्डन न करे—इससे विरोध है।

यस्य संवत्सरादर्वाग्विहिता तु सपिण्डता। विधिवत्तानि कुर्वीत पुनः श्राद्धानि षोडश॥ इति माधवीये गोभिलोक्तेश्च।

जिसका साल भर के पूर्व सपिण्डन हो गया हो वह फिर उन सोलह श्राद्धों को विधिवत् करे—यह माधवीय में गोभिल ने भी कहा है।

अर्वाक् संवत्सराद्यस्य सपिण्डीकरणं कृतम्। षोडशानां द्विरावृत्तिं कुर्यादित्याह गौतमः॥ इति तत्रैव गोभिलोक्तेः। षोडशत्वं चैकादशाहसपिण्डनपक्षे तत्राद्यमासिकस्य कालसत्त्वात्, अन्यपक्षेषु यथासंभवं ज्ञेयम्।

जिसका सालभर के पूर्व सपिण्डनश्राद्ध हो गया हो उस सोलह श्राद्धों की द्विरावृत्ति करे—यह गौतम ने कहा है। यह वहीं पर गालव ने कहा है। सोलहश्राद्ध भी एकादशाह में सपिण्डनपक्ष में है। वहाँ पर आद्यमासिक का काल (समय) है। अन्यपक्षों में तो यथा सम्भव जानना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यत्तु दीपिकायाम्—'अनुमासिकानि तु चरेत्तान्येव सापिण्ड्यतः पश्चाद् द्वादश' इत्युक्तेरूनानां न पुनः कृतिरित्युक्तं तदेतद्विरोधाच्चिन्त्यम् ।

जो दीपिका में कहा है—अनुमासिकश्राद्धों को तो फिर से ही करे सपिण्डनश्राद्ध के बाद में 'द्वादश' एसा कहने पर ऊनश्राद्धों को फिर से न करे—एसा कहा है। यह इससे विरोध होने से चिन्तनीय है।

यत्तु गौडाः—सपिण्डीकरणान्ता तु ज्ञेया प्रेतक्रिया बुधैः ॥ इति शातातपोक्तेर्मासिकानां प्रेतत्वविमोचार्थत्वात् सपिण्डनापकर्षे तदन्तन्यायेन तेषामप्यपकर्षान्मासिकानां न पुनः कृतिः ।

जो गौड कहते हैं—बुद्धिमानों को सपिण्डनश्राद्धपर्यन्त प्रेत की क्रिया (प्रेत का कर्म) जानना चाहिये—इस शातातप के कहने से मासिकश्राद्धों का तो प्रेतत्व दूर करने के लिये है। सपिण्डन के अपकर्ष में 'तदन्तन्याय' से मासिकश्राद्धों का भी अपकर्ष से मासिकश्राद्धों को फिर से न करे।

यत्तु 'मासिकं चोदकुम्भं च' इति लौगाक्ष्यादिवचनं, तन्निर्मूलम् । समूलत्वेऽपि दार्शपरं चेत्याहुः । त उक्तवक्ष्यमाणवचोनिबन्धविरोधान्मूर्खा इत्युपेक्ष्याः ।

जो कहा—'मासिकं चोदकुंभम्—मासिकश्राद्ध और जलकुम्भ को दे—यह लौगाक्षि आदि का वचन है वह निर्मूल है। समूल भी हो तो दर्श (अमावास्या) के विषय में है—ऐसा कहते हैं। वे कहे जाने वाले वचन निबन्ध ग्रन्थों के विरोध से मूर्ख हैं—इसलिए उपेक्षणीय (त्यागने योग्य) है।

यत्तु मिताक्षरायां सपिण्डनोर्ध्वं स्वकाले एव कार्याणि अपकर्षस्त्वनुकल्प इत्युक्तम्, तदपि पूर्वविरोधाच्चिन्त्यम् । तेन वृद्धिं विनाऽपकर्षे पुनः कृतिः ।

जो मिताक्षरा में कहा है—सपिण्डन के बाद अपने समय में ही करे। अपकर्ष तो अनुकल्प है—एसा कहा है, वह भी पूर्व के विरोध से विचारणीय है। इससे वृद्धि के विना अपकर्ष में फिर से करे। (प्रेत के परिहार के लिए ही इसको करे।)

अर्वाक् संवत्सराद्यस्य सपिण्डीकरणं भवेत् । प्रेतत्वमिह तस्यापि ज्ञेयं संवत्सरं नृप ॥ इत्यग्निपुराणात् । वृद्धिनिमित्तापकर्षे त्वस्त्येव तन्निवृत्तिः, अन्यथा वृद्ध्यसंभवादिति शूलपाणिः ।

अग्निपुराण में कहा है—हे नृप, जिसका सालभर के पूर्व सपिण्डनश्राद्ध हो जाय उसका भी एक सालतक प्रेतत्व यहाँ पर रहता है। वृद्धिनिमित्त अपकर्ष में तो उसकी निवृत्ति होती ही है, अन्यथा वृद्धि का असम्भव है—यह शूलपाणी कहते हैं।

कार्ष्णाजिनिः—सपिण्डीकरणादर्वागपकृष्यकृतान्यपि ।
पुनरप्यपकृष्यन्ते वृद्ध्युत्तरनिषेधनात् ॥

कार्ष्णाजिनि ने कहा है—सपिण्डीश्राद्ध के पूर्व अपकर्ष करके भी श्राद्ध किए जाते हैं फिर भी अपकर्ष कर श्राद्धों को करे। क्योंकि वृद्धि के बाद निषेध है। (सपिण्डीकरणादूर्ध्वं न दद्यात्प्रतिमासिकम् । सांवत्सरविधानेन दद्यादित्याहशौनकः ॥ यह छन्दोगपरिशिष्ट वचन तो जिनकी उत्तरक्रिया अनावश्यक है उनका फिर से करना निषेध है। अन्यों के प्राप्ति के लिए है।)

निषेधं चाह कात्यायनः—निर्वर्त्य वृद्धितन्त्रं तु मासिकानि न तन्त्रयेत् । अयातयामं मरणं न भवेत्पुनरस्य तु ॥ इति द्विरनुष्ठानं चोत्तरेषामेव, न पूर्वेषां स्वस्वकालकृतानाम् ।

और निषेध को कात्यायन ने कहा है—वृद्धि के तन्त्र को निवृत्त कर मासिकश्राद्धों को तन्त्र से न करे। नूतन मरण फिर इसका न हो। (वृद्धिश्राद्ध के उत्तर मासिक के न करने में इसका मरण नूतन नहीं है अन्यथा तो नूतन है।) और दो बार अनुष्ठान भी उत्तरवालों का ही है, अपने अपने समय में किये हुए पहलों का नहीं है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तदाह माधवीये कार्ष्णाजिनिः—अर्वागब्दाद्यत्र यत्र सपिण्डीकरणं कृतम् ।
तदूर्ध्वं मासिकानां स्याद्यथाकालमनुष्ठितिः ॥

उसी बात को माधवीय में कार्ष्णाजिनि ने कहा है—सालभर के पहले जहाँ-जहाँ पर सपिण्डनश्राद्ध किया है वहाँ-वहाँ पर बाद में मासिकश्राद्धों का यथासमय में अनुष्ठान करे।

हेमाद्रौ शाठ्यायनिः—प्रेतश्राद्धानि शिष्टानि सपिण्डीकरणं तथा ।
अपकृष्यापि कुर्वीत कर्तुं नान्दीमुखं द्विजः ॥

हेमाद्रि में शाठ्यायनि ने कहा है—शिष्ट प्रेतश्राद्धों को और सपिण्डनश्राद्ध को अपकर्ष से भी जो द्विज नान्दीश्राद्ध को करने की इच्छा करे कर सकता है।

वृद्धिं विनापकर्षे दोषमाहोशनाः—वृद्धिश्राद्धविहीनस्तु प्रेतश्राद्धानि यश्चरेत् ।
स श्राद्धी नरके घोरे पितृभिः सह मज्जति ॥ इति ।

वृद्धि के बिना अपकर्ष में दोष उशना ने कहा है—वृद्धिश्राद्ध विहीन (उस श्राद्ध की उपस्थिति के विहीन) जो प्रेतश्राद्धों को करता है वह श्राद्ध करने वाला पितरों के साथ घोर नरक में गिरता है।

(आधानेऽपकर्षमाह)

आधानेऽपकर्षमाह हेमाद्रावुशनाः—पितुः सपिण्डीकरणं वार्षिके मृतिवासरे । आधानाद्युपसंप्राप्तावेतत्प्रागपि वत्सरात् ॥ विशेषस्तु उक्तो विवाहनिर्णये ।

आधान में अपकर्ष हेमाद्रि में उशना ने कहा है—पिता का सपिण्डनश्राद्ध वार्षिक मरणदिन में होता है आधान आदि (आदिपद से इष्टापूर्ति का ग्रहण है) का काल आजाय तो सालभर के पहले भी श्राद्ध होता है। विशेष तो विवाहनिर्णय में कह चुके हैं।

कण्वः—नवश्राद्धं मासिकं च यद्यदन्तरितं भवेत् ।
तत्तदुत्तरसातन्त्र्यादनुष्ठेयं प्रचक्षते ॥

कण्व ने कहा है—नवश्राद्ध और मासिकश्राद्ध जो अन्तरित (व्यवहित) में हो उसका उत्तरतन्त्र उसके बाद मरण महिने में (तदुत्तरमाससंबन्धि मासिकमृताहे कुर्यात् ।) अनुष्ठान करना कहा है।

गारुडेऽपि—आपदाद्यकृतं तत्तु कुर्यादूर्ध्वं मृतेऽहनि ।

गरुडपुराण में भी कहा है—आपत्ति आदि के द्वारा नहीं किया है वह बाद में मरणदिन में करे।

(सपिण्डीकरणम्)

अथ सपिण्डीकरणम् । माधवीये हारीतः—या तु पूर्वममावास्या मृताहाद्दशमी भवेत् । सपिण्डीकरणं तस्यां कुर्यादेवं सुतोऽग्निमान् ॥ मृताहादूर्ध्वं दशमी एकादशीत्यर्थः ।

अब सपिण्डीकरण कहते हैं। माधवीय में हारीत ने कहा है—जो अमावस्या मरणदिन से दशमी के पहले हो उसी अमावस्या में ही सपिण्डनश्राद्ध अग्निहोत्री का पुत्र करे। मरणदिन से बाद दशमी अर्थात्–एकादशी–यह अर्थ (यदि तु मृताहाद्दशमी या रात्रिस्ततः परो दर्श इति व्याख्यायते तद् दशाहात् परो दर्शः कालो लभ्यते नान्यथा दर्शात्मकैकादशाहस्यानियतत्वात् इति कृष्ण०) है।

सपिण्डीकरणं कुर्यात्पूर्वे दर्शेऽग्निमान् सुतः । परतो दशरात्राच्चेत्कुर्यादब्दोपरीतरः । इति कार्ष्णाजिनिस्मृतेः । आहिताग्नेस्तेन विना श्रौतपिण्डपितृयज्ञासिद्धेः ।

कार्ष्णाजिनिस्मृति में कहा है—अग्निहोत्री पुत्र पहले की तरह अमावास्या में सपिण्डनश्राद्ध करे। दश रात के बाद अमावास्या हो तो साल भर में करे। पहले हो तो अनाहिताग्नि पूर्व करे। आहिताग्नि का उसके विना श्रौत-[1]पिण्डपितृयज्ञ की सिद्धि नहीं हो सकती।

१—पिण्डपितृयज्ञ सरलावृत्ति—कात्यायनश्रौतसूत्र के चतुर्थ अध्याय के प्रारम्भ में और महीधरभाष्य के दूसरे अध्याय के अन्त में है। तद्वत् शतपथ ब्राह्मण आदि में भी है। वहाँ से देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu



नोट—१—कोई 'प्रेत' का आसन पितामहादि के बाद में रखते हैं। वह पक्ष युक्त नहीं है। २—मारवाड़ी चौथे साल के आश्विन कृष्णपक्ष में अपने मृत पिता की तिथि में विशेष पार्वणश्राद्ध करते हैं। जिसको 'पिण्डमिलौनी' कहते हैं। सारस्वतादि इसी को 'शुद्धश्राद्ध' कहते हैं। जो युक्त है। ३—जिसका पिता जीवित हो मृत पितामह का सपिण्डन प्रपितामह, वृद्धप्रपितामहादि में होगा। तद्वत् माता के मरने पर दादी (पितामही) के जीवित रहने पर उसके बाद प्रपितामही आदि से सपिण्डनश्राद्ध होगा। ४—कोई व्युत्क्रम से मरने से सपिण्डन नहीं मानते हैं। यह माता और पिता से भिन्न विषयक है। उचित तो यों है कि—शिष्टाचार से सबका सपिण्डन परम्परा से होता आया है। निर्णयसिन्धु ने 'केचित् सर्वत्र सपिण्डनमाहुः' को स्वीकार किया है। वह युक्ततम पक्ष है। ५—आधुनिक पद्धतिकारों ने माता आदि के मरने पर मन्त्रों में ऊह किया है वह युक्ति निराधार है। कर्कादिभाष्यकार नहीं मानते हैं। ६—सपिण्डनश्राद्ध को सतिसम्भव में ज्येष्ठपुत्र को ही करना चाहिये। लौकिकाचार से कनिष्ठ पुत्र के करने पर ज्येष्ठ पुत्र प्रवासादि के आने पर सपिण्डन करे तो 'प्रेत' शब्द का उच्चारण और मासिकादिश्राद्ध में अधिकार नहीं है। ७—राजकीय आदि आपत्ति में सपिण्डनश्राद्ध को कालान्तर में करे। प्रेत के पात्र के जल को अलग तीन दूनों में समभाग कर पितामहादि के पात्रों में क्रम से मिला दे। तद्वत् प्रेतपिण्ड (जो बारह अंगुल लम्बा होता है) को ये समानाः समनसः, ये समानाः समनसो (यजु० अ० १९, मन्त्र ४५, ४६) इन दो मन्त्रों से दो विभाग (सुवर्णरौप्यदर्भैस्तु तस्मिन् पिण्डं ततस्त्रिधा। कृत्वा पितामहादिभ्यः पितृभ्यः प्रेतमर्पयेत् ॥) क्रम से प्रेत के त्रिधाविभाजित पिण्डों को पितामह, प्रपितामह और वृद्धप्रपितामह में मिला दे। ८—कुछ महामूर्ख कहते हैं कि हमने गया में अपने पितरों को बैठा दिया। अब हमको श्राद्ध, भोजन आदि उनके क्षयाह तिथियों में नहीं कराना चाहिये। ऐसा वहाँ के पण्डों ने उनसे कहा है। यह युक्ति उनकी उचित नहीं है। क्योंकि जो लोग गया आदि में अपने पितरों को बैठाकर आये हैं उनके यहाँ फिर से किसी की अवश्य ही मृत्यु होगी ही—ऐसी स्थिति में पिण्डमेलन (सपिण्डनश्राद्ध) किसके साथ करेंगे और गयाश्राद्धादि हरसाल करना लिखा है। अतः उन मूर्खों की युक्ति उचित नहीं है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF
Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तदाह गालवः—सपिण्डीकरणात्प्रेते पैतृकं पदमास्थिते ।
आहिताग्नेः सिनीवाल्यां पितृयज्ञः प्रवर्तते ।

उसी बात को गालव ने कहा है—सपिण्डनश्राद्ध करने पर प्रेत पितर के पदपर स्थित हो जाता है। आहिताग्नि का सिनीवाली (अमावास्या जिसमें चन्द्रमा दिखाई दे) में पितृयज्ञ होता है ।

मदनरत्ने प्रजापतिः—नासपिण्ड्याग्निमान् पुत्रः पितृयज्ञं समाचरेत् ।

मदनरत्न में प्रजापति ने कहा है—अग्निहोत्री पुत्र सपिण्डनश्राद्ध विना किये पिण्डपितृयज्ञ न करें। (पापी भवत्यकुर्वन् हि पितृहा चोपजायते-यह इस श्लोक का उत्तरार्ध है।)

अपरार्के कात्यायनः—एकादशाहं निर्वर्त्य पूर्वं दर्शाद्यथाविधि । प्रकुर्वीताग्निमान्विप्रो मातापित्रोः सपिण्डताम् ॥ आशौचान्तप्रथमदर्शयोर्मध्ये कस्मिंश्चिदहनीत्यर्थः । पित्रादीनां सपत्नीकानां देवतात्वेन मातुरपि तत्रानुप्रवेशान्मातुरपि प्राग् दर्शात्सपिण्डनं युक्तमित्यपरार्कः । एवं पितामहादेरपि सपिण्डनं प्राग्दर्शात्कार्यम् । तेन विना पार्वणायोगात् ।

अपरार्क में कात्यायन ने कहा है—विधिपूर्वक अमावस्या के पूर्व एकादशाहश्राद्ध को समाप्त कर अग्निहोत्री पुत्र माता और पिता का सपिण्डनश्राद्ध करे। आशौच के अन्त में प्रथम अमावस्या के मध्य में किसीदिन करे-यह अर्थ है। सपत्नीक पिता आदि का देवतात्व होने से माता का (मातामही आदि भी उपलक्षण है—अनुप्रवेश होने से) भी अनुप्रवेश (मिलना) होने से माता का भी अमावस्या के पहले सपिण्डनश्राद्ध युक्त है—यह अपरार्क ने कहा है। इसप्रकार पितामह आदि का भी अमावस्या के पूर्व सपिण्डनश्राद्ध करना चाहिये। क्योंकि उसके विना पार्वण नहीं हो सकता है।

द्वादशाहे वा कार्यम् । साग्निकस्तु यदा कर्ता प्रेतश्चानग्निमान् भवेत् । द्वादशाहे भवेत्कार्यं सपिण्डीकरणं सुतैः । इति गोभिलोक्तेः ।

या द्वादशाह को करना चाहिये। गोभिल ने कहा है—जब साग्निक कर्ता हो और प्रेत अग्निहोत्री न हो तो पुत्रों को बारहवें दिन सपिण्डनश्राद्ध करना चाहिये।

साग्नेः प्रेतस्य तु त्रिपक्षे, प्रेतश्चेदाहिताग्निः स्यात् कर्ताऽनग्निर्यदा भवेत् । सपिण्डीकरणं तस्य कुर्यात्पक्षे तृतीयके ॥ इति सुमन्तूक्तेः ।

सुमन्तु ने कहा है—साग्निक प्रेत का तो तीन पक्ष (डेढ मास) में करे। प्रेत आहिताग्नि हो कर्ता अनग्निक हो तो उसका सपिण्डनश्राद्ध तीसरे पक्ष में करे।

मदनरत्ने लघुहारीतोऽपि—अनग्निस्तु यदा वीर भवेत्कुर्यात्तदा गृही ।
प्रेतश्चेदग्निमांस्तु स्यात्त्रिपक्षे वै सपिण्डनम् ॥

मदनरत्न में लघुहारीत ने भी कहा है-हे वीर, जब गृहस्थ आहिताग्नि न हो और प्रेत आहिताग्नि हो तो उसका सपिण्डनश्राद्ध त्रिपक्ष में ही होता है।

द्वयोः साग्निकत्वे द्वादशाह एव, साग्निकस्तु यदा कर्ता प्रेतो वाप्यग्निमान् भवेत् । द्वादशाहे तदा कार्यं सपिण्डीकरणं पितुः ॥ इति तेनैवोक्तेः ।

दोनों साग्निक हों तो बारहवें दिन ही होता है। उसी ने ही कहा है—जब साग्निक कर्ता हो या प्रेत भी साग्निक हो तो पिता का सपिण्डनश्राद्ध बारहवें दिन करे। (पिता आदि से भिन्न साग्निक कर्ता का भी द्वादशाह का नियम नहीं है।)

द्वयोरनग्निमत्त्वे तु भविष्ये—सपिण्डीकरणं कुर्यात् यजमानस्त्वनग्निमान् ।
अनाहिताग्नेः प्रेतस्य पूर्णेऽब्दे भरतर्षभ ॥

दोनों अग्निहोत्री न हों तो भविष्यपुराण में कहा है—हेभरतर्षभ, अनाहिताग्नि प्रेत का सपिण्डश्राद्ध पूरे साल की समाप्ति पर अनग्निक यजमान करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्वादशेऽहनि षण्मासे त्रिपक्षे वा त्रिमासि वा। एकादशेऽपि वा मासि मङ्गलस्याप्युपस्थितौ॥

मंगल की भी उपस्थिति में तो बारहवें दिन, छठें महिने, त्रिपक्ष, तीन महिने या ग्यारह महिने में करे।

कात्यायनगोभिलौ—'यदहर्वा वृद्धिरापद्येत' इति। तच्च वृद्धिदिन एवेति वाचस्पतिः। तन्न, 'प्रातर्वृद्धिनिमित्तकम्' इति नियमात्सपिण्डनस्य चापराह्णकालीनत्वेन पूर्वत्वबाधापत्तेः। वृद्धिदिने तत्पूर्वदिने वेति श्रीदत्तः। स्मार्तगौडस्तु—'वृद्धिपूर्वो वर्षान्त्यश्च क्षणः सपिण्डस्य तत्पूर्वदिने प्रेतत्वनाशे सहकारी। तेन परेद्युर्विघ्नाद्वृद्ध्यभावेऽपि तत्कर्तव्यतानिश्चयसहितमेव कालान्तरक्रियमाणवृद्धिपूर्वक्षणसहकृतं प्रेतत्वनाशकम्, इत्याह। तन्न, अकाले कृतस्य फलाजनकत्वात्। एतेन निमित्तनिश्चयवत एवाधिकाराद् वृद्ध्यभावेऽपि न क्षतिरिति मिश्रोक्तिः परास्ता। वृद्धिपूर्वदिनस्य वर्षान्तस्य च कालस्याङ्गत्वेन निमित्तत्वाभावात्। तेन पुनः कार्यमित्यन्ये।

कात्यायन और गोभिल ने कहा है—या जिसदिन वृद्धि हो उसदिन करे। उसको वृद्धिदिन में ही करे—यह वाचस्पति का कहना है। यह उचित नहीं है, क्योंकि वृद्धिनिमित्तक श्राद्ध प्रातःकाल होता है-इस नियम से और सपिण्डनश्राद्ध का समय अपराह्न (या मध्याह्नकालीन है) काल होने से पहले करने का बाध हो जायगा। वृद्धिदिन (जहाँ पर नान्दीश्राद्ध अपराह्न में होगा वहाँ वृद्धिदिन में, जहाँ कहीं प्रातःकाल होगा वहाँ पूर्वदिन में होगा—यह अर्थ है।) में या उसके पूर्वदिन में करे-यह श्रीदत्त कहते हैं। स्मार्तगौड तो कहते हैं कि वृद्धि का पूर्व तथा वर्ष का अन्त्यक्षण सपिण्डन का प्रेतत्व के नाश में सहकारी है। इससे दूसरे दिन विघ्न से वृद्धि के अभाव होने पर भी उसके करने का निश्चय सहित ही कालान्तर में करने योग्य वृद्धि के पूर्वक्षण में युक्त प्रेतत्व का नाशक है—यह कहा है। यह उचित नहीं है, क्योंकि असमय में करने से फल को देने वाला नहीं होता है। इससे निमित्त के निश्चय वाले का ही अधिकार होने से वृद्धि के अभाव में भी क्षति नहीं है-ऐसी मिश्र की उक्ति परास्त हो गयी। वृद्धि के पूर्वदिन का और वर्षान्त का अंगत्व से निमित्त का अभाव है। इससे फिर करे-यह अन्य कहते हैं।

मदनरत्ने पुलस्त्यः—निरग्निकः सपिण्डत्वं पितुर्मातुश्च धर्मतः।
पूर्णे संवत्सरे कुर्याद् वृद्धिर्वा यदहर्भवेत्॥

मदनरत्न में पुलस्त्य ने कहा है-निरग्निक पुत्र धर्म से पिता और माता का (चकार से मातामह आदि का ग्रहण किया है।) सपिण्डनश्राद्ध को पूरे साल में करे यदि वृद्धि हो तो उसीदिन करे।

चतुर्विंशतिमते—सपिण्डीकरणं चाब्दे सम्पूर्णेऽभ्युदयेऽपि वा।
द्वादशाहे तु केषांचिन्मतं चैकादशे तथा॥

चतुर्विंशतिमत में कहा है—सपिण्डनश्राद्ध को पूरे साल में करे या अभ्युदय में करे बारहवें दिन करे या किसी के मत से ग्यारहवें दिन करे।

पृथ्वीचन्द्रोदये बौधायनः—'अथ सपिण्डीकरणं त्रिपक्षे वा तृतीये वा मासि, षष्ठे वैकादशे वा द्वादशाहे वैकादशे वा' इति।

पृथ्वीचन्द्रोदय में बौधायन ने कहा है—अब सपिण्डनश्राद्ध को तीनपक्ष में, तीसरे महिने में, छठे मास में, ग्यारहवें मास में या बारहवें महिने में करे। या बारहवें दिन या ग्यारहवें दिन करे।

एतत्प्रक्रमे विष्णुः—'मासिकार्थं द्वादशाहं श्राद्धं कृत्वा त्रयोदशेऽह्नि वा कुर्यात्। मन्त्रवर्ज्यं हि शूद्राणाम्। द्वादशेऽह्नि संवत्सराभ्यन्तरे यद्यधिमासो भवेत्तदा मासिकार्थं दिनमेकं वर्धयेत्' इति।

उसीप्रकरण में विष्णु ने कहा है—मासिकश्राद्ध के लिए बारहवें दिन श्राद्ध करे या तेरहवें दिन करे। शूद्रों का तो मन्त्र रहित सपिण्डन होता है बारहवेंदिन। एकसाल के भीतर यदि अधिकमास हो तो मासिक के लिए एकदिन बढ़ा दे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आशौचोत्तरं द्वादशस्वहःसु मासिकानि। तेष्वेवाद्यषष्ठद्वादशदिनेषूनमासिकादीनि कृत्वा त्रयोदशेऽह्नि सपिण्डनं कुर्यात्। अधिमासे तु चतुर्दशेऽह्नि कुर्यात्। शूद्रेस्त्रयोदशे द्वादशेऽह्नि इत्यस्य मासिकान्त्यदिनपरत्वादिति पृथ्वीचन्द्रः।

आशौचोत्तर बारहदिनों में मासिकश्राद्धों को करे। उनमें ही आद्य, छठा तथा बारहदिनों में ऊनमासिक आदि-(त्रैपाक्षिक, ऊनषाण्मासिक, ऊनाब्दिक) कर तेरहवें दिन में सपिण्डन करे। अधिक मास में तो चौदहवें दिन करे। शूद्र तेरहवें दिन में करे। बारहवें दिन इसका अभिप्राय है कि—मासिक के अन्त्यदिन पर है-यह पृथ्वीचन्द्र ने कहा है। (इसका यों अर्थ है-द्विजातियों का आशौच के हटने के बाद तेरहवें दिन अधिक मास के पातमें चौदहवें दिन अपकर्ष करे शूद्रों का उसीदिन न करे किन्तु बारहवें दिन ही अधिक पातमें तेरहवें दिन ही कर मासिक कर सपिण्डन का अपकर्ष करना चाहिये।)

पैठीनसिः—'संवत्सरान्ते सपिण्डनं नवमे मासीत्येके।' अत्र साग्नेरनग्नेर्वोक्तकालाभावे त्रिपक्षादिसंवत्सरान्ता अनुकल्पा ज्ञेयाः। कल्पतरुस्त्वग्रे वृद्धिनिश्चय एव सर्वेऽपकर्षप्रकारा इत्याह। तन्न, 'यदहर्वा' इति स्वातन्त्र्यश्रुतेः। यद्यपि वृद्धिनिमित्तोपकर्षो निरग्नेरेवोक्तस्तथापि साग्नावपि ज्ञेयः। उक्तकालासंभवे वर्षान्तादिगौणकालवद्वृद्धेरपि प्राप्तेः, वक्ष्यमाणगोभिलवचनात्, अयातयामं मरणं न भवेदित्युत्तरस्य तु। इति दोषश्रुत्यविशेषाच्च। अपरार्कपृथ्वीचन्द्रादिस्वरसोऽप्येवम्। अत्र वृद्धिपदं चूडोपनयनविवाहमात्रपरम्। सीमन्तादौ तु वृद्धिश्राद्धलोप एवेत्याचार्यचूडामणिः। पुंसवनाद्यन्नप्राशनान्तेष्वावश्यकेष्वपकर्ष इति श्राद्धविवेकः।

पैठीनसि ने कहा है-संवत्सर के अन्त में सपिण्डन करे किसी के मत से नवमें महिने में करे। यहाँ पर साग्निक या निरग्निक का उक्तकाल के अभाव में त्रिपक्ष से प्रारंभ कर संवत्सरान्त अनुकल्प जानना चाहिये। कल्पतरु ने कहा है-आगे वृद्धि का निश्चय हो जाने से ही सब अपकर्ष प्रकारों को कहा है। यह उचित नहीं है। जो दिन हो उसी में करे-यह स्वातन्त्र्यश्रुति है। यद्यपि वृद्धिनिमित्त अपकर्ष निरग्नि को ही कहा है फिर भी साग्निक को भी जानना चाहिये। कहे हुए समय के असंभव में वर्षान्त आदि गौणकाल के सदृश वृद्धि भी प्राप्त हो जायगी कहे हुए गोभिल के वचन से। आयातयाम (नूतन) मरण फिर उसका नहीं होगा। इस दोष श्रुति के अविशेष से। अपरार्क, पृथ्वीचन्द्र आदि में भी यही तात्पर्य है। यहाँ पर वृद्धिपद चूडा, उपनयन और विवाह मात्रपरक है। सीमन्त आदि में वृद्धि का लोप ही है-यह आचार्य चूडामणि ने कहा है। पुंसवन आदि अन्नप्राशनान्तों में आवश्यकता में तो अपकर्ष होता है-यह श्राद्धविवेककार कहते हैं।

स्मृतिसागरेऽपि बृहस्पतिः—प्रत्यवायो भवेद्यस्मिन्नकृते वृद्धिकर्मणि।
तन्निमित्तं समाकृष्य पित्रोः कुर्यात्सपिण्डनम्॥

स्मृतिसागर में भी बृहस्पति ने कहा है—जिस वृद्धिश्राद्ध के न करने पर प्रत्यवाय होता हो उसके निमित्त अपकर्ष से माता और पिता का सपिण्डनश्राद्ध करे।

गर्भाधानस्य तु ऋत्वन्तरेऽपि संभवात्।

अन्यश्राद्धं परान्नं च गन्धमाल्यं च मैथुनम्। इति देवलेन प्रथमाब्दे मैथुननिषेधाच्च न तत्रापकर्ष इति श्राद्धकौमुद्यादयः। तन्न, 'ऋतुस्नातां तु यो भार्याम्' इति निषेधात्, 'ब्रह्मचार्येव पर्वाण्याद्याश्चतस्रश्च वर्जयेत्' इति मैथुने दोषाभावाच्च। पितामहमरणे पौत्रस्य वृद्धौ नापकर्षः तस्य महागुरुत्वाभावात्। तत्र तदूर्ध्वेभ्यो वृद्धिश्राद्धमिति श्राद्धचन्द्रिका। तन्न, भ्राता च इत्यादौ तदभावेऽप्यपकर्षोक्तेः। तेन निर्देशोऽप्युपलक्षणम्।

गर्भाधान का तो अन्य ऋतु में भी संभव है। अन्यश्राद्ध, परान्न, गन्ध (चन्दन), माल्य (माला), और मैथुन को देवल ने प्रथम वर्ष में मैथुन निषेध से वहाँ पर अपकर्ष नहीं होता है यह श्राद्ध-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कौमुदी आदि में कहा है। यह उचित नहीं है, ऋतुस्नानवाली पत्नी के समीप जो नहीं जाता है। उसको भ्रूणहत्या लगती है-इससे निषेध है, पर्व में आदि की चाररात्रि ऋतुकाल में त्याग करता है, वह ब्रह्मचारी ही रहता है। इससे मैथुन में दोष का अभाव है। पितामह के मरने पर पौत्र के वृद्धि में अपकर्ष न करे। क्योंकि महागुरुत्व का (महागुरौ प्रेतभूते वृद्धिकर्म न चाचरेत्।) अभाव है। वहाँ पर उससे आगे वालों के लिए वृद्धिश्राद्ध होता है-यह श्राद्धचन्द्रिका में कहा है। यह उचित नहीं है, भाई-इत्यादि में उसके अभाव में भी अपकर्ष कहा है। इससे निर्देश (महागुरु का) भी उपलक्षण है।

(शरीरस्यायुषः क्षये)

व्याघ्रः—आनन्त्यात्कुलधर्माणां पुंसां चैवायुषः क्षयात्।
अस्थितत्वाच्छरीरस्य द्वादशाहः प्रशस्यते॥

व्याघ्र ने कहा है-कुलधर्मों के अनन्त होने से और पुरुषों की आयु के क्षय होने से, शरीर की स्थिति अस्थिर होने से बारहवें दिन सपिण्डनश्राद्ध करना उत्तम कहा है।

एतदाशौचान्तोपलक्षणम्—सर्वेषामेव वर्णानामाशौचान्ते सपिण्डनम्। इति निर्णयामृते कात्यायनोक्तेः। सर्वेषामिति त्रैवर्णिकपरम्।

यह आशौचान्त का उपलक्षण है। सब वर्णों का ही आशौचान्त में सपिण्डन होता है—यह निर्णयामृत में कात्यायन ने कहा है। सर्वेषाम्-यह त्रैवर्णिकपरक है।

शूद्राणां त्वाशौचमध्ये—मन्त्रवर्जं हि शूद्राणां द्वादशेऽहनि कीर्तितम्। इति विष्णूक्तेः। एतद्दर्शश्राद्धकारिशूद्रविषयमित्यपरार्के कल्पतरौ च।

शूद्रों का तो आशौच के मध्य में होता है-विष्णु ने कहा है-बारहवें दिन शूद्रों का सपिण्डनश्राद्ध मन्त्र रहित होता है। यह दर्शश्राद्ध के अधिकारी शूद्रविषयक है-यह अपरार्क और कल्पतरु में कहा है।

वृद्धमनुः—द्वादशेऽहनि विप्राणामाशौचान्ते तु भूभुजाम्।
वैश्यानां तु त्रिपक्षादावथ वा स्यात्सपिण्डनम्॥

वृद्धमनु ने कहा है-ब्राह्मणों का बारहवें दिन, क्षत्रियों का तो आशौचान्त में और वैश्यों का त्रिपक्ष के आदि में सपिण्डनश्राद्ध होता है।

निर्णयामृते गोभिलः—द्वादशाहादिकालेषु प्रमादादननुष्ठितम्। सपिण्डीकरणं कुर्यात् कालेषूत्तरभाविषु। इदं साग्नेरुक्तकालासम्भवे गौणकालविधानार्थमिति मदनपारिजातः। मदनरत्नेऽप्येवम्।

निर्णयामृत में गोभिल ने कहा है-बारहवें दिन आदि समयों में प्रमाद से सपिण्डनश्राद्ध को न किया गया हो तो उत्तर समयों में करे। यह साग्निक को कहे हुए काल के असंभव में गौणकाल के विधान के लिए है-यह मदनपारिजात में कहा है। मदनरत्न में भी यही है।

(पुनःकरणे प्रेतशब्दस्य विचारः)

ऋष्यशृङ्गः—सपिण्डीकरणं श्राद्धमुक्ते काले न चेत्कृतम्।
आर्द्रे हस्ते च रोहिण्यां मैत्रभे वा समाचरेत्।

ऋष्यशृंग ने कहा है—सपिण्डनश्राद्ध को कहे हुए समय में न किया हो तो आर्द्रा, हस्त, रोहिणी या अनुराधा में करे।

(सपिण्डनकरणे अष्टौ कालाः)

कालादर्शेऽपि—एकादशेऽह्नि द्वादशे त्रिपक्षे वा त्रिमासि वा। षष्ठे चैकादशे वाब्दे सम्पूर्णे वा शुभागमे॥ सपिण्डीकरणस्येत्थमष्टौ कालाः प्रकीर्तिताः।

कालादर्श में भी कहा है-ग्यारहवें दिन, बारहवें दिन, त्रिपक्ष, तीनमास, छठे और ग्यारहवें मास में, सपूर्ण वर्ष में या शुभ के आगमन में ये आठ काल सपिण्डनश्राद्ध में कहे गये हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(सप्तकालादिकथनम्)

साग्नौ कर्तर्युभावाद्यौ प्रेते साग्नौ तृतीयकः ॥ अनग्नेस्तु द्वितीयाद्याः सप्त काला मुनीरिताः । रोहिणीरौद्रहस्तेषु मैत्रभे वापि तच्चरेत् ॥

कर्ता साग्निक हो तो पहले दो काल ग्राह्य हैं। प्रेत साग्निक हो तो तीसरे समय (त्रिपक्ष) करे। अनग्निक को द्वितीय आदि सात कालों को मुनियों ने कहा है। या रोहिणी, रौद्र, (आर्द्रा) हस्त या मैत्र (अनुराधा) में करे।

नारदसंहितायां तु—सपिण्डीकरणं कार्यं वत्सरे वार्धवत्सरे । त्रिमासे वा त्रिपक्षे वा मासि वा द्वादशेऽह्नि वा ॥ इत्युक्तं, तच्च वत्सरेऽतीते ज्ञेयम् ।

नारदसंहिता में तो कहा है–सपिण्डनश्राद्ध को एकसाल में या आधे साल में, त्रिमास में, त्रिपक्ष में या बारहवें दिन करे–ऐसा कहा है। वह साल बीतने पर जानना चाहिये।

ततः सपिण्डीकरणं वत्सरात्परतः स्थितम् । इति भविष्योक्तेः,

भविष्यपुराण में कहा है–एक साल के बाद सपिण्डनश्राद्ध करे।

पितुः सपिण्डीकरणं वत्सरादूर्ध्वतः स्थितम् । इति नागरखण्डोक्तेः ।

नागरखण्ड में कहा है पिता का सपिण्डनश्राद्ध साल के बाद करे।

पितुः सपिण्डीकरणं वार्षिके मृतवासरे । इत्युशनसोक्तेश्च ।

और उशना ने कहा है–पिता का सपिण्डनश्राद्ध साल की मरणतिथि में करे।

पूर्णे संवत्सरे पिण्डः षोडशः परिकीर्तितः । तेनैव च सपिण्डत्वं तेनैवाब्दिकमिष्यते ॥ इति हेमाद्रौ वचनाच्च । अस्थानाकरत्वोक्तिर्मूर्खोक्तिरेव ।

और हेमाद्रि में वचन है–साल के पूर्ण होने पर सोलहवां श्राद्ध करे। उसी को ही सपिण्डत्व और उसी को ही आब्दिक कहते हैं। यह वचन निराधार है एसा कहना मूर्खता ही है।

यत्तु—पूर्णे संवत्सरे कुर्यात्सपिण्डीकरणं सुतः । एकोद्दिष्टं च तत्रैव मृताहनि समापयेत् ॥ इति धवलनिबन्धे जाबाल्युक्तेः ।

जो यह कहा है–पूरे साल में पुत्र सपिण्डनश्राद्ध को करे। वहीं पर कहा है—मरणदिन में एकोद्दिष्ट श्राद्ध को समाप्त करे–यह धवलनिबन्ध में जाबालि ने कहा है।

पुत्रः सपिण्डनं कृत्वा कुर्यात् स्नानं सचैलकम् । एकोद्दिष्टं ततः कुर्यात्कुतपं न विचारयेत् ॥

पुत्र सपिण्डनश्राद्धकर सचैलस्नान (पूरे पहने हुए वस्त्रों सहित स्नान) करे। फिर एकोद्दिष्ट श्राद्ध करे। कुतुप (दिनका आठवां मुहूर्त कुतुप होता है। अह्नो मुहूर्ता विख्याता दश पञ्च च सर्वदा। तत्राष्टमो मुहूर्तो यः कालः कुतुपः स्मृतः ॥) का विचार न करे।

इति स्वल्पमात्स्योक्तेश्चाब्दिकं तद्दिने पुनः कार्यमिति केचित् । ते निर्मूलत्वाद्धेमाद्रिविरोधाच्चोपेक्ष्याः । षोडशत्वं च सपिण्डनस्य षोडशश्राद्धान्तर्भावपक्षे ।

यह स्वल्प मत्स्यपुराण के कथन से उसीदिन ही आब्दिक फिर से करे यह कोई कहते हैं। वे निर्मूल होने से हेमाद्रि के विरोध होने से उपेक्ष्य (छोड़ देने जाने लायक) है। सपिण्डन को सोलहवाँ कहना तो षोडशश्राद्ध के अन्तर्गत स्वीकार करने पर।

स्मृत्यर्थसारे तु वर्षान्त्यदिने संवत्सरविमोचश्राद्धं सपिण्डनं च कृत्वा परेद्युर्मृताहे वार्षिकं कार्यमित्युक्तम् । गौडाः अप्येवमाहुः । तत्पूर्वविरोधाच्चिन्त्यम् ।

स्मृत्यर्थसार में तो साल के अन्तिमदिनमें संवत्सरविमोक्षश्राद्ध को और सपिण्डनश्राद्ध को कर दूसरे दिन मरणदिन में वार्षिकश्राद्ध करे—एसा कहा है। गौड भी यही कहते हैं। वह पूर्वविरोध से चिन्तनीय है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तच्च पुत्रे सति नान्यः कुर्यात्। श्राद्धानि षोडशादत्त्वा न तु कुर्यात्सपिण्डताम्। प्रोषितावसिते पुत्रः कालादतिचिरादपि॥ इति वायवीयोक्तेः।

वह भी पुत्र के रहने पर दूसरा न करे। सोलह श्राद्धों को न कर सपिण्डनश्राद्ध को न करे। प्रवास (परदेश) से आने पर पिता के मरण को जानकर चिरकाल (बहुतकाल) में भी करे। यह वायुपुराण में कहा है।

षोडशश्राद्धानां वर्षादूर्ध्वं कालाभावेऽपि तान्यदत्वा न कुर्यात्, किन्तु दत्त्वैव। तानि यदि कनिष्ठभ्रात्रादिना कृतानि तदा सपिण्डनमेव कुर्यादित्यपरार्कः। सपिण्डने तु कनिष्ठानां नैवाधिकार इत्यर्थः।

उन सोलह श्राद्धों को साल के बाद समय के अभाव में बिना किये सपिण्डनश्राद्ध न करे किन्तु देकर ही करे। यदि कनिष्ठ (छोटा) भ्राता (भाई) आदि ने किया है तो सपिण्डनश्राद्ध ही करे यह अपरार्क ने कहा है। सपिण्डन में तो कनिष्ठों को (छोटे भाइयों को) अधिकार नहीं है—यह अर्थ है।

तत्रैव—अज्ञानादथवा मोहान्न कृता चेत्सपिण्डता। तत्रापि विधिवत्कार्या कालादतिचिरादपि॥

वहीं पर कहा है—अज्ञान से या मोह से सपिण्डनश्राद्ध को न किया हो तो यहाँ पर भी विधि से बहुत काल के बाद भी करे।

तेष्वपि ज्येष्ठस्यैवाधिकारः, ज्येष्ठेन जातमात्रेण पुत्री भवति मानवः। इति मनुक्तेः (९।१०६)।

उनमें भी ज्येष्ठ पुत्र को ही अधिकार है। मनु ने कहा है—ज्येष्ठ पुत्र के होने मात्र से पुत्र वाला मनुष्य होता है।

अपरार्के प्रचेता अपि—एकादशाद्याः क्रमशो ज्येष्ठस्तु विधिवत्क्रियाः।
कुर्यान्नैकैकशः श्राद्धमाब्दिकं तु पृथक् पृथक्॥

अपरार्क में प्रचेता ने भी कहा है—एकादशाह आदि क्रियाओं को क्रम से विधिवत् ज्येष्ठपुत्र करे। अलग-अलग न करें। आब्दिकश्राद्ध तो अलग अलग करें।

मरीचिः—सर्वेषां तु मतं कृत्वा ज्येष्ठेनैव तु यत्कृतम्।
द्रव्येण चाविभक्तेन सर्वैरेव कृतं भवेत्॥

मरीचि ने कहा है—अविभक्तद्रव्य से अनुमति के द्वारा ज्येष्ठ पुत्र ने जो किया जाता है वह सब ही ने किया।

यत्तु वाचस्पतिशूलपाणिभ्यामुक्तं द्रव्यदानानुमत्यभावे कनिष्ठैः पृथक् कार्यमिति। तन्न, एवकारस्य तदभावेऽपि पृथक्करणाभावार्थत्वात् अन्धादेरिव ज्येष्ठे सति कनिष्ठानामनधिकाराच्च। अतस्तेषां प्रत्यवायमात्रम्। आहिताग्निः कनिष्ठस्तु कुर्यादेव। अन्यथा पितृयज्ञासिद्धेः। एवमावश्यकवृद्धावपि कनिष्ठोऽन्यः सपिण्डो वा कुर्यात्।

जो वाचस्पति और शूलपाणि ने कहा है—द्रव्यदान की अनुमति के अभाव में कनिष्ठ पुत्र अलग करें। यह उचित नहीं है। एवकारका उसके अभाव में भी पृथक्करण का अभावार्थ होने से अन्धादि के सदृश ज्येष्ठ के होने पर कनिष्ठोंका अधिकार का अभाव है। इसलिए उनको प्रत्यवायमात्र है। आहिताग्नि हो तो कनिष्ठ ही करे। अन्यथा पितृयज्ञ की असिद्धि होगी। इसप्रकार आवश्यक वृद्धिमें भी कनिष्ठ या अन्य सपिण्ड करे।

भ्राता वा भ्रातृपुत्रो वा सपिण्डः शिष्य एव च। सहपिण्डक्रियां कृत्वा कुर्यादभ्युदयं ततः॥ तथैव काम्यं यत्कर्म वत्सरात्प्रथमादृते॥ इति मदनरत्ने लघुहारीतवचनात्।

भाई, भाई का पुत्र, सपिण्ड या शिष्य पिण्डक्रिया (सपिण्डनश्राद्ध) को कर आभ्युदयिकश्राद्ध करें। वैसे ही जो काम्यकर्म है प्रथम संवत्सर में त्यागकर करे यह मदनरत्न में लघुहारीत का वचन है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वृद्ध्यनन्तरं प्रथमाब्दमध्येऽपि काम्यं कुर्यात्। वृद्ध्यभावे तु प्रथमाब्दादूर्ध्वमेवेत्यर्थः। काम्योक्तेरनावश्यकेष्टापूर्तादौ नापकर्षः। एतद्भ्रातृपुत्रादिसंस्कारे प्राप्ताधिकारस्य नान्दीश्राद्धाधिकारार्थम्। अभ्युदयपदं च नान्दीश्राद्धनिमित्तकर्ममात्रपरमिति हेमाद्रिः। तेन ज्येष्ठे देशान्तरस्थे कनिष्ठः सपिण्डनं विनैव वृद्धिं कृत्वा पुत्रसंस्कारं कुर्यादिति श्रीदत्तोक्तिः परास्ता। भ्रातृशिष्याद्युक्तेर्नान्दीश्राद्धेज्यदेवतामात्रपरोऽपकर्ष इत्यपास्तम्। अस्य क्रममात्रपरत्वाद्वृद्धिकर्तैव सपिण्डनं कुर्यादिति न नियम इति गौडाः। अत एव कन्याया मातृमरणे भ्रात्रा सपिण्डने कृते पितुर्दानाधिकारः।

वृद्धिश्राद्ध के बाद प्रथम वर्ष में भी काम्यकर्म करे। वृद्धि के अभाव में तो प्रथमवर्ष के बाद ही करे यह अर्थ है। काम्य के कहने से अनावश्यक इष्टापूर्त आदि में अपकर्ष नहीं होता है यह (अशक्त्य आदि से अनुकल्पकाल में उसके अनुष्ठानमें तो अनुमासिक का अपकर्ष होता ही है।) भ्रातृपुत्र ('पितैवोपनयेत्पुत्रम्' इत्यादि। पिता पितामहो भ्राता' इत्यादि क्रम से जो अधिकार है, इसकी तरह) आदि के संस्कार में जिसको प्राप्त अधिकार है उसको नान्दीश्राद्ध के अधिकारार्थ है और अभ्युदयपद नान्दीश्राद्ध के निमित्त जितने कर्म हैं उनका बोधक है—यह हेमाद्रि का कहना है। इससे ज्येष्ठ भाई देशान्तर में हो तो कनिष्ठपुत्र सपिण्डनश्राद्ध के बिना ही वृद्धिश्राद्ध को कर पुत्र का संस्कार करे—यह श्रीदत्त का कहना परास्त हुआ। भाई, शिष्य आदिके कहने से नान्दीश्राद्ध में अर्चन योग्य देवतामात्र में अपकर्ष होता है यह अपास्त है। इसका क्रममात्रपरत्व होने से वृद्धिकर्ता ही सपिण्डन करे यह नियम नहीं है—यह गौड कहते। इसलिए कन्या की माता के मरने पर भाई के सपिण्डन करने पर पिता को कन्यादान का अधिकार है।

शूलपाणिस्तु—महागुरौ प्रेतभूते वृद्धिकर्म न युज्यते। इति निषेधात् मृतस्य भ्रात्रादिः सपिण्डनं कृत्वा तत्पुत्रकन्यादेरभ्युदयं कुर्यान्न तु स्वपुत्रसंस्कारे संस्कार्यपितुः सपिण्डनं विना वृद्धौ देवतात्वाभावादित्याह। तन्न, देवताप्रयुक्तापकर्षस्य निरस्तत्वात्। वृद्धिं विना कनिष्ठेन कृते तु विदेशस्थेन ज्येष्ठेन पुनः कार्यम्,

शूलपाणि ने कहा है—महागुरु के प्रेत होने पर (मरने पर) वृद्धिश्राद्ध का योग नहीं होता है यह निषेध से मरे हुए का भाई आदि सपिण्डनकर उसके पुत्र, कन्या आदि का आभ्युदयकार्य करें न कि अपने पुत्र के संस्कार में करने योग्य पिता का सपिण्डनश्राद्ध के बिना वृद्धि में देवतात्व का अभाव कहा है। यह उचित नहीं है। देवताप्रयुक्त अपकर्ष का खण्डन किया है। वृद्धिश्राद्ध के बिना कनिष्ठ के (सपिण्डनश्राद्ध) करने पर तो विदेश स्थित ज्येष्ठ पुत्र फिर से सपिण्डनश्राद्ध करे।

यवीयसा कृतं कर्म प्रेतशब्दं विहाय तु। तज्ज्यायसापि कर्तव्यं सपिण्डीकरणं पुनः॥ इति स्मृतेः।

स्मृति में कहा है—छोटे भाई के किये हुए सपिण्डनश्राद्ध को प्रेतशब्द त्यागकर ज्येष्ठ भाई फिर से सपिण्डीश्राद्ध करे।

ज्येष्ठेन वा कनिष्ठेन सपिण्डीकरणे कृते। आद्यपादे 'मातापित्रोः कनिष्ठेन' इति वा पाठः।

ज्येष्ठ या कनिष्ठ भाई सपिण्डनश्राद्ध करे। पहले बाद में अर्थात्—ज्येष्ठेन वा कनिष्ठेन—इसकी जगह में 'मातापित्रोः 'कनिष्ठेन' यह पाठ है। माता और पिताका सपिण्डीश्राद्ध कनिष्ठ करे।

(देशान्तरे पितरि मृते पुत्रैः किं कार्यम्)

देशान्तरगतानां च पुत्राणां तु कथं भवेत्। श्रुत्वा तु वपनं कार्यं दशाहान्तं तिलोदकम्॥ ततः सपिण्डीकरणं कुर्यादेकादशेऽहनि। द्वादशाहेन कर्तव्यमिति शातातपोऽब्रवीत्॥ इति वचनाच्चेति भट्टाः। सिन्नाभट्टीयेऽप्येवम्। पूर्ववचनेऽत्र च मूलं चिन्त्यम्।

देशान्तर (दूसरे प्रदेश) में गये हुए पुत्र कैसे करें। वे—सुनने पर मुण्डन करावें और दशदिन तक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तिलोदक दे। फिर सपिण्डनश्राद्ध को ग्यारहवें दिन करें बारहवें दिन नहीं करना चाहिये—यह शातातप ने कहा है। इस वचन से यह भट्ट कहते हैं। सिंगाभट्टीय में भी यही है। यहाँ पर पहले के वचन में मूल विचारणीय है। (पहले के वचन (यवीयसा कृतं कर्म प्रेतशब्दं विहाय तु। तज्ज्यायसामपि कर्तव्यं सपिण्डीकरणं पुनः॥ और पितृयज्ञार्थ कनिष्ठपुत्र के सपिण्डनश्राद्ध करने पर भी ज्येष्ठपुत्र को सपिण्डन श्राद्ध की आवृत्ति प्रेतशब्द के सहित हो करे। इससे वृद्धि के लिए अपकर्षकरने पर तो वहाँ पर ज्येष्ठपुत्र के द्वारा आवृत्ति नहीं होगी—यह नव्यमत है।)

स्मृत्यर्थसारे तु—'विभक्ता ऋद्धिकामाश्चेत्पुत्राः पृथक्सपिण्डीकरणं कुर्युः' इत्युक्तम्। अत्र दत्तकस्य तत्पुत्रादीनां च विशेषः प्रागुक्तः।

स्मृत्यर्थसारमें तो कहा है—विभक्त पुत्र (नवश्राद्धं सपिण्डत्वं श्राद्धान्यपि च षोडश। एकेनैव तु कार्याणि संविभक्तधनेष्वपि॥ इसका यहाँ अपवाद है वृद्धिकी इच्छा से प्राप्त अधिकार से कनिष्ठ पुत्र के करने पर तो ज्येष्ठ पुत्र 'प्रेतशब्द' से रहित ही आवृत्ति करे।) समृद्धि की इच्छा करें तो अलग अलग सपिण्डन श्राद्ध करें—एसा कहा है। यहाँ पर दत्तक का और उसके पुत्र आदियों का विशेष पहले कह चुके हैं।

केचित्तु वृद्धिं विनाऽपि कनिष्ठस्य सपिण्डनमाहुः। मातापित्रोर्मृते काले ज्येष्ठे देशान्तरस्थिते। कनिष्ठेन प्रकर्तव्यं सपिण्डीकरणं तदा॥ इति कार्ष्णाजिनिस्मृतेः।

कोई तो वृद्धि के बिना भी कनिष्ठपुत्र को सपिण्डनश्राद्ध करना कहते हैं। कार्ष्णाजिनिस्मृति में कहा है—माता और पिता के मरने के समय पर ज्येष्ठपुत्र देशान्तर में स्थित हो तो सपिण्डनश्राद्ध कनिष्ठपुत्र को करना चाहिये।

गते वा रोधिते ज्येष्ठे पित्रा वा प्रेषिते सति। षण्मासान्न निवर्तेत तदा कार्यं कनीयसा॥

ज्येष्ठपुत्र के (अपनी इच्छा से) जाने पर, बन्धन होने पर या पिता ने कहीं भेजा हो तो वह छ महिने तक न आवे तो छोटा पुत्र सपिण्डनश्राद्ध करे।

संवर्तः—पुनः सपिण्डीकरणं श्राद्धं पार्वणवच्चरेत्। अर्घ्यसंयोजनं नैव पिण्डसंयोजनं न च॥ इति। तेषां वचसां निर्मूलत्वात् 'प्रोषितावसिते पुत्रः' इत्यादि विरोधाच्चोपेक्ष्याः।

संवर्त ने कहा है—फिर से सपिण्डनश्राद्ध को पार्वणश्राद्ध की तरह करे। उसमें अर्घ्यका संयोजन (प्रेत के अर्घ्यपात्र जलको पितामहादि में मिलाना) और पिण्डका संयोजन (प्रेतपिण्ड को पितामह, प्रपितामह और वृद्धपितामह में मिलाना) न करे। (काश्यादिषु गयायां च प्रेतकार्यं तु यत्कृतम्। सपिण्डैरसपिण्डैर्वा पुत्रैरेव कृतं भवेत्॥ वचन निर्मूल हैं या तीर्थप्रशंसापरक है।) 'प्रोषितावसिते पुत्रः कालादतिचिरादपि' इत्यादि पूर्व में कहे हुए इन वचनों के विरोध से उपेक्षा करने योग्य हैं।

(व्युत्क्रमणमृतौ सपिण्डीकरणविचारः)

व्युत्क्रममृतौ तु हेमाद्रौ ब्राह्मे—मृते पितरि यस्याथ विद्यते च पितामहः। तेन देयास्त्रयः पिण्डाः प्रपितामहपूर्वकाः॥ तेभ्यस्तु पैतृकः पिण्डो नियोक्तव्यस्तु पूर्ववत्।

विपरीतक्रम से मरने पर हेमाद्रि में ब्रह्मपुराण का वचन है—अब जिसका पिता मर गया हो पितामह (दादा) जीवित हो तो इससे प्रपितामहपूर्वक तीन पिण्ड दे। उनमें से पिताके पिण्ड को पहले की तरह नियोजित करे। अर्थात्—मिलावे।

(मातृमरणे सपिण्डीकरणविचारः)

मातर्यथ मृतायां च विद्यते च पितामही॥ प्रपितामहीपूर्वस्तु कार्यस्तत्राप्ययं विधिः॥ एवं प्रपितामहे जीवति तत्पित्रादिभिर्ज्ञेयम्।

माता के मरने पर पितामही (दादी) जीवित हो तो प्रपितामही (पड़दादी) से ग्रहणकर पहले की तरह तीनपिण्ड को मिला दे। वहाँ पर भी यही विधि है। इसप्रकार प्रपितामह (पड़दादा) के जीवित रहने पर उसके पिता आदि में जानना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तदाह सुमन्तुः—त्रयाणामपि पिण्डानामेकेनापि सपिण्डने ।
पितृत्वमश्नुते प्रेत इति धर्मो व्यवस्थितः ॥

इसी बातको सुमन्तु ने कहा है—तीन पिण्डों का एक के साथ भी सपिण्डन होने पर प्रेत पितृत्व को प्राप्त करता है—यह धर्म में व्यवस्था है ।

यत्तु—व्युत्क्रमात्तु प्रमीतानां नैव कार्या सपिण्डता । इति, तन्मातापितृभर्तृभिन्नविषयम्,

जो यह कहा है—विपरीत क्रम से मरने वालों का सपिण्डन नहीं करना चाहिये । यह माता, पिता और पतिसे भिन्न विषयक है ।

व्युत्क्रमेण मृतानां न सपिण्डीकृतिरिष्यते । यदि माता यदि पिता भर्ता नैष विधिः स्मृतः ॥ इति माधवीये स्कान्दोक्तेः । मदनरत्नादौ चैवम् । अत्र 'प्रपितामहादिभिः पितुः सपिण्डने कृते पितामहे मृते तत्सपिण्डने सति पुनस्तेन सह पितुः सपिण्डनं कार्यम्, इति हेमाद्रिमतमाह । अन्ये नैतन्मन्यन्ते ।

माधवीय में स्कन्दपुराण का वचन है—विपरीतक्रम से मरने वालों का सपिण्डनश्राद्ध नहीं होता है । माता, पिता और पतिके मरने पर तो यह निषेधरूपविधि नहीं होती है । मदनरत्न आदि में भी यही है । यहाँ पर प्रपितामह आदियों के साथ पिता का सपिण्डन करने पर पितामह के मरने पर पितामह के सपिण्डन करने पर फिर पितामहके साथ पिता का सपिण्डन करना चाहिये यह हेमाद्रिमतको कहा है । दूसरे लोग इसको (पिता का फिर से सपिण्डन वचन के न होने से) नहीं मानते हैं ।

तत्त्वं तु—पितुः सपिण्डनाभावे पितामहेन सह पुनः कार्यं, न तत्सत्त्वे, त्रयाणामपि पिण्डानामेकेनापि सपिण्डने । पितृत्वमश्नुते प्रेत इति धर्मो व्यवस्थितः ॥ इति विष्णुधर्मोक्तेः । पितामहे प्रपितामहे वा पुत्रान्तरैरसंस्कृतेऽप्यसंस्कृताभ्यामेव पितुः सपिण्डनं कुर्यात्,

तत्त्व तो यह है—पिता के सपिण्डन के अभाव में पितामहके साथ फिर से करना चाहिये उसके न होने पर, विष्णुधर्म में कहा है—तीनों पिण्डों का भी एक के साथ सपिण्डन करे तो प्रेत पितृत्व को प्राप्त करता है—यह धर्म की व्यवस्था है । पितामह या प्रपितामह का पुत्रान्तरों ने संस्कार न किया हो तो असंस्कृतों के साथ पिता का सपिण्डन करें ।

असंस्कृतौ न संस्कार्यौ पूर्वौ पौत्रप्रपौत्रकैः । पितरं तत्र संस्कुर्यादिति कात्यायनोऽब्रवीत् ॥ इति छन्दोगपरिशिष्टात् । असंस्कृतौ दाहाद्यैरिति केचित् । असपिण्डीकृताविति तु तत्त्वम् ।

छन्दोगपरिशिष्ट में कहा है—असंस्कृत पितामह और प्रपितामह का पौत्र और प्रपौत्र संस्कार न करें । वहाँ पर पिता का संस्कार करें—यह कात्यायन ने कहा है । असंस्कृतौ—इसपद से दाह आदि कहते हैं यह किसी का मत है सपिण्डन न हुआ हो—यह तत्त्व है ।

अत एवोक्तं तत्रैव—पापिष्ठमपि शुद्धेन शुद्धं पापकृताऽपि वा । पितामहेन पितरं संस्कुर्यादिति निश्चयः ॥ पापिष्ठमकृतसपिण्डनं न तु पतितादि, 'अभिशस्तपतितभ्रूणघ्नाः स्त्रियश्चातिचारिणीर्न संसृजेत्' इति बैजवापोक्तेः । 'पापकर्मिणो न संसृजेरन्' इति गौतमोक्तेश्चेत्युक्तं निर्णयामृते ।

इसलिए वहाँ पर ही कहा है—पापिष्ठ (अकृत सपिण्डन न कि पतितादि) भी शुद्ध से (पितामह और प्रपितामह से हो तो जानना चाहिये । अकृतसपिण्डन से पितामहादि के साथ अच्छीतरह शुद्धि करे यह भाव है । मातामह आदि तीनों का सपिण्डन के असत्व में तो चौथे के साथ सपिण्डन होना असंभव हैं ।) या पापी के साथ शुद्धकर संस्कार होने से शुद्ध हो जाता है । इससे पितामह के साथ पिता का संस्कार करे । बैजवाप ने कहा है—शापित, पतित, भ्रूणहत्यारा और व्यभिचारिणी स्त्री का सपिण्डन न करे । गौतम ने कहा है—पाप कर्म को करने वाले का सपिण्डन न करे यह निर्णयामृत में कहा है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पूर्वयोः पुत्राभावे तु पौत्रः कुर्यादेव, पितामहः पितुः पश्चात्पञ्चत्वं यदि गच्छति। पौत्रेणैकादशाहादि कर्तव्यं श्राद्धषोडशम्॥ नैतत्पौत्रेण कर्तव्यं पुत्रवांश्चेत्पितामहः। पितुः सपिण्डतां कृत्वा कुर्यान्मासानुमासिकम्॥ इति कात्यायनोक्तेः। अपरार्के शूलपाणौ चैवम्। तेन सपिण्डनस्यानित्यत्वादकृतसपिण्डनयोरेव पार्वणानुप्रवेश इति मूर्खोक्तिः परास्ता।

पितामह और प्रपितामह के पुत्र के अभाव में मरने पर पौत्र सपिण्डन करे ही। पिता के बाद पितामह यदि पञ्चत्वको प्राप्त करता है तो पौत्र एकादशाह आदि सोलह श्राद्ध को करे। पितामह पुत्रवाला हो तो पौत्र इस कार्य को न करे। पिताका सपिण्डन कर मासिक आदि श्राद्ध करे—यह कात्यायन ने कहा है। अपरार्क और शूलपाणि में भी यही है। इससे सपिण्डन के अनित्वत्व होने से जिसका सपिण्डनश्राद्ध नहीं ही हुआ है उनका पार्वण में प्रवेश है यह मूर्ख का कथन परास्त हुआ।

कृते सपिण्डीकरणे प्रेतः पार्वणभाग्भवेत्। इति हारीतविरोधाच्च। केचित् पुत्रान्तराभावे पितामहवार्षिकमप्याहुः। तन्न, श्राद्धषोडशमिति नियमात्। इच्छया भवत्येव।

सपिण्डनश्राद्ध करने पर प्रेत पार्वणश्राद्ध का भागी (हिस्सेदार) होता है। इस हारीत के वचन का विरोध है। कोई कहते हैं—पुत्रान्तर के अभाव में पितामह का वार्षिक भी करे। यह उचित नहीं है। सोलह श्राद्ध होते हैं—यह नियम है। इच्छासे होता ही है।

पितामहस्य चेद्दद्यादेकोद्दिष्टं न पार्वणम्। इति वाचस्पतिधृतगर्गोक्तेः। त्रयाणां यौगपद्ये तु प्राधान्यात्पितुः सपिण्डनं कृत्वा पूर्वयोः कुर्यात्। पितामहे मृतौ दशाहान्तः पितृमृतौ पितुः संस्कारं कृत्वा पितामहस्य पुनः सर्वमावर्तयेत्। वृत्ते दशाहे नैवम्। अशक्त्या पित्रानुज्ञातेन पौत्रेण पितामहश्राद्धे प्रक्रान्ते पितृमृतौ तदाशौचं वहन्नेव पौत्रः पितामहकर्म कुर्यात्प्रक्रान्तत्वादिति मदनपारिजातपृथ्वीचन्द्रौ।

वाचस्पति में गर्ग का वचन है—पितामह का श्राद्ध करे तो एकोद्दिष्ट करे पार्वणश्राद्ध न करे। तीनों का एक साथ मरने पर तो प्राधान्य होने से पिता का सपिण्डन कर पितामह तथा प्रपितामहका सपिण्डनश्राद्ध करे। पितामह के मरने पर दशदिन के भीतर पिता के मरनेपर पिता का संस्कार कर पितामह का फिर से सब आवृत्ति (सब कर्म) करे। दशदिन के व्यतीत होने पर न करे। (क्रियाकर्ता के नाशमें क्रिया की आवृत्ति नहीं होती है यह पहले कहा हुआ शुद्धितत्त्व का मत त्यागने योग्य है।) किसी के मत से अग्निसंस्कार की आवृत्ति होती है।) अशक्ति से पिता की आज्ञा से पौत्र के पितामहका श्राद्ध प्रारंभ करने पर पिता के मरने पर उस आशौच को वहन करता हुआ ही पौत्र पितामह के कर्म को करे। क्योंकि उसका प्रारंभ हो चुका है—यह मदनपारिजात और पृथ्वीचन्द्र में कहा है।

यत्तु—उत्तरात्रितये रौद्ररोहिणी याम्यसर्पपितृभेषुचाग्निभे।
श्मश्रुकर्म सकलं च वर्जयेत्प्रेतकार्यमपि बुद्धिमान्नरः॥

जो यह कहा है—तीनों उत्तरा, आर्द्रा, रोहिणी, भरणी, श्लेषा, मघा और कृत्तिका में बुद्धिमान् मनुष्य श्मश्रुकर्म और सब प्रेतकार्य को भी त्याग दे।

इति सपिण्डनप्रकरणे पाठान्मुख्यकाले निषिद्धर्क्षे सपिण्डनापकर्षः। सर्वकालेषु तद्धर्क्षे तद्वर्ज्यान्येव। पूर्वोक्तब्राह्मोक्तानि षोडशश्राद्धानि कार्याणीति वाचस्पतिमिश्राः। तन्न, अस्य परिभाषात्वेन वाक्यात्सावकाशकर्मपरत्वात्, अस्य प्रेतमात्रदैवत्याभावाच्च।

यह सपिण्डनप्रकरण में पाठ होने से मुख्यकाल (वर्षान्त) में निषिद्ध नक्षत्र में सपिण्डन का अपकर्ष होता है। सबकाल में निषिद्ध नक्षत्र होने पर उनका त्याग ही करे। पहले कहे हुए ब्रह्मपुराण में हुए सोलह श्राद्धों को करे—यह वाचस्पति-मिश्र कहते हैं। यह उचित नहीं है। इसका परिभाषा में होने से वाक्य से सावकाश (जिस कर्म को अन्य समय में भी किया जा सकता है उस कर्म में तात्पर्य है। क्योंकि इसका प्रेतमात्र ही विषय नहीं है।) कर्मपरत्व है। इसका प्रेतमात्र में देवता का अभाव है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(स्त्रीणां सपिण्डीकरणनिर्णयः)

अथ स्त्रीषूच्यते । हेमाद्रौ बृहस्पतिः—भर्तृगोत्रेण नाम्ना च मातुः कुर्यात्सपिण्डनम् ।

अब स्त्री के बारे में कहते हैं । हेमाद्रि ने बृहस्पति ने कहा है—पति के गोत्र और नाम से माता का सपिण्डनश्राद्ध करे ।

यत्तु भविष्ये—पितृगोत्रं समुत्सृज्य न कुर्याद्भर्तृगोत्रतः । इति, तदासुरादिविवाहोढापरम् ।

जो भविष्यपुराण में कहा है—पिता के गोत्र को त्यागकर पति के गोत्र से न करे । वह आसुर आदि विवाह से विवाहित परक है

आसुरादिविवाहेषु पितृगोत्रेण धर्मवित् । इति वृद्धशातातपोक्तेः । तच्चानेकवचनेषु पितामह्याः पत्या मातामहेन वा सहोक्तम् ।

वृद्धशातातप ने कहा है—धर्म का जानकार आसुर आदि विवाहों में पितृगोत्र से करे । वह अनेक वचनों में पितामही के साथ, पति के साथ या मातामह के साथ कहा है ।

तत्र व्यवस्थोक्ता भविष्ये—जीवत्पिता पितामह्या मातुः कुर्यात्सपिण्डनम् । प्रमीतपितृकः पित्रा तत्पित्रा पुत्रिकासुतः । तत्पित्रा मातुः पित्रा ।

वहाँ पर व्यवस्था भविष्यपुराण में कही है—जिसका पिता जीवित हो वह माता का सपिण्डन पितामही के साथ करे । जिसका पिता मर गया हो वह पिता के साथ माता का सपिण्डन करे । दौहित्र माता के पिता के साथ करे ।

लौगाक्षिः—पितामह्यादिभिः सार्धं मातरं तु सपिण्डयेत् । पितरि म्रियमाणे तु तेनैवोपरते सति ॥

लौगाक्षि ने कहा है—पितामही आदि के साथ माता का सपिण्डन करे । पिता के मरने पर तो पिता के साथ ही माता का सपिण्डन करे ।

शङ्खः—मातुः सपिण्डीकरणं कथं कार्यं भवेत्सुतः । पितामह्यादिभिः सार्द्धं सपिण्डीकरणं स्मृतम् ॥ येन केनापि मातुः सापिण्ड्ये यत्रान्वष्टकादौ मातुः श्राद्धं पृथगुक्तं तत्र पितामह्या सह कार्यम् ।

शंख ने कहा है—पुत्र माता का सपिण्डनश्राद्ध कैसे करे । पितामही आदि के साथ सपिण्डनश्राद्ध करना कहा है । जिस किसी के साथ माता के सापिण्ड्य में जहाँ अन्वष्टका आदि में माता का श्राद्ध अलग कहा है वहीं पर पितामही के साथ करे ।

नान्दीमुखेऽष्टकाश्राद्धे गयायां च मृतेऽहनि । पितामह्यादिभिः सार्द्धं मातुः श्राद्धं समाचरेत् ॥ इति शातातपोक्तेः ।

शातातप ने कहा है—नान्दीमुख में, अष्टकाश्राद्ध में, गया में और मरणदिन में पितामही आदि के साथ माता का श्राद्ध करे ।

(अपुत्रायाः सापिण्ड्यनेविचारः)

अपुत्रायां तु पैठीनसिः—अपुत्रायां मृतायां तु पतिः कुर्यात्सपिण्डनम् ।

श्वश्र्वादिभिः सहैवास्याः सपिण्डीकरणं भवेत् ॥

अपुत्रामें तो पैठीनसिमें कहा है—पुत्र के बिना मरने पर पति ही सपिण्डन करे । उस स्त्री का सास आदि के साथ ही सपिण्डनश्राद्ध करे ।

यत्तु लघुहारीतः—पुत्रेणैव तु कर्तव्यं सपिण्डीकरणं स्त्रियाः ।

पुरुषस्य पुनस्त्वन्ये भ्रातृपुत्रादयोऽपि ये ॥ इति ।

जो लघुहारीत में कहा है—माता का सपिण्डनश्राद्ध पुत्र ही को करना चाहिये । पुरुष का तो अन्य भाई के पुत्र आदि जो हैं वे करें ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यच्च मार्कण्डेयपुराणे—सपिण्डीकरणं स्त्रीणां पुत्राभावे न विद्यते। इति, तत्पुत्रपत्यभावे ज्ञेयम्। अत्र सपत्नीपुत्रोऽपि ज्ञेयः,

जो मार्कण्डेयपुराण में कहा है—पुत्रों के अभाव में स्त्रियों का सपिण्डीश्राद्ध नहीं होता है वह पुत्र और पति के अभाव में जानना चाहिये। यहाँ पर सपत्नीपुत्र को भी जानना चाहिये।

बह्वीनामेकपत्नीनामेका चेत्पुत्रिणी भवेत्। सर्वास्तास्तेन पुत्रेण प्राह पुत्रवतीर्मनुः॥ इति मनूक्ते- (पृ० ३७१) रेतत्परत्वात्।

जिस पुरुष के बहुत सी स्त्रियाँ हो उनमें से एक भी स्त्री पुत्रवाली हो तो उस पुत्र से सब पुत्रवाली होती हैं—ऐसा मनु ने कहा है। यह उस परक है।

यत्तु शातातपः—मृते पितरि मातुस्तु न च कार्या सहपिण्डता। पितुरेव सपिण्डत्वे तस्या अपि कृतं भवेत्॥ इति, तदशक्तपरम्। केषाञ्चिद्वा मतमिति हेमाद्रिः।

जो शातातप ने कहा है—पिता के मरने पर माता का सपिण्डन न करे। क्योंकि पिता के सपिण्डन से माता का भी सपिण्डन हो जाता है। यह अशक्तपरक है। या किसी का मत है—यह हेमाद्रि ने कहा है।

अन्वारोहणे तु भर्त्रैव सापिण्ड्यम्, मृता यानुगता नाथं सा तेन सहपिण्डताम्। अर्हति स्वर्गवासं च यावदाभूतसंप्लवम्॥ इति शातातपोक्तेः।

अन्वारोहण में पति के साथ ही सपिण्डन होता है। जो मरे हुए अपने पति के साथ सती हो गयी है उसका सपिण्डन पति के साथ होता है। वह प्रलयकाल तक स्वर्ग में निवास करने योग्य होती है।

पत्या चैकेन कर्तव्यं सपिण्डीकरणं स्त्रियाः। सा मृतापि हि तेनैक्यं गता मन्त्राहुतिव्रतैः॥ इति यमोक्तेश्च। अत्रैकशब्दः पितामह्यादिपक्षनिवृत्त्यर्थः। पतिपदं वर्गपरम्। सपिण्डनस्य पार्वणैकोद्दिष्टरूपत्वादिति माधवकल्पतरुमदनरत्नादयः।

और यम ने कहा है—पति के साथ स्त्री का सपिण्डन करना चाहिये। वह मर कर भी मन्त्र की आहुतियों और व्रतों से उसके साथ एकता को प्राप्त हो गयी है। यहाँ पर एकशब्द पितामही आदि पक्ष की निवृत्ति के लिये है—यह अर्थ है। पतिपद-पति के वर्ग (कुल) का जानकारी कराने वाला है। सपिण्डन का पार्वण और एकोद्दिष्टरूप है—यह माधव, कल्पतरु, मदनरत्न आदि कहते हैं।

अन्ये तु भर्त्रैवैकेनाहुः—स्वेन भर्त्रा सहैवास्याः सपिण्डीकरणं भवेत्। इत्येवकारश्रवणात्।

अन्य तो पति के साथ ही कहते हैं—अपने पति के साथ इसका सपिण्डनश्राद्ध होता है। यहाँ पर 'एव' शब्द सुना है।

पृथ्वीचन्द्रोदयेऽपि विकल्प उक्तः। इदं तु तत्त्वम्। यदा हेमाद्र्यादिमते द्वयोरेकः पिण्डस्तदा वर्गेण सह। यदा माधवपृथ्वीचन्द्रादिमते पृथक्पिण्डस्तदैकेन पत्यैकवचनाच्चैकेनापि। अतो मातृपिण्डमसपिण्डीकृतेनैव पतिपिण्डेन संयोज्यैकीकृतं पिण्डद्वयं तत्पित्रादिभिः संयोजयेत्। अन्त्यपक्ष एव युक्तः।

पृथ्वीचन्द्रोदय में विकल्प कहा है। यहाँ यह तत्त्व है—जब हेमाद्रि आदि के मत में दोनों का एक पिण्ड दे तो पति के कुल के साथ। यदि माधव, पृथ्वीचन्द्र आदि मत से अलग पिण्ड दिया जाय तो केवल पति के साथ सपिण्डन करे और वचन से भी एक के साथ आता है। इसलिए माता के पिण्ड को असपिण्ड करने पर तो पति के पिण्ड के साथ मिलाकर एक करने पर पिण्डद्वय को उसके पितामह आदियों से मिला दे। यहाँ अन्त्यपक्ष ही युक्त है।

स्मृत्यर्थसारे तु— अन्वारोहणेनैकदिनमरणे स्त्रियाः पृथक् सपिण्डनं नास्ति। भर्तुः कृते स्त्रिया अपि कृतं भवति इत्युक्तम्, तन्मतान्तरमस्तु। इदं ब्राह्मादिविवाहेषु ज्ञेयम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्मृत्यर्थसार में तो कहा है—अन्वारोहण (स्त्री का अपने पति के शव के साथ चिता पर बैठना) से एकदिन में स्त्री का अलग सपिण्डन नहीं होता है। पति के सपिण्डन करने पर स्त्री का भी सपिण्डन हो जाता है—ऐसा कहा है—यह मतान्तर हो। यह ब्राह्म आदि विवाहों में जानना चाहिये।

(आसुरादिषु विवाहितायाः सापिण्डीनिर्णयः)

आसुरादिषु तु शातातपः—तन्मात्रा तत्पितामह्या तच्छ्वश्र्वा वा सपिण्डनम्। आसुरादि-विवाहेषु विन्नानां योषितां भवेत्॥ मातामह्या मातुः पितामह्या तत्प्रपितामह्या वेत्यर्थः।

आसुर आदि विवाहों में तो शातातप ने कहा है—उसकी माता से उसकी पितामही से और उसकी सास से सपिण्डन करे जो आसुर आदि विवाहों में विवाहित की है। मातामही, (नानी) माता की पितामही या माता की प्रपितामही से यह अर्थ है।

सुमन्तुः—पिता पितामहे योज्यः पूर्णे संवत्सरे सुतैः। माता मातामहे तद्वदित्याह भग-वाञ्छिवः॥ इदमासुरादिपरं पुत्रिकापुत्रपरं चोक्तं प्राक्।

सुमन्तु ने कहा है—पिता को पितामह (दादा) में पुत्र पूरे साल में योग करें। उसीप्रकार माता को मातामह में मिला दे यह भगवान् शिव ने कहा है। यह आसुर आदि परक है पुत्रिका पुत्र परक है—यह पहले कह चुके हैं।

(सर्वत्र देशभेदाद्विकल्पकथनम्)

हेमाद्रिस्तु ब्राह्मादिष्वपि सर्वत्र देशभेदाद्विकल्पमाह।

हेमाद्रि ने तो ब्राह्म आदियों में भी देशभेद से सर्वत्र विकल्प कहा है।

(गुर्जरेषु कोकिलमतानुसारिणां मतम्)

अत एव गुर्जरेषु कोकिलमतानुसारिणां मातृमातामहप्रमातामहा इति श्राद्धप्रयोगः सपिण्डनं च दृश्यते।

इसलिए गुर्जरों में कोकिलमतानुसारियों का माता, मातामह और प्रमातामह का श्राद्ध प्रयोग है और सपिण्डन (मातामह के साथ) भी देखते हैं।

हेमाद्रावापस्तम्बोऽपि—कोकिलस्य यथा पुत्रा अन्यसञ्चयजीविनः।
पुष्टास्ते स्वकुलं यान्ति एवं नारी मृता सती॥

हेमाद्रि में आपस्तम्ब ने भी कहा है—अन्य (दूसरे) के सञ्चय से जैसे जीवित कोकिल के वे पुत्र पुष्ट हुए अपने कुल में जाते हैं। इसीप्रकार मरकर सती स्त्री जाती है।

यदपि विज्ञानेश्वरो मातामहेन मातुः सापिण्ड्ये पितृश्राद्धवन्मातृश्राद्धं नित्यमित्याह,

और जो विज्ञानेश्वर ने मातामह के साथ माता के सापिण्ड्य में पिता के श्राद्ध के सदृश माता का श्राद्ध नित्य (पृथक्) कहा है।

यच्च वृद्धिश्राद्धे छन्दोगपरिशिष्टम्—षड्भ्यः पितृभ्यस्तदनु श्राद्धदानमुपक्रमेत्। इति, तदेतद्वि-षयमेव, मातुः पृथक्श्राद्धाभावात्।

और जो वृद्धिश्राद्ध में छन्दोगपरिशिष्ट का वचन कहा है—सपिण्डनश्राद्ध के बाद छ पितरों को श्राद्धदान का उपक्रम (प्रारम्भ) करे। यह उसीविषय में ही हैं, माता का श्राद्ध पृथक् करने के वचन का अभाव (अन्यत्र पतिना सह) है।

अत एव हेमाद्रौ भविष्ये मातुः सपिण्डनं प्रक्रम्य—उदितेऽनुदिते चैव होमभेदो यथा भवेत्। तथा कुलक्रमायातमाचारं च चरेद् बुधः॥ इत्युक्तम्।

इसलिए हेमाद्रि में भविष्यपुराण का वचन है कि—माता के सपिण्डन को प्रारम्भ कर कहा है—उदित (उदितेऽनुदिते चैव समयाध्युषिते तथा। सर्वथा वर्तते यज्ञ इतीयं वैदिकी श्रुतिः॥ (मनु० २।१५)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और अनुदित में होम का जैसे भेद होता है, वैसे ही कुल के क्रम से आये हुए आचार को विद्वान् करे। ऐसा कहा है।

अस्य वृद्धावपवादमाह तत्रैव व्याघ्रपात्—कुर्यान्मातामहश्राद्धं सर्वदा मातृपूर्वकम्। विधिज्ञो विधिमास्थाय वृद्धौ मातामहादिवत्॥ केचिदेतत् पुत्रिकापुत्रपरमाहुः।

इसका वृद्धि में अपवाद को वहीं पर व्याघ्रपाद ने कहा है—सर्वदा मातामह का श्राद्ध मातृपूर्वक करे। विधि का जानकार विधि को ग्रहण कर वृद्धि में मातामह आदि के क्रम से करे। कोई इस वचन को पुत्रिका के पुत्र परक कहते हैं।

(पत्युः सापिण्ड्यमाह)

पत्युः सापिण्डयमाह लौगाक्षिः—सर्वाभावे स्वयं पत्न्यः स्वभर्तॄणाममन्त्रकम्। सपिण्डीकरणं कुर्युस्ततः पार्वणमेव च॥ इति।

लौगाक्षि में पति के सापिण्डय को कहा है—सबों के अभाव में स्वयं पत्नी अपने पतियों का अमन्त्रक सपिण्डीश्राद्ध करें। फिर पार्वणश्राद्ध को ही करें।

यत्तु वचनम्—अपुत्रस्य परेतस्य नैव कुर्यात्सपिण्डताम्। इति।

जो यह वचन कहा है—पुत्रहीन के मरने पर सपिण्डनश्राद्ध नहीं ही करे।

(अपुत्राणां सपिण्डनाभावविचारः कथनम्)

यच्चापस्तम्बः—अपुत्रा ये मृताः केचित्पुरुषा वा स्त्रियोऽपि वा। तेषां सपिण्डनाभावादेकोद्दिष्टं न पार्वणम्। इति, तत्पुत्रोत्पादनविधिप्रशंसार्थमिति माधवः।

जो आपस्तंब ने कहा है—जो कोई पुत्रहीन पुरुष या स्त्री मरें तो उनके सपिण्डन के अभाव से उनका एकोद्दिष्ट श्राद्ध होता है पार्वणश्राद्ध नहीं होता है। वह वचन पुत्र के उत्पादन करने की विधि में प्रशंसार्थ हैं—यह माधव ने कहा है।

सपिण्डीकरणादूर्ध्वमेकोद्दिष्टं विधीयते। अपुत्राणां च सर्वेषामपत्नीनां तथैव च॥ इति हेमाद्रौ प्रचेतसोक्तेश्च। अन्ये तु द्विविधवाक्यदर्शनाद्विकल्पमाहुः।

हेमाद्रि में प्रचेता ने कहा है—जो पुत्रों से हीन हैं वैसे ही जो पत्नियों से रहित हैं उनका सपिण्डी श्राद्ध के बाद एकोद्दिष्ट का विधान है। अन्य तो कहते हैं कि—अनेकप्रकार के वाक्यों के देखने से विकल्प कहा है।

(ब्रह्मचारिणामनपत्यानां च सपिण्डनविचारः)

स्मृत्यर्थसारेऽपि—ब्रह्मचारिणामनपत्यानां च सपिण्डनं नास्ति, तेषां सदैकोद्दिष्टमेव व्युत्क्रममृतानां सापिण्डयं कार्यं न वा। केचित्सर्वत्र सपिण्डनमाहुरिति।

स्मृत्यर्थसार में भी कहा है—ब्रह्मचारियों का और जिनको पुत्र नहीं है उनका सपिण्डनश्राद्ध नहीं होता है, उनका सदैव एकोद्दिष्ट ही होता है। व्युत्क्रम (क्रमरहित) (मनुः—पिता यस्य तु वृत्तः स्याज्जीवेच्चापि पितामहः। पितुः स नाम संकीर्त्य कीर्तयेत्प्रपितामहम्॥ 'पित्रे पिण्डं निधाय पितामहात् पराभ्यां द्वाभ्याम्।) से मरनेवालों का सपिण्डनश्राद्ध करे या न करे। कोई सर्वत्र (इससमय के शिष्ट ग्रहण करते हैं।) सपिण्डश्राद्ध को कहते हैं।

(अपुत्रे व्युत्क्रममृते विशेषः)

अपुत्रे व्युत्क्रममृते विशेषो रेणुकारिकायाम्—भ्राता वा भ्रातृपुत्रो वा सपिण्डः शिष्य एव वा। सर्वबन्धुविहीनस्य पत्नी कुर्यात्सपिण्डताम्॥

अपुत्र के व्युत्क्रम से मरने पर विशेष रेणुकारिका में कहा है—भाई, भाई का पुत्र, सपिण्ड या शिष्य ही करे। सब बन्धु-बान्धव के विहीन का सपिण्डन पत्नी करे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऋत्विजं कारयेद्वापि पुरोहितमथापि वा ।। वसुरुद्रादितिसुतैः कार्या तेषां सपिण्डता। व्युत्क्रमाच्च प्रमीता ये तद्विना प्रेतता ध्रुवम् ॥ पुनः सपिण्डनं तेषां कुर्यात्प्रेते पितामहे ॥ इति । अत्र मूलं मृग्यम् ।

ऋत्विज या पुरोहित से सपिण्डनश्राद्ध करा दे। वसु, रुद्र और अदिति के पुत्र से उनका सपिण्डन पुत्र करें। जो विपरीत क्रम से मर गए हैं सपिण्डन के बिना वे निश्चित प्रेतत्व को प्राप्त होते हैं। फिर से उनका सपिण्डन पितामह प्रेत के साथ करे। यहाँ पर (फिर से सपिण्डनकाल) मूल विचारणीय है।

(यतीनां सपिण्डनं नास्तीतिकथनेमतत्मतान्तरकथनम्)

यतीनां सपिण्डनं नास्ति किन्त्वेकादशेऽह्नि पार्वणं कार्यम् । तदपि त्रिदण्डिनः । एकदण्ड्यादीनां तदपि नेत्युक्तं प्राक्—दण्डग्रहणात्पूर्वं मृते तु दाहादिसपिण्डनान्तं सर्वं कार्यमिति भट्टचरणाः ।

संन्यासियों का सपिण्डनश्राद्ध नहीं होता है। पर ग्यारहवें दिन पार्वणश्राद्ध को करना चाहिये। यह भी त्रिदंडी के लिए है। एकदंडी आदियों का वह भी नहीं है यह पहले कह चुके हैं। दंडग्रहण के पूर्व मरने पर तो दाह आदि से सपिण्डनान्त सब कार्य को करना चाहिये—यह भट्टचरण कहते हैं।

(सपिण्डनविधिमाह)

सपिण्डनविधिमाह बैजवापः—समाप्ते संवत्सरे चत्वार्युदपात्राणि प्रयुनक्ति एकं प्रेताय, त्रीणि पितृभ्यः प्रेतपात्रं पितृपात्रेष्वासिञ्चति 'ये समाना' इति द्वाभ्यामेवं पिण्डोऽथाभिमृशति ।

सपिण्डनविधि[1] को बैजवाप ने कहा है--साल के बीत जाने पर जल के चारपात्रों का प्रयोग करे। उनमें एक प्रेत के लिए और तीन पात्र पितरों के लिए प्रेतपात्र को पिता आदि के पात्रों में 'ये समानाः'[2] इन दो मन्त्रों से जल को मिला दे। (उसमें क्रम आधुनिक कर्मकाण्डी यों करते हैं—प्रेत के जलपात्र के जल को अलग से तीन दूनों में बराबर का विभाग कर उस प्रेतजल को क्रम से—पितामह, प्रपितामह और वृद्धप्रपितामह के जल में मिलाते है) इसप्रकार पिण्डों का (पिण्डोत्थानपर्यन्त पिण्डदान के प्रयोग को करके पिण्ड का संयोजन करे। दत्त्वा पिण्डान्, निरूप्य चतुरः पिण्डान्, इत्यादि पिण्डदान की भावना के बाद उसका विधान है। विष्णु ने तो विसर्जनोत्तर कहा है 'उच्छिष्टसन्निधौ पिण्डत्रयं दद्यात्, देवपूर्वक ब्राह्मणों का विसर्जन करे। फिर प्रेतपिण्ड को अर्घ्यपात्रोदक के सदृश पिण्डत्रय (पितामह, प्रपितामह और वृद्धप्रपितामह के पिण्डों में) समविभाग कर रखे। अर्थात् मिला[3] दे। कोई तो संयोजित तीन पिण्डों को फिर से पार्वण के सदृश नाम गोत्र का उच्चारण कर देते हैं--वह ग्रन्थ सम्मत नहीं है और वचन का अभाव है। अक्षय्य आदि में तो प्रेतशब्द का उच्चारण होता है' क्योंकि पिण्डमात्र से पितृत्व की अप्राप्ति है।) स्पर्श कर कहे—

एष वोऽनुगतः प्रेतः पितरस्तं ददामि वः । शिवं भवतु शेषाणां जायतां चिरजीविनः ॥ 'समानी वः' 'सङ्गच्छध्वं संवदध्वम्' इति द्वाभ्याम् ।

१—ब्रह्मपुराणे—सुवर्णरौप्यदर्भैस्तु तस्मिन् पिण्डं ततस्त्रिधा । कृत्वा पितामहादिभ्यः पितृभ्यः प्रेतमर्पयेत् ॥ सुवर्तुलांस्ततस्तांस्तु पिण्डान् कृत्वा प्रपूजयेत् ।

२—ये समानास्समनसः । पितरो यमराज्ये । तेषां लोकस्स्वधा नमः । यज्ञो देवेषु कल्पताम् ॥ ये समानास्समनसः । जीवा जीवेषु मामकाः । तेषा ँ श्रीर्मयि कल्पताम् । अस्मिन् लोके शत ँ समाः ॥ (तै० ब्रा० २।६।१२,१३)

३—ये समाना इति मन्त्रद्वयं पठित्वा अमुकगोत्रस्यामुकप्रेतस्य पिण्डः अमुकगोत्रस्य प्रेतस्य पितुरमुकशर्मणः पिंडेन सह संयुज्यतामित्युक्त्वा प्रथमं पिण्डं संयोज्य प्रथमं पिण्डं वर्तुलं कुर्यात् । ततो वसुलोकप्राप्तिरस्त्विति वदेत् । एवमितराभ्यां पिण्डाभ्यां संयोजनम् । अनन्तरं रुद्रलोकप्राप्तिरस्तु । आदित्यलोकप्राप्तिरस्तु । इति यथाक्रमं वदेत् । इति पारस्करगृह्यसूत्रे तृतीयकाण्डे सपिण्डीश्राद्धप्रकरणे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हे पितरः, यह प्रेत प्राप्त हुआ है उसको तुम लोगों को देता हूँ। अवशिष्टों का कल्याण हो और चिरजीवि हो। समानी[1] वः, [2]संगच्छध्वं संवदध्वम्, इन दोनों मन्त्रों से।

यद्यपि—तच्चापि दैवरहितमेकार्घ्यैकपवित्रकम्। नैवाग्नौकरणं तत्र तच्चावाहनवर्जितम्॥ इति मार्कण्डेयेनोक्तम्,

यद्यपि मार्कण्डेयपुराण में कहा है—वह भी विश्वेदेव के रहित एक अर्घ्यपात्र और एक पवित्र से करे। वहाँ पर अग्नौकरण तथा आवाहन वर्जित करे।

तथापि—सपिण्डीकरणं श्राद्धं दैवपूर्वं नियोजयेत्। इत्यादिविरोधाद्विकल्पः, प्रेतांशे वा ज्ञेयम्।

फिर भी विश्वेदेव से युक्त सपिण्डीश्राद्ध को करे। इत्यादि से विरोधहोने से विकल्प है या प्रेत-भाग में जानना चाहिये।

(सपिण्डने कामकालौ देवौ)

अत्र कामकालौ, विश्वेदेवावित्युक्तं प्राक्।

यहाँ पर काम और काल विश्वेदेवा होते हैं, यह पहले कहा है।

मैत्रायणीयपरिशिष्टे—पित्र्यविप्रकरे होमः साग्नेरपि भवेदिह।

मैत्रायणीयपरिशिष्ट में कहा है—पितृब्राह्मण के हाथ में साग्निक (आहिताग्नि) भी वहाँ होम करे।

(व्युत्क्रमेण मृतावपि हेम्नादिना सपिण्डनविचारः)

यत्तु गोभिलः—अनुक्तकालेष्वपि तु व्युत्क्रमेण मृतावपि। आमेन वापि सापिण्ड्यं हेम्ना वापि प्रकल्पयेत्॥ इति, तदापदि मातापितृभिन्नपरम्,

जो गोभिल ने कहा है—अनुक्तकालों (बिना कहे हुए समय) में भी विपरीतक्रम से मरने पर भी आम (अन्न) से या सुवर्ण से सपिण्डनश्राद्ध करे। वह आपत्ति में माता और पिता से भिन्नपरक है।

आपन्नोऽपि न कुर्वीत श्राद्धमामेन कर्हिचित्। इति तेनैवोक्तेः।

उसने ही कहा है—आपत्ति में भी आम (अन्न) से कभी श्राद्ध को न करे।

(सपिण्डीकरणं पक्वान्नेनैव कर्तव्यम्)

शुद्धितत्त्वे कामधेनौ च लघुहारीतः—सपिण्डीकरणं यावत् प्रेतश्राद्धं तु षोडश।
पक्वान्नेनैव कर्तव्यं सामिषेन द्विजातिभिः॥

शुद्धितत्त्व और कामधेनु में लघुहारीत का वचन है—सापिण्डनश्राद्ध से सोलह प्रेत श्राद्धपर्यन्त को मांस के सहित पकान्न से ही द्विजातियों को करना चाहिये।

(सपिण्डनानन्तरं पाथेयश्राद्धकथनम्)

विश्वप्रकाशे—प्रेतः सपिण्डनादूर्ध्वं पितृलोकेऽनुगच्छति। कुर्यात्तस्य तु पाथेयं द्वितीयेऽह्नि सपिण्डनात्॥ स्मृत्यर्थसारेऽप्येवम्।

विश्वप्रकाश में कहा है—सपिण्डनश्राद्ध के बाद प्रेत पितृलोक में जाता है। सपिण्डनश्राद्ध के दूसरे दिन उसका पाथेय (मार्ग का श्राद्ध) करे। स्मृत्यर्थसार में भी यही है।

(वृद्धिश्राद्धे विचारः)

ततो वृद्धिश्राद्धं कुर्यात्। एतन्मलमासेऽपि कार्यम्, अधिमासे न कर्तव्यं श्राद्धमाभ्युदयं तथा। तथैव काम्यं यत्कर्म वत्सरात्प्रथमादृते॥ इति हेमाद्रौ हारीतोक्तेः।

१—समानी व आकुतिः समाना हृदयानि वः। समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति॥ (ऋ० १०।१९१।४)।
२—सं गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते॥ (ऋ० १०।१९१।२)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu



(स्त्रीणां सपिण्डनं तु जीवति पितरि पितामह्यादिभिरेव । जीवन्त्यां पितामह्यां प्रपितामह्यादिभिः । प्रपितामह्यां जीवन्त्यां वृद्धप्रपितामह्यादिभिः । मृते पितरि अन्वारूढायां मातरि केवलेन पत्या सह । तत्र मतद्वयम्—मातुः पिण्डं पितृपिण्डे संयोज्य पितृपिण्डं पितामहादिषु संयोजयेत् । अथवा पितृपिण्डं त्रिषु संयोज्य पश्चान्मातृपिण्डं केवलेन भर्त्रा सह संयोजयेत् । भर्त्रादिभिस्त्रिभिः संयोजयेदित्येके । इति लिखित दायाशंकर और्ध्वदेहिकप्रकरणे पृ० ८८ ।

(१) पिता के मरने पर पितामह (दादा) के जीवित रहते हुए प्रपितामह से तीन पीढ़ीतक पिण्ड की योजना करे । (२) माता के मरने पर पितामही (दादी) के जीवित रहते हुए प्रपितामही से (प्रेतावृद्धश्वश्रूवृद्धतरश्वश्रूवृद्धतमश्वश्रूणाम्) इत्यादि योजना करे । (३) किसी का मत है कि—पिता का सपिण्डन करके बाद पितामह की मृत्यु होने पर पितामह के सपिण्डन के साथ पिता का सपिण्डन फिर से करे—यह हेमाद्रि में किसी का मत है । इसको नहीं मानते हैं । किसी निमित्त से पिता के सपिण्डनाभाव में मध्य में पितामह के मरने पर उनका सपिण्डन हो जाने पर बाद में पिता का सपिण्डन पितामह के साथ करे । न कि पिता के सपिण्डन में प्रपितामह आदियों के करने पर फिर से पितामह के साथ करे । 'अत्राणामपि पिण्डानामेकेनाऽपि सपिण्डने । पितृत्वमश्नुते प्रेत इतिधर्मोव्यवस्थितः ॥' ऐसा निर्णयसिन्धु आदि महानिबन्धों में स्पष्ट कहा है । (४) धर्मसिन्धुकार और श्राद्धविवेककार आदि ने कहा है कि—पिता के मरने बाद माता का मरण हो तो पिता के साथ पिण्डमेलन करे ।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यह किसी का मत है। स्मृत्यर्थसार का कहना है कि माता का पिण्डमेलन पिता के साथ हो सकता है। पर पति वर्ग (पितामह, प्रपितामहादि) के साथ नहीं हो सकता (स्मृत्यर्थसारे तु पत्यैव सह न तु पतिवर्गेणेत्युक्तम्। युक्तं चैतत्। 'पुरुषस्यार्धं देहं तु भार्याविदेषु गीयते। अर्धाङ्गमात्मनो ह्येष यज्जायेति ह वै नृप॥ तस्मात्पत्या सहैवास्याः सपिण्डीकरणं स्मृतम्। इति भविष्यपुराणे हेतुनिर्देशात्।) है। ऐसा शुद्धिप्रकाश में पृ० २३८ में कहा है। निबन्धकारों ने 'पत्या सह पिण्डमेलनम्' लिखा है। यहाँ तृतीया विभक्ति का निर्देश है। मूल में ऐसा ही पाठ है। एसी स्थिति में 'पत्या' से पतिवर्ग की कल्पना करना युक्त प्रतीत नहीं होता है। और माता का श्वसुर, परस्वरादि के साथ पिण्डमेलन का क्रम लोकव्यवहारादि से भी असंगत ही है। ऐसी स्थिति में स्त्रियों का स्त्री के साथ और पुरुष का पुरुष के साथ पिण्डमेलन करना उत्तमोत्तम प्रतीत होता है। (५) षोडशश्राद्ध न कर केवल सपिण्डन श्राद्ध करना उचित नहीं है। 'दर्शपूर्णमासाभ्यामिष्ट्वा सोमेन यजेत' इतिवत्। न तु वाजपेयबृहस्पतिसवनयेरिमङ्गिभावः॥ (६) मिताक्षराकार ने कहा है कि—माता के सपिण्डनश्राद्ध आदि में दो तरह के वचन उपलब्ध हैं—पति के गोत्र से और माता के गोत्र से। ('स्वगोत्राद् भ्रश्यते नारी विवाहात्सप्तमे पदे। स्वामिगोत्रेण कर्तव्या तस्या पिण्डोदकक्रिया॥' 'पितृगोत्रं समुत्सृज्य न कुर्याद् भर्तृगोत्रतः। जन्मन्येव विपत्तौ च नारीयां पैतृकं कुलम्॥) जहाँ पर ब्राह्मविवाह विधिद्वारा कन्यादान न किया हो वहाँ पर पिता के गोत्र से ही करे। ब्राह्मादि विवाहों में व्रीहियव और 'बृहद्रथन्तरसामवत् विकल्प ही है। मनु (४।१७८) ने कहा है कि—('येनास्य पितरो याता येन याताः पितामहाः। तेन यायात्सतां मार्गं तेन गच्छन्न दुष्यति॥) इस वचन से वंशपरम्परा से चली हुई व्यवस्था होती है। इसीसे श्रीमाली आदि विवाहके अनन्तर अपनी माताका सपिण्डन उसके पिता के गोत्रसे ही करते हैं। पर जहाँ शास्त्र से तथा आचार से व्यवस्था युक्त प्रतीत न हो तो वहाँ 'आत्मनस्तुष्टिरेव वा' पर तो आत्मा की साक्षी ही व्यवस्थापिका में युक्त होती है। अतः विवाहोत्तर माता का सपिण्डनश्राद्ध पति के गोत्र से ही करना युक्ततम प्रतीत होता है। क्योंकि मरण और जनन में मुख्यतम पतिगोत्र ही माना जाता है। (७) कोई सहगमन में या एकदिन में मरने पर स्त्री का सपिण्डन पृथक् से नहीं स्वीकार करते हैं। पति के सपिण्डन से स्त्री का सपिण्डन हो जाता है। स्मृत्यर्थसार में विशेष कहा है—'अन्वारोहणैकदिनमरणे स्त्रियाः पृथक् सपिण्डनं न कार्यं पत्युः कृते स्त्रियाश्च कृतं भवति। दिनान्तरमृते पुत्रः स्वपितृपितामहपिण्डमध्ये कुशान्तरर्घाय पित्रैकेन मातुः सापिण्ड्यं कुर्यात्सर्वत्र भर्त्रा पत्न्याः सापिण्ड्यमेकैकेन श्वशुरेण निषिद्धम्)। (८) मैथिल शास्त्रीयविधि द्वारा पिण्डमेलन के बाद (विभाजित प्रेतपितृपिण्ड को पितामह, प्रपितामह और वृद्धप्रपितामह में अलग अलग मिश्रण करने बाद) उन तीनों पिण्डों को एक में ही वर्तुलाकर मिलाकर निर्माण करते हैं। यह अशास्त्रीय है। महानिबन्धों और निबन्धों में इसका मूल मिलता नहीं है। वे यों वाक्य की कल्पना स्वपद्धतिमें आजकल करते हैं—('पितामहादिपिण्डत्रयं प्रेतपिण्डत्रयं प्रेतपिण्डभागेन सममेकीकृत्य वर्तुलं कुर्यात्। ततः पित्रादीन् चतुर उद्दिश्य तूष्णीमेव तत्रार्घचतुष्टयं दत्वा तथैव गन्धपुष्पधूपदीपताम्बूलानि दद्यात्।) यह उनकी निर्मित आधुनिक पद्धतियों में जोड़ा गया वाक्य मिलता है यह वाक्य किस प्रामाणिक धर्मशास्त्र महानिबन्ध का है इसका उल्लेख भी नहीं है। जहाँ शास्त्रीयवचन न हो वहाँ वंशपरम्परागत लोकव्यवहार माना जा सकता है। जब शास्त्रीय विधि से पिण्डमेलन होता है तो उसी से सपिण्डनत्व की प्राप्ति हो जाती है फिर वर्तुलाकार कर तूष्णीम् अर्घादि दे इससे किस लोकादि के पुण्य की योजना वे मानते हैं। वे ही जानते होंगे। ऐसी स्थिति में उनका यह असङ्गत व्यवहार सर्वत्र निन्दनीय और हास्यास्पद ही प्रतीत होता है। तथा उनके आचार्यों के निर्मित श्राद्ध के निबन्धों में भी वर्तुलाकार पिण्ड करे—इसकी कोई प्रामाणिक विधि उपलब्ध भी नहीं है। अतः यह स्वकल्पित कल्पना पद्धतिकारों ने की है यही प्रतीत होता है। हमारे पूज्यतम श्रीपूज्य पितामह जी (म० म० पं० प्रभुदत्तजी शास्त्री अग्निहोत्री) और पिता (म० म० श्री पं० विद्याधरजी गौड) जी के बहुतसे मैथिल वैदिकछात्र हैं। जिनकी ख्याति सर्वप्रसिद्ध है उन महाविद्वान् मैथिल वेदाचार्यों से भी पक्षपात रहित शास्त्रीय जानकारी करना चाहिए। (९) श्रद्धालु मारवाड़ी आदि सपिण्डनके पूर्व तीनसौसाठ पिण्डों को बनाकर पिण्डपूजनादि कर और तीन सौ साठ जलसहित पात्रों को देते हैं—'अमुकप्रेतस्य संवत्सरपर्यन्तं परलोके महाक्षुधातृषानिवारणार्थं मरणादिदिनमारभ्य प्रतिदिनं श्राद्धनिमित्तिकषष्ठ्यधिकशतत्रयपिण्डानि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठताम्। तद्वत् अन्त्यकर्मदीपक में कहा है—मरणदिनमारभ्य तिथिबद्धचान्द्रमानेन संवत्सरपूर्तिपर्यन्तं जायमानप्रात्यहिकक्षुत्पिपासानिवृत्त्यर्थं षष्ठ्यधिकत्रिशतसंख्याकान् (अधिकमासपाते तु नवत्यधिकत्रिशतसंख्याकान्' सान्नान् सदीपान् सदन्तधावनान् उदकुंभान् ब्राह्मणाय दास्ये। ॐ तत्सन्न मम इति संकल्प्य—'कृतस्य सान्नोदककुम्भदानस्य प्रतिष्ठासिध्यर्थमिमां दक्षिणां ब्राह्मणाय दास्ये। हेमाद्रौ—'एकादशाहात्प्रभृति घटतोयान्नसंयुतः। दिने-दिने प्रदातव्यो यावत्संवत्सरं सुतैः। 'गारुडे प्रत्यहं दीपको देयो मार्गे तु विषमे नरैः। यावत्संवत्सरं वापि प्रेतस्य सुखलिप्सया॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तदनन्तर विद्धिश्राद्ध करे। इसको मलमास में भी करे। हेमाद्रि में हारीत ने कहा है—अधिकमास में आभ्युदयश्राद्ध को नहीं करना चाहिये। वैसे ही काम्य जो कर्म है उसको प्रथम साल में त्याग कर करे।

(प्रथमाब्दे निषिद्धानि)

अथ प्रथमाब्दे निषिद्धानि। हेमाद्रौ—स्नानं चैव महादानं स्वाध्यायं चाग्नितर्पणम्। प्रथमेऽब्दे न कुर्वीत महागुरुनिपातने॥ अन्यतर्पणमिति शुद्धितत्त्वे पाठः। अग्नितर्पणं लक्षहोमादि नत्वाधानम्। तत्तु प्रथमाब्दे भवत्येव।

अब प्रथमवर्ष में निषिद्ध कर्मों का परिगणन करते हैं। हेमाद्रि में कहा है—स्नान (समावर्तन या कामनापरक स्नान) [1]महादान, स्वाध्याय (कामनापरक वेद का अध्ययन), अग्नितर्पण (पाठान्तर है-पितृतर्पण) और लक्षहोम आदि, महागुरु (पुरुषके-माता, पिता और आचार्य, अविवाहित कन्या के पिता माता और विवाहित कन्या का स्वामी महागुरु एकमात्र होता है) के मरने पर प्रथमवर्ष में न करे। शुद्धितत्त्व में अन्यतर्पण कहा है—यह पाठ है। अग्नि-तर्पण माने—लक्षहोम आदि को कहा है, आधान को नहीं कहा है। वह तो प्रथम वर्ष में होता ही है।

तदाह हेमाद्रावुशनाः—पितुः सपिण्डीकरणं वार्षिके मृतवासरे। आधानाद्युपसंप्राप्तावेतत्प्रागपि वत्सरात्॥ आदिपदं वृद्धिनिमित्तनित्यकर्मपरम्।

उसी बात को हेमाद्रि में उशना ने कहा है—पिता के वार्षिक मरणदिन में सपिण्डनश्राद्ध करे। आधान (पुनराधान) आदि साल के पूर्व प्राप्त हो तो उसको (सपिण्डन) करे। आदिपद—वृद्धिनिमित्त नित्यकर्मपरक है। (अर्थात्—आवश्यक विवाह, चूड़ाकरण, उपनयन, इष्टापूर्त कर्मों में वर्ष के मध्य में भी अधिकार है)।

दिवोदासीये—महातीर्थस्य गमनमुपवासव्रतानि च। संवत्सरं न कुर्वीत महागुरुनिपातने॥ इदं श्राद्धकौमुद्यां देवीपुराणस्थमुक्तम्।

दिवोदासीय में कहा है—महातीर्थ (प्राचीन तीर्थविशेष, वर्तमान समय में महेतो नाम से प्रसिद्ध है) में जाना, उपवास और व्रत को महागुरु के मरने पर एकसाल तक न करे। यह श्राद्धकौमुदी में देवीपुराण का वचन कहा है।

गौडनिबन्धे मात्स्ये—सपिण्डीकरणादूर्ध्वं प्रेतः पार्वणभुग्भवेत्। वृद्धीष्टापूर्तयोग्यश्च गृहस्थश्च सदा भवेत्॥ वर्षान्तसपिण्डनाभावे नाधिकारीत्यर्थः। गृहस्थः सपिण्डोऽपीत्यर्थः।

गौडनिबन्ध में मत्स्यपुराण का वचन है—सपिण्डनश्राद्ध के बाद प्रेत पार्वणभुक् होता है। और गृहस्थ (गृहे दारेषु तिष्ठति अभिरमते। जो बिवाहादि कर घर में निवास करे। घरबार वाला बाल-बच्चों वाला आदमी) वृद्धिश्राद्ध, इष्टापूर्त के योग्य सदा होता है। साल के अन्त में सपिण्डन न करने पर तो अधिकारी नहीं होता है—यह अर्थ है। गृहस्थ माने सपिण्ड भी होता है—यह अर्थ है।

अत एव—प्रेतकर्माण्यनिर्वर्त्य चरेन्नाभ्युदयक्रियाम्। आचतुर्थं ततः पुंसि पञ्चमे शुभदं भवेत्॥ इति ज्योतिषे उक्तम्।

इसलिए प्रेतकर्मों को समाप्त न कर आभ्युदयिकश्राद्ध की क्रिया को चारपीढी तक न करे, तदनन्तर पाँचवीं पीढ़ी में शुभ को देने वाला होता है—यह ज्योतिष में कहा है।

१—मत्स्यपुराण और मलमासतत्त्व में लिखा है—आद्यन्तु सर्वदानानां तुलापुरुषसंज्ञितम्। हिरण्यगर्भदानं च ब्रह्माण्डः तदनन्तरम्॥ कल्पपाददानं च गोसहस्रं तु पञ्चमम्। हिरण्यकामधेनुश्च हिरण्याश्वस्तथैव च॥ पञ्चलाङ्गलकं तद्वद्धरादानं तथैव॥ हिरण्याश्वरथस्तद्वद्धेमहस्तिरथस्तथा॥ द्वादशं विष्णुचक्रं च ततः कल्पलतात्मकम्। सप्तसागरदानं च रत्नधेनुस्तथैव च॥ महाभूतघटस्तद्वत् षोडशः परिकीर्तितः। कूर्मपुराणे—कनकाश्वतिला गावो दासी रथ महीगृहाः। कन्या च कपिलाधेनुर्महादानानि वै दश॥ विशेष हेमाद्रि को देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

माधवीये देवलः—प्रमीतौ पितरौ यस्य देहस्तस्याशुचिर्भवेत् । न दैवं नापि वा पित्र्यं यावत्पूर्णो न वत्सरः ॥ इदं वर्षान्तसपिण्डनपरम् ।

माधवीय में देवल ने कहा है—जिसके पिता और माता मर गये हों उसका शरीर जब तक एक साल पूरा नहीं होता है तब तक अपवित्र रहता है। देवकर्म तथा पितृकर्म (सपिण्डन) में उसका अधिकार नहीं होता है। यह वर्षान्त सपिण्डनपरक है।

तथैव काम्यं यत्कर्म वत्सरात्प्रथमादृते । इति लघुहारीताद्येकवाक्यत्वात् । वृद्धिनिमित्तापकर्षे तु वर्षमध्येऽपि काम्यादि भवत्येवेति गौडाः । पित्र्यं=सपिण्डनम् ।

उसीप्रकार जो काम्यकर्म है उसको प्रथम साल में त्याग कर करे। यह लघुहारीत आदि के एक वाक्य से कहा है। वृद्धिनिमित्त अपकर्ष में तो साल के मध्य में भी काम्य आदि कर्म होता ही है—यह गौड कहते हैं। पित्र्य माने—सपिण्डन।

अत एव लौगाक्षिः—अन्येषां प्रेतकार्याणि महागुरुनिपातने । कुर्यात्संवत्सरादर्वाक् श्राद्धमेकं तु वर्जयेत् ॥ दाहाद्येकादशोहान्तं कार्यम् । तत्राशौचान्तरस्याप्रतिबन्धकत्वात् ।

इसलिए लौगाक्षि में कहा है—महागुरु के मरने पर अन्यों के प्रेत कार्यो को सालभर के भीतर करे और एकश्राद्ध (सपिण्डन) को त्याग करे। दाह से प्रारम्भ कर एकादशाहश्राद्धान्त करे। वहाँ पर आशौचान्तर के अप्रतिबन्धक होने से।

आद्यं श्राद्धमशुद्धोऽपि कुर्यादेकादशेऽहनि । इत्युक्तेश्च । एकं सपिण्डनम् ।

और कहा है—अशुद्ध व्यक्ति आद्यश्राद्ध को ग्यारहवें दिन करे। एकमाने—सपिण्डन।

पत्न्यादौ त्वपवादमाह माधवीये ऋष्यशृङ्गः—पत्न्याः पुत्रस्य तत्पुत्रभ्रात्रोस्तत्तनयस्य च । स्नुषाश्वश्र्वोश्च पित्रोश्च संघातमरणं यदि ॥ अर्वागब्दान्मातृपितृपूर्वं सापिण्ड्यमाचरेत् ।

पत्नी आदि में तो अपवाद माधवीय में ऋष्यशृंग ने कहा है—पत्नी पुत्र का, पौत्र भाई, भाई के पुत्र, वधू सास, माता और पिता का यदि एकसमय मरण हो जाय तो साल के मध्य में माता तथा पिता के क्रम से सपिण्डनश्राद्ध करे।

लौगाक्षिः—पत्नी पुत्रस्तथा पौत्रो भ्राता तत्पुत्रका अपि । पितरौ च यदैकस्मिन् म्रियेरन्वासरे तदा ॥ आद्यमेकादशे कुर्यात्त्रिपक्षे तु सपिण्डनम् ॥

लौगाक्षि ने कहा है—पत्नी पुत्र, पौत्र भाई, भाई के पुत्र, पिता तथा माता एकदिन में मर जाँय तो आद्यश्राद्ध को ग्यारहवें दिन करे और तीनपक्ष में सपिण्डनश्राद्ध करे।

धवलनिबन्धे—महागुरुनिपाते तु प्रेतकार्यं यथाविधि । कुर्यात्संवत्सरादर्वागेकोद्दिष्टं न पार्वणम् ॥

धवलनिबन्ध में कहा है—महागुरु के मरण में तो यथाविधि प्रेतकार्य को करे। पर वर्ष के पहले एकोद्दिष्ट करे पार्वणश्राद्ध न करे।

भृगुः—माता चैव तथा भ्राता भार्यापुत्रस्तथा स्नुषा । एषां मृतौ चरेच्छ्राद्धमन्यस्य न पुनः पितुः ॥ एतदपि सपिण्डनपरम् । पितुर्मृतावन्यस्य श्राद्धं न चरेदित्यर्थः ।

भृगु ने कहा है—माता, भाई, स्त्री, पुत्र, और वधु-इनके मरने पर अन्य का श्राद्ध करे। पिता के मरने पर तो श्राद्ध दूसरे का न करे। यह भी सपिण्डनपरक है। पिता के मरने पर दूसरे का श्राद्ध न करे—यह अर्थ है।

(गुरुपाते अन्यश्राद्धादौ विचारः)

शुद्धितत्त्वे श्राद्धकौमुद्यां च देवलः—अन्यश्राद्धं परान्नं च गन्धमाल्यं च मैथुनम् । वर्जयेद् गुरुपाते तु यावत्पूर्णो न वत्सरः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुद्धितत्त्व और श्राद्धकौमुदी में देवल ने कहा है—श्री गुरुदेव के मरने पर तो दूसरे का श्राद्ध, दूसरे का अन्न, गन्ध, माला और मैथुन का त्याग करे। जब तक पूरा साल व्यतीत न हो।

पारस्करभाष्ये बृहस्पतिः—पितर्युपरते पुत्रो मातुः श्राद्धान्निवर्तते। मातर्यपि च वृत्तायां पितृश्राद्धादृते समम्॥ समं पितरं विनाऽन्यश्राद्धं नेत्यर्थः।

पारस्करभाष्य में बृहस्पति ने कहा है—पिता के मरने पर पुत्र माता का श्राद्ध न करे। माता के मरने पर भी पिता के श्राद्ध के बिना अन्य श्राद्ध न करे। यह अर्थ है। (जहाँ पर माता की मृत्यु के बाद पिता का स्वर्गवास हो जाय वहाँ पर माता के सपिण्डन की आवश्यकता नहीं है।)

(महागुरुनिपाते विचारः)

शुद्धितत्त्वे देवलः—महागुरुनिपाते तु काम्यं किञ्चिन्न चाचरेत्। आर्त्विज्यं ब्रह्मचर्यं च श्राद्धं देवक्रियां तथा॥ एतत्सपिण्डनात्प्रागिति केचित्। तदुत्तरमपीत्यन्ये।

शुद्धितत्त्व में देवल ने कहा है—महागुरु के मरने पर कुछ भी काम्यकर्म, आर्त्विज्य, (यज्ञ का करना) ब्रह्मचर्य, श्राद्ध और देवक्रिया (देवपूजा) का आरंभ न करे। कोई कहते हैं—यह सपिण्डनश्राद्ध के पहले है। दूसरे महाशय कहते हैं—उसके बाद भी न करे।

श्राद्धकौमुद्यां कालिकापुराणे पूर्वार्धे—विशेषतः शिवपूजां प्रमीतपितृको नरः।
यावद्वत्सरपर्यन्तं मनसापि न चाचरेत्॥

श्राद्धकौमुदी में कालिकापुराण के पूर्वार्ध का वचन है—जिस मनुष्य के पिता और माता मर गये हैं वह जब तक एक साल पूरा न हो तब तक विशेषकर शिवपूजा को मन से भी न करे।

(पित्रादीनामाशौचविचारः)

केचित्तु—पित्रोरब्दमशौचं स्यात्षण्मासं मातुरेव च। त्रैमासिकं तु भार्यायास्तदर्धं भ्रातृपुत्रयोः॥ इति स्मृतेः। सपत्नमातुरब्दार्धमाहुः।

कोई कहते हैं—पिता का एक साल का, माता का छ महिने का, स्त्री का तीन महिने का, डेढ महिने का भाई और पुत्र का आशौच होता है—एसा स्मृति में कहा है। सपत्नमाता का तो छ महिने का आशौच कहा है।

श्राद्धकौमुदीकारस्तु—द्वयोरेव महागुर्वोरब्दमेकमशौचकम्। नान्येषामधिकाशौचं स्वजातिविहितात्किल॥ इति समूलजातूकर्ण्यविरोधान्निर्मूलमाह।

श्राद्धकौमुदीकार ने तो कहा है—दोनों ही महागुरुओं का एक साल का आशौच होता है। और अन्यों का अधिक आशौच नहीं होता है पर अपनी अपनी जाती के अनुसार होता है—यह समूलवचन जातूकर्ण्य के विरोध से निर्मूल कहा है।

(प्रथमाब्दे गयाश्राद्धादिविचारः)

हेमाद्रौ भविष्ये—गयाश्राद्धं मृतानां तु पूर्णे त्वब्दे प्रशस्यते।

हेमाद्रि में भविष्यपुराण का वचन है—मरे हुओं का गयाश्राद्ध पूरा साल व्यतीत होने पर प्रशस्त (उत्तम) कहा है।

त्रिस्थलीसेतौ गारुडे—तीर्थश्राद्धं गयाश्राद्धं श्राद्धमन्यच्च पैतृकम्। अब्दमध्ये न कुर्वीत महागुरुविपत्तिषु॥ इदं वृद्ध्यर्थसपिण्डनाभावे। वृद्धौ सपिण्डनापकर्षेऽब्दमध्ये दर्शादि कार्यमेव,

त्रिस्थलीसेतु में गरुडपुराण का वचन है—तीर्थश्राद्ध, गयाश्राद्ध तथा अन्य पितृश्राद्ध इनको महागुरुओं के मरने पर साल (वर्ष) के मध्य में न करे। यह वचन वृद्ध्यर्थसपिण्डन के अभाव में है। वृद्धिश्राद्ध में सपिण्डन के अपकर्ष में वर्ष के मध्य में दर्श आदि करना ही चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पितुः सपिण्डनं कृत्वा कुर्यान्मासानुमासिकम् । इति छन्दोगपरिशिष्टात्,

छन्दोगपरिशिष्ट का वचन है--पिता का सपिण्डनश्राद्ध कर मासिक और अनुमासिकश्राद्ध करे।

सपिण्डीकरणादूर्ध्वं प्रेतः पार्वणभुग्भवेत् । इति मात्स्यात्,

मत्स्यपुराण में कहा है--सपिण्डीश्राद्ध के बाद प्रेत पार्वणश्राद्ध का भोक्ता होता है।

ततः प्रभृति वै प्रेतः पितृसामान्यमश्नुते । विन्दते पितृलोकं च ततः श्राद्धं प्रवर्तते ॥ इति हारीताच्चेति शूलपाणिः ।

हारीत ने भी कहा है--सपिण्डनश्राद्ध के बाद ही प्रेत पितरों के समान होता है और पितृलोक को प्राप्त करता है और तभी श्राद्ध की प्रवृत्ति होती है--यह शूलपाणि ने कहा है।

यत्तु कातीयम्—सपिण्डीकरणादूर्ध्वं न दद्यात्प्रतिमासिकम् । एकोद्दिष्टविधानेन दद्यादित्याह शौनकः ॥ इति । तत्रैकोद्दिष्टविधिना न दद्यादित्यन्वयः । तुर्यपादेन पार्वणे विकल्प उक्तः ।

जो कात्यायन का वचन है—सपिण्डनश्राद्ध के बाद हर महीने के श्राद्ध को न दे। शौनक ने कहा है—एकोद्दिष्टविधान से दे। वहाँ पर एकोद्दिष्टविधि से न दे—यह अन्वय है। चतुर्थ पाद से (प्रत्यब्दं यो यथा कुर्यात्तथा कुर्यात्स तान्यपि। यह पहले कह चुके हैं।) पार्वणश्राद्ध में विकल्प कहा है।

'ब्रह्मवैवर्ते—उद्वाहश्चोपनयनं प्रथमेऽब्दे महीपते । कृते सपिण्डनेऽप्यूर्ध्वमस्थ्नां चोद्धरणं त्यजेत् ॥ तथापि कर्तुमिच्छन्ति त्रीणि चैतानि वै सुताः । मासिकान्यवशिष्टानि चापकृष्य चरेत्पुनः ॥

(ब्रह्मवैवर्तपुराण में वचन है—हे महीपते, प्रथमवर्ष में सपिण्डनश्राद्ध को करने पर विवाह और उपनयन को करे। सपिण्डन करने के बाद अस्थियों का उद्धरण (निस्सारण) का त्याग करे। फिर भी पुत्र इन तीनों को करने की इच्छा करते हैं—अन्य मासिक आदि अवशिष्टों का अपकर्ष कर फिर से करे।

अत्रेदं तत्त्वम् । वृद्धिं विनाऽर्वागपि सपिण्डनापकर्षे पितृत्वप्राप्तिर्वर्षान्त एव,

कृते सपिण्डीकरणे नरः संवत्सरात्परम् । प्रेतदेहं परित्यज्य भोगदेहं प्रपद्यते ॥ इति विष्णुधर्मोक्तेः-

यहाँ पर यह तत्त्व है--वृद्धि के बिना पहले भी सपिण्डन के अपकर्ष में पितृत्व की प्राप्ति वर्ष के अन्त में ही है। विष्णुधर्म में कहा है--मनुष्य के सपिण्डनश्राद्ध करने पर वर्ष के बाद प्रेत देह को त्यागकर भोगदेह को प्राप्त करता है।

अर्वाक् संवत्सराद्यस्य सपिण्डीकरणं भवेत् । प्रेतत्वमिह तस्यापि विज्ञेयं वत्सरं नृप ॥ इत्यग्निपुराणाच्च । तेन तत्सत्त्वेऽपि वृद्धिदैवपित्र्येष्वनधिकारः । वृद्धिनिमित्ते त्वनन्तरमेव ।

और अग्निपुराण में कहा है—हे नृप, जिसका सालभर के पूर्व सपिण्डनश्राद्ध किया है उसका भी यहाँ प्रेतत्व वर्षपर्यन्त रहता है। इससे सपिण्डनश्राद्ध के करने पर भी वृद्धि, देव और पितृकार्यों में अधिकार नहीं होता है। वृद्धिनिमित्त सपिण्डन में तो सपिण्डन कर (पितृत्व प्राप्ति) ही अधिकार हो जाता है।

अर्वाक् संवत्सराद्वृद्धौ पूर्णे संवत्सरेऽपि वा । ये सपिण्डीकृता प्रेता न तेषां तु पृथक् क्रिया ॥ इति शातातपोक्तेः । तथैव काम्यमिति हेमाद्रिधृतहारीतादिवशाच्चैवमिति ।

शातातप ने कहा है--वृद्धि के लिए सालभर के पूर्व या पूरे वर्ष में जो प्रेत सपिण्ड हो गये हैं उन प्रेतों की पृथक् क्रिया नहीं होती है। वैसे ही काम्यकर्म करे—यह हेमाद्रि में कहे हुए वचन से भी यही ही है।

तथा—अस्थिक्षेपं गयाश्राद्धं श्राद्धं चापरपक्षिकम् । प्रथमेऽब्दे न कुर्वीत कृतेऽपि तु सपिण्डने ॥

और पिता का सपिण्डनश्राद्ध करने पर अस्थिप्रक्षेप, गयाश्राद्ध और अपरपक्ष का श्राद्ध (आश्विन कृष्ण पक्ष में होनेवाला श्राद्ध) प्रथमवर्ष में न करे।

अस्यापवादः—अस्थिक्षेपं गयाश्राद्धं श्राद्धं चापरपक्षिकम् । प्रथमेऽब्देऽपि कुर्वीत यदि स्याद्भक्तिमान् सुतः ॥ भक्त्याख्यं श्राद्धं तद्वानिति मदनपारिजातादयः । अन्ये यथाश्रुतमाहुः । तत्त्वं तु यदीदं समूलं तदा वृद्धिं विनापकर्षे पूर्वं वृद्ध्यर्थे तु परमिति योज्यम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसका अपवाद (निन्दा) कहा है--यदि (जिसका और्ध्वदेहिक क्रिया है—यह किसी का मत है।) भक्ति को रखने वाला पुत्र हो तो अस्थिप्रक्षेप, गयाश्राद्ध और अपरपक्ष का श्राद्ध प्रथमवर्ष में करे। मदनपारिजात आदि ने कहा है कि--भक्तिनामक श्राद्ध को करनेवाला पुत्र ही भक्तिमान् है। दूसरे लोग तो यथाश्रुत—जैसा सुना है—उसको कहते हैं। तत्त्व तो यह है यदि यह समूल है तो वृद्धि के बिना अपकर्ष में पहले और वृद्धि के लिए बाद में योजना करे।

(पतितानां गयायां विशेषः)

पतितानां गयायां विशेषो ब्राह्मे—क्रियते पतितानां च गते संवत्सरे क्वचित्।
देशधर्मप्रमाणत्वाद् गयाश्राद्धं स्वबन्धुभिः ॥

पतितों का गया में विशेष ब्रह्मपुराण में कहा है—कहीं पर वर्ष के व्यतीत होने पर पतितों का देशधर्म प्रमाण से अपने बान्धव गयाश्राद्ध को करते हैं।

(पञ्चकमृते दाहविचारः)

अथ विधानानि तत्र पञ्चकमृते मदनरत्ने गारुडे—आदौ कृत्वा धनिष्ठार्धमेतन्नक्षत्रपञ्चकम्।
रेवत्यन्तं सदा दूष्यमशुभं दाहकर्मणि ॥

अब विधियों[1] को कहते हैं। वहाँ पर पञ्चक के मरने पर मदनरत्न में गरुडपुराण का वचन है—धनिष्ठानक्षत्र के आधे से (अतिनिषिद्ध धनिष्ठानक्षत्र ही का निषेध है।) रेवतीपर्यन्त पाँच नक्षत्र तक दूषित तथा दाहकर्म में सदा अशुभ होता है।

(पञ्चकमृते विधिकथनम्)

शवस्य तु समीपे तु क्षेप्तव्याः पुत्तलास्तदा। दर्भमयास्तु चत्वार ऋक्षमन्त्राभिमन्त्रिताः ॥

शव के समीप में कुशा के चार पुतले (चार जो कहे है वे नक्षत्र के अभिप्राय से है। इससे कुशाओं की प्रतिमा करे—इत्यादि कोई विरोध नहीं है।) नक्षत्र के मन्त्रों[2] से अभिमन्त्रित (संस्कार युक्त) कर प्रक्षेप करे।

१—ब्रह्माण्डऽपुराणे—स्वगृह्योक्तविधानेन कृत्वाऽग्निस्थापने ततः। अभिध्यानं निर्वपणं देवतानां तथा शृणु ॥ वसवो वरुणश्चैव अजैकपात्तृतीयकः। अहिर्बुध्न्यश्चतुर्थश्च पूषा वै पञ्चमस्तथा ॥ यमाय धर्मराजाय मृत्यये चान्तकाय च। वैवस्वताय कालाय सर्वभूतक्षयाय च ॥ औदुम्बराय दध्नाय नीलाय परमेष्ठिने। वृकोदराय चित्राय चित्रगुप्ताय वै नमः ॥ अघोररुद्रं मन्त्रैश्च निर्वापयेत्क्रमेण च। विधिना श्रपणं कृत्वा एकैकामाहुतिं हुनेत् ॥ कुण्डादीशानदिग्भागे स्थण्डिलं हस्तमात्रकम्। तत्र वस्त्रं समास्तीर्य स्थापयेद्वस्वादिपञ्चकम् ॥ चतुर्दश यमांश्चैव अघोरं स्थापयेत्पुनः। अव्रणान् कलशान् दिक्षु चतुरो विन्यसेत् क्रमात् ॥ कलशं पञ्चमं मध्ये स्थापयेद्विधिपूर्वकम्। उच्चार्य वारुणं मन्त्रं पूरयेत्तीर्थवारिणा ॥ मध्ये सर्वौषधीः क्षिप्त्वा मृद्दूर्वापञ्चपल्लवान्। हिरण्यं फलसंयुक्तं वस्त्रेणावेष्टयेत्ततः ॥ कलशोपरि न्यसेन् मूर्तीः पञ्च स्वर्णमयीस्तथा। प्रतिष्ठापूजनं कार्यं पञ्चसूक्तान् जपेत्ततः ॥ श्रपयित्वा चरुं विद्वान् दद्यादग्निमुखं ततः। आधारावाज्यभागौ च ततो वह्निं समर्चयेत्। समित्तिलैश्च चरुभिः होमं कुर्यात्पृथक् पृथक्। अघोरेणैव मन्त्रेण ततो होमं चरोः क्रमात् ॥ पूर्णाहुतिं च विधिवत्। पूजयेद्देवतास्ततः। इत्थं समाप्य हवनं धेनुं दद्यात्पयस्विनीम् ॥ सहिरण्यांस्तिलान् दद्यात् महिषीं सप्तधान्यकम्। सहिरण्यं घृतं दद्यात् कृष्णवस्त्रसदक्षिणम्। अभिषेकं ततः कुर्यात् कलशोदकतस्तथा। कलशैः स्नपनं तस्य कुर्यादाज्यावलोकनम् ॥ वस्त्रं चैव परित्याज्यं रुद्रभक्तिविशेषतः। ब्राह्मणान् भोजयेत् पश्चात् पायसं मधुसर्पिषा ॥ एवं यः कुरुते पुत्र शुभं तस्य प्रजापते। विधानं यो न कुर्वीत विघ्नस्तस्य भवेत् सदा। तस्मात् सर्वप्रयत्नेन शान्तिं कुर्याद् यथाविधि।) संकल्पप्रकारः–अमुकगोत्रस्यास्मत्पित्रादेर्धनिष्ठादिपञ्चकदुर्मरणजनितदोषोपशान्त्यर्थं मम गृहे सर्वेषां बालादीनां दीर्घायुरारोग्यसुखप्राप्त्यर्थं ब्रह्माण्डपुराणोक्तां पञ्चकशान्तिं करिष्ये।

२—(क) ज्मया अत्र वसवो रन्त देवाः उरावन्तरिक्षे मर्जयन्त शुभ्राः। अर्वाक् पथ उरुज्रयः कृणुध्वं श्रोता दूतस्य जग्मुषो नो अस्य ॥ (ऋ० ७।३९।३)। (ख) तत् त्वा यामि ब्रह्मणा वन्दमानस् तदा शास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेडमानो वरुणेह बोध्युरुशंस मा न आयुः प्र मोषीः ॥ (ऋ० १।२४।११)। (ग) उतनोऽहिर्बुध्न्यः शृणोत्वज एकपात् पृथिवी समुद्रः। विश्वे देवा ऋतावृधो हुवानाः स्तुता मन्त्राः कविशस्ता अवन्तु ॥ (ऋ० ६।५०।१४)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ततो दाहः प्रकर्तव्यस्तैश्च पुत्तलकैः सह । सूतकान्ते ततः पुत्रैः कार्यं शान्तिकपौष्टिकम् ॥

तदनन्तर उन पुतलों के साथ दाहसंस्कार करे । फिर पुत्र सूतक के बाद शान्तिक-पौष्टिककर्म को करे।

पञ्चकेषु मृतो यो वै न गतिं लभते नरः । तिलांश्चैव हिरण्यं च तमुद्दिश्य घृतं ददेत् ॥

जो पञ्चक[1] में मनुष्य[2] मरता है उसकी गति नहीं ही होती है । अतः उस प्रेत के उद्देश्य से तिल, सुवर्ण और घृत को दे ।

क्रियानिबन्धे—भाजनोपानहच्छत्रं हैममुद्रां च वाससी । दक्षिणा दीयते विप्रे सर्वपातकमोचनी ॥

क्रियानिबन्ध में कहा है—भाजन (पात्र) जूता, छाता, साने की मुद्रा (अंगूठी) वस्त्र और सब पातकों से मुक्त करनेवाली दक्षिणा को दे । (इसके बाद का श्लोक कहते हैं—बालवृद्धस्य यूनश्च पञ्चकेषु मृतस्य च । विधानं यो न कुर्वीत विघ्नस्तस्य प्रजायते ॥)

(त्रिपादऋक्षादौ मृते विचारः)

मदनरत्ने गार्ग्यः—यदि भद्रातिथीनां स्याद्भानुभौमशनैश्चरैः । त्रिपादक्षैश्च संयोगो द्वयोर्योगे द्विपुष्करः ॥ द्वित्रिपुष्करयोगे तु मृतिर्मृत्यन्तरावहा । दहने मरणे चैव त्रिगुणं स्यात्त्रिपुष्करे ॥ खननेऽप्येवमेव स्यादेतद्दोषोपशान्तये । तिलपिष्टैर्यवैर्वापि शरीरं कारयेत्ततः ॥ शूर्पे निधायालङ्कृत्य दाहयेत् पैतृकोपरि ॥

मदनरत्न में गार्ग्य ने कहा है—यदि भद्रातिथि, रविवार, मंगलवार, शनिवार, तथा [3]त्रिपादनक्षत्र इन तीनों के योग में त्रिपुष्कर और दो के योग में द्विपुष्कर योग होता है । इन दोनों योग में तो मरना दूसरी मृत्यु कर्ता की होती है इनमें दहन और मरण हो तो दूना तथा त्रिपुष्कर में तिगुना होता है । खनन (गाडने) में भी यही ही है । अतः दोष की शान्ति के लिए तिलपिष्ट (तिल के चूर्ण या यव आटे से शरीर का निर्माण करे फिर शूप में रखकर अलंकारों से युक्तकर पिता के ऊपर रखकर दाह करे ।

तद्दाहे मन्त्रमाह बौधायनः—अस्मात्त्वमिति मन्त्रेण तिलपिष्टं प्रदाहयेत् । द्वित्रिपुष्करयोर्दोषस्त्रिभिः कृच्छ्रैर्व्यपोहति ॥

उसके दाह में मन्त्र बौधायन ने कहा है—'अस्मात्वम्' इस मन्त्र (पूर्व में कहे हुए) से तिलपिष्ट को दहन करे और त्रिपुष्कर और द्विपुष्कर का दोष कृच्छ्रों से हट जाता है ।

वासवे मरणं चेत्स्याद् गृहे चापि पुनर्मृतिः । सुवर्णं दक्षिणां दद्यात्कृष्णवस्त्रमथापि वा ॥ वासवं=धनिष्ठा ।

धनिष्ठा में मरण हो तो घर में फिर से मृत्यु होती है । उसके निमित्त सुवर्ण दक्षिणा या काला वस्त्र दे । वासव माने—धनिष्ठा नक्षत्र ।

ब्राह्मे—कुम्भमीनस्थिते चन्द्रे मरणं यस्य जायते । न तस्योर्ध्वगतिर्दृष्टा सन्ततौ न शुभं भवेत् ॥

ब्रह्मपुराण में कहा है—कुंभ और मीन के चन्द्रमा में जिसकी मृत्यु होती है उसकी ऊर्ध्वगति (उच्चगति, स्वर्गारोहण) नहीं देखी है तथा सन्तान का शुभ नहीं होता है ।

(घ) कद् रुद्राय प्रचेतसे मीढुष्टमाय तव्यसे । वोचेम शंतमं हृदे ॥ (ऋ० १।४३।१) । (ङ) पूषा गा अन्वे तु नः पूषा रक्षत्वर्वतः । पूषा वाजं सनो तु ॥ (ऋ० ६।५४।५) ।

(—क— वसोः पवित्रम्—(यजु० १।२) ख—वरुणस्योत्तम्भनर्मसि (यजु० ४।३६। ग—उतनोऽहिर्बुध्न्यः (३४।५३) शिवोनामासि (यजु० ३।६३) पूषन् तव व्रते (यजु० ३४।४१)

१—अमुकस्य धनिष्ठापञ्चकादिमरणसूचितवंशारिष्टविनाशार्थं पञ्चकविधिं करिष्ये—इति धर्मसिन्धौ ।

२ —नक्षत्रान्तरे मृतस्य पञ्चके दाहप्राप्तौ पुत्तलविधिरेव न शान्तिकम् । पञ्चकमृतस्याश्विन्यां दाहप्राप्तौ शान्तिकमेव न पुत्तलविधिः । शान्तिश्च लक्षहोमरुद्रजपान्यतररूपा यथा विभवं कार्या—इति धर्मसिन्धौ ।

३—त्रिपादनक्षत्राणि—पुनर्वसूत्तराषाढा कृत्तिकोत्तरफाल्गुनी । पूर्वाभाद्रा विशाखा च ज्ञेयमेतत्त्रिपादभम् ॥ द्विपादः मृगचित्राधनिष्ठा च ज्ञेयमेतद् द्विपादभम् । इति धर्मसिन्धौ ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

न तस्य दाहः कर्तव्यो विनाशात्स्वेषु जन्तुषु । अथवा तद्दिने कार्यो दाहस्तु विधिपूर्वकम् ॥

अपने प्राणियों के नाश के भय से उसका दाह नहीं करना चाहिये। (पञ्चक के बाद दाह आदि करे मध्य में न करे—यह अर्थ है।) या उसीदिन में विधिपूर्वक दाह करे।

धनिष्ठापञ्चके जीवो मृतो यदि कथञ्चन । त्रिपुष्करे याम्यभे वा कुलजान्मारयेद् ध्रुवम् ॥

यदि धनिष्ठा आदि पांच नक्षत्रों में, त्रिपुष्कर या भरणीनक्षत्र में प्राणी किसी तरह मर जाता है तो वंश में उत्पन्न हुओं को निश्चित हनन करता है।

तत्रानिष्टविनाशार्थं विधानं समुदीर्यते । दर्भाणां प्रतिमाः कार्याः पञ्चोर्णासूत्रवेष्टिताः ॥ यवपिष्टेनानुलिप्तास्ताभिः सह शवं दहेत् ।

वहाँ पर अनिष्ट के विनाश के लिए विधान को कहता हूँ। कुशाओं की पांच प्रतिमा करे। उनको ऊनसे वेष्टित करे। यव के आंटे से उन प्रतिओं को अनुलिप्त (लेपन युक्त) कर उन प्रतिमाओं के साथ शव का दाह करे।

प्रेतवाहः प्रेतसखः प्रेतपः प्रेतभूमिपः ॥ प्रेतहर्ता पञ्चमस्तु नामान्येतानि च क्रमात् ।

प्रेतवाह, प्रेतसखा, प्रेतप, प्रेतभूमिप और प्रेतहर्ता इन प्रतिमाओं का क्रम से नाम ग्रहण करे।

अत्र प्रतिमा गन्धपुष्पैः पूजयित्वा प्रथमां शिरसि, द्वितीयां नेत्रयोः, तृतीयां वामकुक्षौ, चतुर्थीं नाभौ, पञ्चमीं पादयोर्न्यस्य तदुपरि नामभिर्घृतं हुत्वा 'यमाय सोमं' 'त्र्यंबकम्' इति मन्त्राभ्यां प्रत्येकं तास्वाज्यं हुनेदिति भट्टाः ।

यहाँ पर प्रतिमाओं का गन्ध तथा पुष्पों से पूजन कर पहली-प्रतिमा को प्रेत के शिर पर, दूसरी-नेत्रों में, तीसरी-बायें कुक्षि में, चतुर्थी-नाभि में और पांचवीं-पैरों पर रखकर ऊपर नामों से घी का हवन कर (तथा उदक की धारा को भी देकर—यह अन्त्येष्टि में कहा है।) यमाय[1] सोमम् और त्र्यम्बकं[2] यजामहे इन दोनों मन्त्रों से प्रत्येक पर उन प्रतिमाओं में घी से हवन करे—यह भट्ट कहते हैं।

सूतकान्ते ततः पुत्रः कुर्याच्छान्तिकपौष्टिकम् । कांस्यपात्रस्थितं तैलं वीक्ष्य दद्याद् द्विजन्मने ॥ ब्रह्मविष्णुमहेशेन्द्रवरुणप्रीतये ततः । माषमुद्गयवव्रीहिप्रियंग्वादि प्रयच्छति ॥ स्वर्णदानं रुद्रजाप्यं लक्षहोमो द्विजार्चनम् । गोभूदानं षडंशेन कुर्याद्दोषोपशान्तये ॥

तदनन्तर पुत्र सूतक के बाद शान्तिक-पौष्टिककर्म को करे। कांसे के पात्र में रखे हुए तेल को देखकर ब्राह्मण के लिए दे। ब्रह्मा, विष्णु, महेश (शंकर), इन्द्र और वरुण की प्रसन्नता के लिए। उडदी, मूंग, यव, व्रीहि, (यव-छ वर्ष पुराना) प्रियंगु (पीलीसरसों), आदि देता है। सोने का दान, रुद्र का जप, लक्षहोम, ब्राह्मण पूजन, गां तथा पृथ्वी का दान अपने धन के छठे भाग से दोषों की शान्ति के लिए करे।

अपरार्के—धनिष्ठापञ्चकमृते पञ्चरत्नानि तन्मुखे । आस्याहुतित्रयं तत्र हुनेद्वहवपामिति ॥

अपरार्क में कहा है—धनिष्ठा आदि पञ्चक में मरने पर उसके मुँह में पञ्चरत्न रखे। 'वहवपाम्'[3] इस मन्त्र से तीन बार हवन करे।

१—यमाय सोमं सुनुत यमाय जुहुता हविः। यमं ह यज्ञो गच्छत्यग्निदूतो अरंकृतः ॥ (ऋ० १०।१४।१३)।

२—त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥ (ऋ० ७।५६।१२)।

३—वह वपाञ्जातवेदः पितृभ्यो यत्रैनान्वेत्थ निहितान् पराके। मेदसः कुल्याऽउपतान्स्रवन्तु सत्याऽ एषामाशिषः सन्नमन्ताँ स्वाहा ॥ (यजु० अ० ३५ म० २०)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ततो निर्हरणं कुर्यादेष साग्नेर्विधिः स्मृतः । इतरं निखनेदेव जले वा प्रतिपादयेत् ॥

तदनन्तर शव को श्मशान पर ले जाय—यह साग्निक का विधान कहा है। दूसरे को गाड दे या जल में गिरा दे।

त्रिपादृक्षमृते तद्वद्धिरण्यशकलं मुखे। तस्य पिष्टमयं कुर्यात्पुरुषं त्रितयं ततः ॥ होमं प्रतिमुखं कुर्यात्तथा वहवपामिति।

उसीप्रकार त्रिपादनक्षत्र में मरने पर सोने का टुकड़ा उसके मुँह में रखें और पिष्ट का तीन पुरुष करे। फिर प्रत्येक के मुख में 'वहवपाम्' इस (पूर्वोक्त) मन्त्र से हवन करे।

कार्ष्णायसं च कार्पासं कुसुम्भं प्रतिपाद्य च ॥ निर्यात्य साग्निं संस्कुर्याद् भुव्यग्नौ वान्यमुत्सृजेत् ॥

काला लोहा, रुई, कुसुंभ का मुख में रख दान कर साग्निक को श्मशान ले आकर दाहसंस्कार करे। या पृथ्वी और अग्नि में छोड दे।

(पञ्चरत्नकथनम्)

तत्रैव—कनकं हीरकं नीलं पद्मरागं च मौक्तिकम्। पञ्चरत्नमिदं प्रोक्तं ऋषिभिः पूर्वदर्शिभिः ॥

वहीं पर कहा है—कनक (सुवर्ण) हीरा, नीलम, पद्मराग और मोती इनको प्राचीन ऋषियों ने पंचरत्न कहा है।

(रत्नानामभावे विचारः)

रत्नानां चाप्यभावे तु स्वर्णं कर्षार्धमेव वा। सुवर्णस्याप्यभावे तु आज्यं ज्ञेयं विचक्षणैः ॥ मदनरत्नेऽप्येवम्।

रत्नों के अभाव में तो आधाकर्ष सुवर्ण दे। या सोने के अभाव में विद्वान् पुरुष को घृत जानना चाहिये। मदनरत्न में यही है।

तथा—एकाशीतिपलं कांस्यं तदर्द्धं वा तदर्द्धकम्।
नवषट्त्रिपलं वापि दद्याद्विप्राय शक्तितः ॥

वैसे ही—इक्यासी पल या उसका आधा या उससे भी आधा या नौ, छ या तीन पल के कांसे को अपनी शक्ति के अनुसार ब्राह्मण के लिए दे।

(पञ्चकमृते विधानम्)

तथान्यत्र—स्वगृह्योक्तविधानेन कृत्वाग्नेः स्थापनं ततः। अन्वाधानं निर्वपणं देवतानां तथाहुतिः ॥

और अन्यत्र (बौधायनीयसर्वस्व) लिखा है—अपने गृह्यसूत्र के विधान से (पञ्चके ये मृता विप्रास्तेषां शान्तिं विधानतः। अतीते सूतके कुर्यात्केचित्तद्दक्षयोगतः ॥ इत्यादि कहा है।) अग्नि का स्थापन कर अन्वाधान (होमाग्नि स्थापन कर उसमें दो चार समिधा देना) निर्वाप (वह दान जो पितरों के उद्देश्य से किया जाता है) और देवताओं की आहुति दे।

यमाय धर्मराजाय मृत्यवे चान्तकाय च। वैवस्वताय कालाय सर्वभूतक्षयाय च ॥ औदुम्बराय दध्नाय नीलाय परमेष्ठिने। वृकोदराय चित्राय चित्रगुप्ताय वै क्रमात् ॥ विधिना श्रपणं कृत्वा एकैकामाहुतिं हुनेत्।

यम, धर्मराज, मृत्यु, अन्तक, वैवस्वत, काल, सर्वभूतक्षय, औदुम्बर, दध्न, नील, परमेष्ठी, वृकोदर, चित्र और चित्रगुप्त को क्रम से आहुति दे। विधि से श्रपण (गरम) कर एक एक आहुति दे।

(त्रिपादृक्षे मृतौ विचारः)

त्रिपादृर्क्षेऽप्येतदेव।

त्रिपादनक्षत्र में भी यही ही विधि है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(पञ्चक (धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद और रेवती) नक्षत्र में मरने पर पुत्तल विधान कथन)

कुशा की पाँच प्रतिमा को बनाकर ऊन से लपेट कर जलमिश्रित यव के पिसान का अनुलेपन कर 'अमुकगोत्रस्य अमुकस्य पञ्चकमरणजनितवंशानिष्टपरिहारार्थं पञ्चकविधिं करिष्ये' यों ऊहपूर्वक सङ्कल्प कर मन्त्रों से या नाम मन्त्रों से प्रेतवाहनाय नमः, १ प्रेतसखाय नमः, २ प्रेतपाय नमः, ३ प्रेतभूमिपाय नमः, ४ प्रेतहर्त्रे नमः, ५ गन्धादि द्वारा अर्चन कर मृत प्रेत के ऊपर क्रम से प्रथम सिर में, दूसरी नेत्रों में, तीसरी बायें कुक्षी में, चतुर्थ को नाभी में तथा पांचवीं को पैरों पर रखकर पूर्वोक्त नाममन्त्रों से ही स्थापनक्रम से घृताहुति देकर अग्निप्रदान करे।

पञ्चक के पहले मरने पर पञ्चक में दाह करे तो पुत्तलविधान ही करे। शान्ति न करे। पञ्चक में मरने पर पञ्चक के बाद दाह करने पर शान्ति का ही विधान है, पुत्तल की विधि नहीं प्राप्त है—यह धर्मसिन्धु में स्पष्ट कहा है।

(पञ्चकशान्तिकथन)

'अमुकगोत्रस्यास्मत्पित्रादेर्धनिष्ठादिपञ्चकदुर्मरणजनितदोषोपशान्त्यर्थं मम गृहे सर्वेषां बालादीनां दीर्घायुरारोग्यसुखप्राप्त्यर्थं ब्रह्माण्डपुराणोक्तां पञ्चकनिधनशान्तिं करिष्ये। यों सङ्कल्प कर गणेशादि पूजन कर होमवेदी के ईशानकोण में ग्रहों का अर्चन कर ग्रहकलश के उत्तर चारदिशाओं और मध्य में पांच कलशों का स्थापन कर धनिष्ठादि नक्षत्र देवता की पांच प्रतिमाओं का प्राणप्रतिष्ठा पूर्वक स्थापन कर उसके समीप में यमादि का स्थापन करे। उसके उत्तर मृत्युंजय का स्थापन करे। कलश के मन्त्रों का कथन—वसुभ्यो नमः १ वरुणाय नमः २ अजैकपदे नमः ३ अहिर्बुध्न्याय नमः ४ पूष्णे नमः ५ यमादि के मन्त्र—यमाय नमः १ धर्मराजाय नमः २ मृत्यवे नमः ३ अन्तकाय नमः ४ वैवस्वताय नमः ५ कालाय नमः ६ सर्वभूतक्षयाय नमः ७ औदुम्बराय नमः ८ दध्नाय नमः ९ नीलाय नमः १० परमेष्ठिने नमः ११ वृकोदराय नमः १२ चित्राय नमः १३ चित्रगुप्ताय नमः १४ मृत्युञ्जयमन्त्र—मृत्युञ्जयाय नमः १ तदनन्तर पांचकलशों के सूक्त जप के लिए पांच ब्राह्मणों का या अत्यन्त असम्भव में एक ब्राह्मण का वरण करे। प्रथम कलश में 'ऋणुष्व पाजः' यजुर्वेद अध्याय १३। म० ९-१३ मन्त्र का, दूसरे कलश में 'विभ्राट्' इस अध्याय का तीसरे में 'आशुःशिशान' इस अध्याय का, चतुर्थ में 'नमस्ते' इस सोलह मन्त्रों को तथा पांचवे कलश में 'ऋचं वाचम्' इस शान्ति अध्याय का पाठ करे। तदनन्तर हवनादि विधि करे।

१—त्रिपुष्कर योग में यही शान्ति है। उसमें विशेष यही है—तीन कुशा की प्रतिमा बनाकर मृतितिथ्यधिष्ठातृदेवतायै नमः १ मृतिवाराधीशाय नमः २ मृतित्रिपान्नक्षत्राधिपतये नमः ३ इनका पूजन कर प्रथम को शिर में, दूसरी को नेत्रों में और तीसरी को बायें कुक्षी में मृत शरीर पर रखे। २—कुष्ठी के मरने पर शव को गोशालाभूमि में गाड़ दे। बाद में गोदान १८० या ९० गोदान कर गंगा में छोड़ दे। तदनन्तर सब श्राद्धादिकार्य करे—यह निर्णयसिन्धु मत है। भविष्यपुराणमत से शव को तीर्थ में या वृक्षमूल में कुछ काल रखकर जल में त्याग कर पुत्तलविधि कर सब कार्य करे। ब्रह्मपुराणादिं मत से पुत्र कुष्ठी का प्रायश्चित्त कर दाह कर सकता है परन्तु आजकल प्रायः सब लोग कुष्ठी को जल में प्रक्षेप कर पुत्तलदाह कर सब क्रिया को करते हैं—यही लोक में सम्प्रदाय चल रहा है। ३—रजस्वला के मरने पर संस्कार आदि न करे। तीन रात बाद उद्धृत जल से स्नान कराकर एक घडे में जल को भर कर पञ्चगव्य छोडकर 'आपो हि ष्ठा' इत्यादि निर्णयसिन्ध्वादि कथित मन्त्रों से या केवल 'आपो हि ष्ठा' इन तीन मन्त्रों से जल का अभिमन्त्रण कर शूर्पोदक से सौ वार स्नान करा कर नूतन वस्त्र से वेष्टन कर दाह करे। पन्द्रह या नौ धेनु का निष्क्रय करे। ४—सूतिका के मरने पर यही विधि है। ५—गर्भिणी स्त्री के मरने पर कुक्षी का भेदन करे। इत्यादि विधि निर्णय सिंधु में स्पष्ट है। ६—अन्वारोहण— अरुन्धतीसमाचारत्वस्वर्गलोकमहीयमानत्वमनुष्यलोमसमसंख्याब्दावच्छिन्नस्वर्गवासभर्तृसहितचतुर्दशेन्द्रावच्छिन्नकालिकक्रीडमानत्वमातृपितृश्वसुरकुलत्रयपूतत्वब्रह्मघ्नमित्रकृतघ्नपतिपूतत्वपत्यवियोगकामाभर्तृज्वलच्चितारोहणं करिष्ये। अनुगमन में तो—फल का उल्लेख कर 'अन्वारोहणं करिष्ये' कहे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(त्रिपादनक्षत्राणि)

अपरार्के—पुनर्वस्तूत्तराषाढाकृत्तिकोत्तरफाल्गुनी ।
पूर्वाभाद्रा विशाखा च ज्ञेयमेतत्त्रिपादभम् ॥

अपरार्क में कहा है—पुनर्वसु, उत्तराषाढा, कृत्तिका, उत्तराफाल्गुनी, पूर्वाभाद्रपद और विशाखा ये त्रिपाद नक्षत्र जानना चाहिये ।

(मृतः श्मशानाज्जीवन्पुनरागच्छेच्चेत्)

मयूरचित्रे गर्गः—मृतः श्मशानं यो नीत उपजीवति मानवः । गृहे यस्य प्रविष्टोऽसौ तिष्ठेदथ कदाचन । अचिरान्मृत्युमायाति हृतदारपरिग्रहः ।

मयूरचित्र में गर्ग ने कहा है जो प्राणी मरा हुआ श्मशान में जाकर फिर कदाचित् जीवित हो जाता है वह जिसके घर में प्रवेश हुआ रहता है वह स्त्री-सकुटुम्ब के सहित शीघ्र मृत्यु को प्राप्त करता है ।

तत्र शान्तिं प्रवक्ष्यामि धर्मराजमतं यथा ॥ सक्षीराणां घृताक्तानामग्नेर्हुत्वा मुखे बुधः । औदुम्बराणां विधिवत्ततः शान्तिः कृता भवेत् ॥ सावित्र्यष्टसहस्रेण क्षीरशान्तिं च कारयेत् । कपिलां तिलकांस्यं च हुतान्ते भूरिदक्षिणा ॥ इति ।

वहाँ पर धर्मराज के मत से शान्ति को कहता हूँ—विद्वान् दूध मिश्रित घृत से सिक्त औदुम्बरों (गूलर) का अग्नि के मुख में विधिवत् हवन करे तब शान्ति होती है । आठ हजार गायत्रीमन्त्र से दूध से शान्ति करावे । कपिला गौ, तिल कांसा और हवन के अन्त में बहुत ही दक्षिणा दे ।

(ब्रह्मचारिमृतौ विचारः)

अथ ब्रह्मचारिमृतौ शौनकः—ब्रह्मचारिमृतौ रीतिं कथयामि समासतः । तत्रावकीर्णदोषस्य प्रायश्चित्तं प्रशान्तये ॥ द्वादशाब्दं षडब्दं वा त्र्यब्दं शक्त्याथवा चरेत् ।

अब ब्रह्मचारी के मरने पर शौनक ने कहा है—ब्रह्मचारी के मरने पर संक्षेप से रीति (रिवाज) को कहता हूँ । वहाँ पर अवकीर्ण (अवकीर्णी तु काणेन गर्दभेन चतुष्पथे । पाकयज्ञविधानेन यजेत निर्ऋतिं निशि ॥ मनु अ० ११।११८) दोष के शान्ति के लिए प्रायश्चित्त द्वादशाब्द, षडब्द या त्र्यब्द यथा शक्ति से करे ।

स्नातको ब्रह्मचारी च निधनं प्राप्नुयाद्यदि ॥ संयोज्य चार्कविधिना संयोज्यौ तौ ततः परम् ।

स्नातक और ब्रह्मचारी यदि मर जाय तो अर्कविधि (मदारविधि) से संयोग कर फिर दोनों का संयोग करे ।

'देशकालौ स्मृत्वा—अमुकगोत्राऽमुकनाम्नो मृतस्य ब्रह्मचारिणो व्रतविसर्गं करिष्ये, इत्युक्त्वा हेम्ना नान्दीश्राद्धं कृत्वाऽग्निं प्रतिष्ठाप्याघारान्ते चतसृभिर्व्याहृतिभिः—'अग्नये व्रतपतये स्वाहा । अग्नये व्रतानुष्ठानसम्पादनाय स्वाहा । विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा—इति तिस्रश्चाज्यं हुत्वा स्विष्टकृदादि समाप्य 'पुनर्देशकालौ स्मृत्वा और्ध्वदेहिकाधिकारार्थमर्कविवाहं करिष्ये, इत्युक्त्वा हेम्ना नान्दीश्राद्धं कृत्वाऽर्कशाखां शवं च हरिद्रया लिप्त्वा पीतसूत्रेण वस्त्रयुग्मेन चावेष्ट्याऽग्निं प्रतिष्ठाप्याघारान्तेऽग्नये स्वाहा । बृहस्पतये स्वाहा । विवाहविधियोजकाय स्वाहा । यस्मै त्वा कामकामाय वयं सम्राड्यजामहे । तमस्मभ्यं कामं दत्वाथेदं त्वं घृतं पिब स्वाहा । कामायेदं० । ततो व्यस्ताभिः समस्ताभिर्व्याहृतिभिश्चाज्यं हुत्वा स्विष्टकृदादि समाप्यार्कशाखां शवं च दहेत् ।

देशकाल का स्मरण कर 'अमुकनामवाले अमुकगोत्रवाले, अमुक नामवाले मरे हुए ब्रह्मचारी का व्रतविसर्जन करता हूँ—ऐसा कहकर सुवर्ण से नान्दीश्राद्ध को कर अग्नि का स्थापन कर आघाराहुति के अन्त में चार व्याहृतियों से और अग्नये व्रतपतये स्वाहा, अग्नये व्रतानुष्ठानसंपादनाय स्वाहा, विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा—इस तीन मन्त्रों से घृत से हवन कर स्विष्टकृद् आदि की आहुति समाप्त कर फिर देशकाल का

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उच्चारण कर 'और्ध्वदेहिकाधिकारसिध्यर्थमर्कविवाहं करिष्ये' यों कहकर सुवर्ण से नान्दीश्राद्ध को कर अर्कशाखा और शव (मुर्दे) को हलदी से लेपनकर पीले सूत्र से और वस्त्रयुग्म से लपेटकर अग्नि का स्थापन कर आधार के अन्त में अग्नये स्वाहा और बृहस्पतये स्वाहा, 'यस्मै त्वाकामकामाय वयं सम्राड्यजामहे। तमस्मभ्यं कामं दत्वाथेदं त्वं घृतं पिब स्वाहा' इस मन्त्र से अग्नि में आहुति दे। फिर कामायेदम् कहे। फिर अलग अलग और समस्त व्याहृतियों से घी से हवन कर स्विष्टकृद् आदि आहुतियों को समाप्त कर अर्कशाखा (मदार) और शव का दाह करे।

विधानमालायाम्—येषां कुले ब्रह्मचारी निधनं प्राप्नुयाद्यदि।
तत्कुलं क्षयमाप्नोति सोऽपि दुर्गतिमाप्नुयात्॥

विधानमाला में कहा है—जिनके वंश में यदि ब्रह्मचारी का मरण (मृत्यु) हो जाय तो उस वंश का क्षय होता है और ब्रह्मचारी भी दुर्गति को प्राप्त करता है।

मृतस्य म्रियमाणस्य षडब्दं व्रतमाचरेत्। त्रिंशद्भ्यो ब्रह्मचारिभ्यो दद्यात्कौपीनकान्नवान्॥ हस्तमात्रान्कर्णमात्रान्दद्यात्कृष्णाजिनानि च। पादुकाछत्रमाल्यानि गोपीचन्दनमेव च॥ मणिप्रवालमालाश्च भूषणादि समर्पयेत्। एवं कृते विधाने च विघ्नः कोऽपि न जायते॥ अत्र मूलं मृग्यम्।

मरे हुए का और मरनेवाले का षडब्दव्रत का आचरण करे। तीस ब्रह्मचारियों को (जो एक बार रात्रि में संयोग करते-मिलते हैं वही ही ब्रह्मचारी हैं। दूसरे कहते हैं साधु गृहस्थ) कौपीन (लंगोटी) अन्न, एक हाथ या कान भर कृष्णाजिन (मृगछाला), खडाऊँ, छाता, पुष्पमाला, गोपीचन्दन, मणि, प्रवालमाला, भूषण (सजावट का सामान) आदि दे। एसा विधान करने पर कोई भी विघ्न नहीं होता है। (अन्त्येष्टि में कहा है—मणिप्रवालमालाश्च ब्रह्मसूत्राणि चार्पयेत्। ब्रह्मसूत्रों को दे।) यहाँ पर मूल विचारणीय है।

(कुष्ठिमरणे विधानकथनम्)

कुष्ठिमृतौ तु यमः—मृतस्य कुष्ठिनो देहं निखनेद् गोष्ठभूमिषु। वासरत्रितयं पश्चादुद्धृत्यान्यत्र तं दहेत्॥ न गङ्गाप्लवनं कार्यं निक्षेपे विधिरुच्यते। षडब्दव्रतपूर्णेन विधिनान्त्यं क्रतुं चरेत्॥

कुष्ठि के मरने पर तो यम ने कहा है—मरे हुए कोढी के शरीर को गोष्ठ (गोशाला) की भूमि में तीन दिन तक गाड दे। तदनन्तर उसे निकालकर अन्यत्र दाह करे। उसे गंगा में न बहावे। निक्षेप (फेंकना) की विधि को कहते हैं। षडब्दव्रत के पूर्ण होने से विधि से अन्त्यकर्म करे।

ततोऽस्थिसञ्चयं तस्य गङ्गायां प्रक्षिपेत्सुधीः। मासिमासि ततः कुर्यान्मासि श्राद्धानि पार्वणान्। इत्येतत्कुष्ठिमरणे कथितं शास्त्रकोविदैः॥

फिर अस्थिसंचय कर उसके अस्थियों को बुद्धिमान् गंगा में फेंक दे। तदनन्तर महिने महिने में पार्वण श्राद्धों को करे। यही विधि कुष्ठी के मरने पर शास्त्रों के जानकारों ने कही है।

(कुष्ठिभेदादिकथनम्)

शुद्धितत्त्वे भविष्ये—शृणु कुष्ठगणं विप्र उत्तरोत्तरतो गुरुम्। विचर्चिका तु दुश्चर्मा चर्चरीयस्तृतीयकः॥ विकर्चूर्व्रणताम्रौ च कृष्णश्वेते तथाष्टकम्॥ इत्युक्त्वा—

शुद्धितत्त्व में भविष्यपुराण का वचन है—हे विप्र, उत्तरोत्तर कुष्ठी के समूहों[1] को सुनो—विचर्चिका (एक्जिमा), दुश्चर्मा (खराब चर्म), चर्चरीय, विकर्चू, व्रण (घाव), ताम्र (तांबे के रङ्ग का), कृष्ण (शरीर में कालापन होना) और श्वेत (सफेद रङ्ग) ये आठ कुष्ठियों को कह कर कहा है—

१—कुष्ठ के अठारह प्रकार होते हैं। उसमें सात प्रकार के महाकुष्ठ और ग्यारह प्रकार के क्षुद्र कुष्ठ होते हैं। कापाल, उदुम्बर, मण्डल, सिध्म, काकणक, पुण्डरीक और ऋक्ष जिह्वानामक। ताम्रकुष्ठ, गजचर्म, चर्मदल, विचर्चिका, बिपादिका, पामा, कच्छु, दद्रु, विस्फोट, किमिट तथा अलस ये ग्यारह क्षुद्र कुष्ठ होते हैं। ये सब त्रिदोष से उत्पन्न होते हैं। इन पर विशेष हिन्दीविश्वकोष में देखिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मृते च प्रापयेत्तीर्थमथवा तरुमूलकम् । न पिण्डं नोदकं कार्यं न च दानक्रियां चरेत् ॥ षण्मासी यस्त्रिमासीयो मृतः कुष्ठी कदाचन ॥ यदि स्नेहाच्चरेद्दाहं यतिश्चान्द्रायणं चरेत् ॥ अकृतप्रायश्चित्त-कुष्ठयादिदाहे इदं प्रायश्चित्तम् । अत एव कुनख्यादिवत्कुष्ठिनोऽपि द्वादशरात्रं शूलपाणिनोक्तम् ।

मरने पर तो तीर्थ में या वृक्ष की जड़ में पहुँचा दे । उसके लिए पिण्डदान, उदकदान और दानक्रिया (देने का काम दानमेव कर्म) न करे । कभी छः महीने या तीन महीने का कोढी मरे तो यदि स्नेह से दाह को करता है तो [1]यतिचान्द्रायण करे । जिसका प्रायश्चित्त नहीं हुआ है ऐसे कुष्ठी आदि के दाह में यही प्रायश्चित्त है । इसलिए कुनखी (खराब नाखूनवाला) आदि के सदृश कुष्ठी का भी द्वादशरात्र का प्रायश्चित्त[2] शूलपाणि ने कहा है ।

अत एवान्यदीयकुष्ठिनो मरणान्तमाशौचमुक्तं कौर्मे--क्रियाहीनस्य मूर्खस्य महारोगिण एव च । यथेष्टाचरणस्याहुर्मरणान्तमशौचकम् ॥

इसलिए अन्य कुष्ठी का मरणान्त आशौच कूर्मपुराण में कहा है—क्रियाहीन, मूर्ख, महारोगी और अपनी इच्छा के अनुसार आचरण करने वाले का मरणान्त आशौच होता है ।

(अष्टौ महारोगाः)

**महारोगास्तु—वातव्याध्यश्मरीकुष्ठमेहोदरभगन्दराः ।
अर्शांसि ग्रहणीत्यष्टौ महारोगाः प्रकीर्तिताः ॥ इति ।**

महारोग कहे हैं—वातव्याधि, अश्मरी (पथरी), कुष्ठ, मेह-(प्रमेह), उदररोग, भगन्दर, अर्श (बवासीर) और ग्रहणी ये आठ महारोग कहे गये हैं ।

(रजस्वलामरणे विचारः)

रजस्वलायास्तु शातातपः—रजस्वलायाः प्रेतायाः संस्कारादीनि नाचरेत् । ऊर्ध्वं त्रिरात्रात्स्नातां तां शवधर्मेण दाहयेत् ॥ अतः प्रक्षाल्य काष्ठवत् त्र्यहोर्ध्वं दहेत् ।

रजस्वला में शातातप ने कहा है--रजस्वला प्रेत का संस्कार आदि न करे । तीन रात के बाद उसको स्नान कराकर शवधर्म से दाह करे । इसलिए काष्ठ की तरह प्रक्षालन कर तीनदिन के बाद दग्ध करे ।

सङ्कटे तु मदनरत्ने स्मृत्यन्तरे—उदक्या सूतिका वापि मृता स्याद्यदि तां तदा । आशौचे तु अतिक्रान्ते दाहयेदन्तरा यदि ॥ उद्धृतेन तु तोयेन स्नापयित्वा तु मन्त्रतः । आपो हि ष्ठेति तिसृभिर्हिरण्यवर्णाश्चतसृभिः ॥ पवमानानुवाकेन यदन्तीति च सप्तभिः । ततो यज्ञपवित्रेण गोमूत्रेणाथ ते द्विजाः । स्नापयित्वाऽन्यवसनेनाच्छाद्य शवधर्मतः । दाहादिकं ततः कुर्यात्प्रजापतिवचो यथा ॥ यज्ञपवित्रमापो अस्मानिति ।

संकटमें तो मदनरत्नमें स्मृत्यन्तर का वचन है-रजस्वला या सूतिका यदि मर जाय तो उसको आशौच के व्यतीत होनेपर दाह करे । यदि आशौचके मध्य में करना हो तो निकाले हुए जलमें मन्त्र से स्नान कराकर 'आपो हि[3] ष्ठा'—इन तीन मन्त्रोंसे, 'हिरण्यवर्णा'-इन पूर्वोक्त चारमन्त्रोंसे, पवमान इस पूर्वोक्त अनुवाकसे,

---

१—अष्टावष्टौ समश्नीयात् पिण्डान् मध्यन्दिने स्थितः । नियतात्मा हविष्याशी यतिचान्द्रायणं स्मृतम् ॥ मासमिति शेषः । एतच्च प्राजापत्यचतुष्टयसममिति वृहद्विष्णुः ।

२—धर्मप्रबोधिन्याम्—मृतस्य कुष्ठिनो देहं तीर्थे वा भुवि वा क्षिपेत् । न दाहं नोदकं पिण्डं न च दानक्रियां चरेत् ॥ शक्त्यानुसारेण षडब्दापि प्रायश्चित्तं कृत्वा कुष्ठादिमहारोगमृतस्य दाहादि कुर्यान्नान्यथेति ।

३—आपो हि ष्ठा मयोभुवस्ता न ऊर्जे दधातन । महे रणाय चक्षसे ॥ यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः । उशतीरिव मातरः ॥ तस्मा अरं गमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ । आपो जनयथा च नः (ऋ० १०।९।१-३) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'यदन्ती'[1] इस सात मन्त्रों से फिर 'यज्ञपवित्रम्'[2]—(आपो अस्मान्) और गोमूत्र से वे ब्राह्मण स्नान कराकर दूसरे वस्त्र से आच्छादन कर शवधर्म से प्रजापति के वचनानुसार दाह आदि करे।

मिताक्षरायाम्—पञ्चभिः स्नापयित्वा तु गव्यैः तु प्रेतां रजस्वलाम्।
वस्त्रान्तरावृतां कृत्वा दाहयेद्विधिपूर्वकम्॥

मिताक्षरा में कहा है—रजस्वला प्रेत को पञ्चगव्यों से स्नान करा कर दूसरे वस्त्र से ढक कर विधि पूर्वक दाह करे।

(अन्तरिक्षादौ मरणे प्रायश्चित्तकथनम्)

गृह्यकारिकायाम्—अन्तरिक्षमृता ये च वह्न्यावप्सु प्रमादतः।
उदक्या सूतिका नारी चरेच्चान्द्रायणत्रयम्॥

गृह्यकारिका में कहा है—जो अन्तरिक्ष में मरे हों, जो अग्नि और जल में मरे हों, रजस्वला और सूतिका स्त्री मरी हो तो तीन चान्द्रायण करे।

ततो यवपिष्टेनालिप्याष्टोत्तरशतशूर्पोदकैः संस्नाप्य भस्मगोमयमृत्कुशोदकपञ्चगव्यशुद्धोदकैरापो हि ष्ठा पावमानीभिः संस्नाप्यान्यवस्त्रे धृते दहेदिति भट्टाः।

तदनन्तर यव के पिसान से लेपन कर (स्वयं स्नान करे–यह शेष है।) एक सौ आठ बार [3]शूप के जल से स्नान करा कर (प्रेत का प्रक्षालन कर) भस्म, (भस्म से स्नान कर), गोबर, मट्टी, कुशोदक, पञ्चगव्य, शुद्धोदक से—'आपो हि ष्ठा और [4]पावमानीऋचाओं से स्नान करा कर अन्य वस्त्र पहनाकर दहन करे—यह भट्ट कहते हैं।

अत्र प्रायश्चित्तमाह बौधायनः--उदक्यासूतिकामृत्यौ चरेच्चान्द्रायणत्रयम्। इति।

यहाँ पर प्रायश्चित्त बौधायन ने कहा है--रजस्वला और सूतिका के मरने पर तीन चान्द्रायण करे।

(सूतिकामरणे विधिः)

सूतिकायास्तु मिताक्षरायाम्—सूतिकायां मृतायां तु कथं कुर्वन्ति याज्ञिकाः। कुम्भे सलिलमादाय पचगव्यं क्षिपेत्ततः॥ पुण्यर्भिरभिमन्त्र्यापो वाचा शुद्धिं लभेत्ततः। तेनैव स्नापयित्वा तु दाहं कुर्याद्यथाविधि॥

सूतिका के लिए तो मिताक्षरा में कहा है—सूतिका के मरने पर याज्ञिक कैसे करे। घड़े में जल लेकर फिर पञ्चगव्य का प्रक्षेप करे। फिर पुण्यजनक मन्त्रों से जल को अभिमन्त्रण कर वाणी से शुद्धि को प्राप्त करे। उसी जल से ही स्नान कराकर विधि-पूर्वक दाह करे।

१—यदन्ति यच्च दूरके भयं विन्दति मामिह। पवमान वि तज्जहि॥ पवमानः सो अद्य नः पवित्रेण विचर्षणिः। यः पोता स पुनातु नः॥ यत्ते पवित्रमर्चिष्यग्ने विततमन्तरा। ब्रह्म तेन पुनीहि नः॥ यत्ते पवित्रमर्चिवदग्ने तेन पुनीहि नः। ब्रह्मसवैः पुनीहि नः। उभाभ्यां देव सवितः पवित्रेण सवेन च। मां पुनीहि विश्वतः॥ त्रिभिष्ट्वं देव सवितर्वर्षिष्ठैः सोम धामभिः। अग्ने दक्षैः पुनीहि नः॥ पुनन्तु मां देवजनाः पुनन्तु वसवो धिया। विश्वे देवाः पुनीत मा जातवेदः पुनीहि मा॥ प्र प्यायस्व प्र स्यन्दस्व सोम विश्वेभिरंशुभिः। देवेभ्य उत्तमं हविः॥ उप प्रियं पनिप्नतं युवानमाहुतिवृधम्। अगन्म बिभ्रतो नमः॥ अलाय्यस्य परशुर्ननाश तमा पवस्व देव सोम। आखुं चिदेव देव सोम॥ यः पावनीरध्येत्यृषिभिः संभृतं रसम्। सर्वं सपूतमश्नाति स्वदितं मातरिश्वना॥ पावमानीर्यो अध्येत्यृषिभिः संभृतं रसम्। तस्मै सरस्वती दुहे क्षीरं सर्पिर्मधूदकम्॥ (ऋ० ६।६७ २१-३२)।

२—आपो अस्मान् मातरः शुन्धयन्तु घृतेन नो घृतप्वः पुनन्तु। विश्वं हि रिप्रं प्रवहन्ति देवीरुदिदाभ्यः शुचिरा पूत एमि॥ (ऋ० १०।१७।१०)।

३—अमुकगोत्राया रजस्वलावस्थामरणनिमित्तप्रत्यवायपरिहारार्थमौर्ध्वदेहिकयोग्यत्वार्थं चान्द्रायणत्रयं प्रायश्चित्तपूर्वकं शूर्पेणाष्टोत्तर-शतस्नानार्थमौर्ध्वदेहिकयोग्यत्वार्थं च चान्द्रायणत्रयप्रायश्चित्तपूर्वकं शूर्पेणाष्टोत्तरशतस्नानानि कारयिष्ये। इति धर्मसिन्धौ।

४—धर्मप्रबोधिन्याम् तु–'यदन्ति यच्च दूरके' इत्यादि, पावमानीः स्वस्त्ययनीः, आपो हि ष्ठेतितृचेन, कया न इत्यादिभिश्च संस्नाप्य।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अब्लिङ्गाभिमन्त्रिताभिर्वामदेव्याभिरेव च । अन्यैश्च वारुणैर्मन्त्रैः संस्नाप्य विधिना दहेत् ॥

प्रेत रजस्वला का पञ्चगव्यों से स्नान कराकर दूसरे वस्त्र से ढककर विधिपूर्वक दाह करे । अब्लिङ्ग[1] मन्त्रों (आपो हि ष्ठा) से मन्त्रित कर और वामदेव्यादि (पूर्वोक्त) मन्त्रों से अन्य वारुणसंज्ञक (पूर्वोक्त) मन्त्रों से स्नान कराकर विधि से दाह करे ।

गृह्यकारिकायाम्—सूतिकामरणे प्राप्ते सर्वौषध्यनुलेपनम् ।
असूतकी तु संस्पृष्टः शूर्पाणां तु शतं क्षिपेत् ॥

गृह्यकारिका में कहा है—सूतिका का मरण समय प्राप्त होने पर सर्वौषधी से लेपन करे । जिसको सूतक नहीं है वह स्पर्श करे तो सौ सूप का प्रक्षेप करे ।

प्रायश्चित्ते विशेषस्तत्रैव—सूतिका तु यदा साध्वी विस्नाता मरणं गता । त्रिवर्षपूर्णपर्यन्तं शुध्येत्कृच्छ्रेण सर्वदा ॥ इदं चाद्यत्र्यहे ।

प्रायश्चित्त में विशेष वहीं पर कहा है—यदि सूतिका साध्वी स्त्री बिना स्नान के मर गयी हो तो तीन साल पर्यन्त कृच्छ्र से सदा शुद्ध होती है । यह आदि से तीन दिन में मरने पर है ।

सूतिका तु यदा नारी रजसा तु परिप्लुता । म्रियते चेत्तु सा नारी द्विवर्षं कृच्छ्रमाचरेत् ॥ इदं द्वितीयत्र्यहे ।

यदि सूतिका स्त्री रजोधर्म से युक्त होकर मर जाय तो दो वर्षवाले कृच्छ्र से शुद्ध होती है । यह दूसरे तीन दिन में है ।

सूतिका तु यदा साध्वी विस्नाता मरणं गता । अब्दं कृच्छ्रेण शुध्येत व्यासस्य वचनं यथा । इदं तृतीयत्र्यहे ।

सूतिका साध्वी स्त्री बिना स्नानके मर जाय तो अब्दकृच्छ्रसे शुद्ध होती है—यह व्यास का वचन है ।

अत्राशक्तौ पक्षान्तरमुक्तं तत्रैव—सूतिका तु यदा नारी विस्नाता मरणं गता ।
त्रिषण्णवदिनादर्वागेकाब्देन विशुद्ध्यति ॥

यहाँ पर अशक्ति में पक्षान्तर वहाँ पर ही कहा है—यदि साध्वी सूतिका स्त्री बिना स्नान के तीन, छ और नौ दिन के पूर्व मर गयी हो तो एक कृच्छ्र से शुद्ध होती है । (अन्य कहते हैं—'एककृच्छ्रेण' एसा पढकर दशदिन के बाद एक कृच्छ्र करे । सूतिका तु यदा नारी प्राणांश्चैव परित्यजेत् । मासमेकावधिर्यावत्त्रिभिः कृच्छ्रैर्व्यपोहति ॥ यह वचन दशाह के बाद है और सब प्रायश्चित्त प्रत्याम्नाय द्वारा सूतक से अन्त में करे ।)

ऊर्ध्वं तु—सूतिका तु यदा नारी प्राणांश्चैव परित्यजेत् ।
मासमेकावधिं यावत्त्रिभिः कृच्छ्रैर्विशुद्ध्यति ॥

बाद में तो—जब सूतिका स्त्री प्राणों का परित्याग करती है तो एकमहिने की अवधि तक तीन कृच्छ्रों से शुद्ध होती है ।

(गर्भिणीमरणे विचारः)

गर्भिणीमृतौ तु मदनरत्ने शौनकः—गर्भिण्युदक्यासंस्कारं शिशुसंस्कारमेव च ।
प्रवक्ष्यामि समासेन शौनकोऽहं द्विजन्मनाम् ॥

गर्भिणी के मरने पर तो मदनरत्न में शौनक ने कहा है—गर्भिणी, रजस्वला और शिशु के संस्कार में ही संक्षेप से द्विजन्मों का मैं शौनक कहता हूँ ।

गर्भिणीमरणे प्राप्ते गोमूत्रेण जलैः सह । आपो हि ष्ठादिभिर्मन्त्रैः प्रोक्ष्य भर्ता समास्थितः ॥ प्रेतं श्मशाने नीत्वाऽथोल्लिख्य सव्योदरं ततः । पुत्रमादाय जीवंश्चेत्स्तनं दत्त्वा सुताय तु ॥ यस्ते

१—अब्लिङ्गानि—'आपो हि ष्ठा (ऋ० १०।९।१-३) इत्येवमादीनि त्रीणि मन्त्रवाक्यानि पठेत् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्तनः शशय इत्यृचा ग्रामे निधाय च । उदरं चाव्रणं कुर्यात्पृषदाज्येन पूर्य च ॥ मृद्भस्मकुशगोमूत्रैरापो हि ष्ठादिभिस्त्रिभिः । स्नाप्य चाच्छाद्य वासोभिः शवधर्मेण दाहयेत् ॥

४—मित्रस्य चर्षणीधृतो ऽवो देवस्य सानसि । द्युम्नं चित्रश्रवस्तमम् । अभि नो महिना दिवं मित्रो बभूव सप्रथाः । अभि श्रवोभिः पृथिवीम् ॥ मित्राय पञ्च येमिरे जना अभिष्टिशवसे । स देवान् विश्वान् बिभर्ति ॥ मित्रो देवेष्वायुषु जनाय वृक्तबर्हिषे । इष इष्टव्रता अकः ॥ (ऋ० ३।५९।६–९)।

५—त्रिर्देवः पृथिवीमेष एतां वि चक्रमे शतर्चसं महित्वा । प्र विष्णुरस्तु तवसस्तवीयान् त्वेषं ह्यस्य स्थविरस्य नाम ॥ (ऋ० ७।१००।३, तै० ब्रा० २।४।३।५)।

६—ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्तात् । वि सीमतः सुरुचो वेन आवः । स बुध्निया उपमा अस्य विष्ठाः । सतश्च योनिमसतश्च विवः ॥ (तै० ब्रा० २।८ पृ० ८३९)।

७—नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि । तन्नो विष्णुः प्रचोदयात् ॥ वागीश्वराय विद्महे हयग्रीवाय धीमहि । तन्नो हंसः प्रचोदयात् ॥ वज्रनखाय विद्महे तीक्ष्णदंष्ट्राय धीमहि । तन्नो नृसिंहः प्रचोदयात् ॥ सुदर्शनाय विद्महे हेति राजाय धीमहि । तन्नश्चक्रः प्रचोदयात् ॥ दामोदराय विद्महे वासुदेवाय धीमहि । तन्नः कृष्णः प्रचोदयात् ॥ दाशरथाय विद्महे सीतावल्लभाय धीमहि । तन्नो रामः प्रचोदयात् ॥ (त्रिपादविभूतिनारायणोपनिषद्)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

(शुक्लपक्ष में बारहवें दिन संन्यासी की नारायणबलि)

दामोदराय नमः	पद्मनाभाय नमः	हृषीकेशाय नमः	श्रीधराय नमः	वामनाय नमः	त्रिविक्रमाय नमः	मधुसूदनाय नमः	विष्णवे नमः	गोविन्दाय नमः	माधवाय नमः	नारायणाय नमः	केशवाय नमः	
❋	❋	❋	❋	❋	❋	❋	❋	❋	❋	❋	❋	कुशरूप ब्राह्मणोपवेशन आसन
❋	❋	❋	❋	❋	❋	❋	❋	❋	❋	❋	❋	(पिण्डाधार वेदी)

'केशवरूपगुरो इदमासनं ते नमः' इसतरह ऊहकर दे।

(स्थण्डिल हवनार्थ)

श्रीशालग्राम में विष्णुपूजन

↓

कर्ता का आसन

तदनन्तर अर्घ्य दे। फिर गन्ध, पुष्प, तुलसी, धूप, दीप, फल, वस्त्र और यज्ञोपवीत आदि से पूजन करे। फिर सबों के आगे जल से मण्डल करे। जलों के पात्र रखे। भोजनपात्रों को रखे। उसमें पक्कान्न भोजन सामग्री रखे। सब भोजनपात्रों में घृत का स्पर्श करा दे। गायत्री से सब भोजनीय पात्रों का प्रोक्षण करे। फिर बायें हाथ से प्रत्येक भोजनपात्र का स्पर्श कर दाहिने हाथ से कुश, यव और जल को ग्रहण कर कहे—'ॐ केशवरूप गुरो इदमन्नं सोपस्करं यत्परिविष्टं परिवेद्यमाणं तृप्तिक्षममृतस्वरूपं ते स्वधा' यों कहकर दाहिने हाथ का जल भूमि में छोड़ दे। इसीतरह नारायणादि में ऊहकर पात्रस्थ अन्न का त्याग करे। तद्वत् विष्णु के लिए भी करे। इसतरह तेरह ब्राह्मण को भोजन करावे। भोजन करने के पूर्व आपोशान—'ॐ अमृतोपस्तरणमसि स्वाहा' इससे प्रत्येक के हाथ में जल दे। भोजनान्त में—उत्तरापोशन दे—'ॐ अमृतापिधानमसि स्वाहा' इस मन्त्र से दे। फिर केशवादि स्थानीय बारह ब्राह्मणों को दक्षिणा, वस्त्र, ताम्बूल आदि देकर प्रदक्षिणा कर विसर्जन करे—'मया यः कृतो नारायणबलिः तन्मध्ये न्यूनातिरिक्तो यो विधिः स नारायणप्रसादाद् ब्राह्मणवचनाच्च परिपूर्णोऽस्तु।

'केशवरूप गुरो एष ते पिण्डः स्वधा न मम' इत्यादि ऊह प्रयोग द्वारा गुरु के लिए बारह पिण्डों को दे। फिर पिण्डों के ऊपर अक्षतोदक देकर पिण्डों पर विष्णु को गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, फल, ताम्बूल, दक्षिणा आदि से पूजन कर पुरुषसूक्त से स्तुति और नमस्कार कर विसर्जन करे।

कृष्णपक्ष में तो—ॐ सङ्कर्षणाय नमः १, वासुदेवाय नमः २, प्रद्युम्नाय नमः ३, अनिरुद्धाय नमः ४, पुरुषोत्तमाय नमः ५, अधोक्षजाय नमः ६, नारसिंहाय नमः ७, अच्युताय नमः ८, जनार्दनाय नमः ९, उपेन्द्राय नमः १०, हरये नमः ११, श्रीकृष्णाय नमः १२। ये बारह नाम केशवादि के स्थान में होंगे। यही विशेष है।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF
Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

अच्युताय नमः ८, जनार्दनाय नमः ९, उपेन्द्राय नमः १०, हरये नमः ११, श्रीकृष्णाय नमः १२। ये बारह नाम केशवादि के स्थान में होंगे। यही विशेष है।



(सङ्कल्प—अमुकगोत्रस्य ब्रह्मीभूतस्य अस्मत्पितुरमुकशर्मणः करिष्यमाणदर्शादिसर्वश्राद्धाधिकारसिध्यर्थमेकादशाहे आद्यपार्वणश्राद्धमर्घपिण्डसहितं करिष्ये। शिष्यादि के करने पर—'ब्रह्मीभूतस्य गुरोः सांवत्सरिकादिश्राद्धसिध्यर्थम्' यही वाक्यविशेष है। पुत्रकर्तृक पार्वणश्राद्ध में सम्बन्ध, नाम और गोत्र का उल्लेख होता है। शिष्यादिकर्तृक में तो आत्मा, अन्तरात्मा तथा परमात्मा का उल्लेख होता है। साधुरुरुसंज्ञक विश्वेदेव होते हैं। तिल के स्थान में यव का ग्रहण है। अग्नौकरण नहीं होता है। देवश्राद्धवत् होता है—यही विशेष है।

उत्तर

(गुरु आदि का आराधन क्रम)

गोविन्दाय नमः ८	माधवाय नमः ७	नारायणाय नमः ६	केशवाय नमः ५	परात्परगुरवे नमः ४	परमेष्ठिगुरवे नमः ३	तद्गुरवे नमः २	ब्रह्मीभूतगुरवे नमः १	
✻	✻	✻	✻	✻	✻	✻	✻	(आसन)
दामोदराय नमः १६	पद्मनाभाय नमः १५	हृषीकेशाय नमः १४	श्रीधराय नमः १३	वामनाय नमः १२	त्रिविक्रमाय नमः ११	मधुसूदनाय नमः १०	विष्णवे नमः ९	
✻	✻	✻	✻	✻	✻	✻	✻	(आसन)

या केशवादि दामोदरान्त द्वादश के निमित्त एक का ही स्थापन और भोजन करावे। अर्थात् गुरु आदि मिलकर कुल पाँच ब्राह्मण या पाँच यतियों को भोजन करा दे।

कृष्णपक्ष में—

अनिरुद्धाय नमः ८	प्रद्युम्नाय नमः ७	वासुदेवाय नमः ६	सङ्कर्षणाय नमः ५	परात्परगुरवे नमः ४	परमेष्ठिगुरवे नमः ३	तद्गुरवे नमः २	ब्रह्मीभूतगुरवे नमः १	
✻	✻	✻	✻	✻	✻	✻	✻	(आसन)
श्रीकृष्णाय नमः १६	हरये नमः १५	उपेन्द्राय नमः १४	जनार्दनाय नमः १३	अच्युताय नमः १२	नारसिंहाय नमः ११	अधोक्षजाय नमः १०	पुरुषोत्तमाय नमः ९	
✻	✻	✻	✻	✻	✻	✻	✻	(आसन)

सोलह ब्राह्मणों को या यतियों को भोजन अर्चनपूर्वक करा दे। या कुल पाँच ब्राह्मण-साधु या ब्राह्मणों को भोजन करा दे। उसका क्रम—सोलहों ब्राह्मण या साधुओं के आगे भोजनपात्र स्थापन कर उसमें मिष्टान्नादि को एवं जलपात्र रखकर गायत्री मन्त्र से प्रोक्षण कर प्रतिपात्र को बायें हाथ से आलम्भन कर दाहिने हाथ में कुश, यव, जल लेकर सङ्कल्प करे—'अद्य ब्रह्मीभूताय गुरवे इदमन्नं सोपस्करं परिविष्टं परिवेक्ष्यमाणं च तृप्तिक्षमं ते नमः' कहकर सङ्कल्पित जल को भूमि में छोड़ दे। इसीतरह उनके गुरु आदि में ऊहकर क्रम से जल छोड़ता जाय। तदनन्तर एक कलश में जल भरकर उसका अर्चन करे। इत्यादि विधि अन्त्यकर्मदीपक और संन्यासधर्मपद्धति आदि में स्पष्ट है। वहीं से देखिये।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF
Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(भिक्षा)

अथ भिक्षा (मनुः–६।५६)—विधूमे सन्नमुसले व्यङ्गारे भुक्तवर्जने ।
काले ऽपराह्णे भूयिष्ठे नित्यं भिक्षां यतिश्चरेत् ।

अब भिक्षा का प्रकार कहते हैं। जब अग्नि में धूआँ न हो, मूसल का शब्द न सुनाई दे, अंगार न हो, सब लोग भोजन कर चुके हों, अपराह्णसमय में यति प्रतिदिन भिक्षा के लिए चले।

इत्युक्ते काले 'उदयम्' इति चतसृभिरादित्यमुपस्थाय तेनैक्यं ध्यात्वा 'आ कृष्णेन' इति प्रदक्षिणं कृत्वा 'ये ते पन्थानः' इति जप्त्वा—

ऐसे कहे हुए समय में 'उद्वयम्[1]' इन चार ऋचाओं से सूर्य का उपस्थान कर और उस सूर्य की एकता का ध्यान कर 'आ[2] कृष्णेन' इस मन्त्र से प्रदक्षिणा कर 'ये ते[3] पन्थाः' इसको जपकर—

योऽसौ विष्णवाख्य आदित्य पुरुषोन्तर्हृदि स्थितः ।
सोऽहं नारायणो देव इति ध्यात्वा प्रणम्य तम् ॥

जो यह विष्णु नाम वाला आदित्य पुरुष भीतर हृदय में स्थित है। वही मैं 'नारायण देव' हूँ। ऐसा ध्यान और प्रणाम उसको करे।

त्रिदण्डं दक्षिणे त्वङ्गे ततः सन्धाय बाहुना। पात्रं वामकरे क्षिप्त्वा श्लेषयेद्दक्षिणेन तु ॥

त्रिदण्ड को अपने दाहिने अंग में बाहु से पकड़ कर बायें हाथ में पात्र को रखकर दाहिने हाथ से स्पर्श करे।

इति बौधायनोक्तदिशा त्रीन्पञ्च सप्त वा गृहान् गत्वा भवत्पूर्वां भिक्षां याचित्वा 'पूर्णमसि पूर्णं मे भूयाः' इत्यागत्य शुचिरन्नं प्रोक्ष्य ॐ भूः स्वधा नम इत्यादि व्यस्तसमस्तव्याहृतिभिः सूर्यादिदेवेभ्यो भूतेभ्यश्च भूमौ क्षिप्त्वा भुक्त्वा प्रणवेन षोडशप्राणायामान्कुर्यादिति संक्षेपः ।

इसप्रकार बौधायन के कहे हुए तीन, पाँच या सात घरों में जाकर भवत् शब्द पूर्व में कर भिक्षा को मांगकर 'पूर्णमसि पूर्णं मे भूयाः' इस मन्त्र से आकर पवित्र अन्न का प्रोक्षण कर 'ओं भूः स्वधा नमः' इत्यादि से व्यस्त-समस्त व्याहृतियों से सूर्यादि देवताओं के लिये और भूतों के लिए भूमि में प्रक्षेप कर भोजन कर प्रणव (ओं) से सोलह प्राणायामों को करे, यह संक्षेप है।

गौतमव्याख्यायां भृगुः—यतिहस्ते जलं दत्वा भैक्ष्यं दद्यात्पुनर्जलम् । भैक्ष्यं पर्वतमात्रं स्यात्तज्जलं सागरोपमम् ॥ अत्र सर्वत्र मूलं माधवापराकमदनरत्नस्मृत्यर्थसारादौ ज्ञेयम् ।

गौतम व्याख्या में भृगु ने कहा है—संन्यासी के हाथ में जल को देकर भिक्षा दे फिर जल दे। वह भिक्षा पर्वत के समान होती है तथा वह जल सागर के समान होता है। यहाँ पर मूल माधव, अपरार्क, मदनरत्न, स्मृत्यर्थसार आदि में जानना चाहिये।

(यतेर्ग्रामादौ वासदिनानि)

कण्वः—एकरात्रं वसेद् ग्रामे नगरे पञ्चरात्रकम् ।
वर्षाभ्योऽन्यत्र वर्षासु मासांस्तु चतुरो वसेत् ॥

१—ॐ उद् वयं तमसस्परि ज्योतिष्पश्यन्त उत्तरम् । देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम् ॥ उद्यन्नद्य मित्रमह आरोहन्नुत्तरां दिवम् । हृद्रोगं मम सूर्य हरिमाणं च नाशय ॥ शुकेषु मे हरिमाणं रोपणाकासु दध्मसि । अथो हारिद्रवेषु मे हरिमाणं नि दध्मसि ॥ उदगादयमादित्यो विश्वेन सहसा सह । द्विषन्तं मह्यं रन्धयन् मो अहं द्विषते रधम् ॥ (ऋ० १।५०।१०–१३) ।

२—आ कृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च । हिरण्ययेन सविता रथेनाऽऽदेवो याति भुवनानि पश्यन् ॥ (ऋ० १।३५।२) ।

३—ये ते पन्थाः सवितः पूर्व्यासो ऽरेणवः सुकृता अन्तरिक्षे । तेभिर्नो अद्य पथिभिः सुगेभी रक्षा च नो अधि च ब्रूहि देव ॥ (ऋ० १।३५।११, यजु० ३४।२७ । तै० सं० ७।२४।१) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDE

कण्व ने कहा है—एक रात गाँव में, नगर में पाँच रात वर्षाऋतु को त्याग कर रहे। वर्षा में तो चार महिने निवास करे।

जाबालश्रुतौ—'शून्यागारदेवगृहतृणकुटीवल्मीकवृक्षमूलकुलालशालाग्निहोत्रगृहनदीपुलिनगिरि-कुहरनिर्झरस्थण्डिलेष्वनिकेतनः' इति।

जाबालश्रुति में कहा है—शून्य घर, देवता का घर, तृण की कुटी (तिनके का घर), वल्मीक (बींबी), पेड़ की जड़, कुलाल की शाला (कुंभकार का घर), अग्निहोत्री का घर, नदी का किनारा, पर्वत की गुफा और झरना और स्थण्डिलों पर गृह रहित होकर निवास करे।

मात्स्ये—अष्टौ मासान् विहारः स्याद्यतीनां संयतात्मनाम्। एकत्र चतुरो मासान् वार्षिकान् निवसेत्पुनः। अविमुक्ते प्रविष्टानां विहारस्तु न विद्यते।

मत्स्यपुराण में कहा है—आठ महिने तक संयतात्मा यतियों का विहार (भ्रमण) कहा है। वर्षा ऋतु के चार मास तक एक जगह निवास करना कहा है। अविमुक्त में प्रवेश वालों का विहार (भ्रमण) नहीं कहा है।

अत्रिः—भिक्षाटनं जपं स्नानं ध्यानं शौचं सुरार्चनम्।
कर्तव्यानि षडेतानि सर्वथा नृपदण्डवत्॥

अत्रि ने कहा है—भिक्षाटन, जप, स्नान, ध्यान, शौच तथा देवार्चन[1] इन छ को सर्वथा राजदण्ड के सदृश करे।

(यतेः पतनकारणम्)

मञ्चकं शुक्लवस्त्रं च स्त्रीकथां लौल्यमेव च। दिवास्वापं च यानं च यतीनां पतनानि षट्॥

मञ्चक (खटिया), सफेदवस्त्र, स्त्री की कथा (बातचीत), चपलता, दिन में शयन और यान (सवारी), ये छ संन्यासियों के पतन के कारण है।

(यतेर्बन्धकराणि षट्)

आसनं पात्रलोभश्च सञ्चयः शिष्यसङ्ग्रहः। दिवास्वापो वृथाजल्पो यतेर्बन्धकराणि षट्॥

आसन, पात्र का लोभ, धन, मकान, सम्पति (चल-अचल का संग्रह, शिष्यों का संग्रह, दिन में शयन) और व्यर्थ में बात करना ये छ संन्यासी के बन्धन के कारण हैं।

दक्षः—नाध्येतव्यं न वक्तव्यं न श्रोतव्यं कदाचन।

दक्ष ने कहा है—न पढ़ना चाहिये, न बोलना चाहिये और न कभी सुनना चाहिये।

(यतिपात्राणि)

यतिपात्राणि मृद्वेणुदार्वलाबुमयानि च॥

संन्यासी के पात्र—मट्टी, बांस, लकड़ी और अलाबू (लौकी) के कहे हैं।

(यतेर्निषिद्धभिक्षा)

मदनरत्ने अत्रिः—पित्रर्थं कल्पितं पूर्वमन्नं देवादिकारणात्।
वर्जयेत्तादृशीं भिक्षां परबाधाकरीं तथा॥

मदनरत्न में अत्रि ने कहा है—जो पहले अन्न पितरों के लिए और देवताओं के लिए निर्माण किया हो ऐसी भिक्षा को त्याग दे और दूसरे को बाधा देने वाली भिक्षा को त्याग दे।

(यतेर्निषिद्धकर्माणि)

बृहस्पतिः—न तीर्थवासी नित्यं स्यान्नोपवासपरो यतिः। न चाध्ययनशीलः स्यान्न व्याख्यान-परो भवेत्॥ एतद्वेदार्थभिन्नपरम्।

१—चण्डीविनायकादि नैवेद्यं न भुञ्जीत—इति धर्मसिन्धौ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बृहस्पति ने कहा है—संन्यासी तीर्थ में नित्य न रहे, उपवास में रत न हो, अध्ययन में लगा न हो और व्याख्यान में संलग्न न हो। यह वेदार्थ से भिन्नपरक है।

अत्रिः—स्नानं सुरार्चनं ध्यानं प्राणायामो बलिः स्तुतिः॥ भिक्षाटनं जपः सन्ध्यां त्यागः कर्मफलस्य च॥ एते यतिधर्मा इत्यर्थः। अन्येऽपि माधवमिताक्षरादौ ज्ञेयाः।

अत्रि ने कहा है—स्नान, देवार्चन, ध्यान, प्राणायाम, बलि, स्तुति, भिक्षाटन, जप, सन्ध्या और कर्मफल का त्याग करे। ये संन्यासी के धर्म हैं। अन्य भी माधव, मिताक्षरा आदि में जानना चाहिये।

(यतेः पित्रादिमरणे विचारः)

यतिधर्मसमुच्चये—न स्नानमाचरेद्भिक्षुः पुत्रादिनिधने श्रुते।
पितृमातृक्षयं श्रुत्वा स्नात्वा शुध्यति साम्बरः॥

यतिधर्मसमुच्चय में कहा है—पुत्र आदि की मृत्यु को सुनकर भिक्षु स्नान न करे। पिता और माता की मृत्यु सुनकर वस्त्र के सहित संन्यासी स्नान कर शुद्ध होता है।

(यतिसंस्कारः)

अथ यतिसंस्कारः। स्मृत्यर्थसारे—संन्यसेद् ब्रह्मचर्याद्वा संन्यसेच्च गृहादपि।
वनाद्वा प्रव्रजेद्विद्वानातुरो वाऽथ दुःखितः॥

अब यतिसंस्कार कहते हैं। विद्वान् ब्रह्मचर्यावस्था से संन्यास ग्रहण करे या घर से संन्यास ग्रहण करे या वन से संन्यास ग्रहण करे आतुर या दुःखी होकर वन में जाय।

(आतुरसंन्यासे विचारः)

आतुराणां च संन्यासे न विधिर्नैव च क्रिया। प्रैषमात्रं च संन्यास आतुराणां विधीयते॥

आतुरों के संन्यास में न विधि है न क्रिया है। आतुरों का तो प्रैषमात्र ही संन्यास है।

उत्पन्ने सङ्कटे घोरे चौरव्याघ्रादिगोचरे। भवभीतस्य संन्यासमङ्गिरा मनुरब्रवीत्॥

चोर, व्याघ्र आदि से भयंकर संकट के उत्पन्न होने पर संसार से डरे हुए का भी संन्यास को अंगिरा तथा मनु ने कहा है।

यद्यातुरः स्यान्मनसा वाचा वा संन्यसेद् द्विजः॥ इति जाबालश्रुतिः।

जाबालश्रुति में कहा है—ब्राह्मण यदि आतुर हो तो मन और वाणी से संन्यासग्रहण करे।

आतुराणां च संन्यासे न विधिर्नैव च क्रिया। प्रैषमात्रं समुच्चार्य संन्यासं तत्र कारयेत्॥

आतुरों के संन्यास में न विधि है न क्रिया है। प्रैषमात्र का उच्चारण कर संन्यास ग्रहण करावे।

संन्यस्तोऽहमिति ब्रूयात्सवनेषु त्रिषु क्रमात्। त्रिवारं च त्रिलोकात्मा शुभाशुभसुधाद्रवे॥

तीन सवनों (प्रातः सवन, माध्यन्दिनसवन और अन्तिम सवन) में क्रम से तीन बार त्रिलोकात्मा मैं संन्यस्त हूँ यों कहे शुभ अशुभरूप अमृतप्रवाह में।

यत्किञ्चिद्बाधकं कर्म कृतमज्ञानतो मया। प्रमादालस्यदोषाद्यत्तत्संन्त्यक्तवानहम्॥

मैंने बाधक कर्म को अज्ञान से, प्रमाद या आलस्यदोष से जो जो किया है उन सबको मैं छोड़ देता हूँ।

पद्भ्यां कराभ्यां विहरन्नाहं वाक्कायमानसैः। करिष्ये प्राणिनां हिंसा प्राणिनः सन्तु निर्भयाः॥

पैरों से या हाथों से बिचरता हुआ मैं वाणी, शरीर और मन से प्राणियों की हिंसा नहीं करूंगा प्राणीगण निर्भय हों।

इत्यातुरस्य स्वशक्त्याऽवस्थानुरूपमङ्गलभूतप्रैषोच्चारणादियथाशास्त्रं मनसा वाचा वा कुर्वतस्तावतैव कृच्छ्रचान्द्रायणनान्दीश्राद्धनखकृन्तनादीनि कृत्वा संन्यासपूर्तिरिति प्रतीयते।

इसतरह आतुर का अपनी शक्ति से अवस्था के अनुरूप मंगलभत प्रैष का उच्चारण आदि यथाशास्त्र

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मन या वाणी से करते हुए उतना ही कृच्छ्रचान्द्रायण, नान्दीश्राद्ध, नखकृन्तन आदि कर संन्यास की पूर्ति प्रतीत होती है ।

(संन्यासग्रहणे फलकथनम्)

अङ्गिराः—षष्टिः कुलान्यतीतानि षष्टीनामधिकानि च ।
कुलान्युद्धरते प्राज्ञः संन्यस्तमिति यो वदेत् ॥

अंगिरा ने कहा है—साठ कुल व्यतीत और साठ कुल के अधिक कुलों का उद्धार करता है जो बुद्धिमान् 'मैंने संन्यास लिया है' यों कहता है ।

विष्णुः—एकरात्रोषितस्यापि यतेर्या गतिरुच्यते ।
न सा शक्या गृहस्थेन आतुरोऽपि च संन्यसेत् ॥

विष्णु ने कहा है—एक रात उपवास करने से जो गति संन्यासी की वही है । वह गति गृहस्थ को प्राप्त नहीं होती है अतः रोगी होकर भी संन्यास ग्रहण करे ।

संन्यस्तमिति यो ब्रूयात्प्राणैः कण्ठगतैरपि । न तत्क्रतुशतैः पुण्यं प्राप्तुं शक्नोति मानवः ॥

जो कण्ठगत प्राणों के होने पर संन्यास को ग्रहण किया यों कहता है । वह पुण्य सौ यज्ञ करने पर भी मनुष्य को प्राप्त नहीं होता है ।

मनुः—(६।३९) यो दत्वा सर्वभूतेभ्यः प्रव्रजत्यभयं गृहात् ।
तस्य तेजोमया लोका भवन्ति ब्रह्मवादिनः ॥

मनु ने कहा है—जो स्थावर और जंगमों को अभय देकर गृहाश्रम से प्रव्रजित होता है उस ब्रह्मवादी को तेजोमय लोक प्राप्त होते हैं ।

अथ श्रौतातुरस्य विलम्बितस्य—प्रैषमात्रं समुच्चार्य संन्यासं तत्र पूजयेत् । इति ॥

अब श्रौतातुर (श्रौताधानी) विलम्बित (मृत्यु के विलंब) का—प्रैषमात्र का उच्चारण कर वहाँ पर संन्यास का पूजन करे ।

अत्र मात्रत्वोपसंभवादङ्गकलापाव्यापकत्वेनाप्युपपत्तौ कर्तुर्यागत्यागकलापव्यावृत्तस्यैकत्वानुपपत्तेः कृच्छ्रनान्दीश्राद्धविरजाहोमादिकर्तुमशक्तस्यातुरस्य विद्यमानाग्नेरिष्टदेवतायै पूर्णाहुतिं हुत्वा 'असौ स्वर्गाय लोकाय स्वाहा' इति आहवनीये दारुमयानि पात्राणि प्रज्वाल्य मृन्मयान्यप्सु प्रक्षिप्य समाप्तिं च 'मरुत' इत्युपस्थाय 'या ते अग्ने' इत्यनेन हस्तं प्रताप्य आत्मन्यग्निं समारोप्य सर्वप्रायश्चित्तपूर्वकं सप्तपञ्चकेशान् विसृज्य वापयित्वा यथाविधि स्नात्वा आतुरसंन्यासं कुर्यात् ॥

यहाँ पर प्रैष मात्रत्व के उपसंहार से अंगकलाप के अव्यात्तपकत्व से भी उत्पत्ति होने पर कर्ता के याग त्याग कलापव्यावृत्त के एकत्व की अनुपपत्ति से कृच्छ्र, नान्दीश्राद्ध, विरजाहोम आदि करने में अशक्त आतुर का विद्यमान अग्नि के रहते हुए इष्ट देवता के लिए पूर्णाहुति हवन कर 'असौ स्वर्गाय[1] लोकाय स्वाहा' इससे आहवनीय कुण्ड में लकड़ी के पात्रों को प्रज्वलित कर मट्टी के पात्रों को जल में प्रक्षेप कर समाप्ति को 'मरुत'[2] इस मन्त्र से उपस्थान कर 'या ते[3] अग्ने' इस ऋचा से हाथ को तपाकर आत्मा में अग्नि का समारोप

१—अस्मात्त्वमधि जातोऽसि त्वदयञ्जायतां पुनः । 'असौ स्वर्गाय लोकाय स्वाहा' (यजु० सं० ३५।२२) ।

२—मरुतो यस्य हि क्षये पाथादिवो विमहसः । स सुगोपातमोजनः ॥ (ऋ० १।८६।१, यजु० ८।३१, अथर्व० २०।१।२, तै० सं० ४।२।११।१) ।

(३—या ते ऽग्ने यः शया तनूर्वर्षिष्ठा गह्वरेष्ठा । उग्रं वचो ऽअपावधीत्त्वेषं वचोऽ अपावधीत्स्वाहा । या ते ऽग्ने रजः शया तनूर्वर्षिष्ठा गह्वरेष्ठाः । उग्रं वचोऽ अपावधीत्त्वेषं वचोऽ अपावधीत्स्वाहा । या तेऽ अग्ने हरिशया तनूर्वर्षिष्ठा गह्वरेष्ठा । उग्रं वचोऽ अपावधीत्त्वेषं वचोऽ अपावधीत्स्वाहा ॥ (यजु० ५।८) ।)

या ते अग्ने यज्ञिया स्तनूस्तयेह्यारोहाऽऽत्मानम् । अच्छा वसूनि कृण्वन्नस्मे नर्या पुरूणि । यज्ञो भूत्वा यज्ञमासीद स्वां योनिम् । जातवेदो भुव आजायमानः सक्षय एहि ॥ (तै० ब्रा० २।५।८।१०) ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कर सर्वप्रायश्चित्तपूर्वक सात, पांच को केशों को छोड़कर कर वपन कराकर यथाविधि स्नान कर आतुर संन्यास करे।

(आतुरसंन्यासविधिः)

अथातुरसंन्यासविधिः—अपां समीपे गत्वा तिथ्याः स्मरणपूर्वकं स्नानसन्ध्यावन्दनादि कृत्वा देशकालौ सङ्कीर्त्य-ममाशेषदुःखनिवृत्तिनिरतिशयानन्दप्राप्तिपरमपुरुषार्थप्राप्तये च परमहंससंन्यासं करोमीति संकल्पयेत्। तत्र प्रधानानि प्रैषोच्चारप्रणवोपदेशमहावाक्यानि। ततः संन्यासोचितं क्षौरं कृत्वा पूर्ववत्सप्तपञ्चकेशान् विसृज्य स्नात्वाचम्य पात्रेण तोयमादाय उपस्पृश्य दक्षिणेन पाणिनाऽप्सु जुहोति। एष वोऽग्नेर्योनिर्यः प्राणं गच्छ स्वाहा—इति प्रथमाहुतिः। आपो वै सर्वा देवताः सर्वाभ्य एवैनं देवताभ्यो जुहोमि स्वाहा—इति द्वितीया।

अब आतुरसंन्यास विधि को कहते हैं। जल के समीप में जाकर तिथि का स्मरणपूर्वक स्नान, सन्ध्यावन्दनादि कर देश-काल का उच्चारण कर 'ममाशेषदुःखनिवृत्तिनिरतिशयानन्दप्राप्तिपरमपुरुषार्थप्राप्तये च परमहंससंन्यासं करोमि' ऐसा संकल्प करे। वहाँ पर प्रधान प्रैषोच्चारण, प्रणव का उपदेश महावाक्यों को कहे। तदनन्तर संन्यासोचित पूर्ववत् क्षौरकर कर सात, पाँच केशों को त्यागकर स्नानकर पात्रसे जल को ग्रहण कर स्पर्श कर दाहिने हाथ से जल में हवन करे। यह जो आपका अग्नि का योनि है वह प्राण को प्राप्त हो इससे पहली आहुति दे। जल ही सब देवता हैं सब देवताओं के लिए ही इसको हवन करता हूँ। इससे दूसरी दे।

ततो हुतशेषं 'आशुःशिशान' इत्यनुवाकेनाभिमन्त्र्य पुत्रेषणा वित्तेषणा लोकेषणा मया त्यक्ताः स्वाहेति प्रथमां पिबेत्। ॐ भूर्भुवः स्वरोम् मया संन्यस्तं स्वाहेति द्वितीयां पिबेत्। 'अभयं सर्वभूतेभ्यो मत्तः स्वाहा'इति तृतीयां पिबेत्।

तदनन्तर हवन के शेष को 'आशुः [1]शिशानः' इस अनुवाक से अभिमन्त्रण कर पुत्रेषणा, वित्तेषणा और लोकेषणा को मैंने त्याग दिया इससे प्रथम का पान करे। 'ओं भूर्भुवः स्वरोम् मया संन्यस्तं स्वाहा' इस मन्त्र से दूसरे का पान करे। 'अभयं सर्वभूतेभ्यो मत्तः स्वाहा' इससे तीसरी का पान करे।

ततोऽन्यत्तोयमञ्जलिपूर्णमादाय प्रागादिदिक्षु प्रत्येकं निनयेत्। ॐ भूः सावित्रीं प्रवेशयामि, ॐ भुवः सावित्रीं प्रवेशयामि, ॐ स्वः सावित्रीं प्रवेशयामि, ॐ भूर्भुवस्वः सावित्रीं प्रवेशयामि, इति सावित्रीप्रवेशं कृत्वा अथोर्ध्वबाहुः सूर्याभिमुखो भूत्वा ॐ भूः संन्यस्तं मया, ॐ भुवः संन्यस्तं मया, ॐ स्वः संन्यस्तं मया, ॐ भूर्भुवः स्वः संन्यस्तं मयेति प्रैषोच्चारं ब्रूयात्। एवं मन्द्रमध्योच्चै-स्त्रिरुक्त्वा तूष्णीं शिखां निकृत्य स्नात्वाचम्य यज्ञोपवीतमुद्धृत्याञ्जलिना गृहीत्वा भूः स्वाहेति

१—आशुः शिशानो वृषभो न भीमो घनाघनः क्षोभणश्चर्षणीनाम्। सङ्क्रन्दनेनानिमिषेण जिष्णुना युत्कारेण दुश्च्यवनेन धृष्णुना। तदिन्द्रेण जयत तत् सहध्वं युधो नरऽ इषुहस्तेन वृष्णा॥ स इषुहस्तैः स निषङ्गिभिर्वशी संस्रष्टा स युध इन्द्रो गणेन। संसृष्टजित् सोमपाबाहुशर्ध्युं १ ग्रधन्वा प्रतिहिताभिरस्ता॥ बृहस्पते परि दीया रथेन रक्षोहामित्रां अपबाधमानः। प्रभञ्जन्त्सेनाः प्रमृणो युधा जयन्नस्माकमेध्यविता रथानाम्॥ बलविज्ञायः स्थविरः प्रवीरः सहस्वान् वाजी सहमान उग्रः। अभिवीरो अभिसत्वा सहोजा जैत्रमिन्द्र रथमातिष्ठ गोवित्॥ गोत्रमिदं गोविदं वज्रबाहुं जयन्तमज्म प्रमृणन्तमोजसा॥ इमं सजाता अनुवीरयध्वमिन्द्रं सखायो अनु सं रभध्वम्॥ अभि गोत्राणि सहसा गाहमानोऽदयो वीरः शतमन्युरिन्द्रः। दुश्च्यवनः पृतनाषाडयुध्यो ३ ऽस्माकं सेना अवतु प्रयुत्सु॥ इन्द्र आसां नेता बृहस्पतिर्दक्षिणा यज्ञः पुर एतु सोमः। देवसेनानामभिभञ्जतीनां जयन्तीनां मरुतो यन्त्वग्रम्। इन्द्रस्य वृष्णो वरुणस्य राज्ञऽ आदित्यानां मरुतां शर्धऽ उग्रम्। महामनसां भुवनच्यवानां घोषो देवानां जयतामुदस्थात्॥ उद्धर्षय मघवन्नायुधान्युत् सत्वनां मामकानां मनांसि। उद्वृत्रहन् वाजिनां वाजिनान्युद्रथानां जयतां यन्तु घोषाः॥ अस्माकमिन्द्रः समृतेषु ध्वजे ष्वस्माकं या इषवस्ता जयन्तु। अस्माकं वीरा उत्तरे भवन्त्वस्मों उ देवा अवता हवेषु॥ अस्माकं चित्तं प्रतिलोभयन्ती गृहाणाङ्गान्यप्वे परेहि॥ अभिप्रेहि निर्दह हृत्सु शोकैरन्धेनामित्रास्तमसा सचन्ताम्॥ प्रेता जयता नर इन्द्रो वः शर्म यच्छतु। उग्रा वः सन्तु बाहवो ऽनाधृष्या यथासथ॥ (ऋ० १०।१०३।१–१३)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अप्सु हुत्वा दिगम्बरो भूत्वा पुत्रेषणावित्तेषणालोकेषणातो मुक्तोऽहमिति ब्रूयात्। अत ऊर्ध्वं न पुत्रगृहं गच्छेत्। मृते च पुरुषसूक्तेन विष्णुबुद्ध्याभिषिञ्चति संस्कारमेव कुर्यात्। एवं विरक्तस्यातुरस्य स्वस्थस्य संन्यासविहिताङ्गेषु यन्मन्त्रानुष्ठाने शक्तिर्यथाविधिस्तदनुष्ठानपूर्वकं प्रधानं प्रैषोच्चारणमात्रं मत्वा संन्यासयुक्तिरिति श्रवणात्। तदुत्तरकालमेव मृतस्योपदेशविकलस्यापि खननसंस्कारमेव कुर्यात्। जीवतश्चेच्छिखां यज्ञोपवीतं च नित्यक्रियाविधिवद्विसृज्य दण्डकाषायवस्त्रादीनि चाऽऽदाय यतिधर्मानेवानुतिष्ठेत्। सद्गुरुमन्विष्य तदुपदेशं गृहीत्वा स्वधर्मनिष्ठो भवेत् अयमर्थो विद्वत्संमतः प्रयोक्तव्यः। इत्यातुरसंन्यासः।)

तदनन्तर अन्य जल से अञ्जलि को पूर्ण ग्रहण कर पूर्वादिदिशाओं में प्रत्येक को गिरा दे—ओं भूः स्वावित्रीं प्रवेशयामि १ ॐ भुवः सावित्रीं प्रवेशयामि २ ॐ स्वः सावित्रीं प्रवेशयामि ३ ॐ भूर्भुवः स्वः सावित्रीं प्रवेशयामि ४ इन मन्त्रों से सावित्री का प्रवेश कर बाद में ऊपर को बाहुकर सूर्य के अभिमुख होकर 'ॐ भूः संन्यस्तं मया १ ॐ भुवः संन्यस्तं मया २ ॐ स्वः संन्यस्तं मया ३ ओं भूर्भुवः स्वः संन्यस्तं मया ४ इन प्रैष का उच्चारण करे। इसप्रकार मन्द्र, मध्यम और उच्चस्वर से तीन बार कहकर मौन होकर शिखा का छेदन कर स्नान और आचमन कर यज्ञोपवीत उतार कर अञ्जलि से ग्रहण कर 'ओं भूः स्वाहा' इस मन्त्र से जल में हवन कर दिगम्बर होकर पुत्रेषणा, वित्तेषणा और लोकेषणा से मुक्त हो जाऊँ ऐसा कहे। इसके बाद पुत्र के घर में न जाय। और मरने पर पुरुषसूक्त से विष्णु की बुद्धि से अभिषेक करे—संस्कार ही करे। इसतरह विरक्त आतुर स्वस्थ का संन्यास विहित अंगों में जो मन्त्रों के अनुष्ठान में शक्ति हो तो यथाविधि से उसका अनुष्ठानपूर्वक प्रधान प्रैष का उच्चारणमात्र कर 'संन्यासयुक्तिः' ऐसा श्रवण करे। उसके उत्तर समय में ही मृत का उपदेश विकल का भी खनन संस्कार ही करे। जीवित हो तो शिखा, यज्ञोपवीत और नित्यक्रिया को विधिवत् त्याग कर दण्ड, काषायवस्त्र आदि को ग्रहण कर संन्यासियों के धर्मों का ही अनुष्ठान करे। अच्छे गुरु का अन्वेषण कर उसके उपदेश को ग्रहण कर अपने धर्म में तत्पर रहे। यह अर्थ विद्वानों का संमत प्रयोग करे। यह आतुरसंन्यास है।

(मृते निर्णयः)

सर्वसङ्गनिवृत्तस्य ध्यानयोगरतस्य च। न तस्य दहनं कार्यं नाशौचं नोदकक्रिया॥

सब संगों से निवृत्त का और ध्यान-योग में तत्पर संन्यासी का दाह, आशौच तथा उदकक्रिया नहीं करना चाहिये।

(कुटीचकादीनां मरणे निर्णयः)

तथा—कुटीचकं तु प्रदहेत्पूरयेत्तु बहूदकम्। हंसो जले तु निःक्षेप्यः परहंसं प्रपूरयेत्॥

और कुटीचक (इस समय समय के प्रभाव से कुटीचक, बहूदक, हंस और परमहंस नहीं मिल रहे हैं ऐसी किंवदन्ती है। उसमें भी अनेक वर्ण के लोगों ने कषायवस्त्र धारण किया है। 'बंगाल में दाह का आदेश है—यह भी जनश्रुति है।) का दाह करे, बहूदक को मृत्तिका[1] पूरण करे। हंस को जल में फेंक दे तथा परमहंस को मट्टी के दबा दे।

१—ब्रह्मीभूतं नारायणरूपिणं भिक्षुं शौनकोक्तप्रकारेण संस्करिष्ये—इति संकल्प्य अव्रणं नवं कलशमानीय तीर्थोदकेनापूर्य तदुदकम्—गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति। नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु॥ नारायणं परं ब्रह्म तत्त्वं नारायणः परः। नारायणं परो ध्यात्वा ध्यानं नारायणः परः॥ यच्च किञ्चिज्जगत्सर्वं दृश्यते श्रूयतेऽपि वा। अन्तर्बहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः॥ देवदत्ततया कश्चिदस्यैव विकृतिं गतः। पूर्णं ब्रह्मैव संप्राप्तस्तस्माद् ब्रह्म स उच्यते॥ इत्येतैर्मन्त्रैरभिमन्त्र्य 'नमस्ते रुद्र' इति षोडशभिः 'विष्णोर्नुकम्' इति चतुर्भिः, 'विष्णोः कर्माणि' इति द्वाभ्यां 'त्रीणि पदा' इति द्वाभ्याम् 'आ पो हि ष्ठे' ति तितृभिश्च कलशोदकेन यतिशरीरं स्नापयित्वा वस्त्र-चन्दन-पुष्प-धूप-दीपाद्युपचारैरभ्यर्च्य शिक्ये शरीरमारोप्य पुष्प-मालादिभिरभ्यर्च्य मन्त्रघोषैर्जयशब्दादिभिः शंखदुन्दुभिनादैरपि ग्रामात्प्राची-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पलाशमूले नदीतीरेऽन्यत्र वा गन्धपुष्पालङ्कृतं शवं वाद्यघोषेण नीत्वा दण्डमात्रं व्याहृतिभिः खात्वा सप्तव्याहृतिभिस्त्रिः प्रोक्ष्य दर्भानास्तीर्य नवघटे पञ्चरत्नोदकं क्षिप्त्वा 'नारायणः परं ब्रह्म' इत्यभिमन्त्र्य तेनैव संस्नाप्याष्टाक्षरेण वस्त्रगन्धपुष्पधूपदीपान् दत्वा 'विष्णो हव्यं रक्षस्व' इति शवं गर्ते निधाय 'इदं विष्णुरिति दक्षिणहस्ते दण्डं 'यदस्य पारे' इति सव्ये शिक्यं 'येन देवाः पवित्रेण'इतिमुखे जलं पवित्रं सावित्र्योदरे भिक्षापात्रं 'भूमिः श्वभ्र' इति गुह्ये कमण्डलुं निधाय 'चितिः स्रुक्' इति दशहोत्राभिर्मन्त्रयेदिति विश्वादर्शटीकायां स्मृत्यर्थसारे च ।

पालास के मूल में या नदी के किनारे पर या अन्यत्र गन्ध, पुष्पों से अलंकृत कर शव को बाजे ग जे के साथ ले जाकर दण्डमात्र व्याहृतियों से खोदकर सात व्याहृतियों से तीन बार प्रोक्षण कर कुशाओं को

मुदीचीं वा दिशं नीत्वा शुद्धदेशे स्थापयित्वा--'नदीतीरेऽश्वत्थमूले देवतायतनेऽथवा' अधस्तद्ब्रह्मवृक्षस्य गर्भं कुर्याद्यथाविधि ॥ ततो भूमिं व्याहृतिभिः संप्रोक्ष्य दण्डप्रमाणमधोगर्तां चतुरस्रां देवयजननाम्नीं भूमिं खात्वा तन्मध्ये सूक्ष्मगर्भसार्धहस्तपरिमितं कृत्वा तत्र सप्तव्याहृतिभिः पञ्चगव्यं प्रक्षिप्य जलसमाधिपक्षे गर्तस्थाने महानदीं परिकल्प्य तत्र पञ्चगव्यं प्रक्षिप्य नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि । तन्नो विष्णुः प्रचोदयात् ॥ इति मन्त्रेण प्रागग्रान्कुशानास्तीर्य सावित्र्या शरीरं संप्रोक्ष्य पुरुषसूक्तेन शंखोदकेन संस्नाप्य प्रणवेनाष्टोत्तरशतवारं शंखोदकेन संस्नाप्य च पुरुषसूक्तेन षोडशोपचारैरभ्यर्च्य तुलस्यादिमिश्रितपुष्पमालादिभिरलङ्कृत्य 'ॐ विष्णो हव्यं रक्ष' इति शरीरं गर्ते उदङ्मुखं निधाय इमा आपः सर्वेषां भूतानामध्वासामपा ँ सर्वाणि भूतानि मधु पश्चायमास्वप्मुतेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्म ँ रेतसस्तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोयमेव वसवो यमात्मदेमममृतमिदं ब्रह्मेद ँ सर्वम् । इति वामभागे कमण्डलुं स्थापयित्वा दण्डं त्रेधा कृत्वा 'इदं विष्णुः' इति मन्त्रेण दक्षिणहस्ते निधाय जलसमाधिपक्षे तु--कमण्डलुनिधानादिशिरोभेदनान्तं षोडशोपचारपूजनान्तं तत्रैव कुर्यात् । अथ हृदये हस्तं दत्त्वा जपेत्--ॐ ह ँ सः शुचिषद् । परेण नाकं निहितं गुहायां विभ्राजदेतद्यतया विंशति । वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः संन्यासयोगाद्यतयः शुद्धसत्त्वाः ॥ ते ब्रह्मलोके तु परान्तकाले परामृताः सरिमुञ्चन्ति सर्वे ॥ भ्रुवो मध्ये पुरुषसूक्तम् । मूर्ध्नि-ब्रह्मयज्ञानम् । नाभौ-विष्णोरराटमसि । कर्णाभिर्मन्त्रावृत्या देवस्य त्वा० । ॐ भूमिर्भूमिमगान्मातामातरमप्यगात् । भूयास्मपुत्रैः पशुभिर्योनो द्वेष्टि स भिद्यताम् ॥ इति मन्त्रेण मूर्धानम् । अश्मना परशुना शंखेन नारिकेलेन वा भिन्द्यात् । शिरोभेदेन कर्तुमशक्तश्चेत् शिरसि गुडपिण्डं नारिकेलं वा निधाय भिन्द्यात्--इत्याचारः । 'ॐ भूर्भुवः स्वरोम्' इति यतिशरीरमभिमन्त्र्य दर्भैराचायदेवयजने लवणं दत्त्वा प्रणवेन सिकतादिना पूरयेत् । जलसमाधिपक्षे तु शिरोभेदनोत्तरं 'भूरसि भूमिः' । इत्यभिमन्त्र्य कुशैराच्छाद्य पाषाणं दृढं बध्वा 'विष्णो हव्य ँ रक्ष' इति प्रणवेन स्वाहान्तेन च नद्यां ह्रदे क्षिपेत् । भिक्षुदेहं मोचयेदुच्चैर्हरिः स्मरणापुरःसरम् । ततः कर्तृसहिताः सर्वे ब्राह्मणा अनेकजन्मसञ्चितायैर्विमुक्ता वयमश्वमेधाफलं सहस्रगुणितं प्राप्त इति भावयन्तः, समाधिदेशं नमस्कृत्य अवभृथबुध्या स्नात्वा तिलकं धृत्वा नैवेद्यशेषं गृहीत्वा उच्चैर्हरिः स्मरणपूर्वकं सोत्साहा आगच्छेयुः । ततः कर्ता स्नात्वा जानुमात्रजले स्थित्वा--सिद्धिंगतस्य ब्रह्मीभूतस्य नारायणरूपिणः तृप्त्यर्थं तर्पणं करिष्ये--इति सङ्कल्प्य सव्येन देवतीर्थेन तर्पयेत्--आत्मा तृप्यताम् । अन्तरात्मा तृ० । परमात्मा० । गुरुस्तृ० । इत्यावृत्या चतुर्वारं सन्तर्प्य शुक्लपक्षे गतस्य केशवादि द्वादशनामभिस्तर्पयेत्--केशवस्तृप्यताम् । नारायण० । माधवस्तृ० । विष्णुस्तृ० । मधुसूदनस्तृ० । त्रिविक्रमस्तृ० । वामनस्तृ० । श्रीधरस्तृ० । हृषीकेशस्तृ० । पद्मनाभस्तृ० । इत्यादिशुक्ले । कृष्णपक्षे सिद्धिंगतस्य तु--संकर्षणस्तृ० । वासुदेवस्तृ० । प्रद्युम्न० । अनिरुद्धस्तृ० । अधोक्षज० । पुरुषोत्तम० । नारसिंह० । अच्युत० । जनार्दन० । उपेन्द्र० । हरि० । श्रीकृष्ण० । इति कृष्णे । इदं तर्पणं क्षीरेणेत्याचारः । धौते वाससी परिधाय--सिद्धिंगतस्य ब्रह्मीभूतस्य परमहंसस्य नारायणरूपिणस्तृप्त्यर्थं नारायणपूजां करिष्ये । इति सङ्कल्प्य नदीतीरे चतुरस्रां वेदिकां सम्पाद्य तत्र मृन्मयं लिङ्गं संस्थाप्यालंकृत्य अशक्तो नदीजल एव तत्स्वरूपं विचिन्त्य पुरुषसूक्तेन 'ॐनमो नारायणाय' इति उक्त्वातन्मन्त्रसहित प्रत्यृचा आवाहनादिषोडशोपचारपूजां कृत्वा घृतमिश्रपायसबलिं घृतदीपं च । नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि । तन्नो विष्णुः प्रचोदयात् ॥ विष्णवे इदं बलिं समर्पयामीतिनिवेद्य तन्निवेदितबलिं नद्यादिजले प्रक्षिप्य आचम्य शंखे शुद्धजलमादाय तत्र गन्ध-पुष्प-तुलसीदलफलं च प्रक्षिप्य 'ब्रह्मणे नमः' इदमर्घ्यं समर्पयामि । इत्यर्घं दत्वा गृहं गच्छेत् । इति प्रथमदिनकृत्यम् । एवं दशदिनपर्यन्तं तर्पणपूजापायसबलिदीपार्घदानानि प्रत्यहं कुर्यात् । संन्यस्तानां मृते देहे नाशौचं नोदकक्रिया । पदे-पदेऽश्वमेधस्य वाहकस्य फलं लभेत् ॥ विष्णुबुध्या यतिं त्यज्य स्नात्वा गच्छेद् गृहं ततः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बिछाकर नवीन घड़े में पञ्चरत्नोदक गिराकर [1]'नारायणः परं ब्रह्म' इससे अभिमन्त्रण कर उसीसे स्नान कराकर 'अष्टाक्षर मन्त्र—(ओं नमो नारायणाय) से वस्त्र, गन्ध, पुष्प, धूप, दीपों को देकर 'विष्णो हव्यं रक्षस्व' (यजु० सं० १।४) इस मन्त्र से गढे में शव को रखकर 'इदं विष्णुः' इस मन्त्र से दाहिने हाथ में दण्ड को 'यदस्य[2] पारे' इस मन्त्र से सव्य में शिक्य को 'येन देवा[3] पवित्रेण' इस मन्त्र से मुखमें पवित्र जल को 'सावित्री' मन्त्रसे उदर में भिक्षापात्र को 'भूमिः स्वभ्र' इस मन्त्र से गुह्यस्थान में कमण्डलु को रखकर 'चित्ति [4]स्रुक्' इत्यादि दश होता आदि मन्त्र को कहे। यह विश्वादर्श को टीका में और स्मृत्यर्थसार में कहा है।

बृहच्छौनकस्तु—यतिं पुरुषसूक्तेन स्नापयित्वा घटं ततः। प्रणवेनाष्टवारं तं प्रोक्षयेदथ सर्वतः॥

बृहच्छौनक ने तो कहा है—संन्यासी पुरुषसूक्त से स्नान कराकर घड़े को जल से भरकर प्रणव से आठ बार उसका प्रोक्षण सब तरफ से करे।

विष्णो हव्यं रक्षस्वेति यजुषा प्रणवेन च। गर्ते प्रेतं विनिःक्षिप्य चेदं विष्णुर्विचक्रमे॥ इति मन्त्रेण दण्डं तु दद्याद्दक्षिणहस्तके। मूर्द्धानं भूर्भुवः स्वश्चेत्युक्त्वा शङ्खेन भेदयेत्॥ गर्तं पुरुषसूक्तेन लवणेन प्रपूरयेत्। शृगालश्वादिरक्षार्थं सम्यक् गर्तं प्रपूरयेत्॥ इति।

'विष्णो हव्यं रक्षस्व' (यजु० सं० १।४) इस यजुसे और प्रणव से करे। गढे में प्रेत को छोड़कर 'इदं विष्णुः'[5] इस मन्त्र से दाहिने हाथ में दण्ड दे। शिर को 'ओं भूर्भुवः स्वः' इस मन्त्र को कहकर शंख से भेदन करे। [6]पुरुषसूक्त से गढे को और निमक से भर दे। सियार, कुत्ता आदि से रक्षार्थ अच्छी तरह गढे को भर दे।

१—नारायणः परं ज्योतिरात्मा नारायणः परः। नारायणः परं ब्रह्म नारायण नमोऽस्तु ते॥ नारायणः परो देवो दाता नारायणः परः। नारायणः परो ध्याता ध्यानं नारायणः परम्॥ नारायणः परो धर्मो नारायण नमोऽस्तु ते। नारायणः परो वेद्यो विद्या नारायणः परः॥ नारायणः परं दानं विधिर्नारायणः परः। नारायणः परं धाम नारायण नमोऽस्तु ते॥ विश्वं नारायणं साक्षान्नारायण नमोऽस्तु ते॥ नारायणाद्विधिर्जातो जातो नारायणाच्छिवः। जातो नारायणादिन्द्रो नारायण नमोऽस्तु ते॥ रविर्नारायणस्तस्माच्चन्द्रो नारायणो महः। वह्निर्नारायणः साक्षान्नारायण नमोऽस्तु ते॥ नारायण उपास्यः स्याद् गुरुर्नारायणः परः। नारायणः परो बोधो नारायण नमोऽस्तु ते॥ नारायणः फलं मुख्यं सिद्धिर्नारायणः सुखम्। सर्वं नारायणः शुद्धो नारायणः नमोऽस्तु ते॥ इति स्तोत्रं पठेत्।

२—यदस्य पारे रजसः शुक्रं ज्योतिरजायत। तं नः पर्षदति द्विषोऽग्ने वैश्वानर स्वाहा॥ (तैत्त० सं० ४।२।५।६)।

३—येन देवाः पवित्रेण आत्मानं पुनते सदा। तेन सहस्रधारेण पावमान्यः पुनन्तु मा॥ (तैत्त० ब्रा० १।४।८।६)।

४—चित्ति स्रुक्। चित्तमाज्यम्। वाग्वेदिः। आधीतं बर्हिः। केतो अग्निः। विज्ञातमग्निः। वाक्पतिर्होता। मन उपवक्ता। प्राणो हविः। सामाध्वर्युः। वाचस्पते विधे नामन्। विधेम ते नाम। विधेस्त्वमस्माकं नाम। वाचस्पतिः सोमं पिबतु। आस्मासु नृम्णन्धात् स्वाहा॥ (तैत्त० आर० ३।१)। ब्रह्मण एक होता। स यतः—इत्यादि मन्त्र पृ० ११६६ गये हुए हैं। वहीं से देखिये।

५—इदं विष्णुर्वि चक्रमे त्रेधा नि दधे पदम्। समूढमस्य पांसुरे॥ (ऋ० १।२२।१७)।

६—सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्। स भूमिं विश्वतो वृत्वाऽत्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्॥ पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्। उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति॥ एतावानस्य महिमाऽतो ज्यायाँश्च पूरुषः। पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि॥ त्रिपादूर्ध्व उदैत् पुरुषः पादोऽस्येहाभवत् पुनः। ततो विश्वङ्व्यक्रामत् साशनानशने अभि॥ तस्माद्विराडजायत विराजो अधि पूरुषः। स जातो अत्यरिच्यत पश्चाद्भूमिमथो पुरः॥ यत् पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत। वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः॥ तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन् पुरुषं जातमग्रतः। तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये॥ तस्माद्यज्ञात् सर्वहुतः सम्भृतं पृषदाज्यम्। पशून् ताँश्चक्रे वायव्यानारण्यान् ग्राम्याश्च ये॥ तस्माद्यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे। छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत॥ तस्मादश्वा अजायन्त ये के चोभयादतः। गावो ह जज्ञिरे तस्मात् तस्माज्जाता अजावयः॥ यत् पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्। मुखं किमस्य कौ बाहू का ऊरू पादा उच्येते॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुटीचकस्य तु दाहः कार्यः। यथा सर्वं प्राग्वत्कृत्वाग्निं प्रज्वाल्य साग्नेर्दक्षिणकरे 'उपावरोह' इत्यवरोह्य निर्मथ्य वा गर्ते चितिं कृत्वा 'अग्निनाऽग्निः समिध्यते' इत्यग्निं दत्त्वा सावित्र्या प्रणवेन वा दहेत्। ततोऽष्टशतं प्रणवं 'नारायणः परं ब्रह्म' इति च जप्त्वा सशिरः प्रणवव्याहृत्या गायत्र्या तद्भस्मास्थीनि च तीर्थे क्षिप्त्वा स्नानाच्छुचिः नास्यान्यदौर्ध्वदेहिकम्।'

कुटीचक का तो दाह करना चाहिये। सारे कार्य को पहले के सदृश कर अग्नि को प्रज्वलित करे। साग्निक के तो दाहिने हाथ में [1]'उपावरोह' इस मन्त्र से अवरोहण कर या अग्निमन्थन कर गढे में चिता का

(कुत्ता)



(कौआ)

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहु राजन्यः कृतः। ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत ॥ चन्द्रमा मनसो जा[illegible] सूर्यो अजायत। मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणाद्वायुरजायत ॥ नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत। पद्[illegible] दिशः श्रोत्रात् तथा लोकाँ अकल्पयन् ॥ सप्तास्यासन् परिधयस्त्रिः सप्त समिधः कृताः। देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबध्न[illegible] पशुम्। यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति (ऋ० १०।९०।१–१६)।

१—उपावरोह जातवेदः पुनस्त्वं देवेभ्यो हव्यं वह नः प्रजानन्। आयुः प्रजा ँ रयिमस्मासु धेहि। अजस्रो [illegible] नो दुरोणे ॥ (तै० ब्रा० २।५।८।२१)।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निर्माण कर अग्नि से 'अग्निनाऽग्निः[1] समिध्यते' इस मन्त्र से अग्नि को देकर गायत्री या प्रणव 'ओंकार' से दाह करे। तदनन्तर आठ सौ ओंकार और 'नारायणः परं ब्रह्म' इसको जपकर शिर के सहित प्रणव व्याहृति गायत्री से उसकी भस्म को तीर्थ में गिराकर स्नान से शुद्ध हो जाता है और दूसरे का और्ध्वदेहिक नहीं है।

त्रिदण्डग्रहणादेव प्रेतत्वं नैव जायते। इत्युशनसः स्मृतेः।

त्रिदण्ड ग्रहण से ही प्रेतत्व नहीं होता है—एसा उशनसस्मृति में कहा है।

एकादशेऽह्नि पार्वणं तदपि त्रिदण्डिनः। हंसपरमहंसादीनां पार्वणादिकमपि न कार्यम्, इति शूलपाणिः।

शूलपाणि ने कहा है—ग्यारहवें दिन जो पार्वणश्राद्ध होता है वह भी त्रिदण्डो का ही होता है। हंस, परमहंस आदियों का पार्वणश्राद्ध आदि भी नहीं करना चाहिये।

श्राद्धचिन्तामणौ दत्तात्रेयः—एकोद्दिष्टं जलं पिण्डमाशौचं प्रेतसत्क्रियाम्। न कुर्याद्वार्षिकादन्यद् ब्रह्मीभूताय भिक्षवे॥

श्राद्धचिन्तामणि में दत्तात्रेय ने कहा है—एकोद्दिष्ट, जल, पिण्ड, आशौच और प्रेत का सत्कर्म ब्रह्मीभूत संन्यासी को छोड़कर न करे।

प्रेतक्रिययैकोद्दिष्टनिषेधे सिद्धे पुनस्तद्ग्रहणमाब्दिकपरम्। तेन तत्पार्वणमेव। त्रिदण्डिनां द्वादशे नारायणबलिः। तद्विधिरन्यश्च विशेषः प्रागुक्त इत्यलं बहुना।

प्रेतक्रिया से एकोद्दिष्ट निषेध की सिद्धि में फिर से उसका ग्रहण आब्दिकपरक है। इससे उसका पार्वण ही है। त्रिदण्डियों का तो बारहवें दिन नारायणबलि करे। उसकी विधि और अन्य विशेष यह पहले कह चुके हैं।

१—अग्निनाग्निः समिध्यते कविर्गृहपतिर्युवा। हव्यवाडजुह्वास्यः॥ (ऋ० १।१२।६, साम० ८।४४, तै० सं० १।४।४६।३, ५।११, ६, तै० ब्रा० २।७।१२।३)।

(गुर्वाराधनाङ्गभूतं तीर्थपूजनम्)

देशकालौ सङ्कीर्त्य—'गुर्वाराधनाङ्गभूतंतीर्थपूजनं करिष्ये' इति सङ्कल्प्य गोमयेन चतुरस्रं मण्डलं कृत्वा रङ्गवल्यादिभिरलङ्कृत्य तन्ममध्ये धान्राश्युपरि कलशं स्थापनविधिना संस्थाप्य—पुष्कराद्यानि तीर्थानि गंगाद्याः सरितस्तथा। गुरुपादोदके तीर्थे ध्यायाम्यभ्युदयाय नः॥ इति तीर्थानि भावयित्वा पुरुषसूक्तेन प्रत्यृचं तीर्थराजाय नमः—इत्यन्तेन उपरोडशोपचारैरभ्यर्च्य अर्चितकलशं शिरसि धृत्वा—'ॐ पञ्चनद्यः सरस्वती०' इत्यादिना।

पिबतु –ततो हरिकीर्तनपुरःसरं पुनः कलशस्य गन्धाक्षतपुष्पादिना संपूज्य—आनन्दमानन्दकरं प्रसन्नं ज्ञानस्वरूपं निज-
हुए हैं। व। योगीन्द्रमीड्यं भवरोगवैद्यं श्रीमद्गुरुं नित्यमहं नमामि॥ गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुरेव परं-
५. श्रीगुरवे नमः॥ अखण्डं मण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्। तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥ इति तीर्थ-
पुरस्कृत्य गुर्वर्थविप्रहस्ते पादोदकपात्रं दत्वा तदाज्ञय तत्तीर्थमन्त्रेण गृह्णीयात्—अविद्यामूलशमनं सर्वपापप्रणाशनम्।
यच्च भाव्य दकं तीर्थं संसारद्रुमच्छेदनम्॥ इति। पुत्रादिकामनायां तु—शोषणं पापपङ्कस्य दीपनं ज्ञानतेजसः। गुरुपादोदकं पीतं
त्रिपादस्याम् वर्धनम्॥ ततः यस्य स्मृत्येति—उक्त्वा विष्णुं स्मरेदिति।
द्विराडजायः

(अष्टकाश्राद्ध)

वसन्तो ऋ
यश्च ये॥ इसमें—गोमांसद्रव्य होने से 'अश्वालंभं गवालंभम्' इस नियम से कलि में निषेध है और उसका प्रतिनिधि
ऋचः सा र का विधान न होने से यजुर्वेद शाखावालों में विधान नहीं है। इसका विशेष विवरण कात्यायनश्रौतसूत्र की
तस्मात् तस्मै? ३२ में देखिये—जो पूज्यतम श्री पिताजी की प्रकाशित है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(अन्वष्टकाश्राद्ध)

(सपत्नीक) वृद्धप्रमातामह	प्रमातामह	मातामह	प्रपितामही	पितामही	माता	प्रपितामह	पितामह	पिता	
✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	आसन
✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	भोजनपात्र
✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	अर्घपात्र
✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	जलपात्र
✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	✳	घृतपात्र

ब्रह्माण्डपुराणे--पितॄणां प्रथमं दद्यान्मातॄणां तदनन्तरम्। ततो मातामहानां च अन्वष्टक्ये क्रमः स्मृतः ॥ केवलास्तु क्षये कार्या वृद्धावादौ प्रकीर्तिताः। अन्वष्टकासु मध्यस्था नान्त्याः कार्यास्तु मातरः। दीपिका के मत से मातृश्राद्ध को आदि में करे। यहाँ पर शाखाभेद से व्यवस्था है। बह्वृचोंको पितृपूर्वक और अन्यों को मातृपूर्वक है।

अन्वष्टका में, गया में और मरणदिन में माता का श्राद्ध पिता के जीवित भी पुत्र कर सकता है। किसी का मत है कि पिता के जीवित न करे। यह निर्मूल है--यह कमलाकर मत है। विधवा का भी करे--यह चन्द्रिकाकार का मत है। पर यहाँ आचार से व्यवस्था है। सपत्नमाताओं को भी अपनी माता के जीवितावस्था में भी दे सकता है। निर्णयसिन्धु-कारादि मत है।

दर्भबटुश्राद्धविधिः— सर्वथा ब्राह्मण के अलाभ में उसके प्रतिनिधित्व से आसनों पर दर्भबटुको रखकर उन्हीं में ब्राह्मणों का ध्यानकर सब श्राद्धप्रयोग को करे। दर्भबटुमाने दर्भ का समूह। ब्राह्मण सम्बन्धी मन्त्र प्रतिवचनों को स्वयं ही कहे।

देवलः—निधाय वा दर्भबटूनासनेषु समाहितः। प्रैषानुप्रैषसंयुक्तं विधानं प्रतिपादयेत् ॥ यज्ञवस्तुनि मुष्टौ च स्तम्बे दर्भबटौ तथा। दर्भसंख्या न विहिता विष्टरास्तरणेषु च ॥

(नित्यश्राद्ध)

वृद्धप्रमातामह	प्रमातामह	मातामह	प्रपितामह	पितामह	पिता	
✳	✳	✳	✳	✳	✳	आसन
✳	✳	✳	✳	✳	✳	भोजनपात्र
✳	✳	✳	✳	✳	✳	(अर्घपात्र)
✳	✳	✳	✳	✳	✳	जलपात्र
✳	✳	✳	✳	✳	✳	घृतपात्र

नोट—आमन्त्रण, होम, आवाहन, अर्घ, विसर्जन, पिण्डदान, दक्षिणा (इसमें विकल्प मत है।) विश्वेदेव, ब्रह्मचर्यादि नियम (धर्मप्रदीपे—आमे हैमे तथा नित्ये नान्दीश्राद्धे तथैव च। व्यतीपातादिके श्राद्धे नियमान् परिवर्जयेत् ॥) दाता और भोक्ता के नियम, आदि नित्यश्राद्ध में नहीं होते हैं। इसकी पूर्णविधि श्राद्धविवेक के अन्त में मुद्रित है। विशेष विधान निर्णयसिन्धु में देखिये।

(वृद्धिश्राद्ध में पार्वणत्रयविचार)

वृद्धिश्राद्ध में तीन पार्वण होते हैं। प्रथम मातृपार्वण (मातृ, पितामही और प्रपितामही), दूसरा पितृ ([illegible] पितामह, प्रपितामह) पार्वण और तीसरा सपत्नीक मातामह (मातामह, प्रमातामह, वृद्धप्रमातामह) पार्वण हो[illegible] उसका काल कर्मदिन के पूर्वदिन में मातृपार्वण होता है। उसमें विश्वेदेवा नहीं होते हैं। कर्मदिन में पितृपा[illegible] देवपूर्वक होता है। कर्मोत्तर दिन में देवपूर्वक सपत्नीक मातामह का पार्वणश्राद्ध होता है। असम्भव में प्रथम[illegible] पूर्वाह्न में मातृश्राद्ध, मध्याह्न में पितृपार्वण, अपराह्न में मातामह का पार्वण होता है। यदि यह भी असम्भ[illegible] पहले ही दिन पूर्वाह्न में सबों का 'तन्त्रं वा वैश्वदेविकम्' इस श्राद्धकाशिका सूत्र १६ मत से तन्त्र से विश्वेदेवपू[illegible] साथ अनुष्ठान करे। स्कन्दपुराणे—पार्वणं कुरुते यस्तु केवलं पितृहेतुतः। मातामहं न कुरुते पितृहा चोपजायते ॥

अतिक्रान्तश्राद्धप्रयोगः—आशौचादिना मृताहातिक्रमे देशकालकथनान्ते तद्वर्गस्य षष्ठ्यन्तपदमुच्चारणं [illegible] कान्तमाब्दिकश्राद्धं करिष्ये—इति सङ्कल्प्य सर्वं कृत्वा श्वोभूते तिलतर्पणं कुर्यात्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

यच्च भा
त्रिपादस्य
द्विराडब
वसन्तो
यश्च ये।
चः सं.
तस्मात् तस्मा.

(...पिवत्... ...लयादि में विधवाकर्तृक पार्वणश्राद्ध)



नोट—विधवा स्त्री पति, श्वसुर, परश्वसुर और अपने पितृपितामह तथा प्रपितामह (स्मृतिरत्नावल्याम्—स्वभर्तृप्रभृतित्रिभ्यः स्वपितृभ्यस्तथैव च। विधवा कारयेच्छ्राद्धं यथाकालमतन्द्रिता ॥) का करे। यह षड्दैवत्य दर्शश्राद्धादि परक है। विधवाकर्तृक नान्दीश्राद्ध तो अपनी सास, परसास आदि, अपने पति-श्वसुरादि और अपने पिता आदि नव को ही दे। पुत्र करे तो अपने माता-आदि, पित्रादि और मातामहादि को दे।

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(तीर्थश्राद्ध)



तीर्थस्नान, तर्पण, श्राद्धादि मलमास में भी करे। रात्रि में भी भोजन करने पर भी करे। मुण्डन दूसरे दिन करे। इस श्राद्ध को रात में आमान्न, कन्दमूल फल या हेम से करे। अन्न से न करे। अन्न से तो रात्रि में या भोजनोत्तर तीर्थप्राप्ति में दूसरे दिन करे। आशौच में न करे—यह आकस्मिक तीर्थप्राप्ति में है। बुद्धिपूर्वक आशौच में तीर्थ में न जाय। विवाहोत्तर भी निषिद्ध दिन में सतिल तर्पण करे। प्रथम स्नानाङ्ग तर्पण करे। फिर देवर्षि तर्पण करे। तदनन्तर पितरों का तर्पण करे। संन्यासियों को तो तीर्थ में भी तर्पण, श्राद्ध आदि नहीं करना चाहिए। स्नान आदि अवश्य करें। मलमास में तीर्थप्राप्ति में श्राद्ध करने पर शुद्धमास में फिर से करें—यह भट्टोजिदीक्षित मत है। घर में तीर्थश्राद्ध करे तो अन्न से ही करे—यह किसी की व्यवस्था है। तीर्थ में ब्राह्मण की परीक्षा न करे। यह श्राद्धीयब्राह्मण के न मिलने पर है। पतितादि दोषयुक्त ब्राह्मण का त्याग ही करे—यह स्मृतिरत्नावली का मत है। इसमें अर्घ्य, आवाहन, विप्राङ्गुष्ठनिवेशन तृप्तिप्रश्न, विकिर, दिग्बन्ध, अवनेजन, विसर्जन आदि नहीं होते हैं। अग्नौकरण नहीं होता है यह स्मृतिरत्नावली का मत है। बहुतों के मत से होना चाहिये। पिण्डों को तीर्थ में प्रक्षेप करे। दक्षिणाभिमुख करे। पुत्रवाली विधवा को निषेध है। किसी का मत है कि पुत्रवाली विधवा को भी पुत्र के असन्निधान में ब्राह्मण द्वारा कराना चाहिये। अपुत्रविधवा को तो करना ही चाहिये। संन्यासी को श्राद्ध-पिण्डदान निषेध है। श्री कमलाकर के मत से अनुपनीत भी करे। जीवत्पितृक को भी करना चाहिए—वृद्धौ तीर्थे च संन्यस्ते ताते च पतिते सति। येभ्य एव पिता दद्यात्तेभ्यो दद्यात्स्वयं सुतः॥ अशक्ति में तर्पणमात्र करे। अविभक्त भाई एक साथ तीर्थ में जायँ तो ज्येष्ठ भाई ही करे। विभक्त में अलग-अलग करें। तीर्थश्राद्ध में—काम्यत्व में धूरिलोचन, नित्यत्व में पुरूरवार्द्रव ही विश्वेदेव होते हैं। कोई धनुर्धरौ को कहते हैं। यह विचारणीय है। सपत्नीक गृहस्थ को ही तीर्थयात्रा में अधिकार है। प्रायश्चित्त निमित्त तो बिना स्त्री के जा सकता है। विधवा को पुत्र की आज्ञा से ही अधिकार है। सधवा स्त्री को पति के बिना अधिकार नहीं है। ब्रह्मचारी को गुरु-नियुक्त में ही अधिकार है। क्षत्रिय और वैश्य—ब्राह्मण को साथ लेकर ही अधिकार है। तीर्थ में त्रिकाल सन्ध्या करनी चाहिये—एकदिन अवश्य ही रहे। आशौच के आने पर शुद्धि-पर्यन्त वहीं पर ही रहे। रजोधर्म में भी पाँचवें दिन चले। वाणिज्य, सेवा आदि के लिए तीर्थ में जाय तो स्नान अवश्य करे—इससे स्नान का फल होता है। तीर्थयात्रा का फल नहीं होता है। दूसरे से वेतन को ग्रहण कर जाने से सोलहवां भागका फल मिलता है। परान्न भोजन में भी सोलहवां भागफल होता है। तीर्थान्तरमें प्रसङ्गसे जाते हुए मध्य में तीर्थ की प्राप्ति हो जाय तो आधाफल होता है। तीर्थ में जाते हुए यदि भाग्यवश वापस आ जाय तो प्रायश्चित्त करे। तीर्थ में मरने पर तो ऋषियों के मण्डल में जाता है। मार्ग में नदी आदि के प्राप्त होने पर उसपार स्नान, उपवास, मुण्डन, श्राद्ध आदि करे—यह कमलाकर मत है। वाणिज्य के लिए जाय तो मुण्डन, उपवास आदि न करे यह त्रिस्थलीसेतु में भट्टों का मत है। करना ही चाहिये—यह कमलाकर मत है। सरस्वती नदी के मिलने पर इसी पार ही स्नानादि करे। तीर्थश्राद्ध के बाद अपने विभवानुसार तीर्थ की पूजा करे। तीर्थ के उद्देश्य से ब्राह्मण, सधवा स्त्रियों तथा दरिद्रों को भोजनादि करावे। यदि कर्ता का उसदिन उपवास हो तो श्राद्धशेष का अवघ्राण करे। यात्रा से आने बाद शुभ मुहूर्त्त में घर में प्रवेश करे। पुनः सब पितरों के लि[illegible] [illegible]ान द्रव्य से श्राद्ध करे। अर्थात्—घृतश्राद्ध करे। उसमें सङ्कल्प यों करे—'सर्वान् पितृन् उच्चार्य—एतेषां तृप्त्यर्थममुकतीर्थप्रत्यागमननिमित्तं घृतश्राद्धं करिष्ये। कोई [illegible] [illegible] में 'दधिश्राद्धं करिष्ये' यों कहे। इसमें दधि की प्रधानता रहेगी। अन्य व्यञ्जनादि भी दे। तीर्थश्राद्ध छः पुरुषों के उद्देश्य से होता है। छः पुरुषों [illegible] के शेष से [illegible], पितामही, प्रपितामही को पिण्डदान मात्र दे। फिर मात्रादि पिण्ड के पूर्व कुशाग्रों पर ज्ञातिवर्गों के लिए एक बृहत्पिण्ड देना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एवं निरूपितमिदं गहनं तु धर्मतत्त्वं विचार्य वचनैश्च नयैश्च सम्यक्।
तद्दोषदृष्टिमपहाय विवेचनीयं विद्वद्भिरित्यविरतं प्रणतोऽस्मि तेषु।

इस गहन धर्मतत्त्व का मैंने आचार्यों के वचनों तथा युक्तियों से भलीभांति विचार कर इस प्रकार निरूपण किया है। मेरा बार बार प्रणतिपूर्वक विद्वानों से निवेदन है कि दोष दृष्टि का त्याग कर आप सब इसका विवेचन करने की कृपा करें।

मया सद्वाऽसद्वा यदिह गदितं मन्दमतिना किमेतच्छक्यं वाऽऽध्यवसितुमपि स्वल्पमतिना।
तदेवं यत्किञ्चिद् गदितमिह विख्यातमहिमा प्रतापोऽयं सर्वो विकसति तु पित्रोश्चरणयोः॥

मैं मन्दमति हूँ। मैंने इस ग्रन्थ में सत् अथवा असत् जो कहा है। क्या वह मन्दमति द्वारा कहा जा सकता है? कथमपि नहीं। अतः इस प्रकार जो कहा गया है वह सब पूज्य माता पिता के श्रीचरणों के सुविख्यात प्रताप का ही प्रभाव है।

यो भाट्टतन्त्रगहनार्णवकर्णधारः शास्त्रान्तरेषु निखिलेष्वपि मर्मभेत्ता।
योऽत्र श्रमः किल कृतः कमलाकरेण प्रीतोऽमुनास्तु सुकृती बुधरामकृष्णः॥

इस ग्रन्थ के निर्माण में कमलाकर ने जो परिश्रम किया है उससे कुमारिलभट्ट प्रणीत तन्त्ररूपी (पूर्वमीमांसारूपी) अगाध सागर के कर्णधार (अर्थात् मीमांसा शास्त्र के अध्यापन में अत्यन्त निष्णात), अन्यान्य सभी शास्त्रों की गुत्थियां सुलझानेवाले महान् विद्वान् पुण्यात्मा श्रीरामकृष्ण प्रसन्न हों।

श्रीभट्टरामेश्वरसूरिसूनुश्रीभट्टनारायणसूरिसूनोः।
श्रीरामकृष्णस्य सुतः कृतीमं व्यधान्निबन्धं कमलाकराख्यः॥

श्री भट्ट रामेश्वर सूरि के प्रपौत्र, श्री भट्ट नारायण सूरि के पौत्र तथा श्री भट्ट रामकृष्ण के पुत्र कृती श्री कमलाकर ने इस निबन्ध की रचना की।

नानानिर्णयत्वान्निर्णयसिन्धुः प्रोच्यतां विबुधाः। निर्णयसरोजवत्त्वान्निर्णयकमलाकरोऽप्यस्तु॥

हे विद्वज्जनो, इसमें बहुत विषयों का निर्णय होने से आप चाहे इसे निर्णय कहें, निर्णयरूपी कमलों से पूर्ण होने से चाहे इसका नाम निर्णय कमलाकर रखें।

वसुऋतुऋतुभूमिते १६६८ गतेऽब्दे नरपतिविक्रमतोऽथ याति रौद्रे।
तपसि शिवतिथौ समापितोऽयं रघुपतिपादसरोरुहेऽर्पितश्च॥

नृपतिविक्रमादित्यसे सोलहसौ अड़सठ वर्ष व्यतीत होनेपर 'रौद्र' नामक वर्षमें माघ महीनेकी चतुर्दशी तिथि को यह ग्रन्थ कमलाकर ने समाप्त किया और भगवान् रामचन्द्र के चरणकमल में अर्पित कर दिया।

जगति सकलविद्यासिन्धुमुष्टिन्धयानां परमणितिपरीक्षा युज्यते सज्जनानाम्।
तदिह मम निबन्धे दूषणं भूषणं वा यदि भवति विदग्धैस्तद्ध्यवश्यं विमृश्यम्॥

जगत् में संपूर्ण विद्याओं के समुद्र में मुष्टिपान करनेवाले (संपूर्ण विद्याओं में पारंगत) सज्जन ही के वचनों की परीक्षा करने में योग्य हैं। इसलिये इस मेरे निबन्ध में जो दोष या अच्छाई हो पण्डितों ने अवश्य विचार करना चाहिये।

[illegible]-महामहोपाध्याय-श्री पं० प्रभुदत्तजी शास्त्री आहिताग्नि पौत्र-स्वर्गीय-महामहोपाध्याय-[illegible] पं० विद्याधरजी गौड आहिताग्नि पुत्र श्री दौलतराम गौड ने श्री कमलाकर भट्ट [illegible]रचित निर्णयसिन्धु महानिबन्ध की 'सरस्वती' नाम की हिन्दी टीका और 'मनोजाञ्जना' नाम की टिप्पणी संवत् २०२७ (रुधिरोद्गारी) माघकृष्ण तृतीया गुरुवार मकरार्क में (१४।१।७१) को समाप्त की।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(प्राचीन व्यवस्थाओं का संग्रहः)

(स्वर्गीय-महामहोपाध्याय श्री पं० विद्याधर जी गौड द्वारा लिखित)

मरणानन्तरसूतक विचारः

